व्याख्यास्मि

UP PGT(प्रवक्ता)

संस्कृत

लेखक एवं सम्पादक

सर्वज्ञभूषण

सह-सम्पादक

रमाकान्त मौर्य,

सत्यप्रकाश साहू

सुमन सिंह

ISBN : 978-81-932244-3-4

• **प्रकाशक**
संस्कृतगङ्गा (पञ्जीकृत)
59, मोरी, दारागञ्ज, इलाहाबाद
(कोतवाली दारागञ्ज के आगे, गङ्गाकिनारे संकटमोचन छोटे हनुमान् मन्दिर के पास), Mb. : 9839852033
email-Sanskritganga@gmail.com

• **प्रकाशन-सहयोग**
युनिवर्सल बुक
1519 अल्लापुर, इलाहाबाद
☎: 0532-2460638, 9453460552

• पुस्तकें डाक द्वारा भी आर्डर कर सकते हैं–
Mob. : 8004545095
8004545096

• **अक्षर संयोजक- नितिन कुमार, सन्दीप कुमार**

• **पृष्ठ विन्यास- ब्रह्मानन्द मिश्र**

• **प्रथम संस्करण –** जनवरी - 2019

• **द्वितीय संस्करण –** 14 नवम्बर 2020, दीपावली

• **मूल्य – ₹ 275/-** (दो सौ पचहत्तर रुपये मात्र)

पुस्तक प्राप्ति के स्थान

1. राजू पुस्तक भण्डार, अल्लापुर, प्रयागराज
   सम्पर्क सूत्र : 0532-2503638, 9453460552
2. संस्कृतगङ्गा, दारागञ्ज, प्रयागराज - 8004545096
3. गौरव बुक एजेन्सी, कैण्ट, वाराणसी
4. विजय मैग्जीन सेन्टर, बलरामपुर
5. जायसवाल बुक सेन्टर, हरदोई
6. शिवशंकर बुक स्टाल, जौनपुर
7. न्यू पूर्वांचल बुक स्टाल, जौनपुर
8. कृष्णा बुक डिपो बस्ती
9. मौर्या बुक डिपो, पाण्डेयपुर, वाराणसी
10. मनीष बुक स्टोर, गोरखपुर
11. द्विवेदी ब्रदर्स, गोरखपुर
12. विद्यार्थी पुस्तक मन्दिर, गोरखपुर
13. रंजन मिश्रा, गोरखपुर (बस स्टैण्ड)
14. आशीर्वाद बुक डिपो, अमीनाबाद, लखनऊ
15. मालवीय पुस्तक केन्द्र, अमीनाबाद, लखनऊ
16. मॉडर्न मैग्जीन बुक शॉप, कपूरथला, लखनऊ
17. साहू बुक स्टॉल, अलीगंज, लखनऊ
18. भूमि मार्केटिंग, लखनऊ
19. दुर्गा स्टोर, राजा की मण्डी, आगरा
20. महामाया पुस्तक केन्द्र, बिलासपुर
21. डायमण्ड बुक स्टाल, ज्वालापुर, हरिद्वार
22. कम्पटीशन बुक हाउस, सब्जी मण्डी रोड, बरेली
23. अजय गुप्ता बुक स्टोर, लखीमपुर
24. शिवशंकर बुक स्टाल, रीवा
25. कृष्णा बुक एजेन्सी, वाराणसी
26. गर्ग बुक डिपो, जयपुर
27. अग्रवाल बुक सेन्टर, मुखर्जी नगर, नयी दिल्ली
28. चौखम्भा प्रकाशन, वाराणसी (सभी बुक स्टालों पर)
29. विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक वाराणसी
30. मोतीलाल बनारसी दास, वाराणसी
31. केशवी बुक डिस्ट्रीब्यूटर्स, नयी दिल्ली
32. महावीर बुक स्टाल, खजूरी बाजार, इन्दौर
33. हिन्दी बुक डिपो, मुरादाबाद
34. माँ बुक स्टेशनर्स, शहडोल छत्तीसगढ़
35. ज्ञानगंगा, राँची, झारखण्ड

प्राक्कथन

प्रिय संस्कृतबन्धो!

नमः संस्कृताय!

- मित्रों! उत्तर-प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित प्रवक्ता **(PGT)** परीक्षा के सभी प्रश्नपत्रों की व्याख्या ''**व्याख्यास्मि**'' के नाम से आपकी सेवा में प्रस्तुत की जा रही है।
- इस पुस्तक में सन् 2000 से लेकर अब तक के सभी प्रवक्ता परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के चारों विकल्पों की बृहद् व्याख्या प्रस्तुत की जा रही है।
- इस पुस्तक द्वारा विगत प्रवक्ता परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों से तो आप परिचित होंगे ही साथ ही सभी महत्त्वपूर्ण सम्भावित प्रश्नों का उत्तर भी आपको इसमें मिलेगा।
- इस पुस्तक में केवल प्रश्नों की व्याख्या मात्र नहीं है अपितु प्रवक्ता के लिए एक "**Completes Notes**" है, जैसे- साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद का नाम क्या है? इस प्रश्न की व्याख्या में साहित्यदर्पण के सभी दसों परिच्छेदों का नाम लिख दिया गया है।
- सभी प्रश्नों का स्रोत भी प्रामाणिक पुस्तकों से लिखा गया है। **जैसे-** संस्कृत साहित्य का इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-125 आदि। इसीप्रकार सभी प्रश्नों के सही उत्तर का स्रोत प्रामाणिक लेखकों की पुस्तक से प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिया गया है।
- इस पुस्तक में मुद्रणदोष की सम्भावना भी नगण्य है यदि कुत्रचित् आपको मुद्रणदोष या उत्तर गलत लगे या किसी व्याख्या में आपको आपत्ति हो तो कृपया निम्नलिखित नम्बरों पर हमें सूचित करें।
  9839852033, 7800138404
- इस पुस्तक के लेखनकार्य में संस्कृतगङ्गा की सम्पादकीय एवं लेखकीय टीम को हार्दिक धन्यवाद; जो अहर्निश परिश्रम कर इस गुरुतर कार्य को पूरा किये हैं- जिनमें **कविता सिंह, गायत्री तिवारी , पूनम दुबे, अमृता, प्रतिमा, ज्योतिमा, खुशबू, अंजना, शफीना, रिंकी, संगीता, स्वागतम् , गायत्री, अरुण पाण्डेय निर्मोही, अरुण कुमार पाण्डेय, राजीव शुक्ल, केदारनाथ तिवारी, आशुतोष, अम्बिकेश प्रताप सिंह, गणेश जी, शिवम्** आदि का अविस्मरणीय योगदान रहा। साथ ही संस्कृतगङ्गा कार्यालयीय कार्यों के हमारे सभी सहयोगियों को भी साधुवाद जो मुद्रण सम्बन्धी सभी कार्यों को यथासमय पूरा करते हैं। विशेष रूप से **गोपेश मिश्र, योगेश मिश्र, कृष्ण कुमार, सन्तोष (साहब), जितेन्द्र मिश्र, आदि।**
- इस पुस्तक के पृष्ठविन्यास हेतु सुहृदवर एवं मुद्रण हेतु को एवं प्रकाशन कार्य को शीघ्र सम्पन्न कराने हेतु **राजू पुस्तक केन्द्र अल्लापुर एवं युनिवर्सल बुक्स** को कोटिशः साधुवाद, जिनके सहयोग से इस कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

भवदीय

14 नवम्बर 2020, दीपावली **सर्वज्ञभूषण**

संस्कृतगङ्गा, दारागंज प्रयागराज

❑❑

उ. प्र. माध्यमिक शिक्षा सेवा चयनबोर्ड, इलाहाबाद

UP-PGT (प्रवक्ता) संस्कृत पाठ्यक्रम

1. निम्नलिखित साहित्यिक ग्रन्थों का अध्ययन (गद्य, पद्य एवं नाटक)

● बाणभट्ट की कादम्बरी कथामुख ● त्रिविक्रमभट्ट का नलचम्पू (प्रथम उच्छ्वास)
● माघ का शिशुपालवधम् (प्रथमसर्ग) ● कालिदास का अभिज्ञानशाकुन्तलम् (सम्पूर्ण)
● शूद्रक का मृच्छकटिकम् (सम्पूर्ण)

● कालिदास का रघुवंशमहाकाव्यम् (द्वितीय सर्ग)
● श्रीहर्ष का नैषधीयचरितम् (प्रथमसर्ग)
→ इन दोनों ग्रन्थों का भी सामान्य अध्ययन अपेक्षित है।

2. संस्कृतसाहित्य का इतिहास– गद्यकाव्य, महाकाव्य एवं नाटक के उद्भव और विकास का सामान्य परिचय

3. संस्कृतवाङ्मय में प्रतिबिम्बित भारतीयदर्शन

निम्नलिखित दार्शनिकग्रन्थों के प्रमुख दार्शनिक सिद्धान्तों का सामान्य परिचय

● श्रीमद्भगवद्गीता ● केशवमिश्र की तर्कभाषा/अन्नंभट्ट का तर्कसंग्रह ● ईश्वरकृष्ण की सांख्यकारिका ● सदानन्द का वेदान्तसार

4. काव्यशास्त्र– मम्मट के काव्यप्रकाश एवं विश्वनाथ के साहित्यदर्पण के अनुसार निम्नलिखित काव्यशास्त्रीय विषयों का ज्ञान–

● काव्यप्रयोजन ● काव्यहेतु ● काव्यलक्षण ● काव्यभेद ● शब्दशक्तियाँ (अभिधा, लक्षणा, व्यञ्जना)
● ध्वनि ● रस ● काव्यगुण

अलङ्कार– (शब्दालङ्कार) अनुप्रास, यमक, श्लेष। **(अर्थालङ्कार)–** उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, सन्देह, भ्रान्तिमान्, अतिशयोक्ति, स्वभावोक्ति, विरोधाभास, परिसंख्या, विभावना एवं विशेषोक्ति।

5. भाषाविज्ञान– ● भाषा का उद्भव एवं विकास ● ध्वनिनियम (ग्रिम, ग्रासमान एवं वर्नर) ● ध्वनिपरिवर्तन एवं अर्थपरिवर्तन

6. व्याकरण– ● सभी गणों की प्रतिनिधि धातुओं का दसों लकारों में रूप (लघुसिद्धान्तकौमुदी के आधार पर)

यथा– (i) भ्वादिगण–भू धातु (होना)
(ii) अदादिगण–अद् धातु (खाना)
(iii) जुहोत्यादिगण–हु धातु (हवन करना)
(iv) दिवादिगण–दिव् धातु (खेल करना)
(v) स्वादिगण– सु धातु (स्नान, मद्य चुआना, निचोड़ना)
(vi) तुदादिगण– तुद् धातु (दुःख देना)
(vii) रुधादिगण– रुधिर् धातु (रोकना)
(viii) तनादिगण–तन् धातु (तानना, फैलाना)
(ix) क्र्यादिगण–क्रीञ् धातु (खरीदना)
(x) चुरादिगण–चुर् धातु (चोरी करना)

भट्टोजिदीक्षित के सिद्धान्तकौमुदी के आधार पर निम्नलिखित व्याकरण विषयों का ज्ञान

● कारक एवं विभक्तियों का प्रक्रियात्मक ज्ञान ● समास ● सन्धि का सामान्य ज्ञान

लघुसिद्धान्तकौमुदी के आधार पर निम्नलिखित प्रत्ययों का ज्ञान

कृदन्तप्रत्यय– ● तव्यत् ● अनीयर् ● यत् ● घञ् ● तृच् ● क्त ● क्तवतु ● क्त्वा ● ल्यप् ● शतृ ● शानच् ● तुमुन्
तद्धितप्रत्यय– ● अण् ● वतुप्/मतुप् ● मयट् ● ठक् ● ढक् ● फक् ● ख ● यत् ● छ
स्त्रीप्रत्यय– ● टाप् ● ङीप् ● ङीष् ● ङीन्

➔ वाच्यपरिवर्तन (कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य, भाववाच्य) ➔ संस्कृत सुभाषित एवं सूक्तियों का ज्ञान ➔ अशुद्धिपरिमार्जन

7. अपठित, अनुवाद एवं निबन्धरचना

● संस्कृत के गद्य, पद्य खण्डों का हिन्दी रूपान्तर ● हिन्दी से संस्कृत में अनुवाद
● संस्कृत में निबन्ध रचना ● संस्कृत में पत्रलेखन

8. नाटक में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दों का ज्ञान– (दशरूपक अथवा साहित्यदर्पण के अनुसार)

● प्रस्तावना ● सूत्रधार ● कञ्चुकी ● विदूषक
● कथावस्तुभेद ● नायकभेद ● पताकास्थानक
● पञ्च अर्थोपक्षेपक– विष्कम्भक, चूलिका, अङ्कास्य, अङ्कावतार, प्रवेशक
● पञ्च अर्थप्रकृतियाँ– बीज, बिन्दु, पताका, प्रकरी, कार्य
● पञ्च कार्यावस्थायें– आरम्भ, यत्न, प्राप्त्याशा, नियताप्ति, फलागम
● पञ्च सन्धियाँ– मुख, प्रतिमुख, गर्भ, अवमर्श (विमर्श), उपसंहृति (निर्वहण)
● नियतश्राव्य ● सर्वश्राव्य ● स्वगत ● जनान्तिक
● अपवाारित ● आकाशभाषित ● रूपक के दस भेद ● नेपथ्य
● नान्दी ● प्रेक्षागृह आदि

विषयसूची

❑❑

1. प्रवक्ता (PGT) संस्कृत 2000

1. ''आ परितोषाद् विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम् बलवदपि शिक्षितानामात्मन्यप्रत्ययं चेतः'' यह श्लोक किस काव्य का है ?
(A) उत्तररामचरितम् (B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(C) किरातार्जुनीयम् (D) शिशुपालवधम्

व्याख्या-

A. उत्तररामचरितम्-
भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् नाटक के तृतीय अङ्क में सूत्रधार नटी से कहता है कि-

सर्वथा व्यवहर्तव्यं कुतो ह्यवचनीयता।
यथा स्त्रीणां तथा वाचां साधुत्वे दुर्जनो जनः।

(उत्तर.1/5)

सभी प्रकार से व्यवहार करना चाहिए। सर्वथा निर्दोषता कैसे सम्भव हो सकती है? मनुष्य जिसप्रकार स्त्रियों के पातिव्रत्य के सम्बन्ध में छिद्रान्वेषी होते हैं उसीप्रकार वाणी की निर्दोषता के विषय में भी छिद्रान्वेषी होते हैं।

B. अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में सूत्रधार नटी से कहता है-

आ परितोषाद् विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम्।
बलवदपि शिक्षितानामात्मन्यप्रत्ययं चेतः।।

(अभि.1/2)

विद्वानों के सन्तुष्ट न होनें तक मैं अभिनय के कौशल को पूर्ण नहीं समझता हूँ क्योंकि अत्यधिक शिक्षित मनुष्यों का भी मन अपने विषय में अविश्वासयुक्त होता है।

अतः विकल्प B सही है।

C. किरातार्जुनीयम्- भारवि द्वारा रचित किरातार्जुनीयम् महाकाव्य के प्रथमसर्ग में वनेचर नीतिज्ञान में अपनी अल्पज्ञता के विषय में युधिष्ठिर से कहता है कि-

निसर्गदुर्बोधमबोधविक्लवाः
क्व भूपतीनां चरितं क्व जन्तवः?
तवानुभावोऽयमवेदि यन्मया
निगूढतत्त्वं नयवर्त्म विद्विषाम्।। (किरात.1/6)

स्वाभाव से ही दुर्बोध राजाओं का चरित कहाँ?
और अज्ञान से बोझिल मुझ जैसा जीव कहाँ?
अतः शत्रुओं के अत्यन्त गूढ़ रहस्यों से भरी जो कूटनीति की बातें मुझे ज्ञात हो सकी हैं यह तो केवल आप का अनुग्रह है।

D. शिशुपालवधम्- भगवान् श्रीकृष्ण देवर्षि नारद के अवयवों को देखकर क्रमशः समझ पाये कि यह नारद हैं-

चयस्त्विषामित्यवधारितं पुरा
ततः शरीरीति विभाविताकृतिम्।
विभुर्विभक्तावयवं पुमानिति
क्रमादमुं नारद इत्यबोधि सः।। (शिशु.1/3)

सर्वप्रथम तेजों का समूह, उसके बाद मनुष्य आकार वाला शरीरधारी और फिर हाथ, पैर आदि अङ्ग दिखाई देने के बाद श्रीकृष्ण ने उन्हें क्रमानुसार नारद समझा।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/2)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-8

2. 'कामी स्वतां पश्यति' यह सूक्ति है-
(A) दुष्यन्त की (B) कण्व की
(C) शकुन्तला की (D) दुर्वासा की

व्याख्या-

A. दुष्यन्त- 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के द्वितीय अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला की मनोवृत्तियों एवं हाव-भाव की समीक्षा करके कहते हैं कि वह सब कुछ मुझे ही लक्ष्य करके किया गया था, फिर सोचते हैं कि 'आश्चर्य है कि कामी पुरुष सर्वत्र अपने अभिप्राय को देखता है-

''अहो कामी स्वतां पश्यति।'' (अभि.2/2)

अतः विकल्प A सही है।

B. कण्व- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में काश्यप (कण्व) विदा होती हुई शकुन्तला से कहते हैं कि-

वनौकसोऽपि सन्तो लौकिकज्ञा वयम्।

(अभि.अङ्क-4)

वनवासी होते हुये भी हम लौकिक व्यवहार को जानने वाले हैं।

C. शकुन्तला- शकुन्तला अपनी सखी अनसूया एवं प्रियंवदा से कहती हैं कि **'दुर्लभमिदानीं मे सखीमण्डनं भविष्यति।'** (अभि.अङ्क-4) ''अब मेरे लिए सखियों के द्वारा अलंकृत होना दुर्लभ हो जायेगा।''

D. दुर्वासा- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में महर्षि दुर्वासा शकुन्तला को शाप देते हुए कहते हैं कि-

विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा
तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम्।
स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन्
कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव॥

(अभि.4/1)

'अनन्य हृदय से जिसका चिन्तन करती हुई तू उपस्थित हुए मुझ तपस्वी को नहीं देख रही है, वह तेरे स्मरण दिलाने पर भी तुझको स्मरण नहीं करेगा, जैसे उन्मत्त व्यक्ति पहले कही हुई बात को स्मरण नहीं करता है।

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम् (2/2)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 95

3. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' का दुष्यन्त नायक है-
(A) धीरप्रशान्त **(B) धीरोदात्त**
(C) धीरललित **(D) धीरोद्धत**

नायक चार प्रकार

धीरप्रशान्त	धीरोदात्त	धीरललित	धीरोद्धत
(चारुदत्त)	(दुष्यन्त)	(उदयन)	(भीम)

- **धीरललित- 'निश्चिन्तो धीरललितः कलासक्तः सुखी मृदुः।'** (दश. 2/3) चिन्ता से मुक्त, कलाओं का प्रेमी, सुखी तथा कोमल प्रकृति का नायक धीरललित कहलाता है। जैसे- रत्नावली का नायक उदयन।
- **धीरप्रशान्त- 'सामान्यगुणयुक्तस्तु धीरशान्तो द्विजादिकः।'** (दश.2/3) सामान्य गुणों से युक्त द्विज आदि नायक धीरप्रशान्त नायक कहा गया है। जैसे- मृच्छकटिकम् का नायक चारुदत्त।
- **धीरोदात्त-**

महासत्त्वोऽतिगम्भीरः क्षमावानविकत्थनः।
स्थिरो निगूढाहङ्कारो धीरोदात्तो दृढव्रतः॥

(दश. 2/4)

विशाल एवं अविचल अन्तःकरणवाला, अत्यन्त गम्भीर, क्षमाशील, आत्मप्रशंसा न करने वाला (अर्थात् ढींग न हाँकने वाला), अविचल, अभिमान को दबाकर रखने वाला तथा दृढव्रती नायक धीरोदात्त कहा गया है। जैसे- उत्तररामचरितम् का नायक राम, अभिज्ञानशाकुन्तलम् का नायक दुष्यन्त,किरातार्जुनीयम् का नायक अर्जुन, नलचम्पू का नायक नल आदि धीरोदात्त नायक हैं।

- **धीरोद्धत-**

दर्पमात्सर्यभूयिष्ठो मायाच्छद्मपरायणः।
धीरोद्धतस्त्वहङ्कारी चलश्चण्डो विकत्थनः॥

(दश.2/5)

घमण्ड और डाह की अधिकता से युक्त, माया और कपट से भरपूर, अहङ्कारी, अस्थिर, अत्यन्त क्रोधी तथा अपनी प्रशंसा करने वाला नायक धीरोद्धत नायक कहा गया है। जैसे- वेणीसंहार का नायक भीम धीरोद्धत नायक है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, भू.पेज-86

4. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में शकुन्तला को शाप किसने दिया ?
(A) वसिष्ठ **(B) नारद**
(C) दुर्वासा **(D) विश्वामित्र**

व्याख्या-

A. वसिष्ठ- कालिदासकृत 'रघुवंशमहाकाव्य' के द्वितीयसर्ग में वशिष्ठ की नन्दिनी गाय की सेवा राजा दिलीप एवं सुदक्षिणा द्वारा पुत्र प्राप्ति हेतु की गयी है- यथा-

अथ प्रजानामधिपःप्रभाते जायाप्रतिग्राहितगन्धमाल्याम्।
वनाय पीतप्रतिबद्धवत्सां यशोधनो धेनुमृषेर्मुमोच॥

(रघु. 2/1)

B. नारद- माघकृत 'शिशुपालवधम्' के प्रथमसर्ग में इन्द्र का सन्देश लेकर नारद का आगमन एवं श्रीकृष्ण नारद सम्भाषण का वर्णन है-

'क्रमादमुं नारद इत्यबोधि सः' (शिशु. 1/3)

C. दुर्वासा- 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के चतुर्थ अङ्क में अनन्यमानसा शकुन्तला को अतिथि तिरस्कार से क्रोधित होकर दुर्वासा ने शाप दे दिया-

स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन्
कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव॥ (अभि. 4/1)

अतः विकल्प C सही है।

D. विश्वामित्र- शकुन्तला, विश्वामित्र एवं मेनका की 'औरस' पुत्री है तथा महर्षि कण्व की 'मानस पुत्री' (पालिता या धर्मपुत्री) है।

''अस्ति कोऽपि कौशिक इति गोत्रनामधेयो महाप्रभावो राजर्षिः ....तमावयोः प्रियसख्याः प्रभवमवगच्छ।'' (अभि.अङ्क-1)

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम्-(4.1) कपिलदेव द्विवेदी,पेज-184

5. 'धीवर प्रसङ्ग' अभिज्ञानशाकुन्तलम् के किस अङ्क में है?

(A) तृतीय **(B) पञ्चम**

(C) षष्ठ **(D) सप्तम**

व्याख्या-

* **1. प्रथम अङ्क (आश्रम प्रवेश)-** शिकार खेलते हुए दुष्यन्त का कण्व आश्रम में प्रवेश, भ्रमर द्वारा शकुन्तला को पीड़ित किया जाना, उन्मत्त हाथी का प्रवेश।
* **2. द्वितीय अङ्क (आश्रम निवेश)-** विदूषक (माधव्य) का मंच पर प्रथम आगमन,राजा को करभक द्वारा हस्तिनापुर का सन्देश प्राप्त होना।
* **3. तृतीय अङ्क (मिलन)-** दुष्यन्त एवं शकुन्तला का गान्धर्व विवाह एवं मिलन दुष्यन्त द्वारा शकुन्तला को अँगूठी दिया जाना।
* **4. चतुर्थ अङ्क (विदाई)-** दुर्वासा द्वारा शकुन्तला को शाप दिया जाना, केवल चतुर्थ अङ्क में कण्व की उपस्थिति, शार्ङ्गरव, शारद्वत एवं गौतमी के साथ शकुन्तला की विदाई।
* **5. पञ्चम अङ्क (प्रत्याख्यान)-** शार्ङ्गरव, शारद्वत, और गौतमी के साथ शकुन्तला का हस्तिनापुर में प्रवेश, दुष्यन्त द्वारा शकुन्तला को न पहचानना, शार्ङ्गरव, आदि का शकुन्तला को हस्तिनापुर में छोड़कर आश्रम की ओर प्रस्थान।
* **6. षष्ठ अङ्क (पश्चात्ताप)-** धीवर प्रसङ्ग (प्रवेशक), इन्द्र के सारथि मातलि द्वारा दुष्यन्त को स्वर्ग ले जाना, मेनका की सखी सानुमती का प्रवेश। इससे स्पष्ट है कि 'धीवर प्रसङ्ग' अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पश्चाताप नामक षष्ठ अङ्क में है।

  अतः विकल्प C सही है।
* **7. सप्तम अङ्क (पुनर्मिलन)-** स्वर्ग से लौटते समय दुष्यन्त का हेमकूट पर्वत पर स्थित मारीच आश्रम में प्रवेश, पुत्र सर्वदमन, शकुन्तला एवं दुष्यन्त का मिलन।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-307

6. 'अविश्रमोऽयं लोकतन्त्राधिकारः।'इस उक्ति से युक्त नाटक है-

(A) मुद्राराक्षसम्

(B)अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(C) मृच्छकटिकम्

(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

A. मुद्राराक्षसम्- 'अत्यादरः शङ्कनीयः।' अङ्क-1 चन्दनदास का आत्मगत कथन अत्यधिक आदर शङ्का को उत्पन्न करने वाला होता है।

B. अभिज्ञानशाकुन्तलम्-

अविश्रमोऽयं लोकतन्त्राधिकारः। (अङ्क-5) कण्व शिष्यों की सूचना देने के लिए कञ्चुकी राजा की व्यस्तता को सोचकर कहता है कि मैं सूचना देने का साहस नहीं कर पा रहा हूँ अथवा 'यह लोक की रक्षा करने का अधिकार विश्राम से रहित होता है।

अतः विकल्प B सही है।

C. मृच्छकटिकम्-

बलवता सह को विरोधः। (मृच्छ. 6/2) आर्यक, राजा पालक के विषय में विचार करके कहता है कि- बलवानों से विरोध कौन करना चाहेगा?

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम्(अङ्क-5)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-249

7. ज्वलति चलितेन्धनोऽग्निर्विप्रकृतः पन्नगः फणां कुरुते। प्रायः स्वं महिमानं क्षोभात् प्रतिपद्यते हि जनः॥ यह श्लोक निम्नलिखित में किससे सम्बन्धित है-

(A) मृच्छकटिकम्/शर्विलक

(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्/मातलि

(C) उत्तररामचरितम्/लव

(D) किरातार्जुनीयम्/द्रौपदी

व्याख्या-

A. मृच्छकटिकम् के चतुर्थ अङ्क में शर्विलक मदनिका से कहता है कि- **साहसे श्रीः प्रतिवसति।** (मृच्छ. अङ्क-4) साहस में लक्ष्मी का निवास होता है।

B. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में इन्द्र का सारथी मातलि राजा दुष्यन्त को क्रोध दिलाने के लिए विदूषक को पीटता है इस

पर राजा के क्रोधित होने पर मातलि कहता है कि **''ज्वलति चलितेन्धनोऽग्निर्विप्रकृतः पन्नगः फणां कुरुते। प्रायः स्वं महिमानं क्षोभात् प्रतिपद्यते हि जनः॥''** (अभि.6/36) अग्नि ईंधन को हिलाने पर जलने लगती है, छेड़ा हुआ सर्प फण फैला लेता है। क्योंकि प्रायः मनुष्य उत्तेजना से अपनी महिमा को प्राप्त कर लेता है।

अतः विकल्प B सही है।

C. उत्तररामचरितम् के पञ्चम अङ्क में क्रोधित लव चन्द्रकेतु से कहता है -

ऋषयो राक्षसीमाहुर्वाचमुन्मत्तदृप्तयोः।
स योनिः सर्ववैराणां सा हि लोकस्य निष्कृतिः॥

(उत्तर.5/29)

ऋषि लोग उन्मत्त एवं गर्वयुक्त मनुष्यों की वाणी को राक्षसी वाणी कहते हैं वह सारे झगड़ों की जड़ है और वही लोगों के तिरस्कार का कारण है।

D. किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती हैं कि- **प्रविश्य हि घ्नन्ति शठास्तथा विधानसंवृताङ्गान्निशिता इवेषवः॥** (किरात.1/30) धूर्त लोग तथाविध सौम्य पुरुषों के आत्मीय बन कर उन्हे मार ही डालते हैं जैसे तीक्ष्ण बाण कवच से अनाच्छादित शरीर वालों के भीतर घुस कर उन्हें मार ही डालते हैं।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्-6/31

8. निम्नलिखित सूक्ति किस रचना से ली गई है ?
''एष क्रीडति कूपयन्त्रघटिकान्यायप्रसक्तो विधिः॥''

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् **(B) स्वप्नवासवदत्तम्**
(C) मृच्छकटिकम् **(D) रत्नावली**

व्याख्या-

A. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के छठे अङ्क में विदूषक राजा से कहता है कि-

'भवितव्यता खलु बलवती।' (अभि.अङ्क-6)

होनहार होकर रहती है अर्थात् जो भाग्य में है उसे टाला नहीं जा सकता।

B. स्वप्नवासवदत्तम् के चतुर्थ अङ्क में विदूषक राजा से कहता है-

'अनतिक्रमणीयो हि विधिः।' (स्वप्न. अङ्क-4)

भाग्य का उल्लंघन नहीं किया जा सकता है।

C. मृच्छकटिकम् के दशम अङ्क में चारुदत्त शर्विलक से कहता है-

'एष क्रीडति कूपयन्त्रघटिकान्यायप्रसक्तो विधिः।'

(मृच्छ. 10/60)

कूपयन्त्र (रहट) की घटिकाओं की पद्धति का अनुसरण करने वाला वह भाग्य क्रीड़ा करता है।

अतः विकल्प C सही है।

D. रत्नावली के द्वितीय अङ्क में राजा विदूषक से कहता है-

'अचिन्त्यो हि मणिमन्त्रौषधीनां प्रभावः।'

(रत्ना.अङ्क-2)

मणि, मन्त्र एवं औषधि का प्रभाव अचिन्तनीय होता है अर्थात् इसके बारे में सोचा नहीं जा सकता है।

स्रोत- मृच्छकटिकम् (10/60)- रमाशंकर त्रिपाठी, पेज-742

9. मृच्छकटिकम् का नायक कौन है?

(A) शकार **(B) दुर्योधन**
(C) संवाहक **(D) चारुदत्त**

व्याख्या-

A. शकार- शूद्रककृत 'मृच्छकटिकम्' प्रकरण का प्रतिनायक (खलनायक) शकार है। यह राजा पालक का श्यालक (साला) है एवं लोभी, धीरोद्धत्त, जड़ प्रकृति वाला, पापी और व्यसनी है।

B. दुर्योधन- भारविकृत 'किरातार्जुनीयम्' का प्रतिनायक है। दुःशासन इसका छोटा भाई है।

C. संवाहक- 'मृच्छकटिकम्' में दरिद्रता के कारण संवाहक का व्यवसाय करने वाला एक गृहपति का पुत्र है जो चारुदत्त के यहाँ नौकरी करने के पश्चात् जुआरी बन जाता है बाद में वसन्तसेना द्वारा ऋणमुक्त किये जाने पर बौद्धभिक्षु बन जाता है।

D.चारुदत्त- मृच्छकटिकम् का नायक चारुदत्त उज्जयिनी का एक ब्राह्मण युवक है। इसकी विवाहिता पत्नी धूता तथा पुत्र रोहसेन है। वसन्तसेना (गणिका नायिका) चारुदत्त पर आसक्त है। यह धीरप्रशान्त कोटि का नायक है।

'सामान्यगुणयुक्तस्तु धीरशान्तो द्विजादिकः।'

(दश.2/4)

अतः विकल्प D सही है

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-321

10. 'मृच्छकटिकम्' की कथा किसमें समायोजित है ?
(A) उद्योत (B) सर्ग
(C) अङ्क (D) उच्छ्वास

व्याख्या-

ग्रन्थ	ग्रन्थकार	विभाजन
1. ध्वन्यालोक (लक्षणग्रन्थ)	आनन्दवर्धन	4 उद्योत
2. ऋतुसंहारम् (गीतिकाव्य)	कालिदास	6 सर्ग
3. मृच्छकटिकम् (प्रकरण)	शूद्रक	10 अङ्क
4. दशकुमारचरितम् (गद्यकाव्य)	दण्डी	8 उच्छ्वास

अतः विकल्प C सही है।

संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 307

11. सुजनः खलु भृत्यानुकम्पकः स्वामी निर्धनकोऽपि शोभते।
पिशुनः पुनर्द्रव्यगर्वितो दुष्करः खलु परिणामदारुणः॥
इस श्लोक के ग्रन्थ और उसके कवि हैं-
(A) मृच्छकटिकम्/शूद्रक
(B) नीतिशतकम्/भर्तृहरि
(C) किरातार्जुनीयम्/भारवि
(D) मेघदूतम्/कालिदास

व्याख्या-

A. शूद्रककृत मृच्छकटिकम् के तीसरे अङ्क में चेट कहता है कि-

'सुजनः खलु भृत्यानुकम्पकः
स्वामी निर्धनकोऽपि शोभते।
पिशुनः पुनर्द्रव्यगर्वितो
दुष्करः खलु परिणामदारुणः॥'

नौकरों पर दया करने वाले सज्जन मालिक निर्धन रहने पर भी सुखदायी (शोभित) होता है, किन्तु धन के मद में चूर दुष्ट मालिक दुःख से सेवा करने योग्य तथा अन्त में भयंकर होता है।

अतः विकल्प A सही है।

B. ''वरं पर्वतदुर्गेषु भ्रान्तं वनचरैः सह।
न मूर्खजनसम्पर्कः सुरेन्द्रभवनेष्वपि॥''

नीति. परिशिष्ट (श्लोक-12)

वनचरों के साथ पर्वतों पर तथा दुर्गमस्थानों में विचरण करना अच्छा है परन्तु मूर्खों के साथ सुरेन्द्र(इन्द्र) के भवन में भी रहना अच्छा नहीं है।

C. ''सदाऽनुकूलेषु हि कुर्वते रतिम्।
नृपेष्वमात्येषु च सर्वसम्पदः॥'' (किरात. 1/5)

राजा और मन्त्री के परस्पर सर्वदा अनुकूल रहने पर ही उनमें सब प्रकार की समृद्धियाँ अनुरक्त होती हैं।

D. 'कस्यात्यन्तं सुखमुपनतं दुःखमेकान्ततो वा।
नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण॥

मेघ. (उत्तरमेघ-49)

नियम से सुख ही सुख अथवा दुःख ही दुःख सदा किसको रहा? सदा पहिए के घेरे के क्रम के अनुसार सुख-दुःख नीचे और ऊपर जाते रहते हैं।

स्रोत- मृच्छकटिकम् (3/1), रमाशंकर त्रिपाठी, पेज- 179

12. अगस्त्याश्रम में राम के रहने के लिए पर्णकुटी का निर्माण किसने किया था?
(A) राम (B) लक्ष्मण
(C) वाल्मीकि (D) शिव

व्याख्या-

A. भवभूतिकृत 'उत्तररामचरितम्' के नायक राम द्वितीय अङ्क में शम्बूक का वध करते हैं-

हे हस्त दक्षिण! मृतस्य शिशोर्द्विजस्य
जीवातवे विसृज शूद्रमुनौ कृपाणम्।
रामस्य बाहुरसि निर्भरगर्भखिन्न
सीताविवासनपटोः करुणा कुतस्ते॥

(उत्तररामचरितम् 2/10)

हे दक्षिण हाथ! ब्राह्मण के मृत बालक को जीवित करने के लिए शूद्र तपस्वी पर कृपाण चला। तू पूर्ण गर्भ के भार से खिन्न सीता के निर्वासन में चतुर राम की भुजा है। तुझमें दया कहाँ?

B. सुमित्रानन्दन लक्ष्मण ने अगस्त्याश्रम में राम के रहने के लिए पर्णकुटी का निर्माण किया था।

अतः विकल्प B सही है।

C. आदिकवि 'वाल्मीकि रामायण' के रचयिता एवं लव-कुश के संरक्षक हैं।

D. 'किरातार्जुनीयम्' में किरातवेशधारी शिव का अर्जुन से युद्ध एवं अर्जुन को पाशुपत अस्त्र की प्राप्ति होती है।

इति निगदितवन्तं सूनुमुच्चैर्मघोनः
प्रणतशिरसमीशः सादरं सान्त्वयित्वा।
ज्वलदनलपरीतं रौद्रमस्त्रं दधानं
धनुरुपपदमस्मै वेदमभ्यादिदेश।

(किरात.18-44)

भगवान् शङ्कर ने उपर्युक्त प्रकार से उच्च स्वर में स्तुति करते हुए तथा प्रणामार्थ नतमस्तक इन्द्रपुत्र (अर्जुन) को सान्त्वना देते हुए प्रज्वलन्त अग्नि से व्याप्त पाशुपतास्त्र को धारण करते हुए धनुर्वेद का आदेश दिया।

स्रोत- वाल्मीकि रामायण (अरण्यकाण्ड)15/20

13. ''लौकिकानां हि साधूनामर्थं वागनुवर्तते।
ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति॥''
यह उपर्युक्त श्लोक किस ग्रन्थ से है ?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् **(B) शिशुपालवधम्**
(C) उत्तररामचरितम् **(D) रघुवंशम्**

व्याख्या-

A. अभिज्ञानशाकुन्तलम्- अनसूया शकुन्तला से कहती है कि-

''एषापि प्रियेण विना गमयति रजनीं विषाददीर्घतराम्।
गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति॥'' (अभि.4/6)

यह भी अपने प्रिय के बिना दुःख के कारण अधिक लम्बी रात्रि बिताती है आशा का बन्धन विरह के कठोर दुःख को भी सहन करा देता है।

B. शिशुपालवधम्-

''ऋते रवेः क्षालयितुं क्षमेत कः। क्षपातमस्काण्डमलीमसं नभः॥ (शिशु.-1.38)

रात्रि के अन्धकार समूह से मलिन आकाश को निर्मल बनाने के लिए सूर्य के बिना कौन समर्थ होगा? अन्य कोई नहीं।

C. उत्तररामचरितम्-

''लौकिकानां हि साधूनामर्थं वागनुवर्तते।
ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति॥''

(उत्तर. 1/10)

राम कहते हैं कि लौकिक सज्जनों की वाणी तो अर्थ का अनुसरण करती है, परन्तु प्राचीन महर्षियों की वाणी के पीछे अर्थ स्वयं चलता है।

अतः विकल्प C सही है।

D. रघुवंशम्-

ईप्सितं तदवज्ञानाद्विद्धि सार्गलमात्मनः।
प्रतिबध्नाति हि श्रेयः पूज्यपूजाव्यतिक्रमः॥

(रघु. 1.79)

पुत्र प्राप्ति हेतु जब राजा दिलीप कुलगुरु के पास जाते हैं तो वशिष्ठ ने राजा दिलीप से कहा कि उस सुरभि का अनादर होने के कारण अपने मनोरथ को रुका हुआ समझो क्योंकि पूज्यों की पूजा का उल्लंघन करना कल्याण को रोक देता है।

स्रोत-उत्तररामचरितम् (1/10) कपिलदेव द्विवेदी, पेज-22

14. 'विक्रमोर्वशीयम्' है-
(A) चम्पूकाव्य **(B) खण्डकाव्य**
(C) नाटक **(D) त्रोटक**

व्याख्या-

रचना	रचयिता	विधा	विभाजन
नलचम्पू	त्रिविक्रमभट्ट	चम्पूकाव्य	7 उच्छ्वास
मेघदूतम्	कालिदास	खण्डकाव्य (पूर्वमेघ, उत्तरमेघ)	2 भाग
अभिज्ञानशाकुन्तलम्	कालिदास	नाटक	7 अङ्क
विक्रमोर्वशीयम्	कालिदास	त्रोटक	5 अङ्क

अतः विकल्प D सही है।

संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-329

15. संस्कृत नाटक में 'नान्दी' का उद्देश्य है-
(A) अर्थप्राप्ति **(B) यशप्राप्ति**
(C) आनन्दप्राप्ति **(D) विघ्नोपशान्ति**

व्याख्या-

आचार्य मम्मट ने ''काव्यप्रकाश'' के प्रथमोल्लास में काव्य के छः प्रयोजनों का उल्लेख किया है-

''काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे॥''

(का.प्र.1.2)

काव्य यश के लिए, अर्थ प्राप्ति के लिए, व्यवहार ज्ञान के लिए, अनिष्ट के नाश के लिए, परमानन्द के लिए, कान्तासम्मित उपदेश के लिए होता है।

नाटक में नान्दी का उद्देश्य- साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ ने छठें परिच्छेद में नान्दी के प्रयोजन का वर्णन इसप्रकार किया है-

तथाऽप्यवश्यं कर्तव्या नान्दी विघ्नोपशान्तये॥

साहित्यदर्पण (6/23)

अर्थात् नाटक में विघ्नों को शान्त करने के लिए नान्दी का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- साहित्यदर्पण (6/23)- शालिग्राम शास्त्री, पेज-172

16. रूपकों में स्त्रियों की भाषा होती है-

(A) संस्कृत **(B) संस्कृत और प्राकृत**
(C) पालि **(D) शौरसेनी प्राकृत**

व्याख्या- आचार्य विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण के छठवें परिच्छेद में रूपकों के पात्रों की भाषा का वर्णन किया है-

पुरुषाणामनीचानां संस्कृतं स्यात्कृतात्मनाम् ।
शौरसेनी प्रयोक्तव्या तादृशीनां च योषिताम्॥
आसामेव तु गाथासु महाराष्ट्रीं प्रयोजयेत्।
अत्रोक्ता मागधी भाषा राजान्तःपुरचारिणाम्॥
चेटानां राजपुत्राणां श्रेष्ठानां चार्धमागधी।
प्राच्या विदूषकादीनां, धूर्तानां स्यादवन्तिजा॥

(साहित्यदर्पण 6.158-161)

(रूपक-प्रबन्धों में) उच्च श्रेणी के पढ़े-लिखे पुरुषों की भाषा **संस्कृत** हुआ करती है। उच्च श्रेणी की पढ़ी-लिखी स्त्रियाँ '**शौरसेनी**' में बातचीत करती दिखाई जाया करती हैं। कुलीन स्त्रियों के गीत की भाषा **महाराष्ट्री** है। राजा के अन्तःपुर में रहने वाले वामन आदि की भाषा **मागधी** होती है। चेट, राजकुमार और सेठ लोग **अर्धमागधी** बोलते हैं विदूषकादिक **प्राच्या प्राकृत** और धूर्त लोग **अवन्तिजा** बोलते हैं। अहीरों की भाषा **अभीरी,** चाण्डाल की भाषा **चाण्डाली,** मल्लाह आदि की भाषा **आभीरी** अथवा **शाबरी** होती है लुहार की भाषा **पैशाची**।

अतः विकल्प D सही है।

संस्कृत साहित्य का समीक्षा0 इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-272

17. 'सदाभिमानैकधना हि मानिनः' यह सूक्ति है-

(A) रामायण में **(B) शिशुपालवध में**
(C) नलचम्पू में **(D) कुमारसम्भव में**

व्याख्या-

A. रामायण

''अग्निसंयोगवद्हेतुः शास्त्रसंयोग उच्यते।''

जैसे आग का संयोग ईधनों को जलाने का कारण होता है उसीप्रकार शास्त्रों का संयोग शस्त्रधारी के हृदय में विकार का उत्पादक कहा गया है।

B. शिशुपालवध-

''सदाभिमानैकधना हि मानिनः॥'' (शिशु.1/67)

मानियों का अभिमान ही एकमात्र धन होता है।

अतः विकल्प B सही है।

C. नलचम्पू-

''कुलीनमनुकूलं च कलत्रं कुत्र लभ्यते।''

(नल.2/22)

कुलीन और अनुकूल पत्नी कहाँ प्राप्त होती है?

D. कुमारसम्भव-

''अशोच्या हि पितुः कन्या सद्भर्तृप्रतिपादिता॥''

(कुमार.6/79)

सत्पात्र (पति) को दी गई कन्या पिता के लिए अशोच्य होती है।

स्रोत- शिशुपालवधम् (1/67) तारिणीश झा, पेज-140

18. ''पराभवोऽप्युत्सव एव मानिनाम्'' इस सूक्ति के रचयिता हैं-

(A) कालिदास **(B) माघ**
(C) भारवि **(D) भर्तृहरि**

व्याख्या-

A. कालिदासकृत रघुवंश महाकाव्य के दूसरे सर्ग में नन्दिनी गाय की सेवा करने के विषय में राजा दिलीप कहते हैं कि-

''स्ववीर्यगुप्ता हि मनोः प्रसूतिः।'' रघुवंशम् (2/4)

'मनुवंशी अपनी रक्षा स्वयं करते हैं।'

B. शिशुपालवध महाकाव्य के प्रथमसर्ग में नारदमुनि श्रीकृष्ण से कहते हैं कि-

''सतीव योषित्प्रकृतिः सुनिश्चला पुमांसमभ्येति भवान्तरेष्वपि॥'' (शिशु. 1.72)

मनुष्य की प्रकृति सती स्त्री की भाँति अगले जन्म में इसी रूप से प्राप्त होती है।

C. द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती हैं कि **''पराभवोऽप्युत्सव एव मानिनाम्।''** (किरात. 1.41) 'स्वाभिमानी के लिए पराभव (पराजय) भी उत्सव के समान होता है।'

अतः विकल्प C सही है।

D. नीतिशतकम् के अर्थपद्धति में भर्तृहरि राजा को उपदेशित करते हुए कहते हैं-

''नानाफलं फलति कल्पलतेव भूमिः।''

(नीति. श्लोक-38)

कल्पवृक्ष की भाँति भूमि अनेक फलों को देने वाली है। अर्थात् प्रजा के सुखी रहने पर यह पृथ्वी कल्पलता की भाँति अनेक मनोरथों को पूर्ण कर देती है।

स्रोत- किरातार्जुनीयम् (1/41) रामसेवक दुबे, पेज-138

19. निम्नलिखित अवतरण में किसके विशेषण हैं- अतिशुद्धस्वभावमपि कृष्णचरितम्, अकरमपि हस्तस्थितसकल-भुवनतलं राजानम् अद्राक्षीत्।

(A) शूद्रक **(B) वैशम्पायन शुक**
(C) पुण्डरीक **(D) चन्द्रापीड**

व्याख्या- कादम्बरी कथामुख के शूद्रक वर्णन में चाण्डालकन्या द्वारा देखे गए शूद्रक का वर्णन इस प्रकार है-

A. ''अत्यन्तशुद्धस्वभावमपि कृष्णचरितम् अकरमपि हस्तस्थितसकलभुवनतलं राजानम् अद्राक्षीत्।''

(कादम्बरी-कथामुखम्)

"अत्यन्त पवित्र स्वभाव के होने पर भी मलिन चरित्र वाले (विरोधपरिहारपक्ष में – कृष्ण के समान चरित्र वाले) और कर (हाथ, विरोधपरिहारपक्ष में – राजस्व) से रहित होने पर भी सम्पूर्ण पृथ्वीतल को हस्तगत किए हुए राजा को देखा।''

अतः विकल्प A सही है।

B. कादम्बरी कथामुख के शुक वर्णन में शुक का विशेषण-

''प्रणय-कलह-कुपित-कामिनी-प्रसादनोपाय-चतुरः, गज-तुरग-पुरुष-स्त्री-लक्षणाभिज्ञः, सकल-भूतल-रत्नभूतोऽयं वैशम्पायनो नाम शुकः।''

प्रेमकलह में रूठी हुई कामिनियों को रिझाने के उपायों में पटु, हाथी, घोड़े, पुरुष एवं स्त्री के शुभाशुभ लक्षणों का विशेषज्ञ और सम्पूर्ण भूतल पर रत्नभूत यह वैशम्पायन नामक तोता है।

C. पुण्डरीक दिव्यरूप में निवास करने वाले महामुनि श्वेतकेतु को देखकर आकृष्ट हुई लक्ष्मी का मानस पुत्र है।

D. कादम्बरी कथा का नायक चन्द्रापीड है-

''प्रतिदिनञ्चोत्थायोत्थाय सह विलासवत्या विरलपरिजनस्तत्रैव गत्वैनमालोकयामास राजा।'' राजा प्रतिदिन उठ-उठ कर विलासवती को साथ लेकर कुछ ही सेवकों के साथ उस विद्यामन्दिर में ही जाकर इस चन्द्रापीड को देखा करता था।

स्रोत- कादम्बरीकथामुखम्- समीर शर्मा, पेज- 54

20. कादम्बरी है-

(A) आख्यायिका **(B) कथा**
(C) प्रकरण **(D) ऐतिहासिक काव्य**

व्याख्या-

विधा	ग्रन्थ	विभाजन	ग्रन्थकार
A. आख्यायिका	हर्षचरितम्	8 उच्छ्वास	बाणभट्ट
B. कथा	कादम्बरी	2 भाग	बाणभट्ट
C. प्रकरण	* मृच्छकटिकम्	10 अङ्क	शूद्रक
	* मालतीमाधव	10 अङ्क	भवभूति
D. ऐतिहासिककाव्य	शिवराजविजय	3 विराम 12निःश्वास	अम्बिकादत्तव्यास

अतः विकल्प B सही है।

संस्कृत साहित्य का समीक्षा0 इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-493

21. निम्नलिखित में से किसके मतानुसार संस्कृत गद्य काव्य के अन्तर्गत 'प्रबन्धकल्पनाकथा' और 'आख्यायिकोपलब्धा' का विभाजन हुआ है-

(A) विश्वनाथ **(B) भर्तृहरि**
(C) दण्डी **(D) वामन**

व्याख्या-

A. विश्वनाथ- आचार्य विश्वनाथ ने गद्यकाव्य के चार भेद माने हैं- 1- मुक्तक 2- वृत्तगन्धि 3- उत्कलिकाप्राय 4- चूर्णक।

वृत्तगन्धोज्झितं गद्यं मुक्तकं वृत्तगन्धि च।
भवेदुत्कलिकाप्रायं चूर्णकं च चतुर्विधम्।।

(सा.द. 6/330,331)

B. भर्तृहरि- आचार्य भर्तृहरि ने गद्यकाव्य की विधाओं में तीन मुक्तककाव्य लिखें हैं- 1- शृङ्गारशतक 2- नीतिशतक 3- वैराग्यशतक।

C. दण्डी- आचार्य दण्डी ने संस्कृत गद्यकाव्य के मुख्य दो भेद माने हैं- 1- प्रबन्धकल्पनाकथा 2- आख्यायिकोपलब्धार्था।

''तत् कथाख्यायिकेत्येका जातिः संज्ञाद्वयाङ्किता।'' (काव्यादर्श 1/28)

अतः विकल्प C सही है।

D. वामन- आचार्य वामन ने 10 शब्दगुण तथा 10 अर्थगुण मानें हैं। जबकि मम्मटादि अन्य आचार्यों ने तीन गुण माने हैं।

ओजःप्रसादश्लेषसमतासमाधिमाधुर्यसौकुमार्योदारताऽर्थ-व्यक्तिकान्तयो बन्धगुणाः। (काव्यालङ्कार सूत्र-3.1.4) ओज, प्रसाद, श्लेष, समता, समाधि, माधुर्य, सौकुमार्य, उदारता, अर्थव्यक्ति और कान्ति ये दस शब्दगुण हैं। यही अर्थगुण भी हैं।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का इति0-उमाशंकर शर्मा 'ऋषि' पेज 375

22. 'दशकुमारचरितम्' की कथावस्तु के विचार कहाँ से लिए गये हैं?

(A) ऋग्वेद **(B) छान्दोग्य उपनिषद्**
(C) बृहत्कथा **(D) महाभारत**

व्याख्या-

A. भरतमुनि के अनुसार नाटक का कथानक ऋग्वेद से लिया गया है- **'जग्राह पाठ्यमृग्वेदात्'** (नाट्य. 1/17)

B. सामवेद के **'छान्दोग्योपनिषद्'** में 'सत्यकाम जाबालि कथा' वर्णित है।

C. दण्डीकृत **'दशकुमारचरितम्'** एक गद्यकाव्य है। यह आठ उच्छ्वासों में विभक्त है जिसमें दस राजकुमारों का वर्णन है। इसकी कथावस्तु के विचार गुणाढ्य की बृहत्कथा से लिया गया है। **अतः विकल्प C सही है।**

D. महाभारत वेदव्यास द्वारा रचित संस्कृत साहित्य का आकरग्रन्थ है जिसकी कथावस्तु अठारह पर्वों में विभक्त है। महाभारत में पाञ्चाली शैली तथा शान्त रस है।

स्रोत- संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास (खण्ड-5, पेज - 63)

23. हर्षचरितम् में उच्छ्वास हैं-

(A) दस **(B) सात**
(C) छह **(D) आठ**

व्याख्या-

A. दस अङ्कों के प्रकरण ग्रन्थ होते हैं जैसे शूद्रककृत मृच्छकटिकम्, भवभूति कृत मालतीमाधवम्।

B. सात अङ्क के कई नाटक प्राप्त होते हैं जैसे- अभिज्ञानशाकुन्तलम्, उत्तररामचरितम्, प्रतिमानाटक इत्यादि।

C. छह अङ्कों के नाटक जैसे- स्वप्नवासवदत्तम्, अभिषेकनाटकम्, अविमारकम्, वेणीसंहारम्।

D. बाणभट्ट कृत ''हर्षचरितम्'' एक आख्यायिका ग्रन्थ है जिसमें 8 उच्छ्वास हैं।

अतः विकल्प D सही है।

ग्रन्थ	ग्रन्थकार	विभाजन
* मृच्छकटिकम्	शूद्रक	10 अङ्क
* अभिज्ञानशाकुन्तलम्	कालिदास	7 अङ्क
* स्वप्नवासवदत्तम्	भास	6 अङ्क
* हर्षचरितम्	बाणभट्ट	8 उच्छ्वास

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-491

24. ''मेघदूतम्'' किस प्रकार की रचना है-

(A) महाकाव्य **(B) उपन्यास**
(C) खण्डकाव्य **(D) चम्पूकाव्य**

व्याख्या-

विधा	ग्रन्थ	विभाजन	ग्रन्थकार
A. महाकाव्य	नैषधीयचरितम्	22 सर्ग	श्रीहर्ष
B. उपन्यास	शिवराजविजय	3 विराम, 12 निःश्वास	अम्बिकादत्तव्यास
C. खण्डकाव्य	मेघदूतम्	दो भाग (पूर्व एवं उत्तरमेघ)	कालिदास
D. चम्पूकाव्य	नलचम्पू	7 उच्छ्वास	त्रिविक्रमभट्ट

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का इतिहास- उमाशंकर शर्मा 'ऋषि',पेज-332

25. "कस्यात्यन्तं सुखमुपनतं दुःखमेकान्ततो वा। नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण।"
इस श्लोक का सन्देश है-
(A) संसार परिवर्तनशील है
(B) दुःख में स्थिर रहना चाहिए
(C) सुखःदुख परिवर्तनशील है
(D) नीच का साथ नहीं करना चाहिए

व्याख्या-
"कस्यात्यन्तं सुखमुपनतं दुःखमेकान्ततो वा।
नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण॥"
(उत्तरमेघ-49)

यक्ष मेघ से अपनी पत्नी यक्षिणी के पास सन्देश भिजवाता है कि हे कल्याणी! तुम भी बहुत दुःखी मत होना क्योंकि "किसे अत्यन्त सुख या लगातार दुःख प्राप्त होता है? लोगों की दशा (भाग्य) पहिये के किनारे के समान ऊपर-नीचे आया-जाया करती है।" अर्थात् सुख-दुःख परिवर्तनशील है। **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत- उत्तरमेघ (श्लोक-49)- आर0 बी0 शास्त्री, पेज-122

26. महाकाव्य-लेखन की अलङ्कार-बहुल पद्धति विचित्रमार्ग के प्रवर्तक हैं-
(A) भारवि **(B) कालिदास**
(C) माघ **(D) श्रीहर्ष**

व्याख्या -
A. भारवि- अलङ्कार बहुल पद्धति, विचित्रमार्ग के प्रवर्तक, अर्थगौरवपूर्ण शैली, भारवेरर्थगौरवम्।
अतः विकल्प A सही है।
B. कालिदास- वैदर्भी रीति के सर्वोत्कृष्ट कवि, उपमा कालिदासस्य, रसवादी एवं सरल मार्ग के प्रवर्तक।
C. माघ- माघे सन्ति त्रयोगुणाः, मेघे माघे गतं वयः, घण्टामाघ की उपाधि, उपमा, अर्थगौरव, एवं पदलालित्य इन तीनों के लिए प्रसिद्ध हैं।
D. श्रीहर्ष- उदिते नैषधे काव्ये क्व माघः क्व च भारविः नैषधं विद्वदौषधम्, नैषधे पदलालित्यम् आदि वक्तव्यों से विभूषित।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का इतिहास- उमाशंकर शर्मा 'ऋषि', पेज-241

27. 'बाण' का काल कौन सा है?
(A) सप्तम शताब्दी का पूर्वार्ध
(B) छठी शताब्दी
(C) चतुर्थ शताब्दी
(D) अष्टम शताब्दी

व्याख्या-

कवि	अनुमानित काल (समय)	रचनाएँ
A. बाणभट्ट	सातवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध	कादम्बरी, हर्षचरितम्
B. कुमारदास	छठी शताब्दी	जानकीहरणम्
C. ईश्वरकृष्ण	चतुर्थ शताब्दी	सांख्यकारिका
D. दामोदरभट्ट	अष्टम शताब्दी	कुट्टनीमतम्

अतः विकल्प A सही है।
स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी पेज-491

28. 'शिशुपालवधम्' का रचयिता कौन है ?
(A) सुबन्धु **(B) भारवि**
(C) भट्टि **(D) माघ**

व्याख्या-

रचना/ग्रन्थ	रचनाकार	विधा	सर्ग
A. वासवदत्ता	सुबन्धु	गद्यकाव्य	
B. किरातार्जुनीयम्	भारवि	महाकाव्य	18 सर्ग
C. भट्टिकाव्यम्(रावणवध)	भट्टि	महाकाव्य	22 सर्ग
D. शिशुपालवधम्	माघ	महाकाव्य	20 सर्ग

अतः विकल्प D सही है।
विशेष- संस्कृतवाङ्मय में सुबन्धु, भारवि, कुमारदास, एवं माघ के केवल एक-एक ग्रन्थ ही प्राप्त होते हैं।
स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-199

29. 'सांख्यकारिका' के रचयिता कौन है ?
(A) कपिल **(B) वाचस्पति मिश्र**
(C) आचार्यशंकर **(D) ईश्वरकृष्ण**

व्याख्या-

लेखक	रचनाएँ
A. कपिल	सांख्यसूत्र (6 अध्याय, 527 सूत्र)
B. वाचस्पति मिश्र	सांख्यतत्त्वकौमुदी (सांख्यकारिका की टीका)
C. आचार्यशंकर	जयमंगला (सांख्यकारिका की टीका)
D. ईश्वरकृष्ण	सांख्यकारिका (70 कारिकायें)

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका-राकेश शास्त्री, भू0 पेज-31

30. यह भास की रचना नहीं है-
(A) प्रतिज्ञायौगन्धरायणम् **(B) रत्नावली**
(C) स्वप्नवासवदत्तम् **(D) दरिद्रचारुदत्तम्**

व्याख्या- नाटककार भास की तेरह रचनाएँ

रचनाएँ	विधा	अङ्क	उपजीव्य
1. दूतवाक्यम्	नाटक	1	महाभारत
2. ऊरुभङ्ग	नाटक	1	महाभारत
3. दूतघटोत्कच	नाटक	1	महाभारत
4. कर्णभार	नाटक	1	महाभारत
5. पञ्चरात्र	नाटक	3	महाभारत
6. प्रतिमा	नाटक	7	रामायण
7. बालचरित्र	नाटक	5	रामायण
8. चारुदत्त	नाटक	4	लोककथा
9. प्रतिज्ञायौगन्धरायण	नाटक	4	उदयनकथा
10. स्वप्नवासवदत्तम्	नाटक	6	उदयनकथा
11. अभिषेक	नाटक	6	रामायण
12. अविमारक	नाटक	6	लोककथा
13. मध्यमव्यायोग	नाटक	1	महाभारत
हर्षवर्धन की रचनाएँ-			
1. नागानन्द	नाटक	5	लोककथा
2. प्रियदर्शिका	नाटिका	4	लोककथा
3. रत्नावली	नाटिका	4	लोककथा

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-275

31. तर्कभाषा के रचयिता हैं-
(A) गौतम **(B) वात्स्यायन**
(C) केशवमिश्र **(D) पतञ्जलि**

व्याख्या-

लेखक	रचनाएँ	अनुमानित समय
A. गौतम (न्यायसूत्रकार)	न्यायसूत्र	-
B. वात्स्यायन(न्यायभाष्यकार)	न्यायसूत्रभाष्य	द्वितीय शताब्दी ई0
C. केशवमिश्र	तर्कभाषा	12वीं शताब्दी ई0
D. पतञ्जलि	योगसूत्र	185 ई0 पू0

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- तर्कभाषा - श्रीनिवास शास्त्री, भू0 पेज-28

32. 'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि' लक्षण है-
(A) अलङ्कार का **(B) गुण का**
(C) काव्य का **(D) दोष का**

व्याख्या-

A. अलङ्कार का लक्षण- आचार्य मम्मट ने काव्यप्रकाश के आठवें उल्लास में अलङ्कार का लक्षण इसप्रकार दिया है-

'उपकुर्वन्ति तं सन्तं येऽङ्गद्वारेण जातुचित्।
हारादिवदलङ्कारास्तेऽनुप्रासोपमादयः॥'

(का0 प्र0 सूत्र-87)

जो अङ्गभूत शब्द तथा अर्थ के द्वारा विद्यमान होने वाले उस अङ्गी रस का हार आदि के समान कभी-कभी उपकार करते हैं वे अनुप्रास, उपमा आदि अलङ्कार होते हैं।

B. गुण का लक्षण- काव्यप्रकाश के आठवें उल्लास में गुण की परिभाषा (लक्षण) निम्नवत् है-

''ये रसस्याङ्गिनो धर्माः शौर्यादय इवात्मनः।
उत्कर्षहेतवस्ते स्युरचलस्थितयो गुणाः॥''

(का.प्र. सूत्र-87)

जिस प्रकार आत्मा के शूरता आदि धर्म हैं उसीप्रकार जो काव्य में मुख्य रस के धर्म हैं, रसोत्कर्ष के हेतु हैं, रस के साथ नियत रूप से रहने वाले हैं वे गुण कहलाते हैं।

C. काव्य का लक्षण- काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्य का लक्षण इस प्रकार है-

''तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि।'' (का.प्र. सूत्र-1)

दोषों से रहित, गुणयुक्त, अलङ्कारसहित परन्तु कहीं-कहीं अलंकार रहित शब्द और अर्थ दोनों की समष्टि काव्य कहलाती है। **अतः विकल्प C सही है।**

D. दोष का लक्षण- काव्यप्रकाश के सातवें उल्लास में दोष का लक्षण इसप्रकार दिया गया है-

''मुख्यार्थहतिर्दोषो रसश्च मुख्यस्तदाश्रयाद् वाच्यः। उभयोपयोगिनः स्युः शब्दाद्यास्तेन तेष्वपि सः॥''

(का. प्र.सूत्र-71)

काव्य के मुख्य अर्थ का अपकर्षक दोष होता है तथा रस मुख्य अर्थ है, इस रस के आश्रय से वाच्य भी मुख्यार्थ है उन दोनों के उपकारक शब्द आदि होते हैं अतः उनमें भी वह दोष होता है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-1)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-19

33. मम्मट के अनुसार काव्यप्रयोजन की संख्या है-

(A) चार **(B) पाँच**

(C) छः **(D) तीन**

व्याख्या- काव्यप्रकाश के द्वितीय उल्लास में आचार्य मम्मट संकेतित अर्थ के विषय में बताते हैं-

A. संकेतित अर्थ के चार भेद होते हैं- जाति, गुण, क्रिया और यदृच्छा।

'संकेतितश्चतुर्भेदो जात्यादिर्जातिरेव वा।'

(का0प्र0सूत्र-10)

B. आचार्य मम्मट ने विप्रलम्भ शृङ्गार के पाँच भेद किये हैं- 1. अभिलाषा 2. ईर्ष्या 3. विरह 4. प्रवास, 5. शाप।

C. काव्यप्रकाश के प्रथम उल्लास में आचार्य मम्मट ने काव्य के छः प्रयोजन इस प्रकार बताये हैं-

''काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये। सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे॥''

(का.प्र. 1.2)

अतः विकल्प C सही है।

D. आचार्य मम्मट ने काव्य के तीन हेतु गिनायें हैं, जो काव्य के पृथक्-पृथक् नहीं अपितु समुचित रूप से मिलकर काव्य के हेतु माने जाते हैं-

''शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्। काव्यज्ञशिक्षयाभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे॥''

(का.प्र. 1.3)

स्रोत- काव्यप्रकाश (1.2) आचार्य विश्वेश्वर, पेज-10

34. संकेतित अर्थ को बताने वाली शक्ति है-

(A) अभिधा **(B) लक्षणा**

(C) व्यञ्जना **(D) तात्पर्या**

व्याख्या-आचार्य मम्मट ने काव्यप्रकाश के द्वितीय उल्लास में अभिधा को परिभाषित करते हुए कहते हैं कि-

A. अभिधा-

''स मुख्योऽर्थस्तत्र मुख्यो व्यापारोऽस्याभिधोच्यते।''

(का.प्र. सूत्र-11)

साक्षात् संकेतित अर्थ मुख्य अर्थ कहलाता है और उस मुख्य अर्थ का व्यापार कराने में जो शब्द व्यापार होता है वह 'अभिधा' व्यापार कहलाता है।

अतः विकल्प A सही है।

B. लक्षणा- आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीय उल्लास में लक्षणा को इसप्रकार परिभाषित करते हैं-

''मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात्। अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रिया॥''

(का.प्र. सूत्र-12)

मुख्यार्थ का बाध होने पर, रूढि अथवा प्रयोजन वश अन्य अर्थ की प्रतीति जिससे होती है वह आरोपित शब्द व्यापार लक्षणा है।

C. व्यञ्जना- व्यञ्जना को परिभाषित करते हुए आचार्य मम्मट द्वितीय उल्लास में कहते हैं कि-

यस्य प्रतीतिमाधातुं लक्षणा समुपास्यते। फले शब्दैकगम्येऽत्र व्यञ्जनान्नापरा क्रिया॥

(का.प्र. सूत्र-23)

जिस शैत्य पावनत्वादि प्रयोजन की प्रतीति को उत्पन्न करने के लिये लक्षणा का आश्रय लिया जाता है केवल लाक्षणिक शब्द से ही गम्य उस प्रयोजन रूप फल की प्रतीति में व्यञ्जना के अतिरिक्त अन्य कोई व्यापार नहीं है।

D. तात्पर्या- 'अभिहितान्वयवादी' कुमारिलभट्ट आदि मीमांसक **'तात्पर्या'** नामक शक्ति को भी मानते हैं ये अभिधा आदि शक्तियों के अतिरिक्त इस शक्ति को मानते है। **''तात्पर्यार्थोऽपि केषुचित्।''** (का.प्र. सूत्र-7)

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण (2-4) शालिग्राम शास्त्री, पेज-26

35. 'मम्मट' के अनुसार काव्यप्रयोजन नहीं है-
(A) प्रतिभा **(B) यश**
(C) अर्थ **(D) अनिष्ट-नाश**

व्याख्या-

प्रतिभा- मम्मट ने हेतुत्रय (शक्ति, निपुणता, अभ्यास) में प्रतिभा को 'शक्ति' शब्द से बताया है। 'शक्तिः कवित्वबीजरूपः संस्कारविशेषः यां विना काव्यं न प्रसरेत्, प्रसृतं वा उपहसनीयं स्यात्'' शक्ति, (प्रतिभा) कवित्वबीजरूपी संस्कार विशेष होता है। जिसके बिना काव्य नहीं बन सकता यदि ऐसा काव्य बना तो वह उपहास के योग्य होगा। (काव्यप्रकाश प्रथम उल्लास कारिका 3 वृत्ति) **'नवनवोन्मेषशालिनी बुद्धिः प्रतिभा।'** नये-नये विचारों को स्फुरित करने वाली बुद्धि प्रतिभा कहलाती है।

काव्य के छः प्रयोजन- आचार्य मम्मट ने काव्यप्रकाश के प्रथम उल्लास में काव्य के छः प्रयोजन बताये हैं-

काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे॥

(काव्यप्रकाश 1.2)

मम्मट के अनुसार षड् काव्यप्रयोजनों मे प्रतिभा नहीं है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (1.2) - आचार्य विश्वेश्वर, पेज-10

36. ''अर्थे सत्यर्थभिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः'' किस अलङ्कार से सम्बन्धित है-
(A) यमक **(B) रूपक**
(C) अनुप्रास **(D) उपमा**

व्याख्या-

A. यमक- नौवें उल्लास में आचार्य मम्मट यमक का लक्षण करते हैं-

''अर्थे सत्यर्थभिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः यमकम्।

(का.प्र. सूत्र-117)

अर्थ होने पर भिन्न-भिन्न अर्थ वाले वर्णों की पूर्वक्रम से पुनः आवृत्ति यमक अलङ्कार कहलाता है।

उदाहरण-

सन्नारीभरणोमायमाराध्य विधुशेखरम्।
सन्नारीभरणोऽमायस्ततस्त्वं पृथिवीं जय॥

इस पद्य में प्रथम पाद के तृतीय पाद में आवृत्ति होने के कारण यह सन्दंश यमक अलङ्कार है। आचार्य मम्मट ने यमक के प्रथम दो भेद किये हैं- (1) पादवृत्ति यमक (2) पादभागवृत्तियमक। पादवृत्ति यमक के प्राचीन नाम सहित 11 भेद हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

B. रूपक-

'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः।'

(का.प्र. सूत्र-137)

जो उपमान तथा उपमेय का अभेद आरोप करता है, उसे रूपक कहते हैं।

रूपक अलङ्कार के तीन भेद हैं-

(1) साङ्गरूपक (2) निरङ्गरूपक (3) परम्परितरूपक

उदाहरण-

यस्य रणान्तः पुरे करे कुर्वतो मण्डलाग्रलताम्।
रससम्मुख्यपि सहसा पराङ्मुखी भवति रिपुसेना॥

यहाँ रणभूमि में आरोपित किया गया 'अन्तःपुर' शब्द द्वारा ग्रहण किया गया है, खड्गलता में नायिका का तथा 'रिपुसेना' में प्रतिनायिका का आरोप अर्थ की सामर्थ्य से ही जानने योग्य है, अतः यहाँ पर रूपक अलंकार है।

C. अनुप्रास- अनुप्रास का लक्षण काव्यप्रकाश के नौवें उल्लास में किया गया है-

'वर्णसाम्यमनुप्रासः।' (काव्यप्रकाश सूत्र-103) वर्णों की समानता अनुप्रास है।

उदाहरण-

ततोऽरुणपरिस्पन्दमन्दीकृतवपुःशशी।
दध्रे कामपरिक्षामकामिनीगण्डपाण्डुताम्॥

उदाहरण में **'स्पन्दमन्दी'** में न् तथा द् वर्ण की तथा **'गण्ड पाण्डु'** में 'ण्' तथा 'ड्' वर्णों की एक बार समानता होनें से अनुप्रास अलङ्कार है।

D. उपमा- 'साधर्म्यमुपमा भेदे' (का.प्र. सूत्र-123) उपमान तथा उपमेय का भेद होनें पर दोनों के सादृश्य का वर्णन उपमा अलङ्कार है।

उदाहरण-

स्वप्नेऽपि समरेषु त्वां विजयश्रीर्न मुञ्चति।
प्रभावप्रभवं कान्तं स्वाधीनपतिका यथा॥

37. 'स मुख्योऽर्थस्तत्र मुख्यो व्यापारोऽस्याभिधोच्यते' यह वचन है-
(A) काव्यप्रकाश का **(B) साहित्यदर्पण का**
(C) ध्वन्यालोक का **(D) नाट्यशास्त्र का**

व्याख्या-
A. काव्यप्रकाश- आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में अभिधा को परिभाषित करते हैं-
'स मुख्योऽर्थस्तत्र मुख्यो व्यापारोऽस्याभिधोच्यते।'
(का.प्र. सूत्र-11)
वह साक्षात् संकेतित अर्थ मुख्य अर्थ कहलाता है, और उसका बोध कराने में जो शब्द व्यापार होता है। वह अभिधा व्यापार कहलाता है। **अतः विकल्प A सही है।**
B. साहित्यदर्पण- आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के द्वितीय परिच्छेद में लक्षणा को परिभाषित करते हैं-
'मुख्यार्थबाधे तद्युक्तो ययान्योऽर्थः प्रतीयते।
रूढेः प्रयोजनाद्वाऽसौ लक्षणा शक्तिरर्पिता॥
(साहित्यदर्पण 2/5)
मुख्यार्थ का अन्वय अनुपपन्न होने पर, रूढि के कारण अथवा किसी विशेष प्रयोजन को सूचित करने के लिए, मुख्यार्थ से सम्बद्ध अन्य अर्थ का ज्ञान जिस शक्ति के द्वारा होता है उसे लक्षणा कहते हैं। यह शक्ति अर्पित अर्थात् कल्पित है।
C. ध्वन्यालोक- आचार्य आनन्दवर्धन ध्वन्यालोक के प्रथम उद्योत में वाच्य अर्थ को बताते हैं-
तत्र वाच्यः प्रसिद्धो यः प्रकारैरुपमादिभिः।
बहुधा व्याकृतः सोऽन्यैः ततो नेह प्रतन्यते॥
(ध्वन्या. 1/3)
वाच्य अर्थ वह है जो उपमादि (गुणालङ्कार) प्रकारों से प्रसिद्ध है और अन्यों ने अनेक प्रकार से उनका प्रदर्शन किया है।
D. नाट्यशास्त्र- आचार्य भरतमुनि नाट्यशास्त्र के प्रथम अध्याय में नाटक को परिभाषित करते हैं-
त्रैलोक्यस्यास्य सर्वस्य नाट्यं भावानुकीर्तनम्।
(नाट्यशास्त्र 1/107) सभी तीनों लोकों का भावानुकीर्तन ही नाट्य है।

38. साहित्यदर्पण में परिच्छेदों की संख्या है-
(A) दस **(B) आठ**
(C) चार **(D) तीन**

व्याख्या-

	ग्रन्थ	लेखक	विभाजन
A.	* साहित्यदर्पण	10 परिच्छेद	विश्वनाथ
	* काव्यप्रकाश	10 उल्लास	मम्मट
	* चन्द्रालोक	10 मयूख	जयदेव
B.	* राजतरङ्गिणी	8 तरङ्ग	कल्हण
C.	* दशरूपक	4 प्रकाश	धनञ्जय और धनिक
	* रसगङ्गाधर	4 आनन	जगन्नाथ
	* ध्वन्यालोक	4 उद्योत	आनन्दवर्धन
D.	* व्यक्तिविवेक	3 विमर्श	महिमभट्ट
	* काव्यादर्श	3 परिच्छेद	दण्डी

अतः विकल्प A सही है।
स्रोत- संस्कृत साहित्य का इतिहास - उमाशंकर शर्मा 'ऋषि', पेज-587

39. 'लक्षणा' के 80 भेद किसने किये हैं?
(A) वामन ने **(B) विश्वनाथ ने**
(C) मम्मट ने **(D) कुन्तक ने**

व्याख्या-
A. **वामन – काव्यालङ्कारसूत्र –** आचार्य वामन ने काव्यालङ्कारसूत्र के तृतीय अधिकरण में शब्दगुण एवं अर्थगुण की परिभाषा करते हैं।
B. **विश्वनाथ – साहित्यदर्पण –** आचार्य विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण के द्वितीय परिच्छेद में लक्षणा के कुल 80 भेद किये हैं।
C. **मम्मट – काव्यप्रकाश –** आचार्य मम्मट ने काव्य प्रकाश के द्वितीय उल्लास में लक्षणा के कुल 6 भेद किये हैं। 'लक्षणा तेन षड्विधा।'
D. **कुन्तक – वक्रोक्तिजीवितम् –** आचार्य कुन्तक ने वक्रोक्तिजीवितम् के प्रथमोन्मेष में वक्रोक्ति के छह भेद किये हैं।
कविव्यापारवक्रत्वप्रकाराः सम्भवन्ति षट्।
प्रत्येकं बहवो भेदास्तेषां विच्छितिशोभिनः।। (वक्रो. 1.18)
अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- साहित्यदर्पण- शालिग्राम शास्त्री पेज-39

40. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' के प्रतिपादक हैं-
(A) मम्मट **(B) जगन्नाथ**
(C) विश्वनाथ **(D) आनन्दवर्धन**

व्याख्या-

काव्यलक्षण विभिन्न आचार्यों की दृष्टि में

* **काव्यप्रकाश (मम्मट) –** 'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि' (सूत्र-1) दोष से रहित, गुणों से युक्त, यदि कहीं अलङ्कार न हों तो भी शब्द अर्थ की समष्टि काव्य है।
* **रसगङ्गाधर (जगन्नाथ) –** 'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।' (1.1) रमणीय अर्थ का प्रतिपादन करने वाला शब्द काव्य है।
* **साहित्यदर्पण (विश्वनाथ) –** 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्।' (1.3) रसात्मक वाक्य ही काव्य है।
* **ध्वन्यालोक (आनन्दवर्धन) –** 'काव्यस्यात्मा ध्वनिः।' (1.1) काव्य की आत्मा ध्वनि है।
* **काव्यालङ्कार (भामह) –** 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्।' (1.15) शब्द और अर्थ दोनों के सहभाव को काव्य माना है।
* **वक्रोक्तिजीवितम् (कुन्तक) –** 'वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्' वक्रोक्ति काव्य की आत्मा है।
* **काव्यालङ्कारसूत्र (वामन) –** 'रीतिरात्मा काव्यस्य' (1.2.6) रीति काव्य की आत्मा है।
* **काव्यादर्श (दण्डी) –** 'शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली' (1.10) इष्ट सरस मनोहरतया वर्णन करने के लिए अभिप्रेत अर्थ से युक्त शब्द को काव्य का शरीर कहा जाता है। इष्ट अर्थ से युक्त पद समुदाय को काव्य कहते हैं।
* **औचित्यविचारचर्चा (क्षेमेन्द्र) –** 'औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्।' (औचित्य.श्लोक.5) श्रृङ्गार आदि रसों से प्रसिद्ध काव्य का जीवन औचित्य है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत-साहित्यदर्पण (प्रथम परिच्छेद)-शालिग्राम शास्त्री,पेज-19

41. 'शिलष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष इष्यते' श्लेष के इस लक्षण के प्रतिपादक हैं-
(A) विश्वनाथ **(B) मम्मट**
(C) रुद्रट **(D) भामह**

व्याख्या-

A. आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के दसवें परिच्छेद में श्लेष अलंकार को परिभाषित करते हैं-

'शिलष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष इष्यते'

(सा.द. 10/11)

शिलष्ट शब्दों के द्वारा जहाँ अनेक अर्थों की प्रतीति होती है वहाँ श्लेष नामक अर्थालंकार होता है।

अतः विकल्प A सही है।

B. आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के दशमोल्लास में श्लेष अलङ्कार को परिभाषत करते हैं-

'श्लेषः स वाक्ये एकस्मिन् यत्रानेकार्थता भवेत्।'

(का.प्र. 10/96)

जहाँ एक वाक्य में अनेक अर्थों की प्रतीति होती है वहाँ श्लेष नामक अर्थालङ्कार होता है।

C. आचार्य रुद्रट कृत काव्यालङ्कार के चतुर्थ अध्याय में श्लेष अलङ्कार का लक्षण इसप्रकार है-

वक्तुं समर्थमर्थं सुश्लिष्टाक्लिष्टविविधपदसन्धिः।
युगपदनेकं वाक्यं यत्र विधीयते स श्लेषः॥

(हिन्दी काव्यालंकार 4/1)

अर्थ बताने में समर्थ, सुप्रयोजित कष्ट कल्पना रहित, नाना प्रकार के युक्त सुबन्त-तिङन्त पदों की सन्धि वाले, एक ही प्रयत्न से उच्चारणीय अनेक वाक्यों की जहाँ रचना की जाती है उसे श्लेष नामक अलङ्कार कहते हैं।

D. भामहकृत काव्यालङ्कार के तृतीय परिच्छेद में श्लेष अलङ्कार का लक्षण इस प्रकार हैं-

उपमानेन यत्तत्त्वमुपमेयस्य साध्यते।
गुणक्रियाभ्यां नाम्ना च शिलष्टं तदभिधीयते॥

(काव्यालङ्कार 4/14)

यदि गुण, क्रिया और नाम (संज्ञा) से उपमान के साथ उपमेय का तादात्म्य (अभेद) बताया जाय तो शिलष्ट अलङ्कार कहते हैं। भामह ने श्लेष के स्थान पर शिलष्ट शब्द का प्रयोग किया है।

स्रोत- साहित्यदर्पण (10/10) - शालिग्राम शास्त्री, पेज-282

42. रूपकों के भेदकतत्त्व हैं-
(A) अङ्क, संवाद, रस
(B) वस्तु, नेता, रङ्गमञ्च
(C) रस, नेता, वस्तु
(D) रस, कथोपकथन, अङ्क

व्याख्या-

➢ आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में रूपक के तीन भेदक तत्त्वों की चर्चा करते हैं-

वस्तु नेता रसस्तेषां भेदकः वस्तु च द्विधा।
(दश. 1/11)

वस्तु (कथावस्तु), नेता (नायक) और रस उन दशों रूपकों के भेदक तत्त्व हैं। वस्तु के दो भेद हैं-
1. आधिकारिक कथावस्तु 2. प्रासङ्गिक कथावस्तु।
दशरूपककार आचार्य धनञ्जय द्वितीय प्रकाश में नेता (नायक) के गुणों को बताते हैं-

नेता-
नेता विनीतो मधुरस्त्यागी दक्षः प्रियंवदः
रक्तलोकः शुचिर्वाग्मी रूढवंशः स्थिरो युवा।
बुद्ध्युत्साहस्मृतिप्रज्ञाकलामानसमन्वितः।
शूरो दृढश्च तेजस्वी शास्त्रचक्षुश्च धार्मिकः॥
(दशरूपकम् 2/1)

रूपक का नायक विनम्र, मधुर, त्यागी, कुशल, प्रियवचन बोलने वाला, लोकप्रिय, पवित्र, बोलने में प्रवीण, सुविख्यात कुलवाला, स्थिर, युवक, बुद्धिमान्, उत्साही, स्मरण, अनुचित का विचारक, कलाओं से सम्पन्न, मानी, शूर, दृढ़, तेजस्वी, शास्त्रों के अनुसार कार्य करने वाला एवं धार्मिक होता है।

➢ आचार्य धनञ्जय ने दशरूपक के चतुर्थ प्रकाश में रस का लक्षण करते हैं-

रस- 'विभावैरनुभावैश्च सात्त्विकैर्व्यभिचारिभिः।
आनीयमानः स्वाद्यत्वं स्थायीभावो रसः स्मृतः॥
(दश. 4/1)

विभाव, अनुभाव, व्यभिचारियों तथा सात्त्विकभावों के द्वारा आस्वादन की योग्यता को प्राप्त कराया गया स्थायीभाव ही रस कहा गया है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- दशरूपक (1.11)- केशवराव मुसलगाँवकर, पेज-18

43. आरम्भ, यत्न, प्राप्त्याशा, नियताप्ति और फलागम-
(A) अर्थोपक्षेपक हैं **(B) अर्थप्रकृतियाँ हैं**
(C) सन्धियाँ हैं **(D) अवस्थाएँ हैं**

व्याख्या- दशरूपक के प्रथम प्रकाश में आचार्य धनञ्जय अर्थोपक्षेपक, अर्थप्रकृतियाँ एवं पञ्चसन्धियों की चर्चा करते हैं-

A. अर्थोपक्षेपक-
विष्कम्भकचूलिकाङ्कास्याङ्कावतारप्रवेशकैः।''
(दश. 1/58)

1. विष्कम्भक 2. चूलिका 3. अङ्कास्य 4. अङ्कावतार 5. प्रवेशक

B. अर्थप्रकृतियाँ-
'बीजबिन्दुपताकाख्यप्रकरीकार्यलक्षणाः।'
(दश० 1/18)

1. बीज 2. बिन्दु 3. पताका 4. प्रकरी 5. कार्य

C. सन्धियाँ- 'मुखप्रतिमुखे गर्भः सावमर्शोपसंहृतिः।'
(दश० 1/24)

सन्धि	भेद
1. मुख सन्धि	12
2. प्रतिमुख सन्धि	13
3. गर्भ सन्धि	12
4. अवमर्श सन्धि (विमर्श)	13
5. उपसंहृति (निर्वहण सन्धि)	14
	योग = 64

D. कार्यावस्थाएँ-
'आरम्भयत्नप्राप्त्याशानियताप्तिफलागमः।'
(दश. 1/19)

1. आरम्भ 2. यत्न (प्रयत्न) 3. प्राप्त्याशा
4. नियताप्ति 5. फलागम

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- दशरूपक (1/19)- केशवराव मुसलगाँवकर, पेज-30

44. रूपकों में किस प्राचीन आचार्य ने आठ रस को स्वीकार किया है?
(A) भरतमुनि **(B) धनञ्जय**
(C) मम्मट **(D) विश्वनाथ**

व्याख्या- आचार्य भरतमुनि नाट्यशास्त्र के छठवें अध्याय में आठ रसों को बताते हैं-

A. **शृङ्गारहास्यकरुणा रौद्रवीरभयानकाः।**
बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः॥

(नाट्यशास्त्र 6/15)

रस	स्थायीभाव	वर्ण	देवता
शृङ्गार	रति	श्यामवर्ण	विष्णु
हास्य	हास	शुभ्रवर्ण	प्रमथ
करुण	शोक	कपोतवर्ण	यम
रौद्र	क्रोध	रक्तवर्ण	रुद्र
वीर	उत्साह	गौरवर्ण	महेन्द्र
भयानक	भय	कृष्णवर्ण	काल
बीभत्स	जुगुप्सा	नीलवर्ण	महाकाल
अद्भुत	विस्मय	पीतवर्ण	ब्रह्मा

B. धनञ्जय भी आठ रसों को मानते हैं। इनके अनुसार भी नाट्य में शान्तरस नहीं हो सकता।

''शममपि केचित्प्राहुः पुष्टिर्नाट्येषु नैतस्य॥''

(दश. 4/35)

C. आचार्य मम्मट ने नाट्य में आठ रसों को माना है किन्तु 'निर्वेद' स्थायिभाव वाला शान्तरस को नवम रस के रूप में मानते हैं।

''निर्वेदस्थायिभावोऽस्ति शान्तोऽपि नवमो रसः।''

(का.प्र. सूत्र 47)

D. आचार्य विश्वनाथ ने 'शम' स्थायिभाव वाले शान्तरस के अतिरिक्त 'वात्सल्य' को दशम रस के रूप में मानते हैं।

''स्फुटं चमत्कारितया वत्सलं च रसं विदुः।
स्थायी वत्सलतास्नेहः पुत्राद्यालम्बनं मतम्॥''

(सा.द. 3/251)

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- नाट्यशास्त्र (6/15)- ब्रजमोहन चतुर्वेदी, पेज-157

45. 'करुणरस' का स्थायीभाव है-
(A) उत्साह **(B) क्रोध**
(C) भय **(D) शोक**

व्याख्या- आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के चतुर्थ उल्लास में रसों की चर्चा करते हैं-

रस- शृङ्गारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः॥

(का.प्र. सूत्र-44)

शृङ्गार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत नाटक में ये आठ रस होते हैं। इसके अतिरिक्त शान्त नामक नौवाँ रस भी होता है **'शान्तोऽपि नवमो रसः।'**

स्थायीभाव-
रतिर्हासश्च शोकश्च क्रोधोत्साहौ भयं तथा।
जुगुप्सा विस्मयश्चेति स्थायिभावाः प्रकीर्तिताः॥

(का.प्र. सूत्र-45)

रति, हास, शोक, क्रोध, उत्साह, भय, जुगुप्सा, विस्मय, नाटक में ये आठ स्थायीभाव होते हैं। इसके अतिरिक्त निर्वेद नामक स्थायीभाव भी होता है जो नौवाँ स्थायीभाव है- 'निर्वेदस्थायिभावोऽस्ति शान्तोऽपि नवमो रसः।'

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- नाट्यशास्त्रम् (6/16)- ब्रजमोहन चतुर्वेदी, पेज-160

46. ''उत्पत्तिवाद'' के प्रतिपादक हैं-
(A) भट्टलोल्लट **(B) शङ्कुक**
(C) भट्टनायक **(D) अभिनवगुप्त**

व्याख्या-

आचार्य	रसोत्पत्तिवाद
A. भट्टलोल्लट (अष्टम-नवम शताब्दी)	उत्पत्तिवाद (उत्पाद्य-उत्पादक भाव)
B. भट्टशङ्कुक (नवम शताब्दी का प्रारम्भ)	अनुमितिवाद (अनुमाप्य-अनुमापकभाव)
C. भट्टनायक (10वीं शताब्दी)	भुक्तिवाद (भोज्य-भोजक भाव)
D. अभिनवगुप्त (दशम शताब्दी का उत्तरार्ध 11वीं शताब्दी का पूर्वार्ध)	अभिव्यक्तिवाद (अभिव्याप्य-व्यापक भाव)

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (चतुर्थ उल्लास) आचार्य विश्वेश्वर, पेज-101

47. तत्सदृश अन्य वस्तु का निषेध निम्न अलङ्कार करता है-
(A) उत्प्रेक्षा **(B) सन्देह**
(C) विरोधाभास **(D) परिसंख्या**

व्याख्या-

A. आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के दशमोल्लास में उत्प्रेक्षा अलङ्कार का लक्षण इसप्रकार करते हैं-

सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्।

(का.प्र. सूत्र-136)

उपमेय की उपमान के साथ सम्भावना उत्प्रेक्षा कहलाती है।

उदाहरण- उन्मेषं यो मम न सहते जातिवैरी निशायाञ्......

B. आचार्य मम्मट ने काव्यप्रकाश के दशमोल्लास में सन्देह अलङ्कार का लक्षण करते हैं-

ससन्देहस्तु भेदोक्तौ तदनुक्तौ च संशयः।

(का.प्र. सूत्र-137)

उपमेय में उपमान रूप से संशय होने पर सन्देह नामक अलङ्कार होता है। उदाहरण- अयं मार्तण्डः किं? स खलु तुरगैः सप्तभिरितः...।

C. आचार्य मम्मट ने काव्यप्रकाश के दशवें उल्लास में विरोधाभास अलङ्कार का लक्षण किया है-

विरोधः सोऽविरोधेऽपि विरुद्धत्वेन यद्वचः।

(का.प्र. सूत्र-165)

वास्तव में विरोध न होने पर भी विरुद्ध रूप से वर्णन करना विरोधाभास नामक अलङ्कार होता है। उदाहरण- अभिनवनलिनीकिसलयमृणालवलयादिदवदहनराशिः...........।

D. आचार्य मम्मट ने परिसंख्या अलङ्कार का लक्षण दशवें उल्लास में किया है-

''किंचित्पृष्टमपृष्टं वा कथितं यत्प्रकल्पते।
तादृगन्यव्यपोहाय परिसंख्या तु सा स्मृता॥''

(का0 प्र0 सूत्र-184)

कोई पूछी गयी या बिना पूछी हुई कही गयी बात उसीप्रकार की (तत्सदृश) अन्य वस्तु के निषेध में पर्यवसित होती है वह परिसंख्या कहलाती है। उदाहरण- किमासेव्यं पुंसां ? सविधमनवद्यं द्युसरितः.........।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (10.119) आचार्य विश्वेश्वर, पेज, 526

48. अलङ्कार का भेद नहीं है-
(A) शब्दालङ्कार **(B) वर्णालङ्कार**
(C) अर्थालङ्कार **(D) उभयालङ्कार**

व्याख्या-

आचार्य मम्मट ने काव्यप्रकाश के नवम एवं दशम उल्लास में क्रमशः शब्दालङ्कारों एवं अर्थालङ्कारों की चर्चा करते हैं- आचार्य मम्मट ने 6 शब्दालङ्कारों तथा 61 अर्थालङ्कारों को मिलाकर कुल अलङ्कारों की संख्या 67 मानी है। श्लेष अलङ्कार को मम्मट ने उभयालङ्कार (शब्दश्लेष और अर्थ श्लेष) के भेद से दो प्रकार का माना है।

उपर्युक्त विकल्पों में वर्णालङ्कार किसी अलङ्कार का भेद नहीं है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- पारसनाथ द्विवेदी, पेज-472

49. 'पुत्तलिका-नृत्य' से संस्कृत-नाटक की उत्पत्ति मानने वाला विद्वान् है-
(A) ल्यूडर्स **(B) डॉ0 कोनो**
(C) डॉ0 पिशेल **(D) प्रो0 वेबर**

व्याख्या-

नाट्योत्पत्ति के सिद्धान्त

A. छाया नाटकवाद – प्रो0 ल्यूडर्स
B. स्वाँगवाद – प्रो0 हिलब्रान्ड स्टेन कोनो
C. पुत्तलिका नृत्यवाद – डॉ0पिशेल
D. यूनानी प्रभाववाद – डॉ0 वेबर प्रो0 बिन्डिश

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-265-266

50. ''यन्नाट्यवस्तुनः पूर्वं रङ्गविघ्नोपशान्तये।
कुशीलवाः प्रकुर्वन्ति .... स उच्यते॥''
(A) सूत्रधार **(B) पूर्वरङ्ग**
(C) प्रस्तावना **(D) रङ्गमञ्च**

व्याख्या-

A. सूत्रधार-

नाट्यस्य यदनुष्ठानं तत्सूत्रं स्यात् सबीजकम्।
रङ्गदैवतपूजाकृतसूत्रधार उदीरितः॥

बीज सहित नाटक के अनुष्ठान को सूत्र कहते हैं, जो उसको धारण करने वाला अर्थात् संचालन करने वाला होता है तथा रङ्गमञ्च के अधिष्ठातृ देव की पूजा करता है उसे सूत्रधार कहते हैं।

B. पूवरङ्ग- साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ छठें परिच्छेद में पूर्वरङ्ग का लक्षण करते हैं-

यन्नाट्यवस्तुनः पूर्वं रङ्गविघ्नोपशान्तये।
कुशीलवाः प्रकुर्वन्ति पूर्वरङ्गः स उच्यते॥

(सा.द. 6/22)

रङ्ग अर्थात् नाट्यशाला के विघ्नों को शान्त करने के लिए नाट्यवस्तु से पहले सूत्रधार प्रधान नट जो काम करते हैं वह पूर्वरङ्ग कहलाता है। **अतः विकल्प B सही है।**

C. प्रस्तावना- साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ प्रस्तावना का लक्षण छठें परिच्छेद में करते हैं-

''चित्रैर्वाक्यैः स्वकार्योत्थैः प्रस्तुताक्षेपिभिर्मिथः।
आमुखं तत्तु विज्ञेयं नाम्ना प्रस्तावनाऽपि सा॥''

(सा.द. 6/32)

रूपकों की 'प्रस्तावना' वस्तुतः उनका वह 'आमुख' है जिसमें नटी अथवा विदूषक अथवा सूत्रधार का अनुचर नट सूत्रधार के साथ ऐसा आलाप-संलाप किया करते हैं, जिसमें प्रस्तुत अभिनय का आक्षेप करने वाला, स्वस्वविषयक अभिप्राय के सूचक चित्र-विचित्र वाक्यों का प्रयोग हुआ करता है।

D. रङ्गमञ्च- आचार्य भरतमुनि ने रङ्गमञ्च का लक्षण नाट्यशास्त्र के दूसरे अध्याय में किया है-

''त्रिविधः सन्निवेशश्च शास्त्रतः परिकल्पितः।
विकृष्टश्चतुरस्रश्च त्र्यस्रश्चैव तु मण्डपः॥''

(नाट्यशास्त्र 2/7-8)

विश्वकर्मा ने नाट्यगृह के विषय में विचार कर उसे शास्त्रानुसार तीन प्रकार के बतलाए हैं जिनके नाम हैं- विकृष्ट, चतुरस्र, त्र्यस्र। विकृष्ट को ज्येष्ठ, चतुरस्र को मध्यम, त्र्यस्र को अवर (सबसे छोटा) कहते हैं।

स्रोत- साहित्यदर्पण (6/22)- शालिग्राम शास्त्री, पेज-172

51. ''शिरसि धृतसुरापगे स्मरारावरुणमुखेन्दुरुचिर्गिरीन्द्रपुत्री। अथ चरणयुगान्ते स्वकान्ते स्मितसरसा भवतोऽस्तु भूतिहेतुः॥'' उपर्युक्त श्लोक है-

(A) ईश-स्तुति **(B) मङ्गलाचरण**
(C) पूर्वरङ्ग **(D) द्वादशपदा नान्दी**

व्याख्या-

A. किसी भी रचना में ग्रन्थ की निर्विघ्न समाप्ति के लिए ग्रन्थ के आदि, मध्य अथवा अन्त में ईश-स्तुति अथवा अपने अभीष्ट गुरु अथवा देवता की स्तुति की जाती है।

B. संस्कृत वाङ्मय में ग्रन्थ की निर्विघ्न समाप्ति के लिए मङ्गलाचरण का विधान है। यह तीन प्रकार का होता है। 1. आशीर्वादात्मक 2. नमस्कारात्मक 3. वस्तुनिर्देशात्मक।

''आशीर्नमस्क्रियावस्तुनिर्देशो वापि तन्मुखम्।''

साहित्यदर्पण में उद्धृत द्वादशपदा नान्दी का उदाहरण-

''शिरसि धृतसुरापगे स्मरारावरुणमुखेन्दुरुचिर्गिरीन्द्रपुत्री। अथ चरणयुगान्ते स्वकान्ते स्मितसरसा भवतोऽस्तु भूतिहेतुः॥''

वह देवी पार्वती आप सामाजिकों का मङ्गल करें जिनका मुखचन्द्र भगवान् शङ्कर के मस्तक पर विराजमान भगवती गङ्गा के दर्शन मात्र से लाल हो जाया करता है और चरणों पर झुके भगवान् शङ्कर के दर्शन से मन्द मुस्कान से स्निग्ध दिखायी देती है। प्रस्तुत उदाहरण में द्वादशपदा नान्दी है। **अतः विकल्प D सही है।**

C. आचार्य विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण के छठें परिच्छेद में पूर्वरङ्ग को परिभाषित करते हैं-

यन्नाट्यवस्तुनः पूर्वं रङ्गविघ्नोपशान्तये।
कुशीलवाः प्रकुर्वन्ति पूर्वरङ्गः स उच्यते॥

(सा.द. 6/22)

रङ्ग अथवा नाट्यमण्डप की विघ्न शान्ति के लिए, नाट्य प्रयोग के पहले, नटों के द्वारा किया गया जो भी माङ्गलिक गायनवादनादि है वह पूर्वरङ्ग कहा जाता है।

D. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में भगवान् शिव की अष्टमूर्तियों की स्तुति की गयी है।

'या सृष्टिः स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं या हविर्या च होत्री। यह अष्टपदा नान्दी का उदाहरण है।

स्रोत- साहित्यदर्पण (6/22) शालिग्राम शास्त्री, पेज-172

52. ''तवास्मि गीतरागेण हारिणा प्रसभं हृतः।
एष राजेव दुष्यन्तः सारङ्गेणातिरंहसा॥''
उपर्युक्त श्लोक किसका उदाहरण है-

(A) नान्दी **(B) पताकास्थानक**
(C) बिन्दु **(D) प्रस्तावना**

व्याख्या-

आचार्य विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण के छठवें परिच्छेद में नान्दी का लक्षण करते हैं-

A. नान्दी- आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता॥

(सा.द.6/24)

'नान्दी' देव, द्विज, नृप आदि की ऐसी स्तुतिगीत है जिसमें रङ्ग सामाजिकों की शुभाशंसा का अभिप्राय गर्भित रहा करता है जैसे-

नमस्तस्मै गणेशाय यत्कण्ठः पुष्करायते।
मदाभोगघनध्वानो नीलकण्ठस्य ताण्डवे॥

(दश.1/1)

B. पताकास्थानक- साहित्यदर्पण के छठवें परिच्छेद में पताकास्थानक को परिभाषित किया गया है-

यत्रार्थे चिन्तितेऽन्यस्मिंस्तल्लिङ्गोऽन्यः प्रयुज्यते।
आगन्तुकेन भावेन पताकास्थानकं तु तत्॥

(सा.द. 6/45)

जिसे नाट्य के उस स्थान पर जहाँ नाटककार किसी एक प्रयोजन अथवा उपाय की चिन्ता कर रहा है उसके समान अन्य प्रयोजन अथवा उपाय की अकस्मात् उपस्थिति हो जाया करती है।

C. बिन्दु- दशरूपककार आचार्य धनञ्जय ने अर्थप्रकृतियों के अन्तर्गत बिन्दु का लक्षण प्रथम प्रकाश में करते हैं-

'अवान्तरार्थविच्छेदे बिन्दुरच्छेदकारणम्।'

(दश. 1/17)

अवान्तर कथा के कारण मुख्य कथावस्तु के विच्छिन्न हो जाने पर जो उसे जोड़ने तथा आगे बढ़ाने का कारण होता है वह बिन्दु कहलाता है।

D. प्रस्तावना- आचार्य धनञ्जय ने दशरूपक के तृतीय प्रकाश में आमुख (प्रस्तावना) का लक्षण किया है-

सूत्रधारो नटीं ब्रूते मार्षं वाऽथ विदूषकम्।
स्वकार्यं प्रस्तुताक्षेपि चित्रोक्त्या यत्तदामुखम्॥
प्रस्तावना वा ...... (दश. 3/7)

जहाँ सूत्रधार विचित्र युक्ति के द्वारा नटी अथवा विदूषक को आक्षेप करने वाला अपना कार्य बतलाता है वह आमुख (प्रस्तावना) कहलाता है। जैसे- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में सूत्रधार नटी से कहता है-

तवास्मि गीतरागेण हारिणा प्रसभं हृतः।
एष राजेव दुष्यन्तः सारङ्गेणातिरंहसा॥ (अभि.1/5)

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-13

53. 'पितरौ' में समास है-

(A) तत्पुरुष **(B) बहुव्रीहि**
(C) द्वन्द्व **(D) अव्ययीभाव**

व्याख्या-

सामासिकपदम्	लौकिकविग्रहः	अलौकिक विग्रहः	सामासिक सूत्रम्
A. पूर्वकायः	पूर्वं कायस्य	काय ङस्+पूर्व सु	'पूर्वाऽपराऽधरोत्तरमेकदेशिनैकाऽधिकरणे' सूत्र से तत्पुरुष समास
B. प्रियसर्पिष्कः	प्रियं सर्पिःयस्य सः (पुरुषस्य)	प्रिय सु सर्पिस् सु	''अनेकमन्यपदार्थे'' से बहुव्रीहि समास
C. पितरौ	माता च पिता च	मातृ सु पितृ सु	''चार्थे द्वन्द्वः'' से द्वन्द्व समास
D. प्रत्यर्थम्	अर्थम् अर्थं प्रति	अर्थ अम् प्रति	''अव्ययं-विभक्ति-समीप-समृद्धि......... साकल्यान्तवचनेषु'' सूत्र से अव्ययीभाव समास

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (चतुर्थ खण्ड) भैमी व्याख्या, पेज-239

54. 'पौर्वशालः' का विग्रह है-
(A) शालायाः पूर्वम्
(B) पौर्व एव शालः
(C) पूर्वा शाला यस्य सः
(D) पूर्वस्यां शालायां भवः

व्याख्या-
पौर्वशालः (पूर्व दिशा वाली शाला में होने वाली)

लौकिक विग्रह	अलौकिक विग्रह	सामासिक सूत्र
पूर्वस्यां शालायां भवः	पूर्वा ङि+शाला ङि	''तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च'' सूत्र से तत्पुरुष समास

अतः विकल्प D सही है।

'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च' (2.1.51) तद्धित प्रत्यय के अर्थ का विषय होने पर या उत्तरपद परे होने पर अथवा समाहार अर्थात् समूह अर्थ होने पर दिशा और संख्या के वाचक समर्थ सुबन्त का समान विभक्ति वाले सुबन्त के साथ समास होता है और वह तत्पुरुष समास होता है।

उदाहरण- पौर्वशालः, पञ्चगवम्।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी भैमी व्याख्या (खण्ड-4), पेज-102

55. 'द्वियमुनम्' में समास है-
(A) द्विगु **(B) तत्पुरुष** **(C) अव्ययीभाव** **(D) कर्मधारय**

व्याख्या-

सामासिक पद	लौकिक विग्रह	अलौकिक विग्रह	सामासिक सूत्र
A. पञ्चगवम्	पञ्चानां गवां समाहारः	पञ्चन् आम् + गो आम्	'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च' सूत्र से तत्पुरुष समास ' 'संख्यापूर्वो द्विगुः'' से द्विगु समास।
B. द्विजेतरः	द्विजाद् इतरः	द्विज ङसि + इतर सु	पञ्चमी तत्पुरुष
C. द्वियमुनम्	द्वयोर्यमुनयोः समाहारः	द्वि ओस् यमुना ओस्	'नदीभिश्च' सूत्र से अव्ययीभाव समास
D. अखिलभूषणानि	'अखिलानि भूषणानि'या अखिलानि च तानि भूषणानि	अखिल जस् + भूषण जस्	'विशेषणं विशेष्येण बहुलम्' से कर्मधारय समास

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी भैमी व्याख्या (खण्ड-4), पेज-42

56. 'सुमद्रम्' में कौन सा समास है ?
(A) कर्मधारय **(B) बहुव्रीहि** **(C) अव्ययीभाव** **(D) षष्ठी तत्पुरुष**

व्याख्या-

सामासिक पद	लौकिक विग्रह	अलौकिक विग्रह	सामासिक सूत्र
A. निर्मलगुणाः	निर्मलाः गुणाः या निर्मलाश्च ते गुणाः	निर्मल जस् + गुण जस्	'विशेषणं विशेष्येण बहुलम्' से कर्मधारय समास
B. सुन्दरभार्या	सुन्दरी भार्या अस्ति यस्य	सुन्दरी सु + भार्या सु	'अनेकमन्यपदार्थे' से बहुव्रीहि समास
C. सुमद्रम्	मद्राणां समृद्धिः	मद्र आम् सु	अव्ययं विभक्ति.... से अव्ययीभाव समास
D. राजपुरुषः	राज्ञः पुरुषः	राजन् ङस् + पुरुष सु	'षष्ठी' सूत्र से षष्ठी तत्पुरुष समास

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी भैमी व्याख्या (खण्ड-4)- पेज-28

57. 'पीताम्बरः' शब्द में कौन सा समास है?
(A) कर्मधारय (B) बहुव्रीहि (C) द्वन्द्व (D) तत्पुरुष

व्याख्या-

सामासिक पद	लौकिक विग्रह	अलौकिक विग्रह	सामासिक सूत्र
A. कृष्णचतुर्दशी	कृष्णा चतुर्दशी	कृष्णा सु+चतुर्दशी सु	'विशेषणं विशेष्येण बहुलम्' से कर्मधारय समास
B. पीताम्बरः	पीतम् अम्बरम् अस्ति यस्य सः।	पीत सु+अम्बर सु	''अनेकमन्यपदार्थे'' से बहुव्रीहि समास
C. पाणिपादम्	पाणी च पादौ च तेषां समाहारः	पाणी औ पाद औ	'चार्थे द्वन्द्वः' से द्वन्द्व समास
D. हरित्रातः	हरिणा त्रातः	हरि टा + त्रात सु	'कर्तृकरणे कृता बहुलम्' से तृतीया तत्पुरुषसमास

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- भैमी व्याख्या (खण्ड-4)- पेज-191

58. कर्ता का 'ईप्सिततम' कारक कहलाता है-
(A) कर्म (B) करण
(C) सम्प्रदान (D) अपादान

व्याख्या-

A. कर्मकारक- कर्तुरीप्सिततमं कर्म (1/4/49)
कर्ता अपनी क्रिया के द्वारा जिस पदार्थ को सबसे अधिक प्राप्त करना चाहता है उसकी कर्मकारक संज्ञा होती है।
यथा-भक्तः हरिं भजति

अतः विकल्प A सही है।

B. करण कारक- साधकतमं करणम् (1/4/42)
क्रिया की सिद्धि में जो पदार्थ सबसे अधिक उपकारक होता है उसकी करण संज्ञा होती है।
यथा-रामेण बाणेन हतो बाली

C. सम्प्रदान कारक- कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् (1/4/32) दान क्रिया के कर्म के द्वारा कर्ता जिसको सन्तुष्ट करना चाहता है उसकी सम्प्रदान संज्ञा होती है।
उदाहरण- विप्राय गां ददाति।

D. अपादान कारक- ध्रुवमपायेऽपादानम् (1/4/24) अलग होने की क्रिया में जो पदार्थ ध्रुव होता है अर्थात् जिससे अलगाव होता है उसकी अपादान कारक संज्ञा होती है।
उदाहरण- धावतोऽश्वात्पतति।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारक प्रकरण)-राममुनि पाण्डेय,पेज-16

59. 'शत्रवः स्वर्गम् अगच्छन्' वाक्य का णिजन्त रूप होगा-
(A) शत्रवः स्वर्गम् अगमयत्
(B) शत्रून् स्वर्गम् अगमयत्
(C) शत्रून् स्वर्गम् अगच्छन्
(D) शत्रवे स्वर्गम् अगमयत्

व्याख्या-
गतिबुद्धिप्रत्यवसानार्थशब्दकर्माकर्मकाणामणि कर्त्ता स णौ (1/4/5)
गति (जाना), बुद्धि (जानना), प्रत्यवसान (खाना) अर्थ वाली धातुएँ जिनका कर्म कोई शब्द हो ऐसी धातुएँ यथा पठ् (पढना), उच्चर् (बोलना) तथा अकर्मक धातुओं का जो अणिजन्त अवस्था का कर्ता होता है वह णिजन्तावस्था में कर्मसंज्ञक हो जाता है।
जैसे- शत्रवः स्वर्गम् अगच्छन्। (अणिजन्त)
शत्रून् स्वर्गम् अगमयत्। (णिजन्त)
उपर्युक्त उदाहरण में अण्यन्तावस्था का कर्ता 'शत्रवः' ण्यन्तावस्था में 'शत्रून्' कर्मसंज्ञक हो गया।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (1/4/5) (कारक प्रकरण), राममुनि पाण्डेय, पेज-24

60. 'आसने उपविश्य प्रेक्षते' वाक्य का दूसरा वाक्य होगा-
(A) आसनम् उपविश्य प्रेक्षते (B) आसनं प्रेक्षते
(C) आसनात् प्रेक्षते (D) आसने प्रेक्षते

व्याख्या-

'ल्यब्लोपे कर्मण्यधिकरणे च' (वा0)

'ल्यप्' और 'क्त्वा' प्रत्ययान्त क्रिया का वाक्य में लोप होने पर उसके कर्म और अधिकरण कारक में पञ्चमी विभक्ति होती है।

क्त्वा/ल्यप् प्रत्ययान्त	क्त्वा/ल्यप् का लोप
* आसने उपविश्य प्रेक्षते	आसनात् प्रेक्षते।
अन्य उदाहरण	
* प्रासादम् आरुह्य प्रेक्षते	प्रासादात् प्रेक्षते।
* श्वसुरं वीक्ष्य जिह्रेति	श्वसुरात् जिह्रेति।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारक प्रकरण) राममुनि पाण्डेय,पेज-63

61. 'ओदनं भुञ्जानो विषं भुङ्क्ते' उदाहरण है-

(A) अभुक्त्यर्थस्य न
(B) तथायुक्तं चानीप्सितम्
(C) अनुर्लक्षणे
(D) हेतौ

व्याख्या-

A. अभुक्त्यर्थस्य न (वा0)
उपसर्गपूर्वक 'वस्' धातु का अर्थ 'भोजन न करना' हो तो आधार की कर्मसञ्ज्ञा नहीं होती है।
उदाहरण- वने उपवसति। (वन में उपवास करता है)

B. तथायुक्तं चानीप्सितम् (1/4/50)- जिस प्रकार कर्ता का ईप्सिततम पदार्थ क्रिया के साथ युक्त होता है,उसी प्रकार यदि कर्ता के द्वारा न चाहा जाने वाला पदार्थ भी क्रिया के साथ युक्त हो तो उसकी कर्मसंज्ञा होती है।
उदाहरण- ओदनं भुञ्जानो विषं भुङ्क्ते।
(भात खाते हुए विष खा लेता है।)
अतः विकल्प B सही है।

C. अनुर्लक्षणे (1/4/84)- लक्षण द्योतित होने पर 'अनु'शब्द की कर्मप्रवचनीय सञ्ज्ञा होती है।
उदाहरण- जपम् अनुप्रावर्षत्। (जप के कारण वर्षा हुई)

D. हेतौ (2/3/23)- हेतु अर्थ के वाचक शब्दों में तृतीया विभक्ति होती है।
उदाहरण- पुण्येन दृष्टो हरिः। पुण्य से हरि के दर्शन हुए।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारक प्रकरण) राममुनि पाण्डेय, पेज-19

62. 'हरिमभिवर्तते' वाक्य में 'हरिम्' में द्वितीया विभक्ति का कारण है-

(A) कर्मत्व **(B) अभितः कारणात्**
(C) 'अभि' का प्रयोग **(D) अनीप्सितत्वात्**

व्याख्या-

अभिरभागे (1/4/90) 'भाग' अर्थ को छोड़कर अर्थात् लक्षण, इत्थम्भूताख्यान और वीप्सा अर्थों के द्योतित होने पर 'अभि' की कर्मप्रवचनीय सञ्ज्ञा होती है। **जैसे-** हरिम् अभिवर्तते।

इस वाक्य में अभि का 'लक्षण' अर्थ द्योतित होने के कारण'अभिरभागे' सूत्र से 'अभि' की कर्मप्रवचनीयसंज्ञा तथा 'कर्मप्रवचनीययुक्ते द्वितीया' (2/3/8) से 'हरि' में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग हुआ।

* 'बालकं पुस्तकं पठति' इस वाक्य में 'पुस्तकम्' में कर्मत्व के कारण द्वितीया विभक्ति हुई है।
* अभितः परितः समयानिकषाहाप्रतियोगेऽपि (वा0) वार्तिक से अभितः, परितः, समया, निकषा, हा, प्रति के योग में द्वितीया विभक्ति होती है।
1- अभितः ग्रामम्। 2- परितः उद्यानम्। 3- समया निकषा वा उद्यानम्। 4- हा! कृष्णाभक्तम्। 5- बुभुक्षितं न प्रतिभाति किञ्चित्।
* **तथायुक्तं चानीप्सितम्** (1/4/50) ईप्सित कर्म की भाँति अनीप्सित की भी कर्मसंज्ञा होती है।
जैसे- ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति। (गाँव जाते हुए घास को छूता है) इस वाक्य में कर्त्ता का गाँव जाना ईप्सित है किन्तु तृण (घास) ऐसे ही छूते हुए जा रहा है। इसलिए तृण में 'तथायुक्तं चानीप्सितम्' से तथा 'ग्रामम्' में 'कर्तुरीप्सिततमं कर्म' से कर्मसञ्ज्ञा तथा 'कर्मणि द्वितीया' से द्वितीया विभक्ति हुई है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारक प्रकरण) राममुनि पाण्डेय, पेज-34

63. 'सह' के योग में कौन सी विभक्ति होती है?

(A) द्वितीया **(B) तृतीया**
(C) चतुर्थी **(D) षष्ठी**

व्याख्या-

A. अभितः-परितः-समया-निकषा-हा-प्रतियोगेऽपि (वा0) – वार्तिक से अभितः,परितः, समया, निकषा, हा, और प्रति इन छः अव्ययों के योग में द्वितीया विभक्ति होती है।अभितः कृष्णम्, परितः कृष्णम्, ग्रामं समया, निकषा लङ्काम्, हा कृष्णाभक्तम्, बुभुक्षितं न प्रतिभाति किञ्चित्।

B. सहयुक्तेऽप्रधाने (2/3/19) - सह के अर्थवाची शब्दों के योग में अप्रधान कर्त्ता में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे- पुत्रेण सह आगतः पिता।

अतः विकल्प B सही है।

C. हितयोगे च (वा0) - 'हित' शब्द के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे- ब्राह्मणाय हितम्।

D. कृञः प्रतियत्ने (2/3/53) – प्रतियत्न अर्थ में वर्तमान कृ धातु के शेषत्व की विवक्षा में, कर्मकारक में षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे- एधोदकस्य उपस्करणम्।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारक प्रकरण) राममुनि पाण्डेय, पेज-42

64. 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' सूत्र से सम्बद्ध है-

(A) करण **(B) अपादान**
(C) सम्प्रदान **(D) कर्म**

व्याख्या-

A- करण कारक- 'साधकतमं करणम्' (1.4.42)- क्रियासिद्धौ प्रकृष्टोपकारकं करणसञ्ज्ञं स्यात्।
क्रिया की सिद्धि में जो कारक सबसे अधिक सहायक होता है उसकी करण सञ्ज्ञा होती है।

उदाहरण- रामेण बाणेन हतो बाली।

B- अपादान-'भीत्रार्थानां भयहेतुः' (1/4/25)- भयार्थानां त्राणार्थानां च प्रयोगे भयहेतुरपादानं स्यात्।
भय अर्थ वाली तथा रक्षा (त्राण) अर्थ वाली धातुओं के प्रयोग में भय का हेतु अपादान कहलाता है और उसमें पञ्चमी विभक्ति होती है।

उदाहरण- 'चौराद् बिभेति' तथा 'चौरात् त्रायते।'

अतः विकल्प B सही है।

C. सम्प्रदान-

कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् (1/4/32)– दानस्य कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानसंज्ञः स्यात्। दान के कर्म द्वारा कर्ता जिसे उद्देश्य बनाता है उसकी सम्प्रदान सञ्ज्ञा होती है। उदाहरण- विप्राय गां ददाति।

D. कर्म- कर्तुरीप्सिततमं कर्म (1/4/49)- कर्तुः क्रियया आप्तुमिष्टतमं कारकं कर्मसंज्ञं स्यात्। जो कर्ता की क्रिया द्वारा सबसे अधिक अभीष्ट होता है वह कर्मसंज्ञक होता है।

उदाहरण- सः ओदनं भुङ्क्ते।
(यहाँ 'ओदनं' की कर्मसंज्ञा है।)

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारक प्रकरण) राममुनि पाण्डेय, पेज-58

65. 'दा + यत्' का शुद्ध रूप है-

(A) दायकः **(B) दानीयः**
(C) देयम् **(D) दत्त्वा**

व्याख्या-

दान देने के अर्थ में 'दा' धातु का प्रयोग होने पर उससे अचो यत् (3/1/97) सूत्र से 'यत्' प्रत्यय होता है।

* दा + यत्- 'हलन्त्यम्' (1/3/3) से तकार की इत्संज्ञा 'तस्य लोपः' (1/1/60) से लोप
* दा + य- 'ईद्यति' (6/4/64) सूत्र से यत् प्रत्यय के परे होने पर धातु के अन्त में विद्यमान अकार के स्थान पर ईकार आदेश होता है।
* दी + य- य को आर्धधातुक मानकर 'सार्वधातुकार्धधातुकयोः' से ईकार को गुण आदेश होकर देय बना। देय की प्रातिपदिक संज्ञा, सु को अम् आदेश एवं पूर्वरूप करके 'देयम्' बना।

अतः विकल्प C सही है।

➤ देयम् (देने योग्य)
➤ दा + ण्वुल् = दायकः
➤ दा + अनीयर् = दानीयः
➤ दा + क्त्वा = दत्त्वा

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-214

66. 'पच्' धातु में क्त प्रत्यय लगाकर रूप बनेगा-

(A) पचनीयः **(B) पक्तुम्**
(C) पक्वः **(D) पक्ववान्**

व्याख्या-

'पच्' धातु से 'निष्ठा' सूत्र के द्वारा क्त प्रत्यय।

* पच् + क्त- 'लशक्वतद्धिते' से ककार की इत्संज्ञा 'तस्य लोपः' से लोप
* पच् + त- 'पचो वः' (8/2/52) से तकार के स्थान पर वकार आदेश।
* पच् + व- 'चोः कुः' (8/2/30) से चकार के स्थान पर ककार आदेश।
* पक् + व- वर्ण सम्मेलन, प्रातिपदिक संज्ञा।

पक्व- सु, रुत्वविसर्ग करके 'पक्वः' बना।

पक्वः (पका हुआ)

अतः विकल्प C सही है।

A. पच् + अनीयर् = पचनीयः

B. पच् + तुमुन् = पक्तुम्

D. पच् + क्तवतु = पक्ववान्

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-202

67. 'गणपति + अण्' का रूप होगा-

(A) गार्ग्यायणः **(B) गणपतिम्**

(C) गणनीयः **(D) गाणपतम्**

व्याख्या-

* गणपतेरपत्यादि (लौकिक विग्रह)
* गणपति + ङस् (अलौकिक विग्रह)
* अश्वपत्यादिभ्यश्च (4/1/84) से अण् प्रत्यय
* अश्वपति + ङस् + अण्
* 'कृत्तद्धितसमासाश्च' से प्रातिपदिक संज्ञा
* 'सुपो धातुप्रातिपदिकयोः' से विभक्ति का लुक्
* गणपति + अ
* 'तद्धितेष्वचामादेः' से आदि अच् की वृद्धि- गाणपति+अ
* अजादि प्रत्यय परे होने पर पूर्व की 'यचि भम्' से भसंज्ञा 'यस्येति च' से इकार का लोप
* गाणपत् + अ वर्णसम्मेलन करने पर
* 'गाणपत्' को 'एकदेशविकृतन्याय' से प्रातिपदिक मानकर
* 'गाणपत्' से सु प्रत्यय
* 'अतोऽम्' से अम् आदेश और 'अमि पूर्वः' से पूर्वरूप होकर 'गाणपतम्' (गणपति की सन्तान) बना।

➢ गार्ग्य + फ (आयन) गार्ग्यायणः

➢ गणपतिम् - द्वितीया विभक्ति एकवचन।

➢ गण + अनीयर् = गणनीयः

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी भैमी व्याख्या (खण्ड-5) - भीमसेन शास्त्री, पेज-7

68. 'लावणिकः' का स्त्रीलिङ्ग क्या होगा?

(A) लावणिकी **(B) लावणिका**

(C) लावणिक् **(D) लावणिजा**

व्याख्या-

* **'टिड्ढाणञ्द्वयसज्दघ्नञ्मात्रच्तयप्ठक्ठञ्कञ्क्वरपः'** (4/1/15) सूत्र में सूत्रस्थ प्रत्ययों से ङीप् प्रत्यय।
* लावणिकः- 'लवणं पण्यमस्याः' इस विग्रह में 'लवणाट्ठञ्' से ठञ् और 'ठस्येकः' से इक आदेश होकर 'लावणिक' बना। उपर्युक्त सूत्र (टिड्ढा0) से ङीप् प्रत्यय लगकर 'लावणिकी' बना।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी भैमी व्याख्या (खण्ड-6), पेज-16

69. 'पठितवत्' में प्रत्यय है-

(A) क्तवतु **(B) शतृ**

(C) क्त **(D) तुमुन्**

व्याख्या-

A. क्तक्तवतू निष्ठा (1/1/26) सूत्र से क्त, क्तवतु प्रत्यय की निष्ठा संज्ञा तथा 'निष्ठा' सूत्र से क्त और क्तवतु प्रत्यय भूतकाल अर्थ में सभी धातुओं से होते हैं।

पठ् + क्तवतु = पठितवत् (पठितवान्)

B. पठ् + शतृ = पठन्

C. पठ् + तुमुन् = पठितुम्

D. पठ् + क्त = पठितः

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-222

70. 'पठेत्' रूप है-

(A) लट् प्रथमपुरुष एकवचन

(B) लट् मध्यमपुरुष बहुवचन

(C) विधिलिङ् प्रथमपुरुष एकवचन

(D) विधिलिङ् मध्यम पुरुष बहुवचन

व्याख्या-

पठ् धातु भ्वादिगण सकर्मक सेट् परस्मैपद

लट् लकार

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र0पु0	पठति	पठतः	पठन्ति
म0पु0	पठसि	पठथः	पठथ
उ0पु0	पठामि	पठावः	पठामः

विधिलिङ् लकार

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
C. प्र0पु0	पठेत्	पठेताम्	पठेयुः
D. म0पु	पठेः	पठेतम्	पठेत
उ0पु0	पठेयम्	पठेव	पठेम

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-146

71. 'अदातम्' रूप है-

(A) लुङ् उत्तमपुरुष एकवचन
(B) लुङ् मध्यमपुरुष द्विवचन
(C) लङ् उत्तमपुरुष एकवचन
(D) लङ् प्रथमपुरुष बहुवचन

व्याख्या-

जुहोत्यादिगण, डुदाञ् - दाने। सकर्मक, अनिट् उभयपदी

'दा' धातु लुङ् लकार

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र0पु0	अदात्	अदाताम्	अदुः
म0पु0	अदाः	अदातम्	अदात
उ0पु0	अदाम्	अदाव	अदाम

'दा' धातु लङ् लकार

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र0पु0	अददात्	अदत्ताम	अददुः
म0पु0	अददाः	अदत्तम्	अदत्त
उ0पु0	अददाम्	अदद्व	अदद्म

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-167

72. 'अभवत्' रूप है-

(A) लङ् प्रथमपुरुष एकवचन
(B) लङ् मध्यमपुरुष बहुवचन
(C) लुङ् प्रथमपुरुष एकवचन
(D) लुङ् मध्यमपुरुष बहुवचन

व्याख्या-

भू सत्तायाम् भ्वादिगण, अकर्मक, सेट्, परस्मैपद 'भू' (होना)

लङ् लकार

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र0पु0	अभवत्	अभवताम्	अभवन्
म0पु0	अभवः	अभवतम्	अभवत
उ0पु0	अभवम्	अभवाव	अभवाम

लुङ् लकार

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र0पु0	अभूत्	अभूताम्	अभूवन्
म0पु0	अभूः	अभूतम्	अभूत
उ0पु0	अभूवम्	अभूव	अभूम

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-145

73. मिल् सङ्गमे का लट्लकार अन्यपुरुष (परस्मैपदी) एकवचन का रूप है-

(A) मिलति **(B) मिलते**
(C) दोनों नहीं **(D) दोनों ही**

व्याख्या-

तुदादिगण 'मिल्' सङ्गमे (मिलना) सकर्मक, सेट्,

परस्मैपद लट् लकार

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र0पु0	मिलति	मिलतः	मिलन्ति
म0पु0	मिलसि	मिलथः	मिलथ
उ0पु0	मिलामि	मिलावः	मिलामः

'मिल्' धातु लट्लकार प्रथम पुरुष एकवचन में 'मिलति' रूप बनता है। **अतः विकल्प A सही है।**

आत्मनेपदी लट् लकार

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र0पु0	मिलते	मिलेते	मिलन्ते
म0पु0	मिलसे	मिलेथे	मिलध्वे
उ0पु0	मिले	मिलावहे	मिलामहे

स्रोत- रूपचन्द्रिका- ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पेज-430

74. रुधिर् आवरणे का लट्लकार अन्यपुरुष एकवचन का रूप है-

(A) रुणद्धि **(B) रुन्धे**
(C) दोनों नहीं **(D) दोनों ही**

व्याख्या-

रुधादिगण रुधिर् आवरणे (रोकना) द्विकर्मक अनिट्, उभयपदी

लट्लकार परस्मैपद

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र0पु0	रुणद्धि	रुन्धः (रुन्द्धः)	रुन्धन्ति
म0पु0	रुणत्सि	रुन्धः (रुन्द्धः)	रुन्ध (रुन्द्ध)
उ0पु0	रुणध्मि	रुन्ध्वः	रुन्ध्मः

लट्लकार- आत्मनेपदी

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र0पु0	रुन्धे	रुन्धाते	रुन्धते
म0पु0	रुन्त्से	रुन्धाथे	रुन्द्ध्वे
उ0पु0	रुन्धे	रुन्ध्वहे	रुन्ध्महे

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- रूपचन्द्रिका- ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पेज-466

75. 'रामेण बाणेन हतो बाली' इस वाक्य का कर्तृवाच्य रूप है-

(A) रामः बाणेन बालीं हतवान्
(B) रामेण बाणेन बालीं हतः
(C) रामेण बाणेन बालीं हतवान्
(D) रामेण बाणेन बलिं हतवान्

व्याख्या-

जिसमें कर्ता प्रधान हो अर्थात् क्रिया कर्ता के अनुसार हो वह कर्तृवाच्य है। जैसे- रामः बाणेन बालीं हतवान्। इस वाक्य में 'हतवान्' क्रिया का साक्षात् सम्बन्ध राम के साथ है। अतः यह कर्तृवाच्य है। जिसमें कर्ता अनुक्त (अप्रधान) हो तथा क्रिया (उक्त) कर्म के अनुसार हो वहाँ कर्मवाच्य होता है। जैसे- रामेण बाणेन हतो बाली।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- अष्टाध्यायी- 3.4.17, 2. 3. 18, 2. 3. 2

76. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध है-

(A) त्वं सह अहं चित्रं द्रक्ष्यामि
(B) तव सह अहं चित्रं द्रक्षष्यामि
(C) त्वया सह अहं चित्रं द्रक्ष्यामि
(D) त्वया सः अहम् चित्रं द्रक्ष्यामि

व्याख्या-

'त्वया सह अहं चित्रं द्रक्ष्यामि।' यह वाक्य शुद्ध है क्योंकि इसमें 'सहयुक्तेऽप्रधाने (2/3/19)- सूत्र से सह के योग में अप्रधान 'त्वं' में तृतीया विभक्ति हुई तथा प्रधान कर्ता 'अहं' के कारण क्रिया उत्तम पुरुष एकवचन में प्रयुक्त हुई। **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारक प्रकरण) राममुनि पाण्डेय, पेज-42

77. शुद्ध वाक्य है-

(A) नमस्कृत्वा हरिं गच्छति
(B) नमस्कृत्य हरये गच्छति
(C) नमस्कृत्य हरिं गच्छति
(D) नमस्कृत्वा हरये गच्छति

व्याख्या-

नमः स्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च (2/3/16) सूत्र से 'नमः' आदि वाक्यों के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे- हरये नमः। किन्तु उपपदविभक्ति से कारक विभक्ति बलवती होती है। 'उपपदविभक्तेः कारकविभक्तिः बलीयसी।' उदाहरण- नमस्कृत्य हरिं गच्छति।

विशेष- उक्त वाक्य में नमः उपपद एवं कृ धातु के योग के कारण कारक विभक्ति हुई है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका - बाबूराम सक्सेना, पेज-205

78. अधोलिखित वाक्यों में एक वाक्य शुद्ध है-
(A) रामाः दीनाय धनं ददन्ति
(B) रामा दीनान् धनं ददन्ति
(C) रामाः दीनं धनं ददति
(D) रामाः दीनाय धनं ददति

व्याख्या-

'रामाः दीनाय धनं ददति।' इस वाक्य मे कर्ता राम अपने दान कर्म के द्वारा दीन को सन्तुष्ट करना चाहता है। अतः 'कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्(1/4/32) सूत्र से 'दीन' की सम्प्रदानसंज्ञा तथा 'चतुर्थी सम्प्रदाने' (2/3/13) सूत्र से चतुर्थी विभक्ति हुई है। इसीप्रकार चूंकि कर्ता प्रथमपुरुष बहुवचन का है तो क्रिया भी 'दा' धातु लट् लकार प्रथमपुरुष बहुवचन का 'ददति' रूप प्रयुक्त है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (1/4/32) (कारक प्रकरण)- राममुनि पाण्डेय, पेज-46

79. सांख्य के निम्नलिखित तत्त्वों में चेतन तत्त्व कौन-सा है?
(A) बुद्धि **(B) अहंकार**
(C) मन **(D) पुरुष**

व्याख्या-

A. ईश्वरकृष्ण प्रणीत सांख्यकारिका में बुद्धि का लक्षण इसप्रकार है-'अध्यवसायो बुद्धिः'(सां. का.23) बुद्धि (महत्) प्रकृति का विकार है। निश्चय करना बुद्धि का गुण है।

B. सांख्यकारिका में अभिमान को परिभाषित करते हुए कहते हैं- 'अभिमानोऽहङ्कारः' (सां. का. 24)
महत् का विकार अहङ्कार है। सांख्यकारिका में अभिमान को ही अहङ्कार कहा गया है।

C. सांख्यकारिका में मन का लक्षण निम्नवत् है-
'उभयात्मकं मनः'(सां. का. 27)
मन उभयेन्द्रिय है अर्थात् कर्मेन्द्रिय एवं ज्ञानेन्द्रिय दोनों है।

D. त्रिगुणमविवेकिविषयः सामान्यमचेतनं प्रसवधर्मि।
व्यक्तं तथा प्रधानं, तद्विपरीतस्तथा च पुमान्।। (सां.का. 11)

व्यक्त+प्रधान (अव्यक्त)	पुरुष
त्रिगुणम्	गुणरहितम् (त्रिगुणातीत)
अविवेकी	विवेकी
विषयी	अविषयी
सामान्यम्	असामान्यम्
अचेतनम्	चेतनम्
प्रसवधर्मी	अप्रसवधर्मी

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका- राकेश शास्त्री, पेज-38

80. प्रकृति से साक्षात् उत्पन्न है-
(A) अहङ्कार **(B) पञ्चतन्मात्रा**
(C) पञ्चमहाभूत **(D) महत्**

व्याख्या-

सांख्यकारिका में पच्चीस तत्त्वों की चर्चा की गई है उन सब तत्त्वों का मूल प्रकृति है जो निम्न तालिका से स्पष्ट है-

त्रिगुणात्मिका प्रकृति
महत् (बुद्धि)
अहंकार
सात्विक तामस
5 ज्ञानेन्द्रियाँ 5 कर्मेन्द्रियाँ मन
श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, रसना, घ्राण
वाक् (वाणी), पाणि (हाथ), पाद (पैर), पायु (गुदा), उपस्थ (मूत्रेन्द्रिय)
पञ्च-तन्मात्राएँ
शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध।
पञ्च-महाभूत
आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि मूल प्रकृति से साक्षात् 'महत्' उत्पन्न है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (कारिका-22)- राकेश शास्त्री, पेज-70

81. सांख्याभिमत में कितने तत्त्व ''प्रकृति और विकृति'' हैं ?

(A) सोलह **(B) अनेक**

(C) सात **(D) ग्यारह**

व्याख्या-

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः॥

(सां.का.- 3)

अतः विकल्प C सही है।

* मूल प्रकृति - एक
* विकृति (विकार) - सोलह
* प्रकृति विकृति - सात (महत्, अहङ्कार, पञ्चतन्मात्रायें)
* न प्रकृति न विकृति - एक (पुरुष)
* पञ्च ज्ञानेन्द्रियाँ - श्रोत्र, नेत्र, घ्राण, त्वक्, रसना
* पञ्च कर्मेन्द्रियाँ - वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ
* पञ्च तन्मात्रा - शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध
* पञ्च महाभूत - आकाश, वायु, तेज, जल, पृथ्वी

स्रोत- सांख्यकारिका (कारिका- 3)- राकेश शास्त्री, पेज-8

82. सांख्यमतानुसार 'अव्यक्त' है-

(A) पुरुष **(B) ईश्वर**

(C) प्रकृति **(D) कोई नहीं**

व्याख्या-

A. सांख्य के अनुसार पुरुष न किसी का कारण (प्रकृति) न विकार (कार्य) होता है।

'न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः' (सां.का.- 3)

B. सांख्यदर्शन में ईश्वर की चर्चा नहीं है। पातञ्जल योगदर्शन ईश्वर को मानता है इसलिए इसके तत्त्वों की संख्या 26 है। इसीकारण योगदर्शन को 'सेश्वर दर्शन' भी कहा जाता है।

C. सांख्यमतानुसार प्रकृति को 'अव्यक्त' कहा गया है क्योंकि यह अत्यन्त सूक्ष्म है लेकिन प्रकृति का अभाव नहीं है।
'सौक्ष्म्यात्तदनुपलब्धिर्नाभावात्' (सां.का.- 08)
'सावयवं परतन्त्रं व्यक्तं विपरीतमव्यक्तम्' (सां.का.-10)
'तद्विपरीतः श्रेयान् व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानात्' (सां.का.-02)
'पुरुषस्य विमोक्षार्थं प्रवर्तते तद्वदव्यक्तम्' (सां.का.-58)

उपर्युक्त उद्धरणों से सिद्ध है कि सांख्यमतानुसार प्रकृति को 'अव्यक्त' कहते हैं।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (कारिका 10)- राकेश शास्त्री, पेज-32

83. सांख्यदर्शनानुसार प्रकाश से सम्बन्ध है-

(A) रजोगुण **(B) तमोगुण**

(C) सत्त्वगुण **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या- **गुणों की विशेषता**

* सत्त्वं लघुप्रकाशकमिष्टम् (हल्का एवं प्रकाशक) सत्त्वगुण
* उपष्टम्भकं चलम् (प्रेरक एवं चञ्चल) रजोगुण
* गुरुवरणकम् (भारी एवं नियामक) तमोगुण
* 'प्रदीपवच्चार्थतो वृत्तिः' ये तीनों गुण मिलकर दीपक के समान व्यवहार करतें हैं।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (कारिका 13)- राकेश शास्त्री, पेज-45

84. तर्कभाषा के अनुसार पदार्थों की संख्या है-

(A) सात **(B) सोलह**

(C) नौ **(D) दो**

व्याख्या-

A. अन्नम्भट्ट कृत 'तर्कसंग्रह' के अनुसार सात पदार्थ हैं– द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय और अभाव।

B. केशवमिश्र प्रणीत 'तर्कभाषा' के अनुसार पदार्थों की संख्या 16 है- प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल, जाति और निग्रहस्थान।

अतः विकल्प B सही है।

C. 'तर्कसंग्रह' में नौ द्रव्य हैं- पृथ्वी, जल, तेज, वायु आकाश, काल, दिक्, आत्मा और मन।

D. तर्कसंग्रह में सामान्य के दो भेद हैं- परसामान्य और अपरसामान्य।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-4

85. 'न्यायदर्शन' में निम्नलिखित में से कौन से प्रमाण स्वीकृत हैं ?
(A) प्रत्यक्ष, अनुमान
(B) प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द
(C) प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द
(D) प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द, अर्थापत्ति, उपमान

व्याख्या-

प्रमाण	दर्शन	प्रवर्तक
* प्रत्यक्ष,अनुमान	बौद्ध	गौतम बुद्ध
* प्रत्यक्ष,अनुमान	जैन	महावीर स्वामी
* प्रत्यक्ष,अनुमान, आप्त (शब्द)	सांख्य/योग	कपिल/पतञ्जलि
* प्रत्यक्ष,अनुमान,उपमान,शब्द	न्याय/वैशेषिक	गौतम/कणाद
* प्रत्यक्ष,अनुमान,उपमान,शब्द, अर्थापत्ति	मीमांसा	प्रभाकर/मीमांसक

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-50

86. तर्कभाषा के अनुसार कारणों की संख्या है-
(A) तीन **(B) चार**
(C) पाँच **(D) छः**

व्याख्या-

A. तर्कभाषा के अनुसार तीन कारण-

कारण	उदाहरण
1- समवायि	पट का समवायि कारण तन्तु पट का
2- असमवायि	तन्तुसंयोग असमवायिकरण
3- निमित्त	वेमा, तुरी आदि पट के निमित्तकारण

अतः विकल्प A सही है।

B. तर्कभाषा के अनुसार चार प्रमाण- प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द।

C. तर्कभाषा के अनुसार पाँच हेत्वाभास- असिद्ध, विरुद्ध, अनैकान्तिक, प्रकरणसम और कालात्ययापदिष्ट।

D. तर्कभाषा के अनुसार छः सन्निकर्ष- संयोग, संयुक्तसमवाय, संयुक्तसमवेतसमवाय, समवाय, समवेतसमवाय और विशेष्य विशेषणभाव।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-24

87. वेदान्तसार में वेदान्त के किस मत का निरूपण है?
(A) शुद्धाद्वैतवाद **(B) अद्वैतवाद**
(C) विशिष्टाद्वैतवाद **(D) द्वैताद्वैतवाद**

व्याख्या-

सिद्धान्त	आचार्य	ग्रन्थ (भाष्यनाम)
A. शुद्धाद्वैतवाद	बल्लभाचार्य	ब्रह्मसूत्र पर अणुभाष्य
B. अद्वैतवाद	शङ्कराचार्य	शारीरकभाष्य
C. विशिष्टाद्वैतवाद	रामानुजाचार्य	श्रीभाष्य
D. द्वैताद्वैतवाद	निम्बार्काचार्य	वेदान्तपारिजात सौरभभाष्य

विशेष- अद्वैतवेदान्त में एकमात्र 'ब्रह्म' की सत्ता स्वीकार की गई है- 'ब्रह्मसत्यं जगन्मिथ्या'। सदानन्द कृत वेदान्तसार में अद्वैतवाद के मत का निरूपण है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- वेदान्तसार-सन्तनारायण श्रीवास्तव, भू० पेज-22

88. वेदान्तसार के अनुसार सृष्टिक्रम में 'पञ्चभूतों की उत्पत्ति क्रम क्या है?
(A) पृथ्वी, जल, वायु, तैजस्, आकाश
(B) आकाश, तैजस्, वायु, जल, पृथ्वी
(C) आकाश, वायु, तैजस्, जल, पृथ्वी
(D) आकाश, जल, वायु, तैजस्, पृथ्वी

व्याख्या-
वेदान्तसार के अनुसार सृष्टिक्रम में पञ्चतन्मात्राओं से पञ्चमहाभूतों की उत्पत्ति का क्रम इसप्रकार है।

शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध
आकाश-वायु-तैजस्-जल-पृथ्वी

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- वेदान्तसार-सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-79

89. 'पञ्चीकरण' का निरूपण करता है-
(A) न्याय **(B) वेदान्त**
(C) सांख्य **(D) तर्कसंग्रह**

व्याख्या-

A. न्यायशास्त्र में पाँच हेत्वाभासों का निरूपण किया गया है। 1- असिद्ध 2- विरुद्ध 3- अनैकान्तिक 4- प्रकरणसम 5- कालात्ययापदिष्ट।

B. वेदान्त में 'पञ्चीकरण' का निरूपण किया गया है।

''द्विधा विधाय चैकैकं चतुर्धा प्रथमं पुनः।
स्वस्वेतरद्वितीयांशैर्योजनात् पञ्च पञ्च ते।।'' (वेदान्तसार)

पञ्चीकरण की प्रक्रिया से उत्पन्न महाभूत आकाश, वायु, तेजस्, जल, और पृथिवी में प्रत्येक का भाग इसप्रकार होगा- आकाश 1/2 + 1/8 वायु + 1/8 तेजस् + 1/8 जल + 1/8 पृथिवी = आकाश

इसीप्रकार अन्य महाभूतों का भी होगा। अतः विकल्प B सही है।

C. सांख्य में चार प्रत्ययसर्ग (बुद्धिसर्ग) का निरूपण किया गया है।

1- विपर्यय - 5 भेद
2- अशक्ति - 28 भेद
3- तुष्टि - 9 भेद
4- सिद्धि - 8 भेद

D. 'तर्कसंग्रह' में पाँच प्रकार के कर्मों का निरूपण किया गया।

1. उत्क्षेपण 2. अपक्षेपण 3. आकुञ्चन
4. प्रसारण 5. गमन

स्रोत- वेदान्तसार-सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-78,79

90. तत्त्वमसि है-

(A) ब्रह्मवाक्य **(B) अनुभववाक्य**
(C) महावाक्य **(D) आचार्यवाक्य**

व्याख्या-

महावाक्य	वेद/उपनिषद्	अपर संज्ञा
तत्त्वमसि	सामवेद/छान्दोग्योपनिषद्	उपदेशवाक्य
अहं ब्रह्मास्मि	शुक्लयजुर्वेद/बृहदारण्यकोपनिषद्	अनुभववाक्य
प्रज्ञानं ब्रह्म	शुक्लयजुर्वेद/बृहदारण्यकोपनिषद्	महावाक्य
सर्वं खल्विदं ब्रह्म	सामवेद/छान्दोग्योपनिषद्	महावाक्य

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-121

91. ''साधनचतुष्टयसम्पन्न'' किसके लिए है-

(A) सम्बन्ध **(B) विषय**
(C) अधिकारी **(D) प्रयोजन**

व्याख्या-

वेदान्तशास्त्र में अनुबन्ध चार हैं- **'तत्रानुबन्धो नामाधिकारि-विषयसम्बन्धप्रयोजनानि'** (वेदान्तसार)

A. सम्बन्ध-

'सम्बन्धस्तु तदैक्यप्रमेयस्य तत्प्रतिपादकोपनिषत्प्रमाणस्य च बोध्यबोधकभावलक्षणः।'

ज्ञान के विषय उन जीव और ब्रह्म का ऐक्य एवं इनका प्रतिपादन करने वाले उपनिषद् रूप प्रमाण वाक्यों का परस्पर बोध्य-बोधकभाव सम्बन्ध है।

B. विषय- 'विषयो जीवब्रह्मैक्यं शुद्धचैतन्यं प्रमेयं तत्रैव वेदान्तानां तात्पर्यात्।' वेदान्त का प्रतिपाद्य विषय जीव और ब्रह्म की एकता है। शुद्ध चैतन्य प्रमा का विषय है क्योंकि समस्त वेदान्त वाक्यों का अभिप्राय उसी शुद्धचैतन्य के प्रतिपादन में निहित है।

C. अधिकारी-

'अधिकारी तु विधिवदधीतवेदवेदाङ्गत्वेनापाततोऽधिगता खिलवेदार्थोऽस्मिन् जन्मनि जन्मान्तरे वा काम्यनिषिद्धवर्जन पुरस्सरं नित्यनैमित्तिकप्रायश्चित्तोपासनानुष्ठानेन-निर्गतनिखिलकल्मषतया नितान्तनिर्मलस्वान्तः साधनचतुष्टयसम्पन्नः प्रमाता।'

साधनचतुष्टय से सम्पन्न प्रमाता अधिकारी है।

D. प्रयोजन- 'प्रयोजनं तु तदैक्यप्रमेयगताज्ञाननिवृत्तिः स्वस्वरूपानन्दावाप्तिश्च।'

जीव और ब्रह्म का ऐक्य विषयक ज्ञान के साथ अज्ञान की निवृत्ति पूर्वक अपने स्वरूप का परिचय होने से परम आनन्द की प्राप्ति इस शास्त्र का मुख्य प्रयोजन है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- वेदान्तसार - सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-11

92. 'श्रीमद्भगवद्गीता' में कितने अध्याय हैं-

(A) चौदह **(B) सत्रह**
(C) अठारह **(D) बीस**

व्याख्या-

अध्याय	अध्याय नाम/वर्णन	श्लोकसंख्या
प्रथम	अर्जुनविषादयोग	47
द्वितीय	सांख्ययोग	72
तृतीय	कर्मयोग	43
चतुर्थ	ज्ञानकर्मसंन्यासयोग	42
पञ्चम	कर्मसंन्यासयोग	29
षष्ठ	आत्मसंयमयोग/ध्यानयोग	47
सप्तम	ज्ञानविज्ञानयोग	30
अष्टम	अक्षरब्रह्मयोग	28
नवम	राजविद्याराजगुह्ययोग	34
दशम	विभूतियोग	42
एकादश	विश्वरूपदर्शनयोग	55
द्वादश	भक्तियोग	20
त्रयोदश	क्षेत्रक्षेत्रज्ञविभागयोग	34
चतुर्दश	गुणत्रयविभागयोग	27
पञ्चदश	पुरुषोत्तमयोग	20
षोडश	दैवासुरसम्पद्विभागयोग	24
सप्तदश	श्रद्धात्रयविभागयोग	28
अष्टादश	मोक्षसंन्यासयोग	78
	योग-700	

विशेष- 'श्रीमद्भगवद्गीता' कृष्णद्वैपायन भगवान् वेदव्यास द्वारा प्रणीत 'महाभारत' के 'भीष्मपर्व' से ली गयी है, इसमें 18 अध्याय तथा 700 श्लोक हैं।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का इतिहास- उमाशंकर शर्मा ऋषि,पेज-158

93. गीता का 'कर्मसिद्धान्त' क्या है?
(A) कर्मत्याग **(B) अशुभ कर्मत्याग**
(C) अनासक्त कर्म **(D) साकांक्ष कर्म**

व्याख्या-

'तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर।
असक्तो ह्याचरन्कर्म परमाप्नोति पूरुषः॥'

(गीता 3/19)

कर्म के सिद्धान्त को बताते हुए भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं कि कर्मयोग से सिद्ध हुए महापुरुष का किसी भी प्राणी के साथ किंचिन्मात्र भी स्वार्थ का सम्बन्ध नहीं रहता। इसलिए "हे अर्जुन! तू निरन्तर आसक्ति रहित होकर कर्तव्य कर्म का भलीभाँति आचरण कर क्योंकि आसक्ति रहित होकर कर्म करता हुआ मनुष्य परमात्मा को प्राप्त हो जाता है।" ,

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- गीता 5/10, 2/47-48, 3/9, 3/19

94. "ध्वनिपरिवर्तन जो जिह्वानर्तन है।" के बारे में आपका मत क्या है ?
(A) यह उक्ति सही है
(B) यह उक्ति सही नहीं है।
(C) यह उक्ति सर्वथा असम्बद्ध उक्ति है।
(D) यह उक्ति एकाङ्गी है।

व्याख्या-

उच्चारण एवं भौगोलिक परिस्थितियाँ आदि ध्वनि परिवर्तन के दो कारक हैं 1- आभ्यन्तर 2- बाह्य। एक-एक शब्द के अनेक अपभ्रंश प्राप्त होते हैं।

'एकैकस्य हि शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः।'

(महाभाष्य पस्पशाह्निक)

इस प्रकार 'ध्वनि परिवर्तन जो जिह्वानर्तन है।' यह उक्ति एकाङ्गी है क्योंकि ध्वनिपरिवर्तन मात्र जिह्वानर्तन का कारण नहीं अपितु अनेक परिवेश ध्वनिपरिवर्तन के कारण होते हैं।

अतः विकल्प D सही है।

95. ध्वनि परिवर्तन का आभ्यन्तर कारण है-
(A) अनुकरण की अपूर्णता
(B) अन्य भाषाओं का प्रभाव
(C) सादृश्य
(D) काल प्रभाव

व्याख्या-

A. अनुकरण की अपूर्णता- अनुकरण के द्वारा ही भाषा सीखी जाती है। वाग्यन्त्र की त्रुटि या अज्ञान आदि के कारण अनुकरण अपूर्ण हो जाता है। जैसे- बच्चे राम को लाम, रोटी को लोटी। उच्चारण सम्बन्धी परिवर्तन होने के कारण यह आभ्यन्तर कारण है।

अतः विकल्प A सही है।

B. काल प्रभाव- काल के प्रभाव से भाषा में विकास या परिवर्तन होता रहता है। जैसे- खाद् से खाना, पा से पीना, वर्तते से बाटे या बा तथा निवर्तते से निबटता है।

C. सादृश्य- सादृश्य के आधार पर कुछ ध्वनियों में परिवर्तन हो जाता है। जैसे- द्वादश के सादृश्य पर एकादश। तुभ्यम्-तुझे, मह्यम्-मुझे आदि।

D. अन्य भाषाओं का प्रभाव- अन्य भाषाओं के प्रभाव के कारण भाषा की ध्वनियों में परिवर्तन देखा जाता है। जैसे- उर्दू के प्रभाव से हिन्दी में क ग ज़ ध्वनियाँ हिन्दी में आ गयीं। द्रविड़ परिवार की भाषाओं के सम्पर्क से संस्कृत आदि में टवर्ग ध्वनि आई हैं। प्रकृत-प्रकट, संकृत - संकट, विकृत - विकट आदि।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-228,230

96. क्या ध्वनि परिवर्तन के लिए वर्नर ने ग्रिम नियमों में सुधार किया है?
(A) हाँ
(B) नहीं
(C) दोनों का कोई सम्बन्ध नहीं है
(D) कुछ भी नहीं

व्याख्या-
ग्रिम नियम के अनुसार प्रथम वर्ण परिवर्तन में संस्कृत के प्रथम वर्ण को अंग्रेजी में द्वितीय वर्ण, द्वितीय और चतुर्थ को तृतीय तथा तृतीय को प्रथम हो जाता है।

ध्वनि परिवर्तन	संस्कृत	अंग्रेजी	अर्थ
क् ह् H, Wh	कः	Who	कौन
भ् ब् bh, B	भ्रातर्	Brother	भाई
ग् क् G, K	गो	Cow	गाय
ब् प् B, P	लब (फारसी)	Lip	होठ

वर्नर नियम- उपर्युक्त ग्रिम के नियम में कुछ बिन्दुओं पर सुधार किया है, जैसे- मूल भारोपीय भाषा के शब्दों के क् त् प् (k,t,p) को जर्मनिक भाषाओं में ह् थ् फ् (h,th,f) तभी होगा जब मूल भाषा मे अव्यवहित पूर्व कोई उदात्त स्वर होता है। यदि उदात्त स्वर क् त् प् के बाद होगा तो इनके स्थान पर क्रमशः ग् द् ब् होते हैं।

संस्कृत	लैटिन	गॉथिक	अंग्रेजी	ध्वनिपरिवर्तन
युवक'स्	Juvencus	Juggs	Young	क् /ग्
शत'म्	Centum	Hund	Hundred	त् /द्
सप्त'न्	Septem	Sibun	Seven	प् /ब्

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-246

97. क्या 'अर्थपरिवर्तन का कारण ध्वनिपरिवर्तन है'?
(A) हाँ
(B) नहीं
(C) कुछ-कुछ
(D) दोनों के अधिष्ठान भिन्न हैं।

व्याख्या-
विभिन्न परिस्थितियों में मानव मन की स्थिति एक सी नहीं होती है। यही कारण है कि राग, द्वेष,क्रोध, घृणा आदि में उच्चरित शब्दों के अर्थों में अन्तर होता है। कभी-कभी अर्थपरिवर्तन में एक के साथ दूसरा कारण भी सम्बद्ध होता है। भारतीय काव्यशास्त्रियों आचार्य मम्मट, विश्वनाथ, जगन्नाथ ने अर्थभेद या अर्थपरिवर्तन के कारण रूप में लक्षणा और व्यंजना शक्तियों का सूक्ष्मतम विवेचन किया है। उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि कुछ-कुछ अर्थ परिवर्तन के कारण भी ध्वनि परिवर्तन होता है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-341

98. यो-हे-हो सिद्धान्त सम्बद्ध है-
(A) भाषोत्पत्ति से **(B) ध्वनिपरिवर्तन से**
(C) भाषावर्गीकरण से **(D) अर्थविस्तार से**

व्याख्या-

A. भाषोत्पत्ति के सिद्धान्त में विद्वानों ने 12 मत प्रस्तुत किये हैं जिनमें 'श्रम ध्वनि सिद्धान्त' को 'यो-हे-हो वाद' (Yo-He-Ho Theory) तथा 'श्रमापहारमूलकतावाद' भी कहते हैं इस सिद्धान्त के प्रतिपादक 'न्वारे'(Noire) नामक भाषाशास्त्री हैं। इस सिद्धान्त का अभिप्राय है कि मनुष्य के शारीरिक परिश्रम करते समय अनायास कुछ ध्वनियाँ निकल जाती हैं। जैसे- धोबी कपड़ा धोते समय हियो, या छियो कहता है इसी प्रकार भारी समान उठाते समय मजदूर हो-

हो, हूँ-हूँ कहते हैं। श्रमगत उच्चारण शब्दों के कारण भाषा उत्पत्ति के सिद्धान्त में इसका नाम 'यो-हे-हो वाद' पड़ा है।

B. ध्वनि परिवर्तन- भाषा में ध्वनि परिवर्तन के दो कारण बताये गये हैं -

1- आभ्यन्तर कारण 2- बाह्य कारण।

C. भाषा का वर्गीकरण-

भाषा
- पारिवारिक वर्गीकरण (भारतीय विभाजन के अनुसार- 18 परिवार स्वीकृत किये गये हैं)
- आकृतिमूलक वर्गीकरण
  - अयोगात्मक (चीनी, तिब्बती)
  - योगात्मक (संस्कृत आदि)

D. अर्थविस्तार- कुछ शब्द मूल रूप में किसी विशेष या संकुचित अर्थ में प्रयुक्त होते थे, बाद में उनके अर्थ में विस्तार हो गया। जैसे- कुशल, प्रवीण, तैल, गोशाला, गोष्ठ, महाराज तथा गवेषणा आदि।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-72

99. 'मे-पोल-सिद्धान्त' में 'मे-पोल' क्या है?

(A) एक खम्भा **(B) एक गृह**

(C) एक नृत्यात्मक त्यौहार **(D) एक वृक्ष**

व्याख्या-

नाटकों की उत्पत्ति के सम्बन्ध में विभिन्न सिद्धान्तों की चर्चा की गयी है, जिनमें एक सिद्धान्त 'मे पोल सिद्धान्त' भी है। यूरोप के कुछ विद्वान् अपने यहाँ होने वाले 'मे पोल नृत्य' को संस्कृत रूपकों का प्रथम रूप कहते हैं। भारत में इन्द्रध्वजपर्व शरद्ऋतु में होता था जो इस 'मे पोल नृत्य' के समकक्ष था। **अतः विकल्प C सही है।**

संस्कृत रूपकों (नाटकों) की उत्पत्ति के सन्दर्भ में विभिन्न सिद्धान्त

नाट्योत्पत्ति सिद्धान्त	समर्थक विद्वान्
1. ब्रह्मा द्वारा चारों वेदों के सारभाग से नाट्यवेद रूपी पञ्चमवेद का निर्माण। ''चतुर्वेदाङ्गसम्भवम्''	आचार्य भरत
2. ऋग्वेद के संवाद सूक्तों से नाटक की उत्पत्ति	मैक्समूलर, सिल्वॉ लेवी, फॉन श्रोएदर, हर्टल
3. यूनानी रूपकों से उत्पत्ति	वेबर तथा बिन्डिश
4. पुत्तलिका नृत्य सिद्धान्त	प्रो0 पिशेल
5. मृतात्मश्राद्धसिद्धान्त (वीर पूजा)	डॉ0 रिजवे
6. उत्सव/पर्व सिद्धान्त (मे पोल सिद्धान्त)	यूरोपीय विद्वान्
7. छाया नाटक सिद्धान्त	जर्मन विद्वान् ल्यूडर्स, स्टेन कोनो
8. स्वांगवाद	प्रो. हिलब्राण्ड

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-266

100. क्या ग्रिम-नियम का त्रिभुज निम्नवत् है?

क ख ग

य र ल   प फ ब

(A) बिल्कुल सही **(B) बिल्कुल गलत**

(C) कुछ रूप तक सही है **(D) कह नहीं सकते**

व्याख्या-

ग्रिम नियम- ग्रिम नियम ध्वनि नियमों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण नियम है, ग्रिम नियम के अनुसार ध्वनि परिवर्तन पर आधारित त्रिभुज इसप्रकार बनेगा-

क त प

ग द ब   ख थ फ
घ ध भ

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-242

उत्तरमाला

1.B	2.A	3.B	4.C	5.C	6.B	7.B	8.C	9.D	10.C	11.A	12.B
13.C	14.D	15.D	16.D	17.B	18.C	19.A	20.B	21.D	22.C	23.D	24.C
25.C	26.A	27.A	28.D	29.D	30.B	31. C	32. C	33. C	34. A	35. A	36.A
37. A	38. A	39. B	40. C	41. A	42. C	43. D	44. A	45. D	46. A	47. D	48. B
49. C	50. B	51. D	52. D	53. C	54. D	55. C	56. C	57. B	58. A	59. B	60. C
61. B	62. C	63. B	64. B	65. C	66. C	67. D	68. A	69. A	70. C	71. B	72. A
73. A	74. D	75. A	76. C	77. C	78. D	79. D	80. D	81. C	82. C	83. C	84. B
85. C	86. A	87. B	88. C	89. B	90. C	91. C	92. C	93. C	94. D	95. A	96. A
97. C	98. A	99. C	100. B								

2. प्रवक्ता (PGT) संस्कृत 2002

1. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का अङ्गीरस है-
(A) वीर **(B) शृङ्गार**
(C) करुण **(D) शान्त**

व्याख्या-

	ग्रन्थ	ग्रन्थकार	अङ्गीरस
A.	वेणीसंहारम्	भट्टनारायण	वीररस
B.	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	कालिदास	शृङ्गाररस
C.	उत्तररामचरितम्	भवभूति	करुणरस
D.	नागानन्द	हर्षवर्धन	शान्तरस

विशेष- आचार्य विश्वनाथ 'साहित्यदर्पण' में 'नाटक' का लक्षण करते हुए कहते हैं कि ''एक एव भवेदङ्गी शृङ्गारो वीर एव वा'' इसप्रकार नाटक होने के कारण अभिज्ञानशाकुन्तलम् का मुख्य/प्रधान/अङ्गीरस''शृङ्गार'' है।
अतः विकल्प (B) सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी,भू.पेज-60

2. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में विदूषक का चित्रण हुआ है-
(A) प्रथम अङ्क में **(B) द्वितीय अङ्क में**
(C) तृतीय अङ्क में **(D) चतुर्थ अङ्क में**

व्याख्या–

अङ्क	प्रमुख पात्र
(A) प्रथम	सूत्रधार,नटी, प्रियंवदा, अनसूया, वैखानस, शकुन्तला, दुष्यन्त आदि।
(B) द्वितीय	विदूषक, दुष्यन्त, सेनापति, करभक आदि।
(C) तृतीय	दुष्यन्त, शकुन्तला, अनसूया, प्रियंवदा, गौतमी आदि।
(D) चतुर्थ	कण्व, अनसूया, प्रियंवदा, शकुन्तला, दुर्वासा, शार्ङ्गरव, शारद्वत, गौतमी आदि।
☆ पञ्चम	कञ्चुकी (वातायन), विदूषक, दुष्यन्त, शाङ्र्गरव, शारद्वत, गौतमी, सोमरात (पुरोहित), प्रतीहारी (वेत्रवती) आदि।
☆ षष्ठ	धीवर, श्यालक, चतुरिका, परभृतिका, मधुकरिका, सानुमती, कञ्चुकी, दुष्यन्त विदूषक, मातलि आदि।
☆ सप्तम	मातलि, मारीच, अदिति, दुष्यन्त, शकुन्तला, सर्वदमन (भरत) तापसी (सुव्रता)

विशेष-

☆ 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के चतुर्थ अङ्क को छोड़कर सभी अङ्कों में दुष्यन्त का वर्णन है।

☆ द्वितीय, पञ्चम, एवं षष्ठ अङ्क में विदूषक का चित्रण हुआ है।

☆ कण्व का चित्रण केवल चतुर्थ अङ्क में हुआ है।

☆ हंसपदिका एवं वसुमती का चित्रण केवल पञ्चम अङ्क में हुआ है।

अतः विकल्प (B) सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, (द्वितीय अङ्क) पृष्ठ-90

3. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के किस अङ्क के प्रारम्भ में शुद्ध विष्कम्भक का प्रयोग किया गया है?
(A) प्रथम अङ्क **(B) द्वितीय अङ्क**
(C) पञ्चम अङ्क **(D) चतुर्थ अङ्क**

व्याख्या–

(A) 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के प्रथम अङ्क के प्रथम श्लोक में स्रग्धरा छन्द में भगवान् शिव की स्तुति एवं 'अष्टपदा-नान्दी' का प्रयोग किया गया है।

(B) द्वितीय अङ्क के प्रारम्भ में मृगया से परिश्रान्त विदूषक (माढव्य) शरीराङ्गों को टेढ़ा-मेढ़ा करके बैठा हुआ एवं शकुन्तला विषयक वार्ता का स्मरण करके राजा से कहता है- **''ततो गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृत्तः।''** इस मुहावरे का प्रयोग है।

(C) पञ्चम अङ्क का प्रारम्भ आसन पर बैठे हुए राजा और विदूषक के प्रवेश से होता है।

(D) चतुर्थ अङ्क के प्रारम्भ में पुष्पों का चयन करती हुई दोनों सखियाँ (अनसूया-प्रियंवदा) शकुन्तला विषयक चिन्तन करती हुई भूत एवं भावी कथा की सूचना दे रहीं हैं। अतः यहाँ शुद्ध विष्कम्भक है -

''संक्षेपार्थस्तु विष्कम्भो मध्यपात्रप्रयोजितः।''
(दशरूपक 1.59)

अतः विकल्प (D) सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-134

4. अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक में प्रवेशक का प्रयोग हुआ है -
(A) तृतीय अङ्क में (B) द्वितीय अङ्क में
(C) पञ्चम अङ्क में (D) षष्ठ अङ्क में

व्याख्या–
प्रवेशक- विष्कम्भक की भाँति 'प्रवेशक' भी भूत एवं भावी कथानक को जोड़ने वाला, नीच पात्रों के द्वारा निम्न भाषा (प्राकृत) से प्रयुक्त दो अङ्कों के अन्तराल में, शेष अर्थ का सूचक (अर्थोपक्षेपक) प्रवेशक कहा गया है-
तद्वदेवानुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः।
प्रवेशोऽङ्कद्वयस्यान्तः शेषार्थस्योपसूचकः॥
(दश. 1.60)
'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक में प्रवेशक का प्रयोग षष्ठ अङ्क में हुआ है। प्रवेशक में सभी नीच पात्र होते हैं। इसमें नगर रक्षक श्याल (दुष्यन्त का साला) को दो सिपाहियों के साथ एक अभियुक्त (धीवर) मछुवारे को रस्सी से बाँधे हुए रङ्गमञ्च पर प्रवेश करते हुये दिखाया गया है। इसी से अँगूठी मिलने की जानकारी मिलती है।
अतः विकल्प (D) सही है।
स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-317

5. अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक का विदूषक है-
(A) मैत्रेय (B) माधव्य
(C) माणवक (D) गौतम

व्याख्या–

	ग्रन्थ	लेखक	विदूषक
	(A) मृच्छकटिकम्	शूद्रक	मैत्रेय
	(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्	कालिदास	माधव्य
	(C) विक्रमोर्वशीयम्	कालिदास	माणवक
	(D) मालविकाग्निमित्रम्	कालिदास	गौतम
☆	स्वप्नवासवदत्तम्	भास	वसन्तक
☆	रत्नावली	श्रीहर्ष	वसन्तक

अतः विकल्प (B) सही है।
स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, भू. पेज-90

6. मृच्छकटिकम् नाटक का विदूषक है-
(A) गौतम (B) माधव्य
(C) माणवक (D) मैत्रेय

व्याख्या–
(A) मालविकाग्निमित्रम् - गौतम
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् - माधव्य (माढव्य)
(C) विक्रमोर्वशीयम् - माणवक
(D) मृच्छकटिकम् - मैत्रेय

साहित्यदर्पण के तृतीय परिच्छेद में विदूषक का लक्षण इस प्रकार है-
''हास्यकरः कलहरतिर्विदूषकः स्यात् स्वकर्मज्ञः।''
(सा.द. 3/42)
विदूषक- जो अपनी क्रिया, देह, वेश और भाषा आदि से हँसाने वाला हो वह 'विदूषक' कहा जाता है।
अतः विकल्प (D) सही है।
स्रोत- मृच्छकटिकम्- जगदीशचन्द्र मिश्र, भूमिका-पेज-47

7. 'गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः' उक्ति किससे सम्बन्धित है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (B) रघुवंशम्
(C) उत्तररामचरितम् (D) विक्रमोर्वशीयम्

व्याख्या–
अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में शकुन्तला के विषय में राजा का आत्मगत कथन-
A. ''सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तः-करणप्रवृत्तयः।'' (शाकु. 1/22)
सन्देहास्पद वस्तुओं के विषय में सज्जनों के अन्तःकरण की प्रवृत्तियाँ ही प्रमाण होती हैं।
B. रघुवंश महाकाव्य के ग्यारहवें सर्ग में विश्वामित्र राम को माँगने के अवसर पर राजा दशरथ से कहते हैं-
''तेजसां हि न वयः समीक्ष्यते।''
(रघु. 11 /1)
तेजस्वियों की आयु नहीं देखी जाती है।
C. उत्तररामचरितम् के चतुर्थ अङ्क में अरुन्धती जनक की बातों का समर्थन करते हुए कहती हैं-
''गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः।''
(उत्तररामचरितम् 4/11)
गुणी व्यक्तियों में गुण ही उनके पूजा के स्थान हैं उनमें आयु एवं लिङ्ग का कोई महत्त्व नहीं है।
D. ''उत्सङ्गवर्धितानां गुरुषु भवेत् कीदृशः स्नेहः।''
(विक्रमो. 5/10)
विक्रमोर्वशीयम् नाटक के पञ्चम अङ्क में कुमार राजा से कहता है कि- गोद में पले पुसे पुत्रों का माता-पिता पर कैसा अनुराग होता होगा।
अतः विकल्प (C) सही है।
स्रोत- उत्तररामचरितम्- आनन्दस्वरूप, पेज- 347

8. 'प्रियाशोको जीवं कुसुममिव घर्मो ग्लपयति' यह उक्ति किससे सम्बन्धित है-
(A) मृच्छकटिकम् **(B) मुद्राराक्षसम्**
(C) उत्तररामचरितम् **(D) मालविकाग्निमित्रम्**

व्याख्या-
मृच्छकटिकम् 'प्रकरण' के प्रथम अङ्क में चारुदत्त विदूषक से कहता है कि-

A. **''नष्टधनाश्रयस्य सौहृदादपि जनाः शिथिलीभवन्ति।''**
(मृच्छ. 1/13)
जिसके धन का आश्रय नष्ट हो जाता है उसके सुहृद् (मित्रादि) भी शिथिल हो जाते हैं।

B. विशाखदत्त कृत मुद्राराक्षस के प्रथम अङ्क में चन्दनदास चाणक्य से कहता है कि-
''कीदृशः तृणानाम् अग्निना सह विरोधः।''
(मुद्रा. अङ्क 1)
तृणों का अग्नि के साथ कैसा विरोध अर्थात् दुर्बलों का बलवानों से कैसा विरोध।

C. उत्तररामचरितम् नाटक के तृतीय अङ्क में तमसा सीता से कहती हैं-
''प्रियाशोको जीवं कुसुममिव घर्मो ग्लपयति।''
(उत्तर. 3/30)
तमसा राम के कष्ट को देखकर सीता से कहती है कि जिस प्रकार धूप फूल को सुखा देता है, उसी प्रकार सीता विषयक शोक (राम के) जीवन को सुखा रहा है।

D. मालविकाग्निमित्रम् नाटक के प्रथम अङ्क में कुमुदिनी वकुलावलिका से कहती है-
'' आकृति विशेषेष्वादरः पदं करोति।''
(मालवि0 अङ्क.- 1)
विशेष व्यक्तियों में आकृति स्थान प्राप्त करती है।
अतः विकल्प (C) सही है।

स्रोत- उत्तररामचरितम् (3/30)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-220

9. 'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' यह कथन किससे सम्बन्धित है-
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् **(B) किरातार्जुनीयम्**
(C) नैषधीयचरितम् **(D) मेघदूतम्**

व्याख्या–
A. अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला की विदाई के अवसर पर शार्ङ्गरव कहता है-
''न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम।''
(अभि.शा. अङ्क- 4)
बुद्धिमानों के लिए कोई भी विषय अज्ञात नहीं है।

B. भारवि कृत किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में वनेचर युधिष्ठिर से कहता है कि-
''हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः।'' (किरात. 1/4)
हितकारी और मनोहारी वचन दुर्लभ होते हैं।

C. नैषधीयचरितम् के पाँचवें सर्ग में नल इन्द्र से कहता है कि-
'आर्जवं हि कुटिलेषु न नीतिः।' (नैष. 5 /103)
कुटिल (धूर्त) व्यक्ति के प्रति सरल होना यह नीति नहीं है।

D. उत्तरमेघ में यक्ष मेघ से कहता है कि -
''सूर्यापाये न खलु कमलं पुष्यति स्वामभिख्याम् ।''
(मेघदूत उत्तरमेघ श्लोक 17)
सूर्य के अस्त होनें पर कमल अपनी शोभा को नहीं प्राप्त होता है।
अतः विकल्प (B) सही है।

स्रोत- किरातार्जुनीयम् (1/4)- रामसेवक दुबे, पेज-50

10. 'अहो दुरन्ता बलवद्विरोधिता' यह उक्ति किसने कही है-
(A) भीम **(B) द्रौपदी**
(C) दुर्योधन **(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं**

व्याख्या–
A. ''अहो दुरन्ता बलवद्विरोधिता'' यह सूक्ति किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग के 23 वें श्लोक में वनेचर ने युधिष्ठिर को बताया कि दुर्योधन अर्जुन एवं भीम के पराक्रम का स्मरण कर दुःखी होता है क्योंकि वह जानता है कि ''बलवानों से किया गया विरोध दुःखान्त होता है।'' उपर्युक्त तीनों विकल्पों में कोई भी पात्र इस सूक्ति से सम्बद्धित नहीं है।
अतः विकल्प (D) सही है।

स्रोत- किरातार्जुनीयम् (1/23)- रामसेवक दुबे, पेज-98

11. 'वरं विरोधोऽपि समं महात्मभिः' किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है-
(A) उत्तररामचरितम् **(B) मेघदूतम्**
(C) किरातार्जुनीयम् **(D) कादम्बरी**

व्याख्या–

A. उत्तररामचरितम् के द्वितीय अङ्क में वासन्ती आत्रेयी से कहती है-

''लोकोत्तराणां चेतांसि को नु विज्ञातुमर्हसि।''

(उत्तर02/7)

'महापुरुषों के चित्त को भला कौन जान सकता है?'

B. पूर्वमेघ में यक्ष मेघ से कहता है कि-

''याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा।''

(मेघदूतम् 1/6)

गुणवान् व्यक्ति के विषय में याचना विफल होने पर भी कुछ अच्छा है परन्तु नीच व्यक्ति से की गई याचना सफल होने पर भी अच्छी नहीं है।

C. किरातार्जुनीयम् में वनेचर युधिष्ठिर से दुर्योधन के विषय में बताता है कि-

'' वरं विरोधोऽपि समं महात्मभिः'' (किरात. 1/8)

महात्माओं से किया गया विरोध भी श्रेयस्कर होता है।

D. कादम्बरी कथामुख के शुकशावक निपातवर्णन में शुक राजा से कहता है कि-

''किमिव हि दुष्करमकरुणानाम्।''

(कादम्बरी कथामुखम्)

करुणारहित व्यक्ति के लिए कौन सा कार्य दुष्कर है।

अतः विकल्प (C) सही है।

स्रोत- किरातार्जुनीयम् (1/8)- राजेन्द्र मिश्र, पेज-50

12. 'स्फुटता न पदैरपाकृता न च स्वीकृतमर्थगौरवम्' किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है-
(A) शिशुपालवधम् **(B) किरातार्जुनीयम्**
(C) नैषधीयचरितम् **(D) रघुवंशम्**

व्याख्या-

(A) शिशुपालवध के प्रथमसर्ग में नारद श्रीकृष्ण से कहते हैं कि-

'ऋते रवेः क्षालयितुं क्षमेत कः क्षपातमस्काण्डमलीमसं नभः।' (शिशु0 1/38)

रात्रि के अन्धकार से मलिन आकाश को सूर्य के अतिरिक्त कौन दूर करने में समर्थ है।

(B) किरातार्जुनीयम् महाकाव्य के द्वितीयसर्ग में भारवि की विशेषता इसप्रकार की गयी है-

''स्फुटता न पदैरपाकृता न च स्वीकृतमर्थगौरवम्।''

(किरात0 2/27)

आपके वचन में सुबन्त और तिङन्त पद स्पष्टार्थ को कहने वाले हैं और अर्थगाम्भीर्य कहीं अस्वीकृत नहीं हुई है।

अतः विकल्प B सही है।

(C) नैषधीयचरितम् के प्रथमसर्ग में राजा नल की विशेषता का वर्णन इस प्रकार है-

''क्व भोगमाप्नोति न भाग्यभाग्जनः।''

(नैषध. 1/102)

भाग्यशाली लोग कहाँ भोग- सामग्री नहीं प्राप्त करते हैं अर्थात् सर्वत्र प्राप्त करते हैं?

(D) रघुवंशम् के चौदहवें सर्ग में राम सीता को वन में छोड़ने का आदेश देते हैं उसी समय लक्ष्मण अपने मन में सोचते हैं कि-

''आज्ञा गुरूणां ह्यविचारणीया।'' (रघु0 14/46)

गुरुओं (श्रेष्ठजनों) की आज्ञा विचार के योग्य नहीं होती है।

स्रोत- किरातार्जुनीयम् (2/27)- रामसेवक दुबे, भू.पेज-30

13. शूद्रक अवतार था-
(A) पुण्डरीक **(B) इन्द्रायुध**
(C) वैशम्पायन **(D) चन्द्रापीड**

व्याख्या-

प्रथम जन्म	द्वितीय जन्म	तृतीय जन्म
* पुण्डरीक	वैशम्पायन	शुक
* कपिञ्जल	इन्द्रायुध	कपिञ्जल
* चन्द्रमा	चन्द्रापीड	शूद्रक
* रोहिणी	पत्रलेखा	-
* लक्ष्मी	-	चाण्डालकन्या

विशेष-

1. श्वेतकेतु का पुत्र पुण्डरीक द्वितीय जन्म में मन्त्री शुकनास के पुत्र के रूप में उत्पन्न हुआ तथा महाश्वेता के शाप के कारण शुक हो गया।
2. कपिञ्जल शाप के कारण अश्व इन्द्रायुध के रूप में हो गया पुनः शाप निवृत्ति होकर कपिञ्जल रूप में हो गया।
3. चन्द्रमा द्वितीय जन्म में राजा तारापीड के पुत्र चन्द्रापीड के रूप में पैदा हुआ तथा मित्र वैशम्पायन के शोक में प्राणत्याग कर शूद्रक के रूप में उत्पन्न हुआ।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-438

14. संस्कृत साहित्य में अर्थगौरव के लिए प्रसिद्ध हैं-
(A) श्रीहर्ष **(B) माघ**
(C) भारवि **(D) दण्डी**

व्याख्या–

* 'श्रीहर्ष' के 'नैषधीयचरितम्' की प्रशंसा में किसी विद्वान् ने कहा है कि-
'उदिते नैषधे काव्ये क्व माघः क्व च भारविः।'
अर्थात् श्रीहर्ष द्वारा नैषधीयचरितम् लिखे जाने पर भारवि और माघ का भी स्थान नहीं ठहरता।।
* महाकवि माघ उपमा, अर्थगौरव एवं पदलालित्य इन तीनों गुणों में सिद्धहस्त हैं। इन कवियों की प्रशंसा में उद्भट ने लिखा है-
''उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।
दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयो गुणाः।।''
संस्कृत साहित्य में कालिदास उपमा के लिए प्रसिद्ध हैं।
* संस्कृत साहित्य में महाकवि भारवि 'अर्थगौरव' के लिए प्रसिद्ध हैं।
* संस्कृत साहित्य में महाकवि दण्डी पदलालित्य के लिए प्रसिद्ध हैं। जबकि माघ में ये तीनों गुण विद्यमान हैं।

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत- किरातार्जुनीयम्- राजेन्द्र मिश्र, पेज-24

15. ध्वन्यालोक किसकी रचना है?
(A) रुद्रट **(B) राजशेखर**
(C) अभिनवगुप्त **(D) आनन्दवर्धन**

व्याख्या–

लेखक	ग्रन्थ
रुद्रट	काव्यालङ्कार
राजशेखर	काव्यमीमांसा
अभिनवगुप्त	अभिनवभारती (नाट्यशास्त्र की टीका)
आनन्दवर्धन	ध्वन्यालोक

अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण- अभिराजराजेन्द्र मिश्र, पेज-22

16. 'पृथ्वीराजविजयम्' किसकी रचना है?
(A) अश्वघोष **(B) चण्डकवि**
(C) जयदेव **(D) हर्षदेव**

व्याख्या-

ग्रन्थ	ग्रन्थकार	काव्यविधा
A. बुद्धचरितम्	अश्वघोष	महाकाव्य
B. पृथ्वीराजविजयम्	चण्डकवि	नाटक
C. प्रसन्नराघवम्	जयदेव	नाटक
D. नागानन्द	हर्षवर्धन	नाटक

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-255

17. 'स्वर्गारोहण' किसकी रचना है?
(A) पतञ्जलि **(B) पाणिनि**
(C) वररुचि **(D) बाणभट्ट**

व्याख्या–

ग्रन्थ	ग्रन्थकार
A. पतञ्जलि	महाभाष्य, योगसूत्र
B. पाणिनि	अष्टाध्यायी
C. वररुचि (कात्यायन)	स्वर्गारोहण
D. बाणभट्ट	कादम्बरी

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 254

18. महावीरचरितम् किसकी रचना है?
(A) कालिदास **(B) शूद्रक**
(C) भवभूति **(D) अश्वघोष**

व्याख्या–

ग्रन्थकार	ग्रन्थ	काव्यविधा
A. कालिदास	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	नाटक
B. शूद्रक	मृच्छकटिकम्	प्रकरण
C. भवभूति	महावीरचरितम्	नाटक
D. अश्वघोष	सौन्दरानन्द	महाकाव्य

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-395

19. प्रबोधचन्द्रोदय किसका नाटक है?
(A) राजशेखर **(B) कृष्णमिश्र**
(C) दिङ्नाग **(D) मुरारि**

व्याख्या–

ग्रन्थकार	ग्रन्थ	विभाजन
A. राजशेखर	काव्यमीमांसा	5 अध्याय
B. कृष्णमिश्र	प्रबोधचन्द्रोदय	6 अङ्क
C. दिङ्नाग	कुन्दमाला	7 अङ्क
D. अश्वघोष	सौन्दरानन्द	18 सर्ग

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी,पेज-452

20. नाट्यशास्त्र किसकी रचना है?
(A) भरतमुनि (B) मम्मट
(C) विश्वनाथ (D) जगन्नाथ

व्याख्या–

	आचार्य	ग्रन्थ	विभाजन
A.	भरतमुनि	नाट्यशास्त्र	36 अध्याय
B.	मम्मट	काव्यप्रकाश	10 उल्लास
C.	विश्वनाथ	साहित्यदर्पण	10 परिच्छेद
D.	जगन्नाथ	रसगङ्गाधर	4 आनन

अतः विकल्प 'A' सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-263

21. आचार्य मम्मट के अनुसार काव्य के कितने प्रयोजन हैं?
(A) चार (B) पाँच
(C) छः (D) सात

व्याख्या–
आचार्य मम्मट 'काव्यप्रकाश' के प्रथमोल्लास में काव्य के छः प्रयोजन बताये हैं 1.यशप्राप्ति 2. अर्थ (धन) प्राप्ति 3. व्यवहार ज्ञान के लिए 4. अकल्याण का नाश 5. शीघ्र आनन्द प्राप्ति एवं 6. कान्ता के समान उपदेश प्रदान करने वाला।

काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे॥
(का0 प्र0 1/2)

विशेष- इन षड् प्रयोजनों में 'सद्यः परनिर्वृत्ति' को 'सकलप्रयोजनमौलिभूतम्' (सभी प्रयोजनों में मुख्य) कहा जाता है।

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (1/2) आचार्य विश्वेश्वर, पेज-10

22. 'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि' से सम्बन्धित आचार्य हैं-
(A) विश्वनाथ (B) मम्मट
(C) भामह (D) जगन्नाथ

व्याख्या–

A. विश्वनाथ- साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं-
वाक्यं रसात्मकं काव्यम् (सा.द.1.3)
(रसात्मक वाक्य को काव्य कहते हैं।)

B. मम्मट- आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्य का लक्षण करतें हैं-
'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि'
(काव्यप्रकाश सूत्र-1)
दोषों से रहित, गुणों से युक्त, यदि कहीं पर अलङ्कार न भी हो तो शब्द और अर्थ की समष्टि को काव्य कहा जाता है।

C. भामह- आचार्य भामह प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करतें हैं-
'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' (काव्यालङ्कार सूत्र-1.16)
शब्द और अर्थ से सहित वाक्य को काव्य कहते हैं।

D. जगन्नाथ- पण्डितराज जगन्नाथ ने रसगंगाधर के प्रथम आनन में काव्य का लक्षण इस प्रकार करते हैं-
'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।'
(रसगंगाधर प्रथम आनन-1)
रमणीय अर्थ का प्रतिपादन करने वाला शब्द काव्य है।

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (1/2) – आचार्य विश्वेश्वर, पेज-19

23. संकेतिक अर्थ की बोधक शक्ति है-
(A) तात्पर्या (B) अभिधा
(C) लक्षणा (D) व्यञ्जना

व्याख्या–
शब्द शक्तियों का विवेचन काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में किया गया है-

A. तात्पर्या - तात्पर्यार्थोऽपि केषुचित्
(काव्यप्रकाश सूत्र-7)
अभिहितान्वयवादी के मत में तात्पर्या भी एक शब्दशक्ति है ऐसा मीमांसकों का मत है।

B. अभिधा-'' स मुख्योऽर्थस्तत्र मुख्यो व्यापारोऽस्याभिधोच्यते
(काव्यप्रकाश सूत्र-11)
वह साक्षात्संकेतित अर्थ ही मुख्यार्थ है जो उस साक्षात्संकेतित अर्थ के विषय में इस वाचक शब्द का मुख्य व्यापार या वृत्ति है वह अभिधा शक्ति है-
साक्षात्सङ्केतितं योऽर्थमभिधत्ते स वाचकः।
(काव्यप्रकाश सूत्र-9)
जो साक्षात् सङ्केत किये गए अर्थ को कहता है वह वाचक शब्द है।

अतः विकल्प B सही है।

C. लक्षणा- मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात्
अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रिया।
(का0प्र0 सूत्र-12)
मुख्य अर्थ का बाध होने पर तथा उस मुख्यार्थ के साथ सम्बन्ध होने पर प्रसिद्धिवश अथवा प्रयोजन से जिस शब्दवृत्ति के द्वारा अन्य अर्थ की प्रतीति होती है वह शब्द में कल्पितवृत्ति या व्यापार लक्षणा है।

D. व्यञ्जना-

यस्य प्रतीतिमाधातुं लक्षणा समुपास्यते॥
फले शब्दैकगम्येऽत्र व्यञ्जनान्नापरा क्रिया॥

(काव्यप्रकाश सूत्र-23)

जिस शैत्यपावनत्वादि प्रयोजन की प्रतीति को उत्पन्न करने के लिए लक्षणा का आश्रय लिया जाता है केवल लाक्षणिक शब्द से ही गम्य उस प्रयोजन रूप फल की प्रतीति में व्यञ्जना के अतिरिक्त अन्य कोई व्यापार नहीं है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (1/2) – आचार्य विश्वेश्वर, पेज-50

24. 'गङ्गायां घोषः' का लक्ष्यार्थ है-
(A) गङ्गातटे घोषः
(B) घोषप्रान्तवाहिन्यां गङ्गायाम्
(C) घोषे शीतत्वं पावनत्वम्
(D) गङ्गाजलप्रवाहे घोषः

व्याख्या–

आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में शब्द की तीन शक्तियों का विवचेन करते हैं-
अभिधा शक्ति से अभिधेयार्थ या वाच्यार्थ, लक्षणा शक्ति से लक्ष्यार्थ तथा व्यञ्जनाशक्ति से व्यङ्ग्यार्थ की प्रतीति होती है।

* 'गङ्गायां घोषः' में गङ्गा पद का मुख्यार्थ भगीरथखातावच्छिन्न जलप्रवाह है घोष का अर्थ है 'कुटिया' यहाँ पर जलप्रवाह कुटिया का आधार नहीं बन सकता अतः यहाँ पर मुख्यार्थ का बाध होता है।
* गङ्गा के साथ तट का सामीप्य सम्बन्ध होने पर ''गङ्गातटे घोषः'' इत्यादि के प्रयोग से अलभ्य शैत्य पावनत्वादि धर्मों की प्रतीति स्वरूप प्रयोजन से मुख्य गङ्गा का प्रवाह रूप अर्थ से अमुख्य तीरादि जो लक्षित होता है वह शब्द का व्यवहितार्थ विषयक आरोपित शब्द व्यापार लक्षणा है। 'गङ्गायां घोषः' लक्षणलक्षणा का उदाहरण है। इसप्रकार 'गङ्गायां घोषः' का लक्ष्यार्थ 'गङ्गातटे घोषः' ही होगा।

अतः विकल्प `A' सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (1/2) – आचार्य विश्वेश्वर, पेज-61

25. 'राम-लक्ष्मणौ' व्यञ्जक है-

(A) संयोग	**(B) विरोधिता**
(C) साहचर्य	**(D) अर्थ**

व्याख्या-

आचार्य मम्मट व्यञ्जना की चर्चा काव्यप्रकाश के द्वितीय उल्लास में करते हैं-

A. संयोग- सशंखचक्रो हरिः। (शंख-चक्र के साथ हरि)

B. विरोधिता- रामार्जुनगतिस्तयोः। (यहाँ विरोधिता वाच्यार्थ का नियामक है। इसीकारण राम शब्द का वाच्यार्थ परशुराम तथा अर्जुन का कार्त्तवीर्य हो, क्योंकि परशुराम तथा कार्त्तवीर्य की शत्रुता पुराणादि में प्रसिद्ध है।)

C. साहचर्य- रामलक्ष्मणौ। (यहाँ राम शब्द के बलराम, परशुराम आदि अनेक अर्थ होते हैं,लेकिन राम और लक्ष्मण के साहचर्य से राम शब्द दशरथ पुत्र राम का वाचक हो जाता है। उसीप्रकार लक्ष्मण शब्द, सारस, दुर्योधन पुत्र आदि अनेकार्थक में भी समझना चाहिए।)

D. अर्थ- स्थाणुं भज भवच्छिदे। (यहाँ स्थाणु शब्द के लिये ठूंठ, संकु, रुद्र आदि अनेक अर्थ हैं किन्तु अर्थ अर्थात् फल या प्रयोजन की दृष्टि से 'स्थाणु' शब्द का अर्थ है शिव)

विशेष- 'राम-लक्ष्मणौ' इस प्रयोग में साहचर्य के कारण राम और लक्ष्मण दोनों शब्दों का 'दशरथ पुत्र' में नियन्त्रण होता है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (1/2) - आचार्य विश्वेश्वर, पेज-78

26. 'सशङ्खचक्रो हरिः' में व्यञ्जना है-

(A) संयोग	**(B) प्रकरण**
(C) लिङ्ग	**(D) विप्रयोग**

व्याख्या–

आचार्य मम्मट ने व्यञ्जना का उल्लेख काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में करते हैं-

A. संयोग- 'सशंखचक्रो हरिः।' (शंख-चक्र के साथ हरि) यहाँ शंख और चक्र का विष्णु के साथ सम्बन्ध होने से हरि शब्द विष्णु अर्थ में नियन्त्रित हो जाता है।

B. प्रकरण- 'सर्वं जानाति देवः' (देव सब जानते हैं) यहाँ प्रकरण शब्द का अर्थ है प्रसङ्ग, सन्दर्भ अथवा वक्ता श्रोता की बुद्धि में किसी बात का होना।

C. लिङ्ग 'कुपितो मकरध्वजः' (मकरध्वज कुपित हो रहा है) यहाँ लिङ्ग शब्द का अर्थ है चिह्न विशेष संयोग से भिन्न सम्बन्ध द्वारा दूसरे पक्ष की व्यावृत्ति कराने वाला धर्म अथवा असाधारण धर्म)

D. विप्रयोग-'अशङ्खचक्रो हरिः' (शंख चक्र से रहित हरि) यहाँ विभाग अथवा प्रसिद्ध सम्बन्ध का अभाव नियामक तत्त्व के हरि शब्द का अर्थ है विष्णु।

विशेष- शङ्ख-चक्र सहित हरि ('सशङ्खचक्रो हरिः') यहाँ संयोग के कारण हरि शब्द अच्युत (विष्णु) अर्थ में नियन्त्रित होता है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-78

27. किसी प्रकृत अर्थात् प्रस्तुत वस्तु की अप्रस्तुत वस्तु के रूप में सम्भावना प्रकट करने पर अलङ्कार होता है-
(A) अनुप्रास (B) श्लेष
(C) उत्प्रेक्षा (D) यमक

व्याख्या-
अलङ्कार की चर्चा आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के 9वें, 10वें उल्लास में करते हैं-

A. अनुप्रास- 'वर्णसाम्यमनुप्रासः' (का.प्र. सू.- 104) वर्णों की समानता (आवृत्ति) का नाम अनुप्रास है।
उदाहरण-
ततोऽरुणपरिस्पन्दमन्दीकृतवपुः शशी।
दध्रेकामपरिक्षामकामिनीगण्डपाण्डुताम्।।

B. श्लेष-
'वाच्यभेदेन भिन्ना यद् युगपद् भाषणस्पृशः।
शिलष्यन्ति शब्दाःश्लेषोऽसावक्षरादिभिरष्टधा।।
(का.प्र. सू.- 118)
अर्थभेद होने से भिन्न शब्द एक साथ उच्चारण के कारण जब मिलकर एक हो जाते हैं तब वहाँ श्लेष नामक शब्दालङ्कार होता है।
उदाहरण-
पृथुकार्त्तस्वरपात्रं भूषितनिःशेषपरिजनं देव।
विलसत्करेणुगहनं सम्प्रति सममावयोः सदनम्।।
(का.प्र.पेज-446)

C. उत्प्रेक्षा- सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्
(का.प्र.सू.-137)
किसी प्रकृत (उपमेय) की अप्रस्तुत (उपमान) के साथ सम्भावना उत्प्रेक्षा कहलाती है।
उदाहरण-
लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्विफलतां गता।।

D. यमक- अर्थे सत्यर्थभिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः यमकम्। (का.प्र.सूत्र-116)
अर्थ होने पर भिन्नार्थक वर्णों की उसी क्रम से पुनः श्रवण यमक नामक शब्दालङ्कार कहलाता है।
उदाहरण-
सन्नारीभरणोमायमाराध्य विधुशेखरम्।
सन्नारीभरणोऽमायस्ततस्त्वं पृथिवीं जय।।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- छन्दोऽलङ्कारसौरभम्- राजेन्द्र मिश्र, पेज-69

28. अध्यवसाय की सिद्धि होने पर अलङ्कार होता है-
(A) स्वभावोक्ति (B) रूपक
(C) अतिशयोक्ति (D)काव्यलिङ्ग

व्याख्या-

A. स्वभावोक्ति-
'स्वभावोक्तिस्तु डिम्भादेः स्वक्रियारूपवर्णनम्'
(का.प्र. सूत्र-167)
बालक आदि की अपनी स्वाभाविक क्रिया अथवा रूप का वर्णन स्वभावोक्ति अलङ्कार कहलाता है।
उदाहरण- पश्चादंघ्री प्रसार्य त्रिकनतिविततं...........।

B. रूपक- 'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः।'
(का.प्र.सू.-138)
उपमान और उपमेय का जो अभेद वर्णन है वह रूपक अलङ्कार है।
उदाहरण-
यस्य रणान्तः पुरे करे कुर्वतो मण्डलाग्रलताम् ।
रससम्मुख्यपि सहसा पराङ्मुखी भवति रिपुसेना।।

C. अतिशयोक्ति-
निगीर्याध्यवसानन्तु प्रकृतस्य परेण यत्।
प्रस्तुतस्य यदन्यत्वं यद्यर्थोक्तौ च कल्पनम्।।
कार्यकारणयोर्यश्च पौर्वापर्यविपर्ययः।
विज्ञेयाऽतिशयोक्तिः सा (का.प्र. सूत्र-152)
अध्यवसाय की सिद्धि होने पर अतिशयोक्ति अलङ्कार होता है। यह कार्यकारण एवं पौर्वापर्यादि भेद से चार प्रकार का होता है।

D. काव्यलिङ्ग- 'काव्यलिङ्गं हेतोर्वाक्यपदार्थता'
(का.प्र. सूत्र-173)
हेतु का वाक्यार्थ अथवा पदार्थ रूप में कथन काव्यलिङ्ग अलङ्कार होता है।
उदाहरण-
वपुःप्रादुर्भावादनुमितमिदं जन्मनि पुरा
पुरारे! न प्रायः क्वचिदपि भवन्तं प्रणतवान्।
नमन्मुक्तः सम्प्रत्यहमतनुरग्रेऽप्यनतिभाक्
महेश! क्षन्तव्यं तदिदमपराधद्वयमपि।।
अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत- छन्दोऽलङ्कारसौरभम्- राजेन्द्र मिश्र, पेज-71

29. उपमान की अपेक्षा उपमेय की अधिकता या न्यूनता का वर्णन होने पर अलङ्कार होता है-
(A) भ्रान्तिमान् (B) व्यतिरेक
(C) अपह्नुति (D) दृष्टान्त

व्याख्या-

(A) भ्रान्तिमान्- 'भ्रान्तिमानन्यसंवित् तत्तुल्यदर्शने।'
(का.प्र.सूत्र 10/199)
उस अन्य अप्राकरणिक वस्तु के समान प्राकरणिक वस्तु के देखने पर जो अन्य अप्राकरणिक अर्थ का भान होता है वह

भ्रान्तिमान् अलङ्कार कहलाता है।

उदाहरण- कपाले मार्जारः पय इति करान्................।

(B) व्यतिरेक-

'उपमानाद् यदन्यस्य व्यतिरेकः स एव सः'।

(का.प्र. सूत्र- 158)

उपमान से उपमेय का आधिक्य वर्णन ही व्यतिरेक अलङ्कार होता है अर्थात् जहाँ उपमान की अपेक्षा उपमेय की अधिकता या न्यूनता का वर्णन हो।

उदाहरण-

क्षीणः क्षीणोऽपि शशी भूयो भूयोऽभिवर्धते सत्यम्।
विरम प्रसीद सुन्दरि! यौवनमनिवर्ति यातं तु।।

अतः विकल्प `B' सही है।

(C) अपह्नुति-

'प्रकृतं यन्निषिध्यान्यत्साध्यते सा त्वपह्नुतिः।

(का.प्र. सूत्र- 145)

जहाँ प्रकृति (उपमेय) का निषेध करके जो अन्य (उपमान) की सिद्धि की जाती है वह अपह्नुति अलङ्कार कहलाता है

अवाप्तः प्रागल्भ्यं परिणतरुचः शैलतनये.............

(D) दृष्टान्त-

'दृष्टान्तः पुनरेतेषां सर्वेषां प्रतिबिम्बनम्।'

(का.प्र. सूत्र- 154)

उपमान, उपमेय, उनके विशेषण और साधारण धर्म आदि का बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव होने पर दृष्टान्तालङ्कार होता है।

उदाहरण-

त्वयि दृष्ट एव तस्या निर्वाति मनो मनोभवज्वलितम् ।
आलोके हि हिमांशोर्विकसति कुसुमं कुमुद्वत्याः।।

स्रोत-छन्दोलङ्कारसौरभम्- राजेन्द्र मिश्र, पेज-75

30. 'कमलमिव मनोज्ञं मुखम्' में कौन सा अलङ्कार है-

(A) उपमा **(B) रूपक**
(C) उत्प्रेक्षा **(D) यमक**

व्याख्या-

A. उपमा-

'साधर्म्यमुपमा भेदे' (का0प्र0सूत्र- 124)

उपमान तथा उपमेय का भेद होने पर दोनों के सादृश्य का वर्णन उपमा अलङ्कार है।

उदाहरण-''कमलमिव मुखं मनोज्ञमेतत् कचतितराम''

यह श्लेष उपमा की प्रतीति की उत्पत्ति का हेतु नहीं है, अपितु उपमा ही श्लेष की आभास प्रतीति का उत्पादक है जैसे कि 'कमल के समान सुन्दर यह मुख दीप्त हो रहा है इत्यादि में गुण, साम्य, क्रियासाम्य, अथवा उभयसाम्य के कारण उपमा है।

अतः विकल्प 'A' सही है।

B. रूपक-

'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः।'

(का.प्र. सूत्र- 138)

जो उपमान तथा उपमेय का अभेद का आरोप है उसे रूपक कहते हैं।

उदाहरण- सौन्दर्यस्य तरङ्गिणी तरुणिमोत्कर्षस्य हर्षोद्गमः......।

C. उत्प्रेक्षा-

'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्'

(का.प्र.सूत्र-136)

जहाँ उपमेय की उपमान के साथ सम्भावना की जाती है वह उत्प्रेक्षा है।

उदाहरण-

उन्मेषं यो मम न सहते जातिवैरी निशायाम्...........।

D. यमक- **'अर्थे सत्यर्थभिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः यमकम्।'** (का.प्र.सूत्र- 116)

अर्थ होने पर भिन्न-भिन्न अर्थ वाले वर्णों की पूर्वक्रम से पुनः आवृत्ति यमक अलङ्कार कहलाता है।

उदाहरण-

विनायमेनो नयताऽसुखादिना विना यमेनोनयता सुखादिना।
महाजनोऽदीयत मानसादरं महाजनोदी यतमानसादरम्।।

स्रोत- काव्यप्रकाश- पारसनाथ द्विवेदी, पेज-527

31. 'नवपलाशपलाशवनं पुरःस्फुटपराग-परागत-पङ्कजम्' में अलङ्कार है-

(A) अनुप्रास **(B) यमक**
(C) श्लेष **(D) उत्प्रेक्षा**

व्याख्या-

A. अनुप्रास-

'अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत्'

(सा.द.10/3)

स्वर की विषमता रहने पर भी शब्द अर्थात् पद, पदांश के साम्य को अनुप्रास कहते हैं। स्वर की समानता हो चाहे न हो परन्तु अनेक व्यञ्जन जहाँ एक से मिल जायँ वहाँ अनुप्रास अलङ्कार होता है।

उदाहरण-आदाय बकुलगन्धानन्धीकुर्वन्पदे पदे भ्रमरान्।
अयमेति मन्दमन्दं कावेरीवारिपावनः पवनः।।

B. यमक-

'सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यञ्जनसंहतेः।
क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते।।'

(सा.द. 10/8)

यदि अर्थवान् हो तो भिन्न अर्थ वाले, स्वर व्यञ्जन समुदाय की उसी क्रम से आवृत्ति को यमक कहते हैं।

उदाहरण-

नवपलाश पलाशवनं पुरः स्फुटपराग-परागतपङ्कजम्।
मृदुल तान्त-लतान्तमलोकयत्स सुरभिं सुरभिं सुमनोभरैः।।

जिसमें पलाशों का वन नवीन पलाश (पत्तों से युक्त हो गया है और कमल बढ़े हुए पराग (पुष्पराज) से 'परागत' (युक्त) हो गये हैं एवं लतान्त जिसमें मृदुल और तान्त (विस्तृत) हो गये हैं पुष्पों की अधिकता से सुरभि उस सुरभि को श्रीकृष्ण ने रैवतक पर्वत पर देखा।

अतः विकल्प 'B' सही है।

C. श्लेष- 'श्लिष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष इष्यते' (सा.द. 10.11)

श्लिष्ट पदों से अनेक अर्थों का अभिधान होने पर श्लेष अलङ्कार होता है ।

उदाहरण-

प्रतिकूलतामुपगते हि विधौ विफलत्वमेति बहुसाधनता।
अवलम्बनाय दिनभर्तुरभून्न पतिष्यतः करसहस्रमपि।।

D. उत्प्रेक्षा-

**'भवेत्सम्भावनोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परात्मना।
वाच्या प्रतीयमाना सा प्रथमं द्विविधा मता।।'** (सा.द.10/40)

किसी प्रस्तुत वस्तु की अप्रस्तुत के रूप में सम्भावना करने को उत्प्रेक्षा कहते हैं ।

उदाहरण-

उरुः कुरङ्गकदृशश्चञ्चलचेलाञ्चलो भाति।
सपताकः कनकमयो विजयस्तम्भः स्मरस्येव।।

स्रोत- साहित्यदर्पण (10.8) शालिग्राम शास्त्री, पेज-280

**32. योऽसकृत्परगोत्राणां पक्षच्छेदक्षणक्षमः।
शतकोटिदतां विभ्रद्विबुधेन्द्रः स राजते।। में अलङ्कार है?**

(A) उपमा	**(B) रूपक**
(C) श्लेष	**(D) यमक**

व्याख्या-

आचार्य मम्मट ने काव्यप्रकाश के नवम एवं दशम उल्लास में अलङ्कार का लक्षण किया है-

A. उपमा- 'साधर्म्यमुपमा भेदे।' (का.प्र.सूत्र-124)

उपमान तथा उपमेय का भेद होने पर दोनों के सादृश्य का वर्णन उपमा अलङ्कार है।

उदाहरण-

स्वप्नेऽपि समरेषु त्वां विजयश्रीर्न मुञ्चति।
प्रभावप्रभवं कान्तं स्वाधीनपतिका यथा।।

उपमा के भेद- पूर्णोपमा तथा लुप्तोपमा उपमा के भेद हैं। पूर्णोपमा के 6 भेद तथा लुप्तोपमा के 19 भेद हैं।

B. रूपक- 'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः।' (का.प्र.सूत्र-138)

रूपक जो उपमान तथा उपमेय के अभेद का आरोप है उसे रूपक कहते हैं।

उदाहरण-

ज्योत्स्नाभस्मच्छुरणधवला बिभ्रती तारकास्थी।।

C. श्लेष-

**'वाच्यभेदेन भिन्ना यद् युगपद्भाषणस्पृशः।
श्लिष्यन्ति शब्दाः, श्लेषोऽसावक्षरादिभिरष्टधा।।'** (का.प्र.सूत्र-118)

अर्थ भेद से भिन्न-भिन्न शब्द जब एक साथ उच्चारण के विषय होने से एक रूप प्रतीत होते हैं, वह श्लेष अलङ्कार है तथा वह अक्षर आदि भेद से आठ प्रकार का होता है-

उदाहरण-योऽसकृत्परगोत्राणां पक्षच्छेदक्षणक्षमः।
शतकोटिदतां बिभ्रद्विबुधेन्द्रः स राजते।।

जो इन्द्र बार-बार श्रेष्ठ पर्वतों के क्षण भर में पंख काटने में समर्थ है, वज्र नामक अस्त्र विशेष से असुर विनाश की क्षमता को धारण करता हुआ देवराज इन्द्र सुशोभित होता है।

* यहाँ पर प्रकरणादि द्वारा अर्थ का नियम न होने से दोनों ही अर्थ वाच्य है अतः यहाँ पर श्लेष अलङ्कार है।

D. यमक- 'अर्थे सत्यर्थ भिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः यमकम्।' (का.प्र.सूत्र-116)

अर्थ होने पर भिन्न-भिन्न अर्थ वाले वर्णों की पूर्वक्रम से पुनः आवृत्ति यमक अलङ्कार कहलाता है।

उदाहरण-

विनायमेनो नयताऽसुखादिना विना यमेनोनयता सुखादिना।
महाजनोऽदीयत मानसादरं महाजनोदी यतमानसादरम्।।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- छन्दोलङ्कारसौरभम्- राजेन्द्र मिश्र, पेज-63

33. 'सैषा स्थली यत्र विचिन्विता त्वां भ्रष्टं मया नूपुरमेकमुर्व्याम्' में अलङ्कार है-

(A) उपमा **(B) दृष्टान्त**
(C) उत्प्रेक्षा **(D) श्लेष**

व्याख्या-

A. उपमा-

'साम्यं वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्य उपमा द्वयोः।'

(सा.द. 10.14)

एक वाक्य में दो पदार्थों के वैधर्म्य रहित वाच्य सादृश्य को उपमा कहते हैं।

उदाहरण- मधुरः सुधावदधरः पल्लवतुल्योऽतिपेलवः पाणिः। चकितमृगलोचनाभ्यां सदृशी चपले च लोचने तस्याः।।

B. दृष्टान्त-

'दृष्टान्तस्तु सधर्मस्य वस्तुनः प्रतिबिम्बनम्।।'

(सा.द.-10.50)

दो वाक्यों में धर्मं सहित वस्तु अर्थात् उपमानोपमेय के प्रतिबिम्ब को दृष्टान्त अलङ्कार कहते हैं।

उदाहरण-

अविदितगुणापि सत्कविभणितिः कर्णेषु वमति मधुधाराम्।
अनधिगतपरिमलापि हि हरति दृशं मालती माला।।

C. उत्प्रेक्षा-

**'भवेत्सम्भावनोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परात्मना।
वाच्या प्रतीयमाना सा प्रथमं द्विविधा मता।।'**

(सा.द.10/40)

किसी प्रस्तुत वस्तु की अप्रस्तुत के रूप में सम्भावना करने को उत्प्रेक्षा कहते हैं।

उदाहरण- सैषा स्थली यत्र विचिन्वता त्वां भ्रष्टं मया नूपुरमेकमुर्व्याम् लङ्का से लौटते समय पुष्पक विमान पर बैठे हुए श्रीरामचन्द्रजी ने सीता से कहा है- यह वह स्थान है जहाँ तुम्हें ढूँढते हुए मैने तुम्हारे पैर में से पृथ्वी पर गिरा हुआ एक नूपुर देखा था। यह हेतूत्प्रेक्षा का उदाहरण है।

अतः विकल्प `C' सही है।

D. श्लेष-

'श्लिष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष इष्यते।'

(सा.द.10.11)

श्लिष्ट पदों से अनेक अर्थों का अभिधान होने पर श्लेष अलङ्कार होता है। वर्ण, प्रत्यय, लिङ्ग, प्रकृति, पद, विभक्ति, वचन, भाषा के भेद से श्लेष के आठ भेद हैं।

उदाहरण- अयं सर्वाणि शास्त्राणि हृदि ज्ञेषु च वक्ष्यति। सामर्थ्यकृदमित्राणां मित्राणां च नृपात्मजः।।

स्रोत- छन्दोलङ्कारसौरभम्- राजेन्द्र मिश्र, पेज-70

34. आचार्य विश्वनाथ की काव्य पारिभाषिक शब्दावली है-

(A) रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्
(B) वाक्यं रसात्मकं काव्यम्
(C) वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्
(D) तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि

व्याख्या-

विभिन्न काव्यशास्त्रियों ने अपने ग्रन्थों में काव्य का लक्षण निम्न रूपों में करते हैं

A. जगन्नाथ– (17 वीं शताब्दी)

'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।'

अर्थात् रमणीय अर्थ का प्रतिपादक शब्द काव्य कहलाता है।

B. विश्वनाथ- (14 वीं शताब्दी)

'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्।'

रसात्मक वाक्य ही काव्य है।

C. कुन्तक- (11 वीं शताब्दी)

'वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्।'

वक्रोक्ति ही काव्य की आत्मा है।

D. मम्मट (12वीं शताब्दी)

'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणा-वनलङ्कृती पुनः क्वापि।'

दोषों से रहित गुणों से युक्त यदि कहीं पर अलंकार न भी हो तो शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य है।

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-27

35. साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद का नाम है-

(A) काव्यदोष निरूपण
(B) काव्यस्वरूप निरूपण
(C) काव्यप्रयोजन निरूपण
(D) काव्यलक्षण निरूपण

व्याख्या-

आचार्य विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण का विभाजन निम्नलिखित प्रकार से करते हैं-

	विभाजन		वर्णन
1.	प्रथम परिच्छेद	-	**काव्यस्वरूप**
2.	द्वितीय परिच्छेद	-	**वाक्यस्वरूप**
3.	तृतीय परिच्छेद	-	**रसादिनिरूपण**
4.	चतुर्थ परिच्छेद	-	**ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्य**
5.	पञ्चम परिच्छेद	-	**व्यञ्जनावृत्ति**
6.	षष्ठ परिच्छेद	-	**दृश्यश्रव्यकाव्यनिरूपण**
7.	सप्तम परिच्छेद	-	**दोषनिरूपण**
8.	अष्टम परिच्छेद	-	**गुणनिरूपण**
9.	नवम परिच्छेद	-	**रीतिनिरूपण**
10.	दशम परिच्छेद	-	**शब्दार्थालङ्कारनिरूपण**

अतः विकल्प `B' सही है।

36. अलङ्कार सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य हैं-

(A) कुन्तक **(B) वामन**
(C) भामह **(D) क्षेमेन्द्र**

व्याख्या-

विभिन्न आचार्यों ने काव्य की आत्मा को निम्न रूपों में स्वीकार किया है-

A. कुन्तक– (वक्रोक्ति) 'वक्रोक्ति काव्यजीवितम्' वक्रोक्ति ही काव्य का जीवन आत्मा है।

B. वामन- (रीति) 'रीतिरात्मा काव्यस्य' रीति ही काव्य की आत्मा है।

C. भामह- (अलङ्कार) 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्'। (काव्यालङ्कार 1.16) शब्द और अर्थ दोनों का सहभाव ही काव्य है।

D. क्षेमेन्द्र- (औचित्य) 'औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्यजीवितम्' (औचित्यविचारचर्चा -5) शृङ्गारादि रसों से प्रसिद्ध काव्य का जीवन औचित्य ही है।

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, भू.पेज-16

37. 'प्रकृति छन्द' में अक्षरों की संख्या होती है-

(A) 32 **(B) 44**
(C) 48 **(D) 84**

व्याख्या-

छन्द	वर्णों की संख्या
* अनुष्टुप्	08 X 4 = 32
* इन्द्रवज्रा	11 X 4 = 44
* उपेन्द्रवज्रा	11 X 4 = 44
* उपजाति	11 X 4 = 44
* रथोद्धता	11 X 4 = 44
* शालिनी	11 X 4 = 44
* स्वगता	11 X 4 = 44
* वंशस्थ	12 X 4 = 48
* द्रुतविलम्बित	12 X 4 = 48
* त्रोटक	12 X 4 = 48
* भुजङ्गप्रयात	12 X 4 = 48
* प्रकृति (स्रग्धरा)	21 X 4 = 84

अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत- वैदिक साहित्य का इतिहास- पारसनाथ द्विवेदी, पेज-190

38. नाटकों में विष्कम्भक का प्रयोग होता है-

(A) प्रारम्भ में **(B) अन्त में**
(C) मध्य में **(D) कहीं पर भी**

व्याख्या–

* नाटकों के प्रारम्भ में होने वाले अथवा व्यतीत हो चुके कथा के अंशों का सूचक, संक्षिप्त अर्थ वाला तथा मध्यम श्रेणी के पात्रों द्वारा प्रयुक्त अर्थोपक्षेपक 'विष्कम्भक' कहा गया है। यह शुद्ध तथा संकीर्ण के भेद से दो प्रकार का होता है-

''वृत्तवर्त्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः।
संक्षेपार्थस्तु विष्कम्भो मध्यपात्रप्रयोजितः॥''

(दशरूपक-1/59)

* विष्कम्भक की तरह भूत एवं भावी कथा को जोड़ने वाला नीच पात्रों द्वारा निम्नभाषा से प्रयुक्त, दो अङ्कों के मध्य में स्थित, शेष अर्थ का सूचक 'प्रवेशक' कहा गया है।

तद्वदेवानुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः।
प्रवेशोऽङ्कद्वयस्यान्तः शेषार्थस्योपसूचकः॥

(दशरूपक 1/ 60)

इस प्रकार नाटकों में विष्कम्भक का प्रयोग अङ्क के प्रारम्भ में एवं प्रवेशक का प्रयोग दो अङ्कों के मध्य होता है।

अतः विकल्प `A' सही है।

स्रोत- दशरूपक(1/59)- रमाशंकर त्रिपाठी, पेज-99

39. नाटकों में प्रवेशक की भाषा होती है-
(A) संस्कृत
(B) प्राकृत
(C) संस्कृत एवं प्राकृत दोनों
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या–

A. नाटकों में उत्तम श्रेणी के पुरुष पात्रों की भाषा संस्कृत ही होती है। जैसे- राजा, मन्त्री, पुरोहित, आदि।

B. संस्कृत नाटकों में 'प्रवेशक' की भाषा प्राकृत ही होती है, क्योंकि प्रवेशक नामक अर्थोपक्षेपक में निम्न श्रेणी के पात्र होते हैं। यह दो अङ्कों के मध्य प्रयुक्त होता है। जैसे-चोर, व्याध, सेविका, सेवक आदि।

तद्वदेवानुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः

(दशरूपक 1/60)

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत- दशरूपक (1.60)- रमाशंकर त्रिपाठी, पेज-100

40. 'विक्रमोर्वशीयम्' का विदूषक है-
(A) माणवक **(B) मैत्रेय**
(C) वसन्तक **(D) माधव्य**

व्याख्या–

रूपक	विदूषक	ग्रन्थकार
A. विक्रमोर्वशीयम्	माणवक	कालिदास
B. मृच्छकटिकम्	मैत्रेय	शूद्रक
C. स्वप्नवासवदत्तम्	वसन्तक	भास
D. अभिज्ञानशाकुन्तलम्	माधव्य	कालिदास

अतः विकल्प `A' सही है।

स्रोत- वस्तुनिष्ठ संस्कृतसाहित्यम्- सर्वज्ञभूषण, पेज-304

41. प्रियदर्शिका नाटिका का नायक है-
(A) राजवाहन **(B) उदयन**
(C) चारुदत्त **(D) पुरुरवा**

व्याख्या-

ग्रन्थ	नायक	काव्यविधा
A. दशकुमारचरितम्	राजवाहन	गद्यकाव्य
B. प्रियदर्शिका, रत्नावली	उदयन	नाटिका
C. मृच्छकटिकम्	चारुदत्त	प्रकरण
D. विक्रमोर्वशीयम्	पुरुरवा	त्रोटक

अतः विकल्प `B' सही है।

संस्कृत साहित्य का समी. इतिहास, कपिलदेव द्विवेदी, पेज-369

42. नागानन्द के नायक का नाम है-
(A) जीमूतवाहन **(B) दुष्यन्त**
(C) उदयन **(D) श्रीकृष्ण**

व्याख्या-

ग्रन्थ	नायक	नायक की कोटि
A. नागानन्द	जीमूतवाहन	धीरोदात्त
B. अभिज्ञानशाकुन्तलम्	दुष्यन्त	धीरोदात्त
C. रत्नावली	उदयन	धीरललित
D. शिशुपालवधम्	श्रीकृष्ण	धीरोदात्त

अतः विकल्प `A' सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास, कपिलदेव द्विवेदी, पेज-371

43. नागानन्द के नायिका का क्या नाम है?
(A) धूता **(B) मलयवती**
(C) उर्वशी **(D) सागरिका**

व्याख्या–

रूपक	नायिका/नायक
A. मृच्छकटिकम्	धूता, वसन्तसेना/चारुदत्त
B. नागानन्द	मलयवती/जीमूतवाहन
C. विक्रमोर्वशीयम्	उर्वशी/पुरुरवा
D. रत्नावली	सागरिका/उदयन

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-371

44. 'दुर्यवनम्' में समास है-
(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव
(C) बहुव्रीहि (D) द्वन्द्व

व्याख्या–

	सामासिकपद	लौकिक विग्रह	समास
A.	उमापतिः	उमायाः पतिः	षष्ठीतत्पुरुष
B.	दुर्यवनम्	यवनानां व्यृद्धिः	अव्ययीभाव
C.	अपुत्रः	अविद्यमानः पुत्रो यस्य	बहुव्रीहि
D.	शिवकेशवौ	शिवश्च केशवश्च	द्वन्द्व

अतः विकल्प `B' सही है।
स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या भाग-4)- पेज-28

45. 'पञ्चगङ्गम्' में समास है-
(A) अव्ययीभाव (B) द्वन्द्व
(C) तत्पुरुष (D) बहुव्रीहि

व्याख्या–

	सामासिकपद	लौकिक विग्रह	समास
A.	पञ्चगङ्गम्	पञ्चानां गङ्गानां समाहारः	अव्ययीभाव
B.	पाणिपादम्	पाणी च पादौ च	द्वन्द्व
C.	सुपुरुषः	शोभनः पुरुषः	तत्पुरुष
D.	सुपाद्	शोभनौ पादौ यस्य सः	बहुव्रीहि

अतः विकल्प `A' सही है।
स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या भाग-4), पेज-43

46. 'कृष्णाश्रितः' में समास है-
(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष
(C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

व्याख्या-

	सामासिकपद	लौकिक विग्रह	समास
A.	अध्यात्मम्	आत्मनि	अव्ययीभाव
B.	कृष्णाश्रितः	कृष्णं श्रितः	द्वितीया तत्पुरुष
C.	दधिघृतम्	दधि च घृतञ्च	द्वन्द्व
D.	चित्रगुः	चित्राः गावः यस्य सः	बहुव्रीहि

अतः विकल्प `B' सही है।
स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या भाग-4), पेज-62

47. हरित्रातः में समास है-
(A) तत्पुरुष (B) बहुव्रीहि
(C) अव्ययीभाव (D) द्वन्द्व

व्याख्या–

	सामासिकपद	लौकिक विग्रह	समास
A.	हरित्रातः	हरिणा त्रातः	तृतीया तत्पुरुष
B.	चक्रपाणिः	चक्रं पाणौ यस्य सः	बहुव्रीहि
C.	प्रत्यर्थम्	अर्थम् अर्थं प्रति	अव्ययीभाव
D.	इन्द्राग्नी	इन्द्रश्च अग्निश्च	द्वन्द्व

अतः विकल्प `A' सही है।
स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या भाग-4), पेज-67

48. 'चोरभयम्' में समास है-
(A) तत्पुरुष (B) बहुव्रीहि
(C) अव्ययीभाव (D) द्वन्द्व

व्याख्या–

	सामासिकपद	लौकिक विग्रह	समास
A.	चोरभयम्	चोरात् भयम्	पञ्चमी तत्पुरुष
B.	पञ्चगवधनः	पञ्च गावो धनं यस्य सः	बहुव्रीहि
C.	सतृणम्	तृणमपि अपरित्यज्य	अव्ययीभाव
D.	हस्तचरणम्	हस्तश्च चरणश्च	द्वन्द्व

अतः विकल्प `A' सही है।
स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या भाग-4), पेज-77

49. 'कुपुरुषः' में समास है-
(A) अव्ययीभाव (B) द्वन्द्व
(C) तत्पुरुष (D) बहुव्रीहि

व्याख्या–

सामासिकपद	लौ0विग्रह	अलौ0विग्रह	समास
A. कुपुरुषः	कुत्सितः पुरुषः	कुत्सित सु पुरुष सु	तत्पुरुष
B. रामलक्ष्मणौ	रामश्च लक्ष्मणश्च	राम सु लक्ष्मण सु	द्वन्द्व
C. अतिहिमम्	हिमस्य अत्ययः	हिम् ङस् अति	अव्ययीभाव
D. व्यूढोरस्कः	व्यूढम् उरो यस्य सः	व्यूढ सु उरस् सु	बहुव्रीहि

अतः विकल्प `C' सही है।
स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या भाग-4), पेज-30

50. 'रूपवद्भार्यः' में समास है-
(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव
(C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

व्याख्या–

	सामासिकपद	लौकिक विग्रह	समास
A.	**चोरभयम्**	चोरात् भयम्	तत्पुरुष
B.	**उपराजम्**	राज्ञः समीपम्	अव्ययीभाव
C.	**धवखदिरौ**	धवश्च खदिरश्च	द्वन्द्व
D.	**रूपवद्भार्यः**	रूपवती भार्या यस्य सः	बहुव्रीहि

अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या भाग-4), पेज-199

51. 'पीताम्बरः' में समास है-
(A) तत्पुरुष **(B) बहुव्रीहि**
(C) द्वन्द्व **(D) अव्ययीभाव**

व्याख्या–

	सामासिकपद	लौकिक विग्रह	समास
A.	**विद्यार्थः**	विद्यया अर्थः	तत्पुरुष
B.	**पीताम्बरः**	पीतम् अम्बरं यस्य सः	बहुव्रीहि
C.	**रामकृष्णौ**	रामश्च कृष्णश्च	द्वन्द्व
D.	**ससखि**	सदृशः सख्या	अव्ययीभाव

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या भाग-4), पेज-191

52. 'प्राप्तोदकः' में समास है-
(A) द्वन्द्व **(B) बहुव्रीहि**
(C) अव्ययीभाव **(D) तत्पुरुष**

व्याख्या-

	सामासिकपद	लौकिक विग्रह	समास
A.	**शमीदृशदम्**	शमी च दृशद् च तयोः समाहारः	द्वन्द्व
B.	**प्राप्तोदकः (ग्रामः)**	प्राप्तम् उदकं यं सः	बहुव्रीहि
C.	**सचक्रम्**	चक्रेण युगपत्	अव्ययीभाव
D.	**हरित्रातः**	हरिणा त्रातः	तत्पुरुष

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या भाग-4), पेज-189

53. 'पाणिपादम्' में समास है-
(A) इतरेतर द्वन्द्व **(B) समाहार द्वन्द्व**
(C) एकशेष द्वन्द्व **(D) अलुक् तत्पुरुष**

व्याख्या-

	सामासिकपद	लौकिक विग्रह	समास
A.	**मातापितरौ**	माता च पिता च	इतरेतर द्वन्द्व
B.	**पाणिपादम्**	पाणी च पादौ च	समाहार द्वन्द्व
C.	**श्वसुरौ**	श्वश्रूश्च श्वसुरश्च	एकशेषद्वन्द्व
D.	**युधिष्ठिरः**	युधिष्ठिरः	अलुक् तत्पुरुष

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या भाग-4), पेज-241

54. 'कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे' सूत्र है-
(A) कर्ता कारक का **(B) कर्म कारक का**
(C) करण कारक का **(D) सम्प्रदान कारक का**

व्याख्या–

A. स्वतन्त्रःकर्त्ता (1/4/54) क्रिया की सिद्धि में स्वतन्त्र रूप से विवक्षित अर्थ की कर्त्ता कारक संज्ञा होती है

B. कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे (2/3/5) लगातार संयोग गम्यमान होने पर कालवाची और मार्गवाची शब्दों में द्वितीया विभक्ति होती है। यह सूत्र कर्म कारक प्रकरण में दिया गया है।

C. साधकतमं करणम् (1/4/42) क्रिया की सिद्धि में जो पदार्थ सबसे अधिक उपकारक होता है उसकी करण कारक संज्ञा होती है। यथा- रामः बालिं बाणेन हतवान् । यहाँ 'हननक्रिया में बाण सबसे अधिक उपकारक होनें से करण कारक है अतः तृतीया विभक्ति है।

D. कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् (1/4/32) दान क्रिया के कर्म के द्वारा कर्त्ता जिसको सन्तुष्ट करना चाहता है उसकी सम्प्रदान संज्ञा होती है। यथा- राजा विप्राय गां ददाति।

यहाँ राजा अपने गोदान रूपी कर्म से विप्र को सन्तुष्ट करना चाहता है अतः विप्र की सम्प्रदान संज्ञा होकर चतुर्थी विभक्ति हुई।

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारकप्रकरण)- राममुनि पाण्डेय, पेज-54

55. 'रामः गृहम् अधितिष्ठति' में गृह की कर्मसंज्ञा किस सूत्र से हुई है?
(A) कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे
(B) अकथितं च
(C) अधिशीङ्स्थासां कर्म
(D) सहयुक्तेऽप्रधाने

व्याख्या -

A. **कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे (2/3/5)**- अत्यन्त संयोग (लगातार संयोग) गम्यमान होने पर कालवाची और मार्गवाची शब्दों में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे - मासं कल्याणी । (महीने भर सुखदायी)

B. **अकथितं च (1/4/51)-** जहाँ अपादान आदि कारक विशेष अविवक्षित होते हैं, वहाँ 'अकथितं च' से कर्मसंज्ञा होती है और 'कर्मणि द्वितीया' से द्वितीया विभक्ति। जैसे- (1) गां दोग्धि पयः। (2) बलिं याचते वसुधाम्। यहाँ 'गाम्' और 'बलिम्' की **'अकथितं च'** से कर्मसंज्ञा होकर **कर्मणि द्वितीया** से द्वितीया विभक्ति हुई है।

C. **अधिशीङ्स्थासां कर्म (1/4/46)**- यदि शीङ् (शी), स्था और आस् धातुओं के पहले अधि उपसर्ग लगा हो तो क्रिया के आधार की कर्मसंज्ञा होती है।

जैसे-

* अधिशेते अधितिष्ठति अध्यास्ते वा वैकुण्ठं हरिः।
* ''रामः गृहम् अधितिष्ठति'' यहाँ स्था धातु में 'अधि' उपसर्ग होने के कारण आधार 'गृह' की कर्मसंज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति हो गयी।

अतः विकल्प 'C' सही है।

D. **सहयुक्तेऽप्रधाने (2/3/19)-** सह एवं सह के अर्थवाची शब्दों के योग में अप्रधान में तृतीया विभक्ति होती है - **जैसे-** पुत्रेण सह आगतः पिता।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारकप्रकरण)- राममुनि पाण्डेय, पेज-42

56. 'मासमास्ते' 'मासम्' पद में कौन सी विभक्ति है?
(A) प्रथमा विभक्ति **(B) द्वितीया विभक्ति**
(C) तृतीया विभक्ति **(D)चतुर्थी विभक्ति**

व्याख्या-

A. **प्रथमा विभक्ति-** प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा (2/3/46)- अर्थात् प्रातिपदिकार्थमात्र, लिङ्गमात्र, परिमाणमात्र तथा वचनमात्र में प्रथमा विभक्ति होती हैं। उच्चैः नीचैः ,कृष्णः, श्रीः ज्ञानम् आदि।

B. **द्वितीया विभक्ति-** अकर्मकधातुभिर्योगे देशः कालो भावो गन्तव्योऽध्वा च कर्मसंज्ञक इति वाच्यम् (वा.) अकर्मक धातुओं के प्रयोग में देश, काल, भाव और गन्तव्य मार्ग की कर्मसंज्ञा होती है। (1) मासमास्ते। (2) कुरून् स्वपिति।

C. **तृतीया विभक्ति-** कर्तृकरणयोस्तृतीया (2/3/18) अनुक्त कर्त्ता करण में देश, काल, भाव और गन्तव्य मार्ग की कर्मसंज्ञा होती है। रामेण बाणेन हतो बाली।

D. **चतुर्थी विभक्ति-** रुच्यर्थानां प्रीयमाणः (1/4/33) रुच्यर्थ अर्थात् अभिलाषार्थक धातुओं के प्रयोग में प्रीयमाण व्यक्ति की सम्प्रदान सञ्ज्ञा होती है। हरये रोचते भक्तिः।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारकप्रकरण)- राममुनि पाण्डेय, पेज-36

57. 'बालकाय मोदकाः रोचन्ते' में बालकाय में कौन-सी विभक्ति है?
(A) द्वितीया विभक्ति **(B) तृतीया विभक्ति**
(C) चतुर्थी विभक्ति **(D) पञ्चमी विभक्ति**

व्याख्या-

* **अभिनिविशश्च** (द्वितीया)- यदि विश् धातु के पूर्व अभि और नि ये दोनों उपसर्ग क्रमशः लगे हों तो क्रिया के आधार की कर्मसंज्ञा होती है। अभिनिविशते सन्मार्गम्।
* **अपवर्गे तृतीया** (तृतीया)- (2/3/6) अपवर्ग का अर्थ है- क्रिया की समाप्ति होने पर फल की प्राप्ति। अपवर्ग द्योतित होने पर काल और मार्गवाची शब्द से अत्यन्तसंयोग गम्यमान होने पर तृतीया विभक्ति होती है। अह्ना क्रोशेन वा अनुवाकोऽधीत।
* **रुच्यर्थानां प्रीयमाणः (1.4.33)** (चतुर्थी)- रुच्यर्थ अर्थात् अभिलाषार्थक धातुओं के प्रयोग में प्रीयमाण व्यक्ति की सम्प्रदान सञ्ज्ञा होती है।

1. बालकाय मोदकाः रोचन्ते
2. हरये रोचते भक्तिः

* **पराजेरसोढः (1/4/26)** (पञ्चमी)- यदि जि धातु के पूर्व परा उपसर्ग लगा हो तो जो असह्य पदार्थ होता है उसकी अपादानसञ्ज्ञा होती है। अध्ययनात् पराजयते।

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारकप्रकरण)-राममुनि पाण्डेय,पेज-66

58. 'पुष्पेभ्यः स्पृहयति' में कौन सा कारक है?
(A) कर्म कारक **(B) करण कारक**
(C) सम्प्रदान कारक **(D) अपादान कारक**

व्याख्या–

A. कर्तुरीप्सिततमं कर्म (1/4/49)- कर्त्ता अपनी क्रिया के द्वारा जिस पदार्थ को सबसे अधिक प्राप्त करना चाहता है, उसकी कर्म कारक संज्ञा होती है।
उदाहरण- बालकः **विद्यालयं** गच्छति।

B. साधकतमं करणम् (1/4/42)- क्रिया की सिद्धि में जो पदार्थ सबसे अधिक उपकारक हो उसकी करण कारक संज्ञा होती है।-
जैसे- रामेण **बाणेन** हतो बाली। यहाँ 'बाण' करणकारक है अतः तृतीया विभक्ति हुई।

C. स्पृहेरीप्सितः (1/4/36)- स्पृह् (चाहना) धातु के योग में ईप्सित (जिसे चाहा जाय) पदार्थ की सम्प्रदान संज्ञा होती है। **जैसे-** पुष्पेभ्यः स्पृहयति।

D. ध्रुवमपायेऽपादानम् (1/4/24)- अलग होने की क्रिया में जो पदार्थ ध्रुव होता है अर्थात् जिससे अलगाव होता है उसकी अपादान कारक संज्ञा होती है, और अपादान में पञ्चमी विभक्ति होती है। **उदाहरण-** धावतोऽश्वात् पतति।

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी(कारकप्रकरण)-राममुनि पाण्डेय,पेज-69

59. 'मातुः स्मरति' के 'मातुः' पद में कौन सी विभक्ति है?
(A) पञ्चमी विभक्ति **(B) चतुर्थी विभक्ति**
(C) तृतीया विभक्ति **(D) षष्ठी विभक्ति**

व्याख्या-

(A) अन्तर्धौ येनादर्शनमिच्छति (1/4/28) (पंचमी)- व्यवधान (छिपना) होने की क्रिया में कर्त्ता जिससे छिपना चाहता है उसकी अपादान संज्ञा होती है।
उदाहरण- मातुर्निलीयते कृष्णः।

(B) धारेरुत्तमर्णः (1/4/35) (चतुर्थी)- णिजन्त धृ धातु के योग में ऋण देने वाले की सम्प्रदान संज्ञा होती है।
उदाहरण- भक्ताय धारयति मोक्षं हरिः।

(C) हेतौ (2/3/23) (तृतीया)- हेतु अर्थ के वाची शब्दों में तृतीया विभक्ति होती है।
उदाहरण- 1. पुण्येन दृष्टो हरिः। 2. अध्ययनेन वसति।

(D) षष्ठी शेषे (2/3/50) (षष्ठी)- शेष अर्थों में षष्ठी विभक्ति होती है। शेष अर्थ हैं -कर्म, करण इत्यादि कारकों से भिन्न तथा प्रातिपदिकार्थ से भिन्न।
उदाहरण-
1. मातुः स्मरति। 2. राज्ञः पुरुषः। 3. सर्पिषो जानीते।
अतः विकल्प `D सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी(कारकप्रकरण)-राममुनि पाण्डेय,पेज-109

60. 'कृष्णस्य कृतिः' में 'कृष्ण पद में षष्ठी विभक्ति किस सूत्र से हुई है?
(A) षष्ठी शेषे **(B) षष्ठी हेतुप्रयोगे**
(C) कर्तृकर्मणोः कृति **(D) उभयप्राप्तौ कर्मणि**

व्याख्या–

A. षष्ठी शेषे (2/3/50)- जहाँ कर्म आदि कारक विवक्षित न हो अर्थात् जहाँ प्रथमा से सप्तमी पर्यन्त किसी भी विभक्ति का प्रयोग विहित नहीं है ऐसे स्थलों में षष्ठी विभक्ति होती है।
जैसे- 1. सतां गतम् (2) फलानां तृप्तः।

B. षष्ठी हेतुप्रयोगे (2/3/26)- वाक्य में 'हेतु' शब्द का प्रयोग होने पर हेतु (कारण) में तथा 'हेतु' शब्द में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग होता है।
जैसे- अन्नस्य हेतोर्वसति।

C. कर्तृकर्मणोः कृतिः (2/3/65)- कृत् प्रत्ययान्त (कृदन्त) के योग में अनभिहित कर्त्ता और कर्म कारक में षष्ठी विभक्ति होती है।
जैसे- 1. कृष्णस्य कृतिः 2. जगतः कर्त्ता कृष्णः।

D. उभयप्राप्तौ कर्मणि (2/3/66)- यदि कृदन्त के योग में कर्त्ता और कर्म दोनों में एक साथ षष्ठी विभक्ति प्राप्त हो तो केवल अनुक्त कर्म कारक में ही षष्ठी विभक्ति हो।
जैसे- आश्चर्यो गवां दोहोऽगोपेन
अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी(कारकप्रकरण)-राममुनि पाण्डेय,पेज-120

61. 'टाप्' प्रत्यय होता है-
(A) अकारान्त प्रातिपदिक से
(B) ईकारान्त प्रातिपदिक से
(C) उकारान्त प्रातिपदिक से
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-

* **अजाद्यतष्टाप् (4/1/4)-** अजादिगण में पठित एवं ह्रस्व अकारान्त शब्दों से स्त्रीत्व की विवक्षा में 'टाप्' प्रत्यय होता है । **उदाहरण-** अजा, राधा, रमा आदि।
* **उगितश्च (4/1/6)-** जिसमें उक् (उ, ऋ, ऌ) की इत्संज्ञा हो गई हो ऐसे प्रातिपदिकों से स्त्रीत्व की विवक्षा में 'ङीप्' प्रत्यय होता है। जैसे- भवती, पचन्ती, दीव्यन्ती आदि।

अतः विकल्प `A' सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य,पेज-1154

62. ङीप् प्रत्यय होता है-
(A) अकारान्त प्रातिपदिक से
(B) ईकारान्त प्रातिपदिक से
(C) उकारान्त प्रातिपदिक से
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-

* **द्विगोः (4/1/21)-** अदन्त द्विगु समास से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीप् प्रत्यय होता है। **जैसे-** त्रिलोकी। किन्तु अजादि होने पर टाप् प्रत्यय लगकर त्रिफला, त्र्यनीका आदि भी बनेगा।
* **उगितश्च (4/1/6)-** सूत्र से उक् अर्थात् उ, ऋ, ऌ की जहाँ इत्सञ्ज्ञा हो गई है ऐसे उगित् प्रातिपदिकों से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीप् प्रत्यय होता है।
जैसे- भवन्ती, पचन्ती, कुर्वती आदि।

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य,पेज-1155

63. 'लावणिकी' शब्द लावणिक में किस प्रत्यय के संयोग से बनता है?
(A) टाप् **(B) ङीप्**
(C) ङीष् **(D) ङीन्**

व्याख्या-

A. **अजाद्यतष्टाप् (4/1/4)-** अजादिगण में पढ़े गये शब्द अथवा ह्रस्व अकारान्त शब्दों से स्त्रीलिङ्ग की विवक्षा में टाप् प्रत्यय होता है
जैसे- अजा, एडका, बाला, गङ्गा आदि।

B. **टिड्ढाणञ्द्वयसज्दघ्नञ्मात्रच्तयप्ठक्ठञ्कञ्क्वरपः** (4/1/14)- अनुपसर्जन जो टित्, ढा, अण्, द्वयसच् दघ्नञ्, मात्रच्, तयप्, ठक् , ठञ्, कञ्, क्वरप् प्रत्यय के अन्त में होने वाले अदन्त प्रातिपदिक से ङीप् प्रत्यय होता है।
जैसे- लावणिकी, आक्षिकी आदि।

C. **षिद्गौरादिभ्यश्च (4/1/41)-** षित् प्रत्ययान्त गौरादिगण में पठित शब्दों से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीष् प्रत्यय होता है।
जैसे- गौरी, नर्तकी, गार्ग्यायणी आदि।

D. **शार्ङ्गरवाद्यञो ङीन् (4/1/73)-** शार्ङ्गरवादिगण में पठित शब्दों तथा अञ् प्रत्यय अन्त में हो ऐसे जातिवाचक प्रातिपदिकों से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीन् प्रत्यय होता है। जैसे- शार्ङ्गरवी, बैदी, ब्राह्मणी।

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य,पेज-1155

64. 'नर्तकी' शब्द नर्तक में किस प्रत्यय के संयोग से हुआ?
(A) टाप् **(B) ङीप्**
(C) ङीष् **(D) ङीन्**

व्याख्या–

सूत्र	प्रत्यय	उदाहरण
A. अजाद्यतष्टाप्	टाप्	अजा, मूषिका, होडा, मन्दा आदि
B. वयसि प्रथमे	ङीप्	कुमारी, किशोरी
C. षिद्गौरादिभ्यश्च	ङीष्	**नर्तकी,** गौरी
D. नृनरयोर्वृद्धिश्च	ङीन्	नारी

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य,पेज-1159

65. 'कुम्भकारः' में प्रत्यय है-
(A) शतृ **(B) शानच्**
(C) तुमुन् **(D) अण्**

व्याख्या–

धातु / प्रत्यय	शब्द
A. इष् + शतृ	इच्छन्
B. धा+ शानच्	दधानः
C. भुज् + तुमुन्	भोक्तुम्
D. कुम्भ+ कृ + अण्	कुम्भकारः

अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य,पेज-

66. 'भू' धातु लोट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन में हो जाता है-
(A) भविता **(B) भवतु**
(C) भवतः **(D) भव**

व्याख्या-
भू सत्तायाम् (होना) भ्वादिगण, अकर्मक, सेट् ,परस्मैपद

A. भू धातु लुट्लकार प्रथमपुरुष, एकवचन में 'भविता' रूप बनता है-

भविता	भवितारौ	भवितारः

B+D लोट्लकार, प्रथमपुरुष, एकवचन में 'भवतु' तथा मध्यम पुरुष एकवचन में 'भव' रूप बनेगा –

भवतु	भवताम्	भवन्तु
भव	भवतम्	भवत
भवानि	भवाव	भवाम

C. लट्लकार, प्रथमपुरुष, द्विवचन में भवतः रूप बनेगा –

भवति	भवतः	भवन्ति

अतः विकल्प `B' सही है।
स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-145

67. 'गम् ' धातु लट्लकार मध्यम पुरुष द्विवचन में हो जाता है-
(A) गच्छतः **(B) गच्छामि**
(C) गच्छत **(D) गच्छथः**

व्याख्या–
गम्ऌ गतौ (जाना) भ्वादिगण, सकर्मक, परस्मैपद, अनिट्

* 'गम् ' धातु लट्लकार मध्यम पुरुष द्विवचन में रूप **गच्छथः** बनेगा।

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र0 पु0	गच्छति	गच्छतः	गच्छन्ति
म0 पु0	गच्छसि	**गच्छथः**	गच्छथ
उ0पु0	गच्छामि	गच्छावः	गच्छामः

अतः विकल्प `D' सही है।
स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-149

68. 'आसीत्' क्रिया का लकार है-
(A) लुङ् **(B) लङ्**
(C) लिट् **(D) ऌङ्**

व्याख्या–
अस्-सकर्मक, सेट्, उभयपदी, भ्वादिगण

A. लुङ्

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र0पु0	अभूत्	अभूताम्	अभूवन्
म0पु0	अभूः	अभूतम्	अभूत
उ0पु0	अभूवम्	अभूव	अभूम

B. लङ्

प्र0पु0	**आसीत्**	आस्ताम्	आसन्
म0पु0	आसीः	आस्तम्	आस्त
उ0पु0	आसम्	आस्व	आस्म

C. लिट्

प्र0पु0	बभूव	बभूवतुः	बभूवुः
म0पु0	बभूविथ	बभूवथुः	बभूव
उ0पु0	बभूव	बभूविव	बभूविम

D. ऌङ्

प्र0पु0	अभविष्यत्	अभविष्यताम्	अभविष्यन्
म0पु0	अभविष्यः	अभविष्यतम्	अभविष्यत
उ0पु0	अभविष्यम्	अभविष्याव	अभविष्याम

अतः विकल्प `B' सही है।
स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-160

69. 'गम्' धातु लिट् लकार प्रथम पुरुष एकवचन में हो जाता है-
(A) अगच्छत् **(B)जग्मुः**
(C) जगाम **(D) अगमत्**

व्याख्या–
गम् धातु भ्वादिगण, परस्मैपद, सकर्मक, अनिट्

A. लङ्

प्र.पु.	अगच्छत्	अगच्छताम्	अगच्छन्

B. व C. लिट्

प्र.पु.	जगाम	जग्मतुः	जग्मुः

D. लुङ्

प्र.पु.	अगमत्	अगमताम्	अगमन्

अतः विकल्प `C' सही है।
स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-149

70. 'पठ्' धातु विधिलिङ् प्रथम पुरुष द्विवचन में हो जाता है-
(A) पठ **(B) पठताम्**
(C) पठेताम् **(D) पठेत्**

व्याख्या–
(A) पठ तथा **(B)** पठताम् यह रूप लोट्लकार प्रथमपुरुष में बनता है।
पठ् विधिलिङ् लकार भ्वादिगण, परस्मैपद सकर्मक सेट्, परस्मैपद विधिलिङ्

प्र०पु०	पठेत्	पठेताम्	पठेयुः
म०पु०	पठेः	पठेतम्	पठेत
उ०पु०	पठेयम्	पठेव	पठेम

अतः विकल्प `C' सही है।
स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-324

71. 'बालकेन ग्रन्थः दृश्यते' प्रयोग है-
(A) कर्तृवाच्य का
(B) कर्मवाच्य का
(C) भाववाच्य का
(D) उपर्युक्त में से किसी का भी नहीं

व्याख्या-

वाच्य		उदाहरण
कर्तृवाच्य	-	बालकः ग्रन्थं पश्यति।
कर्मवाच्य	-	बालकेन ग्रन्थः दृश्यते।
भाववाच्य	-	बालकेन स्थीयते।

वाच्य के विषय में कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य-
* **कर्तृवाच्य-** इसमें कर्त्ता मुख्य होता है कर्ता के अनुसार ही क्रिया का रूप होता है, अर्थात् क्रिया का पुरुष, लिङ्ग कर्त्ता के पुरुष वचन और लिङ्ग के अनुसार ही होता है। कर्तृवाच्य में कर्त्ता में प्रथमा, कर्म में द्वितीया और क्रिया कर्त्ता के अनुसार होती है।
* **कर्मवाच्य-** सकर्मक धातुओं से ही कर्मवाच्य होता है इसमें कर्म की प्रधानता होती है। कर्म के अनुसार ही क्रिया के लिङ्ग, विभक्ति और वचन होते हैं। कर्मवाच्य के कर्म में प्रथमा होती है, कर्त्ता में तृतीया, क्रिया कर्म के अनुसार।
* **भाववाच्य-** अकर्मक धातु से ही भाववाच्य होता है, सकर्मक से नहीं। भाववाच्य में कर्त्ता में तृतीया होती है क्रिया में प्रथम पुरुष एकवचन का प्रयोग होता है।

अतः विकल्प 'B' सही है।
स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-52,53

72. 'छात्रेण उपविश्यते' में प्रयोग है-
(A) कर्तृवाच्य
(B) कर्मवाच्य
(C) भाववाच्य
(D) उपर्युक्त में से किसी का भी नहीं

व्याख्या–

वाच्य	उदाहरण
A. कर्तृवाच्य	छात्रः पुस्तकं पठति
B. कर्मवाच्य	छात्रेण पुस्तकं पठ्यते
C. भाववाच्य	छात्रेण उपविश्यते।

विशेष- कर्तृवाच्य में कर्त्ता, कर्मवाच्य में कर्म तथा भाववाच्य में भाव (क्रिया) की प्रधानता होती है।
अतः विकल्प 'C' सही है।
स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-52-55

73. सांख्यदर्शन का प्रमुख सिद्धान्त है-
(A) असत्कार्यवाद **(B) विवर्तवाद**
(C) सत्कार्यवाद **(D) शून्यवाद**

व्याख्या–

सिद्धान्त	दर्शन
A. असत्कार्यवाद	न्याय
B. विवर्तवाद	वेदान्त
C. सत्कार्यवाद	सांख्य
D. शून्यवाद	बौद्ध

विशेष- सांख्य दर्शन में कार्य अपने कारण में सत् रूप से विद्यमान रहता है। 'सांख्यकारिका' में ईश्वरकृष्ण ने सत्कार्यवाद की सिद्धि में 5 तर्क दिये हैं-
1. असदकरणात् 2. उपादानग्रहणात् 3. सर्वसम्भवाभावात् 4. शक्तस्य शक्यकरणात् 5. कारणभावाच्च सत्कार्यम्।।
अतः विकल्प `C' सही है।
स्रोत- सांख्यकारिका (का.9)- राकेश शास्त्री, पेज-29,30

74. सांख्यकारिका में कुल कितने तत्त्वों का विवेचन हुआ है-
(A) सात **(B) ग्यारह**
(C) सोलह **(D) पच्चीस**

व्याख्या–

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः॥

(सां.का.-3)

पुरुष, प्रकृति, महत्, अहङ्कार, पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ, पञ्चकर्मेन्द्रियाँ, मन, पञ्चतन्मात्रायें, पञ्चमहाभूत इस प्रकार कुल 25 तत्त्वों का सांख्यकारिका में विवेचन हुआ है।

* 'प्रकृति विकृतयः- सप्त'-7
* 'षोडशकस्तु विकारः' -16
* 'केवल प्रकृतिः' (मूल प्रकृतिः) -1
* 'न प्रकृतिः न विकृतिः पुरुषः' -1

इसप्रकार सांख्यकारिका में कुल तत्त्वों की संख्या **25** हैं।

अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.3)- राकेश शास्त्री, पेज-8

75. 'कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च' किसके लिए प्रयुक्त है-
(A) पुरुष **(B) प्रकृति**
(C) ईश्वर **(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं**

व्याख्या–

* ईश्वरकृष्ण कृत 'सांख्यकारिका' में पुरुष की सत्ता की सिद्धि में 5 कारण दिये गये हैं-

संघातपरार्थत्वात् त्रिगुणादिविपर्ययादधिष्ठानात्।
पुरुषोऽस्ति भोक्तृभावात् कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च॥

(सां.का.- 17)

1. संघटनात्मक समूहरूप वस्तुओं के दूसरे के लिए होनें के कारण **2.** गुणत्रय धर्मों से विपरीत धर्म वाले की अपेक्षा होने के कारण **3.** अधिष्ठाता होने की अपेक्षा से **4.** भोक्ता होने की अपेक्षा से **5.** मोक्ष के लिये प्रवृत्त होने से पुरुष की सत्ता सिद्ध होती है।

* अव्यक्त (प्रकृति) की सत्ता सिद्धि के 5 कारण-

भेदानां परिमाणात्, समन्वयात् शक्तितः प्रवृत्तेश्च।
कारणकार्यविभागादविभागाद् वैश्वरूप्यस्य।

(सांख्यकारिका-15)

* सांख्यदर्शन ईश्वर की सत्ता को स्वीकार नहीं करता है।

अतः विकल्प 'A' सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.17)- राकेश शास्त्री, पेज-56

76. किस दर्शन में यह प्रतिपादित किया गया है कि आत्माएँ अनेक हैं?
(A) न्यायदर्शन **(B) मीमांसादर्शन**
(C) सांख्यदर्शन **(D) वेदान्तदर्शन**

व्याख्या–

ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में पुरुष (आत्मा) बहुत्व (अनेकता) सिद्ध करते हैं-

जन्ममरणकरणानां प्रतिनियमादयुगपत्प्रवृत्तेश्च।
पुरुषबहुत्वं सिद्धं त्रैगुण्यविपर्ययाच्चैव॥

(सा.का.18)

जन्म, मरण और इन्द्रियों की व्यवस्था होने के कारण और एक साथ प्रवृत्त का अभाव होने के कारण तथा तीनों गुणों के भेद के कारण ही पुरुष की अनेकता सिद्ध होती है। इसप्रकार पुरुष बहुत्व में तीन कारण बताये गये हैं।

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.18)- राकेश शास्त्री, पेज-59

77. सांख्य के अनुसार प्रमाणों की संख्या है-
(A) दो **(B) तीन**
(C) चार **(D) पाँच**

व्याख्या-

* **चार्वाक**	प्रत्यक्ष प्रमाण = एक प्रमाण
* **जैन/बौद्ध/वैशेषिक**	प्रत्यक्ष, अनुमान -दो प्रमाण
* **सांख्य/योग-**	प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द-तीन प्रमाण
* **न्याय**	प्रत्यक्ष,अनुमान,उपमान, शब्द- चार प्रमाण
* **प्रभाकर मीमांसक**	प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति-पाँच प्रमाण
* **भाट्ट मीमांसक**	प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, अभाव-छः प्रमाण
* **पौराणिक**	प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, अभाव, सम्भव, ऐतिह्य-आठ प्रमाण

अतः विकल्प `B' सही हैं।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.4)- राकेश शास्त्री, पेज-12

78. न्याय दर्शन के प्रणेता हैं-
(A) कपिल **(B) गौतम**
(C) शंकर **(D) पतञ्जलि**

व्याख्या-

षड् आस्तिक दर्शन		**प्रणेता (आचार्य)**
1. सांख्य	-	कपिलमुनि
2. योग	-	महर्षि पतञ्जलि
3. न्याय	-	गौतम
4. वैशेषिक	-	कणाद
5. पूर्वमीमांसा	-	जैमिनि

6. उत्तर मीमांसा (वेदान्त) - बादरायण

नास्तिक दर्शन

1. बौद्ध - गौतम
2. जैन - ऋषभदेव या महावीर स्वामी
3. चार्वाक - चार्वाक

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत- भारतीय दर्शन- चटर्जी और दत्त, पेज-68

79. तर्कभाषा के अनुसार अनुमान के कितने अवयव हैं?
(A) तीन (B) चार
(C) दो (D) पाँच

व्याख्या–

A. सांख्य के अनुसार- अनुमान के तीन भेद हैं-
'' **त्रिविधमनुमानमाख्यातम्**'' (सां. का.05)
1. पूर्ववत् 2. शेषवत् 3. सामान्यतोदृष्ट

B. तर्कभाषा के अनुसार प्रमाण के चार भेद हैं-
(प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि)
1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. उपमान 4. शब्द

C. तर्कभाषा के अनुसार अनुमान के दो भेद हैं-
(अनुमानं द्विविधं, स्वार्थं परार्थं चेति)

D. परार्थानुमान के पाँच अवयव-
1. प्रतिज्ञा 2. हेतु 3. उदाहरण 4. उपनय 5. निगमन

अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-92

80. तर्कभाषा के अनुसार निम्नलिखित में से कौन अलौकिक प्रत्यक्ष का भेद नहीं है?
(A) सामान्यलक्षण (B) प्रतिज्ञा
(C) ज्ञानलक्षण (D) योगज

व्याख्या-

केशव मिश्र तर्कभाषा में प्रत्यक्ष प्रमाण के अन्तर्गत छह लौकिक और तीन अलौकिक सन्निकर्षों की चर्चा करते हैं-

सन्निकर्ष

लौकिक सन्निकर्ष (6) | **अलौकिक सन्निकर्ष (3)**

1. संयोग (चक्षु-घट)
2. संयुक्त समवाय (चक्षु-घटरूप)
3. संयुक्त समवेत समवाय (चक्षु- घटरूपत्व)
4. समवाय (श्रोत्र-शब्द)
5. समवेत समवाय (श्रोत्र- शब्दत्व)
6. विशेष्य विशेषणभाव (चक्षु- घटाभाव)

अलौकिक:
1. सामान्यलक्षण
2. ज्ञानलक्षण
3. योगज

अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-61

81. हेत्वाभास के कितने भेद हैं?
(A) तीन (B) पाँच
(C) सात (D) चार

व्याख्या-

A. केशवमिश्र प्रणीत न्यायदर्शन के प्रकरण ग्रन्थ तर्कभाषा के अनुसार हेतुओं की संख्या तीन मानी गयी है।

हेतु	उदाहरण
1. अन्वयव्यतिरेकी	पर्वतोऽग्निमान् धूमवत्त्वात्।
2. केवलव्यतिरेकी	जीवच्छरीरं सात्माकम्
3. केवलान्वयी हेतु	शब्दोऽभिधेयः प्रमेयत्वात् ।
B. हेत्वाभास	**उदाहरण**
1. असिद्ध हेत्वाभास	गगनारविन्दं सुरभि, अरविन्दत्वात् सरोजारविन्दवत्

2. विरुद्ध हेत्वाभास- शब्दो नित्यः कृतकत्वात् आत्मवत्।
3. अनैकान्तिक हेत्वाभास- शब्दो नित्यः प्रमेयत्वात् व्योमवत्।
4. प्रकरणसम हेत्वाभास- शब्दो नित्यः श्रावणत्वात् शब्दत्ववत्
5. कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास- वह्निरनुष्णो द्रव्यत्वात् घटवत्।

C. तर्कसंग्रह के अनुसार 7 पदार्थ हैं-
द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय, अभाव।

D. तर्कभाषा के अनुसार चार प्रमाण हैं-
प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द 'प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि।'

अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-110

82. 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' यह महावाक्य किस उपनिषद् से सम्बद्ध है?
(A) ऐतरेयोपनिषद् (B) छान्दोग्योपनिषद्
(C) तैत्तिरीयोपनिषद् (D) माण्डूक्योपनिषद्

व्याख्या–

A. प्रज्ञानं ब्रह्म (ऋग्वेद, ऐतरेयोपनिषद्)- सब प्रकार की शक्ति देने वाले प्रज्ञानस्वरूप परमात्मा है, वे ही हमारे उपास्य देव ब्रह्म हैं।

B. सर्वं खल्विदं ब्रह्म (सामवेद, छान्दोग्योपनिषद्)- यह सारा जगत् निश्चय ही ब्रह्म है।

C. सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म (कृष्णयजुर्वेद, तैत्तिरीयोपनिषद्)- ब्रह्म को जानने वाला परमात्मा की प्राप्ति करने में सफल हो जाता है।

D. अयमात्मा ब्रह्म (अथर्ववेद, माण्डूक्योपनिषद्)- यह सम्पूर्ण जगत् ब्रह्म से भिन्न कुछ नहीं है, सब का सब ब्रह्म है।

नोट- महावाक्यों की संख्या चार है-

* प्रज्ञानं ब्रह्म - ऋग्वेद - ऐतरेयोपनिषद्
* अहं ब्रह्मास्मि - यजुर्वेद - बृहदारण्यकोपनिषद्
* तत्त्वमसि - सामवेद - छान्दोग्योपनिषद्
* अयमात्मा ब्रह्म - अथर्ववेद - माण्डूक्योपनिषद्

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत- छान्दोग्य उपनिषद् (3/14/1) गीताप्रेस गोरखपुर, पेज-280

83. तत्त्वमसि महावाक्य किससे सम्बन्धित है?
(A) कठोपनिषद् **(B) बृहदारण्यकोपनिषद्**
(C) छान्दोग्योपनिषद् **(D) मुण्डकोपनिषद्**

व्याख्या–

	वाक्य	उपनिषद्	वेद
A.	स्वर्गे लोके न भयं किञ्चनास्ति	कठोपनिषद्	कृष्णयजुर्वेद
B.	आत्मैवेदमग्र आसीत्पुरुषविधः	बृहदारण्यकोपनिषद्	शुक्लयजुर्वेद
C.	तत्त्वमसि	छान्दोग्योपनिषद्	सामवेद
D.	दिव्यो ह्यमूर्तः पुरुषः सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजः।	मुण्डकोपनिषद्	अथर्ववेद

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत- छान्दोग्य उपनिषद्(6/8/7) गीताप्रेस गोरखपुर, पेज-619

84. किस वेदांग को पुरुष का नेत्र समझा जाता है?
(A) शिक्षा **(B) कल्प**
(C) निरुक्त **(D) ज्योतिष**

व्याख्या-

छन्दः पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोऽथ पठ्यते।
ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते।।
शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम्।।
तस्मात् साङ्गमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते।।

वेदाङ्ग	वेद पुरुष के अङ्ग
शिक्षा	घ्राण
निरुक्त	श्रोत्र
ज्योतिष	नेत्र
कल्प	हाथ
व्याकरण	मुख
छन्द	पाद

अतः विकल्प `D' सही है।

85. तर्कसंग्रह के अनुसार गुणों की संख्या है-
(A) अनन्त **(B) सात**
(C) चौबीस **(D) दो**

व्याख्या-

अन्नम्भट्ट कृत तर्कसंग्रह के अनुसार-

* विशेष पदार्थ की संख्या अनन्त है 'नित्यद्रव्यवृत्तयो विशेषास्तवनन्ता एव' अर्थात् नित्य द्रव्य में रहने वाला व्यावर्तक विशेष अनन्त हैं।
* तर्कसंग्रह में पदार्थों की संख्या सात है 'द्रव्य-गुण-कर्म-सामान्य-विशेष-समवाय-अभावाः सप्तपदार्थाः' अर्थात् द्रव्य,गुण,कर्म,सामान्य,विशेष,समवाय,अभाव ये सात पदार्थ हैं।
* रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, संख्या, परिणाम, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, गुरुत्व, द्रव्यत्व, स्नेह, शब्द, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म तथा संस्कार ये चौबीस गुण हैं।
* सामान्य की संख्या दो हैं- परसामान्य तथा अपर सामान्य।

अतः विकल्प `C' सही है।

उत्तरमाला

1.B	2.B	3.D	4.D	5.B	6.D	7.C	8.C	9.B	10.D	11.C	12.B
13.D	14.C	15.D	16.B	17.C	18.C	19.B	20.A	21.C	22.B	23.B	24.A
25.C	26.A	27.C	28.C	29.B	30.A	31.B	32.C	33.C	34.B	35.B	36.C
37.D	38.A	39.B	40.A	41.B	42.A	43.B	44.B	45.A	46.B	47.A	48.A
49.C	50.D	51.B	52.B	53.B	54.B	55.C	56.B	57.C	58.C	59.D	60.C
61.A	62.C	63.B	64.C	65.D	66.B	67.D	68.B	69.C	70.C	71.B	72.C
73.C	74.D	75.A	76.C	77.B	78.B	79.D	80.B	81.B	82.B	83.C	84.D
85. C											

❑❑

3. प्रवक्ता (PGT) संस्कृत 2003

1. 'आ परितोषाद् विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम्' सूक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है?
(A) उत्तररामचरितम्
(B) महाभारतम्
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(D) किरातार्जुनीयम्

व्याख्या–

A. उत्तररामचरितम्- भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् नाटक के द्वितीय अङ्क में तापसी आत्रेयी वनदेवता से कहती है कि-
'रहस्यं साधूनामनुपधि विशुद्धं विजयते।'
(उ.रा. 2/2)
'निश्छल एवं विशुद्ध सज्जनों का चरित सदा विजय को प्राप्त होता है।'

B. महाभारत- महाभारत के द्रोणपर्व में घटोत्कच ने दुर्योधन से अलम्बुष का वध करने के पश्चात् कहा-
'रिक्तपाणिर्न पश्येत राजानं ब्राह्मणं स्त्रियम्।'
(महा. द्रोणपर्व 174/43)
राजा, ब्राह्मण एवं स्त्री से खाली हाथ नहीं मिलना चाहिए।

C. अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में प्रस्तावना प्रसङ्ग में सूत्रधार नटी से कहता है कि-
'आ परितोषाद् विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम्'
(अभि. 1/2)
'विद्वानों के सन्तुष्ट न होने तक मैं अभिनय के कौशल को पूर्ण नहीं समझता हूँ।'
अतः विकल्प C सही है।

D. किरातार्जुनीयम्- द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती है कि-
'शमेन सिद्धिं मुनयो न भूभृतः।'
(किरात. 1/42)
'शान्तिपूर्वक मुनि लोग सिद्धि को प्राप्त करते हैं राजा लोग नहीं।'

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/2)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-8

2. 'गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृत्तः' है-
(A) सूक्ति **(B) काव्यलक्षण**
(C) मुहावरा **(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं**

व्याख्या-

A. सूक्ति - काव्यों में विशेष कथन के लिए सूक्तियों का प्रयोग किया जाता है।
मारीच आश्रम पर पहुँचने के उपरान्त राजा दुष्यन्त शुभ शकुन का अभिनय करते हुए कहते हैं कि-
'पूर्वावधीरितं श्रेयो दुःखं हि परिवर्तते।'
(अभि. 7/13)
'पहले तिरस्कृत किया हुआ कल्याण दुःख रूप में पुनः परिणत हो जाता है।'

B. काव्यलक्षण- मम्मट के अनुसार काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्यलक्षण निम्नवत् है-
'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि।'
(का.प्र. सूत्र-1)
दोषों से रहित गुणयुक्त और कहीं-कहीं अलङ्कार रहित शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य कहलाता है।

C. मुहावरा- अपनी बात को विशेष कथन के द्वारा प्रस्तुत करने के लिए मुहावरे का प्रयोग किया जाता है। **जैसे-** 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के द्वितीय अङ्क के आरम्भ में मृगया से परिश्रान्त विदूषक राजा के आने एवं शकुन्तला दर्शन विषयक वृत्तान्त का स्मरण करके कहता है-
'गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृत्तः।' (अभि.अङ्क-2)
फोड़े के ऊपर फोड़ा हो गया अर्थात् एक विपत्ति और आ गई।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत - अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-2)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-91

3. दुष्यन्त की मनः स्थिति जानने के लिए मेनका ने अपनी किस सखी को भेजा था?
(A) सानुमती **(B) उर्वशी**
(C) रम्भा **(D) तिलोत्तमा**

व्याख्या-

* अभिज्ञानशाकुन्तल के छठे अङ्क में दुष्यन्त की मनः स्थिति को जानने के लिए मेनका ने सानुमती नामक सखी को

भेजा। जो हस्तिनापुर के उद्यानों में छिपकर दो चेटियों के द्वारा उत्सव की बातें सुनकर कहती है-

'उत्सवप्रियाः खलु मनुष्याः' (अभि.शा. अङ्क-6) सभी मनुष्य उत्सवप्रिय होते हैं।

* कालिदासकृत 'विक्रमोर्वशीयम्' त्रोटक में विक्रम (पुरुरवा) नायक तथा उर्वशी नायिका है।
* नाट्यशास्त्र में रम्भा, तिलोत्तमा आदि 24 अप्सराओं का वर्णन मिलता है।

अतः विकल्प (A) सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-6)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-318

4. किस स्थान पर शकुन्तला की अँगूठी गिरी-
(A) हस्तिनापुर (B) कण्वाश्रम
(C) सोमतीर्थ (D) शचीतीर्थ

व्याख्या–

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के द्वितीय अङ्क में हस्तिनापुर का वर्णन प्राप्त होता है संदेशवाहक 'करभक' संदेश लेकर वन में आता है।

(B) 'राजा दुष्यन्त' मृगया खेलते हुए कण्वाश्रम में प्रवेश करते हैं वहाँ उनका शकुन्तला से प्रेम एवं गान्धर्व विवाह होता है।

(C) महर्षि कण्व शकुन्तला की ग्रह शान्ति के लिए सोमतीर्थ गये हैं-

'शकुन्तलामतिथिसत्काराय नियुज्य दैवमस्याः प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः।'

(अभि.अङ्क-1)

(D) पञ्चम अङ्क में राजा दुष्यन्त को विश्वास दिलाने के लिए शकुन्तला अँगूठी दिखाना चाहती है किन्तु अपनी खाली अँगुली को देखकर कहती है- 'हा धिक् हा धिक्! अङ्गुलीयकशून्य मेऽङ्गुलि। तब गौतमी कहती हैं-

''नूनं ते शक्रावताराभ्यन्तरे शचीतीर्थसलिलं वन्दमानायाः प्रभ्रष्टमङ्गुलीयकम् ।''

शक्रावतार तीर्थ में शचीतीर्थ के जल की वन्दना करते हुए तेरी अँगूठी गिर गई।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-5)- कपिलदेव द्विवेदी,पेज- 283

5. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में मातलि कौन था?
(A) दुष्यन्त का पुरोहित (B) दुष्यन्त का सेनापति
(C) इन्द्र का सारथी (D) कण्व का शिष्य

व्याख्या–

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रमुख पात्रों के नाम-

	पात्र		नाम
A.	दुष्यन्त का पुरोहित	-	सोमरात
B.	दुष्यन्त का सेनापति	-	भद्रसेन
C.	इन्द्र का सारथी	-	मातलि
D.	कण्व के शिष्य	-	वैखानस, शार्ङ्गरव, शारद्वत, गौतम, हारीत।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के अन्य पात्रों के नाम-

राजा का भृत्य	-	रैवतक, करभक, वातायन
ऋषि मारीच का शिष्य	-	गालव
दुष्यन्त का सारथी	-	सूत
कण्व की धर्मपुत्री	-	शकुन्तला
शकुन्तला की सखियाँ	-	अनसूया, प्रियंवदा
मेनका की सखी	-	सानुमती
द्वारपालिका	-	वेत्रवती

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी, भू0 पेज-99

6. अभिज्ञानशाकुन्तलम् की कथा महाभारत के किस पर्व से सम्बन्धित है?
(A) वनपर्व से (B) सभापर्व
(C) आदिपर्व (D) भीष्मपर्व

व्याख्या –

	पर्व	ग्रन्थ	विभाजन	कवि
(A)	वनपर्व	किरातार्जुनीयम्	18 सर्ग	भारवि
(B)	सभापर्व	शिशुपालवधम्	20 सर्ग	माघ
(C)	आदिपर्व	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	7 अङ्क	कालिदास
(D)	भीष्मपर्व	भगवद्गीता	18 अध्याय	वेदव्यास

अतः विकल्प (C) सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-335

7. मैत्रेय विदूषक किस नाटक से सम्बद्ध है?
(A) मृच्छकटिकम् (B) मालविकाग्निमित्रम्
(C) रत्नावली (D) स्वप्नवासवदत्तम्

व्याख्या-

	ग्रन्थ	विदूषक	विभाजन	लेखक
(A)	मृच्छकटिकम्	मैत्रेय	10 अङ्क	शूद्रक
(B)	मालविकाग्निमित्रम्	गौतम	5अङ्क	कालिदास
(C)	रत्नावली	वसन्तक	4 अङ्क	हर्षवर्धन
(D)	स्वप्नवासवदत्तम्	वसन्तक	6अङ्क	भास

अतः विकल्प (A) सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम्- रमाशङ्कर त्रिपाठी, भू0 पेज-43

8. 'शिशुपालवधम्' में कितने सर्ग हैं?
(A) 17 **(B) 18**
(C) 19 **(D) 20**

व्याख्या-

	विभाजन (सर्गों में)	ग्रन्थ (महाकाव्य)	लेखक	विशेषता
(A)	17	कुमारसम्भवम्	कालिदास	लघुत्रयी
(B)	18	किरातार्जुनीयम्	भारवि	बृहत्त्रयी
(C)	19	रघुवंशम्	कालिदास	लघुत्रयी
(D)	20	शिशुपालवधम्	माघ	बृहत्त्रयी

अतः विकल्प (D) सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम् - तारिणीश झा,भू0 पेज-27

9. शिशुपालवध के किस सर्ग में यमुना नदी का वर्णन है?
(A) प्रथम सर्ग **(B) चतुर्थ सर्ग**
(C) द्वादश सर्ग **(D) त्रयोदश सर्ग**

व्याख्या–

(A) प्रथम सर्ग- इन्द्र का संदेश लेकर श्रीकृष्ण के घर देवर्षि नारद का आगमन

तदिन्द्रसन्दिष्टमुपेन्द्र! यद्वचः क्षणं मया विश्वजनीनमुच्यते।
समस्तकार्येषु गतेन धुर्यतामहिद्विषस्तद्भवतानिशम्यताम्॥
(शिशुपालवधम् 1.41)

(B) चतुर्थ सर्ग- विन्ध्याचल पर्वत के समान ऊँचे 'रैवतक' पर्वत का वर्णन-

गुर्वीरजस्रं दृषदः समन्तादुपर्युपर्यम्बुमुचां वितानैः।
विन्ध्यायमानं दिवसस्य भर्तुर्मार्गं पुना रोद्धुमिवोन्नमद्भिः॥
(शिशु. 4/2)

(C) द्वादश सर्ग- भगवान् श्रीकृष्ण की सेना के साथ मार्ग में 'यमुना' नदी का वर्णन।

सीमन्त्यमाना यदुभूभृतां बलैर्बभौ तरद्भिर्गवलासितद्युतिः।
सिन्दूरितानेकपकङ्कणाङ्किता तरङ्गिणी वेणिरिवायता भुवः॥
(शिशु. 12/75)

अतः विकल्प (C) सही है।

(D) त्रयोदश सर्ग- यमुना पार हो जाने पर भगवान् श्री कृष्ण का हस्तिनापुर में स्वागत।

यदुभर्तुरागमनलब्धजन्मनः प्रमदादमानिव पुरे महीयसि।
सहसा ततः स सहितोऽनुजन्मभिर्वसुधाधिपोऽभिमुखमस्य निर्ययौ॥
(शिशु. 13/2)

स्रोत- शिशुपालवध-तारिणीश झा, भू.पेज- 22,24,27

10. 'नैषधीयचरितम्' में कितने सर्ग स्वीकृत किये गये हैं?
(A) 18 **(B) 50**
(C) 22 **(D) 28**

व्याख्या-

	विभाजन	ग्रन्थ	लेखक
(A)	18 सर्ग	सौन्दरानन्द	अश्वघोष
(B)	50 सर्ग	हरविजयम्	रत्नाकर
(C)	22 सर्ग	नैषधीयचरितम्	श्रीहर्ष
(D)	28 सर्ग	बुद्धचरितम्	अश्वघोष

अतः विकल्प (C) सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-224

11. 'शिवराजविजय' कितने निःश्वासों में विभक्त है?
(A) दश **(B) बारह**
(C) आठ **(D) छः**

व्याख्या–

	विभाजन	ग्रन्थ/विधा	ग्रन्थकार
(A)	दश अङ्क	मालतीमाधव/प्रकरण	भवभूति
(B)	बारह निःश्वास (तीन विराम)	शिवराजविजय/उपन्यास	अम्बिकादत्तव्यास
(C)	आठ उच्छ्वास	हर्षचरितम्(आख्यायिका)	बाणभट्ट
(D)	छः सर्ग	ऋतुसंहार (गीतिकाव्य)	कालिदास

अतः विकल्प (B) सही है।

स्रोत- शिवराजविजय-रमाशङ्कर मिश्र,भू.पेज-16

12. स्वप्नवासवदत्तम् नाटक में कुल कितने अङ्क हैं?
(A) पाँच (B) छः
(C) सात (D) आठ

व्याख्या–

	अङ्क	नाटक	लेखक
(A)	पाँच अङ्क	बालचरितम्	भास
		नागानन्द	हर्षवर्धन
		मालविकाग्निमित्रम्	कालिदास
(B)	छः अङ्क	स्वप्नवासवदत्तम्	भास
		अभिषेकनाटकम्	भास
		अविमारक	भास
		वेणीसंहारम्	भट्टनारायण
(C)	सात अङ्क	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	कालिदास
		प्रतिमानाटक	भास
		उत्तररामचरितम्	भवभूति
		महावीरचरितम्	भवभूति
		मुद्राराक्षसम्	विशाखदत्त
(D)	आठ उच्छ्वास	दशकुमारचरितम्	दण्डी
		हर्षचरितम्	बाणभट्ट

अतः विकल्प (B) सही है।
स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-275

13. 'घोषवती वीणा' का सम्बन्ध किस नाटक से है?
(A) शिशुपालवधम् (B) मृच्छकटिकम्
(C) महावीरचरितम् (D) स्वप्नवासवदत्तम्

व्याख्या –

	ग्रन्थ	सम्बद्ध वस्तु
A.	शिशुपालवधम्	महती वीणा (नारद से सम्बद्ध)
B.	मृच्छकटिकम्	मिट्टी की गाड़ी (रोहसेन से सम्बद्ध)
C.	महावीरचरितम्	शार्ङ्ग धनुष (राम से सम्बद्ध)
D.	स्वप्नवासवदत्तम्	घोषवती वीणा (उदयन से सम्बद्ध)

अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- स्वप्नवासवदत्तम्-तारिणीश झा, भू. पेज-21

14. 'प्रयाग प्रशस्ति' किसकी रचना है?
(A) प्रवरसेन (B) धोयी
(C) हरिषेण (D) बाणभट्ट

व्याख्या–

	ग्रन्थ	लेखक	काव्यविधा
A.	सेतुबन्ध	प्रवरसेन	महाकाव्य
B.	पवनदूत	धोयी	गीतिकाव्य
C.	प्रयागप्रशस्ति	हरिषेण	शिलालेख
D.	हर्षचरितम्	बाणभट्ट	आख्यायिका

अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-254

15. 'राघवविलास' किसकी रचना है?
(A) राजशेखर (B) कुन्तक
(C) भरतमुनि (D) विश्वनाथ

व्याख्या-

	ग्रन्थकार	रचनाएँ	समय
A.	राजशेखर	कर्पूरमञ्जरी बालरामायण बालभारत काव्यमीमांसा	नवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध
B.	कुन्तक	वक्रोक्तिजीवितम्	ग्यारहवीं शताब्दी
C.	भरतमुनि	नाट्यशास्त्र	100 ई.पू. 300 ई.
D.	विश्वनाथ	राघवविलास साहित्यदर्पण	चौदहवीं शताब्दी

अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- साहित्यदर्पण- राजेन्द्र मिश्र, पेज-39

16. साहित्यदर्पण के रचयिता कौन हैं?
(A) पण्डितराज जगन्नाथ (B) राजशेखर
(C) मम्मट (D) आचार्य विश्वनाथ

व्याख्या-

	आचार्य	ग्रन्थ	विभाजन
A.	पण्डित राजजगन्नाथ	रसगङ्गाधर	चार आनन
B.	राजशेखर	काव्यमीमांसा	18 अध्याय
C.	आचार्य मम्मट	काव्यप्रकाश	10 उल्लास
D.	आचार्य विश्वनाथ	साहित्यदर्पण	10 परिच्छेद

अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- साहित्यदर्पण-राजेन्द्रमिश्र, पेज-39

17. नाट्यशास्त्र किसकी रचना है?
(A) मम्मट **(B) पीयूषवर्ष जयदेव**
(C) भरतमुनि **(D) रुय्यक**

व्याख्या–

	ग्रन्थकार	ग्रन्थ/विभाजन	समय
A.	मम्मट	काव्यप्रकाश (10 उल्लास)	एकादश शताब्दी का उत्तरार्द्ध
B.	पीयूषवर्ष जयदेव	चन्द्रालोक (10 मयूख)	तेरहवीं शताब्दी का मध्य भाग
C.	भरतमुनि	नाट्यशास्त्र (36 अध्याय)	ई0पू0 द्वितीय शताब्दी
D.	रुय्यक	अलङ्कारसर्वस्व (28 अलङ्कारों का विवेचन)	बारहवीं शताब्दी

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण- डॉ0 राजेन्द्र मिश्र,पेज-14

18. 'गाथासप्तशती' किसकी रचना है?
(A) धनपाल **(B) अश्वघोष**
(C) हाल **(D) विश्वेश्वर पाण्डेय**

व्याख्या-

	ग्रन्थकार	ग्रन्थ	विशेष
A.	धनपाल	तिलकमञ्जरी	गद्यकाव्य
B.	अश्वघोष	बुद्धचरितम्	महाकाव्य
C.	हाल	गाथासप्तशती	गीतिकाव्य
D.	विश्वेश्वर पाण्डेय	मन्दारमञ्जरी	कथा

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-566

19. 'शिवशतक' के लेखक हैं -
(A) प्रवरसेन **(B) आनन्दवर्धन**
(C) गोकुलनाथ **(D) वाक्पति**

व्याख्या-

	लेखक	ग्रन्थ	अनुमानित समय
A.	प्रवरसेन	सेतुबन्ध	चतुर्थ शताब्दी
B.	आनन्दवर्धन	ध्वन्यालोक	850ई॰
C.	गोकुलनाथ	शिवशतक	500ई॰
D.	वाक्पति	गउडवहो	740ई॰

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-566

20. 'तिलकमञ्जरी' किसकी रचना है?
(A) जल्हण **(B) कल्हण**
(C) धनपाल **(D) अगस्त्य**

व्याख्या-

	ग्रन्थकार	ग्रन्थ	अनुमानित समय
A.	जल्हण	सोमपालविजय	1150ई॰
B.	कल्हण	राजतरंगिणी	1150ई॰
C.	धनपाल	तिलकमञ्जरी	10वीं शताब्दी
D.	अगस्त्य	बालभारत	1300ई॰

नोट- बालभारत राजशेखर की भी रचना है जो अगस्त्य के बालभारत से भिन्न है।

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास,कपिलदेव द्विवेदी, पेज-517

21. 'गङ्गायां घोषः' किस लक्षणा भेद का उदाहरण है-
(A) रूढि लक्षण लक्षणा
(B) रूढि उपादान लक्षणा
(C) प्रयोजन लक्षण लक्षणा
(D) प्रयोजन उपादान लक्षणा

व्याख्या-

आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के द्वितीय परिच्छेद में लक्षणा का निरूपण करते हैं-

मुख्यार्थबाधे तद्युक्तो ययाऽन्योऽर्थः प्रतीयते।
रूढेः प्रयोजनाद्वाऽसौ लक्षणा शक्तिरर्पिता।

(सा.द.2.5)

A. रूढ़ि लक्षण लक्षणा- 'कलिङ्गः साहसिकः' का मुख्यार्थ है- 'कलिङ्ग साहसी' है। मुख्यार्थ का बाध होने पर रूढ़िवश जिस अन्य अर्थ की प्रतीति लक्षणा से होती है वह 'कलिङ्गः पुरुषः साहसिकः' है अर्थात् कलिङ्ग के लोग साहसी हैं।

B. रूढ़ि उपादान लक्षणा- 'श्वेतो धावति' का मुख्यार्थ है 'श्वेत दौड़ता है' यहाँ पर भी मुख्यार्थ का बाध होने पर रूढ़िवश जिस अन्य अर्थ की प्रतीति होती है वह 'श्वेतो अश्वः धावति' अर्थात् 'श्वेत अश्व दौड़ता है।'

C. प्रयोजन लक्षण लक्षणा- 'गङ्गायां घोषः' का मुख्यार्थ है- गङ्गा में घोष है, यहाँ पर भी मुख्यार्थ का बाध होने पर प्रयोजनवश जिस अन्य अर्थ की प्रतीति होती है वह 'गङ्गा तटेः घोषः' अर्थात् गङ्गा के तट (किनारे) घोष (बस्ती) है।

अतः विकल्प 'C' सही है।

D. प्रयोजन उपादान लक्षणा- 'कुन्ताः प्रविशन्ति' का मुख्यार्थ है 'भाले प्रवेश कर रहें हैं' भला निर्जीव भाला स्वतः कैसे प्रवेश कर सकता है यहाँ पर प्रयोजनवशात् जिस अन्य अर्थ की प्रतीति होती है वह 'कुन्तधारिणः पुरुषाः प्रविशन्ति' अर्थात् भाले से युक्त पुरुष प्रवेश कर रहें हैं।

स्रोत- साहित्यदर्पण- अभिराज राजेन्द्र मिश्र,पेज-164

22. 'कलिङ्गः साहसिकः' किस लक्षणा भेद का उदाहरण है?
A. रूढ़िवती साध्यवसाना उपादान लक्षणा
B. रूढ़िवती साध्यवसाना लक्षण लक्षणा
C. रूढ़िवती सारोपा सोपादान लक्षणा
D. इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

लक्षणा भेद	उदाहरण
A. रूढ़िवती साध्यवसाना उपादान लक्षणा	श्वेतो धावति। (श्वेत दौड़ता है)
B. रूढ़िवती साध्यवसाना लक्षण-लक्षणा	कलिङ्गः साहसिकः। (कलिङ्गवासी साहसी होते हैं)
C. रूढ़िवती सारोपा उपादान लक्षणा	अश्वः श्वेतो धावति। (सफेद घोड़ा दौड़ता है।)

अतः विकल्प B सही हैं।

स्रोत- साहित्यदर्पण- राजेन्द्र मिश्र, पेज-159

23. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' किस आचार्य का कथन है?
(A) मम्मट **(B) आनन्दवर्धन**
(C) विश्वनाथ **(D) जगन्नाथ**

व्याख्या-

A. मम्मट- **'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि'** (का.प्र.सूत्र-1) दोषों से रहित गुण युक्त कहीं-कहीं अलंकारों से रहित शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य है।

B. आनन्दवर्धन- **काव्यस्यात्मा ध्वनिः।** (ध्वन्यालोक 1.1) काव्य की आत्मा ध्वनि है।

C. विश्वनाथ- **वाक्यं रसात्मकं काव्यम्।** (सा.द. 1.3) रसात्मक वाक्य को काव्य कहते हैं।

D. जगन्नाथ- **रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।** (रस. 1.1)। रमणीय अर्थ का प्रतिपादन करने वाला अर्थात् जिस शब्द से रमणीय अर्थ का बोध हो, वह शब्द काव्य है।

अतः विकल्प (C) सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण-राजेन्द्र मिश्र, पेज-115

24. आचार्य विश्वनाथ ने काव्य का लक्षण साहित्यदर्पण के किस परिच्छेद में दिया है?
(A) प्रथम **(B) द्वितीय**
(C) तृतीय **(D) चतुर्थ**

व्याख्या –

प्रथम परिच्छेद	-	काव्यस्वरूप
द्वितीय परिच्छेद	-	वाक्यस्वरूप निरूपण
तृतीय परिच्छेद	-	रसादि निरूपण
चतुर्थ परिच्छेद	-	ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्य
पञ्चम परिच्छेद	-	व्यञ्जनावृत्ति
षष्ठ परिच्छेद	-	दृश्यश्रव्यकाव्यनिरूपण
सप्तम परिच्छेद	-	दोषनिरूपण
अष्टम परिच्छेद	-	गुणनिरूपण
नवम परिच्छेद	-	रीतिनिरूपण
दशम परिच्छेद	-	शब्द एवं अर्थालङ्कार

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण- राजेन्द्र मिश्र, पेज-115

25. 'ध्वनिरात्मा काव्यस्य' इस परिभाषा से सम्बद्ध आचार्य हैं?
(A) विश्वनाथ **(B) दण्डी**
(C) वामन **(D) आनन्दवर्धन**

व्याख्या–

A. विश्वनाथ - आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं- **'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्'** (सा.द.1/3) रसात्मक वाक्य को काव्य कहते हैं।

B. दण्डी - आचार्य दण्डी काव्यादर्श के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं **'शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली'** (काव्यादर्श 1/10)
इष्ट सरस मनोहरतया वर्णन करने के लिए अभिप्रेत अर्थ से युक्त शब्द को काव्य का शरीर कहा जाता है।
इष्ट अर्थ से युक्त पद समुदाय को काव्य कहा जाता है।

C. वामन- आचार्य वामन काव्यालङ्कार के प्रथम अधिकरण के द्वितीय अध्याय में काव्य का लक्षण करते हैं- **'रीतिरात्मा काव्यस्य'** (काव्यालङ्कारसूत्र 1.2.6) काव्य की आत्मा रीति है।

D. आनन्दवर्धन- आचार्य आनन्दवर्धन ध्वन्यालोक के प्रथम उद्योत में काव्य का लक्षण करते हैं- **'काव्यस्यात्मा ध्वनिः'** (ध्वन्यालोक 1/1) काव्य की आत्मा ध्वनि है।
अतः विकल्प (D) सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, भूमिका पेज-18

26. 'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः' किससे सम्बन्धित है?
(A) आचार्य मम्मट **(B) आचार्य विश्वनाथ**
(C) आचार्य भरत **(D) आचार्य रुद्रट**

व्याख्या –

A. **आचार्य मम्मट-** आचार्य मम्मट ने रस का लक्षण काव्यप्रकाश के चतुर्थ उल्लास में किया है-
विभावा अनुभावास्तत् कथ्यन्ते व्यभिचारिणः।
व्यक्तः स तैर्विभावाद्यैः स्थायीभावो रसः स्मृतः॥
(का.प्र. सूत्र-43)
जो लोक में कार्य, कारण और सहकारी कारण कहे जाते हैं वहीं काव्य में क्रमशः विभाव, अनुभाव और व्यभिचारी भाव कहलाते हैं,उन विभाव आदि से व्यक्त वह रति आदि रूप स्थायीभाव रस कहलाता है।

B. **आचार्य विश्वनाथ-** आचार्य विश्वनाथ ने रस का लक्षण साहित्यदर्पण के तृतीय परिच्छेद में किया है-
अविरुद्धा विरुद्धा वा यं तिरोधातुमक्षमाः।
(सा.द. 3/174)
अविरुद्ध अथवा विरुद्ध भाव जिसे छिपा न सके वह आस्वाद का मूलभूत भाव स्थायी है।

C. **आचार्य भरत-** आचार्य भरत ने नाट्यशास्त्र के छठवें अध्याय में रस का लक्षण किया है-
विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः। (नाट्य.6/32)
विभाव, अनुभाव तथा व्यभिचारी भावों के संयोग से रस निष्पत्ति होती है।

D. **आचार्य रुद्रट-** आचार्य रुद्रट काव्यालङ्कार के बारहवें अध्याय में रसविषयक काव्य के विषय में कहते हैं-
तस्मात्तत्कर्तव्यं यत्नेन महीयसा रसैर्युक्तम्।
उद्वेजनमेतेषां शास्त्रवदेवान्यथा हि स्यात्॥
(काव्या.-12/2)
बड़े प्रयत्न से रसपेशल काव्य की रचना करनी चाहिए। रस के अभाव में शास्त्रों के समान काव्यों से उद्वेग उत्पन्न होने लगता है।
अतः विकल्प (C) सही है।

स्रोत- नाट्यशास्त्र (6.32)- ब्रजमोहन चतुर्वेदी, पेज-182

27. अभिव्यक्ति के समर्थक हैं-
(A) भट्टनायक **(B) अभिनवगुप्त**
(C) भट्टलोल्लट **(D) शंकुक**

व्याख्या- आचार्य भरत के रससूत्र **'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः'** में निष्पत्ति शब्द का अर्थ विभिन्न आचार्यों ने अलग-अलग किया है-

A. भट्टनायक- इनका सिद्धान्त **'भुक्तिवाद'** के नाम से जाना जाता है। सामान्यतः ये ध्वनि विरोधी आचार्य हैं इनके अनुसार रस की प्रतीति सामाजिकों को होती है। इन्होंने शब्द में अभिधा-व्यापार, भावकत्व-व्यापार तथा भोजकत्व व्यापार तीन प्रकार का व्यापार माना है।

B. अभिनवगुप्त- अभिनवगुप्त काश्मीरी आचार्य हैं। इन्होनें आनन्दवर्धन के ध्वन्यालोक पर अभिनवभारती नामक टीका लिखी। ये **'अभिव्यक्तिवाद'** के समर्थक हैं। आचार्य अभिनवगुप्त निष्पत्ति का अर्थ अभिव्यक्ति तथा संयोगात् का अर्थ व्यङ्ग्य-व्यञ्जकभावरूपात् किया है।
अतः विकल्प B सही है।

C. भट्टलोल्लट- आचार्य लोल्लट का सिद्धान्त '**उत्पत्तिवाद** के नाम से जाना जाता है। इनके अनुसार रस की प्रतीति अनुकार्य राम आदि में होती है। संयोग का अर्थ उत्पाद्य-उत्पाद्यक शब्द भाव तथा निष्पत्ति का उत्पत्ति अर्थ किया है।

D. भट्टशङ्कुक- आचार्य शङ्कुक का सिद्धान्त '**अनुमितिवाद**' के नाम से जाना जाता है। ये रस को अनुमेय मानते हैं। इन्होंने चित्रतुरगादि न्याय की कल्पना की। ये रस रूप साध्य में अनुमाप्य-अनुमापक भाव को माना है।

स्रोत- दशरूपक- रमाशंकर त्रिपाठी, भू.पेज-15

28. मूलतः 'बुद्धचरितम्' की सर्ग संख्या का उल्लेख मिलता है?
(A) 28 (B) 17
(C) 18 (D) 50

व्याख्या–

	सर्ग संख्या	ग्रन्थ	ग्रन्थकार
A.	28 सर्ग	बुद्धचरितम्	अश्वघोष
B.	17 सर्ग	कुमारसम्भवम्	कालिदास
C.	18 सर्ग	सौन्दरानन्द	अश्वघोष
	18 सर्ग	किरातार्जुनीयम्	भारवि
D.	50 सर्ग	हरविजयम्	रत्नाकर

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-169

29. 'बुद्धचरित' महाकाव्य में महात्माबुद्ध को बुद्धत्व की प्राप्ति का वर्णन किस सर्ग में हुआ है?
(A) 9 वें सर्ग में (B) 11 वें सर्ग में
(C) 14 वें सर्ग में (D) 26 वें सर्ग में

व्याख्या–

	सर्ग	वर्णन
A.	9 वें सर्ग में	कुमार (सिद्धार्थ) का अन्वेषण।
B.	11 वें सर्ग में	काम की निन्दा का वर्णन
C.	14 वें सर्ग में	बुद्धत्व की प्राप्ति का वर्णन
D.	26 वें सर्ग में	महापरिनिर्वाण का वर्णन

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-169

30. महाकाव्य में कम से कम कितने सर्ग होने चाहिए?
(A) 4 (B) 5-10
(C) 8 (D) 10

व्याख्या-

A. आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में नाटिका का लक्षण देते हुए कहते हैं कि नाटिका में चार अङ्क होने चाहिए- "**नाटिका क्लृप्तवृत्ता स्यात्स्त्रीप्राया चतुरङ्किका**" (सा.द. 6/269) नाटिका की कथा कविकल्पित होती है इसमें अधिकांश स्त्रियाँ होती हैं इसमें चार अङ्क होते हैं- **जैसे-** रत्नावली

B. आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में नाटक का लक्षण करते हुए कहते हैं कि नाटक में पाँच से दस अङ्क होनें चाहिए- **नाटकं ख्यातवृत्तं स्यात्पञ्चसन्धिसमन्वितम् --- पञ्चादिका दशपरास्तत्राङ्काः परिकीर्तिताः॥** (सा.द.6/7-8) नाटक की कथा ख्यात अर्थात् रामायणादि इतिहास में प्रसिद्ध होनी चाहिए इसमें पाँच से लेकर दस अङ्क होते हैं-
जैसे- उत्तररामचरित, वेणीसंहार, मुद्राराक्षस।

C. आचार्य विश्वनाथ के अनुसार महाकाव्य का लक्षण निम्नवत् है- **सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः---- नातिस्वल्पा नातिदीर्घाः सर्गा अष्टाधिका इह॥** (सा०द० 6/315, 320) जिसमें सर्गों का निबन्धन हो वह महाकाव्य है इसमें एक देवता या सद्वंश क्षत्रिय राजा जिसमें धीरोदात्तत्वादि गुण हो, नायक होता है। इसमें न बहुत छोटे, न बहुत बड़े आठ से अधिक सर्ग होते हैं। **जैसे-** रघुवंशम्, कुमारसम्भवम्।
अतः विकल्प C सही है।

D. लास्य के दस अङ्ग होते हैं- गेयपद, स्थितपाठ्य,आसीन, पुष्पगण्डिका, प्रच्छेदक, त्रिगूढ, सैन्धव, द्विगूढक, उत्तमोत्तमक उक्त-प्रत्युक्त।

स्रोत- साहित्यदर्पण (6.7-8)

31. महाकाव्य में अङ्गीरस नहीं होता है-
(A) शृङ्गार (B) वीर
(C) करुण (D) रौद्र

व्याख्या–

A. आचार्य विश्वनाथ (साहित्यदर्पण)- 'एक एव भवेदङ्गी शृङ्गारो वीर एव वा' (सा.द. 6/10)

नाटक में एक ही प्रधान (अङ्गी/मुख्य रस होता है। शृङ्गार अथवा वीर रस।

जैसे-

अभिज्ञानशाकुन्तलम् में शृङ्गार, वेणीसंहार में वीर रस।

'शृङ्गारवीरशान्तानामेकोऽङ्गी रस इष्यते।

(सा.द. 6/317)

B. महाकाव्य में अङ्गी- महाकाव्य में शृङ्गार, वीर अथवा शान्तरस में से एक अङ्गी रस होता है।

जैसे- 1. नैषधीयचरितम् में- शृङ्गार रस

2. शिशुपालवधम् में वीररस

3. महाभारत में शान्तरस

C. अङ्क में अङ्गी रस-

रसोऽत्र करुणः स्थायी बहुस्त्री परिदेवितम्।' (सा. द. 6/251) नाटक आदि दस रूपकों में अङ्क नामक रूपक में स्थायी रस, करुण रस होता है।

D. डिम में अङ्गी रस- षड्रसाःशान्तहास्यशृङ्गारवर्जिताः। डिम नामक रूपक में छः रस होते हैं शान्त, हास्य एवं शृङ्गार को छोड़कर।

अतः विकल्प D सही है।

रूपक	उदाहरण	रस
नाटक	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	शृङ्गार
प्रकरण	मृच्छकटिकम्	शृङ्गार
भाण	कर्पूरचरितम्	शृङ्गार
व्यायोग	सौगन्धिकाहरणम्	हास्य,शान्त, शृङ्गार को छोड़कर सभी रस
समवकार	समुद्रमन्थनम्	वीररस
डिम	त्रिपुरदाह	रौद्ररस
ईहामृग	रुक्मिणीहरणम्	शृङ्गार
वीथी	मालविका	शृङ्गार
अङ्क	शर्मिष्ठाययाति	करुण
प्रहसन	हास्यचूडामणि	हास्य

(साहित्यदर्पण के अनुसार)

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव दिवेद्वी, पेज- 132

32. 'ऋतुसंहार' है-
(A) महाकाव्य (B) गद्यकाव्य
(C) गीतिकाव्य (D) नाटक

व्याख्या–

	विधा	ग्रन्थ/विभाजन	लेखक
A.	महाकाव्य	रघुवंशम् (19 सर्ग)	कालिदास
		रावणवध (22 सर्ग)	भट्टि
		किरातार्जुनीयम् (18 सर्ग)	भारवि
B.	गद्यकाव्य	कादम्बरी (कथा) (दो भाग)	बाणभट्ट
		दशकुमारचरितम् (8 उच्छ्वास)	दण्डी
C.	गीतिकाव्य	ऋतुसंहार (6सर्ग)	कालिदास
		मेघदूतम् (दो भाग, पूर्व-उत्तर)	कालिदास
D.	नाटक	वेणीसंहारम् (6 अङ्क)	भट्टनारायण
		मुद्राराक्षस (7अङ्क)	विशाखदत्त

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-525

33. 'रीतिरात्मा काव्यस्य' किसकी उक्ति है?
(A) मम्मट (B) कुन्तक
(C) विश्वनाथ (D) वामन

व्याख्या–

A. आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्य का लक्षण करते हैं-

'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि।'

(का.प्र.सूत्र-1)

दोषों से रहित गुणों से युक्त यदि कहीं पर अलङ्कार न भी हो तो शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य है।

B. आचार्य कुन्तक वक्रोक्तिजीवितम् के प्रथमोन्मेष में काव्य का लक्षण करते हैं- **वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्।** वक्रोक्ति काव्य की आत्मा है।

C. आचार्य विश्वनाथ काव्य का लक्षण साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में करते हैं- **वाक्यं रसात्मकं काव्यम्।** (साहित्यदर्पण 1/3) रसात्मक वाक्य काव्य है।

D. आचार्य वामन काव्यालङ्कारसूत्रवृत्ति के प्रथम अधिकरण के द्वितीय अध्याय में काव्य का लक्षण करते हैं- **रीतिरात्मा काव्यस्य।** (काव्यालंकारसूत्रवृत्ति 1.2.6) रीति काव्य की आत्मा है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- काव्यालङ्कारसूत्रवृत्ति (1.2.6)- हरगोविन्द शास्त्री, पेज-14

34. उत्पत्तिवाद किससे सम्बन्धित है?
(A) भट्टलोल्लट **(B) भट्टशङ्कुक**
(C) भट्टनायक **(D) अभिनवगुप्त**

व्याख्या–
आचार्य भरतमुनि के रससूत्र 'विभावानुभाव व्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः' की व्याख्या विभिन्न आचार्यों ने निम्नवत् किया है-

	आचार्य	सिद्धान्त	रसप्रतीति
A.	भट्टलोल्लट	उत्पत्तिवाद	उत्पाद्य-उत्पादक भाव
B.	भट्टशङ्कुक	अनुमितिवाद	अनुमाप्य-अनुमापक
C.	भट्टनायक	भुक्तिवाद	भोज्य-भोजक भाव
D.	अभिनवगुप्त	अभिव्यक्तिवाद	व्यङ्ग्य-व्यञ्जक भाव

अतः विकल्प A सही है।
स्रोत- साहित्यदर्पण- राजेन्द्र मिश्र, भू पेज-17

35. अनुमितिवाद के समर्थक हैं-
(A) भट्टलोलट **(B) भट्टशंकुक**
(C) भट्टनायक **(D) अभिनवगुप्त**

व्याख्या–

A.	भट्टलोल्लट	अभिधावादी	मीमांसक	अष्टम-नवम शताब्दी
B.	भट्टशङ्कुक	अनुमितिवाद	नैयायिक	नवम शताब्दी का प्रारम्भ
C.	भट्टनायक	भुक्तिवादी	सांख्य	दशमशताब्दी
D.	अभिनवगुप्त	अभिव्यक्तिवादी	शैव आचार्य	दशमशताब्दी का उत्तरार्ध एकादश शताब्दी का पूर्वार्ध।

अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- दशरूपक- रमाशंकर त्रिपाठी, भू. पेज-14

36. किसने 'वक्रोक्ति' को काव्य की आत्मा कहा है?
(A) कुन्तक **(B) क्षेमेन्द्र**
(C) भामह **(D) दण्डी**

व्याख्या-
A. कुन्तक- आचार्य कुन्तक वक्रोक्तिजीवितम् के प्रथमोन्मेष में काव्य का लक्षण करते हैं- **'वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्।'** वक्रोक्ति काव्य की आत्मा है।

B. क्षेमेन्द्र- आचार्य क्षेमेन्द्र औचित्यविचारचर्चा में काव्य का लक्षण इस प्रकार करते हैं **'औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यजीवितम्।'** (औचित्यविचारचर्चा श्लोक-5) शृंगारादि रसों से प्रसिद्ध काव्य का जीवन औचित्य ही है।

C. भामह- आचार्य भामह काव्यालंकार में काव्य का लक्षण करते हैं-**'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्।'** (काव्या. 1/16) भामह ने शब्द और अर्थ दोनों के सहभाव को काव्य माना है।

D. दण्डी- आचार्य दण्डी काव्यादर्श के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं- **'शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली।'**(काव्यादर्श 1/10) इष्ट सरस मनोहरतया वर्णन करने के लिए अभिप्रेत अर्थ से युक्त शब्द को काव्य का शरीर कहा जाता है इष्ट अर्थ से युक्त पद समुदाय को काव्य कहा जाता है।

अतः विकल्प A सही है।
स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, भू. पेज-17

37. सभी रूपकों का सामान्य लक्षण किस रूपक के समान है-
(A) भाण **(B) प्रहसन**
(C) प्रकरण **(D) नाटक**

व्याख्या–
आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में रूपक का लक्षण तथा भेदोपभेद का वर्णन करते हैं- रूपक के दश भेद हैं-

नाटकमथ प्रकरणं भाणव्यायोगसमवकारडिमाः।
ईहामृगाङ्कवीथ्यः प्रहसनमिति रूपकाणि दश॥
(सा.द.6.3)

* **नाटक-**
1. नाटकं ख्यातवृत्तं स्यात् पञ्चसन्धिसमन्वितम्।
विलासद्धर्यादिगुणवद्युक्तं नानाविभूतिभिः (सा.द. 6/7)
2. प्रख्यातवंशो राजर्षिर्धीरोदात्तः प्रतापवान्।
दिव्योऽथ दिव्यादिव्यो वा गुणवान्नायको मतः।।(सा.द. 6.9)
3. एक एव भवेदङ्गी शृङ्गारो वीर एव वा।
अङ्गमन्ये रसाः सर्वे कार्यो निर्वहणेऽद्भुतः।।(सा.द.6.10)

नाटक की कथावस्तु इतिहास प्रसिद्ध, पाँच सन्धियों से युक्त, गुणों एवं अनेक प्रकार की विभूतियों से युक्त, प्रख्यात वंश वाला राजर्षि, प्रतापी, दिव्य गुण वाला नायक,शृङ्गार या वीर अङ्गीरस एवं अन्य सभी अप्रधान (गौण) रस होते हैं। नाटक का सामान्य लक्षण प्रायः अन्य सभी रूपकों में मिलता है।

प्रकरण- 'शेषं नाटकवत्सन्धिप्रवेशकरसादिकम्' (दश.3.40) प्रकरण में सन्धि, प्रवेशक तथा रस आदि नाटक के समान होते हैं।

भाण- 'भूयसा भारती वृत्तिरेकाङ्गं वस्तुकल्पितम्' (दश.3.5) भाण नामक रूपक में प्रायः भारती वृत्ति का प्रयोग होता है वह एक अंक का होता है तथा कथावस्तु कविकल्पित होती है। प्रहसन भी भाण की तरह ही होता है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत-संस्कृत साहित्य का इतिहास-उमाशङ्कर शर्मा 'ऋषि', पेज-437

38. संस्कृत नाट्यशास्त्र में रूपक के कितने भेद हैं?

(A) 8 **(B) 10**

(C) 4 **(D) 13**

व्याख्या–

A. आचार्य भरतमुनि के नाट्यशास्त्र के अनुसार नाटक में आठ रस होते हैं-

श‍ृङ्गारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः।।

(नाट्य. 6/15)

श‍ृङ्गार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत ये आठ रस नाटक में होते हैं।

B. दशरूपक के अनुसार रूपक के दस भेद हैं-

नाटकं सप्रकरणं भाणः प्रहसनं डिमः।
व्यायोगसमवकारौ वीथ्यङ्केहामृगा इति।। (दश. 1/8)

1. नाटक 2. प्रकरण 3. भाण 4. प्रहसन 5. डिम 6.व्यायोग 7. समवकार 8. वीथी 9. अङ्क 10. ईहामृग।

C. दशरूपक के अनुसार नायक के चार भेद होते हैं-

''भेदैश्चतुर्धा ललितशान्तोदात्तोद्धतैरयम्।''

1. धीरललित 2. धीरप्रशान्त 3. धीरोदात्त 4. धीरोद्धत

D. धनञ्जयकृत 'दशरूपक' के अनुसार नायिका के मुख्य तीन भेद हैं एवं कुल तेरह भेद हैं।

स्वान्या साधारणस्त्रीति तद्गुणा नायिका त्रिधा।

(दश. 2/15)

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-264

39. संस्कृत नाट्यशास्त्र में उपरूपकों के कितने भेद हैं?

(A) 10 **(B) 8**

(C) 18 **(D) 33**

व्याख्या-

आचार्य धनञ्जय ने दशरूपक में रूपक के दश भेदों का वर्णन किया है-

नाटकं सप्रकरणं भाणः प्रहसनं डिमः।
व्यायोगसमवकारौ वीथ्यङ्केहामृगा इति।।

(दश.1.8)

A. रूपक के दस भेद- 1. नाटक 2. प्रकरण 3. भाण 4. व्यायोग 5. प्रहसन 6. डिम 7. समवकार 8. ईहामृग 9. वीथी 10. अङ्क।

B. आचार्य धनञ्जय दशरूपक के चतुर्थ प्रकाश में नाटक के आठ सात्त्विक भावों का उल्लेख करते हैं-

स्तम्भप्रलयरोमाञ्चाः स्वेदो वैवर्ण्यवेपथू।
अश्रुवैस्वर्यमित्यष्टौ, स्तम्भोऽस्मिन्निष्क्रियाङ्गता।।

(दश. 4.5-6)

सात्त्विक भाव आठ प्रकार के होते हैं-

1. स्तम्भ 2. प्रलय 3. रोमाञ्च 4. श्वेद 5. वैवर्ण्य 6. वेपथु 7. अश्रु 8. वैश्वर्य।

C. उपरूपक के 18 भेद होते हैं- 1. नाटिका 2. त्रोटक 3. गोष्ठी 4. सट्टक 5. नाट्य-रासक 6. प्रस्थान 7. उल्लाप्य 8.काव्य 9. प्रेङ्खण 10.रासक 11. संलापक 12. श्रीगदित 13. शिल्पक 14. विलासिका 15. दुर्मल्लिका 16. प्रकरणी 17. हल्लीसक 18. भाणिका।

D. आचार्य धनञ्जय दशरूपक के चतुर्थ प्रकाश में व्यभिचारी भावों का उल्लेख करते हुए उनकी संख्या 33 बताते हैं- 1. निर्वेद 2.ग्लानि 3. शङ्का 4. श्रम 5.धृति 6. जडता 7. हर्ष 8. दैन्य 9. उग्रता 10. चिंता 11. त्रास 12. असूया 13. अमर्ष 14. गर्व 15. स्मृति 16. मरण 17. मद 18. सुप्त 19. निद्रा 20. विवोध 21. व्रीडा 22. अपस्मार 23. मोह 24. मति 25. अलसता 26. आवेग 27. तर्क 28. अवहित्था 29. व्याधि 30. उन्माद 31. विषाद 32. औत्सुक्य 33. चपलता

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-264

40. 'विक्रमोर्वशीयम् ' का नायक है?

(A) उदयन **(B) अग्निमित्र**

(C) भीम **(D) पुरुरवा**

व्याख्या-

नायक/नायिका	ग्रन्थ	रचनाकार
उदयन/वासवदत्ता	स्वप्नवासवदत्तम्	भास
अग्निमित्र/मालविका	मालविकाग्निमित्रम्	कालिदास
भीम/द्रौपदी	वेणीसंहारम्	भट्टनारायण
पुरुरवा/उर्वशी	विक्रमोर्वशीयम्	कालिदास
श्रीकृष्ण	शिशुपालवधम्	माघ
चारुदत्त/वसन्तसेना, धूता	मृच्छकटिकम्	शूद्रक
जीमूतवाहन/मलयवती	दशकुमारचरितम्	दण्डी
अर्जुन/द्रौपदी	किरातार्जुनीयम्	भारवि
चन्द्रापीड/कादम्बरी	कादम्बरी (कथा)	बाणभट्ट
श्रीराम/सीता	उत्तररामचरितम्	भवभूति
चन्द्रपाल	कर्पूरमञ्जरी	राजशेखर
भगवान् बुद्ध	बुद्धचरितम्	अश्वघोष
शिव/पार्वती	कुमारसम्भवम्	कालिदास

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-329

41. 'य' वर्ण का उच्चारणस्थान है-
(A) कण्ठ **(B) तालु**
(C) मूर्धा **(D) दन्त**

व्याख्या-

A. **अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः -** अ तथा कवर्ग (क ख ग घ ङ) तथा ह विसर्ग का उच्चारण स्थान कण्ठ है।

B. **इचुयशानां तालु-** इ, चवर्ग (च छ ज झ ञ) तथा य, श का उच्चारणस्थान तालु है।

C. **ऋटुरषाणां मूर्धा-** ऋ, ट वर्ग (ट ठ ड ढ ण) र, ष का उच्चारण स्थान मूर्धा है।

D. **लृतुलसानां दन्ताः-** लृ, तवर्ग, (त थ द ध न) ल, स का उच्चारण स्थान दन्त है।

अतः विकल्प B सही है।

* **उपूपध्मानीयानामोष्ठौ -** अठारह प्रकार के उकार, पवर्ग, उपध्मानीय का उच्चारणस्थान ओष्ठ है।
* **ञमङणनानां नासिका च-** ञ्, म्, ङ्, ण्, न् का उच्चारणस्थान नासिका भी होता है।
* **एदैतोः कण्ठतालुः -** ए और ऐ का उच्चारणस्थान कण्ठ और तालु से होता है।
* **ओदौतोः कण्ठोष्ठम्-** ओ, औ का उच्चारणस्थान कण्ठ और ओष्ठ है।
* **वकारस्य दन्तोष्ठम्-** वकार का उच्चारणस्थान दन्त और ओष्ठ है।
* **जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम्-** जिह्वामूलीय विसर्ग का उच्चारणस्थान जिह्वामूल है।
* **नासिकाऽनुस्वारस्य-** अनुस्वार का उच्चारण नासिका के सहयोग से होता है। अतः अनुस्वार का उच्चारणस्थान नासिका है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका-बाबूराम सक्सेना, पेज-41

42. 'ग' वर्ण का उच्चारण स्थान है-
(A) ओष्ठ **(B) दन्त ओष्ठ**
(C) कण्ठ **(D) तालु**

व्याख्या-

A. उपूपध्मानीयानामोष्ठौ- उ, पवर्ग (प् फ् ब् भ् म्),उपध्मानीय विसर्ग का उच्चारणस्थान ओष्ठ है।

B. वकारस्य दन्तोष्ठम्- व का उच्चारण स्थान दन्त + ओष्ठ है।

C. अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः- अ, कवर्ग (क ख ग घ ङ) ह, विसर्ग का उच्चारणस्थान कण्ठ है।

D. इचुयशानां तालु- इ, चवर्ग (च, छ, ज, झ, ञ,) य, श, का उच्चारणस्थान तालु है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका-बाबूराम सक्सेना, पेज-41

43. 'दैत्य + अरिः' में कौन सी सन्धि है?
(A) गुण सन्धि **(B) दीर्घ सन्धि**
(C) वृद्धि सन्धि **(D) अयादि सन्धि**

व्याख्या–

	सूत्र/सन्धि नाम	सन्धि विच्छेद	उदाहरण
A.	आद्गुणः	उप+इन्द्रः	उपेन्द्रः
	गुण सन्धि	गङ्गा+उदकम्	गङ्गोदकम्
	अ/आ+इ/ई=ए	महा+ऋषिः	महर्षिः
	अ/आ+उ/ऊ = ओ	तव+लृकारः	तवल्कारः
	अ/आ+ऋ+ॠ= अर्	गण+ईशः	गणेशः
	अ/आ+लृ = अल्	रमा+ ईशः	रमेशः
		हित + उपदेशः	हितोपदेशः
		पर+उपकारः	परोपकारः
		पीन+ऊरुः	पीनोरुः

B. अकः सवर्णे दीर्घः दीर्घ सन्धि अ/आ+अ/आ=आ उ/ऊ+उ /ऊ=ऊ ए/ऐ+ए /ए =ऐ ओ/औ+औ/औ=औ इ/ई+इ+ई=ई	सुर+ अरिः	सुरारिः
	दैत्य+अरिः	**दैत्यारिः**
	हिम+आलयः	हिमालयः
	श्री+ईशः	श्रीशः
	गुरु+उपदेशः	गुरूपदेशः
	लघु+ऊर्मिः	लघूर्मिः
	गिरि+इन्द्रः	गिरीन्द्रः
	क्षिति+ईशः	क्षितीशः
	सुधी+इन्द्रः	सुधीन्द्रः
C. वृद्धिरेचि	अद्य+एव	अद्यैव
	तत्र+एव	तत्रैव
	देव+ऐश्वर्यम्	देवैश्वर्यम्
वृद्धि सन्धि	महा+ऐश्वर्यम्	महैश्वर्यम्
अ/आ+ए/ऐ =ऐ	तथा+एव	तथैव
	विद्या+ऐश्वर्यम्	विद्यैश्वर्यम्
अ/अ+ओ/औ=औ	तण्डुल+ओदनम्	तण्डुलौदनम्
	महा+ओषधिः	महौषधिः
D. एचोऽयवायावः	शे+अनम्	शयनम्
अयादि सन्धि	ने+अनम्	नयनम्
ए/ऐ/ओ/औ+कोई	नै+अकः	नायकः
स्वर=क्रमशः	भो+अति	भवति
अय्, आय्, अव्,आव् ये	हरे+ए	हरये
आदेश प्राप्त होंगे	वटो+ऋक्षः	वटवृक्षः
	विष्णो+ए	विष्णवे
	पौ+अकः	पावकः

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना,पेज-46

44. 'हरिहरौ' शब्द का विग्रह होगा-

(A) हरि च हरौ च **(B) हरिश्च हरश्च**

(C) हरि च हरौ **(D) हरि हरौ च**

व्याख्या–

* **चार्थे द्वन्द्वः** (2/2/29) यदि दो या दो से अधिक संज्ञाएँ 'च' से जोड़ी जाय तो वह द्वन्द्व समास कहलाता है द्वन्द्व समास के मुख्यतः दो भेद हैं-

1. **इतरेतरद्वन्द्व-** हरिश्च+हरश्च = हरिहरौ, शिवश्च केशवश्च = शिवकेशवौ
2. **समाहार द्वन्द्व-** पाणिश्च पादौ च तेषां समाहारः - पाणिपादम्, अहिश्च+नकुलश्च = अहिनकुलम्

* एकशेष द्वन्द्व- यद्यपि एकशेष वृत्ति है फिर भी इसे द्वन्द्व समास के अन्तर्गत माना जाता है- माता च+पिता च = पितरौ, श्वश्रूश्च + श्वसुरश्च = श्वसुरौ।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या खण्ड-4) पेज-235

45. 'सप्तर्षयः' में कौन सा समास है?

(A) अव्ययीभाव **(B) तत्पुरुष**

(C) द्वन्द्व **(D) बहुव्रीहि**

व्याख्य–

A. अव्ययीभाव- अव्ययं विभक्ति-समीप-समृद्धि व्यृद्ध्यर्थाभावात्यया-सम्प्रति - शब्दप्रादुर्भाव-पश्चाद्यथाऽऽनुपूर्व्य यौगपद्य- सादृश्य-सम्पत्ति- साकल्यान्तवचनेषु (2.1.6)

सामासिकपद	अर्थ	लौकिक विग्रह
अधिहरि	हरि में (विभक्ति अर्थ में)	हरौ इति
उपकृष्णाम्	कृष्ण के समीप (समीप अर्थ में)	कृष्णस्य समीपम्
दुर्यवनम्	यवनों की समृद्धि का अभाव	यवनानां व्यृद्धिः
निर्मक्षिकम्	मक्खियों का अभाव	मक्षिकाणाम् अभावः
अतिहिमम्	हिम का 'नाश'(अत्यय)	हिमस्य अत्ययः
अतिनिद्रम्	निद्रा का समय 'प्रसिद्धि'	निद्रा सम्प्रति न युज्यते
अनुविष्णु	विष्णु के पीछे (पश्चात् अर्थ में)	विष्णोः पश्चात्
प्रत्यर्थम्	प्रत्येक अर्थ के प्रति (वीप्सा अर्थ)	अर्थम्-अर्थं प्रति
यथाशक्ति	शक्ति के अनुसार	शक्तिम् अनति क्रम्य
B. दिक्संख्ये संज्ञायाम् (2.1.49)		
सप्तर्षयः	सात ऋषियों की संज्ञा	सप्त च ते ऋषयः
* द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः		(2.1.23)
कृष्णश्रितः	कृष्ण का आश्रय लिया हुआ	कृष्णं श्रितः
अरण्यातीतः	वन को पार किया हुआ	अरण्यम् अतीतः
कूपपतितः	कुएँ में गिरा हुआ	कूपं पतितः
ग्रामगतः	गाँव गया हुआ	ग्रामं गतः
दुःखापन्नः	दुःख को प्राप्त हुआ	दुःखम् आपन्नः
C. **द्वन्द्व- चार्थे द्वन्द्वः- (2.2.29)**		
हरिहरौ	विष्णु और शिव	हरिश्च हरश्च
त्वक्स्रजम्	त्वचा और माला का समुदाय	त्वक् च स्रक् च
छत्रोपाहनम्	छाते और जूते का समुदाय	छत्रं च उपानत् च तेषां समाहारः।

D. **बहुव्रीहिः - अनेकमन्यपदार्थे (2.2.24)-**

प्राप्तोदकः प्राप्त हो गया है जल जिसको = ग्राम
प्राप्तम् उदकं यं (ग्रामम्)

पीताम्बरः पीले हैं वस्त्र जिसके वह (विष्णु)
पीतम् अम्बरं यस्य सः (विष्णु)

अपुत्रः जिसका पुत्र नहीं है वह पुत्रहीन
अविद्यमानः पुरुषः पुत्रो यस्य सः

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या खण्ड-4), पेज-99

46. 'सहरि' में कौन सा समास है?
(A) अव्ययीभाव **(B) तत्पुरुष**
(C) बहुव्रीहि **(D) द्वन्द्व**

व्याख्या-

A. अव्ययीभाव-

समास/समस्त पद	लौकिकविग्रह	अलौकिक विग्रह
सहरि	**हरेः सादृश्यम्**	**हरि ङस् सह**
सचक्रम्	चक्रेण युगपत्	चक्र टा सह
ससखि	सदृशः सख्या	सखि टा सह
सक्षत्रम्	क्षत्राणां सम्पत्तिः	क्षत्र आम् सह
सतृणम्	तृणम् अपि अपरित्यज्य	तृण टा सह
साग्नि	अग्निग्रन्थपर्यन्तम्	अग्नि टा सह
B. तत्पुरुष-		
हरित्रातः	हरिणा त्रातः	हरि टा त्रात सु
यूपदारु	यूपाय दारु	यूप ङे दारु सु
C. बहुव्रीहि-		
रूपवद्भार्यः	रूपवती भार्या अस्ति यस्य	रूपवती सु भार्या सु
स्त्रीप्रमाणः	स्त्रीप्रमाणी यस्य सः	स्त्री सु प्रमाणी सु
सुपात्	सु शोभनौ पादौ यस्य सः	सु पाद औ
D. द्वन्द्व-		
रामकृष्णौ	रामश्च कृष्णश्च	राम सु कृष्ण सु
हरिहरगुरवः	हरिश्च हरश्च गुरुश्च	हरि सु हर सु गुरु सु

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी भैमी व्याख्या, (खण्ड-4) पेज-36

47. 'उपराजम्' में कौन सा समास है?
(A) बहुव्रीहि **(B) अव्ययीभाव**
(C) तत्पुरुष **(D) द्वन्द्व**

व्याख्या-

A. बहुव्रीहि-

समास/समस्त पद	लौकिकविग्रह	अलौकिक विग्रह
व्यूढोरस्कः	व्यूढम् उरो यस्य (पुरुषस्य)	व्यूढ सु उरस् सु
सुहृत्	सुशोभनं हृदयं यस्य	सु हृदय सु
B. अव्ययीभाव-		
उपराजम्	राज्ञः समीपम्	राजन् ङस् उप
उपगङ्गम्	गङ्गायाः समीपम्	गङ्गा ङस् उप
उपकृष्णम्	कृष्णस्य समीपम्	कृष्ण ङस् उप
C. तत्पुरुष-		
गोहितम्	गोभ्यो हितम्	गो भ्यस् हित सु
चोरभयम्	चोरात् भयम्	चोर ङसि+भय सु
D. द्वन्द्व-		
पितरौ/मातापितरौ	माता च पिता च	मातृ सु+पितृ सु
धर्मार्थौ/अर्थधर्मौ	धर्मश्च अर्थश्च	धर्म सु अर्थ सु

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी भैमी व्याख्या, खण्ड-4 पेज-52

48. 'कुपुरुषः' में कौन सा समास है?
(A) नञ् तत्पुरुष
(B) प्रादितत्पुरुष समास
(C) अलुक्तत्पुरुष समास
(D) द्वितीयातत्पुरुष समास

व्याख्या-

समास/सूत्र	उदाहरण	लौकिक विग्रह
A. नञ् तत्पुरुष-		
नञः	अब्राह्मणः	न ब्राह्मणः
	अगर्दभः	न गर्दभः
	असत्यम्	न सत्यम्
	अचरम्	न चरम्
B. प्रादितत्पुरुष समास-		
कुगतिप्रादयः	कुपुरुषः	कुत्सितः पुरुषः
	प्राचार्यः	प्रगतः आचार्यः
प्रादयो गताद्यर्थे प्रथमया	प्रपितामहः	प्रगतः पितामहः
पर्यादयो ग्लानाद्यर्थे चतुर्थ्याः	पर्यध्ययनः	परिग्लानोऽध्ययनाय

समास/सूत्र	उदाहरण	लौकिक विग्रह
अवादयः क्रुष्टाद्यर्थे तृतीयया-	अवकोकिलः	अवक्रुष्टःकोकिलया
C. अलुक् तत्पुरुष समास-		
सञ्ज्ञायाम्	युधिष्ठिरः	युधि स्थिरः
D. उपपद तत्पुरुष समास-		
उपपदमतिङ् (2/2/19)-	कुम्भकारः	कुम्भं करोति इति
	सामगः	साम गायति इति
	धनदः	धनं ददाति इति
	कम्बलदः	कम्बलं ददातीति
	गोदः	गाः ददाति इति

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी-भैमी व्याख्या खण्ड-4, पेज-127

49. 'रामकृष्णौ' में कौन सा समास है?
(A) एकशेष द्वन्द्व (B) समाहार द्वन्द्व
(C) इतरेतर द्वन्द्व (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या–
द्वन्द्व समास के मुख्यतः दो भेद हैं- समाहार द्वन्द्व, इतरेतर द्वन्द्व। यद्यपि एकशेष वृत्ति है फिर भी इसकी गणना द्वन्द्व समास के अन्तर्गत होती है।

द्वन्द्व समास

इतरेतर द्वन्द्व	समाहार द्वन्द्व	एकशेष द्वन्द्व
1. रामकृष्णौ	आहारनिद्राभयम्	ब्राह्मणौ
2. मित्रावरुणौ	पाणिपादम्	शूद्रौ
3. होतापोतारौ	गोधूमचणकम्	अजौ
4. मयूरीकुक्कुटौ	रथिकाश्वारोहम्	श्वसुरौ
5. शिवकेशवौ	अहिनकुलम्	पितरौ

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-257

50. 'चन्द्रशेखरः' में कौन सा समास है?
(A) समानाधिकरण बहुव्रीहि
(B) व्यधिकरण बहुव्रीहि
(C) तत्पुरुष
(D) द्वन्द्व

व्याख्या- बहुव्रीहि समास के मुख्य दो भेद हैं-
बहुव्रीहि समास-
A. समानाधिकरण बहुव्रीहि के छः भेद - 1. द्वितीया प्राप्तोदकः 2. तृतीया जितेन्द्रियः 3. चतुर्थी दन्तधनः 4. पञ्चमी निर्बलः 5. षष्ठी पीताम्बरः 6.सप्तमी वीरपुरुषः
B. व्यधिकरण बहुव्रीहि- 1. चन्द्रशेखरः 2. चक्रपाणिः 3. वीणापाणिः
C. तत्पुरुषः- सत्सङ्गतिः, पूर्वकायः, अपरकायः, अक्षशौण्डः आदि।
D. द्वन्द्व- ब्राह्मणक्षत्रियौ, युधिष्ठिरार्जुनौ, शिवकेशवौ आदि
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका-बाबूराम सक्सेना, पेज-263

51. 'पितरौ' शब्द का विग्रह है-
(A) माता पिता च (B) पितरौ
(C) माता च पिता च (D) मातापिताश्च

व्याख्या-
* **पिता मात्रा** (1.2.70) मातृ-शब्द के साथ उच्चारित पितृ शब्द विकल्प से शेष होता है।
* **पितरौ/मातापितरौ-**लौकिक विग्रह- माता च पिता च तथा अलौकिक विग्रह मातृ सु पितृ सु।
* **चार्थे द्वन्द्वः** से समास होकर 'पिता मात्रा' सूत्र से पितृ का शेष तथा माता का लोप **'यःशिष्यते स लुप्यमानार्थाभिधायी'** के अनुसार पितृ से माता का भी कथन हो जाता है। द्विवचन में 'पितरौ' शब्द बनता है। यह कार्य वैकल्पिक होता है। विकल्प कार्य न होने पर मातापितरौ बनेगा। अतः 'पितरौ' का विग्रह **माता च पिता च** होगा।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी भैमी व्याख्या खण्ड-4, पेज-239

52. 'हरित्रातः' में कौन सा समास है?
(A) द्वितीया तत्पुरुष (B) तृतीया तत्पुरुष
(C) चतुर्थी तत्पुरुष (D) षष्ठी तत्पुरुष

व्याख्या-
A. द्वितीया तत्पुरुष-
'द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः' (2/1/24)

द्वितीयान्त सुबन्त के साथ विकल्प से समास को प्राप्त होता है वह समास द्वितीया तत्पुरुष संज्ञक होता है।
उदाहरण- कृष्णश्रितः, अरण्यातीतः,कूपपतितः आदि।

B. तृतीया तत्पुरुष-
'तृतीया तत्कृतार्थेन गुणवचनेन' (2/1/30)
तृतीयान्त सुबन्त, तृतीयान्त के अर्थ द्वारा कृत जो गुण तद्विशिष्ट द्रव्य सुबन्त के साथ एवं अर्थ के साथ वकल्प से समास को प्राप्त होता है वह समास तृतीया तत्पुरुष सञ्ज्ञक होता है।
उदाहरण- हरित्रातः, नखभिन्नः, विद्यार्थः आदि।

C. चतुर्थी तत्पुरुष-
चतुर्थी तदर्थार्थबलिहित-सुख-रक्षितैः (2/1/36)
द्विजार्थः, भूतबलिः, गोहितम् आदि। चतुर्थ्यन्त सुबन्त, उस चतुर्थ्यन्त के अर्थ के लिए जो तद्वाचक सुबन्तों के साथ एवं अर्थ, बलि, हित, सुख और रक्षित इन सुबन्तों के साथ विकल्प से समास को प्राप्त होता है वह चतुर्थी तत्पुरुष समास होता है।

D. षष्ठी तत्पुरुष- षष्ठी (2/2/8) षष्ठ्यन्त सुबन्त, समर्थ सुबन्त के साथ विकल्प से समास प्राप्त होता है वह षष्ठी तत्पुरुष समास होता है।
उदाहरण- राजपुरुषः, मनोविकारः, आत्मज्ञानम् आदि।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका-बाबूराम सक्सेना,पेज-243

53. 'अब्राह्मणः' में कौन-सा समास है?
(A) अव्ययीभाव **(B) बहुव्रीहि**
(C) द्वन्द्व **(D) तत्पुरुष**

व्याख्या-

A. अव्ययीभाव- नदीभिश्च (2/1/20)-
संख्यावाची पदों का नदीवाचक सुबन्तों के साथ अव्ययीभाव समास होता है।
उदाहरण- पञ्चगङ्गम्, सप्तगङ्गम्, द्वियमुनम् आदि।

B. बहुव्रीहि- अनेकमन्यपदार्थे (2/2/24) अन्य पद के अर्थ में वर्तमान एक से अधिक प्रथमान्त पद परस्पर विकल्प से समास होता है और वह बहुव्रीहि संज्ञक होता है।
उदाहरण- दत्तद्रव्यः, ऊढरथः, वीरपुरुषः, प्रपतितपर्णः आदि।

C. द्वन्द्व- चार्थे द्वन्द्वः (2/2/29) च के अर्थ में वर्तमान अनेक सुबन्त परस्पर विकल्प से समास को प्राप्त होता है और वह समास द्वन्द्व समास होता है।
उदाहरण- अहिनकुलम्, हरिकृष्णरामाः, संज्ञापरिभाषम्, हरिहरगुरवः आदि।

D. तत्पुरुष- न ब्राह्मणः इति अब्राह्मणः में नञ् (2.2.6)सूत्र से नञ् तत्पुरुष समास है। इसके अतिरिक्त तत्पुरुष समास के अन्य उदाहरण हैं- घनश्यामः, कर्पूरगौरः, अनश्वः आदि।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या,भाग-4)पेज-122,126

54. 'यस्य च भावेन भावलक्षणम्' सूत्र है-
(A)कर्म कारक **(B)करण कारक**
(C) अपादान कारक **(D)अधिकरण कारक**

व्याख्या-

A. अभिनिविशश्च (1/4/47)- यदि 'विश्' धातु के पूर्व अभि और नि उपसर्ग लगे हो तो क्रिया के आधार की कर्म कारक संज्ञा होती है।
जैसे- अभिनिविशते सन्मार्गम्।

B. करणकारक- साधकतमं करणम् (1/4/42)- क्रिया की सिद्धि में जो पदार्थ सबसे अधिक उपकारक या सहायक होता है उसकी करण कारक सञ्ज्ञा होती है।
उदाहरण- रामेण बाणेन हतो बाली

C. जनिकर्तुः प्रकृतिः (1/4/30)- 'जन्' धातु के कर्त्ता के कारण की अपादान संज्ञा होती है।
जैसे- ब्राह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते।

D. यस्य च भावेन भावलक्षणम् (2/3/37)- जहाँ एक क्रिया घटित हो वहाँ पहली क्रिया के आश्रयवाचक शब्द में सप्तमी विभक्ति होती है।
जैसे- गोषु दुह्यमानासु गतः। (वह गायों के दुहे जाते समय गया) सप्तमी विभक्ति का प्रकरण अधिकरण कारक के प्रसङ्ग में आया है।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका-बाबूराम सक्सेना, पेज-220

55. ''कर्तृकर्मणोः कृति'' सूत्र है-
(A) सम्प्रदान कारक **(B) करणकारक**
(C) सम्बन्ध कारक **(D) कर्मकारक**

व्याख्या-

A. **सम्प्रदान कारक-** 'तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या (वा0)' तादर्थ्य में चतुर्थी विभक्ति होती है।
मुक्तये हरिं भजति। वह मुक्ति के लिए हरि को भजता है।

B. **करण कारक-** 'इत्थम्भूतलक्षणे' (2/3/21)
जटाभिः तापसः। किसी प्रकार विशेष (धर्म-विशेष) को प्राप्त

हुए व्यक्ति अथवा वस्तु के लक्षण से तृतीया विभक्ति होती है।

C. **सम्बन्ध कारक-** 'कर्तृकर्मणोः कृतिः' (2/3/65)
कृष्णस्य कृतिः। जगतः कर्त्ता कृष्णः। कृत् प्रत्ययान्त के योग में अनभिहित कर्त्ता और कर्म कारक में षष्ठी विभक्ति होती है।

D. **कर्म कारक-** 'उपान्वध्याङ्वसः' (1/4/48)
यदि वस् धातु के पूर्व उप, अनु, अधि और आङ् उपसर्ग लगा हो तो उसके आधार अधिवसति की कर्म संज्ञा होती है।
उदाहरण- हरिः वैकुण्ठम् उपवसति अनुवसति अधिवसति आवसति वा वैकुण्ठं हरिः।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृतव्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-225

56. 'मातुर्निलीयते कृष्णः' रेखांकित पद में कौन सी विभक्ति है?
(A) तृतीया **(B) चतुर्थी**
(C) पञ्चमी **(D) सप्तमी**

व्याख्या-

A. **तृतीया-** अशिष्टव्यवहारे दाणः प्रयोगे चतुर्थ्यर्थे तृतीया (वा0) अशिष्टों के व्यवहार के विषय में दाण् धातु के प्रयोग में चतुर्थी के अर्थ सम्प्रदान में तृतीया होती है।
यथा- दास्या संयच्छते कामुकः।

B. **चतुर्थी-** मन्यकर्मण्यनादरे विभाषाऽप्राणिषु (2.3.17) दिवादिगण के 'मन्' धातु के प्राणिभिन्न कर्म में चतुर्थी विभक्ति विकल्प से होती है यदि तिरस्कार वहाँ प्रतीत होता हो। यथा- न त्वां तृणं तृणाय वा मन्ये।

C. **पञ्चमी-** अन्तर्धौ येनादर्शनमिच्छति (1/4/28)
अन्तर्धान (व्यवधान) होने की क्रिया में कर्त्ता जिससे छुपना चाहता है उसकी अपादान संज्ञा होती है।
यथा- मातुर्निलीयते कृष्णः।

D. **सप्तमी-** षष्ठी चानादरे (2/3/38)
अनादर के आधिक्य होने पर जिसकी क्रिया से दूसरी क्रिया लक्षित हो, उससे षष्ठी और सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे - रुदति रुदतो वा प्राव्राजीत्।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-209

57. 'बालकेभ्यः मिष्ठानं रोचते' रेखांकित पद में कौन सी विभक्ति है?
(A) पञ्चमी **(B) चतुर्थी**
(C) सप्तमी **(D) तृतीया**

व्याख्या-

A. **पञ्चमी-** (जनिकर्तुः प्रकृतिः 1/4/30) जन् धातु के कर्त्ता के कारण की अपादान संज्ञा होती है। जैसे- ब्राह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते।

B. **चतुर्थी-** (रुच्यर्थानां प्रीयमाणः 1/4/33) रुच्यर्थ अर्थात् अभिलाषार्थक धातुओं के प्रयोग में प्रीयमाण व्यक्ति की सम्प्रदान संज्ञा होती है।
जैसे- बालकेभ्यः मिष्ठानं रोचते।

C. **सप्तमी-** (विभाषा कृञ् 1/4/98) कृ धातु के परे रहते ईश्वरत्व अर्थ में 'अधि' की विकल्प में कर्मप्रवचनीय संज्ञा होती है।
जैसे- यदत्र मामधिकारिष्यति।

D. **तृतीया-** (संज्ञोऽन्यतरस्यां कर्मणि 2/3/22) सम्पूर्वजानातेः कर्मणि तृतीया वा स्यात् सम् उपसर्ग पूर्वक ज्ञा धातु के अनभिहित कर्म में विकल्प से तृतीया विभक्ति होती है। जैसे- पित्रा पितरं वा सञ्जानीते।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-20

58. 'जटाभिस्तापसः' में तृतीया विभक्ति का हेतु है-
(A) **इत्थम्भूतलक्षणता** (B) **करणता**
(C) **अङ्गविकार** (D) **उपर्युक्त में से कोई नहीं**

व्याख्या–

A. **इत्थम्भूतलक्षणे (2/3/21)-** किसी धर्म विशेष को प्राप्त हुए व्यक्ति अथवा वस्तु के लक्षण (ज्ञापक चिन्ह) से तृतीया विभक्ति होती है। जैसे- 'जटाभिस्तापसः।' (जटाओं से तपस्वी प्रतीत होता है।) इस उदाहरण में 'तपस्वी' व्यक्ति विशेष में 'जटा' इत्थम्भूत (ज्ञापक चिन्ह) के कारण इसमें तृतीया विभक्ति हुई है। **अतः विकल्प (A) सही है।**

B. **कर्तृकरणयोस्तृतीया (2/3/18)-** अनुक्त कर्ता तथा करण कारक में तृतीया विभक्ति होती है। **जैसे-** रामेण बाणेन हतो बाली। इस उदाहरण में राम के अनुक्त कर्ता

होने के कारण एवं करण 'बाण' के अनुक्तत्वात् उक्त सूत्र से तृतीया विभक्ति हुई है।

C. **येनाङ्गविकारः (2/3/20)-** जिस विकृत अङ्ग के द्वारा अङ्गी का विकार लक्षित हो उस अवयववाची शब्द में तृतीया विभक्ति होती है। **जैसे-** अक्ष्णा काणः। यहाँ अक्षि अङ्ग में काणत्व विकार है अतएव उक्त सूत्र से अक्षि में तृतीया हुई है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका-बाबूराम सक्सेना, पेज-199

59. 'कर्त्री' में कौन सा प्रत्यय है?

(A) टाप् (B) ङीप्
(C) ङीष् (D) ङीन्

व्याख्या–

A. **टाप्- अजाद्यतष्टाप् (4/1/4)-** अजादिगण पठित प्रातिपदिकों के अथवा अदन्त प्रातिपदिकों के वाच्य स्त्रीत्व का द्योतन करना हो तो उन से परे टाप् प्रत्यय हो।

एडक + टाप् = एडका (मादा भेड़)

त्रैनीक + टाप् = त्र्यनीका (सेना)

धनक्रीत + टाप् = धनक्रीता (धन से खरीदी हुई)

B. **ङीप्- ऋन्नेभ्यो ङीप् (4.1.5)-** ऋकारान्त तथा नकारान्त प्रातिपदिकों से स्त्रीलिङ्ग में ङीप् प्रत्यय होता है।

कर्तृ + ङीप् = कर्त्री (करने वाली)

धतृ+ ङीप् = धर्त्री (धारण करने वाली)

C. **ङीष्- षिद्गौरादिभ्यश्च (4/1/41)-** जिसका षकार इत् हो ऐसे प्रातिपदिकों से तथा गौर आदि गण पठित प्रातिपदिकों से परे स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीष् प्रत्यय होता है। **उदाहरण-**नर्तक + ङीष् = नर्तकी (नाचने वाली)

गौर + ङीष् = गौरी (पार्वती)

D. **ङीन्- शार्ङ्गरवाद्यञो ङीन् (4/1/73)-** शाङ्र्गरव आदि गणपठित प्रातिपदिक से तथा अञ् प्रत्यय का जो अकार तदन्त जातिवाचक प्रातिपदिक से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीन् प्रत्यय हो। **उदाहरण-**शार्ङ्गरव+ङीन्=**शार्ङ्गरवी** बैद+ङीन्=**बैदी**, ब्राह्मण+ङीन्=**ब्राह्मणी**

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-512

60. 'पठनीय' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?

(A) तव्यत् (B) क्तवतु
(C) अनीयर् (D) क्त्वा

व्याख्या–

तव्यत्तव्यानीयरः (3.1.96)- धातु से तव्यत्, तव्य और अनीयर् प्रत्यय होते हैं।

* पठ् + तव्यत् (तव्य) = पठितव्यम्
* चि + तव्यत् = चेतव्यम्
* **पठ् + अनीयर् = पठनीयम्**
* चिञ् + अनीयर् = चयनीयः (संग्रह करना)
* एध् + अनीयर् = एधनीयम् (बढ़ना चाहिए)
* **समानकर्तृकयोः पूर्वकाले (3.4.21)**

समानकर्तृक धात्वर्थ में पूर्वकाल में विद्यमान धातु से क्त्वा प्रत्यय होता है।

* पठ् + क्तवा = पठित्वा
* नी + क्तवा = नीत्वा
* नम् + क्तवा = नत्वा
* अप् + क्तवा = आप्त्वा
* कृ + क्त्वा = कृत्वा

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका-बाबूराम सक्सेना, पेज-475

61. 'देय' में कौन सा प्रत्यय है?

(A) शतृ (B) शानच्
(C) तव्य (D) यत्

व्याख्या–

लटःशतृशानचावप्रथमासमानाधिकरणे (3.2.124) अप्रथमान्त अर्थात् द्वितीयान्त आदि के साथ समानाधिकरण होने पर लट् के स्थान पर शतृ और शानच् होते हैं। परस्मैपद में शतृ तथा आत्मनेपद में शानच् होते हैं।

दा + शतृ = ददत् , कृ+शतृ = कुर्वत् , नी + शतृ = नयत्

दा + शानच् = ददानः, कम्प् + शानच् = कम्पमानः।

तव्यत्तव्यानीयरः (3.1.96) धातु से तव्यत् , तव्य, और अनीयर् प्रत्यय होता है-

* दा + तव्यत् = दातव्यः
* भिद् = तव्यत् = भेत्तव्यः
* छिद् + तव्यत् = छेत्तव्यः

* पच् + तव्यत् = पक्तव्यः
अचो यत्- (3.1.97) अच् प्रत्याहार के वर्ण अन्त में हो ऐसे धातुओं से यत् प्रत्यय होता है।
उदाहरण- दा + यत् = देयम्, पा + यत् = पेयम्, गै + यत् = गेयम्
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-476

62. 'गम्' धातु लिट्लकार, प्रथमपुरुष, द्विवचन का रूप है-
(A) जगाम **(B) जग्मतुः**
(C) जग्मथुः **(D) जग्म**

व्याख्या–
गम् (जाना) धातु भ्वादिगण, सकर्मक, अनिट्, परस्मैपद

लिट् लकार		
जगाम	जग्मतुः	जग्मुः
जगमिथ	जग्मथुः	जग्म
जगाम	जग्मिव	जग्मिम

* 'गम्' धातु लिट्लकार प्रथमपुरुष द्विवचन में **जग्मतुः** रूप बनेगा। **अतः विकल्प B सही है।**

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका -बाबूराम सक्सेना, पेज-314

63. 'भू' धातु लुङ्लकार प्रथमपुरुष एकवचन का रूप है-
(A) अभूत् **(B) अभवत्**
(C) भवेत् **(D) बभूव**

व्याख्या–

भू धातु (भ्वादिगण) अकर्मक, सेट्, परस्मैपद (सामान्यभूत)		
लुङ् लकार		
अभूत्	अभूताम्	अभूवन्
अभूः	अभूतम्	अभूत
अभूवम्	अभूव	अभूम
लङ् लकार (अनद्यतनभूत)		
अभवत्	अभवताम्	अभवन्
अभवः	अभवतम्	अभवत
अभवम्	अभवाव	अभवाम्
विधिलिङ् लकार		
भवेत्	भवेताम्	भवेयुः
भवेः	भवेतम्	भवेत
भवेयम्	भवेव	भवेम
लिट् लकार (परोक्षभूत)		
बभूव	बभूवतुः	बभूवुः
बभूविथ	बभूवथुः	बभूव
बभूव	बभूविव	बभूविम

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका-बाबूराम सक्सेना, पेज-312

64. 'द्रक्ष्यसि' क्रिया का लकार है?
(A) लुट् **(B) लृट्**
(B) लुङ् **(D) लट्**

व्याख्या–

दृश् (देखना) भ्वादिगण, सकर्मक अनिट्, परस्मैपद		
लुट् लकार (अनद्यतन भविष्य)		
द्रष्टा	द्रष्टारौ	द्रष्टारः
द्रष्टासि	द्रष्टास्थः	द्रष्टास्थ
द्रष्टास्मि	द्रष्टास्वः	द्रष्टास्मः
लृट् लकार (सामान्य भविष्य)		
द्रक्ष्यति	द्रक्ष्यतः	द्रक्ष्यन्ति
द्रक्ष्यसि	द्रक्ष्यथः	द्रक्ष्यथ
द्रक्ष्यामि	द्रक्ष्यावः	द्रक्ष्यामः
लुङ् लकार (सामान्य भूत)		
अद्राक्षीत्	अद्राष्टाम्	अद्राक्षुः
अद्राक्षीः	अद्राक्षिष्टम्	अद्राक्षिष्ट
अद्राक्षम्	अद्राक्ष्व	अद्राक्ष्म
लट्लकार (वर्तमान काल)		
पश्यति	पश्यतः	पश्यन्ति
पश्यसि	पश्यथः	पश्यथ
पश्यामि	पश्यावः	पश्यामः

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-318

65. 'पठ्' धातु लङ्लकार प्रथम पुरुष बहुवचन का रूप है-
(A) पठेयुः **(B) पठन्ति**
(C) अपठन् **(D) अपठत्**

व्याख्या–

पठ् (पढ़ना) भ्वादिगण, सकर्मक, सेट्, परस्मैपद		
विधिलिङ्लकार		
पठेत्	पठेताम्	पठेयुः
पठेः	पठेतम्	पठेत
पठेयम्	पठेव	पठेम
लट्लकार (वर्तमान काल)		
पठति	पठतः	पठन्ति
पठसि	पठथः	पठथ
पठामि	पठावः	पठामः
लङ्लकार (अनद्यतन भूत)		
अपठत्	अपठताम्	**अपठन्**
अपठः	अपठतम्	अपठत
अपठम्	अपठाव	अपठाम्
अतः विकल्प C सही है।		

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका-बाबूराम सक्सेना, पेज-324

66. पाणिनीय शिक्षा की ध्वनियाँ कितने सर्गों में विभक्त हैं?
(A) साठ **(B) पाँच**
(C) छः **(D) सात**

व्याख्या-

A. साठ- पाणिनीय शिक्षा में साठ श्लोक हैं।

B. पाँच- पाणिनीय शिक्षा में वर्णों का उदात्तादिस्वर, ह्स्वदीर्घादि काल, कण्ठमूर्धाताल्वादि स्थान, आभ्यन्तर प्रयत्न और बाह्यप्रयत्न इन पाँच कारणों से पाँच प्रकार का विभेद होता है।

सोदीर्णो मूर्ध्न्यभिहतो वक्त्रमापद्य मारुतः।
वर्णाञ् जनयते तेषां विभागः पञ्चधा स्मृतः॥
(पाणिनीयशिक्षा श्लोक -1)

C. छः- सूत्र 6 प्रकार के होते हैं-
संज्ञा च परिभाषा च विधिर्नियम एव च।
अतिदेशोऽधिकारश्च षड्विधं सूत्रमुच्यते सञ्ज्ञासूत्र, परिभाषासूत्र, विधिसूत्र, नियमसूत्र, अतिदेशसूत्र, अधिकारसूत्र से छः सूत्र हैं।

D. सात- संस्कृत व्याकरण में सात विभक्तियाँ होती हैं।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- पाणिनीय शिक्षा (श्लोक-9)

67. निम्नलिखित में से किसका मत है कि संस्कृत नाटकों की उत्पत्ति 'स्वांगवाद' से हुई है?
(A) प्रो0 हिलब्राण्ड **(B) स्टेन कोनो**
(C) उपर्युक्त दोनों **(D) डा0 पिशेल**

व्याख्या-

* प्रो0 **'हिलब्रान्ड'** और **'स्टेनकोनो'** का मत है कि लोकप्रिय स्वाँगों के साथ 'रामायण' और 'महाभारत' की कथाओं ने मिलकर नाटकों को जन्म दिया है।
* **डॉ0 पिशेल** ने यह विचार प्रस्तुत किया है कि प्राचीन समय में कठपुतली का नाच प्रचलित था उसका ही विकसित रूप नाटक हुआ। संस्कृत नाटकों में प्रस्तुत सूत्रधार (धागा पकड़ने वाला) शब्द इस कथन की पुष्टि करता है। इनका सिद्धान्त **'पुत्तलिका नृत्यवाद'** है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-266

68. किसने यह विचार व्यक्त किया कि 'पुत्तलिका नृत्य से नाटकों की उत्पत्ति हुई?
(A) प्रो0 रिजवे **(B) प्रो0 ल्यूडर्स**
(C) प्रो0 विन्डिश **(D) डॉ0 पिशेल**

व्याख्या–

	मत प्रवर्तक/समर्थक	**नाट्योत्पत्ति का सिद्धान्त**
A.	प्रो0 रिजवे	मृतात्मवाद या श्राद्धवाद
B.	प्रो0ल्यूडर्स	छाया-नाटकवाद
C.	प्रो0 विन्डिस एवं बेवर	यूनानी प्रभाववाद (जवनिका)
D.	डॉ0 पिशेल	पुत्तलिका नृत्यवाद
*	प्रो0 मैक्समूलर, प्रो0 सिल्वाँलेवी, प्रो0 फॉन श्रोएदर एवं डा0 हर्टल	ऋक्संवाद सूक्तवाद

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-266

69. 'संस्कारमात्रजन्यं ज्ञानं स्मृतिः' किस दर्शन से सम्बन्धित है-
(A) न्यायदर्शन **(B) सांख्यदर्शन**
(C) मीमांसादर्शन **(D) जैनदर्शन**

व्याख्या-

A. न्याय-वैशेषिक- **'संस्कारमात्रजन्यं ज्ञानं स्मृतिः।'** संस्कार मात्र से उत्पन्न ज्ञान को स्मृति कहते हैं। जिस ज्ञान का विषय पहले ही ज्ञात रहता है वही स्मृति है।

B. सांख्यदर्शन- **'अध्यवसायो बुद्धिः'** (सां.का.23) निश्चयात्मक अथवा निश्चय करने वाला तत्त्व बुद्धि है।

C. मीमांसा दर्शन (वेदान्त)-'अनादिमायया सुप्तो यदा जीवः प्रबुध्यते' अनादि माया से सुप्त जीव प्रबुद्ध होता है।

D. जैनदर्शन- 'सम्यग्दर्शनज्ञानचरित्राणि मोक्षमार्गः'-सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान एवं सम्यक् चरित्र मोक्ष का मार्ग है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- तर्कभाषा-गजाननशास्त्री मुसलगाँवकर, पेज-16

70. तर्कभाषा के अनुसार पदार्थों की संख्या है–
(A) सात **(B) सोलह**
(C) नौ **(D) दो**

व्याख्या-

A. अन्नम्भट्टकृत तर्कसंग्रह के अनुसार पदार्थों की संख्या सात है- द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय एवं अभाव।

B. केशवमिश्र कृत तर्कभाषा के अनुसार पदार्थों की संख्या सोलह है-प्रमाण-प्रमेय-संशय-प्रयोजन-दृष्टान्त-सिद्धान्त-अवयव-तर्क-निर्णय-वाद-जल्प-वितण्डा- हेत्वाभास-छल-जाति एवं निग्रहस्थान।

C. तर्कसंग्रह के अनुसार द्रव्यों की संख्या नौ हैं- पृथ्वी-जल-तेज-वायु-आकाश-काल-दिक्-आत्मा और मन।

D. तर्कसंग्रह के अनुसार सामान्य के दो भेद हैं- परसामान्य एवं अपरसामान्य।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- तर्कभाषा-आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-18

71. तर्कभाषा के अनुसार कर्मों की संख्या है-
(A) तीन **(B) चार**
(C) पाँच **(D) छः**

व्याख्या-

A. तर्कभाषा के अनुसार कारण के तीन भेद हैं-
1. समवायिकारण 2. असमवायिकारण 3. निमित्तकारण

B. तर्कभाषा के अनुसार प्रमाणों की संख्या चार है-
1. प्रत्यक्ष प्रमाण 2. अनुमान प्रमाण
3. उपमान प्रमाण 4. शब्द प्रमाण

C. तर्कभाषा के अनुसार कर्म का लक्षण है- **''चलनात्मकं कर्म''**कर्म का स्वरूप है क्रिया (चलना)।
कर्म के पाँच भेद हैं-

1. **उत्क्षेपण-** ऊर्ध्वदेशसंयोगहेतुरुत्क्षेपणम्। ऊर्ध्व देश से संयोग का जो हेतु होता है वह उत्क्षेपण कहलाता है।
2. **अपक्षेपण-** अधोदेशसंयोगहेतुरपक्षेपणम्।' अधोदेश से संयोग का जो हेतु होता है वह अपक्षेपण कहलाता है।
3. **आकुञ्चन-** 'शरीरस्य सन्निकृष्टसंयोगहेतुराकुञ्चनम्' शरीर के निकट-संयोग का जो हेतु होता है वह आकुञ्चन कहलाता है।
4. **प्रसारण-** 'विप्रकृष्टसंयोगहेतुः प्रसारणम्' शरीर के दूरसंयोग का जो हेतु होता है। वह प्रसारण कहलाता है।
5. **गमन-** 'अन्यत्सर्वं गमनम्' इनके अतिरिक्त समस्त क्रियायें गमन हैं।

D. तर्कभाषा के अनुसार सन्निकर्ष के छह भेद हैं-

1. संयोग सन्निकर्ष- (चक्षु-घट)
2. संयुक्त समवाय सन्निकर्ष- (चक्षु-घटरूप)
3. संयुक्त समवेत समवाय सन्निकर्ष- (चक्षु-घटरूपत्व)
4. समवाय सन्निकर्ष- (श्रोत्र-शब्द)
5. समवेत समवाय सन्निकर्ष- (श्रोत्र-शब्दत्व)
6. विशेषण विशेष्यभाव सन्निकर्ष- (भूतले घटः नास्ति)

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- तर्कभाषा-श्रीनिवास शास्त्री, पेज-224

72. तर्कसंग्रह के अनुसार कारण के कितने भेद हैं?
(A) दो **(B) तीन**
(C) चार **(D) पाँच**

व्याख्या-

A. तर्कसंग्रह के अनुसार बुद्धि के दो भेद हैं- स्मृति तथा अनुभव।

B. तर्कसंग्रह के अनुसार कारण के तीन भेद हैं-

1. समवायिकारण- यत्समवेतं कार्यमुत्पद्यते तत्समवायिकारणम् यथा- तन्तवः पटस्य, पटश्च स्वगतरूपादेः।
जिस कारण में जो कार्य समवाय सम्बन्ध से उत्पन्न होता है, वह कारण उस कारण के प्रति समवायिकारण होता है। **उदाहरण-** तन्तु पट के प्रति,पट पटरूप के प्रति, कपाल घट के प्रति समवायिकारण होता है।

2. असमवायिकारण- कार्येण कारणेन वा सहैकस्मिन्नर्थे समवेतत्वे सति यत्कारणं तदसमवायिकारणम् यथा- तन्तुसंयोगः पटस्य, तन्तुरूपं पटरूपस्य। कार्य या समवायिकारण के साथ एक अधिकरण में रहने वाले कारण को असमवायिकारण कहते हैं। **उदाहरण-** तन्तुसंयोग पट के साथ तन्तु में समवाय सम्बन्ध से रहता है अतः पट के प्रति वह असमवायिकारण होता है।

3. निमित्त कारण- तदुभयभिन्नं कारणं निमित्तकारणम्। यथा- तुरीवेमादिकं पटस्य। समवायि तथा असमवायिकारण से भिन्न होने वाला कारण निमित्त कारण है। **उदाहरण-** तुरी, वेमा आदि पट के निमित्त कारण हैं।

C. तर्कसंग्रह के अनुसार अभाव के चार भेद हैं-
1. प्राग्भाव 2. प्रध्वंसाभाव 3. अन्योन्याभाव 4. अत्यन्ताभाव

D. तर्कसंग्रह के अनुसार हेत्वाभास के पाँच भेद हैं-
1. असिद्ध हेत्वाभास 2. विरुद्ध हेत्वाभास 3. अनैकान्तिक हेत्वाभास4. प्रकरणसम हेत्वाभास 5. कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- तर्कभाषा - श्रीनिवास शास्त्री, पेज-24

73. तर्कसंग्रह के अनुसार गुणों की संख्या है-
(A) अनन्त **(B) 7**
(C) 24 **(D) 2**

व्याख्या –तर्कसंग्रह के अनुसार

A. विशेष पदार्थ की संख्या-
अनन्त (नित्यद्रव्यवृत्तयो विशेषास्तवनन्ता एव) नित्य द्रव्य में रहने वाला व्यावर्तक ' विशेष' कहलाते हैं।

B. पदार्थों की संख्या- तर्कसंग्रह के अनुसार पदार्थों की संख्या सात हैं- द्रव्य-गुण-कर्म-सामान्य-विशेष-समवाय-अभाव।

C. गुणों की संख्या- तर्कसंग्रह में गुणों की संख्या चौबीस है- रूप, रस,गन्ध, स्पर्श, संख्या, परिणाम, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, गुरुत्व, द्रव्यत्व, स्नेह, शब्द, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा,द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म, तथा संस्कार।

D. सामान्य की संख्या- 1. परसामान्य 2. अपरसामान्य
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज- 19

74. जगत् ब्रह्म का है-
(A) परिणाम **(B) विवर्त**
(C) उपरोक्त दोनों **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या–

A. परिणाम (विकार) - जब कोई वस्तु अपने वास्तविक स्वरूप का परित्याग कर अन्यरूप को ग्रहण कर लेती है यह विकारभाव या परिणाम कहलाता है। **जैसे-** दूध का दही में परिवर्तित होना विकार (परिणाम) है।
''सतत्त्वतोऽन्यथाप्रथा विकार इत्युदीरितः।''

B. विवर्त- जब कोई वस्तु अपने वास्तविक स्वरूप का परित्याग न करते हुए अपने सदृश किसी अन्य वस्तु के रूप मे प्रतिभासित होने लगती है। जैसे- रस्सी अपने यथार्थ स्वरूप का परित्याग न करते हुए सर्प की मिथ्या प्रतीति करवाने लगती है। इसी प्रकार ब्रह्म भी अपने मूल स्वरूप का परित्याग किये बिना अन्य वस्तु जगत् रूप में प्रतिभासित होने लगता है यही विवर्त है।
''अतत्त्वतोऽन्यथाप्रथा विवर्त इत्युदाहृतः।''
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-117

75. अध्यास का अर्थ है-
(A) अपवाद **(B) अध्यारोप**
(C) भ्रान्ति **(D) साक्षात्कार**

व्याख्या-

A. अपवाद- 'अपवादो नाम रज्जुविवर्तस्य सर्पस्य रज्जुमात्रत्ववद्वस्तुविवर्त्तस्यावस्तुनोऽज्ञानादेः प्रपञ्चस्य वस्तुमात्रत्वम्।' किसी यथार्थ वस्तु की भ्रम के कारण अयथार्थ स्वरूप का ज्ञान हो जाना ही अपवाद कहलाता है। **जैसे-** रज्जुभूत सर्प का पुनः रज्जु के यथार्थ स्वरूप का ज्ञान हो जाना ।

B. अध्यारोप- 'असर्पभूतायां रज्जौ सर्पारोपवद् वस्तुन्यवस्त्वारोपोऽध्यारोपः।' सर्पभाव को न प्राप्त होने वाली रस्सी पर सर्प के आरोप के समान, वस्तु पर अवस्तु का आरोप करना ही अध्यारोप है।

C. भ्रान्ति- 'वेदान्तसार' में अध्यास का अर्थ अविद्या भ्रान्ति,अज्ञान,अध्यास आदि अनेक अर्थ हैं।

D. साक्षात्कार- वेदान्त में आत्मसाक्षात्कार (ब्रह्मसाक्षात्कार) के तीन साधन बताये गये हैं- 1.श्रवण 2.मनन 3.निदिध्यासन।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत-भारतीय दर्शन- बद्रीनाथ सिंह, पेज-317

76. साधन चतुष्टय में कौन नहीं है?
(A) नित्यानित्यवस्तुविवेक
(B) शमदमादिसाधनषट्कसम्पत्ति
(C) आत्मसंयम
(D) मुमुक्षुत्व

व्याख्या– सदानन्दप्रणीत वेदान्तसार में साधन चतुष्टय की संख्या चार है जो निम्नवत् है-

साधनचतुष्टय
- नित्यानित्यवस्तु विवेक
- इहामुत्रार्थ फलभोगविराग
- शमादिषट्क सम्पत्ति
- मुमुक्षुत्व

सदानन्दकृत 'वेदान्तसार' में अनुबन्धचतुष्टय में आत्मसंयम की गणना नहीं है। **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-2

77. 'तितिक्षा' कहते हैं-
(A) सर्वदा वासनाओं का त्याग
(B) निषिद्ध विषयों से बाह्य इन्द्रियों का निवर्तन
(C) सभी मौसमों को सहन करनें का अभ्यास
(D) मन का संयम

व्याख्या– वेदान्तसार में साधनचतुष्टय के अन्तर्गत शमादि-षट्क सम्पत्ति की चर्चा की गई है-

* **शम-** 'शमस्तावच्छ्रवणादिव्यतिरिक्तविषयेभ्यो मनसो निग्रहः' श्रवण, मनन, निदिध्यासन से भिन्न विषयों से मन को हटा लेने को शम कहते हैं।
* **दम-** 'दमो बाह्येन्द्रियाणां तद्व्यतिरिक्तविषयेभ्यो निवर्त्तनम्।' बाह्य इन्द्रियों को श्रवणादि के अतिरिक्त विषयों से हटाने को दम कहते हैं।
* **उपरति-** 'विहितानां कर्मणां विधिना परित्यागः।' फिर से विषयों की ओर प्रवृत्त होने का उत्साह न रह जाने से स्थिर हो जाना उपरति है। अथवा विहित कर्मों का विधि से परित्याग कर देना उपरति है।
* **तितिक्षा-** 'तितिक्षा शीतोष्णादिद्वन्द्वसहिष्णुता।' शीत-उष्ण, मान-अपमान, लाभ-हानि, जय-पराजय, निन्दा,-स्तुति, हर्ष शोक आदि को सहन करना तितिक्षा है।

अतः विकल्प C सही है।

* **समाधान-** 'निगृहीतस्य मनसः श्रवणादौ तदनुगुणविषये च समाधिः समाधानम्' निगृहीत चित्त का श्रवणादि में तथा श्रवणादि के अनुकूल विषयों में स्थिर हो जाना समाधान है।
* **श्रद्धा-** 'गुरूपदिष्टवेदान्तवाक्येषु विश्वासः श्रद्धा।' गुरु और वेदान्त के वाक्यों में विश्वास होना श्रद्धा है।

78. जगत् की उत्पत्ति का कारण है-
(A) अज्ञानोपहित चैतन्य **(B) ईश्वर**
(C) ब्रह्म **(D) आत्मा**

व्याख्या–

A. 'अज्ञानादिसकलजडसमूहोऽवस्तु।' वेदान्त में जगत् को अवस्तु जड एवं अज्ञान से उत्पन्न बताया गया है। 'तमः प्रधानविक्षेपशक्तिमदज्ञानोपहितचैतन्यादाकाश आकाशा-द्वायुर्वायोरग्निरग्नेरापोऽद्भ्यः पृथिवी चोत्पद्यते' अर्थात् तमोगुण की प्रधानता वाली विक्षेपशक्ति से युक्त अज्ञान से उपहित चैतन्य से आकाश, आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथिवी उत्पन्न होती है।

अतः विकल्प A सही है।

B. पतञ्जलि कृत 'योगदर्शन' में 26 वें तत्त्व के रूप में ईश्वर की चर्चा है। इसमें जगत् की उत्पत्ति का कारण ईश्वर को बताया गया है। इसलिए इसे सेश्वर सांख्य भी कहा जाता है।

C. वेदान्त में ब्रह्म को वस्तु तथा जगत् को अवस्तु कहा गया है। 'वस्तु सच्चिदानन्दाद्वयं ब्रह्म, अज्ञानादिसकलजड-समूहोऽवस्तु'

D. वेदान्त में अत्यन्त स्थूल मतावलम्बियों आत्मा के विषय में कहा है कि ''आत्मा ही पुत्र के रूप में जन्म लेती है।'' ''आत्मा वै जायते पुत्रः''

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-59

79. श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार निष्काम कर्म का अर्थ है-
(A) निरुद्देश्य कर्म करना
(B) सकाम कर्म करना
(C) अनासक्त होकर कर्म करना
(D) कर्मसंन्यास

व्याख्या–

A. जीवन निर्वाह के लिए कर्म करना ही पड़ता है तथा निरुद्देश्य कोई भी व्यक्ति किसी कार्य में प्रवृत्त नहीं होता है। ''प्रयोजमनुदिश्य मन्दोऽपि न प्रवर्तते।''

B. सकाम (कामना से युक्त) कार्य करने से मनुष्य संसार में बँध जाता है।

C. तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर।
असक्तो ह्याचरन्कर्म परमाप्नोति पूरुषः।।
(गीता 3/19)
भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि हे अर्जुन! तू निरन्तर आसक्ति रहित होकर कर्तव्य कर्म का भली भाँति आचरण कर क्योंकि आसक्तिरहित होकर कर्म करता हुआ मनुष्य परमात्मा को प्राप्त हो जाता है।

D. भगवद्गीता के पाँचवें अध्याय का नाम कर्मसंन्यास योग' है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता (3/9,19)

80. श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार कर्मयोगी को कर्म क्यों करना चाहिए?
(A) कीर्ति के लिए
(B) लोकसंग्रह के लिए
(C) सुख के लिए
(D) लोकत्याग के लिए

व्याख्या-

* श्रीमद्भगवद्गीता के तृतीय अध्याय में भगवान् श्री कृष्ण अर्जुन को कर्मयोगी का उदाहरण देते हुए कहते हैं कि-
कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः।
लोकसङ्ग्रहमेवापि सम्पश्यन्कर्तुमर्हसि।।
(गीता 3/20)
राजा जनक जैसे अनेक महापुरुष भी कर्मयोग के द्वारा ही परमसिद्धि को प्राप्त हुए थे। इसलिए लोकसंग्रह को देखते हुए भी हे अर्जुन! तू निष्काम भाव से कर्म करने के ही योग्य है अर्थात् कर्म अवश्य करना चाहिए।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता (3/25)

81. गीता का स्वधर्म सिद्धान्त है-
(A) वर्णव्यवस्था का सिद्धान्त
(B) कर्म सिद्धान्त
(C) आत्म सिद्धान्त
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या–

A. गीता के चतुर्थ अध्याय में वर्ण-व्यवस्था के सिद्धान्त का निरूपण इस प्रकार किया गया है-
चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।
तस्य कर्तारमपि मां विद्ध्यकर्तारमव्ययम् ॥
(गीता 4/13)
''मेरे द्वारा गुणों और कर्मों के विभागपूर्वक चारों वर्णों की रचना की गयी है। उस सृष्टि-रचना आदि का कर्त्ता होने पर भी मुझ अविनाशी परमेश्वर को तू अकर्त्ता जान।

B. 1. गीता के द्वितीय एवं तृतीय अध्याय में कर्मसिद्धान्त का प्रतिपादन है।

2. श्रेयान् स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः॥(गीता-3.35)
अच्छी प्रकार आचरण में लाए हुए दूसरे के धर्म से गुणरहित भी अपना धर्म अति उत्तम है। अपने धर्म में तो मरना भी कल्याण कारक है और दूसरे का धर्म भय को देने वाला है।

3. कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥(गीता-2.47)
हे अर्जुन तुम्हारा कर्म करने में ही अधिकार है उसके फलों पर अतः तुम फल का हेतु मत हो अनासक्त होकर कर्म करो।
कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः।
लोकसंग्रहमेवापि सम्पश्यन्कर्तुमर्हसि॥ (3.20)

C. गीता का सप्तम अध्याय आत्म सिद्धान्त (ज्ञान विज्ञान योग) का प्रतिपादन करता है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता 3/19-25 (4/16-21) (2/47)

82. 'मेघे माघे गतं वयः' यह सूक्ति किस विद्वान् के द्वारा कही गयी है?
(A) मल्लिनाथ **(B) राजशेखर**
(C) धनपाल **(D) मुरारि**

व्याख्या–

वक्ता	प्रशस्तियाँ (माघ सम्बन्धी)
A. मल्लिनाथ सूरि	* मेघे माघे गतं वयः।
B. राजशेखर	* माघेनेव च माघेन कम्पः कस्य न जायते। * उदिते च पुनर्माघे भारवे भावरवेरिव।
C. धनपाल	माघेन विघ्नतोत्साहा नोत्सहन्ते पदक्रमे।
D. मुरारि	मुरारिपदचिन्तायां तदा माघे रतिं कुरु।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- मेघदूतम् - दयाशङ्कर शास्त्री, पेज-44

83. यजुर्वेद का प्रतिपाद्य विषय है-
(A) ज्ञान **(B) कर्मकाण्ड**
(C) जादू-टोना **(D) गान**

व्याख्या–

	प्रतिपाद्य विषय	वेद	उपवेद
A.	ज्ञान	ऋग्वेद	आयुर्वेद
B.	कर्मकाण्ड	यजुर्वेद	धनुर्वेद
C.	जादू-टोना	अथर्ववेद	स्थापत्यवेद
D.	गान	सामवेद	गान्धर्ववेद

अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- वैदिक साहित्य एवं संस्कृति- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-63

84. जैमिनिशाखा किस वेद से सम्बन्धित है?
(A) ऋग्वेद **(B) यजुर्वेद**
(C) सामवेद **(D) अथर्ववेद**

व्याख्या–

* महर्षि पतञ्जलि ने महाभाष्य में ऋग्वेद की 21 शाखाओं का उल्लेख किया है परन्तु इसमें से केवल पाँच शाखाओं का मुख्य रूप से उल्लेख मिलता है।
चरणव्यूह के अनुसार ऋग्वेद की पाँच शाखायें हैं-
1. शाकल शाखा 2. बाष्कलशाखा
3. आश्वलायन शाखा 4. शांखायनशाखा
5. माण्डूकायन शाखा।
* यजुर्वेद के दो भाग हैं- शुक्ल यजुर्वेद तथा कृष्ण यजुर्वेद

यजुर्वेद

शुक्ल यजुर्वेद
1.माध्यन्दिन या वाजसनेयि संहिता
2.काण्व संहिता

कृष्ण यजुर्वेद
1. तैत्तिरीय शाखा
2. मैत्रायणीशाखा
3. काठक या कठ शाखा
4. कपिष्ठल-कठ शाखा

सामवेद के मुख्य दो भाग हैं- पूर्वार्चिक, उत्तरार्चिक
* महाभाष्य में महर्षि पतञ्जलि ने सामवेद की एक हजार शाखाओं का उल्लेख किया है।
सामतर्पण में तेरह शाखाओं का उल्लेख है परन्तु इनमें से तीन शाखाएँ ही उपलब्ध हैं-
1. कौथुमीय शाखा 2. राणायनीय शाखा 3. जैमिनीय शाखा,
* महर्षि पतञ्जलि ने महाभाष्य में अथर्ववेद की नौ शाखाओं का उल्लेख किया है- ''नवधाऽऽथर्वणो वेदः''
अथर्ववेद - 1. पिप्पलाद शाखा 2. शौनक शाखा
3. मौदमहाभाष्य शाखा 4. जाजल शाखा
5. स्तौदशाखा 6. जलदशाखा 7. ब्रह्मवेदशाखा
8. देवदर्शशाखा 9. चारणवैद्यशाखा

अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- वैदिक साहित्य एवं संस्कृति - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-84

85. 'अध्वर्यु' से युक्त वेद है-
(A) ऋग्वेद **(B) यजुर्वेद**
(C) सामवेद **(D) अथर्ववेद**

व्याख्या–

वेद	ऋषि	उपवेद	ऋत्विक्
A. ऋग्वेद	पैल	आयुर्वेद	होता
B. यजुर्वेद	वैशम्पायन	धनुर्वेद	**अध्वर्यु**
C. सामवेद	जैमिनि	गान्धर्ववेद	उद्गाता
D. अथर्ववेद	सुमन्तु	स्थापत्यवेद	ब्रह्मा

अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- वैदिक साहित्य एवं संस्कृति- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-63

उत्तरमाला

1.C	2.C	3.A	4.D	5.C	6.C	7.A	8.D	9.C	10.C	11.B	12.B
13.D	14.C	15.D	16.D	17.C	18.C	19.C	20.C	21.C	22.B	23.C	24.A
25.D	26.C	27.B	28.A	29.C	30.C	31.D	32.C	33.D	34.A	35.B	36.A
37.D	38.B	39.C	40.D	41.B	42.C	43.B	44.B	45.B	46.A	47.B	48.B
49.C	50.B	51.C	52.B	53.D	54.D	55.C	56.C	57.B	58.A	59.B	60.C
61.D	62.B	63.A	64.B	65.C	66.B	67.C	68.D	69.A	70.B	71.C	72.B
73.C	74.B	75.C	76.C	77.C	78.A	79.C	80.B	81.B	82.A	83.B	84.C
85.B											

❑❑

4. प्रवक्ता (PGT) संस्कृत 2004

1. 'गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृत्तः' है-
(A) सूक्ति (B) काव्यलक्षण
(C) मुहावरा (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

A. सूक्ति- सुष्ठु उक्तिः सूक्तिः काव्यों में उक्ति वैचित्र्य अथवा विशेष कथन के लिए सूक्तियों का प्रयोग किया जाता है। **जैसे-** 'न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात्।' (अभि.1/26) कान्ति से देदीप्यमान तेज भूतल से उत्पन्न नहीं होता है।

B. काव्यलक्षण- विभिन्न साहित्याचार्यों के द्वारा स्वविवेक से काव्यलक्षण का प्रतिपादन किया गया है। जैसे- आचार्य मम्मट ने काव्यप्रकाश के प्रथम उल्लास में काव्य का लक्षण किया है- **'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि।'** दोषों से रहित गुणों से युक्त यदि कहीं पर अलङ्कार न भी हो तो शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य है।

* आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण में **''वाक्यं रसात्मकं काव्यम्''** आदि के द्वारा काव्य को परिभाषित किया है।

* पण्डितराज जगन्नाथ ने **''रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्''** ऐसा काव्यलक्षण किया है।

C. मुहावरा- व्यावहारिक जीवन में अथवा काव्यों में किसी प्रसङ्ग विशेष के प्राप्त होने पर मुहावरे (लोकोक्तियों) का प्रयोग किया जाता है।

जैसे- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-2) में विदूषक राजा दुष्यन्त के विषय में चिन्तन करते हुए कहता है कि- ☆ 'गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृतः' (फोड़े पर फुंसी होना) अभिज्ञानशाकुन्तल में प्रयुक्त अन्य मुहावरे-

☆ 'कृतं भवता निर्मक्षिकम्।'

☆ 'वाष्पं विहरतः' आदि

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-2)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 91

2. 'सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः' यह कथन किसका है?
(A) माघ (B) श्रीहर्ष
(C) भारवि (D) कालिदास

व्याख्या-

A. माघ- शिशुपालवध के प्रथमसर्ग में नारद की विधिपूर्वक पूजा करने के पश्चात् श्रीकृष्ण मन में सोचते हैं कि- **गृहानुपैतुं प्रणयादभीप्सवो भवन्ति नापुण्यकृतां मनीषिणः।** (शिशु. 1/14)
'विद्वान् लोग पुण्य कर्म न करने वाले के घर प्रेम से जाने के लिए इच्छुक नहीं होते हैं।'

B. श्रीहर्ष- श्रीहर्ष नैषधीयचरितम् में नल और दमयन्ती के प्रेम-प्रसङ्ग का वर्णन करते हैं- **'झटिति पराशयवेदिनो हि विज्ञाः।'** (नैष. 4/118)
राजा नल ने दमयन्ती को विषमबाण (काम) के रोग से पीड़ित समझ लिया, क्योंकि 'समझदार व्यक्ति शीघ्र ही दूसरे के आशय को जान लेते हैं।'

C. भारवि- महाकवि भारवि किरातार्जुनीयम् के द्वितीय सर्ग में कहते हैं-
सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्। (किरात. 2/30)
कोई कार्य सहसा नहीं करना चाहिए क्योंकि अविवेकपूर्वक किया गया कार्य विपत्ति का मार्ग है।

D. कालिदास- कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के विषय में शङ्का करते हुये कहता है कि- **'सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः।'** (अभि.1/22)
'संदेहशील वस्तुओं के विषय में सज्जनों के अन्तःकरण की प्रवृत्तियाँ ही प्रमाण होती हैं।' इसमें राजा दुष्यन्त के द्वारा शकुन्तला विषयक चिन्तन वर्णित है।

अतः विकल्प (D) सही है।

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/22)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-54

3. 'श्रद्धा वित्तं विधिश्चेति त्रितयं तत्समागतम्' किस नाटक का श्लोक है?

(A) मुद्राराक्षसम् **(B) उत्तररामचरितम्**
(C) विक्रमोर्वशीयम् **(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम्**

व्याख्या-

A. मुद्राराक्षस- मुद्राराक्षस के प्रथम अङ्क में चर (इत) शिष्य से कहता है कि- **'न हि सर्वः सर्वं जानाति।'** (अङ्क-1) सभी लोग सब कुछ नहीं जानते हैं।

B. उत्तररामचरितम्- उत्तररामचरितम् के प्रथम अङ्क में सीता की पवित्रता के विषय में भवभूति वर्णन करते हुए कहते हैं कि- **'तीर्थोदकं च वह्निश्च नान्यतः शुद्धिमर्हतः।'**

(उत्तर.1/13)

श्रीराम सीता जी की पवित्रता का चिन्तन करते हुए कहते हैं कि- तीर्थ, जल और अग्नि, ये अन्य पदार्थों से शुद्धि के योग्य नहीं हैं।

C. विक्रमोर्वशीयम्- विक्रमोर्वशीयम् के पञ्चम अङ्क में कुमार का अपने पिता के प्रति आत्मगत कथन है- **'उत्सङ्गवर्धितानां गुरुषु भवेत् कीदृशः स्नेहः।'**

(विक्रम. 5/10)

कुमार मन ही मन सोचता है कि- 'उन बालकों को अपने माता-पिता के प्रति कितना प्रेम होता होगा, जो उन्हीं की गोद में पलकर बड़े होते होंगे।'

D. अभिज्ञानशाकुन्तलम्- अभिज्ञानशाकुन्तल के सातवें अङ्क में जब दुष्यन्त,शकुन्तला और उनके पुत्र का मिलन होता है तो मारीच ऋषि कहते हैं- **'श्रद्धा वित्तं विधिश्चेति त्रितयं तत्समागतम्।'** (अभि.शा. 7/29)

महर्षि मारीच एक-एक को निर्दिष्ट करते हुए कहते हैं कि परिणामतः श्रद्धा (शकुन्तला), वित्त (पुत्र) और विधि (दुष्यन्त) इस प्रकार तीनों मिल गये हैं।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम् (7/29)- कपिलदेव द्विवेदी,पेज- 441

4. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के किस अङ्क में प्रथम 'विष्कम्भक' समाप्त होता है?

(A) द्वितीय **(B) तृतीय**
(C) चतुर्थ **(D) पञ्चम**

व्याख्या-

A. द्वितीय अङ्क - द्वितीय अङ्क में मृगया से परिश्रान्त एवं खिन्न विदूषक का राजा दुष्यन्त द्वारा शकुन्तला विषयक वार्तालाप का वर्णन है।

B. तृतीय अङ्क - तृतीय अङ्क में राक्षसों के विघ्न को दूर करने के लिए राजा का आश्रम में प्रस्थान तथा दुष्यन्त और शकुन्तला के गान्धर्व-विवाह का वर्णन है।इसी तृतीय अङ्क में प्रथम विष्कम्भक समाप्त होता है अङ्क के आरम्भ में महर्षि कण्व का शिष्य भूत एवं भावी घटना की सूचना देता है।

अतः विकल्प B सही है।

C. चतुर्थ अङ्क- चतुर्थ अङ्क में अनसूया-प्रियंवदा का फूल चुनते हुए रङ्गमञ्च पर प्रवेश तथा दुष्यन्त के चिन्तन में मग्न शकुन्तला को दुर्वासा द्वारा शाप तक का वृत्तान्त भी विष्कम्भक के अन्तर्गत आता है। यहाँ पर दुर्वासा संस्कृत में तथा अनसूया एवं प्रियंवदा प्राकृत में बोलती हैं सभी पात्र मध्यम श्रेणी के हैं अतः शुद्ध विष्कम्भक है।

वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः।
संक्षेपार्थस्तु विष्कम्भो मध्यपात्रप्रयोजितः॥

(दश.1/59)

व्यतीत हो चुके और आगे आने वाले कथा के अंशों का सूचक, संक्षिप्त अर्थ वाला तथा मध्यम श्रेणी के पात्रों द्वारा प्रयुक्त विष्कम्भक को शुद्ध विष्कम्भक कहा गया है।

D. पञ्चम अङ्क- पञ्चम अङ्क का आरम्भ हंसपदिका के गीत से होता है, तत्पश्चात् कञ्चुकी राजा दुष्यन्त को शकुन्तला शार्ङ्गरव, शारद्वत एवं गौतमी के आने की सूचना देता है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-134

5. 'स्त्रीणामशिक्षितपटुत्वममानुषीषु' यह सूक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है?

(A) रघुवंशम् **(B) स्वप्नवासवदत्तम्**
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् **(D) शिशुपालवधम्**

व्याख्या-

A. रघुवंशम्- रघुवंश के सोलहवें सर्ग में जब रात्रि के समय कुश के शयन कक्ष में कोई स्त्री आ गई जो अयोध्या की अधिष्ठात्री देवी थी, से कुश बोले- **'रघूणां मनः परस्त्री विमुखप्रवृत्तिः।'** (रघु.16/8)

रघुवंशियों का चित्त पराई स्त्री की ओर नहीं जाता।

B. **स्वप्नवासवदत्तम्**- भास प्रणीत स्वप्नवासवदत्तम् के चतुर्थ अङ्क में पद्मावती का आत्मगत कथन- **'स्त्री स्वभावस्तु कातरः।'** (स्वप्न.4/9)
अर्थात् नारियों का स्वभाव तो अधीर होता है।

C. **अभिज्ञानशाकुन्तलम्**- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में जब शकुन्तला राजा दुष्यन्त से विवाह होने की बात याद दिलाती है तो राजा दुष्यन्त तापसी वृद्धा से कहता है कि- **'स्त्रीणामशिक्षितपटुत्वममानुषीषु।'** (अभि.5/22) स्त्रियों में जो मानवजाति से भिन्न स्त्रियाँ हैं उनमें भी बिना शिक्षा के पटुता देखी जाती है।
अतः विकल्प C सही है।

D. **शिशुपालवधम्- स्फुटमभिभूषयति स्त्रियस्त्रपैव।** (शिशु.7/38)
महाकवि माघ नायिका के सौन्दर्य का वर्णन करते हुए कहते हैं कि 'लज्जा ही स्त्रियों को अलङ्कृत करती है'

स्रोत -अभिज्ञानशाकुन्तलम् (5/22)-कपिलदेव द्विवेदी,पेज - 207

6. 'सर्वः कान्तमात्मीयं पश्यति' यह सूक्ति वाक्य किसके द्वारा कथित है?
(A) चारुदत्त **(B) चाणक्य**
(C) दुष्यन्त **(D) उदयन**

व्याख्या-

A. शूद्रक द्वारा रचित मृच्छकटिकम् के प्रथम अङ्क में धन से रहित हुआ चारुदत्त निर्धनता के विषय में विदूषक मैत्रेय से कहता है कि- **'अहो निर्धनता सर्वापदामास्पदम्।'** (मृच्छ.1.14) अर्थात् सारी आपदाओं का (कष्टों) मूल कारण निर्धनता ही है।

B. विशाखदत्त प्रणीत मुद्राराक्षस नाटक के प्रथम अङ्क में चाणक्य चन्दनदास से कहता है कि-
'राजनि अविरुद्धाभिर्वृत्तिभिर्वर्त्तितव्यम्' अर्थात् राजा के अनुकूल ही व्यवहार करना चाहिये। (मुद्रा.अङ्क-1)

C. कालिदास द्वारा रचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के द्वितीय अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के सौन्दर्य की चर्चा विदूषक (माधव्य) से करता है-
'सर्वः कान्तमात्मीयं पश्यति'(अभि.शा. अङ्क-2)
अर्थात् सभी आत्मीय (अपने) जनों को सुन्दर समझते हैं।
अतः विकल्प C सही है।

D. महाकवि भास द्वारा रचित स्वप्नवासवदत्तम् के षष्ठ अङ्क में राजा उदयन पद्मावती की सुन्दरता की तुलना वासवदत्ता से करते हुये कहता है कि -
'परस्परगता लोके दृश्यते रूपतुल्यता' (स्वप्न. 6.14)
अर्थात् संसार में परस्पर में रूप की समानता देखी जाती है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-111

7. 'शकार' का विवेचन किस कृति में है-
(A) किरातार्जुनीयम् **(B) मृच्छकटिकम्**
(C) वेणीसंहार **(D) नागानन्द**

व्याख्या-
ग्रन्थों में पात्रों का वर्णन-

A. **किरातार्जुनीयम् (भारवि)-** वनेचर, युधिष्ठिर, द्रौपदी, शिव, अर्जुन, वेदव्यास आदि।

B. **मृच्छकटिकम् (शूद्रक)-** चारुदत्त, वसन्तसेना, धूता, शकार, शर्विलक, रदनिका, आर्यक, पालक, मैत्रेय (विदूषक) आदि।
अतः विकल्प B सही है।

C. **वेणीसंहार(भट्टनारायण)-** भीम,द्रौपदी,दुःशासन,दुर्योधन आदि।

D. **नागानन्द (हर्षवर्धन)-** जीमूतवाहन, मलयवती, शङ्खचूड़, मित्रावसु आदि।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-324

8. 'मृच्छकटिकम्' में है-
(A) अहो दुरन्ता बलवद्विरोधिता
(B) अहो अविश्वसनीयाः पुरुषाः
(C) अहो दुरासदो राजमहिमा
(D) अहो निर्धनता सर्वापदामास्पदम्

व्याख्या-

A. महाकवि भारवि कृत किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में पाण्डवों की शक्ति का स्मरण करके शङ्कित हुये दुर्योधन का वर्णन वनेचर युधिष्ठिर से कहता है-
'अहो दुरन्ता बलवद्विरोधिता।' (किरात.1.23) बलवान् के साथ किया गया विरोध बड़ा ही दुःखान्त होता है।

B. कालिदास कृत मालविकाग्निमित्रम् नाटक के तृतीय अङ्क में रानी इरावती विदूषक से कहती है कि-

'अविश्वसनीयाः पुरुषाः' (माल.अङ्क-3)

अर्थात् पुरुष विश्वासपात्र नहीं होते।

C. मालविकाग्निमित्रम् नाटक के प्रथम अङ्क में जब गणदास को राजा के सामने उपस्थित किया जाता है तो वह राजा से कहता है कि-

'अहो दुरासदो राजमहिमा' (मालवि.अङ्क-1)

अर्थात्- वाह! महाराज का तेज भी अद्वितीय है।

D. महाकवि शूद्रक कृत मृच्छकटिकम् के प्रथम अङ्क में चारुदत्त निर्धनता के विषय में विदूषक से कहता है-

'अहो निर्धनता सर्वापदामास्पदम्' (मृच्छ.1.14) अर्थात् निर्धनता सब आपदाओं का निवास स्थान है।

अतः विकल्प (D) सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम्- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-16

9. 'मृच्छकटिकम्' के निम्नांकित पात्रों में कौन संस्कृत नहीं बोलता है-

(A) चारुदत्त **(B) वसन्तसेना**

(C) आर्यक **(C) शर्विलक**

व्याख्या-

मृच्छकटिकम् के 30 पात्रों में से 6 पात्र संस्कृत बोलते हैं शेष प्राकृत बोलते हैं।

संस्कृत बोलने वाले छः पात्र-

चारुदत्त, आर्यक, शर्विलक, विट, सूत्रधार, अधिकरणिक।

- रूपकों में स्त्रीपात्रों की भाषा प्रायः प्राकृत होती है।
- मृच्छकटिकम् में वसन्तसेना शौरसेनी प्राकृत बोलती है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-324

10. 'मृच्छकटिकम्' किस प्रकार का रूपक है?

(A) नाटक **(B) भाण**

(C) व्यायोग **(D) प्रकरण**

व्याख्या-

संस्कृत रूपकों के दस भेद

	रूपक	अंक-संख्या	उदाहरणम्
(1)	नाटक	5 से 10अङ्क	अभिज्ञानशाकुन्तलम् स्वप्नवासवदत्तम् उत्तररामचरितम्
(2)	प्रकरण	10अङ्क	**मृच्छकटिकम्** मालतीमाधवम् शारिपुत्रप्रकरण, पुष्पभूषित
(3)	भाण	1अङ्क	लीलामधुकरम्, शृङ्गारशेखर, मर्कटमदलिका, धूर्तसमागम
(4)	व्यायोग	1अङ्क	सौगन्धिकाहरणम्, जामदग्न्यजयम्
(5)	समवकार	3अङ्क	समुद्रमन्थनम् (12नायक), नवग्रहचरितम्
(6)	डिम	4अङ्क	त्रिपुरदाह(16नायक)
(7)	ईहामृग	4अङ्क/1अङ्क	कुसुमशेखरविजयम्
(8)	अङ्क (उत्सृष्टिकांक)	1अङ्क	शर्मिष्ठा-ययातिः
(9)	वीथी	1अङ्क	मालविका
(10)	प्रहसन	1अङ्क	कन्दर्पकेलिः/धूर्तचरितम्

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम्- रमाशङ्कर त्रिपाठी, भू. पेज- xxxi

11. किस महाकाव्य को 'विद्वानों के लिए औषधि' कहा जाता है?

(A) शिशुपालवधम् **(B) नैषधीयचरितम्**

(C) किरातार्जुनीयम् **(D) रघुवंशम्**

व्याख्या-

A. शिशुपालवधम्- 'मेघे माघे गतं वयः' मल्लिनाथ कहते हैं महाकवि माघ का शिशुपालवध तथा कालिदास का मेघदूत पढ़ने में ही सारी उम्र निकल जाती है।

B. नैषधीयचरितम्- 'नैषधं विद्वदौषधम्' नैषधीयचरित की प्रशंसा करते हुये समालोचकों ने कहा है-

नैषध को विद्वानों के लिये औषध या रसायन माना जाता है।

अतः विकल्प (B) सही है।

C. किरातार्जुनीयम्- भारवेरर्थगौरवम्- उद्भट ने भारवि की प्रशंसा में कहा है कि 'भारवि के काव्यों में अर्थगौरव है।'

D. रघुवंशम्- 'क इह रघुकारे न रमते'- कालिदास द्वारा रचित रघुवंश महाकाव्य की प्रशंसा में किसी आलोचक ने प्रशंसा करते हुये कहा है कि-कौन है जो रघुवंश में रमण नहीं करता अर्थात् सभी लोग रघुवंश पढ़ना चाहते हैं।

स्रोत- नैषधीयचरितम्- सुरेन्द्रदेव शास्त्री, भू.पेज-52

12. 'राघवविलास' किसकी रचना है?
(A) राजशेखर (B) कुन्तक
(C) भरत (D) विश्वनाथ

व्याख्या-

	ग्रन्थकार	ग्रन्थ	अनुमानित समय
A.	राजशेखर	काव्यमीमांसा	नवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध
B.	कुन्तक	वक्रोक्तिजीवितम्	ग्यारहवीं शताब्दी
C.	भरत	नाट्यशास्त्रम्	100ई.पू. से 300ई.
D.	विश्वनाथ	राघवविलास साहित्यदर्पण	चौदहवीं शताब्दी

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण-भवानीशंकर शर्मा, भू.पेज-19

13. 'मेघे माघे गतं वयः' यह सूक्ति किस विद्वान् के द्वारा कही गयी है?
(A) मल्लिनाथ सूरि (B) राजशेखर
(C) जयदेव (D) जयन्तभट्ट

व्याख्या-

A. मल्लिनाथ सूरि- ''मेघे माघे गतं वयः।।''
मल्लिनाथ कहते हैं महाकवि माघ का शिशुपालवध तथा कालिदास के मेघदूतम् को पढ़ने में ही पूरी अवस्था (उम्र) बीत जाती है। **अतः विकल्प A सही है।**

B. राजशेखर- 'माघेनेव च माघेन कम्पः कस्य न जायते'
राजशेखर महाकवि माघ की प्रशंसा में कहते हैं कि- जिस प्रकार माघ महीने में ठण्ड से लोग काँपते हैं उसी प्रकार भला माघ कवि से कौन नहीं काँपता है।

C. जयदेव- 'पञ्चबाणस्तु बाणः' जयदेव बाणभट्ट की प्रशंसा में कहते हैं कविता रूपीकामिनी के कुतुहल को बढ़ाने के लिये बाण कामदेव के समान हैं।

D. जयन्तभट्ट-
अमृतेनेव संसिक्ताश्चन्दनेनेव चर्चिताः।
चन्द्रांशुभिरिवोद्धृष्टाः कालिदासस्य सूक्तयः।।
(न्यायमञ्जरी)

स्रोत- मेघदूतम्- दयाशङ्कर शास्त्री, पेज-44

14. 'सतां सद्भिः सङ्गः कथमपि हि पुण्येन भवति' यह सूक्ति किस नाट्यग्रन्थ से सम्बद्ध है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (B) उत्तररामचरितम्
(C) मृच्छकटिकम् (D) विक्रमोर्वशीयम्

व्याख्या-

A. अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कालिदास द्वारा रचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के पञ्चम अङ्क में दुश्चरित्र सिद्ध की हुई शकुन्तला के विषय में शार्ङ्गरव कहता है-
अतः परीक्ष्य कर्तव्यं विशेषात् संगतं रहः।
अज्ञातहृदयेष्वेवं वैरीभवति सौहृदम्।। (अभि.5.24)
गुप्त मैत्री विशेष रूप से परीक्षा करके ही करनी चाहिए। परस्पर अज्ञात हृदय वाले व्यक्तियों के साथ किया हुआ प्रेम इसी प्रकार वैररूप में परिणत होता है।

B. उत्तररामचरितम्- भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् नाटक के द्वितीय अङ्क में वनदेवता (वासन्ती) तापसी (आत्रेयी) से कहती है कि-
'सतां सद्भिः सङ्गः कथमपि हि पुण्येन भवति।' (उत्तर.2.1) अर्थात् सज्जनों का सज्जनों से मिलन बड़े पुण्य से होता है। **अतः विकल्प (B) सही है।**

C. मृच्छकटिकम्- शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् प्रकरण के द्वितीय अङ्क में संवाहक वसन्तसेना से कहता है -
सत्कारधनः खलु सज्जनः कस्य न भवति चलाचलं धनम्।
यः पूजयितुमपि न जानाति स पूजाविशेषमपि जानाति।।
(मृच्छ.2.15)
दूसरों का आदर करना ही सज्जनों का धन होता है? किसका धन नाशवान् नहीं होता है? (अर्थात् सभी लोगों का धन नश्वर होता है)। जो आदमी दूसरों का आदर भी करना नहीं जानता है, वह क्या आदर के विशेष तरीके को जानता है? (अर्थात् नहीं जानता है) ।। 15 ।।

D. विक्रमोर्वशीयम्- विक्रमोर्वशीयम् नाटक के तृतीय अङ्क में कञ्चुकी कहता है कि-
''स्त्रीषु कष्टोऽधिकारः'' अर्थात् वास्तव में स्त्रियों में सेवा का अधिकार दुःखदायी होता है।

स्रोत- उत्तररामचरितम् (2/1) - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-91

15. ''शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्'' सूक्ति है-
(A) रघुवंशम् की
(B) कुमारसम्भवम् की
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् की
(D) विक्रमोर्वशीयम् की

व्याख्या-

➢ कालिदासकृत कुमारसम्भवम् महाकाव्य के पञ्चम सर्ग में पार्वती की तपस्या को देखकर ब्रह्मचारी पार्वती को समझाते हुए कहता है कि-
''शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्'' (कुमार.5.33) धर्म के जितने भी कार्य है उनमें शरीर की रक्षा करना सबसे पहला कार्य है। शरीर ही सभी धर्मों का साधन है।
अतः विकल्प B सही है।

➢ कालिदासकृत रघुवंशम् महाकाव्य के प्रथम सर्ग में पुत्र प्राप्ति का उपाय बताने के अवसर पर वशिष्ठ राजा दिलीप से कहते हैं-
'प्रतिबध्नाति हि श्रेयः पूज्यपूजाव्यतिक्रमः।' (रघु.1.79)
पूज्यों की पूजा का उल्लंघन कल्याण को रोक देता है।

➢ कालिदास द्वारा रचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में विदाई के अवसर पर अनसूया शकुन्तला से कहती है-
गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति। (अभि. 4.16) आशा का बन्धन विरह के कठोर दुःख को भी सहन करा देता है।

➢ कालिदास द्वारा रचित विक्रमोर्वशीयम् के प्रथम अङ्क में चित्ररथ राजा से कहता है-
'अनुत्सेकः खलु विक्रमालङ्कारः।' (विक्रम.अङ्क-1) निश्चय ही पराक्रम की शोभा निरभिमानता है अर्थात् जो पराक्रमी होते हैं उन्हें विनय ही शोभा देता है।

स्रोत- कुमारसम्भवम् (5/33)

16. ''देशे-देशे कलत्राणि देशे-देशे च बान्धवाः तं तु देशं न पश्यामि यत्र भ्राता सहोदरः'' उपर्युक्त श्लोक में महत्त्व प्रतिपादित है-
(A) कलत्र का **(B) बन्धु का**
(C) देश का **(D) सहोदर भ्राता का**

व्याख्या-
वाल्मीकि रामायण के युद्धकाण्ड में घायल हुये लक्ष्मण के प्रति प्रेम को व्यक्त करते हुए श्रीराम कहते हैं- **देशे-देशे कलत्राणि देशे-देशे च बान्धवाः।**
तं तु देशं न पश्यामि यत्र भ्राता सहोदरः॥
(वा.रा.युद्धकाण्ड-101.15)
प्रत्येक देश में स्त्रियाँ मिल सकती हैं, देश-देश में जाति-भाई उपलब्ध हो सकते हैं, परन्तु ऐसा कोई देश मुझे नहीं दिखाई देता जहाँ सहोदर भाई मिल सके।
प्रस्तुत पद्य में सहोदर भ्राता के स्नेह (प्रेम) का वर्णन किया गया है। **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- वाल्मीकिरामायण (युद्धकाण्ड 101.15) गीताप्रेस, पेज-514

17. 'स्वर्गारोहण' काव्य के रचनाकार हैं-
(A) पाणिनि **(B) पतञ्जलि**
(C) वररुचि (कात्यायन) **(D) भर्तृहरि**

व्याख्या-

ग्रन्थकार	अनुमानित समय	ग्रन्थ
पाणिनि	500ई.पू.	जामवन्तीविजयम् (पातालविजयम्)
पतञ्जलि	185ई.पू.	महानन्दकाव्यम्
वररुचि	300ई.पू.	स्वर्गारोहण
भर्तृहरि	छठी शताब्दी	नीतिशतकम्, शृङ्गारशतकम्, वैराग्यशतकम्

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत-साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-254

18. निम्नलिखित में से कौन महाकाव्य नहीं है?
(A) किरातार्जुनीयम् **(B) मेघदूतम्**
(C) नैषधीयचरितम् **(D) रघुवंशम्**

व्याख्या-

बृहत्त्रयी

किरातार्जुनीयम्	शिशुपालवधम्	नैषधीयचरितम्
(18सर्ग)	(20सर्ग)	(22सर्ग)
महाकवि भारवि	महाकवि माघ	श्रीहर्ष

लघुत्रयी

रघुवंशम्	कुमारसम्भवम्	मेघदूतम्
(19सर्ग)	(17सर्ग)	(2खण्ड)
कालिदास	कालिदास	कालिदास

साहित्यदर्पणकार, आचार्य विश्वनाथ ने महाकाव्य का लक्षण इस प्रकार किया है-

''सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः॥'' 6/315॥

महाकाव्य का निबन्धन सर्गों में होता है, इसका नायक सद्वंश क्षत्रिय अथवा देवता होता है।

'खण्डकाव्यं भवेत्काव्यस्यैकदेशानुसारि च' (सा.द.6.329) उदाहरण- मेघदूत आदि। मेघदूतम् का विभाजन दो खण्डों में हुआ है पूर्व तथा उत्तर। अतः मेघदूतम् खण्डकाव्य (गीतिकाव्य) है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- मेघदूतम्- दयाशङ्कर शास्त्री, भू.पेज-32

19. 'जग्राह पाठ्यमृग्वेदात्' यह कथन किसका है-
(A) भरतमुनि का (B) धनञ्जय का
(C) मम्मट का (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-

A. आचार्य भरतमुनि नाटक के स्वरूप का वर्णन नाट्यशास्त्र के प्रथम अध्याय में करते हुये कहते हैं-

जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च।
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि॥ (नाट्य.-1.17)

नाट्य में पाठ्य सामग्री ऋग्वेद से, गीत को सामवेद से, अभिनय को यजुर्वेद से तथा रस को अथर्ववेद से ग्रहण किया गया है। पाठ्य, गीत, अभिनय और रस ये नाट्य के मूलतत्त्व हैं। **अतः विकल्प (A) सही है।**

B. आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथमप्रकाश में नाट्य का लक्षण करते हैं-

अवस्थानुकृतिर्नाट्यं, रूपं दृश्यतयोच्यते।
रूपकं तत्समारोपात्, दशधैव रसाश्रयम्॥ (दशरूपक1.7)

'अवस्थानुकृतिर्नाट्यं' अर्थात् अवस्था का अनुकरण ही नाट्य है। नाट्य दृश्य होने के कारण रूप कहा जाता है आरोप किये जाने के कारण नाट्य को रूपक कहा जाता है रसों पर आश्रित यह रूपक दस प्रकार का होता है।

C. आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के पञ्चमोल्लास में गुणीभूतव्यङ्ग्य के आठ भेदों का वर्णन करते हैं-

(1)	अगूढ़ व्यङ्ग्य	(5)	सन्दिग्धप्राधान्य
(2)	इतर का अङ्ग	(6)	तुल्यप्राधान्य
(3)	वाच्यसिद्धि का अङ्ग	(7)	काकु से आक्षिप्त
(4)	अस्फुट	(8)	असुन्दर

स्रोत- नाट्यशास्त्र (1.7)- ब्रज मोहन चतुर्वेदी, पेज-

20. नाटकों में भरतवाक्य का प्रयोग होता है-
(A) प्रारम्भ में (B) अन्त में
(C) मध्य में (D) कहीं भी

व्याख्या-

(A) नाटक के प्रारम्भ में नान्दी का विधान करते हुए आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में कहते हैं कि-

आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता॥(सा.द.6/24)

देवता, ब्राह्मण तथा राजा आदि की आशीर्वाद युक्ति स्तुति इसमें की जाती है अतः इसे नान्दी कहते हैं।

(B) नाटक के अन्त में प्रयुक्त आशीर्वादात्मक पद्य को भरतवाक्य कहते हैं। महाभाष्यकार पतञ्जलि के अनुसार ग्रन्थ के आदि, मध्य तथा अन्त में मङ्गलाचरण होना चाहिये (मङ्गलादीनि मङ्गलमध्यामानि मङ्गलान्तानि च शास्त्राणि प्रथन्ते....) भरत वाक्य सम्भवतः उसी परम्परा के पालनार्थ अन्तिम मङ्गल के रूप में नाटकों में रखा गया है।

''भरतानां वाक्यम् इति भरतवाक्यम्।'' अर्थात् भरतों अथवा नटों का अशेष अथवा नाट्याचार्य भरत का आशीष।

भरतवाक्य का लक्षण इस प्रकार है-

नाट्यान्ते नायकप्रोक्तं प्रजामङ्गलसूचकम्।
भरतानां प्रियत्वाच्च तद्वाक्यमभिधीयते॥

अतः विकल्प B सही है।

C. धनञ्जय प्रणीत दशरूपक के प्रथम प्रकाश में प्रवेशक का प्रवेश दो अङ्कों के मध्य में होना चाहिये जिसका लक्षण निम्नवत् है-

तद्वदेवानुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः।
प्रवेशोऽङ्कद्वयस्यान्तः शेषार्थस्योपसूचकः॥

(दश.1.60-61)

विष्कम्भक की तरह भूत एवं भावी कथानक को जोड़ने वाला नीच पात्रों के द्वारा निम्न भाषा से प्रयुक्त, दो अङ्कों के अन्तराल में स्थित, शेष अर्थ का सूचक प्रवेशक कहा जाता है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-453

21. सूत्रधार होता है-
(A) नायक के रूप में अभिनय करने के लिये
(B) नाटक समाप्त करने के लिए
(C) अभिनय का निर्देशन एवं नियन्त्रण करने के लिए
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-

सूत्रधार का अर्थ है सूत्र को धारण करने वाला। रङ्गमञ्च पर अभिनेय नाटक के कथासूत्र की अवतारणा करने वाला व्यक्ति ही सूत्रधार कहा जाता है-

नाट्यस्य यदनुष्ठानं तत् सूत्रं स्यात् सबीजकम्।
रङ्गदैवतपूजाकृत् सूत्रधार इति स्मृतः॥

अर्थात् नाट्य के अनुष्ठान को सूत्र कहते हैं और उस सूत्र का धारक तथा मञ्च के अधिष्ठित देवता का समर्चक ही सूत्रधार होता है। नाट्योपकरण आदि ही सूत्र हैं और उन्हें धारण करने वाला व्यक्ति ही सूत्रधार कहा जाता है-

नाट्योपकरणादीनि सूत्रमित्यभिधीयते।
सूत्रं धारयतीत्यर्थे सूत्रधारो निगद्यते॥

नायक के रूप में अभिनय करने के लिए तथा नाटक समाप्त करने के लिए सूत्रधार का प्रयोग नहीं होता है। अपितु अभिनय का निर्देशन एवं नियन्त्रण करने के लिए सूत्रधार नाटक के प्रारम्भ में मञ्च पर प्रवेश करता है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- छन्दोऽलङ्कारसौरभम्- राजेन्द्र मिश्र, पेज-48

22. अभिनेता गण जहाँ पर नाटक उपयुक्त वेश-भूषा धारण करते हैं, उसे कहते हैं-

(A) पूर्वरङ्ग	**(B) नेपथ्य**
(C) जनान्तिक	**(D) स्वगत**

व्याख्या-

A. पूर्वरङ्ग- पूर्वरङ्ग को परिभाषित करते हुये आचार्य धनञ्जय दशरूपक के तृतीय प्रकाश में कहते हैं-

पूर्वरङ्गं विधायादौ सूत्रधारे विनिर्गते।
प्रविश्य तद्वदपरः काव्यमास्थापयेन्नटः॥ (दश.3.2)

सर्वप्रथम पूर्वरङ्ग का कार्य करके सूत्रधार के चले जाने पर, उसी की तरह वेशभूषा वाला दूसरा नट प्रवेश करके काव्य की स्थापना करे। जिसमें पहले सामाजिक-वर्ग को अनुरञ्जित किया जाता है वह पूर्वरङ्ग है।

B. नेपथ्य- जहाँ अभिनेता एवं अभिनेत्रियाँ नाटक के उपयुक्त वेशभूषा धारण करते हैं उसे नेपथ्य कहा जाता है।

''कुशीलवकुटुम्बस्य गृहं नेपथ्यमुच्यते।''

C. जनान्तिक- दशरूपक के प्रथम प्रकाश में आचार्य धनञ्जय जनान्तिक का लक्षण करते हैं-

त्रिपताकाकरेणान्यानपवार्यान्तरा कथाम्।
अन्योन्यामन्त्रणं यत्स्याज्जनान्ते तज्जनान्तिकम्॥

(दश.1.65)

चल रहे संवाद के बीच में, त्रिपताकारूप हाथ के द्वारा दूसरे पात्रों को बचाकर कतिपय जनों के मध्य दो पात्र आपस में जो बातचीत करते हैं वह जनान्तिक कहलाता है।

D. स्वगत- स्वगत का लक्षण आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में करते हैं-

अश्राव्यं स्वगतं मतम्। (दश.1.64)

अश्राव्य वस्तु (अर्थात् किसी को भी न सुनने लायक) को स्वगत कहते हैं।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- नाट्यशास्त्र- ब्रजमोहन चतुर्वेदी, पेज-70

23. नाट्यशास्त्र के प्रवर्तक हैं-

(A) धनञ्जय	**(B) रामचन्द्रगुणचन्द्र**
(C) भरतमुनि	**(D) विश्वनाथ**

व्याख्या-

प्रवर्तक आचार्य	ग्रन्थ	अनुमानित समय
A. धनञ्जय	दशरूपक	दशम शताब्दी का उत्तरार्द्ध
B. रामचन्द्र-गुणचन्द्र	नाट्यदर्पण	बारहवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध
C. भरतमुनि	नाट्यशास्त्र	ई.पू. द्वितीय शताब्दी
D. विश्वनाथ	साहित्यदर्पण	14वीं शताब्दी

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- दशरूपक - बैजनाथ पाण्डेय, पेज - 03

24. नाटक में कौन सा रस सर्वमान्य नहीं है?

(A) शान्त **(B) शृङ्गार**

(C) वीर **(D) हास्य**

व्याख्या-

'नाट्यशास्त्र' के प्रणेता आचार्य भरतमुनि ने छठे अध्याय में नाटक में आठ रस माना है-

रस-शृङ्गारहास्यकरुणा रौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः॥

(ना.शा.6/15)

शृङ्गार,हास्य,करुण,रौद्र,वीर,भयानक,बीभत्स,अद्भुत ये आठ रस हैं।

स्थायीभाव-

रतिर्हासश्च शोकश्च क्रोधोत्साहौ भयं तथा।
जुगुप्सा विस्मयश्चेति स्थायीभावाः प्रकीर्तिताः॥

(ना.शा.6/17)

रति,हास,शोक,क्रोध,उत्साह,भय,जुगुप्सा,विस्मय ये आठ स्थायीभाव हैं। भरतमुनि ने नाट्य में शान्तरस को नहीं गिनाया है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- दशरूपक- बैजनाथ पाण्डेय, पेज-367

25. नाट्यशास्त्र में नान्दी से अभिप्रेत है-

(A) नान्दी देवता **(B) बैल**

(C) मङ्गलाचरण **(D) पात्र**

व्याख्या-

नान्दी का तात्पर्य है नन्दित करने वाली नाट्याभिनय के पूर्व अर्थात् जवनिका (पर्दा) खुलने के पूर्व ही मञ्च पर जो संगीतक प्रस्तुत किया जाता है उसे नान्दी अथवा नान्दीपाठ कहते हैं।

आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में नान्दी का लक्षण करते हैं-

आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता॥

(सा.द.6.24)

देवता, ब्राह्मण तथा राजादिकों की आशीर्वाद युक्त स्तुति इससे की जाती है अतः इसे नान्दी कहते हैं।

इससे लोग आनन्दित होते हैं अतः यह नान्दी है।

नान्दी में बारह या आठ पद होने चाहिए नान्दी को ही मङ्गलाचरण कहते हैं। मङ्गलाचरण के तीन प्रकार हैं-

''आशीर्नमस्क्रिया वस्तुनिर्देशो वापि तन्मुखम्''

अर्थात् आशीर्वादात्मक, वस्तुनिर्देशात्मक तथा नमस्कारात्मक।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- छन्दोऽलङ्कारसौरभम्- राजेन्द्र मिश्र, पेज-47

26. 'ध्वनिरात्मा काव्यस्य' इस परिभाषा से सम्बद्ध आचार्य हैं-

(A) विश्वनाथ **(B) आनन्दवर्धन**

(C) दण्डी **(D) वामन**

व्याख्या-

➢ आचार्य आनन्दवर्धन ध्वन्यालोक के प्रथम उद्योत में काव्य की आत्मा ध्वनि को मानते हुए कहते हैं कि-

'काव्यस्यात्मा ध्वनिः' (ध्वन्या. 1.1)

अर्थात् काव्य की आत्मा ध्वनि है।

अतः विकल्प B सही है।

➢ आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं-

'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' (सा.द. 1.3)

अर्थात् रसात्मक वाक्य ही काव्य है।

'रस एवात्मा साररूपतया जीवनाधायको तस्य' सार अर्थात् सबसे प्रधान होने के कारण रस ही जिसका जीवनभूत आत्मा है वह वाक्य रसात्मक वाक्य है।

➢ आचार्य दण्डी काव्यादर्श के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं-

'शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली' (काव्या.1.10)

अर्थात् इष्ट-सरस मनोहरतया वर्णन करने के लिए अभिप्रेत अर्थ से युक्त शब्द को काव्य का शरीर कहा जाता है।

➢ आचार्य वामन काव्यालङ्कारसूत्र के प्रथम अधिकरण के द्वितीय अध्याय में काव्य का लक्षण करते हैं-
'रीतिरात्मा काव्यस्य' (काव्या.-1.2.6)
रीति ही काव्य की आत्मा है।

स्रोत- ध्वन्यालोक (1.1)

27. बाण ने 'कादम्बरी' में किस रीति का प्रयोग किया है?
(A) गौणी **(B) वैदर्भी**
(C) पाञ्चाली **(D) लाटी**

व्याख्या-

A. गौणी रीति के कवि-
1. अम्बिकादत्तव्यास 2. मुरारि 3. भट्टनारायण

B. वैदर्भी रीति के कवि- 1. कालिदास 2. दण्डी 3. शूद्रक 4. अश्वघोष 5. भास 6. हर्षवर्धन 7. दिङ्नाग 8. पण्डिता क्षमाराव 9. भर्तृहरि 10. अमरुक 11. विष्णुशर्मा

C. पाञ्चाली- 1. बाणभट्ट

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- कादम्बरी कथामुखम्-तारिणीश झा, पेज भू.-24

28. 'हारीत' पुत्र था-
(A) महर्षि अगस्त्य का
(B) महर्षि जाबालि का
(C) महर्षि श्वेतकेतु का
(D) महर्षि विश्वामित्र का

व्याख्या-

पति/पत्नी	सन्तान
A. अगस्त्य-लोपामुद्रा	दृढदस्यु/इध्मबाहु
B. महर्षि जाबालि	हारीत
C. श्वेतकेतु-लक्ष्मी	पुण्डरीक
D. महर्षि विश्वामित्र-मेनका	शकुन्तला

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- कादम्बरी कथामुखम्-तारिणीश झा, भू.पेज-33

29. शाल्मली वृक्ष का विस्तृत वर्णन किस ग्रन्थ में है?
(A) रघुवंशम् में **(B) किरातार्जुनीम् में**
(C) कादम्बरी में **(D) शिवराजविजय में**

व्याख्या-

A. रघुवंश- महाकवि कालिदास कृत रघुवंशम् महाकाव्य के द्वितीय सर्ग में देवदारु वृक्ष का वर्णन इस प्रकार है-
अमुं पुरः पश्यसि देवदारुं पुत्रीकृतोऽसौ वृषभध्वजेन।
यो हेमकुम्भस्तननिःसृतानां स्कन्दस्य मातुः पयसां रसज्ञः॥
(रघु.2.36)
सिंह राजा दिलीप से कहता है- सामने उस देवदारु वृक्ष को देख रहे हो न? उसे शंकर जी ने पुत्र के समान माना है जो कार्तिकेय की माता पार्वती के सोने के घट रूपी स्तनों से निकले हुये दूध रूपी जल के स्वाद को जानने वाला है।

B. किरातार्जुनीयम्- भारवि कृत किरातार्जुनीयम् के दशम सर्ग में अर्जुन को मोहित करने के लिये अप्सराओं का आगमन होता है-
अथ परिमलजामवाप्य लक्ष्मीमवयवदीपितमण्डनश्रियस्ताः।
वसतिमभिविहाय रम्यहावाः सुरपतिसूनुविलोभनाय जग्मुः॥
(किरात.-10.1)
प्रभात होते ही सुराङ्गनाये भोग-विलास से उत्पन्न होने वाली शोभा को प्राप्त करके अपने अङ्ग-प्रत्यङ्गों की शोभा से आभूषण को सुशोभित करती हुई मनोहर हाव-भाव के साथ अपने निवास स्थान से इन्द्र पुत्र अर्जुन को आकृष्ट करने के लिये चल दी।

C. कादम्बरी- महाकवि बाणभट्ट रचित कादम्बरी कथामुख में शाल्मलीतरु का वर्णन निम्नवत् है-
''शाखाबाहुभिरुपगुह्येव विन्ध्याटवीमवस्थितो महान् जीर्णः शाल्मली वृक्षः।'' शाल्मली वृक्ष की विशेषता बताते हुये कहते हैं कि- वह शाल्मली का वृक्ष मानो शाखारूपी भुजाओं से विन्ध्याटवी का आलिङ्गन करके अवस्थित है।

अतः विकल्प C सही है।

D. शिवराजविजय- अम्बिकादत्त व्यास द्वारा रचित शिवराजविजय का प्रारम्भ सूर्योदय वर्णन से होता है-
'अरुण एष प्रकाशः पूर्वस्यां भगवतो मारीचिमालिनः।'

स्रोत- कादम्बरी कथामुखम्- तारिणीश झा,भू.पेज-195

30. 'त्रिभुवनप्रसवभूमिरिव विस्तीर्णा' विशेषता किसके लिए प्रयुक्त है?

(A) विदिशा **(B) उज्जयिनी**
(C) विन्ध्याटवी **(D) अच्छोदसरोवर**

व्याख्या-

A. विदिशा- कादम्बरी कथामुख में विदिशा राजधानी की विशेषता बताते हुये बाणभट्ट कहते हैं-

'त्रिभुवनप्रसवभूमिरिव विस्तीर्णा.........वेत्रवत्या परिगता विदिशाभिधाना नगरी राजधान्यासीत्।'

अतः विकल्प A सही है।

B. उज्जयिनी- उज्जयिनी नगरी की विशेषता का वर्णन कादम्बरी कथामुख में निम्नवत है-

'अस्ति त्रिभुवनललामभूता.......... उज्जयिनी नाम नगरी।' तीनों भुवनों में अतीव सुन्दरी के समान उज्जयिनी नामक नगरी है।

C. विन्ध्याटवी- विन्ध्याटवी नामक जंगल की विशेषता का वर्णन कादम्बरी कथामुख में निम्न रूपों में किया गया है। 'अस्ति पूर्वापरजलनिधि...........पुष्पवत्यपि पवित्रा विन्ध्याटवी नाम।' समुद्र के पूर्वी किनारे से पश्चिमी किनारे तक लगी हुई मध्यप्रदेश की शोभा को बढ़ाने वाली विन्ध्याटवी नामक अटवी (वन) है जो फूलों से लदी होने के कारण रजस्वल्प स्त्री सी प्रतीत होती थी किन्तु वह अत्यन्त पवित्र भी थी।

D. अच्छोदसरोवर - प्रविश्य च तस्य तरुषण्डस्य मध्यभागे.....अतिमनोहरमाह्लादनं दृष्टेः अच्छोदं नाम सरो दृष्टवान्। प्रवेश करते ही मण्डप के मध्य भाग में एक अत्यन्त मनोहर लोचनों को प्रफुल्लित करने वाला 'अच्छोद' नाम का सरोवर देखा।

स्रोत- कादम्बरी कथामुखम्- तारिणीश झा, पेज-44-45

31. 'नलचम्पू' की कथावस्तु का मूल आधार है महाभारत का-

(A) आदिपर्व **(B) भीष्मपर्व**
(C) वनपर्व **(D) सभापर्व**

व्याख्या-

	महाभारत के पर्व	आश्रित ग्रन्थ
A.	आदिपर्व	अभिज्ञानशाकुन्तलम्
B.	भीष्मपर्व	श्रीमद्भगवद्गीता
C.	वनपर्व	नलचम्पू
D.	सभापर्व	शिशुपालवधम्

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- नलचम्पू- तारिणीश झा, भू.पेज-3-4

32. 'नलचम्पू' के रचयिता हैं-

(A) बाणभट्ट **(B) विश्वेश्वर पाण्डेय**
(C) आचार्य मेधाव्रत **(D) त्रिविक्रमभट्ट**

व्याख्या-

A. बाणभट्ट की रचनाएँ- 1. कादम्बरी 2. पार्वतीपरिणय 3. मुकुटताडितकम् 4. चण्डीशतकम् 5. हर्षचरितम्

B. विश्वेश्वर पाण्डेय की रचनाएँ- 1.वैयाकरण (सिद्धान्तसुधानिधि) 2. अलङ्कारकौस्तुभ 3. रसचन्द्रिका 4. आर्यासप्तशती 5. अलङ्कारप्रदीप 6. अलङ्कारमुक्तावली 7. कवीन्द्र-कर्णाभरण 8. रोमावलीशतक 9. मन्दारमञ्जरी

C. आचार्यमेधाव्रत की रचनाएँ- 1. दयानन्द दिग्विजय

D. त्रिविक्रमभट्ट की रचनाएँ- 1. नलचम्पू 2. मदालसाचम्पू

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- नलचम्पू- धुरन्धर पाण्डेय, भू.पेज-07

33. 'नलचम्पू' कथा की नायिका हैं-

(A) प्रियंगुमञ्जरी **(B) रूपवती**
(C) किन्नरी **(D) दमयन्ती**

व्याख्या-

A. प्रियङ्गुमञ्जरी- विदर्भनरेश भीम की पत्नी तथा नलचम्पू काव्य की नायिका दमयन्ती की माता हैं।

B. रूपवती- निषध देश के राजा वीरसेन, नलचम्पू के 'नायक नल' के पिता हैं तथा उनकी पत्नी का नाम रूपवती है।

C. किन्नरी- नलचम्पू में किन्नर-मिथुन का वर्णन है। इसमें किन्नर का नाम सुन्दरक तथा किन्नरी विहंगवागुरिका है।

D. दमयन्ती- दमयन्ती नलचम्पू में मुग्धा नायिका के रूप में वर्णित है तथा राजा नल का धीरोदात्त नायक के रूप में वर्णन है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- नलचम्पू- धुरन्धर पाण्डेय, भू.पेज-48

34. सभङ्गश्लेष का सर्वाधिक प्रयोग किस ग्रन्थ में हुआ है?
(A) कादम्बरी (B) वासवदत्ता
(C) नलचम्पू (D) दशकुमारचरितम्

व्याख्या-

A. कादम्बरी- बाणभट्ट ने कादम्बरी में अधिकतर स्थानों पर परिसंख्या अलङ्कार का प्रयोग किया है।

B. वासवदत्ता- वासवदत्ता के लेखक सुबन्धु गौणी रीति के कवि हैं। स्वयं कवि ने इस रचना में प्रत्यक्षरश्लेष रखने की प्रतिज्ञा की है-

''प्रत्यक्षरश्लेषमयप्रबन्ध-विन्यासवैदग्धनिधिर्निबन्धम्।'' (वासव. श्लोक-13) सुबन्धु ने प्रत्येक अक्षर में श्लेष की प्रचुरता वाली रचना के निर्माण की कुशलता के आश्रयभूत वासवदत्ता नामक ग्रन्थ को विरचित किया है।

C. नलचम्पू- त्रिविक्रमभट्ट ने नलचम्पू में सभङ्गश्लेष का सर्वाधिक प्रयोग किया है तथा इस विषय में प्रथमोच्छ्वास में स्वयं कहा है कि-

'भङ्गश्लेषकथाबन्धं दुष्करं कुर्वता मया।' (नलचम्पू-1.22) अत्यन्त कठिन भङ्गश्लेष युक्त कथाग्रन्थ की रचना करते हुये मैंने अपनी भुजाओं से दुस्तीर्ण सागर को तैरना आरम्भ कर दिया है, अर्थात् जिस प्रकार बाहुओं से अथाह तथा दुस्तर समुद्र को पार करना कठिन होता है, उसी प्रकार भङ्गश्लेष युक्त कथा ग्रन्थ की रचना करना भी अत्यन्त कठिन है।

अतः विकल्प C सही है।

D. दशकुमारचरितम्- दण्डी की प्रशस्ति के रूप में **'दण्डिनः पदलालित्यम्'** अत्यधिक प्रसिद्ध उक्ति है। पदों का लालित्य, समासरहित सौम्य पदावली,तथा अनुप्रासयुक्त नादसौन्दर्य 'दशकुमारचरितम्' में मिलता है।

स्रोत- नलचम्पू- तारिणीश झा, पेज-27

35.'नवसर्गगते माघे नव शब्दो न विद्यते' यह उक्ति किस ग्रन्थ के लिए प्रचलित है?
(A) मेघदूतम् (B) शिशुपालवधम्
(C) कुमारसम्भवम् (D) जानकीहरणम्

व्याख्या-

A. मेघदूत- क्षेमेन्द्र ने अपने ग्रन्थ 'सुवृत्ततिलक में कालिदास द्वारा प्रयुक्त मन्दाक्रान्ता छन्द की प्रशंसा की है।

'सुवशा कालिदासस्य मन्दाक्रान्ता प्रवल्गाति।'

B. शिशुपालवधम्- माघ ने 'शिशुपालवधम्' के प्रथम 9 सर्गों में अपने अक्षयशब्दकोष का पूर्ण प्रदर्शन किया है। इसी वैशिष्ट्य के आधार पर कहा गया है कि- **'नवसर्गगते माघे नवशब्दो न विद्यते'** अर्थात् प्रथम नौ सर्ग पढ़ लेने पर कोई नवीन शब्द नहीं बचता।

C. कुमारसम्भवम्- कालिदासकृत 'कुमारसम्भवम्'17 सर्गों में विभक्त है। इसमें कुमार कार्तिकेय की उत्पत्ति का वर्णन है।

D. जानकीहरणम्- राजशेखर ने कुमारदास के गुणों पर मुग्ध होकर यहाँ तक कह डाला कि- 'रघुवंशम्' (राम) के रहते हुए जानकीहरण (सीताहरण) करने का साहस केवल दो ही व्यक्तियों में है एक कुमारदास और दूसरा रावण।

जानकीहरणं कर्तुं रघुवंशे स्थिते सति।
कविः कुमारदासश्च रावणश्च यदि क्षमः॥

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम्- तारिणीश झा, भू. पेज-68

36. 'शिशुपालवधम्' महाकाव्य में कितने सर्ग हैं?
(A) उन्नीस (B) अठारह
(C) सोलह (D) बीस

व्याख्या-

रघुवंशम्- 19 सर्ग, कालिदास, रघुवंशी राजाओं का वर्णन।

किरातार्जुनीयम्- 18 सर्ग,भारवि,अर्जुन को पाशुपतास्त्र की प्राप्ति।

काव्यालङ्कार- 16 अध्याय, रुद्रट,काव्यशास्त्र का विवेचन।

शिशुपालवधम्- 20 सर्ग, माघ, शिशुपाल का वध।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम्- तारिणीश झा,भू.पेज-15

37. रैवतक पर्वत का वर्णन किस काव्य में है?
(A) कुमारसम्भवम् (B) शिशुपालवधम्
(C) नैषधीयचरितम् (D) किरातार्जुनीयम्

व्याख्या-

	ग्रन्थ	वर्णन	मङ्गलाचरण प्रकार
A.	कुमारसम्भवम्	हिमालय पर्वत	वस्तुनिर्देशात्मक
B.	शिशुपालवधम्	रैवतक पर्वत	वस्तुनिर्देशात्मक
C.	नैषधीयचरितम्	हंस का वर्णन	वस्तुनिर्देशात्मक
D.	किरातार्जुनीयम्	इन्द्रकील पर्वत	वस्तुनिर्देशात्मक

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम्- तारिणीश झा,पेज भू. -24

38. शिशुपालवधम् महाकाव्य का अङ्गीरस है-
(A) शृङ्गाररस (B) वीररस
(C) शान्तरस (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-

शृङ्गाररस- 1. अभिज्ञानशाकुन्तलम् 2. विक्रमोर्वशीयम् 3. मालविकाग्निमित्रम् 4. नैषधीयचरितम् 5.कुमारसम्भवम्

वीररस - 1. महावीरचरितम् 2. वेणीसंहारम् 3. मुद्राराक्षसम् 4. शिशुपालवधम् 5. हरविजयम्

शान्तरस - 1. महाभारतम् 2. बुद्धचरितम् 3. शारिपुत्रप्रकरण

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम्- तारिणीश झा,भू.पेज-57

39. श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार कर्मयोगी को कर्म क्यों करना चाहिए?
(A) कीर्ति के लिए (B) लोकसंग्रह के लिए
(C) सुख के लिए (D) स्वर्ग के लिए

व्याख्या-

भगवद्गीता के तृतीय अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए कहते हैं कि लोकसंग्रह के लिए कर्म करो।

''कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः।
लोकसंग्रहमेवापि सम्पश्यन्कर्तुमर्हसि॥''
(गीता-3/20)

जनकादि ज्ञानीजन भी आसक्तिरहित कर्मद्वारा ही परम सिद्धि को प्राप्त हुए थे। इसलिए लोकसंग्रह को देखते हुए तू भी कर्म करने के ही योग्य है अर्थात् तुझे कर्म करना ही उचित है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता (3/20)- गीताप्रेस, पेज-56

40. 'समत्वं योग उच्यते' किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है?
(A) योगशास्त्र (B) वेदान्तदर्शन
(C) गीता (D) उपनिषद्

व्याख्या-

A. योगदर्शन- पतञ्जलि योगसूत्र के समाधिपाद में योग की चित्तवृतियों के निरोध का वर्णन किया है-
'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः।' (योग. 1/2) योग चित्तवृत्तियों का निरोध है।

B. वेदान्तदर्शन- वेदान्तदर्शन में अष्टाङ्गयोग का वर्णन है।
1. यम 2. नियम 3. आसन 4. प्राणायाम
5. प्रत्याहार 6. धारणा 7. ध्यान 8. समाधि।

C. गीता- श्रीमद्भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण योग की परिभाषा बताते हैं-
'योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय।
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।'
(गीता.2/48)
हे धनञ्जय! तू आसक्ति को त्यागकर तथा सिद्धि और असिद्धि में समानबुद्धि वाला होकर योग में स्थित हुआ कर्तव्यकर्मों को कर क्योंकि समत्व ही योग कहलाता है।
अतः विकल्प C सही है।

D. कठोपनिषद्- कठोपनिषद् के द्वितीय अध्याय के तृतीय वल्ली में योग का लक्षण निम्नवत् है-
''तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रियधारणाम्।''
(2.3.11)
इन्द्रिय मन और बुद्धि की स्थिर धारणा का ही नाम योग है।

स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता (2/48)

41. 'निष्काम कर्म' का अर्थ है-
(A) अकाम कर्म करना
(B) कोई भी कर्म न करना
(C) अपना काम किये जाना
(D) अनासक्त भाव से किया गया काम

व्याख्या-

श्रीमद्भगवद्गीता के तृतीय अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन को अनासक्त होकर कर्म करने के लिये कहते हैं-

'तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर।
असक्तो ह्याचरन्कर्म परमाप्नोति पूरुषः॥'
(गीता 3/19)

हे अर्जुन! तू निरन्तर आसक्ति से रहित होकर सदा कर्तव्य कर्म को भलीभाँति करता रह क्योंकि आसक्ति से रहित होकर कर्म करता हुआ मनुष्य परमात्मा को प्राप्त हो जाता है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता (3/19)

42. 'श्रीमद्भगवद्गीता' के अनुसार मनुष्य का अधिकार है-
(A) ज्ञान (B) कर्म करने पर
(C) फल पर (D) इनमें से किसी पर नहीं

व्याख्या-
श्रीमद्भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुये कहते हैं-
'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥
(गीता-2/47)

हे अर्जुन! तेरा कर्म करने में ही अधिकार है, उसके फलों में कभी नहीं। इसलिए तू कर्मों के फल का हेतु मत हो तथा तेरी कर्म न करने में भी आसक्ति न हो।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता (2/47)

43. 'श्रीमद्भगवद्गीता' महाभारत के किस पर्व में वर्णित है?
(A) आदिपर्व (B) अनुशासनपर्व
(C) भीष्मपर्व (D) शान्तिपर्व

व्याख्या-

	पर्व	उपजीव्य ग्रन्थ
A.	आदिपर्व	अभिज्ञानशाकुन्तलम्
B.	अनुशासनपर्व	* शिवसहस्रनामस्तोत्र * विष्णुसहस्रनामस्तोत्र
C.	भीष्मपर्व	श्रीमद्भगवद्गीता
D.	शान्तिपर्व	1. पराशरगीता 2. हंसगीता

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-118

44. 'आप्तवाक्यं शब्दः' किस दर्शन से सम्बन्धित है?
(A) जैन (B) बौद्ध
(C) मीमांसा (D) न्याय

व्याख्या-
- भारतीय दर्शन को दो भागों में विभक्त किया गया है- आस्तिक, नास्तिक। आस्तिक दर्शन की संख्या छः है- सांख्य-योग, न्याय-वैशेषिक, पूर्वमीमांसा-उत्तरमीमांसा। आस्तिक दर्शन वेदों को प्रमाण मानता है जबकि नास्तिक दर्शन वेदों को प्रमाण नहीं मानता। ''नास्तिको वेदनिन्दकः''
- तीन नास्तिक दर्शन-चार्वाक, बौद्ध, जैन।
- जैनदर्शन एवं बौद्धदर्शन दो प्रमाण मानते हैं- 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान
- प्रभाकर मीमांसक पाँच प्रमाण मानते हैं 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. उपमान 4. शब्द 5. अर्थापत्ति। भाट्टमीमांसक इन पाँच प्रमाणों के अतिरिक्त छठा प्रमाण अभाव को भी मानते हैं।
- न्यायदर्शन चार प्रमाण मानता है- 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. उपमान 4. शब्द। इसमें शब्द प्रमाण का लक्षण इस प्रकार किया गया है- **'आप्तवाक्यं शब्दः।'** आप्त का वाक्य शब्द प्रमाण कहलाता है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-122

45. सामान्य रहता है-
(A) द्रव्य गुण और विशेष में
(B) द्रव्य, गुण और कर्म में
(C) द्रव्य, कर्म और विशेष में
(D) द्रव्य, गुण और समवाय में

व्याख्या-
केशवमिश्र कृत तर्कभाषा में 16 पदार्थों के अन्तर्गत द्वितीय पदार्थ प्रमेय है तथा प्रमेय के 12 भेदों में चतुर्थ प्रमेय 'अर्थ' है। अर्थ के अन्तर्गत 6 पदार्थ हैं- 1. द्रव्य 2. गुण 3. कर्म 4. सामान्य 5. विशेष 6. समवाय। इसमें चतुर्थ पदार्थ समान्य का लक्षण इस प्रकार किया गया है- 'अनुवृत्तिप्रत्ययहेतुःसामान्यम्। द्रव्यादि त्रयवृत्तिः।' समान कारक प्रतीति का हेतु सामान्य (जाति) है। वह द्रव्य, गुण और कर्म में रहता है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री,पेज-244

46. विशेषण-विशेष्य भाव का सम्बन्ध होता है-
(A) भाव से
(B) अभाव से
(C) भाव और अभाव दोनों से
(D) उपर्युक्त में से किसी से नहीं

व्याख्या-
केशवमिश्र प्रणीत तर्कभाषा में प्रत्यक्ष ज्ञान का कारण इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष को माना है। सन्निकर्ष सर्वप्रथम दो प्रकार का होता है वैदिक तथा लौकिक। लौकिक सन्निकर्ष छः प्रकार का होता है।

सन्निकर्ष	इन्द्रिय	ज्ञान
1. संयोग	चक्षु	घट
2. संयुक्तसमवाय	चक्षु	घटरूप
3. संयुक्तसमवेतसमवाय	चक्षु	घटरूपत्व
4. समवाय	श्रोत्र	शब्द
5. समवेतसमवाय	श्रोत्र	शब्दत्व
6. विशेषणविशेष्य भाव	चक्षु	घटाभाव

उपर्युक्त षोढा सन्निकर्ष के विवेचन से स्पष्ट है विशेषण-विशेष्य का सम्बन्ध अभाव से होता है।
अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- तर्कसंग्रह- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-46

47. 'इन्द्रियार्थसन्निकर्षजन्य ज्ञान' है-
(A) प्रत्यक्ष (B) अनुमान
(C) उपमान (D) आप्तवचन

व्याख्या-
A. प्रत्यक्ष- अन्नम्भट्ट ने तर्कसंग्रह में प्रत्यक्ष प्रमाण का निरूपण इसप्रकार किया है- 'इन्द्रियार्थसन्निकर्षजन्यं ज्ञानं प्रत्यक्षम्।' इन्द्रिय और पदार्थ के सन्निकर्ष से उत्पन्न होने वाला ज्ञान प्रत्यक्ष है।
B. अनुमान- 'अनुमितिकरणं अनुमानम्।' (तर्कसंग्रह) अनुमिति का करण अनुमान है।
'लिङ्गपरामर्शोऽनुमानम्।' (तर्कभाषा)
C. उपमान- 'उपमितिकरणमुपमानम्।' (तर्कसंग्रह) उपमिति का करण उपमान कहलाता है।
अतिदेशवाक्यार्थस्मरणसहकृतं गोसादृश्यविशिष्ट पिण्डज्ञानमुपमानम्। (तर्कभाषा) अतिदेश वाक्य के अर्थ का स्मरण करने के साथ गौ की समानता से युक्त पिण्ड का ज्ञान ही उपमान प्रमाण है।
D. आप्तप्रमाण (शब्द प्रमाण)- 'आप्तवाक्यं शब्दः' (तर्कसंग्रह) शब्द प्रमाण आप्त व्यक्ति का वाक्य है। तर्कभाषा में भी 'शब्द प्रमाण' की यही परिभाषा है।
अतः विकल्प A सही है।
स्रोत- तर्कसंग्रह- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-45

48. केवल नेत्र से ग्रहण किया जाने वाला गुण है-
(A) **रूप** (B) **स्पर्श**
(C) **गन्ध** (D) **रस**

व्याख्या-
A. रूप- अन्नम्भट्टकृत तर्कसंग्रह में गुणों की संख्या चौबीस है जिसमें से रूप भी एक गुण है, उसको निम्नरूप में परिभाषित करते हैं- **'चक्षुर्मात्रग्राह्यो गुणो रूपम्।'** केवल चक्षुरिन्द्रिय से ग्रहण किया जाने वाला गुण 'रूप' है इसके सात भेद हैं- शुक्ल, नील, पीत, रक्त, हरित, कपिश और चितकबरा।
B. स्पर्श- स्पर्श की गणना भी गुण के अन्तर्गत होती है- 'त्वगिन्द्रियमात्रग्राह्यो गुणः स्पर्शः।' त्वगिन्द्रिय-मात्र से ग्रहण किया जाने वाला गुण 'स्पर्श' है। यह तीन प्रकार का होता है- 1. शीत 2. उष्ण 3. अनुष्णाशीत।
C. गन्ध- गन्ध भी गुण के अन्तर्गत आता है- 'घ्राणग्राह्यो गुणो गन्धः।' घ्राण से ग्रहण किया जाने वाला गुण गन्ध है। इसके दो भेद हैं- 1. सुगन्ध 2. दुर्गन्ध
D. रस- रस की गणना गुण के अन्तर्गत होती है- 'रसनाग्राह्यो गुणो रसः।' रसना इन्द्रिय से ग्रहण किया जाने वाला गुण 'रस' है। इसके छः भेद हैं- 1. मीठा 2. खट्टा 3. नमकीन 4. कड़वा 5. कसैला 6. तीखा।
चौबीस गुणों की संख्या इस प्रकार है- रूप-रस-गन्ध-स्पर्श-संख्या-परिणाम-पृथकत्व-संयोग-विभाग-परत्वाऽपरत्व-गुरुत्व-द्रवत्व-स्नेह-शब्द-बुद्धि-सुख-दुःखेच्छा-द्वेष-प्रयत्न-धर्माऽधर्म- संस्काराश्चतुर्विंशतिर्गुणाः।

	इन्द्रिय	ग्राह्य गुण
1.	चक्षु	रूप
2.	त्वग्	स्पर्श
3.	घ्राण	गन्ध
4.	रसना	रस
5.	श्रोत्र	शब्द

अतः विकल्प A सही है।
स्रोत- तर्कसंग्रह- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-29

49. तर्कभाषा/तर्कसंग्रह के अनुसार प्रमा के कितने भेद हैं?
(A) एक **(B) दो**
(C) चार **(D) पाँच**

व्याख्या-
तर्कसंग्रहकार अन्नम्भट्ट 'अनुभव' को परिभाषित करते हैं- 'तद्भिन्नं ज्ञानमनुभवः।स द्विविधः-यथार्थोऽयथार्थश्च।' स्मृति से भिन्न ज्ञान को 'अनुभव' कहते हैं। यह दो प्रकार का होता है- यथार्थ तथा अयथार्थ। इसमें यथार्थानुभव (प्रमा) के चार भेद होते हैं- 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमिति 3. उपमिति 4. शाब्द। 'यथार्थानुभवश्चतुर्विधः, प्रत्यक्षानुमित्युपमितिशाब्दभेदात्।'

- सामान्य के दो भेद होते हैं 1. परसामान्य 2.अपरसामान्य
- 'समवाय' पदार्थ एक ही प्रकार का होता है।
- कर्म के पाँच भेद हैं- 1. उत्क्षेपण 2. अपक्षेपण 3. आकुञ्चन 4. प्रसारण 5. गमन।

अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- तर्कसंग्रह- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-40

50. सांख्यदर्शन के मत से सूक्ष्मशरीर का निर्माण हुआ है-
(A) 17 तत्त्वों से
(B) 25 तत्त्वों से
(C) 18 तत्त्वों से
(D) इनमें से किसी में भी नहीं

व्याख्या-
A. सदानन्द प्रणीत वेदान्तसार में सूक्ष्मशरीर का निर्माण सत्रह अवयवों से हुआ है-
'सूक्ष्मशरीराणि सप्तदशावयवानि लिङ्गशरीराणि।' सत्रह अवयव है- पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय, पञ्चवायु, बुद्धि,मन
पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ- श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, घ्राण।
पाँच कर्मेन्द्रियाँ- वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ।
पाँच वायु- प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान।

- सांख्यकारिका में पच्चीस तत्त्वों का वर्णन है-
मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः।।
(सां.का. -3)
मूलप्रकृति किसी का विकार नहीं है- महत् आदि सात तत्त्व कारण और विकार अर्थात् कार्य और कारण दोनों हैं। षोडश पदार्थों का समूह केवल विकार अर्थात् कार्य है। पुरुष न तो कार्य है और न कारण।
- सांख्यकारिका के अनुसार सूक्ष्मशरीर का निर्माण अठारह तत्त्वों से होता है-

पूर्वोत्पन्नमसक्तं नियतं महदादिसूक्ष्मपर्यन्तम्।
संसरति निरुपभोगं भावैरधिवासितं लिङ्गम्।।
(सां.का.40)

सृष्टि के प्रारम्भ में उत्पन्न, सर्वत्र गति करने में सक्षम, प्रलयकाल पर्यन्त स्थायी रूप से रहने वाला महत् आदि से लेकर सूक्ष्म तन्मात्रापर्यन्त अठारह तत्त्वों से निर्मित भोगरहित, भावों से रहित, भावों से युक्त, लिङ्गशरीर गमनागमन करता रहता है।
सूक्ष्मशरीर को लिङ्गशरीर भी कहा जाता है।
सूक्ष्मशरीर- पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ- पाँच कर्मेन्द्रियाँ + पञ्चतन्मात्रा + बुद्धि + मन + अहङ्कार = 18तत्त्व।
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- सांख्यतत्त्वकौमुदी (का.-40) आद्याप्रसाद मिश्र,पेज-257

51. सांख्य के अनुसार प्रमाणों की संख्या है-
(A) 4 **(B) 5**
(C) 3 **(D) 2**

व्याख्या-
A. न्यायदर्शन- न्यायदर्शन में चार प्रमाण स्वीकृत हैं- 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. उपमान 4. शब्द
B. प्रभाकर मीमांसक- प्रभाकर मीमांसक पाँच प्रकार के प्रमाण मानते हैं 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. उपमान 4. शब्द 5. अर्थापत्ति
C. सांख्य,योगदर्शन- सांख्य तथा योग दर्शन में तीन प्रमाणों का वर्णन है- 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. शब्द
D. बौद्धदर्शन- बौद्धदर्शन में दो प्रमाण की चर्चा की गई है- 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- सांख्यतत्त्वकौमुदी (का.-04)-आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-115

52. 'कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च' चरितार्थ होता है-
(A) पुरुष (B) प्रकृति
(C) ईश्वर (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-

A. पुरुष- ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में पुरुष की सत्ता सिद्ध करते हुए कहते हैं-

संघातपरार्थत्वात् त्रिगुणादिविपर्ययादधिष्ठानात्।
पुरुषोऽस्ति भोक्तृभावात् कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च॥
(सां.का.17)

संघटनात्मक समूहरूप वस्तुओं के दूसरे के लिए होने के कारण, गुणत्रययुक्त धर्मों से विपरीत धर्मवाले की अपेक्षा से, भोक्ता होने की अपेक्षा से, मोक्ष के लिए प्रवृत्त होने से पुरुष चरितार्थ होता है अर्थात् पुरुष की सत्ता है।
अतः विकल्प A सही है।

B. सांख्यकारिका में प्रकृति की सत्ता इसप्रकार सिद्ध की गयी है-
भेदानां परिमाणात्, समन्वयत्वात् शक्तितः प्रवृत्तेश्च।
कारणकार्यविभागादविभागाद् वैश्वरूप्यस्य॥
(सां.का.15)

महत् आदि कार्यों के परिमित होने से, कारण के समान होने से, शक्ति से उत्पन्न होने से कारण से ही कार्य आविर्भूत होने से, प्रलयकाल में उसी कारण में लीन हो जाने से, विविध रूपों वाले सभी कार्यों का एक कारण अव्यक्त (प्रधान,प्रकृति) अवश्य है। इसप्रकार कारिका से प्रकृति की सत्ता सिद्ध होती है।
यद्यपि सांख्यदर्शन वेदों की प्रामाणिकता को स्वीकार करने के कारण आस्तिक दर्शन है तथापि ईश्वर की सत्ता को नहीं स्वीकार करता है।

स्रोत- सांख्यतत्त्वकौमुदी, (का.-17)-आद्याप्रसाद मिश्र,पेज-200

53. सांख्य के अनुसार बुद्धि के प्रमुख परिणाम हैं-
(A) विपर्यय, अशक्ति, सिद्धि और तमस्
(B) विपर्यय, अशक्ति, तुष्टि और सिद्धि
(C) विपर्यय, अशक्ति, मोह और सिद्धि
(D) विपर्यय, अशक्ति, मोह और तमस्

व्याख्या-

एष प्रत्ययसर्गो विपर्ययाशक्तितुष्टिसिद्ध्याख्यः।
गुणवैषम्यविमर्दात् तस्य च भेदास्तु पञ्चाशत्॥
(सां.का. 46)

प्रत्ययसर्ग (बुद्धिसर्ग) 50

विपर्यय	अशक्ति	तुष्टि	सिद्धि
(5)	(28)	(9)	(8)

विपर्यय, अशक्ति, तुष्टि, सिद्धि नामक यह बौद्धिकसर्ग गुणों की विषमता के कारण एक दूसरे के अभिभव से उसके पचास भेद होते हैं। **अतः विकल्प B सही है।**

- बौद्ध दार्शनिक असत् से सत् की उत्पत्ति मानते हैं। 'असतः सत् जायते।'
- नैयायिक और वैशेषिक सत् से असत् की उत्पत्ति मानते हैं- 'सतः असत् जायते।'
- अद्वैतवेदान्त के अनुसार- 'एकस्य सतो विवर्त्तः कार्यजातं न वस्तु सत्।' समस्त कार्य समूह, एक अद्वितीय सतत्त्व (ब्रह्म) का विवर्त (अतात्विक अन्यथाभाव) मात्र है, वस्तुतः सत् नहीं है।

स्रोत- सांख्यतत्त्वकौमुदी (का.-09)-आद्याप्रसाद मिश्र,पेज-153

54. सांख्य स्वीकार करता है-
(A) असतः सत् जायते
(B) एकस्य सतो विवर्तः कार्यजातं न वस्तु सत्
(C) सतः असत् जायते
(D) सतः सत् जायते

व्याख्या-

सत्कार्यवाद- 'सत्कार्यवाद' सांख्यदर्शन का महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त है जिसके अनुसार कार्य वास्तव में अपने कारण में सत् रूप में विद्यमान रहता है।

असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम्॥
(सां.का. 9)

सर्वथा अविद्यमान को उत्पन्न न किये जा सकने से, विशेष पदार्थ को उत्पन्न करने के लिए उससे सम्बद्ध विशेष उपादान को ग्रहण करने से, सभी कारणरूप पदार्थों से सभी कार्यों की उत्पत्ति न होने से, समर्थरूप वस्तु से ही समर्थ कार्यरूप वस्तु के उत्पन्न होने से कार्य और कारण के परस्पर अभिन्न होने से कार्य कारण में विद्यमान रहता है। सांख्य के सत्कार्यवाद के सिद्धान्त से यह सिद्ध होता है कि **'सतः सत् जायते।'**
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- सांख्यतत्त्वकौमुदी (का. 09)-आद्याप्रसाद मिश्र,पेज-257

55. 'पुरुषबहुत्वं' को कौन सा दर्शन स्वीकार करता है?
(A) सांख्य **(B) न्याय**
(C) मीमांसा **(D) वैशेषिक**

व्याख्या-
सांख्यदर्शन- सांख्यदर्शन में पुरुषबहुत्व का सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया है-
जन्मरणकरणानां प्रतिनियमादयुगपत्प्रवृत्तेश्च।
पुरुषबहुत्वं सिद्धं त्रैगुण्यविपर्ययाच्चैव॥
(सां.का. 18)
जन्म,मरण और इन्द्रियों की व्यवस्था होने के कारण और एक साथ प्रवृत्ति का अभाव होने से तथा तीनों गुणों के भेद के कारण ही पुरुषों की अनेकता सिद्ध होती है।
➢ **न्याय-**न्यायदर्शन असत्कार्यवाद के सिद्धान्त को मानता है। न्यायदर्शन के प्रवर्तक, अक्षपाद गौतम हैं।
➢ **मीमांसक-** मीमांसक स्वतः प्रामाण्यवाद को मानते हैं। पूर्वमीमांसा के प्रवर्तक जैमिनि तथा उत्तरमीमांसा (वेदान्त) के प्रवर्तक बादरायण हैं।
➢ **वैशेषिक-** वैशेषिक दर्शन के आचार्य महर्षि कणाद हैं। वैशेषिक परमाणुओं को जगत्कारण मानते हैं।
अतः विकल्प A सही है।
स्रोत- सांख्यतत्वकौमुदी-(का.-18)-आद्याप्रसाद मिश्र,पेज-205

56. सांख्य की प्रकृति है-
(A) व्यक्त **(B) त्रिगुणात्मिका**
(C) चेतन **(D) अप्रधान**

व्याख्या-
सांख्यकारिका में ईश्वरकृष्ण ने व्यक्त, अव्यक्त और पुरुष का प्रतिपादन करते हुये कहते हैं कि-
त्रिगुणमविवेकि विषयः सामान्यमचेतनं प्रसवधर्मि।
व्यक्तं तथा प्रधानं, तद्विपरीतस्तथा च पुमान्॥
(सां.का.-11)
महत् आदि व्यक्तपदार्थ और अव्यक्तरूप मूलकारण प्रकृति तीनों गुणों से युक्त (त्रिगुणात्मक), परस्पर अलग होने में असमर्थ, ज्ञान के विषय, अनेक पुरुषों द्वारा ग्रहण किये जाने योग्य, जड़, उत्पादन और पुरुष उसके विपरीत गुणों वाला होता है।
➢ सांख्यकारिका के अनुसार प्रकृति को प्रधान, अव्यक्त, तथा मूलप्रकृति आदि नामों से भी जाना जाता है।
➢ प्रकृति को जड़ तथा पुरुष को चेतन माना जाता है।
➢ पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ, पञ्चकर्मेन्द्रियाँ, पञ्चतन्मात्राएँ, महत्, अहङ्कार, मन तथा पञ्चमहाभूत ये तेईस तत्त्व व्यक्त तत्त्व के रूप में वर्णित किये गये हैं।
अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- सांख्यतत्त्वकौमुदी (का.-11)-आद्याप्रसाद मिश्र,पेज-171

57. मन किस प्रकार की इन्द्रिय है-
(A) कर्मेन्द्रिय **(B) ज्ञानेन्द्रिय**
(C) उभयात्मक **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या-
सांख्यकारिका में ईश्वरकृष्ण मन का लक्षण करते हैं-
उभयात्मकमत्र मनः संकल्पकमिन्द्रियं च साधर्म्यात्।
गुणपरिणामविशेषान्नानात्वं बाह्यभेदाश्च॥ (सां.का.27)
इनमें मन दोनों प्रकार उभयात्मक की इन्द्रिय है। यह संकल्प करने वाला है और इन्द्रियों के सजातीय होने से इन्द्रिय कहलाता है। गुणों के विशिष्ट परिणाम के कारण जैसे विविध बाह्य पदार्थ उत्पन्न होते है वैसे ही विविध इन्द्रियाँ उत्पन्न होती हैं।
* कर्मेन्द्रियों की संख्या पाँच हैं- वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ।
* ज्ञानेन्द्रियों की संख्या पाँच हैं- श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, घ्राण। **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत- सांख्यकारिका (का.27)- राकेश शास्त्री, पेज-84

58. 'वेदान्तसार' के रचनाकार हैं-
(A) आचार्य शंकर **(B) दयानन्द सरस्वती**
(C) सदानन्द योगीन्द्र **(D) भास्कराचार्य**

व्याख्या-

	रचनाकार	रचनाएँ	विशेष
A.	आचार्य शङ्कर	ब्रह्मसूत्र	प्रस्थानत्रयी (गीता, शारीरक भाष्य उपनिषद्, ब्रह्मसूत्र) के भाष्यकर्त्ता
B.	दयानन्द सरस्वती	सत्यार्थप्रकाश	वेदभाष्यकार
C.	सदानन्द योगीन्द्र	वेदान्तसार	अद्वैत वेदान्त को मानते हैं।
D.	भास्कराचार्य	लीलावती	लीलावती में पाटीगणित (अङ्कगणित) का वर्णन किया गया है।

अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव,भू.पेज-xix

59. बुद्धि, ज्ञानेन्द्रियों के साथ मिलकर निर्माण करती है-
(A) प्राणमयकोश (B) आनन्दमयकोश
(C) विज्ञानमयकोश (D) मनोमयकोश

व्याख्या-

A. प्राणमयकोश-
'इदं प्राणादिपञ्चकं कर्मेन्द्रियैः सहितं सत् प्राणमयकोशो भवति।'
पञ्चप्राण (प्राण,अपान, व्यान, उदान, समान) एवं पञ्चकर्मेन्द्रियाँ (वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ) से मिलकर प्राणमयकोश बनता है।

B. आनन्दमयकोश-
''आनन्दप्रचुरत्वात् कोशवदाच्छादकारत्वाच्चानन्दमयकोशः''
पञ्चकोशों में प्रथम आनन्दमयकोश की स्थिति सृष्टि के विकास की प्रथम कारणावस्था में विद्यमान होती है। निर्गुणब्रह्म जब शुद्धसत्त्वप्रधान अज्ञान से आच्छादित होता है तो वही कारणशरीर ईश्वर तथा आनन्द की प्रचुरता के कारण आनन्दमयकोश कहलाता है।

C. विज्ञानमयकोश-
''इयं बुद्धिर्ज्ञानेन्द्रियैः सहिता विज्ञानमयकोशो भवति।''
पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ (श्रोत्र, त्वक् , चक्षु, जिह्वा, घ्राण) एवं बुद्धि मिलकर विज्ञानमयकोश बनाते हैं।

D. मनोमयकोश-
'मनस्तु ज्ञानेन्द्रियैः सहितं सन्मनोमयकोशो भवति।'
मन और ज्ञानेन्द्रियाँ (श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, घ्राण) से मिलकर मनोमयकोश होता है।

अन्नमयकोश- पञ्चकोशों में अन्तिम अन्नमयकोश है। इस कोश का निर्माण पञ्चीकृत महाभूतों से होता है। इसे 'जाग्रत' भी कहते हैं।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव,पेज-68

60. 'मिथ्यारूप से अन्य वस्तु के रूप में भासित होना' कहलाता है-
(A) आरम्भवाद (B) असत्कार्यवाद
(C) परिणामवाद (D) विवर्तवाद

व्याख्या-

असत्कार्यवाद- आरम्भवाद या असत्कार्यवाद के अनुसार कार्य उत्पत्ति के पूर्व असत् है अर्थात् अपने कारण में विद्यमान नहीं है। कार्य की सत्ता उसकी उत्पत्ति से ही आरम्भ होती है, इस मान्यता के कारण असत्कार्य को आरम्भवाद भी कहते हैं।

परिणामवाद- सदानन्दकृत वेदान्तसार में विकारवाद या परिणामवाद को इस प्रकार परिभाषित किया गया है-
''सतत्त्वतोऽन्यथाप्रथा विकार इत्युदीरितः।''
किसी वस्तु का तत्त्वतः (वस्तुतः) अन्यथा अर्थात् दूसरे रूप में प्रकट होना 'विकार' कहा गया है। जैसे- दही दूध का विकार है, क्योंकि दही का आकार, स्वाद, गुण सभी कुछ बदल जाता है।

विवर्तवाद- वेदान्तसार में विवर्तवाद की परिभाषा इस प्रकार दी गई है-
''अतत्त्वतोऽन्यथाप्रथा विवर्त इत्युदाहृतः।
जब कोई वस्तु अपने स्वरूप का बिना यथार्थतः त्याग किये दूसरे रूप में प्रतीत होने लगती है। तो उसे मूलवस्तु का विवर्त कहा जाता है। जैसे- जब रस्सी सर्प के रूप में प्रतीत होती है सर्प रस्सी का विवर्त है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-116

61. 'ब्रह्म' को कहा गया है-
(A) सत् (B) चित्
(C) आनन्द (D) सच्चिदानन्द

व्याख्या-

- सदानन्द प्रणीत वेदान्तसार में अद्वैत ब्रह्म को ही वस्तु कहा गया है – **'वस्तु सच्चिदानन्दान्ताद्वयं ब्रह्म।'** सच्चिदानन्द, अनन्त, अद्वैतब्रह्म ही वस्तु है।
- **'अज्ञानादिसकलजडसमूहोऽवस्तु।'** अज्ञान से लेकर सकल जड़ समुदाय अवस्तु है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- वेदान्तसार-सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-37

62. 'तितिक्षा' का अर्थ है-
(A) मोक्षेच्छा
(B) शीतोष्णादि द्वन्द्व सहिष्णुता
(C) नित्यवस्तुविवेक
(D) नित्यानित्यवस्तुविवेक

व्याख्या-

- सदानन्द प्रणीत वेदान्तसार में साधनचतुष्टयों की संख्या चार हैं- 1. नित्यानित्यवस्तुविवेक 2. इहामुत्रार्थफलभोगविराग 3. शमादिषट्कसम्पत्ति 4.मुमुक्षुत्व
- शमादिषट्क सम्पत्ति हैं- शम, दम, उपरति, तितिक्षा, समाधान, श्रद्धा।

शम- ''शमस्तावच्छ्रवणादिव्यतिरिक्तविषयेभ्यो मनसो निग्रहः।'' श्रवण, मनन, निदिध्यासन से भिन्न विषयों से मन के हटा लेने को शम कहते हैं।

दम- ''दमो बाह्येन्द्रियाणां तद्व्यतिरिक्तविषयेभ्यो निवर्त्तनम्।'' बाह्य इन्द्रियों को श्रवणादि के अतिरिक्त विषयों से हटाने को दम कहते हैं।

उपरति- ''विहितानां कर्मणां विधिना परित्यागः।'' विहित कर्मों का विधि से परित्याग कर देना अर्थात् संन्यास ग्रहण कर लेना उपरति है।

तितिक्षा- ''तितिक्षा शीतोष्णादिद्वन्द्वसहिष्णुता।'' शीत-उष्ण आदि द्वन्द्वों को सहन करना तितिक्षा है।

अतः विकल्प B सही है।

समाधान-''निगृहीतस्य मनसः श्रवणादौ तदनुगुणविषये च समाधिः समाधानम्।'' निगृहीत चित्त का श्रवणादि में तथा श्रवणादि के अनुकूल विषयों में स्थिर हो जाना समाधान है।

श्रद्धा- ''गुरूपदिष्टवेदान्तवाक्येषु विश्वासः श्रद्धा।'' गुरु और वेदान्त के वाक्यों में विश्वास होना अर्थात् वह बिल्कुल सत्य है इस प्रकार बुद्धि का निश्चय होना श्रद्धा है।

* **मोक्षेच्छा-** ''मुमुक्षुत्वं मोक्षेच्छा'' मोक्ष की इच्छा से युक्त होना मोक्षेच्छा है।
* **नित्यानित्यवस्तुविवेक-** ''नित्यानित्यवस्तुविवेकस्तावद् ब्रह्मैव नित्यं वस्तु ततोऽन्यदखिलमनित्यमिति विवेचनम्।'' केवल ब्रह्म ही नित्य वस्तु है और उससे भिन्न सब कुछ अनित्य है ऐसा विवेचना करना नित्यानित्यवस्तुविवेक है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-21

63. वेदान्त के अनुसार अज्ञान की शक्ति है-
(A) आवरण
(B) विक्षेप
(C) आवरण विक्षेप दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

''अस्याज्ञानस्यावरणविक्षेपनामकमस्ति शक्तिद्वयम्।''
इस अज्ञान की आवरण और विक्षेप नामक दो शक्तियाँ हैं।

1. **आवरणशक्ति-** 'आवरणशक्तिस्तावदल्पोऽपि मेघोऽनेकयोजनायतमादित्यमण्डलमवलोकयितृनयनपथपिधायकतया यथाच्छादयतीव।'
प्रमाता जीव के दृष्टि के सामने पर्दा डालकर सत् चित् तथा आनन्दस्वस्वरूप आत्मा को आवृत्त करने वाली शक्ति को आवरण शक्ति कहते हैं।
2. **विक्षेपशक्ति-** 'विक्षेपशक्तिर्लिङ्गादिब्रह्माण्डान्तं जगत्सृजेदिति'। ब्रह्म से लेकर स्थावर प्राणियों तक सम्पूर्ण नामरूपात्मक संसार को पैदा करने वाली शक्ति को विक्षेप शक्ति कहते हैं।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- वेदान्तसार-सन्तनारायण श्रीवास्तव,पेज-56

64. पञ्चीकरण प्रक्रिया का उल्लेख किस ग्रन्थ में है?
(A) तर्कभाषा **(B) वेदान्तसार**
(C) सांख्यकारिका **(D) इशोपनिषद्**

व्याख्या-

A. तर्कभाषा- केशवमिश्र कृत 'तर्कभाषा' ग्रन्थ में प्रमाण प्रमेय आदि सोलह पदार्थों के ज्ञान से निःश्रेयस् (मोक्ष) की प्राप्ति का उल्लेख है। सोलह पदार्थों की संख्या है- प्रमाण,प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल, जाति, निग्रहस्थान।

B. वेदान्तसार- योगीन्द्रसदानन्दकृत वेदान्तसार में स्थूलभूत पञ्चीकृत महाभूतों का उल्लेख किया गया है।
'द्विधा विधाय चैकैकं चतुर्धा प्रथमं पुनः।
स्वस्वेतरद्वितीयांशैर्योजनात् पञ्च पञ्च ते।'
प्रत्येक भूत को दो भागों में विभक्त करके, फिर प्रथम भाग को चतुर्धा विभक्त करके, अपने से भिन्न चारभूतों के द्वितीय भाग में जोड़ देने से वे आकाशादि पञ्चात्मक (पञ्चीकृत) हो जाते हैं।

C. सांख्यकारिका- सांख्यकारिका में सत्कार्यवाद का उल्लेख है एवं पच्चीस तत्त्वों का विवेचन है।
असदकरणात् उपादानग्रहणात............आदि।

D. ईशावास्योपनिषद्- ईशावास्योपनिषद् शुक्लयजुर्वेद का चालीसवाँ अध्याय है जिसमें मन्त्रों की संख्या अठारह है। इस उपनिषद् में विद्या और अविद्या तथा सम्भूति एवं असम्भूति का वर्णन है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- वेदान्तसार-सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-78

65. वेदान्त पढ़ने का अधिकारी है-
(A) साधन चतुष्टय सम्पन्न प्रमाता
(B) काम्यनिषिद्ध कर्मों को ही मात्र न करने वाला
(C) वेद वेदाङ्गों का ही मात्र अध्ययन करने वाला
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-

- सदानन्दप्रणीत वेदान्तसार में चार अनुबन्धों की चर्चा की गयी है-
  1. अधिकारी 2. विषय 3. सम्बन्ध 4. प्रयोजन।

अधिकारी-

''अधिकारी तु विधिवदधीत.....साधनचतुष्टयसम्पन्नः प्रमाता।''
अधिकारी तो वही हो सकता है, जिसने इस जन्म या पूर्व जन्म में पहले विधिपूर्वक वेद वेदाङ्गों का अध्ययन करके सम्पूर्ण वेदों का अर्थज्ञान उपलब्ध करके काम्यकर्म तथा शास्त्रों के द्वारा निषिद्ध कर्मों का त्याग किया हो, तत्पश्चात् जिसका अन्तःकरण, नित्य, नैमित्तिक, प्रायश्चित तथा उपासना कर्मों को करने से सम्पूर्ण पापों से मुक्त तथा अत्यधिक स्वच्छ हो गया हो ऐसा चार साधनों से सम्पन्न (साधनचतुष्टयसम्पन्न) प्रमाता ही अधिकारी है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- वेदान्तसार-सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-11

66. विवर्त का आशय है-
(A) यथार्थ परिवर्तन
(B) अयथार्थ परिवर्तन
(C) दोनों प्रकार के परिवर्तन
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-

A. वेदान्तसार में विकार को परिभाषित करते हुए सदानन्द कहते हैं कि- कोई वस्तु अपने रूप को त्यागकर किसी अन्य यथार्थ रूप को ग्रहण करती है तो वह विकारभाव कहलाती है। ''सतत्त्वतोऽन्यथाप्रथाविकार इत्युदीरितः।''

B. वेदान्तसार में विवर्त का लक्षण निम्नवत् है- किसी वस्तु में अपने रूप के परित्याग के बिना दूसरी वस्तु का मिथ्याभास (अयथार्थ परिवर्तन) विवर्त कहलाता है।
''अतत्त्वतोऽन्यथाप्रथाविवर्तइत्युदाहृतः।।''

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- वेदान्तसार-सन्तनारायण श्रीवास्तव,पेज-115-116

67. निम्नलिखित में से एक कर्मेन्द्रिय है-
(A) वाक् **(B) श्रोत्र**
(C) घ्राण **(D) चक्षुः**

व्याख्या-

कर्मेन्द्रियाँ- कर्मेन्द्रियाणि वाक्पाणिपादपायूपस्थाख्यानि। वाक् (वाणी), पाणि (हाथ), पाद (पैर), पायु (गुदा) तथा उपस्थ (लिङ्ग) ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं।

ज्ञानेन्द्रियाँ- ज्ञानेन्द्रियाणि श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणाख्यानि। श्रोत्र, त्वक् , चक्षु, जिह्वा तथा घ्राण ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं।

पञ्चवायवः- 'वायवः प्राणापानव्यानोदानसमानाः।' प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान ये पाँच वायु हैं।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- वेदान्तसार-सन्तनारायण श्रीवास्तव,पेज-69

68. नाटक में 'विदूषक' होता है-
(A) नाटक का नायक
(B) नाटक का प्रतिनायक
(C) हास्यरस का पात्र
(D) करुण रस का पात्र

व्याख्या-

A. नाटक का नायक- आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के तृतीय परिच्छेद में नाटक के नायक का लक्षण करते हैं-
''त्यागी कृती कुलीनः सुश्रीको रूपयौवनोत्साही।
दक्षोऽनुरक्तलोकस्तेजोवैदग्ध्यशीलवान्नेता।।''
(सा.द.3.30)

दाता, कृतज्ञ, पण्डित, कुलीन, लक्ष्मीवान्, लोगों के अनुराग का पात्र, रूप यौवन एवं उत्साह से युक्त, तेजस्वी, चतुर और सुशील पुरुष काव्यों में नायक होता है।

जैसे- श्रीराम, दुष्यन्त, अर्जुन, कृष्ण, उदयन आदि।

B. नाटक का प्रतिनायक- प्रतिनायक का लक्षण निम्नवत् है- **'धीरोद्धतः पापकारी व्यसनी प्रतिनायकः।'** (सा.द.3.131) धीरोद्धत, पापी और काम क्रोधादि से उत्पन्न व्यसनों में फँसा हुआ पुरुष प्रतिनायक कहलाता है।

जैसे- रावण, शिशुपाल, दुर्योधन आदि।

C. हास्यरस का पात्र- साहित्यदर्पण के तृतीय परिच्छेद में विदूषक को निम्न रूप से परिभाषित किया गया है-

कुसुमवसन्ताद्यभिधः कर्मवपुर्वेषभाषाद्यैः।
हास्यकरः कलहरतिर्विदूषकः स्यात्स्वकर्मज्ञः॥

(सा.द.3/42)

किसी फूल अथवा वसन्तादिक पर जिसका नाम हो और जो अपनी क्रिया, देह, वेष और भाषा आदि से हँसाने वाला हो दूसरों को लड़ाने में प्रसन्न रहता हो और अपने मतलब का पूरा हो अर्थात् अपने खाने-पीने की बात कभी न भूले वह पुरुष विदूषक कहलाता है।

अतः विकल्प C सही है।

D. उत्तररामचरित में राम और सीता करुण रस के पात्र कहे जा सकते हैं।

स्रोत- साहित्यदर्पण (3/42)-शालिग्राम शास्त्री, पेज-68

69. नाटक में जो बात सुनाने योग्य नहीं होती है, उसे कहते हैं-

(A) प्रकाश **(B) आत्मगत**
(C) अपवारित **(D) जनान्तिक**

व्याख्या-

A. प्रकाश- साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में आचार्य विश्वनाथ प्रकाश का लक्षण करते हैं- **'सर्वश्राव्यं प्रकाशं स्यात्।'** (सा.द. 6/138) जो कथन सबको सुनाने योग्य हो उसे प्रकाश कहते हैं।

B. आत्मगत- आत्मगत का लक्षण साहित्यदर्पण के छठे परिच्छेद में किया गया है- **'अश्राव्यं खलु यद्वस्तु तदिह स्वगतं मतम्।'** (सा.द. 6/137) जो बात सुनाने योग्य नहीं होती उसे आत्मगत या स्वगत कहते हैं।

C. अपवारित- आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में अपवारित का लक्षण किया है- **'रहस्यं कथ्यतेऽन्यस्य परावृत्त्यापवारितम्।'** (दश.1.66) रङ्गमञ्च पर स्थित पात्रों की ओर से मुख फेरकर जब कोई गुप्त बात अन्य पात्र से की जाती है, तो वह अपवारित कहलाता है।

D. जनान्तिक- आचार्य धनञ्जय ने दशरूपक के प्रथम प्रकाश में जनान्तिक का लक्षण करते हैं-

त्रिपताकाकरेणान्यान्...तज्जनान्तिकम् (दश. 1/65-66) पात्रों के मध्य चल रहे संवाद के मध्य में, त्रिपताका रूप हस्तमुद्रा के द्वारा अन्य पात्रों से बचाकर दो पात्र आपस में जो परस्पर वार्तालाप करते हैं- वह जनान्तिक कहा जाता है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण (6/137)- शालिग्राम शास्त्री,पेज-201

70. किस रस में आरभटी वृत्ति होती है?

(A) रौद्र **(B) शृङ्गार**
(C) वीर **(D) अद्‌भुत**

व्याख्या-

आचार्य धनञ्जय दशरूपक के द्वितीय प्रकाश में रस एवं वृत्तियों के पारस्परिक सम्बन्ध की चर्चा करते हैं-

'शृङ्गारे कैशिकी, वीरे सात्वत्यारभटी पुनः।
रसे रौद्रे च बीभत्से, वृत्तिः सर्वत्र भारती॥' (दश.2.62)

शृङ्गाररस में विशेषतः कैशिकी वृत्ति और वीररस में सात्त्वती वृत्ति, रौद्र तथा बीभत्स रस में आरभटी वृत्ति उपयुक्त है। किन्तु भारती वृत्ति सर्वत्र उपयुक्त हो सकती है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण (6/122)- शालिग्राम शास्त्री,पेज-199

71. 'साहित्यदर्पण' के प्रथम परिच्छेद का नाम है-

(A) काव्यदोष निरूपण
(B) काव्यस्वरूप निरूपण
(C) काव्यप्रयोजन निरूपण
(D) काव्यलक्षण निरूपण

व्याख्या-

आचार्य विश्वनाथकृत साहित्यदर्पण में 10 परिच्छेद हैं।

परिच्छेद	नाम
प्रथमपरिच्छेद	काव्यस्वरूप निरूपण
द्वितीयपरिच्छेद	वाक्यस्वरूप निरूपण
तृतीयपरिच्छेद	रसादिनिरूपण
चतुर्थपरिच्छेद	ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्याख्यकाव्यभेदनिरूपण
पञ्चमपरिच्छेद	व्यञ्जनाव्यापारनिरूपण
षष्ठपरिच्छेद	दृश्यश्रव्यकाव्यनिरूपण
सप्तमपरिच्छेद	दोषनिरूपण
अष्टमपरिच्छेद	गुणविवेचन
नवमपरिच्छेद	रीतिविवेचन
दशमपरिच्छेद	शब्दालङ्कार एवं अर्थालङ्कार निरूपण

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण-शालिग्राम शास्त्री,पेज-23

72. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' किस आचार्य का कथन है?
(A) मम्मट (B) आनन्दवर्धन
(C) विश्वनाथ (D) जगन्नाथ

व्याख्या-

A. मम्मट- आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्य का लक्षण करते हैं-
'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि।'
(का.प्र.सूत्र-1)
दोषों से रहित गुणयुक्त और कहीं-कहीं अलङ्कार रहित शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य कहलाता है।

B. आनन्दवर्धन- आचार्य आनन्दवर्धन ध्वन्यालोक के प्रथम उद्योत में काव्य का लक्षण करते हैं- **काव्यस्यात्मा ध्वनिः।'** (ध्वन्या. 1/1) काव्य की आत्मा ध्वनि है।

C. विश्वनाथ- आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं-'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्।' (सा.द. 1/3) रसात्मक वाक्य को काव्य कहते हैं।

D. जगन्नाथ- पं. राजजगन्नाथ रसगङ्गाधर के प्रथम आनन में काव्य का लक्षण करते हैं-**'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।'** (रसगंगाधर 1/1) रमणीय अर्थ का प्रतिपादन करने वाला शब्द काव्य है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण-शालिग्राम शास्त्री,पेज-19

73. आचार्य विश्वनाथानुसार काव्य का प्रयोजन है-
(A) पुरुषार्थचतुष्टय (B) मोक्ष
(C) अर्थ (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-
आचार्य विश्वनाथ काव्यप्रयोजन के विषय में साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में कहते हैं कि-
चतुर्वर्गफलप्राप्तिः सुखादल्पधियामपि।
काव्यादेव यतस्तेन तत्स्वरूपं निरूप्यते॥
(सा.द. 1/2)
अल्पबुद्धिवालों को भी सुख से, बिना किसी विशेष परिश्रम के चतुर्वर्ग अर्थात् धर्म, अर्थ, काम,मोक्ष रूपीफल की प्राप्ति काव्य के ही द्वारा हो सकती है,
अतः उसके स्वरूप का निरूपण किया जाता है।
''चतुर्वर्गफलप्राप्तिः काव्यतः..........। अर्थात् काव्य से चतुर्वर्ग (पुरुषार्थचतुष्टय) की प्राप्ति होती है।
इसी बात का प्राचीनोक्ति द्वारा समर्थन करते हुए कहते हैं-
'धर्मार्थकाममोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च।'
करोति कीर्तिं प्रीतिं च साधुकाव्यनिबन्धनम्॥''
काव्य के अध्ययन आदि से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के साधनों तथा नृत्यगीतादि कलाओं में वैचक्षण्य प्राप्त होता है, संसार में कीर्ति होती है और हृदय में प्रसन्नता होती है।
* आचार्य मम्मट ने काव्य के छः प्रयोजन माने हैं-
1. यश 2. अर्थ 3. व्यवहारज्ञान 4. अमङ्गलनाश
5. तुरन्त आनन्द की प्राप्ति 6. कान्ता के समान उपदेश

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण- कमलादेवी, पेज-44

74. 'गङ्गायां घोषः' में कौन लक्षणा है-
(A) प्रयोजनमूल
(B) रूढिमूला
(C) रूढिलक्षण-लक्षणा
(D) प्रयोजनमूला-लक्षण-लक्षणा

व्याख्या-
आचार्य विश्वनाथ लक्षणा का निरूपण साहित्यदर्पण के द्वितीय परिच्छेद में करते हैं-
'मुख्यार्थबाधे तद्युक्तो ययाऽन्योऽर्थः प्रतीयते।
रूढेः प्रयोजनाद्वाऽसौ लक्षणा शक्तिरर्पिता॥'
(सा.द. 2/5)

मुख्यार्थ के बाधित होने पर, रूढ़ि अथवा प्रयोजन के बल पर, जिस शब्द शक्ति के द्वारा मुख्यार्थ से संयुक्त अर्थ की प्रतीति होती है वही लक्षणा है। यह अर्पित अर्थात् आरोपित शब्दशक्ति है।

आचार्य विश्वनाथ लक्षणा के दो भेद करते हैं-

1. उपादान लक्षणा 2. लक्षण लक्षणा

1. **उपादान लक्षणा-**

मुख्यार्थस्येतराक्षेपो वाक्यार्थेऽन्वयसिद्धये।
स्यादात्मनोऽप्युपादानादेषोपादानलक्षणा॥

(सा.द.2/6)

जब वाक्यार्थ में अपने अन्वय की सिद्धि के लिये, मुख्यार्थ अन्य अर्थ का आक्षेप ग्रहण कर लेता है तब अपना भी अस्तित्व बने रहने के कारण इसे उपादान लक्षणा कहते हैं।

उदाहरण- श्वेतो धावति,कुन्ताः प्रविशन्ति आदि।

2. **लक्षण-लक्षणा-**

अर्पणं स्वस्य वाक्यार्थे परस्यान्वयसिद्धये।
उपलक्षणहेतुत्वादेषा लक्षणलक्षणा॥ (सा.द.2.7)

वाक्यार्थ में दूसरे के अन्वय की सिद्धि के लिये जब कोई शब्द अपने मुख्यार्थ का समर्पण कर दे तो उस शब्द का उपलक्षण हेतु होने के कारण इसे लक्षण लक्षणा कहते हैं।

उदाहरण- गङ्गायां घोषः, कलिङ्गः साहसिकः।

* 'गङ्गायां घोषः' का मुख्यार्थ है- गङ्गा में कुटी है यहाँ पर मुख्यार्थ का बाध होने पर प्रयोजन वश जिस अन्य अर्थ की प्रतीति होती है वह है गङ्गा के तट पर कुटी है। अतः यह प्रयोजनमूला लक्षण लक्षणा का उदाहरण है।

अतः विकल्प D सही है।

* प्रयोजन सारोपा लक्षण लक्षणा का उदा.- आयुर्घृतम्।
* प्रयोजनवती उपादान लक्षणा का उदा.- कुन्ताः प्रविशन्ति।
* रूढ़िवती लक्षण लक्षणा का उदा.- कलिङ्गः साहसिकः।

स्रोत- साहित्यदर्पण- शालिग्राम शास्त्री, पेज-29

75. 'साहित्यदर्पण' के अनुसार काव्य में रस की स्थिति है-
(A) शरीर जैसी
(B) आत्मा जैसी
(C) अवयव संस्थान जैसी
(D) अलङ्करण जैसी

व्याख्या-

A. काव्य का शरीर- आचार्य विश्वनाथ ने शब्दार्थ को काव्य का शरीर माना है- काव्यस्य शब्दार्थौ शरीरम्।

B. काव्य की आत्मा- आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में रस को काव्य की आत्मा मानते हैं। **वाक्यं रसात्मकं काव्यम्।** (सा.द. 1/3) 'रसात्मक वाक्य को काव्य कहते हैं।' प्रधान होने के कारण रस ही जीवनभूत आत्मा है। 'रस एवात्मा साररूपतया जीवनधायको यस्य।'

C. अवयव संस्थान- आचार्य विश्वनाथ ने रीति को अवयव संस्थान जैसा माना है। **'रीतयोऽवयवसंस्थानविशेषवत्'**

D. अलङ्करण जैसा- काव्य में अलङ्कार को अलङ्करण (आभूषण) रूप में माना है-
'अलङ्काराःकटककुण्डलादिवत्'

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण- कमला देवी, पेज-65

76. रस सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य हैं-
(A) विश्वनाथ (B) मम्मट
(C) भरतमुनि (D) कुन्तक

व्याख्या-

	आचार्य	सम्प्रदाय	अनुमानित समय
A.	विश्वनाथ	रसवादी आचार्य	चौदहवीं शताब्दी
B.	मम्मट	समन्वयवादी आचार्य	बारहवीं शताब्दी
C.	भरतमुनि	रस सम्प्रदाय के प्रवर्तक	100ई.पू. से 300ई.
D.	कुन्तक	वक्रोक्ति सम्प्रदाय के प्रवर्तक	ग्यारहवीं शताब्दी

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश-आचार्य विश्वेश्वर,पेज

77. अध्यवसाय की सिद्धि होने पर अलङ्कार होता हैं-
(A) स्वभावोक्ति (B) रूपक
(C) अतिशयोक्ति (D) उत्प्रेक्षा

व्याख्या-

A. स्वभावोक्ति- आचार्य मम्मट अलङ्कार का लक्षण नवम तथा दशम उल्लास में करते हैं, नवम उल्लास में शब्दालङ्कार तथा दशम उल्लास में अर्थालङ्कार का वर्णन करते हैं- **स्वभावोक्तिस्तु डिम्भादेः स्वक्रियारूपवर्णनम्।** (का.प्र.सूत्र-167) बालक आदि की अपनी स्वाभाविक क्रिया रूप का वर्णन करना ही स्वभावोक्ति अलङ्कार है।

उदा. पश्चादंघ्री प्रसार्य त्रिकनतिविततं द्राघयित्वाङ्गमुच्चै-रासज्याभुग्नकण्ठो मुखमुरसि सटां धूलिधूम्रां विधूय।।

B. रूपक- आचार्य मम्मट रूपक अलङ्कार का लक्षण दशमोल्लास में करते हैं-

'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः।' (का.प्र.सूत्र -138) उपमान और उपमेय का (जिनका भेद प्रसिद्ध है उनका सादृश्यातिशयवश) जो अभेद वर्णन है वह रूपक अलङ्कार है। **उदा.-** सौन्दर्यस्य तरङ्गिणी तरुणिमोत्कर्षस्य हर्षोद्गमः। कान्तेः कार्मणकर्म नर्मरहसामुल्लासनावासभूः........।

C. अतिशयोक्ति- अतिशयोक्ति अलङ्कार का लक्षण आचार्य मम्मट दशमोल्लास में करते हैं- **'निगीर्याध्यवसानन्तु प्रकृतस्य परेण यत्। प्रस्तुतस्य यदन्यत्वं यद्यर्थोक्तौ च कल्पनम्॥'** (का.प्र.सूत्र-152) 'कार्यकारणयोर्यश्च पौर्वापर्यविपर्ययः। विज्ञेयाऽतिशयोक्तिः सा'

1. उपमान द्वारा उपमेय का निगरण करके उसके साथ कल्पित अभेद का निश्चय करना
2. उपमेय का अन्य रूप में वर्णन करना
3. यदि 'अर्थ' वाले शब्दों का कथन करके असम्भव अर्थ की कल्पना करना
4. कार्य तथा कारण के पूर्व अपरभाव का विपरीत वर्णन करना, इस प्रकार का अतिशयोक्ति अलङ्कार जानना चाहिए।

उदाहरण-

कमलमनम्भसि कमले च कुवलये तानि कनकलतिकायाम्। सा च सुकुमारसुभगेत्युत्पातपरम्परा केयम्॥

जलरहित प्रदेश में कमल है, कमल में दो नीलकमल हैं, वे कमल तथा कुवलयस्वर्णलता में है और वह कनकलता कोमल तथा सुन्दर है, क्या यह कोई उत्पात की परम्परा है। प्रस्तुत उदाहरण में कमल, कमल में नेत्रद्वय आदि के सामने से मुखादि का अतिशय प्रकट हो रहा है जिसके कारण यह प्रथमा निगीर्याध्वसान रूपा अतिशयोक्ति है।

D. उत्प्रेक्षा- उत्प्रेक्षा अलङ्कार का भी लक्षण आचार्य मम्मट दशम उल्लास में करते हैं- **'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्।'** (का.प्र.सूत्र -136) जो उपमेय की उपमान के साथ सम्भावना की जाती है वह उत्प्रेक्षा है।

उदा. उन्मेषं यो मम न सहते जातिवैरी निशाया....।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-482

78. 'लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः' में अलङ्कार है-
(A) अपह्नुति **(B) रूपक**
(C) उत्प्रेक्षा **(D) सन्देह**

व्याख्या-

A. अपह्नुति- 'प्रकृतं यन्निषिध्यान्यत्साध्यते सा त्वपह्नुतिः।' (काव्यप्रकाश सूत्र-145) उपमेय का निषेध करके जो अन्य (अर्थात् उपमान) की सिद्धि की जाती है उसे अपह्नुति अलङ्कार कहते हैं।

उदा.- अवाप्तः प्रागल्भ्यं परिणतरुचः शैलतनये।

B. रूपक- 'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः।' (का.प्र.सूत्र-138) जो उपमान तथा उपमेय का अभेद का आरोप है उसे रूपक अलंकार कहते हैं।

उदा.- ज्योत्स्ना भस्मच्छुरणधवला बिभ्रती तारकस्थी।

C. उत्प्रेक्षा- 'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्।' (का.प्र. सूत्र-136) जब उपमेय की उपमान के साथ सम्भावना की जाती है तो वहाँ उत्प्रेक्षा अलङ्कार होता है।

उदा.- लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः। असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्विफलतां गता।।

'लिम्पतीव तमोऽङ्गानि' में 'तम' उपमेयरूप तथा 'लेपन' उपमान रूप है। अतः लिम्पतीव में क्रिया (लिम्पत्ति) के साथ 'इव' का प्रयोग सम्भावना के अर्थ में करने के कारण उपमेय में उपमान का सम्भावना व्यक्त की गई है इस कारण क्रियोत्प्रेक्षा अलङ्कार है।

D. सन्देह- **''ससन्देहस्तु भेदोक्तौ तदनुक्तौ च संशयः।''** (का.प्र.सूत्र-137)

जब उपमेय का उपमान के साथ संशयात्मक ज्ञान होता है वहाँ सन्देह अलङ्कार होता है।

उदा.- अयं मार्तण्डः किं स खलु तुरगैः सप्तभिरितः।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-461

79. अयं मार्तण्डः किं? स खलु तुरगैः सप्तभिरितः! कृशानुः किं? सर्वाः प्रसरति दिशो नैष, नियतम्।' में अलंकार है-
(A) उपमा **(B) रूपक**
(C) उत्प्रेक्षा **(D) सन्देह**

व्याख्या-
आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के दशमोल्लास में अर्थालङ्कार का वर्णन करते हैं-

A. उपमा अलङ्कार- 'साधर्म्यमुपमा भेदे' (का.प्र.सूत्र-125) उपमान तथा उपमेय का भेद होने पर दोनों के साधर्म्य का वर्णन उपमा अलङ्कार है। सर्वप्रथम उपमा के दो भेद होते हैं- पूर्णोपमा तथा लुप्तोपमा।
उदा.- गाम्भीर्यगरिमा तस्य सत्यं गङ्गाभुजङ्गवत्।
दुरालोकः स समरे निदाघाम्बररत्नवत्।।

B. रूपक अलङ्कार- 'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः।' (का.प्र.सूत्र-139) जो उपमान तथा उपमेय का अभेद आरोप है उसे रूपक अलङ्कार कहते हैं।
उदाहरण-
नियतारोपणोपायः स्यादारोपः परस्य यः।
तत्परम्परितं श्लिष्टे वाचके भेदभाजि वा।।

C. उत्प्रेक्षा अलङ्कार-'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्।' (का.प्र.सत्र-137)
उपमेय की उपमान के साथ सम्भावना जहाँ की जाय वहाँ उत्प्रेक्षा अलङ्कार है।
उदा.- उन्मेषं यो मम न सहते जातिवैरी निशायाम्....।

D. सन्देह- 'ससन्देहस्तु भेदोक्तौ तदनुक्तौ च संशयः।' (का.प्र.सूत्र-138)
जहाँ उपमेय का उपमान के साथ संशयात्मक ज्ञान होता है वहाँ सन्देह अलङ्कार होता है। सन्देह अलङ्कार के दो भेद हैं- उक्ति तथा अनुक्ति।
उदाहरण- अयं मार्तण्डः किं? स खलु तुरगैः सप्तभिरितः,
कृशानुः किं? सर्वाः प्रसरति दिशो नैष नियतम्।
कृतान्तः किं? साक्षान्महिषवहनोऽसाविति चिरं
समालोक्याजौ त्वां विदधति विकल्पान् प्रतिभटाः।
प्रस्तुत पद्य में 'अयं मार्तण्डः किं? स खलु तुरगैः सप्तभिरितः वाक्य में मार्तण्ड उपमान तथा उपमेय है इन दोनों का प्रचण्ड प्रताप ही संशय होने का कारण है, किन्तु सात अश्वों का सम्बन्ध उपमान से ही होने एवं उपमेय से न होने के कारण भेद कथन है।
अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर,पेज-462

80. काल्पनिक अभेदारोप होने पर अलङ्कार होता है,
(A) अनुप्रास **(B) उत्प्रेक्षा**
(C) रूपक **(D) उपमा**

व्याख्या-
आचार्य मम्मट अनुप्रास अलङ्कार का लक्षण काव्यप्रकाश के नवम उल्लास में करते हैं-

A. अनुप्रास- 'वर्णसाम्यमनुप्रासः।' (का.प्र.सूत्र-103) वर्णों की समानता अनुप्रास है।
उदाहरण- ततोऽरुणपरिस्पन्दमन्दीकृतवपुः शशी।
दध्रे कामपरिक्षामकामिनीगण्डपाण्डुताम्।।

B. उत्प्रेक्षा- 'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्।' (का.प्र.सूत्र-137) जो उपमेय की उपमान के साथ सम्भावना की जाती है, वह उत्प्रेक्षा है।
उदा- उन्मेषं यो मम न सहते जातिवैरी निशायाम्.......।

C. रूपक- 'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः।' (का.प्र.सूत्र-139) उपमान तथा उपमेय के काल्पनिक अभेदारोप को रूपक कहते हैं।
उदा.- यस्य रणान्तः पुरे करे कुर्वतो मण्डलाग्रलताम्।
रससम्मुख्यपि सहसा पराङ्मुखी भवति रिपुसेना।
प्रस्तुत उदाहरण में, रणभूमि में आरोपित किया गया 'अन्तःपुर' शब्द द्वारा ग्रहण किया गया है,
खड्गलता में नायिका का तथा रिपुसेना में प्रतिनायक का आरोप अर्थ की सामर्थ्य से ही जानने योग्य है अतः एक देश में विशेष रूप से वर्तमान होने के कारण रूपक अलङ्कार है।

D. उपमा- 'साधर्म्यमुपमा भेदे।' (का.प्र.सूत्र-125) उपमान तथा उपमेय का भेद होने पर दोनों के सादृश्य का वर्णन उपमा अलङ्कार है।
उदाहरण- स्वप्नेऽपि समरेषु त्वां विजयश्रीर्न मुञ्चति।
प्रभावप्रभवं कान्तं स्वाधीनपतिका यथा।।
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- काव्यप्रकाश आचार्य -आचार्य विश्वेश्वर,पेज-463

81. 'लताकुञ्जं गुञ्जन् मदवदलिपुञ्जं चपलयन्' में अलङ्कार है-
(A) यमक **(B) श्लेष**
(C) अनुप्रास **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या-
आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के दशम परिच्छेद में अलङ्कारों का लक्षण करते हैं-

A. यमक- सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यञ्जनसंहतेः।
क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते। (सा.द.10.8)

यदि अर्थवान् हो, तो भिन्न अर्थ वाले, स्वर व्यञ्जन समुदाय की उसी क्रम से आवृत्ति को यमक कहते हैं।

उदा.- नवपलाश-पलाशवनं पुरः स्फुटपरागपरागतपङ्कजम्। मृदुल-तान्त-लतान्तमलोकयत्स सुरभिं सुरभिं सुमनोभरैः।।

B. श्लेष- 'श्लिष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष इष्यते।' (सा.द.10.11)

श्लिष्ट पदों से अनेक अर्थों का अभिधान होने पर श्लेषालङ्कार होता है। वर्ण, प्रत्यय, लिङ्ग, प्रकृति, पद, विभक्ति, वचन और भाषा के भेद से यह अलङ्कार आठ प्रकार का होता है।

उदा.- प्रतिकूलतामुपगते हि विधौ विफलत्वमेति बहुसाधनता।

C. अनुप्रास- 'अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत्।' (सा.द. 10/3)

स्वर की विषमता रहने पर भी शब्द अर्थात् पद, पदांश के साम्य को अनुप्रास कहते हैं।

उदाहरण- लताकुञ्जं गुञ्जन्मदवलिपुञ्जं चपलयन्,
समालिङ्गन्नङ्गं द्रुततरमनङ्गं प्रबलयन्,
मरुन्मन्दं मन्दं दलितमरविन्दं तरलयन्,
रजोवृन्दं विन्दन् किरति मकरन्दं दिशि दिशि।।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- छन्दोऽलङ्कारमञ्जूषा-लक्ष्मीकान्त दीक्षित, पेज-25

82. भ्रान्तिमान् अलङ्कार में प्राणतत्व है-
(A) सन्देह **(B) संशय**
(C) भ्रान्ति का निश्चय **(D) भ्रान्ति का अनिश्चय**

व्याख्या-

काव्यप्रकाश के दशमोल्लास में अर्थालङ्कारों का विवेचन है-

➢ **सन्देह- 'ससन्देहस्तु भेदोक्तौ तदनुक्तौ च संशयः।'** (का.प्र.सूत्र-137)

जहाँ उपमेय का उपमान के साथ संशयात्मक ज्ञान होता है वहाँ सन्देह अलङ्कार होता है। यह भेदोक्ति और भेदानुक्ति भेद से दो प्रकार का होता है।

इसमे संशय की स्थिति बनी रहती है।

उदा.- अयं मार्तण्डः किं? स खलु तुरगैः सप्तभिरितः कृशानुः किं? सर्वाः प्रसरति दिशो नैष नियतम्। कृतान्तः किं? साक्षान्महिषवहनोऽसाविति चिरं समालोक्याजौ त्वां विदधति विकल्पान् प्रतिभटाः।।

➢ **भ्रान्तिमान्- 'भ्रान्तिमानन्यसंवित् तत्तुल्यदर्शने।'** (का.प्र.सूत्र-200)

जहाँ पर उसके समान वस्तु के देखने पर जो अन्य वस्तु का भान प्रतीत होता है, वह भ्रान्तिमान् अलङ्कार है।

उदा.- कपाले मार्जारः पय इति करान् लेढि शशिनः तरुच्छिद्रप्रोतान् बिसमिति करी सङ्कलयति। रतान्ते तल्पस्थान् हरति वनिताऽप्यंशुकमिति प्रभामत्तश्चन्द्रो जगदिदमहो विप्लवयति।।

भ्रान्तिमान् अलङ्कार में उपमेय को उपमान के रूप में निश्चित कर लिया जाता है और सन्देह अलङ्कार में उपमेय और उपमान दोनों का पृथक्-पृथक् ज्ञान रहता है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- पारसनाथ द्विवेदी,पेज-678

83. अभिहितान्वयवाद मत है-
(A) आनन्दवर्धन का
(B) प्रभाकर गुरु का
(C) मीमांसक (कुमारिलभट्ट) का
(D) मम्मट का

व्याख्या-

A. आनन्दवर्धन- आचार्य आनन्दवर्धन ध्वन्यालोक ग्रन्थ में ध्वनि का लक्षण निम्न रूप में करते हैं-

**'यत्रार्थः शब्दो वा तमर्थमुपसर्जनीकृतस्वार्थौ।
व्यङ्क्तः काव्यविशेषः स ध्वनिरिति सूरिभिः कथितः॥'**

(ध्वन्या.1/13) जहाँ अर्थ अपने को अथवा शब्द अपने अर्थ को गुणीभूत करके उस प्रतीयमान अर्थ को व्यक्त करते हैं, उस काव्यविशेष को विद्वान लोग ध्वनिकाव्य कहते हैं।

B. प्रभाकर गुरु का 'अन्विताभिधानवाद'-

"वाच्य एव वाक्यार्थ इति अन्विताभिधानवादिनः"

अन्विताभिधानवाद के अनुसार अभिधाशक्ति से पहले पदार्थों की उपस्थिति नहीं होती है। बल्कि पदों द्वारा अन्वित पदार्थों की ही उपस्थिति होती है अर्थात् पहले पद अन्वित होते हैं बाद में विशिष्ट अर्थ देते हैं इसलिए उसे अन्विताभिधानवाद कहते हैं।

C. मीमांसक (कुमारिल भट्ट) का-

"आङ्क्षाक्षायोग्यतासन्निधिवशाद्वक्ष्यमाणस्वरूपाणां पदार्थानां समन्वये तात्पर्यार्थो विशेषवपुरपदार्थोऽपि वाक्यार्थः समुल्लसतीति अभिहितान्वयवादिनां मतम्।।"

अभिहितान्वयवाद का अर्थ है अभिहित अर्थात् अभिधा शक्ति के द्वारा बोधित (कथित) अर्थों का अन्वय अर्थात् अभिधाशक्ति के द्वारा पदों का अर्थ अभिहित होता है। बाद में उनका परस्पर अन्वय होता है।

(अभिहितानां स्वस्ववृत्या पदैरुपस्थितानामर्थानामन्वयो भवतीति ये वदन्ति ते अभिहितान्वयवादिनः)

इस प्रकार अभिहितान्वयवाद के अनुसार पहले अभिधा शक्ति के द्वारा पद से पदार्थ का ज्ञान होता है। उसके पश्चात् वक्ता के तात्पर्य के अनुसार उनका परस्पर अन्वय होता है, जिससे वाक्यार्थ का ज्ञान होता है।

D. आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में काव्य में तीन प्रकार के शब्द तथा तीन प्रकार के अर्थ का वर्णन करते हैं-

'स्याद्वाचको लाक्षणिकः शब्दोऽत्र व्यञ्जकस्त्रिधा।' (का.प्र. सूत्र-5) काव्य में वाचक, लाक्षणिक और व्यञ्जक ये तीन प्रकार के शब्द होते हैं। वाच्यार्थ, लक्ष्यार्थ, व्यङ्ग्यार्थ ये तीन प्रकार के शब्द के अर्थ हैं।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर,पेज-36

84. 'काव्यालङ्कार' किसकी रचना है,
(A) दण्डी **(B) भामह**
(C) वामन **(D) आनन्दवर्धन**

व्याख्या-

	रचनाकार	रचनाएँ	विभाजन
A.	दण्डी	काव्यादर्श	तीन परिच्छेद
B.	भामह	काव्यालङ्कार	छः परिच्छेद
C.	वामन	काव्यालङ्कारसूत्र	पाँच अधिकरण
D.	आनन्दवर्धन	ध्वन्यालोक	चार उद्योत

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- पारसनाथ द्विवेदी,पेज-14

85. 'इति हेतुस्तदुद्भवे' इस कथन का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस ग्रन्थ से है?
(A) साहित्यदर्पण **(B) काव्यप्रकाश**
(C) दशरूपक **(D) औचित्यविचारचर्चा**

व्याख्या-

A. साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं- **''वाक्यं रसात्मकं काव्यम्।''** (सा.द.1/3) रसात्मक वाक्य को काव्य कहते हैं। **उदाहरण-** शून्यं वासगृहं विलोक्य शयनादुत्थाय किञ्चिच्छनै- र्निद्राव्याजमुपागतस्य सुचिरं निर्वर्ण्य पत्युर्मुखम्। विश्रब्धं परिचुम्ब्य जातपुलकामालोक्य गण्डस्थलीं, लज्जानम्रमुखीप्रियेण हसता बाला चिरं चुम्बिता।

B. आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्यप्रयोजन के पश्चात् काव्यहेतु को परिभाषित करते हैं-

शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्।
काव्यज्ञशिक्षयाभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे।। (का.प्र.1.3)

शक्ति, लोकशास्त्र तथा काव्य इत्यादि के निरीक्षण से होने वाली निपुणता एवं काव्य के जानने वालों की शिक्षा द्वारा अभ्यास यह तीनों मिलकर काव्य उद्भव के हेतु हैं। 'त्रयः समुदिता न तु व्यस्तास्तस्य काव्यस्योद्भवे निर्माणे समुल्लासे च हेतुर्न तु हेतवः' अर्थात् ये तीनों सम्मिलित रूप से न कि पृथक्-पृथक् कारण हैं। अतः स्पष्ट है कि 'इति हेतुस्तदुद्भवे' पंक्ति आचार्य मम्मट ने काव्यप्रकाश में काव्यहेतु के सन्दर्भ में उद्धृत किया है।

C. दशरूपककार आचार्य धनञ्जय प्रथम प्रकाश में नाट्य का लक्षण करते हैं- ''अवस्थानुकृतिर्नाट्यम्।' अवस्था का अनुकरण नाट्य है।

D. **औचित्यविचारचर्चा-** क्षेमेन्द्र औचित्यविचार में काव्य का लक्षण करते हैं- ''औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्।'' (औचित्यविचारचर्चा श्लोक-5) शृङ्गारादि रसों से प्रसिद्ध काव्य का जीवन औचित्य ही है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर,पेज-16

86. 'गुणवृत्या पुनस्तेषां वृत्तिः शब्दार्थयोर्मता' किसका कथन है?
(A) विश्वनाथ का **(B) जगन्नाथ का**
(C) मम्मट का **(D) रुद्रट का**

व्याख्या-

A. **आचार्य विश्वनाथ-** साहित्यदर्पण के अष्टम परिच्छेद में गुणों के भेदों का वर्णन करते हैं- 'गुणाः माधुर्यमोजोऽथ प्रसाद इति ते त्रिधा।' (सा. द. 8/1) माधुर्य, ओज एवं प्रसाद तीन गुण हैं।

B. **जगन्नाथ-** पण्डित राजजगन्नाथ रसगङ्गाधर के प्रथम आनन में गुणों के भेदों का वर्णन करते हैं- रसेषु चतेषु निगदितेषु माधुर्यौज प्रसादाख्यांस्त्रीन् गुणानाहुः। उन रसों में कहे गये माधुर्य, ओज एवं प्रसाद गुण हैं।

C. **मम्मट-** आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के अष्टमोल्लास में गुणों के भेदों की चर्चा करते हैं- 'गुणवृत्त्या पुनस्तेषां वृत्तिः शब्दार्थयोर्मता।' (का. प्र. सूत्र-94) माधुर्यादि गुणों की शब्द तथा अर्थ में स्थिति गौण रूप से ही मानी जाती है।

अतः विकल्प C सही है।

D. **रुद्रट-** आचार्य रुद्रट काव्यालङ्कार के सातवें अध्याय में गुणों के भेदों की चर्चा करते हैं- द्रव्यादपृथग्भूतो भवति गुणः सततमिन्द्रियग्राह्यः। सहजाहार्यवस्थिकभावविशेषादयं त्रेधा।। (काव्यालंकार 7/4) सदैव प्रत्यक्ष के योग्य द्रव्य के ही आश्रित गुण होता है। वह सहज, आहार्य और अवस्था विशेष के आश्रित होने के कारण तीन प्रकार का होता है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर,पेज-390

87. आचार्य वामन की काव्य परिभाषा है-
(A) काव्यस्यात्मा ध्वनिः
(B) शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्
(C) रीतिरात्मा काव्यस्य
(D) रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्

व्याख्या-

A. आचार्य आनन्दवर्धन ध्वन्यालोक के प्रथम उद्योत में काव्य का लक्षण करते हैं- काव्यस्यात्मा ध्वनिः (ध्वन्यालोक1.1) अर्थात् काव्य की आत्मा ध्वनि है।

B. आचार्य भामह काव्यालङ्कार के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं-
शब्दार्थौ सहितौ काव्यं गद्यं पद्यं च तद्द्विधा।
संस्कृतं प्राकृतं चान्यदपभ्रंश इति त्रिधा।। (काव्यालङ्कार 1.16) शब्द और अर्थ दोनों मिलकर काव्य कहलाते हैं। उसके दो भेद हैं- गद्य और पद्य। संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, इस तरह उसके तीन प्रकार हैं।

C. आचार्य वामन काव्यालङ्कार सूत्र के प्रथम अधिकरण में काव्य का लक्षण करते हैं- 'रीतिरात्मा काव्यस्य' (काव्यालङ्कार सूत्र 1.2.6) रीति ही काव्य की आत्मा है।
अतः विकल्प C सही है।

D. पं. राजजगन्नाथ रसगङ्गाधर के प्रथम आनन में काव्य का लक्षण करते हैं- 'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्' (रसगङ्गाधर 1.1) रमणीय अर्थ का प्रतिपादन करने वाला शब्द काव्य है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, भू.पेज-17

88. 'औचित्य' को काव्य की आत्मा किसने माना है?
(A) भोज **(B) कुन्तक**
(C) क्षेमेन्द्र **(D) मम्मट**

व्याख्या-

A. शृङ्गारप्रकाशकार 'आचार्य भोज' कीर्ति एवं प्रीति को काव्य की आत्मा मानते हैं- ''निर्दोषं गुणवत्काव्यमलङ्कारैरलङ्कृतम्।' रसान्वितं कविः कुर्वन् कीर्तिं प्रीतिं च विन्दति।।'' निर्दोष (दोष से रहित), गुण से युक्त, अलङ्कारों से अलङ्कृत, रस से युक्त, प्रयोग करता हुआ कवि कीर्ति और प्रीति को प्राप्त करता है।

B. वक्रोक्तिजीवितकार 'आचार्य कुन्तक' वक्रोक्ति को काव्य की आत्मा मानते हुए प्रथमोन्मेष में कहते हैं- ''वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्।।'' वक्रोक्ति ही काव्य की आत्मा है।

C. आचार्य 'क्षेमेन्द्र' औचित्यविचारचर्चा में औचित्य को काव्य की आत्मा मानते हैं- ''औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्यजीवितम्।।'' (औचित्यविचार चर्चा श्लोक -5) औचित्य से रहित होने पर वह भी कथमपि आनन्द सन्देहजनक नहीं हो सकते इसलिये शृङ्गारादि रसों से प्रसिद्ध काव्य का जीवन औचित्य ही है।
अतः विकल्प C सही है।

D. आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्य का लक्षण करते हैं- ''तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि।।'' (का.प्र. सूत्र-1) दोषों से रहित गुणों से युक्त यदि कहीं पर अलङ्कार न भी हो तो शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- पारसनाथ द्विवेदी, भू.पेज-26

89. आचार्य मम्मट के अनुसार काव्य का लक्षण है?
(A) वाक्यं रसात्मकं काव्यम्।
(B) वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्।
(C) तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि।
(D) रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।

व्याख्या-

A. आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में काव्य को परिभाषित करते हुये कहते हैं- 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' (साहित्यदर्पण 1.3) रसात्मक वाक्य को काव्य कहते हैं। आचार्य विश्वनाथ के अनुसार काव्य के तीन भेद होते हैं- 1. उत्तमकाव्य 2. मध्यमकाव्य 3. अधमकाव्य

B. आचार्य कुन्तक वक्रोक्तिजीवितम् के प्रथमोन्मेष में काव्य का लक्षण करते हैं- 'वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्।' काव्य की आत्मा वक्रोक्ति है। आचार्य कुन्तक के अनुसार वक्रता के छः भेद हैं- 1. वर्णविन्यास वक्रता 2. पदपूर्वार्धवक्रता 3. प्रत्ययाश्रयवक्रता 4. वाक्यवक्रता 5. प्रकरणवक्रता 6. प्रबन्धवक्रता।

C. आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्य का लक्षण करते हैं- '**तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि।**' (का.प्र. सूत्र-1) दोषों से रहित गुणों से युक्त यदि कहीं पर अलङ्कार न भी तो शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य है। आचार्य मम्मट काव्य के तीन भेद करते हैं- 1. उत्तम काव्य (ध्वनि काव्य) 2. मध्यम काव्य (गुणीभूतव्यङ्ग्य) 3. अवर काव्य (अधम काव्य)
अतः विकल्प C सही है।

D. पण्डित राजजगन्नाथ रसगङ्गाधर के प्रथम आनन में काव्य का लक्षण करते हैं- 'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्' (रसगंगाधर 1.1) रमणीय अर्थ का प्रतिपादन करने वाला शब्द काव्य है। पण्डित राजजगन्नाथ के अनुसार काव्य के चार भेद हैं- 1. उत्तमोत्तम काव्य 2. उत्तम काव्य 3. मध्यम काव्य 4. अधम काव्य

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-1)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-19

90. आचार्य मम्मट ने उत्तम काव्य माना है-
(A) गुणीभूतव्यङ्ग्य को (B) शब्दचित्र को
(C) अर्थचित्र को (D) ध्वनिकाव्य को

व्याख्या-
काव्यप्रकाशकार आचार्य मम्मट काव्य के तीन भेद करते हैं-

1. **उत्तमकाव्य या ध्वनिकाव्य-** "इदमुत्तममतिशयिनि व्यङ्ग्ये वाच्याद् ध्वनिर्बुधैः कथितः।" (का.प्र.सूत्र-2) वाच्यार्थ की अपेक्षा व्यङ्ग्यार्थ की उत्कृष्टता होने पर उत्तम काव्य होता है। उसे ही विद्वानों ने 'ध्वनि' कहा है।
अतः विकल्प D सही है।
उदाहरण- निःशेषच्युतचन्दनं स्तनतटं निर्मृष्टरागोऽधरो
नेत्रे दूरमनञ्जने पुलकिता तन्वी तवेयं तनुः।
मिथ्यावादिनि दूति बान्धवजनस्याज्ञातपीडागमे
वापीं स्नातुमितो गताऽसि न पुनस्तस्याधमस्यान्तिकम्।
2. **मध्यम या गुणीभूतव्यंग्यकाव्य-** "अतादृशि गुणीभूतव्यङ्ग्यं व्यङ्ग्ये तु मध्यमम्।" (का.प्र.सूत्र-3) वाच्यार्थ की अपेक्षा विशेष चमत्कारजनक न होने पर मध्यम या गुणीभूतव्यङ्ग्य काव्य कहा गया है।
उदाहरण- ग्रामतरुणं तरुण्या नववञ्जुलमञ्जरीसनाथकरम्।
पश्यन्त्या भवति मुहुर्नितरां मलिना मुखच्छाया।।
3. **अधम या अवर काव्य-** आचार्य मम्मट अधमकाव्य के दो भेद करते हैं- "शब्दचित्रं वाच्यचित्रमव्यङ्ग्यं त्ववरं स्मृतम्।।" जिसमें व्यङ्ग्य नहीं होता वह अवर कहा गया है। शब्दचित्र और अर्थचित्र के भेद से इसके दो भेद होते हैं।
1. शब्दचित्र-
स्वच्छन्दोच्छलदच्छकच्छकुहरच्छातेतराम्बुच्छटा..।
2. अर्थचित्र-
विनिर्गतं मानदमात्ममन्दिराद् भवत्युपश्रुत्य....।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-28

91. जहाँ कोई शब्द अन्य अर्थ के लिए अपने अर्थ का त्याग कर देता है, वहाँ लक्षणा होती है-
(A) उपादान (B) लक्षण-लक्षणा
(C) शुद्धा (D) गौणी

व्याख्या-
आचार्य मम्मट लक्षणा की चर्चा काव्यप्रकाश के द्वितीय उल्लास में करते हुये कहते हैं-

'स्वसिद्धये पराक्षेपः परार्थं स्वसमर्पणम्।
उपादानं लक्षणं चेत्युक्ता शुद्धैव सा द्विधा।।'
(का.प्र.सूत्र -13)

अपने मुख्यार्थ की अन्वयसिद्धि के लिए दूसरे अर्थ का ग्रहण करना उपादान लक्षणा है तथा दूसरे मुख्य अर्थ की अन्वय की सिद्धि के लिए अपने अर्थ को समर्पित कर देना लक्षण-लक्षणा है।
लक्षणा के भेदों का वर्णन निम्नरूपों से किया है-

लक्षणा
- **शुद्धा**
  - उपादान लक्षणा (कुन्ताः प्रविशन्ति)
  - लक्षण लक्षणा (गङ्गायां घोषः)
  - शुद्धा सारोपा (आयुर्घृतम्)
  - शुद्धा साध्यवसाना (आयुरेवेदम्)
- **गौणी**
  - गौणी सारोपा (गौर्वाहीकः)
  - गौणा साध्यवसाना (गौरयम्)

अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर,पेज-53

92. लक्षणा स्वीकृति का आधार है-
(A) योग्यता (B) संकेतग्रह
(C) आसत्ति (D) मुख्यार्थबाध

व्याख्या-
अभिहितान्वयवादियों (कुमारिलभट्ट के मतानुयायी मीमांसकों) का मत है कि आकाङ्क्षा (पदों की पारस्परिक अपेक्षा) योग्यता (पदों की पारस्परिक अन्वय योग्यता) और सन्निधि (पदों का एक बुद्धि का विषय होना) के बल से वाक्यार्थ का ज्ञान होता है।
आकाङ्क्षा-योग्यता-सन्निधिवशाद् वक्ष्यमाणस्वरूपाणां--- अभिहितान्वयवादिनां मतम्।
संकेतग्रह-
(1) नव्य नैयायिक **'द्रव्य'** में ही संकेतग्रह मानते हैं।
(2) मीमांसक **'जातिमात्र'** में ही संकेतग्रह मानते हैं।
(3) न्यायवैशेषिक **'जाति-विशिष्ट व्यक्ति'** में संकेतग्रह मानते हैं।
(4) बौद्ध विद्वान् **'अपोह'** में संकेतग्रह मानते हैं।
लक्षणा- आचार्य मम्मट लक्षणा की चर्चा काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में करते हैं-
मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात्।
अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रिया।।
(का.प्र.सूत्र-12)

आचार्य मम्मट लक्षणा स्वीकृति के तीन आधार मानते हैं- 1. मुख्यार्थ का बाध 2. मुख्यार्थ का लक्ष्यार्थ के साथ सम्बन्ध 3. रूढि अथवा प्रयोजन

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-51

93. निम्नांकित काव्यप्रयोजनों में कौन आचार्य मम्मट द्वारा मान्य नहीं है?

(A) यश (B) धनार्जन

(C) प्रीति (D) व्यवहारज्ञान

व्याख्या-

आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्य के छः प्रयोजन मानते हैं-

काव्यप्रयोजन- यश, अर्थ (धनप्राप्ति), व्यवहारज्ञान, अमङ्गलनाश, सद्यः आनन्द प्राप्ति, कान्ता के समान उपदेश

काव्यप्रयोजन

यश (धनप्राप्ति) | अर्थ | व्यवहार-ज्ञान | अमङ्गल-नाश | सद्यः आनन्द प्राप्ति | कान्ता के समान उपदेश

काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यः परनिवृर्तये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे॥

(का.प्र. 1/2)

काव्यरचना यश के लिये, धन अर्जन के लिये, लोक व्यवहार के ज्ञान के लिये, अमङ्गल नाश के लिये, सद्यः परमानन्द की प्राप्ति के लिये और कान्तासम्मित होने से उपदेश के लिये होता है।

आचार्य भामह- काव्यालङ्कार के प्रथम परिच्छेद में काव्य प्रयोजन का लक्षण करते हैं-

धर्मार्थकाममोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च।
करोति कीर्तिं प्रीतिं च साधुकाव्यनिबन्धनम्॥

(काव्यालङ्कार 1.2)

सत्काव्य का निर्माण धर्म,अर्थ,काम,मोक्ष एवं कलाओं में प्रवीणता, आनन्द तथा यश प्रदान करता है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर,पेज-10

94. ध्वनि परिवर्तन का सबसे प्रमुख कारण है-

(A) बलाघात (B) अज्ञान

(C) प्रयत्नलाघव (D) सादृश्य

व्याख्या-

A. बलाघात- जिस ध्वनि पर बल दिया जाता है, वह शेष रहती है, अन्य निर्बल ध्वनियाँ क्षीण हो जाती हैं **जैसे-** आभ्यन्तर- भीतर, उपरि-पर, एकादश-ग्यारह, द्वादश-बारह

B. अज्ञान या अशिक्षा- अज्ञान या अशिक्षा के कारण ध्वनियों में परिवर्तन हो जाता है **जैसे-** लैटर्न-लालटेन, गार्ड-गारद, लाइन-लैन

C. प्रयत्नलाघव या मुखसुख- इसको उच्चारण-सुविधा या उच्चारण-सौकर्य भी कहते हैं यह ध्वनि-परिवर्तन का सबसे प्रमुख कारण है। **जैसे-** सत्य-सच, कर्म-काम, चक्र-चक्कर।

D. सादृश्य- सादृश्य ध्वनि परिवर्तन का बाह्य कारण है। सादृश्य या समानता के आधार पर कुछ ध्वनियों में परिवर्तन हो जाता है **जैसे-** द्वादश के सादृश्य पर एकादश, तुभ्यम् -तुझे के सादृश्य पर मह्यम् - मुझे हो गया है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान- कर्णसिंह,पेज-163

95. 'प्रवीण' उदाहरण है-

(A) अर्थविस्तार का (B) अर्थसंकोच का

(C) अर्थादेश का (D) अर्थोत्कर्ष का

व्याख्या-

A. अर्थविस्तार- अर्थविस्तार से अभिप्राय है, किसी अर्थविशेष के क्षेत्र का पूर्व की अपेक्षा बढ़ जाना। जब पहले शब्द के अर्थ का क्षेत्र सीमित हो और बाद में उसकी सीमा का विस्तार हो जाय तो उसे अर्थविस्तार कहते हैं जैसे- **प्रवीण-** प्रवीण शब्द का अर्थ पहले 'प्रकृष्टो वीणायाम्' अर्थात् वीणावादन में बढ़ा चढ़ा था, बाद में किसी भी कार्य में आगे रहने वाले को प्रवीण कहा जाने लगा। इसप्रकार केवल वीणा वादन कौशल से बढ़कर इसके अर्थ का क्षेत्र विस्तार अन्य सभी प्रकार के कौशल तक हो गया है। इसीप्रकार अर्थविस्तार के अन्य उदाहरणों में कुशल, गोष्ठ, गवेषणा, तैल आदि हैं।

B. अर्थसंकोच- यह अर्थविस्तार के बिल्कुल विपरीत है जहाँ, अर्थ का क्षेत्र पहले की अपेक्षा संकुचित हो जाता है वहाँ अर्थसंकोच होता है। **जैसे-** मृग, सर्प, वृक, वृषभ, आदित्य, दुहितृ, पर्वत आदि।

C. अर्थादेश- जब कोई शब्द अपने पहले से प्रचलित अर्थ को छोड़कर सर्वथा नवीन अर्थ की प्रतीति कराने लगता है तब अर्थादेश होता है। **जैसे-** असुर, उष्ट्र, मौन, धूर्त, सत्-असत् आदि।

D. अर्थोत्कर्ष- अर्थविकास की जो तीन दिशाएँ बताई गयी है उनमें कुछ शब्दों में अर्थपरिवर्तन से अर्थ में उत्कर्ष आया है और कुछ में अपकर्ष। जिन शब्दों में अर्थोत्कर्ष होता है उनके उदाहरण इसप्रकार हैं-

मुग्ध- पहले 'मूर्ख' अर्थ में प्रयुक्त होता था परन्तु अब अर्थोत्कर्ष होकर 'मोहित होना' अर्थ में प्रयुक्त होता है।

गोष्ठ-गोष्ठी-गोष्ठ 'गोशाला' के लिये था अब गोष्ठी 'सभ्य समाज' के लिये प्रयुक्त होता है।

गवेषणा- पहले 'गाय ढूढ़ना' अर्थ था परन्तु अब अनुसन्धान अर्थ में प्रयुक्त होता है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान- कर्णसिंह,पेज-24

96. भाषा का दैवी उत्पत्ति के सिद्धान्त का समर्थन किसने किया है?

(A) सुसमिल्श (B) रूसो
(C) प्लेटो (D) हर्डर

व्याख्या-

	प्रवर्तक/समर्थक	सिद्धान्त/उपनाम
A.	सुसमिल्श	दिव्योत्पत्ति-सिद्धान्त (Divine Theory)
B.	रूसो	संकेत-सिद्धान्त या निर्णय-सिद्धान्त या स्वीकारवाद
C.	प्लेटो	रणन-सिद्धान्त (डिंग-डांग सिद्धान्त) धातु-सिद्धान्त या अनुकरण सिद्धान्त/अनुरणनमूलकतावाद
D.	हर्डर	ध्वन्यनुकरण-सिद्धान्त/भों-भों वाद/बाउ-बाउ सिद्धान्त/ शब्दानुकरणवाद।
	न्वारे-	श्रम-ध्वनि-सिद्धान्त
	रेवेज-	सम्पर्क-सिद्धान्त
	हेनरी-स्वीट	समन्वय-सिद्धान्त

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र-कपिलदेव द्विवेदी,पेज-67

97. स्वराघात के कारण ध्वनि परिवर्तन होता है, इस नियम के प्रवर्तक हैं-

(A) वर्नर (B) ग्रासमान
(C) ग्रिम (D) ग्रियर्सन

व्याख्या-

A. वर्नर-नियम- ध्वनि परिवर्तन के सिद्धान्त में वर्नर ने यह पता लगाया कि ग्रिम नियम बलाघात पर आधारित था। मूल भाषा के क् त् प् के पूर्व यदि बलाघात हो तो ग्रिम-नियम के अनुसार परिवर्तन होता है, किन्तु यदि स्वराघात क् त् प् के बाद वाले स्वर हो तो परिवर्तन एक पग और आगे ग्रासमान की भाँति ग् द् ब् हो जाता है।

उदाहरण- संस्कृत युवक **(young)**

B. ग्रासमान नियम- हेर्मान ग्रासमान जर्मन विद्वान् हैं। संस्कृत और ग्रीक भाषाओं में दो अव्यवहित सोष्म ध्वनियों में से सामान्यता प्रथम ऊष्म ध्वनि (ह् ध्वनि) निकलती है। जहाँ पर द्वितीय वर्ण से ऊष्म ध्वनि निकलती है, वहाँ पर प्रथम वर्ण में ऊष्म ध्वनि आ जाती है। धा-धधामि से दधामि। भृ-भभार से बभार

C. ग्रिम-नियम- यह ध्वनि-नियम प्रो. याकोब ग्रिम (1785-1863) के नाम से प्रसिद्ध है।

वर्ण-परिवर्तन का क्रम

क् त् प्
(अघोष अल्पप्राण)

(घोष अल्पप्राण) (महाप्राण)
ख् (ह्) थ् फ्
ग् द् ब् घ् ध् भ्

D. ग्रियर्सन- ग्रियर्सन का पूरा नाम 'जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन है। इनका जन्म आयरलैण्ड में हुआ था। इन्होंने भारत की सभी भाषाओं, उपभाषाओं, बोलियों तथा उपबोलियों का सर्वेक्षण प्रारम्भ किया, जो 'Linguistic survey of india' नाम से 11 बड़ी-बड़ी जिल्दों में प्रकाशित हुआ।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-246

98. वृक्ष किस प्रकार का शब्द है?

(A) यौगिक (B) योगाभास
(C) योगरूढ़ (D) अव्यक्तयोग

व्याख्या-

शब्द तथा शब्द विभाजन का वर्णन करते हुए आचार्य जयदेव चन्द्रालोक के प्रथम मयूख में कहते हैं कि-

शास्त्र से सम्बन्ध रखने वाले, सुबन्त तथा तिङन्त विभक्ति को रूप धारण करने की योग्यता वाले वर्णसमुदाय को शब्द कहते हैं वह शब्द रूढ़, यौगिक और योगरूढ़ भेद से तीन प्रकार का माना गया है।

रूढ़ शब्द- प्रकृति-प्रत्यय से उत्पन्न अर्थ का ध्यान न देकर केवल समुदायशक्ति से अर्थज्ञान कराने वाले वस्तुविशेष, में सङ्केतित शब्द को रूढ़ कहते हैं उदाहरण- डित्थ, डिवित्थ आदि। रूढ़ शब्द के तीन भेद हैं-

1. **अव्यक्तयोग-** अवयवार्थ के अस्फुट होने के कारण जहाँ समुदायशक्ति से अर्थ का बोध हो वह अव्यक्त योग शब्द है। **उदाहरण-** वृक्षः 'वृश्चति आतपमिति वृक्षः' जो आतप को दूर करता है उसे वृक्ष कहते हैं। **अतः विकल्प D सही है।**
2. **निर्योग-** जहाँ अवयवार्थ का बोध न हो वह निर्योग शब्द है। **उदाहरण-** भू शब्द से निष्पन्न भू रूप धातु
3. **योगाभास-** अवयवार्थक तात्पर्यविषयीभूत अर्थ से सम्बन्ध न होने से योगाभास कहते हैं जैसे- मण्डं पिबतीति मण्डपः।

यौगिक शब्द- केवल प्रकृति-प्रत्यय के योग से उत्पन्न अर्थ का बोध कराने वाले शब्द को यौगिक कहते हैं जैसे- पाचक, पाठक, वाचक आदि।

योगरूढ़- अवयवशक्ति और समुदाय शक्ति से अर्थ बोध कराने वाले शब्द को योगरूढ़ कहते हैं।

उदाहरण- पङ्कज

स्रोत- चन्द्रालोक(प्रथम मयूख श्लोक 9-10)-कृष्णमणि त्रिपाठी, पेज 11-12

99. 'बालकेभ्यः मिष्ठानं रोचते' बालकेभ्यः पद में कौन सी विभक्ति है-

(A) पञ्चमी **(B) चतुर्थी**
(C) सप्तमी **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या-

- **रुच्यर्थानां प्रीयमाणः** (1.4.33)- 'रुच्यर्थानां धातुनां प्रयोगे प्रीयमाणोऽर्थः सम्प्रदानं स्यात्।'
  रुच्यर्थ अर्थात् अभिलाषार्थक धातुओं के प्रयोग में प्रीयमाण (प्रसन्न होने वाले) व्यक्ति की सम्प्रदान सञ्ज्ञा होती है।
  सम्प्रदान सञ्ज्ञा होने के पश्चात् **'चतुर्थी सम्प्रदाने'** से चतुर्थी विभक्ति होती है।
  उदाहरण- 'बालकेभ्यः मिष्ठानं रोचते' प्रस्तुत उदाहरण में रुच् धातु का प्रयोग है प्रसन्न होने वाला बालक है। अतः 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' सूत्र से बालकेभ्यः की सम्प्रदानसञ्ज्ञा तथा 'चतुर्थी सम्प्रदाने' से चतुर्थी विभक्ति हो गयी।
  अतः विकल्प B सही है।
- **पञ्चमी विभक्ति** का विधान करने वाला सूत्र अपादाने पञ्चमी (2.3.28) है- अनभिहित अपादान कारक में पञ्चमी विभक्ति होती है।
  उदाहरण- 'धावतोऽश्वात् पतति' - दौड़ते हुये घोड़े से गिरता है।
- **सप्तमी-** 'आधारोऽधिकरणम्' (1.4.45) कर्त्ता और कर्म में रहने वाली क्रिया का, कर्त्ता और कर्म के द्वारा, जो आधार होता है उसकी अधिकरण सञ्ज्ञा होती है और 'सप्तम्यधिकरणे च' (2.3.36) से अधिकरण में सप्तमी विभक्ति होती है।
  उदाहरण- 'स्थाल्यां पचति' कर्म 'ओदन' का औपश्लेषिक आधार है 'स्थाली' अतः 'आधारोऽधिकरणम्' सूत्र से अधिकरण सञ्ज्ञा तथा 'सप्तम्यधिकरणे च' सूत्र से सप्तमी विभक्ति का विधान हुआ।

स्रोत- अष्टाध्यायी (1.4.33) ईश्वरचन्द्र, पेज-123

100. 'जटाभिस्तापसः' में तृतीया विभक्ति का हेतु है-

(A) इत्थम्भूतलक्षण
(B) साधकतमं करणं
(C) अङ्गविकार
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-

इत्थम्भूतलक्षणे (2.3.21)

उदाहरण- जटाभिस्तापसः यहाँ जटाओं से तपस्विता का बोध होता है। यहाँ 'तपस्विता' इत्थम्भूत है और उसका लक्षण (चिह्न) जटायें हैं अर्थात् जटाओं से तपस्वी लक्षित किया जा रहा है अतः चिह्नवाची 'जटा' से तृतीया विभक्ति 'जटाभिः' होगा।

अतः विकल्प A सही है।

- **साधकतमं करणम्** (1.4.42) 'क्रियासिद्धौ प्रकृष्टोपकारकं करणसञ्ज्ञं स्यात्' क्रिया की सिद्धि में जो पदार्थ सबसे अधिक उपकारक या सहायक होता है उसकी कर्मसंज्ञा होती है।
  उदा.- रामेण बाणेन हतो वाली।
- **येनाङ्गविकारः** (2.3.20) 'येनाङ्गेन विकृतेन अङ्गिनो विकारो लक्ष्यते ततस्तृतीया स्यात्' जिस विकृत अङ्ग (अवयव) के द्वारा अङ्गी (शरीर) का विकार लक्षित हो उस अवयववाची शब्द में तृतीया विभक्ति होती है। यहाँ अङ्ग अक्षि के विकृत होने से व्यक्ति शरीर (अङ्गी) विकारयुक्त कहलाता है।
  उदाहरण- अक्ष्णा काणः (एक आँख का काना) प्रकृत सूत्र से अक्ष्णा में तृतीया विभक्ति हुई है।

स्रोत- अष्टाध्यायी (2.3.21)- ईश्वरचन्द्र, पेज-201

101. 'सर्वस्मिन् शरीरे आत्मा अस्ति' इस वाक्य में अधिकरण है-
(A) आत्मा (B) शरीर
(C) अस्ति (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-
➤ 'आधारोऽधिकरणम्' (1.4.45) सूत्र अधिकरण कारक का विधान करता है- कर्त्ता और कर्म में रहने वाली क्रिया का, कर्त्ता और कर्म के द्वारा, जो आधार होता है उसकी अधिकरण सञ्ज्ञा होती है।
* अधिकरण सञ्ज्ञा तथा आधार सञ्ज्ञी है। अधिकरण सञ्ज्ञा होने के पश्चात् 'सप्तम्यधिकरणे च' (2.3.36) सूत्र से सप्तमी विभक्ति का विधान होता है। 'सर्वस्मिन् शरीरे आत्मा अस्ति' आत्मा सब शरीर में स्थित है प्रस्तुत उदाहरण में कर्त्ता 'आत्मा' सर्व शरीर में व्याप्त है। आत्मारूपी कर्त्ता के अभिव्यापक आधार सर्व शरीर की 'आधारोऽधिकरणम्' से अधिकरण सञ्ज्ञा और 'सप्तम्यधिकरणे च' सूत्र से सप्तमी विभक्ति हुई।
* कर्त्ता-आत्मा, क्रियापद-अस्ति, अभिव्यापक आधार-सर्व शरीर है। अतः अधिकरण-शरीर होगा।

आधारः त्रिधा
औपश्लेषिक (कटे आस्ते।)
आधारः
अभिव्यापक (सर्वस्मिन्नात्मास्ति) — वैषयिक (मोक्षे इच्छास्ति।)

अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारकप्रकरण2.3.36) राममुनि पाण्डेय,पेज-97-97

102. 'कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे' सूत्र है-
(A) कर्त्ताकारक का (B) कर्मकारक का
(C) करणकारक का (D) सम्प्रदानकारक का

व्याख्या-
A. कर्त्ता कारक- स्वतन्त्रः कर्त्ता (1.4.54) 'क्रियायां स्वातन्त्र्येण विवक्षितोऽर्थः कर्त्ता स्यात्।' क्रिया की सिद्धि में प्रधान (स्वतन्त्र) रूप से विवक्षित अर्थ की कर्त्ता कारक सञ्ज्ञा होती है। किसी क्रिया में जो कारक प्रधान रूप से विवक्षित हो उसे कर्त्ता कहते हैं।
उदाहरण- रामेण पुस्तकं पठ्यते, बालकेन गृहं गम्यते।
B. कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे (2.3.5) अत्यन्त संयोग गम्यमान होने पर कालवाची और मार्गवाची शब्दों में द्वितीया विभक्ति होती है। काल और मार्ग का अत्यन्त संयोग गुण, क्रिया, द्रव्य इन तीनों से होता है।
उदाहरण- मासम् अधीते, मासं गुडधाना, क्रोशं कुटिला नदी। 'कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे' सूत्र द्वितीया विभक्ति में पढ़ा गया है इस सूत्र से कर्मकारक सञ्ज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति नहीं होती बल्कि यह सूत्र कालवाची और मार्गवाची पदों में सीधे द्वितीया विभक्ति का विधान करता है, किन्तु कर्मसंज्ञक पदों में द्वितीया होंने के कारण इस सूत्र को भी कर्मकारक के अन्तर्गत माना जा सकता है,
अतः विकल्प B सही होगा।
C. साधकतमं करणम् (1.4.42) क्रिया की सिद्धि में जो पदार्थ सबसे अधिक उपकारक (सहायक) होता है उसकी करण कारक सञ्ज्ञा होती है।
उदाहरण- रामेण बाणेन हतो बाली।
D. कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् (1.4.32) दान क्रिया के कर्म के द्वारा कर्त्ता जिसको सन्तुष्ट करना चाहता है उसकी सम्प्रदान कारक सञ्ज्ञा होती है।
उदाहरण- विप्राय गां ददाति।
स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी(कारकप्रकरण2.3.5)-राममुनि पाण्डेय,पेज-54

103. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(A) अध्ययनात् पराजयते
(B) अध्ययनम् पराजयते
(C) अध्ययनः पराजयते
(D) अध्ययनस्य पराजयते

व्याख्या-
'अध्ययनात् पराजयते।' वाक्य शुद्ध है क्योंकि सूत्र (1/4/26) के अनुसार- ''पराजेरसोढः''
यदि जि धातु के पूर्व परा उपसर्ग लगा हो तो जो असह्य पदार्थ होता है उसकी 'अपादाने पञ्चमी' (2/3/28) सूत्र से पञ्चमी विभक्ति होती है। 'अध्ययनात् पराजयते' का अर्थ है अध्ययन से पराजित होता है अर्थात् अध्ययन से भागता है यहाँ पर परा उपसर्ग पूर्वक जि धातु का प्रयोग है तथा असह्य पदार्थ अध्ययन है इसलिए 'पराजेरसोढः' सूत्र से अध्ययन की अपादान सञ्ज्ञा होकर 'अपादाने पञ्चमी' से पञ्चमी विभक्ति का प्रयोग हुआ है।
अतः विकल्प A सही है।
स्रोत- अष्टाध्यायी (1.4.26) - ईश्वरचन्द्र, पेज-120

104. निम्नांकित वाक्यों में कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(A) अध्ययनं हेतु काश्यां तिष्ठति
(B) अध्ययनं हेतो काश्यां तिष्ठति
(C) अध्ययनस्य हेतोः काश्यां तिष्ठति
(D) अध्ययनस्य हेतु काश्यां तिष्ठति

व्याख्या-
'अध्ययनस्य हेतोः काश्यां तिष्ठति।' यह वाक्य शुद्ध है क्योंकि सूत्र 'षष्ठीहेतु प्रयोगे (2/3/26)' के अनुसार- वाक्य में 'हेतु' शब्द का प्रयोग होने पर हेतु (कारण) में तथा 'हेतु' शब्द में षष्ठी विभक्ति होती है।
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-222

105. 'ओदनं भुञ्जानो विषं भुङ्क्ते' में ओदन की कर्मसंज्ञा किस सूत्र से हुई है?
(A) कर्मणि द्वितीया (B) तथायुक्तं चानीप्सितम्
(C) अकथितं च (D) कर्तुरीप्सिततमं कर्म

व्याख्या-
A. **कर्मणि द्वितीया (2,3,2)-** अनुक्त (किसी के द्वारा न कहे हुए) कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है।
उदाहरण- भक्तः हरिं भजति। (भक्त हरि को भजता है।)
B. **तथायुक्तं चानीप्सितम् (1.4.50)-** जिसप्रकार कर्त्ता का ईप्सित पदार्थ क्रिया के साथ युक्त होता है, उसी प्रकार यदि कर्त्ता के द्वारा न चाहा जाने वाला पदार्थ भी क्रिया के साथ युक्त हो, तो उसकी कर्मसंज्ञा होती है।
उदाहरण- 1. सः ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति। (वह गाँव जाते हुए तिनके को छूता है।)
2. **ओदनं भुञ्जानो विषं भुङ्क्ते।** (वह भात खाते हुए विष खा लेता है।) यहाँ 'ओदन' की ईप्सिततम होने से 'कर्तुरीप्सिततमं कर्म' से कर्मसंज्ञा होगी तथा विषं की अनीप्सित होने से 'तथायुक्तं चानीप्सितं' से कर्म संज्ञा हुई है।
C. **अकथितं च-** जहाँ अपादान आदि कारक विशेष अविवक्षित होते हैं वहाँ कर्मकारक संज्ञा होती है
उदाहरण- गां दोग्धि पयः। (वह गाय से दूध दुहता है।) तण्डुलान् ओदनं पचति। (वह चावलों से भात पकाता है।)
D. **कर्तुरीप्सिततमं कर्म (1.4.49)** कर्त्ता अपनी क्रिया के द्वारा जिस पदार्थ को सबसे अधिक प्राप्त करना चाहता है, उसकी कर्मसंज्ञा होती है।
उदाहरण- पयसा ओदनं भुङ्क्ते। दूध से भात खाता है।
अतः विकल्प D सही है।
स्रोत-सिद्धान्तकौमुदी (कारकप्रकरण-1.4.49)- राममुनि पाण्डेय, पेज-27

106. 'पाणिपादम्' में समास है-
(A) इतरेतर द्वन्द्व (B) समाहार द्वन्द्व
(C) एकशेष द्वन्द्व (D) अलुक् तत्पुरुष

व्याख्या-

समास	उदाहरण
A. इतरेतर द्वन्द्व	रामश्च कृष्णश्च=रामकृष्णौ, हरिश्च हरश्च= हरिहरौ, शिवश्च केशवश्च=शिवकेशवौ
B. समाहार द्वन्द्व	पाणी च पादौ च एषां समाहारः=पाणिपादम् मार्दङ्गिकाश्च वैणविकाश्च एषां माहारः=मार्दङ्गिकवैणविकम्
C. एकशेष द्वन्द्व	माता च पिता च = पितरौ
D. अलुक् तत्पुरुष	युधि स्थिरः = युधिष्ठिरः

अतः विकल्प B सही है।
स्रोत-लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य, पेज-974

107. 'निर्मक्षिकम्' में समास है-
(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव
(C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

व्याख्या-
समस्त पद- निर्मक्षिकम्, पञ्चगङ्गम्, अक्षशौण्डः, चोरभयम्, शिवकेशवौ, पितरौ, पीताम्बरः, पूर्णकाकुत्, पूर्णकाकुदः,

समास	विग्रह
अव्ययीभाव	मक्षिकाणाम् अभावः= निर्मक्षिकम्
अव्ययीभाव	पञ्चानां गङ्गानां समाहारः= पञ्चगङ्गम्
तत्पुरुष	अक्षेषु शौण्डः= अक्षशौण्डः
तत्पुरुष	चोराद् भयम्= चोरभयम्
द्वन्द्व	शिवश्च केशव= शिवकेशवौ
द्वन्द्व	माता च पिता च= पितरौ
बहुव्रीहि	पीतानि अम्बराणि यस्य सः= पीताम्बरः
बहुव्रीहि	पूर्णं काकुदं यस्य सः= पूर्णकाकुद्

अतः विकल्प B सही है।
स्रोत-लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य, पेज-897

108. 'रूपवद्भार्यः' में कौन सा समास है-
(A) अव्ययीभाव समास (B) द्विगु समास
(C) बहुव्रीहि समास (D) द्वन्द्व समास

व्याख्या-

समास	सामासिक पद
अव्ययीभावसमास	दुर्यवनम्, सुमद्रम्, उपकृष्णम्, अधिगोपम्
द्विगुसमास	पञ्चगवम्, पञ्चमूली, त्रिलोकी
बहुव्रीहिसमास	रूपवद्भार्यः, स्त्रीप्रमाणः, जलजाक्षी
द्वन्द्व समास	पाणिपादम्, हरिहरौ, श्वसुरौ

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य, पेज-957

109. 'चक्रपाणिः' में समास है-
(A) तत्पुरुष (B) बहुव्रीहि
(C) द्विगु (D) द्वन्द्व

व्याख्या-

समास	उदाहरण
(A) तत्पुरुष	सुपुरुषः = शोभनः पुरुषः प्रगतः आचार्यः= प्राचार्यः
(B) बहुव्रीहि	चक्रं पाणौ यस्य सः = **चक्रपाणिः** चित्रा गावो यस्य = चित्रगुः
(C) द्विगु	चर्तुणां युगानां समाहारः = चतुर्युगम्। पञ्चानां गवां समाहारः पञ्चगवम्
(D) द्वन्द्व	शिवश्च केशवश्च = शिवकेशवौ पाणी च पादौ च = पाणिपादम्

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- (भैमीव्याख्या भाग-4),पेज-189

110. 'अर्य' शब्द 'ऋ' मे किस प्रत्यय के संयोग से बनता है।
(A) शतृ (B) यत्
(C) अच् (D) क्त

प्रत्यय-

A. शतृ प्रत्यय- लटः शतृशानचावप्रथमासमानाधिकरणे (3.2.124) अप्रथमान्त अर्थात् द्वितीयान्त आदि के साथ समानाधिकरण होने पर लट् के स्थान पर शतृ और शानच् आदेश होते हैं।
उदाहरण- गम् + शतृ = गच्छन् (जाता हुआ)
पठ् + शतृ = पठन् (पढ़ता हुआ)

B. यत् प्रत्यय- अचो यत् (3.1.97) अजन्त धातु से परे 'यत्' प्रत्यय होता है, 'यत्' प्रत्यय 'कृत' एवं 'कृत्य' संज्ञक प्रत्यय है।
उदाहरण- ऋ + यत् = अर्य, दा + यत् = देयम्
पा + यत् = पेयम्

C. अच्- एरच् (3.3.56) तथा भयादीनामुपसंख्यानम् (वा.) कर्तृभिन्न कारक के अर्थ में, सञ्ज्ञा में तथा भाव में इकारान्त धातुओं में अच् जोड़ा जाता है।
उदाहरण- जि + अच् = जयः, नी + अच् + नयः

D. क्त- 'क्तक्तवतू निष्ठा' (1.1.25) - क्त तथा क्तवतु प्रत्यय की निष्ठा सञ्ज्ञा होती है, निष्ठा का अर्थ है समाप्ति अर्थात् ये प्रत्यय भूतकाल को द्योतित कराने वाले होते हैं-
उदाहरण- चल् + क्त = चलितः
भुज् + क्त = भुक्तः
भुज् + क्तवतु = भुक्तवान्

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- अष्टाध्यायी (3.1.97)- पं. ईश्वरचन्द्र,पेज-291

111. 'नर्तकी' शब्द नर्तक में किस प्रत्यय के संयोग से बनता है-
(A) टाप् (B) ङीन्
(C) ङीष् (D) ङीप्

व्याख्या-

➢ **षिद्गौरादिभ्यश्च (4.1.41)** जिसका षकार इत् हो ऐसे प्रातिपदिकों से तथा गौरादि गणपठित प्रातिपदिकों से परे स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीष् प्रत्यय होता है-
उदाहरण- नर्तक शब्द नृती गात्रविक्षेपे धातु से शिल्पिनि ष्वुन् सूत्र से ष्वुन् प्रत्यय लगकर, अनुबन्ध लोप आदि कार्य होकर नर्तक शब्द बनता है ष्वुन् होने के कारण षित् है अतः 'षिद्गौरादिभ्यश्च' सूत्र से 'ङीष्' प्रत्यय लगकर नर्तकी शब्द सिद्ध होता है। **अतः विकल्प C सही है।**
अन्य उदाहरण- इन्द्राणी, वरुणानी, भवानी, शर्वाणी आदि।

➢ **टाप्-** टाप् प्रत्यय विधायक सूत्र 'अजाद्यतष्टाप्' (4.1.4) है, अज आदि गणपठित प्रातिपदिकों के अथवा अदन्त प्रातिपदिकों से स्त्रीत्व का द्योतन कराना हो तो उनसे परे टाप् प्रत्यय हो।
उदाहरण- मेधा, गङ्गा, सर्वा, चटका, मूषिका आदि।

➢ **शार्ङ्गरवाद्यञो ङीन् (4.1.73)** से ङीन् प्रत्यय का विधान होता है- शार्ङ्गरव आदि गणपठित प्रातिपदिक से तथा अञ् प्रत्यय का जो अकार तदन्त जातिवाचक प्रातिपदिक से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीन् प्रत्यय हो।
उदाहरण- शार्ङ्गरवी, बैदी, ब्राह्मणी आदि।

➢ **उगितश्च (4.1.6)-** से ङीप् प्रत्यय का विधान होता है उगिदन्त अर्थात् जिस का उक् (उ, ऋ, ऌ) वर्ण इत् हो तदन्त प्रातिपदिक से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीप् प्रत्यय होता है-
उदाहरण- भवती, पचन्ती, दीव्यन्ती आदि।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-122

112. 'नन्दिग्रहिपचादिभ्यो ल्युणिन्यचः' सूत्र किस प्रत्यय का विधान करता है?
(A) ल्यु **(B) णिनि**
(C) अच् **(D) उपर्युक्त तीनों**

व्याख्या-
'नन्दिग्रहिपचादिभ्यो ल्युणिन्यचः' (3/1/134) नन्दि आदि, ग्रहि आदि और पच् आदि धातुओं से क्रमशः ल्यु, णिनि और अच् प्रत्यय लगता है।

उदाहरण-
1. नन्द् + ल्यु (अन) = नन्दनः
2. जन + अम् + अर्द् + ल्यु (अन) = जनार्दनः
3. मधु + अम् + सूद् + ल्यु (अन) = मधुसूदनः
4. ग्राह् + णिनि (इन) = ग्राही
5. स्था + णिनि (इन) = स्थायी
6. पच् + अच् = पचः

इससे सिद्ध होता है कि 'नन्दिग्रहिपचादिभ्यो ल्युणिन्यचः' सूत्र से ल्यु, णिनि और अच् तीनों प्रत्ययों का विधान होता है,
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- अष्टाध्यायी (3.1.134)- पं. ईश्वरचन्द्र, पेज-300

113. 'कुर्वाणः' में प्रत्यय है-
(A) शतृ **(B) शानच्**
(C) ऊङ् **(D) तुमुन्**

व्याख्या-
लटः शतृशानचावप्रथमासमानाधिकरणे (3.2.124) अप्रथमान्त अर्थात् द्वितीयान्त आदि के साथ समानाधिकरण होने पर लट् के स्थान पर परस्मैपदी धातुओं में शतृ तथा आत्मनेपदी धातुओं में शानच् प्रत्यय होता है।
उभयपदी धातुओं से शतृ तथा शानच् दोनों आदेश होते हैं- 'कृ' धातु का रूप आत्मनेपद तथा परस्मैपद दोनों में चलता है अतः उभयपदी धातु है। शानच् प्रत्यय में शकार तथा चकार का अनुबन्ध लोप होकर 'आन्' शेष बचता है। कृ धातु में शानच् प्रत्यय जोड़कर अनुबन्ध लोप आदि करने पर 'कुर्वाणः' रूप सिद्ध होता है। शानच् प्रत्यय के अन्य उदाहरण- ददानः, नयमानः, चोरयमाणः। शतृ प्रत्यय के उदाहरण- कृ + शतृ = कुर्वत् , भवत् , गच्छत् , पठत् आदि।

- **ऊङ् प्रत्यय** विधायक सूत्र 'ऊङुतः' (4.1.66) 'पङ्गोश्च' (4.1.68) आदिसूत्र हैं- ऊङुतः (4.1.66)- जिसके उपधा में अकार न हो ऐसे मनुष्यवाची उदन्त प्रातिपदिक से स्त्रीत्व की विवक्षा में ऊङ् प्रत्यय होता है। **उदाहरण-** कुरूः, श्वश्रूः आदि।
- **पङ्गोश्च (4.1.68)-** पङ्गु इस प्रातिपदिक से स्त्रीत्व की विवक्षा में ऊङ् प्रत्यय होता है।
  उदाहरण- पङ्गूः।
- **'तुमुन्ण्वुलौ क्रियायां क्रियार्थायाम्' (3.3.10)-** क्रियार्था क्रिया के रहते भविष्यत् में धातु से तुमुन् और ण्वुल् प्रत्यय होते हैं।
  उदाहरण- अर्च + तुमुन् = अर्चितुम् , स्ना + तुमुन् = स्नातुम् आदि। **अतः विकल्प B सही है।**

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-204

114. 'टाप्' प्रत्यय होता है-
(A) अकारान्त प्रातिपदिक से
(B) ईकारान्त प्रातिपदिक से
(C) ऊकारान्त प्रातिपदिक से
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-
स्त्री प्रत्ययों अकारान्त प्रातिपदिक से 'टाप्' प्रत्यय 'अजाद्यतष्टाप्', सूत्र से होता है-
उदाहरण- टाप्- अजा, एडका, रामा, होडा आदि।
चाप्- सूर्या
डाप्- सीमा

- ईकारान्त प्रातिपदिकों से ङीप् प्रत्यय 'उगितश्च'सूत्र से, ङीष् प्रत्यय 'षिद्गौरादिभ्यश्च' सूत्र से, ङीन् प्रत्यय 'शार्ङ्गरवो ङीन्' आदि सूत्र से होता है।
  ङीप् - भवती, भवन्ती, पचन्ती
  ङीष् - नर्तकी, गौरी, गार्ग्यायणी
  ङीन् - बैदी, ब्राह्मणी, शार्ङ्गरवी, नारी आदि।
- ऊकारान्त प्रातिपदिक से ऊङ् प्रत्यय होता है
  उदाहरण- संहितोरूः, शफोरूः, वामोरूः।
  अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-122

115. शुद्ध वाक्य है-
(A) आवां पठावः **(B) अहं पठावः**
(C) वयं पठावः **(D) यूयं पठावः**

व्याख्या-

'आवां पठावः!' वाक्य शुद्ध है क्योंकि कर्तृवाच्य में कर्त्ता के अनुसार क्रिया होती है और यहाँ उत्तम पुरुष द्विवचन का कर्त्ता 'आवाम्' है और उसी के अनुसार क्रिया भी उत्तम पुरुष द्विवचन की है।

अतः विकल्प A सही है।

	अशुद्ध वाक्य	**शुद्ध वाक्य**
B.	अहं पठावः।	अहं पठामि।
C.	वयं पठावः।	वयं पठामः।
D.	यूयं पठावः।	यूयं पठथ।

स्रोत- वस्तुनिष्ठ संस्कृतव्याकरणम्- सर्वज्ञभूषण, पेज-161

116. ''सीता......गृहम् आगतवती।'' इस वाक्य का पूरक पद होगा-

(A) रेलयानम् **(B) बसयानेन**
(C) शकटयानया **(D) साइकिलयान**

व्याख्या-

साधकतमं करणम् (1.4.42) सूत्र से क्रिया की सिद्धि में जो पदार्थ सबसे अधिक उपकारक या सहायक होता है उसकी करण सञ्ज्ञा तथा 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' से तृतीया विभक्ति होती है **जैसे-** 'सीता बसयानेन गृहम् आगतवती' अर्थात् सीता बस के द्वारा घर आती है।

घर आने में बस साधकतम है साधकतम (करण) होने के कारण प्रकृत सूत्र से तृतीया विभक्ति हुई है, अन्य विकल्प में तृतीया विभक्ति न होने के कारण **विकल्प B शुद्ध है।**

स्रोत- अष्टाध्यायी (2.3.18) - ईश्वरचन्द्र, पेज-200

117. वह लकार जो केवल वेद में पाया जाता है-

(A) लुट् लकार **(B) लङ् लकार**
(C) लेट् लकार **(D) लट् लकार**

व्याख्या-

A. **लुट् लकार-** भविष्यत् काल के बोध के लिए लुट् और ऌट् लकार का प्रयोग किया जाता है। दूरवर्ती भविष्यत् के बोध के लिए लुट् लकार और आसन्न या समीपवर्ती भविष्यत् के लिए ऌट् लकार का प्रयोग होता है।

B. **लङ् लकार-** भूतकाल की क्रिया को प्रकट करने के लिए संस्कृत में लङ्, लिट् और लुङ् लकारों का प्रयोग होता है। अनद्यतनभूत के लिए लङ्, परोक्षभूत के लिए लिट् तथा सामान्यभूत के लिए लुङ् लकार का प्रयोग होता है।

C. **लेट् लकार-** संस्कृत में दस लकारों में लेट् लकार भी है 'लेट् लकार' का प्रयोग वैदिक भाषा में होता है।

अतः विकल्प C सही है।

D. **लट् लकार-** वर्तमान काल की क्रिया के लिये लट् लकार का प्रयोग होता है।

स्रोत-संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना पेज-294

118. 'आसीत्' क्रिया का लकार है-

(A) लुङ् लकार **(B) लङ् लकार**
(C) लिट् लकार **(D) लट् लकार**

व्याख्या-

अस् (रहना) अदादिगण, परस्मैपदी, अकर्मक		
लुङ् लकार (सामान्यभूत)		
अभूत्	अभूताम्	अभूवन्
अभूः	अभूतम्	अभूत
अभूवम्	अभूव	अभूम
लङ् लकार (अनद्यतनभूत)		
आसीत्	आस्ताम्	आसन्
आसीः	आस्तम्	आस्त
आसम्	आस्व	आस्म
अतः विकल्प B सही है।		
लिट् लकार (परोक्षभूत)		
बभूव	बभूवतुः	बभूवुः
बभूविथ	बभूवथुः	बभूव
बभूव	बभूविव	बभूविम
लट् लकार (वर्तमान काल)		
अस्ति	स्तः	सन्ति
असि	स्थः	स्थ
अस्मि	स्वः	स्मः

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-160

119. 'पठ्' धातु लोट्लकार प्रथम पुरुष द्विवचन का रूप है-

(A) पठ **(B) पठामि**
(C) पठताम् **(D) पठतु**

व्याख्या-

A. पठ् = पढ़ना (परस्मैपदी) भ्वादिगण, सकर्मक, सेट् परस्मैपद

लोट् लकार			
प्र.पु.	पठतु,पठतात्	पठताम्	पठन्तु
म.पु.	पठ,पठतात्	पठतम्	पठत
उ.पु.	पठानि	पठाव	पठाव
लट् लकार			
प्र.पु.	पठति	पठतः	पठन्ति
म.पु.	पठसि	पठथः	पठथ
उ.पु.	पठामि	पठावः	पठामः

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-146

120. 'भू' धातु लोट्लकार उत्तम पुरुष एकवचन में हो जाता है-
(A) भवामि (B) भवानि
(C) भविष्यामि (D) भवन्तु

व्याख्या-

भू सत्तायाम् = होना, अकर्मक, सेट् , परस्मैपद

लट्लकार			
प्र.पु.	भवति	भवतः	भवन्ति
म.पु.	भवसि	भवथः	भवथ
उ.पु.	भवामि	भवावः	भवामः
लोट् लकार			
प्र.पु.	भवतु,भवतात्	भवताम्	भवन्तु
म.पु.	भव,भवतात्	भवतम्	भवत
उ.पु.	भवानि	भवाव	भवाम
लृट् लकार			
प्र.पु.	भविष्यति	भविष्यतः	भविष्यन्ति
म.पु.	भविष्यसि	भविष्यथः	भविष्यथ
उ.पु.	भविष्यामि	भविष्यावः	भविष्यामः

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत - रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-145

121. 'गम्' धातु लिट्लकार प्रथम पुरुष एक वचन में हो जाता है-
(A) अगच्छत्
(B) जग्मुः
(C) जगाम
(D) अगमत्

व्याख्या-

गम्=जाना, सकर्मक, अनिट्, परस्मैपद (भ्वादिगण)

लङ् लकार			
	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.पु.	अगच्छत्	अगच्छताम्	अगच्छन्
म.पु.	अगच्छः	अगच्छतम्	अगच्छत
उ.पु.	अगच्छम्	अगच्छाव	अगच्छाम
लिट् लकार			
प्र.पु.	जगाम	जग्मतुः	जग्मुः
म.पु.	जगमिथ	जग्मथुः	जग्म
उ.पु.	जगाम	जग्मिव	जग्मिम
लुङ् लकार			
प्र.पु.	अगमत्	अगमताम्	अगमन्
म.पु.	अगमः	अगमतम्	अगमत
उ.पु.	अगमम्	अगमाव	अगमाम

अतः विकल्प C सही है।

'जगाम' गम् धातु लिट्लकार उत्तम पुरुष एकवचन में भी बनता है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-149

122. 'तेन पाठः पठ्यते' प्रयोग है-
(A) कर्तृवाच्य का (B) कर्मवाच्य का
(C) भाववाच्य का (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-

A. कर्तृवाच्य- कर्तृवाच्य में कर्त्ता के अनुसार क्रिया का पुरुष एवं वचन होता है। जैसे- सः पाठं पठति।

B. कर्मवाच्य- (1) कर्मवाच्य में कर्म मुख्य होता है। कर्म के अनुसार ही क्रिया का पुरुष, वचन और लिङ्ग होगा। (2) कर्मवाच्य में कर्त्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा तथा क्रिया कर्म के अनुसार होती है। **जैसे-** तेन पाठः पठ्यते। यह वाक्य कर्मवाच्य का है इसका कर्तृवाच्य होगा- सः पाठं पठति। वह पाठ पढ़ता है।

C. भाववाच्य- (1) भाववाच्य में कर्त्ता में तृतीया, कर्म होगा ही नहीं क्रिया में प्रथम पुरुष का एकवचन होगा। भाववाच्य में सार्वधातुक लकारों (अर्थात् लट्, लङ्, विधिलिङ्) में धातु और प्रत्यय के बीच यक् 'य' लग जाता है। धातु का रूप सदा आत्मनेपद में ही चलता है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-53

123. 'रामो गच्छति ग्रामम्' प्रयोग हैं-
(A) कर्तृवाच्य का (B) कर्मवाच्य का
(C) भाववाच्य का (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-

A. कर्तृवाच्य- रामो गच्छति ग्रामम्।
नियम- कर्तृवाच्य में कर्त्ता मुख्य होता है, क्रिया कर्त्ता के अनुसार चलती है, कर्त्ता में प्रथमा तथा कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है। अतः उपर्युक्त वाक्य कर्तृवाच्य का है।

B. कर्मवाच्य- बालकेन उद्यानं दृश्यते।
नियम- कर्मवाच्य में कर्म मुख्य होता है। कर्म के अनुसार ही क्रिया का पुरुष, वचन एवं लिङ्ग होगा। अर्थात् कर्त्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा तथा क्रिया कर्म के अनुसार होती है।

C. भाववाच्य- तेन भूयते।
नियम-भाववाच्य में कर्त्ता में तृतीया विभक्ति होती है तथा कर्म नहीं होता क्रिया में प्रथम पुरुष एकवचन होता है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-52,53

124. 'अहं तव गृहं विचेष्यामि' का कर्मवाच्य में रूपान्तरण होगा -
(A) मया तव गृहं विचेष्ये
(B) मया तव गृहं विचेतास्मि
(C) मया तव गृहं विचेताहे
(D) मया तव गृहं विचेष्यते

व्याख्या-
कर्मवाच्य - सकर्मक धातुओं से ही कर्मवाच्य होता है, कर्म की प्रधानता होती है।
कर्म के अनुसार ही क्रिया के लिङ्ग विभक्ति और वचन होते हैं।
कर्मवाच्य के कर्म में प्रथमा होती है, कर्त्ता में तृतीया क्रिया कर्म के अनुसार होती है।

* कर्मवाच्य में लट् आदि में धातु के अन्त में यक् प्रत्यय होता है। धातुरूप सभी लकारों में आत्मनेपदी होती है। 'अहं तव गृहं विचेष्यामि' का कर्मवाच्य में रूपान्तरण 'मया तव गृहं विचेष्यते' होगा।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी,पेज-52,53

125.'भवन्तः कुत्र भविष्यन्ति' का भाववाच्य में रूपान्तरण होगा-
(A) भवद्भिः कुत्र भवितारः
(B) भवद्भिः कुत्र भविष्ये
(C) भवद्भिः कुत्र भविष्यते
(D) भवता कुत्र भविता

व्याख्या-
भाववाच्य- अकर्मक धातुओं से भाववाच्य होता है सकर्मक से नहीं। भाववाच्य के वाक्य में कर्त्ता में तृतीया होती है, क्रिया में प्रथम पुरुष एकवचन होता है।

* भाववाच्य में लट् आदि लकारों में धातु के अन्त में यक् (य) लगाकर रूप चलाना चाहिये।
* क्त, तव्य, अनीय, यत् , भाववाच्य में होते हैं। इनमें नपुंसकलिङ्ग एकवचन ही होगा।
* 'भवन्तः कुत्र भविष्यन्ति' का भाववाच्य में वाक्य होगा 'भवद्भिः कुत्र भविष्यते।' **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-52,53

उत्तरमाला

1.C	2.D	3.D	4.B	5.C	6.C	7.B	8.D	9.B	10.D	11.B	12.D
13.A	14.B	15.B	16.D	17.C	18.B	19.A	20.B	21.C	22.B	23.C	24.A
25.C	26.B	27.C	28.B	29.C	30.A	31.C	32.D	33.D	34.C	35.B	36.D
37.B	38.B	39.B	40.C	41.D	42.B	43.C	44.D	45.B	46.B	47.A	48.A
49.C	50.C	51.C	52.A	53.B	54.D	55.A	56.B	57.C	58.C	59.C	60.D
61.D	62.B	63.C	64.B	65.A	66.B	67.A	68.C	69.B	70.A	71.B	72.C
73.A	74.D	75.B	76.C	77.C	78.C	79.D	80.C	81.C	82.C	83.C	84.B
85.B	86.C	87.C	88.C	89.C	90.D	91.B	92.D	93.C	94.C	95.A	96.A
97.A	98.D	99.B	100.A	101.B	102.B	103.A	104.C	105.D	106.B	107.B	108.C
109.B	110.B	111.C	112.D	113.B	114.A	115.A	116.B	117.C	118.B	119.C	120.B
121.C	122.B	123.A	124.D	125.C							

❑❑

5. प्रवक्ता (PGT) संस्कृत 2005

1. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' का सर्वप्रथम अंग्रेजी अनुवाद किसने किया?
(A) शेक्सपियर (B) गेटे
(C) विलियम जोन्स (D) मैक्समूलर

व्याख्या–
सर विलियम जोन्स द्वारा 1789 ई0 में अंग्रेजी में अभिज्ञानशाकुन्तलम् का अनुवाद किया गया।
* जार्ज फास्टर द्वारा 1791 ई0 में किये गए जर्मन अनुवाद को पढ़कर जर्मन महाकवि गेटे ने अभिज्ञानशाकुन्तलम् की जो समीक्षापूर्ण प्रशस्ति लिखी थी, वह डॉ0 विष्णु मिराशी के शब्दों में इस प्रकार है-

वासन्तं कुसुमं फलं च युगपद् ग्रीष्मस्य सर्वं च यद्
यच्चान्यन्मनसो रसायनमतः सन्तर्पणं मोहनम् ।
एकीभूतमभूतपूर्वमथवा स्वर्लोकभूलोकयोः
ऐश्वर्यं यदि वाञ्छसि प्रियसखे! शाकुन्तलं सेव्यताम्॥

* कालिदास की तुलना शेक्सपियर से करते हुए कुछ आलोचक कालिदास को भारत का शेक्सपियर' कहते हैं। किन्तु मुझे लगता है शेक्सपियर को 'इग्लैण्ड का 'कालिदास' कहना चाहिए और कालिदास को 'विश्व का शेक्सपियर' कहा जाना चाहिए क्योंकि कालिदास ने खण्डकाव्य, गीतिकाव्य,नाटक, महाकाव्य सभी विधाओं में लिखा है जबकि शेक्सपियर ने केवल नाटक लिखे हैं।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का इतिहास- उमाशंकर शर्मा 'ऋषि', पेज-

2. ''अचेतनं नाम गुणं न लक्षयेत्'' यह पंक्ति किसने किससे कही?
(A) दुष्यन्त ने धीवर से
(B) विदूषक ने दुष्यन्त से
(C) धीवर ने मन में
(D) दुष्यन्त ने अँगूठी से

व्याख्या–
कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के षष्ठ अङ्क में शचीतीर्थ स्थल पर शकुन्तला के हाथ की अँगुली से गिरी हुई अँगूठी को मछली के पेट से जब धीवर को प्राप्त हुई तो वह राजा दुष्यन्त को देने जाता है, अँगूठी को देखते ही शकुन्तला विषयक सारी बात स्मरण आने पर दुष्यन्त ने अँगूठी से कहा कि-
कथं नु तं बन्धुरकोमलाङ्गुलिं
करं विहायासि निमग्नमम्भसि?
अथवा...........
अचेतनं नाम गुणं न लक्षयेन्मयैव कस्मादवधीरिताप्रिया
(अभि.6.13)

राजा अँगूठी को देखकर कहता है, अँगूठी! सुन्दर और कोमल अँगुलियों वाली उस हाथ को छोड़कर तुम कैसे जल में गिर पड़ी? अथवा अचेतन वस्तु गुणों की ओर ध्यान न दे, किन्तु मैंने ही क्यों प्रिया का अपमान किया?

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (6/13) कपिलदेव द्विवेदी, पेज-350

3. ....षड्भागमक्षय्यं ददत्यारण्यका हि नः॥ उपर्युक्त रिक्तस्थान की पूर्ति के लिए कौन-सा विकल्प उपयुक्त है?
(A) यशः (B) तपः
(C) मनः (D) धनम्

व्याख्या–
(A) उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में जब राम दण्डक वन में आते हैं तो राम से सीता विषयक प्रश्न पूछते हुए वासन्ती कहती है कि-

अयि कठोर! यशः किल ते प्रियं,
किमयशो ननु घोरमतः परम् (उत्तररामचरितम् 3.27)

वासन्ती राम से कहती है कि हे निष्ठुर, तुम्हें निश्चय ही यश प्यारा है, परन्तु इससे अधिक घोर अपयश और क्या हो सकता है, उस मृगनयनी सीता का वन में क्या हुआ?

(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् के द्वितीय अङ्क में जब विदूषक राजा से तपस्वियों द्वारा छठा भाग कर (टैक्स) देने के लिये कहता है तो राजा विदूषक से कहते हैं कि-

यदुत्तिष्ठति वर्णेभ्यो नृपाणां क्षयि तद् धनम्।
तपः षड्भागमक्षय्यं ददत्यरण्यका हि नः॥ (अभि.2/13)

राजाओं को वर्णों (प्रजाओं)से जो धन (कर) प्राप्त होता है, वह नश्वर है परन्तु ये तपस्वी लोग अपनी तपस्या का षष्ठांश देते हैं जो कि अक्षय है।

अतः विकल्प B सही है।

(C) भर्तृहरि नीतिशतकम् के धैर्यपद्धति में धीर व्यक्ति के सम्बन्ध में कहते हैं-

मनस्वी कार्यार्थी न गणयति दुःखं न च सुखम्॥

(नीति.-74)

अपना काम पूरा करने वाले मनस्वी लोग सुख-दुःख की परवाह नहीं करते।

(D) भर्तृहरि नीतिशतकम् के दुर्जनपद्धति में कहते हैं कि-

सद्विद्या यदि किं धनैरपयशो यद्यस्ति किं मृत्युना॥

(नीति.44)

सुविद्या यदि पास में है तो धन की क्या आवश्यकता? अपयश यदि है तो मृत्यु की क्या आवश्यकता?

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (2/13) कपिलदेव द्विवेदी, पेज-120

4. ''सर्वथा चक्रवर्तिनं पुत्रमाप्नुहि'' से क्या निर्दिष्ट है?

(A) अभिज्ञानशाकुन्तल के कथानक का प्रयोजन
(B) कालिदास को पुत्रप्राप्ति
(C) कुमार कार्तिकेय का जन्म
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या–

* कालिदासकृत 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त कण्वाश्रम में मृगया के लिए प्रवेश करने पर वैखानस द्वारा मृग को मारने से मना करने पर, वैखानस ने राजा को पुत्रप्राप्ति का आशीर्वाद देते हुये कहते हैं-
''जन्म यस्य पुरोर्वंशे युक्तरूपमिदं तव।
पुत्रमेवंगुणोपेतं चक्रवर्तिनमाप्नुहि।।''

(अभि.शा. 1/12)

वैखानस का समर्थन करते हुए दोनों शिष्य हाथ उठाकर कहते हैं- ''सर्वथा चक्रवर्तिनं पुत्रमाप्नुहि।''
(अवश्य ही चक्रवर्ती पुत्र को प्राप्त करो।)
इस आशीर्वाद से दुष्यन्त को भावी चक्रवर्ती भरत को पुत्ररूप में प्राप्त करने का प्रयोजन निर्दिष्ट है।
* 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के कथानक का प्रयोजन अभिज्ञान (अँगूठी) द्वारा पुनः शकुन्तला की प्राप्ति का प्रयोजन परिलक्षित होना है।
* कालिदासकृत 'कुमारसम्भवम्' महाकाव्य का प्रयोजन तारकासुर के वध के लिए कुमार (कार्तिकेय) का जन्म ही इस महाकाव्य का प्रयोजन है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-28

5. एक प्रसिद्ध नाटक में 'मधुकरिका' कौन है?

(A) मेनका की सखी
(B) दुष्यन्त की परिचारिका
(C) मारीच के आश्रम की तपस्विनी
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

	परिचय	**नाम**
A.	मेनका की सखी	- सानुमती
B.	दुष्यन्त की परिचारिका	- मधुकरिका, परभृतिका
C.	मारीच के आश्रम की तपस्विनी	- तापसी (सुव्रता)

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के अन्य पात्रों के नाम-

राजा दुष्यन्त का पुत्र	भरत (सर्वदमन)
इन्द्र का सारथि	मातलि
ऋषि मारीच का शिष्य	गालव
ऋषि मारीच की पत्नी	अदिति (दाक्षायणी)
द्वारपालिका	वेत्रवती

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, भू. पेज-100

6. ''अहो रागपरिवाहिणी गीतिः'' राजा दुष्यन्त का यह कथन किसकी प्रशंसा में है?

(A) शकुन्तला के गाने पर
(B) प्रियंवदा के गाने पर
(C) हंसपदिका के गाने पर
(D) गौतमी के गाने पर

व्याख्या-

कालिदास रचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में हंसपदिका भ्रमरगीत के माध्यम से राजा के लिये अपरवक्त्र छन्द में श्लोक कहती है-

अभिनवमधुलोलुपस्त्वं तथा परिचुम्ब्य चूतमञ्जरीम्।
कमलवसतिमात्रनिर्वृतो मधुकर विस्मृतोऽस्येनां कथम्॥

(अभि.5.1)

हे भ्रमर, नवीन मधु के इच्छुक तुम आम की मञ्जरी का उस प्रकार रसास्वादन करके, कमल में निवास मात्र से सन्तुष्ट, उसको क्यों भूल गये हो?
इसी गीत की प्रशंसा में राजा कहता है-
अहो, रागपरिवाहिणी गीतिः।
अहो, क्या अनुराग बरसाने वाला सङ्गीत है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-5)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-243

7. 'मृच्छकटिकम्' की नायिका है-
(A) कुलजा (B) वेश्या
(C) तापसी (D) कुलजा एवं वेश्या दोनों

व्याख्या-
* मृच्छकटिकम् रूपक का एक भेद 'प्रकरण' है।
* मृच्छकटिकम् की नायिका, कुलजा एवं वेश्या दोनों हैं कुलजा नायिका 'धूता' है जो चारुदत्त की पत्नी है, 'वसन्तसेना' वेश्या है जो चारुदत्त की प्रेमिका है।
* मृच्छकटिकम् प्रकरण का नायक 'चारुदत्त' है जो 'धीरप्रशान्त' कोटि का है।
* मृच्छकटिकम् में तापसी का वर्णन नहीं प्राप्त होता है।
* मृच्छकटिकम् प्रकरण का विदूषक मैत्रेय है।
* मृच्छकटिकम् प्रकरण में अङ्कों की संख्या दस है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम् -श्रीनिवास शास्त्री,भू० पेज-34

8. कौन सा नारी पात्र मृच्छकटिकम् में नहीं है?
(A) वसन्तसेना की सखी
(B) वसन्तसेना की माता
(C) वसन्तसेना की परिचारिका
(D) वसन्तसेना की सपत्नी

व्याख्या-

परिचय	**नाम**
वसन्तसेना की माता	वृद्धा
वसन्तसेना की परिचारिका	मदनिका, छत्रधारिणी
वसन्तसेना की सपत्नी एवं चारुदत्त की पत्नी	धूता

मृच्छकटिकम् के अन्य पात्र-

विदूषक, चारुदत्त का मित्र	-	मैत्रेय
वसन्तसेना का सेवक	-	कर्णपूरक, कुम्भीलक
चारुदत्त का पुत्र	-	रोहसेन
चारुदत्त का मित्र	-	जूर्णवृद्ध
नगररक्षक	-	वीरक, चन्दनक

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम्- श्रीनिवास शास्त्री,पेज-01

9. चारुदत्त के पुत्र का क्या नाम है?
(A) मैत्रेय (B) आर्यक
(C) रोहसेन (D) रेभिल

व्याख्या-

(A) **मैत्रेय-** मृच्छकटिकम् नामक प्रकरण का विदूषक तथा नायक चारुदत्त का मित्र है।

(B) **आर्यक-** राजा पालक का बन्दी, बाद में राजा पालक को मारकर स्वयं राजा बनता है।

(C) **रोहसेन-** रोहसेन के पिता का नाम चारुदत्त और माता का नाम धूता है।

(D) **रेभिल-** उज्जयिनी का एक व्यापारी, चारुदत्त का मित्र, एक विशिष्ट गायक है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम्-श्रीनिवास शास्त्री, भू.पेज-19

10. 'धूता' किस कृति से सम्बन्धित है?
(A) किरातार्जुनीयम् (B) वेणीसंहारम्
(C) मृच्छकटिकम् (D) नागानन्द

व्याख्या-

	ग्रन्थ	**ग्रन्थकार**	**स्त्री पात्र**
(A)	किरातार्जुनीयम्	भारवि	द्रौपदी
(B)	वेणीसंहारम्	भट्टनारायण	द्रौपदी
(C)	मृच्छकटिकम्	शूद्रक	धूता
(D)	नागानन्द	हर्षवर्धन	मलयवती

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम्-श्रीनिवास शास्त्री, पेज-18

11. 'मृच्छकटिकम्' किस कोटि का रूपक है?
(A) भाण (B) प्रहसन
(C) प्रकरण (D) व्यायोग

व्याख्या-
1. **नाटक-** अभिज्ञानशाकुन्तलम्, उत्तररामचरितम् आदि।
2. **प्रकरण-** मृच्छकटिकम्, मालतीमाधव, शारिपुत्रप्रकरण आदि।
3. **भाण-** लीलामधुकरम्, शृङ्गारशेखर आदि।
4. **व्यायोग-** सौगन्धिकाहरण, जामदग्न्यजय आदि।
5. **समवकार-** समुद्रमन्थनम्
6. **डिम-** त्रिपुरदाह
7. **ईहामृग-** कुसुमशेखरविजयम्
8. **अङ्क-** शर्मिष्ठाययातिः
9. **वीथी-** मालविका
10. **प्रहसन-** कन्दर्पकेलि,धूर्तचरितम् आदि

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत-मृच्छकटिकम्- रमाशंकर त्रिपाठी,भू. पेज-XXX

12. ''हृदये गृह्यते नारी' सूक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है?
(A) मृच्छकटिकम् **(B) रत्नावली**
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् **(D) हर्षचरितम्**

व्याख्या-

(A) शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् प्रकरण के प्रथम अङ्क में जब शकार वसन्तसेना के बिना नहीं चलने को कहता है, तब विट शकार से कहता है कि-

आलाने गृह्यते हस्ती वाजी वल्गासु गृह्यते।
हृदये गृह्यते नारी यदिदं नास्ति गम्यताम्॥

(मृच्छ.1.50)

हाथी खम्भे में बाँधने से रोका जा सकता है, घोड़ा लगाम से रोका जा सकता है, स्त्री हृदय से वश में की जा सकती है यदि ऐसी बात नहीं है तो जाइये।

(B) हर्ष प्रणीत रत्नावली नाटिका के प्रथम अङ्क में सूत्रधार श्रीहर्ष की प्रशंसा करते हुए कहता है कि-

'मद्भाग्योपचयादयं समुदितः सर्वो गुणानां गणः।'

(रत्नावली 1.5)

मेरे भाग्य की वृद्धि से यह गुणों का सम्पूर्ण समूह एकत्रित होकर उपस्थित है।

(C) कालिदास प्रणीत अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में जब गौतमी शकुन्तला के अङ्गुली से अँगूठी शचीतीर्थ में गिरने की बात कहती हैं तो राजा दुष्यन्त कहता है कि-

'इदं तत् प्रत्युत्पन्नमति स्त्रैणमिति यदुच्यते।

(अभिज्ञानशाकुन्तलम् अङ्क- 5)

यह वही बात है, जिसके लिए कहावत है कि स्त्रियाँ प्रत्युत्पन्नमति होती हैं।

(D) बाणभट्ट हर्षचरितम् के प्रथमोच्छ्वास में आख्यायिका की प्रशंसा में कहते हैं-

उच्छ्वासान्तेऽप्यखिन्नास्ते येषां वक्त्रे सरस्वती।
कथमाख्यायिकाकारा न ते वन्द्याः कवीश्वराः॥

(हर्षचरितम् 1.10)

जो उच्छ्वास के बाद भी नहीं थकते और जिनके मुख में सरस्वती विराजमान हैं ऐसे आख्यायिकाओं का निर्माण करने वाले कवि क्यों नहीं वन्दनीय हैं? अर्थात् वन्दनीय हैं।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-316

13. ''नवसर्गगते..........नवशब्दो न विद्यते'' उक्ति है-
(A) कालिदास के विषय में
(B) श्रीहर्ष के विषय में
(C) माघ के विषय में
(D) भारवि के विषय में

व्याख्या-

(A) **कालिदास के विषय में-**
'निर्गतासु न वा कस्य कालिदासस्य सूक्तिषु।
प्रीतिर्मधुरसान्द्रासु मञ्जरीष्विव जायते।।'
बाणभट्ट ने हर्षचरितम् के प्रथम उच्छ्वास में कालिदास की प्रशंसा में कहा है-नई निकली हुई मंजरियों के समान मधुर एवं सरस कालिदास की सूक्तियों में सुनने मात्र से ही किसे आनन्द नहीं आता?

(B) **श्रीहर्ष के विषय में-**
तावद् भा भारवेर्भाति यावन्माघस्य नोदयः।
उदिते नैषधे काव्ये क्व माघः क्व च भारविः।।
सूर्य की किरणें (भारवि) तभी तक सुशोभित हैं जब तक माघ माह (माघकवि) का उदय नहीं होता उसी प्रकार नैषधकाव्य के उदित हो जाने पर कहाँ माघ और कहाँ भारवि अर्थात् ये दोनों फीके पड़ जाते हैं।

(C) **माघ के विषय में-** 'नवसर्गगते माघे नवशब्दो न विद्यते।' माघ के नव सर्ग पढ़ चुकने पर नया शब्द शेष नहीं रह जाता।

(D) **भारवि की प्रशंसा में -** आचार्य मल्लिनाथ ने कहा है कि-

नारिकेल फलसम्मितं वचो
भारवेः सपदि तद् विभज्यते।
स्वादयन्तु रसगर्भनिर्भरं
सारमस्य रसिका यथेप्सितम्॥

भारविकाव्य नारियल के अन्तराल की ही भाँति रसगर्भ निर्भर सरल एवं सुमधुर है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम्-तारिणीश झा, भू. पेज-6

14. ''शरीरभाजां भवदीयदर्शनं, व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्'' सूक्ति उद्धृत है-
(A) कादम्बरी से
(B) शिशुपालवधम् से
(C) हर्षचरितम् से
(D) उपर्युक्त में से किसी से भी नहीं

व्याख्या-

(A) महाकवि बाणभट्ट कादम्बरी कथामुख में कथा की प्रशंसा का वर्णन करते हैं-

रसेन शय्यां स्वयमभ्युपागता
कथा जनस्याभिनवा वधूरिव॥

(कादम्बरी श्लोक 8)

पलंग को स्वयं प्राप्त होती हुई नवीन कथा वधू के समान लोगों के हृदय में कुतूहलपूर्ण रुचि उत्पन्न कर देती है।

(B) महाकवि माघ द्वारा रचित शिशुपालवध के प्रथमसर्ग में भगवान् श्रीकृष्ण नारदजी के दर्शन के महत्त्व का प्रतिपादन करते हुए कहते हैं कि-

हरत्यघं सम्प्रति हेतुरेष्यतः
शुभस्य पूर्वाचरितैः कृतं शुभैः।
शरीरभाजां भवदीयदर्शनं
व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्॥

(शिशुपाल 1.26)

आपका दर्शन शरीरधारियों के लिये तीनों काल में भी पवित्रता प्रकट करता है वर्तमान काल में पाप को विनष्ट करता है आने वाले मंगल का कारण बनता है और पहले से किए हुए पुण्यों से प्राप्त होता है।

(C) महाकवि बाणभट्ट हर्षचरितम् के प्रथमोच्छ्वास में कवि के काव्य महत्त्व का प्रतिपादन करते हुए कहते हैं कि-

किं कवेस्तस्य काव्येन सर्ववृत्तान्तगामिनी।
कथेव भारती यस्य न व्याप्नोति जगत्रयम् ॥

(हर्ष.1/9)

उस कवि के काव्य से क्या जिसकी सभी छन्दों का पार पा जाने वाली वाणी सभी वृत्तान्तों का बोध करा देने वाली महाभारत की वाणी, की तरह तीनों लोकों में छा नहीं जाती है।

अतः विकल्प (B) सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम् (1/26) तारिणीश झा, पेज-57

15. 'शिशुपालवधम्' का मूलस्रोत है महाभारत का-
(A) आदिपर्व **(B) भीष्मपर्व**
(C) सभापर्व **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या–

बीस सर्गों से युक्त महाकवि माघ द्वारा रचित शिशुपालवध का कथानक महाभारत के सभापर्व से लिया गया है। भगवान् श्रीकृष्ण धीरोदात्त कोटि के नायक हैं तथा प्रतिनायक शिशुपाल है। **अतः विकल्प C सही है।**

उपजीव्य	ग्रन्थ	विभाजन	रस
* आदिपर्व	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	7 अङ्क	शृङ्गार
* भीष्मपर्व	श्रीमद्भगवद्गीता	18 अध्याय	-
* पद्मपुराण एवं रामायण	रघुवंशम्	19 सर्ग	वीर/शृङ्गार
* वनपर्व	किरातार्जुनीयम्	18 सर्ग	वीर
*महाभारत का नलोपाख्यान	नैषधीयचरितम्	22 सर्ग	शृङ्गार
* रामायण	जानकीहरण	25 सर्ग (15सर्गप्राप्त)	शृङ्गार
*श्रीमद्भागवत	कुमारसम्भव	17 सर्ग	शृङ्गार
* सभापर्व	शिशुपालवध	20 सर्ग	वीर

स्रोत- शिशुपालवधम्- तारिणीश झा, भू. पेज-17

16. शिशुपालवधम् के प्रथमसर्ग का प्रधान छन्द है-
(A) अनुष्टुप् **(B) मन्दाक्रान्ता**
(C) उपजाति **(D) वंशस्थ**

व्याख्या-

ग्रन्थ	ग्रन्थकार	छन्द
* महाभारत	वेदव्यास	अनुष्टुप्
* रामायण	वाल्मीकि	अनुष्टुप्
* मेघदूतम्	कालिदास	मन्दाक्रान्ता
* रघुवंशम् (प्रथमसर्ग)	कालिदास	उपजाति
* किरातार्जुनीयम् (प्रथमसर्ग)	भारवि	वंशस्थ
* शिशुपालवधम् (प्रथमसर्ग)	माघ	वंशस्थ
* नैषधीयचरितम् (प्रथमसर्ग)	श्रीहर्ष	वंशस्थ

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम् (प्रथमसर्ग)- तारिणीश झा, पेज-05

17. ''श्रियः पतिः श्रीमति शासितुं जगत्'' में श्रीमति शब्द निम्नांकित में से किसका विशेषण है?
(A) लक्ष्मी **(B) नारद**
(C) वसुदेव का घर **(D) क्षीरसागर**

व्याख्या–

महाकवि माघ शिशुपालवध महाकाव्य के प्रथम सर्ग में ग्रन्थ की निर्विघ्न समाप्ति के लिए श्री शब्द का प्रयोग श्रीकृष्ण का नारद दर्शन रूप वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण करते हुए कहते हैं कि-

श्रियः पतिः श्रीमति शासितुं जग-
ज्जगन्निवासो वसुदेवसद्मनि।

वसन्ददर्शावतरन्तमम्बरात्
हिरण्यगर्भाङ्गभुवं मुनिं हरिः॥
(शिशुपालवध 1.1)

सम्पूर्ण संसार को शासित करने के लिए समृद्धिशाली वसुदेव के घर में निवास करते हुए लक्ष्मी के पति तथा जगत् के आश्रयभूत भगवान् श्रीकृष्ण ने आकाश से उतरते हुए ब्रह्मा के मानस पुत्र नारद को देखा।

* माघ कृत 'शिशुपालवधम्' के प्रथमसर्ग के प्रथम श्लोक में श्रीमति = श्रीः अस्ति अस्मिन् इति श्रीमान् तस्मिन् श्री+मतुप् (सप्तमी एकवचन) वसुदेव सद्मनि का विशेषण है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम्- तारिणीश झा, पेज-4

18. शिशुपालवध महाकाव्य में कितने सर्ग हैं?
(A) दस **(B) पन्द्रह**
(C) बीस **(D) बाइस**

व्याख्या–

	महाकाव्य नाम	विभाजन सर्गों में
1.	राघवपाण्डवीयम्	13
2.	कुमारसम्भवम्	17
3.	सौन्दरनन्द	18
4.	किरातार्जुनीयम्	18
5.	रघुंवशम्	19
6.	शिशुपालवधम्	20
7.	जानकीहरणम्	20
8.	धर्मशर्माभ्युदय	21
9.	नैषधीयचरितम्	22
10.	भट्टिकाव्य (रावणवधम्)	22
11.	बुद्धचरितम्	28
12.	हरविजयम्	50

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम्- तारिणीश झा, भू.पेज-15

19. शिशुपालवधम् का प्रमुख रस है?
(A) श्रृङ्गार **(B) शान्त**
(C) वीर **(D) करुण**

व्याख्या-

रस	ग्रन्थ	उपजीव्य	विभाजन
श्रृङ्गार	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	महाभारत आदिपर्व	7 अङ्कों में
	नैषधीयचरितम्	महाभारत का वनपर्व	22 सर्गों में
	रघुवंशम्	रामायण मूलक	19 सर्गों में
शान्त	महाभारत	कौरव पाण्डवों की कथा	18 पर्वों में
	बुद्धचरितम्	बुद्ध का जीवन	28 सर्गों में
वीर	शिशुपालवधम्	महाभारत का सभापर्व	20 सर्गों में
	किरातार्जुनीयम्	महाभारत का वनपर्व	18 सर्गों में
करुण	उत्तररामचरितम्	रामायण	7 अङ्कों में
	वाल्मीकिरामायण	रामकथा	7 काण्डों में

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम्- तारिणीश झा, भू.पेज-37

20. ''सतीव योषित्प्रकृतिः सुनिश्चला पुमांसमभ्येति भवान्तरेष्वपि'' पंक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है?
(A) शिशुपालवधम् **(B) शिवराजविजय**
(C) मनुस्मृति **(D) कुमारसम्भवम्**

व्याख्या–

शिशुपालवधम्- महाकवि माघ विरचित शिशुपालवध महाकाव्य के प्रथम सर्ग में नारदजी शिशुपाल द्वारा किये गए अत्याचारों का वर्णन श्रीकृष्ण से करते हुए कहते हैं कि-

सतीव योषित्प्रकृतिः सुनिश्चला
पुमांसमभ्येति भवान्तरेष्वपि। (शिशु.1/72)

अत्यन्त स्थिर स्वभाव पतिव्रता नारी की तरह दूसरे जन्मों में भी पुरुष को प्राप्त करता है।

* **शिवराजविजय-** शिवराजविजय के प्रथम निःश्वास में ब्रह्मचारी गुरु योगिराज से शिवाजी की बात कहते हैं **'कार्यं वा साधयेयं देहं वा पातयेयम्।'**(शिव. प्रथम निःश्वास) या तो कार्य सिद्ध करुँगा या शरीर को ही समाप्त कर दूँगा।
* **मनुस्मृति-** मनुस्मृति के सप्तम अध्याय में दण्ड के महत्त्व का प्रतिपादन निम्नवत् है-

दण्डः शास्ति प्रजाः सर्वा दण्ड एवाभिरक्षति।
दण्डः सुप्तेषु जागर्ति दण्डं धर्मं विदुर्बुधाः॥
(मनु.7-18)

दण्ड सब पर राज्य करता है सबकी रक्षा करता है यह न्याय के रक्षकों के सो जाने पर भी जगा रहता है, बुद्धिमान् लोग इसको धर्म कहते हैं।

* **कुमारसम्भवम्-** कालिदास विरचित कुमारसम्भवम् के पञ्चम सर्ग में पार्वती की कठोर तपस्या को देखकर ब्रह्मचारी पार्वती को समझाते हुए कहता है-
'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्।'' (कु0 5.33)
धर्म के जितने भी कार्य हैं उनमें शरीर की रक्षा करना सबसे पहला काम है।
अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम् (1/72)- तारिणीश झा, पेज-149

21. निम्नलिखित तालिका-1 में पात्रों के प्रकार दिये गए हैं और तालिका-2 में इनके प्रसिद्ध उदाहरण दिये गए हैं। इनके आधार पर दिये गए विकल्पों में से सही सुमेलित को चुनें-

तालिका-1	तालिका-2
क. विदूषक	(i) शिशुपाल
ख. नगररक्षक	(ii) मैत्रेय, माधव्य
ग. पूर्व जन्म में रावण	(iii) सोमरात
घ. पुरोहित	(iv) चन्दनक

	क	ख	ग	घ
A	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
B	(iii)	(ii)	(i)	(iv)
C	(ii)	(iv)	(i)	(iii)
D	(ii)	(iii)	(iv)	(i)

- मृच्छकटिकम् के विदूषक का नाम मैत्रेय तथा अभिज्ञानशाकुन्तलम् के विदूषक का नाम माधव्य है।
- मृच्छकटिक प्रकरण में नगररक्षक के रूप में चन्दनक और वीरक का वर्णन प्राप्त होता है।
- शिशुपालवध महाकाव्य में शिशुपाल को पूर्वजन्म में रावण का होना दर्शाया गया है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में सोमरात को पुरोहित के रूप में वर्णित किया गया है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम्- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-1

22. 'लब्धापि खलु दुःखेन परिपाल्यते' किसका कथन है?
(A) शुकनास का **(B) चन्द्रापीड का**
(C) तारापीड का **(D) विलासवती का**

व्याख्या-
मन्त्री शुकनास के द्वारा चन्द्रापीड को अनेक विषयों पर उपदेश दिया गया। जिनमें से एक विषय लक्ष्मी का प्रसंग भी है जिससे यह पंक्ति उद्धृत की जा रही है।

(A) **'लब्धापि खलु दुःखेन परिपाल्यते। दृढगुणपाश सन्दान-निष्पन्दीकृतापि नश्यति, उद्दाम-दर्प-भट-सहस्त्रोल्लासितासिलता पञ्जर-विधृताप्यपक्रामति, मदजलदुर्दिनान्धकार-गज-घटित-घनघटा-परिपालितापि प्रपलायते।'**
लक्ष्मी को पा लेने पर भी कष्ट से परिपालन करना होता है। सुदृढ़ गुण रूपी जाल के बन्धन उत्कट अहङ्कार से युक्त सहस्त्रों योद्धाओं द्वारा उठाई गई खड्गलता रूपी पिंजरे में बन्द रखी जाने पर भी निकल जाती है। मद-जल रूप मेघाच्छन्न दिन के कारण अन्धकार उत्पन्न करने वाले गज रूपी मेघ के समूह के रोके जाने पर भी भाग जाती है।
अतः विकल्प A सही है।

(B) **चन्द्रापीड-** कादम्बरी कथा का नायक चन्द्रापीड है जो स्वयं चन्द्रमा का अवतार है।

(C) **तारापीड-** चन्द्रापीड का पिता है। जो मालवा की राजधानी उज्जयिनी का राजा था।

(D) **विलासवती-** तारापीड की पत्नी का नाम विलासवती है।

स्रोत- शुकनासोपदेश- तारिणीश झा-पेज-21

23. कादम्बरी का नायकत्वेन प्रमुख पात्र है?
(A) चन्द्रापीड **(B) चाण्डालकन्या**
(C) कादम्बरी **(D) शुकनास**

व्याख्या–
कादम्बरी कथा के पात्र-

(A) **चन्द्रापीड-** चन्द्रापीड कादम्बरी कथा का नायक है। वह चन्द्रमा का अवतार है। चन्द्रापीड के पिता का नाम तारापीड तथा माता का नाम विलासवती था।

(B) **चाण्डालकन्या-** राजा शूद्रक के राजसभा में सोने के पिजड़े में बन्द वैशम्पायन नामक तोते को लाती है जो कि आर्या छन्द में राजा की स्तुति करता है।

(C) **कादम्बरी-** कादम्बरी गन्धर्वराज चित्ररथ की पुत्री है। कादम्बरी कथा के पूर्वार्ध में परकीया मुग्धा नायिका के रूप में तथा उत्तरार्ध में स्वकीया नायिका के रूप में चित्रित है।

(D) **शुकनास-** तारापीड के महामन्त्री का नाम शुकनास, जो राज्याभिषेक के अवसर पर चन्द्रापीड को उपदेश देता है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- कादम्बरीकथामुखम्- तारिणीश झा, भू.पेज-53

24. ''मनस्तु साधुध्वनिभिः पदे पदे, हरन्ति सन्तो मणिनूपुरा इव'' पंक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत हैं?
(A) नीतिशतक (B) मेघदूत
(C) कादम्बरी (D) शिशुपालवधम्

व्याख्या–

(A) **नीतिशकतम्-** भर्तृहरि नीतिशतक के विद्वत्पद्धति में वाणी रूपी आभूषण को सभी आभूषणों से श्रेष्ठ बताते हुए कहते हैं- '**क्षीयन्तेऽखिलभूषणानि सततं वाग्भूषणं भूषणम्।**' (नीति.श्लोक-16)

सब भूषण तो नष्ट हो जाते हैं वाणी रूपी भूषण ही सदा बना रहता है, कभी नष्ट नहीं होता है।

(B) **मेघदूतम्-** कालिदास विरचित मेघदूतम् के पूर्वमेघ में यक्ष मेघ से कहता है कि- ''**स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु।**'' (मेघदूतम् पूर्वमेघ श्लोक-29)
स्त्रियों की प्रेमियों के प्रति शृङ्गार चेष्टा ही प्रथम प्रणयवाक्य होता है।

(C) **कादम्बरी-** बाणभट्ट कादम्बरी कथामुख में सज्जनों की वाणी के विषय में कहते हैं- '**मनस्तु साधुध्वनिभिः पदे पदे हरन्ति सन्तो मणिनूपुरा इव**' (कादम्बरी श्लोक-6)
सज्जन लोग मणि-जटित नुपूरों के समान एक-एक शब्द पर उत्तम वचनों से चित्त को चुरा लेते हैं।

(D) **शिशुपालवधम्-** शिशुपालवध महाकाव्य के प्रथमसर्ग में भगवान् श्रीकृष्ण नारदजी के दर्शन का महत्त्व बताते हुए कहते हैं कि- '**शरीरभाजां भवदीयदर्शनं व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्**' (शिशु0 1.26)
आपका दर्शन शरीरधारियों की तीनों काल में भी पवित्रता प्रकट करता है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- कादम्बरीकथामुखम् (श्लोक-6) तारिणीश झा, पेज-8

25. 'विन्ध्यवनभूमिरिव वेत्रलतावती' निम्नांकित में से किसका विशेषण है?
(A) प्रतीहारी (B) चाण्डालकन्या
(C) महाश्वेता (D) विन्ध्याटवी

व्याख्या–

पात्र	विशेषण

(A) **प्रतीहारी-** 'विन्ध्यवनभूमिरिव वेत्रलतावती।' (प्रतीहारी बेंत की लताओं से युक्त विन्ध्याटवी की भूमि के समान बेंत की छड़ी लिए हुई थी।)

(B) **चाण्डालकन्या-** मन्ये च
''मातङ्ग-जाति-स्पर्श-दोष-भयादस्पृशतेयमुत्पादिता प्रजापतिना,अन्यथा कथमियमक्लिष्टता लावण्यस्य।'' मैं तो ऐसा मानता हूँ कि चाण्डाल जाति के स्पर्श के दोष के भय के कारण ब्रह्मा ने बिना छुए ही इसको बनाया है यदि ऐसा नहीं होता तो इसकी सुन्दरता, इतनी कोमल कैसे होती ?

(C) **महाश्वेता-** कादम्बरी के महाश्वेतावृत्तान्त में 'न हि क्षुद्रनिर्घातपाताभिहता चलति वसुधा' अर्थात् पृथ्वी तुच्छ प्रहार पात से प्रताड़ित होकर नहीं काँपती।

(D) **विन्ध्याटवी-** 'क्रूरसत्त्वापि मुनिजनसेविता।' (क्रूर जीवों से युक्त होने पर भी मुनियों द्वारा सेवित थी।)

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- कादम्बरीकथामुखम्- अभिराज राजेन्द्र मिश्र, पेज-40

26. कादम्बरी में किस रीति का प्रयोग हुआ है?
(A) वैदर्भी रीति (B) गौड़ी रीति
(C) लाटी रीति (D) पाञ्चाली रीति

व्याख्या–
वैदर्भी रीति - अभिज्ञानशाकुन्तलम्
गौड़ी रीति - मालतीमाधवम् और उत्तररामचरितम्
पाञ्चाली रीति - कादम्बरी

अतः विकल्प (D) सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-496

27. कादबरी में वर्णित इन्द्रायुध था-
(A) मन्त्री (B) राजा
(C) घोड़ा (D) शुक

व्याख्या–

	पात्र		नाम
(A)	मन्त्री	-	शुकनास
(B)	राजा	-	शूद्रक
(C)	घोड़ा	-	इन्द्रायुध
(D)	शुक	-	वैशम्पायन

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- कादम्बरीकथामुखम्- तारिणीश झा, पेज-39

28. नलचम्पू के मङ्गलाचरण में किस देवता की स्तुति है?
(A) शिव-पार्वती की
(B) विष्णु की
(C) सरस्वती की
(D) उपर्युक्त में से किसी की भी नहीं

व्याख्या–

(A) नलचम्पूकार त्रिविक्रमभट्ट नलचम्पू के प्रथमोच्छ्वास में शिव-पार्वती की स्तुति करते हैं-

जयति गिरिसुतायाः कामसन्तापवाहि-
न्युरसि रसनिषेकश्चान्दनश्चन्द्रमौलिः।
तदनु च विजयन्ते कीर्तिभाजां कवीना-
मसकृदमृतबिन्दुस्यन्दिनो वाग्विलासाः।

(नलचम्पू 1.1)

पार्वती के काम सन्तप्त वक्षस्थल पर चन्दन रस के सेचन रूप चन्द्रशेखर अर्थात् शिव सर्वोत्कृष्ट हैं तत्पश्चात् यशस्वी कवियों के बार-बार अमृत बिन्दु टपकाने वाले वाणी के विलास उत्कृष्ट हैं।

(B) शिवराजविजय में अम्बिकादत्तव्यास भागवत के मन्त्रों से भगवान् विष्णु का मङ्गलाचरण करते हुए कहते हैं-

विष्णोर्माया भगवती यया सम्मोहितं जगत्

(भागवतम् 10.1.25)

भगवान् विष्णु की माया ऐश्वर्यशालिनी है जिसने सम्पूर्ण जगत् को मोह में डाल रखा है।

(C) आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश में सरस्वती की स्तुति करते हुए ग्रन्थ का आरम्भ करते हैं-

नियतिकृतनियमरहितां ह्लादैकमयीमनन्यपरतन्त्राम्।
नवरसरुचिरां निर्मितिमादधती भारती कवेर्जयति॥

(काव्यप्रकाश 1.1)

जो नियति द्वारा नियमों से रहित है, केवल आनन्दमयी है, कविभारती से अन्य की अधीनता से रहित है, काव्यगत शृङ्गार-हास्य,करुण आदि नवरसों से मनोहर ऐसी मनोहर काव्यसृष्टि को धारण करने वाली कवि भारती सर्वोत्कृष्ट है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- नलचम्पू (1/1) तारिणीश झा, पेज-1

29. ''किं कवेस्तेन काव्येन किं काण्डेन धनुष्मतः। परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिरः॥'' पद्य वाक्य उद्धृत है-
(A) उत्तररामचरितम् से (B) नीतिशतकम् से
(C) नलचम्पू से (D) वेणीसंहार से

व्याख्या–

(A) **उत्तररामचरितम्-** भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् के प्रथम अङ्क में राम महर्षियों की वाणी की विशेषता बताते हुए कहते हैं कि-

लौकिकानां हि साधूनामर्थं वागनुवर्तते।
ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति॥

(उत्तररामचरितम् 1/10)

लौकिक सज्जनों की वाणी तो अर्थ का अनुसरण करती है, परन्तु प्राचीन महर्षियों की वाणी के पीछे अर्थ स्वयं चलता है।

(B) **नीतिशतकम्-** भर्तृहरि विरचित नीतिशतकम् के धैर्यपद्धति में धीरवान् व्यक्ति का वर्णन किया गया है-

मनस्वी कार्यार्थी न गणयति दुःखं न च सुखम्।

(नीतिशतकम् -74)

अपना काम पूरा करने वाले मनस्वी लोग सुख और दुःख की परवाह नहीं करते।

(C) **नलचम्पू-** त्रिविक्रमभट्ट नलचम्पू के प्रथमोच्छ्वास में कवि के काव्यकर्म का वर्णन करते हुए कहते हैं-

किं कवेस्तेन काव्येन किं काण्डेन धनुष्मतः।
परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिरः॥

(नलचम्पू 1.5)

कवि के उस कर्म काव्य से क्या लाभ और धनुर्धारी के उस बाण से क्या लाभ जो दूसरे के हृदय में लगकर चमत्कार अथवा सिर न झुका दे।

अतः विकल्प C सही है।

(D) **वेणीसंहार-** भट्टनारायण प्रणीत वेणीसंहार नाटक के द्वितीय अङ्क में राजा भानुमती से कहता है कि-

प्रायेणैव हि दृश्यन्ते स्वप्नाः कामं शुभाशुभाः॥

(वेणीसंहार 2.14)

लोग यद्यपि शुभ तथा अशुभ बहुत सारे स्वप्न देखते हैं।

स्रोत- नलचम्पू (1/5)- तारिणीश झा, पेज-6

30. ''करोति कस्य नाह्लादं कथा कान्तेव भारती'' सूक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है ?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (B) नलचम्पू
(C) कादम्बरी (D) हर्षचरित

व्याख्या-

(A) **अभिज्ञानशाकुन्तलम्-** कालिदास द्वारा रचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के द्वितीय अङ्क में शकुन्तला से अलग होने के पश्चात् राजा दुष्यन्त कहता है कि - **''अहो विघ्नवत्यः प्रार्थितार्थसिद्धयः''** (अङ्क 2)

ओह! अभीष्ट वस्तुओं की प्राप्ति विघ्नों से युक्त होती है।

(B) **नलचम्पू-** नलचम्पूकार त्रिविक्रमभट्ट नलचम्पू के प्रथमोच्छ्वास में महाभारत की प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि-

कर्णान्तविभ्रमभ्रान्तकृष्णार्जुनविलोचना।
करोति कस्य नाह्लादं कथा कान्तेव भारती॥
(1/13)

कर्ण का विनाश हो जाने पर आश्चर्य से चंचल कृष्ण अर्जुन तथा धृतराष्ट्र वाली महाभारत की कथा किसको आनन्दित नहीं करती ।

(C) **कादम्बरी-** महाकवि बाणभट्ट कादम्बरी कथामुख के स्तुति वर्णन में सज्जनों की वाणी का वर्णन करते हुए कहते हैं कि-
मनस्तु साधुध्वनिभिः पदे-पदे,हरन्ति सन्तो मणिनूपुरा इव।।
(श्लोक-6)
सज्जन लोग मणिजटित नूपुरों के समान एक-एक शब्द पर उत्तम वचनों से चित्त को चुरा लेते हैं।

(D) **हर्षचरित-** महाकवि कालिदास की प्रशंसा करते हुए बाणभट्ट हर्षचरितम् के प्रथमोच्छ्वास में कहते हैं-
प्रीतिर्मधुरसान्द्रासु मञ्जरीष्विव जायते। (हर्ष.1/16)
कालिदास की स्वाभाविक मधुर और सरस काव्योक्तियों में सचमुच किसे आनन्द नहीं होता है।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- नलचम्पू (1/13)- तारिणीश झा, पेज-15

31. ''गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः'' सूक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् **(B) उत्तररामचरितम्**
(C) किरातार्जुनीयम् **(D) शिशुपालवधम्**

व्याख्या–

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के पञ्चम अङ्क में जब ऋषि लोग शकुन्तला को लेकर राजा के यहाँ जाते हैं तो राजा ऋषियों से कुशलक्षेम पूछते हैं तो ऋषि लोग कहते हैं-
कुतो धर्मक्रियाविघ्नः सतां रक्षितरि त्वयि।
तमस्तपति घर्मांशौ कथमाविर्भविष्यति? (अभि05.14)
ऋषि लोग राजा से कहते हैं- सज्जनों के रक्षक आपके विद्यमान होते हुए धार्मिक क्रियाओं में विघ्न कैसे हो सकता है? सूर्य के तपते हुए होने पर अन्धकार कैसे प्रकट हो सकता है?

(B) उत्तररामचरितम्- भवभूति प्रणीत उत्तररामचरितम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में जब सीता की अग्नि परीक्षा की चर्चा होती है तो अरुन्धती कौशल्या से कहती हैं कि-
'गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः॥'
(उत्तररामचरितम् 4.11)
गुणवानों में गुण ही पूजा के स्थान होते हैं, न कोई चिह्न विशेष और न आयु।
अतः विकल्प B सही है।

(C) किरातार्जुनीयम्- भारवि विरचित किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में दुर्योधन की राजव्यवस्था को जानकर लौटा हुआ वनेचर युधिष्ठिर से कहता है कि-
'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' (किरातार्जुनीयम् 1.4)
हितकारी एवं मनोहर वाणी दुर्लभ होती है।

(D) शिशुपालवधम्- महाकवि माघ विरचित शिशुपालवध के द्वितीय सर्ग में बलराम श्रीकृष्ण से कहते हैं कि-
तेजस्विमध्ये तेजस्वी दवीयानपि गण्यते।
पञ्चमः पञ्चतपसस्तपनो जातवेदसाम् ॥
(शिशु.2.51)
अत्यन्त दूर रहने वाला भी तेजस्वी पुरुष तेजस्वियों में उसी प्रकार गिना जाता है जिस प्रकार पञ्चतप वाले तपस्वियों की पञ्चाग्नि में सूर्य पाँचवी अग्नि होती है।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- उत्तररामचरितम् (4/11)- शिवबालक द्विवेदी, पेज-410

32. 'व्यक्तिविवेक' के रचनाकार हैं-
(A) भोजराज **(B) धनञ्जय**
(C) क्षेमेन्द्र **(D) महिमभट्ट**

व्याख्या–

कवि	अनुमानित समय	रचनाएँ
* भोजराज	11 वीं शताब्दी	रामायणचम्पू, सरस्वती कण्ठाभरण
* धनञ्जय	10 वीं शताब्दी	दशरूपक
* क्षेमेन्द्र	11 वीं शताब्दी	औचित्यविचारचर्चा
* महिमभट्ट	11 वीं शताब्दी	व्यक्तिविवेक
* विश्वनाथ	14 वीं शताब्दी	राघवविलास, साहित्यदर्पण
* पण्डितराज जगन्नाथ	17 वीं शताब्दी	रसगङ्गाधर
* जयदेव	13 वीं शताब्दी	प्रसन्नराघव, चन्द्रालोक

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- पारसनाथ द्विवेदी, भू.पेज-25

33. सांख्यदर्शन के प्रवर्तक हैं-
(A) भरतमुनि **(B) कपिलमुनि**
(C) बादरायणमुनि **(D) जैमिनि**

व्याख्या-

मुनि	ग्रन्थ	समय	ग्रन्थप्रकार
भरतमुनि	नाट्यशास्त्र	1000ई.पू. से 300ई.	काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ
कपिल	सांख्यसूत्र	700ई.पू.	सांख्यदर्शन
बादरायण	ब्रह्मसूत्र	300ई.पू.	वेदान्तदर्शन
जैमिनि	मीमांसासूत्र	600ई.पू.	मीमांसादर्शन

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका- राकेश शास्त्री, पेज- भू.- 25

34. 'विषमबाणलीला' किसकी रचना है?
(A) दण्डी **(B) भामह**
(C) आनन्दवर्धन **(D) रुद्रट**

व्याख्या-

	कवि	ग्रन्थ	विभाजन
(A)	दण्डी	काव्यादर्श	तीन परिच्छेद 660 पद्य
(B)	भामह	काव्यालङ्कार	6 परिच्छेद
(C)	आनन्दवर्धन	विषमबाणलीला	प्राकृतकाव्य (अप्राप्य)
(D)	रुद्रट	काव्यालंकार	16 अध्याय

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- ध्वन्यालोक- आचार्य विश्वेश्वर, भू.पेज-35

35. 'अवन्तिसुन्दरी' के लेखक हैं-
(A) दण्डी **(B) बाणभट्ट**
(C) भट्टनारायण **(D) रुद्रट**

व्याख्या-

(A) **दण्डी-** अवन्तिसुन्दरीकथा, दशकुमारचरितम्, छन्दोविचित, काव्यादर्श। (छठीं शताब्दी)
(B) **बाणभट्ट-** कादम्बरी, हर्षचरितम्, पार्वतीपरिणय, चण्डीशतक, मुकुटताडितकम् (सातवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध)
(C) **भट्टनारायण-** वेणीसंहार (सातवीं- आठवीं शताब्दी)
(D) **रुद्रट-** काव्यालङ्कार (850ई.)

अतः विकल्प 'A' सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-466

36. ''काव्यप्रकाश'' के प्रथम उल्लास का नाम है-
(A) ध्वनिस्वरूप निरूपण
(B) अर्थव्यञ्जकता निरूपण
(C) काव्यस्वरूप निरूपण
(D) शब्दार्थस्वरूप निरूपण

व्याख्या-

* प्रथम उल्लास - काव्यादिस्वरूप निर्णय
* द्वितीय उल्लास - शब्दार्थस्वरूप निर्णय
* तृतीय उल्लास - अर्थव्यञ्जकता निरूपण
* चतुर्थ उल्लास - ध्वनिकाव्य निरूपण
* पञ्चम उल्लास - गुणीभूतव्यङ्ग्य निरूपण
* षष्ठ उल्लास - चित्रकाव्य निरूपण
* सप्तम उल्लास- दोष निरूपण
* अष्टम उल्लास - गुण निरूपण
* नवम उल्लास - शब्दालङ्कार
* दशम उल्लास - अर्थालङ्कार

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (प्रथम उल्लास)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-33

37. प्रयोजन सदैव गम्य है-
(A) इंगित से **(B) व्याजोक्ति से**
(C) व्यञ्जना से **(D) उपर्युक्त सभी से**

व्याख्या-

आचार्य मम्मटकृत काव्यप्रकाश के द्वितीय उल्लास में व्यञ्जना की अपरिहार्यता एवं प्रयोजनैकमात्रगम्य बताया गया है-

'यस्य प्रतीतिमाधातुं लक्षणा समुपास्यते।
फले शब्दैकगम्येऽत्र व्यञ्जनान्नापरा क्रिया॥'

(का.प्र. सूत्र- 23)

जिस प्रयोजन विशेष की प्रतीति कराने के लिए लक्षणा का आश्रय लिया जाता है, केवल शब्द से गम्य उस प्रयोजन के विषय में व्यञ्जना के अतिरिक्त कोई व्यापार नहीं है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-23)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-70

38. 'गौरयम्' उदाहरण है-
(A) शुद्धा लक्षणा का
(B) सारोपा लक्षणा का
(C) शाब्दी व्यञ्जना का
(D) साध्यवसाना गौणी लक्षणा का

व्याख्या-

आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में लक्षणा के छः भेद किये हैं-

''लक्षणा तेन षड्विधा'' (का0प्र0 सूत्र -17)

लक्षणा
- शुद्धा
  - 1. उपादान लक्षणा (कुन्ताः प्रविशन्ति)
  - 2. लक्षण लक्षणा (गङ्गायां घोषः)
  - 3. शुद्धा सारोपा (आयुर्घृतम्)
  - 4. शुद्धासाध्यवसाना (आयुरेवेदम्)
- गौणी
  - 5. गौणी सारोपा (गौर्वाहीकः)
  - 6. गौणी साध्यवसाना (गौरयम्)

अतः विकल्प 'D' सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-17)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-66

39. 'रसादिध्वनि' के अन्तर्गत आते हैं-
(A) रस (B) भाव
(C) रसाभास, भावाभासादि (D) उपर्युक्त सभी

व्याख्या-

आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के चतुर्थोल्लास में ध्वनि भेद के प्रसङ्ग में रसादि ध्वनि का निरूपण करते हैं-

* **रसभावतदाभासभावशान्त्यादिरक्रमः।**
भिन्नो रसाद्यलङ्कारादलङ्कार्यतया स्थितः॥ (का.प्र.सूत्र- 42)

जहाँ पर रस, भाव, रसाभास, भावाभास, भावोदय, भावसन्धि भावशबलता, भावशान्ति आदि प्रधानरूप से स्थित रहते हैं वहाँ असंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यध्वनि होती है। इसप्रकार यहाँ पर ये रसध्वनि प्रधान होते हैं, वहाँ ये अलङ्कार्य होते हैं, इसलिए वहाँ पर रसादि व्यङ्ग्य होते हैं।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (चतुर्थ उल्लास)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-94

40. काव्यप्रकाशकार द्वारा की गई रस की परिभाषा है-
(A) विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः
(B) व्यक्तः स तैर्विभावाद्यैः स्थायीभावो रसः स्मृतः
(C) ब्रह्मास्वादमिवानुभावयन् अलौकिकचमत्कारकारी शृङ्गारादिको रसः
(D) पुटपाकप्रतीकाशः रामस्य करुणो रसः

व्याख्या-

(A) **भरतमुनि-** आचार्य भरतमुनि नाट्यशास्त्र के छठवें अध्याय में रस का लक्षण करते हैं- ''विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः'' (नाट्य. अध्याय-6) विभाव, अनुभाव, तथा व्यभिचारीभावों के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है।

(B) मम्मट काव्यप्रकाश के चतुर्थ उल्लास में रस का लक्षण करते हैं- **'व्यक्तः स तैर्विभावाद्यैः स्थायीभावो रसः स्मृतः'** (का. प्र. सूत्र-43)। विभाव आदि के द्वारा व्यक्त किया गया रति आदि स्थायीभाव ही रस कहलाता है।

(C) काव्यप्रकाश के चतुर्थ उल्लास में रस के सन्दर्भ में आचार्य मम्मट अभिनवगुप्त के मत को उद्धृत करते हैं- **'ब्रह्मास्वादमिवानुभावयन् अलौकिक चमत्कारकारी शृङ्गारादिको रसः।'** रस के सम्बन्ध में अभिनवगुप्त का मत है कि 'ब्रह्म साक्षात्कार का अनुभव कराता हुआ सा, अलौकिक आनन्द को प्रदान करने वाला चमत्कारी शृङ्गार आदि रस होता है।

(D) **भवभूति-** उत्तररामचरितम् में करुण रस के विषय में भवभूति कहते हैं कि- **'पुटपाकप्रतीकाशःरामस्य करुणो रसः'** (3/1) उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में मुरला तमसा से कहती है कि राम का करुण रस (शोक) पुटपाक के तुल्य है।

अत विकल्प 'B' सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (चतुर्थ उल्लास)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-95

41. आरोपित शब्दव्यापार है-
(A) लक्षणा (B) अभिधा
(C) व्यञ्जना (D) लक्षणा एवं व्यञ्जना दोनों

व्याख्या-

आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में शब्दवृत्तियों की चर्चा करते हैं-

अभिधा- अभिधा को परिभाषित करते हुये आचार्य मम्मट कहते हैं- **'स मुख्योऽर्थस्तत्र मुख्यो व्यापारोऽस्याभिधोच्यते।'** (का0प्र0सूत्र- 11) साक्षात् सङ्केतित अर्थ ही मुख्यार्थ है। साक्षात् सङ्केतित अर्थ के विषय में शब्द का जो मुख्य व्यापार है वह अभिधा कहा जाता है।

लक्षणा- लक्षणा को परिभाषित करते हुये आचार्य मम्मट कहते हैं-

मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात्।
अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रिया॥
(का.प्र.सूत्र-12) मुख्यार्थ का बाध होने पर, मुख्यार्थ के साथ सम्बन्ध होने पर रूढ़ि अथवा प्रयोजनवश जिस शब्दवृत्ति से अन्य अर्थ की प्रतीति होती है वह शब्द में कल्पित अथवा आरोपित वृत्ति या व्यापार लक्षणा है।

अतः विकल्प 'A' सही है।

व्यञ्जना- व्यञ्जना का लक्षण आचार्य मम्मट निम्नवत् करते हैं-

यस्य प्रतीतिमाधातुं लक्षणा समुपास्यते।
फले शब्दैकगम्येऽत्र व्यञ्जनान्नापरा क्रिया॥
(का० प्र० सूत्र-23) जिस प्रयोजन विशेष की प्रतीति कराने के लिये लाक्षणिक शब्द का आश्रय लिया जाता है केवल शब्द से गम्य उस फल के विषय में व्यञ्जना के अतिरिक्त और कोई व्यापार नहीं हो सकता है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-12)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-51

42. 'काव्यप्रकाश' के नवम उल्लास का नाम है-
(A) शब्दालङ्कारनिर्णयात्मकः
(B) काव्यस्य प्रयोजन-कारण-स्वरूपनिर्णयात्मकः
(C) शब्दार्थस्वरूप-निर्णयात्मकः
(D) गुणीभूतव्यङ्ग्यनिरूपणात्मकः

व्याख्या-

A. नवम उल्लास- शब्दालङ्कार-निर्णयात्मकः
B. प्रथम उल्लास- काव्यस्य प्रयोजन-कारण-स्वरूप निर्णयात्मकः
C. द्वितीय उल्लास- शब्दार्थस्वरूपनिर्णयात्मकः
D. पञ्चम उल्लास- गुणीभूतव्यङ्ग्यनिरूपणात्मकः

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-439

43. 'तददोषौ शब्दार्थौ' में विशेष्य पद क्या है?
(A) तद् **(B) अदोषौ**
(C) शब्दार्थौ **(D) उपर्युक्त सभी**

व्याख्या-

प्रस्तुत लक्षण आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्यलक्षण के सन्दर्भ में देते हैं।

'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि।' (का० प्र० सूत्र- 1)

दोष-रहित, गुणसहित यदि कहीं-कहीं पर अलङ्कार से रहित शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य है। यहाँ 'तद्' विशेष्य पद काव्य के लिए प्रयुक्त हुआ है अर्थात् ऐसा काव्य जो उपर्युक्त विशेषताओं से युक्त हो वह काव्य है।

अतः विकल्प 'A' सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-439

44. इनमें से कौन काव्यप्रयोजन नहीं है?
(A) शक्ति **(B) निपुणता**
(C) अभ्यास **(D) उपर्युक्त सभी**

व्याख्या-

आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में शक्ति, निपुणता और अभ्यास को काव्य हेतु मानते हुए कहते हैं **कि शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्। काव्यज्ञशिक्षयाभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे ॥**(का.प्र.1.3) आचार्य मम्मट ने शक्ति, निपुणता और अभ्यास के समुदित रूप को काव्य का हेतु माना है।

1. **शक्ति-** 'शक्तिः कवित्वबीजरूपः संस्कारविशेषः।' शक्ति (प्रतिभा) कवित्व बीजरूप संस्कार विशेष है।
2. **निपुणता-** 'लोकस्य स्थावरजङ्गमात्मकलोकवृत्तस्य शास्त्राणां ....काव्यं कर्तुं विचारयितुं च ये जानन्ति।' लोक अर्थात् जड़- चेतन रूप जगत् के व्यवहार ग्रन्थ एवं महाकवियों के काव्यों तथा इतिहास आदि के अनुशीलन से उत्पन्न निपुणता तथा जो काव्य करना एवं विचार करना जानते हैं।
3. **अभ्यास-** 'तदुपदेशेन करणे योजने च पौनः पुन्येन प्रवृत्तिरिति।'
उन ग्रन्थों एवं उन कवियों के उपदेश के अनुसार काव्य-निर्माण और उनके संयोजन में बार-बार प्रवृत्ति अभ्यास है, ये तीनों मिलकर काव्य निर्माण में सहायक होते हैं।
काव्यप्रयोजन छह हैं- यश, अर्थप्राप्ति, व्यवहारज्ञान, अमङ्गलनाश, सद्यः आनन्दप्राप्ति, कान्तासम्मित उपदेश। इससे सिद्ध है कि उपर्युक्त विकल्प में कोई भी का काव्यप्रयोजन नहीं है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (1/2)- आचार्य विश्वेश्वर,पेज-10

45. ''गौः शुक्लश्चलो डित्थः'' किसका विचार है?
(A) मम्मट का
(B) आनन्दवर्धन का
(C) महाभाष्यकार का
(D) उपर्युक्त में से किसी का भी नहीं

व्याख्या-
'गौः शुक्लश्चलो डित्थः' इत्यादौ 'चतुष्टयी शब्दानां प्रवृत्तिः इति महाभाष्यकारः।' गौः अर्थात् गाय जाति, शुक्ल अर्थात रङ्ग विशेष गुण, चलः अर्थात् चलन क्रिया, डित्थ अर्थात् सञ्ज्ञा विशेष व्यक्ति इत्यादि शब्दों के अर्थ का भेद नहीं हो सकता है, इसलिये उस व्यक्ति की उपाधि में ही सङ्केतग्रह होता है।
जाति - गौः (प्राणप्रद),
गुण - शुक्लः (विशेषाधान)
क्रिया - चलः (क्रिया रूप)
यदृच्छा - डित्थ (सञ्ज्ञा, द्रव्य)
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- काव्यप्रकाश(द्वितीय उल्लास)-श्रीनिवास शास्त्री,पेज-47

46. 'संकेतित अर्थ' कितने प्रकार का होता है?
(A) छह प्रकार का (B) आठ प्रकार का
(C) तीन प्रकार का (D) चार प्रकार का

व्याख्या-
(A) आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्य के छः प्रयोजन मानते हैं-
काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपेदेशयुजे॥
(का.प्र.1/2)
काव्य से यश की प्राप्ति, धन की प्राप्ति, लोक व्यवहार का ज्ञान, अमङ्गल का नाश, शीघ्र ही परमानन्द की प्राप्ति तथा प्रियतमा के तुल्य उपदेश प्रदान के लिए होता है।
(B) आचार्य भरतमुनि नाट्यशास्त्र के छठवें अध्याय में नाट्य में आठ रस मानते हैं-
शृङ्गारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतसञ्ज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृता॥
शृङ्गार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत ये आठ रस नाटक में होते हैं। आचार्य मम्मट शान्तरस को मानते हुए नाटक में नौ रस मानते हैं।
(C) आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में तीन प्रकार के काव्यहेतु माने हैं-
शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्।
काव्यज्ञशिक्षयाभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे॥
(का.प्र.1/3) शक्ति, लोकशास्त्र तथा काव्य इत्यादि के निरीक्षण से होने वाली निपुणता तथा काव्य के जानने वालों की शिक्षा द्वारा अभ्यास यह तीनों मिलकर काव्य उद्‌भव के हेतु हैं।
(D) आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में संकेतग्रह के विषय में कहते हैं-
'सङ्केतितश्चतुर्भेदो जात्यादिर्जातिरेव वा' (का.प्र.सूत्र-10)
जिस अर्थ में सङ्केत किया जाता हैं वह चार प्रकार का होता है-
जाति, गुण, क्रिया, यदृच्छा। जाति-गौः, गुण-शुक्ल, क्रिया-चल, यदृच्छा-डित्थ।
अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-43

47. 'सकलप्रयोजनमौलिभूतम्' किसे कहा गया है?
(A) यश को (B) धनोपार्जन को
(C) व्यवहारज्ञान को (D) सद्यः परनिर्वृति को

व्याख्या-
आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्यप्रयोजन का निरूपण करते हुए कहते हैं-
काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे॥
(का.प्र.1/2)
काव्य से यश की प्राप्ति, धन की प्राप्ति,लोक व्यवहार का ज्ञान, अमङ्गल का नाश, शीघ्र ही परमानन्द की प्राप्ति तथा प्रियतमा के तुल्य उपदेश प्रदान करने वाला है।
आचार्य मम्मट काव्य के पाँचवें प्रयोजन सद्यः परनिर्वृतये के विषय में कहते हैं कि-
'सकलप्रयोजनमौलिभूतं समनन्तरमेव रसास्वादनसमुद्भूतं विगलितवेद्यान्तरमानन्दम्'
अर्थात् काव्य श्रवण के अनन्तर शीघ्र ही रस के आस्वादन से उत्पन्न होता है एवं जिसमें अन्य ज्ञेय पदार्थ विगलित (नष्ट) हो जाते हैं काव्य से ऐसे आनन्द की प्राप्ति होती है।
विशेष- आचार्य मम्मट काव्य की तीन शैली का उल्लेख करते हैं- प्रभुसम्मित शैली, कान्तासम्मितशैली, सुहृत्सम्मित शैली।
अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- काव्यप्रकाश (1/2)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-10

48. 'अन्विताभिधानवाद' मत है-
(A) आनन्दवर्धन का (B) प्रभाकरगुरु का
(C) कुमारिलभट्ट का (D) मम्मट का

व्याख्या-

	आचार्य	सिद्धान्त या वाद
A.	आनन्दवर्धन	ध्वनिसिद्धान्त
B.	प्रभाकरगुरु	अन्विताभिधानवाद
C.	कुमारिलभट्ट	अभिहितान्वयवाद
D.	मम्मट	समन्वयवाद

विशेष- आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में शब्द शक्तियों का विवेचन करते हुए 'तात्पर्यार्थोऽपि केषुचित्' मत का उद्धरण देते हुए दो सिद्धान्तों का उल्लेख करते हैं। अन्विताभिधानवाद जिसके आचार्य प्रभाकरगुरु हैं तथा अभिहितान्वयवाद जिसके आचार्य कुमारिलभट्ट हैं।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश द्वितीय उल्लास पेज-37

49. शब्दपरिवृत्ति असहिष्णुत्व प्राप्त होता है-
(A) अर्थालङ्कार में
(B) शाब्दी व्यञ्जना में
(C) शब्दालङ्कार में
(D) उपर्युक्त B एवं C दोनों में

व्याख्या-
जो शब्द परिवृत्ति को सहन नहीं करता वह शब्दालङ्कार और जो शब्द परिवृत्ति को सहन करता है वह अर्थालङ्कार होता है।

पठन्ति शब्दालङ्कारान् बहून्न्यान्मनीषिणः।
परिवृत्ति सहिष्णुत्वान्न ते शब्दैकभागिनः॥

शब्द परिवर्तन असह्य होने के कारण शब्दालङ्कार कहा जाता है। यही शब्द परिवृत्यसहत्व ही शब्दालङ्कार का भेदक तत्त्व है। इसी प्रकार शाब्दी व्यञ्जना में भी शब्द परिवृत्त असहिष्णुत्व प्राप्त होता है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (नवम उल्लास)-आचार्य विश्वेश्वर,पेज-400

50. ''सुरभिं-सुरभिं सुमनोभरैः'' में कौन-सा अलंकार है?
(A) श्लेष (B) यमक
(C) उपमा (D) भ्रान्तिमान्

व्याख्या–
आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के दशम परिच्छेद में अलङ्कारों का लक्षण करते हैं-

श्लेष अलङ्कार- 'शिलष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष इष्यते।' (सा.द.10/11) श्लेष वह अलङ्कार है जिसे शिलष्ट पदों द्वारा अनेक अर्थों के अभिधान में देखा जाया करता है। यह श्लेष आठ प्रकार का होता है- वर्णश्लेष, प्रत्ययश्लेष, लिङ्गश्लेष, प्रकृतिश्लेष, पदश्लेष, विभक्तिश्लेष, वचनश्लेष, भाषाश्लेष।

उदाहरण- प्रतिकूलतामुपगते हि विधौ विफलत्वमेति बहुसाधनता।

यमक अलङ्कार- सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यञ्जनसंहतेः। क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते।। (सा०द० 10/8)
भिन्न-भिन्न अर्थों वाले स्वर व्यञ्जन समुदाय की उसी क्रम में आवृत्ति होने को यमक कहते हैं।

उदाहरण-
नवपलाश-पलाशवनं पुरः स्फुटपराग-परागत- पङ्कजम्।
मृदुल-तान्त-लतान्तमलोकयत्स सुरभिं सुरभिं सुमनोभरैः।।
प्रस्तुत उदाहरण में पलाश-पलाश और सुरभिं-सुरभिं इसमें दोनों पद सार्थक हैं। लतान्त -लतान्त में पहला निरर्थक है इसमें 'ल' मृदुल शब्द से मिला है। पराग- पराग में दूसरा पराग निरर्थक है इसमें अगले 'गत' शब्द से 'ग' मिलाया गया है। **अतः विकल्प B सही है।**

उपमा- साम्यं वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्य उपमा द्वयोः (सा.द. 10/14) उपमा वह अलङ्कार है जिसे उपमान और उपमेय का साम्य अथवा सादृश्य कहा करते हैं, जो कि स्पष्टतः एक वाक्य में प्रतिपादित रहा करता है और जिसमें वैधर्म्य की कोई भी चर्चा नहीं हुआ करती।

उदाहरण-
मधुरः सुधावदधरः पल्लवतुल्योऽतिपेलवः पाणिः।
चकितमृगलोचनाभ्यां सदृशी चपले च लोचने तस्याः।।

भ्रान्तिमान्- साम्यादतस्मिंस्तद्बुद्धिर्भ्रान्तिमान् प्रतिभोत्थितः।। (सा०द० 10/36)
जिसे सादृश्य के कारण एक वस्तु में दूसरी वस्तु का ऐसा अनुभव कहा जाया करता है जो स्वारसिक नहीं अपितु कवि प्रतिभोत्थापित हुआ करती है।

उदाहरण- प्रिय इति गोपवधूभिः शिशुरिति वृद्धैरधीश इति देवैः।।

स्रोत- छन्दोलङ्कारसौरभम्- राजेन्द्र मिश्र, पेज-60

51. आचार्य कुन्तक के अनुसार काव्य का लक्षण है-
(A) रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्
(B) तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि
(C) वाक्यं रसात्मकं काव्यम्
(D) वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्

व्याख्या–

(A) पण्डितराज जगन्नाथ रसगङ्गाधर के प्रथम आनन में काव्य का लक्षण करते हैं-
'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।' (रसगङ्गाधर-01)
रमणीय अर्थ के प्रतिपादक शब्द काव्य कहलाते हैं।

(B) आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्य का लक्षण करते हुये कहते हैं कि- 'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि।' (का.प्र.सूत्र-01)
दोषरहित, गुणसहित कहीं-कहीं स्पष्ट अलङ्कारों से रहित भी शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य है।

(C) आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं- वाक्यं रसात्मकं काव्यम् (सा.द. 1/3)
रसात्मक वाक्य काव्य कहलाता है।

(D) आचार्य कुन्तक वक्रोक्तिजीवितम् के प्रथमोन्मेष में काव्य का लक्षण करते हैं- 'वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्।'
वक्रोक्ति काव्य की आत्मा है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण- राजेन्द्र मिश्र, भू.पेज-94

52. 'प्रतिभा', 'व्युत्पत्ति' और 'अभ्यास' में सर्वमान्य हेतु है-
(A) प्रतिभा
(B) व्युत्पत्ति
(C) अभ्यास
(D) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

व्याख्या-

आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्यहेतु के सम्बन्ध में कहते हैं-

* **शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्।**
काव्यज्ञशिक्षयाभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे॥
(का.प्र.-1/3)

शक्ति, लोकशास्त्र, काव्य आदि के पर्यवेक्षण से उत्पन्न निपुणता और काव्य के जानने वाले कवि और आलोचकों की शिक्षा के द्वारा अभ्यास- ये तीनों मिलकर काव्य के उद्भव के हेतु हैं।

* आचार्य मम्मट ने शक्ति (प्रतिभा) को सर्वमान्य हेतु कवित्व का बीजभूत संस्कार-विशेष को माना है।
''शक्तिः कवित्वबीजरूपः संस्कारविशेषः यां विना काव्यं न प्रसरेत् प्रसृतं वा उपहसनीयं स्यात्।''
* जगन्नाथ, विश्वनाथ आदि सभी आचार्यों ने प्रतिभा को काव्यहेतु के रूप में स्वीकार किया है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (1/3)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-16

53. ''प्रतिकूलतानुपगते हि विधौ विफलत्वमेति बहुसाधनता'' में अलंकार है-
(A) श्लेष **(B) अनुप्रास**
(C) उपमा **(D) उत्प्रेक्षा**

व्याख्या-

आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के दशम परिच्छेद में अलङ्कार का लक्षण करते हैं-

* **श्लेष अलङ्कार-** श्लिष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष इष्यते।
वर्णप्रत्ययलिङ्गानां प्रकृत्योः पदयोरपि।।
श्लेषाद्विभक्तिवचनभाषाणामष्टधा च सः।
(सा.द.10/11-12)

श्लिष्ट पदों से अनेक अर्थों का अभिधान होने पर श्लेष अलङ्कार होता है। वर्ण, प्रत्यय, लिङ्ग, प्रकृति, पद, विभक्ति, वचन और भाषा इनके श्लिष्ट होने के कारण वर्ण श्लेष, प्रत्यय श्लेष आदि भेदों से यह अलङ्कार आठ प्रकार का होता है।

उदाहरण-

प्रतिकूलतामुपगते हि विधौ विफलत्वमेति बहुसाधनता।
अवलम्बनाय दिनभर्तुरभून्न पतिष्यतः करसहस्रमपि।।
विधि अथवा विधु के प्रतिकूल होने पर साधन विफल हो जाते हैं। गिरने के समय सूर्य के हजार कर सहारा देने को पर्याप्त न हो सके। पूर्णिमा के दिन सूर्यास्त के समय सूर्य की विपरीत दिशा में चन्द्रमा निकला करता है। जब सहस्र कर वाले सूर्य भी विधु की प्रतिकूलता के समय गिरने से न बच सके तो विधि की प्रतिकूलता में औरों की तो बात ही क्या?

यहाँ 'विधौ' इस पद में 'विधि' और 'विधु' शब्दों के अन्तिम वर्ण (इकार तथा उकार) औकार के रूप में आ गये हैं, अतः उक्त दोनों वर्णों का यहाँ श्लेष है। 'विधौ' पद से दोनों अर्थ प्रतीत होते हैं।

* **अनुप्रास अलङ्कार-**

अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत् । (सा.द.10.3)

स्वर की विषमता रहने पर भी शब्द अर्थात् पद, पदांश के साम्य को अनुप्रास कहते हैं। स्वरों की समानता हो चाहे न हो परन्तु अनेक व्यञ्जन जहाँ एक से मिल जायँ वहाँ अनुप्रास अलङ्कार होता है।

उदाहरण- दृशा दग्धं मनसिजं जीवयन्ति दृशैव याः।
विरूपाक्षस्य जयिनीस्ताः स्तुमो वामलोचनाः।।

उपमा अलङ्कार-

साम्यं वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्य उपमा द्वयोः। (सा.द. 10.14)

एक वाक्य में दो पदार्थों के वैधर्म्य रहित, वाच्य सादृश्य को उपमा कहते हैं।

उदाहरण- मधुरः सुधावदधरः पल्लवतुल्योऽतिपेलवः पाणिः।
चकितमृगलोचनाभ्यां सदृशी चपले च लोचने तस्याः।।

यहाँ पर 'तस्या अधरः सुधावन्मधुरोऽस्ति' उसका अधरोष्ठ अमृत के तुल्य मधुर है। यहाँ पर तद्धितगत आर्थी पूर्णोपमा है।

* **उत्प्रेक्षा अलङ्कार-**

'भवेत्सम्भावनोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परात्मना' (सा.द.10.40)

किसी प्रस्तुत वस्तु की अप्रस्तुत के रूप में सम्भावना करने को उत्प्रेक्षा कहते हैं।

उदाहरण- उरुः कुरङ्गकदृशश्चञ्चलचेलाञ्चलो भाति।
सपताकः कनकमयो विजयस्तम्भः स्मरस्येव।।

चञ्चल वस्त्राञ्चल से रमणीय, मृगनयनी का उरु ऐसा मालूम होता है मानों कामदेव का, पताका से युक्त, स्वर्णमय विजयस्तम्भ हो।

यहाँ पर 'उरु' में विजयस्तम्भ का स्वरूप उत्प्रेक्षित है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम् (9/6)- हरगोविन्द शास्त्री, पेज-386

54. ''रसस्य च प्राधान्यान्नालंकारता'' में किस अलंकार का निषेध किया गया है-

(A) रसवद् का **(B) शब्दालङ्कार का**
(C) शृङ्गार का **(D) उपर्युक्त सभी का**

व्याख्या-

(A) आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथम उल्लास में काव्य का लक्षण करते हुए कहते हैं-

'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि' (का.प्र.सूत्र-1) अर्थात् दोषों से रहित, गुणों से युक्त साधारणतः अलङ्कार से युक्त परन्तु यदि कहीं-कहीं पर अलङ्कार न भी हो तो शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य है।

इसी क्रम में उदाहरण देते हैं- यः कौमारहरः स एव हि वरस्तः एव चैत्रक्षपास्ते......आदि उदाहरण में कोई स्पष्ट अलङ्कार नहीं है और रस के प्रधान होने से रसवदलङ्कार के रूप में उसको भी अलङ्कार नहीं कहा जा सकता **''रसस्य च प्राधान्यान्नालंकारता''** क्योंकि वह रसवदलङ्कार रस के गौण होने पर ही होता है। उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि 'रसस्य च प्राधान्यान्नालङ्कारता' से रसवद् का निषेध किया गया है।

अतः विकल्प A सही है।

(B) आचार्य मम्मट ने काव्यप्रकाश के नवमोल्लास में छः शब्दालङ्कारों का वर्णन किया है-

1. वक्रोक्ति 2. अनुप्रास 3. यमक 4. श्लेष 5. चित्र 6. पुनरुक्तवदाभास।

(C) आचार्य मम्मट ने शृङ्गाररस को चित्त की द्रुति के कारण आह्लादकत्व एवं माधुर्यगुण से युक्त कहा है।

'आह्लादकत्वं माधुर्यं शृङ्गारे द्रुतिकारणम्।' (का.प्र.सूत्र-89)

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-1)- आचार्य विश्वेश्वर,पेज-386

55. ''लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः। असत्पुरुषसेवेव, दृष्टिर्विफलतां गता।।'' में कौन-सा अलंकार है?

(A) उपमा **(B) उत्प्रेक्षा**
(C) यमक **(D) श्लेष**

व्याख्या–

➢ आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के नवमोल्लास में शब्दालङ्कार तथा दशमोल्लास में अर्थालङ्कार का लक्षण तथा उदाहरण करते हैं-

A. **उपमा-** 'साधर्म्यमुपमा भेदे' (का.प्र.सूत्र-124)

उपमान तथा उपमेय का भेद होने पर उनके साधर्म्य का वर्णन उपमा है।

**गाम्भीर्यगरिमा तस्य सत्यं गङ्गाभुजङ्गवत्।
दुरालोकः स समरे निदाघाम्बररत्नवत्।।**

उस राजा की गम्भीरता की गरिमा सचमुच गङ्गा के उपपति समुद्र के समान (गङ्गाभुजङ्गवत्) है और युद्धभूमि में वह ग्रीष्म कालीन (निदाघ) सूर्य के समान (अम्बररत्नवत् आकाश के मणि सूर्य के समान) दुरालोक अर्थात् कष्ट से दर्शनीय है। यहाँ पर 'गङ्गाभुजङ्ग' उपमान 'तस्य' उपमेय 'गाम्भीर्य-गरिमा' साधारण धर्म और इव के अर्थ में वत् प्रत्यय वाचक शब्द है।

B. **उत्प्रेक्षा-**'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्।' (का.प्र.सूत्र-136) उपमेय की उपमान के साथ सम्भावना उत्प्रेक्षा है।

उदाहरण-

लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।
असत्पुरुषसेवेव, दृष्टिर्विफलतां गता॥

मानो अन्धकार अङ्गों मे लिप्त हो रहा है और आकाश काजल की वर्षा कर रहा है तथा दुष्ट पुरुष की सेवा के समान आँखे विफल सी हो गई हैं।

यहाँ पर अचेतन अन्धकार के अङ्गों में व्याप्त होने में लेपन की सम्भावना की गई है और अन्धकार के प्रसारण में अञ्जन वर्षण की सम्भावना की गई है इसलिए यहाँ उत्प्रेक्षा अलङ्कार है।

C. **यमक-** 'अर्थे सत्यर्थभिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः। यमकम्' (का.प्र.सूत्र-116) अर्थ होने पर भिन्नार्थक वर्णों का उसी क्रम से पुनः श्रवण होना यमक है। उदाहरण-

सन्नारीभरणोमायमाराध्य विधुशेखरम्।
सन्नारीभरणोऽमायस्ततस्त्वं पृथिवीं जय॥

सती नारियों का भरणपोषण करने वाली (अथवा पतिव्रता स्त्रियों के आभरण-आभूषण रूप सन्नारीभरण) उमा (पार्वती) को प्राप्त करने वाले विधुशेखर शिव की आराधना करके सन्नारी भरण अर्थात् शत्रुओं के हाथियों के विनाशक युद्ध करने वाले, कपट रहित आप पृथिवी पर विजय प्राप्त करें। यहाँ पर प्रथमपाद की तृतीय पाद में आवृत्ति है।

D. श्लेष-

वाच्यभेदेन भिन्ना यद् युगपद्भाषणस्पृशः।
श्लिष्यन्ति शब्दाः श्लेषोऽसावक्षरादिभिरष्टधा॥

(का.प्र.सूत्र-118)

अर्थ भेद से भिन्न-भिन्न शब्द जब एक साथ उच्चारण के विषय होने से एक रूप प्रतीत होते हैं वह श्लेष अलङ्कार होता है। श्लेष अक्षर आदि के भेद से आठ प्रकार का होता है ।

उदाहरण-

सर्वस्वं हर सर्वस्य त्वं भवच्छेदतत्परः।
नयोपकारसाम्मुख्यमायासि तनुवर्तनम्।।

दस्यु की शिव के प्रति उक्ति- हे शिव (हर) आप सब के सर्वस्व हैं और भव बन्धन काटने में तत्पर हैं अर्थात् संसार के जन्म मरण रूपी बन्धन को बाँधने वाले हैं अतः नय नीति और उपकार के अनुकूल शरीर स्थिति को प्राप्त होते हैं।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-461

56. इनमें से कौन 'रूपक' नहीं है?
(A) मृच्छकटिकम् **(B) विक्रमोर्वशीयम्**
(C) महावीरचरितम् **(D) दशकुमारचरितम्**

व्याख्या–

ग्रन्थ	ग्रन्थकार	विभाजन/विधा
मृच्छकटिकम्	शूद्रक	10 अङ्क /प्रकरण
विक्रमोर्वशीयम्	कालिदास	5 अङ्क / त्रोटक
महावीरचरितम्	भवभूति	7 अङ्क / नाटक
दशकुमारचरितम्	दण्डी	8उच्छ्वास / गद्यकाव्य

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- कादम्बरीकथामुखम्- राजेन्द्र मिश्र,भू.पेज-16

57. शकारी, अवन्तिजा, चाण्डाली एवं ढक्की ये प्रकार हैं-
(A) वेश्याओं के
(B) विशिष्ट नायिकाओं के
(C) प्राकृत के
(D) काव्य की रीतियों के

व्याख्या–

* मृच्छकटिकम् में शकार नामक पात्र शकारी प्राकृत बोलता है।
* व्याकरण तथा अन्य स्रोतों से प्राकृत भाषाओं के नाम मिलते हैं जैसे- शकारी, अवन्तिजा, चाण्डाली, ढक्की, बाह्वीकी, शाबरी, आभीरिका, दाक्षिणात्य, भूतभाषा तथा गौणी आदि।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-435

58. 'कैशिकी वृत्ति' किस रस में होती है?
(A) शृङ्गार रस **(B) वीररस**
(C) रौद्र रस **(D) अद्‌भुत रस**

व्याख्या–
आचार्य धनञ्जय दशरूपक के द्वितीय प्रकाश में रस एवं वृत्तियों के पारस्परिक सम्बन्ध का वर्णन करते हुये कहते हैं-
शृङ्गारे कैशिकी, वीरे सात्त्वत्यारभटी पुनः।
रसे रौद्रे च बीभत्से, वृत्तिः सर्वत्र भारती।। (दश.2.62)
शृङ्गार रस में कैशिकी वृत्ति, वीररस में सात्त्वती वृत्ति और रौद्र तथा बीभत्स रस में आरभटी का प्रयोग होना चाहिये इसके अतिरिक्त भारती वृत्ति का प्रयोग सभी रसों में होना चाहिए।

	रस		**वृत्ति**
*	शृङ्गार रस	-	कैशिकी
*	वीर रस	-	सात्त्वती
*	रौद्र एवं बीभत्स रस	-	आरभटी

* इसके अतिरिक्त सभी रसों में भारती वृत्ति होती है

अतः विकल्प A सही है।
स्रोत- दशरूपक (द्वितीय प्रकाश)- बैजनाथ पाण्डेय, पेज-222

59. नाटक में 'प्रवेशक' का प्रयोग होता है-
(A) प्रारम्भ में
(B) अन्त में
(C) दो अंकों के मध्य में
(D) चार अंकों के मध्य में

व्याख्या–
➢ आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में नाटक के प्रारम्भ में नान्दी का विधान करते हुये कहते हैं-
आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता।।
(सा.द. 6.24)
देवता, ब्राह्मण तथा राजा आदि की आशीर्वाद युक्त स्तुति इसमें की जाती है अतः इसे नान्दी कहते हैं।
➢ नाटक के अन्त में प्रयुक्त आशीर्वादात्मक पद्य को भरतवाक्य कहते हैं।
➢ महाभाष्यकार पतञ्जलि ने ग्रन्थ के आदि मध्य तथा अन्त में मङ्गलाचरण होना चाहिए, ऐसा कहते हैं (मङ्गलादीनि मङ्गलमध्यानि च मङ्गलान्तानि च काव्यानि प्रथन्ते) भरतवाक्य सम्भवतः उसी परम्परा के पालनार्थ अन्तिम मङ्गल के रूप में नाटकों में रखा गया है।
भरतवाक्य का लक्षण निम्नवत् है-
नाट्यन्ते नायकप्रोक्तं प्रजामङ्गलसूचकम्।
भरतानां प्रियत्वाच्च तद् वाक्यमभिधीयते।।
➢ आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में दो अङ्कों के मध्य प्रवेशक का विधान करते हैं-
प्रवेशकोऽनुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः।
अङ्कद्वयान्तर्विज्ञेयः शेषं विष्कम्भके यथा।
(सा.द. 6/57)
प्रवेशक भी विष्कम्भक की ही भाँति वृत्त और वर्तिष्यमाण इतिवृत्त का सूचक हुआ करता है, इसकी योजना दो अङ्कों के बीच में की जाया करती है, इसमें अनुदात्तोक्ति अर्थात् संस्कृत भिन्न प्राकृत आदि भाषा द्वारा कथावस्तु की सूचना हुआ करती है इसका प्रयोग नीच पात्रों का कार्य है।
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-463

60. निम्नलिखित में से कौन 'कञ्चुकी' की विशेषता नहीं है?
(A) अन्त:पुर में जाने वाला वृद्ध
(B) गुणवान् ब्राह्मण
(C) सब कार्यों को करने में कुशल
(D) राजा का विश्वस्त मित्र

व्याख्या–
आचार्य भरतमुनि नाट्यशास्त्र में कञ्चुकी का लक्षण करते हैं- **अन्तः पुरचरो वृद्धो विप्रो गुणगणान्वितः।**
सर्वकार्यार्थकुशलः कञ्चुकीत्यभिधीयते।
(नाट्यशास्त्र)
अन्तःपुर में जाने वाले,वृद्ध, गुणवान् ब्राह्मण को, जो कि सब कार्यों को करने में कुशल होता है, उसे कञ्चुकी कहते हैं।
उपर्युक्त विशेषताओं में राजा का विश्वस्त मित्र होना कञ्चुकी की विशेषता नहीं है।
अतः विकल्प (D) सही है।
स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-461

61. 'जवनिका' शब्द का अर्थ है-
(A) यवन देश की कन्या
(B) यवन सैनिक
(C) पर्दे के पीछे
(D) पर्दा

व्याख्या-
आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में चूलिका का लक्षण करते हुये जवनिका, नेपथ्य, को समान बताते हुये

कहते हैं कि-

'अन्तर्जवनिकासंस्थैश्चूलिकार्थस्य सूचना।' (दशरूपक 1.61) जवनिका = पर्दे के भीतर बैठे हुए पात्रों द्वारा दर्शकों को दी जाने वाले कथावस्तु की सूचना को चूलिका कहते हैं कुछ विद्वानों ने इसे नेपथ्य की संज्ञा दी है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- संस्कृत हिन्दी शब्दकोश- वामन शिवराम आप्टे, पेज-400

62. 'सूत्रधार' होता है-
(A) नायक के रूप में अभिनय करने के लिए
(B) नाटक आरम्भ करने के लिए
(C) अभिनय का निर्देशन एवं नियन्त्रण करने के लिए
(D) नान्दी पढ़ने के लिए

व्याख्या-

आचार्य भरतमुनि के नाट्यशास्त्र में सूत्रधार का लक्षण निम्नवत प्राप्त होता है-

* **नाट्यस्य यदनुष्ठानं तत्सूत्रं स्यात् सबीजकम्।**
रङ्गदैवतपूजाकृतसूत्रधार उदीरितः।।

बीज सहित नाटक के अनुष्ठान को 'सूत्र' कहते हैं, जो उसको धारण करने वाला अर्थात् संचालन करने वाला होता है तथा रङ्गमञ्च के अधिष्ठातृ देव की पूजा करता है, उसे सूत्रधार कहते हैं।

सूत्रधार का एक अन्य लक्षण इस प्रकार है-
नाट्योपकरणादीनि सूत्रमित्यभिधीयते।
सूत्रं धारयतीत्यर्थे सूत्रधारो निगद्यते।।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-460

63. 'मृगनयना' में त्रिलुप्ता उपमा दिखलाने के लिए निम्नलिखित विग्रहों में से कौन उपयुक्त है?
(A) मृगस्य नयना
(B) मृगीव नयना चञ्चला
(C) मृगस्य नयने इव चञ्चले नयने यस्याः सा
(D) मृगस्य नयने इव नयने यस्याः सा

व्याख्या–

* पूर्णोपमा के लिए उपमान, उपमेय, साधारणधर्म और उपमावाचक शब्द ये चारों आवश्यक हैं। उपर्युक्त चारों विकल्पों में विकल्प 'मृगस्य नयना' (मृग के नेत्र) इस वाक्य के उपमान मात्र है इसमें उपमेय 'यस्याः' (नायिकायाः) का, इव उपमावाचक शब्द का एवं चञ्चले (चञ्चलता) रूप साधारण धर्म इन तीनों का अभाव है। इसलिए यह त्रिलुप्ता उपमा का उदाहरण है।

अतः विकल्प (A) सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (दशम उल्लास)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-457

64. 'ख' कौन-सी ध्वनि है?
(A) मूर्धन्य **(B) तालव्य**
(C) दन्त्य **(D) कण्ठ्य**

व्याख्या–

(A) **'ऋटुरषाणां मूर्धा'-** ऋ,टवर्ग (ट्,ठ्,ड्,ढ्,ण्), र् और ष् का उच्चारण स्थान मूर्धा है। अतः यह मूर्धन्य ध्वनि है।

(B) **'इचुयशानां तालु'-** इ, चवर्ग (च्, छ्, ज्, झ्, ञ्) य् और श् का उच्चारण स्थान तालु है अतः यह ध्वनि तालव्य ध्वनि है।

(C) **'ऌतुलसानां दन्ताः'-** ऌ, तवर्ग (त्, थ्, द्, ध्, न्), ल् और स् का उच्चारण स्थान दन्त है। अतः यह दन्त्य ध्वनि है।

(D) **'अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः'-** अ, कवर्ग (क्, ख्, ग्, घ्,ङ्), ह् और विसर्ग का उच्चारण स्थान कण्ठ है अतः यह कण्ठ्य ध्वनि है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-26

65. 'हरिहरौ' में कौन-सा समास है?
(A) तत्पुरुष
(B) बहुव्रीहि
(C) द्वन्द्व
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या–

समास	उदाहरण सूत्र/वार्तिक
(A) तत्पुरुष-	चौराद् भयं= चौरभयम् ('पञ्चमी भयेन'सूत्र से) स्तोकात् मुक्तः = स्तोकान्मुक्तः ('स्तोकान्तिक-दूरार्थकृच्छ्राणि क्तेन' से तत्पुरुष समास)
(B) बहुव्रीहि-	रूपवती भार्या यस्य सः = रूपवद्भार्यः 'अनेकमन्यपदार्थे' (2.2.24) सूत्र से।
(C) द्वन्द्व -	हरिश्च हरश्च- हरिहरौ 'चार्थे द्वन्द्वः' सूत्र से द्वन्द्व समास होकर 'द्वन्द्वे घि' से घि संज्ञक हरि का पूर्व प्रयोग हुआ।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- अष्टाध्यायी (2.2.32)- ईश्वरचन्द्र, पेज-190

66. 'स्त्रीप्रमाणः' में समास है-
(A) अव्ययीभाव **(B) द्वन्द्व**
(C) द्विगु **(D) बहुव्रीहि**

व्याख्या–

समास उदाहरण

- **अव्ययीभाव-** अव्ययं-विभक्ति-समीप-समृद्धि.......(2.1.6) सूत्र से समृद्धि तथा व्यृद्धि अर्थ में अव्ययीभाव समास-
  मद्राणां समृद्धिः - सुमद्रम्।
  यवनानां व्यृद्धि - दुर्यवनम्

पञ्चानां गङ्गानां समाहारः = पञ्चगङ्गम् (नदीभिश्च सूत्र से 2.1.20)

- **द्वन्द्व-** ब्राह्मणी च ब्राह्मणश्च = ब्राह्मणौ
  शूद्री च शूद्रश्च = शूद्रौ
  अजश्च अजा च = अजौ
- **द्विगु-** पञ्चानां मूलानां समाहारः = पञ्चमूली (आबन्तो वा-वार्तिक)
  त्रयाणां लोकानां समाहारः = त्रिलोकी
  पञ्चानां खट्वानां समाहारः = पञ्चखट्वा
- **बहुव्रीहि-** वीराः पुरुषाः सन्ति यस्मिन् (ग्रामे) वीरपुरुषः
  अनेकमन्यपदार्थे (2.2.24) सूत्र से
  अविद्यमानः पुत्रो यस्य सः = अपुत्रः
  स्त्री प्रमाणी यस्य सः = स्त्रीप्रमाणः

अतः विकल्प (D) सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी भैमी व्याख्या (खण्ड-4), पेज-201

67. 'नखभिन्नः' का लौकिक विग्रह है-

(A) नखः भिन्नः **(B) नखैः भिन्नः**
(C) नखे भिन्नः **(D) नखात् भिन्नः**

व्याख्या–

* **कर्तृकरणे कृता बहुलम् (2.1.32)**
कर्त्ता और करण अर्थ में हुए तृतीयान्त समर्थ सुबन्त का कृदन्तप्रकृतिक सुबन्त शब्दों के साथ बहुल से समास होता है और वह तत्पुरुष समास होता है।

नखभिन्नः- नाखूनों से चीरा गया। यहाँ भेदन क्रिया में नख करण है और अनभिहित भी है अतः कर्तृकरणयोस्तृतीया से तृतीया विभक्ति हुई है।

लौकिक विग्रह- नखैः भिन्नः

अलौकिक विग्रह- नख भिस् + भिन्न सु।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- समास प्रकरण- राममुनिपाण्डेय, पेज-33

68. 'पञ्चगङ्गम्' में कौन सा समास है?

(A) अव्ययीभाव **(B) द्विगु**
(C) कर्मधारय **(D) बहुव्रीहि**

व्याख्या–

- **अव्ययीभाव-** नदीभिश्च (2.1.20) होता है और यह समास समाहार अर्थ में होता है। इसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। **उदाहरण-** पञ्चगङ्गम्, सप्तगङ्गम्, द्वियमुनम्
- **द्विगु-** तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च (2.1.51) तद्धित प्रत्यय के अर्थ का विषय हो अथवा उत्तर पद परे हो या समूह अर्थ वाच्य हो तो दिशावाची और संख्यावाची सुबन्त का समानाधिकरण सुबन्त के साथ तत्पुरुष समास होता है।उदाहरण- षाण्मातुरः, द्वैमातुरः।
- **कर्मधारय-** उपमानानि सामान्यवचनैः (2.1.55) उपमान वाचक सुबन्त का सामान्य (साधारण धर्म) धर्म के वाचक सुबन्त के साथ समास होता है। उदाहरण- घनश्यामः, चन्द्राह्लादकः
- **बहुव्रीहि-** अनेकमन्यपदार्थे (2.2.24) अन्यपद के अर्थ में वर्तमान अनेक प्रथमान्तों का विकल्प से बहुव्रीहि समास होता है। उहदारण- चन्द्रशेखरः, चक्रपाणिः, चन्द्रकान्तिः,।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी भैमी व्याख्या (खण्ड-4),पेज-201

69. 'सप्तर्षयः' में समास है-

(A) तत्पुरुष **(B) बहुव्रीहि**
(C) द्विगु **(D) कर्मधारय**

व्याख्या-

	समास	लौकिक विग्रह समस्तपद
A.	तत्पुरुष-	सप्त च ते ऋषयः = सप्तर्षयः
B.	बहुव्रीहि-	दत्तं धनं यस्मै सः = दत्तधनः दत्तं चित्तं येन सः = दत्तचित्तः
C.	द्विगु-	चतुर्णां युगानां समाहारः चतुर्युगम् पञ्चानां पात्राणां समाहारः पञ्चपात्रम्
D.	कर्मधारय-	कुत्सितः पुरुषः कुपुरुषः कुत्सितः देशः किंदेशः कुत्सितः प्रभुः किम्प्रभु

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (2.1.50)- गोविन्दाचार्य, पेज-925

70. 'सम्प्रदान' में कौन-सी विभक्ति होती है ?
(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) चतुर्थी (D) पञ्चमी

व्याख्या-

(A) द्वितीया- कर्मणि द्वितीया (2.3.2) अनुक्त कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है।
उदाहरण- हरिं भजति (हरि को भजता है।)

(B) तृतीया- कर्तृकरणयोस्तृतीया (2.3.18) अनुक्त कर्त्ता तथा करण कारक में तृतीया विभक्ति होती है।
उदाहरण- रामेण बाणेन हतो बाली। (राम के द्वारा बाण से बाली मारा गया।)

(C) चतुर्थी-चतुर्थी सम्प्रदाने (2.3.13) अनभिहित सम्प्रदान कारक में चतुर्थी विभक्ति होती है।
उदाहरण-विप्राय गां ददाति। (ब्राह्मण को गाय देता है।)

(D) पञ्चमी- अपादाने पञ्चमी (2.3.28) अनभिहित अपादान कारक में पञ्चमी विभक्ति होती है।
उदाहरण- धावतोऽश्वात् पतति (दौड़ते हुए घोड़े से गिरता है।)

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- अष्टाध्यायी (2.3.13)- ईश्वरचन्द्र, पेज-197

71. 'कटे आस्ते' यह कैसा आधार है ?
(A) वैषयिक (B) अभिव्यापक
(C) औपश्लेषिक (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-
आधार तीन प्रकार का होता है-

* **औपश्लेषिक आधार-** जिस आधार का साथ आधेय के साथ भौतिक संश्लेष होता है उस आधार को औपश्लेषिक आधार कहते हैं।
उदाहरण- कटे आस्ते (चटाई पर बैठता है) यहाँ पर बैठना क्रिया का साक्षात् आश्रय है कर्त्ता। कर्त्ता का आधार 'कट' है कर्त्ता का 'कट' के साथ स्पर्शमात्र संयोग है अतः यह औपश्लेषिक आधार है।

* **वैषयिक आधार-** जिस आधार के साथ आधेय का बौद्धिक संश्लेष हो उसे वैषयिक आधार कहते हैं।
उदाहरण- मोक्षे इच्छाऽस्ति (मोक्ष विषयक इच्छा है)- यहाँ इच्छा का विषय मोक्ष है, इच्छा रूपी कर्त्ता के वैषयिक आधार मोक्ष की आधारोऽधिकरणं सूत्र से अधिकरण संज्ञा और सप्तमी विभक्ति।

* **अभिव्यापक आधार-** जिस आधार के सम्पूर्ण अवयवों में आधेय व्याप्त रहता है उसे अभिव्यापक आधार कहते हैं आधार और आधेय में व्याप्य-व्यापक भाव सम्बन्ध रहता है।
उदाहरण- सर्वस्मिन् आत्मा अस्ति (सब में आत्मा है) यहाँ कर्त्ता 'आत्मा' सर्व में व्याप्त है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-215

72. 'येनाङ्गविकारः' एवं 'इत्थम्भूतलक्षणे' सूत्रों से विभक्ति होती है-
(A) द्वितीया (B) द्वितीया एवं तृतीया
(C) तृतीया (D) तृतीया एवं पञ्चमी

व्याख्या-

➢ **द्वितीया- अधिशीङ्स्थासां कर्म (1.4.46)**
यदि शीङ्, स्था और आस् धातुओं के पहले अधि उपसर्ग लगा हो तो क्रिया के आधार की कर्मसञ्ज्ञा होती है।
उदा0- हरिः वैकुण्ठम् अधिशेते ।

➢ **उपान्वध्याङ्वशः (1.4.48)** यदि वस् धातु के पूर्व उप, अनु, अधि और आङ् उपसर्ग लगा हो तो उसके आधार की कर्मसञ्ज्ञा होती है।
उदा0- उपवसति अनुवसति अधिवसति आवसति वा वैकुण्ठं हरिः।

* **तृतीया-** 1. येनाङ्गविकारः (2.3.20.) जिस विकृत अङ्ग के द्वारा अङ्गी का विकार लक्षित हो उस अवयववाची शब्द में तृतीया विभक्ति होती है।
उदाहरण- अक्ष्णा काणः

➢ **इत्थम्भूतलक्षणे (2.3.21)** किसी प्रकार-विशेष को प्राप्त हुए व्यक्ति अथवा वस्तु से लक्षण ज्ञापित होने पर जिससे लक्षण ज्ञापित होता है उसमें तृतीया विभक्ति होती है। **उदाहरण-** जटाभिः तापसः।

* पञ्चमी 1. अकर्तर्यृणे पञ्चमी (2.3.24) कर्तृभिन्न हेतुभूत ऋणवाचक से पञ्चमी विभक्ति होती है।
उदा.- शताद् बद्धः।

➢ **विभाषा गुणेऽस्त्रियाम् (2.3.25)** स्त्रीलिङ्ग भिन्न गुणवाचक हेतु में विकल्प से पञ्चमी विभक्ति होती है।
उदा.- जाड्यात् जाड्येन वा बद्धः।

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-197,199

73. 'नक्षत्रवाची' शब्द काल विशेष को प्रकट करता है तो विभक्ति होती है-
(A) तृतीया-पञ्चमी (B) प्रथमा-सप्तमी
(C) द्वितीया-तृतीया (D) तृतीया-सप्तमी

व्याख्या-

(A) **तृतीया-पञ्चमी-** विभाषा गुणेऽस्त्रियाम् (2.3.25)- स्त्रीलिङ्ग भिन्न गुणवाचक हेतु में तृतीया तथा विकल्प से पञ्चमी विभक्ति होती है। जैसे- जाड्यात् जाड्येन वा बद्धः।

(B) **प्रथमा-सप्तमी-** 1. यतश्चाध्वकालनिर्माणं तत्र पञ्चमी (वा.) 2. तद्युक्तादध्वनः प्रथमासप्तम्यौ (वा.)
जहाँ से काल अथवा मार्ग का परिमाण किया जाय वहाँ पञ्चमी विभक्ति होती है तथा 'तदयुक्तादध्वन.......' वार्तिक से प्रथमा और सप्तमी विभक्ति होती है जैसे-वनाद् ग्रामो योजनं वा।

(C) **द्वितीया-तृतीया-** संज्ञोऽन्यतरस्यां कर्मणि (2.3.22) सम् उपसर्ग पूर्वक ज्ञा धातु के अनभिहित कर्म में द्वितीया तथा विकल्प से तृतीया विभक्ति होती है। जैसे - पित्रा पितरं वा सञ्जानीते।

(D) **तृतीया-सप्तमी-** नक्षत्रे लुपि (2.3.45) लुबन्त नक्षत्रवाची शब्द से अधिकरण अर्थ में तृतीया और सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे- मूलेनावाहायेद् देवीं श्रवणेन श्रवणे वा विसर्जयेत।

अतः विकल्प 'D' सही है।

स्रोत- कारकप्रकरण (2.3.45)- राममुनि पाण्डेय, पेज-100

74. 'एधनीयम्' में कौन-सा प्रत्यय है ?
(A) तव्यत् (B) अनीयर्
(C) यत् (D) ण्यत्

व्याख्या-

(A) तव्यत् प्रत्यय- तव्यत्तव्यानीयरः (3.1.96)
पठितव्यम् = पठ् + तव्यत्, गन्तव्यम् = गम्+तव्यत्, चलितव्यम् = चल् + तव्यत्

(B) अनीयर् प्रत्यय- तव्यत्तव्यानीयरः (3.1.96)
धातु से तव्यत्, तव्य, अनीयर् प्रत्यय होते हैं।
उदाहरण- एधनीयम् = एध् + अनीयर्,
शयनीयम् = शी + अनीयर्, गमनीयम् = गम् + अनीयर्

(C) यत् प्रत्यय- अचो यत् (3.1.97) अच् प्रत्याहार के वर्ण अन्त में हो ऐसे धातुओं से यत् प्रत्यय होता है।
उदाहरण- चेयम् = चि + यत्, पेयम् = पा + यत्, देयम् = दा + यत्

(D) ण्यत् प्रत्यय- ऋहलोर्ण्यत् (3.1.124) ऋवर्णान्त और हलन्त धातुओं से ण्यत् प्रत्यय होता है।
उदाहरण- कार्यम् = कृ + ण्यत्, हार्यम् = हृ + ण्यत्, धार्यम् = धृ + ण्यत्

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी भैमी व्याख्या (खण्ड-3) पेज-27

75. 'गौरी' में कौन-सा प्रत्यय है ?
(A) ङीप् (B) ङीष्
(C) टाप् (D) ति

व्याख्या-

- **ङीप् प्रत्यय-** वयसि प्रथमे (4.1.20)- प्रथम अवस्था अर्थात् कौमार अवस्था के सूचक शब्दों से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीप् प्रत्यय होता है। उदाहरण- कुमारी,किशोरी।
- **ङीष् प्रत्यय-** षिद्गौरादिभ्यश्च (4.1.41) जिस शब्द में षकार की इत् सञ्ज्ञा हो गई हो ऐसे शब्दों से और गौर आदि गणपठित शब्दों से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीष् प्रत्यय होता है।
  उदाहरण- गौरी,नर्तकी,गार्ग्यायणी।
- **टाप् प्रत्यय-** अजाद्यतष्टाप् (4.1.4) अज आदि गण में पढ़े गए शब्द अथवा ह्रस्व अकारान्त शब्दों से स्त्रीत्व की विवक्षा में टाप् प्रत्यय होता है।
  उदाहरण- अजा,अश्वा,एडका,चटका।
- **ति प्रत्यय-** युनस्तिः (4.1.77)- युवन् शब्द से स्त्रीत्व की विवक्षा में ति प्रत्यय होता है उदाहरण- युवतिः।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी भैमी व्याख्या (खण्ड-6)- पेज-24

76. 'सूर्या' में कौन-सा प्रत्यय है ?
(A) टाप् (B) चाप्
(C) ङीप् (D) ऊङ्

व्याख्या-

(A) **टाप् प्रत्यय-** अजाद्यतष्टाप् (4.1.4) अज आदि गण में पढ़े गए शब्द अथवा ह्रस्व अकारान्त शब्दों से स्त्रीत्व की विवक्षा में टाप् प्रत्यय होता है-
उदाहरण- बाला,मूषिका,गङ्गा,सर्वा।

(B) **चाप् प्रत्यय-** सूर्याद् देवतायां चाब्वाच्यः (वा0) सूर्य इस प्रातिपदिक से पुंयोग में देवता स्त्रीत्व वाच्य होने पर चाप् प्रत्यय होता है। **उदाहरण-** सूर्या

(C) **ङीप् प्रत्यय-** वयसि प्रथमे (4.1.20) प्रथम अवस्था अर्थात् कौमार अवस्था के सूचक शब्दों से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीप् प्रत्यय होता है। **उदाहरण-** कुमारी,किशोरी।

(D) **ऊङ् प्रत्यय-** ऊङुतः (4.1.66) जिसकी उपधा में अकार न हो ऐसे मनुष्यवाची उदन्त प्रातिपदिक शब्द से स्त्रीत्व की विवक्षा में ऊङ् प्रत्यय होता है।

उदाहरण- कुरूः

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-132

77. श्यन्, शः तथा श्नुः प्राप्त होते हैं क्रमशः-

(A) दिवादि, तुदादि एवं स्वादि में

(B) तुदादि,जुहोत्यादि एवं दिवादि में

(C) अदादि, चुरादि एवं स्वादि में

(D) भ्वादि, दिवादि एवं तुदादि में

व्याख्या-

गण	धातु संख्या	विकिरण	विकिरण सूत्र
1. भ्वादिगण	1035	शप्	कर्तरि शप्
2. अदादिगण	72	-	
3. जुहोत्यादिगण	24	श्लुः	जुहोत्यादिभ्यः श्लुः
4. दिवादिगण	140	श्यन्	दिवादिभ्यः श्यन्
5. स्वादिगण	35	श्नुः	स्वादिभ्यः श्नुः
6. तुदादिगण	157	शः	तुदादिभ्यः शः
7. रुधादिगण	25	श्नम्	रुधादिभ्यः श्नम्
8. तनादिगण	10	उः	तनादिकृञ्भ्यः उः
9. क्र्यादिगण	61	श्ना	क्र्यादिभ्यः श्ना
10. चुरादिगण	411	णिच्	सत्यापपाशरूपवीणा तूलश्लोकसेनालोमत्वचवर्मवर्णचूर्ण चुरादिभ्योणिच्

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-142

78. 'वैनतेय' पद में किस प्रत्यय का विधान है?

(A) मयट् **(B) वतुप्**

(C) ढक् **(D) मतुप्**

व्याख्या-

(A) **मयट्-** मयड् वैतयोर्भाषायामभक्ष्याऽऽच्छादनयोः (4.3.140) भक्ष्य तथा आच्छादन अभिधान को छोड़कर विकार अथवा अवयव अर्थों में षष्ठ्यन्त समर्थ प्रातिपदिक से विकल्प से मयट् प्रत्यय होता है, लौकिक प्रयोग के विषय में।

उदाहरण- अश्ममयम्, भस्ममयम्, सुपर्णमयम्

(B) **वतुप्-** यत्तदेतेभ्यः परिणामे वतुप् (5.2.39) परिमाण अर्थ में विद्यमान यद्, एतद् इन प्रथमान्त प्रातिपदिकों से 'वह परिमाण है इसका' इस अर्थ में वतुप् प्रत्यय होता है।

उदाहरण- यावान्, तावान्, एतावान्

(C) **ढक्-** 'स्त्रीभ्यो ढक्' (4.1.120) अपत्य अर्थ में स्त्रीप्रत्ययान्त शब्दों से ढक् प्रत्यय होता है।

वैनतेयः (गरुण), कौन्तेयः (अर्जुन), राधेयः (कर्ण)

(D) **मतुप्-** रसादिभ्यश्च (5.2.95) 'यह है इसका', 'यह है इसमें' इन अर्थों में प्रथमा समर्थ रसादि प्रातिपदिकों से मतुप् प्रत्यय होता है। उदाहरण- रसवान् , रूपवान्

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-274

79. 'एडका' शब्द किस प्रत्यय के योग से बना है?

(A) टाप् **(B) चाप्**

(C) डाप् **(D) ङीष्**

व्याख्या-

(A) **टाप् प्रत्यय विधायक विधि सूत्र-** 'अजाद्यतष्टाप्' (4.1.4) अजादि गण में पढ़े गये शब्द अथवा ह्रस्व अकारान्त शब्दों से स्त्रीत्व की विवक्षा में टाप् प्रत्यय होता है।

उदाहरण- सर्वा, मेधा, एडका

(B) **चाप्-** 'सूर्याद् देवतायां चाब्वाच्यः' (वा.) सूर्य इस प्रातिपदिक से पुंयोग में देवता स्त्रीत्व वाच्य होने पर चाप् प्रत्यय होता है। यह सूत्र 'पुंयोगादाख्यायाम्' का अपवाद है। उदाहरण- सूर्या

(C) **ङीप् प्रत्यय विधायक विधिसूत्र- 'उगितश्च' (4.1.6)** जिसमें उक् अर्थात् उ, ऋ, ऌ, की इत्सञ्ज्ञा हो गई हो ऐसे प्रातिपदिकों से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीप् प्रत्यय होता है।

उदाहरण- भवती,भवन्ती,पचन्ती,दीव्यन्ती।

(D) **ङीष् प्रत्यय विधायक विधि सूत्र-**

'क्रीतात् करणपूर्वात्' (4.1.50) क्रीत शब्द जिस के अन्त में तथा करणवाचक जिस का पूर्वावयव हो उस अदन्त प्रातिपदिक से स्त्रीत्व की विवक्षा में 'ङीष्' प्रत्यय होता है- **उदाहरण-** वस्त्रक्रीती

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी भैमी व्याख्या (खण्ड-6) पेज-4

80. 'दाक्षी' में स्त्री प्रत्यय है-
(A) ङीष् **(B) ङीन्**
(C) टाप् **(D) ऊङ्**

व्याख्या-

(A) **'इतो मनुष्यजातेः' (4.1.65)** ङीष् प्रत्यय करने वाला सूत्र मनुष्यजाति वाचक ह्रस्व इकार प्रातिपदिक से परे ङीष् प्रत्यय हो जाता है स्त्रीत्व की विवक्षा में।
उदाहरण- दाक्षी- यहाँ 'दक्ष' प्रातिपादिक से 'तस्याऽपत्यम्' के अर्थ में 'अत् इञ्' सूत्र से तद्धित सञ्ज्ञक इञ् प्रत्यय होकर आदिवृद्धि एवं 'यस्येति च' द्वारा भसञ्ज्ञक अकार का लोप करने पर दाक्षि यह ह्रस्व-इकारान्त प्रातिपदिक निष्पन्न होता है।
अप्रत्ययान्त होने से 'गोत्रं च चरणै सह' के लक्षणानुसार यह जातिवाचक है। मनुष्य जाति का वाचक होने के कारण स्त्रीत्व की विवक्षा में 'इतो मनुष्यजातेः' सूत्र द्वारा ङीष् प्रत्यय होता है, भसञ्ज्ञक इकार का 'यस्येति च' से लोप करके विभक्ति कार्य करने पर दाक्षी प्रयोग सिद्ध होता है।
अतः विकल्प A सही है।

(B) **'शार्ङ्गरवाद्यञो ङीन्' (4.1.73)** ङीन् प्रत्यय करने वाला सूत्र शार्ङ्गरव आदि गणपठित प्रातिपदिक से तथा अञ् प्रत्यय का जो अकार तदन्त जातिवाचक प्रातिपदिक से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीन् प्रत्यय होता है।
उदाहरण- शार्ङ्गरवी,बैदी, ब्राह्मणी।

(C) **अजाद्यतष्टाप् (4.1.4)** टाप् प्रत्यय करने वाला सूत्र- अज आदि गण में पढ़े गये शब्द अथवा ह्रस्व अकारान्त शब्दों से स्त्रीत्व की विवक्षा में टाप् प्रत्यय होता है।
उदाहरण- अजा, एडका, अश्वा, चटका, मूषिका, बाला, होडा, मन्दा आदि।

(D) **पङ्गोश्च (4.1.68)** ऊङ् प्रत्यय विधायक विधिसूत्र - पङ्गु इस प्रातिपदिक से स्त्रीत्व की विवक्षा में ऊङ् प्रत्यय होता है। **उदाहरण-** पङ्गूः

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (4.1.65)- गोविन्दाचार्य, पेज-1174

81. 'वयसि प्रथमे' सूत्र से विहित प्रत्यय है-
(A) ङीप् **(B) टाप्**
(C) ङीष् **(D) ङीन्**

व्याख्या-

(A) **वयसि प्रथमे (4.1.20)** प्रथम अवस्था अर्थात् कौमार अवस्था में सूचक शब्दों से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीप् प्रत्यय होता है। उदाहरण-कुमारी, किशोरी।
अतः विकल्प A सही है।

(B) **अजाद्यतष्टाप् (4.1.4)**- अज आदि गण में पढ़े गए शब्द अथवा ह्रस्व अकारान्त शब्दों से स्त्रीत्व की विवक्षा में टाप् प्रत्यय होता है।
उदाहरण- मूषिका, अजा, बाला आदि।

(C) **द्विगोः (4.1.21)** अदन्त द्विगुसमास से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीप् प्रत्यय होता है। उदाहरण- त्रिलोकी,

(D) **शार्ङ्गरवाद्यञो ङीन् (4.1.73)** शार्ङ्गरव आदि गणपठित शब्दों तथा अञ् प्रत्यय अन्त में हो ऐसे जातिवाचक प्रातिपदिकों से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीन् प्रत्यय होता है। उदाहरण- शार्ङ्गरवी, बैदी, ब्राह्मणी।

स्रोत- अष्टाध्यायी (4.1.20)- ईश्वरचन्द्र, पेज-427

82. अद् भक्षणे धातु का लुङ्लकार प्रथम पुरुष एकवचन का रूप है-
(A) अघसः **(B) अघसत्**
(C) आदत् **(D) अत्स्यति**

व्याख्या-
अद् (खाना) परस्मैपद, अनिट् , सकर्मक।

	लुङ् लकार		
	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र0पु0	अघसत्	अघसताम्	अघसन्
म0पु0	अघसः	अघसतम्	अघसत
उ0पु0	अघसम्	अघसाव	अघसाम
	लङ् लकार		
	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र0पु	आदत्	अत्ताम्	आदन्
म0पु0	आदः	आत्तम्	आत्त
उ0पु0	आदम्	आद्व	आद्म
	लृट् लकार		
प्र0पु0	अत्स्यति	अत्स्यतः	अत्स्यन्ति
म0पु0	अत्स्यसि	अत्स्यथः	अत्स्यथ
उ0पु0	अत्स्यामि	अत्स्यावः	अत्स्यामः
	अतः विकल्प B सही है।		

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-160

83. 'असि' में लकार है-
(A) लट् **(B) लिट्**
(C) लङ् **(D) लुङ्**

व्याख्या-

अस् (होना) परस्मैपद, सेट् , अकर्मक,

A. लट् लकार			
	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र0पु0	अस्ति	स्तः	सन्ति
म0पु0	**असि**	स्थः	स्थ
उ0पु0	अस्मि	स्वः	स्मः
B. लिट् लकार			
प्र0पु0	बभूव	बभूवतुः	बभूवुः
म0पु	बभूविथ	बभूवथुः	बभूव
उ0पु0	बभूव	बभूविव	बभूविम
C. लङ् लकार			
प्र0पु0	आसीत्	आस्ताम्	आसन्
म0पु0	आसीः	आस्तम्	आस्त
उ0पु0	आसम्	आस्व	आस्म
D. लुङ् लकार			
प्र0पु0	अभूत्	अभूताम्	अभूवन्
म0पु0	अभूः	अभूतम्	अभूत
उ0पु0	अभूवम्	अभूव	अभूम
अतः विकल्प A सही है।			

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-160

84. 'अस् ' धातु का लृट् लकार प्रथम पुरुष एकवचन का रूप होगा-
(A) भविष्यति (B) असि
(C) अस्मि (D) सन्ति

व्याख्या-

अस् धातु (होना), सेट्, अकर्मक, परस्मैपद

लृट् लकार			
	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र0पु0	**भविष्यति**	भविष्यतः	भविष्यन्ति
म0पु0	भविष्यसि	भविष्यथः	भविष्यथ
उ0पु0	भविष्यामि	भविष्यावः	भविष्यामः
लट् लकार			
प्र0पु0	अस्ति	स्तः	सन्ति
म0पु0	असि	स्थः	स्थ
उ0पु0	अस्मि	स्वः	स्मः
अतः विकल्प A सही है।			

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-160

85. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है-
(A) मया चन्द्रः पश्यति
(B) मया चन्द्रः पश्यते
(C) मया चन्द्रः दृश्यते
(D) मया चन्द्रः पश्यामि

व्याख्या-

* "मया चन्द्रः दृश्यते" कर्मवाच्य का वाक्य है।
* कर्मवाच्य में कर्म उक्त होने के कारण क्रिया कर्म के अनुसार होती है तथा कर्त्ता के अनुक्त होने से 'कर्तृकरणयोस्तृतीया ' सूत्र से कर्ता में तृतीया विभक्ति होती है।
* उपर्युक्त वाक्य में 'दृश्' धातु में यक् प्रत्यय लगकर आत्मनेपद रूप दृश्यते बना है।

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत- वस्तुनिष्ठ संस्कृतव्याकरणम्- सर्वज्ञभूषण, पेज-161

86. 'तया भूयते' का कर्तृवाच्य प्रयोग है-
(A) सा भवति (B) सः भवति
(C) सः भविष्यति (D) सा भविष्यति

व्याख्या-

'तया भूयते' इस भाववाच्य का कर्तृवाच्य होगा- 'सा भवति'

* कर्तृवाच्य- इसमें कर्त्ता मुख्य होता है। कर्त्ता के अनुसार ही क्रिया का रूप होता है। कर्तृवाच्य में कर्त्ता में प्रथमा, कर्म में द्वितीया और क्रिया कर्त्ता के अनुसार होती है।

कर्तृवाच्य	भाववाच्य
* सा भवति	तया भूयते
* सः भवति	तेन भूयते
* सः भविष्यति	तेन भविष्यते
* सा भविष्यति	तया भविष्यते
अतः विकल्प A सही है।	

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-115

87. कर्मवाच्य सम्भव है-
(A) सकर्मक अकर्मक में
(B) केवल सकर्मक में
(C) केवल अकर्मक में
(D) उपर्युक्त सभी में

व्याख्या-

कर्मवाच्य के नियम-

* केवल सकर्मक धातुओं से ही कर्मवाच्य होता है, इसमें कर्म की प्रधानता होती है।
* कर्म के अनुसार ही क्रिया के लिङ्ग, विभक्ति और वचन होते हैं। कर्मवाच्य के कर्म में प्रथमा होती है, कर्त्ता में तृतीया होती है, कर्म के अनुसार क्रिया का प्रयोग होता है।
* कर्मवाच्य में लट् आदि में धातु के अन्त में यक् (य) प्रत्यय लगता है। **अतः विकल्प B है।**

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-441

88. ''मैं जाना चाहता हूँ'' का संस्कृत रूपान्तर है -
(A) अहम् आजिगमिषामि
(B) अहं जिगमिषामि
(C) अहं गमिष्यामि
(D) अहं गन्तुं नेच्छामि

व्याख्या-

* 'मैं जाना चाहता हूँ' इस वाक्य का तुमुन् प्रत्यय का प्रयोग करके अनुवाद होगा-
अहं गन्तुम् इच्छामि। इसी वाक्य का 'सन्' प्रत्ययान्त अनुवाद होगा।
अहं जिगमिषामि। **अतः विकल्प B सही है।**

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-460

89. ''क्या जल्दी है? रेलगाड़ी के चलने में देर है। घबराइए नहीं।'' इस वाक्य का सही संस्कृत रूपान्तर है-
(A) का त्वरा। रेलयानं न चलति। व्याकुली मा भूः।
(B) का त्वरा। चिरेण प्रयास्यति रेलयानम्। मा स्म व्याकुली भूः।
(C) का शीघ्रता। रेलयानमद्य न चलिष्यति। मा स्म व्याकुलताम्।
(D) शीघ्रता का। अचिरं प्रयास्यति रेलयानम्। मा स्म व्याकुली भूः।

व्याख्या-

* का त्वरा। चिरेण प्रयास्यति रेलयानम्। मा स्म व्याकुली भूः। इस वाक्य में त्वरा का अर्थ शीघ्रता है, चिरेण अव्यय का अर्थ है देर से, प्रयास्यति 'या' धातु लृट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन है। 'मा स्म व्याकुली भूः' में स्म के प्रयोग के कारण भू धातु लुङ् लकार मध्यम पुरुष एकवचन में अभूः में अट् का आगम नहीं हुआ है।
अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-460

90. ध्वनिपरिवर्तन का सर्वप्रमुख कारण है-
(A) प्रयत्न लाघव (B) शीघ्रभाषण
(C) बलाघात (D) कृत्रिमता

व्याख्या-

(A) **प्रयत्नलाघव या मुखसुख-** प्रयत्न लाघव को उच्चारण सुविधा या उच्चारण-सौकर्य भी कहते हैं। यह ध्वनि परिवर्तन का सबसे प्रमुख कारण है मनुष्य स्वभाव से ही कम प्रयत्न करके अधिक लाभ उठाना चाहता है। मुखसुख के लिए कठिन शब्दों को सरल बनाया जाता है- जैसे- सत्य का सच, कर्म का काम, प्रचार का परचार, चक्र का चक्कर, हास्पिटल का अस्पताल आदि।

(B) **शीघ्रभाषण-** शीघ्र बोलने के कारण भी ध्वनि में परिवर्तन हो जाता है जैसे- किसने से किन्ने, अब ही से अभी भातृजाया से भौजी, पद्मदत्त दादा से पद्दा आदि।

(C) **बलाघात-** जिस ध्वनि पर बल दिया जाता है वह ध्वनि शेष रहती है, अन्य निर्बल ध्वनियाँ क्षीण हो जाती हैं।

(D) **कृत्रिमता-** आत्माभिव्यक्ति के लिए कुछ व्यक्ति शब्दों को तोड़-मरोड़कर बोलते हैं। इसका स्थायीभाव नहीं होता। जैसे- भाई से भइया, भ्राता। स्पष्ट से अस्पष्ट आदि।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-227

91. ग्रिम, ग्रासमैन एवं वर्नर सम्बन्धित हैं-
(A) भौतिक नियमों से
(B) जैविक नियमों से
(C) व्याकरण नियमों से
(D) ध्वनि नियमों से

व्याख्या-

* ग्रिम, ग्रासमान और वर्नर नियम मूल भारोपीय भाषा से सम्बद्ध है इन नियमों में मूल भारोपीय भाषा की ध्वनियों के परिवर्तन का वर्णन है।

* **ग्रिम नियम-**

क् त् प्
(अघोष अल्पप्राण)

(घोष अल्पप्राण)
ग् द् ब्

ख् (ह्) थ् फ्
घ्, ध्, भ
(महाप्राण)

* ग्रासमान नियम- संस्कृत और ग्रीक भाषाओं में दो अव्यवहित सोष्म ध्वनियों में से सामान्यतया प्रथम ऊष्म ध्वनि (ह ध्वनि) निकल जाती है जहाँ पर द्वितीय वर्ण से ऊष्म ध्वनि निकलती है वहाँ पर प्रथम वर्ण में ऊष्म ध्वनि आ जाती है। जैसे- भभार से बभार

* **वर्नर नियम-**
मूल भारोपीय भाषा शब्दों के क्, त्, प् को जर्मनिक भाषाओं में ह्, थ्, फ्, तभी होता है जब मूल भाषा में अव्यवहित पूर्व कोई उदात्त स्वर होता है यदि उदात्त स्वर क्, त्, प् के बाद हो तो उनके स्थान पर क्रमश ग्, द्, ब् होते हैं। **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-241

92. भाषाओं का आकृतिमूलक वर्गीकरण विषयक कौन-सा विकल्प सही है?
(A) योगात्मक, वियोगात्मक, संयोगात्मक, एकल
(B) अयोगात्मक, अश्लिष्ट, श्लिष्ट, प्रश्लिष्ट
(C) श्लिष्ट, अश्लिष्ट, प्रश्लिष्ट, विश्लिष्ट
(D) चीनी, भारोपीय, द्रविड, लैटिन

व्याख्या-

आकृतिमूलक वर्गीकरण को निम्नलिखित वंशवृक्ष के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है-

भाषा
- अयोगात्मक (चीनी, तिब्बती, बर्मी)
- योगात्मक
  - अश्लिष्ट
    - पूर्वयोगात्मक — काफिर
    - मध्ययोगात्मक — सन्थाली
    - अन्त्ययोगात्मक — तुर्की
    - पूर्वान्तयोगात्मक — मफोर
  - **श्लिष्ट**
    - अन्तर्मुखी
      - संयोगात्मक (अरबी)
      - वियोगात्मक (हिब्रू)
    - बहिर्मुखी
      - संयोग0 (संस्कृत)
      - वियोगा0 (हिन्दी)
  - प्रश्लिष्ट
    - पूर्णप्रश्लिष्ट (चेरोफी)
    - आंशिक प्रश्लिष्ट — बास्क

अतः विकल्प 'B' सही है।
स्रोत- भाषाविज्ञान- कर्ण सिंह, पेज-56

93. तुखारी (तोखारी) शाखा का पता कब लगा?
(A) इक्कीसवीं शताब्दी में
(B) बीसवीं शताब्दी में
(C) अट्ठारहवीं शताब्दी में
(D) उपर्युक्त में से किसी में भी नहीं

व्याख्या-

* फ्रेंच और जर्मन् विद्वानों ने 20 वीं सदी के प्रारम्भ में मध्य एशिया के तुर्फान प्रदेश भारतीय लिपि (ब्राह्मी और खरोष्ठी) में लिखे अनेक ग्रन्थ और पत्र प्राप्त किये। इनके अध्ययन के पश्चात् प्रो0 सीग ने यह निष्कर्ष निकाला कि यह भारोपीय परिवार में केन्टुम् वर्ग की भाषा है।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-395

94. 'उष्ट्र का ऊँट' ध्वनि परिवर्तन निम्नलिखित में से कौन-सा प्रकार है?
(A) विपर्यय **(B) लोप**
(C) आगम **(D) अनुनासिकता**

व्याख्या-

(A) **वर्ण विपर्यय-** इसको विपर्यय, वर्ण प्रत्यय, स्थान विपर्यय भी कहते हैं। कभी-कभी किसी शब्द में आने वाले स्वर या व्यञ्जन का स्थान असावधानी के कारण या जान बूझकर बदल देते हैं।
उदाहरण- हिंस् से सिंह,स्नान से नहाना,लखनऊ से नखलऊ।

(B) **वर्ण लोप-** मुखसुख, प्रयत्नलाघव आदि के कारण कुछ ध्वनियों का लोप हो जाता है। ये लोप तीन प्रकार के होते हैं- स्वर लोप, व्यञ्जन लोप, अक्षर लोप
उदाहरण- आभ्यन्तर से भीतर (आदि स्वर लोप)
स्थान से थान (आदि व्यञ्जन लोप)
अनाज से नाज (आदि स्वरलोप)

(C) **आगम-** उच्चारण की सुविधा के लिये शब्दों के आदि, मध्य या अन्त में कुछ ध्वनियाँ जोड़ दी जाती है इन्हें आगम कहते हैं आगम के तीन भेद हैं- आदि स्वरागम या प्रागुपजन, मध्य स्वरागम या स्वरभक्ति, अन्त्य स्वरागम (अक्षर आगम)
स्त्री से इस्त्री, स्नान से अस्नान, ओष्ठ से होंठ

(D) **अनुनासिकता-** मुखसुख के लिये अनुनासिकरहित शब्दों को भी अनुनासिकयुक्त कर देते हैं यह अनुनासिकता दो प्रकार की है- सकारण तथा अकारण।
उदाहरण- उष्ट्र-ऊँट (अकारण अनुनासिकता), अक्षि-आँख (अकारण अनुनासिकता), चन्द्र-चाँद (सकारण अनुनासिकता), अन्धकार से अन्धेरा (सकारण अनुनासिकता)
अतः विकल्प 'D' सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-237

95. 'अवेस्ता' भाषा है-
(A) ईरानी **(B) भारतीय**
(C) ग्रीक **(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं**

व्याख्या-

(A) भारत की प्राचीनतम भाषा संस्कृत है। इसका भी प्राचीनतम रूप वैदिक संस्कृत है। ईरान की प्राचीन भाषा अवेस्ता है। ईरानियों के धर्मग्रन्थ का नाम अवेस्ता है इनकी भाषा भी अवेस्ता है। 'अवेस्ता' संस्कृत 'अवस्था' का अपभ्रंश है इसका अर्थ है व्यवस्थित, परिनिष्ठित रूप।अवेस्ता शब्द धर्मग्रन्थ का वाचक है। **अतः विकल्प A सही है।**

(B) भारतीय आर्यभाषाओं को काल की दृष्टि से तीन भागों में बाँटा गया है-

(i) प्राचीन भारतीय आर्यभाषायें-2500ई॰पू॰से 500ई॰पू॰ तक

(ii) मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाएँ- 500 ई॰ पू॰ से 1000 ई.पू. तक

(iii) आधुनिक भारतीय आर्यभाषाएँ- 1000 ई.पू. से वर्तमान समय तक

(C) ग्रीस में सामान्य रूप से प्रचलित जनभाषा को **कोईने** कहते थे। साहित्यिक ग्रीक का आधार **एट्टिक** भाषा थी। यही ग्रीस की जनभाषा थी।

स्रोत-भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-416

96. भाषा के 'धातु सिद्धान्त' के प्रतिपादक हैं-
(A) रूसो **(B) मैक्समूलर**
(C) भर्तृहरि **(D) जी रेवेज**

व्याख्या-

	विद्वान्	सिद्धान्त
(A)	रूसो	संकेत सिद्धान्त
(B)	मैक्समूलर	धातु सिद्धान्त को प्रो0 हेस, डॉ॰ स्टाइथाल एवं मैक्समूलर बाद में मैक्सूलर ने इसका खण्डन कर दिया।
(C)	भर्तृहरि	प्रतिभा सिद्धान्त
(D)	जी॰ रेवेज	सम्पर्क सिद्धान्त

भाषा विषयक अन्य विद्वानों के सिद्धान्त-

डार्विन	आवेग सिद्धान्त
डार्विन, स्पेन्सर येस्पर्सन	सङ्गीत सिद्धान्त
न्वारे	श्रमध्वनि सिद्धान्त

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान- कर्ण सिंह, पेज-30-31

97. यास्क का सम्बन्ध है-
(A) निरुक्त से (B) प्रातिशाख्य से
(C) महाभाष्य से (C) छन्द से

व्याख्या-

A. निरुक्त - यास्क से
B. प्रातिशाख्य - वेदों से
C. महाभाष्य - पतञ्जलि से
D. छन्द - पिङ्गल से

विशेष- निरुक्त निघण्टु ग्रन्थ पर लिखी गयी टीका है, जिसमें परिशिष्ट के दो अध्यायों को जोड़कर कुल चौदह अध्याय हैं परिशिष्ट को छोड़कर बारह अध्याय हैं। निरुक्त को वेद का कान कहा जाता है।

* प्रातिशाख्य शब्द का अर्थ है प्रत्येक शाखा से सम्बद्ध व्याकरण आदि का बोध कराने वाला ग्रन्थ। विभिन्न प्रातिशाख्य इस प्रकार हैं-

ऋक् प्रातिशाख्य- इसके रचयिता शौनक हैं इसमे (18) पटल (अध्याय) हैं।

वाजसनेयि प्रातिशाख्य- इसके रचयिता कात्यायन हैं इसमें आठ अध्याय हैं।

तैत्तिरीय प्रातिशाख्य- कृष्णयजुर्वेद से सम्बन्धित हैं इसमें (24) अध्याय हैं।

* महर्षि पतञ्जलि द्वारा रचित महाभाष्य व्याकरण से सम्बद्ध ग्रन्थ है। महर्षि पतञ्जलि ने पाणिनि के सूत्रों पर भाष्य लिखा जिसमें 84 आह्निक हैं।

* छन्द को वेद का पैर कहा जाता है छन्दसूत्र के प्रणेता आचार्य पिङ्गल हैं छन्द के दो भेद होते हैं वार्णिक तथा मात्रिक छन्द। **अतः विकल्प A सही है।**

स्रोत- हिन्दी निरुक्त- कपिलदेव द्विवेदी, भू.पेज-23

भारतीय दर्शन

98. रिक्तस्थानों की पूर्ति के लिए निम्नांकित चार विकल्पों में से कौन सा विकल्प उपयुक्त है?
(A) ....लघु प्रकाशकम् (B) गुरू वरणकम् .....
(C) .....अर्थतो वृत्तिः (D) उपष्टभकं चलञ्च....
(A) प्रदीपवत्, सत्वम्, तमः, रजः
(B) सत्त्वम्, तमः, प्रदीपवत्, रजः
(C) तमः, रजः सत्वम्, प्रदीपवत्
(D) रजः, तमः, सत्वम् , प्रदीपवत्

व्याख्या-

आचार्य ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में तीनों गुणों की विशेषताओं का वर्णन करते हुए कहते हैं कि-

सत्त्वं लघु प्रकाशकमिष्टमुपष्टम्भकं चलं च रजः।
गुरु वरणकमेव तमः प्रदीपवच्चार्थतो वृत्तिः॥

(सां.का.- 13)

* सत्त्वगुण हल्का और प्रकाशित करने वाला होता है।
* रजोगुण प्रेरक और क्रियाशील होता है।
* तमोगुण भारी और नियामक माना गया है। ये तीनों गुण परस्पर मिलकर दीपक के समान व्यवहार किया करते हैं।

अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.-13)- राकेश शास्त्री, पेज-45

99. सत्त्व गुण होता है-
(A) भारी (B) चञ्चल
(C) लघुप्रकाशक (D) उपष्टम्भक

व्याख्या-

गुणों का विवेचन करते हुये आचार्य ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में कहते हैं -

प्रीत्यप्रीतिविषादात्मकाः प्रकाशप्रवृत्तिनियमार्थाः।
अन्योन्याभिभवाश्रयजननमिथुनवृत्तयश्च गुणाः।

(सां. का.- 12)

सत्त्व, रजस्, तमस् ये तीनों गुण क्रमशः सुखात्मक , दुःखात्मक तथा मोहात्मक स्वरूप वाले होते हैं प्रकाशन, प्रवर्तन, और नियमन इनके कार्य हैं।

तथा

सत्त्वं लघु प्रकाशकमिष्टमुपष्टम्भकं चलं च रजः।
गुरु वरणकमेव तमः प्रदीपवच्चार्थतो वृत्तिः॥

(सां. का.- 13)

सत्त्वगुण हल्का और प्रकाशित करने वाला, रजोगुण प्रेरक और क्रियाशील तथा तमोगुण भारी और नियामक माना गया है। ये गुण पुरुष के प्रयोजन के अनुसार दीपक के समान व्यवहार करते हैं।

* सत्त्वगुण- सुखात्मक, प्रकाशक, लघु
* रजस् गुण- दुःखात्मक, प्रवर्तक (क्रियाशील), प्रेरक
* तमस् गुण- मोहात्मक, नियामक, भारी
* इन तीनों गुणों का स्वभाव एक दूसरे को दबाना, तिरस्कृत करना, एक दूसरे का सहयोग लेना जिससे ये गुण महत् आदि तत्त्वों को उत्पन्न करते हैं।
* सत्त्व, रजस्, तमस् को सभी भारतीय दर्शनों ने गुण की सञ्ज्ञा प्रदान की जबकि वैशेषिक इन्हें गुण न मानकर द्रव्य की सञ्ज्ञा प्रदान करता है।
* भाष्यकारों ने सत्त्वगुण का उदाहरण सुन्दर स्त्री, रजस् का योद्धा तथा तमस् का मेघ उदाहरण दिया है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.-13)- राकेश शास्त्री, पेज-45

100. सांख्यदर्शन के अनुसार सृष्टि का निर्माण कितने तत्त्वों से हुआ है?

(A) 25 तत्त्वों से **(B) 23 तत्त्वों से**
(C) 24 तत्त्वों से **(D) 5 तत्त्वों से**

व्याख्या-

(A) ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में सृष्टिनिर्माण की प्रक्रिया का उल्लेख करते हुये कहते हैं कि-

सर्वप्रथम मूलप्रकृति से पुरुष का प्रकाश पड़ने पर महत् की उत्पत्ति होती है। सांख्य का पुरुष तेजोरूप है, इसी का दूसरा नाम 'ज्ञ' है।

प्रकृतेर्महाँस्ततोऽहङ्कारस्तस्माद् गणश्च षोडशकः।
तस्मादपि षोडशकात् पञ्चभ्यः पञ्चभूतानि॥

(सां. का.- 22)

मूलप्रकृति से महत्, महत् से अहङ्कार, उस अहङ्कार से सोलह पदार्थों का समूह तथा उसी सोलह के समूह में से पञ्चतन्मात्राओं से पञ्चमहाभूत उत्पन्न होता है।

मूल प्रकृति
पुरुष का प्रकाश ∴∴∴∴ |
महत् (बुद्धि)
|
अहङ्कार
|
पञ्चतन्मात्रा+ एकादश इन्द्रिय
|
पञ्चमहाभूत

अतः मूलप्रकृति, पुरुष, महत् , अहङ्कार, पञ्चतन्मात्रा, पञ्चमहाभूत, एकादश इन्द्रिय ये पच्चीस तत्त्व हैं।

अतः विकल्प A सही है।

(B) सांख्यशास्त्र में व्यक्त पदार्थ की संख्या 23 है- महत्, अहङ्कार, एकादश इन्द्रियाँ, पञ्चतन्मात्रा, पञ्चमहाभूत।

(C) व्यक्त तथा अव्यक्त को मिलाकर सांख्य में 24 तत्त्व होते हैं।

(D) सांख्यशास्त्र में पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पञ्च तन्मात्रा, पञ्च महाभूत हैं।
पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ- श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, रसना, घ्राण।
पाँच कर्मेन्द्रियाँ- वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ।
पाँच तन्मात्रा- शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध।
पाँच महाभूत- आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथिवी।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.-03)- राकेश शास्त्री, पेज-8

101. निम्नांकित तालिका- (1) में सांख्यकारिका के अनुसार कुछ सम्प्रत्यय एवं तालिका- (2) में उनके भेद अंकित हैं। उनकी सहायता से सही सुमेलित विकल्प चुनें-

तालिका-(1)	तालिका-(2)
क- प्रकृतिः	(i) अनेकः
ख- प्रकृति-विकृतिः	(ii) षोडश
ग- विकृतिः	(iii) एकः
घ- न प्रकृतिः न विकृतिः	(iv) सप्त

	(क)	(ख)	(ग)	(घ)
A.	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
B.	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
C.	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
D.	(iv)	(iii)	(ii)	(i)

आचार्य ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में पच्चीस तत्त्वों का वर्णन करते हुए कहते हैं-

मूल प्रकृतिरविकृतिर्महादाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः॥

(सां.का.-3)

* मूलप्रकृति किसी का विकार नहीं है जिसकी संख्या एक है।
* महत् आदि सात तत्त्व कारण और विकार्य (कार्य) दोनों है। 'प्रकृतिविकृतयः सप्त'
* सोलह पदार्थों का समूह केवल कार्य अर्थात् विकार है।
* पुरुष न तो कार्य है और न कारण इसकी संख्या अनेक है (पुरुषबहुत्वं सिद्धं) **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत- सांख्यकारिका (का.3)- राकेश शास्त्री, पेज-8

102. इनमें से कौन-सा हेत्वाभास नहीं है?
(A) आश्रयासिद्ध (B) बाधित
(C) अनैकान्तिक (D) विपक्षव्यावृत्ति

व्याख्या-

आचार्य केशवमिश्र हेत्वाभास की चर्चा अनुमान प्रमाण के अन्तर्गत करते हुये कहते हैं कि- असद् हेतु को हेत्वाभास कहते हैं वह वस्तुतः होता नहीं है,किन्तु होने के समान भासित होता है।

'असिद्ध-विरुद्ध-अनैकान्तिक-प्रकरणसम-कालात्ययापदिष्टभेदात् पञ्चैव।' अर्थात् असिद्ध, विरुद्ध, अनैकान्तिक, प्रकरणसम, कालात्ययापदिष्ट ये पाँच हेत्वाभास हैं।

* **असिद्ध हेत्वाभास-** 'तत्र लिङ्गत्वेनानिश्चितो हेतुरसिद्धः।' उसमें लिङ्ग के रूप में निश्चित न होने वाला हेतु असिद्ध हेत्वाभास कहलाता है। असिद्ध हेत्वाभास के तीन भेद हैं- आश्रयासिद्ध, स्वरूपासिद्ध, व्याप्यात्वासिद्ध।
उदाहरण- 'गगनारविन्दं सुरभि अरविन्दत्वात् सरोजारविन्दवत्।
* **विरुद्ध हेत्वाभास-**'साध्यविपर्ययव्याप्तो हेतुर्विरुद्धः।' साध्य के अभाव से व्याप्त हेतु विरुद्ध हेत्वाभास कहलाता है। **उदाहरण-** शब्दो नित्यः कृतकत्वादात्मवत्।
* **अनैकान्तिक हेत्वाभास-**'सव्यभिचारोऽनैकान्तिकः' सव्यभिचार हेतु अनैकान्तिक हेत्वाभास कहलाता है। वह दो प्रकार का होता है-
साधारण अनैकान्तिक और असाधारण अनैकान्तिक।
उदाहरण- शब्दो नित्यः प्रमेयत्वात् व्योमवत्।
* **प्रकरणसम हेत्वाभास-** 'प्रकरणसमस्तु स एव यस्य हेतोः साध्यविपरीतसाधकं हेत्वन्तरं विद्यते।' जिस हेतु के साध्य के विपरीत अर्थ का साधक दूसरा हेतु विद्यमान होता है।
उदाहरण- शब्दोऽनित्यो नित्यधर्मरहितत्वात्।
* कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास- पक्षे प्रमाणान्तरावधृत साध्याभावो हेतुर्बाधितविषयः कालात्ययापदिष्ट इति च उच्यते। जिसके साध्य का अभाव अन्य प्रमाण से निश्चित कर दिया जाता है वह हेतु बाधितविषय तथा कालात्ययापदिष्ट कहलाता है। उदाहरण - अग्निरनुष्णः कृतकत्वाज्जलवत्।

अतः विकल्प D सही है।

क्योंकि विपक्ष व्यावृत्ति हेत्वाभास के अन्तर्गत नहीं है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-109

103. पञ्चावयव वाक्य का प्रयोग होता है-
(A) स्वार्थानुमान में
(B) परार्थानुमान में
(C) सभी अनुमानों में
(D) उपर्युक्त में से किसी में भी नहीं

व्याख्या-

आचार्य केशवमिश्र तर्कभाषा में अनुमान प्रमाण के दो भेद करते हैं- स्वार्थानुमान, परार्थानुमान। परार्थानुमान के पाँच अवयव बताते हुए कहते हैं कि-

1. **प्रतिज्ञा-** पर्वतोऽग्निमान्
2. **हेतु-** धूमवत्त्वात्
3. **उदाहरण-** यो यो धूमवान् स सोऽग्निमान्, यथा- महानसः
4. **उपनय-** तथा चायं
5. **निगमन-** तस्मात्तथा

इसप्रकार परार्थानुमान में पाँच अवयवों का प्रयोग किया गया है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-92

104. नीचे दो पृथक् तालिकायें दी गयी हैं, इनकी सहायता से सही सुमेलित विकल्प चुनें-

तालिका - I	तालिका- II
क- असाधारणधर्मवचनम्	(i) करणम्
ख- साधकतमम्	(ii) समवायिकारणम्
ग- अनन्यथासिद्धपश्चाद्भावित्वम्	(iii) कार्यत्वम्
घ- यत्समवेतं कार्यमुत्पद्यते	(iv) लक्षणम्

	(क)	(ख)	(ग)	(घ)
A	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
B	(iv)	(i)	(iii)	(ii)
C	(iv)	(ii)	(iii)	(i)
D	(i)	(iii)	(iv)	(ii)

व्याख्या-
आचार्य केशवमिश्र तर्कभाषा में 'लक्षण' का लक्षण करते हुये कहते हैं कि- 'लक्षणन्त्वसाधारणधर्मवचनम्'
अर्थात् असाधारण धर्म का कथन लक्षण कहा जाता है।
उदाहरण- 'गोः सास्नादिमत्त्वम्' गलकम्बल आदि वाली होना गौ का लक्षण है।

(B) आचार्य केशवमिश्र करण का लक्षण करते हुये कहते हैं- 'साधकतमं करणम्' साधकतम को करण कहा जाता है।

(C) आचार्य केशवमिश्र कार्य के सन्दर्भ में उसका लक्षण करते हैं- 'अनन्यथासिद्धनियतपश्चाद्भावित्वं कार्यत्वम्' अनन्यथासिद्ध न होकर नियतरूप से कारण के पश्चात् होना कार्य का स्वरूप है।

(D) 'यत्समवेतं कार्यसमुत्पद्यते तत्समवायिकारणम्।' जिसमें समवेत होकर कार्य उत्पन्न होता है वह समवायिकारण है।
उदाहरण- तन्तु पट का समवायिकारण है।
उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प B सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-7,17,20,33

105. निम्नांकित तालिका- (1) में तर्कभाषा के अनुसार कुछ प्रत्यय एवं तालिका- (2) में उनके भेद अंकित है। उनकी सहायता से सही सुमेलित विकल्प चुनें

तालिका-(A)	तालिका-(B)
क- प्रमेय	(i) 3
ख- अवयव	(ii) 16
ग- पदार्थ	(iii) 5
घ- कारण	(iv) 12

	(क)	(ख)	(ग)	(घ)
A	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
B	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
C	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
D	(iv)	(ii)	(iii)	(i)

व्याख्या-
(A) केशवमिश्र तर्कभाषा में प्रमेय का निरूपण करते हुये कहते हैं-
'आत्मशरीरेन्द्रियार्थबुद्धिमनः प्रवृत्तिदोषप्रेत्यभावफलदुःखापवर्गास्तु प्रमेयम्' अर्थात् आत्मा, शरीर, इन्द्रिय, अर्थ,बुद्धि,मन,प्रवृत्ति,दोष,प्रेत्याभाव,फल,दुःख तथा अपवर्ग ये बारह प्रमेय पदार्थ हैं।

(B) केशवमिश्र अनुमान प्रमाण के सम्बन्ध में पाँच अवयवों की चर्चा करते हैं प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय, निगमन।

(C) आचार्य केशवमिश्र तर्कभाषा में षोडश (सोलह) पदार्थों का वर्णन करते हैं-
प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास छल, जाति, निग्रहस्थान ये सोलह पदार्थ हैं।

(D) आचार्य केशवमिश्र तर्कभाषा में कारण के तीन भेद बताये गये हैं- समवायिकारण, असमवायिकारण, निमित्तकारण।
प्रमेय-12, अवयव- 5, पदार्थ-16, कारण-3
अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-24,92,267,175

106. वेदान्तदर्शन के मत में सूक्ष्मशरीर का निर्माण कितने तत्त्वों से हुआ है?
(A) 20 **(B) 18**
(C) 17 **(D) 15**

व्याख्या-
सदानन्द योगीन्द्र वेदान्तसार में सूक्ष्मशरीर का लक्षण करते हुए कहते हैं कि- 'सूक्ष्मशरीराणि सप्तदशावयवानि लिङ्गशरीराणि' अर्थात् सूक्ष्मशरीर का निर्माण सत्रह अवयवों से होता है, इसे ही लिङ्गशरीर कहते हैं।

- ➢ सत्रह अवयव हैं- पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पञ्च वायु, बुद्धि और मन।
- ➢ पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ- श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, घ्राण।
- ➢ पाँच कर्मेन्द्रियाँ - वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ।
- ➢ पाँच वायु- प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान ।
- ➢ ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में सूक्ष्मशरीर का लक्षण करते हुये कहते हैं कि-

पूर्वोत्पन्नमसक्तं नियतं महदादिसूक्ष्मपर्यन्तम्।
संसरति निरुपभोगं भावैरधिवासितं लिङ्गम्॥
(सां.का.40)

सृष्टि के प्रारम्भ में उत्पन्न, सर्वत्र गति करने में सक्षम, प्रलयकालपर्यन्त स्थायीरूप से रहने वाला, महत् आदि से लेकर सूक्ष्मतन्मात्रापर्यन्त अठारह तत्त्वों से निर्मित भोगरहित,भावों से युक्त लिङ्गशरीर गमनागमन करता है।

➢ अठारह तत्त्व हैं- पञ्च ज्ञानेन्द्रियाँ, पञ्च कर्मेन्द्रियाँ, पञ्च महाभूत, मन, बुद्धि, अहङ्कार।
अतः विकल C सही है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-65

107. ''जीवब्रह्मैक्यं शुद्धचैतन्यं प्रमेयं तत्र...........।'' यह पंक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है?
(A) तर्कभाषा (B) वेदान्तसार
(C) सांख्यकारिका (D) योगदर्शन

व्याख्या-

(A) तर्कभाषा- आचार्य केशवमिश्र तर्कभाषा में सोलह पदार्थों के ज्ञान का फल बताते हुए कहते हैं कि- 'प्रमाण-प्रमेय--संशय.....................श्रेयसाधिगमः।'
प्रमाण, प्रमेय, संशय आदि 16 पदार्थों के सम्यक् ज्ञान से निःश्रेयस् (मोक्ष) की प्राप्ति होती है।

(B) वेदान्तसार- सदानन्द योगीन्द्र वेदान्तसार में वेदान्तशास्त्र में अनुबन्ध चतुष्टयों के अन्तर्गत विषय का निरूपण करते हैं- 'जीवब्रह्मैक्यं शुद्धचैतन्यं प्रमेयं तत्र वेदान्तानां तात्पर्यात्'- जीव और ब्रह्म का एक होना विरुद्ध धर्मों से विमुक्त शुद्ध चैतन्य का ज्ञान है। यही वेदान्त वाक्यों का लक्ष्य है।

(C) सांख्यकारिका- ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में व्यक्त और अव्यक्त के ज्ञान का निरूपण करते हुये कहते हैं- तद्विपरीतः श्रेयान् व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानात्। (सां. का.-2)
व्यक्त,अव्यक्त तथा चिद्रूप पुरुष के विवेकज्ञान से उत्पन्न तत्त्व साक्षात्कार रूप सांख्यशास्त्रोक्त उपाय उससे भिन्न होने के कारण श्रेयस्कर हैं।

(D) योगदर्शन- महर्षि पतञ्जलि योगदर्शन के समाधिपाद में चित्तवृत्तियों को निग्रह करने (रोकने) में योग की भूमिका का वर्णन करते हैं- योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः। (योगदर्शन समाधिपाद सूत्र-2) योग चित्तवृत्तियों का निरोध है।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-30

108. ''अनुबन्ध'' किसे कहते हैं?
(A) नित्यानित्यवस्तुविवेक को
(B) अधिकारिविषयसम्बन्धप्रयोजनानि को
(C) इहामुत्रार्थफलभोगविराग को
(D) उपर्युक्त में से किसी में भी नहीं

व्याख्या-
अनुबन्ध चतुष्टय को परिभाषित करते हुये सदानन्द योगीन्द्र वेदान्तसार में कहते हैं कि-
'तत्रानुबन्धो नामाधिकारिविषयसम्बन्धप्रयोजनानि।'
अर्थात् अनुबन्ध चतुष्टय हैं-
1. अधिकारी 2. विषय 3. सम्बन्ध 4. प्रयोजन

* साधन चतुष्टय- साधन चतुष्टय का वर्णन वेदान्तसार में निम्नवत् है- 'नित्यानित्यवस्तुविवेकेहामुत्रार्थफलभोगविराग-शमादिषट्कसम्पत्ति मुमुक्षुत्वानि।
1. नित्यानित्यवस्तुविवेक 2. इहामुत्रार्थफलभोगविराग 3. शमा दिषट्कसम्पत्ति 4. मुमुक्षुत्व
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-9

109. 'आनुश्रविक' कहते हैं-
(A) लौकिक उपाय को (B) वैदिक उपाय को
(C) भौतिक उपाय को (D) नैतिक उपाय को

व्याख्या-
ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में वेदोक्त उपायों को दोष युक्त प्रतिपादित करते हुये तत्त्वज्ञान की उपादेयता प्रतिपादित करते हैं-
दृष्टवदानुश्रविकः स ह्यविशुद्धिक्षयातिशययुक्तः।
तद्विपरीतः श्रेयान् व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानात्॥ (सां.का.2)
अविशुद्धिक्षय अतिशयता से युक्त वह वेदोक्त उपाय भी लौकिक उपायों के समान ही (दुःखों की ऐकान्तिक एवं आत्यन्तिक निवृत्ति में समर्थ नहीं हैं उस वैदिक उपाय के विपरीत व्यक्त, अव्यक्त और पुरुष के विशेष ज्ञान से अधिक उत्तम होता है।
लौकिक उपाय- दृष्टवत्, वैदिक उपाय- आनुश्रविक
सांख्यकारिका में लौकिक उपायों के समान वैदिक उपाय को अशुद्धि, क्षय और अतिशय से युक्त बताया गया है।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.2)- राकेश शास्त्री, पेज-5

110. 'संकल्प-विकल्पात्मिकान्तःकरणवृत्तिः' किससे सम्बन्धित है?
(A) मन (B) बुद्धि
(C) चित्त (D) अहङ्कारः

व्याख्या-

वेदान्तसार में सदानन्द मन का लक्षण करते हैं-

A. **मन-** 'मनो नाम सङ्कल्पविकल्पात्मिकान्तःकरणवृत्तिः। सङ्कल्प और विकल्प करने वाली अन्तःकरण की वृत्ति मन है।

अतः विकल्प A सही है।

B. **बुद्धि-** वेदान्तसार में सदानन्द बुद्धि का लक्षण करते हैं- 'बुद्धिर्नामनिश्चयात्मिकान्तःकरणवृत्तिः' अर्थात् निश्चय करने वाली अन्तःकरण की वृत्ति बुद्धि है।

C. **चित्त-** वेदान्तसार के टीकाकार रामतीर्थ चित्त का लक्षण इसप्रकार करते हैं- अनुसन्धानात्मिकान्तःकरणवृत्तिः चित्तम्। अनुसन्धानकर्त्री अन्तःकरण की वृत्ति चित्त है।

D. **अहङ्कार-** वेदान्तसार के टीकाकार रामतीर्थ अहङ्कार का लक्षण करते हैं- 'अभिमानात्मिकान्तः करणवृत्तिः अहङ्कारः।' अभिमान करने वाली अन्तःकरण की वृत्ति अहङ्कार है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-66

111. 'मोक्षेच्छा' किसे कहते हैं?
(A) मुमुक्षुत्वम्
(B) गुरूपदिष्टवेदान्तवाक्येषु विश्वासः
(C) शीतोष्णादिद्वन्द्व सहिष्णुता
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-

➢ सदानन्दकृत वेदान्तसार में चार साधन बताये गये हैं-

1. **नित्यानित्यवस्तुविवेक-**
नित्यानित्यवस्तुविवेक...................... नित्यमिति विवेचनम्।
केवल ब्रह्म ही नित्य वस्तु है और उससे भिन्न सब कुछ अनित्य है ऐसा विवेचन करना नित्यानित्यवस्तुविवेक है।

2. **इहामुत्रार्थफलभोगविराग-**
ऐहिकानां स्रकचन्दन..................नितरां विरतिः।
इस लोक में होने वाले माला चन्दन कामिनी आदि विषयभोग जिसप्रकार कर्मजन्य होने से अनित्य है उसी प्रकार परलोक में होने वाले अमृत आदि विषयभोग भी अनित्य हैं इसलिए उन भोगों से विरति होना इहमुत्रार्थफलभोगविराग है।

3. **शमादिषट्कसम्पत्ति-**
शमदमोपरतितितिक्षासमाधानश्रद्धाख्याः।
शम, दम, उपरति, तितिक्षा, समाधान, श्रद्धा ये शमादिषट्कसम्पत्ति हैं।

4. **मुमुक्षुत्व-** मोक्षेच्छा। (मोक्ष की कामना ही मुमुक्षुत्व है।)

➢ **तितिक्षा-** शीतोष्णादिद्वन्द्वसहिष्णुता।
शीत-उष्ण आदि द्वन्द्वों को सहन करना तितिक्षा है।

➢ **श्रद्धा-** गुरूपदिष्टवेदान्तवाक्येषु विश्वासः श्रद्धा। गुरु और वेदान्त के वाक्यों में विश्वास होना श्रद्धा है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-20

112. आवरण और विक्षेप किसकी शक्तियाँ हैं ?
(A) ब्रह्म **(B) ज्ञान**
(C) अज्ञान **(D) जीव**

व्याख्या-

सदानन्द प्रणीत वेदान्तसार में ब्रह्म का लक्षण निम्नवत् है- 'वस्तु सच्चिदानन्दानन्ताद्वयं ब्रह्म' अर्थात् सच्चिदानन्द अद्वितीय अनन्त ब्रह्म है, जो वस्तु है, शेष सम्पूर्ण संसार अवस्तु है।

* वेदान्तसार में अज्ञान की दो शक्तियों का वर्णन प्राप्त होता है-

आवरणशक्ति-
अज्ञानं परिच्छिन्नमप्यात्मानमपरिच्छिन्नमसंसारिणमवलोक-यितृबुद्धिपिधायकतयाच्छादयतीव।
अज्ञान परिच्छिन्न होने पर भी प्रमाता की बुद्धि को ढक लेने के कारण, मानो अपरिच्छिन्न और असंसारी आत्मा को ढक लेता है आवरण शक्ति का ऐसा सामर्थ्य है।

* **विक्षेपशक्ति-** विक्षेपशक्तिस्तु यथा रज्ज्वज्ञानं स्वावृतरज्जौ स्वशक्त्या सर्पादिकमुद्भावयत्येवमज्ञानमपि स्वावृतात्मनि विक्षेपशक्त्या काशादिप्रपञ्चमुद्भावयति, तादृशं सामर्थ्यम्। जिसप्रकार रज्जुविषयक अज्ञान अपने द्वारा ढकी हुई रज्जु में, अपनी शक्ति से सर्प इत्यादि की उद्भावना कर देता है उसीप्रकार अज्ञान अपने द्वारा ढकी हुई आत्मा में अपनी विक्षेपशक्ति के द्वारा आकाशादि कार्य समूह की उद्भावना कर देता है विक्षेपशक्ति का ऐसा ही सामर्थ्य है।

अतः विकल्प C सही हैं।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-57

113. 'सुषुप्तवज्जाग्रति यो न पश्यति ' स्वभाव वाला कौन होता है?
(A) ईश्वर **(B) जीवन्मुक्त**
(C) मुमुक्षु **(D) प्राज्ञ**

व्याख्या-

(A) वेदान्तसार में ईश्वर की चर्चा नहीं की गयी है- ईश्वर के स्थान पर ब्रह्म का निरूपण किया गया है।

(B) वेदान्तसार में सदानन्द जीवन्मुक्त का लक्षण करते हैं-
सुषुप्तवज्जाग्रति यो न पश्यति
द्वयं च पश्यन्नपि चाद्वयत्वतः।
तथा च कुर्वन्नपि निष्क्रियश्च यः
स आत्मविन्नान्य इतीह निश्चयः।
जागरणकाल में द्वैत को देखते हुये भी जो अद्वैत का निश्चय हो जाने के कारण सोये हुए पुरुष के समान नहीं देखता है और कर्म करते हुए भी जो निष्क्रिय रहता है, वही आत्मवेत्ता है, दूसरा नहीं वेदान्त का ऐसा निश्चय है।

(C) मुमुक्षुत्व को परिभाषित करते हुए कहते हैं कि- 'मुमुक्षुत्वं मोक्षेच्छा' मोक्ष की इच्छा मुमुक्षुत्व है।

(D) अज्ञान व्यष्टि का उदाहरण देते हुए सदानन्द कहते हैं- 'एतदुपहितं चैतन्यमल्पज्ञत्वानीश्वरत्वादिगुणकं प्राज्ञ इत्युच्यत' व्यष्ट्यज्ञान से उपहित चैतन्य केवल एक अज्ञान का प्रकाशक होने से अल्पज्ञ ता और अनीश्वरता आदि गुणों से युक्त कहा जाता है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-192

114. श्रीमद्भगवद्गीता के एकादश अध्याय का नाम है-
(A) विश्वरूपदर्शनयोग (B) सांख्ययोग
(C) गुणत्रयविभागयोग (D) पुरुषोत्तमयोग

व्याख्या-

	अध्याय	नाम	श्लोक संख्या
(A)	एकादश	विश्वरूपदर्शन योग	55
(B)	द्वितीय अध्याय	सांख्ययोग	72
(C)	चतुर्दश अध्याय	गुणत्रयविभागयोग	27
(D)	पञ्चदश अध्याय	पुरुषोत्तम योग	20

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता (अध्याय-11)

115. ''नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः'' गीता का यह सिद्धान्त किस दर्शन से सम्बन्ध रखता है ?
(A) बौद्धदर्शन (B) जैनदर्शन
(C) सांख्यदर्शन (D) वेदान्तदर्शन

व्याख्या-

(A) **बौद्ध दर्शन-**

* बौद्ध दर्शन के सम्प्रदाय हैं- हीनयान तथा महायान
* बौद्ध दर्शन में चार आर्यसत्यों का वर्णन है जिसे प्रतीत्य समुत्पाद का सिद्धान्त कहा जाता है चार आर्य सत्य हैं-

(1) सांसारिक जीवन दुःखों से परिपूर्ण है।
(2) दुःखों का कारण है।
(3) दुःख का अन्त सम्भव है।
(4) दुःखों के अन्त का उपाय है।

* बौद्धदर्शन में पाँच स्कन्ध माने गये हैं- रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान।

(B) **जैनदर्शन-**

* जैन दर्शन में त्रिरत्न का वर्णन प्राप्त होता है त्रिरत्न हैं- सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान, सम्यक् चरित्र।
* सप्तभंगी सिद्धान्त का वर्णन जैन दर्शन में प्राप्त होता है।
* जैनदर्शन अनीश्वरवादी दर्शन है।

(C) नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः।
उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः।। (गीता-2/16)
असत् वस्तु की सत्ता नहीं है और सत् का अभाव नहीं है।गीता के इस सिद्धान्त को सांख्यकारिका में भी सत्कार्यवाद के रूप में निरूपित किया गया है।

* असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्यशक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम्।। (सां.का.9)
कार्य सत् होता है अर्थात् कारण में वर्तमान होता है क्योंकि जो असत् है उसे उत्पन्न नहीं किया जा सकता है, उपादान कारण का ही ग्रहण किया जाता है। सभी कार्य सभी कारणों से उत्पन्न नहीं होते हैं, जिस कार्य को उत्पन्न करने में जो कारण समर्थ है उसी शक्त कारण से शक्य कार्य की उत्पत्ति होती है।

(D) वेदान्त दर्शन-

* वेदान्तदर्शन के प्रवर्तक बादरायण हैं।
* वेदान्तदर्शन में पञ्चीकरण सिद्धान्त का वर्णन है।
* वेदान्तदर्शन में जीव और ब्रह्म की अद्वैत सत्ता का निरूपण किया गया है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-(V)

116. श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार आत्मा किससे श्रेष्ठ है?
(A) मन से (B) बुद्धि से
(C) कर्मेन्द्रियों से (D) ज्ञानेन्द्रियों से

व्याख्या-
गीता के तृतीय अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुये इन्द्रियों के विषय में कहते हैं कि- इन्द्रियाणि **पराण्याहुरिन्द्रियेभ्यः परं मनः।**
मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः॥
(गीता 3/42)
अर्थात् इन्द्रियों से श्रेष्ठ मन, मन से श्रेष्ठ बुद्धि और बुद्धि से श्रेष्ठ आत्मा है।
अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता (3/43)- गीताप्रेस, पेज-63

117. 'गीता' महाभारत के किस पर्व में वर्णित है?
(A) भीष्मपर्व (B) वनपर्व
(C) आदिपर्व (D) सभापर्व

व्याख्या-

पर्व	ग्रन्थ	ग्रन्थकार	विभाजन
(A) भीष्मपर्व	गीता	वेदव्यास	18 अध्याय
(B) वनपर्व	किरातार्जुनीयम्	भारवि	18 सर्ग
(C) आदिपर्व	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	कालिदास	7 अङ्क
(D) सभापर्व	शिशुपालवधम्	माघ	20 सर्ग

अतः विकल्प (A) सही है।
स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-118

118. निम्नलिखित में से कौन 'योग' के अंग नहीं है?
(A) यम-नियम (B) आसन-प्राणायाम
(C) प्रत्याहार-धारणा (D) चित्त-परिकर्म

व्याख्या-
सदानन्द कृत वेदान्तसार में योग के आठ अङ्ग बताये गये हैं-
'अस्याङ्गानि यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणा ध्यानसमाधयः।'
1. यम 2. नियम 3. आसन 4. प्राणायाम
5. प्रत्याहार 6. धारणा 7. ध्यान 8. समाधि
अष्टाङ्गयोग की चर्चा योगदर्शन में भी की गयी है।
* निम्न विकल्पों में चित्त-परिकर्म योग का अङ्ग नहीं है।
अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- वेदान्तसार- कृष्णमणि त्रिपाठी, पेज-126

119. स्थितप्रज्ञ किसे कहते हैं?
(A) जो सभी मनोकामनाओं को छोड़ देता है
(B) जो अपने आप में सन्तुष्ट रहता है
(C) जो दुःखों से घबराता नहीं है
(D) जिसमें उपर्युक्त तीनों गुण हों

व्याख्या-
भगवान् श्रीकृष्ण गीता के द्वितीय अध्याय में स्थितप्रज्ञ का लक्षण करते हुये कहते हैं-
''प्रजहाति यदा कामान्सर्वान्पार्थ मनोगतान्।
आत्मन्येवात्मना तुष्टः स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते।।''
(गीता. 2/55)
जिसकाल में मनुष्य मन में स्थित सम्पूर्ण कामनाओं को भली-भाँति त्याग देता है तथा जो अपने आप में सन्तुष्ट रहता है उस काल में वह स्थितप्रज्ञ कहा जाता है।
अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता (2/56)- गीताप्रेस

120. 'योगसूत्र' पर भाष्य लिखा है-
(A) वाल्मीकि ने (B) पाणिनि ने
(C) शङ्कराचार्य ने (D) व्यास ने

व्याख्या-

ग्रन्थकार	ग्रन्थ	अनुमानित समय
(A) वाल्मीकि	रामायण	500 ई0पू0
(B) पाणिनि	अष्टाध्यायी	500 ई0पू0
(B) शङ्कराचार्य	शाङ्करभाष्य	7 वीं शताब्दी ई0
(D) व्यास	योगभाष्य	400 ई0 पू0

अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- भारतीय दर्शन- बद्रीनाथ सिंह, पेज-216

121. इनमें से कौन सा सम्बन्धत्रय में नहीं आता?
(A) समानाधिकरणम् (B) विशेषणविशेष्यभावः
(C) लक्ष्यलक्षणभावः (D) प्रत्यक्षाप्रत्यक्षाभावः

व्याख्या-

सदानन्दकृत वेदान्तसार' में महावाक्यार्थ का बोध कराने के लिए 'तत्त्वमसि' वाक्य का उदाहरण देते हुए कहते हैं कि यह वाक्य तीन सम्बन्धों द्वारा अखण्डैकार्थबोधक होता है।

''सम्बन्धत्रयं नाम पादयोः समानाधिकरण्यं पदार्थयोविशेषणविशेष्यभावः प्रत्यगात्मपदार्थयोर्लक्ष्यलक्षण भावश्चेति।''

सामानाधिकरण्यं च विशेषणविशेष्यता।
लक्ष्यलक्षणसम्बन्धः पदार्थप्रत्यगात्मनाम्।।

पदों में समानाधिकरण्य पदों के अर्थों में विशेषण विशेष्यभाव, तथा आन्तरिक आत्मलक्षण पदों में लक्ष्यलक्षणभाव से तीन सम्बन्ध है।

* उपर्युक्त विकल्पों में प्रत्यक्षाप्रत्यक्षाभाव सम्बन्ध का भेद नहीं है। **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-122

122. रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए निम्नलिखित चार विकल्पों में से कौन- सा विकल्प उपयुक्त है ?

(A) लिङ्गपरामर्श.......................
(B) व्याप्तिबलेनार्थगमकम्................
(C) स्वाभाविकः सम्बन्धः.........................
(D) साध्यव्यापकत्वे सति साधनाव्यापकत्वम्......

(A) अनुमानम् , व्याप्तिः , लिङ्गम् , उपाधिः
(B) अनुमानम् , उपमानम् , प्रतिज्ञा, व्याप्तिः
(C) अनुमानम् , लिङ्गम् , व्याप्तिः, उपाधिः
(D) व्याप्तिः , प्रमाणम् , उपाधि , अनुमानम्

व्याख्या-

(A) आचार्य केशवमिश्र तर्कभाषा में अनुमान प्रमाण का लक्षण करते हुये कहते हैं-
'लिङ्ग परामर्शोऽनुमानम्।' लिङ्ग परामर्श ही अनुमान है।

(B) आचार्य केशवमिश्र अनुमान प्रमाण के सम्बन्ध में व्याप्ति का लक्षण करते हुये कहते हैं-
व्याप्तिबलेनार्थगमकं लिङ्गम्।
व्याप्ति के बल से अर्थ का बोध कराने वाला लिङ्ग कहलाता है।

(C) अचार्य केशवमिश्र व्याप्ति का लक्षण करते हुये कहते हैं-
स्वाभाविकः सम्बन्धव्याप्तिः।स्वाभाविक सम्बन्ध व्याप्ति कहलाती है।

(D) 'साध्यव्यापकत्वे सति साधनाव्यापकत्वमुपाधिः' साध्य का व्यापक होने पर भी साधन का व्यापक होने वाला धर्म उपाधि कहलाता है।

* उपर्युक्त विकल्पों के क्रमानुसार **विकल्प C सही है।**

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-78,79,84,82

123. निम्नांङ्कित रिक्तस्थान की पूर्ति के लिए कौन-सा विकल्प उपयुक्त है? प्रतिपुरुषविमोक्षार्थम्........

(A) स्वार्थम् इव परार्थम् आरम्भः
(B) परार्थम् इव स्वार्थ आरब्धः
(C) स्वार्थ इव परार्थ आरम्भः
(D) आरब्धः स्वार्थ इव परार्थः

व्याख्या-

ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में सृष्टि के सम्पूर्ण प्रपञ्च, क्रियाकलापों के पीछे होने वाले प्रयोजन का लक्षण करते हैं-

इत्येष प्रकृतिकृतो महदादिविशेषभूतपर्यन्तः।
प्रतिपुरुषविमोक्षार्थं स्वार्थ इव परार्थ आरम्भः।

(सां. का.-56)

इसप्रकार महत् आदि से लेकर स्थूलभूतों तक प्रकृति के द्वारा प्रत्येक पुरुष के मोक्ष के लिए किया हुआ यह कार्य अपने लिए प्रतीत होता हुआ भी वस्तुतः दूसरों के लिए ही है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.56)- राकेश शास्त्री, पेज-156

124. निम्नांकित तालिका -(1) में सन्निकर्ष एवं तालिका-(2) में उनके उदाहरण दिये गये हैं। इसके आधार पर दिये गये विकल्पों में सही सुमेलित विकल्प चुनें।

तालिका-(1)	तालिका-(2)
अ- संयुक्त समवाय	(i) चक्षुषा संयुक्ते भूतले घटाभावः
ब- संयुक्त समवेत समवाय	(ii) चक्षुषा घटरूपसमवेतं रूपत्वादिकम्
स- समवेत समवाय	(iii) श्रोत्रेन्द्रियेण शब्द समवेतं शब्दत्वादिकम्
द- विशेष्य विशेषण भाव	(iv) चक्षुरादिना घटगतरूपादिकम्

	(अ)	(ब)	(स)	(द)
A	(iv)	(ii)	(iii)	(i)
B	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
C	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
D	(i)	(iv)	(iii)	(ii)

केशवमिश्र तर्कभाषा में लौकिक सन्निकर्ष के छः भेद करते हैं-

1. **संयोग सन्निकर्ष-** तत्र यदा चक्षुषा घटविषयं ज्ञानं जन्यते तदा चक्षुरिन्द्रियं घटोऽर्थः।
उनमें से जब चक्षु द्वारा घट आदि विषय का ज्ञान होता है तब चक्षु इन्द्रिय है, घट विषय है।
2. **संयुक्त समवाय सन्निकर्ष-** यदा चक्षुरादिना घटगतरूपादिकं गृह्यते, घटे श्यामं रूपमस्तीति, तदा चक्षुरिन्द्रियं घटरूपमर्थम्, अनयोः सन्निकर्षः संयुक्तसमवायः।
जब चक्षु आदि से घट में रहने वाले रूप आदि का ग्रहण होता है कि 'घट में श्याम रूप है तब चक्षु इन्द्रिय है घट का रूप विषय है। इन दोनों का सन्निकर्ष संयुक्त समवाय है।
3. **संयुक्त समवेत समवाय-** यदा पुनश्चक्षु घटरूपसमवेतं रूपत्वादिसामान्र्थः गृह्यते, तदा चक्षुरिन्द्रियं, रूपत्वादिसामान्यमर्थः अनयोसन्निकर्षः संयुक्तसमवायः।
जब चक्षु के द्वारा घट के रूप में समवेत रूपत्व आदि सामान्य जाति का ग्रहण होता है जब चक्षु इन्द्रिय है, रूपत्व आदि सामान्य ही अर्थ विषय है।
4. **समवाय सन्निकर्ष-** यदा श्रोत्रेन्द्रियेण शब्दो गृह्यते तदा श्रोत्रमिन्द्रियं,शब्दोऽर्थः अनयोः सन्निकर्षः समवाय एव।जब श्रोत्रेन्द्रिय से शब्द का ग्रहण होता है तब श्रोत्र इन्द्रिय है, शब्द अर्थ है इन दोनों का सन्निकर्ष समवाय है।
5. **समवेत समवाय सन्निकर्ष-** पुनः शब्दसमवेतं शब्दत्वादिकं सामान्यं श्रोत्रेन्द्रियेण गृह्यते तदा श्रोत्रमिन्द्रियं, शब्दत्वादिसामान्यमर्थः।
जब शब्द में समवेत शब्दत्व आदि जाति का श्रोत्र इन्द्रिय से ग्रहण किया जाता है तब श्रोत्र इन्द्रिय है, शब्दत्व आदि जाति अर्थ है इन दोनों का सन्निकर्ष समवेतसमवाय ही है।
6. **विशेषण-विशेष्यभाव सन्निकर्ष-** यदा चक्षुषा संयुक्ते भूतले घटाभावो गृह्यते ' इह भूतले घटो नास्ति।'
जब चक्षु से संयुक्त भूमि पर यहाँ भूतल पर घट नहीं है इस प्रकार घट के अभाव का ग्रहण होता है जब विशेष्यविशेषण सन्निकर्ष होता है। **अतः विकल्प A सही है।**

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-64,66,67,68

125. वह लकार जो केवल वेद में पाया जाता है-
(A) लुट् लकार **(B) लङ् लकार**
(C) लेट् लकार **(D) लट् लकार**

व्याख्या-
आचार्य पाणिनि अष्टाध्यायी के तृतीय अध्याय में लकारों का विधान करने वाले सूत्रों की चर्चा करते हैं-
लकार सूत्र

(A) **लुट् लकार-** अनद्यतने लुट् (3.3.15) अनद्यतन भविष्यत् काल में लुट् प्रत्यय होता है।

(B) **लङ् लकार-** अनद्यतने लङ् (3.2.111) अनद्यतन का अर्थ है जो आज घटित न हुआ हो अनद्यतन अर्थ में लङ् लकार का विधान होता है।

(C) **लेट् लकार-** का प्रयोग केवल वैदिक भाषा में होता है अतः लौकिक संस्कृत में लेट् का वर्णन नहीं मिलता **अतः विकल्प C सही है।**

(D) **लट् लकार-** वर्तमाने लट् (3.2.123) वर्तमान काल में विद्यमान धातु से लट् प्रत्यय होता है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-294

उत्तरमाला

1. C	2. D	3. B	4. A	5. B	6. C	7. D	8. A	9. C	10. C	11. C	12. A
13. C	14. B	15. C	16. D	17. C	18. C	19. C	20. A	21. C	22. A	23. A	24. C
25. A	26. D	27. C	28. A	29. C	30. B	31. B	32. D	33. B	34. C	35. A	36. C
37. C	38. D	39. D	40. B	41. A	42. A	43. A	44. D	45. C	46. D	47. D	48. B
49. D	50. B	51. D	52. A	53. A	54. A	55. B	56. D	57. C	58. A	59. C	60. D
61. D	62. C	63. A	64. D	65. C	66. D	67. B	68. A	69. A	70. C	71. C	72. C
73. D	74. B	75. B	76. B	77. A	78. C	79. A	80. A	81. A	82. B	83. A	84. A
85. C	86. A	87. B	88. B	89. B	90. A	91. D	92. B	93. B	94. D	95. A	96. B
97. A	98. B	99. C	100. A	101. C	102. D	103. B	104. B	105. A	106. C	107. B	108. B
109. B	110. A	111. A	112. C	113. B	114. A	115. C	116. B	117. A	118. D	119. D	120. D
121. D	122. C	123. C	124. A	125. C							

❑❑

6. प्रवक्ता (PGT) संस्कृत 2009

1. 'स्त्रीणामशिक्षितपटुत्वममानुषीषु' इस उक्ति से युक्त नाटक है-
(A) स्वप्नवासवदत्तम् (B) मालविकाग्निमित्रम्
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (D) मेघदूतम्

व्याख्या–

➢ कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में राजा दुष्यन्त तपस्विनी गौतमी से कहते हैं कि-
स्त्रीणामशिक्षितपटुत्वममानुषीषु
संदृश्यते किमुत याः प्रतिबोधवत्यः। (अभि. 5.22)
स्त्रियों में जो मनुष्य जाति से भिन्न स्त्रियाँ हैं उनमें भी बिना शिक्षा के ही चतुरता देखी जाती है।
अतः विकल्प C सही है।

➢ महाकवि भास विरचित स्वप्नवासवदत्तम् के चतुर्थ अङ्क में राजा का आत्मगत कथन है-
'स्त्रीस्वभावस्तु कातरः' (स्वप्न.4.8)
स्त्री का स्वभाव कातर होता है।

➢ कालिदास विरचित मालविकाग्निमित्रम् नाटक के तृतीय अङ्क में राजा अग्निमित्र बकुलावलिका से कहता है कि –
'स्थाने प्राणाः कामिनां दूत्यधीनाः।' (माल0 3.14)
प्रेमियों के प्राण दूतियों के ही मुट्ठी में रहता है।

➢ कालिदास विरचित मेघदूतम् के पूर्वमेघ में यक्ष निर्विन्ध्या नदी के विषय में मेघ से कहता है कि –
'स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु' (मेघ.पू.मे.29)
स्त्रियाँ हावभाव के द्वारा ही अपने प्रेमियों को प्रेम की बात बतलाती हैं।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (5/22)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-287

2. ''अतः परीक्ष्य कर्तव्यं विशेषात् संगतं रहः'' अभिज्ञानशाकुन्तलम् में यह उक्ति किसकी है?
(A) कण्व की (B) मारीच की
(C) दुष्यन्त की (D) शार्ङ्गरव की

व्याख्या-

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के पञ्चम अङ्क में शार्ङ्गरव शकुन्तला से कहता है कि –
अतः परीक्ष्य कर्तव्यं विशेषात् संगतं रहः।
अज्ञातहृदयेष्वेवं वैरीभवति सौहृदम्॥ (अभि. 5.24)
गुप्त मैत्री (गुप्त विवाह-सम्बन्धादि) विशेषरूप से परीक्षा करके ही करनी चाहिए। परस्पर अज्ञात हृदय वाले व्यक्तियों के साथ किया हुआ प्रेम इसीप्रकार वैररूप में परिणत होता है।
अतः विकल्प D सही हैं।

➢ काश्यप (कण्व) अभिज्ञानशाकुन्तल के चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला की विदाई के अवसर पर कहते हैं कि–
'पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनयाविश्लेषदुःखैर्नवैः' (अभि. 4.6)
गृहस्थ लोग पहली बार पुत्री के वियोग के दुःख से कितने अधिक दुःखित होते होंगे।

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के विषय में कहता है-
'सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु
प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः।' (अभि0 1.22)
सन्देहास्पद विषयों में सज्जनों के अन्तः करण की प्रवृत्तियाँ ही प्रमाण होती हैं।

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सप्तम अङ्क में मारीच शकुन्तला को समझाते हुए कहते हैं –
छाया न मूर्च्छति मलोपहतप्रसादे
शुद्धे तु दर्पणतले सुलभावकाशा॥ (7.32)
मैल के कारण जिसकी स्वच्छता नष्ट हो गई, ऐसे शीशे पर प्रतिबिम्ब साफ दिखाई नहीं देता, किन्तु वह स्वच्छ हो तो प्रतिबिम्ब साफ दिखाई देगा।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (5/24)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-291

3. ''श्रद्धा वित्तं विधिश्चेति त्रितयं तत्समागतम्'' किस नाटक का श्लोक है-
(A) मुद्राराक्षसम् **(B) उत्तररामचरितम्**
(C) विक्रमोर्वशीयम् **(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम्**

व्याख्या-
कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सप्तम अङ्क में शकुन्तला, दुष्यन्त और पुत्र सर्वदमन के मिलन पर ऋषि मारीच कहते हैं–

'श्रद्धा वित्तं विधिश्चेति त्रितयं तत् समागतम्।'
(अभि.-7.29)

सौभाग्य से श्रद्धा, धन और विधि ये तीनों चीजें यहाँ एकत्र हो गई हैं। **अतः विकल्प D सही है।**

- विशाखदत्त प्रणीत मुद्राराक्षस नाटक के तृतीय अङ्क में राजा चन्द्रगुप्त का आत्मगत कथन–
श्रीर्लब्धप्रसरेव वेशवनिता दुःखोपचर्या भृशम्। (मुद्रा. 3.5)
राज्य लक्ष्मी अति प्रसिद्ध वाराङ्गना की भाँति अत्यन्त कष्ट से आराध्य होती हैं।
- उत्तररामचरितम् के प्रथम अङ्क में राम सीता से कहते हैं-
'श्रितासि चन्दनभ्रान्त्या दुर्विपाकं विषद्रुमम्।'
(उत्तरराम0 1.46)
तुमने चन्दन के भ्रम से दुःखदायी विष का आश्रय लिया है।
- कालिदास विरचित विक्रमोर्वशीयम् नाटक के तृतीय अङ्क में विदूषक राजा से कहता है-
'न खल्वन्यथा ब्राह्मणस्य वचनं भवति' ब्राह्मण का वचन निश्चय ही झूठा नहीं होता है। (विक्रमो0 अङ्क 3)

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (7.29)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-144

4. सत्य विकल्प का चयन करें-
(A) दुष्यन्त-शकुन्तला का विवाह गान्धर्व था।
(B) दुष्यन्त-शकुन्तला का विवाह दैव था।
(C) दुष्यन्त-शकुन्तला का विवाह प्राजापत्य था।
(D) दुष्यन्त-शकुन्तला का विवाह पैशाची था।

व्याख्या–
- कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् के
चतुर्थ अङ्क में अनसूया द्वारा प्रियंवदा से कहे गये निम्न कथन से स्पष्ट होता है कि शकुन्तला और दुष्यन्त का विवाह गान्धर्व विधि से हुआ था-
''हला प्रियंवदे, यद्यपि गान्धर्वेण विधिना निर्वृत्तकल्याणा शकुन्तलाऽनुरूपभर्तृगामिनी संवृत्तेति निर्वृतं मे हृदयम्।''
- याज्ञवल्क्यस्मृति (आचाराध्याय) के श्लोक-58 से 61 तक 8 प्रकार के विवाहों की चर्चा है-
1. ब्रह्मविवाह 2. दैवविवाह 3. आर्षविवाह 4. प्राजापत्य विवाह 5. आसुरविवाह 6. गान्धर्वविवाह 7. राक्षसविवाह 8. पैशाचविवाह।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत– अभिज्ञानशाकुन्तलम्–कपिलदेव द्विवेदी, पेज-180

5. 'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति' यह कथन किसका है-
(A) अनसूया का **(B) प्रियंवदा का**
(C) शार्ङ्गरव का **(D) शकुन्तला का**

व्याख्या–
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा सखी अनसूया से कहती है –
'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति'
अर्थात् भला कौन नवमालिका को गर्म जल से सींचेगा?
अतः विकल्प B सही है।
- चतुर्थ अङ्क में ही अनसूया प्रियंवदा से कहती है कि–
'कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति।'
अग्नि के अतिरिक्त और कौन जला सकता है? यह वाक्य दुर्वासा द्वारा शकुन्तला को दिए गए शाप के विषय में है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में शार्ङ्गरव राजा द्वारा शकुन्तला को पत्नी के रूप में इन्कार कर दिये जाने पर शकुन्तला से कहता है-
'अथ तु वेत्सि शुचि व्रतमात्मनः
पतिकुले तव दास्यमपि क्षमम्।' (अभि.-5.27)
यदि तू अपने आचरण को पवित्र समझती है तो पति के परिवार में तुझे दासता करना भी उचित है।
अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में शकुन्तला अँगूठी दिखाने के प्रसङ्ग में राजा से कहती है कि–
'अत्र तावद् विधिना दर्शितं प्रभुत्वम्।' (अभि.अङ्क-5)
इस विषय में भाग्य ने अपना बल दिखाया है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-4)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-190

6. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के किस अङ्क में 'विष्कम्भक' समाप्त होता है-
(A) षष्ठ अङ्क **(B) द्वितीय अङ्क**
(C) चतुर्थ अङ्क **(D) प्रथम अङ्क**

व्याख्या–
कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् के अनुसार

(A) षष्ठ अङ्क- षष्ठ अङ्क में प्रवेशक की समाप्ति होती है विष्कम्भक के तुल्य यह भी भूत एवं भावी घटनाओं का सूचक होता है इसके पात्र निम्न कोटि के व्यक्ति होते हैं और इनकी भाषा प्राकृत होती है। साहित्यदर्पण में इसका लक्षण निम्न है-

''प्रवेशकोऽनुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः।
अङ्कस्यान्तर्विज्ञेयः शेषं विष्कम्भके यथा''
(सा. द. 6/57)

(B) द्वितीय अङ्क- द्वितीय अङ्क में बिन्दु अर्थप्रकृति का प्रयोग है –
''माधव्य, अनवाप्त'(2/38) से लेकर 'सर्वः कान्तं शकुन्तला- धिकृत्य ब्रवीमि' (20/40) तक बिन्दु है।

(C) चतुर्थ अङ्क- चतुर्थ अङ्क में शुद्ध विष्कम्भक का प्रयोग है। साहित्यदर्पण में विष्कम्भक का लक्षण इसप्रकार दिया है-

''वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः।
संक्षिप्तार्थस्तु विष्कम्भ आदावङ्कस्य दर्शितः॥
मध्येन मध्यमाभ्यां वा पात्राभ्यां सम्प्रयोजितः।
शुद्धः स्यात्स तु संकीर्णो नीचमध्यमकल्पितः॥
सा.द.(6/55,56)

भूत और भविष्यत् कथाओं का सूचक, कथा का संक्षेप करने वाला अङ्क 'विष्कम्भक' कहा जाता है यह अङ्क के आदि में रहता है जब एक ही मध्यमपात्र अथवा दो मध्यमपात्र बातचीत करते हैं तब इसे शुद्ध विष्कम्भक कहते हैं और यदि नीच तथा मध्यम पात्रों द्वारा प्रयोग किया जाय तो इसे मिश्र विष्कम्भक कहते हैं।

यहाँ पर दुर्वासा संस्कृत में बोलते हैं और अनसूया तथा प्रियंवदा प्राकृत में बोलती हैं। सभी पात्र मध्यम श्रेणी के हैं अतः शुद्ध विष्कम्भक है। **अतः विकल्प C सही है।**

(D) प्रथम अङ्क- प्रथम अङ्क में बीज अर्थप्रकृति का प्रयोग है। राघवभट्ट के अनुसार 'इदानीमेव से लेकर सोमतीर्थं गतः' तक वैखानस की उक्ति कथा का बीज है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-190

7. ''सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यम्'' किस नाटक से उद्धृत है-
(A) उत्तररामचरितम् **(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
(C) मालविकाग्निमित्रम् **(D) मृच्छकटिकम्**

व्याख्या-

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के सौन्दर्य का वर्णन करते हुए कहता है–

'सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं
मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति।
इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी
किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्॥
(अभि0 1.20)

शैवाल से घिरा हुआ कमल मनोहर लगता है काला कलङ्क भी चन्द्रमा की शोभा को बढ़ाता है। यह कृशाङ्गी वल्कल वस्त्रों से भी अति सुन्दर प्रतीत होती है क्योंकि सुन्दर आकृतियों के लिए कौन सी वस्तु अलङ्कार नहीं होती है।
अतः विकल्प B सही है।

- उत्तररामचरितम् के प्रथम अङ्क में राम सीता से कहते हैं कि-

'संकटा ह्याहिताग्नीनां प्रत्यवायैर्गृहस्थिता' (उत्तर.1.8)
अग्निहोत्रियों का गृहस्थ जीवन विघ्नों के कारण संकटमय होता है।

- कालिदासकृत मालविकाग्निमित्रम् नाटक के प्रथम अङ्क में विदूषक कहता है–

'सुशिक्षितोऽपि सर्वम् उपदेशदर्शनेन निष्णातो भवति।'
सुशिक्षित व्यक्ति भी अपना कौशल दिखाकर ही पण्डित माने जाते हैं।

- शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् प्रकरण के चतुर्थ अङ्क में शर्विलक मदनिका से कहता है कि–

'साहसे श्रीः प्रतिवसति' (मृच्छ.अङ्क-4)
साहस में लक्ष्मी वास करती है।

स्रोत– अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1.20)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-46

8. 'अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनम्' वचन किसके सम्बन्ध में है-
(A) प्रियंवदा के **(B) शकुन्तला के**
(C) गौतमी के **(D) अनसूया के**

व्याख्या-

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के रूप सौन्दर्य का वर्णन करते हुए विदूषक से कहता है-

  'अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहैः' (अभि.2.10)

  अर्थात् उसका सौन्दर्य न सूँघा गया फूल है, नाखूनों से न काटा हुआ कोमल पत्ता है।

  अतः विकल्प B सही है।
- कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा अनसूया से दुर्वासा ऋषि के शाप के विषय में कहती है–

  'प्रकृतिवक्रः स कस्यानुनयं प्रतिगृह्णाति।' (अभि.अङ्क-4)

  स्वभाव से टेढ़े वे किसकी प्रार्थना स्वीकार करते हैं।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में काश्यप ऋषि द्वारा शकुन्तला को दिए गए आशीर्वाद के विषय में गौतमी कहती हैं-

  'वरः खल्वेषः नाशीः।' (अभि.अङ्क-4)

  वस्तुतः यह वर है, आशीर्वाद नहीं।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में अनसूया प्रियंवदा से कहती है-

  'रक्षितव्या खलु प्रकृतिपेलवा प्रियसखी' (अभि. अङ्क 4)

  स्वभाव से ही कोमल प्रियसखी की रक्षा करनी चाहिए।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (2.10)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 115

9. चारुदत्त किस श्रेणी का नायक है-
(A) धीरोदात्त **(B) धीरोद्धत**
(C) धीरप्रशान्त **(D) धीरललित**

व्याख्या-

दशरूपककार आचार्य धनञ्जय ने द्वितीय प्रकाश में नायक भेद तथा उसका लक्षण करते हैं-

भेदैश्चतुर्धा ललितशान्तोदात्तोद्धतैरयम्।

अर्थात् नायक धीरललित, धीरशान्त, धीरोदात्त, धीरोद्धत के भेद से चार प्रकार का होता है।

- **धीरललित-** 'निश्चिन्तो धीरललितः कलासक्तः सुखी मृदुः।।' (दश02/3)

  चिन्ता से मुक्त कथाओं का प्रेमी, सुखी, तथा कोमल प्रकृति का नायक धीरललित नायक कहलाता है।

  उदाहरण- रत्नावली का नायक वत्सराज उदयन, मेघदूतम् का नायक धीरललित कोटि का नायक है।
- **धीरप्रशान्त–** 'सामान्यगुणयुक्तस्तु धीरशान्तो द्विजादिकः।' (दश02/4)

  सामान्य गुणों से युक्त द्विज आदि नायक धीरप्रशान्त नायक कहलाता है।

  उदाहरण– मृच्छकटिकम् का नायक चारुदत्त, मालतीमाधव का नायक माधव धीरशान्त या धीरप्रशान्त कोटि के नायक हैं। **अतः विकल्प C सही है।**
- **धीरोदात्त–**

  महासत्त्वोऽतिगम्भीरः क्षमावानविकत्थनः।
  स्थिरो निगूढाहङ्कारो धीरोदात्तो दृढव्रतः॥

  (दश0 2/4-5)

  विशाल एवं अविचल अन्तःकरणवाला, अत्यन्त गम्भीर, क्षमाशील, आत्मप्रशंसा न करने वाला, अविचल, अभिमान को दबाकर रखने वाला, दृढव्रती नायक धीरोदात्त कहा गया है।

  उदाहरण- नागानन्द का नायक जीमूतवाहन, अभिज्ञानशाकुन्तलम् का नायक दुष्यन्त, उत्तररामचरितम् का नायक राम।

  धीरोद्धत– दर्पमात्सर्यभूयिष्ठो मायाच्छद्मपरायणः।

  धीरोद्धतस्त्वहङ्कारी चलश्चण्डो विकत्थनः।। (दश 2/5-6)

  घमण्ड और डाह की अधिकता से युक्त, माया, और कपट से भरपूर, अहङ्कारी, अस्थिर, अत्यन्त क्रोधी तथा अपनी प्रशंसा करने वाला नायक धीरोद्धत नायक कहलाता है।

  उदाहरण– वेणीसंहार का नायक भीमसेन,जामदग्न्यविजय का नायक परशुराम।

स्रोत- मृच्छकटिकम्- जगदीशचन्द्र मिश्र, पेज-14

10. स्त्रियो हि नाम खल्वेता निसर्गादेव पण्डिताः।
पुरुषाणां तु पाण्डित्यं शास्त्रैरेवोपदिश्यते॥
प्रस्तुत श्लोक किस पुस्तक से उद्धृत है-
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् **(B) मृच्छकटिकम्**
(C) वेणीसंहारम् **(D) कुमारसम्भवम्**

व्याख्या-

शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् के चतुर्थ अङ्क में शर्विलक मदनिका से कहता है कि–

स्त्रियो हि नाम खल्वेता निसर्गादेव पण्डिताः।
पुरुषाणां तु पाण्डित्यं शास्त्रैरेवोपदिश्यते॥

(मृच्छ0 4.19)

स्त्रियाँ तो वस्तुतः स्वभाव से ही कुशल होती हैं, पुरुषों की कुशलता तो शास्त्रों के द्वारा ही सिखाई गई होती है।

अतः विकल्प B सही है।

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के पञ्चम अङ्क में शारद्वत राजा से शकुन्तला के विषय में कहता है- **'उपपन्ना हि दारेषु प्रभुता सर्वतोमुखी।'** (अभि0 5.26)
- पत्नी पर पति की सब प्रकार की प्रभुता स्वीकार की गई है।
- भट्टनारायण प्रणीत वेणीसंहारम् नाटक के प्रथम अङ्क में सहदेव भीमसेन से कहते हैं-

'स्त्रीणां हि साहचर्याद् भवन्ति चेतांसि भर्तृसदृशानि।'

(वेणीसंहार 1.20)

पतियों के साहचर्य से स्त्रियों के चित्त भी पतियों के समान ही हो जाते हैं।

- कुमारसम्भवम् के सप्तम सर्ग में पार्वती की शोभा का वर्णन कालिदास करते हैं–

'स्त्रीणां प्रियालोकफलो हि वेशः।' (कुमार.7.22)

स्त्रियों का वेष प्रिय के दर्शन रूप प्रयोजन वाला होता है।

स्रोत- मृच्छकटिकम् (4/19)- आचार्य जगदीशचन्द्र मिश्र, पेज-200

11. निम्नाङ्कित किस नाटक में सर्वाधिक शोषित, दलित एवं उपेक्षित वर्ग का सहानुभूतिपूर्ण चित्रण हुआ है-

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (B) मृच्छकटिकम्
(C) उत्तररामचरितम् (D) मालविकाग्निमित्रम्

व्याख्या–

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में दुष्यन्त एवं शकुन्तला की प्रणय कथा का वर्णन है।

(B) मृच्छकटिकम् में सर्वाधिक शोषित, दलित एवं उपेक्षित वर्ग का सहानुभूतिपूर्ण चित्रण हुआ है। दरिद्रता के कारण देह दबा-दबाकर अपना व्यवसाय करने वाला संवाहक, चारुदत्त के यहाँ नौकरी करने के पश्चात् द्यूतक्रीडा से अपनी आजीविका चलाने लगता है द्यूत में हारकर वसन्तसेना द्वारा ऋणमुक्त कराया जाता है और विरक्त होकर बौद्ध भिक्षु बन जाता है। चेट, चेटी, कुम्भीलक, मदनिका आदि शोषित एवं उपेक्षित पात्र हैं।

(C) उत्तररामचरितम् में रामायण के उत्तरकाण्ड की कथा वर्णित है। इसमें सीता-परित्याग, राम–विलाप, लव-कुश-प्राप्ति और राम के द्वारा निर्दोष सीता के स्वीकार किए जाने का वर्णन है।

(D) मालविकाग्निमित्रम् में 5 अङ्कों में मालविका एवं अग्निमित्र के प्रणय और विवाह का वर्णन है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत– मृच्छकटिकम्– जगदीशचन्द्र मिश्र, भू. पेज–18

12. 'मृच्छकटिकम्' का विदूषक है-

(A) माधव्य (B) मैत्रेय
(C) माणवक (D) गौतम

व्याख्या–

	विदूषक	नाटक
(A)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्-	माढव्य/माधव्य
(B)	मृच्छकटिकम्-	मैत्रेय
(C)	विक्रमोर्वशीयम्-	माणवक
(D)	मालविकाग्निमित्रम्-	गौतम

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम्– जगदीशचन्द्र मिश्र, पेज – 31

13. कौन चारुदत्त के घर मे सेंध लगाकर वसन्तसेना के गहने चुरा लेता है-

(A) शर्विलक (B) संवाहक
(C) दर्दुरक (D) मदनिका

व्याख्या-

महाकवि शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् के अनुसार

(A) शर्विलक– शर्विलक जाति का ब्राह्मण है वह चोरी की कला में पारङ्गत है। उसने योगाचार्य नामक किसी आचार्य से चोरी की कला सीखी है किन्तु वह पेशेवर चोर नहीं है वह मदनिका नामक गणिका के प्रेम मे फँसकर चारुदत्त के घर में सेंध लगाकर वसन्तसेना के गहने चुरा लेता है।

अतः विकल्प A सही है।

(B) संवाहक– दरिद्रता के कारण संवाहक का व्यवसाय करने वाला एक गृहपति का पुत्र है। चारुदत्त के यहाँ नौकरी

करने के पश्चात् द्यूतक्रीडा से अपनी आजीविका चलाने लगता है। द्यूत में हार कर वसन्तसेना द्वारा ऋणमुक्त कराया जाता है और विरक्त होकर बौद्धभिक्षु के रूप में हमारे सामने आता है।

(C) दर्दुरक– मृच्छकटिकम् प्रकरण में दर्दुरक नामक पात्र का उल्लेख सामान्य रूपों में हुआ है। द्वितीय अङ्क में दर्दुरक का उल्लेख जुआरी के रूप में हुआ है–
'द्यूतं हि नाम पुरुषस्यासिंहासनं राज्यम् ' जुआ भी मनुष्य के बिना सिंहासन का राज्य है।

(D) मदनिका– मदनिका एक गणिका स्त्री है जो शर्विलक नामक ब्राह्मण युवक की प्रेयसी है। मदनिका वसन्तसेना की प्रिय दासी भी है।

स्रोत– मृच्छकटिकम्– जगदीशचन्द्र मिश्र, पेज-149

14. महाभारत पर आधारित महाकाव्य है-
(A) कुमारसम्भवम् **(B) रघुवंशम्**
(C) रावणवधम् **(D) शिशुपालवधम्**

व्याख्या–

	उपजीव्यग्रन्थ	रचना	लेखक
(A)	श्रीमद्भागवतमहापुराण	कुमारसम्भव	कालिदास
(B)	वाल्मीकीयरामायण	रघुवंशम्	कालिदास
(C)	वाल्मीकीयरामायण	रावणवध(भट्टिकाव्य)	भट्टि
(D)	महाभारत का सभापर्व	शिशुपालवध	माघ

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत– संस्कृत साहित्य का इतिहास-उमाशङ्कर शर्मा ऋषि, पेज– 263

15. लघुत्रयी के अन्तर्गत कौन-कौन से ग्रन्थ आते हैं–
(A) किरातार्जुनीयम्, शिशुपालवधम्, नैषधीयचरितम्
(B) वासवदत्ता, कादम्बरी, दशकुमारचरितम्
(C) रामायण, महाभारत, भागवतपुराण
(D) रघुवंशम्, मेघदूतम्, कुमारसम्भवम्

व्याख्या–

(A) बृहत्त्रयी- किरातार्जुनीयम्, शिशुपालवधम्, नैषधीयचरितम्।
(B) गद्यबृहत्त्रयी- वासवदत्ता, कादम्बरी, दशकुमारचरितम्।
(C) उपजीव्यत्रयी- रामायण, महाभारत, भागवतपुराण।
(D) लघुत्रयी- रघुवंशम्, कुमारसम्भवम्, मेघदूतम्।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत– मेघदूतम्– शेषराज शर्मा 'रेग्मी', भू.पेज–19

16. विश्व साहित्य के इतिहास में सबसे बड़ा महाकाव्य है-
(A) रामायण **(B) महाभारत**
(C) शिशुपालवध **(D) श्रीमद्भगवद्गीता**

व्याख्या–

(A) रामायण- रामायण महर्षि वाल्मीकि की कृति है। इसमें रामकथा आद्योपान्त वर्णित है। इसमे सात काण्ड हैं तथा लगभग 24 हजार श्लोक हैं।
अतः इसे 'चतुर्विंशतिसाहस्रीसंहिता' भी कहते हैं।

(B) महाभारत– विश्व साहित्य में सबसे बड़ा ग्रन्थ महाभारत ही है जिसमें एक लाख से अधिक श्लोक हैं। महाभारत के लेखक का नाम वेदव्यास (कृष्णद्वैपायन, व्यास) है। महाभारत को 'शतसाहस्री संहिता' भी कहते है। महाभारत की कथा पर्वों में विभक्त है। जिसमें 18 पर्व हैं। महाभारत के विकास का क्रम तीन चरणों में है। **जय-** महाभारत का मूल रूप 'जय' नाम से प्रसिद्ध था जिसमें 8800 श्लोक थे। **भारत–** द्वितीय अवस्था में जय का विस्तार भारत के रूप में हुआ जिसमें 24000 श्लोक हो गये। **महाभारत–** अन्तिम अवस्था एक लाख से अधिक श्लोकों का महाभारत के रूप प्रस्तुत हुआ। **अतः विकल्प B सही है।**

(C) शिशुपालवध- महाकवि माघ द्वारा रचित शिशुपालवध महाकाव्य में 20 सर्ग हैं। जो 'महाभारत के सभापर्व' के तेरह अध्यायों (33-45) तथा 'श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध' पर आधारित है, जिसके नायक 'भगवान् श्रीकृष्ण' हैं जो धीरोदात्त कोटि के नायक हैं, तथा प्रतिनायक शिशुपाल है।

(D) श्रीमद्भगवद्गीता– श्रीमद्भगवद्गीता महाभारत के भीष्मपर्व पर आधारित है श्रीमद्भगवद्गीता में अध्यायों की संख्या 18 है।

स्रोत–संस्कृत साहित्य का इतिहास-उमाशङ्कर शर्मा ऋषि,पेज-147

17. उत्तररामचरितम् में राम किस कोटि के नायक हैं-
(A) धीरललित **(B) धीरोदात्त**
(C) धीरप्रशान्त **(D) धीरोद्धत**

व्याख्या–

	नायक	कोटि
(A)	यक्ष	धीरललित
(B)	राम	धीरोदात्त
(C)	चारुदत्त	धीरप्रशान्त
(D)	भीम	धीरोद्धत

अतः विकल्प B सही है।

आचार्य धनञ्जय दशरूपक के द्वितीय प्रकाश में चार प्रकार के नायक का विभाजन करते हैं-

(A) धीरललित– चिन्ता से मुक्त कथाओं का प्रेमी, सुखी तथा कोमल प्रकृति का नायक धीरललित नायक कहलाता है।
'निश्चिन्तो धीरललितः कलासक्तः सुखी मृदुः।'
उदाहरण- मेघदूतम् का नायक यक्ष धीरललित कोटि का नायक है।

(B) धीरोदात्त-
'महासत्त्वोऽतिगम्भीरः क्षमावानविकत्थनः।
स्थिरो निगूढाहङ्कारो धीरोदात्तो दृढव्रतः॥'
(दश.2/56)
विशाल एवं अविचल अन्तः करण वाला, अत्यन्त गम्भीर, क्षमाशील, आत्मप्रशंसा न करने वाला अविचल, अभिमान को दबाकर रखने वाला तथा दृढव्रती नायक धीरोदात्त नायक है। **उदाहरण–** उत्तररामचरितम् का नायक राम
अतः विकल्प B सही है।

(C) धीरप्रशान्त- 'सामान्यगुणयुक्तस्तु धीरशान्तो द्विजादिकः।' (दश.2/4)
सामान्य गुणों से युक्त द्विज आदि नायक धीरशान्त नायक कहलाता है।
उदाहरण– मृच्छकटिकम् का नायक चारुदत्त ।

(D) धीरोद्धत- 'दर्पमात्सर्यभूयिष्ठो मायाच्छद्मपरायणः।
धीरोद्धतस्त्वहङ्कारी चलश्चण्डो विकत्थनः।।'(दश.2/5-6)
घमण्ड और डाह की अधिकता से युक्त माया और कपट से भरपूर, अहङ्कारी, अस्थिर, अत्यन्त क्रोधी तथा अपनी प्रशंसा करने वाला नायक धीरोद्धत नायक है।
उदाहरण- वेणीसंहारम् नाटक का नायक भीम धीरोद्धत कोटि का नायक है।

स्रोत- वस्तुनिष्ठ-संस्कृतसाहित्यम्- सर्वज्ञभूषण, पेज-303

18. बृहत्त्रयी के अन्तर्गत नहीं है-
(A) किरातार्जुनीयम् **(B) शिशुपालवधम्**
(C) रघुवंशम् **(D) नैषधीयचरितम्**

व्याख्या-
- ☆ किरातार्जुनीयम्, शिशुपालवधम् और नैषधीयचरितम् ये बृहत्त्रयी के अन्तर्गत आते हैं।
- ☆ लघुत्रयी- रघुवंशम्, कुमारसम्भवम्, मेघदूतम्।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का इतिहास- उमाशंकर शर्मा 'ऋषि', पेज- 208

19. 'उदिते नैषधे काव्ये क्व माघः क्व च भारविः' यहाँ 'नैषधे' पद किस महाकवि की ओर संकेत करता है-
(A) भारवि **(B) माघ**
(C) श्रीहर्ष **(D) कालिदास**

व्याख्या-
(A) भारवि– नारिकेलफलसम्मितं वचो भारवे सपदि तद् विभज्यते। (मल्लिनाथ)
(B) माघ– माघे सन्ति त्रयो गुणाः। (उद्भट)
(C) श्रीहर्ष- उदिते नैषधे काव्ये क्व माघः क्व च भारविः। (अज्ञात) **अतः विकल्प C सही है।**
(D) कालिदास– शृङ्गारे ललितोद्गारे कालिदासत्रयी किमु। (राजशेखर)

स्रोत– संस्कृतसाहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज–226

20. खण्डकाव्य है-
(A) दशकुमारचरित **(B) नलचम्पू**
(C) मेघदूत **(D) किरातार्जुनीय**

व्याख्या-

ग्रन्थ	ग्रन्थकोटि	नायक	रस
दशकुमारचरितम्	गद्यकाव्य	राजहंस	वीर/अद्भुत
नलचम्पू	चम्पूकाव्य	नल	शृङ्गाररस
मेघदूतम्	खण्डकाव्य	यक्ष	विप्रलम्भशृङ्गार
किरातार्जुनीयम्	महाकाव्य	अर्जुन	वीररस

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत– मेघदूतम्– दयाशङ्कर शास्त्री, पेज-32

21. पदलालित्य के लिए प्रसिद्ध हैं-
(A) कालिदास (B) दण्डी
(C) भारवि (D) माघ

व्याख्या-
(A) **कालिदास-** उपमा के लिए प्रसिद्ध हैं-
'उपमा कालिदासस्य'
(B) **दण्डी-** पदलालित्य के लिए प्रसिद्ध हैं-
''दण्डिनः पदलालित्यं''
(C) **भारवि-** अर्थगौरव के लिए प्रसिद्ध हैं- भारवेरर्थगौरवम्
(D) **महाकवि माघ-** उपमा, पदलालित्य एवं अर्थगौरव तीनों गुणों के लिए प्रसिद्ध हैं- **'माघे सन्ति त्रयो गुणाः'**
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत– संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज–212

22. विद्वानों के लिए औषधि है-
(A) शिशुपालवध (B) किरातार्जुनीय
(C) मेघदूत (D) नैषध

व्याख्या–
(A) ''तावद् भा भारवेर्भाति यावन्माघस्य नोदयः'' जिस प्रकार माघ मास के आ जाने पर सूर्य की कान्ति नहीं रह जाती उसीप्रकार माघ कवि के उदित होने पर भारवि की शोभा मन्द पड़ जाती है।
(B) ''नारिकेलफलसम्मितं वचो'' मल्लिनाथ ने भारवि की रचना की उपमा नारियल के फल से दी है जो ऊपर से कठोर, किन्तु अन्दर से कोमल और सरस होता है।
(C) ''मेघे माघे गतं वयः'' –कालिदास के मेघदूतम् तथा महाकवि माघ के शिशुपालवध को पढ़ने में आयु गुजर जाती है।
(D) ''नैषधं विद्वदौषधम्।'' विद्वानों के लिए नैषध औषधि है।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-234

23. उत्तररामचरितम् का प्रधान रस है-
(A) श्रृङ्गार (B) शान्त
(C) करुण (D) वीर

व्याख्या-

	रचना	प्रधान रस
(A)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	श‍ृङ्गाररस
(B)	बुद्धचरितम्	शान्तरस
(C)	उत्तररामचरितम्	करुणरस
(D)	किरातार्जुनीयम्	वीररस

अतः विकल्प C सही है।
नाटक का लक्षण– ''एक एव भवेदऽङ्गी श‍ृङ्गारो वीर एव वा'' (सा.द. 6/10)
* नाटक का कथानक रामायण आदि इतिहास में प्रसिद्ध होना चाहिए।
* नाटक में पाँच से दस अङ्क होते हैं।
* पुराणादि प्रसिद्ध वंश में उत्पन्न धीरोदात्त आदि प्रतापी, गुणवान् कोई राजर्षि अथवा दिव्य या दिव्यादिव्य पुरुष नाटक का नायक होता है।
* श‍ृङ्गार या वीर इनमें से कोई एक रस प्रधान रहता है अन्य सब रस अङ्गभूत रहते हैं।

परन्तु भवभूति नाटक में करुणरस की प्रधानता स्वीकार करते हुए उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में कहते हैं कि
एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्।
भिन्नः पृथक्पृथगिव श्रयते विवर्तान्।। (उत्तर.3.47)
एक करुणरस ही है जो कारण भेद से भिन्न होकर पृथक्–पृथक् (श‍ृङ्गार आदि) परिणामों को प्राप्त करता हुआ प्रतीत होता है।

स्रोत- उत्तररामचरितम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-86

24. रैवतक पर्वत का वर्णन किस काव्य में है-
(A) उत्तररामचरितम् (B) कुमारसम्भवम्
(C) शिशुपालवधम् (D) कादम्बरी

व्याख्या-
* **उत्तररामचरितम्-** जटायु शिखर, शम्बूकवृत्तान्त, दुर्मुख वृत्तान्त, राम विलाप आदि।
* **कुमारसम्भवम्-** हिमालय पर्वत वर्णन, तारकासुरवध वर्णन।
* **शिशुपालवधम्-** रैवतक पर्वत वर्णन, षट्ऋतु वर्णन, वनविहार वर्णन, जल विहार वर्णन।

* **कादम्बरी-** पम्पासरोवर वर्णन, शाल्मली वृक्ष वर्णन, अच्छोदसरोवर वर्णन, कपिञ्जल कथा का वर्णन, शुक वर्णन। **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत- शिशुपालवधम् (सर्ग-4)- हरगोविन्द शास्त्री, पेज-173

25. सूची 1 एवं सूची 2 के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए -

सूची (1)	सूची (2)
(क) किरातार्जुनीयम्	1. श्रीकृष्ण
(ख) शिशुपालवधम्	2. अर्जुन
(ग) वेणीसंहारम्	3. दुष्यन्त
(घ) अभिज्ञानशाकुन्तलम्	4. भीम

	(क)	(ख)	(ग)	(घ)
(A)	(3)	(2)	(4)	(1)
(B)	(1)	(2)	(3)	(4)
(C)	(3)	(2)	(1)	(4)
(D)	(2)	(1)	(4)	(3)

व्याख्या-

ग्रन्थ	नायक/नायिका
(A) किरातार्जुनीयम्	अर्जुन (धीरोदात्त), द्रौपदी
(B) शिशुपालवधम्	श्रीकृष्ण (धीरोदात्त)
(C) वेणीसंहारम्	भीम (धीरोद्धत्त), द्रौपदी
(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम्	दुष्यन्त (धीरोदात्त), शकुन्तला

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत– संस्कृतसाहित्यम्– संस्कृतगङ्गा सर्वज्ञभूषण, पेज-298

26. हिमालय पर्वत का वर्णन है-

(A) कादम्बरी में **(B) शिशुपालवधम् में**
(C) किरातार्जुनीयम् में **(D) कुमारसम्भवम् में**

व्याख्या-

* **कादम्बरी-** शूद्रक वर्णन, शुकवर्णन, चाण्डालकन्या वर्णन, विन्ध्याटवी वर्णन, जाबालि वर्णन, उज्जयिनी वर्णन, अच्छोद सरोवर वर्णन, कादम्बरी वर्णन आदि।
* **शिशुपालवधम्-** रैवतक पर्वत वर्णन, सूर्यास्त वर्णन, मद्यपान वर्णन।
* **किरातार्जुनीयम्-** इन्द्रकीलपर्वत का वर्णन, सन्ध्यावर्णन, चन्द्रोदय वर्णन।
* **कुमारसम्भवम्-** हिमालय पर्वत का वर्णन, कार्तिकेय (स्कन्द, कुमार) की उत्पत्ति का वर्णन, पार्वतीउत्पत्ति, रति विलाप, पार्वती परिणय आदि ।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत– शिशुपालवधम् (चतुर्थ सर्ग)- हरगोविन्द शास्त्री, पेज– 173

27. ''नवसर्गगते माघे नव शब्दो न विद्यते'' यह उक्ति किस ग्रन्थ के लिए प्रचलित है-

(A) मेघदूतम् **(B) शिशुपालवधम्**
(C) कुमारसम्भवम् **(D) जानकीहरणम्**

व्याख्या–

(A) **मेघदूतम्-** 'मेघे माघे गतं वयः' कालिदास के मेघदूतम् तथा माघ के शिशुपालवधम् को पढ़ने में पूरी अवस्था बीत जाती है।

(B) **शिशुपालवधम्-** ''नवसर्गगते माघे नवशब्दो न विद्यते'' महाकवि माघ के शिशुपालवध के नव सर्ग पढ़ लेने पर कोई भी शब्द नया नहीं रह जाता।

अतः विकल्प (B) सही है।

(C) **कुमारसम्भवम्-** 'कुमारस्य सम्भवः जन्म यस्मिन् काव्ये तत् कुमारसम्भवम्।' कुमार का जन्म जिस काव्य में हो वह कुमारसम्भव है।

(D) **जानकीहरणम्-** 'जानकीहरणं कर्तुं रघुवंशे स्थिते सति कविः कुमारदासश्च रावणश्च यदि क्षमः।' जैसे राम के रहते हुए सीता का अपहरण करने में रावण समर्थ है उसी प्रकार रघुवंश महाकाव्य के रहते हुए जानकीहरण जैसे महाकाव्य की रचना करने में कवि कुमारदास ही समर्थ है कोई अन्य नहीं।

स्रोत-संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-203,204

28. कादम्बरी में किस रीति का प्रयोग है-

(A) गौडी **(B) वैदर्भी**
(C) पाञ्चाली **(D) लाटी**

व्याख्या–

भवभूति की रीति गौड़ी और वैदर्भी है। बाणभट्ट की रीति पाञ्चाली है। **जल्हण** ने सूक्तिमुक्तावली में राजशेखर के नाम से एतद्विषयक प्रशस्ति का उद्धरण दिया है-

शब्दार्थयोः समो गुम्फः पाञ्चालीरीतिरुच्यते।
शिलाभट्टारिका वाचि बाणोक्तिषु च सा यदि।।
वैदर्भी– वैदर्भी कविता स्वयं वृतवती श्रीकालिदासं वरम् ।
वैदर्भीरीतिसन्दर्भे कालिदासः विशिष्यते।।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत– संस्कृत साहित्य का इतिहास-उमाशङ्कर शर्मा ऋषि, पेज- 400

29. इन्द्रायुध किसका अवतार था-
(A) चन्द्रमा का (B) कपिञ्जल का
(C) पुण्डरीक का (D) वैशम्पायन का

व्याख्या-

चन्द्रापीड, वैशम्पायन, पत्रलेखा, इन्द्रायुध, चाण्डालकन्या क्रमशः प्रथमजन्म में चन्द्रमा, पुण्डरीक, रोहिणी, कपिञ्जल, लक्ष्मी। द्वितीय जन्म में चन्द्रापीड, वैशम्पायन, पत्रलेखा इन्द्रायुध। तृतीय जन्म में शूद्रक, शुक, कपिञ्जल, चाण्डालकन्या। **अतः विकल्प B सही है।**

स्रोत– संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज–493

30. 'अतिगहनं तमो यौवनप्रभवम्' यह सूक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है-
(A) कादम्बरी (B) स्वप्नवासवदत्तम्
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (D) मृच्छकटिकम्

व्याख्या–

- बाणभट्ट कृत कादम्बरी शुकनासोपदेश में मन्त्री शुकनास चन्द्रापीड को उपदेश देते हुए कहते हैं- **'अतिगहनं तमो यौवनप्रभवम्'** (कादम्बरी शुकनासोपदेश)
युवावस्था में उत्पन्न होने वाला अज्ञान रूपी अन्धकार अत्यन्त गहन होता है। **अतः विकल्प A सही है।**
- भास द्वारा रचित स्वप्नवासवदत्तम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में विदूषक राजा से कहता है-
'अनतिक्रमणीयो हि विधिः' (स्वप्न.अङ्क-4)
भाग्य का उल्लंघन नहीं किया जा सकता है।
- कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के सप्तम अङ्क में राजा मातलि से कहता है-
'अनतिक्रमणीयानि श्रेयांसि' (अभि.अङ्क-7)
हाथ में आया हुआ ऐसा सौभाग्य नहीं छोड़ना चाहिए।
- शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् के तृतीय अङ्क में शर्विलक विदूषक से कहता है कि–
'अनतिक्रमणीया भगवती गोकाम्या ब्राह्मणकाम्या च।' (मृच्छ.अङ्क-3)
भगवती, गाय और ब्राह्मण की अभिलाषा उल्लंघन करने योग्य नहीं होती।

स्रोत– कादम्बरी शुकनासोपदेश–तारिणीश झा, पेज–1

31. 'त्रिभुवनप्रसवभूमिरिव विस्तीर्णा' विशेषता किसके लिए प्रयुक्त है-
(A) विदिशा (B) उज्जयिनी
(C) विन्ध्याटवी (D) हेमकूट

व्याख्या–

बाणभट्ट कृत 'कादम्बरी कथामुखम्' के अनुसार

(A) **विदिशा नगरी–** ''त्रिभुवनप्रसवभूमिरिव विस्तीर्णा ....विदिशाभिधाना नगरी राजधान्यासीत्।'' तीनों भुवन की जन्मभूमि के समान विस्तृत .... विदिशा नामक नगरी राजा शूद्रक की राजधानी थी।

(B) **उज्जयिनी-** ''अस्ति सकल–त्रिभुवन-ललामभूता, प्रसव-भूमिरिव कृतयुगस्य .... विजितामरलोक द्युतिरवन्तीषूज्जयिनी नाम नगरी।''
अवन्ति देश में 'उज्जयिनी' नाम की नगरी है, जो तीनों लोकों की अलङ्कार रूपा अथवा प्रधानभूत है, मानों सत्ययुग की जन्मभूमि हो, तीनों लोक की सृष्टि, स्थिति और प्रलय (उत्पत्ति, पालन, संहार) को करने वाली है।

(C) **विन्ध्याटवी–** ''अस्ति पूर्वापर-जलनिधि-वेलावलग्ना मध्यदेशालङ्कार भूता मेखलेव भुवः ....
पुष्पवत्यपि पवित्रा विन्ध्याटवी नाम।'' पूर्वी और पश्चिमी समुद्रों के तटवर्ती वनों से जुड़ी हुई है, मध्यदेश के भूषणस्वरूप.......पुष्पवती पवित्र विन्ध्य नाम की एक अटवी है।

(D) **हेमकूट–** ''क्रमेण च गत्वा हेमकूटमासद्य गन्धर्वराजकुलं समतीत्य काञ्चनतोरणानि सप्तकक्षान्तराणि कन्यान्तः पुरद्वारमवाप।''
क्रम से जाकर, गन्धर्वराज की राजधानी हेमकूटपर्वत पर उपस्थित होकर, सुवर्ण-तोरण जहाँ बँधे थे ऐसी सात ड्योढ़ी लाँघकर चन्द्रापीड महाश्वेता को देखकर दौड़ते हुए जाते हैं।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत– कादम्बरी कथामुखम्–राजेन्द्र मिश्र,पेज-32

32. कादम्बरी क्या है-
(A) आख्यायिका (B) कथा
(C) नाटक (D) प्रकरण

व्याख्या–

(A) हर्षचरितम् (बाण)- आख्यायिका
तथापि नृपतेर्भक्त्या भीतो निर्वहणाकुलः।
कारोम्याख्यायिकाम्भोधौ जिह्वाप्लवनचापलम्। (हर्ष.19)

(B) कादम्बरी (बाणभट्ट)- कथा
धिया निबद्धेयमतिद्वयी कथा (कादम्बरी-20)

(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (कालिदास) नाटक-
काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शकुन्तला।

(D) मृच्छकटिकम् (शूद्रक) प्रकरण
'वयं मृच्छकटिकं नाम प्रकरणं प्रयोक्तुं व्यवसिता'

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत– संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास–कपिलदेव द्विवेदी पेज-333

33. मुख्यतः कादम्बरी की शैली है-
(A) वैदर्भी (B) गौड़ी
(C) पाञ्चाली (D) इनमें से सभी

व्याख्या-

कवि	शैली/रीति	गुण
कालिदास	वैदर्भी	प्रसाद गुण
सुबन्धु	गौड़ी	ओज गुण
बाणभट्ट	पाञ्चाली	ओज गुण

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत– कादम्बरी कथामुखम्- तारणीश झा, पेज-5

34. नलचम्पू में किस रस की प्रधानता है-
(A) शृङ्गार (B) वीर
(C) करुण (D) शान्त

व्याख्या–

	ग्रन्थ	प्रधान रस	विभाजन
(A)	नलचम्पू	शृङ्गाररस	सात उच्छ्वास
(B)	किरातार्जुनीयम्	वीररस	अठारह सर्ग
(C)	उत्तररामचरितम्	करुणरस	सात अङ्क
(D)	बुद्धचरितम्	शान्तरस	अट्ठाइस सर्ग

अतः विकल्प (A) सही है।

स्रोत- नलचम्पू- तारिणीश झा, पेज-26

35. नलचम्पू कितने उच्छ्वासों में विभाजित है-
(A) सात (B) आठ
(C) पाँच (D) छह

व्याख्या–

	ग्रन्थ	विभाजन	ग्रन्थकार
(A)	नलचम्पू	सात उच्छ्वास	त्रिविक्रमभट्ट
(B)	राजतरङ्गिणी	आठ तरङ्ग	कल्हण
(C)	काव्यालङ्कारसूत्र	पाँच अधिकरण	वामन
(D)	काव्यालङ्कार	छह परिच्छेद	भामह

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज–603

36. 'नवसर्गगते ....नवशब्दो न विद्यते' उक्ति है-
(A) कालिदास के विषय में
(B) श्रीहर्ष के विषय में
(C) माघ के विषय में
(D) भारवि के विषय में

व्याख्या–

(A) **कालिदास के विषय में–** कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः– जयदेव

(B) **श्रीहर्ष विषयक उक्ति-**
तावद् भा भारवेर्भाति, यावन्माघस्य नोदयः।
उदिते नैषधे काव्ये, क्व माघः क्व च भारविः।।

(C) **माघविषयक उक्ति–** नवसर्गगते माघे नवशब्दो न विद्यते।

(D) **भारवि विषयक उक्ति–** सा भारवेः सत्पथदीपिकेव।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत– संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-203-204

37. अर्थगौरव के लिए कौन कवि प्रसिद्ध हैं-
(A) कालिदास (B) दण्डी
(C) भारवि (D) माघ

व्याख्या–

	कवि	प्रसिद्धि का कारण
(A)	कालिदास	उपमा कालिदासस्य
(B)	दण्डी	दण्डिनः पदलालित्यम्
(C)	भारवि	भारवेरर्थगौरवम्
(D)	माघ	उपमा, पदलालित्य और अर्थगौरव। (माघे सन्ति त्रयो गुणाः)

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत– संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज–199

38. 'साहित्यजगत्' को किसका उच्छिष्ट कहा जाता है-
(A) बाणभट्ट (B) श्रीहर्ष
(C) दण्डी (D) भारवि

व्याख्या–

(A) बाणभट्ट– 'बाणोच्छिष्टं जगत्सर्वम्' (अज्ञात) सम्पूर्ण संसार बाण का जूठा है। अर्थात् बाण की वर्णन शैली में कुछ भी शेष नहीं बचा है।

(B) श्रीहर्ष- 'उदिते नैषधे काव्ये क्व माघः क्व च भारविः।' श्रीहर्ष के नैषधीयचरितम् महाकाव्य के उदित होने पर भारवि का अर्थगौरव एवं माघ का पदलालित्य फीका पड़ गया।

(C) दण्डी– 'दण्डिनः पदलालित्यम्' (उद्भट) दण्डी की रचना पदलालित्य के लिए प्रसिद्ध है।

(D) भारवि– 'भारवेरर्थगौरवम्' (उद्भट) भारवि की रचना अर्थ गौरव के लिए प्रसिद्ध है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत– संस्कृत साहित्य का इतिहास- उमाशङ्कर शर्मा 'ऋषि',पेज –208

39. 'नलचम्पू' के रचयिता हैं-
(A) कल्हण (B) विशाखदत्त
(C) क्षेमेन्द्र (D) त्रिविक्रमभट्ट

व्याख्या–

	ग्रन्थ	लेखक
(A)	राजतरङ्गिणी	कल्हण
(B)	मुद्राराक्षसम्	विशाखदत्त
(C)	भारतमञ्जरी	क्षेमेन्द्र
(D)	नलचम्पू	त्रिविक्रमभट्ट

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज– 602

40. आचार्य दण्डी की कृति है-
(A) काव्यादर्श (B) दशकुमारचरितम्
(C) अवन्तिसुन्दरी (D) उपर्युक्त सभी

व्याख्या–

ग्रन्थ	ग्रन्थप्रकार	ग्रन्थकार	विभाजन
काव्यादर्श	काव्यशास्त्रीय	दण्डी	तीन परिच्छेद
दशकुमारचरितम्	गद्यकाव्य	दण्डी	आठ उच्छ्वास
अवन्तिसुन्दरीकथा	गद्यकाव्य	दण्डी	-

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज–466

41. जहाँ कोई शब्द अन्य अर्थ के लिए अपने अर्थ का त्याग कर देता है वहाँ होती है-
(A) उपादान लक्षणा (B) लक्षण लक्षणा
(C) शुद्धालक्षणा (D) गौणी लक्षणा

व्याख्या-

लक्षणा (लक्षणा तेन षड्विधा)
- शुद्धा
  - उपादान लक्षणा (कुन्ताः प्रविशन्ति।)
  - लक्षण-लक्षणा (गङ्गायां घोषः)
  - शुद्धा सारोपा (आयुर्घृतम्)
  - शुद्धा साध्यवसाना (आयुरेवेदम्)
- गौणी
  - गौणी सारोपा (गौर्वाहीकः)
  - गौणी साध्यवसाना (गौरयम्)

(A) उपादान लक्षणा– (सू13) ''स्वसिद्धये पराक्षेपः अपने (वाच्यार्थ के) अन्वय की सिद्धि के लिए अन्य (दूसरे) अर्थ का आक्षेप करना 'उपादान लक्षणा' है।
यथा- कुन्ताः प्रविशन्ति।

(B) लक्षण लक्षणा–परार्थं स्वसमर्पणम्......लक्षण-लक्षणा।'' दूसरे के लिए अपने को समर्पित कर देना अर्थात् अन्य के लिए अपने अर्थ का त्याग देना 'लक्षण-लक्षणा है।'
यथा–गङ्गायां घोषः।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत– काव्यप्रकाश (सूत्र-13)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज–53

42. 'हरविजयम् महाकाव्य में कितने सर्ग हैं-
(A) 28 **(B) 50**
(C) 8 **(D) 17**

व्याख्या–

➢ आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के छठे परिच्छेद में महाकाव्य का लक्षण करते हैं-

सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः।
नातिस्वल्पा नातिदीर्घाः सर्गा अष्टाधिका इह॥

(सा. द. 6/315-320)

अर्थात् आठ से कम सर्ग महाकाव्य में नहीं होते और ये सर्ग भी न तो बहुत छोटे तथा न तो बहुत दीर्घ होते हैं।

➢ अश्वघोष द्वारा रचित बुद्धचरितम् महाकाव्य में सर्गों की संख्या 28 है।

➢ रत्नाकर विरचित हरविजयम् महाकाव्य में 50 सर्ग हैं जो संस्कृत का सबसे बड़ा महाकाव्य है।

➢ कालिदास द्वारा रचित कुमारसम्भवम् में 17 सर्ग हैं।

नोट–

ग्रन्थ	ग्रन्थकार	विभाजन
बुद्धचरितम्	अश्वघोष	28 सर्ग
हरविजयम्	रत्नाकर	50 सर्ग
कुमारसम्भवम्	कालिदास	17 सर्ग
दशकुमारचरितम्	दण्डी	8 उच्छ्वास
नलचम्पू	त्रिविक्रमभट्ट	7 उच्छ्वास
हर्षचरितम्	बाणभट्ट	8 उच्छ्वास

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का इतिहास- उमाशङ्कर शर्मा 'ऋषि', पेज-145

43. 'महाकाव्य' में न्यूनतम सर्ग होने चाहिए-
(A) बीस **(B) आठ**
(C) अट्ठारह **(D) तेरह**

व्याख्या–

काव्यविधा	काव्य	सर्ग
महाकाव्य	शिशुपालवधम्	20 सर्ग
महाकाव्य	किरातार्जुनीयम्	18सर्ग
महाकाव्य	रघुवंशम्	19 सर्ग
महाकाव्य	नैषधीयचरितम्	22 सर्ग

नोट-

1. महाकाव्य में न्यूनतम 8 सर्ग होने चाहिए ।
2. नाटक में न्यूनतम 5 अङ्क होने चाहिए, अधिकतम 10 अङ्क होते हैं।
3. प्रकरण में 10 अङ्क होने चाहिए।
4. नाटिका में 4 अङ्क होने चाहिए।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत– साहित्यदर्पण (6/320)- शालिग्राम शास्त्री, पेज–225

44. महाकाव्य की कथावस्तु होती है-
(A) कविकल्पित **(B) मिश्रित**
(C) इतिहास प्रसिद्ध **(D) इनमें से कोई नही**

व्याख्या–

आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में महाकाव्य का लक्षण करते हैं-

सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः।
सद्वंशः क्षत्रियो वापि धीरोदात्तगुणान्वितः।
एकवंशभवा भूपाः कुलजा बहवोऽपि वा।।
शृङ्गारवीरशान्तानामेकोऽङ्गी रस इष्यते।
अङ्गानि सर्वेऽपि रसाः सर्वे नाटकसन्धयः।।
इतिहासोद्भवं वृत्तमन्यद्वा सज्जनाश्रयम्।
चत्वारस्तस्य वर्गाः स्युस्तेष्वेकं च फलं भवेत्।।

(सा0 द0 6/315-317)

जिसमें सर्गों का निबन्धन हो वह महाकाव्य है। इसमें एक देवता या सद्वंश क्षत्रिय जिसमें धीरोदात्तत्वादि गुण हो नायक होता है। कहीं एक वंश के श्रेष्ठ कुलीन अनेक भूप भी नायक होते हैं। शृङ्गार वीर, शान्त में से कोई एक रस अङ्गी होता है सब नाटक सन्धियाँ होती हैं। **कथावस्तु ऐतिहासिक** या लोक में प्रसिद्ध सज्जन सम्बन्धिनी होती है। **अतः विकल्प C सही है।**

➢ आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में प्रकरण का लक्षण करते हैं-

भवेत्प्रकरणे वृत्तं लौकिकं कविकल्पितम्।
शृङ्गारोऽङ्गी नायकस्तु विप्रोऽमात्योऽथवा वणिक्।
सापायधर्मकामार्थपरो धीरप्रशान्तकः।।

(सा.द. 6/224-225)

➢ प्रकरण की कथा लौकिक, कविकल्पित होती है इतिहास प्रसिद्ध नहीं होती इसमें प्रधान रस शृङ्गार होता है और नायक ब्राह्मण, मन्त्री अथवा वैश्य होता है। नायक विघ्नपूर्ण धर्म, अर्थ और काम में तत्पर धीरप्रशान्त होता है।

स्रोत– साहित्यदर्पण (6.318)- शालिग्राम शास्त्री, पेज- 225

45. अगले सर्ग की कथावस्तु कहाँ सूचित की जाती है-

(A) सर्गारम्भ में **(B) सर्ग के मध्य में**
(C) सर्गान्त में **(D) कहीं भी**

व्याख्या–

आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में महाकाव्य का लक्षण करते हुए कहते हैं-

सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः .... नातिस्वल्पा नातिदीर्घाः सर्गा अष्टाधिका इह।। (सा. द. 6/315)

☆ महाकाव्य का सर्गों में निबन्धन होता है।
☆ महाकाव्य का नायक धीरोदात्तत्वादि गुणों से युक्त एक देवता या सद्वंशीय क्षत्रिय होता है।
☆ शृङ्गार, वीर, शान्त में से कोई एक रस अङ्गी मुख्य होता है।
☆ कथा ऐतिहासिक या लोक में प्रसिद्ध सज्जनसम्बन्धिनी होती है।
☆ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इस चतुर्वर्ग में से एक उसका फल होता है।
☆ सर्ग की संख्या आठ से अधिक होती है।
☆ सर्ग के अन्त में अगली कथा की सूचना होनी चाहिए।

सर्गान्ते भाविसर्गस्य कथायाः सूचनं भवेत्।

(सा.द. 6/315)

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण (6/321)- शालिग्राम शास्त्री, पेज-225

46. साक्षात्संकेतित अर्थ की बोधिका है-

(A) अभिधा **(B) लक्षणा**
(C) तात्पर्या **(D) व्यंजना**

व्याख्या-

आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीय उल्लास में वाचक आदि शब्दों एवं उनके अर्थों को परिभाषित करते हैं-

➢ **अभिधा-** साक्षात्संकेतितं योऽर्थमभिधत्ते स वाचकः

(का.प्र.सूत्र-9)

अर्थात् जो साक्षात् सङ्केत किए गए अर्थ को कहता है वह वाचक शब्द है। 'यस्य यत्राव्यवधानेन संकेतो गृह्यते स तस्य वाचकः' अर्थात् जिस शब्द का जिस अर्थ में बिना किसी बाधा के संकेत का ग्रहण है, वह शब्द उस अर्थ का वाचक होता है।

अतः विकल्प A सही है।

➢ **लक्षणा–** मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात्।
अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रिया।।

(का.प्र.सूत्र-12)

मुख्यार्थ का बाध होने पर, मुख्यार्थ से सम्बन्धित, रूढ़ि अथवा प्रयोजन वश अन्य अर्थ का ज्ञान जिस शक्ति के द्वारा होता है, शब्द में कल्पित अथवा आरोपित वृत्ति या व्यापार लक्षणा है।

➢ **व्यञ्जना–** विरतास्वभिधाद्यासु ययाऽर्थो बोध्यते परः।
सा वृत्तिर्व्यञ्जना नाम शब्दस्यार्थादिकस्य च।।

(सा. द. 2/12.13)

अपना-अपना अर्थ बोधन करके अभिधा आदि वृत्तियों के शान्त होने पर जिससे अन्य अर्थ का बोधन होता है। वह शब्द में रहने वाली वृत्ति व्यञ्जना शक्ति है।

➢ मीमांसकों के अनुसार तात्पर्याशक्ति चौथी शब्दशक्ति है।

स्रोत- साहित्यदर्पण- राजेन्द्र मिश्र, पेज-146

47. अभिहितान्वयवाद मत है-

(A) आनन्दवर्धन का
(B) प्रभाकरगुरु का
(C) मीमांसक (कुमारिलभट्ट) का
(D) मम्मट का

व्याख्या–

	सिद्धान्त	प्रतिपादक आचार्य
*	ध्वनि सिद्धान्त	आनन्दवर्धन
*	अन्विताभिधानवाद	प्रभाकरगुरु (मीमांसक)
*	अभिहितान्वयवाद	मीमांसक (कुमारिलभट्ट)
*	समन्वयवाद सिद्धान्त	आचार्य मम्मट

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत– काव्यप्रकाश (द्वितीय उल्लास)- श्रीनिवास शास्त्री, पेज– 34

48. आचार्य मम्मट ने काव्य के कुल कितने प्रयोजन बताए हैं-

(A) छह **(B) नौ**
(C) चार **(D) आठ**

व्याख्या-

- आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्यप्रयोजन का वर्णन करते हैं-

काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे॥

(का०प्र० 1/2)

यश की प्राप्ति, धन की प्राप्ति, व्यवहार का ज्ञान, अनिष्ट का निवारण, सद्यः आनन्द प्रदान करने वाला तथा स्त्री के समान उपदेश प्रदान करने वाला ये काव्य के छह प्रयोजन हैं।

- आचार्य मम्मट शान्तरस को भी मानते हुए नाटक में नौ रस मानते हैं- शृङ्गार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, अद्‌भुत, भयानक, बीभत्स, शान्त। 'शान्तोऽपि नवमो रसः'
- आचार्य भरत नाट्यशास्त्र के छठवें अध्याय में चार अलङ्कार मानते हैं- यमक, उपमा, रूपक, दीपक
- गूणीभूतव्यङ्ग्य के आठ भेद होते हैं-

1. अगूढ 2. इतर का अङ्ग 3. वाच्यसिद्धि का अङ्ग 4. अस्फुट 5. सन्दिग्धप्राधान्य 6. तुल्यप्राधान्य 7. काकु से आक्षिप्त 8. असुन्दर।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत– काव्यप्रकाश (1/2)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-10

49. आचार्य मम्मट के अनुसार काव्य का लक्षण है-

(A) वाक्यं रसात्मकं काव्यम्
(B) वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्
(C) तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि
(D) रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्

व्याख्या–

- आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथम उल्लास में काव्य का लक्षण करते हैं-

तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि।

(का.प्र. सूत्र-1)

दोषों से रहित गुणयुक्त और साधारणतः अलङ्कार सहित परन्तु यदि कहीं पर अलङ्कार न भी हो तो शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य कहलाती है।

अतः विकल्प C सही है।

- आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं- 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्।'

(सा.द.2/3)

रसात्मक वाक्य को काव्य कहते हैं।

- आचार्य कुन्तक वक्रोक्तिजीवितम् के प्रथमोन्मेष में काव्य का लक्षण करते हैं- 'वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्।'

काव्य की आत्मा वक्रोक्ति है।

- पण्डितराज जगन्नाथ रसगङ्गाधर के प्रथम आनन में काव्य का लक्षण करते हैं-

'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।' (रसगंगाधर1.1)

रमणीय अर्थ का प्रतिपादन करने वाला शब्द काव्य है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-1)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-19

50. "विरतास्वभिधाद्यासु ययाऽर्थो बोध्यते परः" यह किस वृत्ति का लक्षण है-

(A) तात्पर्या **(B) अभिधा**
(C) लक्षणा **(D) व्यञ्जना**

व्याख्या–

(A) तात्पर्या- 'तात्पर्यार्थोऽपि केषुचित्।' (का. प्र.सूत्र-7)
मीमांसक कुमारिलभट्ट आदि अभिधा,लक्षणा,व्यञ्जना के अतिरिक्त तात्पर्या नामक शक्ति को मानते हैं।

(B) अभिधा- 'तत्र संकेतितार्थस्य बोधनादग्रिमाऽभिधा।'

(सा.द.2.4)

उनमें संकेतित अर्थ (मुख्य अर्थ) का बोधन कराने वाली, शब्द की सबसे पहली शक्ति अभिधा शक्ति है।

(C) लक्षणा– 'मुख्यार्थबाधे तद्युक्तो ययाऽन्योऽर्थः प्रतीयते।
रूढेः प्रयोजनाद्वाऽसौ लक्षणा शक्तिरर्पिता।।' (सा.द.2.5)
1. मुख्य अर्थ का बाध 2. मुख्य अर्थ का लक्ष्य अर्थ से सम्बन्ध 3. रूढि अथवा प्रयोजन होने पर लक्षणा होती है।

(D) व्यञ्जना- विरतास्वभिधाद्यासु ययाऽर्थो बोध्यते परः।
सा वृत्तिर्व्यञ्जना नाम शब्दस्यार्थादिकस्य च।।

(सा.द.2/12)

अभिधा आदि के विरत हो जाने पर जिसके द्वारा अन्य अर्थ का बोध कराया जाता है, शब्द एवं अर्थादि की उस वृत्ति को व्यञ्जना कहा जाता है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत– साहित्यदर्पण (2/12)- शालिग्राम शास्त्री, पेज–39

51. ''रूढेः प्रयोजनाद्वासौ लक्षणा शक्तिरर्पिता'' यह लक्षण है-
(A) विश्वनाथ का (B) आनन्दवर्धन का
(C) मम्मट का (D) पण्डितराज जगन्नाथ का

व्याख्या-
आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के द्वितीय परिच्छेद में लक्षणा शक्ति को परिभाषित करते हुए कहते हैं-
''मुख्यार्थबाधे तद्युक्तो ययाऽन्योऽर्थः प्रतीयते।
रूढेः प्रयोजनाद्वाऽसौ लक्षणा शक्तिरर्पिता''
(सा.द.2/5)
मुख्य अर्थ का बाध और उसके साथ लक्ष्यार्थ का सम्बन्ध एवं रूढ़ि अथवा प्रयोजन के कारण, मुख्य अर्थ से सम्बद्ध अर्थ का ज्ञान जिस शक्ति द्वारा होता है उसे लक्षणा कहते हैं। यह शक्ति अर्पित अर्थात् कल्पित है।
अतः विकल्प A सही है।

- **आनन्दवर्धन–** ध्वन्यालोककार आनन्दवर्धन ने लक्षणा का विवेचन नहीं किया है। इन्होंने काव्य के दो भेद माने हैं वाच्य और प्रतीयमान।

आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में लक्षणा को निम्नरूपों में परिभाषित करते हैं-

- **मम्मट–** मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात्।
अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रिया।।
(का0 प्र0 सूत्र -12)

मुख्यार्थ के बाध होने पर तथा मुख्यार्थ के योग होने पर रूढ़ि अथवा प्रयोजन से जिसके द्वारा अन्य अर्थ की प्रतीति होती है वह आरोपित वृत्ति लक्षणा है।

- **जगन्नाथ–** पण्डितराज जगन्नाथ ने रसगङ्गाधर में लक्षणा का विवेचन नहीं किया है।

स्रोत– साहित्यदर्पण–राजेन्द्र मिश्र, पेज–154

52. ''विपरीत'' लक्षणा का दूसरा नाम है-
(A) अजहल्लक्षणा (B) जहल्लक्षणा
(C) जहदजहल्लक्षणा (D) गौणीलक्षणा

व्याख्या–

	लक्षणा/उपनाम	उदाहरण
☆	जहल्लक्षणा/जहत्स्वार्थावृत्ति	गङ्गायां घोषः।
	लक्षण-लक्षणा	गङ्गा में अहीरों की बस्ती है
☆	अजहल्लक्षणा	शोणो धावति।
	अजहत्स्वार्थावृत्ति	लाल (घोड़ा) दौड़ता है।
	उपादान लक्षणा	
☆	जहदजहल्लक्षणा	तत्त्वमसि। (तुम वह हो)
	भागत्यागलक्षणा	सोऽयं देवदत्तः।
	भागलक्षणा	यह देवदत्त है।
	विपरीतलक्षणा	

अतः विकल्प C सही है।

53. 'साहित्यदर्पण' के अनुसार काव्य में रस की स्थिति है-
(A) शरीर जैसी (B) आत्मा जैसी
(C) अवयव संस्था जैसी (D) अलंकरण जैसी

व्याख्या-
आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं।
व्याख्या– वाक्यं रसात्मकं काव्यम् (सा. द.–1/3)
'रस एवात्मा साररूपतया जीवनाधायको यस्य।' रसात्मक वाक्य को काव्य कहते हैं। रस के बिना काव्यत्व नहीं होता इसलिए सार अर्थात् सबसे प्रधान होने के कारण रस ही जिसकी आत्मा है वह वाक्य रसात्मक कहलाता है।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत– साहित्यदर्पण- कमलादेवी, पेज–57

54. 'साहित्यदर्पण' के प्रथम परिच्छेद का नाम है-
(A) काव्यदोष निरूपण
(B) काव्यस्वरूप निरूपण
(C) काव्यप्रयोजन निरूपण
(D) काव्यलक्षण निरूपण

व्याख्या-

परिच्छेद	नाम
प्रथम	काव्यस्वरूपनिरूपण
द्वितीय	वाक्यस्वरूप निरूपण
तृतीय	रसादिनिरूपण
चतुर्थ	गुणीभूतव्यङ्ग्याख्यकाव्य भेद निरूपण
पञ्चम	व्यञ्जनाव्यापार निरूपण
षष्ठ	दृश्यश्रव्यकाव्य निरूपण
सप्तम	दोषनिरूपण
अष्टम	गुणविवेचन
नवम	रीतिविवेचन
दशम	शब्दालङ्कार एवं अर्थालङ्कार निरूपण

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत– साहित्यदर्पण– कमला देवी, पेज-72

55. 'नाट्यशास्त्र' को कहा गया है-
(A) चतुर्थ वेद **(B) पञ्चम वेद**
(C) वेदत्रयी **(D) सप्तम अङ्क**

व्याख्या-
आचार्य भरत नाट्यशास्त्र के प्रथम अध्याय में नाटक को पञ्चमवेद मानते हुए कहते हैं-
सर्वशास्त्रार्थसम्पन्नं सर्वशिल्पप्रवर्तकम्।
नाट्याख्यं पञ्चमं वेदं सेतिहासं करोम्यहम्।। (ना.शा. 1.15)
भगवान् ब्रह्मा ने सभी वेदों का स्मरण करते हुए नाट्य नामक पाँचवें वेद की रचना की।

वेदत्रयी
ऋग्वेद यजुर्वेद सामवेद

ऋग्वेद से पाठ्य- कथानक, यजुर्वेद से अभिनय, सामवेद से गान और अथर्ववेद से रस लेकर पञ्चमवेद नाट्य (नाटक) की रचना हुई।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत– नाट्यशास्त्र– ब्रजमोहन चतुर्वेदी, पेज-39

56. रसानुभव के विषय में अभिव्यक्तिवाद के प्रवर्तक हैं-
(A) भट्टलोल्लट **(B) अभिनवगुप्त**
(C) भट्टशङ्कुक **(D) भट्टनायक**

व्याख्या-

प्रर्वतक	सिद्धान्त/वाद
(A) भट्टलोल्लट	उत्पत्तिवाद
(B) अभिनवगुप्त	अभिव्यक्तिवाद
(C) भट्टशङ्कुक	अनुमितिवाद
(D) भट्टनायक	भुक्तिवाद

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण- राजेन्द्र मिश्र, पेज-78

57. 'बीभत्स' का स्थायीभाव है-
(A) रति **(B) जुगुप्सा**
(C) शोक **(D) क्रोध**

व्याख्या-
आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के चतुर्थ उल्लास में रस तथा उनके स्थायीभावों की चर्चा करते हैं-

रस	स्थायीभाव	वर्ण	देवता
शृङ्गार	रति	श्याम	विष्णु
हास्य	हास	शुक्ल	प्रमथ
करुण	शोक	कपोल	यम
रौद्र	क्रोध	रक्त	रुद्र
वीर	उत्साह	सुवर्णवत्	महेन्द्र
भयानक	भय	कृष्ण	काल
बीभत्स	जुगुप्सा	नील	महाकाल
अद्भुत	विस्मय	पीत	ब्रह्मा

इसके अतिरिक्त निर्वेद स्थायीभाव वाला शान्त नामक नौवाँ रस भी होता है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- दशरूपक (चतुर्थ प्रकाश)- डा. बैजनाथ पाण्डेय, पेज-450

58. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

सूची-I	सूची-II
(क) वीर	(i) रति
(ख) हास्य	(ii) शोक
(ग) करुण	(iii) हास
(घ) शृङ्गार	(iv) उत्साह

	(क)	(ख)	(ग)	(घ)
A.	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
B.	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
C.	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
D.	(i)	(ii)	(iv)	(iii)

रस		स्थायीभाव
वीर	-	उत्साह
हास्य	-	हास
करुण	-	शोक
शृङ्गार	-	रति

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण- डा. कमला देवी, पेज-29

59. शृङ्गार का स्थायीभाव है-

(A) रति **(B) हास**

(C) शोक **(D) क्रोध**

व्याख्या-

रस	स्थायीभाव	देवता
शृङ्गार	रति	विष्णु
हास्य	हास	प्रमथदेव
करुण	शोक	यम
रौद्र	क्रोध	रुद्र
वीर	उत्साह	महेन्द्र
भयानक	भय	काल
बीभत्स	जुगुप्सा	महाकाल
अद्भुत	विस्मय	ब्रह्मा
शान्त	निर्वेद/शम	लक्ष्मी/नारायण

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण(6/321)- शालिग्राम शास्त्री,पेज-225

60. रसशास्त्र में साधारणीकरण के प्रतिपादक हैं-

(A) भट्टनायक **(B) शङ्कुक**

(C) भट्टलोल्लट **(D) अभिनवगुप्त**

व्याख्या-

आचार्य भरत के रससूत्र- **'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः'** की व्याख्या भिन्न-भिन्न आचार्यों ने भिन्न-भिन्न प्रकार से किया है-

- **भट्टलोल्लट-** भरत के रससूत्र की व्याख्या करने वाले आचार्यों में भट्टलोल्लट का नाम प्रथम है। आचार्य भट्टलोल्लट अभिधाशक्ति को ही समस्त काव्यार्थ का साधन मानते हैं। इनका सिद्धान्त उत्पत्तिवाद के नाम से जाना जाता है। लोल्लट स्थायीभाव के साथ विभाव का उत्पाद्य-उत्पादक भाव, अनुभावों को गम्य-गमकभाव, व्यभिचारी भावों को पोष्य-पोषक भाव मानते हैं। विभावों के साथ संयोग अर्थात् उत्पाद्य-उत्पादक-भाव सम्बन्ध, अनुभावों के साथ गम्य-गमकभाव सम्बन्ध, व्यभिचारीभावों के साथ पोष्य-पोषक भाव सम्बन्ध होता है।
- **भट्टशङ्कुक-** आचार्य शङ्कुक रससूत्र के दूसरे व्याख्याकार हैं।
  इनका सिद्धान्त अनुमितिवाद के नाम से जाना जाता है ये रस को अनुमेय मानते हैं। ये विभाव आदि साधनों तथा रसरूप साध्य में अनुमाप्य-अनुमापक भावों को मानते हैं ये रस में चित्रतुरगादिन्याय की कल्पना करते हैं।
- **भट्टनायक-** भरतमुनि के रससूत्रों की व्याख्या करने वाले आचार्यों में भट्टनायक तीसरे आचार्य हैं। इनका सिद्धान्त भुक्तिवाद के नाम से जाना जाता है,ऐसा सांख्यमतानुयायी भी मानते हैं। आचार्य भट्टनायक रस में अभिधा-व्यापार,भोजकत्व-व्यापार, भावकत्व-व्यापार, इन तीन व्यापारों की कल्पना करते हैं। अभिधा व्यापार के द्वारा काव्य का सामान्य अर्थ उपस्थित होता है। भावकत्व-व्यापार सीता राम आदि के विशेष स्वरूप का अपहरण कर उनका साधारणीकरण करता है और भोजकत्व-व्यापार सामाजिक को रस की अनुभूति कराता है।
  अतः विकल्प A सही है।
- **अभिनवगुप्त-** अभिनवगुप्त रस सिद्धान्त के चतुर्थ व्याख्याकार हैं, अभिनवगुप्त ध्वनि के प्रतिष्ठापक आचार्य हैं। आचार्य अभिनवगुप्त रस को व्यङ्ग्य मानते हैं। ये 'संयोगात्' से 'व्यङ्ग्यव्यञ्जकभाव' तथा 'निष्पत्ति' से अभिव्यक्ति अर्थ करते हैं अतः इनका सिद्धान्त 'अभिव्यक्तिवाद' के नाम से जाना जाता है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (चतुर्थ उल्लास)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-106-107

61. रस की अवस्था को प्राप्त भाव अर्थात् स्थायीभाव कितने हैं?
(A) सात (B) आठ
(C) नौ (D) दस

व्याख्या-
आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के चतुर्थोल्लास में रस का वर्णन करते हुए कहते हैं-
शृङ्गारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः।।
(का0प्र0सूत्र-44)
शृङ्गार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत,
ये आठ रस नाटक में होते हैं।
स्थायीभाव- रतिर्हासश्च शोकश्च क्रोधोत्साहौ भयं तथा जुगुप्सा विस्मयश्चेति स्थायिभावाः प्रकीर्तिताः।।
(का0प्र0सूत्र-44)
रति, हास, शोक, क्रोध, उत्साह, भय, जुगुप्सा, विस्मय ये आठ रसों के स्थायीभाव हैं। इसके अतिरिक्त -
निर्वेद स्थायिभावोऽस्ति शान्तोऽपि नवमो रसः।
(का0प्र0-सूत्र-47)
निर्वेद स्थायीभाव है जिसका ऐसा शान्त नामक नौवाँ रस भी होता है।
उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि आठ रसों की गणना नाट्यशास्त्र में तथा आचार्य मम्मट शान्तरस को भी नवम रस के रूप में स्वीकार करते हैं।
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- साहित्यदर्पण- कमलादेवी, पेज-29

62. ''शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली'' यह परिभाषा किसकी है?
(A) दण्डी की (B) भामह की
(C) मम्मट की (D) आनन्दवर्धन की

व्याख्या-
- आचार्य दण्डी काव्यादर्श के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं- 'शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली' (काव्यादर्श-1.10)
इष्ट मनोहरतया तथा वर्णन करने के लिए अभिप्रेत अर्थ से युक्त शब्द को काव्य का शरीर कहा जाता है। इष्ट अर्थ से युक्त पद समुदाय को काव्य कहते हैं।
अतः विकल्प A सही है।
- **भामह-** आचार्य भामह काव्यालङ्कार के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं- 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' (काव्यालङ्कार 1.16)
शब्द और अर्थ के सहभाव को काव्य कहते हैं।
- **आचार्य मम्मट-** काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्य का लक्षण करते हैं- 'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि' (का0प्र0सूत्र-1)
दोषों से रहित गुणों से युक्त यदि कहीं पर अलङ्कार की प्रतीति न भी हो तो शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य है ।
- **आचार्य आनन्दवर्धन-** ध्वन्यालोक के प्रथम उद्योत में काव्य का लक्षण करते हैं- 'काव्यस्यात्मा ध्वनिः' (ध्वन्यालोक 1.1) काव्य की आत्मा ध्वनि है।

स्रोत- काव्यादर्श (1.10)- श्रीरामचन्द्र मिश्र, पेज-9

63. न छिपाये गये उपमेय पर उपमान का अभेदारोप होने पर अलंकार होता है-
(A) उत्प्रेक्षा (B) परिसंख्या
(C) रूपक (D) उपमा

व्याख्या-
A. उत्प्रेक्षा- 'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्।'
(का0प्र0-सूत्र-136)
उपमेय की उपमान में उत्कटकोटिक सम्भावना होने पर उत्प्रेक्षा अलङ्कार होता है।
B. परिसंख्या- 'किञ्चित्पृष्टमपृष्टं वा कथितं यत्प्रकल्पते।' तादृगन्यव्यपोहाय परिसंख्या तु सा स्मृता।।
(का.प्र.सूत्र-184)
जहाँ कोई पूछी गई अथवा न पूछी गयी वस्तु शब्द के द्वारा प्रतिपादित हो अपने तुल्य अन्य वस्तु के व्यवच्छेद निराकरण में पर्यवसित होती है, उसे परिसंख्या अलङ्कार कहते हैं।
C. रूपक- 'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः।'
(का.प्र.सूत्र-138)
जहाँ न छिपाये गये उपमेय पर उपमान का अभेदारोप होने पर रूपक अलङ्कार होता है।
अतः विकल्प C सही है।
D. उपमा- 'साधर्म्यमुपमा भेदे।' (का.प्र.सूत्र-124)
उपमान और उपमेय का भेद होने पर सादृश्य का कथन उपमा अलङ्कार है।
स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-138)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-463

**64. पृथुकार्तस्वरपात्रं भूषितनिःशेषपरिजनं देव।
विलसत्करेणुगहनं सम्प्रति सममावयोः सदनम्॥
यह किस अलङ्कार का उदाहरण है?**
(A) अनुप्रास (B) यमक
(C) श्लेष (D) उत्प्रेक्षा

व्याख्या-

A. अनुप्रास- वर्णसाम्यमनुप्रासः। (का0प्र0सूत्र-104)
उदा.- ततोऽरुणपरिस्पन्दमन्दीकृतवपुः शशी।
दध्रे कामपरिक्षामकामिनीगण्डपाण्डुताम्।।

B. यमक- अर्थे सत्यर्थभिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः। यमकम्। (का0प्र0-116)
उदा.- सन्नारीभरणोमायमाराध्य विधुशेखरम्।
सन्नारीभरणोऽमायस्ततस्त्वं पृथिवीं जय।।

C. श्लेष- वाच्यभेदेन भिन्ना यद् युगपद्भाषणस्पृशः
श्लिष्यन्ति शब्दाः श्लेषोऽसावक्षरादिभिरष्टधा। (का.प्र.सूत्र-118)
उदाहरण- पृथुकार्त्तस्वरपात्रं भूषितनिःशेषपरिजनं देव।
विलसत्करेणुगहनं सम्प्रति सममावयोः सदनम्।।
अतः विकल्प C सही है।

D. उत्प्रेक्षा- सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्।
उन्मेषं यो मम न..................पादयोः पादलक्ष्मीः।

स्रोत-काव्यप्रकाश (नवम-उल्लास)- आचार्य विश्वेश्वर,पेज-417

65. स्वर की विषमता होने पर भी जो शब्द साम्य होते हैं, वह अलङ्कार है-
(A) अनुप्रास (B) यमक
(C) रूपक (D) उत्प्रेक्षा

व्याख्या-

(A) अनुप्रास- 'अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत्।' (सा0द0-10/3)
स्वर की विषमता होने पर भी जो शब्दसाम्य होता है, वहाँ अनुप्रास अलङ्कार होता है। **अतः विकल्प A सही है।**

(B) यमक- सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यञ्जनसंहतेः।
क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते। (सा.द.-10/8)
यदि अर्थवान् हो, तो भिन्न अर्थ वाले, स्वर व्यञ्जन समुदाय की उसी क्रम में आवृत्ति को यमक कहते हैं।

(C) रूपक- 'रूपकं रूपितारोपो विषये निरपह्नवे' (सा.द.10.28)
निषेधरहित विषय (उपमेय) में रूपित (अपह्नव भेद उपमान) के आरोप को रूपक अलङ्कार कहते हैं।

(D) उत्प्रेक्षा- भवेत्सम्भावनोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परात्मना। (सा.द.10/40)
उपमान में उपमेय की उत्कटकोटिक सम्भावना उत्प्रेक्षा अलङ्कार कहलाता है।

स्रोत- साहित्यदर्पण(10.3)-शालिग्राम शास्त्री,पेज-275

66. जहाँ उपमेय में उपमान की सम्भावना होती है, वह अलङ्कार है-
(A) उपमा (B) उत्प्रेक्षा
(C) रूपक (D) निदर्शना

व्याख्या-

(A) **उपमा-** साधर्म्यमुपमा भेदे। (का0प्र0सूत्र-124)
साम्यं वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्य उपमा द्वयोः। (सा0द010/14)
उपमान और उपमेय का भेद होने पर सादृश्य का कथन उपमालङ्कार है।

(B) **उत्प्रेक्षा-** सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्। (का0प्र0सूत्र-136)
भवेत्सम्भावनोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परात्मना। (सा0द010/40)
उपमान में उपमेय की उत्कटकोटिक सम्भावना उत्प्रेक्षा है।
अतः विकल्प B सही है।

(C) **रूपक-** तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः। (का0प्र0सूत्र-138)
रूपकं रूपितारोपो विषये निरपह्नवे। (सा0द0-10.28)
उपमान और उपमेय का जो अभेदोरोप है रूपक कहलाता है।

(D) **निदर्शना-** अभवन् वस्तुसम्बन्ध उपमापरिकल्पकः।निदर्शना। (का0प्र0सूत्र-148)
सम्भवन्वस्तुसंबन्धोऽसंभन्वापि कुत्रचित्।
यत्र बिम्बानुबिम्बत्वं बोधयेत् सा निदर्शना।। (सा0द010/51-52)
जहाँ वस्तुओं का परस्पर सम्बन्ध सम्भव अथवा असम्भव होकर उसके बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव का बोधन करे वहाँ निदर्शना अलङ्कार होता है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-487

67. अध्यवसाय की सिद्धि होने पर अलंकार होता है-
(A) स्वभावोक्ति (B) रूपक
(C) अतिशयोक्ति (D) उत्प्रेक्षा

व्याख्या-

(A) स्वभावोक्ति- 'स्वभावोक्तिस्तु डिम्भादेः स्वक्रियारूपवर्णनम्।' (का0प्र0सूत्र-167)

बच्चे पशु आदि की स्वाभाविक क्रिया का वर्णन स्वभावोक्ति अलङ्कार है ।

(B) रूपक- तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः। (का.प्र.सूत्र-138)

उपमान और उपमेय का अभेदारोप रूपक है ।

(C) अतिशयोक्ति- सिद्धत्वेऽध्यवसायस्यातिशयोक्तिर्निगद्यते। (सा.द.10.46)

अध्यवसाय की सिद्धि होने पर अतिशयोक्ति अलङ्कार होता है। **अतः विकल्प C सही है।**

(D) उत्प्रेक्षा- सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्। (का.प्र.सूत्र-136)

उपमान में उपमेय की उत्कटकोटिक सम्भावना उत्प्रेक्षा है।

स्रोत- साहित्यदर्पण (10.46)- शालिग्राम शास्त्री, पेज-323

68. नान्दी प्रयुक्त होता है-

(A) महाकाव्य में (B) चम्पूकाव्य में

(C) गद्यकाव्य में (D) नाटक में

व्याख्या-

महाकाव्य,गद्यकाव्य एवं चम्पूकाव्यों में आशीर्वादात्मक आदि त्रिविध मङ्गलाचरणों का प्रयोग होता है। इनमें नान्दी का प्रयोग नहीं होता है। नाटक में नान्दी का प्रयोग होता है जैसे- विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण में लक्षण दिया है-

यन्नाट्यवस्तुनः पूर्वं.............नान्दी विघ्नोपशान्तये। (सा0द0-6/23-24)

नाटक में रंगस्थल के विघ्नों की शान्ति के लिए 'नान्दी' अवश्य करनी चाहिए। **अतः विकल्प D सही है।**

नान्दी का लक्षण- आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते। देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता।। (सा0द0 6/24)

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-460

69. नाटक में कम से कम व अधिक से अधिक कितने अङ्क होने चाहिए ?

(A) 5-10 अङ्क (B) 8 सर्ग से अधिक

(C) 10 अङ्क (D) 4 अङ्क

व्याख्या-

(A) **5-10अङ्क** नाटक में- 'पञ्चादिका दशपरास्तत्राङ्कापरिकीर्तिताः।' (सा.द.6.8)

नाटक में पाँच से दस अङ्क होते हैं ।

(B) **8 सर्ग से अधिक-** महाकाव्य में- 'नातिस्वल्पा नातिदीर्घाः सर्गा अष्टाधिका इह।' (सा.द.6.320)

महाकाव्य न बहुत छोटे न बहुत बड़े आठ से अधिक सर्ग होते हैं।

(C) **10 अङ्क** प्रकरण में दस अङ्क होते हैं।

(D) **4 अङ्क** नाटिका में 'नाटिका क्लृप्तवृत्ता स्यात्स्त्रीप्राया चतुरङ्किका। (सा.द.6.269)

नाटिका की कथावस्तु कविकल्पित होती है। इसमें अधिकांश स्त्रियाँ होती हैं, चार अङ्क होते हैं।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- उत्तररामचरितम्- कपिलदेव द्विवेदी (परिशिष्ट-2),पेज-508

70. नाट्यशास्त्र में 'नान्दी' से अभिप्रेत है -

(A) नान्दी देवता (B) बैल

(C) मंगलाचरण (D) पात्र

व्याख्या-

नाटक की रचना के निर्विघ्न समापन के लिए नाटक के प्रारम्भ में नान्दी रूप मङ्गलाचरण का विधान है। 'नान्दी' पद 'नन्द + घञ् + ङीप्' से मिलकर बना है।

साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में नान्दी का लक्षण इस प्रकार दिया गया है- "आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते। देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता।।" (सा0द0 6.24)

इस लक्षण के अनुसार नान्दी में केवल देवों की ही स्तुति नहीं की जाती है अपितु उसमें देव के साथ द्विज (गुरु), नृप आदि की भी स्तुति की जाती है। इसमें माङ्गल्य वस्तु, शङ्ख, चन्द्र, कमल, चक्रवाक, कुमुद आदि का वर्णन होता है।

भरतमुनि के अनुसार नान्दी अष्टपदात्मिका अथवा द्वादशपदात्मिका होती है-

'नान्दी पदैर्द्वादशभिरष्टाभिर्वाप्यलंकृताम्।'

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-5

71. पाणिनि के अनुसार बाह्य प्रयत्नों की संख्या है-

(A) 2 (B) 5

(C) 11 (D) 7

व्याख्या-

(A) पाणिनि ने दो प्रकार के प्रयत्न बतायें हैं-
1.आभ्यन्तर प्रयत्न 2.बाह्य प्रयत्न

(B) आभ्यन्तर प्रयत्न 5 प्रकार के होते हैं-
1. स्पृष्ट- स्पर्श संज्ञक वर्ण। (क से म तक के वर्ण)
2. ईषत्स्पृष्ट- अन्तःस्थ वर्ण- य्, व्, र्, ल्,
3. विवृत- सभी स्वर
4. ईषत्विवृत- ऊष्म वर्ण- श्,ष्, स्, ह्,।
5. संवृत- उच्चारण दशा में 'अ' का ।

(C) बाह्य प्रयत्न 11 प्रकार के होते हैं-
1. विवार 2. संवार 3. श्वास 4. नाद 5. घोष 6. अघोष 7. अल्पप्राण 8. महाप्राण 9. उदात्त 10. अनुदात्त 11. स्वरित

अतः विकल्प C सही है।

(D) संस्कृत में 7 विभक्तियाँ होती हैं-
प्रथमा (सम्बोधन), द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी, सप्तमी।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- धरानन्दशास्त्री,पेज-20

72. 'वर्णानामतिशयितः सन्निधिः' क्या है?
(A) प्रातिपदिक (B) पद
(C) संयोग (D) संहिता

व्याख्या-

(A) **प्रातिपदिक-** आचार्य पाणिनि ने प्रातिपदिक संज्ञा करने वाले दो सूत्र गिनायें हैं-

* अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम् (1.2.45)- धातुरहित प्रत्यय व प्रत्ययान्त रहित सार्थक शब्दस्वरूप की प्रातिपदिक सञ्ज्ञा होती है।
उदाहरण- राम, कृष्ण, लता आदि।

* कृत्तद्धितसमासाश्च (1.2.46)- कृत् प्रत्ययान्त तद्धितप्रत्ययान्त तथा समास भी प्रातिपदिक संज्ञक होते हैं। जैसे- पठनीय, वैयाकरण, राजपुरुष आदि।

(B) **पदसंज्ञाविधायक सूत्रों की संख्या चार है-**
1. सुप्तिङन्तं पदम् (1.4.14), **2.** नः क्ये (1.4.15) **3.** सिति च (1.4.16) **4.** स्वादिष्वसर्वनामस्थाने (1.4.17)

(C) **संयोग संज्ञा-** हलोऽनन्तरा संयोगः (1.1.7)- स्वर के व्यवधान से रहित व्यञ्जनों की संयोग सञ्ज्ञा होती है।
उदाहरण- अग्नि में 'ग्न' की संयोग संज्ञा है।

(D) **संहिता-** परः सन्निकर्षः संहिता (1.4.109)
वर्णानामतिशयितः सन्निधिः संहितासञ्ज्ञा स्यात्। वर्णों की अत्यन्त सन्निधि संहिता सञ्ज्ञक होती है। अर्थात् वर्णों की अत्यन्त समीपता को संहिता कहते हैं। यथा-
राम+अवतार
राम् अ+अ वतार = रामावतार
अ व अ का सामीप्य संहिता है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी-आद्याप्रसाद मिश्र,पेज-27

73. 'चन्द्रशेखरः' में कौन-सा समास है?
(A) तत्पुरुष (B) बहुव्रीहि
(C) द्विगु (D) कर्मधारय

व्याख्या-

* **तत्पुरुष-** निष्कौशाम्बिः, निष्क्रान्तः, कौशाम्ब्याः, निरादयः, क्रान्ताद्यर्थे, पञ्चम्या, पर्यध्ययनः, परिग्लानोऽध्ययनाय, पर्यादयो ग्लानाद्यर्थे, चतुर्थ्या

* **बहुव्रीहि-** चन्द्रमौलिः, चन्द्रो मौलौ यस्य सः, अनेकमन्यपदार्थे, चन्द्रशेखरः, चन्द्रः शेखरे यस्य सः, अनेकमन्यपदार्थे,

* **द्विगु-** पञ्चगवम्, पञ्चानां गवां समाहारः, तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च, अष्टाध्यायी, अष्टानामध्यायानां समाहारः, तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च,

* **कर्मधारय-** नीलोत्पलम्, नीलम् उत्पलम्, विशेषणं विशेष्येण, बहुलम्, कृष्णसर्पः, कृष्णः सर्पः, विशेषणं विशेष्येण, बहुलम्,

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- (भैमीव्याख्या भाग-4)- पेज-164-165

74. चित्रगुः का विग्रह वाक्य है-
(A) चित्रा चासौ गौः (B) चित्रा गावो यस्य सः
(C) चित्राणां गवां समाहारः (D) चित्रायाः गौः

व्याख्या-

चित्रगु- 'चित्रा गावो यस्य सः' लौकिक विग्रह तथा चित्रा जस् गो जस् इस अलौकिक विग्रह में दोनों प्रथमान्तों का अन्य पद की प्रधानता में 'अनेकमन्यपदार्थे' सूत्र से विकल्प से बहुव्रीहि समास होने पर कृत्तद्धितसमासाश्च' सूत्र से प्रातिपदिक सञ्ज्ञा 'सुपोधातुप्रातिपदिकयोः' सूत्र से सुप् विभक्ति का लुक् होकर चित्रा गो बना, चित्रा शब्द भाषिकपुंस्क है क्योंकि पुँल्लिङ्ग चित्र भी इसी अर्थ में प्रयुक्त होता है, तथा उत्तरपद में गो शब्द स्त्रीलिङ्ग विद्यमान है तथा चित्रा शब्द से ऊङ्ादि प्रत्यय भी नहीं किये गये हैं अतः 'स्त्रियाः

पुंवद्भाषितपुंस्कादनूङ् समानाधिकरणे स्त्रियामपूरणी प्रियादिषु' सूत्र से चित्रा शब्द को पुवंद्भाव होकर चित्र हो गया, बहुव्रीहि समास में प्रथमा निर्दिष्ट पद उपसर्जन संज्ञक होते हैं, अतः 'गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य' सूत्र से उपसर्जन गो को ह्रस्व ओ के स्थान में उ हो गया तो चित्रगु बना विशेष्य के अनुसार समस्त पद का लिङ्गवचन होगा अतः प्रातिपदिकत्वात् प्रथमा एकवचन में सु प्रत्यय तथा सु का अनुबन्ध लोप होकर चित्रगुः प्रयोग सिद्ध हुआ समासाभाव पक्ष में 'चित्रा गावो यस्य सः ऐसा' वाक्य ही रहेगा।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमीव्याख्या भाग-4),पेज-197

75. 'द्वादश' पद में समास है-
(A) बहुव्रीहि (B) तत्पुरुष
(C) अव्ययीभाव (D) द्वन्द्व

व्याख्या-

	सामासिक पद	लौकिक विग्रह	समास
*	द्विमूर्धः	द्वौ मूर्धानौ यस्य सः	बहुव्रीहि
*	द्विपात्	द्वौ पादौ यस्य सः	बहुव्रीहि
*	द्विजार्थः	द्विजाय अयम्	तत्पुरुष
*	द्विजेतरः	द्विजाद् इतरः	तत्पुरुष
*	दुर्यवनम्	यवनानां व्यृद्धिः	अव्ययीभाव
*	द्वादश	द्वौ च दश च	द्वन्द्व

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या भाग-4), पेज-165

76. जिस समास में प्रथम पद प्रधान रहता है, उसे कहते हैं -
(A) तत्पुरुष समास (B) बहुव्रीहि समास
(C) अव्ययीभाव समास (D) द्वन्द्व समास

व्याख्या-

समास- 'समसनं समासः' संक्षेपीकरण को समास कहते हैं, जब दो या दो से अधिक पद मिलकर एक पद हो जाते हैं तो उसे समास कहते हैं। समासः पञ्चधा- समास के पाँच भेद हैं-

केवलसमास, अव्ययीभावसमास, तत्पुरुषसमास, बहुव्रीहिसमास, द्वन्द्वसमास।

➢ **केवल समास-** 'स च विशेषसञ्ज्ञा विनिर्मुक्तः केवलसमासः' जब समास तो किया जाता है परन्तु उसकी कोई विशेष सञ्ज्ञा नहीं होती तो उसे केवल समास कहते हैं।

उदाहरण- वागर्थाविव, नैकः आदि।
केवल समास को 'सुप्सुपा समास' भी कहते हैं ।

➢ **अव्ययीभाव समास-** 'प्रायेणपूर्वपदार्थप्रधानोऽव्ययीभावो द्वितीयः।'
जिस समास में पूर्वपदार्थ की प्रधानता हो, उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। उदाहरण- अधिहरि,उपकृष्णम्,अधिगोपम्।
नोट- अव्ययीभाव एक अर्थानुसारी सञ्ज्ञा है।
अतः विकल्प C सही है।

➢ **तत्पुरुष समास-** 'प्रायेणोत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुषस्तृतीयः' जिस समास में उत्तर पद की प्रधानता हो तो उस समास को तत्पुरुष समास कहते हैं।
उदाहरण- कृष्णश्रितः,हरित्रातः,चोरभयम्।
नोट- तत्पुरुष का भेद कर्मधारय तथा कर्मधारय का भेद द्विगु समास है।

➢ **बहुव्रीहि समास-** 'प्रायेणान्यपदार्थप्रधानो बहुव्रीहिश्चतुर्थः।' जिस समास में न तो पूर्वपद प्रधान हो और न उत्तर पद प्रधान हो बल्कि अन्य पद प्रधान हो तो उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं।
उदाहरण- पीताम्बरः,त्रिमूर्धः,जलजाक्षी आदि।

➢ **द्वन्द्व समास-**'प्रायेणोभयपदार्थप्रधानो द्वन्द्वः पञ्चमः।' जिसमें दोनों पद की प्रधानता हो उसे द्वन्द्व समास कहते हैं। **उदाहरण-** पितरौ, पाणिपादम्, ईशकृष्णौ आदि।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या भाग-4)- पेज-2

77. 'पाणिपादम्' में समास है-
(A) इतरेतर द्वन्द्व (B) समाहार द्वन्द्व
(C) एकशेष द्वन्द्व (D) अलुक् तत्पुरुष

व्याख्या-

	सामासिक पद	समास विग्रह	समास
*	कुक्कुटमयूर्यौ	कुक्कुटश्च मयूरी च	इतरेतरद्वन्द्व
*	रामकृष्णौ	रामश्च कृष्णश्च	इतरेतरद्वन्द्व
*	पाणिपादम्	पाणी च पादौ च	समाहार द्वन्द्व
*	गङ्गाशोणम्	गङ्गा च शोणश्च	समाहार द्वन्द्व
*	शूद्रौ	शूद्री च शूद्रश्च	एकशेषद्वन्द्व
*	अजौ	अजश्च अजा च	एकशेषद्वन्द्व
*	युधिष्ठिरः	युधि स्थिरः	अलुक् तत्पुरुष

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना,पेज-259

78. 'अभितः' या 'सर्वतः' के योग में कौन सी विभक्ति होती है-
(A) षष्ठी चतुर्थी **(B) पञ्चमी**
(C) तृतीया **(D) द्वितीया**

व्याख्या-
- **चतुर्थी-** ''नमः स्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च 2/3/16'' नमः,स्वस्ति(कल्याण),स्वाहा,स्वधा,अलं तथा वषट् शब्दों के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे- तस्मै गुरवे नमः
- **पञ्चमी-** ''अन्यारादितरर्तेदिक्शब्दाञ्चूत्तरपदाजाहियुक्ते (2/3/29) (2/3/2)'' अन्य,आरात्,इतर, ऋते, दिग्वाचक पूर्व दक्षिण आदि तथा अञ्चु धातु से युक्त दिग्वाचक प्रत्यक्, उदक् प्रभृति दक्षिणा,उत्तरा प्रभृति एवं दक्षिणाहि,उत्तराहि प्रभृति शब्दों के योग में पञ्चमी होती है। जैसे- दक्षिणा ग्रामात्
- **तृतीया-** ''अशिष्टव्यवहारे दाणः प्रयोगे चतुर्थ्यर्थे तृतीया (वा0)'' धर्मविरुद्ध आचरण होने पर 'दाण्' धातु कामुकः। के प्रयोग में चतुर्थी के अर्थ में तृतीया विभक्ति का प्रयोग होता है। जैसे- दास्या संयच्छते
- **द्वितीया-** ''अभितः परितः समया निकषा हा प्रति योगेऽपि (वार्तिक)'' अभितः कृष्णम्।
अभितः, परितः, समया, निकषा, हा, प्रति शब्दों के योग में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है।
''उभसर्वतसोः कार्याधिगुपर्यादिषु त्रिषु।
द्वितीयाम्रेडितान्तेषु ततोऽन्यत्रापि दृश्यते।।
अर्थात् उभयतः,सर्वतः,धिक्,उपर्युपरि,अध्यधि,अधोऽधः इन छः अव्यय के योग में द्वितीया विभक्ति होती है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारकप्रकरण)-राममुनि पाण्डेय, पेज-46

79. कर्मप्रवचनीय अप्, आङ्, के योग में कौन सी विभक्ति होती है-
(A) तृतीया **(B) चतुर्थी**
(C) पञ्चमी **(D) षष्ठी**

व्याख्या-
- ''**कर्मप्रवचनीयाः (1.4.82)**'' यह संज्ञा एवं परिभाषा दोनों है ये निपात उपसर्गों से अलग होते हैं। पाणिनि ने निपातों- अनु,उप,अप,परि,आङ्,प्रति, अभि, अधि, सु, अति, अपि की कर्मप्रवचनीय संज्ञा बतायी है जिसका प्रयोजन विभिन्न स्थितयों में भिन्न-भिन्न विभक्तियों का प्रयोग करना है।
- **पञ्चम्यपाङ्परिभिः (2.3.10)** अर्थात् अप,आङ् तथा परि इन तीनों कर्मप्रवचनीय के योग में पञ्चमी विभक्ति होती है- उदाहरण- 'अप हरेः' प्रस्तुत उदाहरण में वर्जन अर्थ में 'अप' शब्द की 'अपपरी वर्जने' सूत्र से कर्मप्रवचनीय सञ्ज्ञा तथा प्रकृत सूत्र से पञ्चमी विभक्ति हुई है।
अतः विकल्प C सही है।
- **'अपपरी वर्जने' (1.4.88)** 'अप' और 'परि' शब्दों से वर्जन अर्थ द्योतित होने पर अप और परि की कर्मप्रवचनीय सञ्ज्ञा होती है।
- **'आङ् मर्यादावचने' (1.4.89)** आङ् शब्द से मर्यादा और अभिविधि अर्थ के द्योतित होने पर कर्मप्रवचनीय सञ्ज्ञा होती है।

80. सूची-1 को सूची -2 के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

सूची-1	सूची-2
(क) पादेन खञ्जः	(i) द्वितीया
(ख) गुरवे नमः	(ii) पंचमी
(ग) चौरात् बिभेति	(iii) चतुर्थी
(घ) बलिं याचते वसुधाम्	(iv) तृतीया

व्याख्या-

	(क)	(ख)	(ग)	(घ)
A.	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
B.	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
C.	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
D.	(ii)	(iv)	(iii)	(i)

- **तृतीया विभक्ति-** येनाङ्गविकारः(2/3/20)- जिस अङ्ग से अङ्गी का विकार लक्षित हो उसके वाचक शब्द से तृतीया विभक्ति होती है।
जैसे- पादेन खञ्जः (पैर से लँगड़ा है।)
- **चतुर्थी विभक्ति-** नमः स्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च (2/3/16) नमः, स्वस्ति,स्वाहा,स्वधा,अलं,वषट् शब्दों के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे- गुरवे नमः (गुरु को नमस्कार है) पञ्चमी विभक्ति- भीत्रार्थानां भयहेतुः (1/4/25)- भयार्थक एवं त्राणार्थक धातुओं एवं शब्दों के प्रयोग में जो भय का कारण है वह अपादान होता है। जैसे- चौराद् बिभेति (चोर से डरता है)

➢ **द्वितीया विभक्ति-** अकथितं च (1/4/51)- अकथित कर्म में द्वितीया होती है। बलिं याचते वसुधाम् (बलि से पृथ्वी माँगता है)

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- अष्टाध्यायी- ईश्वरचन्द्र,पेज-

81. क्षिप्तः में कौन सा प्रत्यय है?

(A) क्तवतु (B) शतृ
(C) तुमुन् (D) क्त

व्याख्या-

➢ **क्त एवं क्तवतु-** ये दोनों प्रत्यय भूतकालिक प्रत्यय हैं। क्त का त और क्तवतु का तवत् शेष बचता है। क्त कर्मवाच्य या भाववाच्य में होता है जबकि क्तवतु कर्तृवाच्य में प्रयोग होता है।

क्तवतु प्रत्यय	क्त प्रत्यय
इष् + क्तवतु = इष्टवान्	क्षिप् + क्त = क्षिप्तः
	इष् + क्त = इष्टः
गै + क्तवतु = गीतवान्	गै + क्त = गीतः

➢ **शतृ प्रत्यय-** परस्मैपदी धातुओं में लट् के स्थान पर शतृ होता है शतृ का अत् शेष रहता है-
क्षिप् + शतृ = क्षिपन्
अस् + शतृ = सन् पठ् + शतृ = पठन्
कृ + शतृ = कुर्वन् गै + शतृ = गायन्

➢ **तुमुन् प्रत्यय-** यह प्रत्यय 'के लिए' अर्थ में होता है। तुमुन् का तुम् शेष बचता है। तुमुन् प्रत्ययान्त पद अव्यय होता है अतः इसके रूप नहीं चलते हैं- अस् + तुमुन् = भवितुम् क्षिप् + तुमुन् = क्षेप्तुम्

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-201

82. 'दर्शनम्' में कौन-सा प्रत्यय है?

(A) ल्युट् (B) अनीयर्
(C) घञ् (D) ण्वुल्

व्याख्या-

ल्युट्- प्रत्यय भाववाचक शब्द बनाने के लिए धातु से लगता है ल्युट् का 'अन' शेष बचता है ल्युट् प्रत्ययान्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होता है।
यथा- **दृश्+ल्युट् = दर्शनम्,** धृ + ल्युट् = धरणम् गम् + ल्युट् =गमनम्, तृ + ल्युट् = तरणम्

अतः विकल्प A सही है।

➢ **अनीयर्-** 'चाहिए' अर्थ में अनीयर् प्रत्यय होता है अनीयर् का 'अनीय' शेष रहता है यथा-
कृ + अनीयर् = करणीयः गै + अनीयर् = गानीयः
दृश् + अनीयर् =दर्शनीयः भृ + अनीयर् = भरणीयः

➢ **घञ् प्रत्यय-** भाव अर्थ में घञ् प्रत्यय लगता है घञ् का अ शेष बचता है घञ् प्रत्ययान्त शब्द पुंल्लिङ्ग होते हैं ।
कृ + घञ् = कारः कृष् + घञ् = कर्षः
हृ + घञ् = हारः नि + सिध् + घञ् = निषेधः

➢ **ण्वुल् प्रत्यय-** कर्त्ता या वाला अर्थ में ण्वुल् प्रत्यय प्रयुक्त होता है इसका अक शेष बचता है-
कृ + ण्वुल् - कारकः। द्युत् + ण्वुल् = द्योतकः
दृश् + ण्वुल् = दर्शकः पठ् + ण्वुल् = पाठकः

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-210

83. नर्तक में किस प्रत्यय के संयोग से नर्तकी शब्द बनता है?

(A) टाप् (B) ङीप्
(C) ङीष् (D) ङीन्

व्याख्या-

(A) टाप् प्रत्यय- 'अजाद्यतष्टाप्' (4.1.4)- अजादिगणपठित शब्दों से या अदन्त (जिसके अन्त में ह्रस्व अकार है) प्रातिपदिक के वाच्य स्त्रीत्व की विवक्षा में उनसे टाप् प्रत्यय होता है।
उदाहरण- अज + टाप् = अजा, एडक + टाप् = एडका।

(B) ङीप् प्रत्यय- 'ऋन्नेभ्यो ङीप् 4.1.5' -स्त्रीत्व की विवक्षा में ऋदन्त और नकारान्त शब्दों से ङीप् प्रत्यय होता है।
उदाहरण- राजन् + ङीप् = राज्ञी, कर्तृ + ङीप् = कर्त्री।

(C) ङीष् प्रत्यय- 'षिद्गौरादिभ्यश्च 4.1.41'- षित् तथा गौरादिगण पठित अनुपसर्जन प्रातिपदिक से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीष् होता है।
उदाहरण- नर्तक + ङीष् = नर्तकी, अनडुह् + ङीष् = अनड्वाही।

अतः विकल्प C सही है।

(D) ङीन् प्रत्यय- 'शार्ङ्गरवाद्यञो ङीन्' (4.1.73) शार्ङ्गरव आदि गणपठित प्रातिपदिक से तथा अञ् प्रत्यय का जो अकार तदन्त जातिवाचक प्रातिपदिक से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीन् प्रत्यय होता है-
उदाहरण- 'शार्ङ्गरव + ङीन् = शार्ङ्गरवी, बैदी, ब्राह्मणी।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-514

84. 'भवानि' में लकार है -
(A) लट्   (B) लोट्
(C) लङ्   (D) विधिलिङ्

व्याख्या-
भ्वादिगण भू धातु, अकर्मक, सेट्, परस्मैपद

A. लट् (वर्तमान काल)			
	एक.	द्विव.	बहु.
प्र0पु0	भवति	भवतः	भवन्ति
म0पु0	भवसि	भवथः	भवथ
उ0पु0	भवामि	भवावः	भवामः
B. लोट् (आज्ञा)			
प्र0पु0	भवतु	भवताम्	भवन्तु
म0पु0	भव	भवतम्	भवत
उ0पु0	**भवानि**	भवाव	भवाम
C. लङ् (अनद्यतनभूत)			
प्र0पु0	अभवत्	अभवताम्	अभवन्
म0पु0	अभवः	अभवतम्	अभवत
उ0पु0	अभवम्	अभवाव	अभवाम
D. विधिलिङ्			
प्र0पु0	भवेत्	भवेताम्	भवेयुः
म0पु0	भवेः	भवेतम्	भवेत
उ0पु0	भवेयम्	भवेव	भवेम
अतः विकल्प B सही है।			

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-145

85. ''रसोइया चावलों से भात पकाता है'' का संस्कृत रूपान्तर है-
A. पाचकः तण्डुलान् ओदनं पचति
B. पाचकः तण्डुलेन ओदनं पचसि
C. पाचकः तण्डुलात् ओदनानि पचति
D. पाचकः तण्डुलेन ओदनं पचथः

व्याख्या-
'रसोइया चावलों से भात पकाता है।' का सही अनुवाद- **'पाचकः तण्डुलान् ओदनं पचति।'** होगा क्योंकि ''अकथितं च'' सूत्र से पचति क्रिया के गौणकर्म ओदन में द्वितीया विभक्ति, प्रधानकर्म ओदन की 'कर्तुरीप्सिततमं कर्म' (1/4/49) से कर्म सञ्ज्ञा एवं 'कर्मणि द्वितीया' (2/3/2) से द्वितीया विभक्ति हुई है। पचति क्रिया के कर्त्ता पाचक के उक्त होने के कारण उसमें प्रथमा
विभक्ति का प्रयोग हुआ है। अतः 'पाचकः तण्डुलान् ओदनं पचति' सही है। **इसलिए विकल्प A सही है।**

स्रोत-सिद्धान्तकौमुदी (कारक-प्रकरण)- राममुनि पाण्डेय,पेज-19

86. निम्नांकित वाक्यों में कौन शुद्ध है-
(A) अध्ययनं हेतु काश्यां तिष्ठति
(B) अध्ययनं हेतो काश्यां तिष्ठति
(C) अध्ययनस्य हेतोः काश्यां तिष्ठति
(D) अध्ययनस्य हेतु काश्यां तिष्ठति

व्याख्या-
''अध्ययनस्य हेतोः काश्यां तिष्ठति।'' वाक्य शुद्ध है क्योंकि 'षष्ठीहेतुप्रयोगे (2/3/26) सूत्र से हेतु शब्द के प्रयोग में हेतु या कारण द्योतित करने वाले शब्द में षष्ठी होती है।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-222

87. निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(A) अध्ययनात् पराजयते
(B) अध्ययनाम् पराजयते
(C) अध्ययनः पराजयते
(D) अध्ययनस्य पराजयते

व्याख्या-
'अध्ययनात् पराजयते।'- वह अध्ययन से भागता है। वाक्य शुद्ध है क्योंकि ''पराजेरसोढः 1/4/26'' सूत्र द्वारा परा उपसर्ग पूर्वक 'जि धातु' के प्रयोग में असह्य विषय या वस्तु की अपादानसंज्ञा होती है इस वाक्य में परा उपसर्ग एवं जि धातु का प्रयोग है एवं अध्ययन की अपादान संज्ञा हुई एवं 'अपादाने पञ्चमी 2/3/28' से अध्ययन में पञ्चमी विभक्ति का विधान हुआ।
अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- अष्टाध्यायी (1/4/26)

88. भाषा उत्पत्ति विषयक 'समन्वय सिद्धान्त' के प्रवर्तक भाषाशास्त्री हैं-
(A) प्लेटो   (B) हेनरी स्वीट
(C) जी0 रेवेज   (D) न्वारे

व्याख्या-
भाषा की उत्पत्ति विषयक सिद्धान्त

	सिद्धान्त		विद्वान्
*	दिव्योत्पत्ति-सिद्धान्त	-	सुसमिल्श द्वारा समर्थन
*	संकेत-सिद्धान्त	-	फ्रेन्च विचारक रूसो
*	रणन-सिद्धान्त	-	प्लेटो
*	आवेग-सिद्धान्त	-	डार्विन

* श्रम-ध्वनि सिद्धान्त - न्वारे
* प्रतीक-सिद्धान्त - प्रो0 स्वीट
* **समन्वय-सिद्धान्त - हेनरी स्वीट**
* प्रतिभा-सिद्धान्त - भर्तृहरि
* सम्पर्क-सिद्धान्त - जी0 रेवेज

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान- कर्णसिंह, पेज-34

89. 'धर्म का धम्म' रूप में परिवर्तन उदाहरण है-
(A) पुरोगामी समीकरण का
(B) पश्चगामी समीकरण का
(C) पुरोगामी विषमीकरण का
(D) पश्चगामी विषमीकरण का

व्याख्या-

➤ **पुरोगामी समीकरण-** इसमें पूर्ववर्ती ध्वनि आगे की दूसरी ध्वनि को अपने सदृश बनाती है।
उदाहरण- विष् + नुः = विष्णुः, पुष् + तः = पुष्टः, चक्र-चक्का, अग्नि-अग्गि, पक्व-पक्का, पत्र-पत्ता

➤ **पश्चगामी समीकरण-** इसमें परवर्ती ध्वनि पूर्ववर्ती ध्वनि को अपने सदृश बनाती है-
शर्करा = शक्कर, **धर्म=धम्म,** तत् + लीन = तल्लीन, सप्त=सात, वल्कल=वक्कल, गल्प=गप्प

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-233

90. ''विचार जब ध्वन्यात्मक होकर होठों पर प्रकट होती है तो वह भाषा कहलाती है।'' यह किसका विचार है ?
(A) बाबूराम सक्सेना (B) भोलानाथ तिवारी
(C) पतञ्जलि (D) प्लेटो का

व्याख्या-

➤ **बाबूराम सक्सेना-** ''जिन ध्वनि-चिन्हों द्वारा मनुष्य परस्पर विचार-विनिमय करता है, उसको समष्टिरूप से भाषा कहते हैं।''

➤ **डॉ0 भोलानाथ तिवारी-** ''भाषा उच्चारणावयवों से उच्चरित अध्ययन-विश्लेषणीय यादृच्छिक ध्वनि प्रतीकों की वह व्यवस्था है
जिसके द्वारा एक समान के लोग आपस में भावों और विचारों का आदान-प्रदान करते हैं।''

➤ **महर्षि पतञ्जलि के अनुसार-** ''व्यक्तां वाचि वर्णा येषा त इमे व्यक्त वाचः।। (महाभाष्य 1/3/38)''
भाषा वह साधन है जिसके द्वारा मनुष्य अपने विचार दूसरों पर भली-भाँति प्रकट कर सकता है और दूसरों के विचार स्वयं स्पष्ट रूप से समझ सकता है।''

➤ **प्लेटो के अनुसार-**
'विचार आत्मा की मूक या अध्वन्यात्मक बातचीत है पर वही जब ध्वन्यात्मक होकर होठों पर प्रकट होती है तो वह भाषा कहलाती है।' **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- भाषाविज्ञान-भोलानाथ तिवारी, पेज-2

91. 'ध्वनि-परिवर्तन' का आन्तरिक कारण नहीं है-
(A) प्रयत्नलाघव (B) क्षिप्रभाषण
(C) ध्वनियों का प्रवेश (D) बलाघात

व्याख्या-

ध्वनि-परिवर्तन के कारण- भाषाविज्ञान में ध्वनि-परिवर्तन के कारणों को दो भागों में बाँटा गया है-

(क) आभ्यन्तर कारण-

1. प्रयत्नलाघव या मुखसुख 2. लघूकरण की प्रवृत्ति
3. अनुकरण की अपूर्णता 4. अशिक्षा
5. शीघ्रभाषण 6. भावावेश
7. काव्यात्मकता 8. बलाघात
9. कृत्रिमता 10. भ्रामक व्युत्पत्ति

(ख) बाह्य कारण-

1. भौगोलिक कारण 2. सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियाँ
3. काल प्रभाव 4. लिपि दोष 5. सादृश्य

प्रयत्नलाघव, क्षिप्रभाषण तथा बलाघात ये तीनों ध्वनिपरिवर्तन के आन्तरिक कारण हैं जबकि ध्वनियों का प्रवेश आन्तरिक कारण नहीं है। **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत-भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-227

92. 'ई' से संकेतिक स्वर है-
(A) वर्तुल (B) केन्द्रीय
(C) पश्च (D) अग्र

व्याख्या-

वर्तुल- ऊ, ओ, औ।
केन्द्रीय- अ मध्य स्वर या केन्द्रीय स्वर है।
पश्च- उ, ऊ, आ ये तीन पश्च स्वर हैं।
अग्र- इ, ई, ए ये तीन अग्र स्वर हैं।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- भाषा विज्ञान- कर्णसिंह, पेज-155

93. सांख्य के अनुसार बुद्धि के प्रमुख परिणाम हैं-
(A) विपर्यय, अशक्ति, सिद्धि, तमस्
(B) विपर्यय, अशक्ति, तुष्टि, सिद्धि
(C) विपर्यय, अशक्ति, मोह, तामिस्त्र
(D) विपर्यय, तमस्, मोह ,तामिस्त्र

व्याख्या-
ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में बुद्धि का भेद करते हुए कहते हैं-

''एष प्रत्ययसर्गो विपर्ययाशक्तितुष्टिसिद्धियाख्यः।
गुणवैषम्यविमर्दात् तस्य च भेदास्तु पञ्चाशत्॥''
(सां.का. 46)

विपर्यय,अशक्ति,तुष्टि,सिद्धि, नामक यह बौद्धिक सर्ग (सृष्टि) गुणों की विषमता के कारण एक-दूसरे के अभिभव से उसके पचास भेद होते हैं ।

विपर्यय- 5 भेद, अशक्ति-28भेद, तुष्टि-9भेद, सिद्धि-8भेद, इस प्रकार बुद्धि सर्ग के 50 भेद होते हैं।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- सांख्यतत्त्वकौमुदी (का.-46) आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-269

94. सांख्य स्वीकार करता है-
(A) असतः सत् जायते
(B) एकस्य सतो विवर्तः कार्यजातं न वस्तु सत्
(C) सतः सत् जायते
(D) सतः असत् जायते

व्याख्या-
''सतः सत् जायते''- यह सांख्य का मत है।
असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम्।। (सां.का.9)
कारण व्यापार के पूर्व भी कार्य (कारण में) विद्यमान रहता है क्योंकि

1. असत् या अविद्यमान होने पर कार्य की उत्पत्ति हो ही नहीं सकती।
2. कार्य की उत्पत्ति के लिए उसके उपादान कारण का ग्रहण अवश्य करना पड़ता है अर्थात् कार्य अपने उपादान कारण से नियत रूप से सम्बद्ध होता है।
3. सभी कार्य सभी कारण से उत्पन्न नहीं होते हैं।
4. जो कारण जिस कार्य को उत्पन्न करने में शक्त या समर्थ है, उससे उसी कार्य की उत्पत्ति होती है।
5. कार्य कारणात्मक अर्थात् कारण से अभिन्न या उसी के स्वरूप का होता है।

- एकस्य सतो विवर्तः कार्यजातं न वस्तु सत् - अद्वैत वेदान्त
- असतः सत् जायते- बौद्धमत
- सतः असत् जायते- न्याय-वैशेषिक

अतः विकल्प Cसही है।

स्रोत- सांख्यतत्त्वकौमुदीप्रभा (का0-9) आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-153

95. सत्कार्यवाद का कारण है-
(A) प्रकृतिस्वरूपज्ञान **(B) सामीप्य**
(C) समानाभिहार **(D) सर्वसम्भवाभाव**

व्याख्या-
ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में सत्कार्यवाद के सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हैं-
''असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम्।।'' सां.का.9
सर्वथा अविद्यमान को उत्पन्न न किये जा सकने से विशेष पदार्थ को उत्पन्न करने के लिए उससे सम्बद्ध उपादन को ग्रहण करने से सभी कारणरूप पदार्थों से सभी कार्यों की उत्पत्ति सम्भव न होने से समर्थ कारणरूप वस्तु से ही समर्थरूप वस्तु के उत्पन्न होने से कार्य और कारण के परस्पर अभिन्न होने से कार्य अपने कारणों में विद्यमान रहता है।

इसप्रकार सत्कार्यवाद के 5 हेतु निम्नवत् हैं-
1. असत्-अकरणात् 2. उपादान-ग्रहणात्
3. सर्वसम्भव-अभावात् 4. शक्तस्य शक्यकरणात्
5. कारण-भावात्

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत-सांख्यतत्त्वकौमुदी प्रभा (कारिका-9)- आद्याप्रसाद मिश्र,पेज-153

96. पुरुष का लक्षण है-
(A) अचेतन **(B) विवेकी**
(C) प्रसवधर्मी **(D) त्रिगुणात्मक**

व्याख्या-
''त्रिगुणमविवेकि विषयः सामान्यमचेतनं प्रसवधर्मि।
व्यक्तं तथा प्रधानं तद्विपरीतस्तथा च पुमान्।। (सां.का.11)
महत् आदि व्यक्तपदार्थ और अव्यक्तरूप मूलकारण प्रकृति (दोनों) तीन गुणों से युक्त, परस्पर अलग होने में असमर्थ, ज्ञान (या अनुभव) के विषय में अनेक पुरुषों द्वारा ग्रहण किये जाने योग्य,
जड़ उत्पादनशील हैं और पुरुष उसके विपरीत होता है।

	व्यक्त (महत् आदि) एवं प्रकृति के गुण	पुमान् (पुरुष) के गुण
*	त्रिगुणात्मक	त्रिगुणरहित
*	अविवेकि	विवेकी
*	विषयी	अविषयी
*	सामान्य	असामान्य
*	अचेतन	चेतन
*	प्रसवधर्मी	अप्रसवधर्मी

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का0-11)- राकेश शास्त्री,पेज-38

97. ''न प्रकृतिः न विकृतिः'' यह कारिकांश किसके लिए प्रयुक्त है?
(A) अहङ्कार (B) ज्ञानेन्द्रियाँ
(C) कर्मेन्द्रियाँ (D) पुरुष

व्याख्या-
ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में अव्यक्त और पुरुष का परिचय प्रस्तुत करते हुए कहते हैं-
मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः।। (सां.का.3)

* **प्रकृति (अविकृति)-** मूलप्रकृति/प्रधान/अव्यक्त-**एक**
* **प्रकृति एवं विकृति-** महत् (बुद्धि),अहङ्कार,पञ्चतन्मात्रा- सात
* **केवल विकृति-**पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ,पञ्चकर्मेन्द्रियाँ,मन,पञ्चमहाभूत-16
* **न प्रकृति न विकृति-** पुरुष एक
* **पञ्च ज्ञानेन्द्रियाँ-** चक्षु,श्रोत्र,घ्राण,रसना,त्वक्
* **पञ्च कर्मेन्द्रियाँ-** वाक्,पाणि,पाद,पायु,उपस्थ
* **पञ्च महाभूत-** आकाश,वायु,तेज,जल,पृथिवी
* **पञ्च तन्मात्रा-** शब्द,स्पर्श,रूप,रस,गन्ध

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- सांख्यतत्त्वकौमुदी प्रभा (का.-3)- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-112

98. सांख्य की प्रकृति क्या है-
(A) विवेकी (B) त्रिगुणात्मिका
(C) चेतन (D) अप्रधान

व्याख्या-
सांख्यकारिकाकार ईश्वरकृष्ण प्रकृति तथा पुरुष के गुणों का वर्णन करते हुए कहते हैं-
''त्रिगुणमविवेकि विषयः सामान्यमचेतनं प्रसवधर्मी।
व्यक्तं तथा प्रधानं, तद्विपरीतस्तथा च पुमान्।।''
(सां.का.-11)

	अव्यक्त या प्रधान या प्रकृति	पुरुष (पुमान्)
*	त्रिगुणात्मक	गुणरहित
*	अविवेकि	विवेकी
*	विषयी	अविषयी
*	सामान्य	असामान्य
*	अचेतन	चेतन
*	प्रसवधर्मी	अप्रसवधर्मी

➤ उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि प्रकृति त्रिगुणात्मिका है। सांख्य में प्रकृति को अव्यक्त तथा प्रधान के नामों से भी सम्बोधित किया गया है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- सांख्यतत्त्वकौमुदी प्रभा- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-172

99. 'भोक्तृभाव' किसकी सत्ता का परिचायक है?
(A) प्रकृति (B) पुरुष
(C) अविवेकी (D) प्रधान

व्याख्या-
सांख्यकारिकाकार ईश्वरकृष्ण प्रकृति (प्रधान) की सत्ता की सिद्धि में पाँच हेतु बताते हुए कहते हैं-
भेदानां परिमाणात्, समन्वयत्वात् शक्तितः प्रवृत्तेश्च।
कारणकार्यविभागादविभागाद् वैश्वरूप्यस्य।।
(सां.का.-15)

महत् आदि कार्यों के परिमित होने से (महत् आदि कार्यों के) कारण के समान होने से, शक्ति से उत्पन्न होने से और कारण से ही कार्य के आविर्भूत होने से (प्रलयकाल में) उसी कारण में लीन हो जाने से विविध रूपों वाले सभी कार्यों का एक कारण अव्यक्त (प्रधान) अवश्य है।
ईश्वरकृष्ण ने पुरुष की सत्ता का प्रतिपादन इसप्रकार करते हैं-
''संघातपरार्थत्वात् त्रिगुणादिविपर्ययादधिष्ठानात्।
पुरुषोऽस्ति भोक्तृभावात् कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च।।''
(सां.का.-17)

संघटनात्मक समूहरूप वस्तुओं के दूसरों के लिए होने के कारण गुणत्रययुक्त धर्मों से विपरीत धर्म वाले की अपेक्षा होने के कारण अधिष्ठाता होने की अपेक्षा से, (सांसारिक वस्तुओं के) भोक्ता होने की अपेक्षा से (कुछ लोगों की) मोक्ष के लिए प्रवृत्ति होने से पुरुष (की सत्ता) है।
अतः भोक्तृभाव पुरुष की सत्ता का परिचायक है।

➤ ईश्वरकृष्ण ने 11वीं कारिका में प्रकृति के त्रिगुणात्मक, अविवेकि विषयी, सामान्य, अचेतन, तथा प्रसवधर्मी गुणों को बताया है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- सांख्यतत्वकौमुदी प्रभा (का.17)-आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-200

100.'सांख्यकारिका' के कारिकाकार (लेखक) हैं-
(A) कपिल **(B) कणाद**
(C) गौतम **(D) ईश्वरकृष्ण**

व्याख्या-

ऋषि	ग्रन्थ	समय
कपिल (सांख्यसूत्रकार)	सांख्यसूत्र	700 ई.पू.
कणाद (वैशेषिकसूत्रकार)	वैशेषिकसूत्र	500ई.पू.
गौतम (न्यायसूत्रकार)	न्यायसूत्र	
ईश्वरकृष्ण (सांख्यकारिकाकार)	सांख्यकारिका	चौथी शताब्दी ई.

अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- सांख्यतत्त्वकौमुदीप्रभा- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-47

101.'शब्दो नित्यः कृतकत्वात्' में कौन-सा हेत्वाभास है?
(A) असिद्ध **(B) विरुद्ध**
(C) अनैकान्तिक **(D) प्रकरणसम**

व्याख्या-
तर्कभाषाकार केशवमिश्र ने हेत्वाभास के पाँच भेद किए हैं- असिद्ध, विरुद्ध, अनैकान्तिक, प्रकरणसम, कालात्ययापदिष्ट

1. **असिद्ध हेत्वाभास-** ''तत्र लिङ्गत्वेनानिश्चितो हेतुरसिद्धः'' उसमें लिङ्ग ज्ञापक के रूप में निश्चित न होने वाला हेतु असिद्ध हेत्वाभास कहलाता है। असिद्ध हेत्वाभास के तीन भेद हैं-

(i) **आश्रयासिद्ध-** उदाहरण- गगनारविन्दं सुरभि, अरविन्दत्वात् सरोजारविन्दवत्।
(ii) **स्वरूपासिद्ध-** अनित्यः शब्दः, चाक्षुषत्वात् घटवत्।
(iii) **व्याप्यत्वासिद्ध-** शब्दः क्षणिकः सत्त्वात् क्रत्वन्तवर्तिनी हिंसा अधर्मसाधनं, हिंसात्वात् क्रतुवाह्य हिंसावत्।

2. **विरुद्ध हेत्वाभास-** ''साध्यविपर्ययव्याप्तो हेतुर्विरुद्धः'' साध्य के अभाव से व्याप्त हेतु विरुद्ध हेत्वाभास कहलाता है।
उदाहरण- शब्दो नित्यः कृतकत्वादात्मवत्
अतः विकल्प B सही है।

3. **अनैकान्तिक हेत्वाभास-** 'सव्यभिचारोऽनैकान्तिकः' सव्यभिचार हेतु अनैकान्तिक हेत्वाभास कहलाता है। वह दो प्रकार का है-

(i) **साधारण अनैकान्तिक-** शब्दो नित्यः प्रमेयत्वात् व्योमवत्।
(ii) **असाधारण अनैकान्तिक-** भूर्नित्याः गन्धवत्त्वात्।

4. **प्रकरणसम हेत्वाभास-** 'साध्यविपरीतसाधकं हेत्वन्तरं विद्यते' जिस हेतु के साध्य के विपरीत अर्थ का साधक दूसरा हेतु विद्यमान होता है वह प्रकरणसम हेत्वाभास है।
उदाहरण- शब्दोऽनित्यो नित्यधर्मरहितत्वात्।

5. **कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास-**
''प्रमाणान्तरावधृतसाध्याभावो हेतुर्बाधितविषयः कालात्ययापदिष्टः'' जिसके साध्य का अभाव अन्य प्रमाण से निश्चित कर दिया जाता है वह हेतु बाधितविषय तथा कालात्ययापदिष्ट कहलाता है।
उदाहरण- अग्निरनुष्णः कृतकत्वाज्जलवत्।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-115

102. सामान्य रहता है-
(A) द्रव्य, गुण, विशेष में **(B) द्रव्य, गुण, कर्म में**
(C) द्रव्य, कर्म, विशेष में **(D) द्रव्य, गुण, समवाय में**

व्याख्या-
अन्नम्भट्ट कृत तर्कसंग्रह के अनुसार-

➢ सामान्य- ''नित्यमेकमनेकानुगतं सामान्यम्। द्रव्यगुणकर्मवृत्तिः। तद् द्विविधं परापरभेदात्।'' जो नित्य और एक हो तथा अनेक व्यक्तियों में अनुगत हो अर्थात् अनुवृत्ति प्रत्यय का हेतु हो वह सामान्य है। वह द्रव्य, गुण और कर्म में रहता है। पर तथा अपर के भेद से वह दो प्रकार का होता है।
➢ अन्नम्भट्ट ने 7 पदार्थों में 9 द्रव्य, 24 गुण, 5 कर्म, 2 सामान्य, एवं विशेष को असंख्य या अनेक बताया है।

अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवासशास्त्री, पेज-244

103.परार्थानुमान में प्रतिज्ञावाक्य है-
(A) पर्वतोवह्निमान्
(B) यो यो धूमवान् स स वह्निमान्
(C) तस्मात्तथा
(D) धूमवत्त्वात्

व्याख्या-
अन्नम्भट्ट कृत तर्कसंग्रह के अनुसार अनुमान दो प्रकार के होते हैं- स्वार्थानुमान एवं परार्थानुमान
परार्थानुमान- ''यत्तु कश्चित् स्वयं धूमादग्निमनुमाय परं बोधयितुं पञ्चावयवानुमानवाक्यं प्रयुङ्क्ते तत् परार्थानुमानम्।'' जो स्वयं धूम से अग्नि का अनुमिति ज्ञान करके दूसरे को भी उसका ज्ञान कराने के लिये पाँच अवयवों वाले वाक्य का प्रयोग किया जाता है वह परार्थानुमान है।

	अवयव वाक्य	ज्ञान या अनुमान
1.	प्रतिज्ञा	पर्वतोऽग्निमान्
2.	हेतु	धूमवत्त्वात्
3.	उदाहरण	यो यो धूमवान् स स वह्निमान् यथा - महानसः।
4.	उपनय	तथा चायमित्युपनयः
5.	निगमन	तस्मात् तथा

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-92

104. 'आप्तवाक्य' है-
(A) रूप (B) शब्द
(C) अनुमिति (D) उपमिति

व्याख्या-

- अन्नम्भट्टकृत तर्कसंग्रह के अनुसार- सात पदार्थों के अन्तर्गत 24 गुणों में प्रथम गुण रूप आता है- ''चक्षुमात्रग्राह्यो गुणो रूपम्।'' केवल चक्षुरिन्द्रिय से ग्रहण किया जाने वाला गुण रूप है।
- अन्नम्भट्ट कृत तर्कसंग्रह में प्रमाणों की संख्या चार है - प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द। इन चारों प्रमाणों का लक्षण निम्नवत् है-
- **प्रत्यक्ष-** तत्र प्रत्यक्षज्ञानकरणं प्रत्यक्षम्। इन्द्रियार्थसन्निकर्षजन्यं ज्ञानं प्रत्यक्षम्। प्रत्यक्ष ज्ञान के करण को प्रमाण कहते हैं। प्रत्यक्ष ज्ञान का कारण इन्द्रियाँ हैं अतः ये इन्द्रियाँ ही प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।
- **अनुमान-** 'अनुमितिकरणमनुमानम्' अनुमिति के करण को अनुमान कहते हैं।
  अनुमान प्रमाण के दो भेद हैं-
  1.स्वार्थानुमान 2.परार्थानुमान।
- **उपमान प्रमाण-** 'उपमितिकरणमुपमानम्' उपमिति के करण को
  उपमान कहते हैं। उपमिति है- संज्ञा-संज्ञिसम्बन्धत्वज्ञानम्।
- **शब्दप्रमाण-** 'आप्तवाक्यं शब्दः' आप्तपुरुष के वाक्य को शब्द कहते हैं। जो यथार्थ वक्ता है वह आप्त पुरुष है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- तर्कभाषा-श्रीनिवास शास्त्री, पेज- 122

105. समवाय क्या है?
(A) वाक्यार्थ (B) वाक्य
(C) पदार्थ (D) पद

व्याख्या-
वाक्य के वास्तविक अर्थ को वाक्यार्थ कहते हैं।
'वाक्यं त्वाकाङ्क्षायोग्यतासन्निधिमतां पदानां समूहः'
योग्यता, आकांक्षा, और सन्निधि वाले पदों के समूह को वाक्य कहते हैं ।

- तर्कसंग्रह के अनुसार पदार्थों की सात है-
  ''द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायाभावाः सप्त पदार्थाः।''
  द्रव्य,गुण,कर्म,सामान्य,विशेष,समवाय,अभाव ये सात पदार्थ हैं।
  इसमें समवाय 6 वाँ पदार्थ है जो केवल एक प्रकार का ही होता है- 'समवायस्त्वेक एव।'
- पद- 'पदं च वर्णसमूहः' अर्थात् वर्णों का समूह पद है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- तर्कसंग्रह- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-47

106. ''कार्यनियतपूर्ववर्ति'' क्या है?
(A) कार्य (B) कारण
(C) पदार्थ (D) करण

व्याख्या-

- **कार्य-** कार्यं प्रागभावप्रतियोगि। जो प्रागभाव का प्रतियोगी हो वह कार्य है।
- **कारण-** कार्यनियतपूर्ववर्ति कारणम्।
  जो कार्य के पूर्व नियतरूप में रहे वह कारण कहलाता है।
- **पदार्थ-** द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायाभावाः सप्त पदार्थाः। द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय और अभाव ये सात पदार्थ हैं।
- **करण-** असाधारणं कारणं करणम्।
  असाधारण कारण को करण कहते हैं।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- तर्कसंग्रह- आद्याप्रसाद मिश्र,पेज-42

107. ''आप्तवाक्यं शब्दः'' किस दर्शन से सम्बन्धित है?
(A) जैन (B) बौद्ध
(C) उत्तरमीमांसा (D) न्याय

व्याख्या-
न्यायदर्शन में प्रमाणों की संख्या चार है-
'प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि' (न्यायसूत्र 1.1.6)

1. **प्रत्यक्ष प्रमाण-** 'साक्षात्कारिप्रमाकरणं प्रत्यक्षम्'- साक्षात्कार करने वाली प्रमा का करण प्रत्यक्ष कहलाता है।

2. **अनुमान प्रमाण-** 'लिङ्गपरामर्शोऽनुमानम्' लिङ्ग परामर्श ही अनुमान है।
3. **उपमान प्रमाण-** 'अतिदेशवाक्यार्थस्मरणसहकृतं गोसादृश्यविशिष्टपिण्डज्ञानमुपमानम्।' अतिदेश वाक्य के अर्थ का स्मरण करने के साथ गौ की समानता से युक्त पिण्ड का ज्ञान ही उपमान है ।
4. **शब्द प्रमाण-** 'आप्तवाक्यं शब्दः' आप्त का वाक्य शब्द प्रमाण है।

अतः विकल्प D सही है।

- जैनदर्शन में प्रमाणों की संख्या दो है- प्रत्यक्ष,अनुमान।
- बौद्धदर्शन में प्रमाणों की संख्या दो है- प्रत्यक्ष,अनुमान।
- उत्तरमीमांसा (वेदान्त) में प्रमाणों की संख्या छः है- प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, अभाव।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-122

108. तर्कभाषा के लेखक कौन हैं?
(A) सदानन्द **(B) केशवमिश्र**
(C) ईश्वरकृष्ण **(D) अन्नम्भट्ट**

व्याख्या-

लेखक	प्रकरण ग्रन्थ
सदानन्द	वेदान्तसार (वेदान्त)
केशवमिश्र	तर्कभाषा (न्याय)
ईश्वरकृष्ण	सांख्यकारिका (सांख्य)
अन्नम्भट्ट	तर्कसंग्रह (न्याय-वैशेषिक)
लौगाक्षिभास्कर	अर्थसंग्रह (मीमांसा)
विज्ञानभिक्षु	योगवार्तिक

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री,पेज-1

109. पट का समवायिकारण है-
(A) तन्तु **(B) तन्तुवाय**
(C) तन्तुसंयोग **(D) तन्तुत्व**

व्याख्या-

आचार्य केशवमिश्र तर्कभाषा में कारण के तीन भेद किये हैं- समवायि, असमवायि, निमित्त।

- **समवायिकारण-**
'यत्समवेतं कार्यमुत्पद्यते तत्समवायिकारणम्'
अर्थात् जिसमें समवेत होकर कार्य उत्पन्न होता है वह समवायिकारण है-
उदाहरण- तन्तु पट के समवायि कारण तथा मृत्पिण्ड घट का समवायिकारण है।
- **असमवायिकारण-**
'यत्समवायिकारणप्रत्यासन्नमवधृतसामर्थ्यं तदसमवायिकारणम्' जो समवायि कारण में प्रत्यासन्न होता है जिसकी कार्य के प्रति सामर्थ्य निश्चित होती है वह असमवायिकारण है।
उदाहरण- तन्तुसंयोग पट के असमवायिकारण हैं।
- **निमित्तकारण-** यन्न समवायिकारणम्, नाप्यसमवायिकारणम् अथ च कारणम्।' जो न समवायिकारण है और न ही असमवायि कारण है किन्तु कारण है वह निमित्त कारण है। **उदाहरण-** तुरी,वेमा आदि।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-28

110.'विशेष पदार्थ' की वृत्ति है-
(A) नित्य द्रव्य **(B) कर्म**
(C) अनित्य द्रव्य **(D) गुण**

व्याख्या-

अन्नम्भट्ट कृत तर्कसंग्रह में विशेष नामक पदार्थ का वर्णन निम्नवत् है-
विशेष- 'नित्यद्रव्यवृत्तयो विशेषास्त्वनन्ता एव।'
नित्य द्रव्यों में रहने वाले विशेष तो असङ्ख्य या अनेक हैं।

- **कर्म-** वैशेषिक दर्शन के सप्त पदार्थों में कर्म पाँच प्रकार का होता है -
''उत्क्षेपणापक्षेपणाकुञ्चनप्रसारणगमनानि पञ्च कर्माणि।''
उत्क्षेपण, अपक्षेपण, आकुञ्चन, प्रसारण और गमन ये पाँच कर्म हैं।
- **गुण-** तर्कसंग्रह के अनुसार गुणों की संख्या चौबीस है- रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, गुरुत्व, द्रव्यत्व, स्नेह, शब्द, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म, संस्कार।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- तर्कसंग्रह- केदारनाथ त्रिपाठी, पेज-142

111. मन किस प्रकार की इन्द्रिय है?
(A) कर्मेन्द्रिय **(B) ज्ञानेन्द्रिय**
(C) उभयात्मक **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या-
दार्शनिक ग्रन्थों में इन्द्रियों का विवरण इसप्रकार दिया गया है-

- **पञ्च कर्मेन्द्रियाँ-** वाक्,पाणि,पाद,पायु (गुप्तेन्द्रिय), उपस्थ (जननेन्द्रिय)।
- **पञ्च ज्ञानेन्द्रियाँ-** श्रोत्र,त्वक्,चक्षु,जिह्वा,घ्राण।
- **उभयेन्द्रिय-** मन।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- सांख्यतत्त्वकौमुदी प्रभा (का0-27) आद्याप्रसाद मिश्र,पेज-

112. वेदान्तानुसार मन का स्वरूप है-
(A) अभिमान **(B) संकल्प-विकल्प**
(C) अनुसन्धान **(D) निश्चय**

व्याख्या-
सदानन्द कृत वेदान्तसार के अनुसार

- **मन-** "मनो नाम संकल्पविकल्पात्मिकान्तःकरणवृत्तिः।"
'संकल्प और विकल्प करने वाली अन्तःकरण की संशयात्मिका वृत्ति ही मन है।'
- **बुद्धि-** "बुद्धिर्नाम निश्चयात्मिकाऽन्तःकरणवृत्तिः।"
निश्चयात्मिक अन्तः करण की वृत्ति ही बुद्धि है।
- **चित्त-** "अनुसन्धानात्मिकान्तःकरणवृत्तिः चित्तम्।"
अन्तःकरण की अनुसन्धानवर्ती (स्मरणात्मिका) वृत्ति ही चित्त है।
- **अहङ्कार-** "अभिमानात्मिकान्तःकरणवृत्तिः अहंकारः।"
अभिमानरूपा अन्तःकरण की वृत्तिः का नाम अहंकार है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव,पेज- 66

113. वेदान्त का एक अनुबन्ध है-
(A) अधिकारी **(B) अद्वैत**
(C) ब्रह्म **(D) अज्ञान**

व्याख्या-
"वेदान्तसार" में अनुबन्ध की चर्चा करते हुए सदानन्द योगीन्द्र कहते हैं-
"तत्रानुबन्धो नामाधिकारिविषयसम्बन्धप्रयोजनानि।"
अर्थात् अनुबन्ध चार हैं-
1. अधिकारी 2. विषय 3.सम्बन्ध 4. प्रयोजन
अधिकारी-"अधिकारी तु विधिवदधीत........... साधनचतुष्टयसम्पन्नः प्रमाता।" अर्थात् साधन चतुष्टय से सम्पन्न प्रमाता वेदान्त का अधिकारी है।
अद्वैतदर्शन के समर्थक शङ्कराचार्य हैं।

- **ब्रह्म-** "वस्तु सच्चिदानन्दान्ताद्वयं ब्रह्म।"
अर्थात् केवल सच्चिदानन्द ब्रह्म सत् (वस्तु) है ।
- **अज्ञान-** अज्ञानं तु सदसद्भ्यामनिर्वचनीयं त्रिगुणात्मकं ज्ञानविरोधि भावरूपं यत्किञ्चिदिति वदन्त्यहमज्ञ इत्याद्यनुभवात्।
अज्ञान सत् या असत् रूप से अनिर्वचनीय,त्रिगुणात्मक,ज्ञान का विरोधि भावरूप है। **अतः विकल्प A सही है।**

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव,पेज-9

114. अधिकारिविषय-सम्बन्धप्रयोजनानि किससे सम्बन्धित है?
(A) विवर्त **(B) बन्ध**
(C) अनुबन्ध **(D) प्रबन्ध**

व्याख्या-
वेदान्तसार के अनुसार-

- **विवर्त-** "अतत्त्वतोऽन्यथाप्रथा विवर्त इत्युदाहृतः।"
अर्थात् जब कोई वस्तु अपने वास्तविक स्वरूप का परित्याग न करते हुए अपने सदृश किसी अन्य वस्तु के रूप में भासित होने लगती है वह विवर्त कहलाती है।
- **उदाहरण-** रस्सी अपने यथार्थरूप का परित्याग न करते हुए भी सर्प की मिथ्या प्रतीति करवाने लगती है यही विवर्तवाद है।
- **अनुबन्ध-** 'अनुबध्यतेऽनेनेति अनुबन्धः' अर्थात् जिनके द्वारा ग्रन्थ आद्योपान्त बँधा रहता है उसमें असम्बद्धता शिथिलता और दिशाहीनता नहीं आने पाती है उन्हें अनुबन्ध कहते हैं। अनु उपसर्ग पूर्वक 'बन्ध' धातु में घञ् प्रत्यय लगाकर अनुबन्ध शब्द बनता है।
वेदान्तसार में अनुबन्धों की संख्या चार है-
'तत्र अनुबन्धो नामाधिकारिविषयसम्बन्धप्रयोजनानि।'
अधिकारी विषय,सम्बन्ध,प्रयोजन ये चार अनुबन्ध हैं।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव,पेज-9

115. सन्ध्यावन्दन इत्यादि कैसा कर्म है ?
(A) नित्य **(B) नैमित्तिक**
(C) उपासना **(D) प्रायश्चित**

व्याख्या-

सदानन्द प्रणीत वेदान्तसार में छः प्रकार के कर्मों का वर्णन है-

कर्म	साधन	फलप्राप्ति
1. काम्यकर्म	ज्योतिष्टोम यज्ञ	स्वर्गलोकादि प्राप्ति
2. निषिद्ध कर्म	ब्राह्मणहत्यादि निषेध	नरकादि अनिष्ट स्थानों से रक्षा
3. नित्यकर्म	सन्ध्यावन्दनादि	प्रत्यवाय (पाप) से रक्षा
4. नैमित्तिककर्म	जातेष्टि	पुत्रजन्मादि
5. प्रायश्चितकर्म	चान्द्रायणव्रत	पापों के नाश हेतु
6. उपासनाकर्म	शाण्डिल्यविद्या	मनोवृत्ति की स्थिरता के लिये।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-14

116. किस पञ्चीकृत पदार्थ में शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध ये पाँचों गुण पाये जाते हैं?

(A) तेज **(B) वायु**

(C) जल **(D) पृथिवी**

व्याख्या-

सदानन्द कृत वेदान्तसार के अनुसार-

पञ्चीकृत पदार्थ	पाये जाने वाले गुण
आकाश	शब्द
वायु	शब्द, स्पर्श
अग्नि (तेज)	शब्द, स्पर्श, रूप
जल	शब्द, स्पर्श, रूप, रस,
पृथिवी	शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध

''तदानीमाकाशे शब्दोऽभिव्यज्यते वायौ शब्दस्पर्शावग्नौ शब्दस्पर्शरूपाण्यप्सु शब्दस्पर्शरूपरसाः पृथिव्यां शब्दस्पर्शरूपरस गन्धाश्च।''

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-80

117. ''वस्तुन्यवस्त्वारोपः'' से परिभाषित है-

(A) अपवाद **(B) पञ्चीकरण**

(C) अध्यारोप **(D) जीवन्मुक्त**

व्याख्या-

A. **अपवाद-** (ब्रह्मरूप) वस्तु के विवर्त आज्ञानादि प्रपञ्च का वस्तु मात्र अवशेष रहना ही अपवाद है-

''अपवादो नाम रज्जुविवर्तस्य सर्पस्य-रज्जुमात्रत्ववद्वस्तुविवर्तस्यावस्तुनोऽज्ञानादेः प्रपञ्चस्य वस्तुमात्रत्वम्।''

जैसे- भ्रमवशात् रस्सी में सर्प की मिथ्या प्रतीति होने पर उस मिथ्या-प्रतीति (आरोप) को दूर करके रज्जु (यथार्थवस्तु) का ज्ञान हो जाना अपवाद कहलाता है।

यह दो प्रकार का होता है- (1) विकार (2) विवर्त

B. **पञ्चीकरण-** स्थूलशरीर के उत्पादक पञ्चीकृत-महाभूतों की विशिष्ट स्थिति ही पञ्चीकरण के नाम से जानी जाती है। पञ्चीकरण की प्रक्रिया को इस चार्ट के माध्यम से समझ सकते हैं

स्थूलभूत	सूक्ष्मभूत				
आकाश =	1/2आकाश	1/8वायु	1/8तेज	1/8जल	1/8पृथ्वी
वायु =	1/2वायु	1/8तेज	1/8जल	1/8पृथ्वी	1/8आकाश
तेज =	1/2तेज	1/8आकाश	1/8वायु	1/8जल	1/8पृथ्वी
जल =	1/2जल	1/8आकाश	1/8वायु	1/8तेज	1/8पृथ्वी
पृथ्वी =	1/2पृथ्वी	1/8आकाश	1/8वायु	1/8तेज	1/8जल

C. **अध्यारोप-** ''असर्पभूतायां रज्जौ सर्पारोपवद् वस्तुन्यवस्त्वारोपोध्यारोपः''

जो वस्तु जिस रूप में नहीं है उस रूप का उस वस्तु में आरोप ही अध्यारोप है। जो सर्प नहीं है उस रस्सी में सर्प का आरोप करना ही अध्यारोप है।

अतः विकल्प C सही है।

D. **जीवन्मुक्ति-** स्वरूपाखण्डब्रह्मज्ञान के द्वारा, आत्मविषयक सम्पूर्ण अज्ञान को दूर करके स्व-स्वरूपाखण्डब्रह्म का साक्षात्कार होने से अज्ञान और उसके कार्यरूप स्थूल-सूक्ष्म दोनों प्रपञ्च संचितकर्म तथा संशय-विपर्ययादि को नष्ट करके, सम्पूर्ण बन्धनों से रहित ब्रह्मनिष्ठ व्यक्ति 'जीवन्मुक्त' कहलाता है।

''जीवन्मुक्तो नाम स्वस्वरूपाखण्डब्रह्मज्ञानेन तदज्ञानबाधनद्वारा स्वस्वरूपाखण्डब्रह्मणि साक्षात्कृतेऽज्ञानतत्कार्यसञ्चितकर्मसंशय विपर्ययादीनामपि बाधितत्वादखिलबन्धरहितो ब्रह्मनिष्ठः।''

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-80

118. वस्तु है-
(A) अज्ञानादिजड़ समूह (B) ब्रह्म
(C) त्रिगुणात्मक (D) अनिर्वचनीय

व्याख्या-
वेदान्तसार में वस्तु को परिभाषित करते हुए सदानन्द योगीन्द्र कहते हैं-'वस्तु सच्चिदानन्ताद्वयं ब्रह्म'
सच्चिदानन्द रूपी अद्वितीय ब्रह्म ही वस्तु है।
अवस्तु- 'अज्ञानादिसकलजडसमूहोऽवस्तु' अर्थात् अज्ञान आदि से प्रारम्भ होने वाला समस्त जडपदार्थों का समूह अवस्तु है।
'अज्ञानं तु सदसद्भ्यामनिर्वचनीयं त्रिगुणात्मकं ज्ञानविरोधि भावरूपम्।'
अज्ञान सत् या असत् रूप से अनिर्वचनीय, त्रिगुणात्मक ज्ञान का विरोधी, भावरूप है।
अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-37

119. अज्ञानोपहित चैतन्य जगत् का कारण है-
(A) निमित्त (B) उपादान
(C) निमित्त एवं उपादान (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-
वेदान्तसार नामक प्रकरणग्रन्थ में सदानन्द अज्ञानोपहित दो प्रकार के कारणों की चर्चा करते हैं-
निमित्त कारण तथा उपादान कारण।
'शक्तिद्वयवदज्ञानोपहितं चैतन्यं स्वप्रधानतया निमित्तं-स्वोपाधिप्रधानतयोपादानं च भवति।'
अर्थात् अपनी दोनों शक्तियों (आवरण तथा विक्षेप) से सम्पन्न अज्ञान से उपहित चैतन्य ईश्वर अपनी प्रधानता से जगत् का निमित्त कारण तथा अपनी उपाधि की प्रधानता से उपादान कारण होता है। अर्थात् अज्ञानोपहित चैतन्य जगत् का निमित्त एवं उपादान दोनों कारण होता है।
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-60

120. पञ्च ज्ञानेन्द्रियाँ एवं बुद्धि के द्वारा निर्मित होते हैं-
(A) प्राणमय कोश (B) मनोमय कोश
(C) विज्ञानमय कोश (D) आनन्दमय कोश

व्याख्या-
वेदान्तसार के अनुसार कोशों की रचना इस प्रकार है-
विज्ञानमय कोश (कर्तृरूप) पञ्चज्ञानेन्द्रिय + बुद्धि
मनोमय कोश (करणरूप) पञ्चज्ञानेन्द्रिय + मन
प्राणमय कोश (कार्यरूप) पञ्चकर्मेन्द्रिय + पञ्चप्राण
इन तीनों कोशों (विज्ञानमय,मनोमय और प्राणमय) को सूक्ष्मशरीर या लिङ्गशरीर के नाम से जाना जाता है।
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-68

121. 'मिथ्या रूप से अन्य वस्तु के रूप में भासित होना' कहलाता है-
(A) आरम्भवाद (B) असत्कार्यवाद
(C) परिणामवाद (D) विवर्तवाद

व्याख्या- आरम्भवाद-

सिद्धान्त/वाद	दर्शन
असत्कार्यवाद	न्यायदर्शन
परिणामवाद	सांख्यदर्शन
विवर्तवाद	वेदान्तदर्शन

परिणामवाद- जब कोई वस्तु अपने वास्तविक स्वरूप का परित्याग कर अन्यरूप को ग्रहण कर लेती है तो वह विकार या परिणामवाद कहलाता है- ''सतत्त्वतोऽन्यथाप्रथा विकार इत्युदीरितः।''
यथा - दूध का दही बनना - विकार है।
विवर्तवाद- जब कोई वस्तु अपने वास्तविक स्वरूप का परित्याग न करते हुए अपने सदृश्य किसी अन्य वस्तु के रूप में प्रतिभासित होने लगती है तो वह विवर्तवाद कहलाता है। ''अतत्त्वतोऽन्यथाप्रथा विवर्त इत्युदीरितः।''
यथा- रस्सी का सर्प के रूप मे भासित होना ही विवर्तवाद है।
अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव,पेज-115,116

122. 'प्रमाता' किसे कहा जाता है?
(A) प्रयोजन को (B) विषय को
(C) सम्बन्ध को (D) अधिकारी को

व्याख्या-
सदानन्द प्रणीत वेदान्तसार में अनुबन्धों की संख्या चार हैं जिसे निम्नवत् परिभाषित किया गया है-
'अनुबन्धो नामाधिकारिविषयसम्बन्धप्रयोजनानि।' अर्थात् अधिकारी, विषय, सम्बन्ध, प्रयोजन ये चार अनुबन्ध

वेदान्तसार में वर्णित हैं-

- **अधिकारी-** 'अधिकारी तु विधिवदधीतवेदवेदाङ्ग........ नितान्तनिर्मलस्वान्तः साधनचतुष्टयसम्पन्नः प्रमाता।' अर्थात् जिसका अन्तःकरण अत्यन्त निर्मल हो गया है और जो साधन चतुष्टय से सम्पन्न प्रमाता है ऐसा पुरुष ब्रह्म विद्या का अधिकारी है। **अतः विकल्प D सही है।**
- **विषय-** 'विषयो जीवब्रह्मैक्यं शुद्धचैतन्यं प्रमेयम् तत्रैव वेदान्तानां तात्पर्यात्।' जीव और ब्रह्म की एकता अर्थात् अभेद,जो शुद्ध चैतन्य रूप है इस शास्त्र का प्रमेय अर्थात् विषय है।
- **सम्बन्ध-** 'सम्बन्धस्तु तदैक्यप्रमेयस्य तत्प्रतिपादकोपनिषत्प्रमाणस्य च बोध्यबोधकभावलक्षणः।' जीव और ब्रह्म एकतारूप प्रमेय का और उसका प्रतिपादन करने वाला उपनिषद्रूप प्रमाण का परस्पर बोध्य-बोधक भाव ही इस शास्त्र का सम्बन्ध है।
- **प्रयोजन-** 'प्रयोजनं तु तदैक्यप्रमेयगताज्ञाननिवृत्तिः स्वस्वरूपानन्दावाप्तिश्च।' जीव और ब्रह्म की एकतारूप प्रमेय के सम्बन्ध में जो अज्ञान है उसकी निवृत्ति होना और अपने वास्तविक स्वरूप आनन्द की प्राप्ति होना ही इस शास्त्र का प्रयोजन है।

स्रोत- वेदान्तसार-सन्तनारायण श्रीवास्तव,पेज-11

123.'ज्योतिष्टोमादि' कौन सा कर्म है?
(A) प्रायश्चित **(B) काम्य**
(C) निषिद्ध **(D) नित्य**

व्याख्या-
सदानन्द प्रणीत वेदान्तसार में छः प्रकार के कर्मों का वर्णन है- काम्यकर्म, निषिद्धकर्म, नित्यकर्म, नैमित्तिककर्म, प्रायश्चितकर्म, उपासनाकर्म।

- **काम्यकर्म-** 'काम्यानि स्वर्गादीष्टसाधनानि ज्योतिष्टोमादीनि।' अर्थात् स्वर्ग आदि स्थानों की प्राप्ति हेतु जो कर्म किए जाते हैं उन्हें काम्यकर्म कहते हैं। **उदाहरण-** ज्योतिष्टोम यज्ञ आदि से स्वर्ग आदि अभीष्ट स्थानों की प्राप्ति होती है। अतः यह काम्यकर्म का उदाहरण है।
  अतः विकल्प B सही है।
- **निषिद्ध कर्म-** 'निषिद्धानि नरकाद्यनिष्टसाधनानि ब्राह्मणहननादीनि।' नरक आदि अनिष्ट स्थानों की प्राप्ति के साधनभूत ब्राह्मणहत्या आदि निषिद्ध कर्म हैं।
- **नित्य कर्म-** 'नित्यान्यकरणे प्रत्यवायसाधनानि सन्ध्यावन्दनादीनि।' न करने पर प्रत्यवाय के साधन बनने वाले सन्ध्यावन्दन आदि नित्यकर्म हैं।
- **नैमित्तिक कर्म-** 'नैमित्तिकानि पुत्रजन्माद्यनुबन्धीनि जातेष्ट्यादीनि।' पुत्रजन्म इत्यादि से सम्बन्ध रखने वाले जातेष्टि आदि नैमित्तिक कर्म हैं।
- **प्रायश्चित कर्म-** 'प्रायश्चित्तानि पापक्षयसाधनानि चान्द्रायणादीनि।' पापों का क्षय करने के लिए साधन बनने वाले चान्द्रायण आदि व्रत प्रायश्चित कर्म हैं।
- **उपासना कर्म-** 'उपासनानि सगुणब्रह्मविषयमानसव्यापाररूपाणि शाण्डिल्यविद्यादीनि।' सगुण ब्रह्म को विषय बनाने वाला मानसिक व्यापार ही जिनका स्वरूप है उन शाण्डिल्य विद्या आदि को उपासना कर्म कहते हैं।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-14

124. श्रीमद्भगवद्गीता महाभारत के किस पर्व से सम्बन्धित है?
(A) शान्तिपर्व **(B) वनपर्व**
(C) भीष्मपर्व **(D) उद्योगपर्व**

व्याख्या-
श्रीमद्भगवद्गीता महाभारत के भीष्मपर्व से है।

पर्व	वर्णनीय विषय
* आदिपर्व	चन्द्रवंश का इतिहास
* सभापर्व	कौरव पाण्डवों की उत्पत्ति
* वनपर्व	पाण्डवों का वनवास
* विराट्पर्व	पाण्डवों का अज्ञातवास
* उद्योगपर्व	श्रीकृष्ण का दौत्यकर्म
* भीष्मपर्व	अर्जुन को गीता का उपदेश युद्ध का प्रारम्भ,भीष्म का आहत
* द्रोणपर्व	अभिमन्यु एवं द्रोण वध
* कर्णपर्व	कर्ण का युद्ध और वध
* शल्यपर्व	शल्य का युद्ध और वध
* सौप्तिकपर्व	सोते हुए पाण्डवों के पुत्र का अश्वत्थामा द्वारा वध
* स्त्रीपर्व	शोकाकुल स्त्रियों का विलाप
* शान्तिपर्व	युधिष्ठिर को भीष्म द्वारा ज्ञान दिया जाना।
* अनुशासनपर्व	धर्म एवं नीति की कथाएँ, भीष्म का स्वर्गारोहण।
* आश्वमेधिकपर्व	युधिष्ठिर द्वारा अश्वमेध अनुष्ठान
* आश्रमवासिकपर्व	धृतराष्ट आदि का वानप्रस्थ आश्रम में प्रवेश
* मौसलपर्व	यादवों का पारस्परिक संघर्ष से नाश
* महाप्रस्थानिक	पाण्डवों की हिमालय यात्रा
* स्वर्गारोहणपर्व	पाण्डवों का स्वर्गारोहण

इसीप्रकार- आदिपर्व (अभिज्ञानशाकुन्तलम्), सभापर्व (शिशुपालवध), वनपर्व (किरातार्जुनीयम् एवं नलोपाख्यान) से सम्बन्धित है।

अतः विकल्प C सही है।

संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-118

125. 'यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः' श्लोकांश श्रीमद्भगवद्गीता के किस अध्याय से सम्बद्ध है?

(A) अष्टम (B) षष्ठ

(C) दशम (D) अष्टादश

व्याख्या-

अष्टम अध्याय-

यत्र काले त्वनावृत्तिमावृत्तिं चैव योगिनः।
प्रयाता यान्ति तं कालं वक्ष्यामि भरतर्षभ॥(गीता 8.23)

हे भरतश्रेष्ठ! अब मैं तुम्हें उन विभिन्न कालों को बताऊँगा, जिनमें इस संसार से प्रयाण करने के बाद योगी पुनः आता है अथवा नहीं आता।

षष्ठ अध्याय-

''यत्रोपरमते चित्तं निरुद्धं योगसेवया।
यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति॥(गीता 6/20)

सिद्धि की अवस्था में जिसे समाधि कहते हैं ,मनुष्य का मन योगाभ्यास के द्वारा भौतिक, मानसिक क्रियाओं से पूर्णतया संयमित हो जाता है। इस सिद्धि की विशेषता यह है कि मनुष्य शुद्ध मन से अपने को देख सकता है और अपने आप में आनन्द उठा सकता है।

दशम अध्याय-

''भूय एव महाबाहो श्रृणु मे परमं वचः।
येत्तेऽहं प्रीयमाणाय वक्ष्यामि हितकाम्यया॥''

(गीता.10/1)

हे महाबाहु अर्जुन! और आगे सुनो। क्योंकि तुम मेरे प्रिय सखा हो, अतः मैं तुम्हारे लाभ के लिए ऐसा ज्ञान प्रदान करूगाँ, जो अभी तक बताये गये मेरे ज्ञान से श्रेष्ठ होगा।

अष्टादश अध्याय-

''यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः।
तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम॥''

(गीता 18.78)

अर्थात् जहाँ योगेश्वर कृष्ण हैं और परम धनुर्धर अर्जुन है, वहीं ऐश्वर्य, विजय, अलौकिक शक्ति तथा नीति भी निश्चित रूप से रहती है। ऐसा मेरा मत है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता (18/78)

उत्तरमाला

1.C	2.D	3.D	4.A	5.B	6.C	7.B	8.B	9.C	10.B	11.B	12.B
13.A	14.D	15.D	16.B	17.B	18.C	19.C	20.C	21.B	22.D	23.C	24.C
25.D	26.D	27.B	28.C	29.B	30.A	31.A	32.B	33.C	34.A	35.A	36.C
37.C	38.A	39.D	40.D	41.B	42.B	43.B	44.C	45.C	46.A	47.C	48.A
49.C	50.D	51.A	52.C	53.B	54.B	55.B	56.B	57.B	58.C	59.A	60.A
61.C	62.A	63.C	64.C	65.A	66.B	67.C	68.D	69.A	70.C	71.C	72.D
73.B	74.B	75.D	76.C	77.B	78.D	79.C	80.B	81.D	82.A	83.C	84.B
85.A	86.C	87.A	88.B	89.B	90.D	91.C	92.D	93.B	94.C	95.D	96.B
97.D	98.B	99.B	100.D	101.B	102.B	103.A	104.B	105.C	106.B	107.D	108.B
109.A	110.A	111.C	112.B	113.A	114.C	115.A	116.D	117.C	118.B	119.C	120.C
121.D	122.D	123.B	124.C	125.D							

❑❑

7. प्रवक्ता (PGT) संस्कृत 2010

1. दुर्वासा ऋषि के क्रोधित हो जाने पर किसने उन्हें प्रसन्न किया ?
(A) शकुन्तला (B) अनसूया
(C) प्रियंवदा (D) अनसूया एवं प्रियंवदा दोनों

व्याख्या-
कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में महर्षि दुर्वासा आतिथ्य सत्कार न होने से शकुन्तला को शाप देकर अबाध गति से वापस जा रहे थे तभी अनसूया ने प्रियंवदा से कहा-
'गच्छ! पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनम्।' (अभि.अङ्क-4)
जाओ उनके चरणों में प्रणाम करके उन्हें वापस ले आओ। प्रियंवदा वैसा ही करती है तथा दुर्वासा से जाकर क्षमा याचना करती है।
प्रियंवदा- 'भगवन्, प्रथम इति प्रेक्ष्याविज्ञाततपः प्रभावस्य दुहितृजनस्य भगवतैकोऽपराधो मर्षयितव्य इति।'
भगवन् तप के प्रभाव को न जानने वाली आपकी पुत्रियों का यह पहला अपराध है यह समझकर आप इस एक अपराध को क्षमा कर दीजिए।
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी , पेज-187

2. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के अनुसार 'वेत्रवती' है-
(A) नदी (B) उद्यानपालिका
(C) प्रतिहारी (D) अप्सरा

व्याख्या-
A. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में महर्षि कण्व का आश्रम मालिनी नदी के तट पर तथा विश्वामित्र ने गौतमी नदी के तट पर तपस्या की थी।
B. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के षष्ठ अङ्क में 'मधुकरिका' एवं 'परभृतिका' इन दो उद्यान पालिकाओं का वर्णन आया है।
C. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के पञ्चम अङ्क में प्रतिहारी वेत्रवती राजा से कहती है कि शकुन्तला, गौतमी, शार्ङ्गरव एवं शारद्वत आपसे मिलना चाहते हैं ।
अतः विकल्प 'C' सही है।
D. शकुन्तला की माता 'मेनका' तथा मेनका की सखी 'सानुमती' नामक दो अप्सराओं का अभिज्ञानशाकुन्तलम् में वर्णन है।
स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी,भू0 पेज-100

3. शर्मिष्ठा के पिता थे-
(A) ययाति (B) शुक्राचार्य
(C) दानवराज वृषपर्वा (D) पुरु

व्याख्या-
A. **ययाति-** ययाति चन्द्रवंश के संस्थापक राजाओं में से एक था, उसकी दो पत्नियाँ थीं।
(क) दानवों के गुरु शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी
(ख) दानवों के राजा वृषपर्वा की पुत्री शर्मिष्ठा।
B. **शुक्राचार्य-** दैत्यों के गुरु 'शुक्राचार्य' ने अपनी पुत्री देवयानी का विवाह ययाति से किया।
C. **दानवराज वृषपर्वा-** 'दानवराज वृषपर्वा' की पुत्री शर्मिष्ठा देवयानी की सेविका थी परन्तु उसकी सुन्दरता पर मुग्ध होकर ययाति ने उससे गान्धर्व विवाह कर लिया।
अतः विकल्प C सही है।
D. **पुरु-** ययाति के पाँच पुत्र थे। उनमें शर्मिष्ठा का पुत्र पुरु भी था। ययाति के द्वारा देवयानी के साथ दुर्व्यवहार पर शुक्राचार्य ने उसे शाप दिया कि वह शीघ्र वृद्ध हो जाय। पुरु ने पिता ययाति की वृद्धता अपने ऊपर ले ली और पितृभक्ति के फलस्वरूप पुरुवंश का संस्थापक सम्राट् हुआ।
स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-211

4. शाकुन्तल की कथा और कहाँ प्राप्त होती है?
(A) महाभारत में
(B) पद्मपुराण में
(C) वायुपुराण में
(D) महाभारत और पद्मपुराण दोनों में

व्याख्या-
* अभिज्ञानशाकुन्तल की कथा महाभारत के 'आदिपर्व' (अध्याय 67 से 74) में वर्णित शकुन्तलोपाख्यान से ली गई है।
* 'पद्मपुराण' के स्वर्गखण्ड में भी यह कथा प्राप्त होती है ।
अतः विकल्प 'D' सही है।
* वायुपुराण में सृष्टिक्रम, भूगोल, खगोल, युगों, ऋषिवंशों तथा तीर्थों का वर्णन एवं राजवंशों, वेद की शाखाओं, संगीतशास्त्र तथा शिवभक्ति का विस्तृत निरूपण है।
स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-335

5. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक में विदूषक है-
(A) वसन्तक (B) मैत्रेय
(C) माधव्य (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

विदूषक	नाटक /नाटिका विभाजन	नाटककार
1. वसन्तक	स्वप्नवासवदत्तम् (6 अङ्क)	भास
2. मैत्रेय	मृच्छकटिकम् (10अङ्क, प्रकरण)	शूद्रक
3. माधव्य	अभिज्ञानशाकुन्तलम् (7अङ्क)	कालिदास

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, भू0 पेज-99

6. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के किस अङ्क में विष्कम्भक समाप्त होता है?
(A) प्रथम (B) द्वितीय
(C) तृतीय (D) चतुर्थ

व्याख्या-

A. **प्रथम अङ्क-** 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के प्रथम अङ्क में मृगया खेलते हुए राजा दुष्यन्त आश्रम में प्रवेश करता है।

B. **द्वितीय अङ्क-** द्वितीय अङ्क में राजा दुष्यन्त विदूषक माधव्य को हस्तिनापुर भेजता है।

C. **तृतीय अङ्क-** तृतीय अङ्क में दुष्यन्त शकुन्तला से गान्धर्व विवाह करके हस्तिनापुर वापस लौट जाता है।

D. **चतुर्थ अङ्क-** आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में विष्कम्भक का लक्षण करते है 'वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः। संक्षेपार्थस्तु विष्कम्भो मध्यपात्रप्रयोजितः।।' (दशरूपक 1.59) अर्थात् समाप्त हो चुके और आगे घटित होने वाले कथा के भागों का सूचक, संक्षिप्त अर्थ वाला तथा मध्यम श्रेणी के पात्रों के द्वारा प्रयुक्त अर्थोपक्षेपक विष्कम्भक कहा जाता है। अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में यह लक्षण घटित होता है क्योंकि अनसूया तथा प्रियंवदा दोनों ही मध्यम श्रेणी के पात्र हैं जो भूत एवं भावी घटना के सूचक है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

नोट- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के तृतीय अङ्क में प्रथम विष्कम्भक का प्रयोग है वहाँ भी दो पात्र हैं- प्रथम पात्र शिष्य तथा द्वितीय पात्र प्रियंवदा।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-190

7. 'प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः .....पुनर्भवं परिगतशक्तिरात्मभूः'......
यह भरतवाक्य किस ग्रन्थ का है ?
(A) मृच्छकटिकम् (B) मालविकाग्निमित्रम्
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (D) उत्तररामचरितम्

व्याख्या-

नाटक के अन्त में प्रयुक्त आशीर्वादात्मक पद्य को भरतवाक्य कहते हैं। महाभाष्यकार आचार्य पतञ्जलि ने महाभाष्य में कहा है-

'मङ्गलादीनि मङ्गलमध्यानि मङ्गलान्तानि च काव्यानि प्रथन्ते।' अर्थात् ग्रन्थ के आदि, मध्य तथा अन्त में मङ्गलाचरण करना चाहिए। भरतवाक्य सम्भवतः उसी परम्परा के परिपालनार्थ अन्तिम-मङ्गल के रूप में नाटकों में रखा जाता है।

इसका तात्पर्य है- 'भरतानां वाक्यम् इति भरतवाक्यम्' अर्थात् भरतों अथवा नटों का आशीष अथवा नाट्याचार्य भरत का आशीष।

➢ **अभिज्ञानशाकुन्तलम् में प्रयुक्त भरतवाक्य-**

प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः, सरस्वती श्रुतमहतां महीयताम्।
ममापि च क्षपयतु नीललोहितः, पुनर्भवं परिगतशक्तिरात्मभूः।।
(अभि0 7/35)

राजा दुष्यन्त कहते हैं कि- राजा प्रजा के हित के लिए प्रयत्नशील हों। ज्ञान से युक्त कवियों की वाणी का पूर्ण सत्कार हो सर्वशक्तिमान् स्वयंभू शिव मेरे पुनर्जन्म को निवृत्त कर दें।

अतः विकल्प 'C' सही है।

➢ **मृच्छकटिकम् में प्रयुक्त भरतवाक्य-**

क्षीरिण्यः सन्तु गावो भवतु वसुमती सर्वसम्पन्नसस्या,
पर्जन्यः कालवर्षी सकलजनमनोनन्दिनो वान्तु वाताः।
मोदन्तां जन्मभाजः सततमभिमता ब्राह्मणाः सन्तु सन्तः
श्रीमन्तः पान्तु पृथ्वीं प्रशमितरिपवो धर्मनिष्ठाश्च भूपाः।।
(मृच्छ0 10.61)

चारुदत्त कहता है- गाएँ प्रचुर दूध देने वाली हों, पृथ्वी सब प्रकार से धन-धान्य से पूर्ण हो, मेघ समय से जल बरसाने वाला हो, समस्त जनों के मन को आनन्दित करने वाली वायु चले। प्राणधारी निरन्तर सुखी रहें, पूज्य ब्राह्मण लोग उत्तमशील हों, समृद्धिशाली, शत्रुओं का नाश करने वाले तथा धर्मनिष्ठ राजा पृथ्वी का पालन करें ।

➢ **मालविकाग्निमित्रम् का भरतवाक्य-**

त्वं मे प्रसादसुमुखी भव देवि नित्यं
एतावदेव हृदये प्रतिपालनीयम्।
आशास्यमीतिविगमप्रभृति प्रजानां
संपत्स्यते न खलु गोप्तरि नाग्निमित्रे।। (माल0 5.20)

प्रजाओं की कोई इच्छा पूर्ण नहीं होगी, ऐसी बात तो अग्निमित्र के राजत्व में होगी ही नहीं अर्थात् इच्छाएँ पूर्ण होंगी।

➢ **उत्तररामचरित में प्रयुक्त भरतवाक्य-**

पाप्मभ्यश्च पुनाति वर्धयति च श्रेयांसि सेयं कथा
मङ्गल्या च मनोहरा च जगतो मातेव गङ्गेव च।
तामेतां परिभावयन्त्वभिनयैर्विन्यस्तरूपां बुधाः
शब्दब्रह्मविदः कवेः परिणतां प्राज्ञस्य वाणीमिमाम्।।
(उत्तर0 7.21)

जगत् की माता की तरह और गङ्गा की तरह मङ्गलकारिणी तथा मनोहर यह कथा पापों से पवित्र करती है और कल्याण को बढ़ाती है वही शब्द ब्रह्मवेत्ता विद्वान् कवि के द्वारा रूपान्तरण को प्राप्त हुई, अभिनयों ने विन्यस्त स्वरूप वाली इस वाणी का विद्वान् लोग परिशीलन करें।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (7/35)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-453

8. 'न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति' प्रियंवदा द्वारा उक्त वाक्य किसके लिये है ?
(A) दुष्यन्त (B) शकुन्तला
(C) महर्षि कण्व (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में अनसूया प्रियंवदा से कहती है कि-
''अद्य स राजर्षिरिष्टिं परिसमाप्य ऋषिभिर्विसर्जित आत्मनो नगरं प्रविश्यान्तः पुरसमागत इतोगतं वृत्तान्तं स्मरति वा न वेति।'' (अभि0 अङ्क 4) आज वह (राजा) राजर्षि यज्ञ की समाप्ति के बाद ऋषियों से विदाई लेकर अपने नगर में प्रवेश करके अन्तःपुर की स्त्रियों से मिलकर यहाँ की बात को याद करेगा अथवा नहीं।

प्रियंवदा अनसूया को इस विषय में आश्वस्त करते हुए कहती है कि- 'न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति' (अभि. अङ्क-4) अर्थात् उसप्रकार की सुन्दर आकृतियाँ गुणों से रहित नहीं होती हैं।

अतः विकल्प 'A' सही है।

* 'अद्य पुनर्हृदयेनासंनिहिता' (अभिज्ञान0 अङ्क0 4) अनसूया प्रियंवदा से कहती है आज वह (शकुन्तला) हृदय से कहीं और है।
* अनसूया शकुन्तला के विषय में प्रियंवदा से कहती है। 'गुणवते कन्यका प्रतिपादनीयेत्ययं तावत् प्रथमः संकल्पः।' (अभि0 अङ्क- 4) गुणवान् व्यक्ति को कन्या देनी है यह माता-पिता का प्रथम संकल्प (विचार) होता है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-180

9. ''दुष्यन्तेनाहितं तेजो दधानां भूतये भुवः। अवेहि तनयां ब्रह्मन्नग्निगर्भां शमीमिव।।'' यह सूचना कण्व को किससे प्राप्त हुई?
(A) गौतमी (B) अनसूया
(C) प्रियंवदा (D) छन्दोमयी वाणी

व्याख्या-

* अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा अनसूया से कहती है प्रवास से लौटे हुए महर्षि काश्यप जब यज्ञशाला में प्रवेश करते हैं तो अशरीरधारी छन्दोमयी वाणी से पता चलता है कि शकुन्तला और दुष्यन्त का गान्धर्व विवाह हुआ है तथा इस समय शकुन्तला गर्भधारण की हुई है।

'अग्निशरणं प्रविष्टस्य शरीरं विना छन्दोमय्या वाण्या।'
वह छन्दोमयी वाणी प्रियंवदा अनसूया से बताती है-
दुष्यन्तेनाहितं तेजो दधानां भूतये भुवः।
अवेहि तनयां ब्रह्मन्नग्निगर्भां शमीमिव।। (अभि0 4.4)

हे ब्रह्मन्, दुष्यन्त के द्वारा स्थापित तेज (वीर्य) को पृथ्वी के कल्याण के लिए धारण करने वाली अपनी पुत्री को छिपी हुई अग्नि से युक्त शमीवृक्ष के तुल्य समझो।

अतः विकल्प 'D' सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (4/4)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-198

10. 'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्' यह किससे कहा गया है?
(A) सखियों से (B) वन-देवियों से
(C) लता-पादपों से (D)पशु-पक्षियों से

व्याख्या-

अभिज्ञानशाकुन्तल नाटक के चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला की विदाई के अवसर पर महर्षि काश्यप वनवृक्षों के स्नेह को व्यक्त करते हुए कहते हैं-

* पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या ....सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्। (अभि० 4/9)
महर्षि कण्व तपोवन के वृक्षों को सम्बोधित करते हुए कहते हैं कि जो तुम्हें बिना जल पिलाये जल नहीं पीती थी। तुम्हारे प्रति प्रेम के कारण जो अलङ्कारों की प्रेमी होने पर भी तुम्हारे नये पत्ते नहीं तोड़ती थी। तुम्हारे पुष्पोद्गम के समय जिसका उत्सव होता था वह शकुन्तला अब पतिगृह को जा रही है, तुम सब अपनी स्वीकृति दो।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (4/9)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-213

11. मृच्छकटिकम् के निम्नांकित पात्रों में कौन संस्कृत नहीं बोलता?
(A) चारुदत्त (B) वसन्तसेना
(C) आर्यक (D) शर्विलक

व्याख्या-

	नाम	पात्र	भाषा
1.	चारुदत्त	नायक	संस्कृत
2.	वसन्तसेना	नायिका	प्राकृत
3.	आर्यक	राजा पालक का बन्दी	संस्कृत
4.	शर्विलक	मदनिका का प्रेमी	संस्कृत

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-324

12. मृच्छकटिकम् का विदूषक है-
(A) मैत्रेय (B) माधव्य
(C) माणवक (D) गौतम

व्याख्या-

	विदूषक	ग्रन्थ	नायक/नायिका
A.	मैत्रेय	मृच्छकटिकम्	चारुदत्त/वसन्तसेना
B.	माधव्य	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	दुष्यन्त/शकुन्तला
C.	माणवक	विक्रमोर्वशीयम्	विक्रम पुरुरवा/उर्वशी
D.	गौतम	मालविकाग्निमित्रम्	अग्निमित्र/मालविका

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम्- रमाशङ्कर त्रिपाठी, भू० पेज-42

13. 'सतां सद्भिः सङ्गः कथमपि हि पुण्येन भवति' का अर्थ है-
(A) सज्जनों का सत्य के साथ मिलन बड़े पुण्य से होता है।
(B) सज्जनों का सज्जनों से मिलन बड़े पुण्य से होता है।
(C) सत्य का सज्जनों से मिलना पुण्यकारी है।
(D) सज्जनों का दुर्जनों से मिलन पुण्यकारी नहीं है।

व्याख्या-
भवभूति कृत उत्तररामचरितम् के द्वितीय अङ्क में वनदेवता तापसी आत्रेयी के स्वागत में पुष्प बिखेरकर इस कथन का वाचन किया है-

* सतां सद्भिः सङ्गः कथमपि हि पुण्येन भवति। सज्जनों का सज्जनों से मिलन बड़े पुण्य से होता है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- उत्तररामचरितम् (2.1)- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-97

14. 'उत्तररामचरितम्' नाटक में तमसा और मुरला हैं-
(A) वनदेवता
(B) सीता की सखियाँ
(C) नदी विशेषाधिष्ठात्री देवियाँ
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

* 'उत्तररामचरितम्' में वनदेवता के रूप में वासन्ती का वर्णन आया है। वासन्ती राम और सीता की प्रिय सखी है। वह दण्डकारण्य में राम से वार्तालाप करती है तथा सीता का विवरण पूछती है, वह राम को निरुत्तर कर देती है।
* उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क के आरम्भ में तमसा एवं मुरला नामक दो नदी विशेषाधिष्ठात्री देवियों का वर्णन आया है। 'ततः प्रविशति नदीद्वयम्'।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- उत्तररामचरितम्- कपिलदेव द्विवेदी,पेज- 155-156

15. ''अपि ग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम्'' इसका सम्बन्ध है-
(A) रत्नावली से (B) स्वप्नवासवदत्तम् से
(C) मृच्छकटिकम् से (D) उत्तररामचरितम् से

व्याख्या-
(A) श्रीहर्ष द्वारा रचित रत्नावली के द्वितीय अङ्क में राजा ने विदूषक से कहा- 'अचिन्त्यो हि मणिमन्त्रौषधीनां प्रभावः' (रत्नावली अङ्क-2)

मणि, मन्त्र और औषधि का प्रभाव अचिन्तनीय हुआ करता है।

(B) भास विरचित स्वप्नवासवदत्ता के प्रथम अङ्क में तापसी ने पद्मावती से वासवदत्ता के विषय में कहा कि-
'तपोवनानि नामातिथिजनस्य स्वगेहम्' (स्वप्न. अङ्क-1)
अर्थात् तपोवन तो अतिथि-जन का अपना ही घर होता है।

(C) शूद्रक विरचित मृच्छकटिकम् के दशम अङ्क में शर्विलक चारुदत्त से कहता है-
'सर्वत्रार्जवं शोभते' अर्थात् सरलता सब जगह शोभायमान होती है।

(D) भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् नाटक के प्रथम अङ्क में लक्ष्मण कहते हैं-
'अपि ग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम्।' (उत्तर.1.28)
निर्जन जनस्थान में विकल इन्द्रियों वाले अर्थात् श्रीरामचन्द्र जी के चरितों से पत्थर भी विलाप करता है तथा वज्र का भी हृदय विदीर्ण होता है। **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- उत्तररामचरितम् (1/28)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-52

16. 'त्वमेव ननु कल्याणि सञ्जीवय जगत्पतिम्' इस पद्यांश में 'जगत्पतिम्' की व्यञ्जना है-
(A) राम के लिए (B) शिव के लिए
(C) राजा के लिए (D) सीता के लिए

व्याख्या-
उत्तररामचरितम् नाटक के तृतीय अङ्क में राम को मूर्च्छित देखकर तमसा ने सीता से कहा कि-
'त्वमेव ननु कल्याणि! सञ्जीवय जगत्पतिम्।
प्रियस्पर्शो हि पाणिस्ते तत्रैष निरतो जनः।।' (उत्तर0 3/10)
'हे कल्याणि! तुम्हीं जगत्पति को जीवित करो, क्योंकि तुम्हारा हाथ कोमल स्पर्श वाला है, उसी में ये रामचन्द्र अनुरक्त हैं। उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि यह कथन राम के लिए है।
अतः विकल्प 'A' सही है।

स्रोत- उत्तररामचरितम् (3/10)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 176

17. किस नाटक का अङ्गीरस करुणरस है?
(A) महावीरचरितम् (B) उत्तररामचरितम्
(C) वेणीसंहारम् (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

	ग्रन्थ	अङ्गीरस	नायक/कोटि
A.	महावीरचरितम् (सात अङ्क)	वीररस	श्रीराम /धीरोदात्त
B.	उत्तररामचरितम् (सात अङ्क)	करुणरस एको रसः करुण एव	श्रीराम /धीरोदात्त
C.	वेणीसंहार (छः अङ्क)	वीररस	भीम/धीरोदात्त

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- उत्तररामचरितम्- कपिलदेव द्विवेदी, भू.पे. 86

18. अन्तःकरणतत्त्वस्य दम्पत्योः स्नेहसंश्रयात्।
आनन्दग्रन्थिरेकोऽयमपत्यमिति पठ्यते॥
इस श्लोक में महत्त्व प्रतिपादित है-
(A) प्रेम का महत्त्व (B) पति का महत्त्व
(C) पत्नी का महत्त्व (D) पुत्र का महत्त्व

व्याख्या-
उत्तररामचरितम् नाटक के तृतीय अङ्क में पुत्र के महत्त्व को बताते हुए तमसा सीता से कहती हैं-
अन्तःकरणतत्त्वस्य दम्पत्योः स्नेहसंश्रयात्।
आनन्दग्रन्थिरेकोऽयमपत्यमिति पठ्यते॥
(उत्तर0 3/17)
'पति और पत्नी के हृदयरूपी वस्तु के प्रेम के आश्रय से यह एक आनन्द की गाँठ सन्तान इस नाम से पुकारी जाती है।' इस श्लोक में सन्तान को पति-पत्नी के बीच की कड़ी बताया गया है।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- उत्तररामचरितम् (3/17)- कपिलदेव द्विवेदी , पेज-196

19. उत्तररामचरितम् में किस पात्र की भूमिका नगण्य है?
(A) सूत्रधार (B) नायक
(C) नायिका (D) विदूषक

व्याख्या-
* **सूत्रधार-** 'उत्तररामचरितम्' के नान्दी पाठ के अनन्तर सूत्रधार भवभूति का परिचय देता है।
* भवभूतिकृत 'उत्तररामचरितम्' में राम को धीरोदात्त नायक तथा सीता को स्वकीया नायिका के रूप में चित्रित किया गया है।

* भूवभूति के तीनों नाटकों (उत्तररामचरितम्, महावीरचरितम् एवं मालतीमाधवम्) में विदूषक का सर्वथा अभाव है। अतः इसी पात्र की भूमिका नगण्य है।

इसलिए विकल्प D सही है।

स्रोत- उत्तररामचरितम्- कपिलदेव द्विवेदी, भू. पेज-62

20. 'नवसर्गगते माघे नव शब्दो न विद्यते' उक्ति किस ग्रन्थ के लिए उद्धृत है ?

(A) मेघदूतम् **(B) शिशुपालवधम्**
(C) किरातार्जुनीयम् **(D) कादम्बरी**

व्याख्या-

	ग्रन्थ/ग्रन्थकार	ग्रन्थ सम्बन्धित सूक्तियाँ
1.	मेघदूतम् (कालिदास)	सुवशा कालिदासस्य मन्दाक्रान्ता प्रवल्गति। क्षेमेन्द्र (सुवृत्ततिलक)
2.	शिशुपालवधम् (माघ)	1. नवसर्गगते माघे नवशब्दो न विद्यते। (प्रभावकचरिते) 2.मेघे माघे गतं वयः (मल्लिनाथ)
3.	किरातार्जुनीयम् (भारवि)	भारवेरर्थगौरवम् (उद्भट)
4.	कादम्बरी (बाण)	शब्दार्थयोः समो गुम्फः पाञ्चालीरीतिरुच्यते। (भोज)

अतः विकल्प B सही है

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-204

21. 'शिशुपालवधम्' में सर्गों की कुल संख्या है-

(A) 19 **(B) 20**
(C) 18 **(D) 17**

व्याख्या-

	ग्रन्थ	सर्ग	श्लोक
1.	रघुवंशम्	19 सर्ग	1569 श्लोक
2.	शिशुपालवधम्	20 सर्ग	1650 श्लोक
3.	किरातार्जुनीयम्	18 सर्ग	1040 श्लोक
4.	कुमारसम्भवम्	17 सर्ग	1096 श्लोक
5.	नैषधीयचरितम्	22 सर्ग	2830 श्लोक

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम्- जनार्दन गंगाधर रटाटे, भू. पेज-20

22. 'शिशुपालवधम्' की कथावस्तु महाभारत के किस पर्व से उद्धृत है?

(A) सभापर्व **(B) वनपर्व**
(C) आदिपर्व **(D) भीष्मपर्व**

व्याख्या-

A. महाभारत के सभापर्व से उद्धृत ग्रन्थ-
* शिशुपालवधम् * वेणीसंहारम्

B. महाभारत के वनपर्व से उद्धृत ग्रन्थ
* किरातार्जुनीयम् * नैषधीयचरितम्
* नलचम्पू * नलोपाख्यानम् * रामोपाख्यानम्

C. महाभारत के आदिपर्व से उद्धृत ग्रन्थ-
* अभिज्ञानशाकुन्तलम् * कद्रूविनतोपाख्यानम्
* ययात्युपाख्यानम्

D. महाभारत के भीष्मपर्व से उद्धृत ग्रन्थ- * भगवद्गीता

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- शिशुपालवध- जनार्दन गंगाधर रटाटे, भू. पेज-20

23. 'शिशुपालवधम्' के प्रथमसर्ग में कुल कितने श्लोक हैं?

(A) सत्तर **(B) साठ**
(C) पचहत्तर **(D) पचास**

व्याख्या-

सर्ग	श्लोक संख्या	सर्ग का नाम
1.	75	कृष्णनारदसम्भाषण
2.	118	उद्धव तथा बलराम के साथ मन्त्रणा
3.	82	पुरीप्रस्थान
4.	68	रैवतक पर सेना का प्रस्थान एवं शिविर का वर्णन
5.	69	सेनानिवेश
6.	79	षट् ऋतुवर्णन
7.	74	वनविहार
8.	71	जलविहार
9.	87	सूर्यास्त वर्णन
10.	90	सुरतवर्णन (मद्यपान वर्णन)
11.	67	प्रत्यूषवर्णन (प्रभात वर्णन)
12.	76	प्रयाणवर्णन (यमुना नदी का वर्णन)
13.	69	श्रीकृष्णसमागम (श्रीकृष्ण भगवान् का यज्ञसभा में प्रवेश)
14.	88	श्रीकृष्णार्घदान
15.	96	अपशकुनाविर्भाव
16.	85	दूतसंवाद
17.	69	यदुवंश क्षोभ
18.	80	संकुलयुद्धवर्णन
19.	120	द्वन्द्वयुद्धवर्णन
20.	79	शिशुपालवध वर्णन

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम्- जनार्दन गंगाधर रटाटे, पेज-161

24. 'न्यायधारा हि साधवः' का अर्थ है-
(A) न्याय की धारा अच्छी होती है।
(B) न्याय की धारा साधुओं की धारा है।
(C) सज्जन न्यायमार्ग का ही आश्रय लेते हैं।
(D) सज्जन न्यायमार्ग का परित्याग करते हैं।

व्याख्या-
प्रस्तुत सूक्ति भारवि कृत किरातार्जुनीयम् महाकाव्य के 11 वें सर्ग का 30 वाँ श्लोक है-
''न्यायधारा हि साधवः।'' (किरात.11/30)
सज्जन न्यायमार्ग का ही आश्रय लेते हैं।
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- किरातार्जुनीयम् (11.30)- श्रीनिवास शर्मा,पेज-244

25. 'किरातार्जुनीयम्' में 'कुरूणामधिपस्य' शब्द प्रयुक्त किया गया है-
(A) युधिष्ठिर के लिए (B) अर्जुन के लिए
(C) दुर्योधन के लिए (D) भीम के लिए

व्याख्या-

किरातार्जुनीयम्	पात्रों के लिए प्रयुक्त शब्द
1. युधिष्ठिर के लिए	युधिष्ठिरः
2. अर्जुन के लिए	सव्यसाची, गुडाकेशः, धनञ्जयः
3. दुर्योधन के लिए	कुरूणामधिपः,सुयोधनः ....
4. भीम के लिए	वृकोदरः

नोट- ''श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीं'' में 'कुरूणामधिपस्य' पद दुर्योधन के लिए प्रयुक्त है।
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- किरातार्जुनीयम् (1/1)- रामसेवक दुबे, पेज-55

26. 'कृषीवल' से तात्पर्य है-
(A) कृषि से (B) किसान से
(C) सिंचाई के साधन से (D) वृष्टि से

व्याख्या-
* भारविकृत 'किरातार्जुनीयम्' के प्रथमसर्ग में दुर्योधन ने कुरुराज्य के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया जिसे वनेचर युधिष्ठिर से बताता है-
सुखेन लभ्या दधतः कृषीवलै-
रकृष्टपच्या इव सस्यसम्पदः।
वितन्वति क्षेममदेवमातृका-
श्चिराय तस्मिन् कुरवश्चकासति।। (कि0 1/17)
चिरकाल से प्रजा के कल्याण के लिए यत्नशील उस राजा दुर्योधन के कारण नदियों एवं नहरों आदि की सिंचाई की सुविधा से समन्वित कुरुप्रदेश की भूमि मानों वहाँ के किसानों के बिना अधिक परिश्रम उठाए हुए ही बड़ी सुविधा के साथ स्वयं प्राप्त होने वाले अन्नों की समृद्धि से सुशोभित हो रही है ।
अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- किरातार्जुनीयम् (1/17)- रामसेवक दुबे, पेज-84

27. 'निरस्तनारीसमया' में 'समया' से तात्पर्य है-
(A) समान (B) माया वाली
(C) समय (D) मर्यादा

व्याख्या-
* किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में स्त्रियोचित मर्यादा को छोड़कर द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती हैं कि मेरी विकृत मनोव्यथाएँ ही मुझे आप के समक्ष ऐसा करने के लिए बाध्य कर रही हैं।
तथापि वक्तुं व्यवसाययन्ति मां
निरस्तनारीसमया दुराधयः।। (कि0 1/28)
इस श्लोक में 'समया' पद से तात्पर्य है- मर्यादा।
अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- किरातार्जुनीयम् (1/28)- रामसेवक दुबे, पेज-110

28. 'न बाधतेऽस्य त्रिगणः परस्परम्' सूक्ति उद्धृत है-
(A) मृच्छकटिकम् में
(B) किरातार्जुनीयम् में
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में
(D) नीतिशतकम् में

व्याख्या-
A. शूद्रक विरचित मृच्छकटिकम् के चतुर्थ अङ्क में मदनिका शर्विलक से कहती है-
'न चन्द्रादातपो भवति' (मृच्छ. अङ्क-4) अर्थात् चन्द्रमा से गर्मी नहीं होती।
B. भारवि विरचित किरातार्जुनीयम् के प्रथम सर्ग में दुर्योधन के पुरुषार्थ का वर्णन करते हुए वनेचर युधिष्ठिर से कहता है-
'न बाधतेऽस्य त्रिगणः परस्परम्।' (किरात0 1/11)
त्रिगण अर्थात् धर्म, अर्थ, काम एक दूसरे को बाधित नहीं

करते हैं बल्कि मित्रवत् व्यवहार करते हैं।
अतः विकल्प 'B' सही है।

C. कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के विषय में अपने मन में कहता है-
'सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तः करणप्रवृत्तयः।' (अभि0 1/22)
सन्देहास्पद विषयों में सज्जनों के अन्तः करण की प्रवृत्तियाँ ही प्रमाण होती हैं।

D. भर्तृहरि नीतिशतकम् के अर्थपद्धति में धन की तीन गति को स्वीकार करते हुए कहते हैं-
'दानं भोगो नाशस्तिस्रो गतयो भवन्ति वित्तस्य' (नीतिशतकम् श्लोक- 34)
जो व्यक्ति न धन का दान करता है और न स्वयं भोग करता है उसके धन की तीसरी गति अर्थात् नष्ट ही समझना चाहिए।

स्रोत- किरातार्जुनीयम् (1/11)- रामसेवक दुबे, पेज-69

29. 'स्फुटता न पदैरपाकृता न च न स्वीकृतमर्थगौरवम्' यह किस काव्य से सम्बद्ध है ?
(A) शिशुपालवधम् (B) किरातार्जुनीयम्
(C) नैषधीयचरितम् (D) रघुवंशम्

व्याख्या-

A. माघ विरचित शिशुपालवधम् के द्वितीयसर्ग में उद्धव जी ने बलराम से कहा कि-
'नैकमोजः प्रसादो वा रसभावविदः कवेः।' (शिशु0 2/83)
रसभाव के ज्ञाता अर्थात् शृङ्गारादि रस के विषय को जानने वाले कवि के लिए ओजगुणयुक्त या प्रसाद गुणयुक्त ही प्रबन्ध की रचना करने का नियम नहीं है।

B. भारवि विरचित किरातार्जुनीयम् के द्वितीय सर्ग में युधिष्ठिर भीम को प्रसन्न करने के लिए कहते हैं कि-
'स्फुटता न पदैरपाकृता न च न स्वीकृतमर्थगौरवम्' (किरात0 2/27)
वाक्य में प्रयोग किए गए पदों के द्वारा अर्थ की सुस्पष्टता का परित्याग नहीं किया गया है और अर्थगौरव को स्वीकार नहीं किया ऐसी बात नहीं है।
अतः विकल्प B सही है।

C. हर्ष विरचित नैषधीयचरित के चतुर्थ सर्ग में राजा नल दमयन्ती के विषय में कहते हैं कि-
'झटिति पराशयवेदिनो हि विज्ञाः' (नैषध0 4/118)
चतुर समझदार व्यक्ति तुरन्त ही दूसरे के आशय को समझ जाते हैं।

D. महाकवि कालिदास विरचित रघुवंशम् के तीसरे सर्ग में रघु के बल से सन्तुष्ट होकर इन्द्र ने कहा-
'पदं हि सर्वत्रगुणैर्निधीयते।' (रघु0 3/62)
गुणों से ही सर्वत्र प्रतिष्ठा होती है।

स्रोत- किरातार्जुनीयम् (2.27)- रामसेवक दुबे,भू0पेज-28

30. 'जटाधरः सञ्जुहुधीह पावकम्' यह कथन किसको कहा गया है ?
(A) युधिष्ठिर (B) अर्जुन
(C) भीम (D) दुर्योधन

व्याख्या-

A. भारवि विरचित किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में द्रौपदी युधिष्ठिर के प्रति कहती हैं कि यदि क्षमा को ही चिरकाल तक सुख का साधन समझते हैं तो-
'जटाधरः सञ्जुहुधीह पावकम्' (किरात0 1/44)
जटाधारण करके इसी वन में अग्नि में हवन कीजिए।
अतः विकल्प A सही है।

B. किरातार्जुनीयम् के प्रथम सर्ग में द्रौपदी अर्जुन के विषय में युधिष्ठिर से कहती हैं कि-
'करोति मन्युं न कथं धनञ्जयः' (किरात. 1/35)
आपके लिए वृक्षों की छाल (वल्कल वस्त्रों) को लाते हुए अर्जुन को देखकर आपको क्रोध क्यों नहीं आता?

C. भीम के विषय में द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती हैं कि-
'दुनोति नो कच्चिदयं वृकोदरः' (किरात0 1/34)
पैदल ही पर्वतों पर घूमते हुए धूलि से धूसरित यह भीम, मुझे लगता है कि आपके मन को व्यथित नहीं करता?

D. दुर्योधन के विषय में वनेचर युधिष्ठिर से कहता है-
'नयेन जेतुं जगतीं सुयोधनः' (किरात0 1/7)
छल से जीती गई पृथ्वी को नीति से जीतना चाहता है।

स्रोत- किरातार्जुनीयम् (1/44)- रामसेवक दुबे, पेज-144

31. किरातार्जुनीयम् प्रथमसर्ग के अधोलिखित अन्तिम श्लोक में कौन छन्द है?
'विधिसमयनियोगाद्दीप्तिसंहारजिह्मम्'
(A) उपजाति (B) वंशस्थ
(C) वसन्ततिलका (D) मालिनी

व्याख्या-

A. **उपजाति-** 'अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः'। (वृत्त0 3/30)
उपजाति के प्रत्येक पाद में 11 वर्ण होते हैं यह इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा दोनों के मिश्रण से बनता है।
उदा0- स्वप्नो नु माया नु .... मनोरथा नाम तटप्रपाताः।।

B. **वंशस्थ-** 'जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ।' (वृत्त.3/46)
वशंस्थ में प्रत्येक पाद में 12 वर्ण होते हैं इसमें जगण, तगण, जगण, रगण होता है।
उदाहरण- श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीम्
किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में 1 से 44 तक वंशस्थ, 45 वाँ पुष्पिताग्रा तथा अन्तिम 46 वें पद्य में भारवि ने मालिनी छन्द का प्रयोग किया है।

C. **वसन्ततिलका-** 'उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः' (वृत्त0 3/79)
वसन्ततिलका छन्द के प्रत्येक पाद में 14 वर्ण होते हैं इसमें तगण, भगण, जगण, जगण तथा दो गुरु वर्ण होते हैं।
जैसे- यात्येकतोऽस्तशिखरं----------इवात्मदशान्तरेषु।।

D. **मालिनी-** 'ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः।' (वृत्त0 3.87)
मालिनी छन्द के प्रत्येक पाद में 15 वर्ण होते हैं दो नगण,एक मगण, दो यगण,तथा 8वें और 7वें वर्णो पर यति होती है।
उदाहरण- विधिसमयनियोगाद्दीप्तिसंहारजिह्मं, शिथिलवसुमगाधे मग्नमापत्पयोधौ।
अतः विकल्प D सही है ।

स्रोत- किरातार्जुनीयम् (1/46)- रामसेवक दुबे, पेज-149

32. 'त्रिभुवनप्रसवभूमिरिव विस्तीर्णा' विशेषण किसके लिए प्रयुक्त है?
(A) अवन्ति **(B) विन्ध्याटवी**
(C) विदिशा **(D) हेमकूट**

व्याख्या-

A. कालिदास विरचित मेघदूतम् के पूर्वमेघ में अवन्ती नामक जनपद की विशेषता बताते हुए कहते हैं-
पूर्वोद्दिष्टामनुसर पुरीं श्रीविशालां विशालाम्। (पूर्व0 मेघ-31)
यक्ष मेघ से कहता है कि तुम पूर्व में बताई गई शोभा से युक्त विशाला (उज्जयिनी) नगरी को जाना।

B. बाणभट्ट कादम्बरी कथामुख में विन्ध्याटवी का वर्णन करते हुए कहते हैं-
'प्रेताधिपनगरीव सदासन्निहितमृत्युभीषणा महिषाधिष्ठिता च।' (कादम्बरी विन्ध्याटवी वर्णन)
प्रेतराज यमराज की नगरी की भाँति जो सदा मृत्यु के कारण भयानक और महिष (यम का वाहन) से अधिष्ठित है।
वन पक्ष में- जो यमराज की नगरी की तरह सदा निकटवर्ती मृत्यु तुल्य हिंसक जन्तु के कारण भैसों से अधिष्ठित है।

C. कादम्बरी कथामुख में बाणभट्ट राजा शूद्रक की राजधानी विदिशा का वर्णन करते हुए कहते हैं-
'त्रिभुवनप्रसवभूमिरिव विस्तीर्णा ....विदिशाभिधाना नगरी राजधान्यासीत्'।
तीनों भुवनों की जन्मभूमि के समान विस्तृत वेत्रवती नदी से घिरी हुई विदिशा नाम की राजधानी थी।

D. अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के सप्तम अङ्क में मातलि राजा दुष्यन्त से हेमकूट पर्वत के विषय में कहता है-
'एष खलु हेमकूटो नाम किंपुरुषपर्वतस्तपःसंसिद्धिक्षेत्रम्।' (अभि. अङ्क-7)
यह हेमकूट नाम का किंपुरुषों (किन्नरों) का पर्वत है। यह तपस्या की सफलता के लिए सर्वोत्तम स्थान है।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- कादम्बरी कथामुख- तारिणीश झा, पेज-44

33. हारीत किसका पुत्र था?
(A) महर्षि अगस्त्य का
(B) महर्षि जाबालि का
(C) महर्षि श्वेतकेतु का
(D) महर्षि विश्वामित्र का

व्याख्या-

महर्षि	सन्तान
A. अगस्त्य	दृढ़दस्यु या इध्मवाह
B. जाबालि	हारीत
C. श्वेतकेतु	पुण्डरीक
D. विश्वामित्र	शकुन्तला

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- कादम्बरी कथामुखम्- तारिणीश झा,भू0 पेज-33

34. कादम्बरी का प्रमुख नायक कौन है?
(A) शूद्रक (B) तारापीड
(C) चन्द्रापीड (D) वैशम्पायन

व्याख्या-

* बाणभट्ट कृत 'कादम्बरी' में शूद्रक विदिशा का राजा है, जहाँ चाण्डालकन्या वैशम्पायन नामक शुक को राजा के दरबार में लेकर उपस्थित होती है।
* कादम्बरी में अवन्ति देश की राजधानी में तारापीड नामक राजा राज्य करता था, उसकी पत्नी का नाम विलासवती तथा मन्त्री का नाम शुकनास था।
* चन्द्रापीड तथा कादम्बरी प्रमुख नायक नायिका हैं तथा पुण्डरीक और महाश्वेता कादम्बरी कथा के उपनायक उपनायिका हैं। **अतः विकल्प C सही है।**
* वैशम्पायन, तारापीड के मन्त्री शुकनास एवं मनोरमा का पुत्र है।

स्रोत- वस्तुनिष्ठ संस्कृतसाहित्यम्- सर्वज्ञभूषण,पेज- 298

35. 'रात्रिर्गमिष्यति भविष्यति सुप्रभातम्' पद्यांश का सम्बन्ध किस रचनाकार से है?
(A) भर्तृहरि (B) अम्बिकादत्तव्यास
(C) भवभूति (D) भारवि

व्याख्या-

A. नीतिशतकम् के विद्वत्पद्धति में वाणी के विषय में भर्तृहरि कहते हैं- क्षीयन्ते खलु भूषणानि सततं वाग्भूषणं भूषणम्। (नीति. विद्वत्पद्धति श्लोक-15)
सब भूषण तो नष्ट हो जाते हैं किन्तु वाणी रूपी भूषण सदा बना रहता है कभी नष्ट नहीं होता है।

B. अम्बिकादत्तव्यास शिवराजविजय के द्वितीय निःश्वास का प्रारम्भ इसी श्लोक से करते हैं 'रात्रिर्गमिष्यति भविष्यति सुप्रभातम्-----
हा हन्त! हन्त! नलिनीं गज उज्जहार।। (शिव0 1/2)
'रात बीतेगी, सबेरा होगा' ऐसा कमल के अन्दर बन्द भौंरा सोच रहा था तभी उस कमल को हाथी ने उखाड़ डाला।

C. भवभूति- उत्तररामचरितम् के द्वितीय अङ्क में आत्रेयी वनदेवता से कहती हैं कि- वितरति गुरुः प्राज्ञे विद्यां यथैव तथा जडे।
(उत्तर0 2/4)
गुरु जिस प्रकार व्युत्पन्न शिष्य को विद्या देता है उसीप्रकार मन्द बुद्धि, शिष्य को भी विद्या देता है।

D. **भारवि-** वनेचर युधिष्ठर से कहता है कि- विभज्य नक्तन्दिवमस्ततन्द्रिणा वितन्यते तेन नयेन पौरुषम्।
(किरात0 1/9)
आलस्य से रहित होकर दुर्योधन के द्वारा रात-दिन समय का समुचित विभाजन करके नीतिशास्त्र के अनुसार पुरुषार्थ को बढ़ाया जा रहा है।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- शिवराजविजय (1/2)- रमाशङ्कर मिश्र, पेज-104

36. 'शिवराजविजय' है-
(A) ऐतिहासिक उपन्यास (B) चम्पू
(C) खण्डकाव्य (D) गीतिकाव्य

व्याख्या-

A. ऐतिहासिक उपन्यास- 'शिवराजविजय' का कथानक ऐतिहासिक है। इस उपन्यास में महाराष्ट्रकेशरी वीर शिवाजी के चरित्र का उदात्त चित्रण है।

B. त्रिविक्रमभट्ट कृत 'नलचम्पू' का कथानक महाभारत के वनपर्व से लिया गया है यह एक चम्पूकाव्य है जिसमें सात उच्छ्वास हैं।

C. कालिदास विरचित 'मेघदूत' खण्डकाव्य है।

D. कालिदास विरचित ऋतुसंहार तथा जयदेव विरचित गीतगोविन्दम् गीतिकाव्य हैं।
अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- शिवराजविजय- रमाशङ्कर मिश्र, भू0 पेज-12

37. 'वयसा षोडशवर्षदेशीयः कम्बुकण्ठः आयतललाटः, सुबाहुर्विशाललोचनः' ये विशेषण किसके लिए प्रयुक्त हुए हैं?
(A) रघुवीर सिंह (B) शिवाजी
(C) गौर सिंह (D) श्याम सिंह

व्याख्या-

➢ शिवराजविजय के प्रथम निःश्वास में गौरबटु (ब्रह्मचारी) का विशेषण इस प्रकार है-
'बटुरसौ आकृत्या सुन्दरः, वर्णेन गौरः, जटाभिर्ब्रह्मचारी, वयसा षोडशवर्षदेशीयः, कम्बुकण्ठः, आयतललाटः, सुबाहुर्विशाललोचनश्चाऽऽसीत्।'
वह गौरबटु ब्रह्मचारी सुन्दर आकृति का था, रङ्ग से गोरा, जटाओं से ब्रह्मचारी, अवस्था से सोलह वर्ष का था, शंख-तुल्य कण्ठ वाला, विस्तृत ललाट का, सुन्दर भुजाओं वाला तथा विशाल नेत्रों वाला था।

- शिवराजविजय के द्वादश निःश्वास में गौर सिंह शिवाजी से कहता है- 'श्रीमान् ! यवनोद्दण्डशुण्डादण्ड-गण्डि मण्डलं प्रविश्यापि केसरीव कुशलेन निर्गत्य........'
  श्रीमान् यवन रूपी उद्दण्ड गजराजों की मण्डली में प्रवेश करने के बाद भी सिंह की तरह उससे बाहर निकलकर महाराष्ट्र देश के राजसिंहासन पर बैठकर भारत देशवासी जनता को सन्त की तरह पालन करने लगे।
- शिवराजविजय के प्रथम निःश्वास में श्याम बटु के लिए निम्न विशेषणों का प्रयोग हुआ है- ' कस्तूरिका-रेणु-रूषित इव श्यामः, चन्दन-चर्चित-भालः, कर्पूरागुरु-क्षोदच्छुरितवक्षो-बाहु-दण्डः......................।'
  कस्तूरी के चूर्ण से सना हुआ सा साँवले वर्ण वाला, चन्दन से लिप्त ललाट वाला, कपूर और अगरु के चूर्ण से शोभित वक्षः स्थल एवं विशाल भुजाओं वाला श्याम बटु था।
- शिवराजविजय के द्वादश निःश्वास में रघुवीर सिंह शिवाजी से कहता है- 'महाराज! विनष्ट-मातृकोऽहमत्र भवत एवाऽऽश्रयेण वर्द्धितो भवच्चरणसेवनपुण्यैरेव च ....।'
  महाराज! अधमर्णता तो मेरी अपरिहार्य है, क्योंकि मातृहीन मैं आपकी शरण में पला हूँ।
  अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- शिवराजविजय- रमाशङ्कर मिश्र,पेज-9

38. 'नेदीयसि' का अर्थ है-
(A) अत्यन्त समीप में (B) नदी के तल में
(C) न देने के अर्थ में (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-
अम्बिकादत्तव्यास शिवराजविजय के प्रथम निःश्वास में यवन युवक द्वारा अपहरण की गई युवती के बारे में कहते हैं- 'चकितचकितेव कथं कथमपि अबोधयदस्मान् यदेषा **अस्मिन्नेदीयस्येव ग्रामे** वसतः कस्यापि ब्राह्मणस्य तनयाऽस्ति।' अत्यन्त चकित हुई सी एक बालिका ने बड़ी कठिनाई से हमें बताया कि यह **समीप के ही गाँव के** रहने वाले किसी ब्राह्मण की कन्या है।
अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- शिवराजविजय - विजयशङ्कर चौबे, पेज- 63

39. 'सत्यं न लक्षितो मया समयवेगः' कथन है-
(A) ब्रह्मचारी गुरु का (B) योगिराज का
(C) गौर सिंह का (D) श्याम सिंह का

व्याख्या-
शिवराजविजय में समाधिस्थ योगिराज प्रथम बार युधिष्ठिर के समय योगनिद्रा से जगे थे द्वितीय बार विक्रमादित्य के समय तथा तृतीय बार औरंगजेब के शासनकाल में जगे तब वर्तमान स्थिति को जानकर कहते हैं कि **'सत्यं न लक्षितो मया समयवेगः।'** सत्य है कि मुझे समय के वेग का भान नहीं लक्षित हुआ। **अतः विकल्प B सही है।**

	वक्ता	कथन	हिन्दी अनुवाद
A.	ब्रह्मचारी गुरु	भगवन् ! श्रूयतां यदि कुतूहलम्	भगवन् यदि जानने की ही उत्कण्ठा है तो सुनें।
B.	योगिराज	विक्रमराज्येऽपि कथमेष पातकमयो दुराचाराणमुपद्रवः।	विक्रमराज्य में भी दुराचारियों का यह पातकम उपद्रव कैसे है?
C.	गौर सिंह	कुतो रे यवनकुलकलङ्क!	अरे यवनकुलकलङ्क यहाँ कहाँ से आया?
D.	श्याम सिंह	मयैव पूर्वमवचितानि कुसुमानि	मैंने पहले ही पुष्पों का चयन कर लिया है।

नोट- उपर्युक्त सभी कथन अम्बिकादत्तव्यास के शिवराजविजय से उद्धृत हैं।

स्रोत- शिवराजविजय- रमाशङ्कर मिश्र, पेज-45

40. 'यायजूक' शब्द का अर्थ है-
(A) यात्राशील (B) भ्रमणशील
(C) दुराचारी (D) यज्ञशील

व्याख्या-
शिवराजविजय के प्रथम निःश्वास में योगिराज ब्रह्मचारी गुरु से कहते हैं-

* निरीक्ष्यतां कदाचितस्मिन्नेव भारतवर्षे यायजूकै राजसूयादियज्ञा व्ययाजिषत्।
कभी-कभी भारतवर्ष में याज्ञिकों ने राजसूयादि यज्ञ किए थे। अतः 'यायजूकः' शब्द का अर्थ यज्ञशील होगा।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- शिवराजविजय- रमाशङ्कर मिश्र,पेज-52

41. राजा नल के महामन्त्री का नाम है-
(A) सालंकायन (B) श्रुतिशील
(C) वीरसेन (D) बाहुक

व्याख्या-

* त्रिविक्रमभट्ट कृत 'नलचम्पू' में सालङ्कायन के पुत्र का नाम श्रुतिशील है, जो राजा नल का महामन्त्री है।
''सालङ्कायनस्य सूनुः श्रुतिशीलो नाम महामन्त्री।''
राजा नल के पिता का नाम वीरसेन तथा माता का नाम रूपवती है।
* नलचम्पू में राजा नल के सेनापति का नाम बाहुक है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- नलचम्पू- तारिणीश झा, भू. पेज-11

42. नलचम्पू काव्य की नायिका है-
(A) सागरिका (B) उर्वशी
(C) दमयन्ती (D) मालती

व्याख्या-

	ग्रन्थ/ग्रन्थकार	नायक/नायिका
A.	रत्नावली / हर्षवर्धन	उदयन / सागरिका
B.	विक्रमोर्वशीयम् / कालिदास	विक्रम (पुरुरवा) / उर्वशी
C.	नलचम्पू / त्रिविक्रमभट्ट	नल / दमयन्ती
D.	मालतीमाधवम् / भवभूति	माधव / मालती

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- नलचम्पू- तारिणीश झा, भू. पेज-3

43. 'नलचम्पू' के रचयिता हैं?
(A) कल्हण (B) विशाखदत्त
(C) क्षेमेन्द्र (D) त्रिविक्रमभट्ट

व्याख्या-

(A)	कल्हण	राजतरङ्गिणी	8 तरंग
(B)	विशाखदत्त	मुद्राराक्षस	7अङ्क
(C)	क्षेमेन्द्र	औचित्यविचारचर्चा	-
(D)	त्रिविक्रमभट्ट	नलचम्पू	7 उच्छ्वास

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी- पेज-602

44. नलचम्पू की कथावस्तु का आधार है-
(A) आदिपर्व (B) भीष्मपर्व
(C) वनपर्व (D) सभापर्व

व्याख्या-

	पर्व	आधारित ग्रन्थ/विभाजन	ग्रन्थकार
A.	आदिपर्व	अभिज्ञानशाकुन्तलम् (7 अङ्क)	कालिदास
B.	भीष्मपर्व	भगवद्गीता (18 अध्याय)	कृष्णद्वैपायन वेदव्यास
C.	वनपर्व	नलचम्पू (7उच्छ्वास)	त्रिविक्रमभट्ट
D.	सभापर्व	शिशुपालवधम् (20सर्ग)	माघ

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- नलचम्पू- तारिणीश झा, पेज-21

45. 'शफर' से अभिप्राय है-
(A) बादल
(B) विशाल नदी
(C) जल में चमकने वाली एक छोटी मछली
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

* कालिदास विरचित 'मेघदूतम्' के पूर्वमेघ में गम्भीरा नदी के वर्णन में चञ्चल जल में चमकने वाली छोटी मछलियों का वर्णन आया है-
गम्भीरायाः पयसि सरितश्चेतसीव प्रसन्ने .... मोघीकर्तुं चटुलशफरोद्वर्तनप्रेक्षितानि। (मेघ० 1/44)

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- मेघदूतम् (पूर्वमेघ-44)- तारिणीश झा,पेज-93

46. 'रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय' का सम्बन्ध किस ग्रन्थ से है ?
(A) किरातार्जुनीयम् (B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(C) मेघदूतम् (D) रघुवंशम्

व्याख्या-

➢ कालिदास विरचित मेघदूतम् के पूर्वमेघ में यक्ष मेघ की प्रशंसा करते हुए कहता है-
'रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय।' (पूर्वमेघ-20) सभी गुणों से रिक्त जन हल्के होते हैं गुणों की पूर्णता गौरव-सम्मान के लिए होती है।

➢ भारवि विरचित किरातार्जुनीयम् के ग्यारहवें सर्ग में इन्द्र के पास बैठे हुए अर्जुन के विषय में निम्नवर्णन प्राप्त होता है-

'अविज्ञातेऽपि बन्धौ हि बलात्प्रह्लादते मनः।'

(किरात0 11.8)

अपने अज्ञात बान्धव के भी सामने आने पर व्यक्ति के मन में बलात् हर्षोदिक हो जाता है।

➢ कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला के विदाई के अवसर पर शार्ङ्गरव महर्षि कण्व से कहते हैं।

'ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्यः।' (अभि. अङ्क-4)

प्रिय व्यक्ति का अनुगमन जल के किनारे तक करना चाहिए।

* कालिदास विरचित रघुवंशम् महाकाव्य के चतुर्थ सर्ग में राजा रघु के विजयोपरान्त वापस लौटने का वर्णन इसप्रकार प्राप्त होता है-

'आदानं हि विसर्गाय सतां वारिमुचामिव' (रघु0 4/86)

जिस प्रकार बादल समुद्र से जल ग्रहण कर पृथ्वी पर वर्षा कर देते हैं, उसी प्रकार महात्मा लोग धन को दान करने के लिए इकट्ठा करते हैं।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- मेघदूतम् (पूर्वमेघ-20)- विजेन्द्र कुमार शर्मा, पेज-35

47. मेघदूत किस छन्द में निबद्ध है?

(A) अनुष्टुप् **(B) मन्दाक्रान्ता**

(C) उपजाति **(D) वंशस्थ**

व्याख्या-

छन्द	ग्रन्थ	ग्रन्थकार
1. अनुष्टुप्	* रामायण	महर्षिवाल्मीकि
	* महाभारत	वेदव्यास
	* रघुवंशम् (प्रथमसर्ग)	कालिदास
2. मन्दाक्रान्ता	मेघदूतम्	कालिदास
3. उपजाति	रघुवंशम् (द्वितीय सर्ग)	कालिदास
4. वंशस्थ	* किरातार्जुनीयम् (प्रथम सर्ग)	भारवि
	* शिशुपालवधम् (प्रथम सर्ग)	माघ
	* नैषधीयचरितम् (प्रथम सर्ग)	श्रीहर्ष

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- मेघदूतम्, विजेन्द्र कुमार शर्मा, भू. पेज-20

48. 'धूमज्योतिःसलिलमरुतां सन्निपातः' किसके लिए कहा गया है?

(A) वायु **(B) आकाश**

(C) वर्षा **(D) मेघ**

व्याख्या-

महाकवि कालिदास मेघदूतम् के पूर्वमेघ में मेघ को चार पदार्थों का मिश्रण बताते हुए कहते हैं-

धूमज्योतिःसलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः
सन्देशार्थाः क्व पटुकरणैः प्राणिभिः प्रापणीयाः।
इत्यौत्सुक्यादपरिगणयन्गुह्यकस्तं ययाचे
कामार्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु।।

(पूर्वमेघ श्लोक-5)

धुआँ, तेज, जल एवं वायु का मिश्रण कहाँ मेघ और कहाँ सशक्त इन्द्रियों वाले प्राणियों द्वारा भेजे जाने वाले सन्देश जैसे विषय इस बात की उत्कण्ठा का विचार न करते हुए यक्ष ने मेघ से याचना की क्योंकि कामवासना से युक्त व्यक्ति स्वभाव से ही दीन हो जाते हैं।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- मेघदूतम् (पूर्वमेघ-5)- विजेन्द्र कुमार शर्मा,पेज-9

49. मेघदूतम् के अनुसार यक्ष के शापान्त की तिथि है-

(A) वैशाख पूर्णिमा **(B) देवोत्थानी एकादशी**

(C) शिव चतुर्दशी **(D) कृष्ण जन्माष्टमी**

व्याख्या-

* कालिदास विरचित उत्तरमेघ के 47 वें श्लोक में यक्ष शापान्त की तिथि का अन्त 'देवोत्थानी एकादशी' को बताता है। वह मेघ से यह सन्देश भिजवाता है कि हे प्रिये! शेषशय्या से भगवान् विष्णु के उठने पर मेरे शाप का अन्त होगा।

'शापान्तो मे भुजगशयनादुत्थिते शार्ङ्गपाणौ।'

(उत्तरमेघ-47)

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- मेघदूतम् (उत्तरमेघ-50)- विजेन्द्र कुमार शर्मा, पेज-77

50. निम्नाङ्कित में कौन- सी सूक्ति मेघदूतम् से सम्बद्ध नहीं है?

(A) कामार्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु

(B) अकृतार्थेऽपि मनसिजे रतिमुभयप्रार्थना कुरुते

(C) याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाऽधमो लब्धकामा

(D) स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु

व्याख्या-

A. कालिदास कृत मेघदूतम् के पूर्वमेघ में यक्ष मेघ से कहता है-
''कामार्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु।'' (पूर्वमेघ -5)
कामवासना से व्याकुल व्यक्ति चेतन और अचेतन के विषय में स्वभाव से ही दीन हो जाते हैं।

B. कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के द्वितीय अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के प्रेम के विषय में अपने मन में कहता है-
'कामं प्रिया न सुलभा मनस्तु तद्भावदर्शनाश्वासि। अकृतार्थेऽपि मनसिजे रतिमुभयप्रार्थना कुरुते।।' (अभि0 2/1) भले ही प्रिया शकुन्तला सुलभ न हो किन्तु मेरा मन उसके भावों को देखकर सन्तुष्ट है कामभाव के सफल न होने पर भी दोनों ओर की इच्छा- प्रेम को उत्पन्न करती है।
अतः विकल्प B सही है।

C. मेघदूतम् के पूर्वमेघ में यक्ष मेघ से कहता है-
'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा' (पूर्वमेघ-6)
गुणवान् से की गई याचना व्यर्थ होने पर भी अच्छी है परन्तु नीच से मनचाहा फल प्राप्त कर लेना अच्छा नहीं है।

D. मेघदूतम् के पूर्वमेघ में यक्ष मेघ से कहता है-
'स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु' (पूर्वमेघ-29)
स्त्रियों की प्रेमी जनों के प्रति शृङ्गार चेष्टा ही प्रथम प्रणय याचना हुआ करती है।

स्रोत- मेघदूतम्- दयाशङ्कर शास्त्री, भू0 पेज-42-43

51. ''यां चिन्तयामि सततं मयि सा विरक्ता'' पंक्ति किस पुस्तक से उद्धृत है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (B) मेघदूतम्
(C) उत्तररामचरितम् (D) नीतिशतकम्

व्याख्या-

(A) कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के विषय में कहता है-
'न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात्' (अभि. 1/26) अर्थात् कान्ति से देदीप्यमान तेज भूतल से उत्पन्न नहीं होता है।

(B) कालिदास विरचित मेघदूतम् के पूर्वमेघ में यक्ष मेघ से कहता है-
'मन्दायन्ते न खलु सुहृदामभ्युपेतार्थकृत्याः।' (पूर्वमेघ-42) मित्रों के साथ काम की शुरुआत करने में लोग विलम्ब नहीं करते हैं।

(C) भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् नाटक के प्रथम अङ्क में सूत्रधार नट से कहता है-
'यथा स्त्रीणां तथा वाचां साधुत्वे दुर्जनो जनः।' (1/5) जिस प्रकार मानव स्त्री के चरित्र के विषय में शङ्का करता है उसी प्रकार वाणी की निर्दोषता में भी दुर्जन छिद्रान्वेषी होते हैं ।

(D) नीतिशतकम् के अज्ञपद्धति में भर्तृहरि पिङ्गला के विषय में कहते हैं-
'यां चिन्तयामि सततं मयि सा विरक्ता।
जिसका मैं चिन्तन करता हूँ वह मुझसे विरक्त है।'
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- नीतिशतकम्- तारिणीश झा, परिशिष्ट श्लोक-21

52. मनुष्य का कौन-सा भूषण स्थायी है?
(A) स्नान (B) उज्ज्वल हार
(C) परिष्कृत वाणी (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

* भर्तृहरि कृत 'नीतिशतकम्' के 'विद्वत्-पद्धति ' में सर्वस्थायी आभूषणों में 'वाणी ' को माना गया है।
* ''न स्नानं न विलेपनं न कुसुमं नालंकृता मूर्धजाः।''
न स्नान, न विलेपन और न पुष्प से अलङ्कृत बाल स्थायी भूषण है।
* ''केयूराणि न भूषयन्ति पुरुषं हारा न चन्द्रोज्ज्वला।''
पुरुष को न बाजूबन्द, न चन्द्रमा के समान उज्ज्वल हार सुशोभित करते हैं।
* ''क्षीयन्ते खलु भूषणानि सततं वाग्भूषणं भूषणम्।'' (नीति. विद्वत्पद्धति-15) निश्चय ही सभी आभूषण क्षीण हो जाते हैं किन्तु वाणीरूपी आभूषण सदा स्थायी रहने वाला आभूषण है
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- नीतिशतकम् (श्लोक-15)- राजेश्वर प्रसाद मिश्र, पेज-53

53. 'नीतिशतकम्' किस प्रकार के काव्य के अन्तर्गत आता है-
(A) गद्यकाव्य (B) प्रबन्धकाव्य
(C) मुक्तककाव्य (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में काव्य के भेदों का वर्णन करते हैं-

(A) **गद्यकाव्य-** 'वृत्तगन्धोज्झितं गद्यं मुक्तकं वृत्तिगन्धि च। भवेदुत्कलिकाप्रायं चूर्णकं च चतुर्विधम्।।'

(सा0 द0 6/330)

गद्यकाव्य चार प्रकार का होता है-

1. मुक्तक 2. वृत्तिगन्धि, 3. उत्कलिकाप्राय और 4. चूर्णक। जैसे- कादम्बरी, दशकुमारचरितम् आदि गद्यकाव्य हैं।

(B) **प्रबन्धकाव्य-** 'सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः ....वर्णनीया यथायोगं सांगोपांगा अमी इह।'

(सा. द. 6/315-324)

जिसमें सर्गो का निबन्धन हो, एवं जिसका नायक देवता या सद्वंश क्षत्रिय जिसमें धीरोदात्तादि गुण हों वह महाकाव्य है।

(C) **मुक्तककाव्य-** 'छन्दोबद्धपदं पद्यं तेन मुक्तेन मुक्तकं द्वाभ्यां तु युग्मकं संदानितकं त्रिभिरिष्यते।' (सा 0 द0 6/314) दो पद्यों से निरपेक्ष को मुक्तक और यदि दो श्लोकों में वाक्यपूर्ति होती हो तो उसे युग्मक कहते हैं।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का इतिहास- उमाशंकर शर्मा ऋषि , पेज-344

54. 'बृहत्त्रयी' के अन्तर्गत नहीं है-

(A) किरातार्जुनीयम् **(B) शिशुपालवधम्**
(C) कुमारसम्भवम् **(D) नैषधीयचरितम्**

व्याख्या-

बृहत्त्रयी

किरातार्जुनीयम्	शिशुपालवधम्	नैषधीयचरितम्
18 सर्ग	20 सर्ग	22 सर्ग
भारवि	माघ	श्रीहर्ष

लघुत्रयी

रघुवंशम्	कुमारसम्भवम्	मेघदूतम्
19 सर्ग	17 सर्ग	2 भाग

कालिदास

* उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि कुमारसम्भवम् लघुत्रयी का ग्रन्थ है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम्- तारिणीश झा, भू. पेज-12

55. कवि कालिदास के सम्बन्ध में निम्नांकित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) कालिदास ने अपने किसी भी ग्रन्थ में अपने जीवन से सम्बद्ध किसी भी बात का उल्लेख नहीं किया है।

(B) वे कश्मीर के निवासी थे

(C) कालिदास का उज्जयिनी के प्रति विशेष आग्रह था।

(D) वे शिव की उपासना करते थे।

व्याख्या-

* कालिदास ने अपने किसी भी ग्रन्थ में अपने जीवन से सम्बद्ध किसी भी बात का उल्लेख नहीं किया है। ग्रन्थों में प्राप्त वर्णन के आधार पर विद्वानों में अलग -अलग मत हैं जैसे 'मेघदूतम्' में उज्जयिनी के सजीव एवं साङ्गोपाङ्ग वर्णन से उज्जैनवासी माना जा सकता है। उन्होनें अपने सभी ग्रन्थों में शिव की स्तुति की है।

* कालिदास कश्मीर के निवासी हैं इसका कोई प्रामाणिक साक्ष्य नहीं प्राप्त होता है अतः यह कथन असत्य हैं इसलिए **विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-10,11

56. निम्न में से कौन-सी कृति भर्तृहरि की नहीं है?

(A) वैराग्यशतकम् **(B) नीतिशतकम्**
(C) पञ्चतन्त्रम् **(D) शृङ्गारशतकम्**

व्याख्या-

ग्रन्थ	कवि	श्लोक संख्या
(A) वैराग्यशतकम्	भर्तृहरि	111 श्लोक
(B) नीतिशतकम्	भर्तृहरि	111 श्लोक
(C) पञ्चतन्त्रम्	विष्णुशर्मा	1055 श्लोक
(D) शृङ्गारशतकम्	भर्तृहरि	103 श्लोक

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 541

57. सुमेलित कीजिए

(क) सुबन्धु		1. वासवदत्ता	
(ख) बाण		2. शिवराजविजय	
(ग) दण्डी		3. हर्षचरितम्	
(घ) अम्बिकादत्तव्यास		4. काव्यादर्श	

	क	ख	ग	घ
(A)	1	3	4	2
(B)	3	4	2	1
(C)	1	4	2	3
(D)	2	3	1	4

व्याख्या-

सही सुमेलित सारणी

(क) सुबन्धु	-	वासवदत्ता
(ख) बाण	-	हर्षचरितम्
(ग) दण्डी	-	काव्यादर्श
(घ) अम्बिकादत्तव्यास	-	शिवराजविजय

सुमेलित सारणी के अनुसार विकल्प A सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-482,490,466,508

58. निम्नांकित काव्यप्रयोजनों में कौन आचार्य मम्मट द्वारा मान्य नहीं है?

(A) यश **(B) व्यवहारज्ञान**
(C) प्रीति **(D) धनार्जन**

व्याख्या-

आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्यप्रयोजन का लक्षण करते हैं-

काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे।।

(का0 प्र0 1.2)

काव्य यश की प्राप्ति के लिए, धन अर्जन के लिए, लोक व्यवहार ज्ञान के लिए, अमंगल के नाश के लिए, शीघ्र ही परमानन्द की प्राप्ति के लिए तथा प्रियतमा के तुल्य उपदेश प्रदान करने के लिए होता है।

उपर्युक्त विकल्प में प्रीति की गणना मम्मट के काव्य प्रयोजनों में नहीं है **अतः विकल्प 'C' सही है।**

➢ आचार्य वामन काव्यालङ्कारसूत्र के प्रथम अधिकरण में काव्य के दो प्रयोजन माने हैं-
'काव्यं सद्दृष्टाऽदृष्टार्थं प्रीतिकीर्तिहेतुत्वात्।'

(काव्यालंकार सूत्र 1.1.5)

उत्तम काव्य प्रीतिजनक होने से दृष्ट अर्थात् इस लोक में और कीर्तिजनक होने से अदृष्ट अर्थात् पारलौकिक दोनों प्रकार से लाभकारी होता है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (1.2)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-10

59. ''विरतास्वभिधाद्यासु ययार्थो बोध्यते पर:'' यह किस वृत्ति का लक्षण है?

(A) तात्पर्या **(B) अभिधा**
(C) लक्षणा **(D) व्यञ्जना**

व्याख्या-

आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के द्वितीय परिच्छेद में शब्दशक्तियों या उनके व्यापारों का वर्णन करते हैं-

➢ **अभिधा शक्ति-** तत्र संकेतितार्थस्य बोधनादग्रिमाऽभिधा। (सा. द. 2.4) मुख्य अर्थ या संकेतित अर्थ का बोधन कराने वाली शक्ति अभिधा शक्ति है यह शब्द की पहली शक्ति है।

➢ **लक्षणाशक्ति-** मुख्यार्थबाधे तद्युक्तो ययाऽन्योऽर्थः प्रतीयते। रुढेः प्रयोजनाद्वाऽसौ लक्षणा शक्तिरर्पिता।। (सा. द. 2.5) मुख्यार्थ का बाध होने पर रूढ़ि अथवा प्रयोजन वश मुख्यार्थ से सम्बद्ध जिस अन्य अर्थ की प्रतीति होती है वह लक्षणा शक्ति है यह शक्ति अर्पित अथवा कल्पित होती है।

➢ **व्यञ्जना शक्ति-**
विरतास्वभिधाद्यासु ययाऽर्थो बोध्यते परः।
सा वृत्तिर्व्यञ्जना नाम शब्दस्यार्थादिकस्य च।।

(सा.द. 2.12-13)

अपना-अपना अर्थ बोधन करके अभिधा आदि वृत्तियों के शान्त हो जाने पर जिससे अन्य अर्थ का बोधन होता है वह शब्द में तथा अर्थ में रहने वाली वृत्ति व्यञ्जना कहलाती है।

अतः विकल्प 'D' सही है।

➢ मीमांसकों के अनुसार तात्पर्या नामक भी एक शक्ति है जिसका उल्लेख आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में करते हैं-
'तात्पर्यार्थोऽपि केषुचित् ' (काव्यप्रकाश सूत्र -7)
किन्हीं अभिहितान्वयवादी आचार्यों के मत में तात्पर्या भी एक शक्ति है।

स्रोत- साहित्यदर्पण (2/12)- शालिग्राम शास्त्री, पेज-39

60. जहाँ कोई शब्द अन्य अर्थ के लिए अपने अर्थ का त्याग कर देता है, वहाँ लक्षणा होती है-
(A) उपादान **(B) लक्षण**
(C) शुद्धा **(D) गौणी**

व्याख्या-

* आचार्य मम्मट ने प्रथमतः लक्षणा को दो भागों में बाँटा है-
1.शुद्धा लक्षणा 2. गौणी लक्षणा
पुनः शुद्धा लक्षणा के दो भेद किया है-
1.उपादान लक्षणा 2. लक्षण लक्षणा
* **उपादान लक्षणा-** 'स्वसिद्धये पराक्षेपः' (का० प्र० 2/10) जब वाक्य में प्रयुक्त पद अपने अन्वय की सिद्धि के लिए अन्य अर्थ का आक्षेप कर लेता है तो वहाँ उपादान लक्षणा होती है। जैसे- कुन्ताः प्रविशन्ति।
* **लक्षण लक्षणा-** 'परार्थं स्वसमर्पणम्' (का. प्र. 2/10) जहाँ कोई शब्द अन्य अर्थ के लिए अपने अर्थ का त्याग कर देता है तो वहाँ लक्षण लक्षणा होती है। जैसे- गङ्गायां घोषः। **अतः विकल्प B सही है।**

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-58

61. साहित्यदर्पण में काव्य में रस की स्थिति को कहा गया है।
(A) शरीर **(B) आत्मा**
(C) अवयव संस्थान **(D) अलंकरण**

व्याख्या-
आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हुए कहते हैं कि-
वाक्यं रसात्मकं काव्यम् (सा. द. 1.3)
अर्थात् रसात्मक वाक्य को काव्य कहते हैं।
रसात्मक पद का अर्थ है **'रस एवात्मा साररूपतया जीवनाधायको यस्य तेन विना तस्य काव्यत्वा-भावस्य प्रतिपादितत्वात्'** सार अर्थात् सबसे प्रधान होने के कारण रस ही जिसका जीवनभूत आत्मा है वह वाक्य रसात्मक वाक्य है। रस के बिना काव्यत्व नहीं होता। 'रसस्याङ्गित्वमाप्तस्य धर्मः शौर्यादयो यथा- गुणाः।' (सा. द. 8.1)
जिसप्रकार शरीर में आत्मा के समान काव्य में अङ्गित्व अर्थात् प्रधानता को प्राप्त जो रस के धर्म है उसीप्रकार गुण कहलाते हैं जैसे आत्मा के शौर्य आदि को गुण कहा जाता है।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण- कमला देवी, पेज-65

62. साहित्यदर्पण में कितने परिच्छेद हैं ?
(A) आठ **(B) नौ**
(C) दस **(D) ग्यारह**

व्याख्या-

	परिच्छेद		परिच्छेद का नाम
*	प्रथम परिच्छेद	-	काव्यस्वरूप निरूपण
*	द्वितीय परिच्छेद	-	वाक्यस्वरूप निरूपण
*	तृतीय परिच्छेद	-	रसादि निरूपण
*	चतुर्थ परिच्छेद	-	ध्वनि गुणीभूतव्यङ्ग्याख्य-काव्यभेदनिरूपण
*	पञ्चम परिच्छेद	-	व्यञ्जना व्यापार निरूपण
*	षष्ठ परिच्छेद	-	दृश्यश्रव्य काव्यनिरूपण
*	सप्तम परिच्छेद	-	दोष निरूपण
*	अष्टम परिच्छेद	-	गुण निरूपण
*	नवम परिच्छेद	-	रीति निरूपण
*	दशम परिच्छेद	-	शब्दालङ्कार तथा अर्थालङ्कार निरूपण

इस प्रकार साहित्यदर्पण में कुल 10 परिच्छेद हैं।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण- राजेन्द्र मिश्र,पेज-39

63. 'साहित्यदर्पण' के प्रथम परिच्छेद का नाम है-
(A) काव्यदोष निरूपण
(B) काव्यस्वरूप निरूपण
(C) वाक्यस्वरूप निरूपण
(D) रीति निरूपण

व्याख्या-

परिच्छेद नाम	मुख्य विवेचन
1. काव्यस्वरूप निरूपण	काव्यलक्षण, काव्य स्वरूप तथा अन्य आचार्यों का खण्डन।
2. वाक्यस्वरूप निरूपण	तीन शब्दशक्तियों तथा तीन अर्थशक्तियों का लक्षण, व्यञ्जना निरूपण आदि का वर्णन
3. रसादि निरूपण	रस के भेदों का वर्णन, नायक भेद का वर्णन, नायिका वर्णन आदि।
4. ध्वनि गुणीभूतव्यङ्ग्य निरूपण	काव्य के भेदों का वर्णन
5. व्यञ्जना व्यापार निरूपण	व्यञ्जना के स्वरूप का वर्णन

परिच्छेद नाम	मुख्य विवेचन
6. दृश्य श्रव्य काव्यनिरूपण	रूपक के भेदों का वर्णन, पञ्च सन्धियाँ, पञ्चकार्यावस्थाएँ आदि
7. दोष निरूपण	काव्य में दोषों का वर्णन
8. गुण निरूपण	गुणों के तीन भेदों का वर्णन
9. रीति निरूपण	रीति के चार भेदों का वर्णन
10. शब्दालङ्कार तथा अर्थालङ्कार निरूपण	शब्दालङ्कार तथा अर्थालङ्कार के भेदों का वर्णन

अतः विकल्प B सही है।

64. विश्वनाथ ने काव्य में वक्रोक्ति को किस रूप में माना है?

(A) रीति **(B) गुण**
(C) अलंकार **(D) आत्मा**

व्याख्या-

आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण में काव्य का लक्षण करने से पहले अन्य आचार्यों का खण्डन करते हैं इसी क्रम में वक्रोक्तिकार आचार्य कुन्तक के काव्यलक्षण का खण्डन करते हुए कहते हैं- **'वक्रोक्तेरलङ्काररूपत्वात्'** वक्रोक्ति तो अलङ्कार रूप में है।

तथा साहित्यदर्पण के दशम परिच्छेद में वक्रोक्ति को अलङ्कार रूप में परिभाषित करते हुए कहते हैं-

अन्यस्यान्यार्थकं वाक्यमन्यथा योजयेद्यदि।
अन्यः श्लेषेण काक्वा वा सा वक्रोक्तिस्ततो द्विधा।।

(सा. द. 10.9)

जहाँ किसी के अन्यार्थक वाक्य को कोई दूसरा पुरुष श्लेष से या काकु से अन्य अर्थ में लगा दे वहाँ वक्रोक्ति अलङ्कार होता है,श्लेष तथा काकु के भेद से वह वक्रोक्ति दो प्रकार की होती है। **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत- साहित्यदर्पण- शालिग्राम शास्त्री, पेज-16

65. ध्वनिसिद्धान्त के प्रतिष्ठापक आचार्य हैं-

(A) क्षेमेन्द्र **(B) भरतमुनि**
(C) आनन्दवर्धन **(D) कुन्तक**

व्याख्या-

प्रतिष्ठापक आचार्य	सिद्धान्त/सम्प्रदाय	अनुमानित समय
1. क्षेमेन्द्र	औचित्य सम्प्रदाय	11 वीं शताब्दी
2. भरतमुनि	रस सिद्धान्त	ई.पू.द्वितीय शताब्दी
3. आनन्दवर्धन	ध्वनि सिद्धान्त	नवम शताब्दी का उत्तरार्द्ध
4. कुन्तक	वक्रोक्ति सिद्धान्त	एकादश शताब्दी का पूर्वार्द्ध

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-48

66. 'बीभत्स' का स्थायीभाव है-

(A) रति **(B) जुगुप्सा**
(C) शोक **(D) क्रोध**

व्याख्या-

आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के तृतीय परिच्छेद में रस का विवेचन करते हैं-

रस	स्थायीभाव	देवता
A. शृङ्गार	रति	विष्णु
B. हास्य	हास	प्रमथ
C. करुण	शोक	यम
D. रौद्र	क्रोध	रुद्र
5. वीर	उत्साह	महेन्द्र
6. भयानक	भय	काल
7. बीभत्स	**जुगुप्सा**	**महाकाल**
8. अद्भुत	विस्मय	गन्धर्व
9. शान्त	निर्वेद	नारायण

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण- शालिग्राम शास्त्री, 3/239

67. शृङ्गाररस का स्थायीभाव है-

(A) शोक **(B) रति**
(C) हास **(D) उत्साह**

व्याख्या-

आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के चतुर्थ उल्लास में रस तथा स्थायीभावों का वर्णन करते हैं।

रस-

शृङ्गारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः।।

(का0 प्र0 सूत्र -44)

शृङ्गार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत ये आठ रस नाटक में होते हैं।

स्थायिभाव- रतिर्हासश्च शोकश्च क्रोधोत्साहौ भयं तथा। जुगुप्सा विस्मयश्चेति स्थायिभावाः प्रकीर्तिताः।।

(का0 प्र0सूत्र 45)

रति, हास, शोक, क्रोध, उत्साह, भय, जुगुप्सा, विस्मय ये रस के स्थायीभाव हैं इसके अतिरिक्त आचार्य मम्मट नाटक में शान्त रस को मानते हुए कहते हैं कि-

* निर्वेदस्थायिभावोऽस्ति शान्तोऽपि नवमो रसः।

(का. प्र. सूत्र-47)

निर्वेद स्थायीभाव है जिसका, ऐसा शान्त नामक नौवाँ रस भी होता है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-135

68. ''शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली'' यह परिभाषा किसकी है?

(A) दण्डी (B) भामह

(C) मम्मट (D) आनन्दवर्धन

व्याख्या-

- आचार्य दण्डी काव्यादर्श के प्रथम परिच्छेद में काव्यलक्षण करते हुए कहते हैं कि-
  'शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली' (काव्यादर्श 1.10)
  इष्ट सरस मनोहरतया वर्णन करने के लिए अभिप्रेत अर्थ से युक्त शब्द को काव्य का शरीर कहा जाता है इष्ट अर्थ से युक्त पदसमुदाय को काव्य कहते हैं।
- आचार्य भामह काव्यालङ्कार के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं।
  'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्।' (काव्यालङ्कार 1.16)
  शब्द और अर्थ दोनों मिलकर काव्य कहलाते हैं अर्थात् शब्द और अर्थ का साहित्य सहभाव ही काव्य है।
- आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्यलक्षण करते हैं-
  'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि'
  (का0 प्र0 सूत्र -1)
  दोषों से रहित, गुणों से युक्त यदि कहीं-कहीं पर अलङ्कार न भी हो तो शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य है।
- आचार्य आनन्दवर्धन ध्वन्यालोक के प्रथम उद्योत में काव्य का लक्षण करते हैं-
  'काव्यस्यात्मा ध्वनिः (ध्वन्यालोक 1.1)- काव्य की आत्मा ध्वनि है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- काव्यादर्श (1.10)-रामचन्द्र मिश्र,पेज-09

69. औचित्य को काव्य की आत्मा किसने माना है?

(A) विश्वनाथ (B) कुन्तक

(C) क्षेमेन्द्र (D) आनन्दवर्धन

व्याख्या-

- आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में काव्य की आत्मा रस को मानते हुए कहते हैं-
  'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' (सा0द0 1.3)
  रसात्मक वाक्य को काव्य कहते हैं। 'रस एवात्मा साररूपतया जीवनाधायको यस्य' सार अर्थात् सबसे प्रधान होने के कारण रस ही जिसका जीवनभूत आत्मा है, वह वाक्य रसात्मक वाक्य है।
- आचार्य कुन्तक वक्रोक्तिजीवितम् के प्रथम परिच्छेद में काव्य की आत्मा वक्रोक्ति को मानते हुए कहते हैं कि-
  'वक्रोक्तिः काव्यजीवितम् ' वक्रोक्ति ही काव्य की आत्मा है।
- आचार्य क्षेमेन्द्र औचित्य विचारचर्चा में औचित्य को काव्य की आत्मा मानते हुए कहते हैं-
  'औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्'
  (औचित्यविचारचर्चा श्लोक-5)
  शृङ्गारादि रसों से प्रसिद्ध काव्य का जीवन औचित्य ही है।
  अतः विकल्प 'C' सही है।
- आचार्य आनन्दवर्धन ध्वन्यालोक के प्रथम उद्योत में ध्वनि को काव्य की आत्मा मानते हुए कहते हैं कि-
  'काव्यस्यात्मा ध्वनिरिति बुधैः .....' (ध्वन्यालोक 1.1)
  काव्य की आत्मा ध्वनि है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर,भू0 पेज-61

70. भ्रान्तिमान् अलंकार में प्राणतत्त्व है-

(A) सन्देह (B) संशय

(C) भ्रान्ति का निश्चय (D) भ्रान्ति का अनिश्चय

व्याख्या-

- भ्रान्तिमान् अनन्यसंवित्तुल्यदर्शने। (का0 प्र0 सूत्र -200)
  भ्रान्तिमान् वह अलङ्कार है जिसमें प्राकरणिक (वर्णनीय) दर्शन में अप्राकरणिक के साथ उसके सादृश्य के कारण अप्राकरणिक प्रतीति या भ्रान्ति का निश्चय कर लिया जाता हैं। **अतः विकल्प C सही है।**
- ससन्देहस्तु भेदोक्तौ तदनुक्तौ च संशयः।
  (का0 प्र0 सूत्र -137)
  जहाँ उपमेय में उपमान रूप से संशय होता है वहाँ सन्देह अलङ्कार होता है। यह उक्त तथा अनुक्त के भेद से दो प्रकार का होता है। इसमें भ्रान्ति का निश्चय नहीं हो पाता है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-200)- आचार्य श्रीनिवास शास्त्री, पेज-589

71. जहाँ उपमेय में उपमान की सम्भावना होती है, वह अलंकार है-
(A) उपमा **(B) उत्प्रेक्षा**
(C) रूपक **(D) निदर्शना**

व्याख्या-
आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के दशम उल्लास में अर्थालङ्कार की विवेचना करते हैं-

(A) **उपमा अलङ्कार-** 'साधर्म्यमुपमाभेदे' (का0 प्र0 सूत्र-124) उपमान तथा उपमेय का भेद होने पर साधर्म्य का वर्णन उपमा कहलाता है। यथा- चन्द्रवत् मनोज्ञं मुखम्।

(B) **उत्प्रेक्षा अलङ्कार-** 'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्' (का0 प्र0 सूत्र -136) प्रकृत (उपमेय) की समेन (उपमान) के साथ सम्भावना उत्प्रेक्षा कहलाती है। यथा- मन्ये मुखमेव चन्द्रः। **अतः विकल्प B सही है।**

(C) **रूपक अलङ्कार-** 'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः।' (का0प्र0-132)- उपमान और उपमेय का जो अभेद वर्णन है वह रूपक अलङ्कार है। यथा- मुखचन्द्रः

(D) **निदर्शना अलङ्कार-** अभवन् वस्तुसम्बन्धः उपमापरिकल्पकः (का0 प्र0 सूत्र 148)
जहाँ वस्तु का असम्भव सम्बन्ध उपमा का परिकल्पक होता है वहाँ निदर्शना अलङ्कार होता है। यथा- क्व सूर्यप्रभवो वंशः.......... इत्यादि।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-460

72. ''लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः'' पंक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है-
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् **(B) मृच्छकटिकम्**
(C) उत्तररामचरितम् **(D) वेणीसंहारम्**

व्याख्या-

➢ शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् के प्रथम अङ्क में वसन्तसेना को ढूँढ़ने के प्रसङ्ग में विट शकार से कहता है-
लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्विफलतां गता।। (मृच्छ0 1.34)
अङ्गों में अन्धकार व्याप्त हो रहा है, आकाश मानो काजल की बारिश कर रहा है। दुष्ट मनुष्यों की सेवा की भाँति मेरी दृष्टि निष्फलता को प्राप्त कर रही है।
अतः विकल्प B सही है।

➢ महाकवि कालिदास प्रणीत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के पञ्चम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के विषय में पुरोहित से कहते हैं- मूढः स्यामहमेषा वा वदेन्मिथ्येति संशये। दारत्यागी भवाम्याहो परस्त्रीस्पर्शपांसुलः।। (अभि0 5.29)
मेरी बुद्धि भ्रष्ट हो रही है, अथवा यह झूठ बोल रही है, इस सन्देह में मैं स्त्री परत्यागी बनूँ या परस्त्री के स्पर्श से दूषित होऊँ।

➢ भवभूति प्रणीत उत्तररामचरितम् नाटक के तृतीय अङ्क में तमसा सीता से राम के विषय में कहती हैं- त्वमेव ननु कल्याणि! सञ्जीवय जगत्पतिम्। प्रियस्पर्शो हि पाणिस्ते तत्रैष निरतो जनः।। (उत्तर0 3.10)
हे मङ्गलमयी, तुम ही अवश्य जगत् के स्वामी राम को होश में लाओ क्योंकि तुम्हारे हाथ का स्पर्श उन्हें प्रिय है और यह राम उसमें अनुरक्त है।

➢ भट्टनारायण प्रणीत वेणीसंहारम् नाटक के तृतीय अङ्क में अश्वत्थामा कहता है- 'सत्यादप्यनृतं श्रेयः' (वेणीसंहारम् 3.48) सत्य से असत्य ही श्रेयस्कर है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-461

73. ''लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः'' में अलङ्कार है-
(A) अपह्नुति **(B) रूपक**
(C) उत्प्रेक्षा **(D) सन्देह**

व्याख्या-

(A) **अपह्नुति अलङ्कार-** ''प्रकृतं यन्निषिध्यान्यत्साध्यते सा त्वपह्नुतिः'' (का0प्र0-145)
उपमेय का निषेध करके जो अन्य उपमान की सिद्धि की जाती है,उसे अपह्नुति अलङ्कार कहते हैं।
उदा0- अवाप्तः प्रागल्भ्यं परिणतरुचः शैलतनये........। इत्यादि।

(B) **रूपक अलंकार-** 'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः।' (का0 प्र0 सूत्र -138)
उपमान तथा उपमेय का जो अभेद आरोप है उसे रूपक कहते हैं।
उदा0- ज्योत्स्नाभस्मच्छुरणधवला बिभ्रती तारकास्थी.......। इत्यादि।

(C) **उत्प्रेक्षा अलङ्कार-** 'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्।' (का0प्र0सू0 136) जो उपमेय की उपमान के साथ सम्भावना की जाती है वह उत्प्रेक्षा अलङ्कार है।
उदा0- लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः

(D) **सन्देह अलङ्कार-** ससन्देहस्तु भेदोक्तौ तदनुक्तौ च संशयः। (का0 प्र0 137)
जहाँ उपमेय का उपमान के साथ संशयात्मक ज्ञान होता है वहाँ ससन्देह अलङ्कार होता है।
उदा0- अयं मार्तण्डः किं? स खलु तुरगैः सप्तभिरितः..........।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-461

74. अभिनेतागण जहाँ पर नाटक के उपयुक्त वेषभूषा धारण करते हैं, उसे कहते हैं-
(A) पूर्वरङ्ग (B) नेपथ्य
(C) जनान्तिक (C) स्वगत

व्याख्या-

(A) **पूर्वरङ्ग-** साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में आचार्य विश्वनाथ पूर्वरङ्ग का लक्षण करते हैं-
यन्नाट्यवस्तुनः पूर्वं रङ्गविघ्नोपशान्तये।
कुशीलवाः प्रकुर्वन्ति पूर्वरङ्गः स उच्यते।। (सा0द05.6.22)
नाट्यवस्तु के पूर्व, नाट्यशाला के विघ्न को कम करने के लिए जो कुछ करते हैं उसे पूर्वरङ्ग कहते हैं।

(B) **नेपथ्य-** आचार्य भरतमुनि नाट्यशास्त्र में नेपथ्य का लक्षण करते हैं- ''रङ्गाद्बहिस्तु नेपथ्यम्'' अभिनेतागण जहाँ पर नाटक के उपयुक्त वेश धारण करते हैं। उसे नेपथ्य कहते हैं।
''नेपथ्यं स्याज्जवनिका रङ्गभिः प्रसाधनात्।''
अतः विकल्प B सही है।

(C) **जनान्तिक-** आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में जनान्तिक का लक्षण करते हैं-
त्रिपताकाकरेणान्यानपवार्यान्तरा कथाम्।
अन्योन्यामन्त्रणं यत्स्याज्जनान्ते तज्जनान्तिकम्।।
(दश0 1/65)
त्रिपताकारूप हस्त की मुद्रा के द्वारा अन्य पात्रों से बचाकर कुछ पात्रों के मध्य मे जो दो पात्र परस्पर वार्तालाप करते हैं। उसे जनान्तिक कहते हैं।

(D) **स्वगत-** आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में स्वगत का लक्षण करते हैं- अश्राव्यं स्वगतं मतम्। (1/64)
किसी के न सुनने योग्य वस्तु को स्वगत कहते हैं

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-460

75. नाटक में जो बात सुनाने योग्य नहीं होती है, उसे कहते हैं-
(A) प्रकाश (B) स्वगत
(C) अपवारित (D) नियतश्राव्य

व्याख्या-

(A) **प्रकाश-** आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथमप्रकाश में 'प्रकाश' का लक्षण करते हुए कहते हैं-
'सर्वश्राव्यं प्रकाशम्' (दश0 1/64) सभी के सुनने योग्य वस्तु को 'प्रकाश' कहते हैं।

(B) **स्वगत-** स्वगत का लक्षण करते हुए आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथमप्रकाश में कहते हैं
'अश्राव्यं स्वगतं मतम्'। (दश0 1/64) नाटक में जो बात सुनाने योग्य नहीं होती है उसे स्वगत कहते हैं।
अतः विकल्प B सही है।

(C) **अपवारित-** आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथमप्रकाश में अपवारित का लक्षण करते हैं-
'रहस्यं कथ्यतेऽन्यस्य परावृत्त्यापवारितम्' (दश0 1/66)
रङ्गमञ्च पर स्थित पात्रों की ओर से मुख फेरकर अर्थात् उनसे छिपकर जब कोई गुप्त बात अन्य पात्र से की जाती है तो वह अपवारित कहलाता है।

(D) **नियतश्राव्य-** ''नियतेभ्यः निश्चितेभ्यः कतिपयविशिष्ट जनेभ्य एव श्राव्यं नियतश्राव्यम् '' ---------------
वह कथांश जो मञ्च पर विद्यमान समस्त पात्रों के मध्य कुछ विशिष्ट पात्रों को ही सुनाने योग्य हो उसे नियतश्राव्य कहते हैं।

स्रोत- दशरूपक- (1.64)- रमाशङ्कर त्रिपाठी, पेज-105

76. 'नाट्यशास्त्र' में 'नान्दी' से अभिप्रेत है-
(A) नान्दी देवता (B) बैल
(C) मंगलाचरण (D) पात्र

व्याख्या-

* नाट्यशास्त्र में नान्दी का अभिप्राय मङ्गलाचरण से है। इसको आचार्य विश्वनाथ ने इसप्रकार परिभाषित किया है-
आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता। (सा0द0 6/24)
देवता ब्राह्मण तथा राजादि की आशीर्वाद युक्त स्तुति जिससे की जाती है उसे नान्दी कहते हैं।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- उत्तररामचरितम्- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-5

77. 'ए' तथा 'ऐ' की सवर्णसंज्ञा पाणिनि को अभीष्ट है या नहीं ?
(A) हाँ
(B) नहीं
(C) दोनो में सवर्ण संज्ञा की परिभाषा ही नहीं लागू होती
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

सवर्णसंज्ञा विधायक सञ्ज्ञासूत्र- तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम् (1.1.9) अर्थात् तालु आदि स्थान और आभ्यन्तर प्रयत्न ये दो जिस वर्ण का जिस वर्ण के साथ तुल्य हो, वे वर्ण आपस में सवर्ण सञ्ज्ञक होते हैं इस दृष्टि से 'अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः' आदि के द्वारा अ एवं आ

का उच्चारणस्थान कण्ठ है तथा 'विवृतं स्वराणाम्' इस कथन से स्वरों का आभ्यन्तर प्रयत्न 'विवृत' है अतः ह्रस्व अ, दीर्घ आ का उच्चारणस्थान कण्ठ है तथा आभ्यन्तर प्रयत्न विवृत है इसलिए अ, आ सवर्णी हैं। इसीलिए पाणिनि ने अइउण् आदि सूत्रों मे केवल 'अ' को उच्चरित किया, अ के 18 भेदों की चर्चा अइउण् सूत्र में नहीं है 'अइउण्' सूत्र के 'अ' वर्ण में ही अ के सभी सवर्णियों का बोध हो जाता है किन्तु पाणिनि ने ए तथा ऐ को दो अलग-अलग सूत्रों में पढ़ा है । एओङ् में 'ए' को तथा ऐऔच् में 'ऐ' को। इससे स्पष्ट है कि यदि पाणिनि को 'ए' तथा 'ऐ' की सवर्ण संज्ञा अभीष्ट होती तो अइउण् आदि की तरह ही 'ए' एवं 'ऐ' का बोध एक ही सूत्र मे करा देते। जैसे- दीर्घ आ, ई, ऊ आदि सभी सवर्णियों का बोध 'अइउण् ' सूत्र से हो जाता है। किन्तु ए-ऐ दोनों वर्ण दो अलग- अलग सूत्रों एओङ् और ऐऔच् से कहे गये हैं। अतः स्पष्ट है कि पाणिनि को ए तथा ऐ वर्णों की सवर्ण संज्ञा अभीष्ट नहीं है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- भैमी व्याख्या (खण्ड-1)- पेज-20

78. समुद्धर्ता का विग्रह है-
(A) समुद् + धर्ता (B) समुद् + हर्ता
(C) समुत् + धर्ता (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

* 'झयो होऽन्यतरस्याम्' (8/4/62)
झय् (वर्ग के प्रथम, द्वितीय ,तृतीय और चतुर्थ अक्षर के) बाद 'ह' हो तो उसे विकल्प से पूर्वसवर्ण होता है। अर्थात् पूर्व अक्षर के वर्ग का चतुर्थ अक्षर (घ, झ, ढ,ध, भ,) हो जाता है ।

A. समुद् + हर्ता = समुद्धर्ता
B. वाग् + हरिः = वाग्घरिः
C. तत् + हितः = तद्धितः
D. अच् + ह्रस्व = अज्झस्वः
E. अप् + हरणम् = अब्भरणम्

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (8.4.61)- भैमी व्याख्या भाग-1, पेज-117

79. 'अ' या 'आ' के बाद 'ए' या 'ऐ' आए तो दोनों के स्थान पर 'ऐ' होने की सन्धि है-
(A) गुण (B) वृद्धि
(C) दीर्घ (D) पररूप

व्याख्या-

A. आद्गुणः (6/1/87)- अ या आ के बाद इ, उ,ऋ, ऌ वर्ण आयें तो इनके स्थान पर क्रमशः ए, ओ, अर्, अल्, हो जाते हैं। जैसे- रमा + ईशः = रमेशः। यह गुण सन्धि है।

B. वृद्धिरेचि (6/1/88) यदि अ या आ के बाद ए या ऐ आये तो दोनों के स्थान पर क्रमशः ऐ और अ या आ के बाद ओ या औ आये तो दोनों के स्थान पर क्रमशः औ होगा। जैसे- महा + औषधिः = महौषधिः। यह वृद्धि सन्धि है।

अतः विकल्प 'B' सही है।

C. अकः सवर्णे दीर्घः (6/1/101) जब ह्रस्व या दीर्घ स्वर अक् के बाद ह्रस्व या दीर्घ अक् स्वर आवे तो तब दोनों के स्थान पर दीर्घ हो जाता है।
जैसे- रत्न + आकरः = रत्नाकरः। यह दीर्घ सन्धि है।

D. एङि पररूपम् (6/1/94) यदि अकारान्त उपसर्ग के बाद एकारादि और ओकारादि धातु आवे तो दोनों के स्थान में ए या ओ हो जाता है।
जैसे- प्र + एजते = प्रेजते। उप + ओषति = उपोषति

स्रोत- अष्टाध्यायी (6.1.85)- ईश्वरचन्द्र, पेज-687

80. 'समिदाधानम्' का विग्रह होगा-
(A) समिध् + आधानम् (B) समिद् + आधानम्
(C) समिदा + धानम् (D) समिद + आधानम्

व्याख्या-

'झलां जशोऽन्ते' (8/2/39) पदान्त झल् अर्थात् वर्ग के पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे अक्षर और ऊष्म को जश् अर्थात् अपने वर्ग का तृतीय अक्षर हो जाता है।
जैसे- समित् + आधानम् = समिदाधानम्
जगत् + ईशः = जगदीशः
चित् + आनन्दः = चिदानन्दः

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- भैमीव्याख्या (भाग-1), पेज-106

81. 'अहरहः' का विग्रह है-
(A) अहर् + अहः (B) अहर् + अहः
(C) अहन् + अहः (D) अहन् + अहन्

व्याख्या-
रोऽसुपि (8/2/69)
अहन् शब्द को रेफ आदेश होता है परन्तु सुप् परे रहते नहीं होता।
रेफ में अकार उच्चारणार्थ है। अलोऽन्त्यस्य परिभाषा से रेफ आदेश अन्त्य अल् (नकार) के स्थान पर होता है-
अहन् + अहन् = अहरहः
अहन् + गणः = अहर्गणः
अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य, पेज-122

82. 'पितरौ' समस्तपद में कौन-सा समास है ?
(A) इतरेतर द्वन्द्वसमास (B) समाहार द्वन्द्वसमास
(C) एकशेष द्वन्द्वसमास (D) केवलसमास

व्याख्या- द्वन्द्व के तीन भेद हैं-

द्वन्द्व

इतरेतर द्वन्द्व	**समाहार द्वन्द्व**	**एकशेष द्वन्द्व**
रामश्च लक्ष्मणश्च	पाणी च पादौ च	माता च पिता च
= रामलक्ष्मणौ	= पाणिपादम्	= पितरौ

* अदृष्टपूर्वः, भूतपूर्वः, नैकः इत्यादि में केवल समास है।
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना,पेज-260

83. 'कम्बुकण्ठः' समस्तपद का सही विग्रह होगा-
(A) कम्बु कण्ठः यस्य सः
(B) कम्बोः कण्ठः
(C) कम्बुश्चासौ कण्ठश्च
(D) कम्बुरिव कण्ठो यस्य सः

व्याख्या-
* अनेकमन्यपदार्थे (2/2/24) सूत्र से 'कम्बुकण्ठः' में बहुव्रीहि समास होगा।
कम्बुरिव कण्ठो यस्य सः = कम्बुकण्ठः (शङ्ख के समान कण्ठ वाला) **अतः विकल्प D सही हैं।**
स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य, पेज-973

84. कर्मधारय समास किस समास का ही एक भेद है?
(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष
(C) बहुव्रीहि (D) द्वन्द्व

व्याख्या-
A. अव्ययीभाव समास के भेद नहीं है। 'अधि' आदि अव्ययों के आधार पर विभक्ति आदि अर्थ में समास होता है।
B. तत्पुरुष समास के दो भेद हैं-
1. समानाधिकरण तत्पुरुष **2.** व्यधिकरण तत्पुरुष, इसमें समानाधिकरण का भेद कर्मधारय है तथा व्यधिकरण तत्पुरुष के 6 भेद हैं। द्वितीया तत्पुरुष से सप्तमी तत्पुरुष तक।
C. बहुव्रीहि- बहुव्रीहि समास के मुख्य दो भेद हैं।
1. समानाधिकरण बहुव्रीहि **2.** व्यधिकरण बहुव्रीहि, समानाधिकरण के 6 भेद हैं, द्वितीया से लेकर सप्तमी बहुव्रीहि तक।
D. द्वन्द्व- द्वन्द्व के तीन भेद हैं।
1. इतरेतर द्वन्द्व 2. एकशेष द्वन्द्व 3. समाहार द्वन्द्व
अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-235

85. 'परस्मैपदम्' में कौन समास है?
(A) अव्ययीभाव (B) कर्मधारय
(C) तत्पुरुष (D) केवल समास

व्याख्या-
1. **अव्ययीभाव-** सुमद्रम्, दुर्यवनम्, निर्मक्षिकम्, अतिनिद्रम्,
2. **कर्मधारय-** मुखकमलम्, कृष्णश्वेतः, चराचरम्, घनश्यामः, पुरुषव्याघ्रः, कृष्णसर्पः, पीताम्बरम् आदि।
3. **तत्पुरुष-** परस्मैपदम्, नखभिन्नः, आत्मनेपदम्, यूपदारु, चोरभयम्, राजपुरुषः, अक्षशौण्डः, शङ्कुलाखण्डः।
4. **केवलसमास-** प्रकृतिवक्रः, जीमूतस्येव, अधमर्णः, निसर्गनिपुणः, वागर्थाविव, भूतपूर्वः आदि।
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना,पेज-255

86. 'व्यधिकरण तत्पुरुष' समास के कितने भेद हैं?
(A) चार (B) पाँच
(C) छः (D) सात

व्याख्या-

तत्पुरुष के मुख्य दो भेद हैं-

1. समानाधिकरण 2. व्यधिकरण

व्यधिकरण के छः भेद हैं-

1. द्वितीया तत्पुरुष- कूपपतितः, ग्रामगतः, कृष्णाश्रितः, आदि।
2. तृतीया तत्पुरुष- हरित्रातः, नखभिन्नः, शङ्कुलाखण्डः।
3. चतुर्थी तत्पुरुष- द्विजार्थः, गोहितम्, गोसुखम्, आदि।
4. पञ्चमी तत्पुरुष- चोरभयम्, व्याघ्रभयम्, पापमुक्तः आदि।
5. षष्ठी तत्पुरुष- मनोविकारः, राजपुत्रः, विद्यालयः आदि।
6. सप्तमी तत्पुरुष- काव्यनिपुणः, अक्षशौण्डः, कार्यकुशलः, आदि। **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-241, 242

87. 'कृताधिपत्याम्' में समास है-
(A) तत्पुरुष
(B) बहुव्रीहि
(C) समानाधिकरण तत्पुरुष
(D) व्यधिकरण तत्पुरुष

व्याख्या-

समास	समस्त पद	समास विग्रह
1. तत्पुरुष	अर्धपिप्पली	अर्धं पिप्पल्याः
	वेदविद्वान्	वेदं विद्वान्
	जनुषान्धः	जनुषा अन्धः
2. बहुव्रीहि	प्रपतितपर्णः	प्रपतितानि पर्णानि यस्य सः
	दीर्घजङ्घः	दीर्घे जङ्घे यस्य सः
	त्रिमूर्धः	त्रयो मूर्धानो यस्य सः
	कृताधिपत्याम्	कृतं विहितं आधिपत्यम्
3. समानाधिकरण	नीलोत्पलम्	नीलम् उत्पलम्
तत्पुरुष (कर्मधारय)	कर्पूरगौरः	कर्पूर इव गौरः
	देवब्राह्मणः	देवपूजको ब्राह्मणः
4. व्यधिकरण तत्पुरुष	पूर्वकायः	पूर्वं कायस्य
	अपरकायः	अपरं कायस्य
	आत्मज्ञानम्	आत्मनः ज्ञानम्

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- किरातार्जुनीयम्- रामसेवक दुबे,पेज-68,69

88. 'परमात्मने नमः' यहाँ 'नमः' के योग में जो विभक्ति है, वह है-
(A) कारक विभक्ति
(B) उपपद विभक्ति
(C) A तथा B दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

* विभक्ति दो प्रकार की होती है।
  1. उपपद विभक्ति 2. कारक विभक्ति
  उपपद विभक्ति की अपेक्षा कारक विभक्ति बलवान् होती है। ''उपपदविभक्तेः कारकविभक्तिः बलीयसी''
* कारक विभक्ति - क्रिया सम्बन्धी विभक्ति को कारक विभक्ति कहते हैं। जैसे - नमस्करोति देवान्।
* उपपद विभक्ति - पद सम्बन्धी विभक्ति को उपपद विभक्ति कहते हैं। जैसे - देवाय नमः
  अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारक प्रकरण)- राममुनि पाण्डेय,पेज-55

89. 'कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे' सूत्र द्वारा किस विभक्ति का निर्देश किया गया है?
(A) द्वितीया **(B) तृतीया**
(C) चतुर्थी **(D) पंचमी**

व्याख्या-

➢ **कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे (2.3.5)-** अत्यन्त संयोग गम्यमान होने पर कालवाची और मार्गवाची शब्द में द्वितीया विभक्ति होती है। काल और मार्ग का यह अत्यन्त संयोग गुण, क्रिया, द्रव्य इन तीनों से होता है।
उदाहरण- मासं कल्याणी, क्रोशं कुटिला नदी।
अतः विकल्प A सही है।

➢ **अपवर्गे तृतीया (2.3.6)-** अपवर्ग का अर्थ है- क्रिया की समाप्ति होने पर फल की प्राप्ति। क्रिया की समाप्ति होने पर फल की प्राप्ति हो जाने पर काल और मार्गवाची शब्दों से अत्यन्त संयोग गम्यमान होने पर तृतीया विभक्ति होती है।
उदाहरण- अह्ना क्रोशेन वा अनुवाकोऽधीतः।

➢ **चतुर्थी- स्पृहेरीप्सितः (1.4.36)-** स्पृह् धातु के योग में ईप्सित पदार्थ की सम्प्रदानसञ्ज्ञा होकर उसमें चतुर्थी विभक्ति होती है।
उदाहरण- पुष्पेभ्यः स्पृहयति।

➢ **पञ्चमी- पराजेरसोढः (1.4.26)-** जि धातु के पूर्व परा उपसर्ग लगा हो तो जो असह्य पदार्थ होता है उसकी अपादान सञ्ज्ञा होती है।
उदाहरण- अध्ययनात् पराजयते।

स्रोत- अष्टाध्यायी (2.3.5)- ईश्वरचन्द्र, पेज-195

90. कारक कितने प्रकार के हैं?
(A) पाँच (B) छः
(C) सात (D) आठ

व्याख्या-

- कारक छः प्रकार के होते हैं-
 कर्ता कर्म च करणं सम्प्रदानं तथैव च।
 अपादानाधिकरणे इत्याहुः कारकाणि षट्।।
- कारक छः प्रकार के होते हैं-
 1. कर्ता कारक 2. कर्म कारक 3. करण कारक 4. सम्प्रदान कारक 5. अपादान कारक 6. अधिकरण कारण
 अतः विकल्प B सही है।
- **पाँच सन्धियाँ-** 1. स्वर 2. व्यञ्जन 3. विसर्ग 4. स्वादि 5. प्रकृतिभाव
- **सात विभक्तियाँ-** 1. प्रथमा 2. द्वितीया 3. तृतीया 4. चतुर्थी 5. पञ्चमी 6. षष्ठी 7. सप्तमी।
- **आठ स्त्रीप्रत्यय-** ङीप्, ङीष्, ङीन्, टाप्, चाप्, डाप्, ऊङ् और ति।

स्रोत- संस्कृतव्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-175

91. अपादान कारक में विभक्ति होती है-
(A) द्वितीया (B) पञ्चमी
(C) चतुर्थी (D) तृतीया

व्याख्या-

- **द्वितीया- कर्मणि द्वितीया (2.3.2)**
 'अनुक्ते कर्मणि द्वितीया स्यात्' अनुक्त कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है।
 उदाहरण- हरिं भजति - हरि को भजता है।
 गृहं गच्छति - घर को जाता है ।
- **पञ्चमी- अपादाने पञ्चमी (2.3.28)-** अनुक्त अपादान कारक में पञ्चमी विभक्ति होती है।
 उदाहरण- ग्रामात् आयाति - गाँव से आता है।
 धावतोऽश्वात् पतति - दौड़ते हुए घोड़े से गिरता है।
- **चतुर्थी- चतुर्थी सम्प्रदाने (2.3.13)-** अनभिहित सम्प्रदान कारक में चतुर्थी विभक्ति होती है।
 उदाहरण- विप्राय गां ददाति - ब्राह्मण को गाय देता है।
- **तृतीया- कर्तृकरणयोस्तृतीया (2.3.18)-** अनुक्त कर्ता तथा करण कारक में तृतीया विभक्ति होती है।
 उदाहरण- रामेण बाणेन हतो बाली - राम के द्वारा बाण से बाली मारा गया।
 अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारक प्रकरण)-राममुनि पाण्डेय, पेज-59

92. 'ऋ' में किस प्रत्यय के संयोग से 'अर्य' शब्द बनता है?
(A) शतृ (B) यत्
(C) अच् (D) क्त

व्याख्या-

- **शतृ प्रत्यय-** 'लटः शतृशानचावप्रथमासमानाधिकरणे' (3.1.124) अप्रथमान्त अर्थात् द्वितीयान्त आदि के साथ समानाधिकरण होने पर लट् के स्थान पर शतृ और शानच् होते हैं। परस्मैपदी धातु से शतृ और आत्मनेपदी धातु से शानच् प्रत्यय होते हैं।
 उदाहरण-
 भू + शतृ = भवत् (भवन्, भवन्ती, भवत्)
 पठ् + शतृ = पठत् (पठन्, पठन्ती, पठत्)
- **यत् प्रत्यय-** 'अर्यः स्वामिवैश्ययोः' (3.1.103) स्वामी और वैश्य अर्थ गम्यमान होने पर धातु से यत् प्रत्यय होता है। 'अर्य' शब्द निपातनसिद्ध है । ण्यत् प्रत्यय था पर प्रस्तुत सूत्र से यत् हो गया।
 ऋ + यत् = अर्य। **अतः विकल्प 'B' सही है।**
- **अच् प्रत्यय-** 'एरच्' (3.3.56) तथा 'भयादीनामुपसंख्यानम्' (वा0) कर्तृभिन्न कारक के अर्थ में, सञ्ज्ञा तथा भाव में इकारान्त धातुओं में अच् जोड़ा जाता है-
 उदाहरण- जि + अच् = जयः
 नी + अच् = नयः
- **क्त प्रत्यय-** 'निष्ठा' (3.2.102) भूतकालिक अर्थ में धातु से परे निष्ठा सञ्ज्ञक प्रत्यय होते हैं।
 'क्तक्तवतू निष्ठा' से क्त तथा क्तवतु की निष्ठा सञ्ज्ञा होती है। **उदाहरण-** गम् + क्त = गतम्
 पठ् + क्त = पठितम्

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना,पेज-477

93. भगिनी में किस प्रत्यय के योग से भागिनेयः पद बनता है ?
(A) अण् (B) यत्
(C) ढक् (D) क्त

व्याख्या-

- **अण् प्रत्यय-** 'अश्वपत्यादिभ्यश्च' (4.1.84)- अश्वपति आदि समर्थ प्रातिपदिकों से प्राग्दीव्यतीय अर्थो में तद्धित अण् प्रत्यय होता है।
 उदाहरण- अश्वपति + अण् = आश्वपतम्
 गणपति + अण् = गाणपतम्

- **यत् प्रत्यय**- 'अचो यत्' (3.1.97) अच् प्रत्याहार के वर्ण अन्त में हों ऐसे धातुओं से यत् प्रत्यय होता है ।
  उदाहरण- चि + यत् = चेयम्
  जि + यत् = जेयम्
  नी + यत् = नेयम्
- **ढक् प्रत्यय-** 'स्त्रीभ्यो ढक्' (4.1.120) - अपत्य अर्थ में स्त्रीप्रत्ययान्त प्रातिपदिक से ढक् प्रत्यय होता है।
  उदाहरण- भगिनी + ढक् = भागिनेयः
  द्रौपदी + ढक् = द्रौपदेयः
  सुपर्णा + ढक् = सौपर्णेयः

  अतः विकल्प C सही है।
- **क्त प्रत्यय-** निष्ठा (3. 2. 102) - भूतकालिक अर्थ में धातु से परे निष्ठा सञ्ज्ञक प्रत्यय होते हैं।
  'क्तक्तवतू निष्ठा' से क्त तथा क्तवतु की निष्ठासञ्ज्ञा होती है।
  उदाहरण- छिद् + क्त = छिन्नः
  भिद् + क्त = भिन्नः।

स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-274

94. कृष्ण का षष्ठी द्विवचन में रूप बनेगा-
(A) कृष्णस्य **(B) कृष्णौ**
(C) कृष्णानाम् **(D) कृष्णयोः**

व्याख्या- **कृष्ण शब्द अकारान्त पुँल्लिङ्ग**

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा	कृष्णः	कृष्णौ	कृष्णाः
द्वितीया	कृष्णम्	कृष्णौ	कृष्णान्
तृतीया	कृष्णेन	कृष्णाभ्याम्	कृष्णैः
चतुर्थी	कृष्णाय	कृष्णाभ्याम्	कृष्णेभ्यः
पञ्चमी	कृष्णात्	कृष्णाभ्याम्	कृष्णेभ्यः
षष्ठी	कृष्णस्य	**कृष्णयोः**	कृष्णानाम्
सप्तमी	कृष्णे	कृष्णयोः	कृष्णेषु
सम्बोधन	हे कृष्ण!	हे कृष्णौ!	हे कृष्णाः!

कृष्ण शब्द का षष्ठी द्विवचन में **कृष्णयोः** रूप बनेगा

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- रूपचन्द्रिका- ब्रह्मानन्द त्रिपाठी

95. 'इयम्' किस लिङ्ग का रूप है?
(A) पुँल्लिङ्ग **(B) स्त्रीलिङ्ग**
(C) नपुंसकलिङ्ग **(D) स्त्रीलिङ्ग व पुँल्लिङ्ग दोनों**

व्याख्या-

इदम् (यह) स्त्रीलिङ्ग

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा	**इयम्**	इमे	इमाः
द्वितीया	इमाम्, एनाम्	इमे/एने	इमाः/एनाः
तृतीया	अनया, एनया	आभ्याम्	आभिः
चतुर्थी	अस्यै	आभ्याम्	आभ्यः
पञ्चमी	अस्याः	आभ्याम्	आभ्यः
षष्ठी	अस्याः	अनयोः, एनयोः	आसाम्
सप्तमी	अस्याम्	अनयोः, एनयोः	आसु

* **इयम्** रूप इदम् प्रातिपदिक स्त्रीलिङ्ग प्रथमा विभक्ति एकवचन का रूप है **अतः विकल्प 'B' सही है।**

इदम् (यह) पुँल्लिङ्ग

प्रथमा	अयम्	इमौ	इमे
द्वितीया	इमम्, एनम्	इमौ, एनौ	इमान्, एनान्
तृतीया	अनेन, एनेन	आभ्याम्	एभिः
चतुर्थी	अस्मै	आभ्याम्	एभ्यः
पञ्चमी	अस्मात्	आभ्याम्	एभ्यः
षष्ठी	अस्य	अनयोः, एनयोः	एषाम्
सप्तमी	अस्मिन्	अनयोः, एनयोः	एषु
	नपुंसकलिङ्ग में		
	इदम्	इमे	इमानि
	इदम्	इमे/एने	इमानि/एनानि

शेष रूप पुंल्लिङ्ग के समान होंगे।

स्रोत- संस्कृतव्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-128

96. 'सर्व ' के पञ्चमी एकवचन पुँल्लिङ्ग में रूप बनेगा-
(A) सर्वस्मात् **(B) सर्वात्**
(C) सर्वस्य **(D) सर्वाः**

व्याख्या-

सर्व (सब) सर्वनाम पुँल्लिङ्ग

प्रथमा	सर्वः	सर्वौ	सर्वे
द्वितीया	सर्वम्	सर्वौ	सर्वान्
तृतीया	सर्वेण	सर्वाभ्याम्	सर्वैः
चतुर्थी	सर्वस्मै	सर्वाभ्याम्	सर्वेभ्यः
पञ्चमी	**सर्वस्मात्**	सर्वाभ्याम्	सर्वेभ्यः
षष्ठी	सर्वस्य	सर्वयोः	सर्वेषाम्
सप्तमी	सर्वस्मिन्	सर्वयोः	सर्वेषु
सम्बोधन	हे सर्व!	हे सर्वौ!	हे सर्वे!

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-144

97. 'नृ' शब्द के प्रथमा विभक्ति एकवचन का रूप है-
(A) नरः **(B) ना**
(C) नः **(D) नृः**

व्याख्या-

नृ (मनुष्य) शब्द ऋकारान्त पुँल्लिङ्ग			
प्रथमा	**ना**	नरौ	नरः
द्वितीया	नरम्	नरौ	नॄन्
तृतीया	न्रा	नृभ्याम्	नृभिः
चतुर्थी	न्रे	नृभ्याम्	नृभ्यः
पञ्चमी	नुः	नृभ्याम्	नृभ्यः
षष्ठी	नुः	न्रोः	नृणाम्/नॄणाम्
सप्तमी	नरि	न्रोः	नृषु
सम्बोधन	हे नः!	हे नरौ!	हे नरः!

अतः विकल्प B सही है।
स्रोत-बृहच्छब्दकुसुमाकर- हरेकान्तमिश्र,पेज-22

98. 'कवि' शब्द के चतुर्थी एकवचन में होता है-
(A) कवयः **(B) कविना**
(C) कवये **(D) कवौ**

व्याख्या-

	कवि शब्द	इकारान्त	पुँल्लिङ्ग
प्रथमा	कविः	कवी	कवयः
द्वितीया	कविम्	कवी	कवीन्
तृतीया	कविना	कविभ्याम्	कविभिः
चतुर्थी	**कवये**	कविभ्याम्	कविभ्यः
पञ्चमी	कवेः	कविभ्याम्	कविभ्यः
षष्ठी	कवेः	कव्योः	कवीनाम्
सप्तमी	कवौ	कव्योः	कविषु
सम्बोधन	हे कवे!	हे कवी!	हे कवयः!

अतः विकल्प C सही है ।
स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका - बाबूराम सक्सेना, पेज-73

99. दुह् धातु के लट्लकार मध्यमपुरुष बहुवचन का रूप है-
(A) दुहथ **(B) दुहथः**
(C) दोहथ **(D) दुग्ध**

व्याख्या-
दुह्- प्रपूरणे धातु, सकर्मक, अनिट्, उभयपदी (परस्मैपदी)

दोग्धि	दुग्धः	दुहन्ति
धोक्षि	दुग्धः	दुग्ध
दोह्मि	दुह्वः	दुह्मः

अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-162

100.'चोरयति' में धातु है-
(A) चोर् **(B) चुर्**
(C) चोरय् **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या-
चुर्- स्तेये, चुरादिगण, सकर्मक, सेट्, उभयपदी।
चुरादिगण की प्रथम धातु 'चुर्' धातु है। इस गण में 411 धातुएँ है। इस गण में धातु और प्रत्यय के बीच में अय् (णिच्) जोड़ दिया जाता है तथा उपधा के ह्रस्व स्वर (अ) को छोड़कर गुण हो जाता है और यदि ऐसा अ हो जिसके बाद संयुक्ताक्षर न हो तो उसको और अन्तिम स्वर को वृद्धि सञ्ज्ञा हो जाती है।
जैसे- चुर् + अय् + ति = चोरयति

लट्लकार

चोरयति	चोरयतः	चोरयन्ति
चोरयसि	चोरयथः	चोरयथ
चोरयामि	चोरयावः	चोरयामः

अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-185

101.'ददामि' किस धातु का रूप है?
(A) दद् **(B) धा**
(C) दा **(D) दध**

व्याख्या-
दा धातु, जुहोत्यादिगण, सकर्मक, अनिट्, उभयपदी।
इस गण में 24 धातुएँ पढ़ी गई हैं।

लट् लकार

ददाति	दत्तः	ददति
ददासि	दत्थः	दत्थ
ददामि	दद्वः	दद्मः

अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-167

102 निम्नाङ्कित वाक्यों में शुद्ध वाक्य कौन-सा है?
(A) कृष्णा अश्वः धावति
(B) कृष्णः अश्वं धावति
(C) कृष्णम् अश्वं धावति
(D) कृष्णः अश्वः धावति

व्याख्या-

निम्नलिखित विकल्पों में विकल्प 'D' में कृष्ण अश्व का विशेषण है तथा धावति क्रिया है। इस वाक्य में धावति क्रिया के द्वारा कर्ता अश्व उक्त है इसलिए 'प्रातिपदिकार्थलिङ्ग-परिमाणवचनमात्रे प्रथमा (2/3/46)' सूत्र से प्रातिपदिक अश्व में प्रथमा विभक्ति होगी तथा विशेष्य के अनुसार विशेषण की भी विभक्ति होती है इसलिए 'कृष्णः अश्वः धावति' यह वाक्य शुद्ध है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- संस्कृतव्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-137

103.निम्नलिखित वाक्यों में कौन शुद्ध है?
(A) सूर्ये अस्ते गते गोपा गृहम् अगच्छन्
(B) सूर्ये अस्तं गते गोपाः गृहम् अगच्छन्
(C) सर्यस्य अस्ते गते गोपाः गृहम् अगच्छन्
(D) सूर्यस्य अस्तं गते गोपाः गृहम् अगच्छन्

व्याख्या-

यस्य च भावेन भावलक्षणम् (2.3.37) जहाँ एक क्रिया के घटित होने पर ही दूसरी क्रिया घटित हो वहाँ पहली क्रिया के आश्रयवाचक शब्द में सप्तमी विभक्ति होती है। सूत्र में 'भाव' शब्द का अर्थ है- क्रिया।

सूर्ये अस्तं गते गोपाः गृहम् अगच्छन्।

सूर्य के अस्त होने पर ग्वाले घर गये।

प्रस्तुत उदाहरण में पहली क्रिया है- 'सूर्य का अस्त होना' तथा दूसरी क्रिया है- 'ग्वाले का घर जाना' अतः पहली क्रिया में सप्तमी विभक्ति हुई इसीप्रकार- रामे वनं गते दशरथः प्राणान् तत्याज। राम के वन चले जाने पर दशरथ प्राण त्याग दिए।

अतः विकल्प B सही है।

104.शुद्ध वाक्य चुनिए-
(A) शिष्याय व्याकरणं बोधयति
(B) शिष्याय वेदं पाठयति
(C) शिष्यं व्याकरणं बोधयति
(D) शिष्यं वेदाय पाठयति

व्याख्या-

* पाणिनि ने द्विकर्मक धातुओं दुह्, याच्, पच्, दण्ड्, रुध्, प्रच्छ्, चि, ब्रु, शास्, जि, मथ्, मुष्, नी, हृ, कृष्, वह् इन 16 धातुओं के गौणकर्म में 'अकथितं च' (1/4/51) सूत्र से कर्मसंज्ञा और 'कर्मणि द्वितीया' सूत्र से द्वितीया विभक्ति होती है-
* शिष्यं व्याकरणं बोधयति। यह वाक्य शुद्ध है क्योंकि 16 धातुओं में ब्रू अर्थ वाली बुध् धातु है। इसके गौणकर्म 'शिष्यं' में 'अकथितं च' से तथा 'व्याकरणं ' में कर्तुरीप्सितमं कर्म से कर्म संज्ञा और कर्मणि द्वितीया (2/3/12) से द्वितीया विभक्ति हुई है।

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत- अष्टाध्यायी (1.4.52)- ईश्वरचन्द्र, पेज-130

105.शुद्ध वाक्य चुनिए-
(A) श्यामा गीतं शृण्वती नृत्यति
(B) श्यामा गीतं शृण्वन्ती नृत्यति
(C) श्यामा गीतं श्रुवन्ती नृत्यति
(D) श्यामा गीतं श्रुवन्ती नर्तते

व्याख्या-

* श्यामा गीतं शृण्वती नृत्यति। यह वाक्य शुद्ध है क्योंकि इसमें श्रु धातु के शतृ प्रत्ययान्त रूप में नुम् का आगम नहीं होता है। **अतः विकल्प A सही है।**

स्रोत- संस्कृतगङ्गा वस्तुनिष्ठ संस्कृतव्याकरणम्- सर्वज्ञभूषण, पेज-230

106. भवन्तः कुत्र भविष्यन्ति? का भाववाच्य में रूपान्तरण होगा-
(A) भवद्भिः कुत्र भवितारः?
(B) भवद्भिः कुत्र भविष्यते?
(C) भविद्भः कुत्र भविष्यते?
(D) भवता कुत्र भविता?

व्याख्या-

'भवन्तः कुत्र भविष्यन्ति?' इस वाक्य में भू धातु अकर्मक है तथा वाक्य को भाववाच्य में परिवर्तन करने पर अनुक्त कर्त्ता में तृतीया तथा क्रिया हमेशा प्रथम पुरुष एकवचन में होती है इसलिए भाववाच्य में 'भवद्भिः कुत्र भविष्यते' सही रूपान्तरण है। **अतः विकल्प B सही है।**

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 52

107.'अहं तव गृहं विचेष्यामि' का कर्मवाच्य में रूपान्तरण होगा-
(A) मया तव गृहं विचेष्ये
(B) मया तव गृहं विचेतास्मि
(C) मया तव गृहं विचेतामहे
(D) मया तव गृहं विचेष्यते

व्याख्या-

* कर्तृवाच्य को कर्मवाच्य में रूपान्तरित करते समय कर्त्ता में तृतीया तथा कर्म उक्त होने के कारण कर्म में प्रथमा विभक्ति होती है। कर्मवाच्य में क्रिया कर्म का अनुसरण करती है। कर्तृवाच्य- अहं गृहं विचेष्यामि। कर्मवाच्य- मया तव गृहं विचेष्यते। **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- बृहद् अनुवाद चन्द्रिका- चक्रधर नौटियाल, पेज-350

108. 'माता पुत्रं प्रीणाति' का कर्मवाच्य होगा-
(A) मात्रा पुत्रं प्रीण्यते (B) मात्रा पुत्रः प्रीयते
(C) मात्रा पुत्रः प्रीणायते (D) मात्रा पुत्रः प्रीणीयते

व्याख्या-

* कर्तृवाच्य में क्रिया कर्ता के अनुसार होती है।
* कर्तृवाच्य के कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है।
* कर्मवाच्य में कर्ता अनुक्त (अकथित) होने के कारण 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' (2/3/18) से अनुक्त कर्ता तथा करण में तृतीया विभक्ति होती है।
* कर्मवाच्य में कर्म के अनुसार क्रिया होती है। अर्थात् क्रिया के द्वारा कर्म उक्त होता है और जो भी उक्त होता है उसमें प्रथमा विभक्ति होती है।

कर्तृवाच्य- माता पुत्रं प्रीणाति।
कर्मवाच्य- मात्रा पुत्रः प्रीयते।
अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत- बृहद्धातुकुसुमाकर- हरेकान्त मिश्र, पेज-420

109. कर्मवाच्य के कर्ता में कौन-सी विभक्ति होती है?
(A) प्रथमा (B) द्वितीया
(C) तृतीया (D) इनमें से सभी

व्याख्या-

* **कर्मवाच्य-** सकर्मक धातुओं से ही कर्मवाच्य होता है। इसमें कर्म की प्रधानता होती है। कर्म के अनुसार ही क्रिया के लिङ्ग विभक्ति और वचन होते हैं। **कर्मवाच्य के कर्म में प्रथमा होती है, कर्त्ता में तृतीया तथा क्रिया कर्म के अनुसार।** कर्मवाच्य में लट् आदि में धातु के अन्त में यक् (य) प्रत्यय लगता है।
कर्मवाच्य के उदाहरण- रामेण पुस्तकं पठ्यते,
बालिकया चित्रम् दृश्यते।
अतः विकल्प C सही है।
* **कर्तृवाच्य-** कर्तृवाच्य के वाक्य में कर्त्ता मुख्य होता है। कर्त्ता के अनुसार ही क्रिया का रूप चलता है। कर्तृवाच्य में कर्त्ता में प्रथमा, कर्म में द्वितीया और क्रिया कर्त्ता के अनुसार होती है।
उदाहरण- बालकः गृहं गच्छति, अहं पुस्तकानि पठामि
* **भाववाच्य-** अकर्मक धातु से भाववाच्य होता है, सकर्मक धातु से नहीं। भाववाच्य के कर्त्ता में तृतीया होती है, क्रिया में प्रथम पुरुष एकवचन या नपुंसकलिङ्ग एकवचन। धातु के अन्त में यक् (य) लगाकर रूप चलाते हैं।
उदाहरण- रामेण स्थीयते, बालिकाभिः भूयते।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-275

110. 'सोलहवाँ बालक पढ़ता है', का संस्कृत में अनुवाद होगा-
(A) षोडशतमः बालकः पठति
(B) षोडशः बालकः पठति
(C) षडदशतमः बालकः पठति
(D) षोडशं बालकः पठति

व्याख्या-
सोलहवाँ बालक पढ़ता है। षोडशः बालकः पठति।

* **तस्य पूरणे डट् (5/2/48)-** सूत्र से संख्यावाचक षष्ठ्यन्त प्रातिपदिक से पूरण अर्थ में तद्धित संज्ञक डट् प्रत्यय होता है।
डट् के डकार की 'चुटू' से तथा टकार की 'हलन्त्यम्' से इत्संज्ञा 'तस्य लोपः' से लोप होकर 'अ' बचा 'सुपो धातुप्रातिपदिकयोः' से प्रातिपदिक के अवयव सुप् का लुक् कर देने पर षोडशन् अ अब डित् परे रहते 'टेः' सूत्र द्वारा भसंज्ञक टि (अन्) का लोप कर देने पर षोडश् अ = षोडश सु विभक्ति एवं रुत्व विसर्ग करने पर षोडशः शब्द बना। अतः पूरण अर्थ मे 'षोडशः' शब्द शुद्ध है।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- वस्तुनिष्ठ संस्कृतव्याकरणम् - सर्वज्ञभूषण, पेज-257

111. 'षट्सप्ततिः' का अर्थ है-
(A) 76 (B) 67
(C) 660 (D) 607

व्याख्या-

(A) 76 - षट्सप्ततिः
(B) 67 - सप्तषष्टिः
(C) 660 - षष्ट्यधिकषट्शतम्
(D) 607 - सप्ताधिकषट्शतम्

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-131

112.'पचास' को संस्कृत में कहा जाता है-
(A) पञ्चदश (B) पञ्चाशत्
(C) पञ्चशतम् (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

(A) पञ्चदश - 15
(B) पञ्चाशत् - 50
(C) पञ्चशतम् - 500

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृतव्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-153

113. कौन-सा कथन गलत है-
(A) संस्कृत में वचनों की संख्या है- तीन
(B) संस्कृत में पुरुषों की संख्या है- तीन
(C) संस्कृत में लिङ्गों की संख्या है- तीन
(D) संस्कृत में कारकों की संख्या है- तीन

व्याख्या-

A. संस्कृत में वचनों की संख्या तीन है-
1.एकवचन 2.द्विवचन 3.बहुवचन
B. संस्कृत में पुरुषों की संख्या तीन है-
1.प्रथमपुरुष 2.मध्यमपुरुष 3.उत्तमपुरुष
C. संस्कृत में लिङ्गों की संख्या तीन है-
1.पुँल्लिङ्ग 2.स्त्रीलिङ्ग 3.नपुंसकलिङ्ग
D. संस्कृत में कारकों की संख्या छः है-
'कर्त्ता कर्म च करणं सम्प्रदानं तथैव च।
अपादानाधिकरणे इत्याहुः कारकाणि षट्।।' संस्कृत में कारकों की संख्या छः है तीन नहीं।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारकप्रकरण)- राममुनि पाण्डेय, पेज-17

114. भाषा की उत्पत्ति विषयक 'रणन-सिद्धान्त' के मूल प्रवर्तक स्वीकार किये जाते हैं-
(A) रूसो (B) सुसमिल्श
(C) प्लेटो (D) न्वारे

व्याख्या-

	विद्वान्	सिद्धान्त
➢	रूसो	संकेत सिद्धान्त (निर्णयवाद) एग्रीमेन्ट थ्योरी
➢	सुसमिल्श	दिव्योत्पत्ति-सिद्धान्त (DIVINE THEORY)
➢	प्लेटो	रणन-सिद्धान्त (धातु सिद्धान्त,अनुरणन सिद्धान्त,अनुरणनमूलकतावाद,डिंग-डांगवाद
➢	न्वारे	श्रम-ध्वनि सिद्धान्त (श्रमापहार मूलकतावाद,यो हे हो वाद)
➢	रेवेज	संपर्क सिद्धान्त
➢	हेनरी स्वीट	समन्वय-सिद्धान्त
➢	भर्तृहरि	प्रतिभा-सिद्धान्त

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-68

115. ग्रिम नियम के अनुसार निम्न जर्मन (THREE) का उच्च जर्मन में परिवर्तित रूप है-
(A) DREE (B) THREI
(C) THRI (D) DREI

व्याख्या-

ग्रिम नियम में ध्वनि परिवर्तन का क्रम-

क्, त्, प्
(अघोष अल्पप्राण)

ग् ,द् ,ब
घोष अल्पप्राण

ख् (ह्),थ,फ्,
घ्, ध्, भ् (महाप्राण)

ग्रिम नियम के प्रथम ध्वनि-परिवर्तन में मूलभारोपीय भाषा की निम्नलिखित ध्वनियों की अँग्रेजी और जर्मन भाषा में ये ध्वनियाँ हो जाती हैं- क्, त्, प्, को ह् (ख्) थ्, फ्, (प्रथम को द्वितीय) घ्, ध्, भ्, को ग्, द्, ब्, (चतुर्थ को तृतीय) तथा ग्, द्, ब्, को क्, त्, प्, (तृतीय को प्रथम) वर्ण हो जाता है।

उदाहरण- ध्वनि परिवर्तन

	अँग्रेजी	**जर्मन**	**अर्थ**
Th - d द	Three	Drei	तीन
	Thick	Dick	मोटा

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-245

116.'समाक्षर लोप' की अवधारणा प्रस्तुत की-
(A) सर विलियम जोन्स ने
(B) ब्लूमफील्ड ने
(C) मैक्समूलर ने
(D) वर्नर ने

व्याख्या-

(A) **सर विलियम जोन्स** ने 1786 ई0 में संस्कृत भाषा का अध्ययन करते समय संस्कृत की लैटिन और ग्रीक से अनेक अंशों में समानता प्राप्त की और इसके तुलनात्मक अध्ययन पर बल दिया।

(B) **ब्लूमफील्ड (समाक्षर लोप)-** जहाँ पर दो समान ध्वनियाँ एक के बाद दूसरी आती हैं,वहाँ पर उच्चारण की सुविधा के लिए उनमें से एक का लोप कर दिया जाता है। यह नाम अमेरिकन भाषाविज्ञानी 'प्रो0 ब्लूमफील्ड' ने दिया है। जैसे- जहीहि - जहि, नाककटा - नकटा, खरीददार - खरीदार, हिरण्यमय - हिरण्मय आदि-

(C) **रणन सिद्धान्त (DING DONG THEORY)** इस सिद्धान्त को धातु सिद्धान्त या अनुकरणन सिद्धान्त आदि नामों से निर्दिष्ट किया गया है। इसके मूल प्रवर्तक प्लेटो थे इसको हेस ने आगे बढाया और मैक्समूलर ने व्यवस्थित रूप दिया।

(D) **कार्ल वर्नर-** जर्मन भाषाशास्त्री हैं। इन्होंने ग्रिम-नियम का संशोधन किया। ग्रिम नियम के जो अपवाद रह गये थे उनके विषय में वर्नर ने ज्ञात किया है कि ग्रिम - नियम का आधार उदात्त स्वर था।

अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-235

117. सांख्य के अनुसार प्रमाण हैं-
(A) प्रत्यक्ष, अनुमान, अर्थापत्ति
(B) प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान
(C) प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द
(D) प्रत्यक्ष, उपमान, शब्द

व्याख्या-

सांख्य के अनुसार प्रमाण-

दृष्टमनुमानमाप्तवचनं च सर्वप्रमाणसिद्धत्वात्।
त्रिविधं प्रमाणमिष्टं प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि।। (सां. का.-4)

ईश्वरकृष्ण विरचित सांख्यकारिका में सांख्य के तीन प्रमाण हैं- 1. दृष्ट 2. अनुमान 3. आप्तवचन (शब्द)

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.-4) राकेश शास्त्री, पेज-12

विभिन्न दर्शनों में स्वीकृत प्रमाण

दर्शन	प्रमाण नाम
* **चार्वाक–**1	प्रत्यक्ष
* **बौद्ध दर्शन-**2	प्रत्यक्ष, अनुमान
* **सांख्य, योग-**3	प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द
* **न्याय - वैशेषिक-**4	प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द
* **प्रभाकर मीमांसक**-5	प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति
* **भाट्ट मीमांसक**-6	प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, अभाव
* **पौराणिक-**8	प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, अभाव, सम्भव, ऐतिह्य।

118. सांख्य के अनुसार पुरुषार्थ हैं-
(A) धर्म और काम **(B) भोग और अपवर्ग**
(C) धर्म और मोक्ष **(D) अर्थ और मोक्ष**

व्याख्या-

सङ्घातपरार्थत्वात् त्रिगुणादिविपर्ययादधिष्ठानात्।
पुरुषोऽस्ति भोक्तृभावात् कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च॥
(सां. का.-17)

* ईश्वरकृष्ण ने 'सांख्यकारिका' में पुरुष की सत्ता की सिद्धि के लिए पाँच कारण गिनायें हैं-

1. संघातकारी बुद्धयादि पदार्थ पर अर्थात् अपने से भिन्न के लिए होने से
2. सत्वादि त्रिगुण का अत्यन्ताभाव होने से
3. अधिष्ठियों का अधिष्ठाता होने से।
4. भोक्ता होने से तथा
5. कैवल्य (अपवर्ग) के लिए प्रवृत्त होने से जड़ भिन्न चेतनतत्व पुरुष की सत्ता सिद्ध होती है।

अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.-4)- राकेश शास्त्री, पेज-56

119. कैवल्य को प्राप्त करने वाला–वाली है-
(A) पुरुष **(B) प्रकृति**
(C) मन **(D) अहङ्कार**

व्याख्या-

(A) ईश्वरकृष्णकृत 'सांख्यकारिका' में पुरुष को कैवल्य प्राप्त करने वाला कहा गया है-

''पुरुषोऽस्ति भोक्तृभावात् कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च''

(सां. का.-17)

अर्थात्- पुरुष भोग्यों का भोक्ता होने से तथा कैवल्य-प्राप्त्यर्थ प्रवृत्त होने से जड़भिन्न चेतनतत्व पुरुष की सत्ता सिद्ध होती है। **अतः विकल्प A सही है।**

(B) सांख्य में प्रकृति कार्यों का सीमित परिमाण होती है-
भेदानां परिमाणात्, समन्वयत्वात् शक्तितः प्रवृत्तेश्च

(सां. का. 15)

(C) सांख्य में मन को संकल्प करने वाला कहा गया है-
''उभयात्मकमत्र मनः सङ्कल्पकमिन्द्रियं च साधर्म्यात्''

(सां. का. 27)

(D) सांख्य में अहङ्कार को एकादश इन्द्रियों तथा पञ्चतन्मात्राओं को उत्पन्न करने वाला कहा गया है-
'एकादशकश्च गणस्तन्मात्रपञ्चकश्चैव' (सां. का. 24)

स्रोत- सांख्यकारिका (का.-7)- राकेश शास्त्री, पेज-56

120. मन किस प्रकार की इन्द्रिय है?
(A) कर्मेन्द्रिय (B) ज्ञानेन्द्रिय
(C) उभयात्मक (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

ईश्वरकृष्ण कृत सांख्यकारिका में इन्द्रियों की चर्चा निम्नवत् है-

(A) ''वाक्पाणिपादपायूपस्थानि कर्मेन्द्रियाण्याहुः।''(सां. का. 26)
वाक्, पाणि, पाद, पायु और उपस्थ ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं।

(B) ''बुद्धीन्द्रियाणि चक्षुः श्रोत्रघ्राणरसनत्वगाख्यानि''।

(सां. का.-26)

चक्षु, श्रोत्र, घ्राण, रसना और त्वचा ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं।

(C) ''उभयात्मकमत्र मनः सङ्कल्पमिन्द्रियं च साधर्म्यात्''।

(सां. का. 27)

ग्यारह इन्द्रियों में से मन उभयात्मक है अर्थात् ज्ञानेन्द्रियों का प्रवर्त्तक होने से ज्ञानेन्द्रिय तथा कर्मेन्द्रियों का प्रवर्त्तक होने से कर्मेन्द्रिय है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.-7)- राकेश शास्त्री, पेज-84

121.न्याय वैशेषिक स्वीकार करता है-
(A) स्वतः प्रामाण्य, परतः अप्रामाण्य
(B) परतः प्रामाण्य, स्वतः अप्रामाण्य
(C) स्वतः प्रामाण्य, स्वतः अप्रामाण्य
(D) परतः प्रामाण्य, परतः अप्रामाण्य

व्याख्या-

(A) मीमांसादर्शन- स्वतः प्रामाण्य, परतः अप्रामाण्य
(B) बौद्धदर्शन- परतः प्रामाण्य, स्वतः अप्रामाण्य
(C) सांख्यदर्शन- स्वतः प्रामाण्य, स्वतः अप्रामाण्य
(D) न्यायवैशेषिक दर्शन- परतः प्रामाण्य, परतः अप्रामाण्य

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत-भारतीय दर्शन- चन्द्रधर शर्मा, पेज-193

122. वेदान्तसार के अनुसार उपासना का परम प्रयोजन है-
(A) चित्त की शुद्धि (B) चित्त की एकाग्रता
(C) पाप का विनाश (D) पितृलोक की प्राप्ति

व्याख्या-

श्रीमत्सदानन्द वेदान्तसार में नित्य आदि कर्मों के परम प्रयोजन तथा अवान्तर प्रयोजन का वर्णन करते हैं-

(A) नित्यादि कर्मों का प्रयोजन- बुद्धिशुद्धि **'नित्यादीनां बुद्धिशुद्धिः।'**

(B) उपासना कर्मों का परम प्रयोजन- चित्त की एकाग्रता है ''परं प्रयोजनमुपासनानां तु चित्तैकाग्र्यम्''।

* ''नित्यनैमित्तिकयोरुपासनानां चावान्तरफलं पितृलोकसत्यलोकप्राप्तिः।''
नित्य नैमित्तिक प्रायश्चित्त एवं उपासना कर्मों का अवान्तर (गौण) प्रयोजन पितृलोक एवं सत्यलोक की प्राप्ति करना है।

(C) ''प्रायश्चित्तानि- पापक्षयसाधनानि चान्द्रायणादीनि।''
प्रायश्चित्त कर्म (चान्द्रायण आदि) पाप का विनाश करने के लिए किया जाता है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-17-18

123. श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार कर्मयोगी को कर्म करना चाहिए-
(A) कीर्ति के लिए (B) लोकसंग्रह के लिए
(C) सुख के लिए (D) स्वर्ग के लिए

व्याख्या-

श्रीमद्भगवद्गीता के तृतीय अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं-

''सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत।
कुर्याद्विद्वांस्तथासक्तश्चिकीर्षुर्लोकसङ्ग्रहम्।।''

(गीता 3/25)

जिसप्रकार अज्ञानी जन फल की आसक्ति से कार्य करते हैं, उसी प्रकार विद्वानों को चाहिए कि वे अनासक्त होकर लोकसङ्ग्रह के लिये कर्म करें।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता (3.25)

124. महाभारत के सन्दर्भ में कौन-सा कथन सत्य है?

(A) इनमें तीन लाख श्लोक हैं।

(B) इसकी कथावस्तु अठारह पर्वों में विभक्त है।

(C) यह पौराणिक उपन्यास है।

(D) यह विश्व का सबसे बड़ा खण्डकाव्य है।

व्याख्या-

भगवान् वेदव्यासकृत 'महाभारत' की कथावस्तु 18 पर्वों में विभक्त है। इसमें कुल एक लाख श्लोक हैं।

1. आदिपर्व - 233 अध्याय
2. सभापर्व - 81 अध्याय
3. वनपर्व - 315 अध्याय
4. विराटपर्व - 72 अध्याय
5. उद्योगपर्व - 196 अध्याय
6. भीष्मपर्व - 122 अध्याय
7. द्रोणपर्व - 202 अध्याय
8. कर्णपर्व - 96 अध्याय
9. शल्यपर्व - 65 अध्याय
10. सौप्तिकपर्व - 18 अध्याय
11. स्त्रीपर्व - 27 अध्याय
12. शान्तिपर्व - 365 अध्याय (सबसे बड़ा पर्व)
13. अनुशासनपर्व - 168 अध्याय
14. आश्वमेधिकपर्व - 113 अध्याय
15. आश्रमवासिकपर्व - 39 अध्याय
16. मौसलपर्व - 8 अध्याय
17. महाप्रस्थानिकपर्व - 3 अध्याय (सबसे छोटा पर्व)
18. स्वर्गारोहणपर्व - 5 अध्याय

* महाभारत को 'शतसाहस्त्रीसंहिता' भी कहते हैं।
* महाभारत का सबसे बड़ा पर्व 'शान्तिपर्व' तथा सबसे छोटा पर्व 'महाप्रस्थानिकपर्व' है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-117-118

125. निम्नांकित सूक्तियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए-

क-वरं विरोधोऽपि समं महात्मभिः		**1-कालिदास**
ख-दिष्टया वर्धसे		**2-भर्तृहरि**
ग-कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति		**3-भवभूति**
घ-न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः		**4-भारवि**

	क	ख	ग	घ
(A)	4	1	2	3
(B)	1	3	2	4
(C)	4	3	1	2
(D)	3	2	4	1

व्याख्या-

सूक्तियों का कवि सम्बन्धी सुमेलित क्रम-

(1) वरं विरोधोऽपि समं महात्मभिः (किरात0 1.8)- भारवि
भारवि कृत किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में वनेचर युधिष्ठिर से कहता है कि दुर्जनों के साथ किसी भी प्रकार की मित्रता अच्छी नहीं होती है।

(2) दिष्टया वर्धसे (उत्तरराम0 अङ्क -3)- भवभूति
उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में राम कहते हैं कि भाग्य से तुम बढ़ रही हो।

(3) कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति (अभि0शा0 अंक -4)- कालिदास
अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में अनसूया प्रियंवदा से कहती है- कि अग्नि के अतिरिक्त और कौन जला सकता है?

(4) न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः (नीतिशतकम्-75)- भर्तृहरि
भर्तृहरि नीतिशतकम् के धैर्यपद्धति में धीरपुरुष के विषय में कहते हैं कि- धीरपुरुष न्याय के मार्ग से कभी भी विचलित नहीं होते हैं।

उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प C सही है।

स्रोत- 1.किरातार्जुनीयम् (1/8)
2.उत्तररामचरितम् (अङ्क - 3)
3.अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-185
4.नीतिशतकम् (श्लोक-75)

उत्तरमाला

1.C	2.C	3.C	4.D	5.C	6.D	7.C	8.A	9.D	10.C	11.B	12.A
13.B	14.C	15.D	16.A	17.B	18.D	19.D	20.B	21.B	22.A	23.C	24.C
25.C	26.B	27.D	28.B	29.B	30.A	31.D	32.C	33.B	34.C	35.B	36.A
37.C	38.A	39.B	40.D	41.B	42.C	43.D	44.C	45.C	46.C	47.B	48.D
49.B	50.B	51.D	52.C	53.C	54.C	55.B	56.C	57.A	58.C	59.D	60.B
61.B	62.C	63.B	64.C	65.C	66.B	67.B	68.A	69.C	70.C	71.B	72.B
73.C	74.B	75.B	76.C	77.B	78.B	79.B	80.B	81.D	82.C	83.D	84.B
85.C	86.C	87.B	88.B	89.A	90.B	91.B	92.B	93.C	94.D	95.B	96.A
97.B	98.C	99.D	100.B	101.C	102.D	103.B	104.C	105.A	106.B	107.D	108.B
109.C	110.B	111.A	112.B	113.D	114.C	115.D	116.B	117.C	118.B	119.A	120.C
121.D	122.B	123.B	124.B	125.C							

❑❑

8. प्रवक्ता (PGT) संस्कृत 2011

01. 'आर्तत्राणाय वः शस्त्रं न प्रहर्तुमनागसि' अभिज्ञानशाकुन्तलम् में यह कथन है-
(A) गौतमी (B) मातलि
(C) वैखानस (D) राजा का सारथि

व्याख्या-

- कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त द्वारा मृग का शिकार करने के अवसर पर वैखानस कहते हैं-
तत् साधुकृतसन्धानं प्रतिसंहर सायकम्।
आर्तत्राणाय वः शस्त्रं न प्रहर्तुमनागसि॥ (अभि. 1.11)
अच्छे प्रकार से धनुष पर चढ़ाए हुए अपने बाण को उतार लीजिए आपका शस्त्र दुःखितों की रक्षा के लिए है निरपराधों पर प्रहार के लिए नहीं।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के षष्ठ अङ्क में राक्षसों के वधार्थ इन्द्र द्वारा दुष्यन्त को बुलाए जाने पर मातलि दुष्यन्त से कहता है-
प्रसादसौम्यानि सतां सुहृज्जने
पतन्ति चक्षूंषि न दारुणाः शराः। (अभि. 6.29)
सज्जनों की अपने मित्रवर्ग पर प्रेम से मनोहर ही दृष्टि पड़ती है, न कि उनके भयंकर बाण उन पर पड़ते हैं।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में विदाई के अवसर पर गौतमी शकुन्तला से कहती हैं-
'जाते, ज्ञातिजनस्निग्धाभिरनुज्ञातगमनाऽसि तपोवनदेवताभिः'
पुत्री, सम्बन्धि-जनों के तुल्य प्रेम करने वाली तपोवन की देवताओं ने तुझे जाने की स्वीकृति दे दी है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त द्वारा मृग का पीछा करने के अवसर पर सारथि राजा दुष्यन्त से कहता है-
कृष्णसारे ददच्चक्षुस्त्वयि चाधिज्यकार्मुके।
मृगानुसारिणं साक्षात् पश्यामीव पिनाकिनम्॥ (अभि. 1.6)
मैं इस कृष्णसार मृग और धनुष चढ़ाए हुए आप पर दृष्टिपात करके मृग का पीछा करते हुए साक्षात् मानो शिव को देख रहा हूँ।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1.11)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-26

02. 'दिष्ट्या धूमाकुलितदृष्टेरपि यजमानस्य पावक एवाहुतिः पतिता।' इस दृष्टान्त द्वारा किसने अपनी कृतार्थता स्वीकार की है-
(A) कण्व (B) गौतमी
(C) मातलि (D) शकुन्तला

व्याख्या-

- महाकवि कालिदास द्वारा अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में महर्षि कण्व द्वारा शकुन्तला से कही गई बात को प्रियंवदा अनसूया से कहती है-
'दिष्ट्या धूमाकुलितदृष्टेरपि यजमानस्य पावक एवाहुतिः पतिता' (अभि.अङ्क-4)
सौभाग्य से धुएँ से व्याकुल दृष्टि वाले यजमान की आहुति ठीक अग्नि में पड़ी। यह बात महर्षि कण्व शकुन्तला से कहते हैं।
अतः विकल्प A सही है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में गौतमी शकुन्तला से कहती हैं-
'जाते, एष त आनन्दपरिवाहिणा चक्षुषा परिष्वजमान इव गुरुरुपस्थितः। आचारं तावत् प्रतिपद्यस्व' (अभि.अङ्क-4)
पुत्री, आनन्द के आँसुओं को बहाने वाली आँखों से तुझको गले लगाते हुए तुम्हारे पिता यहाँ उपस्थित हैं अब उचित शिष्टाचार का पालन करो।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सप्तम अङ्क में मातलि राजा दुष्यन्त से मारीचि के आश्रम के विषय में कहता है-
'एष खलु हेमकूटो नाम किंपुरुषपर्वतस्तपः संसिद्धिक्षेत्रम्।' (अभि.अङ्क-7)
यह हेमकूट नाम का किन्नरों का पर्वत है। यह तपस्या की सफलता के लिए सर्वोत्तम स्थान है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में राजा यदि तुम्हें पहचानने से इन्कार करे तो उसे अगूँठी दिखा देना दोनों सखियों के ऐसा कहने पर, शकुन्तला कहती है-
'अनेन सन्देहेन वामाकम्पिताऽस्मि' (अभि.अङ्क-4)
तुम्हारे इस सन्देह से मुझे घबड़ाहट हो रही है।

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-4)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-197

03. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में मातलि कौन है-
(A) कण्व शिष्य **(B) द्वारपाल**
(C) तपस्वी **(D) इन्द्र-सारथि**

व्याख्या-

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् में प्रयुक्त पात्रों के नाम हैं-
कण्व के शिष्य- वैखानस, शार्ङ्गरव, शारद्वत, गौतम, हारीत **द्वारपाल**- रैवतक
तपस्वी- वैखानस
इन्द्र का सारथी- मातलि
दुष्यन्त का सारथी- सूत
दुष्यन्त का विदूषक- माधव्य (माढव्य)
दुष्यन्त का पुत्र- भरत (सर्वदमन)
शकुन्तला की सखी- अनसूया, प्रियंवदा
महर्षि मारीच की पत्नी- अदिति (दाक्षायणी)
मेनका की सखी- सानुमती
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, भू.पेज-99

04. 'अथवाऽनार्यः परदारव्यवहारः' कथन है-
(A) दुष्यन्त **(B) गौतमी**
(C) मातलि **(D) तापसी**

व्याख्या-

➢ कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सप्तम अङ्क में तपस्विनी द्वारा कथित वाक्य पर विचार करते हुए राजा अपने मन में कहता है-
'अथवाऽनार्यः परदारव्यवहारः' (अभि.अङ्क-7)
पराई स्त्री के विषय में बात करना अशिष्टता है।
अतः विकल्प A सही है।

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला की विदाई के अवसर पर पिता (काश्यप) को लौटने को कहते हुए गौतमी शकुन्तला एवं काश्यप से कहती हैं-
'जाते, परिहीयते गमनवेला। निवर्तय पितरम्। अथवा चिरेणापि पुनः पुनरेषैवं मन्त्रयिष्यते। (अभि.अङ्क-4)
पुत्री, हमारे प्रस्थान का समय बीतता जा रहा है। अपने पिता को लौटाओ अथवा यह शकुन्तला तो चिरकाल तक बार-बार उसी बात को कहती रहेगी।

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के षष्ठ अङ्क में इन्द्र का सारथी (मातलि) राजा दुष्यन्त से कहता है-
'अस्ति कालनेमिप्रसूतिर्दुर्जयो नाम दानवगणः'
(अभि.अङ्क-6)
कालनेमि के वंशज दुर्जय नामक राक्षसों का समुदाय है।

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला के विदाई के अवसर पर प्रथम तापसी आशीर्वाद देते हुए कहती है-
'जाते, भर्तुर्बहुमानसूचकं महादेवीशब्दं लभस्व'
(अभि.अङ्क-4)
पुत्री, पति के बहुत सम्मानसूचक 'महारानी' शब्द को प्राप्त करो।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-7)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-421

05. ''अर्थो हि कन्या परकीय एव तामद्य संप्रेष्य परिग्रहीतुः जातो ममायं विशदः प्रकामं प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा।।'' इस श्लोक में छन्द है?
(A) उपजाति **(B) शिखरिणी**
(C) इन्द्रवज्रा **(D) वंशस्थ**

व्याख्या-

➢ **उपजाति छन्द-**
'अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः'
(वृत्त.3.30)
जिस छन्द में एक चरण इन्द्रवज्रा का तथा दूसरा चरण उपेन्द्रवज्रा का हो उसे उपजाति छन्द कहते हैं।
उदाहरण-
कृताभिमर्शामनुमन्यमानः सुतां त्वया नाम मुनिर्विमान्यः।
मुष्टं प्रतिग्राहयता स्वमर्थं पात्रीकृतो दस्युरिवासि येन।।
(अभि.5.20)

➢ **शिखरिणी छन्द-**
'रसैः रुद्रैश्छिन्ना यमनसभलागः शिखरिणी'
(वृत्त.3.93)
छः तथा ग्यारह अक्षरों की यति वाली तथा क्रमशः यगण, मगण, नगण, सगण, भगण, एक लघु तथा एक गुरु वर्ण से युक्त छन्द को शिखरिणी छन्द कहते हैं।
उदाहरण- चलापाङ्गां दृष्टिं स्पृशसि बहुशो वेपथुमतीं।
रहस्याख्यायीव स्वनसि मृदुकर्णान्तिकचरः।। (अभि.1.24)

➢ **इन्द्रवज्रा छन्द-**
'स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः' (वृत्त.3.28)
जिस छन्द के प्रत्येक चरण में दो तगण, एक जगण, तथा दो गुरु वर्ण क्रमशः हों उसे इन्द्रवज्रा कहते हैं यति प्रत्येक चरण के अन्त में होती है।
उदाहरण-
अर्थो हि कन्या परकीय एव तामद्य सम्प्रेष्य परिग्रहीतुः।
जातो ममायं विशदः प्रकामं प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा।।
(अभि.4.22)

अतः विकल्प C सही है।

➢ **वंशस्थ छन्द-**

'जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ' (वृत्त.3.46)

जिस छन्द के प्रत्येक चरण में क्रमशः जगण, तगण, जगण, रगण आए उसे वंशस्थ छन्द कहते हैं।

उदाहरण-

विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम्।
स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन्, कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव।। (अभि.4.1)

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (4/22)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-240

06. 'ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्यः' कथन है
(A) शार्ङ्गरव **(B) शारद्वत**
(C) गौतमी **(D) प्रियंवदा**

व्याख्या-

A. शार्ङ्गरव- कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला की विदाई के अवसर पर शार्ङ्गरव ऋषि काश्यप से कहता है-

'ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्य इति श्रूयते' (अभि.अङ्क-4)

अर्थात् प्रिय व्यक्ति का अनुगमन जल के किनारे तक करना चाहिए ऐसा सुना जाता है।

अतः विकल्प A सही है।

B. शारद्वत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के पञ्चम अङ्क में शारद्वत राजा दुष्यन्त के राजदरबार में शकुन्तला के विषय में कहता है-

तदेषा भवतः कान्ता त्यज वैनां गृहाण वा।
उपपन्ना हि दारेषु प्रभुता सर्वतोमुखी॥ (अभि.5.26)

यह शकुन्तला आपकी पत्नी है इसको चाहे अपने पास रखिए अथवा छोड़िए क्योंकि पत्नी पर पति की सब प्रकार से प्रभुता स्वीकार की गई है।

C. गौतमी- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में गौतमी दोनों के (शकुन्तला-दुष्यन्त) विवाह के विषय में राजा दुष्यन्त से कहती हैं-

नापेक्षितो गुरुजनोऽनया त्वया पृष्टो न बन्धुजनः।
एकैकस्य च चरिते भणामि किमेकैकम्॥ (अभि.5.16)

विवाह के विषय में शकुन्तला ने अपने गुरुजनों की अनुमति नहीं ली, और तुमने भी अपने सम्बन्धियों की सम्मति नहीं ली। तुम दोनों के परस्पर इस कार्य में तुम दोनों में से प्रत्येक को क्या कहूँ?

D. प्रियंवदा- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में वनस्पतियों द्वारा शकुन्तला के लिए अलङ्करण सामग्री प्रदान किए जाने के कारण प्रियंवदा शकुन्तला से कहती है-

भर्तुर्गेहेऽनुभवितव्या राजलक्ष्मीः (अभि.अङ्क-4)

पति के घर में राजलक्ष्मी का अनुभव करोगी।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-4)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-225

07. 'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति' कथन है-
(A) गौतमी **(B) प्रियंवदा**
(C) अनसूया **(D) शार्ङ्गरव**

व्याख्या-

A. गौतमी- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में राजा दुष्यन्त द्वारा शकुन्तला को त्याग दिए जाने पर गौतमी शार्ङ्गरव से कहती है कि-

'प्रत्यादेशपरुषे भर्तरि किं वा मे पुत्रिका करोतु?' (अभि.अङ्क-5)

पति ने निर्दयतापूर्वक परित्याग कर दिया है बेचारी मेरी पुत्री क्या करे?

B. प्रियंवदा- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा अनसूया से कहती है-

'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति' (अभिज्ञान अङ्क-4)

भला कौन नवमालिका को गर्म जल से सींचेगा।

अतः विकल्प B सही है।

C. अनसूया- कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में दुर्वासा ऋषि द्वारा शकुन्तला को दिए गए शाप के प्रसङ्ग में अनसूया प्रियंवदा से कहती है-

'कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति।' (अभिज्ञान-अङ्क-4)

अग्नि के अतिरिक्त और कौन जला सकता है।

D. शार्ङ्गरव- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में शार्ङ्गरव ऋषि काश्यप से कहता है-

'ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्यः।' (अभि.अङ्क-4)

प्रिय व्यक्ति का जल के किनारे तक अनुगमन करना चाहिए।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-4)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-190

8. 'शान्तानुकूलपवनश्च शिवश्च पन्थाः' उक्ति है-
(A) गौतमी **(B) कण्व**
(C) आकाशभाषित **(D) प्रियंवदा**

व्याख्या-

A. **गौतमी-** कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के पञ्चम अङ्क में राजा दुष्यन्त के राजदरबार में दुष्यन्त द्वारा शकुन्तला को दी हुई अँगूठी को शकुन्तला की अँगुली में न देखकर गौतमी शकुन्तला से कहती है कि-
'नूनं ते शक्रावताराभ्यन्तरे शचीतीर्थसलिलं वन्दमानायाः प्रभ्रष्टमङ्गुलीयकम्' (अभि.अङ्क-5)
निश्चित रूप से शक्रावतार तीर्थ में शचीतीर्थ के जल की वन्दना करते समय तुम्हारी अँगूठी गिर गई।

B. **कण्व-** शकुन्तला की विदाई के अवसर पर अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में ऋषि कण्व कहते हैं-
'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्।' (अभि.4/9)
यह शकुन्तला पतिगृह को जा रही है आप सभी अपनी अनुमति प्रदान करें।

C. **आकाशभाषित-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में विदाई के समय आकाशवाणी होती है-
'शान्तानुकूलपवनश्च शिवश्च पन्थाः।' (अभि.शा.4/11)
शकुन्तला का मार्ग शान्त और अनुकूल वायु से युक्त तथा कल्याणकारी हो। **अतः विकल्प C सही है।**

D. **प्रियंवदा-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा दुर्वासा ऋषि के विषय में कहती है कि-
'प्रकृतिवक्रः स कस्यानुनयं प्रतिगृह्णाति।'
स्वभाव से ही टेढ़े वह (दुर्वासा) किसकी प्रार्थना स्वीकार करते हैं।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (4.11)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-216

09. 'अयं जनः कस्य हस्ते समर्पितः' कथन है-
(A) अनसूया **(B) अनसूया एवं प्रियंवदा**
(C) गौतमी **(D) प्रियंवदा**

व्याख्या-

A. **अनसूया-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में अनसूया शकुन्तला से कहती है-
'गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति।' (अभि.4.16)
आशा का बन्धन वियोग के कठोर दुःख को भी सहन करा देता है।

B. **अनसूया एवं प्रियंवदा-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में पतिगृह को जाती हुई शकुन्तला जब लता को धरोहर के रूप में अनसूया एवं प्रियंवदा के हाथ में छोड़ती है तो दोनों सखियाँ शकुन्तला से कहती हैं-
'अयं जनः कस्य हस्ते समर्पितः।' (अभि. अङ्क-4)
हम दोनों को किसके हाथ में छोड़ती हो।
अतः विकल्प B सही है।

C. **गौतमी-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में शकुन्तला के विषय में गौतमी राजा दुष्यन्त से कहती हैं-
तपोवनसंवर्धितोऽनभिज्ञोऽयं जनः कैतवस्य।
तपोवन में पाला-पोसा हुआ यह व्यक्ति अर्थात् (शकुन्तला) छल-प्रपंचों से (सर्वथा) अनभिज्ञ है।

D. **प्रियंवदा-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा दुर्वासा ऋषि के विषय में कहती है-
एष दुर्वासाः सुलभकोपो महर्षिः। यह अतिक्रोधी महर्षि दुर्वासा हैं।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-4)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-221

10. 'शकुन्तला के गर्भ में दुष्यन्त का तेज पल रहा है'- कण्व को किसके द्वारा पता चला?
(A) गौतमी द्वारा
(B) अनसूया एवं प्रियंवदा द्वारा
(C) कण्व के तपोबल द्वारा
(D) अशरीरिणी छन्दोमयी वाणी द्वारा

व्याख्या-

A. **गौतमी-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में काश्यप ऋषि द्वारा शकुन्तला को आशीर्वाद दिए जाने पर गौतमी कहती हैं-
'भगवन्, वरः खल्वेषः। नाशीः।' (अभि.अङ्क-4)
भगवन्, यह वस्तुतः वर है, केवल आशीर्वाद नहीं।

B. **प्रियंवदा-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा अनसूया से कहती है-
'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति।' (अभि.अङ्क-4)
भला कौन नवमालिका को गर्म जल से सीचेंगा।

C. **कण्व-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में काश्यप शकुन्तला से कहते हैं-
'ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव।
सुतं त्वमपि सम्राजं सेव पुरूमवाप्नुहि॥' (अभिज्ञान.4.6)
पुत्री, शर्मिष्ठा जिस प्रकार ययाति की (अति प्रिय रानी) थी, उसी प्रकार (तू) पति की अति प्रिय (रानी) हो। उस (शर्मिष्ठा) ने जिस प्रकार (सम्राट् पुत्र) पुरु को (प्राप्त किया) उसी प्रकार तू भी सम्राट् पुत्र को प्राप्त कर।

D. प्रियंवदा- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा अनसूया से कहती हैं-

'अग्निशरणं प्रविष्टस्य शरीरं विना छन्दोमय्या वाण्या।'

(अभि.अङ्क-4)

यज्ञशाला में प्रविष्ट होने पर (उनको) अशरीरधारी छन्दोमयी वाणी ने ऋषि काश्यप को बताया कि शकुन्तला के गर्भ में दुष्यन्त का तेज पल रहा है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (4/4)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-198

11. 'सागरमुज्झित्वा कुत्र वा महानद्यवतरति' यह कथन है-

(A) रामायणम् **(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
(C) रघुवंशम् **(D) मृच्छकटिकम्**

व्याख्या-

- महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण के सुन्दरकाण्ड में राक्षसियों की बात मानने से इन्कार करके शोक सन्तप्त सीता विलाप करती हुई कहती हैं कि-

  'अकाले दुर्लभो मृत्युः स्त्रिया वा पुरुषस्य वा'

  (वा.रा.5.25.12)

  किसी भी स्त्री या पुरुष की मृत्यु बिना समय के नहीं होती।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के तृतीय अङ्क में प्रियंवदा अनसूया से शकुन्तला के विषय में कहती है-

  'सागरमुज्झित्वा कुत्र वा महानद्यवतरति' (अभि.अङ्क-3)

  बड़ी नदी समुद्र को छोड़कर और कहाँ उतरती है।

  अतः विकल्प B सही है।
- कालिदास कृत रघुवंशम् के द्वितीय सर्ग में सिंह राजा दिलीप से कहता है-

  न पादपोन्मूलनशक्तिरंहः शिलोच्चये मूर्च्छति मारुतस्य

  (रघु.2/34)

  वायु का जो वेग वृक्षों को जड़ से उखाड़ देने की शक्ति रखता है वह पर्वत का कुछ भी नहीं बिगाड़ पाता।
- मृच्छकटिकम् के प्रथम अङ्क में चारुदत्त दरिद्रता का स्मरण करते हुए कहता है-

  'अल्पक्लेशं मरणं, दारिद्र्यमनन्तकं दुःखम्'

  (मृच्छ.1.11)

  "मृत्यु कम कष्ट वाली होती है किन्तु दरिद्रता कभी न समाप्त होने वाला दुःख है।"

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-3)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-151

12. अधोलिखित पद्यों में 'शाकुन्तल' के प्रसिद्ध चार पद्यों में किसकी गणना नहीं की जाती-

(A) पातुं न प्रथमं व्यवस्यति...
(B) शुश्रूषस्व गुरून् कुरु....
(C) यास्यत्यद्य शकुन्तलेति.....
(D) उद्गलितदर्भकवला मृग्यः....

व्याख्या-

संस्कृतवाङ्मय में नाटक सर्वश्रेष्ठ रचना है नाटकों में अभिज्ञानशाकुन्तलम् और अभिज्ञानशाकुन्तलम् का चतुर्थ अङ्क और उस चतुर्थ अङ्क में भी चार श्लोक सर्वश्रेष्ठ हैं जो निम्नवत् हैं-

श्लोकचतुष्टयम्

- पातुं न प्रथमं व्यवस्यति......(अभि.4/9)

  कालिदास विरचित इस पद्य में आश्रमवासियों के प्रकृति प्रेम की उत्कृष्ट कल्पना परिलक्षित हो रही है।
- शुश्रूषस्व गुरून् कुरु...... (अभि.4/18)

  इस श्लोक में कण्व का दिया हुआ यह उपदेश आज भी प्रत्येक उस कन्या के लिए हृदयंगम करने के योग्य है जो विवाहित होने के उपरान्त पहले पहल अपने पति के घर जाती हैं।
- यास्यत्यद्य शकुन्तलेति......(अभि.-4/6)

  इस श्लोक में पुत्री के वियोग से उत्पन्न होने वाले दुःखों का हृदयस्पर्शी वर्णन है।
- अस्मान् साधु विचिन्त्य.......(अभि.4/17)

  इस श्लोक में कण्व ने शार्ङ्गरव द्वारा दुष्यन्त को प्रासङ्गिक एवं औचित्यपरक संदेश भिजवाया है।
- उद्गलितदर्भकवला मृग्यः........(अभि.4/12)

  इस श्लोक में शकुन्तला के वियोग से मृग, मयूर एवं लताओं की दयनीय दशा का वर्णन है। विद्वानों ने इसे 'श्लोकचतुष्टयम्' के अन्तर्गत नहीं माना है।

  अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, भू.पेज-68

13. 'न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात्' उक्ति है-

(A) नैषधीयचरित की **(B) मृच्छकटिक की**
(C) उत्तररामचरित की **(D) अभिज्ञानशाकुन्तल की**

व्याख्या-

A. नैषधीयचरितम्- श्रीहर्ष प्रणीत नैषधीयचरितम् के नवम सर्ग में राजा नल दमयन्ती के विषय में कहते हैं-
न मोघसङ्कल्पधराः किलामराः। (नैष.9/145)
'देव निष्फल संकल्प-धारण तो संशय नहीं करते।'

B. मृच्छकटिकम्- शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् के प्रथम अङ्क में विट शकार से कहता है-
आलाने गृह्यते हस्ती वाजी वल्गासु गृह्यते। (मृच्छ.1/50)
''हाथी खम्भे में बाँध कर वश मे लाया जाता है, घोड़े को लगाम लगाकर लोग उसे अपने वश में लाते हैं।''

C. उत्तररामचरितम्- भवभूति प्रणीत उत्तररामचरितम् के षष्ठ अङ्क में श्रीराम चन्द्रकेतु से कहते हैं कि-
न तेजस्तेजस्वी प्रसृतमपरेषां विषहते। (उत्तर.6/14)
''तेजस्वी पुरुष फैले हुए दूसरों के प्रताप को सहन नहीं करता है।''

D. अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के विषय में चिन्तन करते हुए कहते हैं-
'न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात्।' (अभि.1/26)
''कान्ति से देदीप्यमान तेज भूतल से उत्पन्न नहीं होता है।''

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/26)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-73

14. 'एष क्रीडति कूपयन्त्रघटिकान्यायप्रसक्तो विधिः' सूक्ति ग्रहीत है-
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से (B) मृच्छकटिकम् से
(C) शिशुपालवधम् से (D) नलचम्पू से

व्याख्या-

A. कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के षष्ठ अङ्क में सानुमती, मधुकरिका एवं परभृतिका को वसन्तोत्सव के लिए उत्साहित देखकर कहती है-
'उत्सवप्रियाः खलु मनुष्याः।' (अभि.अङ्क-6)
मनुष्य उत्सवप्रिय होते हैं।

B. शूद्रक द्वारा रचित मृच्छकटिकम् प्रकरण के दशम अङ्क में चारुदत्त शर्विलक से कहता है-
'एष क्रीडति कूपयन्त्रघटिकान्यायप्रसक्तो विधिः।' (मृच्छ.10/60)
कूपयन्त्र रहट की क्षुद्रघटिका के अनुसरण में रत यह विधि परस्पर विरोधियों की उन्नति अवनति के समष्टिरूप इस संसारगति का बोध कराते हुए खिलवाड़ करता है।

अतः विकल्प B सही है।

C. माघ प्रणीत शिशुपालवध के प्रथमसर्ग में ऋषि नारद श्रीकृष्ण से रावण के विषय में कहते हैं-
'सदाभिमानैकधना हि मानिनः।' (शिशुपालवध 1.67)
मानी लोगों का सदा एकमात्र अभिमान ही धन होता है।

D. त्रिविक्रमभट्ट द्वारा रचित नलचम्पू के प्रथम उच्छ्वास में राजकुमारी की विशेषता का वर्णन- 'युवजनोन्मादिनी यौवनश्रीः' (नलचम्पू 1.57) युवकों को उन्मत्त कर देने वाली कोई अपूर्व ही यौवनश्री सर्वोत्कृष्ट है।

स्रोत- मृच्छकटिकम् (10.60)- रमाशंकर त्रिपाठी, पेज-742

15. 'मतिस्तु गौः पङ्कगतेव सीदति' कथन किसका है-
(A) विदूषक (B) चारुदत्त
(C) शकार (D) अधिकरणिक

व्याख्या-
शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् प्रकरण में निम्नलिखित पात्रों का कथन-

A. विदूषक-
युक्तं नेदम्, सदृशं नेदम्, यदार्यचारुदत्तस्य दरिद्रतया साम्प्रतं परपुरुषा गेहं प्रविशन्ति। (मृच्छ0 अङ्क-1)
यह उचित नहीं है, यह योग्य नहीं है कि आर्य चारुदत्त की निर्धनता के कारण अब उनके घर में दूसरे लोग प्रवेश करते हैं।

B. चारुदत्त-
आश्रमं वत्स! गन्तव्यं गृहीत्वाद्यैव मातरम्।
मा पुत्र! पितृदोषेण त्वमप्येवं गमिष्यसि।। (मृच्छ.10/32)
हे बेटा! माता को लेकर आज ही आश्रम में चले जाना। हे पुत्र! ऐसा न हो कि पिता के दोष के कारण तुम भी इसीप्रकार निरपराध चले जाओ (अर्थात् मारे जाओ)।

C. शकार-
'दुर्जनवचनमिव हृदयान्नापसरति।' (मृच्छ. अङ्क-8)
दुष्टजन के वचन के समान वह (वसन्तसेना) मेरे हृदय से नहीं निकलती।

D. अधिकरणिक-
'मतिस्तु गौः पङ्कगतेव सीदति।।' (मृच्छ.9/25)
मेरी बुद्धि कीचड़ में फँसी हुई गाय के समान खिन्न हो रही है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम् (9/25)- रमाशंकर त्रिपाठी, पेज-609

16. ''मांसवृक्षैरियं मूर्खैर्भाराक्रान्ता वसुन्धरा'' किसका कथन है?
(A) चेट (B) शकार
(C) विट (D) विदूषक

व्याख्या-
शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् नामक प्रकरण में निम्नलिखित पात्रों का कथन द्रष्टव्य है-

A. चेट-
सुजनः खलु भृत्यानुकम्पकः स्वामी निर्धनकोऽपि शोभते।
पिशुनः पुनर्द्रव्यगर्वितो दुष्करः खलु परिणामदारुणः।।
(मृच्छ.3/1)
नौकरों पर दया करने वाला सज्जन मालिक निर्धन रहने पर भी शोभित होता है, किन्तु धन के मद में चूर दुष्ट मालिक दुःख से सेवा करने योग्य तथा अन्त में भयंकर होता है।

B. शकार-
'शूरो विक्रान्तः पाण्डवः? श्वेतकेतुः पुत्रो राधायाः? रावण इन्द्रपुत्रः'? (मृच्छ.1/47)
शूरवीर पाण्डुपुत्र 'श्वेतकेतु है! अथवा इन्द्रप्रदत्त 'राधा' का पुत्र 'रावण' है।

C. विट-
'मांसवृक्षैरियं मूर्खैर्भाराक्रान्ता वसुन्धरा'।। (मृच्छ.8/6)
मांस के पेड़ों जैसे मूर्खों के द्वारा यह पृथ्वी बोझिल हो रही है।
अतः विकल्प C सही है।

D. विदूषक-
चारित्रेण विहीने आढ्योऽपि च दुर्गतो भवति।। (मृच्छ.1.43)
चरित्रहीन धनवान् भी दुर्दशा को प्राप्त होता है।

स्रोत- मृच्छकटिकम् (8.6)- रमाशंकर त्रिपाठी, पेज-470

17. संसार में दरिद्र के समान नहीं है-
(A) म्यानविहीन तलवार (B) शुष्क वृक्ष
(C) दन्तहीन सर्प (D) पंखविहीन पक्षी

व्याख्या-
महाकविशूद्रक विरचित मृच्छकटिक नामक प्रकरण के पञ्चम अङ्क में नायक चारुदत्त अपनी गरीबी से परेशान होकर कहता है कि-
''पक्षविकलश्च पक्षी, शुष्कश्च तरुः, सरश्च जलहीनम्।
सर्पश्चोद्धृतदंष्ट्रस्तुल्यं लोके दरिद्रश्च।।'' (5/41)
अर्थात् संसार में गरीबों की जिन्दगी पंखविहीन पक्षी, शुष्क वृक्ष, सूखा तालाब एवं दन्तहीन सर्प की तरह बेकाम है।
अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम् (5/41)- जगदीशचन्द्र मिश्र, पेज 277

18. 'उपासिके! त्वं किल चारुदत्तेन मारितासि' उपासिका का सम्बन्ध है-
(A) कौल धर्म से (B) बौद्ध धर्म से
(C) वैष्णव धर्म से (D) कापालिक मत से

व्याख्या-
शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् के दशम अङ्क में चारुदत्त को वसन्तसेना की हत्या के अपराध में फाँसी दिए जाने के अवसर पर बौद्धभिक्षु वसन्तसेना से कहता है-
'उपासिके! त्वं किल चारुदत्तेन मारितासि'
(मृच्छ.अङ्क.-10)
उपासिके! तुम चारुदत्त के द्वारा मारी गयी हो, इसीलिए चारुदत्त को मारने के लिए ले जाया जा रहा है।
उक्त कथन भिक्षु का है जो बौद्धधर्म से सम्बन्धित है।
नोट- कौलधर्म, वैष्णवधर्म, कपालिक मत, ये सब मृच्छकटिकम् में वर्णित नहीं है।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम्- रमाशंकर त्रिपाठी, पेज-700

19. 'समन्तत उपस्थित एष राष्ट्रियबन्धः' राष्ट्रियबन्धः का अभिप्राय है-
(A) राष्ट्र का बन्धन (B) चारुदत्त का बन्धन
(C) राजा का बन्धन (D) रोहसेन का बन्धन

व्याख्या-
शकार- 'मृच्छकटिकम्' नामक प्रकरण के दशम अङ्क में शकार न्यायालय में दोषी पाये जाने पर घबड़ाकर एवं चारो ओर देखकर कहता है कि-
''समन्तत उपस्थित एष राष्ट्रियबन्धः।'' (मृच्छ.अङ्क-10)
चारो ओर से राजश्यालक (अर्थात् मेरा) शत्रुवर्ग उपस्थित है। 'तत्किमिदानीमशरणः शरणं व्रजामि।' तो आश्रयहीन मैं अब किसकी शरण में जाऊँ? अर्थात् अब मुझे राजा के बन्धन से कौन बचा सकता है।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम्- रमाशङ्कर त्रिपाठी, पेज-725

20. 'द्वयमिदमतीव लोके प्रियं नराणां सुहृच्च वनिता च' श्लोकांश किस ग्रन्थ का है-
(A) मेघदूतम् (B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(C) मृच्छकटिकम् (D) रघुवंशम्

व्याख्या-

A. मेघदूतम्- कालिदास विरचित मेघदूतम् के उत्तरमेघ में यक्ष मेघ से कहता है कि-
प्रायः सर्वो भवति करुणावृत्तिरार्द्रान्तरात्मा (उ.मे.30)
कोमल हृदय वाले प्रायः सभी व्यक्ति करुणा से आर्द्रचित्त हुआ करते हैं।

B. अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के तृतीय अङ्क में अनसूया राजा दुष्यन्त से कहती है कि-
बहु वल्लभाः राजानः श्रूयन्ते (अभि.अङ्क 3)
राजाओं की बहुत सी स्त्रियाँ होती हैं।

C. मृच्छकटिकम्- शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् के चतुर्थ अङ्क में राजा पालक के द्वारा आर्यक को बन्दी बना लिए जाने पर शर्विलक मदनिका से कहता है-
द्वयमिदमतीव लोके प्रियं नराणां सुहृच्च वनिता च (मृच्छ. 4/25)
इस संसार में मित्र और स्त्री दोनों ही मनुष्यों को बहुत प्रिय हैं।

D. रघुवंशम्- कालिदास प्रणीत रघुवंश महाकाव्य के प्रथमसर्ग में राजा दिलीप के विषय मे निम्न कथन प्राप्त होता हैं-
'स्ववीर्यगुप्ता हि मनोः प्रसूतिः' (रघु.2.4)
मनु के वंश में उत्पन्न राजा अपनी रक्षा स्वयं कर लेता है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम् (4/25)- रमाशंकर त्रिपाठी, पेज-279

21. 'मृच्छकटिकम्' के प्रथम अङ्क का नाम है-
(A) अलङ्कारन्यास (B) सन्धिविच्छेद
(C) मदनिकाशर्विलक (D) द्यूतकरसंवाहक

व्याख्या-
शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् रूपक का एक भेद प्रकरण है जिसका नायक चारुदत्त है,इसमें दस अङ्क हैं जिनके नाम इस प्रकार हैं-

अङ्क	अङ्क का नाम	श्लोक संख्या
प्रथम	अलङ्कारन्यास	58
द्वितीय	द्यूतकरसंवाहक	20
तृतीय	सन्धिच्छेद	30
चतुर्थ	मदनिका-शर्विलक	33
पञ्चम	दुर्दिन	52
षष्ठ	प्रवहणविपर्यय	27
सप्तम	आर्यकापहरण	09
अष्टम	वसन्तसेनामोटन	47
नवम	व्यवहार (न्यायालय)	43
दशम	संहार (उपसंहार)	61
		380

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- संस्कृतगङ्गा-साहित्यम्- सर्वज्ञ भूषण, पेज-305

22. 'केनोडुपेन परलोकनदीं तरिष्ये' यह कथन किसका है-
(A) चारुदत्त (B) शकार
(C) चेट (D) विट

व्याख्या-

A. चारुदत्त- शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् प्रकरण में निम्न पात्रों का कथन-
निर्धनता सर्वापदामास्पदम्। (मृच्छकटिकम्-1/14)
चारुदत्त गरीबी के विषय में कहता है 'दरिद्रता सभी आपत्तियों की जड़ है।'

B. शकार-
अहो कुन्त्यास्तेन रामेण जातः अश्वत्थामा? धर्मपुत्रो जटायुः।
राम एवं कुन्ती के संयोग से उत्पन्न अश्वत्थामा है? अथवा धर्म का पुत्र जटायु है? (मृच्छ.1.47)

C. चेटी- मृच्छकटिकम् के चतुर्थ अङ्क मे चेटी वसन्तसेना से कहती है-
दिष्ट्या वर्धसे। आर्यचारुदत्तस्य सकाशाद् ब्राह्मण आगतः। (मृच्छ.अङ्क-4)
शुभ समाचार है। आर्य 'चारुदत्त' के पास से एक ब्राह्मण आया हुआ है।

D. विट- अष्टम अङ्क में शकार द्वारा विट से वसन्तसेना को मारने के लिए कहने पर विट शकार से कहता है-
केनोडुपेन परलोकनदीं तरिष्ये। (मृच्छ.8/23)
परलोक की नदी को किस नौका से पार करुँगा।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम् (8/23)- रमाशंकर त्रिपाठी, पेज-505

23. 'मृच्छकटिकम्' में विदूषक का नाम क्या है?
(A) माधव्य (B) वसन्तक
(C) मैत्रेय (D) गौतम

व्याख्या-
A. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का विदूषक - माधव्य (माढव्य)
B. रत्नावली और स्वप्नवासवदत्तम् का विदूषक - वसन्तक
C. मृच्छकटिकम् का विदूषक - मैत्रेय
D. मालविकाग्निमित्रम् का विदूषक - गौतम

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम्-श्रीनिवास शास्त्री, पेज-37

24. 'अयं हि पातकी विप्रो न वध्यो मनुरब्रवीत्' यह कथन किसका है-
(A) वृद्धा (B) शकार
(C) अधिकरणिक (D) श्रेष्ठी कायस्थ

व्याख्या-

A. वृद्धा- शूद्रक विरचित मृच्छकटिकम् प्रकरण के नवम अङ्क में वसन्तसेना की माता चारुदत्त के विषय में कहती है-
तद्यदि व्यापादिता मम दारिका, व्यापादिता। जीवतु मे दीर्घायुः। (मृच्छ.अङ्क-9)
अर्थ- यदि मेरी बेटी मारी गयी तो मारी गई। यह आयुष्मान् चारुदत्त तो जिन्दा रहें।

B. शकार- मृच्छकटिकम् के नवम अङ्क में शकार चारुदत्त से कहता है-
लज्जया भीरुतया वा चारित्रमलीकं निगूहितुम्।। (मृच्छ.अङ्क-9)
स्वयं मारयित्वा अर्थकारणादिदानीं गूहति न तद्धि भट्टकः।।
अर्थ- धन के लोभ से किसी औरत को मारकर अब लज्जा से अथवा डर से अपने कुकर्म को छिपाना चाहते हो। पर राजा उसे नहीं छिपायेगा।

C. अधिकरणिक- मृच्छकटिकम् के नवम अङ्क में चारुदत्त की सजा के विषय में अधिकरणिक कहता है-
अयं हि पातकी विप्रो न वध्यो मनुरब्रवीत्। (मृच्छ 9.39)
अर्थ- मनु के अनुसार यह हत्यारा ब्राह्मण अबध्य है।
अतः विकल्प C सही है।

D. श्रेष्ठी कायस्थ- मृच्छकटिकम् के नवम अङ्क में श्रेष्ठी कायस्थ का कथन-
अप्रमत्तं कथय, स एव एष न वेत्ति। (मृच्छ.अङ्क-9)
अर्थ- सावधान होकर बतलाओ कि ये आभूषण वे हैं या नहीं।

स्रोत- मृच्छकटिकम्- रमाशङ्कर त्रिपाठी, पेज-466

25. 'जगत्प्रभोरप्रसहिष्णु वैष्णवं न चक्रमस्याक्रमताधि-कन्धरम्' श्लोक में ''वैष्णवं'' पद प्रयुक्त है-
(A) भगवान् कृष्ण (B) विष्णु उपासक
(C) जगत्पालक विष्णु (D) भस्मी विशेष

व्याख्या-
जगत्प्रभोरप्रसहिष्णु वैष्णवं न चक्रमस्याक्रमताधिकन्धरम्। (शिशु. 1/54)
'असह्य विष्णु के सुदर्शन चक्र ने लोक स्वामी इस रावण के कण्ठ में आक्रमण नहीं किया।'
➢ वैष्णवम्- 'विष्णु का यह (चक्र) इस अर्थ में विष्णु + अण्, आदि वृद्धि होकर = वैष्णवम् बना। वैष्णवं पद चक्रं का विशेषण है अतः यहाँ वैष्णवं पद का अर्थ 'विष्णु उपासक' के लिए प्रयुक्त है।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम् (1.54)- जनार्दन गंगाधर रटाटे, पेज (123)

26. 'कुथेन नागेन्द्रमिवेन्द्रवाहनम्' शिशुपालवध में इस उपमान सूचक वाक्य से लक्षित है-
(A) श्रीकृष्ण (B) शिशुपाल
(C) नारद (D) हिरण्यकशिपु

व्याख्या-
महाकवि माघ शिशुपालवध के प्रथमसर्ग में निम्नलिखित पात्रों की उपमा देते हुए कहते हैं-
➢ **श्रीकृष्ण की उपमा-** समुद्र से
शिखाभिराश्लिष्ट इवाम्भसां निधिः। (शिशु.1/20)
श्रीकृष्ण वडवाग्नि की ज्वालाओं से व्याप्त समुद्र के समान सुशोभित हुए।
➢ **शिशुपाल की उपमा-** नट से
अवाप्य शैलूष इवैष भूमिकाम्। (शिशु.1/69)
रावण दूसरे जन्म में नट के समान शिशुपाल के रूप मे जन्म लिया।
➢ **नारद की उपमा-**
कुथेन नागेन्द्रमिवेन्द्रवाहनम्। (शिशु.1/8)
झूल से गजराज ऐरावत की तरह शोभित उस व्यक्ति को श्रीकृष्ण ने नारद समझा। **अतः विकल्प C सही है।**
➢ **हिरण्यकशिपु की उपमा-** यमिन्द्रशब्दार्थनिषूदनं हरेर्हिरण्यपूर्वं कशिपुं प्रचक्षते। (शिशु.1/42)
इन्द्र शब्द के परमैश्वर्य रूप अर्थ को नष्ट करने वाला जिसे हिरण्यकशिपु कहते हैं।

स्रोत-शिशुपालवधम् (1.8)- जनार्दन गंगाधर रटाटे, पेज-20

27. 'पिशङ्गमौञ्जीयुजमर्जुनच्छविं' किसे समझ लिया गया?
(A) श्रीकृष्ण को (B) नारद को
(C) अर्जुन को (D) बलराम को

व्याख्या-

- महाकवि माघ प्रणीत शिशुपालवधम् के प्रथमसर्ग में भगवान् श्रीकृष्ण के पुण्डरीकाक्ष नाम की सार्थकता का वर्णन किया गया है-
  विलोचने बिभ्रदधिश्रितश्रिणी स पुण्डरीकाक्ष इति स्फुटोऽभवत्। (शिशु.1.24)
  शोभा सम्पन्न नेत्रों को धारण करते हुए श्रीकृष्ण स्पष्टरूप से कमल-नयन हो गए।
- शिशुपालवधम् के प्रथमसर्ग में नारद की तुलना बलराम से करते हुए माघ कहते हैं-
  पिशङ्गमौञ्जीयुजमर्जुनच्छविं वसानमेणाजिनमञ्जनद्युतिः।
  सुवर्णसूत्राकलिताधराम्बरां विडम्बयन्तं शितिवाससस्तनुम्।। (शिशु.1.6)
  पीले रंग की मूँज की मेखला से युक्त, गौरवर्ण वाले, अंजन की सी कान्ति वाले कृष्णमृग चर्म को धारण किए हुए सोने की करधनी से बँधे हुए अधोवस्त्र वाले बलराम के शरीर का अनुकरण करते हुए उस व्यक्ति को श्रीकृष्ण ने नारद समझा।
- भारवि विरचित किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में द्रौपदी युधिष्ठिर से अर्जुन के विषय में कहती हैं-
  स वल्कवासांसि तवाधुनाऽहरन्
  करोति मन्युं न कथं धनञ्जयः। (किरात.1.35)
  वही धनञ्जय (अर्जुन) इस समय आप युधिष्ठिर के वल्कल वस्त्रों को लाता हुआ आपको क्रोध नहीं उत्पन्न करता है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम् (1.6) - जनार्दन गंगाधर रटाटे, पेज-16

28. शिशुपालवधम् के प्रथमसर्ग में प्रयुक्त छन्द है-
(A) मालिनी **(B) वंशस्थ**
(C) उपेन्द्रवज्रा **(D) शिखरिणी**

व्याख्या-

- महाकवि भारवि द्वारा किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में वंशस्थ छन्द का प्रयोग है सर्गान्त में छन्द परिवर्तन कर पुष्पिताग्रा तथा मालिनी छन्द का प्रयोग हुआ है-
  मालिनी छन्द का लक्षण- 'ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः।'
  मालिनी छन्द के प्रत्येक पाद में 15 वर्ण होते हैं। दो नगण, एक मगण, दो यगण। इसमें आठ तथा सात पर यति होती है।
  उदाहरण- विधिसमयनियोगाद्दीप्तिसंहारजिह्मं
  शिथिलवसुमगाधे मग्नमापत्पयोधौ।
  रिपुतिमिरमुदस्योदीयमानं दिनादौ दिनकृतमिवलक्ष्मीस्त्वां समभ्येतु भूयः।। (किरात.1.46)
- महाकवि माघ ने शिशुपालवधम् के प्रथमसर्ग में वंशस्थ छन्द का प्रयोग किया है एवं सर्गान्त में पुष्पिताग्रा तथा शार्दूलविक्रीडित छन्द प्रयुक्त है। वंशस्थ छन्द का लक्षण- 'जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ' वंशस्थ छन्द के प्रत्येक पाद में बारह वर्ण होते हैं। एक जगण, एक तगण, एक जगण, एक रगण।
  उदाहरण- ग्रहीतुमार्यान् परिचर्यया मुहुर्महानुभावा हि नितान्तमर्थिनः।। (शिशु.1.17)
- भवभूति विरचित उत्तररामचरित के प्रथम अङ्क में-
  एतान्यपश्यन् गुरवः पुराणाः, स्वान्येव तेजांसि तपोमयानि। (उत्तरराम.1.15)
  उपेन्द्रवज्रा का लक्षण- उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ।
  उपेन्द्रवज्रा में ग्यारह वर्ण होते हैं एक जगण, एक तगण, एक जगण, दो गुरु।
- महाकवि कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क के निम्न श्लोक में शिखरिणी छन्द का प्रयोग है।
  'चलापाङ्गां दृष्टिं स्पृशसि बहुशो वेपुथमतीम्' (अभि.1.24)
  शिखरिणी छन्द का लक्षण- रसैः रुद्रैश्छिन्ना यमनसभलागः शिखरिणी।
  शिखरिणी छन्द में प्रत्येक पाद में सत्रह वर्ण होते हैं एक यगण, एक मगण, एक नगण, एक सगण, एक भगण, एक लघु तथा एक गुरु।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम् (1.1)- जनार्दन गंगाधर रटाटे, पेज-4

29. 'अकारणाविष्कृतवैरदारुणादसज्जनात्कस्य भयं न जायते' इस श्लोकांश के रचयिता हैं-
(A) भवभूति **(B) श्रीहर्ष**
(C) बाणभट्ट **(D) कालिदास**

व्याख्या-

A. भवभूति- उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में तमसा सीता से कहती हैं-
'शोकक्षोभे च हृदयं प्रलापैरेव धार्यते।' (उत्तर.3/29)
शोकजन्य क्षोभ में हृदय विलाप के द्वारा ही बचाया जाता है।

B. श्रीहर्ष- नारद के सूर्याधिक तेजस्वी होने के विषय में प्रकारान्तर से उक्ति-
कर्म कः स्वकृतमत्र न भुङ्क्ते। (नैषध.5/6)
''कौन अपने किये कर्म को नहीं भोगता''

C. **बाणभट्ट-** बाणभट्ट कादम्बरी के श्लोक में असज्जनों का वर्णन करते हुए कहते हैं-
'अकारणाविष्कृतवैरदारुणादसज्जनात्कस्य भयं न जायते।' (कादम्बरी श्लोक-5)
'निष्कारण वैरभाव करने वाले क्रूर दुष्ट पुरुष से किसको भय उत्पन्न नहीं होता है।'

D. **कालिदास-** कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सप्तम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला से कहते हैं-
'स्रजमपि शिरस्यन्धः क्षिप्ता धुनोत्यहिशङ्कया।'
(अभि. शा. 7/24)
'अन्धा व्यक्ति सिर पर डाली हुई फूलों की माला को भी साँप समझकर फेंक देता है।'

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- कादम्बरीकथामुख (श्लोक-5)- समीर शर्मा, पेज-4

30. ''नास्ति जीवितादन्यदभिमततरमिह जगति सर्वजन्तूनाम्'' सूक्ति किस ग्रन्थ की है-
(A) मृच्छकटिकम् **(B) नलचम्पू**
(C) कादम्बरी **(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम्**

व्याख्या-

A. **मृच्छकटिकम्-** शूद्रक विरचित मृच्छकटिकम् के प्रथम अङ्क में संवाहक वसन्तसेना से कहता है-
यः पूजयितुमपि न जानाति स पूजाविशेषमपि जानाति।।
(2/15)
'जो आदमी दूसरों का आदर भी करना नहीं जानता है, वह क्या आदर के विशेष तरीकों को जानता है।

B. **नलचम्पू-** नलचम्पू के प्रथम उच्छ्वास में त्रिविक्रमभट्ट विद्वानों के विषय में कहते हैं- सर्वं सहाः सूरयः (1/15) विद्वान् लोग सब सहन करने वाले होते हैं।

C. **कादम्बरी-** बाणभट्ट विरचित कादम्बरी के कथामुख में शुक अपनी दशा का वर्णन करते हुए राजा शूद्रक से कहता है-
नास्ति जीवितादन्यदभिमततरमिह जगति सर्वजन्तूनाम्
''संसार में सभी प्राणियों के लिए जीवन से बढ़कर अधिक प्रिय और कुछ भी नहीं है। **अतः विकल्प C सही है।**

D. **अभिज्ञानशाकुन्तलम्-** शार्ङ्गरव शारद्वत आदि से राजा दुष्यन्त द्वारा कण्व का कुशल पूँछने पर कहते हैं कि-
तमस्तपति घर्मांशौ कथमाविर्भविष्यति- (5/14)
सूर्य के तपते हुए होने पर अन्धकार कैसे प्रकट होगा।

स्रोत- कादम्बरी कथामुखम्- समीर शर्मा, पेज-138

31. कादम्बरी शब्द प्रसिद्ध है-
(A) भीरु स्त्री **(B) अप्सरा**
(C) मदिरा **(D) कदम्बधारिणी**

व्याख्या-

- 'कादम्बरी' संस्कृत के श्रेष्ठ गद्यकार बाण की रचना है। संस्कृत काव्यशास्त्रियों नें संस्कृत गद्यकाव्य के दो भेद किये हैं- 1. कथा 2. आख्यायिका।
- 'कादम्बरीमधिकृत्य कृता कथा' इस अर्थ में कादम्बरी शब्द से 'अधिकृत्य कृते ग्रन्थे' सूत्र से अण् प्रत्यय होता है। उस अण् का 'लुबाख्यायिकाभ्यो बहुलम्' वार्तिक से लोप हो जाने पर 'लुपि युक्तवद् व्यक्तिवचने' सूत्र से प्रकृतिवत् लिङ्ग और वचन करके कादम्बरी शब्द की सिद्धि की जाती है।
- कादम्बरी 'मदिरा' को कहते हैं। मदिरा के समान आह्लादक एवं मादक होने के कारण इस कथा का नाम कादम्बरी रखा गया।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- शुकनासोपदेश- तारिणीश झा, भू.पेज-12

32. 'गुह इवाप्रतिहतशक्तिः' 'गुह' का अभिप्राय है-
(A) गुहावासी **(B) कामदेव**
(C) कार्तिकेय **(D) गूद**

व्याख्या-
बाणभट्ट कृत कादम्बरी के कथामुख में शूद्रक वर्णन में राजा शूद्रक के लिए निम्न विशेषण का प्रयोग किया गया है-
''हर इव जितमन्मथः, गुह इवाप्रतिहतशक्तिः, कमलयोनिरिव विमानीकृतराजहंसमण्डलः''
शिव के समान जितेन्द्रिय (भगवान् शिव ने कामदेव को भस्म किया था तथा राजा ने काम को जीत लिया था), कार्तिकेय के समान (गुह इव) अप्रतिहत शक्ति वाला, कमलयोनि (ब्रह्मा) भूपतियों के दर्प को नष्ट करने वाला (कमलयोनि ब्रह्मा जी ने राजहंस को अपना विमान बनाया था और राजा ने श्रेष्ठ राजाओं के मान का मर्दन किया था।) यहाँ गुह का अभिप्राय कार्तिकेय है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- कादम्बरीकथामुख-समीर शर्मा, पेज-16

33. 'स्फुरत्कलालापविलासकोमला' यह वाक्यांश किसके वैशिष्ट्य को प्रकट करता है-
(A) कादम्बरी के **(B) वासवदत्ता के**
(C) शकुन्तला के **(D) काव्यकथा के**

व्याख्या-

बाणभट्ट द्वारा रचित कादम्बरी कथामुख में कथा की विशेषता का प्रतिपादन करते हुए कहते हैं-

स्फुरत्कलालापविलासकोमला करोति रागं हृदि कौतुकाधिकम्। (कादम्बरी श्लोक-8)

'स्फुट एवं सुन्दर शब्द-रचना के माधुर्य के कारण रमणीय कथा लोगों के हृदय में कुतूहलपूर्ण रुचि उत्पन्न कर देती है।' बाणभट्टकृत 'कादम्बरी' की यह पंक्ति कथा काव्य के वैशिष्ट्य को द्योतित करती है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- कादम्बरी कथामुखम् (श्लोक-8)

34. नलचम्पू में कितने उच्छ्वास हैं-

(A) चार **(B) सात**
(C) आठ **(D) दस**

व्याख्या-

	विभाजन	ग्रन्थ	ग्रन्थकार
*	चार आनन	रसगङ्गाधर	पं.राजजगन्नाथ
*	चार प्रकाश	दशरूपक	धनञ्जय
*	चार जवनिका	कर्पूरमञ्जरी	राजशेखर
*	चार परिच्छेद	हितोपदेश	नारायणपण्डित
*	सात अङ्क	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	कालिदास
*	सात अङ्क	उत्तररामचरितम्	भवभूति
*	सात काण्ड	वाल्मीकीयरामायणम्	वाल्मीकि
*	सात अङ्क	अनर्घराघवम्	मुरारि
*	**सात उच्छ्वास**	**नलचम्पू**	**त्रिविक्रमभट्ट**
*	आठ उच्छ्वास	हर्षचरितम्	बाणभट्ट
*	आठ तरङ्ग	राजतरङ्गिणी	कल्हण
*	दश अङ्क	मृच्छकटिकम्	शूद्रक
*	दश मयूख	चन्द्रालोक	जयदेव

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत-संस्कृत साहित्य का इतिहास-उमाशंकर शर्मा ऋषि,पेज- 416

35. ''किं कवेस्तेन काव्येन किं काण्डेन धनुष्मतः। परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिरः॥'' यह श्लोक किस ग्रन्थ का है-

(A) मृच्छकटिकम् **(B) उत्तररामचरितम्**
(C) नलचम्पूः **(D) नीतिशतकम्**

व्याख्या-

➢ **नलचम्पू-** नलचम्पू के प्रथम उच्छ्वास में त्रिविक्रमभट्ट काव्य की प्रशंसा करते हुए कहते हैं-
किं कवेस्तेन काव्येन किं काण्डेन धनुष्मतः।
परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिरः।। (नल. 1/5)
कवि के उस काव्य से क्या लाभ? अथवा धनुर्धारी के उस बाण से क्या लाभ? जो दूसरों के हृदय में लगकर उसके सिर को हिला न दे (अर्थात् काव्यपक्ष में अद्भुत चमत्कार से सिर को झुमा न दे, बाणपक्ष में- पीड़ा से सिर को न भन्ना दे)

➢ **मृच्छकटिकम्-** शर्विलक मदनिका से कहता है कि-
निशायां नष्टचन्द्रायां दुर्लभो मार्गदर्शकः (मृच्छ.4/21)
जिस रात में चन्द्रमा डूब जाता है उसमें राह बताने वाला व्यक्ति दुर्लभ होता है।

➢ **उत्तररामचरितम्-** भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् के चतुर्थ अङ्क में अरुन्धती का सीता के प्रति कथन है कि-
गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः (4/11)
गुणवानों में गुण ही पूजा के स्थान होते हैं, न कोई चिह्न-विशेष और न आयु।

➢ **नीतिशतकम्-** बलशालियों के स्वाभाविक गुणों का वर्णन करते हुए भर्तृहरि नीतिशतकम् के मानशौर्य पद्धति में कहते हैं-
न खलु वयस्तेजसो हेतुः (नीति. श्लोक-31)
'अवस्था तेज (पराक्रम) का कारण नहीं होती।'

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- नलचम्पू (1.5)- धुरन्धर पाण्डेय, पेज-5

36. 'दृश्यते न च यत्र स्त्री नवा पीनपयोधरा' श्लोकांश किस ग्रन्थ का है-

(A) मृच्छकटिकम् **(B) नलचम्पूः**
(C) शिशुपालवधम् **(D) शृङ्गारशतकम्**

व्याख्या-

A. मृच्छकटिकम्- शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् के तृतीय अङ्क में चारुदत्त विदूषक से कहता है कि-
शङ्कनीया हि लोकेऽस्मिन् निष्प्रतापादरिद्रता (मृच्छ.3/24)
इस संसार में तेजहीन दरिद्रता सन्देह का कारण होती है।

B. नलचम्पू- आर्यावर्त का वर्णन करते हुए त्रिविक्रमभट्ट कहते हैं कि- दृश्यते न च यत्र स्त्री नवा पीनपयोधरा (नलचम्पू1/26)

आर्यावर्त में नूतन तथा प्रचुरचलयुक्त बावली और वहाँ के किसानों के स्वामी केवल मेघ ही नही हैं अपितु नदी, नहर आदि से भी सिंचाई की जाती है।

C. शिशुपालवधम्- माघकृत शिशुपालवध के प्रथमसर्ग में श्रीकृष्ण नारदजी से कह रहे हैं कि-
'श्रेयसि केन तृप्यते।' (शिशु.1/29)
कल्याण के विषय में भला कौन तृप्त होता है।

D. शृङ्गारशतकम्- भर्तृहरि सुन्दर तरुणी के विषय में कहते हैं कि
'पुण्यैर्विना नहि भवन्ति समीहितार्थाः।' (शृङ्गार.18)
अभिलाषाएँ बिना पुण्यों के पूर्ण नहीं होती।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- नलचम्पू (1.26)- धुरन्धर पाण्डेय, पेज-34

37. कर्पूरमञ्जरी की भाषा है-
(A) अपभ्रंश **(B) पैशाची**
(C) शौरसेनी **(D) शिलालेखीय प्राकृत**

व्याख्या-

	भाषा	ग्रन्थ	ग्रन्थकार
A.	अपभ्रंश	विक्रमोर्वशीयम्	कालिदास
B.	पैशाची	बृहत्कथा	गुणाढ्य
C.	शौरसेनी	कर्पूरमञ्जरी	राजशेखर
D.	शिलालेखीय प्राकृत	मानसेरा शिलालेख	

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत-संस्कृत साहित्य का इतिहास-उमाशंकर शर्मा ऋषि,पेज- 539

38. प्रवेशक और विष्कम्भक का उल्लेख नहीं है-
(A) मालतीमाधवम् **(B) रत्नावली**
(C) मुद्राराक्षसम् **(D) कर्पूरमञ्जरी**

व्याख्या-
आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में सट्टक का लक्षण करते हैं-
सट्टकं प्राकृताशेषपाठ्यं स्यादप्रवेशकम्।
न च विष्कम्भकोऽप्यत्र प्रचुरश्चाद्भुतो रसः।
अङ्का जवनिकाख्याः स्युः स्यादन्यन्नाटिकासमम्।। (6/276)
जिसकी सम्पूर्ण रचना प्राकृत में ही हो, प्रवेशक और विष्कम्भक जहाँ न हों, प्रचुर अद्भुत रस हो उसे 'सट्टक' कहते हैं। इसके अङ्कों का नाम जवनिका होता है और सब इसमें नाटिका के सदृश होता है। जैसे- कर्पूरमञ्जरी।

* मालतीमाधवम्, रत्नावली, मुद्राराक्षस में प्रवेशक और विष्कम्भक का प्रयोग हुआ है। उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि कर्पूरमञ्जरी में प्रवेशक और विष्कम्भक का प्रयोग नहीं हुआ है। **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- साहित्यदर्पण (6/276)- शालिग्राम शास्त्री, पेज -221

39. निम्नलिखित में कौन सा रूपक नहीं है-
(A) मालविकाग्निमित्रम् **(B) मुद्राराक्षसम्**
(C) शारिपुत्रप्रकरणम् **(D) कर्पूरमञ्जरी**

व्याख्या-

	ग्रन्थ	ग्रन्थकार	विभाजन/विधा
A.	मालविकाग्निमित्रम्	कालिदास	5 अङ्क/त्रोटक
B.	मुद्राराक्षसम्	विशाखदत्त	7 अङ्क/नाटक
C.	शारिपुत्रप्रकरणम्	अश्वघोष	9 अङ्क/प्रकरण
D.	कर्पूरमञ्जरी	राजशेखर	4 जवनिका/सट्टक

नोट- मालविकाग्निमित्रम्, मुद्राराक्षसम्, शारिपुत्रप्रकरणम् ये रूपक है तथा कर्पूरमञ्जरी सट्टक नामक उपरूपक है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत-संस्कृत साहित्य का इतिहास- उमाशंकर शर्मा ऋषि,पेज-539

40. कालिदास किस रीति के कवि हैं?
(A) वैदर्भी **(B) गौड़ी**
(C) पाञ्चाली **(D) लाटी**

व्याख्या-

रीति	कवि/लेखक	(समय)
वैदर्भी	कालिदास	ई.पू. प्रथम शताब्दी
गौड़ी	भट्टनारायण	सातवीं/आठवीं शताब्दी
पाञ्चाली	बाणभट्ट	सातवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध

लाटी- लाटीरीति का ग्रन्थ सम्भवतः उपलब्ध नहीं होता

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 346

41. प्राचीनतम महाकाव्य कौन सा है-
(A) कुमारसम्भवम् **(B) किरातार्जुनीयम्**
(C) बुद्धचरितम् **(D) जानकीहरणम्**

व्याख्या-

	ग्रन्थ	ग्रन्थकार	समय
*	कुमारसम्भवम्	कालिदास	ई.पू. प्रथम शताब्दी
*	किरातार्जुनीयम्	भारवि	छठी शताब्दी ई. (560ई.-615ई. के बीच)
*	बुद्धचरितम्	अश्वघोष	प्रथम शताब्दी ई.
*	जानकीहरणम्	कुमारदास	छठी शताब्दी

नोट- उपर्युक्त कवियों में काल की दृष्टि से कालिदास सबसे प्राचीनतम कवि हैं। अतः 'कुमारसम्भवम्' सबसे प्राचीनतम महाकाव्य है।

- अश्वघोष कुषाण नरेश कनिष्क के समकालीन थे कनिष्क का समय सिल्वाँ लेवी, ओल्डनवर्ग, फर्गूसन, रैप्सन आदि पाश्चात्य विद्वान् एवं रमेशचन्द्र मजूमदार, भगवतशरण उपाध्याय, जयचन्द्र विद्यालङ्कार आदि भारतीय विद्वान् प्रथम शताब्दी में अश्वघोष का समय मानते हैं। वे 78 ई. से प्रचलित शक संवत् को भी कनिष्क के द्वारा ही आरम्भ किया गया बताते हैं अतः अश्वघोष का समय प्रथम शताब्दी ई. है।
- कालिदास और अश्वघोष के पौर्वापर्य को लेकर विवाद खड़ा है दोनों कवियों के भावों में कहीं-कहीं साम्य मिलता है यह कहना सम्भव है कि कालिदास की रचना शैली की लोकप्रियता को देखकर अश्वघोष ने उनका अनुकरण किया। कालिदास के प्रभाव का ही परिणाम था कि दार्शनिक अश्वघोष काव्यरचना में लगे और उसे धर्मप्रचार का साधन बनाया। **अतः विकल्प A सही है।**

स्रोत- संस्कृतगङ्गा साहित्यम्- सर्वज्ञभूषण, पेज-291

42. पाणिनि ने किस विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण की थी?
(A) नालन्दा (B) तक्षशिला
(C) अवन्तिकापुरी (D) वलभी

व्याख्या-

- **नालन्दा-** यह भारत का सबसे विख्यात एवं सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय था। ह्वेनसांग के अनुसार इसका संस्थापक शक्रादित्य था। नरसिंह बालादित्य ने नालन्दा में 80 फीट ऊँची बुद्ध की प्रतिमा स्थापित करवाया था। नालन्दा में एक प्राचीनतम विशाल पुस्तकालय था। नालन्दा महायान शिक्षा का केन्द्र था।
- **तक्षशिला-** बौद्धकाल में सबसे विख्यात विश्वविद्यालय तक्षशिला था और अपने जन्मस्थान से समीपस्थ इस विद्यापीठ में सम्भवतः पाणिनि की शिक्षा-दीक्षा हुई थी। सम्भव है कि वयस्क होने पर पाणिनि ने पाटलिपुत्र (पटना) निवासी वर्ष उपाध्याय का शिष्यत्व भी स्वीकार किया था। त्रिकाण्ड-शेष कोष मे पाणिनि के नामों में 'शालातुरीय' शब्द पठित है। ''शालातुरो नाम ग्रामः।'' महाभाष्य में पाणिनि का नाम दाक्षीपुत्र दिया गया जिससे इनकी माता का नाम दाक्षी सिद्ध होता है। पाणिनि ने घोर तपस्या से शिवजी को प्रसन्न किया और उनके अनुग्रह से अइउण् आदि 14 माहेश्वर सूत्रों को प्राप्त करके 'अष्टाध्यायी' नामक व्याकरण ग्रन्थ की रचना की।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत शास्त्रों का इतिहास- बलदेव उपाध्याय, पेज-426

43. अधोलिखित रूपकों में कौन सा रूपक प्राचीनतम है-
(A) मृच्छकटिकम् (B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(C) मुद्राराक्षसम् (D) शारिपुत्रप्रकरणम्

व्याख्या-

	ग्रन्थ	ग्रन्थकार	समय
A.	मृच्छकटिकम्	शूद्रक	तीसरी-चौथी शताब्दी ई.
B.	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	कालिदास	ई.पू. प्रथम शताब्दी
C.	मुद्राराक्षसम्	विशाखदत्त	पाँचवी छठी शताब्दी ई.
D.	शारिपुत्रप्रकरणम्	अश्वघोष	प्रथम शताब्दी ई.

उपर्युक्त सभी कवियों में कालिदास पूर्ववर्ती कवि हैं। इसलिए अभिज्ञानशाकुन्तलम् सबसे प्राचीन रचना है।

नोट- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि मृच्छकटिकम् के लेखक शूद्रक तीसरी चौथी शताब्दी ई., मुद्राराक्षस के लेखक विशाखदत्त पाँचवी छठी शताब्दी ई., शारिपुत्रप्रकरण के लेखक अश्वघोष का समय प्रथम शताब्दी ई. है जबकि कालिदास प्रथम शताब्दी ई. पू. के कवि हैं इसलिए अभिज्ञानशाकुन्तलम् प्राचीनतम रूपक है।

अतः विकल्प B सही है।

44. त्रिविक्रमभट्ट की रचना है-
(A) रामायणचम्पू (B) मदालसाचम्पू
(C) यशस्तिलकचम्पू (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

A. रामायणचम्पू राजाभोज (भोजराज)- ग्यारहवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध

B. मदालसाचम्पू - त्रिविक्रमभट्ट दशवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध

C. यशस्तिलकचम्पू - सोमदेवसूरि दशवीं शताब्दी

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत-संस्कृत साहित्य का इतिहास- उमाशंकर शर्मा ऋषि,पेज- 416

45. 'चण्डीशतक' किसकी रचना है-
(A) त्रिविक्रमभट्ट (B) बाणभट्ट
(C) भट्टनारायण (D) दण्डी

व्याख्या-

A. **त्रिविक्रमभट्ट** (दशवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध)- नलचम्पू, मदालसाचम्पू, इन्द्रराजप्रशस्ति आदि।

B. **बाणभट्ट** (सातवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध)- कादम्बरी, हर्षचरितम्, चण्डीशतक, पार्वतीपरिणय, मुकुटताडितक आदि।

C. **भट्टनारायण** (सातवीं-आठवीं शताब्दी)- वेणीसंहार,

D. **दण्डी** (छठी शताब्दी ई.)- दशकुमारचरितम्, काव्यादर्श, अवन्तिसुन्दरीकथा, छन्दोविचिति, कलापरिच्छेद, द्विसन्धानकाव्य आदि। **अतः विकल्प B सही है।**

स्रोत- संस्कृत साहित्य का इतिहास-उमाशङ्कर शर्मा ऋषि, पेज- 395

46. भाषा की उत्पत्ति का सिद्धान्त प्राचीनतम है-
(A) प्रतीक सिद्धान्त (B) संगीत सिद्धान्त
(C) रणन सिद्धान्त (D) दिव्योत्पत्ति सिद्धान्त

व्याख्या-

A. **प्रतीक सिद्धान्त-** प्रो. स्वीट ने प्रारम्भिक भाषा में ऐसे शब्दों की संख्या बहुत अधिक मानी है। भाषाविज्ञान में ऐसे शब्दों को 'नर्सरी' शब्द कहते हैं- ये माता-पिता, भाई-बहन आदि से सम्बद्ध होते हैं।

B. **संगीत सिद्धान्त-** इसको प्रेम सिद्धान्त भी कहा जाता है। डार्विन, स्पेन्सर और येस्पर्सन अंशतः इस सिद्धान्त को मानते हैं।
इस सिद्धान्त का कथन है कि मानव के संगीत से भाषा की उत्पत्ति हुई है।

C. **रणन सिद्धान्त-** इस सिद्धान्त को धातु सिद्धान्त, अनुकरण सिद्धान्त, अनुकरणमूलकतावाद, अनुकरणात्मक अनुकरण, डिंग-डांग-वाद आदि नामों से निर्दिष्ट किया गया है। इस मत के मूल प्रवर्तक 'प्लेटो' थे।

D. **दिव्योत्पत्ति सिद्धान्त-** यह सबसे प्राचीन मत है। इस मत का कथन है कि जिस प्रकार परमात्मा ने मानव सृष्टि की, उसीप्रकार मानव के लिए एक परिष्कृत भाषा दी। इस मत में प्रत्येक कार्य के मूल में दैवी शक्ति की सत्ता मानी जाती है। जर्मन विद्वान् सुसमिल्श ने भाषा की दैवी उत्पत्ति का समर्थन किया। **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत-भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी,पेज- 66

47. प्रयत्नलाघव कारण है-
(A) ध्वनि का नियम (B) अर्थपरिवर्तन का
(C) भाषा के ह्रास का (D) ध्वनिपरिवर्तन का

व्याख्या-

A. **ध्वनि का नियम-** किसी भाषा विशेष में किसी काल विशेष में कुछ विशेष परिस्थितियों के अन्तर्गत हुए विशेष प्रकार के ध्वनि परिवर्तनों को ध्वनिनियम कहते हैं। कतिपय विद्वानों ने ध्वनि नियमों पर विचार किया है।
जैसे- 1. ग्रिमनियम 2. ग्रासमाननियम 3. वर्नरनियम 4. तालव्यनियम 5. मूर्धन्यनियम

B. **अर्थपरिवर्तन-** जिस प्रकार ध्वनियों में परिवर्तन होता है उसी प्रकार प्रत्येक भाषा के शब्दों के अर्थों में भी परिवर्तन होता रहता है। यह अर्थपरिवर्तन तीन प्रकार का होता है-
1. अर्थविस्तार 2. अर्थसंकोच 3. अर्थादेश

C. **भाषा के ह्रास (अर्थापकर्ष)-** अर्थपरिवर्तन के कारण कुछ शब्दों के अर्थों में अपकर्ष (हीनता) हुआ। **जैसे-** असुर-ऋग्वेद में देव वाचक था, संस्कृत में राक्षस हो गया।

D. **ध्वनिपरिवर्तन-** ध्वनि परिवर्तन के कारणों को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है।
(क) आभ्यन्तर कारण (ख) बाह्य कारण।

(क) आभ्यन्तरकारण- 1. प्रयत्नलाघव या मुखसुख 2. लघूकरण की प्रवृत्ति 3. अनुकरण की अपूर्णता 4. अशिक्षा 5. शीघ्रभाषण 6. भावावेश 7. काव्यात्मकता 8. बलाघात 9. कृत्रिमता 10. भ्रामक व्युत्पत्ति

(ख) बाह्य कारण- 1. भौगोलिक प्रभाव 2. सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियाँ 3. कालप्रभाव या स्वाभाविक विकास 4. लिपिदोष 5. अन्यभाषाओं का प्रभाव 6. सादृश्य **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-227

48. 'नृत्तावसाने नटराजराजो ननाद ढक्कां नवपञ्चवारम्' भाषा की उत्पत्ति के सिद्धान्त का सूचक है-
(A) संकेत सिद्धान्त (B) आवेग सिद्धान्त
(C) दिव्योत्पत्ति सिद्धान्त (D) संगीत सिद्धान्त

व्याख्या-

	सिद्धान्त	प्रवर्तक विद्वान्	सिद्धान्त का सूचक तत्व
A.	संकेतसिद्धान्त -	रूसो -	प्रारम्भ में मनुष्य पशुओं आदि के तुल्य सिर हिलाना आदि।
B.	आवेगसिद्धान्त -	डार्विन -	हर्ष, शोक, विस्मय, भय, घृणा क्रोधादि भावावेश।
C.	दिव्योत्पत्तिसिद्धान्त -	सुसमिल्श -	नृत्तावसाने नटराजराजो ननाद ढक्कां नवपञ्चवारम्।

अतः विकल्प C सही है।

D. संगीतसिद्धान्त- डार्विन, स्पेन्सर, और येस्पर्सन गुनगुनाने की निरर्थक ध्वनियाँ धीरे-धीरे वस्तुओं से सम्बद्ध हो गईं।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-66

49. संस्कृत भाषा है-

(A) अयोगात्मिका **(B) शिलष्टयोगात्मिका**

(C) प्रश्लिष्ट योगात्मिका **(D) अश्लिष्टयोगात्मिका**

व्याख्या-

- **भाषा**
  - अयोगात्मक (चीनी, तिब्बती, बर्मी)
  - योगात्मक
    - अश्लिष्ट
      - पूर्वयोगात्मक (काफिर)
      - मध्ययोगात्मक (सन्थाली)
      - अन्त्ययोगात्मक (तुर्की)
      - पूर्वान्तयोगात्मक (मफोर)
    - **श्लिष्ट**
      - **अन्तर्मुखी**
        - संयोगात्मक (अरबी)
        - वियोगात्मक (हिब्रू)
      - **बहिर्मुखी**
        - संयोगात्मकः (संस्कृत)
        - वियोगात्मक (हिन्दी)
    - प्रश्लिष्ट
      - पूर्णप्रश्लिष्ट (चेरोकी)
      - आंशिक प्रश्लिष्ट बास्क

नोट- उपर्युक्त चार्ट से स्पष्ट है कि संस्कृतभाषा शिलष्टयोगात्मिका है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत-भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-357

50. मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाएँ संगणित है-

(A) बर्मी **(B) तमिल**

(C) पालि **(D) ग्रीक**

व्याख्या-

A. **बर्मी**- बर्मी चीनी परिवार की भाषा है। इसके अन्तर्गत ये भाषाएँ हैं-
1. चीनी 2. थाई या स्यामी 3. ब्राह्मी या बर्मी 4. तिब्बती 5. अनामी।

B. **तमिल-** तमिल द्राविड परिवार की भाषा है-
1. तमिल 2. तेलगु 3. कन्नड 4. मलयालम्

C. **मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाएँ-** मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं को तीन भागों में बाँटा जाता है-
1. प्राचीन प्राकृत या पालि। 2. मध्यकालीन प्राकृत 3. परकालीन प्राकृत या अपभ्रंश। **अतः विकल्प C सही है।**

D. **ग्रीक-** इसका क्षेत्र ग्रीस, दक्षिणी अल्बानिया और युगोस्लाविया, बुल्गोरिया-टर्की-साइप्रस का कुछ भाग है। इसमें प्राचीनकाल में बहुत सी बोलियाँ थी, जिनमें एट्टिक और डोरिक मुख्य थीं।

स्रोत-भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-431

51. सिन्धु-हिन्दु में ध्वनि परिवर्तन का कारण है-

(A) लिपि दोष **(B) बलाघात**

(C) सादृश्य **(D) भौगोलिक**

व्याख्या-

A. **लिपि दोष-** विभिन्न लिपियों की अपूर्णता के कारण भी ध्वनि परिवर्तन देखा जाता है। अंग्रेजी और उर्दू के प्रभाव से ध्वनियों के उच्चारण में अन्तर हो गया।
जैसे- 1. अंग्रेजी में राम - रामा 2. प्रचार - परचार

B. **बलाघात-** ध्वनिपरिवर्तन में बलाघात का महत्त्वपूर्ण स्थान है। जिस ध्वनि पर बल दिया जाता है वह शेष रहती है, अन्य निर्बल ध्वनियाँ क्षीण हो जाती हैं।
जैसे- अभ्यन्तर - भीतर, उपरि - पर

C. **सादृश्य-** सादृश्य या समानता के आधार पर कुछ ध्वनियों में परिवर्तन हो जाता है।
जैसे- द्वादश के सादृश्य पर एकादश।

D. **भौगोलिक-** एक मूलभाषा से वैदिक संस्कृत अवेस्ता भाषायें निकली हैं। दोनों में भौगोलिक भेद से ध्वनियों में अन्तर हो गया है। संस्कृत का स् अवेस्ता में ह् हो जाता है।
जैसे- सप्त-हप्त, सिन्धु-हिन्दु, असि-अहि है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी,पेज- 97

52. 'त्रिविधं प्रमाणमिष्टम्' कथन प्राप्त होता है-
(A) अर्थसंग्रह **(B) तर्कसंग्रह**
(C) सांख्यकारिका **(D) तर्कभाषा**

व्याख्या-

➢ सांख्यकारिकाकार ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में तीन प्रमाण मानते हुए उसको परिभाषित करते हैं-
दृष्टमनुमानमाप्तवचनं च सर्वप्रमाणसिद्धत्वात्।
त्रिविधं प्रमाणमिष्टं प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि॥
(सां.का.4)
सभी प्रमाणों का अन्तर्भाव होने से प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द, तीन प्रकार के प्रमाण हैं, क्योंकि प्रमाणों से ही प्रमेयसिद्धि होती है। **अतः विकल्प C सही है।**

➢ अन्नम्भट्ट विरचित तर्कसंग्रह में सात पदार्थों का वर्णन है- **'द्रव्यगुणकर्मसामान्याविशेषसमवायाभावाः सप्तपदार्थाः'** (तर्कसंग्रह)
अर्थात् द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय, अभाव ये सात पदार्थ हैं।

➢ लौगाक्षिभास्कर कृत अर्थसंग्रह में धर्म का लक्षण निम्नवत् है- **'वेदप्रतिपाद्यः प्रयोजनवदर्थो धर्मः'**
अर्थात् वेद द्वारा प्रतिपादित प्रयोजन से युक्त अर्थ धर्म है।

➢ केशवमिश्र प्रणीत तर्कभाषा में चार प्रमाणों का वर्णन है- **'प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि'** (न्यायसूत्र1.1.6)
प्रत्यक्ष प्रमाण, अनुमान प्रमाण, उपमान प्रमाण, शब्द प्रमाण।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.-4) राकेश शास्त्री, पेज-12

53. तमोगुण का प्रयोजन है-
(A) प्रवृत्ति **(B) प्रकाश**
(C) नियमन **(D) विषाद**

व्याख्या-

सांख्यकारिकाकार ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में गुणों का वर्णन करते हैं-
प्रीत्यप्रीतिविषादात्मकाः प्रकाशप्रवृत्तिनियमार्थाः।
अन्योन्याभिभवाश्रयाजननमिथुनवृत्तयश्च गुणाः॥
(सां.का.-12)

गुण	कार्य/प्रयोजन	स्वरूप
सत्त्व	प्रकाश करना	सुखात्मक
रजस्	प्रवर्तन करना	दुःखात्मक
तमस्	नियमन करना	मोहात्मक

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.-12)- राकेश शास्त्री, पेज-42

54. सूक्ष्मशरीर कितने तत्त्वों का समुदाय है?
(A) 16 **(B) 18**
(C) 17 **(D) 24**

व्याख्या-

➢ सांख्यदर्शन के अनुसार सूक्ष्मशरीर का निर्माण 18 तत्त्वों से हुआ है, जिसे सांख्यकारिकाकार ईश्वरकृष्ण परिभाषित करते हैं-
पूर्वोत्पन्नमसक्तं नियतं महदादिसूक्ष्मपर्यन्तम्।
संसरति निरुपभोगं भावैरधिवासितं लिङ्गम्।।
(सां.का.-40)
सृष्टि के प्रारम्भ में उत्पन्न, सब जगह गति करने वाला, प्रलयकाल में भी स्थायी रहने वाला, महत् आदि से लेकर सूक्ष्मतन्मात्रा पर्यन्त अठारह तत्त्वों से निर्मित, भोगरहित, भावों से युक्त सूक्ष्मशरीर संसार में गमनागमन करता है। अठारह तत्त्व हैं- एकादश इन्द्रियाँ, पञ्चतन्मात्रा, महत्, अहंकार।

➢ न्यायदर्शन का प्रकरणग्रन्थ आचार्य केशवमिश्र प्रणीत तर्कभाषा में सोलह पदार्थों का वर्णन है- प्रमाण-प्रमेय-संशय-प्रयोजन-दृष्टान्त-सिद्धान्त-अवयव-तर्क-निर्णय-वाद-जल्प-वितण्डा-हेत्वाभास-च्छल-जाति-निग्रहस्थान।

➢ वैशेषिकदर्शन के प्रकरणग्रन्थ अन्नम्भट्ट विरचित तर्कसङ्ग्रह में चौबीस गुणों का विवेचन है- रूप, रस, गन्ध, स्पर्श,संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, गुरुत्व,

द्रवत्व, स्नेह, शब्द, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म, संस्कार।

➢ वेदान्तसार के अनुसार सूक्ष्मशरीर का निर्माण सत्रह अवयवों से हुआ है-
'सूक्ष्मशरीराणि सप्तदशावयवानि लिङ्गशरीराणि'
सत्रह अवयव हैं- पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय, पञ्चवायु, बुद्धि, मन।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.40)- राकेश शास्त्री, पेज-117

55. सांख्यकारिका के अनुसार अव्यक्त है-
(A) असामान्य (B) अनाश्रितम्
(C) अप्रसवधर्मी (D) अविषयम्

व्याख्या-

सांख्यकारिकाकार ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में व्यक्त तथा अव्यक्त (प्रकृति) को परिभाषित करते हुए कहते हैं-
हेतुमदनित्यमव्यापि सक्रियमनेकमाश्रितं लिङ्गम्।
सावयवं परतन्त्रम् व्यक्तं, विपरीतमव्यक्तम्।।
(सां.का.-10)

व्यक्त	**-**	**अव्यक्त (प्रकृति)**
हेतुमत्	-	अहेतुमत् (कारणरहित)
अनित्य	-	नित्य
अव्यापी	-	व्यापी
सक्रिय	-	निष्क्रिय
अनेक	-	एक
आश्रित	-	अनाश्रित
लिङ्गसहित	-	लिङ्गरहित
अवयवसहित	-	अवयवरहित
परतन्त्र	-	स्वतन्त्र

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.-10)- राकेश शास्त्री, पेज-32

56. सांख्यमतानुसार पुरुष है-
(A) प्रकृति (B) प्रकृति और विकृति
(C) न प्रकृति न विकृति (D) विकृति

व्याख्या-

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः।।सां.का.3।।
सांख्यशास्त्र में उल्लिखित 25 तत्त्वों को चार भागों में विभाजित किया गया है-

1. प्रकृति (अविकृति) = 1 तत्त्व (मूलप्रकृति)
2. प्रकृति एवं विकृति = 7 तत्त्व (महत् या बुद्धितत्त्व, अहंकार, पञ्चतन्मात्राएँ)
3. केवल विकृति = 16 तत्त्व (पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ, पञ्चकर्मेन्द्रियाँ, मन, पञ्चमहाभूत)
4. न प्रकृति न विकृति = 1 तत्त्व (पुरुष)

कुल = 25 तत्त्व

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (कारिका-3) राकेश शास्त्री, पेज-3

57. सांख्यकारिका के अनुसार रजोगुण होता है-
(A) वरणकम् (B) उपष्टम्भकम्
(C) आच्छादकम् (D) प्रकाशकम्

व्याख्या-

ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में गुणों का लक्षण करते हैं-
सत्त्वं लघु प्रकाशकमिष्टमुपष्टम्भकं चलं च रजः।
गुरु वरणकमेव तमः, प्रदीपवच्चार्थतो वृत्तिः।।सां.का.13।।
अर्थात् सत्त्वगुण हल्का अतएव प्रकाशक, रजोगुण प्रवृत्तिशील (चञ्चल) अतएव उत्तेजक एवं तमोगुण भारी अतएव अवरोधक (नियामक) माना गया है। एक ही प्रयोजन की सिद्धि के लिए तीनों ही गुण प्रदीप के समान मिलकर कार्य करते हैं।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.-13)- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज 184

58. तर्कभाषा में प्रमेयो की संख्या है-
(A) बारह (B) सोलह
(C) पाँच (D) चार

व्याख्या-

A. तर्कभाषा में प्रमेयों की संख्या बारह है-
1. आत्मा 2. शरीर 3. इन्द्रिय 4. अर्थ 5. बुद्धि 6. मन 7. प्रवृत्ति 8. दोष 9. प्रेत्यभाव 10. फल 11. दुःख 12. अपवर्ग

अतः विकल्प A सही है।

B. तर्कभाषा में सोलह पदार्थों का वर्णन है-
1. प्रमाण 2. प्रमेय 3. संशय 4. प्रयोजन 5. दृष्टान्त 6. सिद्धान्त 7. अवयव 8. तर्क 9. निर्णय 10. वाद 11. जल्प 12. वितण्डा 13. हेत्वाभास 14. छल 15. जाति 16. निग्रहस्थान

C. तर्कभाषा में हेत्वाभासों की संख्या पाँच है-
1. असिद्ध 2. विरुद्ध 3. अनैकान्तिक 4. प्रकरणसम 5. कालात्ययापदिष्ट

D. तर्कभाषा में चार प्रमाणों का वर्णन है-
1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. उपमान 4. शब्द

स्रोत- तर्कभाषा- गजाननशास्त्री मुसलगाँवकर, पेज-274

59. पट का निमित्त कारण होता है-
(A) तन्तु **(B) तुरी**
(C) तन्तुसंयोग **(D) तन्तुरूप**

व्याख्या-
आचार्य केशवमिश्र तर्कभाषा में तीन प्रकार के कारण बताते हैं- समवायिकारण, असमवायिकारण, निमित्तकारण।

➢ **तन्तु-** 'यत्समवेतं कार्यमुत्पद्यते तत्समवायिकारणम्। यथा-तन्तवः पटस्य।' जिसमें समवाय-सम्बन्ध से रहकर कार्य उत्पन्न होता है उसे समवायि कारण कहते हैं जैसे- तन्तु पट के प्रति समवायिकारण है।

➢ **तन्तु संयोग-**
'कार्येण कारणेन वा सहैकस्मिन्नर्थे समवेतत्वे सति यत् कारणम् असमवायिकारणम्। यथा- तन्तुसंयोगः पटस्य।'
कार्य अथवा कारण के साथ एक पदार्थ में समवाय सम्बन्ध से वर्तमान रहता हुआ जो कारण है, वह असमवायिकारण है। जैसे - तन्तुओं का संयोग पट का असमवायिकारण है। तो उसीप्रकार तन्तुरूप पटरूप का असमवायिकारण है।

➢ **तुरी-** 'तदुभयभिन्नं कारण निमित्तकारणम्, यथा तुरीवेमादिकं पटस्य।' समवायिकारण और असमवायिकारण इन दोनों कारणों से जो भिन्न कारण है, उसे निमित्त कारण कहते हैं।
जैसे कि कपड़ा बनाने में सहायक यन्त्र तुरी, वेमा आदि पट के प्रति निमित्तकारण हैं।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- तर्कसंग्रह- गोविन्दाचार्य, पेज-149

60. तर्कभाषा के अनुसार गुण नहीं है-
(A) स्नेह **(B) दिक्**
(C) द्वेष **(D) बुद्धि**

व्याख्या-

➢ केशवमिश्रकृत तर्कभाषा के अनुसार 24 गुण हैं-
1. रूप 2. रस 3. गन्ध 4. स्पर्श 5. संख्या 6. परिमाण 7. पृथक्त्व 8. संयोग 9. विभाग 10. परत्व 11. अपरत्व 12. गुरुत्व 13. द्रव्यत्व 14. स्नेह 15. शब्द 16. बुद्धि 17. सुख 18. दुःख 19. इच्छा 20. द्वेष 21. प्रयत्न 22. धर्म 23. अधर्म 24. संस्कार

➢ तर्कभाषा के अनुसार द्रव्यों की संख्या 9 है-
1. पृथ्वी 2. जल 3. तेज 4. वायु 5. आकाश 6. काल 7. दिक् 8. आत्मा 9. मन

नोट- उपर्युक्त विकल्पों में स्नेह, द्वेष, बुद्धि ये तीनों गुण के उदाहरण हैं जबकि दिक् द्रव्य का उदाहरण है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- गजाननशास्त्री मुसलगाँवकर, पेज-307

61. 'गुडाकेश' कौन कहा जाता है?
(A) संजय **(B) धृतराष्ट्र**
(C) श्रीकृष्ण **(D) अर्जुन**

व्याख्या-
श्रीमद्भगवद्गीता के प्रथम अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन को सम्बोधित करते हुए कहते हैं-
एवमुक्तो हृषीकेशो गुडाकेशेन भारत।
सेनयोरुभयोर्मध्ये स्थापयित्वा रथोत्तमम्।। (1/24)
भीष्मद्रोणप्रमुखतः सर्वेषां च महीक्षिताम्।
उवाच पार्थ पश्यैतान्समवेतान्कुरूनिति।।
अर्जुन द्वारा इसप्रकार कहे हुए भगवान् श्रीकृष्ण ने दोनों सेनाओं के बीच में भीष्म और द्रोणाचार्य के सामने तथा सम्पूर्ण राजाओं के सामने उत्तम रथ को खड़ा करके इस प्रकार कहा कि हे पार्थ! युद्ध के लिए जुटे हुए इन कौरवों को देखो। इसलिए 'गुडाकेश' अर्जुन को कहा जाता है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- गीता 1/24

62. 'स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः' यह वचन किस ग्रन्थ का है-
(A) गीता
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(C) नीतिशतकम्
(D) वेदान्तसारः

व्याख्या-

A. गीता- श्रीमद्भगवद्गीता के तृतीय अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण नियत कर्मों के प्रति अर्जुन से कहते हैं-
श्रेयान् स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।। (गीता3.35)
अपने नियतकर्मों को दोषपूर्ण ढंग से सम्पन्न करना भी अन्य के कर्मों को भलीभाँति करने से श्रेयस्कर है। स्वीय कर्मों को करते हुए मरना पराये कर्मों में प्रवृत्त होने की अपेक्षा श्रेष्ठतर है, क्योंकि अन्य किसी के मार्ग का अनुसरण भयावह होता है।

B. अभिज्ञानशाकुन्तलम्- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के सौन्दर्य के विषय में कहते हैं-
'किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्' (अभि.1.20)
अर्थात् सुन्दर आकृतियों के लिए क्या वस्तु अलङ्कार नहीं होती है।

C. नीतिशतकम्- भर्तृहरि दुर्जनपद्धति में सेवकों के विषय में कहते हैं-
'सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः' (नीति.श्लोक-48)
सेवाधर्म बड़ा ही विकट है, जो योगियों को भी अगम्य है, दुर्बोध है।

D. वेदान्तसार-
''भिद्यते हृदयग्रन्थिच्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।''
उस कारण कार्य रूप ब्रह्म का साक्षात्कार होने पर साधक की हृदय-ग्रन्थि खुल जाती है, सम्पूर्ण सन्देह दूर हो जाते हैं।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- गीता (3.35)

63. 'बुद्धिनाशात्प्रणश्यति' किस ग्रन्थ का सन्दर्भ है-
(A) वेद **(B) वायुपुराण**
(C) गीता **(D) कादम्बरी**

व्याख्या-

A. वेद- तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।
(यजुर्वेद 34/1-6 शिवसंकल्प सूक्त)
मेरा वह मन शुभ संकल्पों वाला हो।

B. वायुपुराण-
लोकेषु सर्वभूतानां तन्न कार्यं विजानता।। (40/56)
ज्ञानियों को लोक के प्राणियों में स्थित इन विभिन्न स्वभावों की समीक्षा नहीं करनी चाहिए।

C. गीता- श्रीमद्भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं-
क्रोधाद्भवति सम्मोहः सम्मोहात्स्मृतिविभ्रमः। (2/63)
स्मृतिभ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।।
क्रोध से अत्यन्त मूढ़भाव उत्पन्न हो जाता है, मूढ़भाव से स्मृति में भ्रम हो जाता है, स्मृति में भ्रम हो जाने से बुद्धि अर्थात् ज्ञानशक्ति का नाश हो जाता है और बुद्धि का नाश हो जाने से यह पुरुष अपनी स्थिति से गिर जाता है।

D. कादम्बरी- कादम्बरी के शुकनासोपदेश में शुकनास चन्द्रापीड को उपदेश देते हुए कहता है- 'अतिगहनं तमो यौवनप्रभवम्' यौवन से उत्पन्न अविवेक रूपी अन्धकार अत्यन्त सघन होता है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- गीता (2/63)

64. भगवद्गीता को अध्यायों के अन्त में किस शास्त्र के नाम से जाना जाता है-
(A) आगमशास्त्र **(B) औषधशास्त्र**
(C) तन्त्रशास्त्र **(D) योगशास्त्र**

व्याख्या-

A. आगमशास्त्र- सभी वेदों को आगमशास्त्र के नाम से भी जाना जाता है।

B. औषधशास्त्र- यजुर्वेद को औषधशास्त्र के नाम से जाना जाता है।

C. तन्त्रशास्त्र- अथर्ववेद को तन्त्रशास्त्र भी कहते हैं।

D. योगशास्त्र- ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादेऽर्जुनविषादयोगो नाम प्रथमोऽध्यायः।
इसप्रकार ॐ, तत् , सत् - इन भगवन्नामों के उच्चारणपूर्वक ब्रह्मविद्या और योगशास्त्रमय श्रीमद्भगवद्गीतोपनिषद्रूप श्रीकृष्णार्जुनसंवाद में 'अर्जुनविषादयोग' नामक पहला अध्याय पूर्ण हुआ।।
अतः इसप्रकार सभी अध्यायों के अन्त में योगशास्त्र की चर्चा हुई है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- गीता- (1.47)

65. 'माण्डूक्यकारिका' किसकी रचना है?
(A) धर्मकीर्ति **(B) गौड़पाद**
(C) प्रशस्तपाद **(D) कुमारदास**

व्याख्या-

➢ **गौड़पादाचार्य-** इन्हें अद्वैतवेदान्त का प्रथम प्रवर्तक एवं प्रधान आचार्य माना गया है। इन्होंने माण्डूक्योपनिषद् पर प्रसिद्ध कृति 'माण्डूक्यकारिका' की रचना की।

अतः विकल्प B सही है।

जिस पर शङ्कराचार्य ने भाष्य की रचना की एवं इसी कारिका पर 'मिताक्षरा' नामक टीका भी मिलती है। इनका दूसरा ग्रन्थ 'उत्तरगीताभाष्य' मिलता है। उत्तरगीता महाभारत का ही एक अंश है।

स्रोत- वेदान्तसार- राकेश शास्त्री, पेज-24

66. शङ्कराचार्य के गुरूणां गुरुः हैं-
(A) गोविन्दपाद **(B) गौड़पाद**
(C) बादरायण **(D) वाचस्पति मिश्र**

व्याख्या-

आचार्य गोविन्दपाद आचार्य गौड़पाद के शिष्य तथा शङ्कराचार्य के गुरू थे, अर्थात् शङ्कराचार्य के गुरु गोविन्दपाद तथा गोविन्दपाद के गुरु गौड़पाद थे। इसलिए गौड़पाद शङ्कराचार्य के गुरुणां गुरुः हुए।

शङ्कराचार्य → गोविन्दपाद → गौड़पाद

अतः विकल्प B सही है।

➢ **आचार्य बादरायण-** यह वेदान्तदर्शन के प्रथम आचार्य माने गये हैं इनका समय 400 ई.पू. के लगभग निर्धारित किया गया है। इन्होंने प्रसिद्ध ग्रन्थ 'ब्रह्मसूत्र' की रचना की इसमें चार अध्याय, सोलहपाद एक सौ बानवे अधिकरणों में पाँच सौ पचपन सूत्र हैं।

➢ **वाचस्पतिमिश्र-** इनका जन्मस्थान मिथिला माना जाता है। वाचस्पति मिश्र ने छहों दर्शनों पर अपनी टीकाएँ लिखीं।

	ग्रन्थ	टीकाएँ
1.	वेदान्त	भामती
2.	ब्रह्मसिद्धि	ब्रह्मतत्त्वसमीक्षा
3.	सांख्यकारिका	तत्त्वकौमुदी
4.	योगदर्शन	तत्त्ववैशारदी
5.	न्यायदर्शन	न्यायवार्तिकतात्पर्य
6.	पूर्वमीमांसा	न्यायसूचीनिबन्ध

स्रोत- वेदान्तसार- राकेश शास्त्री, पेज-25

67. मम्मट के मत में 'मध्यमकाव्य' है-
(A) शब्दचित्रम् **(B) ध्वनिः**
(C) गुणीभूतव्यङ्ग्यम् **(D) वाच्यचित्रम्**

व्याख्या-

आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्य के भेदों का वर्णन करते हुए तीन प्रकार के काव्य मानते हैं-

➢ **ध्वनिकाव्य (उत्तमकाव्य)-**

'इदमुत्तममतिशयिनि व्यङ्ग्ये वाच्याद् ध्वनिर्बुधैः कथितः'

(का.प्र.सूत्र-2)

वाच्यार्थ की अपेक्षा व्यङ्ग्यार्थ के बढ़ जाने पर अर्थात् अधिक चमत्कारजनक होने पर काव्य उत्तम होता है विद्वानों ने इसे ध्वनि काव्य कहा है।

उदा. 'निःशेषच्युतचन्दनं स्तनतटं....न पुनस्तस्याधमस्यान्तिकम्'

➢ **मध्यमकाव्य-**

'अतादृशि गुणीभूतव्यङ्ग्यं व्यङ्ग्ये तु मध्यमम्'

(का.प्र.सूत्र-3)

व्यङ्ग्य अर्थ के वाच्यार्थ की अपेक्षा विशेषचमत्कारजनक न होने पर काव्य मध्यमकाव्य होता है इसे ही गुणीभूतव्यङ्ग्य काव्य कहा जाता है।

उदाहरण-

ग्राम तरुणं तरुण्या नववञ्जुलमञ्जरीसनाथकरम्।
पश्यन्त्या भवति मुहुर्नितरां मलिनामुखच्छाया।।

➢ **अधमकाव्य-**

'शब्दचित्रं वाच्यचित्रमव्यङ्ग्यं त्ववरं स्मृतम्' (का.प्र.सूत्र-4)

जिसमें व्यङ्ग्य नहीं होता वह अवरकाव्य या अधमकाव्य कहा जाता है शब्दचित्र और अर्थचित्र के भेद से यह दो प्रकार का होता है।

* **शब्दचित्र का उदाहरण-**

स्वच्छन्दोच्छलदच्छकच्छ..........मन्दाकिनी मन्दताम्।

* **अर्थचित्र का उदाहरण-**

विनिर्गतं मानदमात्ममन्दिराद् भवत्युपश्रुत्य यदृच्छयापि यम्
ससम्भ्रमेन्द्रद्रुतपातितार्गला निमीलिताक्षीव भियाऽमरावती।।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-3) आचार्य विश्वेश्वर, पेज-31

68. ......डिम्भादेः स्वक्रियारूपवर्णनम्-
(A) स्वभावोक्तिः **(B) सहोक्तिः**
(C) अतिशयोक्तिः **(D) समासोक्तिः**

व्याख्या-
आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के दशम उल्लास में अर्थालङ्कारों को परिभाषित करते हैं-

A. स्वभावोक्ति-
'स्वभावोक्तिस्तु डिम्भादेः स्वक्रियारूपवर्णनम्।
(का.प्र.सूत्र-167)
बालक आदि की अपनी स्वाभाविक क्रिया अथवा रूप का वर्णन स्वभावोक्ति अलङ्कार कहलाता है।
अतः विकल्प A सही है।

B. अन्योक्ति-
सा सहोक्तिः सहार्थस्य बलादेकं द्विवाचकम्।
(का.प्र.सूत्र-170)
जहाँ पर एक पद सह शब्द के अर्थ के बल से दो अर्थ का वाचक होता है, वहाँ सहोक्ति अलङ्कार होता है।

C. अतिशयोक्ति-
निगीर्याध्यवसानन्तु प्रकृतस्य परेण यत्।
प्रस्तुतस्य यदन्यत्वं यद्यर्थोक्तो च कल्पनम्।।
(का.प्र.सूत्र-153)
उपमान के द्वारा उपमेय का निगरण करके काल्पनिक और अभेद का निश्चय (अध्यवसान) करना अतिशयोक्ति अलङ्कार कहलाता है।

D. समासोक्ति-
परोक्तिर्भेदकैः श्लिष्टैः समासोक्तिः। (का.प्र.सूत्र-148)
श्लेषयुक्त विशेषणों के द्वारा पर अर्थात् अप्रकृत के व्यवहार का कथन समासोक्ति अलङ्कार है।

स्रोत-काव्यप्रकाश सूत्र-(168)- पारसनाथ द्विवेदी, पेज-625

69. तात्पर्यावृत्ति स्वीकृत की गयी है-
(A) अन्विताभिधानवादियों द्वारा
(B) ध्वनिवादियों द्वारा
(C) अभिहितान्वयवादियों द्वारा
(D) ध्वनिविरोधियों द्वारा

व्याख्या-

A. अन्विताभिधानवाद- अन्विताभिधानवाद का सिद्धान्त मीमांसक प्रभाकर गुरु ने दिया है। इनके अनुसार अभिधाशक्ति द्वारा पहले पदार्थों की उपस्थिति नहीं होती, बल्कि पदों द्वारा अन्वित पदार्थों की ही उपस्थिति होती है। अर्थात् पहले पद अन्वित होते हैं बाद में विशिष्ट वाक्यार्थ को कहते हैं इसलिए उसे अन्विताभिधानवाद कहते हैं।
''वाच्य एव वाक्यार्थ इति अन्विताभिधानवादिनः।''

B. ध्वनिवादी सिद्धान्त- व्याकरणशास्त्र में प्रधानभूत स्फोट की अभिव्यक्ति शब्द से होती है इसलिए 'ध्वनति स्फोटं व्यनक्ति इति ध्वनिः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार 'स्फोट' के व्यञ्जकशब्द के लिए ध्वनि शब्द का प्रयोग किया गया था। इसी के आधार पर ध्वनिवादी आचार्यों ने भी वाच्यार्थ को दबा सकने में समर्थ जो व्यङ्ग्य अर्थ, उसको अभिव्यक्त करने वाले शब्द तथा अर्थ के लिए 'ध्वनि' इस पद का प्रयोग प्रारम्भ कर दिया।
यत्रार्थः शब्दो वा तमर्थमुपसर्जनीकृतस्वार्थौ।
व्यङ्क्तः काव्यविशेषः स ध्वनिरिति सूरिभिः कथितः।
(ध्वन्या.1/13)

C. अभिहितान्वयवाद- वाक्यार्थ ज्ञान में अभिहित पदार्थों का अन्वय होने के कारण इसे अभिहितान्वयवाद कहते हैं यह मत मीमांसक कुमारिलभट्ट का है। अभिहितान्वयवाद का अर्थ है अभिहित अर्थात् अभिधा शक्ति के द्वारा कथित होता है, बाद में उनका परस्पर अन्वय होता है।
अतः विकल्प C सही है।

D. ध्वनिविरोधी आचार्य- कुमारिलभट्ट ने ध्वनि को न मानकर तृतीय शक्ति के रूप में तात्पर्या शक्ति को मानते हैं। इसीप्रकार महिमभट्ट ने अपने ग्रन्थ 'व्यक्तिविवेक' तथा मुकुलभट्ट ने 'अभिधावृत्तिमातृका' में ध्वनि का खण्डन किया है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- पारसनाथ द्विवेदी, पेज-39

70. 'नियतिकृतनियमरहितां' किसे कहा गया है?

(A) कविभारती	**(B) कविप्रतिभा**
(C) कवि दृष्टि	**(D) कविप्रसिद्धि**

व्याख्या-
समन्वयवादी आचार्य मम्मट ने अपने काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ काव्यप्रकाश में कवि-भारती अर्थात् सरस्वती की स्तुति करते हुए मङ्गलाचरण करते हैं-
नियतिकृतनियमरहितां ह्लादैकमयीमनन्यपरतन्त्राम्।
नवरसरुचिरां निर्मितिमादधती भारती कवेर्जयति।। का.प्र.1/1।।
नियति के द्वारा निर्धारित नियमों से रहित, केवल आनन्दमात्रस्वभावा, किसी अन्य के अधीन न रहने वाली तथा नौ रसों के योग से मनोहारिणी काव्य-सृष्टि की रचना करने वाली कवि की भारती सर्वोत्कर्षशालिनी है।
अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- पारसनाथ द्विवेदी, पेज-2

71. साहित्यदर्पण विभक्त है-
(A) उल्लासों में (B) उच्छ्वासों में
(C) परिच्छेदों में (D) निःश्वासों में

व्याख्या-

विभाजन	ग्रन्थ	ग्रन्थकार	समय
A. दस उल्लास	काव्यप्रकाश	मम्मट	(बारहवीं शताब्दी)
B. 8 उच्छ्वास	हर्षचरितम्	बाणभट्ट	(सातवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध।)
C. 10 परिच्छेद	साहित्यदर्पण	विश्वनाथ	चौदहवीं शताब्दी
D. 3 विराम 12 निःश्वास	शिवराजविजय	अम्बिकादत्तव्यास	1858-1900ई.

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत-संस्कृत साहित्य का इतिहास- उमाशंकर शर्मा 'ऋषि', पेज-587

72. जिस लक्षणा में मुख्यार्थ का भी ग्रहण होता है वह कौन सी लक्षणा कहलाती है?
(A) प्रयोजनमूला (B) रूढ़िमूला
(C) उपादान-लक्षणा (D) लक्षण-लक्षणा

व्याख्या-
आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के द्वितीय परिच्छेद में लक्षणा के भेदों का वर्णन करते हैं-
मुख्यार्थस्येतराक्षेपो वाक्यार्थेऽन्वयसिद्धये।
स्यादात्मनोऽप्युपादानादेषोपादानलक्षणा।। (सा.द.2/6)
वाक्यार्थ में अङ्गरूप से अपने अन्वय की सिद्धि के लिए, जहाँ मुख्य अर्थ अन्य अर्थ का आक्षेप कराता है वहाँ 'आत्मा' अर्थात् मुख्यार्थ के भी बने रहने से उस लक्षणा को उपादान लक्षणा कहते हैं।

➢ **लक्षण-लक्षणा-**
अर्पणं स्वस्य वाक्यार्थे परस्यान्वयसिद्धये
उपलक्षणहेतुत्वादेषा लक्षण-लक्षणा।। (सा.द.2/7)
वाक्यार्थ में मुख्यार्थ से भिन्न अर्थ के अन्वय बोध के लिए जहाँ कोई शब्द अपने स्वरूप का समर्पण कर दे उस लक्षणा को लक्षण-लक्षणा कहते हैं।
प्रयोजनमूला - कुन्ताः प्रविशन्ति।
रूढिमूला - श्वेतो धावति।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत - साहित्यदर्पण (2/6)- शालिग्राम शास्त्री, पेज-31

73. 'सत्यर्थे पृथगर्थायाः.......विनिगद्यते'-
(A) अनुप्रासः (B) यमकम्
(C) उपमा (D) व्यतिरेकः

व्याख्या-
आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के दशम परिच्छेद में अलङ्कारों का लक्षण करते हैं-

A. अनुप्रास-
अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत् (सा.द.10.3)
स्वर की विषमता रहने पर भी शब्द अर्थात् पद पदांश के साम्य को अनुप्रास कहते हैं-
उदाहरण- उन्मीलन्मधुगन्धलुब्धमधुपव्याधूतचूताङ्कुर
क्रीडत्कोकिलकाकलीकलकलैरुद्गीर्णकर्णज्वराः।
नीयन्ते पथिकैः कथं कथमपि ध्यानावधानक्षण
प्राप्तप्राणसमासमागमरसोल्लासैरमी वासराः।।

B. यमकम्-
सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यंजनसंहतेः।
क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते।। (सा.द.10.8)
यदि अर्थवान् हो, तो भिन्न अर्थ वाले, स्वर व्यंजन समुदाय की उसी क्रम से आवृत्ति को यमक कहते हैं।
उदाहरण- नवपलाशपलाशवनं पुरः स्फुटपरागपरागत पंकजम्।
मृदुलतान्तलतान्तमलोकयत्स सुरभिं सुरभिं सुमनो भरैः।।
अतः विकल्प B सही है।

C. उपमा-
साम्यं वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्य उपमा द्वयोः। (सा.द.10.14)
एक वाक्य में दो पदार्थों के वैधर्म्य रहित, वाच्य सादृश्य को उपमा कहते हैं।
उदाहरण- मधुरः सुधावदधरः पल्लवतुल्योऽतिपेलवः पाणिः।
चकितमृगलोचनाभ्यां सदृशी चपले च लोचने तस्याः।।

D. व्यतिरेक-
आधिक्यमुपमेयस्योपमानान्न्यूनताथवा।। (सा.द.10.52)
उपमान से उपमेय का आधिक्य अथवा उपमान से उपमेय भी न्यूनता में वर्णन करने में व्यतिरेक अलङ्कार होता है।
उदाहरण- अकलङ्कं मुखं तस्या न कलङ्की विधुर्यथा।

स्रोत- साहित्यदर्पण (10/8)- शालिग्राम शास्त्री,पेज-280

74. सिद्धत्वेऽध्यवसायस्य........निगद्यते।
(A) पूर्णोपमा (B) रूपकम्
(C) अतिशयोक्तिः (D) स्वभावोक्तिः

व्याख्या-
आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के दशम परिच्छेद में अलङ्कार को परिभाषित करते हैं-

➢ **अतिशयोक्ति अलङ्कार-**
'सिद्धत्वेऽध्यवसायस्यातिशयोक्तिर्निगद्यते' (सा.द.10.46)
अध्यवसाय के सिद्ध होने पर अतिशयोक्ति अलङ्कार होता है। उपमेय का निगरण करके उपमान के साथ उसके अभेदज्ञान को अध्यवसाय कहते हैं। उत्प्रेक्षा में उपमेय का अनिश्चितरूप से कथन रहता है, अतः वहाँ अध्यवसाय साध्य रहता है और यहाँ उसकी निश्चितरूप से प्रतीति होती है अतः यहाँ अध्यवसाय सिद्ध होता है। **अतः विकल्प C सही है।**

➢ **पूर्णोपमा अलङ्कार-**
सा पूर्णा यदि सामान्यधर्म औपम्यवाचि च।
उपमेयं चोपमानं भवेद्वाच्यम्।। (सा.द.10.15)
सामान्यधर्म, औपम्यवाची शब्द, उपमेय और उपमान ये चारों यदि वाच्य हो अर्थात् किसी शब्द से प्रतिपादित हों, व्यङ्ग्य या आक्षेप न हो तो उसे पूर्णोपमा कहते हैं।

➢ **रूपक अलङ्कार-**
'रूपकं रूपितारोपो विषये निरपह्नवे' (सा.द.10.28)
निषेध रहित विषय उपमेय में रूपित के आरोप को रूपक अलङ्कार कहते हैं। अर्थात् जहाँ भेद रहित उपमेय में आरोप हो, परन्तु उपमेय के स्वरूप का निषेधक कोई शब्द न हो वहाँ रूपक अलङ्कार होता है।

➢ **स्वभावोक्ति अलङ्कार-**
'स्वभावोक्तिर्दुरूहार्थस्वक्रियारूपवर्णनम्' (सा.द.10.93)
कविमात्र से ज्ञातव्य जो बच्चे आदि की चेष्टाएँ या स्वरूप उनके वर्णन को स्वभावोक्ति अलङ्कार कहते हैं।

स्रोत- साहित्यदर्पण (10.46)- शालिग्राम शास्त्री, पेज-323

75. 'त्रिवर्ग साध्यम् ....' उचित विधा द्वारा रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए-
(A) महाकाव्यम् (B) खण्डकाव्यम्
(C) नाट्यम् (D) चम्पूकाव्यम्

व्याख्या-
आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में काव्य प्रयोजन की प्रामाणिकता के सन्दर्भ में अग्निपुराण का मत उद्धृत करते हैं-
'त्रिवर्गसाधनं नाट्यम्' (अग्निपुराण 338.7)
अर्थात् नाटक एक ऐसी वस्तु है जिससे धर्म, अर्थ, कामरूप पुरुषार्थ की प्राप्ति हुआ करती है।
अतः विकल्प C सही है।

➢ आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में महाकाव्य को परिभाषित किया है-
सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः----------नामास्य
सर्गोपादेयकथया सर्गनाम तु।। (सा.द.6/315-324)
* महाकाव्य की कथा सर्गों में विभक्त होती है।
* इसका नायक देवकोटि या प्राख्यात राजवंश का राजा होता है जो धीरोदात्त कोटि का होता है।
* शृङ्गार, वीर, शान्त में से कोई एक अङ्गी रस के रूप में विद्यमान रहता है। सभी सन्धियाँ विद्यमान रहती हैं, इसमें धर्म, अर्थ, काम, मोक्षरूपी पुरुषार्थ चतुष्टय का वर्णन होता है।
* महाकाव्य की कथावस्तु में आठ से अधिक सर्ग होने चाहिए।

➢ आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में खण्ड काव्य का लक्षण करते हैं-
'खण्डकाव्यं भवेत्काव्यस्यैकदेशानुसारि च।' (सा.द.6.329)
काव्य अथवा महाकाव्य के कतिपय लक्षणों से युक्त जो पद्य-प्रबन्ध है उसे खण्डकाव्य कहते हैं।

➢ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में चम्पूकाव्य का लक्षण निम्नवत् है-
'गद्यपद्यमयं काव्यं चम्पूरित्यभिधीयते' (सा.द.6.336)
गद्यपद्य से युक्त काव्य को चम्पूकाव्य कहते हैं।

स्रोत- साहित्यदर्पण- सत्यव्रतसिंह, पेज-4

76. उच्चार्यत्वाद्यदेकत्र स्थाने तालुरदादिके। सादृश्यं व्यंजनस्यैव.....उच्यते - रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए
(A) छेकानुप्रासः (B) वृत्यानुप्रासः
(C) श्रुत्यनुप्रासः (D) अन्त्यानुप्रासः

व्याख्या-
आचार्य विश्वनाथ साहित्यपर्दण के दशम परिच्छेद में अनुप्रास अलङ्कार के भेदों को परिभाषित करते हैं-

A. छेकानुप्रास-
छेको व्यञ्जनसंघस्य सकृत्साम्यमनेकधा। (सा.द.10/3)
व्यञ्जनों के समुदाय की एक ही बार अनेक प्रकार की समानता होने को छेकानुप्रास कहते हैं।

B. वृत्त्यनुप्रास-
अनेकस्यैकधा साम्यमसकृद् वाप्यनेकधा।
एकस्य सकृदप्येष वृत्त्यनुप्रास उच्यते।। (सा.द.10/4)
अनेक बार अनेक वर्णों की आवृत्ति होने पर, एक ही वर्ण की एक ही बार समानता होने पर, या एक ही वर्ण की अनेक बार आवृत्ति होने पर 'वृत्त्यनुप्रास' नामक शब्दालङ्कार होता है।

C. श्रुत्यनुप्रास-
उच्चार्यत्वाद्यदेकत्र स्थाने तालुरदादिके।
सादृश्यं व्यञ्जनस्यैव श्रुत्यनुप्रास उच्यते।। (सा.द.10/5)
तालु, कण्ठ, मूर्धा, दन्त आदि किसी एक स्थान मे उच्चरित होने वाले व्यञ्जनों की समानता को श्रुत्यनुप्रास कहते हैं।

D. अन्त्यानुप्रास-
व्यञ्जनं चेद्यथावस्थं सहाद्येन स्वरेण तु।
आवर्त्यतेऽन्त्ययोज्यत्वादन्त्यानुप्रास एव तत्।। (सा.द.10/6)
पहले स्वर के साथ ही यदि यथावस्थ व्यञ्जन की आवृत्ति हो तो वह अन्त्यानुप्रास कहलाता है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण (10.5)- शालिग्राम शास्त्री, पेज -276

77. प्रासंगिक कथा दूर तक चलती है- कहा जाता है?
(A) प्रकरी **(B) पताका**
(C) प्रस्तावना **(D) जनान्तिकम्**

व्याख्या-

A. प्रकरी- आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में प्रकरी का लक्षण करते हैं-
''**प्रकरी च प्रदेशभाक्**'' (दश.1/13)
एक प्रदेश में सीमित रहने वाला (अर्थात थोड़ी दूर तक चलने वाला) प्रासङ्गिक वृत्तान्त 'प्रकरी' कहलाता है।
जैसे- रामायणकथा में शबरी वृत्तान्त प्रकरी का उदाहरण है।

B. पताका- आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में पताका का लक्षण करते हैं-
''**सानुबन्धं पताकाख्यम्**'' (दश.1/13)
प्रधान इतिवृत्त के साथ गौणरूप से दूर तक चलने वाला प्रासङ्गिक इतिवृत्त 'पताका' कहलाता है। जैसे- रामायणकथा में सुग्रीव आदि का वृत्तान्त पताका है।

अतः विकल्प B सही है।

C. प्रस्तावना- दशरूपक के प्रथम प्रकाश में आचार्य धनञ्जय प्रस्तावना को परिभाषित करते हैं-
सूत्रधारो नटीं ब्रूते मार्ष वाऽथविदूषकम्।। (दश.3/7)
स्वकार्यं प्रस्तुताक्षेपि चित्रोक्त्या यत्तदामुखम्।।
जहाँ सूत्रधार नटी, मार्ष (परिपार्श्विक) या विदूषक के साथ बात-चीत करते हुए बहुविध विचित्र उक्तियों के द्वारा प्रस्तुत का आक्षेप कर अपने कार्य का वर्णन करे, इसे आमुख या प्रस्तावना भी कहा जाता है।

D. जनान्तिकम्- आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में अर्थोपक्षेपक के अन्तर्गत जनान्तिक का लक्षण करते हैं-
त्रिपताकाकरेणान्यानपवार्यान्तरा कथाम्।।
अन्योन्यामन्त्रणं यत्स्याज्जनान्ते तज्जनान्तिकम्।। (दश.1/65)
पात्रों के मध्य में चल रहे संवाद या उक्ति-प्रत्युक्ति के मध्य में, त्रिपाताकारूप हस्त मुद्रा के द्वारा अन्य पात्रों को अपवार्य अर्थात् बचाकर, कुछ पात्रों के मध्य में दो पात्र परस्पर जो वार्तालाप करते हैं- वह जनान्तिक कहा जाता है।

स्रोत- दशरूपक (1.13)- रमाशङ्कर त्रिपाठी, पेज-14

78. भुक्तिवाद के स्थापक कौन हैं ?
(A) अभिनवगुप्त **(B) भट्टलोल्लट**
(C) शङ्कुक **(D) भट्टनायक**

व्याख्या-

व्याख्याकार	मत	दर्शन
A. अभिनवगुप्त	अभिव्यक्तिवाद (व्यङ्ग्य-व्यञ्जक)	शैव/वेदान्त
B. भट्टलोल्लट	उत्पत्तिवाद (उत्पाद्य-उत्पादक)	मीमांसा
C. शङ्कुक	अनुमितिवाद(अनुमाप्य-अनुमापक)	न्याय
D. भट्टनायक	भुक्तिवाद (भोज्य-भोजक)	सांख्य

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- कव्यप्रकाश (चतुर्थ उल्लास)- पारसनाथ द्विवेदी- पेज-137

79. संकेतग्रह में शब्द का अर्थ अपोह मान्य है-
(A) नैयायिकों के द्वारा **(B) मीमांसकों के द्वारा**
(C) बौद्धों के द्वारा **(D) वैयाकरणों के द्वारा**

व्याख्या-

	संकेतग्रह मानने वाले विद्वान्		संकेतग्रह
A.	नैयायिक	-	जातिविशिष्ट व्यक्ति में
B.	मीमांसक	-	जाति में
C.	बौद्ध	-	अपोह में
D.	वैयाकरण	-	स्फोट में

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- पारसनाथ द्विवेदी, पेज-48

80. 'परवल्लिङ्गं द्वन्द्वतत्पुरुषयोः' सूत्र का उदाहरण नहीं है-
(A) सीतारामौ **(B) मयूरीकुक्कुटौ**
(C) अर्धपिप्पली **(D) कुक्कुटमयूर्यौ**

व्याख्या-

	सामासिकपद	लौकिक विग्रह	सूत्र
A.	सीतारामौ	सीता च रामश्च	'चार्थे द्वन्द्वः'
B.	मयूरीकुक्कुटौ	मयूरी च कुक्कुटश्च	परवल्लिङ्गं द्वन्द्व-तत्पुरुषयोः (2.4.26)
C.	अर्धपिप्पली	अर्धं पिप्पल्याः	परवल्लिङ्गं द्वन्द्व तत्पुरुषयोः (2.4.26)
D.	कुक्कुटमयूर्यौ	कुक्कुटश्च मयूरी च	'परवल्लिङ्गं द्वन्द्व-तत्पुरुषयोः (2.4.26)

नोट- मयूरीकुक्कुटौ, अर्धपिप्पली, कुक्कुटमयूर्यौ ये तीनों उदाहरण 'परवल्लिङ्गं द्वन्द्व-तत्पुरुषयोः' सूत्र से सिद्ध होते हैं। किन्तु सीतारामौ इस सूत्र का उदाहरण नहीं है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या खण्ड- 4) पेज-169

81. 'द्वन्द्वे घि' सूत्र से पूर्व प्रयोग का उदाहरण है?
(A) ईशकृष्णौ **(B) शिवकेशवौ**
(C) हरिहरौ **(D) राजदन्तम्**

व्याख्या-

सामासिकपद	लौकिक विग्रह	सूत्र
A. ईशकृष्णौ	ईशश्च कृष्णश्च	अजाद्यन्तम् (2-2-33)
धर्माथौ/अर्थधर्मौ	धर्मश्च अर्थश्च	राजदन्तादिषु परम् (2-2-31)
B. शिवकेशवौ	शिवश्च केशवश्च	अल्पाच्तरम् (2-2-34)
पितरौ/मातापितरौ	माता च पिता च	पिता मात्रा (1-2-70)
C. हरिहरौ	हरिश्च हरश्च	(द्वन्द्वे घि) (2-2-32)
हरिहरगुरवः	हरिश्च हरश्च गुरुश्च	
D. राजदन्तम्	दन्तानां राजा	राजदन्तादिषु परम्(2-2-31)

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमीव्याख्या खण्ड-4), पेज-235

82. तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम् - 'तपोधनं' में समास है-
(A) तत्पुरुष **(B) द्वन्द्व**
(C) अव्ययीभाव **(D) बहुव्रीहि**

व्याख्या-

पद	समास विग्रह	समास नाम
A. आकृतिविशेषाः	आकृतीनां विशेषाः	तत्पुरुष
B. अर्घोदकम्	अर्घश्च उदकं च तयोः समाहारः	द्वन्द्व
C. आपर्वभागम्	पर्वभागं यावत् आपर्वभागम्	अव्ययीभाव
D. तपोधनम्	तपः एव धनं यस्य सः तम्	बहुव्रीहि

अतः विकल्प D सही है।

83. 'शमीदृषदम्' में समास है-
(A) बहुव्रीहि **(B) कर्मधारय**
(C) द्वन्द्व **(D) अव्ययीभाव**

व्याख्या-

	समास	सामासिक पद
A.	बहुव्रीहि	पीताम्बरः, ऊढरथः
B.	कर्मधारय	कृष्णसर्पः, घनश्यामः
C.	द्वन्द्व	शमीदृषदम्, पाणिपादम्, संज्ञापरिभाषम्
D.	अव्ययीभाव	सुमद्रम्, प्रतिविपाशम्

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमीव्याख्या खण्ड-4), पेज-242

84. 'सप्तर्षयः' में कौन-सा समास है?
(A) द्विगु **(B) बहुव्रीहि**
(C) अव्ययीभाव **(D) तत्पुरुष**

व्याख्या-

सप्तर्षयः- सात ऋषियों की सञ्ज्ञा, 'सप्त च ते ऋषयः' लौकिक विग्रह और 'सप्तन् जस् ऋषि जस्' अलौकिक विग्रह। दोनों में समान विभक्ति है अतः समानाधिकरण है। सप्त यह संख्यावाचक शब्द है समास होने के बाद विश्वामित्र आदि सात ऋषियों के वाचक होने के कारण सञ्ज्ञा अर्थ भी है। 'दिक्संख्ये सञ्ज्ञायाम्' से तत्पुरुष समास।
समास विधायक सूत्र में प्रथमान्त पद है।
दिक्संख्ये और उसके द्वारा निर्दिष्ट पद है सप्तन् जस् उसकी उपसर्जन होने के बाद पूर्व निपात करके प्रातिपदिक सञ्ज्ञा सुप् का लुक् और नकार का लोप करके सप्त+ऋषि बना।

गुण रपर होकर सप्तर्षि बना।
बहुवचन में जस्, जसि च से गुण होकर सप्तर्षयः सिद्ध हुआ। यह भी एक सञ्ज्ञा है।
अतः सप्तर्षयः में तत्पुरुष समास है।
अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य, पेज-926

85. 'राजदन्तः' में समास है-
(A) द्वन्द्व **(B) तत्पुरुष**
(C) बहुव्रीहि **(D) अव्ययीभाव**

व्याख्या-
राजदन्तादिषु परम् (2.2.31)
राजदन्त आदि गण में पूर्वनिपात के योग्य पद का परनिपात होता है। राजदन्तः = दाँतों का राजा
'दन्तानां राजा' लौकिक विग्रह तथा 'दन्त आम् राजन् सु' अलौकिक विग्रह। 'षष्ठी' सूत्र से तत्पुरुष समास, प्रातिपदिक सञ्ज्ञा, सुप् का लुक् करके षष्ठी इस प्रथमान्तपद से निर्दिष्ट दन्त की उपसर्जन सञ्ज्ञा होकर उपसर्जनं पूर्वम् से पूर्वनिपात प्राप्त था उसे बाधितकर 'राजदन्तादिषु परम्' से पर प्रयोग अर्थात् पर निपात - राजन् + दन्त 'न लोपः प्रातिपदिकान्तस्य' से नकार का लोप राज + दन्त = राजदन्त बना। पुनः राजदन्त की प्रातिपदिक सञ्ज्ञा सु विभक्ति का आगम राजदन्त + सु सु का अनुबन्ध लोप होकर राजदन्तः प्रयोग सिद्ध हुआ। इसलिए राजदन्तः में तत्पुरुष समास है
अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य, पेज-971

86. 'सप्तगङ्गम्' में समास है-
(A) बहुव्रीहि **(B) अव्ययीभाव**
(C) द्वन्द्व **(D) द्विगु**

व्याख्या-
सामासिक पद समासविग्रह सामासिक सूत्र
➢ **अव्ययीभाव-**
* सप्तगङ्गम् = सप्तानां गङ्गानां समाहारः - नदीभिश्च
* पञ्चगङ्गम् = पञ्चानां गङ्गानां समाहारः - नदीभिश्च
* द्वियमुनम् = द्वयोः यमुनयोः समाहारः - नदीभिश्च

➢ **बहुव्रीहि-**
* महाबाहुः = महन्तौ बाहू यस्य सः - अनेकमन्यपदार्थे
* लम्बकर्णः = लम्बौ कर्णौ यस्य सः - अनेकमन्यपदार्थे
* कृशधनः = कृशं धनं यस्य सः - अनेकमन्यपदार्थे

➢ **द्वन्द्व-**
* मातापितरौ = माता च पिता च - पिता मात्रा
* धवखदिरौ = धवश्च खदिरश्च - चार्थे द्वन्द्वः

➢ **द्विगु-**
* चतुर्युगम् = चतुर्णां युगानां समाहारः - 'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च'
* पञ्चगवम् = पञ्चानां गवां समाहारः -'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च'
* त्रिभुवनम् = त्रयाणां भुवनानां समाहारः-'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च'

अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या खण्ड-4) पेज-44

87. 'दीर्घसक्थः' में समास है-
(A) तत्पुरुष **(B) बहुव्रीहि**
(C) अव्ययीभाव **(D) द्वन्द्व**

व्याख्या-
दीर्घसक्थः= दीर्घ ऊरुओं वाला पुरुष
'दीर्घे सक्थिनी स्तः यस्य' लौकिक विग्रह तथा 'दीर्घ औ सक्थि औ' अलौकिक विग्रह।
अलौकिक विग्रह 'दीर्घ औ सक्थि औ' में 'अनेकमन्यपदार्थे' से बहुव्रीहि समास 'कृत्तद्धितसमासाश्च' सूत्र से प्रातिपदिक सञ्ज्ञा तथा 'सुपोधातुप्रातिपदिकयोः' से सुप् विभक्ति का लोप दीर्घ + सक्थि
सक्थि शरीर का अङ्ग है अतः 'बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णोः स्वङ्गात् षच्' से समासान्त षच् प्रत्यय दीर्घ + सक्थि + षच्
षच् के षकार की 'षः प्रत्ययस्य' से तथा चकार की 'हलन्त्यम्' से इत्सञ्ज्ञा तथा लोप होकर अ बचा दीर्घ + सक्थि + अ
'यस्येति च' से सक्थि के इकार का लोप-
दीर्घ + सक्थ् + अ दीर्घसक्थ
दीर्घ और सक्थि दोनों शब्द नपुंसकलिङ्ग के थे परन्तु समास करने से समासशक्ति के बल पर समस्त शब्द पुँल्लिङ्ग में बदल गया।
एकदेशविकृतन्यायेन से प्रातिपदिक मानकर सु विभक्ति-
दीर्घसक्थ सु
सु का अनुबन्ध लोप रुत्व विसर्ग होकर 'दीर्घसक्थः' प्रयोग सिद्ध हुआ।
अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य, पेज-959

88. 'कटे आस्ते' उदाहरण में आधार है-
(A) औपश्लेषिक (B) वैषयिक
(C) अभिव्यापक (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-
आधार तीन प्रकार का होता है- औपश्लेषिक आधार, वैषयिक आधार, अभिव्यापक आधार

- **औपश्लेषिक आधार-** 'कटे आस्ते।' (वह चटाई पर बैठता है) यहाँ बैठना क्रिया का साक्षात् आश्रय है देवदत्त आदि कर्त्ता। उस कर्त्ता का आधार है 'कट'। कर्त्ता का 'कट' के साथ स्पर्शमात्र संयोग है। अतः यह औपश्लेषिक आधार है।
- **वैषयिक आधार-** 'मोक्षे इच्छाऽस्ति।' (मोक्ष विषयक इच्छा है) यहाँ इच्छा का विषय है मोक्ष अर्थात् इच्छा मोक्ष में अधिष्ठित है। अतएव इच्छा रूपी कर्ता के वैषयिक आधार 'मोक्ष' की 'आधारोधिकरणम्' सूत्र से अधिकरण संज्ञा हुई और प्रकृत सूत्र से उसमें सप्तमी विभक्ति।
- **अभिव्यापक आधार-** सर्वस्मिन् आत्मा अस्ति(सब में आत्मा है) यहाँ कर्त्ता 'आत्मा' सभी में व्याप्त है। अतएव आत्मारूपी कर्त्ता के अभिव्यापक आधार 'सर्व' की 'आधारोधिकरणम्' सूत्र से अधिकरण संज्ञा हुई और प्रकृत सूत्र से उसमें सप्तमी विभक्ति हुई।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी(कारक प्रकरण) राममुनि पाण्डेय, पेज-93

89. स्पृह् धातु के प्रयोग में जिसकी स्पृहा होती है वहाँ विभक्ति होती है?
(A) तृतीया (B) पञ्चमी
(C) द्वितीया (D) चतुर्थी

व्याख्या-

A. तृतीया- हेतौ (2.3.23)- हेतु अर्थ के वाची शब्दों में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे - अध्ययनेन वसति। (अध्ययन के प्रयोजन से रहता है।)

B. पञ्चमी- पराजेरसोढः (1.4.26)- यदि जि धातु के पूर्व परा उपसर्ग लगा हो तो जो असह्य पदार्थ होता है उसकी अपादान संज्ञा होती है और पञ्चमी विभक्ति का विधान होता है। जैसे - अध्ययनात् पराजयते। (वह अध्ययन से भागता है।)

C. द्वितीया- अभिनिविशश्च (1.4.47)- यदि विश् धातु के पूर्व अभि और नि ये दोनों उपसर्ग क्रमशः लगे हों तो क्रिया के आधार की कर्मसंज्ञा होती है। जैसे - अभिनिविशते सन्मार्गम्। (वह सन्मार्ग पर चलता है।)

D. चतुर्थी- स्पृहेरीप्सितः (1.4.36)- स्पृह् (चाहना) धातु के योग में ईप्सित पदार्थ की अर्थात् जिसकी स्पृहा होती है उसकी सम्प्रदान संज्ञा होती है और सम्प्रदान में चतुर्थी विभक्ति होती है।
जैसे- पुष्पेभ्यः स्पृहयति। (वह फूलों को चाहता है।)

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारक प्रकरण)- राममुनि पाण्डेय,पेज-49

90. 'जटाभिः तापसः' में तृतीया विभक्ति हुई है-
(A) येनाङ्गविकारः (B) अपवर्गे तृतीया
(C) कर्तृकरणयोस्तृतीया (D) इत्थम्भूतलक्षणे

व्याख्या-

A. येनाङ्गविकारः (2/3/20)- जिस विकृत अङ्ग के द्वारा अङ्गी का विकार लक्षित होता है उस विकृत अङ्ग में तृतीया विभक्ति होती है।
उदाहरण- अक्ष्णा काणः - एक आँख का काना है।
पादेन खञ्जः - पैर से लगड़ा है।

B. अपवर्गे तृतीया (2/3/6)- फल की प्राप्ति का अर्थ द्योतित होने पर काल और मार्गवाची शब्दों से अत्यन्त संयोग में तृतीया विभक्ति होती है।
उदाहरण- अह्ना क्रोशेन वा अनुवाकोऽधीतः। (दिन भर में अथवा कोस भर में अनुवाक पढ़ लिया और याद कर डाला)

C. कर्तृकरणयोस्तृतीया (2/3/18)- अनुक्त कर्त्ता और करण में तृतीया विभक्ति होती है।
उदाहरण- रामेण बाणेन हतो बाली (राम के द्वारा बाण से बाली मारा गया)

D. इत्थम्भूतलक्षणे (2/3/21)- प्रकार विशेष को प्राप्त हुए ज्ञापक में तृतीया विभक्ति होती है अर्थात् जिस चिह्न से कोई व्यक्ति ज्ञापित हो उस चिह्न विशेष में तृतीया विभक्ति होती है।
उदाहरण- जटाभिः तापसः (जटाओं से तपस्वी प्रतीत होता है।) **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी(कारक प्रकरण)-राममुनि पाण्डेय,पेज-43

91. 'राष्ट्रियः समाज्ञापयति' 'राष्ट्रियः' में प्रत्यय है-
(A) खञ् (B) घ
(C) छ (D) ल्यप्

व्याख्या-

* राष्ट्रियः (राष्ट्र में होने वाला या पैदा हुआ) राष्ट्रे जातादि लौकिक विग्रह तथा 'राष्ट्र ङि' अलौकिक विग्रह।
'राष्ट्रावारपाराद् घखौ' से घ प्रत्यय- राष्ट्र ङि घ
* प्रातिपदिक सञ्ज्ञा तथा सुप् का लुक्- राष्ट्र घ
* 'आयनेयीनीयियः फढखछघां प्रत्ययादीनाम्' से घ् के स्थान पर इय् आदेश- राष्ट्र इय्
* भ सञ्ज्ञा तथा अकार का लोप- राष् टर् + इय = राष्ट्रिय
पुनः राष्ट्रिय की प्रातिपदिक सञ्ज्ञा तथा सु विभक्ति का आगम राष्ट्रिय + सु
* सु का अनुबन्ध लोप, तो 'राष्ट्रियः' प्रयोग सिद्ध हुआ इसलिए राष्ट्रियः में घ प्रत्यय है **अतः विकल्प B सही है।**

राष्ट्रावारपाराद् घखौ (4.2.93)- शेष अर्थ में राष्ट्र और अवारपार शब्द से क्रमशः घ और ख प्रत्यय होते हैं।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या खण्ड-5) पेज-110

92. दाक्षी में स्त्री प्रत्यय है-

(A) ङीष् **(B) ङीप्**
(C) टाप् **(D) ङीन्**

व्याख्या-

दाक्षी- दक्ष की सन्तान
दक्षस्यापत्यं स्त्री। दक्ष शब्द से तद्धित में 'अत इञ्' से इञ् प्रत्यय होकर दाक्षि बना, स्त्रीत्व की विवक्षा में 'इतो मनुष्यजातेः' से ङीष् प्रत्यय - दाक्षि + ङीष्
ङीष् का अनुबन्ध लोप, भसञ्ज्ञा इकार का लोप दाक्षी बना पुनः सु विभक्ति अनुबन्ध लोप आदि कार्य करने पर दाक्षी प्रयोग सिद्ध होता है। **अतः विकल्प A सही है।**

➢ **इतो मनुष्यजातेः (4.1.65)-** मनुष्य जातिवाचक ह्रस्व इकारान्त प्रातिपदिक से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीष् प्रत्यय होता है।

➢ **ऋन्नेभ्यो ङीप् (4.1.5)-** ऋकारान्त और नकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्दों में स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए ङीप् प्रत्यय का प्रयोग होता है।
कर्तृ + ङीप् = कर्त्री दातृ+ङीप् = दात्री

➢ **अजाद्यतष्टाप् (4.1.4)-** अकारान्त शब्दों के आगे स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए उनके आगे टाप् प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है।
उदाहरण- अचल + टाप् = अचला
कृष्ण + टाप् = कृष्णा ।

➢ **शार्ङ्गरवाद्यञो ङीन् (4.1.73)-** शार्ङ्गरव आदि गणपठित शब्दों तथा अञ् प्रत्यय अन्त में हो ऐसे जातिवाचक प्रातिपदिकों से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीन् प्रत्यय होता है।
उदाहरण- शार्ङ्गरवी, बैदी, ब्राह्मणी आदि।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या, खण्ड-6)- पेज-76

93. 'कार्यम्' में प्रत्यय है-

(A) यत् **(B) ण्यत्**
(C) क्यप् **(D) ल्यप्**

व्याख्या-

➢ **ऋहलोर्ण्यत् (3.1.124)-** ऋवर्णान्त और हलन्त धातुओं से ण्यत् प्रत्यय होता है।
कार्यम् - कृ धातु से ऋहलोर्ण्यत् से ण्यत् प्रत्यय
कृ + ण्यत् ण्यत् का अनुबन्ध लोप - कृ + य
य के णित् होने के कारण 'अचो ञ्णिति' से रपर - सहित आर् वृद्धि - क् + आर् + य = कार्य
पुनः सु आदि कार्य करके सु का अम् आदेश तो कार्यम् प्रयोग सिद्ध हुआ। **अतः विकल्प B सही है।**

➢ **यत् प्रत्ययविधायक विधिसूत्र-**
1. 'अचो यत्' (3.1.97) - अच् प्रत्याहार के वर्ण अन्त में हों ऐसे धातुओं से यत् प्रत्यय होता है।
उदाहरण- चेयम्, जेयम् आदि।
2. 'पोरदुपधात्' (3.1.98)- पवर्ग अन्त में अथवा ह्रस्व अकार उपधा में हो, ऐसे धातु से यत् प्रत्यय होता है।
उदाहरण - शप्यम्, लभ्यम् आदि।

➢ **ण्यत् प्रत्यय विधायक विधिसूत्र-**
'ऋहलोर्ण्यत्' (3.1.124)- ऋवर्णान्त और हलन्त धातुओं से ण्यत् प्रत्यय होता है। उदाहरण- हार्यम्, धार्यम्, कार्यम् आदि।

➢ **क्यप् प्रत्यय विधायक विधिसूत्र-**
एति-स्तु-शास्-वृ-दृ-जुषः क्यप् (3.1.109)- इण्, स्तु, शास्, वृ, दृ, और जुष् इन धातुओं से क्यप् प्रत्यय होता है। उदाहरण- इत्यः, स्तुत्यः शिष्यः, वृत्यः, आदृत्यः, जुष्यः।

➢ **ल्यप् प्रत्यय विधायक विधिसूत्र-**
'समासेऽनञ्पूर्वोक्त्वा ल्यप्' (7.1.37)- यदि धातु के पूर्व कोई उपसर्ग लगा हो तो क्त्वा के स्थान पर ल्यप् प्रत्यय होता है, परन्तु नञ् के पूर्व होने पर नहीं लगता।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या खण्ड-3)- पेज-223

94. 'गातृ' में प्रत्यय है-
(A) शतृ (B) ण्वुल्
(C) ल्युट् (D) तृच्

व्याख्या-
- 'लटः शतृशानचावप्रथमासमानाधिकरणे' (3.2.124) अप्रथमान्त अर्थात् द्वितीयान्त आदि के साथ समानाधिकरण होने पर लट् के स्थान पर शतृ और शानच् आदेश होते हैं। ल्युट् च (3.3.115)-
नपुंसकत्व में भाव अर्थ में ल्युट् प्रत्यय भी होता है। उदाहरण - हसितम् , हसनम्।
- 'ण्वुल्तृचौ' (3.1.133)- धातुमात्र से 'ण्वुल्' और 'तृच्' प्रत्यय होते हैं।
उदाहरण- कर्तृ, गातृ, हर्तृ आदि।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- अष्टाध्यायी (3/1/133)- ईश्वरचन्द्र

95. जेयम् में प्रत्यय है-
(A) तृच् (B) केलिमर्
(C) यत् (D) क्तः

व्याख्या-
जेयम् (जीतना अर्थ वाली जि धातु है) -
'अचो यत्' (3.1.97) से यत् प्रत्यय - जि + यत्
यत् का अनुबन्ध लोप - जि + य
य की आर्धधातुक सञ्ज्ञा और जि के इकार को सार्वधातुक गुण करके जेय शब्द बना। पुनः जेय की प्रातिपदिक सञ्ज्ञा तथा सु विभक्ति का आगम सु का अम् आदेश और पूर्वरूप होकर जेयम् पद सिद्ध हुआ।
अतः जेयम् में यत् प्रत्यय है। **अतः विकल्प C सही है।**
- **ण्वुल्तृचौ (3.1.133)-** धातुमात्र से ण्वुल् और तृच् प्रत्यय होते हैं।
कृ + तृच् = कर्ता
हृ + तृच् = हर्ता
हन् + तृच् = हन्ता
- **केलिमर् उपसंख्यानम् (वार्तिक)-** धातुओं से केलिमर् प्रत्यय भी होता है अर्थात् तव्यत्तव्यानीयरः सूत्र से केलिमर् प्रत्यय भी जोड़ देना चाहिए। उदाहरण - पचेलिमा माषाः - पकाने योग्य उड़द, भेदेलिमाः सरलाः - सरल सीधे पेड़ आदि।
- **'अचो यत्' (3.1.97)** अजन्त धातुओं से यत् प्रत्यय होता है। उदाहरण - जेयम्, चेयम् आदि।
- **नपुंसके भावे क्तः (3.3.114)-** नपुंसकत्व में भाव अर्थ में क्त प्रत्यय होता है। उदाहरण- हसितम्।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या खण्ड-3)- पेज-17

96. 'जनमेजयः' में प्रत्यय है-
(A) खश् (B) खच्
(C) क (D) तृच्

व्याख्या-
जनमेजयः जनम् एजयतीति जनमेजयः (लोगों को कँपाने वाला, राजा परीक्षित का पुत्र)
एजृ कम्पने धातु, उससे णिच् प्रत्यय होकर एजि बना।
पूर्व में जन यह कर्म उपपद में है - जन + एजि
एजेः खश् (3.2.28) से खश् प्रत्यय- जन + एजि + खश्
अनुबन्ध लोप आदि कार्य - जन + अम् + एजि + अ
अ की सार्वधातुक सञ्ज्ञा करके उससे शप् होकर उसमें भी अनुबन्ध लोप होकर जन + अम् + एजि + अ + अ
अतो गुणे से अ + अ पररूप होकर एक अकार - जन + अम् + एजि + अ अकार को सार्वधातुक मानकर एजि के इकार को 'सार्वधातुकार्धधातुकयोः' से गुण होकर एकार और उसके स्थान पर अय् आदेश- जन + अम् + एज् + अय् + अ = जन + अम् + एजय
द्वितीया के स्थान 'कर्तृकर्मणोः कृति' से जन के अम् के स्थान पर षष्ठी ङस् जन ङस् एजय
'उपपदमतिङ्' से उपपद होकर षष्ठी का 'सुपोधातुप्रातिपदिकयोः' से लुक् -जन एजय
अरुर्द्विषदजन्तस्य मुम् से जन को मुम् आगम अनुबन्ध लोप- जन + म् + एजय मिदचोऽन्त्यात्परः से जन के नकार के अकार का अन्त्यावयव होकर जनम् + एजय = जनमेजय
पुनः जनमेजय के प्रातिपदिक सञ्ज्ञा सु विभक्ति का आगम, अनुबन्ध लोप होकर जनमेजयः प्रयोग सिद्ध हुआ। अतः जनमेजयः में खश् प्रत्यय है
इसलिए विकल्प A सही है।

➢ **खच् प्रत्यय विधायक विधिसूत्र-**
प्रियवशे वदः खच् (3.2.38) - प्रिय या वश रूप कर्म के उपपद होने पर वद् धातु से खच् प्रत्यय होता है। उदाहरण - प्रियंवदः, वंशवदः।

➢ **क प्रत्यय विधायक विधि सूत्र-**
1. इगुपध-ज्ञा-प्री-किरः कः (3.1.135) इक् उपधा में हो ऐसे धातु ज्ञा, प्री, और कृ धातुओं से क प्रत्यय होता है। उदाहरण बुधः, कृशः, ज्ञः, प्रियः, किरः।
2. आतश्चोपसर्गे (3.1.136) - उपसर्ग के उपपद रहते आकारान्त धातुओं से क प्रत्यय होता है। उदाहरण - प्रज्ञः, सुग्लः।

➢ **तृच् प्रत्यय विधायक विधि सूत्र-**
ण्वुल्तृचौ (3.1.133)- धातुमात्र से ण्वुल् और तृच् प्रत्यय होते हैं। उदाहरण - कर्त्ता, हर्ता, हन्ता आदि।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य, पेज-793

97. युवतिः में स्त्री प्रत्यय है-
(A) ङीन् **(B) ङीष्**
(C) ऊङ् **(D) ङीप्**

व्याख्या-
युनस्तिः (4.1.77)- युवन् शब्द से स्त्रीत्व की विवक्षा में ति प्रत्यय होता है।
युवतिः - युवन् शब्द से युनस्तिः से ति प्रत्यय हुआ युवन् + ति 'स्वादिष्वसर्वनामस्थाने' से ति के परे रहते युवन् की पद सञ्ज्ञा करके 'न लोपः प्रातिपदिकान्तस्य' से नकार का लोप करके युवति बना पुनः प्रातिपदिक सञ्ज्ञा, सु विभक्ति सु विभक्ति का अनुबन्ध लोप तथा रुत्व विसर्ग होकर युवतिः रूप सिद्ध होता है।
इसप्रकार युवतिः में ति प्रत्यय है।
नोट- युवतिः में ति प्रत्यय का प्रयोग है जो कि आयोग द्वारा दिए गए चारों विकल्पों में नहीं है यह आयोग की त्रुटि है।

➢ **ङीन् प्रत्यय- शार्ङ्गरवाद्यञो ङीन् (4.1.73)**
शार्ङ्गरव आदि गणपठित शब्दों तथा अञ् प्रत्यय अन्त में ऐसे जातिवाचक प्रातिपदिकों से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीन् प्रत्यय होता है।
उदाहरण- शार्ङ्गरवी, बैदी, ब्राह्मणी आदि।

➢ **ङीष् प्रत्यय- जातेरस्त्रीविषयादयोपधात् (4.1.63)**
जो नित्य स्त्रीलिङ्ग न हो और यकार भी उपधा में न हो ऐसे जाति वाचक प्रातिपदिक से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीष् प्रत्यय होता है।
उदाहरण - तटी, वृषली, कठी आदि।

➢ **ऊङ् प्रत्यय- पङ्गोश्च (4.1.68)-** जिसका पूर्वपद उपमान वाची तथा उत्तरपद ऊरु हो तो उससे स्त्रीत्व की विवक्षा में ऊङ् प्रत्यय होता है। उदा. पङ्गूः।

➢ **ङीप् प्रत्यय- उगितश्च (4.1.6)-** जिसमें उक् अर्थात् उ, ऋ, ऌ की इत्सञ्ज्ञा हो गई है ऐसे प्रातिपदिकों से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीप् प्रत्यय होता है।
उदाहरण- भवती, भवन्ती, पचन्ती आदि।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमी व्याख्या खण्ड-6)- पेज-88

98. 'भी' धातु लृट्लकार के प्रथम पुरुष का एकवचन रूप है-
(A) भीष्यति **(B) विभीष्यति**
(C) भेष्यति **(D) भेस्यति**

व्याख्या-
भी धातु, अकर्मक, अनिट् , परस्मैपदी

लृट् लकार			
प्र.पु.	भेष्यति	भेष्यतः	भेष्यन्ति
म.पु.	भेष्यसि	भेष्यथः	भेष्यथ
उ.पु.	भेष्यामि	भेष्यावः	भेष्यामः

अतः विकल्प C सही है।
नोट- भीष्यति, विभीष्यति और भेस्यति रूप 'भी' धातु के दसों लकारों में कहीं नहीं बनता है।
स्रोत- रूपचन्द्रिका- ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पेज-311

99. 'ज्ञा' (जानना) धातु (परस्मैपदी) के लृट्लकार के उत्तम पुरुष के एकवचन में रूप होगा-
(A) जानिष्यामि **(B) जनिष्यामि**
(C) ज्ञास्यामि **(D) ज्ञासिष्यामि**

व्याख्या-
ज्ञा अवबोधने धातु, सकर्मक, अनिट् , परस्मैपदी, क्र्यादिगण

लृट् लकार			
प्र.पु.	ज्ञास्यति	ज्ञास्यतः	ज्ञास्यन्ति
म.पु.	ज्ञास्यसि	ज्ञास्यथः	ज्ञास्यथ
उ.पु.	ज्ञास्यामि	ज्ञास्यावः	ज्ञास्यामः

अतः विकल्प C सही है।
नोट- जानिष्यामि, जनिष्यामि, ज्ञासिष्यामि, रूप 'ज्ञा' धातु के दसों लकारों में कहीं नहीं बनता है।
स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-184

100.हु (हवनकरना) धातु के लृट् लकार में प्रथम पुरुष बहुवचन का रूप होगा-
(A) जुहोष्यन्ति (B) होष्यन्ति
(C) जुहुस्यन्ति (D) हविष्यन्ति

व्याख्या-
हु (दानादयोः) धातु, जुहोत्यादिगण, सकर्मक, अनिट्, परस्मैपदी है-

लृट्लकार			
प्र.पु.	होष्यति	होष्यतः	होष्यन्ति
म.पु.	होष्यसि	होष्यथः	होष्यथ
उ.पु.	होष्यामि	होष्यावः	होष्यामः

अतः विकल्प B सही है।

नोट- जुहोष्यन्ति, जुहुत्स्यन्ति, हविष्यन्ति रूप 'हु' धातु के दसों लकारों में कहीं नहीं बनता है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-166

101.शक् (समर्थ होना) धातु के लट्लकार में मध्यम पुरुष एकवचन का रूप होगा-
(A) शक्नोसि (B) शक्नोषि
(C) शक्नुसि (D) शक्नुषि

व्याख्या-
'शक्' (शक्लृ-शक्तौ धातु) समर्थ होना। अकर्मक, अनिट्, परस्मैपदी।

लट्लकार			
प्र.पु.	शक्नोति	शक्नुतः	शक्नुवन्ति
म.पु.	शक्नोषि	शक्नुथः	शक्नुथ
उ.पु.	शक्नोमि	शक्नुवः	शक्नुमः

अतः विकल्प B सही है।

नोट- शक्नोसि, शक्नुसि, शक्नुषि रूप शक् धातु के दसों लकारों में कहीं नहीं बनता है।

स्रोत- रूपचन्द्रिका- ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पेज-380

102. 'भी' धातु लट्लकार प्रथम पुरुष बहुवचन में रूप होगा-
(A) बिभ्यन्ति (B) भेष्यन्ति
(C) बिभ्यति (D) बिभेन्ति

व्याख्या-
भी (भये) धातु अकर्मक, अनिट्, परस्मैपद, जुहोत्यादिगण

प्र.पु.	बिभेति	बिभितः/बिभीतः	बिभ्यति
म.पु.	बिभेषि	बिभिथः/बिभीथः	बिभिथ/बिभीथ
उ.पु.	बिभेमि	बिभिवः/बिभीवः	बिभिमः/बिभीमः

अतः विकल्प C सही है।

नोट- बिभ्यन्ति, भेष्यन्ति, बिभेन्ति रूप (भी) धातु के दसों लकारों में कहीं नहीं बनता है।

स्रोत- रूपचन्द्रिका- ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पेज-310

103. 'तुद्' धातु के लृट् लकार मध्यम पुरुष के बहुवचन का रूप है-
(A) तोष्यस्यथः (B) तोष्यस्यथ
(C) तोत्स्यथ (D) तोतस्यथ

व्याख्या-

तुद् व्यथने धातु, सकर्मक, अनिट्, उभयपदी, तुदादिगण			
प्र.पु.	तोत्स्यति	तोत्स्यतः	तोत्स्यन्ति
म.पु.	तोत्स्यसि	तोत्स्यथः	तोत्स्यथ
उ.पु.	तोत्स्यामि	तोत्स्यावः	तोत्स्यामः

नोट- तोष्यस्यथः, तोष्यस्यथ, तोतस्यथ रूप 'तुद्' धातु के दसों लकारों में कहीं नही बनता है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- रूपचन्द्रिका- ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पेज-386

104.'ब्रू' धातु के लट्लकार मध्यम पुरुष के बहुवचन का रूप है-
(A) ब्रूसि (B) ब्रवीषि
(C) ब्रवीसि (D) ब्रविसि

व्याख्या-

ब्रूञ्- व्यक्तायां वाचि, सकर्मक, अनिट्, उभयपदी, अदादिगण			
लट् लकार			
प्र.पु.	ब्रवीति	ब्रूतः	ब्रुवन्ति
	आह	आहतुः	आहुः
म.पु.	ब्रवीषि	ब्रूथः	ब्रूथ
	आत्थ	आहथुः	ब्रूथ
उ.पु.	ब्रवीमि	ब्रूवः	ब्रूमः

अतः विकल्प B सही है।

नोट- ब्रूसि, ब्रवीसि, ब्रविसि रूप दसों लकारों में कहीं नहीं बनता है।

स्रोत- रूपचन्द्रिका- ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पेज 271

105.दुह् धातु का लङ् लकार के उत्तम पुरुष का एकवचन रूप है-
(A) अदुहम **(B) अदुह्यम्**
(C) अदोहम् **(D) अदुहम्**

व्याख्या-

दुह् (प्रपूरणे) = दुहना (परस्मैपदी) सकर्मक, अनिट्, उभयपदी			
प्र.पु.	अधोक्/अधोग्	अदुग्धाम्	अदुहन्
म.पु.	अधोक्/अधोग्	अदुग्धम्	अदुग्ध
उ.पु.	अदोहम्	अदुह्व:	अदुह्म:

अतः विकल्प C सही है।

नोट- अदुहम, अदुह्यम्, अदुहम् रूप 'दुह्' के दसों लकारों में कहीं नहीं बनता है।

स्रोत- रूपचन्द्रिका- ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पेज-264

106. कौन सी धातु उभयपदी धातु नहीं है-
(A) हृ **(B) याच्**
(C) पच् **(D) तुद्**

व्याख्या-
हृञ् हरणे धातु, सकर्मक, अनिट्, उभयपदी, भ्वादिगण

परस्मैपद			आत्मनेपद		
हरति	हरतः	हरन्ति	हरते	हरेते	हरन्ते
हरसि	हरथः	हरथ	हरसे	हरेथे	हरध्वे
हरामि	हरावः	हरामः	हरे	हरावहे	हरामहे।

याच् धातु, सकर्मक, सेट्, उभयपदी भ्वादिगण

परस्मैपदी			आत्मनेपदी		
याचति	याचतः	याचन्ति	याचते	याचेते	याचन्ते
याचसि	याचथः	याचथ	याचसे	याचेथे	याचध्वे
याचामि	याचावः	याचामः	याचे	याचावहे	याचामहे

पच् धातु, सकर्मक, अनिट्, उभयपदी, भ्वादिगण

परस्मैपद			आत्मनेपद		
पचति	पचतः	पचन्ति	पचते	पचेते	पचन्ते
पचसि	पचथः	पचथ	पचसे	पचेथे	पचध्वे
पचामि	पचावः	पचामः	पचे	पचावहे	पचामहे

तुद् धातु, सकर्मक, अनिट्, उभयपदी, तुदादिगण

परस्मैपद			आत्मनेपद		
तुदति	तुदतः	तुदन्ति	तुदते	तुदेते	तुदन्ते
तुदसि	तुदथः	तुदथ	तुदसे	तुदेथे	तुदध्वे
तुदामि	तुदावः	तुदामः	तुदे	तुदावहे	तुदामहे।

नोट- 1. हृ प्रसह्य करणे धातु (सकर्मक, अनिट्, परस्मैपदी, छान्दसः) धातु परस्मैपदी धातु है इसका रूप - जिहर्ति, जिहर्तः, जिहर्न्ति चलता है इस दृष्टि से हृ धातु उभयपदी नहीं है

अतः विकल्प A सही है।

2. चूंकि आयोग ने इसका उत्तर तुद् माना है इस दृष्टि से 'कौन सी धातु भ्वादिगण की नहीं है' यदि प्रश्न इसप्रकार हो तो तुद् उत्तर सही हो सकता है क्योंकि हृ, याच् तथा पच् भ्वादिगण की धातु है जबकि तुद् धातु तुदादिगण की है।

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारक-प्रकरण)- राममुनि पाण्डेय,पेज-20

107. 'हन्' धातु लट्लकार के प्रथम पुरुष, का द्विवचन रूप है-
(A) हतौ **(B) हन्तौ**
(C) हतः **(D) हनतः**

व्याख्या-
'हन्' = वध करना, सकर्मक, अनिट्, वधादेशे सेट्, परस्मैपदी

लट् लकार			
प्र.पु.	हन्ति	हतः	घ्नन्ति
म.पु.	हंसि	हथः	हथ
उ.पु.	हन्मि	हन्वः	हन्मः

अतः विकल्प C सही है।
हतौ, हन्तौ, हनतः रूप (हन्) धातु के दसों लकारों में कहीं नहीं बनता है।

स्रोत- रूपचन्द्रिका- ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पेज-296

108.'दा' धातु (आत्मनेपद) विधिलिङ् के उत्तम पुरुष के एकवचन का रूप है-
(A) ददीय **(B) दादीय**
(C) दिदय **(D) ददीत**

व्याख्या-
डुदाञ् दाने धातु, सकर्मक, अनिट्, उभयपदी (आकारान्त) दा धातु आत्मनेपद विधिलिङ्लकार

प्र.पु.	ददीत	ददीयाताम्	ददीरन्
म.पु.	ददीथाः	ददीयाथाम्	ददीध्वम्
उ.पु.	ददीय	ददीवहि	ददीमहि

अतः विकल्प A सही है।

नोट- दादीय, दिदय, ददीत रूप दा धातु के दसों लकारों में कहीं नहीं बनता है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज -167

109. ....प्रणमामि' रिक्तस्थान में कौन से पद का प्रयोग होगा।
(A) सदाशिवं (B) सदाशिवेन
(C) सदाशिवाय (D) सदाशिवात्

व्याख्या-

A. 'सदाशिवं प्रणमामि'
उपपदविभक्तेः कारकविभक्तिः बलीयसी-
कारक विभक्ति उपपद की अपेक्षा बलवती होती है। अतः किसी स्थल पर कारक विभक्ति और उपपद विभक्ति दोनों प्राप्त होने पर कारक विभक्ति का ही प्रयोग होता है। जैसे नमः के योग में चतुर्थी का प्रयोग होता है। परन्तु 'नमस्करोति' इत्यादि क्रिया पदों के योग में कर्मकारक में द्वितीया होती है। यथा- नमस्करोति देवान्।

B. **कर्तृकरणयोस्तृतीया 2.3.18** अनुक्त कर्ता तथा करण कारक में तृतीया विभक्ति होती है - जैसे - रामेण बाणेन हतो बाली।

C. **धारेरुत्तमर्णः (1.4.35)** णिजन्त धृ धातु के योग में उत्तमर्ण ऋण देने वाले की सम्प्रदान संज्ञा होती है। जैसे - भक्ताय धारयति मोक्षं हरिः।

D. **आख्यातोपयोगे (1.4.29)** उपयोग एवं नियम पूर्वक विद्या पढ़ने में आख्याता (पढ़ाने वाला) की अपादान संज्ञा होती है। जैसे- उपाध्यायाद् अधीते।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- कर्मणि द्वितीया (अष्टाध्यायी)

110. ....आलयः निर्मितः रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए
(A) मासेन (B) मासम्
(C) मासाय (D) मासात्

व्याख्या-

A. **अपवर्गे तृतीया (2.3.6)-** अपवर्ग का अर्थ है- क्रिया की समाप्ति होने पर फल की प्राप्ति। फल की प्राप्ति अर्थ के द्योतित होने पर काल और मार्गवाची शब्दों से अत्यन्त संयोग में तृतीया विभक्ति होती है। 'आलयः निर्मितः' वाक्य में फल की प्राप्ति हो जा रही है अतः 'मासेन आलयः निर्मितः' महीने भर में मकान का निर्माण हो जाता है इसलिए 'अपवर्गे तृतीया' सूत्र से तृतीया विभक्ति का विधान हुआ।

B. **अकर्मकधातुभिर्योगे देशः कालो भावो गन्तव्योऽध्वा च कर्मसंज्ञक इति वाच्यम् (वा.)-** अकर्मक धातुओं के प्रयोग में देश, काल, भाव और गन्तव्य मार्ग की कर्मसंज्ञा होती है।
जैसे- मासम् आस्ते। (महीने भर रहता है।)

C. **चतुर्थी सम्प्रदाने- (2.3.13)** अनभिहित सम्प्रदान कारक में चतुर्थी विभक्ति होती है।
जैसे- विप्राय गां ददाति (ब्राह्मण को गाय देता है।)

D. **अपादाने पञ्चमी- (2.3.28)** अनभिहित अपादान में पञ्चमी विभक्ति होती है। जैसे - ग्रामात् आयाति (गाँव से आता है।)

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- अष्टाध्यायी- (2.3.6)

111.हरिः.........आस्ते - रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए-
(A) वैकुण्ठं (B) वैकुण्ठे
(C) वैकुण्ठेन (D) वैकुण्ठाय

सप्तम्यधिकरणे च (2/3/36)- अधिकरण कारक में सप्तमी विभक्ति होती है।
व्याख्या- आधार तीन प्रकार का होता है-
आधार
1. अभिव्यापक (सर्वस्मिन् आत्मा अस्ति।) 2. वैषयिक (मोक्षे इच्छा अस्ति।) 3. औपश्लेषिक (हरिः वैकुण्ठे आस्ते।)
हरिः.......आस्ते - हरि वैकुण्ठ में रहते हैं अर्थात् रहना रूपी क्रिया का आधार वैकुण्ठ है इसलिए 'सप्तम्यधिकरणे च' सूत्र से वैकुण्ठ में, सप्तमी विभक्ति का रूप 'वैकुण्ठे' सही है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- अष्टाध्यायी - (2.3.36)

112.'......नमस्कृत्य' रिक्तस्थान की पूर्ति उचित पद द्वारा कीजिए-
(A) मुनित्रयाद् (B) मुनित्रयस्य
(C) मुनित्रयम् (D) मुनित्रये

व्याख्या-

मुनित्रयं नमस्कृत्य तदुक्तीः परिभाव्य च।
वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदीयं विरच्यते।।

इस श्लोक में नमः पद के सानिध्य से 'मुनित्रयम्। पद में चतुर्थी विभक्ति की आशंका नहीं करनी चाहिए। विभक्तियाँ दो तरह की होती हैं - कारक विभक्ति और उपपद विभक्ति। जो विभक्तियाँ किसी पद के सानिध्य के कारण विहित की गई हैं उन्हे उपपद विभक्ति कहा जाता है। इसके अतिरिक्त क्रिया का आश्रय लेकर होने वाली विभक्ति कारक विभक्ति कहलाती है। क्रिया के साथ कारक का साक्षात् अन्वय होने के कारण यहाँ 'नमस्कृत्य' पद से 'नमस्कार करना' इसप्रकार की क्रिया की प्रतीति होती है इसलिए 'मुनित्रयम्' में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग समुचित है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत-वैयाकरण सिद्धान्तकौमुदी(खण्ड-1)-गोविन्दाचार्य पेज-01

113. ....चमरीं हन्ति' से पूर्व रिक्तस्थान में कौन से पद का प्रयोग होगा

(A) केशान् **(B) केशैः**
(C) केशेभ्यः **(D) केशेषु**

व्याख्या-

निमित्तात् कर्मयोगे (वा.)- निमित्तवाची शब्दों से सप्तमी विभक्ति होती है, यदि वह निमित्त (फल) कर्म से युक्त हो। जैसे-

चर्मणि द्वीपिनं हन्ति दन्तयोर्हन्ति कुञ्जरम्।
केशेषु चमरीं हन्ति सीम्नि पुष्कलको हतः।।

* चर्मणि द्वीपिनं हन्ति - चमड़े के लिए गैड़े को मारता है।
* केशेषु चमरीं हन्ति - केश के लिए चमरी मृग को मारता है।
* सीम्नि पुष्कलको हतः - अण्डकोश के लिए कस्तूरी मृग को मारता है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत-सिद्धान्तकौमुदी(कारक प्रकरण)-राममुनि पाण्डेय, पेज- 95

114. 'स........बिभेति' रिक्तस्थान में उचित पद होगा-

(A) उपवनात् **(B) उपवनस्य**
(C) उपवने **(D) उपवनेन**

व्याख्या-

भीत्रार्थानां भयहेतुः (1/4/25)

भय और त्राण अर्थों वाली धातुओं के योग में भय के कारण अर्थात् जिससे भय लगता है उसकी अपादान सञ्ज्ञा होती है।

सः व्याघ्रात् बिभेति। वह बाघ से डरता है।

भी धातु के प्रयोग में भय के कारण 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' सूत्र से व्याघ्र की अपादान संज्ञा होकर 'अपादाने पञ्चमी' से पञ्चमी विभक्ति होकर 'व्याघ्रात्' बना।

उपर्युक्त पंक्ति में 'वन' भय का कारण नहीं बल्कि वन में रहने वाले जीव-जन्तु भय का कारण हैं इसलिए प्रस्तुत उदाहरण में वन की अपादान सञ्ज्ञा न होकर अधिकरण सञ्ज्ञा होगी और सप्तमी विभक्ति उपवने होगी, अतः 'स उपवने बिभेति' यह वाक्य शुद्ध होगा।

इसलिए विकल्प C सही है।

स्रोत- अष्टाध्यायी (1.4.25)

115.'.......दुह्यमानासु गतः' रिक्तस्थान में उचित पद का प्रयोग होगा-

(A) गावः **(B) गोभिः**
(C) गोभ्यः **(D) गोषु**

व्याख्या-

➢ **यस्य च भावेन भावलक्षणम् (2/3/37)**

जिसकी क्रिया से कोई दूसरी क्रिया लक्षित होती है, उस क्रियावान् में सप्तमी विभक्ति होती है।

'गोषु दुह्यमानासु गतः' (वह गायों के दुहे जाते समय गया)- यहाँ गाय में रहने वाली दोहन रूप क्रिया से किसी व्यक्ति की गमन क्रिया लक्षित की जा रही है।

अतः प्रकृत सूत्र से लक्षण 'गोषु दुह्यमानासु' में सप्तमी विभक्ति हुई। **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत-सिद्धान्तकौमुदी(कारक प्रकरण)-राममुनि पाण्डेय, पेज-95

116. 'भक्तिः...........कल्पते' उचित पद द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए

(A) ज्ञानम् **(B) ज्ञाने**
(C) ज्ञानाय **(D) ज्ञानात्**

व्याख्या-

➢ **क्लृपि सम्पद्यमाने च (वा.)**

क्लृप् अर्थ वाली धातुओं के योग में सम्पद्यमान (उत्पन्न होने वाले) अर्थ में चतुर्थी विभक्ति होती है।

जैसे - भक्तिर्ज्ञानाय कल्पते सम्पद्यते जायते।

(भक्ति ज्ञान के लिए होती है।) यहाँ क्लृप् , सम्पद् अथवा जन् धातु के योग में सम्पद्यमान 'ज्ञान' में प्रकृत वार्तिक से चतुर्थी विभक्ति हुई। **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत-सिद्धान्तकौमुदी(कारक प्रकरण)- राममुनि पाण्डेय, पेज-53

117. भारतस्य.......हिमालयोऽस्ति - रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए -
(A) उत्तरदिशायां (B) उत्तरे दिशायां
(C) उत्तरे दिशी (D) उत्तरस्यां दिशि

व्याख्या-
अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा
हिमालयो नाम नगाधिराजः।
पूर्वापरौ तोयनिधी वगाह्य
स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः।।
उत्तर दिशा में देवता की आत्मा वाला हिमालय नामक पर्वतराज है, (जो) पूर्वी तथा पश्चिमी समुद्र में प्रवेश करके पृथिवी के मानदण्ड के समान स्थित है।
नोट- उक्त कथन महाकवि कालिदास कृत कुमारसम्भवम् के प्रथम सर्ग के प्रथम श्लोक से लिया गया है। जिसमें हिमालय का वर्णन है।
अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- कुमारसम्भवम् (1.1)

118.'स.........उपवसति' के मध्य रिक्तस्थान में कौन सा उचित पद होगा-
(A) ग्रामम् (B) ग्रामेण
(C) ग्रामात् (D) ग्रामे

व्याख्या-
उपान्वध्याङ्वसः (1.4.48)- यदि वस् धातु के पूर्व उप, अनु, अधि और आङ् उपसर्ग लगा हो तो उसके आधार की कर्म संज्ञा होती है।
स.........उपवसति
वस् धातु के पूर्व उप उपसर्ग है अतः उपर्युक्त सूत्र से आधार की कर्मसञ्ज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति का विधान होगा, ग्राम शब्द का द्वितीया विभक्ति में ग्रामम् रूप बनेगा। **अतः विकल्प A सही है।**
स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (1.4.48)- राममुनि पाण्डेय, पेज-44

119.......उदिते पद्मं विकसति - से पूर्व रिक्तस्थान में उचित पद होगा-
(A) सूर्य (B) सूर्येण
(C) सूर्यस्य (D) सूर्ये

व्याख्या-
'यस्य च भावेन भावलक्षणम्' (2.3.37)
'यस्य क्रियया क्रियान्तरं लक्ष्यते, ततः सप्तमी स्यात्' अर्थात् जब किसी कार्य के हो जाने पर दूसरी क्रिया या कार्य हो तो जो कार्य पहले समाप्त होता है उसमें सप्तमी विभक्ति का विधान होता है।
सूर्य के उदित होने पर कमल खिलता है। प्रस्तुत उदाहरण में उदित होना प्रथम क्रिया है इसलिए 'यस्य च भावेन भावलक्षणम्' सूत्र से सप्तमी विभक्ति का प्रयोग (उदिते सूर्ये) होगा। **अतः विकल्प D सही है।**
स्रोत- अष्टाध्यायी (2.3.37)

120.'..........वस्त्रं देहि' से पूर्व रिक्तस्थान में कौन से पद का प्रयोग होगा
(A) दरिद्राय (B) दरिद्रस्य
(C) दरिद्रम् (D) दरिद्रे

व्याख्या-
कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् (1.4.32)
दान क्रिया के कर्म के द्वारा कर्त्ता जिसको सन्तुष्ट करना चाहता है उसकी सम्प्रदान संज्ञा होती है और 'चतुर्थी सम्प्रदाने' (2-3-13) सूत्र से चतुर्थी विभक्ति होती है। इसलिए दरिद्र शब्द का चतुर्थी विभक्ति में दरिद्राय रूप होगा जिसका प्रयोग 'दरिद्राय वस्त्रं देहि' होगा अर्थात् दरिद्र को वस्त्र दो। **अतः विकल्प A सही है।**
स्रोत- अष्टाध्यायी (2.3.13)

121. 'उनके द्वारा हँसा जाता है'- संस्कृत में अनुवाद होगा-
(A) तेन हसति (B) तैन हस्यते
(C) तैः हस्यते (D) तै हस्यन्ते

व्याख्या-
'उनके द्वारा हँसा जाता है' यह वाक्य भाववाच्य का वाक्य है अकर्मक धातुओं से ही भाववाच्य होता है भाववाच्य के वाक्य में, कर्त्ता में तृतीया विभक्ति तथा क्रिया में प्रथम पुरुष का एकवचन होगा। भाववाच्य में लट् आदि में धातु के अन्त में य लगाकर रूप चलाते हैं धातु का रूप सदा आत्मनेपद में ही चलता है।
इसलिए 'उनके द्वारा हँसा जाता है' का अनुवाद 'तैः हस्यते' होगा। **अतः विकल्प C सही है।**
स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज -52

122. राम, मैं और तुम घर को जायेंगे - संस्कृत में अनुवाद होगा-
(A) रामः अहं च त्वं च गृहं गमिष्यति
(B) रामः अहं च त्वं च गृहं गमिष्यसि
(C) रामः अहं च त्वं च गृहं गमिष्यन्ति
(D) रामः अहं च त्वं च गृहं गमिष्यामः

व्याख्या-
(D) रामः अहं च त्वं च गृहं गमिष्यामः।
नियम-
- जब प्रथम, मध्यम और उत्तम पुरुष में से दो या तीन एकत्र हो जाते हैं,वहाँ पर क्रिया का रूप निम्नलिखित रूप से रखा जायेगा।
- प्रथम पु0+प्रथम पु0= क्रिया प्रथम पुरुष होगी। वचन कर्ता की सामूहिक संख्या के अनुसार। जैसे- राम, कृष्ण और देव पढ़ते हैं- रामः कृष्णः देवश्च पठन्ति।रामः रमा च पठतः।
- प्रथम पु0+मध्यम पु0= क्रिया मध्यम पुरुष होगी। वचन कर्ता की सामूहिक संख्या के अनुसार। वह और तुम पढ़ते हो- स त्वं च पठथः। तौ त्वं च लिखथ। स यूयं च गच्छथ। अर्थात् प्रथम पुरुष और मध्यम पुरुष में मध्यम पुरुष शेष रहता है। यदि उत्तम पुरुष के साथ में होगा तो उत्तम पुरुष ही शेष रहेगा। वचन कर्ता की सामूहिक संख्या के अनुसार। तू और मैं पढ़ते हैं।

1. त्वम् अहं च पठावः
2. सः त्वम् अहं च पठामः।
3. अहं युवां च पठामः।

उसी तरह 'रामः अहं च त्वं च गृहं गमिष्यामः।'
अतः विकल्प D सही है। अन्य विकल्प व्याकरण नियमानुसार अशुद्ध है।
स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-102

123.मेरे द्वारा एक बालिका देखी गयी- संस्कृत अनुवाद होगा-
(A) मया एकं बालिका दृष्टम्
(B) मया एका बालिका दृष्टा
(C) मया एका बालिका दृष्टाः
(D) मया एका बालिका दृष्टाम्

व्याख्या-
- संस्कृत में 3 वाच्य होते हैं। 1. कर्तृवाच्य 2. कर्मवाच्य 3. भाववाच्य।
- उपर्युक्त वाक्य कर्मवाच्य का उदाहरण है। कर्मवाच्य में कर्म मुख्य होता है। कर्म के अनुसार ही क्रिया का पुरुष, वचन और लिङ्ग होता है-
मेरे द्वारा एक बालिका देखी गयी। मया एका बालिका दृष्टा। **उपर्युक्त नियमानुसार विकल्प B सही है।**

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-52

124.भगवान् हनुमान् को नमस्कार- संस्कृत में अनुवाद होगा-
(A) भगवते हनुमते नमः
(B) भगवते हनुमानाय नमः
(C) भगवतस्य हनुमानाय नमः
(D) भगवते हनुमताय नमः

व्याख्या-
भगवते हनुमते नमः -
नमः स्वस्ति स्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च
(2.3.16)
नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम् और वषट् - इन अव्यय पदों के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है।
अतः 'नमः' पद का प्रयोग होने से भगवत् , हनुमत् का चतुर्थी विभक्ति में भगवते, हनुमते रूप बनेगा इसलिए 'भगवते हनुमते नमः' (भगवान् हनुमान् को नमस्कार) वाक्य शुद्ध है। **अतः विकल्प A सही है।**
स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी (कारक प्रकरणम्)- 2.3.16

125. इत्संज्ञा विधायक सूत्र कितने है?
(A) 14 **(B) 4**
(C) 6 **(D) 5**

व्याख्या-
इत्सञ्ज्ञा विधायक सूत्र-
- **उपदेशेऽजनुनासिक इत् (1.3.2)** उपदेश की अवस्था में अनुनासिक अच् वर्ण की इत् सञ्ज्ञा होती है।
उदाहरण - एधँ शब्द में धकारोत्तरवर्ती अकार अनुनासिक होने से इत्सञ्ज्ञक है।
- **हलन्त्यम् (1.33)-** उपदेश में अन्तिम हल् इत्सञ्ज्ञक होता है। उदाहरण - अइउण् में णकार इत्सञ्ज्ञक है।

- **आदिर्ञिटुडवः (1.3.5)-** उपदेश अवस्था में धातु के आदि में वर्तमान ञि, टु, डु इनकी इत्सञ्ज्ञा होती है। उदा. ञिमिदा, टुवेपृ।
- **षः प्रत्ययस्य (1.3.6)-** उपदेश अवस्था में प्रत्यय के आदि में स्थित षकार की इत्सञ्ज्ञा होती है। उदाहरण - नृत् + ष्वुन् यहाँ षकार इत्संज्ञक है।
- **चुटू (1.3.7)-** उपदेश अवस्था में प्रत्यय के आदि में वर्तमान चवर्ग और टवर्ग की इत्सञ्ज्ञा होती है। उदा. - वाच् + टा = वाचा में 'ट्' की इत्सञ्ज्ञा।
- **लशक्वतद्धिते (1.3.8)-** उपदेश अवस्था में प्रत्यय के आदि में स्थित लकार, शकार तथा कवर्ग की इत्सञ्ज्ञा होती है किन्तु तद्धित प्रत्यय में नही। उदाहरण - चि + ल्युट् = चयनम् में लकार की इत्सञ्ज्ञा होगी। इसप्रकार इत्सञ्ज्ञा विधायक सूत्र की संख्या - 6 है।
- **इत्सञ्ज्ञा निषेधक सूत्र-** 'न विभक्तौ तुस्माः' (1.3.4) विभक्ति में वर्तमान तवर्ग, सकार और मकार जो अन्त्य हल् है उनकी इत्सञ्ज्ञा नहीं होती है।

उदाहरण - रामात् , जस् , आम्।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- अष्टाध्यायी (1.3.2से 1.3.8तक)- ईश्वरचन्द्र, पेज-79-82

उत्तरमाला

1.C	2.A	3.D	4.A	5.C	6.A	7.B	8.C	9.B	10.D	11.B	12.D
13.D	14.B	15.D	16.C	17.A	18.B	19.C	20.C	21.A	22.D	23.C	24.C
25.B	26.C	27.B	28.B	29.C	30.C	31.C	32.C	33.D	34.B	35.C	36.B
37.C	38.D	39.D	40.A	41.A	42.B	43.B	44.B	45.B	46.D	47.D	48.C
49.B	50.C	51.D	52.C	53.C	54.B	55.B	56.C	57.B	58.A	59.B	60.B
61.D	62.A	63.C	64.D	65.B	66.B	67.C	68.A	69.C	70.A	71.C	72.C
73.B	74.C	75.C	76.C	77.B	78.D	79.C	80.A	81.C	82.D	83.C	84.D
85.B	86.B	87.B	88.A	89.D	90.D	91.B	92.A	93.B	94.D	95.C	96.A
97.*	98.C	99.C	100.B	101.B	102.C	103.C	104.B	105.C	106.*	107.C	108.A
109.A	110.A	111.B	112.C	113.D	114.C	115.D	116.C	117.D	118.A	119.D	120.A
121.C	122.D	123.B	124.A	125.C							

❑❑

9. प्रवक्ता (PGT) संस्कृत 2013

01. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में शकुन्तला को शाप दिया था-
(A) नारद ने (B) दुर्वासा ने
(C) विश्वामित्र ने (D) मारीच ने

व्याख्या–

(A) नारद– नारद महर्षि कण्व का शिष्य है चतुर्थ अङ्क में वृक्षों से प्राप्त आभूषणों को लेकर आने पर गौतमी पूँछती है–
'गौतमी–वत्स नारद! कुत एतत्?' पुत्र नारद ये कहाँ से मिले हैं?

(B) दुर्वासा– अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में आतिथ्य सत्कार न होने से क्रोधित महर्षि दुर्वासा ने पति चिन्तन में मग्न शकुन्तला को शाप दिया कि जिसका तुम स्मरण कर रही हो वह उन्मत्त व्यक्ति के समान स्मरण कराया जाता हुआ भी तुम्हें स्मरण नहीं करेगा।
विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा
तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम् ।
स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन्
कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव।। (अभि.शा. 4/1)
अतः विकल्प B सही है।

(C) विश्वामित्र– शकुन्तला ब्रह्मर्षि विश्वामित्र एवं मेनका की औरस पुत्री है एवं महर्षि कण्व की मानस पुत्री (धर्मपुत्री) है। यह कौशिक गोत्र नाम के प्रभावशाली राजर्षि हैं। यह बात अनसूया राजा को बताती है–
अनसूया– '' श्रृणोत्वार्य! अस्ति कोऽपि कौशिक इति गोत्रनाम धेयो महाप्रभावो राजर्षिः। .....तम् आवयोः प्रियसख्याः प्रभवमवगच्छ।'' (अभि.अङ्क-1)

(D) मारीच– महर्षि मारीच ने सातवें अङ्क में शकुन्तला को इन्द्राणी के समान होने का आशीर्वाद दिया है-
'आशीरन्या न ते योग्या पौलोमीसदृशी भव।'
(अभि.शा.7/28)

स्रोत– अभिज्ञानशाकुन्तलम् (4/1) कपिलदेव द्विवेदी, पेज-184

02. 'किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्' पंक्ति ग्रहण की गयी है-
(A) 'कादम्बरी' से
(B) 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' से
(C) 'शिशुपालवधम्' से
(D) 'मृच्छकटिकम्' से

व्याख्या-

- कालिदास प्रणीत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में वल्कल वस्त्रधारिणी शकुन्तला को देखकर राजा दुष्यन्त कहते हैं कि–
  'किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्' (अभि. 1.20)
  ठीक ही कहा गया है कि सुन्दर एवं मनोहारिणी आकृतिवालों के लिए सभी वस्तुएँ शोभाधायक ही होती हैं ठीक इसी प्रकार शैवाल से आच्छादित कमल के समान वल्कलवस्त्र से सन्नद्ध शकुन्तला का शरीर अत्यन्त मनोहारी प्रतीत हो रहा है वस्तुतः मनोहर आकृति वालों के लिए सभी वस्तुएँ निर्बाध अलंकार बन जाती हैं अथवा उनकी शोभा में गुणात्मक वृद्धि कर देती है।
  अतः विकल्प B सही है।
- बाणभट्ट द्वारा रचित कादम्बरी के चाण्डालकन्या वर्णन में राजा शूद्रक चाण्डालकन्या के सौन्दर्य को देखकर कहता है कि– 'विधातुरस्थाने रूपनिष्पादनप्रयत्नः।'
  विधाता ने अनुचित स्थान पर रूप निर्माण का प्रयास किया है।
- शिशुपालवधम् के ग्यारहवें सर्ग में माघ रमणियों का वर्णन करते हुए कहते हैं–
  कामिनां मण्डनश्रीर्व्रजति हि सफलत्वं वल्लभालोकनेन।
  (शिशु.11.33)
  कामियों के मण्डनों की शोभा प्रिया के दर्शनमात्र से ही सफल हो जाती हैं।
- मृच्छकटिकम् के चतुर्थ अङ्क में शर्विलक मदनिका से कहता है- 'स्त्रियो हि नाम खल्वेता निसर्गादेव पण्डिताः।'
  (मृच्छ. 4.19)
  व्यवहारिक क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियाँ अधिक चतुर होती हैं।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/20)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-46

03. 'चारुदत्त' नायक है-
(A) 'शिशुपालवधम्' में
(B) 'रघुवंशम्' में
(C) 'मृच्छकटिकम्' में
(D) 'कादम्बरी' में

व्याख्या–

ग्रन्थ	विधा	नायक-नायिका
(A) शिशुपालवधम् (20सर्ग)	महाकाव्य	श्रीकृष्ण
(B) रघुवंशम् (19सर्ग)	महाकाव्य	राम-सीता
(C) मृच्छकटिकम् (10अङ्क)	प्रकरण	चारुदत्त-वसन्तसेना और धूता
(D) कादम्बरी (दो भाग)	कथा	चन्द्रापीड/कादम्बरी

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- मृच्छकटिकम्- रमाशङ्कर त्रिपाठी, भू. पेज-31

04. 'मृच्छकटिकम्' का शाब्दिक अर्थ है-
(A) **मिट्टी की गाड़ी** (B) **मिट्टी का घोड़ा**
(C) **मृत गन्त्री** (D) **कठिन प्रयास**

व्याख्या–
शूद्रककृत 'मृच्छकटिकम्' प्रकरण में मृच्छकटिकम् का शाब्दिक अर्थ है 'मिट्टी की गाड़ी'।
मृच्छकटिकम् के षष्ठ अङ्क में चारुदत्त का पुत्र रोहसेन पड़ोसी के बच्चे के साथ सोने की गाड़ी से खेल रहा था। जब वह अपनी गाड़ी लेकर चला गया तो रदनिका द्वारा मिट्टी की गाड़ी देने पर वह रोकर उसी गाड़ी को माँगता है तब वसन्तसेना उसे शान्त कराने के लिए अपने आभूषण उतार कर दे देती हैं।
वसन्तसेना– तद्गृहाणैतमलङ्कारं, सौवर्णशकटिकां कारय। (मृच्छ. षष्ठ अङ्क)
अतः विकल्प A सही है।

स्रोत – संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास– कपिलदेव द्विवेदी, पेज-308

05. 'वेश्याः श्मशानसुमना इव वर्जनीयाः' पंक्ति ग्रहण की गयी है-
(A) **'मृच्छकटिकम्' से** (B) **'नलचम्पू' से**
(C) **'शिशुपालवधम्' से** (D) **'उत्तररामचरितम्' से**

व्याख्या-
(A) शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् के चतुर्थ अङ्क में शर्विलक मदनिका से कहता है-
'वेश्याः श्मशानसुमना इव वर्जनीयाः।' (मृच्छ.4.14)
वेश्या श्मशान पुष्प के समान त्याज्य है।
अतः विकल्प A सही है।
(B) त्रिविक्रमभट्ट विरचित नलचम्पू के प्रथम उच्छ्वास में पथिक राजा नल से कहता है– 'युवजनोन्मादिनी यौवनश्रीः' (नलचम्पू 1.57)
युवावस्था का सौन्दर्य युवकों को उन्मत्त करने वाला होता है।
(C) माघ विरचित शिशुपालवधम् के षष्ठ सर्ग में भगवान् श्रीकृष्ण शरद् ऋतु का वर्णन करते हुए कहते हैं–
'समय एव करोति बलाबलम्' (शिशु. 6.44)
समय ही मनुष्य को सबल एवं निर्बल बनाता है।
(D) भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् के चतुर्थ अङ्क में अरुन्धती राजा जनक से कहती हैं –
'पुरन्ध्रीणां चित्तं कुसुमसुकुमारं हि भवति' (उत्तर 04.12)
कुलीन स्त्रियों का चित्त फूल के समान कोमल होता है।

स्रोत– मृच्छकटिकम् (4/14)- रमाशङ्कर त्रिपाठी, पेज -260

06. 'मृच्छकटिकम्' के सम्बन्ध में अधोलिखित कथन सत्य है-
(A) **'मृच्छकटिकम्' केवल प्राकृत भाषा में लिखा गया है।**
(B) **'मृच्छकटिकम्' एक नाटक है।**
(C) **'मृच्छकटिकम्' में केवल पद्यों का प्रयोग है।**
(D) **'मृच्छकटिकम्' एक प्रकरण है।**

व्याख्या–
'मृच्छकटिकम्' शूद्रककृत एक 'प्रकरण' नामक रूपक है। साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में प्रकरण का लक्षण इसप्रकार दिया है–
'भवेत्प्रकरणे वृत्तं लौकिकं कविकल्पितं
शृङ्गारोऽङ्गी नायकस्तु विप्रोऽमात्योऽथवा वणिक्।
सापायधर्मकामार्थपरो धीरप्रशान्तकः।।' (सा. द. 6/224-225)
प्रकरण में कथा लौकिक, कविकल्पित होती है, इतिहास प्रसिद्ध नहीं होती। इसमें प्रधानरस शृङ्गार होता है और नायक ब्राह्मण, मन्त्री अथवा वैश्य होता है। नायक विघ्नपूर्ण धर्म, अर्थ और काम में तत्पर धीरप्रशान्त होता है।
उक्त लक्षण मृच्छकटिकम् पर घटित होता है अतः मृच्छकटिकम् रूपक का एक भेद प्रकरण है।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत– मृच्छकटिकम्– रमाशङ्कर त्रिपाठी, भू.पेज-27

07. 'श्रेयसि केन तृप्यते' सूक्ति ग्रहण की गयी है-
(A) शिशुपालवधम् से (B) किरातार्जुनीयम् से
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से (D) मृच्छकटिकम् से

व्याख्या–

➢ महाकवि माघ प्रणीत शिशुपालवध महाकाव्य के प्रथम सर्ग में श्रीकृष्ण देवर्षि नारद की प्रशंसा करते हुए कहते हैं– 'श्रेयसि केन तृप्यते' (शिशु. 1.29)
कल्याण के विषय में कौन तृप्त होता है, अर्थात् कोई तृप्त नहीं होता। **अतः विकल्प A सही है।**

➢ महाकवि भारवि प्रणीत किरातार्जुनीयम् महाकाव्य के ग्यारहवें सर्ग में सज्जनपुरुषों के विषय में कहते हैं–
'न्यायधारा हि साधवः' (किरात.11.30)
सज्जन पुरुष हमेशा न्यायपथावलम्बी होते हैं।

➢ कालिदास द्वारा रचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के सप्तम अङ्क में राजा दुष्यन्त महर्षि मारीचि के आश्रम के विषय में कहते हैं–
'अनतिक्रमणीयानि श्रेयांसि।' (अभि. अङ्क-7)
कल्याणकारी वस्तुओं को छोड़कर नहीं जाना चाहिए।

➢ महाकवि शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् प्रकरण के प्रथम अङ्क में विट, चारुदत्त-वसन्तसेना के प्रति कहता है–
'रत्नं रत्नेन सङ्गच्छते' (मृच्छ. अङ्क 1)
रत्न का संयोग रत्न से ही होता है।

स्रोत– शिशुपालवधम् (1/29)- आद्याप्रसाद मिश्र,पेज–49

08. शिशुपालवध के अनुसार शिशुपाल है–
(A) हिरण्यकशिपु का जन्मान्तर
(B) कंस का जन्मान्तर
(C) रावण का जन्मान्तर
(D) जलन्धर का जन्मान्तर

व्याख्या–

माघ विरचित शिशुपालवधम् के प्रथम सर्ग में नारद श्रीकृष्ण से बता रहें हैं कि हिरण्यकशिपु ने ही दूसरे जन्म में रावण के रूप में जन्म लिया-
विनोदमिच्छन्नथ दर्पजन्मनो रणेन कण्ड्वात्रिदशैः समं पुनः।
स रावणो नाम निकामभीषणं बभूव रक्षः क्षतरक्षणं दिवः ।।(शिशु. 1/48)
वह हिरण्यकशिपु अहङ्कारजन्य खुजलाहट को दूर करने की इच्छा करता हुआ स्वर्ग की रक्षा को नष्ट करने वाला अत्यन्त भयङ्कर रावण नामक राक्षस हुआ।
हिरण्यकशिपु → रावण → शिशुपाल
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत– शिशुपालवधम् (1/69)- तारिणीश झा, पेज–144

09. हरत्यघं सम्प्रति हेतुरेष्यतः शुभस्य पूर्वाचरितैः कृतं शुभैः। शरीरभाजां भवदीयदर्शनं व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्।।
इस पद्य का कथन किया है-
(A) **शिशुपालवध में नारद ने**
(B) **नलचम्पू में नल ने**
(C) **शिशुपालवध में श्रीकृष्ण ने**
(D) **कादम्बरी में बाणभट्ट ने**

व्याख्या–

माघकृत 'शिशुपालवधम्' महाकाव्य के प्रथमसर्ग में भगवान् श्रीकृष्ण नारद के दर्शन का महत्त्व प्रतिपादित करते हुए कहते हैं– हरत्यघं सम्प्रति..................कालत्रितयेऽपि योग्यताम्। (शिशु. 1/26)
आपका दर्शन तीनों कालों में भी शरीरधारियों की पवित्रता को व्यक्त करता है। इस समय पाप को हरण करता है। भावी कल्याण का हेतु है तथा पहले किये गये पुण्यों से प्राप्त हुआ है। **अत विकल्प C सही है।**

स्रोत–शिशुपालवधम्(1/26)-जनार्दन गंगाधर रटाटे,पेज–61

10.'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' सूक्ति ग्रहण की गयी है-
(A) 'नीतिशतकम्' से
(B) 'किरातार्जुनीयम्' से
(C) 'उत्तररामचरितम्' से
(D) 'कुमारसम्भवम्' से

व्याख्या–

(A) भर्तृहरि नीतिशतकम् के अर्थपद्धति में धन के विषय में कहते हैं-
''येनैकेन विना गुणास्तृणलवप्रायाः समस्ता इमे।' (नीति.श्लोक-31)
धन के बिना मनुष्य के सारे गुण तिनके के समान निरर्थक हैं।

(B) किरातार्जुनीयम् महाकाव्य के प्रथमसर्ग में वनेचर युधिष्ठिर से कहता है कि-
'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः (किरात 1.4)
हितकारी एवं मनोहर वाणी दुर्लभ होती है।
अतः विकल्प B सही है।

(C) उत्तररामचरितम् के प्रथम अङ्क में राजा राम दुर्मुख से कहते हैं–

'सतां केनापि कार्येण लोकस्याराधनं व्रतम्।' (उत्तर. 1.41)
प्रजा को प्रसन्न रखना सज्जनों का कर्तव्य है।

(D) कालिदासविरचित कुमारसम्भवम् के बारहवें सर्ग में देवता भगवान् शिव की स्तुति करते हुए कहते हैं –
'प्रभु प्रसादो हि मुदे न कस्य' (कुमार. 12.32)
स्वामी की प्रसन्नता से किसे प्रसन्नता नहीं होती है।

स्रोत- किरातार्जुनीयम् (1/4)- रामसेवक दुबे, पेज-50

11. 'सन्ततिः शुद्धवंश्या हि परत्रेह च शर्मणे' सूक्ति ग्रहण की गयी है-
(A) शिशुपालवधम् से (B) किरातार्जुनीयम् से
(C) रघुवंशम् से (D) मालविकाग्निमित्रम् से

व्याख्या–

(A) शिशुपालवध महाकाव्य के नवम सर्ग में महाकवि माघ चन्द्रोदय का वर्णन करते हैं-
'समये हि सर्वमुपकारि कृतम्' (शिशु. 9.43)
समय पर किया हुआ सब कार्य उपकार हुआ करता है।

(B) भारविकृत किरातार्जुनीयम् महाकाव्य के प्रथमसर्ग में द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती हैं-
'शमेन सिद्धिं मुनयो न भूभृतः' (किरात. 1.42)
शान्ति से मुनि लोग सिद्धि प्राप्त करते हैं।

(C) रघुवंशम् के प्रथमसर्ग में राजा दिलीप वशिष्ठ से पुत्र प्राप्ति के विषय में कहते हैं–
'सन्ततिः शुद्धवंश्या हि परत्रेह च शर्मणे' (रघु 1.69)
पवित्रवंश में उत्पन्न हुई सन्तति इस लोक और परलोक दोनों में ही सुख के लिए होती है।
अतः विकल्प C सही है।

(D) मालविकाग्निमित्रम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में गणदास देवी से कहता है–
'श्यामायते न युष्मासु यः काञ्चनमिवाग्निषु।'
(मालवि.अङ्क2/9)
सोना आग में पड़ने से काला नहीं होता है।

स्रोत- रघुवंशम् (1/69)- हरगोविन्द मिश्र, पेज–24

12. गोविन्द ठक्कुर हैं-
(A) एकावली के रचनाकार
(B) महाकवि
(C) काव्यप्रकाश के टीकाकार
(D) श्रीकण्ठचरितम् के रचयिता

व्याख्या-

* एकावली के रचनाकार – विद्याधर
* काव्यप्रकाश के टीकाकार – गोविन्द ठक्कुर
* श्रीकण्ठचरितम् – मंखक

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- पारसनाथ द्विवेदी, भूमिका- पेज-52

13. 'प्रत्यक्षरश्लेषघना कथा' कही जाती है-
(A) अवन्तिसुन्दरी कथा (B) कादम्बरी कथा
(C) वासवदत्ता कथा (D) शिवराजविजय

व्याख्या-

ग्रन्थ	ग्रन्थकार	अलङ्कार
(A) अवन्तिसुन्दरीकथा	दण्डी	श्लेष
(B) कादम्बरीकथा	बाणभट्ट	परिसंख्या
(C) वासवदत्ताकथा	सुबन्धु	श्लेष
(D) शिवराजविजय	अम्बिकादत्तव्यास	विरोधाभास

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- वासवदत्ता– (श्लोक-13)– जमुना पाठक, पेज–12

14. 'वासवदत्ता' के रचयिता हैं-
(A) धनपाल (B) सुबन्धु कवि
(C) दण्डी (D) बाणभट्ट

व्याख्या-

	कवि	ग्रन्थ	अनुमानित समय
A	धनपाल	तिलकमञ्जरी	दशवीं शताब्दी
B	सुबन्धु	वासवदत्ता	सातवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध
C	दण्डी	दशकुमारचरितम्	छठी शताब्दी
D	बाणभट्ट	कादम्बरी	छठी शताब्दी

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-482

15. 'क्वचिद्बुधैरप्यपथेन गम्यते' सूक्ति का स्रोत है-
(A) कुमारसम्भवम् (B) मृच्छकटिकम्
(C) नैषधीयचरितम् (D) मालविकाग्निमित्रम्

व्याख्या-

(A) कालिदास विरचित कुमारसम्भवम् के सर्ग सत्रह में पार्वती की तपस्या का वर्णन इसप्रकार है-
'न धर्मवृद्धेषु वयः समीक्ष्यते। (कुमार.5/16)
धर्मवृद्धों में आयु नहीं देखी जाती है।

(B) मृच्छकटिकम् के द्वितीय अङ्क में संवाहक चारुदत्त के विषय में वसन्तसेना से कहता है-
'सत्कारधनः खलु सज्जनः।' (मृच्छ.2/15)
सज्जन सत्काररूपी धनवाले होते हैं।

(C) नैषधीयचरितम् के सर्ग 22 में नल से वियुक्त दमयन्ती का वर्णन इस प्रकार है-
'क्वचिद्बुधैरप्यपथेन गम्यते' (नैष.9/36)
समझदार व्यक्ति अपथ से भी कहीं-कहीं चला करते हैं।

(D) मालविकाग्निमित्रम् नाटक के तृतीय अङ्क में प्रियजन के विषय में वर्णन करते हुए कालिदास कहते हैं-
'न शोभते प्रणयिजने निरपेक्षता।' (मालवि.अङ्क -3)
प्रियजन के प्रति निरपेक्षा सुशोभित नहीं होती है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत-नैषधीयचरितम् (9/36)-देवर्षि सनाढ्य शास्त्री,पेज-226

16. निम्नलिखित सूक्तियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए-

(अ)	**सतीव योषित्प्रकृतिः सुनिश्चला पुमांसमभ्येति**	**(1) कालिदास**
(ब)	**हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः**	**(2) माघ**
(स)	**अतिकृपणाः खल्वमी प्राणाः**	**(3) भारवि**
(द)	**स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु**	**(4) बाणभट्ट**

	(अ)	(ब)	(स)	(द)
A	(1)	(2)	(3)	(4)
B	(3)	(4)	(2)	(1)
C	(2)	(3)	(4)	(1)
D	(4)	(2)	(3)	(1)

➢ कालिदास विरचित मेघदूतम् के पूर्वमेघ में यक्ष मेघ से कहता है-
'स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु।'(पूर्वमेघ-29)
स्त्रियों का हाव-भाव ही अपने प्रिय के प्रति प्रथम वाक्य होता है।

➢ माघ विरचित शिशुपालवध महाकाव्य के प्रथम सर्ग में नारद शिशुपाल के विषय में श्रीकृष्ण से कहते हैं-
सतीव योषित्प्रकृतिः सुनिश्चला पुमांसमभ्येति भवान्तरेष्वपि। (शिशु 1.72)
पतिव्रता स्त्री के समान सुस्थिर प्रकृति भी दूसरे जन्मों में भी उसी पुरुष को प्राप्त होती है।

➢ भारवि रचित किरातार्जुनीयम् के प्रथम सर्ग में वनेचर युधिष्ठिर से कहता है-
'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' (किरात. 1.4)
हितकारी और मनोहर वाणी दुर्लभ होती है।

➢ बाणभट्ट कृत कादम्बरी कथामुख में शुक राजा से अपनी जीवन वृत्तान्त बताते हुए कहता है कि-
'अतिकृपणाः खल्वमी प्राणाः'
निश्चय ही ये प्राण अत्यन्त नीच हैं।
उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि **विकल्प C सही है।**

17. 'धिया निबद्धेयमतिद्वयी कथा' के अन्तर्गत 'अतिद्वयी' कथा से दो किन कथाओं का उल्लेख है-
(A) कादम्बरी तथा हर्षचरितम्
(B) बृहत्कथा तथा वासवदत्ता
(C) दशकुमारचरितम् तथा नलचम्पू
(D) तिलकमञ्जरी तथा अवन्तिसुन्दरी

व्याख्या-

(A) 'कादम्बरी' तथा 'हर्षचरितम्' दोनों बाणभट्ट की रचनाएँ है। 'कादम्बरी कथा' दो भागों में विभक्त है पूर्व तथा उत्तर 'हर्षचरितम्' 'आख्यायिका' ग्रन्थ है जो आठ उच्छ्वासों में विभक्त है।

(B) बाणभट्ट 'कादम्बरी' की प्रशंसा में लिखते हैं-
''धिया निबद्धेयमतिद्वयी कथा'' (कादम्बरी श्लोक-20)
अर्थात् अपनी बुद्धि से दो कथाओं (गुणाढ्य की बृहत्कथा तथा सुबन्धु की वासवदत्ता) का अतिक्रमण करने वाली 'कादम्बरी कथा' की रचना की है।

(C) दण्डीकृत दशकुमारचरितम् 8 उच्छ्वासों में विभक्त है तथा त्रिविक्रमभट्टकृत नलचम्पू 7 उच्छ्वासों में विभक्त है।

(D) धनपालकृत 'तिलकमञ्जरी' तथा दण्डीकृत 'अवन्तिसुन्दरी दोनों कथाग्रन्थ हैं।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- कादम्बरीकथामुखम् (श्लोक-20) समीर शर्मा,पेज-14

18. बाणभट्ट ने अपनी कादम्बरी का लेखन किया है-
(A) पाञ्चाली रीति में (B) वैदर्भी रीति में
(C) गौड़ी रीति में (D) लाटी रीति में

व्याख्या-

(A) कादम्बरी बाणभट्ट द्वारा रचित कथा है जिसमें दो भाग हैं पूर्वभाग तथा उत्तरभाग। कादम्बरी के उत्तरार्ध भाग को बाणभट्ट के पुत्र पुलिनभट्ट (भूषणभट्ट) ने पूर्ण किया। कादम्बरी में **पाञ्चाली रीति** तथा **ओजगुण** है। कादम्बरी कथा के नायक चन्द्रापीड तथा नायिका कादम्बरी है।
अतः विकल्प A सही है।

(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् कालिदास द्वारा रचित नाटक है जिसमें सात अङ्क हैं जिसमें वैदर्भी रीति तथा प्रसाद गुण है अभिज्ञानशाकुन्तलम् महाभारत के आदिपर्व से उद्धृत है। इसके नायक राजा दुष्यन्त धीरोदात्त कोटि के नायक तथा नायिका शकुन्तला है।

(C) वासवदत्ता सुबन्धु द्वारा रचित गद्यकाव्य है जिसमें गौड़ी रीति तथा ओजगुण है। इसके नायक उदयन तथा नायिका वासवदत्ता है।

(D) लाटी रीति के ग्रन्थ प्रायः नहीं प्राप्त होते हैं।

स्रोत- कादम्बरीकथामुखम्– राजेन्द्र मिश्र, भू. पेज-42

19. 'किमिव हि दुष्करमकरुणानाम्' सूक्ति ग्रहण की गयी है-
(A) नलचम्पू से
(B) शिशुपालवध से
(C) अभिज्ञानशाकुन्तल से
(D) कादम्बरी से

व्याख्या-

(A) नलचम्पू के प्रथम उच्छ्वास में त्रिविक्रमभट्ट सज्जनों के विषय में कहते हैं- मुखरता न शंसन्ति साधवः।
सज्जन वाचालता की प्रशंसा नहीं करते हैं।

(B) शिशुपालवध के प्रथम सर्ग में श्रीकृष्ण नारद से कहते हैं कि 'श्रेयसि केन तृप्यते।' (शिशु. 1/26)
कल्याण से भला कौन सन्तुष्ट होता है। अर्थात् कोई भी नहीं।

(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के षष्ठ अङ्क में दुष्यन्त धनमित्र नामक व्यापारी का पत्र पढ़कर प्रतिहारी से कहते हैं कि 'कष्टं खल्वनपत्यता।' (अभि.शा.अङ्क-6)
सन्तान रहित होना कष्टकर होता है।

(D) कादम्बरी कथामुखम् में वैशम्पायन (शुक) राजा शूद्रक से कहता है कि 'किमिव हि दुष्करमकरुणानाम्।'
करुणारहित व्यक्ति के लिए भला कौन सा कार्य दुष्कर है।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- कादम्बरीकथामुखम् –तारिणीश झा, पेज-271

20. बाणभट्ट का समय स्वीकार किया जाता है-
(A) 202 ई. पू. लगभग (B) 303 ई. लगभग
(C) 606 ई. के लगभग (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

बाणभट्ट राजा हर्षवर्धन के सभाकवि और समकालीन थे, अतः इनका समय वही है जो हर्षवर्धन का है।
हर्ष का राज्याभिषेक 606 ई. में हुआ और मृत्यु 648 ई. में ताम्रपत्रों तथा चीनी यात्री ह्वेनसांग के विवरणों से तिथियाँ पूर्णतः प्रमाणिक हैं। इसप्रकार बाण का समय 575 ई. से 606 ई. तक माना जा सकता है अर्थात् इनका रचनाकाल सातवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध है।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत-कादम्बरीकथामुखम्- समीरशर्मा,पेज-9
स्रोत- कादम्बरी कथामुखम्- समीर शर्मा, भू. पेज-9

21. 'विन्ध्याटवी' का वर्णन प्राप्त होता है-
(A) नलचम्पू में
(B) कादम्बरीकथामुखम् में
(C) मृच्छकटिकम् में
(D) हर्षचरितम् में

व्याख्या-

(A) त्रिविक्रमभट्ट द्वारा रचित नलचम्पू में सात उच्छ्वास है। निषधदेश का राजा नल इसके नायक जो धीरोदात्त कोटि के नायक हैं तथा दमयन्ती इसकी नायिका है। नलचम्पू को दमयन्तीकथा भी कहते हैं। नलचम्पू में प्रमुख वर्णन प्राप्त होते हैं जो निम्नवत् हैं-
आर्यावर्तवर्णन, कविवंश वर्णन, नलवर्णन, वर्षावर्णन, नृपविलास, शूकरदर्शन वर्णन, राजदशावर्णन आदि।

(B) महाकवि बाणभट्ट द्वारा रचित कादम्बरीकथा में दो भाग हैं पूर्वभाग, उत्तरभाग। कादम्बरी कथा के नायक चन्द्रापीड तथा नायिका कादम्बरी है। कादम्बरीकथा में तीन जन्मों की कथा का वर्णन प्राप्त होता है। कादम्बरी में प्रमुख वर्णन प्राप्त होते हैं जैसे- शूद्रकवर्णन, विन्ध्याटवी वर्णन,

पम्पासरोवर वर्णन, शुक वर्णन, आच्छोदसरोवरवर्णन, चाण्डालकन्यावर्णन, जाबालि आश्रम वर्णन।

(C) मृच्छकटिकम् शूद्रक प्रणीत रूपक का एक भेद प्रकरण है जिसके नायक चारुदत्त तथा नायिका वसन्तसेना और धूता हैं जिसमें दस अङ्क हैं। मृच्छकटिकम् में उज्जयिनी की घटना का उल्लेख है।

(D) महाकवि बाणभट्ट द्वारा रचित हर्षचरितम् में आठ उच्छ्वास हैं, जो आख्यायिका है प्रथम दो उच्छ्वास में कवि ने अपना वंश परिचय दिया है। तृतीय उच्छ्वास में हर्षचरित की वास्तविक कथा का प्रारम्भ होता है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- कादम्बरीकथामुखम्- समीर शर्मा, पेज-96

22. 'परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिरः' पंक्ति ग्रहण की गयी है-

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से (B) मृच्छकटिकम् से
(C) कादम्बरी से (D) नलचम्पू से

व्याख्या-

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के सप्तम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला से कहता है कि–
स्रजमपि शिरस्यन्धः क्षिप्तां धुनोत्यहिशङ्कया (अभि.शा. 7/24)
अन्धा व्यक्ति सिर पर डाली हुई फूलों की माला को साँप समझकर फेंक देता है।

(B) शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् के चतुर्थ अङ्क में शर्विलक मदनिका से कहता है-
न पर्वताग्रे नलिनी प्ररोहति न गर्दभा वाजिधुरं वहन्ति। (मृच्छ-4/17)
पर्वत की चोटी पर कमलिनी नहीं उगती है और घोड़े के भार को गधे नहीं ले जा सकते।

(C) कादम्बरी कथामुख में शुक शूद्रक से जाबालि की प्रशंसा करते हुए कहता है कि-
प्रायो महाभूतानामपि दुरभिभवानि भवन्ति तेजांसि।
प्रायः महान् प्राणियों के भी तेज दबाये जाने योग्य नहीं होते हैं।

(D) त्रिविक्रमभट्ट नलचम्पू के प्रथम उच्छ्वास में काव्य की प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि-
परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिरः। (नलचम्पू 1/5)
वह काव्य अथवा बाण कैसा जो दूसरे के हृदय में लगकर सिर को घुमा न दे।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- नलचम्पू (1/5)– धुरन्धर पाण्डेय, पेज-5

23. 'नलचम्पू' के रचयिता हैं-

(A) श्रीहर्ष (B) माघ
(C) त्रिविक्रमभट्ट (D) बिल्हण

व्याख्या-

ग्रन्थकार ग्रन्थ	अनुमानित समय
A श्रीहर्ष नैषधीयचरितम्	12 वी. शताब्दी का उत्तरार्द्ध
B माघ शिशुपालवधम्	7 वीं शताब्दी ई.
C त्रिविक्रमभट्ट नलचम्पू	10 वी. शताब्दी का पूर्वार्द्ध
D बिल्हण विक्रमाङ्कदेवचरितम्	1085 ई. के लगभग

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का इतिहास-उमाशङ्कर शर्मा 'ऋषि', पेज-415

24. 'यत्र च गुरुव्यतिक्रमं नक्षत्रराशयः, मात्राकलहं लेखशालिकाः, मित्रोदयद्वेषमुलूकाः अपत्यत्यागं कोकिलाः, बन्धुजीवविघातं ग्रीष्मदिवसाः कुर्वन्ति, न जनाः। इन पंक्तियों में प्रसिद्ध अलंकार है-

(A) उपमा (B) परिसंख्या
(C) यमक (D) वक्रोक्ति

व्याख्या-

त्रिविक्रमभट्ट नलचम्पू के प्रथम उच्छ्वास में आर्यावर्त वर्णन के प्रसङ्ग में कहते हैं- 'यत्र च गुरुव्यतिक्रमं नक्षत्रराशयः, मात्राकलहं, लेखशालिकाः, मित्रोदयद्वेषमुलूकाः, अपत्यत्यागं कोकिलाः, बन्धुजीवविघातं ग्रीष्मदिवसाः कुर्वन्ति न जनाः' अर्थात् जिस आर्यावर्त देश में तारों का समूह ही बृहस्पति नामक ग्रह का परिवर्तन करता है, वहाँ के लोग गुरु का परिवर्तन नहीं करते। लेखशालिकाएँ ही मात्राओं के सम्बन्ध में कलह करती हैं वहाँ के लोग माता से कलह नहीं करते, उल्लू ही सूर्योदय से वैर करते हैं वहाँ के लोग मित्रों के अभ्युदय से वैर नहीं करते, कोयल ही अपनी सन्तान का परित्याग करती है, वहाँ के लोग अपनी सन्तान का परित्याग नहीं करते, ग्रीष्मकालीन दिन ही बन्धुजीव नामक फूल का विनाश करते हैं वहाँ के लोग अपने भाई के जीवन का नाश नहीं करते हैं।

उपर्युक्त पंक्ति में श्लेषानुप्राणित परिसंख्या अलङ्कार है क्योंकि परिसंख्या अलङ्कार का लक्षण है-
प्रश्नादप्रश्नतो वापि कथिताद्वस्तुनो भवेत्।
तादृगन्यव्यपोहश्चेच्छाब्द आर्थोऽथवा तदा।। (सा.द. 10.81)

अर्थात् परिसंख्या वह अलङ्कार है जो प्रश्नपूर्वक अथवा बिना प्रश्न के, किसी एक वस्तु के कथन से, उसके सादृश्य किसी दूसरी वस्तु के शब्दतः अथवा अर्थतः व्यवच्छेद में देखा जाया करता है। उपर्युक्त पंक्ति में परिसंख्या अलङ्कार का यह लक्षण घटित हो रहा है अतः परिसंख्या अलङ्कार है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- नलचम्पू - तारिणीश झा, पेज-44,45

25. 'नलचम्पू' विभक्त किया गया है-
(A) अध्यायों में (B) अङ्कों में
(C) उच्छ्वासों में (D) सर्गों में

व्याख्या-

ग्रन्थ विभाजन	ग्रन्थ	लेखक
* 18 अध्याय	गीता	वेदव्यास
* 5 अध्याय	कविकण्ठाभरण	क्षेमेन्द्र
* 16 अध्याय	काव्यालङ्कार	रुद्रट
* 7 अङ्क	महावीरचरितम्	भवभूति
* 7 अङ्क	उत्तररामचरितम्	भवभूति
* 7 अङ्क	मुद्राराक्षसम्	विशाखदत्त
* 8 उच्छ्वास	हर्षचरितम्	बाणभट्ट
* 7 उच्छ्वास	नलचम्पू	त्रिविक्रमभट्ट
* 8 उच्छ्वास	दशकुमारचरितम्	दण्डी
* 17 सर्ग	कुमारसम्भवम्	कालिदास
* 18 सर्ग	किरातार्जुनीयम्	भारवि
* 19 सर्ग	रघुवंशम्	कालिदास
* 20 सर्ग	शिशुपालवधम्	माघ
* 22 सर्ग	नैषधीयचरितम्	श्रीहर्ष
* 28 सर्ग	बुद्धचरितम्	अश्वघोष

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का इतिहास-उमाशङ्कर शर्मा ऋषि, पेज-416

26. महाकवि बाणभट्ट के गुरु का नाम था-
(A) भत्सु (भर्वु) (B) मौखरि
(C) सदानन्द (D) भवभूति

व्याख्या-

(A) भत्सु (भर्वु)– बाणभट्ट ने 'कादम्बरी' में अपने गुरु 'भर्वु' की प्रशंसा में लिखा है-

नमामि भर्वोश्चरणाम्बुजद्वयं सशेखरैर्मौखरिभिः कृतार्चनम्।
समस्तसामन्तकिरीटवेदिका विटङ्कपीठोल्लुठितारुणाङ्गुलिः।।
(काद.श्लोक -4)

मैं श्री 'भर्वु' के दोनों चरणकमलों को प्रणाम करता हूँ, जिनकी अर्चना मुकुटों के साथ मौखरिवंश के राजाओं ने की है और जिनकी अंगुलियाँ सभी सामन्तों के मुकुटों की वेदिका के उन्नतभाग के रगड़ने के कारण लाल हो गयी हैं।

अतः विकल्प A सही है।

➢ वेदान्तसार सदानन्द की रचना है इनके गुरु का नाम 'अद्वयानन्द' है।
'अर्थतोऽप्यद्वयानन्दानतीतद्वैतभानतः' (वेदान्तसार)

➢ उत्तररामचरितम् के रचयिता भवभूति के गुरु का नाम 'ज्ञाननिधि' है।

कवि	गुरु
(1) बाणभट्ट	भत्सु/भर्वु
(2) सदानन्द	अद्वयानन्द
(3) भवभूति	ज्ञाननिधि

स्रोत- कादम्बरीकथामुखम् (श्लोक-4)- समीर शर्मा, पेज-3

27. साहित्यदर्पण के रचयिता हैं-
(A) आचार्य विश्वनाथ (B) विद्यानाथ
(C) सागरनन्दी (D) शिङ्गभूपाल

व्याख्या-

आचार्य	ग्रन्थ	अनुमानित काल
A. विश्वनाथ	साहित्यदर्पण	14 वीं शताब्दी
B. विद्यानाथ	प्रतापरुद्रयशोभूषण	13वीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध
C. सागरनन्दी	नाटकलक्षणरत्नकोश	11 वीं शताब्दी ई.
D. शिङ्गभूपाल	रसार्णवसुधाकर	1320 ई. के लगभग

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण- शालिग्राम शास्त्री, पेज-1

28. आचार्य भरतमुनि के अनुसार नाटक में गीत का उद्भव हुआ है-
(A) ऋग्वेद से (B) संगीत से
(C) गान्धर्व वेद से (D) सामवेद से

व्याख्या–
जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च।
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि।।(नाट्यशास्त्र-1/17)

वेद	वेदों से ग्राह्य नाट्यतत्त्व	उपवेद
1. ऋग्वेद	उपाख्यान (कथानक)	आयुर्वेद
2. यजुर्वेद	अभिनय	धनुर्वेद
3. सामवेद	संगीत	गान्धर्ववेद
4. अथर्ववेद	रस	स्थापत्यवेद

अतः विकल्प D सही है।
स्रोत–नाट्यशास्त्र (1/17)- ब्रजमोहन चतुर्वेदी, पेज–92

29. अधोलिखित में से लक्षणा के लिए कौन सा हेतु अपेक्षित नहीं है-
(A) मुख्यार्थबाध (B) समवाय सम्बन्ध
(C) रूढ़ि (D) प्रयोजन

व्याख्या-
आचार्य मम्मट ने 'काव्यप्रकाश' के द्वितीय उल्लास में लक्षणा की तीन शर्तें (हेतु) माना है-
मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात्।
अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रिया।।
(का.प्र.सूत्र-12)

1. मुख्यार्थ बाध
2. मुख्यार्थ का लक्ष्यार्थ के साथ सम्बन्ध
3. रूढि अथवा प्रयोजनवश अन्य अर्थ की प्रतीति

* अन्नम्भट्ट 'तर्कसंग्रह' में समवाय को पदार्थ मानते हैं- ''द्रव्य-गुण-कर्म-सामान्य-विशेष-समवायाभावः सप्तपदार्थाः।'' अर्थात् द्रव्य,गुण,कर्म,सामान्य,विशेष,समवाय,अभाव सात पदार्थ हैं।
* पद में पदार्थ समवाय सम्बन्ध से रहता है। उपर्युक्त विकल्पों में यह लक्षणा का हेतु नहीं है।

अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-12)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-51

30. 'खण्डकाव्य' कहा जाता है जो-
(A) काव्य के एक देश का अनुसरण करता है।
(B) खण्डों में विभक्त हो।
(C) खण्डिता नायिका के चरित्र पर आधारित हो।
(D) महाकाव्य के कुछ सर्गो का निबद्धीकरण हो।

व्याख्या-
साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में खण्डकाव्य का लक्षण इसप्रकार दिया है-
''खण्डकाव्यं भवेत्काव्यस्यैकदेशानुसारि च'' (सा.द. 6/329)
काव्य के एक अंश का अनुसरण करने वाला खण्डकाव्य होता है, जैसे- मेघदूतम्। **अतः विकल्प A सही है।**
स्रोत- साहित्यदर्पण (6/329)– शालिग्राम शास्त्री, पेज-226

31. संकेतित अर्थ को देने वाला शब्द कहलाता है-
(A) वाचक (B) लक्षक
(C) व्यञ्जक (D) गौण

व्याख्या-
आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में तीन प्रकार के शब्दों का तथा उनके व्यापार का विवेचन करते हैं-
(A) साक्षात्संकेतितं योऽर्थमभिधत्ते स वाचकः। (का.प्र.सूत्र -9)
जो साक्षात् संकेतित अर्थ को कहता है वह वाचक शब्द कहलाता है।
अतः विकल्प A सही है।
(B) मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात्।
अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रिया।।
(का.प्र.सूत्र -12)
मुख्यार्थ बाध, मुख्यार्थ का लक्ष्यार्थ से सम्बन्ध, रूढि अथवा प्रयोजन के द्वारा जो अन्य अर्थ लक्षित होता है वह आरोपित व्यापार लक्षणा है।
(C) फले शब्दैकगम्येऽत्र व्यञ्जनान्नापरा क्रिया।
(का.प्र.सूत्र-23)
केवल शब्द से गम्य उस प्रयोजन (फल) के विषय में व्यञ्जना के अतिरिक्त कोई व्यापार नहीं हो सकता ।
स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र -9)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-42

32. 'गङ्गायां घोषः' में शैत्य तथा पावनत्व की प्रतीति होती है-
(A) अभिधावृत्ति से (B) लक्षणा वृत्ति से
(C) आधारत्व की विवक्षा से (D) व्यञ्जना से

व्याख्या-
'गङ्गायां घोषः' पद का मुख्यार्थ है 'गङ्गा में घोष है' घोष का अर्थ कुटिया है, जलप्रवाह कुटिया का आधार नहीं बन सकता अतः यहाँ पर मुख्यार्थ का बाध होता है। गङ्गा के साथ तट का सामीप्य सम्बन्ध होने पर 'गङ्गातटे घोषः'

इत्यादि पदों के प्रयोग से अलभ्य शैत्य पावनत्वादि धर्मों की प्रतीति स्वरूप प्रयोजन से मुख्य गङ्गा का प्रवाह रूप अर्थ से अमुख्य तीरादि जो लक्षित होते हैं वह शब्द का व्यवहितार्थ विषयक आरोपित शब्द व्यापार लक्षणा है।

परन्तु तट मुख्यार्थ नहीं, न तटरूप लक्ष्यार्थ में बाध ही दिखाई देता है, गङ्गा शब्द के लक्ष्यार्थ तट का पावनत्वादि लक्ष्यार्थों से सम्बन्ध भी नहीं है और प्रयोजन को लक्ष्य मानने में कोई और प्रयोजन भी नहीं है। प्रयोजन को लक्ष्य मान लेने पर अनवस्था होगी जो मूल का विनाश करने वाली है।

अतः 'गङ्गायां घोषः' में शैत्य तथा पावनत्व की प्रतीति व्यञ्जना शक्ति से होती है।

गङ्गायां घोष-

मुख्यार्थ - जलप्रवाह या जलधारा

लक्ष्यार्थ - तट रूप अर्थ

सम्बन्ध – सामीप्यादि

प्रयोजन – शैत्यपावनत्वादि

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश– आचार्य विश्वेश्वर, पेज-72

33. आचार्य मम्मट ने शान्तरस का स्थायीभाव स्वीकार किया है-

(A) शम को **(B) निर्वेद को**

(C) शान्ति को **(D) दैन्य को**

व्याख्या-

आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के तृतीय परिच्छेद में शान्त रस का स्थायीभाव 'शम' को माना है।

''शान्तः शमस्थायिभावः'' (सा.द. 3/245)

➤ आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के चतुर्थ उल्लास में शान्तरस का स्थायीभाव 'निर्वेद' को माना है।

'निर्वेदस्थायिभावोऽस्ति शान्तोऽपि नवमो रसः।'

(का.प्र.सूत्र -47) **अतः विकल्प B सही है।**

आचार्य भरतमुनि नाट्यशास्त्र के छठे अध्याय में रसों की संख्या आठ मानते हैं 'अष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः' (नाट्यशास्त्र 6.15)

शृङ्गार,हास्य,करुण,रौद्र,वीर,भयानक,बीभत्स,अद्भुत।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र -47)– आचार्य विश्वेश्वर, पेज-138

34. काव्यप्रकाश के अनुसार काव्य के प्रयोजनों की संख्या है-

(A) पञ्च **(B) अष्ट**

(C) षट् **(D) एकादश**

व्याख्या-

आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथम उल्लास में काव्य प्रयोजन का लक्षण करते हैं-

काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।

सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे।। (का.प्र. 1.2)

काव्य से यश की प्राप्ति, धन की प्राप्ति, लोक व्यवहार का ज्ञान, अमङ्गल का नाश, शीघ्र ही परमानन्द की प्राप्ति के लिए तथा प्रियतमा के तुल्य उपदेश प्रदान करने वाला होता है।

इसप्रकार मम्मट के अनुसार काव्य प्रयोजन की संख्या छः है।

अतः विकल्प C सही है।

➤ आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश में 'तदेवं पञ्चधा मतः' से अनुप्रास अलङ्कार के पाँच भेद, **'गुणीभूतव्यङ्गस्याष्टौ भिदाः स्मृताः'** से गुणीभूतव्यङ्ग्य के आठ भेद तथा यमक के कुल ग्यारह भेद किया है।

स्रोत-काव्यप्रकाश (1/2)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-10

35. गौणीलक्षणा का ज्ञान होता है-

(A) समवाय से **(B) सादृश्य से**

(C) संयोग से **(D) अर्थापत्ति से**

व्याख्या-

(A) पद में पदार्थ समवाय सम्बन्ध से रहता है।

(B) आचार्य विश्वनाथ के अनुसार चार सारोपा और चार साध्यवसाना लक्षणायें, यदि सादृश्य से इतर किसी सम्बन्ध के द्वारा सिद्ध हुई हों तो 'शुद्धा' कहलाती हैं और यदि ''सादृश्य'' सम्बन्ध ही इनका प्रयोजन हो तो इन्हें गौणी लक्षणा कहते हैं।

अतः विकल्प B सही है।

(C) मम्मट द्वारा प्रतिपादित उदाहरणों में अनेकार्थ शब्दों का एक अर्थ में 'संयोग' का उदाहरण है-

''सशङ्खचक्रो हरिः''।

(D) वेदान्त के षड् प्रमाणों में अर्थापत्ति प्रमाण की गणना है-

1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. उपमान 4. शब्द 5. अर्थापत्ति 6. अभाव।

स्रोत- साहित्यर्दपण (2/9)- शालिग्राम शास्त्री, पेज-35

36. आचार्य मम्मट के अनुसार काव्य का लक्षण है-
(A) रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।
(B) तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि।
(C) वाक्यं रसात्मकं काव्यम्।
(D) शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्।

व्याख्या-
आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्य का लक्षण करते हैं-
'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि' (का.प्र.सूत्र-1)
दोष से रहित, गुणों से युक्त यदि कहीं-कहीं पर अलङ्कार रहित शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य है।
अतः विकल्प B सही है।

- पण्डितराज जगन्नाथ रसगङ्गाधर के प्रथम आनन में काव्य का लक्षण करते हैं-
'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्' (रसगङ्गाधर 1.1)
रमणीय अर्थ का प्रतिपादन करने वाला शब्द काव्य है।
- आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं-
'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' (सा.द. 1.3)
रसात्मक वाक्य को काव्य कहते हैं।
- आचार्य भामह काव्यालङ्कार के प्रथम परिच्छेद में काव्य का लक्षण करते हैं-
'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' (काव्यालङ्कार 1.16)
शब्द और अर्थ दोनों मिलकर काव्य कहलाते हैं।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-1)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-19

37. 'ध्वनिर्बुधैः कथितः' इस काव्यप्रकाश की पंक्ति में बुधैः का अर्थ है-
(A) काव्यशास्त्रिभिः (B) नैयायिकैः
(C) वेदान्तिभिः (D) वैयाकरणैः

व्याख्या-
आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में ध्वनि काव्य का लक्षण करते हैं-
''इदमुत्तममतिशयिनि व्यङ्ग्ये वाच्याद् ध्वनिर्बुधैः कथितः।' (का.प्र. सूत्र-2)
वाच्यार्थ की अपेक्षा व्यङ्ग्यार्थ के अधिक चमत्कारयुक्त होने पर उत्तमकाव्य होता है। यहाँ 'इदं' पद काव्य का बोधक है। 'बुधैः' अर्थात् वैयाकरणों ने प्रधान भूत 'स्फोट' रूप व्यङ्ग्य की अभिव्यक्ति कराने में समर्थ शब्द के लिए 'ध्वनि' शब्द का प्रयोग किया। आचार्य मम्मट ध्वनिकाव्य की वृत्ति में लिखते हैं-'बुधैर्वैयाकरणैः प्रधान भूतस्फोटरूपव्यङ्ग्यव्यञ्जकस्य शब्दस्य ध्वनिरिति व्यवहारः कृतः।'
अर्थात् 'बुधैः' पद का प्रयोग वैयाकरणों के लिए किया है।
स्फोटवाद- 'स्फोटवाद' वैयाकरणों का प्रमुख सिद्धान्त है। स्फोट शब्द की व्युत्पत्ति 'स्फुटति अर्थः यस्मात् स स्फोटः' इस प्रकार की जाती है, अर्थात् जिससे अर्थ की प्रतीति हो उसे स्फोट कहते हैं यह स्फोट पदस्फोट, वाक्यस्फोट आदि के भेद से आठ प्रकार का होता है।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-2)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-28

38. 'भासते प्रतिभासार! रसाभाताहताविभा। भावितात्मा शुभा वादे देवाभा बत ते सभा ॥' नामक पद्य में चित्रबन्ध है-
(A) खड्गबन्ध (B) सर्वतोभद्र
(C) मुरजबन्ध (D) पद्मबन्ध

व्याख्या-

चित्रकाव्य के भेद (अधम या अवर काव्य)	उदाहरण
(A) खड्गबन्ध	मारिशिक्र....रामाणां शं मे दिश्यादुमादिमा।(का.प्र.उदा. 385)
(B) सर्वतोभद्र	रसासार! रसा सारसायताक्ष? क्षतायसा। (का.प्र.उदा.-389)
(C) मुरजबन्ध	सरला बहुलामन्दकरलाबहुलामला। (का.प्र.उदा.-287)
D- पद्मबन्ध	भासते प्रातिभासार रसाभाताहताविभा। (का.प्र.उदा.-388)

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश– आचार्य विश्वेश्वर, पेज-436

39. संयोगादि के द्वारा अनेकार्थक शब्दों के वाचकत्व के नियन्त्रित होने पर वाच्यार्थ से भिन्न अर्थ की प्रतीति कराने वाले व्यापार को कहा जाता है-
(A) तात्पर्या (B) अभिधा
(C) व्यञ्जना (D) लक्षणा

व्याख्या-

(A) आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में शब्दशक्तियों आदि का विवेचन करते हैं इसी क्रम में मीमांसको के मत को उद्धृत करते हैं-
'तात्पर्यार्थोऽपि केषुचित्।' (का.प्र.सूत्र -7)
कुमारिलभट्ट के अनुयायी पार्थसारथिमिश्र आदि मीमांसक तात्पर्यार्थ को मानते हैं।

(B) **अभिधा शक्ति** को आचार्य मम्मट परिभाषित करते हुए कहते हैं-
'स मुख्योऽर्थस्तत्र मुख्यो व्यापारोऽस्याभिधोच्यते।' (का.प्र.सूत्र -11)
वह साक्षात्संकेतित अर्थ मुख्य अर्थ कहलाता है और उस का बोधन कराने वाली शक्ति अभिधा शक्ति कहलाती है।

(C) **व्यञ्जना शक्ति-**
अनेकार्थस्य शब्दस्य वाचकत्वे नियन्त्रिते।
संयोगाद्यैरवाच्यर्थधीकृद् व्यापृतिरञ्जनम्।। (का.प्र.सूत्र-32)
संयोगादि के द्वारा अनेकार्थक शब्दों के वाचकत्व के नियन्त्रित हो जाने पर उससे भिन्न अवाच्य अर्थ की प्रतीति कराने वाला शब्द का व्यापार व्यञ्जना कहलाता है।
अतः विकल्प C सही है।

(D) **लक्षणाशक्ति-**
मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात्।
अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रिया।।(का.प्र.सूत्र-12)
मुख्यार्थ बाध, मुख्यार्थ का लक्ष्यार्थ से सम्बन्ध, रूढि अथवा प्रयोजन विशेष के द्वारा अन्य अर्थ लक्षित होता है वह आरोपित व्यापार लक्षणा कहलाता है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-32)– आचार्य विश्वेश्वर, पेज-77

40. रसनावृत्ति का उल्लेख किया है-
(A) आचार्य विश्वनाथ ने
(B) आचार्य मम्मट ने
(C) आचार्य आनन्दवर्धन ने
(D) आचार्य भामह ने

व्याख्या-

(A) आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के तृतीय परिच्छेद में रस का वर्णन करते हैं-
विभावेनानुभावेन व्यक्तः संचारिणा तथा।
रसतामेति रत्यादिः स्थायीभावः सचेतसाम्।।
(सा.द. 3/1)
सहृदयों के हृदय में स्थित रति आदि स्थायीभाव-विभाव अनुभाव तथा संचारीभाव द्वारा अभिव्यक्त हुआ – रस कहा जाता है।
''रस्यते आस्वाद्यते इति रसः'' अर्थात् रसन प्रक्रिया को ही रस कहते हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

(B) आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के चतुर्थ उल्लास में रस को परिभाषित करते हैं-
विभावा अनुभावास्तत् कथ्यन्ते व्यभिचारिणः।
व्यक्तः स तैर्विभावाद्यैः स्थायीभावो रसः स्मृतः।।
(का.प्र.सूत्र -43)
लोक में जो कारण, कार्य और सहकारी होते हैं वे काव्य में क्रमशः विभाव, अनुभाव और व्यभिचारी भावों से अभिव्यक्त स्थायीभाव कहलाता है।

(C) प्रधानेऽन्यत्र वाक्यार्थे यत्राङ्गन्तु रसादयः।
काव्ये तस्मिन्नलङ्कारो रसादिरिति मे मतिः।।
(ध्वन्या-2/5)
जहाँ रसादि से भिन्न, रस या वस्तु अथवा अलङ्कार प्रधान वाक्यार्थ हो, और उसमें रसादि अङ्ग हों उस काव्य में रसादि अलङ्कार (रसवत् , प्रेय, ऊर्जस्व,समाहित) होते हैं।

(D) हीनताऽसम्भवो लिङ्गवचोभेदौ विपर्ययः।
उपमानाधिकत्वं च तेनासदृशतापि च।। (काव्यालङ्कार 2/39-40)
भामह ने सात प्रकार के उपमा दोषों का निरूपण किया है।
1. हीनता 2. असम्भव 3. लिङ्गभेद 4. वचनभेद 5. विपर्यय 6. उपमानाधिक्य 7. उपमानासादृश्य।

स्रोत- साहित्यदर्पण-शालिग्राम शास्त्री, पेज-46

41. 'तथा रामायणादीनां भविता दुःखहेतुता' पंक्ति ग्रहण की गयी है-
(A) काव्यप्रकाश से (B) साहित्यदर्पण से
(C) नाट्यशास्त्र से (D) वेदान्तसार से

व्याख्या-

(A) आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के अष्टम उल्लास में माधुर्य गुण को परिभाषित करते हुए कहते हैं-
करुणे विप्रलम्भे तच्छान्ते चातिशयान्वितम्। (का.प्र.सूत्र-90)
माधुर्यगुण करुणरस, विप्रलम्भ शृङ्गार तथा शान्त रस में उत्तरोत्तर चमत्कार जनक होता है।

(B) आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के तृतीय परिच्छेद में नाटक में करुण रस के विषय में कहते हैं-

तथा रामायणादीनां भविता दुःखहेतुता। (सा.द.3/6)
यदि करुणरस को दुःख का हेतु मानोगे तो करुणरस प्रधान रामायण आदि ग्रन्थ भी दुःख के ही हेतु मानने पड़ेगे।
अतः विकल्प B सही है।

(C) आचार्य भरतमुनि नाट्यशास्त्र के छठे अध्याय में नाटक में आठ रस मानते हैं- अष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः। (ना. शा. 6/15) आठ रसों के नाट्य में होने का विधान पाया जाता है।

(D) सदानन्द प्रणीत वेदान्तसार में अनुबन्धों की संख्या चार है- तत्रानुबन्धो नामाधिकारि-विषय-सम्बन्ध-प्रयोजनानि। वेदान्तसार में अनुबन्धों की संख्या चार है- अधिकारी, विषय,सम्बन्ध, प्रयोजन।

स्रोत- साहित्यदर्पण (3/6) शालिग्राम शास्त्री, पेज-52

42. अविवक्षितवाच्य तथा विवक्षितान्यपरवाच्य भेद हैं-
(A) अभिधा के (B) लक्षणा के
(C) ध्वनि के (D) तात्पर्या के

व्याख्या-

(A) आचार्य मम्मट ने अभिधा का भेद नहीं किया है।

(B) लक्षणा तेन षड्विधा (का.प्र.सूत्र-17)
आचार्य मम्मट ने लक्षणा के छः भेद किये हैं-

लक्षणा
- **शुद्धा**
  - उपादान लक्षणा (कुन्ताः प्रविशन्ति)
  - लक्षण लक्षणा (गङ्गायां घोषः)
  - शुद्धा सारोपा (आयुर्घृतम्)
  - शुद्धा साध्यवसाना (आयुरेवेदम्)
- **गौणी**
  - गौणी सारोपा (गौर्वाहीकः)
  - गौणी साध्यवसाना (गौरयम्)

(C) ध्वनि काव्य– अविवक्षितवाच्यध्वनि, विवक्षितान्यपरवाच्यध्वनि
(लक्षणामूलाध्वनि) (अभिधामूलाध्वनि)
अर्थान्तरसंक्रमित, अत्यन्त तिरस्कृत, असंलक्ष्यक्रमध्वनि, संलक्ष्यक्रमध्वनि

(D) कुमारिलभट्टादि मीमांसक तात्पर्याशक्ति को मानते हैं। इसके कोई भेद नहीं है।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-39,40)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-91-93

43. काव्य की आत्मा को ध्वनि मानने वाले आचार्य हैं-
(A) आनन्दवर्धन (B) क्षेमेन्द्र
(C) पं. राजजगन्नाथ (D) वामन

व्याख्या-

(A) **आनन्दवर्धन-**काव्यस्यात्मा ध्वनिः (ध्वन्यालोक 1.1)
काव्य की आत्मा ध्वनि है।

(B) **क्षेमेन्द्र-** औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्। (औचित्यविचार चर्चा-श्लोक-5) शृङ्गार रसों से प्रसिद्ध काव्य का जीवन औचित्य ही है।

(C) **विश्वनाथ-** वाक्यं रसात्मकं काव्यम्। (सा.द.-1.3)
रसात्मक वाक्य ही काव्य है।

(D) **वामन-** रीतिरात्मा काव्यस्य (काव्यालंकारसूत्र- 2.6)
रीति काव्य की आत्मा है।
अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- ध्वन्यालोक (1/1)– आचार्य विश्वेश्वर, पेज-2

44. नाटक में सन्धियों की संख्या होती है-
(A) दो (B) चार
(C) दश (D) पाँच

व्याख्या-

आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में कथावस्तु के दो भेद करते हैं- 'वस्तु च द्विधा' (दश. 1.11)
आधिकारिक कथावस्तु तथा प्रासङ्गिक कथावस्तु।

- आचार्य धनञ्जय दशरूपक के द्वितीय प्रकाश में नायक के चार भेद को बताते हैं-
'भेदैश्चतुर्धा ललितशान्तोदात्तोद्धतैरयम्' (दश. 2.3)
धीरललित, धीरशान्त, धीरोदात्त, धीरोद्धत ये नायक के चार भेद हैं।
- दशरूपक के प्रथम प्रकाश में रूपक के दस भेदों का वर्णन करते हैं-
नाटकं सप्रकरणं भाणः प्रहसनं डिमः।
व्यायोगसमवकारौ वीथ्यङ्केहामृगा इति।। (दश. 1.8)
नाटक, प्रकरण, भाण, प्रहसन, डिम, व्यायोग, समवकार, वीथी, अङ्क, इहामृग ये रूपक के दस भेद हैं।
- दशरूपक के प्रथम प्रकाश में पाँच सन्धियों का वर्णन किया गया है-
'मुखप्रतिमुखे गर्भः सावमर्शोपसंहृतिः' (दशरूपक 1.24)
अर्थात् मुख सन्धि, प्रतिमुख सन्धि, गर्भ सन्धि, अवमर्श या विमर्श सन्धि, उपसंहृति या निर्वहण सन्धि।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- साहित्यदर्पण- शालिग्राम शास्त्री, पेज-184

45. अवान्तर प्रयोजन की समाप्ति से कथावस्तु के मुख्य प्रयोजन में विच्छेद प्राप्त हो जाने पर जो उसके अविच्छेद का कारण होता है उसे कहते हैं-
(A) बिन्दु (B) बीज
(C) आरम्भ (D) फलागम

व्याख्या-

(A) बिन्दु– अवान्तरार्थविच्छेदे बिन्दुरच्छेदकारणम्। (दश.1/17)
अवान्तर प्रयोजन की समाप्ति से कथावस्तु के मुख्य प्रयोजन में विच्छेद प्राप्त हो जाने पर जो उसके विच्छेद का कारण होता है उसे बिन्दु कहते हैं। बिन्दु की गणना अर्थप्रकृति के अन्तर्गत होती है।
अतः विकल्प A सही है।

(B) बीज– स्वल्पोद्दिष्टस्तु तद्धेतुर्बीजं विस्तार्यनेकधा (दश. 1/17)
अल्परूप में संकेतित वह तत्त्व जो रूपक के फल का कारण है तथा इतिवृत्त में अनेक रूप में पल्लवित होता है बीज कहलाता है।
बीज भी अर्थप्रकृति के अन्तर्गत परिगणित है।

(C) आरम्भ– औत्सुक्यमात्रमारम्भः फललाभाय भूयसे (दश. 1/20)
अत्यन्त फलभाग की उत्सुकता मात्र ही आरम्भ कहलाती है। आरम्भ की गणना कार्यावस्था के अन्तर्गत होती है।

(D) फलागम– समग्रफलसम्पत्तिः फलयोगो यथोदितः। (दश. 1/22)
समस्त फल की प्राप्ति हो जाने पर फलागम कहलाता है। फलागम की गणना कार्यावस्था के अन्तर्गत होती है।

स्रोत- दशरूपक (1/17)- केशवराव मुसलगाँवकर, पेज-27

46. आचार्यों ने व्यभिचारी भावों की संख्या स्वीकृत की है-
(A) अष्टादश (B) त्रयस्त्रिंशत्
(C) अष्ट (D) पञ्च

व्याख्या-

(A) अष्टादश उपरूपक- 1.नाटिका 2. त्रोटक 3. गोष्ठी 4.सट्टक 5.नाट्यरासक 6.प्रस्थान 7.उल्लाप्य 8.काव्य 9.प्रेङ्खण 10.रासक 11.संलापक 12.श्रीगदित 13.शिल्पक 14.विलासिका 15. दुर्मल्लिका 16.प्रकरणी 17.हल्लीश 18.भणिका।

(B) त्रयस्त्रिंशत् व्यभिचारीभाव (संचारीभाव)- 1.निर्वेद 2.ग्लानि 3.शङ्का 4.श्रम 5.धृति 6.जड़ता 7.हर्ष 8दैन्य 9.उग्रता 10.चिन्ता 11.त्रास 12.असूया 13.अमर्ष 14.गर्व 15.स्मृति 16.मरण 17.मद 18.सुप्त 19.निद्रा 20.विबोध 21.व्रीडा 22.अपस्मार 23.मोह 24.मति 25.आलस्य 26.आवेग 27.वितर्क 28.अवहित्था 29.व्याधि 30.उन्माद 31.विषाद 32.औत्सुक्य 33.चपलता। **अतः विकल्प B सही है।**

(C) अष्ट सात्त्विक भाव- 1.स्तम्भ 2.प्रलय (अचेतनता) 3.रोमाञ्च 4.स्वेद 5.वैवर्ण्य (मुख आदि का अङ्ग फीका पड़ जाना) 6.वेपथु (कम्पन) 7.अश्रु 8.वैस्वर्य (आवाज में परिवर्तन)

(D) पाँच – अर्थोपक्षेपक – 1.विष्कम्भक 2. प्रवेशक 3. चूलिका 4. अङ्कास्य 5.अङ्कावतार

स्रोत- दशरूपक (चतुर्थ प्रकाश)– श्रीनिवास शास्त्री, पेज-268

47. रामायण कथानक के प्रसंग में सुग्रीवादि का वृत्तान्त कहा जाता है-
(A) प्रकरी (B) पताकास्थानक
(C) पताका (D) सन्धि

व्याख्या-

(A) आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में प्रकरी नामक अर्थप्रकृति का लक्षण करते हैं-
'प्रकरी च प्रदेशभाक्' (दश. 1/13)
एक देश में सीमित रहने वाला प्रासङ्गिक इतिवृत्त 'प्रकरी' कहलाता है। जैसे- रामायण में 'शबरी की कथा'।

(B) पताकास्थानक– पताकास्थानक का लक्षण दशरूपक के प्रथम प्रकाश में निम्नवत् है-
प्रस्तुतागन्तुभावस्य वस्तुनोऽन्योक्तिसूचकम्।
पताकास्थानकं तुल्यसंविधानविशेषणम्।(दश. 1/14)
जहाँ भावी कथावस्तु के समय वृत्त या समान विशेषण द्वारा अन्योक्ति रूप में सूचना हो उसे पताकास्थानक कहते हैं। जैसे –'रत्नावली' में उदयन कहते हैं–हे कमलनयने! मैं जा रहा हूँ। यह मेरे जाने का समय है कल प्रातः काल तुम्हें मै ही जगाऊँगा।

(C) पताका– दशरूपक के प्रथम प्रकाश में पताका का लक्षण है- 'सानुबन्धं पताकाख्यं' (दश.1/13)
प्रधान इतिवृत्त के साथ गौणरूप से दूर तक चलने वाला प्रासङ्गिक इतिवृत्त पताका कहलाता है।

जैसै- रामायण में 'सुग्रीव कथा'।

अतः विकल्प C सही है।

(D) सन्धि– सन्धि के भेद का निरूपण दशरूपक के प्रथम प्रकाश में उद्धृत है।

मुखप्रतिमुखे गर्भः सावमर्शोपसंहृतिः। (दश.1/24)

मुखसन्धि, प्रतिमुखसन्धि, गर्भसन्धि, अवमर्शसन्धि, निर्वहणसन्धि ये सन्धि के पाँच भेद हैं।

सन्धि	भेद
1. मुख सन्धि	12
2. प्रतिमुख सन्धि	13
3. गर्भ सन्धि	12
4. अवमर्श सन्धि (विमर्श)	13
5. उपसंहृति सन्धि (निर्वहण)	14

स्रोत- दशरूपक- रमाशङ्कर त्रिपाठी, पेज-15

48. जिस नायिका का नायक दूर देश में किसी प्रयोजन से रहता हो तो उस नायिका को कहते हैं-

(A) स्वाधीनपतिका (B) अभिसारिका

(C) कलहान्तरिता (D) प्रोषितप्रिया

व्याख्या-

आचार्य धनञ्जय नायिकाओं का वर्णन दशरूपक के द्वितीय प्रकाश में करते हुए कहते हैं-

(A) स्वाधीनपतिका– आसन्नायत्तरमणा हृष्टा स्वाधीनभर्तृका। (दश.2/24)

जिस नायिका का पति पास में रहता है तथा उसके वश में एवं प्रसन्न रहा करती है वह स्वाधीनभर्तृका (स्वाधीनपतिका) कहलाती है।

(B) अभिसारिका– कामार्ताऽभिसरेत्कान्तं सारयेद्वाभिसारिका। (दश. 2/27)

जो नायिका कामार्त होकर अपने प्रियतम के पास स्वयं जाती है, अथवा उसे अपने पास बुलाती है, वह अभिसारिका कहलाती है।

(C) कलहान्तरिता– कलहान्तरिताऽमर्षाद्विधूतेऽनुशयार्तियुक्। (दश.2/26)

जो नायिका क्रोध से अपराधी नायक का तिरस्कार कर दे और पश्चात् पश्चात्ताप करती रहे, उसे 'कलहान्तरिता' नायिका कहा जाता है।

(D) प्रोषितप्रिया– दूरदेशान्तरस्थे तु कार्यतः प्रोषितप्रिया। (दश.2/27)

जिस नायिका का नायक दूर देश में किसी प्रयोजन से रहता हो उसे प्रोषितप्रिया कहते हैं।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- दशरूपक– श्रीनिवास शास्त्री, पेज-156

49. नाटक में किसी पात्र के द्वारा मुँह फेरकर दूसरे व्यक्ति से रहस्यात्मक बात कही जाती है, उसे कहते हैं-

(A) जनान्तिक (B) आकाशभाषित

(C) अपवारित (D) अंकास्य

व्याख्या-

(A) जनान्तिक–

'त्रिपताकाकरेणान्यानपवार्यान्तरा कथाम्। (दश.1/65)

अन्योन्यामन्त्रणं यत्स्याज्जनान्ते तज्जनान्तिकम्।।'

चल रहे संवाद के बीच में, त्रिपताका का रूप हाथ की मुद्रा के द्वारा दूसरे पात्रों को बचाकर, कतिपय जनों के मध्य, दो पात्र आपस में जो बात-चीत करते हैं वह जनान्तिक कहलाता है।

(B) आकाशभाषित–

'किं ब्रवीष्येवमित्यादि विना पात्रं ब्रवीति यत्।

श्रुत्वेवानुक्तमप्येकस्तत्स्यादाकाशभाषितम्।।'(दश.1/67)

जहाँ कोई एक ही पात्र किसी दूसरे पात्र के बिना ही बात करता है तथा किसी के बिना कुछ कहे भी मानों सुनकर ही "क्या कह रहे हो?" इसप्रकार कथोपकथन करता है, वह आकाशभाषित होता है।

(C) अपवारित–

'रहस्यं कथ्यतेऽन्यस्य परावृत्त्यापवारितम्।' (दश.1/66)

नाटक में किसी पात्र के द्वारा मुँह फेरकर दूसरे व्यक्ति से रहस्यात्मक बात कही जाती है, वह अपवारित कही जाती है। **अतः विकल्प C सही है।**

(D) अंकास्य–

'अङ्कान्तपात्रैरङ्कास्यं छिन्नाङ्कस्यार्थसूचनात्।' (दश.1/62)

अङ्क के अन्त में अभिनय करने वाले पात्रों के द्वारा विछिन्न आगे आने वाले अङ्क के अर्थ की सूचना देने के कारण वह अङ्कास्य कहलाता है।

स्रोत- दशरूपक (1/66)– रमाशङ्कर त्रिपाठी, पेज-106

50. नाटक के मङ्गलाचरण को कहा जाता है-

(A) मङ्गलाशासन (B) नन्दिताकरण

(C) नान्दी (D) वेदस्तवन

व्याख्या-
मङ्गलाचरण को मङ्गलाशासन भी कहते हैं। संस्कृत ग्रन्थों की परम्परा में ग्रन्थ की निर्विघ्न समाप्ति के लिए मङ्गलाचरण का विधान किया जाता है। मङ्गलाचरण तीन प्रकार का होता है-
1.नमस्कारात्मक 2.आशीर्वादात्मक 3.वस्तुनिर्देशात्मक।
'आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता।।'(सा.द.6/24)
देवता, ब्राह्मण तथा राजादिकों की आशीर्वादयुक्त स्तुति जिससे की जाती है, उसे नान्दी कहते हैं। नान्दी का प्रयोग केवल नाटकों में होता है जबकि मङ्गलाचरण का प्रयोग चम्पूकाव्य, महाकाव्य, गद्यकाव्य आदि सभी काव्यों में होता है- जैसा कि भावप्रकाश के सप्तम अधिकार में भी नान्दी के विषय में कहा गया है-
देवतादिनमस्कारमङ्गलारम्भपाठकैः।
या क्रिया नन्द्यते नाट्यारम्भे नान्दीति सा स्मृता।।
(भावप्रकाश 7.99)
नाटक के प्रारम्भ में देवता आदि के लिये नमस्कारात्मक या मंगलात्मक जो श्लोक पाठ पाठकों द्वारा किया जाता है, आनन्द प्रदान करता है वह नान्दी कहा जाता है
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-5

51. नाटक मे 'स्वगतम्' का अर्थ है-
(A) अश्राव्य (B) सर्वश्राव्य
(C) स्वागतयोग्य (D) स्वयं गाया हुआ

व्याख्या-
आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में सर्वश्राव्य तथा अश्राव्य का लक्षण करते हैं-
'सर्वश्राव्यं प्रकाशं स्यादश्राव्यं स्वगतं मतम्।'(दश.1/64)
नाटक में सभी के सुनने योग्य वस्तु को 'प्रकाश' या सर्वश्राव्य तथा किसी के भी न सुनने योग्य वस्तु को 'स्वगत' या 'अश्राव्य' कहते हैं।
अतः विकल्प A सही है।
स्रोत-दशरूपक (1/64)– रमाशङ्कर त्रिपाठी, पेज-105

52. 'जनान्तिक' में एक मुद्रा का प्रकाशन होता है उसे कहते हैं-
(A) चिन्मुद्रा (B) अंगुष्ठानामिके
(C) मत्तवारणी (D) त्रिपताकाकर

व्याख्या-
आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में जनान्तिक का लक्षण करते हैं-
'त्रिपताकाकरेणान्यानपवार्यान्तरा कथाम्।
अन्योन्यामन्त्रणं यत्स्याज्जनान्ते तज्जनान्तिकम्।।' (दश. 1/65)
पात्रों के मध्य में चल रहे संवाद या उक्ति प्रत्युक्ति के मध्य में ,त्रिपताकारूप हस्त मुद्रा के द्वारा अन्य पात्रों को अपवार्य अर्थात् बचाकर, कुछ पात्रों के मध्य में दो पात्र परस्पर जो वार्तालाप करते हैं, वह जनान्तिक कहा जाता है। **अतः विकल्प D सही है।**
स्रोत- दशरूपक (1/65)– श्रीनिवास शास्त्री, पेज-104

53. रस सिद्धान्त के अन्तर्गत साधारणीकरण व्यापार का सर्वप्रथम उल्लेख किया है-
(A) अभिनवगुप्त ने (B) भट्टनायक ने
(C) भट्टलोल्लट ने (D) श्रीशङ्कुक ने

व्याख्या-

आचार्य	वाद/सिद्धान्त	व्यापार/सम्बन्ध
A अभिनवगुप्त	अभिव्यक्तिवाद	व्यङ्ग्य-व्यञ्जक
B भट्टनायक	भुक्तिवाद	भोज्य-भोजक
C भट्टलोल्लट	उत्पत्तिवाद	उत्पाद्य-उत्पादक
D श्रीशङ्कुक	अनुमितिवाद	अनुमाप्य-अनुमापक

अतः विकल्प B सही है।
स्रोत- काव्यप्रकाश-आचार्य विश्वेश्वर, पेज-107

54. रससिद्धान्त के प्रसंग में चित्रतुरगादिन्याय का समुल्लेख किया है-
(A) शंकुक ने (B) भट्टनायक ने
(C) भट्टलोल्लट ने (D) नान्यदेव ने

व्याख्या-
(A) शङ्कुक ने नट में रस को अनुमेय माना है। अनुमान की सामग्री में, नट में 'चित्रतुरगन्याय' से राम बुद्धि का प्रतिपादन

किया है। जैसे-घोड़े के चित्र को देखकर 'यह घोड़ा है' इसप्रकार का व्यवहार होता है। परन्तु इस प्रतीति को न सत्य कहा जा सकता है, न मिथ्या, न संशयरूप और न ही सादृश्यरूप प्रतीति माना जा सकता है। चित्रस्थ तुरग में होने वाली बुद्धि इन चारों प्रकार की बुद्धियों से भिन्न होती है इसप्रकार नट में जो राम बुद्धि होती है वह 1.सम्यक् 2.मिथ्या 3.संशय तथा 4.सादृश्य इन चारों प्रकार की प्रतीतियों से विलक्षण होती है।

अतः विकल्प A सही है।

(B) भट्टनायक ने रसानुभूति के उपपादन के लिए एक नये मार्ग का अवलम्बन किया है उसे साहित्यशास्त्र में 'भुक्तिवाद' के नाम से कहा जाता है। उसका आशय यह है कि रस की 'निष्पत्ति' न अनुकार्य राम आदि में होती है और न अनुकर्ता नट आदि में। अनुकार्य और अनुकर्ता दोनों तटस्थ हैं उदासीन हैं उनको रसानुभूति नहीं होती है। वास्तविक रसानुभूति सामाजिक को होती है।

(C) भरत के रससूत्र के व्याख्याकारों में भट्टलोल्लट उत्पत्तिवाद को मानने वाले हैं। उनके मत में विभावादि के संयोग से अनुकार्य राम आदि में रस की उत्पत्ति होती है।

(D) रसोत्पत्ति के व्याख्याकारों में नान्यदेव का कोई सिद्धान्त प्राप्त नहीं होता है।

स्रोत-काव्यप्रकाश(चतुर्थ उल्लास)-आचार्य विश्वेश्वर,पेज-103

55. रस को 'पानकरसन्याय' से चर्व्यमाण स्वीकृत किया है-

(A) भट्टलोल्लट ने
(B) भट्टनायक ने
(C) आचार्य शङ्कुक ने
(D) श्रीमदभिनवगुप्तपाद ने

व्याख्या–

(A) भट्टलोल्लट के अनुसार अनुकार्य रामादि में रस रहते हैं। अनुकर्ता नट आदि में इसकी प्रतीति मात्र होती है।

(B) भट्टनायक के अनुसार भोज्य-भोजक व्यापार द्वारा सामाजिक में रस की प्रतीति होती है।

(C) शङ्कुक ने अनुमेय नट में जो राम बुद्धि होती है उसमें सम्यक्,मिथ्या,संशय एवं सादृश्य से विलक्षण 'चित्रतुरगन्याय' द्वारा रसोत्पत्ति मानते हैं।

(D) श्रीमदभिनवगुप्तपाद ने रति आदि अपने आकार के समान अभिन्न रूप से अनुभूत होता हुआ भी आस्वादनमात्र स्वरूपवाला, विभावादि की स्थिति पर्यन्त रहने वाला 'पानकरस' के समान आस्वाद्यमान साक्षात् रूप से प्रस्फुरित होता हुआ सा, हृदय में प्रवेश करता हुआ सा, समस्त अङ्गों में व्याप्त आलिङ्गन करता हुआ सा, अन्य सबको ढकता हुआ सा तथा ब्रह्मानुभव के आनन्द का सा अनुभव कराता हुआ अलौकिक चमत्कार करने वाला, शृङ्गारादि रस कहा जाता है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-130

56. मम्मट ने विप्रलम्भ शृङ्गार के भेद स्वीकार किये हैं-

(A) चार **(B) पाँच**
(C) आठ **(D) दश**

व्याख्या-

(A) आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में संकेतग्रह के विषय में कहते हैं-
''संकेतितश्चतुर्भेदो जात्यादिर्जातिरेव वा।''(का.प्र.सूत्र-10)
संकेतित अर्थ के चार भेद हैं-
1. जाति 2. गुण 3. क्रिया 4. यदृच्छा।

(B) आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के चतुर्थ उल्लास में शृङ्गार रस के भेदों का वर्णन करते हैं-
'अभिलाषविरहेर्ष्याप्रवासशापहेतुक इति पञ्चविधः।' (का.प्र. चतुर्थ उल्लास) अर्थात् विप्रलम्भ शृङ्गार के पाँच भेद होते हैं- 1. अभिलाषा 2.ईर्ष्या 3.विरह 4.प्रवास 5.शाप

अतः विकल्प B सही है।

(C) आचार्य भरतमुनि नाट्यशास्त्र के छठे अध्याय में रस के आठ भेद किए हैं-
'शृङ्गारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः।।'
(नाट्यशास्त्र 6.15)
नाट्य में रसों की संख्या 8 है।
1. शृङ्गार 2.हास्य 3.करुण 4.रौद्र 5.वीर 6.भयानक 7.बीभत्स 8.अद्भुत।

(D) आचार्य वामन ने 10 शब्दगुण मानते हैं-
1. ओज 2. प्रसाद 3. श्लेष 4. समता 5. समाधि
6. माधुर्य
7. सौकुमार्य 8. उदारता 9. अर्थव्यक्ति 10. कान्ति

स्रोत- काव्यप्रकाश– आचार्य विश्वेश्वर, पेज-123

57. 'काव्य रस कार्य नहीं है' इसको प्रमाणित करने हेतु कौन सा कथन सत्य है-

(A) रस विभावानुभावव्यभिचारि भावों से निष्पन्न होता है।

(B) लौकिक कारणों के समान ही रस के कारण कहे गये हैं।

(C) विभावादि के नाश होने पर रस की स्थिति नहीं रहती है।

(D) सहृदयों के हृदय में रस पहले से ही विद्यमान रहता है।

व्याख्या-

काव्यप्रकाश के चतुर्थ उल्लास में आचार्य मम्मट रस का लक्षण करते हुए कहते हैं-

'कारणान्यथ कार्याणि सहकारीणि यानि च ।
रत्यादेः स्थायिनो लोके तानि चेन्नाट्यकाव्ययोः।।'
'विभावा अनुभावास्तत् कथ्यन्ते व्यभिचारिणः।
'व्यक्तः स तैर्विभावाद्यैः स्थायी भावो रसः स्मृतः।।'
(का.प्र.सूत्र-43)

लोक में रति आदि रूप स्थायीभाव के जो कारण, कार्य और सहकारी होते हैं वे यदि नाटक या काव्य में प्रयुक्त होते हैं तो क्रमशः विभाव, अनुभाव और व्यभिचारी भाव कहलाते हैं और उन विभावादि रूप कारण, कार्य तथा सहकारियों के योग से व्यक्त वह स्थायीभाव 'रस' कहलाता है।

'काव्य रस कार्य नहीं है' इसको प्रमाणित करने हेतु आचार्य मम्मट ने कहा है कि लोक में जो कारण, कार्य एवं सहकारी होते हैं वे ही नाटक में विभाव,अनुभाव एवं व्यभिचारी भावों के योग से रसोत्पत्ति में सहायक होते हैं। अतः इन विभावादि के नाश होने पर रस की स्थिति नहीं रहती है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश– आचार्य विश्वेश्वर,पेज-109,110

58. निम्नलिखित तथ्यों का सही सुमेलन कीजिए-

अ-	**अनुमितिवाद**	(i)	**विश्वनाथ**
ब-	**व्यक्तिविवेक**	(ii)	**शङ्कुक**
स-	**वात्सल्यरस**	(iii)	**महिमभट्ट**
द-	**कवि-सृष्टि की श्रेष्ठता**	(iv)	**मम्मट**

	अ	ब	स	द
A.	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
B.	(iv)	(iii)	(i)	(ii)
C.	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
D.	(ii)	(iii)	(i)	(iv)

➢ आचार्यभरतमुनिके रससूत्र
'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः'
पर व्याख्या करने वाले आचार्य शङ्कुक द्वितीय आचार्य हैं। आचार्य शङ्कुक संयोगाद् शब्द का अर्थ अनुमाप्य-अनुमापक सम्बन्ध या साध्य-साधक सम्बन्ध तथा निष्पत्ति का अर्थ अनुमिति करते हैं अतः इनका सिद्धान्त 'अनुमितिवाद' है।

➢ महिमभट्ट द्वारा रचित व्यक्तिविवेक में ध्वन्यालोक तथा वक्रोक्तिजीवितम् के मत का खण्डन किया है, जिसमें तीन विमर्श (अध्याय) हैं। आचार्य महिमभट्ट ने व्यक्तिविवेक में ध्वनि का खण्डन किया गया है।

➢ आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के तृतीय परिच्छेद में वात्सल्य स्थायीभाव है जिसका, ऐसा वत्सल नामक रस को मानते हैं।

➢ आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के मङ्गलाचरण में सृष्टि की श्रेष्ठता से कवि सृष्टि की श्रेष्ठता सिद्ध करते हैं क्योंकि सृष्टि में छः रस होते हैं जबकि कवि सृष्टि में शृङ्गार आदि नौ रस होते हैं। **अतः विकल्प D सही है।**

59. समस्तवस्तु विषयक तथा एकदेशविवर्त्ति ये भेद हैं-

(A) उपमालंकार के **(B) उत्प्रेक्षालंकार के**
(C) सांगरूपक के **(D) निरंगरूपक के**

व्याख्या-

➢ आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के दशम उल्लास में अर्थालङ्कारों का विवेचन करते हैं-

➢ **उपमा अलङ्कार-** 'साधर्म्यमुपमा भेदे' (का.प्र.सूत्र125) उपमान तथा उपमेय का भेद होने पर दोनों के सादृश्य का वर्णन उपमा अलङ्कार है। पूर्णोपमा तथा लुप्तोपमा के भेद से उपमा के दो भेद हैं।

➢ **उत्प्रेक्षा अलङ्कार-** 'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्।' (का.प्र.सूत्र -136)
उपमेय की उपमान के साथ सम्भावना जहाँ की जाती है वहाँ उत्प्रेक्षा अलङ्कार होता है।

➢ **रूपक अलङ्कार-**'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः (का.प्र.सूत्र 139)
जो उपमान तथा उपमेय का अभेद का आरोप है, उसे रूपक कहते हैं। रूपक के भेद-

(i) समस्तवस्तुविषयक साङ्गरूपक- समस्तवस्तुविषयं श्रौता आरोपिता यदा (का.प्र.सूत्र -139)
जब आरोपित उपमान शब्द द्वारा प्रतिपाद्य होता है वहाँ समस्तवस्तुविषयक रूपक होता है। अर्थात् आरोप के विषय के समान आरोप्यमाण भी जब शब्द द्वारा ग्रहण किया जाता है तब 'समस्त वस्तुएँ जिसका विषय है'
ऐसा यह समस्तवस्तुविषयक होता है।

(ii) एकदेशविवर्ति साङ्गरूपक- 'श्रौता आर्थाश्च ते यस्मिन्नेकदेशविवर्ति तत्' (का.प्र.सूत्र-140)
तथा कुछ अर्थ द्वारा प्रतिपाद्य अर्थात् अर्थगम्य हो, वह एक देशविवर्तिरूपक होता है।

अतः विकल्प C सही हैं।

निरङ्गन्तु शुद्धम् (का.प्र.सूत्र-142)
अर्थात् अङ्गों के आरोप से रहित केवल अङ्गी का आरोप हो वह शुद्ध निरङ्ग रूपक होता है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-466

60. बालक आदि की अपनी स्वाभाविक क्रिया या रूप का वर्णन कहा जाता है-
(A) अतिशयोक्ति (B) परिसंख्या
(C) स्वभावोक्ति (D) रसोक्ति

व्याख्या-

(A) **अतिशयोक्ति–**
'निगीर्याध्यवसानन्तु प्रकृतस्य परेण यत्।
प्रस्तुतस्य यदन्यत्वं यद्यर्थोक्तौ च कल्पनम्।।' (का.प्र.सूत्र-152)
उपमान के द्वारा उपमेय का निगरण करके जो कल्पित अभेद कथनरूप अध्यवसान करता है वह अतिशयोक्ति है।
जैसे- कमलमनम्भसि................परम्परा केयम्

(B) परिसंख्या–
'किंचित्पृष्टमपृष्टं वा कथितं यत्प्रकल्पते।
तादृगन्यव्यपोहाय परिसंख्या तु सा स्मृता।।'(का.प्र.सूत्र-184)
जहाँ कुछ पूछी गई अथवा न पूछी गई वस्तु शब्द के द्वारा कहीं जाकर उस जैसी किसी अन्य वस्तु के निराकरण में पर्यवसित हो जाती है, वहाँ परिसंख्या अलङ्कार जानना चाहिए।

उदाहरण-
किमासेव्यं पुंसां? सविधमनवद्यं....निरवधिविमुक्त्यै प्रभवति।।

(C) स्वभावोक्ति–
'स्वभावोक्तिस्तु डिम्भादेः स्वक्रियारूपवर्णनम्।' (का.प्र.सूत्र-167) बालक आदि की अपनी स्वाभाविक क्रिया अथवा रूपादि का वर्णन स्वभावोक्ति अलङ्कार कहलाता है।

अतः विकल्प C सही है।

उदाहरण- पश्चादङ्घ्री प्रसार्य.........शयनादुत्थितः क्ष्मां खुरेण।।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-167) – आचार्य विश्वेश्वर, पेज-505

61. 'साधर्म्यमुपमा भेदे' में उपमा का लक्षण लिखा है-
(A) आचार्य विश्वनाथ ने
(B) आचार्य मम्मट ने
(C) जयदेव ने
(D) पण्डितराज जगन्नाथ ने

व्याख्या-

(A) **विश्वनाथ-**'साम्यं वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्य उपमा द्वयोः' (सा.द. 10/14)
एक वाक्य में दो पदार्थों के वैधर्म्य रहित, वाच्य सदृश को उपमा कहते हैं।

(B) **मम्मट-**'साधर्म्यमुपमा भेदे'(का.प्र.सूत्र-124)
उपमान तथा उपमेय का भेद होने पर उनके साधर्म्य का वर्णन उपमा कहलाता है।

(C) **जयदेव-** 'उपमा यत्र सादृश्यलक्ष्मीरुल्लसति द्वयोः।
हृदये खेलतोरुच्चैस्तन्वङ्गीस्तनयोरिव।।'(चन्द्रा.5/11)
सुन्दरी नायिका के वक्षःस्थल पर छलकते हुए उभरे स्तनों की तरह जहाँ उपमान और उपमेय दोनों समानता की शोभा से विकसित हो उपमा अलंकार होता है।

(D) **जगन्नाथ-** 'सादृश्यसुन्दरवाक्यार्थोपस्कारमुपमालङ्कृती।'
वाक्यार्थ को शोभित करने वाले सुन्दर सादृश्य का नाम उपमालंकार है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-124)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-443

62. 'यस्य न सविधे दयिता दवदहनस्तुहिन-दीधितिस्तस्य। यस्य च सविधे दयिता दवदहन-स्तुहिनदीधितिस्तस्य॥' इस पद्य में अलंकार है-
(A) यमक **(B) श्लेष**
(C) वक्रोक्ति **(D) लाटानुप्रास**

व्याख्या-

(A) यमक- 'अर्थे सत्यर्थ भिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः यमकम्।' (का.प्र.सूत्र-116)
अर्थभेद होने पर भिन्नार्थक वर्णों का उसी क्रम से पुनः श्रवण यमक नामक शब्दालङ्कार है।
उदा.- सन्नारीभरणोमायमाराध्य विधुशेखरम्।

(B) श्लेष- 'श्लेषः स वाक्ये एकस्मिन् यत्रानेकार्थता भवेत्।' (का.प्र.सूत्र-146)
जहाँ एक ही वाक्य में अनेक अर्थ हों वह श्लेष होता है।
उदा.- उदयमयते दिङ्मालिन्यं निराकुरुतेतरां।

(C) वक्रोक्ति- 'यदुक्तमन्यथा वाक्यमन्यथाऽन्येन योज्यते। श्लेषेण काक्वा वा ज्ञेया सा वक्रोक्तिस्तथा द्विधा।।' (का.प्र.सूत्र 102)
वक्ता के द्वारा अन्य अभिप्राय से जो वाक्य कहा गया है उसे किसी अन्य के द्वारा श्लेष अथवा काकु के द्वारा अन्य अर्थ में लगा लिया जाता है वह वक्रोक्ति नामक शब्दालङ्कार होता है।
उदा. अहो केनेदृशी बुद्धिर्दारुणा तव निर्मिता।

(D) लाटानुप्रास- शाब्दस्तु लाटानुप्रासो भेदे तात्पर्यमात्रतः।
(का.प्र.सूत्र-111)
तात्पर्य मात्र से भेद होने पर शब्दानुप्रास लाटानुप्रास कहलाता है।
यस्य न सविधे दयिता दवदहनस्तुहिनदीधितिस्तस्य।
यस्य च सविधे दयिता दवदहनस्तुहिनदीधिस्तस्य।।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-407

63. यदि उपमेय की उपमान के साथ सम्भावना व्यक्त की जाए तो अलंकार होता है-
(A) उत्प्रेक्षा **(B) रूपक**
(C) उपमेयोपमा **(D) सन्देह**

व्याख्या-
आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के दशम उल्लास में अर्थालङ्कार का वर्णन करते हैं-

(A) उत्प्रेक्षा- 'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्।' (का.प्र.सूत्र-136)
जहाँ उपमेय की उपमान के साथ सम्भावना व्यक्त की जाय, वहाँ उत्प्रेक्षा अलङ्कार होता है।
अतः विकल्प A सही है।

(B) रूपक-'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः।' (का.प्र.सूत्र-138)
जो उपमान तथा उपमेय के अभेद का आरोप है, उसे रूपक कहते हैं।

(C) उपमेयोपमा- 'विपर्यास उपमेयोपमा तयोः।' (का.प्र.सूत्र-135)
उपमान का उपमेय तथा उपमेय का उपमान रूप में वर्णन उपमेयोपमा अलङ्कार है।

(D) सन्देह- 'ससन्देहस्तु भेदोक्तौ तदनुक्तौ च संशयः।' (का.प्र.सूत्र-137)
उपमेय में उपमान रूप से संशय होने पर संदेह नामक अलङ्कार होता है।

स्रोत- काव्यप्रकाश (सूत्र-136)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-460

64. सभंगश्लेष अलंकार के भेद बतलाये गये हैं-
(A) चार (B) छः
(C) आठ (D) दो

व्याख्या-
- परिसंख्या अलङ्कार के चार भेद हैं-
  1. प्रश्नपूर्वक प्रतीयमान 2.प्रश्नपूर्वक वाच्य 3.अप्रश्नपूर्वक प्रतीयमान 4.अप्रश्नपूर्वक वाच्य
- उपमा अलङ्कार के अन्तर्गत परिगणित पूर्णोपमा के छः भेद हैं-
  1.तद्धितगा श्रौती 2.तद्धितगा आर्थी 3.समासगा श्रौती 4.समासगा आर्थी 5.वाक्यगा श्रौती 6.वाक्यगा आर्थी
- श्लेष अलङ्कार के आठ भेद हैं-
  1.वर्णश्लेष, 2.पदश्लेष 3.लिङ्गश्लेष 4.भाषाश्लेष 5.प्रकृतिश्लेष 6.प्रत्ययश्लेष 7.विभक्तिश्लेष 8.वचनश्लेष
- वक्रोक्ति अलङ्कार के दो भेद हैं-
  1.श्लेषवक्रोक्ति 2.काकुवक्रोक्ति

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-415

65. 'भक्तिर्भवे न विभवे व्यसनं शास्त्रे न युवतिकामास्त्रे। चिन्ता यशसि न वपुषि प्रायः परिदृश्यते महताम्।' प्रस्तुत पद्य में अलङ्कार है-

(A) विरोधाभास (B) परिसंख्या
(C) कारणमाला (D) भ्रान्तिमान्

व्याख्या-

परिसंख्या अलङ्कार-

'किञ्चित्पृष्टमपृष्टं वा कथितं यत्प्रकल्पते।
तादृगन्यव्यपोहाय परिसंख्या तु सा स्मृता।।' (का.प्र.सूत्र-184)

जहाँ कुछ पूछी गयी अथवा न पूछी गयी वस्तु शब्द के द्वारा कही जाकर उस जैसी किसी अन्य वस्तु के निराकरण में पूर्ण या समाप्त हो जाती है वहाँ परिसंख्या अलङ्कार होता है।

उदाहरण- भक्तिर्भवे न विभवे व्यसनं शास्त्रे न युवति कामास्त्रे। चिन्ता यशसि न वपुषि प्रायः परिदृश्यते महताम्।।

महापुरुषों की भक्ति शिव में देखी जाती है न कि सम्पत्ति आदि वैभव में, महापुरुषों कि रुचि शास्त्र में होती है न कि रमणियों के कामरूप अस्त्र में, महापुरुषों की चिन्ता यश में होती है न कि शरीर में।

उक्त पद्य में महापुरुषों की शिव के प्रति भक्ति आदि के कथन द्वारा वैभव आदि के प्रति आसक्ति का निषेध किया गया है यहाँ कथन अप्रश्नपूर्वक है तथा निषेध द्वारा कथित होने से वाच्य है अतः अप्रश्न पूर्विका वाच्यव्यवच्छेद्या परिसंख्या अलङ्कार है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत-काव्यप्रकाश (सूत्र-184)- आचार्य विश्वेश्वर, पेज-528

66. ≍प तथा ≍फ को कहा जाता है-

(A) प् तथा फ् (B) जिह्वामूलीय
(C) उपध्मानीय (D) यम वर्ण

व्याख्या-

जिह्वामूलीय- 'जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम्' जिह्वामूलीय विसर्ग का जिह्वामूल स्थान है क्योंकि इसका उच्चारण सीधे जिह्वा के मूलभाग से होता है।

उपध्मानीय- ''उपूपध्मानीयानामोष्ठौ'' अठारह प्रकार के उकार,पवर्ग, उपध्मानीय विसर्ग का उच्चारण स्थान ओष्ठ है। उकार पवर्ग अर्थात् प् फ् ब् भ् म् और उपध्मानीय विसर्ग का उच्चारण होठों के टकराने से होता है, अतः इसका उच्चारण स्थान ओष्ठ है।

यमवर्ण- यम प्रत्याहार मे ये वर्ण हैं-
य्,व्, र्, ल्, ञ्, म्, ङ्, ण्, न्।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दप्रसाद शर्मा, पेज-20

67. ≍क तथा ≍ख का उच्चारणस्थान है-

(A) कण्ठ (B) तालु
(C) ओष्ठ (D) जिह्वामूल

व्याख्या-

- **अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः-**अ, कवर्ग (क् ख् ग् घ् ङ्) ह और विसर्ग का उच्चारण स्थान कण्ठ है।
- **ऌतुलसानां दन्ताः-** ऌ , तवर्ग (त् थ् द् ध् न्) और स का उच्चारण स्थान दन्त है।
- **उपूपध्मानीयानामोष्ठौ-** उकार, पवर्ग, उपध्मानीय विसर्ग का उच्चारणस्थान ओष्ठ है। (प् फ् ब् भ् म्)
- **जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम्-** ≍क ≍ख का उच्चारण स्थान जिह्वामूल है।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दप्रसाद शर्मा, पेज-20

68. 'अनुविष्णु' समस्तपद का विग्रह होगा-

(A) अनुविष्णोः (B) विष्णोः पश्चात्
(C) अनुगर्ता विष्णुम् (D) विष्णोरनुयायी

व्याख्या-

अनुविष्णु- विष्णु के पीछे

लौकिक विग्रह-'विष्णोः पश्चात्' अलौकिक विग्रह-विष्णु ङस् अनु। पश्चात् अर्थात् पीछे इस अर्थ में अनु के साथ विष्णु+ङस् का 'अव्ययं विभक्ति-समीप-समृद्धि......आदि सूत्र से समास हो गया। समास होने के बाद विष्णु+ङस् अनु इस समुदाय की 'कृत्तद्धितसमासाश्च' से प्रातिपदिक सञ्ज्ञा।

ङस् का 'सुपोधातुप्रातिपदिकयोः' सूत्र से सुप् का लुक् विष्णु+अनु प्रथमानिर्दिष्ट अनु की 'प्रथमानिर्दिष्टं समास उपसर्जनम्' से उपसर्जन सञ्ज्ञा तथा 'उपसर्जनं पूर्वम्' से उपसर्जन सञ्ज्ञक अनु का पूर्व प्रयोग-अनु विष्णु 'अव्ययीभावश्च' से अव्ययसञ्ज्ञा, 'एक देशविकृतमनन्यवत्' इस परिभाषा से अनुविष्णु को प्रातिपदिक मानकर सु विभक्ति आई और उसका 'अव्ययादाप्सुपः' से लुक् हुआ तो- अनुविष्णु प्रयोग सिद्ध हुआ।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमीव्याख्या भाग-4) पेज-32

69. 'पितरौ' समस्तपद का विग्रह होगा-
(A) माता च पिता च (B) पिता च पिता च
(C) मातृ च पितृ च (D) मातृ च पिता च

व्याख्या-
पितरौ- माता च पिता च लौकिक विग्रह और मातृ सु पितृ सु अलौकिक विग्रह।
'चार्थे द्वन्द्वः' से समास होकर प्रातिपदिक सञ्ज्ञा, सुप् का लुक् करके 'पिता मात्रा' से एकशेष होकर सूत्र का शेष और मातृ का लोप हो जाता है और 'यः शिष्यते स लुप्यमानार्थाभिधायी' के अनुसार पितृ से माता का भी कथन होने से द्विवचन की प्रतीति हो रही है। अतः द्विवचन में 'पितरौ' बन जाता है।
अतः विकल्प A सही है।
स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमीव्याख्या भाग-4) पेज-239

70. 'नक्तन्दिवम्' में समास होगा-
(A) कर्मधारय (B) अव्ययीभाव
(C) द्वन्द्व (D) तत्पुरुष

व्याख्या-

	समास	सामासिक पद	लौकिक विग्रह
(A)	कर्मधारय	किंसखा	कुत्सितः सखा
(B)	अव्ययीभाव	अनुविष्णु	विष्णोः पश्चात्
(C)	द्वन्द्व	नक्तन्दिवम्	नक्तं च दिवं च तयोः समाहारः
(D)	तत्पुरुष	धनार्चिताः	धनैः अर्चिताः

अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- किरातार्जुनीयम्- रामसेवक दुबे, पेज-66

71. 'नीलोत्पलम्' शब्द में समास है-
(A) द्वन्द्व (B) अव्ययीभाव
(C) कर्मधारय (D) बहुव्रीहि

व्याख्या-

	समास	उदाहरण	समास-विग्रह
(A)	द्वन्द्व	धवखदिरौ	धवश्च खदिरश्च
		त्वक्स्रजम्	त्वक् च स्रक् च अनयोः समाहारः
		छत्रोपानहम्छत्रं	चोपानच्चानयोः समाहारः
(B)	अव्ययीभाव	अधिहरि	हरौ इति
		अध्यात्मम्	आत्मनि इति
		सचक्रम्	चक्रेण युगपत्
		ससखि	सख्या सदृशः
(C)	कर्मधारय	नीलोत्पलम्	नीलम् उत्पलम्
		रक्तोपलम्	रक्तञ्च तदुत्पलम्
(D)	बहुव्रीहि	द्विमूर्धः	द्वौ मूर्धानौ यस्य सः
		त्रिमूर्धः	त्रयो मूर्धानो यस्य सः
		सुपात्	शोभनौ पादौ यस्य सः

अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका-बाबूराम सक्सेना, पेज-249

72. 'मित्रावरुणौ' में समास होता है-
(A) 'इद्वृद्धौ' सूत्र से
(B) 'इदग्नेः सोमवरुणयोः' सूत्र से
(C) 'अग्नेः स्तुत्स्तोमसोमाः' सूत्र से
(D) 'देवता द्वन्द्वे च' सूत्र से

व्याख्या-
(A) **इद् वृद्धौ (6.3.27)-** वृद्धि आदेश युक्त उत्तर पद के परे रहते देवताद्वन्द्व समास में अग्नि शब्द को इकारादेश होता है। जैसे- अग्निवारुणीम्, अग्निमारुतम्।
(B) **ईदग्नेः सोमवरुणयोः (6.3.26)-** देवतावाची द्वन्द्व समास में सोम तथा वरुण शब्द उत्तरपद परे रहते अग्नि शब्द को ईकारादेश होता है। जैसे- अग्निषोमौ।
(C) **अग्नेः स्तुत्स्तोमसोमाः (8.3.82)-** संहिता के विषय में अग्नि शब्द से उत्तर स्तुत्, स्तोम तथा सोम शब्दों से सकार को मूर्धन्य होता है। जैसे- अग्नीषोमौ।
(D) **देवता द्वन्द्वे च (6.3.25)-** देवतावाची शब्दों के द्वन्द्व समास में उत्तरपद रहते पूर्वपद को आनङ् आदेश होता है। जैसे- 1.मित्रावरुणौ 2.इन्द्रावरुणौ 3.इन्द्रासोमौ
अतः विकल्प D सही है।
स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य (भाग-2), पेज-833

73. 'अनुर्लक्षणे' सूत्र विधायक है-
(A) कर्मप्रवचनीय संज्ञा का
(B) उपसर्गसंज्ञा का
(C) गतिसंज्ञा का
(D) निपातसंज्ञा का

व्याख्या-
(A) **अनुर्लक्षणे (1/4/84)-** लक्षण विशेष हेतु द्योतित होने पर 'अनु' शब्द की कर्मप्रवचनीय संज्ञा होती।
उदाहरण- पर्जन्यो जपम् अनु प्रावर्षत्।
अतः विकल्प A सही है।
(B) **उपसर्गाः क्रियायोगे (1/4/59)-** क्रिया के योग में प्र आदि उपसर्ग संज्ञक होते हैं।
(C) **गतिश्च (1.4.59)-** क्रिया के योग मे 'प्र' आदि भी गतिसंज्ञा और उपसर्गसंज्ञा भी होती है।
(D) **प्रादयः (1.4.58)-** द्रव्य अर्थ न होने पर प्र आदि भी निपातसंज्ञक होते हैं।
स्रोत-सिद्धान्तकौमुदी (कारक-प्रकरण)-राममुनि पाण्डेय,पेज-32

74. 'ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति' में 'तृण' शब्दगत द्वितीया विभक्ति होती है-
(A) 'कर्मणि द्वितीया' से
(B) 'अकथितं च' से
(C) 'तथायुक्तं चानीप्सितम्' से
(D) 'अभिनिविशश्च' से

व्याख्या-
(A) **कर्मणि द्वितीया (2.3.2)-** अनुक्त कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे- भक्तः हरिं भजति। भक्त हरि को भजता है।
(B) **अकथितं च (1.4.51)-** अपादानादि कारक विशेष के अविवक्षित होते हैं। वहाँ कर्मकारक संज्ञा होती है।
(C) **तथायुक्तं चानीप्सितम् (1.4.50)-** जिसप्रकार कर्ता का ईप्सिततम पदार्थ क्रिया के साथ युक्त होती है उसी प्रकार कर्ता द्वारा न चाहा जाने वाला पदार्थ भी क्रिया के साथ युक्त हो, तो उसकी भी कर्मसंज्ञा होती है।
जैसे- ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति । वह गाँव जाते हुए तिनके को स्पर्श करता है। इस वाक्य में 'ग्राम' शब्द की 'कर्तुरीप्सितमं कर्म' से कर्म संज्ञा तथा अनीप्सित कर्म 'तृण' शब्द की 'तथायुक्तं चानीप्सितं' से कर्मसंज्ञा तथा 'कर्मणि द्वितीया' से द्वितीया विभक्ति हुई है।
अतः विकल्प C सही है।
(D) **अभिनिविशश्च (1.4.47)-** यदि विश् धातु के पूर्व अभि और नि ये दोनों उपसर्ग क्रमशः लगे हों तो क्रिया के आधार की कर्मसंज्ञा होती है।
जैसे- अभिनिविशते सन्मार्गम्।
स्रोत- अष्टाध्यायी (1/4/50)- ईश्वरचन्द्र, पेज-128

75. अपादान कारक में विभक्ति होती है-
(A) चतुर्थी (B) पञ्चमी
(C) तृतीया (D) सप्तमी

व्याख्या-
(A) **चतुर्थी-** चतुर्थी सम्प्रदाने (2.3.13) अनभिहित सम्प्रदान कारक में चतुर्थी विभक्ति होती है। विप्राय गां ददाति। विप्र (ब्राह्मण) को गाय देता है।
(B) **पञ्चमी-** अपादाने पञ्चमी (2.3.28) अनभिहित अपादान में पञ्चमी विभक्ति होती है। ग्रामादायाति। गाँव से आता है।
(C) **तृतीया-** कर्तृकरणयोस्तृतीया (2.3.18) अनुक्त कर्त्ता तथा करण कारक में तृतीया विभक्ति होती है। रामेण बाणेन हतो वाली। राम के द्वारा बाण से बाली मारा गया।
(D) **सप्तमी** सप्तम्यधिकरणे च (2.3.36) अधिकरणकारक में सप्तमी विभक्ति होती है। कटे आस्ते। वह चटाई पर बैठता है। **अतः विकल्प B सही है।**
स्रोत- अष्टाध्यायी (2/3/28)- ईश्वरचन्द्र, पेज-203

76. 'क्रोशेन अनुवाकोऽधीतः' में तृतीया विभक्ति का प्रयोग किया गया है-
(A) 'सहयुक्तेऽप्रधाने' सूत्र से
(B) 'इत्थम्भूतलक्षणे' सूत्र से
(C) 'प्रकृत्यादिभ्य उपसंख्यानम्' सूत्र से
(D) 'अपवर्गे तृतीया' सूत्र से

व्याख्या-
(A) **सहयुक्तेऽप्रधाने (2.3.19)-** सह के अर्थवाची शब्दों के योग में अप्रधान में तृतीया विभक्ति होती है।
उदाहरण- पुत्रेण सह आगतः पिता, (पुत्र के साथ पिता आये) उपर्युक्त उदाहरण में पिता का आगमन क्रिया के साथ सीधा सम्बन्ध है वही प्रधान है। अतः पुत्र अप्रधान हुआ इसलिए पुत्र में तृतीया विभक्ति का प्रयोग है।
(B) **इत्थम्भूतलक्षणे (22.3.21)-** किसी प्रकार विशेष (धर्म-विशेष) को प्राप्त हुए व्यक्ति अथवा वस्तु के लक्षण (ज्ञापक चिन्ह) से तृतीया विभक्ति होती है।

उदाहरण- जटाभिस्तापसः (जटाओं से तपस्वी प्रतीत होता है) इस उदाहरण में इत्थम्भूत 'तपस्विता' का लक्षण 'जटा' है अर्थात् जटा से तापस लक्षित किया जा रहा है अतः प्रकृत सूत्र से तृतीया विभक्ति हुई।

(C) **प्रकृत्यादिभ्य उपसंख्यानम्-** प्रकृति आदि शब्दों से तृतीया विभक्ति होती है।
उदाहरण- प्रकृत्या चारु (स्वभाव से सुन्दर) इस उदाहरण में सम्बन्ध अर्थ में तृतीया हुई है।

(D) **अपवर्गे तृतीया (2.3.6)-** अपवर्ग का अर्थ है क्रिया की समाप्ति होने पर फल की प्राप्ति। अपवर्ग द्योतित होने पर काल और मार्गवाची शब्दों से अत्यन्त संयोग गम्यमान होने पर तृतीया विभक्ति होती है।
क्रोशेन अनुवाकोऽधीतः - कोश भर में अनुवाक याद कर डाला। यहाँ अध्ययन क्रिया कोस तक लगातार चलती रही अनुवाक समाप्त हो गया तथा अध्ययन का फल स्मरण करना भी प्राप्त हो गया अतः तृतीया विभक्ति का विधान हुआ।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- डा. राममुनि पाण्डेय- कारक प्रकरण, पेज-60

77. 'कृ + ण्वुल्' प्रत्यय के संयोग से शब्द बनता है-
(A) कारकः **(B) कर्त्ता**
(C) कृण्वुल् **(D) कृतिः**

व्याख्या-

कृ धातु से 'ण्वुल्तृचौ' सूत्र से ण्वुल् प्रत्यय = कृ +ण्वुल्, ण्वुल् प्रत्यय का अनुबन्ध लोप - कृ+वु
वु के स्थान पर 'युवोरनाकौ' सूत्र से अक आदेश-कृ+अक। अक की 'आर्धधातुकं शेषः' से आर्धधातुक सञ्ज्ञा परन्तु इसका कोई फल नहीं है, ण्वुल् प्रत्यय णित् है। स्थानिवद्-भाव से णित्व अक् में भी आ गया अतः 'अचोञ्णिति' से कृ को 'उरण रपरः' की सहायता से आर् वृद्धि होकर- 'क् + आर् + अक = कारक' रूप बना- पुनः कारक की प्रातिपदिक सञ्ज्ञा आदि कार्य होकर कारकः रूप सिद्ध हुआ।

अतः विकल्प A सही है।

कृ धातु से 'ण्वुल्तृचौ' सूत्र से तृच् प्रत्यय = कृ + तृच् तृच् के चकार की इत्सञ्ज्ञा तथा लोप = कृ + तृ
तृ की आर्धधातुकसञ्ज्ञा और कृ का सार्वधातुकार्धधातुकयोः से अर् गुण हुआ- कृ+अर्+तृ =कर्तृ
कर्तृ की प्रातिपदिक सञ्ज्ञा तथा सु विभक्ति, ऋकारान्त की तरह ऋकार के स्थान पर 'ऋदुशनस्पुरुदंसोऽनेहसाञ्च' से अनङ् आदेश अनुबन्ध लोप, कर्तृ+अन् +स्। वर्णसम्मेलन होकर कर्तन् स् बना।
त के अकार की 'अलोऽन्त्यात्पूर्व उपधा' से उपधा सञ्ज्ञा करके 'अप्तृन्तृच्स्वसृनप्तृनेष्टृत्वष्टृक्षतृहोतृपोतृप्रशास्तॄणाम्' से दीर्घ- कर्तान् स् बना 'अपृक्तएकाल्प्रत्ययः' से सकार की अपृक्तसञ्ज्ञा करके लोप आदि कार्य कर्तान् बना, नकार का 'नलोपः प्रातिपदिकान्तस्य' से लोप हुआ तो कर्त्ता रूप सिद्ध हुआ
कृ+क्तिन् =कृ+ति=कृतिः
कृति की प्रातिपदिक सञ्ज्ञा सु विभक्ति आदि कार्य तथा लोप होकर 'कृतिः' रूप बना।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी(भैमीव्याख्या भाग-3),पेज-36-37

78. 'पृष्टवान्' शब्द में प्रकृति तथा प्रत्यय है-
(A) प्रच्छ् + क्तवतु **(B) प्रष्ट् + वान्**
(C) प्रच्छ + क्त **(D) प्रच्छ्+मतुप्**

व्याख्या-
प्रच्छ् धातु से 'क्तक्तवतू निष्ठा' (1.1.26) सूत्र से क्तवतु प्रत्यय प्रच्छ् + क्तवतु - क्तवतु का अनुबन्ध लोप तवत् शेष बचा।
'ग्रहि-ज्या-वयि-व्यधि-वष्टि-विचति-वृश्चति-पृच्छति-भृज्जतीनां ङिति च' सूत्र से प्रच्छ् का पृच्छ् आदेश पृच्छ् + क्तवतु क्तवतु का अनुबन्ध लोप आदि कार्य होकर पृष्टवत् बना प्रथमा एकवचन में 'पृष्टवान्' रूप बनेगा

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी(भैमीव्याख्या भाग-3), पेज-107

79. दा + यत् प्रत्यय के संयोग से शब्द निर्मित होगा-
(A) दायः **(B) देयम्**
(C) दानम् **(D) दत्त्वा**

व्याख्या-

(A) **ददातिदधात्योर्विभाषा (3.1.139) -** उपसर्ग रहित दा व धा धातुओं के विकल्प से 'श' प्रत्यय होता है- जैसे- दधः, दायः।

(B) **अचो यत् (3.1.97)** अच् प्रत्याहार के वर्ण आदि में हों ऐसे धातुओं से यत् प्रत्यय होता है।

ईद्यति (6.4.65) यत् प्रत्यय के परे होने पर धातु के अन्त मे विद्यमान आकार के स्थान पर ईकार आदेश होता है। जैसे- दा+यत् = देयम्।

अतः विकल्प B सही है।

(C) **कृत्यल्युटो बहुलम् (3.3.113)** कृत्यसंज्ञक प्रत्यय और ल्युट् प्रत्यय बहुल से होते हैं।
दा + ल्युट् = दानम्

(D) **समानकर्तृकयोः पूर्वकाले (3.4.21)** यदि दो धातुओं के अर्थों का कर्ता एक ही हो और किसी धातु का अर्थ पूर्वकाल में स्थित हो तो उस पूर्वकाल में स्थित धातु से क्त्वा प्रत्यय होता है।
जैसे- दा + क्त्वा = दत्त्वा

स्रोत- संस्कृतव्याकरण प्रवेशिका- बाबूराम सक्सेना, पेज-476

80. 'एधनीयम्' पद में प्रत्यय है-
(A) ईय **(B) अनीयर्**
(C) तव्यत् **(D) ढक्**

व्याख्या-
'आयनेयीनीयियः फढखछघां प्रत्ययादीनाम्' (7.1.2) प्रत्यय के आदि में जो फ् , ढ् , ख् , छ् तथा घ् इन्हें यथासंख्य करके आयन् , एय् , ईन् , ईय् तथा इय् आदेश होते हैं। उदाहरण- मालीयः, अर्जुनीयः आदि।

- **तव्यत्तव्यानीयरः (3.1.96)-** धातु से तव्यत् , तव्य तथा अनीयर् प्रत्यय होते हैं-
उदाहरण - एध्+ अनीयर् = एधनीयम्
शी + अनीयर् = शयनीयम्।
गम् + तव्यत् = गन्तव्यः
पठ् + तव्यत् = पठितव्यः
अतः विकल्प B सही है।

- **स्त्रीभ्यो ढक् (4.1.120)-** अपत्य अर्थ में स्त्रीप्रत्ययान्त प्रातिपदिक से ढक् प्रत्यय होता है।
उदाहरण- वैनतेयः, द्रौपदेयः, सारमेयः आदि।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी (भैमीव्याख्या भाग-3), पेज-27

81. 'कृ' धातु से स्त्रीलिंग में शतृ प्रत्यय लगाने पर रूप बनेगा-
(A) कुर्वनी **(B) कुर्वन्ती**
(C) कुर्वती **(D) कुर्वन्ता**

व्याख्या-
'लटः शतृशानचावप्रथमासमानाधिकरणे' (3.2.124) अप्रथमान्त अर्थात् द्वितीयान्त आदि पदों के साथ यदि लट् के समानाधिकरण हो तो लट् के स्थान पर शतृ और शानच् प्रत्यय होते हैं।
परस्मैपदी धातुओं में शतृ तथा आत्मनेपदी धातुओं में शानच् प्रत्यय आदेश होता है।
कृ + शतृ = कुर्वती। पठ् + शतृ = पठन्, पठन्ती,पठत्
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- (भैमीव्याख्या भाग-3), पेज-132

82. 'शुष् + क्त' प्रत्यय के योग से शब्द बनेगा-
(A) शुष्कः **(B) शुष्थ**
(C) शुष्तः **(D) शुष्वः**

व्याख्या-
शुषः कः = (8.2.51)
'शुष्' धातु से उत्तर निष्ठा के तकार को ककार होता है। ककार मे अकार उच्चारणार्थ है।
शुष् + क्त
शुष् + क
शुष् + क सु = शुष्कः
पच् + क्त = पक्वः
अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी- (भैमीव्याख्या, भाग-3) पेज-112

83. वह् धातु से तुमुन् प्रत्यय लगने पर रूप होगा-
(A) बहितुम् **(B) बहेतुम्**
(C) वोष्तुि **(D) वोढुम्**

व्याख्या-
'तुमन्ण्वुलौ क्रियायां क्रियार्थायाम्' (3.3.10)
क्रियार्था क्रिया के उपपद रहते भविष्यत् में धातु से 'तुमुन्'और 'ण्वुल्' प्रत्यय होते हैं।
वह् धातु से तुमुन् प्रत्यय अनुबन्ध लोप आदि कार्य होकर 'वोढुम्' रूप बनेगा।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-206

84. अधोलिखित शब्दों तथा उनके प्रत्ययों के साथ सुमेलित कीजिए-

(अ) शिक्षकः	**(i) शानच्**
(ब) अजा	**(ii) वुन्**
(स) बुद्धिमान्	**(iii) टाप्**
(द) याचमानः	**(iv) मतुप्**

	अ	ब	स	द
(A)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(B)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(C)	(iv)	(ii)	(iii)	(i)
(D)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)

व्याख्या- प्रत्ययों का सुमेलित क्रम-

अ	शिक्षकः	(i)	वुन् (क्रमादिभ्योवुन्)
ब	अजा	(ii)	टाप् (अजाद्यतष्टाप्)
स	बुद्धिमान्	(iii)	मतुप्
द	याचमानः	(iv)	शानच्

नोट- उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प D का क्रम सुमेलित है
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी भैमी व्याख्या, पेज-5/90,6/4, 3/137,5/1110

85. 'कुन्ती' शब्द से 'कौन्तेय' पद बनता है, अधोलिखित सूत्र से-
(A) 'तस्यापत्यम्' सूत्र से
(B) 'स्त्रीभ्यो ढक्' सूत्र से
(C) 'अत इञ्' सूत्र से
(D) 'लुक् स्त्रियाम्' सूत्र से

व्याख्या-

(A) **तस्यापत्यम् (4.1.92)-** षष्ठ्यन्त कृत सन्धिकार्य समर्थ प्रातिपदिक से अपत्य अर्थ में इस सूत्र से पहले कहे गये प्रत्यय और आगे आने वाले प्रत्यय होते हैं।

(B) **स्त्रीभ्यो ढक् (4.1.120)** अपत्य अर्थ में स्त्रीप्रत्ययान्त शब्दों से ढक् प्रत्यय होता है। जैसे- कुन्ती + ढक् (एय) = कौन्तेयः।
अतः विकल्प B सही है।

(C) **अत इञ् (4.1.94)** अपत्य अर्थ में ह्रस्व अकारान्त षष्ठ्यन्त समर्थ प्रातिपदिक से इञ् प्रत्यय होता है।
जैसे- दक्षस्य अपत्यं पुमान् दक्ष + इञ् = दाक्षिः
दशरथस्य अपत्यं पुमान् = दशरथ +इञ् = दाशरथिः।

(D) **लुक् स्त्रियाम् (4.1.109)** आङ्गिरस गोत्र वाच्य होने पर विधीयमान यञ् प्रत्यय का लुक् होता है स्त्री अभिधेय हो तो।
जैसे- वतण्ड + ई = वातण्डी।

स्रोत- अष्टाध्यायी (4/1/120)- ईश्वरचन्द्र, पेज-456

86. 'अद्' धातु से लिट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन में रूप बनता है-
(A) अत्तः **(B) आदत्**
(C) जघास **(D) अत्ता**

व्याख्या-
अद् भक्षणे (अदादिगण), अनिट् , सकर्मक,परस्मैपद

(A)	**लट् लकार**	
अत्ति	अत्तः	अदन्ति
अत्सि	अत्थः	अत्थ
अद्मि	अद्वः	अद्मः
(B)	**लङ् लकार**	
आदत्	आत्ताम्	आदन्
आदः	आत्तम्	आत्त
आदम्	आद्व	आद्म
(C)	**लिट् लकार**	
जघास	जक्षतुः	जक्षुः
जघसिथ	जक्षथुः	जक्ष
जघास/जघस	जक्षिव	जक्षिम
	अथवा	
आद	आदतुः	आदुः
आदिथ	आदुथुः	आद
आद	आदिव	आदिम
(D)	**लुट् लकार**	
अत्ता	अत्तारौ	अत्तारः
अत्तासि	अत्तास्थः	अत्तास्थ
अत्तास्मि	अत्तास्वः	अत्तास्मः

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- रूपचन्द्रिका- ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पेज-246

87. 'हु' धातु से लोट्लकार प्रथम पुरुष एकवचन में रूप बनता है-
(A) हेर्धि (B) जुहाव
(C) हूयात् (D) जुहोतु

व्याख्या-
हु धातु, जुहोत्यादिगण, सकर्मक, अनिट् , परस्मैपद

➢ **लिट् लकार- उत्तम पुरुष एकवचन-**
जुहाव,जुहव जुहुविव जुहुमिम

➢ **आशीर्लिङ् लकार- प्रथम पुरुष एकवचन-**
हूयात् हूयास्ताम् हूयासुः

➢ **लोट्लकार- प्रथम पुरुष एकवचन-**
जुहोतु, जुहुतात् जुहुताम् जुह्वतु

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- रूपचन्द्रिका- ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पेज-298

88. 'क्री' धातु से लट्लकार प्रथम पुरुष एकवचन में रूप बनता है-
(A) क्रेष्यति (B) क्रीणाति
(C) क्रेषोष्ट (D) क्रीणीतः

व्याख्या-
डुक्रीञ् धातु, अनिट् , सकर्मक, उभयपदी

लट् लकार			
	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.पु.	क्रीणाति	क्रीणीतः	क्रीणन्ति
म.पु.	क्रीणासि	क्रीणीथः	क्रीणीथ
उ.पु.	क्रीणामि	क्रीणीवः	क्रीणीमः
लृट् लकार			
प्र.पु.	क्रेष्यति	क्रेष्यतः	क्रेष्यन्ति
म.पु.	क्रेष्यसि	क्रेष्यथः	क्रेष्यथ
उ.पु.	क्रेष्यामि	क्रेष्यावः	क्रेष्यामः

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- रूपचन्द्रिका- ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पेज-531

89. 'बभूव' रूप बनता है-
(A) 'भू' धातु लोट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन में
(B) 'भू' धातु लिट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन में
(C) 'भू' धातु लङ्लकार मध्यमपुरुष द्विवचन में
(D) 'भू' धातु लुङ्लकार प्रथमपुरुष एकवचन में।

व्याख्या-
भू धातु, अकर्मक, अनिट्, परस्मैपद भ्वादिगण

लिट्लकार			
	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.पु.	बभूव	बभूवतुः	बभूवुः
म.पु.	बभूविथ	बभूवथुः	बभूव
उ.पु.	बभूव	बभूविव	बभूविम
लुङ् लकार- प्रथम पुरुष एकवचन			
प्र.पु.	अभूत्	अभूताम्	अभूवन्
म.पु.	अभूः	अभूतम्	अभूत
उ.पु.	अभूवम्	अभूव	अभूम

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-145

90. 'पुष्पा स्वलेखन्या पत्रं लिखति' वाक्य का वाच्य परिवर्तन होगा-
(A) पुष्पा स्वलेखनीं पत्रं लिखति।
(B) पुष्पया स्वलेखन्या पत्रं लिख्यते।
(C) पुष्पया स्वलेखन्या पत्रेण लिख्यते।
(D) पत्रेण पुष्पा स्वलेखन्या लिख्यते।

व्याख्या-
कर्तृवाच्य से कर्मवाच्य में परिवर्तन करते समय क्रिया कर्म का अनुगमन करती है अर्थात् क्रिया के द्वारा कर्म उक्त होता है और उक्त कर्म में प्रथमा विभक्ति होती है।
'कर्तृकरणयोस्तृतीया' (2.3.18) से अनुक्त कर्त्ता तथा करण में तृतीया विभक्ति होती है।
कर्तृवाच्य- पुष्पा स्वलेखन्या पत्रं लिखति। (पुष्पा अपनी लेखनी से पत्र लिखती है।)
कर्मवाच्य- पुष्पया स्वलेखन्या पत्रं लिख्यते।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-117

91. 'आभा पुष्पं जिघ्रति' का हिन्दी अनुवाद होगा-
(A) आभा फूल खाती है।
(B) आभा फूल से नफरत (ईर्ष्या) करती है।
(C) आभा पुष्प पसन्द करती है।
(D) आभा फूल सूँघती है।

व्याख्या-

आभा पुष्पं जिघ्रति।

इस वाक्य का हिन्दी अनुवाद होगा - आभा फूल सूँघती है।

वाक्य में क्रिया 'जिघ्रति' का अर्थ सूँघना है।

घ्रा धातु लट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन।

अन्य वाक्यों का अनुवाद-

- आभा पुष्पं अत्ति।
- आभा पुष्पाय ईर्ष्यति।
- आभा पुष्पाय स्पृहयति।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-151

92. अशुद्ध वाक्य बतलाइये-
(A) रमेशः पठितवान्
(B) राधा अहं च पठावः
(C) रामश्च अहं च त्वं च पठसि
(D) मीना नृत्यं चकार

व्याख्या-

(C) **रामश्च अहं च त्वं च पठसि।**

प्रथम पुरुष + मध्यम पुरुष = क्रिया मध्यम पुरुष की होगी वचन कर्ता की सामूहिक संख्या के अनुसार।

वह और तुम पढ़ते हो।

- सः त्वं च पठथः।
- तौ त्वं च लिखथ।
- सः यूयं च गच्छथ।

अर्थात् प्रथम पुरुष और मध्यम पुरुष में मध्यम पुरुष ही शेष रहेगा। **अतः विकल्प C सही है।**

नोट- रमेशः पठितवान्। राधा अहं च पठावः। मीना नृत्यंचकार आदि वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है। वाक्य में प्रथम पुरुष मध्यम पुरुष और उत्तम पुरुष का कर्त्ता एक साथ आयें तो क्रिया उत्तमपुरुष के लिङ्ग वचन के अनुसार होगी। जैसे- रामश्च अहं च त्वं च पठामः। इसलिए व्याकरण की दृष्टि से 'रामश्च अहं च त्वं च पठसि' यह वाक्य अशुद्ध है। **इसलिए विकल्प C सही है।**

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-102

93. कौन सा शब्द संस्कृत में अशुद्ध है-
(A) मयंक (B) शशाङ्क
(C) कलङ्क (D) भुजङ्ग

व्याख्या-

(A) मयंक शब्द का अर्थ 'चन्द्रमा' है। पाणिनि की दृष्टि में यह अव्युत्पन्न शब्द है। इसलिए इस शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत शब्दकोशों में नहीं प्राप्त होती है। अतः यह शब्द संस्कृत की दृष्टि से अशुद्ध है।

(B) शश् + अच् + अङ्क = 'शशाङ्कः' जिसका अर्थ है 'चन्द्रमा'

(C) कल् + क्विप् = 'कलङ्कः' जिसका अर्थ- धब्बा, चिन्ह, काला धब्बा।

(D) भुजः सन् गच्छति गम् + खच् मुम् डिच्च = 'भुजङ्गः' जिसका अर्थ है 'साँप'

जैसे - भुजङ्गमपि कोपितं शिरसि पुष्पवद्धारयेत्। (भर्तृहरि-नीतिशतकम्)

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत- (संस्कृत - हिन्दी शब्दकोश -वामन शिवराम आप्टे)

94. कौन सा वाक्य अशुद्ध है-
(A) राधा कृष्णेन सह वनं जगाम
(B) सुधा रामायणं पठितवती
(C) पिता पुत्रं प्रश्नं पृच्छति
(D) शोभा मोहनेन जलं याचयामास

व्याख्या-

(A) **राधा कृष्णेन सह वनं जगाम-** 'कृष्ण के साथ राधा वन गई, प्रस्तुत उदाहरण में सहयुक्तेऽप्रधाने (2.3.19) सूत्र से सह के योग में अप्रधान में तृतीया विभक्ति हुई है।

(B) **सुधा रामायणं पठितवती-** सुधा रामायण पढ़ चुकी। इस उदाहरण में 'क्तवतु' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है जो भूतकाल का द्योतक है क्तवतु प्रत्यय में स्त्रीलिङ्ग का ङीप् प्रत्यय लगाकर पठितवती प्रयोग बना।

(C) **पिता पुत्रं प्रश्नं पृच्छति-** पिता पुत्र से प्रश्न पूछता है इस उदाहरण में अकथितं च (1.4.51) सूत्र से कर्मसञ्ज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति का विधान हुआ।

(D) **शोभा मोहनेन जलं याचयामास-** यह वाक्य संस्कृत की दृष्टि से अशुद्ध है इसका शुद्ध वाक्य होगा-

'शोभा मोहनात् जलं याचयामास' अर्थात् शोभा मोहन से जल माँगती है-

अपादान की अविवक्षा में 'अकथितं च' से कर्मसञ्ज्ञा होकर 'शोभा मोहनं जलं याचयामास' भी प्रयोग बनेगा।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- अष्टाध्यायी(1.4.24)-

95. भाषा की कौन सी प्रकृति सत्य नहीं है-
(A) भाषा प्रतीकों की एक व्यवस्था है।
(B) जिन प्रतीकों से भाषा का निर्माण होता है उन्हे वाक् प्रतीक कहते हैं।
(C) प्रत्येक समुदाय में भाषा एक होती है।
(D) भाषा सम्बन्धी प्रतीक यादृच्छिक होते हैं।

व्याख्या-
भाषा प्रतीकों की एक व्यवस्था है।
जिन प्रतीकों से भाषा का निर्माण होता है उसे वाक् - प्रतीक कहते हैं।
भाषा सम्बन्धी प्रतीक यादृच्छिक होते हैं।
प्रत्येक समुदाय में एक भाषा नहीं अपितु अनेक भाषाएँ हो सकती हैं क्योंकि किसी व्यक्ति के भाषा प्रयोग के आधार पर उस व्यक्ति के सामाजिक स्तर तथा व्यक्तित्व के विषय में काफी कुछ सुनने वाले को भाषा से पता चल जाता है।
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- भाषाविज्ञान- डॉ. भोलानाथ तिवारी, पेज-5

96. आभ्यन्तर परिवर्तन के द्वारा एक दूसरे से सम्बद्ध ध्वनियों तथा रूपिमों के मध्य के प्रत्यावर्तन के अध्ययन को कहते हैं-
(A) रूपध्वनिम विज्ञान (B) ध्वनि विज्ञान
(C) शब्द विज्ञान (D) वाक्य विज्ञान

व्याख्या-
(A) रूपध्वनिम विज्ञान- रूपस्वनिम-विज्ञान या रूप-ध्वनिग्राम-विज्ञान रूपविज्ञान की ही एक शाखा है। इसको अंग्रेजी में मार्फोफोनीमिक्स कहते हैं इसका अर्थ है- मार्फो- रूपसम्बन्धी फोनीमिक्स - ध्वनिविकार। इस प्रकार मार्फोफोनीमिक्स का अर्थ होता- दो रूपों या दो शब्दों के मिलने से होने वाले परिवर्तनों का अध्ययन। यह
रूपविज्ञान का ही एक अंग है।
अतः विकल्प A सही है।
(B) ध्वनि विज्ञान- ध्वनिविज्ञान भाषाशास्त्र का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण अंग है इसके लिए अंग्रेजी में फोनोलॉजी और फोनेटिक्स दो शब्द प्रचलित हैं। दोनों शब्दों का सम्बन्ध ग्रीकफोन शब्द से है। फोन का अर्थ है ध्वनि। यह शब्द संस्कृत भण् धातु का ही परिवर्तित रूप है।
(C) शब्द विज्ञान- शब्द का विज्ञान है. इसमें शब्द और उसके सम्बद्ध उन सारे अध्ययनों को रखा जा सकता है जो भाषा विज्ञान की पारस्परिक शाखाओं-ध्वनि विज्ञान रूपविज्ञान तथा अर्थविज्ञान में नहीं रखे जा सकते।
(D) वाक्यविज्ञान- भाषा में प्रयुक्त विभिन्न पदों के परस्पर सम्बन्ध का विचार किया जाता है। इसमें वाक्य का स्वरूप, वाक्य की परिभाषा, वाक्य की रचना, वाक्य के अनिवार्य तत्त्व, वाक्य में पदों का विन्यास आदि विषय समावेश होता है।
स्रोत-भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-286

97. भाषाविज्ञान के अनुसार व्यंजनों के मूल चार प्रकारों में कौन सा प्रकार नहीं आता है-
(A) स्पर्शी (B) संघर्षी
(C) निःश्वासी (D) कम्पनयुक्त

व्याख्या-
(A) **स्पर्शी-** स्पर्श उन ध्वनियों को कहते हैं, जिन ध्वनियों के उच्चारण में अन्दर से आने वाली वायु मुख-विवर में किसी स्थान विशेष पर पूर्णतया अवरुद्ध होकर बाहर निकलती है जैसे- क् च् ट् त् प्।
(B) **संघर्षी या ऊष्म व्यंजन-** संघर्षी उन व्यञ्जनों को कहते हैं जिनके उच्चारण में मुख-विचार का कोई स्थान विशेष इस प्रकार संकुचित हो जाता है कि उसमें एक पतली दरार या नाली के आकार की शेष रहती है। जिससे अन्दर से आने वाली वायु रगड़कर निकलती है जैसे- स, श,ज, आदि।
(C) **निःश्वासी-** जब स्वरतंत्रियाँ श्वास लेते समय की तुलना में कुछ निकट होती है। स्वरतंत्रियों का मुख कुछ कम चौड़ा हो जाता है। निःश्वासी स्वर का भेद है जबकि 1.स्पर्श 2.संघर्षी 3.नासिक्य 4.पार्श्विक 5. लुंठित या कंपित व्यञ्जन के भेद हैं स्वर के नहीं।
अतः विकल्प C सही है।
(D) **लुण्ठित या कम्पनयुक्त-** उन ध्वनियों को कहते हैं जिनके उच्चारण में अन्दर से आने वाली वायु जिह्वा में शीघ्रता से होने वाला कम्पन्न उत्पन्न करे। जैसे- र
व्याख्या से स्पष्ट है कि स्पर्शी, संघर्षी, कम्पन्नयुक्त ये चार व्यञ्जनों के भेद के अन्तर्गत आते हैं जबकि निःश्वासी इसके अन्तर्गत नहीं आता है।
स्रोत–भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-168

98. भाषाविज्ञान के अनुसार स्वर के उच्चारण से सम्बद्ध चार प्रकारों में कौन सा प्रकार नहीं है–
(A) पार्श्विक (B) नासिक्यरंजन
(C) प्रतिवेष्टन (D) तनन

व्याख्या–
प्रयत्न के आधार पर व्यञ्जनों को मुख्यतया पाँच भागों में बाँटा जाता है-
1. स्पर्श 2.संघर्षी या ऊष्म 3.पार्श्विक 4.लुंठित 5.नासिक्य
नासिक्यरंजन प्रतिवेष्टन एवं तनन ये सभी उच्चारण से सम्बद्ध स्वर के भेद हैं।
अतः विकल्प A सही है।
स्रोत– भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-168

99. भाषाविज्ञान के अन्तर्गत अध्ययन का क्षेत्र नहीं है–
(A) अर्थपरिवर्तन
(B) ध्वनिपरिवर्तन
(C) काव्य ध्वनिनिरूपण
(D) पदविज्ञान

व्याख्या-
प्रत्येक शब्द का एक अर्थ होता है किन्तु यह अर्थ हमेशा एक नहीं रहता उसमें परिवर्तन होता रहता है। जिस प्रकार ध्वनियों में परिवर्तन होता रहता है, उसीप्रकार प्रत्येक भाषा के शब्दों के अर्थों में भी परिवर्तन होता रहता है। उदाहरण-प्राचीनकाल में मन्दिर शब्द का प्रयोग प्रत्येक घर के लिए होता था परन्तु आजकल इसका प्रयोग देवालय के लिए होता है उसीप्रकार संस्कृत में 'मृग' का अर्थ था जंगली पशु परन्तु आज मृग का प्रयोग हिरण के लिए होता है।
भाषा का प्रमुखतत्त्व ध्वनि है। वक्ता इसका उच्चारण करता है और श्रोता इसे सुनता है। वक्ता की ध्वनि पर दो प्रकार का प्रभाव पड़ता है—
1.आभ्यन्तर 2.बाह्य। वक्ता और श्रोता से सम्बद्ध कारणों को आभ्यन्तर कारण कहते हैं। जैसे- प्रयत्नलाघव, मुखसुख, अज्ञान आदि। इसके अतिरिक्त अन्य कारणों को बाह्य कारण कहते हैं। ये कारण बाहर से ध्वनि को प्रभावित करते हैं जैसे- सामाजिक, राजनीतिक, भौगोलिक आदि। उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि अर्थपरिवर्तन, ध्वनिपरिवर्तन, पदविज्ञान ये तीनों भाषाविज्ञान के अन्तर्गत आते हैं जबकि काव्य ध्वनिनिरूपण काव्यशास्त्र के अन्तर्गत आता है।
अतः विकल्प C सही है।
स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-8

100. भाषाविज्ञान में अग्रस्वरों के उच्चारण में जिह्वा की चार कोटियों में कौन नहीं है–
(A) उच्च (B) उच्चमध्य
(C) निम्नमध्य (D) निम्नोच्च

व्याख्या–
ईषद्विवृत एँ,ओ तालु संवृत ई ऊ (ह्रस्व) जिह्वा की उच्चतम स्थिति आ विवृत जिह्वा की उच्चमध्य स्थिति ए,ओ, ईषत्संवृत जिह्वा की निम्नमध्य स्थिति।
जिह्वा की निम्नतम स्थिति।
नोट- भाषाविज्ञान में अग्रस्वरों के उच्चारण में जिह्वा की उच्चतम स्थिति, उच्चमध्य स्थिति, निम्नमध्य स्थिति तथा निम्नतम स्थिति आती है किन्तु निम्नोच्च स्थिति नहीं आती है।
अतः विकल्प D सही है।
स्रोत– भाषाविज्ञान-कर्णसिंह, पेज-154

101. सांख्य में तत्त्वों की संख्या है–
(A) पच्चीस (B) सात
(C) एकादश (D) सोलह

व्याख्या–
(A) 'ईश्वरकृष्ण' कृत 'सांख्यकारिका' में 25 तत्त्वों का विवेचन हुआ है-
'प्रकृतेर्महाँस्ततोऽहङ्कारस्तस्माद् गणश्च षोडशकः।
तस्मादपि षोडशकात् पञ्चभ्यः पञ्चभूतानि। (सा.का-22)
मूलप्रकृति से महान् अर्थात् महत् की, महत् से अहङ्कार की,अहङ्कार से सोलह पदार्थों का समूह उत्पन्न होता है। उसी सोलह के समूह में से पाँच तन्मात्रा से पाँच महाभूत उत्पन्न होते हैं।
- पुरुष का प्रकाश...... मूलप्रकृति-अहङ्कार-पञ्चतन्मात्रा+एकादश इन्द्रियाँ-पञ्चमहाभूत
- पञ्च तन्मात्रा हैं- शब्द,स्पर्श,रूप, रस, गन्ध।
- पञ्च महाभूत हैं- आकाश, वायु, तेज, जल, पृथिवी।
- पाँच ज्ञानेन्द्रिय हैं- श्रोत्र, नेत्र, घ्राण, त्वक् रसना।
- पाँच कर्मेन्द्रिय हैं- वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ।
- मन उभयात्मक इन्द्रिय है।

अतः विकल्प A सही है।
स्रोत- सांख्यकारिका (कारिका-3) राकेश शास्त्री, पेज-8

102. 'सांख्यदर्शन' कहा जाता है–
(A) अद्वैतवादी (B) द्वैताद्वैतवादी
(C) विशिष्टाद्वैतवादी (D) द्वैतवादी

व्याख्या–

दर्शन/प्रणेता	वाद/सिद्धान्त
(A) अद्वैतवेदान्त दर्शन/ शङ्कराचार्य	अद्वैतवाद
(B) द्वैतवेदान्तदर्शन/निम्बार्काचार्य	द्वैताद्वैत/भेदाभेदवाद
(C) विशिष्टाद्वैतवेदान्त/रामानुजाचार्य	विशिष्टाद्वैत
(D) सांख्यदर्शन/कपिल	द्वैतवाद

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत– भारतीयदर्शन-चन्द्रधर शर्मा,पेज-139

103. कौन सा कथन असत्य है–
(A) प्रकृति बद्ध होती है और मुक्त होती है।
(B) प्रकृति से सुकुमार कोई वस्तु नहीं है।
(C) प्रकृति ईश्वर है तथा पुरुष जीव है।
(D) ज्ञान से अपवर्ग की प्राप्ति होती है।

व्याख्या–
संसरति बध्यते मुच्यते च नानाश्रया प्रकृतिः।
(सां.का.-62)
अनेक आश्रयों वाली प्रकृति ही संसरण करती है, बँधती है और मुक्त होती है।
प्रकृतेः सुकुमारतरं न किंचिदस्तीति मे मतिर्भवति। (सां.का.-61)
प्रकृति से सुकुमार कोई वस्तु नहीं है।
........व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानात्। (सां.का.-2)
व्यक्त, अव्यक्त (प्रकृति) एवं ज्ञ (पुरुष) के ज्ञान से अपवर्ग की प्राप्ति होती है।
सांख्यकारिका में प्रकृति ईश्वर है तथा पुरुष जीव है इस प्रकार का विवेचन नहीं प्राप्त होता है।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- भारतीयदर्शन- सतीशचन्द्र चट्टोपाध्याय, पेज-276

104. सांख्यदर्शन में रजोगुण होता है–
(A) स्थिर
(B) उपष्टम्भक तथा चल
(C) अनुपष्टम्भक तथा अचल
(D) लघु तथा प्रकाशक

व्याख्या-
गुणों का विवेचन करते हुए सांख्यकारिका में ईश्वरकृष्ण कहते हैं-
सत्त्वं लघु प्रकाशकमिष्टमुपष्टम्भकं चलं च रजः।
गुरु वरणकमेव तमः प्रदीपवच्चार्थतो वृत्तिः।।(सां.का.-13)

1. सत्त्व- लघु, प्रकाशक
2. रजस्- प्रेरक,चञ्चल (उपष्टम्भक,चल)
3. तमस्- भारी, नियामक

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत– सांख्यतत्त्वकौमुदी प्रभा (का.-13)- आद्याप्रसाद मिश्र, पेज-186

105. सांख्यदर्शन में महदादि प्रकृति के विकार कहे गये हैं–
(A) द्वादश (B) त्रयोदश
(C) षोडश (D) एकविंशति

व्याख्या-
ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में पदार्थ का विवेचन करते हैं-
मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।

- षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः।। (सां.का.3) मूलप्रकृति किसी का विकार नही है, महद् आदि सात तत्त्व प्रकृति और विकृति दोनों हैं सोलह गणों का समुदाय केवल विकार है, पुरुष न प्रकृति है न विकृति।
- महद् आदि सात तत्त्व हैं— महत्, अहङ्कार, पञ्चतन्मात्रा।
- सोलह गणों का समुदाय है— पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पञ्चमहाभूत, मन

अतः विकल्प C सही है।

- पुरुष न ही प्रकृति है और न ही विकृति।
- मूलप्रकृति किसी की विकृति नहीं है।

स्रोत– सांख्यकारिका (का.-22)- राकेश शास्त्री, पेज-70

106. न्यायदर्शन के अनुसार कारण का लक्षण है–
(A) अन्यथासिद्ध नियतपूर्वभावित्व
(B) अनन्यथासिद्ध नियतपूर्वभावित्व
(C) अन्यथासिद्ध नियतपश्चाद्भावित्व
(D) अनन्यथासिद्ध नियतपश्चाद्भावित्व

व्याख्या–
आचार्य केशवमिश्र कारण का लक्षण करते हैं—
''अनन्यथासिद्धनियतपूर्वभावित्वं कारणत्वम्।''

अनन्यथासिद्ध का अर्थ है- जो अन्य प्रकार से उपयुक्त या चरितार्थ न हो । भाव यह है कि किसी कारण में कार्य के उत्पादन की कोई शक्ति होती है वह शक्ति जब किसी कार्य के प्रति उपयुक्त हो चुकती है तो वह कारण अन्य कार्य के प्रति अन्यथासिद्ध कहलाता है।

इसके विपरीत जो अन्यथासिद्ध नहीं होता वही अनन्यथासिद्ध कहलाता है जैसे- तन्तु पट का कारण है और वह तन्तु का नियतपूर्ववर्ती है तथा अनन्यथासिद्ध भी है अतः तन्तु पट का कारण है **अतः विकल्प B सही है।**

- कार्य का लक्षण- ''अनन्यथासिद्धनियतपश्चाद्भावित्वं कार्यत्वम्।'' अनन्यथासिद्ध का नियतपश्चात्भावी कार्य कहलाता है जैसे- तन्तु पट का कारण है किन्तु पट तन्तु का कार्य है।

कारण-कार्य में अन्तर सिर्फ इतना है कि कारण नियत पूर्वभावी होता है किन्तु कार्य नियतपश्चात्भावी होता है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-18

107. तर्कभाषा के रचयिता का नाम है–
(A) अक्षपादगौतम (B) वात्स्यायन
(C) वाचस्पति मिश्र (D) केशवमिश्र

व्याख्या–

ग्रन्थकार	ग्रन्थ	अनुमानित समय
(A) अक्षपादगौतम	न्यायदर्शन	
(B) वात्स्यायन	न्यायभाष्य	तीसरी शताब्दी
(C) वाचस्पति मिश्र	सांख्यतत्त्वकौमुदी	नवीं शताब्दी
(D) केशव मिश्र	तर्कभाषा	बारहवीं शताब्दी

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत– तर्कभाषा-केशवमिश्र,भू.पेज-28

108. यथार्थ अनुभव को न्याय की शब्दावली में कहा गया है–
(A) प्रमाण (B) स्मृति
(C) प्रमा (D) करण

व्याख्या–

आचार्य केशवमिश्र प्रमाण को परिभाषित करते हुए कहते हैं-

(A) प्रमाण- ''प्रमाकरणं प्रमाणम्''
प्रमा का करण प्रमाण कहलाता है।

(B) स्मृति- ''ज्ञातविषयं ज्ञानं स्मृतिः''
स्मृति वह ज्ञान है जिसका विषय पहले से ही ज्ञात होता है।

(C) प्रमा- ''यथार्थानुभवः प्रमा''
यथार्थ अनुभव प्रमा है।
अतः विकल्प C सही है।

(D) करण- ''साधकतमं करणम्''
साधकतम को करण कहा जाता है।

स्रोत– तर्कभाषा-श्रीनिवास शास्त्री, पेज-11,12,13,17

109. न्यायदर्शन के अनुसार लिङ्गत्व का लक्षण है–
(A) उपाधित्वं लिङ्गत्वम्
(B) अव्याप्तिवनार्थगमकं लिङ्गत्वम्
(C) व्याप्तिबलेनार्थगमकत्वं लिङ्गत्वम्
(D) धूमाग्नोः स्वाभाविकः सम्बन्धः लिङ्गत्वम्

व्याख्या–

केशवमिश्र अनुमान प्रमाण को परिभाषित करते हुए कहते हैं- **'लिङ्गपरामर्शोऽनुमानम्'** (लिङ्ग परामर्श ही अनुमान है) पुनः लिङ्ग क्या है? इस को परिभाषित करते हैं- **''व्याप्तिबलेनार्थगमकं लिङ्गम्''**
व्याप्ति के बल से अर्थ का बोध कराने वाला लिङ्ग कहलाता है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत– तर्कभाषा-श्रीनिवास शास्त्री, पेज-79

110. अनुमान प्रमाण के भेद हैं–
(A) उपमान तथा प्रत्यक्ष
(B) अर्थापत्ति तथा अभाव
(C) स्वार्थ तथा परार्थ
(D) षोढासन्निकर्ष तथा व्याप्ति

व्याख्या–

तर्कसंग्रहकार आचार्य अन्नम्भट्ट प्रमाणों को परिभाषित करते हुए कहते हैं-

- **प्रत्यक्ष प्रमाण-** 'इन्द्रियार्थसन्निकर्षजन्यं ज्ञानं प्रत्यक्षम्।' अर्थात् इन्द्रिय और पदार्थ के सन्निकर्ष (सम्बन्ध) से उत्पन्न ज्ञान को प्रत्यक्ष प्रमाण कहते हैं। यह प्रत्यक्ष ज्ञान दो प्रकार का होता है- निर्विकल्पक और सविकल्पक।
- **अनुमान प्रमाण-** 'अनुमितिकरणमनुमानम्।' 'परामर्शजन्यं ज्ञानम् अनुमितिः।' अनुमानं द्विविधम् - स्वार्थं परार्थं च। अर्थात् अनुमिति के असाधारण कारण को अनुमान कहते हैं। परामर्श से उत्पन्न ज्ञान को अनुमिति कहते हैं। अनुमान

दो प्रकार का होता है- स्वार्थानुमान और परार्थानुमान।

- **उपमान प्रमाण-**
'उपमितिकरणमुपमानम्। संज्ञासंज्ञिसम्बन्धज्ञानम् उपमितिः।' अर्थात् उपमिति के करण (असाधारण कारण) को उपमान कहते हैं। सञ्ज्ञा (पद) और सञ्ज्ञी (पदार्थ) के सम्बन्धज्ञान को उपमिति कहते हैं।
- **अर्थापत्ति-** आचार्य केशवमिश्र तर्कभाषा में अर्थापत्ति नामक प्रमाण को मानने वाले मीमांसकों के मत का खण्डन करते हुए उसे अनुमान प्रमाण में अन्तर्भूत करते हैं।
'अनुपपद्यमानार्थदर्शनात् तदुपपादकीभूतार्थान्तर-कल्पनम् अर्थापत्तिः।' तथाहि, 'पीनो देवदत्तो दिवा न भुङ्क्ते'। अर्थात् अनुपपद्यमान (न बन सकने वाले) अर्थ को जानकर उसके उपपादक अर्थ की कल्पना अर्थापत्ति कहलाती है, जैसे कि- 'देवदत्त पुष्ट(पीनः) है किन्तु दिन में नहीं खाता यह देखने पर या सुनने पर उसके रात्रिभोजन की कल्पना कर ली जाती है। दिन में न खाने वाले का पुष्ट होना रात्रिभोजन के बिना उपपन्न नहीं होता इसलिये पीनत्व की अन्य प्रकार से अनुपपत्ति से होने वाली अर्थापत्ति ही रात्रि-भोजन में प्रमाण हो जाती है।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री, पेज-91

111. 'यथा गौस्तथा गवयः' उदाहरण है–
(A) उपमान प्रमाण का **(B) अनुमान प्रमाण का**
(C) प्रत्यक्ष का **(D) अर्थापत्ति का**

व्याख्या–
आचार्य केशवमिश्र तर्कभाषा में प्रमाणों को परिभाषित करते हैं-

- **उपमान प्रमाण-** अतिदेशवाक्यार्थस्मरणसहकृतं गोसादृश्यविशिष्टपिण्ड-ज्ञानमुपमानम्। यथा गौः तथा गवयः। अर्थात् अतिदेश वाक्य के अर्थ का स्मरण करने के साथ गौ की समानता से युक्त पिण्ड(शरीर,आकृति) का ज्ञान ही उपमान प्रमाण है। उदाहरण- जैसी गाय वैसी नीलगाय।
अतः विकल्प A सही है।
- **अनुमान प्रमाण-** लिङ्गपरामर्शोऽनुमानम्। यत्र यत्र धूमस्तत्र तत्र अग्निः। अर्थात् लिङ्गपरामर्श ही अनुमान प्रमाण है। जिससे अनुमिति की जाती है, वह अनुमान है। जैसे- जहाँ-जहाँ धूम होता है, वहाँ-वहाँ अग्नि होती है।
- **प्रत्यक्ष प्रमाण-** 'साक्षात्कारिप्रमाकरणं प्रत्यक्षम्।' अर्थात् साक्षात्कार करने वाली प्रमा का करण प्रत्यक्ष कहलाता है। और साक्षात्कार करने वाली प्रमा वह है जो इन्द्रिय से उत्पन्न होती है।
- **अर्थापत्ति प्रमाण-** मीमांसक अर्थापत्ति को पृथक् प्रमाण मानते हुए कहते हैं- अनुपपद्यमानार्थदर्शनात् तदुपपादकीभूतार्थान्तरकल्पनम् अर्थापत्तिः। तथाहि, 'पीनो देवदत्तो दिवा न भुङ्क्ते' इति दृष्टे श्रुते वा रात्रिभोजनं कल्प्यते। अर्थात् अनुपपद्यमान (उपपन्न न होने वाले) अर्थ को जानकर उसके उपपादक अर्थ की कल्पना अर्थापत्ति कहलाती है। जैसे कि 'देवदत्त पुष्ट है, किन्तु दिन में नहीं खाता' यह देखने या सुनने पर उसके रात्रिभोजन की कल्पना कर ली जाती है।
- आचार्य केशवमिश्र चार प्रमाण (प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, तथा शब्द) ही स्वीकार करते हैं। अर्थापत्ति प्रमाण का अनुमान प्रमाण में अन्तर्भाव हो जाता है।

स्रोत- तर्कभाषा - श्रीनिवास शास्त्री , पेज-119

112. 'अनुपपद्यमानार्थदर्शनात् तदुपपादकीभूतार्थान्तरकल्पनम्' यह लक्षण है–
(A) अभाव का **(B) अर्थापत्ति का**
(C) शरीर का **(D) असमवायिकारण का**

व्याख्या-

- आचार्य केशवमिश्र प्रमाणों के सन्दर्भ में नैयायिकों के मत का उदाहरण देते हुए कहते हैं-
नैयायिक अभाव को पृथक् प्रमाण नहीं मानते हैं अपितु प्रत्यक्ष प्रमाण से ही अभाव का ग्रहण कर लेते हैं।
नन्वभावाख्यमपि पृथक् प्रमाणमस्ति। प्रत्यक्षेणैवा भावग्रहणात्।
- **अर्थापत्ति-** अनुपपद्यमानार्थदर्शनात् तदुपपादकीभूतार्थान्तर कल्पनम् अर्थापत्तिः।
उपपन्न न होने वाले अर्थ को जानकर उसके उपपादक अर्थ की कल्पना अर्थापत्ति कहलाती है।
- ''यत्समवायिकारणप्रत्यासन्नमवधृतसामर्थ्यं तदसमवायिकारणम्'' जो समवायिकारण में प्रत्यासन्न होता है और जिसकी कार्य के प्रति सामर्थ्य निश्चित होती है। वह असमवायि कारण है।
अतः विकल्प B सही है।

स्रोत-तर्कभाषा- श्रीनिवास शास्त्री,पेज-138

113. तर्कभाषा में शब्द प्रमाण का लक्षण है–
(A) आप्तवाक्यं शब्दः (B) वेदोक्तं वाक्यं शब्दः
(C) शास्त्रोक्तं शब्दः (D) लोकवाक्यं शब्दः

व्याख्या–
तर्कभाषा में शब्द प्रमाण- का लक्षण करते हुए आचार्य केशवमिश्र कहते हैं- **''आप्तवाक्यं शब्दः''**

* आप्त का वाक्य शब्दप्रमाण कहलाता है।

आप्त वाक्य का लक्षण करते हुए आचार्य केशवमिश्र कहते हैं-
''आप्तस्तु यथाभूतस्यार्थस्योपदेष्टा पुरुषः''
जैसा पदार्थ है उसका उसी रूप में उपदेश करने वाला पुरुष आप्त कहा जाता है।

* वाक्य का लक्षण करते हुए आचार्य केशवमिश्र कहते हैं-

''वाक्यं त्वाकाङ्क्षायोग्यतासन्निधिमतां पदानां समूहः।''
आकाङ्क्षा योग्यता तथा सन्निधि वाले पदों का समूह वाक्य कहलाता है।
अतः विकल्प A सही है।
स्रोत– तर्कभाषा-श्रीनिवास शास्त्री, पेज-138

114. प्रत्यक्ष का लक्षण है-
(A) असाक्षात्कारिप्रमाकरणं प्रत्यक्षम्
(B) साक्षात्कारिप्रमाकरणं प्रत्यक्षम्
(C) इन्द्रियजं प्रत्यक्षम्
(D) यद् दृश्यते तत् प्रत्यक्षम्

व्याख्या–
केशवमिश्र तर्कभाषा में प्रत्यक्ष प्रमाण का लक्षण करते हैं-
'साक्षात्कारिप्रमाकरणं प्रत्यक्षम्'
साक्षात्कार करने वाली प्रमा का करण प्रत्यक्ष कहलाता है। साक्षात्कार करने वाली प्रमा है जो इन्द्रिय से उत्पन्न होती है। सविकल्पक तथा निर्विकल्पक भेद से प्रत्यक्ष दो प्रकार का होता है।
अतः विकल्प B सही है।
स्रोत–तर्कभाषा-श्रीनिवास शास्त्री, पेज-51

115. 'तत्त्वमसि' वाक्य के अर्थ बोध हेतु स्वीकार की जाती है–
(A) जहल्लक्षणा (B) अजहल्लक्षणा
(C) भागलक्षणा (D) व्यञ्जना

व्याख्या–

	लक्षणा	उदाहरण
*	जहल्लक्षणा	गङ्गायां घोषः
*	अजहल्लक्षणा	शोणो धावति
*	जहदजहल्लक्षणा (भागलक्षणा, भागत्यागलक्षणा)	तत्त्वमसि, सोऽयं देवदत्तः

अतः विकल्प C सही है।
स्रोत– वेदान्तसार-सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-127

116. वेदान्तदर्शन में असर्पभूत रज्जु में सर्प के आरोप को कहा जाता है–
(A) भ्रम (B) अध्यारोप
(C) मायाजन्य (D) आभास

व्याख्या–
विवर्त (भ्रम)- वेदान्तसार में विवर्त्त को भ्रम कहा जाता है-
''अतत्त्वतोऽन्यथाप्रथा विवर्त्त इत्युदाहृतः।''
किसी वस्तु का मिथ्यारूप से अन्य वस्तु के रूप में भासित होना 'विवर्त्त' कहा गया है।
विकार- सतत्त्वतोऽन्यथाप्रथा विकार इत्युदीरितः।''
किसी वस्तु का वस्तुतः अन्यरूप से प्रसिद्ध होना विकार कहा गया है।
अध्यारोप-
''असर्पभूतायां रज्जौ सर्पारोपवद् वस्तुन्यवस्त्वारोपोऽध्यारोपः।''
साँप की सत्ता रहित रस्सी में सर्प का आभास होने के समान किसी वस्तु में अन्य वस्तु के आरोप को अध्यारोप कहते हैं।
वेदान्त में माया को अध्यास, अविद्या, अज्ञान, अवस्तु आदि नाम से कहा गया है।
अतः विकल्प B सही है।
स्रोत– वेदान्तसार-सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-37

117. वेदान्तसार के रचयिता हैं–
(A) सदानन्द (B) रामानुजाचार्य
(C) बादरायण (D) विद्यारण्य

व्याख्या–

	ग्रन्थकार	ग्रन्थ
(A)	सदानन्द	वेदान्तसार
(B)	रामानुजाचार्य	श्रीभाष्य
(C)	बादरायण	उत्तरमीमांसा
(D)	विद्यारण्य	पञ्चदशी,विवरणप्रमेयसंग्रह

अतः विकल्प A सही है।
स्रोत– वेदान्तसार- सन्तनारायण श्रीवास्तव, भू. पेज-22

118. अनुबन्धचतुष्टय में क्या नहीं आता है–
(A) विषय **(B) सम्बन्ध**
(C) प्रयोजन **(D) पूर्वपक्ष**

व्याख्या–
अनुबन्ध चतुष्टय- सदानन्दकृत वेदान्तसार में चार अनुबन्ध हैं-
''अनुबन्धो नामाधिकारिविषयसम्बन्धप्रयोजनानि।''
अधिकारी, विषय,सम्बन्ध,प्रयोजन ये चार अनुबन्ध हैं।
1. **अधिकारी-** अधिकारी तु ....साधनचतुष्टयसम्पन्नः प्रमाता।
साधन चतुष्टय से सम्पन्न प्रमाता ही वेदान्त का अधिकारी है।
2. **विषय-** विषयो जीवब्रह्मैक्यं शुद्धचैतन्यं प्रमेयं तत्रैव वेदान्तानां तात्पर्यात्।
जीव और ब्रह्म की एकता अर्थात् अभेद का वर्णन ही वेदान्त का विषय है।
3. **सम्बन्ध-** सम्बन्धस्तु तदैक्यप्रेमयस्य तत्प्रतिपादकोपनिषत्प्रमाणं च बोध्यबोधकभावलक्षणः।
जीव और ब्रह्म की एकतारूप प्रमेय का और उसका प्रतिपादन करने वाले उपनिषद् रूप प्रमाण का परस्पर बोध्य-बोधक भाव ही इस शास्त्र का सम्बन्ध है।
4. **प्रयोजन-** प्रयोजनं तु तदैक्यप्रमेयगताज्ञाननिवृत्तिः स्वस्वरूपानन्दावाप्तिश्च।
जीव और ब्रह्म की एकता रूप प्रमेय के सम्बन्ध में जो अज्ञान है उसकी निवृत्ति होना वेदान्त का प्रयोजन है।

* वेन्दान्त में पूर्वपक्ष नामक कोई अनुबन्ध नही है

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत– वेदान्तसार-सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-9

119. अज्ञान की दो शक्तियाँ वेदान्त में कही गयी हैं–
(A) आवरण तथा विक्षेप
(B) माया तथा अविद्या
(C) इन्द्रिय तथा शरीर
(D) जड़ तथा चेतन

व्याख्या–
(A) सदानन्दकृत ''वेदान्तसार'' में अज्ञान की दो शक्तियाँ कही गयी हैं- 1.आवरण 2. विक्षेप
''अज्ञानस्यावरणविक्षेपनामकमस्ति शक्तिद्वयम्।''
(B) वेदान्त में अज्ञान को ही माया, अविद्या आदि नामों से भी जाना जाता है।
वेदान्त में एकादश इन्द्रियों तथा दो प्रकार के शरीर का वर्णन है-
(C) इन्द्रियाँ- पञ्चकर्मेन्द्रियाँ, पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ और मन।
(D) वेदान्त में जड़ को अवस्तु तथा चेतन को वस्तु कहा गया है।

वस्तु- ''वस्तु सच्चिदानन्दानन्ताद्वयं ब्रह्म।''
सच्चिदानन्द अनन्त अद्वैत ब्रह्म ही वस्तु है।
अवस्तु- ''अज्ञानादिसकलजडसमूहोऽवस्तु।''
अज्ञान से लेकर सकल जडसमुदाय अवस्तु है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत– वेदान्तसार-सन्तनारायण श्रीवास्तव, पेज-56

120. 'अन्तवन्त इमे देहा' का तात्पर्य है कि–
(A) ये शरीर नाशवान् है।
(B) आत्मा अजर-अमर है।
(C) आत्मा नश्वर है।
(D) शरीर का अन्त हो चुका है।

व्याख्या–
भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन से शरीर की नश्वरता के विषय में कहते हैं-
अन्तवन्त इमे देहा नित्यस्योक्ताः शरीरिणः।
अनाशिनोऽप्रमेयस्य तस्माद्युध्यस्व भारत॥ (गीता 2/18) इस नाशरहित, अप्रमेय, नित्यस्वरूप जीवात्मा के 'ये सब शरीर नाशवान् कहे गये हैं।' इसलिए हे भरतवंशी अर्जुन! तुम युद्ध करो।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत– श्रीमद्भगवद्गीता (2/18)- गीताप्रेस गोरखपुर

121. 'योगः कर्मसु कौशलम्' योग का लक्षण है–
(A) योगसूत्र में
(B) हठयोगप्रदीपिका में
(C) श्रीमद्भगवद्गीता में
(D) सांख्यतत्त्वकौमुदी में

व्याख्या–

महर्षि पतञ्जलिकृत योगसूत्र के समाधिपाद में योग का लक्षण है-

'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः।' (योग.1/2)

चित्तवृत्ति निरोध रूप साधन को योग कहते हैं।

भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण योग को परिभाषित करते हुए कहते हैं-

योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय।
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते॥
(गीता.2.48)

हे अर्जुन! जय अथवा पराजय की समस्त आसक्ति त्याग कर समभाव से अपना कर्म करो ऐसी समता योग कहलाती है।

तथा- बुद्धियुक्तो जहातीह उभे सुकृतदुष्कृते।
तस्माद्योगाय युज्यस्व **योगः कर्मसु कौशलम्॥**(2.50)

भक्ति में संलग्न मनुष्य इस जीवन में ही अच्छे तथा बुरे कार्यों से अपने को मुक्त कर लेता है। अतः योग के लिए प्रयत्न करो क्योंकि सारा कार्य कौशल यही है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत– श्रीमद्भगवद्गीता (2/50)- गीताप्रेस गोरखपुर

122. श्रीमद्भगवद्गीता में माया का कौन सा गुण नहीं है–
(A) दैवी **(B) दुरत्यया**
(C) गुणमयी **(D) असती**

व्याख्या–

भगवद्गीता के सातवें अध्याय में प्रकृति के तीन स्वरूपों का वर्णन है।

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते।। (गीता.7/14)

क्योंकि मेरी यह गुणमयी दैवी माया दुरत्यया है अर्थात् पार पाना बड़ा कठिन है। जो केवल मेरे ही शरणागत होते हैं वे इस माया को पार कर जाते हैं।

माया के स्वरूपों में **असती** का वर्णन नहीं है

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत– श्रीमद्भगवद्गीता (7/14)- गीताप्रेस गोरखपुर

123. गीता में मूल प्रकृति के प्रकार है-
(A) आठ **(B) दो**
(C) पाँच **(D) दश**

व्याख्या–

भगवद्गीता के सातवें अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण मूल प्रकृति का वर्णन करते हुए कहते हैं

भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च।
अहङ्कार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा॥ (गीता-7/4)

1.पृथ्वी 2.जल 3.अग्नि 4.वायु 5.आकाश 6.मन 7.बुद्धि 8.अहङ्कार ये आठ प्रकृतियाँ हैं।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत– श्रीमद्भगवद्गीता (7/4)- गीताप्रेस, गोरखपुर

124.' नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः' पंक्ति ली गयी है–
(A) तर्कभाषा से **(B) वेदान्तसार से**
(C) श्रीमद्भगवद्गीता से **(D) सांख्यकारिका से**

व्याख्या–

भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण ने सत् एवं असत् की सत्ता की विद्यमानता का वर्णन करतें हैं-

नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः।
उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः॥
(गीता2/16)

असत् का तो भाव (सत्ता) विद्यमान नहीं है और सत् का अभाव विद्यमान नहीं है तत्त्वदर्शी महापुरुषों ने इन दोनों का तत्त्व देखा अर्थात् अनुभव किया है।

ईश्वरकृष्णकृत 'सांख्यकारिका' में भी सत्कार्यवाद के पाँच सिद्धान्त दिये गये हैं-

असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम्॥
(सा.का.-9)

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत– श्रीमद्भगवद्गीता (2/16)- गीताप्रेस, गोरखपुर

125.श्रीमद्भगवद्गीता में भीम के शंख का नाम था–

(A) पाञ्चजन्य (B) पौण्ड्र

(C) देवदत्त (D) दिव्य

व्याख्या–

पाञ्चजन्यं हृषीकेशो देवदत्तं धनञ्जयः।
पौण्ड्रं दध्मौ महाशङ्खं भीमकर्मा वृकोदरः।। (गीता1.15)
अनन्तविजयं राजा कुन्तीपुत्रो युधिष्ठिरः।
नकुलः सहदेवश्च सुघोषमणिपुष्पकौ।। (गीता-1.16)

देव	शङ्ख
श्रीकृष्ण	पाञ्चजन्य
अर्जुन	देवदत्त
भीम	पौण्ड्र
युधिष्ठिर	अनन्तविजय
नकुल	सुघोष
सहदेव	मणिपुष्पक

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत– श्रीमद्भगवद्गीता (1/15)

उत्तरमाला

1.B	2.B	3.C	4.A	5.A	6.D	7.A	8.C	9.C	10.B	11.C	12.C
13.C	14.B	15.C	16.C	17.B	18.A	19.D	20.C	21.B	22.D	23.C	24.B
25.C	26.A	27.A	28.D	29.B	30.A	31.A	32.D	33.B	34.C	35.B	36.B
37.D	38.D	39.C	40.A	41.B	42.C	43.A	44.D	45.A	46.B	47.C	48.D
49.C	50.C	51.A	52.D	53.B	54.A	55.D	56.B	57.C	58.D	59.C	60.C
61.B	62.D	63.A	64.C	65.B	66.C	67.D	68.B	69.A	70.C	71.C	72.D
73.A	74.C	75.B	76.D	77.A	78.A	79.B	80.B	81.C	82.A	83.D	84.D
85.B	86.C	87.D	88.B	89.B	90.B	91.D	92.C	93.A	94.D	95.C	96.A
97.C	98.A	99.C	100.D	101.A	102.D	103.C	104.B	105.C	106.B	107.D	108.C
109.C	110.C	111.A	112.B	113.A	114.B	115.C	116.B	117.A	118.D	119.A	120.A
121.C	122.D	123.A	124.C	125.B							

❑❑

10. प्रवक्ता (PGT) संस्कृत 2016

1. 'यथा गौस्तथा गवयः' यह उदाहरण है?
(A) उपमान का (B) अनुमान का
(C) प्रत्यक्ष का (D) बुद्धिव्यवसाय का

व्याख्या- आचार्य गौतम प्रणीत न्यायदर्शन का प्रकरणग्रन्थ तर्कभाषा है। तर्कभाषा में षोडश पदार्थों में प्रथम पदार्थ प्रमाण है, प्रमाण के अन्तर्गत चार प्रमाण बताये गये हैं, वह चार क्रमशः प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द हैं। जिसमें उपमान प्रमाण का लक्षण करते हुए कहते हैं कि-

अतिदेशवाक्यार्थस्मरणसहकृतं गोसादृश्यविशिष्टपिण्ड-ज्ञानम् उपमानम् । यथा गवय जानन्नपि नागरिको 'यथा गौस्तथा गवय' इति....

प्रत्यक्ष और अनुमान के बाद तीसरा प्रमाण उपमान है। अतः उसके स्वरूप और प्रक्रिया को बताया जा रहा है।

'यथा गौः तथा गवयः' जैसी गाय, वैसा गवय- इस अतिदेश वाक्य के अर्थ का स्मरण करने के साथ गोसादृश्यविशिष्ट पिण्ड (गाय की समानता से युक्त पिण्ड शरीर या आकृति) अर्थात् गवय पशुप्राणी का जो ज्ञान होता है वही उपमान प्रमाण है।

उदाहरण- गवय (नीलगाय) को न जानने वाला कोई नागरिक आदमी किसी वनवासी आदमी से **यथा गौस्तथा गवयः** (जैसी गाय होती है वैसा ही गवय होता है) यह वाक्य सुनकर जब कभी वह वन में जाता है और 'यथा गौस्तथा गवयः' इस प्रकार वनवासी आदमी से पहले सुने हुए वाक्य के अर्थ को याद करके साथ ही गोसादृश्यविशिष्टपिण्ड गाय को देखता है ऐसी आकृति को देखकर उस अतिदेश वाक्य के अर्थ का जब उसको स्मरण हो जाता है तब वह वाक्यार्थ के स्मरण सहित जो उसे गोसादृश्यविशिष्टपिण्ड का ज्ञान होता है, तब वही ज्ञान उपमिति संज्ञासंज्ञिसम्बन्ध बोधरूप फल का कारण कहलाता है। उसी ज्ञान को उपमान प्रमाण कहते हैं।

* गोसादृश्यविशिष्टपिण्ड का ज्ञान होने के बाद **'अयमसौ गवय शब्दवाच्यः'** यह आकृति पिण्ड ही गवय शब्द का वाच्य अर्थ है। इस प्रकार से संज्ञा-संज्ञि-सम्बन्ध की जो प्रतीति होती है, वह प्रतीति ही उपमान प्रमाण का फल है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'यथा गौस्तथा गवयः' यह उदाहरण उपमान प्रमाण का है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत - तर्कभाषा गजाननशास्त्री - मुसलगाँवकर - पेज 179

2. 'चतुर्वर्ग–फलप्राप्तिः' यह काव्य प्रयोजन स्वीकृत है?
(A) मम्मट द्वारा (B) दण्डी द्वारा
(C) विश्वनाथ द्वारा (D) आनन्दवर्धन द्वारा

व्याख्या- * आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्य-प्रयोजन का लक्षण करते हैं-

काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे॥

काव्य से यश की प्राप्ति, अर्थ की प्राप्ति, व्यवहार का ज्ञान, अनिष्ट का नाशक, पढ़ने या सुनने के साथ ही परम आनन्द को देने वाला और स्त्री के समान उपदेश प्रदान करने वाला होता है। यह छः काव्य के प्रयोजन हैं।

* **विश्वनाथ-** आचार्य विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण के प्रथम परिच्छेद में काव्य-प्रयोजन का लक्षण करते हैं-

चतुर्वर्गफलप्राप्तिः सुखादल्पधियामपि।
काव्यादेव यतस्तेन तत्स्वरूपं निरूप्यते॥

अल्प बुद्धि वालों को भी सुख से बिना किसी विशेष परिश्रम के चतुर्वर्ग धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, रूप फल की प्राप्ति काव्य के ही द्वारा हो सकती है।

* **आनन्दवर्धन-** ध्वन्यालोक में काव्य की परिभाषा करते हैं- **'काव्यस्यात्मा ध्वनिः'** काव्य की आत्मा ध्वनि है।
* **दण्डी-** काव्य की परिभाषा करते हैं- **'शरीरं तावदिष्टार्थ व्यवच्छिन्ना पदावली।'** इष्ट और मनोरम हृदयाह्लादक अर्थ से युक्त पदावली (शब्द समूह) दोनों मिलाकर ही काव्य का शरीर है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'चतुर्वर्गफलप्राप्तिः' यह काव्यप्रयोजन विश्वनाथ द्वारा स्वीकृत है।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत - साहित्यदर्पण (1.2) - शालिग्राम शास्त्री, पेज 07

3. काव्यप्रकाश के अनुसार श्लेष 'अलङ्कार' के भेद हैं-
(A) आठ (B) दश
(C) ग्यारह (D) सात

व्याख्या- मम्मट कृत काव्यप्रकाश के नवमोल्लास में श्लेषालङ्कार की चर्चा करते हुये कहते हैं-

श्लेष- वाच्यभेदेन भिन्ना यद् युगपद्भाषणस्पृशः।
श्लिष्यन्ति शब्दाः श्लेषोऽसावक्षरादिभिरष्टधा॥

अक्षर आदि के भेद से श्लेष के आठ प्रकार होते हैं।
'वर्ण-पद-लिङ्ग-भाषा-प्रकृति-प्रत्यय-विभक्तिवचनानां भेदादष्टधा।'

श्लेष- 1. वर्णश्लेष 2. पदश्लेष 3. लिङ्गश्लेष 4. भाषाश्लेष 5. प्रकृति श्लेष 6. प्रत्ययश्लेष 7. विभक्तिश्लेष 8. वचनश्लेष

⇒ **विरोध- जातिश्चतुर्भिर्जात्याद्यैर्विरुद्धा स्यात् गुणस्त्रिभिः। क्रिया द्वाभ्यामपि द्रव्यं द्रव्येणैवेति ते दश॥**

जाति का जाति आदि चार (जाति, गुण, क्रिया तथा द्रव्य) के साथ विरोध हो सकता है, गुण का गुणादि (गुण, क्रिया, द्रव्य) तीन के साथ, क्रिया का क्रिया तथा द्रव्य दो के साथ और द्रव्य का केवल द्रव्य के साथ विरोध हो सकता है। इस प्रकार ये दस प्रकार का विरोध या विरोधाभास अलङ्कार होता है।

1. जाति का - जाति, गुण, क्रिया, द्रव्य = 4
2. गुण का - गुण, क्रिया, द्रव्य = 3
3. क्रिया का - क्रिया, द्रव्य = 2
4. द्रव्य का - द्रव्य = 1

⇒ **अनुप्रास- छेकवृत्तिगतो द्विधा**

वर्णानुप्रास के छेकानुप्रास और वृत्यनुप्रास ये दो भेद होते हैं।

अनुप्रास

1. वर्णानुप्रास
2. पादानुप्रास (लाटानुप्रास) (तदेवं पञ्चधा मतः)

1. वर्णानुप्रास

(i) छेकानुप्रास
(ii) वृत्यनुप्रास

2. पादानुप्रास (लाटानुप्रास) तदेवं पञ्चधा मतः

(i) अनेक पदों की आवृत्ति रूप
(ii) एक पद की आवृत्ति रूप
(iii) एक समास में आवृत्ति रूप
(iv) भिन्न समासों में आवृत्ति रूप
(v) समास तथा असमास दोनों में आवृत्ति रूप

उपमा- मम्मट के अनुसार उपमा के भेद करते हैं- पूर्णोपमा के 6, लुप्तोपमा के 19 = 25भेद
इसप्रकार उपमा के कुल 25 भेद हुए हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि- काव्यप्रकाश के अनुसार मम्मट ने श्लेषालङ्कार के 8 भेद किये हैं। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत- काव्यप्रकाश - आचार्य विश्वेश्वर, पेज 415

4. द्रक्ष्यति यह धातु रूप है-

(A) दृक्ष धातु का लट्लकार का प्रथमपुरुष एकवचन
(B) पश्य धातु का लृट्लकार का प्रथमपुरुष एकवचन
(C) दृश् धातु का लृट्लकार का प्रथमपुरुष एकवचन
(D) द्रक्ष्य धातु का लोट्लकार का प्रथमपुरुष एकवचन

व्याख्या- 'दृश्' धातु परस्मैपदी

लट्लकार

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमपुरुष	पश्यति	पश्यतः	पश्यन्ति
मध्यमपुरुष	पश्यसि	पश्यथः	पश्यथ
उत्तमपुरुष	पश्यामि	पश्यावः	पश्यामः

लृट्लकार

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमपुरुष	द्रक्ष्यति	द्रक्ष्यतः	द्रक्ष्यन्ति
मध्यमपुरुष	द्रक्ष्यसि	द्रक्ष्यथः	द्रक्ष्यथ
उत्तमपुरुष	द्रक्ष्यामि	द्रक्ष्यावः	द्रक्ष्यामः

लोट्लकार

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमपुरुष	पश्यतु, तात्	पश्यताम्	पश्यन्तु
मध्यमपुरुष	पश्य, तात्	पश्यतम्	पश्यत
उत्तमपुरुष	पश्यानि	पश्याव	पश्याम

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'द्रक्ष्यति' रूप 'दृश्' धातु लृट्लकार, प्रथमपुरुष, एकवचन का है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत- रूपचन्द्रिका - ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पेज 154

5. 'याच्' में शानच् प्रत्यय होने पर रूप बनता है?

(A) याचन् **(B)** याचयन्ती
(C) याचशान् **(D)** याचमानः

व्याख्या- सूत्र- लटः शतृँशानचावप्रथमासमानाधिकरणे (3.2.124)

अप्रथमान्त अर्थात् द्वितीयान्त आदि पदों के साथ यदि लट् का समान अधिकरण हो तो लट् के स्थान पर शतृँ और शानच् आदेश होते हैं।

➢ शतृ और शानच् दोनों प्रत्यय वर्तमानकालिक कृदन्त के अन्तर्गत गिने जाते हैं। परस्मैपदी से शतृ प्रत्यय और आत्मनेपदी से शानच् प्रत्यय होता है किन्तु उभयपदी धातुओं से दोनों प्रत्यय होता है।

➢ शतृ प्रत्यय का अन्तिम ऋकार 'उपदेशेऽजनुनासिक इत्' से इत्संज्ञा और आदि शकार 'लशक्वतद्धिते' द्वारा इत्संज्ञक होकर लोप हो जाता है, 'अत्' मात्र शेष रहता है।

- शानच् का आदि शकार 'लशक्वतद्धिते' द्वारा तथा अन्तिम चकार 'हलन्त्यम्' द्वारा इत्संज्ञक होकर लोप हो जाता है। 'आन' मात्र शेष बचता है, इसीलिये शतृ और शानच् शित् प्रत्यय होने से सार्वधातुक संज्ञा के कारण शप् आदि का विकरण हो जाते हैं।
- शतृ और शानच् प्रत्ययान्त शब्दों के रूप तीनों लिङ्गों में और सातों विभक्तियों में चलते हैं।

शानच् प्रत्यय के कुछ उदाहरण

याच्+ शानच् = याचमानः
वृध् + शानच् = वर्धमानः
कृ + शानच् = कुर्वाणः
भाष् + शानच् = भाषमाणः
आस् + शानच् = आसीनः

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि याच् धातु से शानच् प्रत्यय लगाने पर पुँल्लिङ्ग में 'याचमानः' बनेगा। स्त्रीलिङ्ग में 'याचमाना' और 'नपुंसकलिङ्ग' में 'याचमानम्' बनेगा। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज 204

6. कुन्ती में ढक् प्रत्यय के योग से रूप बनता है-
(A) कुन्ताढः **(B)** कौन्तेयः
(C) कौन्तेयाढ्यः **(D)** कुन्तीढः

व्याख्या- आचार्य वरदराज कृत लघुसिद्धान्तकौमुदी के तद्धित प्रकरण के अन्तर्गत अपत्याधिकार प्रकरण में ढक् प्रत्यय को बताया गया है।

सूत्र- 'स्त्रीभ्यो ढक्' (4/1/120)- अपत्य अर्थ में स्त्री प्रत्ययान्त शब्दों से ढक् प्रत्यय होता है।

- ढक् में ककार की **'हलन्त्यम्'** से इत्संज्ञा होती है। कित् होने के कारण **'किति च'** सूत्र से आदिवृद्धि होगी। ढकार की **'चुटू'** से इत्संज्ञा प्राप्त होती है किन्तु उसे बाधकर **'आयनेयीनीयियः फढखछघां प्रत्ययादीनाम्'** (7.1.2) उसके स्थान पर एय् आदेश का विधान होता है। ढ में केवल ढ् के स्थान पर ही एय् होगा। ढ का अकार बचा हुआ है। **जैसे**- कौन्तेयः - कुन्ती की सन्तान। कुन्त्याः अपत्यं पुमान् लौकिक विग्रह है और अलौकिक विग्रह है- कुन्ती ङस् । 'स्त्रीभ्यो ढक्' से ढक् 'आयनेयीनीयियः फढखछघां प्रत्ययादीनाम्' से एय् आदेश प्रातिपदिकसंज्ञा, सुप् का लुक् हुआ, कुन्ती + एय बना।

कित् होने के कारण 'किति च' से आदिवृद्धि करने पर ककारोत्तरवर्ती उकार के स्थान पर औकार आदेश और भसंज्ञक ईकार का 'यस्येति च' से लोप करने पर कौन्त् + एय बना, वर्णसम्मेलन हुआ कौन्तेय बना। एकदेशविकृतन्याय प्रातिपदिक मानकर सु, रुत्वविसर्ग करके **'कौन्तेयः'** सिद्ध हुआ। **अन्य उदाहरण-** वैनतेयः, राधेयः आदि।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि कुन्ती में ढक् प्रत्यय के योग से **'कौन्तेयः'** पद बनेगा। **अतः विकल्प B सही है।**

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी-भैमी व्याख्या (भाग-5), पेज 42,43

7. कादम्बरी कथामुख में वर्णन हुआ?
(A) अगस्त्याश्रम का **(B)** हारीताश्रम का
(C) जाबाल्याश्रम का **(D)** उपर्युक्त तीनों का

व्याख्या- बाणभट्ट कृत कादम्बरी कथामुख में शूद्रक वर्णन, विन्ध्याटवी वर्णन, पम्पासरोवर वर्णन, प्रभातवर्णन, मृगयावर्णन, शबरसेनापतिवर्णन, शबरचरित्रवर्णन, शुकशावकनिपातवर्णन, हारीतवर्णन, जाबालि आश्रमवर्णन, उज्जयिनीवर्णन, तारापीडवर्णन, शुकनासवर्णन आदि वर्णन प्रमुखरूपेण प्राप्त होते हैं।

⇒ **अगस्त्य वर्णन-** नहुषप्रकटप्रभावस्य भगवतो महामुनेरगस्त्यस्य भार्यया लोपामुद्रया स्वयमुपरचितालवालकैः........ नहुष को स्वर्ग में गिराने से अपने प्रभाव को प्रकट किया था ऐसे अति माहात्म्य वाले महर्षि अगस्त्य की धर्मपत्नी लोपामुद्रा द्वारा...।

⇒ **हारीत आश्रम वर्णन-** नातिदूरवर्त्तिनि तपोवने जाबालिर्नाम महातपाः मुनिः प्रतिवसति स्म। तत्तनयश्च हारीतनामा मुनिकुमारकः सनत्कुमार इव...।
पम्पासरोवर से दूर नहीं स्थित अर्थात् समीप में ही वर्तमान तपोवन में जाबालि नामक एक महान् तपस्वी रहते थे और उस तपस्वी का पुत्र हारीत नाम का तपस्वी कुमार जो सनत्कुमार के समान, अपने समान अवस्था वाले दूसरे मुनिकुमारों से अनुगम्यमान उसी सरोवर में स्नान करने की इच्छा वाला उसी मार्ग से वहाँ आ गया।

⇒ **जाबालि आश्रम-**शून्यनगरमिव दीनानाथविपन्नशरणम् पशुपतिमिव भस्मपाण्डु-रोमाश्लिष्टशरीरं भगवन्तं जाबालिमपश्यम्। सूना नगर जिस प्रकार दीनों, अनाथों और विपन्न लोंगो के शरणों घरों से युक्त होता है उसी प्रकार जाबालि दीनों अनाथों और विपन्नों के कारण रक्षक थे, भगवान् शंकर जिस प्रकार भस्म से पाण्डु वर्ण और उमा से

आलिङ्गित शरीर वाले हैं अथवा भस्म के समान पाण्डु वर्ण वाली उमा से आलिङ्गित शरीर वाले हैं। उसी प्रकार (जाबालि) भी भस्म में पाण्डुर वर्ण वाले रोमों से युक्त शरीर वाले थे इस प्रकार के भगवान् तपस्वी जाबालि का दर्शन किया।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि कादम्बरी कथामुख में अगस्त्याश्रम, हारीताश्रम, जाबालि आश्रम उपर्युक्त तीनों का वर्णन प्राप्त होता है। **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- कादम्बरी-जयशङ्कलाल त्रिपाठी, पेज 169,182,199

8. 'करोति कस्य नाह्लादं कथा कान्तेव भारती' यह उक्ति किस कवि की है?

(A) बाणभट्ट की **(B)** त्रिविक्रमभट्ट की
(C) शूद्रक की **(D)** कालिदास की

व्याख्या- त्रिविक्रमभट्ट- चम्पूकार त्रिविक्रमभट्ट द्वारा विरचित प्राचीन चम्पू काव्य **नलचम्पू** है, इसका दूसरा नाम **दमयन्ती कथा** है। नलचम्पू में सात उच्छ्वास हैं और **नल तथा दमयन्ती की कथा** वर्णित है। नलचम्पू के प्रथमोच्छ्वास में महाभारत की प्रशंसा करते हुए चम्पूकार त्रिविक्रमभट्ट जी कहते हैं कि

कर्णान्तविभ्रमभ्रान्तकृष्णार्जुनविलोचना।
करोति कस्य नाह्लादं कथा कान्तेव भारती॥ (1/13)

कर्ण का विनाश हो जाने पर आश्चर्य से चञ्चल कृष्ण, अर्जुन तथा धृतराष्ट्र वाली महाभारत की कथा किसको आनन्दित नहीं करती?

अन्य प्रमुख सूक्तियाँ-

(i) सर्वं सहाः सूरयः (1/15)
विद्वान् सब कुछ सहन कर लेते हैं अर्थात् विद्वान् सभी का समादर करते हैं।

(ii) नैको रसः कवेः (1/16)
कवि को एक ही रस प्रिय नहीं होता है अर्थात् जिस कवि की जिस रस में अभिरुचि होती है, वह उसी के अनुरूप अपनी रचना सहृदय पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करता है।

(iii) परस्परहृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिरः (1/5)
कवि के उस काव्य का क्या लाभ? जो दूसरे श्रोता के हृदय से लगकर उसे प्रभावित न कर दे तथा धनुर्धारी के उस बाण से क्या लाभ? जो शत्रु के हृदय से लगकर उसके मस्तक को हिला न दे अर्थात् बाण से आहत होकर मूर्च्छित होकर भूमि पर लोटने न लग जाय, अर्थात् वेदना के मारे तड़प उठे।

(iv) रम्या रामायणी कथा (1/11)
दूषण तथा खर नामक राक्षसों से युक्त होने पर भी निर्दोष तथा सुकोमलभावों से युक्त रमणीय रामायण की कथा जिस कवि ने रची, उस आदिकवि वाल्मीकि को प्रणाम है।

➢ **बाणभट्ट-** बाणभट्ट द्वारा विरचित कादम्बरी कथामुख में बाणभट्ट द्वारा गुरु की वन्दना की गयी है-
नमामि भर्वोश्चरणाम्बुजद्वयं सशेखरैः मौखरिभिः कृतार्च्चनम्।
(कादम्बरी)
गुरुदेव भर्वु (भत्सु) के चरणकमल-युगल की मैं (बाणभट्ट) वन्दना करता हूँ।
कथा की प्रशंसा के सन्दर्भ में यह श्लोक-

➢ **(i) स्फुरत्कलालापविलासकोमला करोति रागं हृदि कौतुकाधिकम्। (कादम्बरी-8)**
यह कादम्बरी कथा स्फुट एवं सुन्दर शब्द रचना के माधुर्य के कारण रमणीय तथा गुम्फन को स्वयं प्राप्त होती हुई नवीन कथावधू के समान रस के द्वारा लोगों के हृदय में कुतूहलपूर्ण रुचि उत्पन्न कर देती है।

➢ **(ii) धिया निबद्धेयमतिद्वयी कथा। (कादम्बरी-20)**
उस ब्राह्मण (बाणभट्ट) ने अप्रगल्भ बुद्धि के द्वारा यह दो (बृहत्कथा और वासवदत्ता) को मात देने वाली कथा कादम्बरी रची है।

⟹ **शूद्रक-** शूद्रक द्वारा प्रणीत मृच्छकटिकम् में वसन्तसेना चारुदत्त के पुत्र रोहसेन के विषय में कहती है-
'अनलंकृतशरीरोऽपि चन्द्रमुख आनन्दयति मम हृदयम्।'
आभूषणरहित शरीर वाला भी चन्द्रमा जैसा मुख वाला यह मेरे हृदय को आनन्दित कर रहा है। (मृच्छकटिकम् अङ्क-6)

➢ **द्वयमिदमतीव लोके प्रियं नराणां सुहृच्च वनिता च॥ (4/25)**
शर्विलक कहता है कि इस दुनिया में मित्र और स्त्री दोनों ही मनुष्यों को बहुत प्रिय हैं।

तस्य दर्शनेन मृगलाञ्छनस्येव कुमुदिनीमानन्दय माम्। (मृच्छ..)
वसन्तसेना का कथन है- (चारुदत्त) उनके दर्शन से मुझे इस प्रकार आनन्दित करो जैसे चन्द्रमा के दर्शन से कुमुदिनी आनन्दित होती है।

कालिदास- कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के विषय में कहता है-
इदं किलाव्याजमनोहरं वपुः तपः क्षमं साधयितुं य इच्छति।

ऋषि (कण्व) स्वभाव से ही सुन्दर इस (शकुन्तला) के शरीर को, खेद है कि तपस्या के योग्य बनाना चाहते हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'करोति कस्य नाह्लादं कथा कान्तेव भारती' यह उक्ति त्रिविक्रमभट्ट की है। **अतः विकल्प B सही है।**

स्रोत- नलचम्पू (1/13) - रामनाथ त्रिपाठी, पेज 13

9. त्रिविक्रमभट्ट ने नलचम्पू में सबसे पहले स्तवन किया है-

(A) कामदेव का **(B)** विष्णुदेव का

(C) गिरिसुता का **(D)** भगवान् शङ्कर का

व्याख्या- त्रिविक्रमभट्ट द्वारा रचित नलचम्पू चम्पूकाव्य है जिसमें **सात उच्छ्वास** हैं। नलचम्पू का नायक **राजा नल** तथा नायिका **दमयन्ती** हैं। नलचम्पू **शृङ्गार रस** से युक्त चम्पूकाव्य है। त्रिविक्रमभट्ट ग्रन्थ के प्रारम्भ में श्लेष के माध्यम से भगवान् शङ्कर की वन्दना करते हुए नमस्कारात्मक के साथ-साथ वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण भी किया है-

जयतु गिरिसुतायाः कामसन्तापवाहि-
न्युरसि रसनिषेकश्चान्दनश्चन्द्रमौलिः।
तदनु च विजयन्ते कीर्तिभाजां कवीना-
मसकृदमृतबिन्दुस्यन्दिनो वाग्विलासाः॥ (नलचम्पू.1.1)

गिरिसुता पार्वती के कामसन्तप्त वक्षस्थल पर चन्दन रस के धार के सदृश शीतलता प्रदान करने वाले चन्द्रशेखर भगवान् शंकर सर्वोत्कृष्ट हैं तथा भीम की पुत्री भैमी के वक्षःस्थल पर चन्दनरस के सिञ्चन के समान शीतलता के दायक चन्द्रवंशीय राजाओं में शिरोमणि नल सर्वोत्कृष्ट हैं उसके पश्चात् कवियों के अविराम गति से सुधा बिन्दु की वर्षा करने वाली वाणी के विलास (आनन्दानुभव) सर्वोत्कृष्ट है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि नलचम्पू के मङ्गलाचरण में त्रिविक्रमभट्ट ने सर्वप्रथम भगवान् शङ्कर की स्तुति की है। **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- नलचम्पू (1/1)- रामनाथ त्रिपाठी, पेज 13

10. 'गतं तिरश्चीनमनूरुसारथेः' में 'अनूरुसारथिः' पद का अर्थ है?

(A) नारद **(B)** सूर्य

(C) हविर्भुक् **(D)** पङ्गु

व्याख्या- महाकवि माघ द्वारा विरचित 20 सर्गों वाला शिशुपालवध महाकाव्य जो कि बृहत्त्रयी के अन्तर्गत आता है।

गतं तिरश्चीनमनूरुसारथेः
प्रसिद्धमूर्ध्वज्वलनं हविर्भुजः।
पतत्यधो धाम विसारि सर्वतः
किमेतदित्याकुलमीक्षितं जनैः॥ (1/2)

सूर्य की गति तिरछी प्रसिद्ध है, और अग्नि का ऊपर की और जलना प्रसिद्ध है, किन्तु सब और फैलने वाला यह तेज नीचे आ रहा है। यह क्या है? इसप्रकार लोगों ने व्यग्रतापूर्वक देखा।

द्वारिकापुरी स्थित नगरवासियों ने आकाश मार्ग से आते हुए नारद को अत्यन्त आश्चर्य और व्याकुलता के साथ देखा।

शिशुपालवधम् में प्रयुक्त शब्दार्थ-

सूर्यः - अनूरुसारथिः, भानुः, रविः, अहस्करः सहस्ररश्मिः
अग्नि - तनूनपात्, हविर्भुक्
आकाश - व्योम्नि, नभ
पृथ्वी - धरा, महीतलम्
स्वर्ग - त्रिदिवात्
देवता - त्रिदश, सुरा, नाकिनाम्

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'अनूरुसारथि' पद सूर्य का पर्यायवाची है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- शिशुपालवधम् (1/2) - तारिणीश झा, पेज 06

11. 'हरत्यघं सम्प्रति हेतुरेष्यतः' यह पद्यांश है-

(A) शिशुपालवधम् का

(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् का

(C) श्रीमद्भगवद्गीता का

(D) मृच्छकटिकम् का

व्याख्या- महाकवि माघ द्वारा विरचित शिशुपालवध महाकाव्य के प्रथमसर्ग में भगवान् श्रीकृष्ण महर्षि नारद के दर्शन का महत्त्व बताते हुए कहते हैं कि-

हरत्यघं सम्प्रति हेतुरेष्यतः
शुभस्य पूर्वाचरितैः कृतं शुभैः
शरीरभाजां भवदीयदर्शनं
व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्॥ (शिशु.1/26)

आपका दर्शन शरीरधारियों की त्रिकाल (वर्तमान, भविष्यत् तथा भूतकाल) में भी योग्यता को व्यक्त करता है। वर्तमान में पाप को हरता है, आने वाले शुभ का हेतु है, पहले आचरण किये हुए शुभ कर्मों से सम्पादित है।

- महाकवि कालिदास द्वारा विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अंक में प्रियंवदा अपनी सखी अनसूया से कण्व की बात बताती है-

दुष्यन्तेनाहितं तेजो, दधानां भूतये भुवः
अवेहि तनयां ब्रह्मन्नग्निगर्भां शमीमिव॥(अभि.शा.4/4)

हे ब्रह्मन्, दुष्यन्त के द्वारा स्थापित तेज (वीर्य) को पृथ्वी के कल्याण के लिए धारण करने वाली अपनी पुत्री को छिपी हुई अग्नि से युक्त शमीवृक्ष के तुल्य समझो।

➢ महर्षि वेदव्यास द्वारा विरचित महाभारत के भीष्मपर्व से उद्धृत है श्रीमद्भगवद्गीता जिसमें 18 अध्याय हैं। गीता के ग्यारहवें अध्याय में अर्जुन श्रीकृष्ण से कहते हैं-

अनादिमध्यान्तमनन्तवीर्यमनन्तबाहुं शशिसूर्यनेत्रम्।
पश्यामि त्वां दीप्तहुताशवक्त्रं स्वतेजसा विश्वमिदं तपन्तम्॥
(गीता 11/18)

आपको आदि, अन्त और मध्य से रहित, अनन्त सामर्थ्य से युक्त, अनन्त भुजावाले चन्द्रसूर्य रूप नेत्रों वाले, प्रज्वलित अग्निरूप मुखवाले और अपने तेज से इस जगत् को संतप्त करते हुए देखता हूँ।

➢ शूद्रक द्वारा रचित मृच्छकटिकम् 10 अङ्कों का एक प्रकरण ग्रन्थ है। इसके चतुर्थ अंक में शर्विलक कहता है-

गुणेषु यत्नः पुरुषेण कार्यो न किंचिदप्राप्यतमं गुणानाम्।
गुणप्रकर्षादुडुपेन शम्भोरलङ्घ्यमुल्लङ्घितमुत्तमाङ्गम्॥
(मृच्छ.4/23)

मनुष्यों को हमेशा अच्छी आदतों (गुणों) को पाने के लिए प्रयत्न करना चाहिए क्योंकि गुणवान् दरिद्र भी गुणहीन धनिकों के समान नहीं बल्कि उनसे बढ़कर हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'हरत्यघं सम्प्रति हेतुरेष्यतः' यह शिशुपालवध की सूक्ति है।

अतः विकल्प 'A'सही है।

स्रोत- शिशुपालवधम् (1/26) - तारिणीश झा पेज 57

12. दरिद्रता के वर्णन से पूर्ण रूपक प्रणीत किया है-
(A) बाणभट्ट ने **(B)** माघ ने
(C) त्रिविक्रमभट्ट ने **(D)** शूद्रक ने

व्याख्या- मृच्छकटिकम् शूद्रक प्रणीत संस्कृत का एक अद्भुत रूपक है जिसे कल्पित कथानक के कारण प्रकरण की श्रेणी में रखा जाता है। इसमें विप्र वणिक् चारुदत्त का चरित्र अंकित किया गया है। इसमें कोई धीरोदात्त नायक नहीं है- सामान्य जनता का धीरप्रशान्त नायक है, पात्र भी राजमार्ग पर साधारणतः दिखायी पड़ने वाले ही हैं। ब्राह्मण होते हुए भी व्यापार से जीविका चलाने वाला एवं अपनी दानशीलता के कारण निर्धन बन चुका चारुदत्त अपने गुणों से उज्जयिनी की वैभव सम्पन्न गणिका वसन्तसेना का हृदय चुरा लेता है कथानक का अन्त उसे वधूपद की प्राप्ति कराता है।

➢ प्रथम अङ्क (अलङ्कारन्यास) में चारुदत्त अपनी दरिद्रता का मार्मिक चित्रण करता है।

➢ चारुदत्त के पूर्वज प्रसिद्ध व्यापारी थे। उन लोगों ने विशाल धनराशि अर्जित की थी।

➢ चारुदत्त का विशाल घर उसके पूर्वजों की समृद्धि का स्मारक है।

➢ चारुदत्त उदार हृदय वाला होने के कारण सारी सम्पत्ति निर्धनों को दे देता है।

➢ धन के कारण उसने कभी किसी का अपमान नहीं किया है।

➢ इस श्लोक में चारुदत्त को दरिद्र बताया जा रहा है-

अवन्तिपुर्यां द्विजसार्थवाहो युवा दरिद्रः किल चारुदत्तः।
गुणानुरक्ता गणिका च यस्य वसन्तशोभेव वसन्तसेना।
(1/6)

उज्जयिनी नगरी में व्यापारी ब्राह्मण अथवा धनदान के द्वारा ब्राह्मणों का पोषक किन्तु बाद में निर्धन युवक चारुदत्त जिसके गुणों से अनुरक्त वसन्त ऋतु की शोभा के समान वसन्तसेना नाम की वेश्या भी वहाँ थी।

⇒ चारुदत्त अपनी दरिद्रता के विषय में कहता है-

शून्यमपुत्रस्य गृहं चिरशून्यं नास्ति यस्य सन्मित्रम् ।
मूर्खस्य दिशः शून्याः सर्वं शून्यं दरिद्रस्य॥ (1/8)

पुत्रहीन व्यक्ति का घर सूना होता है सच्चे मित्र के अभाव में सारा जीवन सूना है। मूर्ख के लिए सभी दिशाएँ सूनी हैं, और दरिद्रों के लिए सारा संसार सूना है।

⇒ **बाणभट्ट-** बाणभट्ट की प्रसिद्ध रचना कादम्बरी कथामुख है। जिसमें शाल्मलीवृक्ष वर्णन, जाबालि वर्णन, अगस्त्यवर्णन, अच्छोद-सरोवर वर्णन, शुकवर्णन, चाण्डालकन्या आदि वर्णन प्रमुख हैं।

⇒ **माघ-** माघ कृत एकमात्र महाकाव्य शिशुपालवध है। शिशुपालवध महाकाव्य में रैवतक पर्वत का विशद वर्णन किया गया है।

रैवतक पर्वत पर सूर्योदय का दृश्य है लम्बी-लम्बी और ऊपर की ओर रस्सी के समान फैली हुई किरणों वाले सूर्य के उदय एवं चन्द्रमा के अस्त होने के समय यह पर्वत लटकने वाले दो घण्टाओं से युक्त गजराज के सदृश शोभा पा रहा है।

इस वर्णन से माघ को **'घण्टामाघ'** की उपमा दी गयी।

उदयति विततोर्ध्वरश्मिरज्जा......वारणेन्द्रलीलाम् (4/20)

⇒ **त्रिविक्रमभट्ट-** त्रिविक्रमभट्ट कृत नलचम्पू संस्कृत का सर्वप्रथम चम्पूकाव्य है। यह सात उच्छ्वासों का चम्पूकाव्य है जिसमें नल-दमयन्ती की प्रणयकथा वर्णित है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि नायक चारुदत्त की दरिद्रता के वर्णन से पूर्णरूपक शूद्रक ने प्रणीत किया है **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- मृच्छकटिकम् - रमाशङ्कर त्रिपाठी, पेज भू. (xxxi)

13. 'प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः' यह भरतवाक्य किस नाटक में प्रयुक्त हुआ है?

(A) मृच्छकटिकम् में
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में
(C) नलचम्पू में
(D) उत्तररामचरितम् में

व्याख्या- शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् दस अङ्कों वाला एक प्रकरण ग्रन्थ है जिसमें चारुदत्त के द्वारा भरतवाक्य कहा गया है- संहार नामक दशवें अङ्क में -

क्षीरिण्यः सन्तु गावो, भवतु वसुमती सर्वसम्पन्नसस्या,
पर्जन्यः कालवर्षी, सकलजनमनोनन्दिनो वान्तु वाताः।
(मृच्छ.10/61)

गायें दुधारू हों, हर तरह की फसलों से धरती भरी हो, मेघ समय पर पानी दे, सबके मन को हरने वाली हवा बहे, संसार में जन्म देने वाले सभी प्राणी सुखी हों, लोग सदा सबके समादरणीय एवं सदाचारी हों, लक्ष्मीवान् शत्रुओं का शमन करने वाले हों तथा धार्मिक राजा धरती का शासक हो।

⇒ **अभिज्ञानशाकुन्तलम्-** महाकवि कालिदास द्वारा अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सातवें अङ्क के अन्तिम श्लोक में भरतवाक्य राजा दुष्यन्त के द्वारा उद्घोषित हुआ है-

प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः
सरस्वती श्रुतमहतां महीयताम्।
ममापि च क्षपयतु नीललोहितः
पुनर्भवं परिगत-शक्तिरात्मभूः॥ (अभि.7/35)

राजा प्रजा के हित के लिये प्रयत्नशील हों। ज्ञान-गरिष्ठ कवियों की वाणी का पूर्ण सत्कार हो। सर्वशक्तिमान् स्वयं शिव मेरे पुनर्जन्म को निवृत्त कर दें। **अतः विकल्प B सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (7/35)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज 453

14. ब्रह्मजिज्ञासा के साधन चतुष्टय में निम्न में से किसका ग्रहण नहीं हुआ है?

(A) नित्यानित्यवस्तुविवेक
(B) इहामुत्रार्थफलभोगानुराग
(C) शमादिषट्क सम्पत्ति
(D) मुमुक्षुत्व

व्याख्या- श्रीसदानन्दयोगीन्द्र द्वारा विरचित वेदान्तदर्शन का प्रकरणग्रन्थ है वेदान्तसार ।

➢ 'साधनचतुष्टयसम्पन्न प्रमाता' वेदान्त का अधिकारी होता है साधन चतुष्टय का वर्णन किया जा रहा है-

नित्यानित्यवस्तुविवेकेहामुत्रार्थफलभोगविरागशमादिषट्क-सम्पत्ति मुमुक्षुत्वानि।

1- नित्यानित्यवस्तुविवेक
2- इहामुत्रार्थफलभोगविराग
3- शमादिषट्कसम्पत्ति
4- मुमुक्षुत्व

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि साधनचतुष्टय के अन्तर्गत इहामुत्रार्थफलभोगानुराग नहीं है अपितु इहामुत्रार्थफलभोगविराग है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- वेदान्तसार - राकेश शास्त्री, पेज 132

15. सांख्यमत में जो प्रमाण स्वीकार नहीं किया गया वह है-

(A) दृष्ट **(B)** अनुमान
(C) आप्त **(D)** अर्थापत्ति

व्याख्या- ईश्वरकृष्ण प्रणीत सांख्यकारिका की चौथी कारिका में बताया गया है-

दृष्टमनुमानमाप्तवचनं च सर्वप्रमाणसिद्धत्वात्।
त्रिविधं प्रमाणमिष्टं प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि॥
(सा.का. 4)

सभी प्रमाणों का अन्तर्भाव होने से प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द तीन प्रकार के प्रमाण ही अभिप्रेत हैं, क्योंकि प्रमाणों से ही प्रमेयसिद्धि होती है।

➢ चार्वाक दर्शन केवल **प्रत्यक्ष को प्रमाण** मानता है।
➢ जैन, बौद्धदर्शन **दो प्रमाण** = प्रत्यक्ष, अनुमान को प्रमाण स्वीकार करता है।
➢ सांख्य, योग = **तीन प्रमाण**- प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द मानते हैं।
➢ न्याय-वैशेषिक- **चार प्रमाण** - प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द मानते हैं।

➢ प्राभाकर-मीमांसक-प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति- **पाँच प्रमाण** मानते हैं।

➢ भाट्ट-मीमांसक- प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, अभाव छः प्रमाण मानते हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि सांख्यशास्त्री तीन प्रमाण दृष्ट, अनुमान और आगम (आप्त या शब्द) स्वीकार करते हैं। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- सांख्यकारिका (का.4) - रमेशचन्द्र पाण्डेय, पेज 42

16. निम्न में से कौन सा सिद्धान्त श्रीमद्भगवद्गीता में नहीं कहा गया है?

(A) पुनर्जन्मसिद्धान्त **(B)** आत्मा की नित्यता
(C) सांख्ययोग सिद्धान्त **(D)** अधर्मोत्थान सिद्धान्त

व्याख्या- महाभारत के भीष्मपर्व से श्रीमद्भगवद्गीता ग्रन्थ लिया गया है। गीता के अन्तर्गत पुनर्जन्मसिद्धान्त, आत्मा की नित्यता और सांख्ययोग सिद्धान्त, धर्म का उत्थान आदि का उल्लेख प्राप्त होता है।

* **पुनर्जन्म सिद्धान्त-**
जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि।। (गीता 2/27)
जिसने जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है और मृत्यु के पश्चात् पुनर्जन्म भी निश्चित है। अतः अपने अपरिहार्य कर्तव्यपालन में तुम्हें (अर्जुन) शोक नहीं करना चाहिए।

* **आत्मा की नित्यता-**
न जायते म्रियते वा कदाचित्--- न हन्यते हन्यमाने शरीरे।
(गीता 2/20)
आत्मा के लिए किसी भी काल में न तो जन्म है न मृत्यु। वह न तो जन्म लेता है, न लेगा। वह अजन्मा, नित्य, शाश्वत तथा पुरातन है। शरीर के मारे जाने पर वह मारा नहीं जाता।
य एनं वेत्ति हन्तारं यश्चैनं मन्यते हतम्।
उभौ तौ न विजानीतो नायं हन्ति न हन्यते।। (2/19)
'यह आत्मा न तो मरता है और न मारा जाता है।'

* **सांख्ययोग सिद्धान्त-**
नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः।
उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः॥
(गीता2/16)
तत्त्वदर्शियों ने यह निकर्ष निकाला है कि असत् (भौतिक शरीर) का तो कोई चिरस्थायित्व नहीं है, किन्तु सत् (आत्मा) अपरिवर्तित रहता है। उन्होंने इन दोनों की प्रकृति के अध्ययन द्वारा यह निष्कर्ष निकाला है।
एषा तेऽभिहिता सांख्ये बुद्धिर्योगे त्विमां शृणु। (गीता 2/3)
यहाँ मैंने तेरे लिए सांख्य द्वारा इस ज्ञान का वर्णन किया है।

* **धर्मोत्थान सिद्धान्त-**
यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।। (4/7)
हे भरतवंशी! जब भी और जहाँ भी धर्म का पतन होता है और अधर्म की प्रधानता होने लगती है, तब तब मैं अवतार लेता हूँ।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि श्रीमद्भगवद्गीता में अधर्मोत्थान सिद्धान्त की चर्चा नहीं की गयी है।
अतः विकल्प (D) सही है।

स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता - गीताप्रेस, पेज भू. 10-12

17. राजा नल की नगरी का नाम था-

(A) अवन्ती **(B)** विशाला
(C) निषधा **(D)** काशी

व्याख्या- त्रिविक्रमभट्ट द्वारा रचित नलचम्पू में राजा नल की नगरी निषधा का वर्णन है-

* **निषधा-** तस्य निषधो नामास्ति जनपदः प्रथितः। (1/29)
आर्यावर्त देश के बीच में प्रसिद्ध निषध नामक जनपद
तस्यामासीन्निजभुजयुगलबलविदलितसकलवैरिवृन्द–सुन्दरीनेत्र....
उस निषध नगरी में नल नामक राजा रहता था।
इस पंक्ति से सिद्ध होता है कि राजा नल की नगरी निषधा थी।

* **अवन्ती-विशाला-** कालिदास कृत मेघदूतम् में अवन्ती प्रदेश में विशाला नगरी है। विशाला को उज्जयिनी नाम से भी जाना जाता है।
उज्जयिनी (विशाला) राजा उदयन की नगरी है-
प्राप्यावन्तीनुदयनकथाकोविदग्रामवृद्धान्,
पूर्वोद्दिष्टामुपसर पुरीं श्रीविशालां विशालाम्।
(पूर्वमेघ-31)
मृच्छकटिकम् में चारुदत्त की नगरी उज्जयिनी
अवन्तिपुर्य्यां द्विजसार्थवाहो युवा दरिद्रः किल चारुदत्तः।
(मृच्छ. 1/6)

* **विदिशा-** बाणभट्ट कृत कादम्बरी में राजा शूद्रक की राजधानी विदिशा है- **'वेत्रवत्या परिगता विदिशाभिधाना नगरी राजधान्यासीत्**

* **विदर्भ-** राजकुमारी दमयन्ती की नगरी विदर्भ देश के कुण्डिनपुर में थी।
देशानां दक्षिणो देशस्तत्र वैदर्भमण्डलम्।
तत्रापि वरदातीरमण्डलं कुण्डिनं पुरम्॥(नलचम्पू 2/28)

वहाँ देशों में महान् देश वैदर्भमण्डल है। उस वैदर्भमण्डल में भी वरदा नदी के तट का अलङ्कारस्वरूप कुण्डिननगर है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि राजा नल की नगरी निषधा थी। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत- नलचम्पू (1/29) - रामनाथ त्रिपाठी, पेज 48

18. राजा नल की कथा किस ग्रन्थ में नहीं है?

(A) रामायण में **(B)** स्कन्दपुराण में
(C) विक्रमाङ्कदेवचरित में **(D)** मत्स्यपुराण में

व्याख्या- अठारह पुराणों में परिगणित मत्स्यपुराण के सूर्यवंशानुकीर्तन नामक बारहवें अध्याय के इक्यावनवें श्लोक में राजा नल के विषय में बताया गया है-

'नलस्तुनैषधस्तस्मान्नभास्तस्मादजायत'

महर्षि वाल्मीकि जी ने वर्णन किया है कि इन रामचन्द्र जी के लव और कुश यह दो पुत्र इक्ष्वाकुवंश को बढ़ाने वाले हुए, कुश से अतिथि नाम का पुत्र उत्पन्न हुआ, अतिथि से निषध नामक पुत्र हुआ, निषध से नल नामक पुत्र हुआ और नल से नभा नामक पुत्र उत्पन्न हुआ।

* **स्कन्दपुराण-** स्कन्दपुराण में विभिन्न स्थलों पर नल की चर्चा की गयी है-

रामं च लक्ष्मणं नलं नीलं गवाक्षं च गवयं गन्धमादनम् (1.1.51.40)

नलस्तानि समादाय चक्रे सेतुं महोदधौ (3.1.755)

* **वाल्मीकि रामायण-** वाल्मीकि कृत रामायण के युद्धकाण्ड में समुद्र की सलाह के अनुसार नल के द्वारा सागर पर सौ योजन लम्बे पुल का निर्माण तथा उसके द्वारा श्रीराम आदि सहित वानरसेना का उस पार पहुँचकर पड़ाव डालना आदि का वर्णन किया गया है।

अयं सौम्य नलो नाम तनयो विश्वकर्मणः
पित्रा दत्तवरः श्रीमान् प्रीतिमान् विश्वकर्मणः

(6/22/45)

सौम्य आपकी सेना में यह नल नामक कान्तिमान् वानर है, साक्षात् विश्वकर्मा का पुत्र है। इसे इसके पिता ने यह वर दिया है कि तुम मेरे ही समान समस्त शिल्पकला में निपुण होओगे।

* **विक्रमाङ्कदेवचरितम्-** बिल्हण ने विक्रमाङ्कदेवचरित नामक महाकाव्य 18 सर्गों में प्रायः 1085 ई. में लिखा है। यह ऐतिहासिक महाकाव्य है। कल्याण के चालुक्य राजा विक्रमादित्य (षष्ठ) के ऐतिहासिक चरित का इसमें वर्णन है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि प्रश्न में पूछे गये राजा नल की कथा रामायण में और विक्रमाङ्कदेवचरितम् में नहीं प्राप्त होता परन्तु नल रूपी वानर की चर्चा रामायण में है। **अतः विकल्प A और C सही होना चाहिए।**

नोट :- उपर्युक्त प्रश्न में उचित विकल्प न होने के कारण आयोग ने इस प्रश्न के उत्तर को **F** मान लिया है।

स्रोत- संस्कृतसाहित्य का इतिहास-उमाशङ्कर शर्मा,पेज 310

19. राजा नल के मन्त्री का नाम था?

(A) बालाहक **(B)** श्रुतशील
(C) विदध **(D)** बाहुक

व्याख्या- त्रिविक्रमभट्ट द्वारा प्रणीत नलचम्पू चम्पूकाव्य का प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इनके पात्र-परिचय निम्नलिखित हैं-

वीरसेन	- निषधराज, नायक नल के पिता
नल	- नायक, राजा वीरसेन के पुत्र
श्रुतशील	- नल का महामन्त्री, सालङ्कायन का पुत्र
सालङ्कायन	- वीरसेन के महामन्त्री
वैतालिक	- नल का सेवक
बाहुक	- नल का सेनापति
भीम	- कुण्डिनपुर के राजा, नायिका दमयन्ती के पिता
दमयन्ती	- नायिका, कुण्डिननरेश भीम की पुत्री
प्रियङ्गुमञ्जरी	- दमयन्ती की माता, राजा भीम की राजमहिषी
विहङ्गवागुरिका	- दमयन्ती की किन्नरी
रूपवती	- राजा वीरसेन की पत्नी, नल की माता
लवङ्गिका	- नल के सरोवर की रक्षिका

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि राजा नल के मन्त्री श्रुतशील हैं और बाहुक नल का सेनापति था। बालाहक और विदध ये दोनों पात्र नलचम्पू में नहीं हैं। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- नलचम्पू - रामनाथ त्रिपाठी, पेज भू. 71

20. 'बृहत्कथामञ्जरी' का विभाजन है-

(A) लम्बकों में **(B)** लावाणकों में
(C) उच्छ्वासों में **(D)** निःश्वासों में

व्याख्या-

ग्रन्थ – ग्रन्थकार – विभाजन

बृहत्कथामञ्जरी–क्षेमेन्द्र–19 लम्बकों (अध्याय),7500 श्लोक
हर्षचरितम्–बाणभट्ट–8 उच्छ्वास
शिवराजविजय– अम्बिकादत्तव्यास- 3 विराम- 12 निःश्वास

(i) रसगङ्गाधर - पण्डितराज जगन्नाथ- 4 आनन
(ii) दशरूपक - धनञ्जय - 4 प्रकाश
(iii) व्यक्तिविवेक - महिमभट्ट - 3 विमर्श
(iv) चन्द्रालोक - जयदेव - 10 मयूख
(v) राजतरङ्गिणी - कल्हण - 8 तरङ्ग
(vi) कथासरित्सागर-सोमदेव-18लम्बक,124तरङ्ग,22000 पद्य

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'बृहत्कथा-मञ्जरी' का विभाजन 19 लम्बकों (अध्यायों) में हुआ है।**अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत - संस्कृतसाहित्य का इतिहास-उमाशंकरशर्मा ऋषि, पेज 424

21. 'यष्टयः प्रविशन्ति' में लक्षणा है?
(A) उपादानलक्षणा **(B)** लक्षणलक्षणा
(C) शुद्धा सारोपा **(D)** गौणी साध्यवसाना

व्याख्या- आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में लक्षणा की परिभाषा देते हुए कहते हैं कि-

मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात् ।
अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रिया॥

मुख्यार्थ का बाध होने पर उस मुख्यार्थ के साथ अन्य अर्थ का सम्बन्ध होने पर रूढि से अथवा प्रयोजन विशेष से जिस शब्दशक्ति के द्वारा अन्य अर्थ लक्षित होता है वह आरोपित व्यापार लक्षणा कहलाता है।

उदाहरण- 'कर्मणि कुशलः।' काम में कुशल है इत्यादि उदाहरण में 'कुशान् लाति आदत्ते इति कुशलः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार कुशों को लाने का कोई सम्बन्ध न होने पर मुख्यार्थ का बाध हुआ और **'गङ्गायां घोषः'** इत्यादि में गङ्गा पद के जलप्रवाह रूप मुख्यार्थ आदि में घोष आदि का आधारत्व सम्भव न होने से मुख्यार्थ का बाध हुआ।

स्वसिद्धये पराक्षेपः परार्थं स्वसमर्पणम् ।
उपादानं लक्षणं चेत्युक्ता शुद्धैव सा द्विधा॥

लक्षणा के उपादान लक्षणा तथा लक्षण-लक्षणा नाम से पहले दो भेद करते हैं। अपने अन्वय की सिद्धि के लिए अन्य अर्थ का आक्षेप करना उपादान लक्षणा और दूसरे अन्वय की सिद्धि के लिए मुख्य अर्थ का परित्याग करना लक्षण लक्षणा कहलाता है। इस प्रकार वह शुद्धालक्षणा ही दो प्रकार की कही गयी है।

⇒ **उपादानलक्षणा के दो उदाहरण-**

कुन्ताः प्रविशन्ति। (भाले प्रवेश कर रहे हैं।)
यष्टयः प्रविशन्ति। (लाठियाँ प्रवेश कर रही हैं।)

इत्यादि वाक्यों में कुन्त आदि पदों के द्वारा अपने 'प्रवेश' क्रिया की सिद्धि के लिए अपने से संयुक्त अर्थात् कुन्तधारी पुरुषों का आक्षेप द्वारा अर्थ बोध कराया जाता है।

इसलिए स्वार्थ का परित्याग किये बिना अन्य अर्थ के ग्रहणरूप अथवा स्वार्थ के भी ग्रहणरूप उपादान से यह लक्षणा है। अतः यह उपादान लक्षणा कहलाती है।

मम्मट के अनुसार लक्षणा के **छः** भेद किये गये हैं-

⇒ **लक्षणा तेन षड्विधा-**

1. शुद्धा उपादान लक्षणा- कुन्ताः प्रविशन्ति/यष्टयः प्रविशन्ति।
2. शुद्धा लक्षणलक्षणा- गङ्गायां घोषः
3. शुद्धा सारोपा लक्षणा- आयुर्घृतम्
4. शुद्धा साध्यवसाना- आयुरेवेदम्
5. गौणी सारोपा लक्षणा- गौर्वाहीकः
6. गौणी साध्यवसाना लक्षणा- गौरयम्

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'यष्टयः प्रविशन्ति' यह उपादान लक्षणा का उदाहरण है।

अतः विकल्प A सही है।

स्रोत - काव्यप्रकाश-श्रीनिवासशास्त्री, पेज 59

22. शिशुपालवध की कथा का आधार है?
(A) महाभारत **(B)** श्रीमद्भगवद्गीता
(C) विष्णुपुराण **(D)** दशावतार

व्याख्या-

ग्रन्थ – ग्रन्थकार – उपजीव्य ग्रन्थ – विभाजन
शिशुपालवधम् – माघ – महाभारत का सभापर्व – 20 सर्गों में
किरातार्जुनीयम् –भारवि – महाभारत का वनपर्व– 18 सर्गों में
नैषधीयचरितम्– श्रीहर्ष – महाभारत का वनपर्व–22 सर्गों में
कुमारसंभवम् – कालिदास–श्रीमद्भागवत महापुराण–17 सर्ग
रघुवंशम् – कालिदास – वाल्मीकीय रामायण – 19 सर्ग
बुद्धचरितम् – अश्वघोष – बौद्धग्रन्थ –28 सर्ग
सौन्दरनन्द – अश्वघोष – इतिहासप्रसिद्ध –18 सर्ग
भट्टिकाव्य –भट्टि–रामायण–22 सर्ग

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि शिशुपाल की कथा का आधार 'महाभारत' का सभापर्व' है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत- संस्कृतसाहित्य का इतिहास-उमाशङ्करशर्मा ऋषि, पेज 263

23. किस ग्रन्थ की गणना बृहत्त्रयी के अन्तर्गत नहीं है-
(A) किरातार्जुनीयम् **(B)** शिशुपालवधम्
(C) नैषधीयचरितम् **(D)** रघुवंशम्

व्याख्या- **बृहत्त्रयी**

1. किरातार्जुनीयम् 2. शिशुपालवधम् 3. नैषधीयचरितम्

लघुत्रयी

1. रघुवंशम् 2. कुमारसम्भवम् 3. मेघदूतम्

गद्यबृहत्त्रयी

1. वासवदत्ता 2. कादम्बरी 3. दशकुमारचरितम्

उपजीव्यग्रन्थत्रयी

1. रामायणम् 2. महाभारतम् 3. भागवतपुराणम्

प्रस्थानत्रयी

1. ब्रह्मसूत्र 2. उपनिषद् 3. गीता

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि बृहत्त्रयी के अन्तर्गत 'रघुवंशम्' नहीं आता। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- संस्कृतसाहित्य का इतिहास-उमाशङ्करशर्मा ऋषि, पेज 208

24. नीचे लिखे गये ग्रन्थों में कौन सा ग्रन्थ काव्यशास्त्र का नहीं है?

(A) ध्वन्यालोक
(B) सरस्वतीकण्ठाभरण
(C) कविकर्णाभरण
(D) कविकण्ठाभरण

व्याख्या-

काव्यशास्त्रीयग्रन्थ –ग्रन्थकार– विभाजन

नाट्यशास्त्र – भरतमुनि – 36 अध्याय
काव्यादर्श – दण्डी – 3 परिच्छेद, 660 श्लोक
काव्यालङ्कार – भामह – 6 परिच्छेद, लगभग 400 श्लोक
काव्यालङ्कारसारसंग्रह–उद्भट– 6 वर्ग, 79 कारिका
काव्यालङ्कारसूत्रवृत्ति–वामन– 5 अधिकरण,12अध्याय
काव्यालङ्कार–रुद्रट– 16 वर्ग, 734 श्लोक
ध्वन्यालोक–आनन्दवर्धन– 4 उद्योत, 117 कारिकायें
काव्यमीमांसा–राजशेखर– 3 अध्याय/अवशिष्ट 15अध्याय
अभिधावृत्तिमातृका–मुकुलभट्ट– 15 कारिका
दशरूपक–धनञ्जय/धनिक– 4 प्रकाश
वक्रोक्तिजीवितम्–कुन्तक– 4 उन्मेष
व्यक्तिविवेक–महिमभट्ट– 3 विमर्श (अध्याय)
कविकण्ठाभरण–क्षेमेन्द्र– 55 कारिका
सरस्वती कण्ठाभरण–भोजराज– 5 परिच्छेद
काव्यप्रकाश–मम्मट– 10 उल्लास
चन्द्रालोक–जयदेव– 10 मयूख
साहित्यदर्पण–विश्वनाथ–10 परिच्छेद
कुवलयानन्द–अप्पयदीक्षित
चित्रमीमांसा–अप्पयदीक्षित
रसगङ्गाधर–पण्डितराज जगन्नाथ- –4 आनन

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि 'कर्णाभरण' ही ऐसा है जो काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत- संस्कृतशास्त्र का इतिहास-बलदेव उपाध्याय, पेज 212,228

25. निम्नलिखित में से जो न्यायसूत्रकार के मत में नहीं है?

(A) अनुमान **(B)** उपमान
(C) प्रत्यक्ष **(D)** परोक्ष

व्याख्या- गौतम प्रणीत न्यायसूत्र में 'प्रमाणानि चत्वारि' से प्रमाणों का विवेचन प्राप्त होता है।

प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि।

प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द यह चार प्रमाण स्वीकृत हैं।

स्पष्टीकरण- इससे स्पष्ट होता है कि परोक्ष न्यायसूत्रकार गौतम के मत में प्रमाण नहीं है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- तर्कभाषा - गजाननशास्त्री मुसलगाँवकर, पेज 59

26. पञ्चतन्मात्राओं से उत्पत्ति होती है?

(A) पञ्च प्राणों की **(B)** पञ्च मकारों की
(C) पञ्च इन्द्रियों की **(D)** पञ्च उपचारों की

व्याख्या- आचार्य कपिल द्वारा प्रणीत सांख्यदर्शन का प्रकरण ग्रन्थ सांख्यकारिका है जो ईश्वरकृष्ण द्वारा रचित है। इसमें प्रकृति के द्वारा उत्पन्न कार्यों का विवरण दिया गया है।

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः॥(कारिका 3)

मूल प्रकृति किसी का विकार अथवा कार्य नहीं है, महत् इत्यादि सात तत्त्व कारण और कार्य दोनों हैं। सोलह तत्त्वों का समुदाय तो केवल कार्य ही है, पुरुष न कारण ही है और न कार्य ही।

* सांख्यकारिका में पच्चीस तत्त्वों की चर्चा की गयी है उन सब तत्त्वों का मूल प्रकृति है जो तालिका द्वारा समझाया गया है -

सांख्य की सृष्टि प्रक्रिया

↓
मूलप्रकृति
↓
महत् (बुद्धि)
↓
अहङ्कार
↓

सात्विक अहङ्कार	तामसिक अहङ्कार
5 ज्ञानेन्द्रियाँ	पाँच तन्मात्रा
5 कर्मेन्द्रियाँ	पाँच महाभूत
1 मन	

पञ्च ज्ञानेन्द्रियाँ–श्रोत्र,त्वक् ,चक्षु ,रसना,घ्राण
पञ्च कर्मेन्द्रियाँ – वाक्,पाणि, पाद, पायु ,उपस्थ
पञ्चतन्मात्रायें – शब्द ,स्पर्श,रूप,रस,गन्ध
पञ्चमहाभूत- आकाश,वायु, अग्नि, जल, पृथिवी
स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि मूलप्रकृति से महत्, महत् से अहङ्कार, अहङ्कार से पञ्चतन्मात्रायें, पञ्चतन्मात्राओं से पञ्चमहाभूतों की उत्पत्ति होती है।
नोट :- इस प्रश्न के चारों विकल्पों में 'महाभूत' का विकल्प न होने के कारण यह प्रश्न विवाद की श्रेणी में है। अतः आयोग के द्वारा इस प्रश्न का उत्तर **F** माना गया है।

स्रोत- सांख्यकारिका (का.-22)- राकेश शास्त्री, पेज 70

27. विश्वपा शब्द के पञ्चमी एकवचन का रूप है?
(A) विश्वपा **(B)** विश्वपः
(C) विश्वपाः **(D)** विश्वपि

व्याख्या- विश्वपा = संसार का रक्षक अजन्त पुँल्लिङ्ग प्रकरण

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	विश्वपाः	विश्वपौ	विश्वपाः
द्वितीया	विश्वपाम्	विश्वपौ	विश्वपः
तृतीया	विश्वपा	विश्वपाभ्याम्	विश्वपाभिः
चतुर्थी	विश्वपे	विश्वपाभ्याम्	विश्वपाभ्यः
पञ्चमी	विश्वपः	विश्वपाभ्याम्	विश्वपाभ्यः
षष्ठी	विश्वपः	विश्वपोः	विश्वपाम्
सप्तमी	विश्वपि	विश्वपोः	विश्वपासु
सम्बोधन	हे विश्वपाः!	हे विश्वपौ!	हे विश्वपाः!

इसी प्रकार सोमपा = सोम रस पीने वाला
गोपा = गायों का रक्षक
धूमपा = धुआँ (तमाखू) पीने वाला
शङ्खध्मा = शंख बजाने वाला
बलदा = बल देने वाला का रूप चलेगा।
स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'विश्वपा' शब्द के पञ्चमी एकवचन का रूप है –विश्वपः। **अतः विकल्प 'B' सही है।**
स्रोत- रूपचन्द्रिका - ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पेज 07

28. शिशुपालवध में 'हिरण्यगर्भाङ्गभूः' कहा गया है?
(A) नारद को
(B) श्रीकृष्ण को
(C) बलराम को
(D) गर्ग को

व्याख्या- शिशुपालवधम् में प्रयुक्त नाम
नारद - हिरण्यगर्भाङ्गभूः, तपोनिधिः, धातुःसुतः
श्रीकृष्ण - अच्युतः, देवकीसुतम्, आदिपूरुषः, पुराविदः, उपेन्द्रः, रथाङ्गपाणिः, शार्ङ्गिणः, कंसकृषः, हरिः, पुण्डरीकाक्षः।
बलराम - शितिवासाः
शिव - भूतिसितेन, पिनाकिनम्, शूलिनः, शम्भुना
यम - परेतभर्तुः, कीनाशः
इन्द्र - अहिद्विषः, महेन्द्रः, नमुचिद्विषा, कौशिकः, पुरन्दरः
स्पष्टीकरण- 'हिरण्य-गर्भाङ्गभुवं मुनिं हरिः' इस वर्णन से स्पष्ट है कि 'हिरण्यगर्भाङ्गभूः' पद से 'नारद' का बोध हो रहा है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**
स्रोत- शिशुपालवधम् (1/1)- तारिणीश झा, पेज 02

29. 'अथवाऽनार्यः परदारव्यवहारः' यह उक्ति है?
(A) कण्व की **(B)** माधव्य की
(C) इन्द्र की **(D)** दुष्यन्त की

व्याख्या- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में दुष्यन्त का कथन-
'अथवाऽनार्यः परदारव्यवहारः' (अभि.-7) परस्त्री के विषय में बात करना अशिष्टता है।
(i) **'स्रजमपि शिरस्यन्धः क्षिप्तां धुनोत्यहिशङ्कया'** (अभि॰-7/24) अन्धा आदमी शिर पर डाली हुई फूलों की माला को भी साँप समझकर फेंक देता है।
(ii) **'उदेति पूर्वं कुसुमं ततः फलं घनोदयः प्राक् तदनन्तरं पयः।'** पहले फूल आते हैं, फिर फल होते हैं। पहले बादल आते हैं, तत्पश्चात् वर्षा होती है। (अभि॰7/30)
(iii) **'कुसुममिव लोभनीयं यौवनमङ्गेषु सन्नद्धम्।'** (अभि॰1/21) अंगों में फूल की तरह मनोहर यौवन व्याप्त है।
(iv) **'न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात्'** (अभि॰1/26) कान्ति से देदीप्यमान् तेज (विद्युत्) भूतल से उत्पन्न नहीं होता है।
(v) **'कामी स्वतां पश्यति'** (अभि॰2/2) कामी व्यक्ति सर्वत्र अपनी ही बात देखता है।
(vi) **'ईदृग् विनोदः कुतः'** (अभि॰2/5) इतना मनोरंजन और कहाँ?

कण्व का कथन-
(i) **'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्'** यह शकुन्तला पतिगृह को जा रही है, तुम सब अपनी स्वीकृति दो। (अभि॰4/9)
(ii) **'अस्यामहं त्वयि च सम्प्रति वीतचिन्तः।'** अब मैं इसकी और तेरी ओर से निश्चिन्त हो गया हूँ। (अभि॰4/13)

(iii) **'वनौकसोऽपि सन्तो लौकिकज्ञा वयम्'** (अभि॰/4) वनवासी होते हुये भी हम लोग लौकिक व्यवहार को जानते हैं।
(iv) **'शिवास्ते पन्थानः सन्तु।'** (अभि॰4/21) तुम्हारा मार्ग मंगलमय हो।
(v) **'अर्थो हि कन्या परकीय एव'** (अभि॰4/22) कन्या वस्तुतः पराई सम्पत्ति है।
(vi) **'यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामाः कुलस्याधयः।'** (अभि॰4/18) स्त्रियाँ गृहलक्ष्मी के पद पर अधिकृत होती हैं और इसके विपरीत चलने वाली कुल के लिए अभिशाप होती हैं।

माढव्य विदूषक का कथन-

(i) **'अरण्ये मया रुदितमासीत्।'** (अभि॰-अङ्क2) मैंने अरण्य रोदन ही किया।
(ii) **'गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृत्तः।'** (अभि॰ अङ्क 02) फोड़े पर फोड़ा हो गया है।
(iii) **'त्रिशङ्कुरिवान्तरा तिष्ठ'** (अभि॰-अङ्क 02) त्रिशङ्कु की तरह बीच में लटके रहिये।
(iv) **'भवितव्यता खलु बलवती'** (अभि॰-अङ्क 6) होनहार प्रबल होती है।
(v) **'कदापि सत्पुरुषाः शोकवास्तव्या न भवन्ति'** (अङ्क 6) सज्जन व्यक्ति कभी भी शोक के पात्र नहीं होते।
(vi) **'अवश्यमभाव्यचिन्तनीयः समागमो भवति'** (अङ्क-06) अवश्यंभावी मिलन अचानक ही होता है।

मातलि का कथन-

(i) **'अहो, उदाररमणीया पृथ्वी'** (अभि॰-7) अहो, यह पृथिवी कैसी विशाल मनोहर, दिख रही है।
(ii) **'उत्सर्पिणी खलु महतां प्रार्थना'** (अभि॰-7) महात्माओं की इच्छा सदा ऊर्ध्वगामिनी होती है।
(iii) **'अस्ति कालनेमिप्रसूतिर्दुर्जयो नाम दानवगणः।'** (अङ्क-07) कालनेमि के वंशज दुर्जय नामक राक्षसों का एक समुदाय है।
(iv) **'ज्वलति चलितेन्धनोऽग्निर्विप्रकृतः पन्नगः फणां कुरुते।'** (अभि॰7/31) अग्नि लकड़ियों को हिला देने से प्रज्वलित हो जाती है, साँप छेड़ने से फन को फैलाता है। इसी प्रकार मनुष्य भी प्रायः उत्तेजित होने पर अपने पराक्रम को प्राप्त होता है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'अथवाऽनार्यः परदारव्यवहारः' यह उक्ति दुष्यन्त की है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-07)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज 421

30. 'गुणः खलु अनुरागस्य कारणम्' यह उक्ति है?
(A) चारुदत्त की **(B)** मैत्रेय की
(C) शकार की **(D)** वसन्तसेना की

व्याख्या- शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् दश अङ्कों का प्रकरणग्रन्थ है जिसके नायक चारुदत्त और नायिका वसन्तसेना है।

वसन्तसेना का कथन-

(i) **गुणः खलु अनुरागस्य कारणं न पुनर्बलात्कारः (प्रथमोऽङ्क)** 'प्रेम तो गुण से होता है न कि बलात्कार से।'
(ii) **अपेयेषु तडागेषु बहुतरमुदकं भवति।** (मृच्छ अङ्क-02) जिन तालाबों का पानी पीने योग्य नहीं होता, उसमें पानी अधिक होता है।
(iii) **गणयामि नैव सर्वं दयिताभिमुखेन हृदयेन।** (04/33) हृदय से प्रियतम की ओर अभिमुख मैं (वसन्तसेना) इन सबकी परवाह नहीं करती हूँ।
(iv) **गणयन्ति न शीतोष्णं रमणाभिमुखाः स्त्रियः।** (मृच्छ॰5/16) रमणोत्सुक रमणी प्रियतम के पास जाने में शीत या ताप की चिन्ता नहीं करती।
(v) **पुरुषेषु न्यासा निक्षिप्यन्ते, न पुनर्गेहेषु** (अङ्क-01) धरोहर तो किसी योग्य पुरुष के हाथ में रखी जाती है, न कि योग्य घर में।

चारुदत्त के कथन-

(i) **अल्पक्लेशं मरणं दारिद्र्यमनन्तकं दुःखम्।** (1/11) यह दरिद्रता तो आजीवन दुःख भोगने को विवश कर देती है।
(ii) **अहो निर्धनता सर्वापदामास्पदम्** (मृच्छ-1/14) हाय, सारी विपत्तियों की जड़ यही दरिद्रता है।
(iii) **शङ्कनीया हि लोकेऽस्मिन् निष्प्रतापा दरिद्रता।** (5/43) क्योंकि इस संसार में गरीबी सबके संदेह का घर है।
(iv) **छिद्रेष्वनर्था बहुलीभवन्ति।** (मृच्छ॰9/26) आपत्ति के समय जरा सी भूल पाकर भी अनेक अनिष्ट एक साथ जुड़ जाते हैं।
(v) **अमौक्तिकमसौवर्णं ब्राह्मणानां विभूषणम्।
देवतानां पितॄणां भागो येन प्रदीयते॥** (मृच्छ॰10/18) बिना मोती और सोने का यह जनेऊ ही ब्राह्मणों का असली आभूषण है। इससे देवताओं तथा पितरों का भाग दिया जाता है।

मैत्रेय कथन- (i) **आर्य चारुदत्तो दरिद्रः संस्कृतः, तत् किं तस्य गुणैर्नालङ्कृता उज्जयिनी?** आर्य चारुदत्त निर्धन हो गये हैं, फिर भी क्या यह नगरी उज्जयिनी उनके गुणों से विभूषित नहीं है?
(ii) **'अलं परकलत्रदर्शनशङ्कया'** (मृच्छ-अङ्क॰1) परस्त्री समझकर सन्दिग्ध हो रहे हैं।

(iii) **'कामो वामः।'** (मृच्छ अङ्क-.5) काम सदा प्रतिकूल होता है।
(iv) **'त्वया विना अहं प्राणान् धारयामीति।'** (मृच्छ अङ्क-10) तुम्हारे बिना मैं जिन्दा नहीं रह सकता?

शकार का कथन-

(i) **'मम वशमनुयाता रावणस्येव कुन्ती।'** (मृच्छ.1/21) मेरे वश में उसी तरह आ गयी हो जैसे रावण के वश में कुन्ती हो गयी थी।
(ii) **'समन्तत उपस्थित एव राष्ट्रियबान्धः तत्किमिदानीमशरणः शरणं व्रजामि?'** (मृच्छ अङ्क 10) सब ओर राजा आर्यक के ही आत्मीय दिखाई पड़ रहे हैं। तो उस विपत्ति में मैं किसकी शरण जाऊँ।
(iii) **'नहि रत्नकुम्भसदृशोऽहं स्त्रियं व्यापादयामि।'** (मृच्छ-अङ्क 10) मणि कलश सदृश मेरे जैसा सत्पुरुष क्या नारी-हत्या करता है?

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वक्तव्यों से स्पष्ट है कि **'गुणः खलु अनुरागस्य कारणम्'** को कहने वाली वसन्तसेना है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- मृच्छकटिकम् (प्रथमोऽङ्क)- रमाशङ्कर त्रिपाठी, पेज 65

31. निर्वात दीपवत् चलत्व होता है?
(A) सविकल्पक समाधि का **(B)** सगुण ब्रह्म का
(C) जीव का **(D)** निर्विकल्पक समाधि का

व्याख्या- सदानन्द योगीन्द्र प्रणीत वेदान्तसार में दो समाधि बतायी गयी हैं- **सविकल्पक और निर्विकल्पक समाधिर्द्विविधः** सविकल्पको निर्विकल्पकश्चेति।

सविकल्पक समाधि-

सविकल्पको नाम ज्ञातृज्ञानादिविकल्पलयानपेक्षयाद्वितीय–वस्तुनि तदाकाराकारितायाश्चित्तवृत्तेरवस्थानम्।
ज्ञाता और ज्ञेय के भेद का लोप न होकर केवल अद्वितीय वस्तु के आकार से आकारित चित्तवृत्ति की स्थिति ही सविकल्पक समाधि है।

निर्विकल्पक समाधि-

निर्विकल्पकस्तु ज्ञातृज्ञानादिविकल्पलयापेक्षयाद्वितीयवस्तुनि तदाकाराकारितायाश्चित्तवृत्तेरतितरामेकीभावेनावस्थानम्।
किन्तु ज्ञाता एवं ज्ञेय के भेद का लोप होकर मात्र अद्वैतवस्तु ब्रह्म में तदाकार से आकारित चित्तवृत्ति का अत्यधिक एकीभाव से स्थित होना निर्विकल्पक समाधि है। निर्विकल्पक समाधि के विषय में पञ्चदशीकार कहते हैं-

ध्यातृ ध्याने परित्यज्य क्रमाद् ध्येयैकगोचरम्।
निर्वातदीपवच्चित्तं समाधिरभिधीयते॥

जिस समय चित्त, ध्याता एवं ध्यान की प्रतीति का परित्याग करके एकमात्र ध्येय ब्रह्मतत्त्व की अनुभूति करता है, उसे समाधि कहते हैं। इस अवस्था में चित्त वायुरहित स्थान में रखे दीपक के समान पूर्णतया निश्चल हो जाता है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'निर्वात दीपवत् चलत्व' निर्विकल्पक समाधि होती है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

नोट :- उपर्युक्त प्रश्न में मुद्रण दोष होने के कारण आयोग ने इस प्रश्न के उत्तर को **F** माना है।

स्रोत- वेदान्तसार - राकेश शास्त्री, पेज 275

32. वेदान्तसार के अनुसार प्रयोजन नहीं है?
(A) दुःखनिवृत्ति
(B) अभ्युदयलाभ
(C) पाण्डित्य सम्पादन
(D) अज्ञाननिवृत्ति और स्वस्वरूपानन्दावाप्ति

व्याख्या- सदानन्द प्रणीत वेदान्तसार में चार अनुबन्धचतुष्टय अधिकारी, विषय, सम्बन्ध, प्रयोजन बताये गये हैं।

1.अधिकारी-

अधिकारी तु विधिवदधीतवेदवेदाङ्गत्वेनापाततोऽधिगताखिलवेदार्थोऽस्मिन् जन्मनि जन्मान्तरे वा साधनचतुष्टयसम्पन्नः प्रमाता।
अधिकारी तो वस्तुतः वह जिज्ञासु प्रमाता है जिसने वेद-वेदाङ्गों का विधिपूर्वक अध्ययन करके सम्पूर्ण वेदों के अभिप्राय को भली प्रकार जान लिया है। इस जन्म में अथवा पूर्वजन्म में कामनाओं को पूर्ण करने वाले काम्य कर्म तथा शास्त्रों द्वारा निषेध किये गये कर्मों को छोड़ने के साथ-साथ नित्य नैमित्तिक, प्रायश्चित्त और उपासनाकर्मों के अनुष्ठान से सम्पूर्ण पापों से मुक्त, अत्यधिक निर्मल अन्तःकरण वाला होकर साधनचतुष्टय को अपना लिया है।

2. विषय- विषय जीवब्रह्मैक्यं शुद्धचैतन्यं प्रमेयं तत्रैव वेदान्तानां तात्पर्यात् वेदान्त का प्रतिपाद्य विषय जीव और ब्रह्म की एकता है। शुद्धचैतन्य ही यहाँ प्रमा का विषय है।

3. सम्बन्ध- सम्बन्धस्तु तदैक्यप्रमेयस्तु तत्प्रतिपादकोपनिषत्प्रमाणस्य च बोध्यबोधकभावः।
ज्ञान के विषय उन जीव और ब्रह्म का ऐक्य एवं उनका प्रतिपादन करने वाले उपनिषद् रूप प्रमाणवाक्यों का परस्पर बोध्यबोधकभाव सम्बन्ध है।

4. प्रयोजन- प्रयोजनं तु तदैक्यप्रमेयगताज्ञाननिवृत्तिः स्वस्वरूपानन्दावाप्तिश्च ''तरति शोकमात्मवित्'' इत्यादिश्रुतेः। जबकि उस जीव एवं ब्रह्म के ऐक्यविषयक ज्ञान के साथ अज्ञान की निवृत्तिपूर्वक अपने स्वरूप का परिचय होने से चरम आनन्द की प्राप्ति ही इस शास्त्र का मुख्य प्रयोजन है।
स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि वेदान्तसार के अनुसार प्रयोजन दुःखनिवृत्ति, अभ्युदयलाभ, अज्ञाननिवृत्ति और स्वस्वरूपानन्दावाप्ति है। **अतः विकल्प C सही है।**
स्रोत- वेदान्तसार - राकेश शास्त्री, पेज 116,143,145

33. वेदान्तसार में लिङ्गशरीर है-
(A) षोडशावयव **(B)** पञ्चदशावयव
(C) एकादशावयव **(D)** सप्तदशावयव

व्याख्या- सदानन्द योगीन्द्र द्वारा प्रणीत वेदान्तसार प्रकरण ग्रन्थ है। वेदान्तसार में सत्रह (17) अवयव से लिङ्गशरीर बना है-
सूक्ष्मशरीराणि सप्तदशावयवानि लिङ्गशरीराणि। सूक्ष्मशरीर (लिङ्गशरीर) में सत्रह अवयव होते हैं-
ज्ञानेन्द्रियपञ्चकं बुद्धिमनसी कर्मेन्द्रियपञ्चकं वायुपञ्चकं चेति। पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पञ्चकर्मेन्द्रियाँ, पञ्चवायु, बुद्धि और मन यह कुल सत्रह अवयव हैं जिससे सूक्ष्म शरीर का निर्माण हुआ है।

* ईश्वरकृष्ण प्रणीत सांख्यकारिका में सूक्ष्मशरीर अठारह अवयवों से मिलकर उत्पन्न होता है।

पूर्वोत्पन्नमसक्तं नियतं महदादिसूक्ष्मपर्यन्तम्।
संसरति निरूपभोगं भावैरधिवासितं लिङ्गम्।। (सां का.-40)
सृष्टि के प्रारम्भ में उत्पन्न सर्वत्र गति करने में सक्षम, प्रलय-काल पर्यन्त स्थायी रूप से बहने वाला, महत् आदि से लेकर सूक्ष्म तन्मात्रापर्यन्त अठारह तत्त्वों से निर्मित, भोग-रहित, भावों से युक्त, लिङ्गशरीर संसार में गमनागमन करता है। अठारह तत्त्व इसप्रकार हैं- महत्, अहङ्कार,मन, पञ्च ज्ञानेन्द्रियाँ, पञ्च कर्मेन्द्रियाँ, पञ्चतन्मात्रायें।

* सदानन्द योगीन्द्र द्वारा प्रणीत वेदान्तसार में पञ्चीकरण की प्रक्रिया मुख्य है-

द्विधा विधाय चैकैकं चतुर्धा प्रथमं पुनः।
स्वस्वेतरद्वितीयांशैर्योजनात्पञ्च पञ्च ते।।
पञ्चीकृत महाभूतों को ही स्थूलभूत कहा जाता है।
सर्वप्रथम समान दो भागों में विभाजित करके, प्रत्येक को चार भागों में विभाजित करके, अपने-अपने अंश को छोड़कर अन्य भूतों के अर्धांश के साथ जोड़ने से वे पाँच (सूक्ष्मभूत) पाँच (स्थूलभूत) हो जाते हैं।

⇒ **षोडश- प्रकृतेर्महाँस्ततोऽहङ्कारस्तस्माद् गणश्च षोडशकः।**
तस्मादपि षोडशकात् पञ्चभ्यः पञ्चभूतानि।।
(सा.का.-22)
मूल प्रकृति से महत् (उत्पन्न होता है), उस महत् से अहङ्कार और उस अहङ्कार से सोलह पदार्थों का समूह प्रकट होता है। उसी सोलह के समूह में से पाँच तन्मात्राओं से पञ्चमहाभूत उत्पन्न होते हैं।
स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि वेदान्तसार के सूक्ष्म या लिङ्गशरीर में 'सप्तदशावयव' होते हैं।
अतः विकल्प 'D' सही है।
स्रोत- वेदान्तसार - राकेश शास्त्री, पेज 184

34. विश्वनाथ के मतानुसार हास्य होता है?
(A) द्विविध **(B)** त्रिविध
(C) चतुर्विध **(D)** षड्विध

व्याख्या- ⇒ **आचार्य विश्वनाथ के अनुसार हास्य रस के छः भेद-**
1. स्मित 2. हसित 3. विहसित 4. अवहसित
5. अपहसित 6. अतिहसित

हास्य भेद

(1) स्मित (2) हसित- उच्च श्रेणी
(3) विहसित (4) अवहसित- मध्यम श्रेणी
(5) अपहसित (6)अतिहसित- निम्न श्रेणी

⇒ **शृङ्गार रस- शृङ्गं हि मन्मथोद्भेदस्तदागमनहेतुकः**
उत्तमप्रकृतिप्रायो रसः शृङ्गार इष्यते।। (सा.द.3/183)
कामदेव के उद्भेद को शृङ्ग कहते हैं, उसकी उत्पत्ति का कारण,अधिकांश उत्तम प्रकृति से युक्त रस शृङ्गार कहलाता है।
शृङ्गार के भेद- (i) संभोग (ii) विप्रलम्भ
विप्रलम्भ शृङ्गार के भेद- (i)पूर्वराग (ii)मान,(iii) प्रवास, (iv) करुण

⇒ **वीररस का लक्षण-**
उत्तमप्रकृतिर्वीर उत्साहस्थायिभावकः।
महेन्द्रदैवतो हेमवर्णोऽयं समुदाहृतः।। (सा.द. 3/232)
उत्तम पात्र (रामादि) में आश्रित वीररस होता है। इसका स्थायीभाव उत्साह, देवता महेन्द्र और रंग सुवर्ण होता है।
स च दानधर्मयुद्धैर्दयया च समन्वितश्चतुर्धा स्यात्।
(सा.द.3/234)

वीररस के भेद- 1. दानवीर 2. धर्मवीर 3. दयावीर 4. युद्धवीर

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि हास्य के छः भेद होते हैं। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- साहित्यदर्पण - शालिग्राम शास्त्री, पेज 118

35. व्यायोग में नायक होता है?

(A) धीरप्रशान्त **(B)** धीरोदात्त
(C) धीरोद्धत **(D)** धीरललित

व्याख्या- ⇒ **नायक का लक्षण-**

त्यागी कृती कुलीनः सुश्रीको रूपयौवनोत्साही।
दक्षोऽनुरक्तलोकस्तेजोवैदग्ध्यशीलवान्नेता॥

(सा.द.3/30)

दाता, कृतज्ञ, पण्डित, कुलीन, लक्ष्मीवान् लोगों के अनुराग का पात्र, रूप, यौवन और उत्साह से युक्त, तेजस्वी, चतुर और सुशील पुरुष काव्यों में नायक होता है।

⇒ **नायक के भेद-**

धीरोदात्तो धीरोद्धतस्तथा धीरललितश्च।
धीरप्रशान्त इत्ययमुक्तः प्रथमश्चतुर्भेदः॥

(सा.द. 3/31)

धीरोदात्त, धीरोद्धत, धीरललित तथा धीरप्रशान्त ये नायक के प्रथम चार भेद हैं।

⇒ **धीरोदात्त का लक्षण-**

अविकत्थनः क्षमावानतिगम्भीरो महासत्त्वः।
स्थेयान्निगूढमानो धीरोदात्तो दृढव्रतः कथितः॥

(सा.द.3/32)

अविकत्थन अर्थात् अपनी प्रशंसा न करने वाला, क्षमायुक्त, अतिगम्भीर स्वभाव वाला, महासत्त्व अर्थात् हर्ष, शोकादि से अपने स्वभाव को नहीं बदलने वाला, स्थिर प्रकृति, विनय से प्रच्छन्न गर्व रखने वाला और दृढ़व्रत अपनी बात का पक्का और आन का पूरा पुरुष धीरोदात्त कहलाता है।

धीरोदात्त नायक का उदाहरण-

नाटकं ख्यातवृत्तं स्यात्पञ्चसन्धिसमन्वितम्।
प्रख्यातवंशो राजर्षिर्धीरोदात्तः प्रतापवान्।। (6-9)

नाटक में धीरोदात्त नायक होता है।अभिज्ञानशाकुन्तलम् में राजा दुष्यन्त और उत्तररामचरितम् में राजा राम धीरोदात्त नायक हैं।

⇒ **धीरोद्धत-**मायापरः प्रचण्डश्चपलोऽहंकारदर्पभूयिष्ठः। (3/33)
मायावी, प्रचण्ड, घमण्डी, शूर, अपनी तारीफ करने वाला धीरोद्धत नायक कहलाता है। जैसे- भीमसेन

'ख्यातेतिवृत्तो व्यायोगः स्वल्पस्त्रीजनसंयुतः भवेद्धीरोद्धतश्च सः।' (सा.द.-6/233)

व्यायोग में नायक प्रख्यात धीरोद्धत राजर्षि अथवा दिव्य पुरुष होता है। उदाहरण- सौगन्धिकाहरण (व्यायोग)

⇒ **धीरप्रशान्त-** सामान्यगुणैर्भूयान्द्विजादिको धीरशान्तः स्यात्। (3/34)
सामान्य गुणों से युक्त ब्राह्मणादिक 'धीरप्रशान्त' कहलाता है। जैसे- मृच्छकटिक का नायक चारुदत्त, मालतीमाधव में माधव।

भवेत्प्रकरणे वृत्तं लौकिकं कविकल्पितम्
सापायधर्मकामार्थपरो धीरप्रशान्तकः।(सा.द.-224-225)

प्रकरण में कथा लौकिक, कविकल्पित होती है। इसका नायक विघ्नपूर्ण धर्म, अर्थ, काम में तत्पर धीरप्रशान्त होता है।

धीरललित- निश्चिन्तो मृदुरनिशं कलापरो धीरललितः स्यात्। (3/34)

निश्चिन्त, अति कोमल स्वभाव, सदा नृत्य गीतादि कलाओं में प्रसक्त नायक धीरललित कहलाता है।

उदाहरण- रत्नावली का नायक-उदयन

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि व्यायोग का नायक धीरोद्धत होता है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत- साहित्यदर्पण - शालिग्राम, पेज 65

36. ''अर्थे सत्यर्थभिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः'' यह लक्षण है?

(A) अनुप्रास का **(B)** यमक का
(C) श्लेष का **(D)** उपमा का

व्याख्या- यमक का लक्षण- आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के नवें उल्लास में यमक का लक्षण करते हैं-

अर्थे सत्यर्थभिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिःयमकम्।

अर्थ होने पर भिन्नार्थक वर्णों की उसी क्रम से पुनः श्रवण (पुनरावृत्ति) यमक नामक शब्दालङ्कार कहलाता है।

सन्नारीभरणोमायमाराध्य विधुशेखरम्।
सन्नारीभरणोऽमायस्ततस्त्वं पृथिवीं जय॥

सती नारियों का भरण करने वाली जो उमा अर्थात् पार्वती उसको प्राप्त करने वाले विधुशेखर शिव की आराधना करके शत्रुओं के हाथियों का विनाश करने वाले युद्ध के प्रवर्त्तक होकर उस शिव की आराधना से छल-कपट रहित आप पृथिवी का विजय करें।

साहित्यदर्पण के अनुसार यमक का लक्षण-

सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यञ्जनसंहतेः।
क्रमेणतेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते। (सा.द.10/8)
उदाहरण- नवपलाशपलाशवनं पुरः स्फुटपराग-परागत-पंकजम्।
मृदुलतान्त-लतान्तमलोकयत्स सुरभिं सुरभिं सुमनोभरैः।।
जिसमें पलाशों (ढालों) का वन नवीन पलाशों से युक्त हो गया है और कमल बढ़े हुए पराग से परागत हो गये हैं एवं लतान्त जिसमें मृदुल (कोमल) और तान्त (विस्तृत, झुके हुए) हो गए हैं। पुष्पों की अधिकता से सुरभि उस सुरभि (वसन्त ऋतु) को श्रीकृष्ण ने रैवतक पर्वत पर देखा।
स्पष्टीकरण- 'पलाश पलाश' और सुरभिं सुरभिं इसमें दोनों पद सार्थक है' लतान्त, लतान्त में पहला निरर्थक है। क्योंकि इस लतान्त में 'ल' मृदुल शब्द से मिला है। पराग, पराग में दूसरा पराग निरर्थक है, क्योंकि इसमें गत शब्द का 'ग' मिलाया गया है।

⇒ **अनुप्रास- वर्णसाम्यमनुप्रासः** (का.प्र.9/103)
अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत्। (सा.द.10/3)
वर्णों की समानता अनुप्रास है।
उदाहरण- ततोऽरुणपरिस्पन्दमन्दीकृतवपुः शशी।
दध्रे कामपरिक्षामकामिनीगण्डपाण्डुताम्।।
यहाँ न्द-न्द, म-म, ण्ड-ण्ड, की बार-बार आवृत्ति होने से अनुप्रास है।

⇒ **श्लेष- वाच्यभेदेन भिन्ना यद् युगपद्भाषणस्पृशः।**
शिलष्यन्ति शब्दाः श्लेषोऽसावक्षरादिभिरष्टधा॥
(का.प्र.9/118)
शिलष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष इष्यते। (सा.द.10/11)
यथा- पृथुकार्त्तस्वरपात्रं भूषितनिःशेषपरिजनं देव।
विलसत्करेणु गहनं सम्प्रति सममावयोः सदनम्।।
(का. प्र.9/371)
हे राजन्! इस समय हम दोनों का घर **(1) पृथुकार्त्तस्वरपात्रं** (i)बच्चों के रोने का स्थान तथा (ii)बड़े-बड़े सोने के पात्रों से युक्त **(2) भूषितनिःशेषपरिजन** (i) पृथिवी पर लोटते हुये परिजनों वाला तथा (ii) अलङ्कृत परिजनों वाला **(3) विलसत्करेणुगहनम्** (i) चूहों की मिट्टी से भरा हुआ तथा (ii) झूमती हुई हथिनियों से भरा हुआ होने से एक समान हो रहा है।

⇒ **उपमा- साधर्म्यमुपमा भेदे** (का.प्र. 10/124)
साम्यं वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्य उपमा द्वयोः भेद होने पर उनका साधर्म्य उपमा कहलाता है। (सा.द./14)
उदाहरण- चकितहरिणलोललोचनायाः क्रुधि तरुणारुणतार-हारिकान्तिः सरसिजमिदमाननं च तस्याः सममिति चेतसि सम्मदं विधत्ते।
स्पष्टीकरण- इसमें 'सरसिज' उपमान है,'आनन' उपमेय है,अरुण के समान 'कान्तिमत्त्व' साधारणधर्म और 'समम्' यह उपमानवाचक शब्द है, 'सम' के साथ समास न होने से वाक्यगा श्रौती उपमा है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**
स्रोत- काव्यप्रकाश - आचार्य विश्वेश्वर, पेज 409

37. संस्कृत भाषा में निम्नलिखित में से दीर्घ नहीं होता है?
(A) ऋकार का **(B)** अकार का
(C) इकार का **(D)** ऌकार का

व्याख्या- ⇒ अ इ उ ऋ इन वर्णों के 18 प्रभेद होते हैं।
अ इ उ ऋ एषां वर्णानां प्रत्येकमष्टादशभेदात्।
⇒ ऌ वर्ण के 12 प्रभेद होते हैं क्योंकि इसका (ऌ का) दीर्घ नहीं होता है। 'ऌवर्णस्य द्वादश तस्य दीर्घाभावात्'
⇒ एच् अर्थात् ए,ओ, ऐ, तथा औ में से प्रत्येक के 12 भेद होते हैं, क्योंकि इनका ह्रस्व नहीं होता।'एचामपि द्वादश तेषां ह्रस्वाभावात् '

वर्ण	**भेद**
अ इ उ ऋ	18 भेद (ह्रस्व, दीर्घ,प्लुत)
ऌ	12 भेद (ह्रस्व, प्लुत)
ए, ओ, ऐ, औ	12 भेद (दीर्घ, प्लुत)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि ऌकार का दीर्घ नहीं होता। 'ऌवर्णस्य द्वादश तस्य दीर्घाभावात्।'
अतः विकल्प 'D' सही है।
स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी - आद्यप्रसाद मिश्र, पेज 20-21

38. 'द्वियमुनम्' में समास है?
(A) द्विगु (B) द्वन्द्व
(C) अव्ययीभाव (D) तत्पुरुष

व्याख्या- सूत्र- नदीभिश्च-सूत्र से अव्ययीभाव समास
नदीभिश्च सूत्र से - संख्यावाची द्वि ओस् सुबन्त का नदी विशेष के वाचक यमुना ओस् सुबन्त के साथ अव्ययीभाव समास हुआ।
प्रथमानिर्दिष्टं समास उपसर्जनम् -सूत्र से द्वि ओस् की उपसर्जन संज्ञा हुई और
उपसर्जनं पूर्वम् - सूत्र से पूर्व निपात होकर द्वि ओस् यमुना ओस् बना।

कृत्तद्धितसमासाश्च - सूत्र से द्वि ओस् यमुना ओस् की प्रातिपदिक संज्ञा हुई।

सुपोधातुप्रातिपदिकयोः- सूत्र से सुप् दोनों ओस् का लोप होकर द्वियमुना बना।

अव्ययीभावश्च (2.4.18)- सूत्र से द्वियमुना की नपुंसकलिङ्ग संज्ञा हुई और

ह्रस्वो नपुंसके प्रातिपदिकस्य- सूत्र से नपुंसकलिङ्ग द्वियमुना को ह्रस्व करके द्वियमुन किया।

ङ्याप्प्रातिपदिकात् - सूत्र से प्रथमा विभक्ति एकवचन की विवक्षा में सु की प्राप्ति होकर द्वियमुन सु बना।

अव्ययीभावश्च (1.1.41)- सूत्र से अव्यय संज्ञा हुई और

अव्ययादाप्सुपः- सूत्र से सुप् का लोप प्राप्त हुआ

नाव्ययीभावादतोऽमत्वपञ्चम्याः- सूत्र से सु के लोप का निषेध हुआ और सु के स्थान पर अम् आदेश होकर द्वियमुन + अम् बना। अमिपूर्वः- सूत्र से पूर्वरूप एकादेश होकर **द्वियमुनम्** बना।

द्विगु समास–इसका सूत्र है- **संख्यापूर्वो द्विगुः** (2.1.52) **'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च'** सूत्र द्वारा तद्धितार्थ के विषय में उत्तरपद परे होने पर या समाहार अर्थ में जो तीन प्रकार का समास कहा गया है उस समास में संख्यावाची पूर्वपद हो तो वह समास द्विगुसंज्ञक होता है।

जैसे-

पञ्चगवम् - पञ्चानां गवां समाहारः

पञ्चपात्रम् - पञ्चानां पात्राणां समाहारः

त्रिभुवनम् - त्रयाणां भुवनानां समाहारः

चतुर्युगम् - चतुर्णां युगानां समाहारः

द्वन्द्व समास- सूत्र- चार्थे द्वन्द्वः (2.2.29)

च के अर्थ में वर्तमान अनेक सुबन्त परस्पर विकल्प से समास को प्राप्त होते हैं और वह समास द्वन्द्वसंज्ञक होता है।

उदाहरण-

हरिहरौ – हरिश्च हरश्च

पाणिपादम् - पाणी च पादौ च

पितरौ - माता च पिता च

द्वादश - द्वौ च दश च

तत्पुरुष समास- द्वितीया तत्पुरुष समास का विधान करने वाला सूत्र **द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्ताऽपन्नैः** (2.1.23) द्वितीयान्त सुबन्त श्रित आदि प्रकृति वाले सुबन्तों के साथ विकल्प से समास होता है।

उदाहरण-

कृष्णश्रितः – कृष्णं श्रितः

कूपपतितः - कूपं पतितः

ग्रामगतः - ग्रामं गतः

सुखप्राप्तः - सुखं प्राप्तः

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि अव्ययीभाव समास का उदाहरण द्वियमुनम् है। **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी - आद्याप्रसाद मिश्र, पेज 157

39. पक्वः में प्रत्यय है?

(A) क्त (B) क्तवतु

(C) घञ् (D) यत्

व्याख्या-

- क्तक्तवतू निष्ठा (1.1.26)- क्त और क्तवतु प्रत्यय निष्ठा संज्ञक होते हैं।
- निष्ठा (3.2.102)- सूत्र से क्त और क्तवतु प्रत्यय भूतकाल अर्थ में सभी धातुओं से लगाये जाते हैं।
- क्त और क्तवतु प्रत्ययों से बने पदों का तीनों लिङ्गों में रूप चलता है।

  पच् + क्त = 'लशक्वतद्धिते' सूत्र से आदि क् की इत्संज्ञा और 'तस्य लोपः' से लोप

  पच् + त = 'पचो वः' सूत्र से निष्ठा के तकार को वकार आदेश होकर

  पच् + व = अब प्रकृत वत्व के त्रिपादी में परत्वेन असिद्ध होने के कारण झल् वर्ण (त्) के परे होने से 'चोः कुः' सूत्र द्वारा पच् के चकार को कुत्व ककार करने पर विभक्ति 'पक्वः' प्रयोग सिद्ध होता है।
- क्त प्रत्यय में क् की 'लशक्वतद्धिते' सूत्र से इत्संज्ञा 'तस्य लोपः' से लोप होकर त शेष बचता है।

* यह प्रत्यय भाववाच्य एवं कर्मवाच्य में प्रयुक्त होता है।

क्त प्रत्ययान्त पदों की सूची

धातु+प्रत्यय	पु.	स्त्री.	नपुं.
पठ् + क्त	पठितः	पठिता	पठितम्
प्रच्छ् + क्त	पृष्टः	पृष्टा	पृष्टम्
नश् + क्त	नष्टः	नष्टा	नष्टम्
शक् + क्त	शक्तः	शक्ता	शक्तम्
प्रविश् + क्त	प्रविष्टः	प्रविष्टा	प्रविष्टम्
पा + क्त	पीतः	पीता	पीतम्
पच् + क्त	पक्वः	पक्वा	पक्वम्

इष् + क्त	इष्टः	इष्टा	इष्टम्
गॄ + क्त	गीर्णः	गीर्णा	गीर्णम्
छिद् + क्त	छिन्नः	छिन्ना	छिन्नम्
दह् + क्त	दग्धः	दग्धा	दग्धम्
दा + क्त	दत्तः	दत्ता	दत्तम्
दुह् + क्त	दुग्धः	दुग्धा	दुग्धम्
दृश् + क्त	दृष्टः	दृष्टा	दृष्टम्
धा + क्त	हितः	हिता	हितम्
नम् + क्त	नतः	नता	नतम्
ब्रू + क्त	उक्तः	उक्ता	उक्तम्
भञ्ज् + क्त	भुक्तः	भुक्ता	भुक्तम्
मुच् + क्त	मुक्तः	मुक्ता	मुक्तम्
यज् + क्त	इष्टः	इष्टा	इष्टम्
लभ् + क्त	लब्धः	लब्धा	लब्धम्
वच् + क्त	उक्तः	उक्ता	उक्तम्
शुष् + क्त	शुष्कः	शुष्का	शुष्कम्

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि पच् + क्त के योग से पक्वः बनेगा। **अतः विकल्प A सही है।**

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज 201,202

40. 'वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि' यह सुभाषित है?
(A) रघुवंशम् में (B) उत्तररामचरितम् में
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में (D) वेणीसंहारम् में

व्याख्या- उत्तररामचरितम्- महाकवि भवभूति द्वारा विरचित उत्तररामचरितम् के द्वितीय अङ्क में वासन्ती कहती है-

वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि
लोकोत्तराणां चेतांसि को हि विज्ञातुमर्हति॥ (2/7)

वज्र से भी कठोर और फूल से भी कोमल महापुरुषों के चित्त को कौन जान सकता है?

अन्य सूक्तियाँ-

⇒ लक्ष्मण का कथन राम से- **अपि ग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम्।** (1/28)
निर्जन जनस्थान में खिन्न चित्त आपके चरितों से पत्थर भी रो पड़ा था और वज्र का भी हृदय फट गया था।

⇒ **तमसा का कथन है-प्रसवः खलु प्रकर्षपर्यन्तः स्नेहस्य।** सन्तान वस्तुतः प्रेम की चरम सीमा होती है।

➤ महाकवि कालिदास प्रणीत **रघुवंश महाकाव्य** के द्वितीय सर्ग में गो सेवा व्रत के सन्दर्भ में कहा गया है-
स्ववीर्यगुप्ता हि मनोः प्रसूतिः (2/4)
मनु के वंश में उत्पन्न राजा लोग अपने ही पराक्रम से आत्मरक्षा कर लेते थे।

अन्य सूक्तियाँ-

* **छायेव तां भूपतिरन्वगच्छत्** (2/6) राजा दिलीप ने नन्दिनी गाय की छाया की भाँति अनुसरण किया।
* **धेनुर्दिनक्षपामध्यगतेव सन्ध्या** (2/20)- सुदक्षिणा और दिलीप के बीच में दिन और रात्रि के मध्य में स्थित (नन्दिनी) सन्ध्याकाल की भाँति सुशोभित हुई।
* **'सम्बन्धमाभाषणपूर्वमाहुः'** (2/58)- सम्बन्ध (मैत्री) तो बातचीत से उत्पन्न हुआ करते हैं। ऐसा लोग कहते हैं।

⇒ **अभिज्ञानशाकुन्तलम् -** महाकवि कालिदास द्वारा रचित प्रसिद्ध नाटक अभिज्ञानशाकुन्तलम् है। इसके नायक दुष्यन्त और नायिका शकुन्तला है। अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में शिष्य कहता है-

इष्टप्रवासजनितान्यबलाजनस्य
दुःखानि नूनमतिमात्रसुदुः सहानि। (4/3)

वस्तुतः स्त्रियों को अपने इष्ट व्यक्ति के प्रवास से उत्पन्न दुःख अत्यन्त असह्य होते हैं।

शारद्वत का कथन है-

➤ **'उपपन्ना हि दारेषु प्रभुता सर्वतोमुखी'** (5/26)- पत्नी पर (पति) की सब प्रकार की प्रभुता स्वीकार की गयी है।

➤ **अनसूया का कथन- 'गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति।'** (4/16)- आशा का बन्धन विरह के कठोर दुःख को भी सहन करा देता है।

⇒ **वेणीसंहारम्-** भट्टनारायण प्रणीत वेणीसंहार नाटक है। वेणीसंहार के द्वितीयाङ्क में राजा कहता है कि- **'अहो मुग्धत्वमबलानाम्'।** अबलाओं की मूर्खता धन्य है।

कर्ण का कथन- 'दैवायत्तं कुले जन्म मदायत्तं तु पौरुषम्।' (3/7)
कुल में जन्म होना भाग्य के अधीन होता है परन्तु पौरुष तो मुझ पर ही निर्भर है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि वज्रादपि कठोराणि....यह सूक्ति उत्तररामचरितम् से उद्धृत है।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- उत्तररामचरितम् (2/7)- आनन्दस्वरूप, पेज 169

41. ''गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः'' यह सूक्ति किस ग्रन्थ में है?

(A) उत्तररामचरितम् में
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में
(C) मृच्छकटिकम् में
(D) मालविकाग्निमित्रम् में

व्याख्या- उत्तररामचरितम् के चतुर्थ अङ्क में अरुन्धती का कथन है- **शिशुर्वा शिष्या वा यदसि मम तत्तिष्ठतु तथा विशुद्धेरुत्कर्षस्त्वयि तु मम भक्तिं दृढयति।**
शिशुत्वं स्त्रैणं वा भवतु ननु वन्द्यासि जगतां
गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः॥
(उत्तर.4/11)

गुणवानों में गुण ही पूजा के योग्य होते हैं, न कोई चिह्न-विशेष और न आयु।

⇒ **उत्तररामचरितम् की अन्य सूक्तियाँ-** अरुन्धती का कथन दशरथ से-
पुरन्ध्रीणां चित्तं कुसुमसुकुमारं हि भवति। (4/12)
कुलीन स्त्रियों का चित्त फूल के समान कोमल होता है।
वनदेवता तापसी से कहती है-

➢ **सतां सद्भिः सङ्गः कथमपि हि पुण्येन भवति।** (2/1)- सज्जनों का सज्जनों से मिलन बड़े पुण्य से होता है।

➢ तापसी वनदेवता से कहती है-
रहस्यं साधूनामनुपधि विशुद्धं विजयते। (2/2)
एक सा प्रेम वाला, निश्छल और विशुद्ध सज्जनों का चरित (सदा) विजय को प्राप्त होता है।

⇒ **अभिज्ञानशाकुन्तलम्-** प्रियंवदा अनसूया से कहती है-
तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति।
सुन्दर आकृतियाँ गुणों से रहित नहीं होती हैं।

⇒ **मृच्छकटिकम्-** वसन्तसेना शकार से कहती है-
गुणः खल्वनुरागस्य कारणम् न पुनर्बलात्कारः।
गुण ही अनुराग का कारण होता है, न कि बलात्कार।

⇒ **मालविकाग्निमित्रम्-** कालिदास मालविकाग्निमित्रम् में कहते हैं- **पुराणमित्येव न साधु सर्वम्** (1/2)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'गुणाः पूजास्थानं' यह सूक्ति उत्तररामचरितम् से ली गयी है। **अतः विकल्प A सही है।**

स्रोत- उत्तररामचरितम् (4/11)- आनन्दस्वरूप, पेज 347

42. 'चण्डीशतक' के रचयिता कौन हैं?

(A) मयूरभट्ट (B) बाणभट्ट
(C) रामानुजाचार्य (D) भर्तृहरि

व्याख्या-

लेखक	**ग्रन्थ**
बाणभट्ट	चण्डीशतक, कादम्बरी, हर्षचरित, मुकुटताडितक, पार्वती-परिणय।
मयूरभट्ट	सूर्यशतकम्
रामानुजाचार्य	श्रीभाष्य
भर्तृहरि	नीतिशतकम्, शृङ्गारशतकम्, वैराग्यशतकम् वाक्यपदीयम्।
हर्ष	प्रियदर्शिका, रत्नावली, नागानन्द
त्रिविक्रमभट्ट	नलचम्पू, मदालसाचम्पू
गुणाढ्य	बृहत्कथा
भवभूति	उत्तररामचरितम्, मालतीमाधवम्, महावीरचरितम्।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि 'चण्डीशतक' बाणभट्ट की रचना है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत - संस्कृत साहित्य का इतिहास-उमाशंकर शर्मा ऋषि, पेज 395

43. एक मात्र वर्ण ''दकार'' का प्रयोग करते हुए जिस महाकवि ने पद्य निर्मित किया है, वे हैं-

(A) कालिदास (B) माघ
(C) भारवि (D) भवभूति

व्याख्या- बृहत्त्रयी का द्वितीय काव्य अपनी विशिष्ट काव्य शैली के लिए प्रख्यात 'शिशुपालवध' है। संस्कृत साहित्य में बृहत्त्रयी किरातार्जुनीयम्, शिशुपालवधम् तथा नैषधीयचरितम् का बड़ा आदर है। शिशुपालवध के कर्ता का नाम माघ है। माघ के दादा का नाम सुप्रभदेव था। वे वर्मलात, नामक राजा जो गुजरात के किसी प्रदेश का शासक था, उसके प्रधानमन्त्री थे। माघ के पिता का नाम दत्तक (सर्वाश्रय) था। ये बड़े विद्वान् तथा दानी थे। माघ का जन्म भीनमाल में हुआ था। माघ का समय सातवीं शताब्दी का उत्तरार्ध माना जाता है। इनका एकमात्र महाकाव्य 'शिशुपालवध' ही है। शिशुपालवध के अन्त में कविवंशवर्णन दिया गया है-

सर्वाधिकारी सुकृताधिकारी
श्रीवर्मलाख्य तस्य बभूव राज्ञः।
असक्तदृष्टिर्विरजाः सदैव
देवोऽपरः सुप्रभदेवनामा॥

शिशुपालवधम्- यह माघकवि की एकमात्र कृति 20

सर्गों के महाकाव्य के रूप में है। पाँच पद्य कवि वंश वर्णन के हैं उन्हें जोड़कर माघ की रचना 1650 पद्यों की है। एक मात्र वर्ण दकार का प्रयोग करते हुए महाकवि माङ ने यह पद्य निर्मित किया है

दाददो दुद्ददुद्दादी दाददो दूददीददोः।
दुद्दादं दददे दुद्दे ददाददददोऽददः॥ (19/114)

भारवि- 'किरातार्जुनीयम्' महाकाव्य के रचयिता के रूप में संस्कृत महाकाव्यों के इतिहास में भारवि विख्यात हैं। इन्होंने महाकाव्य के लेखन में विचित्रमार्ग का प्रवर्तन किया जिसमें भावपक्ष की अपेक्षा कलापक्ष पर ही अधिक बल रहता है। भारवि दण्डी के प्रपितामह थे और उनका वास्तविक नाम दामोदर था। भारवि के पिता का नाम श्रीधर या नारायणस्वामी था। दण्डी दामोदर (भारवि) के प्रपौत्र थे।

किरातार्जुनीय- यह भारवि की एकमात्र उपलब्ध कृति है। इस महाकाव्य में 18 सर्ग हैं। इसका कथानक महाभारत के वनपर्व के कुछ अध्यायों पर आश्रित है। इसीलिए इसका शीर्षक है- किरातार्जुनीयम्। किरातः (किरातवेशधारी शिवः) च अर्जुनश्च किरातार्जुनौ (द्वन्द्व समास)। इस महाकाव्य के

⇒ नायक अर्जुन धीरोदात्त कोटि के हैं, इसमें वीररस प्रमुख है, शृङ्गार रस अङ्ग के रूप में है। इस महाकाव्य पर मल्लिनाथ ने घण्टापथ नामक टीका लिखी है, 15वें सर्ग पर दुर्विनीत ने भारवि के काल में ही टीका लिखी थी।

⇒ यहाँ एकाक्षर केवल एक नकार व्यञ्जन का प्रयोग करने वाले पद्य का उदाहरण दिया जा रहा है-

न नोननुन्नो नुन्नोनो नाना नानानना ननु।
नुन्नोऽनुन्नो ननुन्नेनो नानेना नुन्ननुन्ननुत्॥ (15/14)

नानाननाः - हे अनेक मुखवाले सैनिकों
ऊननुन्नः - निष्कृष्ट व्यक्ति के द्वारा आहत पुरुष
(ना नू) - वस्तुतः पुरुष नहीं है।
नुन्नोनः - जिससे न्यूनता को नष्ट कर दिया है
ना ननु अना - पुरुष वस्तुतः पुरुष से भिन्न अर्थात् देवता है।
न- नुन्नेनः - जिसका स्वामी अनाहत या अक्षत है वह
नुन्नः अनुन्नः - आहत होने पर भी आहत नहीं है।
नुन्न नुन्ननुत् - अत्यधिक आहत व्यक्ति को क्षति पहुँचाने वाला
न अनेनाः - अपराध-मुक्त नहीं हो सकता

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि एकमात्र वर्ण दकार का प्रयोग करने वाले महाकवि माघ हैं। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- शिशुपालवधम् (19/114)- हरगोविन्द शास्त्री, पेज 894

44. शकुन्तला की अँगूठी किस स्थान पर गिरी थी?
(A) सोमतीर्थ (B) शचीतीर्थ
(C) कण्वाश्रम (D) प्रभासतीर्थ

व्याख्या- कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में वैखानस द्वारा कण्व के सोमतीर्थ जाने के विषय में दुष्यन्त को बताया जा रहा है-

वैखानस-

इदानीमेव दुहितरं शकुन्तलामतिथिसत्काराय
नियुज्य दैवमस्याः प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः॥

तापस- (कण्व) अभी अपनी पुत्री शकुन्तला को अतिथि-सत्कार के कार्य में नियुक्त करके उसके प्रतिकूल भाग्य को शान्त करने के लिए सोमतीर्थ गए हैं।

⇒ **शचीतीर्थ-** गौतमी- नूनं ते शक्रावताराभ्यन्तरे शचीतीर्थसलिलं वन्दनायाः प्रभ्रष्टमङ्गुलीयकम्।
अवश्य ही शक्रावतार तीर्थ में शचीतीर्थ के जल की वन्दना करते समय तेरी (शकुन्तला की) अंगूठी गिर गई है।

⇒ **कण्वाश्रम-** एष खलु कण्वस्य कुलपतेरनुमालिनीतीरमाश्रमो दृश्यते।
वैखानस कहता है राजा दुष्यन्त से- यह सामने मालिनी नदी के किनारे कुलपति कण्व का आश्रम दिखाई पड़ रहा है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि शकुन्तला की अँगूठी शचीतीर्थ में गिर गयी थी। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी, पेज 283

45. नलचम्पू महाभारत के किस पर्व से सम्बन्धित है?
(A) सभापर्व (B) भीष्मपर्व
(C) वनपर्व (D) द्रोणपर्व

व्याख्या-

ग्रन्थ	ग्रन्थकार	उपजीव्य ग्रन्थ
नलचम्पू –	त्रिविक्रमभट्ट	– महाभारत का वनपर्व
किरातार्जुनीयम् –	भारवि	– महाभारत का वनपर्व
नैषधीयचरितम् –	श्रीहर्ष	– महाभारत का वनपर्व
पञ्चरात्रम् –	भास	– महाभारतम्
मध्यमव्यायोग –	भास	– महाभारतम्
ऊरुभङ्ग –	भास	– महाभारतम्
कर्णभारम् –	भास	– महाभारतम्
दूतघटोत्कचम् –	भास	– महाभारतम्
बालचरितम् –	भास	– महाभारतम्

वेणीसंहार –	भट्टनारायण	– महाभारत का सभापर्व
अभिज्ञानशाकु.-	कालिदास	– महाभारत का आदिपर्व
शिशुपालवधम् –	माघ	– महाभारत का सभापर्व
श्रीमद्भगवद्गीता –	वेदव्यास	– महाभारत का भीष्मपर्व

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि नलचम्पू महाभारत के वनपर्व से सम्बन्धित है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत- नलचम्पू - तारिणीश झा, पेज भू. 21

46. नलचम्पू में जो अलङ्कार बहुलता पूर्वक प्रयुक्त हुआ है-
(A) यमक (B) अनुप्रास
(C) रूपक (D) श्लेष

व्याख्या- श्लेषालङ्कार- त्रिविक्रमभट्ट द्वारा रचित नलचम्पू के प्रथमोच्छ्वास में सभंगश्लेष की विशेषता बतायी गयी है-

* **वाचः काठिन्यमायान्ति भङ्गश्लेषविशेषतः।**
नोद्वेगस्तत्र कर्तव्यो यस्मानैको रसः कवेः॥ (1/16)
काव्य की वाणियाँ सभंगश्लेष की विशेषता से कठिन हो जाती है पर उससे घबराना नहीं चाहिये। क्योंकि कवि के लिए एक ही रस नहीं है।
* **प्रसन्नाः कान्तिहारिण्यो नानाश्लेषविचक्षणाः।** (1/4)
पुण्यों से ही किसी के मुख में प्रसादगुण युक्त, औज्ज्वल्य रूप कान्तिगुण के कारण मनोहर तथा अनेक प्रकार के श्लेषालङ्कारों को प्रकट करने वाली वाणियाँ होती है।
* **भङ्गश्लेषकथाबन्धं दुष्करं कुर्वता मया।** (1/22)
कठिन सभङ्गश्लेषमय कथाकाव्य की रचना करके मैंने मानों दुर्गम समुद्र को भुजाओं से तैरना आरम्भ किया है।

⇒ **यमक-** भारवि कृत किरातार्जुनीयम् में यमक अलंकार का प्रयोग किया गया है-

वनान्तशय्याकठिनीकृताकृती,
कचाचितौ विष्वगिवागजौ गजौ।
कथं त्वमेतौ धृतिसंयमौ यमौ,
विलोकयन्नुत्सहसे न बाधितुम्॥ (1/36)

धृतिसंयमौ यमौ, अगजौ गजौ में यमक अलङ्कार है।

रूपक- जयति गिरिसुतायाः कामसन्तापवाहिन्।
उरसि रसनिषेकश्चान्दनश्चन्द्रमौलिः।। (नलचम्पू 1/1)
इस श्लोक में रूपक अलङ्कार है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'नलचम्पू' में श्लेष अलङ्कार की बहुलता है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- नलचम्पू - तारिणीश झा, पेज भू. 21

47. 'बोध्यबोधकभावलक्षणः' किसको अभिव्यक्त करता है?
(A) अधिकारी को (B) विषय को
(C) सम्बन्ध को (D) प्रयोजन को

व्याख्या- सदानन्द योगीन्द्र प्रणीत वेदान्तसार में अनुबन्ध चतुष्टय के अन्तर्गत अधिकारी, विषय, सम्बन्ध और प्रयोजन को बताते हैं-

(i) **अधिकारी-**अधिकारी तु विधिवदधीतवेदवेदाङ्गत्वेनापाततोऽधिगताखिलवेदार्थोऽस्मिन्...........साधनचतुष्टय-सम्पन्नः प्रमाता।।
जिसने इस जन्म में अथवा अन्य जन्मों में वेदों और वेदाङ्गों का विधिपूर्वक अध्ययन करने के द्वारा..... जो साधनचतुष्टय से सम्पन्न है, ऐसा प्रमाता पुरुष अधिकारी है।

(ii) **विषय-** विषयो जीवब्रह्मैक्यं शुद्धचैतन्यं प्रमेयं तत्रैव वेदान्तानां तात्पर्यात्। विषय है- जीव और ब्रह्म की एकता।

(iii) **सम्बन्ध-** सम्बन्धस्तु तदैक्यप्रमेयस्य तत्प्रतिपादकोपनिषत्प्रमाणस्य च बोध्यबोधकभावलक्षणः। जीव और ब्रह्म के ऐक्य रूप प्रमेय और उसका प्रतिपादन करने वाले उपनिषद् रूप प्रमाण का परस्पर बोध्यबोधकभाव ही इस शास्त्र का सम्बन्ध है।

(iv) **प्रयोजन-** जीव और ब्रह्म की एकता रूप प्रमेय के सम्बन्ध में जो अज्ञान है उसकी निवृत्ति होना और अपने वास्तविक स्वरूप आनन्द की प्राप्ति होना ही प्रयोजन है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'बोध्यबोधकभाव' लक्षण **सम्बन्ध** को अभिव्यक्त करता है।

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत - वेदान्तसार - राकेशशास्त्री, पेज. 143

48. वैशेषिकदर्शन में प्रमाण के कितने भेद उपदिष्ट हैं?
(A) 4 (B) 6
(C) 2 (D) 5

व्याख्या- वैशेषिक दर्शन **दो प्रमाण** को स्वीकार करता है- प्रत्यक्ष और अनुमान। उपमान और शब्द प्रमाण को वैशेषिकों ने अनुमान में ही अन्तर्भाव किया है।
(संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इति.- बलदेव उपा. पेज-229)

➢ **न्यायदर्शन चार प्रमाण** को मानता है-
(1) प्रत्यक्ष (2) अनुमान (3) उपमान और (4) शब्द
'प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि' (न्यायसूत्र- 1.1.6)

➢ **मीमांसक**- मीमांसक लोग **पाँच प्रमाण** स्वीकार करते (प्रभाकर मिश्र) हैं-
1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. उपमान 4. शब्द 5. अर्थापत्ति

- अद्वैतवेदान्ती और भाट्ट मीमांसक- यह लोग **छः प्रमाण** को मानते हैं-1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. उपमान 4 शब्द 5. अर्थापत्ति 6. अभाव
- वैशेषिक दर्शन-दो प्रमाण- 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान
- जैन दर्शन + बौद्ध दर्शन दो प्रमाण- 1. प्रत्यक्ष 2.अनुमान
- सांख्य दर्शन के प्रमाण- 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. आप्तवचन
- न्यायदर्शन के प्रमाण- 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. उपमान 4.शब्द
- प्राभाकर मीमांसक के प्रमाण- 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. उपमा 4.शब्द 5. अर्थापत्ति

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि वैशेषिक दर्शन दो प्रमाण को ही मानता है।

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत - सर्वदर्शनसंग्रह-उमाशङ्कर शर्मा ऋषि, पेज 88

49. चार्वाक दर्शन में कितने प्रमाण हैं?

(A) 3 **(B)** 4
(C) 5 **(D)** 2

व्याख्या- ⇒ **चार्वाक दर्शन-** केवल एक प्रमाण (प्रत्यक्ष) को ही स्वीकार करता है।

'प्रत्यक्षैकप्रमाणवादितया अनुमानादेः अनङ्गीकारेण प्रामाण्याभावात्॥' अर्थात् ये केवल प्रत्यक्षज्ञान को ही प्रमाण मानते हैं, अनुमानादि को अस्वीकार करने से उनको प्रमाण नहीं माना जाता।

' **प्रत्यक्षमेव प्रमाणम्'** प्रत्यक्ष ही एकमात्र प्रमाण है।

⇒ **सांख्यदर्शन-** सांख्यदर्शन तीन प्रमाण स्वीकार करता है-
दृष्टमनुमानमाप्तवचनं च सर्वप्रमाणसिद्धत्वात्।
त्रिविधं प्रमाणमिष्टं प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि (का.-4)
अर्थात् सांख्य दृष्ट (प्रत्यक्ष), अनुमान और आप्तवचन (शब्द) इन तीन को प्रमाण मानते हैं क्योंकि प्रमाणों से ही प्रमेयसिद्धि होती है।

⇒ **न्यायदर्शन-** नैयायिक चार प्रमाणों को मानते हैं-
प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि (न्यायसूत्र-1.1.6)
प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द ये ही चार प्रमाण हैं।

⇒ **बौद्धदर्शन-** बौद्धदर्शन दो प्रमाण स्वीकार करता है-
प्रत्यक्षमनुमानं च प्रमाणद्वितीयं अर्थात् प्रत्यक्ष और अनुमान ये केवल दो प्रमाण हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि चार्वाक दर्शन मात्र एक प्रमाण प्रत्यक्ष को ही स्वीकार करता है, परन्तु विकल्प में एक नहीं दिया गया है।

नोट :- उपर्युक्त प्रश्न का विकल्प समीचीन न होने के कारण आयोग के द्वारा इस प्रश्न के उत्तर को **F** कर दिया गया है।

स्रोत - सर्वदर्शनसंग्रह-उमाशङ्कर शर्मा ऋषि, पेज 04

50. श्रीभगवद्गीता के द्वितीय अध्याय का नाम है?

(A) कर्मयोग **(B)** सांख्ययोग
(C) ज्ञानकर्मसंन्यासयोग **(D)** कर्मसंन्यासयोग

व्याख्या- गीता महाभारत के भीष्मपर्व से ली गयी है, जिसमें 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं। इसके प्रत्येक अध्याय का नाम और श्लोक संख्या इसप्रकार है-

अध्याय नाम		श्लोकों की संख्या
1. अर्जुन विषादयोग	–	47
2. सांख्ययोग	–	72
3. कर्मयोग	–	43
4. ज्ञानकर्मसंन्यासयोग	–	42
5. कर्मसंन्यासयोग	–	29
6. आत्मसंयमयोग	–	47
7. ज्ञानविज्ञानयोग	–	30
8. अक्षरब्रह्मयोग	–	28
9. राजविद्याराजगुह्ययोग	–	34
10. विभूतियोग	–	42
11. विश्वरूपदर्शन योग	–	55
12. भक्तियोग	–	20
13. क्षेत्रक्षेत्रज्ञविभागयोग	–	34
14. गुणत्रयविभाग योग	–	27
15. पुरुषोत्तम योग	–	20
16. देवासुरसम्पत् विभागयोग	–	24
17. श्रद्धात्रयविभाग योग	–	28
18. मोक्षसंन्यास योग	–	78
कुल श्लोक		= 700

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि श्रीमद्भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय का नाम 'सांख्ययोग' है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता - गीताप्रेस, पेज 47

51. साक्षात् संकेतित अर्थ की बोधक शक्ति है-

(A) तात्पर्या **(B)** अभिधा
(C) लक्षणा **(D)** व्यञ्जना

व्याख्या- आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में अर्थ के तीन भेद बताते हैं- वाच्य, लक्ष्य, व्यङ्ग्य।

वाचक वाच्यार्थ = अभिधा, लाक्षणिक-लक्ष्यार्थ = लक्षणा, व्यञ्जक व्यङ्ग्यार्थ = व्यञ्जना

अभिधा को परिभाषित करते हुए मम्मट कहते हैं कि-

स मुख्योऽर्थस्तत्र मुख्यो व्यापारोऽस्याभिधोच्यते।

(का.प्र.सूत्र-11)

वह साक्षात् संकेतित अर्थ ही मुख्य अर्थ है उसका बोध कराने में जिस शब्द का व्यापार होता है वही अभिधा शक्ति कहलाती है।

⇒ **लक्षणा-** आचार्य मम्मट लक्षणा का लक्षण करते हैं-

मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात्।
अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रिया॥

(का.प्र. सूत्र-12)

(1) मुख्यार्थ का बाध (2) उस मुख्यार्थ के साथ लक्ष्यार्थ का सम्बन्ध (3) रूढ़ि अथवा प्रयोजन विशेष के द्वारा अन्य अर्थ लक्षित होता है।

इन तीनों से युक्त होने पर आरोपित व्यापार लक्षणा है।

⇒ **व्यञ्जना-** आचार्य मम्मट व्यञ्जना व्यापार का लक्षण करते हैं-

यस्य प्रतीतिमाधातुं लक्षणा समुपास्यते।
फले शब्दैकगम्येऽत्र व्यञ्जनान्नापरा क्रिया॥ (सू.-23)

जिस प्रयोजन की प्रतीति कराने के लिए लक्षणा शब्द का आश्रय लिया जाता है केवल शब्द से गम्य उस फल के विषय में व्यञ्जना के अतिरिक्त और कोई व्यापार नहीं हो सकता है।

⇒ **तात्पर्या-** आचार्य मम्मट बताते हैं कि मीमांसक तात्पर्या शक्ति को भी मानते हैं-

तात्पर्यार्थोऽपि केषुचित् (सू.-7)

कुछ मीमांसक तात्पर्यार्थ को भी मानते हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि साक्षात् संकेतित अर्थ का बोध कराने वाली अभिधा है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- काव्यप्रकाश - आचार्य विश्वेश्वर, पेज 42

52. आचार्य मम्मट द्वारा स्वीकृत रसदोषों की संख्या है-

(A) बारह **(B)** चौदह
(C) तेरह **(D)** ग्यारह

व्याख्या- आचार्य मम्मट काव्यप्रकाश के सातवें उल्लास में दोष का लक्षण करते हुये कहते हैं-

मुख्यार्थहतिर्दोषो रसश्च मुख्यस्तदाश्रयाद् वाच्यः।

मुख्यार्थ (रस) का अपकर्ष जिससे होता है उसको दोष कहते हैं।

⇒ **रसदोष-** मम्मट **13 रसदोषों** की चर्चा करते हैं-

व्यभिचारिरसस्थायिभावानां शब्दवाच्यता
कष्टकल्पनया व्यक्तिरनुभावविभावयोः॥60॥
प्रतिकूलविभावादिग्रहो दीप्तिः पुनः पुनः।
अकाण्डे प्रथनच्छेदौ अङ्गस्याप्यतिविस्तृतिः॥61॥

(का.प्र.सू.-81)

(1) व्यभिचारिभावों (2) रसों
(3) स्थायिभावों का अपने वाचक शब्द द्वारा कहना,
(4) अनुभाव
(5) विभाव की कष्टकल्पना से अभिव्यक्ति
(6) (रस के) प्रतिकूल विभाव आदि का ग्रहण करना
(7) (रस की) बार-बार दीप्ति
(8) (रस का) अनवसर में विस्तार कर देना
(9) अनवसर में विच्छेद कर देना
(10) अप्रधान (अङ्ग रस) का भी अत्यधिक विस्तार कर देना।
(11) (अङ्गी) प्रधान रस को त्याग देना (भुला देना),
(12) प्रकृतियों (पात्रों) का विपर्यय कर देना
(13) अनङ्ग का कथन

इस प्रकार रस में रहने वाले 13 दोष होते हैं।

⇒ आचार्य मम्मट ने **16 पदगत दोष** माने हैं-

दुष्टं पदं श्रुतिकटु च्युतसंस्कृत्यप्रयुक्तमसमर्थम्।
निहतार्थमनुचितार्थं निरर्थकवाचकं त्रिधाऽश्लीलम्
सन्दिग्धमप्रतीतं ग्राम्यं नेयार्थमथ भवेत् क्लिष्टम्।
अविमृष्टविधेयांशं विरुद्धमतिकृत् समासगतमेव॥

(का.प्र.सू.72)

(1) श्रुतिकटु (2) च्युतसंस्कार
(3) अप्रयुक्त (4) असमर्थ
(5) निहतार्थ (6) अनुचितार्थ
(7) निरर्थक (8) अवाचक
(9) तीन प्रकार का अश्लील (10) सन्दिग्ध
(11) अप्रतीत (12) ग्राम्य
(13) नेयार्थ (ये पदगत व समास दोनों में होते हैं।)
(14) क्लिष्ट (15) अविमृष्टविधेयांश
(16) विरुद्धमतिकृत् (14,15,16 ये तीन दोष केवल समास में ही होते हैं।)

⇒ **वाक्यदोष-** मम्मट के अनुसार **वाक्यदोष 9** होते हैं-

प्रतिकूलवर्णमुपहतलुप्तविसर्गं विसन्धिहतवृत्तम्।
न्यूनाधिककथितपदं पतत्प्रकर्षं समाप्तपुनरात्तम्॥

(का.प्र.सू.-74)

(1) प्रतिकूलवर्णता (2) उपहतविसर्गता (3) विसन्धि (4) हतवृत्तता
(5) न्यूनपदता (6) अधिकपदता (7) कथितपदता (8) पतत्प्रकर्षता
(9) समाप्तपुनरात्तता

⇒ **अर्थदोष-** मम्मट के अनुसार **अर्थदोष 23** माने गये हैं-
अर्थोऽपुष्टः कष्टो व्याहतपुनरुक्तदुष्क्रमग्राम्याः
सन्दिग्धो निर्हेतुः प्रसिद्धिविद्याविरुद्धश्च।
अनवीकृतः सनियमानियमविशेषाविशेषपरिवृत्ताः
साकाङ्क्षोऽपदयुक्तः सहचरभिन्नः प्रकाशितविरुद्धः।
विध्यनुवादायुक्तस्त्यक्तपुनःस्वीकृतोऽश्लीलः॥
(का.प्र.सू.-75)

(1) अपुष्ट (2) कष्ट
(3) व्याहत (4) पुनरुक्त
(5) दुष्क्रम (6) ग्राम्य
(7) सन्दिग्ध (8) निर्हेतु
(9) प्रसिद्धिविरुद्ध (10) विद्याविरुद्ध
(11) अनवीकृत (12) नियम में अनियम
(13) अनियम में नियम (14) विशेष में अविशेष
(15) अविशेष में विशेष रूप परिवृत्त
(16) साकाङ्क्षता (17) अपयुक्तता
(18) सहचरभिन्नता (19) प्रकाशित विरुद्धता
(20) विध्ययुक्तत्व (21) अनुवादायुक्त्व
(22) त्यक्त पुनः स्वीकृत (23) अश्लील

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि मम्मट ने रसदोष 13 माने हैं। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत- काव्यप्रकाश - आचार्य विश्वेश्वर, पेज 358

53. 'उगितश्च' सूत्र से किस प्रत्यय का विधान होता है?
(A) ङीष् का **(B)** ङीप् का
(C) ङीन् का **(D)** ति का

व्याख्या- ⇒ **उगितश्च-** उगिदन्त अर्थात् जिस का उक् (उ,ऋ लृ) वर्ण इत् हो तदन्त प्रातिपदिक से स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीप् प्रत्यय हो।

उदाहरण- भवन्ती, पचन्ती, दीव्यन्ती आदि।

⇒ **षिद्गौरादिभ्यश्च** (4.1.41)
जिसका षकार इत् हो ऐसे प्रातिपदिकों से तथा गौर आदि गणपठित प्रातिपदिकों से परे स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीप् प्रत्यय होता है।

उदाहरण- गार्ग्यायणी, नर्तकी, गौरी आदि।

⇒ **नृनरयोर्वृद्धिश्च-** नृ और नर इन दो जातिवाचक प्रातिपदिकों से परे स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीन् प्रत्यय तथा इसके साथ नृ और नर शब्दों की वृद्धि भी हो जाती है।

उदाहरण- नारी।

⇒ **यूनस्तिः** (4.1.77)- युवन् शब्द से स्त्रीत्व की विवक्षा में 'ति' प्रत्यय होता है।

उदाहरण- युवतिः

ङीप् प्रत्यय करने वाले अन्य सूत्र-

* **सूत्र-द्विगोः-** (4.1.21)
उदाहरण- त्रिपादी, त्रिलोकी, त्रिफला, त्र्यनीका, अष्टाध्यायी, पञ्चवटी, चतुःसूत्री आदि।

* **सूत्र- वयसि प्रथमे** (4.1.20)
उदाहरण- कुमारी, किशोरी

* **सूत्र**- नञ्स्नञीकक्-ख्युंस्तरुण-तलुनानामुपसंख्यानम्।।
उदाहरण- स्त्रैणी, पौंस्नी,शाक्तीकी, आढ्यङ्करणी, तरुणी, तलुनी आदि।

सूत्र- टिड्-ढाऽणञ्-द्वयसज्-दघ्नञ् मात्रच्-तयप्-ठक्-ठञ्-कञ्-क्वरपः (4.1.15)
उदाहरण- कुरुचरी, नदी, देवी, सौपर्णेयी, ऐन्द्री, औत्सी, ऊरुद्वयसी, ऊरुदघ्नी, ऊरुमात्री, पञ्चतयी, आक्षिकी, प्रास्थिकी, लावणिकी, यादृशी, इत्वरी।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'उगितश्च' सूत्र ङीप् स्त्रीप्रत्यय का विधान करता है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत - लघुसिद्धान्तकौमुदी-आद्याप्रसाद मिश्र, पेज 123

54. 'ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति' यहाँ तृणं में किस सूत्र से द्वितीया विभक्ति होती है?
(A) कर्तुरीप्सिततमं कर्म **(B)** कर्मणि द्वितीया
(C) अकथितं च **(D)** तथायुक्तं चानीप्सितम्

व्याख्या- तथायुक्तं चानीप्सितम् (1.4.50)
ईप्सिततम के समान क्रिया से युक्त अनीप्सित की भी कर्मसंज्ञा होती है। कुछ पदार्थ कर्ता द्वारा अनीप्सित होते हुए भी क्रिया से ईप्सित के समान जुड़े रहते हैं। क्रिया से सटे रहने के कारण उन अनीप्सित पदार्थों की भी **'तथायुक्तं चानीप्सितम्'** सूत्र से कर्मसंज्ञा होती है।

उदाहरण- **'ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति'**- (गाँव जाता हुआ तृण का स्पर्श करता है) कर्ता (गाँव जाने वाले) को गाँव जाना ईप्सिततम है और तृण का स्पर्श अनीप्सित है फिर भी क्रिया से सटे रहने के कारण तृण की **'तथायुक्तं**

चानीप्सितम्' सूत्र से तृण की कर्मसंज्ञा और 'कर्मणि द्वितीया' से द्वितीया विभक्ति होकर तृणम् बना।

'कर्तुरीप्सिततमं कर्म' (1.4.49)- कर्ता की क्रिया के द्वारा सबसे अधिक चाहे गये पदार्थ की कर्मसंज्ञा होती है।

उदाहरण- **बालकः ओदनं भुङ्क्ते।** कर्ता ओदन को अधिक चाहता है। इसलिए ओदन में 'कर्तुरीप्सिततमम् कर्म' सूत्र से कर्मसंज्ञा और 'कर्मणि द्वितीया' से द्वितीया विभक्ति होकर 'ओदनम्' बना।

अकथितं च (1.4.51)

अपादानादि अर्थात् करण, सम्प्रदान और अधिकरण कारकों से अविवक्षित कारक की कर्मसंज्ञा होती है। इसे यदि अपादान, करण, सम्प्रदान और अधिकरण की विवक्षा होगी तो क्रमशः पञ्चमी, तृतीया, चतुर्थी और सप्तमी विभक्तियाँ प्रयोग होगी।

* संस्कृत में दुह्, याच्, पच्,दण्ड्, रुध्, प्रच्छ्, चि, ब्रू, शास्, जि, मथ्, मुष्, नी, हृ, कृष्, और वह् ये 16धातुएँ हैं जिनके प्रयोग में वक्ता स्वतन्त्र होता है। चाहे वह करण, सम्प्रदान, अपादान और अधिकरण का प्रयोग करें या इनके स्थान पर कर्म का प्रयोग करें।

उपर्युक्त सोलह धातुएँ द्विकर्मक कहीं जाती हैं।

उदाहरण- **बलिं याचते वसुधाम्** (विष्णु बलि से पृथ्वी माँगते हैं।)

* याच् द्विकर्मक धातु के योग में **'अकथितं च'** सूत्र से अपादान 'बलि' की (गौण) कर्मसंज्ञा हुई और **'कर्मणि द्वितीया'** से द्वितीया विभक्ति होकर 'बलिम्' पद बना। प्रधान कर्म वसुधा है 'कर्तुरीप्सिततमं कर्म' सूत्र से 'वसुधा' की कर्मसंज्ञा हुई और **'कर्मणि द्वितीया'** सूत्र से द्वितीया विभक्ति होकर वसुधाम् बना। अपादान की विवक्षा में **'बलेः याचते वसुधाम्'** बनेगा।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि **'ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति'** में तृणं में 'कर्मणि द्वितीया' से द्वितीया विभक्ति हुई है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

नोट :- उपर्युक्त प्रश्न में विकल्प 'B' सही उत्तर होना चाहिये था परन्तु आयोग ने विकल्प 'D' को सही उत्तर माना है। अथवा B और D दोनों को सही माना जा सकता है।

स्रोत - सिद्धान्तकौमुदी-राममुनि पाण्डेय, पेज 30-31

55. 'महाकवि कालिदास उपमा के सम्राट् हैं तो बाण परिसंख्या के' इस कथन के कथनकार हैं-

(A) डॉ0 जनार्दन पाण्डेय **(B)** डॉ0 रमाशङ्कर त्रिपाठी
(C) डॉ0 अवनीश कुमार **(D)** डॉ0 विश्वेश्वर

व्याख्या- कालिदास विषयक प्रशस्तियाँ-

(i) डॉ0 रमाशङ्कर त्रिपाठी का कथन है कि- **'महाकवि कालिदास उपमा के सम्राट् हैं तो बाण परिसंख्या के।'**

(ii) बाणभट्ट ने हर्षचरित में कालिदास के विषय में कहा है-
निर्गतासु न वा कस्य कालिदासस्य सूक्तिषु।
प्रीतिर्मधुरसान्द्रासु मञ्जरीष्विव जायते॥

(iii) **साकूतमधुरकोमलविलासिनीकण्ठकूजितप्राये।**
शिक्षासमयेऽपि मुदे रतलीला कालिदासोक्ती॥
गोवर्धनाचार्य ने आर्यासप्तशती में कालिदास के विषय में कहा है।

(iv) जयदेव ने प्रसन्नराघवम् में कालिदास के विषय में कहा है-
कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः।

(v) जयन्त ने न्यायमञ्जरी में कालिदास के विषय में कहा है-
अमृतेनेव संसिक्ताश्चन्दनेनैव चर्चिताः।
चन्द्रांशुभिरिवोद्घृष्टाः कालिदासस्य सूक्तयः॥

बाण की प्रशस्तियाँ-

(i) रुचिरस्वरवर्णपदा रसभाववती जगन्मनो हरति। सा किं तरुणी? नहि नहि वाणी बाणस्य मधुरशीलस्य।। (धर्मदास)

(ii) जाता शिखण्डिनी प्राक् यथा शिखण्डी तथावगच्छामि। प्रागल्भ्यमधिमाप्तुं वाणी बाणो बभूव ह।। (गोवर्धनाचार्य)

(iii) बाणस्तु पञ्चाननः। (चन्द्रदेव)

(iv) पञ्चबाणस्तु बाणः। (जयदेव)

(v) कविताकामिनी कौतुकाय (जयदेव)

(vi) यादृग् गद्यविधौ बाणः पद्यबन्धेऽपि तादृशः (भोजराज)

भारवि की प्रशस्तियाँ-

(i) भारवेरर्थगौरवम् (उद्भट)

(ii) नारिकेलफलसम्मितं वचो भारवेः सपदि तद् विभज्यते। (मल्लिनाथ)

(iii) प्रकृतिमधुराभारविगिरः (श्रीधरदास - सदुक्तिकर्णामृत)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'महाकवि कालिदास उपमा के सम्राट् हैं तो बाण परिसंख्या' के इस कथन के वक्ता डॉ0 रमाशङ्कर त्रिपाठी है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत - संस्कृत साहित्य का इतिहास-रमाशङ्कर त्रिपाठी, पेज 268

56. राजा शूद्रक की राजधानी थी?
(A) उज्जयिनी (B) अयोध्या
(C) विदिशा (D) धारानगरी

व्याख्या-

राजा		राजधानी
शूद्रक	–	विदिशा
तारापीड	–	उज्जयिनी
प्रद्योत	–	उज्जयिनी
उदयन	–	कौशाम्बी/उज्जयिनी
विक्रमादित्य	–	उज्जयिनी
राम	–	अयोध्या
राजाभोज	–	धारानगरी
दुष्यन्त	–	हस्तिनापुर
युधिष्ठिर	–	इन्द्रप्रस्थ/हस्तिनापुर
दुर्योधन (सुयोधन)	–	हस्तिनापुर
पुरु	–	हस्तिनापुर
शिवाजी	–	सतारा/रायगढ़
कुबेर	–	अलकापुरी
नल	–	निषधदेश
हर्षवर्धन	–	थाणेश्वर
महमूदगजनवी	–	गजनी
मुहम्मद गोरी	–	गोरदेश
पृथ्वीराज	–	दिल्ली
औरङ्गजेब	–	दिल्ली

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि 'शूद्रक' की राजधानी 'विदिशा' है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत - कादम्बरी कथामुख-तारिणीश झा, पेज 45

57. 'अहो दुरन्ता बलवद्विरोधिता' यह सूक्ति है?
(A) शिशुपालवध में (B) किरातार्जुनीय में
(C) रघुवंश में (D) कुमारसम्भव में

व्याख्या- अहो दुरन्ता बलवद्विरोधिता (किरात01/23) वनेचर युधिष्ठिर से कहता है- बलवान् के साथ किया गया विरोध दुःखद अन्त वाला होता है।

➢ **समय एव करोति बलाबलम्-** (शिशु 06/44) समय ही प्राणियों के बलाबल को करता है अर्थात् समय के प्रभाव से ही प्राणी बलवान् तथा निर्बल होते हैं।

➢ **अयथाबलमारम्भो निदानं क्षयसम्पदः** (शिशुपाल0-2/94) बल के प्रतिकूल कार्य को प्रारंभ करना हानि का कारण होता है।

➢ **अहो निर्धनता सर्वापदामास्पदम्** (मृच्छ0-1/14) चारुदत्त विदूषक से कहता है- दरिद्रता सभी आपत्तियों की जड़ है।

➢ **अहो मुग्धत्वमबलानाम्** (वेणीसंहार-अङ्क2) राजा दुर्योधन-जयद्रथ की माता तथा दुःशला को सम्बोधित करके कहता है अबलाओं की मूर्खता धन्य है।

➢ **आज्ञा गुरूणां ह्यविचारणीया** (रघु0-14/46) बड़ों की आज्ञा विचारणीय नहीं होती।

➢ **तेजसां हि न वयः समीक्ष्यते।** (रघु0-11/1)

➢ **धिगिमां देहभृतामसारताम्** (रघु0-8/51)

➢ **एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः** (कुमारसम्भव- 1/03)

➢ **कठिनाः खलु स्त्रियः** (कुमारसम्भव-4/5)

➢ **शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्** (कुमारसम्भव- 5/33)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'अहो दुरन्ता बलवद्विरोधिता' यह सूक्ति किरातार्जुनीयम् से उद्धृत है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- किरातार्जुनीयम् (1/23)- श्रीनिवास शर्मा, पेज 15

58. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के नान्दीपाठ में भगवान् शिव की मूर्तियाँ निर्दिष्ट हैं-
(A) पाँच (B) नव
(C) ग्यारह (D) आठ

व्याख्या- ⇒ महाकवि कालिदास द्वारा विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के मङ्गलाचरण में अष्टमूर्ति शिव की स्तुति की गयी है-

या सृष्टिः स्रष्टुराद्या, वहति विधिहुतं या हविर्या च होत्री, ये द्वे कालं विधत्तः, श्रुतिविषयगुणा या स्थिता व्याप्य विश्वम्।
यामाहुः सर्वबीजप्रकृतिरिति यया प्राणिनः प्राणवन्तः प्रत्यक्षाभिः प्रपन्नस्तनुभिरवतु वस्ताभिरष्टाभिरीशः॥

(अभि0-1/1)

1. विधाता की पहली सृष्टि- जलरूपी मूर्ति
2. जो विधिपूर्वक हवन की गई हवि को ले जाती है- अग्नि रूपी मूर्ति
3. जो स्वयं हवन करने वाली यजमान रूपी मूर्ति
4. दिन और रातरूप समय का निर्माण करने वाली- सूर्य और चन्द्र की मूर्ति
5. सम्पूर्ण संसार को व्याप्त करके स्थित है- श्रवणेन्द्रिय के विषयस्वरूप गुणवाली- आकाशरूपी मूर्ति
6. जिसे लोग सभी बीजों का कारण कहते हैं- पृथ्वीरूपी मूर्ति

7. जिसके द्वारा सभी प्राणी प्राणवान् हैं। वायुरूपी मूर्ति प्रत्यक्ष दिखायी देने वाली उन आठ मूर्तियों से युक्त भगवान् शिव आप सबकी रक्षा करें।

⇒ **मृच्छकटिकम्-** महाकवि शूद्रक मृच्छकटिकम् के प्रारम्भ में मङ्गलाचरण में शिव जी की स्तुति किये हैं-

पर्यङ्कग्रन्थिबन्धद्विगुणितभुजगाश्लेष ... ब्रह्मलग्नः समाधिः।

शिव की वह ब्रह्मलीन समाधि आप सभी की रक्षा करें।

⇒ **मुद्राराक्षस-** महाकवि विशाखदत्त द्वारा प्रणीत मुद्राराक्षस के मङ्गलाचरण में शिव की वन्दना की गयी है-

धन्या केयं स्थिता ते शिरसि......सुरसरितं शाख्यमव्याद्विभोर्वः।। (1/1)

देवी पार्वती से गङ्गा छिपाने के इच्छुक भगवान् शिव की कुटिलता आप सबकी रक्षा करें।

⇒ **नलचम्पू- जयति गिरिसुतायाः.....वाग्विलासाः।** (1/1)

पर्वतपुत्री पार्वती के काम से उत्पन्न सन्ताप को धारण करने वाले, वक्षस्थल पर चन्दन रस की धारा के समान शीतल लगने वाले भगवान् चन्द्रमौलि (शिव) सर्वोत्कृष्ट हैं। शिव के पश्चात् निरन्तर सुधारस को बरसाने वाला यशस्वी कवियों का वाग्विलास भी सर्वोत्कृष्ट है।

⇒ **रघुवंशम्-** महाकवि कालिदास जी ने रघुवंशमहाकाव्य के मङ्गलाचरण में शिव-पार्वती की स्तुति की है-

वागर्थाविव सम्पृक्तौ......पार्वतीपरमेश्वरौ।। (1/1)

शब्द और अर्थ के समान नित्य मिले हुए संसार के माता-पिता उमा और महेश्वर को मैं (कालिदास) शब्द और अर्थ का भलीभाँति से ज्ञान होने के लिये नमस्कार करता हूँ।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि अभिज्ञानशाकुन्तलम् के नान्दीपाठ में अष्टमूर्ति शिव की स्तुति की गयी है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/1)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज 01

59. 'मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति' यहाँ पर 'लक्ष्म' और 'लक्ष्मी' का अर्थ है?

(A) लक्ष्म और लक्ष्मी देवी **(B)** लाक्षा और विष्णुपत्नी

(C) चिह्न और शोभा **(D)** अमृत और छवि

व्याख्या- महाकवि कालिदास जी द्वारा रचित अभिज्ञानशाकुन्तल नामक नाटक के प्रथमोऽङ्क में यह श्लोक उद्धृत है-

सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं,

मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति।

इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी,

किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाऽऽकृतीनाम्।। (अभि0-1/20)

राजा दुष्यन्त-शकुन्तला के विषय में कहता है- कमल का पुष्प यदि शैवाल से भी युक्त हो, तो भी रमणीय व सुन्दर ही लगता है। जैसा चन्द्रमा का कलङ्क मलिन होते हुए भी चन्द्रमा की शोभा को बढ़ाता ही है। इसी प्रकार यह कोमलाङ्गी बाला भी इस वल्कलवस्त्र से अधिक सुन्दर मालूम होती है। ठीक ही है, सुन्दर और मनोहर आकृति वालों के लिये कौन वस्तु शोभादायक नहीं होती? अर्थात् सुन्दर आकृतियों के शरीर पर साधारण सी वस्तु भी अलङ्कार के तुल्य ही मालूम होती है।

शब्दार्थ

सरसिजम् - कमलम् ,रम्यम् - मनोहारि

लक्ष्म - कलङ्क, हिमांशोः - चन्द्रस्य

लक्ष्मीं - शोभाम्, इयं तन्वी - शकुन्तला

मनोज्ञा- मनोहारिणी,मण्डनम् - भूषण

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि लक्ष्म अर्थात् चिह्न और लक्ष्मी का अर्थ 'शोभा' है।

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्त्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/20) कपिलदेव द्विवेदी, पेज-46-47

60. मृच्छकटिकम् की नायिका है-

(A) वसन्तसेना

(B) विचर्चिका

(C) मालती

(D) सागरिका

व्याख्या-

ग्रन्थ	ग्रन्थकार	नायक	नायिका
मृच्छकटिकम्	शूद्रक	चारुदत्त	वसन्तसेना-धूता
मालतीमाधवम्	भवभूति	(i) माधव	(i) मालती (ii) मदयन्तिका
रत्नावली	हर्ष	उदयन	रत्नावली (सागरिका)
अभिज्ञानशाकुन्तल-	कालिदास-	दुष्यन्त	शकुन्तला
उत्तररामचरित-	भवभूति	राम	सीता
स्वप्नवासवदत्तम्-	भास	उदयन	वासवदत्ता/पद्मावती
कुमारसम्भवम्	कालिदास	शिव	पार्वती
किरातार्जुनीयम्	भारवि	अर्जुन	द्रौपदी
नैषधीयचरितम्	श्रीहर्ष	नल	दमयन्ती
रघुवंशम्	कालिदास	राम	सीता
शिशुपालवधम्	माघ	श्रीकृष्ण	सत्यभामा/रुक्मिणी
मेघदूतम्	कालिदास	यक्ष(हेममाली)	यक्षिणी (विशालाक्षी)
विक्रमोर्वशीयम्	कालिदास	पुरुरवा (विक्रम)	उर्वशी

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'मृच्छकटिकम्' की नायिका 'वसन्तसेना' है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत- मृच्छकटिकम् - श्रीनिवास शास्त्री, पेज 01

61. कर्मयोग का सिद्धान्त प्रतिपादित है-
(A) सांख्यतत्त्वकौमुदी में **(B)** तर्कभाषा में
(C) वेदान्तसार में **(D)** श्रीमद्भगवद्गीता में

व्याख्या- ⟹ श्रीमद्भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय सांख्ययोग में **कर्मयोग के सिद्धान्त को** प्रतिपादित किया गया है-

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥ (2/47)

तेरा कर्म करने में ही अधिकार है, उसके फलों में कभी नहीं। इसलिये तू कर्मों के फल का हेतु मत हो तथा तेरी कर्म न करने में भी आसक्ति न हो।

⟹ सांख्यकारिका में ईश्वरकृष्ण सत्कार्यवाद का सिद्धान्त प्रतिपादित करते हैं-

असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम्॥

(सा.का.-09)

सत्कार्यवाद सिद्धान्त की पुष्टि के लिए पाँच हेतुओं को बताया गया है- (1) असदकरणात् (2) उपादानग्रहणात् (3) सर्वसम्भवाभावात् (4) शक्तस्य शक्यकरणात् (5) कारणभावात्

इन पाँच हेतुओं के द्वारा सत्कार्यवाद की सिद्धि होती है।

⟹ **तर्कभाषा-** न्यायदर्शनविद् केशवमिश्र असत्कार्यवाद के सिद्धान्त को प्रतिपादित करते हैं। इनके मत में कार्य कारण से सर्वथा भिन्न है। वह किसी रूप में कारण में नहीं रहता। उत्पन्न होने के पश्चात् उसका ध्वंसाभाव हो जाता है। कारण और कार्य का सम्बन्ध अभेद सहिष्णु अत्यन्तभेद है। इसी कारण ये लोग 'असत्कार्यवादी' भी कहलाते हैं।

वेदान्तसार- वेदान्तसार में भी सांख्यदर्शन की तरह सत्कार्यवाद की सत्ता मानी गयी है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'कर्मयोग' का सिद्धान्त 'श्रीमद्भगवद्गीता' में प्रतिपादित है।

अतः विकल्प 'D' सही है।

स्रोत- श्रीमद्भगवद्गीता (2/47) - गीताप्रेस, पेज भू. 09

62. 'सत्कार्यवाद सिद्धान्त' उपलब्ध होता है-
(A) सिद्धान्तकौमुदी में **(B)** सांख्यकारिका में
(C) वेदान्तसार में **(D)** तर्कभाषा में

व्याख्या- ईश्वरकृष्ण द्वारा प्रणीत सांख्यकारिका की नौवीं कारिका में सत्कार्यवाद सिद्धान्त को प्रतिपादित किया गया है-

असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम्॥

(सा.का.-09)

- सत्कार्यवाद की पुष्टि के लिये पाँच हेतुओं का उल्लेख है- (i) असदकरणात् (ii) उपादानग्रहणात् (iii) सर्वसम्भवाभावात् (iv) शक्तस्य शक्यकरणात् (v) कारणभावात्
- सत्कार्यवाद सांख्यदर्शन का महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त है, जिसके अनुसार कार्य वास्तव में अपने कारण में विद्यमान रहता है अर्थात् अपने व्यापार से पहले वह अव्यक्तरूप में अपने कारण में वर्तमान रहता है। कार्य की उत्पत्ति अथवा नाश का अभिप्राय उस विषय की सत्ता का होना या न होना नहीं है, अपितु कारण से कार्य की उत्पत्ति का अर्थ अव्यक्त से व्यक्त होना है एवं कार्य के नाश से अभिप्राय व्यक्त से अव्यक्त होना होता है।
- सांख्यशास्त्र के अनुसार न तो किसी वस्तु की उत्पत्ति होती है और न ही विनाश होता है अपितु उत्पत्ति उसका अपने कारण से आविर्भाव है एवं विनाश उसका पुनः अपने कारण में तिरोहित होना है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि सत्कार्यवाद सिद्धान्त सांख्यकारिका का सिद्धान्त है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत - सांख्यकारिका (का.-9) - राकेश शास्त्री, पेज 29

63. प्रत्यक्ष प्रमाण का अवगम होता है?

(A) अनुमान से **(B)** शब्द से
(C) षोढा सन्निकर्ष से **(D)** अभाव से

व्याख्या- आचार्य गौतम प्रणीत न्यायदर्शन के प्रकरणग्रन्थ केशवमिश्र रचित तर्कभाषा में षोडश पदार्थों की परिगणना में प्रथम पदार्थ प्रमाण के अन्तर्गत प्रत्यक्षप्रमाण के विवेचन में षोढा सन्निकर्ष को परिभाषित करते हैं-

इन्द्रियार्थयोस्तु यः सन्निकर्षः साक्षात्कारिप्रमाहेतुः स षड्विध एव। तद्यथा, संयोगः, संयुक्तसमवायः, संयुक्तसमवेतसमवायः, समवायः, समवेतसमवायः, विशेष्यविशेषण-भावश्चेति।

प्रमाकरणं प्रमाणम्। प्रमा का करण ही प्रमाण है। प्रमाण में सर्वप्रथम परिगणित प्रत्यक्षप्रमाण का लक्षण करते हैं- साक्षात्कारिप्रमाकरणं प्रत्यक्षम्। साक्षात्कार, करने वाली प्रमा का करण प्रत्यक्ष कहलाता है।

सन्निकर्ष	इन्द्रिय		विषय
1. संयोग सन्निकर्ष	– चक्षु	–	घट
2. संयुक्त समवाय	– चक्षु	–	घटरूप
3. संयुक्तसमवेत समवाय	– चक्षु	–	घटरूपत्व जाति
4. समवाय सन्निकर्ष	– श्रोत्र	–	शब्द
5. समवेत समवाय	– श्रोत्र	–	शब्दत्व
6. विशेषण-विशेष्यभाव	–चक्षु	–	भूतले घटाभाव

* साक्षात्कारिणी प्रमा का करण तीन प्रकार का होता है-
(i) कभी इन्द्रिय (ii) कभी इन्द्रिय और अर्थ का सन्निकर्ष (iii)कभी ज्ञान।
* सन्निकर्ष प्रथमतः दो प्रकार के होते हैं-
(i) लौकिक और (i) अलौकिक
* लौकिक सन्निकर्ष छः प्रकार के होते हैं, जिन्हें षोढ़ा सन्निकर्ष कहते हैं।
* अलौकिक सन्निकर्ष तीन प्रकार के होते हैं-
(i) सामान्य लक्षण (ii) ज्ञानलक्षण (iii) योगज

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि प्रत्यक्ष प्रमाण का अवगम षोढा सन्निकर्ष के द्वारा होता है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत - तर्कभाषा- गजाननशास्त्री मुसलगाँवकर- पेज 77

64. आरोपित शब्द व्यापार का दूसरा नाम है-

(A) व्यञ्जना व्यापार **(B)** तात्पर्या व्यापार
(C) अभिधा व्यापार **(D)** लक्षणा व्यापार

व्याख्या- आचार्य मम्मट कृत काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास में शब्दवृत्तियों की चर्चा करते हैं-

⇒ **अभिधा-** मम्मट कहते हैं कि- **स मुख्योऽर्थस्तत्र मुख्यो व्यापारोऽस्याभिधोच्यते।** (का. प्र.सूत्र-11) साक्षात् संकेतित अर्थ ही मुख्यार्थ है, उसका बोध कराने में जो व्यापार होता है वह अभिधा व्यापार कहलाता है। साहित्यदर्पणकार कहते हैं कि-

तत्र संकेतितार्थस्य बोधनादग्रिमाऽभिधा।
संकेतोगृह्यते जातौ गुणद्रव्यक्रियासु च।।(सा.द.2/4)

संकेतित मुख्य अर्थ का बोधन कराने वाली, शब्द की सबसे पहली शक्ति का नाम अभिधा है।

शब्द चार प्रकार के होते हैं- (i) जातिशब्द (ii) गुणशब्द, (iii) क्रियाशब्द (iv) यदृच्छाशब्द।

लक्षणा- मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात्।
अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रिया।।
(का.प्र.सू.-12)

मुख्यार्थ का बाध, उस के साथ लक्ष्यार्थ या अन्य अर्थ का सम्बन्ध होने पर, रूढ़ि से अथवा प्रयोजन-विशेष से जिस शब्द-शक्ति के द्वारा अन्य अर्थ लक्षित होता है वह आरोपित व्यापार लक्षणा कहलाता है।

⇒ **साहित्यदर्पण के अनुसार-**
मुख्यार्थबाधे तद्युक्तोययाऽन्योऽर्थः प्रतीयते।
रूढेः प्रयोजनाद्वाऽसौ लक्षणा शक्तिरर्पिता।।(सा.द.-2/5)

अभिधा शक्ति के द्वारा जिसका बोधन किया जाय वह मुख्यार्थ कहलाता है, इसका बाध होने पर अर्थात् वाक्य में मुख्यार्थ का अन्वय अनुपपन्न होने पर रूढ़ि के कारण अथवा किसी विशेष प्रयोजन के कारण मुख्यार्थ से सम्बद्ध अन्य अर्थ का ज्ञान, जिस शक्ति द्वारा होता है, वह लक्षणा शक्ति है।

⇒ **व्यञ्जना शक्ति-** मम्मट के अनुसार-
यस्य प्रतीतिमाधातुं लक्षणा समुपास्यते।
फले शब्दैकगम्येऽत्र व्यञ्जनान्नापरा क्रिया।।

जिस प्रयोजन विशेष की प्रतीति के लिये लाक्षणिक शब्द का आश्रय लिया जाता है, केवल शब्द से गम्य उस फल के विषय में व्यञ्जना के अतिरिक्त और कोई व्यापार नहीं हो सकता है।

⇒ **आचार्य विश्वनाथ के अनुसार व्यञ्जना शक्ति-**
विरतास्वभिधाद्यासु ययाऽर्थो बोध्यते परः।
सा वृत्तिर्व्यञ्जना नाम शब्दस्यार्थादिकस्य च॥
(सा.द.-2/12)

अपना-अपना अर्थ बोधन करके अभिधा आदि वृत्तियों के शान्त होने पर जिससे अन्य अर्थ का बोध होता है, वह शब्द में तथा अर्थादिक में रहने वाली वृत्ति 'व्यञ्जना' कहलाती है।

⇒ **तात्पर्या शक्ति-** आचार्य मम्मट ने काव्यप्रकाश के द्वितीयोल्लास के प्रारम्भ में तात्पर्या को बताते हैं- **तात्पर्यार्थोऽपि केषुचित्।** कुछ लोग तात्पर्यार्थ भी मानते हैं। कुमारिलभट्ट के अनुयायी पार्थसारथि मिश्र आदि (अभिहितान्वयवादी) के मत में तीन प्रकार के वाच्यादि अर्थों के अतिरिक्त चौथे प्रकार का तात्पर्यार्थ भी होता है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि आरोपित शब्द व्यापार लक्षणा है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत - साहित्यदर्पण-शालिग्राम शास्त्री, पेज 29-30
काव्यप्रकाश-आचार्य विश्वेश्वर, पेज 51

65. 'वर्णसाम्यमनुप्रासः' यह अनुप्रास अलङ्कार का लक्षण है-
(A) साहित्यदर्पण के अनुसार
(B) काव्यप्रकाश के अनुसार
(C) चन्द्रालोक के अनुसार
(D) अलङ्कारसर्वस्व के अनुसार

व्याख्या- ⇒ मम्मट कृत काव्यप्रकाश के नवें उल्लास में-
अनुप्रास अलङ्कार का लक्षण- **'वर्णसाम्यमनुप्रासः'**
वर्णों की समानता या आवृत्ति का नाम अनुप्रास अलङ्कार है।
ततोऽरुणपरिस्पन्दमन्दीकृतवपुः शशी।
दध्रे कामपरिक्षामकामिनीगण्डपाण्डुताम्॥

तब (प्रातःकाल के समय सूर्य के सारथि) अरुण के गतिशील होने से मलिन स्वरूपवाला चन्द्रमा काम के उपभोग से दुर्बल कामिनी के कपोलस्थल के समान सफेद हो गया। यहाँ पर अनेक वर्णों का एकबार सादृश्य है इसलिए यहाँ छेकानुप्रास है।

⇒ आचार्य विश्वनाथ कृत साहित्यदर्पण के दशवें परिच्छेद में अनुप्रास अलङ्कार का लक्षण किया गया है-
अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत्।
(सा द. 10/3)

स्वर की विषमता रहने पर भी शब्द अर्थात् पद, पदांश के साम्य को 'अनुप्रास' कहते हैं।

उन्मीलन्मधुगन्धलुब्धमधुपव्याधूतचूताङ्कुर .....।
प्राप्तप्राणसमासमागमरसोल्लासैरमी वासराः॥

यहाँ पर रसोल्लास सैरमी इन शब्दों में 'र' और 'स' की एक ही प्रकार से समानता है। दूसरे चरण में क और ल की अनेक बार आवृत्ति हुई है और उसी क्रम से हुई है।

⇒ जयदेव चन्द्रालोक के पञ्चम मयूख में छेकानुप्रास का लक्षण करते हुए कहते हैं कि-
स्वरव्यञ्जनसन्दोहव्यूहा मन्दोहदोहदा।
गौर्जगज्जाग्रदुत्सेका छेकानुप्रासभासुरा॥ (5/2)

विशेष ज्ञान को कराने वाली, कवि संसार में जागरूक उत्कर्ष वाली स्वर और व्यञ्जनों की आवृत्तिरूप वाणी छेकानुप्रास से शोभायमान हुआ करती है। अर्थात् ऐसी वाणी जहाँ हो वहाँ छेकानुप्रास हुआ करता है।

⇒ अलङ्कारसर्वस्वकार रुय्यक ने छेकानुप्रास का लक्षण करते हुए कहते हैं-
सङ्ख्यानियमे पूर्वं छेकानुप्रासः। संख्या का नियम रहने पर पूर्व अर्थात् व्यञ्जनमात्र शब्दपौनरुक्त्य को छेकानुप्रास कहते हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'वर्णसाम्यमनुप्रासः' काव्यप्रकाश के अनुसार अनुप्रास का लक्षण है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत - काव्यप्रकाश-आचार्य विश्वेश्वर, पेज 404

66. भाषाविज्ञान के अर्थपरिवर्तन कारणों में जो कारण नहीं है वह है-
(A) अर्थविस्तार **(B)** अर्थसङ्कोच
(C) अर्थव्यञ्जकता **(D)** अर्थविपर्यय

व्याख्या- सर्वप्रथम फ्रांसीसी भाषाविज्ञानवेत्ता ब्रील ने अर्थपरिवर्तन विचार किया था। उन्होंने अर्थपरिवर्तन की तीन दिशाएँ मानीं अर्थविकास, अर्थसंकोच तथा अर्थादेश। अर्थविज्ञान के भारतीय विशेषज्ञ यास्क, पतञ्जलि, भर्तृहरि एवं अन्य संस्कृत काव्यशास्त्रकारों ने भी अर्थ-विकास की इन्हीं तीन दिशाओं का उल्लेख किया है।

⇒ अध्ययन की सुविधा की दृष्टि से अर्थपरिवर्तन की दिशाओं को निम्न 5 भागों में विभक्त कर उसका विश्लेषण किया जा सकता है-
1- अर्थविस्तार (Expansion of meaning)
2- अर्थसंकोच (Contract of meaning)
3- अर्थादेश (Transference of meaning)

4- अर्थोत्कर्ष (Elevoation of meaning)
5- अर्थापकर्ष (Deterioration of meaning)

⇒ **अर्थविस्तार-** अर्थविस्तार का अर्थ है- अर्थ का सीमित क्षेत्र से निकलकर विस्तार पा लेना।

जैसे- 'प्रवीण' शब्द का प्रारम्भिक अर्थ वीणा बजाने में दक्ष था परन्तु आज वह किसी काम में दक्षता, निपुणता का वाचक हो गया है।

शब्द	मौलिक अर्थ	अर्थ-विस्तार
गवेषणा –	गाय को खोजना	– अनुसंधान
कुशल –	कुश लाने में दक्ष	– दक्ष
निपुण –	पुण्य करने वाला	– किसी काम में दक्ष
अभ्यास –	बाण चलाना	– प्रयत्न

2. अर्थसंकोच- अर्थविस्तार के विपरीत सामान्य या संकुचित अर्थ में प्रयुक्त होना 'अर्थसंकोच' कहलाता है। अर्थसंकोच का अर्थ ही है- 'अर्थ का संकुचित हो जाना।' भोलानाथ **तिवारी के अनुसार**- अर्थसंकोच, अर्थविस्तार का ठीक उल्टा है।

शब्द	मूल अर्थ	अर्थ-संकोच
वेद –	विद्या	– ऋग्वेद आदि वेद
श्राद्ध –	श्रद्धायुक्त कर्म	– मृतक श्राद्ध
वर –	जो माँगा जाये	– दूल्हा
धान्य –	अन्न	– धान
महाराज –	बड़े राजा, मान्य ब्राह्मण	– रसोइयां
मृग –	जंगली पशु	– हिरण

3. अर्थादेश- शब्द के मूल अर्थ का लुप्त होना और उसके स्थान पर कोई नये अर्थ का आना 'अर्थादेश' कहलाता है।

शब्द	मूल अर्थ	अर्थादेश
असुर –	देवता –	दानव,दैत्य
उपवास –	अग्निके पास रहना –	व्रत
मुग्ध –	मूर्ख –	मोहित होना
वर –	श्रेष्ठ –	दूल्हा
साहस –	चोरी/डकैती –	उत्साहपूर्वक कार्य

अर्थोत्कर्ष- निकृष्ट अर्थ में प्रयुक्त होने वाले शब्दों का उत्कृष्ट अर्थ में प्रयुक्त होना। 'साहस' अर्थोत्कर्ष का श्रेष्ठ उदाहरण है।

अर्थापकर्ष- अर्थापकर्ष का अर्थ है- अर्थ का पतन होना। अर्थापकर्ष का सुन्दर उदाहरण है- 'सहवास'। सहवास का पहले उत्कृष्ट अर्थ था- गुरु आदि के सम्पर्क में रहना और अब अर्थ है- स्त्री पुरुष का परस्पर रतिक्रिया।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि भाषाविज्ञान के अर्थपरिवर्तन कारणों में अर्थव्यञ्जकता कारण नहीं है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत- भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र-कपिलदेव द्विवेदी, पेज 336-37

67. 'पाणिपादम्' में समास है-
(A) इतरेतरद्वन्द्व **(B)** समाहारद्वन्द्व
(C) कर्मधारय **(D)** बहुव्रीहि

व्याख्या- 'चार्थे द्वन्द्वः' सूत्र से च के अर्थ में वर्तमान अनेक सुबन्त परस्पर विकल्प से समास को प्राप्त होते हैं, और वह समास द्वन्द्वसंज्ञक होता है।

➢ 'च' के चार अर्थ माने जाते हैं- समुच्चय, अन्वाचय, इतरेतर, समाहार।

➢ समूह का नाम 'समाहार' है। यह भी 'च' का एक अर्थ है। समूह के होने पर इस समास से सदा एकवचन तथा 'स नपुंसकम्' के अनुसार नपुंसकलिङ्ग का प्रयोग होता है।

समाहार द्वन्द्व के उदाहरण	
पाणिपादम्	पाणी च पादौ च
संज्ञापरिभाषम्	संज्ञा च परिभाषा च
मार्दङ्गिकवैणविकम्	मार्दङ्गिकाश्च वैणविकाश्च
रथिकाश्वारोहम्	रथिकाश्च अश्वारोहाश्च
वाक्त्वचम्	वाक् च त्वक् च

इतरेतर द्वन्द्व	
धर्माथौं -	धर्मश्च अर्थश्च
शब्दार्थौ -	शब्दश्च अर्थश्च
अर्थकामौ -	अर्थश्च कामश्च
आद्यन्तौ -	आदिश्च अन्तश्च
जायापती /जम्पती/दम्पती-	जाया च पतिश्च

द्विगुसमास का उदाहरण	
पञ्चकपालः -	पञ्चानां कपालानां समाहारः
पञ्चगवम् -	पञ्चानां गवां समाहारः
पञ्चपात्रम् -	पञ्चानां पात्राणां समाहारः
त्रिभुवनम् -	त्रयाणां भुवनानां समाहारः
चतुर्युगम् -	चतुर्णां युगानां समाहारः
त्रिकटु -	त्रयाणां कटूनां समाहारः

बहुव्रीहि का उदाहरण

द्विपात्- द्वौ पादौ यस्य सः
चतुर्मुखः - चत्वारि मुखानि यस्य सः

चतुराननः - चत्वारि आननानि यस्य सः
षडाननः - षड् आननानि यस्य सः
दशाननः - दश आननानि यस्य सः
द्विमूर्धः - द्वौ मूर्धानौ यस्य सः
त्रिमूर्धः - त्रयो मूर्धानो यस्य सः

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि **'पाणिपादम्'** में समाहार द्वन्द्व है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत - लघुसिद्धान्तकौमुदी-आद्याप्रसाद मिश्र, पेज 196

68. प्रच्छ् धातु में क्त्वा प्रत्यय के योग से रूप बनता है?
(A) पृष्ट्वा **(B)** प्रष्ट्वा
(C) प्रच्छत्वा **(D)** प्रच्छित्वा

व्याख्या- ⟹ सूत्र - **समासेऽनञ्पूर्वो क्त्वो ल्यप्** (7.1.37)

जिस समास के पूर्वपद में नञ् से भिन्न कोई अन्य अव्यय स्थित हो तो उस समास में क्त्वा के स्थान पर ल्यप् आदेश होता है। क्त्वा के क् की 'लशक्वतद्धिते' से इत्संज्ञा 'तस्य लोपः' से लोप होकर 'त्वा' शेष बचता है।

⟹ जब एक ही कर्ता द्वारा एक कार्य की समाप्ति के बाद दूसरी क्रिया की जाती है, तो समाप्ति क्रिया में क्त्वा प्रत्यय का प्रयोग होता है।

⟹ इस प्रत्यय से बने हुए शब्द पूर्वकालिक क्रिया के अन्तर्गत आते हैं।

उदाहरण

प्रच्छ्	+	क्त्वा	=	पृष्ट्वा
अद्	+	क्त्वा	=	जग्ध्वा
इष्	+	क्त्वा	=	इष्ट्वा/एषित्वा
ईक्ष्	+	क्त्वा	=	ईक्षित्वा
कुर्द्	+	क्त्वा	=	कूर्दित्वा
कृ	+	क्त्वा	=	कृत्वा
कृष्	+	क्त्वा	=	कृष्ट्वा
अस्	+	क्त्वा	=	भूत्वा
आप्	+	क्त्वा	=	आप्त्वा
क्री	+	क्त्वा	=	क्रीत्वा
क्रीड्	+	क्त्वा	=	क्रीडित्वा
क्षिप्	+	क्त्वा	=	क्षिप्त्वा
गम्	+	क्त्वा	=	गत्वा
गॄ	+	क्त्वा	=	गीर्त्वा
छिद्	+	क्त्वा	=	छित्त्वा
जि	+	क्त्वा	=	जित्वा
ज्ञा	+	क्त्वा	=	ज्ञात्वा
तुद्	+	क्त्वा	=	तुत्त्वा
तुष्	+	क्त्वा	=	तुष्ट्वा
त्यज्	+	क्त्वा	=	त्यक्त्वा
दृश्	+	क्त्वा	=	दृष्ट्वा
दह्	+	क्त्वा	=	दग्ध्वा
दा	+	क्त्वा	=	दत्त्वा
धा	+	क्त्वा	=	हित्वा
पच्	+	क्त्वा	=	पक्त्वा
पा	+	क्त्वा	=	पीत्वा
ब्रू	+	क्त्वा	=	उक्त्वा
भू	+	क्त्वा	=	भूत्वा
यज्	+	क्त्वा	=	इष्ट्वा

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि प्रच्छ्+क्त्वा के योग से पृष्ट्वा बनता है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत - रचनानुवादकौमुदी-कपिलदेव द्विवेदी, पेज 208

69. 'सुभाषितं हारि विशत्यधो, गलान्न दुर्जनस्यार्करिपो-रिवामृतम्' यह सूक्ति उद्धृत है?
(A) कादम्बरी से **(B)** शिशुपालवधम् से
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से **(D)** नीतिशतकम् से

व्याख्या- बाणभट्ट कादम्बरी कथामुख में सुभाषित सूक्तियों के प्रसंग में कहते हैं कि-

सुभाषितं हारि विशत्यधो गलान्नदुर्जनस्यार्करिपोरिवामृतम्।
तदेव धत्ते हृदयेन सज्जनो हरिर्महारत्नमिवातिनिर्मलम्॥
(कादम्बरी कथामुख-7)

मनोहर सुभाषित दुर्जन के गले के नीचे वैसे ही नहीं उतरता, जैसे राहु के गले के नीचे अमृत नहीं उतरता, किन्तु उसे ही सज्जन अपने हृदय में इस प्रकार धारण करते हैं जैसे भगवान् विष्णु अत्यन्त स्वच्छ कौस्तुभमणि को हृदय पर धारण करते हैं।

* **भवच्छिदस्त्र्यम्बकपादपांसवः**।।2।।
संसार के बन्धन को काटने वाली शिव के चरणों की धूलि की जय हो।

* **धिया निबद्धेयमतिद्वयी कथा॥** (20) अतिद्वयी = (दो कथाओं बृहत्कथा और वासवदत्ता से उत्कृष्ट) कथा की रचना की।।

शिशुपालवधम् की सूक्तियाँ-

➢ **सदाभिमानैकधना हि मानिनः।** (शिशु.1/67)
मानी जन सदा मान मात्र धन वाले होते हैं।

➢ **सतीव योषित् प्रकृतिः सुनिश्चला।**
पुमांसमभ्येति भवान्तरेष्वपि॥ (शिशु.1/72)
पतिव्रता स्त्री के समान अतिस्थिर प्रकृति दूसरे जन्मों में भी उसी पुरुष को प्राप्त करती है।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् की सूक्तियाँ-

सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तः करण-प्रवृत्तयः । (अभि.1/22)
सन्देहास्पद विषयों में सज्जनों के अन्तःकरण की प्रवृत्तियाँ ही प्रमाण होती है।

➢ **सर्वः कान्तमात्मीयं पश्यति** (अभि. अङ्क-2)
राजा दुष्यन्त विदूषक से कहता है- 'सभी आत्मीय जनों को सुन्दर समझते हैं।

⇒ **नीतिशतकम् की सूक्तियाँ-**

* **शीलं परं भूषणम्।**
यह सदाचार सभी का सर्वोत्कृष्ट आभूषण है।

* **सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः।**
कठिन सेवा का कार्य योगियों को भी अगम्य या दुर्बोध है अर्थात् उनके भी समझ से परे है तो साधारण पुरुषों की तो बात ही क्या है?

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है- 'सुभाषितं हारि विशत्यधो... यह सूक्ति कादम्बरी से उद्धृत है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत - कादम्बरी कथामुख (श्लोक 07)- तारिणीश झा,पेज 9

70. 'नमस्तस्मै कृता येन रम्या रामायणी कथा' यह कहकर महर्षि वाल्मीकि का अभिवादन किया गया है-

(A) कादम्बरी में **(B)** रामायण में
(C) नलचम्पू में **(D)** अभिज्ञानशाकुन्तलम् में

व्याख्या- नलचम्पू के प्रथमोच्छ्वास में त्रिविक्रमभट्ट जी ने महर्षि वाल्मीकि का अभिवादन इस श्लोक के माध्यम से किया है-

* **सदूषणापि निर्दोषा सखरापि सुकोमला।**
नमस्तस्मै कृता येन रम्या रामायणी कथा॥ (1/11)
दोषयुक्त होने पर भी निर्दुष्ट एवं कठोर होने पर भी कोमल तथा दूषण और खर नामक राक्षस से युक्त होने पर भी दोषरहित एवं सुकोमल रमणीय रामायण की कथा का जिसने सृजन किया, उस आदिकवि वाल्मीकि के लिए नमस्कार है।

* **व्यासः क्षमाभृतां श्रेष्ठो वन्द्यः स हिमवानिव।**
सृष्टा गौरीदृशी येन भवे विस्तारिभारता॥ (1/12)
(व्यासपक्ष में) जिसके द्वारा इस संसार में अत्यन्त विस्तृत महाभारतरूप वाणी की रचना की गई है। क्षमाशीलों में श्रेष्ठ वे महर्षि व्यास पर्वतश्रेष्ठ हिमालय के समान वन्दनीय हैं।
(हिमालय पक्ष में)- जिसके द्वारा भगवान् शिव में अनुरक्ता और विकसनशील कान्तिसम्पन्ना गौरी-पार्वती को उत्पन्न किया गया, वह पर्वतों में श्रेष्ठ हिमालय महर्षि व्यास के समान वन्दनीय है।

➢ **करोति कस्य नाह्लादं कथा कान्तेव भारती।** (1/13)
इसप्रकार की कान्ता सदृशी महाभारत की कथा किसे आह्लादित नहीं करती?

कादम्बरी- त्रयीमयाय त्रिगुणात्मने नमः। (कादम्बरी-01)
बाणभट्ट द्वारा कादम्बरी कथामुख के मङ्गलाचरण में जगत्कारण त्रिगुणात्मक ब्रह्म को नमस्कार किया गया है।
त्रिगुण- सत्व, रज, तम
त्रयीमयाय- ब्रह्मा, विष्णु, शिव

* **नमामि भर्वोश्चरणाम्बुजद्वयं**....(कादम्बरी-4)
इस पद्य में कवि ने अपने गुरु भर्वु के चरणकमलों की वन्दना की है।

रामायण- न सर्वे भ्रातरस्तात भवन्ति भरतोपमाः।
राम जी का कथन 'तात सुग्रीव। संसार में सब, भाई भरत के ही समान नहीं होते।' (वा.रा. 6/18/15)

न मानुषी राक्षसस्य भार्या भवितुमर्हति।
सीता जी का कथन- 'एक मानव कन्या किसी राक्षस की भार्या नहीं हो सकती। (वा.रा.5/24/8)

अभिज्ञानशाकुन्तलम् की सूक्तियाँ-

➢ **न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात्।** (अभि.1/26)
दुष्यन्त का कथन कान्ति से देदीप्यमान् तेज भूतल से उत्पन्न नहीं होता।

➢ **'न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम'** (अभि.-अङ्क 04)
शार्ङ्गरव का कथन विद्वानों के लिये वस्तुतः कोई चीज अज्ञात नहीं होती है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि **'नमस्तस्मै कृता येन...** यह कथन नलचम्पू (1.11) में है।
अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत - नलचम्पू-रामनाथ त्रिपाठी, पेज 12

71. निम्न में से नलचम्पू की सूक्ति है-
(A) नैको रसः कवेः **(B)** सर्वं सहा सूरयः
(C) उपर्युक्त दोनों **(D)** इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- त्रिविक्रमभट्ट द्वारा प्रणीत नलचम्पू में सात उच्छ्वास हैं। प्रथमोच्छ्वास में त्रिविक्रमभट्ट द्वारा अपनी विनम्रता को दर्शाया गया है-

* **वाचः काठिन्यमायान्ति भङ्गश्लेषविशेषतः।**
नोद्वेगस्तत्र कर्तव्यो यस्मान्नैको रसः कवेः॥ (1/16)
सभङ्गश्लेष में वाणी यद्यपि विशेष रूप से क्लिष्ट हो जाती है, फिर भी उसमें उद्वेग नहीं करना चाहिये- उसके प्रति उद्विग्न होकर अनिच्छा नहीं प्रकट करनी चाहिए, क्योंकि कवि के लिए सर्वदा एक ही रस नहीं होता अर्थात् कवि की रुचि बराबर एक समान नहीं होती।

* **इत्थं काव्यकथाकथानकरसैरेषां कवीनाममी।**
विद्वांसः परिपूर्णकर्णहृदयाः कुम्भाः पयोभिर्यथा।
वाचो वाच्यविवेकविक्लवधियामीदृग्विधा मादृशां
लप्स्यन्ते क्व किलावकाशमथवा सर्वंसहाः सूरयः॥
(1/15)

इसप्रकार इन कवियों के काव्य कथा, कथानक आदि के रसों से परिपूर्ण कर्ण एवं अन्तःकरण से युक्त ये विद्वान् लोग दुग्ध से आप्लावित कलश के समान हैं- ऐसी स्थिति में वर्णनीय वस्तु के उपस्थापन में विवेकशून्य हमारे जैसे व्यक्तियों की वाणी कहाँ से स्थान प्राप्त कर सकेगी? अथवा (फिर भी) निराश होने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि विद्वान् लोग सब कुछ सहन करने में समर्थ होते हैं।

* **जयति तरुणयोषिल्लोचनानां विलासः ॥** (1/2)
नवयौवनाओं की आँखों के प्रान्तभागरूपी गोद से सञ्चालित होने वाला आँखों का विलास भी सर्वोत्कृष्ट है, अतः उसकी जय हो।

* **पुण्यैर्मुखे वाचो गृहे स्त्रियः॥** (1/4) किन्हीं अलौकिक पुण्यों के कारण मनोहारिणीं और अनेक प्रकार के श्लेषों आलिङ्गनादि विधियों में चतुर स्त्रियाँ किसी पुरुष के घर में आती हैं।

* **परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिरः॥** (1/5)
कवि का काव्य और धनुर्धारी का बाण समर्थ नहीं है तो वे दोनों ही निष्प्रयोजन है, उनका होना न होने के बराबर है। अर्थात् कवि के इस काव्य का क्या प्रयोजन, जो कि दूसरे श्रोता के हृदय पर आघात कर उसे कम्पित न कर दे? और धनुर्धारी के इस प्रकार के बाण का क्या प्रयोजन जो कि दूसरे शत्रु के वक्षस्थल पर लगकर उसे शिर घूमने पर मजबूर न कर दे।

* **करोति कस्य नाह्लादं कथा कान्तेव भारती।** (1/13)
कान्ता-सदृशी महाभारत की कथा किसे आह्लादित नहीं करती?

* **वेत्ति विश्वम्भरा भारं गिरीणां गरिमाश्रयम्** (1/18)
पर्वतों के गरिमामूलक भार एवं विश्व के भार को धारण करने वाली पृथ्वी ही जानती है (अन्य कोई नहीं)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि A+B दोनों सूक्तियाँ नलचम्पू से उद्धृत हैं **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत - नलचम्पू- रामनाथ त्रिपाठी, पेज 15, 16

72. शिशुपालवध महाकाव्य के प्रथम सर्ग में प्रयुक्त छन्द है-
(A) वंशस्थ, पुष्पिताग्रा, शिखरिणी
(B) वंशस्थ, पुष्पिताग्रा, मन्दाक्रान्ता
(C) वंशस्थ, पुष्पिताग्रा, शार्दूलविक्रीडित
(D) मन्दाक्रान्ता, पुष्पिताग्रा, शिखरिणी

व्याख्या- शिशुपालवधम्, किरातार्जुनीयम् और नैषधीयचरितम् ये तीनों महाकाव्य बृहत्त्रयी के अन्तर्गत आते हैं।
इन तीनों महाकाव्यों के अन्तिम में छन्द परिवर्तन हुआ है।

शिशुपालवधम्- (प्रथम सर्ग)- 1से लेकर 73 श्लोक तक वंशस्थ छन्द, 74वें श्लोक में पुष्पिताग्रा, 75वें श्लोक में शार्दूलविक्रीडितम् छन्द का प्रयोग हुआ है।

किरातार्जुनीयम् (प्रथम सर्ग)- 1 से लेकर 44 श्लोक तक वंशस्थ छन्द, 45 वें में पुष्पिताग्रा और 46वें श्लोक में मालिनी छन्द का प्रयोग किया गया है।

नैषधीयचरितम् (प्रथमसर्ग)- 1 से लेकर 142 वें श्लोक तक वंशस्थ, 143 वें श्लोक में दोधक छन्द, 144वें श्लोक में वसन्ततिलका 145वें में शार्दूलविक्रीडित छन्द का प्रयोग किया गया है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि शिशुपालवध महाकाव्य में प्रयुक्त छन्द क्रमशः वंशस्थ, पुष्पिताग्रा और शार्दूलविक्रीडित है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत - शिशुपालवधम् - तारिणीश झा, पेज 03, 154,

73. 'रथाङ्गपाणिः' पद में समास है-
(A) तत्पुरुष **(B)** कर्मधारय
(C) बहुव्रीहि **(D)** द्वन्द्व

व्याख्या-

बहुव्रीहि समास		
(कृष्ण) रथाङ्गपाणिः	-	रथाङ्गं पाणौ यस्य सः
(विष्णु) चक्रपाणिः	-	चक्रं पाणौ यस्य सः
(सरस्वती) वीणापाणिः	-	वीणा पाणौ यस्याः सा
(शिव) शूलपाणिः	-	शूलं पाणौ यस्य सः
(राम) धनुष्पाणिः	-	धनुः पाणौ यस्य सः
(वैद्य) पीयूषपाणिः	-	पीयूषं पाणौ यस्य सः
(विष्णु) गदापाणिः	-	गदा पाणौ यस्य सः
तत्पुरुष समास		
चोरभयम्	-	चोरात् भयम्
व्याघ्रभयम्	-	व्याघ्रात् भयम्
राजभयम्	-	राज्ञः भयम्
सिंहभीतः	-	सिंहात् भीतः
वृकभीतिः	-	वृकात् भीतिः
सर्पभीः	-	सर्पात् भीः
कर्मधारय समास		
घनश्यामः	-	घन इव श्यामः
नीरदश्यामः	-	नीरद इव श्यामः
चन्द्रोज्ज्वलः	-	चन्द्र इव उज्ज्वलः
चन्द्राह्लादकः	-	चन्द्र इव आह्लादकः
द्वन्द्व समास		
पितरौ	-	माता च पिता च
पुत्रौ	-	पुत्रश्च पुत्री च
रामौ	-	रामश्च रामश्च
हंसौ	-	हंसश्च हंसी च
युवानौ	-	युवा च युवती च
दुहितरौ	-	दुहिता च दुहिता च
भ्रातरौ	-	भ्राता च स्वसा च
श्वसुरौ	-	श्वश्रूः च श्वसुरश्च

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि 'रथाङ्गपाणिः' में बहुव्रीहि समास है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत - शिशुपालवधम् (1/21)- तारिणीश झा, पेज 48

74. मृच्छकटिक की कथावस्तु किस नगर से सम्बद्ध है?

(A) उज्जयिनी नगर से **(B)** अयोध्या नगर से
(C) काशी नगर से **(D)** काञ्ची नगर से

व्याख्या- मृच्छकटिकम् की कथावस्तु- मृच्छकटिकम् की कथा कल्पना प्रसूत है तथा लोक प्रसिद्ध प्रेमकथानक पर इस प्रकरण की रचना की गई है। यह शूद्रक द्वारा प्रणीत दस अङ्कों का प्रकरणग्रन्थ है। उज्जयिनी से मध्यमवर्गीय समाज की दैनिक परिचर्या को इस रूपक का आधार बनाकर कवि ने इसे अत्यधिक स्वाभाविकता दे दी है।

चारुदत्त- मृच्छकटिकम् के नायक चारुदत्त कुलीन, सभ्य एवं एक सच्चरित्र युवक हैं। उसमें कुछ ऐसे महान् गुण हैं, कुछ ऐसी विलक्षणता है जिसके कारण उसने उज्जयिनी के सम्पूर्ण जन-मन को जीत लिया है। अपनी दानशीलता के कारण ही एक श्रेष्ठी से चारुदत्त दरिद्र बन गया है, और दरिद्र हो जाने पर भी उसे दुख इस बात का है कि याचक उसके घर को समृद्धिहीन जानकर अब वहाँ नहीं आते हैं।

अवन्तिपुर्यां द्विजसार्थवाहो युवा दरिद्रः किल चारुदत्तः।
गुणानुरक्ता गणिका च यस्य वसन्तशोभेव वसन्तसेना॥

(1/6)

उज्जयिनी में एक व्यापारी ब्राह्मण अथवा ब्राह्मणों का पालक निर्धन युवक चारुदत्त रहता था। वसन्तश्री की तरह उसी नगरी की वसन्तसेना नामक अत्यन्त छविमयी गणिका इसके गुणों से आकर्षित थी।

वसन्तसेना- वसन्तसेना उज्जयिनी की एक समृद्ध गणिका की पुत्री है नारी चरित्र की दृढ़ता का एक प्रतीक है सत्य और विशुद्ध प्रेम की एक प्रतिमूर्ति है। अपूर्वत्याग और गुणस्पृहा की आग में निरन्तर जलकर, गणिका वृत्ति के कालुष्य को जलाकर, भास्कर सोने की तरह दमकता एक नारी रत्न है। जिसे विट-वापी, लता या नौका की तरह सर्वभोग्या समझता है- **'त्वं वापीव लतेव नौरिव जनं वेश्यासि सर्वं भज'** (1/32) वह अति सम्पन्न प्रभावशाली राजश्यालक शकार जैसे अनुरक्त राजवल्लभ को अपनी माँ की प्रेरणा के बावजूद ठुकराकर निर्धन चारुदत्त के प्रति अपनी हार्दिक आसक्ति अभिव्यक्त कर शुद्ध और गम्भीर प्रेम का परिचय देती है। अपने मधुर शुद्ध और पवित्र प्रणय से अन्त में चारुदत्त के हृदय को अपनी ओर आकृष्ट कर लेती है। उज्जयिनी के आभूषणभूत चारुदत्त के हृदय को जीत लेती है।

विदूषक- मृच्छकरिकम् प्रकरण के विदूषक का नाम मैत्रेय है। यह जाति का ब्राह्मण तथा चारुदत्त का नर्मसचिव ही नहीं, घनिष्ट मित्र भी है। मैत्रेय चारुदत्त का एक सच्चा मित्र है, सुख-दुःख में साथ देने वाला एक अनन्य बन्धु। चारुदत्त के शब्दों में वह उसका सार्वकालिक मित्र है।

'अये सर्वकालिकमित्रं मैत्रेयः प्राप्तः'

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि मृच्छकटिकम् की कथावस्तु उज्जयिनी से सम्बद्ध है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत- मृच्छकटिकम्- जगदीशचन्द्रमिश्र, भू.पेज- 26-28

75. निम्न में से मृच्छकटिकम् का सहवचन है-
(A) सुखं हि दुःखान्यनुभूय शोभते
(B) विभवाऽनुगता भार्या
(C) शून्यमपुत्रस्य गृहम्
(D) उपर्युक्त तीनों

व्याख्या- महाकवि शूद्रक द्वारा प्रणीत मृच्छकटिकम् में दस अङ्क हैं। जिसमे अलङ्कारन्यास नामक प्रथमोऽङ्क में चारुदत्त कहते हैं कि-

* **सुखं हि दुःखान्यनुभूय शोभते घनान्धकारेष्विव दीपदर्शनम्**
सुखात्तु यो याति नरो दरिद्रतां धृतः शरीरेण मृतः स जीवति
चारुदत्त का कथन है- घोर अन्धेरे में दीये के उजाले का जो आनन्द है, वही मजा तो दुःख झेलने के बाद सुख पाने का है। मगर, मित्र अमीरी की कब्र पर जन्मी गरीबी की घास तो बड़ी जहरीली होती है। ऐसा आदमी तो जिन्दा रहकर भी मरा ही होता है। (मृच्छ.1/10)

* **विभवानुगता भार्या सुखदुःखसुहृद्भवान्।**
सत्यञ्च न परिभ्रष्टं यद्दरिद्रेषु दुर्लभम् ॥ 3/28
चारुदत्त विदूषक से कहता है- विभव के अनुसार निर्वाह करने वाली पत्नी, सुख दुख में साथ निभाने वाली तुम जैसे मित्र और सच्चाई का पल्ला थामे रहना भला किस गरीब को नसीब है, मेरे पास तो ये सारी चीजे मौजूद हैं।

* **शून्यमपुत्रस्य गृहं, चिरशून्यं नास्ति यस्य सन्मित्रम्।**
मूर्खस्य दिशः शून्याः, सर्वं शून्यं दरिद्रस्य॥
(मृच्छ.1/8)
चारुदत्त का कथन- पुत्रहीन व्यक्ति का घर सूना होता है। सच्चे मित्र के अभाव में सारा जीवन सूना होता है। मूर्खों की सारी दिशाएँ सूनी होती हैं, और दरिद्रों के लिए सारा संसार सूना होता है।

* **दारिद्र्यान्मरणाद्वा मरणं मम रोचते न दारिद्र्यम्।**
अल्पक्लेशं मरणं दारिद्र्यमनन्तकं दुःखम्॥
(मृच्छ.1/11)
चारुदत्त विदूषक से कहता है- मृत्यु और गरीबी दोनों में से गरीबी की अपेक्षा मृत्यु ही मुझे अधिक अच्छी लगती है। क्योंकि मृत्यु तो मनुष्य को एक बार ही मरने का कष्ट देती है किन्तु यह दरिद्रता तो आजीवन दुःख भोगने को विवश कर देती है।

अन्य सूक्तियाँ

* **अहो निर्धनता सर्वापदामास्पदम्॥** (मृच्छ.1/14) चारुदत्त का कथन- 'हाय सारी विपत्तियों की जड़ यही दरिद्रता है।

* **धिगस्तु खलु दारिद्र्यमनिवेदितपौरुषम्।**
यदेतद्गर्हितं कर्म निन्दामि च करोमि च॥
(मृच्छ.3/19)
शर्विलक विदूषक से कहता है- अप्रदर्शित पुरुषार्थ वाली इस गरीबी को धिक्कार है जिस काम की मैं स्वयं निन्दा करता हूँ उसे ही करने के लिए इस गरीबी के कारण विवश भी होता हूँ।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि सुखं हि दुःख.. विभवानुऽगता भार्या, शून्यमपुत्रस्य..यह तीनों मृच्छकटिकम् के सहवचन (कथन) है।

अतः विकल्प 'D'सही है।

स्रोत - मृच्छकटिकम् - रमाशङ्कर त्रिपाठी, पेज 13,28, 30

76. पञ्चीकरण प्रक्रिया का विशद विवेचन है-
(A) तर्कभाषा में
(B) सांख्यकारिका में
(C) वेदान्तसार में
(D) उपर्युक्त तीनों में

व्याख्या- सदानन्द कृत वेदान्तसार में पञ्चीकरण प्रक्रिया का विशद विवेचन है।

द्विधा विधाय चैकैकं चतुर्धा प्रथमं पुनः।
स्वस्वेतरद्वितीयांशैर्योजनात् पञ्च पञ्च ते॥

प्रत्येक भूत को दो भागों में विभक्त करके फिर प्रथम भाग को चतुर्धा विभक्त करके, अपने से भिन्न चार भूतों के द्वितीय भाग में जोड़ देने से, वे आकाशादि पञ्चात्मक (पञ्चीकृत) हो जाते हैं।

पञ्चीकरण प्रक्रिया

	आकाश	वायु	अग्नि	जल	पृथ्वी
	1/2	1/2	1/2	1/2	1/2
1/8	वायु	आकाश	आकाश	आकाश	आकाश
1/8	अग्नि	अग्नि	वायु	वायु	वायु
1/8	जल	जल	जल	अग्नि	अग्नि
1/8	पृथिवी	पृथिवी	पृथिवी	पृथिवी	जल

पञ्चीकृत पञ्चमहाभूत

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि पञ्चीकरण प्रक्रिया का वर्णन वेदान्तसार में प्राप्त होता है।

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत - वेदान्तसार- राकेशशास्त्री, पेज 200

77. 'अधोलिखित में से सत्कार्यवाद का हेतु नहीं है-

(A) असदकरण **(B)** उपादानग्रहण
(C) सर्वसम्भवभाव **(D)** शक्त का शक्यकरण

व्याख्या- ईश्वरकृष्ण कृत सिद्धान्त है- सत्कार्यवाद, इसके पाँच हेतु बताये गये हैं-

असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम्॥9॥

(1) असद्-अकरणात् (2) उपादानग्रहणात्
(3) सर्वसम्भव-अभावात् (4) शक्तस्य-शक्यकरणात्
(5) कारण-भावात्

इसी सिद्धान्त के कारण सांख्यशास्त्र सम्पूर्ण विश्व प्रपञ्च रूप कार्य को अपने मूलकारण प्रकृति / अव्यक्त अथवा प्रधान में अव्यक्त रूप से स्वीकार करता है।

(1) **असत् -अकरणात्** = बालू से तेल नहीं निकाल सकते।
(2) **उपादान -ग्रहणात्** = घड़े के निर्माण में मिट्टी अनिवार्य है।
(3) **सर्वसम्भव-अभावात्** = सभी वस्तुओं से सभी की उत्पत्ति सम्भव नहीं
(4) **कारण -भावात्** = कारण कार्य भिन्न हैं।
(5) **शक्तस्य शक्यकरणात्** = दही के लिये दूध ही समर्थ है। कारण है। दूसरा कुछ नहीं।

अतः विकल्प C सही है।

नोट :- उपर्युक्त प्रश्न में मुद्रणदोष के कारण आयोग ने इस प्रश्न के उत्तर को **F** कर दिया था किन्तु यहाँ मुद्रणदोष दूर कर दिया गया है।

स्रोत - सांख्यकारिका (का 09)- राकेश शास्त्री, पेज 29

78. सांख्यकारिका के अनुसार सत्त्व गुण में नहीं होता है-

(A) लाघव **(B)** प्रकाशत्व
(C) उपर्युक्त दोनों **(D)** चलत्व

व्याख्या- ईश्वरकृष्ण सांख्यकारिका में तीन गुणों की चर्चा करते हुए कहते हैं-

सत्त्वं लघुप्रकाशकमिष्टमुपष्टम्भकं चलं च रजः।
गुरुवरणकमेव तमः प्रदीपवच्चार्थतो वृत्तिः॥ (का.-13)

सत्त्व गुण- हल्का (लाघव) और प्रकाशित करने वाला (प्रकाशत्व) होता है।

रजो गुण - प्रेरक और क्रियाशील होता है।

तमो गुण - भारी और नियामक होता है।

सत्त्व - प्रीति (सुख) सुखात्मक
रज - अप्रीति (दुःख) दुःखात्मक
तम - विषाद (मोह) मोहात्मक

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि सत्वगुण में 'चलत्व' नहीं होता है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत - सांख्यकारिका (का. 13)- राकेश शास्त्री, पेज 45

79. अधोलिखित में से श्रीमद्भगवद्गीता में जो नहीं कहा गया-

(A) ईशावास्यमिदं सर्वम् **(B)** कर्म ब्रह्मोद्भवं विद्धि
(C) योगस्थः कुरु कर्माणि **(D)** ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म

व्याख्या- गीता महाभारत के भीष्मपर्व से उद्धृत है, जिसमें 18 अध्याय एवं 700 श्लोक हैं -

गीता के तीसरे अध्याय में कर्म का विषय प्रतिपादित है -

* **कर्मब्रह्मोद्भवं विद्धि ब्रह्माक्षरसमुद्भवम्।**
तस्मात्सर्वगतं ब्रह्मनित्यं यज्ञे प्रतिष्ठितम्॥

(गीता 3/15)

कर्मसमुदाय को तू वेद से उत्पन्न और वेद को अविनाशी परमात्मा से उत्पन्न हुआ जान। इससे सिद्ध होता है कि सर्वव्यापी परम अक्षर परमात्मा सदा ही यज्ञ में प्रतिष्ठित है।

गीता के द्वितीय अध्याय में कहा गया है-

* **योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय।**
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते॥

(2/48)

हे धनञ्जय! तू आसक्ति को त्यागकर तथा सिद्धि और असिद्धि में समान बुद्धि वाला होकर योग में स्थित हुआ कर्तव्यकर्मों को कर समत्व ही योग कहलाता है।

* **ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन्।**
यः प्रयाति त्यजन्देहं स याति परमां गतिम्॥ (8/13)

श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि- परमात्मा सम्बन्धी योगधारणा में स्थित होकर जो पुरुष 'ॐ' इस एक अक्षररूप ब्रह्म को उच्चारण करता हुआ और उसके अर्थस्वरूप ब्रह्म का उच्चारण करता हुआ और उसके अर्थस्वरूप मुझ निर्गुण ब्रह्म का चिन्तन करता हुआ शरीर को त्याग कर जाता है, वह पुरुष परमगति को प्राप्त होता है।

➢ ईशावास्योपनिषद् शुक्ल यजुर्वेद काण्व शाखीय संहिता का चालीसवाँ अध्याय है। इसमें कुल अठारह मन्त्र हैं प्रथम मन्य है-
ईशावास्यमिदं सर्वम् यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम्॥1॥
मनुष्यों के प्रति वेदभगवान् का पवित्र आदेश है कि अखिल विश्व-ब्रह्माण्ड में जो कुछ भी यह चराचरात्मक जगत् तुम्हारे देखने-सुनने में आ रहा है, सब का सब सर्वाधार, सर्वनियन्ता, सर्वाधिपति, सर्वशक्तिमान्, सर्वज्ञ, सर्वकल्याण गुण स्वरूप परमेश्वर से व्याप्त है, सदा सर्वत्र उन्हीं से परिपूर्ण है।
स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'ईशावास्यमिदं'- यह सूक्ति गीता की नहीं है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत - श्रीमद्भगवद्गीता- 2/48, 8/13, 3/15

80. 'कुमारपालित' पात्र के रूप में वर्णित हैं-
(A) मृच्छकटिकम् में **(B)** कादम्बरी में
(C) नलचम्पू में **(D)** शिशुपालवधम् में

व्याख्या- बाणभट्ट कृत कादम्बरी कथामुख में राजा शूद्रक के प्रधान अमात्य कुमारपालित हैं। प्रधानामात्यं कुमारपालित-नामानमब्रवीत्...... इस पंक्ति से स्पष्ट है कि राजा शूद्रक के प्रधान अमात्य कुमारपालित थे।

पुरुष पात्र	परिचय
शूद्रक	– विदिशा का राजा, चन्द्रापीड का अवतार
कुमारपालित	– शूद्रक का प्रधान अमात्य
जाबालि	– कथा कहने वाले महर्षि, हारीत के पिता।
हारीत	– मुनि कुमार,जाबालि के पुत्र
चन्द्रापीड	– प्रधान नायक, तारापीड का पुत्र
तारापीड	– चन्द्रापीड के पिता, उज्जयिनी के राजा
वैशम्पायन	– चन्द्रापीड का सखा, शुकनास का पुत्र
शुकनास	– तारापीड का मन्त्री और वैशम्पायन का पिता
बलाहक	– राजा तारापीड का बलाधिकृत (सेनापति)
मेघनाद	– बलाहक का पुत्र, चन्द्रापीड का महाबलाधिकृत
पुण्डरीक	– महर्षि श्वेतकेतु का पुत्र, महाश्वेता का आराध्य प्रेमी
कपिञ्जल	– पुण्डरीक का सखा मुनिकुमार
श्वेतकेतु	– पुण्डरीक के पिता
हंस	– महाश्वेता के पिता
चित्ररथ	– गन्धर्वों के राजा, कादम्बरी के पिता
केयूरक	– कादम्बरी का वीणावाहक गन्धर्वकुमार
मातङ्गक	– शबर सेनापति
क्षीरोद	– गन्धर्वराज चित्ररथ का कञ्चुकी
कैलास	– अन्तःपुर का प्रधान कञ्चुकी
मङ्गल	– शुकनास का भृत्य
जालपाद	– जाबालि का शिष्य

स्त्री पात्र-	परिचय
कादम्बरी	– कथा की नायिका, गन्धर्वराज चित्ररथ की पुत्री
मदिरा	– चित्ररथ की पत्नी, कादम्बरी की माता।
गौरी	– हंस की पत्नी, महाश्वेता की माता
मदलेखा	– कादम्बरी की अन्य सखी
तमालिका	– कादम्बरी की अन्य सखी
तरलिका	– महाश्वेता की ताम्बूल करङ्कवाहिनी
पत्रलेखा	– कुलूतेश्वर की पुत्री, चन्द्रापीड की प्रियसखी
विलासवती	– तारापीड की पत्नी, चन्द्रापीड की माता
मनोरमा	– शुकनास की पत्नी, वैशम्पायन की माता
मकरिका	– विलासवती की ताम्बूलकरङ्कवाहिनी
कुलवर्धना	– विलासवती के अन्तःपुर की महत्तरिका
चाण्डालकन्या	–पुण्डरीक की माता, लक्ष्मी का अवतार

अन्यपात्र-	परिचय
वैशम्पायन	– कथा सुनाने वाला शुकशावक, पुण्डरीक का अवतार
इन्द्रायुध	– चन्द्रापीड का अश्व,कपिञ्जल का अवतार
गन्धमादन	– चन्द्रापीड का राजकुजर
कालिन्दी	– कादम्बरी की सारिका
परिहास	– कादम्बरी का शुक, कालिन्दी का पति

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि कुमारपालित पात्र कादम्बरी में वर्णित है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत - कादम्बरी कथामुख- तारिणीश झा, पेज 101

81. गद्यकाव्य का निम्न में जो प्रभेद नहीं है?
(A) वृत्तगन्धि **(B)** चूर्णक
(C) कल्लिका प्राय **(D)** मुक्तक

व्याख्या- आचार्य विश्वनाथ प्रणीत साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में आचार्य विश्वनाथ ने गद्यकाव्य के चार भेद माने हैं- 1. मुक्तक 2. वृत्तगन्धि 3. उत्कलिकाप्राय 4. चूर्णक
वृत्तगन्धोज्झितं गद्यं मुक्तकं वृत्तगन्धि च।
भवेदुत्कलिकाप्रायं चूर्णकं च चतुर्विधम्॥
(6/330-331)

1- मुक्तक गद्यकाव्य समास रहित होता है।
उदाहरण- गुरुर्वचसि पृथुरुरसि...इत्यादि।
2- वृत्तगन्धि गद्यकाव्य में पद्य के अंश पड़े रहते हैं।
उदाहरण- समरकण्डूलनिबिडभुजदण्डकुण्डलीकृतकोदण्ड-शिञ्जिनीटंकारोज्जागरितवैरिनगर...इत्यादि।
3- उत्कलिकाप्राय गद्यकाव्य में दीर्घ समास होते हैं-
उदाहरण- 'अणिसविसुमरणिसिदसरविसरविदलि-दसमरपरिगद-पवरपरबल...' इत्यादि।
4- चूर्णक गद्यकाव्य में छोटे-छोटे समास होते हैं।
उदाहरण- 'गुणरत्नसागर, जगदेकनागर, कामिनीमदन जनरञ्जन' आदि। ⟹ **कथा- कथायां सरसं वस्तु गद्यैरेव विनिर्मितम्। क्वचिदत्र भवेदार्या क्वचिद्वक्त्रापवक्त्रके। आदौ पद्यैर्नमस्कारः खलादेर्वृत्तकीर्तनम् ॥**

(7/332-333)

कथा में सरस वस्तु गद्यों द्वारा ही बनायी जाती है। इसमें कहीं-कहीं आर्याछन्द और कहीं वक्त्र तथा अपरवक्त्र छन्द होते हैं। प्रारम्भ में पद्यमय नमस्कार और खलादिकों का चरित निबद्ध होता है। जैसे- कादम्बरी।

⟹ **आख्यायिका-कथांशानां व्यवच्छेद आश्वास इति बध्यते। आर्यावक्त्रापवक्त्राणां छन्दसा येन केनचित्। अन्यापदेशेनाश्वासमुखे भाव्यर्थसूचनम्।**
यथा- हर्षचरितादिः।
आख्यायिका भी कथा के समान होती है। इसमें कविवंशवर्णन होता है, और अन्य कवियों का वृत्तान्त तथा पद्य भी कहीं-कहीं रहते हैं। यहाँ कथा भागों का नाम उच्छ्वास रखा जाता है। आर्या, वक्त्र या अपरवक्त्र छन्द के द्वारा अन्योक्ति से उच्छ्वास के आरम्भ में अगली कथा की सूचना दी जाती है। जैसे- हर्षचरित।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि गद्यकाव्य में कल्लिकाप्राय परिगणित नहीं है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत - साहित्यदर्पण-शालिग्राम शास्त्री, पेज 226

82. 'वेतालपञ्चविंशतिका' ग्रन्थ के लेखक हैं-
(A) त्रिविक्रमभट्ट **(B)** त्रिविक्रमसेन
(C) त्रिबलादित्य **(D)** त्रिरत्नाकर

व्याख्या-

कथा साहित्य

लेखक		ग्रन्थ
त्रिविक्रमसेन	–	वेतालपञ्चविंशतिका
विक्रमादित्य	–	सिंहासनद्वात्रिंशिका
सोमदेव	–	कथासरित्सागर
गुणाढ्य	–	बृहत्कथा
क्षेमेन्द्र	–	बृहत्कथामञ्जरी
बुधस्वामी	–	बृहत्कथाश्लोकसंग्रह
विष्णुशर्मा	–	पञ्चतन्त्रम्
नारायण पण्डित	–	हितोपदेश
बल्लालसेन	–	भोजप्रबन्ध
आर्यशूर	–	जातकमाला
राजशेखर	–	प्रबन्धकोष
सोड्ढल	–	उदयसुन्दरी कथा

चम्पूकाव्य

लेखक		ग्रन्थ
त्रिविक्रमभट्ट	–	नलचम्पू (दमयन्ती कथा)
त्रिविक्रमभट्ट	–	मदालसाचम्पू
हरिश्चन्द्र	–	जीवन्धरचम्पू
सोमदेवसूरि	–	यशस्तिलकचम्पू
राजाभोज (भोजराज)	–	रामायणचम्पू
अभिनवकालिदास	–	भागवतचम्पू
अनन्तभट्ट	–	भारतचम्पू

ऐतिहासिक काव्य

लेखक		ग्रन्थ
अश्वघोष	–	बुद्धचरितम्
बाणभट्ट	–	हर्षचरितम्
पद्मगुप्त	–	नवसाहसाङ्कदेवचरितम्
बिल्हण	–	विक्रमाङ्कदेवचरितम्
महाकवि कल्हण	–	राजतरङ्गिणी
कल्हण	–	सोमपालविजयम्
वामनभट्टबाण	–	वेमभूपालचरितम्

गीतिकाव्य/खण्डकाव्य/मुक्तककाव्य

लेखक		ग्रन्थ
कालिदास	–	मेघदूत
कालिदास	–	ऋतुसंहार
भर्तृहरि	–	नीतिशतकम्
भर्तृहरि	–	श्रृङ्गारशतकम्
भर्तृहरि	–	वैराग्यशतकम्
अमरुक	–	अमरुकशतकम्
जयदेव	–	गीतगोविन्दम्
बाणभट्ट	–	चण्डीशतकम्

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'वेताल-पञ्चविंशतिका' के लेखक 'त्रिविक्रमसेन' हैं। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

नोट :- प्रश्नपत्र में मुद्रणदोष के कारण उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर आयोग ने F माना है।

स्रोत- संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास- (खण्ड-5) पेज-252

83. कथा साहित्य के रचनाकार के रूप में किसकी गणना नहीं है?

(A) क्षमाराव **(B)** महालिङ्ग शास्त्री
(C) नरहरि **(D)** रङ्गनाथाचार्य

व्याख्या-

कथा साहित्य		रचनाकार
कथामुक्तावली	–	क्षमाराव
कथासंग्रह	–	रङ्गनाथाचार्य
कथानककोशः	–	महालिङ्ग शास्त्री
मन्दारमञ्जरी	–	विश्वेश्वर पाण्डेय
पर्यटकत्रिंशत्	–	हृषीकेश शास्त्री भारद्वाज
हरिकथामृतम्	–	अरिभट्टनारायणदास
उपदेश प्रसाद	–	विजयलक्ष्मी
उत्तराखण्डयात्रा	–	शिवप्रसाद भट्टाचार्य
चारुचरित चर्चा	–	रमेशचन्द्र शुक्ल

गद्यकाव्य

रचना		लेखक		विधा
दशकुमारचरितम्	–	दण्डी	–	आख्यायिका
अवन्तिसुन्दरी	–	दण्डी	–	कथा
वासवदत्ता	–	सुबन्धु	–	कथा
कादम्बरी	–	बाणभट्ट	–	कथा
हर्षचरितम्	–	बाणभट्ट	–	आख्यायिका
मन्दारमञ्जरी	–	विश्वेश्वर पाण्डेय	–	कथासंग्रह
शिवराजविजय	–	अम्बिकादत्तव्यास	–	ऐतिहासिक उपन्यास
कथामुक्तावलिः	–	पण्डिताक्षमाराव	-	कथासंग्रह
ग्रामज्योतिः	–	पण्डिताक्षमाराव	-	कथासंग्रह
कथापञ्चकम्	–	पण्डिताक्षमाराव	-	कथासंग्रह

नाट्यग्रन्थ

रचना		लेखक		अङ्क
अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	कालिदास	–	07
मुद्राराक्षसम्	–	विशाखदत्त	–	07
उत्तररामचरितम्	–	भवभूति	–	07
महावीरचरितम्	–	भवभूति	–	07
अनर्घराघवम्	–	मुरारि	–	07
प्रसन्नराघवम्	–	जयदेव	–	07
प्रतिमानाटकम्	–	भास	–	07
वेणीसंहारम्	–	भट्टनारायण	–	06
अभिषेकनाटकम्	–	भास	–	06
अविमारकम्	–	भास	–	06
स्वप्नवासवदत्तम्	–	भास	–	06

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि कथा साहित्य के रचनाकारों में नरहरि परिगणित नहीं है।

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत- संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास (खण्ड-5) पेज-259

84. निम्नलिखित में से कौन कवयित्री संस्कृत साहित्य की नहीं है?

(A) शीला भट्टारिका **(B)** विकटनितम्बा
(C) विज्जका **(D)** पत्रलेखा

व्याख्या- लौकिक संस्कृत साहित्य की कवयित्रियाँ- भारतीय इतिहास के प्राचीन काल तथा मध्यकाल के अन्तर्गत श्री सम्पन्न कुल में उत्पन्न कन्याओं को विविध शास्त्रों के अतिरिक्त चौंसठ ललित कलाओं की भी शिक्षा दी जाती थी, जिनमें काव्यकला को अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण तथा उपादेय माना जाता था। संस्कृत में काव्यरचना करने वाली महिला कवियों की परम्परा का अस्तित्व असन्दिग्धभाव से प्रमाणित होता है। लौकिक संस्कृत साहित्य की काव्यमूर्ति को अपनी मञ्जुल कृतियों से विभूषित करने वाली महिला कवियों के नाम विभिन्न सुभाषित संग्रहों तथा अलङ्कारशास्त्र के लक्षण-ग्रन्थों में उपलब्ध होते हैं।

प्रस्तुत निबन्ध में चर्चित महिला कवियों के नाम कालक्रम के अनुसार निम्नस्थ है

शीला भट्टारिका	–	ईसा की नौवीं सदी
विकट नितम्बा	–	ईसा की नौवीं सदी
विज्जका	–	ईसा की नौवीं सदी
तिरुमलाम्बा	–	ईसा की सोलहवीं सदी
गङ्गादेवी	–	ईसा की पन्द्रहवीं सदी
चिन्नम्मा	–	ईसा की दसवीं सदी
सरस्वती	–	ईसा की दसवीं सदी

सीता – ईसा की दसवीं सदी
रामभद्राम्बा – ईसा की सत्रहवीं सदी
पद्मावती – ईसा की सत्रहवीं सदी

शीलाभट्टारिका शीला भट्टारिका संस्कृत की महिला कवयित्रियों में बहुचर्चित हैं। इनके पद्य कवीन्द्रवचन समुच्चय, शाङ्र्गधरपद्धति तथा अलङ्कारसर्वस्व में उद्धृत किए गए हैं।

विकट नितम्बा कवयित्री विकटनितम्बा का नाम संस्कृत महिला कवियों की प्रथम पंक्ति में सुप्रतिष्ठित माना जाता है। इनके द्वारा रचित पद्यों के उद्धरण संस्कृत के सभी प्रमुख सुभाषित संग्रहों तथा अलङ्कारशास्त्र के ग्रन्थों में प्राप्त होता है।

विज्जका संस्कृत की महिला कवियों में कवयित्री विज्जका का नाम शृङ्गारपरक सुप्रसिद्ध मुक्तक रचनाओं तथा अपनी काव्य प्रतिभा के प्रति मुखर चेतना के लिए विद्वद्गोष्ठी में चिरकाल से प्रशंसा के साथ चर्चित रहता आया है। इनके पद्य सदुक्तिकर्णामृत, शार्ङ्गधरपद्धति, सूक्तिमुक्तावली, सुभाषितहारावली तथा सुभाषितरत्न भाण्डा-गार जैसे प्रायः सुभाषितसंग्रहों में समुद्धृत किए गये हैं।

पत्रलेखा यह बाणभट्ट कृत कादम्बरी कथामुख में नायक चन्द्रापीड की प्रियसखी के रूप में वर्णित है। कुलुतेश्वर की पुत्री और चन्द्रापीड की ताम्बूलकरङ्कवाहिनी है। यह संस्कृत कवियित्री नहीं हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि पत्रलेखा संस्कृत साहित्य में कवयित्री नहीं हैं अपितु यह एक पात्र है।

अतः विकल्प 'D' सही है।

स्रोत - कादम्बरी कथामुख- जयशंकर लाल त्रिपाठी, पेज भू. 37

85. माघ को 'घण्टापथ' की उपाधि से अलंकृत किया गया है?
(A) अच्छोद सरोवर के वर्णन के कारण
(B) रैवतक पर्वत के वर्णन के कारण
(C) नारद के वर्णन के कारण
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- शिशुपालवध- नामक महाकाव्य के रचयिता महाकवि माघ को परम्परा से विद्वानों ने श्रेष्ठ महाकाव्य का प्रणेता माना है- 'काव्येषु माघः' यह महाकवि माघ की एकमात्र कृति **20 सर्गों** के महाकाव्य के रूप में है। इसका कथानक **महाभारत के सभापर्व** (अध्याय-35-43) से लिया गया है।

माघ रचित शिशुपालवध में महाकाव्य के सभी लक्षण घटित होते हैं। इसीलिए विद्वानों के बीच एक लोकोक्ति है- **'काव्येषु माघः कविःकालिदासः'** अर्थात् कवि की दृष्टि से कालिदास श्रेष्ठ हैं, किन्तु काव्य (महाकाव्य) के लेखन में माघ उत्कृष्ट हैं।

* इस काव्य के **नायक श्रीकृष्ण** हैं जो यदुपति तथा विष्णु के अवतार हैं। इस काव्य का प्रधान रस **वीररस** है।
* श्रियः मङ्गल पद से आरम्भ होने वाले इस महाकाव्य में वस्तु– निर्देशात्मक मंगलाचरण है।
* **माघ की प्रशस्तियाँ-** मेघे माघे गतं वयः। अर्थात् माघकाव्य के अध्ययन में और मेघदूत का आनन्द लेने में सारी आयु बीत गयी।
* माघ की सभी उपमाओं में यह बहुत प्रसिद्ध है, जिसके कारण उन्हें **'घण्टामाघ'** की उपाधि प्राप्त हुई, लम्बी-लम्बी तथा ऊपर की ओर रस्सी के समान फैलती हुई किरणों वाले सूर्य के उदय तथा चन्द्रमा के अस्त होते रहने पर यह रैवतक पर्वत नीचे की ओर लटकती हुई दो घण्टाओं से वेष्टित गजराज के समान शोभनीय प्रतीत हो रहा है।

उदयति विततोर्ध्वरश्मिरज्जावहिमरुचौ हिमधाम्नि याति चास्तम्।
वहति गिरिरयं विलम्बिघण्टाद्वयपरिवारितवारणेन्द्रलीलाम्॥
(4/20)

माघे सन्ति त्रयो गुणाः- माघ में तीनों गुणों का समन्वय है। अर्थात् **उपमा कालिदासस्य** उपमा में महाकवि कालिदास प्रसिद्ध हैं तो **भारवि में अर्थगौरव, 'भारवेरर्थगौरवम्'** दण्डी में पदलालित्य है किन्तु माघ में ये तीनों गुण उपमा, अर्थगौरव और पदलालित्य समाहित है।

राजनीति की तुलना शब्दविद्या से की गयी है-
'शब्दविद्येव नो भाति राजनीतिरपस्पशा' (2/112)
माघ के पाण्डित्य और कवित्व के विषय में कई प्रशस्तियाँ विख्यात हैं। इनके शब्द भाण्डागार के विषय में कहा गया है- **'नवसर्गगते माघे नवशब्दो न जायते।'** अर्थात् माघ काव्य में नौ सर्ग समाप्त कर लेने पर संस्कृत में कोई नया शब्द जानने को रह नहीं जाता।

टीका- शिशुपालवध पर अनेक टीकाएं हैं। जिनमें वल्लभदेव कृत 'सन्देहविषौषधि', मल्लिनाथकृत 'सर्वङ्कषा' टीका, भरतमल्लिक कृत 'सुबोधा' दिनकरमिश्र कृत 'सुबोधिनी टीका' यह सब प्रमुख टीकायें हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि माघ को घण्टापथ की उपाधि रैवतक पर्वत के वर्णन के कारण मिली

है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत - शिशुपालवधम् (4/20)- हरगोविन्द शास्त्री,

86. 'हतो नरो वा कुञ्जरो मे न निर्णयः' इनमें कौन सा अलङ्कार है?

(A) भ्रान्तिमान् **(B)** उत्प्रेक्षा

(C) सन्देह **(D)** अपह्नुति

व्याख्या- आचार्य मम्मट कृत काव्यप्रकाश के नवें और दशवें उल्लास में क्रमशः शब्दालङ्कार और अर्थालङ्कार की चर्चा की गई है।

⇒ **सन्देह अलङ्कार-** ससन्देहस्तु भेदोक्तौ तदनुक्तौ च संशयः। प्रकृतस्य समेन यत् इति पूर्वान्वयः जहाँ उपमेय का उपमान के साथ संशयात्मक ज्ञान होता है वहाँ ससन्देह अलङ्कार होता है। भेद की उक्ति तथा अनुक्ति से वह दो प्रकार का होता है।

उदाहरण- हतो नरो वा कुञ्जरो मे न निर्णयः।
अश्वत्थामा मारा गया, नर है या हाथी, पता नहीं।

यहाँ संशयात्मक ज्ञान होने से सन्देह अलंकार है।

⇒ **भ्रान्तिमान् -** भ्रान्तिमानन्यसंवित् तत्तुल्यदर्शने। उसके समान वस्तु के देखने पर अन्य वस्तु की प्रतीति ही भ्रान्तिमान् अलङ्कार है।

उदाहरण-

कपाले मार्जारः पय इति करान् लेढि शशिनः
तरुच्छिद्रप्रोतान् बिसमिति करी संकलयति।
रतान्ते तल्पस्थान् हरति वनिताऽप्यंशुकमिति
प्रभामत्तश्चन्द्रो जगदिदमहो विप्लवयति।।

अर्थ -बिलाव खप्पर में स्थित चन्द्रमा की किरणों को दूध है, ऐसा समझकर चाट रहा है, हाथी वृक्षों के छिद्रों से गिरने वाली चाँदनी को बिसतन्तु (मृणाल) समझकर ग्रहण कर रहा है, कोई युवती रतिक्रीडा के अन्त में पलङ्ग पर स्थित किरणों को श्वेतवस्त्र समझकर उठाने लगती है, इस प्रकार अहो कान्ति से मतवाला यह चन्द्रमा इस संसार को भ्रम में डाल रहा है।

विशेष- उक्त पद्य में प्रस्तुत चन्द्रकिरणों की शुभ्रता से अप्रस्तुत दुग्धादि की सदृशतावश अप्रस्तुत दुग्धादि का भ्रमात्मक या निश्चयात्मक ज्ञान होने से भ्रान्तिमान् अलङ्कार है।

⇒ **उत्प्रेक्षा-** सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत् । जो उपमेय की उपमान के साथ सम्भावना की जाती है, वह उत्प्रेक्षा अलङ्कार है।

उदाहरण- लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्विफलतां गता।।

अन्धकार अङ्गों को मानो लीप सा रहा है। आकाश का जल मानो वर्षा कर रहा है, इस प्रकार दुष्ट व्यक्ति की सेवा के समान दृष्टि व्यर्थ हो गई है।

* मृच्छकटिकम् में उक्त पद्य में लिम्पतीव तमोऽङ्गानि में 'तम' उपमेय रूप तथा 'लेपन' उपमान रूप है। अतः 'लिम्पतीव' में क्रिया के साथ 'इव' का प्रयोग सम्भावना अर्थ में करने के कारण उपमेय में उपमान की सम्भावना व्यक्त की गयी है इस कारण क्रियोत्प्रेक्षा अलङ्कार है।

अपह्नुति- प्रकृतं यन्निषिध्यान्यत्साध्यते सा त्वपह्नुतिः। उपमेय का निषेध करके जो अन्य उपमान की सिद्धि की जाती है उसे अपह्नुति अलङ्कार कहते हैं।
जहाँ उपमेय को असत्य प्रतिपादित कर उपमान को सत्य रूप में स्थापित किया जाता है तो वहाँ अपह्नुति अलङ्कार होता है।

उदाहरण- बत सखि! कियदेतत् पश्य वर स्मरस्य
प्रियविरहकृशेऽस्मिन् रागिलोके तथा हि -
उपवनसहकारोद्भासिभृङ्गच्छलेन ।
प्रतिविशिखमनेनोट्टङ्कितं कालकूटम् ।।

हाय सखि, देखो तो प्रिय के विरह से दुबले हुए रागी लोगों के प्रति कामदेव का यह कितना वैरभाव है कि बगीचे के आम के बौरों पर बैठे हुए (शोभित) भौरों के बहाने से इसने प्रत्येक बाण पर कालकूट विष लगा दिया है।
यहाँ भौरों से युक्त आम के बौर नहीं हैं अपितु कालकूट विषसहित (कामदेव के) बाण हैं यह प्रतीति होती है। (भ्रमर) युक्त सहाकारों के बिना निषेध करके कालकूट युक्त बाणों की स्थापना की जाने से आर्थी अपह्नुति है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'हतो नरो वा कुञ्जरो मे न निर्णयः' में सन्देह अलङ्कार है। **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत - काव्यप्रकाश-आचार्य विश्वेश्वर, पेज 462

87. पट का समवायिकारण है-

(A) कुलाल **(B)** वेमा

(C) तुरी **(D)** तन्तु

व्याख्या-

* गौतम प्रणीत न्यायदर्शन का प्रकरण ग्रन्थ है तर्कभाषा जिसके रचनाकार केशव मिश्र हैं।

* न्यायदर्शन में पाँच अध्याय हैं तथा प्रत्येक अध्याय में दो आह्निक हैं। आरम्भ में प्रमाण-प्रमेय-संशय-प्रयोजन-दृष्टान्त-सिद्धान्त- अवयव-तर्क-निर्णय-वाद-जल्प-वितण्डा-हेत्वाभासच्छल-जाति-निग्रहस्थानानां तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसाधिगमः (न्या.सू.1.1.)

इस सूत्र के तत्त्वज्ञान से निःश्रेयस् की प्राप्ति होती है। तदनन्तर प्रमाण की चर्चा करते हुये तीन प्रकार के कारण की चर्चा करते हैं-

* तच्च कारणं त्रिविधम् -समवायि - असमवायि -निमित्तभेदात्। कारण तीन प्रकार के हैं- समवायि, असमवायि और निमित्त।

⇒ **समवायिकारणम्-** यत्समवेतं कार्यमुत्पद्यते तत्समवायिकारणम् यथा-तन्तवः पटस्य समवायिकारणम्।

जिसमें कार्य समवाय सम्बन्ध से उत्पन्न होता है जैसे- तन्तु पट के समवायि कारण हैं क्योंकि तन्तुओं में ही पट (कार्य) समवाय सम्बन्ध से उत्पन्न होता है, तुरी आदि में नहीं।

⇒ **असमवायिकारण-** यत्समवायिकारणप्रत्यासन्नमवधृतसामर्थ्यं तदसमवायिकारणम्। यथा तन्तुसंयोगः पटस्यासमवायिकारणम्। जो समवायि कारण में प्रत्यासन्न होता है और जिसकी कार्य के प्रति सामर्थ्य निश्चित होती है वह असमवायि कारण है। जैसे- तन्तुसंयोग पट का असमवायि कारण है।

निमित्तकारण- यन्न समवायिकारणम् नाप्यसमवायिकारणम् अथ च कारणम्। यथा वेमादिकं पटस्य निमित्तकारणम्। जो न समवायिकारण है, न ही असमवायिकारण है, किन्तु कारण है वह निमित्त कारण कहलाता है। जैसे वेमा, तुरी आदि पट के निमित्त कारण हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट होता है कि पट का समवायिकारण तन्तु है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत - तर्कभाषा- गजाननशास्त्री मुसलगाँवकर, पेज 39

88. वेदान्तसार के अनुसार सत्ता के कितने प्रकार हैं?

(A) दो **(B)** तीन
(C) चार **(D)** पाँच

व्याख्या- अद्वयानन्द के शिष्य सदानन्द द्वारा रचित वेदान्तसार एक प्रकरण ग्रन्थ है। सदानन्द ने सर्वप्रथम अपने अभीष्ट की सिद्धि के लिए अखण्ड सत् चित् आनन्दस्वरूप, वाणी के अविषय, सम्पूर्ण जगत् के आधार आत्मा का आश्रय लिया है।

⇒ वेदान्तसार में अज्ञान की दो शक्तियों का उल्लेख किया है- आवरण तथा विक्षेप। ''अस्याज्ञानस्यावरणविक्षेपनामकमस्ति शक्तिद्वयम्।''

⇒ वेदान्त दर्शन तीन प्रकार की सत्ता स्वीकार करता है।

(i) प्रातिभासिक सत्ता- वेदान्त की दृष्टि में 'सीपी में चाँदी की प्रतीति' तथा 'रस्सी में साँप की प्रतीति' प्रातिभासिक सत्ता है। जो यथार्थ ज्ञान के साथ स्वतः समाप्त हो जाती है।

(ii) व्यावहारिक सत्ता- प्रातिभासिक सत्ता की अपेक्षा इसका स्थायित्त्व अधिक समय तक रहता है। प्रत्यक्ष रूप से देखने पर उनकी सत्ता को नकारा नहीं जा सकता, किन्तु ब्रह्मज्ञान की स्थिति में इसका बाध हो जाता है। शंकराचार्य के अनुसार यह जगत् एकान्ततः सत्य न होकर केवल व्यवहारकाल में सत्य होता है। अतः इसे व्यावहारिक सत्ता कहते हैं।

(iii) पारमार्थिक सत्ता- यह पूर्णतया सत्य और शाश्वत् है। भूत, भविष्य एवं वर्तमान तीनों कालों में इसका अस्तित्त्व है। यह भौतिक पदार्थों से विलक्षण है। एकमात्र ब्रह्म की ही पारमार्थिक सत्ता है।

सत्ता के त्रिविध रूप

प्रातिभासिक सत्ता- रज्जु में सर्प की प्रतीति, सीपी में चाँदी की प्रतीति। क्षणिक अस्तित्त्व, यथार्थज्ञान के बाद समाप्ति

व्यावहारिक- घट पट आदि व्यावहारिक जगत्, अपेक्षाकृत अधिक लम्बे समय तक अस्तित्व, ब्रह्मज्ञान होने पर समाप्ति।

पारमार्थिक- ब्रह्म नित्य, शाश्वत्, त्रिकालिक स्थिति।

वेदान्तसार में **अनुबन्ध चतुष्टय** का वर्णन मिलता है- अधिकारी, विषय, सम्बन्ध, प्रयोजन।

'तत्रानुबन्धो नामाधिकारिविषयसम्बन्धप्रयोजनानि' (वेदान्तसार)

पञ्चकोश-

वेदान्तसार में पाँच कोशों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है-

1- आनन्दमय कोश 2- विज्ञानमय कोश
3- मनोमय कोश 4- प्राणमय कोश
5- अन्नमय कोश

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि वेदान्तसार के अनुसार सत्ता के तीन प्रकार बताये गये हैं।

अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत - वेदान्तसार- राकेश शास्त्री, पेज भू. 84

89. वेदान्तदर्शन के अनुसार प्रमाण हैं?

(A) चार **(B)** पाँच
(C) छः **(D)** तीन

व्याख्या-

प्रत्यक्षमात्रं चार्वाकाः बौद्धा वैशेषिका द्वयम्।
सांख्या योगास्त्रयं चैव, तार्किकाश्च चतुष्टयम्॥
पञ्च प्राभाकरा, भाट्टास्तथा वेदान्तिनश्च षट्।
पौराणिकास्तथा चाष्टौ, प्रमाणानि ब्रुवन्ति वै॥

अर्थात् चार्वाक केवल प्रत्यक्ष प्रमाण को बौद्ध और वैशेषिक प्रत्यक्ष व अनुमान को, सांख्य तथा योग प्रत्यक्ष, अनुमान,तथा आप्तवचन को, तार्किक अर्थात् नैयायिक प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान व शब्द को, प्रभाकर पाँच प्रमाण,भाट्ट और वेदान्ती छः तथा पौराणिक आठ प्रमाण बताते हैं-

दर्शन		प्रमाणों की संख्या	प्रमाण
सांख्य	–	3	प्रत्यक्ष, अनुमान आप्त
योग	–	3	प्रत्यक्ष, अनुमान आप्त
न्याय	–	4	प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान,शब्द
वैशेषिक	–	2	प्रत्यक्ष, अनुमान
पूर्वमीमांसा	–	6	प्रत्यक्ष, अनुमान,उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, अनुपलब्धि,(अभाव)
उत्तरमीमांसा (वेदान्त)	–	6	(पूर्वमीमांसा की तरह)
चार्वाक	–	1	प्रत्यक्ष
बौद्ध	–	2	प्रत्यक्ष, अनुमान
प्रभाकर/मीमांसक	–	5	प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति
पौराणिक	–	8	प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, अभाव, सम्भव,ऐतिह्य

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि वेदान्तदर्शन छः प्रमाण मानता है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत - वेदान्तसार- राकेश शास्त्री, पेज भू. 73

90. शिशुपालवध महाकाव्य में सर्गों की संख्या है?
(A) सोलह **(B)** सत्रह
(C) अठारह **(D)** बीस

व्याख्या-

ग्रन्थकार		ग्रन्थ		सर्ग	
माघ		शिशुपालवधम्		20	(बृहत्त्रयी)
भारवि		किरातार्जुनीयम्		18	(बृहत्त्रयी)
श्रीहर्ष	-	नैषधीयचरितम्	-	22	(बृहत्त्रयी)
कालिदास	-	रघुवंशम्	-	19	(लघुत्रयी)
कालिदास	-	कुमारसम्भवम्	-	17	(लघुत्रयी)
अश्वघोष	-	बुद्धचरितम्	-	28	
अश्वघोष	-	सौन्दरनन्द	-	18	
भट्टि	-	भट्टिकाव्य (रावणवधम्)	-	22	
रत्नाकर	-	हरविजयम्	-	50 सर्ग (सबसे बड़ा महाकाव्य)	
कुमारदास	-	जानकीहरणम्	-	20 से 25सर्ग (10-15सर्ग प्राप्त)	
कविराज	-	राघवपाण्डवीयम्	-	13सर्ग	
हरिश्चन्द्र	-	धर्मशर्माभ्युदय	-	21सर्ग	

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि शिशुपालवध महाकाव्य में 20 सर्ग हैं। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत - संस्कृत साहित्य का इतिहास-उमाशंकर शर्मा, पेज 262

91. 'अग्निगर्भां शमीमिव' यह उपमा दी गयी है-
(A) शकुन्तला की **(B)** गौतमी की
(C) प्रियंवदा की **(D)** अनसूया की

व्याख्या- महाकवि कालिदास प्रणीत अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला की उपमा 'अग्निगर्भां शमीमिव' से दी गई है। (कण्व की बात) प्रियवंदा कहती है अनसूया से-

➢ **दुष्यन्तेनाहितं तेजो दधानां भूतये भुवः।**
अवेहि तनयां ब्रह्मन्नग्निगर्भां शमीमिव॥ (4/4)
हे ब्रह्मन्, दुष्यन्त के द्वारा स्थापित तेज को पृथ्वी के कल्याण के लिए धारण करने वाली (अपनी) पुत्री को छिपी हुई अग्नि से युक्त शमीवृक्ष के तुल्य समझो।

शकुन्तला के लिए प्रसिद्ध उपमायें

➢ **ध्रुवं स नीलोत्पलपत्रधारया**
शमीलतां छेत्तुमृषिर्व्यवस्यति॥ (1/18)
वह अवश्य ही नीलकमल के पत्ते की धार से शमी की लता को काटने का यत्न करता है।

➢ **किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्।** (1/20)
क्योंकि सुन्दर आकृतियों के लिए क्या वस्तु अलङ्कार नहीं होती।

➢ यथा वनज्योत्स्नाऽनुरूपेण पादपेन संगता, अपि नामैवम-हमप्यात्मनोऽनुरूपं वरं लभेयेति।
जिस प्रकार वनज्योत्स्ना अपने अनुरूप वृक्ष से मिल गई है, क्या मैं भी अपने अनुरूप वर को पाऊँगी?

➢ **प्रियंवदा- सागरमुज्झित्वा कुत्र वा महानद्यवतरति।**

बड़ी नदी समुद्र को छोड़कर और कहाँ उतरती है?

(अभि.अङ्क.-3)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'अग्निगर्भां शमीमिव' यह उपमा शकुन्तला के लिए दी गई है। **अतः विकल्प A सही है।**

स्रोत - अभिज्ञानशाकुन्तलम् - (4/4)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज 498

92. अधोलिखित में से जो यत् प्रत्यय से निष्पन्न नहीं है?

(A) कार्यम् **(B)** शप्यम्

(C) ग्लेयम् **(D)** जेयम्

व्याख्या- पाणिनीय व्याकरण में धातुओं से लगने वाले तिङ् भिन्न कृत् प्रत्ययों में यत् प्रत्यय महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। यत् प्रत्यय का प्रयोग कर्मवाच्य तथा भाववाच्य में होता है। जब ये कर्मवाच्य में होंगे तो कर्म के अनुसार इनके लिंग, वचन, कारक होंगे।

यथा-

* तेन मया वा विद्या अध्येया, शिक्षा देया च (स्त्री.)
* अस्माभिः वारि पेयम् (नपु.)

जब यत् प्रत्यय भाववाच्य में होगा, तो कर्ता में तृतीया तथा क्रिया नपुंसकलिंग एकवचन में होगी-

* तेन अत्र स्थेयम्।

'अचो यत्'- अच् प्रत्याहारस्थ स्वर वर्ण अन्त में हो, ऐसे धातुओं से यत् प्रत्यय होता है। 'यत्' प्रत्यय में तकार की इत्संज्ञा होने से 'य' ही शेष बचता है। 'अचो यत्'- इस सूत्र में धातोः प्रत्ययः, परश्च इन तीनों सूत्रों का अधिकार है।

यथा जेयम्- जि + यत्। अनुबन्धलोप, य की आर्धधातुक संज्ञा तथा जि के इकार को सार्वधातुक गुण करके जेय बना। प्रातिपदिक संज्ञा, सु, अम्, पूर्वरूप करके 'जेयम्' सिद्ध हुआ।

⇒ **'ऋहलोर्ण्यत्'-** यह सूत्र 'अचो यत्' का अपवाद सूत्र है। अच् प्रत्याहार (अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ) में से ऋवर्णान्त धातु से तथा हलन्त धातु से ण्यत् प्रत्यय होता है ऋवर्णान्त धातुओं से 'अचो यत्' से यत् प्रत्यय प्राप्त था। इस अंश में यह सूत्र उसका अपवाद है।

यथा- **कार्यम्-** 'डुकृञ् करणे' धातु के अनुबन्धों का लोप होकर कृ शेष रहता है। यह धातु ऋवर्णान्त है। अतः 'ऋहलोर्ण्यत्' से कर्म में ण्यत् होकर अनुबन्ध लोप तथा कृ+ण्यत् में णित् होने से ऋकार को 'अचो ञ्णिति' से वृद्धि तथा 'उरण् रपरः' से रपर अर्थात् 'आर्' आदेश करने से कार्य बना। प्रातिपदिक संज्ञा, सु, अम्, पूर्वरूप करके 'कार्यम्' सिद्ध हुआ।

⇒ **'पोरदुपधात्'-** यह सूत्र 'ऋहलोर्ण्यत्' का अपवाद है। (पोः=पवर्गान्त) अन्त में पवर्ग वाली तथा (अदुपधात्) उपधा में अत् वाली धातु से परे, 'यत्' प्रत्यय होता है। अजन्त न होने से 'अचो यत्' द्वारा यत् नहीं हो सकता। 'ऋहलोर्ण्यत्' इस वक्ष्यमाण सूत्र से ण्यत् प्राप्त था। उसका अपवाद यहाँ यत् प्रत्यय का विधान किया गया है।

शप्यम्- 'शप् आक्रोशे' धातु हलन्त होने के कारण 'ऋहलोर्ण्यत्' - सूत्र से 'ण्यत्' प्राप्त था, किन्तु 'शप्' धातु पवर्गान्त भी है और अदुपध भी है। अतः उसे बाधकर 'पोरदुपधात्' से यत् प्रत्यय हुआ है। सु आदि कार्य होने से **'शप्यम्'** प्रयोग सिद्ध हुआ है। ध्यान रहे कि यदि यहाँ ण्यत् हो जाता, तो उसके णित् होने से 'अत उपधायाः' सूत्र से उपधा के अत् को वृद्धि होकर 'शाप्यम् लाभ्यम्' ऐसे अनिष्ट रूप बन जाते।

⇒ **ईद्यति-** यत् प्रत्यय परे होने पर आकार को ईकार आदेश होता है। यथा- **ग्लेयम्**- 'ग्लै हर्षक्षये' धातु से यत् की विवक्षा में प्रत्यय लाने से पूर्व ही 'आदेच उपदेशेऽशिति' से ऐकार को आकार आदेश होकर 'अचो यत्' द्वारा भाव में यत् प्रत्यय लगाने पर ग्ला+यत् हुआ। तदनन्तर 'ईद्यति' सूत्र से आकार को ईकार आदेश तथा 'सार्वधातुकार्धधातुकयोः' से उस ईकार को भी गुण होकर विभक्ति लाने पर 'ग्लेयम्' प्रयोग सिद्ध होता है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि शप्यम्, जेयम् ग्लेयम् में यत् प्रत्यय है। तथा कार्यम् में ण्यत् प्रत्यय है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

0स्रोत- लघुसिद्धान्तकौमुदी - गोविन्दाचार्य, पेज 780

93. वेदान्तसार के अनुसार अज्ञान है-

(A) भावरूप **(B)** अभावरूप

(C) शून्यरूप **(D)** निष्क्रिय

व्याख्या- सदानन्द योगीन्द्र द्वारा प्रणीत वेदान्तसार के अनुसार अज्ञान का लक्षण है-

अज्ञानादिसकलजडसमूहोऽवस्तु।

अज्ञानं तु सदसद्भ्यामनिर्वचनीयं त्रिगुणात्मकं ज्ञानविरोधि भावरूपं यत्किञ्चिदिति वदन्त्यहमज्ञ इत्याद्यनुभवात्।

अज्ञान सत् या असत् रूप से अनिर्वचनीय, त्रिगुणात्मक

ज्ञान का विरोधी, भावरूप कुछ है, ऐसा (वृद्धजन) कहते हैं। मैं अज्ञानी हूँ इत्यादि।

अज्ञान के लक्षण

1- सदसद्भ्यामनिर्वचनीयम्
2- त्रिगुणात्मकम्
3- ज्ञानविरोधि
4- भावरूपम्
5- यत्किञ्चित्

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि वेदान्तसार के अनुसार अज्ञान भावरूप है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत - वेदान्तसार- राकेश शास्त्री, पेज 149

94. अधोलिखित में जो अर्थोपक्षेपकों में परिगणित नहीं है-
(A) विष्कम्भक **(B)** प्रवेशक
(C) प्रकरी **(D)** चूलिका

व्याख्या- आचार्य विश्वनाथ कृत साहित्यदर्पण के षष्ठपरिच्छेद में अर्थोपक्षेपक का लक्षण दिया गया है-
अर्थोपक्षेपकाः पञ्च विष्कम्भकप्रवेशकौ।
चूलिकाङ्कऽवतारोऽथ स्यादङ्कमुखमित्यपि।।54।।
अर्थोपक्षेपक पाँच होते हैं-
1. विष्कम्भक 2. प्रवेशक 3. चूलिका 4. अङ्कावतार 5. अङ्कमुख

विषकम्भक –
वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः
संक्षिप्तार्थस्तु विष्कम्भ आदावङ्कस्य दर्शितः।
मध्येन मध्यमाभ्यां वा पात्राभ्यां सम्प्रयोजितः।
शुद्धः स्यात् स तु संकीर्णो नीचमध्यमकल्पितः॥
(सा.द.6/55,56)

भूत और भविष्यत् कथाओं का सूचक, कथा को संक्षेप करने वाला, अंक के आदि में रहने वाला '**विष्कम्भक**' कहलाता है। जब एक ही मध्यमपात्र या दो मध्यमपात्र प्रयोग करते हैं तब इसे **शुद्धविष्कम्भक** कहते हैं। यदि नीच तथा मध्यम पात्रों द्वारा किया जाय तो इसे **मिश्र विष्कम्भक** कहते हैं।

* **प्रवेशक-** प्रवेशकोऽनुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः अंकस्यान्तर्विज्ञेयः शेषं विष्कम्भके यथा। (सा.द.6/57)
प्रवेशक भी विष्कम्भक के सदृश होता है किन्तु इसका प्रयोग नीचपात्रों के द्वारा कराया जाता है और इसमें उक्तियाँ उदात्त नहीं होतीं। यह दूसरे अंक के आगे किया जाता है, पहले अङ्क में नहीं।

* **चूलिका-** अन्तर्जवनिकासंस्थैः सूचनार्थस्य चूलिका। जवनिका (पर्दे) के भीतर स्थित पात्रों के द्वारा की हुई वस्तु की सूचना को चूलिका कहते हैं।

* **प्रकरी-** प्रासंगिकं प्रदेशस्थं चरितं प्रकरी मता (सा.द.6/68)
प्रसङ्गगत तथा एकदेशस्थित चरित्र को प्रकरी कहते हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि पाँच अर्थोपक्षेपक हैं- विष्कम्भक, प्रवेशक, चूलिका, अङ्कस्य, अङ्कावतार है। बीज, बिन्दु, पताका, प्रकरी कार्य ये पाँच अर्थप्रकृतियाँ हैं, **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत - दशरूपक (1/58)- रमाशंकर त्रिपाठी, पेज 99

95. सांख्यमत में आधिभौतिक दुःख है-
(A) ज्वरातिसार से उत्पन्न दुःख
(B) स्वजन वियोग जन्य दुःख
(C) सर्पादि से उत्पन्न दुःख
(D) भूतप्रेतादि जन्य दुःख

व्याख्या- सांख्यदर्शन के प्रकरणग्रन्थ सांख्यकारिका में दुःखत्रय की मीमांसा करते हुए ईश्वरकृष्ण कहते हैं-
दुःखत्रयाभिघाताज्जिज्ञासा तदपघातके हेतौ।
दृष्टे साऽपार्था चेन्नैकान्तात्यन्ततोऽभावात्॥
दुःखत्रय अर्थात् आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक इन त्रिविध दुःखों से पञ्चविंशति पदार्थों के ज्ञान से जीव छुटकारा प्राप्त कर लेता है। सांख्य ने त्रिविध दुःखों के विनाश का कारण विवेकज्ञान को स्वीकार किया है।

सांख्य का दुःखत्रय

1. आध्यात्मिक दुःख - वह दुःख, जिसका आन्तरिक तत्त्वों से सम्बन्ध है। जो दो प्रकार का होता है- (i) **शारीरिक-** जो शरीर के प्रमुख तत्त्व वात, पित्त व कफ की विषमता के कारण उत्पन्न होता है **शारीरिक दुःख** कहलाता है। यथा- बुखारादि। यह भी दो प्रकार का होता है-
(अ) नैसर्गिक (भूखादि)
(ब) त्रिदोषजन्य (ज्वरादि)
(ii) काम, क्रोध, लोभ, मोह, भय और ईर्ष्या आदि भावों के कारण उत्पन्न होने वाला दुःख मानसिक कहलाता है।

2. आधिभौतिक- बाह्यकारणों अथवा पदार्थों, जिन्हें हम देख सकते हैं, से उत्पन्न होने वाला दुःख आधिभौतिक कहलाता है। जैसे- पशु,पक्षी, सर्प, मनुष्यादि पदार्थों से उत्पन्न दुःख अथवा कष्ट।

3. आधिदैविक- प्रत्यक्ष दिखायी न देने वाली देवयोनियों जैसे- यक्ष, राक्षस, किन्नर, ग्रहादि के दुष्प्रभाव से होने वाला कष्ट, आधिदैविक कहलाता है।

दुःखत्रय-(i) -आध्यात्मिक

शारीरिक- नैसर्गिक (भूखादि), त्रिदोषजन्य (ज्वरादि)

मानसिक- काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, भयादि से उत्पन्न।

(ii)आधिभौतिक- मनुष्य, पशु, सर्प, मृगादि से होने वाला कष्ट

(iii) आधिदैविक- यक्ष, राक्षस, किन्नर, भूत, प्रेत आदि से होने वाला कष्ट।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि आधिभौतिक दुःख के अन्तर्गत सर्पादि से उत्पन्न दुःख आता है।

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत - सांख्यकारिका (1/1)- रमेशचन्द्र पाण्डेय, पेज 1-2

96. 'स्वधर्मे निधनं श्रेयः' यह श्रीमद्भगवद्गीता के किस अध्याय में है-

(A) द्वितीय में (B) तृतीय में
(C) चतुर्थ में (D) पञ्चम में

व्याख्या- श्रीमद्भगवद्गीता के तीसरे अध्याय में धर्म के विषय में कहा गया है-

श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।। (गीता 3/35)

अच्छी प्रकार आचरण में लाये हुए दूसरे के धर्म से गुणरहित भी अपना धर्म अति उत्तम है। अपने धर्म में तो मरना भी कल्याणकारक है और दूसरे का धर्म भय को देने वाला है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि 'स्वधर्मे निधनं श्रेयः' श्रीमद्भगवद्गीता के तृतीय अध्याय से है।

अतः विकल्प (B) सही है।

स्रोत - श्रीमद्भगवद्गीता (3/35)-गीताप्रेस, पेज 58

97. काव्यप्रकाश की संकेत टीका के प्रणेता हैं-

(A) माणिक्यचन्द्र (B) वामन
(C) मम्मट (D) मल्लिनाथ

व्याख्या- कमलाकरभट्ट ने काव्यप्रकाश की टीका में लिखा है-

काव्यप्रकाशस्य टिप्पण्यः सहस्रं सन्ति यद्यपि।
ताभ्यस्त्वस्या विशेषो यः पण्डितैः सोऽवधार्यताम्।।

काव्यप्रकाश की गुरुता को स्पष्ट किया गया है।

काव्यप्रकाशस्य कृता गृहे गृहे, टीकास्तथाप्येष तथैव दुर्गमः।
सुखेन विज्ञातुमिमं य ईहते, धीरः स एतां निपुणं विलोकताम्।।

1. काव्यप्रकाश की सबसे प्राचीन टीका रुय्यक की काव्यप्रकाश संकेत है। इस टीका की रचना 1145 ई. के आसपास अर्थात 12वीं शताब्दी के मध्य में हुई है।
2. माणिक्यचन्द्र की 'संकेत टीका' (1160ई.) काव्यप्रकाश की सबसे प्रसिद्ध टीका है।
3. श्रीधर (सन्धिविग्रहिक उपाधि) की टीका का नाम 'काव्यप्रकाश टीका' (1225ई.) है।
4. सोमेश्वर ने 'काव्यादर्श' टीका लिखी है।
5. सरस्वतीतीर्थ की टीका का नाम 'बालचित्तानुरञ्जिनी' है।
6. जयन्तभट्ट की काव्यप्रकाश पर 'दीपिका' टीका प्राप्त होती है।

काव्यप्रकाश की प्रमुख टीकायें

टीकाकार	टीका
1. विश्वनाथ	दर्पण
2. भास्कर	साहित्यदीपिका
3. परमानन्द भट्टाचार्य	विस्तारिका
4. गोविन्द	प्रदीपच्छाया
5. जयराम न्यायपञ्चानन	तिलक
6. श्रीवत्सलाञ्छन	सारबोधिनी
7. नरसिंह ठक्कुर	नरसिंह मनीषा
8. वैद्यनाथ रामचन्द्रभट्ट	उदाहरण चन्द्रिका, गोविन्द भट्ट के काव्यप्रदीप पर 'प्रभा' टीका लिखी
9. भीमसेन दीक्षित	सुधासागर अथवा सुधोदधि
10. बलदेव विद्याभूषण	साहित्य कौमुदी
11. नागेश भट्ट	लघ्वी टीका,बृहती टीका
12. वामनाचार्य झलकीकर	बालबोधिनी वामनाचार्य ने बालबोधिनी में 21-टीकाओं का उपयोग किया है।

मल्लिनाथ की सुप्रसिद्ध संस्कृत टीकाएँ

1. रघुवंशमहाकाव्यम् (कालिदास) - सञ्जीवनी टीका
2. कुमारसम्भवम् (कालिदास) - सञ्जीवनी
3. मेघदूतम् (कालिदास) - सञ्जीवनी

4. किरातार्जुनीयम् (भारवि) - घण्टापथ
5. शिशुपालवधम् (माघ) - सर्वङ्कषा
6. रावणवध (भट्टि) - जीवातु
7. नैषधीयचरितम् (श्रीहर्ष) - जीवातु

इसके अतिरिक्त तार्किकरक्षा, नलोदयकाव्य, प्रशस्तपादभाष्य तथा लघुशब्देन्दुशेखर पर भी मल्लिनाथ ने टीका लिखी है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि काव्यप्रकाश की संकेत टीका के प्रणेता माणिक्यचन्द्र हैं। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत - काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज भू. 72

98. नाटक में इतिवृत्त होता है-
(A) कल्पित **(B)** अप्रसिद्ध
(C) प्रसिद्ध **(D)** मिश्र

व्याख्या- विश्वनाथकृत साहित्यदर्पण नाटक का लक्षण इस प्रकार है-

नाटकं ख्यातवृत्तं स्यात्पञ्चसन्धिसमन्वितम्।
विलासर्द्ध्यादिगुणवद्युक्तं नानाविभूतिभिः॥ (6/7)
सुखदुःखसमुद्भूतिः नानारसनिरन्तरम्।
पञ्चादिका दशपरास्तत्राङ्काः परिकीर्तिताः।
प्रख्यातवंशो राजर्षिर्धीरोदात्तः प्रतापवान्।
दिव्योऽथ दिव्यादिव्यो वा गुणवान्नायको मतः
एक एव भवेदङ्गी शृङ्गारो वीर एव वा।
अङ्गमन्ये रसाः सर्वे कार्यो निर्वहणेऽद्भुतः॥ (6/10)
चत्वारः पञ्च वा मुख्याः कार्यव्यापृतपूरुषाः।
गोपुच्छाग्रसमाग्रं तु बन्धनं तस्य कीर्तितम्॥

ख्यात अर्थात् रामायणादि प्रसिद्ध वृत्त (चरित) जैसे- श्री रामचन्द्र जी की कथा। नानाविभूतिभिः अर्थात् बड़े-बड़े सहायकों से युक्त हो। वह मुख, प्रतिमुख, गर्भ, विमर्श, निर्वहण-इन पाँच सन्धियों से युक्त होना चाहिए। 'रचना गोपुच्छ के अग्रभाग के समान होनी चाहिए। 5-10 अंक होने चाहिए। नायक कुलीन राजा, धीरोदात्त, प्रतापी दिव्य, दिव्यादिव्य क्षत्रिय या क्षत्रिय भिन्न होना चाहिए। शृंगार या वीर रस प्रधान रूप में तथा अन्य रस गौण रूप में होने चाहिए।

⇒ साहित्यदर्पणकार प्रकरण का लक्षण इस प्रकार करते हैं-
भवेत्प्रकरणे वृत्तं लौकिकं कविकल्पितम्। (6/224)
शृंगारोऽङ्गी नायकस्तु विप्रोऽमात्योऽथवा वणिक्॥
सापायधर्मकामार्थपरो धीरप्रशान्तकः। (6/225)
नायिका कुलजा क्वापि, वेश्या क्वापि, द्वयं क्वचित्।
तेन भेदास्त्रयस्तस्य तत्र भेदस्तृतीयकः॥
कितवद्यूतकारादिविटचेटसंकुलः।

अर्थात् प्रकरण में कथावस्तु लौकिक एवं कविकल्पित होती है। शृंगार रस मुख्य होता है। नायक ब्राह्मण, मन्त्री या वैश्य होता है,जो विघ्नपूर्ण धर्म,काम और अर्थ में आसक्त धीर-प्रशान्त होता है। जैसे- मृच्छकटिक में ब्राह्मण नायक, मालतीमाधवम् में मन्त्री नायक तथा 'पुष्पभूषितम्' में वैश्य नायक मिलता है। प्रकरण में कुलीन स्त्र, कहीं वेश्या और कहीं कुलीन तथा वेश्या दोनों प्रकार की नायिकाएँ होती हैं। इस प्रकरण में जुआरी चोर आदि होते हैं। इसप्रकार नायिका भेद से प्रकरण के तीन भेद होते हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि नाटक में प्रसिद्ध इतिवृत्त होता है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत - साहित्यदर्पण (6/7)-शालिग्राम शास्त्री, पेज 175

99. ''श्लिष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने'' यह लक्षण है-
(A) अनुप्रास का **(B)** श्लेष का
(C) सन्देह का **(D)** भ्रान्तिमान् का

व्याख्या- कविराज विश्वनाथ कृत साहित्यदर्पण के दशम परिच्छेद में श्लेष अलंकार का वर्णन इसप्रकार किया गया है-

श्लिष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष इष्यते।
वर्णप्रत्ययलिङ्गानां प्रकृत्योः पदयोरपि॥
श्लेषाद्विभक्तिवचनभाषाणामष्टधा च सः

अर्थात् -श्लिष्ट पदों से अनेक अर्थों का अभिधान होने पर श्लेषालंकार होता है। वर्ण, प्रत्यय, लिङ्ग, विभक्ति, प्रकृति, पद, वचन और भाषा इनके श्लिष्ट होने के कारण वर्णश्लेष, प्रत्ययश्लेष आदि भेदों से यह श्लेष अलंकार आठ प्रकार का होता है।

➢ वाग्देवतावतार मम्मट श्लेष अलंकार का लक्षण इस प्रकार करते हैं-

वाच्यभेदेन भिन्ना यद् युगपद्भाषणस्पृशः।
श्लिष्यन्ति शब्दाः श्लेषोऽसावक्षरादिभिरष्टधा॥

⇒ विश्वनाथ अनुप्रास अलंकार को इसप्रकार परिभाषित करते हैं-

अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत् ।
छेको व्यञ्जनसंघस्य सकृत्साम्यमनेकधा॥

अर्थात् स्वर की विषमता होने पर भी शब्द अर्थात् पद, पदांश के साम्य (सादृश्य) को अनुप्रास अलंकार कहते हैं। व्यञ्जनों के समुदाय की एक ही बार अनेक प्रकार की समानता होने को छेक अर्थात् छेकानुप्रास कहते हैं।

यह 1. अनेकपदों की आवृत्तिरूप 2. एक पद की आवृत्तिरूप 3. एक समास में आवृत्ति रूप 4. भिन्न समास में आवृत्तिरूप, 5. समास तथा असमास वृत्ति रूप दोनों में इस तरह पाँच प्रकार का होता है।

⇒ आचार्य विश्वनाथ संदेह अलंकार को निरूपित करते हैं-

संदेहः प्रकृतेऽन्यस्य संशयः प्रतिभोत्थितः।
शुद्धो निश्चयगर्भोऽसौ निश्चयान्त इति त्रिधा॥

प्रकृत अर्थात् उपमेय में अन्य अर्थात् उपमान के संशय को संदेहालंकार कहते हैं। संशय ही संदेह अलंकार कहलाता है। यह शुद्ध, निश्चयगर्भ, व निश्चयान्त भेद से तीन प्रकार का होता है।

➢ विश्वनाथ भ्रान्तिमान् अलंकार को इसप्रकार परिभाषित करते हैं-

'साम्यादतस्मिंस्तदबुद्धिर्भ्रान्तिमान् प्रतिभोत्थितः'

अर्थात् सादृश्य के कारण अन्य वस्तु में अन्य वस्तु के निश्चयात्मक ज्ञान को-यदि वह कवि की प्रतिभा से उत्पन्न हो, भ्रान्तिमान् अलंकार कहलाता है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि 'श्लिष्टैपदैरने-कार्थाभिधाने' यह लक्षण श्लेष अलंकार का है।

अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत - साहित्यदर्पण (1/11)- शालिग्राम शास्त्री, पेज 282

100. 'सुमद्रम्' में 'सु' उपसर्ग का अर्थ है-
(A) समीप **(B)** शोभन
(C) समृद्धि **(D)** युगपत्

व्याख्या-'प्रायेण पूर्वपदार्थोऽव्ययीभावः'- जिस समास में पूर्वपद का अर्थ प्रधान हो, उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। इस समास में पूर्वपद प्रायः अव्यय होता है।

जैसे- मद्राणां समृद्धिः = सुमद्रम्

अव्ययीभाव समास होने पर सामासिक पद अव्यय बन जाता है, तथा नपुंसकलिंग एकवचन में प्रयोग किया जाता है।

अव्यय, विभक्ति, समीप, समृद्धि, व्यृद्धि, अर्थाभाव, अत्यय, असम्प्रति, शब्दप्रादुर्भाव, पश्चात्, यथा, आनुपूर्व्य, यौगपद्य, सादृश्य, सम्पत्ति, साकल्य, अन्त इन 16 अर्थों में विद्यमान अव्यय का समर्थ सुबन्त पदों के साथ नित्य समास होता है। अव्ययं विभक्ति-समीप-समृद्धि-व्यृद्धि-अर्थाभाव-अत्यय-असम्प्रति- शब्द प्रादुर्भाव- पश्चात्-यथा-आनुपूर्व्य-यौगपद्य-सादृश्य- सम्पत्ति-साकल्य-अन्तवचनेषु (अष्टाध्यायी 2.1.6)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि मद्राणां समृद्धिः = सुमद्रम् में 'सु' उपसर्ग का अर्थ 'समृद्धि' है।

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत - लघुसिद्धान्तकौमुदी (भाग 4) भैमी व्याख्या, पेज 28

101. एध् धातु के आशीर्लिङ् उत्तम पुरुष एकवचन में रूप होता है-
(A) एधेय **(B)** एधिषीय
(C) एधिताहे **(D)** एधिषि

व्याख्या-

एध् धातु आशीर्लिङ्		
एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
एधिषीष्ट	एधिषीयास्ताम्	एधिषीरन्
एधिषीष्ठाः	एधिषीयास्थाम्	एधिषीध्वम्
एधिषीय	एधिषीवहि	एधिषीमहि
	लुङ् लकार	
ऐधिष्ट	ऐधिषाताम्	ऐधिषत
ऐधिष्ठाः	ऐधिषाथाम्	ऐधिढ्वम्
ऐधिषि	ऐधिष्वहि	ऐधिष्महि
	लृङ् लकार	
ऐधिष्यत	ऐधिष्येताम्	ऐधिष्यन्त
ऐधिष्यथाः	ऐधिष्येथाम्	ऐधिष्यध्वम्
ऐधिष्ये	ऐधिष्यावहि	ऐधिष्यामहि
	विधिलिङ् लकार	
एधेत	एधेयाताम्	एधेरन्
एधेथाः	एधेयाथाम्	एधेध्वम्
एधेय	एधेवहि	एधेमहि
	लङ् लकार	
एधेत	ऐधेताम्	ऐधन्त
ऐधथाः	ऐधेथाम्	ऐधध्वम्
ऐधे	ऐधावहि	ऐधामहि

लोट्लकार		
एधताम्	एधेताम्	एधन्ताम्
एधस्व	एधेथाम्	एधध्वम्
एधै	एधावहै	एधामहै

लृट्लकार		
एधिष्यते	एधिष्येते	एधिष्यन्ते
एधिष्यसे	एधिष्येथे	एधिष्यध्वे
एधिष्ये	एधिष्यावहे	एधिष्यामहे

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'एध्' धातु के आशीर्लिङ् उत्तमपुरुष एकवचन में 'एधिषीय' रूप बनता है। **अतः विकल्प B सही है।**

स्रोत - लघुसिद्धान्तकौमुदी- गोविन्दाचार्य, पेज- 495

102. 'वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः' यह लक्षण है-
(A) प्रवेशक का (B) अङ्कावतार का
(C) अङ्कास्य का (D) विष्कम्भक का

व्याख्या- धनञ्जय विरचित दशरूपक के प्रथम प्रकाश में नीरस तथा अनुचित कथावस्तु के सूच्यार्थ पाँच अर्थोपक्षेपक का उल्लेख किया गया है-

अर्थोपक्षेपकैः सूच्यं पञ्चभिः प्रतिपादयेत्।
विष्कम्भचूलिकाङ्कास्याङ्कावतारप्रवेशकैः॥ (1/58)

विष्कम्भक-
वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः।
संक्षेपार्थस्तु विष्कम्भो मध्यपात्रप्रयोजितः (1/59)
एकानेककृतः शुद्धः सङ्कीर्णो नीचमध्यमैः॥

अर्थात् भूत और भविष्य के कथांशों का सूचक, एक या दो मध्यम पात्रों द्वारा प्रयुक्त शुद्ध विष्कम्भक होता है। एक या अनेक मध्यम पात्रों द्वारा प्रयुक्त विष्कम्भक तथा मध्यम व नीच पात्रों द्वारा प्रयोजित सङ्कीर्ण विष्कम्भक कहलाता है।

प्रवेशक- तद्वदेवानुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः।
प्रवेशोऽङ्कद्वयस्यान्तः शेषार्थस्योपसूचकः॥ (1/60)

अर्थात्- भूत और भविष्य के अर्थ की सूचना एक अथवा अनेक निम्न पात्रों द्वारा दो अंको के मध्य प्रवेशक होता है।

चूलिका- 'अन्तर्जवनिकासंस्थैश्चूलिकार्थस्य सूचना' जवनिका अर्थात् पर्दे के अन्दर स्थित पात्रों द्वारा किसी भी अर्थ की सूचना देना चूलिका है।

अङ्कास्य- 'अङ्कान्तपात्रैरङ्कास्यं छिन्नाङ्कस्यार्थसूचनात्' यदि किसी अंक के अन्त में पात्रों द्वारा किसी ऐसे वृत्त की सूचना दी जाती है, जिससे आगामी अंक की सूचना दी जाती है। उसे अंकास्य या अंकमुख कहते हैं।

अङ्कावतार- अङ्कावतारस्तु अङ्कान्ते पातोऽङ्कस्याविभागतः (1/62)
जहाँ प्रथम अंक की वस्तु के विच्छेद के बिना ही द्वितीय अंक की वस्तु आरम्भ हो जाती है, वहाँ अंकावतार होता है।

अर्थोपक्षेपक - विष्कम्भक, प्रवेशक, चूलिका, अंकास्य,अङ्कावतार

उत्तम पात्र- राजा, आदि जो संस्कृत भाषा बोलते हैं
मध्यम पात्र- अमात्य, सेनापति आदि संस्कृत भाषा बोलते हैं।
नीच पात्र- दास, चेट, विट आदि प्राकृत भाषा बोलते हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि, 'वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः' यह लक्षण विष्कम्भक का है,। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत - दशरूपक (1/59)- रमाशंकर त्रिपाठी, पेज 99

103. अधोलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है-
(A) कृष्णम् अभितः गोपाः सन्ति।
(B) कृष्णेन अभितः गोपाः सन्ति।
(C) कृष्णाद् अभितः गोपाः सन्ति।
(D) कृष्णस्य अभितः गोपाः सन्ति।

व्याख्या-
अभितः = दोनों ओर = कृष्णम् अभितः गोपाः सन्ति।
परितः= चारों ओर- ग्रामं परितः वृक्षाः सन्ति।
समया= समीप- वनं समया नदी अस्ति।
निकषा (समीप)- गङ्गां निकषा संस्कृतगङ्गा अस्ति।
हा-(खेद) हा दुर्जनम्।
प्रति-(की ओर) विद्यालयं प्रति गच्छति।
अनु-(के पीछे) रामम् अनु गच्छति।
अभितः, परितः, समया, निकषा, हा, प्रति, अनु, उभयतः, सर्वतः, अध्यधि, अधोऽधः, उपर्युपरि, धिक् शब्दों के साथ द्वितीया विभक्ति होती है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि 'अभितः' के योग में द्वितीया विभक्ति होने से 'कृष्णम् अभितः गोपाः सन्ति' वाक्य शुद्ध है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत- सिद्धान्तकौमुदी - राममुनि पाण्डेय, पेज 46

104. बृहत्कथा किस भाषा शैली में लिखी गयी रचना है?
(A) मागधी **(B)** पैशाची
(C) वैदर्भी **(D)** गौड़ी

व्याख्या- बृहत्कथा-

* लोककथाओं का प्राचीनतम संग्रह गुणाढ्य के द्वारा बृहत्कथा में किया गया था।
* यह पैशाची प्राकृत में लिखी गयी थी।
* इसका रचनाकाल पाश्चात्त्य विद्वानों के अनुसार प्रथम या द्वितीय शताब्दी ई. है।
* इसके एक संस्करण कथासरित्सागर के आरम्भ में इसकी रचना की परिस्थितयों का विस्तृत वर्णन है कि सातवाहन नरेश की राजसभा में संस्कृत भाषा सिखाने की एक बाजी में हार जाने के कारण गुणाढ्य को संस्कृत बोलना छोड़ देना पड़ा एवं विषण्ण हृदय होकर वे विन्ध्याटवी में पशु-पक्षियों को पैशाची भाषा में कथायें सुनाने लगे। उन्हीं कथाओं में कुछ कथाएँ बच गयीं और एक लाख पद्यों की बृहत्कथा कहलायी।

➢ सातवाहन राजाओं के काल के आधार पर ब्यूलर ने उक्त काल का निर्धारण किया।
➢ कीथ ने कहा कि इस ग्रन्थ का काल चतुर्थ शताब्दी ई. के पूर्व ही होगा।
➢ संस्कृत कवियों ने बृहत्कथा की प्रशंसा की थी। जैसे- सुबन्धु, बाण, त्रिविक्रमभट्ट, धनपाल, गोवर्धनाचार्य इत्यादि।
➢ कवियों ने रामायण और महाभारत के समान बृहत्कथा को उपजीव्य बनाकर अनेक संस्कृत रचनाएँ की थीं।
➢ बृहत्कथा की तीन वाचनाएँ इस समय उपलब्ध हैं जो पृथक् पृथक् चार ग्रन्थों के रूप में हैं-
1. नेपालीवाचना बुधस्वामी कृत बृहत्कथाश्लोकसंग्रह के रूप में।
2. प्राकृतवाचना संघदासगणि कृत वसुदेवहिण्डी के रूप में
3. कश्मीरी वाचना क्षेमेन्द्रकृत बृहत्कथामञ्जरी और सोमदेव कृत कथासरित्सागर के रूप में।

* **बृहत्कथाश्लोकसंग्रह-** बृहत्कथा की नेपाली वाचना का एकमात्र प्रतिनिधि यही ग्रन्थ है। इसे नेपाल से हरप्रसाद शास्त्री ने 1893 ई. में प्राप्त किया था। इसका विभाजन सर्गों में हुआ है, 28 सर्ग प्राप्त हुए हैं।जिनमें 4539 श्लोक हैं। ग्रन्थ अपूर्ण ही रह गया।
* **बृहत्कथामञ्जरी -** संस्कृत वाङ्मय को अपनी 40 कृतियों से भरने वाले कश्मीरी कवि क्षेमेन्द्र ने बृहत्कथा की काश्मीरी वाचना को अपनी इस महती कृति में प्रकट किया है। बृहत्कथामञ्जरी अठारह लम्बकों में विभक्त प्रायः सात हजार पद्यों का ग्रन्थ है।
* **कथासरित्सागर-** बृहत्कथा का यह अर्वाचीनतम और विशालतम संस्कृत संस्करण है। इसकी रचना कश्मीरी पण्डित सोमदेव ने कश्मीरनरेश अनन्त की पत्नी सूर्यवती के मनोविनोदार्थ 1064 से 1081 ई. के बीच की थी। बृहत्कथा मञ्जरी के समान 18 लम्बकों में विभक्त है। ये पुनः 124 तरङ्गों में भी विभक्त है। इसमें 21388 श्लोक हैं जिसमें 761 पद्य बड़े छन्दों में है शेष सरल, प्रवाहपूर्ण भाषा शैली के परिचायक अनुष्टुप् छन्द में हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि बृहत्कथा पैशाची भाषा में लिखा गया है। **अतः विकल्प (B) सही है।**

स्रोत-संस्कृत साहित्य का इतिहास- उमाशंकर शर्मा ऋषि, पेज-423-425

105. 'ऋते रवेः क्षालयितुं क्षमेत कः क्षपातमस्काण्डमलीमसं नभः' यह उक्ति है?
(A) किरातार्जुनीयम् की **(B)** रघुवंशम् की
(C) शिशुपालवधम् की **(D)** नैषधीयचरितम् की

व्याख्या-

➢ शिशुपालवध नामक महाकाव्य के रचयिता महाकवि माघ हैं। इन्हें विद्वानों ने श्रेष्ठ महाकाव्य का प्रणेता माना है-
'काव्येषु माघः कवि कालिदासः'
➢ माघ के पितामह सुप्रभदेव थे जो राजा वर्मलात के सर्वाधिकारी अर्थात् दीवान थे। वे पुण्यात्मा, अनासक्त तथा सात्त्विक वृत्ति के पुरुष थे-
सर्वाधिकारी सुकृताधिकारी श्रीवर्मलाख्यस्य बभूव राज्ञः।
असक्तदृष्टिर्विरजाः सदैव देवोऽपरः सुप्रभदेवनामा॥
➢ सुप्रभदेव के पुत्र का नाम दत्तक था जो अत्यन्त उदार, क्षमाशील कोमल स्वभाव के कारण 'सर्वाश्रय' नाम से भी जाने जाते थे।
➢ माघ का निवासस्थान राजस्थान के श्रीमाल या भिन्नमाल नामक नगर में माना जाता है।
➢ माघ का समय विद्वान् 700 ई. के आसपास स्वीकार करते हैं।
➢ माघ की एकमात्र कृति शिशुपालवधम् 20 सर्गों के महाकाव्य के रूप में है।

- इसमें 1645 पद्य हैं, पन्द्रहवें सर्ग में 34 प्रक्षिप्त श्लोक हैं जिनकी व्याख्या मल्लिनाथ ने नहीं की है।
- पाँच पद्य कविवंश वर्णन के हैं उन्हें मिलाकर माघ की रचना 1650 पद्यों की है।

शिशुपालवध की सूक्तियाँ-

ऋते रवेः क्षालयितुं क्षमेत कः क्षपातमस्काण्डमलीमसं नभः। (1/38)

अर्थ - मुनि नारद कहते हैं- आप ही कंसादि मदोन्मत्त राजाओं से पृथ्वी की रक्षा करने में समर्थ हैं। जैसे सूर्य को छोड़कर कोई और रात्रि के अन्धकार को दूर करने में समर्थ नहीं होता।

- **भवन्ति नापुण्यकृतां मनीषिणः।** (1/14)
  क्योंकि महात्मा लोग अपुण्यात्माओं के घर पर प्रेम से जाना नहीं चाहते हैं।
- **हरत्यघं सम्प्रति हेतुरेष्यतः**
  शुभस्य पूर्वाचरितैः कृतं शुभैः।
  शरीरभाजां भवदीयदर्शनं
  व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्॥ (1/26)
  आपका दर्शन त्रिकाल में शरीरधारियों की योग्यता को प्रकट करता है, क्योंकि वर्तमानकाल में पाप नष्ट करता है, भविष्यकाल में आने वाले शुभ का कारण है तथा भूतकाल में पहले किये गये पुण्यों का परिणाम है।
- **श्रेयसि केन तृप्यते** (1/29)
  मङ्गल के विषय में कौन सन्तुष्ट होता है? अर्थात् कोई नहीं।
- **सदाभिमानैकधना हि मानिनः** (1/67)
  नारद कृष्ण जी से कहते हैं कि- मानी लोगों का सर्वदा एकमात्र अभिमान ही धन होता है।
- **सतीव योषित्प्रकृतिः सुनिश्चला पुमांसमभ्येति भवान्तरेष्वपि॥** (1/72)
  पतिव्रता स्त्री जिस प्रकार जन्मान्तर में भी पूर्वजन्म के पति को प्राप्त करती है, उसी प्रकार सुनिश्चल स्वभाव भी जन्मान्तर में पुरुष को प्राप्त करता है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'ऋते रवेः क्षालयितुं क्षमेत कः क्षपातमस्काण्डमलीमसं नभः' यह उक्ति शिशुपालवधम् से है। **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत - शिशुपालवधम् - हरगोविन्द शास्त्री, पेज 27

106. शिशुपालवध का अङ्गीरस है-

(A) हास्यरस **(B)** शृङ्गाररस
(C) रौद्ररस **(D)** वीररस

व्याख्या- शिशुपालवधम्- लेखक माघ, 20सर्ग, वीर रस, प्रथमसर्ग में 75 श्लोक, उपजीव्य महाभारत का सभापर्व, कथानक- युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में श्रीकृष्ण द्वारा शिशुपाल का वध होने के कारण वीररस।

रामायण- लेखक- महर्षि वाल्मीकि, 7 काण्ड, करुण रस, अनुष्टुप् छन्द, उपमा-रूपक-उत्प्रेक्षा- अर्थान्तरन्यास आदि अलंकार, अध्यात्म रामायण, अद्भुत रामायण, अगस्त्य रामायण आदि आश्रित ग्रन्थ।

महाभारत- लेखक- व्यास, 18पर्व, पाञ्चाली शैली, शान्त रस, महाभारताश्रित ग्रन्थ- किरातार्जुनीयम्, शिशुपालवधम्, भारतमंजरी, नैषधीयचरित, नलाभ्युदय, दूतवाक्य, कर्णभार, मध्यमव्यायोग, नलचम्पू, पञ्चरात्र, ऊरुभंग, अभिज्ञानशाकुन्तल, वेणीसंहार इत्यादि।

कुमारसम्भवम्- लेखक- कालिदास, 17सर्ग, मल्लिनाथ की सञ्जीवनी टीका, शृंगार रस, उपजाति छन्द, प्रथम सर्गान्त में मालिनी छन्द।

रघुवंशम्- लेखक- कालिदास, 19सर्ग, वीररस,

किरातार्जुनीयम्- लेखक- भारवि, 18सर्ग, वीररस उपजीव्य- महाभारत का वनपर्व।

नैषधीयचरितम्- लेखक-श्रीहर्ष, 22सर्ग, नल नायक व नायिका दमयन्ती का प्रेम प्रसंग होने से शृंगार रस।

स्पष्टीकरण- इससे स्पष्ट है कि शिशुपालवधम् का अंगीरस वीररस है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत - शिशुपालवधम् - हरगोविन्द शास्त्री, पेज भू. 06

107. 'अतः परीक्ष्य कर्तव्यं विशेषात् संङ्गतं रहः' यह उक्ति है?

(A) कण्व **(B)** मारीच
(C) दुष्यन्त **(D)** शार्ङ्गरव

व्याख्या- महाभारत के आदिपर्व में शृंगाररस प्रधान, सप्त अंक समन्वित, वैदर्भी शैली के कवि कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् एक अद्वितीय नाट्यकृति है।

* अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अंक के चौबीसहवें श्लोक में कण्व-शिष्य शार्ङ्गरव, शकुन्तला द्वारा किए गए गान्धर्व विवाह के विषय में अपने विचार प्रकट करते हैं-

- **अतः परीक्ष्य कर्तव्यं विशेषात् संगतं रहः।**
  अज्ञातहृदयेष्वेव वैरीभवति सौहृदम्॥
  अर्थात् किसी भी प्रकार की मित्रता परीक्षा करके ही करनी चाहिए। जैसे- गुप्त मैत्री गुप्त विवाह सम्बन्ध गान्धर्व विवाह आदि विशेष रूप से परीक्षा करके ही करना चाहिए।

➢ आश्रम के कुलाधिपति ऋषि कण्व धर्मपुत्री शकुन्तला को लौकिक व्यवहार का ज्ञान देते हुए कहते हैं-
शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने, भर्तुर्विप्रकृतापि रोषणतया मा स्म प्रतीपं गमः। (अभि.4.)

➢ द्वितीय अंक में राजा दुष्यन्त आत्मगत विचार से परिचय कराते हैं-
अकृतार्थेऽपि मनसिजे रतिमुभयप्रार्थना कुरुते॥ (अभि.2.)

➢ सप्तम अंक में ऋषि मातलि माननीय कण्व के प्रति यह शुभ समाचार प्रेषित करते हैं-
पुत्रवती शकुन्तला तच्छापनिवृत्तौ
स्मृतिमता दुष्यन्तेन प्रतिगृहीता इति।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि 'अतः परीक्ष्य कर्तव्यं विशेषात् संगतं रहः' यह उक्ति शार्ङ्गरव की है।
अतः विकल्प 'D' सही है।

स्रोत - अभिज्ञानशाकुन्तलम् (5/24)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज 291

108. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में दुष्यन्त की मनःस्थिति जानने के लिए मेनका ने अपनी किस सखी को भेजा था?

(A) सानुमती **(B)** उर्वशी
(C) रम्भा **(D)** तिलोत्तमा

व्याख्या- महाकवि कालिदास द्वारा प्रणीत सप्ताङ्कों वाला सर्वश्रेष्ठ नाटक अभिज्ञानशाकुन्तलम् के षष्ठ अङ्क में मेनका अपनी सखी सानुमती को दुष्यन्त की मनःस्थिति को जानने के लिए भेजती है-

* **ततः प्रविशत्याकाशयानेन सानुमती नामाप्सराः।**
तदनन्तर विमान से सानुमती नामक अप्सरा का प्रवेश।

* **मेनकासम्बन्धेन शरीरभूता मे शकुन्तला। तया च दुहितृनिमित्तमादिष्टपूर्वाऽस्मि। .....अनयोरेवोद्यानपालिकयोस्तिरस्करिणीप्रतिच्छिन्ना पार्श्ववर्तिनी भूत्वोपलप्स्ये।**
मेनका से उसका (शकुन्तला) का सम्बन्ध होने के कारण शकुन्तला मेरे शरीर के एक भाग के तुल्य है और उसने अपनी पुत्री के लिए मुझसे पहले से कहा हुआ है (कि मैं उसके लिए कुछ करूँ) क्या बात है कि वसन्त ऋतु का उत्सव उपस्थित होने पर भी राजपरिवार में उत्सव का प्रारम्भ दिखाई नहीं पड़ रहा है। मुझे अपनी सखी की प्रार्थना का आदर करना चाहिए।

* **सानुमती के कथन-** उत्सवप्रियाः खलु मनुष्याः।
मनुष्य उत्सवप्रिय होते हैं।

स्थाने खलु प्रत्यादेशविमानिताऽप्यस्य कृते शकुन्तला क्लाम्यतीति।
(राजा को देखकर) परित्याग के द्वारा अपमानित भी शकुन्तला इसके लिए दुःखित रहती है, यह उचित ही है।

* **सानुमती - लतासंश्रिता द्रक्ष्यामि तावत् सख्याः प्रतिकृतिम्। ततोऽस्या भर्तुर्बहुमुखमनुरागं निवेदयिष्यामि॥**
मैं लता का सहारा लेकर अपनी सखी का चित्र देखती हूँ तत्पश्चात् उसके पति के विविध प्रकार से प्रकट हुए प्रेम को उसे बताऊँगी।

* **सानुमती- अहो, ईदृशी स्वकार्यपरता। अस्य सन्तापेनाहं रमे।**
ओह अपने स्वार्थ के प्रति प्रेम ऐसा ही होता है कि मैं उसके (दुष्यन्त) दुःख से प्रसन्न हो रही हूँ।

* **सानुमती - सम्मोहः खलु विस्मयनीयो न प्रतिबोधः।**
(इस राजा का शकुन्तला को) भूलना ही आश्चर्य की बात है, स्मरण करना नहीं।

* **सानुमती- यद्यन्यहस्तगतं भवेत् सत्यमेव शोचनीयं भवेत्।**
यदि यह किसी और के हाथ पड़ जाती तो वस्तुतः शोक की बात हो जाती।

* **सानुमती- रमणीयः खल्ववधिर्विधिना विसंवादितः।**
यह बहुत सुन्दर अवधि थी परन्तु भाग्य ने इसे बिगाड़ दिया।

* **सानुमती- अत एव तपस्विन्याः शकुन्तलाया अधर्मभीरोरस्य राजर्षेः परिणये सन्देह आसीत् । अथवेदृशोऽनुरागोऽभिज्ञानमपेक्षते। कथमिवैतत्?**
इस अधर्म भीरु राजर्षि को बेचारी शकुन्तला के साथ विवाह के विषय में सन्देह हो गया था। अथवा, इस प्रकार का प्रेम अभिज्ञान की अपेक्षा करता है, यह कहाँ तक ठीक है?

* **सानुमती- सदृशमेतत् पश्चात्तापगुरोः स्नेहस्यानवलेपस्य च।**
पश्चात्ताप के कारण बढ़े हुए स्नेह और निरभिमान के योग्य ही यह वक्तव्य है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि अभिज्ञानशाकुन्तलम् में दुष्यन्त की मनःस्थिति जानने के लिए मेनका ने सानुमती को भेजा था। **अतः विकल्प A सही है।**

स्रोत - अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी, पेज 318

109. वेदान्तसार के अनुसार प्रमाता विशेषण है?

(A) ईश्वर का **(B)** जीवन्मुक्त का

(C) विषय का **(D)** अधिकारी का

व्याख्या- सदानन्द प्रणीत वेदान्तसार यह एक प्रकरणग्रन्थ है। जिसमें अनुबन्धचतुष्टय की चर्चा करते हुए कहते हैं- **तत्रानुबन्धो नामाधिकारिविषयसम्बन्धप्रयोजनानि।**

अनुबन्धचतुष्टय- अधिकारी, विषय, सम्बन्ध, प्रयोजन।

(i) अधिकारी- अधिकारी तु विधिवदधीतवेदवेदाङ्गत्वेनापाततोऽधिगताखिलवेदार्थोऽस्मिन् जन्मनि जन्मान्तरे वा काम्यनिषिद्धवर्जनपुरःसरं नित्यनैमित्तिकप्रायश्चित्तोपासनानुष्ठानेन निर्गतनिखिलकल्मषतया नितान्तनिर्मलस्वान्तः **साधनचतुष्टयसम्पन्नः प्रमाता।**

अधिकारी तो वस्तुतः वह जिज्ञासु प्रमाता है जिसने वेद वेदाङ्गों का विधिपूर्वक अध्ययन करके सम्पूर्ण वेदों के अभिप्राय को भली प्रकार जान लिया है। इस जन्म में अथवा पूर्वजन्म में कामनाओं को पूर्ण करने वाले काम्य कर्म तथा शास्त्रों द्वारा निषेध किए गए कर्मों को छोड़ने के साथ-साथ, नित्य, नैमित्तिक, प्रायश्चित्त और उपासना कर्मों के अनुष्ठान से सम्पूर्ण पापों से मुक्त अत्यधिक निर्मल अन्तःकरण वाला होकर साधनचतुष्टय को अपना लिया है। वही अधिकारी है।

(ii)विषय- विषयो जीवब्रह्मैक्यं शुद्धचैतन्यं प्रमेयं तत्रैव वेदान्तानां तात्पर्यात् ।

वेदान्तसार में जीव और ब्रह्म दोनों की एकता प्रतिपादित की गयी है। यही विषय है।

(iii)सम्बन्ध- सम्बन्धस्तु तदैक्यप्रमेयस्य **तत्प्रतिपादकोपनिषत्प्र-माणस्य च बोध्यबोधकभावः।**

जीव और ब्रह्म के ऐक्य रूप प्रमेय और उसका प्रतिपादन करने वाले उपनिषद् वाक्यरूप प्रमाण का परस्पर बोध्यबोधकभाव ही इस शास्त्र का सम्बन्ध है।

(iv)प्रयोजन- प्रयोजनं तु तदैक्यप्रमेयगताज्ञाननिवृत्तिः स्वस्वरूपानन्दावाप्तिश्च तरति शोकमात्मविद् इत्यादि श्रुतेः ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति इत्यादि श्रुतेश्च।

जीव और ब्रह्म के ऐक्य रूप प्रमेय के विषय में वर्तमान अज्ञान की निवृत्ति तथा जीव को वस्तुतः ब्रह्म रूप में जानने वाला ब्रह्म ही हो जाता है- इस मुण्डक श्रुति के अनुसार अपने वास्तविक स्वरूप आनन्द की प्राप्ति इस शास्त्र का प्रयोजन है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि वेदान्तसार के अनुसार प्रमाता विशेषण है अधिकारी का। **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत - वेदान्तसार- राकेश शास्त्री, पेज 122

110. प्रायश्चित्त कर्म क्या है?

(A) सन्ध्यावन्दनादि **(B)** जातेष्टि आदि

(C) चान्द्रायणव्रत **(D)** शाण्डिल्य विद्या

व्याख्या- सदानन्द विरचित वेदान्तसार में काम्य, निषिद्ध, नित्य-नैमित्तिक कर्मों के माध्यम से अधिकारी की योग्यता को स्पष्ट किया गया है-

* **काम्य कर्म-** फल विशेष की प्राप्ति की कामना से किया गया कर्म काम्य कहलाता है जैसे- ज्योतिष्टोम आदि। यथा- काम्यानि स्वर्गादीष्टज्योतिष्टोमादीनि
* **निषिद्ध कर्म-** स्वर्गादि नरक जैसी अनिष्ट स्थितियों में डालने वाले कर्मों को वेदान्तदर्शन में निषिद्ध कर्म कहा गया है। जैसे- ब्राह्मणहत्या आदि।
  निषिद्धानि नरकाद्यनिष्टसाधनानि ब्राह्मणहननादीनि।
* **नित्य कर्म-** ऐसे कर्म, जिनके न करने पर हानि अवश्य ही होती है। जैसे- सन्ध्यावन्दन आदि। यथा- नित्यानि अकरणे प्रत्यवायसाधनानि सन्ध्यावन्दनादीनि।
* **नैमित्तिक कर्म-** कारण विशेष से शास्त्र द्वारा अनुमोदित कर्म ही नैमित्तिक कर्म कहलाते हैं। जैसे- जातेष्टि आदि। यथा- नैमित्तिकानि पुत्रजन्माद्यनुबन्धीनि जातेष्टयादीनि।
* **प्रायश्चित्त कर्म-** अज्ञानवश परिस्थिति विशेष में निषिद्ध कर्मों के पाप निवारणार्थ प्रायश्चित्त कर्म किए जाते हैं। जैसे- चान्द्रायण व्रत आदि। यथा- 'प्रायश्चित्तानि पापक्षयसाधनानि चान्द्रायणादीनि'।
* **उपासना कर्म-** सगुण ब्रह्म में चिन्तनपूर्वक मन को स्थिर करना ही उपासना कर्म है। यथा- 'उपासनानि सगुणब्रह्मविषयमानसव्यापाररूपाणि शाण्डिल्यविद्यादीनि।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि प्रायश्चित्त कर्म चान्द्रायण व्रत हैं। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत - वेदान्तसार- राकेश शास्त्री, पेज 127

111. भाषा के उद्भव सिद्धान्तों में कौन सा नहीं है?

(A) आवेग सिद्धान्त **(B)** वेग सिद्धान्त

(C) सङ्गीत सिद्धान्त **(D)** रणन सिद्धान्त

व्याख्या- भाषा वैज्ञानिकों ने भाषोत्पत्तिविषयक अनेक सिद्धान्तों को निर्दिष्ट किया है।

1. **दिव्योत्पत्ति सिद्धान्त-** प्राचीन मत, दिव्य शक्ति की सत्ता से उत्पन्न होने के कारण दिव्योत्पत्ति सिद्धान्त, वेद, उपनिषद्, दर्शन ग्रन्थ, स्मृतियाँ, अ इ उ ण् आदि 14 माहेश्वरसूत्र। **देवीं वाचमजनयन्त देवास्तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति।** अर्थात् वाग्देवी (भाषा) को देवों ने उत्पन्न किया और उसे सभी प्राणी बोलते हैं।
2. **संकेत सिद्धान्त-** अन्य नाम निर्णयवाद, निर्णय सिद्धान्त, स्वीकारवाद।
प्रवर्तक- 18वीं शती के प्रसिद्ध फ्रेंच विचारक रूसो हैं।
3. **रणन सिद्धान्त-** अन्य नाम धातुसिद्धान्त, अनुरणन सिद्धान्त, अनुरणनमूलकतावाद, अनुरणात्मक अनुकरण, डिंग डाँग वाद।
प्रवर्तक- प्लेटो, संवर्धन-हेस व मैक्समूलर।
4. **ध्वन्यनुकरण सिद्धान्त-** अन्य नाम-अनुकरण सिद्धान्त, ध्वन्यात्मकानुकरण सिद्धान्त, अनुकरणमूलकतावाद, शब्दानुकरणवाद, भों-भों वाद। मूल नाम- ओनोमेटोपोइक थ्योरी।
5. **आवेग सिद्धान्त-** अन्य नाम- मनोभावाभिव्यञ्जकतावाद, मनोभावाभिव्यक्तिवाद, मनोरागव्यंजक शब्दमूलकतावाद, पूँह-पूहवाद,
6. **श्रमध्वनि सिद्धान्त-** अन्य नाम- श्रमापहारमूलकतावाद या यो-हे -हो-वाद,। प्रतिपादक-न्वारे।
7. **इंगित सिद्धान्त-** प्रस्तावक- डॉ. राये, 1930 ई. के लगभग प्रो. रिचार्ड ने अपनी पुस्तक Human..Speech में 'मौखिक इंगित सिद्धान्त' नाम से प्रस्तुत किया है।
8. **संपर्क सिद्धान्त-** प्रवर्तक-जी. रेवेज।
9. **संगीत सिद्धान्त-** समर्थकडार्विन, स्पेन्सर व येम्पर्सन।
10. **प्रतीक सिद्धान्त-** प्रो. स्वीट। प्रारम्भिक भाषा में ऐसे शब्दों को नर्सरी शब्द कहते हैं।
11. **समन्वय सिद्धान्त-** अन्य नाम-सर्वसिद्धान्त संकलन।
12. **प्रतिभा सिद्धान्त** - संस्थापक- आचार्य भर्तृहरि।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि आवेग सिद्धान्त, संगीत सिद्धान्त तथा रणनसिद्धान्त भाषा के उद्भव सिद्धान्त हैं, जबकि वेग सिद्धान्त नहीं है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत - भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र-कपिलदेव , पेज 65, 78

112. योगदर्शन में पदार्थों की संख्या है?

(A) 25 **(B)** 26
(C) 24 **(D)** 22

व्याख्या- महर्षि पतञ्जलि कृत योगदर्शन को **'सेश्वर सांख्य'** कहा जाता है। सांख्य के 25तत्त्वों के अतिरिक्त ईश्वर को क्लेश, कर्म, कर्मों के फल और वासनाओं से सम्बन्धरहित बताया गया है। समाधिपाद, साधनपाद, विभूतिपाद तथा कैवल्यपाद में विभाजित योगदर्शन पर वाचस्पति मिश्र की तत्त्ववैशारदी नामक टीका प्राप्त होती है। इस प्रकार योगदर्शन सांख्य के 25 तत्त्वों के साथ 26 वाँ तत्त्व ईश्वर को स्वीकार करता है-

यथा- **'क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुष-विशेष ईश्वरः'** योगदर्शन। (24)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि योगदर्शन 26 तत्त्वों को स्वीकार करता है।

अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत- सर्वदर्शनसंग्रह - उमाशङ्कर शर्मा ऋषि, पेज 558

113. 'शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली' यह परिभाषा किसकी है?

(A) दण्डी की **(B)** भामह की
(C) मम्मट की **(D)** आनन्दवर्धन की

व्याख्या- * काव्यादर्श- लेखक- दण्डी, समय-सातवीं शताब्दी काव्यलक्षण-'शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली।'

* **काव्यालंकार-** लेखक- भामह, समय- 500ई., काव्यलक्षण- 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्।'
* **काव्यप्रकाश-** लेखक- मम्मट, समय- 1050ई., काव्यलक्षण- 'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि'।
* **ध्वन्यालोक-** लेखक- आनन्दवर्धन, समय- नवम शताब्दी का उत्तरार्द्ध, काव्यलक्षण- 'काव्यस्यात्मा ध्वनिः।
* **साहित्यदर्पण-** लेखक- आचार्य विश्वनाथ, समय-14वीं शताब्दी, काव्यलक्षण- 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्'
* **रसगंगाधर-** लेखक- पण्डितराज जगन्नाथ, समय-17वीं शताब्दी का मध्यभाग, काव्यलक्षण-'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।
* **वक्रोक्तिजीवितम्-** लेखक-कुन्तक, समय- एकादश शताब्दी का पूर्वार्द्ध, काव्यलक्षण- 'वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्'
* **काव्यालंकारसूत्र-** लेखक- वामन, समय- 800-850ई. लगभग, काव्यलक्षण-'रीतिरात्मा काव्यस्य'।

* **औचित्यविचारचर्चा-** लेखक- क्षेमेन्द्र,समय-एकादश-शताब्दी का उत्तरार्ध, काव्यलक्षण-'औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्'।
* **अग्निपुराण-** लेखक- व्यास, काव्यलक्षण- 'संक्षेपाद्वाक्यमिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली'/काव्यं स्फुटदलंकारं गुणवद्दोषवर्जितम्।।
* **शृङ्गारप्रकाश-** लेखक- भोज-, समय- एकादश शताब्दी 1050 ई. लगभग, काव्यलक्षण-'अदोषं गुणवद्काव्य-मलंकारैरलंकृतं रसान्वितः कविः कुर्वन् कीर्तिं प्रीतिं च विन्दति।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि 'शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली' यह परिभाषा दण्डी की है।
अतः विकल्प 'A' सही है।

स्रोत - काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज 24

114. बोधव्यवैशिष्ट्य पर आधारित है-
(A) आर्थीव्यञ्जना **(B)** शाब्दीव्यञ्जना
(C) उपादान लक्षणा **(D)** गौणी लक्षणा

व्याख्या- वाग्देवतावतार आचार्य मम्मट कृत दश उल्लास युक्त काव्यप्रकाश के द्वितीय उल्लास के विषय निम्नलिखित हैं-

त्रिविध शब्द- वाचक, लक्षक, व्यञ्जक।
त्रिविध अर्थ- वाच्य, लक्ष्य, व्यंग्य।
त्रिविध शक्तियाँ- अभिधा, लक्षणा, व्यञ्जना।
काव्यप्रकाशकार ने वाच्य, लक्ष्य, व्यंग्य रूप त्रिविध अर्थों की व्यञ्जकता स्वीकार की है-
'सर्वेषां प्रायशोऽर्थानां व्यञ्जकत्वमपीष्यते'। (का.प्र.)
व्यञ्जना- व्यञ्जना शक्ति दो प्रकार की होती है -
शाब्दी व्यञ्जना तथा आर्थी व्यञ्जना
शाब्दी व्यञ्जना के भी दो भेद हैं -
(1) अभिधामूला व्यञ्जना (2) लक्षणामूला व्यञ्जना
1. **संयोग-**सशंखचक्रो हरिः = विष्णु
2. **विप्रयोग-**अशंखचक्रो हरिः= विष्णु
3. **साहचर्य-** रामलक्ष्मणौ = दशरथपुत्र राम
4. **विरोधिता-**रामार्जुनगतिस्तयोः = परशुराम,कार्तवीर्य
5. **अर्थ-** स्थाणुं भज भवच्छिदे= शिव
6. **प्रकरण-** सर्वं जानाति देवः= राजा
7. **लिंग-** कुपितो मकरध्वजः = कामदेव
8. **अन्यशब्द की सन्निधि-** देवस्य पुरारातेः = शिव
9. **सामर्थ्य-**मधुना मत्तः कोकिलः = वसन्त ऋतु
10. **औचित्य-**पातु वो दयितामुखम् = साम्मुख्य
11. **देश-** भात्यत्र परमेश्वरः = यहाँ परमेश्वर शोभित होते हैं इसमें राजधानी रूप देश के कारण 'राजा' अर्थ में नियन्त्रित हो जाता है।
12. **काल-** चित्रभानुर्विभाति = दिन में सूर्य, रात में अग्नि
13. **व्यक्ति-** मित्रं भाति = सुहृद् /मित्रः = सूर्य।
14. **स्वर आदि-** उदात्त, अनुदात्तादि स्वर तथा अभिनय आदि

आर्थी व्यञ्जना	
1. वक्तृ वैशिष्ट्य	2. बोद्धव्य वैशिष्ट्य
3. काकु वैशिष्ट्य	4. वाक्य वैशिष्ट्य
5. वाच्य वैशिष्ट्य	6. अन्य सन्निधि वैशिष्ट्य
7. प्रस्ताव वैशिष्ट्य	8. देश वैशिष्ट्य
9. काल वैशिष्ट्य	10. चेष्टा वैशिष्ट्य

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि वक्तृ, बोद्धव्य, काकु आदि वैशिष्ट्य पर आर्थी व्यञ्जना आधारित है।
अतः विकल्प 'A' सही है।

स्रोत - काव्यप्रकाश- आचार्य विश्वेश्वर, पेज 82

115. आचार्य मम्मट ने विरोधाभास अलङ्कार के प्रकार माने हैं?
(A) 8 **(B)** 10
(C) 11 **(D)** 12

व्याख्या- विरोधाभास अलंकार- 'विरोधः सोऽविरोधेऽपि विरुद्धत्वेन यद्वचः (10.166)
अर्थात् जहाँ विरोध न होने पर भी (दो वस्तुओं का) विरुद्ध रूप से जो वर्णन किया जाता है, वह विरोध अलंकार है।
भेद- 'जातिश्चतुर्भिर्जात्याद्यैर्विरुद्धा स्याद् गुणस्त्रिभिः (10.167)
यह विरोध अलंकार दस प्रकार का होता है।
1. जाति का जाति के साथ विरोध वर्णन में।
2. जाति का गुण के साथ विरोध वर्णन में।
3. जाति का क्रिया के साथ विरोध वर्णन में।
4. जाति का द्रव्य के साथ विरोध वर्णन में।
5. गुण का गुण के साथ विरोध होने पर।
6. गुण का क्रिया के साथ विरोध होने पर।
7. गुण का द्रव्य के साथ विरोध होने पर।

8. क्रिया का क्रिया के साथ विरोध होने पर।
9. क्रिया का द्रव्य के साथ विरोध होने पर।
10. द्रव्य का द्रव्य के साथ विरोध वर्णन में।

विशेषोक्ति अलंकार- 'विशेषोक्तिरखण्डेषु कारणेषु फलावचः।

भेद- 1. अनुक्तनिमित्ता
2. उक्तनिमित्ता
3. अचिन्त्यनिमित्ता

व्यतिरेक अलंकार- 'उपमानाद् यदन्यस्य व्यतिरेकः स एव सः।' (10.158) अर्थात् उपमान से उपमेय का जो व्यतिरेक (आधिक्य) बताया जाता है, वह व्यतिरेक अलंकार है।

भेद- हेत्वोरुक्तावनुक्तीनां त्रये साम्ये निवेदिते।
शब्दार्थाभ्यामथाक्षिप्ते श्लिष्टे तद्वत् त्रिरष्ट तत्॥

व्यतिरेक अलंकार के 24 भेद निम्नवत् हैं-
1. उपमान से उपमेय का आधिक्य वर्णन है, उसमें उपमेय के आधिक्य के हेतु तथा उपमान के अपकर्ष के हेतु इन दोनों का वर्णन होने से यह प्रथम भेद है।
2. दोनों के अनुक्त होने पर।
3. उत्कर्ष हेतु के अनुक्त होने पर।
4. अपकर्ष हेतु के अनुक्त होने पर।

शब्द, अर्थ व आक्षिप्त होने से प्रत्येक के 3 भेद 4×3 =12 हो जाते हैं। ये बारह भेद श्लेषमूलक या अश्लेषमूलक होने से दो प्रकार के होकर व्यतिरेक के कुल 12 × 2 = 24 भेद बन जाते हैं।

* **अपह्नुति अलंकार-** 'प्रकृतं यन्निषिध्यान्यत्साध्यते सा तु अपह्नुतिः'। (का.प्र. 10.145)
 भेद- (1) शाब्दी अपह्नुतिः।
 (2) आर्थी अपह्नुतिः।
* **रूपक अलंकार-** 'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः।' उपमान और उपमेय का जो अभेद वर्णन होता है, वह रूपक अलङ्कार है।
* **उपमा अलंकार-** 'साधर्म्यमुपमा भेदे'। (का.प्र.10. उपमा के 25 प्रकार ही आचार्य मम्मट को अभीष्ट है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि विरोधाभास अलंकार के 10 प्रकार माने गए हैं। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत - काव्यप्रकाश-आचार्य विश्वेश्वर, पेज 502

116. 'पंगोश्च' सूत्र से किस स्त्री प्रत्यय का विधान होता है-
(A) ऊङ् **(B)** ङीप्
(C) ङीष् **(D)** ङीन्

व्याख्या-
1- ऊङुतः- (4.1.66) ऊङ् प्रत्यय, उदाहरण - कुरूः।
2- ऊरूत्तरपदादौपम्ये (4.1.69) ऊङ् प्रत्यय, उदाहरण- करभोरूः
3- संहितशफलक्षणवामादेश्च- (4.1.70) ऊङ् प्रत्यय, उदाहरण- संहितोरूः शफोरूः, वामोरूः, लक्षणोरूः
4- 'पंगोश्च' (4.1.68) ऊङ् प्रत्यय, पङ्गूः।
5- 'उगितश्च'- ङीप् प्रत्यय, उदाहरण- भवती/भवन्ती/पचन्ती। दीव्यन्ती।
6- 'टिड्ढाणञ्द्वयसज्दघ्नञ्मात्रच्तयप्ठक्ठञ्कञ्क्वरपः'- ङीप् प्रत्यय,उदाहरण-
टित् - कुरुचरी,नदी,
ढ - सौपर्णेयी,
अण् - ऐन्द्री, **अञ् -** औत्सी, **द्वयस् -** ऊरुद्वयसी,
द्वयसच् - ऊरुद्वयसी, **दघ्नच् -** ऊरुदघ्नी
मात्रच्- ऊरुमात्री, **तयप् -** पञ्चतयी।
ठक्- आक्षिकी, **ठञ्-** प्रास्थिकी, लावणिकी,
कञ्- यादृशी, **क्वरप्-** इत्वरी
7- वयसि प्रथमे- ङीप् प्रत्यय, उदाहरण- कुमारी
8- द्विगोः- ङीप् प्रत्यय, उदाहरण- त्रिलोकी,
9- वर्णादनुदात्तात्तोपधात्तोः नः- ङीप् प्रत्यय, उदाहरण- एनी, रोहिणी
10- इन्द्रवरुणभवशर्वरुद्रमृडहिमारण्ययवयवनमातुलाचार्याणामानुक् (4.1.49) ङीष् प्रत्यय, उदाहरण- इन्द्राणी, वरुणानी, हिमानी, अरण्यानी, यवानी, यवनानी, मातुलानी, उपाध्यायानी, आचार्यानी,
11- क्रीतात् करणपूर्वात् (4.1.50)
ङीप् प्रत्यय, उदाहरण- वस्त्रक्रीती
12- स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात् (4.1.54)
ङीष् प्रत्यय, उदाहरण- अतिकेशी, चन्द्रमुखी
13- इतो मनुष्यजातेः (4.1.65)
ङीष् प्रत्यय, उदाहरण- दाक्षी
14- षिद्गौरादिभ्यश्च (4.1.41)
ङीष् प्रत्यय, उदाहरण- गार्ग्यायणी, नर्तकी, गौरी

15- शार्ङ्गरवाद्यञो ङीन् (4.1.73)

ङीन् प्रत्यय, उदाहरण- नारी, बैदी, ब्राह्मणी, शार्ङ्गरवी

16- यूनस्तिः (4.1.77)

ति प्रत्यय, उदाहरण- युवतिः।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि 'पंगोश्च' यह सूत्र 'ऊङ्' स्त्री प्रत्यय का विधान करता है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत - लघुसिद्धान्तकौमुदी - आद्याप्रसाद मिश्र, पेज 141

117. 'सहस्रगुणमुत्स्रष्टुमादत्ते हि रसं रविः' सूक्ति है-

(A) रघुवंश की **(B)** मेघदूत की

(C) अभिज्ञानशाकुन्तल की **(D)** कुमारसम्भव की

व्याख्या- महाकवि कालिदास कृत 19 सर्गात्मक , वीररस युक्त 'रघुवंशम्' महाकाव्य के प्रथम सर्ग में राजा दिलीप के जीवन की गुणवत्ता को सूर्य के सदृश बताया है-

प्रजानामेव भूत्यर्थं स ताभ्यो बलिमग्रहीत्।
सहस्रगुणमुत्स्रष्टुमादत्ते हि रसं रविः॥1/18॥

अर्थात् प्रजा की भलाई के लिए ही वह राजा दिलीप उन सभी (प्रजाओं) से कर लेता था, जैसे कि सहस्रगुणा बरसाने के लिए ही सूर्य जल लेता है।

अभिज्ञानशाकुन्तल-

सप्त अंक युक्त, शृंगार रस प्रधान, वैदर्भी रीत्यात्मक, 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाट्यकृति के धीरोदात्त नायक दुष्यन्त षष्ठ अङ्क में अंगूठी से कहते हैं-

'अचेतनं नाम गुणं न लक्षयेत्।' (6/13)

षष्ठ अङ्क में राजा दुष्यन्त अगूँठी को देखकर कहते हैं कि- हे अगूँठी, सुन्दर और कोमल अगुँलियों वाले उस हाथ को छोड़कर तुम कैसे जल में गिर पड़ी? अथवा अचेतन वस्तु गुणों की ओर ध्यान नहीं देते, किन्तु मैंने ही क्यों प्रिया का अपमान किया?

मेघदूतम् -

विप्रलम्भशृंगार युक्त, खण्डकाव्य मेघदूत में कवि कालिदास कहते हैं- कि अधिक गुण वाले व्यक्ति से की गयी याचना फलवती न होने पर भी उत्तम है, नीच व्यक्ति से फलवती याचना भी अच्छी नहीं है- **'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा'।** (पूर्वमेघ)

कुमारसम्भव-

सप्तदश (17) सर्गात्मक कुमारसम्भव महाकाव्य में ब्रह्मचारी का कथन है- **'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्'।**

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि 'सहस्रगुणमुत्स्रष्टुमादत्ते हि रसं रविः' यह सूक्ति रघुवंशम् में राजा दिलीप के लिए है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत - रघुवंशम् (1/18)-हरगोविन्द शास्त्री, पेज 08

118. 'त्रयीमयाय त्रिगुणात्मने नमः' यह पद्यांश उद्धृत है-

(A) नलचम्पू से **(B)** कादम्बरी कथामुख से

(C) शिशुपालवध से **(D)** अभिज्ञानशाकुन्तलम् से

व्याख्या-

ग्रन्थ मंगलाचरण विधा मङ्गलाचरण

कादम्बरी - नमस्कारात्मक, वंशस्थ छन्द रजोजुषे जन्मनि सत्त्व वृत्तये स्थितौ प्रजानां प्रलये तमस्पृशे अजाय सर्गस्थिति-नाशहेतवे त्रयीमयाय त्रिगुणात्मने नमः

अभिज्ञानशाकुन्तलम् - अष्टमूर्ति शिव जी की उपासना, स्रग्धरा छन्द या सृष्टिः स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं या -हविर्या च होत्री,.. प्रत्यक्षाभिःप्रपन्नस्त- नुभिरवतु वस्ताभि-रष्टाभिरीशः।।

शिशुपालवधम्, वस्तुनिर्देशात्मक, वंशस्थ छन्द, श्रियः पतिः श्रीमति शासितुं जगज्जगन्नि-वासो वसुदेवसद्मनि। वसन्ददर्शावतरन्तमम्बरात् हिरण्य-गर्भाङ्गभुवं मुनिं हरिः।।

नलचम्पूः,-वस्तुनिर्देशात्मक तथा नमस्कारात्मक जयति गिरिसुतायाः कामसन्तापवाहिन्युरसः....मसकृदमृत-बिन्दुस्यन्दिनो वाग्विलासाः (1/1)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'त्रयीमयाय त्रिगुणात्मने नमः' यह पद्यांश कादम्बरी कथामुख से अवतरित है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- कादम्बरी कथामुख (1/1) - तारिणीश झा, पेज 01

119. 'त्रिविक्रमभट्ट' का वंश था-

(A) भट्टवंश **(B)** शाण्डिल्यवंश

(C) भरद्वाजवंश **(D)** गर्गवंश

व्याख्या-

ग्रन्थ	ग्रन्थकार	वंश
नलचम्पू	त्रिविक्रमभट्ट	शाण्डिल्य
कादम्बरी	बाणभट्ट	वत्स/वात्स्यायन
उत्तररामचरितम्	भवभूति	काश्यप
किरातार्जुनीयम्	भारवि	कुशिक
अभिज्ञानशाकुन्तलम्	कालिदास	ब्राह्मण वंश
शिवराजविजय	अम्बिकादत्तव्यास	पराशर गोत्रीय यजुर्वेदी ब्राह्मण त्रिप्रवर 'भीड़ा' वंश

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि त्रिविक्रमभट्ट का वंश शाण्डिल्यवंश है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत - नलचम्पू - तारिणीश झा, पेज 21-26

120. बहिर्विकारं प्रकृतेः पृथग् विदुः।
पुरातनं त्वां पुरुषं पुराविदः।। यह पद्यांश उद्धृत है-

(A) सांख्यकारिका से **(B)** शिशुपालवध से
(C) नलचम्पू से **(D)** मृच्छकटिक से

व्याख्या- सूर्यपूजक माघ की कृति 20 सर्गात्मक, 1650 पद्यात्मक वीररस युक्त शिशुपालवधम् के प्रथम सर्ग में नारद श्रीकृष्ण की परब्रह्मता तथा अध्यात्मज्ञेयता को निरूपित करते हैं-

उदासितारं निगृहीतमानसैर्गृहीतमध्यात्मदृशा कथञ्चन।
बहिर्विकारं प्रकृतेः पृथग्विदुः पुरातनं त्वां पुरुषं पुराविदः।। (1/33)

अर्थात् प्राचीन तत्त्व को जानने वाले विद्वान् योगियों द्वारा अन्तर्दृष्टि से किसी तरह दर्शन किए गए आपको संसार से उदासीन, त्रिगुणात्मक कारणरूप मूलप्रकृति से पृथक् परमपुरुष ऐसा कहते हैं।

अल्पक्लेशं मरणं दारिद्र्यमनन्तकं दुःखम्। (मृच्छ.1/11) चारुदत्त विदूषक के पूछने पर कहता है- मृत्यु कम कष्ट वाली होती है, किन्तु दरिद्रता कभी न समाप्त होने वाला दुःख है।

'अप्रगल्भाः पदन्यासे जननीरागहेतवः' (नलचम्पू 1.6) अर्थात् समुचित शब्द प्रयोग में असमर्थ, सारहीन बातों को कहने के कारण कतिपय कवि अत्यधिक आलाप करने वाले बच्चों के समान होते हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि 'बहिर्विकारं प्रकृतेः पृथग् विदुः। पुरातनं त्वां पुरुषं पुराविदः।।' यह पद्यांश 'शिशुपालवधम्' का है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत - शिशुपालवधम् (1/33)- हरगोविन्द शास्त्री, पेज 23

121. 'भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र'- यह सूक्ति उद्धृत है-

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से **(B)** नलचम्पू से
(C) कादम्बरी से **(D)** शिशुपालवधम् से

व्याख्या- कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अंक में राजा दुष्यन्त की दाहिनी भुजा का फड़कना सुन्दर स्त्री की प्राप्ति का सूचक माना गया है दुष्यन्त का विचार है कि वन में इसकी प्राप्ति कैसे सम्भव है? अथवा भावी (होनहार) घटनाओं के लिए सर्वत्र ही द्वार (मार्ग) हो जाते हैं। यथा-

शान्तमिदमाश्रमपदं स्फुरति च बाहुः कुतः फलमिहास्य
अथवा भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र।। (1/16।।)

⇒ माघकृत शिशुपालवध के प्रथम अंक में नारदमुनि के आगमन पर श्रीकृष्ण द्वारा उनका स्वागत करते हुए कहा गया है- महात्मा लोग अपुण्य आत्माओं के घर पर प्रेम से आना नहीं चाहते। **यथा- 'गृहानुपैतुं प्रणयादभीप्सवो भवन्ति नापुण्यकृतां मनीषिणः'।- 1/14**

⇒ **कादम्बरी (शुकनासोपदेश)** में शुकनास युवराज चन्द्रापीड को युवावस्था में उत्पन्न होने वाला (अज्ञानरूप) अन्धकार से सावधान रहने की शिक्षा दी है। यथा- **'अतिगहनं तपो यौवनप्रभवम्'**

⇒ त्रिविक्रमभट्ट कृत नलचम्पू में बताया गया है कि काव्य और बाण को मर्मस्पर्शी होना चाहिए-

किं कवेस्तेन काव्येन किं काण्डेन धनुष्मतः।
परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिरः।।1/5।।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि **'भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र'** यह सूक्ति अभिज्ञानशाकुन्तलम् की है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत - अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/16)- कपिलदेव, पेज 38

122. ''अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहैः''-यह उक्ति है-

(A) शकुन्तला की **(B)** दुष्यन्त की
(C) विदूषक की **(D)** प्रियंवदा की

व्याख्या- महाकवि कालिदास विरचित 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के द्वितीय अंक में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के विषय में अपना विचार व्यक्त करते हैं-

अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहै-
रनाविद्धं रत्नं मधुनवमनास्वादितरसम्।
अखण्डं पुण्यानां फलमिव च तद्रूपमनघं,
न जाने भोक्तारं कमिह समुपस्थास्यति विधिः।।

(2/10)

अर्थात् अनाघ्रात, अलून, अनाविद्ध इत्यादि गुणों से युक्त शकुन्तला दुष्यन्त को प्रतीत होती है।

⇒ द्वितीय अंक का प्रारम्भ विदूषक के कथन से होता है।

दुर्भाग्य से विदूषक शिकार के व्यसनी राजा की मित्रता से खिन्न हो गया है। यथा (**'भोः दिष्टम् ! एतस्य मृगयाशीलस्य राज्ञो वयस्यभावेन निर्विण्णोऽस्मि'।**)

⇒ तृतीय अंक में प्रियंवदा अपनी सखी अनसूया से शकुन्तला के विषय में वार्ता करती है कि शकुन्तला की आसक्ति पुरुवंशियों में श्रेष्ठ दुष्यन्त पर है। बड़ी नदी समुद्र को छोड़कर और कहाँ उतरती हैं- यथा- **'सागरमुज्झित्वा कुत्र वा महानद्यवतरति'।**

⇒ कालिदास रचित अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में शकुन्तला का कथन है- **हला, पश्य। नलिनी पत्रान्तारितमपि सहचरमपश्यन्त्यातुरा चक्रवाक्यारटति, दुष्करमहं करोमीति।**

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि **'अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहैः'** यह उक्ति दुष्यन्त की शकुन्तला के प्रति है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत - अभिज्ञानशाकुन्तलम् (2/10)-कपिलदेव, पेज 115

123. नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः न चैनं क्लेदयन्त्यापो, न शोषयति मारुतः। इस पद्य में 'एनम्' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(A) आत्मा के लिए **(B)** ब्रह्म के लिए
(C) जगत् के लिए **(D)** चित्त के लिए

व्याख्या- महर्षि वेदव्यास द्वारा विरचित महाभारत के भीष्म पर्वान्तर्गत 18 अध्याय युक्त, 700 श्लोक समन्वित श्रीमद्भगवद्गीता के सांख्ययोग नामक द्वितीय अध्याय के 23 वें श्लोक में आत्मा को परिभाषित किया गया है-

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥ (2/23)

अर्थात् एनम् = इस आत्मा को शस्त्र काट नहीं सकते, अग्नि जला नहीं सकती, पानी गला नहीं सकता तथा वायु सुखा नहीं सकती।

⇒ श्रीमद्भगवद्गीता के ध्यानयोग नामक षष्ठ अध्याय में चित्त की चञ्चलता के बारे में अर्जुन श्रीकृष्ण से कहते हैं-

चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम्।
तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम्॥ (6/34)

अर्थात् हे कृष्ण! यह मन चञ्चल, हठीला तथा बलवान् होने के कारण वायु के समान वश में करना अत्यन्त कठिन है।

⇒ भगवद्गीता के ज्ञानकर्मसंन्यास योग नामक चतुर्थ अध्याय के चौबीसवें श्लोक में ब्रह्म अर्थात् आध्यात्मिक कर्मों द्वारा भगवद् धाम की प्राप्ति होती है-

ब्रह्मार्पणं ब्रह्म हविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।
ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना॥ (4/24)

⇒ भगवद्गीता के राजविद्याराजगुह्ययोग नामक नवम अध्याय के चतुर्थ श्लोक में सम्पूर्ण जगत् को अव्यक्त रूप से भगवान् के अधीन बताया गया है-

मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्तिना।
मत्स्थानि सर्वभूतानि न चाहं तेष्ववस्थितः॥ (9/4)

अर्थात् समस्त दृश्य जगत् अव्यक्त रूप से भगवान् (श्रीकृष्ण) में व्याप्त है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि 'नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि' इस श्लोक में एनं शब्द आत्मा के लिए प्रयुक्त हुआ है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत - श्रीमद्भगवद्गीता (2/23)-गीताप्रेस, पेज 32

124. ''मखशतपरिपूतं गोत्रमुद्भासितं यद्'' यह कथन है-

(A) शर्विलक का **(B)** शकार का
(C) चारुदत्त का **(D)** विदूषक का

व्याख्या- महाकवि शूद्रक प्रणीत सामाजिक रूपक दश अङ्कात्मक प्रकरण 'मृच्छकटिकम्' के दशम अंक में मालिनी छन्द में चारुदत्त का कथन है-

मखशतपरिपूतं गोत्रमुद्भासितं मे,
सदसि निविडचैत्यब्रह्मघोषैः पुरस्तात्।
मम मरणदशायां वर्तमानस्य पापै-
स्तदसदृशमनुष्यैर्घुष्यते घोषणायाम्॥10/12॥

अर्थात् सैकड़ों यज्ञों से पवित्र मेरा कुल यज्ञसभा में तथा भरे हुए पूजा आदि के स्थानों में वेदपाठों से उज्ज्वल रहता था। (वहीं मेरा कुल) मरणदशा में मेरे विद्यमान होने पर इन पापी तथा अयोग्य जनों के द्वारा घोषणा के स्थान पर घोषित किया जा रहा है।

⇒ चतुर्थ अंक में शर्विलक, मदनिका से कहता है- **'साहसे श्रीः प्रतिवसति'।** अर्थात् साहस में लक्ष्मी निवास करती है।

⇒ प्रथम अंक में विदूषक चारुदत्त से कहता है- (मृच्छ. 1/55) **'अलं परकलत्रदर्शनम्'** अर्थात् परायी स्त्री के दर्शन की शंका से मत करो।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि 'मखशतपरिपूतं गोत्रमुद्भासितं यद्' यह कथन चारुदत्त का है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत - मृच्छकटिकम् (10/12) - श्रीनिवास शास्त्री, पेज 304

125. तर्कभाषा में कारणों की संख्या है-

(A) पाँच (B) नव
(C) तीन (D) सात

व्याख्या- कारण '**यस्य कार्यात् पूर्वभावो नियतोऽन्यथा-सिद्धश्च तत्कारणम्**'। अर्थात् जिसकी सत्ता कार्य से पूर्व निश्चित हो और जो अन्यथासिद्ध न हो, उसे कारण कहते हैं। जैसे तन्तु, वेमा आदि पट के कारण हैं।

तर्कभाषा में तीन कारण बताये गए हैं-

(i) समवायिकारण
(ii) असमवायिकारण
(iii) निमित्त कारण

षोडश पदार्थ- प्रमाण-प्रमेय- संशय-प्रयोजन-दृष्टान्त-सिद्धान्त-अवयव- तर्क- निर्णय-वाद-जल्प-वितण्डा-हेत्वाभास-छल- जाति- निग्रहस्थान।

द्वादश प्रमेय- आत्मा, शरीर, इन्द्रिय, अर्थ, बुद्धि, मन, प्रवृत्ति,दोष, प्रेत्यभाव, फल, दुःख, अपवर्ग।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि तर्कभाषा में कारण तीन होते हैं। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत - तर्कभाषा-आचार्य विश्वेश्वर, पेज 25

••••••

उत्तरमाला

1.A	2.C	3.A	4.C	5.D	6.B	7.D	8.B	9.D	10.B	11.A	12.D
13.B	14.B	15.D	16.D	17.C	18.A/C	19.B	20.A	21.A	22.A	23.D	24.C
25.D	26.F	27.B	28.A	29.D	30.D	31.D	32.C	33.D	34.D	35.C	36.B
37.D	38.C	39.A	40.B	41.A	42.B	43.B	44.B	45.C	46.D	47.C	48.C
49.F	50.B	51.B	52.C	53.B	54.B/D	55.B	56.C	57.B	58.D	59.C	60.A
61.D	62.B	63.C	64.D	65.B	66.C	67.B	68.A	69.A	70.C	71.C	72.C
73.C	74.A	75.D	76.C	77.B/C	78.D	79.A	80.B	81.C	82.B/F	83.C	84.D
85.B	86.C	87.D	88.B	89.C	90.D	91.A	92.A	93.A	94.C	95.C	96.B
97.A	98.C	99.B	100.C	101.B	102.D	103.A	104.B	105.C	106.D	107.D	108.A
109.D	110.C	111.B	112.B	113.A	114.A	115.B	116.A	117.A	118.B	119.B	120.B
121.A	122.B	123.A	124.C	125.C							

सर्वज्ञभूषण द्वारा सम्पादित एवं संस्कृतगंगा प्रकाशन से प्रकाशित पुस्तकों का विवरण

क्र.	पुस्तक का नाम	पेज	मूल्य
1.	**वस्तुनिष्ठ संस्कृत–साहित्यम्** (TGT, PGT, UGC, NET हेतु उपयोगी)	320	230
2.	**वस्तुनिष्ठ संस्कृत–व्याकरणम्** (TGT, PGT, UGC-NET में उपयोगी)	312	230
3.	**प्रतियोगितागंगा भाग-1** (TGT, PGT, UGC-NET में अत्यन्त उपयोगी)	448	350
4.	**प्रतियोगितागंगा भाग-2** (TGT, PGT, UGC-NET में अत्यन्त उपयोगी)	576	425
5.	**आख्यातास्मि** (UGC-NET संस्कृत कोड-25 हेतु उपयोगी)	272	180
6.	**प्राख्याता** (UGC–NET संस्कृत कोड-25 हेतु उपयोगी)	320	240
7.	**वैदिकवाङ्मय परीक्षा दृष्टि** UGC-NET एवं हायर Exam में उपयोगी)	232	145
8.	**भारतीयदर्शनसार** (PGT/UGC-NET में उपयोगी)	160	135
9.	**आचार्योऽहम्** (UGC-NET संस्कृत कोड- 73 हेतु उपयोगी)	164	125
10.	**असिस्टेण्ट प्रोफेसर संस्कृत** (Higher Education GDC/GIC हेतु उपयोगी)	124	105
11.	**SUPER-30 GK/GS** (असिस्टेण्ट प्रोफेसर एवं हायर एजुकेशन हेतु)	176	130
12.	**प्रवक्तास्मि** (PGT प्रवक्ता संस्कृत हेतु उपयोगी)	200	125
13.	**व्याख्यास्मि** (PGT प्रवक्ता संस्कृत हेतु उपयोगी)	316	240
14.	**TGT प्रश्न!अस्मि** (TGT/ L. T. संस्कृत हेतु उपयोगी)	232	145
15.	**प्रश्नमीमांसा संस्कृत** (TGT/LT हेतु उपयोगी)	296	140
16.	**TGT व्याख्यात्मिका संस्कृत** (TGT/ L. T. में उपयोगी)	276	190
17.	**मिशन L. T. संस्कृत** (L. T. एवं TGT हेतु उपयोगी)	400	325
18.	**L. T. प्रश्नोत्तरी संस्कृत** (L. T. एवं TGT हेतु उपयोगी)	328	250
19.	**गुरुमन्त्र** (UP-TET/Super TET संस्कृत हेतु उपयोगी)	120	120
20.	**विजयीभव** (UP-TET संस्कृत हेतु उपयोगी)	196	145
21.	**विजयपथ प्रैक्टिस सेट** (UP-TET संस्कृत हेतु उपयोगी)	196	130
22.	**C-TET, शिक्षकोऽहम्** (C-TET हेतु उपयोगी)	216	140
23.	**मिशन हरियाणा** (H-TET लेवल-2 TGT एवं लेवल-3 PGT हेतु उपयोगी)	300	240
24.	**जय हो** (MP वर्ग- 1,2 हेतु उपयोगी)	324	260
25.	**लक्ष्य झारखण्ड** (PGT संस्कृत झारखण्ड के लिए उपयोगी)	284	250
26.	**TGT झारखण्ड संस्कृत**	252	250
27.	**सम्भाषण शब्दकोश** (संस्कृत सम्भाषण हेतु उपयोगी)	208	110

संस्कृतगङ्गा
प्रकाशनम्
शुद्धं सत्यं सरलम्

कोड : SG- 020

UP-TET

प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा, 2018

संस्कृत

विजयी भव

The Powerfull Notes

सर्वज्ञभूषण

शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018

UP TET

प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा

संस्कृत

विजयी भव

लेखक

सर्वज्ञभूषण

प्रकाशक

संस्कृतगङ्गा

59, मोरी, दारागंज, प्रयागराज

मो. 9839852033, 7800138404

- **प्रकाशक**
  संस्कृतगङ्गा (पञ्जीकृत)
  59, मोरी, दारागञ्ज, इलाहाबाद
  (कोतवाली दारागञ्ज के आगे, गङ्गाकिनारे संकटमोचन छोटे हनुमान् मन्दिर के पास), Mb. : 9839852033
  email-Sanskritganga@gmail.com

- **प्रकाशन-सहयोग**
  युनिवर्सल बुक
  1519 अल्लापुर, इलाहाबाद
  ☎ : 0532-2503638

- मुख्यवितरक
  राजू पुस्तक केन्द्र
  अल्लापुर, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश)
  मो० 9453460552
- पुस्तकें डाक द्वारा भी आर्डर कर सकते हैं–
  Mob. : 7800138404
  9839852033

- **अक्षर संयोजक- मिथिलेश**

- **पृष्ठ विन्यास- कृष्णा कम्प्यूटर संस्थान,**
  मोरी, दारागंज

- **प्रथम संस्करण –** नवम्बर - 2018
- **मूल्य – ₹ 99/-** (निन्यान्बे रुपये मात्र)

पुस्तक प्राप्ति के स्थान

1. राजू पुस्तक भण्डार, अल्लापुर, इलाहाबाद
   सम्पर्क सूत्र : 0532-2503638, 9453460552
2. संस्कृतगङ्गा, दारागञ्ज, इलाहाबाद - 7800138404
3. गौरव बुक एजेन्सी, कैण्ट, वाराणसी
4. विजय मैग्जीन सेन्टर, बलरामपुर
5. जायसवाल बुक सेन्टर, हरदोई – 9415414569
6. शिवशंकर बुक स्टाल, जौनपुर
7. न्यू पूर्वांचल बुक स्टाल, जौनपुर – 9235743254
8. कृष्णा बुक डिपो बस्ती – 8182854095
9. मौर्या बुक डिपो, पाण्डेयपुर, वाराणसी– 9454735892
10. मनीष बुक स्टोर, गोरखपुर – 9415848788
11. द्विवेदी ब्रदर्स, गोरखपुर – 0551-344862
12. विद्यार्थी पुस्तक मन्दिर, गोरखपुर – 9838172713
13. रंजन मिश्रा, गोरखपुर (बस स्टैण्ड)
14. आशीर्वाद बुक डिपो, अमीनाबाद, लखनऊ
15. मालवीय पुस्तक केन्द्र, अमीनाबाद, लखनऊ – 9918681824
16. मॉडर्न मैग्जीन बुक शॉप, कपूरशाला, लखनऊ
17. साहू बुक स्टॉल, अलीगंज, लखनऊ – 9838640164
18. भूमि मार्केटिंग, लखनऊ – 9450520503
19. दुर्गा स्टोर, राजा की मण्डी, आगरा – 9927092063
20. महामाया पुस्तक केन्द्र, बिलासपुर – 09907418171
21. डायमण्ड बुक स्टाल, ज्वालापुर, हरिद्वार
22. कम्पटीशन बुक हाउस, सब्जी मण्डी रोड, बरेली – 9897529906
23. अजय गुप्ता बुक स्टोर, लखीमपुर – 809062054
24. शिवशंकर बुक स्टाल, रीवा – 9616355944
25. कृष्णा बुक एजेन्सी, वाराणसी – 9415820103
26. गर्ग बुक डिपो, जयपुर
27. अग्रवाल बुक सेन्टर, मुखर्जी नगर, नयी दिल्ली
28. चौखम्भा प्रकाशन, वाराणसी (सभी बुक स्टालों पर)
    मो. – 9839243286, 9415508311, 0532-2420414
29. विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक वाराणसी – 0542-2413741
30. मोतीलाल बनारसी दास, वाराणसी
31. केशवी बुक डिस्ट्रीब्यूटर्स, नयी दिल्ली – 93
32. महावीर बुक स्टाल, खजूरी बाजार, इन्दौर
33. हिन्दी बुक डिपो, मुरादाबाद – 94566888596
34. माँ बुक स्टेशनर्स, शहडोल छत्तीसगढ़ – 9406754644
35. ज्ञानगंगा, राँची, झारखण्ड – 9234249100

प्राक्कथन

प्रिय संस्कृतबन्धो!

नमः संस्कृताय।

- UP-TET (संस्कृत) एवं प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा-2018 को ध्यान में रखकर यह ''**विजयी भव**'' नामक पुस्तक सभी संस्कृत प्रेमियों को समर्पित है।

- UP-TET संस्कृत के पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर इस पुस्तक को तैयार किया गया है, कोशिश की गयी है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद् की कक्षा 6 से 12 तक की पुस्तकों में जो सूत्र उदाहरण आदि दिये गये हैं उन्हीं को आधार बनाकर इसे लिखा जाय; जो आपकी परीक्षा के लिए अत्यन्त उपयोगी हो।

- संस्कृतगङ्गा के सम्पादक मण्डल ने अथक परिश्रम करके इस पाठ्यसामग्री को तैयार किया है इसके लिए सभी सदस्यों को हार्दिक धन्यवाद। विशेषकर **अम्बिकेश, सत्यप्रकाश, सुमन और मिथिलेश** को।

- साथ ही संस्कृतगङ्गा कार्यालयीय कार्यों के हमारे सभी सहयोगियों को भी साधुवाद जो मुद्रण सम्बन्धी सभी कार्यों को यथासमय पूरा करते हैं। विशेष रूप से गोपेश, अविनाश कुमार (शिवम्), जितेन्द्र (मामा बवाली), कृष्णकुमार, रामप्रसाद, सन्तोष कुमार यादव (साहब जी), जितेन्द्र मिश्र, योगेश (मुनि जी), नितिन जी (सपत्नीक), राकेश पाण्डेय, दीक्षा, शिवानी, जूही, प्रीती आदि।

- अन्त में अपने सुहृदवर ब्रह्मानन्द मिश्र को सादर नमन जिन्होंने **कृष्णा कम्प्यूटर संस्थान** को संस्कृतगङ्गा की नींव के रूप में विकसित किया है और इस सम्पूर्ण पुस्तक की अन्तः चेतना एवं बाह्य शरीर के वही ब्रह्मा (निर्माणकर्ता) हैं।

- मित्रों यह प्रयास किया गया है कि पुस्तक में मुद्रणदोष न हो, इसलिए पाँच बार इसका प्रूफ पढ़ा गया है किन्तु भूलवशात् कुत्रचित् दोष दिखायी पड़े तो हमें नीचे लिखे मोबाइल नम्बरों पर अवश्य सूचित करें ताकि आगामी संस्करण में उसे दूर किया जा सके।

सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा की शुभकामनायें।

''विजयी भव''

दिनाङ्क - 01 नवम्बर, 2018

सम्पर्क सूत्र - 8004545096
9839852033

भवदीय
सर्वज्ञभूषण
संस्कृतगङ्गा,
दारागञ्ज, प्रयागराज

UP-TET संस्कृत पाठ्यक्रम (प्राथमिक स्तर 1-5)

1. वर्ण विचार- स्वर, व्यञ्जन
2. माहेश्वर सूत्र
3. प्रत्याहार
4. वर्णों का उच्चारणस्थान
5. वर्णों का आभ्यन्तर एवं बाह्यप्रयत्न
6. व्याकरणशास्त्र की प्रसिद्ध संज्ञायें एवं परिभाषायें
   गुण, वृद्धि, ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत, अनुनासिक, लिङ्ग, वचन, पुरुष, विभक्ति, कारक, गण, लकार आदि
7. सन्धि (स्वर, व्यञ्जन एवं विसर्ग)
8. समास (पाँच प्रकार)
9. कारक (प्रमुख सूत्र)
10. प्रत्यय- क्त्वा, ल्यप्, तव्यत्, अनीयर्, तुमुन्, क्त, क्तवतु, शतृ, शानच्, ल्युट्, आदि।
11. उपसर्ग एवं अव्यय
12. पर्यायवाची शब्द
13. विलोमशब्द
14. वाच्यपरिवर्तन (कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य, भाववाच्य)
15. शरीर के अंगों के नाम, घर, परिवार, परिवेश, पशु, पक्षी, एवं घरेलू उपयोग की वस्तुओं के संस्कृत नाम
16. **शब्दरूप-**
   (i) अकारान्त पुंलिङ्ग - राम, बालक, छात्र आदि
   (ii) इकारान्त पुंलिङ्ग - हरि, मुनि, कवि आदि
   (iii) उकारान्त पुंलिङ्ग - गुरु, भानु, साधु आदि
   (iv) ऋकारान्त पुंलिङ्ग - पितृ, मातृ, जामातृ आदि
   (v) आकारान्त स्त्रीलिङ्ग - रमा, बालिका, लता आदि
   (vi) ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग - नदी, जननी, नगरी आदि
   (vii) ऋकारान्त स्त्रीलिङ्ग - मातृ, स्वसृ, दुहितृ आदि
   (viii) अकारान्त नपुंसकलिङ्ग - फल, जल, ज्ञान आदि
17. **सर्वनाम रूप-** तद्, एतद्, यत्, किम्, सर्व, अस्मद्, युष्मद्, भवत् आदि।
18. **धातुरूप (क्रियायें) -** भू, गम्, पठ्, वस्, अस्, शक्, प्रच्छ्, पा, दृश्, स्था, नी, नश्, आप्, इष्, लिख्, वद्, लभ्, कथ्, दा, ज्ञा, कृ, कृष्, श्रि, हन्।
19. संस्कृतसंख्यायें (1 से 100 तक)
20. कवियों एवं लेखकों की रचनायें
21. संस्कृत सूक्तियाँ
22. अपठित अनुच्छेद

UP-TET (संस्कृत)

संस्कृत- सम् + कृ + क्त (सुट् का आगम)
'संस्कृत' शब्द का अर्थ है- शुद्ध, परिष्कृत, परिमार्जित, परिनिष्ठित। अतः संस्कृत भाषा का अर्थ है- शुद्ध एवं परिमार्जित भाषा।

व्याकरण- वि + आङ् + √कृ + ल्युट्
'व्याक्रियन्ते व्युत्पाद्यन्ते अनेन इति व्याकरणम्' जिसके माध्यम से शब्दों की व्युत्पत्ति या निष्पत्ति बतायी जाय, वह व्याकरण है। व्याकरण 'शब्दशास्त्र' या 'पदशास्त्र' है।

त्रिमुनि- संस्कृत व्याकरण के त्रिमुनि हैं-
1. पाणिनि
2. कात्यायन/वररुचि
3. पतञ्जलि

अष्टाध्यायी- व्याकरणशास्त्र का महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है- अष्टाध्यायी जो महर्षि पाणिनि की रचना है।

- अष्टाध्यायी में 8 अध्याय, प्रत्येक अध्याय में 4-4 पाद हैं, तो कुल मिलाकर 8×4 = 32 पाद हैं, तथा 3978 अर्थात् लगभग 4000 सूत्र हैं। इसीलिए पाणिनि को **'सूत्रकार'** कहा गया है।
- अष्टाध्यायी का प्रथम सूत्र- 'वृद्धिरादैच् (1.1.1) तथा अन्तिम सूत्र 'अ अ' (8.4.67) है।
- महर्षि कात्यायन या वररुचि ने अष्टाध्यायी के सूत्रों पर वार्तिक लिखा, इसीलिए इन्हें **'वार्तिककार'** कहते हैं।
- महर्षि पतञ्जलि ने अष्टाध्यायी के 4000 सूत्रों पर एक विस्तृत भाष्य लिखा; जिसे **'महाभाष्य'** कहते हैं। इसीलिए व्याकरण शास्त्र के **'भाष्यकार'** के रूप में पतञ्जलि प्रसिद्ध हैं।
  महाभाष्य में कुल 84 'आह्निक' हैं।
- भट्टोजिदीक्षित ने सूत्रों पर वृत्ति लिखी इसीलिए इन्हें **'वृत्तिकार'** के नाम से जानते हैं। 'सिद्धान्तकौमुदी' इनकी प्रसिद्ध रचना है।

वर्ण विचार

- **वर्ण अथवा अक्षर-** हम मुख से जिन ध्वनियों का उच्चारण करते हैं, उन्हें 'वर्ण' अथवा 'अक्षर' कहते हैं। वैसे तो 'न क्षरति इति अक्षरः' ऐसा 'अक्षर' शब्द का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ है। अर्थात् जिनका क्षरण या विनाश न हो वे अक्षर हैं, जैसे- अ, इ, उ, क्, ख्, ग् आदि, परन्तु सामान्यतया 'वर्ण' या 'अक्षर' समानार्थी समझे जाते हैं। वर्ण दो प्रकार के होते हैं-
  (i) स्वर और (ii) व्यञ्जन

स्वर (अच्)

स्वर - 'स्वयं राजन्ते इति स्वराः' -
स्वर वे ध्वनियाँ हैं, जिनके उच्चारण के लिए किसी अन्य वर्ण की आवश्यकता नहीं होती। जैसे- 'अ' के उच्चारण में किसी अन्य स्वर या व्यञ्जन वर्णों की सहायता नहीं लेनी पड़ती इसीलिए 'अ' स्वर है। इसप्रकार अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ- ये सभी स्वर हैं।

1. स्वरों की संख्या- संस्कृत व्याकरणशास्त्र में स्वरों की संख्या 09 मानी गयी है।
जैसे- अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ। ये सभी स्वर 'अच्' प्रत्याहार के अन्तर्गत परिगणित हैं इसीलिए स्वरों को 'अच्' भी कहा जाता है।

2. मूल स्वर- मूल स्वर 05 हैं। अ, इ, उ, ऋ, ऌ यें पाँच मूलस्वर कहे जाते हैं।

3. संयुक्त स्वर- ए, ओ, ऐ, औ - ये चार संयुक्त या मिश्रित स्वर कहे जाते हैं।
जैसे- अ + इ = ए
अ + उ = ओ
अ + ए = ऐ
अ + ओ = औ

नोट- ऊकालोऽज्झस्वदीर्घप्लुतः (1.2.27) सूत्र से एकमात्रिक , द्विमात्रिक तथा त्रिमात्रिक स्वरों की क्रमशः ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत संज्ञा होती है।

स्वरों के भेद- स्वरों के मुख्यतया तीन भेद हैं-

1. ह्रस्व स्वर- जिन स्वरों के उच्चारण में एक मात्रा का समय लगे, उन्हें ह्रस्व स्वर कहते हैं-
जैसे- अ, इ, उ, ऋ, ऌ ये सभी ह्रस्व स्वर हैं।

2. दीर्घ स्वर- जिन स्वरों के उच्चारण में दो मात्रा का समय लगे, वे दीर्घस्वर कहे जाते हैं-
जैसे- आ, ई, ऊ, ॠ, ए, ओ, ऐ, औ।

3. प्लुत स्वर- जिन स्वरों के उच्चारण में दो मात्रा से अधिक अर्थात् तीन मात्रा का समय लगे इन्हें प्लुतस्वर कहते हैं। प्लुतस्वरों

की पहचान के लिए '३' यह चिह्न लगाया जाता है।
जैसे- अ-३, इ-३, उ-३ आदि।
'ओ३म्'- यह स्वर त्रैमात्रिक है, जिसका प्रयोग प्रायः वेदों में होता है। यहाँ 'ओ' प्लुतस्वर है।

वर्णों का उच्चारण काल

एकमात्रो भवेत् ह्रस्वो द्विमात्रो दीर्घ उच्यते।
त्रिमात्रस्तु प्लुतो ज्ञेयो व्यञ्जनं चार्धमात्रिकम्॥

अर्थात्- ह्रस्व स्वर की एकमात्रा, दीर्घस्वर की दो मात्रा एवं प्लुत स्वरों को त्रिमात्रिक समझना चाहिए। व्यञ्जन वर्णों की आधी मात्रा जाननी चाहिए।

एकमात्रिक स्वर- अ, इ, उ, ऋ, ऌ (ह्रस्व स्वर)।
द्विमात्रिक स्वर- आ, ई, ऊ, ॠ, ए, ओ, ऐ, औ (दीर्घ स्वर)
त्रिमात्रिक स्वर- अ-३, इ-३, उ-३, ऋ-३ आदि। (प्लुत स्वर)
अर्द्धमात्रिक वर्ण- क् ख् ग् घ् ङ् च् छ् ज् (सभी व्यञ्जनवर्ण) आदि।

मात्राकाल- पलक झपकने के समय को एकमात्राकाल कहते हैं।

व्यञ्जन (हल् वर्ण)

व्यञ्जन- 'अन्वग् भवति व्यञ्जनम्'
व्यञ्जन वे वर्ण हैं, जो स्वतन्त्र रूप से न बोले जा सकें; अर्थात् जिनका उच्चारण स्वर की सहायता के बिना नहीं हो सकता।

जैसे- क् + अ = क
ख् + अ = ख
ग् + अ = ग आदि।

- व्याकरण में जो शुद्ध व्यञ्जन वर्ण होंगे उन्हें हलन्त के साथ ही लिखा जाता है। जैसे- क् च् ट् त् प् आदि। इसीलिए इन्हें अर्धमात्रिक वर्ण कहा गया है। **'व्यञ्जनं चार्धमात्रिकम्'।**
- सभी व्यञ्जन वर्ण 'हल्' प्रत्याहार में समाहित होते हैं अतः व्यञ्जनों को **'हल्'** भी कहते हैं। कुल व्यञ्जन वर्ण 33 माने गये हैं। जो कि माहेश्वर सूत्रों के 'हयवरट्' से लेकर 'हल्' तक 10 सूत्रों में कहे गये हैं।

व्यञ्जन के प्रकार- मुख्यरूप से व्यञ्जन के तीन प्रकार होते, हैं; जो माहेश्वरसूत्रों में गिने गये हैं।
1. स्पर्श व्यञ्जन 2. अन्तःस्थ व्यञ्जन 3. ऊष्म व्यञ्जन।
चतुर्थ प्रकार है 4. संयुक्त व्यञ्जन (जो माहेश्वर सूत्रों में परिगणित नहीं है)

(i) स्पर्श व्यञ्जन- जिन वर्णों के उच्चारण में मुख के विभिन्न अवयवों (भागों) का स्पर्श होता है; उन्हें स्पर्श व्यञ्जन कहते हैं। इसकी संख्या 25 होती है- क से लेकर म तक के वर्ण स्पर्श व्यञ्जन हैं। ये वर्ण कण्ठ, तालु, मूर्धा, दन्त आदि स्थानों को स्पर्श करने के बाद उच्चरित होते हैं। इसीलिए **'स्पर्श'** हैं।

'कादयो मावसानाः स्पर्शाः'
क वर्ग- क् ख् ग् घ् ङ्
च वर्ग- च् छ् ज् झ् ञ्
ट वर्ग- ट् ठ् ड् ढ् ण्
त वर्ग- त् थ् द् ध् न्
प वर्ग- प् फ् ब् भ् म्

वर्ग- इनमें से 5-5 वर्णों के जो समूह बने हैं, इन समूहों का नाम है- वर्ग। ये वर्ग उच्चारणस्थान के आधार पर बने हैं।

जैसे- (i) क् ख् ग् घ् ङ् ये पाँच व्यञ्जन कण्ठ से बोले जाते हैं, अतः इन सबका एक वर्ग बनाया गया जिसका नाम रखा गया **'कवर्ग'**। कण्ठ से उच्चरित होने के कारण इन्हें **'कण्ठ्यवर्ण'** भी कहते हैं।
इसीप्रकार (ii) च् छ् ज् झ् ञ् ये पाँच व्यञ्जन तालु से बोले जाने के कारण **'तालव्यवर्ण'** कहे जाते हैं, इस वर्ग का नाम है- **'चवर्ग'**।
(iii) ट् ठ् ड् ढ् ण् - मूर्धा से उच्चारण होने के कारण **'मूर्धन्यवर्ण'** हैं। इस वर्ग का नाम है- **'टवर्ग'**।
(iv) त् थ् द् ध् न् - दन्त से उच्चारण होने के कारण **'दन्त्यवर्ण'** हैं। इस वर्ग को **'तवर्ग'** कहते हैं।
(v) प् फ् ब् भ् म् - ये पाँच व्यञ्जन ओष्ठ से बोले जाते हैं, अतः ये **'ओष्ठ्यवर्ण'** कहे जाते हैं, इस वर्ग का नाम **'पवर्ग'** है।
इसप्रकार कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, पवर्ग कुल **पाँच वर्ग** होते हैं, तथा प्रत्येक वर्ग के अन्तर्गत 5-5 वर्ण आते हैं अतः 5×5 = **25 वर्ण** वर्गाक्षिर या वर्गीय व्यञ्जन, या स्पर्श व्यञ्जन कहे जाते हैं।

उदित् - 'कु चु टु तु पु एते उदितः'। इन्ही पाँच वर्गों का लघुनाम या दूसरा नाम कु चु टु तु पु भी है। इनमें 'उ' की इत् संज्ञा होती है, अतः ये उदित् कहलाते हैं।
संस्कृत व्याकरण में जब भी 'कु' कहा जाएगा तो उस का अर्थ होगा- कवर्ग अर्थात् क् ख् ग् घ् ङ्।
'चु' का मतलब चवर्ग अर्थात् - च् छ् ज् झ् ञ्।
'टु' का अर्थ होगा टवर्ग अर्थात् ट् ठ् ड् ढ् ण्
'तु' का अर्थ है- तवर्ग अर्थात् - त् थ् द् ध् न्।
'पु' का अर्थ है- पवर्ग अर्थात् - प् फ् ब् भ् म्।

जैसे-
(i) 'कुहोश्चुः' सूत्र में 'कु' का अर्थ 'कवर्ग' है और 'चु' का अर्थ चवर्ग है।
(ii) 'चुटू' सूत्र में 'चु' का अर्थ चवर्ग है और 'टु' का अर्थ टवर्ग है।

व्यञ्जन (33 वर्ण)

- **स्पर्श**
  - कवर्ग- क् ख् ग् घ् ङ्
  - चवर्ग- च् छ् ज् झ् ञ्
  - टवर्ग- ट् ठ् ड् ढ् ण्
  - तवर्ग- त् थ् द् ध् न्
  - पवर्ग- प् फ् ब् भ् म्
  - **कादयो मावसानाः स्पर्शाः**
- **अन्तःस्थ (यण्)**
  - य् व् र् ल्
  - **यणोऽन्तस्थाः**
- **ऊष्म (शल्)**
  - श् ष् स् ह्
  - **शल ऊष्माणः**
- **संयुक्त व्यञ्जन**
  - क्ष त्र ज्ञ आदि

अन्तःस्थ व्यञ्जन- 'यणोऽन्तःस्थाः' यण् प्रत्याहार के अन्तर्गत आने वाले य् व् र् ल् ये चार वर्ण अन्तःस्थ व्यञ्जन कहे जाते हैं।

ऊष्म व्यञ्जन- 'शल ऊष्माणः' शल् प्रत्याहार के अन्तर्गत परिगणित श् ष् स् ह् ये चार वर्ण ऊष्म व्यञ्जन कहे जाते हैं।

मिश्रित या संयुक्त व्यञ्जन- दो व्यञ्जन वर्णों के मेल से जो वर्ण बनते हैं उन्हें संयुक्त या मिश्रित व्यञ्जन कहते हैं।

जैसे- क् + ष् + अ = क्ष

त् + र् + अ = त्र

ज् + ञ् + अ = ज्ञ

अयोगवाह- वर्णमातृका (वर्णमाला) में पढे हुए वर्णों के अतिरिक्त चार वर्ण और भी हैं-

(i) अनुस्वार (ii) विसर्ग (iii) जिह्वामूलीय (iv) उपध्मानीय

- वर्णमाला तथा माहेश्वरसूत्रों में न पढे जाने के कारण ये अयोगवाह कहलाते हैं।

(i) अनुस्वार तथा विसर्ग- ''अं अः इत्यचः परावनुस्वारविसर्गौ''

अं और अः ये अच् के बाद आने पर क्रमशः अनुस्वार और विसर्ग कहलाते हैं।

- बालकं रामं श्यामं आदि में मकार के बाद अकार के ऊपर जो बिन्दु (ं) है उसका नाम अनुस्वार है। इसका उच्चारणस्थान 'नासिका' है। **''नासिकाऽनुस्वारस्य''**
- रामः श्यामः ग्रामः आदि में मकारोत्तर अकार के बाद जो दो बिन्दु (ः) है, उसी को विसर्ग (ः) कहते हैं।
- इसका उच्चारणस्थान 'कण्ठ' है- **''अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः।''**

जिह्वामूलीय- ''ᳵक, ᳵख इति कखाभ्यां प्रागर्धविसर्गसदृशो जिह्वामूलीयः''

ᳵक, ᳵख के पहले जो आधे विसर्ग के समान लिखा जाता है, उसे जिह्वामूलीय वर्ण कहते हैं।

यथा- बालक ᳵक्रीडति। बालक ᳵखेलति।

- इसका उच्चारण कण्ठ के भी नीचे 'जिह्वामूल' से होता है।- **''जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम्''**
- ''कुप्वोः ᳵक ᳵपौ च सूत्र से विसर्ग ही विकल्प से जिह्वामूलीय बन जाता है, नहीं तो विसर्ग भी रह सकता है।

उपध्मानीय- ''ᳵप ᳵफ इति पफाभ्यां प्रागर्धविसर्गसदृश उपध्मानीयः''

ᳵप ᳵफ के पहिले जो आधे विसर्ग के समान लिखा जाता है, उसे 'उपध्मानीय वर्ण' कहते हैं। जैसे- वृक्ष ᳵपतति। वृक्ष ᳵफलति। इसका उच्चारणस्थान ओष्ठ है। **''उपूपध्मानीयानां ओष्ठौ''**

''कुप्वोः ᳵक ᳵपौ च'' सूत्र से विसर्ग ही विकल्प से उपध्मानीय बन जाता है।

कार और इफ प्रत्यय- ''वर्णात्कारः'' संस्कृत व्याकरण में वर्णों में 'कार' प्रत्यय लगाकर बोलना चाहिए।

यथा- अ + कार = अकार

क + कार = ककार, ख से खकार, ग से गकार आदि।

'र' में 'इफ' प्रत्यय (र + इफ) लगाकर 'रेफ' कहना चाहिए।

आनुपूर्वी या पदों का अन्तक्रम- किसी भी शब्द में वर्ण जिस क्रम से व्यवस्थित रहते हैं; उस क्रम का नाम आनुपूर्वी होता है। जैसे 'बालक' शब्द में छह वर्ण हैं- ब् आ ल् अ क् अ।

'राम' शब्द में चार वर्ण हैं- र् आ म् अ।

- 'बालक' और 'राम' के अन्त में अकार है अतः ये अकारान्त शब्द हैं।
- इसीप्रकार हरि, कवि, रवि, ऋषि, कपि आदि इकारान्त हैं।
- भानु, गुरु, शिशु आदि उकारान्त शब्द हैं।
- पितृ, भ्रातृ, मातृ, जामातृ आदि ऋकारान्त शब्द हैं।
- राजन्, आत्मन् आदि नकारान्त हैं, मनस्, पयस्, यशस् आदि सकारान्त हैं, सरित्, जगत् आदि तकारान्त हैं।

वर्ण
- स्वर
  - ह्रस्व: अ, इ, उ, ऋ, ऌ
  - दीर्घ: आ, ई, ऊ, ॠ, ए, ओ, ऐ, औ
  - प्लुत: अ-३, उ-३, ऋ-३ आदि।
- व्यञ्जन
  - स्पर्श: क से म तक 25 वर्ण
  - अन्तःस्थ: यण् य् व् र् ल् 4 वर्ण
  - ऊष्म: शल् श् ष् स् ह् 4 वर्ण
  - मिश्रित/संयुक्त: क्ष त्र ज्ञ आदि

माहेश्वर सूत्र

महर्षि पाणिनि ने संस्कृत का व्याकरण बनाने की इच्छा से घोर तप करके भगवान् महेश्वर (शिव) को प्रसन्न किया। प्रसन्न होकर शिव ने नृत्य के साथ जो डमरू वादन किया उसी से महर्षि पाणिनि को ये 14 सूत्र सुनायी पड़े। भगवान् महेश्वर के डमरू से उत्पन्न होने के कारण इन्हें ''**माहेश्वर सूत्र**'' कहा जाता है।

नृत्तावसाने नटराजराजो ननाद ढक्कां नवपञ्चवारम्।
उद्धर्तुकामः सनकादिसिद्धान् एतद्विमर्शे शिवसूत्रजालम्॥

नटराजराज भगवान् शिव ने नृत्य के अवसान में सनकादि सिद्धों के उद्धार की कामना से चौदह बार डमरू बजाया जिसमें 14 शिवसूत्रों का ताना बाना निहित था।

- अइउण् ऋऌक् आदि ये चौदह सूत्र हैं इसलिए इन्हें ''**चतुर्दशसूत्र**'' कहते हैं।
- इन्हीं सूत्रों से प्रत्याहार बनाये जाते हैं, अतः इन्हें ''**प्रत्याहारसूत्र**'' भी कहते हैं।
- भगवान् शिव के डमरू से निकलकर पाणिनि को प्राप्त हुए हैं, अतः इन्हें ''**शिवसूत्र**'' या ''**माहेश्वरसूत्र**'' भी कहते हैं।
- इन सूत्रों में संस्कृत वर्णमाला है अतः इन्हें ''**वर्णसमाम्नायसूत्र**'' भी कहते हैं।

चतुर्दश माहेश्वर सूत्र–

1. अइउण् 2. ऋऌक् 3. एओङ् 4. ऐऔच्
5. हयवरट् 6. लण् 7. ञमङणनम्
8. झभञ् 9. घढधष् 10. जबगडदश्
11. खफछठथचटतव् 12. कपय्
13. शषसर् 14. हल्

माहेश्वरसूत्रों के विषय में ज्ञातव्य तथ्य–

- माहेश्वरसूत्रों में सबसे पहिले स्वर हैं; उसके बाद अन्तःस्थ वर्ण य् व् र् ल् हैं। उसके बाद वर्गों के पञ्चम वर्ण, फिर चतुर्थ वर्ण, तदनन्तर तृतीयवर्ण फिर द्वितीय वर्ण तब प्रथमवर्ण, सबसे अन्त में श् ष् स् ह् ये चार ऊष्म वर्ण गिने गये हैं।
- इन चतुर्दशसूत्रों के अन्त में जो ण् क् ङ् च् आदि व्यञ्जन वर्ण हलन्त हैं उनका नाम 'इत्' है। ''**एषाम् अन्त्याः इतः**''
- इन इत्संज्ञक वर्णों का लोप हो जाता है। कुल 14 इत्संज्ञक वर्ण होते हैं। 'लण्' सूत्र का अकार भी इत्संज्ञक होने से इत्संज्ञक वर्ण 15 भी कहे जा सकते हैं। ''**लण्मध्ये तु इत्संज्ञकः**'' इत् को 'अनुबन्ध' भी कहा जाता है। अर्थात् 'अनुबन्ध' और 'इत्' पर्यायवाची हैं।
- प्रत्याहार बनाने में इत्संज्ञकवर्णों का प्रयोग किया जाता है किन्तु प्रत्याहार के अन्तर्गत वर्णों की गिनती में इन इत्संज्ञक वर्णों को नही गिना जाता है।
  जैसे- 'अच्' प्रत्याहार ''अइउण् ऋऌक् एओङ् ऐऔच्'' इन चार सूत्रों से बना है। यहाँ अइउण् के 'अ' से लेकर ऐऔच् के 'च्' के बीच आने वाले सभी वर्ण ''अच्'' प्रत्याहार में गिने जायेंगे किन्तु ''ण् क् ङ् और च्'' ये चार इत्संज्ञक वर्ण 'अच्' प्रत्याहार में नही गिने जायेंगे।
  अतः 'अच्' के अन्तर्गत- ''अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ'' ये 9 वर्ण आते हैं। जिसमें इत्संज्ञक वर्ण नहीं गिने गये हैं।
- माहेश्वरसूत्रों के पाँचवे सूत्र 'हयवरट्' में 'ह' वर्ण गिना गया है तथा चौदहवें सूत्र 'हल्' में भी 'ह' वर्ण गिना गया है। अतः हकार की दो बार गणना की गयी है।

- माहेश्वरसूत्रों में हकार का दो बार ग्रहण क्यों? 'अट्' और 'शल्' प्रत्याहार में 'ह' वर्ण को शामिल करने के लिए तथा 'अर्हेण' और 'अधुक्षत' आदि प्रयोगों की सिद्धि के लिए।
- माहेश्वर सूत्रों में 'ण्' इत्संज्ञक वर्ण दो बार आया है- एक बार अइउण् में दूसरी बार लण् में।

इत्संज्ञा करने वाला सूत्र-

- **हलन्त्यम् -** (1.3.3) उपदेशावस्था में जो अन्तिम हल् होता है, उसकी इत्संज्ञा होती है।

इत्संज्ञक वर्णों का लोप करने वाला सूत्र-

तस्य लोपः - जिस वर्ण की इत्संज्ञा होती है, उसका लोप हो जाता है।

इसीलिए 'अइउण्' में जो 'ण्' है ऋऌक् में जो 'क्' है इनकी ''हलन्त्यम्'' सूत्र से इत्संज्ञा होकर ''तस्य लोपः'' सूत्र से लोप हो जाता है। अतएव प्रत्याहार वर्णों की गिनती में इन इत्संज्ञक वर्णों की गिनती नहीं की जाती।

उपदेश क्या है- ''उपदेश आद्योच्चारणम्''

पाणिनि कात्यायन एवं पतञ्जलि ने जिसका प्रथम उच्चारण या प्रथम पाठ किया, उसे व्याकरणशास्त्र में 'उपदेश' कहा जाता है। यहाँ 'अइउण् ऋऌक् आदि चौदह सूत्रों को महर्षि पाणिनि ने महेश्वर के डमरू की ध्वनि को प्रथम बार उच्चारण किया अतः ये 14 सूत्र भी 'उपदेश' कहलाये।

- भू आदि धातु, अइउण् आदि सूत्र, उणादि सूत्र, वार्तिक, लिङ्गानुशासन, आगम, प्रत्यय, और आदेश, ये उपदेश माने जाते हैं। कहा भी गया है-

  धातु-सूत्र-गणोणादि-वाक्यलिङ्गानुशासनम्।
  आगम-प्रत्ययादेशा उपदेशाः प्रकीर्तिताः॥

प्रत्याहार संज्ञा

- **प्रति + आङ् + हृ + घञ् = प्रत्याहारः**
- 'प्रत्याहार' शब्द का अर्थ है- संक्षेपीकरण।
- ''प्रत्याह्रियन्ते संक्षिप्यन्ते वर्णाः यत्र स प्रत्याहारः''
- जिनकी सहायता से कम से कम शब्दों में अधिकतम बात कही जा सके, उन्हें प्रत्याहार कहते हैं।

प्रत्याहार संज्ञा विधायक सूत्र- ''आदिरन्त्येन सहेता'' (1.1.71) अन्त्य इत् वर्ण के साथ जो आदि वर्ण वह मध्यगामी सभी वर्गों का बोधक होता हुआ स्वयं का भी बोध कराता है। जैसे- अण् प्रत्याहार 'अइउण्' सूत्र के 'अ' से लेकर इत्संज्ञक वर्ण 'ण्' से मिलकर बना है जिसमें अ इ उ ये तीन वर्ण आते हैं।

- इसीप्रकार 'इक्' प्रत्याहार अइउण्, ऋऌक् इन दो सूत्रों से बना है। यहाँ इ से लेकर क् के बीच के सभी वर्ण इ उ ऋ ऌ इक् प्रत्याहार में गिने जाते हैं।

प्रत्याहारों की संख्या- संस्कृत व्याकरण में कुल **42 प्रत्याहार** हैं। कुछ विद्वान् 'रँ' और 'ञम्' प्रत्याहार भी मानते हैं अतः इनके अनुसार प्रत्याहार 43 अथवा 44 हो जाते हैं।

प्रत्याहारों के विषय में कुछ विशेष जानकारी

- 'अच्' प्रत्याहार में समस्त 9 स्वरवर्ण आते हैं, ये अइउण् से ऐऔच् तक के चार सूत्रों से बना है। इसीलिए स्वरों को **''अच्''** भी कहा जाता है।
- 'हल्' प्रत्याहार में समस्त 33 व्यञ्जन वर्ण आते हैं, जो हयवरट् से लेकर हल् तक के 10 सूत्रों से बना है। इसीलिए व्यञ्जनों को **''हल्''** भी कहा जाता है।
- 'झष्' प्रत्याहार में वर्गों के चौथे वर्ण (झ् भ् घ् ढ् ध्) आते हैं जो झभञ् और घढधष् इन दो सूत्रों से बना है।
- 'जश्' प्रत्याहार में वर्गों के तीसरे वर्ण (ज् ब् ग् ड् द्) आते हैं, जो 'जबगडदश्' सूत्र से बना है।
- 'चय्' प्रत्याहार में वर्गों के प्रथम वर्ण (च् ट् त् क् प्) आते हैं।
- 'शल्' प्रत्याहार में चारों ऊष्मवर्ण (श् ष् स् ह्) आते हैं। जो शषसर् और हल् इन दो सूत्रों से बना है।
- 'यण्' प्रत्याहार में चारों अन्तःस्थ वर्ण (य् व् र् ल्) आते हैं। जो हयवरट् और लण् इन दो सूत्रों से बना है।
- अइउण् ऋऌक् एओङ् ऐऔच् आदि 14 सूत्रों के अन्त में जो ण् क् ङ् च् आदि हल् वर्ण लगे हुए हैं; इनका प्रयोजन प्रत्याहार बनाना है। जैसा कि कहा गया है, **''णादयोऽणाद्यर्थाः--''**

माहेश्वर सूत्रों के इत्संज्ञक वर्णों से मिलकर बनने वाले 42 प्रत्याहार

सूत्र	इत्संज्ञकवर्ण	प्रत्याहार	प्रत्याहारों की संख्या
1. अइउण्	इसके 'ण्' से एक प्रत्याहार	अण्	1
2. ऋऌक्	इसके 'क्' से तीन प्रत्याहार	अक् इक् उक्	3
3. एओङ्	इसके 'ङ्' से एक प्रत्याहार	एङ्	1
4. ऐऔच्	इसके 'च्' से चार प्रत्याहार	अच् इच् एच् ऐच्	4
5. हयवरट्	इसके 'ट्' से एक प्रत्याहार	अट्	1
6. लण्	इसके 'ण्' से तीन प्रत्याहार	अण् इण् यण्	3
7. ञमङणनम्	इसके 'म्' से तीन प्रत्याहार	अम् यम् ङम्	3
8. झभञ्	इसके 'ञ्' से एक प्रत्याहार	यञ्	1
9. घढधष्	इसके 'ष्' से दो प्रत्याहार	भष् झष्	2
10. जबगडदश्	इसके 'श्' से छह प्रत्याहार	अश् हश् वश् जश् झश् बश्	6
11. खफछठथचटतव्	इसके 'व्' से एक प्रत्याहार	छव्	1
12. कपय्	इसके 'य्' से पाँच प्रत्याहार	यय् मय् झय् खय् चय्	5
13. शषसर्	इसके 'र्' से पाँच प्रत्याहार	यर् झर् खर् चर् शर्	5
14. हल्	इसके 'ल्' से छह प्रत्याहार	अल् हल् वल् रल् झल् शल्	6
			कुल-42

संस्कृतव्याकरण के 42 प्रत्याहार

क्र.	प्रत्याहारः	वर्णाः	कुलवर्णाः	सूत्रों में प्रत्याहार का प्रयोग
01.	**अण्**	अ, इ, उ	03 वर्ण	उर**ण्** रपरः (1.1.51)
02.	**अक्**	अ, इ, उ,ऋ, ऌ	05 वर्ण	**अकः** सवर्णे दीर्घः (6.1.101)
03.	**अच्**	अ,इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ **(सम्पूर्ण स्वरवर्ण)**	09 वर्ण	**अचो**ऽन्त्यादि टि (1.1.64)
04.	**अट्**	अ,इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ, ह,य,व,र	13 वर्ण	शश्छो**ऽटि** (8.4.63)
05.	**अण्**	अ,इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ, ह,य,व,र,ल	14 वर्ण	**अणु**दित्सवर्णस्य चाऽप्रत्ययः (1.1.69)
06.	**अम्**	अ,इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ, ह,य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न	19 वर्ण	पुमः खय्य**म्**परे (8.3.6)
07.	**अश्**	अ,इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ, ह,य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न, झ,भ,घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द	29 वर्ण	"भो भगो-अघो-अपूर्वस्य योऽशि" (8.3.17)

क्र.	प्रत्याहारः	वर्णाः	कुलवर्णाः	सूत्रों में प्रत्याहार का प्रयोग
08.	**अल्**	अ,इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ, ह,य,व,र,ल ञ,म,ङ,ण,न,झ,भ, घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द,ख,फ,छ,ठ, थ,च,ट,त,क,प,श,ष,स,ह **(सम्पूर्ण वर्णमाला)**	42 वर्ण	**अलो**ऽन्त्यात्पूर्व उपधा (1.1.65)
09.	**इक्**	इ,उ,ऋ,ऌ	04 वर्ण	**इको** गुणवृद्धी (1.1.3)
10.	**इच्**	इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ	08 वर्ण	**इच** एकाचोऽम्प्रत्ययवच्च (6.3.68)
11.	**इण्**	इ,उ,ऋ,ऌ,ए,ओ,ऐ,औ, ह,य,व,र,ल	13 वर्ण	**इण्**कोः (8.3.57)
12.	**उक्**	उ,ऋ,ऌ	03 वर्ण	**उगि**तश्च (4.1.6)
13.	**एङ्**	ए,ओ **(गुणसंज्ञकवर्ण)**	02 वर्ण	**एङि** पररूपम् (6.1.94)
14.	**एच्**	ए,ओ,ऐ,औ	04 वर्ण	**एचो**ऽयवायावः (6.1.78)
15.	**ऐच्**	ऐ,औ **(वृद्धिसंज्ञकवर्ण)**	02 वर्ण	वृद्धिरा**दैच्** (1.1.1)
16.	**हश्**	ह,य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न, झ,भ,घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द	20 वर्ण	**हशि** च (6.1.114)
17.	**हल्**	ह,य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न, झ,भ,घ,ढ, ध,ज,ब,ग,ड,द, ख,फ,छ,ठ,थ,च,ट, त,क, प,श,ष,स, (ह) **(सम्पूर्ण व्यञ्जनवर्ण)**	33 वर्ण	**हलो**ऽनन्तराः संयोगः (1.1.7)
18.	**यण्**	य,व,र,ल, **(अन्तःस्थवर्ण)**	04 वर्ण	इको **यण**चि (6.1.77)
19.	**यम्**	य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न	09 वर्ण	हलो **यमां** यमि लोपः (8.4.64)
20.	**यञ्**	य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न,झ,भ	11 वर्ण	अतो दीर्घो **यञि (** 7.3.101)
21.	**यय्**	य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न,झ, भ,घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द,ख, फ,छ,ठ,थ,च,ट,त,क,प	29 वर्ण	अनुस्वारस्य **ययि** परसवर्णः (8.4.58)
22.	**यर्**	य,व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न,झ, भ,घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द,ख, फ,छ,ठ,थ,च,ट,त,क,प,श,ष,स	32 वर्ण	**यरो**ऽनुनासिकेऽनुनासिको वा (8.4.45)
23.	**वश्**	व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न,झ,भ, घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द	18 वर्ण	नेड् **वशि** कृति (7.2.8)
24.	**वल्**	व,र,ल,ञ,म,ङ,ण,न,झ,भ, घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द,ख,फ,छ, ठ,थ,च,ट,त,क,प,श,ष,स,ह	32 वर्ण	लोपो व्यो**र्वलि (** 6.1.66)

क्र.	प्रत्याहारः	वर्णाः	कुलवर्णाः	सूत्रों में प्रत्याहार का प्रयोग
25.	रल्	र,ल,ञ,म,ङ,ण,न,झ,भ,घ,ढ, ध,ज,ब,ग,ड,द,ख,फ,छ,ठ, थ,च,ट,त,क,प,श,ष,स,ह	31 वर्ण	"**रलो** व्युपधाद्धलादेः सँश्च" (1.2.26)
26.	मय्	म,ङ,ण,न,झ,भ,घ,ढ,ध, ज,ब,ग,ड,द,ख,फ,छ,ठ, थ,च,ट,त,क,प	24 वर्ण	**मय** उञो वो वा (8.3.33)
27.	ङम्	ङ,ण,न	03 वर्ण	**ङमो** ह्रस्वादचि ङमुण् नित्यम् (8.3.32)
28.	झष्	झ,भ,घ,ढ,ध **(वर्गों के चतुर्थ वर्ण)**	05 वर्ण	एकाचो बशो भष् (8.2.37) **झष**न्तस्य स्ध्वोः
29.	झश्	झ,भ,घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द	10 वर्ण	झलां जश् **झशि (** 8.4.53)
30.	झय्	झ,भ,घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द, ख,फ,छ,ठ,थ,च,ट,त,क,प	20 वर्ण	**झयो** होऽन्यतरस्याम् (8.4.62)
31.	झर्	झ,भ,ध,ढ,ध,ज,ब,ग,ड,द, ख,फ,छ,ठ,थ,च,ट,त,क, प,श,ष,स,	23 वर्ण	**झरो** झरि सवर्णे (8.4.65)
32.	झल्	झ,भ,घ,ढ,ध,ज,ब,ग,ड, द,ख,फ,छ,ठ,थ,च,ट, त,क,प,श,ष,स,ह	24 वर्ण	**झलो** झलि (8.2.26)
33.	भष्	भ,घ,ढ,ध	04 वर्ण	एकाचो बशो **भष्** झषन्तस्य स्ध्वोः (8.2.37)
34.	जश्	ज,ब,ग,ड,द **(वर्गों के तृतीय अक्षर)**	05 वर्ण	झलां **जशो**ऽन्ते (8.2.39)
35.	बश्	ब,ग,ड,द	04 वर्ण	एकाचो **बशो** भष् झषन्तस्य स्ध्वोः (8.2.37)
36.	खय्	ख,फ,छ,ठ,थ,च,ट,त,क,प **(वर्गों के द्वितीय एवं प्रथम वर्ण)**	10 वर्ण	पुमः **खय्**यम्परे (8.3.6)
37.	खर्	ख,फ,छ,ठ,थ,च, ट,त,क,प,श,ष,स	13 वर्ण	**खरि** च (8.4.54)
38.	छव्	छ,ठ,थ,च,ट,त	06 वर्ण	नश्**छव्य**प्रशान् (8.3.7)
39.	चय्	च,ट,त,क,प **(वर्गों के प्रथम अक्षर)**	05 वर्ण	**चयोः द्वितीयाः शरि (** 8.4.47) पौष्करशादेः वार्तिक-
40.	चर्	च,ट,त,क,प,श,ष,स	08 वर्ण	अभ्यासे **चर्च (** 8.4.54)
41.	शर्	श,ष,स	03 वर्ण	वा **शरि (** 8.3.36)
42.	शल्	श,ष,स,ह **(ऊष्मवर्ण)**	04 वर्ण	"**शल** इगुपधादनिटः क्सः" (3.1.45)
*	रँ	र,ल	02 वर्ण	उरण् **रपरः** (1.1.51)
*	ञम्	ञ,म,ङ,ण,न **(वर्गों के पञ्चमवर्ण)**	05 वर्ण	**ञमन्ताड्डः** (उणादि.1.114)

वर्णों का उच्चारण स्थान

उच्चारणस्थान- मुख के जिस भाग से जिस वर्ण का उच्चारण किया जाता है, वही उस वर्ण का उच्चारण स्थान कहा जाता है।

क्र.	सूत्रम्	उच्चारित वर्ण (वर्णों के नाम)	उच्चारण स्थान
1.	**अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः**	अ, आ (18 प्रकार) कु = कवर्ग = क् ख् ग् घ् ङ् ह् और विसर्ग (ः) (कण्ठ्य वर्ण)	कण्ठ
2.	**इचुयशानां तालु**	इ, ई (18 प्रकार) चु अर्थात् चवर्ग = च् छ् ज् झ् ञ् य् और श् (तालव्य वर्ण)	तालु
3.	**ऋटुरषाणां मूर्धा**	ऋ, ॠ (18 प्रकार) टु अर्थात् टवर्ग = ट् ठ् ड् ढ् ण् र् और ष् (मूर्धन्यवर्ण)	मूर्धा
4.	**लृतुलसानां दन्ताः**	लृ (12 प्रकार) तु अर्थात् तवर्ग = त् थ् द् ध् न् ल् और स् (दन्त्यवर्ण)	दन्त
5.	**उपूपध्मानीयानां ओष्ठौ**	उ ऊ (18 प्रकार) पु अर्थात् पवर्ग = प् फ् ब् भ् म् उपध्मानीय ᳵप ᳵफ (ओष्ठ्य वर्ण)	ओष्ठौ
6.	**ञमङणनानां नासिका च**	ञ् म् ङ् ण् न् (अनुनासिक वर्ण)	नासिका भी
7.	**एदैतोः कण्ठतालु**	ए, ऐ (कण्ठतालव्य वर्ण)	कण्ठतालु
8.	**ओदौतोः कण्ठोष्ठम्**	ओ, औ (कण्ठोष्ठ्य वर्ण)	कण्ठ ओष्ठ
9.	**वकारस्य दन्तोष्ठम्**	व (दन्तोष्ठ्य वर्ण)	दन्तोष्ठ
10.	**जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम्**	ᳵक ᳵख (जिह्वामूलीय वर्ण)	जिह्वामूलम्
11.	**नासिकाऽनुस्वारस्य**	(ं) अनुस्वार (नासिक्य वर्ण)	नासिका

➢ उच्चारणस्थान और प्रयत्न को अष्टाध्यायी सूत्रो में नही बताया गया है अपितु पाणिनीय शिक्षा आदि ग्रन्थों में उच्चारणस्थान आठ प्रकार के माने गये हैं-

अष्टौ स्थानानि वर्णानाम् उरः कण्ठः शिरस्तथा।

जिह्वामूलं च दन्तश्च नासिकोष्ठौ च तालु च।। (पाणिनीय शिक्षा -13)

वर्णों के उरः, कण्ठ, मूर्धा, जिह्वामूल, दन्त, नासिका, ओष्ठ और तालु ये आठ उच्चारण स्थान हैं।

उच्चारणस्थान तालिका

स्थान	वर्ण
कण्ठ	अ, आ, क् ख् ग् घ् ङ्, ह् विसर्ग (:)
तालु	इ ई, च् छ् ज् झ् ञ्, य् श्
मूर्धा	ऋ ॠ, ट् ठ् ड् ढ् ण्, र् ष्
दन्त	ऌ, त् थ् द् ध् न्, ल् स्
ओष्ठ	उ ऊ, प् फ् ब् भ् म्, ×प ×फ
नासिका	(ं) अनुस्वार
कण्ठ तालु	ए ऐ
कण्ठ ओष्ठ	ओ औ
दन्त ओष्ठ	व्
कण्ठ+नासिका	ङ्
तालु+नासिका	ञ्
मूर्धा+नासिका	ण्
दन्त+नासिका	न्
ओष्ठ+नासिका	म्
जिह्वामूलीय	×क, ×ख

वर्णों का आभ्यन्तर एवं बाह्य प्रयत्न

प्रयत्न- वर्णों के उच्चारण करने की चेष्टा को प्रयत्न कहते हैं। प्रयत्न दो प्रकार का होता है-

(i) आभ्यन्तर प्रयत्न (ii) बाह्य प्रयत्न

''यत्नो द्विधा आभ्यन्तरो बाह्यश्च''

(i) आभ्यन्तर प्रयत्न- 'आभ्यन्तर' का अर्थ है भीतर/आभ्यन्तर प्रयत्न से तात्पर्य उस चेष्टा से है, जो वर्णों के उच्चारण के पूर्व मुख के अन्दर होती है।

आभ्यन्तर प्रयत्न पाँच प्रकार का होता है-

1. **स्पृष्ट-** इस आभ्यन्तर प्रयत्न में जिह्वा-कण्ठ, तालु, मूर्धा, दन्त आदि उच्चारण स्थानों को स्पर्श करती है, इसलिए इन्हें **'स्पर्श वर्ण'** कहते हैं। इसमें क से म तक के **25 वर्ण** आते हैं। **''स्पृष्टं प्रयत्नं स्पर्शानाम्''**
2. **ईषत् स्पृष्ट-** ईषत् का अर्थ है- थोडा स्पृष्ट का अर्थ है- छुआ गया।
   इस प्रयत्न में जिह्वा उच्चारण स्थान को थोडा स्पर्श करती है। इसमें य् व् र् ल् (यण्) अन्तःस्थ वर्ण आते हैं। **''ईषत्स्पृष्टम् अन्तःस्थानाम्''**
3. **विवृत-** विवृत का अर्थ है- खुला हुआ। इनके उच्चारण में मुँह खोलना पड़ता है। यह प्रयत्न स्वरों का है। **''विवृतं स्वराणाम्''**

जैसे- अ, इ, उ, ऋ, ऌ ए ओ ऐ औ सभी स्वर विवृत हैं।

4. **ईषत् विवृत-** ईषत् का अर्थ है- थोडा विवृत का अर्थ है- खुला हुआ। इसमें जिह्वा को कम उठाना पडता है। शल् अर्थात् श् ष् स् ह् इन चार ऊष्म वर्णों का प्रयत्न ईषत्विवृत होता है।

''ईषत्विवृतम् ऊष्मणाम्''

5. **संवृत-** संवृत का अर्थ है- ढका हुआ या बन्द। इसमें वायु का मार्ग बन्द रहता है। प्रयोग करने अर्थात् उच्चारणावस्था में ह्रस्व 'अ' का प्रयत्न संवृत होता है।

''ह्रस्वस्य अवर्णस्य प्रयोगे संवृतम्''

किन्तु शास्त्रीय (साधनिका या प्रयोगसिद्धि) अवस्था में 'अ का प्रयत्न अन्य स्वरों की भाँति विवृत ही होता है-

''प्रक्रियादशायां तु विवृतमेव''

आभ्यन्तर प्रयत्न तालिका

स्पृष्ट	ईषत्स्पृष्ट	ईषत्विवृत	विवृत	संवृत
(क से म तक) क् ख् ग् घ् ङ् च् छ् ज् झ् ञ् ट् ठ् ड् ढ् ण् त् थ् द् ध् न् प् फ् ब् भ् म्	अन्तःस्थ वर्ण (यण्) य् व् र् ल्	ऊष्म वर्ण (शल्) श् ष् स् ह्	अच् अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ	अ

बाह्य प्रयत्न- मुख से जब वर्ण बाहर निकलने लगते हैं उस समय उच्चारण की जो चेष्टा होती है, उसे बाह्य प्रयत्न कहते हैं। बाह्य प्रयत्न 11 प्रकार का होता है- **''बाह्यप्रयत्नस्तु एकादशधा''**

1. विवार 2. संवार 3. श्वास 4. नाद 5. घोष 6. अघोष 7. अल्पप्राण 8. महाप्राण 9. उदात्त 10. अनुदात्त 11. स्वरित।

विवार श्वास अघोष- खर् प्रत्याहार (ख् फ् छ् ठ् थ् च् ट् त् क् प् श् ष् स्) के अन्तर्गत आने वाले वर्णों का बाह्यप्रयत्न विवार, श्वास और अघोष होगा। **''खरो विवाराः श्वासा अघोषाश्च''**

विवार श्वास अघोष
खर्
ख् फ् छ् ठ् थ् च् ट् त् क् प्
श् ष् स्

संवार नाद घोष- हश् प्रत्याहार (ह् य् व् र् ल् ञ् म् ङ् ण् न् झ् भ् घ् ढ् ध् ज् ब् ग् ड् द्) के अन्तर्गत आने वाले सभी व्यञ्जनवर्णों का बाह्यप्रयत्न संवार नाद घोष होगा। - **''हशः संवारा नादा घोषाश्च''** इसे संक्षेप में ''संनाघो हशः'' भी कह सकते हैं।

संवार नाद घोष
हश्
ह् य् व् र् ल् ञ् म् ङ् ण् न् झ् भ्
घ् ढ् ध् ज् ब् ग् ड् द्

अल्पप्राण- अल्प का अर्थ है- थोड़ा। 'प्राण' का अर्थ होता है- वायु। जिस वर्ण से बोलने के लिए भीतर से कम वायु फेंकना पड़े उसे 'अल्पप्राण' कहते हैं।

वर्गों के प्रथम, तृतीय और पञ्चम वर्ण और यण् (य् व् र् ल्) का बाह्यप्रयत्न अल्पप्राण होगा।

''वर्गाणां प्रथम-तृतीय-पञ्चमा-यणश्च अल्पप्राणाः''

अल्पप्राण वर्ण हैं-

कवर्ग - क ग ङ
चवर्ग - च ज ञ
टवर्ग - ट ड ण
तवर्ग - त द न
पवर्ग - प ब म
यण् - य व र ल

इसप्रकार 19 व्यञ्जनवर्णों का बाह्यप्रयत्न अल्पप्राण होगा।

महाप्राण-

महा का अर्थ है- अधिक या ज्यादा, प्राण का अर्थ हुआ-वायु। जिस वर्ण को बोलने के लिए भीतर से अधिक वायु फेंकना पड़े उसे महाप्राण कहते हैं।

महाप्राण- वर्गों के द्वितीय, चतुर्थ और शल् (श् ष् स् ह्) वर्णों का बाह्यप्रयत्न महाप्राण होगा।

''वर्गाणां द्वितीय-चतुर्थौ शलश्च-महाप्राणाः''

महाप्राण वर्ण हैं-

कवर्ग - ख छ
चवर्ग - छ झ
टवर्ग - ठ ढ
तवर्ग - थ ध
पवर्ग - फ भ
शल् - श ष स ह

इस प्रकार कुल 14 व्यञ्जनवर्णों का बाह्यप्रयत्न महाप्राण होगा।

ध्यान दें- किसी भी वर्ण का चार बाह्यप्रयत्न होगा। यदि वर्ण हश् प्रत्याहार का हैं तो संवार नाद घोष के साथ-साथ अल्पप्राण और महाप्राण में से कोई एक होगा और यदि वर्ण खर् प्रत्याहार का है तो विवार श्वास अघोष के साथ-साथ अल्पप्राण और महाप्राण में से कोई एक होगा। जैसे-

ह- संवार नाद घोष महाप्राण **ख-** विवार श्वास अघोष महाप्राण
य- संवार नाद घोष अल्पप्राण **क-** विवार श्वास अघोष अल्पप्राण

उदात्त- उच्चैरुदात्तः (1.2.29) मुख के भीतर जो कण्ठ तालु आदि उच्चारण स्थान हैं उनमें ऊर्ध्व भाग से बोले जाने वाले अच् (स्वर) की उदात्त संज्ञा होगी।

अनुदात्त- नीचैरनुदात्तः (1.2.30) कण्ठ तालु आदि उच्चारणस्थानों के निम्न (अधोभाग) भाग से उच्चरित अच् (स्वर) की अनुदात्त संज्ञा होती है।

स्वरित- समाहारः स्वरितः (1.2.31) जहाँ उदात्त और अनुदात्त दोनों का समाहार होता है, उस अच् (स्वर) की स्वरित संज्ञा होगी।

- उदात्त अनुदात्त और स्वरित प्रयत्न केवल स्वरों के होते हैं।
- उदात्त अनुदात्त और स्वरित को समझने के लिए वैदिकग्रन्थों में विशेष चिह्नों का प्रयोग किया गया है-
- अनुदात्त अक्षर के नीचे पड़ी लाइन, स्वरित के ऊपर खड़ी लाइन होती है जबकि उदात्त के लिए कोई चिह्न नहीं होता।

जैसे- स नः पितेव सूनवे, अग्ने सूपायनो भव। (ऋग्वेद 1.1.9)

बाह्यप्रयत्न बोधक तालिका

विवार श्वास अघोष	संवार नाद घोष	अल्पप्राण	महाप्राण	उदात्त अनुदात्त स्वरित
खर्	हश्	वर्गों के प्रथम	वर्गों के	अ इ उ
क ख	ग घ ङ	तृतीय और पञ्चम	द्वितीय चतुर्थ	ऋ ऌ
च छ	ज झ ञ	वर्ण और यण्	और शल्	ए ओ
ट ठ	ड ढ ण	क ग ङ	ख छ	ऐ औ
त थ	द ध न	च ज ञ	छ झ	
प फ	ब भ म	ट ड ण	ठ ढ	
श ष स	य व र ल	त द न	थ ध	
		प ब म	क ञ	
		य व र ल	श ष स ह	

❑❑❑

व्याकरणशास्त्र की प्रमुख संज्ञायें एवं परिभाषायें

1. वृद्धि संज्ञा

सूत्र- वृद्धिरादैच् (1.1.1)

पदच्छेद- वृद्धिः आत् (आ) ऐच् (ऐ, औ)

सूत्रार्थ- आ, ऐ, औ- इन तीन वर्णों की **वृद्धिसंज्ञा** होती है। जैसे- त्यागः में **आ**, सदैव में **ऐ**, महौषधि में **औ** वृद्धिसंज्ञक वर्ण हैं।

2. गुण संज्ञा

सूत्र- अदेङ् गुणः (1.1.2)

पदच्छेद- अत् (अ) एङ् (ए ओ) गुणः

सूत्रार्थ- अ, ए, ओ- इन तीन वर्णों की **गुणसंज्ञा** होती है।

उदाहरण- रमेशः में 'ए', सूर्योदयः में 'ओ', महर्षि में 'अ' (र्) गुणसंज्ञक वर्ण हैं।

3. संयोग संज्ञा

सूत्र- हलोऽनन्तराः संयोगः (1.1.7)

पदच्छेद- हलः अनन्तराः संयोगः

सूत्रार्थ- ऐसे दो या दो से अधिक व्यञ्जन जिनके बीच में कोई स्वर न आया हो, उसे **संयोग** कहते हैं।

उदाहरण- (i) पुष्प में ष् + प् का संयोग है।
(ii) अग्नि में ग् + न् का संयोग है।
(iii) राष्ट्र में ष् + ट् + र् का संयोग है।
(iv) बुद्धि में द् + ध् का संयोग है।

4. अनुनासिक संज्ञा

सूत्र- मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः (1.1.8)

पदच्छेद- मुख-नासिका-वचनः अनुनासिकः

सूत्रार्थ- जो वर्ण मुख तथा नासिका दोनों की सहायता से बोले जाते हों, उसकी **अनुनासिक संज्ञा** होती है।

उदाहरण- अँ, ङ्, ञ्, ण्, न्, म् आदि वर्ण अनुनासिक हैं।

नोट- जो वर्ण नासिका के साथ नहीं बोले जाते वे अननुनासिक या निरनुनासिक कहे जाते हैं। जैसे- क, ख, ग, घ, च, छ, ज आदि।

5. सवर्णसंज्ञा

सत्र- ''तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्'' (1.1.9)

पदच्छेद- तुल्य-आस्य-प्रयत्नं सवर्णम्

सूत्रार्थ- जिन दो या दो से अधिक वर्णों के कण्ठ तालु आदि उच्चारणस्थान तथा आभ्यन्तरप्रयत्न दोनों समान हों, वे परस्पर सवर्णी (सवर्णसंज्ञक) होते हैं।

उदाहरण- अ-आ, इ-ई, उ-ऊ आदि परस्पर सवर्णी हैं।

रमा + अपि = रमापि। मुनि + ईशः = मुनीशः

भानु + उदयः = भानूदयः

- उच्चारणस्थान और प्रयत्न का साम्य होने पर भी स्वर और व्यञ्जन की परस्पर सवर्णसंज्ञा नहीं होती है- ''नाज्झलौ''

यथा- दण्ड हस्तः, दधि शीतम्।

- **''ऋलृवर्णयोः मिथः सावर्ण्यं वाच्यम्''** इस वार्तिक से ऋ और लृ वर्ण आपस में सवर्णी हैं।

6. प्रगृह्य संज्ञा

सूत्र- ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम् (1.1.11)

पदच्छेद- ईत् ऊत् एत् द्विवचनं प्रगृह्यम्

सूत्रार्थ- द्विवचनान्त ई ऊ ए की **प्रगृह्यसंज्ञा** होती है।

उदाहरण- (i) हरी एतौ (ii) विष्णू इमौ (iii) गङ्गे अमू (iv) अग्नी इति (v) वायू इति (vi) माले इति (vii) पचेते इति

7. 'घ' संज्ञा

सूत्र- तरप्तमपौ घः (1.1.21)

पदच्छेद- तरप् - तमपौ घः

सूत्रार्थ- तरप् और तमप् - ये दो प्रत्यय **'घ' संज्ञक** होते हैं।

उदाहरण- कुमारितरा, कुमारितमा

8. निष्ठा संज्ञा

सूत्र- क्तक्तवतू निष्ठा (1.1.25)

पदच्छेद- क्त - क्तवतू निष्ठा

सूत्रार्थ- क्त तथा क्तवतु दोनों प्रत्ययों की **निष्ठा संज्ञा** होती है।

उदाहरण- भुक्तः, भुक्तवान्, पठितः, पठितवान् आदि।

9. सर्वनामसंज्ञा

सूत्र- सर्वादीनि सर्वनामानि (1.1.26)

पदच्छेद- सर्व-आदीनि सर्वनामानि

सूत्रार्थ- सर्व, विश्व, यत् , तद्, एतत्, इदम्, अदस्, अस्मद्, युष्मद् आदि शब्दों की **सर्वनामसंज्ञा** होती है।

10. अव्यय संज्ञा

सूत्र- स्वरादिनिपातमव्ययम् (1.1.36)

पदच्छेद- स्वरादि-निपातम् अव्ययम्

सूत्रार्थ- स्वरादिगण में पठित शब्दों की तथा निपात शब्दों की अव्यय संज्ञा होती है।

उदाहरण- स्वरादि- स्वर्, प्रातर् इत्यादि

निपात- च, वा, ह इत्यादि

- क्त्वा, ल्यप्, तुमुन् प्रत्ययान्त पद भी अव्ययसंज्ञक होते हैं- **यथा-** पठित्वा, प्रपठ्य, पठितुम् आदि।
- कुछ तद्धित प्रत्ययान्त शब्दों की भी अव्ययसंज्ञा होती है। जैसे- ततः, तत्र, तदा, विना आदि।
- अव्ययीभाव समास की अव्ययसंज्ञा होती है। जैसे- अधिहरि, अध्यात्मम्, उपगङ्गम्, यथाशक्ति आदि।

11. विभाषा संज्ञा

सूत्र- न वेति विभाषा (1.1.43)

पदच्छेद- न वा इति विभाषा

सूत्रार्थ- न का अर्थ है- निषेध। 'वा' का अर्थ है- विकल्प। निषेध तथा विकल्प इन दो अर्थों की **विभाषा संज्ञा** होती है।

12. सम्प्रसारण संज्ञा-

सूत्र- इग्यणः सम्प्रसारणम् (1.1.44)

पदच्छेद- इक् यणः सम्प्रसारणम्

सूत्रार्थ- यण् के स्थान पर होने वाले इक् की **सम्प्रसारण संज्ञा** होती है।

यण् -	य्	व्	र्	ल्
इक् -	इ	उ	ऋ	लृ

उदाहरण- (i) यज् + क्त = इष्टः

(ii) वप् + क्त = उप्तः

13. टि संज्ञा

सूत्र- अचोऽन्त्यादि टि (1.1.63)

पदच्छेद- अचः अन्त्य आदि टि

सूत्रार्थ- अचों के मध्य में जो अन्तिम अच् होता है, वह आदि में हो जिसके उस वर्णसमुदाय की **टि संज्ञा** होती है।

व्याख्या- किसी शब्द में जो अन्तिम स्वर होगा वही टिसंज्ञक वर्ण होगा, उस अन्तिम स्वर के बाद भी जो व्यञ्जन वर्ण होंगे वे भी टिसंज्ञक होंगे।

जैसे-

(i) मनस् = म् अ न् अ स्
यहाँ अन्तिम स्वर है 'नकार' में विद्यमान अ । 'अ' के बाद 'स्' व्यञ्जन वर्ण भी टिसंज्ञा में गिना जाएगा अतः 'मनस्' में **'अस्'** की टिसंज्ञा होगी।

(ii) राजन् में **'अन्'** इस वर्णसमुदाय की टिसंज्ञा होगी।

(iii) 'राम' में **'अ'** टिसंज्ञक वर्ण है। क्योंकि यहाँ अन्तिम स्वर अकार के बाद कोई व्यञ्जन वर्ण नहीं है।

(iv) 'दधि' में **'इ'** टिसंज्ञक वर्ण है।

नोट-

(i) अन्तिम स्वर तथा उसके बाद आने वाले स्वर रहित व्यञ्जन वर्ण टिसंज्ञक होंगे। जैसे- मनस् में 'अस्'।

(ii) यदि अन्तिम स्वर के बाद व्यञ्जन वर्ण नहीं होगा तो केवल शब्द का अन्तिम स्वर ही टिसंज्ञक होगा। जैसे- दधि में टिसंज्ञक वर्ण हैं- **'इ'**।

14. उपधा संज्ञा

सूत्र- अलोऽन्त्यात् पूर्व उपधा (1.1.64)

पदच्छेद- अलः अन्त्यात् पूर्वः उपधा

सूत्रार्थ- अन्तिम वर्ण से पूर्व में रहने वाले वर्ण की **उपधा संज्ञा** होती है।

व्याख्या- किसी शब्द या धातु में जो अन्त्य वर्ण होगा, उसके ठीक पहले वाले वर्ण की उपधा संज्ञा होती है।

जैसे-

(i) राम- र् आ म् अ - यहाँ अन्तिम वर्ण है 'अ' तो अकार के ठीक पहले वाले वर्ण 'म्' की उपधा संज्ञा होगी।

(ii) 'गम्' में अन्तिम वर्ण मकार के पूर्व 'अकार' की उपधा संज्ञा होगी।

(iii) इसीप्रकार भिद् में 'इ' की, मुच् में 'उ' की, वृध् में 'ऋ' की उपधा संज्ञा होगी।

नोट- Second Last वर्ण उपधासंज्ञक होगा।

15. नदी संज्ञा

सूत्र- यू स्त्र्याख्यौ नदी (1.4.3)

पदच्छेद- यू स्त्री आख्यौ नदी

सूत्रार्थ- 'यू' = (ई + ऊ) का अर्थ है ईकारान्त और ऊकारान्त

- **'स्त्र्याख्यौ'** का अर्थ है- नित्य स्त्रीलिङ्ग शब्द

इसप्रकार ईकारान्त तथा ऊकारान्त नित्यस्त्रीलिङ्ग शब्दों की नदी संज्ञा होती है।
उदाहरण- नदी, गौरी, वधू आदि नदीसंज्ञक पद हैं।

16. घि संज्ञा

सूत्र- शेषो घ्यसखि (1.4.7)

पदच्छेद- शेषः घि असखि

सूत्रार्थ- जिनकी नदी संज्ञा नहीं है, ऐसे ह्रस्व इकारान्त और ह्रस्व उकारान्त शब्दों की **घि संज्ञा** होती है। 'सखि' शब्द को छोड़कर।

उदाहरण- हरिः, भानुः, वारि, मधु आदि घिसंज्ञक हैं।

नोट- (i) 'पति' शब्द समास होने पर ही घिसंज्ञक होता है- जैसे- भूपतिः, सीतापतिः आदि। **'पतिः समास एव'**

17. पद संज्ञा

सूत्र- सुप्तिङन्तं पदम् (1.4.14)

पदच्छेद- सुप् तिङ् अन्तम् पदम्

सूत्रार्थ- सुबन्त (सुप् अन्त वाला) तथा तिङन्त (तिङ् अन्त वाला) शब्द की **पद संज्ञा** होती है।

व्याख्या-

(i) प्रातिपदिकों में प्रथमा से सप्तमी तक सु औ जस् आदि सुप् विभक्तियाँ लगाकर जो रामः, रामौ, रामाः आदि शब्दरूप बनते हैं, वे **सुबन्त पद** कहलाते हैं।

(ii) धातुओं से विभिन्न लकारों में तिप् तस् झि तथा त आताम् झ आदि 18 तिङ् प्रत्यय लगाकर जो पठति पठतः पठन्ति आदि धातुरूप बनते हैं, वे **तिङन्त पद** कहलाते हैं

नोट- पद दो प्रकार के होते हैं-

(i) सुबन्त पद (शब्दरूप) रामः, हरिः, गुरुः आदि।

(ii) तिङन्त पद (धातुरूप) पठति, लभते, जानाति आदि।

18. संहिता संज्ञा

सूत्र- परः सन्निकर्षः संहिता (1.4.108)

पदच्छेद- परः सन्निकर्षः संहिता

सूत्रार्थ- वर्णों के अत्यधिक सामीप्य की **संहिता संज्ञा** होती है।

उदाहरण- मधु + अरिः = मध्वरिः
रमा + ईशः = रमेशः

19. सत् संज्ञा

सूत्र- तौ सत् (3.2.127)

सूत्रार्थ- शतृ एवं शानच् - इनकी **सत् संज्ञा** होती है।

20. प्रातिपदिक संज्ञा

सूत्र- अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम् (1.2.45)

पदच्छेद- अर्थवत् अधातुः अप्रत्ययः प्रातिपदिकम्

सुत्रार्थ- धातुरहित, प्रत्ययान्तरहित सार्थक शब्दस्वरूप की प्रातिपदिक संज्ञा होती है।

उदाहरण- राम, कृष्ण, लता आदि।

नोट- कृत्तद्धितसमासाश्च (1.2.46) कृत् प्रत्ययान्त, तद्धितप्रत्ययान्त तथा समास भी प्रातिपदिक संज्ञक होते हैं।

जैसे- कारकः (कृत्), शालीयः (तद्धित), राजपुरुषः (समास) आदि।

21. प्रत्ययसंज्ञा

प्रत्यय- धातु और प्रातिपदिक के बाद जो जुड़ते हैं, उनकी प्रत्यय संज्ञा होती है।

यथा-

(i) भवति में 'भू' धातु है 'तिप्' प्रत्यय है।

(ii) पाठकः में पठ् धातु है 'ण्वुल्' प्रत्यय है।

(iii) रामस्य में राम प्रातिपदिक है 'ङस्' प्रत्यय है।

➢ धातु के अन्त में लगने वाले प्रत्यय दो प्रकार के होते हैं-

1. कृत् प्रत्यय - क्त, क्तवतु, तुमुन् आदि।
2. तिङ् प्रत्यय - तिप्, तस्, झि आदि।

➢ प्रातिपदिक (शब्दों) से लगने वाले प्रत्यय हैं-

1. सुप् प्रत्यय - सु औ जस् आदि।
2. स्त्रीप्रत्यय - टाप्, ङीप्, ङीष् आदि।
3. तद्धितप्रत्यय - मतुप्, अण्, इनि आदि।

कृत् प्रत्यय- कृत् प्रत्यय धातु के अन्त में लगते हैं, और वे दो प्रकार के शब्द बनाते हैं।

1. अव्यय- क्त्वा, ल्यप्, तुमुन् आदि।

2. विशेषण- तव्यत्, अनीयर्, यत्, ण्यत्, क्यप्, शतृ, शानच्, क्त, क्तवतु आदि।

उदाहरण- पठ् + क्त = पठितः, पठ् + अनीयर् = पठनीयम्

तिङ् प्रत्यय- दसों लकारों के प्रत्ययों को तिङ्प्रत्यय कहा जाता है। ये दो प्रकार के हैं- परस्मैपदी और आत्मनेपदी।

परस्मैपदी तिङ् प्रत्यय- (9)

प्र. पु.	तिप्	तस्	झि
म. पु.	सिप्	थस्	थ
उ. पु.	मिप्	वस्	मस्

आत्मनेपदी तिङ् प्रत्यय- (9)

प्र. पु.	त	आताम्	झ
म. पु.	थास्	आथाम्	ध्वम्
उ. पु.	इट्	वहि	महिङ्

➢ इस प्रकार ये 18 प्रत्यय तिङ् कहलाते हैं। तिप् के 'ति' से लेकर महिङ् के 'ङ्' तक 'तिङ्' कहा गया।

सुप् प्रत्यय- सुप् प्रत्यय प्रातिपदिक से जुड़कर पद बनाते हैं। जैसे- 'राम' प्रातिपदिक से 'सु' लगेगा तो 'रामः' यह पद बनेगा।

➢ सुप् प्रत्यय 21 होते हैं।

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	सु	औ	जस्
द्वितीया	अम्	औट्	शस्
तृतीया	टा	भ्याम्	भिस्
चतुर्थी	ङे	भ्याम्	भ्यस्
पञ्चमी	ङसि	भ्याम्	भ्यस्
षष्ठी	ङस्	ओस्	आम्
सप्तमी	ङि	ओस्	सुप्

स्त्रीप्रत्यय- पुंलिङ्ग शब्द को स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए जिन प्रत्ययों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें स्त्रीप्रत्यय कहा जाता है।

जैसे- टाप्, डाप्, चाप्, ङीप्, ङीष्, ङीन्, ऊङ्, ति आदि।

उदाहरण-

अज + टाप् = अजा
छात्र + टाप् = छात्रा
राजन् + ङीप् = राज्ञी
कुमार + ङीप् = कुमारी
नर्तक + ङीष् = नर्तकी
गौर + ङीष् = गौरी
नृ + ङीन् = नारी
युवन् + ति = युवतिः आदि।

तद्धित प्रत्यय- शब्द के अन्त में लगने वाले प्रत्यय तद्धित प्रत्यय कहलाते हैं।

यथा- मतुप्, इनि, त्व, तल्, ष्यञ्, तसिल् आदि।

उदाहरण- बुद्धि + मतुप् = बुद्धिमत् (बुद्धिमान्)
महत् + त्व = महत्त्वम्

22. स्थानी और आदेश- किसी वर्ण को या शब्द को हटाकर जब उसकी जगह, कोई दूसरा वर्ण या शब्द आकर बैठ जाता है, तब जिसे हटाया जाता है, उसे **'स्थानी'** कहते हैं।

➢ जो स्थानी की जगह आकर बैठ जाता है, उसे आदेश कहते हैं। व्याकरणशास्त्र में आदेश को शत्रु के समान कहा गया है- **''शत्रुवदादेशः''**

जैसे- प्रति + एकः = प्रत्येकः

यहाँ 'इ' को हटाकर उसके स्थान पर 'य्' बैठ गया है, अतः 'इ' स्थानी है तथा 'य्' आदेश है।

23. निमित्त- एक वर्ण को हटाकर उसकी जगह दूसरे वर्ण का आदेश जिसके कारण होता है, उसे **निमित्त** कहा जाता है।

जैसे- प्रति + एकः = प्रत्येकः में 'इ' स्थानी के स्थान पर 'य्' आदेश 'ए' स्वर (अच्) के कारण हुआ है अतः 'ए' निमित्त है।

24. आगम- जो वर्ण किसी वर्ण को हटाये बिना आकर बैठ जाता है, तो उसे हम **'आगम'** कहते हैं।

''मित्रवदागमः'' अर्थात् मित्र की तरह आगमन आगम कहा जाता है।

''सम् + सुट् + कृ + क्त'' = संस्कृत यहाँ सुट् का आगम हुआ है।

25. उपसर्ग संज्ञा

सूत्र- ''उपसर्गाः क्रियायोगे'' (1.4.59)

सूत्रार्थ- प्रादि जब किसी क्रिया के साथ लगते हैं तब इनकी उपसर्ग संज्ञा होती है।

➢ उपसर्गों की संख्या 22 है-

प्र परा अप सम् अनु अव निस् निर् दुस् दुर् वि आङ् नि अधि अपि अति सु उत् अति प्रति परि उप।

26. कारक

कारक- कृ + ण्वुल् = कारकम् अर्थात् क्रियां करोति इति कारकम्।

जिनका क्रिया के साथ सीधा सम्बन्ध होता है, या जो क्रिया की सिद्धि में सहायक होते हैं, उन्हें **'कारक'** कहा जाता है।

''क्रियाजनकत्वं कारकत्वम्'', **''क्रियान्वयित्वं कारकत्वम्''**

➢ कारक छः होते हैं-

1. कर्ता 2. कर्म 3. करण
4. सम्प्रदान 5. अपादान 6. अधिकरण

कर्ता कर्म च करणं सम्प्रदानं तथैव च।
अपादानाधिकरणे इत्याहुः कारकाणि षट्॥

➢ संस्कृत व्याकरण में सम्बन्ध और सम्बोधन को कारक नहीं माना जाता।

27. विभक्तियाँ

विभक्ति- जिसके द्वारा कारकों और संख्याओं को विभक्त किया जाता है, उसे विभक्ति कहते हैं। इसीलिए सुप् और तिङ् को भी विभक्ति कहते हैं।

➢ संस्कृत व्याकरण में **विभक्तियाँ सात** होती हैं-

1. प्रथमा 2. द्वितीया 3. तृतीया 4. चतुर्थी 5. पञ्चमी
6. षष्ठी 7. सप्तमी

➢ सम्बोधन में प्रथमा विभक्ति होती है।

28. पुरुष

संस्कृत में तीन पुरुष होते हैं-

1. प्रथमपुरुष या अन्य पुरुष- उत्तम पुरुष के अहं, आवां, वयम् और मध्यम पुरुष के त्वम्, युवां, यूयम् इन छह शब्दों को छोड़कर संस्कृत वाङ्मय के सभी कर्तृपद प्रथम पुरुष के अन्तर्गत गिने जाते हैं।

यथा- भवान् , भवती, बालकः, बालिका, सः, सा, नरः, वानरः, पिता, पुत्रः, इत्यादि।

और इन सभी पदों के साथ प्रथम पुरुष की क्रिया 'पठति, पठतः, पठन्ति' आदि का ही प्रयोग होता है।

2. मध्यम पुरुष- जिससे बात कही जाय, वह मध्यम पुरुष है। इसमें 'त्वम्, युवाम्, यूयम्' कर्तृपद आते हैं। इनके साथ मध्यमपुरुष की क्रिया क्रमशः **त्वम्** के साथ पठसि **युवां** के साथ पठथः तथा **यूयं** के साथ पठथ का प्रयोग होगा।

3. उत्तम पुरुष- जो बात को कहता है; वह उत्तम पुरुष है। इसके अन्तर्गत 'अहं, आवाम्, वयम्' कर्तृपद आते हैं। इनके साथ उत्तम पुरुष की क्रिया क्रमशः **अहं** के साथ 'पठामि' **आवां** के साथ पठावः **वयं** के साथ 'पठामः' का प्रयोग होता है।

29. वचन

'वचन' का अर्थ होता है- संख्या।

संस्कृत में तीन वचन होते हैं-

1. **एकवचन-** एक वस्तु या एक व्यक्ति का बोध कराने के लिए एकवचन का प्रयोग होता है, जैसे- बालकः, हरिः, गुरुः, विद्यालयः आदि।
2. **द्विवचन-** दो व्यक्तियों या दो वस्तुओं के लिए द्विवचन का प्रयोग होता है। जैसे- बालकौ, हरी, गुरू, विद्यालयौ, पुस्तके आदि।
3. **बहुवचन-** तीन या तीन से अधिक व्यक्तियों या वस्तुओं का बोध कराने के लिए बहुवचन का प्रयोग किया जाता है। **''बहुषु बहुवचनम्''**

जैसे- बालकाः, हरयः, गुरवः, विद्यालयाः, पुस्तकानि आदि।

30. लिङ्ग

➢ 'लिङ्ग' शब्द का अर्थ है- चिह्न, लक्षण या पहचान।

संस्कृत में तीन लिङ्ग होते हैं-

1. पुंलिङ्ग- जिससे पुरुष जाति का बोध होता है।

जैसे- छात्रः, बालकः, मुनिः, विद्यालयः, काकः, व्याघ्रः आदि।

2. स्त्रीलिङ्ग- जिससे स्त्रीजाति का बोध होता है।

जैसे- छात्रा, बालिका, गौरी, नदी आदि।

3. नपुंसकलिङ्ग- जिससे न पुरुष जाति का बोध हो और न स्त्री जाति का बोध हो, उसे नपुंसकलिङ्ग कहते हैं।

जैसे- फलम्, जलम्, गृहम्, पुष्पम्, नेत्रम् वारि, दधि, मधु आदि।

31. लकार

संस्कृत में दस लकार होते हैं-

1. **लट्लकार -** (वर्तमान काल) वर्तमान काल को सूचित करने के लिए लट्लकार का प्रयोग होता है।
2. **लिट्लकार-** (अनद्यतन परोक्षभूतकाल) परोक्षभूतकाल अर्थात् बहुत प्राचीनकाल को सूचित करने के लिए लिट्लकार की क्रिया का प्रयोग होता है।
3. **लुट्लकार-** (अनद्यतन भविष्यत् काल) आज के पश्चात् भविष्यकाल को सूचित करने के लिए लुट्लकार का प्रयोग होता है।
4. **लृट् -** (सामान्य भविष्यत् काल)
5. **लेट्लकार -** (संशय अर्थ में) लेट्लकार का प्रयोग वेदों में होता है, लौकिक संस्कृत में नहीं।
6. **लोट्लकार -** (प्रेरणा तथा आज्ञा अर्थ में)
7. **लङ्लकार -** (अनद्यतन भूतकाल) अब से पहले के भूतकाल को सूचित करने के लिए लङ् लकार का प्रयोग किया जाता है।
8. **लिङ् लकार-** इसके दो भेद हैं-

(i) **विधिलिङ् -** (विधि, निमन्त्रण, आमन्त्रण, सम्प्रश्न प्रार्थना, चाहिए अर्थ में)

(ii) **आशीर्लिङ् -** (आशीर्वाद अर्थ में)

9. **लुङ्लकार -** (सामान्यभूत) सामान्यभूतकाल को सूचित करने के लिए।
10. **लृङ्लकार-** (हेतु हेतुमद्भाव भूत) जहाँ एक क्रिया का कारण दूसरी क्रिया हो।

32. धातुसंज्ञा

सूत्र- भूवादयो धातवः (1.3.1)

गोपालस्य पश्चात् **अनुगोपालम्** (गोपाल के पीछे)

10. 'यथा' के अर्थ में विद्यमान अव्ययपदों का समर्थ सुबन्त के साथ अव्ययीभाव समास होता है। 'यथा' के चार अर्थ होते हैं-
(क) योग्यता अथवा लायक या अनुकूलता
(ख) वीप्सा अथवा दुहराया जाना
(ग) पदार्थानतिवृत्ति अथवा पदार्थों की सीमा के बाहर नहीं जाना
(घ) सादृश्य अथवा समानता

(क) योग्यता-

रूपस्य योग्यम् = **अनुरूपम्** (रूप के योग्य)
गुणस्य योग्यम् = **अनुगुणम्** (गुण के योग्य)

(ख) वीप्सा-

अक्षम् अक्षम् प्रति = **प्रत्यक्षम्** (प्रत्यक्ष)
एकं एकं प्रति = **प्रत्येकम्** (प्रत्येक)
गृहं गृहं प्रति = **प्रतिगृहम्** (घर-घर)
दिनं दिनं प्रति = **प्रतिदिनम्** (प्रतिदिन)
अर्थम् अर्थं प्रति = **प्रत्यर्थम्** (प्रत्येक अर्थ)
जनं जनं प्रति = **प्रतिजनम्** (प्रत्येक जन)
छात्रं छात्रं प्रति = **प्रतिच्छात्रम्** (प्रत्येक छात्र)
दिशं दिशं प्रति = **प्रतिदिशम्** (प्रत्येक दिशा)

(ग) पदार्थानतिवृत्ति-

शक्तिम् अनतिक्रम्य = **यथाशक्ति** (शक्ति के अनुसार)
बलम् अनतिक्रम्य = **यथाबलम्** (बल के अनुसार)
समयम् अनतिक्रम्य = **यथासमयम्** (समय के अनुसार)
बुद्धिम् अनतिक्रम्य = **यथाबुद्धि** (बुद्धि के अनुसार)
ज्ञानम् अनतिक्रम्य = **यथाज्ञानम्** (ज्ञान के अनुसार)

(घ) सादृश्य-

हरेः सादृश्यम् = **सहरि** (हरि की समानता)
रूपस्य सादृश्यम् = **सरूपम्** (रूप की समानता)

11. आनुपूर्व्य (क्रम) के अर्थ में विद्यमान अव्यय पदों का समर्थ सुबन्त के साथ अव्ययीभाव समास होता है। जैसे-

ज्येष्ठस्य आनुपूर्व्येण = **अनुज्येष्ठम्** (ज्येष्ठ के क्रम से)
वर्णस्य आनुपूर्व्येण = **अनुवर्णम्** (वर्ण के क्रमानुसार)

12. यौगपद्य (साथ होना) के अर्थ में विद्यमान अव्ययपदों का समर्थ सुबन्त के साथ अव्ययीभाव समास होता है। जैसे-

चक्रेण युगपत् = **सचक्रम्** (चक्र के साथ)
हर्षेण युगपत् = **सहर्षम्** (हर्ष के साथ)

13. सादृश्य (जैसा) के अर्थ में विद्यमान अव्ययपदों का समर्थ सुबन्त के साथ अव्ययीभाव होता है। जैसे-

सदृशः सख्या = **ससखि** (मित्र के जैसा)
सदृशः वर्णेन = **सवर्णम्** (वर्ण के समान)

14. सम्पत्ति के अर्थ में विद्यमान अव्ययपदों का समर्थसुबन्त के साथ अव्ययीभाव समास होता है। जैसे-

क्षत्राणां सम्पत्तिः = **सक्षत्रम्** (राजाओं की सम्पत्ति)

15. साकल्य (सम्पूर्णता) के अर्थ में विद्यमान अव्ययपदों का समर्थ सुबन्त के साथ अव्ययीभाव समास होता है। जैसे-

तृणम् अपि अपरित्यज्य = **सतृणम्** (तिनके को भी छोड़े बिना सब खाता है)

16. अन्तवचन (तक) के अर्थ में अव्ययपदों का समर्थ सुबन्त के साथ अव्ययीभाव समास होता है। जैसे-

अग्निग्रन्थपर्यन्तम् = **साग्नि**
(अग्नि ग्रन्थ की समाप्ति तक पढता है)
बालकाण्डपर्यन्तम् = **सबालकाण्डम्** (बालकाण्ड तक)

➢ **आङ्मर्यादाभिविध्योः** अर्थात् मर्यादा और अभिविधि (तक) के अर्थ में 'आङ्' अव्यय पद का समर्थ सुबन्त के साथ अव्ययीभाव समास होता है। जैसे-

आ मरणात् = **आमरणम्** (मरने तक)
आ जीवनात् = **आजीवनम्** (जीवन भर)

➢ **नदीभिश्च** (2.1.20) नदी वाची शब्दों के साथ संख्यावाची शब्दों का समास होता है, और वह अव्ययीभाव समास कहलाता है। जैसे-

पञ्चानां गङ्गानां समाहारः = **पञ्चगङ्गम्**
(पाँच गङ्गाओं का समाहार)

द्वयोः यमुनयोः समाहारः = **द्वियमुनम्** (दो यमुनाओं का समाहार)
सरतानां नर्मदानाम् समाहारः = **सरतनर्मदम्**
उपर्युक्त उदाहरणों में 'पञ्च' आदि संख्यावाची पदों का गङ्गा आदि नदीवाचक पदों के साथ अव्ययीभाव समास हुआ है।

➢ **अव्ययीभावे शरत्प्रभृतिभ्यः (5.4.107)**
अव्ययीभाव समास में शरद् आदि शब्दों से समासान्त 'टच्' प्रत्यय होता है। 'टच्' प्रत्यय में 'ट्' और 'च्' का लोप हो जाता है केवल 'अ' शेष बचता है। जैसे-
शरदः समीपम् = **उपशरदम्** (शरद् के समीप)
विपाशं विपाशं प्रति = **प्रतिविपाशम्** (विपाशा नदी के सम्मुख)

➢ **अनश्च (5.4.108)** - जिस अव्ययीभाव समास के अन्त में 'अन्' होता है, वह अन्नन्त अव्ययीभाव है। उससे समासान्त 'टच्' प्रत्यय होता है। जैसे-
राज्ञः समीपम् = **उपराजम्** (राजा के समीप)

नपुंसकादन्यतरस्याम् (5.4.109) - 'अन्' अन्तवाला जो नपुंसकलिङ्ग शब्द है, उस अव्ययीभाव समास के अन्त में विकल्प से 'टच्' प्रत्यय होता है। जैसे-
चर्मणः समीपम् = **उपचर्मम्** (चर्म के समीप) 'टच्'प्रत्यय हुआ
चर्मणः समीपम् = **उपचर्म** (चर्म के समीप) 'टच्' नहीं हुआ।

2. तत्पुरुष समास

तत्पुरुष- 'प्रायेण उत्तरपदार्थप्रधानः तत्पुरुषः'
अर्थात् जिस समास में उत्तरपद का अर्थ प्रधान होता है, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं।
जैसे- 'गङ्गाजलम् आनय'। यहाँ 'आनय' इस क्रिया पद के साथ 'जलम्' का ही साक्षात् सम्बन्ध है। अतः 'जल' इस उत्तरपद का अर्थ ही प्रधान होने के कारण यहाँ तत्पुरुषसमास है।

तत्पुरुष समास के भेद- तत्पुरुष समास के मुख्यतः दो भेद होते हैं- 1. समानाधिकरण तत्पुरुष 2. व्यधिकरण तत्पुरुष

1. समानाधिकरण तत्पुरुष- समानाधिकरण को 'समविभक्तिक' भी कह सकते हैं। इस तत्पुरुष समास के पूर्वपद एवं उत्तरपद दोनों में समान विभक्ति (प्रथमा) लगी रहती है। समान अधिकरण (विभक्ति) वाला तत्पुरुष कर्मधारय समास होता है- ''तत्पुरुषः समानाधिकरणः कर्मधारयः''

2. व्यधिकरण तत्पुरुष- जिस तत्पुरुष समास में पूर्वपद तथा उत्तर पद दोनों में अलग-अलग विभक्तियाँ लगी हों, वह व्यधिकरण तत्पुरुष होता है। वि = विषय और 'अधिकरण' = विभक्ति वाले तत्पुरुष को व्यधिकरण तत्पुरुष कहते हैं। पूर्वपद में जो विभक्तियाँ लगी होती हैं, उनके आधार पर ही तत्पुरुष के प्रमुख भेद किये जाते हैं। जैसे यदि पूर्वपद में द्वितीया विभक्ति हो तो द्वितीया तत्पुरुष, यदि पूर्व पद में तृतीया विभक्ति लगी हो तो तृतीया तत्पुरुष आदि। इसप्रकार **व्यधिकरण तत्पुरुष के छह भेद किये गये हैं-**
1. द्वितीया तत्पुरुष 2. तृतीया तत्पुरुष 3. चतुर्थी तत्पुरुष
4. पञ्चमी तत्पुरुष 5. षष्ठी तत्पुरुष 6. सप्तमी तत्पुरुष।

तत्पुरुष समास के उपभेद- समानाधिकरण तथा व्यधिकरण समास के अतिरिक्त तत्पुरुष के अन्य उपभेद भी इसप्रकार हैं-
(i) नञ् तत्पुरुष समास - अनश्वः, अब्राह्मणः, अनिच्छा आदि।
(ii) प्रादि तत्पुरुष समास - कुपुरुषः, प्राचार्यः आदि।
(iii) उपपद तत्पुरुष समास - कुम्भकारः, धर्मज्ञः आदि।
(iv) अलुक् तत्पुरुष समास - युधिष्ठिरः, सरसिजम्, अभ्यासादागतः आदि।

द्वितीया तत्पुरुष समास- जिस तत्पुरुष समास का पूर्वपद द्वितीया विभक्ति में हो, ऐसे द्वितीयान्त सुबन्त पद का 'श्रित' आदि शब्दों के साथ द्वितीया तत्पुरुष समास होता है।
सूत्र- ''द्वितीया श्रित-अतीत-पतित-गत-अत्यस्त-प्राप्त-आपन्नैः'' (2.1.24)
जैसे-

समास विग्रह	सामासिक पद (अर्थ सहित)
कृष्णं श्रितः	**कृष्णश्रितः** (कृष्ण का आश्रय लिया हुआ)
शरणम् आगतः	**शरणागतः** (शरण में आया हुआ)
लोकम् अतीतः	**लोकातीतः** (लोक से परे)
भयम् आपन्नः	**भयापन्नः** (भय को प्राप्त)
रामम् आश्रितः	**रामाश्रितः** (राम के आश्रित)
सुखं प्राप्तः	**सुखप्राप्तः** (सुख को प्राप्त हुआ)
अश्वम् आरूढः	**अश्वारूढः** (घोड़े पर आरूढ़)
स्वर्गं गतः	**स्वर्गगतः** (स्वर्ग को गया हुआ)
दुःखम् अतीतः	**दुःखातीतः** (दुःख को पार किया हुआ)
कूपं पतितः	**कूपपतितः** (कुयें में गिरा हुआ)
ग्रामं गतः	**ग्रामगतः** (गाँव को गया हुआ)
जीवनं प्राप्तः	**जीवनप्राप्तः** (जीवन को प्राप्त किया हुआ)
सुखम् आपन्नः	**सुखापन्नः** (सुख को पाया हुआ)

तृतीया तत्पुरुष समास- जिस तत्पुरुष समास का पूर्वपद तृतीया विभक्ति में हो, ऐसे तृतीयान्त सुबन्त पद का तत्कृत (उसके

द्वारा किये गए) गुणवाचक शब्द के साथ तथा 'अर्थ' शब्द के साथ तृतीया तत्पुरुष समास होता है।

सूत्र- ''तृतीया तत्कृतार्थेन गुणवचनेन'' (2.1.30)

जैसे-

शङ्कुलया खण्डः = **शङ्कुलाखण्डः** (सरौते से किया गया टुकड़ा)
धान्येन अर्थः = **धान्यार्थः** (अन्न से प्रयोजन)
दानेन अर्थः = **दानार्थः** (दान से प्रयोजन)

➢ तृतीयान्त सुबन्त पदों का 'पूर्व' आदि शब्दों के साथ तृतीया तत्पुरुष समास होता है।

सूत्र- ''पूर्व-सदृश-समोनार्थ-कलह-निपुण-मिश्र-श्लक्ष्णैः'' (2.1.30)

समास विग्रह	सामासिक पद (अर्थ सहित)
मासेन पूर्वः	= **मासपूर्वः** (महीने से पहले)
पित्रा सदृशः	= **पितृसदृशः** (पिता के समान)
भ्रात्रा समः	= **भ्रातृसमः** (भाई के बराबर)
माषेण ऊनम्	= **माषोणम्** (मासा भर कम)
ज्ञानेन हीनः	= **ज्ञानहीनः** (ज्ञान से हीन)
वाचा कलहः	= **वाक्कलहः** (बातचीत से झगड़ा)
आचारेण निपुणः	= **आचारनिपुणः** (आचार में निपुण)
गुडेन मिश्रः	= **गुडमिश्रः** (गुड़ से मिला हुआ)
आचारेण श्लक्ष्णः	= **आचारश्लक्ष्णः** (आचरण में सहज)
मात्रा सदृशः	= **मातृसदृशः** (माता के समान)
नेत्राभ्यां हीनः	= **नेत्रहीनः** (नेत्रों से रहित)
घृतेन पक्वम्	= **घृतपक्वम्** (घी से पकाया हुआ)
पादेन खञ्जः	= **पादखञ्जः** (पैर से लँगड़ा)

➢ कर्ता और करणकारक में तृतीयान्त पद का कृदन्त के साथ तृतीया तत्पुरुष समास होता है- **''कर्तृकरणे कृता बहुलम्'' (2.1.32)**

जैसे-

हरिणा त्रातः = **हरित्रातः** (हरि के द्वारा रक्षित)
नखैः भिन्नः = **नखभिन्नः** (नखों से फाड़ा गया)
नखैः निर्भिन्नः = **नखनिर्भिन्नः** (नखों से फाड़ा गया)
धर्मेण रक्षितः = **धर्मरक्षितः** (धर्म से रक्षित)
बाणेन विद्धः = **बाणविद्धः** (बाण से घायल)

चतुर्थी तत्पुरुष समास- जिस तत्पुरुष समास में पूर्वपद चतुर्थी विभक्ति में हो तथा चतुर्थ्यन्त पदों का अर्थ, बलि, हित, सुख, रक्षित आदि पदों के साथ समास होता है। उसे चतुर्थी तत्पुरुष समास कहते हैं।

''चतुर्थी तदर्थार्थबलिहितसुखरक्षितैः'' (2.1.36)

जैसे-

समास विग्रह	सामासिक पद (अर्थ सहित)
यूपाय दारु	= **यूपदारु** (यज्ञ के खम्भे के लिए लकड़ी)
कुम्भाय मृत्तिका	= **कुम्भमृत्तिका** (घड़े के लिए मिट्टी)
भूतेभ्यः बलिः	= **भूतबलिः** (जीव के लिए बलि)
गोभ्यः हितम्	= **गोहितम्** (गाय के लिए हितकारी)
ब्राह्मणाय हितम्	= **ब्राह्मणहितम्** (ब्राह्मण के लिए हितकर)
गोभ्यः सुखम्	= **गोसुखम्** (गाय के लिए सुखकारी)
गोभ्यः रक्षितम्	= **गोरक्षितम्** (गाय के लिए रक्षित)
धनाय कामना	= **धनकामना** (धन के लिए इच्छा)

विशेष नियम- अर्थ शब्द के साथ चतुर्थी का नित्यसमास होता है, और अर्थ शब्दान्त शब्द का लिङ्ग विशेष्य के अनुसार होता है-

जैसे-

पुँल्लिङ्ग - द्विजाय अयम् = **द्विजार्थः सूपः** (ब्राह्मण के लिए दाल)
स्त्रीलिङ्ग - द्विजाय इयम् = **द्विजार्था यवागूः** (ब्राह्मण के लिए लप्सी)
नपुंसकलिङ्ग - द्विजाय इदम् = **द्विजार्थं पयः** (ब्राह्मण के लिए दूध)

धनाय इदम् = **धनार्थम्** (धन के लिए)
सुखाय इदम् = **सुखार्थम्** (सुख के लिए)
रक्षाय इदम् = **रक्षार्थम्** (रक्षा के लिए)

पञ्चमी तत्पुरुष समास- जिस तत्पुरुष समास का पूर्वपद पञ्चमी विभक्ति में हो, ऐसे पञ्चम्यन्त पदों का भय आदि शब्दों के साथ पञ्चमी तत्पुरुष समास होता है।

''पञ्चमी भयेन'' (2.1.37)

जैसे-

समास विग्रह	सामासिक पद (अर्थ सहित)
चोरात् भयम्	= **चोरभयम्** (चोर से डरा हुआ)
व्याघ्रात् भयम्	= **व्याघ्रभयम्** (बाघ से डरा हुआ)
सिंहात् भीतः	= **सिंहभीतः** (सिंह से भय)
वृकात् भीतिः	= **वृकभीतिः** (भेड़िये से भय)
सर्पात् भीः	= **सर्पभीः** (सर्प से डर)
राज्ञः भयम्	= **राजभयम्** (राजा से डर)

➢ पञ्चम्यन्त शब्दों का 'अपेत, अपोढः युक्त, पतित' आदि पदों के साथ पञ्चमी तत्पुरुष समास होता है। जैसे -

समासविग्रह		सामासिक पद (अर्थ सहित)
सुखात् अपेतः	=	**सुखापेतः** (सुख से रहित)
कल्पनायाः अपोढः	=	**कल्पनापोढः** (कल्पना से शून्य)
बन्धनात् युक्तः	=	**बान्धनमुक्तः** (बन्धन से मुक्त)
मार्गात् भ्रष्टः	=	**मार्गभ्रष्टः** (मार्ग से भ्रष्ट हुआ)
अश्वात् पतितः	=	**अश्वपतितः** (घोड़े से गिरा हुआ)
वृक्षात् पतितः	=	**वृक्षपतितः** (वृक्ष से गिरा हुआ)
स्वर्गात् पतितः	=	**स्वर्गपतितः** (स्वर्ग से पतित)

षष्ठी तत्पुरुष समास

जिस तत्पुरुष समास का पूर्वपद षष्ठी विभक्ति में हो, ऐसे षष्ठ्यन्त पदों का समर्थ सुबन्त के साथ षष्ठी तत्पुरुष समास होता है।

सूत्र- ''षष्ठी'' (2.2.8)

जैसे-

समासविग्रह		सामासिक पद (अर्थ सहित)
नराणां पतिः	=	**नरपतिः** (मनुष्यों का स्वामी)
विद्यायाः आलयः	=	**विद्यालयः** (विद्या का घर)
राज्ञः सेवकः	=	**राजसेवकः** (राजा का सेवक)
राज्ञः पुरुषः	=	**राजपुरुषः** (राजा का पुरुष)
राज्ञः कुमारः	=	**राजकुमारः** (राजा का कुमार)
राज्ञः पुत्रः	=	**राजपुत्रः** (राजा का पुत्र)
राज्ञः माता	=	**राजमाता** (राजा की माता)
दशरथस्य पुत्रः	=	**दशरथपुत्रः** (दशरथ का पुत्र)
देवस्य पूजा	=	**देवपूजा** (देव की पूजा)
रामस्य अनुजः	=	**रामानुजः** (राम का भाई)
प्रजायाः पतिः	=	**प्रजापतिः** (प्रजा का स्वामी)
कृष्णस्य सखा	=	**कृष्णसखः** (कृष्ण का सखा)
नन्दस्य नन्दनः	=	**नन्दनन्दनः** (नन्द का नन्दन)
सीतायाः पतिः	=	**सीतापतिः** (सीता का पति)
ईश्वरस्य भक्तः	=	**ईश्वरभक्तः** (ईश्वर का भक्त)
गङ्गायाः जलम्	=	**गङ्गाजलम्** (गङ्गा का जल)
देवस्य मन्दिरम्	=	**देवमन्दिरम्** (देवों का मन्दिर)
हिमस्य आलयः	=	**हिमालयः** (हिम का घर)
राष्ट्रस्य पतिः	=	**राष्ट्रपतिः** (राष्ट्र का स्वामी)
देवानां भाषा	=	**देवभाषा** (देवों की भाषा)
पशूनां पतिः	=	**पशुपतिः** (पशुओं का स्वामी)
पाठस्य शाला	=	**पाठशाला** (पठन का घर)
काल्याः दासः	=	**कालिदासः** (काली का दास)

सप्तमी तत्पुरुष सूत्र - ''सप्तमी शौण्डै''

जिस तत्पुरुष समास का पूर्वपद सप्तमी विभक्ति में हो, ऐसे सप्तम्यन्त सुबन्तों का शौण्डादिगण में पठित शब्दों के साथ सप्तमी तत्पुरुष समास होता है। जैसे-

समास विग्रह		सामासिकपद (अर्थ सहित)
अक्षेषु शौण्डः	=	**अक्षशौण्डः** (पासों में चतुर)
कार्ये कुशलः	=	**कार्यकुशलः** (कार्य में कुशल)
रणे कुशलः	=	**रणकुशलः** (रण में कुशल)
मुनिषु श्रेष्ठः	=	**मुनिश्रेष्ठः** (मुनियों में श्रेष्ठ)
पुरुषेषु उत्तमः	=	**पुरुषोत्तमः** (पुरुषों में श्रेष्ठ)
गुरौ भक्तिः	=	**गुरुभक्तिः** (गुरु में भक्ति)
युद्धे निपुणः	=	**युद्धनिपुणः** (युद्ध में निपुण)
नरेषु उत्तमः	=	**नरोत्तमः** (नरों में श्रेष्ठ)
विद्यायां प्रवीणः	=	**विद्याप्रवीणः** (विद्या में कुशल)

तत्पुरुष समास के उपभेद

(i) नञ् तत्पुरुष समास -

सूत्र- ''नञ्'' (2.2.6) 'नञ्' इस अव्यय का समर्थ सुबन्त के साथ नञ् तत्पुरुष समास होता है। अर्थात् जिस समास का पूर्वपद 'नञ्' हो तथा उत्तरपद कोई संज्ञा या विशेषण हो तो वहाँ नञ् समास होगा।

➢ 'नञ्' के बाद यदि व्यञ्जन वर्ण आते हैं तो 'नञ्' के स्थान पर 'अ' और यदि 'नञ्' के बाद स्वरवर्ण आये तो 'नञ्' के स्थान पर 'अन्' हो जाता है। जैसे-

न स्वस्थः	=	अस्वस्थः (बीमार)
न अश्वः	=	अनश्वः (घोड़ा नहीं)

नञ् समास के उदाहरण

समास विग्रह		सामासिक पद (अर्थ सहित)
न कृतम्	=	**अकृतम्** (जो किया न हो)
न इच्छा	=	**अनिच्छा** (इच्छा न हो)
न आगतम्	=	**अनागतम्** (जो आया न हो)
न गजः	=	**अगजः** (जो गज न हो)
न उक्तः	=	**अनुक्तः** (जो उक्त न हो)
न मोघः	=	**अमोघः** (अव्यर्थ)
न सिद्धः	=	**असिद्धः** (असफल)
न ब्राह्मणः	=	**अब्राह्मणः** (अब्राह्मण)
न ईश्वरः	=	**अनीश्वरः** (जो ईश्वर न हो)
न अर्थः	=	**अनर्थः** (अनर्थ)
न उचितः	=	**अनुचितः** (जो उचित नहीं)

(ii) गति समास या प्रादि तत्पुरुष समास-

जिस तत्पुरुष समास के पूर्वपद में कु आदि शब्द, ऊरी आदि गतिसंज्ञक शब्द, प्र आदि शब्द आयें तो इनका समर्थ सुबन्तों के

साथ नित्य समास होता है, ऐसे समास को **गति तत्पुरुष** या **प्रादि तत्पुरुष** समास कहते हैं।
जैसे-

कुत्सितः पुत्रः = **कुपुत्रः** (बुरा पुत्र)
सुन्दरः देशः = **सुदेशः** (सुन्दर देश)
कुत्सितः पुरुषः = **कुपुरुषः** (निन्दित पुरुष)
कुत्सितः राजा = **कुराजा** (बुरा राजा)
प्रगतः आचार्यः = **प्राचार्यः** (श्रेष्ठ आचार्य)
विरुद्धः पक्षः = **विपक्षः** (जो पक्ष में न हो)
शोभनः पुरुषः = **सुपुरुषः** (सुन्दर पुरुष)
प्रकृष्टो वीरः = **प्रवीरः** (प्रकृष्ट वीर)
ऊरी कृत्वा = **ऊरीकृत्य** (स्वीकार करके)
अशुक्लं शुक्लं कृत्वा = **शुक्लीकृत्य** (सफेद करके)
पटत् पटत् इति कृत्वा = **पटपटाकृत्य** (पटत् पटत् इसप्रकार शब्द करके)

(iii) उपपद तत्पुरुष समास

कृदन्त सुबन्तों के साथ उपपदों का समास ही उपपदसमास कहलाता है। इस समास में पूर्वपद उपपद तथा उत्तरपद कृत् प्रत्ययान्त समर्थ पद होता है। अर्थात् उपपद सुबन्त का तिङ् रहित धातु के साथ समास होता है। जैसे-

कुम्भं करोति इति = **कुम्भकारः** (कुम्हार)
धर्मं जानाति इति = **धर्मज्ञः** (जो धर्म जानता है)
सामं गायति इति = **सामगः** (जो सामवेद को जानता है)
आसने तिष्ठति इति= **आसनस्थः** (जो आसन पर बैठता है)
धनं ददाति इति = **धनदः** (जो धन देता है)
भारं हरति इति = **भारहारः** (भार ढोने वाला, कुली)
दिनं करोति इति = **दिनकरः** (सूर्य)
शं करोति इति = **शङ्करः** (महादेव)
भिक्षां चरति इति = **भिक्षाचरः** (भिखारी)
निशायां चरति इति = **निशाचरः** (रात्रि में विचरण करने वाला, राक्षस)
उरसा गच्छति इति = **उरगः** (छाती के बल चलने वाला, साँप)
विहायसा गच्छति इति = **विहगः** (आकाशमार्ग से चलने वाला, पक्षी)
पङ्के जायते इति = **पङ्कजः** (कमल)
मर्म जानाति इति = **मर्मज्ञः** (मर्म को जानने वाला)
कम्बलं ददाति इति = **कम्बलदः** (कम्बल देने वाला)
प्रभां करोति इति = **प्रभाकरः** (सूर्य)

अलुक् तत्पुरुष समास

- 'अलुक्' का अर्थ है न लुक् अर्थात् 'लोप' का न होना। जिस समास में विभक्ति का लोप नहीं होता उसे अलुक् समास कहते हैं।
- सामान्यतया समास में सामासिक पदों की विभक्ति का लोप हुआ करता है, किन्तु कुछ शब्दों में समास होने पर भी विभक्ति का लोप (लुक्) नहीं होता, उसे 'अलुक्' तत्पुरुष समास कहते हैं।

अलुक् तत्पुरुष समास के उदाहरण

समासविग्रह		सामासिक पद (अर्थ सहित)
आत्मने पदम्	=	**आत्मनेपदम्** (अपने लिए पद)
पस्स्मै पदम्	=	**परस्मैपदम्** (दूसरे के लिए पद)
युधि स्थिरः	=	**युधिष्ठिरः** (युद्ध में स्थिर)
कृच्छ्रात् आगतः	=	**कृच्छ्रादागतः** (कठिनाई से आया हुआ)
अभ्यासात् आगतः	=	**अभ्यासादागतः** (अभ्यास से आया हुआ)
सरसि जातम्	=	**सरसिजम्** (तालाब में उत्पन्न)
खे चरति	=	**खेचरः** (आकाश में विचरण करने वाला पक्षी)
वाचः पतिः	=	**वाचस्पतिः** (बृहस्पति)
शरदि जायते	=	**शरदिजः** (शरद् में होने वाला)
प्रावृषि जायते	=	**प्रावृषिजः** (बरसात में होने वाला)
देवानां प्रियः	=	**देवानाम्प्रियः** (मूर्ख)

कर्मधारय समास

तत्पुरुष समास के समानाधिकरण भेद को कर्मधारय समास कहते हैं। अर्थात् समान अधिकरण (विभक्ति) वाला तत्पुरुष, कर्मधारय होता है।

''तत्पुरुषः समानाधिकरणः कर्मधारयः'' (1.2.42)
तात्पर्य यह है कि पूर्वपद एवं उत्तरपद, दोनों में समान विभक्ति (प्रथमा) लगी रहती है। जैसे- कृष्णः सर्पः = कृष्णसर्पः

- कर्मधारय अथवा समानाधिकरण तत्पुरुष में पूर्वपद विशेषण एवं उत्तरपद विशेष्य होता है। कहीं कहीं दोनों पद विशेष्य होते हैं।

सूत्र- ''विशेषणं विशेष्येण बहुलम्'' (2.1.57) अर्थात् समान विभक्ति वाले विशेषण का विशेष्य के साथ बहुलता से समास होता है।

कर्मधारय समास के भेद

कर्मधारय समास के कुछ प्रमुख भेद निम्नवत् हैं-

(i) विशेषण पूर्वपद कर्मधारय- कर्मधारय समास में यदि प्रथम पद विशेषण तथा द्वितीय पद विशेष्य होता है, तो उसे विशेषण पूर्वपद कर्मधारय कहते हैं। यथा-

समास विग्रह		सामासिक पद (अर्थ सहित)
कृष्णः सर्पः	=	**कृष्णसर्पः** (काला साँप)
महान् चासौ देवः	=	**महादेवः** (महादेव)
महान् चासौ राजा	=	**महाराजः** (महान् राजा)
महान् चासौ आत्मा	=	**महात्मा** (महान् आत्मा)
श्रेष्ठः पुरुषः	=	**श्रेष्ठपुरुषः** (श्रेष्ठ पुरुष)
महान् चासौ पुरुषः	=	**महापुरुषः** (महान् पुरुष)
महान् चासौ ऋषिः	=	**महर्षिः** (महान् ऋषि)
महान् कविः	=	**महाकविः** (महान् कवि)
महान् चासौ रथी	=	**महारथी** (महान् रथी)
महत् काव्यम्	=	**महाकाव्यम्** (महान् काव्य)
श्वेतं च तत् वस्त्रम्	=	**श्वेतवस्त्रम्** (सफेद वस्त्र)
श्वेतः च असौ अश्वः	=	**श्वेताश्वः** (सफेद घोड़ा)
सुन्दरः च असौ बालकः	=	**सुन्दरबालकः** (सुन्दर बालक)
मधुरं च तत्फलम्	=	**मधुरफलम्** (मधुरफल)
नीलः आकाशः	=	**नीलाकाशः** (नीला आकाश)
रक्तं च तत् उत्पलम्	=	**रक्तोत्पलम्** (लाल कमल)
गौरः बालकः	=	**गौरबालकः** (गोरा बालक)
नीलम् उत्पलम्	=	**नीलोत्पलम्** (नीला कमल)
नीलं कमलम्	=	**नीलकमलम्** (नील कमल)
प्रियः सखा	=	**प्रियसखः** (प्रिय मित्र)
महती नदी	=	**महानदी** (बडी नदी)

(ii) उपमानपूर्वपद कर्मधारय

''उपमानानि सामान्यवचनैः'' (2.1.55) - जब उपमानवाचक शब्द का सामान्यवाचक शब्द के साथ समास होता है, तो उसे उपमानपूर्वपद कर्मधारय कहते हैं।

समासविग्रह		सामासिक पद (अर्थसहित)
घन इव श्यामः	=	**घनश्यामः** (घनश्याम)
विद्युत् इव चञ्चला	=	**विद्युच्चञ्चला** (बिजली सी चञ्चल)
नवनीतम् इव कोमलम्	=	**नवनीतकोमलम्** (नवनीत के समान कोमल)
चन्द्रः इव उज्ज्वलः	=	**चन्द्रोज्ज्वलः** (चन्द्रमा सा उज्ज्वल)
चन्द्रः इव मुखम्	=	**चन्द्रमुखम्** (चन्द्रमा के समान मुख)
नरः शार्दूल इव	=	**नरशार्दूलः** (नरों में चीते के समान)
पुरुषः सिंह इव	=	**पुरुषसिंहः** (सिंह के समान पुरुष)
नरः सिंह इव	=	**नरसिंहः** (मनुष्य सिंह के समान)
चन्द्र इव आह्लादकः	=	**चन्द्राह्लादकः** (चन्द्र के समान कोमल)
कमलम् इव कोमलम्	=	**कमलकोमलम्** (कमल के समान कोमल)
पुरुषः व्याघ्र इव	=	**पुरुषव्याघ्रः** (व्याघ्र के समान पुरुष)
दुग्धम् इव धवलम्	=	**दुग्धधवलम्** (दूध के समान सफेद)
नीरदः इव श्यामः	=	**नीरदश्यामः** (बादल के समान काला)

(iii) रूपक कर्मधारय–

उपमान और उपमेय के एकरूप होने से, उपमान उपमेय पद के समास को रूपक कर्मधारय समास कहते हैं। जैसे-

समासविग्रह		सामासिक पद (अर्थ सहित)
शोक एव अग्निः	=	**शोकाग्निः** (शोकरूपी अग्नि)
विद्या एव धनम्	=	**विद्याधनम्** (विद्यारूपी धन)
मुखमेव कमलम्	=	**मुखकमलम्** (मुखरूपी कमल)
परीक्षा एव पयोधिः	=	**परीक्षापयोधिः**(परीक्षारूपी सागर)

(iv) उभयपद विशेषण कर्मधारय–

इस समास में पूर्वपद और उत्तरपद दोनों विशेषण होते हैं। जैसे-

समासविग्रह		सामासिकपद (अर्थ सहित)
पीतः चासौ कृष्णः	=	**पीतकृष्णः** (पीला और काला)
श्वेतः चासौ कृष्णः	=	**श्वेतकृष्णः** (श्वेत और काला)
चरं च अचरं च	=	**चराचरम्** (चराचर)
पूर्वं सुप्तः पश्चात् उत्थितः	=	**सुप्तोत्थितः** (पहले सोया फिर उठा)
कृतं च अकृतं च	=	**कृताकृतम्** (किया हुआ और न किया हुआ)
शीतं च उष्णम्	=	**शीतोष्णम्** (ठण्डा-गरम)
रक्तश्च पीतश्च	=	**रक्तपीतः** (लाल-पीला)

नोट - **परवल्लिङ्गं द्वन्द्वतत्पुरुषयोः (2.426)**
द्वन्द्व और तत्पुरुष का लिङ्ग उस समास के बाद वाले पद के समान होता है।

4. द्विगु समास

''**संख्यापूर्वो द्विगुः**'' (2.1.52) - अर्थात् जिस समास में पूर्वपद संख्यावाचक हो, वह द्विगु समास कहलाता है। यह कर्मधारय समास का उपभेद है, पर अपने प्रकृति वैशिष्ट्य के कारण स्वतन्त्र समास के रूप में स्वीकृत है।

द्विगु समास के उदाहरण-

समास विग्रह	सामासिकपद (अर्थ सहित)
पञ्चानां गवां समाहारः	= **पञ्चगवम्** (पाँच गायों का समूह)
पञ्चानां वटानां समाहारः	= **पञ्चवटी** (पाँच वटों/वृक्षों का समूह)
पञ्चानां पात्राणां समाहारः	= **पञ्चपात्रम्** (पाँच पात्रों का समूह)
पञ्चानाम् अमृतानां समाहारः	= **पञ्चामृतम्** (पाँच अमृतों का समूह)
पञ्चानां दिनानां समाहारः	= **पञ्चदिनम्** (पाँच दिनों का समूह)
त्रयाणां लोकानां समाहारः	= **त्रिलोकी** (तीन लोकों का समाहार)
त्रयाणां भुवनानां समाहारः	= **त्रिभुवनम्** (तीनों भुवनों का समाहार)
चतुर्णां फलानां समाहारः	= **चतुर्फलम्** (चार फलों का समाहार)
अष्टानाम् अध्यायानां समाहारः	= **अष्टाध्यायी** (आठ अध्यायों का समाहार)
त्रयाणां फलानां समाहारः	= **त्रिफला** (तीन फलों का समाहार)
शतानाम् अब्दानां समाहारः	= **शताब्दी** (सौ वर्षों का समूह)
चतुर्णां भुजानां समाहारः	= **चतुर्भुजम्** (चार भुजाओं का समूह)
तिसृणां वेणीनां समाहारः	= **त्रिवेणी** (तीन वेणियों का समूह)
चतुर्णां युगानां समाहारः	= **चतुर्युगम्** (चार युगों का समूह)
सप्तानां शतानां समाहारः	= **सप्तशती** (सात सैकड़ों का समूह)
सप्तानाम् अह्नाम् समाहारः	= **सप्ताहः** (सात अह्नों/दिनों का समाहार)
नवानां रात्रीणां समाहारः	= **नवरात्रम्** (नव रात्रियों का समूह)

5. द्वन्द्व समास

''**उभयपदार्थप्रधानः द्वन्द्वः**'' अर्थात् जिस समास में उभयपद (दोनों पद) या सभी पदों की प्रधानता होती है, उसे द्वन्द्वसमास कहते हैं। जैसे- रामश्च कृष्णश्च = **रामकृष्णौ**

यहाँ 'राम' और 'कृष्ण' दोनों पद प्रधान हैं, अतः इसमें द्वन्द्वसमास है।

द्वन्द्व समास के भेद- द्वन्द्व समास के मुख्यतः दो ही भेद होते हैं किन्तु एकशेष को शामिल करके इसके कुल तीन भेद हो जाते हैं-

(i) इतरेतर द्वन्द्व- जब समास में प्रयुक्त होने वाले शब्द के अर्थ अपनी-अपनी प्रधानता अलग-अलग प्रदर्शित करते हैं, उसे इतरेतर द्वन्द्व कहते हैं। इसका लिङ्ग निर्धारण उत्तरपद के अनुसार होता है।

जैसे- 'रामश्च लक्ष्मणश्च = रामलक्ष्मणौ' - यहाँ राम तथा लक्ष्मण का अलग-अलग अस्तित्व है। अतः यहाँ 'रामलक्ष्मणौ' में इतरेतर द्वन्द्व समास है।

(ii) समाहार द्वन्द्व- जिस द्वन्द्व समास में आये हुए पद अपना अर्थ बतलाने के साथ-साथ समूह या समाहार अर्थ का भी बोध कराते हैं, उसे 'समाहार द्वन्द्व' कहते हैं। यह समास नित्य नपुंसकलिङ्ग में होता है।

यथा- पाणिपादम् = पाणी च पादौ च तेषां समाहारः (हाथ और पैर का समूह)

(iii) एकशेष द्वन्द्व- जिस द्वन्द्व समास में दो या दो से अधिक पदों में से केवल एक पद शेष रहता है, उसे 'एकशेष द्वन्द्व' कहते हैं। जैसे- दुहिता च दुहिता च = दुहितरौ।

➢ यदि समास में पुँल्लिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग दोनों प्रकार के शब्द हों तो पुँल्लिङ्ग शब्द ही शेष बचेगा। जैसे-

माता च पिता च = **पितरौ**

मयूरी च मयूरः च = **मयूरौ**

द्वन्द्व समास करने वाला सूत्र-

''**चार्थे द्वन्द्वः**'' (2.2.29) इस सूत्र से 'च' (और) के अर्थ में विद्यमान अनेक सुबन्तों का द्वन्द्व समास होता है।

इतरेतर द्वन्द्व समास के उदाहरण

सीता च रामश्च	= **सीतारामौ** (सीता और राम)
रामः च कृष्णः च	= **रामकृष्णौ** (राम और कृष्ण)
देवश्च असुरश्च	= **देवासुरौ** (देवता और असुर)
धर्मश्च अर्थश्च	= **धर्मार्थौ** (धर्म और अर्थ)
कृष्णश्च अर्जुनश्च	= **कृष्णार्जुनौ** (कृष्ण और अर्जुन)
वाणी च विनायकश्च	= **वाणीविनायकौ** (वाणी और विनायक)

पार्वती च परमेश्वरश्च	=	**पार्वतीपरमेश्वरौ** (पार्वती और परमेश्वर महादेव)
सूर्यश्च चन्द्रश्च	=	**सूर्यचन्द्रौ** (सूर्य और चन्द्र)
शिवश्च केशवश्च	=	**शिवकेशवौ** (शिव और केशव)
रामश्च लक्ष्मणश्च	=	**रामलक्ष्मणौ** (राम और लक्ष्मण)
भीमश्च अर्जुनश्च	=	**भीमार्जुनौ** (भीम और अर्जुन)
सज्जनश्च दुर्जनश्च	=	**सज्जनदुर्जनौ** (सज्जन और दुर्जन)
ईशश्च कृष्णश्च	=	**ईशकृष्णौ** (ईश और कृष्ण)
पिता च पुत्रश्च	=	**पितापुत्रौ** (पिता और पुत्र)
हरिश्च हरश्च	=	**हरिहरौ** (हरि और हर)
बालश्च वृद्धश्च	=	**बालवृद्धौ** (बालक और वृद्ध)
नरश्च नारी च	=	**नरनार्यौ** (नर और नारी)
जाया च पतिश्च	=	**जायापती/जम्पती/दम्पती** (पति और पत्नी)

नोट- इतरेतर द्वन्द्व समास में दो या दो से अधिक पदों का योग होता है। दो पदों के लिए द्विवचन और दो से अधिक पदों का समास होने पर बहुवचन का प्रयोग होता है। लिङ्ग अन्तिम पद के समान प्रयोग किया जाता है। जैसे-

☆ हरिश्च हरश्च गुरुश्च = **हरिहरगुरवः**

☆ रामश्च भरतश्च लक्ष्मणश्च शत्रुघ्नश्च = **रामभरतलक्ष्मणशत्रुघ्नाः**

यहाँ दो से अधिक पदों का समास हुआ है, अतः बहुवचन का प्रयोग हुआ है।

समाहार द्वन्द्व के उदाहरण

समास विग्रह		सामासिकपद (अर्थ सहित)
पाणी च पादौ च तेषां समाहारः	=	**पाणिपादम्** (हाथ और पैर का समूह)
रथिकः च अश्वारोही च	=	**रथिकाश्वारोहम्** (रथी और घुड़सवार)
भेरी च पटहश्च	=	**भेरीपटहम्** (भेरी और पटह का समूह)
अहिश्च नकुलश्च	=	**अहिनकुलम्** (साँप और नेवला)
अहश्च रात्रिश्च	=	**अहोरात्रम्** (रात और दिन)
रथाश्च अश्वाश्च तेषां समाहारः	=	**रथाश्वम्** (रथ और घोड़े)
संज्ञा च परिभाषा च अनयोः समाहारः	=	**संज्ञापरिभाषम्** (संज्ञा और परिभाषा का समूह)

नोट- जिस समास में अनेक पदों के समूह का बोध होता है, उसे समाहार द्वन्द्व कहते हैं। समाहार द्वन्द्व में समास के बाद नपुंसकलिङ्ग एकवचन का प्रयोग होता है।

एकशेष द्वन्द्व समास के उदाहरण

समास विग्रह		सामासिक पद (अर्थ सहित)
माता च पिता च	=	**पितरौ** (माता और पिता)
पुत्रश्च पुत्री च	=	**पुत्रौ** (पुत्र और पुत्री)
रामश्च रामश्च	=	**रामौ** (दो राम)
हंसश्च हंसी च	=	**हंसौ** (हंस और हंसी)
युवा च युवती च	=	**युवानौ** (युवक और युवती)
दुहिता च दुहिता च	=	**दुहितरौ** (दो पुत्रियाँ)
मयूरी च मयूरः च	=	**मयूरौ** (मयूरी और मयूर)
भ्राता च स्वसा च	=	**भ्रातरौ** (भाई और बहन)
श्वश्रूः च श्वसुरश्च	=	**श्वसुरौ** (सास और ससुर)

नोट- (i) एकः च दश च = एकादश

(ii) द्वौ च दश च = द्वादश

(iii) त्रयः च दश च = त्रयोदश

(iv) अष्टौ च दश च = अष्टादश इत्यादि में द्वन्द्व समास है।

6. बहुव्रीहि समास

''अन्यपदार्थप्रधानो बहुव्रीहिः'' अर्थात् जिस समास में सामासिक पदों से भिन्न किसी अन्य पद का अर्थ प्रधान होता है, उसे 'बहुव्रीहि' समास कहते हैं। अर्थात् बहुव्रीहि में जितने भी पद होते हैं वे सभी मिलकर किसी दूसरे पद के विशेषण होते हैं।

जैसे- लम्बम् उदरं यस्य सः = **लम्बोदरः**।

यहाँ लम्बम् उदरं दोनों विशेषण विशेष्य तो है लेकिन वे किसी अन्य पद 'गणेश' की विशेषता बता रहे हैं। अतः यहाँ बहुव्रीहि समास है।

बहुव्रीहि समास विधायक सूत्र- अनेकमन्यपदार्थे (2.2.24) - अन्य पद के अर्थ में वर्तमान अनेक प्रथमान्त पदों का विकल्प से बहुव्रीहि समास होता है।

बहुव्रीहि समास के भेद-

(क) समानाधिकरण बहुव्रीहि- इसके दोनों पदों में समान विभक्ति होती है।

समास विग्रह		सामासिक पद (अर्थ सहित)
पीतम् अम्बरं यस्य सः	=	**पीताम्बरः** (श्रीकृष्ण) पीले वस्त्र वाला
लम्बम् उदरं यस्य सः	=	**लम्बोदरः** (गणेश) लम्बा है उदर जिसका
नीलं कण्ठं यस्य सः	=	**नीलकण्ठः** (शिव) नीला है कण्ठ जिसका
श्वेतम् अम्बरं यस्य सः	=	**श्वेताम्बरः** (साधु) सफेद है वस्त्र जिसका

दामम् उदरं यस्य सः = **दामोदरः** (श्रीकृष्ण) रस्सी है उदर पर जिसके
जितानि इन्द्रियाणि येन सः = **जितेन्द्रियः** (मुनि) जीत ली है इन्द्रियाँ जिसने
शुक्लम् अम्बरं यस्याः सा = **शुक्लाम्बरा** (सरस्वती)
दश आननानि यस्य सः = **दशाननः** (रावण)
चत्वारि आननानि यस्य सः = **चतुराननः** (ब्रह्मा)
दिक् अम्बरं यस्य सः = **दिगम्बरः** (शिव)
प्राप्तम् उदकं यं सः = **प्राप्तोदकः** (जल जिसे प्राप्त है।)
महान् आशयः यस्य सः = **महाशयः** (सभ्य व्यक्ति)
यशः एव धनं यस्य सः = **यशोधनः** (राजा) यश ही है धन जिसका
लब्धा प्रतिष्ठा येन सः = **लब्धप्रतिष्ठः** (विद्वान्)
नीलम् अम्बरं यस्य सः = **नीलाम्बरः** (बलराम)
दिव्यम् अम्बरं यस्य सः = **दिव्याम्बरः** (दिव्य हैं वस्त्र जिसका, वह)
पञ्च आननानि यस्य सः = **पञ्चाननः** (शिव)
नीलं कण्ठं यस्य सः = **नीलकण्ठः** (शिव)
गज इव आननं यस्य सः = **गजाननः** (गणेश)
कमलम् आसनं यस्य सः = **कमलासनः** (ब्रह्मा)
लम्बौ कर्णौ यस्य सः = **लम्बकर्णः** (लम्बे हैं कान जिसके, वह)

(ख) व्यधिकरण बहुव्रीहि-

इसके दोनों पद अलग-अलग विभक्तियों में होते हैं। जैसे-

चक्रं पाणौ यस्य सः = **चक्रपाणिः** (विष्णु)
वीणा पाणौ यस्याः सा = **वीणापाणिः** (सरस्वती)
धनुः पाणौ यस्य सः = **धनुष्पाणिः** (श्रीराम)
चन्द्रः शेखरे यस्य सः = **चन्द्रशेखरः** (शिव)
पीयूषं पाणौ यस्य सः = **पीयूषपाणिः** (वैद्य)
मृगस्य नयने इव नयने यस्याः सा = **मृगनयनी** (स्त्री) (मृग के नयनों के समान हैं नयन जिसके)
शूलं पाणौ यस्य सः = **शूलपाणिः** (शूल है हाथ में जिसके, वह)
शीतिः कण्ठे यस्य सः = **शीतिकण्ठः** (नीलिमा है जिसके कण्ठ में, वह)
चन्द्रस्य कान्तिः इव कान्तिः यस्य सः = **चन्द्रकान्तिः** (चन्द्र की कान्ति के समान कान्ति है जिसकी, वह)
गदा पाणौ यस्य सः = **गदापाणिः** (विष्णु)

(ग) व्यतिहार बहुव्रीहि-

युद्ध लड़ाई आदि का ज्ञान कराने वाले सप्तम्यन्त तथा तृतीयान्त पदों में जो समास होता है, उसे व्यतिहार बहुव्रीहि कहते हैं। यथा-

☆ केशेषु केशेषु गृहीत्वा इदं युद्धं प्रवृत्तम् = **केशाकेशि** (बालों को पकड़कर प्रारम्भ होने वाला युद्ध)
☆ हस्ताभ्यां हस्ताभ्यां प्रवृत्तं युद्धम् = **हस्ताहस्ति** (हाथों से प्रवृत्त हुआ युद्ध)
☆ दण्डैश्च दण्डैश्च प्रहृत्य इदं युद्धं प्रवृत्तम् = **दण्डादण्डि** (परस्पर लाठियों से मार-मार कर युद्ध में प्रवृत्त हुआ)
☆ मुष्टिभिश्च मुष्टिभिश्च प्रहृत्य इदं युद्धं प्रवृत्तम् = **मुष्टामुष्टि** (परस्पर मुक्कों से मार-मार कर यह लड़ाई लड़ी गयी)

(घ) तुल्य योग बहुव्रीहि-

जब बहुव्रीहि समास में साथ अर्थ वाले 'सह' का समास होता है, तब तुल्ययोग बहुव्रीहि समास होता है। 'सह' को विकल्प से 'स' हो जाता है। जैसे-

अर्जुनेन सह = **सार्जुनः** (अर्जुन के साथ)
राधिकया सह इति = **सराधिकः** (कृष्ण) राधिका के साथ
भार्यया सह = **सभार्यः** (स्त्री सहित)
कलाभिः समम् = **सकलम्** (कलाओं से युक्त)
सीतया सह = **ससीतः** (राम, सीता के साथ)
पुत्रेण सह = **सपुत्रः** (पुत्र के साथ)
परिवारेण सह = **सपरिवारः** (परिवार के साथ)
अनुजेन सह = **सानुजः** (अनुज के साथ)

बहुव्रीहि समास के कुछ अन्य उदाहरण-

द्वौ वा त्रयो वा = **द्वित्राः** (दो या तीन)
त्रयः वा चत्वारो वा = **त्रिचतुराः** (तीन-चार)
पञ्च वा षट् वा = **पञ्चषाः** (पाँच या छह)
युवतिः जाया यस्य सः = **युवजानिः** (जिसकी स्त्री युवती है, वह)
सीता जाया यस्य सः = **सीताजानिः** (जिसकी स्त्री सीता है, वह)
पठितुं कामं यस्य सः = **पठितुकामः** (पढ़ने की इच्छा वाला)
अविद्यमानो पुत्रः यस्य सः = **अपुत्रः**

❑❑

कारक तथा विभक्ति

- **'क्रियां करोति इति कारकम्'** क्रिया को करने वाला कारक है।
- **'क्रियाजनकत्वं कारकत्वम्'** क्रिया का जो जनक होता है, वह कारक है।
- **'क्रियान्वयित्वं कारकत्वम्'** क्रिया के साथ जिसका सीधा सम्बन्ध (अन्वय) होता है, उसे कारक कहते हैं।

जैसे- वन से आकर राम ने सीता के लिए लंका में रावण को बाण से मारा था।

वनात् आगत्य रामः सीतायै लङ्कायां रावणं बाणेन जघान।

स्पष्टीकरण-

(i) इस वाक्य में 'मारना' क्रिया को सम्पादित करने वाला 'राम' है, अतः 'राम' कर्ताकारक है।

(ii) क्रिया का प्रभाव जिस पर पड़ता है वह कर्म है। 'मारना' क्रिया का प्रभाव 'रावण' पर पड़ता है, अतः 'रावण' कर्म है।

(iii) क्रिया के सम्पन्न करने में अत्यधिक सहायक 'करण' कहलाता है, यहाँ 'मारने' की क्रिया में अत्यधिक सहायक 'बाण' है अतः 'बाण' करण कारक है।

(iv) सीता के लिए रावण मारा गया, अतः 'सीता' सम्प्रदान है।

(v) 'वन' अपादान कारक है।

(vi) मारने की क्रिया लंका में पूर्ण हुई थी, अतः लंका अधिकरण कारक है।

इसप्रकार इस वाक्य में 'राम, सीता, रावण, वन, बाण, लंका' इन सभी शब्दों का 'मारना' (जघान) क्रिया से सम्बन्ध है, अतः उपर्युक्त ये सभी शब्द कारक हैं।

कारकों की संख्या - कारक छह हैं-

1. कर्ता 2. कर्म 3. करण 4. सम्प्रदान 5. अपादान 6. अधिकरण

कर्ता कर्म च करणं सम्प्रदानं तथैव च।
अपादानाधिकरणे इत्याहुः कारकाणि षट्॥

जिनका क्रिया के साथ सीधा सम्बन्ध नहीं होता या जो क्रिया की सिद्धि में सहायक नहीं होते, उन्हें कारक नहीं कहा जा सकता। इसीलिए सम्बन्ध और सम्बोधन कारक नहीं माने जाते क्योंकि क्रिया के साथ इनका साक्षात् सम्बन्ध नहीं होता।

कारक चिह्न

विभक्ति	कारक	चिह्न
प्रथमा/तृतीया	कर्ता	ने
द्वितीया	कर्म	को
तृतीया	करण	से/द्वारा
चतुर्थी	सम्प्रदान	के लिए
पञ्चमी	अपादान	से (अलग होना)
षष्ठी	सम्बन्ध	का, के, की, रा, रे, री
सप्तमी	अधिकरण	में, पै, पर
प्रथमा	सम्बोधन	हे, भो, अरे

प्रथमा विभक्ति

1. स्वतन्त्रः कर्ता- क्रिया करने में जिसकी स्वतन्त्रता मानी जाय, वही कर्ता होता है। यह सूत्र 'कर्तृसंज्ञा' करने वाला संज्ञा सूत्र है। जैसे- मोहनः पठति। यहाँ 'मोहन' पठन क्रिया करने में स्वातन्त्र्येण विवक्षित है, अतः 'मोहन' कर्ता है।

वाक्य में कर्ता की स्थिति के अनुसार संस्कृत में वाक्य तीन प्रकार के होते हैं-

(क) कर्तृवाच्य- मोहनः पुस्तकं पठति। - यहाँ कर्ता की प्रधानता होती है, और उसमें प्रथमा विभक्ति होती है।

(ख) कर्मवाच्य- मोहनेन पुस्तकं पठ्यते। यहाँ 'कर्म' की प्रधानता होती है और कर्ता में तृतीया विभक्ति होती है।

(ग) भाववाच्य- रामेण भूयते। यहाँ भाव (क्रिया) की प्रधानता होती है, और कर्ता में तृतीया विभक्ति होती है।

2. प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा- प्रातिपदिकार्थ मात्र में, लिङ्गमात्र के आधिक्य में, परिमाण मात्र के आधिक्य में तथा वचनमात्र के आधिक्य में प्रथमा विभक्ति होती है।

- किसी प्रातिपदिक के उच्चारण से स्वार्थ, द्रव्य, लिङ्ग, संख्या और कारक- इन पाँचों में, जिसका ज्ञान निश्चित रूप से हो, उसे प्रातिपदिकार्थ कहते हैं।

उदाहरण- उच्चैः, नीचैः, कृष्णः, श्रीः, ज्ञानम्।

लिङ्गमात्राधिक्ये प्रथमा- जिन शब्दों के लिङ्ग निश्चित नहीं हैं, उन शब्दों से लिङ्गमात्राधिक्य में प्रथमा विभक्ति होती है। जैसे- तटः (पुंलिङ्ग), तटी (स्त्रीलिङ्ग), तटम् (नपुंसकलिङ्ग)

परिमाणमात्राधिक्ये प्रथमा- परिमाण (वजन, माप, तौल) मात्रा का बोध कराने के लिए प्रथमा विभक्ति होती है। जैसे- द्रोणो व्रीहिः।

वचनमात्रे प्रथमा- वचन अर्थात् संख्यामात्र का बोध कराने के लिए प्रथमा विभक्ति का प्रयोग होता है। यथा- एकः, द्वौ, बहवः।

3. सम्बोधने च - सम्बोधन में प्रथमा विभक्ति होती है- जैसे- हे राम! अत्र आगच्छ! यहाँ हे राम! में सम्बोधन होने से प्रथमा विभक्ति प्रयुक्त है।

4. उक्ते कर्तरि प्रथमा- कर्तृवाच्य में जहाँ कर्ता उक्त या 'कहा गया' रहता है, उसमें प्रथमा विभक्ति होती है। जैसे- रामः गृहं गच्छति।

➢ यहाँ 'राम' कर्तृवाच्य का कर्ता है जो कि उक्त है अतः 'रामः' में प्रथमा विभक्ति है।

इसप्रकार प्रातिपदिकार्थमात्र में, लिङ्गमात्र में, परिमाणमात्र में, वचनमात्र में, सम्बोधन में, उक्त कर्ता में प्रथमा विभक्ति होगी।

द्वितीया विभक्ति (कर्मकारक)

1. कर्तुरीप्सिततमं कर्म- कर्ता अपनी क्रिया के द्वारा जिसे विशेष रूप से प्राप्त करना चाहता है उसकी कर्मसंज्ञा होती है। जैसे- रामः लेखन्या पत्रं लिखति।

यहाँ 'राम' रूपी कर्ता अपनी लेखन रूपी क्रिया से सबसे ज्यादा 'पत्र' लिखना चाह रहा है अतः 'पत्र' यहाँ कर्म होगा।

2. कर्मणि द्वितीया- कर्म में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है। जैसे-

1. रामः गृहं गच्छति।
2. छात्रः विद्यालयं गच्छति।
3. अहं जलं पिबामि।
4. बालकाः फलानि खादन्ति।
5. सः नगरं गच्छति।
6. भक्तः हरिं भजति।

उपर्युक्त वाक्यों में 'गृह, विद्यालय, जल, फल, नगर, हरि' इन सभी की कर्मसंज्ञा है, अतः सभी पदों में कर्म होने के कारण 'कर्मणि द्वितीया' से द्वितीया विभक्ति हुई है।

3. अकथितं च- अपादान, सम्प्रदान, करण आदि कारकों के द्वारा अविवक्षित कारक कर्मसंज्ञक होता है। दुह् आदि (बारह) एवं नी आदि (चार) कुल 16 धातुओं के कर्म से जिसका सम्बन्ध होता है, वह अकथित कहा जाता है।

सोलह द्विकर्मक धातुयें- दुह्, याच्, पच्, दण्ड्, रुध्, प्रच्छ्, चि, ब्रू, शास्, जि, मथ्, मुष् -12

नी, हृ, कृष्, वह् = 4 ये **सोलह द्विकर्मक धातुयें** हैं।

इन सोलह धातुओं एवं इनके समानार्थक धातुओं के योग में अपादान, सम्प्रदान, करण आदि कारकों की कर्मसंज्ञा होती है, और उनमें द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है।

द्विकर्मक धातुओं के योग में अपादान आदि का कर्म होना

	धातु	प्रयोग	अर्थ
1.	**दुह्** (दुहना)	ग्वालः धेनुं दुग्धं दोग्धि।	ग्वाला गाय से दूध दुहता है।
2.	**याच्** (माँगना)	हरिः बलिं वसुधां याचते।	हरि वामन बलि से पृथ्वी माँगते हैं।
		सः नृपं क्षमां याचते।	वह राजा से क्षमा माँगता है।
3.	**पच्** (पकाना)	माता तण्डुलान् ओदनं पचति।	माता चावलों से भात पकाती है।
4.	**दण्ड्** (दण्ड देना)	राजा चौरं शतं दण्डयति।	राजा चोर से 100 रुपये दण्ड लेता है।
5.	**रुध्** (रोकना)	राजा शत्रून् दुर्गं रुणद्धि।	राजा शत्रुओं को किले में रोकता है।
6.	**प्रच्छ्** (पूछना)	गुरुः शिष्यं प्रश्नं पृच्छति।	गुरु शिष्य से प्रश्न पूछता है।
7.	**चि** (चुनना)	बालकः वृक्षं फलानि अवचिनोति।	बालक वृक्ष से फल चुनता है।
8.	**ब्रू** (बोलना)	गुरुः शिष्यं धर्मं ब्रूते।	गुरु शिष्य से धर्म बताता है।
9.	**शास्** (उपदेश देना)	गुरुः शिष्यं धर्मं शास्ति।	गुरु शिष्य को धर्म का उपदेश देता है।
10.	**जि** (जीतना)	सः देवदत्तं शतं जयति।	वह देवदत्त से सौ रुपये जीतता है।
11.	**मथ्** (मथना)	सुधां क्षीरनिधिं मथ्नाति।	अमृत के लिए समुद्र को मथता है।
12.	**मुष्** (चुराना)	यज्ञदत्तं शतं मुष्णाति।	यज्ञदत्त से सौ रुपये चुराता है।
13.	**नी** (ले जाना)	कृषकः धेनुं ग्रामं नयति।	किसान गाय को गाँव ले जाता है।
14.	**हृ** (हरना)	कृषकः धेनुं ग्रामं हरति।	किसान गाय को गाँव ले जाता है।
15.	**कृष्** (खींचना)	कृषकः धेनुं ग्रामं कर्षति।	किसान गाय को गाँव तक खींचकर ले जाता है।
16.	**वह्** (ले जाना)	कृषकः धेनुं ग्रामं वहति।	किसान गाय को ग्राम तक वहन करता है।

4. अधिशीङ्स्थासां कर्म- (1.4.46) **शी** (सोना), **स्था** (ठहरना), **आस्** (बैठना) - इन तीन धातुओं के पहले यदि 'अधि' उपसर्ग जुड़ा हो तो इनके आधार की कर्मसंज्ञा होती है, और कर्म में द्वितीया विभक्ति होगी। जैसे-

1. राजा **सिंहासनम्** अधितिष्ठति। (राजा सिंहासन पर बैठता है)
2. हरिः **वैकुण्ठम्** अध्यास्ते। (हरि वैकुण्ठ में बैठते हैं)
3. शिष्यः **आसनम्** अधितिष्ठति। (शिष्य आसन पर बैठता है)
4. मुनिः **शिलाम्** अधिशेते। (मुनि शिला पर सोते हैं)
5. सः **पर्यङ्कम्** अधिशेते (वह पलंग पर सोता है)

उपर्युक्त वाक्यों में सिंहासन, वैकुण्ठ, आसन, शिला, पर्यङ्क ये सभी आधार हैं। यहाँ सभी क्रिया पदों में 'अधि' उपसर्ग के साथ शीङ्, स्था, आस्, धातुओं का प्रयोग है। अतः आधार की कर्मसंज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति हो गयी।

5. अभिनिविशश्च- (1.4.47) 'अभि' और 'नि' इसी क्रम से ये दोनों ही उपसर्ग यदि 'विश्' धातु के पूर्व में आयें तो आधार की कर्मसंज्ञा हो जाती है। कर्म में द्वितीया विभक्ति होगी।

जैसे- सन्तः सन्मार्गम् अभिनिविशते।
(सज्जन सन्मार्ग में प्रवेश करते हैं)

➢ यहाँ 'अभिनिविशते' में 'अभि' एवं 'नि' उपसर्ग के साथ 'विश्' धातु का प्रयोग हुआ है अतः 'सन्मार्गम्' इस आधार की कर्मसंज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति हो गयी है।

6. उपान्वध्याङ्वसः - (1.4.48) उप, अनु, अधि या आङ् इनमें से कोई उपसर्ग यदि वस् धातु के पूर्व में आये तो आधार की कर्मसंज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होगा।

जैसे- राजा नगरम् उपवसति। (राजा नगर में रहता है)
राजा नगरम् अनुवसति।
राजा नगरम् अधिवसति।
राजा नगरम् आवसति।

➢ यहाँ 'वस्' धातु के पूर्व उप, अनु, अधि एवं आङ् उपसर्ग का प्रयोग हुआ है अतः आधार 'नगर' की कर्मसंज्ञा हो गयी और उसमें द्वितीया विभक्ति का प्रयोग हुआ है।

7. अन्तराऽन्तरेण युक्ते- (2.3.4) 'अन्तरा' (मध्य में) और 'अन्तरेण' (बिना) इन अव्ययों के योग में द्वितीया विभक्ति होती है।

(i) अन्तरा **ग्रामं** नदी प्रवहति। (दो गाँवों के बीच नदी बहती है)
(ii) **संस्कृतम्** अन्तरेण न किमपि जानामि। (संस्कृत के सिवाय और कुछ नहीं जानता)

8. अभितः - परितः - समया - निकषा - हा - प्रति-योगेऽपि-

अभितः (दोनों ओर या आस पास) परितः (चारों ओर) समया (समीप) निकषा (निकट) हा (शोक) प्रति (ओर)
इन शब्दों के योग में द्वितीया विभक्ति होती है।
जैसे-

(i) **ग्रामम्** अभितः वनम् अस्ति। (गाँव के आस-पास वन है)
(ii) **आश्रमम्** अभितः वृक्षाः सन्ति। (आश्रम के दोनों ओर वृक्ष हैं)
(iii) **विद्यालयं** परितः वृक्षाः सन्ति। (विद्यालय के चारों ओर वृक्ष हैं)
(iv) **ग्रामं** परितः उपवनानि सन्ति। (गाँव के चारों ओर उपवन हैं)
(v) **लङ्कां** समया सागरः अस्ति। (लङ्का के समीप सागर है)
(vi) **लङ्कां** निकषा हनिष्यति (लङ्का के समीप मारेगा)
(vii) हा **कृष्णाभक्तम्** (कृष्ण के अभक्त के लिए खेद है)
(viii) **बुभुक्षितं** न प्रतिभाति किञ्चित् (भूखे को कुछ भी अच्छा नहीं लगता)
(ix) छात्रः **गुरुं** प्रति श्रद्धधाति। (छात्र की गुरु के प्रति श्रद्धा है)
(x) सः **नगरं** प्रति गच्छति। (वह नगर की ओर जाता है)

9. उभसर्वतसोः कार्या धिगुपर्यादिषु त्रिषु।
द्वितीयाऽऽम्रेडितान्तेषु ततोऽन्यत्रापि दृश्यते॥

उभयतः, सर्वतः, धिक्, उपर्युपरि, अध्यधि, अधोऽधः पदों के योग होने पर द्वितीया विभक्ति होगी।
जैसे-

(i) उभयतः नदीं वृक्षाः सन्ति। (नदी के दोनों ओर वृक्ष हैं)
(ii) मार्गम् उभयतः वृक्षाः सन्ति। (मार्ग के दोनों ओर पेड़ हैं)
(iii) नगरं सर्वतः प्राकारः अस्ति। (नगर के चारों ओर परकोटा है)
(iv) धिक् कृष्णाभक्तम्। (कृष्ण के अभक्त को धिक्कार है)
(v) उपर्युपरि लोकं हरिः। (इस लोक के ठीक ऊपर हरि हैं)
(vi) अध्यधि लोकं हरिः। (हरि लोक के पास हैं)
(vii) अधोऽधः लोकं हरिः। (पाताल लोक के ठीक नीचे हरि हैं)

10. कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे (2.3.5)-

➢ यदि किसी काल में कोई क्रिया लगातार हो तो ऐसे कालवाची पद में द्वितीया विभक्ति होगी।

➢ इसीतरह यदि अध्व (मार्ग की दूरी) में कोई वस्तु लगातार हो तो उस अध्ववाचक = मार्गवाचक शब्दों में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे-

(i) छात्रः मासम् अधीते (छात्र महीने भर लगातार पढ़ता है) - कालवाचक

(ii) छात्रः क्रोशम् अधीते (छात्र कोश भर लगातार पढ़ता है) - मार्गवाचक

(iii) क्रोशं गिरिः वर्तते। (कोश भर विस्तृत पर्वत है) - मार्गवाचक

(iv) क्रोशं कुटिला नदी (कोश भर नदी टेढ़ी है) - मार्गवाचक

(v) सः मासम् अधीते रामायणम् (वह महीने भर रामायण पढ़ता है) - कालवाचक

(vi) सः सप्ताहं पठिष्यति (वह सप्ताह भर पढ़ता है) - कालवाचक

तृतीया विभक्ति (करण कारक)

1. साधकतमं करणम् - क्रिया की सिद्धि में जो सबसे अधिक उपकारक होता है, उसे करण कहते हैं।

'क्रियासिद्धौ प्रकृष्टोपकारकं करणसंज्ञं स्यात्'।

यथा- सः हस्तेन मिष्टान्नं वितरति।

यहाँ- मिष्टान्न वितरण रूपी कार्य को करने में हाथ सबसे अधिक सहायक है, अतः 'हाथ' करण है।

2. कर्तृकरणयोस्तृतीया (2.3.18) - अनुक्त कर्ता अर्थात् (कर्मवाच्य और भाववाच्य के कर्ता) और करण में तृतीया विभक्ति होती है।

जैसे-

(i) सः **कुठारेण** वृक्षं छिनत्ति। (वह कुल्हाड़ी से वृक्ष को काटता है) - करण में तृतीया

(ii) **रामेण** बालिः हतः (राम के द्वारा बाली मारा गया) - कर्ता में तृतीया

(iii) बालकः **दण्डेन** सर्पं हन्ति। (बालक डण्डे से सॉप को मारता है) - करण में तृतीया

(iv) त्वं **कलमेन** पत्रं लिख। (तू कलम से पत्र लिख) - करण में तृतीया

(v) मोहनः **दात्रेण** लुनाति। (मोहन हसियें से काटता है) - करण में तृतीया

(vi) **रामेण बाणेन** हतो बाली। (राम के बाण द्वारा बाली मारा गया) - कर्ता (रामेण) और करण (बाणेन) दोनों में तृतीया।

3. सहयुक्तेऽप्रधाने (2.3.19) -

सह, साकम्, सार्धम्, समम् आदि सहार्थक शब्दों के योग में अप्रधान में तृतीया विभक्ति होती है।

जैसे-

(i) पुत्रेण सह आगतः पिता। (पुत्र के साथ पिता आया)

(ii) पिता पुत्रेण सह मेरठनगरं गतः (पिता पुत्र के साथ मेरठनगर को गया)

(iii) रामः जानक्या साकं गच्छति। (राम जानकी के साथ जाते हैं)

(iv) मोहनः गुरुणा सार्धं विद्यालयं गच्छति। (मोहन गुरु के साथ विद्यालय जाता है।)

(v) लक्ष्मणेन समं रामः गच्छति। (लक्ष्मण के साथ राम जाते हैं)

4. येनाङ्गविकारः - (2.3.20) शरीर के जिस अङ्ग के विकार से शरीरधारी का विकार समझा जाय, उस अङ्गवाचक शब्द में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे-

(i) अक्ष्णा काणः (आँख से काना)

(ii) हस्तेन लुञ्जः (हाथ से लुञ्जा)

(iii) शिरसा खल्वाटः (शिर से गंजा)

(iv) कर्णाभ्यां बधिरः (कानों से बहरा)

(v) पादेन खञ्जः (पैर से लँगड़ा)

(vi) पृष्ठेन कुब्जः (पीठ से कुबड़ा)

यहाँ 'आँख से' काना दिखायी पड़ रहा है, इसलिए 'अक्ष्णा' में तृतीया विभक्ति हुई। इसीप्रकार 'हाथ से' लुंजा है अतः 'हस्तेन' इस अङ्गवाची पद में तृतीया विभक्ति हुई।

5. पृथग्विना नानाभिस्तृतीयान्यतरस्याम् -

- पृथक्, विना, नाना शब्दों के योग में तृतीया विभक्ति का प्रयोग विकल्प से होता है। तृतीया न हो तो पञ्चमी अथवा द्वितीया विभक्ति होती है।
- 'नाना' शब्द अनेकार्थक है लेकिन यहाँ 'विना' के अर्थ में प्रयुक्त है।

जैसे-

(i) **जलेन** विना न जीवति कमलम्। (जल के विना कमल जीवित नहीं रहता)

(ii) **ग्रामं** पृथक् या **ग्रामेण** पृथक् या **ग्रामात्** पृथक् (गाँव से अलग)

(iii) **रामं** विना या **रामेण** विना या **रामात्** विना (राम के विना)

(iv) नाना **रामेण** या नाना **रामात्** या नाना **रामम्** (राम के विना)

चतुर्थी विभक्ति (सम्प्रदान कारक)

1. कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् (1.4.32) - कर्ता दान कर्म के द्वारा जिसे अभिप्रेत करता है; अर्थात् कर्ता जिसे कुछ देता है, या जिसके लिए कुछ करता है, वह 'सम्प्रदान' कहलाता है।

सम्प्रदान- 'सम्यक् प्रदीयते अस्मै तत् सम्प्रदानम्' (जिसे कुछ दिया जाय, परन्तु उस वस्तु को वापस न लिया जाय, वह सम्प्रदान होता है)

2. चतुर्थी सम्प्रदाने (2.3.13) - सम्प्रदान में चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे-

(i) राजा **ब्राह्मणाय** गां ददाति। (राजा ब्राह्मण को गाय देता है)
(ii) माता **बालकाय** फलं ददाति। (माता बालक को फल देती है)
(iii) **उपाध्यायाय** गां ददाति (उपाध्याय के लिए गाय देता है)
(iv) **ब्राह्मणाय** भूमिं ददाति। (ब्राह्मण को भूमि देता है)

3. रुच्यर्थानां प्रीयमाणः (1.4.33) -

रुच् (अच्छा लगना, पसन्द आना) तथा इसी अर्थ की अन्य धातुओं के प्रयोग में जो प्रीयमाण अर्थात् जो प्रसन्न होता है, या जिसको पसन्द होता है उस कारक की सम्प्रदान संज्ञा होती है, और उसमें चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे-

(i) **हरये** रोचते भक्तिः। (हरि को भक्ति अच्छी लगती है)
(ii) **सुरेशाय** दुग्धं रोचते। (सुरेश को दूध अच्छा लगता है)
(iii) **मह्यं** मोदकं रोचते। (मुझे लड्डू पसन्द है)
(iv) **मह्यम्** ओदनं रोचते। (मुझे भात अच्छा लगता है)

यहाँ 'हरि' को भक्ति पसन्द है, सुरेश को दूध पसन्द है, मुझे लड्डू पसन्द है, मुझे ओदन (भात) पसन्द है, तो जिसे पसन्द है वो प्रीयमाण है, और जो प्रीयमाण है उसी की सम्प्रदानसंज्ञा होगी, और सम्प्रदान में चतुर्थी विभक्ति होगी, इसीलिए ''हरये, सुरेशाय, मह्यम्'' में चतुर्थी विभक्ति लगी है।

4.''क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोपः''(1.4.37)

क्रुध् (क्रोध करना), द्रुह् (द्रोह करना), ईर्ष्य् (ईर्ष्या करना), असूय् (जलन करना) इन धातुओं तथा इन्हीं अर्थों की अन्य धातुओं के प्रयोग में भी जिसके प्रति क्रोध किया जाता है उसकी **सम्प्रदान संज्ञा** होती है, और उसमें चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे-

(i) पिता **पुत्राय** क्रुध्यति। (पिता पुत्र पर क्रोध करता है)
(ii) दुष्टाः **सज्जनाय** द्रुह्यन्ति (दुष्ट सज्जनों से द्रोह करते हैं)
(iii) कंसः **कृष्णाय** ईर्ष्यति (कंस कृष्ण से ईर्ष्या करता है)
(iv) दैत्याः **देवेभ्यः** असूयन्ति (दैत्य देवों से जलते हैं)
(v) तनुश्रीदत्ता **नानापाटेकराय** क्रुध्यति (तनुश्रीदत्ता नानापाटेकर पर क्रोध करती है)
(vi) रावणः **रामाय** असूयति (रावण राम से द्वेष करता है)

यहाँ पिता अपने पुत्र पर क्रोध करता है, इसलिए जिस पर क्रोध किया जाय उसकी सम्प्रदानसंज्ञा होती है और उसमें चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है इसीलिए 'पुत्राय' में चतुर्थी विभक्ति लगी है।

5. स्पृहेरीप्सितः (1.4.36) -

स्पृह् (चाहना) धातु के प्रयोग में जिस वस्तु की चाह, इच्छा या अभीप्सा होती है उसकी सम्प्रदानसंज्ञा होती है और उसमें चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है। जैसे-

(i) सा **पुरुषेभ्यः** स्पृहयति। (वह पुरुषों को चाहती है)
(ii) रमा **पुष्पेभ्यः** स्पृहयति (रमा फूलों की चाह करती है)
(iii) बालिकाः **फलेभ्यः** स्पृहयन्ति (लड़कियाँ फलों की चाह करती हैं)
(iv) अहं **संस्कृताय** स्पृहयामि (मैं संस्कृत चाहता हूँ)

6. ''नमः स्वस्ति स्वाहा स्वधाऽलंवषट्योगाच्च'' (2.3.16)

नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलं, वषट् - इन शब्दों के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है; यथा-

(i) गणेशाय नमः (गणेश के लिए नमस्कार)
(ii) शिवाय नमः (शिव को नमस्कार है)
(iii) देवेभ्यः नमः (देवताओं को नमस्कार है)
(iv) विष्णवे नमः (विष्णु को नमस्कार है)
(v) तुभ्यम् स्वस्ति (तुम्हारा कल्याण हो)
(vi) बालकाय स्वस्ति (बालक का कल्याण हो)
(vii) इन्द्राय स्वाहा (इन्द्र के लिए स्वाहा)
(viii) अग्नये स्वाहा (अग्नि के लिए स्वाहा)
(ix) पितृभ्यः स्वधा (पितरों को स्वधा)
(x) दैत्येभ्यः हरिः अलम् (दैत्यों के लिए हरि पर्याप्त हैं)

पञ्चमी विभक्ति (अपादान कारक)

1. ध्रुवमपायेऽपादानम् (1.4.24) –

अपाय (अलग होना) अर्थ में जो ध्रुव हो, जिससे कोई वस्तु अलग हो रही हो, उसे 'अपादान' कहते हैं। जैसे-

वृक्षात् पत्रं पतति। (वृक्ष से पत्ता गिरता है)

इस वाक्य में पत्ता 'वृक्ष' से अलग हो रहा है अतः वृक्ष 'अपादान' है।

2. अपादाने पञ्चमी (2.3.28) –

अपादान में पञ्चमी विभक्ति होती है। जैसे-

(i) सः **ग्रामात्** गच्छति। (वह गाँव से जाता है)
(ii) **वृक्षात्** पत्राणि पतन्ति (वृक्ष से पत्ते गिरते हैं)

(iii) महेशः **आसनात्** उत्तिष्ठति (महेश आसन से उठता है)
(iv) गङ्गा **हिमालयात्** प्रभवति। (गंगा हिमालय से निकलती है)
(v) बालकः **सोपानात्** पतति (बालक सीढी से गिरता है)
(vi) सर्वे **विमानात्** अवतरन्ति (सभी विमान से उतरते हैं)

3. जुगुप्सा-विराम-प्रमादार्थानामुपसंख्यानम् (वा.)

सूत्रार्थ- जुगुप्सा (घृणा, निन्दा), विराम (रुकना), प्रमाद (आलस्य) इन अर्थ वाली धातुओं के प्रयोग में जिससे जुगुप्सा, विराम अथवा प्रमाद किया जाय, उसकी अपादान संज्ञा होती है, और उसमें पञ्चमी विभक्ति होगी।
जैसे-
(i) **पापात्** जुगुप्सते। (पाप से घृणा करता है)
(ii) सः **कार्यात्** विरमति (वह कार्य से रुकता है)
(iii) सः **पठनात्** प्रमाद्यति। (वह पढ़ने से प्रमाद करता है)
(iv) सः **धर्मात्** प्रमाद्यति। (वह धर्म से प्रमाद करता है)
(v) **स्वाध्यायात्** मा प्रमदः (स्वाध्याय से प्रमाद मत कर)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वाक्यों में जुगुप्सा, विराम और प्रमाद अर्थ वाली धातुओं का प्रयोग है तथा पाप, कार्य, पठन, धैर्य और स्वाध्याय से जुगुप्सा, विराम या प्रमाद किया जा रहा है इसलिए इनकी अपादान संज्ञा होकर पञ्चमी विभक्ति हो गयी है।

4. भीत्रार्थानां भयहेतुः (1.4.25) –

सूत्रार्थ- भय (डर) अर्थवाली और त्राण (रक्षा) अर्थवाली धातुओं के योग में जिससे भय हो या जिससे रक्षा की जाय, उसकी अपादान संज्ञा होती है। जैसे-
(i) **चोरात्** बिभेति (चोर से डरता है)
(ii) वृकः **सिंहात्** बिभेति (भेड़िया सिंह से डरता है)
(iii) शिशुः **सर्पात्** बिभेति (बच्चा साँप से डरता है)
(iv) पिता पुत्रं **सिंहात्** रक्षति (पिता पुत्र की सिंह से रक्षा करता है)
(v) माता पुत्रम् **अग्नेः** रक्षति (माता पुत्र की आग से रक्षा करती है)
(vi) पापात् त्रायते (पाप से रक्षा करता है)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त उदाहरणों में भयार्थक 'भी' (बिभेति) धातु का तथा त्राणार्थक 'रक्ष्' (रक्षति) धातु का प्रयोग है, तथा चोर, सिंह, सर्प, अग्नि, पाप आदि से डर या रक्षा हो रही है, इसीलिए इनमें अपादानसंज्ञा होकर पञ्चमी विभक्ति का प्रयोग हुआ है।

5. आख्यातोपयोगे (1.4.29) –

जिससे नियमपूर्वक विद्या पढ़ी जाय या कुछ सीखा जाय ऐसे व्याख्याता/प्रवक्ता/शिक्षक/पढ़ाने वाले की अपादान संज्ञा होगी, और अपादान में पञ्चमी विभक्ति होगी। जैसे-
(i) **उपाध्यायात्** अधीते। (उपाध्याय से पढ़ता है)
(ii) छात्रः **गुरोः** अधीते (छात्र गुरु जी से पढ़ता है)
(iii) रविः **शिक्षकात्** सङ्गीतं शिक्षते (रवि शिक्षक से संगीत सीखता है)
(iv) बालकः **अध्यापकात्** संस्कृतं पठति (बालक अध्यापक से संस्कृत पढ़ता है)
(v) वटुः **गुरोः** कर्मकाण्डं जानाति। (वटु गुरु से कर्मकाण्ड जानता है)

6. ''अन्यारादितरर्तेदिक्शब्दाञ्चूत्तरपदाजाहियुक्ते'' (2.3.29) –

अन्य, भिन्न, इतर, ऋते, पूर्व, प्राक्, प्रत्यक्, बहिः, आरभ्य, प्रभृति आदि शब्दों के योग में पञ्चमी विभक्ति का प्रयोग होता है। जैसे-
(i) अन्यः कृष्णात् (कृष्ण से भिन्न)
(ii) भिन्नः कृष्णात् (कृष्ण से भिन्न)
(iii) इतरः कृष्णात् (कृष्ण से भिन्न)
(iv) ऋते कृष्णात् (कृष्ण के विना)
(v) पूर्वो ग्रामात् (गाँव से पूर्व)
(vi) प्राक् ग्रामात् (गाँव से पूर्व)
(vii) प्रत्यक् ग्रामात् (गाँव के बाद)
(viii) भवात् प्रभृति हरिः सेव्यः। (जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त हरि सेव्य हैं)
(ix) ग्रामाद् बहिः उद्यानम् अस्ति। (गाँव के बाहर बगीचा है)

षष्ठी विभक्ति (सम्बन्ध)

1. षष्ठी शेषे (2.3.50) – कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, अधिकरण कारकों में तथा प्रातिपदिकार्थ में विभक्तियों का विधान कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त जो बच गया हो, वही 'शेष' है। इसप्रकार कारक और प्रातिपदिकार्थ से अतिरिक्त स्व-स्वामिभाव, जन्यजनकभाव, कार्यकारणभाव आदि सम्बन्ध शेष है। उस शेष की विवक्षा में षष्ठी विभक्ति होती है।
जैसे-
(i) राज्ञः पुरुषः (राजा का पुरुष)
(ii) गङ्गायाः जलम् (गङ्गा का जल)
(iii) दशरथस्य पुत्रः (दशरथ का पुत्र)
(iv) पाञ्चालानां भूमिः (पाञ्चालों की भूमि)

2. षष्ठी हेतुप्रयोगे (2.3.36) –

सूत्रार्थ- यदि किसी वस्तु की हेतुता (कारणता) प्रकट करनी हो, और 'हेतु' शब्द का साक्षात् प्रयोग हो तो उस वस्तु या कारण तथा 'हेतु' शब्द - दोनों में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग होता है। जैसे-
(i) **छात्रः अध्ययनस्य हेतोः प्रयागे वसति।**
(छात्र अध्ययन के लिए प्रयाग में रहता है)
(ii) **सः धनस्य हेतोः सेवते।** (वह धन के हेतु सेवा करता है)
(iii) **सः अन्नस्य हेतोः वसति।** (वह अन्न के कारण रहता है)
(iv) **सुमना गृहस्य हेतोः यतते।** (सुमन घर के लिए प्रयास कर रही है)

स्पष्टीकरण- यहाँ कोई छात्र 'अध्ययन के लिए' प्रयाग में रहता है, अतः उसके रहने का कारण 'अध्ययन' है इसलिए अध्ययन में षष्ठी विभक्ति हुई और वाक्य में 'हेतु' शब्द का प्रयोग हुआ है अतः 'हेतु' में भी षष्ठी विभक्ति का प्रयोग हुआ है।

3. क्तस्य च वर्तमाने (2.3.67) - वर्तमान अर्थ में होने वाले 'क्त' प्रत्ययान्त शब्दों के योग में षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे-

(i) **राज्ञां** पूजितः विद्वान् (वह विद्वान्, जो राजाओं द्वारा पूजा जाता है)
(ii) **सर्वेषाम्** आदृतः गुरुः (वह गुरु, जिसका सब आदर करते हैं)
(iii) **राज्ञां** मतः बुद्धः पूजितः वा (राजा मानते हैं, जानते हैं अथवा पूजते हैं)

4. षष्ठी चानादरे (2.3.38) - अनादर अर्थ प्रकट करने के लिए षष्ठी और सप्तमी दोनों विभक्ति का प्रयोग होता है। यथा-

(i) बालकानां चन्दनः दुष्टः (बालकों में चन्दन दुष्ट है)
(ii) खगानां काकः धूर्तः (पक्षियों में कौआ धूर्त होता है)
(iii) पशूनां शृगालः मूर्खः (पशुओं में गीदड़ मूर्ख होता है)
(iv) रुदतः पुत्रस्य पिता वनं गतः (रोते हुए पुत्र को छोड़कर पिता वन चला गया)
(v) रुदति पुत्रे सः प्रव्राजीत् (पुत्र के रोते रहने पर भी उसे छोड़कर संन्यास ले लिया)

सप्तमी विभक्ति (अधिकरण कारक)

1. आधारोऽधिकरणम् (1.4.45) - आधार को **'अधिकरण'** कहते हैं। अधिकरण उसे कहते हैं, जो कर्ता और कर्म का आधार होता है।

आधार के भेद

आधार तीन प्रकार का होता है-

(i) औपश्लेषिक आधार - कटे आस्ते।
(ii) वैषयिक आधार - मोक्षे इच्छा अस्ति।
(iii) अभिव्यापक आधार - तिलेषु तैलम्, पयसि घृतम्, सर्वस्मिन् आत्मा अस्ति।

2. सप्तम्यधिकरणे च (2.3.36) - अधिकरण में सप्तमी विभक्ति होती है-
जैसे-

(i) वयं **गेहे** वसामः (हम घर में रहते हैं)
(ii) **गङ्गायां** निर्मलं जलम् अस्ति। (गङ्गा में निर्मल जल है)
(iii) **क्षेत्रेषु** अन्नम् उत्पद्यते (खेतों में अन्न उत्पन्न होता है)
(iv) **वनेषु** सिंहाः वसन्ति (वनों में सिंह रहते हैं)

(C)	भवभूति	–	**सप्तम शताब्दी**
(D)	वामन	–	अष्टम शताब्दी

अतः विकल्प `C' सही है।

92. ''अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः'' यह किस कवि ने और किस सन्दर्भ में कहा?
(A) कालिदास ने मेघ के वर्णन में
(B) भारवि ने द्रौपदी के व्यथा के वर्णन में
(C) भवभूति ने राम के करुणरस वर्णन में
(D) भर्तृहरि ने मूर्ख (जड़) के वर्णन में

व्याख्या–
(A) 'जातं वंशे भुवनविदिते पुष्करावर्तकानां'–कालिदास ने मेघ के विषय में कहा है।
(B) 'तथापि वक्तुं व्यवसाययन्ति मां, निरस्तनारीसमया दुराधयः'–भारवि ने द्रौपदी के व्यथा के वर्णन में।
(C) 'अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः' **(उत्तररामचरितम् 3/1)**– प्रस्तुत पंक्ति में भवभूति राम के करुणरस का वर्णन करते हुए कहते हैं कि–गम्भीरता के कारण अप्रकट एवं अन्दर छिपी हुई घोर वेदना से युक्त राम का करुणरस पुटपाक के तुल्य है।
(D) ''न तु प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तमाराधयेत्''–भर्तृहरि ने 'नीतिशतकम्' में मूर्ख व्यक्तियों के बारे में कहा है।
अतः विकल्प `C' सही है।

93. ''स्नपयति हृदयेशं स्नेहनिष्यन्दिनी ते, धवलमधुरमुग्धा दुग्धकुल्येव दृष्टिः'' उपर्युक्त पद्यांश किस ग्रन्थ से उद्धृत है।
(A) उत्तररामचरितम् से
(B) मेघदूतम् से
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(D) नीतिशतकम् से

व्याख्या–
(A) 'स्नपयति हृदयेशं.......दृष्टिः'–प्रस्तुत पद्यांश उत्तररामचरितम् से उद्धृत है। **(उत्तररामचरितम् 3/23)**
(B) ''सद्यः पाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि''–मेघदूतम् से उद्धृत है।
(C) 'अतिस्नेहः पापशङ्की'–अभिज्ञानशाकुन्तलम् से उद्धृत है
(D) ''माधुर्यं मधुबिन्दुना रचयितुं क्षाराम्बुधेरीहते''–नीतिशतकम् से उद्धृत है।
अतः विकल्प `A' सही है।

90. (D) 91. (C) 92. (C) 93. (A)

94. ''मन्यामहे मलयमेव यदाश्रयेण, कङ्कोलनिम्बकुटजा अपि चन्दनानि।'' यह पद्यांश किस ग्रन्थ से उद्धृत है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(B) नीतिशतकम् से
(C) उत्तररामचरितम् से
(D) शुकनासोपदेश से

व्याख्या–
(A) 'मलयतटोन्मूलिता चन्दनलतेव देशान्तरे जीवितं धारयिष्यामि'–अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(B) ''मन्यामहे मलयमेव यदाश्रयेण कङ्कोलनिम्बकुटजा अपि चन्दनानि'' **(परिशिष्ट-17)–नीतिशतकम्** से उद्धृत है।
(C) ''आश्च्योतनं नु हरिचन्दनपल्लवानाम्''–उत्तररामचरित से
(D) ''चन्दनप्रभवो न दहति किमनलः''–शुकनासोपदेश से
अतः विकल्प `B' सही है।

95. ''दुर्जनः परिहर्तव्यो विद्ययालङ्कृतोऽपि सन्''–यह वचन किसने कहा है?
(A) भर्तृहरि ने (B) कालिदास ने
(C) भवभूति ने (D) भारवि ने

व्याख्या–
(A) ''दुर्जनः परिहर्तव्यो विद्ययालङ्कृतोऽपि सन्'' **भर्तृहरि** नीतिशतकम्–43 में कहते हैं कि– विद्या से अलंकृत होने पर भी दुष्ट का साथ छोड़ देना चाहिए।
(B) 'न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम'– कालिदास ने अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में कहा है।
(C) 'राक्षसकुलप्रलयधूमकेतो किमद्यापि ते मन्युविषयः''–भवभूति ने उत्तररामचरितम् में कहा है।
(D) ''व्रजन्ति ते मूढधियः पराभवं'–भारवि ने किरातार्जुनीयम् में कहा है।
अतः विकल्प `A' सही है।

96. ''विधिरहो बलवानिति मे मतिः'' यह सुभाषित किस ग्रन्थ में आया है?
(A) नीतिशतकम् में
(B) उत्तररामचरितम् में
(C) कादम्बरी (शुकनासोपदेश में)
(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में

व्याख्या–
(A) ''विधिरहो बलवानिति मे मतिः'' **(नीतिशतकम्/86)**– प्रस्तुत सुभाषित में भर्तृहरि कहते हैं कि–'भाग्य ही बलवान् है, ऐसी मेरी सम्मति है'
(B) ''विष्वङ्मोहः स्थगयति कथं मन्दभाग्यः करोमि'– उत्तररामचरितम् से उद्धृत है।
(C) ''न लक्षणं प्रमाणीकरोति''–कादम्बरी (शुकनासोपदेश) से उद्धृत है।
(D) ''भाग्यायत्तमतः परं न खलु तद् वाच्यं वधूबन्धुभिः''– अभिज्ञानशाकुन्तलम् में चतुर्थ अङ्क में कण्व कहते हैं।
अतः विकल्प `A' सही है।

97. 'तस्मिन्नद्रौ कतिचिदबलाविप्रयुक्तः स कामी' मेघदूतम् की इस पंक्ति के आगे की पंक्ति कौन-सी है?
(A) वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयं ददर्श
(B) जीमूतेनस्वकुशलमयीं हारयिष्यन् प्रवृत्तिम्
(C) नीत्वा मासान्कनकवलयभ्रंशरिक्तप्रकोष्ठः
(D) अन्तर्वाष्पश्चिरमुनचरो राजराजस्य दध्यौ

व्याख्या–
* तस्मिन्नद्रौ कतिचिदबलाविप्रयुक्तः स कामी
* नीत्वा मासान्कनकवलयभ्रंशरिक्तप्रकोष्ठः
* प्रस्तुत पद्य कालिदास कृत मेघदूतम् का दूसरा श्लोक है।
अतः विकल्प `C' सही है।

98. शकुन्तला से 'भर्तुर्बहुमता भव' यह वाक्य किसने कहा है?
(A) काश्यप ने (B) एक तापसी ने
(C) गौतमी ने (D) प्रियंवदा ने

व्याख्या–
(A) ''सुतं त्वमपि सम्राजं सेव पूरुमवाप्नुहि''–कण्व, शकुन्तला के लिए कहते हैं।
(B) ''भर्तुर्बहुमता भव''–कण्वाश्रम की **एक तापसी**, शकुन्तला को आशीर्वाद देते हुए कहती है कि– 'पति द्वारा बहुत सम्मान वाली हो।'
(C) ''वरः खल्वेषः नाशीः''–गौतमी, शकुन्तला के लिए कहती है।
(D) ''भर्तुर्गेहेऽनुभवितव्या राजलक्ष्मीः''–प्रियंवदा, शकुन्तला के लिए कहती है।
उपर्युक्त सभी कथन अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क से उद्धृत हैं, अतः विकल्प `B' सही है।

94. (B) 95. (A) 96. (A) 97. (C) 98. (B)

99. ''को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति''–यह वाक्य किस ग्रन्थ में आया है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में
(B) मेघदूतम् में
(C) किरातार्जुनीयम् में
(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम् चतुर्थ अङ्क के चौथे श्लोक में

व्याख्या–

(A) ''को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति''– **अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क** में प्रियंवदा अनसूया से शकुन्तला के विषय में कहती है कि–भला कौन नवमालिका (चमेली) को गर्म जल से सींचता है।

(B) ''चूडापाशे नवकुरबकं चारु कर्णे शिरीषम्''–मेघदूतम् में

(C) ''शमीतरुं शुष्कमिवाग्निरुच्छिखः''–किरातार्जुनीयम् के प्रथम अङ्क में द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती है।

(D) ''अवेहि तनयां ब्रह्मन्नग्निगर्भां शमीमिव''–(अभिज्ञान-शाकुन्तलम् के 4/4 श्लोक में) आकाशवाणी के माध्यम से यह श्लोक कण्व को सुनायी पड़ता है।

अतः विकल्प `A' सही है।

100. 'अदेवमातृकाः'' शब्द का प्रयोग किस ग्रन्थ में है?
(A) किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में
(C) उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में
(D) कादम्बरी (शुकनासोपदेश) में

व्याख्या–

(A) 'वितन्वति क्षेममदेवमातृकाश्चिराय तस्मिन् कुरवश्चकासति' **(किरातार्जुनीयम् 1/17)** प्रस्तुत पद्य में 'अवेदमातृकाः' शब्द का प्रयोग हुआ है जिसका अर्थ है–वर्षा के जल पर निर्भर न रहने वाले (कुरुदेशवासी)।

(B) 'क्षौमं' = रेशमीवस्त्र (अभिज्ञानशाकुन्तलम् 4/5)

(C) 'स्तनयित्नोः' = बादल के (उत्तररामचरितम् 3/7)

(D) 'अनार्या'–लक्ष्मी के लिए आया है– कादम्बरी शुकनासोपदेश में।

अतः विकल्प `A' सही है।

99. (A) 100. (A)

प्रशिक्षित-स्नातकशिक्षक-चयनपरीक्षा (TGT)–2001

1. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में 'अभिज्ञान' शब्द से किसका बोध होता है?
(A) नथुनी **(B) पायल**
(C) अँगूठी **(D) लॉकेट**

व्याख्या –
'तेन राजर्षिणा सम्प्रस्थितेन स्वनामधेयाङ्कितमङ्गुलीयकं स्मरणीयमिति स्वयं पिनद्धम्'– (अभि.शाकु., अङ्क-4)
अनसूया के इस कथन से यह ज्ञात होता है कि अभिज्ञान-शाकुन्तलम् में 'अभिज्ञान' का तात्पर्य **''अँगूठी''** से है।

	शब्द	**अर्थ**
(A)	नासाभरणम् (नपु.)	नथुनी
(B)	नूपुरम् (नपु.)	पायल
(C)	अङ्गुलीयकम् (नपु.)	अँगूठी
(D)	कण्ठभूषा (स्त्री.)	लॉकेट

अतः विकल्प (C) सही है।

2. शकुन्तला की सखी कौन थी?
(A) गौतमी **(B) मालविका**
(C) उर्वशी **(D) अनसूया और प्रियंवदा**

व्याख्या –
(A) गौतमी, कण्वाश्रम की अध्यक्षा है।
(B) मालविका, कालिदास कृत मालविकाग्निमित्रम् की नायिका है।
(C) उर्वशी, कालिदासकृत विक्रमोर्वशीयम् की नायिका है।
(D) **अनसूया और प्रियंवदा** शकुन्तला की सखियाँ हैं।
अतः विकल्प (D) सही है।

3. शकुन्तला के साथ राजदरबार तक कौन गयी थी?
(A) गौतमी **(B) मेनका**
(C) अनसूया **(D) प्रियंवदा**

व्याख्या –
(A) **''त्वया सह गौतमी यास्यति''** – कण्व के इस कथन से ज्ञात होता है कि शकुन्तला के साथ गौतमी दुष्यन्त के राजदरबार हस्तिनापुर तक जाती है।
* गौतमी के साथ शार्ङ्गरव एवं शारद्वत भी हस्तिनापुर जाते हैं।
(B) मेनका – एक अप्सरा है, जो विश्वामित्र की पत्नी एवं शकुन्तला की जन्मदात्री माता है।
(C) + (D) अनसूया एवं प्रियंवदा, शकुन्तला के साथ हस्तिनापुर नही जाती हैं। ''न युक्तमनयोस्तत्र गन्तुम्''
अतः विकल्प (A) सही है।

4. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का विदूषक कौन है?
(A) माढव्य **(B) मैत्रेय**
(C) वसन्तक **(D) माणवक**

	ग्रन्थ		**विदूषक**
(A)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	**माढव्य**
(B)	मृच्छकटिकम्	–	मैत्रेय
(C)	रत्नावली	–	वसन्तक
(D)	विक्रमोर्वशीयम्	–	माणवक

अतः विकल्प (A) सही है।

5. किसके आग्रह पर शकुन्तला के प्रति दुर्वासा के शाप में लघुता आयी –
(A) अनसूया **(B) प्रियंवदा**
(C) कण्व **(D) गौतमी**

व्याख्या –
(A) ''गच्छ पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनम्'' – अनसूया, प्रियंवदा को दुर्वासा ऋषि को मनाने के लिए भेजती है।
(B) ''प्रकृतिवक्रः स कस्यानुनयं प्रतिगृह्णाति! किमपि पुनः सानुक्रोशः कृतः'' – **प्रियंवदा** कहती है कि– स्वभाव से टेढे वह (दुर्वासा) भला किसकी प्रार्थना को स्वीकार करते हैं, फिर भी मैंने कुछ दयायुक्त कर लिया है। अर्थात् प्रियंवदा के आग्रह से शाप में कमी आयी। अतः विकल्प (B) सही है।
(C) कण्व, दुर्वासा ऋषि के आगमन के समय सोमनाथ तीर्थ गये थे।
(D) गौतमी को इस बात की जानकारी नहीं थी कि ऋषि दुर्वासा आश्रम में आये हैं।

1. (C) 2. (D) 3. (A) 4. (A) 5. (B)

6. 'कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव' – यह श्लोकांश है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में
(B) शुकनासोपदेश में
(C) शिवराजविजयम् में
(D) मेघदूतम् में

व्याख्या –

(A) ''कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव'' **(अभिज्ञानशाकुन्तलम् 4/1)** – ऋषि दुर्वासा नेपथ्य में शकुन्तला को शाप देते हुए कहते हैं कि 'याद दिलाये जाने पर भी वह (दुष्यन्त) तुमको याद नहीं करेगा। जैसे कोई प्रमत्त व्यक्ति पूर्व में किये गये कार्यों को स्मरण नहीं करता।

(B) ''कल्याणाभिनिवेशो लक्ष्मीमेव प्रथमम्''–(शुकनासोपदेश)

(C) ''अरुण एष प्रकाशः पूर्वस्यां भगवतो मरीचिमालिनः'' (शिवराजविजयम्)

(D) ''आषाढस्य प्रथमदिवसे मेघमाश्लिष्टसानुम्'' – (मेघदूतम्)

अतः विकल्प (A) सही है।

7. 'पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनया विश्लेषदुःखैर्नवैः' – यह उक्ति किसकी है –
(A) प्रियंवदा की **(B) अनसूया की**
(C) गौतमी की **(D) कण्व की**

व्याख्या –

(A) 'एते खलु हस्तिनापुरगामिन ऋषयः शब्दायन्ते' – प्रियंवदा

(B) 'यद्यपि गान्धर्वेण विधिना निवृत्तकल्याणा शकुन्तला....' – अनसूया

(C) 'वरः खल्वेषः नाशीः' – गौतमी

(D) 'पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनया विश्लेषदुःखैर्नवैः' – प्रस्तुतपद्य में **कण्व**, शकुन्तला की विदाई के समय कहते हैं कि – जंगल में रहने वाले मेरी भी स्नेह के कारण ऐसी व्याकुलता है तो गृहस्थ लोग पुत्री के वियोग के दुःख में कितना अधिक दुःखी होते होंगे। (अभि. 4/6)

अतः विकल्प (D) सही है।

8. ''सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं............'' रिक्तस्थान की पूर्ति करें –
(A) सर्वैरनुज्ञायताम् **(B) नादत्ते**
(C) अनुमतगमना **(D) स्नेहेन**

व्याख्या –

(A) 'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं **सर्वैरनुज्ञायताम्**' (अभि. 4/9) – कण्व

(B) 'नादत्ते प्रियमण्डनाऽपि भवताम्' – कण्व

(C) 'अनुमतगमना शकुन्तला तरुभिरियं वनवासबन्धुभिः'–कण्व

(D) 'नादत्ते प्रियमण्डनापि भवतां स्नेहेन या पल्लवम्'–कण्व

अतः विकल्प (A) सही है।

9. ''अर्थो हि कन्या परकीय एव'' – किसके लिए कहा गया है?
(A) शकुन्तला के लिए **(B) प्रियंवदा के लिए**
(C) अनसूया के लिए **(D) गौतमी के लिए**

व्याख्या –

(A) 'अर्थो हि कन्या परकीय एव' (अभि. 4/22)– कण्व **शकुन्तला के लिए** कहते हैं कि – ''कन्या वस्तुतः दूसरे का ही धन है''

(B) + (C) ''निगृह्यशोकमनुगच्छतं मां प्रस्थितम्'' – कण्व, अनसूया प्रियंवदा के लिए कहते हैं।

(D) 'कथं वा गौतमी मन्यते' – कण्व गौतमी से कहते हैं।

अतः विकल्प (A) सही है।

10. 'तन्माऽतिमात्रं मम कृत उत्कण्ठस्व' – यह कथन किसका है?
(A) काश्यप का **(B) शकुन्तला का**
(C) प्रियंवदा का **(D) अनसूया का**

व्याख्या –

(A) 'मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि' – काश्यप

(B) 'तन्माऽतिमात्रं मम कृत उत्कण्ठस्व' – **शकुन्तला** कण्व से कहती है कि मेरे लिए आप अत्यधिक दुःखी मत होइए।

(C) 'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति' – प्रियंवदा

(D) 'काम इदानीं सकामो भवतु' – अनसूया

अतः विकल्प (B) सही है।

11. किरातार्जुनीयम् महाभारत के किस पर्व से लिया गया है?
(A) वनपर्व से **(B) आदिपर्व से**
(C) भीष्मपर्व से **(D) सभापर्व से**

	ग्रन्थ		उपजीव्य
(A)	**किरातार्जुनीयम्**	–	**वनपर्व (महाभारत)**
(B)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	आदिपर्व (महाभारत)
(C)	गीता	–	भीष्मपर्व (महाभारत)
(D)	शिशुपालवधम्	–	सभापर्व (महाभारत)

अतः विकल्प (A) सही है।

6. (A) 7. (D) 8. (A) 9. (A) 10. (B) 11. (A)

12. किरातार्जुनीयम् में कुल कितने सर्ग हैं?
(A) 18 **(B) 19**
(C) 20 **(D) 22**

	महाकाव्य		सर्ग
(A)	**किरातार्जुनीयम्**	–	**18**
(B)	रघुवंशमहाकाव्यम्	–	19
(C)	शिशुपालवधम्	–	20
(D)	नैषधीयचरितम्	–	22

अतः विकल्प (A) सही है।

13. ''हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः'' – सूक्ति किस ग्रन्थ से है?
(A) मेघदूतम् से
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(C) किरातार्जुनीयम् से
(D) नीतिशतकम् से

व्याख्या –
(A) 'सद्यः पाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि मेघदूतम् (पूर्व भाग-9) से
(B) 'गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति'–अभि. शाकु.–16
(C) 'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' (**किरात. 1/4**) – वनेचर, युधिष्ठिर से कहता है कि – हितकारी और मनोहारी वचन दुर्लभ होते हैं।
(D) नानाफलं फलति कल्पलतेव भूमिः–नीतिशतकम्-38
अतः विकल्प (C) सही है।

14. 'निगूढतत्त्वं नयवर्त्म विद्विषाम्' – यह उक्ति किसकी है?
(A) वनेचर की **(B) दुर्योधन की**
(C) द्रौपदी की **(D) युधिष्ठिर की**

व्याख्या –
(A) 'निगूढतत्त्वं नयवर्त्म विद्विषाम्' (किरात. 1/6)– **वनेचर**, युधिष्ठिर से कहता है कि – गुप्त रहस्यों वाला नीतिमार्ग जो मेरे द्वारा जाना गया वह आपका प्रभाव है।
(C) 'शमीतरुं शुष्कमिवाग्निरुच्छिखः' – द्रौपदी
नोट – किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में दुर्योधन एवं युधिष्ठिर की एक भी उक्ति नहीं है।
अतः विकल्प (A) सही है।

15. 'तथापि वक्तुं व्यवसाययन्ति मां निरस्तनारीसमया दुराधयः'–यह श्लोकांश किस ग्रन्थ से लिया गया है?
(A) मेघदूतम् से **(B) किरातार्जुनीयम् से**
(C) नीतिशतकम् से **(D) शिवराजविजयम् से**

व्याख्या –
(A) 'ह्रीमूढानां भवति विफलप्रेरणा चूर्णमुष्टिः'–(उत्तरमेघ)
(B) 'तथापि वक्तुं व्यवसाययन्ति मां, निरस्तनारीसमया दुराधयः **(किरात. 1/28)**– प्रस्तुत पद्य में द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती है कि – नारी की मर्यादा को नष्ट करने वाली दुष्ट मनोव्यथाएँ मुझे कुछ कहने के लिए उद्यत कर रही हैं।
(C) 'दुर्जनः परिहर्तव्यो विद्ययाऽलंकृतोऽपि सन्' – (नीतिशतकम्)
(D) 'सत्यः पात्यन्ते, सन्तश्च सन्ताप्यन्ते'–(शिवराजविजयम्)
अतः विकल्प (B) सही है।

16. मेघदूतम् है –
(A) कथा **(B) महाकाव्य**
(C) खण्डकाव्य **(D) नाटक**

	ग्रन्थ		काव्यविधा
(A)	कादम्बरी	–	कथा
(B)	किरातार्जुनीयम्	–	महाकाव्य
(C)	**मेघदूतम्**	–	**खण्डकाव्य**/गीतिकाव्य
(D)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	नाटक

अतः विकल्प (C) सही है।

17. मेघदूतम् में अभिशप्त यक्ष कहाँ रहता था?
(A) नर्मदा के तट पर **(B) अलकापुरी में**
(C) आम्रकूट पर्वत पर **(D) रामगिरि पर्वत में**

व्याख्या –
(A) **नर्मदा** (रेवा) – मेघ के मार्ग में पड़ने वाली पहली नदी है।
(B) **अलका** – यह कुबेर की राजधानी है। शाप के पूर्व यक्ष अलकापुरी में ही निवास करता था।
(C) **आम्रकूट** – मेघ के मार्ग का पहला पर्वत।
(D) 'स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु' – प्रस्तुत श्लोकांश से ज्ञात होता है कि – अभिशप्त यक्ष **रामगिरि पर्वत** पर रहता था। (पूर्वमेघ–1)
अतः विकल्प (D) सही है।

12. (A) 13. (C) 14. (A) 15. (B) 16. (C) 17. (D)

18. मेघदूतम् के अनुसार कैलाशपर्वत तक मेघ के सहयात्री कौन होंगे?
(A) राजहंस **(B) बलाका**
(C) चातक **(D) नलगिरि**

व्याख्या –
(A) **राजहंस**– कैलाशपर्वत तक मेघ के सहयात्री। ''आ कैलासाद् .... भवतो राजहंसाः सहायाः'' (पूर्वमेघ-11)
(B) **बलाका** – आकाश में पंक्तिबद्ध होकर बगुलियाँ मेघ से मिलती हैं। ''सेविष्यन्ते नयनसुभगं खे भवन्तं बलाकाः'' (पूर्वमेघ-10)
(C) **चातक**–मेघ के वामपार्श्व (बाईं ओर) में बोलता है।
(D) **नलगिरि** – राजा प्रद्योत का हाथी है।
अतः विकल्प (A) सही है।

19. 'कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने किं पुनर्दूरसंस्थे' – इसमें 'जन' शब्द किसका बोधक है –
(A) मेघ का **(B) यक्षिणी का**
(C) राजहंस का **(D) चातक का**

व्याख्या –
कण्ठ के आलिङ्गन से प्रेम करने वाली मेरी प्रिया रूप जन के दूर होने पर क्या कहा जाय।
इस पद में सप्तमी के कारण ऐसे व्यक्ति की ओर संकेत कर रहा है, जो उस यक्ष के कण्ठालिङ्गन का इच्छुक हो और वह व्यक्ति केवल उसकी प्रिया ही हो सकती है जो उससे दूर स्थित है। 'जने' से अर्थ यहाँ पर प्रिया अर्थात् यक्षिणी है। अतः विकल्प (B) सही है।
स्रोत- 1. मेघदूतम् (पूर्वमेघ-3) आर0बी0 शास्त्री
2. मेघदूतम्- विजेन्द्र शर्मा, पेज-07

20. कालिदास के अनुसार कितने तत्वों की समष्टि से मेघ बनता है?
(A) पाँच **(B) चार**
(C) तीन **(D) दो**

व्याख्या –''धूमज्योतिःसलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः''– (पूर्वमेघ /5) धुआँ, ज्योति (प्रकाश), जल, वायु इन **चार तत्वों** के सन्निपात से मेघ बना है। अतः विकल्प (B) सही है।

21. कालिदास के अनुसार चेतन और अचेतन में कृपण कौन है?
(A) कामार्त **(B) शोकार्त**
(C) क्षुधार्त **(D) रोगार्त**

व्याख्या – ''**कामार्ता** हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु'' (पूर्वमेघ–5)– कालिदास कहते हैं कि – कामार्त व्यक्ति स्वाभाविक रूप से चेतन और अचेतन में भेद करने में कृपण (दीन) हो जाते हैं।

शब्द	**अर्थ**
कामार्त	कामपीड़ित
शोकार्त	शोक से पीड़ित
क्षुधार्त	भूख से पीड़ित
रोगार्त	रोग से पीड़ित

अतः विकल्प (A) सही है।

22. 'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा' – इसमें 'अधिगुण' शब्द से किसका बोध होता है?
(A) यक्ष का **(B) मेघ का**
(C) गङ्गा का **(D) कुबेर का**

व्याख्या –
(A) यक्ष- कुबेर का सेवक था जो अपनी प्रिया से दूर रामगिरि पर्वत में रहता था।
(B) 'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा' (पूर्वमेघ/6)– यहाँ **'अधिगुण' शब्द मेघ के लिए** आया है।
(C) गङ्गा को भगीरथ धरती पर लाये थे, अतः इसे 'भागीरथी' भी कहते हैं।
(D) कुबेर-अलकापुरी का राजा था। जिसने यक्ष को अपनी प्रिया से एकवर्ष तक दूर रहने का शाप दिया था।
अतः विकल्प (B) सही है।

23. मेघ की यात्रा के समय वामपार्श्व में किसकी ध्वनि होती है?
(A) राजहंस की **(B) बलाका की**
(C) चातक की **(D) सारिका की**

व्याख्या –
(A) राजहंस मानसरोवर जाते समय आकाश मार्ग में मेघ के सहयात्री होंगे।
(B) आकाश में पंक्तिबद्ध बगुलियाँ मेघ को देखती हैं।
(C) **'वामश्चायं नदति मधुरश्चातकस्ते सगन्धः'** (पूर्वमेघ /10) – मेघ की यात्रा के समय वामपार्श्व (बाईं ओर) **चातक** बोलते हैं।
(D) यक्ष के घर में यक्षिणी द्वारा पिंजड़े में सारिका (मैना) पाली गयी है।
अतः विकल्प (C) सही है।

18. (A) 19. (B) 20. (B) 21. (A) 22. (B) 23. (C)

24. उत्तररामचरितम् में कुल कितने अङ्क हैं?
(A) 5 **(B) 6**
(C) 7 **(D) 10**

ग्रन्थ		अङ्क
(A) मालविकाग्निमित्रम्	–	5
(B) स्वप्नवासवदत्तम्	–	6
(C) **उत्तररामचरितम्**	–	**7**
(D) मृच्छकटिकम्	–	10

अतः विकल्प (C) सही है।

25. उत्तररामचरितम् में ''छाया अङ्क'' कौन-सा है?
(A) प्रथम **(B) द्वितीय**
(C) तृतीय **(D) चतुर्थ**

अङ्क		नाम
(A) प्रथम अङ्क	–	चित्रदर्शन
(B) द्वितीय अङ्क	–	पञ्चवटीप्रवेश
(C) **तृतीय अङ्क**	**–**	**छाया अङ्क**
(D) चतुर्थ अङ्क	–	कौशल्याजनकयोग

अतः विकल्प (C) सही है।

26. ''त्वं जीवितं त्वमसि मे हृदयं द्वितीयम्'' – उत्तररामचरित में यह किसकी उक्ति है?
(A) वासन्ती की **(B) तमसा की**
(C) मुरला की **(D) सीता की**

व्याख्या –
(A) ''त्वं जीवितं त्वमसि मे हृदयं द्वितीयम्'' (उत्तररामचरितम् 3/26)– **वासन्ती** राम को उलाहना देते हुए कहती हैं कि – 'तुम मेरा जीवन हो, तुम मेरा दूसरा हृदय हो' इत्यादि सैकड़ों वचन आपने सीता के लिए कहा था!
(B) 'विरहव्यथेव वनमेति जानकी' – तमसा
(C) 'शरदिज इव घर्मः केतकीगर्भपत्रम्' – मुरला
(D) 'अहमेवैतस्य हृदयं जानामि ममैषः' – सीता
अतः विकल्प (A) सही है।

27. उत्तररामचरित के तृतीय अङ्क में राम किससे अपनी व्यथा का वर्णन करते हैं?
(A) वासन्ती से **(B) तमसा से**
(C) मुरला से **(D) सीता से**

व्याख्या –
(A) राम **वासन्ती से** अपनी विरहव्यथा का वर्णन करते हैं।
(B) तमसा, सीता के साथ रहती है।
(C) तमसा और मुरला – ये दोनों नदियाँ हैं।
(D) सीता, अपनी बात तमसा से कहती है, क्योंकि पूरे तृतीय अङ्क में राम के साथ वासन्ती और सीता के साथ तमसा रहती है।
अतः विकल्प (A) सही है।

28. 'पुरोत्पीडे तटाकस्य परीवाहः प्रतिक्रिया' में 'पुरोत्पीडे' शब्द का क्या अर्थ है –
(A) वाणी
(B) जलवृद्धि
(C) सरोवर
(D) बादल

शब्द		अर्थ
(A) भारतीनिर्घोषः	–	वाणी
(B) **पुरोत्पीडे**	**–**	**जलवृद्धि**
(C) तटाकः	–	सरोवर
(D) स्तनयित्नुः	–	बादल

अतः विकल्प (B) सही है।

29. 'तोयस्येवाप्रतिहतरयः सैकतं सेतुमोघः' श्लोकांश है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(B) नीतिशतकम् से
(C) मेघदूतम् से
(D) उत्तररामचरितम् से

व्याख्या –
(A) 'प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा' – अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(B) 'हतविधिपरिपाकः केन वा लङ्घनीयः' – नीतिशतकम्
(C) 'नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण' – मेघदूतम्
(D) 'तोयस्येवाप्रतिहतरयः सैकतं सेतुमोघः' **(उत्तररामचरितम् अङ्क 3/36)** – राम कहते हैं कि – अबाध गति से जाने वाला जलप्रवाह रेत के पुल को तोड़कर फैल जाता है। अतः विकल्प (D) सही है।

24. (C) 25. (C) 26. (A) 27. (A) 28. (B) 29. (D)

30. करुणरस प्रधान नाटक है?
(A) उत्तररामचरितम् (B) मुद्राराक्षसम्
(C) मालतीमाधवम् (D) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

	नाटक		प्रधानरस
(A)	**उत्तररामचरितम्**	–	**करुणरस**
(B)	मुद्राराक्षसम्	–	वीररस
(C)	मालतीमाधवम्	–	शृंगाररस
(D)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	शृंगाररस

अतः विकल्प (A) सही है।

31. उत्तररामचरित में वर्णित तमसा और मुरला हैं?
(A) दो नदियाँ
(B) वनदेवियाँ
(C) सीता की परिचारिका
(D) लव कुश की परिचारिका

व्याख्या –
(A) 'ततः प्रविशति नदीद्वयम्' – प्रस्तुत पंक्ति तमसा और मुरला के लिए प्रयुक्त है अर्थात् ये **दोनों नदियाँ हैं।**
(B) वासन्ती वनदेवी है और सीता की सखी भी है।
(C) सीता राजा जनक की पुत्री और राम की पत्नी हैं। कुश और लव इनके दो पुत्र हैं। वनवासकाल में इनकी कोई परिचारिका नही थी।
(D) कुश और लव दोनों राम और सीता के पुत्र हैं। कुश बड़ा भाई और लव छोटा है। इनकी भी किसी परिचारिका का उल्लेख नहीं है।
अतः विकल्प (A) सही है।

32. ''करुणस्य मूर्तिरथवा शरीरिणी, विरहव्यथेव वनमेति जानकी'' – यह कथन किसका है?
(A) मुरला का (B) सीता का
(C) राम का (D) तमसा का

व्याख्या –
(A) ''हृदयकमलशोषी दारुणो दीर्घशोकः'' – मुरला
(B) 'दिष्ट्या अपरिहीनधर्मः खलु स राजा' – सीता
(C) 'यत्कल्याणं वयसि तरुणे भाजनं तस्य जातः' – राम
(D) 'करुणस्य मूर्तिरथवा शरीरिणी विरहव्यथेव वनमेति जानकी' (उत्तर. 3/4) – जब सीता गोदावरी से निकलकर पञ्चवटी में प्रवेश करने लगती हैं, तब **तमसा कहती है** – सीता करुणरस की साक्षात् मूर्ति अथवा शरीरधारिणी वियोग व्यथा के तुल्य पञ्चवटी में आ रही हैं।
अतः विकल्प (D) सही है।

33. भवभूति किसके आश्रित कवि थे –
(A) यशोवर्मा के
(B) विक्रमादित्य के
(C) हर्षवर्धन के
(D) विष्णुवर्धन के

	कवि		राज्याश्रय
(A)	**भवभूति**	–	**यशोवर्मा**
(B)	कालिदास	–	विक्रमादित्य
(C)	बाणभट्ट	–	हर्षवर्धन
(D)	भारवि	–	विष्णुवर्धन

अतः विकल्प (A) सही है।

34. शिवराजविजयम् के लेखक हैं?
(A) दण्डी (B) अम्बिकादत्तव्यास
(C) कालिदास (D) भारवि

	ग्रन्थ		लेखक
(A)	दशकुमारचरितम्	–	दण्डी
(B)	**शिवराजविजयम्**	–	**अम्बिकादत्तव्यास**
(C)	ऋतुसंहारम्	–	कालिदास
(D)	किरातार्जुनीयम्	–	भारवि

अतः विकल्प (B) सही है।

35. 'संस्कृत संजीवनी समाज' की स्थापना किसने की?
(A) गोविन्ददास ने
(B) कुसुमदेव ने
(C) माधवभट्ट ने
(D) अम्बिकादत्तव्यास ने

व्याख्या –
* संस्कृत शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए 'संस्कृत संजीवनी समाज' नामक संस्था की स्थापना **अम्बिकादत्त व्यास जी** ने की थी।
अतः विकल्प (D) सही है।

30. (A) 31. (A) 32. (D) 33. (A) 34. (B) 35. (D)

36. संस्कृतसाहित्य में प्रथम ऐतिहासिक उपन्यास का सौभाग्य किसे प्राप्त है?
(A) नवसाहसाङ्कचरितम् (B) शिवराजविजयम्
(C) कादम्बरी (D) हर्षचरितम्

व्याख्या –
(A) नवसाहसाङ्कचरितम् – संस्कृतसाहित्य का प्रथम ऐतिहासिक महाकाव्य है।
(B) **शिवराजविजयम्** – संस्कृतसाहित्य का प्रथम ऐतिहासिक उपन्यास।
(C) कादम्बरी – बाणभट्ट कृत कादम्बरी तीन जन्मों की एक काल्पनिक 'कथा' है।
(D) हर्षचरितम् – यह एक 'आख्यायिका' ग्रन्थ है, इसमें कुल 8 उच्छ्वास हैं।
अतः विकल्प (B) सही है।

37. शिवराजविजयम् का प्रधानरस कौन सा है?
(A) करुणरस (B) श्रृंगाररस
(C) शान्तरस (D) वीररस

	ग्रन्थ		प्रधानरस
(A)	उत्तररामचरितम्	–	करुणरस
(B)	नैषधीयचरितम्	–	श्रृंगाररस
(C)	शारिपुत्रप्रकरणम्	–	शान्तरस
(D)	**शिवराजविजयम्**	–	**वीररस**

अतः विकल्प (D) सही है।

38. शिवराजविजयम् की सम्पूर्ण कथा कितने निःश्वासों में विभक्त है?
(A) 5 (B) 8
(C) 10 (D) 12

	ग्रन्थ		विभाजन
(A)	सरस्वतीकण्ठाभरणम्	–	5 परिच्छेद
(B)	हर्षचरितम्	–	8 उच्छ्वास
(C)	काव्यादर्श	–	3 परिच्छेद
(D)	**शिवराजविजयम्**	–	**12 निःश्वास**

अतः विकल्प (D) सही है।

39. शिवराजविजय में किस रीति का आश्रय लिया गया है?
(A) गौडी (B) वैदर्भी
(C) पाञ्चाली (D) इनमें से कोई नहीं

	ग्रन्थ		मुख्य रीति
(A)	महावीरचरितम्	–	गौडी रीति
(B)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	वैदर्भी रीति
(C)	**शिवराजविजयम्**	–	**पाञ्चाली** (कहीं कहीं वैदर्भी और गौडी का समन्वय)

अतः विकल्प (C) सही है।

40. भर्तृहरि ने नीतिशतक लिखा है?
(A) गद्य में (B) गद्य, पद्य में
(C) छन्द में (D) श्लोक में

	ग्रन्थ		विधा
(A)	कादम्बरी	–	गद्य में
(B)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	गद्य, पद्य में
(C)	**नीतिशतकम्**	–	**विभिन्न छन्दों में**
(D)	गीता	–	श्लोक (अनुष्टुप्) में

अतः विकल्प (C) सही है।

41. नीतिशतक में कितने प्रकार के प्राणी बताये गये हैं?
(A) तीन (B) चार
(C) छः (D) आठ

व्याख्या – प्रायेणाधममध्यमोत्तमगुणः संसर्गतो जायते।
(A) नीतिशतक में भर्तृहरि ने **तीन प्रकार** के प्राणी बताये हैं–
1. अधम 2. मध्यम 3. उत्तम
(B) चार वेद – ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद
(C) ऋतुसंहारम् के 6 सर्गों में वर्णित षट् ऋतुयें – ग्रीष्म, वर्षा, शरद्, हेमन्त, शिशिर, वसन्त
(D) अष्टमूर्ति शिव – जल, अग्नि, यजमान, सूर्य, चन्द्र, आकाश, पृथ्वी, वायुरूप मूर्ति।
अतः विकल्प (A) सही है।

42. 'विद्याविहीनः पशुः' यह उक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है?
(A) नीतिशतकम् से
(B) मेघदूतम् से
(C) उत्तररामचरितम् से
(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से

व्याख्या –
(A) **'विद्याविहीनः पशुः'** – विद्या से विहीन व्यक्ति पशु है, **(नीतिशतकम्–17)**
(B) 'स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु'–(मेघदूतम्–19)
(C) 'भवति ननु लाभो हि रुदितम्' – (उत्तररामचरितम्)
(D) 'उचितं न ते मङ्गलकाले रोदितुम्'–(अभिज्ञान. शाकु.)
अतः विकल्प (A) सही है।

36. (B) 37. (D) 38. (D) 39. (C) 40. (C) 41. (A) 42. (A)

43. 'प्रारब्धमुत्तमजना न परित्यजन्ति' – श्लोकांश उद्धृत है?

(A) मेघदूतम् से (B) कादम्बरी से
(C) नीतिशतकम् से (D) किरातार्जुनीयम् से

व्याख्या –

(A) 'के वा न स्युः परिभवपदं निष्फलारम्भयत्नाः'–(मेघदूतम्)
(B) 'पुरुषोत्तमरतापि खलजनप्रिया'–(कादम्बरी शुकनासोपदेश)
(C) **'प्रारब्धमुत्तमजना न परित्यजन्ति'** – भर्तृहरि कहते हैं कि – उत्तम प्रकृति के लोग विघ्नों द्वारा बार-बार आहत किये जाने पर भी आरम्भ किये हुए कार्य को नहीं त्यागते हैं। – **(नीतिशतकम्-73)**
(D) 'मनोरमामात्मवधूमिव श्रियम्' – (किरातार्जुनीयम्)
अतः विकल्प (C) सही है।

44. 'सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः' – श्लोकांश में 'परमगहनो' का क्या अर्थ है?

(A) अत्यन्त कठिन (B) असंगत बोलने वाले
(C) धोखा न देने वाले (D) लज्जावाली

	शब्द	**अर्थ**
(A)	**परमगहनो**	– **अत्यन्तकठिन (असम्भव)**
(B)	जल्पकः	– असंगत बोलने वाले
(C)	अवञ्चकः	– धोखा न देने वाले
(D)	ह्रीमति	– लज्जावाली

अतः विकल्प (A) सही है।

45. कादम्बरी की कथा है?

(A) कल्पनाप्रसूत
(B) रामायण पर आधारित
(C) महाभारत पर आधारित
(D) पूर्णतः काल्पनिक

	ग्रन्थ	**उपजीव्य**
(A)	**कादम्बरी**	– **कल्पनाप्रसूत** (गुणाढ्य बृहत्कथा)
(B)	अभिषेकनाटक	– रामायण पर आधारित
(C)	वेणीसंहारम्	– महाभारत पर आधारित
(D)	मालतीमाधवम्	– पूर्णतः काल्पनिक

अतः विकल्प (A) सही है।

46. कादम्बरी में कितने जन्मों की कथा है?

(A) दो (B) तीन
(C) चार (D) पाँच

व्याख्या –

कादम्बरी में **तीन जन्मों** की कथा का वर्णन है।
तीन जन्मों के नाम –

1	2	3
पुण्डरीक	वैशम्पायन	शुक
चन्द्रमा	चन्द्रापीड	शूद्रक

अतः विकल्प (B) सही है।

47. 'ऐश्वर्यतिमिरान्धत्वम्' यह कथन किस ग्रन्थ का है?

(A) शुकनासोपदेश का
(B) मेघदूतम् का
(C) नीतिशतकम् का
(D) किरातार्जुनीयम् का

व्याख्या –

(A) ''ऐश्वर्यतिमिरान्धत्वम्' – कादम्बरी **शुकनासोपदेश** में शुकनास, चन्द्रापीड को उपदेश देते हुए कहते हैं कि – ऐश्वर्यरूपी अन्धकार की चिकित्सा अञ्जनलिप्त शलाका से नहीं की जा सकती है।
(B) 'मन्दायन्ते न खलु सुहृदामभ्युपेतार्थकृत्याः – मेघदूतम् से
(C) 'सत्संगतिः कथय किं न करोति पुंसाम् – नीतिशतकम् से
(D) 'गुणानुरोधेन विना न सत्क्रिया' – किरातार्जुनीयम् से
अतः विकल्प (A) सही है।

48. 'पार्वतीपरिणय' किसकी रचना है?

(A) कालिदास (B) बाणभट्ट
(C) माघ (D) कुमारदास

रचना		**रचनाकार**
(A) ऋतुसंहारम्	–	कालिदास
(B) **पार्वतीपरिणयम्**	–	**बाणभट्ट**
(C) शिशुपालवधम्	–	माघ
(D) जानकीहरणम्	–	कुमारदास

अतः विकल्प (B) सही है।

43. (C) 44. (A) 45. (A) 46. (B) 47. (A) 48. (B)

49. कर्ता का इष्टतम कारक है?
(A) कर्मकारक (B) करणकारक
(C) सम्प्रदानकारक (D) अपादानकारक

व्याख्या –
(A) 'कर्तुरीप्सिततमं कर्म' (1/4/49) सूत्र से कर्ता अपनी क्रिया द्वारा जिसको सबसे अधिक चाहता है उसकी **कर्मसंज्ञा** होती है यथा – हरिं भजति।
(B) 'साधकतमं करणम्' (1/4/42) – करणकारकसंज्ञा
(C) 'कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्' (1/4/32) – सम्प्रदानसंज्ञा
(D) 'ध्रुवमपायेऽपादानम्' (1/4/24) – अपादानकारक संज्ञा
अतः विकल्प (A) सही है।

50. 'इत्थंभूतलक्षणे' से सम्बन्धित विभक्ति है?
(A) द्वितीया विभक्ति (B) तृतीया विभक्ति
(C) चतुर्थी विभक्ति (D) पञ्चमी विभक्ति

व्याख्या –
(A) 'तथायुक्तं चानीप्सितम्' (1/4/50) – 'द्वितीयाविभक्ति का सूत्र। ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति।
(B) **'इत्थंभूतलक्षणे'** (2/3/21) सूत्र से किसी विशेष लक्षण को प्राप्त हुए व्यक्ति अथवा वस्तु के लक्षण में **तृतीया विभक्ति** होती है। यथा – जटाभिः तापसः।
(C) रुच्यर्थानां प्रीयमाणः (1/4/33) – चतुर्थी विभक्ति में। यथा– चन्दनाय चाकलेहः रोचते।
(D) पराजेरसोढः (1/4/26) – पञ्चमी विभक्ति में। यथा– बालकः अध्ययनात् पराजयते।
अतः विकल्प (B) सही है।

51. 'प्रजाभ्यः स्वस्ति' में चतुर्थी विभक्ति का सूत्र है –
(A) हितयोगे च (B) रुच्यर्थानां प्रीयमाणः
(C) चतुर्थी सम्प्रदाने (D) नमःस्वस्तिस्वाहास्वधा...

व्याख्या –
(A) हितयोगे च (वार्तिक) – ब्राह्मणाय हितम्
(B) रुच्यर्थानां प्रीयमाणः – (1/4/33) हरये रोचते भक्तिः
(C) चतुर्थी सम्प्रदाने (2/3/13) – विप्राय गां ददाति
(D) **नमःस्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च** (2/3/16) सूत्र से नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम् और वषट् अव्यय पदों के योग में भी चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा – प्रजाभ्यः स्वस्ति। अतः विकल्प (D) सही है।

52. 'चौराद् बिभेति' में पञ्चमी विभक्ति किस सूत्र से है?
(A) पञ्चमी विभक्ते (B) भीत्रार्थानां भयहेतुः
(C) आख्यातोपयोगे (D) जनिकर्तुः प्रकृतिः

व्याख्या –
(A) अपादाने पञ्चमी (2/3/28) – धावतोऽश्वात् पतति
(B) **भीत्रार्थानां भयहेतुः** (1/4/25) – सूत्र से भय और त्राण अर्थवाली धातुओं के योग में भय के कारण की अपादानसंज्ञा होकर उसमें पञ्चमी विभक्ति होती है यथा – चौराद् बिभेति
(C) आख्यातोपयोगे (1/4/29) – उपाध्यायात् अधीते
(D) जनिकर्तुः प्रकृतिः (1/4/30) – ब्रह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते
अतः विकल्प (B) सही है।

53. अनुक्त कर्म में विभक्ति है?
(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) चतुर्थी (D) पञ्चमी

व्याख्या –
(A) **'कर्मणि द्वितीया'** (2/3/2) सूत्र से अनुक्त कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है, यथा – हरिं भजति।
(B) 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' (2/3/18) – सूत्र से अनुक्त कर्ता तथा करण में तृतीया विभक्ति होती है।
(C) 'चतुर्थी सम्प्रदाने' (2/3/13) सूत्र से अनभिहित सम्प्रदान कारक में चतुर्थी विभक्ति होती है।
यथा – ब्राह्मणाय गां ददाति।
(D) अपादाने पञ्चमी (2/3/28) सूत्र से अनभिहित (अनुक्त) अपादान कारक में पञ्चमी विभक्ति होती है।
यथा – बालकः ग्रामात् आयाति।
अतः विकल्प (A) सही है।

54. 'पादेन खञ्जः' में तृतीया विभक्ति है?
(A) 'येनाङ्गविकार' से
(B) 'सहयुक्तेऽप्रधाने' से
(C) 'साधकतमं करणम्' से
(D) 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' से

व्याख्या –
(A) **'येनाङ्गविकारः'** (2/3/20) सूत्र से जिस अङ्ग के द्वारा अङ्गी का विकार लक्षित हो उसमें तृतीया विभक्ति होती है। यथा – पादेन खञ्जः।
(B) 'सहयुक्तेऽप्रधाने' (2/3/19) सूत्र से – पुत्रेण सह आगतः पिता।
(C) 'साधकतमं करणम्' (1/4/42) सूत्र से–बाणेन हतो बाली।
(D) 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' (2/3/18) सूत्र से–रामेण हतो बाली।
अतः विकल्प (A) सही है।

49. (A) 50. (B) 51. (D) 52. (B) 53. (A) 54. (A)

55. 'बलिं याचते वसुधाम्' यहाँ 'बलि' की कर्मसंज्ञा विधायक सूत्र है?
(A) अकथितं च
(B) अपवर्गे तृतीया
(C) तथायुक्तं चानीप्सितम्
(D) अभिनिविशश्च

व्याख्या –
(A) **'अकथितं च'** (1/4/51) सूत्र से जब वक्ता अपादान आदि कारक न कहना चाहे तो वहाँ **कर्मकारक** तथा द्वितीया विभक्ति होती है यथा – बलिं याचते वसुधाम्।
(B) 'अपवर्गे तृतीया' (2/3/6) सूत्र से–अह्ना अनुवाकोऽधीतः।
(C) 'तथायुक्तं चानीप्सितम्' (1/4/50) सूत्र से – ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति।
(D) 'अभिनिविशश्च' (1/4/47) सूत्र से – अभिनिविशते सन्मार्गम्।
अतः विकल्प (A) सही है।

56. लृट्लकार किस काल का बोधक है?
(A) भूतकाल **(B) आज्ञार्थक**
(C) भविष्यकाल **(D) वर्तमानकाल**

	लकार		**कालबोधक**
(A)	लङ्लकार	–	भूतकाल
(B)	लोट्लकार	–	आज्ञार्थक
(C)	**लृट्लकार**	–	**भविष्यकाल**
(D)	लट्लकार	–	वर्तमानकाल

अतः विकल्प (C) सही है।

57. संस्कृत में 'धातुरूप' कहते हैं?
(A) संज्ञापद को **(B) कर्मपद को**
(C) क्रियापद को **(D) विशेषणपद को**

व्याख्या –
संस्कृत में **क्रियापद** को धातुरूप कहते हैं।
अतः विकल्प (C) सही है।

58. इनमें से कौन-सी धातु सकर्मक नहीं है?
(A) पठ् **(B) हन्**
(C) लिख् **(D) नृत्**

व्याख्या – नृत् (नाचना) अकर्मक धातु है। शेष सभी सकर्मक धातुएँ हैं। यथा– नृत्यति, नृत्यतः नृत्यन्ति
अतः विकल्प (D) सही है।

59. 'गच्छेत्' किस लकार का रूप है?
(A) लट्लकार का **(B) लोट्लकार का**
(C) लङ्लकार का **(D) विधिलिङ्लकार का**

व्याख्या –
'गम्' धातु का रूप निम्न लकारों में इस प्रकार चलता है –
(A) लट्लकार प्र. पु. – गच्छति गच्छतः गच्छन्ति
(B) लोट्लकार प्र. पु. – गच्छतु गच्छताम् गच्छन्तु
(C) लङ्लकार प्र. पु. – अगच्छत् अगच्छताम् अगच्छन्
(D) **विधिलिङ्लकार** प्र. पु.–**गच्छेत्** गच्छेताम् गच्छेयुः
अतः विकल्प (D) सही है।

60. 'भू' धातु लट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन का रूप है?
(A) भवामि **(B) भवथ**
(C) भवन्ति **(D) भवति**

व्याख्या – भू धातु के रूप निम्न लकारों में इस प्रकार है–
(A) लट्लकार उ. पु. – भवामि भवावः भवामः
(B) लट्लकार म. पु. – भवसि भवथः भवथ
(C)+(D) लट्लकार प्र. पु.– **भवति** भवतः भवन्ति
अतः विकल्प (D) सही है।

61. 'सखि' शब्द का प्रथमा बहुवचन का रूप है?
(A) सखा **(B) सखायौ**
(C) सखायः **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या –
'सखि' (मित्र) इकारान्त पुंलिङ्ग का रूप प्रथमा में – ''सखा सखायौ **सखायः**'' बनता है। अतः विकल्प (C) सही है।

62. 'भूपति' शब्द का षष्ठी एकवचन का रूप है?
(A) भूपत्याः **(B) भूपत्युः**
(C) भूपतेः **(D) भूपतयः**

व्याख्या –
भूपति (राजा) शब्द का रूप षष्ठी विभक्ति में –
* **भूपतेः** भूपत्योः भूपतीनाम्
* प्रथमा में – भूपतिः भूपती भूपतयः
* ''भूपत्याः, भूपत्युः'' रूप सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनता है। अतः विकल्प (C) सही है।

55. (A) 56. (C) 57. (C) 58. (D) 59. (D) 60. (D) 61. (C) 62. (C)

63. 'विश्वपा' शब्द का सप्तमी एकवचन का रूप है?
(A) विश्वपायाम् **(B) विश्वपि**
(C) विश्वपोः **(D) विश्वासु**

व्याख्या –
* विश्वपा (आकारान्त पुंलिङ्ग) शब्द का सप्तमी विभक्ति में– ''**विश्वपि,** विश्वपोः, विश्वपासु'' रूप बनता है।
* विश्वपायाम् विश्वासु रूप सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनता है। अतः विकल्प (B) सही है।

64. 'नदी' शब्द का द्वितीया बहुवचन का रूप है?
(A) नदीः **(B) नद्यः**
(C) नदीन् **(D) नद्या**

व्याख्या –
* 'नदी' (ईकारान्त, स्त्रीलिङ्ग) शब्द का रूप निम्न विभक्तियों में इसप्रकार बनता है–

प्रथमा में –	नदी	नद्यौ	नद्यः
द्वितीया में –	नदीम्	नद्यौ	**नदीः**
तृतीया में –	नद्या	नदीभ्याम्	नदीभिः

* 'नदीन्' रूप सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनता है।
अतः विकल्प (A) सही है।

65. 'गो' शब्द का षष्ठी बहुवचन का रूप होगा?
(A) गोनाम् **(B) गोवाम्**
(C) गवाम् **(D) गवानाम्**

व्याख्या –
* 'गो' (गाय या बैल) ओकारान्त पुंलिङ्ग का रूप षष्ठी विभक्ति में – ''गोः, गवोः, **गवाम्**'' बनता है।
* गोनाम्, गोवाम्, गवानाम् रूप सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनते हैं। अतः विकल्प (C) सही है।

66. 'तत्' शब्द का स्त्रीलिङ्ग, षष्ठी बहुवचन का रूप है?
(A) तेषाम् **(B) तस्याम्**
(C) तासाम् **(D) ताषाम्**

व्याख्या –

तत् (स्त्रीलिङ्ग) का षष्ठी में –	तस्याः	तयोः	**तासाम्**
सप्तमी में –	तस्याम्	तयोः	तासु
पुंलिङ्ग षष्ठी में –	तस्य	तयोः	तेषाम्

* 'ताषाम्' रूप तीनों लिङ्गों, सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनता है। अतः विकल्प (C) सही है।

67. 'अस्मद्' शब्द का चतुर्थी बहुवचन में रूप होगा?
(A) मह्यम् **(B) आवाभ्याम्**
(B) अस्मत् **(D) अस्मभ्यम्**

व्याख्या –
* **अस्मद्** (सर्वनाम) का चतुर्थी विभक्ति में रूप –
मह्यम् आवाभ्याम् **अस्मभ्यम्।**
* पञ्चमी विभक्ति में – मत्, आवाभ्याम्, अस्मत्
अतः विकल्प (D) सही है।

68. 'युष्मद्' शब्द का षष्ठी एकवचन का रूप है?
(A) तव **(B) त्वत्**
(C) युष्मत् **(D) युष्माकम्**

व्याख्या –
* **युष्मद्** (सर्वनाम) का षष्ठी विभक्ति में रूप –
तव युवयोः युष्माकम्
* पञ्चमी विभक्ति में – त्वत्, युवाभ्याम्, युष्मत्
अतः विकल्प (A) सही है।

69. 'सर्व' शब्द का स्त्रीलिङ्ग सप्तमी एकवचन का रूप है?
(A) सर्वस्मिन् **(B) सर्वस्याम्**
(C) सर्वयोः **(D) सर्वेषु**

व्याख्या –
* '**सर्व**' शब्द (स्त्रीलिङ्ग) का सप्तमी में रूप –
सर्वस्याम् सर्वयोः सर्वासु
* 'सर्व' शब्द पुंलिङ्ग में सप्तमी का रूप –
सर्वस्मिन् सर्वयोः सर्वेषु
अतः विकल्प (B) सही है।

70. 'तद्' शब्द का पुंलिङ्ग द्वितीया बहुवचन का रूप बनता है?
(A) तौ **(B) तम्**
(C) तान् **(D) तेषाम्**

व्याख्या –
* तद् शब्द पुंलिङ्ग द्वितीया विभक्ति में– ''तम् तौ **तान्**'' रूप बनता है।
* षष्ठी में – ''तस्य, तयोः, तेषाम्''
अतः विकल्प (C) सही है।

63. (B) 64. (A) 65. (C) 66. (C) 67. (D) 68. (A) 69. (B) 70. (C)

71. 'अकः सवर्णे दीर्घः' सूत्र है?
(A) स्वरसन्धि का **(B) व्यञ्जनसन्धि का**
(C) विसर्गसन्धि का **(D) यण्सन्धि का**

व्याख्या –
(A) 'अकः सवर्णे दीर्घः' (6/1/101) सूत्र से अक् प्रत्याहार (अ, इ, उ, ऋ, ऌ) के बाद समान स्वर (ह्रस्व या दीर्घ) आये तो दोनों के स्थान पर दीर्घस्वरसन्धि होगी। यथा – देव + आलयः = देवालयः
(B) 'स्तोः श्चुना श्चुः' (8/4/40) सूत्र से – सत् + चित् = सच्चित्
(C) 'रोऽसुपि' (8/2/69) सूत्र से – अहन् + अहन् = अहरहः
(D) 'इको यणचि' (6/1/77) सूत्र से – सुधी + उपास्यः = सुध्युपास्यः
अतः विकल्प (A) सही है।

72. 'पावकः' का सन्धिविच्छेद है?
(A) प + अकः **(B) पो + अकः**
(C) पौ + अकः **(D) पाव + अकः**

व्याख्या – 'एचोऽयवायावः' (6/1/78) सूत्र से ए, ओ, ऐ, औ के स्थान पर क्रमशः अय्, अव्, आय्, आव् हो जाता है यथा–**पौ + अकः = पावकः** (औ + अ = आव्) अतः विकल्प (C) सही है। अन्य सभी विकल्प गलत है।

73. 'रामश्चलति' उदाहरण है –
(A) यण्सन्धि का **(B) गुणसन्धि का**
(C) हल्सन्धि का **(D) दीर्घसन्धि का**

व्याख्या –
(A) 'इको यणचि' (6/1/77) सूत्र से – यदि + अपि = यद्यपि (यण् सन्धि)
(B) 'आद्गुणः' (6/1/87) सूत्र से – गङ्गा + उदकम् = गङ्गोदकम् (गुणसन्धि)
(C) 'स्तोः श्चुना श्चुः' (8/4/40) सूत्र से स और तवर्ग के किसी वर्ण का जब श और चवर्ग के किसी वर्ण से योग होता है तो 'स्' के स्थान पर 'श्' और तवर्ग के स्थान पर चवर्ग हो जाता है यथा – रामस् + चलति =रामश्चलति। यह **हल्सन्धि का सूत्र** है।
(D) 'अकः सवर्णे दीर्घः' (6/1/101) सूत्र से – कवि + इन्द्रः = कवीन्द्रः (दीर्घ सन्धि)
अतः विकल्प (C) सही है।

74. 'तट्टीका' शब्द किस सूत्र से बना है?
(A) स्तोः श्चुना श्चुः **(B) एङि पररूपम्**
(C) ष्टुना ष्टुः **(D) झलां जशोऽन्ते**

व्याख्या –
(A) 'स्तोः श्चुना श्चुः' (8/4/40) सूत्र से – रामस् + शेते = रामश्शेते।
(B) 'एङि पररूपम्' (6/1/94) सूत्र से – प्र + एजते = प्रेजते।
(C) **'ष्टुना ष्टुः'** (8/4/41) सूत्रानुसार स और तवर्ग के स्थान पर ष् और टवर्ग हो जाता है यथा – तत् + टीका = तट्टीका
(D) 'झलां जशोऽन्ते' (8/2/39) सूत्र से – वाक् + ईशः = वागीशः।
अतः विकल्प (C) सही है।

75. 'शिवोऽर्च्यः' का सन्धि विच्छेद होगा?
(A) शिवस् + अर्च्यः **(B) शिवो + अर्च्य**
(C) शिव + अर्च्य **(D) शिवस् + च**

व्याख्या – शिवस् + अर्च्यः यहाँ 'ससजुषो रुः' (8/2/66) सूत्र से पदान्त 'स्' के स्थान पर 'रु' आदेश होकर शिव रु + अर्च्यः पुनः 'अतो रोरप्लुतादप्लुते' (6/1/113) सूत्र से 'रु' के स्थान पर 'उ' आदेश होकर शिव उ + अर्च्यः बना फिर 'आद् गुणः' (6/1/87) से गुण होकर शिवो + अर्च्यः बना।
पुनः 'एङः पदान्तादति' सूत्र से पूर्वरूप आदेश होकर शिवो + अर्च्यः = शिवोऽर्च्यः रूप सिद्ध होता है।
अतः विकल्प (A) सही है।

76. 'मनोरथः' का सन्धि विच्छेद है?
(A) मनो + रथः **(B) मनर् + रथः**
(C) मनस् + रथः **(D) मन + रथ**

व्याख्या – यहाँ **'मनस् + रथः'** में सकार के स्थान पर 'रु' आदेश। अनुबन्धलोप होकर 'मनर्' + रथः' यहाँ ''रो रि'' और ''हशि च'' दोनों सूत्रों की प्राप्ति होगी, तदनन्तर ''हशि च'' सूत्र से उत्व होकर 'मन उ रथः' बनेगा। पुनः ''आद् गुणः'' से गुण होकर 'मनोरथः' सिद्ध होगा। अतः विकल्प (C) सही है।

71. (A)	72. (C)	73. (C)	74. (C)	75. (A)	76. (C)

77. 'अधिहरि' में समास है –
(A) अव्ययीभावसमास (B) तत्पुरुषसमास
(C) केवलसमास (D) बहुव्रीहिसमास

व्याख्या –
(A) 'अव्ययं विभक्ति-समीप-समृद्धि......साकल्यान्तवचनेषु' (2/1/6) सूत्र से विभक्ति अर्थ में 'अधि' अव्यय का 'हरि ङि' सुबन्त के साथ समास होकर 'हरौ इति = अधिहरि' में **अव्ययीभावसमास** होगा।
(B) 'षष्ठी' (2/2/8) सूत्र से – 'राज्ञः पुरुषः = राजपुरुषः' में षष्ठी तत्पुरुषसमास होगा।
(C) 'सह सुपा' (2/1/4) सूत्र से – ''पूर्वं भूतः = भूतपूर्वः'' में केवलसमास होगा।
(D) 'अनेकमन्यपदार्थे' (2/2/24) सूत्र से – ''ऊढः रथः येन सः = ऊढरथः'' में बहुव्रीहिसमास होगा।
अतः विकल्प (A) सही है।

78. 'अब्राह्मणः' में तत्पुरुषसमास है?
(A) तृतीयातत्पुरुष के कारण
(B) द्वितीयातत्पुरुष के कारण
(C) नञ्तत्पुरुष के कारण
(D) पञ्चमीतत्पुरुष के कारण

व्याख्या –
(A) 'तृतीया तत्कृतार्थेन गुणवचनेन' (2/1/30) सूत्र से – शङ्कुलया खण्डः = शङ्कुलाखण्डः (तृतीयातत्पुरुष)
(B) 'द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः' (2/1/24) सूत्र से–आशाम् अतीतः = आशातीतः (द्वितीयातत्पुरुष)
(C) ''न लोपो नञः'' (6/3/73) सूत्रानुसार नञ् के न् का लोप हो जाता है, ञ् इत्संज्ञक होकर लोप हो जाता है केवल अ बचता है। यथा– **न ब्राह्मणः = अब्राह्मणः (नञ् तत्पुरुष)**
(D) ''पञ्चमी भयेन'' (2/1/37) सूत्र से – चोराद् + भयम् = चोरभयम् (पञ्चमीतत्पुरुष)
अतः विकल्प (C) सही है।

79. द्वन्द्वसमास के भेद हैं?
(A) दो भेद (B) तीन भेद
(C) पाँच भेद (D) एक भेद

व्याख्या –
द्वन्द्वसमास के **तीन भेद** हैं –
1. इतरेतर द्वन्द्वसमास
2. समाहार द्वन्द्वसमास
3. एकशेष द्वन्द्वसमास
नोट– द्वन्द्वसमास के मुख्यतः दो ही भेद हैं। 'एकशेष' तो वृत्ति है किन्तु आयोग ने इसका उत्तर तीन माना है।
अतः विकल्प (B) सही है।

80. 'चन्द्रशेखरः' में समास है?
(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव
(C) बहुव्रीहि (D) द्वन्द्व

व्याख्या –
(A) 'स्तोकान्तिकदूरार्थकृच्छ्राणि क्तेन' (2/1/39) सूत्र से – अन्तिकात् आगतः = अन्तिकादागतः (अलुक् तत्पुरुष)
(B) विभक्ति अर्थ में 'अध्यात्मम्' में अव्ययीभावसमास।
(C) 'अनेकमन्यपदार्थे' (2/2/24) सूत्र से जहाँ अन्य पद की प्रधानता हो, वहाँ बहुव्रीहिसमास होता है यथा– चन्द्रः शेखरे यस्य सः = चन्द्रशेखरः
(D) 'धर्मादिष्वनियमः' वार्तिक से - धर्मश्च अर्थश्च = धर्मार्थौ अथवा अर्थधर्मौ (द्वन्द्वसमास)
अतः विकल्प (C) सही है।

81. 'धवखदिरौ' में समास है?
(A) द्विगुसमास (B) द्वन्द्वसमास
(C) कर्मधारयसमास (D) तत्पुरुषसमास

व्याख्या –
(A) 'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च' (2/1/51) सूत्र से 'पञ्चानां गवां समाहारः = पञ्चगवम्' में द्विगुसमास है।
(B) 'चार्थे द्वन्द्वः' (2/2/29) सूत्रानुसार 'च' के अर्थ में अनेक सुबन्तों का समास होता है और उसकी द्वन्द्वसंज्ञा होती है। यथा – 'धवश्च खदिरश्च = धवखदिरौ' में द्वन्द्वसमास।
(C) 'विशेषणं विशेष्येण बहुलम्' (2/1/57) सूत्र से – ''कृष्णः सर्पः = कृष्णसर्पः'' में कर्मधारयसमास है।
(D) 'कर्तृ-करणे कृता बहुलम्' (2/1/32) सूत्र से 'हरिणा त्रातः = हरित्रातः' में तृतीया तत्पुरुषसमास है।
अतः विकल्प (B) सही है।

77. (A) 78. (C) 79. (B) 80. (C) 81. (B)

82. 'भूतपूर्वः' में समास विधायक सूत्र है?
(A) कुगतिप्रादयः
(B) उपसर्जनं पूर्वम्
(C) प्राक् कडारात् समासः
(D) सह सुपा

व्याख्या –
(A) 'कुगतिप्रादयः' (2/2/18) सूत्र से 'कुत्सितः पुरुषः = कुपुरुषः' में गतितत्पुरुषसमास होगा।
(B) 'उपसर्जनं पूर्वम्' (2/2/30) सूत्र से उपसर्जनसंज्ञा का समास में पूर्वनिपात होता है।
(C) 'प्राक् कडारात् समासः' (2/1/3) यह अधिकार सूत्र है।
(D) **'सह सुपा'** (2/1/4) सूत्र से समर्थ सुबन्त का समर्थ सुबन्त के साथ विकल्प से समास होता है। यथा– "पूर्वं भूतः = भूतपूर्वः" में केवलसमास होगा।
अतः विकल्प (D) सही है।

83. '49' का संस्कृत शब्दात्मक रूप होगा?
(A) नवचत्वारिंशत् **(B) नवपञ्चाशत्**
(C) एकोनचत्वारिंशत् **(D) एकोनत्रिंशत्**

	संख्या		शब्दात्मक रूप
(A)	**49**	–	**नवचत्वारिंशत्**
(B)	59	–	नवपञ्चाशत्
(C)	39	–	एकोनचत्वारिंशत्
(D)	29	–	एकोनत्रिंशत्

अतः विकल्प (A) सही है।

84. '99' का संस्कृत शब्द होगा?
(A) नवतिः
(B) नवनवतिः
(C) षण्णवतिः
(D) एकोननवतिः

	संख्या		संस्कृत-शब्द
(A)	90	–	नवतिः
(B)	**99**	**–**	**नवनवतिः**
(C)	96	–	षण्णवतिः
(D)	89	–	एकोननवतिः

अतः विकल्प (B) सही है।

85. '33' को संस्कृत में कैसे लिखेंगे?
(A) त्रयोत्रिशत्
(B) त्रयशती
(C) त्रयस्त्रिंशत्
(D) त्रयोस्त्रिशती

व्याख्या – "33" का संस्कृत शब्दात्मक रूप त्रयस्त्रिंशत् होगा। अतः विकल्प (C) सही है। शेष विकल्प गलत है।

82. (D)	83. (A)	84. (B)	85. (C)

प्रशिक्षित-स्नातकशिक्षक-चयनपरीक्षा (TGT)–2003

1. ''अन्तःकरणतत्त्वस्य दम्पत्योः स्नेहसंश्रयात् आनन्दग्रन्थिरेकोऽयमपत्यमिति पठ्यते'' – यहाँ 'अपत्यम्' शब्द का अर्थ है?

(A) विश्वास (B) सन्तान
(C) सीधा (D) गर्भिणी

व्याख्या – प्रस्तुत श्लोक में तमसा कहती है कि – पति और पत्नी के हृदयरूपी तत्त्व के प्रेम का आश्रय होने के कारण 'सन्तान' यह अनुपम सुख की गाँठ कही जाती है। (उत्तर रामचरितम् 3/17)

	शब्द		अर्थ
(A)	प्रत्ययः	–	विश्वास
(B)	**अपत्यम्**	**–**	**सन्तान**
(C)	अनरालम्	–	सीधा
(D)	आपन्नसत्वा	–	गर्भिणी

अतः विकल्प (B) सही है।

2. ''स वर्णिलिङ्गी विदितः समाययौ युधिष्ठिरं द्वैतवने वनेचरः'' – इस श्लोक में 'वर्णिलिङ्गी' शब्द का अर्थ है?

(A) ब्रह्मचारी (B) ब्राह्मण
(C) राजा लोग (D) आत्मीयजन

	शब्द		अर्थ
(A)	**वर्णिलिङ्गी**	–	**ब्रह्मचारी**
(B)	द्विजः	–	ब्राह्मण
(C)	क्षितीशाः	–	राजा लोग
(D)	परेतरान्	–	आत्मीयजन

अतः विकल्प (A) सही है।

3. 'किरातार्जुनीयम्' काव्य में दुर्योधन अपनी श्रेष्ठता प्रदर्शित करने के लिए जो आचरण करता है वह आचरण/नीति निर्धारित है –

(A) बृहस्पति के द्वारा (B) नारद के द्वारा
(C) मनु के द्वारा (D) कामन्दक के द्वारा

व्याख्या – ''कृतारिषड्वर्गजयेन मानवीमगम्यरूपां पदवीं प्रपित्सुना'' (किरात. 1/9) अर्थात् छः शत्रुओं के समुदाय पर विजय प्राप्त करने वाला वह दुर्योधन **मनु द्वारा प्रतिपादित** आचरण का पालन करता है।
अतः विकल्प (C) सही है।

4. दुर्योधन कुरु की प्रजा को प्रसन्न करने के लिए जो विशेष व्यवस्था करता है, वह सम्बन्धित है –

(A) करों को उदार बनाने में
(B) उपहार बाँटने में
(C) कृष्ण के साथ सम्बन्धों को सुधारने में
(D) सिंचाई व्यवस्था को उन्नत करने में

व्याख्या – 'वितन्वति क्षेममदेवमातृकाश्चिराय तस्मिन् कुरवश्चकासति' (किरात. 1/17) अर्थात् वर्षा के जल पर ही निर्भर न रहने वाले कुरुदेशवासी (नदी, नहर से **सिंचाई करने की व्यवस्था** दुर्योधन द्वारा की गई है) धान्य आदि सम्पत्ति को धारण करते शोभित होते हैं।
अतः विकल्प (D) सही है।

5. 'किरातार्जुनीयम्' का कथानक लिया गया है?

(A) वनपर्व से (B) सभापर्व से
(C) आदिपर्व से (D) भीष्मपर्व से

	ग्रन्थ		महाभारत का पर्व
(A)	**किरातार्जुनीयम्**	–	**वनपर्व से**
(B)	शिशुपालवधम्	–	सभापर्व से
(C)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	आदिपर्व से
(D)	गीता	–	भीष्मपर्व से

अतः विकल्प (A) सही है।

6. 'मखेष्वखिन्नोऽनुमतः पुरोधसा, धिनोति हव्येन हिरण्यरेतसम्' – प्रस्तुत श्लोक में 'हिरण्यरेतसम्' का अर्थ है?

(A) अग्नि (B) इन्द्र
(C) कुबेर (D) ब्रह्मा

व्याख्या – वनेचर, दुर्योधन के विषय में कहता है कि – पुरोहित की आज्ञा के अनुसार बिना थके हुए यज्ञों में हव्य के द्वारा अग्नि को प्रसन्न करता है। (किरात. 1/22)

	शब्द		अर्थ
(A)	**हिरण्यरेताः**	–	**अग्नि**
(B)	वासवः	–	इन्द्र
(C)	वसुः	–	कुबेर
(D)	स्रष्टा	–	ब्रह्मा

अतः विकल्प (A) सही है।

1. (B) 2. (A) 3. (C) 4. (D) 5. (A) 6. (A)

7. 'ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्मापि नरं न रञ्जयति' – श्लोकांश में 'रञ्जयति' का तात्पर्य है?
(A) मूर्ख (B) ज्ञाता
(C) बलपूर्वक (D) प्रसन्न करना

व्याख्या – अल्पज्ञान के कारण गर्वित अर्थात् थोड़ी सी जानकारी से स्वयं को पण्डित मानने वाले मूर्ख मनुष्य को ब्रह्मा भी प्रसन्न नहीं कर सकते हैं। (नीतिशतकम् /3)

	शब्द		अर्थ
(A)	अज्ञः	–	मूर्ख
(B)	बोद्धारः	–	ज्ञाता
(C)	प्रसह्य	–	बलपूर्वक
(D)	**रञ्जयति**	–	**प्रसन्न करना**

अतः विकल्प (D) सही है।

8. नीतिशतककार के अनुसार सभा में किस उपाय के द्वारा मूर्ख अपनी मूर्खता को छिपा सकता है?
(A) कम बोलकर (B) मौन रहकर
(C) विचारपूर्वक बोलकर (D) हँसकर

व्याख्या –
'विशेषतः सर्वविदां समाजे, **विभूषणं मौनमपण्डितानाम्**' अर्थात् विद्वानों की सभा में मूर्ख **मौन रहकर** अपनी मूर्खता को छिपा सकता है। (नीतिशतकम्/7)
अतः विकल्प (B) सही है।

9. ''मूर्ध्नि वा सर्वलोकस्य शीर्यते वन एव वा'' – श्लोकांश में 'मूर्ध्नि' शब्द का अर्थ है-
(A) आगे (B) पीछे
(C) ऊपर (मस्तक) (D) नीचे

व्याख्या – भर्तृहरि कहते हैं कि स्वाभिमानी पुरुष की पुष्प-गुच्छ की भाँति या तो सब लोगों के मस्तक पर चढ़ता है अथवा वन में ही जीर्ण-शीर्ण हो जाता है। (नीतिशतकम्/26)

	शब्द		अर्थ
(A)	अग्रे	–	आगे
(B)	पश्चात्	–	पीछे
(C)	**मूर्ध्नि**	–	**ऊपर (मस्तक)**
(D)	अधः	–	नीचे

अतः विकल्प (C) सही है।

10. 'उत्तररामचरितम्' की कथावस्तु प्रारम्भ होती है?
(A) शम्बूक वध के लिए राम के दण्डकारण्य जाने से
(B) राम द्वारा सीता के निर्वासन से
(C) राम-सीता के पुनर्मिलन से
(D) लव-कुश का चन्द्रकेतु युद्ध से

व्याख्या –
(A) शम्बूक वध के लिए राम का दण्डकारण्य में जाना– द्वितीय अङ्क
(B) उत्तररामचरित के कथानक का आरम्भ **राम द्वारा सीता के निर्वासन से होता है – प्रथम अङ्क**
(C) राम-सीता का पुनर्मिलन – **तृतीय अङ्क**
(D) चन्द्रकेतु से लव-कुश का युद्ध – षष्ठ अङ्क
अतः विकल्प (B) सही है।

11. 'उत्तररामचरितम्' में पात्रों की संख्या है –
(A) 8 (B) 30
(C) 5 (D) 12

व्याख्या – * उत्तररामचरितम् में कुल 30 पात्र है। इसके अतिरिक्त 6 पात्रों का केवल उल्लेख मात्र है।
* पुरुषपात्र 19 और स्त्रीपात्र 11 हैं। अतः विकल्प `B' सही है।

12. 'उत्तररामचरितम्' में वर्णित तमसा और मुरला हैं?
(A) सीता की सखियाँ
(B) दो नदियाँ
(C) लव कुश की परिचारिकाएं
(D) राक्षसियाँ

व्याख्या – * 'ततः प्रविशति नदीद्वयम्' – प्रस्तुत पंक्ति तमसा और मुरला के लिए प्रयुक्त है अर्थात् ये **दो नदियाँ** हैं।
* सीता की सखी वासन्ती (वनदेवी) हैं।
अतः विकल्प (B) सही है।

13. 'उत्तररामचरितम्' नाटक के तृतीय अङ्क में प्रधानरस है?
(A) करुणरस (B) वीररस
(C) शृङ्गाररस (D) विप्रलम्भशृङ्गार

	ग्रन्थ		प्रधान रस
(A)	**उत्तररामचरितम्**	–	**करुणरस**
(B)	शिवराजविजयम्	–	वीररस
(C)	स्वप्नवासवदत्तम्	–	शृङ्गाररस
(D)	मेघदूतम्	–	विप्रलम्भशृङ्गार

अतः विकल्प (A) सही है।

7. (D) 8. (B) 9. (C) 10. (B) 11. (B) 12. (B) 13. (A)

14. 'छायाङ्क' उत्तररामचरितम् का कौन-सा अङ्क है?
(A) द्वितीय (B) तृतीय
(C) चतुर्थ (D) सप्तम

अङ्क		नाम
(A) द्वितीय अङ्क	–	पञ्चवटीप्रवेश
(B) **तृतीय अङ्क**	–	**छाया अङ्क**
(C) चतुर्थ अङ्क	–	कौशल्याजनकयोग
(D) सप्तम अङ्क	–	सम्मेलन अङ्क

अतः विकल्प (B) सही है।

15. ''ईदृशानां विपाकोऽपि जायते परमाद्भुतः'' यह कथन किसका है?
(A) मुरला का (B) तमसा का
(C) वासन्ती का (D) सीता का

व्याख्या –
(A) ''ईदृशानां विपाकोऽपि जायते परमाद्भुतः'' (उत्तर 3/3) – **मुरला कहती है** कि – ऐसे व्यक्तियों (राम और सीता) की दुरवस्था भी अत्यन्त आश्चर्यजनक होती है, जिसमें ऐसे (पृथ्वी और गङ्गा जैसे) लोग सहायक होते हैं। अतः विकल्प (A) सही है।
(B) 'तटस्थं नैराश्यादपि च कलुषं विप्रियवशात्' – तमसा
(C) 'पुनरिदमयं देवो रामः स्वयं वनमागतः' – वासन्ती
(D) 'ईदृशो मे पुत्रकः संवृत्तः'' – सीता का कथन

16. 'विपाक' शब्द का अर्थ है?
(A) कृत्रिम नदी (B) घास
(C) स्वभाव (D) दुरवस्था

शब्द		अर्थ
(A) कुल्या	–	कृत्रिम नदी (नहर)
(B) शष्पम्	–	हरीघास
(C) निसर्गः	–	स्वभाव
(D) **विपाकः**	–	**दुरवस्था**

अतः विकल्प (D) सही है।

17. 'उत्तररामचरितम्' के तृतीय अङ्क में दो पात्रों के परस्पर संवादों में नाटकीयतत्वों का परिचय मिलता है, ये दो पात्र हैं –
(A) राम और वासन्ती (B) सीता और तमसा
(C) तमसा और मुरला (D) सीता और मुरला

व्याख्या –
(A) तृतीय अङ्क में राम, वासन्ती से वार्तालाप करते हैं अर्थात् राम के साथ वासन्ती रहती है।
(B) तृतीय अङ्क में सीता के साथ तमसा रहती है।
(C) तृतीय अङ्क **तमसा और मुरला** नामक दो नदियों के परस्पर वार्तालाप से आरम्भ होता है जिसमें राम पञ्चवटी में पुनः आ रहे हैं, इसकी सूचना मिलती है। यह वार्तालाप 'विष्कम्भक नामक नाटकीय तत्व का उदाहरण है। अतः विकल्प (C) सही है।
(D) मुरला को अगस्त्य पत्नी लोपामुद्रा गोदावरी के पास भेजती हैं, इसका सीता के साथ कोई संवाद नहीं होता।

18. ''पौलस्त्यस्य जटायुषा विघटितः'' श्लोक में 'पौलस्त्यस्य' से तात्पर्य है?
(A) सुग्रीव से (B) रावण से
(C) लक्ष्मण से (D) हनुमान् से

व्याख्या – ''पौलस्त्यस्य जटायुषा विघटितः कार्ष्णायसोऽयं रथः'' – वासन्ती कहती है कि – जटायु द्वारा तोड़ा गया यह रावण का लोहे का रथ है। पुलस्त्य ऋषि की गणना सप्तर्षियों में होती है। पुलस्त्य रावण के दादा थे। इसी पुलस्त्य से अपत्य अर्थ में 'अण्' प्रत्यय लगकर पौलस्त्य बना जो यहाँ रावण का बोध करा रहा है। (उत्तर. 3/43)
कपीन्द्रः = सुग्रीव, सौमित्रः = लक्ष्मण ,वायुपुत्रः = हनुमान्, **पौलस्त्यः = रावण,** को कहा गया है।
अतः विकल्प (B) सही है।

19. मेघदूतम् में किस राजा का उल्लेख मिलता है?
(A) उदयन का (B) शूद्रक का
(C) दुष्यन्त का (D) राम का

व्याख्या –

ग्रन्थ		राजा का उल्लेख/वर्णन
(A) **मेघदूतम्**	–	**उदयन का**
(B) कादम्बरी	–	शूद्रक का
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	दुष्यन्त का
(D) उत्तररामचरितम्	–	राम का

नोट–''प्राप्यावन्तीनुदयनकथाकोविदग्रामवृद्धान्'' (पूर्वमेघ-31)
अतः विकल्प (A) सही है।

14. (B) 15. (A) 16. (D) 17. (C) 18. (B) 19. (A)

20. ''प्राप्ते मित्रे भवति विमुखः किं पुनर्यस्तथोच्चैः'' यह श्लोकांश उद्धृत है?
(A) मेघदूतम् से
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(C) किरातार्जुनीयम् से
(D) शिवराजविजयम् से

व्याख्या –
(A) उपर्युक्त पंक्ति **मेघदूतम् में यक्ष**, मेघ से कहता है कि – छोटा व्यक्ति भी आश्रय के लिए मित्र के आने पर पहले किये गये उपकार को सोचकर उसका सत्कार करने में मुँह नहीं मोड़ता फिर जो महान् हैं, उसकी बात ही क्या। (पूर्वमेघ/17)
(B) 'चित्रकर्म परिचयेनाङ्गेषु त आभरणविनियोगं कुर्वः – अभिज्ञानशाकुन्तलम् में
(C) 'नयेन जेतुं जगतीं सुयोधनः' – किरातार्जुनीयम् से
(D) 'कलितमानवदेहामिव सरस्वतीम्'–शिवराजविजयम् से
अतः विकल्प (A) सही है।

21. अनसूया और प्रियंवदा हैं?
(A) शकुन्तला की सखियाँ
(B) दुष्यन्त की रानियाँ
(C) कण्व आश्रम की अध्यक्षा
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या –
(A) अनसूया और प्रियंवदा **शकुन्तला की सखियाँ** हैं। अनसूया गम्भीर प्रकृति की है। प्रियंवदा हास्यप्रकृति की है। अतः विकल्प (A) सही है।
(B) हंसपदिका और वसुमती राजा दुष्यन्त की रानियाँ हैं। इनमें प्रथम रानी हंसपदिका है।
(C) गौतमी कण्व आश्रम की अध्यक्षा है।

22. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक में वर्णित गौतमी हैं?
(A) दुष्यन्त की परिचारिका
(B) कण्व आश्रम की अध्यक्षा
(C) मारीच आश्रम की तपस्विनी
(D) एक अप्सरा

व्याख्या –
(A) मधुकरिका – दुष्यन्त की परिचारिका है।
(B) **गौतमी – कण्व आश्रम की अध्यक्षा हैं।**
(C) सुव्रता – मारीच के आश्रम की एक तपस्विनी स्त्री
(D) मेनका – एक अप्सरा (शकुन्तला की माता)
अतः विकल्प (B) सही है।

23. दुष्यन्त के साथ शकुन्तला का विवाह सम्पन्न होने पर उसकी सखियाँ हो जाती हैं?
(A) प्रसन्न **(B) चिन्तित**
(C) क्रोधित **(D) ईर्ष्याग्रस्त**

व्याख्या – 'शकुन्तलाऽनुरूपभर्तृगामिनी संवृत्तेति निर्वृतं मे हृदयम्' – अनसूया चतुर्थ अङ्क के आरम्भ में कहती है कि – शकुन्तला अपने योग्य पति को पा गयी है, इसलिए मेरा हृदय **सुखी (प्रसन्न)** है। अतः विकल्प (A) सही है।

24. ''तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम्'' – यहाँ 'तपोधन' शब्द प्रयुक्त हुआ है?
(A) कण्व के लिए **(B) दुष्यन्त के लिए**
(C) दुर्वासा के लिए **(D) जंगल के लिए**

व्याख्या – * प्रस्तुत पद्य में 'तपोधन' शब्द का प्रयोग **ऋषि दुर्वासा** के लिए प्रयुक्त है। (अभिज्ञान. 4/1)
* कण्व के लिए 'काश्यप' तथा दुष्यन्त के लिए 'पौरव' शब्द का प्रयोग अभिज्ञान शाकुन्तलम में हुआ है।
अतः विकल्प (C) सही है।

25. ''गच्छ, पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनं'' – यह कथन है?
(A) अनसूया का प्रियंवदा के प्रति
(B) प्रियंवदा का अनसूया के प्रति
(C) शकुन्तला का अनसूया के प्रति
(D) अनसूया का शकुन्तला के प्रति

  - **मानुषीषु कथं वा स्यात्......** **(1-26)**
  - **अनाघ्रातं पुष्पं.........** **(2-10)**
  - **चित्रे निवेश्य......** **(2-9)**
- शकुन्तला का पालन पोषण कण्व आश्रम में हुआ है, अतः उसमें स्वाभाविक सरलता, सुशीलता एवं मुग्धता है।
- राजा दुष्यन्त को देखते ही उसके हृदय में कामभाव जागृत होता है, परन्तु वह उसे व्यक्त नहीं करती – **किं नु खलु इमं जनं प्रेक्ष्य....। (अङ्क-1)**
- जब राजा दुष्यन्त उसकी प्रशंसा करता है, तो वह लज्जा से सिर नीचा कर लेती है। **'शकुन्तला अधोमुखी तिष्ठति'**। (अङ्क-1)
- प्रकृति से घनिष्ट प्रेम है। वह वृक्षों, वनस्पतियों और मृगादि से सहोदरों जैसा स्नेह करती है – **''अस्ति मे सोदरस्नेहोऽयेतेषु'' (अङ्क-1)**
- आश्रम के वृक्षों को जल देकर ही वह जलपान करती है, प्रियमण्डना होने पर भी वृक्षों के फूल, पत्तें नहीं तोड़ती – **''पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलम्.....।'' (अङ्क-4/9)**
- वह पतिव्रता है, विवाहोपरान्त पति के चिन्तन में ही व्याकुल और अन्यमनस्क है – **विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा।**
- आश्रम से विदाई के समय वृक्षों और मृगादि से भी विदा लेती है। वनज्योत्स्ना से गले मिलती है, आश्रमीय मृगों को स्नेह करती है। **''सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्।''**

(अङ्क-4/9)।

- राम द्वारा परित्यक्त सीता यथा वाल्मीकि आश्रम में निवास करती हैं, वैसे ही राजा दुष्यन्त द्वारा परित्याग कर दिये जाने पर मारीच ऋषि के आश्रम में वह तपस्विनी के समान जीवन यापन करती रही, वह अपने आपको ही दोष देती है, राजा को नही।
- अपने पूज्यजनों का विशेष आदर करती है, राजा से अपने पैर नही दबवाती है। **(अङ्क-3)**
- शार्ङ्गरव के डॉटने पर उसे प्रत्युत्तर नही देती है। **(अङ्क-5)**
- ऋषि कण्व एवं आश्रमीय ऋषियों के प्रति उसकी अगाध श्रद्धा है, सखियों के प्रति उसका **निश्छल प्रेम है।**
- राजा के प्रति आसक्ति के कारण उसकी मनःस्थिति उद्विग्न हो जाती है, परन्तु अपनी मुँहबोली-सखियों से भी बताने में उसे **संकोच** होता है।
- वह अपनी सखियों के कहने पर राजा को एक प्रेमपत्र लिखती है – **तव न जाने हृदयं**......... **(अङ्क-3/13)**
- आश्रम के बाहर जाने पर कण्व शकुन्तला के ऊपर ही **अतिथिसत्कार का भार** सौंपते हैं।
- आश्रम से उसका विशेष लगाव है, आश्रमीय चोटिल मृग को वह इङ्गुदी का तेल लगाती है, उसे श्यामॉक चावल की मुट्ठियाँ भर-भर कर खिलाती है।

  यस्य त्वया व्रणविरोपणमिङ्गुदीनाम्.......**(अङ्क 4-14)**
- शकुन्तला गर्भमन्थरा मृगवधू के सुखप्रसव का समाचार भेजने के लिए पिता कण्व से कहती है। **(अङ्क-4)।**

महर्षि कण्व

परिचय –

- आश्रम के कुलपति।
- शार्ङ्गरव, शारद्वत, नारद, हारीत, वैखानस आदि के गुरु।
- शकुन्तला के पालक पिता।
- 'काश्यप' नाम से नाटक में वर्णित।
- श्रौतविधि से अग्निहोत्र करने वाले एक ऋषि/साधक/तपस्वी।

चारित्रिक विशेषतायें

1. त्रिकालज्ञ नैष्ठिक ब्रह्मचारी।
2. तपस्वी एवं साधक
3. अत्यन्त दयालु, स्नेही एवं धार्मिक।
4. लौकिकव्यवहार में निपुण/लोकाचारज्ञाता/लौकिकज्ञ।
5. आध्यात्मिक प्रभावशाली व्यक्तित्व/सिद्धपुरुष।
6. वात्सल्यपूर्ण आदर्श पिता।
7. भविष्यवक्ता।
8. सहृदयता।

महर्षिकण्व के चारित्रिक गुण एवं कार्य

- कण्व का तपोबल असाधारण है, वे वर्तमान, भूत और भविष्य को जानने वाले हैं। **''तपःप्रभावात् प्रत्यक्षं सर्वमेव तत्रभवतः'' (अङ्क-7)**
- कण्व को ज्ञात है कि शकुन्तला पर विपत्ति आएगी, अतः उसके निवारणार्थ वे सोमतीर्थ जाते हैं। **''दैवमस्या प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः'' (अङ्क-1)**
- आकाशवाणी द्वारा कण्व को ज्ञात होता है कि दुष्यन्त का तेज (वीर्य) शकुन्तला के गर्भ में पल रहा है, वे इन दोनों के इस गान्धर्वविवाह से सहर्ष सहमत होते हैं। **''दुष्यन्तेनाहितं तेजो......'' (अङ्क-4/4)**
- उनके तपःप्रभाव के कारण शकुन्तला की विदाई के समय वृक्ष आभूषण और रेशमी वस्त्र आदि देते हैं – **''क्षौमं केनचिदिन्दुपाण्डुतरुणा....।'' (अङ्क-4/5)**
- शकुन्तला के प्रति उनका प्रेम निःस्वार्थ है, उसकी विदाई के समय वे सगे माता-पिता के समान व्याकुल होते हैं – **''यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं......।'' (अङ्क 4/6)** **''शममेष्यति मम शोकः......।'' (अङ्क 4-21)**
- ऋषि होते हुए भी लौकिकव्यवहार को अच्छी तरह जानते हैं। **''वनौकसोऽपि सन्तो लौकिकज्ञा वयम्।''** (अङ्क-4)
- ससुराल जाती हुई पुत्री शकुन्तला को सुन्दर उपदेश देते हैं– **''शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने।'' (अङ्क 4-18)**
- कण्व द्वारा शार्ङ्गरव के माध्यम से राजा दुष्यन्त को दिया गया सन्देश उनके लौकिकज्ञान की पराकाष्ठा को सूचित करता है – **''अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनान्।'' (अङ्क 4-17)**
- वे शकुन्तला के साथ अनसूया और प्रियंवदा को हस्तिनापुर नही भेजते, क्योंकि उन दोनों का भी विवाह करना है। विवाहिता के साथ कुमारी कन्याओं को भेजना अनुचित समझते हैं।

➤ कण्व शकुन्तला से कहते हैं कि राजा दुष्यन्त के पास पहुँचने पर वहाँ के कार्यों में व्यस्त होकर तुम मेरे विरह दुःख को भूल जाओगी – **''मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि''** (अङ्क 4-19)

➤ वे कन्या को विदा करके तनावमुक्त जीवन का अनुभव करते हैं – **''अर्थो हि कन्या परकीय एव।''** (अङ्क 4-22)

➤ कण्व अपने धर्म, तपस्या, यज्ञ, आदि के अनुष्ठान में लगे रहते हैं, और विभिन्न तीर्थस्थानों की यात्रा करते हैं।

➤ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में ही कण्व का प्रवेश होता है, किन्तु सम्पूर्ण नाटक में उनका प्रभाव परिलक्षित होता है।

➤ अभिज्ञानशाकुन्तलम् चतुर्थ अङ्क के कुल 22 श्लोकों में से 14 प्रसिद्ध श्लोक महर्षि कण्व (काश्यप) के द्वारा कहे गए हैं –

● यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं.............. (4-6)

(चार प्रसिद्ध श्लोकों में से एक)

● ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव...... (4-7)
● अमी वेदिं परितः क्लृप्तधिष्ण्याः। (4-8)
● पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलम्। (4-9)

(चार प्रसिद्ध श्लोकों में से एक)

● अनुमतगमना शकुन्तला। (4-10)
● सङ्कल्पितं प्रथममेव मया तवार्थे। (4-13)
● यस्य त्वया व्रणविरोपणमिङ्गुदीनाम्। (4-14)
● उत्पक्ष्मणोर्नयनयोरुपरुद्धवृत्तिम्। (4-15)
● अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनान्। (4-17)

(चार प्रसिद्ध श्लोकों में से एक)

● शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं....। (4-18)

(चार प्रसिद्ध श्लोकों में से एक)

● अभिजनवतो भर्तुः श्लाघ्ये स्थिता गृहिणीपदे। (4-19)
● भूत्वा चिराय चतुरन्तमहीसपत्नी। (4-20)
● शममेष्यति मम शोकः कथं नु वत्से.....। (4-21)
● अर्थो हि कन्या परकीय एव। (4-22)

➤ अभिज्ञानशाकुन्तलम् चतुर्थ अङ्क के **प्रसिद्ध चारों श्लोक महर्षि कण्व** (काश्यप) द्वारा कहे गये हैं।

➤ अनसूया, प्रियंवदा एवं शकुन्तला तीनों कण्व को **तात** (पिता) कहकर पुकारती हैं।

अनसूया एवं प्रियंवदा

परिचय –

➤ अनसूया और प्रियंवदा दोनों शकुन्तला की प्रिय सखियाँ।

➤ कण्वाश्रम में शकुन्तला के साथ निवास।

दोनों सखियों की चारित्रिक विशेषतायें

● सुन्दररूप एवं समान आयु। ● तपोवन-निवासिनी।
● सामान्य व्यवहारज्ञान से परिचित। ● कामशास्त्र से परिचित।
● आदर्श–सखियाँ। ● शकुन्तला की हितैषिणी।
● सौन्दर्यशालिनी। ● लोकव्यवहारज्ञाता।
● अतिथिसत्कार-निपुणा। ● परिहास/विनोदप्रिया।
● तर्कशीला। ● प्रकृतिप्रेमिका।
● आश्रमप्रिया। ● पारस्परिक स्नेह एवं आत्मीयता।

चारित्रिक गुण एवं कार्य

➤ दोनों सखियाँ शकुन्तला की समवयस्का हैं, और सौन्दर्य में लगभग उसके समान ही हैं – **''अहो समवयोरूपरमणीयं भवतीनां सौहार्दम्।''** (अङ्क-1)

➤ राजा दुष्यन्त तीनों सखियों के परस्पर सौहार्दभाव, समान अवस्था एवं सौन्दर्य की प्रशंसा करता है – **''अहो मधुरमासां दर्शनम्''** (अङ्क-1)

➤ दोनों सखियाँ शकुन्तला के व्यक्तित्व की प्रतिच्छाया सी प्रतीत होती हैं, इनको पृथक् कर शकुन्तला के अस्तित्व एवं व्यक्तित्व की कल्पना कठिन है।

➤ यदि शकुन्तला आश्रमाकाश की चन्द्रलेखा है, तो सखीद्वय तदनुगामी विशाखानक्षत्र **''किमत्र चित्रं यदि विशाखे शशाङ्करेखामनुवर्तेते।''** (अङ्क-3)

➤ प्रथम अङ्क से लेकर चतुर्थ अङ्क तक शकुन्तला के साथ दोनों सखियाँ उपस्थित रहती हैं।

➤ अनसूया एवं प्रियंवदा – ये दोनों पात्र महाकविकालिदास की नाट्यप्रतिभा की निजी कल्पना से प्रादुर्भूत हैं।

➤ सौन्दर्य में शकुन्तला सबसे अधिक सुन्दर है, परन्तु आयु में अनसूया सबसे बड़ी ज्ञात होती है।

➤ सखियों में परस्पर घनिष्ट प्रेम है, तीनों ही एक दूसरे को सदा सुखी देखना चाहती हैं।

➤ दोनों सखियों का नाम सार्थक है। अनसूया **(न असूया इति अनसूया)** सभी के प्रति ईर्ष्या द्वेषादि से सर्वथा रहित है, तथा प्रियंवदा **(प्रियं वदति इति प्रियंवदा)** सदा प्रिय मधुर बोलने वाली है।

➤सुख दुःख–दोनों में सदा शकुन्तला के साथ रहती हैं, और सर्वदा उसका हितचिन्तन करती हैं।

➤ तृतीय अङ्क में शकुन्तला को अस्वस्थ देखकर राजा दुष्यन्त से मिलाने का प्रयास करती हैं।

➤ दोनों सखियाँ कर्मठ, कार्यदक्ष और बुद्धिमती हैं, दोनों आश्रम के वृक्षों को उत्साहपूर्वक सींचती हैं।

➤ चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला की विदाई के समय दोनों उसका शृङ्गार करती हैं।

➤ तृतीय अङ्क में अपनी बुद्धिमत्ता से राजा दुष्यन्त से यह वचन लेती हैं कि वह शकुन्तला को सदा सुखी रखेगा – **''परिग्रहबहुत्वेऽपि......सखी च युवयोरियम्।''** (अङ्क 3/17)

➤ दोनों सखियाँ शिष्ट, विनीत, मधुरभाषिणी और वाक्चतुर हैं, प्रथम अङ्क में राजा से मिलने पर अनसूया उनका परिचय पूछती है – **''कतम आर्येण राजर्षिवंशोऽलंक्रियते।''** (अङ्क-1)

➤ शकुन्तला के प्रति दुर्वासा के भीषण शाप को सुनकर दोनों का हृदय विदीर्ण हो जाता है, शापनिवृत्ति के लिए पूरा प्रयास करती हैं, तथा अपनी प्रियसखी शकुन्तला को कुछ भी नही बताती हैं।

➤ दोनों सखियाँ शकुन्तला से निःस्वार्थ प्रेम करती हैं, उसे सब प्रकार से सुखी और प्रसन्न रखना चाहती हैं। शकुन्तला जब कामज्वर से ग्रस्त होती है, तब कमलनाल, कमलपत्र और चन्दनादि के लेप से उसका उपचार करतीं हैं।

➤ दोनों सखियों के लिए शकुन्तला का संयोग जितना मधुर है, उतना ही वियोग दुःखदायी।

➤ राजा दुष्यन्त उनके आतिथ्यसत्कार, लोकव्यवहार, एवं मधुरभाषण से प्रसन्न होता है – **''भवतीनां सुनृतयैव गिरा कृतमातिथ्यम्।''** (अङ्क-1)

➤ अनसूया स्वभाव से वाग्विदग्ध, व्यवहारकुशल एवं प्रौढ है, राजा दुष्यन्त जब आश्रम में प्रवेश करता है, तो अनसूया ही उससे वार्तालाप प्रारम्भ करती है – **''आर्य, न खलु किमप्यत्याहितम् इयं नौ प्रियसखी मधुकरेणाभिभूयमाना कातरीभूता।''** (अङ्क-1)

➤ अनसूया राजा दुष्यन्त से उनका परिचय पूछती है, और अपनी सखी शकुन्तला के जन्म एवं माता पिता के विषय में राजा से बताती है। –**''शृणोत्वार्य अस्ति कोऽपि कौशिक इति गोत्रनामधेयो महाप्रभावो राजर्षिः।''** (अङ्क-1)

➤ प्रियंवदा, अनसूया की अपेक्षा अधिक विनोदप्रिया एवं चपल है। शकुन्तला जब अनसूया से अपने वल्कलों को ढीला करने को कहती है तो प्रियंवदा परिहास करती है कि मुझे उलाहना न देकर पयोधरविस्तारी अपने यौवन को उलाहना दो – **''अत्र पयोधरविस्तारयितृ आत्मनो यौवनमुपालभस्व।''** (अङ्क-1)

➤ शकुन्तला द्वारा वनज्योत्सना और आम्रवृक्ष की युगलजोड़ी को स्नेहदृष्टि से देखने पर प्रियंवदा मजाक करती है कि तुम भी इसी तरह अपने अनुकूल वर को प्राप्त करने की सोच रही हो – **''यथा वनज्योत्स्नाऽनुरूपेण पादपेन सङ्गता..... अहमप्यात्मनोऽनुरूपं वरं लभेयेति।''** (अङ्क-1)

➤ अनसूया में प्रियंवदा की अपेक्षा धैर्य तथा गाम्भीर्य अधिक है। दुर्वासा के शाप को सुनकर जब प्रियंवदा सहसा घबड़ा जाती है – **''हा धिक्, हा धिक् अप्रियमेव संवृत्तम्''** किन्तु अनसूया उसे धैर्यपूर्वक दुर्वासा को मनाने के लिए कहती है – **''गच्छ, पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनम्।''** (अङ्क-4)

➤ प्रियंवदा चपलतावश इस दारुण शापवृत्तान्त को शकुन्तला से कहीं बता न दें इसके लिए अनसूया उसको मना करती है – **''प्रियंवदे! द्वयोरेव नौ मुख एष वृत्तान्तस्तिष्ठतु''**।

➤ प्रियंवदा के मन में यह शंका उठती है कि पिता कण्व गान्धर्वविवाह के वृत्तान्त को सुनकर न जाने क्या सोचेगें – **''तात इदानीमिमं वृत्तान्तं श्रुत्वा न जाने किं प्रतिपत्स्यत इति''** (अङ्क-4) तो अनसूया अपने विवेक बुद्धि का परिचय देती हुई कहती है कि –**''यथाऽहं पश्यामि तथा तस्यानुमतं भवेत्। गुणवते कन्यका प्रतिपादनीया इत्ययं तावत् प्रथमः संकल्पः।''**

➤ अनसूया शकुन्तला के भविष्य के प्रति चिन्तित रहती है, वह किसी भी विषय पर सम्यक् उहापोह और विचार-विमर्श करती है। वह चिन्तित है कि राजा दुष्यन्त अपने नगर हस्तिनापुर पहुँचने के बाद शकुन्तला के साथ किये गये गान्धर्व विवाह को स्मरण करेगा या नहीं –**''अद्य स राजर्षिः इतोगतं वृत्तान्तं स्मरति वा न वेति।''** (अङ्क-4)

➤ प्रियंवदा निःशङ्क और निश्चिन्त स्वभाव वाली है। उसे पूरा विश्वास है कि सुन्दर आकृति वाला दुष्यन्त गुणरहित नही हो सकता –**''न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति''** (अङ्क-4)

- अनसूया भविष्य के प्रति सचेष्ट और व्यावहारिक बुद्धिवाली है। तृतीय अङ्क में वह राजा से यह वचन लेती है कि अनेक रानियों के बीच शकुन्तला की उपेक्षा न करें। **''वयस्य बहुवल्लभाः राजानः श्रूयन्ते''।** राजा उनकी प्रियसखी शकुन्तला को गौरवपूर्ण स्थान देने का आश्वासन देता है।
- शकुन्तला की विदाई के अवसर पर उसे सजाने के लिए अनसूया आम की डाल पर नारियल के डिब्बे में केसरमालिका को रखे रहती है।
- अनसूया, प्रियंवदा की अपेक्षा तात कण्व के अधिक निकट है, वह पिता के स्वभाव तथा विचारों को ठीक से जानती है, तात कण्व भी शकुन्तला की विदाई के अवसर पर अनसूया को ही बारम्बार सम्बोधित करते हैं।
- प्रियंवदा प्रणयव्यापार के स्वरूप को अच्छी प्रकार जानती है। शकुन्तला और दुष्यन्त के प्रेम में वह सूत्रधार का कार्य करती है। तृतीय अङ्क में शकुन्तला की अस्वस्थता के मूल कारण को प्रियंवदा ठीक से समझती है और उसके उपाय के रूप में शकुन्तला को मदनलेख (प्रेमपत्र) लिखने की प्रेरणा भी प्रियंवदा देती है, और उस प्रेमपत्र को फूलों में छिपाकर देवता के प्रसाद के बहाने राजा तक पहुँचाने का कार्य भी उसी के द्वारा सम्पन्न होता है।
- अनसूया अतिथि सत्कार करने में निपुण है, राजा दुष्यन्त के आश्रम आने पर वह शकुन्तला से कहती है – **''हला शकुन्तले, गच्छोटजम्। फलमिश्रमर्घमुपहर।''**
- श्राप को सुनकर प्रियंवदा दुर्वासा के समीप जाकर शकुन्तला की मङ्गलकामना हेतु क्षमायाचना करती है। (अङ्क-4)
- अनसूया विचारशील और मितभाषिणी है, वह हँसी, मजाक की बातों में विशेष भाग नहीं लेती। वह सशङ्कवृत्ति की है, सहसा किसी बात पर विश्वास नहीं करती। जबकि प्रियंवदा शीघ्र विश्वास करने वाली, परिहासप्रिया एवं वाक्पटु है।
- अनसूया भविष्य के सुख की विशेष चिन्ता करती है, प्रियंवदा वर्तमान को विशेष महत्त्व देती है।
- अनसूया अधिक व्यवहारिक, धीर और परिपक्व बुद्धि की है जबकि प्रियंवदा भावुक एवं चञ्चल है।

विदूषक (माधव्य)

परिचय –

- राजा दुष्यन्त का अन्तरङ्ग मित्र।
- हास्यरस का एक पात्र।
- 'माधव्य' नामक एक ब्राह्मण।

चारित्रिक विशेषतायें

- भोजनपटु।
- डरपोक एवं अकर्मण्य।
- राजा का परमप्रिय मित्र एवं परामर्शदाता।
- भीरु एवं सरल स्वभाव।

विदूषक का लक्षण

कुसुमवसन्ताद्यभिधः कर्मवपुर्वेषभाषाद्यैः।
हास्यकरः कलहरतिर्विदूषकः स्यात् स्वकर्मज्ञः।

विदूषक स्वामिभक्त, मनोविनोद में निपुण, कुपित नायिकाओं को मनाने वाला, एवं सच्चरित्र होता है। वह अपने ऊँटपटाँग कार्यों, विकृत अङ्गों तथा वेषभूषादि के द्वारा हास्य का वातावरण प्रस्तुत करता है। वह नायक का विश्वासपात्र तथा उसके प्रणय सम्बन्धी क्रियाकलापों में सहायता पहुँचाता है।

विदूषक (माधव्य) के गुण एवं कार्य

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के विदूषक (माढव्य) का सर्वप्रथम दर्शन द्वितीय अङ्क में होता है।
- विदूषक माधव्य भोजनप्रिय एवं पेटू है। राजा दुष्यन्त शकुन्तला के प्रणयव्यापार में उनसे सहायता करने के लिए कहता है तो वह **''किं मोदकखण्डिकायाम्''** कहकर अपनी पेटपूजा पटुता का परिचय देता है।
- इसी प्रकार षष्ठ अङ्क में राजादुष्यन्त शकुन्तला के वियोग में अँगूठी से उपालम्भ देते हैं किन्तु विदूषक को वहाँ भी बुभुक्षा पीड़ित करती है – **''कथं बुभुक्षया खादितव्योऽस्मि''** (अङ्क-6)
- वह स्वभाव से अत्यन्त भीरु एवं डरपोक है। शकुन्तला के दर्शन हेतु वह भी उत्सुक था, पर जब वह राक्षसों का वृत्तान्त सुनता है, तब डर जाता है। (अङ्क-2)
- राजा के मृगयाव्यसन के कारण उसको विश्राम का तनिक भी अवसर प्राप्त नहीं होता है, इससे वह अत्यन्त दुःखी है– **'एतस्य मृगयाशीलस्य राज्ञो वयस्यभावेन निर्विण्णोऽस्मि।''** (अङ्क-2)
- विदूषक अपने प्रत्येक क्रियाकलाप एवं भावभङ्गिमा से सभी को हँसाता है। जब राजा दुष्यन्त के सामने एक ही साथ ऋषियों की यज्ञरक्षा तथा माता की आज्ञा से राजधानी लौटने के दो कार्य उपस्थित होते हैं, तो विदूषक राजा से कहता है कि – **''त्रिशङ्कुरिवान्तरा तिष्ठ।''** (अङ्क-2)
- विदूषक यत्र तत्र अपनी मन्दबुद्धिता का भी परिचय देता है,

परन्तु वैसे बहुत चतुर है। षष्ठ अङ्क में राजा के द्वारा आम्रमञ्जरी को मदनबाण कहने पर वह काष्ठदण्ड लेकर मारने दौड़ता है। उसकी मूर्खता पर खिन्न राजा भी हँस पड़ता है।

➢ विदूषक सरलहृदय का व्यक्ति है, राजा को सन्देह हुआ कि यह राजधानी में जाकर कहीं हमारे प्रणयप्रसङ्ग की चर्चा हमारी रानियों से न कर दे, अतः राजा दुष्यन्त ने उससे कहा कि वे सब मजाक की बातें हैं।

''परिहासविजल्पितं सखे न परमार्थेन गृह्यतां वचः''

(अङ्क-2)

➢ विदूषक राजा की इस बात को सच मान लेता है और रानियों से इसकी कोई चर्चा नहीं करता है।

➢ रानी वसुमती के आने पर वह शकुन्तला का चित्र लेकर भाग जाता है, और राजा को वसुमती के क्रोध से बचाता है।

➢ पञ्चम अङ्क के प्रारम्भ में रूठी रानी हंसपदिका को मनाने के लिए राजा विदूषक को ही भेजता है।

➢ षष्ठ अङ्क में इन्द्र का सारथि मातलि विदूषक को पीटता है जिससे राजा का क्रोध प्रस्फुटित होता है। तभी राजा दानवों के वधार्थ स्वर्ग को जाता है।

➢ वह राजा को समय-समय पर सान्त्वना देता है, उसका मनोरञ्जन करता है, और उचित परामर्श भी देता है।

(अङ्क-6)

गौतमी

➢ **परिचय** – ऋषि कण्व की धर्मभगिनी

➢ कण्वाश्रम की सर्वाधिक वृद्धा तपस्विनी/वरिष्ठ महिला

➢ आश्रम की व्यवस्थापिका/अध्यक्षा

चारित्रिक विशेषताएँ –

➢ सम्मानित महिला

➢ वरिष्ठ तपस्विनी

➢ बुद्धिमती

➢ व्यवहारकुशल एवं लोकव्यवहार की ज्ञाता

➢ अभिभाविका

➢ अतीव सरल एवं निच्छल व्यक्तित्व

➢ ममतामयी एवं वात्सल्य की प्रतिमूर्ति

चारित्रिक गुण एवं कार्य

➢ महर्षि कण्व का गौतमी के प्रति सम्मानभाव है, इसीलिए शकुन्तला के साथ उसे हस्तिनापुर तक भेजा जाता है।

➢ गौतमी में अवस्थानुरूप गाम्भीर्य, सहिष्णुता एवं विवेकशीलता दृष्टिगोचर होती है, राजदरबार में दुष्यन्त जब शकुन्तला के साथ अपने सम्बन्ध को अस्वीकार कर देता है, तब वह शकुन्तला का घूँघट हटाकर स्वयं उसे अपने सम्बन्ध को प्रमाणित करने का आदेश देती है।

➢ गुरुजनों तथा बन्धु-बान्धवों से पूछे बिना दुष्यन्त एवं शकुन्तला के प्रेम सम्बन्धों को वह अनुचित मानती है।

➢ शकुन्तला के प्रति उसका हृदय माँ की वात्सल्यमयी ममता से ओतप्रोत है। वह उसे पुत्रीवत् स्नेह करती है। राजा दुष्यन्त द्वारा अस्वीकार कर दिये जाने पर शकुन्तला जब शार्ङ्गरव आदि के पीछे-पीछे आने लगती है तो उस समय गौतमी का वात्सल्यभाव जाग उठता है – **वत्स शार्ङ्गरव, अनुगच्छतीयं खलु नः करुणपरिदेविनी शकुन्तला........किं वा मे पुत्रिका करोतु।'' (अङ्क 5)**

➢ कण्व के आश्रम में गौतमी अभिभावक की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है, तापसकन्याओं की देखरेख का उत्तरदायित्व उसी का है।

➢ प्रथम अङ्क में प्रियंवदा के परिहास से परेशान हुई शकुन्तला गौतमी से शिकायत करने को कहती है –

इयम् असम्बद्धप्रलापिनी....गौतम्यै निवेदयिष्यामि (अङ्क-1)

➢ शकुन्तला की अस्वस्थता का समाचार सुनकर गौतमी शान्तिजल लेकर उसके ऊपर छिड़कती है और वात्सल्यभाव से पूछती है–

'जाते, लघुसन्तापानि तेऽङ्गानि' (अङ्क-3)

➢ शकुन्तला की विदाई में विलम्ब होता देख गौतमी महर्षिकण्व से भी वापस लौट जाने का निवेदन करती है –

जाते, परिहीयते गमनवेला....निवर्ततां भवान्। (अङ्क-4)

➢ कण्व द्वारा शकुन्तला को उपदेश दिये जाने पर गौतमी उसे ठीक से स्मरण करने को कहती है –

जाते, एतत् खलु सर्वमवधारय। (अङ्क-4)

➢ गौतमी शकुन्तला को सर्वदा, **'वत्से'**, **'जाते'**, **'पुत्रि'** आदि यही सम्बोधन करती है इससे शकुन्तला के प्रति उसका अगाध स्नेह स्वयं व्यक्त होता है।

➢ शकुन्तला को छोटी-छोटी व्यवहार और शिष्टाचार की बातें भी गौतमी बताती हैं, विदाई के समय कण्व ऋषि के आने पर शकुन्तला को प्रणाम करने को कहती है।

''आचारं तावत् प्रतिपद्यस्व'' (अङ्क-4)

➢ कण्व द्वारा पुत्री शकुन्तला के लिए चक्रवर्ती पुत्र प्राप्त करने का आशीर्वाद सुनकर गौतमी अत्यन्त प्रसन्न होकर कहती है – यह तो केवल आशीर्वाद नहीं, अपितु वरदान है।

भगवन्, वरः खल्वेषः, नाशीः (अङ्क-4)

➢ आश्रम की संरक्षिका, व्यवस्थापिका, अध्यक्षा या वरिष्ठ तपस्विनी

के रूप में गौतमी का सम्मान सभी आश्रमवासी करते हैं। शकुन्तला को हस्तिनापुर ले जाने के लिए शार्ङ्गरव आदि को गौतमी ही आदेश देती है –

'गौतमि, आदिश्यन्तां शार्ङ्गरवमिश्राः शकुन्तलानयनाय' (अङ्क-4)

शार्ङ्गरव और शारद्वत

- **परिचय** – शार्ङ्गरव और शारद्वत दोनों कण्व ऋषि के शिष्य।

चारित्रिक गुण एवं कार्य

- कण्व ऋषि इनके नाम के साथ आदरसूचक 'मिश्र' शब्द का प्रयोग करते हैं –

'आदिश्यन्तां शार्ङ्गरवमिश्राः' (अङ्क-4)

'क्व ते शार्ङ्गरवमिश्राः (अङ्क-4)

- दोनों परिपक्व आयु वाले तथा विद्यानिष्णात हैं
- गुरु कण्व का इन दोनों के ऊपर अटूट विश्वास है, तभी तो उनकी देखरेख में शकुन्तला को पतिगृह (हस्तिनापुर) भेजते हैं।
- राजा दुष्यन्त इन दोनों के गरिमामय व्यक्तित्व को देखकर उन्हें गुरुसमान कहता है –

''गुरुशिष्ये गुरुसमे'' – (अङ्क-6)

- शास्त्रज्ञान के साथ ही साथ इन दोनों ऋषियों में लौकिकज्ञान भी विद्यमान है।
- शकुन्तला की विदाई के समय मार्ग में सरोवर को देखकर शार्ङ्गरव महर्षि कण्व से लौट जाने को कहता है –

''भगवन् ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्य इति श्रूयते। तदिदं सरस्तीरम्.......।'' (अङ्क-4)

- दोनों ऋषियों को आश्रम के जीवन से प्रेम है और नगर जीवन से घृणा।
- हस्तिनापुर नगर में प्रवेश करते समय एक ओर जहाँ शार्ङ्गरव राजभवन को अग्नि की लपटों से घिरा हुआ समझता है –

जनाकीर्णं मन्ये हुतवहपरीतं गृहमिव' (अङ्क-5)

- वहीं दूसरी ओर शारद्वत नगर के भोगासक्त लोगों को उसी प्रकार समझता है, जिस प्रकार स्नात व्यक्ति तैलासिक्त को, पवित्र व्यक्ति अपवित्र को, प्रबुद्ध व्यक्ति सोये हुए को, और स्वच्छन्दचारी व्यक्ति बन्धनयुक्त को समझता है –

''अभ्यक्तमिव स्नातः शुचिरशुचिमिव'' (अङ्क-5/11)

- इन दोनों में शार्ङ्गरव अधिक आयु का है, ऋषि कण्व को उस पर अधिक विश्वास है, अतः राजा दुष्यन्त के लिए (**अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनान्----अङ्क-4.17**) रूपी संदेश उसी को देते हैं। शार्ङ्गरव ही शकुन्तला के साथ हस्तिनापुर जाने वाले दल का नेता है, जबकि ऋषि शारद्वत उससे छोटा और शान्तस्वभाव का है।
- शार्ङ्गरव, शारद्वत की अपेक्षा अधिक वाक्पटु एवं लौकिक व्यवहार का ज्ञाता है, जबकि शारद्वत मितभाषी है। उसके विचार दार्शनिक हैं, उसमें दूसरों के प्रति सहानुभूति है।
- शार्ङ्गरव बहुत बोलने वाला, क्रोधी, असहिष्णु, कठोर और अशान्त प्रकृति का है। वह अपने नाम को चरितार्थ करता है, क्योंकि 'शार्ङ्गरव का शाब्दिक अर्थ है – '**धनुष के समान शब्द करने वाला।**' राजा दुष्यन्त जब शकुन्तला को नहीं पहचानता और विवाह को अस्वीकार कर देता है, तो वह उसे शठ, अधार्मिक और ऐश्वर्योन्मत्त आदि कहकर फटकारता है –

''मूर्च्छन्त्यमी विकाराः प्रायेणैश्वर्यप्रमत्तेषु। (अङ्क-5/18)

- शार्ङ्गरव अत्यन्त निर्भय एवं स्पष्टवादी है। दुष्यन्त जब अपने आपको शकुन्तला का पति नहीं मानता, तो शार्ङ्गरव उसे चोर तक कहता है – **''पात्रीकृतो दस्युरिवासि येन'' अङ्क-5/20**
- शारद्वत मितभाषी, अक्रोधी, सहिष्णु तथा शान्त प्रकृति का है, जब राजा दुष्यन्त और शार्ङ्गरव का विवाद उग्र रूप धारण करता है, तब वही उसे शान्त करता है –

''शार्ङ्गरव, विरम त्वमिदानीम्'' (अङ्क-5)

- शारद्वत राजा दुष्यन्त से अन्ततः कहता है कि शकुन्तला तुम्हारी पत्नी है, तुम इसे रखो या छोड़ो, हम लोग जाते हैं –

''तदेषा भवतः कान्ता, त्यज वैनां गृहाण वा'' (अङ्क-5)

- शार्ङ्गरव व्यवहारकुशल नहीं है, वह राजा से झगड़े को बढ़ाता है, जबकि शारद्वत अत्यन्त व्यवहारिक है वह झगड़े को निपटाता है। शारद्वत के कारण ही विवाद शान्त हुआ।
- दुष्यन्त के अपमानजनक व्यवहार से दुखी शकुन्तला जब रोने लगती है, तब शार्ङ्गरव उसे डाँटता है –

''अतः परीक्ष्य कर्त्तव्यं विशेषात् सङ्गतं रहः'' (अङ्क-5/24)

- जब दरबार में शकुन्तला को छोड़कर गौतमी सहित दोनों शिष्य आश्रम लौटने लगते हैं, तब शकुन्तला भी उनके पीछे-पीछे लौटने लगती है, तभी शार्ङ्गरव पुनः शकुन्तला को कठोर शब्दों में डाँटता है– **''किं पुरोभागे, स्वातन्त्र्यमवलम्बसे'' (अङ्क-5)**

किरातार्जुनीयम् के पात्रों का चरित्र-चित्रण

युधिष्ठिर

- सत्य का पालन करने वाले।
- धर्म पर दृढ़ रहने वाले।
- सहनशील और राजनीतिकुशल।
- द्रौपदी और भीम द्वारा उलाहना दिये जाने पर भी उनके मन में विकार उत्पन्न नहीं होता।
- प्रथमसर्ग में युधिष्ठिर एक भी वाक्य नहीं बोलते हैं, केवल श्रोता के रूप में उनका वर्णन है।

➢ जुयें में हारकर वन में निवास करते हुए भी युधिष्ठिर हस्तिनापुर के राजा दुर्योधन के विचारों, उद्देश्यों और कार्यों को जानने के लिए वनेचर को गुप्तचर के रूप में भेजते हैं।

➢ किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में भारवि ने भले ही युधिष्ठिर के मुख से कोई बात नहीं कहलवायी हो, फिर भी वनेचर एवं द्रौपदी के कथनों द्वारा उनके व्यक्तित्व की विशेषताएँ परिलक्षित होती हैं।

➢ भारवि ने पाँचों पाण्डवों के ज्येष्ठ भ्राता युधिष्ठिर को एक कुशल राजनीतिज्ञ, प्रतिज्ञापालक, संयमी एवं धैर्यशाली, सत्यप्रिय, शान्तिप्रिय, धर्मात्मा एवं शास्त्रज्ञ के रूप में चित्रित किया है।

वनेचर

➢ गुप्तचरों के लिए चार प्रकार के गुण बताये गये हैं – अमूढ़ता, अशैथिल्य, सत्यपरता और ठीक प्रकार से अनुमान कर सकने की क्षमता। युधिष्ठिर द्वारा गुप्तचर बनाकर भेजे गए वनेचर में ये सभी गुण विद्यमान थे।

➢ वनेचर ब्रह्मचारी के वेश में हस्तिनापुर जाकर सुयोधन (दुर्योधन) के सभी विचारों, योजनाओं, कार्यों और उद्देश्यों को ठीक प्रकार से समझता है, और द्वैतवन में आकर युधिष्ठिर को सम्पूर्ण वृत्तान्त बताता है।

➢ यद्यपि वनेचर द्वारा लाये गये समाचार युधिष्ठिर के लिए अप्रिय थे, तथापि वह उनको कहने में हिचकिचाया नहीं।

➢ वनेचर कार्यदक्ष था, उसने दुर्योधन की दुरभिसन्धियों, दुःश्चिंतन और युद्ध की पूर्ण तैयारियों को ठीक प्रकार से जान लिया और राजा युधिष्ठिर से सुस्पष्ट और प्रभावशाली ढंग से वहाँ के सभी गूढ़ रहस्यों को व्यक्त किया।

➢ वनेचर की वाणी, सौष्ठव और औदार्य गुणों से युक्त थी, और उसके कथन, प्रमाण और तर्कों से पूर्ण निश्चित अर्थों को व्यक्त करने वाले होते थे –

''स सौष्ठवौदार्यविशेषशालिनीं विनिश्चितार्थामिति वाचमाददे।'' किरात० 1/3

➢ वह राजा युधिष्ठिर का सच्चा हितैषी था, और अप्रिय लगने वाले भी हितकारी वचनों को कहने में कोई संकोच नहीं करता–

''न विव्यथे तस्य मनो न हि प्रियं प्रवक्तुमिच्छन्ति मृषा हितैषिणः'' किरात० 1/2

➢ वनेचर अतिविनम्र था और अपनी सफलता के लिए अपने स्वामी युधिष्ठिर की कृपा को ही श्रेय देता है –

''तवानुभावोऽयमवेदि यन्मया, निगूढतत्त्वं नयवर्त्म विद्विषाम्'' किरात० 1/6

➢ इसप्रकार सम्पूर्ण प्रथमसर्ग में वनेचर को एक कुशल गुप्तचर, सच्चा हितैषी, शिष्टाचारी एवं निरहंकारी, स्वामिभक्त, सत्यवादी, वाक्पटु, निरालस्य, निश्छल, कर्त्तव्यनिष्ठ, विनम्र, निर्भीक, साहसी, स्पष्टवादी, गुणी, कार्यकुशल एवं अत्यन्त बुद्धिमान् के रूप में चित्रित किया गया है।

सुयोधन (दुर्योधन)

➢ महाकवि भारवि ने दुर्योधनको सुयोधन नाम से अभिहित किया है, जो कुरु प्रदेश का राजा है–''**श्रियः कुरूणामधिपस्य**'' **किरात. 1/1**

➢ क्योंकि उसको सुखपूर्वक जीता जा सकता था अथवा उसकी नीतियाँ प्रजा को सुख पहुँचाने वाली थीं।

➢ किरातार्जुनीयम् का 'सुयोधन' कामक्रोधादि रिपुओं को जीतने वाला, प्रजावत्सल एवं आदर्श राजा बनने का दिखावा करता है। – **''स सन्ततं दर्शयते गतस्मयः'' किरात० 1/10**

➢ दुर्योधन के राज्य की स्थिरता और सुख प्रजा और सेवकों की अनुरक्ति पर निर्भर है।

➢ सुयोधन अपने राष्ट्र को धन-धान्य से समृद्ध बनाने के लिए कृषि की उन्नति हेतु कृत्रिम सिंचाई के साधन उपलब्ध कराता है।

''सुखेन लभ्या दधतः कृषीवलैः'' किरात० 1/17

➢ सुयोधन अहंकार से शून्य होकर सेवकों के साथ मित्रों के समान तथा मित्रों के साथ बन्धु-बान्धव की तरह व्यवहार करता था –

''सखीनिव प्रीतियुजोऽनुजीविनः'' – किरात० 1/10

➢ दुर्योधन पराक्रमी शूरवीरों को अपने आस-पास एकत्र किए रहता था जो उसके उत्तम व्यवहार से प्रभावित होकर अपने प्राणों की बाजी लगाकर भी उसका हित करना चाहते थे –

''महौजसो मानधनाः धनार्चिताः....प्रियाणि वाञ्छन्त्यसुभिः समीहितुम्।'' किरात० 1/19

➢ यद्यपि दुर्योधन कुटिल स्वभाव वाला है किन्तु आपको जीतने की इच्छा से वह अपने शुभ्र यश एवं पुरुषार्थ को फैला रहा है और प्रजा को यह दिखलाने का प्रयास करता है कि वह निरहंकारी, निरालस्य तथा युधिष्ठिर से कहीं अधिक गुणवान्, दयावान्, क्षमावान्, सत्यवादी तथा धर्मज्ञ है –

''तथापि जिह्मः स भवज्जिगीषया तनोति शुभ्रं गुणसम्पदा यशः।'' किरात० 1/8

➢ राजाओं द्वारा भय के कारण नहीं, अपितु श्रद्धा और प्रेम के कारण दुर्योधन के आदेशों का पालन किया जाता था –

''गुणानुरागेण शिरोभिरुह्यते'' किरात० 1/21

➢ दुर्योधन को कभी क्रोध करने अथवा शस्त्रों को उठाने की आवश्यकता नहीं होती थी –

''कृतं न वा कोपविजिह्ममाननम्'' (किरात० 1/21)

- राजनीति के छः अंगों – सन्धि, विग्रह, यान, आसन, संशय और द्वैधीभाव का प्रयोग करने में सुयोधन (दुर्योधन) कुशल था।
- साम, दान, दण्ड, भेद– इन चारों उपायों का सुयोधन सफलतापूर्वक प्रयोग करता था –

''निरत्ययं साम न दानवर्जितम्'' (किरात० 1/12)

- न्याय करने में दुर्योधन कभी पक्षपात नहीं करता था –

''गुरूपदिष्टेन रिपौ सुतेऽपि वा निहन्ति दण्डेन स धर्मविप्लवम्'' (किरात० 1/13)

- इसप्रकार सुयोधन नीतिज्ञ एवं कुशल प्रशासक, प्रजावत्सल, कुशल राजनीतिज्ञ, राजाओं के प्रति उदार, कूटनीतिज्ञ, उदारवादी राजा के रूप में किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में चित्रित है।

द्रौपदी

- किरातार्जुनीयम् की सबसे महत्त्वपूर्ण नारीपात्र द्रौपदी है, जो इस **महाकाव्य की नायिका** है।
- प्रथमसर्ग में द्रौपदी की मानसिक पीड़ा एवं अपमानजन्य वेदना अभिव्यक्त होती है।
- वनेचर द्वारा बतायी गयी दुर्योधन की कार्यप्रणालियों एवं सफलता को युधिष्ठिर से सुनकर द्रौपदी का क्रोध उद्दीप्त हो उठता है।
- युधिष्ठिर की नीतियाँ, सत्यप्रतिज्ञा के पालन और शान्तस्वभाव के कारण सबसे अधिक कष्ट द्रौपदी को झेलने पड़ते हैं।
- दुर्योधन से प्रतिशोध लेने की आकांक्षा सबसे अधिक द्रौपदी को है।
- द्रौपदी ओजस्विनी वाणी द्वारा युधिष्ठिर के क्रोध को उद्दीप्त करने का प्रयत्न करती है –

''उदाजहार द्रुपदात्मजा गिरः'' (किरात० 1/27)

- द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती है कि तुम जैसा और कौन होगा, जो स्वयं ही अपनी राजलक्ष्मी और कुलवधू को शत्रुओं द्वारा अपहरण करा दे –

''परैस्त्वदन्यः क इवापहारयेत्........'' (किरात० 1/31)

- वह युधिष्ठिर को क्षत्रियों तथा राजाओं के समान आचरण करने का उपदेश करती है, और उसकी सत्यप्रतिज्ञा को ढोंग कहती है।
- द्रौपदी पहले भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव के वन में प्राप्त होने वाले कष्टों का वर्णन करती है और उसके बाद स्वयं युधिष्ठिर को होने वाले दुःखों और अपमानों को बताती है –

''पुराधिरूढः शयनं महाधनम्'' (किरात० 1/38)

- द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती है कि जो मनुष्य क्रोध नहीं कर सकता, शत्रु उससे भय नहीं करते और मित्र उसका आदर नहीं करते – **''न जातहार्देन न विद्विषादरः'' (किरात० 1/33)**
- वह युधिष्ठिर से कहती है कि वह किसी बहाने से सन्धि को तोड़ दे और समय की प्रतीक्षा न करके अपने पराक्रम से शत्रुओं को जीत ले– **''न समयपरिरक्षणं क्षमं ते''.......। (किरात० 1/45)**
- शान्ति और क्षमा मुनियों के लिए ही उचित है, राजाओं के लिए नहीं, यदि शान्ति और क्षमा का पालन नही करना है तो उसको राजाओं के चिह्न धनुष को छोड़कर जटाओं को धारण करके अग्नि में आहुति देते रहना ही उचित है। यह बात द्रौपदी युधिष्ठिर से कह रही है– **''जटाधरः सञ्जुहुधीह पावकम्'' (किरात० 1/44)**
- इसप्रकार द्रौपदी को एक वीरक्षत्राणी, कुशल राजनीतिज्ञा, स्वाभिमानिनी, कूटनीतिज्ञा, अपमान से दुखी, सहृदया एवं क्रोधोद्दीपन में दक्ष नारी के रूप में चित्रित किया गया है।

घ. प्रमुख ग्रन्थों का शब्दार्थ

उत्तररामचरितम् (तृतीय अङ्क) के प्रमुख शब्दार्थ

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
सम्भ्रान्तः	घबड़ाना	**क्षामम्**	दुर्बल
पुटपाकप्रतीकाशः	पुटपाक के समान	**केतकी**	केतकी फूल
अनिर्भिन्नः	अव्यक्त	**दारुणः**	कठोर
प्रतिनिवर्तमानम्	लौटे हुये	**लोलः**	चञ्चल
शीकरक्षोद	जल कण	**सल्लकी**	सल्लकी लता
पद्म	कमल	**करिकलभकः**	हाथी का बच्चा
किञ्जल्क	पराग (केसर)	**द्विरदपतिः**	बड़ा हाथी
वीची	तरङ्ग	**उद्दामः**	घमण्ड (मतवाला)
मोह	मूर्छा	**पयः**	जल
स्वैरं-स्वैरम्	धीरे-धीरे	**ससाध्वसम्**	भय के साथ
दाक्षिण्यम्	उदारता	**उल्लासम्**	हर्ष के साथ
दारकद्वयम्	दो पुत्र	**भरित**	परिपूर्ण
संवेगः	वेग	**मन्थर**	मन्द
प्राचेतः	वाल्मीकि	**स्तनित**	गर्जन
विपाकः	परिणाम	**मांसल**	जोरदार
उपकरणीभावम्	सहायता को	**भारती**	वाणी
सुष्ठु	ठीक	**निर्घोषः**	ध्वनि
व्यापृतः	व्यग्र (व्यस्त)	**स्तनयित्नुः**	मेघ
अभ्युदयः	कल्याणकारी	**अपरिस्फुटः**	अस्पष्ट
अव्यग्रः	व्यस्त न होना	**निक्वाणम्**	शब्द (ध्वनि)
प्रसवितारम्	प्रवर्तक	**व्याहृतम्**	कहना
सविता	सूर्य	**भणति**	बोलना
अवनि	पृथ्वी	**दिष्ट्या**	सौभाग्य से
वर्तिनी	विद्यमान	**द्रुमः**	वृक्ष
ह्रदः	सरोवर (जलाशय)	**गिरिः**	पर्वत
पाण्डुः	पीला	**कन्दरम्**	गुफा
कपोलम्	गाल	**निर्झरम्**	झरना
विलोलम्	चञ्चल	**अन्तर्लीनः**	अन्तःकरण में छिपी
कबरीकम्	केशसमूह	**उद्दामम्**	अधिक
विप्रलूनम्	टूटे हुये	**धरणीपृष्ठः**	भूमि
शरदिजः	शरद् ऋतु से उत्पन्न	**विपर्यस्तः**	गिरना
घर्मः	घाम (धूप)		

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
पाणिः	हाथ	**पुष्कर**	कमल
निरतः	अनुरक्त	**वासित**	सुगन्धित
हृदि	हृदय में	**गण्डूष**	कुल्ला
सेकः	सींचना	**संक्रान्तयः**	फेंकना (छोड़ना)
निष्पीडितः	निचोड़ना	**शीकर**	जल की बूँद
इन्दुकरः	चन्द्रकिरण	**करेण**	सूँड़ से
कन्दलजः	नवाङ्कुर	**अनरालनाल**	सीधा दण्ड
आतप्त	सन्तापयुक्त	**ईषत्**	थोड़ा
तर्पणः	तृप्त करना	**कुड्मल**	कली
प्रसक्तः	सींचना	**पुण्डरीक**	श्वेतकमल
सपदि	शीघ्र	**काकली**	तोतली
प्रेक्ष्य	देखकर	**अपत्यम्**	सन्तान
सनिर्वेदम्	दुःख के साथ	**बर्हम्**	पङ्ख
तटस्थम्	उदासीन	**शिखण्डी**	मयूर
घटनात्	मिलन से	**नदति**	बोलना
विप्रियवशाद्	अप्रिय कार्य से	**उच्छिखः**	ऊपर उठी हुई
स्तम्भितम्	निश्चेष्ट	**पुटान्तः**	नेत्र कोश
दयितः	प्रिय	**चटुलः**	चञ्चल
सौजन्यात्	सुजनता	**ताण्डवैः**	नृत्यों से
उल्लापाः	विलाप	**करकिसलयः**	पल्लव सदृश हाथों से
प्रत्ययेन	विश्वास से	**वत्सलेन**	स्नेह से
शल्यः	कांटा (कील)	**तिर्यञ्चः**	पशु-पक्षी
मन्दाकिन्याः	गङ्गा (भागीरथी)	**नीरन्ध्रः**	घना
अनुक्रोशः	दयालु	**बाल**	सुकुमार
निरनुक्रोशः	निर्दय	**कदली**	केला
प्रसाद	अनुग्रह	**वर्ति**	स्थित
उद्गच्छत्	निकले हुये	**हरिणकैः**	हरिणों से
बिस	मृणाल	**नवकुवलयः**	नवीन नील कमल
किसलय	पल्लव	**शुचा**	शोक से
स्निग्ध	कोमल	**दृशः**	नेत्रों को
लवली	लवलीलता	**विकलकरणः**	व्याकुल इन्द्रियों वाले
वारणानाम्	हाथियों को	**अतिपूरैः**	अत्यधिक प्रवाहों से
भाजनम्	पात्र	**विलुलितम्**	फैले हुए
वयसि	युवावस्था में	**पक्ष्मलः**	पलक
लीला	अनायास	**उत्तानः**	ऊपर उठी हुई
उत्खात	उखाड़ना	**कुल्या**	नहर
मृणालकाण्ड	मृणालदण्ड	**हृदयेशम्**	राम (हृदय के स्वामी)
कवल	ग्रास (कौर)		
पुष्यत्	खिले हुये		

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
वनानिलाः	वन की हवा	**रयः**	वेग
रज्यत्कण्ठाः	अनुराग युक्त कण्ठ वाले	**ओघः**	राशि/समूह
कलम्	मधुर	**सैकतम्**	बालू
क्वणन्तु	ध्वनि करें	**कातर्यात्**	कातरता से
अम्बु	जल	**अरविन्द**	कमल
नीवारः	नीवार धान	**कुड्मलः**	कली
शष्पैः	घास से	**ध्वंसते**	शिथिल होना
तरुः	वृक्ष	**स्फुटितः**	विदीर्ण होना
कुरङ्गः	मृग	**देहबन्धः**	शरीर के जोड़
शकुनि	पक्षी	**विष्वक्**	चारो ओर से
मैथिली	सीता	**सीदन्**	दुःखी होता हुआ
कौमुदी	चाँदनी	**तमसि**	अन्धकार में
विपिने	वन में	**विधुरः**	प्रिया रहित (राम)
त्रस्त	भयभीत	**जीवितेश्वरः**	राम
एकहायन	एक वर्ष	**अपरम्**	दूसरा
क्रव्यादि्भः	हिंसक जीव	**परिणयविधौ**	विवाह के समय
अङ्गलतिका	लता के समान अङ्गों वाली	**पादैः**	किरणों से/चरणों से
तटाकः	तालाब	**सुधासूतेः**	चन्द्रमा के
परीवाहः	जल का बाहर निकलना	**लवली**	लवली लता
प्रतिक्रिया	उपाय	**ललितः**	सुन्दर
विलपनम्	विलाप	**कन्दलः**	अङ्कुर
उच्छ्वासः	प्राण (श्वास)	**निमीलितः**	बन्द करना
अन्तर्दाहः	हृदय का सन्ताप	**करपल्लवः**	पल्लव के समान हाथ
विधिः	भाग्य	**परिकम्पिनः**	काँपता हुआ
कायः	शरीर	**स्विद्यतः**	पसीने से युक्त
प्रणष्टम्	नष्ट होना	**मरुत्**	वायु
परिवत्सरः	वर्ष	**अम्भः**	जल
वाचः	वाणी	**स्फुट**	खिली हुई
सविषाः	विषयुक्त	**कोरका**	कली
अलातशल्यम्	जलता हुआ कील	**यष्टिः**	डाली/छडी
सोढः	सहना	**स्वेदः**	पसीना
वेला	मर्यादा/समय	**कम्पिताङ्गी**	कम्पित अङ्गों से युक्त
उल्लोल	लाँघना	**प्रसीद-प्रसीद**	प्रसन्न होइए-प्रसन्न होइए
क्षुभित	स्तब्ध	**विप्रलब्धः**	ठगना
तोय	जल	**पौलस्त्यः**	रावण
अप्रतिहतः	न रोके जाने योग्य	**कार्ष्णायसः**	लौह निर्मित

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
कङ्काल	हड्डी (अस्थि)	**कपीन्द्रः**	सुग्रीव
पिशाचः	राक्षस	**हरीणाम्**	वानरों का
खड्गः	तलवार	**प्रज्ञा**	बुद्धि
पक्षतिः	पंखों को	**विश्वकर्मतनयः**	नल-नील
अरिः	शत्रु	**पत्रिणाम्**	बाणों के
अम्बुदः	मेघ	**सौमित्रः**	लक्ष्मण
द्याम्	आकाश में	**हिरण्यमयी**	स्वर्णनिर्मित
खरः	गधा	**सन्निकर्षः**	सम्बन्ध/निकट
मन्युः	क्रोध	**आवर्त**	भँवर
अविरल	निरन्तर	**सलिलम्**	जल
तूष्णीम्	चुपचाप	**अमरसिन्धुः**	गङ्गा
प्रविलयः	वियोग	**भद्रम्**	कल्याण
		अवनिः	पृथ्वी

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रमुख शब्दार्थ

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
इष्टिः	यज्ञ	**उष्ण+उदकम्**	गर्म जल
उटज	कुटिया	**नवमालिका**	चमेली
प्रमत्तः	उन्मत्त (पागल)	**भर्ता**	पति (स्वामी)
दुर्वारया	रोका न जाना	**अनुक्रोशः**	दयालुता
हुतवह्	अग्नि	**रजनी**	रात्रि
दग्धम्	जलाना	**परिक्रम्य**	घूमकर
स्खलितम्	लड़खड़ाना	**औषधिपतिः**	चन्द्रमा
निरूप्य	अभिनय करना	**अर्कः**	सूर्य
भाजनम्	पात्र	**लोकः**	जगत् (संसार)
प्रभ्रष्टम्	गिरना	**व्यसनोदयाभ्याम्**	अस्त और उदय
प्रकृतिवक्रः	स्वभाव से टेढ़ा	**वेला**	समय
सस्मितम्	मुस्कुराना	**उपलक्षणार्थम्**	जानने के लिए
दुहिता	पुत्री	**शशिः**	चन्द्रमा
मर्षयितव्यः	माफ करना	**कुमुद्वती**	कुमुदिनी
अभिज्ञान	पहचान	**अबलाजनः**	स्त्री जन
आभरणम्	आभूषण	**दृष्टिम्**	नेत्रों को
अङ्गुलीयकम्	अँगूठी	**अनार्यमाचरणम्**	अशिष्ट व्यवहार
पिनद्धम्	पहनाया	**विषयपराङ्मुखः**	सांसारिक विषयों को न जानना
देवकार्यम्	पूजन कार्य	**प्रतिबुद्धा**	जागकर
पेलवा	कोमल	**निजकरणीयेषु**	दैनिक कार्यों में (करने योग्य कार्य)

संस्कृतशब्दः	अर्थः
असत्यसन्धः	मिथ्याप्रतिज्ञा करने वाला
लेखमात्रम्	पत्र (लेटर)
आपन्नसत्वा	गर्भिणी
परिणीता	विवाहिता
सहर्षम्	हर्ष के साथ
सकाशम्	पास में
पावक	अग्नि
अग्निशरणाम्	यज्ञशाला
तनया	पुत्री
भूः/कुः	पृथ्वी
भूतये	कल्याण के लिए
आहितम्	स्थापित
चूत	आम्र
शाखा	डाली
अवलम्बितः	लटकना
नारिकेलः	नारियल
समुद्गकः	दोना (पुटक)
कालान्तरक्षमा	लम्बे समय से
सुमनसः	फूलों को
शिखामज्जिता	पूर्ण स्नान
मज्जनम्	स्नान
मण्डनम्	अलङ्करण
इन्दु + पाण्डु	चन्द्रमा के समान सफेद
माङ्गल्यम्	माङ्गलिक
क्षौमम्	रेशमी वस्त्र
लाक्षारसः	महावर
निष्ठ्यूतः	टपकाया
आपर्वभाग	कलाई तक
प्रतिद्वन्द्विभिः	प्रतिस्पर्धा करने वाले
उद्भेद	नवीन
अरण्य	वन
वैक्लव्यम्	विकलता (दुख)
सम्राजम्	सम्राट्
ययाति	राजा ययाति
क्लृप्तधिष्ण्या	प्रतिष्ठित
समिद्वन्तः	समिधाओं से युक्त
वैतानाः	यज्ञ की
वह्निः	अग्नि
हव्यः	हवि
दुरितम्	पापों को
प्रान्त	किनारा
संस्तीर्णः	बिछे हुये
भगिनी	बहिन
कुसुमप्रसूति	पुष्पोद्भव
प्रतिवचनम्	प्रत्युत्तर
परभृत	कोयल
विरुतम्	आवाज (ध्वनि)
सरोभिः	तालाबों से
छायाद्रुमैः	घनी छाया वाले वृक्षों से
मयूखतापः	किरणों का ताप
कुशेशयः	कमल
मृदुरेणुः	कोमल धूलि
शिवः	कल्याणकारी
ज्ञातिजन	बन्धुजन
पुरतः	आगे
विरह	वियोग
कातरः	दुःखी
आत्मसदृशम्	अपने अनुरूप
चूतेन	आम से
वीतचिन्तः	चिन्तामुक्त
निक्षेप	सौंपना/धरोहर/न्यास
स्थिरीकर्तव्या	धैर्य बँधाना
मन्थरः	अलसाना
अनघप्रसवा	सकुशल प्रसव
व्रणः	घाव
विरोपण	भरना

शिवराजविजयम् के प्रमुख शब्दार्थ

संस्कृतशब्दः	अर्थः
पुटकम्	दोना
कदलीदलम्	केले के पत्ते
तृणशकलैः	तृण के टुकड़े
सन्धानम्	जोड़कर
कम्बुकण्ठः	शंख के समान गर्दन
आयतः	चौड़ा
ललाटः	मस्तक
सुबाहुः	सुन्दर भुजाएँ
समन्तात्	चारों ओर

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
पानीयम्	जल वाला	**ग्रामाः**	समूह
पतत्रि	पक्षी	**शिखर**	चोटी
पूरितम्	भरा हुआ	**प्रबुद्धः**	जागना
सरः	तालाब	**निखिल**	सम्पूर्ण
निर्झर	झरना	**काष्ठपीठम्**	चौकी
ध्वनितम्	शब्दायमान	**कर्णपरम्परया**	कानों कान से
दिगन्तरः	दिशाएँ	**सुघटितम्**	सुगठित
चपलितचञ्चुः	चञ्चल चोंच	**सान्द्र**	घनी
पतङ्गः	पक्षी/सूर्य	**ईहितम्**	चेष्टा करना
कुल	समूह	**पृच्छापरवशः**	जिज्ञासा के अधीन
विनत	झुकी हुई	**समीरः**	वायु
शाख	शाखाएँ	**यामिनी**	रात्रि
शाखि	वृक्ष	**कामिनी**	नायिका
कन्दरः	गुफा	**चन्दनबिन्दौ**	चन्दन बिन्दु
अलि	भौंरा	**इन्दु**	चन्द्रमा
पुञ्जः	समूह	**कैरवविकाश**	कुमुदों का खिलना
कोरकाः	कलियाँ	**व्याघ्रः**	सिंह
सतीर्थ्यः	सहपाठी	**आघ्राता**	सूंघी हुई
कस्तूरिका	कस्तूरी	**अङ्के**	गोद में
रेणुः	चूर्ण	**सवेपथुः**	कांपती हुई
रूषितः	व्याप्त	**अन्वेषणः**	खोजना
सुगन्धपटलः	सौरभ समूह	**नवनीतः**	मक्खन
मन्थरः	अलसाना	**मृणालगौरीम्**	कमल नाल के समान गोरी
मिलिन्द	भौंरा	**क्रोड**	गोद
वृन्दानि	समूह	**वाक्पाटव**	बोलने में चतुर
क्षिप्रम्	शीघ्र	**वचनविन्यास**	टूटे हुये शब्द
तडागतटः	सरोवर तट	**नेदीयसि**	समीप में
यावनत्रासेन	यवन के भय से	**आच्छिद्य**	छीनकर
निःशब्दम्	शब्दरहित	**अध्वानः**	मार्ग
मरन्दमधुरः	पुष्प रस	**असिधेनुकाम्**	छूरी को
अपः	जल को	**विभीषिका**	भय
त्रियामा	रात्रि	**शमयितुम्**	शान्त करने के लिए
यामत्रयम्	तीन प्रहर को	**भल्लूकः**	भालू
इयेष	इच्छा करना	**शाल्मलितरुम्**	सेमल वृक्ष
उभय	दोनों	**पलाश पलाशि**	पलाश वृक्ष (किंशुक)
ग्रामणी	ग्राम के प्रधान	**श्रेणी**	पंक्ति
ग्रामीणः	ग्रामवासी		

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
घुणाक्षरन्याय	संयोग वश	गोष्ठमयः	गोशालाओं से युक्त
सप्तदशशतकानि	1700 वर्ष	यायजूकः	याज्ञिक
वीथीषु	गलियों में	तपांसि	तपस्यायें
पिष्ट्वा	पीसकर	मन्दुरी	घुड़साल
धूमध्वजेषु	अग्नि में	सत्यः	पतिव्रतायें
भ्राष्ट्रेषु	भाड़ों में	विधुरयसि	छोड़ना
तुलसीवनानि	तुलसी के वनों को	तूष्णीम्	मौन
रुधिरधारा	खून की धारा	अवतस्थे	हो गया
पटहः	नगाड़ा	सौख्येन	सुख से
गोमुखः	तुरही	सममेव	साथ ही
कर्णशष्कुली	कर्णछिद्र	भामिनी	कामिनी
जगाद	बोले	भ्रूभङ्ग	कटाक्ष
वाष्पानविगणय्य	आँसुओं की परवाह न करके	भूरि	अत्यधिक
प्रमृज्य	पोंछकर	वितान	फैलाना
उष्णं निःश्वस्य	गरम साँस लेकर	पराभूतः	आधीन
कातरः	दीनता	भटः	वीर
उपक्रमम्	भूमिका को	अमात्यः	मन्त्री
विमनायमानम्	उदास दुःखी	बुधजनः	विद्वान् जन
हरिद्राद्रवः	हल्दी के रस	महामदः	महामदशाली
क्षालितम्	रंगे हुये	ससेनः	सेना सहित
अञ्चितः	रोमाञ्चित	प्राविशत्	प्रवेश किया
अधरः	होंठ	उष्ट्रः	ऊँट
खिद्यते	दुःखी होना	अनैषीत्	ले गया
सकल	सम्पूर्ण	पौनः पुन्येन	बार-बार
कलापः	कलासमूह	द्वादशवारम्	बारह बार
कलनः	रचयिता	गुर्जरदेशः	गुजरात प्रदेश
सकलकालनः	सभी को नष्ट करने वाले	लोकोत्तरम्	अलौकिक
करालः	भीषण	कपाटानि	किवाड़ो को
कालः	महाकाल	स्तम्भान्	स्तम्भों को
पयःपूर	जलप्रवाह	वलभी	छज्जा
पूरितानि	परिपूर्ण	शतद्वयमणः	दो सौ मन
अकूपारतलानि	समुद्र को	सुवर्णशृङ्खला	सोने की जंजीर
गण्डः	गैंड़ा	ग्रहावग्रहणीः	घर की देहलियों के
फेरुः	सियार (शृगाल)	भित्तीः	दीवारों को
शशः	खरगोश	गदाम्	गदा को
प्रासादहर्म्यः	राजमहल	देवमूर्ति	महादेव की मूर्ति
शृङ्गाटकः	चौराहा	आमलम्	स्वच्छ
		मज्जय	डुबाना

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
कर्तय	काटना	मगधप्रान्तः	दक्षिणबिहार
सुवर्णकोटिद्वयम्	दो करोड़ स्वर्ण मुद्रायें	अङ्गप्रान्तः	पूर्वीबिहार (भागलपुर)
स्प्राक्षीः	स्पर्श करना	बङ्ग	बङ्गालप्रान्त
साम्रेडम्	पुनः पुनः	कलिङ्गः	उड़ीसा
कलकलम्	हा-हाकार की ध्वनि	हस्तयितुम्	अधीन करना
दग्धमुखः	मुँहजला	कृपाणः	तलवार
क्रमेलकः	ऊँट	सीमन्तिनी	नायिका
पृष्ठेषुः	पीठों पर	सीमन्तः	माँग
कालक्रमेण	समय की गति से	दोर्दण्डः	भुजाओं वाले
सप्ताशीत्युत्तरसहस्रतम–	1087	पारावारः	सागर
वैक्रमाब्देः	विक्रमसम्वत्	ग्रहिलः	दृढ़तर
महामदकुलम्	महमूद के वंश को	धृतावतारः	अवतार को धारण करना
धर्मराजलोकः	यमलोक	विजयपुराधीश्वरः	बीजापुर का राजा
अध्वनि	मार्ग का	साम्प्रतम्	इससमय
अध्वनीनम्	पथिक	साधेयम्	सिद्ध करना
अनीकिनी	सेना	सारगर्भितम्	महत्वपूर्ण
शीतलशोणितः	ठण्डा रक्त	त्रैवर्णिकः	ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य
पञ्चाशदुत्तरद्वादशशतम्	पचास उत्तर में	आशासन्तानः	आशासमूह
	1200+50=1250 विक्रमसंवत्	वितानः	विस्तार
अब्देः	विक्रमसम्वत्	गोप्यतम्	गुप्त
कान्यकुब्जेश्वरः	कन्नौज का स्वामी	वृत्तान्तम्	सूचना
अकण्टकः	निष्कण्टक	भासुरः	प्रकाशमान
अकीटकिट्टम्	मलरहित	वदनः	मुख
अस्थिगिरयः	हड्डी का पहाड़	व्याजेन	बहाने से
रिङ्ग	चञ्चल	व्रती	प्रतिज्ञा (सङ्कल्प)
तरङ्ग	लहरें	बद्धकरसम्पुटः	हाथ जोड़ना
भङ्गा	व्याप्त	जटिलमुनौ	जटाधारी मुनि
शोणितः	रक्त	सखिसाहाय्येन	मित्रों की सहायता से
शोणा	लाल	समभाणीत्	कहा
शोणीकृता	सोन नदी कर दिया	उदीर्य	कहकर
क्रीतदासः	गुलाम	ऊरीकृतम्	स्वीकार
प्रपौत्रः	नाती का पुत्र	गण्डशैलान्	पर्वत की शिलाओं
वल्लभताम्	शासन को	शनैः-शनैः	धीरे-धीरे
केकयदेशः	पंजाबप्रान्त	निर्मक्षिकम्	निर्जन (एकान्त)
मत्स्यदेशः	राजस्थान	पादचारध्वनिम्	पैरों के चलने की ध्वनि

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
मार्जारः	बिडाल	**शृङ्गः**	सींग
राजपुत्रदेशीय	राजपूत देश	**लाङ्गूल**	पूँछ
पादक्षेपः	पैरों का शब्द	**सत्वः**	प्राणी
शिलापीठम्	शिलाखण्ड	**दावदहने**	दावानल
आक्षेप	आहट	**ह्यः**	बीता हुआ कल
एकतानेन	एकाग्रचित्त से	**भुजङ्गिनी**	सर्पिणी
द्वित्राः	दो या तीन	**दंष्टाः**	डँसे गये
गोपयित्वा	छिपाकर	**कलकलम्**	कोलाहल
चक्षुश्चुम्बिनः	नयनों को स्पर्श करना	**बलीकात्**	छप्पर की ओरी से
कुटिलकचः	टेढ़े केश	**विकट**	भयङ्कर
वामकराङ्गुलिभिः	बायें हाथ की अँगुलियों से	**त्सरौ**	मूँठ को
अपसारयन्	दूर हटाना	**कवोष्ण**	कुछ-कुछ गरम
नीलवस्त्रखण्डः	नीले वस्त्र का टुकड़ा	**शोणिततृषित**	खून की प्यासी
वेष्टितमूर्द्धानम्	ढके हुए सिर	**चन्द्रहासः**	तलवार (रावण की)
हरितकञ्चुकम्	हरे रंग का कुर्ता	**उत्फालम्**	उछालना
श्यामवसनानद्धः	काले कपड़े को	**परश्शतान्**	सैकड़ों
कटितटः	कमर तट	**दिनकरकर**	सूर्य की किरणों
कर्बुराधोवसनम्	चितकबरे रंग का अधोवस्त्र	**चतुर्गुणी**	चौगुना
काक+आसनेन	काक आसन से	**चाकचक्यैः**	तलवार के चमत्कार से
रम्भालवालः	केले के थाल पर	**स्वेदजालम्**	पसीने की बूँदों से व्याप्त
लग्नाधोमुखः	नीचे मुखवाली	**कलितक्लेदः**	परिश्रम
हस्तयुगलम्	दोनों हाथ	**दाडिमः**	अनार
विपर्यस्तः	उल्टा	**तरणाच्छन्न**	चादर के ढँकी
श्मश्रुश्रेणि	मूँछ की पंक्ति	**चितायाम्**	चिता में
छलेन	ब्याज से	**शयानम्**	सोते हुये
पङ्क	कीचड़	**ताम्रचूडः**	मुर्गा
विंशतिवर्षकल्पम्	लगभग 20 वर्ष की उम्र	**ताम्रीकृतम्**	रक्तवर्ण को प्राप्त
कोशात्	म्यान से	**छिन्नकन्धरम्**	कटे हुए सिर वाले
आलापाः	बातचीत	**मृतककञ्चुकम्**	मृतक के कुर्ते से
कन्दरि	पहाड़	**उष्णीष**	पगड़ी
		भृत्येन	सेवक से

किरातार्जुनीयम् के प्रमुख शब्दार्थ

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
श्रियः	लक्ष्मी	**मही**	पृथ्वी
वृत्तिम्	व्यवहार	**महीभुज्**	राजा
वर्णिलिङ्गी	ब्रह्मचारी	**सपत्नी**	सौत
द्वैतवनम्	एक वन का नाम	**मृषा**	झूठ

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
द्विषाम्	शत्रुओं के	**त्रिगणः**	धर्म, अर्थ, काम
विघात	मारना	**ईयिवान्**	प्राप्त होना
रहसि	एकान्त में	**निरत्ययम्**	बाधारहित (निर्बाध)
भूभृत्	राजा	**अत्यय**	नाश (अतिक्रमण)
औदार्यम्	उदारता	**साम**	मधुरवचन
सौष्ठवम्	सुन्दरता	**भूरि**	अत्यधिक
अनुजीवी	सेवक	**वसु**	धन
क्षन्तुम्	क्षमा करना	**मन्युना**	क्रोध से
अमात्य	मन्त्री	**धर्मविप्लवम्**	धर्म का अतिक्रमण
रतिम्	प्रेम	**परेतरान्**	शत्रुओं से इतर (मित्र)
अधिपः	राजा	**क्रियापवर्गेषु**	कार्य समाप्त होने पर
निसर्गः	स्वभाव	**शङ्कितः**	शङ्कायुक्त
दुर्बोधः	बहुत कठिनाई	**उपायाः**	उपाय
विक्लव	क्षीणता	**परिबृंहितायतीः**	उन्नतियुक्त भविष्य वाली
निगूढम्	गुप्त	**विनियोगसत्क्रिया**	प्रयोग रूपी सत्कार से युक्त
नयवर्त्म	नीतिमार्ग	**उपायन**	उपहार
अवेदि	जाना	**अयुग्मच्छद**	सप्तपर्ण
दुरोदरः	जुँआ	**अजिरम्**	आँगन
छद्म	छल	**आस्थान**	सभाभवन
सुयोधनः	दुर्योधन	**अश्व**	घोड़ा
जगतीम्	पृथ्वी को	**सङ्कुलम्**	व्याप्त
जिह्मः	कुटिल	**भृशम्**	अत्यधिक
भूतिम्	ऐश्वर्य	**दन्ती**	हाथी
वरम्	श्रेष्ठ	**कृषीवलैः**	किसानों के द्वारा
शुभ्रम्	निर्मल	**अकृष्टपच्या**	बिना परिश्रम के फसल का पकना
अरिः	शत्रु	**अदेवमातृकाः**	वर्षा के जल के सहारे न रहना (नदी, नहर की सिंचाई)
षड्वर्ग	छः वर्ग	**क्षेमम्**	कल्याण को
नक्तम्	रात्रि	**वसूनि**	धनों को
तन्द्रा	आलस्य	**मेदिनी**	पृथ्वी
पौरुषम्	पुरुषार्थ	**संयति**	युद्ध में
पदवीम्	मार्ग को	**न संहताः**	इकट्ठा न होना
गतस्मयः	अहंकार का चला जाना	**नभिन्नवृत्तयः**	एक दूसरे से भिन्न व्यवहार न होना
सन्ततम्	निरन्तर	**असुभिः**	प्राणों से
सुहृद्	मित्र	**चरैः**	गुप्तचरों से
भक्त्या	अनुराग से	**निःशेषम्**	पूर्णरूप से
विभज्य	बाँटकर	**धाता**	ब्रह्मा
असक्तम्	अनासक्त भाव से	**ईहितम्**	मन्तव्य

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
सज्यम्	डोरी	**परिभ्रमन्**	भ्रमण करता हुआ
जिह्मः	कुटिल	**अन्तर्गिरिः**	पर्वतीय प्रदेश
शासनम्	आज्ञा	**वृकोदरः**	भीम
धनुः	धनुष	**प्राज्यम्**	अत्यधिक
प्रलीन	आधीन	**धनञ्जयः**	अर्जुन
आवारिधिः	समुद्रपर्यन्त	**वसु**	धन
एष्यतीः	आने वाली	**अकुप्य**	बहुमूल्य धन
भियः	विपत्तियाँ	**वासव**	इन्द्र
दुरन्ता	दुःखदायी	**वासवोपमः**	अर्जुन
इनः	श्रेष्ठ	**उत्तरान् कुरुन्**	उत्तरकुरु नामक देश
उदाहृतात्	उच्चारित किये गये	**वल्कवासांसि**	वृक्षों की छाल के वस्त्रों को
आखण्डलसूनुः	अर्जुन	**विष्वक्**	सब ओर से
विधेयम्	योग्य	**कचाचितौ**	बालों से व्याप्त
आशु	शीघ्र	**अग**	पर्वत
परप्रणीतानि	दूसरों के द्वारा कही गयी	**गज**	हाथी
ईरयित्वा	कहकर	**कठिनी**	कठोर
कृष्णा	द्रौपदी	**तावकीम्**	तुम्हारी
सदनम्	घर	**प्रसभम्**	बलपूर्वक
अपाकृती	अपमान	**आधिः**	मानसिक व्यथा
विनियन्तुम्	सहन करने में	**धियम्**	बुद्धि को
द्रुपदात्मजा	द्रौपदी	**महाधनम्**	बहुमूल्य
उदाजहार	बोली	**अदभ्रदर्भाम्**	कुशों से व्याप्त
प्रमदा	नारी	**शिवारुतैः**	शृगालियों (सियारिन) की ध्वनि
अधिक्षेपः	अपमान	**अशिवः**	अमङ्गल
दुराधयः	दुष्ट मानसिक व्यथाएँ	**अन्धसा**	अन्न से
अखण्ड	सम्पूर्ण	**उपनीतम्**	प्राप्त होना
धामभिः	तेज से	**वपुः**	शरीर
मतङ्गः	उन्मत्त हाथी	**कार्श्यम्**	कृशता
स्त्रक्	माला	**द्विजातिशेषेण**	ब्राह्मणों के भोजन करने से बचा हुआ
अपवर्जिता	खो देना	**आलूनशिखेषु**	शिखाओं के तोड़ने वाले
निशित	तीक्ष्ण	**बर्हिषाम्**	कुशों से
इषुः	बाण	**स्त्रजाम्**	मालाओं के
कुलजाम्	कुल परम्परा से प्राप्त	**द्विषन्निमित्ता**	शत्रुओं के कारण
उच्छिखः	ऊपर उठी हुई लपटें	**अपर्य्यासित**	अविनष्ट (जो नष्ट न हो)
अबन्ध्यः	जो बाँझ न हो	**धाम**	तेज
अमर्षशून्यः	क्रोधरहित	**प्रसीद**	प्रसन्न होना
विद्विषः	शत्रु	**सन्धेहि**	धारण करना
		निःस्पृहाः	जिसकी ईर्ष्या निकल गयी (निष्काम)

संस्कृतशब्दः	अर्थः
अवधूय	जीत करके
धामवताम्	तेजस्वियों में
पुरःसराः	अग्रणी
सुदुःसहम्	असहनीय
निकारम्	अपमान
क्षामम्	शान्ति
पर्येषि	मानना
कार्मुकम्	धनुष
लक्ष्मीपतिलक्ष्म	राजचिन्ह से युक्त
निकृतिः	अपमान
भूरिधाम्नः	परमपराक्रमी
समयपरिरक्षणम्	प्रतिज्ञा का पालन करना
क्षितीशाः	राजा लोग
सोपधि	छलपूर्वक
सन्धिदूषणानि	किये गये समझौते को भङ्गकर देना
नियोगः	नियोजित
मग्नम्	डूबना
दिनादौ	प्रभातकाल में
रिपुतिमिरम्	शत्रुसदृश अन्धकार को
उदीयमानम्	उगते हुए

मेघदूतम् का शब्दार्थ

संस्कृतशब्दः	अर्थः
जनकतनया	सीता
प्रमत्तः	असावधान
कान्ता	प्रिया
अस्तङ्गमितमहिमा	नष्ट महिमा
स्वाधिकारात्	अपने कार्य से
अद्रौ	पर्वत पर
अबला	प्रिया
विप्रयुक्तः	अलग (वियुक्त)
कनकवलयः	स्वर्णकङ्गन
भ्रंशरिक्तः	गिरने से रिक्त
प्रकोष्ठः	कलाई
आश्लिष्टः	सटा हुआ
सानुम्	चोटी
वप्रकीडापरिणतः	वप्रकीडा में तिरछा प्रहार करना
राजराजः	कुबेर
कौतुकाधानः	उत्कण्ठा से उत्पन्न
अन्यथावृत्तिः	दूसरे प्रकार का व्यवहार

संस्कृतशब्दः	अर्थः
दूरसंस्थे	दूर स्थित होने पर
नभसि	श्रावण मास के
प्रत्यासन्ने	निकट आने पर
दयिता	पत्नी
जीमूतेन	बादल
प्रत्यग्रैः	तत्काल तोड़े गये
कुटज	कुटजपुष्प
व्याजहार	बोलना
धूमज्योतिः	धूम, अग्नि
सलिलमरुतम्	जल, वायु
सन्निपातः	मिश्रण
पटुकरणैः	समर्थ इन्द्रियों वाले
औत्सुक्यम्	उत्कण्ठा
गुह्यकः	यक्ष
कामार्ताः	काम-पीड़ित
चेतनः	चेतन
अचेतनः	जड़
'वैभ्राज'	'वैभ्राज' नामक उद्यान को गन्धर्वों के राजा 'चित्ररथ' ने बनाया था।
प्रकृतिकृपणाः	स्वभाव से दीन
पुष्करावर्तकानाम्	पुष्कर+आवर्तक नाम के वंश
मघोनः	इन्द्र
प्रकृतिपुरुषम्	प्रधानपुरुष
जातम्	उत्पन्न
मोघा	निष्फल
कामरूपम्	इच्छानुसार रूप धारण करने वाले (मेघ)
पयोदः	मेघ
धौतहर्म्या	उज्ज्वल महलों
पवनपदवीम्	वायु मार्ग से (आकाश में)
वनिता	स्त्री
प्रत्ययात्	विश्वास से
आश्वसत्यः	आश्वस्त होकर
अलकम्	बाल
सन्नद्धे	उमड़ने पर
विरहविधुराम्	विरह से व्याकुल

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
जाया	पत्नी	**वन्द्यैः**	वन्दनीय
एकपत्नीम्	पतिव्रता	**रघुपदपदैः**	रामजी के चरण चिन्हों से
भ्रातृजाया	भाभी	**मेखलासु**	मध्य भाग में
अङ्गनानाम्	स्त्रियों के	**एत्य**	प्राप्त कर
अव्यापन्नाम्	जीवित	**उष्णं बाष्पम्**	गर्म भाप
आशाबन्धः	आशा रूपी तन्तु	**चिर विरहजम्**	बहुत समय का वियोग
सद्यः	शीघ्र	**वल्मीकाग्रात्**	बाँवी के अग्रभाग से
विप्रयोगः	वियोग (विरह)	**श्यामं वपुः**	श्याम रंग का शरीर
नुदति	प्रेरित होना	**स्फुरितरुचिना**	चमकती हुई प्रभा वाले
सगन्धः	गर्व से भरा होना	**बर्हेण**	मोर के पंख
आबद्धमालाः	पंक्तिबद्ध	**अतितराम्**	अत्यधिक
बलाकाः	बगुलियाँ	**आयत्तम्**	अधीन
खे	आकाश में	**कृषिफलम्**	खेती का फल
नदति	बोल रहा है	**जनपदवधूः**	ग्राम-रमणियों के
वामः	बायीं ओर	**मालक्षेत्रम्**	माल नामक क्षेत्र को
शिलीन्ध्र	कुकुरमुत्ता	**सीरोत्कषणः**	हल चलाने के कारण
अबन्ध्याम्	उपजाऊ	**लघुगतिः**	शीघ्र गमन करके
मानसोत्काः	मानसरोवर के लिए उत्सुक	**व्रज**	जाना
बिसकिसलयच्छेद	कमल नाल के अग्र भाग के टुकड़े	**सानुमान्**	पर्वत
पाथेय	मार्ग का भोजन	**प्रशमित**	घोर वर्षा
नभसि	आकाश में	**वनोपप्लवम्**	दावानल (वन की आग)
प्रयाणानुरूपम्	यात्रा के अनुकूल	**अध्वश्रमपरिगतम्**	मार्ग के परिश्रम की थकान
पदं न्यस्य	पैर रखकर	**मूर्ध्ना**	चोटी
स्रोतसाम्	नदियों के	**सुकृतापेक्षया**	उपकार को मानते हुए
परिलघु	हल्के	**अमरमिथुनः**	देवताओं का जोड़ा
उपभुज्य	उपभोग कर	**भुवःस्तन इव**	पृथ्वी के स्तन के समान
शृङ्गम्	चोटी	**स्निग्धवेणीसवर्णे**	चिकनी बालों की चोटी के समान रंग वाले
किंस्वित्	क्या?	**मुहूर्तम्**	कुछ समय
उन्मुखीभिः	ऊपर की ओर मुख करके	**तोयोत्सर्गः**	जल बरसाना
मुग्धः	भोली-भाली	**द्रुततरगतिः**	शीघ्र गमन करना
सिद्धाङ्गनाभिः	सिद्धों की स्त्रियों द्वारा	**उपलविषमे**	पत्थर से ऊंचे नीचे
दिङ्नागः	दिग्गज	**विशीर्णाम्**	बिखरी हुई
स्थूल	मोटी	**रेवाम्**	नर्मदा नदी
हस्तावलेपान्	सूड़ों के प्रहार को	**वान्तवृष्टिः**	वर्षा करने के बाद
सरसनिचुलात्	सरस वेतों के	**वनगजमदैः**	जंगली हाथियों के मद से
उदङ्मुखः	उत्तर की ओर मुख करके	**वासितम्**	सुगन्धित
तुङ्गम्	उन्नत	**जम्बूकुञ्ज**	जामुन का बागीचा

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
प्रतिहतरयः	जिसका वेग रोका न जा सके (निर्बाधगति)	**सभ्रूभङ्गम्**	भ्रकुटि विकासयुक्त
		नीचैराख्यम्	नीचैः नामक
अनिलः	वायु	**गिरिम्**	पर्वत
रिक्तःसर्वः	सभी रिक्त पदार्थ	**पण्यस्त्री**	वेश्या
नीपम्	कदम्ब का फूल	**शिलावेश्मभिः**	पत्थर गुफाओं के द्वारा
हरितम्	हरा	**नागराणाम्**	नागरिकों के
कपिशम्	काले-लाल	**वननदीतीरजातानि**	पहाड़ी नदियों के किनारे उत्पन्न
सारङ्गाः	भौंरे/मृग/हाथी	**उद्यानानाम्**	बगीचों के
आघ्राय	सूँघकर	**यूथिका**	जूही (समूह)
जललवमुचः	पानी की बूँदों की वर्षा करने वाले	**गण्डस्वेदाऽपनयन**	कपोलों से पसीने को पोंछने से
उर्वी	पृथ्वी	**रुजाक्लान्त**	पीड़ा से मुरझाये
जग्ध्वा	खाकर	**प्रस्थितस्य**	प्रस्थान करके
अम्भोबिन्दुः	वर्षा का जल	**वक्रः**	टेढ़ा
श्रेणीभूताः	पंक्तिबद्ध	**सौधोत्सङ्गः**	ऊँचे महल
परिगणनया	गिनकर	**प्रणयविमुखः**	अनुराग से विमुख
सिद्धाः	सिद्ध लोग	**पौराङ्गनानाम्**	नागरिक स्त्रियों के
स्तनित	गर्जन	**लोलापाङ्गै**	चञ्चल कटाक्षों वाले
आसाद्य	प्राप्तकर	**उत्तराशाम्**	उत्तर दिशा में
द्रुतम्	शीघ्र	**वीचिक्षोभः**	तरङ्गों की हलचल
ककुभसुरभौ	कुटज पुष्पों से सुगन्धित	**स्तनितविहगः**	कूजते हुए पक्षी
कालक्षेपम्	समय के विलम्ब	**श्रेणिकाञ्चीगुणायाः**	पंक्तिरूपी करधनी
शुक्लापाङ्गैः	मयूर	**स्खलित**	लड़खड़ाती
केका	बोली	**तटरुहः**	नदी के किनारे उगे हुए
व्यवस्येत्	प्रयत्न करना	**जीर्णशीर्णः**	पुराने पत्ते
आसन्ने	समीप आने पर	**अतीत**	बहुत दिन
दशार्णाः	दशार्ण देश	**कार्श्यम्**	कृशता
केतकैः	केतकीपुष्पों से	**उपपाद्यः**	उपाय करना
गृहबलिभुजाम्	कौए	**कोविदः**	जानकार
नीडारम्भैः	घोसले बनाने से	**अवन्तीम्**	अवन्ती प्रदेश
आकुलः	व्याप्त	**सुचरितफलैः**	पुण्यफलों के
ग्रामचैत्याः	गाँवों के **चौराहों के वृक्ष**	**स्वल्पीभूतः**	क्षीण होना
परिणतफल	पके फल	**गां गतानाम्**	भूमि पर आये
कतिपयदिनम्	कुछ ही दिन	**दिवःखण्डम्**	स्वर्ग का टुकड़ा
प्रथित	विख्यात	**श्रीविशाला**	सम्पत्तिशाली
सद्यः	तत्काल	**विशालापुरीम्**	उज्जयिनी
कामुकत्वस्य	कामुकता का	**ऊषेषु**	उषाकाल में (प्रातःकाल)
अविकलम्	सम्पूर्ण		
चलोर्मिः	चञ्चल तरङ्ग		
तीरोपान्तः	किनारे के समीप		

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
पटुः	कुशल	**कुवलय**	कमल
मदकलः	मीठी ध्वनि	**गन्धवत्याः**	गन्धवती
सारसानाम्	सारस पक्षियों के	**त्रिभुवनगुरुः**	शिव
मैत्री	सम्पर्क (मिलन)	**चण्डीश्वरः**	शिव
शिप्रावातः	क्षिप्रा नदी की वायु	**पुण्यं धाम**	महाकाल धाम
सुरतग्लानिम्	रतिक्रीड़ाजन्य थकान	**जलधर!**	बादल
कोटिशः	करोड़ो	**आसाद्य**	प्राप्त करके
विपणिरचितान्	बाजारों में सजाकर	**अविकल**	सम्पूर्ण
तारान्	शुद्ध	**नयनविषयम्**	देखना
हारान्	हारों को	**अत्येति**	छिपना (ओझल)
शंखशुक्तीः	शंख और सीपियों	**श्लाघनीय**	प्रशंसनीय
शष्पश्यामान्	घास के समान हरी	**शूलिनः**	शिव जी के
उन्मयूखः	ऊपर की ओर उठी किरणें	**बलिपटहताम्**	पूजन के समय का बाजा
प्ररोहान्	अंकुर	**आमन्द्राणाम्**	गम्भीर
विद्रुमाणाम्	मूँगे	**पादन्यासैः**	पैरों की गति
भङ्गाः	टुकड़े	**लीला**	विलासपूर्वक
सलिलनिधयः	समुद्र	**अवधूतः**	हिलाना
वत्सराजः	उदयन	**क्वणितरशनाः**	शब्द करती करधनी
हैमम्	स्वर्णमय	**खचितवलिभिः**	चमकते दण्ड से
तालद्रुमवनम्	ताड़ के वृक्षों का वन	**चामरः**	चँवर
नलगिरिः	हाथी का नाम	**क्लान्तः**	थकावट
उत्पाट्य	उखाड़कर	**मधुकरश्रेणि**	भौरों की पंक्ति
आगन्तून्	दूसरे देश से आये हुये	**भवानी**	भवानी (पार्वती)
वाहाः	घोड़े	**पशुपतेः**	शिवजी के
पत्रश्यामाः	हरे रंग के	**सौदामिनी**	बिजली
हयः	घोड़ा	**पारावत**	कबूतर
संयुगे	युद्ध में	**कररुधिः**	किरणरूपी हाथ
तस्थिवांसः	खड़े रहना	**असूया**	दोष (गुणों में दोष निकालना)
चन्द्रहासः	चन्द्रहास तलवार	**अनल्पः**	अत्यधिक
व्रणाङ्कः	घाव का चिन्ह	**चटुलः**	चञ्चल
जालः	झरोखा (खिड़की)	**शफरः**	मछली
उपचितवपुः	बढ़े हुये शरीर वाला	**उद्वर्तन**	उछलना
भवनशिखिभिः	गृहमयूरों से	**मोघः**	विफल
ललितवनिता	सुन्दरियों के	**वानीरशाखा**	बेंत की शाखा
पादरागाङ्कितेषु	चरणों से लगे लाक्षारस से चिह्नित	**सलिलवसनम्**	जलरूपी वस्त्र
अध्वखेदम्	मार्ग की थकान	**उदुम्बरः**	गूलर
नयेथाः	दूर करना	**देवपूर्वगिरिम्**	देवगिरि
		स्कन्दः	कार्तिकेय

संस्कृतशब्दः	अर्थः	संस्कृतशब्दः	अर्थः
व्योमगङ्गा	आकाशगङ्गा	**करका**	ओले
पुष्पासारैः	फूलों की तीव्र वर्षा से	**दृषदि**	शिलापट
स्नपयतु	नहलाना	**अर्धेन्दुमौलिः**	शङ्कर
नवशशिभृत्	शिव	**करणविगमः**	शरीरान्त
वासवीनां चमूनाम्	इन्द्र की सेना	**अनिलैः**	वायु से
हुतवहः	अग्नि	**अनलः**	अग्नि
बर्हम्	पंख	**कीचकाः**	बाँस
शशिरुचा	चन्द्रमा की चाँदनी	**निर्ह्रादः**	गर्जन
नर्तयेथाः	नचाना	**मुरजः**	मृदङ्ग (बाजा)
शरवणभवः	कार्तिकेय	**प्रालेयाद्रिः**	हिमालय पर्वत
सिद्धद्वन्द्वैः	सिद्ध दम्पत्तियों	**भृगुपतिः**	परशुराम
शार्ङ्गिणः	श्रीकृष्ण	**उदीची**	उत्तर दिशा
पृथुम्	मोटी/मोटा	**दशमुखः**	रावण
इन्द्रनीलम्	इन्द्रनीलमणि	**त्रिदशः**	देवता
समरः	युद्ध	**त्रिदशवनिता**	देवताओं की स्त्रियाँ
लाङ्गलीशः	बलराम	**राशीभूतः**	एकत्रित हुए
अभिमतरसाम्	इच्छित स्वाद वाली	**त्रयम्बकः**	शिव
रेवती	बलराम की पत्नी	**द्विरददशनः**	हाथी के दाँत
हाला	मदिरा	**मेचकः**	काला/नीला
शैलराजः	हिमालय	**हलभृतः**	बलराम
जह्नोःकन्या	जह्नु की कन्या (गङ्गा)	**भुजगवलयः**	सर्प रूपी कङ्कण
सुरगजः	ऐरावत हाथी	**गौरी**	पार्वती
तुषारः	बर्फ	**जलौघः**	जल का प्रवाह
निषण्णः	बैठे हुये	**सोपानत्वम्**	सीढ़ी
त्रिनयनः	शिवजी	**यन्त्रधारा**	फव्वारा
पङ्कः	कीचड़	**हेमाम्भोजः**	सुवर्ण कमल
स्कन्धः	तना	**कल्पद्रुमः**	कल्पवृक्ष (देववृक्ष)
उल्काक्षयति	चिनगारियाँ	**धुन्वन्**	हिलाते हुये
दावाग्निः	जङ्गल की आग	**अंशुकानि**	सूक्ष्म वस्त्रों के
आपन्नः	कष्ट	**नगेन्द्रः**	पर्वतराज
प्रशमनः	दूर करना	**अभ्रवृन्दम्**	बादलों का समूह
शरभाः	शरभ (आठ पैरों वाले जन्तु)		

शब्द	अर्थ	पुस्तक
वाराङ्गना	वेश्या	नीतिशतकम्
उपसृष्टा	वेश्या	शुकनासोपदेश
वारमुख्या/पण्यस्त्री	वेश्या	मेघदूतम्
गणिका	वेश्या	मृच्छकटिकम्

कादम्बरी (शुकनासोपदेश) का शब्दार्थ

शब्द	अर्थ
अतिक्रामत्सु	– बीत जाने पर
केषुचित्	– कुछ
सम्भारः	– समूह
विनीततरम्	– अपेक्षाकृत अधिक विनम्र
विदितवेदितव्यस्य	– ज्ञातव्य विषय को जानने वाले
निसर्गतः	– स्वभाव से
अभानुभेद्यम्	– सूर्य द्वारा भेदन करने योग्य नहीं
अरत्नालोकोच्छेद्यम्	– रत्नों के प्रकाश से भी जो छेदन करने योग्य नहीं है।
अतिगहनम्	– अत्यन्त गम्भीर
दारुणः	– दुष्कर/कठोर/भयानक
लक्ष्मीमदः	– धन का घमण्ड
अञ्जनवर्तिसाध्यम्	– काजल लगाने की सलाई।
अशिशिरोपचारहार्यः	– शीतल उपचारों से भी दूर नहीं होने वाला
दर्पदाहज्वरोष्मा	– घमण्ड रूपी तेज बुखार की गर्मी
रागमलावलेपः	– आसक्तिरूपी मल का लेपन
अजस्रम्	– निरन्तर
क्षपा	– रात्रि
इत्यतः	– इसलिए
अभिधीयसे	– कहा जा रहा है
अभिनवयौवनत्वम्	– नयी युवावस्था होना
सर्वाविनयानाम्	– सब उद्दण्डताओं की या सब बुराइयों की
आयतनम्	– निवासस्थान
समवायः	– समूह
कालुष्यम्	– कलुषता अर्थात् दोषयुक्त
उपयाति	– प्राप्त हो जाती है।
यूनाम्	– युवकों को
वात्या	– आँधी
दुरन्ता	– दुष्परिणाम वाली।
मधुरतराणि	– अतिशय मृदु
अपगतमले	– नष्ट हो गए हैं मल या दोष जिसके ऐसे।

शब्द	अर्थ
विशन्ति	– प्रवेश करते हैं
श्रवणस्थितम्	– कानों में विद्यमान
करिणः	– हाथी
आननम्	– मुख
प्रशमहेतुः	– शान्ति का कारण या उपाय
अमलीकुर्वन्	– स्वच्छ करते हुए।
अनलः	– अग्नि
अन्वयः	– वंश या कुल
श्रुतम्	– शास्त्रीय ज्ञान
कुसुमशर	– कामदेव
क्षमम्	– समर्थ
अनारोपितमेदोदोषम्	– नहीं धारण किया है चर्बी के दोष अर्थात् मोटेपन को
अग्राम्यम्	– गवाँरूपन से रहित
अतीतज्योतिः	– आभाशून्य
आलोकः	– प्रकाश
प्रजागरः	– निरन्तर जागते रहना
प्रतिशब्दकः	– प्रतिध्वनि
श्वयथुः	– सूजन (शोध)
पृथुः	– विस्तृत (फैलावदार)
स्थगितः	– रुक गये
विवराः	– छिद्र
गजनिमीलितेन	– हाथी के समान आँख मूँदकर
अवधीरयन्तः	– तिरस्कार करते हुए।
विह्वला	– व्याकुल
अलीकम्	– मिथ्या
तन्द्रा	– आलस्य
अभिनिवेशः	– प्रवृत्ति (लगन)
सुभटः	– वीरयोद्धा
खड्गमण्डलम्	– तलवार समूह
उत्पलवन	– कमलवन
विभ्रमभ्रमरी	– विलास करने वाली भ्रमरी (भौंरी)
पारिजातपल्लवेभ्यः	– मन्दार के पत्तों से
इन्दुशकलात्	– चन्द्रमा के टुकड़े से
मदम्	– नशे को

शब्द	अर्थ
अतिनैष्ठुर्यम्	– अत्यन्त निष्ठुरता
उद्गता	– उत्पन्न हुई
अनार्या	– दुष्टा
लतापञ्जरविधृता	– लताओं के पिंजरे में रखी गयी।
अपक्रामति	– भाग जाती है।
प्रपलायते	– पलायन कर जाती है।
कुलक्रमम्	– वंश परम्परा को
वैदग्ध्यम्	– वाक्पटुता
गन्धर्वनगरलेखा	– मायानगरी की आकृति
विधृता	– धारण की गई
विविधगन्धगजगण्डमधु-पानमत्ता	– अनेक हाथियों के कपोलों के मद का पान करने में मस्त
पारुष्यम्	– कठोरता
अप्रत्ययः	– अविश्वसनीय
भूभुजम्	– राजा को
विटपकान्	– वृक्षशाखाओं को
अध्यारोहति	– अपना आश्रय बनाती है।
संक्रमणम्	– संसर्ग
पातालगुहा	– पातालरूपी गुफा
तमोबहुला	– अत्यधिक अन्धकार वाली
प्रावृड्	– वर्षाॠतु
अभिजातम्	– कुलीन
अहिमिव	– सर्प की भाँति।
परिहरति	– त्याग देती है।
पातकिनमिव	– पापी मनुष्य के समान
उपसर्पति	– पास जाती है।
मनस्विनम्	– महापुरुष को
इन्द्रजालम्	– जादू
ऊष्माणम्	– गर्मी को
आदधानापि	– धारण करने वाली भी
बलोपचयम्	– शक्ति की वृद्धि को
लघिमानम्	– निर्बलता को
दीपशिखा	– दीपक की लौ।
उद्वमति	– उगलती है।
संवर्धनवारिधारा	– पुष्टि हेतु जल की धारा

शब्द	अर्थ
तृष्णाविषवल्लीनाम्	– सांसारिक महत्वाकांक्षी रूपी विषलताओं की
व्याधगीतिः	– शिकारी का गीत
परामर्शधूमलेखा	– मिटाने के लिए धुएँ की रेखा
विभ्रमशय्या	– विलास हेतु स्थापित की गई सेज
निवासजीर्णवलभी	– रहने के लिए अटारी।
तिमिरोद्गतिः	– रतौंधी का प्राकट्य
निम्नगा	– नदी
ग्राहाः	– मगरमच्छ
आपानभूमिः	– मधुशाला
आवासदरी	– निवासार्थ गुफा
आशीविषाः	– विषैले नाग।
उत्सारणवेत्रलता	– हटाने के लिए बेंत की छड़ी
अकालप्रावृट्	– असमय बरसात
विसर्पणभूमिः	– पीड़ास्थली या फैलने की जगह।
विस्फोटकानाम्	– फोड़े-फुंसियों की।
कामकरिणः	– कामदेवरूपी हाथी के लिए।
वध्यशाला	– हत्यागृह
अपरिज्ञातया	– अनजान होने वाली
उपगूढः	– आलिंगित किया गया
विप्रलब्धः	– ठगा गया
प्रस्तावना	– आमुख
कदलिका	– केले का बगीचा
पुस्तमयी अपि	– (मिट्टी या लकड़ी की) गुडिया बने रहने पर भी
इन्द्रजालम्	– जादू
अभिसन्धत्ते	– छल करती है
वञ्चयति	– ठगती है
सम्मार्जनी	– झाड़ू
क्षान्तिः	– क्षमा
उष्णीषः	– पगड़ी
अवच्छाद्यते इव	– मानो ढँक दी जाती है
आतपत्रम्	– छाता
चामरपवनैः	– चँवर की हवा से
उपह्रियते इव	– मानो दूर कर दी जाती है

शब्द	अर्थ
वेत्रदण्डैः	– बेंत की छड़ी से
उत्सार्यन्ते इव	– मानो दूर हटा दिये जाते हैं।
ध्वजपल्लवैः	– ध्वजदण्ड के वस्त्र के पल्ले से
परामृश्यते इव	– मानो पोंछ दी जाती है
शकुनिः	– पक्षी
खद्योतः	– जुगनूँ
दुष्टासृजेव	– दूषित रुधिर के समान
सत्त्वैः	– हिंसक जन्तुओं से
अवष्टभ्यन्ते इव	– मानो हठात् पकड़ लिये जाते हैं
मदनशरैः	– कामदेव के बाणों से
मर्माहताः	– बुरी तरह घायल हुए
धनोष्मणा	– ऐश्वर्य की गर्मी से
कुलीराः	– केकड़ा
तिर्यक्	– टेढ़े
पङ्गवः इव	– लँगड़ों के समान
मृषावादः	– मिथ्याभाषण
जल्पन्ति	– बोलते हैं
सप्तच्छदतरव इव	– 'सप्तपर्ण' के वृक्षों के समान
शिरःशूलम्	– सिरदर्द
आसन्नमृत्यव इव	– नजदीक मृत्यु वाले लोगों के समान
कालदंष्टा इव	– भयङ्कर साँपों से डँसे हुए लोगों के समान
जातुषाभरणानि इव	– लाह से बने गहनों के समान
दुष्टवारणा इव	– मदोन्मत्त हाथियों के समान
कनकमयम्	– स्वर्णमय
इषवः	– बाण
शातयन्ति	– नष्ट कर देते हैं
अकालकुसुमप्रसवा इव	– पुष्पों के असामयिक विकास के समान
तैमिरिका इव	– नेत्र-रोगियों के समान
उपसृष्टा इव	– वेश्या के समान
क्षुद्राधिष्ठितभवनाः	– नीचपुरुषों से युक्त राजप्रसाद वाले
प्रेतपटहा इव	– मृतकों के समीप बजाये जाने वाले बाजे की भाँति
महापातकाध्यवसाया इव	– ब्रह्महत्या आदि महापातकों के प्रयास के समान
अनुदिवसम्	– प्रतिदिन
आध्मातमूर्तयः भवन्ति इव	– मानों फूल जाते हैं (तोंद निकल आती हैं)
वल्मीकिः	– बॉबी
द्यूतम्	– जुआ
प्रमत्तता	– उन्मत्तता
अजितभृत्यता	– भृत्याधीनता अर्थात् गलती करने पर भी नौकरों पर शासन नहीं करना।
पिशितम्	– मांस
आस्थाननलिनीबकैः	– राजपरिषद् रूपी कमलिनीकानन में रहने वाले बँगुले की भाँति
प्रतारणकुशलैः	– ठगने में निपुण
धूर्तैः	– लम्पटों के द्वारा
अलीकाभिमानाः	– झूठे अभिमान
अनुग्रहम्	– अनुकम्पा
मिथ्या	– झूठ
द्विजातीन्	– ब्राह्मणों को
अर्चनीयान्	– पूजनीय लोगों को
अनर्थकायासान्	– व्यर्थ परिश्रम
जरा	– वृद्धावस्था
पार्श्वे	– बगल में
अहर्निशम्	– दिन-रात
अनवरतम्	– निरन्तर
उपरचिताञ्जलिः	– हाथ जोड़कर
अतिनृशम्	– अत्यन्त निष्ठुर
अभिचारक्रिया	– मारण क्रिया
विटैः	– लम्पट कामी पुरुषों के द्वारा
भुजङ्गैः	– लम्पटों के द्वारा
सेवकवृकैः	– सेवकरूपी भेड़ियों के द्वारा
वनिताभिः	– रमणीजनों के
मदनेन	– कामदेव के द्वारा
प्रकृत्या एव	– स्वभाव से ही
धीरम् अपि	– गम्भीर को भी
उपशशाम	– चुप हो गये

नीतिशतकम् का शब्दार्थ

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
दिक्	दिशा	**छेत्तुम्**	काटने का
अनवच्छिन्न	न ढका हुआ या न आवृत किया जाने वाला	**सन्नह्यते**	प्रयास करता है।
		क्षाराम्बुधेः	समुद्र का लवण
चिन्मात्र	ज्ञानस्वरूप	**ईहते**	चाहता है।
तेजसे	ज्योति स्वरूप को	**विधात्रा**	ब्रह्मा जी ने
शान्ताय	विकाररहित/कल्याणकारक को	**स्वायत्तम्**	स्वाधीन
बोद्धारः	जानने वाला (विद्वज्जन)	**एकान्तगुणम्**	अत्यन्त गुणकारी
प्रभवः	स्वामी (समर्थलोग)	**सर्वविदाम्**	विद्वानों के
स्मयदूषिताः	अहंकार में चूर हैं।	**किञ्चिज्ज्ञः**	अल्पज्ञ
अबोधोपहताः	अज्ञान से विनष्ट	**द्विपः**	हाथी
अज्ञः	मूर्खजन	**अवलिप्तम्**	गर्व से प्रयुक्त
विशेषज्ञः	विशेष जानने वाला	**बुधजनसकाशात्**	विद्वानों के संसर्ग से
ज्ञानलवदुर्विदग्धम्	अल्पज्ञान से गर्वित	**व्यपगतः**	दूर हो गया
न रञ्जयति	प्रसन्न नहीं कर सकता	**श्वा**	कुत्ता
दंष्ट्रान्तरात्	दाढों के बीच से	**कृमिकुलचितम्**	कीड़ों का समूह
प्रसह्य	बलपूर्वक	**लालाक्लिन्नम्**	मुख की लार से गीले
उद्धरेत्	निकाल ले	**विगन्धि**	दुर्गन्धपूर्ण
प्रचलदूर्मिमालाकुलम्	चंचल तरंगों की पंक्तियों से व्याप्त	**जुगुप्सितम्**	घिनौने
सन्तरेत्	पार कर ले	**निरामिषम्**	मांसरहित
प्रतिनिविष्टः	हठी	**निरुपमरसप्रीत्या**	अत्यन्त स्वादयुक्त की भाँति।
पीडयन्	दबाता हुआ	**पार्श्वस्थम्**	समीपवर्ती
सिकतासु	बालुओं में	**सुरपतिम्**	इन्द्र को
लभेत	पा ले	**विशङ्कते**	शङ्का करने लगता है।
पिपासार्दितः	प्यास से सताया हुआ	**परिग्रहफल्गुताम्**	स्वीकृत वस्तुओं की निस्सारता को
मृगतृष्णिकासु	मृगमरीचिकाओं में	**न गणयति**	विचार नहीं करता।
पर्यटन्	घूमता हुआ	**शार्वम्**	शिवजी के
शशविषाणम्	खरगोश की सींग को	**पशुपतिशिरस्तः**	शिवजी के शिर से
आसादयेत्	प्राप्त कर ले	**क्षितिधरम्**	(हिमालय) पर्वत पर
प्रतिनिविष्टः	दुराग्रही	**उत्तुङ्गात्**	ऊँचे
सुधास्यन्दिभिः	अमृत बरसाने वाली	**महीध्रात्**	पर्वत से (हिमालय से)
सूक्तैः	सुन्दर उक्तियों द्वारा	**अवनिम्**	पृथ्वी से
असौ	वह व्यक्ति	**अधोऽधः**	नीचे-नीचे
बालमृणालतन्तुभिः	कमल के कोमल रेसों से	**स्तोकम्**	कम (थोड़ा)
व्यालम्	बिगड़े हाथी	**उपगता**	पहुँचकर
रोद्धुम्	रोकने को	**विनिपातः**	पतन
समुज्जृम्भते	अभ्यास करता है।	**हुतभुक्**	आग
शिरीषकुसुमप्रान्तेन	कोमल शिरीष फूल की नोंक से	**समदः**	उन्मत्त

शब्द	अर्थ
निशिताः	तीक्ष्ण
गोगर्दभौ	सांड और गधे को
भेषजसङ्ग्रहैः	औषधि के समूह से।
शास्त्रविहितम्	शास्त्रोक्त
पुच्छविषाणहीनः	पूँछ और सींग से रहित
भागधेयम्	सौभाग्य की बात है।
भुवि	पृथ्वी पर
भारभूताः	भार के रूप में
चरति	विचरण करते हैं।
पर्वतदुर्गेषु	पहाड़ों के दुर्गम स्थानों में।
भ्रान्तम्	घूमना
उपस्कृतः	परिष्कृत
प्रदेयम्	देने योग्य
आगमाः	शास्त्रों के रहस्य वाले
जाड्यम्	मूर्खता
कुपरीक्षकाः	अनुचित परीक्षण करने वाले।
कुत्स्याः	निन्दनीय
अर्घ्यतः	मूल्य से
शम्	आनन्द
पराम्	अत्यन्त
उज्झत	छोड़ दो
अन्तर्धनम्	गुप्तधन
बिसतन्तुः	कमल का रेशा
अभिनव	नई-नई
मदलेखा	मदपंक्ति से
वारणानाम्	हाथियों का
अम्भोजिनी	कमलिनी
वैदग्ध्यकीर्तिम्	चतुरता के यश को
मूर्धजाः	बाल
प्रच्छन्नगुप्तम्	अन्दर छिपा हुआ।
क्षान्तिः	क्षमा
ज्ञातिः	बन्धु-बान्धव
अनवद्या	प्रशंसनीय/निष्कलंक
व्रीडा	लज्जा
शाठ्यम्	कुटिलता
आर्जवम्	सरलता
मानोन्नतिम्	सम्मान की वृद्धि को
विष्टपः	संसार
सूनुः	पुत्र
स्निग्धम्	स्नेहशील
निष्क्लेशलेशम्	जिसमें किसी प्रकार का क्लेश नहीं
विभवः	सम्पत्ति
तृष्णा	प्यास
अनुपहतविधिः	निर्विवाद रूप से कहा हुआ
श्रेयसाम्	कल्याणों का
प्रतिहन्यमानाः	पीड़ित होने पर भी।
अभ्यर्थ्याः	प्रार्थनीय
न याच्यः	माँगने योग्य नहीं।
न्याय्या	उचित
असुकरम्	कठिन है
अनुविधेयम्	अनुसरण किया जाय
असिधाराव्रतम्	तलवार की धार जैसा तीक्ष्ण व्रत
क्षुत्क्षामः	भूख से सताया हुआ
शिथिलप्राणाः	बलहीन
आपन्नः	प्राप्त करने पर
इभेन्द्रः	हाथी
कुम्भः	गण्डस्थल
ग्रासः	खाने में
मानमहताम्	अभिमान से उन्नत व्यक्तियों में
वसा	चर्बी
निर्मांसम्	मांसरहित
अस्थिकम्	हड्डी के टुकड़े
जम्बुकम्	सियार
कृच्छ्रगतः	विपत्तियों में पड़े हुए।
पिण्डदस्य	खिलाने वाले व्यक्ति के
लाङ्गूलम्	पूँछ
गजपुङ्गवः	गजश्रेष्ठ
चाटुशतैः	सैकड़ों बार पुकारने पर
समुन्नतिः	उन्नति को
कुसुमस्तबकस्य	फूल के गुच्छे की
शीर्यते	क्षीण हो जाता है।
शीर्षावशेषाकृतिः	सिर मात्र बची है, आकृति जिसकी
भासुरौ	चमकते हुए
पर्वणि	अमावस्या और पूर्णिमा
भुवनश्रेणिम्	भू आदि लोकों की पङ्क्ति को

शब्द	अर्थ
कमठपतिना	कच्छप राजा के द्वारा
पयोधिः	समुद्र
क्रोडाधीनं कुरुते	अपनी गोद में ले लेता है।
अहह !	आश्चर्य
निःसीमानः	असीम होती है।
तुषाराद्रेः	हिमालय के
उद्गच्छद्वहल-	ऊपर निकलती हुई प्रचण्ड अग्नि-
दहनोद्गारगुरुभिः	की ज्वालाओं से भयंकर।
मघवा	इन्द्र
कुलिशः	वज्र
पक्षच्छेदः	पंखों का कट जाना
क्लेशविवशे	दुःखों से भरे होने पर।
इनकान्तः	सूर्यकान्तमणि
निकृतिम्	अपमान
कपोलभित्तिषु	गण्डस्थलों में
तेजसः	तेजस्विता का
गुणगणः	गुणों का समूह
शैलतटात्	पहाड़ की चोटी से
अभिजनः	कुलीनता
सन्दह्यताम्	जल जावे
तृणलवप्रायाः	तिनके टुकड़े जैसे निरर्थक
अविकलानि	बिना किसी न्यूनता की
अप्रतिहता	अप्रतिहत
अर्थोष्मणा	धन के गर्व से
कुलीनः	ऊँचे कुल का
काञ्चनम्	सुवर्ण को
दौर्मन्त्र्यात्	बुरी मन्त्रणा से
यतिः	संन्यासी
लालनात्	लाड़ प्यार से
खलोपासनात्	दुष्टों की सेवा से
प्रवासाश्रयात्	दूर देश में रहने से
प्रमादात्	अनवधानात्/असावधानी से
शाणः	सान पर
उल्लीढः	रगड़ा गया
हेतिदलितः	शस्त्रों से घायल
श्यानपुलिनाः	सूखे तटों वाली नदियाँ
सुरतमृदिता	रति से शिथिल शरीर वाली स्त्री
गलितविभवाः	नष्ट सम्पत्ति वाले
तनिम्ना	कृशता से भी
परिक्षीणः	निर्धन
कलयति	मानता है।
अनैकान्त्यात्	अनियतता होने से
क्षितिधेनुम्	गोतुल्य पृथ्वी को।
पुषाण	पुष्ट करो
अनिशम्	निरन्तर
अनृता	अयथार्थ
परुषा	कठोर
वदान्या	उदार
वाराङ्गना	वेश्या
पार्थिवोपाश्रयेण	राजाओं का आश्रय लेने से
निजभालपट्टलिखितम्	अपने भाग्य में लिखित
महत्	अधिक
मेरौ	मेरु पर्वत पर
वित्तवत्सु	धनिकों के समान
मा कृथा	मत करो।
अम्भोदाः!	हे श्रेष्ठ मेघ
गोचरः	ज्ञात
कार्पण्योक्तिम्	दीनवचन
अकारणविग्रहः	बिना कारण के लड़ना-झगड़ना
स्पृहा	इच्छा करना
असहिष्णुता	असहनशीलता
प्रकृतिसिद्धम्	स्वभावसिद्ध
परिहर्तव्यः	त्याज्य है।
ह्रीमति	लज्जा
जाड्यम्	मूढ़ता
कैतवम्	धूर्तता
निर्घृणता	क्रूरता
विमतिता	बुद्धिहीनता
मुखरता	वाचाल
न अङ्कितः	कलङ्कित नहीं होता
चेत् (तर्हि)	तो
पिशुनता	चुगलखोरी
सौजन्यम्	सज्जनता

शब्द	अर्थ
दिवसधूसरः	दिन में मलिन
गलितयौवना	क्षीण यौवन
विगतवारिजम्	कमलहीन
नृपाङ्गणगतः	राजा की सभा में समागत
शल्यानि	कण्टक (काँटे)
चण्डकोपानाम्	अति क्रोधी
भूभुजाम्	राजाओं का
पावकः	अग्नि
जुह्वानम्	यज्ञकर्ता
होतारम्	होतृ नामक ऋत्विज् को
मूकः	गूँगा
प्रवचनपटुः	बोलने में चतुर
वातुलः	बातूनी
अप्रगल्भः	प्रतिभाहीन है।
भीरुः	डरपोक
अभिजातः	उच्चकुल में उत्पन्न
अवाप्तविभवस्य	सम्पत्ति को प्राप्त किये गये।
पूर्वार्द्धपरार्धभिन्ना	पूर्वाह्न और अपराह्न से भिन्न रूपवाली
आरम्भगुर्वी	प्रारम्भ में बड़ी
क्षयिणी	क्षय होने वाली।
लघ्वी	छोटी
लुब्धकधीवरपिशुनाः	व्याध मल्लाह और दुर्जन (चुगुलखोर)
वाञ्छा	इच्छा
व्यसनम्	आसक्ति
स्वयोषिति	अपनी स्त्री में
शूली	शिवजी
अभ्युदये	सम्पत्तिकाल में
सदसि	सभा में
प्रच्छन्नम्	गुप्त रखना
गृहमुपगमे	घर आने पर (अतिथि)
सम्भ्रमविधिः	तत्परता से सत्कार करना
अनुत्सेकः	गर्व न होना
निरभिभवसाराः	सर्वथा तिरस्कार रहित वर्ण न करना
असिधाराव्रतम्	तलवार की धार जैसा कठोर व्रत
श्लाघ्यः	प्रशंसनीय
अतुलम्	असीम

शब्द	अर्थ
स्वच्छ	निर्मल
वृत्तिः	भावना (व्यवहार)
अधिगतम्	ज्ञात
मण्डनम्	आभूषणम्
उत्पलकोमलम्	कमल के समान कोमल
आपत्सु	विपत्ति में
कर्कशम्	कठोर
सन्तप्तायसि	अग्नि से सन्तप्त लोहे पर
मुक्ताकारतया	मोती के आकार की भाँति।
भर्तुः	पति का
कलत्रम्	पत्नी
आपदि	आपत्ति में
समक्रियम्	समान व्यवहार वाला हो।
यति	संन्यासी
पत्तने	नगर में
दरी	गुफा (कन्दरा)
नम्रत्वेन	विनयशीलता से
उन्नमन्तः	उन्नति करने वाले
ख्यापयन्तः	प्रख्यात करने वाले,
फलोद्गमैः	फलों के आने से
नवाम्बुभिः	नवीन जल से।
दूरविलम्बिनः	दूर तक लटके
अनुद्धताः	विनीत
विभाति	शोभित
पाणिः	हाथ
कायः	शरीर
निवारयति	रोकता है।
निगूहति	छिपाता है।
अभ्यर्थितः	बिना किसी के प्रार्थना किये हुए।
विकचीकरोति	विकसित करता है।
कैरवम्	कुमुद
जलधरः	मेघ
कृताभियोगाः	प्रयत्न करने वाले
परार्थघटकाः	दूसरों का कार्य साधन करते हैं।
उद्यमभृतः	उद्योग करते हैं।
निघ्नन्ति	नष्ट करते हैं।
अवेक्ष्य	देखकर

शब्द	अर्थ
कृशानौ	अग्नि में
मित्रापदम्	मित्र की आपत्ति को।
स्वपिति	सो रहे हैं।
संवर्तकैः	संवर्तकादि मेघों के
वडवानलः	वडवाग्नि
विततम्	विस्तृत
भरसहम्	भारसहने में समर्थ
छिन्धि	काटो
कृथाः	मत करो
मानय	सम्मान करो
अनुनय	अनुकूल रखा
प्रश्रयम्	नम्रता/विनम्रता
पीयूषम्	अमृत
उपकारश्रेणिभिः	उपकार परम्पराओं के द्वारा।
प्रीणयन्तः	प्रसन्न करने वाले
रजताद्रिणा	रजत पर्वत कैलाश से।
कङ्कोलनिम्बकुटजाः	कङ्कोल (दाल चीनी) नीम और कुटज।
महार्हैः	बहुमूल्य
तुतुषः	सन्तुष्ट
भीमविषेण	भयंकर विष से
न भेजिरे	प्राप्त नहीं हुए।
कार्यार्थी	कार्यसिद्धि चाहने वाला
पर्यङ्कशयनः	पलङ्ग पर सोता है।
शाकाहारः	साक-पात ही खाकर रहता है।
कन्थाधारी	पुराना वस्त्र धारण करने वाला।
दिव्याम्बरधरः	बहुमूल्य वस्त्रों को धारण करने वाला।
वाक्संयमः	वाणी पर संयम
उपशमः	शान्ति
निर्व्याजता	निष्कपटता
स्तुवतु	प्रशंसा करें।
यथेष्टम्	इच्छानुसार
न्याय्यात्	न्याययुक्त
आखुः	चूहा
करण्ड	पिटारी
म्लानेन्द्रियस्य	अशक्त इन्द्रियों वाले।
पिशितम्	मांस

शब्द	अर्थ
नक्तम्	रात
रिपुः	शत्रु
उद्यमसमः	उद्योग के समान
रोहति	फिर उग जाता है।
उपचीयते	फिर बढ़ता है।
विमृशन्तः	ऐसा विचारते हुए।
प्रहरणम्	अस्त्र
दुर्गमः	किला (कठिन मार्ग)
वारणः	हाथी
बलभिद्	इन्द्र
वृथा	व्यर्थ
कर्मायत्तम्	कर्मके आधीन्
भाव्यम्	होना चाहिए।
खल्वाटः	केशरहित शिरवाला (गंजा)
सन्तापितः	आहत
दैवहतकः	भाग्य का मारा हुआ
अनातपम्	धूपविहीन
विधिवशात्	संयोग से
तालस्य	ताल वृक्ष के
आपदः	विपत्तियाँ
गजः	हाथी
भुजङ्गः	साँप
विहङ्गः	पक्षी
गुणाकरम्	गुणों की खान
भुवः	पृथ्वी का
करीरविटपे	करीर के वृक्ष पर
तन्मार्जितुम्	उसे मिटाने के लिए
क्षमः	समर्थ
नमस्यामः	नमस्कार करते हुए
हतविधेः	दुष्ट विधाता के
वशगाः	नियन्त्रण में
वन्द्याः	वन्दना करनी चाहिए।
भाण्डोदरे	पात्र के उदर में
कुलालवत्	कुम्हार की भाँति
क्षिप्तः	डाल दिया
भिक्षाटनं कारितः	भिक्षा के लिए प्रेरित किया
रणे	युद्ध में

शब्द	अर्थ
शत्रुजलाग्निमध्ये	शत्रु जल या अग्नि के बीच में
महार्णवे	विशाल सागर में
प्रमत्तम्	असावधान
खलान्	दुष्टों को
द्वेषिणः	शत्रुओं को
परोक्षः	अतीन्द्रिय विषय/अप्रत्यक्ष
हालाहलम्	विष को
व्यसनैः	दुःखों से
विपुलेषु	अनेक गुणों में
आस्थाम्	प्रयत्न को
अवधार्या	विचार करके समझ लेना चाहिए।
अतिरभसकृतानाम्	अत्यन्त शीघ्रता से किये गये
शल्यतुल्यः	काँटे के समान
विपाकः	परिणाम
आविपत्तेः	मृत्युपर्यन्त
स्थाल्याम्	बटलोई में
इन्धनौघैः	लकड़ियों से
तिलकणान्	तिल के दानों से
अर्कमूलस्य	मदार की जड़ खोदने के लिए
लाङ्गलाग्रैः	हल की फाल से
वसुधा	पृथ्वी
विलिखति	जोतता है
कोद्रवाणाम्	कोदों के कणों से
समन्तात्	चारों ओर
वृत्ति	बाड़ (घेरा)
अम्भसि	जल में
मज्जतु	गोता लगाये
आहवे	युद्ध में
विपुलम्	विस्तृत
अभाव्यम्	अनहोनी
भाव्यस्य	होनी का
उपयाति	हो जाते हैं।
कृत्स्ना	सम्पूर्ण
सन्निधिरत्नपूर्णा	उत्तम निधियों और रत्नों से पूर्ण
प्राज्ञेतरैः	मूर्खों से (बुद्धिमानों से इतर)

शब्द	अर्थ
समयच्युतिः	व्यर्थ समय बिताना
रतिः	अनुराग
अनुव्रता	अनुकूल आचरण करने वाली
अप्रवासगमनम्	परदेश न जाना।
अप्रियवचनदरिद्रैः	कटुवचन न बोलने वाले
प्रियवचनाढ्यैः	मधुर वचनों के धनी (सदामृदुभाषी)
स्वदारपरितुष्टैः	अपनी पत्नी में संतुष्ट रहने वाले
परपरिवादनिवृत्तैः	दूसरों की निन्दा न करने वाले
मण्डिता	सुशोभित होती है।
कदर्थितस्य	सताया हुआ होने पर
प्रमार्ष्टुम्	मिटाना
वह्नेः शिखा	अग्नि की ज्वाला
विशिखा	बाण
लुनन्ति	विदीर्ण करते हैं।
कृशानुः	अग्नि
भूरिविषया	अनेक विषय
कृत्स्नम्	सम्पूर्ण
स्फारस्फुरिततेजसा	अतिशय प्रदीप्त प्रकाश से युक्त
पादाक्रान्तम्	पददलित
समुन्मीलति	शोभायमान है।
वह्निः	आग
कुल्या	नहर
कुरङ्गाः	मृग
माल्यगुणायते	माला की डोरी के समान आचरण करने लगता है।
पीयूष	अमृत
सत्यव्रतव्यसनिनः	सत्यवत पालन में निरत
असून्	प्राणों को
लज्जागुणौघजननीम्	लज्जा, क्षमा आदि गुण समूह को उत्पन्न करने वाली।
अनुवर्तमानाम्	अनुकूल व्यवहार करने वाली।
स्वाम्	अपनी
सन्त्यजन्ति	छोड़ते हैं।

ङ. व्याकरणात्मक टिप्पणियाँ

1. अभिज्ञानशाकुन्तलम् (चतुर्थ अङ्क)

क्र.	शब्द	शब्दार्थ	व्याकरणात्मक-टिप्पणी
1.	**कुसुमावचयम्**	फूलों का चुनना।	कुसुमानाम् अवचयम्। कुसुम+अवचयम् **(दीर्घसन्धि)**
2.	**निर्वृत्तकल्याणा**	जिसका विवाह रूपी मङ्गलकार्य हो गया है।	निर्वृत्तं सम्पन्नं कल्याणं विवाहमङ्गलं यस्याः सा, **(बहु.)**। कल्याण = विवाह
3.	**निवृत्तम्**	सन्तुष्ट, प्रसन्न।	निर् + वृ + क्त
4.	**इष्टिः**	यज्ञ	यज् + क्तिन् (स्त्री)
5.	**आकृतिविशेषाः**	विशेष सुन्दर आकृति वाले।	आकृतीनां विशेषाः **(तत्पु.)**
6.	**गुणविरोधिनः**	1. गुणों से विरोध करने वाले 2. गुणों से विरोध रखने वाले	1. गुणान् विरुन्धन्ति इति, (ताच्छील्य अर्थे ''णिनि'')। 2. गुणैः विरोधिनः। विरोधः अस्ति येषाम् इति विरोधिनः, (मत्वर्थे ''इनि'')
7.	**अनन्यमानसा** (4-1)	केवल एक ओर मन लगाये हुए	न अन्यत् अवलम्बनं यस्य तत् अनन्यम्। अनन्यं मानसं यस्याः सा, **(बहु.)**
8.	**पूजार्हेऽपराद्धा**	पूजनीय व्यक्ति के प्रति अपराध किया है।	पूजाम् अर्हति इति पूजार्हः। पूजा+अर्ह्+अच्। **अपराद्धा**=अप+राध्+क्त+टाप्।
9.	**वेगबलोत्फुल्लया**	अतितीव्र।	वेगस्य बलं तेन उत्फुल्ला, तया। **(तत्पु.)** वेगबल+उत्फुल्लया **(गुण सन्धि)।**
10.	**अर्घोदकम्**	अर्घ और जल। अर्घ+उदकम् **(गुण)**	अर्घश्च उदकं च तयोः समाहारः। **(द्वन्द्व)**
11.	**अग्रहस्तात्**	हाथ से।	अग्रश्चासौ हस्तश्च अग्रहस्तः **(कर्मधा.)**
12.	**प्रकृतिवक्रः**	स्वभाव से कुटिल।	प्रकृत्या वक्रः। **(तत्पु.)**
13.	**सानुक्रोशः**	दयायुक्त।	अनुक्रोशेन दयया सह **(बहु.)** अनुक्रोश=अनु+क्रुश्+घञ्।
14.	**अन्तर्हितः**	अन्तर्धान हो गए।	अन्तर+धा+क्त। **'धा' को 'दधातेर्हिः' सूत्र से 'हि' हो गया।**
15.	**संप्रस्थितेन**	प्रस्थान करते समय।	सम्+प्र+स्था+क्त। (तृतीया, एक.)
16.	**पिनद्धम्**	पहनाया।	अपि+नह्+क्त। अपि के अकार का भागुरि के मतानुसार लोप।
17.	**वामहस्तोपहितवदना**	जिसने बाँए हाथ पर मुँह रखा हुआ है।	वामहस्ते उपहितं वदनं यस्याः सा, **(बहु.)**। वामहस्त+उपहितवदना **(गुण)**

क्र.	शब्द	शब्दार्थ	व्याकरणात्मक-टिप्पणी
18.	**ओषधीनां पतिः** (4-2)	चन्द्रमा (चन्द्रमा की किरणों से वनस्पतियाँ बढ़ती हैं, अतः चन्द्रमा को 'ओषधीश' कहते हैं)	ओषधिः ओषः पाकः दीप्तिर्वा धीयते अस्याम् इति। ओष+धा+कि (इ)।
19.	**अरुणपुरःसरः** (4-2)	अरुण जिसके आगे चल रहा है। अरुण=सूर्य का सारथि	अरुणः पुरःसरः यस्य सः, **(बहु.)**
20.	**युगपद् व्यसनोदयाभ्याम्** (4-2)	एक साथ ही अस्त और उदय होने से। व्यसन+उदयाभ्याम् **(गुण)**	व्यसनं च उदयः च व्यसनोदयौ **(द्वन्द्व)** युगपद् व्यसनोदयौ, ताभ्याम्, **(कर्मधा.)**
21.	**आत्मदशान्तरेषु** (4-2)	अपने दशा विशेषों में नियन्त्रित है।	आत्मनः दशानाम् अन्तराणि, तेषु। **(तत्पु.)** आत्मदशा+अन्तरेषु। **(दीर्घ)**।
22.	**संस्मरणीयशोभा** (4-3)	कुमुदिनी की शोभा अब केवल स्मरण की चीज हो गयी है।	संस्मरणीया शोभा यस्याः सा, **(बहु.)**
23.	**अतिमात्रसुदुःसहानि** (4-3)	अत्यधिक असह्य।	अतिमात्रं सुदुःसहानि। **(कर्मधा.)**
24.	**आपन्नसत्त्वाम्**	गर्भिणी।	सत्त्वम् आपन्ना। **(तत्पु.)**
25.	**सुखशयितप्रच्छिका**	'सुखपूर्वक सोना हुआ या नहीं – यह पूछना।	सुखेन शयितं सुखशयितम्, **(सुप्सुपा)** तत् पृच्छति इति। सुखशयित+प्रच्छ+ण्वुल्। **(स्त्री)**
26.	**लज्जावनतमुखीम्**	लज्जा के कारण नीचे मुँह की हुई।	लज्जया अवनतमुखीम्, **(तत्पु)** लज्जा+अवनतमुखीम्। **(दीर्घ)**
27.	**धूमाकुलितदृष्टेः**	धुएँ से व्याकुल दृष्टि वाले।	धूमेन आकुलिता दृष्टिः यस्य तस्य। **(बहु.)** धूम+आकुलितम् **(दीर्घ)**
28	**अवेहि**	जानो।	अव+आ+इ, लोट्, म0पु0, एक., अव+एहि = अवेहि। ''ओमाङोश्च'' से पररूप।
29.	**नारिकेलसमुद्गके**	नारियल के डिब्बे में। **समुद्गक**=डिब्बा, दोना। (नारियल के ऊपर का थोड़ा हिस्सा काटने से साधारण डिब्बा सा बन जाता है)	समुद्गक=समुद्गच्छति इति। सम्+उद्+गम्+ड। 'ड' के कारण 'अम्' का लोप। स्वार्थ में ''कन्'' प्रत्यय
30.	**शार्ङ्गरवमिश्राः**	(क) शार्ङ्गरव आदि (मिश्र, शब्द मिश्रित या इत्यादि अर्थ में है) (ख) शाङ्र्गरव जिनमें मुख्य हैं। (मिश्र शब्द पूज्य अर्थ में भी आता है।)	शार्ङ्गरवेण मिश्राः **(तत्पु.)** शार्ङ्गरवः प्रधानं पूज्यो वा येषां ते शाङ्र्गरवमिश्राः। (नित्यसमास)
31.	**शब्दायन्ते**	पुकारे जा रहे हैं।	शब्दं करोति शब्दायते।

क्र.	शब्द	शब्दार्थ	व्याकरणात्मक-टिप्पणी
			शब्दाय+णिच्+लट् प्र. पु. बहु.
32.	**वीरप्रसविनी**	वीर पुत्र को जन्म देने वाली।	वीरं प्रसूते इति। वीर+प्र+सू+इनि।
33.	**विप्रकार्यते**	विकृत किया जा रहा है। बिगाड़ा जा रहा है।	वि+प्र+कृ कर्मणि, लट्, प्र.पु. एक. (णिच्)।
34.	**क्षौमम् (4.5)**	रेशमी वस्त्र	क्षुमायाः विकारः क्षौमम्।
35	**माङ्गल्यम्** (4.5)	मंगल=शुभ अवसर पर पहनने के योग्य।	मङ्गलमेव माङ्गलम्, स्वार्थे 'अण्' माङ्गले साधु माङ्गल्यम्। माङ्गल+यत्, साधु अर्थ में 'यत्' प्रत्यय।
36.	**चरणोपरागसुभगः** (4-5)	पैरों को रँगने के योग्य।	चरणयोः उपरागे सुभगः, **(तत्पु)** चरण+उपराग **(गुण)**
37.	**आपर्वभागोत्थितैः** (4-5)	कलाई तक उठे हुए।	पर्वभागं यावत् आपर्वभागम् **(अव्ययी)** आपर्वभागम् उत्थितैः **(सुप्सुपा)** आपर्वभाग+उत्थितैः **(गुण)**
38.	**किसलयोद्भेदप्रतिद्वन्द्विभिः** (4-5)	कोपलों के समान सुन्दर।	किसलयानाम् उद्भेदाः, तेषां प्रतिद्वन्द्विभिः। **(तत्पु.)**
39	**अभिषेकोत्तीर्णाय**	स्नान करके निकले हुए।	**अभिषेक**=अभि+सिच्+घञ्। **उत्तीर्ण**=उद्+तृ+क्त। अभिषेक+उत्तीर्णाय **(गुण)**
40.	**संस्पृष्टम्** (4-6)	व्याप्त है।	सम्+स्पृश्+क्त।
41.	**स्तम्भितबाष्पवृत्तिकलुषः** (4-6)	अश्रुप्रवाह के रोकने से भरा हुआ।	स्तम्भिता बाष्पवृत्तिः, **(कर्मधा)** तया कलुषः। **(तत्पु.)**
42.	**चिन्ताजडम्** (4-6)	चिन्ता से दृष्टि निश्चेष्ट हो गयी है।	चिन्तया जडम्। **(तत्पु.)**
43.	**अरण्यौकसः** (4-6)	जंगल ही है घर जिसका। वनवासी।	अरण्यम् ओकः गृहं यस्य तस्य। **(बहु.)**
44.	**तनयाविश्लेषदुःखैः** (4-6)	पुत्रीवियोग के दुःख से।	तनयानां विश्लेषाद् दुःखं तैः। **(तत्पु.)**
45	**आनन्दपरिवाहिणा**	आनन्द के आँसुओं को बहाता हुआ।	आनन्दं परितः वाहयति इति। आनन्द+परि+वाहि+णिनि+तृतीया।
46.	**प्रान्तसंस्तीर्णदर्भाः** (4-8)	जिनके आस-पास कुश बिछाये गए हैं।	प्रान्तेषु संस्तीर्णाः दर्भाः येषां ते। **(बहु.)**
47.	**क्लृप्तधिष्ण्याः** (4-8)	जिनको यथास्थान स्थापित किया गया है।	क्लृप्तानि धिष्ण्यानि येषां ते। **(बहु.)**
48.	**समिद्वन्तः** (4-8)	समिधाओं से युक्त।	समिध्+मतुप्।
49.	**युष्मास्वपीतेषु** (4-9)	तुम लोगों को बिना जल पिलाये।	"यस्य च भावेन भावलक्षणम्" से सप्तमी। न पीताः अपीताः, तेषु **(नञ्)**
50.	**प्रियमण्डना** (4-9)	प्रिय है अलङ्कार जिसको	प्रियं मण्डनं यस्याः सा। **(बहु.)**

क्र.	शब्द	शब्दार्थ	व्याकरणात्मक-टिप्पणी
		ऐसी, आभूषणप्रिया।	
51.	**कुसुमप्रसूतिसमये** (4-9)	फूलों के निकलने के समय।	कुसुमानां प्रसूतेः समये। **(तत्पु.)**
52.	**अनुमतगमना** (4-10)	जाने के लिए प्राप्त अनुमति वाली।	अनुमतं गमनं यस्याः सा, **(बहु.)**
53.	**वनवासबन्धुभिः** (4-10)	तपोवन के बन्धुबान्धव या साथी।	वनवासस्य बन्धुभिः। **(तत्पु.)**
54.	**परभृतविरुतम्** (4-10)	कोयल की कूक को।	परभृतः विरुतम्। **(तत्पु.)**
55.	**प्रतिवचनीकृतम्** (4-10)	प्रत्युत्तर बनाया गया है।	प्रति+वचन+च्वि+कृ+क्त।
56.	**कमलिनीहरितैः** (4-11)	कमल लताओं से हरे भरे।	कमलिनीभिः हरितैः। **(तत्पु.)**
57.	**रम्यान्तरः** (4-11)	रमणीय मध्यभाग वाला।	रम्यम् अन्तरं यस्य सः। **(बहु.)**
58.	**छायाद्रुमैः** (4-11)	छायादार वृक्षों से।	छायाप्रधानाः द्रुमाः छायाद्रुमाः, तैः **(शाकपार्थिवादिवत् तत्पु.)**
59.	**नियमितार्कमयूखतापः** (4-11)	नियन्त्रित सूर्यकिरणों के ताप वाला।	नियमितः अर्कस्य मयूखानां तापः यस्मिन् सः। **(बहु.)**
60.	**कुशेशयरजोमृदुरेणुः** (4-11)	कमलों के पराग से कोमल धूलि वाला।	कुशेशयानां रजोभिः मृदवः रेणवः यस्मिन् सः। **(बहु.)**
61.	**शान्तानुकूलपवनः** (4-11)	शान्त और अनुकूल वायु वाला।	शान्तः अनुकूलः पवनः यस्मिन् सः। **(बहु.)**
62.	**अनुज्ञातगमना**	जाने की स्वीकृति मिल गयी है।	अनुज्ञातं गमनं यस्याः सा। **(बहु.)**
63.	**उद्गलितदर्भकवलाः** (4-12)	जिन्होंने कुशाओं का कौर उगल दिया है।	उद्गलितः दर्भाणां कवलः याभिः ताः। **(बहु.)**
64.	**परित्यक्तनर्तनाः** (4-12)	जिन्होंने नाचना छोड़ दिया है।	परित्यक्तं नर्तनं यैः। **(बहु.)**
65.	**अपसृतपाण्डुपत्राः** (4-12)	जिनसे पीले पत्ते गिर रहे हैं।	अपसृतानि पाण्डूनि पत्राणि याभ्यः ताः। **(बहु.)**
66.	**आत्मसदृशम्** (4-13)	अपने अनुरुप। या अपने योग्य।	आत्मनः सदृशम्। **(तत्पु.)**
67.	**वीतचिन्तः** (4-13)	चिन्तारहित, निश्चिन्त।	वीता चिन्ता यस्य सः। **(बहु.)**
68.	**अनघप्रसवा**	जब बिना कष्ट के सकुशल बच्चा हो जाय।	अनघः विपत्तिरहितः प्रसवः यस्याः सा। **(बहु.)**
69.	**व्रणविरोपणम्** (4-14)	घावों को भरने वाला।	व्रणानां विरोपणम्। **(तत्पु.)** **विरोपणम्**=वि+रुह्+णिच्+ल्युट्
70.	**न्यषिच्यत** (4-14)	लगाया।	नि+सिच् कर्मणि, लङ्, प्र.पु., एक. नि+अषिच्यत=न्यषिच्यत **(यण्)**
71.	**कुशसूचिविद्धे** (4-14)	कुशों के अग्रभाग से बिंधे हुए।	कुशानां सूचिभिः विद्धे **(तत्पु.)** विद्ध=व्यध्=क्त। 'य' को सम्प्रसारण 'इ'।

क्र.	शब्द	शब्दार्थ	व्याकरणात्मक-टिप्पणी
72.	**श्यामाकमुष्टिपरिवर्धितकः** (4-14)	सावाँ की मुट्ठियों (ग्रासों) से बड़ा किया गया।	श्यामाकानां मुष्टिभिः परिवर्धितकः। **(तत्पु.)**
73.	**सहवासपरित्यागिनीम्**	साथ छोड़ने वाली।	सहवासं परित्यजति इति। सहवास+परि+त्यज्+घिनुण् (इन्), ताम्।
74.	**अचिरप्रसूतया**	जन्म देने के बाद शीघ्र	अचिरं प्रसूता तया, **(कर्मधा.)**
75.	**उत्पक्ष्मणोः** (4-15)	ऊपर की ओर उठी हुई बरौनियों वाले।	उद्गतानि पक्ष्माणि ययोः तयोः। **(बहु.)**
76.	**उपरुद्धवृत्तिम्** (4-15)	नेत्रों की दर्शनशक्ति को रोकने वाले।	उपरुद्धा वृत्तिः येन तम् **(बहु.)** वृत्ति=व्यापार, दर्शनव्यापार या दर्शनशक्ति।
77.	**विरतानुबन्धम्** (4-15)	जिसका प्रवाह रुक गया है, ऐसा। रुके हुए प्रवाह वाला।	विरतः अनुबन्धः यस्य, तम्। **(बहु.)** विरत-वि+रम्+क्त।
78.	**अलक्षितनतोन्नतभूमिभागे** (4-15)	जिसके ऊँचे नीचे भूमिभाग नहीं दिखलाई पड़ रहे हैं, ऐसे मार्ग में।	अलक्षितः नतः उन्नतः भूम्याः भागः यस्मिन् तस्मिन्। **(बहु.)**
79.	**ओदकान्तम्**	जल के किनारे तक।	उदकस्य अन्तः उदकान्तः, आ उदकान्तात्, ओदकान्तम्। यहाँ पर 'आङ् मर्यादाभिविध्योः' से **अव्ययीभावसमास।**
80.	**युक्तरूपम्**	अत्यन्तसुन्दर।	अतिशयेन युक्तम्। **(अव्ययी.)**
81.	**विषाददीर्घतराम्** (4-16)	दुःख के कारण लम्बी।	विषादेन दीर्घतराम्। **(तत्पु.)**
82.	**आशाबन्धः** (4-16)	आशा का बन्धन। आशा के कारण व्यक्ति कठोर से कठोर कष्ट भी सह लेता है।	आशायाः बन्धः। **(तत्पु.)**
83.	**विरहदुःखम्** (4-16)	वियोग के दुःख को।	विरहस्य दुःखम्। **(तत्पु.)**।
84.	**संयमधनान्** (4-17)	संयम ही है धन जिनका, ऐसे संयम रूपी धन वाले।	संयम एव धनं येषां तान्। **(बहु.)** संयम=सम्+यम्+अप्।
85.	**अबान्धवकृताम्** (4-17)	बन्धुओं/सम्बन्धियों के द्वारा न कराये गये।	न बान्धवैः कृताम्। **(तत्पु.)**
86.	**स्नेहप्रवृत्तिम्** (4-17)	प्रेम व्यापार को।	स्नेहस्य प्रवृत्तिम्, ताम्। **(तत्पु.)**
87.	**सामान्यप्रतिपत्तिपूर्वकम्** (4-17)	समान गौरव। आदर के साथ। (सामान्यतया पत्नी के साथ जैसा सद्व्यवहार करना चाहिए, उतना अवश्य करना)	सामान्या प्रतिपत्तिः सामान्यप्रतिपत्तिः, सामान्यप्रतिपत्तिः पूर्वा यस्मिन् तत्। **(बहु.)**
88.	**भाग्यायत्तम्** (4-17)	भाग्य के अधीन है।	भाग्ये आयत्तम्। **(तत्पु.)** आयत्त=आ+यत्+क्त।
89.	**लौकिकज्ञाः**	लौकिक बातों को जानने वाले।	लोके भवं लौकिकम्। लोक+ठञ् **(इक)**, लौकिकं जानन्ति इति लौकिकज्ञाः लौकिक+ज्ञा+क (अ)।
90.	**शुश्रूषस्व** (4-18)	सेवा करना।	श्रु+सन्+लोट्, म.पु., एक.।

क्र.	शब्द	शब्दार्थ	व्याकरणात्मक-टिप्पणी
			'श्रु' धातु से 'सन्' प्रत्यय होने पर ''**ज्ञाश्रुस्मृदृशां सनः**'' सूत्र से धातु आत्मनेपदी हो जाती है।
91.	**प्रियसखीवृत्तिम्** (4-18)	प्रियसखी जैसा व्यवहार।	प्रियायाः सख्याः वृत्तिम्। **(तत्पु.)**
92.	**सपत्नीजने** (4-18)	सौतों के साथ।	सपत्नी=समानः पतिः यस्याः सा, सपत्नी।
93.	**विप्रकृताऽपि** (4-18)	अपमानित होने पर भी।	वि+प्र+कृ+क्त+टाप्। विप्रकृता+अपि **(दीर्घ)**।
94.	**रोषणतया** (4-18)	क्रोध के कारण।	रुष्+युच्। (शील अर्थ में) रोषण+ता (भाव अर्थ में)
95.	**प्रतीपम्** (4-18)	प्रतिकूल, विपरीत।	प्रतिकूलम् अपाम्। प्रति+अप्+अ।
96.	**मास्म गमः** (4-18)	मत जाना आचरण मत करना।	यहाँ 'मा' के कारण 'अगमः' में 'अ' नहीं हुआ। ''**न माङ्योगे**'' सूत्र से अडागम का अभाव।
97.	**भूयिष्ठम्** (4-18)	अत्यधिक।	**भूयिष्ठ**=बहु+इष्ठन्। 'इष्ठस्य यिट् च' सूत्र से 'बहु' के स्थान पर 'भू' तथा 'इ' के स्थान पर 'यि' आदेश।
98.	**युवतयः** (4-18)	तरुण स्त्रियाँ।	युवति='युवन्' शब्द से ''यूनस्ति' सूत्र से 'ति' प्रत्यय। 'युवा' का स्त्रीलिङ्ग 'युवती' है, युवत+ङीष्=युवती, **(पतिवाली)**
99.	**वामाः** (4-18)	विपरीत आचरण करने वाली स्त्रियाँ।	वमति स्नेहं इति वामा। वम्+अण् (अ) = वाम, टाप्।
100.	**आधयः** (4-18)	मानसिक दुःख और विपत्ति का कारण।	अधीयते दुःखम् अनेन इति आधिः। आङ्+धा+कि ''**उपसर्गे घोः किः**'' सूत्रेण 'कि' प्रत्यय
101.	**गृहिणीपदम्** (4-18)	गृहिणी, गृहस्वामिनी।	गृहिण्याः पदम्। **(तत्पु.)**।
102.	**अभिजनवतः** (4-19)	उच्च कुल वाले, अतिकुलीन, अभिजनकुल।	प्रशस्तः अभिजनः=अभिजनवान्, तस्य। प्रशंसा अर्थ में 'मतुप्' प्रत्यय।
103.	**विभवगुरुभिः** (4-19)	ऐश्वर्य के कारण महान्।	विभवेन गुरुभिः। **(तत्पु.)**
104.	**सविता**	सूर्य जो लोगों को कर्म में प्रवृत्त करता है।	सुवति कर्मणि प्रेरयति। सू+तृच्।
105.	**दौष्यन्तिम्** (4-20)	दुष्यन्त के पुत्र को।	दुष्यन्तस्य पुत्रः दौष्यन्तिः, तम् दुष्यन्त+इञ्। ''**अत इञ्**'' सूत्रेण पुत्रार्थे 'इञ्' प्रत्यय।
106.	**अप्रतिरथम्** (4-20)	जिसका प्रतिद्वन्द्वी योद्धा	न विद्यते प्रतिरथः प्रतिद्वन्द्वी

क्र.	शब्द	शब्दार्थ	व्याकरणात्मक-टिप्पणी
		कोई नही है।	यस्य सः, तम्। **(बहु.)**
107.	**निवेश्य** (4-20)	बिठाकर।	नि+विश्+णिच्+ल्यप्।
108.	**तदर्पितकुटुम्बभरेण** (4-20)	जिसके द्वारा उस पुत्र पर कुटुम्ब का भार सौंप दिया गया है, ऐसे।	तस्मिन् अर्पितः कुटुम्बस्य भारः येन, तेन। **(बहु.)**
109.	**परिहीयते**	छोड़ रही है। या बीत रही है।	परि+हा+कर्मणि, लट् प्र.पु. एक.।
110.	**उटजद्वारविरूढम्** (4-21)	कुटी के द्वार पर उगे हुए।	उटजस्य द्वारे विरूढम्, तत्पु.।
111.	**अन्तर्हिता**	ओझल हो गयी है।	अन्तर+धा+क्त+टाप्। 'धा' को 'हि' आदेश होता है – ''**दधातेर्हिः**'' सूत्र से।
112.	**सहचारिणी**	सखी, साथ रहने वाली।	सह चरति इति। सह+चर् + णिनि। (स्त्री) (ताच्छील्यार्थे णिनिः)।
113.	**निगृह्य**	रोककर।	नि+ग्रह+ल्यप्।
114.	**प्रत्यर्पितन्यासः** (4-22)	जिसने धरोहर लौटा दी है।	प्रत्यर्पितः न्यासः येन **(बहु.)**।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रयुक्त छन्द एवं अलङ्कार

क्र.	श्लोक (वक्ता)	छन्दः	अलङ्कारः
1.	**विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा.......।** (ऋषि दुर्वासा) (4-1) नेपथ्य से	**वंशस्थ** (प्रत्येक चरण में 12 वर्ण)	● काव्यलिङ्ग, उपमा, और श्लेष अलङ्कार।
2.	**यात्येकतोऽस्तशिखरं पतिरोषधीनाम्.......। (4-2)** (कण्व का शिष्य)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● समासोक्ति, तुल्ययोगिता, यथासंख्य और उत्प्रेक्षा अलंकार।
3.	**अन्तर्हिते शशिनि सैव कुमुद्वती मे।** (4-3) (कण्व का शिष्य)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● समासोक्ति काव्यलिङ्ग, और अर्थान्तरन्यास अलङ्कार ● नाटक में ये तीसरा **पताकास्थानक** है।
	कर्कन्धूनामुपरि तुहिनं रञ्जयत्यग्रसन्ध्या.......। (बँगला संस्करण में प्राप्त प्रक्षिप्त श्लोक)	**मन्दाक्रान्ता** (प्रत्येक पाद में 17 वर्ण)	● स्वभावोक्ति अलङ्कार।
	पादन्यासं क्षितिधरगुरोर्मूर्ध्नि कृत्वा सुमेरोः......। (बँगला संस्करण में प्राप्त प्रक्षिप्त श्लोक)	**मन्दाक्रान्ता** (प्रत्येक पाद में 17 वर्ण)	● समासोक्ति, अर्थान्तरन्यास और श्लेष अलङ्कार।
4.	**दुष्यन्तेनाहितं तेजो दधानां भूतये**	**अनुष्टुप् या श्लोकवृत्त**	● उपमा अलंकार

क्र.	श्लोक (वक्ता)	छन्दः	अलङ्कारः
	भुवः.....। (4-4) (छन्दोमयी आकाशवाणी)	(प्रत्येक पाद में 8 वर्ण)	● इस श्लोक में मार्ग नामक गर्भसन्धि का अङ्ग है।
5.	**क्षौमं केनचिदिन्दुपाण्डु तरुणा माङ्गल्यमाविष्कृतम्......।** (4-5) (कण्व का शिष्य)	**शार्दूलविक्रीडितम्** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	उपमालङ्कार।
6.	**यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्टमुत्कण्ठया......।** (4-6) (महर्षि कण्व)	**शार्दूलविक्रीडितम्** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	● व्यतिरेक अलङ्कार। ● **प्रसिद्ध चार श्लोकों में से एक।**
7.	**ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव।** (4-7) (महर्षि कण्व)	**अनुष्टुप्** (प्रत्येक पाद में 8 वर्ण)	● उपमा अलङ्कार। ● इस श्लोक में क्रम नामक गर्भसन्धि का अङ्ग तथा आशीः नामक नाटकीय अलङ्कार है।
8.	**अमी वेदिं परितः क्लृप्तधिष्ण्याः।** (4-8) (महर्षि कण्व)	**त्रिष्टुप् (वैदिक छन्द)** (प्रत्येक पाद में 11 वर्ण)	● परिकर अलङ्कार।
9.	**पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या......। (4-9)** (महर्षि कण्व)	**शार्दूलविक्रीडितम्** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	● समासोक्ति, और काव्यलिङ्ग अलङ्कार। ● **प्रसिद्ध चार श्लोकों में से एक।**
10.	**अनुमतगमना शकुन्तला......।** (4-10) (महर्षि कण्व)	**अपरवक्त्रछन्दः** (प्रथम और तृतीय चरण में 11 वर्ण द्वितीय और चतुर्थचरण में 12 वर्ण)	● परिणाम अलङ्कार।
11.	**रम्यान्तरः कमलिनीहरितैः सरोभिः।** (4-11) (देवताओं की आकाशवाणी)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● परिकर, तुल्योगिता, काव्यलिङ्ग और हेतु अलङ्कार।
12.	**उद्गलितदर्भकवला मृग्यः......।** (प्रियंवदा) (4-12)	**आर्या** (प्रथम पाद में 12 वर्ण)	● उत्प्रेक्षा और समासोक्ति अलङ्कार।
13.	**सङ्कल्पितं प्रथममेव मया तवार्थे....।** (4-13) (काश्यप/कण्व)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● समासोक्ति, तुल्ययोगिता सम और काव्यलिङ्ग, अलङ्कार।
14.	**यस्य त्वया व्रणविरोपणमिङ्गुदीनाम्** (4-14) (काश्यप/कण्व)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● स्वभावोक्ति अलङ्कार।
15.	**उत्पक्ष्मणोर्नयनयोरुपरुद्धवृत्तिम्....।** (4-15) (काश्यप/कण्व)	**वसन्ततिलका।** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● काव्यलिङ्ग अलङ्कार।

क्र.	श्लोक (वक्ता)	छन्दः	अलङ्कारः
16.	**एषापि प्रियेण विना गमयति....।** (4-16) **(अनसूया)**	**आर्या** (प्रथम पाद में 12 वर्ण)	● अर्थान्तरन्यास अलङ्कार।
17.	**अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनानुच्चैः कुलं चात्मनः....।** (4-17) (काश्यप/कण्व)	**शार्दूलविक्रीडितम्** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	● अप्रस्तुतप्रशंसा अलङ्कार। ● **प्रसिद्ध चार श्लोकों में से एक।**
18.	**शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने....।** (4-18) (काश्यप/कण्व)	**शार्दूलविक्रीडितम्।** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	● रूपक, हेतु, और अर्थान्तरन्यास अलङ्कार। ● इस श्लोकों में 'उपदिष्ट' नामक नाटकीय लक्षण है। **प्रसिद्ध चार श्लोकों में से एक।**
19.	**अभिजनवतो भर्तुः श्लाघ्ये स्थिता गृहिणीपदे......।** (4-19) (काश्यप/कण्व)	**हरिणी** (प्रत्येक पाद में 17 वर्ण)	● उपमा, समुच्चय और काव्यलिङ्ग अलङ्कार। ● कुछ लोग ''अस्मान् साधु....'' के स्थान पर इसे प्रसिद्ध चार श्लोकों में गिनते हैं।
20.	**भूत्वा चिराय चतुरन्तमहीसपत्नी।** (4-20) (काश्यप/कण्व)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● मालादीपक अलङ्कार। ● कुछ लोग ''पातुं न प्रथमं.....'' के स्थान पर इसे भी चार प्रसिद्ध श्लोकों में गिनते हैं।
21.	**शममेष्यति मम शोकः कथं नु.....।** (4-21) (काश्यप/कण्व)	**आर्या जातिः**	काव्यलिङ्ग अलङ्कार।
22.	**अर्थो हि कन्या परकीय एव....।** (4-22) (काश्यप/कण्व)	**इन्द्रवज्रा** (प्रत्येक पाद में 11 वर्ण)	उत्प्रेक्षा अलङ्कार।

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चारों प्रसिद्ध श्लोक महर्षि कण्व ने कहे हैं।

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में कुल 22 श्लोक हैं, जिसमें 14 श्लोक महर्षि कण्व के द्वारा बोले गए हैं।

➢ चतुर्थ अङ्क में ''**उद्गलितदर्भकवला मृग्यः**'' (4.12) इस श्लोक को प्रियंवदा तथा ''**एषापि प्रियेण विना गमयति रजनी**'' (4.16) इस एक श्लोक को अनसूया बोलती है।

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के केवल चतुर्थ अङ्क में महर्षि कण्व का दर्शन होता है।

➢ चतुर्थ अङ्क के बाद अनसूया और प्रियंवदा का वर्णन नहीं मिलता है।

'उत्तररामचरितम्' (तृतीय अङ्क) की महत्त्वपूर्ण व्याकरणात्मक टिप्पणियाँ

- **नदीद्वयम्** – नदीनां द्वयम् – तत्पुरुष समास।
- **सम्भ्रान्ता** – सम् + √भ्रम् + क्त + टाप्।
- **प्रेषिता** – प्र + √इष् + णिच् + क्त + टाप्।
- **सरिद्वराम्** – सरित्सु वराम् (तत्पुरुष समास)।
- **अनिर्भिन्नः** – न निर्भिन्नः। निर्भिन्नः – निर् + √भिद् + क्त।
- **विनिपातः** – वि + नि + √पत् + घञ्।
- ● सन्तान में 'तनु' तथा 'क्षीणः' में 'क्षि' धातु।
- **अवलोक्य** – अव + √लोक् + णिच् + ल्यप्।
- **आकर्षद्भिः** – आङ् + √कृष् + शतृ + तृतीया बहुवचन।
- **तर्पय** – √तृप् + णिच् + लोट् म. पु. एकवचन
- **दाक्षिण्यम्** – दक्षिण + ष्यञ्।
- **संनिहितः** – सम् + नि + √धा + क्त ("दधातेर्हिः" से धा को हि आदेश)।
- **अभ्युपपन्ना** – अभि + उप + √पद् + क्त + टाप्।
- **निक्षिप्तवती** – नि + √क्षिप् + क्तवतु + ङीप्।
- **प्रसूता** – प्र + √सूङ् + क्त + टाप्।
- **व्यापृतस्य** – वि + आङ् + √पृ + क्त + षष्ठी विभक्ति।
- **'प्रसवितारम्'** – प्र + √सूङ् + तृच् + द्वितीया एकवचन।
- **उपतिष्ठस्व** – उप + √'स्था' + लोट् म. पु. एक.।
- **यथादिष्टम्** – आदिष्टम् अनतिक्रम्य (अव्ययीभाव समास।)
- **विप्रलूनम्** – वि + प्र + √लू + क्त
- **ग्लपयति** – √ग्लै (ग्ला) + णिच् + लट् प्र.पु.एक.।
- **क्षामम्** – √क्षै (क्षा) + क्त ('क्षायो' मः से त को म आदेश)।
- **शरदिजः** – शरदि जायते इति शरदिजः (उपपदसमास)।
- **आकर्णयन्ती** – आङ् + √कर्ण् + णिच् + शतृ + ङीप्।
- **व्याहरति** – वि + आङ् + √'हृ' लट् प्र. पु. एकवचन।
- **विहरन्** – वि + √हृ + शतृ + प्रथमा एक.
- **परित्रायस्व** – परि + √त्रै + लोट् म. पु. एक.
- **अनुबध्नन्ति** – अनु + √बन्ध् + लट् प्र. पु. बहु.
- **समाश्वसिहि** – सम् + आङ् + √श्वस् + लोट् म. पु. एकवचन
- **तपस्यतः** – तपस् + क्यङ् + शतृ + षष्ठी एक.
- **अध्यवात्सम्** – अधि + √वस् + लुङ् उ. पु. एक.
- **परिसरः** – परि + √सृ + घञ्
- **ज्वलिष्यतः** – √ज्वल् + शतृ + षष्ठी एक.।
- **आवृणोति** – आङ् + √वृ + लट् प्र. पु. एक.।
- **जीवय** – √जीव् + णिच् + लोट म. पु. एक.।
- **संजीवय** – सम् + √जीव् + णिच् + लोट् म. पु. एक.।
- **ससंभ्रमम्** – संभ्रमेण सहितं यथा स्यात् तथा अव्ययीभाव।
- **परितर्पणः** – परि + √तृप् + ल्यु (अन)।
- ● प्रसक्त में √सञ्ज तथा सेकः में √सिच् धातु।
- **सन्तापजाम्** – सन्तापात् जाताम् उपपद तत्पुरुष। सन्ताप + √जन् + ड (अ) + टाप् + द्वितीया एक.।
- **मार्गिष्यते** – √मार्ग् + लृट् प्र. पु. एक.।
- **अपसराव** – अप + √सृ + लोट् उ. पु. द्विवचन।
- **अनभ्यनुज्ञातेन**–नञ् + अभि + अनु + √ज्ञा + क्त + तृतीया एक.।
- **संनिधानम्** – सम् + नि + √धा + ल्युट्।
- **कोपिष्यति** – √कुप् + लृट् + प्र. पु. एक.।
- **सौजन्यम्** – सुजन + ष्यञ्।
- **अभियुज्यते** – अभि + √युज् + लट् कर्मवाच्य में।
- **वधूद्वितीयम्** – वधू द्वितीया यस्य सः तम्, (बहु.)
- **सम्भावयतु** – सम + √भू + णिच् + लोट् प्र. पु. एक.।
- **कथोद्घाताः** – कथानाम् उद्घाताः (तत्पु.)।
- **हृदयमर्मच्छिदः** – हृदयमर्मन् + √छिद् + क्विप्।
- **विजेता** – वि + √जि + तृच् प्रथमा एक.।
- **अनुवृत्ति** – अनु + √वृत् + क्तिन्।
- **लीलोत्खातः** – लीलया उत्खातः (तृतीया तत्पुरुष)।
- **उज्ज्वलः** – उत् + √ज्वल् + अच्।
- **नित्योज्ज्वलम्** – नित्यमेव उज्ज्वलम् (सप्सुपा समास)।
- **दम्पती** – जाया च पतिः च - (द्वन्द्वसमास)।
- **अवर्धयत्** – √वृध् + णिच् + लङ् प्र. पु. एकवचन।
- **वर्धामहे** – √वृध् + लट् उ. पु. बहु.।
- **नर्त्यमानम्** – √नृत् + णिच् + शानच् + द्वितीया एक.।
- **मण्डयन्त्या** – मण्ड + स्वार्थ में णिच् + शतृ + ङीप् तृतीया एक.।
- **तिर्यञ्चः** – तिरस् + √अञ्च प्रथमा बहु.।
- **परिष्वज्य** – परि + √स्वञ्ज् + ल्यप्।
- **विलुलितम्** – वि + √लुल् + क्त।
- **अवसृजन्ती** – अव + √सृज् + शतृ + ङीप्।
- **अनुरुन्धन्ते** – अनु + √रुध् + लट् प्र. पु. बहु.।
- **नयनोत्सवम्** – नयनयोः उत्सवम् (षष्ठी तत्पु.)।
- **शुचा** – शुच् + क्विप् प्रत्यय। (तृतीया, एक.)
- **प्रवान्तु** – प्र + √वा + लोट् प्र. पु. बहु.।
- **क्वणन्तु** – √क्वण् + लोट् प्र. पु. बहु.।
- **ददतु** – √दा + लोट् प्र. पु. बहु.।
- **एहि** – आ + √इ + लोट् म. पु. एक.।
- **स्थीयताम्** – √स्था + लोट् प्र. पु. एक. भाववाच्य।

- **अपुष्यत्** – √पुष् + लङ् प्र. पु. एक.।
- **प्रलपन्तम्** – प्र + √लप् + शतृ + द्वितीया एक.।
- **प्रलापयसि** – प्र + √लप् + णिच् + लट् म. पु. एक.।
- **दुःखितः** – दुःख + इतच्।
- **सुलभः** – सु + √लभ् + खल् (अ)।
- **पाल्यम्** – √पाल् + णिच् + ण्यत्।
- **भिद्यते** – √भिद् + लट् प्र. पु. एक. (आत्मने०)
- **ज्वलयति** – √ज्वल् + णिच् + लट् प्र. पु. एक.।
- **अन्तर्दाहः** – अन्तः दाह, (सुप्सुपा समास।)
- **प्रनष्टम्** – प्र + √नश् + क्त।
- **अवलम्ब्यताम्** – अव + √लम्ब् + लोट् प्र. पु. एक. (कर्मवाच्य)
- **समाधीयते** – सम् + आङ् + √धा + लट् प्र. पु. एक. (कर्मवाच्य)।
- **अप्रतिहतरयः** – अप्रतिहतः रयः यस्य सः (बहुव्रीहि)
- **उज्जृम्भण** – उत् + जृम्भ् + ल्युट्।
- **तन्मार्गदत्तेक्षणः** – तस्याः मार्गे दत्ते ईक्षणे येन सः, (बहुव्रीहि)
- **कृतकौतुका** – कृतं कौतुकं यया सा। (बहुव्रीहि)
- **आयान्त्या** – आङ् + √या + शतृ (अत्) + ङीप् (ई) = आयन्ती + तृतीया एक.।
- **परिदुर्मनायितम्** – परि + दुर् + मनस् + क्यङ्।
- **विष्वक्**– विषु + √अञ्च् + क्विन् = विष्वञ्च् प्रथमा।
- **मज्जति** – √मस्ज् + लट् प्र. पु. एक.।
- **अविरलज्वालम्** – अविरलाः ज्वालाः यस्मिन् तत् यथा स्यात्तथा (बहुव्रीहि)
- **संस्पर्शः** – शोभनः स्पर्शः संस्पर्शः (कर्मधारय)।
- **जीवयन्** – √जीव् + णिच् + शतृ प्र. पु. एक.।
- **निमीलिताक्षः** – निमीलिते अक्षिणी यस्य सः निमीलिताक्षि + षच् (अ) (बहुव्रीहि)
- **उल्लाघयता** – उत् + लघु + शतृ तृतीया एक.।
- **पर्यस्तव्यापारः** – पर्यस्तः व्यापारः यस्य सः (बहुव्रीहि)।
- **परिणयः** – परि + √नी + अच् (अ)।
- **सुधासूतेः** – सुधायाः सूतिः यस्मात् तस्य (बहुव्रीहि)।
- **औपम्यम्** – उपमायाः भावः, उपमा + ष्यञ्
- **स्फुटकोरका** – स्फुटाः कोरकाः यस्याः सा। (बहुव्रीहि)।
- **संस्तम्भय** – सम् + √स्तम्भ् + णिच् + लोट् म. पु. एक.।
- **लोकोत्तरेण** – लोकाद् उत्तरेण (तत्पुरुष)।
- **कार्ष्णायसः** – कृष्ण + अयस् + टच्। कृष्णायसस्य विकारः– विकार अर्थ में अण् प्रत्यय।
- **अभ्युदस्थात्** – अभि + उत् + √स्था + लुङ् प्र. पु. एक.।
- **पिशाचः** – पिशित (कच्चा मांस) + अश् + अण्।
- **निरवधिः** – निर्गतः अवधिः यस्य सः (बहुव्रीहि)।
- **मुग्धाक्ष्याः** – मुग्धे अक्षिणी यस्याः सा मुग्धाक्षी (बहु.)। मुग्ध + अक्षि + षच् (अ) ङीष् (ई) (षिद्गौरादिभ्यश्च से ङीष्)।
- **अवधिः** – अव् + √धा + कि (इ)।
- **प्रविलयः** – प्र + वि + √ली + अच् (अ)।
- **सौमित्रिः** – सुमित्रायाः अपत्यम्, सुमित्रा + इञ्।
- **रोदयिष्यामि** – √रुद् + णिच् + लृट् उ. पु. एक.।
- **अनुजानीहि** – अनु + √ज्ञा + लोट् उ. पु. एक.।
- **संविधानकम्** – सम् + वि + √धा + ल्युट् (अन) स्वार्थ में 'कन्' (क) प्रत्यय।
- **प्रयोक्ता** – प्र + √युज् + तृच्, प्रथमा एक.।

कादम्बरी (शुकनासोपदेश) में क्रियापद

चिकीर्षुः = √कृ + सन् + उ
आदिदेश = आङ् + √दिश् + लिट्, प्रथमपुरुष, एक0
उवाच = √वच् + लिट्, प्रथमपुरुष, एकवचन
उपयाति = उप + √या + लट्, प्रथमपुरुष, एकवचन
अपहरति = अप + √हृ + लट् प्रथमपुरुष एकवचन
आपतन्ति = आङ् + √पत् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
नाशयति = √नश् + णिच् + लट् प्रथमपुरुष एकवचन
विशन्ति = √विश् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
उपजनयति = उप + √जन् + णिच् + लट् प्रथमपुरुष एक0
हरति = √हृ + लट् + प्रथमपुरुष एकवचन
परिणमयति = परि + √नम् + णिच् लट् प्रथमपुरुष एक0
गलति = √गल् + लट् प्रथमपुरुष एकवचन
भवति = √भू + लट् प्रथमपुरुष एकवचन
दहति = √दह् + लट्, प्रथमपुरुष, एक0
अनुगच्छति = अनु + √गम् + लट् प्रथमपुरुष एकवचन
अभिधीयसे = अभि + √धा + लट् मध्यमपुरुष एकवचन
शृण्वन्ति = √श्रु + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
खेदयन्ति = √खिद् + णिच् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
परिपाल्यते = परि + √पाल् + यक् + लट् प्रथमपुरुष एकवचन
नश्यति = √नश् + लट् + प्रथमपुरुष एकवचन
आलोकयतु = आङ् + √लोक् + लोट् + प्रथमपुरुष एकवचन
अपक्रामति = अप + √क्रम् + लट् + प्रथमपुरुष एकवचन
प्रपलायते = प्र + परा + √अय् + लट् प्रथमपुरुष एक0 (आत्मने0)
रक्षति = √रक्ष् + लट् प्रथमपुरुष एकवचन
ईक्षते = √ईक्ष् + लट् प्रथमपुरुष एकवचन (आत्मनेपदी)
आलोकते = आङ् + √लोक् + लट् + प्रथमपुरुष एक0 (आत्मने0)
अनुवर्तते = अनु + √वृत् + लट् + प्रथमपुरुष एक0 (आत्मने0)
पश्यति = √दृश् + लट् + प्रथमपुरुष एकवचन
अनुरुध्यते = अनु + √रुध् + लट् प्रथमपुरुष एकवचन (दिवादि0)
आद्रियते = आङ् + √दृ + लट् प्रथमपुरुष एकवचन (तुदादि0)
अनुबुध्यते = अनु + √बुध् + यक् + लट्, प्रथमपुरुष, एकवचन
करोति = √कृ + लट् प्रथमपुरुष एकवचन
परिभ्रमति = परि + √भ्रम् + लट्, प्रथमपुरुष एकवचन
परिस्खलति = परि + √स्खल् + लट्, प्रथमपुरुष, एकवचन
निवसति = नि + √वस् + लट्लकार, प्रथमपुरुष, एकवचन
मुञ्चति = √मुच् + लट्, प्रथमपुरुष, एकवचन
अध्यारोहति = अधि + आङ् + √रुह् + लट् प्रथमपुरुष एक.
आलिङ्गति = आङ् + √लिङ्ग् + लट्, प्रथमपुरुष, एकवचन
स्मरति = √स्मृ + लट् प्रथमपुरुष एकवचन
परिहरति = परि + √हृ + लट् + प्रथमपुरुष एकवचन
उपसर्पति = उप + √सृप् + लट्, प्रथमपुरुष, एकवचन
उपजनयति = उप + √जन् + लट्, प्रथमपुरुष, एकवचन
संवर्धयति = सम् + √वृध् + लट् प्रथमपुरुष एकवचन
आतनोति = आङ् + √तन् + लट् प्रथमपुरुष, एकवचन
आपादयति = आङ् + √पद् + णिच् + लट् प्रथमपुरुष, एकवचन
दीप्यते = √दीप् + लट् प्रथमपुरुष एकवचन (आत्मनेपदी)
उद्वमति = उत् + √वम् + प्रथमपुरुष एकवचन
चलति = √चल् + लट् + प्रथमपुरुष एकवचन
आचरति = आङ् + √चर् + लट् + प्रथमपुरुष एकवचन
वञ्चयति = √वञ्च् + णिच् + लट् प्रथमपुरुष एकवचन
अभिसन्धत्ते = अभि + सम् + √धा लट् प्रथमपुरुष एक0 (आत्मने0)
विप्रलभते = वि + प्र + √लभ् + लट् प्रथमपुरुष एक0 (आत्मने0)
भवन्ति = √भू + लट् + प्रथमपुरुष बहुवचन
गच्छन्ति = √गम् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
प्रक्षाल्यते = प्र + √क्षाल् + लट् प्रथमपुरुष एक0 (कर्मवाच्य)
क्रियते = √कृ + लट् + प्रथमपुरुष एकवचन (कर्मवाच्य)
आच्छाद्यते = आङ् + √छद् + णिच् + लट् प्र0पु0 एक0 (कर्मवाच्य)
अपसार्यते = अप + √सृ + णिच् + लट् + प्र0पु0 एक0 (कर्मवाच्य)
अपह्रियते = अप् + √हृ + लट् प्रथमपुरुष एक0 (कर्मवाच्य)
उत्सार्यन्ते = उत् + √सृ + णिच् + लट् + प्र0पु0 बहु0 (कर्मवाच्य)
परामृश्यते = परा + √मृश् + यक् + लट् प्रथमपुरुष एकवचन
उपयान्ति = उप + √या + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
गृह्यन्ते = √ग्रह् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन (कर्मवाच्य)
अभिभूयन्ते = अभि + √भू + लट् प्रथमपुरुष बहु0 (वाच्य)
आवेश्यन्ते = आङ् + √विश् + कर्मणि + लट् प्रथमपुरुष बहु0
अवष्टभ्यन्ते = अव + √स्तम्भ् + कर्मणि + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन

विडम्ब्यन्ते = वि + √डम्ब् + लट् प्रथमपुरुष बहु० (कर्मणि)
ग्रस्यन्ते = √ग्रस् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन (कर्मणि)
विचेष्टन्ते = वि + √चेष्ट् + लट् प्रथमपुरुष, बहुवचन
सञ्चार्यन्ते = सम् + √चर् + णिच् + लट् प्र०पु० बहु० कर्मणि
जल्पन्ति = √जल्प् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
उत्पादयन्ति = उत् + √पद् + णिच् लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
अभिजानन्ति + अभि + √ज्ञा लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
ईक्षन्ते = √ईक्ष् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन (आत्मनेपदी)
प्रतिबुध्यन्ते = √बुध् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन (कर्मणि)
सहन्ते = √सह् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन (आत्मने०)
गृह्णन्ति = √ग्रह् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
शातयन्ति = √शद्लृ + णिच् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
उद्वेजयन्ति = उत् + √विज् + लट् + णिच्, + प्र०पु० बहु०
उपजनयन्ति = उप + √जन् + णिच् लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
अवगच्छन्ति = अव + √गम् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
उपयान्ति = उप + √या + पुक् + णिच् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
अभिनन्दन्ति = अभि + √नन्द् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
सम्भावयन्ति = सम् + √भू + णिच् लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
आशङ्कन्ते = आङ् + √शङ्क्, लट् प्रथमपुरुष बहुवचन (आत्मने०)
गणयन्ति = √गण + णिच् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
स्थापयन्ति = √स्था + पुक् + णिच् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
कुर्वन्ति = √कृ + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
मन्यन्ते = √मन्, लट् प्रथमपुरुष बहुवचन आत्मने०
आकलयन्ति = आङ् + √कल् + णिच् + लट् प्रथमपुरुष बहु०
पूजयन्ति = √पूज् + णिच् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
मानयन्ति = √मान् + णिच् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
अर्चयन्ति = √अर्च् + णिच् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
अभिवादयन्ति = अभि + वद् + णिच् + लट् प्रथमपुरुष बहु०
अभ्युत्तिष्ठन्ति = अभि + उत् + √स्था + लट् प्रथमपुरुष बहु०
उपहसन्ति = उप + √हस् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
कुप्यन्ति = √कुप् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
अभिनन्दन्ति = अभि + √नन्द् लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
आलपन्ति = आङ् √लप् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन

संवर्धयन्ति = सम् + √वृध् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
अवतिष्ठन्ते = अव + √स्था + लट् प्रथमपुरुष बहु० (आत्मने०)
ददति = √दा + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
उपजनयन्ति = उप + √जन् + णिच् + लट् प्रथमपुरुष बहु०
मन्यन्ते = √मन् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन (आत्मने०)
उद्भावयति = उद् + √भू + णिच् + लट् प्रथमपुरुष एकवचन
प्रयतेथाः = प्र + √यत्, विधिलिङ् मध्यमपुरुष एकवचन (आत्मने०)
उपहस्यसे = उप + √हस् + यक् + लट् मध्यमपुरुष एकवचन
निन्द्यसे = √निन्द् + यक् + कर्मणि + लट् + मध्यमपुरुष एकवचन
धिक्क्रियसे = धिक् + √ कृ + यक् कर्मणि + लट् + म०पु० एक०
उपालभ्यसे = उप + आङ् + √लभ् + लट् म०पु० एक० कर्मणि
शोच्यसे = √शुच् + यक् + कर्मणि लट् मध्यमपुरुष एकवचन
प्रकाश्यसे = प्र + √काश् + यक् + कर्मणि + लट् म०पु० एक०
प्रतार्यसे = प्र + √तृ + यक् + लट् मध्यमपुरुष एकवचन
आस्वाद्यसे = आङ् + √स्वद् + यक् + कर्मणि + लट् म०पु० एक०
अवलुप्यसे = अव + √लुप् + यक् + कर्मणि + म०पु० एक०
वञ्चसे = √वञ्च् + यक् + कर्मणि + लट् + मध्यमपुरुष एकवचन
प्रलोभ्यसे = √प्र + √लुभ् + यक् + कर्मणि + लट् म०पु० एक०
विडम्ब्यसे = वि √डम्ब् + कर्मणि लट् मध्यमपुरुष एकवचन
नर्त्यसे = √नृत् + यक् + कर्मणि लट् मध्यमपुरुष एकवचन
क्रियसे = √कृ + यक् + कर्मणि + लट् मध्यमपुरुष एकवचन
आक्षिप्यसे = आङ् + √क्षिप् + यक् + कर्मणि लट् म०पु० एक०
अवकृष्यसे = अव + √ कृष् + यक् + कर्मणि लट् म०पु० एक०
मदयन्ति = √मद् + णिच् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचन
अभिधीयसे = अभि + √ धा + कर्मणि आत्मने० लट् म०पु० एक०
उपशशाम = उप + √शम् + लिट् प्रथमपुरुष एकवचन
अनुभवतु = अनु √भू + लोट् प्रथमपुरुष एकवचन
उद्वह = उत् + √वह् + लोट् मध्यमपुरुष एकवचन
उन्नमय = उत् + √नम् + लोट् मध्यमपुरुष एकवचन
पुनर्विजयस्व = पुनः + वि + √जि + लोट् + म०पु० एक०
आजगाम = आङ् + √गम् + लिट् प्रथमपुरुष एकवचन
अवनमय = अव + √नम् + लोट् मध्यमपुरुष एकवचन

कादम्बरी (शुकनासोपदेश) में कृदन्त

समतिक्रामत्सु = सम् + अति + √क्रम् + शप् + शतृ सप्तमी, बहु0
समुपस्थितः = सम् + उप + √स्था + क्त
आगतम् = आङ् + √गम् + क्त
आरूढः = आङ् + √रुह् + क्त
कर्तुम् = √कृ + तुमुन्
इच्छन् = √इष् + शतृ
विदितम् = √विद् + क्त
वेदितव्यम् = √विद् + तव्यत्
अधीतम् = अधि + √इङ् + क्त
उपदेष्टव्यम् = उप + √दिश् + तव्यत्
भेद्यम् = √भिद् + ण्यत्
उच्छेद्यम् = उत् + √छिद् + यत्
उपनेयम् = उप + √नी + यत्
साध्यम् = √सिध् > सेध् > साध् + णिच् + यत्
हार्यः = √हृ + ण्यत्
गम्यः = √गम् + यत्
वध्यः = √ हन् (वध्) + ण्यत्
प्रबोधः = प्र + √बुध् + घञ्
सन्निपातः = सम् + नि + √पत् + घञ्
समुद्भूता = सम् + उत् + √भू + क्त + टाप्
आस्वाद्यमानानि = आङ् + √स्वद् + यक् + मुक् + शानच्
प्रवर्तकः = प्र + √वृत् + ण्वुल्
अत्यासङ्गः = अति + आङ् + √सञ्ज् + घञ्
अपगतम् = अप + √गम् + क्त
भव्यः = √भू + यत्
स्थितम् = √स्था + क्त
जातम् = √जन् + क्त
अमलीकुर्वन् = अमल + च्वि + √कृ + शतृ
आस्वादितः = आङ् + √स्वद् + णिच् + क्त
उपदिष्टम् = उप + √दिश् + इट् क्त
उपजातम् = उप + √जन् + क्त
करणम् = √कृ + ल्युट्
अतीतम् = अति + √इण् + क्त
उपदेष्टारः = उप + √दिश् + तृच् (प्रथमा बहुवचन)
- **गुणानुरागात्** = ''**विभाषा गुणेऽस्त्रियाम्**'' इस नियम से यहाँ पञ्चमी विभक्ति हुई, सूत्रार्थ है, स्त्रीलिङ्ग से भिन्न लिङ्ग वाले गुणवाचक शब्दों में हेत्वर्थक पञ्चमी विभक्ति विकल्प से होती है।
- **गुणानुरोधेन विना** = यहाँ ''**पृथग्विनानानाभिस्तृतीयाऽन्यतरस्याम्**'' इस सूत्र से विना के योग में तृतीया विभक्ति का प्रयोग हुआ।
- **मन्युना** = ''**हेतौ**'' सूत्र से तृतीया विभक्ति का प्रयोग हुआ है।
- **दण्डेन** = यहाँ पर ''**हेतौ**'' से तृतीया विभक्ति।
- **क्रियापवर्गेषु** = कर्म समाप्तिषु अर्थात् कार्यों की समाप्ति होने पर ''**यस्य च भावेन भावलक्षणम्**'' सूत्र से सति सप्तमी का प्रयोग हुआ।
- **तस्मिन्** = ''दुर्योधने'', (उस दुर्योधन के द्वारा) इत्यर्थः , यहाँ पर ''**यस्य च भावेन भावलक्षणम्**'' से सति सप्तमी का प्रयोग।
- **सुखेन** = यहाँ ''प्रकृत्यादिभ्यः उपसंख्यानम् (वा)'' से तृतीया विभक्ति का प्रयोग।
- **तवाभिधानात्** = हेतु अर्थ में पञ्चमी विभक्ति
- **द्विषताम्** = यहाँ पर ''**षष्ठी शेषे**'' सूत्र से शेष अर्थ में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग हुआ है।
- **भवादृशेषु** = यहाँ अधिकरणे सप्तमी, ''**सप्तम्यधिकरणे च**'' इससे सप्तमी विभक्ति का प्रयोग हुआ।
- **व्यवसाययन्ति माम्** – माम् की यहाँ कर्मसंज्ञा है, और ''**कर्मणि द्वितीया**'' से द्वितीयाविभक्ति का प्रयोग हुआ। **(''गति बुद्धि.......'' सूत्र से कर्मसंज्ञा)**
- **त्वदन्यः** = त्वत् + अन्यः = यहाँ पर ''अन्य'' शब्द के योग में ''अन्यारादितरर्ते.....'' सूत्र से पञ्चमी विभक्ति का विधान होता है।
- **आपदाम्** = यहाँ पर कर्मणि षष्ठी हुई है, सूत्र है, ''**कर्तृकर्मणोः कृति**'' से **षष्ठी** विभक्ति का प्रयोग हुआ।
- **विचिन्तयन्त्याः मम चेतः रुजन्ति** = यहाँ पर ''**रुजार्थानां भाववचनानामज्वरेः**'' सूत्र से विचिन्तयन्त्याः में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग।
- **अधिरूढः शयनम्** = यहाँ पर ''**अधिशीङ्स्थासां कर्म**'' सूत्र से कर्म कारक एवं द्वितीया का प्रयोग।
- **अधिशय्य स्थलीम्** = यहाँ पर ''**अधिशीङ्स्थासां कर्म**'' सूत्र से कर्म कारक एवं द्वितीया का प्रयोग।
- **यशसा समम्** = ''**सहयुक्तेऽप्रधाने**'' सूत्र से समम् के योग में '**यशसा**' में तृतीयाविभक्ति का विधान किया गया।
- **वधाय** = ''**क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः**'' सूत्र से 'वधाय' में **चतुर्थी** विभक्ति हुई।
- **निकृतिपरेषु** = ''सति सप्तमी'' का प्रयोग ''**यस्य च भावेन भावलक्षणम्**'' सूत्र से।
- **अरिषु** = शत्रुषु, शत्रुविषयक, '**विषयाधिकरणे सप्तमी**'।

किरातार्जुनीयम् (प्रथमसर्ग) में छन्द एवं अलङ्कार

किरातार्जुनीयम् में छन्द

- किरातार्जुनीयमहाकाव्य के प्रथमसर्ग में प्रथमश्लोक **''श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीम्''** से लेकर 44वें श्लोक **''अथ क्षमामेव निरस्तविक्रमः''** तक वंशस्थ छन्द है। जिसका लक्षण है– **''जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ''**
  अर्थात् जिस छन्द के प्रत्येक चरण में क्रमशः जगण, तगण जगण और रगण आता है, उसे 'वंशस्थ' छन्द कहते हैं। इसके प्रत्येकचरण में 12 वर्ण होते हैं और पादान्त में यति होती है।
- किरातार्जुनीयम् (प्रथमसर्ग) के 45वें श्लोक **''न समयपरिरक्षणं क्षमं ते''** में **पुष्पिताग्रा छन्द** है; जिसका लक्षण है–
  ''अयुजि नयुगरेफतो यकारो, युजि च नजौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा''
  अर्थात् जब प्रथम एवं तृतीय चरण में क्रमशः नगण नगण रगण यगण (12 अक्षर) और द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में नगण जगण जगण रगण और एक गुरु (13 अक्षर) वर्ण हों तो वहाँ **'पुष्पिताग्रा'** छन्द होता है।
- किरातार्जुनीयम् (प्रथमसर्ग) के अन्तिम 46वें **''विधिसमयनियोगाद् दीप्तिसंहारजिह्मम्''** इस श्लोक में ''मालिनीछन्द'' है; जिसका लक्षण है – **''ननमयययुतेयं मालिनीभोगिलोकैः''**
  अर्थात् जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः नगण नगण मगण यगण और यगण हों, और आठवें तथा सातवें वर्ण में यति (विराम) हो, उसे 'मालिनी छन्द' कहते हैं। इस छन्द के प्रत्येक चरण में 15 वर्ण होते हैं।
- इस प्रकार महाकवि भारवि ने सर्गान्त में छन्दपरिवर्तन करके महाकाव्य के लक्षण का पूर्णतया पालन किया है। **'श्री' शब्द से** इस महाकाव्य का **आरम्भ** तथा **'लक्ष्मी' शब्द से सर्ग का अन्त** करते हुए महाकवि भारवि ने एक नयी परम्परा का प्रारम्भ किया, जो परवर्ती माघ आदि कवियों द्वारा उसका अनुपालन किया गया।

किरातार्जुनीयम् का प्रारम्भ – **'श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीम्'**
किरातार्जुनीयम् का सर्गान्त **'दिनकृतमिव लक्ष्मीस्त्वां समभ्येतु भूयः'**

किरातार्जुनीयम् में अलङ्कार

श्लोक-1 – श्रियः .... वनेचरः॥

प्रस्तुत श्लोक में वृत्यनुप्रास नामक अलङ्कार है, क्योंकि 'पालनीम्' एवं 'प्रजासु' में 'प्' की 'वृत्तिम्' 'वेदितुम्' 'वर्णिलिङ्गी' तथा 'विदितः' में 'व्' की और 'वने वनेचरः' में वने की आवृत्ति हो रही है। इसका लक्षणा है –

अनेकस्यैकधा साम्यमसकृद्वाप्यनेकधा । एकस्य सकृदप्येष वृत्यनुप्रास उच्चते'' (सा. द.)

श्लोक-2 – कृतप्रणामस्य .... हितैषिणः ॥

प्रस्तुत श्लोक में, प्रथम की तीन पंक्तियों में एक विशेष कथन का उपन्यास किया गया है, और चौथी पंक्ति में विद्यमान एक सामान्य बात से उसका समर्थन किया गया है, फलतः यहाँ **अर्थान्तरन्यास अलङ्कार** है। लक्षण इस प्रकार है–

सामान्यं वा विशेषो वा तदन्येन समर्थ्यते,
यत्तु सोऽर्थान्तरन्यासः साधर्म्येणेतरेण वा

श्लोक-3 – द्विषां विघाताय .... वाचमाददे ॥

उपर्युक्त श्लोक में वृत्यनुप्रास नामक अलङ्कार है, क्योंकि 'विघाताय विधातुम् विनिश्चितार्थाम्, विशेषः और वाचम्' इत्यादि में 'व' की आवृत्ति हो रही है। आचार्य मम्मट के अनुसार अनुप्रास का लक्षण है – 'वर्णसाम्यमनुप्रासः'।

श्लोक-4 – क्रियासु .... दुर्लभं वचः ।

प्रस्तुत श्लोक में प्रथम तीन चरण में कही गयी, एक विशेष बात का समर्थन चतुर्थ चरण में कही गयी सामान्य बात से होने के कारण **अर्थान्तरन्यास** अलङ्कार है, काव्यप्रकाश के अनुसार इसका लक्षण श्लोक सं. 2 में देखें।

श्लोक-5 – स किंसखा .... सर्वसम्पदः।

प्रस्तुत श्लोक में राजाओं और अमात्यों को एक दूसरे के अनुकूल रहने रूप कारण का सम्पूर्ण सम्पत्तियों की प्राप्ति रूप कार्य से समर्थन हो रहा है। अतः **''अर्थान्तरन्यास''** अलङ्कार है।

श्लोक-6 – निसर्गदुर्बोध .... विद्विषाम्॥

इस पद्य में 'अज्ञान से युक्त प्राणी' और छिपे हुए रहस्यों वाले नीति मार्ग का प्रयोग करने वाले राजाओं का दुर्बोध चरित इन दोनों परस्पर अत्यन्त भिन्न स्थितियों वाले पदार्थों का एक साथ प्रयोग होने से **विषम अलङ्कार** है, इसका लक्षण है,

''क्वचिद्यदति वैधर्म्यान्नश्लेषो घटनामियात् .... इत्यादि (काव्यप्रकाशः)।

श्लोक-7 – विशङ्कमानो .... सुयोधनः।

इस श्लोक में ''दुरोदरच्छद्मजिताम्'' इस विशेषण पद का अर्थ - जुए के द्वारा छल से जीती गयी पृथ्वी को 'नयेनजेतुम्' के

अर्थ नीति से जीतने के लिए - का कारण होने से **काव्यलिङ्ग** नामक अलङ्कार है।

इसका लक्षण है - हेतोर्वाक्यपदार्थत्वे काव्यलिङ्गं निगद्यते (सा. द.)

श्लोक-8 – तथापि .... महात्मभिः।

इस श्लोक में कुटिल स्वभाव वाले दुर्योधन के द्वारा युधिष्ठिर को जीतने के लिये अपनी निर्मल कीर्ति का विस्तार करना - इस विशेष बात का समर्थन दुष्टों की सङ्गति की अपेक्षा ऐश्वर्य को बढ़ाने वाला महापुरुषों का विरोध श्रेयस्कर है –

इस सामान्य कथन से करने के कारण **''अर्थान्तरन्यास''** नामक अलङ्कार है। इसमें **काव्यलिङ्ग** नामक अलङ्कार भी है, क्योंकि ''भूतिं समुन्नयन् (ऐश्वर्य को बढ़ाने के लिए) इस कारण पद से ''वरं विरोधोऽपि समं महात्मभिः''

(महापुरुषों का विरोध दुष्ट सङ्गति की अपेक्षा कुछ अच्छा होता है)

श्लोक-9 – कृतारिषड् .... पौरुषम्।

उपर्युक्त पद्य में ''नयेन पौरुषं वितन्यते'' (नीति से पौरुष का विस्तार किया जा रहा है) इस अर्थ के ज्ञान का हेतु - 'कृतारिषड्वर्गजयेन अगम्यरूपाम् मानवीं पदवीं प्रपित्सुना' तथा ''नक्तन्दिवं विभज्य अस्ततन्द्रिणा'' आदि है, अतएव इसमें **काव्यलिङ्ग अलङ्कार** है। इसका लक्षण, श्लोक सं. 7 में देखें।

श्लोक-10 – सखीनिव .... बन्धुताम्।

उपर्युक्त पद्य में **''रशनोपमा''** नामक अलङ्कार है, क्योंकि क्रमशः पहले के वाक्यों में वर्णित उपमेय आगे के वाक्यों में उपमान हो जाते हैं, आचार्य विश्वनाथ के अनुसार इसका लक्षण है–

कथिता रशनोपमा यथोर्ध्वमुपमेयस्य यदि स्याद् उपमानता।।

श्लोक 11 – असक्त .... परस्परम्।

इस श्लोक में 'सख्यमीयिवान् इव' इत्यादि शब्दों से उपमेय की उपमान के साथ सम्भावना होने के कारण **उत्प्रेक्षा** अलङ्कार है, जिसका लक्षण है –

''सम्भावनामथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्'' (काव्यप्रकाशः)

श्लोक-12 – निरत्ययं .... सत्क्रिया।

इस पद्य में पूर्व-पूर्व वाक्य के विशेषण के रूप में उत्तर-उत्तर वाक्य की स्थापना होने के कारण **एकावली** नामक अलङ्कार है, इसका लक्षण इस प्रकार है,

● स्थाप्यतेऽपोह्यते वापि यथापूर्व परं परम्। विशेषणतया वस्तु यत्र सैकावली द्विधा'' (काव्यप्रकाश)

श्लोक-13 – वसूनि वाञ्छन्न .... धर्मविप्लवम्।।

प्रस्तुत श्लोक में 'नकार' का अनेक बार उच्चारण होने से **''वृत्यनुप्रासालङ्कार''** है।

श्लोक-14 – विधाय रक्षान् .... सम्पदः।

इस श्लोक में 'न शङ्कि' तथा 'कृ' इत्यादि की आवृत्ति होने से **अनुप्रास** नामक शब्दालङ्कार है।

श्लोक-15 – अनारतं तेन .... सम्पदः।

यद्यपि साम, दान, दण्ड और भेद, ये परस्पर कभी स्पर्धा नहीं करते, फिर भी प्रस्तुत श्लोक में अर्थ की सुन्दरता को अभिव्यक्त करने के लिए उनमें प्रतिस्पर्धा की सम्भावना की गयी है। अतः इसमें **''उत्प्रेक्षा''** नामक अलङ्कार है, श्लोक का इव शब्द उत्प्रेक्षा को व्यञ्जित कर रहा है।

मन्ये शङ्के ध्रुवं प्रायो नूनमित्येवमादयः, उत्प्रेक्षा व्यञ्जकाः शब्दा इव शब्दोऽपि तादृशः''

श्लोक-16 – अनेकराजन्य .... मदः।

इस श्लोक में 'उदात्त' नामक अलङ्कार है, क्योंकि इसमें दुर्योधन की लोकोत्तर समृद्धि का वर्णन किया गया है। 'अलङ्कारसूत्र' के अनुसार इसका लक्षण है –

''समृद्धिमद्वस्तुवर्णनमुदात्तः''

श्लोक-17 – सुखेन लभ्या .... चकासति।

उपर्युक्त श्लोक में **उत्प्रेक्षा** अलङ्कार है जिसका लक्षण है, ''सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत् (काव्यप्रकाशः)

श्लोक-18 – उदारकीर्ते .... मेदिनी।

उपर्युक्त पद्य में प्रस्तुत उपमेय ''पृथ्वी'' पर अप्रस्तुत उपमान ''गाय'' के दोहन रूप कार्य का आरोप होने के कारण **समासोक्ति अलङ्कार** है, लक्षण है –

''समासोक्तिः समैर्यत्र कार्यलिङ्गविशेषणैः, व्यवहारसमारोपः प्रस्तुतेऽन्यस्य वस्तुनः (सा. द.)

श्लोक-19 –महौजसो .... समीहितुम्।

इस पद्य में **काव्यलिङ्ग** और **'परिकर'** ये दो अलङ्कार हैं। साथ ही इन दो अलङ्कारों की 'संसृष्टि' भी है।

श्लोक-20 – महीभृतां .... फलैः।

इस पद्य में दुर्योधन के कार्यों की समानता विधाता के कार्यों से करने के कारण **'उपमा'** अलङ्कार है।

श्लोक-21 – न तेन .... शासनम्।।

प्रस्तुत श्लोक में ''माल्यम् इव'' यह अंश दुर्योधन की आज्ञा और माला में साधर्म्य है। अतः **उपमा अलङ्कार** है।

श्लोक-22 – स यौवराज्ये .... हिरण्यरेतसम्।।

प्रस्तुत श्लोक में ''उद्धतम्'' ''निधाय'' ''पुरोधसा'' ''धिनोति'' इत्यादि में ध् वर्ण की, ''दुःशासनः'' ''इद्धशासनः'' में 'श्' वर्ण की तथा ''हव्येन हिरण्यरेतसम्'' में ''ह'' वर्ण की आवृत्ति होने से **अनुप्रास** अलङ्कार है।

श्लोक-23 – प्रलीन .... बलवद्विरोधिता।

इस श्लोक में ''दुरन्ताबलवद्विरोधिता'' इस सामान्य कथन का ''स चिन्तयत्येव भियस्त्वदेष्यतीः'' इस विशेष कथन से समर्थन होने के कारण **अर्थान्तरन्यास** अलङ्कार है,

श्लोक-24 – कथाप्रसङ्गेन .... पदादिवोरगः

इस पद्य में श्लेषानुप्राणित पूर्णोपमा अलङ्कार है ''कथाप्रसङ्गेन'' ''अनुस्मृताखण्डलसूनुविक्रमः'' तवाभिधानात्'' इत्यादि श्लिष्टपद हैं। सः (दुर्योधनः) उपमेय, 'उरगः' उपमान। 'इव' वाचक शब्द तथा ''नताननः व्यथते'' साधारण धर्म सभी स्पष्टतया प्रतिपादित हैं अतः **पूर्णोपमा अलङ्कार** है।

श्लोक-25 – तदाशु कर्तुं .... मादृशां गिरः

उपर्युक्त पद्य में उत्तरार्द्ध के दूसरों के द्वारा कहे गये कथनों का संग्रह करने वाली मुझ जैसों की बातें केवल वृत्तान्त मात्र वाली होती है, इस सामान्य कथन का समर्थन पूर्वार्द्ध के तदाशु कर्तुं त्वयि जिह्ममुद्यते विधीयतां तत्र विधेयमुत्तरम्'' इस विशेष कथन से होने के कारण **''अर्थान्तरन्यास''** नामक अलङ्कार है।

श्लोक-26 – इतीरयित्वा .... सन्निधौ वचः

प्रस्तुत श्लोक में ''अनुप्रास अलङ्कार है, क्योंकि इसके पूर्वार्द्ध में ''न'' वर्ण की तथा चतुर्थ चरण में ''च'' वर्ण की आवृत्ति हुई है।

श्लोक-27 – निशम्य सिद्धिं .... गिरः।

अलङ्कार – उपर्युक्त श्लोक के द्वितीय चरण ''ततस्ततस्त्याः'' में 'त' वर्ण की कई बार आवृत्ति होने से **'अनुप्रास अलङ्कार'** है।

श्लोक-28 – भवादृशेषु .... दुराधयः।

अलङ्कार – उपर्युक्त श्लोक के पूर्वार्द्ध में **''उपमा''** अलङ्कार है, और उत्तरार्द्ध में वाक्यार्थहेतुक ''काव्यलिङ्ग'' अलङ्कार है।

श्लोक-29 – अखण्ड .... वर्जिता।

अलङ्कार – इस श्लोक में उपमेय ''मही'' एवं उपमान ''स्रक्'' के सादृश्य को ''इव'' वाचक शब्द से कहा गया है। इसलिए इसमें **उपमा** अलङ्कार है।

श्लोक-30 – व्रजन्ति ते .... इवेषवः।।

अलङ्कार – इस श्लोक में **उपमा** एवं **अर्थान्तरन्यास** अलङ्कार है, साथ ही दोनों अलङ्कारों की तिलतण्डुलवत् संसृष्टि भी है। ''ये मायाविषु मायिनः न भवन्ति ते पराभवं व्रजन्ति'' इस सामान्य कथन का ''शठा'' ''असंवृताङ्गान् तथाविधान्'' निशिता ''इषवः इव'' प्रविश्य घ्नन्ति हि'' इस विशेष कथन से समर्थन होने के कारण **अर्थान्तरन्यास अलङ्कार** है।

श्लोक-31 – गुणानुरक्ता .... श्रियम्।

अलङ्कार – प्रस्तुत श्लोक में ''आत्मवधू'' उपमेय और ''श्री'' उपमान का 'गुणानुरक्ताम्' आदि समानधर्म से कथन है, ''इव'' उपमा वाचक शब्द है। इस प्रकार इसमें **पूर्णोपमा** अलङ्कार है। इसका लक्षण है, ''साम्यं वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्य उपमा द्वयोः'' (सा. द.)

श्लोक-32 – भवन्तमेतर्हि .... रुच्छिखः।

अलङ्कार – इस पद्य में ''सूखे हुए शमी के वृक्ष को प्रज्वलित कर देने वाले अग्नि की तरह आपका क्रोध क्यों नहीं उद्दीप्त होता या भड़क उठता? इस अंश में युधिष्ठिर के क्रोध की उपमा सूखे हुए शमी के वृक्ष के अन्तःस्थित अग्नि से दी गयी है, अतः इसमें **उपमा अलङ्कार** है। ''अग्नि और मन्यु'' में उपमानोपमेय भाव है।

श्लोक-33 – अबन्ध्यकोपस्य .... विद्विषादरः।

अलङ्कार – इस पद्य में व, ज, द और न् वर्णों की बार-बार आवृत्ति होने से **''अनुप्रास''** अलङ्कार है। इसके अतिरिक्त इसमें ''विद्विषादरः'' शब्द का ''विद्विषा + आदरः'' तथा ''विद्विषा + दरः'' इन दो प्रकारों से पदच्छेद होने के कारण **'सभङ्गश्लेष'** अलङ्कार भी है।

श्लोक-34 – परिभ्रमँल्लोहित .... वृकोदरः।

अलङ्कार – 'लोहितचन्दनोचितः' रेणुरूषितः' 'महारथः' 'पदातिः' इत्यादि विशेषण जो वृकोदर अर्थात् भीम के लिए प्रयुक्त हुए हैं, उनका एक विशेष अभिप्राय है। अतः इसमें परिकर नाम अलङ्कार है, जिसका लक्षण है,

''विशेषणैर्यत्साकूतैरुक्तिः परिकरस्तु सः'' इति (काव्यप्रकाश)

श्लोक-35 – ''विजित्य यः .... धनञ्जयः।।

अलङ्कार – प्रस्तुत श्लोक में ''अनुप्रास'' अलङ्कार है।

श्लोक-36 – 'वनान्तशय्या .... न बाधितुम्।

अलङ्कार – ''कृताकृती'' 'कचाचितौ' इत्यादि में **अनुप्रास** तथा ''अगजौ गजौ'' एवं ''धृतिसंयमौ यमौ'' में ''गजौ गजौ'' व ''यमौ यमौ'' अंश में **यमक** अलङ्कार है।

श्लोक-37 – इमामहं वेद .... ममाधयः

प्रस्तुत श्लोक पूर्वार्द्ध में ''विचित्ररूपाः खलुचित्तवृत्तयः'' - इस सामान्य कथन से 'अहं तावकीं धियं न वेद' इस विशेष कथन का समर्थन होने के कारण सामान्य से विशेष का समर्थन रूप **''अर्थान्तरन्यास** अलङ्कार'' है, श्लोक के उत्तरार्द्ध में वाक्यार्थ हेतुक **''काव्यलिङ्ग''** अलङ्कार भी है।

श्लोक-38 – पुराधिरूढः ....शिवारुतैः।

अलङ्कार – ''महाधनं शयनम्'' और अदभ्रदर्भां स्थलीम् अधिशय्य एवं ''स्तुतिगीतिमङ्गलैः विबोध्यसे और ''अशिवैः शिवारुतैः

निद्रां जहासि'' इन विरुद्ध पदार्थों का वर्णन होने से **'विषम' अलङ्कार** है।

श्लोक-39 – पुरोपनीतं .... समं वपुः॥

अलङ्कार – इस पद्य में **''सहोक्ति अलङ्कार''** है जिसका लक्षण है, ''सा सहोक्तिः सहार्थस्य बलादेकं द्विवाचकम्'' (का. प्र.)

श्लोक-40 – अनारतं यौ .... बर्हिषाम्।

अलङ्कार – मणिजटित पीठ पर रहने वाले और राजाओं के शिरोमाल्यों के पराग से रञ्जित होने वाले चरण तथा मृगों और तपस्वियों के द्वारा छिन्न कुशों के वनों में पड़ने वाले चरण इन दो विरुद्ध पदार्थों का प्रयोग होने से **'विषम' नामक अलङ्कार** है,

इसके अतिरिक्त ''मणिपीठशायिनौ'' 'मृगद्विजालूनशिखेषु' इत्यादि पदों के विशेष अभिप्राय से प्रयुक्त होने के कारण यहाँ **परिकर अलङ्कार** भी है।

श्लोक-41 – द्विषन्निमित्ता .... मानिनाम्॥

अलङ्कार – राजा युधिष्ठिर की यह ''दुर्दशा'' उनके दुर्भाग्यवशात् नहीं है, प्रत्युत शत्रुजन्य है, अतः वह असहनीय है, इसके समर्थन में वैधर्म्यपूर्वक सामान्य दिया गया है – ''परैरपर्यासितवीर्यसम्पदां पराभवोऽप्युत्सव एव मानिनाम्'' अतः यहाँ **अर्थान्तरन्यास अलङ्कार** है। ''इव'' शब्द के द्वारा मन के उन्मूलन की सम्भावना होने से **उत्प्रेक्षा अलङ्कार** भी है। साथ ही पूर्वार्द्ध में 'म' वर्ण तथा उत्तरार्द्ध में र वर्ण की आवृत्ति होने से **अनुप्रास अलङ्कार** भी है।

श्लोक-42 – ''विहाय शान्तिं .... न भूभृतः''।

अलङ्कार – इस पद्य में **''अर्थान्तरन्यास''** और **''अनुप्रास''** अलङ्कार की संसृष्टि है। शत्रुओं को नष्ट करने के लिए शम को त्याग कर अपने विख्यात तेज को धारण कीजिए - इस विशेष कथन का समर्थन ''शमेन सिद्धिं मुनयो न भूभृतः'' रूपी सामान्य कथन से होने के कारण **अर्थान्तरन्यास** अलङ्कार है। पूर्वार्द्ध में 'वकार' की एवं उत्तरार्द्ध में 'नकार' की आवृत्ति होने से **अनुप्रास** अलङ्कार भी है।

श्लोक-43 – पुरः सरा .... मनस्विता।

अलङ्कार– प्रस्तुत श्लोक में **''अर्थान्तरन्यास''** अलङ्कार है।

श्लोक-44 – अथ क्षमामेव .... पावकम्।

अलङ्कार – प्रस्तुत श्लोक में ''लक्ष्मीपतिलक्ष्म'' में 'ल', 'क्ष्' एवं 'म' की आवृत्ति होने के कारण **छेकानुप्रास** है।

श्लोक-45 – न समय .... सन्धिदूषणानि॥

अलङ्कार – 'ते समय परिरक्षणं न क्षमम्' इस विशेष कथन का 'विजयार्थिनः क्षितीशाः अरिषु सन्धिदूषणानि सोपधि विदधति' इस सामान्य कथन से समर्थन होने के कारण **''अर्थान्तरन्यास''** अलङ्कार है, इसके अतिरिक्त ''परेषु-परेषु'' में **यमक** तथा पूर्वार्द्ध में रकार एवं उत्तरार्द्ध में धकार इत्यादि वर्णों की आवृत्ति होने से **'अनुप्रास'** भी है।

श्लोक-46 – विधिसमय .... समभ्येतु भूयः।

अलङ्कार – इस श्लोक में उपमा के चारों अवयव विद्यमान हैं। अतः **पूर्णोपमा अलङ्कार** है। इसमें द्वितीयान्त पद ''त्वाम्'' (युधिष्ठिर) उपमेय ''दिनकृतम्'' (सूर्य) उपमान ''दीप्तिसंहार- जिह्मम्'' शिथिलवसुम् आपत्पयोधौ, मग्नम् एवम् उदीयमानम् इत्यादि साधारणधर्म तथा ''इव'' वाचक शब्द है।

च. सुभाषित/सूक्तियाँ एवं कथन

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के महत्त्वपूर्ण संवाद/कथन/सूक्तियाँ

क्र.	कथन	भावार्थ	वक्ता
01.	आत्मनो नगरं प्रविश्यान्तःपुर समागत इतोगतं वृत्तान्तं स्मरति वा न वेति।	राजा अपने नगर में प्रवेश करके और अन्तःपुर की स्त्रियों से मिलकर यहाँ की बातों को याद करेगा अथवा नहीं।	अनसूया
02.	न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति।	उसप्रकार की सुन्दर आकृतियाँ गुणों से रहित नहीं होती हैं।	प्रियंवदा
03.	गुणवते कन्यका प्रतिपादनीयेत्ययं तावत् प्रथमः संकल्पः।	गुणवान् व्यक्ति को कन्या देनी चाहिए, यह (माता-पिता का) प्रथम संकल्प होता है।	अनसूया
04.	ननु सख्याः शकुन्तलायाः सौभाग्यदेवताऽर्चनीया	सखि शकुन्तला के सौभाग्यदेवता (पति) की भी तो पूजा करनी है	अनसूया
05.	सखि, अतिथीनामिव निवेदितम्	सखी! किसी अतिथि की सी यह आवाज है।	अनसूया
06.	ननूटजसन्निहिता शकुन्तला।	शकुन्तला तो कुटी पर उपस्थित है ही।	प्रियंवदा
07.	अद्य पुनर्हृदयेनासंनिहिता।	किन्तु आज वह हृदय से अनुपस्थित है। अर्थात् आज उसका मन कहीं और है।	अनसूया
08.	विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम् (4.1)	एकाग्रचित्त से जिसका चिन्तन करती हुई तू उपस्थित हुए मुझ तपस्वी को नही देख रही हो।	दुर्वासा (नेपथ्ये)
09.	स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन् कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव॥ (4.1)	वह तेरे स्मरण दिलाने पर भी तुझको स्मरण नहीं करेगा, जैसे उन्मत्त व्यक्ति पहले कही बात को स्मरण नही करता है।	दुर्वासा (नेपथ्ये)
10.	हा धिक्, हा धिक्। अप्रियमेव संवृत्तं कस्मिन्नपि पूजार्हेऽपराद्धा शून्यहृदया शकुन्तला।	हाय हाय धिक्कार है। अनर्थ हो गया। किसी पूजनीय व्यक्ति के प्रति शून्य हृदयवाली शकुन्तला ने कुछ अपराध कर दिया है।	प्रियंवदा
11.	न खलु यस्मिन् कस्मिन्नपि। एष दुर्वासाः सुलभकोपो महर्षिः	जिस किसी साधारण व्यक्ति के प्रति नही। ये तो शीघ्र कुपित हो जाने वाले महर्षि दुर्वासा हैं।	प्रियंवदा
12.	कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति।	अग्नि के अतिरिक्त और कौन जला सकता है।	अनसूया
13.	सखि, प्रकृतिवक्रः स कस्यानुनयं प्रतिगृह्णाति	सखी! स्वभाव से टेढ़े वे महर्षि दुर्वासा किसकी प्रार्थना को स्वीकार करते हैं।	प्रियंवदा
14.	भगवन्, प्रथम इति प्रेक्ष्याविज्ञाततपः-प्रभावस्य दुहितृजनस्य भगवतैकोऽपराधो मर्षयितव्य इति।	भगवन्! आपके तप के प्रभाव को न जानने वाली आपकी पुत्रीजन शकुन्तला का यह पहला अपराध है– यह समझकर आपके द्वारा उसका यह एक अपराध क्षमा कर दिया जाना चाहिए।	प्रियंवदा

क्र.	कथन	भावार्थ	वक्ता
15.	**न मे वचनमन्यथा भवितुमर्हति।**	मेरा वचन असत्य नहीं हो सकता	**प्रियंवदा** (दुर्वासा)
16.	**अभिज्ञानाभरणदर्शनेन शापो निवर्तिष्यत इति मन्त्रयमाण एवान्तर्हितः।**	'पहचान के आभूषण को दिखाने से मेरा शाप समाप्त हो जाएगा'–यह कहते कहते ही वे अदृश्य हो गए।	**प्रियंवदा** (दुर्वासा) कथन को बताती है।
17.	**अस्ति तेन राजर्षिणा संप्रस्थितेन स्वनामधेयाङ्कितमङ्गुलीयकं स्मरणीयमिति स्वयं पिनद्धम्**	उस राजर्षि के द्वारा अपने नाम से अङ्कित अँगूठी स्मृति-चिह्न के रूप में शकुन्तला की अंगुली में स्वयं पहनायी गयी थी	**अनसूया**
18.	**वामहस्तोपहितवदनाऽऽलिखितेव प्रियसखी**	बायें हाथ पर मुँह रखी हुई प्रियसखी शकुन्तला चित्रित सी बैठी हुई है।	**प्रियंवदा**
19.	**भर्तृगतया चिन्तयात्मानमपि नैषा विभावयति। किं पुनरागन्तुकम्।**	पति के ध्यान में मग्न होने के कारण उसे अपने आपकी सुध नही है, फिर अतिथि की बात ही क्या है।	**प्रियंवदा**
20.	**प्रियंवदे, द्वयोरेव नौ मुख एव वृत्तान्तस्तिष्ठतु**	प्रियंवदा, यह समाचार हम दोनों के मुख तक ही सीमित रहे।	**अनसूया**
21.	**रक्षितव्या खलु प्रकृतिपेलवा प्रियसखी।**	स्वभाव से ही कोमल प्रियसखी शकुन्तला की रक्षा करनी चाहिए। (अन्यथा यह समाचार सुनकर उसे बहुत आघात पहुँचेगा)	**अनसूया**
22.	**को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति**	भला कौन नवमालिका (चमेली) को गर्मजल से सींचेगा।	**प्रियंवदा**
23.	**तेजोद्वयस्य युगपद् व्यसनोदयाभ्यां लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु।**	यह संसार दो तेजों चन्द्रमा और सूर्य के एक साथ अस्त एवं उदित होने से अपनी दशाओं के परिवर्तित होने के विषय में मानो नियंत्रित अर्थात् शिक्षित किया जा रहा है।	**कण्व का शिष्य**
24.	**इष्टप्रवासजनितान्यबलाजनस्य दुःखानि नूनमतिमात्र दुःसहानि (4.3)**	निश्चय ही स्त्रियों को अपने इष्टजन (प्रियतमों) के प्रवास से उत्पन्न दुःख अत्यन्त असह्य होते हैं।	**कण्व का शिष्य**
25.	**तेन राज्ञा शकुन्तलायामनार्यमाचरितम्।**	राजा ने शकुन्तला के साथ अशिष्ट व्यवहार किया है।	**अनसूया**
26.	**काम इदानीं सकामो भवतु येनासत्यसन्धे जने शुद्धहृदया सखी पदं कारिता।**	कामदेव की अब इच्छा पूर्ण हो, जिसने असत्यप्रतिज्ञ व्यक्ति (दुष्यन्त) के प्रति शुद्ध हृदयवाली सखी शकुन्तला का प्रेम कराया है।	**अनसूया**
27.	**दुःखशीले तपस्विजने कोऽभ्यर्थ्यताम्। ननु सखीगामी दोष इति।**	कष्ट सहन करने वाले तपस्वियों में से किससे प्रार्थना करें। हमारी सखी पर दोष आयेगा।	**अनसूया**

क्र.	कथन	भावार्थ	वक्ता
28.	**कथं स राजर्षिस्तादृशानि मन्त्रयित्वैतावतः कालस्य लेखमात्रमपि न विसृजति।**	कैसे वह राजर्षि उस प्रकार की प्रेमभरी मीठी-मीठी बातें करके इतने दिनों से एक पत्र भी नहीं भेज रहे हैं।	**अनसूया**
29.	**न पारयामि प्रवासप्रतिनिवृत्तस्य तातकाश्यपस्य दुष्यन्तपरिणीतामापन्नसत्त्वां शकुन्तलां निवेदयितुम्**	मैं प्रवास से लौटे हुए पिता कण्व को यह समाचार बताने में असमर्थ हूँ कि शकुन्तला का गान्धर्वविवाह दुष्यन्त से हो गया है, और वह गर्भिणी है।	**अनसूया**
30.	**दिष्ट्या धूमाकुलितदृष्टेरपि पावक एवाहुतिः पतिता**	सौभाग्य से धुएँ से व्याकुल दृष्टि वाले भी यजमान की आहुति अग्निकुण्ड में ही गिरी है।	**प्रियंवदा (कण्व का कथन)**
31.	**वत्से, सुशिष्यपरिदत्ता विद्येवा-शोचनीयासि संवृत्ता।**	पुत्री! योग्य शिष्य को दी गयी विद्या की तरह तुम अशोचनीय हो गयी हो।	**प्रियंवदा (कण्व का कथन)**
32.	**एते खलु हस्तिनापुरगामिन ऋषयः शब्दाय्यन्ते।**	ये हस्तिनापुर को जाने वाले ऋषि लोग पुकारे जा रहे हैं।	**प्रियंवदा**
33.	**जाते भर्तुर्बहुमानसूचकं महादेवीशब्दं लभस्व**	पुत्री, पति के बहुत सम्मानसूचक 'महारानी' शब्द को प्राप्त करो।	**एक तपस्विनी**
34.	**वत्से, वीरप्रसविनी भव!**	पुत्री, वीर पुत्र को जन्म देने वाली हो	**दूसरी तापसी**
35.	**वत्से भर्तुर्बहुमता भव।**	बेटी! पति द्वारा बहुत सम्मानवाली हो।	**तृतीया तापसी**
36.	**दुर्लभमिदानीं मे सखीमण्डनं भविष्यति।**	अब मेरे लिए सखियों के द्वारा अलंकृत होना दुर्लभ हो जाएगा।	**शकुन्तला**
37.	**अवेहि तनयां ब्रह्मन् अग्निगर्भां शमीमिव (4.4)**	अपनी पुत्री को अपने अन्दर अग्नि को धारण करने वाले शमीवृक्ष के समान जानो	**प्रियंवदा (आकाशवाणी)**
38.	**आभरणोचितं रूपमाश्रमसुलभैः प्रसाधनैर्विप्रकार्यते।**	आभूषणों के योग्य यह सुन्दर रूप आश्रम में प्राप्य अलंकारों से विकृत किया जा रहा है।	**प्रियंवदा**
39.	**सखि, उचितं न ते मङ्गलकाले रोदितुम्।**	सखी, इस मङ्गलवेला पर तुम्हारा रोना उचित नही है।	**दोनों सखियाँ**
40.	**क्षौमं केनचिदिन्दुपाण्डु तरुणा माङ्गल्यमाविष्कृतम्**	किसी वृक्ष ने चन्द्रमा के तुल्य श्वेत मांगलिक रेशमी वस्त्र दिया।	**कण्व का शिष्य**
41.	**भर्तुर्गेहेऽनुभवितव्या राजलक्ष्मीः।**	तुम पति के घर में राजलक्ष्मी का अनुभव करोगी।	**प्रियंवदा**
42.	**यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्ट-मुत्कण्ठया**	आज शकुन्तला विदा होगी, इसलिए मेरा हृदय दुःख से भर रहा है।	**महर्षि कण्व**
43.	**पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनया विश्लेषदुःखैर्नवैः**	गृहस्थ लोग पहली बार पुत्री के वियोग के दुःख से कितने अधिक दुःखित होते होंगे।	**महर्षि कण्व**
44.	**ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव।**	शर्मिष्ठा जिस प्रकार ययाति को अत्यधिकप्रिय थी, उसी तरह तुम भी पति को प्रिय होओ।	**काश्यप (कण्व)**

क्र.	कथन	भावार्थ	वक्ता
45.	वत्से, इतः सद्योहुताग्नीन् प्रदक्षिणीकुरुष्व	पुत्री! अभी हवन की गयी अग्नि की इधर से प्रदक्षिणा करो।	महर्षि कण्व
46.	भगवन्! वरः खल्वेषः नाशीः।	भगवन्! यह तो वरदान है, केवल आशीर्वाद नही।	गौतमी
47.	भो भोः संनिहितास्तपोवनतरवः! सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्	हे समीपस्थ तपोवन के वृक्षों! वही यह शकुन्तला पति के घर जा रही है, आप सभी लोग अनुमति दें।	महर्षि कण्व
48.	अनुमतगमना शकुन्तला तरुभिरियं वनवासबन्धुभिः। (4.10)	वृक्षों ने इस शकुन्तला को पतिगृह जाने की अनुमति दे दी है।	महर्षि कण्व
49.	शान्तानुकूलपवनश्च शिवश्च पन्थाः।	इस शकुन्तला का मार्ग शान्त और अनुकूल वायु वाला एवं कल्याण करने वाला हो।	आकाश में एक ध्वनि सुनायी पड़ती है।
50.	उद्गलितदर्भकवला मृग्यः परित्यक्तनर्तना मयूराः। (4.12)	मृगियों ने कुश के ग्रास को उगल दिया है, मोरों ने नाचना छोड़ दिया है	प्रियंवदा
51.	अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्यश्रूणीव लताः। (4.12)	लतायें पीले पत्तों को गिराकर मानों आँसुओं को छोड़ रही हैं।	प्रियंवदा
52.	तात, लताभगिनीं वनज्योत्स्नां तावदामन्त्रयिष्ये।	हे पिताजी! मैं अपनी लता-बहिन वनज्योत्स्ना से विदाई ले लूँ।	शकुन्तला
53.	अद्यप्रभृति दूरपरिवर्तिनी ते खलु भविष्यामि	आज से मैं तुमसे दूर हो जाऊँगी।	शकुन्तला
54.	अस्यामहं त्वयि च सम्प्रति वीतचिन्तः।	अब मैं इस वनज्योत्स्ना और तुम्हारे विषय में निश्चिन्त हो गया हूँ।	महर्षि कण्व
55.	हला एषा द्वयोर्युवयोर्हस्ते निक्षेपः	सखियों, इस लता को तुम दोनों के ही हाथ में सौंप रही हूँ।	शकुन्तला
56.	अयं जनः कस्य हस्ते समर्पितः।	इस जन (हम दोनों) को किसके हाथ में सौंप रही हो।	दोनों सखियाँ
57.	को नु खल्वेष निवसने मे सज्जते	यह कौन मेरे वस्त्र से लिपट रहा है।	शकुन्तला
58.	सोऽयं न पुत्रकृतकः पदवीं मृगस्ते	पुत्रवत् पाला गया यह मृग तेरा मार्ग नहीं छोड़ रहा है।	महर्षि कण्व
59.	वत्स किं सहवासपरित्यागिनीं मामनुसरसि।	पुत्र, साथ छोड़कर जाने वाली मुझ (शकुन्तला) के पीछे-पीछे क्यों आ रहे हो।	शकुन्तला
60.	वाष्पं कुरु स्थिरतया विरतानुबन्धम् (4.15)	अश्रुप्रवाह को धैर्यपूर्वक रोको।	महर्षि कण्व
61.	मार्गे पदानि खलु ते विषमी भवन्ति।	इस ऊबड़-खाबड़ भूमि में तुम्हारे पैर लड़खड़ा रहे हैं।	महर्षि कण्व
62.	भगवन्, ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्य इति श्रूयते।	भगवन्, यात्रा के समय प्रियव्यक्ति का जलाशय तक अनुगमन करना चाहिए–ऐसा सुना जाता है।	शार्ङ्गरव

क्र.	कथन	भावार्थ	वक्ता
63.	गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति। (4.16)	आशा का बन्धन असह्य वियोग के दुःख को भी सहन करा देता है।	अनसूया
64.	अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनानुच्चैः कुलं चात्मनः।.... (4.17)	संयम रूपी धन वाले हम लोगों को तथा अपने ऊँचे कुल को ध्यान में रखते हुए आप कोई व्यवहार करें।	महर्षि कण्व
65.	भाग्यायत्तमतः परं न खलु तद्वाच्यं वधूबन्धुभिः (4.17)	इसके आगे तो भाग्य के अधीन है, वह हम वधू के सम्बन्धियों को नही कहना चाहिए।	महर्षि कण्व
66.	वनौकसोऽपि सन्तो लौकिकज्ञा वयम्	वनवासी होते हुए भी हम लोग लोक व्यवहार को जानने वाले हैं।	महर्षि कण्व
67.	न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम	वस्तुतः विद्वानों को कुछ भी अज्ञात नहीं है।	शार्ङ्गरव
68.	शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने। (4.18)	गुरुजनों = बडों की सेवा करना, सपत्नियों के साथ प्रियसखी जैसा व्यवहार करना।	महर्षि कण्व
69.	यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामाः कुलस्याधयः। (4.18)	इस प्रकार आचरण करने वाली युवतियाँ गृहलक्ष्मी के पद को प्राप्त कर लेती हैं, और इसके प्रतिकूल आचरण करने वाली युवतियाँ कुल के लिए आधि बन जाती हैं।	महर्षि कण्व
70.	वत्से, इमे अपि प्रदेये। न युक्तमनयोः तत्र गन्तुम्।	पुत्री इन दोनों का भी विवाह करना है, इनका वहाँ जाना उचित नहीं है।	महर्षि कण्व
71.	मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि। (4.19)	मेरे विरह से उत्पन्न शोक को शीघ्र ही भूल जाओगी।	महर्षि कण्व
72.	तात, कदा नु भूयस्तपोवनं प्रेक्षिष्ये?	पिताजी मैं फिर कब तपोवन को देखूँगी? अर्थात् आप मुझे कब बुलायेंगे।	शकुन्तला
73.	अतिस्नेहः पापशङ्की	अत्यधिक प्रेम पाप (अनिष्ट) की आशङ्का करता है।	दोनों सखियाँ
74.	भूत्वा चिराय चतुरन्तमहीसपत्नी.... शान्ते करिष्यसि पदं पुनराश्रमेऽस्मिन्। (4.20)	बहुत दिनों तक चारों समुद्रों तक फैली हुई पृथ्वी की सपत्नी अर्थात् राजा की पटरानी होकर अपने पति दुष्यन्त के साथ आश्रम आओगी।	महर्षि कण्व
75.	शममेष्यति मम शोकः कथं नु वत्से त्वया रचितपूर्वम् (4.21)	नीवार को देखते हुए मेरा शोक अब कैसे शान्त हो सकेगा।	महर्षि कण्व
76.	गच्छ! शिवास्ते पन्थानः सन्तु।	जाओ। तुम्हारा मार्ग मंगलमय हो।	महर्षि कण्व
77.	तात! शकुन्तलाविरहितं शून्यमिव तपोवनं कथं प्रविशावः।	पिताजी, शकुन्तला से रहित इस सूने तपोवन में हम कैसे प्रवेश करें।	अनसूया एवं प्रियंवदा दोनों सखियाँ
78.	हन्त भोः! शकुन्तलां पतिकुलं विसृज्य लब्धमिदानीं स्वास्थ्यम्।	अहा! शकुन्तला को ससुराल भेजकर अब मुझे मानसिक शान्ति प्राप्त हुई।	महर्षि कण्व
79.	अर्थो हि कन्या परकीय एव। (4.22)	कन्या वस्तुतः दूसरे का ही धन है।	महर्षि कण्व
80.	जातो ममायं विशदः प्रकामं प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा (4.22)	मेरा यह हृदय उसी प्रकार अत्यन्त प्रसन्न हो रहा है, जिस प्रकार धरोहर को लौटाने पर धरोहर रखने वाले व्यक्ति का मन प्रसन्न होता है।	महर्षि कण्व

'उत्तररामचरितम्' की प्रमुख सूक्तियाँ एवं कथनों का विवरण

1. अपिग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम्।
भावार्थ – निर्जन जनस्थान (दण्डकारण्य) में आपके चरितों से पत्थर भी रो पड़े थे और वज्र का भी हृदय फट गया था।
- **वक्ता** – लक्ष्मण, अङ्क - प्रथम (चित्रदर्शन)
श्रोता – राम एवं सीता।
छन्द – शिखरिणी। अतिशयोक्ति अलङ्कार

2. एते हि हृदयमर्मच्छिदः संसारभावाः।
ये सांसारिक भाव हृदय के मर्मस्थल को भेदन करने वाले हैं।
- **प्रथम अङ्क** – राम का सीता से कथन

3. इयं गेहे लक्ष्मीरियममृतवर्तिर्नयनयोः।
यह (सीता) घर में लक्ष्मी है, यह नेत्रों के लिए अमृत की शलाका है।
- प्रथम अङ्क में राम का कथन
शिखरिणी छन्द और रूपक अलङ्कार।

4. ''दुर्जनोऽसुखमुत्पादयति''
भाव – दुर्जन दुःख उत्पन्न करता है।
प्रथम अङ्क – सीता का कथन, राम और लक्ष्मण के समक्ष।

5. तीर्थोदकं च वह्निश्च नान्यतः शुद्धिमर्हतः।
भाव – तीर्थ, जल और अग्नि, ये अन्य पदार्थों से शुद्धि के योग्य नहीं हैं।
- राम का कथन है। सीता के परिपेक्ष्य में। सीता और लक्ष्मण के सम्मुख प्रथम अङ्क। अनुष्टुप् छन्द। प्रतिवस्तूपमा, दृष्टान्त अलंकार।

6. नैसर्गिकी सुरभिणः कुसुमस्य सिद्धा
मूर्ध्नि स्थितिर्न चरणैरवताडनानि॥
भावार्थ – सुगन्धित फूल का सिर पर रखा जाना स्वभावसिद्ध है, न कि पैरों से कुचला जाना।
- **प्रथम अङ्क** – राम का कथन। सीता को लक्ष्य करके। सीता और लक्ष्मण के सम्मुख।
दृष्टान्त अलङ्कार, वसन्ततिलका वृत्त।

7. सतां केनापि कार्येण लोकस्याराधनं व्रतम्।
भावार्थ – चाहे जो भी हो, जनता को प्रसन्न रखना सज्जनों का कर्त्तव्य है।
- राम का कथन। दुर्मुख के सम्मुख। अनुष्टुप् छन्द। प्रथम अङ्क

8. सन्तापकारिणो बन्धुजनविप्रयोगा भवन्ति।
भावार्थ – बन्धुजनों का वियोग दुःखदायी होता है।
- सीता का कथन (प्रथम अङ्क) राम, लक्ष्मण के सम्मुख।

9. ते हि नो दिवसा गताः।
भावार्थ – हमारे वे दिन बीत गये। अनुष्टुप् छन्द।
- राम का कथन, लक्ष्मण व सीता के सम्मुख (प्रथम अङ्क)

10. ''सतां सद्‌भिः सङ्गः कथमपि हि पुण्येन भवति।
भावार्थ– सज्जनों का सज्जनों से मिलन बड़े पुण्य से होता है।
- द्वितीय अङ्क (प्रथम श्लोक)
वन देवता का कथन, तापसी से। शिखरिणी वृत्त, अर्थान्तरन्यास अलङ्कार

11. वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि
लोकोत्तराणां चेतांसि को हि विज्ञातुमर्हसि।
भावार्थ – वज्र से भी कठोर और फूल से भी कोमल महापुरुषों के चित्त को कौन जान सकता है।
- द्वितीय अङ्क , वासन्ती का कथन आत्रेयी से।
अनुष्टुप् छन्द। विषम, अप्रस्तुतप्रशंसा अर्थापत्ति अलङ्कार।

12. अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः।
पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः॥
भावार्थ– गम्भीरता के कारण अप्रकट एवं अन्दर छिपी हुई घोर वेदना से युक्त राम का करुण रस (शोक) पुटपाक के तुल्य है।
- तृतीय अङ्क (प्रथम श्लोक)।
मुरला का कथन तमसा से। लोपामुद्रा का सन्देश।
अनुष्टुप् छन्द, उपमा अलङ्कार

13. वीचीवातैः.............प्रेरितैस्तर्पयेति॥
भावार्थ – जल कणों से शीतल, पद्म-पराग की सुगन्ध को लाने वाली, धीरे-धीरे चलने वाली, तरङ्ग-वायुओं से रामचन्द्र की प्रत्येक मूर्च्छा के समय चेतना प्रदान करना।
मुरला द्वारा कहा गया लोपामुद्रा का संदेश 'गोदावरी' के लिए।
तमसा के सम्मुख। शालिनी छन्द, समुच्चय अलङ्कार।

14. उचितमेव दाक्षिण्यं स्नेहस्य। संजीवनोपायस्तु मौलिक एव रामभद्रस्याद्य सन्निहितः।
भावार्थ – स्नेह की उदारता उचित ही है। किन्तु रामचन्द्र को होश में लाने का मौलिक उपाय (सीता) आज समीप ही विद्यमान है।
- तमसा का कथन मुरला से –

15. ईदृशानां विपाकोऽपि जायते परमाद्‌भुतः।
यत्रोपकरणीभावमायात्येवंविधो जनः॥
भाव – ऐसे व्यक्तियों (सीता और राम जैसों) की दुरवस्था भी आश्चर्यजनक होती है, जिसमें ऐसे (पृथ्वी और गङ्गा जैसे) लोग सहायक होते हैं।

● **मुरला का कथन** – तमसा से।
अनुष्टुप् वृत्त, काव्यलिङ्ग अलंकार

16. अव्यग्रस्य पुनरस्य शोकमात्रद्वितीयस्य पञ्चवटीप्रवेशो महाननर्थक इति।
भावार्थ – इस समय कार्यों में अव्यस्त और केवल शोकरूपी साथी से युक्त राम का पञ्चवटी में प्रवेश बहुत अनिष्टकारी है।

● मुरला का तमसा से कथन, राम के प्रति।

17. न त्वामवनिपृष्ठवर्तिनीमस्मत्प्रभावाद् वनदेवता अपि द्रक्ष्यन्ति किमुतमर्त्याः?
भावार्थ – भूतल पर विद्यमान तुमको मेरे प्रभाव से वनदेवता भी नहीं देख सकेंगे, साधारण मनुष्यों की बात ही क्या।

● तमसा मुरला से भागीरथी द्वारा सीता से कही गयी बात को बताती है।

18. करुणस्य मूर्तिरथवा शरीरिणी विरहव्यथेव वनमेति जानकी।
भावार्थ – सीता करुण रस की साक्षात् मूर्ति अथवा शरीरधारिणी 'वियोगव्यथा' के तुल्य वन (पञ्चवटी) में आ रही हैं।

● गोदावरी से निकलती हुयी सीता को देखकर तमसा का मुरला से कथन।
मञ्जुभाषिणी वृत्त उत्प्रेक्षा अलङ्कार।

19. किसलयमिव..........केतकीगर्भपत्रम्।
भावार्थ – हृदयरूपी कमल को सुखाने वाला, कठोर और चिरस्थायी शोक सीता के शरीर को उसी प्रकार मलिन बना रहा है, जैसे शरत्कालीन धूप केतकी के फूल के अंदर के पत्ते को। मालिनी छन्द। उपमा, रूपक अलङ्कार।

● मुरला का तमसा से कथन, सीता के विषय में।

20. अपरिस्फुटनिक्वाणे कुतस्त्येऽपि त्वमीदृशी। स्तनयित्नोर्मयूरीव चकितोत्कण्ठितं स्थिता॥
भावार्थ – मेघ की अस्पष्ट ध्वनि पर मोरनी के तुल्य तुम कहीं से आये हुए अस्पष्ट शब्द को सुनकर इस प्रकार आश्चर्ययुक्त और उत्कण्ठित हो गई हो।

● तमसा का सीता से कथन।
अनुष्टुप् वृत्त, उपमा अलङ्कार

21. यत्र द्रुमा अपि..........गिरेस्तटानि॥
भावार्थ – जहाँ वृक्ष इत्यादि मेरे बन्धु थे, जहाँ प्रिया के साथ बहुत समय रहा, यह वही आश्रमस्थान है। वसन्ततिलका छन्द। अर्थापत्ति अलंकार।

● राम का कथन नेपथ्य से।

22. अहमेवैतस्य हृदयं जानामि, ममैषः।
भावार्थ – मैं ही इनके हृदय को जानती हूँ और ये मेरे हृदय को।

● सीता का कथन तमसा से।

23. निष्कारणपरित्यागिनोऽप्येतस्य दर्शनेनैवंविधेन कीदृशी मे हृदयावस्था।
भाव – अकारण परित्याग करने वाले भी इनके इस प्रकार के दर्शन से मेरे हृदय की कैसी अवस्था हो रही है।

● सीता का कथन तमसा से।

24. श्लोक–तटस्थं नैराश्यादपि च कलुषं विप्रियवशात्
वियोगे दीर्घेऽस्मिञ्झटिति घटनात्स्तम्भितमिव
प्रसन्नं सौजन्याद्दयितकरुणैर्गाढकरुणं
द्रवीभूतं प्रेम्णा तव हृदयमस्मिन्क्षण इव।

भावार्थ – इस समय तुम्हारा हृदय निराशा से उदासीन-सा और अप्रिय कार्य के कारण खिन्न-सा, इस लम्बे विरहकाल में सहसा मिलन के कारण निश्चेष्ट-सा, सज्जनता से प्रसन्न-सा, प्रिय की करुणा से शोकातुर सा और प्रेम से द्रवीभूत सा हो रहा है।
शिखरिणी वृत्त, उत्प्रेक्षा अलंकार।

● तमसा का कथन सीता से।

25. प्रत्ययेन निष्कारणपरित्यागशल्यितोऽपि बहुमतो मम जन्मलाभः।
भाव – अकारण परित्याग रूपी शल्य से विध कर भी मेरा संसार में जन्म लेना मेरे लिए श्लाघनीय है।

● सीता का कथन तमसा से।

26. अन्तःकरणतत्त्वस्य दम्पत्योः स्नेहसंश्रयात्। आनन्दग्रन्थिरेकोऽयमपत्यमिति पठ्यते॥
भावार्थ – पति और पत्नी के हृदयरूपी तत्व के प्रेम का आश्रय होने के कारण 'सन्तान' यह अनुपम सुख की गाँठ कही जाती है। अनुष्टुप् छन्द।

● तमसा का कथन सीता से है।

27. ईदृशो जीवलोकस्य परिणामः संवृतः।
भाव – संसार का यही (दुःखद) परिणाम हुआ।

● सीता का कथन वासन्ती को सम्बोधित करके।

28. स्नपयति हृदयेशं स्नेहनिष्यन्दिनी ते धवलमधुरमुग्धा दुग्धकुल्येव दृष्टिः।
भावार्थ – श्वेत, मधुर एवं मनोहर तुम्हारी दृष्टि दूध की नहर की तरह अपने हृदयेश्वर को स्नान कराती है।
उपमा, उत्प्रेक्षा अलंकार, मालिनी छन्द।

● तमसा का कथन सीता से।

29. पुनरिदमयं देवो रामः स्वयं वनमागतः।
भावार्थ – ये महाराज राम फिर स्वयं इस वन में आए हैं। – हरिणी छन्द

● वासन्ती का कथन राम के सम्मुख वन की वस्तुओं से।

30. पूजार्हः सर्वस्यार्यपुत्रो विशेषतो मम प्रियसख्याः।
भावार्थ – आर्यपुत्र सभी के पूजनीय हैं विशेष रूप से मेरी प्रियसखी (वासन्ती) के।

- **सीता का कथन** – वासन्ती को सम्बोधित करके।

31. त्वं जीवितं............किमतः परेण।

- वासन्ती का कथन राम से। राम द्वारा सीता से पहले कही बातें।
- वसन्ततिलका छन्द। आक्षेप अलंकार दशरूपक में यह श्लोक वाक्केलि के उदाहरणस्वरूप दिया गया है।

32. अयि कठोर! .... मन्यसे।

- वासन्ती का कथन राम से। द्रुतविलम्बित छन्द, उपमा अलङ्कार।

33. यैवं प्रलपन्तं प्रलापयसि।
भावार्थ – जो इस प्रकार विलाप करते हुए (राम) को और रूला रही है।

- सीता का कथन वासन्ती से।

34. पूरोत्पीडे तटाकस्य परीवाहः प्रतिक्रिया।
शोकक्षोभे च हृदयं प्रलापैरेव धार्यते।
भावार्थ – तालाब में जल-प्रवाह की अधिकता होने पर जल को बाहर निकालना ही उसका एकमात्र प्रतीकार है। शोकजन्य क्षोभ में हृदय विलाप के द्वारा ही बचाया जाता है।
अनुष्टुप् छन्द, दृष्टान्त अलंकार।

- तमसा का कथन सीता से।

35. प्रियाशोको जीवं कुसुममिव घर्मो ग्लपयति।
भाव – जिस प्रकार धूप फूल को उसी प्रकार प्रिया का शोक जीवन को सुखाता है। शिखरिणी वृत्त। उपमा अलङ्कार।

- तमसा का कथन सीता से राम के प्रति।

36. ''किमिति किलैषा मंस्यत एष परित्याग एषोऽभिषङ्ग इति।''
भावार्थ – यह (तमसा) क्या सोचेंगी – यह परित्याग और यह आसक्ति?

- सीता का कथन।

37. एकोरसः करुण एव निमित्तभेदाद्।
भावार्थ – एक करुण रस ही है जो कारण-भेद से भिन्न होकर पृथक्-पृथक् परिणामों को प्राप्त कराता सा प्रतीत होता है।
वसन्ततिलका छन्द। उपमा (पूरे श्लोक में)

- तमसा का कथन सीता से।
- तृतीय अङ्क के अन्त में गङ्गा, पृथ्वी, वाल्मीकि और वशिष्ठ की प्रार्थना की गयी है।

38. गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः।
भावार्थ – गुणवानों में गुण ही पूजा के स्थान होते हैं, न कोई चिह्न-विशेष और न आयु।
शिखरिणी वृत्त। अर्थान्तरन्यास अलंकार।

- **चतुर्थ अङ्क** – अरुन्धती का कथन कौशल्या से।

उत्तररामचरितम् की अन्य सूक्तियाँ

- लतायां पूर्वलूनायां प्रसवस्योद्भवः कुतः
- विना सीतादेव्यां किमिव हि न दुःखं रघुपते
- वीराणां समयो हि दारुणरसः स्नेहकमंबाधते।
- वृद्धास्ते न विचारणीयचरिताः
- प्रसवः खलु प्रकर्षपर्यन्तः स्नेहस्य (तमसा का कथन, अङ्क-3)।
- सुलभसौख्यमिदानीं बालत्वं भवति।

शुकनासोपदेश की प्रमुख सूक्तियाँ

1. अतिगहनं तमो यौवनप्रभवम् ।
भावार्थ – युवावस्था में उत्पन्न होने वाला (अज्ञानरूप) अन्धकार अत्यन्त दुर्दमनीय होता है।

- पूरे शुकनासोपदेश का वक्ता शुकनास है और श्रोता चन्द्रापीड है।

2. अपरिणामोपशमो दारुणो लक्ष्मीमदः ।
धन-मद अन्तिम अवस्था में भी शान्त नहीं होता।

3. चन्दनप्रभवो न दहति किमनलः?
क्या चन्दन से उत्पन्न अग्नि जलाती नहीं?

4. तरलहृदयमप्रतिबुद्धं च मदयन्ति धनानि ।
चञ्चल मन वाले तथा अजागरूक बुद्धि वाले व्यक्ति को धन मतवाला बना देता है।

5. दुरन्तेयमुपभोगतृष्णिका ।
उपभोगरूपी मृगतृष्णिका अत्यधिक दुःखदायी अन्तवाली है।

6. प्रतिशब्द इव राजवचनमनुगच्छति जनो भयात् ।
भय से मनुष्य प्रतिध्वनि की तरह राजा के वचन का अनुसरण करते हैं।

7. इयमनार्या (लक्ष्मीः) लब्धापि खलु दुःखेन परिपाल्यते।
नीच स्वभाव वाली (लक्ष्मी) इसको पा लेने पर भी कष्ट से पालन होता है।

8. विह्वला हि राजप्रकृतिः ।
राज-स्वभाव निश्चय ही व्याकुल करने वाला है।

9. राज्यविषविकारतन्द्राप्रदा राजलक्ष्मीः ।
राजलक्ष्मी राज्यरूपी विष से उत्पन्न आलस्य (तन्द्रा) को देने वाली है।

10. सरस्वतीपरिगृहीतमीर्ष्ययेव नालिङ्गति लक्ष्मीः ।
सरस्वती द्वारा स्वीकृत व्यक्ति को लक्ष्मी ईर्ष्या के कारण आलिङ्गन नहीं करती।

मेघदूत की प्रमुख सूक्तियाँ (पूर्वमेघ)

1. कामार्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु । 5 ॥
भावार्थ – काम से व्याकुल (जन) चेतन एवं अचेतन के विषय में स्वभाव से ही दीन हो जाते हैं।

2. याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा ॥ 6 ॥
भावार्थ – अधिक गुण वाले व्यक्ति से की गई याचना फलवती न होने पर भी उत्तम है, नीच व्यक्ति से फलीभूत हुयी याचना भी अच्छी नहीं है।

● यहाँ अधिक गुण वाला 'मेघ' है।

3. आशाबन्धः कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यङ्गनानाम्
सद्यः पाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि ॥ 9 ॥
भावार्थ – आशा का बन्धन ही प्रेम से ओत-प्रोत, पुष्प सदृश कोमल तथा वियोग से शीघ्र टूटने वाले अबलाओं के हृदय को प्रायः रोके रहता है।

4. न क्षुद्रोऽपि प्रथमसुकृतापेक्षया संश्रयाय,
प्राप्ते मित्रे भवति विमुखः किं पुनर्यस्तथोच्चैः ॥ 17 ॥
भावार्थ – नीच व्यक्ति भी पहले किये गये उपकार के कारण मित्र से विमुख नहीं होता फिर जो महान् है वह कैसे (विमुख होगा)?

● आम्रकूट के मित्र मेघ के आम्रकूट पर्वत पर अतिथि रूप में पहुँचने पर। यह सूक्ति कही गयी है।

5. रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय ॥ 20 ॥
भावार्थ – सभी रिक्त पदार्थ हल्के तथा पूर्णता गौरव के लिए होती है।

6. स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु ॥ 29 ॥
भावार्थ – स्त्रियों का प्रिय के प्रति विलास प्रारम्भिक प्रार्थना वाक्य होता है।

● मेघ के प्रति निर्विन्ध्या द्वारा दिखाये गये विभ्रम के संदर्भ में।

7. ज्ञातास्वादो विवृतजघनां को विहातुं समर्थः ॥ 45 ॥
भावार्थ – रस का अनुभव किया हुआ कौन-सा पुरुष जंघा प्रदेश को प्रकट करने वाली स्त्री का परित्याग करने में समर्थ होगा।

● ज्ञातास्वाद से मेघ का और विवृतजघना से गम्भीरा का संकेत।

8. आपन्नार्तिप्रशमनफलाः सम्पदो ह्युत्तमानाम् ॥ 57 ॥
भावार्थ – श्रेष्ठ जनों की सम्पत्तियाँ आर्त्तजनों के कष्टों को दूर कर देने वाली होती है।

● हिमालय की दावाग्नि को मेघ बुझाता है अतः उसे 'उत्तम' कहा गया है।

9. के वा न स्युः परिभवपदं निष्फलारम्भयत्नाः ॥ 58 ॥
भावार्थ – निष्फल कर्म में प्रयत्न करने वाले कौन से व्यक्ति तिरस्कार के पात्र नहीं होते (अर्थात् अवश्य होते हैं)

● मेघ पर आक्रमणरूपी निष्फल प्रयास करने वाले 'शरभों' के संदर्भ में।

उत्तरमेघ की सूक्तियाँ

1. सूर्यापाये न खलु कमलं पुष्यति स्वामभिख्याम् ॥ 20 ॥
भावार्थ – सूर्य के अस्त हो जाने पर कमल निश्चित रूप से अपनी शोभा को धारण नहीं करता।

2. प्रायः सर्वो भवति करुणावृत्तिरार्द्रान्तरात्मा ॥ 35 ॥
भावार्थ – प्रायः सभी कोमल हृदय वाले व्यक्ति दयालु स्वभाव वाले होते हैं।

3. कान्तोदन्तः सुहृदुपगतः सङ्गमात्किञ्चिदूनः ॥ 40 ॥
भावार्थ – मित्र से लिया गया प्रियतम का संदेश स्त्रियों के लिए मिलने से कुछ ही कम होता है।

4. नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण ॥ 49 ॥
भावार्थ – सुखः-दुःख की दशा पहिए की धार (तीलियों) के समान ऊपर-नीचे होती रहती है।

5. प्रत्युक्तं हि प्रणयिषु सतामीप्सितार्थक्रियैव॥ 54 ॥
भावार्थ – प्रेमी याचकों के अभीष्ट प्रयोजन को सिद्ध करना ही सज्जनों का उत्तर होता है।

नीतिशतकम् की महत्त्वपूर्ण सूक्तियाँ

1. विभूषणं मौनमपण्डितानाम् (1.7)
2. विवेकभ्रष्टानां भवति विनिपातः शतमुखः। (1.10)
3. मूर्खस्य नास्त्यौषधम् (1.11)
4. साहित्यसङ्गीतकलाविहीनः साक्षात् पशुः पुच्छविषाणहीनः (1.12)
5. वाग्भूषणं भूषणम् (1.19)
6. विद्याविहीनः पशुः (1.20)
7. सत्सङ्गतिः कथय किं न करोति पुंसाम् (1.22)
8. प्रारब्धमुत्तमजना न परित्यजन्ति (1.27)
9. न खलु वयस्तेजसो हेतुः (1.38)
10. सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ते (1.41)
11. वाराङ्गनेव नृपनीतिरनेकरूपा – (वसन्ततिलका) (38)
12. सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः (1.58)
13. स्वभाव एवैष परोपकारिणाम् (1.71)
14. न निश्चितार्थाद् विरमन्ति धीराः (1.81)
15. मनस्वी कार्यार्थी न गणयति दुःखं न च सुखम् (शिखरिणी) (1.82)
16. शीलं परं भूषणम् (1.83)
17. न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः (वसन्ततिलका) (1.84)

18. विधिरहो बलवानिति मे मतिः (1.92)
19. ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्मापि नरं न रञ्जयति (1.3)
20. न तु प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तमाराधयेत् (4)
21. यदा किञ्चित् किञ्चित् बुधजनसकाशादवगतं तदा मूर्खोऽस्मीति ज्वर इव मदो मे व्यपगतः। (8)
22. न हि गणयति क्षुद्रो जन्तुः परिग्रहफल्गुताम् (9)
23. धिक् तां च तं च मदनं च इमां च मां च।
24. सर्वः कृच्छ्रगतोऽपि वाञ्छति जनः सत्त्वानुरूपं फलम्। (22)
25. तत्तेजस्वी पुरुषः परकृतनिकृतिं कथं सहते (29)
26. नानाफलं फलति कल्पलतेव भूमिः। (वसन्ततिलका) (37)
27. यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीनं वचः। (शार्दूलविक्रीडित)
28. मणिना भूषितः सर्पः किमसौ न भयङ्करः (अनुष्टुप्) (42)
29. छायेव मैत्री खलसज्जनानाम् (उपजाति) (41)
30. सतां केनोद्दिष्टं विषममसिधाराव्रतमिदम् (शिखरिणी) (57)
31. विभाति कायः करुणापराणां परोपकारेण न तु चन्दनेन। (उपजाति)
32. ये निघ्नन्ति निरर्थकं परहितं ते के न जानीमहे (शार्दूलविक्रीडित)
33. निजहृदि विकसन्तः सन्ति सन्तः कियन्तः। (मालिनी) (70)
34. प्रायो गच्छति यत्र भाग्यरहितस्तत्रैव यान्त्यापदः। (शार्दूलविक्रीडित) 84)
35. यत्पूर्वं विधिना ललाटलिखितं तन्मार्जितुं कः क्षमः। (शार्दूलविक्रीडित)
36. भाग्यानि पूर्वतपसा खलु सञ्चितानि, काले फलन्ति पुरुषस्य यथैव वृक्षाः। (वसन्ततिलका) (97)
37. आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः। (अनुष्टुप्)

किरातार्जुनीयम् (प्रथमसर्ग) की सूक्तियाँ

- हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः। 1/4
- न हि प्रियं प्रवक्तुमिच्छन्ति मृषा हितैषिणः। 1/2
- सदानुकूलेषु हि कुर्वते रतिं नृपेष्वमात्येषु च सर्वसम्पदः। 1/5
- स किं सखा साधु न शास्ति योऽधिपं हितान्न यः संशृणुते स किं प्रभुः
- वरं विरोधोऽपि समं महात्मभिः। 1/8
- निरत्ययं साम न दानवर्जितम्। 1/12
- न भूरि दानं विरहय्य सत्क्रियाम्। 1/12
- गुणानुरोधेन विना न सत्क्रिया। 1/12
- अहो दुरन्ता बलवद् विरोधिता। 1/23
- तथापि वक्तुं व्यवसाययन्ति मां, निरस्तनारी समयादुराधयः।।
- व्रजन्ति ते मूढधियः पराभवं भवन्ति मायाविषु ये न मायिनः।।
- अबन्ध्यकोपस्य विहन्तुरापदां भवन्ति वश्या स्वयमेव देहिनः।
- अमर्षशून्येन जनस्य जन्तुना न जातहार्देन न विद्विषादरः।। 1/33
- विचित्ररूपाः खलु चित्तवृत्तयः। 1/37
- परैरपर्यासितवीर्यसम्पदां पराभवोऽप्युत्सव एव मानिनाम्। 1/41
- व्रजन्ति शत्रूनवधूय निःस्पृहा शमेन सिद्धिं मुनयो न भूभृतः।
- निराश्रया हन्त हता मनस्विता। 1/43
- अरिषु हि विजयार्थिनः क्षितीशाः विदधति सोपधि सन्धिदूषणानि।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् (वस्तुनिष्ठप्रश्नाः)

1. कालिदास की 'नाट्यकृति' नही है –
(A) विक्रमोर्वशीयम् (B) ऋतुसंहारम्
(C) मालविकाग्निमित्रम् (D) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

2. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में अङ्कों की संख्या है –
(A) 5 (B) 7
(C) 8 (D) 6

3. शकुन्तला का पालन-पोषण हुआ था –
(A) विश्वामित्र के आश्रम में (B) कण्व के आश्रम में
(C) दुर्वासा के आश्रम में (D) मारीच के आश्रम में

4. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में प्रधान गुण है –
(A) माधुर्य (B) प्रसाद
(C) ओज (D) कोई नहीं

5. शकुन्तला को शाप दिया था –
(A) कण्व ने (B) मारीच ने
(C) विश्वामित्र ने (D) दुर्वासा ने

6. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का नायक है –
(A) कण्व (B) माधव्य
(C) दुर्वासा (D) दुष्यन्त

7. शकुन्तला को विदाई के समय रेशमी वस्त्र दिये थे–
(A) सखियों ने (B) मारीच ऋषि ने
(C) वृक्षों ने (D) कण्व ने

8. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में विदूषक है –
(A) शार्ङ्गरव (B) मातलि
(C) माधव्य (D) वसन्तक

9. अभिज्ञानशाकुन्तलम् की नायिका है –
(A) अनसूया (B) गौतमी
(C) प्रियंवदा (D) शकुन्तला

10. भ्रमर से शकुन्तला की रक्षा कौन करता है –
(A) अनसूया (B) दुष्यन्त
(C) गौतमी (D) कण्व

11. मृग का पीछा करते हुए राजा दुष्यन्त किसके आश्रम में पहुँचे –
(A) मारीच के आश्रम में (B) विश्वामित्र के आश्रम में
(C) कण्व के आश्रम में (D) वाल्मीकि के आश्रम में

12. शकुन्तला की विदाई का वर्णन किस अङ्क में है –
(A) द्वितीय अङ्क में (B) पञ्चम अङ्क में
(C) तृतीय अङ्क में (D) चतुर्थ अङ्क में

13. शकुन्तला पति के चिन्तन में बैठी है –
(A) राजभवन में (B) उपवन में
(C) कुटिया के पास (D) नदी के किनारे

14. शकुन्तला की माता का नाम था –
(A) मेनका (B) गौतमी
(C) हंसपदिका (D) वसुमती

15. शकुन्तला के पुत्र का नाम था –
(A) सर्वदमन (भरत) (B) गौतम
(C) हारीत (D) नारद

16. शकुन्तला की अँगूठी गिरी थी –
(A) शचीतीर्थ में (B) मार्ग में
(C) सोमतीर्थ में (D) प्रभातीर्थ में

17. दुष्यन्त की मनःस्थिति जानने के लिए मेनका ने अपनी किस सखी को भेजा था –
(A) सानुमती को (B) भानुमती को
(C) रम्भा को (D) उर्वशी को

18. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में अङ्गी रस है –
(A) श्रृङ्गार (B) वीर
(C) करुण (D) हास्य

19. ''अर्थो हि कन्या परकीय एव'' किसने कहा –
(A) दुष्यन्त ने (B) गौतमी ने
(C) शार्ङ्गरव ने (D) कण्व ने

20. दुष्यन्त और शकुन्तला का विवाह था –
(A) गान्धर्व (B) प्राजापत्य
(C) ब्रह्म (D) दैव

1. (B)	**2.** (B)	**3.** (B)	**4.** (B)	**5.** (D)	**6.** (D)	**7.** (C)	**8.** (C)	**9.** (D)	**10.** (B)
11. (C)	**12.** (D)	**13.** (C)	**14.** (A)	**15.** (A)	**16.** (A)	**17.** (A)	**18.** (A)	**19.** (D)	**20.** (A)

21. 'गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृत्तः' किसने कहा –
(A) दुष्यन्त (B) कण्व
(C) विदूषक (D) शारद्वत

22. नाटक में 'जो बात सुनने योग्य न हो' उसे कहते हैं –
(A) आत्मगतम् (B) प्रकाशम्
(C) नेपथ्य (D) नान्दी

23. नाटकों में भरतवाक्य का प्रयोग होता है –
(A) मध्य में (B) अन्त में
(C) प्रारम्भ में (D) कहीं भी।

24. अभिनेता जहाँ वेशभूषा धारण करते हैं, उसे कहते हैं–
(A) नान्दी (B) पूर्वरङ्ग
(C) नेपथ्य (D) रङ्गमञ्च

25. नाट्यशास्त्र में 'नान्दी' से अभिप्रेत है –
(A) शङ्कर का बैल (B) मङ्गलाचरण
(C) एक देवता (D) अष्टमूर्ति शिव

26. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का सर्वप्रथम अंग्रेजी अनुवाद किसने किया –
(A) गेटे (B) विलियम जोन्स
(C) मैक्समूलर (D) शेक्सपियर

27. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पुरुष पात्रों में नहीं है –
(A) वसन्तक (B) माधव्य
(C) भद्रसेन (D) सोमरात

28. महर्षि कण्व का आश्रम था –
(A) मालिनी नदी के तट पर
(B) गङ्गा नदी के तट पर
(C) यमुना नदी के तट पर
(D) गौतमी नदी के तट पर

29. दुष्यन्त ने जब आश्रम में प्रवेश किया तब महर्षि कण्व कहाँ गये हुए थे –
(A) सोमतीर्थ (B) शचीतीर्थ
(C) माघमेला प्रयाग (D) हरिद्वार

30. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का उपजीव्यग्रन्थ है –
(A) भागवतपुराण (B) रामायण
(C) महाभारत (D) वेद

31. मारीच ऋषि का आश्रम है –
(A) हेमकूट पर्वत में (B) विन्ध्याचल में
(C) चित्रकूट रामगिरि में (D) पञ्चवटी में

32. शकुन्तला के जन्मदाता पिता थे –
(A) कण्व (B) विश्वामित्र
(C) दुर्वासा (D) मारीच

33. शकुन्तला की प्रियसखी है –
(A) प्रियंवदा (B) सानुमती
(C) गौतमी (D) मेनका

34. 'अहो रागपरिवाहिणी गीतिः' राजा दुष्यन्त का यह कथन किसकी प्रशंसा में है –
(A) शकुन्तला के गाने पर
(B) गौतमी के गाने पर
(C) हंसपदिका के गाने पर
(D) वसुमती के गाने पर

35. 'कोऽन्यो हुतवहात् दग्धुं प्रभवति' सूक्ति उद्धृत है –
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से (B) नीतिशतकम् से
(C) उत्तररामचरितम् से (D) मेघदूतम् से

36. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का पात्र है –
(A) वसन्तक (B) अगस्त्य
(C) अत्रि (D) शारद्वत

37. दुष्यन्त की विशेष रुचि रही है –
(A) द्यूत में (B) मृगया में
(C) मदिरापान में (D) गजारोहण में

38. अनसूया किसकी सखी है –
(A) उर्मिला की (B) सीता की
(C) शकुन्तला की (D) गौतमी की

39. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में सर्वाधिक प्रयुक्त छन्द है–
(A) आर्या (B) वसन्ततिलका
(C) शार्दूलविक्रीडितम् (D) अनुष्टुप्

40. कण्व थे –
(A) तपस्वी (B) भिक्षुक
(C) पर्यटक (D) गृहस्थ

21. (C)	22. (A)	23. (B)	24. (C)	25. (B)	26. (B)	27. (A)	28. (A)	29. (A)	30. (C)
31. (A)	32. (B)	33. (A)	34. (C)	35. (A)	36. (D)	37. (B)	38. (C)	39. (A)	40. (A)

41. अभिज्ञानशाकुन्तलम् विभक्त है –
(A) वर्गों में (B) अध्यायों में
(C) अङ्कों में (D) सर्गों में

42. कालिदास की रचना नही है –
(A) रघुवंशम् (B) विक्रमाङ्कदेवचरितम्
(C) मेघदूतम् (D) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

43. ''अतिस्नेहः पापशङ्की'' सूक्ति उद्धृत है –
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से (B) उत्तररामचरितम् से
(C) विक्रमोर्वशीयम् से (D) स्वप्नवासवदत्तम् से

44. अभिज्ञानशाकुन्तलम् की कथा उद्धृत है –
(A) महाभारत (आदिपर्व) (B) महाभारत (वनपर्व)
(C) महाभारत (सभापर्व) (D) महाभारत (शान्तिपर्व)

45. ''अचेतनं नाम गुणं न लक्षयेत्'' यह पंक्ति किसने किससे कही –
(A) दुष्यन्त ने अँगूठी से (B) शकुन्तला ने प्रियंवदा से
(C) गौतमी ने अनसूया से (D) विदूषक ने दुष्यन्त से

46. कालिदास की नाट्यकृतियाँ हैं –
(A) 7 (B) 3
(C) 2 (D) 4

47. कालिदास के सभी नाटक हैं –
(A) दुःखान्त (B) सुखान्त
(C) कल्पनान्त (D) उत्तेजनान्त

48. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में कुल पद्य/श्लोक हैं –
(A) 180 (B) 196
(C) 150 (D) 200

49. कालिदास ने सर्वाधिक किस रीति का प्रयोग किया है –
(A) वैदर्भी (B) लाटी
(C) गौणी (D) पाञ्चाली

50. कालिदास के नाटकों में किस छन्द की प्रमुखता है–
(A) शार्दूलविक्रीडितम् (B) आर्या
(C) वसन्ततिलका (D) मालिनी

51. 'उपमासम्राट्' किस कवि को कहा जाता है –
(A) भारवि को (B) भास को
(C) कालिदास को (D) भवभूति को

52. भ्रमर से शकुन्तला की रक्षा करने का वर्णन किस अङ्क में है –
(A) सप्तम अङ्क में (B) प्रथम अङ्क में
(C) चतुर्थ अङ्क में (D) द्वितीय अङ्क में

53. ''दुर्लभमिदानीं मे सखीमण्डनं भविष्यति'' यह कथन किसका है –
(A) प्रियंवदा का (B) अनसूया का
(C) शकुन्तला का (D) गौतमी का

54. महर्षि मारीच का शिष्य है –
(A) गौतम (B) हारीत
(C) गालव (D) नारद

55. दुष्यन्त के सेनापति का नाम है –
(A) सोमरात (B) भद्रसेन
(C) रैवतक (D) माधव्य

56. ''ईषदीषद्चुम्बितानि भ्रमरैः....'' नटी का यह गायन किस ऋतु से सम्बन्धित है –
(A) ग्रीष्म (B) वर्षा
(C) शरद् (D) बसन्त

57. ''ग्रीवाभङ्गाभिरामं..........स्तोकमुर्व्यां प्रयाति'' यह श्लोक किस रस का उदाहरण है –
(A) वीररस का (B) भयानकरस का
(C) अद्भुतरस का (D) शृङ्गाररस का

58. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के कञ्चुकी का नाम है –
(A) माधव्य (B) शारद्वत
(C) सर्वदमन (D) वातायन

59. 'अपीतेषु' पद में समास है –
(A) अव्ययीभाव (B) द्विगु
(C) नञ् (D) द्वन्द्व

60. ''कामी स्वतां पश्यति'' के 'कामी' पद में प्रत्यय है–
(A) णिनि (B) ङीप्
(C) ङीष् (D) ङीन्

41. (C)	**42. (B)**	**43. (A)**	**44. (A)**	**45. (A)**	**46. (B)**	**47. (B)**	**48. (B)**	**49. (A)**	**50. (B)**
51. (C)	**52. (B)**	**53. (C)**	**54. (C)**	**55. (B)**	**56. (A)**	**57. (B)**	**58. (D)**	**59. (C)**	**60. (A)**

61. ''पश्यामीव पिनाकिनम्'' यह वाक्य किसने कहा–
(A) दुष्यन्त ने सूत से (B) कण्व ने शार्ङ्गरव से
(C) दुर्वासा ने प्रियंवदा से (D) सूत ने दुष्यन्त से

62. ''भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र'' यह सूक्ति है –
(A) मेघदूतम् की (B) नीतिशतकम् की
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् की (D) कादम्बरी की

63. ''न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति'' किसने कहा –
(A) अनसूया ने (B) प्रियंवदा ने
(C) शकुन्तला ने (D) गौतमी ने

64. ''अस्तशिखरं'' मे समास है –
(A) द्वन्द्वसमास (B) तत्पुरुषसमास
(C) द्विगुसमास (D) बहुव्रीहिसमास

65. ''उचितं न ते मङ्गलकाले रोदितुम्'' किसने किससे कहा–
(A) गौतमी ने शकुन्तला से
(B) कण्व ने शकुन्तला से
(C) दोनों सखियों ने शकुन्तला से
(D) अनसूया ने प्रियंवदा से

66. ''पातुं न .... व्यवस्यति जलम्'' रिक्तस्थान की पूर्ति करें –
(A) सर्वप्रथमं (B) द्वितीयं
(C) प्रथमं (D) प्रथमा

67. ''सोऽयं न पुत्रकृतकः पदवीं मृगस्ते'' यह कथन किसका है –
(A) प्रियंवदा का अनसूया से
- **कालिदास का प्रिय रस–** शृङ्गार रस
- **कालिदास की अन्य कृतियाँ–** (i) कालीस्तोत्र, (ii) गङ्गाष्टक, (iii) ज्योतिर्विदाभरण, (iv) राक्षसकाव्य, (v)श्रुतबोध

कालिदासीय जीवन के कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य

- काली देवी की उपासना से विद्या की प्राप्ति।
- विद्याप्राप्ति के बाद कालिदास का कथन– **'अनावृतकपाटं द्वारं देहि'** (दरवाजा खोलो)
- इसके उत्तर में पत्नी **विद्योत्तमा** का कथन– **'अस्ति कश्चित् वाग्विशेषः'** (लगता है कोई विद्वान् है)
- **'अस्ति' से कुमारसम्भवम्**– ''अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा...."
- **'कश्चित्' से मेघदूतम्**– ''कश्चित् कान्ता विरहगुरुणा...."
- **'वाग्' से रघुवंशम्**– ''वागर्थाविव सम्पृक्तौ....."
- **विक्रमादित्य की सभा में 9 रत्न** थे, जिसमें से एक कालिदास भी थे–

धन्वन्तरि-क्षपणकामरसिंह -शङ्कु-
वेतालभट्ट-घटकर्पर-कालिदासाः।
ख्यातो वराहमिहिरो नृपतेः सभायां
रत्नानि वै वररुचिर्नव विक्रमस्य॥

(ज्योतिर्विदाभरण 22-10)

- एक किंवदन्ती के अनुसार धारा के राजा भोज के प्रधानकवि कालिदास थे।
- एक किंवदन्ती के अनुसार कालिदास का अन्तिम समय लंका के महाराज कुमारदास के यहाँ बीता, वहाँ धन के लोभ में एक वेश्या ने उनकी **हत्या करा दी**।
- कालिदास ने वेद, दर्शन, उपनिषद्, रामायण, महाभारत, गीता, पुराण, आयुर्वेद, धनुर्वेद, सङ्गीतशास्त्र, ज्योतिष, व्याकरण, छन्दःशास्त्र, काव्यशास्त्र आदि का गम्भीर अध्ययन किया था।
- बाद में राजकवियों को 'कालिदास' कहने की परम्परा चल पड़ी। **राजशेखर** ने ऐसे तीन कालिदासों का उल्लेख किया है–

  एकोऽपि जीयते हन्त कालिदासो न केनचित्।
  शृङ्गारे ललितोद्गारे कालिदासत्रयी किमु॥
- **कालिदास की उपाधियाँ**–(i) दीपशिखा कालिदास (ii) रघुकार (iii) कविकुलगुरु (iv) कविताकामिनीविलास (v) उपमासम्राट्
- महाकवि कालिदास ने मालविकाग्निमित्र की प्रस्तावना में **"प्रथितयशसां भाससौमिल्ल....."** के द्वारा भास, सौमिल्ल आदि अपने पूर्ववर्ती कवियों को सादर स्मरण किया है।

कालिदास की प्रशस्तियाँ

1. निर्गतासु न वा कस्य कालिदासस्य सूक्तिषु।
   प्रीतिर्मधुरसान्द्रासु मञ्जरीष्विव जायते। – **बाणभट्ट-हर्षचरित**
2. साकूतमधुरकोमलविलासिनीकण्ठकूजितप्राये।
   शिक्षासमयेऽपि मुदे रतलीला-कालिदासोक्ती।। – **गोवर्धनाचार्य-आर्यासप्तशती-35**
3. कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः – **जयदेव-प्रसन्नराघवम्**
4. लिप्ता मधुद्रवेणासन् यस्य निर्विषया गिरः।
   तेनेदं वर्त्म वैदर्भं कालिदासेन शोधितम्।। – **दण्डी-अवन्तिसुन्दरीकथा**
5. अस्पृष्टदोषा नलिनीव दृष्टा, हारावलीव ग्रथिता गुणौघैः।
   प्रियाङ्कपालीव प्रकामहृद्या, न कालिदासादपरस्य वाणी।। – **श्रीकृष्ण**
6. ख्यातः कृतीसोऽपि च कालिदासः, शुद्धा सुधा स्वादुमती च यस्य।
   वाणीमिषाच्चन्द्रमरीचिगोत्रसिन्धोः परं पारमवाप कीर्तिः।।
   – सोड्ढल (उदयसुन्दरी कथा)

   अमृतेनेव संसिक्ताश्चन्दनेनैव चर्चिताः।
   चन्द्रांशुभिरिवोद्घृष्टाः कालिदासस्य सूक्तयः।। – **जयन्त-न्यायमञ्जरी**
7. एकोऽपि जीयते हन्त कालिदासो न केनचित्।
   शृङ्गारे ललितोद्गारे कालिदासत्रयी किमु।। – **राजशेखर-सूक्तिमुक्तावली**
8. वैदर्भी कविता स्वयं वृतवती श्रीकालिदासं वरम्। **– अज्ञात**
9. पुष्पेषु चम्पा नगरीषु काञ्ची, नदीषु गङ्गा नृवरेषु रामः।
   नारीषु रम्भा पुरुषेषु विष्णुः, काव्येषु माघः कविकालिदासः।। **– घटखर्पर**
10. महिषं दधि सशर्करं पयः कालिदासकविता नवं वयः।
    शारदेन्दुरबला च कोमला स्वर्गशेषमुपभुञ्जते जनः।। – **आचार्य उद्भट**

11. काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या 'शकुन्तला'।
तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कः तत्र श्लोकचतुष्टयम्।। – **अज्ञात**
12. Wouldst thou the young year
blossoms and the fruits of its decline
And all by which the soul is charmed
enraptured, fearted, fed.
Wouldst thou the earth and heaven
itseff in one sole name combine?
I name the, O' Shakuntala
And all atonce is said. – **(Goethe)**

(संस्कृत-अनुवाद)

13. वासन्तं कुसुमं फलञ्च युगपद्, ग्रीष्मस्य सर्वं च यद्
यच्चान्यन्मनसो रसायनमतः सन्तर्पणं मोहनम्।
एकीभूतमभूतपूर्वमथवा स्वर्लोकभूलोकयोः
ऐश्वर्यं यदि वाञ्छसि प्रियसखे! शाकुन्तलं सेव्यताम्।।
–(जर्मन कवि गेटे का अनुवाद) **वी. वी. मिराशी**
14. अस्मिन्निति विचित्रकविपरम्परावाहिनि-संसारे–
कालिदासप्रभृतयो द्वित्राः पञ्चषा वा महाकवय इति गण्यन्ते। – **आचार्य आनन्दवर्धन**
15. वैदर्भीरीतिसन्दर्भे कालिदासो विशिष्यते। – **अज्ञात**
16. उपमा कालिदासस्य – **उद्भट**
17. कालिदासस्य सर्वस्वमभिज्ञानशाकुन्तलम्।
तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कः यत्र याति शकुन्तला।। – **अज्ञात**
18. श्रीकालिदासकविवर्य-सरस्वतीयं
किं वर्णयाम्यतितरां रसवाहिनीति।
यत् कालिका भगवती शुचिभावयोगाद्
यस्यामहो मुहुरनुग्रहमादधाति।। – **विठोबा अण्णा**
19. पुरा कवीनां गणना-प्रसङ्गे
कनिष्ठिकाधिष्ठित कालिदासः।
अद्यापि तत्तुल्यकवेरभावा-
दनामिका सार्थवती बभूव।। – **मल्लिनाथ**
20. रसभार-भारोद्भिन्नां भारतीममरादृते।
श्रीमतः कालिदासस्य विज्ञातुं कः क्षमः पुमान् – **स्थिरदेव**
21. स विजयतां रविकीर्तिः कविताश्रितकालिदासभारविकीर्तिः।। – **एहोल शिलालेख**
22. कालिदासगिरां सारं कालिदासः सरस्वती।
चतुर्मुखोऽथवा साक्षाद् विदुर्नान्ये तु मादृशाः।। – **मल्लिनाथ**
23. सुवशा कालिदासस्य मन्दाक्रान्ता प्रवल्गति। – **क्षेमेन्द्र (सुवृत्ततिलक)**
24. भासयत्यपि भासादौ कविवर्गे जगत्त्रयम्।

के न यान्ति निबन्धारः कालिदासस्य दासताम्।। – **अज्ञात**

25. ``Kalidas may be considered as the brightest star in the firmament of indian artificial poetry" – **Prof. Lassen**
26. कवयः कालिदासाद्याः कवयो वयमप्यमी।
    पर्वते परमाणौ च पदार्थत्वं प्रतिष्ठितम्।। – **अज्ञात**
27. वाल्मीकिमिव सभासं यशःशरीरेण सर्वदा सन्तम्।
    रसवद्वचनविकासं नमत कविं कालिदासं तम्।। – **अज्ञात**
28. कविरचलः कविरभिनन्दश्च कालिदासश्च।
    अन्ये कवयः कपयश्चापलमात्रं परं दधाति।। – **अज्ञात**
29. कवयः कवयः कवयोऽपि च कालिदासाद्याः।
    दृषदो भवन्ति दृषदाश्चिन्तामणयोऽपि हा दृषदः।। – **अज्ञात**
30. मेघे माघे गतं वयः। – **मल्लिनाथ**
31. कालिदासादीनामिव यशः। – **मम्मट**
32. धन्वन्तरिक्षपणकाऽमरसिंहशंकु-बेतालभट्ट घटकर्परकालिदासाः। – **ज्योतिर्विदाभरण**
33. महाकविकालिदासं वन्दे वाग्देवतागुरुम्।
    यज्ज्ञाने विश्वमाभाति दर्पणे प्रतिबिम्बितम्।। – **हलायुध**
34. क इह रघुकारे न रमते। – **आलोचक**

---

2. अभिज्ञानशाकुन्तल का परिचय

- **लेखक** – कालिदास
- **विधा** – नाटक
- **अङ्क** – 7 (सात)
- **प्रधानरस** – शृङ्गार (सम्भोगशृङ्गार)
- **कथानक** – राजा दुष्यन्त एवं शकुन्तला का परस्पर प्रेम, विरह एवं मिलन का वर्णन है।
- **प्रमुखपात्र** – दुष्यन्त (नायक), शकुन्तला (नायिका) कण्व, अनसूया, प्रियंवदा, माढव्य (विदूषक), गौतमी, शार्ङ्गरव, शारद्वत, हंसपदिका, वसुमती, मातलि, सानुमती, सर्वदमन (भरत), मारीच ऋषि, अदिति (दाक्षायणी), दुर्वासा, मेनका
- शाकुन्तलम् का उपजीव्य/आधारग्रन्थ है – **1. महाभारत के आदिपर्व का शकुन्तलोपाख्यान (68-74 अध्यायों में), 2. पद्मपुराण के स्वर्गखण्ड में भी यह कथा मिलती है।**
- अभि0 शाकुन्तलम् नाटक की रीति – **वैदर्भी रीति**
- वैदर्भीरीतिसन्दर्भे विशिष्यते – **कालिदासः**
- कालिदास के काव्यों में किस वृत्ति का विशेष प्रयोग है–**कैशिकी**
- कालिदास का प्रिय अलङ्कार – **उपमा** (उपमा कालिदासस्य)।
- अभि0शाकु0 के प्रथम अङ्क का नाम – **आश्रम प्रवेश** (34 श्लोक)
- द्वितीय अङ्क का नाम – **आश्रम निवेश** (18 श्लोक)
- तृतीय अङ्क का नाम – **मिलन अङ्क** (24 श्लोक)
- चतुर्थ अङ्क का नाम – **विदा अङ्क** (22 श्लोक)
- पञ्चम अङ्क का नाम – **प्रत्याख्यान अङ्क** (31 श्लोक)
- षष्ठ अङ्क का नाम – **पश्चात्ताप अङ्क।** (32 श्लोक)
- सप्तम अङ्क का नाम – **पुनर्मिलन अङ्क।** (35 श्लोक)
- सातों अङ्कों में कुल 196 श्लोक है।
- शाकुन्तलम् के **चतुर्थ अङ्क** में करुणरस का प्रयोग है।
- शकुन्तला का हस्तिनापुर (पतिगृह) गमन **चतुर्थ अङ्क में** वर्णित है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् का नायक – **दुष्यन्त**
- दुष्यन्त **धीरोदात्त** कोटि का नायक है।
- राजा दुष्यन्त कहाँ का राजा है – **हस्तिनापुर**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् की नायिका – **शकुन्तला**

- शकुन्तला किस कोटि की नायिका है – **मुग्धा**
- शकुन्तला है – **शकुन्तभिः पक्षिभिः लालिता पालिता इति शकुन्तला**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् का मङ्‌गलाचरण है – **आशीर्वादात्मक**
- अभि॰ शाकुन्तलम् के मङ्गलाचरण में छन्द है – **स्रग्धरा**
- "या सृष्टिः स्रष्टुराद्या....." इत्यादि श्लोक कहाँ का है – **अभि॰शाकु॰ नाटक का मङ्गलाचरण**
- अभि॰शाकु॰ के मङ्गलाचरण में किसकी स्तुति की गयी है – **अष्टमूर्ति शिव की**
- **"तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कः"** से सम्बन्धित नाटक – **अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
- **"तत्र श्लोकश्चतुष्टयम्"** किससे सम्बन्धित है – **अभि॰ शाकु॰ के चतुर्थ अङ्क से**
- "काव्येषु नाटकं रम्यम्" इस वाक्य में किस नाटक का संकेत है – **अभिज्ञानशाकुन्तलम् का**
- दुष्यन्त का विनोदप्रिय मित्र – **माढव्य**
- अभि॰ शाकुन्तलम् का विदूषक – **माढव्य**
- शकुन्तला की दोनों सखियाँ – **1. अनसूया. 2. प्रियंवदा।**
- शकुन्तला के माता और पिता– **मेनका और ऋषि विश्वामित्र**
- शकुन्तला के पालक (धर्मपिता) पिता – **महर्षि कण्व**
- महर्षि कण्व के दो प्रमुख शिष्य – **शार्ङ्गरव और शारद्वत**
- दुष्यन्त और शकुन्तला का विवाह हुआ – **गान्धर्व विवाह**
- शकुन्तला को किसने शाप दिया – **ऋषि दुर्वासा ने**
- शकुन्तला को शाप का कारण – **अतिथि रूप में पधारे दुर्वासा ऋषि का तिरस्कार**
- शकुन्तला के शाप को जानने वाली – **प्रियंवदा और अनसूया**
- शकुन्तला को शाप मिला– **अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में**
- अभि॰शा॰ में शाप की कल्पना का कारण – **प्रेम के आदर्शस्वरूप की स्थापना**
- शाप का प्रभाव किस अङ्क में दिखायी पड़ता है – **अभि॰ शाकु॰ के पञ्चम अङ्क में**
- राजा दुष्यन्त के पश्चात्ताप का वर्णन – **षष्ठ अङ्क में**
- राजा दुष्यन्त और शकुन्तला का पुनर्मिलन होता है – **अभि॰ शाकु॰ के सप्तम अङ्क में**
- हेमकूट पर्वत में आश्रम है – **महर्षि मारीच का।**
- दुष्यन्त और शकुन्तला का पुनर्मिलन – **हेमकूट पर्वत के मारीच आश्रम में।**
- शकुन्तला की मुद्रिका प्राप्त होती है– **धीवर मीनपालक को**
- दुष्यन्त और शकुन्तला के पुत्र का नाम– **सर्वदमन (भरत)**
- अभि॰ शाकु॰ का प्रारम्भ होता है – **नान्दीपाठ से (या सृष्टिः स्रष्टुराद्या)**

- अभि॰शाकु॰ का समापन होता है
  – **भरत वाक्य से (प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः....)।**
- कालिदास का सर्वस्वभूतग्रन्थ है
  – **अभिज्ञानशाकुन्तलम्। ''कालिदासस्य सर्वस्वमभिज्ञानशाकुन्तलम्।''**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के विषय में **पाश्चात्त्य विद्वान् गेटे** का कथन – Wouldst thou the young year's blossoms and the fruits of its decline, and all by which the soul is charmed, enraptured adapted, fed wouldst thou the earth and heaven it self in one name combined? I name the o shakuntala? And all at once is said.

संस्कृतरूपान्तरण

वासन्तं कुसुमं फलञ्च युगपद् ग्रीष्मस्य सर्वं च यद्,
यच्चान्यन्मनसो रसायनमतः सन्तर्पणं मोहनम्।
एकीभूतमभूतपूर्वमथवा स्वर्लोकभूलोकयोः,
ऐश्वर्यं यदि वाञ्छसि प्रियसखे! शाकुन्तलं सेव्यताम्।।

- कालिदास का विश्वप्रसिद्ध नाटक है – **अभिज्ञानशाकुन्तलम्।**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सर्वप्रथम अंग्रेजी अनुवादक – **विलियम जोन्स**
- विलियम जोन्स ने **The last things** की भूमिका में कालिदास को '**भारत का शेक्सपियर**' कहा।
- **महाकवि गेटे** ने अपने सुप्रसिद्ध नाट्यकाव्य '**फाउस्ट**' में कालिदास के अभिज्ञानशाकुन्तलम् और नायिका शकुन्तला की भूरि भूरि प्रशंसा की।
- कालिदास द्वारा विरचित तीन नाटक हैं – **1. मालविकाऽग्निमित्रम्** (प्रथमनाटक), **2. विक्रमोर्वशीयम्** (द्वितीय नाटक), **3. अभिज्ञानशाकुन्तलम्** (अन्तिम तथा सर्वश्रेष्ठ नाटक)
- कण्व द्वारा पोषित, मेनका और विश्वामित्र की पुत्री – **शकुन्तला**
- कालिदास के सभी नाटक हैं – **सुखान्त।**
- कालिदास की नाट्यकला का सर्वश्रेष्ठ निदर्शन है – **अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् कथाविन्यास, चरित्र-चित्रण, संवाद योजना, भाषा – शैली, अलंकार–योजना, रसयोजना, प्रकृतिचित्रण, सभी दृष्टियों से **सर्वश्रेष्ठ नाटक** है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में लगभग **196 पद्य** हैं।
- महाकवि कालिदास **रसमयी शैली** के आचार्य हैं।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में भारतीय संस्कृति की महत्त्वपूर्ण तीन विशेषताओं – **त्याग, तपस्या, और तपोवन** का अच्छा चित्रण किया गया है।

- भरतमुनि के अनुसार नाटक का लक्षण–

''त्रैलोकस्यास्य सर्वस्य नाट्यं भावानुकीर्तनम्।''

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क का प्रारम्भ होता है – **विष्कम्भक से।**
- अनसूया और प्रियंवदा के पुष्पावचयन से प्रारम्भ होता है –

अभिज्ञानशाकुन्तलम् का चतुर्थ अङ्क।

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में वर्णन है – **शकुन्तला की विदाई का।**
- अन्तः प्रकृति और बाह्य प्रकृति का सुन्दर चित्रण किया गया है –

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में।

- दुष्यन्त और शकुन्तला की प्रणयगाथा वर्णित है – **अभिज्ञानशाकुन्तलम् में।**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में लगभग **180 उपमाओं का प्रयोग** किया गया है।
- शकुन्तला **हेमकूट पर्वत पर महर्षि मारीच के आश्रम में** अपनी माता मेनका के साथ वियोग के दिन गुजारती है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में दुष्यन्त और शकुन्तला के प्रेम, वियोग और पुनर्मिलन का वर्णन है।
- इस नाटक की कथावस्तु राजा दुष्यन्त के द्वारा शकुन्तला को दिये गये अभिज्ञान (अँगूठी) के आस पास चक्कर लगाती है।
- राजा दुष्यन्त मृग का पीछा करते हुए किस आश्रम में प्रवेश करता है –
  महर्षि कण्व के।
- तीर्थयात्रा पर गए हुए कण्व ऋषि की अनुपस्थिति में ही राजा दुष्यन्त और शकुन्तला का गान्धर्व विवाह आश्रम में ही सम्पन्न हो जाता है।
- शकुन्तला को महर्षि कण्व किसके साथ पतिगृह (हस्तिनापुर) भेजते हैं –
  शार्ङ्गरव, शारद्वत, और गौतमी।
- हस्तिनापुर जाते समय शकुन्तला की अगूँठी कहाँ गिर जाती है – **शचीतीर्थ में।**
- दुष्यन्त, शकुन्तला को पहचानने से क्यों इंकार कर देता है –
  दुर्वासा के शापवशात्।
- शकुन्तला कण्व ऋषि के आश्रम के बाद किस आश्रम में निवास करती है –
  ऋषि मारीच के आश्रम में।
- बालक सर्वदमन (भरत) और शकुन्तला से दुष्यन्त की भेंट कहाँ होती है –
  हेमकूटपर्वत स्थित ऋषि मारीच के आश्रम में।
- महर्षि कण्व का आश्रम था – **मलिनी नदी के तट पर।**

- दुष्यन्त ने जब आश्रम में प्रवेश किया तब महर्षि कण्व कहाँ गए हुए थे – **सोमतीर्थ।**
- शकुन्तला को शाप देने वाले ऋषि थे – **दुर्वासा**
- मारीच ऋषि रहते थे – **हेमकूट पर स्थित आश्रम में**
- दुष्यन्त की कौन रानी संगीत का अभ्यास कर रही है – **हंसपदिका**
- राजा दुष्यन्त की दो रानियाँ – **वसुमती और हंसपदिका**
- राजा दुष्यन्त किस रानी को अधिक प्यार करता है– **वसुमती**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में किस गुण की प्रधानता है – **प्रसाद गुण**
- कालिदास के नाटकों का प्रतिपाद्य विषय है – **प्रसाद गुण**
- कालिदास के नाटकों का प्रतिपाद्य रस है – **शृङ्गार**
- नाट्यशास्त्र में नान्दी का अर्थ है – **मङ्गलाचरण**
- नाटकों में भरतवाक्य का प्रयोग होता है – **अन्त में**
- शकुन्तला का पालन पोषण हुआ था– **कण्व के आश्रम में**
- शकुन्तला पति के चिन्तन में कहाँ बैठी थी– **कुटिया में**
- राजा की मनःस्थिति जानने के लिए मेनका ने अपनी किस सखी को भेजा था– **सानुमती**
- जर्मनविद्वान् गेटे द्वारा प्रशंसित नाटक है – **अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
- शापनिवृत्ति के लिए ऋषि दुर्वासा से अनुनय विनय करने वाली सखी है– **प्रियंवदा**
- शकुन्तला की अमङ्गलशान्ति के लिए कण्व कहाँ गए थे – **सोमतीर्थ**
- शकुन्तला ने किस तीर्थ में जलवन्दना की थी – **शचीतीर्थ**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् का सर्वश्रेष्ठ अङ्क है – **चतुर्थ**
- वह महिला तपस्विनी जिसके साथ शकुन्तला हस्तिनापुर जाती है – **गौतमी**
- अग्निगर्भा शमी के समान है – **शकुन्तला**
- दुष्यन्त शकुन्तला की वैवाहिक विधि है – **गान्धर्व**
- हस्तिनापुर से शकुन्तला को मारीच आश्रम ले जाने वाली है – **एक दिव्य ज्योति (मेनका)**
- दुष्यन्त को देवासुर संग्राम की सूचना देने वाला है – **इन्द्र का सारथि मातलि**

- वह स्थान जहाँ स्वर्ग से लौटते समय दुष्यन्त रुकता है –

  मारीच ऋषि का आश्रम
- **'अपराजिता रक्षाकरण्डक'** से सम्बद्ध है – **सर्वदमन (भरत)**
- कालिदास के तीनों नाटकों में प्रधानता है – **शृङ्गार रस की।**
- शाकुन्तलम् का प्रारम्भ तथा अन्त होता है – **सम्भोग शृङ्गार से**
- **'राजन् आश्रममृगोऽयं न हन्तव्यो न हन्तव्यः'** किसने कहा –

  तपस्वी वैखानस ने
- भ्रमर से भयभीत शकुन्तला की रक्षा कौन करता है – **राजा दुष्यन्त**
- 'शकुन्तला ऋषि विश्वामित्र एवं मेनका की कन्या हैं' – यह बात राजा दुष्यन्त को किसने बताया – **अनसूया ने**
- हस्तिनापुर से महारानी का संदेश लेकर कण्व के आश्रम राजा दुष्यन्त के पास कौन जाता है – **करभक नाम का एक सेवक**
- शाकुन्तलम् के किस अङ्क में राजा दुष्यन्त विदूषक माढव्य को आश्रम से हस्तिनापुर वापस भेज देता है– **द्वितीय अङ्क में**
- शकुन्तला को राजा दुष्यन्त के लिए एक प्रेमपत्र लिखने की सलाह कौन देती है–

  प्रियंवदा
- शकुन्तला, सखियों के आग्रह से नलिनी पत्र पर नाखूनों से राजा को प्रेमपत्र लिखती है।

  तव न जाने हृदयं मम पुनः कामो दिवाऽपि रात्रावपि।

  निर्घृण तपति बलीयस्त्वयि वृत्तमनोरथाया अङ्गानि॥

  अभि०शा० 3-13।
- शकुन्तला की अस्वस्थता का समाचार पाकर शान्तिजल लिए हुए कौन आती है–

  आर्या गौतमी
- नाटक में दुर्वासा ऋषि का आगमन किस अङ्क में होता है – **चतुर्थ अङ्क में**
- ऋषि कण्व को आकाशवाणी द्वारा मालूम होता है कि शकुन्तला का दुष्यन्त के साथ गान्धर्व विवाह हो गया है, तथा वह आपन्नसत्त्वा (गर्भिणी) है।

  दुष्यन्तेनाहितं तेजो दधानां भूतये भुवः।

  अवेहि तनयां ब्रह्मन् अग्निगर्भां शमीमिव॥ अभि०शा० 4/4

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के मार्मिक प्रसङ्ग

प्रथम अङ्क – भ्रमर वृत्तान्त और शकुन्तला की सखियों से राजा का वार्तालाप।
द्वितीय अङ्क – शकुन्तला के सौन्दर्य का वर्णन।
तृतीय अङ्क – दुष्यन्त और शकुन्तला के विरह दुःख का वर्णन और दोनों के मिलन का वर्णन।
चतुर्थ अङ्क – शकुन्तला की विदाई।
पंचम अङ्क – राजा दुष्यन्त और शार्ङ्गरव का विवाद।
षष्ठ अङ्क – राजा के शोक का वर्णन।
सप्तम अङ्क – पुत्र सर्वदमन का दर्शन और शकुन्तला से मिलन का वर्णन।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के नाटकीय पात्रों का परिचय

पुरुष पात्र

क्र.	नाम		परिचय
1.	सूत्रधार	–	नाटक का आरम्भ करने वाला प्रधान नट और रंगमच का अध्यक्ष।
2.	दुष्यन्त	–	नाटक का नायक, हस्तिनापुर का राजा।
3.	सूत	–	दुष्यन्त का सारथि।
4.	सेनापति भद्रसेन	–	दुष्यन्त का सेनापति।
5.	विदूषक माढव्य	–	दुष्यन्त का अन्तरङ्ग मित्र और हास्यकारी।
6.	महर्षिकण्व (काश्यप)	–	आश्रम के कुलपति, शकुन्तला के पालक और धर्मपिता।
7.	मारीच (कश्यप)	–	एक महर्षि, देवों और राक्षसों के पिता, एक प्रजापति।
8.	भरत (सर्वदमन)	–	राजा दुष्यन्त और शकुन्तला का पुत्र।
9.	सोमरात	–	दुष्यन्त का पुरोहित।
10.	मातलि	–	इन्द्र का सारथि।
11.	वैखानस, हारीत, नारद, गौतम, शार्ङ्गरव, शारद्वत, शिष्य	–	सभी कण्व के शिष्य, आश्रम के तपस्वी।
12.	रैवतक (दौवारिक)	–	राजा का भृत्य, द्वारपाल।
13.	करभक	–	राजा के पास राजमाता का संदेश पहुँचाने वाला सेवक।
14.	कञ्चुकी (वातायन)	–	रनिवास की देखभाल करने वाला एक वृद्ध ब्राह्मण।

15.	वैतालिक	–	स्तुतिपाठक (भाट, चारण)।
16.	श्याल	–	राजा का साला, नगर रक्षाधिकारी (कोतवाल)।
17.	धीवर (मीनपालक)	–	मछली पकड़ने वाला।
18.	सूचक	–	पुलिस के दो सिपाही।
19.	जानुक		
20.	गालव	–	ऋषि मारीच का शिष्य।
21.	पिशुन	–	दुष्यन्त का मन्त्री

स्त्रीपात्र

21.	नटी	–	सूत्रधार की पत्नी।
22.	शकुन्तला	–	नाटक की नायिका, कण्व की धर्मपुत्री, दुष्यन्त की पत्नी, मेनका और विश्वामित्र से उत्पन्न एक क्षत्रिय कन्या।
23.	अनसूया	–	शकुन्तला की अत्यन्त प्रिय और अन्तरङ्ग सखी।
24.	प्रियंवदा		
25.	गौतमी	–	कण्व के आश्रम की अध्यक्षा, एक वृद्धा तापसी।
26.	अदिति (दाक्षायणी)	–	महर्षि मारीच की पत्नी।
27.	सानुमती	–	मेनका की सखी, एक अप्सरा।
28.	परभृतिका	–	राजा की सेविका, उद्यानपालिका।
29.	मधुकरिका		
30.	चतुरिका	–	राजा की सेविका।
31.	वेत्रवती (प्रतीहारी)	–	राजा की द्वारपालिका।
32.	यवनी	–	राजा की एक सेविका।
33.	तापसी (सुव्रता)	–	मारीच के आश्रम की एक तपस्विनी।

अन्य पात्र

- **मघवा (इन्द्र)** – देवताओं के राजा, दुष्यन्त के मित्र।
- **इन्द्राणी** – इन्द्र की पत्नी।
- **जयन्त** – इन्द्र का पुत्र।
- **कौशिक (विश्वामित्र)** – शकुन्तला के जन्मदाता पिता।
- **मेनका** – शकुन्तला की माता, एक अप्सरा।
- **दुर्वासा** – एक ऋषि, शकुन्तला को शाप देने वाले।

नोट – नाटक में इन पात्रों का केवल नामोल्लेख मात्र हुआ है।

- 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में पुरुवंशी (चन्द्रवंशी) राजा दुष्यन्त तथा विश्वामित्र और मेनका की पुत्री शकुन्तला का प्रेम, वियोग, पुनर्मिलन वर्णित है।
- शाकुन्तलम् की कथा महाभारत के आदिपर्व तथा पद्मपुराण के स्वर्गखण्ड में वर्णित है।
- शाकुन्तलम् का **नायक 'दुष्यन्त'** 'हस्तिनापुर' का राजा है और धीरोदात्त नायक के गुणों से युक्त है।
- 'शाकुन्तलम्' की **नायिका शकुन्तला** महर्षि कण्व (काश्यप) के आश्रम में पली है। 'मुग्धा' नायिका है।
- 'शाकुन्तलम्' का **प्रमुख 'रस' शृङ्गार है।** चतुर्थ अङ्क में **करुण** रस है।
- शाकुन्तल में **24 छन्दों** का प्रयोग हुआ है। सर्वाधिक प्रयुक्त छन्द आर्या (39) है। तत्पश्चात् वसन्ततिलका (30) है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में कुल **196 श्लोक** है। सर्वाधिक (35) श्लोक सप्तम अङ्क में हैं।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में **वैदर्भी रीति** और **माधुर्य गुण** प्रयुक्त है।
- शाकुन्तलम् में साधारणतया **गद्य के लिए शौरसेनी** और पद्यों के लिए **महाराष्ट्री प्राकृत** का प्रयोग हुआ है।
- षष्ठ अङ्क में दोनों सिपाही और धीवर मागधी बोलते हैं।
- शाकुन्तलम् में सर्वाधिक उपमा और 'अर्थान्तरन्यास' अलङ्कारों का प्रयोग है।
- दुष्यन्त की शकुन्तला से पूर्व अन्य दो रानियाँ हंसपदिका और वसुमती हैं।
- शकुन्तला की अनसूया और प्रियंवदा नामक दो सखियाँ हैं।
- दुष्यन्त और शकुन्तला का **पुत्र सर्वदमन (भरत)** है।
- शाकुन्तलम् का **विदूषक 'माढव्य'** दुष्यन्त का मित्र है। पहली बार द्वितीय अङ्क में मंच पर आता है।
- दुष्यन्त का **सेनापति 'भद्रसेन'** और **पुरोहित 'सोमरात'** है।
- इन्द्र का सारथी **'मातलि'** और दुष्यन्त का सारथी **'सूत'** है।
- **'करभक'** नामक दूत द्वितीय अङ्क में दुष्यन्त की माता का सन्देश लेकर आता है।
- शकुन्तला, परित्याग के बाद देवों और राक्षसों के पिता, प्रजापति **'मारीच' (कश्यप)** के आश्रम में रहती है।
- वैखानस, शार्ङ्गरव, शारद्वत, गौतम, नारद, हारीत आदि महर्षि कण्व के शिष्य हैं।
- ऋषि मारीच का एकमात्र शिष्य जो शकुन्तला-दुष्यन्त के मिलन की सूचना कण्व को देने हेतु सातवें अङ्क में भेजा जाता है उसका नाम **'गालव'** है।
- षष्ठ अङ्क में धीवर को पकड़ने वाले **दो सिपाही सूचक व जानुक** हैं और राजा का साला एवं नगर रक्षाधिकारी **श्याल** है।
- राजा का **कञ्चुकी 'वातायन'** है वह षष्ठ अङ्क में 'वसन्तोत्सव' की तैयारी में लगी दो उद्यानपालिकाओं **'परभृतिका'** व **'मधुकरिका'** को ऐसा करने से रोकता है।
- **वेत्रवती** राजा की द्वारपालिका है। यवनी है, एक अन्य सेविका है।

- **अदिति** (दाक्षायणी) मारीच की पत्नी तथा **गौतमी** कण्व के आश्रम की 'एक वृद्धा तापसी' है। गौतमी भी शार्ङ्गरव और शारद्वत के साथ शकुन्तला को छोड़ने हस्तिनापुर जाती है।
- मारीच के आश्रम में सर्वदमन (भरत) के साथ रहने वाली तापसी **'सुव्रता'** थी।
- **'सानुमती'** शकुन्तला की माता मेनका की सखी है जो षष्ठ अङ्क में राजा और विदूषक की बात अदृश्य रूप से सुनती है।
- इन्द्र का पुत्र **जयन्त** तथा पत्नी **इन्द्राणी** (पौलोमी/शची) है।
- सुलभकोप ऋषि दुर्वासा, अत्रि और अनसूया के पुत्र हैं वे चतुर्थ अङ्क के आरम्भ में शकुन्तला को शाप देते हैं।
- महर्षि कण्व का आश्रम **'मालिनी नदी'** के तट पर विश्वामित्र का आश्रम गौतमी नदी के तट पर तथा 'मारीच' का आश्रम **'हेमकूट पर्वत'** पर था।
- दुर्वासा के शाप का असर पञ्चम अङ्क में दिखाई पड़ता है। यह नाटकीयता की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ अङ्क है।
- शकुन्तला ने **'शचीतीर्थ'** जो गङ्गा के तट पर स्थित है, में जलवन्दना की, जहाँ उसकी अँगूठी गिरती है।
- तृतीय अङ्क में 'प्रियंवदा' कमल-पत्र पर 'नाखून' से प्रेम-पत्र लिखने की सलाह शकुन्तला को देती है जिसे वह फूलों में छिपाकर देवता के प्रसाद के बहाने राजा के पास पहुँचाने को कहती है।
- नाटक का आरम्भ **'ग्रीष्म ऋतु'** वर्णन तथा राजा दुष्यन्त द्वारा आश्रम मृग का पीछा करते हुए होता है।
- राजा पञ्चम अङ्क में हंसपदिका के सङ्गीत की प्रशंसा करता है तथा षष्ठ अङ्क में शकुन्तला तथा उसकी सखियों का चित्र बनाता है।
- दुष्यन्त षष्ठ अङ्क में **'धनमित्र'** नामक व्यापारी की मृत्यु पर उसकी सारी सम्पत्ति उसके गर्भस्थ पुत्र को दे देता है।
- दुष्यन्त के लिए इन्द्र अपना आधा सिंहासन छोड़ देते हैं तथा **राजा को मन्दारमाला** पहनाते हैं।
- राजा द्वारा तिरस्कृत शकुन्तला को प्रसव तक अपने घर में रखने को **'सोमरात'** तैयार होते हैं।
- अष्टमूर्ति शिव की उपासना शाकुन्तलम् के नान्दी में की गई है, यह **मङ्गलाचरण आशीर्वादात्मक** है।
- शाकुन्तल के मङ्गलाचरण में **स्रग्धरा छन्द** है, जिसके प्रत्येक चरण में **21 वर्ण** होते हैं। यह **पत्रावली नान्दी** है।
- जब तक विद्वान् सन्तुष्ट न हो जाय सूत्रधार अभिनय-कौशल को सफल नहीं समझता। वह ग्रीष्म ऋतु पर नटी से गीत सुनाने को कहता है।

- सूत्रधार आरम्भ में एक छन्द गाता है –> **(सुभगसलिल...)** दूसरा उद्‌गाथा छन्द में नटी गीत गाती है –> **(ईषदीषच्चुम्बितानि....)**
- सूत प्रथम अङ्क के आरम्भ में धनुष पर बाण चढ़ाये राजा की उपमा 'शिव' से देता है।
- प्रथम अङ्क में वैखानस राजा को चक्रवर्ती पुत्र प्राप्त करने का आशीर्वाद देता है।
- समिधा लाने जाता हुआ 'वैखानस' राजा को बताता है कि शकुन्तला के 'प्रतिकूल भाग्य की शान्ति' के लिए कण्व शकुन्तला पर अतिथि सत्कार का भार सौंप कर **'सोमतीर्थ'** गये हुए हैं।
- आश्रम से सरोवर का मार्ग वल्कलों के अग्रभाग से टपकते जल से रेखांकित है।
- राजा आश्रम में प्रवेश से पूर्व अपने आभूषण और धनुष सारथि (सूत) को देकर सादे वेष में प्रवेश करता है।
- आश्रम-प्रवेश के समय राजा की **'दाहिनी' भुजा फड़कती** है जो सुन्दर स्त्री की प्राप्ति का सूचक है।
- आश्रम-प्रवेश पर राजा वाटिका की दाहिनी ओर वृक्षों का सेंचन कर रही (प्रियंवदा आदि) बालिकाओं को देखता है।
- प्रियंवदा कहती है कि शकुन्तला के समीप रहने पर 'बकुल' (मौलश्री) का वृक्ष लता से युक्त लगता है।
- नवमालिका लता आम के वृक्ष से लिपटी है जिसका **'वनज्योत्स्ना'** नाम शकुन्तला ने रखा है।
- प्रियंवदा 'सप्तपर्ण वृक्ष' की वेदी पर राजा को बैठने हेतु कहती है।
- अनसूया द्वारा परिचय पूँछने पर राजा अपने को पुरुवंशी राजा द्वारा नियुक्त धर्माधिकारी बताता है।
- शकुन्तला के जन्म का वृत्तान्त अनसूया राजा को बताती है।
- कौशिक (विश्वामित्र) गौतमी नदी के किनारे तपस्या कर रहे थे।
- प्रियंवदा दो वृक्षों के सेंचन का ऋण बताकर शकुन्तला को रोकती है राजा अपनी अँगूठी देकर शकुन्तला को ऋण मुक्त करना चाहता है।
- द्वितीय अङ्क का आरम्भ खिन्न विदूषक के प्रवेश के साथ होता है जो राजा के 'मृगया' के व्यसन से दुःखी है।
- द्वितीय अङ्क में सेनापति और विदूषक 'मृगया' (शिकार) के गुण-दोष की चर्चा करते हैं।
- दुष्यन्त, शकुन्तला के प्रति अपने प्रेम को विदूषक से कहता है और कहीं यह अन्तःपुर में न बता दे इसलिए उस बात को हँसी में कही 'बात' कहता है।
- करभक सन्देश लाता है कि चौथे दिन महारानी (दुष्यन्त की माता) के व्रत (जीवित्पुत्रिका/ जिउतियाव्रत) का 'पारण' है।
- राजा अपने स्थान पर 'विदूषक' को भेज देता है।

- तृतीय अङ्क का आरम्भ 'शिष्य' के प्रवेश से होती है जो शकुन्तला के अस्वस्थ होने की खबर प्रियंवदा से प्राप्त होने का अभिनय करता है।
- तृतीय अङ्क का आरम्भ 'विष्कम्भक' से होता है।
- तृतीय अङ्क में दुष्यन्त के शकुन्तला के समीप उपस्थित होने पर दोनों सखियाँ मृग-शावक को उसकी माँ से मिलाने के बहाने से हट जाती हैं।
- दुष्यन्त तृतीय अङ्क में **शकुन्तला से गान्धर्व विवाह** करता है। यह विवाह केवल क्षत्रियों के लिए ही स्वीकृत था।
- गौतमी दोनों सखियों के साथ शकुन्तला का स्वास्थ्य जानने आती है।
- चतुर्थ अङ्क का आरम्भ पुष्प चुनती हुई दो सखियों (प्रियंवदा, अनसूया) के प्रवेश के साथ होता है।
- अनसूया, शकुन्तला के 'भाग्यदेवता' के पूजन के लिए अधिक फूल तोड़ने को कहती है।
- शाप देकर जाते हुए **दुर्वासा को मनाने प्रियंवदा** जाती है।
- शकुन्तला कुटिया के द्वार पर बाएँ हाथ पर मुँह रखे चित्रलिखित सी बैठी है।
- शाप का वृत्तान्त केवल अनसूया और प्रियंवदा को ज्ञात रहता है।
- चौथे अङ्क का आरम्भ भी **शुद्ध विष्कम्भक** के साथ होता है।
- विष्कम्भक के पश्चात् सोकर उठे 'शिष्य' का प्रवेश मंच पर होता है। जो काश्यप के आदेशानुसार 'कितनी रात शेष है' यह जानने के लिए बाहर आता है।
- 'शकुन्तला सुखपूर्वक सोई कि नहीं' यह जानने के लिए गयी हुई प्रियंवदा यह समाचार लाती है कि 'कण्व' ने शकुन्तला के विवाह को अनुमति दे दी है।
- शकुन्तला 'गर्भिणी' है यह समाचार कण्व को **'अशरीरधारी छन्दोमयी'** वाणी ने यज्ञशाला में प्रविष्ट होने पर दिया।
- इस घटना को प्रियंवदा, अनसूया से बताती है।
- अनसूया शकुन्तला की विदाई हेतु नारियल के डिब्बे में बकुल (मौलश्री) की माला, केसर आदि आम की डाल पर लटका कर रखती है।
- अनसूया शकुन्तला की विदाई के अवसर पर गोरोचन, तीर्थों की मिट्टी, दूब के अग्रभाग आदि वस्तुएँ इकट्ठा करती है।
- स्वस्तिवाचन के समय तीन तापसियाँ शकुन्तला को आशीर्वाद देती हैं।
- पहली तापसी **'महादेवी'** शब्द प्राप्त करने, दूसरी **'वीर पुत्र'** को प्राप्त करने का और तीसरी **'पति से अधिक सम्मान'** प्राप्त करने का आशीर्वाद देती है।
- दो ऋषि कुमार जिनके नाम **नारद** व **गौतम** हैं, वे वृक्षों द्वारा प्रदत्त वस्त्र-आभूषण आदि शकुन्तला के लिए लाते हैं।
- दोनों सखियाँ चित्रकारी से प्राप्त ज्ञान के आधार पर शकुन्तला का शृङ्गार करती हैं।
- पूरे नाटक में **महर्षि कण्व केवल चौथे अङ्क** में दिखाई पड़ते हैं। वे स्नान के उपरान्त **'यास्यत्यद्य शकुन्तलेति'**...... श्लोक के साथ मंच पर प्रविष्ट होते हैं।

- चतुर्थ अङ्क के **22 श्लोकों में 14 श्लोक महर्षि कण्व** ने कहे हैं। चौथे अङ्क के प्रसिद्ध चार श्लोक भी महर्षि कण्व द्वारा कहे गये हैं।
- **ययाति** चंद्रवंश के संस्थापक राजाओं में थे जिनकी **देवयानी** और **शर्मिष्ठा** नाम की दो पत्नियाँ थीं।
- **देवयानी** दानवों के गुरु **शुक्राचार्य की पुत्री** और ययाति की विवाहिता पत्नी थी।
- दानवों के राजा **'वृषपर्वा' की पुत्री शर्मिष्ठा** देवयानी की सेविका के रूप में आयी थी। ययाति ने उससे गान्धर्व विवाह कर लिया।
- ययाति के 5 पुत्रों में **शर्मिष्ठा का पुत्र 'पुरु'** भी था जिसने शुक्राचार्य के शाप से वृद्ध हुए ययाति की वृद्धावस्था अपने ऊपर ले लिया था।
- अग्निवेदी की परिक्रमा करते हुए कण्व ने ऋग्वैदिक छन्द 'त्रिष्टुप्' में शकुन्तला को आशीर्वाद दिया।
- 'त्रिष्टुप्' के प्रत्येक चरण में 11 वर्ण होते हैं, 4 या 5 वर्ण पर यति होती है।
- वृक्षों के प्रथम 'पुष्पोद्गम' के समय शकुन्तला आश्रम में उत्सव मनाया करती थी।
- 'वृक्षों से' कण्व द्वारा शकुन्तला के जाने हेतु आज्ञा माँगने पर वे 'कोयल' की आवाज में आज्ञा प्रदान करते हैं।
- वृक्षों ने शकुन्तला को कोयल की आवाज में जाने की आज्ञा दे दी है। इस बात की कण्व अपरवक्त्र छन्द में पुष्टि करते हैं।
- आकाशवाणी के द्वारा शकुन्तला यात्रा की जो मङ्गल कामना की गई है वह **शाकुन्तलम् का 'मध्यनान्दी'** है।
- जाती हुई शकुन्तला अपनी **लता-बहिन 'वनज्योत्सना'** से गले मिलकर विदाई लेती है। जो 'आम्रवृक्ष' से लिपटी है। और इसे धरोहर के रूप में सखियों के हाथ में देती है।
- शकुन्तला कण्व से गर्भ के कारण शिथिल हरिणी के कुशलपूर्वक सन्तानोत्पत्ति का समाचार अपने पास भेजने को कहती है।
- कुशाग्रों से विंधे मुखवाले जिस मृग के मुख पर शकुन्तला ने इंगुदी (हिंगोट) का तेल लगाया था तथा साँवा के चावल से पाला था वह शकुन्तला के जाते समय उसका वस्त्र खींचता है। वह उसे पिता कण्व को सौंपती है।
- शकुन्तला के साथ सरोवर के तट तक आये कण्व क्षीरवृक्ष (पीपल) के नीचे बैठ कर दुष्यन्त को भेजने हेतु संदेश देते हैं।
- कमल के पत्ते की ओट में बैठे सहचर (चकवा) को न देख पाने के कारण चकवी रोती (चिल्लाती) है।
- शकुन्तला द्वारा पहले पूजा के रूप में डाले गये 'नीवार' अब कुटी के द्वार पर उगे हैं जो कण्व को उसकी याद दिलायेंगे।
- **''अपराजिता रक्षाकरण्डक''** सिंह शावक के साथ खेलते सर्वदमन के हाथ पर बंधा है जो बालक के माता-पिता के अतिरिक्त अन्य के छूने पर सर्प बनकर डस लेता है।

- षष्ठ अङ्क में इन्द्र-सारथि मातलि राजा में क्रोध या वीरता को जगाने के लिए विदूषक पर आक्रमण करता है।
- मातलि विदूषक पर आक्रमण करके उसे **'मेघप्रतिच्छन्द'** नामक महल के ऊपरी मंजिल पर ले जाता है।
- राजा उस पर आक्रमण हेतु 'यवनी' नामक परिचारिका से धनुष माँगता है।
- मातलि राजा के समक्ष प्रकट होकर राजा को देवासुर संग्राम में इन्द्र के सहायतार्थ चलने हेतु निवेदन करता है।
- **कालनेमि का वंशज 'दुर्जेय'** ने इन्द्र पर आक्रमण किया जिसे केवल दुष्यन्त मार सकता है।
- राजा दुष्यन्त के **मंत्री 'पिशुन'** हैं जिन पर वह देवासुर संग्राम में जाते हुए राज्यभार सौंपता है। विदूषक से यह बात उन्हें बताने के लिए कहता है।
- **हेमकूट किन्नरों का पर्वत** है जहाँ प्रजापति 'मारीच' रहते हैं।
- जब मातलि 'राजा' के आगमन की सूचना (मारीच को) देने जाता है तब राजा अशोक के वृक्ष के नीचे बैठता है।
- 'जातकर्म' 16 संस्कारों में चौथा है। जिस अवसर पर सर्वदमन के हाथ पर **'अपराजिता'** नामक रक्षासूत्र बाँधा गया था।
- मारीच **'वत्स, चिरंजीव। पृथिवीं पालय'** आशीर्वाद राजा को देते हैं तथा दुर्वासा - शाप का वृत्तान्त दोनों को बताते हैं।
- अदृश्य तेजोमयी मूर्ति के रूप में मेनका 'अप्सरास्तीर्थ' से शकुन्तला को लेकर दाक्षायणी (मारीच-पत्नी) के पास गयी।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक का भरतवाक्य (अन्तिम श्लोक) (प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय) **'रुचिरा' छन्द** में है। जिसके प्रत्येक चरण में 13 वर्ण, 4, 9 पर यति होती है।
- जीवों को बलात् वश में कर लेने के कारण भरत का नाम 'सर्वदमन' था।
- पञ्चम अङ्क में अँगूठी के शचीतीर्थ में जलतर्पण के समय गिरने की बात का पता सर्वप्रथम 'गौतमी' के मुख से पता चलता है।

3. पात्रों का चरित्र-चित्रण

राजा दुष्यन्त

परिचयः –

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् का धीरोदात्त नायक

महासत्वोऽतिगम्भीरः क्षमावानविकत्थनः।

स्थिरो निगूढाहङ्कारो धीरोदात्तो दृढव्रतः॥

(दशरूपक – द्वितीयप्रकाश)

अर्थात् वह (राजा दुष्यन्त) स्थिर स्वभाववाला, क्षमाशील, अतिगम्भीर, महाबली, अहङ्कारशून्य, दृढनिश्चयी, स्वयं प्रशंसा न करने वाला, मधुरभाषी, एवं ललित कलाओं का मर्मज्ञ है।

- शकुन्तला का प्रेमी/पति।
- पुरुवंशी (चन्द्रवंशी) एक क्षत्रिय राजा (राजर्षि)।
- हस्तिनापुर के सम्राट्।
- विदूषक (माधव्य) के मित्र।
- हंसपदिका और वसुमती नामक रानियों के आदर्शपति।
- सर्वदमन (भरत) के पिता।

चारित्रिक विशेषतायें

- आदर्श प्रेमी।
- आदर्श राजा/उत्तम शासक
- आखेट (मृगया) प्रेमी।
- आकर्षक व्यक्तित्व एवं सौन्दर्यशाली।
- वात्सल्यप्रेमी एवं गुणग्राही।
- सहृदय तथा संयमी।
- मातृभक्त तथा आज्ञाकारीपुत्र।
- लोकोत्तर आदर्शचरित्र
- सुन्दर एवं गम्भीर आकृति।
- विनयशील नैतिक एवं धर्मपरायण।
- कलाप्रेमी/कुशलचित्रकार/संगीतप्रेमी
- वीरयोद्धा/पराक्रमी/शूरवीर।
- मधुरभाषी एवं उदार।
- आदर्श पिता।
- चरित्रवान् नायक।

दुष्यन्त के महत्वपूर्ण गुण एवं कार्य

- दानवों के वधार्थ इन्द्र उसे स्वर्ग में बुलाता है। **(अङ्क-6)**
- उसके शारीरिक गठन एवं सौन्दर्य से सभी प्रभावित होते हैं, वह सुन्दर एवं युवा है।

- धनुष की टंकार से ही यज्ञ में विघ्न करने वाले राक्षसों को भगा देता है।
- प्रियंवदा उसके मधुरभाषण की प्रशंसा करती है। **(अङ्क-1)**
- जब तक यह निश्चित नहीं हो जाता है कि शकुन्तला क्षत्रिय कन्या है, तब तक वह अपने विवाह का विचार प्रकट नहीं करता है।
- शकुन्तला की प्रेमावस्था देखकर वह उसके पाणिग्रहण और रक्षा की स्वीकृति देता है।**(अङ्क-3)**
- वह रुग्ण शकुन्तला को धूप में जाने से रोकता है, और उसकी सेवा-शुश्रूषा करता है।
- माता की आज्ञा पाते ही ऋषियों के यज्ञरक्षा रूपी कार्य की विवशता के कारण मित्र विदूषक को तत्काल माता के पास भेजता है। **(अङ्क-2)**
- रानी हंसपदिका के संगीत को सुनकर मन्त्रमुग्ध हो जाता है। **(अङ्क-5)**
- शकुन्तला तथा उसकी सखियों का चित्र बनाता है। **(अङ्क-6)**
- ऋषियों के प्रति बहुत आदरभाव है, उनके कहने से वह मृग पर बाण नही चलाता है।
- विनीत वेष में आश्रम में प्रवेश करता है। **(अङ्क-1)**
- यज्ञरक्षा हेतु ऋषियों की प्रार्थना सादर स्वीकार करता है।
- शार्ङ्गरव के आक्षेपों का उत्तर शान्तिपूर्वक देता है। **(अङ्क-5)**
- मारीच ऋषि के दर्शनार्थ उनके आश्रम जाता है। **(अङ्क-7)**
- वह धनमित्र नामक व्यापारी की मृत्यु पर शोक प्रकट करता है। उसके गर्भस्थ पुत्र को उसका धन दिलाता है। **(अङ्क-6)**
- प्रजा की रक्षा को परमधर्म समझता है।
- दुःखियों का दुःख दूर करने को सदा उद्यत रहता है।
- परस्त्री की ओर देखना पाप समझता है – ''**अनिर्वर्णनीयं परकलत्रम्**'' **(अङ्क-5)**
- संतानहीनता का उसे बहुत दुःख है।
- प्रजा के लिए घोषणा करता है कि बन्धुहीनों का वह बन्धु है।
  ''**येन येन वियुज्यन्ते प्रजाः स्निग्धेन बन्धुना**''
- शाप के कारण शकुन्तला को न पहचानने पर वह अपने पूर्णसंयम का परिचय देता है। **(अङ्क-5)**
- सर्वदमन (भरत) को देखकर वात्सल्य का भाव जाग उठता है। **(अङ्क-7)**
- वह शिकार खेलता हुआ कण्व ऋषि के आश्रम में प्रवेश करता है। **(अङ्क-1)**
- राजा, मृगया को व्यसन नही अपितु शारीरिक स्वास्थ्य एवं मनोविनोद का साधन मानता है, इससे शरीर हल्का फुल्का एवं फुर्तीला रहता है। **(अङ्क-2)**

- राजाद्वारा निर्मित शकुन्तलाके चित्रको देखकर विदूषक और सानुमती मन्त्रमुग्ध हो जाते हैं। **(अङ्क 6)**
- राजा दुष्यन्त के सौन्दर्य एवं व्यक्तित्व से सखियों सहित शकुन्तला प्रभावित होती है।
- दाक्षायणी (अदिति) भी दुष्यन्त के व्यक्तित्व की प्रशंसा करती हैं। **(अङ्क-7)**
- दुष्यन्त की वीरता से प्रभावित होकर इन्द्र अपना आधा इन्द्रासन छोड़ देते हैं, तथा उन्हें मन्दारमाला पहनाते हैं।
- इस प्रकार राजादुष्यन्त कर्त्तव्यपरायण, प्रजाप्रेमी, पराक्रमी, विनीत और अविकत्थन है।

शकुन्तला

परिचय –

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् की नायिका।
- विश्वामित्र और अप्सरा मेनका की पुत्री।
- महर्षिकण्व की धर्मपुत्री, (पालिता पुत्री)।
- नाट्यशास्त्रीय दृष्टि से मुग्धा नायिका।
- **''शकुन्तैः परिवारिता परिपालिता वा।''** पक्षियों से आवृत या कुछ समय तक पक्षियों द्वारा परिपालित होने के कारण 'शकुन्तला' यह सार्थक नाम पड़ा।
- मालिनी नदी के तट पर स्थित कण्वाश्रम में निवास।
- राजा द्वारा परित्यक्ता होने के बाद मारीच आश्रम में निवास।
- राजादुष्यन्त की प्रेमिका/तृतीयपत्नी।
- सर्वदमन (भरत) की माँ।
- अनसूया एवं प्रियंवदा की प्रियसखी।

चारित्रिक विशेषतायें

1. अपूर्वसुन्दरी	2. प्रकृतिप्रिया	3. आदर्शप्रेमिका
4. आश्रमप्रेमी	5. पतिव्रता पत्नी/आदर्शनारी	6. सुशीला एवं लज्जावती
7. स्वाभिमानिनी	8. कार्यकुशला	9. आदर्शपुत्री
10. मधुरभाषिणी	11. सच्ची सखी	12. अन्तर्मन की सहजता

शकुन्तला के चारित्रिक गुण एवं कार्य

- शकुन्तला नैसर्गिक सौन्दर्य की प्रतिमूर्ति है –

- **इदं किलाव्याजमनोहरं वपुः......** **(1-18)**
- **इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी....** **(1-17)**
- **सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यम्....** **(1-20)**
- **अधरः किसलयरागः......** **(1-21)**

- **मानुषीषु कथं वा स्यात्......** **(1-26)**
- **अनाघ्रातं पुष्पं.........** **(2-10)**
- **चित्रे निवेश्य......** **(2-9)**

➢ शकुन्तला का पालन पोषण कण्व आश्रम में हुआ है, अतः उसमें स्वाभाविक सरलता, सुशीलता एवं मुग्धता है।

➢ राजा दुष्यन्त को देखते ही उसके ह्रदय में कामभाव जागृत होता है, परन्तु वह उसे व्यक्त नहीं करती – **किं नु खलु इमं जनं प्रेक्ष्य....। (अङ्क-1)**

➢ जब राजा दुष्यन्त उसकी प्रशंसा करता है, तो वह लज्जा से सिर नीचा कर लेती है। **'शकुन्तला अधोमुखी तिष्ठति'**। (अङ्क-1)

➢ प्रकृति से घनिष्ट प्रेम है। वह वृक्षों, वनस्पतियों और मृगादि से सहोदरों जैसा स्नेह करती है – **''अस्ति मे सोदरस्नेहोऽयेतेषु'' (अङ्क-1)**

➢ आश्रम के वृक्षों को जल देकर ही वह जलपान करती है, प्रियमण्डना होने पर भी वृक्षों के फूल, पत्तें नहीं तोड़ती – **''पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलम्.....।'' (अङ्क-4/9)**

➢ वह पतिव्रता है, विवाहोपरान्त पति के चिन्तन में ही व्याकुल और अन्यमनस्क है – **विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा।**

➢ आश्रम से विदाई के समय वृक्षों और मृगादि से भी विदा लेती है। वनज्योत्स्ना से गले मिलती है, आश्रमीय मृगों को स्नेह करती है। **''सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्।'' (अङ्क-4/9)।**

➢ राम द्वारा परित्यक्त सीता यथा वाल्मीकि आश्रम में निवास करती हैं, वैसे ही राजा दुष्यन्त द्वारा परित्याग कर दिये जाने पर मारीच ऋषि के आश्रम में वह तपस्विनी के समान जीवन यापन करती रही, वह अपने आपको ही दोष देती है, राजा को नही।

➢ अपने पूज्यजनों का विशेष आदर करती है, राजा से अपने पैर नही दबवाती है। **(अङ्क-3)**

➢ शार्ङ्गरव के डॉटने पर उसे प्रत्युत्तर नही देती है। **(अङ्क-5)**

➢ ऋषि कण्व एवं आश्रमीय ऋषियों के प्रति उसकी अगाध श्रद्धा है, सखियों के प्रति उसका **निश्छल प्रेम है।**

➢ राजा के प्रति आसक्ति के कारण उसकी मनःस्थिति उद्विग्न हो जाती है, परन्तु अपनी मुँहबोली-सखियों से भी बताने में उसे **संकोच** होता है।

➢ वह अपनी सखियों के कहने पर राजा को एक प्रेमपत्र लिखती है – **तव न जाने ह्रदयं**......... **(अङ्क-3/13)**

- आश्रम के बाहर जाने पर कण्व शकुन्तला के ऊपर ही **अतिथिसत्कार का भार** सौंपते हैं।
- आश्रम से उसका विशेष लगाव है, आश्रमीय चोटिल मृग को वह इङ्गुदी का तेल लगाती है, उसे श्यामॉक चावल की मुट्ठियाँ भर-भर कर खिलाती है।
  यस्य त्वया व्रणविरोपणमिङ्गुदीनाम्.......(अङ्क 4-14)
- शकुन्तला गर्भमन्थरा मृगवधू के सुखप्रसव का समाचार भेजने के लिए पिता कण्व से कहती है। **(अङ्क-4)।**

महर्षि कण्व

परिचय –

- आश्रम के कुलपति।
- शार्ङ्गरव, शारद्वत, नारद, हारीत, वैखानस आदि के गुरु।
- शकुन्तला के पालक पिता।
- 'काश्यप' नाम से नाटक में वर्णित।
- श्रौतविधि से अग्निहोत्र करने वाले एक ऋषि/साधक/तपस्वी।

चारित्रिक विशेषतायें

1. त्रिकालज्ञ नैष्ठिक ब्रह्मचारी।
2. तपस्वी एवं साधक
3. अत्यन्त दयालु, स्नेही एवं धार्मिक।
4. लौकिकव्यवहार में निपुण/लोकाचारज्ञाता/लौकिकज्ञ।
5. आध्यात्मिक प्रभावशाली व्यक्तित्व/सिद्धपुरुष।
6. वात्सल्यपूर्ण आदर्श पिता।
7. भविष्यवक्ता।
8. सहृदयता।

महर्षिकण्व के चारित्रिक गुण एवं कार्य

- कण्व का तपोबल असाधारण है, वे वर्तमान, भूत और भविष्य को जानने वाले हैं।
  ''तपःप्रभावात् प्रत्यक्षं सर्वमेव तत्रभवतः'' (अङ्क-7)
- कण्व को ज्ञात है कि शकुन्तला पर विपत्ति आएगी, अतः उसके निवारणार्थ वे सोमतीर्थ जाते हैं। **''दैवमस्या प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः'' (अङ्क-1)**
- आकाशवाणी द्वारा कण्व को ज्ञात होता है कि दुष्यन्त का तेज (वीर्य) शकुन्तला के गर्भ में पल रहा है, वे इन दोनों के इस गान्धर्वविवाह से सहर्ष सहमत होते हैं।
  ''दुष्यन्तेनाहितं तेजो......'' (अङ्क-4/4)

- उनके तपःप्रभाव के कारण शकुन्तला की विदाई के समय वृक्ष आभूषण और रेशमी वस्त्र आदि देते हैं – "**क्षौमं केनचिदिन्दुपाण्डुतरुणा....।**" **(अङ्क-4/5)**
- शकुन्तला के प्रति उनका प्रेम निःस्वार्थ है, उसकी विदाई के समय वे सगे माता-पिता के समान व्याकुल होते हैं – "**यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं......।**" **(अङ्क 4/6)** "**शममेष्यति मम शोकः......।**" **(अङ्क 4-21)**
- ऋषि होते हुए भी लौकिकव्यवहार को अच्छी तरह जानते हैं। "**वनौकसोऽपि सन्तो लौकिकज्ञा वयम्।**" (अङ्क-4)
- ससुराल जाती हुई पुत्री शकुन्तला को सुन्दर उपदेश देते हैं– "**शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने।**" **(अङ्क 4-18)**
- कण्व द्वारा शार्ङ्गरव के माध्यम से राजा दुष्यन्त को दिया गया सन्देश उनके लौकिकज्ञान की पराकाष्ठा को सूचित करता है – "**अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनान्।**" **(अङ्क 4-17)**
- वे शकुन्तला के साथ अनसूया और प्रियंवदा को हस्तिनापुर नही भेजते, क्योंकि उन दोनों का भी विवाह करना है। विवाहिता के साथ कुमारी कन्याओं को भेजना अनुचित समझते हैं।
- कण्व शकुन्तला से कहते हैं कि राजा दुष्यन्त के पास पहुँचने पर वहाँ के कार्यों में व्यस्त होकर तुम मेरे विरह दुःख को भूल जाओगी – "**मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि**" **(अङ्क 4-19)**
- वे कन्या को विदा करके तनावमुक्त जीवन का अनुभव करते हैं – "**अर्थो हि कन्या परकीय एव।**" **(अङ्क 4-22)**
- कण्व अपने धर्म, तपस्या, यज्ञ, आदि के अनुष्ठान में लगे रहते हैं, और विभिन्न तीर्थस्थानों की यात्रा करते हैं।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में ही कण्व का प्रवेश होता है, किन्तु सम्पूर्ण नाटक में उनका प्रभाव परिलक्षित होता है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् चतुर्थ अङ्क के कुल 22 श्लोकों में से 14 प्रसिद्ध श्लोक महर्षि कण्व (काश्यप) के द्वारा कहे गए हैं –

- यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं.............. **(4-6)**

  (चार प्रसिद्ध श्लोकों में से एक)
- ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव...... **(4-7)**
- अमी वेदिं परितः क्लृप्तधिष्ण्याः। **(4-8)**
- पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलम्। **(4-9)**

  (चार प्रसिद्ध श्लोकों में से एक)

- अनुमतगमना शकुन्तला। **(4-10)**
- सङ्कल्पितं प्रथममेव मया तवार्थे। **(4-13)**
- यस्य त्वया व्रणविरोपणमिङ्गुदीनाम्। **(4-14)**
- उत्पक्ष्मणोर्नयनयोरुपरुद्धवृत्तिम्। **(4-15)**
- अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनान्। **(4-17)**

(चार प्रसिद्ध श्लोकों में से एक)

- शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं....। **(4-18)**

(चार प्रसिद्ध श्लोकों में से एक)

- अभिजनवतो भर्तुः श्लाघ्ये स्थिता गृहिणीपदे। **(4-19)**
- भूत्वा चिराय चतुरन्तमहीसपत्नी। **(4-20)**
- शममेष्यति मम शोकः कथं नु वत्से.....। **(4-21)**
- अर्थो हि कन्या परकीय एव। **(4-22)**

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् चतुर्थ अङ्क के **प्रसिद्ध चारों श्लोक महर्षि कण्व** (काश्यप) द्वारा कहे गये हैं।

➢ अनसूया, प्रियंवदा एवं शकुन्तला तीनों कण्व को **तात** (पिता) कहकर पुकारती हैं।

अनसूया एवं प्रियंवदा

परिचय –

➢ अनसूया और प्रियंवदा दोनों शकुन्तला की प्रिय सखियाँ।

➢ कण्वाश्रम में शकुन्तला के साथ निवास।

दोनों सखियों की चारित्रिक विशेषतायें

- सुन्दररूप एवं समान आयु।
- तपोवन-निवासिनी।
- सामान्य व्यवहारज्ञान से परिचित।
- कामशास्त्र से परिचित।
- आदर्श–सखियाँ।
- शकुन्तला की हितैषिणी।
- सौन्दर्यशालिनी।
- लोकव्यवहारज्ञाता।
- अतिथिसत्कार-निपुणा।
- परिहास/विनोदप्रिया।
- तर्कशीला।
- प्रकृतिप्रेमिका।
- आश्रमप्रिया।
- पारस्परिक स्नेह एवं आत्मीयता।

चारित्रिक गुण एवं कार्य

➢ दोनों सखियाँ शकुन्तला की समवयस्का हैं, और सौन्दर्य में लगभग उसके समान ही हैं – **''अहो समवयोरूपरमणीयं भवतीनां सौहार्दम्।''** (अङ्क-1)

- राजा दुष्यन्त तीनों सखियों के परस्पर सौहार्दभाव, समान अवस्था एवं सौन्दर्य की प्रशंसा करता है – "**अहो मधुरमासां दर्शनम्**" (अङ्क-1)
- दोनों सखियाँ शकुन्तला के व्यक्तित्व की प्रतिच्छाया सी प्रतीत होती हैं, इनकों पृथक् कर शकुन्तला के अस्तित्व एवं व्यक्तित्व की कल्पना कठिन है।
- यदि शकुन्तला आश्रमाकाश की चन्द्रलेखा है, तो सखीद्वय तदनुगामी विशाखानक्षत्र "**किमत्र चित्रं यदि विशाखे शशाङ्करेखामनुवर्तेते।**" (अङ्क-3)
- प्रथम अङ्क से लेकर चतुर्थ अङ्क तक शकुन्तला के साथ दोनों सखियाँ उपस्थित रहती हैं।
- अनसूया एवं प्रियंवदा – ये दोनों पात्र महाकविकालिदास की नाट्यप्रतिभा की निजी कल्पना से प्रादुर्भूत हैं।
- सौन्दर्य में शकुन्तला सबसे अधिक सुन्दर है, परन्तु आयु में अनसूया सबसे बड़ी ज्ञात होती है।
- सखियों में परस्पर घनिष्ट प्रेम है, तीनों ही एक दूसरे को सदा सुखी देखना चाहती हैं।
- दोनों सखियों का नाम सार्थक है। अनसूया **(न असूया इति अनसूया)** सभी के प्रति ईर्ष्या द्वेषादि से सर्वथा रहित है, तथा प्रियंवदा **(प्रियं वदति इति प्रियंवदा)** सदा प्रिय मधुर बोलने वाली है।
- सुख दुःख–दोनों में सदा शकुन्तला के साथ रहती हैं, और सर्वदा उसका हितचिन्तन करती हैं।
- तृतीय अङ्क में शकुन्तला को अस्वस्थ देखकर राजा दुष्यन्त से मिलाने का प्रयास करती हैं।
- दोनों सखियाँ कर्मठ, कार्यदक्ष और बुद्धिमती हैं, दोनों आश्रम के वृक्षों को उत्साहपूर्वक सींचती हैं।
- चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला की विदाई के समय दोनों उसका शृङ्गार करती हैं।
- तृतीय अङ्क में अपनी बुद्धिमत्ता से राजा दुष्यन्त से यह वचन लेती हैं कि वह शकुन्तला को सदा सुखी रखेगा – "**परिग्रहबहुत्वेऽपि......सखी च युवयोरियम्।**" (अङ्क 3/17)
- दोनों सखियाँ शिष्ट, विनीत, मधुरभाषिणी और वाक्चतुर हैं, प्रथम अङ्क में राजा से मिलने पर अनसूया उनका परिचय पूछती है – "**कतम आर्येण राजर्षिवंशोऽलंक्रियते।**" (अङ्क-1)
- शकुन्तला के प्रति दुर्वासा के भीषण शाप को सुनकर दोनों का ह्रदय विदीर्ण हो जाता है, शापनिवृत्ति के लिए पूरा प्रयास करती हैं, तथा अपनी प्रियसखी शकुन्तला को कुछ भी नही बताती हैं।

- दोनों सखियाँ शकुन्तला से निःस्वार्थ प्रेम करती हैं, उसे सब प्रकार से सुखी और प्रसन्न रखना चाहती हैं। शकुन्तला जब कामज्वर से ग्रस्त होती है, तब कमलनाल, कमलपत्र और चन्दनादि के लेप से उसका उपचार करतीं हैं।
- दोनों सखियों के लिए शकुन्तला का संयोग जितना मधुर है, उतना ही वियोग दुःखदायी।
- राजा दुष्यन्त उनके आतिथ्यसत्कार, लोकव्यवहार, एवं मधुरभाषण से प्रसन्न होता है – ''**भवतीनां सुनृतयैव गिरा कृतमातिथ्यम्।**'' (अङ्क-1)
- अनसूया स्वभाव से वाग्विदग्ध, व्यवहारकुशल एवं प्रौढ है, राजा दुष्यन्त जब आश्रम में प्रवेश करता है, तो अनसूया ही उससे वार्तालाप प्रारम्भ करती है – ''**आर्य, न खलु किमप्यत्याहितम् इयं नौ प्रियसखी मधुकरेणाभिभूयमाना कातरीभूता।**'' (अङ्क-1)
- अनसूया राजा दुष्यन्त से उनका परिचय पूछती है, और अपनी सखी शकुन्तला के जन्म एवं माता पिता के विषय में राजा से बताती है। –''**शृणोत्वार्य अस्ति कोऽपि कौशिक इति गोत्रनामधेयो महाप्रभावो राजर्षिः।**'' (अङ्क-1)
- प्रियंवदा, अनसूया की अपेक्षा अधिक विनोदप्रिया एवं चपल है। शकुन्तला जब अनसूया से अपने वल्कलों को ढीला करने को कहती है तो प्रियंवदा परिहास करती है कि मुझे उलाहना न देकर पयोधरविस्तारी अपने यौवन को उलाहना दो–''**अत्र पयोधरविस्तारयितृ आत्मनो यौवनमुपालभस्व।**'' (अङ्क-1)
- शकुन्तला द्वारा वनज्योत्सना और आम्रवृक्ष की युगलजोड़ी को स्नेहदृष्टि से देखने पर प्रियंवदा मजाक करती है कि तुम भी इसी तरह अपने अनुकूल वर को प्राप्त करने की सोच रही हो–''**यथा वनज्योत्स्नाऽनुरूपेण पादपेन सङ्गता..... अहमप्यात्मनोऽनुरूपं वरं लभेयेति।**'' (अङ्क-1)
- अनसूया में प्रियंवदा की अपेक्षा धैर्य तथा गाम्भीर्य अधिक है। दुर्वासा के शाप को सुनकर जब प्रियंवदा सहसा घबड़ा जाती है –''**हा धिक्, हा धिक् अप्रियमेव संवृत्तम्**'' किन्तु अनसूया उसे धैर्यपूर्वक दुर्वासा को मनाने के लिए कहती है – ''**गच्छ, पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनम्।**'' (अङ्क-4)
- प्रियंवदा चपलतावश इस दारुण शापवृत्तान्त को शकुन्तला से कहीं बता न दें इसके लिए अनसूया उसको मना करती है – ''**प्रियंवदे! द्वयोरेव नौ मुख एष वृत्तान्तस्तिष्ठतु**''।
- प्रियंवदा के मन में यह शंका उठती है कि पिता कण्व गान्धर्वविवाह के वृत्तान्त को सुनकर न जाने क्या सोचेगें –''**तात इदानीमिमं वृत्तान्तं श्रुत्वा न जाने किं प्रतिपत्स्यत इति**'' (अङ्क-4) तो अनसूया अपने विवेक बुद्धि का परिचय देती हुई कहती है कि –''**यथाऽहं पश्यामि तथा तस्यानुमतं भवेत्। गुणवते कन्यका**

प्रतिपादनीया इत्ययं तावत् प्रथमः संकल्पः।''

- अनसूया शकुन्तला के भविष्य के प्रति चिन्तित रहती है, वह किसी भी विषय पर सम्यक् उहापोह और विचार-विमर्श करती है। वह चिन्तित है कि राजा दुष्यन्त अपने नगर हस्तिनापुर पहुँचने के बाद शकुन्तला के साथ किये गये गान्धर्व विवाह को स्मरण करेगा या नहीं–''**अद्य स राजर्षिः इतोगतं वृत्तान्तं स्मरति वा न वेति।**''(अङ्क-4)
- प्रियंवदा निःशङ्क और निश्चिन्त स्वभाव वाली है। उसे पूरा विश्वास है कि सुन्दर आकृति वाला दुष्यन्त गुणरहित नही हो सकता – ''**न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति**'' (अङ्क-4)
- अनसूया भविष्य के प्रति सचेष्ट और व्यावहारिक बुद्धिवाली है। तृतीय अङ्क में वह राजा से यह वचन लेती है कि अनेक रानियों के बीच शकुन्तला की उपेक्षा न करें। ''**वयस्य बहुवल्लभाः राजानः श्रूयन्ते**''**।** राजा उनकी प्रियसखी शकुन्तला को गौरवपूर्ण स्थान देने का आश्वासन देता है।
- शकुन्तला की विदाई के अवसर पर उसे सजाने के लिए अनसूया आम की डाल पर नारियल के डिब्बे में केसरमालिका को रखे रहती है।
- अनसूया, प्रियंवदा की अपेक्षा तात कण्व के अधिक निकट है, वह पिता के स्वभाव तथा विचारों को ठीक से जानती है, तात कण्व भी शकुन्तला की विदाई के अवसर पर अनसूया को ही बारम्बार सम्बोधित करते हैं।
- प्रियंवदा प्रणयव्यापार के स्वरूप को अच्छी प्रकार जानती है। शकुन्तला और दुष्यन्त के प्रेम में वह सूत्रधार का कार्य करती है। तृतीय अङ्क में शकुन्तला की अस्वस्थता के मूल कारण को प्रियंवदा ठीक से समझती है और उसके उपाय के रूप में शकुन्तला को मदनलेख (प्रेमपत्र) लिखने की प्रेरणा भी प्रियंवदा देती है, और उस प्रेमपत्र को फूलों में छिपाकर देवता के प्रसाद के बहाने राजा तक पहुँचाने का कार्य भी उसी के द्वारा सम्पन्न होता है।
- अनसूया अतिथि सत्कार करने में निपुण है, राजा दुष्यन्त के आश्रम आने पर वह शकुन्तला से कहती है – ''**हला शकुन्तले, गच्छोटजम्। फलमिश्रमर्घमुपहर।**''
- श्राप को सुनकर प्रियंवदा दुर्वासा के समीप जाकर शकुन्तला की मङ्गलकामना हेतु क्षमायाचना करती है। (अङ्क-4)
- अनसूया विचारशील और मितभाषिणी है, वह हँसी, मजाक की बातों में विशेष भाग नहीं लेती। वह सशङ्कवृत्ति की है, सहसा किसी बात पर विश्वास नहीं करती। जबकि प्रियंवदा शीघ्र विश्वास करने वाली, परिहासप्रिया एवं वाक्पटु है।
- अनसूया भविष्य के सुख की विशेष चिन्ता करती है, प्रियंवदा वर्तमान को विशेष महत्त्व देती है।
- अनसूया अधिक व्यवहारिक, धीर और परिपक्व बुद्धि की है जबकि प्रियंवदा भावुक एवं चञ्चल है।

विदूषक (माधव्य)

परिचय –

- राजा दुष्यन्त का अन्तरङ्ग मित्र।
- हास्यरस का एक पात्र।
- 'माधव्य' नामक एक ब्राह्मण।

चारित्रिक विशेषतायें

- भोजनपटु।
- डरपोक एवं अकर्मण्य।
- राजा का परमप्रिय मित्र एवं परामर्शदाता।
- भीरु एवं सरल स्वभाव।

विदूषक का लक्षण

कुसुमवसन्ताद्यभिधः कर्मवपुर्वेषभाषाद्यैः।
हास्यकरः कलहरतिर्विदूषकः स्यात् स्वकर्मज्ञः।

विदूषक स्वामिभक्त, मनोविनोद में निपुण, कुपित नायिकाओं को मनाने वाला, एवं सच्चरित्र होता है। वह अपने ऊँटपटाँग कार्यों, विकृत अङ्गों तथा वेषभूषादि के द्वारा हास्य का वातावरण प्रस्तुत करता है। वह नायक का विश्वासपात्र तथा उसके प्रणय सम्बन्धी क्रियाकलापों में सहायता पहुँचाता है।

विदूषक (माधव्य) के गुण एवं कार्य

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के विदूषक (माढव्य) का सर्वप्रथम दर्शन द्वितीय अङ्क में होता है।
- विदूषक माधव्य भोजनप्रिय एवं पेटू है। राजा दुष्यन्त शकुन्तला के प्रणयव्यापार में उनसे सहायता करने के लिए कहता है तो वह ''**किं मोदकखण्डिकायाम्**'' कहकर अपनी पेटपूजा पटुता का परिचय देता है।
- इसी प्रकार षष्ठ अङ्क में राजादुष्यन्त शकुन्तला के वियोग में अँगूठी से उपालम्भ देते हैं किन्तु विदूषक को वहाँ भी बुभुक्षा पीड़ित करती है–''**कथं बुभुक्षया खादितव्योऽस्मि**'' (अङ्क-6)
- वह स्वभाव से अत्यन्त भीरु एवं डरपोक है। शकुन्तला के दर्शन हेतु वह भी उत्सुक था, पर जब वह राक्षसों का वृत्तान्त सुनता है, तब डर जाता है। (अङ्क-2)
- राजा के मृगयाव्यसन के कारण उसको विश्राम का तनिक भी अवसर प्राप्त नहीं होता है, इससे वह अत्यन्त दुःखी है–'**एतस्य मृगयाशीलस्य राज्ञो वयस्यभावेन निर्विण्णोऽस्मि।**'' (अङ्क-2)

- विदूषक अपने प्रत्येक क्रियाकलाप एवं भावभङ्गिमा से सभी को हँसाता है। जब राजा दुष्यन्त के सामने एक ही साथ ऋषियों की यज्ञरक्षा तथा माता की आज्ञा से राजधानी लौटने के दो कार्य उपस्थित होते हैं, तो विदूषक राजा से कहता है कि – "**त्रिशङ्कुरिवान्तरा तिष्ठ।**" (अङ्क-2)
- विदूषक यत्र तत्र अपनी मन्दबुद्धिता का भी परिचय देता है, परन्तु वैसे बहुत चतुर है। षष्ठ अङ्क में राजा के द्वारा आम्रमञ्जरी को मदनबाण कहने पर वह काष्ठदण्ड लेकर मारने दौड़ता है। उसकी मूर्खता पर खिन्न राजा भी हँस पड़ता है।
- विदूषक सरलहृदय का व्यक्ति है, राजा को सन्देह हुआ कि यह राजधानी में जाकर कहीं हमारे प्रणयप्रसङ्ग की चर्चा हमारी रानियों से न कर दे, अतः राजा दुष्यन्त ने उससे कहा कि वे सब मजाक की बातें हैं।

  "**परिहासविजल्पितं सखे न परमार्थेन गृह्यतां वचः**" (अङ्क-2)
- विदूषक राजा की इस बात को सच मान लेता है और रानियों से इसकी कोई चर्चा नहीं करता है।
- रानी वसुमती के आने पर वह शकुन्तला का चित्र लेकर भाग जाता है, और राजा को वसुमती के क्रोध से बचाता है।
- पञ्चम अङ्क के प्रारम्भ में रूठी रानी हंसपदिका को मनाने के लिए राजा विदूषक को ही भेजता है।
- षष्ठ अङ्क में इन्द्र का सारथि मातलि विदूषक को पीटता है जिससे राजा का क्रोध प्रस्फुटित होता है। तभी राजा दानवों के वधार्थ स्वर्ग को जाता है।
- वह राजा को समय-समय पर सान्त्वना देता है, उसका मनोरञ्जन करता है, और उचित परामर्श भी देता है। (अङ्क-6)

गौतमी

- **परिचय** – ऋषि कण्व की धर्मभगिनी
- कण्वाश्रम की सर्वाधिक वृद्धा तपस्विनी/वरिष्ठ महिला
- आश्रम की व्यवस्थापिका/अध्यक्षा

चारित्रिक विशेषताएँ –

- सम्मानित महिला
- वरिष्ठ तपस्विनी
- बुद्धिमती
- व्यवहारकुशल एवं लोकव्यवहार की ज्ञाता
- अभिभाविका
- अतीव सरल एवं निच्छल व्यक्तित्व
- ममतामयी एवं वात्सल्य की प्रतिमूर्ति

चारित्रिक गुण एवं कार्य

- महर्षि कण्व का गौतमी के प्रति सम्मानभाव है, इसीलिए शकुन्तला के साथ उसे हस्तिनापुर तक भेजा जाता है।
- गौतमी में अवस्थानुरूप गाम्भीर्य, सहिष्णुता एवं विवेकशीलता दृष्टिगोचर होती है, राजदरबार में दुष्यन्त जब शकुन्तला के साथ अपने सम्बन्ध को अस्वीकार कर देता है, तब वह शकुन्तला का घूँघट हटाकर स्वयं उसे अपने सम्बन्ध को प्रमाणित करने का आदेश देती है।
- गुरुजनों तथा बन्धु-बान्धवों से पूछे बिना दुष्यन्त एवं शकुन्तला के प्रेम सम्बन्धों को वह अनुचित मानती है।
- शकुन्तला के प्रति उसका हृदय माँ की वात्सल्यमयी ममता से ओतप्रोत है। वह उसे पुत्रीवत् स्नेह करती है। राजा दुष्यन्त द्वारा अस्वीकार कर दिये जाने पर शकुन्तला जब शार्ङ्गरव आदि के पीछे-पीछे आने लगती है तो उस समय गौतमी का वात्सल्यभाव जाग उठता है – **वत्स शार्ङ्गरव, अनुगच्छतीयं खलु नः**
  करुणपरिदेविनी शकुन्तला........किं वा मे पुत्रिका करोतु।'' (अङ्क 5)
- कण्व के आश्रम में गौतमी अभिभावक की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है, तापसकन्याओं की देखरेख का उत्तरदायित्व उसी का है।
- प्रथम अङ्क में प्रियंवदा के परिहास से परेशान हुई शकुन्तला गौतमी से शिकायत करने को कहती है –
  इयम् असम्बद्धप्रलापिनी....गौतम्यै निवेदयिष्यामि (अङ्क-1)
- शकुन्तला की अस्वस्थता का समाचार सुनकर गौतमी शान्तिजल लेकर उसके ऊपर छिड़कती है और वात्सल्यभाव से पूछती है– **'जाते, लघुसन्तापानि तेऽङ्गानि' (अङ्क-3)**
- शकुन्तला की विदाई में विलम्ब होता देख गौतमी महर्षिकण्व से भी वापस लौट जाने का निवेदन करती है –
  जाते, परिहीयते गमनवेला....निवर्ततां भवान्। (अङ्क-4)
- कण्व द्वारा शकुन्तला को उपदेश दिये जाने पर गौतमी उसे ठीक से स्मरण करने को कहती है –
  जाते, एतत् खलु सर्वमवधारय। (अङ्क-4)
- गौतमी शकुन्तला को सर्वदा, **'वत्से', 'जाते', 'पुत्रि'** आदि यही सम्बोधन करती है इससे शकुन्तला के प्रति उसका अगाध स्नेह स्वयं व्यक्त होता है।
- शकुन्तला को छोटी-छोटी व्यवहार और शिष्टाचार की बातें भी गौतमी बताती हैं, विदाई के समय कण्व ऋषि के आने पर शकुन्तला को प्रणाम करने को कहती है।
  ''आचारं तावत् प्रतिपद्यस्व'' (अङ्क-4)

➢ कण्व द्वारा पुत्री शकुन्तला के लिए चक्रवर्ती पुत्र प्राप्त करने का आशीर्वाद सुनकर गौतमी अत्यन्त प्रसन्न होकर कहती है – यह तो केवल आशीर्वाद नहीं, अपितु वरदान है।
भगवन्, वरः खल्वेषः, नाशीः (अङ्क-4)

➢ आश्रम की संरक्षिका, व्यवस्थापिका, अध्यक्षा या वरिष्ठ तपस्विनी के रूप में गौतमी का सम्मान सभी आश्रमवासी करते हैं। शकुन्तला को हस्तिनापुर ले जाने के लिए शार्ङ्गरव आदि को गौतमी ही आदेश देती है –
'गौतमि, आदिश्यन्तां शार्ङ्गरवमिश्राः शकुन्तलानयनाय' (अङ्क-4)

शार्ङ्गरव और शारद्वत

➢ **परिचय** – शार्ङ्गरव और शारद्वत दोनों कण्व ऋषि के शिष्य। **चारित्रिक गुण एवं कार्य**

➢ कण्व ऋषि इनके नाम के साथ आदरसूचक 'मिश्र' शब्द का प्रयोग करते हैं –
'आदिश्यन्तां शार्ङ्गरवमिश्राः' (अङ्क-4)
'क्व ते शार्ङ्गरवमिश्राः (अङ्क-4)

➢ दोनों परिपक्व आयु वाले तथा विद्यानिष्णात हैं

➢ गुरु कण्व का इन दोनों के ऊपर अटूट विश्वास है, तभी तो उनकी देखरेख में शकुन्तला को पतिगृह (हस्तिनापुर) भेजते हैं।

➢ राजा दुष्यन्त इन दोनों के गरिमामय व्यक्तित्व को देखकर उन्हें गुरुसमान कहता है –
''गुरुशिष्ये गुरुसमे'' – (अङ्क-6)

➢ शास्त्रज्ञान के साथ ही साथ इन दोनों ऋषियों में लौकिकज्ञान भी विद्यमान है।

➢ शकुन्तला की विदाई के समय मार्ग में सरोवर को देखकर शार्ङ्गरव महर्षि कण्व से लौट जाने को कहता है –
''भगवन् ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्य इति श्रूयते। तदिदं सरस्तीरम्.......।'' (अङ्क-4)

➢ दोनों ऋषियों को आश्रम के जीवन से प्रेम है और नगर जीवन से घृणा।

➢ हस्तिनापुर नगर में प्रवेश करते समय एक ओर जहाँ शार्ङ्गरव राजभवन को अग्नि की लपटों से घिरा हुआ समझता है –
जनाकीर्णं मन्ये हुतवहपरीतं गृहमिव' (अङ्क-5)

➢ वहीं दूसरी ओर शारद्वत नगर के भोगासक्त लोगों को उसी प्रकार समझता है, जिस प्रकार स्नात व्यक्ति तैलासिक्त को, पवित्र व्यक्ति अपवित्र को, प्रबुद्ध व्यक्ति सोये हुए को, और स्वच्छन्दचारी व्यक्ति बन्धनयुक्त को समझता है –
''अभ्यक्तमिव स्नातः शुचिरशुचिमिव'' (अङ्क-5/11)

➢ इन दोनों में शार्ङ्गरव अधिक आयु का है, ऋषि कण्व को उस पर अधिक विश्वास है, अतः राजा दुष्यन्त के लिए **(अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनान्----अङ्क-4.17)** रूपी संदेश उसी को देते हैं। शार्ङ्गरव ही शकुन्तला के साथ हस्तिनापुर जाने

वाले दल का नेता है, जबकि ऋषि शारद्वत उससे छोटा और शान्तस्वभाव का है।

- शार्ङ्गरव, शारद्वत की अपेक्षा अधिक वाक्पटु एवं लौकिक व्यवहार का ज्ञाता है, जबकि शारद्वत मितभाषी है। उसके विचार दार्शनिक हैं, उसमें दूसरों के प्रति सहानुभूति है।
- शार्ङ्गरव बहुत बोलने वाला, क्रोधी, असहिष्णु, कठोर और अशान्त प्रकृति का है। वह अपने नाम को चरितार्थ करता है, क्योंकि 'शार्ङ्गरव का शाब्दिक अर्थ है – **'धनुष के समान शब्द करने वाला।'** राजा दुष्यन्त जब शकुन्तला को नहीं पहचानता और विवाह को अस्वीकार कर देता है, तो वह उसे शठ, अधार्मिक और ऐश्वर्योन्मत्त आदि कहकर फटकारता है –

  ''मूर्च्छन्त्यमी विकाराः प्रायेणैश्वर्यप्रमत्तेषु। (अङ्क-5/18)
- शार्ङ्गरव अत्यन्त निर्भय एवं स्पष्टवादी है। दुष्यन्त जब अपने आपको शकुन्तला का पति नहीं मानता, तो शार्ङ्गरव उसे चोर तक कहता है – **''पात्रीकृतो दस्युरिवासि येन'' अङ्क-5/20**
- शारद्वत मितभाषी, अक्रोधी, सहिष्णु तथा शान्त प्रकृति का है, जब राजा दुष्यन्त और शार्ङ्गरव का विवाद उग्र रूप धारण करता है, तब वही उसे शान्त करता है –

  ''शार्ङ्गरव, विरम त्वमिदानीम्'' (अङ्क-5)
- शारद्वत राजा दुष्यन्त से अन्ततः कहता है कि शकुन्तला तुम्हारी पत्नी है, तुम इसे रखो या छोड़ो, हम लोग जाते हैं –

  ''तदेषा भवतः कान्ता, त्यज वैनां गृहाण वा'' (अङ्क-5)
- शार्ङ्गरव व्यवहारकुशल नहीं है, वह राजा से झगड़े को बढ़ाता है, जबकि शारद्वत अत्यन्त व्यवहारिक है वह झगड़े को निपटाता है। शारद्वत के कारण ही विवाद शान्त हुआ।
- दुष्यन्त के अपमानजनक व्यवहार से दुखी शकुन्तला जब रोने लगती है, तब शार्ङ्गरव उसे डाँटता है –

  ''अतः परीक्ष्य कर्त्तव्यं विशेषात् सङ्गतं रहः'' (अङ्क-5/24)
- जब दरबार में शकुन्तला को छोड़कर गौतमी सहित दोनों शिष्य आश्रम लौटने लगते हैं, तब शकुन्तला भी उनके पीछे-पीछे लौटने लगती है, तभी शार्ङ्गरव पुनः शकुन्तला को कठोर शब्दों में डाँटता है– **''किं पुरोभागे, स्वातन्त्र्यमवलम्बसे'' (अङ्क-5)**

4. शाकुन्तल प्रश्नमीमांसा

1. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के नान्दीपाठ में भगवान् शिव की मूर्तियाँ निर्दिष्ट हैं- **(PGT-2016)**

(A) पाँच **(B) नव**
(C) ग्यारह **(D) आठ**

उत्तर- (D)

व्याख्या- ⇒ महाकवि कालिदास द्वारा विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के मङ्गलाचरण में अष्टमूर्ति शिव की स्तुति की गयी है-

या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या, वहति विधिहुतं या हविर्या च होत्री,
ये द्वे कालं विधत्तः, श्रुतिविषयगुणा या स्थिता व्याप्य विश्वम्।
यामाहुः सर्वबीजप्रकृतिरिति यया प्राणिनः प्राणवन्तः
प्रत्यक्षाभिः प्रपन्नस्तनुभिरवतु वस्ताभिरष्टाभिरीशः॥ (अभि0-1/1)

1. विधाता की पहली सृष्टि- जलरूपी मूर्ति
2. जो विधिपूर्वक हवन की गई हवि को ले जाती है- अग्नि रूपी मूर्ति
3. जो स्वयं हवन करने वाली यजमान रूपी मूर्ति
4. दिन और रातरूप समय का निर्माण करने वाली- सूर्य और चन्द्र की मूर्ति
5. सम्पूर्ण संसार को व्याप्त करके स्थित है- श्रवणेन्द्रिय के विषयस्वरूप गुणवाली- आकाशरूपी मूर्ति
6. जिसे लोग सभी बीजों का कारण कहते हैं- पृथ्वीरूपी मूर्ति
7. जिसके द्वारा सभी प्राणी प्राणवान् हैं। वायुरूपी मूर्ति प्रत्यक्ष दिखायी देने वाली उन आठ मूर्तियों से युक्त भगवान् शिव आप सबकी रक्षा करें।

⇒ **मृच्छकटिकम्-** महाकवि शूद्रक मृच्छकटिकम् के प्रारम्भ में मङ्गलाचरण में शिव जी की स्तुति किये हैं-

पर्यङ्कग्रन्थिबन्धद्विगुणितभुजगाश्लेष ... ब्रह्मलग्नः समाधिः।

शिव की वह ब्रह्मलीन समाधि आप सभी की रक्षा करें।

⇒ **मुद्राराक्षस-** महाकवि विशाखदत्त द्वारा प्रणीत मुद्राराक्षस के मङ्गलाचरण में शिव की वन्दना की गयी है-

धन्या केयं स्थिता ते शिरसि......सुरसरितं शाठ्यमव्याद्विभोर्वः।। (1/1)

देवी पार्वती से गङ्गा छिपाने के इच्छुक भगवान् शिव की कुटिलता आप सबकी रक्षा करें।

⇒ **नलचम्पू- जयति गिरिसुतायाः.....वाग्विलासाः।** (1/1)

पर्वतपुत्री पार्वती के काम से उत्पन्न सन्ताप को धारण करने वाले, वक्षस्थल पर चन्दन रस की धारा के समान शीतल लगने वाले भगवान् चन्द्रमौलि (शिव) सर्वोत्कृष्ट हैं। शिव के पश्चात् निरन्तर सुधारस को बरसाने वाला यशस्वी कवियों का वाग्विलास भी सर्वोत्कृष्ट है।

⇒ **रघुवंशम्-** महाकवि कालिदास जी ने रघुवंशमहाकाव्य के मङ्गलाचरण में शिवपार्वती की स्तुति की है-

वागर्थाविव सम्पृक्तौ......पार्वतीपरमेश्वरौ॥ (1/1)

शब्द और अर्थ के समान नित्य मिले हुए संसार के माता-पिता उमा और महेश्वर को मैं (कालिदास) शब्द और अर्थ का भलीभाँति से ज्ञान होने के लिये नमस्कार करता हूँ।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि अभिज्ञानशाकुन्तलम् के नान्दीपाठ में अष्टमूर्ति शिव की स्तुति की गयी है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/1)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज 01

2. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' का दुष्यन्त नायक है- **(PGT-2000)**

(A) धीरप्रशान्त **(B) धीरोदात्त**

(C) धीरललित **(D) धीरोद्धत**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

नायक चार प्रकार

धीरप्रशान्त	धीरोदात्त	धीरललित	धीरोद्धत
(चारुदत्त)	(दुष्यन्त)	(उदयन)	(भीम)

➢ **धीरललित- 'निश्चिन्तो धीरललितः कलासक्तः सुखी मृदुः।'** (दश. 2/3) चिन्ता से मुक्त, कलाओं का प्रेमी, सुखी तथा कोमल प्रकृति का नायक धीरललित कहलाता है। जैसे- रत्नावली का नायक उदयन।

➢ **धीरप्रशान्त- 'सामान्यगुणयुक्तस्तु धीरशान्तो द्विजादिकः।'** (दश. 2/3) सामान्य गुणों से युक्त द्विज आदि नायक धीरप्रशान्त नायक कहा गया है। जैसे- मृच्छकटिकम् का नायक चारुदत्त।

➢ **धीरोदात्त-**

महासत्त्वोऽतिगम्भीरः क्षमावानविकत्थनः।
स्थिरो निगूढाहङ्कारो धीरोदात्तो दृढव्रतः॥ (दश. 2/4)

विशाल एवं अविचल अन्तःकरणवाला, अत्यन्त गम्भीर, क्षमाशील, आत्मप्रशंसा न करने वाला (अर्थात् ढींग न हाँकने वाला), अविचल, अभिमान को दबाकर रखने वाला तथा दृढव्रती नायक धीरोदात्त कहा गया है।

जैसे- उत्तररामचरितम् का नायक राम, अभिज्ञानशाकुन्तलम् का नायक दुष्यन्त, किरातार्जुनीयम् का नायक अर्जुन, नलचम्पू का नायक नल आदि धीरोदात्त नायक हैं।

➢ **धीरोद्धत-**

दर्पमात्सर्यभूयिष्ठो मायाच्छद्मपरायणः।
धीरोद्धतस्त्वहङ्कारी चलश्चण्डो विकत्थनः।। (दश.2/5)

घमण्ड और डाह की अधिकता से युक्त, माया और कपट से भरपूर, अहङ्कारी, अस्थिर, अत्यन्त क्रोधी तथा अपनी प्रशंसा करने वाला नायक धीरोद्धत नायक कहा गया है।

जैसे- वेणीसंहार का नायक भीम धीरोद्धत नायक है। **अतः विकल्प B सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, भू.पेज-86

3. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का अङ्गीरस है- **(PGT-2002)**
(A) वीर **(B) शृङ्गार**
(C) करुण **(D) शान्त**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

	ग्रन्थ	**ग्रन्थकार**	**अङ्गीरस**
A.	वेणीसंहारम्	भट्टनारायण	वीररस
B.	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	कालिदास	शृङ्गाररस
C.	उत्तररामचरितम्	भवभूति	करुणरस
D.	नागानन्द	हर्षवर्धन	शान्तरस

विशेष- आचार्य विश्वनाथ 'साहित्यदर्पण' में 'नाटक' का लक्षण करते हुए कहते हैं कि ''एक एव भवेदङ्गी शृङ्गारो वीर एव वा'' इसप्रकार नाटक होने के कारण अभिज्ञानशाकुन्तलम् का मुख्य/प्रधान/अङ्गीरस''शृङ्गार'' है।

अतः विकल्प (B) सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी, भू.पेज - 60

4. अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक का विदूषक है- **(PGT-2002)**
(A) मैत्रेय **(B) माधव्य**
(C) माणवक **(D) गौतम**

उत्तर- (B)

व्याख्या–

	ग्रन्थ	**लेखक**	**विदूषक**
(A)	मृच्छकटिकम्	शूद्रक	मैत्रेय
(B)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	कालिदास	माधव्य
(C)	विक्रमोर्वशीयम्	कालिदास	माणवक
(D)	मालविकाग्निमित्रम्	कालिदास	गौतम
☆	स्वप्नवासवदत्तम्	भास	वसन्तक
☆	रत्नावली	श्रीहर्ष	वसन्तक

अतः विकल्प (B) सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी,भू. पेज-90

5. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' का सर्वप्रथम अंग्रेजी अनुवाद किसने किया? **(PGT-2005)**

(A) शेक्सपियर **(B) गेटे**

(C) विलियम जोन्स **(D) मैक्समूलर**

उत्तर- (C)

व्याख्या–

सर विलियम जोन्स द्वारा 1789 ई0 में अंग्रेजी में अभिज्ञानशाकुन्तलम् का अनुवाद किया गया।

* जार्ज फास्टर द्वारा 1791 ई0 में किये गए जर्मन अनुवाद को पढ़कर जर्मन महाकवि गेटे ने अभिज्ञानशाकुन्तलम् की जो समीक्षापूर्ण प्रशस्ति लिखी थी, वह डॉ0 विष्णु मिराशी के शब्दों में इस प्रकार है-

वासन्तं कुसुमं फलं च युगपद् ग्रीष्मस्य सर्वं च यद्
यच्चान्यन्मनसो रसायनमतः सन्तर्पणं मोहनम् ।
एकीभूतमभूतपूर्वमथवा स्वर्लोकभूलोकयोः
ऐश्वर्यं यदि वाञ्छसि प्रियसखे! शाकुन्तलं सेव्यताम्॥

* कालिदास की तुलना शेक्सपियर से करते हुए कुछ आलोचक कालिदास को भारत का शेक्सपियर' कहते हैं। किन्तु मुझे लगता है शेक्सपियर को 'इग्लैण्ड का 'कालिदास' कहना चाहिए और कालिदास को 'विश्व का शेक्सपियर' कहा जाना चाहिए क्योंकि कालिदास ने खण्डकाव्य, गीतिकाव्य,नाटक, महाकाव्य सभी विधाओं में लिखा है जबकि शेक्सपियर ने केवल नाटक लिखे हैं।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का इतिहास- उमाशंकर शर्मा 'ऋषि', पेज-

6. 'प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः' यह भरतवाक्य किस नाटक में प्रयुक्त हुआ है? **(PGT-2016)**

(A) मृच्छकटिकम् में **(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में**

(C) नलचम्पू में **(D) उत्तररामचरितम् में**

उत्तर- (B)

व्याख्या- शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् दस अङ्कों वाला एक प्रकरण ग्रन्थ है जिसमें चारुदत्त के द्वारा भरतवाक्य कहा गया है- संहार नामक दशवें अङ्क में -

क्षीरिण्यः सन्तु गावो, भवतु वसुमती सर्वसम्पन्नसस्या,
पर्जन्यः कालवर्षी, सकलजनमनोनन्दिनो वान्तु वाताः। (मृच्छ.10/61)

गायें दुधारू हों, हर तरह की फसलों से धरती भरी हो, मेघ समय पर पानी दे, सबके मन को हरने वाली हवा बहे, संसार में जन्म देने वाले सभी प्राणी सुखी हों, लोग सदा सबके समादरणीय एवं सदाचारी हों, लक्ष्मीवान् शत्रुओं का शमन करने वाले हों तथा धार्मिक राजा धरती का शासक हो।

⇒ **अभिज्ञानशाकुन्तलम्-** महाकवि कालिदास द्वारा अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सातवें अङ्क के अन्तिम श्लोक में भरतवाक्य राजा दुष्यन्त के द्वारा उद्घोषित हुआ है-

प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः
सरस्वती श्रुतमहतां महीयताम्।
ममापि च क्षपयतु नीललोहितः
पुनर्भवं परिगत-शक्तिरात्मभूः॥ (अभि.7/35)

राजा प्रजा के हित के लिये प्रयत्नशील हों। ज्ञान-गरिष्ठ कवियों की वाणी का पूर्ण सत्कार हो। सर्वशक्तिमान् स्वयं शिव मेरे पुनर्जन्म को निवृत्त कर दें।

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (7/35)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज 453

7. ''आ परितोषाद् विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम् बलवदपि शिक्षितानामात्मन्यप्रत्ययं चेतः'' यह श्लोक किस काव्य का है? **(PGT-2000)**

(A) उत्तररामचरितम् **(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
(C) किरातार्जुनीयम् **(D) शिशुपालवधम्**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

A. उत्तररामचरितम्–
भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् नाटक के तृतीय अङ्क में सूत्रधार नटी से कहता है कि-

सर्वथा व्यवहर्तव्यं कुतो ह्यवचनीयता।
यथा स्त्रीणां तथा वाचां साधुत्वे दुर्जनो जनः। (उत्तर.1/5)

सभी प्रकार से व्यवहार करना चाहिए। सर्वथा निर्दोषता कैसे सम्भव हो सकती है? मनुष्य जिसप्रकार स्त्रियों के पातिव्रत्य के सम्बन्ध में छिद्रान्वेषी होते हैं उसीप्रकार वाणी की निर्दोषता के विषय में भी छिद्रान्वेषी होते हैं।

B. अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में सूत्रधार नटी से कहता है-

आ परितोषाद् विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम्।
बलवदपि शिक्षितानामात्मन्यप्रत्ययं चेतः॥ (अभि.1/2)

विद्वानों के सन्तुष्ट न होनें तक मैं अभिनय के कौशल को पूर्ण नहीं समझता हूँ क्योंकि अत्यधिक शिक्षित मनुष्यों का भी मन अपने विषय में अविश्वासयुक्त होता है।

अतः विकल्प B सही है।

C. **किरातार्जुनीयम्-** भारवि द्वारा रचित किरातार्जुनीयम् महाकाव्य के प्रथमसर्ग में वनेचर नीतिज्ञान में अपनी अल्पज्ञता के विषय में युधिष्ठिर से कहता है कि-

निसर्गदुर्बोधमबोधविक्लवाः
क्व भूपतीनां चरितं क्व जन्तवः?
तवानुभावोऽयमवेदि यन्मया
निगूढतत्त्वं नयवर्त्म विद्विषाम्॥ (किरात.1/6)

स्वाभाव से ही दुर्बोध राजाओं का चरित कहाँ?
और अज्ञान से बोझिल मुझ जैसा जीव कहाँ?
अतः शत्रुओं के अत्यन्त गूढ़ रहस्यों से भरी जो कूटनीति की बातें मुझे ज्ञात हो सकी हैं यह तो केवल आप का अनुग्रह है।

D. **शिशुपालवधम्-** भगवान् श्रीकृष्ण देवर्षि नारद के अवयवों को देखकर क्रमशः समझ पाये कि यह नारद हैं-

चयस्त्विषामित्यवधारितं पुरा
ततः शरीरीति विभाविताकृतिम्।
विभुर्विभक्तावयवं पुमानिति
क्रमादमुं नारद इत्यबोधि सः॥ (शिशु.1/3)

सर्वप्रथम तेजों का समूह, उसके बाद मनुष्य आकार वाला शरीरधारी और फिर हाथ, पैर आदि अङ्ग दिखाई देने के बाद श्रीकृष्ण ने उन्हें क्रमानुसार नारद समझा।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/2)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-8

8. 'कामी स्वतां पश्यति' यह सूक्ति है- **(PGT-2000)**

(A) दुष्यन्त की **(B) कण्व की**

(C) शकुन्तला की **(D) दुर्वासा की**

उत्तर- (A)

व्याख्या-

A. **दुष्यन्त-** 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के द्वितीय अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला की मनोवृत्तियों एवं हाव-भाव की समीक्षा करके कहते हैं कि वह सब कुछ मुझे ही लक्ष्य करके किया गया था, फिर सोचते हैं कि 'आश्चर्य है कि कामी पुरुष सर्वत्र अपने अभिप्राय को देखता है-

''अहो कामी स्वतां पश्यति।'' (अभि.2/2)

अतः विकल्प A सही है।

B. **कण्व-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में काश्यप (कण्व) विदा होती हुई शकुन्तला से कहते हैं कि-

वनौकसोऽपि सन्तो लौकिकज्ञा वयम्। (अभि.अङ्क-4)
वनवासी होते हुये भी हम लौकिक व्यवहार को जानने वाले हैं।

C. **शकुन्तला-** शकुन्तला अपनी सखी अनसूया एवं प्रियंवदा से कहती हैं कि **'दुर्लभमिदानीं मे सखीमण्डनं भविष्यति।'** (अभि.अङ्क-4) ''अब मेरे लिए सखियों के द्वारा अलंकृत होना दुर्लभ हो जायेगा।''

D. **दुर्वासा-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में महर्षि दुर्वासा शकुन्तला को शाप देते हुए कहते हैं कि-

विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा
तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम्।
स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन्
कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव॥ (अभि.4/1)

'अनन्य हृदय से जिसका चिन्तन करती हुई तू उपस्थित हुए मुझ तपस्वी को नहीं देख रही है, वह तेरे स्मरण दिलाने पर भी तुझको स्मरण नहीं करेगा, जैसे उन्मत्त व्यक्ति पहले कही हुई बात को स्मरण नहीं करता है।

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम् (2/2)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 95

9. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में शकुन्तला को शाप किसने दिया? **(PGT-2000)**

(A) वसिष्ठ **(B) नारद**
(C) दुर्वासा **(D) विश्वामित्र**

उत्तर- (C)

व्याख्या-

A. **वसिष्ठ-** कालिदासकृत 'रघुवंशमहाकाव्य' के द्वितीयसर्ग में वशिष्ठ की नन्दिनी गाय की सेवा राजा दिलीप एवं सुदक्षिणा द्वारा पुत्र प्राप्ति हेतु की गयी है- यथा-
अथ प्रजानामधिपःप्रभाते जायाप्रतिग्राहितगन्धमाल्याम्।
वनाय पीतप्रतिबद्धवत्सां यशोधनो धेनुमृषेर्मुमोच॥ (रघु. 2/1)

B. **नारद-** माघकृत 'शिशुपालवधम्' के प्रथमसर्ग में इन्द्र का सन्देश लेकर नारद का आगमन एवं श्रीकृष्ण नारद सम्भाषण का वर्णन है-
'क्रमादमुं नारद इत्यबोधि सः' (शिशु. 1/3)

C. **दुर्वासा-** 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के चतुर्थ अङ्क में अनन्यमानसा शकुन्तला को अतिथि तिरस्कार से क्रोधित होकर दुर्वासा ने शाप दे दिया-
स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन्
कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव॥ (अभि. 4/1) **अतः विकल्प C सही है।**

D. **विश्वामित्र-** शकुन्तला, विश्वामित्र एवं मेनका की 'औरस' पुत्री है तथा महर्षि कण्व की 'मानस पुत्री' (पालिता या धर्मपुत्री) है।
''अस्ति कोऽपि कौशिक इति गोत्रनामधेयो महाप्रभावो राजर्षिः ....तमावयोः प्रियसख्याः प्रभवमवगच्छ।'' (अभि.अङ्क-1)

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम्-(4.1) कपिलदेव द्विवेदी,पेज-184

10. 'धीवर प्रसङ्ग' अभिज्ञानशाकुन्तलम् के किस अङ्क में है? **(PGT-2000)**

(A) तृतीय **(B) पञ्चम**
(C) षष्ठ **(D) सप्तम**

उत्तर- (C)

व्याख्या-

* **1. प्रथम अङ्क (आश्रम प्रवेश)-** शिकार खेलते हुए दुष्यन्त का कण्व आश्रम में प्रवेश, भ्रमर द्वारा शकुन्तला को पीड़ित किया जाना, उन्मत्त हाथी का प्रवेश।
* **2. द्वितीय अङ्क (आश्रम निवेश)-** विदूषक (माधव्य) का मंच पर प्रथम आगमन,राजा को करभक द्वारा हस्तिनापुर का सन्देश प्राप्त होना।
* **3. तृतीय अङ्क (मिलन)-** दुष्यन्त एवं शकुन्तला का गान्धर्व विवाह एवं मिलन दुष्यन्त द्वारा शकुन्तला को अँगूठी दिया जाना।
* **4. चतुर्थ अङ्क (विदाई)-** दुर्वासा द्वारा शकुन्तला को शाप दिया जाना, केवल चतुर्थ अङ्क में कण्व की उपस्थिति, शार्ङ्गरव, शारद्वत एवं गौतमी के साथ शकुन्तला की विदाई।
* **5. पञ्चम अङ्क (प्रत्याख्यान)-** शार्ङ्गरव, शारद्वत, और गौतमी के साथ शकुन्तला का हस्तिनापुर में प्रवेश, दुष्यन्त द्वारा शकुन्तला को न पहचानना, शार्ङ्गरव, आदि का शकुन्तला को हस्तिनापुर में छोड़कर आश्रम की ओर प्रस्थान।
* **6. षष्ठ अङ्क (पश्चात्ताप)-** धीवर प्रसङ्ग (प्रवेशक), इन्द्र के सारथि मातलि द्वारा दुष्यन्त को स्वर्ग ले जाना, मेनका की सखी सानुमती का प्रवेश। इससे स्पष्ट है कि 'धीवर प्रसङ्ग' अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पश्चाताप नामक षष्ठ अङ्क में है। **अतः विकल्प C सही है।**
* **7. सप्तम अङ्क (पुनर्मिलन)-** स्वर्ग से लौटते समय दुष्यन्त का हेमकूट पर्वत पर स्थित मारीच आश्रम में प्रवेश, पुत्र सर्वदमन, शकुन्तला एवं दुष्यन्त का मिलन।

स्त्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-307

11. 'अविश्रमोऽयं लोकतन्त्राधिकारः। 'इस उक्ति से युक्त नाटक है- **(PGT-2000)**

(A) मुद्राराक्षसम् **(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
(C) मृच्छकटिकम् **(D) इनमें से कोई नहीं**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

A. **मुद्राराक्षसम्- 'अत्यादरः शङ्कनीयः।'** (अङ्क-1)
चन्दनदास का आत्मगत कथन अत्यधिक आदर शङ्का को उत्पन्न करने वाला होता है।

B. **अभिज्ञानशाकुन्तलम्-**

अविश्रमोऽयं लोकतन्त्राधिकारः। (अङ्क-5)

कण्व शिष्यों की सूचना देने के लिए कञ्चुकी राजा की व्यस्तता को सोचकर कहता है कि मैं सूचना देने का साहस नहीं कर पा रहा हूँ अथवा 'यह लोक की रक्षा करने का अधिकार विश्राम से रहित होता है।**अतः विकल्प B सही है।**

C. **मृच्छकटिकम्-**

बलवता सह को विरोधः। (मृच्छ. 6/2) आर्यक, राजा पालक के विषय में विचार करके कहता है कि- बलवानों से विरोध कौन करना चाहेगा?

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम्(अङ्क-5)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-249

12. ज्वलति चलितेन्धनोऽग्निर्विप्रकृतः पन्नगः फणां कुरुते। **(PGT-2000)**

प्रायः स्वं महिमानं क्षोभात् प्रतिपद्यते हि जनः॥

यह श्लोक निम्नलिखित में किससे सम्बन्धित है- **उत्तर- (B)**

(A) मृच्छकटिकम्/शर्विलक

(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्/मातलि

(C) उत्तररामचरितम्/लव

(D) किरातार्जुनीयम्/द्रौपदी

व्याख्या-

A. मृच्छकटिकम् के चतुर्थ अङ्क में शर्विलक मदनिका से कहता है कि- **साहसे श्रीः प्रतिवसति।** (मृच्छ. अङ्क-4) साहस में लक्ष्मी का निवास होता है।

B. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में इन्द्र का सारथी मातलि राजा दुष्यन्त को क्रोध दिलाने के लिए विदूषक को पीटता है इस पर राजा के क्रोधित होने पर मातलि कहता है कि- **''ज्वलति चलितेन्धनोऽग्निर्विप्रकृतः पन्नगः फणां कुरुते। प्रायः स्वं महिमानं क्षोभात् प्रतिपद्यते हि जनः॥''** (अभि.6/36) अग्नि ईंधन को हिलाने पर जलने लगती है, छेड़ा हुआ सर्प फण फैला लेता है। क्योंकि प्रायः मनुष्य उत्तेजना से अपनी महिमा को प्राप्त कर लेता है। **अतः विकल्प B सही है।**

C. उत्तररामचरितम् के पञ्चम अङ्क में क्रोधित लव चन्द्रकेतु से कहता है -

ऋषयो राक्षसीमाहुर्वाचमुन्मत्तदृप्तयोः।

स योनिः सर्ववैराणां सा हि लोकस्य निष्कृतिः॥ (उत्तर.5/29)

ऋषि लोग उन्मत्त एवं गर्वयुक्त मनुष्यों की वाणी को राक्षसी वाणी कहते हैं वह सारे झगड़ों की जड़ है और वही लोगों के तिरस्कार का कारण है।

D. किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती हैं कि- **प्रविश्य हि घ्नन्ति शठास्तथा विधानसंवृताङ्गान्निशिता इवेषवः॥** (किरात.1/30) धूर्त लोग तथाविध सौम्य पुरुषों के आत्मीय बन कर उन्हे मार ही डालते हैं जैसे तीक्ष्ण बाण कवच से अनाच्छादित शरीर वालों के भीतर घुस कर उन्हें मार ही डालते हैं।

स्त्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्-6/31

13. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में विदूषक का चित्रण हुआ है- **(PGT-2002)**

(A) प्रथम अङ्क में **(B) द्वितीय अङ्क में**

(C) तृतीय अङ्क में **(D) चतुर्थ अङ्क में**

उत्तर- (B)

व्याख्या–

	अङ्क	प्रमुख पात्र
(A)	**प्रथम**	सूत्रधार,नटी, प्रियंवदा, अनसूया, वैखानस, शकुन्तला, दुष्यन्त आदि।
(B)	**द्वितीय**	विदूषक, दुष्यन्त, सेनापति, करभक आदि।
(C)	**तृतीय**	दुष्यन्त, शकुन्तला, अनसूया, प्रियंवदा, गौतमी आदि।
(D)	**चतुर्थ**	कण्व, अनसूया, प्रियंवदा, शकुन्तला, दुर्वासा, शार्ङ्गरव, शारद्वत, गौतमी आदि।
☆	**पञ्चम**	कञ्चुकी (वातायन), विदूषक, दुष्यन्त, शाङ्र्गरव, शारद्वत, गौतमी, सोमरात (पुरोहित), प्रतीहारी (वेत्रवती) आदि।
☆	**षष्ठ**	धीवर, श्यालक, चतुरिका, परभृतिका, मधुकरिका, सानुमती, कञ्चुकी, दुष्यन्तविदूषक, मातलि आदि।
☆	**सप्तम**	मातलि, मारीच, अदिति, दुष्यन्त, शकुन्तला, सर्वदमन (भरत) तापसी (सुव्रता)

विशेष-

☆ 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के चतुर्थ अङ्क को छोड़कर सभी अङ्कों में दुष्यन्त का वर्णन है।

☆ द्वितीय, पञ्चम, एवं षष्ठ अङ्क में विदूषक का चित्रण हुआ है।

☆ कण्व का चित्रण केवल चतुर्थ अङ्क में हुआ है।

☆ हंसपदिका एवं वसुमती का चित्रण केवल पञ्चम अङ्क में हुआ है।

अतः विकल्प (B) सही है।

स्त्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, (द्वितीय अङ्क) पृष्ठ-90

14. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के किस अङ्क के प्रारम्भ में शुद्ध विष्कम्भक का प्रयोग किया गया है? **(PGT-2002)**
(A) प्रथम अङ्क **(B) द्वितीय अङ्क**
(C) पञ्चम अङ्क **(D) चतुर्थ अङ्क**

उत्तर- (D)

व्याख्या–

(A) 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के प्रथम अङ्क के प्रथम श्लोक में स्रग्धरा छन्द में भगवान् शिव की स्तुति एवं 'अष्टपदा-नान्दी' का प्रयोग किया गया है।

(B) द्वितीय अङ्क के प्रारम्भ में मृगया से परिश्रान्त विदूषक (माढव्य) शरीराङ्गों को टेढ़ा-मेढ़ा करके बैठा हुआ एवं शकुन्तला विषयक वार्ता का स्मरण करके राजा से कहता है- **''ततो गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृत्तः।''** इस मुहावरे का प्रयोग है।

(C) पञ्चम अङ्क का प्रारम्भ आसन पर बैठे हुए राजा और विदूषक के प्रवेश से होता है।

(D) चतुर्थ अङ्क के प्रारम्भ में पुष्पों का चयन करती हुई दोनों सखियाँ (अनसूया प्रियंवदा) शकुन्तला विषयक चिन्तन करती हुई भूत एवं भावी कथा की सूचना दे 'रहीं हैं।

अतः यहाँ शुद्ध विष्कम्भक है -

''संक्षेपार्थस्तु विष्कम्भो मध्यपात्रप्रयोजितः।'' (दशरूपक 1.59)

अतः विकल्प (D) सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-134

15. अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक में प्रवेशक का प्रयोग हुआ है- **(PGT-2002)**
(A) तृतीय अङ्क में **(B) द्वितीय अङ्क में**
(C) पञ्चम अङ्क में **(D) षष्ठ अङ्क में**

उत्तर- (D)

व्याख्या–

प्रवेशक- विष्कम्भक की भाँति 'प्रवेशक' भी भूत एवं भावी कथानक को जोड़ने वाला, नीच पात्रों के द्वारा निम्न भाषा (प्राकृत) से प्रयुक्त दो अङ्कों के अन्तराल में, शेष अर्थ का सूचक (अर्थोपक्षेपक) प्रवेशक कहा गया है-

तद्वदेवानुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः।
प्रवेशोऽङ्कद्वयस्यान्तः शेषार्थस्योपसूचकः॥ (दश. 1.60)

'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक में प्रवेशक का प्रयोग षष्ठ अङ्क में हुआ है। प्रवेशक में सभी नीच पात्र होते हैं। इसमें नगर रक्षक श्याल (दुष्यन्त का साला) को दो सिपाहियों के साथ एक अभियुक्त (धीवर) मछुवारे को रस्सी से बाँधे हुए रङ्गमञ्च पर प्रवेश करते हुये दिखाया गया है। इसी से अँगूठी मिलने की जानकारी मिलती है। **अतः विकल्प (D) सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी,पेज-317

16. 'लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु' श्लोकांश स्थित है? (UP-TET-2014)
(A) मृच्छकटिके **(B) रघुवंशे**
(C) मेघदूते **(D) अभिज्ञानशाकुन्तले**

उत्तर- (D)

व्याख्या-

➢ महाकवि कालिदास द्वारा विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क से यह सूक्ति उद्धृत है- इस सूक्ति को कण्व के शिष्य के द्वारा कहा गया है-
'लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु'
यह संसार दो तेजों के साथ-साथ अस्त और उदय के द्वारा मानो अपने दशा-विशेषों में नियन्त्रित हो रहा है।

➢ मृच्छकटिकम् कवि शूद्रक की रचना है। यह 10 अङ्कों का प्रकरणग्रन्थ है।
शून्यमपुत्रस्य गृहं चिरशून्यं नास्ति यस्य सन्मित्रम्।
मूर्खस्य दिशः शून्याः सर्वं शून्यं दरिद्रस्य। (मृच्छ. 1/8)
पुत्रहीन व्यक्ति का घर सूना है अर्थात् बालक के बिना किसी भी व्यक्ति का घर सूना लगता है, जिस व्यक्ति के सच्चे मित्र नहीं है उसका घर भी सदा सूना रहता है। मूर्ख के लिए सभी दिशाएँ सूनी रहती हैं और निर्धन के लिए सब कुछ सूना है।

➢ महाकवि कालिदास द्वारा रचित रघुवंश महाकाव्य है। इसमें राजा दिलीप द्वारा नन्दिनी की सेवा का वर्णन है **'तदन्तरे सा विरराज धेनुर्दिनक्षपामध्यगतेव सन्ध्या'** (रघुवंशम् 2/20)
वह नन्दिनी सुदक्षिणा और दिलीप के बीच में, दिन और रात्रि के मध्य में स्थित सन्ध्याकाल की भाँति सुशोभित हुई।

➢ मेघदूतम् महाकवि कालिदास जी द्वारा रचित है, इसमें यक्ष-यक्षिणी के विरह का वर्णन है।
'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा' (मेघदूतम् पूर्व-6)
अर्थात् अधिक गुण वाले से की गयी याचना निष्फल भी अच्छी है, परन्तु निर्गुण से की गयी याचना सफल कामना वाली भी अच्छी नहीं है।
स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु' यह सूक्ति 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' से उद्धृत है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

17. 'आ परितोषाद् विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम्' सूक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है? (PGT-2003)
(A) उत्तररामचरितम् **(B) महाभारतम्**
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् **(D) किरातार्जुनीयम्**

उत्तर- (C)

व्याख्या–

A. **उत्तररामचरितम्-** भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् नाटक के द्वितीय अङ्क में तापसी आत्रेयी वनदेवता से कहती है कि-
'रहस्यं साधूनामनुपधि विशुद्धं विजयते।' (उ.रा. 2/2)
'निश्छल एवं विशुद्ध सज्जनों का चरित सदा विजय को प्राप्त होता है।'

B. **महाभारत-** महाभारत के द्रोणपर्व में घटोत्कच ने दुर्योधन से अलम्बुष का वध करने के पश्चात् कहा-
'रिक्तपाणिर्न पश्येत राजानं ब्राह्मणं स्त्रियम्।' (महा. द्रोणपर्व 174/43)
राजा, ब्राह्मण एवं स्त्री से खाली हाथ नहीं मिलना चाहिए।

C. **अभिज्ञानशाकुन्तलम्-** कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में प्रस्तावना प्रसङ्ग में सूत्रधार नटी से कहता है कि-
'आ परितोषाद् विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम्' (अभि. 1/2)
'विद्वानों के सन्तुष्ट न होने तक मैं अभिनय के कौशल को पूर्ण नहीं समझता हूँ।'
अतः विकल्प C सही है।

D. **किरातार्जुनीयम्-** द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती है कि-
'शमेन सिद्धिं मुनयो न भूभृतः।' (किरात. 1/42)
'शान्तिपूर्वक मुनि लोग सिद्धि को प्राप्त करते हैं राजा लोग नहीं।'

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/2)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-8

18. 'गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृत्तः' है- **(PGT-2003)**
(A) सूक्ति **(B) काव्यलक्षण**
(C) मुहावरा **(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं**
उत्तर- (C)

व्याख्या-

A. **सूक्ति -** काव्यों में विशेष कथन के लिए सूक्तियों का प्रयोग किया जाता है। मारीच आश्रम पर पहुँचने के उपरान्त राजा दुष्यन्त शुभ शकुन का अभिनय करते हुए कहते हैं कि-
'पूर्वावधीरितं श्रेयो दुःखं हि परिवर्तते।' (अभि. 7/13)
'पहले तिरस्कृत किया हुआ कल्याण दुःख रूप में पुनः परिणत हो जाता है।'

B. **काव्यलक्षण-** मम्मट के अनुसार काव्यप्रकाश के प्रथमोल्लास में काव्यलक्षण निम्नवत् है-
'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि।' (का.प्र. सूत्र-1)
दोषों से रहित गुणयुक्त और कहीं-कहीं अलङ्कार रहित शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य कहलाता है।

C. **मुहावरा-** अपनी बात को विशेष कथन के द्वारा प्रस्तुत करने के लिए मुहावरे का प्रयोग किया जाता है। **जैसे-** 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के द्वितीय अङ्क के आरम्भ में मृगया से परिश्रान्त विदूषक राजा के आने एवं शकुन्तला दर्शन विषयक वृत्तान्त का स्मरण करके कहता है-
'गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृत्तः।' (अभि.अङ्क-2)
फोड़े के ऊपर फोड़ा हो गया अर्थात् एक विपत्ति और आ गई।
अतः विकल्प C सही है।

स्रोत - अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-2)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-91

19. दुष्यन्त की मनः स्थिति जानने के लिए मेनका ने अपनी किस सखी को भेजा था? **(PGT-2003)**
(A) सानुमती **(B) उर्वशी**
(C) रम्भा **(D) तिलोत्तमा**
उत्तर- (A)

व्याख्या- * अभिज्ञानशाकुन्तल के छठे अङ्क में दुष्यन्त की मनः स्थिति को जानने के लिए मेनका ने सानुमती नामक सखी को भेजा। जो हस्तिनापुर के उद्यानों में छिपकर दो चेटियों के द्वारा उत्सव की बातें सुनकर कहती है-

'उत्सवप्रियाः खलु मनुष्याः' (अभि.शा. अङ्क-6) सभी मनुष्य उत्सवप्रिय होते हैं।

* कालिदासकृत 'विक्रमोर्वशीयम्' त्रोटक में विक्रम (पुरुरवा) नायक तथा उर्वशी नायिका है।
* नाट्यशास्त्र में रम्भा, तिलोत्तमा आदि 24 अप्सराओं का वर्णन मिलता है।

अतः विकल्प (A) सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-6)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-318

20. किस स्थान पर शकुन्तला की अँगूठी गिरी- **(PGT-2003)**

(A) हस्तिनापुर **(B) कण्वाश्रम**
(C) सोमतीर्थ **(D) शचीतीर्थ**

उत्तर- (D)

व्याख्या–

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के द्वितीय अङ्क में हस्तिनापुर का वर्णन प्राप्त होता है संदेशवाहक 'करभक' संदेश लेकर वन में आता है।

(B) 'राजा दुष्यन्त' मृगया खेलते हुए कण्वाश्रम में प्रवेश करते हैं वहाँ उनका शकुन्तला से प्रेम एवं गान्धर्व विवाह होता है।

(C) महर्षि कण्व शकुन्तला की ग्रह शान्ति के लिए सोमतीर्थ गये हैं-
'शकुन्तलामतिथिसत्काराय नियुज्य दैवमस्याः प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः।' (अभि.अङ्क-1)

(D) पञ्चम अङ्क में राजा दुष्यन्त को विश्वास दिलाने के लिए शकुन्तला अँगूठी दिखाना चाहती है किन्तु अपनी खाली अँगुली को देखकर कहती है- 'हा धिक् हा धिक्! अङ्गुलीयकशून्य मेऽङ्गुलि। तब गौतमी कहती हैं-
''नूनं ते शक्रावताराभ्यन्तरे शचीतीर्थसलिलं वन्दमानायाः प्रभ्रष्टमङ्गुलीयकम्।''
शक्रावतार तीर्थ में शचीतीर्थ के जल की वन्दना करते हुए तेरी अँगूठी गिर गई।

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-5)- कपिलदेव द्विवेदी,पेज- 283

21. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में मातलि कौन था? **(PGT-2003)**

(A) दुष्यन्त का पुरोहित **(B) दुष्यन्त का सेनापति**
(C) इन्द्र का सारथी **(D) कण्व का शिष्य**

उत्तर- (C)

व्याख्या–

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रमुख पात्रों के नाम-

	पात्र		नाम
A.	दुष्यन्त का पुरोहित	-	सोमरात
B.	दुष्यन्त का सेनापति	-	भद्रसेन
C.	इन्द्र का सारथी	-	मातलि
D.	कण्व के शिष्य	-	वैखानस, शार्ङ्गरव, शारद्वत, गौतम, हारीत।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के अन्य पात्रों के नाम-

☞ राजा का भृत्य	-	रैवतक, करभक
☞ राजा का कञ्चुकी	-	वातायन
☞ ऋषि मारीच का शिष्य	-	गालव
☞ दुष्यन्त का सारथी	-	सूत
☞ कण्व की धर्मपुत्री	-	शकुन्तला
☞ शकुन्तला की सखियाँ	-	अनसूया, प्रियंवदा
☞ मेनका की सखी	-	सानुमती
☞ द्वारपालिका	-	वेत्रवती

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी, भू0 पेज-99

22. अभिज्ञानशाकुन्तलम् की कथा महाभारत के किस पर्व से सम्बन्धित है? **(PGT-2003)**

(A) वनपर्व से **(B) सभापर्व**
(C) आदिपर्व **(D) भीष्मपर्व**

उत्तर- (C)

व्याख्या –

	पर्व	**ग्रन्थ**	**विभाजन**	**कवि**
(A)	वनपर्व	किरातार्जुनीयम्	18 सर्ग	भारवि
(B)	सभापर्व	शिशुपालवधम्	20 सर्ग	माघ
(C)	आदिपर्व	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	7 अङ्क	कालिदास
(D)	भीष्मपर्व	भगवद्गीता	18 अध्याय	वेदव्यास

अतः विकल्प (C) सही है।

स्रोत- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-335

23. 'गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृत्तः' है- **(PGT-2004)**

(A) सूक्ति **(B) काव्यलक्षण**
(C) मुहावरा **(D) इनमें से कोई नहीं**

उत्तर- (C)

व्याख्या-

A. **सूक्ति- सुष्ठु उक्तिः सूक्तिः** काव्यों में उक्ति वैचित्र्य अथवा विशेष कथन के लिए सूक्तियों का प्रयोग किया जाता है। **जैसे-** 'न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात्।' (अभि.1/26) कान्ति से देदीप्यमान तेज भूतल से उत्पन्न नहीं होता है।

B. **काव्यलक्षण-** विभिन्न साहित्याचार्यो के द्वारा स्वविवेक से काव्यलक्षण का प्रतिपादन किया गया है। जैसे- आचार्य मम्मट ने काव्यप्रकाश के प्रथम उल्लास में काव्य का लक्षण किया है- **'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि।'** दोषों से रहित गुणों से युक्त यदि कहीं पर अलङ्कार न भी हो तो शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य है।

* आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण में ''**वाक्यं रसात्मकं काव्यम्**'' आदि के द्वारा काव्य को परिभाषित किया है।

* पण्डितराज जगन्नाथ ने ''**रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्**'' ऐसा काव्यलक्षण किया है।

C. **मुहावरा-** व्यावहारिक जीवन में अथवा काव्यों में किसी प्रसङ्ग विशेष के प्राप्त होने पर मुहावरे (लोकोक्तियों) का प्रयोग किया जाता है।

जैसे- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-2) में विदूषक राजा दुष्यन्त के विषय में चिन्तन करते हुए कहता है कि-

☆ 'गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृतः' (फोड़े पर फुंसी होना) अभिज्ञानशाकुन्तल में प्रयुक्त अन्य मुहावरे-

☆ 'कृतं भवता निर्मक्षिकम्।'

☆ 'वाष्पं विहरतः' आदि

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-2)- कपिलदेव द्विवेदी,पेज- 91

24. 'सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः' यह कथन किसका है? **(PGT-2004)**

(A) माघ **(B) श्रीहर्ष**

(C) भारवि **(D) कालिदास**

उत्तर- (D)

व्याख्या-

A. **माघ-** शिशुपालवध के प्रथमसर्ग में नारद की विधिपूर्वक पूजा करने के पश्चात् श्रीकृष्ण मन में सोचते हैं कि- **गृहानुपैतुं प्रणयादभीप्सवो भवन्ति नापुण्यकृतां मनीषिणः।** (शिशु. 1/14)

'विद्वान् लोग पुण्य कर्म न करने वाले के घर प्रेम से जाने के लिए इच्छुक नहीं होते हैं।'

B. **श्रीहर्ष-** श्रीहर्ष नैषधीयचरितम् में नल और दमयन्ती के प्रेम-प्रसङ्ग का वर्णन करते हैं- **'झटिति पराशयवेदिनो हि विज्ञाः।'** (नैष. 4/118)

राजा नल ने दमयन्ती को विषमबाण (काम) के रोग से पीड़ित समझ लिया, क्योंकि 'समझदार व्यक्ति शीघ्र ही दूसरे के आशय को जान लेते हैं।'

C. **भारवि-** महाकवि भारवि किरातार्जुनीयम् के द्वितीय सर्ग में कहते हैं-

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्। (किरात. 2/30)

कोई कार्य सहसा नहीं करना चाहिए क्योंकि अविवेकपूर्वक किया गया कार्य विपत्ति का मार्ग है।

D. **कालिदास-** कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के विषय में शङ्का करते हुये कहता है कि- **'सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः।'** (अभि.1/22)

'संदेहशील वस्तुओं के विषय में सज्जनों के अन्तःकरण की प्रवृत्तियाँ ही प्रमाण होती हैं।' इसमें राजा दुष्यन्त के द्वारा शकुन्तला विषयक चिन्तन वर्णित है।

अतः विकल्प (D) सही है।

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/22)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-54

25. 'श्रद्धा वित्तं विधिश्चेति त्रितयं तत्समागतम्' किस नाटक का श्लोक है? **(PGT-2004)**

(A) मुद्राराक्षसम् **(B) उत्तररामचरितम्**
(C) विक्रमोर्वशीयम् **(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम्**

उत्तर- (D)

व्याख्या-

A. मुद्राराक्षस- मुद्राराक्षस के प्रथम अङ्क में चर (इत) शिष्य से कहता है कि- **'न हि सर्वः सर्वं जानाति।'** (अङ्क-1)
सभी लोग सब कुछ नहीं जानते हैं।

B. उत्तररामचरितम्- उत्तररामचरितम् के प्रथम अङ्क में सीता की पवित्रता के विषय में भवभूति वर्णन करते हुए कहते हैं कि- **'तीर्थोदकं च वह्निश्च नान्यतः शुद्धिमर्हतः।'** (उत्तर.1/13)
श्रीराम सीता जी की पवित्रता का चिन्तन करते हुए कहते हैं कि- तीर्थ, जल और अग्नि, ये अन्य पदार्थों से शुद्धि के योग्य नहीं हैं।

C. विक्रमोर्वशीयम्- विक्रमोर्वशीयम् के पञ्चम अङ्क में कुमार का अपने पिता के प्रति आत्मगत कथन है- **'उत्सङ्गवर्धितानां गुरुषु भवेत् कीदृशः स्नेहः।'** (विक्रम. 5/10)
कुमार मन ही मन सोचता है कि- 'उन बालकों को अपने माता-पिता के प्रति कितना प्रेम होता होगा, जो उन्हीं की गोद में पलकर बड़े होते होंगे।'

D. अभिज्ञानशाकुन्तलम्- अभिज्ञानशाकुन्तल के सातवें अङ्क में जब दुष्यन्त,शकुन्तला और उनके पुत्र का मिलन होता है तो मारीच ऋषि कहते हैं- **'श्रद्धा वित्तं विधिश्चेति त्रितयं तत्समागतम्।'** (अभि.शा. 7/29)
महर्षि मारीच एक-एक को निर्दिष्ट करते हुए कहते हैं कि परिणामतः श्रद्धा (शकुन्तला), वित्त (पुत्र) और विधि (दुष्यन्त) इस प्रकार तीनों मिल गये हैं।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम् (7/29)- कपिलदेव द्विवेदी,पेज- 441

26. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के किस अङ्क में प्रथम 'विष्कम्भक' समाप्त होता है? **(PGT-2004)**

(A) द्वितीय **(B) तृतीय**
(C) चतुर्थ **(D) पञ्चम**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

A. द्वितीय अङ्क - द्वितीय अङ्क में मृगया से परिश्रान्त एवं खिन्न विदूषक का राजा दुष्यन्त द्वारा शकुन्तला विषयक वार्तालाप का वर्णन है।

B. तृतीय अङ्क - तृतीय अङ्क में राक्षसों के विघ्न को दूर करने के लिए राजा का आश्रम में प्रस्थान तथा दुष्यन्त और शकुन्तला के गान्धर्व-विवाह का वर्णन है।इसी तृतीय अङ्क में प्रथम विष्कम्भक समाप्त होता है अङ्क के आरम्भ में महर्षि कण्व का शिष्य भूत एवं भावी घटना की सूचना देता है। **अतः विकल्प B सही है।**

C. **चतुर्थ अङ्क-** चतुर्थ अङ्क में अनसूया-प्रियंवदा का फूल चुनते हुए रङ्गमञ्च पर प्रवेश तथा दुष्यन्त के चिन्तन में मग्न शकुन्तला को दुर्वासा द्वारा शाप तक का वृत्तान्त भी विष्कम्भक के अन्तर्गत आता है। यहाँ पर दुर्वासा संस्कृत में तथा अनसूया एवं प्रियंवदा प्राकृत में बोलती हैं सभी पात्र मध्यम श्रेणी के हैं अतः शुद्ध विष्कम्भक है।

वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः।
संक्षेपार्थस्तु विष्कम्भो मध्यपात्रप्रयोजितः॥ (दश.1/59)

व्यतीत हो चुके और आगे आने वाले कथा के अंशों का सूचक, संक्षिप्त अर्थ वाला तथा मध्यम श्रेणी के पात्रों द्वारा प्रयुक्त विष्कम्भक को शुद्ध विष्कम्भक कहा गया है।

D. **पञ्चम अङ्क-** पञ्चम अङ्क का आरम्भ हंसपदिका के गीत से होता है, तत्पश्चात् कञ्चुकी राजा दुष्यन्त को शकुन्तला शार्ङ्गरव, शारद्वत एवं गौतमी के आने की सूचना देता है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-134

27. 'स्त्रीणामशिक्षितपटुत्वममानुषीषु' यह सूक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है? **(PGT-2004)**
(A) रघुवंशम् **(B) स्वप्नवासवदत्तम्**
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् **(D) शिशुपालवधम्** **उत्तर- (C)**

व्याख्या-

A. **रघुवंशम्**- रघुवंश के सोलहवें सर्ग में जब रात्रि के समय कुश के शयन कक्ष में कोई स्त्री आ गई जो अयोध्या की अधिष्ठात्री देवी थी, से कुश बोले- **'रघूणां मनः परस्त्री विमुखप्रवृत्तिः।'** (रघु.16/8)
रघुवंशियों का चित्त पराई स्त्री की ओर नहीं जाता।

B. **स्वप्नवासवदत्तम्**- भास प्रणीत स्वप्नवासवदत्तम् के चतुर्थ अङ्क में पद्मावती का आत्मगत कथन- **'स्त्री स्वभावस्तु कातरः।'** (स्वप्न.4/9)
अर्थात् नारियों का स्वभाव तो अधीर होता है।

C. **अभिज्ञानशाकुन्तलम्**- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में जब शकुन्तला राजा दुष्यन्त से विवाह होने की बात याद दिलाती है तो राजा दुष्यन्त तापसी वृद्धा से कहता है कि- **'स्त्रीणामशिक्षितपटुत्वममानुषीषु।'** (अभि.5/22)
स्त्रियों में जो मानवजाति से भिन्न स्त्रियाँ हैं उनमें भी बिना शिक्षा के पटुता देखी जाती है।
अतः विकल्प C सही है।

D. **शिशुपालवधम्- स्फुटमभिभूषयति स्त्रियस्त्रपैव।** (शिशु.7/38)
महाकवि माघ नायिका के सौन्दर्य का वर्णन करते हुए कहते हैं कि 'लज्जा ही स्त्रियों को अलङ्कृत करती है'

स्रोत -अभिज्ञानशाकुन्तलम् (5/22)-कपिलदेव द्विवेदी,पेज - 207

28. 'सर्वः कान्तमात्मीयं पश्यति' यह सूक्ति वाक्य किसके द्वारा कथित है? **(PGT-2004)**

(A) चारुदत्त **(B) चाणक्य**
(C) दुष्यन्त **(D) उदयन**

उत्तर- (C)

व्याख्या-

A. शूद्रक द्वारा रचित मृच्छकटिकम् के प्रथम अङ्क में धन से रहित हुआ चारुदत्त निर्धनता के विषय में विदूषक मैत्रेय से कहता है कि- **'अहो निर्धनता सर्वापदामास्पदम्।'** (मृच्छ.1.14) अर्थात् सारी आपदाओं का (कष्टों) मूल कारण निर्धनता ही है।

B. विशाखदत्त प्रणीत मुद्राराक्षस नाटक के प्रथम अङ्क में चाणक्य चन्दनदास से कहता है कि-
'राजनि अविरुद्धाभिर्वृत्तिभिर्वर्त्तितव्यम्' अर्थात् राजा के अनुकूल ही व्यवहार करना चाहिये। (मुद्रा.अङ्क-1)

C. कालिदास द्वारा रचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के द्वितीय अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के सौन्दर्य की चर्चा विदूषक (माधव्य) से करता है-
'सर्वः कान्तमात्मीयं पश्यति'(अभि.शा. अङ्क-2)
अर्थात् सभी आत्मीय (अपने) जनों को सुन्दर समझते हैं।
अतः विकल्प C सही है।

D. महाकवि भास द्वारा रचित स्वप्नवासवदत्तम् के षष्ठ अङ्क में राजा उदयन पद्मावती की सुन्दरता की तुलना वासवदत्ता से करते हुये कहता है कि -
'परस्परगता लोके दृश्यते रूपतुल्यता' (स्वप्न. 6.14) अर्थात् संसार में परस्पर में रूप की समानता देखी जाती है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-111

29. नाटकों में भरतवाक्य का प्रयोग होता है- **(PGT-2004)**

(A) प्रारम्भ में **(B) अन्त में**
(C) मध्य में **(D) कहीं भी**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

(A) नाटक के प्रारम्भ में नान्दी का विधान करते हुए आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद में कहते हैं कि-

आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता॥ (सा.द.6/24)

देवता, ब्राह्मण तथा राजा आदि की आशीर्वाद युक्ति स्तुति इसमें की जाती है अतः इसे नान्दी कहते हैं।

(B) नाटक के अन्त में प्रयुक्त आशीर्वादात्मक पद्य को भरतवाक्य कहते हैं। महाभाष्यकार पतञ्जलि के अनुसार ग्रन्थ के आदि, मध्य तथा अन्त में मङ्गलाचरण होना चाहिये (मङ्गलादीनि मङ्गलमध्यामानि मङ्गलान्तानि च शास्त्राणि प्रथन्ते....) भरत वाक्य सम्भवतः उसी परम्परा के पालनार्थ अन्तिम मङ्गल के रूप में नाटकों में रखा गया है।

''भरतानां वाक्यम् इति भरतवाक्यम्।'' अर्थात् भरतों अथवा नटों का अशेष अथवा नाट्याचार्य भरत का आशीष।

भरतवाक्य का लक्षण इस प्रकार है-

नाट्यान्ते नायकप्रोक्तं प्रजामङ्गलसूचकम्।
भरतानां प्रियत्वाच्च तद्वाक्यमभिधीयते॥

अतः विकल्प B सही है।

C. धनञ्जय प्रणीत दशरूपक के प्रथम प्रकाश में प्रवेशक का प्रवेश दो अङ्कों के मध्य में होना चाहिये जिसका लक्षण निम्नवत् है-

तद्वदेवानुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः।
प्रवेशोऽङ्कद्वयस्यान्तः शेषार्थस्योपसूचकः॥ (दश.1.60-61)

विष्कम्भक की तरह भूत एवं भावी कथानक को जोड़ने वाला नीच पात्रों के द्वारा निम्न भाषा से प्रयुक्त, दो अङ्कों के अन्तराल में स्थित, शेष अर्थ का सूचक प्रवेशक कहा जाता है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी, पेज - 453

30. ''अचेतनं नाम गुणं न लक्षयेत्'' **(PGT-2005)**
यह पंक्ति किसने किससे कही?
(A) दुष्यन्त ने धीवर से (B) विदूषक ने दुष्यन्त से
(C) धीवर ने मन में (D) दुष्यन्त ने अँगूठी से **उत्तर- (D)**

व्याख्या–

कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के षष्ठ अङ्क में शचीतीर्थ स्थल पर शकुन्तला के हाथ की अँगुली से गिरी हुई अँगूठी को मछली के पेट से जब धीवर को प्राप्त हुई तो वह राजा दुष्यन्त को देने जाता है, अँगूठी को देखते ही शकुन्तला विषयक सारी बात स्मरण आने पर दुष्यन्त ने अँगूठी से कहा कि-

कथं नु तं बन्धुरकोमलाङ्गुलिं करं विहायासि निमग्नमम्भसि?

अथवा..........

अचेतनं नाम गुणं न लक्षयेन्मयैव कस्मादवधीरिताप्रिया (अभि.6.13)

राजा अँगूठी को देखकर कहता है, अँगूठी! सुन्दर और कोमल अँगुलियों वाली उस हाथ को छोड़कर तुम कैसे जल में गिर पड़ी? अथवा अचेतन वस्तु गुणों की ओर ध्यान न दे, किन्तु मैंने ही क्यों प्रिया का अपमान किया? **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (6/13) कपिलदेव द्विवेदी, पेज-350

31. ....षड्भागमक्षय्यं ददत्यारण्यका हि नः॥ **(PGT-2005)**
उपर्युक्त रिक्तस्थान की पूर्ति के लिए कौन-सा विकल्प उपयुक्त है?
(A) यशः **(B) तपः**
(C) मनः **(D) धनम्** **उत्तर- (B)**

व्याख्या–

(A) उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में जब राम दण्डक वन में आते हैं तो राम से सीता विषयक प्रश्न पूछते हुए वासन्ती कहती है कि-
अयि कठोर! यशः किल ते प्रियं,
किमयशो ननु घोरमतः परम् (उत्तररामचरितम् 3.27) वासन्ती राम से कहती है कि हे निष्ठुर, तुम्हें निश्चय ही यश प्यारा है, परन्तु इससे अधिक घोर अपयश और क्या हो सकता है, उस मृगनयनी सीता का वन में क्या हुआ?

(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् के द्वितीय अङ्क में जब विदूषक राजा से तपस्वियों द्वारा छठा भाग कर (टैक्स) देने के लिये कहता है तो राजा विदूषक से कहते हैं कि-
यदुत्तिष्ठति वर्णेभ्यो नृपाणां क्षयि तद् धनम्।
तपः षड्भागमक्षय्यं ददत्यरण्यका हि नः॥ (अभि.2/13)
राजाओं को वर्णों (प्रजाओं)से जो धन (कर) प्राप्त होता है, वह नश्वर है परन्तु ये तपस्वी लोग अपनी तपस्या का षष्ठांश देते हैं जो कि अक्षय है।
अतः विकल्प B सही है।

(C) भर्तृहरि नीतिशतकम् के धैर्यपद्धति में धीर व्यक्ति के सम्बन्ध में कहते हैं-
मनस्वी कार्यार्थी न गणयति दुःखं न च सुखम्॥ (नीति.-74)
अपना काम पूरा करने वाले मनस्वी लोग सुख-दुःख की परवाह नहीं करते।

(D) भर्तृहरि नीतिशतकम् के दुर्जनपद्धति में कहते हैं कि-
सद्विद्या यदि किं धनैरपयशो यद्यस्ति किं मृत्युना॥ (नीति.44)
सुविद्या यदि पास में है तो धन की क्या आवश्यकता? अपयश यदि है तो मृत्यु की क्या आवश्यकता?

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (2/13) कपिलदेव द्विवेदी, पेज-120

32. ''सर्वथा चक्रवर्तिनं पुत्रमाप्नुहि'' से क्या निर्दिष्ट है? **(PGT-2005)**
(A) अभिज्ञानशाकुन्तल के कथानक का प्रयोजन
(B) कालिदास को पुत्रप्राप्ति
(C) कुमार कार्तिकेय का जन्म
(D) इनमें से कोई नहीं **उत्तर- (A)**

व्याख्या–

* कालिदासकृत 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त कण्वाश्रम में मृगया के लिए प्रवेश करने पर वैखानस द्वारा मृग को मारने से मना करने पर,

वैखानस ने राजा को पुत्रप्राप्ति का आशीर्वाद देते हुये कहते हैं-
''जन्म यस्य पुरोर्वंशे युक्तरूपमिदं तव।
पुत्रमेवंगुणोपेतं चक्रवर्तिनमाप्नुहि।।'' (अभि.शा. 1/12)
वैखानस का समर्थन करते हुए दोनों शिष्य हाथ उठाकर कहते हैं- ''सर्वथा चक्रवर्तिनं पुत्रमाप्नुहि।'' (अवश्य ही चक्रवर्ती पुत्र को प्राप्त करो।)
इस आशीर्वाद से दुष्यन्त को भावी चक्रवर्ती भरत को पुत्ररूप में प्राप्त करने का प्रयोजन निर्दिष्ट है।

* 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के कथानक का प्रयोजन अभिज्ञान (अँगूठी) द्वारा पुनः शकुन्तला की प्राप्ति का प्रयोजन परिलक्षित होना है।
* कालिदासकृत 'कुमारसम्भवम्' महाकाव्य का प्रयोजन तारकासुर के वध के लिए कुमार (कार्तिकेय) का जन्म ही इस महाकाव्य का प्रयोजन है। **अतः विकल्प A सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-28

33. एक प्रसिद्ध नाटक में 'मधुकरिका' कौन है? **(PGT-2005)**
(A) मेनका की सखी
(B) दुष्यन्त की परिचारिका
(C) मारीच के आश्रम की तपस्विनी
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (B)

व्याख्या-

	परिचय		**नाम**
A.	मेनका की सखी	–	सानुमती
B.	दुष्यन्त की परिचारिका	–	मधुकरिका, परभृतिका
C.	मारीच के आश्रम की तपस्विनी	–	तापसी (सुव्रता)
	अभिज्ञानशाकुन्तलम् के अन्य पात्रों के नाम		
	राजा दुष्यन्त का पुत्र	–	भरत (सर्वदमन)
	इन्द्र का सारथि	–	मातलि
	ऋषि मारीच का शिष्य	–	गालव
	ऋषि मारीच की पत्नी	–	अदिति (दाक्षायणी)
	द्वारपालिका	–	वेत्रवती

अतः विकल्प B सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, भू. पेज-100

34. ''अहो रागपरिवाहिणी गीतिः'' राजा दुष्यन्त का यह कथन किसकी प्रशंसा में है? **(PGT-2005)**
(A) शकुन्तला के गाने पर **(B) प्रियंवदा के गाने पर**
(C) हंसपदिका के गाने पर **(D) गौतमी के गाने पर**
उत्तर- (C)

व्याख्या-

कालिदास रचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में हंसपदिका भ्रमरगीत के माध्यम से राजा के लिये अपरवक्त्र छन्द में श्लोक कहती है-

अभिनवमधुलोलुपस्त्वं तथा परिचुम्ब्य चूतमञ्जरीम्।
कमलवसतिमात्रनिर्वृतो मधुकर विस्मृतोऽस्येनां कथम्॥ (अभि.5.1)

हे भ्रमर, नवीन मधु के इच्छुक तुम आम की मञ्जरी का उस प्रकार रसास्वादन करके, कमल में निवास मात्र से सन्तुष्ट, उसको क्यों भूल गये हो?

इसी गीत की प्रशंसा में राजा कहता है-

अहो, रागपरिवाहिणी गीतिः।

अहो, क्या अनुराग बरसाने वाला सङ्गीत है। **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-5)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-243

35. 'स्त्रीणामशिक्षितपटुत्वममानुषीषु'
इस उक्ति से युक्त नाटक है- **(PGT-2009)**
(A) स्वप्नवासवदत्तम् **(B) मालविकाग्निमित्रम्**
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् **(D) मेघदूतम्**

उत्तर- (C)

व्याख्या–

- कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में राजा दुष्यन्त तपस्विनी गौतमी से कहते हैं कि-

  स्त्रीणामशिक्षितपटुत्वममानुषीषु
  संदृश्यते किमुत याः प्रतिबोधवत्यः। (अभि. 5.22)

  स्त्रियों में जो मनुष्य जाति से भिन्न स्त्रियाँ हैं उनमें भी बिना शिक्षा के ही चतुरता देखी जाती है। **अतः विकल्प C सही है।**

- महाकवि भास विरचित स्वप्नवासवदत्तम् के चतुर्थ अङ्क में राजा का आत्मगत कथन है-
  'स्त्रीस्वभावस्तु कातरः' (स्वप्न.4.8)
  स्त्री का स्वभाव कातर होता है।

- कालिदास विरचित मालविकाग्निमित्रम् नाटक के तृतीय अङ्क में राजा अग्निमित्र बकुलावलिका से कहता है कि –
  'स्थाने प्राणाः कामिनां दूत्यधीनाः।' (माल0 3.14) प्रेमियों के प्राण दूतियों के ही मुट्ठी में रहता है।

- कालिदास विरचित मेघदूतम् के पूर्वमेघ में यक्ष निर्विन्ध्या नदी के विषय में मेघ से कहता है कि –

'स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु' (मेघ.पू.मे.29)

स्त्रियाँ हावभाव के द्वारा ही अपने प्रेमियों को प्रेम की बात बतलाती हैं।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (5/22)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-287

36. ''अतः परीक्ष्य कर्तव्यं विशेषात् संगतं रहः'' **(PGT-2009)**
अभिज्ञानशाकुन्तलम् में यह उक्ति किसकी है?
(A) कण्व की **(B) मारीच की**
(C) दुष्यन्त की **(D) शार्ङ्गरव की** उत्तर- **(D)**

व्याख्या-

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के पञ्चम अङ्क में शार्ङ्गरव शकुन्तला से कहता है कि–

  अतः परीक्ष्य कर्तव्यं विशेषात् संगतं रहः।
  अज्ञातहृदयेष्वेवं वैरीभवति सौहृदम्।। (अभि. 5.24)

  गुप्त मैत्री (गुप्त विवाह-सम्बन्धादि) विशेषरूप से परीक्षा करके ही करनी चाहिए। परस्पर अज्ञात हृदय वाले व्यक्तियों के साथ किया हुआ प्रेम इसीप्रकार वैररूप में परिणत होता है। **अतः विकल्प D सही हैं।**

- काश्यप (कण्व) अभिज्ञानशाकुन्तल के चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला की विदाई के अवसर पर कहते हैं कि–

  'पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनयाविश्लेषदुःखैर्नवैः' (अभि. 4.6)

  गृहस्थ लोग पहली बार पुत्री के वियोग के दुःख से कितने अधिक दुःखित होते होंगे।

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के विषय में कहता है-

  'सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु
  प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः।' (अभि0 1.22)

  सन्देहास्पद विषयों में सज्जनों के अन्तः करण की प्रवृत्तियाँ ही प्रमाण होती हैं।

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सप्तम अङ्क में मारीच शकुन्तला को समझाते हुए कहते हैं–

  छाया न मूर्च्छति मलोपहतप्रसादे
  शुद्धे तु दर्पणतले सुलभावकाशा।। (7.32)

  मैल के कारण जिसकी स्वच्छता नष्ट हो गई, ऐसे शीशे पर प्रतिबिम्ब साफ दिखाई नहीं देता, किन्तु वह स्वच्छ हो तो प्रतिबिम्ब साफ दिखाई देगा।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (5/24)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-291

37. ''श्रद्धा वित्तं विधिश्चेति त्रितयं तत्समागतम्'' **(PGT-2009)**
किस नाटक का श्लोक है-
(A) मुद्राराक्षसम् **(B) उत्तररामचरितम्**
(C) विक्रमोर्वशीयम् **(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम्** उत्तर- **(D)**

व्याख्या-

कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सप्तम अङ्क में शकुन्तला, दुष्यन्त और पुत्र सर्वदमन के मिलन पर ऋषि मारीच कहते हैं–

'श्रद्धा वित्तं विधिश्चेति त्रितयं तत् समागतम्।' (अभि.-7.29)

सौभाग्य से श्रद्धा, धन और विधि ये तीनों चीजें यहाँ एकत्र हो गई हैं।

अतः विकल्प D सही है।

- विशाखदत्त प्रणीत मुद्राराक्षस नाटक के तृतीय अङ्क में राजा चन्द्रगुप्त का आत्मगत कथन–

  श्रीर्लब्धप्रसरेव वेशवनिता दुःखोपचर्या भृशम्। (मुद्रा. 3.5) राज्य लक्ष्मी अति प्रसिद्ध वाराङ्गना की भाँति अत्यन्त कष्ट से आराध्य होती हैं।
- उत्तररामचरितम् के प्रथम अङ्क में राम सीता से कहते हैं-

  'श्रितासि चन्दनभ्रान्त्या दुर्विपाकं विषद्रुमम्।' (उत्तरराम0 1.46)

  तुमने चन्दन के भ्रम से दुःखदायी विष का आश्रय लिया है।
- कालिदास विरचित विक्रमोर्वशीयम् नाटक के तृतीय अङ्क में विदूषक राजा से कहता है- 'न खल्वन्यथा ब्राह्मणस्य वचनं भवति' ब्राह्मण का वचन निश्चय ही झूठा नहीं होता है। (विक्रमो0 अङ्क 3)

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (7.29)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-144

38. सत्य विकल्प का चयन करें- **(PGT-2009)**

(A) दुष्यन्त-शकुन्तला का विवाह गान्धर्व था।

(B) दुष्यन्त-शकुन्तला का विवाह दैव था।

(C) दुष्यन्त-शकुन्तला का विवाह प्राजापत्य था।

(D) दुष्यन्त-शकुन्तला का विवाह पैशाची था।

उत्तर- (A)

व्याख्या–

- कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् के

  चतुर्थ अङ्क में अनसूया द्वारा प्रियंवदा से कहे गये निम्न कथन से स्पष्ट होता है कि शकुन्तला और दुष्यन्त का विवाह गान्धर्व विधि से हुआ था-

  "हला प्रियंवदे, यद्यपि गान्धर्वेण विधिना निर्वृत्तकल्याणा शकुन्तलाऽनुरूपभर्तृगामिनी संवृत्तेति निर्वृतं मे हृदयम्।"
- याज्ञवल्क्यस्मृति (आचाराध्याय) के श्लोक-58 से 61 तक 8 प्रकार के विवाहों की चर्चा है-

  1. ब्रह्मविवाह 2. दैवविवाह 3. आर्षविवाह 4. प्राजापत्य विवाह 5. आसुरविवाह 6. गान्धर्वविवाह 7. राक्षसविवाह 8. पैशाचविवाह। **अतः विकल्प A सही है।**

स्रोत– अभिज्ञानशाकुन्तलम्–कपिलदेव द्विवेदी, पेज-180

39. 'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति' यह कथन किसका है- **(PGT-2009)**

(A) अनसूया का **(B) प्रियंवदा का**
(C) शार्ङ्गरव का **(D) शकुन्तला का**

उत्तर- **(B)**

व्याख्या–

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा सखी अनसूया से कहती है–
  'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति'
  अर्थात् भला कौन नवमालिका को गर्म जल से सींचेगा?
  अतः विकल्प B सही है।
- चतुर्थ अङ्क में ही अनसूया प्रियंवदा से कहती है कि–
  'कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति।'
  अग्नि के अतिरिक्त और कौन जला सकता है? यह वाक्य दुर्वासा द्वारा शकुन्तला को दिए गए शाप के विषय में है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में शार्ङ्गरव राजा द्वारा शकुन्तला को पत्नी के रूप में इन्कार कर दिये जाने पर शकुन्तला से कहता है-
  'अथ तु वेत्सि शुचि व्रतमात्मनः
  पतिकुले तव दास्यमपि क्षमम्।' (अभि.-5.27)
  यदि तू अपने आचरण को पवित्र समझती है तो पति के परिवार में तुझे दासता करना भी उचित है।
  अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में शकुन्तला अँगूठी दिखाने के प्रसङ्ग में राजा से कहती है कि–
  'अत्र तावद् विधिना दर्शितं प्रभुत्वम्।' (अभि.अङ्क-5)
  इस विषय में भाग्य ने अपना बल दिखाया है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-4)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-190

40. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के किस अङ्क में 'विष्कम्भक' समाप्त होता है- **(PGT-2009)**

(A) षष्ठ अङ्क **(B) द्वितीय अङ्क**
(C) चतुर्थ अङ्क **(D) प्रथम अङ्क**

उत्तर- **(C)**

व्याख्या–

कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् के अनुसार

(A) षष्ठ अङ्क- षष्ठ अङ्क में प्रवेशक की समाप्ति होती है विष्कम्भक के तुल्य यह भी भूत एवं भावी घटनाओं का सूचक होता है इसके पात्र निम्न कोटि के व्यक्ति होते हैं और इनकी भाषा प्राकृत होती है। साहित्यदर्पण में इसका लक्षण निम्न है-

''प्रवेशकोऽनुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः।
अङ्कस्यान्तर्विज्ञेयः शेषं विष्कम्भके यथा'' (सा. द. 6/57)

(B) **द्वितीय अङ्क-** द्वितीय अङ्क में बिन्दु अर्थप्रकृति का प्रयोग है –
''माधव्य, अनवाप्त'(2/38) से लेकर 'सर्वः कान्तं शकुन्तला- धिकृत्य ब्रवीमि' (20/40) तक बिन्दु है।

(C) **चतुर्थ अङ्क-** चतुर्थ अङ्क में शुद्ध विष्कम्भक का प्रयोग है। साहित्यदर्पण में विष्कम्भक का लक्षण इसप्रकार दिया है-

''वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः।
संक्षिप्तार्थस्तु विष्कम्भ आदावङ्कस्य दर्शितः॥
मध्येन मध्यमाभ्यां वा पात्राभ्यां सम्प्रयोजितः।
शुद्धः स्यात्स तु संकीर्णो नीचमध्यमकल्पितः॥ सा.द. (6/55,56)

भूत और भविष्यत् कथाओं का सूचक, कथा का संक्षेप करने वाला अङ्क 'विष्कम्भक' कहा जाता है यह अङ्क के आदि में रहता है जब एक ही मध्यमपात्र अथवा दो मध्यमपात्र बातचीत करते हैं तब इसे शुद्ध विष्कम्भक कहते हैं और यदि नीच तथा मध्यम पात्रों द्वारा प्रयोग किया जाय तो इसे मिश्र विष्कम्भक कहते हैं।
यहाँ पर दुर्वासा संस्कृत में बोलते हैं और अनसूया तथा प्रियंवदा प्राकृत में बोलती हैं। सभी पात्र मध्यम श्रेणी के हैं अतः शुद्ध विष्कम्भक है। **अतः विकल्प C सही है।**

(D) **प्रथम अङ्क-** प्रथम अङ्क में बीज अर्थप्रकृति का प्रयोग है। राघवभट्ट के अनुसार 'इदानीमेव से लेकर सोमतीर्थं गतः' तक वैखानस की उक्ति कथा का बीज है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-190

41. ''सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यम्'' **(PGT-2009)**
किस नाटक से उद्धृत है-
(A) उत्तररामचरितम् **(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
(C) मालविकाग्निमित्रम् **(D) मृच्छकटिकम्**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के सौन्दर्य का वर्णन करते हुए कहता है–

'सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं
मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति।
इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी
किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्॥ (अभि0 1.20)

शैवाल से घिरा हुआ कमल मनोहर लगता है काला कलङ्क भी चन्द्रमा की शोभा को बढ़ाता है। यह कृशाङ्गी वल्कल वस्त्रों से भी अति सुन्दर प्रतीत होती है क्योंकि सुन्दर आकृतियों के लिए कौन सी वस्तु अलङ्कार नहीं होती है।
अतः विकल्प B सही है।

➢ उत्तररामचरितम् के प्रथम अङ्क में राम सीता से कहते हैं कि-
'संकटा ह्याहिताग्नीनां प्रत्यवायैर्गृहस्थिता' (उत्तर.1.8)
अग्निहोत्रियों का गृहस्थ जीवन विघ्नों के कारण संकटमय होता है।

➢ कालिदासकृत मालविकाग्निमित्रम् नाटक के प्रथम अङ्क में विदूषक कहता है–
'सुशिक्षितोऽपि सर्वम् उपदेशदर्शनेन निष्णातो भवति।'
सुशिक्षित व्यक्ति भी अपना कौशल दिखाकर ही पण्डित माने जाते हैं।

➢ शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् प्रकरण के चतुर्थ अङ्क में शर्विलक मदनिका से कहता है कि–
'साहसे श्रीः प्रतिवसति' (मृच्छ.अङ्क-4)
साहस में लक्ष्मी वास करती है।

स्रोत– अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1.20)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-46

42. 'अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनम्' वचन किसके सम्बन्ध में है- **(PGT-2009)**

(A) प्रियंवदा के **(B) शकुन्तला के**
(C) गौतमी के **(D) अनसूया के**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के रूप सौन्दर्य का वर्णन करते हुए विदूषक से कहता है-
'अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहैः' (अभि.2.10)
अर्थात् उसका सौन्दर्य न सूँघा गया फूल है, नाखूनों से न काटा हुआ कोमल पत्ता है।
अतः विकल्प B सही है।

➢ कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा अनसूया से दुर्वासा ऋषि के शाप के विषय में कहती है–
'प्रकृतिवक्रः स कस्यानुनयं प्रतिगृह्णाति।' (अभि.अङ्क-4)
स्वभाव से टेढ़े वे किसकी प्रार्थना स्वीकार करते हैं।

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में काश्यप ऋषि द्वारा शकुन्तला को दिए गए आशीर्वाद के विषय में गौतमी कहती हैं-
'वरः खल्वेषः नाशीः।' (अभि.अङ्क-4)
वस्तुतः यह वर है, आशीर्वाद नहीं।

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में अनसूया प्रियंवदा से कहती है-
'रक्षितव्या खलु प्रकृतिपेलवा प्रियसखी' (अभि. अङ्क 4)
स्वभाव से ही कोमल प्रियसखी की रक्षा करनी चाहिए।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (2.10)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 115

43. दुर्वासा ऋषि के क्रोधित हो जाने पर किसने उन्हें प्रसन्न किया? **(PGT-2010)**

(A) शकुन्तला (B) अनसूया

(C) प्रियंवदा (D) अनसूया एवं प्रियंवदा दोनों

उत्तर- (C)

व्याख्या-

कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में महर्षि दुर्वासा आतिथ्य सत्कार न होने से शकुन्तला को शाप देकर अबाध गति से वापस जा रहे थे तभी अनसूया ने प्रियंवदा से कहा-

'गच्छ! पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनम्।' (अभि.अङ्क-4)

जाओ उनके चरणों में प्रणाम करके उन्हें वापस ले आओ।

प्रियंवदा वैसा ही करती है तथा दुर्वासा से जाकर क्षमा याचना करती है।

प्रियंवदा- 'भगवन्, प्रथम इति प्रेक्ष्याविज्ञाततपः प्रभावस्य दुहितृजनस्य भगवतैकोऽपराधो मर्षयितव्य इति।'

भगवन् तप के प्रभाव को न जानने वाली आपकी पुत्रियों का यह पहला अपराध है यह समझकर आप इस एक अपराध को क्षमा कर दीजिए।

अतः विकल्प C सही है।

स्त्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी , पेज-187

44. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के अनुसार 'वेत्रवती' है- **(PGT-2010)**

(A) नदी (B) उद्यानपालिका

(C) प्रतिहारी (D) अप्सरा

उत्तर- (C)

व्याख्या-

A. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में महर्षि कण्व का आश्रम मालिनी नदी के तट पर तथा विश्वामित्र ने गौतमी नदी के तट पर तपस्या की थी।

B. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के षष्ठ अङ्क में 'मधुकरिका' एवं 'परभृतिका' इन दो उद्यान पालिकाओं का वर्णन आया है।

C. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के पञ्चम अङ्क में प्रतिहारी वेत्रवती राजा से कहती है कि शकुन्तला, गौतमी, शार्ङ्गरव एवं शारद्वत आपसे मिलना चाहते हैं ।
अतः विकल्प 'C' सही है।

D. शकुन्तला की माता 'मेनका' तथा मेनका की सखी 'सानुमती' नामक दो अप्सराओं का अभिज्ञानशाकुन्तलम् में वर्णन है।

स्त्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी,भू० पेज-100

45. शर्मिष्ठा के पिता थे - **(PGT-2010)**

(A) ययाति **(B) शुक्राचार्य**

(C) दानवराज वृषपर्वा **(D) पुरु**

उत्तर- **(C)**

व्याख्या-

A. **ययाति-** ययाति चन्द्रवंश के संस्थापक राजाओं में से एक था, उसकी दो पत्नियाँ थीं।

(क) दानवों के गुरु शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी

(ख) दानवों के राजा वृषपर्वा की पुत्री शर्मिष्ठा।

B. **शुक्राचार्य-** दैत्यों के गुरु 'शुक्राचार्य' ने अपनी पुत्री देवयानी का विवाह ययाति से किया।

C. **दानवराज वृषपर्वा-** 'दानवराज वृषपर्वा' की पुत्री शर्मिष्ठा देवयानी की सेविका थी परन्तु उसकी सुन्दरता पर मुग्ध होकर ययाति ने उससे गान्धर्व विवाह कर लिया। **अतः विकल्प C सही है।**

D. **पुरु-** ययाति के पाँच पुत्र थे। उनमें शर्मिष्ठा का पुत्र पुरु भी था। ययाति के द्वारा देवयानी के साथ दुर्व्यवहार पर शुक्राचार्य ने उसे शाप दिया कि वह शीघ्र वृद्ध हो जाय। पुरु ने पिता ययाति की वृद्धता अपने ऊपर ले ली और पितृभक्ति के फलस्वरूप पुरुवंश का संस्थापक सम्राट् हुआ।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-211

46. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक में विदूषक है- **(PGT-2010)**

(A) वसन्तक **(B) मैत्रेय**

(C) माधव्य **(D) इनमें से कोई नहीं**

उत्तर- **(C)**

व्याख्या-

	विदूषक	नाटक /नाटिका विभाजन	नाटककार
1.	वसन्तक	स्वप्नवासवदत्तम् (6 अङ्क)	भास
2.	मैत्रेय	मृच्छकटिकम् (10अङ्क, प्रकरण)	शूद्रक
3.	माधव्य	अभिज्ञानशाकुन्तलम् (7अङ्क)	कालिदास

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, भू० पेज-99

47. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के किस अङ्क में विष्कम्भक समाप्त होता है? **(PGT-2010)**

(A) प्रथम **(B) द्वितीय**
(C) तृतीय **(D) चतुर्थ**

उत्तर- (D)

व्याख्या-

A. **प्रथम अङ्क-** 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के प्रथम अङ्क में मृगया खेलते हुए राजा दुष्यन्त आश्रम में प्रवेश करता है।

B. **द्वितीय अङ्क-** द्वितीय अङ्क में राजा दुष्यन्त विदूषक माधव्य को हस्तिनापुर भेजता है।

C. **तृतीय अङ्क-** तृतीय अङ्क में दुष्यन्त शकुन्तला से गान्धर्व विवाह करके हस्तिनापुर वापस लौट जाता है।

D. **चतुर्थ अङ्क-** आचार्य धनञ्जय दशरूपक के प्रथम प्रकाश में विष्कम्भक का लक्षण करते है 'वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः। संक्षेपार्थस्तु विष्कम्भो मध्यपात्रप्रयोजितः।।' (दशरूपक 1.59) अर्थात् समाप्त हो चुके और आगे घटित होने वाले कथा के भागों का सूचक, संक्षिप्त अर्थ वाला तथा मध्यम श्रेणी के पात्रों के द्वारा प्रयुक्त अर्थोपक्षेपक विष्कम्भक कहा जाता है।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में यह लक्षण घटित होता है क्योंकि अनसूया तथा प्रियंवदा दोनों ही मध्यम श्रेणी के पात्र हैं जो भूत एवं भावी घटना के सूचक है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

नोट- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के तृतीय अङ्क में प्रथम विष्कम्भक का प्रयोग है वहाँ भी दो पात्र हैं- प्रथम पात्र शिष्य तथा द्वितीय पात्र प्रियंवदा।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 190

48. 'प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः .....पुनर्भवं परिगतशक्तिरात्मभूः'...यह भरतवाक्य किस ग्रन्थ का है? **(PGT-2010)**

(A) मृच्छकटिकम् **(B) मालविकाग्निमित्रम्**
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् **(D) उत्तररामचरितम्**

उत्तर- (C)

व्याख्या-

नाटक के अन्त में प्रयुक्त आशीर्वादात्मक पद्य को भरतवाक्य कहते हैं। महाभाष्यकार आचार्य पतञ्जलि ने महाभाष्य में कहा है-

'मङ्गलादीनि मङ्गलमध्यानि मङ्गलान्तानि च काव्यानि प्रथन्ते।' अर्थात् ग्रन्थ के आदि, मध्य तथा अन्त में मङ्गलाचरण करना चाहिए। भरतवाक्य सम्भवतः उसी परम्परा के परिपालनार्थ अन्तिम-मङ्गल के रूप में नाटकों में रखा जाता है।

इसका तात्पर्य है- 'भरतानां वाक्यम् इति भरतवाक्यम्' अर्थात् भरतों अथवा नटों का आशीष अथवा नाट्याचार्य भरत का आशीष।

- **अभिज्ञानशाकुन्तलम् में प्रयुक्त भरतवाक्य-**

  प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः, सरस्वती श्रुतमहतां महीयताम्।
  ममापि च क्षपयतु नीललोहितः, पुनर्भवं परिगतशक्तिरात्मभूः।। (अभि0 7/35)
  राजा दुष्यन्त कहते हैं कि- राजा प्रजा के हित के लिए प्रयत्नशील हों। ज्ञान से युक्त कवियों की वाणी का पूर्ण सत्कार हो सर्वशक्तिमान् स्वयंभू शिव मेरे पुनर्जन्म को निवृत्त कर दें। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

- **मृच्छकटिकम् में प्रयुक्त भरतवाक्य-**

  क्षीरिण्यः सन्तु गावो भवतु वसुमती सर्वसम्पन्नसस्या,
  पर्जन्यः कालवर्षी सकलजनमनोनन्दिनो वान्तु वाताः।
  मोदन्तां जन्मभाजः सततमभिमता ब्राह्मणाः सन्तु सन्तः
  श्रीमन्तः पान्तु पृथ्वीं प्रशमितरिपवो धर्मनिष्ठाश्च भूपाः।। (मृच्छ0 10.61)
  चारुदत्त कहता है- गाएँ प्रचुर दूध देने वाली हों, पृथ्वी सब प्रकार से धन-धान्य से पूर्ण हो, मेघ समय से जल बरसाने वाला हो, समस्त जनों के मन को आनन्दित करने वाली वायु चले। प्राणधारी निरन्तर सुखी रहें, पूज्य ब्राह्मण लोग उत्तमशील हों, समृद्धिशाली, शत्रुओं का नाश करने वाले तथा धर्मनिष्ठ राजा पृथ्वी का पालन करें।

- **मालविकाग्निमित्रम् का भरतवाक्य-**

  त्वं मे प्रसादसुमुखी भव देवि नित्यं
  एतावदेव हृदये प्रतिपालनीयम्।
  आशास्यमीतिविगमप्रभृति प्रजानां
  संपत्स्यते न खलु गोप्तरि नाग्निमित्रे।। (माल0 5.20)
  प्रजाओं की कोई इच्छा पूर्ण नहीं होगी, ऐसी बात तो अग्निमित्र के राजत्व में होगी ही नहीं अर्थात् इच्छाएँ पूर्ण होंगी।

- **उत्तररामचरित में प्रयुक्त भरतवाक्य-**

  पाप्मभ्यश्च पुनाति वर्धयति च श्रेयांसि सेयं कथा
  मङ्गल्या च मनोहरा च जगतो मातेव गङ्गेव च।
  तामेतां परिभावयन्त्वभिनयैर्विन्यस्तरूपां बुधाः
  शब्दब्रह्मविदः कवेः परिणतां प्राज्ञस्य वाणीमिमाम्।। (उत्तर0 7.21)
  जगत् की माता की तरह और गङ्गा की तरह मङ्गलकारिणी तथा मनोहर यह कथा पापों से पवित्र करती है और कल्याण को बढ़ाती है वही शब्द ब्रह्मवेत्ता विद्वान् कवि के द्वारा रूपान्तरण को प्राप्त हुई, अभिनयों ने विन्यस्त स्वरूप वाली इस वाणी का विद्वान् लोग परिशीलन करें।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (7/35)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-453

49. 'न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति' प्रियंवदा द्वारा उक्त वाक्य किसके लिये है? **(PGT-2010)**

(A) दुष्यन्त **(B) शकुन्तला**

(C) महर्षि कण्व **(D) इनमें से कोई नहीं**

उत्तर- (A)

व्याख्या-

कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में अनसूया प्रियंवदा से कहती है कि-

''अद्य स राजर्षिरिष्टिं परिसमाप्य ऋषिभिर्विसर्जित आत्मनो नगरं प्रविश्यान्तः पुरसमागत इतोगतं वृत्तान्तं स्मरति वा न वेति।'' (अभि0 अङ्क 4) आज वह (राजा) राजर्षि यज्ञ की समाप्ति के बाद ऋषियों से विदाई लेकर अपने नगर में प्रवेश करके अन्तःपुर की स्त्रियों से मिलकर यहाँ की बात को याद करेगा अथवा नहीं।

प्रियंवदा अनसूया को इस विषय में आश्वस्त करते हुए कहती है कि- 'न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति' (अभि. अङ्क-4) अर्थात् उसप्रकार की सुन्दर आकृतियाँ गुणों से रहित नहीं होती हैं। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

* 'अद्य पुनर्हृदयेनासंनिहिता' (अभिज्ञान0 अङ्क0 4) अनसूया प्रियंवदा से कहती है आज वह (शकुन्तला) हृदय से कहीं और है।
* अनसूया शकुन्तला के विषय में प्रियंवदा से कहती है। 'गुणवते कन्यका प्रतिपादनीयेत्ययं तावत् प्रथमः संकल्पः।' (अभि0 अङ्क- 4) गुणवान् व्यक्ति को कन्या देनी है यह माता-पिता का प्रथम संकल्प (विचार) होता है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-180

50. ''दुष्यन्तेनाहितं तेजो दधानां भूतये भुवः। अवेहि तनयां ब्रह्मन्नग्निगर्भां शमीमिव॥'' यह सूचना कण्व को किससे प्राप्त हुई? **(PGT-2010)**

(A) गौतमी **(B) अनसूया**

(C) प्रियंवदा **(D) छन्दोमयी वाणी**

उत्तर- (D)

व्याख्या-

* अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा अनसूया से कहती है प्रवास से लौटे हुए महर्षि काश्यप जब यज्ञशाला में प्रवेश करते हैं तो अशरीरधारी छन्दोमयी वाणी से पता चलता है कि शकुन्तला और दुष्यन्त का गान्धर्व विवाह हुआ है तथा इस समय शकुन्तला गर्भधारण की हुई है।

'अग्निशरणं प्रविष्टस्य शरीरं विना छन्दोमय्या वाण्या।'

वह छन्दोमयी वाणी प्रियंवदा अनसूया से बताती है-

दुष्यन्तेनाहितं तेजो दधानां भूतये भुवः।
अवेहि तनयां ब्रह्मन्नग्निगर्भां शमीमिव।। (अभि0 4.4)

हे ब्रह्मन्, दुष्यन्त के द्वारा स्थापित तेज (वीर्य) को पृथ्वी के कल्याण के लिए धारण करने वाली अपनी पुत्री को छिपी हुई अग्नि से युक्त शमीवृक्ष के तुल्य समझो। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (4/4)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-198

51. 'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्' यह किससे कहा गया है? **(PGT-2010)**

(A) सखियों से (B) वन-देवियों से
(C) लता-पादपों से (D)पशु-पक्षियों से

उत्तर- (C)

व्याख्या-

अभिज्ञानशाकुन्तल नाटक के चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला की विदाई के अवसर पर महर्षि काश्यप वनवृक्षों के स्नेह को व्यक्त करते हुए कहते हैं-

* पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या ....सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्। (अभि० 4/9)

महर्षि कण्व तपोवन के वृक्षों को सम्बोधित करते हुए कहते हैं कि जो तुम्हें बिना जल पिलाये जल नहीं पीती थी। तुम्हारे प्रति प्रेम के कारण जो अलङ्कारों की प्रेमी होने पर भी तुम्हारे नये पत्ते नहीं तोड़ती थी। तुम्हारे पुष्पोद्गम के समय जिसका उत्सव होता था वह शकुन्तला अब पतिगृह को जा रही है, तुम सब अपनी स्वीकृति दो।

अतः विकल्प C सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (4/9)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-213

52. 'आर्तत्राणाय वः शस्त्रं न प्रहर्तुमनागसि' अभिज्ञानशाकुन्तलम् में यह कथन है- **(PGT-2011)**

(A) गौतमी (B) मातलि
(C) वैखानस (D) राजा का सारथि

उत्तर- (C)

व्याख्या-

- कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त द्वारा मृग का शिकार करने के अवसर पर वैखानस कहते हैं-

तत् साधुकृतसन्धानं प्रतिसंहर सायकम्।
आर्तत्राणाय वः शस्त्रं न प्रहर्तुमनागसि॥ (अभि. 1.11)

अच्छे प्रकार से धनुष पर चढ़ाए हुए अपने बाण को उतार लीजिए आपका शस्त्र दुःखितों की रक्षा के लिए है निरपराधों पर प्रहार के लिए नहीं।

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के षष्ठ अङ्क में राक्षसों के वधार्थ इन्द्र द्वारा दुष्यन्त को बुलाए जाने पर मातलि दुष्यन्त से कहता है-

प्रसादसौम्यानि सतां सुहृज्जने
पतन्ति चक्षूंषि न दारुणाः शराः। (अभि. 6.29)

सज्जनों की अपने मित्रवर्ग पर प्रेम से मनोहर ही दृष्टि पड़ती है, न कि उनके भयंकर बाण उन पर पड़ते हैं।

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में विदाई के अवसर पर गौतमी शकुन्तला से कहती हैं-

  'जाते, ज्ञातिजनस्निग्धाभिरनुज्ञातगमनाऽसि तपोवनदेवताभिः'

  पुत्री, सम्बन्धि-जनों के तुल्य प्रेम करने वाली तपोवन की देवताओं ने तुझे जाने की स्वीकृति दे दी है।

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त द्वारा मृग का पीछा करने के अवसर पर सारथि राजा दुष्यन्त से कहता है-

  कृष्णसारे ददच्चक्षुस्त्वयि चाधिज्यकार्मुके।

  मृगानुसारिणं साक्षात् पश्यामीव पिनाकिनम्॥ (अभि. 1.6)

  मैं इस कृष्णसार मृग और धनुष चढ़ाए हुए आप पर दृष्टिपात करके मृग का पीछा करते हुए साक्षात् मानो शिव को देख रहा हूँ। **अतः विकल्प C सही है।**

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1.11)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज-26

53. 'दिष्ट्या धूमाकुलितदृष्टेरपि यजमानस्य पावक एवाहुतिः पतिता।' इस दृष्टान्त द्वारा किसने अपनी कृतार्थता स्वीकार की है- **(PGT-2011)**

(A) कण्व **(B) गौतमी**

(C) मातलि **(D) शकुन्तला**

उत्तर- (A)

व्याख्या-

- महाकवि कालिदास द्वारा अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में महर्षि कण्व द्वारा शकुन्तला से कही गई बात को प्रियंवदा अनसूया से कहती है-

  'दिष्ट्या धूमाकुलितदृष्टेरपि यजमानस्य पावक एवाहुतिः पतिता' (अभि.अङ्क-4)

  सौभाग्य से धुएँ से व्याकुल दृष्टि वाले यजमान की आहुति ठीक अग्नि में पड़ी। यह बात महर्षि कण्व शकुन्तला से कहते हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में गौतमी शकुन्तला से कहती हैं-

  'जाते, एष त आनन्दपरिवाहिणा चक्षुषा परिष्वजमान इव गुरुरुपस्थितः। आचारं तावत् प्रतिपद्यस्व' (अभि.अङ्क-4)

  पुत्री, आनन्द के आँसुओं को बहाने वाली आँखों से तुझको गले लगाते हुए तुम्हारे पिता यहाँ उपस्थित हैं अब उचित शिष्टाचार का पालन करो।

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सप्तम अङ्क में मातलि राजा दुष्यन्त से मारीचि के आश्रम के विषय में कहता है-

  'एष खलु हेमकूटो नाम किंपुरुषपर्वतस्तपः संसिद्धिक्षेत्रम्।' (अभि.अङ्क-7)

  यह हेमकूट नाम का किन्नरों का पर्वत है। यह तपस्या की सफलता के लिए सर्वोत्तम स्थान है।

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में राजा यदि तुम्हें पहचानने से इन्कार करे तो उसे अगूँठी दिखा देना दोनों सखियों के ऐसा कहने पर, शकुन्तला कहती है-

  'अनेन सन्देहेन वामाकम्पिताऽस्मि' (अभि.अङ्क-4)

  तुम्हारे इस सन्देह से मुझे घबड़ाहट हो रही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-4) - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-197

54. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में मातलि कौन है- **(PGT-2011)**
(A) कण्व शिष्य **(B) द्वारपाल**
(C) तपस्वी **(D) इन्द्र-सारथि** **उत्तर- (D)**

व्याख्या-

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् में प्रयुक्त पात्रों के नाम हैं-

कण्व के शिष्य	- वैखानस, शार्ङ्गरव, शारद्वत, गौतम, हारीत
द्वारपाल	- रैवतक
तपस्वी	- वैखानस
इन्द्र का सारथी	- मातलि
दुष्यन्त का सारथी	- सूत
दुष्यन्त का विदूषक	- माधव्य (माढव्य)
दुष्यन्त का पुत्र	- भरत (सर्वदमन)
शकुन्तला की सखी	- अनसूया, प्रियंवदा
महर्षि मारीच की पत्नी	- अदिति (दाक्षायणी)
मेनका की सखी	- सानुमती

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, भू.पेज-99

55. 'अथवाऽनार्यः परदारव्यवहारः' कथन है- **(PGT-2011)**
(A) दुष्यन्त **(B) गौतमी**
(C) मातलि **(D) तापसी** **उत्तर- (A)**

व्याख्या-

➢ कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सप्तम अङ्क में तपस्विनी द्वारा कथित वाक्य पर विचार करते हुए राजा अपने मन में कहता है-
'अथवाऽनार्यः परदारव्यवहारः' (अभि.अङ्क-7)
पराई स्त्री के विषय में बात करना अशिष्टता है। **अतः विकल्प A सही है।**

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला की विदाई के अवसर पर पिता (काश्यप) को लौटने को कहते हुए गौतमी शकुन्तला एवं काश्यप से कहती हैं-
'जाते, परिहीयते गमनवेला। निवर्तय पितरम्। अथवा चिरेणापि पुनः पुनरेषैवं मन्त्रयिष्यते। (अभि.अङ्क-4)
पुत्री, हमारे प्रस्थान का समय बीतता जा रहा है। अपने पिता को लौटाओ अथवा यह शकुन्तला तो चिरकाल तक बार-बार उसी बात को कहती रहेगी।

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के षष्ठ अङ्क में इन्द्र का सारथी (मातलि) राजा दुष्यन्त से कहता है-
'अस्ति कालनेमिप्रसूतिर्दुर्जयो नाम दानवगणः' (अभि.अङ्क-6)
कालनेमि के वंशज दुर्जय नामक राक्षसों का समुदाय है।

➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला के विदाई के अवसर पर प्रथम तापसी आशीर्वाद देते हुए कहती है-
'जाते, भर्तुर्बहुमानसूचकं महादेवीशब्दं लभस्व' (अभि.अङ्क-4)
पुत्री, पति के बहुत सम्मानसूचक 'महारानी' शब्द को प्राप्त करो।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-7)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-421

56. ''अर्थो हि कन्या परकीय एव तामद्य संप्रेष्य परिग्रहीतुः जातो ममायं विशदः प्रकामं प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा॥'' इस श्लोक में छन्द है? **(PGT-2011)**

(A) उपजाति **(B) शिखरिणी**

(C) इन्द्रवज्रा **(D) वंशस्थ**

उत्तर- (C)

व्याख्या-

➢ **उपजाति छन्द-**

'अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः' (वृत्त.3.30)

जिस छन्द में एक चरण इन्द्रवज्रा का तथा दूसरा चरण उपेन्द्रवज्रा का हो उसे उपजाति छन्द कहते हैं।

उदाहरण-

कृताभिमर्शामनुमन्यमानः सुतां त्वया नाम मुनिर्विमान्यः।
मुष्टं प्रतिग्राहयता स्वमर्थं पात्रीकृतो दस्युरिवासि येन।। (अभि.5.20)

➢ **शिखरिणी छन्द-**

'रसैः रुद्रैश्छिन्ना यमनसभलागः शिखरिणी' (वृत्त.3.93)

छः तथा ग्यारह अक्षरों की यति वाली तथा क्रमशः यगण, मगण, नगण, सगण, भगण, एक लघु तथा एक गुरु वर्ण से युक्त छन्द को शिखरिणी छन्द कहते हैं।

उदाहरण- चलापाङ्गां दृष्टिं स्पृशसि बहुशो वेपथुमतीं।
रहस्याख्यायीव स्वनसि मृदुकर्णान्तिकचरः।। (अभि.1.24)

➢ **इन्द्रवज्रा छन्द-**

'स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः' (वृत्त.3.28)

जिस छन्द के प्रत्येक चरण में दो तगण, एक जगण, तथा दो गुरु वर्ण क्रमशः हों उसे इन्द्रवज्रा कहते हैं यति प्रत्येक चरण के अन्त में होती है।

उदाहरण-

अर्थो हि कन्या परकीय एव तामद्य सम्प्रेष्य परिग्रहीतुः।
जातो ममायं विशदः प्रकामं प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा।। (अभि.4.22)

अतः विकल्प C सही है।

➢ **वंशस्थ छन्द-**

'जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ' (वृत्त.3.46)

जिस छन्द के प्रत्येक चरण में क्रमशः जगण, तगण, जगण, रगण आए उसे वंशस्थ छन्द कहते हैं।

उदाहरण-

विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम्।
स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन्, कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव।। (अभि.4.1)

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (4/22)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-240

57. 'ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्यः' कथन है– **(PGT-2011)**

(A) शार्ङ्गरव **(B) शारद्वत**

(C) गौतमी **(D) प्रियंवदा**

उत्तर- (A)

व्याख्या-

A. **शार्ङ्गरव-** कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला की विदाई के अवसर पर शार्ङ्गरव ऋषि काश्यप से कहता है-
'ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्य इति श्रूयते' (अभि.अङ्क-4)
अर्थात् प्रिय व्यक्ति का अनुगमन जल के किनारे तक करना चाहिए ऐसा सुना जाता है।
अतः विकल्प A सही है।

B. **शारद्वत-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के पञ्चम अङ्क में शारद्वत राजा दुष्यन्त के राजदरबार में शकुन्तला के विषय में कहता है-
तदेषा भवतः कान्ता त्यज वैनां गृहाण वा।
उपपन्ना हि दारेषु प्रभुता सर्वतोमुखी॥ (अभि.5.26)
यह शकुन्तला आपकी पत्नी है इसको चाहे अपने पास रखिए अथवा छोड़िए क्योंकि पत्नी पर पति की सब प्रकार से प्रभुता स्वीकार की गई है।

C. **गौतमी-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में गौतमी दोनों के (शकुन्तला-दुष्यन्त) विवाह के विषय में राजा दुष्यन्त से कहती हैं-
नापेक्षितो गुरुजनोऽनया त्वया पृष्टो न बन्धुजनः।
एकैकस्य च चरिते भणामि किमेकैकम्॥ (अभि.5.16)
विवाह के विषय में शकुन्तला ने अपने गुरुजनों की अनुमति नहीं ली, और तुमने भी अपने सम्बन्धियों की सम्मति नहीं ली। तुम दोनों के परस्पर इस कार्य में तुम दोनों में से प्रत्येक को क्या कहूँ?

D. **प्रियंवदा-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में वनस्पतियों द्वारा शकुन्तला के लिए अलङ्करण सामग्री प्रदान किए जाने के कारण प्रियंवदा शकुन्तला से कहती है-
भर्तुर्गेहेऽनुभवितव्या राजलक्ष्मीः (अभि.अङ्क-4)
पति के घर में राजलक्ष्मी का अनुभव करोगी।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-4)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-225

58. 'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति' कथन है- **(PGT-2011)**

(A) गौतमी **(B) प्रियंवदा**

(C) अनसूया **(D) शार्ङ्गरव**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

A. **गौतमी-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में राजा दुष्यन्त द्वारा शकुन्तला को त्याग दिए जाने पर गौतमी शार्ङ्गरव से कहती है कि-
'प्रत्यादेशपरुषे भर्तरि किं वा मे पुत्रिका करोतु?' (अभि.अङ्क-5)
पति ने निर्दयतापूर्वक परित्याग कर दिया है बेचारी मेरी पुत्री क्या करे?

B. **प्रियंवदा-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा अनसूया से कहती है-
'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति' (अभिज्ञान अङ्क-4)
भला कौन नवमालिका को गर्म जल से सींचेगा। **अतः विकल्प B सही है।**

C. **अनसूया-** कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में दुर्वासा ऋषि द्वारा शकुन्तला को दिए गए शाप के प्रसङ्ग में अनसूया प्रियंवदा से कहती है-
'कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति।' (अभिज्ञान-अङ्क-4)
अग्नि के अतिरिक्त और कौन जला सकता है।

D. **शार्ङ्गरव-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में शार्ङ्गरव ऋषि काश्यप से कहता है-
'ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्यः।' (अभि.अङ्क-4)
प्रिय व्यक्ति का जल के किनारे तक अनुगमन करना चाहिए।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-4)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-190

59. 'शान्तानुकूलपवनश्च शिवश्च पन्थाः' उक्ति है- **(PGT-2011)**

(A) गौतमी **(B) कण्व**
(C) आकाशभाषित **(D) प्रियंवदा**

उत्तर- **(C)**

व्याख्या-

A. **गौतमी-** कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के पञ्चम अङ्क में राजा दुष्यन्त के राजदरबार में दुष्यन्त द्वारा शकुन्तला को दी हुई अँगूठी को शकुन्तला की अँगुली में न देखकर गौतमी शकुन्तला से कहती है कि-
'नूनं ते शक्रावताराभ्यन्तरे शचीतीर्थसलिलं वन्दमानायाः प्रभ्रष्टमङ्गुलीयकम्' (अभि.अङ्क-5)
निश्चित रूप से शक्रावतार तीर्थ में शचीतीर्थ के जल की वन्दना करते समय तुम्हारी अँगूठी गिर गई।

B. **कण्व-** शकुन्तला की विदाई के अवसर पर अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में ऋषि कण्व कहते हैं-
'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्।' (अभि.4/9)
यह शकुन्तला पतिगृह को जा रही है आप सभी अपनी अनुमति प्रदान करें।

C. **आकाशभाषित-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में विदाई के समय आकाशवाणी होती है-
'शान्तानुकूलपवनश्च शिवश्च पन्थाः।' (अभि.शा.4/11)
शकुन्तला का मार्ग शान्त और अनुकूल वायु से युक्त तथा कल्याणकारी हो। **अतः विकल्प C सही है।**

D. **प्रियंवदा-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा दुर्वासा ऋषि के विषय में कहती है कि-
'प्रकृतिवक्रः स कस्यानुनयं प्रतिगृह्णाति।'
स्वभाव से ही टेढ़े वह (दुर्वासा) किसकी प्रार्थना स्वीकार करते हैं।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (4.11)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-216

60. 'अयं जनः कस्य हस्ते समर्पितः' कथन है- **(PGT-2011)**

(A) अनसूया **(B) अनसूया एवं प्रियंवदा**

(C) गौतमी **(D) प्रियंवदा**

उत्तर- **(B)**

व्याख्या-

A. अनसूया- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में अनसूया शकुन्तला से कहती है-

'गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति।' (अभि.4.16)

आशा का बन्धन वियोग के कठोर दुःख को भी सहन करा देता है।

B. अनसूया एवं प्रियंवदा- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में पतिगृह को जाती हुई शकुन्तला जब लता को धरोहर के रूप में अनसूया एवं प्रियंवदा के हाथ में छोड़ती है तो दोनों सखियाँ शकुन्तला से कहती हैं-

'अयं जनः कस्य हस्ते समर्पितः।' (अभि. अङ्क-4)

हम दोनों को किसके हाथ में छोड़ती हो। **अतः विकल्प B सही है।**

C. गौतमी- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में शकुन्तला के विषय में गौतमी राजा दुष्यन्त से कहती हैं-

तपोवनसंवर्धितोऽनभिज्ञोऽयं जनः कैतवस्य।

तपोवन में पाला-पोसा हुआ यह व्यक्ति अर्थात् (शकुन्तला) छल-प्रपंचों से (सर्वथा) अनभिज्ञ है।

D. प्रियंवदा- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा दुर्वासा ऋषि के विषय में कहती है-

एष दुर्वासाः सुलभकोपो महर्षिः। यह अतिक्रोधी महर्षि दुर्वासा हैं।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-4)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-221

61. 'शकुन्तला के गर्भ में दुष्यन्त का तेज पल रहा है'- कण्व को किसके द्वारा पता चला? **(PGT-2011)**

(A) गौतमी द्वारा

(B) अनसूया एवं प्रियंवदा द्वारा

(C) कण्व के तपोबल द्वारा

(D) अशरीरिणी छन्दोमयी वाणी द्वारा

उत्तर- **(D)**

व्याख्या-

A. गौतमी- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में काश्यप ऋषि द्वारा शकुन्तला को आशीर्वाद दिए जाने पर गौतमी कहती हैं-

'भगवन्, वरः खल्वेषः। नाशीः।' (अभि.अङ्क-4)

भगवन्, यह वस्तुतः वर है, केवल आशीर्वाद नहीं।

B. **प्रियंवदा-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा अनसूया से कहती है-
'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति।' (अभि.अङ्क-4)
भला कौन नवमालिका को गर्म जल से सीचेंगा।

C. **कण्व-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में काश्यप शकुन्तला से कहते हैं-
'ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव।
सुतं त्वमपि सम्राजं सेव पुरूमवाप्नुहि॥' (अभिज्ञान.4.6)
पुत्री, शर्मिष्ठा जिस प्रकार ययाति की (अति प्रिय रानी) थी, उसी प्रकार (तू) पति की अति प्रिय (रानी) हो। उस (शर्मिष्ठा) ने जिस प्रकार (सम्राट् पुत्र) पुरु को (प्राप्त किया) उसी प्रकार तू भी सम्राट् पुत्र को प्राप्त कर।

D. **प्रियंवदा-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा अनसूया से कहती हैं-
'अग्निशरणं प्रविष्टस्य शरीरं विना छन्दोमय्या वाण्या।' (अभि.अङ्क-4)
यज्ञशाला में प्रविष्ट होने पर (उनको) अशरीरधारी छन्दोमयी वाणी ने ऋषि काश्यप को बताया कि शकुन्तला के गर्भ में दुष्यन्त का तेज पल रहा है।
अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (4/4)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-198

62. 'सागरमुज्झित्वा कुत्र वा महानद्यवतरति' यह कथन है- **(PGT-2011)**
(A) रामायणम् **(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
(C) रघुवंशम् **(D) मृच्छकटिकम्**
उत्तर- (B)

व्याख्या-

- महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण के सुन्दरकाण्ड में राक्षसियों की बात मानने से इन्कार करके शोक सन्तप्त सीता विलाप करती हुई कहती हैं कि-
'अकाले दुर्लभो मृत्युः स्त्रिया वा पुरुषस्य वा' (वा.रा.5.25.12)
किसी भी स्त्री या पुरुष की मृत्यु बिना समय के नहीं होती।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के तृतीय अङ्क में प्रियंवदा अनसूया से शकुन्तला के विषय में कहती है-
'सागरमुज्झित्वा कुत्र वा महानद्यवतरति' (अभि.अङ्क-3)
बड़ी नदी समुद्र को छोड़कर और कहाँ उतरती है। **अतः विकल्प B सही है।**
- कालिदास कृत रघुवंशम् के द्वितीय सर्ग में सिंह राजा दिलीप से कहता है-
न पादपोन्मूलनशक्तिरंहः शिलोच्चये मूर्च्छति मारुतस्य (रघु.2/34)
वायु का जो वेग वृक्षों को जड़ से उखाड़ देने की शक्ति रखता है वह पर्वत का कुछ भी नहीं बिगाड़ पाता।
- मृच्छकटिकम् के प्रथम अङ्क में चारुदत्त दरिद्रता का स्मरण करते हुए कहता है-
'अल्पक्लेशं मरणं, दारिद्र्यमनन्तकं दुःखम्' (मृच्छ.1.11)
"मृत्यु कम कष्ट वाली होती है किन्तु दरिद्रता कभी न समाप्त होने वाला दुःख है।"

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-3)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-151

63. अधोलिखित पद्यों में 'शाकुन्तल' के प्रसिद्ध चार पद्यों में किसकी गणना नहीं की जाती- **(PGT-2011)**

(A) पातुं न प्रथमं व्यवस्यति... (B) शुश्रूषस्व गुरून् कुरु....
(C) यास्यत्यद्य शकुन्तलेति..... (D) उद्गलितदर्भकवला मृग्यः....

उत्तर- (D)

व्याख्या-

संस्कृतवाङ्मय में नाटक सर्वश्रेष्ठ रचना है नाटकों में अभिज्ञानशाकुन्तलम् और अभिज्ञानशाकुन्तलम् का चतुर्थ अङ्क और उस चतुर्थ अङ्क में भी चार श्लोक सर्वश्रेष्ठ हैं जो निम्नवत् हैं-

श्लोकचतुष्टयम्

- पातुं न प्रथमं व्यवस्यति......(अभि.4/9)
  कालिदास विरचित इस पद्य में आश्रमवासियों के प्रकृति प्रेम की उत्कृष्ट कल्पना परिलक्षित हो रही है।
- शुश्रूषस्व गुरून् कुरु...... (अभि.4/18)
  इस श्लोक में कण्व का दिया हुआ यह उपदेश आज भी प्रत्येक उस कन्या के लिए हृदयंगम करने के योग्य है जो विवाहित होने के उपरान्त पहले पहल अपने पति के घर जाती हैं।
- यास्यत्यद्य शकुन्तलेति......(अभि.-4/6)
  इस श्लोक में पुत्री के वियोग से उत्पन्न होने वाले दुःखों का हृदयस्पर्शी वर्णन है।
- अस्मान् साधु विचिन्त्य.......(अभि.4/17)
  इस श्लोक में कण्व ने शार्ङ्गरव द्वारा दुष्यन्त को प्रासङ्गिक एवं औचित्यपरक संदेश भिजवाया है।
- उद्गलितदर्भकवला मृग्यः........(अभि.4/12)
  इस श्लोक में शकुन्तला के वियोग से मृग, मयूर एवं लताओं की दयनीय दशा का वर्णन है। विद्वानों ने इसे 'श्लोकचतुष्टयम्' के अन्तर्गत नहीं माना है। **अतः विकल्प D सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम्- कपिलदेव द्विवेदी, भू.पेज-68

64. 'न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात्' उक्ति है- **(PGT-2011)**

(A) नैषधीयचरित की (B) मृच्छकटिक की
(C) उत्तररामचरित की (D) अभिज्ञानशाकुन्तल की

उत्तर- (D)

व्याख्या-

A. नैषधीयचरितम्- श्रीहर्ष प्रणीत नैषधीयचरितम् के नवम सर्ग में राजा नल दमयन्ती के विषय में कहते हैं-

न मोघसङ्कल्पधराः किलामराः। (नैष.9/145)

'देव निष्फल संकल्प-धारण तो संशय नहीं करते।'

B. **मृच्छकटिकम्-** शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् के प्रथम अङ्क में विट शकार से कहता है-

आलाने गृह्यते हस्ती वाजी वल्गासु गृह्यते। (मृच्छ.1/50)

''हाथी खम्भे में बाँध कर वश मे लाया जाता है, घोड़े को लगाम लगाकर लोग उसे अपने वश में लाते हैं।''

C. **उत्तररामचरितम्-** भवभूति प्रणीत उत्तररामचरितम् के षष्ठ अङ्क में श्रीराम चन्द्रकेतु से कहते हैं कि-

न तेजस्तेजस्वी प्रसृतमपरेषां विषहते। (उत्तर.6/14)

''तेजस्वी पुरुष फैले हुए दूसरों के प्रताप को सहन नहीं करता है।''

D. **अभिज्ञानशाकुन्तलम्-** कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के विषय में चिन्तन करते हुए कहते हैं-

'न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात्।' (अभि.1/26)

''कान्ति से देदीप्यमान तेज भूतल से उत्पन्न नहीं होता है।''

अतः विकल्प D सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/26)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-73

65. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में शकुन्तला को शाप दिया था- **(PGT-2013)**

(A) नारद ने **(B) दुर्वासा ने**

(C) विश्वामित्र ने **(D) मारीच ने**

उत्तर- (B)

व्याख्या–

(A) **नारद–** नारद महर्षि कण्व का शिष्य है चतुर्थ अङ्क में वृक्षों से प्राप्त आभूषणों को लेकर आने पर गौतमी पूँछती है– **'गौतमी–**वत्स नारद! कुत एतत्?' पुत्र नारद ये कहाँ से मिले हैं?

(B) **दुर्वासा–** अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में आतिथ्य सत्कार न होने से क्रोधित महर्षि दुर्वासा ने पति चिन्तन में मग्न शकुन्तला को शाप दिया कि जिसका तुम स्मरण कर रही हो वह उन्मत्त व्यक्ति के समान स्मरण कराया जाता हुआ भी तुम्हें स्मरण नहीं करेगा।

विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा
तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम् ।
स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन्
कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव।। (अभि.शा. 4/1)

अतः विकल्प B सही है।

(C) विश्वामित्र– शकुन्तला ब्रह्मर्षि विश्वामित्र एवं मेनका की औरस पुत्री है एवं महर्षि कण्व की मानस पुत्री (धर्मपुत्री) है। यह कौशिक गोत्र नाम के प्रभावशाली राजर्षि हैं। यह बात अनसूया राजा को बताती है–

अनसूया– '' शृणोत्वार्य! अस्ति कोऽपि कौशिक इति गोत्रनाम धेयो महाप्रभावो राजर्षिः। .....तम् आवयोः प्रियसख्याः प्रभवमवगच्छ।'' (अभि.अङ्क-1)

(D) मारीच– महर्षि मारीच ने सातवें अङ्क में शकुन्तला को इन्द्राणी के समान होने का आशीर्वाद दिया है-

'आशीरन्या न ते योग्या पौलोमीसदृशी भव।' (अभि.शा.7/28)

स्रोत– अभिज्ञानशाकुन्तलम् (4/1) कपिलदेव द्विवेदी, पेज-184

66. 'किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्' पंक्ति ग्रहण की गयी है- **(PGT-2013)**

(A) 'कादम्बरी' से **(B) 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' से**

(C) 'शिशुपालवधम्' से **(D) 'मृच्छकटिकम्' से**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

- कालिदास प्रणीत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में वल्कल वस्त्रधारिणी शकुन्तला को देखकर राजा दुष्यन्त कहते हैं कि–
  'किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्' (अभि. 1.20) ठीक ही कहा गया है कि सुन्दर एवं मनोहारिणी आकृतिवालों के लिए सभी वस्तुएँ शोभाधायक ही होती हैं ठीक इसी प्रकार शैवाल से आच्छादित कमल के समान वल्कलवस्त्र से सन्नद्ध शकुन्तला का शरीर अत्यन्त मनोहारी प्रतीत हो रहा है वस्तुतः मनोहर आकृति वालों के लिए सभी वस्तुएँ निर्बाध अलंकार बन जाती हैं अथवा उनकी शोभा में गुणात्मक वृद्धि कर देती है।
  अतः विकल्प B सही है।
- बाणभट्ट द्वारा रचित कादम्बरी के चाण्डालकन्या वर्णन में राजा शूद्रक चाण्डालकन्या के सौन्दर्य को देखकर कहता है कि– 'विधातुरस्थाने रूपनिष्पादनप्रयत्नः।'
  विधाता ने अनुचित स्थान पर रूप निर्माण का प्रयास किया है।
- शिशुपालवधम् के ग्यारहवें सर्ग में माघ रमणियों का वर्णन करते हुए कहते हैं–
  कामिनां मण्डनश्रीर्व्रजति हि सफलत्वं वल्लभालोकनेन। (शिशु.11.33)
  कामियों के मण्डनों की शोभा प्रिया के दर्शनमात्र से ही सफल हो जाती हैं।
- मृच्छकटिकम् के चतुर्थ अङ्क में शर्विलक मदनिका से कहता है- 'स्त्रियो हि नाम खल्वेता निसर्गादेव पण्डिताः।' (मृच्छ. 4.19)
  व्यवहारिक क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियाँ अधिक चतुर होती हैं।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/20)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज-46

67. 'अथवाऽनार्यः परदारव्यवहारः' यह उक्ति है? **(PGT-2016)**

(A) कण्व की (B) माधव्य की

(C) इन्द्र की (D) दुष्यन्त की

उत्तर- **(D)**

व्याख्या- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में दुष्यन्त का कथन-

'अथवाऽनार्यः परदारव्यवहारः' (अभि.-7) परस्त्री के विषय में बात करना अशिष्टता है।

(i) **'स्रजमपि शिरस्यन्धः क्षिप्तां धुनोत्यहिशङ्कया'** (अभि॰-7/24) अन्धा आदमी शिर पर डाली हुई फूलों की माला को भी साँप समझकर फेंक देता है।

(ii) **'उदेति पूर्वं कुसुमं ततः फलं घनोदयः प्राक् तदनन्तरं पयः।'** पहले फूल आते हैं, फिर फल होते हैं। पहले बादल आते हैं, तत्पश्चात् वर्षा होती है। (अभि॰7/30)

(iii) **'कुसुममिव लोभनीयं यौवनमङ्गेषु सन्नद्धम्।'** (अभि॰1/21) अंगों में फूल की तरह मनोहर यौवन व्याप्त है।

(iv) **'न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात्'** (अभि॰1/26) कान्ति से देदीप्यमान् तेज (विद्युत्) भूतल से उत्पन्न नहीं होता है।

(v) **'कामी स्वतां पश्यति'** (अभि॰2/2) कामी व्यक्ति सर्वत्र अपनी ही बात देखता है।

(vi) **'ईदृग् विनोदः कुतः'** (अभि॰2/5) इतना मनोरंजन और कहाँ?

कण्व का कथन-

(i) **'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्'** यह शकुन्तला पतिगृह को जा रही है, तुम सब अपनी स्वीकृति दो। (अभि॰4/9)

(ii) **'अस्यामहं त्वयि च सम्प्रति वीतचिन्तः।'** अब मैं इसकी और तेरी ओर से निश्चिन्त हो गया हूँ। (अभि॰4/13)

(iii) **'वनौकसोऽपि सन्तो लौकिकज्ञा वयम्'** (अभि॰/4) वनवासी होते हुये भी हम लोग लौकिक व्यवहार को जानते हैं।

(iv) **'शिवास्ते पन्थानः सन्तु।'** (अभि॰4/21) तुम्हारा मार्ग मंगलमय हो।

(v) **'अर्थो हि कन्या परकीय एव'** (अभि॰4/22) कन्या वस्तुतः पराई सम्पत्ति है।

(vi) **'यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामाः कुलस्याधयः।'** (अभि॰4/18) स्त्रियाँ गृहलक्ष्मी के पद पर अधिकृत होती हैं और इसके विपरीत चलने वाली कुल के लिए अभिशाप होती हैं।

माढव्य विदूषक का कथन-

(i) **'अरण्ये मया रुदितमासीत्।'** (अभि॰-अङ्क 2) मैंने अरण्य रोदन ही किया।

(ii) **'गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृत्तः।'** (अभि॰ अङ्क 02) फोड़े पर फोड़ा हो गया है।

(iii) **'त्रिशङ्कुरिवान्तरा तिष्ठ'** (अभि॰-अङ्क 02) त्रिशङ्कु की तरह बीच में लटके रहिये।

(iv) **'भवितव्यता खलु बलवती'** (अभि॰-अङ्क 6) होनहार प्रबल होती है।

(v) **'कदापि सत्पुरुषाः शोकवास्तव्या न भवन्ति'** (अङ्क 6) सज्जन व्यक्ति कभी भी शोक के पात्र नहीं होते।

(vi) **'अवश्यमभाव्यचिन्तनीयः समागमो भवति'** (अङ्क-06) अवश्यंभावी मिलन अचानक ही होता है।

मातलि का कथन-

(i) **'अहो, उदाररमणीया पृथ्वी'** (अभि॰-7) अहो, यह पृथिवी कैसी विशाल मनोहर, दिख रही है।

(ii) **'उत्सर्पिणी खलु महतां प्रार्थना'** (अभि॰-7) महात्माओं की इच्छा सदा ऊर्ध्वगामिनी होती है।

(iii) **'अस्ति कालनेमिप्रसूतिर्दुर्जयो नाम दानवगणः।'** (अङ्क-07) कालनेमि के वंशज दुर्जय नामक राक्षसों का एक समुदाय है।

(iv) **'ज्वलति चलितेन्धनोऽग्निर्विप्रकृतः पन्नगः फणां कुरुते।'** (अभि॰7/31) अग्नि लकड़ियों को हिला देने से प्रज्वलित हो जाती है, साँप छेड़ने से फन को फैलाता है। इसी प्रकार मनुष्य भी प्रायः उत्तेजित होने पर अपने पराक्रम को प्राप्त होता है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'अथवाऽनार्यः परदारव्यवहारः' यह उक्ति दुष्यन्त की है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत-अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-07)-कपिलदेव द्विवेदी,पेज 421

68. शकुन्तला की अँगूठी किस स्थान पर गिरी थी? **(PGT-2016)**

(A) सोमतीर्थ **(B) शचीतीर्थ**

(C) कण्वाश्रम **(D) प्रभासतीर्थ** **उत्तर- (B)**

व्याख्या- कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रथम अङ्क में वैखानस द्वारा कण्व के सोमतीर्थ जाने के विषय में दुष्यन्त को बताया जा रहा है-

वैखानस-

इदानीमेव दुहितरं शकुन्तलामतिथिसत्काराय
नियुज्य दैवमस्याः प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः॥

तापस- (कण्व) अभी अपनी पुत्री शकुन्तला को अतिथि-सत्कार के कार्य में नियुक्त करके उसके प्रतिकूल भाग्य को शान्त करने के लिए सोमतीर्थ गए हैं।

⇒ **शचीतीर्थ-** गौतमी- नूनं ते शक्रावताराभ्यन्तरे शचीतीर्थसलिलं वन्दनायाः प्रभ्रष्टमङ्गुलीयकम्।

अवश्य ही शक्रावतार तीर्थ में शचीतीर्थ के जल की वन्दना करते समय तेरी (शकुन्तला की) अंगूठी गिर गई है।

⇒ **कण्वाश्रम-** एष खलु कण्वस्य कुलपतेरनुमालिनीतीरमाश्रमो दृश्यते।

वैखानस कहता है राजा दुष्यन्त से- यह सामने मालिनी नदी के किनारे कुलपति कण्व का आश्रम दिखाई पड़ रहा है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि शकुन्तला की अँगूठी शचीतीर्थ में गिर गयी थी। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी, पेज 283

69. 'मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति' **(PGT-2016)**
यहाँ पर 'लक्ष्म' और 'लक्ष्मी' का अर्थ है?
(A) लक्ष्म और लक्ष्मी देवी (B) लाक्षा और विष्णुपत्नी
(C) चिह्न और शोभा (D) अमृत और छवि **उत्तर- (C)**

व्याख्या- महाकवि कालिदास जी द्वारा रचित अभिज्ञानशाकुन्तल नामक नाटक के प्रथमोऽङ्क में यह श्लोक उद्धृत है-

सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं,
मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति।
इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी,
किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाऽऽकृतीनाम्॥ (अभि0-1/20)

राजा दुष्यन्त-शकुन्तला के विषय में कहता है- कमल का पुष्प यदि शैवाल से भी युक्त हो, तो भी रमणीय व सुन्दर ही लगता है। जैसा चन्द्रमा का कलङ्क मलिन होते हुए भी चन्द्रमा की शोभा को बढ़ाता ही है। इसी प्रकार यह कोमलाङ्गी बाला भी इस वल्कलवस्त्र से अधिक सुन्दर मालूम होती है। ठीक ही है, सुन्दर और मनोहर आकृति वालों के लिये कौन वस्तु शोभादायक नहीं होती? अर्थात् सुन्दर आकृतियों के शरीर पर साधारण सी वस्तु भी अलङ्कार के तुल्य ही मालूम होती है।

शब्दार्थ

सरसिजम् - कमलम् ,रम्यम् - मनोहारि

लक्ष्म - कलङ्क, हिमांशोः - चन्द्रस्य

लक्ष्मीं - शोभाम्, इयं तन्वी - शकुन्तला

मनोज्ञा- मनोहारिणी,मण्डनम् - भूषण

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि लक्ष्म अर्थात् चिह्न और लक्ष्मी का अर्थ 'शोभा' है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्त्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/20) कपिलदेव द्विवेदी, पेज-46-47

70. 'अग्निगर्भां शमीमिव' यह उपमा दी गयी है- **(PGT-2016)**
(A) शकुन्तला की (B) गौतमी की
(C) प्रियंवदा की (D) अनसूया की **उत्तर- (A)**

व्याख्या- महाकवि कालिदास प्रणीत अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला की उपमा 'अग्निगर्भां शमीमिव' से दी गई है। (कण्व की बात) प्रियंवदा कहती है अनसूया से-

➢ **दुष्यन्तेनाहितं तेजो दधानां भूतये भुवः।**
अवेहि तनयां ब्रह्मन्नग्निगर्भां शमीमिव॥ (4/4)
हे ब्रह्मन्, दुष्यन्त के द्वारा स्थापित तेज को पृथ्वी के कल्याण के लिए धारण करने वाली (अपनी) पुत्री को छिपी हुई अग्नि से युक्त शमीवृक्ष के तुल्य समझो।
शकुन्तला के लिए प्रसिद्ध उपमायें

➢ **ध्रुवं स नीलोत्पलपत्रधारया**
शमीलतां छेत्तुमृषिर्व्यवस्यति॥ (1/18)
वह अवश्य ही नीलकमल के पत्ते की धार से शमी की लता को काटने का यत्न करता है।

➢ **किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्।** (1/20)
क्योंकि सुन्दर आकृतियों के लिए क्या वस्तु अलङ्कार नहीं होती।

➢ यथा वनज्योत्स्नाऽनुरूपेण पादपेन संगता, अपि नामैवम-हमप्यात्मनोऽनुरूपं वरं लभेयेति।
जिस प्रकार वनज्योत्स्ना अपने अनुरूप वृक्ष से मिल गई है, क्या मैं भी अपने अनुरूप वर को पाऊँगी?

➢ **प्रियवंदा- सागरमुज्झित्वा कुत्र वा महानद्यवतरति।**
बड़ी नदी समुद्र को छोड़कर और कहाँ उतरती है? (अभि.अङ्क.-3)
स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'अग्निगर्भां शमीमिव' यह उपमा शकुन्तला के लिए दी गई है। **अतः विकल्प A सही है।**

स्त्रोत - अभिज्ञानशाकुन्तलम् - (4/4)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज 498

71. 'अतः परीक्ष्य कर्तव्यं विशेषात् संङ्गतं रहः' यह उक्ति है? **(PGT-2016)**
(A) कण्व **(B) मारीच**
(C) दुष्यन्त **(D) शार्ङ्गरव** **उत्तर- (D)**

व्याख्या- महाभारत के आदिपर्व में शृंगाररस प्रधान, सप्त अंक समन्वित, वैदर्भी शैली के कवि कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् एक अद्वितीय नाट्यकृति है।

* अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अंक के चौबीसहवें श्लोक में कण्व-शिष्य शार्ङ्गरव, शकुन्तला द्वारा किए गए गान्धर्व विवाह के विषय में अपने विचार प्रकट करते हैं-

➢ **अतः परीक्ष्य कर्तव्यं विशेषात् संगतं रहः।**
अज्ञातहृदयेष्वेव वैरीभवति सौहृदम्॥
अर्थात् किसी भी प्रकार की मित्रता परीक्षा करके ही करनी चाहिए। जैसे- गुप्त मैत्री गुप्त विवाह सम्बन्ध गान्धर्व विवाह आदि विशेष रूप से परीक्षा करके ही करना चाहिए।

➢ आश्रम के कुलाधिपति ऋषि कण्व धर्मपुत्री शकुन्तला को लौकिक व्यवहार का ज्ञान देते हुए कहते हैं-
शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने, भर्तुर्विप्रकृतापि रोषणतया मा स्म प्रतीपं गमः। (अभि.4.)

➢ द्वितीय अंक में राजा दुष्यन्त आत्मगत विचार से परिचय कराते हैं-
अकृतार्थेऽपि मनसिजे रतिमुभयप्रार्थना कुरुते॥ (अभि.2.)

➢ सप्तम अंक में ऋषि मातलि माननीय कण्व के प्रति यह शुभ समाचार प्रेषित करते हैं-
पुत्रवती शकुन्तला तच्छापनिवृत्तौ
स्मृतिमता दुष्यन्तेन प्रतिगृहीता इति।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि 'अतः परीक्ष्य कर्तव्यं विशेषात् संगतं रहः' यह उक्ति शार्ङ्गरव की है।

अतः विकल्प 'D' सही है।

स्रोत - अभिज्ञानशाकुन्तलम् (5/24)- कपिलदेव द्विवेदी, पेज 291

72. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में दुष्यन्त की मनःस्थिति जानने के लिए मेनका ने अपनी किस सखी को भेजा था? **(PGT-2016)**

(A) सानुमती **(B) उर्वशी**
(C) रम्भा **(D) तिलोत्तमा**

उत्तर- (A)

व्याख्या- महाकवि कालिदास द्वारा प्रणीत सप्ताङ्कों वाला सर्वश्रेष्ठ नाटक अभिज्ञानशाकुन्तलम् के षष्ठ अङ्क में मेनका अपनी सखी सानुमती को दुष्यन्त की मनःस्थिति को जानने के लिए भेजती है-

* **ततः प्रविशत्याकाशयानेन सानुमती नामाप्सराः।**
तदनन्तर विमान से सानुमती नामक अप्सरा का प्रवेश।

* **मेनकासम्बन्धेन शरीरभूता मे शकुन्तला।**
तया च दुहितृनिमित्तमादिष्टपूर्वाऽस्मि।
.....अनयोरेवोद्यानपालिकयोस्तिरस्करिणीप्रतिच्छिन्ना पार्श्ववर्तिनी भूत्वोपलप्स्ये।
मेनका से उसका (शकुन्तला) का सम्बन्ध होने के कारण शकुन्तला मेरे शरीर के एक भाग के तुल्य है और उसने अपनी पुत्री के लिए मुझसे पहले से कहा हुआ है (कि मैं उसके लिए कुछ करूँ) क्या बात है कि वसन्त ऋतु का उत्सव उपस्थित होने पर भी राजपरिवार में उत्सव का प्रारम्भ दिखाई नहीं पड़ रहा है। मुझे अपनी सखी की प्रार्थना का आदर करना चाहिए।

* **सानुमती के कथन-** उत्सवप्रियाः खलु मनुष्याः।
मनुष्य उत्सवप्रिय होते हैं।
स्थाने खलु प्रत्यादेशविमानिताऽप्यस्य कृते शकुन्तला क्लाम्यतीति।
(राजा को देखकर) परित्याग के द्वारा अपमानित भी शकुन्तला इसके लिए दुःखित रहती है, यह उचित ही है।

* **सानुमती - लतासंश्रिता द्रक्ष्यामि तावत् सख्याः प्रतिकृतिम्।**
ततोऽस्या भर्तुर्बहुमुखमनुरागं निवेदयिष्यामि॥
मैं लता का सहारा लेकर अपनी सखी का चित्र देखती हूँ तत्पश्चात् उसके पति के विविध प्रकार से प्रकट हुए प्रेम को उसे बताऊँगी।

* **सानुमती- अहो, ईदृशी स्वकार्यपरता। अस्य सन्तापेनाहं रमे।**
 ओह अपने स्वार्थ के प्रति प्रेम ऐसा ही होता है कि मैं उसके (दुष्यन्त) दुःख से प्रसन्न हो रही हूँ।
* **सानुमती - सम्मोहः खलु विस्मयनीयो न प्रतिबोधः।**
 (इस राजा का शकुन्तला को) भूलना ही आश्चर्य की बात है, स्मरण करना नहीं।
* **सानुमती- यद्यन्यहस्तगतं भवेत् सत्यमेव शोचनीयं भवेत्।**
 यदि यह किसी और के हाथ पड़ जाती तो वस्तुतः शोक की बात हो जाती।
* **सानुमती- रमणीयः खल्ववधिर्विधिना विसंवादितः।**
 यह बहुत सुन्दर अवधि थी परन्तु भाग्य ने इसे बिगाड़ दिया।
* **सानुमती- अत एव तपस्विन्याः शकुन्तलाया अधर्मभीरोरस्य राजर्षेः परिणये सन्देह आसीत् । अथवेदृशोऽनुरागोऽभिज्ञानमपेक्षते। कथमिवैतत्?**
 इस अधर्म भीरु राजर्षि को बेचारी शकुन्तला के साथ विवाह के विषय में सन्देह हो गया था। अथवा, इस प्रकार का प्रेम अभिज्ञान की अपेक्षा करता है, यह कहाँ तक ठीक है?
* **सानुमती- सदृशमेतत् पश्चात्तापगुरोः स्नेहस्यानवलेपस्य च।**
 पश्चात्ताप के कारण बढ़े हुए स्नेह और निरभिमान के योग्य ही यह वक्तव्य है।
 स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि अभिज्ञानशाकुन्तलम्
 में दुष्यन्त की मनःस्थिति जानने के लिए मेनका ने सानुमती को भेजा था। **अतः विकल्प A सही है।**
 स्रोत - अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी, पेज 318

73. 'भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र'- यह सूक्ति उद्धृत है- **(PGT-2016)**
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से (B) नलचम्पू से
(C) कादम्बरी से (D) शिशुपालवधम् से **उत्तर- (A)**

व्याख्या- कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अंक में राजा दुष्यन्त की दाहिनी भुजा का फड़कना सुन्दर स्त्री की प्राप्ति का सूचक माना गया है दुष्यन्त का विचार है कि वन में इसकी प्राप्ति कैसे सम्भव है? अथवा भावी (होनहार) घटनाओं के लिए सर्वत्र ही द्वार (मार्ग) हो जाते हैं। यथा-
शान्तमिदमाश्रमपदं स्फुरति च बाहुः कुतः फलमिहास्य
अथवा भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र॥ (1/16।।)

⇒ माघकृत शिशुपालवध के प्रथम अंक में नारदमुनि के आगमन पर श्रीकृष्ण द्वारा उनका स्वागत करते हुए कहा गया है- महात्मा लोग अपुण्य आत्माओं के घर पर प्रेम से आना नहीं चाहते। **यथा- 'गृहानुपैतुं प्रणयादभीप्सवो भवन्ति नापुण्यकृतां मनीषिणः'।- 1/14**

⇒ **कादम्बरी (शुकनासोपदेश)** में शुकनास युवराज चन्द्रापीड को युवावस्था में उत्पन्न होने वाला (अज्ञानरूप) अन्धकार से सावधान रहने की शिक्षा दी है। यथा-

'अतिगहनं तपो यौवनप्रभवम्'

⇒ त्रिविक्रमभट्ट कृत नलचम्पू में बताया गया है कि काव्य और बाण को मर्मस्पर्शी होना चाहिए-

किं कवेस्तेन काव्येन किं काण्डेन धनुष्मतः।
परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिरः॥1/5॥

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि **'भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र'** यह सूक्ति अभिज्ञानशाकुन्तलम् की है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत - अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1/16)- कपिलदेव, पेज 38

74. ''अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहैः''-यह उक्ति है- **(PGT-2016)**
(A) शकुन्तला की **(B) दुष्यन्त की**
(C) विदूषक की **(D) प्रियंवदा की** उत्तर- **(B)**

व्याख्या- महाकवि कालिदास विरचित 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के द्वितीय अंक में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के विषय में अपना विचार व्यक्त करते हैं-

अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहै-
रनाविद्धं रत्नं मधुनवमनास्वादितरसम्।
अखण्डं पुण्यानां फलमिव च तद्रूपमनघं,
न जाने भोक्तारं कमिह समुपस्थास्यति विधिः॥ (2/10)

अर्थात् अनाघ्रात, अलून, अनाविद्ध इत्यादि गुणों से युक्त शकुन्तला दुष्यन्त को प्रतीत होती है।

⇒ द्वितीय अंक का प्रारम्भ विदूषक के कथन से होता है। दुर्भाग्य से विदूषक शिकार के व्यसनी राजा की मित्रता से खिन्न हो गया है। यथा **('भोः दिष्टम्! एतस्य मृगयाशीलस्य राज्ञो वयस्यभावेन निर्विण्णोऽस्मि'।)**

⇒ तृतीय अंक में प्रियंवदा अपनी सखी अनसूया से शकुन्तला के विषय में वार्ता करती है कि शकुन्तला की आसक्ति पुरुवंशियों में श्रेष्ठ दुष्यन्त पर है। बड़ी नदी समुद्र को छोड़कर और कहाँ उतरती हैं- यथा- **'सागरमुज्झित्वा कुत्र वा महानद्यवतरति'।**

⇒ कालिदास रचित अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में शकुन्तला का कथन है- **हला, पश्य। नलिनी पत्रान्तरितमपि सहचरमपश्यन्त्यातुरा चक्रवाक्यारटति, दुष्करमहं करोमीति।**

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि **'अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहैः'** यह उक्ति दुष्यन्त की शकुन्तला के प्रति है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत - अभिज्ञानशाकुन्तलम् (2/10)-कपिलदेव, पेज 115

75. ''तेजोद्वयस्य युगपद्व्यसनोदयाभ्यां लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु''–यह किस पात्र का कथन है? **(TGT-1999)**
(A) काश्यप **(B) कण्वशिष्य**
(C) अनसूया **(D) प्रियंवदा** उत्तर- **(B)**

व्याख्या-

A. 'ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव – काश्यप की उक्ति है।

B. 'तेजोद्वयस्य युगपद्व्यसनोदयाभ्यां लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु' (अभि.शा. 4/2) – प्रस्तुत सूक्ति में कण्व का शिष्य कहता है कि– संसार दो तेजों (सूर्य, चन्द्रमा) का एक साथ अस्त एवं उदित होने से अपनी अवस्थाओं के परिवर्तन से मानों लोक को नियन्त्रित कर रहा है।

C. 'काम इदानीं सकामो भवतु'– अनसूया का कथन

D. 'एष दुर्वासाः सुलभकोपो महर्षिः'– प्रियंवदा का कथन **अतः विकल्प `B' सही है।**

76. ''उद्गलितदर्भकवला मृग्यः परित्यक्तनर्तना मयूराः अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्यश्रूणीव लताः।'' **(TGT-1999)**

उपर्युक्त पद्य किस पात्र द्वारा कहा गया है?

(A) काश्यप द्वारा **(B) अनसूया द्वारा**

(C) प्रियंवदा द्वारा **(D) गौतमी द्वारा** उत्तर- **(C)**

व्याख्या-

A. ''मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि'' कण्व का कथन है।

B. 'रक्षितव्या खलु प्रकृतिपेलवा प्रियसखी'–अनसूया का कथन।

C. ''उद्गलितदर्भकवला.....मुञ्चन्त्यश्रूणीव लताः'' (अभि. 4/12) प्रस्तुत पद्य में शकुन्तला के विदाई के समय प्रियंवदा कहती है–शकुन्तला के जाने के वियोग में हरिणियों ने कुश के ग्रास को उगल दिया है, मयूरों ने नाचना छोड़ दिया है।

D. 'वरः खल्वेषः नाशीः'–गौतमी का कथन है **अतः विकल्प `C' सही है।**

77. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में ययाति के किस पुत्र का नाम उल्लिखित है? **(TGT-1999)**

(A) यदु **(B) तुर्वशु**

(C) पुरु **(D) द्रुध्यु** उत्तर- **(C)**

व्याख्या-

* ''ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्त्तुर्बहुमता भव। सुतं त्वमपि सम्राजं सेव **पूरुमवाप्नुहि**।।'' अभि.शा. (4/7)
* प्रस्तुत श्लोक से यह ज्ञात होता है कि– ययाति के पुत्र का नाम पुरु था। पुरु की माता शर्मिष्ठा थीं।
* राजा दुष्यन्त भी पुरुवंशीय क्षत्रिय थे। **अतः विकल्प `C' सही है।**

78. शकुन्तला से 'भर्तुर्बहुमता भव' यह वाक्य किसने कहा है? **(TGT-1999)**

(A) काश्यप ने **(B) एक तापसी ने**

(C) गौतमी ने **(D) प्रियंवदा ने** उत्तर- **(B)**

व्याख्या-

(A) ''सुतं त्वमपि सम्राजं सेव पूरुमवाप्नुहि''–कण्व, शकुन्तला के लिए कहते हैं।

(B) ''भर्तुर्बहुमता भव''–कण्वाश्रम की एक तापसी, शकुन्तला को आशीर्वाद देते हुए कहती है कि– 'पति द्वारा बहुत सम्मान वाली हो।'

(C) ''वरः खल्वेषः नाशीः''–गौतमी, शकुन्तला के लिए कहती है।

(D) ''भर्तुर्गेहेऽनुभवितव्या राजलक्ष्मीः''–प्रियंवदा, शकुन्तला के लिए कहती है।

उपर्युक्त सभी कथन अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क से उद्धृत है।

अतः विकल्प `B' सही है।

79. ''को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति''– (TGT-1999)

यह वाक्य किस ग्रन्थ में आया है?

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में

(B) मेघदूतम् में

(C) किरातार्जुनीयम् में

(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम् चतुर्थ अङ्क के चौथे श्लोक में **उत्तर- (A)**

व्याख्या-

(A) ''को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति''– अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रियंवदा अनसूया से शकुन्तला के विषय में कहती है कि–भला कौन नवमालिका (चमेली) को गर्म जल से सींचता है।

(B) ''चूडापाशे नवकुरबकं चारु कर्णे शिरीषम्''–मेघदूतम् में

(C) ''शमीतरुं शुष्कमिवाग्निरुच्छिखः''–किरातार्जुनीयम् के प्रथम सर्ग में द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती है।

(D) ''अवेहि तनयां ब्रह्मन्नग्निगर्भां शमीमिव''–(अभिज्ञान-शाकुन्तलम् के 4/4 श्लोक में) आकाशवाणी के माध्यम से यह श्लोक कण्व को सुनायी पड़ता है।

अतः विकल्प 'A' सही है।

80. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में 'अभिज्ञान' (TGT-1999)

शब्द से किसका बोध होता है?

(A) नथुनी **(B) पायल**

(C) अँगूठी **(D) लॉकेट** **उत्तर- (C)**

व्याख्या-

'तेन राजर्षिणा सम्प्रस्थितेन स्वनामधेयाङ्कितमङ्गुलीयकं स्मरणीयमिति स्वयं पिनद्धम्'– (अभि.शाकु., अङ्क-4) अनसूया के इस कथन से यह ज्ञात होता है कि अभिज्ञान-शाकुन्तलम् में 'अभिज्ञान' का तात्पर्य ''अँगूठी'' से है।

	शब्द	अर्थ
(A)	नासाभरणम् (नपु.)	नथुनी
(B)	नूपुरम् (नपु.)	पायल
(C)	अङ्गुलीयकम् (नपु.)	अँगूठी
(D)	कण्ठभूषा (स्त्री.)	लॉकेट

अतः विकल्प (C) सही है।

81. शकुन्तला की सखी कौन थी? **(TGT-1999)**

(A) गौतमी **(B) मालविका**

(C) उर्वशी **(D) अनसूया और प्रियंवदा**

उत्तर- (D)

व्याख्या-

(A) गौतमी, कण्वाश्रम की अध्यक्षा है।

(B) मालविका, कालिदास कृत मालविकाग्निमित्रम् की नायिका है।

(C) उर्वशी, कालिदासकृत विक्रमोर्वशीयम् की नायिका है।

(D) अनसूया और प्रियंवदा शकुन्तला की सखियाँ हैं।

अतः विकल्प (D) सही है।

82. शकुन्तला के साथ राजदरबार तक कौन गयी थी? **TGT-2001, 2004**

(A) गौतमी **(B) मेनका**

(C) अनसूया **(D) प्रियंवदा**

उत्तर- (A)

व्याख्या-

(A) ''त्वया सह गौतमी यास्यति'' – कण्व के इस कथन से ज्ञात होता है कि शकुन्तला के साथ गौतमी दुष्यन्त के राजदरबार हस्तिनापुर तक जाती है।

* गौतमी के साथ शार्ङ्गरव एवं शारद्वत भी हस्तिनापुर जाते हैं।

(B) मेनका – एक अप्सरा है, जो विश्वामित्र की पत्नी एवं शकुन्तला की जन्मदात्री माता है।

(C) + (D) अनसूया एवं प्रियंवदा, शकुन्तला के साथ हस्तिनापुर नही जाती हैं। ''न युक्तमनयोस्तत्र गन्तुम्'' **अतः विकल्प (A) सही है।**

83. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का विदूषक कौन है? **(TGT-2001, 2004)**

(A) माढव्य **(B) मैत्रेय**

(C) वसन्तक **(D) माणवक**

उत्तर- (A)

व्याख्या-

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् – माढव्य (B) मृच्छकटिकम् – मैत्रेय

(C) रत्नावली – वसन्तक (D) विक्रमोर्वशीयम् – माणवक

अतः विकल्प (A) सही है।

84. किसके आग्रह पर शकुन्तला के प्रति दुर्वासा के शाप में लघुता आयी– **(TGT-2001)**

(A) अनसूया **(B) प्रियंवदा**
(C) कण्व **(D) गौतमी**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

(A) ''गच्छ पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनम्'' – अनसूया, प्रियंवदा को दुर्वासा ऋषि को मनाने के लिए भेजती है।

(B) ''प्रकृतिवक्रः स कस्यानुनयं प्रतिगृह्णाति! किमपि पुनः सानुक्रोशः कृतः'' प्रियंवदा कहती है कि– स्वभाव से टेढ़े वह (दुर्वासा) भला किसकी प्रार्थना को स्वीकार करते हैं, फिर भी मैंने कुछ दयायुक्त कर लिया है। अर्थात् प्रियंवदा के आग्रह से शाप में कमी आयी। **अतः विकल्प (B) सही है।**

(C) कण्व, दुर्वासा ऋषि के आगमन के समय सोमनाथ तीर्थ गये थे।

(D) गौतमी को इस बात की जानकारी नहीं थी कि ऋषि दुर्वासा आश्रम में आये हैं।

85. 'कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव' – यह श्लोकांश है? **(TGT-2001)**

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में **(B) शुकनासोपदेश में**
(C) शिवराजविजयम् में **(D) मेघदूतम् में**

उत्तर- (A)

व्याख्या-

(A) ''कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव'' (अभिज्ञानशाकुन्तलम् 4/1) – ऋषि दुर्वासा नेपथ्य में शकुन्तला को शाप देते हुए कहते हैं कि 'याद दिलाये जाने पर भी वह (दुष्यन्त) तुमको याद नहीं करेगा। जैसे कोई प्रमत्त व्यक्ति पूर्व में किये गये कार्यों को स्मरण नहीं करता।

(B) ''कल्याणाभिनिवेशो लक्ष्मीमेव प्रथमम्''–(शुकनासोपदेश)

(C) ''अरुण एष प्रकाशः पूर्वस्यां भगवतो मरीचिमालिनः'' (शिवराजविजयम्)

(D) ''आषाढस्य प्रथमदिवसे मेघमाश्लिष्टसानुम्'' – (मेघदूतम्)

अतः विकल्प (A) सही है।

86. 'पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनया विश्लेषदुःखैर्नवैः'– यह उक्ति किसकी है – **(TGT-2001)**

(A) प्रियंवदा की **(B) अनसूया की**
(C) गौतमी की **(D) कण्व की**

उत्तर- (D)

व्याख्या-

(A) 'एते खलु हस्तिनापुरगामिन ऋषयः शब्दायन्ते' – प्रियंवदा

(B) 'यद्यपि गान्धर्वेण विधिना निवृत्तकल्याणा शकुन्तला....' – अनसूया

(C) 'वरः खल्वेषः नाशीः' – गौतमी

(D) 'पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनया विश्लेषदुःखैर्नवैः' –
प्रस्तुतपद्य में कण्व, शकुन्तला की विदाई के समय कहते हैं कि – जंगल में रहने वाले मेरी भी स्नेह के कारण ऐसी व्याकुलता है तो गृहस्थ लोग पुत्री के वियोग के दुःख में कितना अधिक दुःखी होते होंगे। (अभि. 4/6) **अतः विकल्प (D) सही है।**

87. ''सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं............'' **(TGT-2001)**

रिक्तस्थान की पूर्ति करें –

(A) सर्वैरनुज्ञायताम् **(B) नादत्ते**

(C) अनुमतगमना **(D) स्नेहेन**

उत्तर- (A)

व्याख्या-

(A) 'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्' (अभि. 4/9) – कण्व

(B) 'नादत्ते प्रियमण्डनाऽपि भवताम्' – कण्व

(C) 'अनुमतगमना शकुन्तला तरुभिरियं वनवासबन्धुभिः'–कण्व

(D) 'नादत्ते प्रियमण्डनापि भवतां स्नेहेन या पल्लवम्'–कण्व

अतः विकल्प (A) सही है।

88. ''अर्थो हि कन्या परकीय एव'' – **(TGT-2001)**

किसके लिए कहा गया है?

(A) शकुन्तला के लिए **(B) प्रियंवदा के लिए**

(C) अनसूया के लिए **(D) गौतमी के लिए**

उत्तर- (A)

व्याख्या-

(A) 'अर्थो हि कन्या परकीय एव' (अभि. 4/22)– कण्व **शकुन्तला के लिए** कहते हैं कि – ''कन्या वस्तुतः दूसरे का ही धन है''

(B) + (C) ''निगृह्यशोकमनुगच्छतं मां प्रस्थितम्'' – कण्व, अनसूया प्रियंवदा के लिए कहते हैं।

(D) 'कथं वा गौतमी मन्यते' – कण्व गौतमी से कहते हैं।

अतः विकल्प (A) सही है।

89. 'तन्माऽतिमात्रं मम कृत उत्कण्ठस्व' – **(TGT-2001)**

यह कथन किसका है?

(A) काश्यप का **(B) शकुन्तला का**

(C) प्रियंवदा का **(D) अनसूया का**

उत्तर- (B)

(A) 'मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि' – काश्यप

(B) 'तन्माऽतिमात्रं मम कृत उत्कण्ठस्व' – शकुन्तला कण्व से कहती है कि मेरे लिए आप अत्यधिक दुःखी मत होइए।

(C) 'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति' – प्रियंवदा

(D) 'काम इदानीं सकामो भवतु' – अनसूया **अतः विकल्प (B) सही है।**

90. अनसूया और प्रियंवदा हैं – **(TGT-2003)**

(A) शकुन्तला की सखियाँ **(B) दुष्यन्त की रानियाँ**

(C) कण्व आश्रम की अध्यक्षा **(D) इनमें से कोई नहीं**

उत्तर- (A)

व्याख्या –

(A) अनसूया और प्रियंवदा शकुन्तला की सखियाँ हैं। अनसूया गम्भीर प्रकृति की है। प्रियंवदा हास्यप्रकृति की है। **अतः विकल्प (A) सही है।**

(B) हंसपदिका और वसुमती राजा दुष्यन्त की रानियाँ हैं। इनमें प्रथम रानी हंसपदिका है।

(C) गौतमी कण्व आश्रम की अध्यक्षा है।

91. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक में वर्णित गौतमी हैं? **(TGT-2003)**

(A) दुष्यन्त की परिचारिका

(B) कण्व आश्रम की अध्यक्षा

(C) मारीच आश्रम की तपस्विनी

(D) एक अप्सरा

उत्तर- (B)

व्याख्या-

(A) मधुकरिका – दुष्यन्त की परिचारिका है।

(B) गौतमी – कण्व आश्रम की अध्यक्षा हैं।

(C) सुव्रता – मारीच के आश्रम की एक तपस्विनी स्त्री

(D) मेनका – एक अप्सरा (शकुन्तला की माता) **अतः विकल्प (B) सही है।**

92. दुष्यन्त के साथ शकुन्तला का विवाह सम्पन्न होने पर उसकी सखियाँ हो जाती हैं? **(TGT-2003)**

(A) प्रसन्न **(B) चिन्तित**

(C) क्रोधित **(D) ईर्ष्याग्रस्त**

उत्तर- (A)

व्याख्या – 'शकुन्तलाऽनुरूपभर्तृगामिनी संवृत्तेति निर्वृतं मे हृदयम्' – अनसूया चतुर्थ अङ्क के आरम्भ में कहती है कि – शकुन्तला अपने योग्य पति को पा गयी है, इसलिए मेरा हृदय सुखी (प्रसन्न) है। **अतः विकल्प (A) सही है।**

93. ''तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम्'' – यहाँ 'तपोधन' शब्द प्रयुक्त हुआ है? **(TGT-2003)**

(A) कण्व के लिए **(B) दुष्यन्त के लिए**

(C) दुर्वासा के लिए **(D)जंगल के लिए**

उत्तर- (C)

व्याख्या – * प्रस्तुत पद्य में 'तपोधन' शब्द का प्रयोग ऋषि दुर्वासा के लिए प्रयुक्त है। (अभिज्ञान. 4/1)

* कण्व के लिए 'काश्यप' तथा दुष्यन्त के लिए 'पौरव' शब्द का प्रयोग अभिज्ञानशाकुन्तलम् में हुआ है। **अतः विकल्प (C) सही है।**

94. ''गच्छ, पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनं'' – यह कथन है? **(TGT-2003)**

(A) अनसूया का प्रियंवदा के प्रति
(B) प्रियंवदा का अनसूया के प्रति
(C) शकुन्तला का अनसूया के प्रति
(D) अनसूया का शकुन्तला के प्रति **उत्तर- (A)**

व्याख्या – गच्छ, पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनं – अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में अनसूया, प्रियंवदा से कहती है कि–जाओ (दुर्वासा) के चरणों में प्रणाम करके इन्हें लौटा लाओ। **अतः विकल्प (A) सही है।**

95. शकुन्तला की शापमुक्ति का कारण है? **(TGT-2003)**

(A) मोतियों की माला **(B) कङ्गन**
(C) बाजूबन्द **(D) अँगूठी** **उत्तर- (D)**

व्याख्या – * ''ततो न मे वचनमन्यथाभवितुमर्हति, किन्त्वभिज्ञानाभरणदर्शनेन शापो निवर्तिष्यत'' अर्थात् – मेरा वचन अन्यथा नहीं हो सकता किन्तु पहचान (अभिज्ञान) के आभूषण (अँगूठी) को दिखलाने से शाप समाप्त हो जायेगा।
* अनसूया कहती है– 'अस्ति तेन राजर्षिणा संप्रस्थितेन स्वनामधेयाङ्कितम् अङ्गुलीयकम्.......''**अतः विकल्प (D) सही है।**

96. अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक में गौतमी है? **(TGT-2003)**

(A) शकुन्तला की सखी **(B) तपोवन की अध्यक्षा**
(C) अप्सरा **(D) दुष्यन्त की प्रतीहारी** **उत्तर- (B)**

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक में अनसूया और प्रियंवदा शकुन्तला की सखियाँ हैं।
(B) गौतमी तपोवन (कण्वाश्रम) की अध्यक्षा हैं।
(C) मेनका, सानुमती–अप्सरा हैं।
(D) वेत्रवती, दुष्यन्त की प्रतीहारी है। **अतः विकल्प `B' सही है।**

97. राजा दुष्यन्त शकुन्तला को पहचान सकते हैं, जब वे देखेंगे? **(TGT-2004)**

(A) कुण्डल **(B) हार**
(C) अँगूठी **(D) केयूर** **उत्तर- (C)**

व्याख्या–'अभिज्ञानाभरणदर्शनेन शापो निवर्तिष्यत' दुर्वासा के इस कथन से ज्ञात होता है कि जब राजा दुष्यन्त पहचान का आभूषण (अँगूठी) देखेंगे, तब शकुन्तला को पहचान सकेंगे। **अतः विकल्प `C' सही है।**

98. 'सुलभकोपो महर्षिः' हैं? **(TGT-2004)**

(A) कण्व **(B) दुर्वासा**
(C) दुष्यन्त **(D) शकुन्तला** **उत्तर- (B)**

व्याख्या-

(A) कण्व नैष्ठिक ब्रह्मचारी हैं।

(B) दुर्वासा सुलभकोप महर्षि हैं। प्रियंवदा– 'एष दुर्वासाः सुलभकोपो महर्षिः' – (अभि० शाकु० अङ्क-4)

(C) दुष्यन्त पुरुवंशी राजा तथा हस्तिनापुर के सम्राट् हैं।

(D) शकुन्तला अतिथिपरिभाविनी है। जो कण्व की पालिता पुत्री और विश्वामित्र मेनका की जन्मना पुत्री है। **अतः विकल्प `B' सही है।**

99. शकुन्तला को विदाई का सन्देश दिया? **(TGT-2004)**

(A) कण्व ने **(B) दुर्वासा ने**

(C) तपोवन के वृक्षों ने **(D) मृगों ने** **उत्तर- (A)**

व्याख्या-

(A) 'शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने' इस श्लोक के माध्यम से कण्व, ससुराल जाती हुई शकुन्तला को उपदेश देते हैं। (अभिज्ञान 4/18)

(B) 'स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन्, कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव''(अभि० 4/1) प्रस्तुत श्लोक में दुर्वासा कुटिया के पास बैठी हुई शकुन्तला को शाप देते हैं।

(C) ''अनुमतगमना शकुन्तला तरुभिरियं वनवासबन्धुभिः'' (अभि० 4/10) इस श्लोक से यह ज्ञात होता है कि तपोवन के वृक्षों के द्वारा शकुन्तला को पतिगृह जाने की अनुमति प्राप्त हुई।

(D) 'उद्गलितदर्भकवला मृग्यः' (अभि० 4/12) ससुराल जाती हुई शकुन्तला के वियोग में मृगियों ने कुश के ग्रास को उगल दिया है। **अतः विकल्प `A' सही है।**

100.''मम विरहजां न त्वं वत्से! शुचं गणयिष्यसि'' **(TGT-2004)**

यहाँ 'मम' से तात्पर्य है?

(A) कण्व **(B) शकुन्तला**

(C) सर्वदमन भरत **(D) इनमें से कोई नहीं** **उत्तर- (A)**

व्याख्या–'मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि (अभिज्ञान 4/19) कण्व शकुन्तला से कहते हैं कि तुम पवित्र और तेजस्वी पुत्र को जन्म देकर, मेरे विरह से उत्पन्न शोक को नहीं गिनोगी।

(A) 'मम' शब्द कण्व के लिए आया है।

(B) 'त्वम्' शब्द शकुन्तला के लिए आया है।

(C) दुष्यन्त और शकुन्तला के पुत्र का नाम भरत (सर्वदमन) है।

अतः विकल्प `A' सही है।

101.दुष्यन्त की मनःस्थिति जानने के लिए मेनका अपनी किस सखी को भेजती है? **(TGT-2004)**

(A) उर्वशी को **(B) तिलोत्तमा को**
(C) सानुमती को **(D) भानुमती को**

उत्तर- **(C)**

व्याख्या – मेनका, दुष्यन्त की मनःस्थिति जानने के लिए अपनी सखी 'अप्सरा सानुमती' को भेजती है। **अतः विकल्प (C) सही है।**

102.शकुन्तला की माता कौन थी? **(TGT-2004)**

(A) मेनका **(B) शर्मिष्ठा**
(C) मदिरा **(D) मैना**

उत्तर- **(A)**

व्याख्या-

	पुत्री/पुत्र		**माता**
(A)	शकुन्तला	–	मेनका
(B)	पुरु	–	शर्मिष्ठा
(C)	कादम्बरी	–	मदिरा
(D)	पार्वती	–	मैना

अतः विकल्प (A) सही है।

103.शकुन्तला-दुष्यन्त के पुत्र का नाम है? **(TGT-2004)**

(A) सर्वदमन (भरत) **(B) चन्द्रापीड**
(C) वैशम्पायन **(D) पुरु**

उत्तर- **(A)**

व्याख्या-

	पुत्र		**माता-पिता**
(A)	सर्वदमन (भरत)	–	शकुन्तला - दुष्यन्त
(B)	चन्द्रापीड	–	विलासवती - तारापीड
(C)	वैशम्पायन	–	मनोरमा - शुकनास
(D)	पुरु	–	शर्मिष्ठा - ययाति

अतः विकल्प (A) सही है।

104.'अभिज्ञानाभरणदर्शनेन शापो निवर्तिष्यत इति' – यह उक्ति किसकी है? **(TGT-2004)**

(A) कण्व की (B) अनसूया की
(C) दुर्वासा की (D) गौतमी की

उत्तर- **(C)**

व्याख्या-

(A) भगिन्यास्ते मार्गमादेशय – कण्व का कथन।

(B) अतिथीनामिव निवेदितम् – अनसूया का कथन।

(C) 'अभिज्ञानाभरणदर्शनेन शापो निवर्तिष्यत इति'– प्रियंवदा के आग्रह पर दुर्वासा ऋषि कहते हैं कि – पहचान (अभिज्ञान) के आभूषण (अँगूठी) को दिखलाने से शकुन्तला का शाप समाप्त हो जायेगा।

(D) वरः खल्वेषः, नाशीः – गौतमी का कथन।

अतः विकल्प (C) सही है।

105.'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक का उत्स (मूल) है? (TGT-2004)

(A) महाभारत (B) रामायण

(C) श्रीमद्भागवतपुराण (D) कविकल्पित

उत्तर- (A)

व्याख्या-

	ग्रन्थ		उत्स (उपजीव्य)
(A)	**अभिज्ञानशाकुन्तलम्**	–	**महाभारत (आदिपर्व)**
(B)	अभिषेकनाटकम्	–	वाल्मीकिरामायण
(C)	कुमारसम्भवम्	–	श्रीमद्भागवतपुराण
(D)	ऋतुसंहारम्	–	कविकल्पित

अतः विकल्प (A) सही है।

106.'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्' उक्ति है? (TGT-2004)

(A) कण्व की (B) शकुन्तला की

(C) अनसूया की (D) प्रियंवदा की

उत्तर- (A)

व्याख्या-

(A) 'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्' – **कण्व** तपोवन के वृक्षों को सम्बोधित करते हुए कहते हैं कि – यह शकुन्तला पति के घर (ससुराल) जा रही है, अतः आप सभी लोग अनुमति दें। (अभिज्ञान. 4/9)

(B) 'लताभगिनीं वनज्योत्स्नां तावदामन्त्रयिष्ये' – शकुन्तला का कथन।

(C) 'न मे उचितेष्वपि निजकरणीयेषु कार्येषु हस्तपादं प्रसरति' – अनसूया का कथन

(D) 'उद्गलितदर्भकवला मृग्यः परित्यक्तनर्तना मयूराः' – प्रियंवदा का कथन

अतः विकल्प (A) सही है।

107.'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में सखियों ने शापवृत्तान्त' सर्वप्रथम किसे सुनाया? **(TGT-2004)**

(A) कण्व को **(B) मेनका को**
(C) शकुन्तला को **(D) इनमें से कोई नहीं**

उत्तर- (D)

व्याख्या –

* 'अग्निशरणं प्रविष्टस्य शरीरं विना छन्दोमय्या वाण्या' – अर्थात् यज्ञशाला में गये हुए (कण्व को) शरीर रहित छन्दोमयी वाणी के द्वारा विवाहवृत्तान्त बतलाया गया है।
* 'द्वयोरेव नौ मुख एष वृत्तान्तस्तिष्ठतु' अनसूया के इस कथन से ज्ञात होता है कि सखियों ने शापवृत्तान्त किसी को भी नहीं बताया।

अतः विकल्प (D) सही है।

108.अभिज्ञानशाकुन्तलम् में 'अभिज्ञान' कहाँ पर गिरा था? **(TGT-2004)**

(A) प्रभासखण्ड में **(B) मानसरोवर में**
(C) सरयूनदी में **(D) शचीतीर्थ में**

उत्तर- (D)

व्याख्या – अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक में अभिज्ञान (अँगूठी) शक्रावतार प्रदेश के शचीतीर्थ में गिरी थी। शचीतीर्थ गङ्गा नदी के किनारे अवस्थित है।

अतः विकल्प (D) सही है।

109.'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में शाप वृत्तान्त किस अङ्क में है? **(TGT-2004)**

(A) प्रथम **(B) तृतीय**
(C) चतुर्थ **(D) षष्ठ**

उत्तर- (C)

व्याख्या-

(A) प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त कण्व के आश्रम में प्रवेश करता है।
(B) तृतीय अङ्क में दुष्यन्त और शकुन्तला का मिलन होता है।
(C) चतुर्थ अङ्क में दुर्वासा शकुन्तला को शाप देते हैं। इसी अङ्क में शकुन्तला की विदाई होती है।
(D) षष्ठ अङ्क में राजा दुष्यन्त पश्चाताप करता है।

अतः विकल्प (C) सही है।

110.'पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलम्' – यह उक्ति किसकी है? **(TGT-2004)**

(A) कण्व की **(B) अनसूया की**
(C) प्रियंवदा की **(D) शकुन्तला की**

उत्तर- (A)

व्याख्या-

(A) 'पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलम्' – प्रस्तुत पंक्ति में **कण्व**, शकुन्तला के विदाई के समय समीपस्थ तपोवन के वृक्षों को सम्बोधित करते हुए कहते हैं कि – आप लोगों को बिना जल पिलाये जो पहले जल पीने का प्रयास नहीं करती थी। वह शकुन्तला आज पतिगृह जा रही है। (अभिज्ञान 4/9)

(B) 'एषापि प्रियेण विना गमयति रजनीं विषाददीर्घतराम्'– अनसूया की उक्ति।

(C) 'अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्यश्रूणीव लताः' – प्रियंवदा की उक्ति है।

(D) 'को नु खल्वेष निवसने मे सज्जते' – शकुन्तला की उक्ति है।

अतः विकल्प (A) सही है।

111. ''किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्'' – यह वाक्य किसके बारे में कहा गया है? **(TGT-2004)**

(A) दुर्वासा **(B) शकुन्तला**

(C) कण्व **(D) मेनका**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

(A) 'सुलभकोपो महर्षिः' – यह वाक्य प्रियंवदा दुर्वासा के लिए कहती है।

(B) 'किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्' – दुष्यन्त शकुन्तला के लिए कहता है कि सुन्दर आकृतियों के लिए कौन सी वस्तु अलङ्कार नहीं है।

(C) नैष्ठिक ब्रह्मचारी – कण्व के लिए प्रयुक्त है।

(D) मेनका, शकुन्तला की जन्मदात्री माता है।

अतः विकल्प (B) सही है।

112. अनसूया एवं प्रियंवदा ने अपने किस ज्ञान के आधार पर शकुन्तला को आभूषण पहनाया? **(TGT-2005)**

(A) उन्होंने आभूषण पहनाने का प्रशिक्षण लिया था

(B) गौतमी ने उन्हें आभूषण पहनाना बताया था

(C) शकुन्तला ने स्वतः अपने ज्ञान से आभूषण पहना

(D) चित्रकारी में आभूषण प्रयोग से प्राप्त ज्ञान के आधार पर पहनाया।

उत्तर- (D)

व्याख्या– "चित्रकर्मपरिचयेनाङ्गेषु त आभरणविनियोगं कुर्वः।" अर्थात् चित्रकला से प्राप्त ज्ञान के आधार पर हम तुम्हारे अङ्गों में आभूषण पहनाती हूँ। अनसूया एवं प्रियंवदा का यह कथन है।–अभिज्ञानशाकुन्तलम्-अङ्क-4।

अतः विकल्प (D) सही है।

113. 'आमन्त्रयस्व सहचरम्' का अभिप्राय है? **(TGT-2005)**

(A) सहचर से मिल लो **(B) सहचर से बात कर लो**

(C) सहचर को छोड़ दो **(D) सहचर से विदा ले लो**

उत्तर- (D)

व्याख्या– 'आमन्त्रयस्व सहचरम्'–अर्थात् सहचर से विदा ले लो। यह नेपथ्य का कथन है। (अभिज्ञान/अङ्क 3) **अतः विकल्प (D) सही है।**

114. 'शान्तानुकूलपवनश्च शिवश्च पन्थाः' **(TGT-2005)**

यह उक्ति किसकी है।

(A) कण्व की **(B) प्रियंवदा की**

(C) आकाशभाषित **(D) कण्वशिष्य**

उत्तर- (C)

व्याख्या-

(A) 'शान्ते करिष्यसि पदं पुनराश्रमेऽस्मिन्'–कण्व की उक्ति है।

(B) ''अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्यश्रूणीव लताः''–प्रियंवदा की उक्ति है।

(C) ''शान्तानुकूलपवनश्च शिवश्च पन्थाः''–शकुन्तला की विदाई के समय आकाशवाणी होती है कि–तुम्हारा मार्ग शान्त और अनुकूल वायु वाला एवं कल्याणकारी हो।–(अभिज्ञान 4/11)

(D) ''क्षौमं केनचिदिन्दुपाण्डुतरुणा माङ्गल्यमाविष्कृतम्''–कण्व शिष्य का कथन है।

अतः विकल्प (C) सही है।

115. विदाई के समय कण्व ने किस श्लोक से शकुन्तला को उपदेश दिया? **(TGT-2005)**

(A) 'शुश्रूषस्व गुरून्'

(B) 'अस्मान् साधु विचिन्त्य'

(C) 'पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलम्'

(D) 'एषापि प्रियेण विना गमयति।'

उत्तर- (A)

व्याख्या-

(A) **'शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने'** (अभिज्ञान 4/18) इस श्लोक में कण्व शकुन्तला को उपदेश देते हुए कहते हैं कि–गुरुजनों की सेवा करना, सौतों के साथ प्रियसखी जैसा व्यवहार करना आदि।

अतः विकल्प (A) सही है।

(B) 'अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनानुच्चैः कुलं चात्मनः' (अभिज्ञान 4/17) इस श्लोक में कण्व, शार्ङ्गरव के माध्यम से दुष्यन्त को संदेश भेजते हैं।

(C) 'पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलम्' (अभिज्ञान 4/9) प्रस्तुत श्लोक में कण्व तपोवन के वृक्षों को सम्बोधित करते हुए शकुन्तला को ससुराल जाने की अनुमति देने को कहते हैं।

(D) 'एषापि प्रियेण विना गमयति'–अनसूया की उक्ति है।

116.'यात्येकतोऽस्तशिखरं पतिरोषधीनाम्' **(TGT-2005)**

यहाँ 'पतिरोषधीनाम्' शब्द प्रयुक्त हुआ है?

(A) चन्द्रमा के लिए **(B) सूर्य के लिए**

(C) कण्व के लिए **(D) विश्वामित्र के लिए** **उत्तर- (A)**

* यात्येकतोऽस्तशिखरं पतिरोषधीना–
  माविष्कृतोऽरुणपुरःसर एकतोऽर्कः''– (अभिज्ञान 4/2)
  अर्थात् एक ओर वनस्पतियों का स्वामी चन्द्रमा अस्ताचल के शिखर को जा रहा है और एक ओर अरुण को आगे किए हुए सूर्य प्रकट (उदय) हो रहा है।
* यहाँ **'पतिरोषधीनाम्' चन्द्रमा के लिए** आया है।
* 'अर्कः' शब्द सूर्य के लिए प्रयुक्त है। **अतः विकल्प (A) सही है।**

117.अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक में वर्णित शार्ङ्गरव है? **(TGT-2005)**

(A) कण्व का शिष्य **(B) मारीच का शिष्य**

(C) दुष्यन्त का पुरोहित **(D) राजा ययाति** **उत्तर- (A)**

व्याख्या-

(A) शार्ङ्गरव तथा शारद्वत-कण्व के शिष्य हैं।

(B) गालव, मारीच का शिष्य है।

(C) सोमरात, दुष्यन्त का पुरोहित है।

(D) पुरु, राजा ययाति का पुत्र है। **अतः विकल्प (A) सही है।**

118.'अयं जनः कस्य हस्ते समर्पितः' यह कथन है। **(TGT-2005)**

(A) शकुन्तला का **(B) अनसूया और प्रियंवदा का**

(C) कण्व का **(D) कण्व शिष्य का** **उत्तर- (B)**

व्याख्या-

(A) 'एषा द्वयोर्युवयोर्हस्ते निक्षेपः' शकुन्तला, दोनों सखियों से कहती है कि ये लता (वनज्योत्सना) तुम दोनों के हाथ में (मेरी) धरोहर है।

(B) 'अयं जनः कस्य हस्ते समर्पितः'–अनसूया एवं प्रियंवदा शकुन्तला से कहती है कि हम दोनों को किसे सौंप रही हो? **अतः विकल्प (B) सही है।**

(C) 'अवैमि ते तस्यां सोदर्यास्नेहम्'–कण्व, शकुन्तला से कहते हैं कि इस (वनज्योत्स्ना) पर तुम्हारा सगी बहन सा प्रेम है।

(D) 'निष्ठ्यूतश्चरणोपरागसुभगो लाक्षारसः केनचित्'–कण्व शिष्य का कथन है। (अभि0 4/5)

119.'रक्षितव्या खलु प्रकृतिपेलवा प्रियसखी' –यह कथन है? **(TGT-2005)**

(A) अनसूया का शकुन्तला के प्रति
(B) प्रियंवदा का शकुन्तला के प्रति
(C) अनसूया का प्रियंवदा के प्रति
(D) कण्व का शकुन्तला के प्रति

उत्तर- (A)

व्याख्या-

(A) रक्षितव्या खलु प्रकृतिपेलवा प्रियसखी'–अनसूया, प्रियंवदा से शकुन्तला के लिए कहती है कि– हमें स्वभाव से कोमल प्रियसखी की रक्षा करनी चाहिए।

(B) 'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति'–प्रियंवदा, शकुन्तला के लिए कहती है कि भला कौन नवमालिका (चमेली) को गर्म जल से सींचता है।

(C) 'गच्छ, पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनं'–अनसूया, प्रियंवदा से कहती है।

(D) 'ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव'–कण्व, शकुन्तला के लिए कहते हैं।

अतः विकल्प (A) सही है।

120.'शकुन्तला के गर्भ में दुष्यन्त का तेज (वीर्य) पल रहा है।' यह बात कण्व को किसने बताई? **(TGT-2005)**

(A) अनसूया एवं प्रियंवदा ने
(B) गौतमी ने
(C) अशरीरिणी वाक्शक्ति (छन्दोमयी आकाशवाणी)
(D) कण्व के तपोबल ने

उत्तर- (C)

''अग्निशरणं प्रविष्टस्य शरीरं विना छन्दोमय्या वाण्या।''

प्रियंवदा के इस कथन से ज्ञात होता है कि–यज्ञशाला में गये हुए कण्व को शरीररहित छन्दोमयी वाणी (आकाशवाणी) के द्वारा यह समाचार बतलाया गया है। (अभिज्ञान/अङ्क-4) **अतः विकल्प (C) सही है।**

121.शकुन्तला ने विदाई के समय जिस लता का आलिङ्गन किया था उसका क्या नाम था? **(TGT-2005)**

(A) वनज्योत्स्ना **(B) नवमालिका (चमेली)**
(C) लताभगिनी **(D) केसरलता**

उत्तर- (C)

व्याख्या– (उपेत्य लतामालिङ्ग्य) 'वनज्योत्स्ने! चूतसङ्गतापि मां प्रत्यालिङ्गेतोगताभिः शाखाबाहुभिः।' शकुन्तला के इस कथन से स्पष्ट है कि विदाई के समय उसने वनज्योत्स्ना लता का आलिङ्गन किया था। (अभिज्ञान/अङ्क-4)

अतः विकल्प (A) सही है।

122.''अर्थो हि कन्या परकीय एव तामद्य सम्प्रेष्य परिग्रहीतुः।'' यह वक्तव्य किसका है? **(TGT-2009)**

(A) गौतमी का **(B) काश्यप का**
(C) दुष्यन्त का **(D) मेनका का**

उत्तर- (B)

व्याख्या– प्रस्तुतपद्य में कण्व (काश्यप) शकुन्तला को विदा करने के पश्चात् कहते हैं कि अर्थो हि...(अभि.4/23) कन्या वस्तुतः पराया धन है, आज उसको प्राप्तकर्त्ता (पति) को दे देने पर मेरी अन्तरात्मा उसी प्रकार प्रसन्न हो रही है जिस प्रकार धरोहर को लौटा देने पर धरोहर को रखने वाले का मन प्रसन्न हो जाता है। (अभिज्ञान 4/22)

अतः विकल्प (B) सही है।

123.दुष्यन्त के वंश का नाम था? **(TGT-2009)**

(A) रघुवंश **(B) पुरु**
(C) काश्यप **(D) कुशिक**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

(A) राम रघुवंशी (सूर्यवंशी) (B) दुष्यन्त पुरुवंशी (चन्द्रवंशी)
(C) भवभूति काश्यप (D) भारवि कुशिक

अतः विकल्प (B) सही है।

124.अभिज्ञानशाकुन्तलम् में किस रीति का प्रयोग है? **(TGT-2009)**

(A) वैदर्भी रीति **(B) गौडीरीति**
(C) पाञ्चालीरीति **(D) इनमें से कोई नहीं**

उत्तर- (A)

व्याख्या-

	ग्रन्थ	**मुख्य रीति**
(A)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	वैदर्भी रीति
(B)	उत्तररामचरितम्	गौड़ी एवं वैदर्भी रीति
(C)	कादम्बरी	पाञ्चाली रीति

अतः विकल्प (A) सही है।

125.''कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति'' कथन है। **(TGT-2009)**

(A) प्रियंवदा का **(B) अनसूया का**
(C) कण्व का **(D) गौतमी का**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

(A) 'कस्मिन्नपि पूजार्हेऽपराद्धा शून्यहृदया शकुन्तला'(अभि0,अङ्क-4) –प्रियंवदा का कथन

(B) 'कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति'–अनसूया का कथन

(C) 'सुतं त्वमपि सम्राजं सेव पूरुमवाप्नुहि'–कण्व का कथन

(D) 'वरः खल्वेषः नाशीः''(अभि0,अङ्क-4)–गौतमी का कथन

अतः विकल्प (B) सही है।

126.'अतिस्नेहः पापशङ्की' यह सूक्ति किस ग्रन्थ में है? (TGT-2009)

(A) नीतिशतकम् में (B) उत्तररामचरितम् में

(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में (D) शिवराजविजयम् में **उत्तर- (C)**

व्याख्या-

(A) 'पापान्निवारयति योजयते हिताय'– (नीतिशतकम्/66)

(B) ''सञ्जीवनौषधिरसो हृदि नु प्रसक्तः''– उत्तररामचरितम्/3/11

(C) 'अतिस्नेहः पापशङ्की'–अभिज्ञानशाकुन्तलम्/अङ्क–4

(D) 'हिंस्रः स्वपापेन विहिंसितः खलः, साधुः समत्वेन भयाह विमुच्यते'-शिवराजवि जयम्

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क के प्रारम्भ में विष्कम्भक का प्रयोग है।

अतः विकल्प (C) सही हैं।

127.गौतमी कौन थी? (TGT-2009)

(A) शकुन्तला की सखी (B) वृद्धा तापसी

(C) आश्रम की परिचारिका (D) कण्व की पत्नी **उत्तर- (B)**

व्याख्या– कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में गौतमी नामक स्त्रीपात्र का उल्लेख है। जो कण्वाश्रम की अध्यक्षा तथा एक वृद्धा तापसी भी है। **अतः विकल्प (B) सही है।**

128.शकुन्तला का दुष्यन्त के साथ विवाह किस विधि से हुआ था? (TGT-2009)

(A) ब्रह्म (B) गान्धर्व

(C) प्राजापत्य (D) दैव **उत्तर- (B)**

व्याख्या– * ''यद्यपि गान्धर्वेण विधिना निर्वृत्तकल्याणा शकुन्तलाऽनुरूपभर्तृगामिनी संवृत्तेति'' अर्थात् गान्धर्व विधि से सम्पन्न विवाह वाली, शकुन्तला अपने योग्य पति को प्राप्त हो गयी है। (अभिज्ञान अङ्क-04)

* अनसूया के इस कथन से स्पष्ट है कि शकुन्तला का दुष्यन्त के साथ गान्धर्व विवाह हुआ था।

नोट–'कल्याण' का शाब्दिक अर्थ 'विवाह' है क्योंकि कालिदास दक्षिण भारत के थे और आज भी दक्षिण भारत में विवाह को ''कल्याणम्'' कहते हैं। गान्धर्वविवाह को हिन्दी में प्रेमविवाह भी कहते हैं और आधुनिक काल में प्रचलित Love marriage भी गान्धर्वविवाह का ही प्रतिरूप है। **अतः विकल्प (B) सही है।**

129.''वामाः कुलस्याधयः'' में 'वामा' का अर्थ है? **(TGT-2005, 2009)**

(A) बायीं ओर स्थित **(B) सुन्दर**
(C) प्रतिकूल **(D) महिला** **उत्तर- (C)**

व्याख्या– * ''यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामाः कुलस्याधयः'' (अभिज्ञान 4/18) प्रस्तुत पंक्ति में कण्व भारतीय संस्कृति के अनुरूप अपनी पालित पुत्री शकुन्तला को आदर्श गृहिणी होने का उपदेश देते हुए कहते हैं कि–इसप्रकार युवतियाँ गृहस्वामिनी पद को प्राप्त कर लेती हैं, और इसके प्रतिकूल आचरण करने वाली युवतियाँ कुल के लिए आधि (मानसिक कष्ट का कारण) बन जाती हैं।

* अतः यहाँ 'वामा' का अर्थ प्रतिकूल है। **अतः विकल्प (C) सही है।**

130.''भूयिष्ठं भव दक्षिणा परिजने'' **(TGT-2009)**
में 'परिजन' का अर्थ है?

(A) सौत **(B) अत्यधिक**
(C) उदार **(D) सेवकजन** **उत्तर- (D)**

व्याख्या– ''भूयिष्ठं भव दक्षिणा परिजने भाग्येष्वनुत्सेकिनी'' (अभिज्ञान0 4/18) अर्थात्–सेवक-सेविकाओं के प्रति अत्यधिक उदार रहना और अच्छे भाग्य पर अभिमान मत करना।

शब्द	**अर्थ**
(A) सपत्नी	सौत
(B) भूयिष्ठम्	अत्यधिक
(C) दक्षिणा	उदार
(D) परिजन	सेवकजन/आश्रितजन

नोट–भूयिष्ठं में 'बहु + इष्ठन्' प्रत्यय है।

अतः विकल्प (D) सही है।

131.अभिज्ञानशाकुन्तलम् का नायक दुष्यन्त है? **(TGT-2010)**

(A) धीरोदात्त **(B) धीरोद्धत**
(C) धीरललित **(D) धीरप्रशान्त** **उत्तर- (A)**

व्याख्या-

नायक	**कोटि**	**ग्रन्थ**
(A) दुष्यन्त	धीरोदात्त	अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(B) भीम	धीरोद्धत	वेणीसंहारम्
(C) उदयन	धीरललित	स्वप्नवासवदत्तम्
(D) चारुदत्त	धीरप्रशान्त	मृच्छकटिकम्

अतः विकल्प (A) सही है।

132.राजा दुष्यन्त की प्रथम पटरानी थी? **(TGT-2010)**

(A) सानुमती **(B) वसुमती**

(C) शकुन्तला **(D) मेनका** **उत्तर- (B)**

व्याख्या– राजा दुष्यन्त की प्रथम पटरानी हंसपदिका है किन्तु आयोग वसुमती को प्रथम पटरानी मानता है। जो कि मेरी दृष्टि में अनुचित है। क्योंकि अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में हंसपदिका सङ्गीत का अभ्यास करते हुए दुष्यन्त को उलाहना देती है। किन्तु हंसपदिका का चारो विकल्पों में नाम न होने से वसुमती ही ठीक है।

अतः विकल्प (B) सही है।

133.'न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम' सूक्ति है? **(TGT-2010)**

(A) किरातार्जुनीयम् की

(B) शिवराजविजयम् की

(C) शुकनासोपदेश की

(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम् की **उत्तर- (D)**

व्याख्या-

(A) ''न बाधतेऽस्य त्रिगणः परस्परम्'' (किरातार्जुनीयम् 1/11)

(B) ''नाहं मूर्तीःविक्रीणामि; किन्तु भिनद्मि''–शिवराजविजयम्-प्र०नि०)

(C) ''न परिचयं रक्षति''– शुकनासोपदेश

(D) ''न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम''–अभिज्ञानशाकुन्तलम्,

अतः विकल्प (D) सही है।

134.अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में कुल कितने श्लोक हैं? **(TGT-2010)**

(A) अड़तालिस **(B) बयालिस**

(C) छियालिस **(D) बाइस** **उत्तर- (D)**

व्याख्या-

ग्रन्थ	श्लोक संख्या
(A) उत्तररामचरितम् (तृतीय अङ्क)	अड़तालिस
(B) उत्तररामचरितम् (षष्ठ अङ्क)	बयालिस
(C) किरातार्जुनीयम् (प्रथमसर्ग)	छियालिस
(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (चतुर्थ अङ्क)	बाइस

अतः विकल्प (D) सही है।

135.'ओदकान्तं स्निग्धोजनोऽनुगन्तव्यः **(TGT-2010)**

इति श्रूयते'' यह कथन किसका है?

(A) कण्व का **(B) अनसूया का**

(C) प्रियंवदा का **(D) कण्वशिष्य शार्ङ्गरव का** **उत्तर- (D)**

व्याख्या-

(A) ''अर्थो हि कन्या परकीय एव'' – कण्व की उक्ति

(B) ''आत्मनो नगरं प्रविश्यान्तःपुरसमागत इतो गतं वृत्तान्तं स्मरति वा न वेति'' – अनसूया का कथन

(C) ''अग्निशरणं प्रविष्टस्य शरीरं विना छन्दोमय्या वाण्या'' –प्रियंवदा का कथन

(D) ''ओदकान्तं स्निग्धोजनोऽनुगन्तव्यः इति श्रूयते'' –शार्ङ्गरव कहता है कि प्रियव्यक्ति का जलाशय तक अनुगमन करना चाहिए।

अतः विकल्प (D) सही है।

136. दुष्यन्त और शकुन्तला की कथा महाभारत के किस पर्व में प्राप्त होती है? **(TGT-2010)**

(A) वनपर्व **(B) भीष्मपर्व**

(C) आदिपर्व **(D) सभापर्व**

उत्तर- (C)

व्याख्या– दुष्यन्त और शकुन्तला की कथा महाभारत के आदिपर्व शकुन्तलोपाख्यान (अध्याय 67-74 के बीच) में प्राप्त होती है।

ग्रन्थ	**पर्व**
(A) किरातार्जुनीयम्	वनपर्व
(B) गीता	भीष्मपर्व
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम्	आदिपर्व
(D) शिशुपालवधम्	सभापर्व

अतः विकल्प (C) सही है।

137. 'परभृत' किस पक्षी को कहते हैं? **(TGT-2010)**

(A) कौआ **(B) कोयल**

(C) कबूतर **(D) मयूर**

उत्तर- (B)

व्याख्या–''परभृतविरुतं कलं यथा प्रतिवचनीकृतमेभिरीदृशम्'' (अभिज्ञान 4/10)

शब्द	**अर्थ**
(A) काकः	कौआ
(B) परभृतः	कोयल
(C) कपोतः	कबूतर
(D) मयूरः	मोर

अतः विकल्प (B) सही है।

138. किसने शकुन्तला को शाप के प्रभाव से मुक्त करने के लिए दुर्वासा से प्रार्थना की? **(TGT-2010)**

(A) प्रियंवदा **(B) गौतमी**

(C) अनसूया **(D) मेनका**

उत्तर- (A)

व्याख्या– 'गच्छ पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनं'–अनसूया, प्रियंवदा से कहती है कि जाओ चरणों में प्रणाम करके उन्हें (दुर्वासा को) लौटा लाओ। 'प्रकृतिवक्रः स कस्यानुनयं प्रतिगृह्णाति! किमपि पुनः सानुक्रोशःकृतः' अर्थात् प्रियंवदा कहती है कि–स्वभाव से टेढ़े वे (महर्षि दुर्वासा) किसकी प्रार्थना को स्वीकार करते हैं? फिर भी (मैंने) कुछ दयायुक्त कर लिया। इसप्रकार प्रियंवदा ने शकुन्तला की शापमुक्ति के लिए दुर्वासा से प्रार्थना की। **अतः विकल्प (A) सही है।**

139.'वामाः कुलस्याधयः' यह उक्ति किस ग्रन्थ में वर्णित है? **(TGT-2013)**

(A) उत्तररामचरितम् **(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
(C) नीतिशतकम् **(D) किरातार्जुनीयम्**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

	ग्रन्थ	सूक्ति
(A)	यथा स्त्रीणां तथा वाचां साधुत्वे दुर्जनो जनः	– उत्तररामचरितम् (1/5)
(B)	यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामाः कुलस्याधयः	– अभिज्ञानशाकुन्तलम् (4/18)
(C)	यां चिन्तयामि सततं मयि सा विरक्ता	– नीतिशतकम् (परिशिष्ट)
(D)	भवादृशेषु प्रमदाजनोदितं भवत्यधिक्षेप इवानुशासनम्	– किरातार्जुनीयम् (1/28)

अतः विकल्प (B) सही है।

140.शकुन्तला के अनिष्टनिवारण के लिए महर्षि कण्व कहाँ गये थे? **(TGT-2013)**

(A) हिमालय **(B) सोमतीर्थ**
(C) कुरुक्षेत्र **(D) प्रयाग**

उत्तर- (B)

व्याख्या–महाकवि कालिदास द्वारा विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अङ्क में जब राजा दुष्यन्त मृग का पीछा करते हुए कण्वाश्रम के निकट पहुँचता है और वैखानस के द्वारा मृग को न मारने का अनुरोध स्वीकार करके यह पूछता है कि– 'क्या कुलपति कण्व आश्रम में विद्यमान हैं।– ''अपि सन्निहितोऽत्र कुलपतिः'' तो इसके उत्तर में वैखानस कहता है कि–

वैखानसः– 'इदानीमेव दुहितरं शकुन्तलामतिथिसत्काराय नियुज्य दैवमस्याः प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः'

वैखानस के इस कथन से स्पष्ट है कि कण्व शकुन्तला के अनिष्ट निवारण के लिए सोमतीर्थ गये हुए हैं। **अतः विकल्प `B' सही है।**

- कालिदासकृत कुमारसम्भवम् में हिमालय का वर्णन है– ''अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा, हिमालयो नाम नगाधिराजः'' – कुमारसम्भवम् (1.1)
- कुरुक्षेत्र (प्रदेश) में कौरवों का शासन था। इसका उल्लेख महाभारत एवं किरातार्जुनीयम् में आया है– ''श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीम्''– (किरात. 1/1)
- प्रयाग में गङ्गा, यमुना, सरस्वती का सङ्गम है। तथा यहीं दारागञ्ज प्रयाग में संस्कृतगङ्गा का प्रधानकार्यालय भी स्थित है।

141.महर्षि कण्व किनके साथ शकुन्तला को पतिगृह भेजते हैं? **(TGT-2013)**

(A) शार्ङ्गरव **(B) शारद्वत**
(C) गौतमी **(D) उपर्युक्त सभी**

उत्तर- (D)

व्याख्या– 'गौतमि, आदिश्यन्तां शार्ङ्गरवमिश्राः शकुन्तलानयनाय'

- काश्यपः–'वत्से, इमे अपि प्रदेये। न युक्तमनयोस्तत्र गन्तुम्। त्वया सह गौतमी यास्यति'। अभिज्ञानशाकुन्तलम् (चतुर्थ अङ्क) की इन पंक्तियों से स्पष्ट है कि शकुन्तला को पतिगृह ले जाने के लिए शार्ङ्गरव, शारद्वत और गौतमी-तीनों हस्तिनापुर तक जाते हैं। **अतः विकल्प `D' सही है।**

142.'अभिज्ञान' शब्द का अर्थ है – **(TGT-2011)**

(A) ज्ञान होना **(B) स्मरण होना**
(C) पहचान **(D) अभियान होना**

उत्तर- (C)

व्याख्या - अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में जब दुर्वासा ऋषि शकुन्तला को शाप देकर निर्बाध गति से जा रहे थे तभी प्रियंवदा दुर्वासा को मनाने के लिए जाती है, तब दुर्वासा ऋषि कहते हैं कि –

"न मे वचनमन्यथाभवितुमर्हति, किं त्वभिज्ञानाभरणदर्शनेन शापो निवर्तिष्यत इति।"
मेरा वचन असत्य नहीं हो सकता किन्तु पहचान के आभूषण के दिखाने से मेरा शाप समाप्त हो जाएगा। यहाँ 'अभिज्ञान' शब्द का अर्थ पहचान है।

इसलिए विकल्प (C) सही है।

143.अभिज्ञानशाकुन्तलम् के रचयिता हैं - **(TGT-2011)**

(A) भवभूति **(B) कालिदास**
(C) श्रीहर्ष **(D) भास**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

(A) **भवभूति -** भवभूति विरचित तीन नाटक उपलब्ध होते हैं-

(1) मालतीमाधव (2) महावीरचरित (3) उत्तररामचरित

* मालतीमाधव दश अङ्कों का प्रकरण है। इसमें मालती और माधव तथा मकरन्द और मदयन्तिका के प्रणय और परिणय का वर्णन है।
* महावीरचरित में अङ्कों की संख्या सात है, इसमें राम विवाह से लेकर राम-राज्याभिषेक तक रामायण की कथा वर्णित है।
* उत्तररामचरित में अङ्कों की संख्या सात है, इसमें रामायण के उत्तरकाण्ड की कथा का वर्णन है।

(B) कालिदास - कालिदास विरचित नाटकों की संख्या तीन तथा कुल रचनाएँ सात हैं-

नाटक- 1. मालविकाग्निमित्रम् 2. विक्रमोर्वशीयम् 3. अभिज्ञानशाकुन्तलम्

महाकाव्य- 1. रघुवंशम् 2. कुमारसम्भवम्

गीतिकाव्य एवं खण्डकाव्य- 1. ऋतुसंहारम् 2. मेघदूतम्

अतः विकल्प (B) सही है।

(C) श्रीहर्ष - नैषधीयचरित के सर्गान्त श्लोकों में श्रीहर्ष की निम्न रचनाओं का उल्लेख है-

(i) नैषधीयचरितम् (ii) स्थैर्यविचारप्रकरण (iii) श्रीविजयप्रशस्ति

(iv) खण्डनखण्डखाद्य (v)गौडोर्वीशकुलप्रशस्ति (vi) नवसाहसाङ्कचरितचम्पू

(vii) अर्णववर्णन (viii) छिन्दप्रशस्ति (ix) शिवशक्तिसिद्धि

(D) भास - भास के नाम से सम्प्रति तेरह नाटक प्राप्त होते हैं सन् 1909 ई0 में 'श्री टी0 गणपति शास्त्री' ने ट्रावनकोर राज्य से इन्हें प्राप्त किया था-

1. प्रतिज्ञायौगन्धरायण
2. स्वप्नवासवदत्तम्
3. ऊरुभंग
4. दूतवाक्यम्
5. पञ्चरात्रम्
6. बालचरित

— उदयन कथामूलक

7. दूतघटोत्कच
8. कर्णभार
9. मध्यमव्यायोग

— महाभारतमूलक

10. प्रतिमानाटक
11. अभिषेकनाटक

— रामायणमूलक

12. अविमारक
13. चारुदत्त

— कल्पनामूलक

144. अभिज्ञानशाकुन्तलम् साहित्य की किस विधा के अन्तर्गत है- **(TGT-2004, 2011)**

(A) महाकाव्य है **(B) नाटक है**

(C) नाटिका है **(D) चन्द्रकाव्य है** **उत्तर- (B)**

व्याख्या-

ग्रन्थविधा	ग्रन्थकार	ग्रन्थ	विभाजन
महाकाव्य	कालिदास	रघुवंशम्	19 सर्ग
		कुमारसम्भवम्	17 सर्ग
भारवि		किरातार्जुनीयम्	18 सर्ग
नाटक	कालिदास	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	7 अङ्क
		विक्रमोर्वशीयम्	5 अङ्क
		मालविकाग्निमित्रम्	5 अङ्क
	भवभूति	उत्तररामचरितम्	7 अङ्क
		महावीरचरितम्	7 अङ्क
नाटिका	हर्ष	रत्नावली	4 अङ्क

अतः विकल्प (B) सही है।

145.अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सहित कालिदास ने कितने नाटक लिखे हैं? **(TGT-2011)**

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D)पाँच **उत्तर- (B)**

(A) कालिदास ने दो महाकाव्य लिखे हैं- रघुवंशम्, कुमारसम्भवम्।

(B) कालिदास के तीन नाटक हैं- अभिज्ञानशाकुन्तलम्, विक्रमोर्वशीयम्, मालविकाग्निमित्रम्।

(C) कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक का चतुर्थ अङ्क सर्वश्रेष्ठ है, तथा चतुर्थ अङ्क के चार श्लोक अत्यन्त प्रसिद्ध हैं।

काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शकुन्तला।
तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कः तत्र श्लोकचतुष्टयम् ।।

(D) कालिदास कृत विक्रमोर्वशीयम् तथा मालविकाग्निमित्रम् में अङ्कों की संख्या पाँच है।

अतः विकल्प (B) सही है।

146.अभिज्ञानशाकुन्तलम् का कथानक- **(TGT-2011)**

(A) ऐतिहासिक है

(B) उत्पाद्य है

(C) ऐतिहासिक होने पर भी कुछ परिवर्तित है

(D) इनमें से कुछ भी नहीं है। **उत्तर- (C)**

व्याख्या - दुष्यन्त और शकुन्तला की कथा महाभारत के आदिपर्व अध्याय (67 से 74) में प्राप्त होती है। कालिदास ने इसमें पर्याप्त परिवर्तन करके इसे नाटकोपयोगी कथा का रूप दिया। यथा दुर्वासा के शाप, अनसूया, प्रियंवदा, गौतमी, दुर्वासा, शार्ङ्गरव, शारद्वत आदि पात्रों की नूतन कल्पना, सानुमती की कल्पना, भ्रमर की कल्पना आदि। पद्मपुराण के स्वर्गखण्ड में भी यह कथा प्राप्त होती है। परन्तु पद्मपुराण की कथा महाभारत और शाकुन्तल की कथा पर निर्भर है, उसे शाकुन्तल की कथा का मूल नहीं माना जा सकता है। पद्मपुराण में वर्णित कथा का अधिकांश भाग शाकुन्तल के वर्णन का अनुवाद मात्र प्रतीत होता है। अभिज्ञानशाकुन्तल का कथानक ऐतिहासिक होने पर भी कुछ परिवर्तित है। **अतः विकल्प (C) सही है।**

147.अभिज्ञानशाकुन्तलम् में कितने अङ्क हैं? **(TGT-2011)**

(A) पाँच **(B) छः**

(C) सात **(D) आठ** **उत्तर- (C)**

A.∗ मालविकाग्निमित्रम् - कालिदास - पाँच अङ्क-नायक धीरोदात्त कोटि का माना जाता है

∗ विक्रमोर्वशीयम् - कालिदास - पाँच अङ्क - चतुर्थ अंक में राजा का विलाप अपभ्रंश छन्दों में किया गया है।

∗ बालचरितम् - भास - पाँच अङ्क - श्रीकृष्ण के जन्म से कंस वध तक की घटना का वर्णन।

B. ∗ स्वप्नवासवदत्तम् - भास - छः अङ्क - उदयन, वासवदत्ता तथा रत्नावली की प्रणय कथा।

∗ अभिषेकनाटकम्-भास-छः अङ्क - रामायण कथा का संक्षेप में वर्णन।

∗ अविमारकम्-भास-छः अङ्क - अविमारक तथा कुरंगी की प्रणय कथा।

∗ **वेणीसंहारम् – भट्टनारायण – छः अङ्क – नाटक का प्रारम्भ और अन्त दोनों वीर रस से युक्त है।**

C.∗ अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कालिदास - सात अङ्क - दुर्वासा ऋषि का शाप कवि की मौलिक कल्पना।

∗ मुद्राराक्षसम् - विशाखदत्त - सात अङ्क -नायिका का अभाव

∗ उत्तररामचरितम् - भवभूति - सात अङ्क - विदूषक विहीन

D.∗ वाल्मीकिरामायण - महर्षि वाल्मीकि - सात काण्ड - आदिकाव्य / आर्षकाव्य-रामकथा का वर्णन **अतः विकल्प (C) सही है।**

148. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का कौन सा अङ्क सर्वश्रेष्ठ माना गया है- **(TGT-2011)**

(A) पहला **(B) दूसरा**

(C) तीसरा **(D) चौथा** **उत्तर- (D)**

व्याख्या – अभिज्ञानशाकुन्तलम् के अङ्कों के नाम-

पहला अङ्क - आश्रम प्रवेश, दूसरा अङ्क - आश्रम निवेश

तीसरा अङ्क - विवाह, चौथा अङ्क - विदाई ,पाँचवा अङ्क - प्रत्याख्यान, छठा अङ्क - पश्चाताप, सातवाँ अङ्क - मिलन शाकुन्तल के विषय में विद्वज्जनों में एक प्रसिद्ध सूक्ति है-

काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शकुन्तला।
तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कस्तत्र श्लोकचतुष्टयम्।।

शाकुन्तल के चतुर्थ अङ्क के चार श्लोक अपने भाव कल्पना, कवित्व और अर्थोदात्तता के कारण अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। एक श्लोक में पुत्री की विदाई का मार्मिक वर्णन है, दूसरे में पुत्री का पतिग्रह के लिए आदर्श शिक्षा दी गई है, तीसरे में सुकुमार भावनाओं का चित्रण तथा चौथे में ऋषि कण्व का राजा दुष्यन्त के लिए

आदर्श सन्देश है। इसलिए चतुर्थ अङ्क को सर्वश्रेष्ठ अङ्क माना गया है।
अतः विकल्प (D) सही है।

149. दुर्वासा ऋषि के आश्रम में पदार्पण के समय शकुन्तला किसके ध्यान में मग्न थी? **(TGT-2011)**

(A) कण्व ऋषि के **(B) दुष्यन्त के**

(C) सद्यः प्रसूता हरिणी के **(D) नवपल्लवयुक्त लता के** उत्तर- **(B)**

व्याख्या - दुर्वासा ऋषि के कण्व आश्रम में पदार्पण के समय शकुन्तला दुष्यन्त के चिन्तन में मग्न थी। यह देखकर ऋषि दुर्वासा शकुन्तला को सम्बोधित करते हुए कहते हैं–

आः, अतिथिपरिभाविनि,
विचिन्तयन्ती . . . प्रथमं कृतामिव।। (अभि.शा.4/1)

अये अतिथि का तिरस्कार करने वाली! मुझ तपस्वी का तुमने अनादर किया है, जिसका (दुष्यन्त का) स्मरण तू कर रही है वह याद दिलाए जाने पर भी तुम्हें स्मरण नहीं करेगा जैसे उन्मत व्यक्ति पहले कही गयी बात को भूल जाता है। वैसे ही वह (दुष्यन्त) तुम्हें भूल जायेगा। **अतः विकल्प (B) सही है।**

150. दुर्वासा ऋषि ने शकुन्तला को क्या शाप दिया? **(TGT-2011)**

(A) कि तू याद करी विद्या भूल जाएगी

(B) कि तू अस्वस्थ हो जाएगी

(C) कि तेरा पुत्र तुझे भूल जाएगा

(D) कि तू जिसके ध्यान में बैठी है वो भूल जाएगा उत्तर- **(D)**

व्याख्या - अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में दुष्यन्त को याद कर रही शकुन्तला को ऋषि दुर्वासा ने नेपथ्य से वंशस्थ छन्द में निम्न शाप दिया–

विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा, तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम्

स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन् कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव।।

(अभि० 4\1)

अनन्यहृदय से जिसका चिन्तन करती हुई तू उपस्थित हुए मुझ तपस्वी को नहीं देख रही है, वह तेरे स्मरण दिलाने पर भी तुझको स्मरण नहीं करेगा, जैसे उन्मन्त व्यक्ति पहले कही बात को स्मरण नहीं करता है।

अत : विकल्प (D) सही है।

151.दुर्वासा ऋषि ने शाप मोचन किस तरह बताया? (TGT-2011)

(A) छः महीने बाद दुष्यन्त को स्वतः शकुन्तला का स्मरण हो जाएगा

(B) वसन्त ऋतु में आम्रमञ्जरी देखकर दुष्यन्त को शकुन्तला की याद आ जाएगी।

(C) किसी अभिज्ञान (पहचान) को देखने से दुष्यन्त को शकुन्तला का स्मरण हो जाएगा।

(D) पुनर्जन्म में दुष्यन्त को शकुन्तला का स्मरण हो जाएगा। उत्तर- (C)

व्याख्या - दुर्वासा ऋषि ने शकुन्तला को अतिथि तिरस्कार करने के लिए शाप देकर तीव्र गति से चले जा रहे थे तभी अनसूया ने प्रियंवदा को मनाने के लिए भेजा, क्षमा याचना करने पर दुर्वासा ऋषि ने कहा–

"ततो मे वचनमन्यथाभवितुं नार्हति। किं त्वभिज्ञानाभरण–
दर्शनेन शापो निवर्तिष्यत इति मन्त्रयमाण एवान्तर्हितः।" (अभि०चतुर्थ अङ्क)

मेरा वचन अन्यथा अर्थात् असत्य नहीं हो सकता है परन्तु पहचान का आभूषण दिखाने से शाप की समाप्ति हो जाएगी ऐसा कहते हुए वह अन्तर्धान हो गए। यह बात प्रियंवदा अनसूया से बताती है।

अतः विकल्प (C) सही है।

152.कण्व ऋषि को इस नाम से भी पुकारते थे- (TGT-2011)

(A) गौतम ऋषि (B) कश्यप ऋषि

(C) काश्यप ऋषि (D) विश्वामित्र ऋषि उत्तर- (C)

व्याख्या - 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के चतुर्थ अङ्क में महर्षि कण्व (काश्यप) का प्रवेश होता है– (ततः प्रविशति स्नानोत्तीर्णः काश्यपः) जब अनसूया और प्रियवंदा, शकुन्तला को आभूषण पहनाने का अभिनय करती हैं, उसके बाद स्नान करके आये हुए काश्यप का प्रवेश होता है। यहाँ 'काश्यप' पद कण्व के लिए प्रयुक्त है।

* एक गौतम ऋषि–अहल्या के पति और शतानन्द के पिता भी है, लेकिन उनका वर्णन शाकुन्तलम् में नहीं है।
* गौतम महर्षि का कण्व शिष्य है।
* मारीच (कश्यप) देवों और राक्षसों के पिता हैं।
* विश्वामित्र–शकुन्तला के जन्मदाता पिता हैं।

अतः विकल्प (C) सही है।

153.चतुर्थ अङ्क की विषय वस्तु मानवीय जीवन की किस घटना पर आधारित है? **(TGT-2011)**

(A) बच्चे के जन्म के अवसर की

(B) बच्चे के गुरुकुल जाने के अवसर की

(C) बेटी की शादी होने पर विदाई के अवसर की

(D) मृत्यूपरान्त श्मशान जाने के अवसर की।

उत्तर- **(C)**

व्याख्या - कालिदास विरचित 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के चतुर्थ अङ्क को विशेष रूप सेसभी सहृदय एवं विद्वानों ने मुक्त कण्ठ से सराहा है -

काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शकुन्तला।
तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कस्तत्र श्लोकचतुष्टयम्।।

शाकुन्तल के चतुर्थ अङ्क के श्लोकों में पुत्री की विदाई का मार्मिक वर्णन है एवं पुत्री को पतिगृह के लिए आदर्श शिक्षा दी गई है-

- यास्यत्यद्य शकुन्तलेति ......(4.6)
- शुश्रूषस्व गुरून् . . . . वामाः कुलस्याधयः।"(4.18)
- अस्मान् साधु . . . . वाच्यं वधूबन्धुभिः।। (4/17)

इत्यादि श्लोको में भावसौन्दर्य की दृष्टि से बेटी की शादी होने पर विदाई के अवसर पर मानवीय जीवन की मार्मिक घटना का वर्णन है।

अतः विकल्प (C) सही है।

154.'अर्थो हि कन्या परकीय एव' में कन्या की उपमा किस उपमान के साथ दी गयी है? **(TGT-2011)**

(A) कमलिनी के साथ **(B) चाँदनी के साथ**

(C) धरोहर के साथ **(D) ब्याज के साथ**

उत्तर- **(C)**

व्याख्या - 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के चतुर्थ अङ्क के 22 वें श्लोक में कण्व ने कन्या की उपमा न्यास (धरोहर) से की है।

अर्थो हि कन्या परकीय एव तामद्य सम्प्रेष्य परिग्रहीतुः।
जातो ममायं विशदः प्रकामं प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा।।

(अभि.शा.4/22)

वस्तुतः कन्या पराई सम्पत्ति है। आज उसको पति के पास भेजकर मेरी अन्तरात्मा उसी प्रकार अत्यन्त प्रसन्न हो रही है, जैसे धरोहर को लौटाने पर धरोहर रखने वाले का मन प्रसन्न होता है। **अतः विकल्प (C) सही है।**

155.अभिज्ञानशाकुन्तलम् की रचना करते समय कवि कालिदास की किस मौलिकता के कारण दुष्यन्त का चरित्र उदात्त बन पाया? (TGT-2011)

(A)शकुन्तला जैसी प्रकृति पुत्री को प्रेम करने के कारण
(B)भारतवर्ष के वीर सम्राट् की छवि प्रस्तुत करने के कारण
(C)दुर्वासा ऋषि के शाप की कल्पना के कारण
(D)पहचान के रूप में अँगूठी देने के कारण **उत्तर- (C)**

व्याख्या - मूलकथा में राजा सारी घटनाएँ याद होने पर भी लोकापवाद के डर से शकुन्तला को स्वीकार नहीं करता है। आकाशवाणी के द्वारा समर्थन होने पर उसे स्वीकार करता है। इससे राजा का चरित्र अत्यन्त निम्न कोटि का ज्ञात होता है। किन्तु अभिज्ञान शाकुन्तल में दुर्वासा के शाप के कारण राजा दुष्यन्त शकुन्तला को नहीं पहचानता, इससे दुष्यन्त का चरित्र उदात्त बना रहता है। यह कालिदास की मौलिक कल्पना है।

"विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा" इस श्लोक के माध्यम से दुर्वासा शकुन्तला को चतुर्थ अङ्क में शाप देते हैं। **अतः विकल्प (C) सही है।**

156.'शमप्रधानेषु तपोधनेषु गूढं हि दाहात्मकमस्ति तेजः।
स्पर्शानुकूला इव सूर्यकान्तास्तदन्यतेजोऽभिभवाद् वमन्ति॥
अत्र 'तत्' पदेन किं द्योतते? (UGC 25, D 2018)

(A)शमः **(B) तपः**
(C) धनम् **(D) तेजः** **उत्तर- (D)**

व्याख्या- महाकवि कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के द्वितीय अङ्क के सातवें श्लोक में राजा दुष्यन्त अपने सेनापति भद्रसेन से कहता है-

'शमप्रधानेषु तपोधनेषु गूढं हि दाहात्मकमस्ति तेजः।
स्पर्शानुकूला इव सूर्यकान्तास्तदन्यतेजोऽभिभवाद् वमन्ति॥'

शब्दार्थ- शमप्रधानेषु = शान्तिप्रधान, तपोधनेषु = तपस्वियों में, दाहात्मकं = जला देने वाला, गूढं = गुप्त, तेजः = तेज, हि = क्योंकि, स्पर्शानुकूलाः = स्पर्श के योग्य, सूर्यकान्ताः इव = सूर्यकान्तमणि के समान, तत् = उस (तेज)

अनुवाद- शान्तिप्रधान तपस्वियों में जला देने वाला गुप्त तेज रहता है। क्योंकि स्पर्श के योग्य सूर्यकान्त मणियों के तुल्य (वे) अन्य तेज से तिरस्कृत होने पर उस (तेज) को प्रकट करते हैं। (अभि. 2.7)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'तत्' शब्द से 'तेज' का अर्थ द्योतित हो रहा है। **अतः विकल्प (D) सही है।**

स्त्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-108

157.''मेदश्छेदकृशोदरं लघुभवत्युत्थानयोग्यं वपुः'' इत्येवं कस्य वैशिष्ट्यं प्रतिपादितम् ? (UGC 25,D2018)

(A) मृगयायाः **(B) पर्यटनस्य**

(C) तपश्चर्यायाः **(D) पादपसिञ्चनस्य** उत्तर- **(A)**

व्याख्या- प्रस्तुत पंक्ति महाकवि कालिदास द्वारा विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के द्वितीय अङ्क के पाँचवें श्लोक से उद्धृत है। द्वितीय अङ्क के प्रारम्भ में ''राजा दुष्यन्त और विदूषक मृगया (शिकार) खेलने राजा दुष्यन्त नहीं जायेंगे, क्योंकि माधव्य ने आज विश्राम करने की इच्छा व्यक्त की है।''– यह बात सुनकर सेनापति भद्रसेन महाराज दुष्यन्त के मृगया (शिकार) के लिए उत्साहित करते हुए शिकार करने का लाभ बताते हुए कहता है-

मेदश्छेदकृशोदरं लघु भवत्युत्थानयोग्यं वपुः
सत्त्वानामपि लक्ष्यते विकृतिमच्चित्तं भयक्रोधयोः।
उत्कर्षः स च धन्विनां यदिषवः सिध्यन्ति लक्ष्ये चले
मिथ्यैव व्यसनं वदन्ति मृगयामीदृग्विनोदः कुतः॥

अनुवाद- (मृगया से) शरीर, चर्बी कम होने से घटे हुए पेट वाला, चुस्त और उत्साह के योग्य हो जाता है। जीवों के भय और क्रोध की अवस्था में क्षुब्ध मन का भी ज्ञान होता है। यह धनुर्धारियों के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि चंचल लक्ष्य पर (उनके) बाण सफल होते हैं। शिकार खेलने की व्यर्थ ही लोग व्यसन कहते हैं। इतना मनोरंजन और कहाँ?

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि 'मेदश्छेदकृशोदरं लघु भवत्युत्थानयोग्यं वपुः' में मृगया का वैशिष्ट्य प्रतिपादित है। **अतः विकल्प (A) सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-104

158.अभिज्ञानशाकुन्तले शकुन्तलायाः प्रतिकूलदैवशमनार्थं कण्वः कुत्र गतः? **(UGC 25, J 2018)**

(A) काशीतीर्थम् **(B) प्रयागतीर्थम्**

(C) काञ्चीतीर्थम् **(D) सोमतीर्थम्** उत्तर- **(D)**

व्याख्या- **''इदानीमेव दुहितरं शकुन्तलामतिथिसत्काराय नियुज्य दैवमस्याः प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः।''**

जब राजा दुष्यंत हिरण का पीछा करते हुए जंगल में महर्षि कण्व के आश्रम के समीप पहुँचते हैं तो कण्व के शिष्य वैखानस से पूछते हैं कि क्या महर्षि कण्व आश्रम में हैं तो वैखानस जवाब देता है कि- अभी ही अपनी पुत्री शकुन्तला को अतिथि सत्कार के लिए नियुक्त करके उसके प्रतिकूल भाग्य को शान्त करने के लिए सोमतीर्थ को गये हुए हैं। अभिज्ञानशाकुन्तलम् नामक नाटक में कुल सात (7) अंक हैं। इसके प्रथम अंक में यह

जानकारी दी गई है कि कण्व शकुन्तला के प्रतिकूल भाग्य को शान्त करने के लिए सोमतीर्थ गये हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि प्रश्न में दिये गये चार विकल्पों में **विकल्प D सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (प्रथमोऽङ्कः)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज 31

159.''उपपन्ना हि दारेषु प्रभुता सर्वतोमुखी'' **(UGC 25, J 2018)**
अभिज्ञानशाकुन्तले इयमुक्तिर्भवति-

(A) मारीचस्य **(B) शारद्वतस्य**

(C) कण्वस्य **(D) शार्ङ्गरवस्य** **उत्तर- (B)**

व्याख्या-

* कालिदासकृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् न केवल भारतवर्ष अपितु विश्व का सर्वोत्तम नाटक रत्न है। इसमें कुल सात अङ्क हैं।
* कालिदास को भारत का शेक्सपियर भी कहा जाता है।
* अभिज्ञानशाकुन्तलम् शृंगार रस प्रधान नाटक है।
* इसका नायक दुष्यन्त धीरोदात्त प्रकृति का है।
* नायिका शकुन्तला राजर्षि विश्वामित्र और मेनका अप्सरा की पुत्री है। जन्म से परित्यक्त शकुन्तला का पालन-पोषण कण्व ऋषि ने किया है।
* अभिज्ञानशाकुन्तलम् के अन्य प्रमुख पात्रों में कण्व अथवा कश्यप ऋषि, विदूषक, अनसूया और प्रियंवदा (शकुन्तला की सहेलियाँ), शार्ङ्गरव और शारद्वत, महर्षि मारीच आदि हैं।

प्रमुख उक्तियाँ (कण्व का कथन)

(1) पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनयाविश्लेषदुःखैर्नवैः-
अर्थ- गृहस्थ लोग नवीन (पहली बार) पुत्री वियोग से कितना अधिक दुःखित होते होंगे।

(2) 'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्-
अर्थ- वह यह शकुन्तला (सम्प्रति) अपने पतिगृह को जा रही है, तुम सब अपनी स्वीकृति दो।

(3) 'वाष्पं कुरु स्थिरतया विरतानुबन्धम्' (काश्यप)
अर्थ- नेत्रों की दर्शनशक्ति को रोकने वाले अश्रु (प्रवाह) को धैर्यपूर्वक रोको।

(4) 'मार्गे पदानि खलु ते विषमी भवन्ति'
अर्थ- इस मार्ग में तुम्हारे पैर वस्तुतः लड़खड़ा रहे हैं।

(5) 'सोऽयं न पुत्रकृतकः पदवीं मृगस्ते'-
अर्थ- पुत्र के समान पाला गया यह हरिण तुम्हारे मार्ग को नहीं छोड़ रहा है।

शार्ङ्गरव का कथन-

(1)- 'जनाकीर्णं मन्ये हुतवहपरीतं गृहमिव'-

अर्थ- लोगों (भीड़) से संकुल (युक्त) इस राजगृह को अग्नि से घिरे हुए घर के समान समझ रहा हूँ।

(2)- "चिरस्य वाच्यं न गतः प्रजापतिः"-

अर्थ- प्रजापति चिरकाल के पश्चात् निन्दा के पात्र नहीं हुए।

(3)- "शकुन्तला मूर्तिमती च सत्क्रिया।"-

अर्थ- और शकुन्तला शरीरधारिणी सत्क्रिया (पूजा) है।

(4)- "किं कृतकार्यद्वेषो धर्मं प्रति विमुखता कृतावज्ञा?" (5.18)

अर्थ- क्या आप अपने किये हुए कार्य से घृणा करते हैं? या धर्म के प्रति विमुख हो रहे हैं अथवा किये हुए (कार्य) का निरादर कर रहे हैं।

शारद्वत का कथन- (1) 'स्थाने भवान् पुरप्रवेशादित्थंभूतः संवृत्तः।'-

अर्थ- यह उचित ही है कि आप नगर में प्रवेश करने से इस प्रकार के हो गये हैं।

(2)- "अभ्यक्तमिव स्नातः शुचिरशुचिमिव प्रबुद्ध इव सुप्तम्।"

अर्थ- नहाया हुआ (व्यक्ति) तेल लगाये हुए को, पवित्र (व्यक्ति) अपवित्र को, जागा हुआ (व्यक्ति) सोये हुए को (समझता है)।

(3) "उपपन्ना हि दारेषु प्रभुता सर्वतोन्मुखी।"

अर्थ- क्योंकि पत्नी पर (पति की) सब प्रकार की प्रभुता (अधिकार) स्वीकार की गई है।

मारीच का कथन- (1)- "तत्कोटिमत्कुलिशमाभरणं मघोनः"-

अर्थ- वह वज्र इन्द्र का आभूषण हो गया है।

(2)- "दुष्यन्त इत्यभिहितो भुवनस्य भर्ता।"-

अर्थ- यह दुष्यन्त इस नाम से प्रसिद्ध पृथ्वी का स्वामी है।

(2) "आशीरन्या न ते योग्या पौलोमी सदृशी भव।"-

अर्थ- तुम इन्द्राणी के समान होओ, अन्य कोई आशीर्वाद तुम्हारे योग्य नहीं है।

(3)- "श्रद्धा वित्तं विधिश्चेति त्रितयं तत् समागतम्"- अर्थ- (सौभाग्य से) श्रद्धा, धन और विधि ये तीनों यहाँ एकत्र हो गए हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'उपपन्ना हि दारेषु....।' उक्ति शारद्वत ने कही है। **अतः विकल्प B सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (5/26)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज 294

160. सानुमत्याः उपाख्यानम् अभिज्ञानशाकुन्तले कस्मिन् अङ्के अस्ति? **(UGC 25, J 2017)**

(A) सप्तमे **(B) षष्ठे**

(C) पञ्चमे **(D) चतुर्थे**

उत्तर- (B)

व्याख्या-

सप्त अङ्कात्मक, शृङ्गाररसप्रधान, महाभारत आदिपर्व के शकुन्तलोपाख्यान पर आधारित, महाकवि कालिदास द्वारा विरचित, दुष्यन्त शकुन्तला की प्रणय कथा से समन्वित, विश्वविख्यात नाटक का नाम है- **अभिज्ञानशाकुन्तलम्**। जिस नाटक की अङ्कवार प्रमुख घटनाएँ निम्नवत् हैं-

* **प्रथम अङ्क-** मृग का अनुसरण करते हुए दुष्यन्त कण्व ऋषि के आश्रम पहुँचता है और शकुन्तला को देखकर मोहित हो जाता है, शकुन्तला भी उस पर आसक्त होती है। ग्रीष्म ऋतु का वर्णन।

* **द्वितीय अङ्क-** शकुन्तला पर आसक्त राजा का कामी अवस्था में प्रवेश। भाग्यवश ऋषि कुमारों का प्रवेश और राजा द्वारा राक्षसों से यज्ञ की सुरक्षा के लिये राजा को आश्रम में रुकने की स्वीकृति। माता द्वारा दुष्यन्त को बुलाया जाना।

* **तृतीय अङ्क-** राजा के द्वारा गान्धर्व विवाह का प्रस्ताव। शान्ति -जल लेकर आश्रम की स्वामिनी गौतमी का प्रवेश, यज्ञ में राक्षसों के विघ्न को दूर करने के लिए राजा का प्रस्थान। शकुन्तला का गर्भिणी होना।

* **चतुर्थ अङ्क-** शकुन्तला का पतिगृह हस्तिनापुर के लिए गमन अर्थात्- विदाई, दुर्वासा के द्वारा शकुन्तला को शाप मिलना, कण्व का सोमतीर्थ से आगमन।

* **पञ्चम अङ्क-** शार्ङ्गरव, शारद्वत और गौतमी का शकुन्तला को लेकर राजद्वार पर आगमन। दुर्वासा के शाप के प्रभाव के कारण शकुन्तला का तिरस्कार, राजा द्वारा शकुन्तला को पहचानने से इनकार करना। अँगूठी का न मिलना, शचीतीर्थ में अँगूठी के गिर जाने का पता चलना।

* **षष्ठ अङ्क-** धीवर वृत्तान्त, **सानुमती उपाख्यान**, अँगूठी के मिलने से राजा को शकुन्तला सम्बन्धी वृत्तान्त याद आना और राजा का पश्चात्ताप करना, मातलि का आगमन और इन्द्र का सन्देश प्राप्त होना।

* **सप्तम अङ्क-** राजा की दानवों पर विजय। इन्द्र के द्वारा राजा को स्वर्ग से विदा करना। लौटते समय राजा का हेमकूट पर्वत पर मारीच ऋषि का आश्रम देखना। मारीच ऋषि से मिलना। शकुन्तला और पुत्र सर्वदमन (भरत) से मिलन होना।

* **षष्ठ अङ्क में वर्णित सानुमती के प्रमुख कथन-**

* **सानुमती- निर्वर्तितं मया पर्यायनिर्वर्तनीयमप्सरस्तीर्थ-**
  सांनिध्यं यावत् साधुजनस्याभिषेककाल इति।

सानुमती- जब तक सज्जनों के स्नान का समय है, तब तक अप्सरातीर्थ पर बारी-बारी से वहाँ उपस्थित रहने का जो नियम है, वह मैंने पूरा कर लिया है।

* **सानुमती- उत्सवप्रियाः खलु मनुष्याः। गुरुणा कारणेन भवितव्यम्।** मनुष्य उत्सवप्रिय होते हैं। यह कोई बड़ा कारण होगा।

सानुमती- लतासंश्रिता द्रक्ष्यामि तावत् सख्याः प्रतिकृतिम्।
ततोऽस्या भर्तुर्बहुमुखमनुरागं निवेदयिष्यामि।

मैं लता का सहारा लेकर अपनी सखी का चित्र देखती हूँ, तत्पश्चात् उसके पति के विविध प्रकार से प्रकट हुए प्रेम को उसे बताऊँगी।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि अभिज्ञानशाकुन्तल का सानुमती उपाख्यान षष्ठ अङ्क में वर्णित है। **अतः विकल्प B सही है।**

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क 6)-कपिलदेव द्विवेदी, पेज 375

161. शाकुन्तले दुष्यन्तपुत्रस्य प्रथमं नाम किम् आसीत्? **(UGC 25, J 2017)**

(A) भरतः **(B) सर्वदमनः**
(C) गौतमः **(D) वातायनः**

उत्तर- **(B)**

व्याख्या- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के सप्तम अङ्क में दुष्यन्तपुत्र के द्वारा शेर के दाँत गिने जाने के अवसर पर पहली तापसी कहती है कि- **'किं नोऽपत्यनिर्विशेषाणि सत्त्वानि विप्रकरोषि? हन्त, वर्धते ते संरम्भः। स्थाने खलु ऋषिजनेन सर्वदमन इति कृतनामधेयोऽसि'** अर्थात् पितृतुल्य प्रिय इन प्राणियों को तू क्यों तंग (परेशान) कर रहा है? हाय तेरा क्रोध बढ़ता ही जा रहा है ऋषियों ने ठीक ही तेरा नाम सर्वदमन रखा है। इसी क्रम में दुष्यन्त पुत्र के विषय में ऋषि मारीच दुष्यन्त से कहते हैं-

इहायं सत्त्वानां प्रसभदमनात् सर्वदमनः।
पुनर्यास्यत्याख्यां भरत इति लोकस्य भरणात्॥(अभि.7.33)

आप इसको वंशप्रतिष्ठा स्वरूप चक्रवर्ती सम्राट् समझें। अद्वितीय महारथी यह अस्खलित और शान्त गति वाले रथ से समुद्रों को पार करके भविष्य में सातद्वीपों से युक्त सारी पृथ्वी पर विजय करेगा। यहाँ पर जीवों को बलात् वश में करने के कारण इसका नाम सर्वदमन था। भविष्य में यह संसार का पालन करेगा अतः इसका नाम 'भरत' पड़ेगा। इसप्रकार दुष्यन्त के पुत्र का प्रथम नाम सर्वदमन एवं द्वितीय नाम भरत है।

अतः विकल्प B सही है।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के कुछ प्रमुख पात्रों का नाम-	
सेनापति	- भद्रसेन
विदूषक	- माधव्य (माढव्य)
कञ्चुकी	- वातायन
ऋषिकुमार	- गौतम एवं नारद
कण्व शिष्य	- शार्ङ्गरव, शारद्वत
राजा का भृत्य	- रैवतक, करभक, कञ्चुकी,
दो पुलिस वाले	- सूचक, जानुक।
मारीच का शिष्य	- गालव

- **'हल्'** प्रत्याहार में समस्त **33 व्यञ्जन वर्ण** आते हैं; ये **दश सूत्रों** में कहे गये हैं।
- वर्णों के सभी पाँचवे वर्ण **'ञम्'** प्रत्याहार में आते हैं,जो **'ञमङणनम्'** इस एक सूत्र में कहे गये हैं। इसमें कुल **05 वर्ण** आयेंगे।
- **'झष्'** प्रत्याहार में वर्गों के चौथे वर्ण आते हैं, जो **'झभञ् और घढधष्'** इन दो सूत्रों में कहे गये हैं। इसमें कुल **5 वर्ण** आते हैं।
- **'जश्'** प्रत्याहार में वर्गों के तीसरे वर्ण आते हैं, जो **'जबगडदश्'** इस एकसूत्र में कहे गये हैं, इसमें कुल **05 वर्ण** हैं।
- **'खय्'** प्रत्याहार में वर्गों के दूसरे और पहले वर्ण आते हैं, जो **''खफछठथचटतव् कपय्''** इन दो सूत्रों में कहे गए हैं। इसमें कुल **10 वर्ण** आते हैं।
- **'चय्'** प्रत्याहार में वर्गों के प्रथम वर्ण आते हैं। इसमें कुल **05 वर्ण** आयेंगे।
- **'शल्'** प्रत्याहार में **चारों ऊष्मवर्ण** आते हैं।
- **'यण्'** प्रत्याहार में चारों अन्तःस्थवर्ण आयेंगे; जो **हयवरट्** और **लण्** इन दो सूत्रों में कहे गये हैं।

संज्ञाप्रकरणम्

- अइउण् ,ऋऌक् आदि ये **चौदह सूत्र** हैं, इसलिए उन्हे **''चतुर्दशसूत्र''** कहते हैं। इन सूत्रों से प्रत्याहार बनाये जाते हैं; अतः इन्हें **''प्रत्याहार-सूत्र''** भी कहते हैं। भगवान शिव के डमरू से निकलकर पाणिनि को प्राप्त हुए हैं अतः इन्हें **''शिवसूत्र''** या **''माहेश्वरसूत्र''** कहते हैं। इन सूत्रों में संस्कृत की वर्णमाला है, अतः इन्हें **''वर्णसमाम्नाय''** भी कहते हैं।
- इन चतुर्दशसूत्रों का प्रयोजन अण् ,अच् आदि **प्रत्याहारों की सिद्धि** है।
- अइउण् ऋऌक् आदि चतुर्दश सूत्रों के अन्त में लगे हुए ''ण्, क्, ङ्, च्, ट्, ण्, म्, ञ्, ष्, श्, व्, य्, र् , ल्'' इन **चौदह वर्णों की इत्संज्ञा** की जाती है- **''एषामन्त्याः इतः''**
- **स्वरों** को **'अच्'** तथा **व्यञ्जनों** को **'हल्'** कहते हैं।
- 'हयवरल' आदि में ह् ,य् ,व् ,र् ,ल् इन वर्णों का अकार के साथ उच्चारण किया गया है; यह अकार केवल उच्चारण के लिए है- **''हकारादिषु अकारः उच्चारणार्थः'**
- **''हलन्त्यम्''** सूत्र में **''उपदेशेऽजनुनासिक इत्''** इस सूत्र से **'उपदेशे'** और **'इत्'** इन दो पदों की अनुवृत्ति आती है।
- **''हलन्त्यम्''** इत्संज्ञाविधायक संज्ञासूत्र है। अर्थात् इस सूत्र का कार्य है **हल् अक्षरों की इत्संज्ञा करना।**
- **उपदेश-** पाणिनि, कात्यायन एवं पतञ्जलि ने जिसका प्रथम उच्चारण या प्रथम पाठ किया है, उसे 'उपदेश' कहते हैं।- **''उपदेश आद्योच्चारणम्''**
- **'उपदेश'** के सम्बन्ध में एक पद्य भी अतिप्रसिद्ध है-
  धातुसूत्रगणोणादिवाक्यलिङ्गानुशासनम् ।
  आगमप्रत्ययादेशा उपदेशाः प्रकीर्तिताः॥
  भू आदि धातु , अइउण् आदि सूत्र,गणपाठ, उणादिसूत्र, वार्तिक,लिङ्गानुशासन,आगम,प्रत्यय,आदेश,-ये उपदेश माने जाते हैं।
- **''सूत्रेष्वदृष्टं पदं सूत्रान्तरादनुवर्तनीयं सर्वत्र''**
  सूत्रों का सूत्रार्थ करने के लिए उसमें जो पद कम हों, उसे आवश्यकतानुसार अन्यसूत्रों से ले लेना चाहिए। जैसे- **''हलन्त्यम्''** इस सूत्र का अर्थ करने के लिए **'उपदेशे'** और **'इत्'** ये दो पद पूर्व सूत्र से ले लिए गये हैं।
- उणादि सूत्रों की संख्या लगभग 750 है।
- कात्यायन ने पाणिनि के लगभग 1500 सूत्रों के ऊपर 5000 वार्तिक लिखे हैं।
- सम्पूर्ण व्याकरण में इत्संज्ञा के बाद लोप करने के लिए एकमात्र **''तस्य लोपः''** सूत्र ही है।
- अइउण् , ऋऌक् आदि चौदह सूत्रों के अन्त्य में जो णकार,ककार आदि हल् वर्ण लगे हुए हैं; उनका प्रयोजन प्रत्याहार की सिद्धि है- **'णादयोऽणाद्यर्थाः'**

स्वरों की मात्रा

एकमात्रा भवेत्ह्रस्वं द्विमात्रो दीर्घमुच्यते।
त्रिमात्रस्तु प्लुतो ज्ञेयं व्यञ्जनं चार्धमात्रिकम्

- अर्थात् **अ,इ,उ,ऋ,ऌ**- इन ह्रस्व स्वरों की **एकमात्रा**,आ,ई,ऊ,ॠ,ए,ओ,ऐ,औ-इन **दीर्घस्वरों की दो मात्रा, प्लुतवर्णों की तीन मात्रा**, तथा **व्यञ्जनवर्णों की अर्धमात्रा** मानी जाती है। प्लुतवर्णों को दिखाने के लिए वर्ण के बाद ३ का अङ्क लिखा जाता है; जैसे- इ ३। उदात्त, अनुदात्त और स्वरित को समझने के लिए वैदिकग्रन्थों में विशेष चिह्नों का प्रयोग किया गया है। अनुदात्त अक्षर के नीचे पडी लाइन (-) तथा स्वरित के ऊपर खडी लाइन (।) होती है, और उदात्त के लिए कोई चिह्न नही होता है।

समास

- समास का अर्थ है - संक्षेप
- समस्यते एकीक्रियते प्रयोक्तृभिः इति समासः (कर्मपक्ष)
- समस्यते = एकीभवति कर्त्ता सुबन्तेन सह इति समासः (कर्तृपक्ष)

'समास' की परिभाषा

- **''विभक्तिर्लुप्यते यत्र तदर्थस्तु प्रतीयते । पदानां चैकपद्यं च समासः सोऽभिधीयते ।**
- अर्थात् जहाँ विभक्तियों का लोप हो जाता है, परन्तु उनका अर्थ प्रतीत होता रहता है, अनेक पद मिलकर एक पद बन जाता है, उसे **'समास'** कहते हैं।
- **'अनेकपदानामेकपदीभवनं समासः'** अनेकपदों का मिलकर एकपद होना 'समास' है।
- **''समसनं समासः'' (सम् + अस् +घञ्)** अर्थात् पास-पास रखना।
- संस्कृत भाषा में जब दो या दो से अधिक पद पास पास रखे जाय, तो वे अपनी स्वतन्त्र सत्ता खो देते हैं। फलतः जिस विभक्ति के कारण उनकी पदसंज्ञा थी, उसका लोप हो जाता है । इस प्रकार एक पृथक् पद के रूप में समस्त पद अभिव्यक्त होते हैं।
- इसप्रकार दो या दो से अधिक शब्द जहाँ एक जगह, एक पद, एक अर्थ वाले बन जाते हैं, उसे **'समास'** कहते हैं।

समास के प्रकार

- समास पाँच प्रकार का होता है- **'समासः पञ्चधा'**
  1. केवलसमास (सुप्सुपा समास) यथा- **भूतपूर्वः**
  2. अव्ययीभावसमास - **उपकृष्णम्**
  3. तत्पुरुषसमास - **राजपुरुषः**
  4. द्वन्द्वसमास - **रामलक्ष्मणौ**
  5. बहुव्रीहिसमास - **पीताम्बरः**

नोट– भट्टोजिदीक्षित एवं बाबूराम सक्सेना केवल समास को अव्ययीभाव के अन्तर्गत मानते हुए समास के चार भेद ही मानते हैं।

1. केवलसमासः- विशेषसंज्ञा-विनिर्मुक्तः केवल समासः

- जब व्याकरणशास्त्र में किसी समास की विशेष संज्ञा नहीं की जाती है, तो वह केवल समास कहलाता है, इसे ही **'सुप्सुपासमास'** भी कहते हैं । यथा- पूर्वं भूतः **'भूतपूर्वः'**
- **'भूतपूर्वे चरट्'** (5.3.53) इस सूत्र से 'भूत' शब्द का पूर्व में प्रयोग होता है।
- केवल समास विधायक सूत्र- **''सह सुपा''** 2.1.4
- **'इवेन समासो विभक्त्यलोपश्च' (वा.)** 'इव' के साथ समास होने पर विभक्ति का लोप न हो । यथा- **जीमूतस्येव, वागर्थाविव।**

2. अव्ययीभाव-'प्रायेण पूर्वपदार्थप्रधानः अव्ययीभावः'

- इसमें पूर्वपद का अर्थ प्रायः प्रधान होता है, पूर्वपद प्रायः अव्यय होता है, तथा समस्तपद भी अव्यय के रूप में व्यवहृत होता है । **यथा- हरौ इति =अधिहरि**

समासविधायकसूत्र

- **''अव्ययं विभक्ति-समीप-समृद्धि-व्यृद्ध्यर्था-भावात्ययासम्प्रति-शब्दप्रादुर्भाव-पश्चाद्यथानुपूर्व्य -यौगपद्य-सादृश्य-सम्पत्ति-साकल्यान्तवचनेषु''** 2.1.6

3. तत्पुरुष - प्रायेण उत्तरपदार्थप्रधानः तत्पुरुषः

- इसका उत्तरपद प्रधान होता है। यह अनेक प्रकार का होता है-
- **विभक्ति तत्पुरुष-** द्वितीयान्त से सप्तम्यन्त पर्यन्त जिस जिसका उत्तरपद के साथ समास होता है, वह तत् तत् विभक्ति के नाम से जाना जाता है-

- **द्वितीया तत्पुरुष**- कूपं पतितः = **कूपपतितः**
- **तृतीया तत्पुरुष**- शङ्कुलया खण्डः = **शङ्कुलाखण्डः**
- **चतुर्थी तत्पुरुष**- यूपाय दारु = **यूपदारु**
- **पञ्चमी तत्पुरुष**- चोरात् भयम् = **चोरभयम्**
- **षष्ठी तत्पुरुष**- राज्ञः पुरुषः = **राजपुरुषः**
- **सप्तमी तत्पुरुष**- अक्षेषु शौण्डः = **अक्षशौण्डः**
- **कर्मधारय**- इसके दोनों पद समान विभक्ति में होते हैं-
  कृष्णः सर्पः = कृष्णसर्पः

- **द्विगुसमासः- 'संख्यापूर्वो द्विगुः' 2.1.51**
- जब पूर्वपद संख्यावाचक होता है, तो 'द्विगुसमास' कहलाता है। **यथा**- त्रयाणां लोकानां समाहारः **त्रिलोकी**
- यह कर्मधारय का भेद है।

4. द्वन्द्व समास- 'प्रायेण उभयपदार्थप्रधानः द्वन्द्वः'

- प्रायः दोनों या सभी पदों का अर्थ प्रधान होता है।
- 'च' के अर्थ में समास का विधान होता है।
  यथा- कृष्णश्च अर्जुनश्च = **कृष्णार्जुनौ**
- समास विधायक सूत्र- **चार्थे द्वन्द्वः' 2.2.29**

5. बहुव्रीहि समास- प्रायेण अन्यपदार्थप्रधानः बहुव्रीहिः

- इसमें प्रायः अन्यपद प्रधान होता है।
  यथा- पीतानि अम्बराणि यस्य सः **पीताम्बरः**
- समासविधायक सूत्र - **अनेकमन्यपदार्थे 2.2.24**

समास से सम्बन्धित कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य

अन्तर्वर्तिनी विभक्ति

- समास में जो-जो पद समस्यमान होते हैं, उन सभी से कोई न कोई विभक्ति अवश्य होती है। वे **'अन्तर्वर्तिनी विभक्ति'** कहलाती है ।
- ये विभक्तियाँ समस्तपद के मध्य में आती हैं। अतः इनका लोप हो जाता है।
- **दशरथस्य पुत्रः = 'दशरथ ङस् पुत्र सु'** यहाँ अन्तर्वर्तिनी विभक्तियों ('ङस्' तथा 'सु') का लोप होकर 'दशरथपुत्र' एक समस्तपद बनता है। प्रातिपदिक संज्ञा होकर पुनः 'सु' आदि विभक्तियाँ आती हैं ।

वृत्ति-''परार्थाभिधानं वृत्तिः''

- समास आदि में जब पद अपने स्वार्थ को पूर्णतया या अंशतः छोड़कर एक विशिष्ट अर्थ को कहने लग जाते हैं, तो उसे 'वृत्ति' कहा जाता है ।
- 'वृत्ति' में एकार्थीभाव सामर्थ्य हो जाता है। यथा- दशरथस्य पुत्रः = दशरथपुत्रः (एकार्थीभूत पद)
- वृत्ति में पद मिलकर एकाकार हो जाते हैं; इसे ही **'पदविधि'** कहा जाता है ।
- **'वृत्ति' पाँच प्रकार की है-**
  (1) कृदन्तवृत्ति (2) तद्धितवृत्ति (3) समासवृत्ति
  (4) एकशेषवृत्ति (5) सनाद्यन्तधातुवृत्ति

विग्रह

''वृत्त्यर्थावबोधकं वाक्यं विग्रहः''

- वृत्ति के अर्थ का बोध कराने के लिए जो वाक्य होता है, उसे **'विग्रह'** कहते हैं ।
- विग्रह दो प्रकार का होता है-

(i) लौकिक विग्रह- जो लोक में व्यवहृत होता है, अर्थात् लोक के समझने लायक विग्रह को 'लौकिक विग्रह' कहते हैं । **यथा- 'दशरथपुत्रः'** का लौकिक विग्रह होगा- **दशरथस्य पुत्रः।**

(ii) अलौकिक विग्रह- जो व्याकरणशास्त्र की प्रक्रिया दर्शाने हेतु अर्थात् शास्त्रीयनिर्वाह के लिए विग्रह होता है, उसे 'अलौकिक विग्रह' कहते हैं ।

- अलौकिक विग्रह में ही समास करने वाला सूत्र लगता है । **यथा- दशरथ ङस् पुत्र सु ।**

'समास' सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण तथ्य

- समास हमेशा समर्थ अर्थात् परस्पर आकांक्षा वाले पदों में ही होता है।
- समास करने के लिए किसी सूत्र या वार्तिक की प्रवृत्ति होती है।
- समास करने के बाद सम्पूर्ण पद की **''कृत्तद्धितसमासाश्च''** सूत्र से प्रातिपदिक संज्ञा होती है।
- समास के बाद दो शब्दों में किसका पूर्वनिपात अर्थात् पूर्व में प्रयोग हो, इसके लिए उपसर्जन संज्ञक आदि से निर्णय किया जाता है।
- अन्त में समास के प्रातिपदिकसंज्ञक होने के कारण पुनः 'सु' आदि प्रत्ययों की उत्पत्ति होती है।
- समास अधिकतर सुबन्त का सुबन्त के साथ होता है, तिङन्त के साथ नहीं।
- समास में दो या उससे अधिक पदों के मध्य रहने वाली **विभक्तियों का लोप** हो जाता है, तथा सभी पद मिलकर एक समस्तपद के रूप में परिणत हो जाते हैं।
- जिन समस्तपदों का विग्रहवाक्य देना सम्भव न हो, ऐसे समास को **'नित्यसमास'** कहते हैं। उसी का दूसरा नाम **'अस्वपद विग्रह'** है।
- **'प्राक्कडारात् समासः'** (2.1.3) अर्थात् 'कडाराः कर्मधारये' (2.2.38) से पूर्व समास संज्ञा का अधिकार है।
- **''सह सुपा''** (2.1.4) अर्थात् सुबन्त शब्दों के साथ समर्थ सुबन्त शब्दों का समास हो।
- **'सुपो धातुप्रातिपदिकयोः'** धातु और प्रातिपदिक के अवयव 'सुप्' का लोप होता है।
- समासों के विग्रह के लिए एक पद्य प्रसिद्ध है–
  चकारबहुलो द्वन्द्वः, स चासौ कर्मधारयः।
  यस्य येषां बहुव्रीहिः, शेषस्तत्पुरुषो मतः॥
- जिसके विग्रह में 'च' का प्रयोग हो, वह **द्वन्द्व** है। जिसमें 'स चासौ' विग्रह हो वह **कर्मधारय** है। जिसके विग्रह में **'यस्य या येषाम्'** आदि पदों का प्रयोग किया जाय, वह **'बहुव्रीहि'** है। इनके अतिरिक्त शेष **'तत्पुरुष'** है।
- **''अव्ययीभावः''** (2.1.5) यह अधिकार सूत्र है। इसका अधिकार क्षेत्र ''तत्पुरुषः'' (2.1.22) सूत्र के पूर्व तक है। अतः **''अन्य पदार्थे च संज्ञायाम्''** (2.1.21) सूत्र पर्यन्त होने वाले समास **'अव्ययी भाव'** संज्ञक होंगे।
- अव्ययीभाव समास की अव्ययसंज्ञा होती है।
- **'अनव्ययम् अव्ययः सम्पद्यते इति अव्ययीभावः'** अर्थात् जो शब्द समास होने के पूर्व तो अव्यय न हो, किन्तु समास होने पर 'अव्यय' हो जाय–वही **'अव्ययीभावसमास'** है। जैसे–शक्तिम् अनतिक्रम्य **यथाशक्ति**। यहाँ 'शक्ति' शब्द

अव्यय नही है, किन्तु अव्यय के साथ समास होने के कारण 'यथा' की तरह वह भी अव्यय हो जाता है।

- विभक्ति आदि **16 अर्थों** में विद्यमान अव्ययों का समर्थ सुबन्त के साथ **'नित्यसमास'** होगा और वह अव्ययीभावसंज्ञक होता है।
- **'अव्ययं विभक्ति-समीप......'** इत्यादि सूत्र से **'नित्यसमास'** होता है; नित्य समास का प्रायः लौकिक विग्रह नही होता, यदि विग्रह होता भी है, तो जिसका समास करना है उसके अर्थ के प्रकट करने वाले पर्यायवाची शब्द से सम्भव होता है। अतः प्राचीन आचार्यों ने इसे **''अस्वपदविग्रह''** कहा है।
- **''प्रथमानिर्दिष्टं समास उपसर्जनम्''** अर्थात् समास में प्रथमाविभक्ति से निर्देश किया हुआ पद **'उपसर्जनसंज्ञक'** होता है।
- **''अव्ययीभावश्च''** (2.4.18) अर्थात् अव्ययीभाव समास भी नपुंसकलिङ्ग में हो। यथा–उपकृष्णम्
- **'अव्ययीभावे चाकाले'** (6.3.81) सूत्र में अव्ययीभाव में 'सह' को 'स' आदेश होता है, किन्तु काल अर्थ में नहीं होता। जैसे–सचक्रम्, ससखि, सक्षत्रम्, सतृणम्, साग्नि आदि।
- काल अर्थ में 'सह' को 'स' आदेश नही होता। जैसे–सहपूर्वाह्णम्।

समास में पूर्वनिपात या परनिपात

- **''उपसर्जनं पूर्वम्''** सूत्र से समास में उपसर्जनसंज्ञक शब्द का प्रयोग पहले होता है।
- **''राजदन्तादिषु परम्''** सूत्र से राजदन्तादिगणपठित शब्दों में उपसर्जन संज्ञक पद का परे (बाद में) प्रयोग होता है। यथा– **'राजदन्तः'** यहाँ 'दन्त' शब्द की उपसर्जनसंज्ञा, तथा प्रकृतसूत्र से परनिपात हुआ।
- **''धर्मादिष्वनियमः''** (गणसूत्र) अर्थात् 'धर्म' आदि शब्दों में पूर्वनिपात व परनिपात के सम्बन्ध में कोई नियम नही होता। यथा–**धर्मार्थौ, अर्थधर्मौ। कामार्थौ, अर्थकामौ।**
- **''द्वन्द्वे घि''** सूत्र से द्वन्द्व समास में 'घिसंज्ञक' का पहले प्रयोग होता है– यथा–हरिहरौ। यहाँ 'हरि' घि संज्ञक है, अतः इस सूत्र से पूर्वनिपात हो गया।
- **''अनेकत्र प्राप्तावेकत्र नियमोऽनियमः''** इस वार्तिक से 'यदि द्वन्द्व समास में कई घिसंज्ञक पद हों तो, एक घिसंज्ञक पद का पूर्वनिपात करके अन्य घिसंज्ञक पदों को कहीं पर भी रखा जा सकता है। जैसे–**हरिश्च हरश्च गुरुश्च हरिहरगुरवः/ हरिगुरुहराः**
- द्वन्द्व समास में ही घिसंज्ञक का पूर्वनिपात होता है, अन्यत्र नही। जैसे–विस्पष्टं पटुः = **विस्पष्टपटुः**।
- **''अजाद्यदन्तम्''** सूत्र से जो शब्द अजादि भी हो, और अदन्त भी हो, उसका द्वन्द्वसमास में पूर्वनिपात होता है। जैसे– **ईशकृष्णौ, उष्ट्रखरम्** यहाँ 'ईश' पद अजादि है तथा अदन्त भी है; अतः पूर्वनिपात हो गया। **अजादि** = जिसके आदि में अच् = स्वर वर्ण हो। **अदन्त** = जिसके अन्त में ह्रस्व 'अकार' हो।
- द्वन्द्व समास में एक से अधिक अजादि व अदन्त पद हों, तो किसी एक पद का पूर्वनिपात करके शेष के विषय में स्वेच्छाचारिता होती है। जैसे– अश्वश्च इन्द्रश्च रथश्च = **अश्वेन्द्ररथाः। अश्वरथेन्द्राः। इन्द्राश्वरथाः।**
- यदि द्वन्द्वसमास में घिसंज्ञक व अजादि एवं अदन्त पद का एक साथ प्रयोग हो तो **''विप्रतिषेधे परं कार्यम्''** इस नियम के आधार पर अजाद्यदन्त पद का पूर्वनिपात होता है। जैसे– (i) अग्निश्च इन्द्रश्च = **इन्द्राग्नी** (ii) वायुश्च इन्द्रश्च = **इन्द्रवायू**
- अजादि व अदन्त = ह्रस्व अकारान्त शब्द का ही पूर्वनिपात होता है–अश्वा च वृषा च = **अश्वावृषे/वृषाश्वे**। यहाँ 'अश्वा' पद अजादि तो है, परन्तु अदन्त नही है; अतः **'अश्वा'** पद के पूर्वनिपात के विषय में स्वेच्छाचारिता है।
- **''अल्पाच्तरम्''** सूत्र से द्वन्द्वसमास में अपेक्षाकृत कम अचों (स्वरों) वाले पद का पूर्वप्रयोग होता है। जैसे–(i) शिवश्च केशवश्च = **शिवकेशवौ** (ii) उमा च महेश्वरश्च = **उमामहेश्वरौ।** यहाँ 'शिव', 'केशव' की अपेक्षा अल्पाच् है; अतः 'शिव' का पूर्वनिपात हुआ।
- **''ऋतुनक्षत्राणां समानाक्षराणामानुपूर्व्येण'' (वा.)** अर्थात् जिन शब्दों में अचों की संख्या समान हो, ऐसे ऋतुवाचक या नक्षत्रवाचक शब्दों के द्वन्द्वसमास में उनके आनुपूर्वी क्रम के अनुसार पूर्वनिपात होता है। यथा– (1) वसन्तश्च हेमन्तश्च शिशिरश्च = **हेमन्तशिशिरवसन्ताः** (ii) रोहिणी च कृत्तिका च = **कृत्तिकारोहिण्यौ।** यहाँ आनुपूर्वी क्रम से 'रोहिणी' से पूर्व 'कृत्तिका' नक्षत्र होता है, अतः 'कृत्तिका' का पूर्वनिपात हुआ।
- **''लघ्वक्षरञ्च पूर्वम्''** इस वार्तिक से द्वन्द्व समास में लघु (ह्रस्व) अच् = स्वर वाले शब्दों का पूर्वनिपात होता है। यथा– (i) कुशश्च काशश्च = **कुशकाशौ** (ii) शरश्च चापश्च = **शरचापम्**
- **''अभ्यर्हितञ्च पूर्वं निपततीति वक्तव्यम्''** इस वार्तिक से द्वन्द्वसमास में अधिकपूज्य का पूर्वनिपात होता है–(i) पिता च माता च = **मातापितरौ** (ii) अर्जुनश्च वासुदेवश्च = **वासुदेवार्जुनौ**
- **''भ्रातुश्च ज्यायसः पूर्वनिपातो वक्तव्यः''** इस वार्तिक से 'द्वन्द्वसमास में बड़े भाई के नाम का पूर्वनिपात होता है। यथा–अर्जुनश्च युधिष्ठिरश्च = **युधिष्ठिरार्जुनौ**
- **'वर्णानामानुपूर्व्येण पूर्वनिपातः'** इस वार्तिक से 'ब्राह्मण आदि वर्णवाचक (जातिवाचक) शब्दों का द्वन्द्व समास होने पर श्रेष्ठता के क्रम से पूर्वनिपात होता है।' जैसे– शूद्रश्च ब्राह्मणश्च विट् च क्षत्रियश्च = **ब्राह्मणक्षत्रियविट्शूद्राः**

- ''**संख्याया अल्पीयस्याः पूर्वनिपातो वक्तव्यः**'' इस वार्तिक से समास में छोटी संख्या का पूर्वनिपात होता है। जैसे–पञ्च वा षड् वा = **पञ्चषाः।** द्वौ च दश च = **द्वादश।** यहाँ छः से छोटी संख्या पाँच है, अतः 'पञ्च' का पूर्वनिपात हुआ।
- ''**सप्तमी विशेषणे बहुव्रीहौ**'' सूत्र से 'बहुव्रीहिसमास में सप्तम्यन्त पद और विशेषणवाची पद का पूर्वनिपात होता है। जैसे–(i) **कण्ठे स्थितः कालः यस्य सः = कण्ठेकालः।** यहाँ सप्तम्यन्त 'कण्ठे' पद का इस सूत्र से पूर्वनिपात। **(ii) चित्रा गावो यस्य सः = चित्रगुः।** यहाँ विशेषणवाची 'चित्र' शब्द का इसी सूत्र से पूर्वनिपात हुआ।
- ''**सर्वनामसंख्ययोरुपसंख्यानम्**'' (वा0) अर्थात् सर्वनाम तथा संख्यावाचक शब्द का बहुव्रीहिसमास में पूर्वप्रयोग होता है। यथा– **(i) सर्वः श्वेतः यस्य सः = सर्वश्वेतः।** यहाँ 'सर्व' शब्द सर्वनामसंज्ञक है, अतः इसका पूर्वनिपात हुआ। **(ii) द्वौ शुक्लौ यस्य सः = द्विशुक्लः।** संख्यावाची 'द्वि' शब्द का पूर्वनिपात हुआ।
- '**वा प्रियस्य पूर्वनिपातः**' (वा0) इस वार्तिक से बहुव्रीहि समास में 'प्रिय' शब्द के पूर्वनिपात के सन्दर्भ में स्वेच्छाचारिता होती है। यथा– **गुडः प्रियः यस्य सः = गुडप्रियः, प्रियगुडः।**
- ''**निष्ठा**'' सूत्र से 'बहुव्रीहि समास में निष्ठा प्रत्ययान्त पद का पूर्वनिपात होता है। जैसे–**कृतकटः, कृतकृत्यः।** यहाँ प्रकृतसूत्र द्वारा 'कृत' इस निष्ठाप्रत्ययान्त पद का पूर्वनिपात हुआ।
- ''**वाऽऽहिताग्न्यादिषु**'' सूत्र से 'आहिताग्न्यादिगण में निष्ठा प्रत्ययान्त शब्दों का बहुव्रीहि समास में विकल्प से पूर्वनिपात होता है; पक्ष में परनिपात भी होता है।' जैसे– आहिताः अग्नयः येन सः– (i) पूर्वनिपात पक्ष में– **आहिताग्निः** (ii) परनिपात पक्ष में–**अग्न्याहितः**
- ''**कडाराः कर्मधारये**'' सूत्र से 'कर्मधारय समास में 'कडारा' आदि शब्दों का विकल्प से पूर्वनिपात होता है।'' जैसे– **कडारजैमिनिः। जैमिनिकडारः।**

समासविधायकसूत्र-तालिका

क्र.	समास	समासविधायक सूत्रम्		उदाहरणम्
1.	**केवलसमास**	(i) 'सह सुपा'	2.1.4	पूर्वं भूतः = **भूतपूर्वः**
2.	**अव्ययीभाव समास**	(ii) इवेन समासो विभक्त्यलोपश्च		जीमूतस्य इव = **जीमूतस्येव**
		(i) 'अव्ययं विभक्ति-समीप-समृद्धि व्यृद्ध्यर्थाभावाऽत्ययासम्प्रति शब्दप्रादुर्भावपश्चाद्यथानुपूर्व्य यौगपद्य-सादृश्य-सम्पत्ति-साकल्यान्त-वचनेषु'	2.1.6	वागर्थौ इव = **वागर्थाविव** (i) हरौ इति = **अधिहरि** (ii) कृष्णस्य समीपम् = **उपकृष्णम्**
		(ii) 'नदीभिश्च'	2.1.19	सप्तगङ्गम्, पञ्चगङ्गम्, द्वियमुनम्
3.1	**द्वितीयातत्पुरुषसमास**	'द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्त प्राप्तापन्नैः'	2.1.24	कूपं पतितः = **कूपपतितः**
3.2	**तृतीयातत्पुरुष**	'तृतीया तत्कृतार्थेन गुणवचनेन'	2.1.30	शङ्कुलया खण्डः = **शङ्कुलाखण्डः**
3.3	**चतुर्थीतत्पुरुष**	'चतुर्थी तदर्थार्थबलिहित सुख-रक्षितैः'	2.1.36	यूपाय दारु = **यूपदारु**
3.4	**पञ्चमीतत्पुरुष**	'पञ्चमी भयेन'	2.1.37	चौराद् भयम् = **चौरभयम्**
3.5	**षष्ठीतत्पुरुष**	'षष्ठी'	2.1.38. 2.2.8	राज्ञः पुरुषः = **राजपुरुषः**
3.6	**सप्तमीतत्पुरुष'**	सप्तमी शौण्डैः'	2.1.40	अक्षेषु शौण्डः = **अक्षशौण्डः**
3.7	**कर्मधारय**	(i) 'उपमानानि सामान्यवचनैः	2.1.54	घन इव श्यामः = **घनश्यामः**
		(ii) विशेषणं विशेष्येण बहुलम्'	2.1.56	नीलम् उत्पलम् = **नीलोत्पलम्**
3.8	**द्विगुसमास**	(i) ''तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च''	2.1.50	अष्टानाम् अध्यायानां समाहारः
		तथा 'संख्यापूर्वो द्विगुः'	2.1.51	= **अष्टाध्यायी**
3.9	**नञ्तत्पुरुष**	नञ्	2.2.6	न ब्राह्मणः = **अब्राह्मणः**
3.10	**गतितत्पुरुष**	कुगतिप्रादयः	2.2.18	कुत्सितः पुरुषः = **कुपुरुषः**
3.11	**उपपद तत्पुरुष**	उपपदमतिङ्	2.2.19	कुम्भं करोति इति = **कुम्भकारः**
4.	**बहुव्रीहिसमास**	अनेकमन्यपदार्थे	2.2.24	प्राप्तम् उदकं यं सः =**प्राप्तोदकः (ग्रामः)**
5.	**द्वन्द्वसमास**	चाऽर्थे द्वन्द्वः	2.2.29	रामश्च लक्ष्मणश्च = **रामलक्ष्मणौ**

कारक विभक्ति तालिका

कारक	विभक्ति	विभक्तिविधायक सूत्रम्
कर्त्ता	तृतीया	कर्तृकरणयोस्तृतीया
कर्म	द्वितीया	कर्मणि द्वितीया
करण	तृतीया	कर्तृकरणयोस्तृतीया
सम्प्रदान	चतुर्थी	चतुर्थी सम्प्रदाने
अपादान	पञ्चमी	अपादाने पञ्चमी
अधिकरण	सप्तमी	सप्तम्यधिकरणे च
सम्बोधन	प्रथमा	सम्बोधने च
सम्बन्ध	षष्ठी	षष्ठी शेषे
प्रातिपदिकार्थ	प्रथमा	प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा

विशेष–उक्त कारक में प्रथमा विभक्ति तथा अनुक्त कारकों में उपर्युक्त विभक्तियाँ होंगी।

उच्चारणस्थान-तालिका

क्र.	सूत्रम्	वर्णाः	उच्चारणस्थानम्
1.	**अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः**	अठारह प्रकार के सभी अकार, कवर्ग = क् ख् ग् घ् ङ् ह, विसर्ग (**कण्ठ्यवर्ण**)	कण्ठ
2.	**इचुयशानां तालु**	अठारह प्रकार के सभी इकार, चवर्ग = च्, छ्, ज्, झ्, ञ्, य्, श् (**तालव्यवर्ण**)	तालु
3.	**ऋटुरषाणां मूर्धा**	अठारह प्रकार के सभी ऋकार, टवर्ग = ट्, ठ्, ड्, ढ्, ण् रेफ, ष् (**मूर्धन्य वर्ण**)	मूर्धा
4.	**ऌतुलसानां दन्ताः**	बारह प्रकार के सभी ऌकार, तवर्ग = त् थ् द् ध् न् ल् स् (**दन्त्यवर्ण**)	दन्त
5.	**उपूपध्मानीयानाम् ओष्ठौ**	अठारह प्रकार के उकार, पवर्ग = प् फ् ब् भ् म्। ᳵपᳵफ (**ओष्ठ्यवर्ण**)	ओष्ठ
6.	**ञमङणनानां नासिका च**	ञ् म् ङ् ण् न् (**अनुनासिक वर्ण**)	नासिका
7.	**एदैतोः कण्ठतालु**	ए, ऐ (**कण्ठतालव्यवर्ण**)	कण्ठतालु
8.	**ओदौतोः कण्ठोष्ठम्**	ओ, औ (**कण्ठोष्ठ्यवर्ण**)	कण्ठोष्ठ
9.	**वकारस्य दन्तोष्ठम्**	व (**दन्तोष्ठ्यवर्ण**)	दन्तोष्ठ
10.	**जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम्**	ᳵकᳵख (**जिह्वामूलीयवर्ण**)	जिह्वामूल
11.	**नासिकाऽनुस्वारस्य**	अनुस्वार (ं)	नासिका

- उच्चारणस्थान और प्रयत्न को अष्टाध्यायी सूत्रों में नहीं बताया गया, अपितु पाणिनीय शिक्षा आदि ग्रन्थों में इसका वर्णन है।
- पाणिनीयशिक्षा के अनुसार उच्चारणस्थान आठ माने गए हैं–

अष्टौ स्थानानि वर्णानाम्
उरः कण्ठः शिरस्तथा।
जिह्वामूलं च दन्तश्च
नासिकोष्ठौ च तालु च॥ – पाणिनीयशिक्षा-13

संज्ञा-सूत्र-तालिका (अष्टाध्यायी क्रमानुसार)

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
01.	वृद्धिसंज्ञा	**वृद्धिरादैच्** 1.1.1	आ, ऐ, औ इन तीन वर्णों की **वृद्धिसंज्ञा** होती है।	त्यागः, – **आ** सदैव – **ऐ** महौषधिः – **औ**
02.	गुणसंज्ञा	**अदेङ् गुणः** 1.1.2	अ, ए, ओ, इन तीन वर्णों की **गुणसंज्ञा** होती है।	रमेशः – **ए** सूर्योदयः – **ओ** महर्षिः – **अ (र्)**
03.	संयोगसंज्ञा	**हलोऽनन्तराः संयोगः** 1.1.7	अच् (स्वर) के व्यवधान से रहित व्यञ्जनों (हलों) की **'संयोगसंज्ञा'** होती है।	(i) 'राष्ट्रम्' में **'ष्ट्र' की संयोग संज्ञा** (ii) 'अग्निः' में 'ग्न' की संयोगसंज्ञा।
04.	अनुनासिकसंज्ञा	**मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः** 1.1.8	जो वर्ण मुख तथा नासिका दोनों की सहायता से उच्चरित हों उसकी **'अनुनासिकसंज्ञा'** होती है।	अँ, ङ्, ञ्, ण्, न्, म् यँ, वँ, लँ आदि
5.1	सवर्णसंज्ञा	**तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्** 1.1.9	जिन दो या दो से अधिक वर्णों के पारस्परिक कण्ठताल्वादि उच्चारणस्थान तथा आभ्यन्तरप्रयत्न दोनों समान हों, वे परस्पर **''सवर्णसंज्ञक''** होते हैं।	अ - आ इ - ई उ - ऊ आदि परस्पर सवर्णी हैं। रमापि, मुनीशः भानूदयः आदि।
●	सवर्णसंज्ञा का निषेध	**नाज्झलौ** 1.1.10	स्थान और प्रयत्न का साम्य होने पर भी अच् (स्वर) और हल् (व्यंजन) की परस्पर सवर्णसंज्ञा नही होती।	**दण्ड हस्त** डकारोत्तरवर्ती अकार तथा हकार की सवर्णसंज्ञा होकर दीर्घ नहीं हुआ।
5.2	सवर्णसंज्ञा	**ऋलृवर्णयोः मिथः सावर्ण्यं वाच्यम्** (वा.)	ऋ और लृ की परस्पर **सवर्ण संज्ञा** होती है	होतृ + लृकारः =होतॄकारः
6.1	प्रगृह्यसंज्ञा	**ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्** 1.1.11	दीर्घ ईकारान्त, दीर्घ ऊकारान्त, तथा दीर्घ एकारान्त द्विवचन की **'प्रगृह्यसंज्ञा'** होती है।	हरी एतौ, विष्णू इमौ गङ्गे अमू, अग्नी इति वायू इति
6.2	प्रगृह्यसंज्ञा	**अदसो मात्** 1.1.12	'अदस्' शब्द के मकार से परे 'ईत्' तथा 'ऊत्' प्रगृह्य संज्ञक होते हैं।	अमी ईशाः, अमू आसाते अमू, अत्र, अमी अश्वाः
6.3	प्रगृह्यसंज्ञा	**शे** 1.1.13	'शे' इस सुबादेश की **प्रगृह्यसंज्ञा** होती है। (प्रायशः वेदों में)	युष्मे इति, त्वे इति, मे इति।
6.4	प्रगृह्यसंज्ञा	**निपात एकाजनाङ्** 1.1.14	'आङ्' को छोड़कर एक 'अच्' स्वरूप निपात की **'प्रगृह्यसंज्ञा'** होती है।	अ अपेहि इ इन्द्रम्। उ उत्तिष्ठ आ एवं नु मन्यसे

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
6.5	**प्रगृह्यसंज्ञा**	**ओत्** 1.1.15	ओकारान्त निपात की **प्रगृह्यसंज्ञा** होती है।	उताहो अनिष्टम् अहो अद्य शीतम्। अहो ईशाः
6.6	**प्रगृह्यसंज्ञा** (विकल्प से)	**सम्बुद्धौ शाकल्यस्येतावनार्षे** 1.1.16	सम्बुद्धिनिमित्तक ओकार की अवैदिक 'इति' शब्द के परे रहते विकल्प से '**प्रगृह्यसंज्ञा**' होती है।	'विष्णो इति'
6.7	**प्रगृह्यसंज्ञा**	**उञः ऊँ** 1.1.17	अवैदिक 'इति' शब्द परे रहते शाकल्य आचार्य के मत में (क) उञ् की **प्रगृह्यसंज्ञा** होती है। (ख) 'उञ्' के स्थान पर 'ऊँ' आदेश होता है, जो **प्रगृह्यसंज्ञक** होता है।	'उ इति' 'ऊँ इति'
6.8	**प्रगृह्यसंज्ञा**	**ईदूतौ च सप्तम्यर्थे इति प्रगृह्यम्** 1.1.19	सप्तमी के अर्थ में ईकारान्त व ऊकारान्त की **प्रगृह्यसंज्ञा** होती है।	तनू इति गौरी अधिश्रितः
07.	**घु-संज्ञा**	**दाधा घ्वदाप्** 1.1.20	दारूप वाले तथा धारूप वाले धातुओं की '**घु' संज्ञा** होती है; 'दाप्लवने' तथा 'दैप शोधने' धातुओं को छोड़कर	दाञ्, दाण् डुधाञ्, धेट् आदि।
8.	**घ-संज्ञा**	**तरप्तमपौ घः** 1.1.22	तरप् तथा तमप् – ये दो प्रत्यय '**घ' संज्ञक** होते हैं।	कुमारितरा कुमारितमा
9.	**संख्यासंज्ञा**	**बहुगणवतुडति संख्या** 1.1.23	'बहु' व 'गण' शब्द की तथा 'वतु' व 'डति' प्रत्ययान्त शब्दों की ''**संख्यासंज्ञा**'' होती है।	बहुधा, बहुशः गणशः, तावत्कः, कतिधा, कतिशः।
10.1	**षट्-संज्ञा**	**ष्णान्ता षट्** 1.1.24	षकारान्त और नकारान्त संख्या वाची शब्दों की 'षट्' संज्ञा होती है।	षट्, (षकारान्त) पञ्च, सप्त, नव, दश (नकारान्त)
10.2	**षट्संज्ञा**	**डति च** 1.1.25	डति प्रत्ययान्त संख्यावाची शब्द की ''**षट्संज्ञा**'' होती है।	कति तिष्ठन्ति कति पश्य
11.	**निष्ठासंज्ञा**	**क्तक्तवतू निष्ठा** 1.1.26	'क्त' तथा 'क्तवतु' प्रत्यय की '**निष्ठासंज्ञा**'' होती है।	मुक्तः (क्त) भुक्तवान् (क्तवतु)
12.	**सर्वनाम-संज्ञा**	**सर्वादीनि सर्वनामानि** 1.1.27	'सर्व' आदि शब्दों की सर्वनामसंज्ञा होती है।	सर्वे इत्यादि।
13.1	**अव्ययसंज्ञा**	**स्वरादि निपातमव्ययम्** 1.1.37	स्वरादिगण में पठित शब्दों की तथा निपात शब्दों की '**अव्यय' संज्ञा** होती है।	प्रातर्, च, वा, ह इत्यादि
13.2	**अव्ययसंज्ञा**	**तद्धितश्चासर्वविभक्तिः** 1.1.38	जिससे सारी विभक्तियाँ उत्पन्न न हों, ऐसे तद्धित प्रत्ययान्त शब्द की '**अव्यय' संज्ञा** होती है।	ततः, तत्र, तदा विना इत्यादि।
13.3	**अव्ययसंज्ञा**	**कृन्मेजन्तः** 1.1.39	मकारान्त कृत् प्रत्ययान्त तथा एजन्त कृत् प्रत्ययान्त शब्द की '**अव्यय' संज्ञा** होती है।	स्वादुङ्कारम् वक्षे। पठितुम्
13.4	**अव्ययसंज्ञा**	**क्त्वातोसुन्कसुनः** 1.1.40	'क्त्वा' 'तोसुन्' तथा 'कसुन्' प्रत्ययान्त शब्दों की '**अव्यय' संज्ञा** होती है।	गत्वा, उदेतोः, विसृपः

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
13.5	अव्ययसंज्ञा	**अव्ययीभावश्च** 1.1.40	अव्ययीभावसमास की **अव्ययसंज्ञा** होती है।	अधिहरि, अध्यात्मम्, प्रत्यग्नि।
14.1	सर्वनामस्थान	**शि सर्वनामस्थानम्** 1.1.41	'शि' की **सर्वनामस्थान संज्ञा** होती है।	वनानि, दधीनि मधूनि।
14.2	सर्वनामस्थान	**सुडनपुंसकस्य** 1.1.42	नपुंसकलिङ्ग से भिन्न 'सुट्' (सु, औ, जस्, अम्, औट्–इन पाँच) प्रत्ययों की **'सर्वनामस्थान'** संज्ञा होती है।	राजा (सु) राजानौ (औ) राजानः (जस्) राजानम् (अम्) राजानौ (औट्)
15.	विभाषासंज्ञा	**न वेति विभाषा** 1.1.43	'न' का अर्थ है–निषेध 'वा' का अर्थ है–विकल्प निषेध तथा विकल्प– इन दो अर्थों की **'विभाषा' संज्ञा** होती है।	''विभाषा श्वेः'' 6.1.30
16.	सम्प्रसारणम्	**इग्यणः सम्प्रसारणम्** 1.1.44	'यण्' के स्थान पर होने वाले 'इक्' की **''सम्प्रसारण'' संज्ञा** होती है।	यज् + क्त = इष्टः वप् + क्त = उप्तः
17.	लोप-संज्ञा	**अदर्शनं लोपः** 1.1.59	विद्यमान के अदर्शन = अश्रवण की **''लोप'' संज्ञा** होती है।	शाला + छ = शालीयः 'आकार' की लोपसंज्ञा ''यस्येति च'' से लोप
18.	लुक् श्लु लुप्	**प्रत्ययस्य लुक्श्लुलुपः** 1.1.60	(क) लुक् शब्द से कराया गया प्रत्ययादर्शन 'लुक्संज्ञक' होता है। (ख) श्लु शब्द से कराया गया प्रत्ययादर्शन **'श्लुसंज्ञक'** होता है। (ग) 'लुप्' शब्द से कराया गया प्रत्ययादर्शन **'लुप्संज्ञक'** होता है।	विशाखः (लुक्संज्ञा) जुहोति (श्लु संज्ञा) वरणाः (लुप् संज्ञा)
19.	टि-संज्ञा	**अचोऽन्त्यादि टि** 1.1.63	अचों के मध्य में जो अन्त्य अच्, वह है आदि में जिसके, उस समुदाय की **''टिसंज्ञा''** होती है।	मनस् में – 'अस्' राजन् में – 'अन्' दधि में – 'इ' की टिसंज्ञा।
20.	उपधासंज्ञा	**अलोऽन्त्यात् पूर्व उपधा** 1.1.64	अन्त्य अल् से पूर्व वर्ण की **''उपधा''** संज्ञा होती है।	गम् में – अ मुच् में – उ भिद् में – इ की उपधा संज्ञा।
21.	प्रत्याहारसंज्ञा	**आदिरन्त्येन सहेता** 1.1.70	आदिवर्ण अन्त्य इत्संज्ञक वर्ण के साथ मिलकर अपने स्वरूप का तथा मध्य में स्थित वर्णों का बोध कराता है। यही **''प्रत्याहार''** है।	अण् = अ, इ, उ इक् = इ, उ, ऋ, ऌ इत्यादि।
22.1	वृद्धसंज्ञा	**वृद्धिर्यस्याचामादिस्तद् वृद्धम्** 1.1.72	जिस समुदाय के अचों के मध्य आदि अच् वृद्धिसंज्ञक हो, उस समुदाय की **'वृद्ध' संज्ञा** होती है।	'शालीयः' में 'शाला' शब्द की वृद्ध संज्ञा।
22.2	वृद्धसंज्ञा	**त्यदादीनि च** 1.1.73	त्यादिगण में पठित शब्दों की **''वृद्धसंज्ञा''** होती है।	'त्यदीयम्' में 'त्यद्' शब्द की वृद्धसंज्ञा।

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
22.3	**वृद्धसंज्ञा**	**एङ् प्राचां देशे** 1.1.74	जिस समुदाय के अचों का आदि अच् 'एङ्' हो; उसकी '**वृद्धसंज्ञा**' होती है, पूर्व दिशा को कहने के विषय में।	'गोनर्दीयः' में 'गोनर्द' शब्द की वृद्धसंज्ञा।
23.	**ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत**	**ऊकालोऽज्झ्रस्वदीर्घप्लुतः** 1.2.27	'ऊकाल' का अर्थ है–उकाल एकमात्रिक ऊकाल द्विमात्रिक, तथा उ ३ काल त्रिमात्रिक। एकमात्रिक, द्विमात्रिक, त्रिमात्रिक अच् की यथासंख्य करके **ह्रस्व, दीर्घ और प्लुतसंज्ञा** होती है।	दधिच्छत्रम् (ह्रस्व) गौरी (दीर्घ) देवदत्त ३ (प्लुत)
24.	**उदात्तसंज्ञा**	**उच्चैरुदात्तः** 1.2.29	ताल्वादि स्थानों से वर्णों का उच्चारण होता है; उन स्थानों के ऊर्ध्वभागों से उच्चरित अच् '**उदात्तसंज्ञक**' होता है।	उदात्त के लिए प्रायः कोई चिह्न नही होता।
25.	**अनुदात्तसंज्ञा**	**नीचैरनुदात्तः** 1.2.30	ताल्वादि स्थानों के निम्नभागों से उच्चरित 'अच्' ''**अनुदात्तसंज्ञक**'' होता है।	अनुदात्त के लिए वर्ण के नीचे पड़ी रेखा (–) अंकित की जाती है।
26.	**स्वरितसंज्ञा**	**समाहारः स्वरितः** 1.2.31	उदात्तत्व और अनुदात्तत्व ये दोनों जिस अच् में विद्यमान हो, वह ''**स्वरितसंज्ञक**'' होता है।	स्वरित के लिए वर्ण के ऊपर (।) खड़ी रेखा होती है।
27.	**अपृक्तसंज्ञा**	**अपृक्त एकाल् प्रत्ययः** 1.2.41	एकाल् = एक अल्/वर्ण जो प्रत्यय एक वर्णरूप हो, या एक वर्ण रूप हो गया हो, उसकी ''**अपृक्त**'' संज्ञा होती है।	'वाच् सु 'अनुबन्ध लोप। ''वाच् स्'' यहाँ 'स्' एक वर्ण रूप प्रत्यय है, अतः अपृक्तसंज्ञक है।
28.1	**उपसर्जनसंज्ञा**	**प्रथमानिर्दिष्टं समास उपसर्जनम्** 1.2.43	समास विधायक शास्त्र में प्रथमा से निर्दिष्ट जो पद, उसके द्वारा बोध्य शब्द की ''**उपसर्जनसंज्ञा**'' होती है।	'उपकृष्णम्' में 'उप' की उपसर्जन संज्ञा।
28.2	**उपसर्जनसंज्ञा**	**एकविभक्तिक चाऽपूर्वनिपाते** 1.2.44	समास विग्रह में जो नियतविभक्तिक हो, उस पद की '**उपसर्जनसंज्ञा**' हो परन्तु उसका पूर्वनिपात न हो।	'अतिमाला' यहाँ 'माला' पद एक विभक्तिक है; अतः यह 'उपसर्जनसंज्ञक' है।
29.1	**प्रातिपदिक**	**अर्थवदधातुरप्रत्ययः** प्रातिपदिकम् 1.2.45	धातुरहित, प्रत्यय व प्रत्ययान्तरहित सार्थक शब्दस्वरूप की **प्रातिपदिक संज्ञा** होती है।	राम, कृष्ण, लता आदि।
29.2	**प्रातिपदिक**	**कृत्तद्धितसमासाश्च** 1.2.46	कृत् प्रत्ययान्त, तद्धित प्रत्ययान्त तथा समास भी ''**प्रातिपदिकसंज्ञक**'' होते हैं।	कारकः (कृत्) शालीयः (तद्धित) राजपुरुषः (समास)
30.1	**धातुसंज्ञा**	**भूवादयो धातवः** 1.3.1	क्रिया के वाचक 'भू' आदि तथा 'वा' के प्रकार वाले शब्दों की **धातुसंज्ञा** होती है।	भू, पठ्, गम्, वा आदि।

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
30.2	धातुसंज्ञा	**सनाद्यन्ता धातवः** 3.1.32	सन् आदि प्रत्ययान्त समुदाय की **'धातुसंज्ञा'** होती है।	जुगुप्सते (सन्) पुत्रीयति (क्यच्)
31.1	इत्संज्ञा	**उपदेशेऽजनुनासिक इत्** 1.3.2	उपदेश अवस्था में अनुनासिक अच् वर्ण की **''इत्'' संज्ञा** होती है।	''एधँ''–यहाँ धकारोत्तरवर्ती अकार अनुनासिक होने से इत्संज्ञक है।
31.2	इत्संज्ञा	**हलन्त्यम्** 1.3.3	उपदेश में अन्तिम हल् **''इत्संज्ञक''** होता है।	अइउण् में 'णकार' की इत्संज्ञा है।
31.3	इत्संज्ञा	**आदिर्ञिटुडवः** 1.3.5	उपदेश अवस्था में धातु के आदि में वर्तमान ञि, टु, तथा डु –इनकी **''इत्संज्ञा''** होती है।	ञिमिदा टुवेपृ, डुकृञ् में ञि, टु तथा डु इत्संज्ञक हैं।
31.4	इत्संज्ञा	**षः प्रत्ययस्य** 1.3.6	उपदेश अवस्था में प्रत्यय के आदि में स्थित 'षकार' की **''इत्संज्ञा''** होती है।	नृत् + ष्वुन् यहाँ 'षकार' इत्संज्ञक है।
31.5	इत्संज्ञा	**चुटू** 1.3.7	उपदेश अवस्था में प्रत्यय के आदि में वर्तमान चवर्ग और टवर्ग की **''इत्संज्ञा''** होती है।	'ब्राह्मण + जस् = ब्राह्मणाः में 'ज्' की इत्संज्ञा वाच् + टा = वाचा में 'ट्' की इत्संज्ञा।
31.6	इत्संज्ञा	**लशक्वतद्धिते** 1.3.8	उपदेश अवस्था में प्रत्यय के आदि में स्थित लकार, शकार, तथा कवर्ग की **इत्संज्ञा** होती है। किन्तु तद्धित प्रत्ययों में नही।	चि + ल्युट् = चयनम् 'ल्' की इत्संज्ञा भुज् + क्त = भुक्तः 'क्' की इत्संज्ञा भू + शप् + तिप् = भवति श् की इत्संज्ञा
●	इत्संज्ञा निषेधक सूत्र	**न विभक्तौ तुस्माः** 1.3.4	विभक्ति में वर्तमान तवर्ग, सकार और मकार जो अन्त्य हल्, उनकी **इत्संज्ञा नहीं** होती है।	रामात्, जस्, आम्
32.1	नदीसंज्ञा	**यू स्त्र्याख्यौ नदी** 1.4.3	**'यू'** = (ई+ऊ) का अर्थ है– ईकारान्त व ऊकारान्त। **'स्त्र्याख्यौ'** का अर्थ है= नित्यस्त्रीलिङ्ग शब्द। ईदन्त तथा ऊदन्त नित्यस्त्रीलिङ्ग शब्दों की **''नदीसंज्ञा''** होती है।	नदी, गौरी, वधू आदि।
32.2	नदीसंज्ञा	**प्रथमलिङ्गग्रहणञ्च** (वा.)	जो शब्द पहले नित्यस्त्रीलिङ्ग है, तथा बाद में समास की दशा में गौण होकर अन्य लिङ्ग में चला गया हो, उसकी भी पहले के स्त्रीलिङ्ग के आधार पर **'नदीसंज्ञा'** हो जाती है।	बह्व्यः श्रेयस्यो यस्य स 'बहुश्रेयसी'
●	नदीसंज्ञा निषेधक सूत्र	**नेयङुवङ्स्थानावस्त्री** 1.4.4	जिन ईकार व ऊकार के स्थान पर क्रमशः इयङ् व उवङ् आदेश होते हैं, उन स्त्रीवाची पदों की **''नदीसंज्ञा''**	हे श्रीः! हे भ्रूः।

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
			नही होती है। 'स्त्री' शब्द को छोड़कर	
32.3	नदीसंज्ञा	**वाऽऽमि** 1.4.5	इयङ् उवङ् स्थानी, स्त्रीवाची ईकारान्त व ऊकारान्त शब्दों की 'आम्' परे रहते विकल्प से **''नदीसंज्ञा''** होती है। 'स्त्री' शब्द को छोड़कर।	श्रियाम् श्रीणाम्
32.4	नदीसंज्ञा	**ङिति ह्रस्वश्च** 1.4.6	ह्रस्व इकारान्त, उकारान्त स्त्रीवाची शब्दों तथा इयङ् उवङ् स्थानी ईकारान्त, उकारान्त स्त्रीवाची शब्दों की ङित् विभक्ति में विकल्प से **नदी संज्ञा** होती है; 'स्त्री' शब्द को छोड़कर।	(i) मत्यै, मतये। (ii) धेन्वै, धेनवे (iii) श्रियै, श्रिये।
33.1	घिसंज्ञा	**शेषो घ्यसखि** 1.4.7	जिनकी नदी संज्ञा नही है, ऐसे ह्रस्व इकार और ह्रस्व उकार हैं अन्त में जिनके, उन शब्दों की **'घि' संज्ञा** होती है, 'सखि' शब्द को छोड़कर।	(i) हरिः, (ii) भानुः, (iii) वारि (iv) मधु
33.2	घिसंज्ञा	**पतिः समास एव** 1.4.8	'पति' शब्द समास में ही **''घि'' संज्ञक** होता है।	(i) भूपतिः (ii) सीतापतिः
33.3	घिसंज्ञा	**षष्ठीयुक्तश्छन्दसि वा** 1.4.9	षष्ठ्यन्त शब्द से युक्त जो पति शब्द, उसकी वेदों में **''घि'' संज्ञा** होती है।	(i) क्षेत्रस्य पतिना (ii) दिशां च पतये।
34.	लघुसंज्ञा	**ह्रस्वं लघु** 1.4.10	ह्रस्व वर्ण की **''लघु'' संज्ञा** होती है।	भिद् + तृच् = भेत्ता
35.1	गुरुसंज्ञा	**संयोगे गुरु** 1.4.11	संयोग परे रहते ह्रस्ववर्ण की **''गुरुसंज्ञा''** होती है।	'शिक्षा'–यहाँ 'इकार' की गुरुसंज्ञा
35.2	गुरुसंज्ञा	**दीर्घञ्च** 1.4.12	दीर्घवर्ण की **''गुरुसंज्ञा''** होती है।	'ईहाञ्चक्रे' यहाँ 'ईकार' की गुरुसंज्ञा।
36.	अङ्गसंज्ञा	**यस्मात्प्रत्ययविधिस्तदादि प्रत्ययेऽङ्गम्** 1.4.13	'प्रत्ययविधि' का अर्थ है–प्रत्यय का विधान। जिस प्रकृति (धातु या प्रातिपदिक) से प्रत्यय का विधान किया जाय, उस प्रत्यय के परे रहते उस प्रकृति का आदि वर्ण है आदि जिसका, उस सम्पूर्ण समुदाय की **''अङ्ग'' संज्ञा** होती है।	कृ + तृच् = कर्त्ता यहाँ 'कृ' की अङ्ग संज्ञा।
37.1	पदसंज्ञा	**सुप्तिङन्तं पदम्** 1.4.14	सुबन्त (सुप् अन्त वाला) तथा तिङन्त (तिङ् अन्त वाला) शब्द की **''पद'' संज्ञा** होती है। 'सु औ जश्' आदि **21 सुप्प्रत्यय** तथा 'तिप् तस् झि' आदि **18 तिङ्प्रत्यय** हैं।	(i) देवः (सुबन्त) (ii) पठति (तिङन्त)

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
37.2	पदसंज्ञा	**नः क्ये** 1.4.15	नकारान्त शब्द की क्यच्, क्यङ् व क्यष् प्रत्यय परे रहते ''**पदसञ्ज्ञा**'' होती है।	(i) राजीयति। (ii) राजायते।
37.3	पदसंज्ञा	**सिति च** 1.4.16	सित् प्रत्यय परे रहते पूर्व की ''**पद**'' **संज्ञा** होती है।	भवत् + छस् = भवदीयः यहाँ 'भवत्' की पद संज्ञा।
37.4	पदसंज्ञा	**स्वादिष्वसर्वनामस्थाने** 1.4.17	सर्वनामस्थान भिन्न 'सु' आदि प्रत्ययों के परे रहते पूर्व शब्दसमुदाय की ''**पद**'' **संज्ञा** होती है।	राजन् + भ्याम् = राजभ्याम् यहाँ 'राजन्' की पद संज्ञा।
38.1	भसंज्ञा	**यचि भम्** 1.4.18	सर्वनामसंज्ञक पाँच प्रत्ययों (सु, औ, जस्, अम्, औट्) को छोड़कर 'सु' से लेकर 'कप्' प्रत्यय पर्यन्त यकारादि तथा अजादि प्रत्यय परे रहते पूर्व की '**भ**' **संज्ञा** होती है।	(i) गर्ग + यञ् = गार्ग्यः (ii) दक्ष + इञ् = दाक्षिः
38.2	भ संज्ञा	**तसौ मत्वर्थे** 1.4.19	तकारान्त और सकारान्त शब्दों की मत्वर्थ प्रत्ययों के परे रहते '**भ**' **संज्ञा** होती है।	(i) विद्युत् सु + मतुप् विद्युत्वान् (iii) तपस् सु विनि = तपस्वी
38.3	भ-संज्ञा	**अयस्मयादीनि छन्दसि** 1.4.20	वेदों में 'अयस्मय' इत्यादि शब्द साधु होते हैं यहाँ भी '**भ**' **संज्ञा** होती है।	अयस्मयम् मनस्मयम्
39.1	अपादान	**ध्रुवमपायेऽपादानम्** 1.4.24	पार्थक्य होने पर अवधिभूत अर्थात् अचल की ''**अपादान**'' **संज्ञा** होती है।	**वृक्षात्** पत्रं पतति
39.2	अपादान	**भीत्रार्थानां भयहेतुः** 1.4.25	भय अर्थ वाले तथा रक्षा अर्थ वाले धातुओं के योग में, जो भय का हेतु होता है, उसकी '**अपादान**' **संज्ञा** होती है।	(i) बालकः **सिंहात्** बिभेति। (ii) **चौरात्** रक्षति देवः।
39.3	अपादान	**पराजेरसोढः** 1.4.26	'परा' उपसर्ग पूर्वक 'जि' धातु के योग में जो सहन न किया जा सके, ऐसे शब्द की **अपादानसंज्ञा** होती है।	अध्ययनात् पराजयते।
39.4	अपादान	**वारणार्थानामीप्सितः** 1.4.27	वारण (रोकना) अर्थ वाले धातुओं के प्रयोग में जिससे रोकना अभीष्ट है, उसकी '**अपादान**' **संज्ञा** होती है।	**यवेभ्यो** गां वारयति।
39.5	अपादान	**अन्तर्धौ येनादर्शनमिच्छति** 1.4.28	ओट के होने पर छिपने वाला जिससे अपना छिपाव चाहता है, उसकी '**अपादान**' **संज्ञा** होती है।	(i) **आरक्षकात्** चोरः निलीयते। (ii) **मातुर्निलीयते** कृष्णः
39.6	अपादान	**आख्यातोपयोगे** 1.4.29	नियमपूर्वक विद्याग्रहण करने में पढ़ाने वाले की '**अपादान**' **संज्ञा** होती है।	**आचार्यात्** व्याकरणम् अधीते।
39.7	अपादान	**जनिकर्तुः प्रकृतिः** 1.4.30	जन्म के कर्त्ता की प्रकृति	**गोमयात्**

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
			अर्थात् उत्पन्न होने वाले के कारण की **'अपादान' संज्ञा** होती है।	वृश्चिको जायते
39.8	अपादान	**भुवः प्रभवः** 1.4.31	भू धातु के कर्त्ता के उत्पत्तिस्थान की **'अपादान' संज्ञा** होती है।	गङ्गा **हिमालयात्** प्रभवति।
●	अपादान	**जुगुप्साविराम प्रमादार्थाना-मुपसंख्यानम्** (वा0)	जुगुप्सा, विराम, तथा प्रमाद अर्थ वाली धातुओं के योग में **अपादान संज्ञा** होती है।	**पापात्** जुगुप्सते। **पापात्** विरमति। **अध्ययनात्** प्रमाद्यति
40.1	सम्प्रदान	**कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्** 1.4.32	दान क्रिया के कर्म के द्वारा कर्त्ता जिसे अच्छी प्रकार युक्त या लक्षित करना चाहता है, उसकी **सम्प्रदानसंज्ञा** होती है।	नृपः **विप्राय** धनं ददाति।
●	सम्प्रदान	**क्रियया यमभिप्रैति सोऽपि सम्प्रदानम्** (वा0)	क्रिया के द्वारा कर्ता जिसे लक्षित करता है, उसकी भी **सम्प्रदान संज्ञा** होती है।	**पत्ये** शेते।
40.2	सम्प्रदान	**रुच्यर्थानां प्रीयमाणः** 1.4.33	रुचि अर्थात् अभिलाषा अर्थवाली धातुओं के योग में, जिसे वह वस्तु प्रिय हो, उसकी **'सम्प्रदान' संज्ञा** होती है।	**बालकाय** दुग्धं रोचते। **बालकाय** मोदकं स्वदते।
40.3	सम्प्रदान	**श्लाघह्नुङ्स्थाशपां ज्ञीप्स्यमानः** 1.4.34	श्लाघ्, ह्नुङ्, स्था, शप् धातुओं के योग में जो जनाये जाने की इच्छा वाला है, उसकी **'सम्प्रदान' संज्ञा** होती है।	गोपी स्मरात् **कृष्णाय** श्लाघते। ह्नुते, तिष्ठति, शपते वा।
40.4	सम्प्रदान	**धारेरुत्तमर्णः** 1.4.35	धारि (धृ + णिच्) इस णिजन्त धातु के योग में उत्तमर्ण की **'सम्प्रदान' संज्ञा** होती है। नोट–ऋण देने वाला–उत्तमर्ण ऋण लेने वाला–अधमर्ण	मोहनः **श्यामाय** शतं धारयति।
40.5	सम्प्रदान	**स्पृहेरीप्सितः** 1.4.36	'स्पृह ईप्सायाम्' धातु के योग में ईप्सित = अभीष्ट की **'सम्प्रदान' संज्ञा** होती है।	कन्या **पुष्पेभ्यः** स्पृहयति।
40.6	सम्प्रदान	**क्रुधद्रुहेर्ष्याऽसूयार्थानां यं प्रति कोपः** 1.4.37	क्रुध्, द्रुह्, ईर्ष्य, तथा असूय– इन धातुओं के योग में जिसके प्रति कोप किया जाय, उसकी **'सम्प्रदान' संज्ञा** होती है।	राजा **चोराय** क्रुध्यति
407.	सम्प्रदान	**राधीक्ष्योर्यस्य विप्रश्नः** 1.4.39	'राध्' और 'ईक्ष्' धातुओं के योग में जिसके विषय में विविध प्रश्न हों, उस कारक की **सम्प्रदान संज्ञा** होती है। 'राध्' व 'ईक्ष्' का अर्थ है–''शुभाशुभ विचार करना।''	(i) **श्यामाय** राध्यति (ii) **श्यामाय** ईक्षते।

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
40.8	**सम्प्रदान**	**प्रत्याङ्भ्यां श्रुवः पूर्वस्य कर्त्ता** 1.4.40	'प्रति' तथा 'आङ्' पूर्वक 'श्रु' धातु के योग में पूर्व का जो कर्त्ता है, उसकी ''**सम्प्रदान**'' **संज्ञा** होती है।	राजा **ब्राह्मणाय** गां प्रतिशृणोति आशृणोति वा।
40.9	**सम्प्रदान**	**अनुप्रतिगृणश्च** 1.4.41	'अनु' तथा 'प्रति' उपसर्ग पूर्वक ''गृ'' धातु के प्रयोग में पूर्व का जो कर्त्ता है, उसकी ''**सम्प्रदान**'' **संज्ञा** होती है।	(i) **होत्रे** अनुगृणाति (ii) **होत्रे** प्रतिगृणाति
40.10	**करण तथा सम्प्रदानसंज्ञा** (विकल्प से)	**परिक्रयणे सम्प्रदानमन्यतरस्याम्** 1.4.44	परिक्रयण में साधकतम कारक की विकल्प से ''**सम्प्रदान**'' **संज्ञा** तथा पक्ष में यथाप्राप्त ''**करण**'' **संज्ञा** होती है।	(i) **शतेन** परिक्रीतः। (ii) **शताय** परिक्रीतः (सम्प्रदानसंज्ञा विकल्प से)
41.1	**करण**	**साधकतमं करणम्** 1.4.42	क्रिया की सिद्धि में जो सबसे अधिक उपकारक = सहायक हो, उसकी ''**करण**'' **संज्ञा** होती है।	**परशुना** छिनत्ति।
41.2	**कर्म तथा करणसंज्ञा**	**दिवः कर्म च** 1.4.43	'दिव्' धातु का जो साधकतम कारक उसकी ''**कर्म**'' तथा ''**करण**'' **संज्ञा** होती है।	(i) **अक्षान्** दीव्यति (ii) **अक्षैः** दीव्यति
42.	**अधिकरण**	**आधारोऽधिकरणम्** 1.4.45	आधार की ''**अधिकरण**'' **संज्ञा** होती है। 'अधिकरण' तीन प्रकार का होता है– (i) अभिव्यापक (ii) औपश्लेषिक (iii) वैषयिक	(i) **तिलेषु** तैलम् (अभिव्यापक) (ii) कटे आस्ते (औपश्लेषिक) (iii) मोक्षे इच्छा अस्ति (वैषयिक)
43.	(अ) **कर्मसंज्ञा**	**अधिशीङ्स्थासां कर्म** 1.4.46 (आधार की कर्मसंज्ञा)	'अधि' उपसर्गपूर्वक 'शीङ्' धातु, अधि पूर्वक 'स्था' धातु, तथा अधि पूर्वक 'आस्' धातु के आधार की ''**कर्म**'' **संज्ञा** होती है।	(i) हरिः **वैकुण्ठम्** अधिशेते। (ii) मुनिः **शिलापट्टम्** अधितिष्ठति (iii) सः **पर्वतम्** अध्यास्ते।
	(इ) **कर्मसंज्ञा**	**अभिनिविशश्च** 1.4.47 (आधार की कर्मसंज्ञा)	'अभि' तथा 'नि' उपसर्ग पूर्वक 'विश्' धातु के आधार की ''**कर्मसंज्ञा**'' होती है।	सन्मार्गम् अभिनिविशते।
	(उ) **कर्मसंज्ञा**	**उपान्वध्याङ्वसः** 1.4.48 (आधार की कर्मसंज्ञा)	उप, अनु, अधि, तथा आङ् उपसर्ग पूर्वक ''वस्'' धातु के आधार की ''**कर्मसंज्ञा**'' होती है।	(i) सेना **ग्रामम्** उपवसति (ii) सेना **पर्वतम्** अनुवसति (iii) सेना **ग्रामम्** अधिवसति (iv) सेना **ग्रामम्** आवसति
	(ऋ) **कर्मसंज्ञा**	**क्रुधद्रुहोरुपसृष्टयोः कर्म** 1.4.38	उपसर्गयुक्त क्रुध, द्रुह् धातुओं के योग में जिसके प्रति कोप किया जाता है, उसकी ''**कर्मसंज्ञा**'' होती है।	(i) बालकम् अभिक्रुध्यति। (ii) **बालकम्** अभिद्रुह्यति
	(ए) **कर्मसंज्ञा**	**कर्तुरीप्सिततमं कर्म** 1.4.49	कर्त्ता को अपनी क्रिया के द्वारा जो अत्यधिक ईप्सित हो, उसकी ''**कर्मसंज्ञा**'' होती है।	बालकः **ग्रामं** गच्छति
	(ओ) **कर्मसंज्ञा**	**तथायुक्तं चाऽनीप्सितम्** 1.4.50	अभीष्टतम के समान क्रिया से युक्त	ग्रामं गच्छन्

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
			होने पर अनभीष्ट की भी ''**कर्मसंज्ञा**'' होती है।	**तृणं** स्पृशति।
	(ऐ) कर्मसंज्ञा	**अकथितञ्च** 1.4.51 **''दुह्याच्पच्दण्ड्रुधिप्रच्छि चिब्रूशासुजिमथ्मुषाम्। कर्मयुक् स्यादकथितं तथा स्यान्नीहृकृष्वहाम्॥**	अकथित अर्थात् अपादानादि के द्वारा न कहे गए कारक की भी ''**कर्मसंज्ञा**'' होती है। दुह् आदि कुल सोलह तथा इनके समान अर्थ वाली धातुओं के योग में ''**कर्मसंज्ञा**'' होती है। ●मुख्य कर्म में ''कर्तुरीप्सिततमं कर्म'' से तथा गौणकर्म में ''अकथितञ्च'' सूत्र से **कर्मसंज्ञा** होती है।	(i) वामनः **बलिं** वसुधां याचते। (ii) **तण्डुलान्** ओदनं पचति (iii) **गर्गान्** शतं दण्डयति (iv) **गां व्रजम्** अवरुणद्धि (v) **माणवकं** पन्थानं पृच्छति (vi) **वृक्षम्** अवचिनोति फलानि। (vii) **माणवकं** धर्मं ब्रूते शास्ति, भाषते, वक्ति, अभिधत्ते वा। (viii) **देवं** शतं जयति। (ix) **क्षीरनिधिं** सुधां मथ्नाति। (x) **देवं** शतं मुष्णाति (xi) देवः **ग्रामम्** अजां नयति, हरति कर्षति वहति
	(औ) कर्मसंज्ञा	**गतिबुद्धिप्रत्यवसानार्थशब्दकर्मा-कर्मकाणामणि कर्त्ता स णौ** 1.4.52	गमनार्थक, ज्ञानार्थक, भक्षणार्थक, तथा शब्दकर्मक, और अकर्मक धातुओं के अण्यन्त अवस्था के कर्त्ता की ण्यन्तावस्था में ''**कर्मसंज्ञा**'' होती है।	बालकः **ग्रामं** गच्छति (अण्यन्त अवस्था) **बालकं** ग्रामं गमयति (ण्यन्त अवस्था)
	(ह) कर्मसंज्ञा	**हृक्रोरन्यतरस्याम्** 1.4.53	'हृ', तथा 'कृ' धातु के अण्यन्त दशा के कर्त्ता की ण्यन्तदशा में विकल्प से ''**कर्मसंज्ञा**'' होती है।	माणवको भारं हरति (अण्यन्त) **माणवकं** भारं हारयति (ण्यन्त) माणवकेन भारं हारयति (ण्यन्त)
44.1	कर्तृसंज्ञा	**स्वतन्त्रः कर्त्ता** 1.4.54	क्रिया की सिद्धि में जो स्वतन्त्ररूपेण अर्थात् प्रमुखतया विवक्षित होता है, वह ''**कर्त्ता**'' **संज्ञक** होता है।	**सा** पचति। यहाँ उक्तकर्त्ता में 'प्रातिपदिकार्थ.....' से प्रथमा हुई।
44.2	कर्तृसंज्ञा	**तत्प्रयोजको हेतुश्च** 1.4.55	स्वतन्त्रतया विवक्षित कारक के प्रेरक की **'कर्त्ता' व 'हेतु' संज्ञायें** होती हैं।	**श्यामेन** देवः कटं कारयति। यहाँ 'श्याम' की 'कर्त्ता' व 'हेतु' दो संज्ञायें हुई।
45.1	निपातसंज्ञा	**प्राग्रीश्वरान्निपाताः** 1.4.56	'अधिरीश्वरे' (पा० 1.4.97) सूत्र पर्यन्त कहे गए शब्दों की **'निपात' संज्ञा** होती है।	
45.2	निपातसंज्ञा	**चादयोऽसत्त्वे** 1.4.57	द्रव्य अर्थ न होने पर 'च' आदि शब्दों की ''**निपात**'' **संज्ञा** होती है।	च, वा, ह आदि।

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
46.	**निपात एवं उपसर्ग संज्ञा**	**प्रादय उपसर्गाः क्रियायोगे** 1.4.58	प्रादिगण में पठित असत्त्वार्थक शब्दों की ''**निपातसंज्ञा**'' होती है, तथा क्रिया के योग में उनकी ''**उपसर्गसंज्ञा**'' भी होती है। उक्त दोनों संज्ञायें होती है।	प्र, परा, अप, सम् अनु, अव, निस्, निर् दुस्, दुर्, वि, आङ्, नि, अधि, अपि, अति, सु, उद्, अभि, प्रति, परि उप। ये प्रादिगण में पठित **22 उपसर्ग** हैं।
47.	**गतिसंज्ञा उपसर्गसंज्ञा और निपातसंज्ञा**	**गतिश्च** 1.4.59	क्रिया के योग में 'प्र' आदि की। ''**गतिसंज्ञा**'' और ''**उपसर्गसंज्ञा**'' ''**निपातसंज्ञा**'' भी होती है।	प्रणीतम् यहाँ 'प्र' की ''गति'' एवं ''उपसर्ग'' दोनों संज्ञायें हैं।
48.1	**गति और निपातसंज्ञा**	**ऊर्यादिच्विडाचश्च** 1.4.60	ऊर्यादि शब्द, च्व्यन्त, और डाजन्त शब्दों की क्रियायोग में ''**गति और निपात**'' संज्ञा होती है।	ऊरीकृत्य शुक्लीकृत्य पटपटाकृत्य
48.2	**गति और निपातसंज्ञा**	**अनुकरणं चानितिपरम्** 1.4.61	'इति' शब्द नही है जिससे परे, ऐसे अनुकरणवाची शब्द की क्रियायोग में ''**गति और निपात**'' संज्ञा होती है।	खाट्कृत्य
48.3	**गति और निपातसंज्ञा**	**आदरानादरयोः सदसती** 1.4.62	आदर और अनादर अर्थों में यथासंख्य 'सत्' तथा 'असत्' शब्दों की ''**गति और निपात**'' संज्ञा होती है।	सत्कृत्य असत्कृत्य
48.4	**गति और निपातसंज्ञा**	**भूषणेऽलम्** 1.4.63	भूषण अर्थ में 'अलम्' शब्द की क्रियायोग में ''**गति तथा निपात**'' संज्ञा होती है।	अलङ्कृत्य
48.5	**गति और निपातसंज्ञा**	**अन्तरपरिग्रहे** 1.4.64	'अपरिग्रह' अर्थ में 'अन्तर्' शब्द की ''**गति और निपात**'' संज्ञा होती है।	अन्तर्हत्य
48.6	**गति और निपातसंज्ञा**	**कणेमनसी श्रद्धाप्रतीघाते** 1.4.65	श्रद्धा के प्रतिघात अर्थ में 'कणे' और 'मनस्' शब्दों की क्रियायोग में ''**गति और निपात**'' संज्ञा होती है।	कणेहत्य मनोहत्य
48.7	**गति व निपातसंज्ञा**	**पुरोऽव्ययम्** 1.4.66	क्रियायोग में '**पुरस्**' अव्यय की ''**गति व निपात**'' संज्ञा होती है।	पुरस्कृत्य (आगे करके)
48.8	**गति तथा निपातसंज्ञा**	**अस्तञ्च** 1.4.67	क्रिया के योग में 'अस्तम्' अव्यय की ''**गति तथा निपात**'' संज्ञा होती है।	अस्तङ्गत्य (अस्त होकर)
48.9	**गति तथा निपातसंज्ञा**	**अच्छ गत्यर्थवदेषु** 1.4.68	गमनार्थक धातु तथा वद् धातु के योग में 'अच्छ' अव्यय की ''**गति तथा निपात**'' संज्ञा होती है।	अच्छगत्य (सामने आकर)
48.10	**गति तथा निपातसंज्ञा**	**अदोऽनुपदेशे** 1.4.69	किसी की कही हुई बात को 'उपदेश' तथा जो स्वयं सोचा जाय, उसे 'अनुपदेश' कहते हैं। 'अनुपदेश' विषय में 'अदः' शब्द क्रियायोग में ''**गति और निपात**'' संज्ञक होता है।	अदःकृत्य (स्वयं विचारकर)

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
48.11	गति तथा निपातसंज्ञा	**तिरोऽन्तर्धौ** 1.4.70	अन्तर्द्धि का अर्थ है–व्यवधान। व्यवधान अर्थ में 'तिरस्' शब्द की क्रियायोग में ''**गति और निपात**'' संज्ञा होती है।	तिरोभूय (छिपकर)
48.12	गति तथा निपातसंज्ञा	**विभाषा कृञि** 1.4.71	छिपने अर्थ में 'तिरः' शब्द की 'कृ' धातु के योग में विकल्प से ''**गतिसंज्ञा**'' और ''**निपातसंज्ञा**'' नित्य होती है।	तिरस्कृत्य तिरःकृत्य तिरःकृत्वा
48.13	गति तथा निपातसंज्ञा	**उपाजेऽन्वाजे** 1.4.72	'उपाजे' तथा 'अन्वाजे' शब्दों की 'कृ' धातु के योग में विकल्प से ''**गतिसंज्ञा**'' और ''**निपातसंज्ञा**'' नित्य होती है।	उपाजेकृत्य उपाजे कृत्वा (निर्बल की सहायता करके) अन्वाजेकृत्य, अन्वाजे कृत्वा (निर्बल की सहायता करके)
48.14	गतिसंज्ञा (विकल्प से) निपातसंज्ञा (नित्य)	**साक्षात्प्रभृतीनि च** 1.4.73	'साक्षात्' इत्यादि शब्दों की 'कृ' धातु के योग में विकल्प से ''**गतिसंज्ञा**'' और नित्य ''**निपातसंज्ञा**'' होती है।	साक्षात्कृत्य साक्षात् कृत्वा मिथ्याकृत्य मिथ्या कृत्वा
48.15	गतिसंज्ञा (विकल्प से) निपातसंज्ञा (नित्य)	**अनत्याधान उरसिमनसी** 1.4.74	उपश्लेषण को 'अत्याधान' कहते हैं। जहाँ चिपकाकर न रखना–यह अर्थ हो तो 'उरसि' तथा 'मनसि' शब्दों की 'कृ' धातु के योग में विकल्प से ''**गतिसंज्ञा**'' तथा नित्य ''**निपातसंज्ञा**'' होती है।	उरसिकृत्य उरसि कृत्वा मनसिकृत्य मनसि कृत्वा
48.16	गति और निपातसंज्ञा	**मध्ये पदे निवचने च** 1.4.75	मध्ये, पदे तथा निवचने शब्दों की 'कृ' धातु के योग में अनत्याधान विषय में ''**गति और निपातसंज्ञा**'' विकल्प से होती है।	मध्ये कृत्य मध्ये कृत्वा पदे कृत्य पदे कृत्वा निवचने कृत्य निवचने कृत्वा
48.17	गति और निपातसंज्ञा	**नित्यं हस्ते पाणावुपयमने** 1.4.76	'उपयमन' का अर्थ है–विवाह 'हस्ते' तथा 'पाणौ' शब्दों की विवाह के विषय में 'कृ' के योग में नित्य ''**गति और निपात संज्ञा**'' होती है।	हस्तेकृत्य पाणौकृत्य (विवाह करके)
48.18	गति तथा निपातसंज्ञा	**प्राध्वं बन्धने** 1.4.77	आनुकूल्य अर्थ में बन्धन के विषय में 'कृ' के योग में 'प्राध्वम्' की नित्य ''**गति तथा निपातसंज्ञा**'' होती है।	प्राध्वङ्कृत्य
48.19	गति तथा निपात संज्ञा	**जीविकोपनिषदावौपम्ये** 1.4.78	जीविका और उपनिषद् शब्दों की उपमा के विषय में 'कृ' के योग में नित्य ''**गति और निपातसंज्ञा**'' होती है।	जीविकाकृत्य (जीविका के समान करके) उपनिषत्कृत्य (रहस्य के समान करके)
49.1	कर्मप्रवचनीय	**कर्मप्रवचनीयाः** 1.4.82	● यह संज्ञासूत्र एवं अधिकारसूत्र दोनों	

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
			है। इस सूत्र से आगे जिनका कथन किया जायेगा, उनकी '**कर्मप्रवचनीय**' संज्ञा जाननी चाहिए। ● 'विभाषा कृञि' (1.4.97) इस सूत्र तक 'कर्मप्रवचनीयसंज्ञा' का अधिकार जानना चाहिए। ● कर्म अर्थात् क्रिया के द्वारा निरूपित सम्बन्ध विशेष को कहने के कारण इन्हें 'कर्मप्रवचनीय' कहा जाता है। ● ये उपसर्ग से भिन्न होते हैं, परन्तु उपसर्गों की तरह ये क्रिया से पूर्व आते हैं। ● उपसर्गों का स्वतन्त्र प्रयोग नहीं होता है, परन्तु कर्मप्रवचनीय का स्वतन्त्र प्रयोग होता है। इनके योग में द्वितीया आदि विभक्तियाँ होती हैं।	
49.2	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**अनुर्लक्षणे** 1.4.83	लक्षण अर्थ में 'अनु' निपात की '**कर्मप्रवचनीयसंज्ञा**' होती है।	जपम् अनु प्रावर्षत्।
49.3	**कर्मप्रवचनीय और निपातसंज्ञा**	**तृतीयार्थे** 1.4.84	तृतीया का अर्थ विवक्षित होने पर 'अनु' की ''**कर्मप्रवचनीय और निपात**'' संज्ञा होती है।	नदीमन्ववसिता सेना।
49.4	**कर्मप्रवचनीय और निपातसंज्ञा**	**हीने** 1.4.85	'हीन' अर्थ द्योतित होने पर 'अनु' शब्द की '**कर्मप्रवचनीय और निपात**' संज्ञा होती है।	(i) अनुशाकटायनं वैयाकरणाः। (ii) अनु हरिं सुराः।
49.5	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**उपोऽधिके च** 1.4.86	अधिक तथा न्यून अर्थों में 'उप' शब्द की ''**कर्मप्रवचनीय तथा निपात**'' संज्ञा होती है।	(i) उपशाकटायनं वैयाकरणाः (ii) उप सुरेषु हरिः
49.6	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**अपपरी वर्जने** 1.4.87	वर्जन अर्थ के विषय में 'अप' और 'परि' शब्दों की ''**कर्मप्रवचनीय तथा निपात संज्ञा**'' होती है।	(i) अप हरेः संसारः (ii) परि हरेः संसारः (हरि से बिना संसार)
49.7	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**आङ्मर्यादावचने** 1.4.88	'मर्यादा' और 'अभिविधि' अर्थों में 'आङ्' की ''कर्मप्रवचनीय तथा निपात'' संज्ञा होती है।	आ मुक्तेः संसारः (मर्यादा) आ सकलाद् ब्रह्म (अभिविधि)
49.8	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**लक्षणेत्थम्भूताख्यान-भागवीप्सासु प्रतिपर्यनवः** 1.4.89	लक्षण, इत्थम्भूताख्यान, भाग और वीप्सा अर्थों में प्रति, परि तथा अनु की ''**कर्मप्रवचनीय तथा निपात**'' संज्ञा होती है।	(i) लक्षण अर्थ में– वृक्षं प्रति परि अनु वा विद्योतते विद्युत् (ii) इत्थम्भूताख्यान अर्थ में– भक्तः विष्णुं प्रति परि अनु वा

क्र.	संज्ञा	संज्ञाविधायक सूत्र	सूत्रार्थ	उदाहरणम्
				(iii) भाग अर्थ में– लक्ष्मीः हरिं प्रति परि अनु वा (iv) 'वीप्सा' अर्थ में– वृक्षं वृक्षं प्रति परि अनु वा सिञ्चति।
49.9	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**अभिरभागे** 1.4.91	'भाग' अर्थ को छोड़कर लक्षणादि पूर्वोक्त अर्थों में 'अभि' की **''कर्मप्रवचनीय तथा निपात''** संज्ञा होती है।	(i) लक्षण-हरिम् अभिवर्तते। (ii) इत्थम्भूताख्यान-भक्तः **हरिम्** अभि (iii) वीप्सा-देवं देवम् अभिसिञ्चति
49.10	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**प्रतिः प्रतिनिधिप्रतिदानयोः** 1.4.92	प्रतिनिधि और प्रतिदान अर्थ में 'प्रति' शब्द की **''कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा''** होती है।	(i) प्रतिनिधि अर्थ में– प्रद्युम्नः कृष्णात् प्रति। (ii) प्रतिदान अर्थ में– तिलेभ्यः प्रतियच्छति माषान्
49.11	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**अधिपरी अनर्थकौ** 1.4.93	'अधि' तथा 'परि' शब्दों की अन्य अर्थ के द्योतक न होने पर **''कर्मप्रवचनीय तथा निपात''** संज्ञा होती है।	(i) कुतः अध्यागच्छति (ii) कुतः पर्यागच्छति।
49.12	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**सुः पूजायाम्** 1.4.94	'पूजा' अर्थ में 'सु' की **कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा** होती है।	सुसिक्तं भवता।
49.13	**कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञा**	**अतिरतिक्रमणे च** 1.4.95	'अतिक्रमण' अर्थात् उल्लंघन अर्थ और पूजा अर्थ में 'अति' की **''कर्मप्रवचनीय और निपात''** संज्ञा होती है।	अति देवान् कृष्णः।
पङ्कजकुमार शर्मा, सत्यप्रकाश साहू, सुमन सिंह, अम्बिकेश प्रताप सिंह, कविता सिंह, नीलम गुप्ता, नितीश उपाध्याय, स्नेहा पाण्डेय, महिमा यादव, कृष्णकुमार, राजेश तिवारी, श्यामकिशोर मिश्र, सन्तोष यादव 'साहब' आदि मित्रों के निरन्तर सहयोग व चिन्तन से ही यह कार्य पूर्णता को प्राप्त कर सका है। इस ग्रन्थ को लिखते समय पूरी सावधानी के साथ यह प्रयत्न किया गया है कि पाठकगण वैदिकवाङ्मय के महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं से अनायास परिचित हो सकें।

श्रीमान् अनन्त प्रसाद त्रिपाठी (गहनौआ, रीवा म.प्र.) एवं प्रो. ललितकुमार त्रिपाठी (प्रयागराज) के श्री चरणों में प्रणाम करते हुए ये आशा है कि यह ग्रन्थ निश्चित ही पाठकों की जिज्ञासा को पूर्णकर वेदों के प्रति उन्हें आकृष्ट करेगा।

विनयावनत

सर्वज्ञभूषण

❑❑

विषयसूची

❑❑

1. वेदों का रचनाकाल एवं ऋग्वेदीय संवादसूक्त

- वेदों का रचनाकाल निर्धारण वैदिक वाङ्मय की एक जटिल समस्या है। विभिन्न विद्वानों ने भाषा, रचनाशैली, धर्म एवं दर्शन, भूगर्भशास्त्र, ज्योतिष, उत्खनन में प्राप्त सामग्री, अभिलेख आदि के आधार पर वेदों का रचनाकाल निर्धारित करने का प्रयास किया है, किन्तु इनसे अभी तक कोई सर्वमान्य रचनाकाल निर्धारित नहीं हो सका है।
- भारतीय षड्दर्शन- पूर्वमीमांसा, उत्तरमीमांसा (वेदान्त), सांख्य-योग, न्याय-वैशेषिक एवं वेदभाष्यकारों ने वेद के अपौरुषेयत्व का कथन किया है। पूर्वमीमांसा वेद को नित्य एवं अनुत्पन्न मानती है।
- पाश्चात्त्य विद्वान् भारतीय परम्परागत 'वेद के अपौरुषेयत्व सिद्धान्त' को स्वीकार नहीं करते। उनका मानना है कि वेद आर्यों की रचना है, मानवकृत (पौरुषेय) हैं; अतएव अपौरुषेय नहीं है।

प्रो. मैक्समूलर का मत-

- प्रो. मैक्समूलर ने सन् 1859 ई. में स्वरचित ग्रन्थ **"A History of Ancient Sanskrit literature"** में वेदों के काल निर्णय का सर्वप्रथम प्रयास किया।
- मैक्समूलर के अनुसार सर्वप्राचीन ऋग्वेद की रचना 1200 ई. पू. (विक्रमपूर्व) में हुई होगी, क्योंकि विक्रम से लगभग 500 वर्ष पूर्व उदित हुआ बौद्ध धर्म वैदिक वाङ्मय की सत्ता को स्वीकार करता है।
- प्रो. मैक्समूलर ने समग्र वैदिककाल को चार विभागों में बाँटा है –

  1. छन्दकाल 2. मन्त्रकाल 3. ब्राह्मणकाल 4. सूत्रकाल इसमें प्रत्येक युग की विचार धारा के उदय तथा ग्रन्थ रचना के लिए उन्होंने 200 वर्षों का काल माना है।

1. सूत्रकाल -	600 ई. पू. से 200 ई. पू. तक
2. ब्राह्मणकाल-	800 ई. पू. से 600 विक्रमपूर्व (ई. पू.)
3. मन्त्रकाल -	1000 से 800 विक्रमपूर्व (ई. पू.)
4. छन्दकाल -	1200 से 1000 विक्रमपूर्व (ई. पू.)

- सन् 1890 ई. में प्रकाशित ''**Physical Religion**'' (भौतिक धर्म) नामक अपनी पुस्तक में प्रो. मैक्समूलर ने अपनी भूल स्वीकार करते हुए लिखा है कि- ''इस भूतल पर कोई भी ऐसी शक्ति नहीं है, जो कभी निश्चय कर सके कि वैदिक मन्त्रों की रचना 1000 या 1500 या 2000 या 3000 विक्रमपूर्व में की गयी हो।''

- परन्तु हम भारतीयों का दुर्भाग्य कि वेदों के काल निर्णय के विषय में मैक्समूलर के 1200 विक्रमपूर्व को ही हम सनातन सत्य मानते आ रहे हैं, परीक्षाओं में भी यह प्रश्न प्रमुखता से पूछा जा रहा है, जबकि इस मत के प्रणेता मैक्समूलर ने स्वयं इसे अपनी भूल मानते हुए, इस मत का खण्डन कर चुके हैं।

ए. वेबर का मत

- जर्मन विद्वान प्रो. ए. वेबर ने कहा है – ''वेदों का समय निश्चित नहीं किया जा सकता। वे उस तिथि के बने हुए हैं, जहाँ तक पहुँचने के लिए हमारे पास उपयुक्त साधन नहीं है। वर्तमान प्रमाण, हम लोगों को उस समय के उन्नत शिखर तक पहुँचाने में असमर्थ हैं।''
- प्रो. वेबर यह भी कहते हैं कि – ''वेदों के समय को कम से कम 1200 ई. पू. या 1500 ई. पू. के बाद का कथमपि स्वीकार नहीं किया जा सकता।''
- प्रो. वेबर ने अपनी पुस्तक ''History of Indian literature'' यहाँ तक लिख दिया कि – ''Any such of attempt of defining the relic antiquity is absolutely fruitless'' अर्थात् वेदों का काल निर्धारण के लिए प्रयत्न करना सर्वथा बेकार है।

डॉ. जैकोबी का मत

- जर्मन विद्वान डॉ. जैकोबी का वैदिक काल विषयक सिद्धान्त ज्योतिष की आधार शिला पर अवलम्बित है; जो बालगंगाधर तिलक के मत से मिलता-जुलता है।
- डॉ. जैकोबी ने कृत्तिका और बसन्तपात के आधार पर वेदमन्त्रों का रचनाकाल 4590 ई. पू. तथा ब्राह्मण ग्रन्थों का रचनाकाल 2500 ई. पू. के पश्चात् स्वीकार किया है।
- इसप्रकार संक्षेप में याकोबी के अनुसार 4500 ई. पू. से 3000 ई. पू. ऋग्वेद का रचनाकाल है तथा 3000 ई. पू. से. 2000 ई. पू. ब्राह्मणों का रचनाकाल है।

बालगंगाधर तिलक का मत

- लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने ऋग्वेद में उपलब्ध ज्योतिष विषयक साक्ष्यों के आधार पर वेदों का काल 4000 से 6000 विक्रमपूर्व स्वीकार किया है।
- तिलक जी ने वैदिक काल को चार विभागों में रखा है-

1. अदितिकाल - 6000 ई. पू. से 4000 विक्रम पूर्व तक
2. मृगशिरा काल - 4000 ई. पू. से. 2500 विक्रमपूर्व तक (ऋग्वेदसंहिता का मन्त्रकाल)
3. कृत्तिका काल - 2500 से 1400 ई. पू. विक्रमपूर्व तक (तैत्तिरीय संहिता व ब्राह्मणकाल)
4. अन्तिम काल - 1400 से 500 विक्रमपूर्व तक (सूत्रग्रन्थों का रचनाकाल)

- लोकमान्य तिलक जी ने **"Orion" (ओरायन)** के पश्चात् लिखे गये अपने ग्रन्थ "Arctic Home in the Vedas" में वेदकाल को 10000 (दस हजार) ई. पू. बतलाया। उन्होंने विज्ञान तथा ज्योतिष के आधार पर यह सिद्ध किया कि भारत में आने से पूर्व आर्य लोग उत्तरी ध्रुव में रहते थे, और वहाँ पर भी वे वैदिक धर्म को ही मानते थे।

एम. विण्टरनित्स का मत

- विण्टरनित्स ने ब्राह्मणग्रन्थों, पाणिनि व्याकरण की संस्कृत भाषा तथा अशोक के शिलालेखों की भाषा – इन सबका वैदिक भाषा से साम्य को ध्यान में रखते हुए, ऋग्वेद का काल जैकोबी तथा तिलक द्वारा निर्धारित तिथि (4500 से 6000 ई. पू.) के बीच में स्वीकार किया है।

भारतीय परम्परागत विचार

- भारतीय परम्परावादी विद्वानों के मतानुसार वेदों का काल निर्धारण करना मूर्खता ही नहीं बल्कि असम्भव है।
- भारतीय परम्परागत विद्वानों का विचार है कि – 'वेद नित्य हैं, और सृष्टि के प्रारम्भ से ही वेदों का आविर्भाव हुआ है, ऋग्वेद का पुरुष सूक्त वेदों की उत्पत्ति के लिए स्वयं प्रमाण हैं-

तस्मात् यज्ञात् सर्वहुतः ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्मात् यजुस्मादजायत॥

- भारतीय मत में जिस परमात्मा ने सृष्टि की उत्पत्ति की उसी ने सृष्टि के पूर्व वेदों की रचना की होगी, इसीलिए वेद अपौरुषेय हैं।
- भारतीय परम्परावादी विद्वानों का कहना है कि सृष्टिकर्ता विधाता ने सृष्ट्युत्पत्ति के पूर्व जिस विचारधारा की सर्वप्रथम कल्पना अपनी बुद्धि में की, वही आम्नाय या वेद हैं।
- ऋग्वेद का ही कथन है- "**तस्मादृचो पातक्षन् यजुस्तस्मादपाकयन्। सामानि यस्य लोमानि अथर्वाङ्गिरसो मुखम्॥**"
- आदि शङ्कराचार्य ने वेदों का सर्वज्ञानमयत्व मानते हुए कहते हैं- **महतः ऋग्वेदादेः शास्त्रस्य अनेकविद्यास्थानोपबृंहितस्य प्रदीपवत् सर्वार्थावद्योतिनः सर्वज्ञकल्पस्य योनिः...** अर्थात् ऋग्वेदादि महान् शास्त्र अनेक विद्यास्थानों से विकसित हुआ है, और यह प्रदीपवत् समस्त विषयों को प्रकाशित करता है। इसप्रकार के सर्वज्ञान सम्पन्न शास्त्र का उत्पत्ति स्थान ब्रह्म ही हो सकता है, क्योंकि सर्वज्ञ परब्रह्म परमात्मा के अतिरिक्त अन्य किसी से ऋग्वेदादि सर्वज्ञानसम्पन्न शास्त्र की उत्पत्ति नहीं हो सकती।
- "**ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।**" के अनुसार सर्वज्ञानमय पूर्णवेद की उत्पत्ति पूर्णब्रह्म से ही सम्भव है।

- भगवान् बादरायण व्यास ने भी ब्रह्मसूत्रस्थ **''विप्रतिषेधाच्च''** के द्वारा इसी मत को सूचित किया है।
- भगवान् जैमिनि ने पूर्वमीमांसादर्शन में **''नित्यस्तु स्याद् दर्शनस्य परार्थत्वात्''** इत्यादि छः सूत्रों द्वारा अनित्यवादी पक्षों के तर्कों का खण्डन करते हुए, वेदों का नित्यत्व प्रतिपादित करते हैं।
- उत्तरमीमांसा में महर्षि बादरायण व्यास जी ने **''शास्त्रयोनित्वात्''** इस सूत्र के द्वारा वेदों का उद्गम परब्रह्म से ही हुआ है। इस सिद्धान्त को स्थापित किया है।
- नैयायिकों का मानना है कि- ''सृष्टि के आदि में ईश्वर की निःश्वासवायु से वेदों की उत्पत्ति हुई-

''अनादिनिधना नित्या वागुत्सृष्टा स्वयम्भुवा।
आदौ वेदमयी दिव्या यतः सर्वा प्रवृत्तयः॥''

- इसप्रकार भारतीय परम्परावादी विद्वान् वेदों को नित्य स्वीकार करते हुए अपौरुषेय मानते हैं।

ऋग्वेद के संवाद सूक्त

1. पुरूरवा-उर्वशी संवाद सूक्त (ऋग्वेद 10/95)

मण्डल- 10, **सूक्त** - 95, **कुल मन्त्र** - 18		
ऋषि	-	पुरूरवा ऐळ और उर्वशी।
देवता	-	उर्वशी और पुरूरवा ऐळ।
छन्द	-	त्रिष्टुप्।
स्वर	-	धैवत।

पुरूरवा उर्वशी की कथा को समझने के लिए प्रारम्भ के ये छह श्लोक बृहद्देवता के आधार पर दिये जा रहे हैं।

पुरूरवसि राजवर्षावप्सरास्तूर्वशी पुरा।
न्यवसत्संविदं कृत्वा तस्मिन् धर्मं चचार च॥147॥

प्राचीनकाल में उर्वशी नाम की अप्सरा, पुरूरवा नाम के राजर्षि के साथ रही। नियमपूर्वक वह उसके साथ लोक-धर्म में प्रवृत्त हुई।

तया तस्य च संवासमसूयन् पाकशासनः।
पैतामहं चानुरागमिन्द्रवच्चापि तस्य तु॥148॥

इन्द्र ने उर्वशी के साथ पुरूरवा के सहवास तथा पुरूरवा पर इन्द्र तुल्य ब्रह्मा के प्रेम की ईर्ष्या करते हुए (अपने बगल में बैठे हुए) वज्र से कहा।)

स तयोस्तु तु वियोगार्थं पार्श्वस्थं वज्रमब्रवीत्।
प्रीतिं भिन्द्धि तयोर्वज्र मम चेदिच्छसि प्रियम् ॥149॥

(उस इन्द्र ने उन दोनों अर्थात् पुरूरवा और उर्वशी का वियोग कराने के लिए पार्श्वस्थ वज्र से कहा, हे वज्र! यदि मेरा प्रिय चाहो, तो उन दोनों का प्रेम तोड़ दो।

तथेत्युक्त्वा तयोः प्रीतिं वज्रोऽभिनत् स्वमायया।
ततस्तया विहीनस्तु चचारोन्मत्तवन्नृपः॥150॥

वज्र ने कहा – वैसा ही होगा (तथा) उसने अपनी माया से उनका प्रेम तोड़ दिया; तब उर्वशी से वियुक्त होकर पुरूरवा पागल की भाँति इधर-उधर घूमने लगा।

चरन् सरसि सोऽपश्यदभिरूपामिवोर्वशीम् ।
सखीभिरभिरूपाभिः पञ्चभिः पार्श्वतो वृताम् ॥151॥

इधर-उधर भटकते हुए उस पुरूरवा ने एक सरोवर में पाँच अपने समान रूपवती सखियों के साथ सुन्दरी उर्वशी को देखा।

तामाह पुनरेहीति दुःखात्सा त्वब्रवीन्नृपम् ।
अप्राप्याहं त्वयाद्येहस्वर्गे प्राप्स्यसि मां पुनः॥152॥

(पुरूरवा ने उससे कहा-पुनः मेरे पास आओ; परन्तु उस उर्वशी ने दुःख के साथ राजा को उत्तर दिया – अब मैं तुम्हारे लिए अप्राप्य हूँ। तुम मुझे पुनः स्वर्ग में प्राप्त करोगे।)

नोट – उपर्युक्त श्लोक क्रमाङ्क 147 से 152 तक; ऋग्वेद में उल्लिखित न होने के कारण कथाक्रम को ध्यान में रखते हुए, बृहद्देवता /7/147-152 (पुरूरवा-उर्वशी-वृत्तान्त) के आधार पर दिया गया है। ऋग्वेदस्थ मूल संवाद-सूक्त निम्नलिखित है।

हये जाये मनसा तिष्ठ घोरे वचांसि मिश्रा कृणवावहै नु।
न नौ मन्त्रा अनुदितास एते मयस्करन् परतरे चनाहन् ॥1॥

(पुरूरवा ने उर्वशी से कहा) – हे निर्दय नारी! तुम अपने मन को अनुरागी बनाओ। हम शीघ्र ही परस्पर वार्तालाप करें। यदि हम इस समय मौन रहेंगे तो आने वाले दिनों में सुखी नहीं होंगे।।1।।

किमेता वाचा कृणवा तवाहं प्राक्रमिषमुषसामग्रियेव।
पुरूरवः पुनरस्तं परेहि दुरापना वातइवाहमस्मि॥2॥

(उर्वशी ने उत्तर दिया) – हे पुरूरवा! वार्तालाप से कोई लाभ नहीं। मैं वायु के समान ही दुष्प्राप्य नारी हूँ। उषा के समान तुम्हारे पास से मैं चली जा रही हूँ। तुम अपने गृह को लौट जाओ।।2।।

इषुर्न श्रिय इषुधेरसना गोषाः शतसा न रंहिः।
अवीरे क्रतौ वि दविद्युतन्नोरा न मायुं चितयन्त धुनयः॥3॥

(पुरूरवा ने कहा)- हे उर्वशी! मैं तुम्हारे वियोग में इतना सन्तप्त हूँ कि, अपने तूणीर से बाण निकालने में भी असमर्थ हो रहा हूँ। इस कारण मैं युद्ध जीतकर असीमित गायों को नहीं ला सकता। मैं राजकार्यों से विमुख हो गया हूँ। अतः मेरे सैनिक भी कार्यहीन हो गए हैं।।3।।

सा वसु दधती श्वसुराय वय उषो यदि वष्ट्यन्तिगृहात् ।
अस्तं ननक्षे यस्मिञ्चाकन्दिवा नक्तं श्नथिता वैतसेन॥4॥

हे उषा! उर्वशी यदि श्वसुर को भोजन कराना चाहती तो निकटस्थ घर से पति के पास जाती और दिन रात स्वामी के पास रमणसुख भोगती।।4।।

त्रिः स्म माह्नः श्नथयो वैतसेनोत स्म मेऽव्यत्यै पृणासि।
पुरूरवोऽनु ते केतमायं राजा मे वीर तन्वस्तदासीः॥5॥

(उर्वशी ने कहा) – हे पुरूरवा! मुझे किसी सपत्नी से प्रतिस्पर्द्धा नहीं थी, क्योंकि मैं तुमसे हर प्रकार से सन्तुष्ट थी। जब से मैं तुम्हारे घर से आई तभी से तुमने सुखों का विधान किया।।5।।

या सुजूर्णिः श्रेणिः सुम्नआपिह्रेदेचक्षुर्न ग्रन्थिनी चरण्युः।
ता अञ्जयोऽरुणयो न सस्नुः श्रिये गावो न धेनवोऽनवन्त॥6॥

सुजूर्णि, श्रेणि, सुम्न आदि अप्सराएँ मलिन वेश में यहाँ आती थीं। गोष्ठ में जाती हुई गायें जैसे शब्द करती हैं, वैसे ही शब्द करने वाली वे महिलाएँ मेरे घर में नहीं आती थीं।।6।।

समस्मिञ्जायमान आसत ग्ना उतेमवर्धन्नद्यः स्वगूर्ताः।
महे यत्त्वा पुरूरवो रणायावर्धयन् दस्युहत्याय देवाः॥7॥

जब पुरूरवा उत्पन्न हुआ, तब सभी देवाङ्गनाएँ उसे देखने आयीं। नदियों ने भी उसकी प्रशंसा की। तब हे पुरूरवा! देवताओं ने घोर संग्राम में जाने तथा दस्यु के विनाश हेतु तुम्हारी स्तुति की।।7।।

सचा यदासु जहतीष्वत्कममानुषीषु मानुषो निषेवे।
अप स्म मत्तरसन्ती न भुज्युस्ता अत्रसन्रथस्पृशो नाश्वाः॥8॥

जब पुरूरवा मनुष्य होकर अप्सराओं की ओर गए, तब अप्सराएँ अन्तर्धान हो गई। वह उसी प्रकार वहाँ से चली गई, जैसे भयभीत हरिणी भागती है या रथ में योजित अश्व द्रुतगति से चले जाते हैं।।8।।

यदासु मर्तो अमृतासु निस्पृक्सं क्षोणीभिः क्रतुभिर्न पृङ्क्ते।
ता आतयो न तन्वः शुम्भत स्वा अश्वासो न क्रीळयो दन्दशानाः॥9॥

मनुष्य योनि को प्राप्त हुए पुरूरवा जब दिव्यलोकवासिनी अप्सराओं की ओर बढ़े, तो वे अप्सराएँ वैसे ही भाग गई, जैसा क्रीडाकारी अश्व भाग जाता है।।9।।

विद्युन्न या पतन्ती दविद्योद्भरन्ती मे अप्या काम्यानि।
जनिष्टो अपो नर्यः सुजातः प्रोर्वशी तिरत दीर्घमायुः॥10॥

जो उर्वशी अंतरिक्ष की विद्युत् के समान आभामयी है, उसने मेरी सभी अभिलाषाओं को पूर्ण किया था। वह उर्वशी अपने द्वारा उत्पन्न मेरे पुत्र को दीर्घजीवी करें।।10।।

जज्ञिष इत्था गोपीथ्याय हि दधाथ तत्पुरूरवो म ओजः।
अशासं त्वा विदुषी सस्मिन्नहन्न म आशृणोः किमभुग्वदासि॥11॥

(उर्वशी ने कहा) – हे पुरूरवा! तुमने पृथिवी की रक्षा के लिए पुत्र उत्पन्न किया है। मैं तुमसे अनेक बार कह चुकी हूँ, मैं तुम्हारे पास नहीं रहूँगी। तुम इस समय प्रजा-पालन के कार्य से विमुख होकर व्यर्थ-वार्तालाप क्यों करते हो?।।11।।

कदा सूनुः पितरं जात इच्छाच्चक्रन्नाश्रु वर्तयद्विजानन् ।
को दम्पती समनसा वि यूयोदध यदग्निः श्वशुरेषु दीदयत् ॥12॥

(पुरूरवा ने कहा) – हे उर्वशी! तुम्हारा पुत्र मेरे पास किस प्रकार रहेगा? वह मेरे पास आकर रोवेगा। पारस्परिक प्रेम के बन्धन को कौन सद्गृहस्थ तोड़ना स्वीकार करेगा? तुम्हारे श्वशुर के घर में श्रेष्ठ आलोक जगमगा उठा है।।12।।

प्रति ब्रवाणि वर्तयते अश्रु चक्रन्न क्रन्ददाध्ये शिवायै।
प्र तत्ते हिनवा यत्ते अस्मे परेह्यस्तं नहि मूर मापः॥13॥

(उर्वशी ने कहा) – हे पुरूरवा मेरा उत्तर सुनो। मेरा पुत्र तुम्हारे पास आकर नहीं रोयेगा। मैं सदैव उसकी मंगल-कामना करूँगी। तुम अब मुझे नहीं पा सकोगे। अतः अपने घर को लौट जाओं। मैं तुम्हारे पुत्र को तुम्हारे पास भेज दूँगी।।13।।

सुदेवो अद्य प्रपतेदनावृत्परावतं परमां गन्तवा उ।
अधा शयीत निर्ऋतेरुपस्थेऽधैनं वृका रभसासो अद्युः॥14॥

(पुरूरवा ने कहा) – हे उर्वशी! मैं तुम्हारा पति आज पृथिवी पर गिर पड़ा हूँ। वह (मैं) फिर कभी न उठ सका। वह दुर्गति के बन्धन में फँसकर मृत्यु को प्राप्त हो, और वृक (भेड़िया) आदि उसके शरीर का भक्षण करें।।14।।

पुरूरवो मा मृथा मा प्र पप्तो मा त्वा वृकासो अशिवास उ क्षन् ।
न वै स्त्रैणानि सख्यानि सन्ति सालावृकाणां हृदयान्येता॥15॥

(उर्वशी ने कहा) – हे पुरूरवा! तुम गिरो मत। तुम अपनी मृत्यु की इच्छा मत करो। तुम्हारे शरीर को वृक आदि भक्षण न करें। स्त्रियों का और वृकों का हृदय एक समान होता है, उनकी मित्रता कभी अटूट (स्थायी) नहीं रहती।।15।।

यद्विरूपाचरं मर्त्येष्ववसं रात्रीः शरदश्चतस्त्रः।
घृतस्य स्तोकं सकृदह्न आश्नां तादेवेदं तातृपाणा चरामि॥16॥

(उर्वशी ने कहा) – मैंने विविध रूप धारण करके मनुष्यों में विचरण किया। चार वर्षों तक मैं मनुष्यों में ही वास करती रही। नित्यप्रति एक बार घृतपान करती हुई घूमती रही।।16।।

अन्तरिक्षप्रां रजसो विमानीमुप शिक्षाम्युर्वशीं वशिष्ठः।
उप त्वा रातिः सुकृतस्य तिष्ठान्नि वर्तस्व हृदयं तप्यते मे॥17॥

(पुरूरवा ने कहा) – उर्वशी जल को प्रकट करने वाली तथा अंतरिक्ष को पूर्ण करने वाली है। वशिष्ठ ही उसे अपने वश में कर सके हैं। तुम्हारे पास उत्तमकर्मा पुरूरवा रहे (मैं रहूँ)। हे उर्वशी! मेरा हृदय जल रहा है, अतः लौट आओं।।17।।

इति त्वा देवा इम आहुरैळ यथेमेतद्भवसि मृत्युबन्धुः।
प्रजा ते देवान् हविषा यजाति स्वर्ग उ त्वमपि मादयासे॥18॥

(उर्वशी ने कहा) – हे पुरूरवा! सभी देवताओं का कथन है कि, तुम मृत्यु को जीतने वाले होओगे और हव्य द्वारा देवताओं का यज्ञ करोगे, फिर स्वर्ग में आनन्दपूर्वक वास करोगे।।18।।

2. यम-यमी संवाद सूक्त (ऋग्वेद 10/10)

मण्डल–10, **सूक्त –** 10, **कुल मन्त्र –** 14
ऋषि– यम वैवस्वत, यमी
देवता – यम वैवस्वत, यमी वैवस्वती **छन्द–** त्रिष्टुप्

ओ चित् सखायं सख्या ववृत्यां तिरः पुरू चिदर्णवं जगन्वान् ।
पितुर्नपातमा दधीत वेधा अधि क्षमि प्रतरं दीध्यानः॥1॥

(यमी अपने सहोदर भाई यम से कहती है) – विस्तृत समुद्र के मध्य द्वीप में आकर, इस निर्जन प्रदेश में मैं तुम्हारा सहवास (मिलन) चाहती हूँ, क्योंकि माता की गर्भावस्था से ही तुम मेरे साथी हो। विधाता ने मन ही मन समझा है कि तुम्हारे द्वारा मेरे गर्भ से जो पुत्र उत्पन्न होगा; वह हमारे पिता का एक श्रेष्ठ नाती होगा।

न ते सखा सख्यं वष्ट्येतत् सलक्ष्मा यद्विषुरूपा भवाति।
महस्पुत्रासो असुरस्य वीरा दिवो धर्तार उर्विया परिख्यन्॥2॥

(यम ने कहा) – यमी, तुम्हारा साथी यम, तुम्हारे साथ ऐसा सम्पर्क नहीं चाहता; क्योंकि तुम भी सहोदरा भगिनी हो, अतः अगन्तव्या हो। यह निर्जन प्रदेश नहीं है; क्योंकि द्युलोक को धारण करने वाले महान् बलशाली प्रजापति के पुत्रगण (देवताओं के चर) सब कुछ देखते हैं।

उशन्ति घा ते अमृतास एतदेकस्य चित्त्यजसं मर्त्यस्य।
नि ते मनो मनसि धाय्यस्मे जन्युः पतिस्तन्वमा विविश्याः॥3॥

(यमी ने कहा) – यद्यपि मनुष्य के लिए ऐसा संसर्ग निषिद्ध है, तो भी देवता लोग इच्छा पूर्वक ऐसा संसर्ग करते हैं। अतः मेरी इच्छानुकूल तुम भी करो। पुत्र-जन्मदाता पति के समान मेरे शरीर में बैठो (मेरा सम्भोग करो।)।

न यत्पुरा चकृमा कद्ध नूनमृता वदन्तो अनृतं रपेम।
गन्धर्वो अप्स्वप्या च योषा सा नो नाभिः परमं जामि तन्नौ॥4॥

(यम ने उत्तर दिया) – हमने ऐसा कर्म कभी नहीं किया। हम सत्यवक्ता हैं। कभी

मिथ्या कथन नहीं किया है। अन्तरिक्ष में स्थित गन्धर्व या जल के धारक आदित्य तथा अन्तरिक्ष में रहने वाली योषा (सूर्यस्त्री-सरण्यू) हमारे माता-पिता हैं। अतः, हम सहोदर बन्धु हैं। ऐसा सम्बन्ध उचित नहीं है।

गर्भे नु नौ जनिता दम्पती कर्देवस्त्वष्टा सविता विश्वरूपः।
नकिरस्य प्र मिनन्ति व्रतानि वेद नावस्य पृथ्वी उत द्यौः॥5॥

(यमी ने कहा) - रूपकर्ता, शुभाशुभ प्रेरक, सर्वात्मक, दिव्य और जनक प्रजापति ने तो हमें गर्भावस्था में ही दम्पति बना दिया। प्रजापति का कर्म कोई लुप्त नहीं कर सकता। हमारे इससे सम्बन्ध को द्यावा-पृथ्वी भी जानते हैं।

को अस्य वेद प्रथमस्याह्नः क ईं ददर्श क इह प्र वोचत् ।
बृहन्मित्रस्य वरुणस्य धाम कदु ब्रव आहनो वीच्या नृन् ॥6॥

(यमी ने पुनः कहा) - प्रथम दिन (संगमन) की बात कौन जानता है? किसने उसे देखा है? किसने उसका प्रकाश किया है? मित्र और वरुण का यह जो महान् धाम (अहोरात्र) है, उसके बारे में हे मोक्ष, बन्धनकर्ता यम! तुम क्या कहते हो?

यमस्य मा यम्यं काम आगन्त्समाने योनौ सहशेय्याय।
जायेव पत्ये तन्वं रिरिच्यां वि चिद् वृहेव रथ्येव चक्रा॥7॥

(यमी ने कहा) – जैसे एक शैया पर पत्नी, पति के साथ अपनी देह का उद्घाटन करती है, वैसे ही तुम्हारे पास मैं अपने शरीर को प्रकाशित कर देती हूँ। तुम मेरी अभिलाषा करो। आओ दोनों एक स्थान पर शयन करें। रथ के दोनों चक्कों के समान एक कार्य में प्रवृत्त हों।

न तिष्ठन्ति न नि मिषन्त्येते देवानां स्पश इह ये चरन्ति।
अन्येन मदाहनो याहि तूयं तेन वि वृह रथ्येव चक्रा॥8॥

(यम ने उत्तर दिया) – देवों में जो गुप्तचर हैं, वे रात-दिन विचरण करते हैं। उनकी आँखे कभी बन्द नहीं होती। दुःखदायिनी यमी! शीघ्र दूसरे के पास जाओ, और रथ के चक्कों के समान उसके साथ एक कार्य करो।

रात्रीभिरस्मा अहभिर्दशस्येत् सूर्यस्य चक्षुर्मुहुरुन्मिमीयात् ।
दिवा पृथिव्या मिथुना सबन्धू यमीर्यमस्य बिभृयादजामि॥9॥

(यम ने पुनः कहा) – दिन-रात में यम के लिए जो कल्पित भाग हैं, उसे यजमान दें। सूर्य का तेज यम के लिए उदित हो। परस्पर सम्बद्ध दिन, द्युलोक और भूलोक यम के बन्धु हैं। यमी, यम भ्राता के अतिरिक्त किसी अन्य पुरुष को धारण करें।

आ घा ता गच्छानुत्तरा युगानि यत्र जामयः कृणवन्नजामि।
उप बर्बृहि वृषभाय बाहुमन्यमिच्छस्व सुभगे पतिं मत्॥10॥

(यम ने पुनः कहा) – भविष्य में ऐसा युग आयेगा, जिसमें भगिनियाँ अपने बन्धुत्व विहीन भ्राता को पति बनावेंगी। सुन्दरी! मेरे अतिरिक्त किसी दूसरे को पति बनाओ।

वह वीर्य सिंचन करेगा; उस समय उसे बाहुओं में आलिङ्गन करना।

किं भ्रातासद्यदनाथं भवाति किमु स्वसा यन्निर्ऋतिर्निगच्छात्।
काममूता बह्वे तद्रपामि तन्वा मे तन्वं सं पिपृग्धि॥11।

(यमी ने कहा) – वह कैसा भ्राता है, जिसके रहते भगिनी अनाथा हो जाय, और भगिनी ही क्या है, जिसके रहते भ्राता का दुःख दूर न हो? मैं काम मूर्च्छिता होकर नाना प्रकार से बोल रही हूँ; यह विचार करके भली-भाँति मेरा सम्भोग करो।

न वा उ ते तन्वा तन्वं सं पपृच्यां पापमाहुर्यः स्वसारं निगच्छात् ।
अन्येन मत् प्रमुदः कल्पयस्व न ते भ्राता सुभगे वष्ट्येतत् ॥12॥

(यम ने उत्तर दिया) – हे यमी! मैं तुम्हारे शरीर से अपना शरीर मिलाना नहीं चाहता। जो भ्राता, भगिनी का सम्भोग करता है, उसे लोग पापी कहते हैं। सुन्दरी! मुझे छोड़कर अन्य के साथ आमोद-प्रमोद करो। तुम्हारा भ्राता तुम्हारे साथ मैथुन करना नहीं चाहता।

बतो बतासि यम नैव ते मनो हृदयं चाविदाम।
अन्या किल त्वां कक्ष्येव युक्तं परिष्वजाते लिबुजेव वृक्षम् ॥13॥

(यमी ने कहा) – हाय यम; तुम दुर्बल हो। तुम्हारे मन और हृदय को मैं कुछ नहीं समझ सकती। जैसे-रस्सी घोड़े को बाँधती है, तथा लता जैसे वृक्ष का आलिङ्गन करती है, वैसे ही अन्य स्त्री तुम्हें अनायास ही आलिङ्गन करती है; परन्तु तुम मुझे नहीं चाहते हो।

अन्यमूषु त्वं यम्यन्य उ त्वां परिष्वजाते लिबुजेव वृक्षम्।
तस्य वा त्वं मन इच्छा स वा तवाऽधा कृणुष्व संविदं सुभद्राम् ॥14॥

(यम ने यमी से कहा) – तुम भी अन्य पुरुष का ही भली-भाँति आलिङ्गन करो। जैसे-लता, वृक्ष का आलिङ्गन करती है, वैसे ही अन्य पुरुष तुम्हें आलिङ्गित करें। तुम उसी का मन हरण करो। अपने सहवास का प्रबन्ध उसी के साथ करो। इसी में मङ्गल होगा।

3. सरमा-पणि संवाद सूक्त (ऋग्वेद, 10/108)

मण्डल - 10	**सूक्त-**108	**कुल मन्त्र -** 11
ऋषि– पणि एवं सरमा	**देवता-** सरमा एवं पणि	
छन्द- त्रिष्टुप्	**स्वर-**धैवत	

किमिच्छन्ती सरमा प्रेदमानड् दूरे ह्यध्वा जगुरिः पराचैः।
कास्मेहितिः का परितक्म्यासीत्कथं रसाया अतरः पयांसि॥1॥

(सरमा क्या इच्छा करती हुई इस स्थान पर पहुँची है, क्योंकि मार्ग बहुत दूर उभरा हुआ तथा गमनागमन से रहित है। हममें तुम्हारा कौन-सा अभिप्रेत अर्थ निहित है?

तुम्हारी यात्रा कैसी थी? रसा (नदी) के जल को तुमने कैसे पार किया?)

इन्द्रस्य दूतीरिषिता चरामि मह इच्छन्ती पणयो निधीन्वः।

अतिष्कदो भियसा तन्न आवत्तथा रसाया अतरं पयांसि॥2॥

(हे पणियों! इन्द्र के द्वारा भेजी गई, मैं उसकी दूती हूँ। तुम लोगों के प्रभूत धन की इच्छा करती हुई घूम रही हूँ। मेरे कूदने के भय से उस रसा के जल ने मेरी सहायता की। इस प्रकार रसा के जल को मैंने पार किया।)

कीदृङ्ङिन्द्रः सरमे का दृशीका यस्येदं दूतीरसरः पराकात् ।

आ च गच्छान्मित्रमेना दधामाथा गवां गोपतिर्नो भवाति॥3॥

(हे सरमा! इन्द्र कैसा है? उसकी दृष्टि कैसी है? जिसकी दूती (तुम) दूर से यहाँ आई हो। अगर वह आवे, तो हम उसे मित्र बनावेंगे। तब वह हमारी गायों का संरक्षक (गोपति) होगा।)

नाहं तं वेद दभ्यं दभत्स यस्येदं दूतीरसरं पराकात्।

न तं गूहन्ति स्त्रवतो गभीरा हता इन्द्रेण पणयः शयध्वे॥4॥

(सरमा ने कहा) – मैं उसको कष्ट पहुँचाया जाने वाला नहीं समझती हूँ, अपितु वह (शत्रुओं को) कष्ट देता है। जिसकी मैं दूती बनकर दूर से यहाँ आई हूँ। बहती हुई गहरे जल वाली नदियाँ उसको छिपा नहीं सकतीं। हे पणियों! इन्द्र द्वारा मारे जाकर तुम लोग (पृथ्वी पर) पड़ जाओगे।

इमा गावः सरमे या ऐच्छः परि दिवो अन्तान्त्सुभगे पतन्ती।

कस्त एना अव सृजादयुध्व्युतास्माकमायुधा सन्ति तिग्मा॥5॥

(पणियों ने कहा) – हे सरमा! आकाश की छोर तक चारों तरफ घूमती हुई इन गायों को, जिनकी तुमने इच्छा की है। हे सौभाग्यवती! तुममें से कौन मुक्त कर सकता है? और हमारे शस्त्र भी अत्यन्त तीक्ष्ण हैं।

असेन्या वः पणयो वचांस्यनिषव्यास्तन्वः सन्तु पापीः।

अधृष्टो व एतवा अस्तु पन्था बृहस्पतिर्व उभया न मृळात्॥6॥

(सरमा ने पूछा) – हे पणियों! तुम्हारे वचन शस्त्र के आघात से सुरक्षित हैं, तथा पापी शरीर बाणों के निशाने से बचने वाले हो सकते हैं। तुम्हारे पास पहुँचने के लिए मार्ग भी अगम्य हो सकता है, किन्तु किसी भी प्रकार से बृहस्पति दया नहीं करेंगे।

अयं निधिः सरमे अद्रिबुध्नो गोभिरश्वेभिर्वसुभिर्न्यृष्टः।

रक्षन्ति तं पणयो ये सुगोपा रेकु पदमलकमा जगन्थ॥7॥

(पणियों ने कहा) – हे सरमा! गायों, अश्वों तथा रत्नों से भरा हुआ यह खजाना पर्वतों से ढका हुआ है। कुशल रक्षक पणि, इसकी रक्षा करते हैं। तुम व्यर्थ में इस खाली स्थान पर आई हो।

एह गमन्नृषयः सोमशिता अयास्यो अङ्गिरसो नवग्वाः।
त एतमूर्वं वि भजन्त गोनामथैतद्वचः पणयो वमन्नित्॥8॥

(सरमा ने कहा) – सोमपान से उत्तेजित, अयास्य, अङ्गिरस, नवग्वा आदि ऋषि यहाँ पर आयेंगे। वे गायों के इस विशाल समूह को बाँट लेंगे। तब पणियों को अपने इस वचन को उगलना पड़ेगा।

एवा च त्वं सरम आजगन्थ प्रबाधिता सहसा दैव्येन।
स्वसारं त्वा कृणवै मा पुनर्गा अप ते गवां सुभगे भजाम॥9॥

(पणियों के कहा) – हे सरमा! इस प्रकार यदि तुम देवताओं की शक्ति से पीड़ित की गई हो, तो हम तुम्हें बहन बनाते हैं। फिर मत जाओं। हे सौभाग्यवती! हम तुम्हें गायों का अलग हिस्सा देंगे।

नाहं वेद भ्रातृत्वं नो स्वसृत्वमिन्द्रो विदुरङ्गिरसश्च घोराः।
गोकामा मे अच्छदयन्यदायमपात इत पणयो वरीयः॥10॥

(सरमा ने कहा) - मैं न तो भ्रातृत्व को जानती हूँ न स्वसृत्व को, इन्द्र तथा भयानक अङ्गिरस इसको जानते हैं। जब मैं आई (तत्व) वे गायों की इच्छा करने वाले मालूम पड़े। अतः हे पणियों किसी विस्तृत स्थान पर चले जाओ

दूरमित पणयो वरीय उद्
गावो यन्तु मिनतीर्ऋतेन।
बृहस्पतिर्या अविन्दन्निगूळहाः
सोमो ग्रावाण ऋषयश्च विप्राः॥11॥

(सरमा ने कहा) – हे पणियों! किसी विस्तृत स्थान पर चले जाओ। छिपी हुई गायें, चट्टानों के आवरण को तोड़ती हुई सत्य नियम के अनुकूल बाहर निकलें, जिनको बृहस्पति ने ढूँढ़ निकाला है तथा जिनका, सोम ने, पत्थरों ने तथा बुद्धिमान् ऋषियों ने (पता लगाया है।)।

4. विश्वामित्र–नदी संवाद (ऋग्वेद 3/33)

मण्डल–3 **सूक्त-**33 **कुल मन्त्र-**13 **ऋषि-**विश्वामित्र
देवता-नदियाँ विपाट् शुतुद्री। **छन्द-**पंक्ति, त्रिष्टुप्

प्र पर्वतानामुशती उपस्थादश्वेइव विषिते हासमाने।
गावेव शुभ्रे मातरा रिहाणे विपाट्छुतुद्री पयसा जवेते॥1॥

पर्वतों की गोद से निकलकर समुद्र की ओर जाने की इच्छा करती हुई (परस्पर) स्पर्द्धा से दौड़ती हुई, खुले बाग वाली दो घोड़ियों की तरह (बछड़े) को चाटती हुई दो सफेद माता गायों की तरह विपाट् और शुतुद्री (अपने) प्रवाह से तेजी से बह रही हैं।

इन्द्रेषिते प्रसवं भिक्षमाणे अच्छा समुद्रं रथ्येव याथः।
समाराणे ऊर्मिभिः पिन्वमाने अन्या वामन्यामप्येति शुभ्रे॥2॥

इन्द्र द्वारा भेजी गई, बहने के लिए प्रार्थना करती हुई, दो रथियों की तरह समुद्र की ओर जा रही हो। हे शुभ्रे! एक साथ जाती हुई, लहरों से उमड़ती हुई, तुममें से प्रत्येक एक दूसरे की ओर जा रही हो।

अच्छा सिन्धुं मातृतमामयासं विपाशमुर्वी सुभगामगन्म।
वत्समिव मातरासंरिहाणे समानं योनिमनु सञ्चरन्ती॥3॥

श्रेष्ठ नदी माता (शुतुद्री) के पास आया हूँ। चौड़ी तथा सुन्दर विपाट् के पास आया हूँ। बछड़े को चाटती हुई दो माताओं की तरह, एक ही स्थान (समुद्र) को लक्ष्य करके बहती हुई (शुतुद्री और विपाट्) के पास आया हूँ।

एना वयं पयसा पिन्वमाना अनुयोनिं देवकृतं चरन्तीः।
न वर्तवे प्रसवः सर्गतक्तः किंयुर्विप्रो नद्यो जोहवीति॥4॥

ऐसी हम लोग अपनी धारा से उमड़ रही हैं तथा देव (इन्द्र) द्वारा निर्मित स्थान पर चल रही हैं। स्वाभाविक रूप से प्रवाहित हम लोगों की गति रुकने के लिए नहीं है। किस इच्छा से ऋषि (विश्वामित्र) नदियों की बार-बार स्तुति कर रहा है।

रमध्वं मे वचसे सोम्याय ऋतावरीरुप मुहूर्तमेवैः।
प्र सिन्धुमच्छा बृहती मनीषावस्युरह्वे कुशिकस्य सूनुः॥5॥

हे पवित्र जलवाली (नदियों)! सोमाप्लावित मेरे वचनों के प्रति अपनी यात्रा से क्षणभर के लिए रुक जाओ। अपनी सहायता का इच्छुक, कुशिकपुत्र मैंने ऊँची स्थिति से नदी (शुतुद्री) का आह्वाहन किया है।

इन्द्रो अस्माँ अरदद्वज्रबाहुरपाहन्वृत्रं परिधिं नदीनाम्।
देवोऽनयत्सविता सुपाणिस्तस्य वयं प्रसवे याम उर्वीः॥6॥

वज्रधारी इन्द्र ने हमें खोदकर बाहर किया। उसने नदियों को घेरने वाले वृत्र को मारा। सुन्दर हाथों वाले सवितृ देव ने हम लोगों को लाया। हम जितनी चौड़ी हैं, उसकी आज्ञा में निरन्तर बहती हैं।

प्रवाच्यं शश्वधा वीर्यं तद् इन्द्रस्य कर्म यदहिं विवृश्चत्।
वि वज्रेण परिषदो जघानायन्नापोऽयनमिच्छमानाः॥7॥

इन्द्र का वह पराक्रमयुक्त कार्य, जो उसने अहि को मारा, अवश्य कहने योग्य है। उसने वज्र से (जल के) प्रतिबन्धकों को काट डाला। जल अपना मार्ग खोजता हुआ प्रवाहित हुआ।

एतद्वचो जरितर्मापि मृष्ठा आ यत्ते घोषानुत्तरा युगानि।
उक्थेषु कारो प्रति नो जुषस्व मा नो नि कः पुरुषत्रा नमस्ते॥8॥

हे स्तुतिगायक! इस वचन को कभी भी मत भूलो, ताकि भावियुगों के लोग तुम्हारे इस वचन को सुन सकें। हे कवि! अपनी स्तुतियों में हमारा आदर रखो। हम लोगों को मनुष्यकोटि में नीचा मत लावो। (हमारा) तुम्हें नमस्कार है।

ओ षु स्वसारः कारवे शृणोत ययौ वो दूरादनसा रथेन।

नि षू नमध्वं भवता सुपारा अधोअक्षाः सिन्धवः स्त्रोत्याभिः॥9॥

हे सुन्दर बहनों! (मुझ) कवि की बात सुनों, (क्योंकि मैं) तुम्हारे पास बहुत दूर से गाड़ी तथा रथ से आया हूँ। अच्छी तरह झुक जाओ। हे नदियों अपनी जलधारा से अक्ष के नीचे होकर (बहती हुई) आसानी से पार करने योग्य हो जाओ।

आ ते कारो शृणवामा वचांसि ययाथ दूरादनसा रथेन।

नि ते नंसै पीप्यानेव योषा मर्यायेव कन्या शश्वचै ते॥10॥

हे कवि! हम तुम्हारी बातें सुनती हैं, (क्योंकि तुम) बहुत दूर से गाड़ी तथा रथ से साथ आये हो। तुम्हारे लिये मैं नीचे झुकती हूँ, जैसे दूध से भरे स्तन वाली औरत (अपने पुत्र के लिए) तथा जैसे युवती अपने प्रेमी का आलिङ्गन करने के लिए (झुकती है)।

यदङ्ग त्वा भरताः संतरेयुर्गव्यन्ग्राम इषित इन्द्रजूतः।

अर्षादह प्रसवः सर्गतक्त आ वो वृणे सुमतिं यज्ञियानाम्॥11॥

(हे नदियों) चूँकि (तुम्हारी अनुमति मिल गई है, इसलिये) भरतवंशी (हम लोग) तुम्हें पार करें, पार जाने की इच्छा वाला (तुम्हारे द्वारा) अनुज्ञात एवं इन्द्र द्वारा भेजा गया (भरतवंशियों का) झुंड (पार करें) (तुम्हारा) प्रवाह अपनी स्वाभाविक गति में प्रवाहित होता हुआ बहे। मैं पवित्र नदियों का समर्थन चाहता हूँ।

अतारिषुर्भरता गव्यवः समभक्त विप्रः सुमतिं नदीनाम्।

प्र पिन्वध्वमिषयन्तीः सुराधा आ वक्षणाः पृणध्वं यात शीभम् ॥12॥

पार जाने की इच्छावाले भरतवंशियों ने पार कर लिया। ब्राह्मण ने नदियों का समर्थन प्राप्त कर लिया। सुन्दर धनवाली (तुम लोग) धन लाती हुई अपनी जगह पर प्रवाहित होओ; भर जाओ; शीघ्रता से बहो।

उद्व ऊर्मिः शम्या हन्त्वापो योक्त्राणि मुञ्चत।

मादुष्कृतौ व्येनसाघ्न्यौ शूनमारताम्॥13॥

तुम्हारी धारा जुवा की कील के नीचे से बहे। जल रस्सी को छोड़ दे। दृष्कृतों से रहित, पापरहित तथा तिरस्कार न करने योग्य (ये नदियाँ) वृद्धि न प्राप्त करें।

❑❑

2. ऋग्वेद

ऋग्वेद संहिता का परिचय

- वैदिक साहित्य का सबसे प्राचीन व प्रथम ग्रन्थ का नाम ऋग्वेद है। इसका कारण यह है कि यह सभी वेदों में अभ्यर्हित (पूजित) है। ऋग्वेद शब्द में ऋच् या ऋक् का अर्थ है- स्तुतिपरक मन्त्र, **'ऋच्यते स्तूयतेऽनया इति ऋक्।'** जिन मन्त्रों के द्वारा देवों की स्तुति की जाती है,उन्हें **ऋक् या ऋचा** कहते हैं। ऋग्वेद में विभिन्न देवों की स्तुति वाले मन्त्र हैं, अतः इसे ऋग्वेद कहते हैं। भाषा, शैली, व्याकरण एवं मन्त्रों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि यह किसी एक समय की रचना नहीं, किन्तु विभिन्न काल में विभिन्न ऋषियों द्वारा हुई रचनाओं का संग्रह-ग्रन्थ है। ऐसी ऋचाओं के संग्रह के कारण इसे **ऋग्वेद-संहिता** भी कहते हैं। यहाँ पर 'संहिता' शब्द का प्रयोग संकलन या संग्रह अर्थ में होता है।
- **ऋग्वेद का महत्त्व-**ऋग्वेद को चारों वेदों में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण, अक्षुण्ण तथा आदरणीय माना जाता है। परिमाण की दृष्टि से भी यह चारों वेदों में विशालकाय ग्रन्थ है। इसमें अधिकांश देव इन्द्र, अग्नि, सोम, विष्णु, मरुत् आदि प्राकृतिक तत्वों के प्रतिनिधि हैं।
- ऋग्वेद के **आचार्य पैल** हैं जो व्यास के शिष्य थे।
- **ऋत्विक् -** चारों वेदों के अनुसार यज्ञ में चार ऋत्विक् (ऋत्विज्) होते हैं- होता, अध्वर्यु, उद्गाता और ब्रह्मा। ऋग्वेद का ऋत्विक् **'होता'** माना जाता है।
- ऋग्वेद में **होता, ऋत्विक्** या ऋचाओं का पाठ करता है। अतएव ऋग्वेद को **होतृवेद** भी कहा जाता है।

ऋग्वेद के अपरनाम

1. दशतयी
2. होतृवेद

ऋग्वेद का द्विधा विभाजन

- अष्टकक्रम
  - अष्टक (8)
  - अध्याय (64)
  - वर्ग (2024)
- मण्डलक्रम
  - मण्डल (10)
  - अनुवाक (85)
  - सूक्त (1017+11=1028)

- आयुर्वेद को ऋग्वेद का उपवेद भी कहा जाता है।
- ऋग्वेद की उत्पत्ति **अग्नि** से बतायी गयी है।
- ऋग्वेद वाक्तत्त्व का संकलन है।

ऋग्वेद का विभाजन

- ऋग्वेद में ऋचाओं का दो प्रकार से विभाजन है – 1. अष्टकक्रम 2. मण्डलक्रम
- प्रत्येक अष्टक में 8 अध्याय होते हैं, इसप्रकार ऋग्वेद में कुल 64 अध्याय हैं।
- प्रत्येक अध्याय के अवान्तर विभागों का नाम 'वर्ग'है।
- वर्गों में ऋचाओं की संख्या निश्चित नहीं है, किन्तु लगभग पाँच ऋचाओं का एक वर्ग होता है। किन्तु एक मन्त्र से लेकर नव मन्त्रों तक के भी वर्ग मिलते हैं।
- ऋग्वेद में समस्त वर्गों की संख्या 2024 है।
- मण्डलक्रम के अनुसार सम्पूर्ण ऋग्वेद दस मण्डलों में विभक्त है। अतः इसे **'दशतयी'** नाम से भी जाना जाता है।
- प्रत्येक मण्डल में अनुवाक, सूक्त और मन्त्र हैं।
- ऋग्वेद के दश मण्डलों में 85 अनुवाक हैं ।
- ऋग्वेद में कुल सूक्तों की संख्या 1028 है, जिसमें 11 बालखिल्य सूक्त माने जाते हैं।
- मन्त्रों की संख्या 10580-1/4 है। कहीं कहीं मन्त्रों की संख्या 10552 भी मानी गयी है।

अष्टक के अनुसार ऋग्वेद

अष्टक	-	8
अध्याय	-	64
वर्ग	-	2024
मन्त्र	-	10552

मण्डलक्रमानुसार ऋग्वेद का विभाजन

मण्डल	अनुवाक	सूक्तसंख्या	मन्त्रसंख्या	ऋषि नाम
प्रथम	24	191	2006	मधुच्छन्दा, मेधातिथि, दीर्घतमा
द्वितीय	4	43	429	गृत्समद
तृतीय	5	62	617	विश्वामित्र
चतुर्थ	5	58	589	वामदेव
पञ्चम	6	87	727	अत्रि
षष्ठ	6	75	765	भरद्वाज
सप्तम	6	104	841	वशिष्ठ
अष्टम	10	92+11 बालखिल्य सूक्त	1716	कण्व, भृगु,अंगिरस
नवम	7	114	1108	सोम, पवमान
दशम	12	191	1754	त्रित, विमद, श्रद्धा, कामायनी
योग	85	1028	10552	

➢ **ऋग्वेद में छन्दोवर्णन- 'यदक्षरपरिमाणं तच्छन्दः'** अर्थात् जिसमें वर्णों या अक्षरों की संख्या निर्धारित हो, उसे छन्द कहते है। आचार्य पिङ्गल को छन्दशास्त्र का प्रणेता कहा जाता है, ऋग्वेद में मुख्यरूपेण सात छन्दों का प्रयोग हुआ है -

छन्द	अक्षर
गायत्री	24
उष्णिक्	28
अनुष्टुप्	32
बृहती	36
पंक्ति	40
त्रिष्टुप्	44
जगती	48

''गा उ अ बृ पं त्रि ज'' यह प्रत्येक छन्द का प्रथम अक्षर है। प्रत्येक छन्द में अक्षरों की संख्या 4-4 बढ़ती जाएगी। जैसे - गायत्री में 24 तो उष्णिक् में 28, अनुष्टुप् में 32 आदि।

ऋग्वेद की शाखायें-

➢ पतञ्जलि के अनुसार, **'एकविंशतिधा बाह्वृच्यम्'** अर्थात् महाभाष्य में ऋग्वेद की 21 शाखाओं का उल्लेख है।

➢ 'चरणव्यूह' के अनुसार वर्तमान में ऋग्वेद की 5 शाखायें प्राप्त हैं-

शाखायें

1. शाकल 2. बाष्कल 3. आश्वलायन 4. शांखायन 5. माण्डूकायन

➢ वर्तमान समय में ऋग्वेद की केवल शाकल शाखा प्राप्त होती है।

ऋग्वेदीय ब्राह्मण-

➢ ऋग्वेद से सम्बद्ध दो ब्राह्मण ग्रन्थ हैं-
1. ऐतरेय ब्राह्मण 2. कौषीतकि (शांखायन) ब्राह्मण

➢ ऐतरेय ब्राह्मण में 40 अध्याय हैं।

➢ प्रत्येक पाँच अध्यायों की एक पञ्चिका और प्रत्येक अध्यायों में कण्डिकाएं हैं, जिसे खण्ड भी कहते हैं। 8 पञ्चिकाएँ और 285 खण्ड हैं।

➢ कौषीतकि ब्राह्मण शांखायन शाखा का ब्राह्मण है, इसलिए इसे 'शांखायन ब्राह्मण' भी कहते हैं।

➢ कौषीतकि ब्राह्मण में 30 अध्याय एवं 226 खण्ड हैं।

➢ प्रत्येक अध्याय में पाँच से लेकर सत्रह तक खण्ड हैं, कुल खण्डों की संख्या 226 है।

ऋग्वेदीय आरण्यक-

- ऋग्वेद से सम्बद्ध दो आरण्यक ग्रन्थ हैं-

  1. ऐतरेय आरण्यक 2. शांखायन आरण्यक
- ऐतरेय आरण्यक में 5 भाग हैं। इन भागों को आरण्यक या प्रपाठक कहते हैं।
- शांखायन आरण्यक में 15 अध्याय हैं।

उपनिषद् -

- ऋग्वेद के दो उपनिषद् प्राप्त होते हैं-

  1. ऐतरेय उपनिषद् 2. कौषीतकि उपनिषद्
- ऐतरेय आरण्यक के द्वितीय अध्याय के चतुर्थ खण्ड से लेकर षष्ठ खण्ड तक का नाम 'ऐतरेय उपनिषद्' है।
- ऐतरेय उपनिषद् में तीन अध्याय हैं।
- कौषीतकि उपनिषद् में चार अध्याय हैं।

कल्पसूत्र-

- जिन ग्रन्थों में यज्ञ-सम्बन्धी विधियों का समर्थन या प्रतिपादन किया जाता है, उन्हें **'कल्प'** कहते हैं। इसके चार भेद हैं-

  1. श्रौतसूत्र 2. गृह्यसूत्र 3. धर्मसूत्र 4. शुल्बसूत्र

ऋग्वेद के दो श्रौतसूत्र हैं-

आश्वलायन (12 अध्याय)

शांखायन (18 अध्याय)

ऋग्वेदीय तीन गृह्यसूत्र प्राप्त होते हैं-

आश्वलायन गृह्यसूत्र (4 अध्याय)

शांखायन गृह्यसूत्र (6 अध्याय)

कौषीतकि गृह्यसूत्र (5 अध्याय)

- एकमात्र ऋग्वेदीय धर्मसूत्र है- वासिष्ठ (वसिष्ठ) धर्मसूत्र, इसमें 4 अध्याय हैं।
- ऋग्वेद का कोई शुल्बसूत्र नहीं प्राप्त होता है।

प्रातिशाख्य-

- 'ऋक्-प्रातिशाख्य' ऋग्वेद का एकमात्र उपलब्ध प्रातिशाख्य है।
- इसके रचयिता शौनक हैं।
- ऋग्वेद प्रातिशाख्य तीन अध्यायों में विभक्त है, प्रत्येक अध्याय में 6पटल हैं, कुल 18 पटल हैं।

ऋग्वेदीय शिक्षा

ऋग्वेद के दो शिक्षा ग्रन्थ

पाणिनीय शिक्षा　　　　वसिष्ठ शिक्षा

ऋग्वेद का वर्ण्य-विषय

- 'यास्क' के अनुसार-ऋग्वेद की विषय वस्तु

  1. धर्म निरपेक्ष　　2. धार्मिक　　3. दार्शनिक सूक्त

- डॉ. विण्टरनित्स के अनुसार-

  1. काव्यात्मक गीत　　2. यज्ञीय स्तुति　　3. दार्शनिक सूक्त

  4. संवाद सूक्त　　5. धर्मनिरपेक्ष सूक्त　　6. ऐन्द्रजालिक यन्त्र

  इसप्रकार ऋग्वेद प्राचीन भारतीय साहित्य का महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है।

- विभिन्न देवों के स्तुतिपरक मन्त्रों का संकलन ऋग्वेद में किया गया है। इस दृष्टि से ऋग्वेद का प्रतिपाद्य देवस्तुति है।
- ऋग्वेद के सम्पूर्ण विषयवस्तु को अनेक विद्वानों ने कई रूपों में विभाजित किया है, कुछ विद्वानों ने प्रतिपाद्य की दृष्टि से ऋग्वेद के सूक्तों को चार श्रेणियों में विभाजित किया है-

  1. धार्मिक सूक्त　2. दार्शनिक सूक्त　3. लौकिक सूक्त　4. संवाद सूक्त

धार्मिक सूक्त

- ऋग्वेद का अधिकांश भाग धार्मिक सूक्तों की श्रेणी में आता है।
- धार्मिक सूक्तों में विभिन्न देवों को सम्बोधित करते हुए उनकी स्तुति की गई है-

  इन्द्र सूक्त (1/32)　　विष्णु सूक्त (1/154)

  अग्नि सूक्त (1/1)　　सवितृ सूक्त (1/35)

  वरुण सूक्त (1/25)　　पर्जन्य सूक्त (5/83)

  उषा सूक्त (1/48)　　उषस् सूक्त (4/51)

  मरुत् सूक्त (1/85)　　अश्विनौ सूक्त (7/71)

- इसके अतिरिक्त अन्य सूक्त भी ऋग्वेद के धार्मिक सूक्तों के अन्तर्गत प्राप्त होते हैं।

दार्शनिक सूक्त-

- ऋग्वेद के लगभग 12 सूक्त ऐसे हैं, जिनमें उच्चकोटि के दार्शनिक विचारों के बीज मिलते हैं।
- दार्शनिक सूक्त अपेक्षाकृत अर्वाचीन दशम मण्डल में उपलब्ध होते हैं।
- दशम मण्डल मे आये हुये नासदीय सूक्त, हिरण्यगर्भ सूक्त, पुरुष सूक्त तथा वाक् सूक्त का दार्शनिक दृष्टिकोण से विशेष महत्त्व है।

(i) पुरुष सूक्त — 10/90
(ii) हिरण्यगर्भ सूक्त — 10/121
(iii) वाक् सूक्त — 10/125
(iv) नासदीय सूक्त — 10/129

➢ इनमें 'नासदीय', 'पुरुष' तथा 'हिरण्यगर्भ सूक्त' **सृष्टि उत्पत्ति सूक्त** माने जाते हैं।

कुछ अन्य महत्त्वपूर्ण सूक्त

दानस्तुति सूक्त (10/107,117)
संज्ञान सूक्त (10/191)
श्रद्धा सूक्त (10/151)
अस्यवामीय सूक्त (1/164)
मण्डूक सूक्त (7/103)
ज्ञान सूक्त (10/71)

लौकिक सूक्त

➢ जो सूक्त लौकिक जीवन तथा दैनन्दिन व्यवहार से सम्बद्ध विषयों का रोचक वर्णन करते हैं उन सूक्तों को 'लौकिक सूक्त' की संज्ञा प्रदान की गई है।

➢ लौकिक सूक्त भी अधिकांशतया दशम मण्डल में ही हैं।

1. विवाह सूक्त (10/85)
2. अक्षसूक्त (10/34)
3. सपत्नघ्न सूक्त (10/166)
4. ओषधिसूक्त (10/97)
5. आवर्तन सूक्त (10/97)

संवाद सूक्त

➢ ऋग्वेद में कुछ ऐसे सूक्त हैं जिनमें प्राचीनतम कथा-साहित्य की प्रधानता है, उन्हें संवाद सूक्त का नाम दिया गया है।

➢ डॉ. ओल्डेनवर्ग ने संवाद सूक्तों को 'आख्यान सूक्त' कहा है।

➢ डॉ. सिल्वाँ लेवी, वॉन श्रोदर तथा हर्टल का मत है कि ये संवाद सूक्त नाटक के अवशिष्ट अंश हैं।

➢ ये सूक्त संख्या में लगभग 20 माने गये हैं, जिनमें अधिकांशतः दशम मण्डल में उपलब्ध होते हैं-

➢ मुख्य संवाद सूक्त

1. पुरुरवा उर्वशी संवाद (10.95)
2. यम-यमी संवाद (10.10)
3. सरमा-पणि संवाद (10.108)
4. इन्द्र मरुत् संवाद (1/165)
5. अगस्त्य लोपामुद्रा संवाद (1/179)
6. विश्वामित्र नदी संवाद (3/33)

ऋग्वेद के देवता

➢ 'तिस्र एव देवताः' अर्थात् यास्क ने निरुक्त में तीन प्रकार के देवताओं का वर्णन किया

है, जो हैं-

1. पृथिवीस्थानीय (अग्नि, बृहस्पति, सोम आदि)
2. अन्तरिक्ष स्थानीय (इन्द्र, रुद्र आदि)
3. द्युस्थानीय (सूर्य, विष्णु आदि)

मन्त्र-द्रष्टा ऋषिकाएँ

- ऋग्वेद में लगभग 24 मन्त्र द्रष्टा ऋषिकाओं का उल्लेख है।
- ऋग्वेद में इन 24 ऋषिकाओं द्वारा दृष्ट मन्त्र 224 हैं।

ऋग्वेद में 24 ऋषिकायें		
1. सूर्य सावित्री	2. घोषा काक्षीवती	3. सिकता निवावरी
4. इन्द्राणी	5. यमी वैवस्वती	6. दक्षिणा प्राजापत्या
7. अदिति	8. वाक् आम्भृणी	9. अपाला आत्रेयी
10. विश्ववारा आत्रेयी	11. अगस्त्यस्वसा	12. जुहू ब्रह्मजाया
13. उर्वशी	14. सरमा देवशुनी	15. शिखण्डिन्यौ अप्सरसौ
16. पैलोमी शची	17. देवजामयः	18. श्रद्धा कामायनी
19. नदी	20. सार्पराज्ञी	21. गोधा
22. शश्वती आंगिरसी	23. वसुक्रपत्नी	24. रोमशा ब्रह्मवादिनी

ऋग्वेद का रचना विन्यासक्रम

- ऋग्वेद को पौरुषेय मानने वाले, भारतीय एवं पाश्चात्त्य विद्वानों के अनुसार ऋग्वेद के विभिन्न मण्डलों की रचना में शताब्दियों का अन्तर रहा है।
- ऋग्वेद का सबसे प्राचीन अंश द्वितीय से सप्तम मण्डल तक माना जाता है।
- 2 से 7 तक के मण्डल को 'वंश मण्डल ' अथवा 'परिवार मण्डल' कहते हैं।
- 8 वें मण्डल में अधिकांश सूक्त कण्व-परिवार के हैं।
- 9 वें मण्डल में समस्त मन्त्र सोम विषयक हैं। इसे 'पवमान सोम-मण्डल' भी कहा जाता है।
- ऋग्वेद का दशम मण्डल अर्वाचीन है।
- दशम मण्डल में देवताओं की स्तुति से सम्बद्ध सूक्त अपेक्षाकृत बहुत कम हैं।

ऋग्वेद के भाष्यकर्ता

- ऋग्वेद संहिता के भाष्यकर्ताओं में स्कन्दस्वामी, आनन्दतीर्थ, वेङ्कटमाधव, सायण आदि प्रमुख हैं।

1.स्कन्दस्वामी- ऋग्वेद का सबसे प्राचीन भाष्य स्कन्दस्वामी का ही उपलब्ध है।

- स्कन्दस्वामी ने 600-625 के मध्य ऋग्वेद पर भाष्य लिखा।
- स्कन्दस्वामी का भाष्य ऋग्वेद के प्रथम पाँच अष्टक तक प्राप्त होता है।

2. नारायण तथा उद्गीथ- ऋग्वेद के मध्यभाग पर नारायण एवं अन्तिम भाग पर उद्गीथ ने भाष्य लिखा है।

- उद्गीथ ने अपने भाष्य में प्रत्येक अध्याय के अन्त में अपना परिचय दिया है। 'वनवासीविनिर्गताचार्यस्य उद्गीथस्य कृता ऋग्वेदभाष्ये.....'

3. वेङ्कटमाधव- इनका समय 1050 से 1150 ई. के मध्य माना जाता है। इन्होंने प्रथम अध्याय के अन्त में अपना परिचय दिया है।

4. धानुष्क यज्वा-

- इन्हें 'त्रिवेदी भाष्यकार' कहा गया है।
- ये वैष्णव आचार्य थे। इनका समय लगभग 1300 विक्रम पूर्व माना जाता है।

5. आनन्दतीर्थ - इनका समय 1255 से 1335 विक्रम संवत् तक माना जाता है।

- इनका अपरनाम 'मध्व' है।
- इन्होंने ऋग्वेद के कुछ प्रमुख 40 सूक्तों पर पद्यात्मक भाष्य लिखा।

6. आत्मानन्द- आत्मानन्द ऋग्वेद के 'अस्यवामीय सूक्त' पर भाष्य लिखा है।

- इनका भाष्य 'अध्यात्म-परक' है।

7. सायण-

- सायण का समय 1315-1387 ई. तक (72 वर्ष तक जीवित रहे)
- वेदों के भाष्यकर्त्ताओं में आचार्य सायण का नाम विशेष उल्लेखनीय है।
- उन्होंने अपने बड़े भाई माधव के आदेशानुसार वेदभाष्य किया।
- सायण ने अपने भाई के नाम पर भाष्य का नाम **'माधवीय वेदार्थप्रकाश'** रखा।
- सायण ने **'ऋग्वेद-भाष्य-भूमिका'** नामक ग्रन्थ भी लिखा।

ऋग्वेद के पाश्चात्त्य विद्वान् एवं अनुवादक-

1. **फ्रीड्रिश रोजेन** (Friedrich Rosen)- इन्होंने ऋग्वेद के केवल प्रथम अष्टक मूलपाठ लैटिन अनुवाद के साथ 1838 ई. में प्रकाशित किया।
2. **मैक्समूलर** इन्होंने सायण-भाष्य-सहित ऋग्वेद का सम्पादन किया। इनका समय 1849 से लेकर 1875 ई. तक है।
3. **थियोडोर आउफ्रेख्त-** इन्होंने रोमनलिपि में ऋग्वेद संहिता 1861-63 ई. में प्रकाशित की।
4. **विल्सन-विल्सन** ने सर्वप्रथम पूरे ऋग्वेद का अंग्रेजी में अनुवाद 1850 ई. में प्रकाशित किया।
5. **लुडविग -** इन्होंने सम्पूर्ण ऋग्वेद का छः भागों में जर्मन भाषा में अनुवाद किया।
6. **प्रो. ग्रिफिथ-** इन्होंने सम्पूर्ण ऋग्वेद का अंग्रेजी में पद्यानुवाद किया।
7. **प्रो. ओल्डेनबर्ग -** इन्होंने सम्पूर्ण ऋग्वेद का भाष्य जर्मन भाषा में दो भागों में प्रकाशित किया।
8. **लांग्ल्वा-** इन्होंने सम्पूर्ण ऋग्वेद का चार भागों में फ्रेंच भाषा में अनुवाद प्रकाशित किया।

ऋग्वेद के महत्त्वपूर्ण मन्त्र

1. **ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्, बाहू राजन्यः कृतः।**
   अर्थ- इनका मुख ब्राह्मण हुआ, दोनों बाहुओं से क्षत्रिय बनाया गया, दोनों उरुओं (जघनों) से वैश्य हुआ और पैरों से शूद्र उत्पन्न हुआ।
2. **सहस्राक्षेण शतशारदेन शतायुषा हविषा हार्षमेनम् ।** (ऋग्वेद 10.161.3)
   शतं यथेनं शरदो नयातीन्द्रो विश्वस्य दुरितस्य पारम् ॥
   अर्थ- मैंने जो आहुति दी है, उसके एक सहस्र नेत्र सौ वर्ष की परमायु और आयु देते हैं।
3. **अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम् ।**
   होतारं रत्नधातमम् ॥ (ऋ. 1.1.1)
   अर्थ- यज्ञ के पुरोहित, दीप्तिमान्, देवों को बुलाने वाले ऋत्विक् और रत्नधारी अग्नि की मैं स्तुति करता हूँ।
4. **तस्मात् यज्ञात् सर्वहुतः ऋचः सामानि जज्ञिरे।**
   छन्दांसि जज्ञिरे तस्मात् यजुस्तस्मादजायत ॥ (ऋ. 10.9.9)
   अर्थ- सर्वात्मक पुरुष के होम से युक्त उस यज्ञ से ऋक् और साम उत्पन्न हुए। उससे गायत्री आदि छन्द उत्पन्न हुए और उसी से यजुः की भी उत्पत्ति हुई।
5. **य आत्मदा बलदा...यस्यच्छायाऽमृतं मृत्युः।** (ऋ. 10.121.2)
   अर्थ- जिन प्रजापति ने जीवात्मा को प्राण दिया है, बल दिया है, जिनकी आज्ञा सारे देवता मानते हैं, जिनकी छाया अमृत-रूपिणी है और जिनके वश में मृत्यु है, उन 'क' नामवाले प्रजापति की स्तुति करता हूँ।
6. **अहं राष्ट्री संगमनी वसूनाम्-** (ऋ. 10.125.3)
   अर्थ- मैं राज्य की अधीश्वरी हूँ और धन देने वाली हूँ।
7. **हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् ।** (ऋ. 10.121.1)
   अर्थ- सबसे पहले केवल परमात्मा या हिरण्यगर्भ थे। उत्पन्न होने पर वे सारे प्राणियों के अद्वितीय अधीश्वर थे।
8. **न वै स्त्रैणानि सख्यानि सन्ति।**
   अर्थ- स्त्रियों का प्रेम व मैत्री स्थायी नहीं होती ।
9. **पुरुष एवेदं सर्वं यद् भूतं, यच्च भव्यम् ।** (ऋ. 10.90.2)
   अर्थ- जो कुछ हुआ है और जो कुछ होने वाला है, सो सब ईश्वर (पुरुष) ही है।
10. **सहस्रशीर्षापुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।** (ऋ. 10.90.1)
    अर्थ- विराट् पुरुष (ईश्वर) सहस्र (अनन्त) शिरों, अनन्त चक्षुओं और अनन्त चरणों वाले हैं।
11. **ऋचां त्वः पोषमास्ते पुपुष्वान्।** (ऋ. 10.71.11)
    अर्थ- एक जन अनेक ऋचाओं का स्तव करते हुए, यज्ञानुष्ठान में सहायता करते हैं।

12. **सं गच्छध्वं सं वदध्वं,सं वो मनांसि जानताम्।** (10.191.2)

अर्थ- स्तोताओं, तुम मिलित होओ, एक साथ होकर स्तोत्र पढ़ो और तुम लोगों का मन एक सा हो।

13. **समानी व आकूतिः, समाना हृदयानि वः।**

अर्थ- पुरोहितों की स्तुति एक सी हो,इनका आगमन एक साथ हो, और इनके मन तथा चित्त एक समान हों।

14. **द्यावा चिदस्मै पृथिवी नमेते।** (ऋ. 2.12.13)

अर्थ- इन्द्र के लिये द्युलोक और पृथिवी लोक भी प्रणाम करने के लिये स्वयं झुक जाते हैं।

15. **पापमाहुर्यः स्वसारं निगच्छात्।** (ऋग् -10.10.12)

अर्थ- जो भ्राता भगिनी का सम्भोग करता है, उसे लोग पापी कहते हैं।

16. **बृहस्पतिर्या अविन्दन् निगूढाः सोमो ग्रावाण ऋषयश्च विप्राः।** (ऋग् - 10.108.11)

अर्थ- बृहस्पति, सोम, सोमाभिषव कर्त्ता पत्थर, ऋषि और मेधावी लोग इस गुप्त स्थान में स्थित गायों की बात जान गये हैं।

ऋग्वेद संहिता-एक दृष्टि में

आचार्य	-	पैल
ऋत्विक्	-	होता
उपवेद	-	आयुर्वेद
अपरनाम	-	दशतयी, होतृवेद
विभाजन	-	1. अष्टकक्रम 2. मण्डलक्रम
अष्टक	-	8
मण्डल	-	10
अध्याय	-	64
वर्ग	-	2024
मन्त्र	-	10580-1/4 (10552)
अनुवाक	-	85
सूक्त	-	1028 (11 बालखिल्य सूक्त)
उत्पत्ति देवता	-	अग्नि
शाखा	-	1. शाकल 2. बाष्कल 3. आश्वलायन 4. शांखायन 5. माण्डूकायन
ब्राह्मण	-	* ऐतरेय ब्राह्मण * कौषीतकि (शांखायन) ब्राह्मण
आरण्यक	-	* ऐतरेय आरण्यक * शांखायन आरण्यक
उपनिषद्	-	* ऐतरेय * कौषीतकि

श्रौतसूत्र - 1. आश्वलायन श्रौतसूत्र 2. शांखायन श्रौतसूत्र
गृह्यसूत्र - 1.आश्वलायन 2. शांखायन 3. कौषीतकि (शाम्बव्य)
धर्मसूत्र - 1.वसिष्ठ (वासिष्ठ) 2. विष्णु धर्मसूत्र
शुल्बसूत्र - उपलब्ध नहीं
शिक्षा - 1. पाणिनीय शिक्षा 2. वसिष्ठ शिक्षा
प्रातिशाख्य - ऋक्-प्रातिशाख्य
भाष्यकार - स्कन्दस्वामी, नारायण, उद्‌गीथ , माधवभट्ट, वेङ्कटमाधव, धानुष्क यज्वा, आनन्दतीर्थ, आत्मानन्द, सायण।

वेद	भाष्यकार	भाष्य	सन् (वर्ष)
ऋग्वेद			
	स्कन्दस्वामी	प्रथम पाँच अष्टक पर	625 ई.
	नारायण	षष्ठ तथा सप्तम अष्टक पर	
	उद्‌गीथ	अष्टम अष्टक पर	
	वेङ्कटमाधव	सम्पूर्ण ऋग्वेद पर	1030-1150
	आनन्दतीर्थ	ऋग्वेद प्रथम 40 सूक्तों पर	**1198-1278 ई.**
	आत्मानन्द	अस्यवामीय सूक्त पर भाष्य	1100 ई.
	सायणाचार्य	'वेदार्थप्रकाश' नामक भाष्य	1315-1387 ई. (11वीं शती)
यजुर्वेद (शुक्लयजुर्वेद)			
	उव्वट (उवट)	शुक्लयजुर्वेदीय उव्वट भाष्य	11वीं शती
	महीधर	वेददीप (वाजसनेयि संहिता)	16वीं शती
	हलायुध	काण्व संहिता पर ब्राह्मणसर्वस्व	12वीं शती ई.
	सायण	काण्वसंहिता पर	
	अनन्ताचार्य	काण्वसंहिता के उत्तरार्ध पर	16वीं शती ई.
	आनन्दबोध		
	भट्टोपाध्याय	काण्वसंहिता पर	
	शौनक	माध्यान्दिनसंहिता 31वें अध्याय पर	
कृष्ण यजुर्वेद			
	कुण्डिन	तैत्तिरीय संहिता की वृत्ति	
	भवस्वामी	तैत्तिरीय संहिता भवस्वाम्यादिभाष्य	विक्रम से 800ई.पू

वेद	भाष्यकार	भाष्य	सन् (वर्ष)
	गुहदेव	तैत्तिरीय संहिता	8-9वीं वि.शती
	क्षुर	तैत्तिरीय संहिता	
	भट्टभास्कर मिश्र	ज्ञानयज्ञ तैत्तिरीय संहिता	11वीं शती ई.
	सायण	तैत्तिरीय संहिता	
सामवेद			
	माधव	विवरण (सामवेद संहिता)	600 ई. लगभग
	गुणविष्णु	छान्दोग्य-मन्त्रभाष्य	12वीं शती ई. उत्तरार्ध
	भरत स्वामी	सम्पूर्ण सामवेद पर	13-14वीं शती ई.
	भास्कर मिश्र	आर्षेय ब्राह्मण पर	
	सायण	सामवेदीय ब्राह्मणों पर	
अथर्ववेद			
	सायण	सम्पूर्ण अथर्ववेद पर	

चारों वेदों की शाखायें

शाकल, बाष्कल, माध्यन्दिन (वाजसनेयि), काण्व, तैत्तिरीय, मैत्रायणीय, कठ, कपिष्ठल, कौथुम, राणायनीय, जैमिनीय, शौनक, पैप्पलाद आदि

वैदिक वाङ्मय-एक दृष्टि में

वेद

ऋग्वेद | यजुर्वेद | सामवेद | अथर्ववेद

वेद	आचार्य
ऋग्वेद	पैल
यजुर्वेद	वैशम्पायन
सामवेद	जैमिनि
अथर्ववेद	सुमन्तु

वेद	देवता
ऋग्वेद	अग्नि
यजुर्वेद	वायु
सामवेद	आदित्य (सूर्य)
अथर्ववेद	सोम

वेद	ऋत्विक्
ऋग्वेद	होता
यजुर्वेद	अध्वर्यु
सामवेद	उद्गाता
अथर्ववेद	ब्रह्मा

वेद	उपवेद
ऋग्वेद	आयुर्वेद
यजुर्वेद	धनुर्वेद
सामवेद	गान्धर्ववेद
अथर्ववेद	सर्पवेद आदि

वेद	**–**	**शाखा**
ऋग्वेद	-	शाकल, बाष्कल
यजुर्वेद	-	माध्यन्दिन (वाजसनेयि),
	-	काण्व, तैत्तिरीय, मैत्रायणीय, कठ, कपिष्ठल
सामवेद	-	कौथुम, राणायनीय, जैमिनीय
अथर्ववेद	-	शौनक, पैप्पलाद

वेद	**-**	**ब्राह्मण**
ऋग्वेद	-	ऐतरेय, कौषीतकि (शांखायन)
* शुक्लयजुर्वेद	-	शतपथ ब्राह्मण
* कृष्णयजुर्वेद	-	तैत्तिरीय ब्राह्मण
सामवेद	-	तांड्य (पंचविंश), षड्विंश, सामविधान, आर्षेय देवताध्याय, उपनिषद्, (मन्त्रब्राह्मण), संहितोपनिषद् वंश ब्राह्मण
अथर्ववेद	-	गोपथ ब्राह्मण

वेद	**-**	**आरण्यक**
ऋग्वेद	-	ऐतरेय, शांखायन (कौषीतकि)
* शुक्लयजुर्वेद	-	बृहदारण्यक
* कृष्णयजुर्वेद	-	तैत्तिरीय
सामवेद	-	कोई आरण्यक प्राप्त नहीं होता
अथर्ववेद	-	कोई आरण्यक उपलब्ध नहीं

वेद	**-**	**उपनिषद्**
ऋग्वेद	-	ऐतरेय, शांखायन (कौषीतकि)
यजुर्वेद		
* शुक्लयजुर्वेद	-	ईशोपनिषद् , बृहदारण्यकोपनिषद् ,
* कृष्णयजुर्वेद	-	तैत्तिरीय, कठ, श्वेताश्वतर, मैत्रायणी, महानारायण
सामवेद	-	छान्दोग्य, केनोपनिषद्
अथर्ववेद	-	प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य

वेद	**-**	**शिक्षाग्रन्थ**
ऋग्वेद	-	पाणिनीय शिक्षा, स्वराङ्कुशा, षोडशश्लोकी, शैशिरीय, आपिशलि शिक्षा

यजुर्वेद		
* शुक्लयजुर्वेद	-	याज्ञवल्क्यशिक्षा, वासिष्ठी शिक्षा, कात्यायनी पाराशरी, माध्यन्दिनी शिक्षा आदि।
* कृष्णयजुर्वेद	-	भारद्वाज शिक्षा, व्यास शिक्षा, शम्भु शिक्षा, कौहलीय, सर्वसम्मत, आरण्य, सिद्धान्त शिक्षा आदि।
सामवेद	-	गौतमी शिक्षा, लोमशी शिक्षा, नारदीय शिक्षा।
अथर्ववेद	-	माण्डूकी शिक्षा।

वेद	**–**	**श्रौतसूत्र**
ऋग्वेद	-	शांखायन, आश्वलायन श्रौतसूत्र
यजुर्वेद	-	* शुक्लयजुर्वेद का कात्यायन श्रौतसूत्र * कृष्णयजुर्वेद का बौधायन, वाधूल, मानक, भारद्वाज, आपस्तम्ब, काठक, सत्याषाढ (हिरण्यकेशी), वैखानस, वाराह श्रौतसूत्र
सामवेद	-	आर्षेय, कल्प या मशक, लाट्यायन,द्राह्यायण, जैमिनीय
अथर्ववेद	-	वैतान श्रौतसूत्र

वेद	**–**	**गृह्यसूत्र**
ऋग्वेद	-	आश्वलायन, शांखायन, कौषीतकि
यजुर्वेद	-	* शुक्लयजुर्वेद पारस्कर गृह्यसूत्र, बौधायन, मानव, भारद्वाज, आपस्तम्ब, काठक, अग्निवेश्य, हिरण्यकेशि, वाराह, वैखानस
सामवेद	-	गोभिल, खादिर, द्राह्यायण, जैमिनीय, कौथुम
अथर्ववेद		कौशिक गृह्यसूत्र

वेद	**-**	**धर्मसूत्र**
ऋग्वेद	-	वासिष्ठ धर्मसूत्र
यजुर्वेद	-	बौधायन, वैखानस, आपस्तम्ब, विष्णु, हारीत, हिरण्यकेशी, शंख
सामवेद	-	गौतम धर्मसूत्र
अथर्ववद	-	कोई धर्मसूत्र प्राप्त नहीं है

वेद	**-**	**शुल्बसूत्र**
ऋग्वेद	-	कोई शुल्बसूत्र प्राप्त नहीं होता।
* शुक्लयजुर्वेद	-	कात्यायन शुल्बसूत्र
* कृष्णयजुर्वेद	-	बौधायन, आपस्तम्ब, मानव शुल्बसूत्र
सामवेद	-	कोई शुल्बसूत्र प्राप्त नहीं है।
अथर्ववेद	-	कोई शुल्बसूत्र प्राप्त नहीं है।

पाश्चात्त्य अनुवादक / सम्पादक

वैदिकवाङ्मय	अनुवादक	भाषा	सन् (वर्ष)
ऋग्वेद	विल्सन	अंग्रेजी	1850
	हेरमान ग्रासमान	जर्मन	1876-77
	अल्फ्रेड लुडविग	जर्मन	1876-88
	प्रो. ग्रिफिथ	अंग्रेजी (पद्यमय)	1889-92
	प्रो. ओल्डेनबर्ग	जर्मन	1909-12
	लांग्ल्वा	फ्रेंच	1848-51
ऐतरेयब्राह्मण	प्रो. हाग	अंग्रेजी	1993
	आउफ्रेक्ट	रोमन अक्षर	1879
कौषीतकि ब्राह्मण	प्रो. लिन्डनर	-	1887
	डॉ. कीथ	अंग्रेजी	1930
शुक्लयजुर्वेद	वेबर	देवनागरी	1849-52
वाजसनेयि/माध्यान्दिनसंहिता	प्रो. ग्रिफिथ	अंग्रेजी (पद्य)	1899
शतपथ ब्राह्मण	वेबर	-	1855
	कैलेंड	अंग्रेजी	1926
	ईग्लिंग	अंग्रेजी	-
तैत्तिरीय संहिता	वेबर	रोमन अक्षर	1871-72
मैत्रायणी संहिता	श्रेडर	-	1881-86
काठक संहिता	श्रेडर	-	1910
राणायनीय शाखा	स्टेवेन्सन	अंग्रेजी	1843
कौथुम शाखा	बेन्फे	जर्मन	1848
जैमिनीय शाखा	कैलेन्ड	रोमन अक्षर	1907
सामवेद	ग्रिफिथ	अंग्रेजी (पद्य)	1891-99
अद्भुत ब्राह्मण	वेबर	जर्मन	1858
अथर्ववेद	ग्रिफिथ	अंग्रेजी (पद्य)	1895-98
	ह्विटनी और लानमान	अंग्रेजी	1905
पैप्पलाद संहिता	ब्लूमफील्ड	अंग्रेजी	1901

❑❑

3. यजुर्वेद

- विश्ववाङ्मय का सबसे प्राचीन ग्रन्थ वेद है,वेदों की संख्या चार है- ऋग्वेद,यजुर्वेद, सामवेद,अथर्ववेद। वेद शब्द ज्ञानार्थक **विद् धातु** से **घञ् प्रत्यय** के योग से निष्पन्न होता है जिसका अर्थ है – 'ज्ञान'। अतः वेद शब्द का अर्थ है- **'ज्ञान की राशि'** या **'ज्ञान का संग्रह ग्रन्थ'**। संस्कृत व्याकरण के अनुसार वेद शब्द चार धातुओं से विभिन्न अर्थों में बनता है-

  सत्तायां विद्यते ज्ञाने, वेत्ति विन्ते विचारणे ।
  विन्दति विन्दते प्राप्तौ, श्यन्लुक्श्नम्शेष्विदं क्रमात्॥

- अर्थात् विद् सत्तायाम्, विद् ज्ञाने,विद् विचारणे, विद्लृँ लाभे इन चार अर्थों में विद् धातु का प्रयोग होता है यहाँ पर विद् ज्ञाने धातु का ग्रहण किया गया है।
- आचार्य विष्णुमित्र ऋक्प्रातिशाख्य में इन्हीं (उपर्युक्त) अर्थो को समन्वित करते हुए कहते हैं- **'विद्यन्ते ज्ञायन्ते लभ्यन्ते एभिर्धर्मादि-पुरुषार्था इति वेदाः।'** अर्थात् वेद शब्द का भावार्थ है 'जिन ग्रन्थों के द्वारा धर्म,अर्थ,काम,और मोक्ष रूपी पुरुषार्थ चतुष्टय का बोध हो।
- आचार्य सायण तैत्तिरीय संहिता की भाष्य भूमिका में वेद की व्याख्या करते हुए कहते हैं- **''इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारयोरलौकिकम् उपायं यो ग्रन्थो वेदयति, स वेदः।''**
- यजुर्वेद कर्मकाण्ड प्रधान ग्रन्थ है जिसका संकलन अध्वर्यु नामक ऋत्विक् के उपयोग के लिए होता था। यजुष् शब्द **यज् धातु से उसि प्रत्यय** के योग से सम्पन्न होता है जिसका अर्थ है– यज्ञ के साधक मन्त्र। यजुष् गद्य पद्यात्मक हैं इसीलिए इसे **'अनियताक्षरावसानम्'** कहा गया है,अर्थात् जिसमें पद्यों के समान अक्षरों की संख्या निश्चित नहीं होती है।
- विद्वानों के द्वारा यजुर्वेद के यजुष् शब्द की अनेक व्याख्याएँ प्रस्तुत की गई जो विभिन्न दृष्टिकोण के सूचक हैं यजुष् के कुछ मुख्य अर्थ इसप्रकार हैं-
- आचार्य यास्क निरुक्त के सातवें अध्याय में यजुष् की व्याख्या करते हुए कहते हैं- **'यजुर्यजतेः'** अर्थात् यज्ञ से सम्बद्ध मन्त्रों को यजुष् कहते हैं।
  'शेषे यजुः शब्दः' अर्थात् पद्यबन्ध और गीति से रहित मन्त्रात्मक रचना को यजुष् कहते हैं।

- तैत्तिरीय संहिता की **भाष्यभूमिका** में सायण यजुर्वेद के महत्त्व का प्रतिपादन इस प्रकार करते हैं-

  'भित्तिस्थानीयो यजुर्वेदः, चित्रस्थानावितरौ। तस्मात् कर्मसु यजुर्वेदस्यैव प्राधान्यम्।' अर्थात् यजुर्वेद भित्ति है अन्य ऋग्वेद एवं सामवेद चित्र हैं इसलिए यजुर्वेद सबसे मुख्य है यज्ञ को आधार बनाकर ही ऋचाओं का पाठ और सामगान होता है।

(सम्पूर्ण गद्यमय) * पिप्पलाद ऋषि द्वारा छः शिष्यों को आध्यात्मिक प्रश्नों का उत्तर देना * इसी कारण प्रश्न उपनिषद् नाम पड़ा	(3 मुण्डक) * हर मुण्डक 2-2 *खण्डों में 'सत्यमेव जयते' महावाक्य * 'द्वा सुपर्णा सयुजा' मन्त्र * 'वेदान्त' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग * चतुष्पाद आत्मा का वर्णन	(लघुकाय) * कुल 12 वाक्य। खण्ड ऋचा कण्डिका * ॐकार का विशेष वर्णन * ब्रह्म की चार अवस्थाएं वर्णित

2. मुण्डकोपनिषद्

➢ अथर्ववेदीय मुण्डकोपनिषद् कुल तीन मुण्डकों तथा प्रत्येक मुण्डक दो-दो खण्डों में विभक्त है।

➢ यह मुण्डक अर्थात् संन्यासियों के लिए विरचित है।

➢ इस उपनिषद् में ब्रह्मा ने अपने ज्येष्ठ पुत्र अथर्वा (अर्थवन्) को ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया है।

➢ प्रसिद्ध वाक्य **'सत्यमेव जयते'** इसी उपनिषद् में है।

➢ द्वैतवाद का प्रतिपादक **''द्वा सुपर्णा सयुजा''** मन्त्र इसी उपनिषद् का है।

➢ वेदान्त शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम इसी उपनिषद् में उपलब्ध है।

3. माण्डूक्योपनिषद्

➢ यह उपनिषद् लघुकाय है। लघुता के कारण भी और भाव गाम्भीर्य के कारण बहुत महत्त्वपूर्ण है।

➢ इसमें कुल 12 वाक्य/खण्ड / कण्डिकाएँ हैं।

➢ इसमें विशेष रूप से ओम्कार का रहस्य वर्णित है।

➢ इसमें बताया गया है कि यह सारा संसार, वर्तमान, भूत और भविष्य सब कुछ 'ओम्' की ही व्याख्या है।

➢ इसी में ही ब्रह्म की चार अवस्थाएं बताई गई हैं जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति, तुरीय।

➢ इसी सन्दर्भ में चतुष्पाद आत्मा का सूक्ष्मविवेचन भी प्राप्त होता है।

अथर्ववेदीय कल्पसूत्र

श्रौतसूत्र	गृह्यसूत्र	धर्मसूत्र	शुल्बसूत्र
वैतानसूत्र	कौशिक सूत्र	उपलब्ध	उपलब्ध
8 अध्याय	14 अध्याय	नहीं हैं।	नहीं हैं।
43 कण्डिकायें	141 कण्डिकायें		

अथर्ववेदीय श्रौतसूत्र

➢ अथर्ववेद का वैतान श्रौतसूत्र ही उपलब्ध है।
वैतान श्रौतसूत्र - ब्रह्मा के सभी कर्तव्य, इस श्रौतसूत्र के पहले ही अध्याय में दर्शपूर्ण मास के विवरण में प्रतिपादित हैं।

➢ यह श्रौतसूत्र गोपथ ब्राह्मण पर आश्रित है।

➢ इसमें 8 अध्याय और 43 कण्डिकाएँ हैं।

➢ ये श्रौत कर्म बतलाए गए हैं- दर्शपूर्णमास, अग्न्याधेय, उक्थ्य, षोडशी
अतिरात्र, वाजपेय, अग्निचयन, राजसूय आदि।

अथर्ववेदीय-गृह्यसूत्र

➢ अथर्ववेद का एक मात्र गृह्यसूत्र कौशिक (कौशिकसूत्र) उपलब्ध है।

➢ कौशिक गृह्यसूत्र का अथर्ववेद की शौनकीय शाखा से विशेष सम्बन्ध है।

➢ इसका विभाजन 14 तथा 141 कण्डिकाओं में हुआ है।

➢ शान्तिकर्म और अभिचार कर्मों का विशद विवेचन है।

➢ इसमें प्रायः प्रायश्चित्त कर्म और भविष्यवाणी का विशद विवेचन है।

➢ कौशिक सूत्र को 'संहिता विधि' या **'संहिता कल्प'** संज्ञा प्राप्त है।

- अथर्ववेद का धर्मसूत्र नहीं उपलब्ध है।
- अथर्ववेद का शुल्बसूत्र नहीं उपलब्ध है।

अथर्ववेदीय शिक्षा ग्रन्थ

- अथर्ववेद का केवल एक शिक्षाग्रन्थ है – **माण्डूकी शिक्षा**
- यह श्लोकात्मक है।
- साम स्वरों का इसमें विशद विवेचन है। इसमें कुल 179 श्लोक हैं।
- अथर्ववेद के स्वरों तथा वर्णों को भली-भाँति जानने के लिए यह शिक्षा उपयोगी है।

अथर्ववेदीय प्रातिशाख्य

- अथर्ववेद के दो प्रातिशाख्य ग्रन्थ उपलब्ध हैं।
  * शौनकीय चतुरध्यायिका
  * अथर्ववेद प्रातिशाख्य

अथर्ववेदीय शिक्षाग्रन्थ

माण्डूकी शिक्षा

179 श्लोक

साम स्वरों और वर्णों का वर्णन

अथर्ववेदीय प्रातिशाख्य

* शौनकीय चतुरध्यायिका	* अथर्ववेद प्रातिशाख्य
* 4 अध्याय	* 3 प्रपाठक
* सूत्र संख्या – 434	* प्रथम प्रपाठक में 3 पाद
* सबसे प्राचीन प्रातिशाख्य	* द्वितीय और तृतीय प्रपाठक में 4पाद
	* कुल सूत्र संख्या 221 है।

1. शौनकीय चतुरध्यायिका

- इसके लेखक शौनक हैं।
- इसमें चार अध्याय हैं और सूत्रसंख्या 434 है।
- 1. ध्वनि विचार 2. सन्धि विवेचन 3. संहिता पाठ में दीर्घत्व, द्वित्व, णत्व, स्वरसन्धि। 4. अवग्रह, प्रगृह्य आदि का विवेचन।
- यही सबसे प्राचीन अथर्ववेदीय प्रातिशाख्य है।
- इसका इंग्लिश अनुवाद के सहित संस्करण डॉ0 व्हिटनी ने प्रकाशित किया है।
  * प्रथम अध्याय में 105 सूत्र
  * द्वितीय अध्याय में 107 सूत्र
  * तृतीय अध्याय में 96 सूत्र
  * चतुर्थ अध्याय में 126 सूत्र

2. अथर्ववेदीय प्रातिशाख्य

- यह प्रपाठकों में विभक्त है।
- प्रपाठक पुनः पादों तथा सूत्रों में विभक्त हैं।
- प्रथम प्रपाठक में 3 पाद हैं।
- द्वितीय और तृतीय प्रपाठक में चार चार पाद हैं।
- कुल सूत्र संख्या 221 है।
- इस प्रातिशाख्य में सन्धि,स्वर तथा पदपाठ के नियम बताये गए हैं।
- जिनमें स्वरों का वर्णन अधिक विस्तार से किया गया है।
- डॉ. सूर्यकान्त ने इसका एक सुन्दर संस्करण 1940 में लाहौर से प्रकाशित किया था।
- इस ग्रन्थ की भाषा शैली सूत्रात्मक है।
- इस प्रातिशाख्य ग्रन्थ में अथर्ववेद के उच्चारण सम्बन्धी नियमों का भी उल्लेख है।

अथर्ववेद के भारतीय भाष्यकार

दुर्गादास लाहिड़ी

- सायण-भाष्य सहित अथर्ववेद (शौनक शाखा) को 5 भागों में प्रकाशित किया।

शंकर पाण्डुरंग -

- अथर्ववेद का सायण भाष्य-सहित संस्करण 4 भागों में निकाला था (बम्बई 1898 ई.)
- यह बहुत शुद्ध संस्करण है।

सातवलेकर

- अथर्ववेद संहिता (शौनकीय) 1943 ई0 में प्रकाशित की।
- इन्होंने 'अथर्ववेद' का सुबोध-भाष्य 5 भागों में प्रकाशित किया।
- इन्हें आधुनिक युग का 'सायण' कहा जाता है।
- यह अथर्ववेद का सर्वोत्तम व्याख्या ग्रन्थ है।
- यह ग्रन्थ श्री सातवलेकर के अगाध वेदज्ञान और अथक परिश्रम का परिचायक है।

क्षेमकरण त्रिवेदी

- सम्पूर्ण ऋग्वेद का हिन्दी भाष्य किया है।

जयदेव विद्यालंकार

- सम्पूर्ण अथर्ववेद का हिन्दी भाष्य किया ।

श्रीरामशर्मा

- इन्होंने इसे हिन्दी अनुवाद के साथ प्रकाशित किया है।

विश्वबन्धु-

➢ सायण भाष्य सहित अथर्ववेद 5 भागों में निकाला है।

भगवद्दत्त

➢ अथर्ववेदीय पंचपटलिका और माण्डूकी शिक्षा पर भाष्य टीका लिखी

विश्वबन्धु-

➢ अथर्ववेदीय प्रातिशाख्य और अथर्ववेदीय बृहत् सर्वानुक्रमणी पर भाष्यटीका लिखी –

➢ गोपथ ब्राह्मण पर भाष्य लिखा - **राजेन्द्र लाल मिश्र**

क्षेमकरण त्रिवेदी -

➢ गोपथ ब्राह्मण हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित किया।

डॉ0 विजयपाल शास्त्री-

➢ गोपथ ब्राह्मण पर भाष्य मिलता है।

अथर्ववेदीय पाश्चात्त्य विद्वान्

रोठ और ह्विटनी

➢ अथर्ववेद संहिता (शौनकीय शाखा) का सर्वप्रथम संपादन किया और 1856 ई0 में उसे प्रकाशित किया।

ब्लूम फील्ड और गार्बे

➢ अथर्ववेद (पैप्पलाद शाखा) की एक अति जीर्ण काश्मीर से शारदा लिपि में प्राप्त प्रति से फोटो-प्रति तीन बड़ी जिल्दों में 1901 ई0 में छपवाई।

कैलेण्ड-

➢ अथर्ववेद- संहिता का एक आलोचनात्मक संस्करण उट्रिच (हालैंड) से प्रकाशित किया।

ग्रिफिथ-

➢ अथर्ववेद का अंग्रेजी में पद्यानुवाद वाराणसी से 1895-1898 में छपवाया था।

ह्विटनी और लानामान-

➢ अथर्ववेद का अंग्रेजी में अनुवाद 150 पृष्ठ की भूमिका तथा विविध टिप्पणियों से युक्त है।

➢ जो 1905 ई0 में दो भागों में प्रकाशित किया।

ब्लूमफील्ड

➢ पैप्पलाद संहिता का अंग्रेजी में अनुवाद 1901 ई0 में प्रकाशित किया था ।

अथर्ववेदीय ब्राह्मण के पाश्चात्त्य अनुवादक गास्ट्रा-

➢ गोपथ ब्राह्मण का एक सुन्दर संस्करण 1919 ई0 में प्रकाशित किया।

अथर्ववेदीय कल्पसूत्र के पाश्चात्त्य अनुवादक

ब्लूमफील्ड-

➢ अथर्ववेदीय कौशिक सूत्र 1890 ई0 में प्रकाशित किया था ।

अथर्ववेद संहिता -एक दृष्टि में

➢ **आचार्य -** सुमन्तु, **ऋषि-**अथर्वा, **ऋत्विक्-** ब्रह्मा

➢ **उपवेद-** पिशाचवेद, सर्पवेद,पुराणवेद,इतिहासवेद,असुरवेद

➢ **अपरनाम -** ब्रह्मवेद, क्षत्रवेद, महीवेद, भैषज्यवेद, छन्दोवेद, भिषग्वेद, अथर्वाङ्गिरोवेद, आंगिरसवेद, भृग्वंगिरो वेद

➢ **विभाजन-** 20 काण्ड

➢ **उत्पत्ति देवता-** सोम

➢ **शाखायें-**
- पैप्पलाद
- मौद
- जाजल
- ब्रह्मवद
- चारणवैद्य
- तौद
- शौनकीय
- जलद
- देवदर्श

➢ **उपलब्ध शाखा**	-	पैप्पलाद, शौनकीय (शौनक)
➢ **ब्राह्मण**	-	गोपथ ब्राह्मण
➢ **आरण्यक**	-	नहीं है (उपलब्ध नहीं)
➢ **उपनिषद्**	-	प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य
➢ **श्रौतसूत्र**	-	वैतान श्रौतसूत्र
➢ **गृह्यसूत्र**	-	कौशिक गृह्यसूत्र
➢ **धर्मसूत्र**	-	उपलब्ध नहीं
➢ **शुल्बसूत्र**	-	उपलब्ध नहीं
➢ **शिक्षा**	-	माण्डूकी शिक्षा

➢ **प्रातिशाख्य-** 1. शौनकीय चतुरध्यायिका
2. अथर्ववेद प्रातिशाख्य

भारतीय भाष्यकार-

1. दुर्गादास लाहिड़ी
2. शंकर पांडुरंग पण्डित
3. सातवलेकर
4. क्षेमकरण त्रिवेदी
5. जयदेव विद्यालंकार
6. श्रीराम शर्मा
7. विश्वबन्धु
8. डॉ0 रघुवीर
9. भगवद् दत्त
10. डॉ0 विजयपाल शास्त्री
11. राजेन्द्र लाल मिश्र

पाश्चात्त्य अनुवादक

1. रोठ और ह्विटनी
2. ब्लूमफील्ड और गार्वे
3. कैलेन्ड
4. ग्रिफिथ
5. ह्विट्नी और लानमान
6. गास्ट्रा

वेदाङ्ग का संक्षिप्त परिचय

शिक्षा

शिक्षाग्रन्थ-

➢ उपलब्ध शिक्षाग्रन्थ 35 हैं। 32 शिक्षा ग्रन्थों का एक संकलन 'शिक्षा-संग्रह' नाम से प्रकाशित हुआ।

➢ इसमें ध्वनिविज्ञान से सम्बन्ध उनेक महत्त्वपूर्ण तथ्य दिए गए हैं।

पाणिनीय शिक्षा-

➢ पाणिनीय शिक्षा वैदिक और लौकिक दोनों के लिए उपयुक्त है।

➢ पाणिनीय शिक्षा में साठ श्लोक हैं।

➢ पाणिनीय शिक्षा में वर्णों की संख्या,उच्चारण-प्रक्रिया का ध्वनि-शास्त्रीय वर्णन,स्थान और प्रयत्न का विवरण,संवृत-विवृत,घोष-अघोष,पाठक के गुण-दोषों का वर्णन आदि प्राप्त होता है।

➢ **भारद्वाज शिक्षा-** पदों की शुद्धता तथा ध्वनि भेद से उदात्त आदि स्वरों में भेद का वर्णन किया है।

➢ **याज्ञवल्क्य शिक्षा-** याज्ञवल्क्य शिक्षा में 232 श्लोक हैं।

* इसमें वैदिक स्वरों का विवेचन है।

* वर्णों के भेद,स्वरूप,परस्पर साम्य,वैषम्य,लोप आगम-विकार,प्रकृतिभाव आदि का वर्णन है।

➢ **प्रातिशाख्य प्रदीप शिक्षा-**

इसमें स्वर-वर्ण आदि की शिक्षा का विवेचन तथा प्राचीन वैयाकरण के मतों का उल्लेख प्राप्त होता है।

➢ **नारदीय शिक्षा-**

नारदीय शिक्षा में सामवेद के स्वरों का विस्तार से वर्णन है।

➢ **अन्य महत्त्वपूर्ण शिक्षा ग्रन्थ-** व्यासशिक्षा, वशिष्ठशिक्षा ,कात्यायनी शिक्षा, पाराशरी शिक्षा,माण्डव्य शिक्षा,माध्यन्दिनी शिक्षा,वर्णरत्नप्रदीपिका,केशवी शिक्षा,स्वरांकन शिक्षा,स्वरभक्ति लक्षण शिक्षा।

व्याकरण वेदाङ्ग –

वेद को व्याकरण का मुख माना जाता है–**'मुखं व्याकरणं स्मृतम्'।**

➢जिस शास्त्र के द्वारा शब्दों के प्रकृति प्रत्यय का विवेचन किया जाता है उसे व्याकरण कहते हैं **'व्याक्रियन्ते विविच्यन्ते शब्दाः अनेन इति व्याकरणम्'**

➢ व्याकरण शास्त्र को दो भागों में बाँटा जा सकता है- वैदिक व्याकरण तथा लौकिक व्याकरण।

➢ व्याकरण शास्त्र में पद-पदार्थ, वाक्य-वाक्यार्थ आदि का विवेचन प्राप्त होता है।

ऋग्वेद के एक मन्त्र में व्याकरण शास्त्र को एक वृषभ के रूपक में बाँधा गया है-

चत्वारि शृंगा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्यां आविवेश।।

* चत्वारि शृंगा - नाम, आख्यात, उपसर्ग, निपात।

निरुक्त वेदाङ्ग

➢ निरुक्त आचार्य यास्क की कृति है जिसमें बारह अध्याय है तथा दो अध्याय परिशिष्ट के रूप में है। परिशिष्ट सहित 14 अध्याय है।

➢ निरुक्त वेदपुरुष का श्रोत्र (कान) है – **'निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते'**

➢ निरुक्त निघण्टु का व्याख्यान ग्रन्थ है जिसमें ऋग्वेद के शब्दों का संग्रह है।

➢ निरुक्त के प्रारम्भिक तीन अध्याय **'नैघण्टुक काण्ड'** कहे जाते हैं।

➢ चार, पाँच, छः अध्याय को **'नैगम काण्ड'** कहा जाता है।

➢ अन्तिम छः अध्याय (7-12) को **'दैवत काण्ड'** के नाम से जाना जाता है।

➢ निरुक्त में शब्दों का निर्वचन तीन प्रकार से किया गया है - प्रत्यक्ष, परोक्ष, अतिपरोक्ष।

➢ निरुक्त को **'शब्द व्युत्पत्ति शास्त्र'** भी कहा जाता है।

➢ निरुक्त में तीन काण्ड हैं- नैघण्टुक काण्ड, नैगम काण्ड,दैवत काण्ड।

➢ नैगम काण्ड को 'ऐकपदिक' भी कहा जाता है।

➢ वैदिक शब्दों का संग्रह निघण्टु में तथा उनकी व्याख्या निरुक्त में है।

➢ दुर्गाचार्य, यास्क कृत निरुक्त के प्रसिद्ध टीकाकार हैं।

➢ वेदों के अर्थों को स्पष्ट करने में निरुक्त आवश्यक है और व्याकरण शास्त्र का पूरक है।

➢ वेदमन्त्रों के कठिन शब्दों की व्युत्पत्ति निरुक्त करता है-
'अर्थावबोधे निरपेक्षतया पदजातं यत्रोक्तं तन्निरुक्तम्' - सायण

➢ निरुक्त में चार प्रकार के पद हैं- नाम, आख्यात, उपसर्ग, निपात **'चत्वारि पदजातानि नामाख्याते च, उपसर्गनिपाताश्च'**

यास्क के पूर्ववर्ती निरुक्तकार-

➢ आग्रायण, औपमन्यव, और्णवाभ, गार्ग्य, गालव, वार्ष्यायणि, शाकपूणि आदि।

निरुक्त के टीकाकार- निरुक्त की तीन टीकाएँ प्राप्त होती है जो हैं-

1 दुर्गाचार्य कृत ऋज्वर्थ वृत्ति टीका

2 स्कन्द महेश्वर कृत टीका जो लाहौर से प्रकाशित हुई।

3 वररुचि कृत निरुक्त निचय टीका

➢ निरुक्त के पाँच प्रतिपाद्य विषय हैं-
वर्णागम, वर्णविपर्यय, वर्णविकार, वर्णनाश, धातु का अनेक अर्थों में प्रयोग।

''वर्णागमो वर्णविपर्ययश्च द्वौ चापरौ वर्णविकारनाशौ। धातोस्तदर्थातिशयेन योगस्तदुच्यते पञ्चविधं निरुक्तम्॥''

निरुक्त में प्रतिपादित विषय-

प्रतिपादितविषय	अध्याय
निघण्टु, नाम आख्यात आदि पद विभाग, शब्दनित्यता का विवेचन मन्त्रों की सार्थकता का प्रतिपादन, अर्थ ज्ञान का महत्त्व	अध्याय-एक
निर्वचन, वर्णपरिवर्तन आदि से सम्बन्ध भाषाशास्त्रीय विवेचन।	अध्याय 2-3
वेदों के निघण्टु में पढ़े गए कठिन शब्दों की उदाहरण सहित व्याख्या।	अध्याय 4-6
देवतावाची शब्दों की विस्तृत व्याख्या, द्युलोक, अन्तरिक्ष, पृथिवी स्थानीय देवों का निरूपण।	7-12
निर्वचन प्रक्रिया, सृष्टि उत्पत्ति, आदि अनेक विषयों का विवेचन।	अध्याय 13-14

नोट- निरुक्त का अध्याय 13,14 परिशिष्ट के रूप में हैं।

छन्द-वेदाङ्ग

- छन्द शब्द छद् धातु (ढँकना) से बना है।
- 'छन्दांसि छादनात्' अर्थात् छन्द भावों को आच्छादित करके उसे समष्टि रूप प्रदान करता है- आचार्य यास्क।
- **'यदक्षरपरिमाणं तच्छन्दः'** जिसमें वर्णों या अक्षरों की संख्या निर्धारित होती है, उसे छन्द कहते हैं- आचार्य कात्यायन।
- वैदिक छन्दों का आधार अक्षर या वर्णों की संख्या है।
- छन्द को वेद का पाद (पैर) कहा जाता है **'छन्दः पादौ तु वेदस्य'**।
- आठ अध्यायों में विभक्त छन्दःसूत्र के रचयिता आचार्य पिङ्गल हैं।
- वैदिक छन्द वृत्तात्मक हैं तथा इनमें मात्रिक छन्दों का अभाव है।
- निदानसूत्र में छन्दों के नाम और लक्षण दिये गए हैं।
- **पिंगल के छन्दःसूत्र** के पूर्वभाग में वैदिक छन्दों का तथा उत्तरभाग में लौकिक छन्दों का विवेचन प्राप्त होता है।
- वैदिक छन्दों को 'अक्षर छन्द' भी कहा जाता है।
- वैदिक छन्द दो प्रकार के होते हैं- अक्षरगणनानुसारी तथा पादाक्षरगणनानुसारी।
- जिसमें अक्षरों की गणना हो उसे अक्षरगणनानुसारी तथा जिसमें पदों की गणना हो उसे 'पादाक्षरगणनानुसारी' छन्द कहते हैं।
- वैदिक छन्दों की कुल संख्या 26 है।
- ऋग्वेद में प्रयुक्त छन्दों की संख्या बीस है।
- वेदों में मुख्य रूप से सात छन्दों का प्रयोग है जो हैं- गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप्, बृहती, पंक्ति, त्रिष्टुप्, जगती।
- हलायुध ने छन्दसूत्र पर 'मृतसंजीवनी' टीका लिखी।
- ऋग्वेद में अधिकांश 20 अक्षरों वाले छन्दों से लेकर 48 अक्षरों वाले छन्द प्रयुक्त हैं।

छन्द विषयक नियम

- पद के अन्त के साथ शब्द का अन्त होता है।
- ह्रस्व स्वर के बाद संयुक्त वर्ण होंगे तो पूर्ववर्ती लघु स्वर को गुरु माना जाता है।

बाद में कोई स्वर हो तो पूर्ववर्ती दीर्घस्वर को ह्रस्व कर दिया जाता है।

- शब्द के अन्तर्गत और सन्धि स्थानों में प्राप्त य् व् को आवश्यक्तानुसार क्रमशः इ,उ पढ़ा जाता है।
- एकादेश हुए स्वरों को उच्चारण के समय आवश्यकतानुसार एकादेश से पूर्व की स्थिति में पढ़ा जाता है।
- ए और ओ के बाद पूर्वरूप हुए अ को आवश्यक्तानुसार फिर अ पढ़ा जाता है।

छन्द नाम	अक्षर/वर्ण	पाद
1. गायत्री	24	3
2. उष्णिक्	28	3
3. अनुष्टुप्	32	4
4. बृहती	36	4
5. पंक्ति	40	5
6. त्रिष्टुप्	44	4
7. जगती	48	4
8. अतिजगती	52	5
9. अतिशक्वरी	60	5
10. अष्टि	64	5

- छन्द में एक अक्षर कम होने पर निचृत् कहलाता है जैसे- निचृत् गायत्री, निचृत् उष्णिक् आदि। निचृत् गायत्री में 23 अक्षर होते हैं।
- छन्द में एक अक्षर अधिक होने पर भुरिक् कहलाता है जैसे- भुरिक् गायत्री, भुरिक् उष्णिक् भुरिक अनुष्टुप् आदि। भुरिक् गायत्री में 25 अक्षर होते हैं।
- छन्द में दो अक्षर कम होने पर विराट् कहा जाता है जैसे- विराट् गायत्री, विराट् उष्णिक् आदि। इस प्रकार विराट् गायत्री में 22 अक्षर होंगे।
- छन्द में दो अक्षर अधिक होने पर स्वराट् कहा जाता है जैसे- स्वराट् गायत्री, स्वराट् उष्णिक् स्वराट् अनुष्टुप् आदि। इस प्रकार स्वराट् गायत्री में 26 अक्षर होंगे।

2. भारतीय दार्शनिक चिन्तन

(सांख्यकारिका)

सांख्य की सृष्टि प्रक्रिया

↓

मूल प्रकृति

↓

महत् या बुद्धि

↓

अहङ्कार

सात्त्विक अहंकार से → पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ+पाँच कर्मेन्द्रियाँ+मन

तामसिक अहंकार से → पाँच तन्मात्रा → पाँच महाभूत

➢ पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं- श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, रसना, घ्राण।

➢ पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं- वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ।

➢ पाँच तन्मात्राएँ हैं- शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध।

➢ पाँच महाभूत हैं- आकाश, वायु,तेज, जल, पृथिवी।

पाँच महाभूतों की उत्पत्ति क्रम

1. पाँच तन्मात्रा	2. महाभूत
शब्द	आकाश
शब्द+स्पर्श	वायु
शब्द+स्पर्श+रूप	अग्नि
शब्द +स्पर्श+रूप+रस	जल
शब्द+स्पर्श+रूप+रस+गन्ध	पृथिवी

➢ बुद्धि का लक्षण है- '**अध्यवसायो बुद्धिः**' अर्थात् निश्चयात्मक अथवा निश्चय करने वाला तत्त्व बुद्धि है। (का0-23)

➢ बुद्धि के आठ गुण- धर्म, अधर्म, ज्ञान, अज्ञान, वैराग्य, राग, ऐश्वर्य, अनैश्वर्य।

➢ बुद्धि के चार सात्त्विक गुण- धर्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य।

➢ बुद्धि के चार तामसिक गुण- अधर्म,अज्ञान, राग, अनैश्वर्य।

➢ व्यक्ति को '**अभ्युदय**' एवं '**निःश्रेयस्**' की प्राप्ति कराने वाला कारण धर्म है।

➢ त्रिगुणात्मिका '**प्रकृति**' एवं निर्गुण, तेजोरूप '**पुरुष**' का विवेक भेदपूर्वक साक्षात्कार ही सांख्यदर्शन की भाषा में ज्ञान कहलाता है।

➢ आसक्ति का अभाव वैराग्य है।

➢ अणिमा, लघिमा, गरिमा, महिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, वशित्व एवं ईशित्व इन आठ सिद्धियों की प्राप्ति ही ऐश्वर्य है।

बुद्धि के धर्म (गुण)

सत्त्व अंश (धर्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य)

तामसिक अंश (अधर्म, अज्ञान, राग, अनैश्वर्य)

➢ अहङ्कार- ''**अभिमानोऽहंकारः**''अर्थात् 'मैं' इस प्रकार के अभिमान को अहंकार कहते हैं।

➢ अहंकार से दो प्रकार के कार्य उत्पन्न होते हैं-

1. ग्यारह इन्द्रियों का समूह 2. पञ्चतन्मात्राओं का समूह।

➢ ग्यारह इन्द्रियों के समूह वैकृत नामक सात्त्विक अहंकार से तथा पञ्चतन्मात्राओं के समूह भूतादि नामक तामसिक अहङ्कार से उत्पन्न होते हैं। (का0-24)

अहंकार

सात्त्विक अहंकार (वैकृत) → पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ+पञ्चकर्मेन्द्रियाँ+ मन

तामसिक अहंकार (भूतादि) → पञ्चतन्मात्रा

➢ इन्द्रियाँ दो प्रकार की होती हैं- अन्तः इन्द्रिय, बाह्य इन्द्रिय

➢ ज्ञान कराने वाली इन्द्रिय को '**ज्ञानेन्द्रिय**' कहा जाता है इसे '**बुद्धीन्द्रिय**'भी कहते हैं।

➢ रूप, रस और गन्धादि विषयों को बुद्धिपूर्वक आलोचन, पर्यालोचन आदि करके जो ज्ञान में साधक अथवा करण होती हैं वे बुद्धीन्द्रिय अथवा ज्ञानेन्द्रिय कहलाती हैं।

➢ ज्ञान के साधक इन्द्रिय को ज्ञानेन्द्रिय तथा कर्म के साधक इन्द्रिय को कर्मेन्द्रिय कहा जाता है।

➢ मन को **उभयेन्द्रिय** कहा गया है क्योंकि यह ज्ञानेन्द्रिय तथा

कर्मेन्द्रिय दोनों के साथ समान रूप से कार्य करता है।

➢ एकादश इन्द्रियों के बीज मन, संकल्प करने वाला तथा समान धर्मभाव के कारण दोनों प्रकार का होता है। **'उभयात्मकमत्र मनः संकल्पकमिन्द्रियं च'** (का0-27)

➢ पाँच ज्ञानेन्द्रियों का व्यापार शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध आदि विषयों का प्रकाशन मात्र माना जाता है **'रूपादिषु पञ्चानामालोचनमात्रमिष्यते वृत्तिः'** (का0-28)

➢ पाँच कर्मेन्द्रियों का व्यापार बोलना, ग्रहण करना, चलना, त्यागकरना, और आनन्द का अनुभव कराना माना जाता है **'वचनादानविहरणोत्सर्गानन्दाश्च'** (का0-28)

➢ नाम, जाति, गुण, क्रिया आदि विशेषताओं का संकल्प-विकल्प करना मन का कार्य है।

➢ यह वस्तु त्यागने योग्य है अथवा ग्रहण करने योग्य इसका निश्चय बुद्धि करती है।

पाँच ज्ञानेन्द्रियों के कार्य

ज्ञानेन्द्रिय	कार्य
श्रोत्र (कान)	शब्द
त्वक् (त्वचा)	स्पर्श
चक्षु (आँख)	रूप
रसना (जीभ)	रस
घ्राण (नाक)	गन्ध

पाँच कर्मेन्द्रियो के कार्य

कर्मेन्द्रिय	कार्य
वाक् (वाणी)	बोलना (भाषण)
पाणि (हाथ)	लेना (ग्रहण)
पाद (पैर)	चलना (गमनागमन)
पायु (गुदा)	त्याग करना (मलत्याग)
उपस्थ (जननेन्द्रिय)	आनन्द प्रदान करना

पाँच वायु की स्थिति

वायु	**स्थिति** (का0-29)
प्राण –	नासिका, हृदय, नाभि, पैर का अँगूठा
अपान –	गले की घुंडी, पीठ, पैर, गुदा, जननेन्द्रिय
समान –	हृदय, नाभि, शरीर के जोड़
उदान –	हृदय, कण्ठ, तालु, सिर- भौहों के बीच
व्यान –	सम्पूर्ण शरीर में त्वचा

➢ करण तेरह प्रकार के हैं **'करणं त्रयोदशविधम्'**।

➢ तेरह प्रकार के करण हैं- एकादश इन्द्रिय, बुद्धि, अहंकार (का0-32)

➢ करण के कार्य हैं- आहरण, धारण तथा प्रकाश

➢ वाक् इत्यादि कर्मेन्द्रियाँ अपने-अपने विषय का आहरण या ग्रहण करती हैं।

➢ बुद्धि, अहंकार और मन अपने प्राण इत्यादि व्यापार के द्वारा देह को धारण करती है।

➢ ज्ञानेन्द्रियाँ शब्द, स्पर्श इत्यादि को प्रकाशित करती हैं।

तेरह करण

पञ्चकर्मेन्द्रियाँ (वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ)

पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ (श्रोत्र, त्वक्,चक्षु, रसना, घ्राण)

तीन अन्तःकरण (मन, बुद्धि, अहंकार)

➢ त्रयोदशकरण को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है-

1. आभ्यन्तरकरण- बुद्धि, अहंकार,मन

2. बाह्यकरण- पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ।

करण के दो भेद

आभ्यन्तरकरण (3) — मन, बुद्धि, अहंकार,

बाह्यकरण (10) — पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ पाँच कर्मेन्द्रियाँ

➢ अन्तःकरण तीन हैं - **'अन्तःकरणं त्रिविधम्'** (का0-33) बुद्धि, अहंकार, मन।

➢ अन्तःकरण को प्रस्तुत करने वाले बाह्यकरण दस हैं पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ+पञ्चकर्मेन्द्रियाँ

➢ वर्तमान विषयक होते हैं- बाह्य करण

➢ अन्तःकरण को **आभ्यन्तर करण** भी कहते हैं।

➢ ज्ञानेन्द्रियाँ बाहर स्थित अपने-अपने विषयों के सम्पर्क में आकर उन्हें प्रकाशित करके उनकी सूचना अन्तः करण को प्रदान करती हैं।

➢ बाह्यकरण केवल वर्तमानकाल के विषयों में प्रभावी होते हैं इसलिए इसे **'साम्प्रत्कालम्'** कहा गया है।

➢ आभ्यन्तर अर्थात् अन्तःकरण भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों कालों में प्रभावी होते हैं।

➢ **'स्वालक्षण्यं वृत्तिस्त्रयस्य'** में त्रयस्य पद से अभिप्राय मन, बुद्धि, अहंकार से है।

➢ अन्तः करण में दो प्रकार की शक्तियों को माना जाता है- ज्ञानशक्ति तथा क्रियाशक्ति।

➢ बुद्धि, मन, अहंकार ज्ञानशक्ति का तथा प्राणादि क्रियाशक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं।

➢ मन, बुद्धि, अहंकार और इन्द्रिय भेद से करण के चार भेद भी माने गये हैं।

➢ प्रत्यक्ष दिखाई देने वाले पदार्थ के सम्बन्ध में चार प्रकार के करणों की प्रवृत्ति कभी एक साथ और कभी क्रमशः कही गयी है।

➢ परोक्ष पदार्थों के ज्ञान के सम्बन्ध में केवल मन, बुद्धि, अहंकार ये तीन अन्तः करण का व्यापार प्रत्यक्षपूर्वक एक साथ और क्रमपूर्वक होता है।

तीन अन्तः करण के कार्य		
अन्तः करण		**कार्य**
बुद्धि	–	निश्चय
अहंकार	–	अभिमान
मन	–	संकल्प

➢ दस बाह्यकरणों में पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ स्थूल और सूक्ष्म दो विषयों में प्रवृत्त होती हैं।

➢ कर्मेन्द्रियों में वाक् इन्द्रिय शब्द के विषय में प्रवृत्त होती हैं शेष चारों ही शब्द स्पर्श इत्यादि पाँचों विषयों में प्रवृत्त होती हैं।

➢ तीनों अन्तः करण प्रधान हैं क्योंकि मन एवं अहंकार के साथ बुद्धि सभी विषयों में व्याप्त होती है।

➢ बाह्य इन्द्रियाँ द्वार या साधनमात्र हैं, मन तथा अहंकार से युक्त बुद्धि साधनवती या प्रधान है।

➢ करण पुरुष के सम्पूर्ण प्रयोजन को प्रकाशित करके बुद्धि को समर्पित कर देते हैं।

➢ सभी ज्ञानेन्द्रियों, मन और अहंकार का लक्ष्य बुद्धि होता है।

➢ समस्त विषयों के सम्बन्ध में होने वाले पुरुष के भोग को बुद्धि ही सम्पादित करती है।

➢ प्रकृति एवं पुरुष के सूक्ष्म भेद को प्रकट करती है- बुद्धि। **'प्रधानपुरुषान्तरं सूक्ष्मम्'- बुद्धिः।** (का0-37)

➢ सांख्य के अनुसार दुःख की हमेशा के लिए निवृत्ति ही मोक्ष अथवा कैवल्य है।

➢ पञ्चतन्मात्रा अर्थात् शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध ये सूक्ष्म विषय हैं।

➢ पञ्चतन्मात्राओं से पञ्चमहाभूत की उत्पत्ति होती है।

➢ आकाश आदि पञ्चमहाभूत विशेष अर्थात् स्थूल कहे जाते हैं, ये सुखात्मक, दुःखात्मक और मोहात्मक होते हैं।

➢ शान्त घोर और मूढ होते हैं-**पञ्चमहाभूत**

➢ सूक्ष्म अर्थात् इन्द्रियों द्वारा जिनका प्रत्यक्ष नहीं किया जाता वे अविशेष हैं।

➢ नित्य होता है- **सूक्ष्मशरीर।**

➢ अनित्य होता है- माता-पिता से उत्पन्न स्थूलशरीर।

➢ सूक्ष्मशरीर की गति सर्वत्र होती है।

➢ प्रलयकाल में सूक्ष्मशरीर भी अपने कारण में समाहित हो जाता है।

➢ सूक्ष्मशरीर को **लिङ्गशरीर** भी कहते हैं।

➢ सांख्य का **सूक्ष्मशरीर 18 तत्त्वों** से निर्मित होता है। (का0-40) पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच तन्मात्राएँ, महत्, अहंकार, मन ये सूक्ष्मशरीर के 18 अवयव हैं।

➢ सूक्ष्मशरीर होता है- सृष्टि के आरम्भ में उत्पन्न, सभी जगह गति करने में सक्षम, प्रलयकाल तक स्थायीरूप से रहने वाला, भोगरहित, भावों से युक्त, महत् से लेकर सूक्ष्मतन्मात्रापर्यन्त, 18 तत्त्वों से निर्मित।

➢ सूक्ष्मशरीर ही संसरण या गमनागमन करता है।

➢ सूक्ष्मशरीर का आधार **छः कोषों** से निर्मित स्थूलशरीर होता है।

➢ 18 तत्त्वों से निर्मित सूक्ष्मशरीर केवल तन्मात्रारूप में स्थित रहता है।

➢ सूक्ष्मशरीर निरूपभोग अर्थात् भोगरहित होता है।

➢ पुरुष की सत्ता का द्योतक होने के कारण सूक्ष्मशरीर को लिङ्गशरीर भी कहते हैं।

➢ लिङ्ग का लक्षण है- **'लिंग्यते अनेन इति लिङ्गम्'** अथवा **'लीनं गमयति इति लिङ्गम्'**

सूक्ष्मशरीर के 18 अवयव: महत् (बुद्धि), पञ्चतन्मात्राएँ, अहंकार, पञ्चकर्मेन्द्रियाँ, मन, पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ

सूक्ष्मशरीर के 18 अवयव	
1. महत्	- 01
2. अहंकार	- 01
3. मन	- 01
4. पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ	- 05
5. पञ्चकर्मेन्द्रियाँ	- 05
6. पञ्चतन्मात्राएँ	- 05
कुल योग	**- 18**

➢ सूक्ष्मशरीर के द्वारा स्थूलशरीर के माध्यम से जो भी कार्य सम्पन्न किए जाते हैं उन सबका मुख्य प्रयोजन पुरुष के भोग एवं अपवर्ग को सम्पादित करना है।

➢ प्रकृति अर्थात् स्वभाव से ही सिद्ध सांसिद्धिक तथा वैकृतिक धर्म, अधर्म इत्यादि भाव करण अर्थात् निमित्तरूप बुद्धि के आश्रित रहते हैं। (का0-43)

➢ कलल अर्थात् जरायु से परिवेष्टित रजोमिश्रितवीर्य इत्यादि भाव कार्य अर्थात् नैमित्तिक शरीर के आश्रित रहते हैं।

➢ रजस् और वीर्य के मिश्रण को **'कलल'** कहा जाता है।

➢ धर्म से ऊर्ध्व लोक में गति होती है **'धर्मेण गमनमूर्ध्वम्'** (का0-44)

➢ अधर्म से अधोलोक में गति होती है- **'गमनमधस्ताद् भवत्यधर्मेण'** (का0-44)

➢ सांख्य में ज्ञान से मोक्ष होता है **'ज्ञानेन चापवर्गः'** (का0-44)

➢ अज्ञान से बन्धन की प्राप्ति होती है **'विपर्ययादिष्यते बन्धः'** (का0-44)

➢ धर्म से अभिप्राय यम, नियम आदि अष्टाङ्गयोग, अभ्युदय एवं निःश्रेयस् के साधक यज्ञ, दान आदि अनुष्ठान सभी श्रेष्ठकर्मों से है।

➢ लोक हैं- ऊर्ध्वलोक, अधोलोक।

➢ ऊर्ध्वलोकों की संख्या सात है- भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यलोक।

➢ अधोलोक की संख्या भी सात है- अतल, वितल, सुतल, रसातल, तलातल, महातल, पाताल।

➢ विवेकख्याति सम्भव है- **सांख्यशास्त्र द्वारा**।

भावों के फल

धर्म	**अधर्म**	**ज्ञान**	**अज्ञान**
ऊर्ध्वलोक की प्राप्ति	अधोलोक की प्राप्ति	मोक्ष की प्राप्ति	बन्धन की प्राप्ति

➢ वैराग्य से प्रकृतिलय होता है **'वैराग्यात् प्रकृतिलयः'** (का0-45)

➢ रजोमय राग से संसरण होता है **'संसारो भवति राजसाद्रागात्'** (का0-45)

➢ ऐश्वर्य से इच्छा की सफलता होती है **'ऐश्वर्यादविघातः'** (का0-45)

➢ ऐश्वर्य के अभाव से इच्छा की सफलता का हनन होता है **'विपर्ययात् तद्विपर्यासः'** (का0-45)

बुद्धि में स्थित भावों के कार्य

वैराग्य	**राग**	**ऐश्वर्य**	**अनैश्वर्य**
प्रकृतिलय में आवागमन	संसार का पूरा होना	इच्छाओं का होना	इच्छाओं का पूरा न होना

सृष्टि के भेद

➢ सांख्य के अनुसार सृष्टि दो प्रकार की होती है- भौतिक एवं बौद्धिक।

➢ बुद्धि (बौद्धिक) के चार प्रमुख परिणाम हैं- विपर्यय, अशक्ति, तुष्टि, सिद्धि। इन्हें **प्रत्ययसर्ग** या **बुद्धिसर्ग** कहते हैं।

➢ प्रत्ययसर्ग (बुद्धिसर्ग) के कुल **पचास भेद** हैं। 5 विपर्यय + 28 अशक्ति + 9 तुष्टि + 8सिद्धि = 50 प्रत्ययसर्ग

➢ विपर्यय के **पाँच भेद**- तम, मोह, महामोह, तामिस्र, अन्धतामिस्र।

➢ अशक्ति की संख्या **अट्ठाइस** है; जिसमें सत्रह प्रकार के बुद्धि के दोष तथा एकादश इन्द्रियों के वध हैं। (का0-28)

➢ बाधिर्य, कुण्ठिता, अन्धत्वी, जडता, अजिघ्रता,मूकता, कैवल्य, पंगुत्व, कौण्ड्य, उदावर्त, मन्दता, असुवर्णा, अनिला, मनोज्ञा, अदृष्टि, अपरा, सुपरा, असुनेत्रा, वसुनाडिका, अनुत्तमाम्भसिका, अप्रतार, असुतार, अतारतार, असदामुदित, अरम्यक्, अप्रमोद, अमुदित, आमोदमान- ये **28 अशक्तियाँ** हैं।

➢ **तुष्टि के नौ भेद-** 1. प्रकृति, 2. उपादान, 3. काल, 4. भाग, 5. पार, 6. सुपार, 7. पारापार, 8. अनुत्तमाम्भस्, 9. उत्तमाम्भस्। (का0-47)

➢ **आठ प्रकार की सिद्धियाँ-**1-3त्रिदुःख विनाश, 4.अध्ययन,5.ऊह, 6.शब्द, 7.सुहृत्प्राप्ति, 8.दान।

➢ बुद्धि के उपघातों के साथ ग्यारह इन्द्रियों की विकलता अशक्ति कहलाती है।

➢ नौ तुष्टि और सिद्धियों के विपर्ययभाव से बुद्धि के सत्रह उपघात होते हैं।

➢ विपर्यय, अशक्ति, तुष्टि अंकुशरूप में सिद्धि की बाधक होती हैं।

➢ पुरुष का भोग-अपवर्ग रूप प्रयोजन ही पुरुषार्थ है।

➢ बौद्धिक परिणाम के बिना तन्मात्र परिणाम सम्भव नहीं है।

➢ तन्मात्रपरिणाम के बिना बौद्धिक परिणाम भी सम्भव नहीं है।

भौतिक सर्ग या सृष्टि

➢ देवसृष्टि के आठ प्रकार होते हैं -1. ब्राह्म 2. प्राजापत्य 3. ऐन्द्र 4. पैत्र 5. गान्धर्व 6. यक्ष 7. राक्षस 8. पैशाच

➢ तिर्यक् सृष्टि के पाँच भेद होते हैं-

1. पशु 2. पक्षी 3. मृग 4. सरीसृप 5. स्थावर।

➢ मनुष्यसृष्टि एक प्रकार की होती है।

भौतिक सृष्टि

देवसृष्टि	तिर्यक् सृष्टि	मनुष्यसृष्टि
(8प्रकार)	(5 प्रकार)	(1 प्रकार)

इसप्रकार **भौतिक सृष्टि चौदह प्रकार** की होती है।

➢ ब्रह्म से लेकर तृणपर्यन्त भौतिक सृष्टि में ऊपर के लोक में सत्त्वगुण की प्रधानता, अधोलोक अर्थात् नीचे के लोक में तमोगुण की प्रधानता मध्यलोक में रजोगुण की प्रधानता है।

लोक	गुण	सृष्टि
ऊर्ध्व	सत्त्वगुण	देवसृष्टि
अधः	तमोगुण	तिर्यक् सृष्टि
मध्य	रजोगुण	मानुषी सृष्टि

सांख्य के अनुसार प्रमाण

➢ **'दृष्टमनुमानमाप्तवचनम्'** (का0-4) इस कथन से सांख्य तीन प्रमाण मानता है - (i) दृष्ट (प्रत्यक्ष) (ii) अनुमान तथा (iii) आप्तवचन।

➢ सांख्य को तीन ही प्रमाण अभीष्ट है (का0-4) **'त्रिविधं प्रमाणमिष्टम्'**। इन्हीं तीन प्रमाणों के ज्ञान से ही प्रमेयों का ज्ञान होता है- **'प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि'**

अन्य आचार्यों द्वारा स्वीकृत प्रमाण

➢ **चार्वाक -** केवल प्रत्यक्ष को प्रमाण के रूप में मानता है।

➢ **बौद्ध-दर्शन -** दो प्रमाण मानता है- (प्रत्यक्ष, अनुमान)

➢ **सांख्य-योग**-तीन प्रमाण मानता है-(प्रत्यक्ष,अनुमान,शब्द)

➢ **न्याय- वैशेषिक -** चार प्रमाण मानता है- (प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द)

➢ **प्रभाकर मीमांसक -** पाँच प्रमाण मानते हैं- (प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द ,अर्थापत्ति)

➢ **भाट्ट मीमांसक -** छः प्रमाण मानते हैं- (प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द,अर्थापत्ति, अभाव)

➢ **पौराणिक -** आठ प्रमाण (प्रत्यक्ष, अनुमान,उपमान, शब्द,अर्थापत्ति,अभाव, सम्भव,ऐतिह्य)

➢ **'प्रतिविषयाध्यवसायो दृष्टम्'** (का0-5) प्रत्यक्ष प्रमाण का लक्षण है। विषय से सम्बद्ध इन्द्रिय पर आश्रित बुद्धि-व्यापार या ज्ञान को प्रत्यक्ष प्रमाण कहते है।

➢ **'तल्लिङ्गलिङ्गिपूर्वकम् अनुमानम्'** (का0-05) यह अनुमान प्रमाण का लक्षण है। लिङ्ग और लिङ्गी के ज्ञान से जो उत्पन्न होता है उसे अनुमान प्रमाण कहते हैं।

➢ सर्वप्रथम अनुमान के दो भेद होते हैं - **वीतानुमान, अवीतानुमान**

➢ वीतानुमान के दो भेद- **पूर्ववत्, सामान्यतोदृष्ट।**

➢ अवीतानुमान का एक भेद - **शेषवत्।**

➢ इस प्रकार **पूर्ववत्, शेषवत् ,सामान्यतोदृष्ट** के भेद से अनुमान प्रमाण के तीन भेद हैं।

➢ **'आप्तश्रुतिराप्तवचनम्'** (का0-05) अर्थात् आप्त पुरुष की उक्ति ही शब्द प्रमाण है।

➢ शब्दप्रमाण को **आगमप्रमाण** या **आप्तप्रमाण** भी कहा जाता है।

➢ जो जिस रूप में है उसको उसी रूप में कहना आप्तवचन तथा उपदेश करने वाले को आप्तपुरुष कहते हैं।

➢ सामान्यविषयों का ज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण से होता है।

➢ इन्द्रियों से दिखाई न देने वाले अर्थात् परोक्ष पदार्थों का ज्ञान अनुमान प्रमाण से होता है।

➢ मूलप्रकृति आदि का ज्ञान सामान्यतोदृष्ट नामक अनुमान प्रमाण से होता है।

➢ सांख्य के अनुसार वस्तुओं का प्रत्यक्ष आठ रूपों से नहीं होता है -

(i) अत्यधिक दूर होने से (ii) अत्यधिक समीप होने से
(iii) इन्द्रियों के नाश होने से (iv) मन की अस्थिरता से
(v) सूक्ष्म होने से (vi) बीच में किसी रुकावट के आ जाने से
(vii) समान वस्तु में मिल जाने से (viii) अपने कारण से उत्पन्न होने से।

अतिदूरात् सामीप्यादिन्द्रियघातान्मनोऽनवस्थानात्।
सौक्ष्म्याद् व्यवधानादभिभवात् समानाभिहाराच्च॥
(का0-07)

➢ प्रकृति की उपलब्धि नहीं होती है - सूक्ष्म होने के कारण।
➢ अभाव के कारण नहीं अपितु सूक्ष्मता के कारण प्रकृति की उपलब्धि नहीं होती है।
'सौक्ष्म्यात्तदनुपलब्धिर्नाभावात्' (का0-08)
➢ सत्कार्यवाद सांख्यदर्शन का प्रमुख सिद्धान्त है **'सतः सत् जायते'**
➢ **सांख्य की दृष्टि में सत्कार्यवाद है- असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्। शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम्॥(का-09)**
➢ सत्कार्यवाद सिद्धान्त में पाँच हेतु हैं-
(i) असदकरणाद् (ii) उपादानग्रहणात् (iii) सर्वसम्भवाभावात् (iv) शक्तस्य शक्यकरणात् (v) कारणभावात्
➢ सत्कार्यवाद सिद्धान्त के अनुसार - कार्य हमेशा अपने कारण रूप में विद्यमान रहता है।
➢ सांख्यशास्त्र के अनुसार न तो किसी वस्तु की उत्पत्ति होती है और न ही विनाश होता है।
➢ कार्य की उत्पत्ति का अर्थ है अव्यक्त से व्यक्त होना तथा विनाश का अर्थ है व्यक्त से अव्यक्त होना।
➢ मूलप्रकृति से उत्पन्न होते हैं- महद् आदि कार्य, महद् आदि कार्यों को 'व्यक्त' कहते हैं।
➢ प्रकृति है- त्रिगुणात्मिका, प्रधान, प्रसवधर्मिणी, अव्यक्त, जड तथा अचेतन।

अव्यक्त तथा व्यक्त पदार्थों का सादृश्य एवं वैषम्य का निरूपण

व्यक्त (महत् आदि कार्य)	अव्यक्त (प्रकृति)
हेतुमान्	अहेतुमान्
अनित्य	नित्य
अव्यापी	व्यापी
सक्रिय	निष्क्रिय
अनेक	एक
मूलकारण पर आश्रित	अनाश्रित
लिङ्गसहित	लिङ्गरहित
अवयवयुक्त	निरवयव
परतन्त्र	स्वतन्त्र

हेतुमदनित्यमव्यापि सक्रियमनेकमाश्रितं लिङ्गम्।
सावयवं परतन्त्रं व्यक्तं विपरीतमव्यक्तम्।
(का0-10)
➢ महत् तत्त्व से लेकर आकाश आदि स्थूलपर्यन्त सभी पदार्थों को व्यक्त कहा जाता है।
ये प्रत्यक्ष प्रमाण के विषय होते हैं।
➢ हेतुमत्- हेतु अर्थात् कारण जिसका होता है उसे हेतुमत् कहते हैं।
➢ अव्यक्त अर्थात् प्रकृति नित्य है क्योंकि वह किसी का कार्य नहीं होती है।
➢ सांख्यमत में अनित्य का अर्थ है- सूक्ष्म रूप से अपने कारण में रहने वाला।
➢ सांख्य में पुरुषबहुत्व के सिद्धान्त को मान्यता प्रदान की गई है।
➢ सारे व्यक्त पदार्थ अपने-अपने कारण पर आश्रित होते हैं।

व्यक्त तथा अव्यक्त का साम्य एवं पुरुष से उसके वैषम्य का निरूपण

त्रिगुणमविवेकि विषयः सामान्यमचेतनं प्रसवधर्मि।
व्यक्तं तथा प्रधानं, तद्विपरीतस्तथा च पुमान्॥ (का.-11)

व्यक्त तथा अव्यक्त	पुरुष
त्रिगुणात्मक	गुण से रहित (त्रिगुणातीत)
अविवेकी	विवेकी
विषयी	अविषयी
सामान्य	असामान्य
अचेतन	चेतन
प्रसवधर्मी	अप्रसवधर्मी

➢ **'व्यक्तं तथा प्रधानं, तद्विपरीतस्तथा च पुमान्'** (का0-11) इस कारिका में व्यक्त तथा अव्यक्त के साधर्म्य एवं पुरुष का उससे वैधर्म्य का निरूपण किया गया है।

सांख्य के त्रिविध गुण

➢ सांख्यानुसार तीन गुण हैं- सत्त्व, रजस् तथा तमस्। (का0-13)
➢ सत्त्व, रजस्, तमस् का स्वरूप है- सुख, दुःख, मोह।
प्रीत्यप्रीति-विषादात्मकाः। (का0-12) प्रीति का अर्थ - **सुख**, अप्रीति का अर्थ है- **दुःख** तथा विषाद का अर्थ है- **मोह**।
➢ तीनों गुणों के क्रमशः कार्य हैं- प्रकाश, प्रवर्तन, नियमन।
प्रकाश- प्रवृत्तिनियमार्थाः। (का0-12) जिसका अर्थ है- प्रकाश करना, प्रवृत्त करना, नियमन करना।
➢ तीनों गुणों के स्वभाव हैं- एक दूसरे को दबाना, आश्रय बनना, उद्भव या आविर्भाव।
''अन्योन्याभिभवाश्रयजननमिथुनवृत्तयश्च'' (का0-12)

➢ सत्त्व, रजस् तथा तमस् क्रमशः शान्त, घोर और मोह वृत्ति वाले हैं।

गुण	स्वरूप	कार्य/प्रयोजन	स्वभाव
1.सत्त्वगुण	प्रीति (सुखात्मक)	प्रकाश करना	एक दूसरे को दबाना
2.रजोगुण	अप्रीति (दुःखात्मक)	प्रवर्तन करना	आश्रय बनना
3.तमोगुण	विषाद (मोहात्मक)	नियमन करना	उद्भव या आविर्भाव करना

सत्त्व, रज, तम तीनों गुणों की विशेषताएँ

➢ **'सत्त्वं लघु प्रकाशकम्'** (का0-13) सत्त्व गुण हल्का होता है अतः प्रकाशक होता है।

➢ **'उपष्टम्भकं चलं च रजः'** (का0-13) रजोगुण चञ्चल होता है अतः उत्तेजक होता है।

➢ **'गुरु वरणकमेव तमः'** तमो गुण भारी होता है अतएव अवरोधक होता है।

सत्त्व गुण –हल्का – प्रकाशक
रजो गुण –चञ्चल (प्रवृत्तिशील)–उत्तेजक
तमो गुण –भारी – अवरोधक

➢ तीनों गुण अर्थात् सत्त्व, रजस् तथा तमस् विरोधी स्वभाव वाले होते हुए भी **'प्रदीपवच्चार्थतो वृत्तिः'** (का0-13) अर्थात् दीपक के समान व्यवहार करने वाले हैं।

➢ सत्त्वगुण के प्रभावी होने पर व्यक्ति स्वयं को हल्का, सुखी एवं आनन्दित अनुभव करता है।

➢ रजोगुण के प्रभावी होने पर व्यक्ति में चंचलता एवं गतिशीलता की अनुभूति होती है।

➢ तमोगुण के प्रभावी होने पर किसी भी काम को करने की इच्छा न होना, शरीर में आलस्य होना, सोने आदि में प्रवृत्त होना, होता है।

➢ सत्त्वगुण एवं तमोगुण दोनों गुण निष्क्रिय होते हैं रजोगुण ही उन्हें क्रियाशील बनाता है।

➢ सत्त्व आदि तीनों गुणों के कारण अविवेकित्व इत्यादि धर्मों की सत्ता सिद्ध होती है।

➢ कार्य का कारण गुणों के स्वभाव से युक्त होने से मूलप्रकृति (अव्यक्त) की सत्ता सिद्ध होती है।

पुरुष की सत्ता सिद्धि

संघातपरार्थत्वात् त्रिगुणादिविपर्ययादधिष्ठानात्
पुरुषोऽस्ति भोक्तृभावात् कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च॥ ।।17।।

1. संघातपरार्थत्वात् (संघातों का दूसरों के लिए होना)
2. त्रिगुणादिविपर्ययात् (त्रिगुणादि से विपरीत स्वभाव वाला होने से)
3. अधिष्ठानात् (त्रिगुण समूह का अधिष्ठाता होने से)
4. भोक्तृभावात् (भोग्य एवं भोक्ताभाव से)
5. कैवल्यार्थं प्रवृत्तेः (मोक्ष के लिए प्रवृत्ति देखे जाने से)

➢ सांख्य का पुरुष सभी शरीरों का अधिष्ठाता है।

➢ सांख्य का पुरुष त्रिगुणरहित होने से सबसे भिन्न है।

➢ पुरुषबहुत्व का सिद्धान्त सांख्य का सिद्धान्त है।

➢ पुरुषबहुत्व की सत्ता सिद्ध करने वाले तीन हेतु हैं-
(i) जननमरणकरणानाम् (ii) अयुगपत्प्रवृत्तेः (iii) त्रैगुण्यविपर्ययात्

➢ जन्म, मरण तथा इन्द्रियों की व्यवस्था होने से और एक साथ प्रवृत्ति का अभाव होने से तथा तीनों गुणों के भेद के कारण पुरुष बहुत्व की सत्ता सिद्ध होती है।

➢ जननमरणकरणानाम् में करण से अभिप्राय तीन अन्तःकरण (मन, बुद्धि, अहंकार) तथा पाँच ज्ञानेन्द्रियों एवं पाँच कर्मेन्द्रियों से है।

➢ पुरुष के चेतन, निर्गुण, विशेष, अविषय, विवेकी एवं अप्रसवधर्मी होने के कारण साक्षित्व, कैवल्य, माध्यस्थ्य, द्रष्टृत्व एवं अकर्तृत्व आदि धर्मों की सिद्धि भी होती हैं। (का0-19)

पुरुष के धर्म

साक्षित्व | कैवल्य | माध्यस्थ्य | द्रष्टृत्व | अकर्तृत्व

➢ पुरुष के संयोग से जड़ प्रकृति चेतन के समान प्रतीत होती है।

➢ पुरुष गुणरहित एवं अपरिणामी होने के कारण वस्तुतः कर्ता नहीं होता बल्कि उसमें कर्तापन की प्रतीति भ्रान्तिमात्र है।

➢ सांख्य की सृष्टि 'पङ्ग्वन्धवत्' अर्थात् लगड़ा (पुरुष) और अन्धा (प्रकृति) के समान है। (का0-21)

➢ पुरुष के द्वारा प्रधान (प्रकृति) का दर्शन तथा प्रकृति (प्रधान) के द्वारा कैवल्य की प्राप्ति के लिए पुरुष और प्रकृति का संयोग अन्धे और लगड़े के समान होता है जिससे सृष्टिप्रक्रिया सम्पन्न होती है।

➢ पुरुष और प्रकृति के संयोग का प्रमुख रूप से दो प्रयोजन है-
1. प्रकृति का दर्शन 2. पुरुष को कैवल्य की प्राप्ति।

प्रकृति एवं पुरुष के संयोग का प्रयोजन

प्रदर्शन	**कैवल्यार्थ**
(प्रकृति के लिए)	(पुरुष के लिए)

- महत् की उत्पत्ति मूलप्रकृति से होती है।
- अहंकार की उत्पत्ति महत् से होती है।
- सोलह पदार्थों का समूह अर्थात् पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ, पञ्चकर्मेन्द्रियाँ, पञ्चतन्मात्राएँ तथा मन की उत्पत्ति अहंकार से होती है।
- पञ्चमहाभूतों की उत्पत्ति पाँच तन्मात्राओं से होती है।
- महत् को बुद्धि, प्रत्यय, महान् एवं उपलब्धि आदि नामों से भी जाना जाता है।
- सत्त्वगुण प्रधान अहंकार से पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ, पञ्चकर्मेन्द्रियाँ, तथा मन की उत्पत्ति होती है।
- तमोगुण प्रधान अहंकार में पञ्च तन्मात्राओं की उत्पत्ति होती है।

प्रकृतेर्महान् ततोऽहङ्कारः तस्मात् गणश्च षोडशकः।
तस्मादपि षोडशकात् पञ्चभ्यः पञ्चभूतानि॥ (का0- 22)

वेदान्तसार

अनुबन्ध चतुष्टय

अधिकारी	विषय	सम्बन्ध	प्रयोजन

- वेदान्तशास्त्र में चार अनुबन्ध हैं - अधिकारी, विषय, सम्बन्ध और प्रयोजन।

'तत्रानुबन्धो नामाधिकारिविषयसम्बन्धप्रयोजनानि '

- **वेदान्त का प्रथम अनुबन्ध अधिकारी**- अधिकारी तो वह जिज्ञासु प्रमाता है, जिसने वेद- वेदाङ्गों का विधिपूर्वक अध्ययन करके समस्त वेदान्त के अर्थ को सामान्यरूप से जान लिया है तथा इस जन्म में अथवा अन्य जन्मों में कामनाओं को पूर्ण करने वाले काम्यकर्म तथा शास्त्रों द्वारा निषेध किये गये कर्मों को छोड़ने के साथ-साथ नित्य, नैमित्तिक, प्रायश्चित्त और उपासना कर्मों के अनुष्ठान से सम्पूर्णपापों से मुक्त, अत्यधिक निर्मल अन्तःकरण वाला जो साधन चतुष्टयसम्पन्न है, ऐसा प्रमाता पुरुष (इस ब्रह्मविद्या) वेदान्त का अधिकारी है।
- **अधिकारी तु विधिवदधीतवेदवेदाङ्गत्वेनापाततोऽ–धिगताखिलवेदार्थोऽस्मिन् जन्मनि जन्मान्तरे वा काम्यनिषिद्धवर्जनपुरस्सरं नित्यनैमित्तिकप्रायश्चित्तो-पासनानुष्ठानेन निर्गतनिखिलकल्मषतया नितान्तनिर्मलस्वान्तः साधनचतुष्टयसम्पन्नः प्रमाता।**

अधिकारी के निरूपणान्तर्गत ही काम्यादि कर्मों का वर्णन किया गया है-

- 1. स्वर्ग आदि कामनाओं के साधनस्वरूप ज्योतिष्टोमयाग आदि काम्यकर्म हैं –
  'काम्यानि स्वर्गादीष्टसाधनानि ज्योतिष्टोमादीनि।'
- 2. नरकादि अनिष्टस्थानों की प्राप्ति के साधनभूत ब्राह्मणहत्या, गोहत्या आदि निषिद्धकर्म हैं– **'निषिद्धानि नरकाद्यनिष्टसाधनानि ब्राह्मणहननादीनि।'**

3. जिसके न करने से भविष्य में दुःख की सम्भावना हो, ऐसे सन्ध्यावन्दन आदि नित्यकर्म हैं– **'नित्यान्यकरणे प्रत्यवायसाधनानि सन्ध्यावन्दनादीनि'**

4. पुत्र जन्मादि के अवसर पर किये जाने वाले जातेष्टि यज्ञ आदि नैमित्तिक कर्म हैं **'नैमित्तिकानि पुत्रजन्माद्यनुबन्धीनि जातेष्ट्यादीनि'**–

5. पाप के क्षय करने के लिये साधन बनने वाले चान्द्रायण आदि व्रत प्रायश्चित्त कर्म हैं –**'प्रायश्चित्तानि पापक्षयसाधनानि चान्द्रायणादीनि।'**

6. सगुणब्रह्म को विषय बनाने वाला मानसिक व्यापार ध्यान ही जिनका स्वरूप है उन शाण्डिल्यविद्या आदि को उपासनाकर्म कहते हैं।

'उपासनानि सगुणब्रह्मविषयमानसव्यापाररूपाणि शाण्डिल्यविद्यादीनि।'

- नित्य नैमित्तिक और प्रायश्चित्त कर्मों का परम प्रयोजन- बुद्धि की शुद्धि एवं उपासना रूप कर्मों का मुख्य प्रयोजन -चित्त की एकाग्रता है–
- नित्य नैमित्तिक प्रायश्चित्त कर्मों का गौण प्रयोजन- पितृलोक प्राप्ति तथा उपासना का गौण प्रयोजन - सत्यलोक (देवलोक) की प्राप्ति।

कर्म

करने योग्य कर्म — न करने योग्य कर्म

नित्य	नैमित्तिक	प्रायश्चित्त	उपासना	निषिद्ध	काम्य
(सन्ध्यावन्दनादि)	(जातेष्टि आदि)	(चान्द्रायणव्रतादि)	(सगुणोपासना)	गोहत्यादि	ज्योतिष्टोमादि

- **साधनचतुष्टय -** (i) नित्य एवं अनित्य वस्तुविवेक (ii) इहलौकिक एवं पारलौकिक फल को भोगने के प्रति वैराग्य (iii) शम, दम, उपरति, तितिक्षा, समाधान और श्रद्धा आदि छः प्रकार की सम्पत्ति **तथा** (iv) मोक्षप्राप्ति के प्रति इच्छा- ये चार साधन हैं।

साधनानिनित्यानित्यवस्तुविवेकेहामुत्रार्थफलभोग-विरागशमादिषट्कसम्पत्तिमुमुक्षुत्वानि

- इनमें एकमात्र ब्रह्म ही नित्य वस्तु है उसके अतिरिक्त अन्य सभी कुछ अनित्य है इसप्रकार समझना ही **नित्य-अनित्य-वस्तुविवेक** है।
- इस लोक की माला, चन्दन, सुन्दरी आदि भोग विलास विषयक सामग्री कर्म द्वारा उत्पन्न होने के कारण अनित्य के समान है। इसीप्रकार पारलौकिक स्वर्ग आदि विषयभोगों के कर्मजन्य होने से अनित्य होने के कारण उनके प्रति भी नितान्त वैराग्यभाव ही '**इहामुत्रार्थफलभोग विराग**' है।
- **ऐहिकानां स्रक्चन्दनवनितादिविषयभोगानां कर्मजन्यतयाऽनित्यत्ववदामुष्मिकाणामप्यमृतादि-विषयभोगानामनित्यतया तेभ्यो नितरां विरतिरिहा मुत्रार्थफलभोगविरागः साधनचतुष्टय**

1. **नित्यानित्यवस्तुविवेक-** नित्य अनित्य वस्तु का विवेक।
2. **इहामुत्रार्थफलभोगविराग-** इस लोक एवं परलोक विषयक भोगने के प्रति वैराग्यभाव।
3. **शमादिषट्कसम्पत्ति-** शम, दम, उपरति, तितिक्षा, समाधान और श्रद्धा इन छः प्रकार की सम्पत्ति से सम्पन्न होना
4. **मुमुक्षुत्व-** मोक्ष की प्रबल इच्छा का होना।

शमादिषट्कसम्पत्ति

'शमादयस्तु शमदमोपरतितितिक्षासमाधानश्रद्धाख्याः'।

- **1. शम-** श्रवण, मनन और निदिध्यासन को छोड़कर उनसे भिन्न विषयों से मन को हटा लेने को शम कहते हैं।

'शमस्तावच्छ्रवणादिव्यतिरिक्तविषयेभ्यो मनसो निग्रहः'।

- **2. दम-** श्रोत्रादि बाह्य इन्द्रियों को श्रवणादि के अतिरिक्त विषयों से हटाने को दम कहते हैं। '**दमो बाह्येन्द्रियाणां तद्व्यतिरिक्तविषयेभ्यो निवर्तनम्**'।
- **3. उपरति-** अन्तरिन्द्रिय मन और श्रोत्रादि बाह्य इन्द्रियों को अपने-अपने विषय से निवृत्त कर लेने पर श्रवण आदि के अतिरिक्त विषयों से इनका उपरत हो जाना अर्थात् फिर से विषयों की ओर प्रवृत्त होने का उत्साह न रह जाने से स्थिर हो जाना उपरति है।

'निवर्तितानामेतेषां तद्व्यातिरिक्तविषयेभ्य उपरमणमुपरतिः अथवा विहितानां कर्मणां विधिना परित्यागः'।

- अथवा सन्ध्यावन्दन अग्निहोत्र आदि अवश्य करणीय वेदविहित कर्मों का श्रुति और स्मृति में बताई गई विधि से परित्याग कर देना अर्थात् संन्यास ग्रहण कर लेना ही उपरति है।

4. तितिक्षा- शीत-उष्ण, मान -अपमान, लाभ -हानि, जय- पराजय, निन्दा- स्तुति, हर्ष-शोक आदि द्वन्द्वों को सहन करना तितिक्षा है।

'तितिक्षा शीतोष्णादिद्वन्द्वसहिष्णुता'।

- **5. समाधान-** निगृहीत चित्त का श्रवणादि में तथा श्रवणादि के अनुकूल गुरुशुश्रूषा, वेदान्तग्रन्थों का सम्पादन और उनकी रक्षा करना आदि विषयों में स्थिर हो जाना समाधान है। **'निगृहीतस्य मनसः श्रवणादौ तदनुगुणविषये च समाधिः समाधानम्' ।**
- **6. श्रद्धा -** गुरू द्वारा उपदिष्ट वेदान्त के वाक्यों में विश्वास श्रद्धा है।

गुरूपदिष्टवेदान्तवाक्येषु विश्वासः श्रद्धा।

- **मुमुक्षुत्व -** मोक्ष की इच्छा ही मुमुक्षुत्व है। '**मुमुक्षुत्वं मोक्षेच्छा**'।

'**एवम्भूतः प्रमाताधिकारी**'। इसप्रकार की विशेषताओं से युक्त हुआ प्रमाता अधिकारी है।

- **वेदान्त का द्वितीय अनुबन्ध- विषय** वेदान्त का प्रतिपाद्य विषय -जीव और ब्रह्म की एकता है। **विषयो जीवब्रह्मैक्यं शुद्धचैतन्यं प्रमेयं तत्रैव वेदान्तानां तात्पर्यात्।**
- शुद्धचैतन्य प्रमा का विषय है क्योंकि समस्त वेदान्तवाक्यों का अभिप्राय उसी शुद्धचैतन्य के प्रतिपादन में निहित है।
- **वेदान्त का तृतीय अनुबन्ध-सम्बन्ध**
  ज्ञान के विषय उन जीव और ब्रह्म का ऐक्य एवं उनका प्रतिपादन करने वाले उपनिषद्रूप प्रमाणवाक्यों का परस्पर बोध्य-बोधकभाव सम्बन्ध है।

  'सम्बन्धस्तु तदैक्यप्रमेयस्य तत्प्रतिपादकोप–निषत्प्रमाणस्य च बोध्यबोधकभावः।'
- **वेदान्त का चतुर्थ अनुबन्ध-प्रयोजन** चतुर्थ अनुबन्ध उस जीव एवं ब्रह्म के ऐक्यविषयक ज्ञान के साथ अज्ञान की निवृत्तिपूर्वक अपने स्वरूप का परिचय होने से चरम आनन्द की प्राप्ति ही मुख्य प्रयोजन है।

*** प्रयोजनं तु तदैक्यप्रमेयगताज्ञाननिवृत्तिः स्वस्वरूपानन्दावाप्तिश्च।**

* ''तरति शोकमात्मवित्'' इत्यादि श्रुतेः ''ब्रह्मविद् बह्मैव भवति '' इत्यादि श्रुतेश्च। ''आत्मज्ञानी शोक से तर जाता है'' इत्यादि तथा ''ब्रह्मज्ञानी ब्रह्म ही हो जाता है'' इत्यादि श्रुति का कथन प्रमाण है।

अज्ञान की शक्ति

- अज्ञान की दो शक्तियाँ हैं - आवरण और विक्षेप। **'अस्याज्ञानस्यावरणविक्षेपनामकमस्ति शक्तिद्वयम्'।**

* प्रमाता के सच्चिदानन्द स्वरूप को जो शक्ति ढक देती है, वह आवरण शक्ति है।

* सम्पूर्ण नामरूपात्मक जगत् को उत्पन्न करने वाली शक्ति है - विक्षेप शक्ति।

* तमोगुण प्रधान होती है- विक्षेप शक्ति।

- वेदान्त की दृष्टि में आत्मा का बन्धन अथवा मोक्ष सम्भव नहीं है यह तो केवल आभासमात्र है। रस्सी में सर्प के समान अथवा सीप में चाँदी के समान।

हस्तामलक नामक ग्रन्थ में आयी हुई कारिका -

''घनच्छन्नदृष्टिर्घनच्छन्नमर्कं यथा मन्यते निष्प्रभं चातिमूढः।
तथा बद्धवद्भाति यो मूढदृष्टेः स नित्योपलब्धिस्वरूपोऽहमात्मा।।''

जिस प्रकार मेघ से ढका हुआ दृष्टि वाला मूर्ख व्यक्ति, बादल से ढके हुए सूर्य को प्रकाशरहित मानता है उसीप्रकार मूढ सामान्य दृष्टि वालों को आत्मा (जन्म - मरणादि बन्धनों से) बँधा हुआ सा प्रतीत होता है।

अज्ञान ,माया की शक्ति

आवरण	विक्षेप
(सत्य को आवृत करना)	(सत् में असत् की उद्भावना)

आवरण एवं विक्षेप नामक दो महत्त्वपूर्ण शक्तियों से युक्त अज्ञान से उपहित चैतन्य सूक्ष्मशरीर से लेकर ब्रह्माण्डपर्यन्त दृश्यमान सम्पूर्ण जगत् प्रपञ्च का उपादान और निमित्त दोनों है।

- **शक्तिद्वयवदज्ञानोपहितं चैतन्यं स्वप्रधानतया निमित्तं स्वोपाधिप्रधानतयोपादानं च भवति।यथा- लूता तन्तुकार्यं प्रति स्वप्राधानतया निमित्तं स्वशरीरप्रधानतयोपादानं च भवति।**
- जिसप्रकार मकड़ी अपने जाला निर्माणरूप कार्य के प्रति अपने शरीर के चैतन्य की प्रधानता के कारण निमित्तकारण है तथा अपने शरीर से निकलने वाले लारवे की प्रधानता की दृष्टि से उपादानकारण भी है।
- उसीप्रकार अज्ञान से उपहित आत्मा अपने चैतन्य की प्रधानता होने से दृश्यमान सांसारिक प्रपञ्च का निमित्तकारण तथा अज्ञान की प्रधानता के समय उपादान कारण होता है।
- अज्ञानोपहित चैतन्य के लिए वेदान्त में ईश्वर, चैतन्य एवं आत्मा आदि अनेक शब्दों का प्रयोग मिलता है।
- लूता मकड़ी का नाम है। मकड़ी की विशेषता यह है कि अपने द्वारा निर्मित जाले में अन्य किसी बाह्य उपादान का सहयोग नहीं लेती है।

तत्त्वमसि महावाक्यार्थ

- अज्ञान आदि व्यष्टि इसकी उपाधि अल्पज्ञत्व आदि विशेषताओं से युक्त चैतन्य (अर्थात् जीव) इसकी उपाधि से रहित शुद्धचैतन्य ये तीनों (एक साथ) तप्तलोहपिण्ड के समान अभिन्न प्रतीत होने के कारण 'त्वम्' पद के वाच्यार्थ होते हैं।
- इस उपाधि से युक्त आधारभूत अनुपहित आनन्दरूप तुरीयचैतन्य 'त्वम्'पद का लक्ष्यार्थ होता है।
- अनुपहित शुद्धचैतन्य 'तत्' एवं 'त्वम्' इन दोनों पदों का लक्ष्यार्थ है इसीलिए 'तत्' एवं 'त्वम्' ये दोनों पद यहाँ लक्षण है तथा शुद्धचैतन्य लक्ष्य है।
- 'तत्त्वमसि' (वह तू है) इत्यादि वाक्य तीन सम्बन्धों से अखण्ड अर्थ का बोध कराने वाला होता है।
- समानाधिकरण्य, विशेषणविशेष्यभाव एवं लक्ष्यलक्षणभाव ये तीन सम्बन्ध होते हैं।
- **चार महावाक्यों** की विशेषचर्चा वेदान्तदर्शन में की गई है-

महावाक्य	उपनिषद्	वेद
1. प्रज्ञानं ब्रह्म	ऐतरेयोपनिषद् -5	ऋग्वेद
2. तत्त्वमसि	छान्दोग्योपनिषद् -6.8.	सामवेद
3. अहं ब्रह्मास्मि	बृहदारण्यकोपनिषद् 1.4.10	यजुर्वेद
4. अयमात्मा ब्रह्म	माण्डूक्योपनिषद् -2	अथर्ववेद

- महावाक्यों का वर्ण्यविषय ब्रह्म के स्वरूप एवं अद्वैत का प्रतिपादन करना है।
- 'तत्त्वमसि' महावाक्य वस्तुतः उपदेशवाक्य है। जो एक गुरु द्वारा अधिकारी प्रमाता को उपदेश रूप में दिया जाता है 'तत्त्वमसि' - यह ब्रह्म और जीव की एकता बताता है।
- यहाँ लक्ष्यलक्षणसम्बन्ध को **'भागलक्षणा'** भी कहा गया है।

सम्बन्धत्रयम्

पदों में	पदों के अर्थों में	आन्तरिक गुणों के कारण
समानाधिकरण्य	विशेषण विशेष्यभाव	लक्ष्यलक्षणभाव

'अहं ब्रह्मास्मि'- महावाक्य

- 'अहं ब्रह्मास्मि' **अनुभववाक्य** है। 'तत्त्वमसि' **उपदेशवाक्य** है।
- 'अहं ब्रह्मास्मि' में ब्रह्माकाराकारिचित्तवृत्ति तथा तद्गत चिदाभास दोनों की आवश्यकता होती है 'ब्रह्मास्मीत्यखण्डाकाराकारिता चित्तवृत्तिरुदेति'।
- वेदान्त की दृष्टि में अधिकारी को गुरु अध्यारोप एवं अपवादन्याय से 'तत्त्वमसि' महावाक्य के तत् एवं त्वम् पदों के अर्थो को भली प्रकार समझाकर उसके बाद अखण्ड अर्थ का बोध कराता है। जिसके परिणामस्वरूप उसके हृदय में अखण्ड आकार से आकारित इसप्रकार की चित्तवृत्ति का उदय होता है कि मैं ही नित्य, शुद्ध,बुद्ध, मुक्त, सत्यस्वभाव, परमानन्द स्वरूप, अनन्त एवम् अद्वैतब्रह्म हूँ।
- जीव और ब्रह्म का यह अखण्डार्थवाक्य का बोध कराता है।

लक्षणा

जहत्	अजहत्	जहदजहल्लक्षणा
(गंगायां घोषः)	(शोणो धावति)	(तत्त्वमसि)

1. जहद्लक्षणा 2. अजहल्लक्षणा 3.जहदजहल्लक्षणा

1. **जहद्लक्षणा-** इसे लक्षणलक्षणा भी कहते हैं। जो अपने मूल अर्थ को त्याग दे और दूसरा अर्थ ग्रहण करे।

2. **अजहल्लक्षणा-** जो अपने अर्थ को न छोड़े वह उपादान लक्षणा या अजहल्लक्षणा होती है।

3. **जहदजहल्लक्षणा-** जो अपने मूल अर्थ को त्याग दें और एक अंश का बोध कराये वह जहदजहल्लक्षणा है। इसे **भागलक्षणा** भी कहते हैं।

- तत्त्वमसि वाक्य का बोध जहदजहल्लक्षणा या भागलक्षणा से होता है।

(तर्कभाषा) न्याय/वैशेषिक दर्शन

प्रमाण – न्यायदर्शन में तर्कभाषा प्रमाण चार प्रकार के होते हैं- **'प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि'**।

प्रत्यक्ष प्रमाण- ''साक्षात्कारिप्रमाकरणं प्रत्यक्षम्''
साक्षात्कारिणी प्रमा के करण को प्रत्यक्ष प्रमाण कहते हैं।

- साक्षात्कारिणी प्रमा दो प्रकार की होती है-
  (i) सविकल्पक (ii) निर्विकल्पक
- साक्षात्कारिणी प्रमा का करण तीन प्रकार का होता है-

(i) कभी इन्द्रिय (ii) कभी इन्द्रिय और अर्थ का सन्निकर्ष
(iii) कभी ज्ञान

षोढा सन्निकर्ष

सन्निकर्ष	इन्द्रिय	विषय
संयोग सन्निकर्ष	चक्षु	घट
संयुक्त समवाय सन्निकर्ष	चक्षु	घटरूप
संयुक्तसमवेत समवाय सन्निकर्ष	चक्षु	घटरूपत्व जाति
समवाय सन्निकर्ष	श्रोत्र	शब्द
समवेत समवाय सन्निकर्ष	श्रोत्र	शब्दत्व
विशेषण- विशेष्यभाव सन्निकर्ष	श्रोत्र	भूतले घटाभाव

अनुमान प्रमाण-'लिङ्गपरामर्शोऽनुमानम्'
लिङ्ग परामर्श को ही अनुमान कहते हैं।

- जिससे अनुमिति की जाती है उसे अनुमान कहते हैं। लिङ्ग परामर्श से अनुमिति की जाती है अतः लिङ्गपरामर्श अनुमान है।

लिङ्ग परामर्श- धूमादि का ज्ञान। अग्नि का ज्ञान अनुमिति है और धूमादि का ज्ञान उस अनुमिति का कारण है।

लिङ्ग- 'व्याप्तिबलेनार्थगमकं लिङ्गम्'
व्याप्ति के आधार पर (बल पर) अर्थ का जो बोधक होता है, उसे लिङ्ग कहते हैं। जैसे - 'धूम' अग्नि का लिङ्ग है।

- **व्याप्तिः- साहचर्यनियमो व्याप्तिः'** साहचर्य (साथ-साथ रहना) नियम को व्याप्ति कहते हैं। जैसे ''यत्र यत्र धूमः,तत्र तत्र वह्निः'' जहाँ-जहाँ धुआँ है, वहाँ-वहाँ अग्नि है।

परामर्श- 'तस्य तृतीयं ज्ञानं परामर्शः'
उसके (लिङ्ग) के तृतीय ज्ञान को परामर्श कहते हैं।

- **अनुमान प्रमाण के प्रकार- 'तच्चानुमानं द्विविधम् स्वार्थं परार्थं चेति'** वह अनुमान दो प्रकार का है- (i) स्वार्थानुमान (ii) परार्थानुमान

(i) स्वार्थानुमान- '' स्वार्थं स्वप्रतिपत्तिहेतुः '' अपने ज्ञान (प्रतिपत्ति) का निमित्त स्वार्थानुमान है।
जैसे- कोई व्यक्ति स्वयं ही पाकशाला में धूम और अग्नि को साथ देखकर उनके साहचर्य का निश्चय करके पर्वत के समीप जाकर धूम रेखा को देखता है तो उसका संस्कार उद्बुद्ध हो जाता है और वह 'जहाँ धूम होता है वहाँ अग्नि होती है' इस व्याप्ति का स्मरण करता है तदन्तर यहाँ भी धूम है यह परामर्श करता है उस (लिङ्गपरामर्श) से 'यहाँ पर्वत में भी अग्नि है' इसप्रकार स्वयं ही समझ लेता है। यही स्वार्थानुमान है।

(ii) परार्थानुमान -
''यत्तु कश्चित् स्वयं धूमादग्निमनुमाय परं बोधयितुं पञ्चावयवमनुमानवाक्यं प्रयुङ्क्ते तत् परार्थानुमानम्''

जब कोई व्यक्ति स्वयं धूम से अग्नि का अनुमान करके दूसरे को उसका बोध कराने के लिए पाँच अवयव वाले अनुमान वाक्य का प्रयोग करता है, वह परार्थानुमान है।

परार्थानुमान के पाँच अवयव हैं-

1. प्रतिज्ञा- पर्वतोऽग्निमान्

2. हेतु- धूम वत्त्वात्

'' तृतीयान्तं पञ्चम्यन्तं वा लिङ्गप्रतिपादकं वचनं हेतुः'' लिङ्ग को बताने वाला तृतीयान्त अथवा पञ्चम्यन्त वाक्य हेतु है।

- हेतु तीन प्रकार का है-1. अन्वयव्यतिरेकी, 2. केवलान्वयी, 3.केवल व्यतिरेकी
- अन्वय और व्यतिरेक व्याप्ति से युक्त हेतु अन्वयव्यतिरेकी है। **''स चान्वयव्यातिरेकी, अन्वयेन व्यतिरेकेण च व्याप्तिमत्वात्''**
- जहाँ-जहाँ धूमवत्व होता है, वहाँ-वहाँ अग्निमत्व होता है- जैसे महानस में यह अन्वयव्याप्ति है।**यत्र-यत्र धूमवत्वं तत्राग्निमत्वं यथा महानसे इत्यन्वयव्याप्तिः'**
- जहाँ अग्नि नहीं होती वहाँ धुँआ भी नहीं होता जैसे- जलाशय में। यह व्यतिरेक व्याप्ति है। **'यत्राग्निर्नास्ति तत्र धूमोऽपि नास्ति यथा - महाह्रदे'**
- केवल व्यतिरेक व्याप्ति से युक्त हेतु केवल व्यतिरेकी कहलाता है। यथा- **'जीवच्छरीरं सात्मकं प्राणादिमत्वात्'** जीवित शरीर सात्मक है क्योंकि वह प्राण से युक्त है।
- केवल अन्वयव्याप्ति से युक्त हेतु केवलान्वयी कहलाता है। यथा- **शब्दोऽभिधेयः प्रमेयत्वात्।** शब्द अभिधेय है प्रमेय होने से

हेतु

अन्वयव्यतिरेकी | केवलान्वयी | केवलव्यतिरेकी

3. उदाहरण- यो यो धूमवान् स सोऽग्निमान्, यथा- महानसः।

4. उपनय- तथा चायम्।

5. निगमन- तस्मात् तथा।

उपमान प्रमाण- ''अतिदेशवाक्यार्थस्मरणसहकृतं गोसादृश्य विशिष्टपिण्डज्ञानमुपमानम्''।

अतिदेश वाक्य (जैसी गाय वैसी नीलगाय) के अर्थ का स्मरण करने के साथ 'गौ की समानता से युक्त पिण्ड (आकृति)का ज्ञान ही 'उपमान प्रमाण' है।

जैसे- **'यथा गौस्तथा गवयः'** जैसी गाय वैसे ही नीलगाय

उपमिति- संज्ञासंज्ञिसम्बन्धप्रतीतिरुपमितिः' अर्थात् सञ्ज्ञा और सञ्ज्ञी के सम्बन्ध की प्रतीति उपमिति है।

शब्दप्रमाण- 'आप्तवाक्यं शब्दः' आप्त का वाक्य शब्द प्रमाण है।

आप्त- यथाभूत का अर्थ ही उपदेश करने वाला पुरुष 'आप्त' कहलाता है।

वाक्य- 'वाक्यं त्वाकांक्षायोग्यतासन्निधिमतां पदानां समूहः'

आकांक्षा, योग्यता और सन्निधि से युक्त पदसमूह वाक्य है।

आकांक्षा का अर्थ है- एक पद का दूसरे के बिना अन्वय बोध न करा सकना।

योग्यता का अर्थ है- पदार्थों के पारस्परिक सम्बन्ध में बाधा न होना

सन्निधि का अर्थ है- पदों का अविलम्ब से उच्चारण किया जाना

पद- पदं च वर्णसमूहः - वर्णों का समूह पद है। समूह का अभिप्राय है एक ज्ञान का विषय होना।

नन्वर्थापत्तिः पृथक् प्रमाणमस्ति- अर्थापत्ति को मीमांसक पृथक् प्रमाण मानते हैं किन्तु नैयायिक इसका अन्तर्भाव अनुमान प्रमाण में करते हैं।

अर्थापत्ति- 'अनुपपद्यमानार्थदर्शनात् तदुपपादकीभूतार्थान्तराकल्पना अर्थापत्तिः' अनुपपद्यमान अर्थ को जानकर उसके उपपादक अर्थ की कल्पना अर्थापत्ति है।

- यह पर्व अपने आप में स्वतन्त्र पुराण जैसा है ।
- शरशय्या पर ही भीष्म के द्वारा युधिष्ठिर आदि को उपदेश दिया गया है।

13 - अनुशासन पर्व

- 2-उपपर्व 168 - अध्याय
- 10000 श्लोक मुख्य रूप से धर्मशास्त्रीय उपदेश।
- विषयवस्तु की दृष्टि से शान्तिपर्व के समान।
- प्रथम उपपर्व - दान धर्म (166 अध्याय)
- द्वितीय उपपर्व -'भीष्म का स्वर्गारोहण' (2अध्याय)
- ब्राह्मणों की महत्ता तथा उन्हें दान करने का वर्णन जैसा महाभारत में है वैसा अन्यत्र कहीं नहीं है।
- इस पर्व के 17वें अध्याय में ''शिवसहस्रनामस्तोत्र'' तथा 149 वें अध्याय में - **'विष्णुसहस्रनामस्तोत्र'** वर्णित है।

14- आश्वमेधिक पर्व

- 92 अध्याय, 4250 श्लोक
- व्यास के आदेश पर युधिष्ठिर अश्वमेध-यज्ञ करते हैं।
- अर्जुन द्वारा 1 वर्ष तक यज्ञाश्व की रक्षा होती है।
- 'अनुगीता' नामक उपपर्व में दर्शनशास्त्र की सामग्री है।
- दक्षिणभारतीय संस्करण में 21 अध्यायों का एक अतिरिक्त उपपर्व-वैष्णव धर्म है।

15 - आश्रमवासिक पर्व

- 3-उपपर्व 39- अध्याय 110 - श्लोक
- मुख्यवस्तु- धृतराष्ट्र के साथ गान्धारी, कुन्ती और विदुर का वन में आश्रम बनाकर निवास करना।
- धृतराष्ट्र के15 वर्षों तक युधिष्ठिर परामर्श दाता बने रहे। उसके बाद वनवास।

16- मौसल पर्व

- 304 श्लोक
- युधिष्ठिर के सिंहासनारोहण के 36 वर्ष बाद गांधारी का शाप सत्य होता है ।
- यादव वंश के लोग परस्पर युद्ध करके समाप्त हो जाते हैं।
- कृष्ण भी एक व्याध द्वारा भ्रमवश मारे जाते हैं।
- यदुवंश के विनाशक 'मूसल' के कारण ही इस पर्व का नाम मौसल है।

17 -महाप्रस्थानिक पर्व

- 3- अध्याय, 115- श्लोक
- पाण्डवों की हिमालय यात्रा का वर्णन ।
- हिमालय में क्रमशः द्रौपदी,सहदेव आदि गिरते जाते हैं और युधिष्ठिर उनके पतन का कारण बतालाते हैं।
- युधिष्ठिर पार्थिव शरीर से ही स्वर्ग जाते हैं।

18-स्वर्गारोहण पर्व

- 5- अध्याय 220 - श्लोक
- इसमें युधिष्ठिर के स्वर्ग पहुँचने तथा देवदूत के साथ नरक में जाकर अपने अनुजों के करुण क्रन्दन सुनने का वृत्तान्त ।
- आश्वासन पाकर दिव्य लोक जाकर कृष्ण अर्जुन आदि से मिलते हैं।
- अन्तिम अध्याय में महाभारत का माहात्म्य तथा उपदेश ।
- इसे महाभारत का सार- ''भारत-सावित्री'' कहते हैं।

महाभारत की प्रमुख टीकाएँ

- कुल 36 टीकाएँ प्राप्त होती है जिनमें मुख्य टीकाएँ निम्नलिखित हैं।

टीकाकार	टीका
1. देवबोध	ज्ञानदीपिका
2. वैशम्पायन	मोक्षधाम
3. विमलबोध	विषमश्लोकी
4. नारायणसर्वज्ञ	भारतार्थप्रकाश
5. चतुर्भुज मिश्र	भारतोपायप्रकाश
6. आनन्दपूर्ण	जयकौमुदी
7. अर्जुन मिश्र	भारत संग्रहदीपिका
8. वादिराज	लक्षाभरण
9. नीलकण्ठ चतुर्धर	भारतभावदीप

महाभारत के प्रमुख उपाख्यान

1. शकुन्तलोपाख्यान - आदिपर्व, अध्याय -68-74 तक।

2. मत्स्योपाख्यान - मत्स्य द्वारा प्रलय में मनु को बचाने की कथा।

3. रामोपाख्यान - वनपर्व 274-291 अध्याय। वाल्मीकिरामायण की कथा संक्षेप में।

4. शिवि उपाख्यान - वनपर्व अध्याय 292-299 तक। शिवि द्वारा अपने प्राण देकर भी शरणागत कपोत की बाज से रक्षा ।

5. सावित्री उपाख्यान - वनपर्व में पतिव्रत धर्म की पराकाष्ठा

6. नलोपाख्यान - वनपर्व अध्याय - 53 से 79 तक। राजानल दमयन्ती की प्रणय कथा। नैषधीयचरितम् का उपजीव्य ।

7. **अम्बोपाख्यान -**उद्योगपर्व में

8. हरिवंश पुराण - यादवों की विस्तारपूर्वक कथा

इसमें तीन पर्व -

(1) हरिवंशपर्व - श्रीकृष्ण के पूर्वजों का वर्णन।

(2) विष्णुपर्व - श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन।

(3) भविष्यपर्व - कलियुग के प्रभाव का वर्णन ।

महाभारत में अङ्गीरस

- महाभारत में **शान्त रस** की प्रधानता है।
- मोक्ष नामक पुरुषार्थ का अङ्गीत्वेन वर्णन है।

महाभारत आश्रित ग्रन्थ

महाकाव्य -				
किरातार्जुनीय	-	भारवि	-	बृहत्त्रयी
शिशुपालवध	-	माघ	-	बृहत्त्रयी
नैषधीयचरित	-	श्रीहर्ष	-	बृहत्त्रयी
भारतमञ्जरी	-	क्षेमेन्द्र		
नलाभ्युदय	-	वामनभट्ट बाण		
दूतघटोत्कच	-	भास		
मध्यमव्यायोग	-	भास		
बालचरित	-	भास		
ऊरुभङ्ग	-	भास		
पञ्चरात्र	-	भास		
दूतवाक्य	-	भास		
कर्णभार	-	भास		
अभिज्ञानशाकुन्तल	-	कालिदास		
वेणीसंहार	-	भट्टनारायण		
बालभारत	-	राजशेखर		
किरातार्जुनीयव्यायोग	-	वत्सराज		
चम्पूग्रन्थ				
नलचम्पू	-	त्रिविक्रमभट्ट		
भारतचम्पू	-	अनन्तभट्ट		
भारतचम्पू	-	राजचूड़ामणि दीक्षित		
पाञ्चालीस्वयंवरचम्पू	-	नारायण चम्पू		

महाभारत का अंश भगवद्गीता

- स्मार्त परम्परा में एकमात्र ग्रन्थ भगवद्गीता स्वीकृत है।
- यह भीष्मपर्व (अध्याय-25-42) में है।
- इसमें 18 अध्याय, 700श्लोक एवं अनुष्टुप् छन्द है।
- श्रीमद्भगवद्गीता संस्कृत भाषा की सर्वाधिक लोकप्रिय रचना है।
- दार्शनिक चिन्तन के तीन प्रस्थान हैं-
  श्रौतप्रस्थान, सौत्रप्रस्थान व स्मार्तप्रस्थान।
- गीता का अर्थ है - गायी गयी / कही गयी ।
- भीष्म पर्व के अनुसार -
  ''या स्वयं पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनिःसृता।''
- उपनिषद् शब्द स्त्रीलिङ्ग है अतः गीता शब्द में स्त्रीलिङ्ग का प्रयोग।
- गीता में उपनिषत्सु शब्द का प्रयोग है। यह आदरार्थ प्रयोग है ।
- गीता का रचनाकाल महाभारत का प्रारम्भिक दिवस है।
- मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी को गीता जयन्ती मनाई जाती है ।
- गीता पर सर्वाधिक प्राचीन भाष्य **'शाङ्करभाष्य'** है।

गीता के अध्यायों के नाम

अध्याय नाम		श्लोक संख्या
1. अर्जुन विषाद योग	-	47
2. सांख्ययोग	-	72
3. कर्मयोग	-	43
4. ज्ञानकर्मसंन्यासयोग	-	42
5. कर्मसंन्यायोग	-	29
6. आत्मसंयमयोग	-	47
7. ज्ञानविज्ञानयोग	-	30
8. अक्षरब्रह्मयोग	-	28
9. राजविद्याराजगुह्ययोग	-	34
10. विभूतियोग	-	42
11. विश्वरूपदर्शनयोग	-	55
12. भक्तियोग	-	20
13. क्षेत्रक्षेत्रज्ञविभागयोग	-	34
14. गुणत्रयविभागयोग	-	27
15. पुरुषोत्तमयोग	-	20
16. दैवासुरसम्पद्विभागयोग	-	24
17. श्रद्धात्रयविभागयोग	-	28
18. मोक्षसंन्यासयोग	-	78
कुल श्लोक	-	**700**

महाभारत के प्रमुख पद्य

- धर्मे चार्थे च कामे च ....।
- प्रकाशलक्षणदेवा मनुष्याः कर्मलक्षणाः
- अहो सिद्धार्थता तेषां सन्तीह पाणयः।
  न पाणिलाभादधिको लाभ कश्चन विद्यते।।
- न नः समितिं गच्छेद् यश्च नो निर्वपेत कृषिम्।
- गुह्यं ब्रह्म तदितं ब्रवीमि, न हि मानुषात् श्रेष्ठतरं हि किञ्चित् ।
- यास्मिन् यथा वर्तते यो मनुष्यस्तस्मिंस्तथा वर्तित्व्यं स धर्मः ।
  मायाचारो मायया वर्तितव्यः साध्वाचारः साधुना प्रत्युपेयः ।।

- वृत्तं यत्नेन संरक्षेद् वित्तमेति च याति च ।
  अक्षीणो वित्ततः क्षीणो वृत्ततस्तु हतो हतः ।।
- सुलभाः पुरुषा राजन्, सततं प्रियवादिनः ।
  अप्रियस्य च पथ्यस्य, वक्ताश्रोता च दुर्लभः ।।
- अक्रोधेन जयेत् क्रोधम् असाधुं साधुना जयेत् ।
  जयेत् कदर्यं दानेन जयेत् सत्येन चानृतम् ।।
- न च शत्रुरवज्ञेयो दुर्बलोऽपि बलीयसा ।
  अल्पोऽपीहि दहत्यग्निर्विषमल्पं हिनस्ति च ।।
- अर्थः कामश्च स्वर्गश्च, हर्षः क्रोधं श्रुतं दमः
  अर्थादेतानि सर्वाणि, प्रवर्तन्ते नराधिप।।
- धनमाहुः परं धर्मं प्रतिष्ठितम्
  जीवन्ति धनिनो लोके, मृता ये त्वधना नराः।।
- राजा प्रजानां प्रथमं शरीरं प्रजाश्च राज्ञोऽप्रतिमं शरीरम् ।
  राज्ञा विहीना न भवन्ति देशा, देशैर्विहीना न नृपा भवन्ति ।
- बन्धुरात्मात्मनस्तस्य, येनैवात्माऽऽत्मनाजितः ।
  स एव नियतो बन्धुः स एव नियतो रिपुः ।।
- रथः शरीरं पुरुषस्य राजन् आत्मा नियन्तेन्द्रियाण्यस्य चाश्वाः ।
  तैरप्रमत्तः कुशली सदश्वैर्दान्तैः सुखं याति रथीव धीरः ।।
- शुश्रूषा श्रवणं चैव ग्रहणं धारणं तथा ।
  ऊहापोहोऽर्थविज्ञानं, तत्त्वज्ञानं च धीगुणाः।
- यस्मिन् सर्वं यतः सर्वं यः सर्वं सर्वतश्च यः
  यश्च सर्वमयो देवस्तस्मै सर्वात्मने नमः ।।
- उपदेशेन वर्तामि नानुशास्मीह कञ्चन
- यथा बीजं विना क्षेत्रमुप्तं भवति निष्फलम्।
  तथापुरुषकारेण विना दैवं न सिध्यति।।
- ''अहिंसा परमो धर्मः''
- चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः ।
- 'धर्म एव ततो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।
- प्रज्ञा प्रतिष्ठा भूतानां प्रज्ञा लाभः परो मतः
  प्रज्ञा वै श्रेयसी लोके प्रज्ञा स्वर्गो मतः सताम्।।

कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य

- गान्धारी किसकी माँ थी - दुर्योधन की
- सुभद्रा किसकी बहन थी - कृष्ण की
- माद्री किसी माता थी - नकुल एवं सहदेव की।
- भीष्मस्य पितृकृतं नाम किम् - देवव्रतः।
- सैवलोऽस्ति -शकुनिः।
- द्रौणिः अस्ति - अश्वत्थामा।
- दासी पुत्रः कः - विदुरः।
- वैरोचनिः कः - बलिः।
- द्रोणाचार्यस्य वधं केन अकरोत् - धृष्टद्युम्नेन।
- बृहन्नला ....आतीत्। - अर्जुनः।

प्रमुख महाकाव्य

महाकवि भारवि का परिचय

- **पिता** – (i) श्रीधर, (ii) नारायणस्वामी (अवन्तिसुन्दरीकथा के अनुसार)
- **माता** – सुशीला
- **पत्नी** – रसिकवती या रसिका
- **पुत्र** – मनोरथ
- **मूल नाम** – दामोदर
- **गोत्र** – कुशिक
- **जन्म स्थान** – (i) दक्षिण भारत में नासिक प्रदेश के **'अचलपुर'** (एलिचपुर), (ii) धारानगरी (अवन्तिसुन्दरी कथा के अनुसार)
- **समय** – छठवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध/सातवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध

भारवि की वंशपरम्परा

नारायणस्वामी (श्रीधर) – (भारवि के पिता)
↓
भारवि – (दण्डी के प्रपितामह)
↓
मनोरथ – (दण्डी के पितामह)
↓
वीरदत्त-गौरी – (दण्डी के पिता-माता)
↓
दण्डी – (भारवि के प्रपौत्र)

- **सम्प्रदाय** – शैव
- **उपाधि** – 'आतपत्र भारवि'
- **''आधत्ते कनकमयातपत्रलक्ष्मीम्'' (किरात. 5.39)** इस श्लोक में **'कनकमय आतपत्र'** (सोने का छाता) की उपमा को अति सुन्दर मानकर आलोचकों ने कवि का नाम ही **'आतपत्र भारवि'** रख दिया।
- **आश्रयदाता** – 1. विष्णुवर्द्धन (पुलकेशिन द्वितीय के अनुज), 2. सिंहविष्णु (अवन्तिसुन्दरीकथा के अनुसार), 3. दुर्विनीत, 4. महेन्द्रविक्रम (सिंहविष्णु का पुत्र)
- राजा दुर्विनीत ने 'किरातार्जुनीयम्' के 15वें सर्ग पर संस्कृतटीका लिखी।
- 'भारवि' **दण्डी के प्रपितामह** हैं।
- भारवि की वाणी को **'प्रकृतिमधुरा'** कहा जाता है।
- भारवि महाकाव्यों में **'अलङ्कृतकाव्यशैली'** या **'रीतिशैली' के जन्मदाता हैं।** इनके काव्यमार्ग को **विचित्रमार्ग** कहते हैं।
- श्री एन. सी. चटर्जी भारवि को **'ट्रावनकोर' का निवासी** सिद्ध करते हैं।
- एक किंवदन्ती के अनुसार पिता द्वारा अपमानित भारवि उनके वध के लिए उद्यत हो गये, परन्तु पिता द्वारा उनके हित के लिए डाँटा गया, यह जानकर उन्हें बहुत पश्चात्ताप हुआ, और पिता ने छः माह तक ससुराल में सेवा करने का आदेश दिया।

- भारवि का जन्म 560 ई. के लगभग तथा रचनाकाल 580 ई. के लगभग अधिकांश आलोचकों ने माना है।
- भारवि **'अर्थगौरव'** के लिए प्रसिद्ध हैं।
- आचार्य मल्लिनाथ ने भारवि के 'किरातार्जुनीयम्' पर **'घण्टापथ'** नाम की टीका लिखी है।
- भारवि राजनीति के प्रकाण्ड पण्डित हैं।
- मल्लिनाथ, भारवि की कविता की उपमा **'नारिकेलफल'** से करते हैं– **'नारिकेलफलसम्मितं वचः'**
- दक्षिण के **'एहोल शिलालेख'** में भारवि का नाम उल्लिखित है।
- भारवि के किरातार्जुनीयम् को **'लक्ष्म्यन्त'** महाकाव्य, माघ के शिशुपालवधम् को **'श्र्यन्त'** महाकाव्य तथा श्रीहर्ष के नैषधीय चरितम् को **'आनन्दान्त'** महाकाव्य कहते हैं।

महाकवि 'भारवि' विषयक प्रशस्तियाँ

1. भारवेरर्थगौरवम्। **– उद्भट**
2. वृत्तच्छत्रस्य सा कापि वंशस्थस्य विचित्रता।
   प्रतिभा भारवेर्येन सच्छायेनाधिकीकृता।।
   – क्षेमेन्द्र - सुवृत्ततिलक
3. नारिकेलफलसम्मितं वचो भारवेः सपदि तद् विभज्यते।
   स्वादयन्तु रसगर्भनिर्भरं सारमस्य रसिका यथेप्सितम्।।
   – मल्लिनाथ
4. प्रदेशवृत्त्यापि महान्तमर्थं प्रदर्शयन्ती रसमादधाना।
   सा भारवेः सत्पथदीपिकेव एषा कृतिः कैरिव नोपजीव्या।।
   – कृष्णकवि
5. तादात्म्यं रसभावयोः भारविः स्पष्टमूचिवान्।।
   – शारदातनय
6. "प्रकृतिमधुरा भारविगिरः।" **– श्रीधरदास (सदुक्तिकर्णामृत)**
7. वंशस्थवृत्तेन धृतातपत्रो वृत्तेन संदर्शितराजवृत्तिः।
   अर्थप्रकर्षाहृतराजलक्ष्मीर्नृपायते भारविरात्तकीर्तिः।।
   – आचार्य कपिलदेव द्विवेदी
8. There is no doubt of the power of Bharvi in describption, his style at its best has a calm dignity which is certainly attractive, while he excels also in the observation and record of the beauties of nature and of maidens.
   हिन्दी अनुवाद – भारवि की वर्णन-शक्ति के विषय में सन्देह को अवसर नहीं है। उनकी शैली उत्कृष्टरूप में शान्त गौरवमयी है जो निश्चय ही आकर्षक है। वे प्रकृति और प्रमदाओं के सौन्दर्य, निरीक्षण और उन्हें चित्रित करने में सर्वश्रेष्ठ हैं।
   – प्रो. ए. बी. कीथ, संस्कृत साहित्य का इतिहास
9. स मेधावी कविर्विद्वान् भारविः प्रभवो गिराम्।
   अनुसाध्याकरोन्मैत्रीं नरेन्द्रे विष्णुवर्धने।।
   – ऐहोल शिलालेख - रविकीर्ति।
10. अर्थदीधितिसंवीता, सन्नीरजसुहासिनी।
    अज्ञोलूकनिरानन्दा, भा रवेरिव भारवेः।।
    – आचार्य कपिलदेव द्विवेदी

किरातार्जुनीयम्

- **लेखक** – भारवि
- **विधा** – महाकाव्य
- **सर्ग** – 18
- **प्रधानरस** – वीर
- **उपजीव्य** – महाभारत का वनपर्व
- **कथानक** – अर्जुन द्वारा भगवान् शिव की तपस्या से पाशुपत अस्त्र की प्राप्ति।
- **प्रमुखपात्र** – अर्जुन, द्रौपदी, युधिष्ठिर, भीम, नकुल, सहदेव, श्रीकृष्ण, वनेचर, सुयोधन (दुर्योधन), इन्द्र, किरातवेशधारी शिव, व्यास, यक्ष आदि
- भारवि का प्रामाणिक जीवनवृत्त सर्वथा अप्राप्त है, कुछ किंवदन्तियाँ प्रचलित हैं।
- महाकवि दण्डी विरचित 'अवन्तिसुन्दरीकथा' के अनुसार भारवि का जीवनवृत्त निम्नलिखित है।
- भारवि चालुक्यवंशी सम्राट् पुलकेशिन द्वितीय के अनुज विष्णुवर्धन (615 ई0) के मित्र/सभापण्डित/राजकवि थे।
  स मेधावी कविर्विद्वान् भारविः प्रभवो गिराम्।
  अनुरुध्याकरोन्मैत्रीं नरेन्द्रे विष्णुवर्धने॥
- भारवि **कुशिक/कौशिक गोत्रीय** ब्राह्मण थे।
- दण्डी की रचना – **दशकुमारचरितम्।**
- भारवि का सम्बन्ध कोङ्कण के गङ्गवंशी नरेश दुर्विनीत और काञ्ची के पल्लववंशी नरेश सिंहविष्णु तथा उनके पुत्र महेन्द्रविक्रम के साथ भी था।
- सिंहविष्णु से मिलते समय कवि की अवस्था थी – **बीस वर्ष।**
- किरातार्जुनीयम् के 15वें सर्ग की संस्कृत टीका लिखी थी – **विद्वान् नरेश दुर्विनीत ने।**
- एक अन्य किंवदन्ती के अनुसार भारवि धारानगरी के निवासी थे।

भारवि के समय निर्धारण में प्रमुख स्रोत

- पुलकेशिन द्वितीय का एहोल शिलालेख।
- वामन और जयादित्य की काशिकावृत्ति।
- गुम्मरेड्डीपुर का पत्रलेख।
- महाकवि दण्डी की अवन्तिसुन्दरीकथा और उस पर आधारित 'अवन्तिसुन्दरीकथासार'।
- विष्णुवर्धन, सिंहविष्णु तथा दुर्विनीत की ऐतिहासिकता।
- भारवि का जन्मसमय – **560 ई0 के लगभग।**
- भारवि का रचनाकाल – **615 ई0 के लगभग।**
- भारवि का समय – **600 ई0 के आसपास (555 ई0 से 625 ई0 के मध्य) (छठी शती के उत्तरार्ध से सातवीं शती के पूर्वार्द्ध तक)**
- श्री एन0सी0 चटर्जी ने उन्हें **ट्रावनकोर** का निवासी बताया है।
- विद्वानों का मानना है कि महाकवि भारवि विष्णुवर्धन, सिंहविष्णु, महेन्द्रविक्रम एवं दुर्विनीत के आश्रय में रहने वाले एक **दाक्षिणात्य कवि** थे।

- महाकवि भारवि का जन्म – **नासिक के समीपवर्ती बरारप्रान्त के 'अचलपुर' (एलिचपुर) नामक ग्राम में।**
- भारवि **शैवदर्शन** के अनुयायी थे, उन्होंने किरातार्जुनीयम् के 18वें सर्ग में शिवस्तुति की है।
- भारवि किस कवि से प्रभावित थे – **कालिदास से**
- भारवि से कौन प्रभावित था – **महाकवि माघ**
- राजशेखर के अनुसार कालिदास एवं भर्तृमेण्ठ की भाँति भारवि की भी परीक्षा उज्जयिनी में ली गयी थी – **''श्रूयते चोज्जयिन्यां काव्यकारपरीक्षा''**
- **उत्फुल्लस्थलनलिनीवनादमुष्मात्.......कनकमयातप-त्रलक्ष्मीम् (5/39)** 'किरातार्जुनीयम्' के इस श्लोक की उपमा के कारण ही उन्हें '**आतपत्रभारवि**' की उपाधि मिली।

भारवि की रचना

- भारवि की रचना/कृति – **''किरातार्जुनीयमहाकाव्यम्'** **(एकमात्र कृति)**
- सर्ग – **18 (अठारह)**
- श्लोक – **1040 (कुछ विद्वानों के अनुसार-1030)**
- उपजीव्यग्रन्थ – **महाभारत का वनपर्व**
- नायक – **मध्यमपाण्डव अर्जुन (धीरोदात्त)**
- प्रतिनायक – **किरातवेशधारी शिव**
- नायक की प्रकृति – **धीरोदात्त**
- नायिका – **द्रौपदी**
- मुख्य/अङ्गी/प्रधानरस – **वीररस**
- गौण/अङ्गरस – **शृङ्गार आदि**
- रीति एवं गुण – **पाञ्चाली रीति एवं ओजगुण**
- किरातार्जुनीयम् के प्रथम सर्ग में वैदर्भी रीति
- अलङ्कार – **3 शब्दालङ्कार, 60 अर्थालङ्कार, 7 चित्राक्षर**
- भारवि की शैली – **पाण्डित्यप्रधान अलङ्कृतशैली**
- बृहत्त्रयी में प्रथमस्थान पर परिगणित महाकाव्य –
  1. भारवि का किरातार्जुनीयम् (सर्ग 18)
  2. माघ का शिशुपालवधम् (सर्ग 20)
  3. श्रीहर्ष का नैषधीयचरितम् (सर्ग 22)
- भारवि के किरातार्जुनीयम् का प्रारम्भ – '**श्री**' – शब्द से तथा प्रत्येक सर्ग के अन्तिम श्लोक में '**लक्ष्मी**' पद का प्रयोग हुआ है।
- भारवि के काव्य को कहा जाता है – **''लक्ष्मीपदाङ्क''**
- किरातार्जुनीयम् के प्रथम सर्ग में श्लोक/पद्य हैं – **46**
- किरातार्जुनीयम् के प्रथम सर्ग में छन्द – **वंशस्थ** (1-44 श्लोकों तक)
- 45वें श्लोक में (न समयपरिरक्षणं क्षमं ते....) – **पुष्पिताग्रा छन्द**
- अन्तिम 46वें श्लोक में (विधिसमयनियोगाद् दीप्तिसंहारजिह्मम्) – **मालिनी छन्द**
- अर्थगौरव के लिए प्रसिद्ध हैं – **भारवि** (भारवेरर्थगौरवम्)
- नायक अर्जुन और प्रतिनायक किरात (शिव) के नाम पर महाकाव्य का नाम पड़ा – **'किरातार्जुनीयम्'**
- श्रीकृष्णमाचारियर ने किरातार्जुनीयम् की कितनी टीकाओं का उल्लेख किया है – **34**
- किरातार्जुनीयम् की सर्वाधिक प्रसिद्ध, प्रामाणिक एवं सारवती टीका का नाम – **'घण्टापथ'** – **मल्लिनाथ**
- ''घण्टापथ'' का शाब्दिक अर्थ है – **राजमार्ग**
- किरात की अन्य टीकाओं में सर्वाधिक लोकप्रिय टीका है – **'शब्दार्थदीपिका'** – **श्री चित्रभानु** (केवल प्रथम तीन सर्गों पर)
- किरातार्जुनीयम् के प्रथम तीन सर्गों को कहा जाता है – **'पाषाणत्रय'**
- भारवि के आश्रयदाता दुर्विनीत ने संस्कृत टीका लिखी – **किरातार्जुनीयम् के 15वें सर्ग पर।**
- 'शब्दावतार' नाम से बृहत्कथा का संस्कृत रूपान्तरण किसने किया – **दुर्विनीत ने**
- किरातार्जुनीयम् का 15वाँ सर्ग प्रसिद्ध है – **चित्रकाव्य के लिए**
- भारवि का एकाक्षर श्लोक – (केवल नकार का प्रयोग)
  न नोननुन्नो नुन्नोनो नाना नानानना ननु।
  नुन्नोऽनुन्नो ननुन्नेनो नानेना नुन्ननुन्ननुत्॥
  (किरात० – 15/14)
- अर्थगौरव का क्या अर्थ है – अल्पशब्दों में प्रभूत अर्थ का सन्निवेश अर्थात् 'गागर में सागर भरना।'
- **''नारिकेलफलसम्मितं वचः''** मल्लिनाथ का यह कथन किसके लिए है – भारवि के लिए।
- **''प्रसन्नगम्भीरपदा सरस्वती''** यह वाक्य किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है – किरातार्जुनीयम् से
- **''स्फुटता न पदैरपाकृता न च न स्वीकृतमर्थगौरवम्''** यह वाक्य किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है – किरातार्जुनीयम् (2/27)
- किरातार्जुनीयम् का मुख्य कथानक है – अर्जुन द्वारा किरातवेशधारी भगवान् शङ्कर से पाशुपत अस्त्र की प्राप्ति।
- अर्जुन पाशुपत अस्त्र के लिए भगवान् शङ्कर को प्रसन्न करने के लिए हिमालय (इन्द्रकील) पर्वत की यात्रा व्यास के कहने पर करते हैं।
- किरातार्जुनीयम् में 'किरात' से तात्पर्य है–**किरातवेषधारी शिव**
- 'किरातार्जुनीयम्' का मङ्गलाचरण है – **वस्तुनिर्देशात्मक**
- किरातार्जुनीयम् महाकाव्य का फल है – **नायक अर्जुन को किरातवेशधारी शिव से पाशुपत अस्त्र की प्राप्ति।**
- युधिष्ठिर बारह वर्षों के वनवास के काल में अपने अनुजों और द्रौपदी के साथ कहाँ रहते थे – **द्वैतवन में।**

किरातार्जुनीयम् का नामकरण

- किरातश्च अर्जुनश्च किरातार्जुनौ **(द्वन्द्वसमास)** तौ अधिकृत्य कृतं काव्यम् इति किरातार्जुनीयम्।
- **किरातार्जुन** + '**छ**' ('अधिकृत्य कृते ग्रन्थे' के अर्थ में ''छ'' प्रत्यय)
- **'शिशुक्रन्दयमसभद्वन्द्वेन्द्रजननादिभ्यश्छः'** सूत्र से ''छ'' प्रत्यय।
- किरातार्जुन + छ (ईय) = किरातार्जुनीय। (**''आयनेयीनीयियः फढखछघां प्रत्ययादीनाम्''** से 'छ' के स्थान पर 'ईय' आदेश हो गया)

- ग्रन्थवाची शब्द सदा नपुंसकलिङ्ग में होते हैं, अतः – 'किरातार्जुनीयम्' पद बना।
- इस प्रकार नायक अर्जुन और प्रतिनायक (शिव) के नाम पर महाकाव्य का नाम '**किरातार्जुनीयम्**' पड़ा।

किरातार्जुनीयमहाकाव्य के पात्र

- अर्जुन (**नायक**), द्रौपदी (**नायिका**), किरातवेशधारी शिव (**प्रतिनायक**), श्रीकृष्ण, युधिष्ठिर, भीम, नकुल, सहदेव, वनेचर, दुर्योधन, कर्ण, भीष्म, परशुराम, यक्ष, द्रोण, इन्द्र, व्यास, मूक (शूकर) आदि प्रमुख पात्र हैं।

किरातार्जुनीयमहाकाव्य के टीकाकार आचार्य मल्लिनाथसूरि का जीवनचरित्र

- काश्यपगोत्रीय तेलगू ब्राह्मण – **मल्लिनाथ सूरि**
- मल्लिनाथ के पिता – **कार्दिन**
- मल्लिनाथ के दो पुत्र – **पेड्डुभट्ट तथा कुमारस्वामी**
- कुमारस्वामी की रचना– **प्रतापरुद्रयशोभूषण** (काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ)
- मल्लिनाथ की आनुवांशिक उपाधि – **कोलाचल**
- मल्लिनाथ की व्यक्तिगत उपाधि – **महामहोपाध्याय**
- मल्लिनाथ का समय – **14वीं शताब्दी का उत्तरार्ध**

मल्लिनाथ की सुप्रसिद्ध संस्कृत टीकायें

1. रघुवंशमहाकाव्यम् (कालिदास) – **सञ्जीवनी टीका**
2. कुमारसम्भवम् (कालिदास) – **सञ्जीवनी टीका**
3. मेघदूतम् (कालिदास) – **सञ्जीवनी टीका**
4. किरातार्जुनीयम् (भारवि) – **घण्टापथ टीका**
5. शिशुपालवधम् (माघ) – **सर्वङ्कषा टीका**
6. रावणवध (भट्टि) – **जीवातु टीका**
7. नैषधीयचरितम् (श्रीहर्ष) – **जीवातु टीका**

- इसके अतिरिक्त तार्किकरक्षा, नलोदयकाव्य, प्रशस्तपादभाष्य, और लघुशब्देन्दुशेखर पर भी मल्लिनाथ ने टीका लिखी है।
- इनका पूरा नाम– **महामहोपाध्याय कोलाचल मल्लिनाथसूरि**
- किरातार्जुनीयम् के दूसरे प्रसिद्ध टीकाकार– **चित्रभानु–''शब्दार्थदीपिका'' (त्रिसागरिका)** (प्रारम्भ के केवल तीन सर्गों पर)

किरातार्जुनीयम् की संक्षिप्त कथा

- किरातार्जुनीयम् में कौरवों पर विजय प्राप्ति के लिए अर्जुन का हिमालयपर्वत पर जाकर तपस्या करना, किरातवेशधारी शिव से युद्ध और प्रसन्न हुए भगवान् शिव से पाशुपत अस्त्र की प्राप्ति का वर्णन है।
- **सर्ग – 1.** हस्तिनापुर भेजे गये वनेचर का द्वैतवन में आकर युधिष्ठिर से मिलना, दुर्योधन के शासन प्रबन्ध का वर्णन तथा युधिष्ठिर के लिए/द्रौपदी का उत्तेजनापूर्ण कथन।
- **सर्ग – 2.** युधिष्ठिर–भीम का संवाद, व्यास का आगमन।
- **सर्ग – 3.** युधिष्ठिर – व्यास संवाद, व्यास द्वारा अर्जुन को पाशुपत अस्त्र की प्राप्ति के लिए हिमालय पर जाकर तपस्या करने का आदेश, अर्जुन का प्रस्थान।
- **सर्ग – 4.** शरद् ऋतु का वर्णन।
- **सर्ग – 5.** हिमालय पर्वत का वर्णन।
- **सर्ग – 6.** हिमालय पर अर्जुन की तपस्या, तपोविघ्न के लिए इन्द्र द्वारा अप्सराओं को भेजना।
- **सर्ग – 7.** इन्द्र द्वारा प्रेषित गन्धर्वों और अप्सराओं के आने और उनके विलासों का वर्णन
- **सर्ग – 8.** गन्धर्वों और अप्सराओं का उद्यानविहार और जलक्रीडा।
- **सर्ग – 9.** सायंकाल और चन्द्रोदयवर्णन, सुरतवर्णन तथा प्रभातवर्णन।
- **सर्ग – 10.** वर्षा आदि का वर्णन, अप्सराओं का चेष्टावर्णन तथा उनका प्रयत्न वैफल्य।
- **सर्ग – 11.** मुनिरूप में इन्द्र का आगमन, इन्द्र अर्जुन संवाद, इन्द्र का पाशुपत अस्त्र की प्राप्ति के लिए अर्जुन को शिवाराधना करने का उपदेश।
- **सर्ग – 12.** अर्जुन की तपस्या, शूकर के रूप में मूक नामक दानव का अर्जुन वध के लिए आगमन, तथा किरातवेशधारी शिव का भी आगमन।
- **सर्ग – 13.** शूकररूपधारी मूकदानव पर शिव और अर्जुन के बाणों का प्रहार, उस वराह की मृत्यु, बाण के विषय में शिव के अनुचर और अर्जुन का विवाद।
- **सर्ग – 14.** सेना सहित शिव का आगमन और सेना के साथ अर्जुन का युद्ध।
- **सर्ग – 15.** चित्रयुद्ध वर्णन, (चित्रकाव्य)।
- **सर्ग – 16.** शिव और अर्जुन का अस्त्रयुद्ध।
- **सर्ग – 17.** शिव की सेना के साथ अर्जुन का युद्ध, शिव और अर्जुन का युद्ध।
- **सर्ग – 18.** शिव और अर्जुन का बाहुयुद्ध, शिव का वास्तविक रूप में प्रकट होना, इन्द्रादि का आगमन, अर्जुन को पाशुपत अस्त्र की प्राप्ति, इन्द्रादि का अर्जुन को विविध अस्त्र देना, सफल मनोरथ अर्जुन का युधिष्ठिर के समीप पहुँचना।
- सम्भोग शृङ्गार का सुन्दर वर्णन है – **सर्ग 8 और 9 में।**
- युद्ध वर्णन में वीररस का वर्णन है – **सर्ग 13 से 17 तक।**
- उपमा अलङ्कार का सुन्दर प्रयोग है – **सर्ग 13 से 17 में।**
- प्रमुख वर्णनवैचित्र्य – सर्ग 4 में **शरद् वर्णन।**

– सर्ग 5 में **हिमालय वर्णन।**
– सर्ग 8 में **जलक्रीडा वर्णन।**
– सर्ग 9 में **सन्ध्या, चन्द्रोदय और सुरत वर्णन।**
– सर्ग 12 से 18 तक – **युद्ध वर्णन।**

- अर्थगौरव या अर्थगाम्भीर्य के लिए प्रशंसा की जाती है – **महाकवि भारवि की।**
- भारवि को कौन सा रस सर्वाधिक प्रिय है – **वीर और शृङ्गार रस**
- महाकाव्यों में रीतिशैली के जन्मदाता कवि हैं – **भारवि।**
- ग्रन्थ के आरम्भ में '**श्री**' शब्द तथा सर्गान्त श्लोकों में '**लक्ष्मी**' शब्द का प्रयोग किया गया है – **किरातार्जुनीयम् में।**

- किस कवि का काव्यसौन्दर्य 'नारिकेलफलसम्मितम्' माना गया है – **भारवि का।**
- भारवि की प्रशंसा में कही गयी सूक्तियाँ हैं –
  (1) ''भारवेरर्थगौरवम्''
  (2) ''भा रवेरिव भारवेः''
  (3) ''प्रकृतिमधुरा भारविगिरः''
  (4) ''नारिकेलफलसम्मितं वचः''
  (5) ''स्फुटता न पदैरपाकृता''
- केवल 'न' कार को लेकर सर्वप्रथम एकाक्षरी श्लोक लिखने वाले कवि हैं – **भारवि।**
- अपने काव्य में सर्वप्रथम चित्रालङ्कारों का प्रयोग करने वाले कवि हैं – **भारवि** (किरातार्जुनीयम्, सर्ग-15)
- भारवि ने विभिन्न सर्गों में 11 छन्दों का प्रयोग किया है और सर्गान्त श्लोकों में मालिनी और वसन्ततिलका प्रमुख हैं।
- भारवि द्वारा प्रयुक्त मुख्य छन्दों की संख्या है – **13**
- भारवि का अत्यन्त प्रिय छन्द है – **वंशस्थ तथा उपजाति।**
- क्षेमेन्द्र ने वंशस्थ छन्द के लिए प्रशंसा की है – **भारवि की।**
- संस्कृतसाहित्य में रीतिकाव्यपरम्परा के जन्मदाता हैं – **भारवि।**
- किरातार्जुनीयम् में दुर्योधन को किस नाम से वर्णित किया गया है – **सुयोधन।**
- 'राजनीतिपरक महाकाव्य' कहा गया है – **किरातार्जुनीयम् को**
- शिव और अर्जुन पर आधारित महाकाव्य है – **किरातार्जुनीयम्**
- किरातार्जुनीयम् में एकाक्षर श्लोकों की संख्या है – **7 (सप्त)**
- महाकवि भारवि की मित्रता थी – **चालुक्यवंशी राजा विष्णुवर्धन से**
- भारवि के तीन पुत्र थे, इनके मध्यम पुत्र मनोरथ के चार पुत्र थे, जिनमें एक पुत्र वीरदत्त था इन्हीं वीरदत्त और गौरी के पुत्र दण्डी हुए।
- महाकवि भारवि, दण्डी के प्रपितामह और दण्डी, भारवि के प्रपौत्र थे।
- भारवि **शैव** थे, जबकि **माघ वैष्णव** थे।
- दक्षिण के एहोल शिलालेख में कालिदास और भारवि का नामोल्लेख हुआ। इस शिलालेख का समय 634 ई० है – **''कविताश्रित-कालिदास-भारवि-कीर्तिः''।**
- गुम्मरेड्डीपुर के शिलालेखों से हमें पता चलता है कि राजा दुर्विनीत ने किरातार्जुनीयम् के 15वें सर्ग पर टीका लिखी थी। दुर्विनीत का समय 580 ई० के आसपास माना जाता है।
- भारवि के किरातार्जुनीयम् का उद्धरण जयादित्य की 'काशिकावृत्ति' में उपलब्ध होता है। मैक्समूलर 'काशिका' का समय 660 ई० मानते हैं।
- बाणभट्ट (सप्तम शताब्दी) अपने ''हर्षचरित'' में पूर्ववर्ती सभी कवियों का उल्लेख करते हैं, किन्तु उसमें भारवि का नामोल्लेख नहीं है।
- कीथमहोदय भारवि का समय 550 ई० मानते हैं।
- जैकोबी, मैक्डानल, बलदेव उपाध्याय, चन्द्रशेखर पाण्डेय इत्यादि विद्वानों ने भारवि का समय 600 ई० के लगभग मानते हैं।
- शिवजी अर्जुन की तपस्या की परीक्षा के लिए 'किरात' का वेश धारण करते हैं।
- किरातार्जुनीयम् में **मूक दानव** अर्जुन को मारने के लिए मायावी वाराह का रूप धारण करता है।
- महाकाव्यकारों में **कालिदास** और **अश्वघोष** के बाद **भारवि** का नाम लिया जाता है।
- भारवि व्याकरण, वेदान्त, न्याय, धर्म, राजनीति, कामशास्त्र, पुराण, इतिहास आदि के मूर्धन्य विद्वान् थे।
- उदात्त एवं सजीव वर्णन, कमनीय कल्पनाओं, अर्थगौरव, हृदयग्राही शब्दयोजना, कोमलकान्त पदावली, हृदयस्पर्शी एवं रोचक संवाद, अलङ्कारों का चमत्कारिक प्रयोग, कलात्मक काव्यशैली, मनोहर प्रकृतिचित्रण, रसपेशलता, सजीव चरित्रचित्रण इत्यादि महनीय गुणों ने भारवि को महाकवियों में अत्यन्त उच्चस्थान पर प्रतिष्ठित किया है।
- भारवि राजनीतिशास्त्र और नीतिशास्त्र के प्रकाण्ड पण्डित थे।
- किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में वनेचर की स्वामिभक्ति, सत्यवादिता, निश्छलता, विनम्रता, साहस, स्पष्टवादिता आदि गुणों का चित्रण है।
- द्रौपदी की मानसिकपीड़ा, व्याकुलता, प्रतिकार की तीव्रभावना का वर्णन है।
- अर्जुन की वीरता, भ्रातृभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा का वर्णन है।
- भीम की वीरता, नीतिज्ञता, असहिष्णुता का वर्णन है।
- युधिष्ठिर की नीतिज्ञता, शान्तिप्रियता, धर्मपरायणता इत्यादि का वर्णन है।
- किरातार्जुनीयम् प्रथमसर्ग के प्रारम्भ में वनेचर की उक्तियों का तथा उत्तरार्ध में द्रौपदी की उक्तियों का चित्रण है।
- सम्पूर्ण प्रथमसर्ग युधिष्ठिर को सम्बोधित करके लिखा गया है।
- भारवि का संस्कृतसाहित्य में **'अलङ्कृतकाव्यशैली'** तथा **'विचित्रमार्ग के जनक'** के रूप में विशिष्ट स्थान है।
- विचित्रमार्ग की विशेषता यह है कि इसमें कथानक बहुत कम होता है और वर्णन अधिक।
- भारवि की अलंकृतकाव्यशैली में पाण्डित्यप्रदर्शन और अलङ्कार सन्निवेश को प्रधानता दी गयी है, इसमें कलापक्ष की प्रधानता तथा भावपक्ष (हृदयपक्ष) की अप्रधानता का वर्णन है।
- कालिदास के प्रमुख छन्द 6 हैं, भारवि के 13 और माघ के 16 माने गये हैं।
- भारवि ने **वंशस्थ छन्द** का सर्वाधिक प्रयोग किया है, इसके अतिरिक्त इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, द्रुतविलम्बित, प्रमिताक्षरा, प्रहर्षिणी, स्वागता, पुष्पिताग्रा, आदि का प्रयोग मिलता है।
- भारवि **वीररस** के सिद्धहस्त कवि हैं।
- किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में युधिष्ठिर के मुख से किसी उक्ति (कथन) को नहीं कहलाया गया है।
- महाकवि भारवि की **एकमात्र रचना 'किरातार्जुनीय'** का उपजीव्य महाभारत के वनपर्व की एक घटना है।
- किरातश्च अर्जुनश्च (द्वन्द्व) = किरातार्जुन + 'छ' प्रत्यय लगकर 'किरातार्जुनीय' शब्द बना है। ग्रन्थवाची होने पर नपुंसकलिङ्ग में 'किरातार्जुनीयम्' बना।

➢ इसमें अर्जुन का हिमालय पर्वत पर जाकर तपस्या करने व किरातवेषधारी भगवान् शिव से युद्ध करके उन्हें प्रसन्न कर **'पाशुपत अस्त्र'** प्राप्त करने की कथा है।
➢ 'किरात' में कुल **18 सर्ग और 1040 श्लोक** हैं।
➢ 'किरातार्जुनीय' में **कुल 25 छन्दों और मुख्यतः 13 छन्दों का** प्रयोग हुआ है।
➢ भारवि का **अत्यन्त प्रिय छन्द वंशस्थ** है। तत्पश्चात् उन्होंने **उपजाति** का ज्यादा प्रयोग किया है। 4 सर्गों में वंशस्थ, 3 सर्गों में उपजाति प्रयुक्त है।
➢ भारवि ने 3 शब्दालंकार, 60 अर्थालंकार और 7 चित्राक्षर अलंकारों का प्रयोग किया है। सर्वाधिक उपमा अलंकार प्रयुक्त है।
➢ भारवि ने 'किरात' के **15वें सर्ग में** युद्ध प्रसङ्ग में **चित्रालंकारों** का प्रयोग किया है।
➢ किरातार्जुनीय में **'वीर रस' मुख्य रस** है तथा 'शृंगार' गौण रस है।
➢ किरात में **'पाञ्चाली रीति'** और 'प्रसाद गुण' है, किन्तु वैदर्भीरीति का भी प्रयोग बाहुल्य है।
➢ किरात का **नायक 'अर्जुन'** (कहीं-कहीं युधिष्ठिर प्राप्त होता है), **प्रतिनायक किरातवेषधारी 'शिव'** तथा **नायिका 'द्रौपदी'** हैं।
➢ 'किरात' के 18वें सर्ग में शिव की अत्यन्त भावुक स्तुति की गई है।
➢ भारवि का प्रसिद्ध **एकाक्षर श्लोक** (न नोननुन्नो....) 15वें सर्ग में मिलता है।
➢ भारवि ने मङ्गलाचरण में **'श्री' शब्द** तथा सर्गान्त श्लोकों में **'लक्ष्मी'** शब्द का प्रयोग किया है।
➢ क्षेमेन्द्र ने भारवि के वंशस्थ वृत्त की प्रशंसा की है और वंशस्थ को राजनीतिक चर्चा के लिए सर्वाधिक उपयुक्त माना है।
➢ काव्य का आरम्भ **'द्वैतवन'** से होता है जहाँ महाराज युधिष्ठिर द्यूतक्रीड़ा में दुर्योधन से हारकर **'तेरह वर्ष'** का वनवास काट रहे होते हैं।
➢ युधिष्ठिर द्वारा नियुक्त ब्रह्मचारी वेष वाला गुप्तचर वनेचर लौटकर आता है और दुर्योधन के राज्य की शासन प्रणाली का वर्णन करता है।
➢ द्रौपदी इस समाचार से अत्यधिक क्रुद्ध हुयी और युधिष्ठिर को युद्ध के लिए प्रोत्साहित करती है।
➢ द्वितीय सर्ग में महर्षि व्यास आते हैं और अर्जुन को पाशुपत अस्त्र प्राप्त करने की सलाह देते हैं।
➢ अर्जुन तपस्या हेतु **इन्द्रकील** (हिमालय) पर जाते हैं।
➢ किरातार्जुनीय के प्रारम्भिक तीन सर्ग विशेष कठिन हैं अतः उन्हें **'पाषाण-त्रय'** के नाम से जाना जाता है।
➢ अर्जुन को **18वें सर्ग में पाशुपत अस्त्र प्राप्त** होता है।
➢ प्रथमसर्ग के अन्तिम दो श्लोकों में क्रमशः पुष्पिताग्रा और 'मालिनी' छन्दों का प्रयोग हुआ है। प्रथमसर्ग का अन्तिम श्लोक **'विधिसमयनियोगात् ....'** है।
➢ **'प्रसन्नगम्भीरपदा सरस्वती'** भारवि की भाषा तथा शैली का द्योतक महनीय मन्त्र है।
➢ भारवि के किरात के **'प्रथमसर्ग' में कुल 46 श्लोक** हैं।

किरातार्जुनीयम् (प्रथमसर्ग)

➢ 'किरातार्जुनीयम्' में **'वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण'** किया गया है।
➢ दुर्योधन के प्रजाविषयक व्यवहार को जानने के लिए युधिष्ठिर ने वनेचर को नियुक्त किया था।
➢ युधिष्ठिर को प्रणाम करके उसने शत्रु द्वारा जीती गयी पृथ्वी का वर्णन किया। ऐसा करते हुए किरात का मन खिन्न नहीं हुआ।
➢ शत्रुओं के नाश के लिए यत्न करने वाले युधिष्ठिर की आज्ञा पाकर वह एकान्त में अपनी बात कहता है।
➢ वनेचर कहता है कि सेवकों द्वारा गुप्तचर रूपी नेत्र वाले 'स्वामी' को धोखा नहीं दिया जाना चाहिए।
➢ जो स्वामी को उचित सलाह न दे वह बुरा मित्र है और जो स्वामी हितैषी मित्र की न सुने वह बुरा स्वामी है।
➢ राजाओं का चरित्र स्वभाव से ही कठिनाई से जानने योग्य होता है। वनेचर जो कुछ जान पाया वह युधिष्ठिर का प्रभाव है।
➢ दुर्योधन अब 'जुएँ' में जीती गई पृथ्वी को 'नीति' से जीतना चाहता है।
➢ युधिष्ठिर को जीतने के लिए दुर्योधन अपने गुणों से यश का विस्तार करता है।
➢ दुर्योधन अपने छः शत्रुओं - काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य पर विजय प्राप्त कर लिया।
➢ दुर्योधन सेवकों से मित्र जैसा, मित्रों से भाइयों जैसा और भाई-बन्धुओं को शासक मानकर व्यवहार करता है।
➢ दुर्योधन का मधुर वचन दान के बिना नहीं होता, दान आदर-सत्कार को छोड़कर नहीं होता और विशेष आदर गुणों के अनुराग के बिना नहीं होता।
➢ जितेन्द्रिय दुर्योधन 'अपना कर्तव्य मानकर धर्म-विप्लव' को दण्ड से रोकता है अन्य कारण से नहीं।
➢ राजाओं के उपहारस्वरूप प्राप्त हाथियों के मदजल से दुर्योधन का आँगन गीलेपन को प्राप्त है।
➢ कुरुदेश के निवासी कृषि के लिए वर्षा जल पर निर्भर नहीं रहते। कुरुप्रदेश की कृषि अदेवमातृक है।
➢ दुर्योधन के 'कुबेर' सदृश गुणों से द्रवित पृथ्वी स्वयं धनरूपी दुग्ध देती है।
➢ दुर्योधन के धनुर्धर लोग मानरूपी धन वाले, धन से सम्मानित और युद्ध में यश पाने वाले हैं।
➢ महीपाल लोग दुर्योधन के गुणों में अनुराग के कारण उसके आदेश को 'माला' की भाँति शिरोधार्य करते हैं।
➢ दुर्योधन ने दुःशासन को 'युवराज' नियुक्त किया है।
➢ वनेचर प्रथमसर्ग के 25वें श्लोक तक का वक्ता है और उसके चले जाने पर युधिष्ठिर द्रौपदी के आवास में प्रवेश करते हैं।
➢ 'बुरी मनोव्यथाएँ' द्रौपदी को बोलने के लिए उद्यत करती हैं।
➢ द्रौपदी कहती है युधिष्ठिर ने मदस्रावी हाथी के समान पृथ्वी को माला की तरह अपने हाथ से त्याग दिया।
➢ सफल क्रोध वालों के वश में प्राणी स्वयं हो जाता है।
➢ **वृकोदर (भीम)** धूलधूसरित होकर पैदल ही पर्वतों में घूमता है।
➢ इन्द्र के समान पराक्रमी अर्जुन ने 'उत्तरकुरुदेश' को जीतकर

प्रचुर धन युधिष्ठिर को दिया था, वह अब **'वल्कल वस्त्र'** संग्रह करता है।

- नकुल और सहदेव का शरीर वन में सोने के कारण कठोर हो गया है और दोनों जुड़वे हाथियों के समान हैं।
- युधिष्ठिर कुशवाली भूमि पर सोकर शृगाली (सियारिनियों) के शब्दों से निद्रा का परित्याग करते हैं।

किरातार्जुनीयम्-सूक्तियाँ

- हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः। (1/4)
- न हि प्रियं प्रवक्तुमिच्छन्ति मृषा हितैषिणः। (1/2)
- सदानुकूलेषु हि कुर्वते रतिं नृपेष्वमात्येषु च सर्वसम्पदः। (1/5)
- स किं सखा साधु न शास्ति योऽधिपं हितान्न यः संशृणुते स किं प्रभुः(1/5)
- वरं विरोधोऽपि समं महात्मभिः। (1/8)
- निरत्ययं साम न दानवर्जितम्। (1/12)
- नभूरि दानं विरहय्य सत्क्रियाम्। (1/12)
- गुणानुरोधेन विना न सत्क्रिया। (1/12)
- अहो दुरन्ता बलवद्विरोधिता। (1/23)
- तथापि वक्तुं व्यवसाययन्ति मां, निरस्तनारीसमया दुराधयः।।(1/28)
- व्रजन्ति ते मूढधियः पराभवं भवन्ति मायाविषु ये न मायिनः।।(1/30)
- अबन्ध्यकोपस्य विहन्तुरापदां भवन्ति वश्याः स्वयमेव देहिनः।(1/33)
- अमर्षशून्येन जनस्य जन्तुना न जातहार्देन न विद्विषादरः।। (1/33)
- विचित्ररूपाः खलु चित्तवृत्तयः। (1/37)
- परैरपर्य्यासितवीर्य्यसम्पदां पराभवोऽप्युत्सव एव मानिनाम्।(1/41)
- व्रजन्ति शत्रूनवधूय निःस्पृहाः शमेन सिद्धिं मुनयो न भूभृतः।(1/42)
- निराश्रया हन्त हता मनस्विता। (1/43)
- अरिषु हि विजयार्थिनः क्षितीशाः विदधति सोपधि सन्धिदूषणानि।(1/45)

महाकवि माघ का परिचय

- शिशुपालवध-नामक महाकाव्य के रचयिता महाकवि माघ हैं। इन्हें विद्वानों ने श्रेष्ठ महाकाव्य का प्रणेता माना है-

काव्येषु माघः

- भारवि के द्वारा प्रवर्तित विचित्र-मार्ग को माघ ने बहुत ऊँचाई पर पहुँचाया तथा भारवि से आगे बढ़ने का सफल प्रयास किया।
- माघ के **पितामह सुप्रभदेव** थे जो राजा वर्मलात (या श्रीवर्मल) के सर्वाधिकारी अर्थात् दीवान थे। वे पुण्यात्मा, अनासक्त तथा सात्त्विक वृत्ति के पुरुष थे-

सर्वाधिकारी सुकृताधिकारी श्रीवर्मलाख्यस्य बभूव राज्ञः।
असक्तदृष्टिर्विरजाः सदैव देवोऽपरः सुप्रभदेवनामा।।

- सुप्रभदेव के पुत्र का नाम 'दत्तक' था जो अत्यन्त उदार, क्षमाशील, कोमल स्वभाव के एवं धर्मपरायण थे।
- इन्हें लोग 'सर्वाश्रय' भी कहते थे क्योंकि सबकी सहायता के लिए वे तत्पर रहते थे।इन्हीं दत्तक के पुत्र महाकवि माघ थे।
- माघ सूर्य-पूजक थे।
- माघ की मृत्यु 'पादशोथ'-रोग से हुई।

निवासस्थान

- माघ का निवासस्थान श्रीमाल या भिन्नमाल नामक नगर में था।यह नगर अभी माउंटआबू से 40 मील पूर्व जोधपुर प्रमण्डल (राजस्थान) में अवस्थित है।यह नगर उस समय गुर्जर राज्य की राजधानी के रूप में प्रसिद्ध था
- श्रीमाल (भीनमाल) संस्कृत विद्या का महान् केन्द्र था, अनेक विद्याएँ यहाँ पढ़ायी जाती थीं।
- वर्मलात नामक राजा इसी नगर में रहते थे। माघ के पितामह उनके प्रधानमन्त्री थे। माघ का परिवार बहुत धनाढ्य था जगत्स्वामी सूर्य के मन्दिर के ये लोग उपासक थे। माघ अनेक शास्त्रों के विद्वान् थे, राजाश्रित होने के कारण अनेक शास्त्रों के अध्ययन की सुविधा इन्हें प्राप्त थी।

माघ का समय

- माघ को 675 ई. के अनन्तर माना जा सकता है। अधिकतर विद्वान् 700 ई. के आसपास ही माघ को स्वीकार करने के पक्षधर हैं।

शिशुपालवध महाकाव्य का परिचय

- यह महाकवि माघ की एकमात्र कृति 20 सर्गों के महाकाव्य के रूप में है।
- इसमें 1645 पद्य हैं, पन्द्रहवें सर्ग में 34प्रक्षिप्त श्लोक हैं जिनकी व्याख्या मल्लिनाथ ने नहीं की है। पाँच पद्य कविवंश वर्णन के हैं उन्हें मिलाकर माघ की रचना 1650 पद्यों की है।

शिशुपालवध की कथा

- **सर्ग 1**- देवर्षि नारद का द्वारका में आगमन,श्रीकृष्ण द्वारा उनका सत्कार, नारद द्वारा शिशुपाल के पूर्वजन्मों तथा उसके अत्याचारों का वर्णन, शिशुपाल को मारने के लिए प्रेरित करना।

शिशुपालवध

- **सर्ग 2**- श्रीकृष्ण, बलराम और उद्धव की मन्त्रणा,बलराम का शिशुपाल पर आक्रमण का प्रस्ताव किन्तु उद्धव का नीतिपूर्ण प्रस्ताव कि इस विषय में शीघ्रता न करके युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में सेना-सहित भाग लें।
- **सर्ग 3**- द्वारका से श्रीकृष्ण का इन्द्रप्रस्थ के लिए प्रस्थान। नगरी, सेना और समुद्र का वर्णन।
- **सर्ग 4**- रैवतक पर्वत का वर्णन।
- **सर्ग 5**- रैवतक पर सैन्य-शिविर की स्थापना।
- **सर्ग 6**- छह ऋतुओं का द्रुतविलम्बित छन्द में 'यमक' का निवेश करते हुए वर्णन।
- **सर्ग 7**- वन-विहार-वर्णन
- **सर्ग 8**- जलक्रीडा-रात्रि-विहार का वर्णन।
- **सर्ग 9**- सन्ध्या, चन्द्रोदय तथा शृङ्गार-विधान का वर्णन।
- **सर्ग 10**- पान-गोष्ठी एवं रात्रि-विहार का वर्णन।
- **सर्ग 11**- प्रभात-वर्णन।

- **सर्ग 12**- श्रीकृष्ण का पुनः प्रस्थान तथा यमुना नदी का वर्णन।
- **सर्ग 13**- श्रीकृष्ण और पाण्डवों का मिलना, नगर-प्रवेश तथा दर्शक नारियों की चेष्टाओं का, अश्वघोष तथा कालिदास से प्रतिस्पर्धा करते हुये वर्णन।
- **सर्ग 14**- युधिष्ठिर द्वारा राजसूय यज्ञ का प्रस्ताव, श्रीकृष्ण की पूजा तथा भीष्म-द्वारा उनकी स्तुति।
- **सर्ग 15**- शिशुपाल का कोप और उनके पक्ष के राजाओं का युद्ध के लिए सन्नद्ध होना।
- **सर्ग 16**- शिशुपाल के दूत का श्रीकृष्ण के समक्ष उभयार्थक शब्दों का प्रयोग, सात्यकि का उत्तर,दूत का पुनः शिशुपाल के पराक्रम का वर्णन करना।
- **सर्ग 17**- श्रीकृष्ण के पक्ष के राजाओं का कोप, सेना की प्रस्तुति तथा प्रस्थान।
- **सर्ग 18**- सेनाओं के घोर युद्ध का वर्णन
- **सर्ग 19**- चित्रालङ्कार से पूर्ण पद्यों के द्वारा व्यूह-रचना एवं विचित्र युद्ध का वर्णन।
- **सर्ग 20** -श्रीकृष्ण और शिशुपाल का शस्त्र-युद्ध, दिव्यास्त्र– युद्ध तथा वाग्युद्ध, शिशुपाल के शब्दों से कुपित कृष्ण द्वारा सुदर्शनचक्र से शिशुपाल का शिरश्छेदन , शिशुपाल के तेज का विजयी कृष्ण में प्रवेश।

शिशुपालवध के महत्त्वपूर्ण बिन्दु

- यह कथानक महाभारत के सभापर्व (अध्याय 35-43) से लिया गया है, जिसमें युधिष्ठिर के यज्ञ में शिशुपाल के मारे जाने की कथा है।
- श्रीमद्भागवत पुराण के दशम स्कन्ध (अध्याय 71-75) में भी शिशुपाल की कथा प्रायः वैसी ही है, जैसी इस महाकाव्य में वर्णित है इसलिए बहुत से विद्वान् भागवतपुराण को ही इस महाकाव्य का उपजीव्य (स्रोत) बताते हैं।
- विद्वानों के बीच एक लोकोक्ति है- **काव्येषु माघः कवि-कालिदासः।** अर्थात् कवि की दृष्टि से कालिदास श्रेष्ठ हैं किन्तु काव्य (महाकाव्य) के लेखन में माघ उत्कृष्ट हैं
- अलङ्कारवादी महाकवियों में भी माघ अग्रणी हैं क्योंकि प्रौढ़ पाण्डित्य के साथ कथानक को विचित्र मार्ग पर ले जाने की क्षमता इनमें सर्वाधिक है।
- कृष्ण के द्वारा शिशुपाल के मारे जाने का कथानक इतिहास-प्रसिद्ध है, यह कथा महाभारत और भागवतपुराण पर आश्रित है।
- इसके नायक कृष्ण हैं जो यदुपति तथा विष्णु के अवतार (जगन्निवासः) हैं।
- महाकाव्य का **प्रधानरस वीर** है, अन्य रसों में शृंगार,हास्य, अद्भुत, भयानक इत्यादि का स्वाभाविक रूप से निवेश हुआ है।
- इसके सर्ग छन्दों के नियम का पालन करते हैं पूरा सर्ग एक छन्द में हो और सर्गान्त में एक दो पद्य दूसरे छन्दों में हों।
- प्रथम सर्ग में वंशस्थ,द्वितीय सर्ग में अनुष्टुप्, तृतीय सर्ग में उपजाति छन्द है।
- पंचम सर्ग में वसन्ततिलका है तो षष्ठसर्ग द्रुतविलम्बित छन्द का है, सबके अन्त में छन्द परिवर्तित होते रहें हैं।
- चतुर्थ सर्ग में अनेक छन्दों का प्रयोग है।
- माघ ने शिशुपालवध के 19वें सर्ग में एकाक्षर,द्व्यक्षर, सर्वतोभद्र, मुरजबन्ध, प्रतिलोमयमक (33-34), गोमूत्रिकाबन्ध, समुद्गयमक (58), अर्धप्रतिलोम-यमक (88) तथा चक्रबन्ध (120) जैसा श्रमसाध्य चित्रकाव्यों का प्रयोग किया है।
- युद्ध का वर्णन माघ ने कई सर्गों में किया है। 19वाँ सर्ग तो चित्रकाव्य के रूप में विचित्र युद्ध का भ्रम देता ही है 20वें सर्ग में दोनों पक्षों के नेताओं द्वारा विविध दिव्यास्त्रों का प्रयोग होता है। शिशुपाल के अस्त्रों को कृष्ण काटते जाते हैं।
- षष्ठसर्ग का षड्ऋतुवर्णन तथा एकादश सर्ग का प्रभातवर्णन अधिक आवर्जक है।
- माघ के पाण्डित्य और कवित्व के विषय में कई प्रशस्तियाँ विख्यात हैं। इनके शब्द भाण्डागार के विषय में कहा गया है-**नवसर्गगते माघे नव शब्दो न जायते (विद्यते)** अर्थात् माघ काव्य में नौ सर्ग समाप्त कर लेने पर संस्कृत में कोई नया शब्द जानने को रह ही नहीं जाता।
- माघ ने धातुरूपों के प्रयोग स्वाभाविक रूप से किये हैं। जैसे- अचूचुरत् (1/16), विरेजिरे (1/21), अभ्युपेयुषी (1/24), न्यधायिषाताम्(1/13), अपूपुजत्(1/14), निवेशयामासिथ (1/34), उपाजिहीथाः (1/37), अकारि तथा अशिश्रियत् (1/46) , भूतकाल में समुच्चयार्थक लोट् लकार का प्रयोग (1/51) अनुचकम्पिरे (1/61), दुःखाकरोति (2/11) इत्यादि।
- माघ की एक अन्य प्रशस्ति है- **माघे मेघे गतं वयः।** अर्थात् शिशुपाल महाकाव्य के अध्ययन में और मेघदूत का आनन्द लेने में सारी आयु बीत गयी।
- **माघे सन्ति त्रयो गुणाः-** माघ-विषयक प्रशस्तियों में यह सर्वाधिक प्रसिद्ध है। इसमें एकसाथ कालिदास,भारवि और दण्डी (या श्रीहर्ष) के साथ माघ की महत्ता का निरूपण किया गया है।
- **उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।**
दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयो गुणाः॥
अर्थात् महाकवि कालिदास की विशिष्टता उपमा के कारण है तो माघ में **तीनों गुणों** का समन्वित प्रयोग प्रमुख वैशिष्ट्य है।
- माघ की सामान्य उपमाओं में यह बहुत प्रसिद्ध है,जिसके कारण उन्हें '**घण्टामाघ**' का विरुद प्राप्त हुआ है-
उदयति विततोर्ध्व - रश्मि - रज्जा
वहिमरुचौ हिमधाम्नि याति चास्तम्।
वहति गिरिरयं विलम्बि-घण्टा-
द्वय-परिवारित-वारणेन्द्र-लीलाम्॥ (4/20)
- राजनीति की तुलना शब्दविद्या से की गयी है- **शब्दविद्येव नो भाति राजनीतिरपस्पशा (2/112)**

प्रथम सर्ग के प्रमुख कथन एवं सूक्तियां

कवि द्वारका के राजप्रासाद में स्थित श्रीकृष्ण द्वारा नारदमुनि को देखने की बात कर रहे हैं-

श्रियः पतिः श्रीमति शासितुं जगज्जगन्निवासो वसुदेवसद्मनि। वसन् ददर्शावतरन्तमम्बराद्धिरण्यगर्भाङ्गभुवं मुनिं हरिः॥1॥

अनुवाद- लक्ष्मी के पति, संसार के आधारस्वरूप, दुष्टदमन तथा शिष्टरक्षण से संसार का शासन करने के लिए शोभायुक्त वसुदेव-भवन में श्रीकृष्ण रूप से निवास करते हुए हरि ने आकाशमार्ग से उतरते हुए ब्रह्मा के मानसपुत्र महर्षि नारद को देखा।।1।।

रणद्भिराघट्टनया नभस्वतः,
पृथग्विभिन्नश्रुतिमण्डलैः स्वरैः।
स्फुटीभवद्ग्रामविशेषमूर्च्छनाम-
वेक्षमाणं महतीं मुहुर्मुहुः॥10॥

वायु के आघात से स्पष्ट ध्वनि करते हुए एवं व्यस्थित स्वर समूह वाले

इन सप्तस्वरों से स्पष्ट होने वाले ग्राम तथा मूर्छनावाली महती नामक वीणा को बार-बार देखते हुए (उन्हें नारद इस प्रकार समझा)।।10।।

भगवान् श्रीकृष्ण का कथन

गृहानुपैतुं प्रणयादभीप्सवो
भवन्ति नापुण्यकृतां मनीषिणः॥14॥

क्योंकि, महात्मा लोग पुण्य न करने वाले के घर प्रेम से जाने के लिए इच्छुक नहीं होते।।14।।

शरीरभाजां भवदीयदर्शनं
व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्॥26॥

आने वाले शुभ का हेतु है; पहले आचरण किये हुए शुभ कर्मों से सम्पादित है।।26।।

सदोपयोगेऽपि गुरुस्त्वमक्षयो
निधिः श्रुतीनां धनसम्पदामिव॥28॥

आप धन-सम्पत्ति के समान वेदों के सदा उपयोग किये जाने पर भी क्षीण न होने वाले महान् निधि बनाये गये हैं।।28।।

गिरोऽथवा श्रेयसि केन तृप्यते॥29॥

अथवा (क्योंकि) कल्याण के विषय में कौन तृप्त होता है। अर्थात् कोई तृप्त नहीं होता? नारद जी का कथन

बहिर्विकारं प्रकृतेः पृथग्विदुः
पुरातनं त्वां पुरुषं पुराविदः॥33॥

उदासीन, महत् आदि प्रकृतिविकारों से पृथक् रहने वाला पुराण पुरुषपदवाच्य विज्ञानधनरूप में- जानते हैं।।33।।

हृतेऽपि भारे महतस्त्रपाभरा-
दुवाह दुःखेन भृशानतं शिरः॥57॥

यमराज का भैंसा (वाहन) बोझ दूर किये जाने पर भी महा लज्जाभार से अत्यन्त अवनत मस्तक को दुःख से वहन करता रहा।।57।।

सदाभिमानैकधना हि मानिनः॥67॥

क्योंकि मानी जन सदा मान मात्र धनवाले होते हैं।।67।।

रसंशयं सम्प्रति तेजसा रविः॥70॥

वह किरणों से पर्वतों को आक्रान्त करने वाला मानो सूर्य है।।70।।

सतीव योषित् प्रकृतिः सुनिश्चला
पुमांसमभ्येति भवान्तरेष्वपि॥72॥

पतिव्रता स्त्री के समान अतिस्थिर प्रकृति दूसरे जन्मों में भी स्वपुरुष को प्राप्त करती है।।72।।

विपादनीया हि सतामसाधवः॥73॥

क्योंकि दुराचार के कारण परिपक्व आपत्तिवाले दुष्टजन सज्जनों द्वारा मारे जाने योग्य होते हैं।।73।।

ओमित्युक्तवतोऽथशार्ङ्गिण इति व्याहृत्य वाचं नभ-
स्तस्मिन्नुत्पतिते पुरः सुरमुनाविन्दोः श्रियं बिभ्रति।
शत्रूणामनिशं विनाशपिशुनः क्रुद्धस्य चैद्यं प्रति
व्योम्नीव भ्रकुटिच्छलेन वदने केतुश्चकारास्पदम्॥75॥

अनुवाद- उन महर्षि नारद के इस प्रकार (इन्द्र का सन्देश) वचन कहकर आकाश में प्रस्थित होने पर तथा सामने चन्द्रमा की शोभा को धारण करने पर 'आपका वचन मुझे स्वीकार है' ऐसा कहने वाले तथा शिशुपाल के प्रति क्रुद्ध हुए श्रीकृष्ण के आकाश के समान मुख पर, सदैव शत्रु-विनाश के सूचक केतु ने (उत्पाद-विशेष ने) भ्रुकुटि के बहाने से स्थान ग्रहण किया।।75।।

गृहानुपैतुं प्रणयादभीप्सवो भवन्ति नापुण्यकृतां मनीषिणः महात्मा लोग अपुण्यात्माओं के घर प्रेम से आना नहीं चाहते। (1/14)

श्रेयसि केन तृप्यते (1/29) मंगलमय कार्य में कौन तृप्ति हो सकता है?

सदाभिमानैकधना हि मानिनः (1/67) मानी (मनस्वी) लोगों का एक मात्र धन स्वाभिमान ही होता है

शिशुपालवध की टीकायें

- शिशुपालवध पर अनेक टीकाएँ हैं जिनमें वल्लभदेव कृत' सन्देहविषौषधि', मल्लिनाथ-कृत 'सर्वाङ्कषा', भरतमल्लिक-कृत 'सुबोधा' तथा दिनकरमिश्र -कृत 'सुबोधिनी' मुख्य हैं हिन्दी साहित्य सम्मलेन, प्रयाग से राम प्रताप त्रिपाठी का एवं चौखम्बा विद्याभवन से हरगोविन्द शास्त्री का हिन्दी-अनुवाद पूरे ग्रन्थ पर प्रकाशित है।

नैषधीयचरितम्

महाकवि श्रीहर्ष का परिचय

- **नाम** - श्रीहर्ष
- **पिता** - श्रीहीर
- **माता** - मामल्लदेवी
- **श्रीहर्षं कविराजराजिमुकुटालङ्कारहीरः सुतम्**
  श्रीहीरः सुषुवे जितेन्द्रियं मामल्लदेवी च यम्। (1/145)
- **समय-** 12वीं शताब्दी के मध्य से 12वीं शताब्दी के उत्तरार्ध के बीच (सम्भावित)
  आश्रयदाता- जयचन्द्र
  उपाधि-1.नवभारती 2. कविपण्डित (राजा गोविन्दचन्द्र द्वारा)
  उपासक- शिव, विष्णु, सरस्वती
  प्रिय छन्द- उपजाति
- श्रीहीर काशी के राजा गहरवारवंशी विजयचन्द्र की राज्यसभा के प्रधान पण्डित थे।
- श्रीहीर को विजयचन्द्र की राज्यसभा में मिथिला के प्रसिद्ध पण्डित श्री उदयनाचार्य ने शास्त्रार्थ में पराजित किया था।
- श्रीहीर पुत्र श्रीहर्ष ने उदयनाचार्य को पराजित करने का वचन अपने पिता (श्रीहीर) को उनके मरते समय दिया था।
- श्रीहर्ष ने 'चिन्तामणि' मन्त्र का एक वर्ष पर्यन्त जप किया था।
- त्रिपुरादेवी के वरदान से श्रीहर्ष **अत्यन्त** उत्कृष्ट विद्वान् हो गये।
- जयचन्द्र की प्रार्थना स्वीकार कर श्रीहर्ष ने नैषधीयचरितम् महाकाव्य की रचना की।
- नैषधीयचरित महाकाव्य की दोष रहित प्रामाणिकता के लिए श्रीहर्ष कश्मीर गये थे।
- महाकवि श्रीहर्ष नदी तट पर बैठकर रुद्र मन्त्र का जप किये थे।
- हरिहर कवि को भी श्रीहर्ष का वंशज माना जाता है।
- श्रीहर्ष के निवास स्थान के सम्बन्ध में विद्वान् मतैक्य नहीं हैं।
- कुछ विद्वान् कन्नौज का, कुछ वाराणसी का, कुछ बंगाल का एवं अन्य कश्मीर का निवासी बतलाते हैं। **''ताम्बूलद्वयमासनं च लभते यः कान्यकुब्जेश्वरात्।''** (नैषध. 22/15)
- कविवर राजशेखर सूरि ने महाकवि श्रीहर्ष की सौ से अधिक रचनायें होने का उल्लेख किया है -
  ''खण्डनादिग्रन्थान् परश्शतान् जग्रन्थ।''
- नैषधीयचरित में नैषध के अतिरिक्त 8 ग्रन्थों का उल्लेख किया गया है।
- महाकवि श्रीहर्ष ने अपने नैषधीयचरित में अपनी रचनाओं के साथ-साथ प्रत्येक सर्गान्त श्लोक में अपने माता व पिता का भी उल्लेख किया है। श्रीहर्षं कविराजराजिमुकुटालङ्कारहीरः सुतम् श्रीहीरः सुषुवे जितेन्द्रियं मामल्लदेवी च यम्।।
- श्रीहर्ष के शताधिक ग्रन्थों के नाम का कोई प्रबल प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं।
- ये 10 रचनायें अविवादित व प्रमाणित हैं-
  1. नैषधीयचरित 2. स्थैर्यविचारप्रकरण 3. विजय-प्रशस्ति 4. खण्डनखण्डखाद्य 5. गौडोर्वीशकुल-प्रशस्ति 6. अर्णववर्णन 7. छिन्दप्रशस्ति 8. शिवशक्तिसिद्ध 9. नवसाहसाङ्कचरितचम्पू 10. ईश्वराभिसन्धि
- इनमें से नैषधीयचरित व खण्डनखण्डखाद्य के अलावा शेष 8 ग्रन्थ अनुपलब्ध हैं।
- श्रीहर्ष की काव्य शैली प्रसादगुणों से युक्त वैदर्भी शैली है।
- गुण में प्रमुखतः माधुर्य और ओज की प्रचुरता है।
- महाकाव्य में एक स्थल पर श्लेष अलंकार का इतना सुन्दर चित्रण किया है कि, अन्य कवि इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हैं।
  देवः पतिर्विदुषि नैषधराजगत्या
  निर्णीयते न किमु न व्रियते भवत्या।
  नायं नलः खलु तवातिमहानलाभो
  यद्येनमुज्झसि वरः कतरः पुनस्ते ॥ (नैषध 13/33)
- हर्ष ने उपर्युक्त श्लोक के पाँच अर्थ बताये हैं-
  1. इन्द्रपक्ष में 2. अग्नि पक्ष में 3. यम पक्ष में 4. वरुण पक्ष में 5. नल पक्ष में
- नैषधीयचरित में 9 निधियों का उल्लेख है-
  महापद्म, पद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुन्द, कुन्द, नील व खर्व

नैषधीयचरितम् का परिचय

- **लेखक** - श्रीहर्ष
- **काव्यविधा** - महाकाव्य
- **कुल सर्ग** - 22 (बाईस)
- **नायक** - नल (धीरोदात्त)
- **नायिका** - दमयन्ती
- **प्रतिनायक -** 4 नल के रूप में क्रमशः अग्नि, वरुण, इन्द्र व यम।
- **अङ्गीरस/प्रधानरस** -शृङ्गार
- **अन्य रस-**वीर, हास्य, करुण, रौद्र एवम् अद्भुत आदि।
- **गुण -** माधुर्य, ओज, प्रसाद (प्रायः सभी काव्य गुण पाये जाते हैं)
- **रीति** - मुख्यतः वैदर्भी
- **अलङ्कार** - अनुप्रास (मुख्य रूप से)
- **अन्य अलङ्कार** - अतिशयोक्ति आदि।
- **छन्द -** कुल उन्नीस 19 छन्दों का प्रयोग है जिनमें उपजाति, वसन्ततिलका, अनुष्टुप्, वंशस्थ तथा शिखरिणी प्रमुख हैं। (उपजाति सर्वाधिक 7 सर्गों में है।)

प्रमुख उक्तियाँ

- **''काव्यं नवं नैषधम्''** - चाण्डु पण्डित
- **''नैषधं विद्वदौषधम्''**
- **'उदिते नैषधे काव्ये क्व माघः क्व च भारविः'**
- **नैषधे पदलालित्यम्** अथवा
- **''उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।**
  नैषधे पदलालित्यम् माघे सन्ति त्रयो गुणाः।।''

- **उपजीव्य** - महाभारत (वनपर्व)
- **अन्य स्रोत** - शतपथ-ब्राह्मण, कथासारित्सागर, कुमारपालप्रतिबोध, लिङ्गपुराण, वायुपुराण, हरिवंश-पुराण, ब्रह्माण्ड-पुराण आदि।
- **कुल श्लोक -** 2804 (लगभग)
- **नोट** - प्रत्येक सर्ग के अन्त के परिचयात्मक सभी श्लोक शार्दूलविक्रीडित छन्द में हैं।
- बृहत्त्रयी का **सबसे बड़ा ग्रन्थ** नैषधीयचरितम् ही है।
- महाभारत के वनपर्व में **'नलोपाख्यान'** उनतीस अध्यायों (58-78) में है।
- नलोपाख्यान की सरल छोटी कथा 'नैषधीयचरित' में बहुत थोड़ी ही ली गयी है।
- नलोपाख्यान एक उपदेश कथा है, जबकि नैषधीयचरितम् एक सरस एवं मनोरम महाकाव्य है।
- नलोपाख्यान के आदि के छः सर्गों की घटना को श्रीहर्ष ने विशाल 22 (बाईस) सर्गों में नैषधीयचरितम् नामक ग्रन्थ में उल्लिखित किया है।

नैषधीयचरितम् का मङ्गलाचरण

निपीय यस्य क्षितिरक्षिणः कथां तथाद्रियन्ते न बुधाः सुधामपि।
नलः सितच्छत्रितकीर्ति मण्डलः स राशिरासीन्महसां महोज्ज्वलः॥

भावार्थ- अपने विस्तृत कीर्तिमण्डल को श्वेत छत्र के समान धारण करने वाले तेजपुञ्ज स्वरूप पृथ्वी रक्षक जिस सूर्य की कथा का पूर्णतया पान करके देवगण जैसे चन्द्रमा का आदर नहीं करते वैसे ही वह राजा नल थे। जिनकी कथा का पान करके विद्वान् लोग अमृत का भी वैसा आदर नहीं करते थे। अर्थात् राजा नल का भी कीर्तिमण्डल सूर्य के समान था। जो उत्सवों में देदीप्यमान होता था। (1/1)

- 'नैषधीयचरितम्' का प्रारम्भ श्रीहर्ष ने नल रूपी कथा वस्तु को संकेत करते हुए **वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण** से किया है। मङ्गलाचरण **वंशस्थ छन्द** में है। वस्तुतः प्रथम सर्ग के एक से लेकर **एक सौ बयालिस** (1-142) श्लोकों तक वंशस्थ छन्द का ही प्रयोग किया है। (जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ) सम्पूर्ण मङ्गलाचरण के चरण में संसृष्टि अलंकार है।

नैषधीयचरितम् की टीका एवं टीकाकार

टीका	टीकाकार
नैषधीयप्रकाश टीका	नारायण
नैषधदीपिका	चाण्डुपण्डित (प्राचीन टीकाकार)
साहित्यविद्याधरी	विद्याधर
दीपिका	नरहरि
तिलक	चारित्रवर्धन
जीवातु	मल्लिनाथ
सुखावबोध	जिनराज

अन्य टीकाकार - आनन्दराजानक, ईशानदेव, उदयनाचार्य, गोपीनाथ, भगीरथ, आदि।

नैषधीयचरित की सर्गवार कथा

प्रथम सर्ग - इस सर्ग में निषध देशाधिपति महाराज नल के शौर्य, गुण, प्रताप एवम् उत्कर्ष का वर्णन किया गया है।

- राजा नल का विदर्भनरेश भीम की पुत्री दमयन्ती के प्रति कामार्त होना एवं उपवन में जाना इसी सर्ग में है।
- उपवन में राजा, हंस पक्षी को पकड़ते हैं और उसकी करुण वाणी सुनकर उसे छोड़ देते हैं।

द्वितीय सर्ग -

- हंस के हर्षोल्लास से यह सर्ग आरम्भ होता है।
- हंस अपने परिवार से मिलकर पुनः कृतज्ञता प्रकट करने नल के पास उपवन में जाता है।
- राजा नल, हंस से दमयन्ती के पास कुण्डिनपुर जाने के लिए आग्रह करते हैं।
- हंस कुण्डिनपुर पहुँचकर उपवन में सखियों के साथ विहार कर रही दमयन्ती के पास रुक जाता है।

तृतीय सर्ग -

- दमयन्ती, हंस को पकड़ना चाहती है और इसी प्रयास में वह हंस के पीछे-पीछे सघन वन में पहुँच जाती है।
- वहाँ एकान्त पाकर हंस राजा नल के अलौकिक गुणों का एवम् अनुपम सौन्दर्य का वर्णन करता है।
- दमयन्ती, राजा नल के प्रति अपनी आसक्ति प्रकाशित करती हैं।
- हंस पुनः राजा नल के पास लौट आता है और सफलता की सूचना देता है।

चतुर्थ सर्ग -इसमें दमयन्ती की वियोगावस्था का वर्णन है।

- दमयन्ती, राजा नल से मिलने की इच्छा प्रकट करती हैं और विकल होने लगती हैं।
- विदर्भ नरेश भीमसेन अपनी पुत्री दमयन्ती की यह विचित्र दशा देखकर स्वयंवर का निश्चय करते हैं।

पञ्चम सर्ग -

- पञ्चम सर्ग का प्रारम्भ देवलोक में महर्षि नारद द्वारा इन्द्र की सभा में दमयन्ती की विलक्षण सुन्दरता का वर्णन करते हुए होता है।
- इन्द्र, वरुण, अग्नि, एवं यम देवताओं के साथ पृथ्वीलोक में प्रस्थान करते हैं।
- मार्ग में जाते हुए नल का अनुपमेय सौन्दर्य देखकर देवताओं को ईर्ष्या होती है।
- देवता, राजा नल को दमयन्ती के पास जाने के लिए कहते हैं एवं दमयन्ती, 'इन्द्र, वरुण, अग्नि व यम' में से किसी को वरण करें ऐसा दमयन्ती से कहने की याचना करते हैं।
- राजा नल ऐसा करने के लिए तैयार हो जाते हैं और इन्द्र द्वारा इन्हें अदृश्य होने की शक्ति प्रदान हो जाती है।

षष्ठ सर्ग -

- राजा नल अदृश्य रूप में दमयन्ती के राजप्रासाद में पहुँचते हैं।
- देवों की दूतियाँ नल के पहुँचने के पहले से ही किसी एक देवता को वरण करने का आग्रह कर रही थीं
- दमयन्ती उन्हें मना कर देती है। यह देखकर नल अत्यधिक प्रसन्न होते हैं।

सप्तम सर्ग -

- राजा नल दमयन्ती के सौन्दर्य का अवलोकन एवं स्वयं को प्रकट कर देने का भी निश्चय कर लेते हैं।
- इस सर्ग में दमयन्ती के नखशिख का स्वरूप भी वर्णित है।

अष्टम सर्ग -

- राजा नल अपने स्वरूप को प्रकट कर, स्वयं को देवदूत बताकर, देवताओं में से किसी एक देवता का वरण करने को कहते हैं।

नवम सर्ग -

- इस सर्ग में नल एवं दमयन्ती में परस्पर वार्तालाप होता है।
- दमयन्ती राजा नल का ही वरण करने को कहती हैं।
- नल, दमयन्ती को उसकी स्वयंवर सभा में आने की स्वीकृति देकर वापस लौट आते हैं।

दशम सर्ग -

- स्वयंवर के कार्यक्रम से यह सर्ग प्रारम्भ होता है
- चारों दिशाओं से आये राजाओं से पृथ्वी के ठसाठस भर जाने का वर्णन है।
- इन्द्रादि चारों देवता भी नल रूप में स्वयंवर में उपस्थित होते हैं।
- विष्णु, देव, अप्सरायें आदि भी स्वयंवर में दर्शनार्थ होते हैं।
- विष्णु राजाओं के वर्णन के लिए सरस्वती को भेजते हैं।

एकादश सर्ग -

- सरस्वती द्वारा राजाओं के वर्णन से यह सर्ग प्रारम्भ होता है।
- नल के प्रति आसक्ति से दमयन्ती स्वयंवर सभा में बैठे सभी राजाओं को क्रमशः छोड़ते हुए आगे बढ़ती जाती हैं।

द्वादश सर्ग -

- इस सर्ग में भी अन्यान्य अवशिष्ट राजाओं के स्वयंवर में सम्मिलित होकर दमयन्ती द्वारा उपेक्षित होने का वर्णन है।
- सरस्वती विभिन्न देशों के नरेशों का एक-एक करके वर्णन करने के उपरान्त अन्त में नल के समीप पहुँचती है।
➤ प्रियंवदा, अनसूया की अपेक्षा अधिक विनोदप्रिया एवं चपल है। शकुन्तला जब अनसूया से अपने वल्कलों को ढीला करने को कहती है तो प्रियंवदा परिहास करती है कि मुझे उलाहना न देकर पयोधरविस्तारी अपने यौवन को उलाहना दो–**''अत्र पयोधरविस्तारयितृ आत्मनो यौवनमुपालभस्व।''** (अङ्क-1)
➤ शकुन्तला द्वारा वनज्योत्सना और आम्रवृक्ष की युगलजोड़ी को स्नेहदृष्टि से देखने पर प्रियंवदा मजाक करती है कि तुम भी इसी तरह अपने अनुकूल वर को प्राप्त करने की सोच रही हो–**''यथा वनज्योत्स्नाऽनुरूपेण पादपेन सङ्गता..... अहमप्यात्मनोऽनुरूपं वरं लभेयेति।''** (अङ्क-1)
➤ अनसूया में प्रियंवदा की अपेक्षा धैर्य तथा गाम्भीर्य अधिक है। दुर्वासा के शाप को सुनकर जब प्रियंवदा सहसा घबड़ा जाती है– **''हा धिक्, हा धिक् अप्रियमेव संवृत्तम्''** किन्तु अनसूया उसे धैर्यपूर्वक दुर्वासा को मनाने के लिए कहती है – **''गच्छ, पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनम्।''** (अङ्क-4)
➤ प्रियंवदा चपलतावश इस दारुण शापवृत्तान्त को शकुन्तला से कहीं बता न दें इसके लिए अनसूया उसको मना करती है – **''प्रियंवदे! द्वयोरेव नौ मुख एष वृत्तान्तस्तिष्ठतु''**।
➤ प्रियंवदा के मन में यह शंका उठती है कि पिता कण्व गान्धर्वविवाह के वृत्तान्त को सुनकर न जाने क्या सोचेगें–**''तात इदानीमिमं वृत्तान्तं श्रुत्वा न जाने किं प्रतिपत्स्यत इति''** (अङ्क-4) तो अनसूया अपने विवेक बुद्धि का परिचय देती हुई कहती है कि–**''यथाऽहं पश्यामि तथा तस्यानुमतं भवेत्। गुणवते कन्यका प्रतिपादनीया इत्ययं तावत् प्रथमः संकल्पः।''**
➤ अनसूया शकुन्तला के भविष्य के प्रति चिन्तित रहती है, वह किसी भी विषय पर सम्यक् उहापोह और विचार-विमर्श करती है। वह चिन्तित है कि राजा दुष्यन्त अपने नगर हस्तिनापुर पहुँचने के बाद शकुन्तला के साथ किये गये गान्धर्व विवाह को स्मरण करेगा या नहीं – **''अद्य स राजर्षिः इतोगतं वृत्तान्तं स्मरति वा न वेति।''** (अङ्क-4)
➤ प्रियंवदा निःशङ्क और निश्चिन्त स्वभाव वाली है। उसे पूरा विश्वास है कि सुन्दर आकृति वाला दुष्यन्त गुणरहित नहीं हो सकता–**''न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति''** (अङ्क-4)
➤ अनसूया भविष्य के प्रति सचेष्ट और व्यावहारिक बुद्धिवाली है। तृतीय अङ्क में वह राजा से यह वचन लेती है कि अनेक रानियों के बीच शकुन्तला की उपेक्षा न करें। **''वयस्य बहुवल्लभाः राजानः श्रूयन्ते''।** राजा उनकी प्रियसखी शकुन्तला को गौरवपूर्ण स्थान देने का आश्वासन देता है।
➤ शकुन्तला की विदाई के अवसर पर उसे सजाने के लिए अनसूया आम की डाल पर नारियल के डिब्बे में केसरमालिका को रखे रहती है।
➤ अनसूया, प्रियंवदा की अपेक्षा तात कण्व के अधिक निकट है, वह पिता के स्वभाव तथा विचारों को ठीक से जानती है, तात कण्व भी शकुन्तला की विदाई के अवसर पर अनसूया को ही बारम्बार सम्बोधित करते हैं।
➤ प्रियंवदा प्रणयव्यापार के स्वरूप को अच्छी प्रकार जानती है। शकुन्तला और दुष्यन्त के प्रेम में वह सूत्रधार का कार्य करती है। तृतीय अङ्क में शकुन्तला की अस्वस्थता के मूल कारण को प्रियंवदा ठीक से समझती है और उसके उपाय के रूप में शकुन्तला को मदनलेख (प्रेमपत्र) लिखने की प्रेरणा भी प्रियंवदा देती है, और उस प्रेमपत्र को फूलों में छिपाकर देवता के प्रसाद के बहाने राजा तक पहुँचाने का कार्य भी उसी के द्वारा सम्पन्न होता है।
➤ अनसूया अतिथि सत्कार करने में निपुण है, राजा दुष्यन्त के आश्रम आने पर वह शकुन्तला से कहती है–**''हला शकुन्तले, गच्छोटजम्। फलमिश्रमर्घमुपहर।''**
➤ श्राप को सुनकर प्रियंवदा दुर्वासा के समीप जाकर शकुन्तला की मङ्गलकामना हेतु क्षमायाचना करती है। (अङ्क-4)
➤ अनसूया विचारशील और मितभाषिणी है, वह हँसी, मजाक की बातों में विशेष भाग नहीं लेती। वह सशङ्कवृत्ति की है, सहसा किसी बात पर विश्वास नहीं करती। जबकि प्रियंवदा शीघ्र विश्वास करने वाली, परिहासप्रिया एवं वाक्पटु है।
➤ अनसूया भविष्य के सुख की विशेष चिन्ता करती है, प्रियंवदा वर्तमान को विशेष महत्त्व देती है।
➤ अनसूया अधिक व्यवहारिक, धीर और परिपक्व बुद्धि की है जबकि प्रियंवदा भावुक एवं चञ्चल है।

विदूषक (माधव्य)

परिचय –
➤ राजा दुष्यन्त का अन्तरङ्ग मित्र।
➤ हास्यरस का एक पात्र।
➤ 'माधव्य' नामक एक ब्राह्मण।

चारित्रिक विशेषतायें

- भोजनपटु।
- डरपोक एवं अकर्मण्य।
- राजा का परमप्रिय मित्र एवं परामर्शदाता।
- भीरु एवं सरल स्वभाव।

विदूषक का लक्षण

कुसुमवसन्ताद्यभिधः कर्मवपुर्वेषभाषाद्यैः।
हास्यकरः कलहरतिर्विदूषकः स्यात् स्वकर्मज्ञः।

विदूषक स्वामिभक्त, मनोविनोद में निपुण, कुपित नायिकाओं को मनाने वाला, एवं सच्चरित्र होता है। वह अपने ऊँटपटाँग कार्यों, विकृत अङ्गों तथा वेषभूषादि के द्वारा हास्य का वातावरण प्रस्तुत करता है। वह नायक का विश्वासपात्र तथा उसके प्रणय सम्बन्धी क्रियाकलापों में सहायता पहुँचाता है।

विदूषक (माधव्य) के गुण एवं कार्य

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के विदूषक (माढव्य) का सर्वप्रथम दर्शन द्वितीय अङ्क में होता है।
- विदूषक माधव्य भोजनप्रिय एवं पेटू है। राजा दुष्यन्त शकुन्तला के प्रणयव्यापार में उनसे सहायता करने के लिए कहता है तो वह ''**किं मोदकखण्डिकायाम्**'' कहकर अपनी पेटपूजा पटुता का परिचय देता है।
- इसी प्रकार षष्ठ अङ्क में राजादुष्यन्त शकुन्तला के वियोग में अँगूठी से उपालम्भ देते हैं किन्तु विदूषक को वहाँ भी बुभुक्षा पीड़ित करती है– ''**कथं बुभुक्षया खादितव्योऽस्मि**'' (अङ्क-6)
- वह स्वभाव से अत्यन्त भीरु एवं डरपोक है। शकुन्तला के दर्शन हेतु वह भी उत्सुक था, पर जब वह राक्षसों का वृत्तान्त सुनता है, तब डर जाता है। (अङ्क-2)
- राजा के मृगयाव्यसन के कारण उसको विश्राम का तनिक भी अवसर प्राप्त नहीं होता है, इससे वह अत्यन्त दुःखी है– '**एतस्य मृगयाशीलस्य राज्ञो वयस्यभावेन निर्विण्णोऽस्मि।**'' (अङ्क-2)
- विदूषक अपने प्रत्येक क्रियाकलाप एवं भावभङ्गिमा से सभी को हँसाता है। जब राजा दुष्यन्त के सामने एक ही साथ ऋषियों की यज्ञरक्षा तथा माता की आज्ञा से राजधानी लौटने के दो कार्य उपस्थित होते हैं, तो विदूषक राजा से कहता है कि – ''**त्रिशङ्कुरिवान्तरा तिष्ठ।**'' (अङ्क-2)
- विदूषक यत्र तत्र अपनी मन्दबुद्धिता का भी परिचय देता है, परन्तु वैसे बहुत चतुर है। षष्ठ अङ्क में राजा के द्वारा आम्रमञ्जरी को मदनबाण कहने पर वह काष्ठदण्ड लेकर मारने दौड़ता है। उसकी मूर्खता पर खिन्न राजा भी हँस पड़ता है।
- विदूषक सरलहृदय का व्यक्ति है, राजा को सन्देह हुआ कि यह राजधानी में जाकर कहीं हमारे प्रणयप्रसङ्ग की चर्चा हमारी रानियों से न कर दे, अतः राजा दुष्यन्त ने उससे कहा कि वे सब मजाक की बातें हैं।
  ''**परिहासविजल्पितं सखे न परमार्थेन गृह्यतां वचः**'' (अङ्क-2)
- विदूषक राजा की इस बात को सच मान लेता है और रानियों से इसकी कोई चर्चा नहीं करता है।
- रानी वसुमती के आने पर वह शकुन्तला का चित्र लेकर भाग जाता है, और राजा को वसुमती के क्रोध से बचाता है।
- पञ्चम अङ्क के प्रारम्भ में रूठी रानी हंसपदिका को मनाने के लिए राजा विदूषक को ही भेजता है।
- षष्ठ अङ्क में इन्द्र का सारथि मातलि विदूषक को पीटता है जिससे राजा का क्रोध प्रस्फुटित होता है। तभी राजा दानवों के वधार्थ स्वर्ग को जाता है।
- वह राजा को समय-समय पर सान्त्वना देता है, उसका मनोरञ्जन करता है, और उचित परामर्श भी देता है। (अङ्क-6)

गौतमी

- **परिचय** – ऋषि कण्व की धर्मभगिनी
- कण्वाश्रम की सर्वाधिक वृद्धा तपस्विनी/वरिष्ठ महिला
- आश्रम की व्यवस्थापिका/अध्यक्षा

चारित्रिक विशेषताएँ –

- सम्मानित महिला
- वरिष्ठ तपस्विनी
- बुद्धिमती
- व्यवहारकुशल एवं लोकव्यवहार की ज्ञाता
- अभिभाविका
- अतीव सरल एवं निच्छल व्यक्तित्त्व
- ममतामयी एवं वात्सल्य की प्रतिमूर्ति

चारित्रिक गुण एवं कार्य

- महर्षि कण्व का गौतमी के प्रति सम्मानभाव है, इसीलिए शकुन्तला के साथ उसे हस्तिनापुर तक भेजा जाता है।
- गौतमी में अवस्थानुरूप गाम्भीर्य, सहिष्णुता एवं विवेकशीलता दृष्टिगोचर होती है, राजदरबार में दुष्यन्त जब शकुन्तला के साथ अपने सम्बन्ध को अस्वीकार कर देता है, तब वह शकुन्तला का घूँघट हटाकर स्वयं उसे अपने सम्बन्ध को प्रमाणित करने का आदेश देती है।
- गुरुजनों तथा बन्धु-बान्धवों से पूछे बिना दुष्यन्त एवं शकुन्तला के प्रेम सम्बन्धों को वह अनुचित मानती है।
- शकुन्तला के प्रति उसका हृदय माँ की वात्सल्यमयी ममता से ओतप्रोत है। वह उसे पुत्रीवत् स्नेह करती है। राजा दुष्यन्त द्वारा अस्वीकार कर दिये जाने पर शकुन्तला जब शार्ङ्गरव आदि के पीछे-पीछे आने लगती है तो उस समय गौतमी का वात्सल्यभाव जाग उठता है – **वत्स शार्ङ्गरव, अनुगच्छतीयं खलु नः करुणपरिदेविनी शकुन्तला........किं वा मे पुत्रिका करोतु।'' (अङ्क 5)**
- कण्व के आश्रम में गौतमी अभिभावक की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है, तापसकन्याओं की देखरेख का उत्तरदायित्व उसी का है।
- प्रथम अङ्क में प्रियंवदा के परिहास से परेशान हुई शकुन्तला गौतमी से शिकायत करने को कहती है –

इयम् असम्बद्धप्रलापिनी....गौतम्यै निवेदयिष्यामि (अङ्क-1)
- शकुन्तला की अस्वस्थता का समाचार सुनकर गौतमी शान्तिजल लेकर उसके ऊपर छिड़कती है और वात्सल्यभाव से पूछती है–
'जाते, लघुसन्तापानि तेऽङ्गानि' (अङ्क-3)
- शकुन्तला की विदाई में विलम्ब होता देख गौतमी महर्षिकण्व से भी वापस लौट जाने का निवेदन करती है –
जाते, परिहीयते गमनवेला....निवर्ततां भवान्। (अङ्क-4)
- कण्व द्वारा शकुन्तला को उपदेश दिये जाने पर गौतमी उसे ठीक से स्मरण करने को कहती है –
जाते, एतत् खलु सर्वमवधारय। (अङ्क-4)
- गौतमी शकुन्तला को सर्वदा, **'वत्से'**, **'जाते'**, **'पुत्रि'** आदि यही सम्बोधन करती है इससे शकुन्तला के प्रति उसका अगाध स्नेह स्वयं व्यक्त होता है।
- शकुन्तला को छोटी-छोटी व्यवहार और शिष्टाचार की बातें भी गौतमी बताती हैं, विदाई के समय कण्व ऋषि के आने पर शकुन्तला को प्रणाम करने को कहती है।
''आचारं तावत् प्रतिपद्यस्व'' (अङ्क-4)
- कण्व द्वारा पुत्री शकुन्तला के लिए चक्रवर्ती पुत्र प्राप्त करने का आशीर्वाद सुनकर गौतमी अत्यन्त प्रसन्न होकर कहती है – यह तो केवल आशीर्वाद नहीं, अपितु वरदान है।
भगवन्, वरः खल्वेषः, नाशीः (अङ्क-4)
- आश्रम की संरक्षिका, व्यवस्थापिका, अध्यक्षा या वरिष्ठ तपस्विनी के रूप में गौतमी का सम्मान सभी आश्रमवासी करते हैं। शकुन्तला को हस्तिनापुर ले जाने के लिए शार्ङ्गरव आदि को गौतमी ही आदेश देती है –
'गौतमि, आदिश्यन्तां शार्ङ्गरवमिश्राः शकुन्तलानयनाय' (अङ्क-4)

शार्ङ्गरव और शारद्वत

- **परिचय** – शार्ङ्गरव और शारद्वत दोनों कण्व ऋषि के शिष्य।

चारित्रिक गुण एवं कार्य
- कण्व ऋषि इनके नाम के साथ आदरसूचक 'मिश्र' शब्द का प्रयोग करते हैं –
'आदिश्यन्तां शार्ङ्गरवमिश्राः' (अङ्क-4)
'क्व ते शार्ङ्गरवमिश्राः' (अङ्क-4)
- दोनों परिपक्व आयु वाले तथा विद्यानिष्णात हैं।
- गुरु कण्व का इन दोनों के ऊपर अटूट विश्वास है, तभी तो उनकी देखरेख में शकुन्तला को पतिगृह (हस्तिनापुर) भेजते हैं।
- राजा दुष्यन्त इन दोनों के गरिमामय व्यक्तित्व को देखकर उन्हें गुरु समान कहता है –
''गुरुशिष्ये गुरुसमे'' – (अङ्क-6)
- शास्त्रज्ञान के साथ ही साथ इन दोनों ऋषियों में लौकिकज्ञान भी विद्यमान है।
- शकुन्तला की विदाई के समय मार्ग में सरोवर को देखकर शार्ङ्गरव महर्षि कण्व से लौट जाने को कहता है –
''भगवन् ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्य इति श्रूयते। तदिदं सरस्तीरम्.......।'' (अङ्क-4)
- दोनों ऋषियों को आश्रम के जीवन से प्रेम है और नगर जीवन से घृणा।
- हस्तिनापुर नगर में प्रवेश करते समय एक ओर जहाँ शार्ङ्गरव राजभवन को अग्नि की लपटों से घिरा हुआ समझता है –
'जनाकीर्णं मन्ये हुतवहपरीतं गृहमिव' (अङ्क-5)
- वहीं दूसरी ओर शारद्वत नगर के भोगासक्त लोगों को उसी प्रकार समझता है, जिस प्रकार स्नात व्यक्ति तैलासिक्त को, पवित्र व्यक्ति अपवित्र को, प्रबुद्ध व्यक्ति सोये हुए को, और स्वच्छन्दचारी व्यक्ति बन्धनयुक्त को समझता है –
''अभ्यक्तमिव स्नातः शुचिरशुचिमिव'' (अङ्क-5/11)
- इन दोनों में शार्ङ्गरव अधिक आयु का है, ऋषि कण्व को उस पर अधिक विश्वास है, अतः राजा दुष्यन्त के लिए **(अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनान्----अङ्क-4.17)** रूपी संदेश उसी को देते हैं। शार्ङ्गरव ही शकुन्तला के साथ हस्तिनापुर जाने वाले दल का नेता है, जबकि ऋषि शारद्वत उससे छोटा और शान्तस्वभाव का है।
- शार्ङ्गरव, शारद्वत की अपेक्षा अधिक वाक्पटु एवं लौकिक व्यवहार का ज्ञाता है, जबकि शारद्वत मितभाषी है। उसके विचार दार्शनिक हैं, उसमें दूसरों के प्रति सहानुभूति है।
- शार्ङ्गरव बहुत बोलने वाला, क्रोधी, असहिष्णु, कठोर और अशान्त प्रकृति का है। वह अपने नाम को चरितार्थ करता है, क्योंकि शार्ङ्गरव का शाब्दिक अर्थ है – **'धनुष के समान शब्द करने वाला।'** राजा दुष्यन्त जब शकुन्तला को नहीं पहचानता और विवाह को अस्वीकार कर देता है, तो वह उसे शठ, अधार्मिक और ऐश्वर्योन्मत्त आदि कहकर फटकारता है –
''मूर्च्छन्त्यमी विकाराः प्रायेणैश्वर्यप्रमत्तेषु।'' (अङ्क-5/18)
- शार्ङ्गरव अत्यन्त निर्भय एवं स्पष्टवादी है। दुष्यन्त जब अपने आपको शकुन्तला का पति नहीं मानता, तो शार्ङ्गरव उसे चोर तक कहता है – **''पात्रीकृतो दस्युरिवासि येन'' अङ्क-(5/20)**
- शारद्वत मितभाषी, अक्रोधी, सहिष्णु तथा शान्त प्रकृति का है, जब राजा दुष्यन्त और शार्ङ्गरव का विवाद उग्र रूप धारण करता है, तब वही उसे शान्त करता है –
''शार्ङ्गरव, विरम त्वमिदानीम्'' (अङ्क-5)
- शारद्वत राजा दुष्यन्त से अन्ततः कहता है कि शकुन्तला तुम्हारी पत्नी है, तुम इसे रखो या छोड़ो, हम लोग जाते हैं –
''तदेषा भवतः कान्ता, त्यज वैनां गृहाण वा'' (अङ्क-5)
- शार्ङ्गरव व्यवहारकुशल नहीं है, वह राजा से झगड़े को बढ़ाता है, जबकि शारद्वत अत्यन्त व्यवहारिक है वह झगड़े को निपटाता है। शारद्वत के कारण ही विवाद शान्त हुआ।
- दुष्यन्त के अपमानजनक व्यवहार से दुखी शकुन्तला जब रोने लगती है, तब शार्ङ्गरव उसे डाँटता है –
''अतः परीक्ष्य कर्त्तव्यं विशेषात् सङ्गतं रहः'' (अङ्क-5/24)
- जब दरबार में शकुन्तला को छोड़कर गौतमी सहित दोनों शिष्य आश्रम लौटने लगते हैं, तब शकुन्तला भी उनके पीछे-पीछे लौटने लगती है, तभी शार्ङ्गरव पुनः शकुन्तला को कठोर शब्दों में डाँटता है– **''किं पुरोभागे, स्वातन्त्र्यमवलम्बसे'' (अङ्क-5)**

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रयुक्त छन्द एवं अलङ्कार

क्र.	श्लोक (वक्ता)	छन्दः	अलङ्कारः
1.	**विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा.......।** (ऋषि दुर्वासा) (4-1) नेपथ्य से	**वंशस्थ** (प्रत्येक चरण में 12 वर्ण)	● काव्यलिङ्ग, उपमा, और श्लेष अलङ्कार।
2.	**यात्येकतोऽस्तशिखरं पतिरोषधीनाम्.......। (4-2)** (कण्व का शिष्य)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● समासोक्ति, तुल्ययोगिता, यथासंख्य और उत्प्रेक्षा अलंकार।
3.	**अन्तर्हिते शशिनि सैव कुमुद्वती मे।** (4-3) (कण्व का शिष्य)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● समासोक्ति काव्यलिङ्ग, और अर्थान्तरन्यास अलङ्कार ● नाटक में ये तीसरा **पताकास्थानक** है।
	कर्कन्धूनामुपरि तुहिनं रञ्जयत्यग्रसन्ध्या.......। (बँगला संस्करण में प्राप्त प्रक्षिप्त श्लोक)	**मन्दाक्रान्ता** (प्रत्येक पाद में 17 वर्ण)	● स्वभावोक्ति अलङ्कार।
	पादन्यासं क्षितिधरगुरोर्मूर्ध्नि कृत्वा सुमेरोः......। (बँगला संस्करण में प्राप्त प्रक्षिप्त श्लोक)	**मन्दाक्रान्ता** (प्रत्येक पाद में 17 वर्ण)	● समासोक्ति, अर्थान्तरन्यास और श्लेष अलङ्कार।
4.	**दुष्यन्तेनाहितं तेजो दधानां भूतये भुवः.....।** (4-4) (छन्दोमयी आकाशवाणी)	**अनुष्टुप् या श्लोकवृत्त** (प्रत्येक पाद में 8 वर्ण)	● उपमा अलंकार ● इस श्लोक में मार्ग नामक गर्भसन्धि का अङ्ग है।
5.	**क्षौमं केनचिदिन्दुपाण्डु तरुणा माङ्गल्यमाविष्कृतम्......।** (4-5) (कण्व का शिष्य)	**शार्दूलविक्रीडितम्** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	उपमालङ्कार।
6.	**यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्टमुत्कण्ठया......।** (4-6) (महर्षि कण्व)	**शार्दूलविक्रीडितम्** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	● व्यतिरेक अलङ्कार। ● **प्रसिद्ध चार श्लोकों में से एक।**
7.	**ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव।** (4-7) (महर्षि कण्व)	**अनुष्टुप्** (प्रत्येक पाद में 8 वर्ण)	● उपमा अलङ्कार। ● इस श्लोक में क्रम नामक गर्भसन्धि का अङ्ग तथा आशीः नामक नाटकीय अलङ्कार है।
8.	**अमी वेदिं परितः क्लृप्तधिष्ण्याः।** (4-8) (महर्षि कण्व)	**त्रिष्टुप् (वैदिक छन्द)** (प्रत्येक पाद में 11 वर्ण)	● परिकर अलङ्कार।
9.	**पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या......। (4-9)** (महर्षि कण्व)	**शार्दूलविक्रीडितम्** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	● समासोक्ति, और काव्यलिङ्ग अलङ्कार। ● **प्रसिद्ध चार श्लोकों में से एक।**
10.	**अनुमतगमना शकुन्तला......।** (4-10) (महर्षि कण्व)	**अपरवक्त्रछन्दः** (प्रथम और तृतीय चरण में 11 वर्ण द्वितीय और चतुर्थचरण में 12 वर्ण)	● परिणाम अलङ्कार।
11.	**रम्यान्तरः कमलिनीहरितैः सरोभिः।** (4-11) (देवताओं की आकाशवाणी)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● परिकर, तुल्योगिता, काव्यलिङ्ग और हेतु अलङ्कार।
12.	**उद्गलितदर्भकवला मृग्यः......।** (प्रियंवदा) (4-12)	**आर्या** (प्रथम पाद में 12 वर्ण)	● उत्प्रेक्षा और समासोक्ति अलङ्कार।

13.	**सङ्कल्पितं प्रथममेव मया तवार्थे....।** (4-13) (काश्यप/कण्व)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● समासोक्ति, तुल्ययोगिता सम और काव्यलिङ्ग, अलङ्कार।
14.	**यस्य त्वया व्रणविरोपणमिङ्गुदीनाम्** (4-14) (काश्यप/कण्व)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● स्वभावोक्ति अलङ्कार।
15.	**उत्पक्ष्मणोर्नयनयोरूपरुद्धवृत्तिम्....।** (4-15) (काश्यप/कण्व)	**वसन्ततिलका।** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● काव्यलिङ्ग अलङ्कार।
16.	**एषापि प्रियेण विना गमयति....।** (4-16) **(अनसूया)**	**आर्या** (प्रथम पाद में 12 वर्ण)	● अर्थान्तरन्यास अलङ्कार।
17.	**अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनानुच्चैः कुलं चात्मनः....।** (4-17) (काश्यप/कण्व)	**शार्दूलविक्रीडितम्** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	● अप्रस्तुतप्रशंसा अलङ्कार। ● **प्रसिद्ध चार श्लोकों में से एक।**
18.	**शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने....।** (4-18) (काश्यप/कण्व)	**शार्दूलविक्रीडितम्।** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	● रूपक, हेतु, और अर्थान्तरन्यास अलङ्कार। ● इस श्लोकों में 'उपदिष्ट' नामक नाटकीय लक्षण है। **प्रसिद्ध चार श्लोकों में से एक।**
19.	**अभिजनवतो भर्तुः श्लाघ्ये स्थिता गृहिणीपदे......।** (4-19) (काश्यप/कण्व)	**हरिणी** (प्रत्येक पाद में 17 वर्ण)	● उपमा, समुच्चय और काव्यलिङ्ग अलङ्कार। ● कुछ लोग "अस्मान् साधु...." के स्थान पर इसे प्रसिद्ध चार श्लोकों में गिनते हैं।
20.	**भूत्वा चिराय चतुरन्तमहीसपत्नी।** (4-20) (काश्यप/कण्व)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● मालादीपक अलङ्कार। ● कुछ लोग "पातुं न प्रथमं....." के स्थान पर इसे भी चार प्रसिद्ध श्लोकों में गिनते हैं।
21.	**शममेष्यति मम शोकः कथं नु.....।** (4-21) (काश्यप/कण्व)	**आर्या जातिः**	काव्यलिङ्ग अलङ्कार।
22.	**अर्थो हि कन्या परकीय एव....।** (4-22) (काश्यप/कण्व)	**इन्द्रवज्रा** (प्रत्येक पाद में 11 वर्ण)	उत्प्रेक्षा अलङ्कार।

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चारों प्रसिद्ध श्लोक महर्षि कण्व ने कहे हैं।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में कुल 22 श्लोक हैं, जिसमें 14 श्लोक महर्षि कण्व के द्वारा बोले गए हैं।
- चतुर्थ अङ्क में **"उद्गलितदर्भकवला मृग्यः"** (4.12) इस श्लोक को प्रियंवदा तथा **"एषापि प्रियेण विना गमयति रजनी"** (4.16) इस एक श्लोक को अनसूया बोलती है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के केवल चतुर्थ अङ्क में महर्षि कण्व का दर्शन होता है।
- चतुर्थ अङ्क के बाद अनसूया और प्रियंवदा का वर्णन नहीं मिलता है।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के महत्त्वपूर्ण संवाद/कथन/सूक्तियाँ

क्र. कथन	भावार्थ	वक्ता
01. आत्मनो नगरं प्रविश्यान्तःपुर समागत इतोगतं वृत्तान्तं स्मरति वा न वेति।	राजा अपने नगर में प्रवेश करके और अन्तःपुर की स्त्रियों से मिलकर यहाँ की बातों को याद करेगा अथवा नहीं।	**अनसूया**
02. न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति।	उसप्रकार की सुन्दर आकृतियाँ गुणों से रहित नहीं होती हैं।	**प्रियंवदा**

क्र.	कथन	भावार्थ	वक्ता
03.	**गुणवते कन्यका प्रतिपादनीयेत्ययं तावत् प्रथमः संकल्पः।**	गुणवान् व्यक्ति को कन्या देनी चाहिए, यह (माता-पिता का) प्रथम संकल्प होता है।	**अनसूया**
04.	**ननु सख्याः शकुन्तलायाः सौभाग्यदेवताऽर्चनीया**	सखि शकुन्तला के सौभाग्यदेवता (पति) की भी तो पूजा करनी है	**अनसूया**
05.	**सखि, अतिथीनामिव निवेदितम्**	सखी! किसी अतिथि की सी यह आवाज है।	**अनसूया**
06.	**ननूटजसन्निहिता शकुन्तला।**	शकुन्तला तो कुटी पर उपस्थित है ही।	**प्रियंवदा**
07.	**अद्य पुनर्हृदयेनासंनिहिता।**	किन्तु आज वह हृदय से अनुपस्थित है। अर्थात् आज उसका मन कहीं और है।	**अनसूया**
08.	**विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम् (4.1)**	एकाग्रचित्त से जिसका चिन्तन करती हुई तू उपस्थित हुए मुझ तपस्वी को नही देख रही हो।	**दुर्वासा (नेपथ्ये)**
	स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन् कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव॥ (4.1)	वह तेरे स्मरण दिलाने पर भी तुझको स्मरण नहीं करेगा, जैसे उन्मत्त व्यक्ति पहले कही बात को स्मरण नहीं करता है।	**दुर्वासा (नेपथ्ये)**
09.	**हा धिक्, हा धिक्। अप्रियमेव संवृत्तं कस्मिन्नपि पूजार्हेऽपराद्धा शून्यहृदया शकुन्तला।**	हाय हाय धिक्कार है। अनर्थ हो गया। किसी पूजनीय व्यक्ति के प्रति शून्य हृदयवाली शकुन्तला ने कुछ अपराध कर दिया है।	**प्रियंवदा**
10.	**न खलु यस्मिन् कस्मिन्नपि। एष दुर्वासाः** जिस किसी साधारण व्यक्ति के प्रति नहीं। ये **सुलभकोपो महर्षिः**	**प्रियंवदा** तो शीघ्र कुपित हो जाने वाले महर्षि दुर्वासा हैं।	
11.	**कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति।**	अग्नि के अतिरिक्त और कौन जला सकता है।	**अनसूया**
12.	**सखि, प्रकृतिवक्रः स कस्यानुनयं प्रतिगृह्णाति**	सखी! स्वभाव से टेढ़े वे महर्षि दुर्वासा किसकी प्रार्थना को स्वीकार करते हैं।	**प्रियंवदा**
13.	**भगवन्, प्रथम इति प्रेक्ष्याविज्ञाततपः प्रभावस्य दुहितृजनस्य भगवतैकोऽपराधो मर्षयितव्य इति।**	भगवन्! आपके तप के प्रभाव को न जानने वाली आपकी पुत्रीजन शकुन्तला का यह पहला अपराध है– यह समझकर आपके द्वारा उसका यह एक अपराध क्षमा कर दिया जाना चाहिए।	**प्रियंवदा**
14.	**न मे वचनमन्यथा भवितुमर्हति।**	मेरा वचन असत्य नहीं हो सकता।	**प्रियंवदा** (दुर्वासा)
15.	**अभिज्ञानाभरणदर्शनेन शापो निवर्तिष्यत इति मन्त्रयमाण एवान्तर्हितः।**	'पहचान के आभूषण को दिखाने से मेरा शाप समाप्त हो जाएगा'–यहकथन को बताती है। कहते कहते ही वे अदृश्य हो गए।	**प्रियंवदा** (दुर्वासा)
16.	**अस्ति तेन राजर्षिणा संप्रस्थितेन स्वनामधेयाङ्कितमङ्गुलीयकं स्मरणीयमिति स्वयं पिनद्धम्**	उस राजर्षि के द्वारा अपने नाम से अङ्कित अँगूठी स्मृति-चिह्न के रूप में शकुन्तला की अंगुली में स्वयं पहनायी गयी थी	**अनसूया**
17.	**वामहस्तोपहितवदनाऽऽलिखितेव प्रियसखी**	बायें हाथ पर मुँह रखी हुई प्रियसखी शकुन्तला चित्रित सी बैठी हुई है।	**प्रियंवदा**
18.	**भर्तृगतया चिन्तयात्मानमपि नैषा विभावयति। किं पुनरागन्तुकम्।**	पति के ध्यान में मग्न होने के कारण उसे अपने आपकी सुध नहीं है, फिर अतिथि की बात ही क्या है?	**प्रियंवदा**
19.	**प्रियंवदे, द्वयोरेव नौ मुख एव वृत्तान्तस्तिष्ठतु**	प्रियंवदा, यह समाचार हम दोनों के मुख तक ही सीमित रहे।	**अनसूया**
20.	**रक्षितव्या खलु प्रकृतिपेलवा प्रियसखी।**	स्वभाव से ही कोमल प्रियसखी शकुन्तला की रक्षा करनी चाहिए। (अन्यथा यह समाचार सुनकर उसे बहुत आघात पहुँचेगा)	**अनसूया**
21.	**को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति**	भला कौन नवमालिका (चमेली) को गर्मजल से सींचेगा।	**प्रियंवदा**

सूक्ति	अर्थ	वक्ता
22. तेजोद्वयस्य युगपद् व्यसनोदयाभ्यां लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु।	यह संसार दो तेजों चन्द्रमा और सूर्य के एक साथ अस्त एवं उदित होने से अपनी दशाओं के परिवर्तित होने के विषय में मानो नियंत्रित अर्थात् शिक्षित किया जा रहा है।	कण्व का शिष्य
23. इष्टप्रवासजनितान्यबलाजनस्य दुःखानि नूनमतिमात्र दुःसहानि (4.3)	निश्चय ही स्त्रियों को अपने इष्टजन (प्रियतमों) के प्रवास से उत्पन्न दुःख अत्यन्त असह्य होते हैं।	कण्व का शिष्य
24. तेन राज्ञा शकुन्तलायामनार्यमाचरितम्।	राजा ने शकुन्तला के साथ अशिष्ट व्यवहार किया है।	अनसूया
25. काम इदानीं सकामो भवतु येनासत्यसन्धे जने शुद्धहृदया सखी पदं कारिता।	कामदेव की अब इच्छा पूर्ण हो, जिसने असत्यप्रतिज्ञ व्यक्ति (दुष्यन्त) के प्रति शुद्ध हृदयवाली सखी शकुन्तला का प्रेम कराया है।	अनसूया
26. दुःखशीले तपस्विजने कोऽभ्यर्थ्यताम्। ननु सखीगामी दोष इति।	कष्ट सहन करने वाले तपस्वियों में से किससे प्रार्थना करें। हमारी सखी पर दोष आयेगा।	अनसूया
45. वत्से, इतः सद्योहुताग्नीन् प्रदक्षिणीकुरुष्व	पुत्री! अभी हवन की गयी अग्नि की इधर से प्रदक्षिणा करो।	महर्षि कण्व
46. भगवन्! वरः खल्वेषः नाशीः।	भगवन्! यह तो वरदान है, केवल आशीर्वाद नही।	गौतमी
47. भो भोः संनिहितास्तपोवनतरवः! सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्	हे समीपस्थ तपोवन के वृक्षों! वही यह शकुन्तला पति के घर जा रही है, आप सभी लोग अनुमति दें।	महर्षि कण्व
48. अनुमतगमना शकुन्तला तरुभिरियं वनवासबन्धुभिः। (4.10)	वृक्षों ने इस शकुन्तला को पतिगृह जाने की अनुमति दे दी है।	महर्षि कण्व
49. शान्तानुकूलपवनश्च शिवश्च पन्थाः।	इस शकुन्तला का मार्ग शान्त और अनुकूल वायु वाला एवं कल्याण करने वाला हो।	आकाश भाषित
50. उद्गलितदर्भकवला मृग्यः परित्यक्तनर्तना मयूराः। (4.12)	मृगियों ने कुश के ग्रास को उगल दिया है, मोरों ने नाचना छोड़ दिया है	प्रियंवदा
51. अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्यश्रूणीव लताः। (4.12)	लतायें पीले पत्तों को गिराकर मानों आँसुओं को छोड़ रही हैं।	प्रियंवदा
52. तात, लताभगिनीं वनज्योत्स्नां तावदामन्त्रयिष्ये।	हे पिताजी! मैं अपनी लता-बहिन वनज्योत्स्ना से विदाई ले लूँ।	शकुन्तला
53. अद्यप्रभृति दूरपरिवर्तिनी ते खलु भविष्यामि	आज से मैं तुमसे दूर हो जाऊँगी।	शकुन्तला
54. अस्यामहं त्वयि च सम्प्रति वीतचिन्तः।	अब मैं इस वनज्योत्स्ना और तुम्हारे विषय में निश्चिन्त हो गया हूँ।	महर्षि कण्व
55. हला एषा द्वयोर्युवयोर्हस्ते निक्षेपः	सखियों, इस लता को तुम दोनों के ही हाथ में सौंप रही हूँ।	शकुन्तला
56. अयं जनः कस्य हस्ते समर्पितः।	इस जन (हम दोनों) को किसके हाथ में सौंप रही हो।	दोनों सखियाँ
57. को नु खल्वेष निवसने मे सज्जते?	यह कौन मेरे वस्त्र से लिपट रहा है।	शकुन्तला
58. सोऽयं न पुत्रकृतकः पदवीं मृगस्ते	पुत्रवत् पाला गया यह मृग तेरा मार्ग नहीं छोड़ रहा है।	महर्षि कण्व
59. वत्स किं सहवासपरित्यागिनीं मामनुसरसि।	पुत्र, साथ छोड़कर जाने वाली मुझ (शकुन्तला) के पीछे-पीछे क्यों आ रहे हो।	शकुन्तला

60. वाष्पं कुरु स्थिरतया विरतानुबन्धम् (4.15)	अश्रुप्रवाह को धैर्यपूर्वक रोको।	महर्षि कण्व
61. मार्गे पदानि खलु ते विषमी भवन्ति।	इस ऊबड़-खाबड़ भूमि में तुम्हारे पैर लड़खड़ा रहे हैं।	महर्षि कण्व
62. भगवन्, ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्य इति श्रूयते।	भगवन्, यात्रा के समय प्रियव्यक्ति का जलाशय तक अनुगमन करना चाहिए–ऐसा सुना जाता है।	शार्ङ्गरव
63. गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति। (4.16)	आशा का बन्धन असहय वियोग के दुःख को भी सहन करा देता है।	अनसूया
64. अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनानुच्चैः कुलं चात्मनः।.... (4.17)	संयम रूपी धन वाले हम लोगों को तथा अपने ऊँचे कुल को ध्यान में रखते हुए आप कोई व्यवहार करें।	महर्षि कण्व
65. भाग्यायत्तमतः परं न खलु तद्वाच्यं वधूबन्धुभिः (4.17)	इसके आगे तो भाग्य के अधीन है, वह हम वधू के सम्बन्धियों को नहीं कहना चाहिए।	महर्षि कण्व
66. वनौकसोऽपि सन्तो लौकिकज्ञा वयम्	वनवासी होते हुए भी हम लोग लोक व्यवहार को जानने वाले हैं।	महर्षि कण्व
67. न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम	वस्तुतः विद्वानों को कुछ भी अज्ञात नहीं है।	शार्ङ्गरव
68. शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने। (4.18)	गुरुजनों = बड़ों की सेवा करना, सपत्नियों के साथ प्रियसखी जैसा व्यवहार करना।	महर्षि कण्व
69. यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामाः कुलस्याधयः। (4.18)	इस प्रकार आचरण करने वाली युवतियाँ गृहलक्ष्मी के पद को प्राप्त कर लेती हैं, और इसके प्रतिकूल आचरण करने वाली युवतियाँ कुल के लिए आधि बन जाती हैं।	महर्षि कण्व
70. वत्से, इमे अपि प्रदेये। न युक्तमनयोः तत्र गन्तुम्।	पुत्री इन दोनों का भी विवाह करना है, इनका वहाँ जाना उचित नहीं है।	महर्षि कण्व
71. मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि। (4.19)	मेरे विरह से उत्पन्न शोक को शीघ्र ही भूल जाओगी।	महर्षि कण्व
72. तात, कदा नु भूयस्तपोवनं प्रेक्षिष्ये?	पिताजी मैं फिर कब तपोवन को देखूँगी? अर्थात् आप मुझे कब बुलायेंगे।	शकुन्तला
73. अतिस्नेहः पापशङ्की	अत्यधिक प्रेम पाप (अनिष्ट) की आशङ्का करता है।	दोनों सखियाँ
74. भूत्वा चिराय चतुरन्तमहीसपत्नी.... शान्ते करिष्यसि पदं पुनराश्रमेऽस्मिन्। (4.20)	बहुत दिनों तक चारों समुद्रों तक फैली हुई पृथ्वी की सपत्नी अर्थात् राजा की पटरानी होकर अपने पति दुष्यन्त के साथ आश्रम आओगी।	महर्षि कण्व
75. शममेष्यति मम शोकः कथं नु वत्से त्वया रचितपूर्वम् (4.21)	नीवार को देखते हुए मेरा शोक अब कैसे शान्त हो सकेगा।	महर्षि कण्व
76. गच्छ! शिवास्ते पन्थानः सन्तु।	जाओ! तुम्हारा मार्ग मंगलमय हो।	महर्षि कण्व
77. तात! शकुन्तलाविरहितं शून्यमिव तपोवनं कथं प्रविशावः।	पिताजी, शकुन्तला से रहित इस सूने तपोवन में हम कैसे प्रवेश करें।	अनसूया एवं प्रियंवदा दोनों सखियाँ
78. हन्त भोः! शकुन्तलां पतिकुलं विसृज्य लब्धमिदानीं स्वास्थ्यम्।	अहा! शकुन्तला को ससुराल भेजकर अब मुझे मानसिक शान्ति प्राप्त हुई।	महर्षि कण्व
79. अर्थो हि कन्या परकीय एव। (4.22)	कन्या वस्तुतः दूसरे का ही धन है।	महर्षि कण्व
80. जातो ममायं विशदः प्रकामं प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा (4.22)	मेरा यह हृदय उसी प्रकार अत्यन्त प्रसन्न हो रहा है, जिस प्रकार धरोहर को लौटाने पर धरोहर रखने वाले व्यक्ति का मन प्रसन्न होता है।	महर्षि कण्व

❑❑

उत्तररामचरितम् (अंक1-3)

महाकवि भवभूति का परिचय

- **पितामह** – भट्टगोपाल
- **पिता** – नीलकण्ठ
- **माता** – जतुकर्णी (जातुकर्णी)
- **भवभूति का मूलनाम** – श्रीकण्ठ या भट्टश्रीकण्ठ
- **गुरु** – (i) ज्ञाननिधि (ii) कुमारिलभट्ट
- **भवभूति का दार्शनिक नाम** – उदुम्बर/उम्बिकाचार्य/उम्बेक
- **जन्मस्थान** – दक्षिणभारत में पद्मपुर नगर
- **उपाधि** – (i) पदवाक्यप्रमाणज्ञ, पद = व्याकरण, वाक्य = मीमांसा, प्रमाण = न्याय (ii) वश्यवाक्, (iii) परिणतप्रज्ञ, (iv) शिखरिणीकवि
- **वंश/गोत्र** – काश्यप
- **जाति** – कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखापाठी ब्राह्मण
- **आश्रयदाता** – कान्यकुब्जनरेश यशोवर्मा
- **समय**– 650 ई. से 750 ई. के बीच (सातवीं शताब्दी का उत्तरार्ध)
- **रचनायें** – 1. मालतीमाधवम् (प्रकरण)
  2. महावीरचरितम् (नाटक)
  3. उत्तररामचरितम् (नाटक)
- **भवभूति की रीति** – गौडी
  (उत्तररामचरितम् में गौड़ी और वैदर्भी का समन्वय)
- **भवभूति का प्रियरस** – करुण
- **भवभूति के प्रियछन्द** – अनुष्टुप् और शिखरिणी
- **उपासक** – शिव के
- उत्तररामचरितम् में भवभूति अपने आपको **'परिणतप्रज्ञ'** कहते हैं।
- महावीरचरितम् में भवभूति अपने आपको **'वश्यवाक्'** कहते हैं।
- भवभूति के नाटकों में **'अभिधावृत्ति'** मुख्य है।
- भवभूति की कृतियों में **'ओजगुण'** अधिक है।
- **क्षेमेन्द्र ने 'सुवृत्ततिलक'** में भवभूति के शिखरिणी की प्रशंसा में उसे **'निरर्गलतरङ्गिणी'** कहा है –
  भवभूतेः शिखरिणी निरर्गलतरङ्गिणी।
  रुचिरा घनसन्दर्भे या मयूरीव नृत्यति॥ (सु. 3.33)
- भवभूति के तीनों नाटकों में **विदूषक का सर्वथा अभाव** है।

महाकवि भवभूति विषयक प्रशस्तियाँ

☞ कवयः कालिदासाद्याः भवभूतिर्महाकविः।
– अज्ञात समालोचक

नाटके भवभूतिर्वा वयं वा वयमेव वा।

☞ उत्तरे रामचरिते भवभूतिर्विशिष्यते। **– विक्रमार्क**

☞ कारुण्यं भवभूतिरेव तनुते। **– अज्ञात**

☞ बभूव वाल्मीकभवः कविः पुरा ततः प्रपेदे भुवि भर्तृमेण्ठताम्।
स्थितः पुनर्योभवभूतिरेखया स वर्तते सम्प्रति राजशेखरः।।
– राजशेखर - बालरामायण

☞ भवभूतेर्शिखरिणी निरर्गलतरङ्गिणी।
रुचिरा घनसन्दर्भे या मयूरीव नृत्यति।।
– क्षेमेन्द्र - सुवृत्ततिलक

☞ भवभूतेः सम्बन्धाद्भूधरभूरेव भारती भाति।
एतत्कृतकारुण्ये किमन्यथा रोदिति ग्रावा।।
– गोवर्धनाचार्य - आर्यासप्तशती।

☞ स्पष्टभावरसा चित्रैः पादन्यासैः प्रवर्तिता।
नाटकेषु नटस्त्रीव भारती भवभूतिना।।
– धनपाल - तिलकमञ्जरी

☞ सुकविद्वितयं मन्ये निखिलेऽपि महीतले।
भवभूतिः शुकश्चायं वाल्मीकिस्त्रितयोऽनयोः।।
– भोज - भोजप्रबन्ध

☞ रत्नावली पूर्वकमन्यदास्तामसीमभोगस्य वचोमयस्य।
पयोधरस्येव हिमाद्रिजायाः परं विभूषा भवभूतिरेव।।
– जल्हण - सूक्तिमुक्तावली

☞ भवभूतिमनादृत्य निर्वाणमतिना मया।
मुरारिपदचिन्तायामिदमाधीयते मनः।।
– जल्हण - सूक्तिमुक्तावली।

☞ मान्यो जगत्यां भवभूतिरार्या सारस्वते वर्त्मनि सार्थवाहः।
वाचं पताकामित्रस्य दृष्ट्वा जनः कवीनामनुपृष्ठमेति।।
– उदयसुन्दरीचम्पू

☞ भवभूतिजलधिनिर्गतकाव्यामृतरसकणा इव स्फुरन्ति।
यस्य विशेषा अद्यापि विकटेषु कथानिवेशेषु।।
– गौडवहो - वाक्पतिराज

☞ जडानामपि चैतन्यं भवभूतेरभूद् गिरा।
ग्रावाप्यरोदीत् पार्वत्याः हसतः स्म स्तनावपि।। **– अज्ञात**

☞ अन्तर्मोदं कमपि भवभूतिर्वितनुते।। **– सदुक्तिकर्णामृत**

☞ भव्यां यदि विभूतित्वं तात कामयसे तदा।
भवभूतिपदे चित्तमविलम्बं निवेशय।। **– अज्ञात।**

☞ भवभूतेर्विच्छित्तिव्यभिचारमुचो गिरां गुम्फाः।
विधिनापि दुर्निवारं तेषां खलु भावभूतत्वम्।।
– विश्वेश्वर पाण्डेय

☞ भवभूतेः कवीन्द्रस्य वाणी कामदुधामता।
ब्रह्मानन्दसहोदर्या या तनोति मुदं सदा।।**–कपिलदेव द्विवेदी**

☞ साऽम्बा पुनातु भवभूतिपवित्रमूर्तिः। **– भवभूति**

☞ भवभूतिर्नाम कविर्निसर्गसौहृदेन भरतेषु वर्तमानः।
– मालतीमाधवस्य प्रस्तावना

☞ कविर्वाक्पतिराजश्रीभवभूत्यादिसेवितः।
जितो ययौ यशोवर्मा तद्गुणस्तुतिवन्दिताम्।।
– कल्हण राजतरङ्गिणी

☞ तपस्वीं कां गतोऽवस्थामिति स्मराननाविव।
गिरिजायाः स्तनौवन्दे भवभूतिसिताननौ।।**– भवभूति**

उत्तररामचरितम् का परिचय

- **लेखक** – भवभूति
- **विधा** – नाटक
- **अङ्क** – 7 (सात)
- **प्रधानरस** – करुण
- **उपजीव्य** (i) वाल्मीकीयरामायण उत्तरकाण्ड (सर्ग 42-97 तक) (ii) पद्मपुराण (पातालखण्ड 1-68 तक)
- **विशेषतायें**– (1) सप्तम अङ्क में **गर्भनाटक** की योजना
  (2) प्रथम अङ्क में **चित्रवीथी** की योजना
  (3) **विदूषक रहित** नाटक
  (4) तृतीय अङ्क में **छायाङ्क** की योजना
- **प्रमुखपात्र** – राम (नायक), सीता (नायिका), गोदावरी, भागीरथी, तमसा, मुरला, वासन्ती (वनदेवता), पृथ्वी, आत्रेयी, वशिष्ठ, कौशल्या, मुनिबालक सौधातकि, गुप्तचरदुर्मुख, लव, कुश, चन्द्रकेतु, वाल्मीकि, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, अष्टावक्र, दण्डायन, सुमन्त्र, अरुन्धती, जनक, कञ्चुकी आदि।
- अनुष्टुप् (84 श्लोक), शिखरिणी (30), वसन्ततिलका (26), शार्दूलविक्रीडित (25) आदि।
- उत्तररामचरितम् में भवभूति ने **38 अलङ्कारों का प्रयोग** किया है; और प्रयोग की दृष्टि से उन्हें–उपमा, उत्प्रेक्षा, काव्यलिङ्ग, रूपक, अर्थान्तरन्यास अत्यन्त **प्रिय अलङ्कार** माने जाते हैं।
- इसमें **7 (सात) अङ्कों में** रामायण के उत्तरकाण्ड की कथा वर्णित है।
- राम के वन-प्रत्यागमन के बाद राजगद्दी पाने से लेकर सीता-मिलन तक की सम्पूर्ण कथाएँ कुछ कल्पना-प्रसूत घटनाओं के साथ दिखाई गई हैं। यह **भवभूति का सर्वश्रेष्ठ नाटक** है।
- सप्तम अंक में **'गर्भाङ्क' की कल्पना** है।
- पद्मपुराण में वर्णित रामकथा से उत्तररामचरित की कथा का अधिक साम्य है।
- उत्तररामचरित में **कुल पात्रों की संख्या 30** है। इनके अतिरिक्त 6 पात्रों का उल्लेख मात्र है।
- भवभूति ने उत्तररामचरित में **19 छन्दों का प्रयोग** किया है।
- उत्तररामचरित में **कुल श्लोकों की संख्या 256** है।
- **अनुष्टुप् के पश्चात् शिखरिणी छन्द** का सर्वाधिक प्रयोग हुआ है। मङ्गलाचरण में अनुष्टुप् छन्द है।
- भवभूति ने उत्तररामचरित में केवल **'शौरसेनी प्राकृत'** का प्रयोग किया है।
- नाटक का आरम्भ **'चित्रदर्शन'** से होता है।
- प्रथम अङ्क में राम के राज्याभिषेक से उत्पन्न प्रतिक्रिया का निरीक्षण करके **'दुर्मुख'** आता है।
- मङ्गलाचरण में प्राचीन कवियों वाल्मीकि आदि को लक्ष्य करके प्रार्थना की गई है।
- 'उत्तररामचरितम्' में **'नमस्कारात्मक' मङ्गलाचरण** किया गया है।
- महाराज **दशरथ की पुत्री शान्ता** के पति ऋष्यशृङ्ग ने बारह वर्ष चलने वाला यज्ञ प्रारम्भ किया है इसकी सूचना प्रथम अङ्क में प्राप्त होती है।
- महर्षि वशिष्ठ का संदेश लेकर **अष्टावक्र** आते हैं। वे 'कहोड़' के पुत्र हैं।
- लक्ष्मण द्वारा सीता के मनोविनोदार्थ लाये गये चित्रवीथी में सीता के अग्निशुद्धि तक की कथा चित्रित है।
- लक्ष्मण की पत्नी का नाम **'उर्मिला'** है।
- चित्रवीथी बनाने वाले **चित्रकार का नाम अर्जुन** है।
- **सौधातकि** और **दण्डायन** वाल्मीकि के दो शिष्य हैं।
- लक्ष्मण के पुत्र का नाम **'चन्द्रकेतु'** है।
- **शम्बूक** एक शूद्र तपस्वी है।
- चन्द्रकेतु के वृद्ध सारथि **'सुमन्त्र'** हैं।
- **वासन्ती** वनदेवता है और सीता की प्रियसखी है।
- **आत्रेयी** एक तपस्विनी ब्रह्मचारिणी है।
- **तमसा** और **मुरला** दो नदी अधिष्ठात्री देवियाँ हैं।
- महर्षि **वशिष्ठ की पत्नी 'अरुन्धती'** हैं तथा **महर्षि अगस्त्य की पत्नी 'लोपामुद्रा'** हैं।
- द्वितीय अङ्क में राम 'शम्बूक वध' करते हैं।
- पञ्चवटी के पास स्थित गोदावरी नदी से राम के जीवन के प्रति सावधान रहने की प्रार्थना 'लोपामुद्रा' द्वारा 'मुरला' के माध्यम से की गई है।
- प्रसवपीड़ा से पीड़ित होकर सीता ने स्वयं को गङ्गा के प्रवाह में डाल दिया और वहीं उनके दोनों पुत्र उत्पन्न हुए।
- देवी गङ्गा ने दोनों बालकों को महर्षि वाल्मीकि को समर्पित किए।
- तृतीय अङ्क में कुश और लव के '12वीं वर्षगाँठ' की चर्चा है।
- 'गङ्गा' ने सीता को आदेश दिया कि वे अपने हाथों से तोड़े गये पुष्पों से अपने पुराण आदिश्वसुर सूर्य की पूजा करें।
- 'गङ्गा' के प्रभाव से सीता को वन देवता भी नहीं देख पाते।
- तृतीय अङ्क के आरम्भ में सीता 'गोदावरी' के जल से निकलती हैं।
- गोदावरी से निकलती सीता करुणा की मूर्ति एवं शरीरधारिणी विरहव्यथा सी प्रतीत होती हैं।
- अदृश्य सीता के साथ तमसा रहती है और वह सीता को देख सकती है।
- तृतीय अङ्क का आरम्भ **'विष्कम्भक'** से होता है।
- 'वासन्ती' सीता-त्याग के लिए राम की भर्त्सना करती है।
- राम तृतीय अङ्क में 'अश्वमेध' यज्ञ की सूचना देते हैं और सीता की स्वर्ण प्रतिमा को उन्होंने पत्नी के स्थान पर रखा है।
- तृतीय अङ्क का आरम्भ तमसा-मुरला नामक दो नदियों के वार्तालाप से होता है।
- उत्तररामचरित में **'38 अलङ्कारों'** का प्रयोग है सर्वाधिक प्रयोग **'उपमा' (74 बार)** का है।
- चतुर्थ अङ्क का आरम्भ दण्डायन और सौधातकि के वार्तालाप से होता है।

- तृतीय अङ्क में श्लोकों की संख्या **'48'** है।
- चतुर्थ अङ्क में कौशल्या के पूछने पर 'लव' अपने को वाल्मीकि का पुत्र बताता है।
- 'रामकथा' के अभिनय के लिए वाल्मीकि ने इस कथा को कुश के संरक्षण में भरतमुनि के पास भेजा।
- चतुर्थ अङ्क में लव यज्ञ का घोड़ा पकड़ता है।
- पञ्चम अङ्क में लव **'जृम्भक अस्त्र'** का प्रयोग करता है।
- लव राम के शौर्य को कुछ नहीं समझता और उन पर आक्षेप करता है।
- षष्ठ अङ्क में **लव और चन्द्रकेतु में** दिव्य अस्त्रों से **घोर युद्ध** होता है।
- चन्द्रकेतु के 'आग्नेय अस्त्र' की प्रतीकार स्वरूप लव 'वारुण' अस्त्र छोड़ता है।
- सप्तम अङ्क में वाल्मीकि की कृति का 'अप्सराओं' द्वारा अभिनय किया गया है।
- 'उत्तररामचरितम्' का **भरतवाक्य शार्दूलविक्रीडित छन्द** में है।
- उत्तररामचरितम् में **करुणरस प्रधान** है।इसमें वैदर्भी एवं गौडीरीति का प्रयोग है।
- 'उत्तररामचरितम्' सुखान्त नाटक है।
- तृतीय अङ्क में सीता द्वारा पाले गये हाथी, मयूर और कदम्ब की चर्चा आती है।
- मयूर 'कदम्ब' के वृक्ष पर बैठकर मधुर स्वर करता है।
- प्रथम अङ्क में राम ने लोकानुरञ्जन के लिए सीता तक को त्याग देने की बात कही है।

  ''स्नेहं दयां च सौख्यं च यदि वा जानकीमपि।
  आराधनाय लोकस्य मुञ्चतो नास्ति मे व्यथा॥''
  (1/12)
- प्रथम अङ्क में राम अष्टावक्र से यह प्रसिद्ध श्लोक कहते हैं।

  ''लौकिकानां हि साधूनामर्थं वागनुवर्तते।
  ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति॥'' (1/10)
- तृतीय अङ्क का आरम्भ राम के करुण रस के उद्घोष के साथ होता है। जिसे मुरला कहती है–

  अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः।
  पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः॥ (3/1)
- तृतीय अङ्क में सर्वाधिक **अनुष्टुप् (11) छन्द** का प्रयोग हुआ है। 7 **'वसन्ततिलका'** वृत्त प्रयुक्त है।
- तृतीय अङ्क का अन्त भी करुण रस के उद्घोष से होता है जिसे तमसा कहती है –

'एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्। (वसन्ततिलका) (3/47)

- लवणासुर के वध के लिए **'शत्रुघ्न'** जाते हैं।
- मूल कथा में अश्वमेधीय अश्व का रक्षक **भरतपुत्र 'पुष्कल'** है, उत्तररामचरित में **लक्ष्मण पुत्र चन्द्रकेतु** है।
- सप्तम अङ्क में गङ्गा और पृथ्वी सीता के चरित्र की पवित्रता की घोषणा करती हैं।
- कवियों ने **'कारुण्यं भवभूतिरेव तनुते'** कहकर भवभूति का यशोगान किया है।
- भवभूति ने चौथे अङ्क में समांस या अमांस मधुपर्क का प्रसंग उठाया है।
- पञ्चवटी में राम का **'शयन-शिलातल'** कदली वन के मध्य में विद्यमान था।
- वासन्ती केवल लक्ष्मण का कुशलक्षेम पूछती है।
- वासन्ती राम को जटायु द्वारा तोड़ा गया काले लोहे का बना रावण का रथ दिखाती है।

उत्तररामचरितम् का मङ्गलाचरण

इदं कविभ्यः पूर्वेभ्यो नमोवाकं प्रशास्महे।
विन्देम देवतां वाचममृतामात्मनः कलाम्॥ 1/1 ॥

भावार्थ- हम अपने पुरातन (वाल्मीकि आदि) कवियों को प्रणाम कर ''ब्रह्मा की अंशभूत सनातनी देवी वाणी (सरस्वती) को प्राप्त करें'', यह कामना करते हैं।

(अर्थात् पहले के वाल्मीकि आदि कवियों को प्रणाम कर हम यह कामना करते हैं कि ब्रह्मा की अंशभूत सनातनी सरस्वती को प्राप्त करें।)

- ☆ उपर्युक्त मङ्गलाचरण में वाणी देवी को नमस्कार किया गया है।
- ☆ नमस्कारात्मक नान्दी प्रयुक्त है।
- ☆ प्रस्तुत श्लोक में 12 पद हैं। अतः द्वादशपदा नान्दी है।
- ☆ अनुप्रास एवं श्लेष अलङ्कार है तथा अनुष्टुप् (पत्थ्यावक्त्र) छन्द का प्रयोग है।
- ☆ शुद्ध नान्दी का प्रयोग हुआ है।

उत्तररामचरितम् का भरतवाक्य

पाप्मभ्यश्च पुनाति वर्धयति च श्रेयांसि सेयं कथा
मङ्गल्या च मनोहरा च जगतो मातेव गङ्गेव च।
तामेतां परिभावयन्त्वभिनयैर्विन्यस्तरूपां बुधाः
शब्दब्रह्मविदः कवेः परिणतां प्राज्ञस्य वाणीमिमाम्॥ 7/21॥

भावार्थ- संसार की माता और गङ्गा की तरह कल्याण करने वाली तथा मनोहर प्रसिद्ध यह रामायण की कथा पापों से पवित्र करती है और कल्याण को बढ़ाती है। विद्वान् लोग अभिनय के द्वारा शब्दब्रह्म को चाहने वाले इस बुद्धिमान् कवि की नाटक के रूप में परिणत ऐसी ही उत्तररामचरितस्वरूप वाणी का विचार करें।

- ☆ इस माङ्गलिक पद्य में संसार के कल्याण के लिए नाटकीय पात्रों की ओर से शुभकामना है।
- ☆ यहाँ उपमा के चारों भेद होने से पूर्णोपमा अलङ्कार है।
- ☆ 'प्रशस्ति' नामक निर्वहण सन्धि का अङ्ग है।
- ☆ शार्दूलविक्रीडित छन्द का प्रयोग हुआ है।

'उत्तररामचरित' नाम की सार्थकता

रामस्य चरितम् इति रामचरितम् **(षष्ठी तत्पुरुष)**

1.उत्तरं च तत् रामचरितम् इति उत्तररामचरितम् **(कर्मधारय समास)**

उत्तररामचरित अधिकृत्य कृतं नाटकं इति उत्तररामचरितम्।
'अधिकृत्य कृते ग्रन्थे' सूत्र से अण् प्रत्यय हुआ-
उत्तररामचरित+अण् (अ)
'लुबाख्यायिभ्यो बहुलम्' वार्तिक से 'अ' का लोप होकर 'उत्तररामचरितम्' बना।
अर्थात् जिसमें राम के जीवन के उत्तरार्द्ध की घटनाओं का वर्णन है, ऐसा नाटक।
2. उत्तरं रामचरितं यस्मिन् तत् **(बहुव्रीहि समास)**
अर्थात् जिसमें उत्तरकालीन रामचरित का वर्णन है।

'उत्तररामचरितम्' की प्रमुख सूक्तियाँ एवं कथनों का विवरण

1. **अपिग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम्।** (1/28)
भावार्थ – निर्जन जनस्थान (दण्डकारण्य) में आपके चरितों से पत्थर भी रो पड़े थे और वज्र का भी हृदय फट गया था।
- **वक्ता** – लक्ष्मण, अङ्क - प्रथम (चित्रदर्शन)
श्रोता – राम एवं सीता।
छन्द – शिखरिणी। अतिशयोक्ति अलङ्कार

2. **एते हि हृदयमर्मच्छिदः संसारभावाः।**
भावार्थ - ये सांसारिक भाव हृदय के मर्मस्थल को भेदन करने वाले हैं।
- **प्रथम अङ्क** – राम का सीता से कथन

3. **इयं गेहे लक्ष्मीरियममृतवर्तिर्नयनयोः।** (1/38)
भावार्थ - यह (सीता) घर में लक्ष्मी है, यह नेत्रों के लिए अमृत की शलाका है।
- प्रथम अङ्क में राम का कथन
शिखरिणी छन्द और रूपक अलङ्कार।

4. **''दुर्जनोऽसुखमुत्पादयति''**
भावार्थ – दुर्जन दुःख उत्पन्न करता है।
प्रथम अङ्क – सीता का कथन, राम और लक्ष्मण के समक्ष।

5. **तीर्थोदकं च वह्निश्च नान्यतः शुद्धिमर्हतः।** (1/13)
भावार्थ – तीर्थ, जल और अग्नि, ये अन्य पदार्थों से शुद्धि के योग्य नहीं हैं।
- राम का कथन है। सीता के परिपेक्ष्य में। सीता और लक्ष्मण के सम्मुख प्रथम अङ्क। अनुष्टुप् छन्द। प्रतिवस्तूपमा, दृष्टान्त अलंकार।

6. **नैसर्गिकी सुरभिणः कुसुमस्य सिद्धा**
मूर्ध्नि स्थितिर्न चरणैरवताडनानि॥ (1/14)
भावार्थ – सुगन्धित फूल का सिर पर रखा जाना स्वभावसिद्ध है, न कि पैरों से कुचला जाना।
- **प्रथम अङ्क** – राम का कथन। सीता को लक्ष्य करके। सीता और लक्ष्मण के सम्मुख।
दृष्टान्त अलङ्कार, वसन्ततिलका वृत्त।

7. **सतां केनापि कार्येण लोकस्याराधनं व्रतम्।** (1/41)
भावार्थ – चाहे जो भी हो, जनता को प्रसन्न रखना सज्जनों का कर्त्तव्य है।
- राम का कथन। दुर्मुख के सम्मुख। अनुष्टुप् छन्द। प्रथम अङ्क

8. **सन्तापकारिणो बन्धुजनविप्रयोगा भवन्ति।**
भावार्थ – बन्धुजनों का वियोग दुःखदायी होता है।
- सीता का कथन (प्रथम अङ्क) राम, लक्ष्मण के सम्मुख।

9. **ते हि नो दिवसा गताः।**
भावार्थ – हमारे वे दिन बीत गये। अनुष्टुप् छन्द।
- राम का कथन, लक्ष्मण व सीता के सम्मुख (प्रथम अङ्क)

10. **''सतां सद्भिः सङ्गः कथमपि हि पुण्येन भवति॥** (2/1)
भावार्थ– सज्जनों का सज्जनों से मिलन बड़े पुण्य से होता है।
- द्वितीय अङ्क (प्रथम श्लोक)
वन देवता का कथन, तापसी से। शिखरिणी वृत्त, अर्थान्तरन्यास अलङ्कार

11. **वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि**
लोकोत्तराणां चेतांसि को हि विज्ञातुमर्हति। (2/7)
भावार्थ – वज्र से भी कठोर और फूल से भी कोमल महापुरुषों के चित्त को कौन जान सकता है।
- द्वितीय अङ्क , वासन्ती का कथन आत्रेयी से।
अनुष्टुप् छन्द। विषम, अप्रस्तुतप्रशंसा अर्थापत्ति अलङ्कार।

12. **अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः।**
पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः॥ (3/1)
भावार्थ– गम्भीरता के कारण अप्रकट एवं अन्दर छिपी हुई घोर वेदना से युक्त राम का करुण रस (शोक) पुटपाक के तुल्य है।
- तृतीय अङ्क (प्रथम श्लोक)।
मुरला का कथन तमसा से। लोपामुद्रा का सन्देश।
अनुष्टुप् छन्द, उपमा अलङ्कार

13. **वीचीवातैः.............प्रेरितैस्तर्पयेति॥** (3/2)
भावार्थ – जल कणों से शीतल, पद्म-पराग की सुगन्ध को लाने वाली, धीरे-धीरे चलने वाली, तरङ्ग-वायुओं से रामचन्द्र की प्रत्येक मूर्च्छा के समय चेतना प्रदान करना।
मुरला द्वारा कहा गया लोपामुद्रा का संदेश 'गोदावरी' के लिए। तमसा के सम्मुख। शालिनी छन्द, समुच्चय अलङ्कार।

14. **उचितमेव दाक्षिण्यं स्नेहस्य। संजीवनोपायस्तु मौलिक एव रामभद्रस्याद्य सन्निहितः।** (अङ्क-3)
भावार्थ – स्नेह की उदारता उचित ही है। किन्तु रामचन्द्र को होश में लाने का मौलिक उपाय (सीता) आज समीप ही विद्यमान है।
- तमसा का कथन मुरला से

15. **ईदृशानां विपाकोऽपि जायते परमाद्भुतः।**
यत्रोपकरणीभावमायात्येवंविधो जनः॥ (3/3)

भावार्थ – ऐसे व्यक्तियों (सीता और राम जैसों) की दुरवस्था भी आश्चर्यजनक होती है, जिसमें ऐसे (पृथ्वी और गङ्गा जैसे) लोग सहायक होते हैं।

- **मुरला का कथन** – तमसा से।

अनुष्टुप् वृत्त, काव्यलिङ्ग अलंकार

16.अव्यग्रस्य पुनरस्य शोकमात्रद्वितीयस्य पञ्चवटीप्रवेशो महाननर्थ इति। (अङ्क 3)

भावार्थ – इस समय कार्यों में अव्यस्त और केवल शोकरूपी साथी से युक्त राम का पञ्चवटी में प्रवेश बहुत अनिष्टकारी है।

- मुरला का तमसा से कथन, राम के प्रति।

17. न त्वामवनिपृष्ठवर्तिनीमस्मत्प्रभावाद् वनदेवता अपि द्रक्ष्यन्ति किमुत मर्त्याः? (अङ्क-3)

भावार्थ – भूतल पर विद्यमान तुमको मेरे प्रभाव से वनदेवता भी नहीं देख सकेंगे, साधारण मनुष्यों की बात ही क्या।

- तमसा मुरला से भागीरथी द्वारा सीता से कही गयी बात को बताती है।

18.करुणस्य मूर्तिरथवा शरीरिणी विरहव्यथेव वनमेति जानकी। (3/4)

भावार्थ – सीता करुण रस की साक्षात् मूर्ति अथवा शरीरधारिणी 'वियोगव्यथा' के तुल्य वन (पञ्चवटी) में आ रही हैं।

- गोदावरी से निकलती हुयी सीता को देखकर तमसा का मुरला से कथन।

मञ्जुभाषिणी वृत्त, उत्प्रेक्षा अलङ्कार।

19. किसलयमिव..........केतकीगर्भपत्रम्। (3/5)

भावार्थ – हृदयरूपी कमल को सुखाने वाला, कठोर और चिरस्थायी शोक सीता के शरीर को उसी प्रकार मलिन बना रहा है, जैसे शरत्कालीन धूप केतकी के फूल के अंदर के पत्ते को।

मालिनी छन्द। उपमा, रूपक अलङ्कार।

- मुरला का तमसा से कथन, सीता के विषय में।

20. अपरिस्फुटनिक्वाणे कुतस्त्येऽपि त्वमीदृशी। स्तनयित्नोर्मयूरीव चकितोत्कण्ठितं स्थिता॥ (3/7)

भावार्थ – मेघ की अस्पष्ट ध्वनि पर मोरनी के तुल्य तुम कहीं से आये हुए अस्पष्ट शब्द को सुनकर इस प्रकार आश्चर्ययुक्त और उत्कण्ठित हो गई हो।

- तमसा का सीता से कथन।

अनुष्टुप् वृत्त, उपमा अलङ्कार

21.यत्र द्रुमा अपि.........गिरेस्तटानि॥ (3/18)

भावार्थ – जहाँ वृक्ष इत्यादि मेरे बन्धु थे, जहाँ प्रिया के साथ बहुत समय रहा, यह वही आश्रमस्थान है।

वसन्ततिलका छन्द। अर्थापत्ति अलंकार।

- राम का कथन नेपथ्य से।

22.अहमेवैतस्य हृदयं जानामि, ममैषः। (अङ्क-3)

भावार्थ – मैं ही इनके हृदय को जानती हूँ और ये मेरे हृदय को।

- सीता का कथन तमसा से।

23.निष्कारणपरित्यागिनोऽप्येतस्य दर्शनेनैवंविधेन कीदृशी मे हृदयावस्था। (अङ्क-3)

भाव – अकारण परित्याग करने वाले भी इनके इस प्रकार के दर्शन से मेरे हृदय की कैसी अवस्था हो रही है।

- सीता का कथन तमसा से।

24. श्लोक–तटस्थं नैराश्यादपि च कलुषं विप्रियवशात् वियोगे दीर्घेऽस्मिञ्झटिति घटनात्स्तम्भितमिव प्रसन्नं सौजन्याद्दयितकरुणैर्गाढकरुणं द्रवीभूतं प्रेम्णा तव हृदयमस्मिन्क्षण इव। (3/13)

भावार्थ – इस समय तुम्हारा हृदय निराशा से उदासीन-सा और अप्रिय कार्य के कारण खिन्न-सा, इस लम्बे विरहकाल में सहसा मिलन के कारण निश्चेष्ट-सा, सज्जनता से प्रसन्न-सा, प्रिय की करुणा से शोकातुर सा और प्रेम से द्रवीभूत सा हो रहा है।

शिखरिणी वृत्त, उत्प्रेक्षा अलंकार।

- तमसा का कथन सीता से।

25. प्रत्ययेन निष्कारणपरित्यागशल्यितोऽपि बहुमतो मम जन्मलाभः। (अङ्क-3)

भाव – अकारण परित्याग रूपी शल्य से विध कर भी मेरा संसार में जन्म लेना मेरे लिए श्लाघनीय है।

- सीता का कथन तमसा से।

26. अन्तःकरणतत्त्वस्य दम्पत्योः स्नेहसंश्रयात्। आनन्दग्रन्थिरेकोऽयमपत्यमिति पठ्यते॥ (3/17)

भावार्थ – पति और पत्नी के हृदयरूपी तत्व के प्रेम का आश्रय होने के कारण 'सन्तान' यह अनुपम सुख की गाँठ कही जाती है। अनुष्टुप् छन्द।

- तमसा का कथन सीता से है।

27.ईदृशो जीवलोकस्य परिणामः संवृतः।

भाव – संसार का यही (दुःखद) परिणाम हुआ।

- सीता का कथन वासन्ती को सम्बोधित करके।

28.स्नपयति हृदयेशं स्नेहनिष्यन्दिनी ते धवलमधुरमुग्धा दुग्धकुल्येव दृष्टिः। (3/23)

भावार्थ – श्वेत, मधुर एवं मनोहर तुम्हारी दृष्टि दूध की नहर की तरह अपने हृदयेश्वर को स्नान कराती है।

उपमा, उत्प्रेक्षा अलंकार, मालिनी छन्द।

- तमसा का कथन सीता से।

29.पुनरिदमयं देवो रामः स्वयं वनमागतः। (3/24)

भावार्थ – ये महाराज राम फिर स्वयं इस वन में आए हैं। – हरिणी छन्द

- वासन्ती का कथन राम के सम्मुख वन की वस्तुओं से।

30.पूजार्हः सर्वस्यार्यपुत्रो विशेषतो मम प्रियसख्याः। (अङ्क-3)

भावार्थ – आर्यपुत्र सभी के पूजनीय हैं विशेष रूप से मेरी प्रियसखी (वासन्ती) के।

- **सीता का कथन** – वासन्ती को सम्बोधित करके।

31. त्वं जीवितं............किमतः परेण। (3/26)
- वासन्ती का कथन राम से। राम द्वारा सीता से पहले कही बातें।
- वसन्ततिलका छन्द। आक्षेप अलंकार दशरूपक में यह श्लोक वाक्केलि के उदाहरणस्वरूप दिया गया है।

32. अयि कठोर! .... मन्यसे। (3/27)
- वासन्ती का कथन राम से। द्रुतविलम्बित छन्द, उपमा अलङ्कार।

33.यैवं प्रलपन्तं प्रलापयसि। (अङ्क-3)

भावार्थ – जो इस प्रकार विलाप करते हुए (राम) को और रूला रही है।
- सीता का कथन वासन्ती से।

34. पूरोत्पीडे तटाकस्य परीवाहः प्रतिक्रिया।
शोकक्षोभे च हृदयं प्रलापैरेव धार्यते। (3/29)

भावार्थ – तालाब में जल-प्रवाह की अधिकता होने पर जल को बाहर निकालना ही उसका एकमात्र प्रतीकार है। शोकजन्य क्षोभ में हृदय विलाप के द्वारा ही बचाया जाता है।
अनुष्टुप् छन्द, दृष्टान्त अलंकार।
- तमसा का कथन सीता से।

35. प्रियाशोको जीवं कुसुममिव घर्मो ग्लपयति। (3/30)

भाव – जिस प्रकार धूप फूल को उसी प्रकार प्रिया का शोक जीवन को सुखाता है। शिखरिणी वृत्त। उपमा अलङ्कार।
- तमसा का कथन सीता से राम के प्रति।

36. ''किमिति किलैषा मंस्यत एष परित्याग एषोऽभिषङ्ग इति।'' (अङ्क-3)

भावार्थ – यह (तमसा) क्या सोचेंगी – यह परित्याग और यह आसक्ति?
- सीता का कथन।

37. एकोरसः करुण एव निमित्तभेदाद्। (3/46)

भावार्थ – एक करुण रस ही है जो कारण-भेद से भिन्न होकर पृथक्-पृथक् परिणामों को प्राप्त कराता सा प्रतीत होता है। वसन्ततिलका छन्द। उपमा (पूरे श्लोक में)
- तमसा का कथन सीता से।
- तृतीय अङ्क के अन्त में गङ्गा, पृथ्वी, वाल्मीकि और वशिष्ठ की प्रार्थना की गयी है।

मृच्छकटिकम्

महाकवि शूद्रक का परिचय

- **वास्तविक नाम-** शिमुक या सिमुक।
- **समय-** प्रथम शताब्दी ईसा पूर्व।
- **आयु-** 100 वर्ष 10 दिन।
- शूद्रक ने स्वेच्छा से आत्मदाह किया था।
- महापराक्रमी, सुन्दर आकृति वाले एवं ब्राह्मणों में श्रेष्ठ थे।

''द्विजमुख्यतमः कविर्बभूव प्रथितः शूद्रक इत्यगाधसत्त्वः।''
- शूद्रक ऋग्वेद, सामवेद आदि वेदों के ज्ञाता, गणित, संगीत तथा हस्तिविद्या में निपुण थे।
- महाकवि शूद्रक शिव-पार्वती के भक्त थे।
- शूद्रक ने शिव के प्रताप से दिव्य दृष्टि पाकर, पुत्र को राजसिंहासन देकर, महामहिमशाली अश्वमेघ यज्ञ भी किया था।
- 'मृच्छकटिकम्' शूद्रक की एक मात्र रचना है।
- शूद्रक प्रथम नाटककार हैं, जिन्होंने तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था को ही अपनी लेखनी का आधार बनाया।
- **रीति-** वैदर्भी

मृच्छकटिकम् का परिचय

- **लेखक** - शूद्रक
- **विधा** - प्रकरण
- **अङ्क** - 10(दस)
- **प्रधान/अङ्गी रस-** शृङ्गार
- **गौण/अङ्ग रस** - हास्य, करुण, भय तथा अद्‌भुत।
- **उपजीव्य-** भासकृत दरिद्रचारुदत्त
- डॉ. कान्तानाथ शास्त्री तेलंग के अनुसार 'गुणाढ्य' की बृहत्कथा में वर्णित 'गोपालदारक तथा आर्यक के विद्रोह की कथा।'
- **कुल श्लोक संख्या-** 380 (तीन सौ अस्सी)
- **नायक-** चारुदत्त (धीरप्रशान्त)
- **नायिका-** 1. कुलजा- धूता
  2. वेश्या (गणिका)- वसन्तसेना (प्रगल्भा नायिका)
- **प्रतिनायक-** शकार (संस्थानक)
- **अन्य पात्र-** आर्यक, शर्विलक, विट, सूत्रधार, नटी, रदनिका, मदनिका, धूता, चन्दनक, संवाहक, रोहसेन आदि।
- **पात्र संख्या-** 24 पुरुष और 8 स्त्रीपात्र हैं। सूत्रधार और नटी को छोड़ने पर 30 पात्र स्वीकृत हैं।
- मञ्च पर न आने वाले पात्र- जूर्णवृद्ध, पालक,रेभिल,सिद्ध।

मृच्छकटिकम् में अङ्कवार श्लोक

अङ्क	नाम	श्लोक
प्रथम	अलङ्कारन्यास	58
द्वितीय	द्यूतकर संवाहक	20
तृतीय	सन्धिच्छेद	30
चतुर्थ	मदनिका शर्विलक	33
पञ्चम	दुर्दिन	52
षष्ठ	प्रवहण विपर्यय	27
सप्तम	आर्यकापहरण	9
अष्टम	वसन्तसेना मोटन	47
नवम	न्यायालय (व्यवहार)	43
दशम	संहार (उपसंहार)	61
	योग-	380

मृच्छकटिक- एक तथ्यात्मक अध्ययन
- चारुदत्त धीरप्रशान्त कोटि का नायक है।
- चारुदत्त उज्जयिनी का गरीब ब्राह्मण है।
- वह जन्मना ब्राह्मण और कर्मणा सार्थवाह (व्यापारी) है।
- वसन्तसेना उज्जयिनी की ही एक प्रसिद्ध गणिका है।

- मृच्छकटिकम् नामक प्रकरण में चारुदत्त और वसन्तसेना के पारस्परिक प्रेम का वर्णन है।
- धूता, चारुदत्त की विवाहिता पत्नी है।
- चारुदत्त और धूता के बच्चे का नाम रोहसेन है।
- मैत्रेय इस प्रकरण का विदूषक है। वह जाति से ब्राह्मण तथा चारुदत्त का परम मित्र है।
- शकार, राजा पालक का साला है तथा वसन्तसेना से एकतरफा प्रेम करता है।
- शर्विलक, चौर्यकर्म में निपुण एक ब्राह्मण है, जो वसन्तसेना की क्रीतदासी 'मदनिका' का प्रेमी है।
- चारुदत्त का पूर्वभृत्य संवाहक है जो जुए में सब कुछ हारकर बौद्धभिक्षु बन जाता है।
- सूत्रधार के साग्रह अनुरोध, सिद्धान्न भोजन और प्रचुर दक्षिणा के प्रलोभन पर भी मैत्रेय (विदूषक) उसके घर भोजन करने से इनकार कर देता है।
- चारुदत्त के मित्र जूर्णवृद्ध द्वारा भेजा हुआ शाल मैत्रेय लेकर आता है।
- मैत्रेय अत्यन्त डरपोक है इसलिए मातृबलि देने चौराहे पर रदनिका (चारुदत्त की दासी) के साथ जाता है।
- विट और चेट के साथ शकार द्वारा पीछा किये जाने पर वसन्तसेना, चारुदत्त के घर में छिपती है।
- रात के अँधेरे में शकार, रदनिका को वसन्तसेना समझकर पकड़ लेता है, इस पर मैत्रेय शकार को मारने दौड़ता है।
- वसन्तसेना अपना आभूषण चारुदत्त के घर में रख देती है और बताती है कि वह **'कामदेवायतन उद्यान'** में चारुदत्त को देखकर उसके प्रति अनुरक्त हो गयी थी।
- संवाहक पाटलिपुत्र से आकर उज्जयिनी में चारुदत्त का सेवक बन जाता है।
- चारुदत्त के दरिद्र हो जाने पर संवाहक जुआरी हो जाता है।
- जुए में सर्वस्व हारने पर, चारुदत्त का पुराना नौकर जानकर वसन्तसेना, संवाहक को छुड़ा लेती है।
- वसन्तसेना के हाथी का नाम **'खुण्डमोटक'** है।
  यः सः आर्यायाः खुण्डमोटको नाम दुष्टहस्ती।
- चारुदत्त को रेभिल का संगीत अत्यन्त पसन्द है।
- शर्विलक, चारुदत्त के घर में सेंध काटकर वसन्तसेना के रखे हुए गहने चुरा लेता है और अपनी प्रेयसी मदनिका को गुलामी की जंजीर से छुड़ाता है।
- धूता अपने पति चारुदत्त को चोरी के कलङ्क से बचाने के लिए अपना 'रत्नावली' नामक आभूषण वसन्तसेना के पास भेजती है।
- वसन्तसेना अपनी माँ के कहने पर भी शकार के पास जाने से मना करती है।
- राजा पालक द्वारा आर्यक को बंदी बनाया जाता है।
- अपने मित्र के बंदी बनाए जाने पर शर्विलक मदनिका को रेभिल के घर पहुँचाकर स्वयं आर्यक को छुड़ाने जाता है।
- वसन्तसेना, धूता के आभूषण को मैत्रेय द्वारा वापस कर देती है।
- वसन्तसेना शाम को चारुदत्त के घर जाती है और वर्षा के कारण रात वहीं बिताती है।
- चारुदत्त **'पुष्पकरण्डक'** नामक बगीचे में जाता है और वसन्तसेना को वहीं बुलवाता है।
- चारुदत्त का पुत्र 'रोहसेन' सोने की गाड़ी के लिए रोता है, इस पर वसन्तसेना अपना आभूषण गाड़ी बनवाने के लिए दे देती है।
- आर्यक, राजा पालक के कैद से भाग जाता है।
- भूलवश वसन्तसेना शकार की गाड़ी में बैठ जाती है।
- बैलगाड़ी उद्यान में पहुँचने पर वसन्तसेना शकार के प्रणय प्रार्थना को ठुकरा देती है, जिससे क्रुद्ध होकर शकार उसका गला दबा देता है।
- वसन्तसेना के मूर्च्छित होने से मृत समझकर शकार भाग जाता है और चारुदत्त के विरुद्ध हत्या का आरोप लगाकर न्यायालय में मुकदमा करता है।
- बौद्धभिक्षु संवाहक वसन्तसेना की रक्षा करता है।
- रस और ध्वनि को काव्य की आत्मा मानकर अलंकारों का समुचित प्रयोग होता है।

(2) विचित्रमार्ग

- विचित्रमार्ग के रूप में पाण्डित्यपूर्ण शैली संस्कृत महाकाव्यों में मिलती है।
- शास्त्रीय वैदुष्यपूर्ण भाषा से युक्त महाकाव्य को अलंकार पद्धति या **विचित्रमार्ग** कहा गया।
- इस मार्ग में आनुषङ्गिक वर्णनों की प्रधानता।
- कविगण द्वारा वैदुष्य (विद्वता) का प्रदर्शन।
- विचित्रमार्ग के प्रवर्तक **भारवि** थे।
- भारवि का अनुसरण माघ ने किया।
- दोनों महाकवियों ने मूलकथा को बीच में छोड़कर प्रसक्तानुप्रसक्त वर्णनों में अपने को बाँध लिया।
- इस मार्ग में भाषा और विषय दोनों क्षेत्रों में विशेषता रहती है।
- इस पद्धति में चित्रकाव्य तक कवि पहुँच जाते हैं।
- श्लेषालंकार के प्रयोग से यह शैली दुरुह हो जाती है।
- ओज गुण को प्रमुख स्थान दिया।
- विचित्रमार्गी कवि कथानक की चिन्ता नहीं करते। भारवि ने अल्प कथानक को वर्णनों से भरकर 18 सर्गों का महाकाव्य बना दिया।
- जबकि सुकुमारमार्गी कालिदास ने रघुवंश के 19 सर्गों में अनेक पीढ़ियों के बड़े कथानक को समेट दिया।
- बाद के कवियों के लिए **वाल्मीकि की रसमयी पद्धति** तथा **भारवि की अलंकृत पद्धति** विद्यमान थी।
- बाद के कवियों ने अपनी रुचि के अनुसार दोनों में से एक को अपनाया।
- श्रीहर्ष ने दोनों के समन्वय का सफल प्रयास किया।

2.4 नाट्य साहित्य

- साहित्य के सभी प्रकारों में रूपक या नाट्य श्रेष्ठ माना गया है। इसकी रचना को कवित्व की अन्तिम सीमा कहा जाता है- **'नाटकान्तं कवित्वम्।'**
- रूपक में गद्य-पद्य दोनों का मिश्रण तो रहता ही है, इसे सुनने के अतिरिक्त देखा जाता है। श्रव्य की अपेक्षा 'दृश्य' का अधिक सघन प्रभाव होता है।
- भरत ने नाट्यशास्त्र (6/31) में कहा है कि इस नाट्य-संसार में सब कुछ रसमय होता है, रस के बिना यहाँ कुछ भी प्रवृत्त नहीं होता- **'न हि रसादृते कश्चिदप्यर्थः प्रवर्तते।'** कोई व्यक्ति किसी भी रुचि का क्यों न हो, उसे अपना अनुकूल विषय नाट्य-जगत् में अवश्य मिल जायेगा। इसीलिए कालिदास ने इसकी प्रशंसा में कहा है-

नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधनम्।

(मालविकाग्निमित्रम्- 1/4)

- काव्य को संस्कृत काव्यशास्त्रियों ने दृश्य और श्रव्य के रूप में दो वर्गों में रखा है। दृश्यकाव्य के दो भेद हैं- रूपक तथा उपरूपक। रूपक दस तथा उपरूपक अठारह प्रकार के होते हैं। रूपकों का एक प्रमुख भेद 'नाटक' है जो अपने अर्थ का विस्तार करके सामान्यतः आधुनिक भारतीय भाषाओं में नाट्यमात्र या दृश्यकाव्य मात्र (Drama) का अर्थ देता है।
- धनञ्जय ने नाट्य,रूप और रूपक-इन तीन शब्दों के प्रयोग के हेतुओं का निरूपण किया है जो वस्तुतः एकार्थक हैं।
- विविध पात्रों की अवस्थाओं का चतुर्विध अभिनय (आङ्गिक,वाचिक,सात्त्विक तथा आहार्य) के द्वारा जब नट अनुकरण करता है तो इसे **'नाट्य'** कहते हैं।

नाटक

- नाटक का कथानक प्रसिद्ध (इतिहास या पुराण में निर्दिष्ट) होता है, उसका नायक विख्यात वंश में उत्पन्न राजर्षि या राजा रहता है, उसे धीरोदात्त श्रेणी का होना चाहिए। कभी-कभी वीर रस या शृङ्गार रस के अनुरूप वह धीरोद्धत या धीरललित भी हो सकता है किन्तु धीरप्रशान्त नहीं। श्रीकृष्ण जैसे दिव्यादिव्य नायक भी होते हैं।
- नाटक का मुख्य रस शृङ्गार या वीर होता है **(एक एव भवेदङ्गी शृङ्गारो वीर एव वा)**। अन्य सभी रसों का यथावसर प्रयोग किया जाता है।
- नाटक में पाँच से लेकर दस अङ्क तक रखे जाते हैं। उसमें कथानक का स्वाभाविक विकास दिखाने के लिए पाँच अर्थप्रकृतियाँ (बीज, बिन्दु, पताका, प्रकरी और कार्य), पाँच अवस्थाएँ (आरम्भ, यत्न, प्राप्त्याशा, नियताप्ति और फलागम) तथा इनके योग से होने वाली पाँच सन्धियाँ (मुख, प्रतिमुख, गर्भ, विमर्श और निर्वहण) यथासाध्य रखी जाती हैं।
- जिस नाटक में इन सब के प्रयोग के साथ दस अङ्क हों उसे 'महानाटक' कहते हैं। **बालरामायण, हनुमन्नाटक** आदि महानाटक हैं।
- नाटक की अन्तिम सन्धि में 'अद्भुत रस' का प्रयोग हो इससे रोचकता आती है **(कार्यो निर्वहणेऽद्भुतः)**
- नाटक की रचना गोपुच्छाग्रवत् होनी चाहिए अर्थात् आरम्भ और अन्त सूक्ष्म(पतला) हो, मध्यभाग स्थूल (दीर्घ) हो।
- क्रमशः कार्यों का संक्षिप्त उपसंहार होना चाहिए। नाटक को काव्यमात्र में श्रेष्ठ कहा गया है-

'काव्येषु नाटकं रम्यम्, नाटकान्तं कवित्वम्।'

- भास, कालिदास, भवभूति शूद्रक आदि के नाटक संस्कृत-जगत् में विख्यात हैं।

प्रकरण

- इसका कथानक कविकल्पित होता है। प्रायः लोककथाओं से कथानक लेकर इसकी रचना की जाती है।
- इसका नायक धीरप्रशान्त कोटि का मन्त्री, ब्राह्मण या वणिक् में से कोई एक होता है **(अमात्य-विप्र-वणिजामेकं कुर्याच्च नायकम्** -दशरूपक 3/39)। मृच्छकटिक में ब्राह्मण, मालतीमाधव में अमात्य तथा पुष्पदूतिका में वैश्य नायक है। इसमें नायिका दो प्रकार की होती है-कुलीना और वेश्या (गणिका)। किसी प्रकरण में कोई एक ही नायिका रहती है, (जैसे-मालतीमाधव में) तो किसी में दोनों प्रकार की नायिकाएं होती है (जैसे- मृच्छकटिक में)।
- धूर्त,जुआरी,विट,चेट आदि अनेक पात्रों से युक्त प्रकरण **'संकीर्ण'** कहलाता है। नाट्यदर्पण (2/68) में नायिका के आधार पर प्रकरण के इक्कीस भेद कहे गये हैं। रस की दृष्टि से इसमें शृङ्गाररस प्रधान होता है।

3.भाण

- इसमें कोई अत्यन्त चतुर तथा बुद्धिमान् विट अपने या दूसरे के अनुभव के आधार पर धूर्त के चरित का वर्णन करता है। यह एक अङ्क तथा एक ही पात्र का रूपक है। वह पात्र विट ही रहता है जो आकाशभाषित के रूप में स्वयं प्रश्न-उत्तर (उक्ति-प्रत्युक्ति) का प्रयोग करता है।
- इसमें मुख और निर्वहण सन्धियाँ रहती हैं, अन्य सन्धियाँ नहीं।

प्रहसन

- यह हास्यरस-प्रधान रूपक होता है, जिसमें कथानक कल्पित रहता है। इसमें धर्म का पाखण्ड करने वाले (जैन-बौद्ध) साधुओं, केवल जाति से ब्राह्मण कहलाने वाले धूर्तों एवं सेवक-सेविकाओं का चरित्र दिखाया जाता है।
- प्रहसन में वेशभूषा तथा भाषा की विकृति से भी हास्योत्पादन होता है। भाण के समान इसमें भी दो सन्धियों (मुख एवं निर्वहण) एवं 10 लास्याङ्गों का प्रयोग होता है। विश्वनाथ ने इसमें एक या दो अङ्क माने हैं।
- प्रहसन के तीन भेद होते हैं-शुद्ध, विकृत और संकीर्ण।

डिम

- इसका कथानक प्रसिद्ध होता है। नाट्य की कैशिकी वृत्ति वर्जित है, शेष तीनों वृत्तियाँ (भारती, सात्त्वती, आरभटी) प्रयुक्त होती हैं।
- इसमें नायक देवता, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस आदि होते हैं जो मानवेतर हैं, भूत, प्रेत, पिशाच आदि पात्रों का भी इसमें समावेश होता है। उद्धत कोटि के 16 पात्र इसमें रहते हैं। इसका प्रधान रस रौद्र होता है। माया, इन्द्रजाल, युद्ध,भगदड़ आदि के दृश्यों से यह भरा होता है।
- विमर्श सन्धि का प्रयोग नहीं होता। इसमें चार अङ्क रहते हैं।
- भरत ने **'त्रिपुरदाह'** नामक डिम का उल्लेख किया है।

व्यायोग

- इसका कथानक इतिहास-प्रसिद्ध होता है जो किसी विख्यात उद्धत व्यक्ति (भीम, दुर्योधन आदि) पर आश्रित रहता है।
- इसमें गर्भ एवं विमर्श नामक सन्धियाँ नहीं होती हैं। रसों की दीप्ति डिम के समान होती है।
- इसकी कथावस्तु एक दिन की घटनाओं से सम्बद्ध होती है।
- इसमें एक ही अंक रहता है तथा पुरुष-पात्रों की संख्या अधिक होती है।भास का **'मध्यमव्यायोग'** इसका मुख्य उदाहरण है।

समवकार

- इसका इतिवृत्त इतिहास-पुराण में प्रसिद्ध होता है जिसमें देवताओं और दैत्यों की कथा होती है। कैशिकी को छोड़कर अन्य वृत्तियाँ एवं विमर्श को छोड़कर अन्य सन्धियाँ होती हैं। इसमें तीन अङ्क रहते हैं जिनमें तीन बार कपट, तीन बार धर्म-अर्थ-काम का शृङ्गार एवं तीन बार पात्रों में भगदड़ दिखायी जाती है।
- इसके पात्र देवता और दानव होते हैं जिनकी संख्या 12 होती है, सभी वीररस से भरे रहते हैं और सब को पृथक्-पृथक् फल मिलता है।
- 'बिन्दु' नामक अर्थप्रकृति एवं 'प्रवेशक' नामक अर्थोपक्षेपक का इसमें प्रयोग नहीं किया जाता।
- नाट्यशास्त्र में **'समुद्रमन्थन'** नामक समवकार के अभिनय का उल्लेख है। भास के 'पञ्चरात्र' में भी कुछ लक्षण मिलते हैं।

वीथी

- यह शृङ्गाररस-युत्त एकाङ्की रूपक है। इसके कई लक्षण भाण के समान हैं। जैसे-केवल दो सन्धियाँ (मुख और निर्वहण) होना, शृङ्गाररस का सूच्य होना।

अङ्क

- इसे संशय-निवारणार्थ **'उत्सृष्टिकाङ्क'** भी कहते हैं क्योंकि रूपकों के खण्ड भी 'अङ्क' होते हैं। इस रूपक-भेद में कथानक इतिहास-प्रसिद्ध होता है, किन्तु कवि उसमें यथेष्ट परिवर्तन भी करता है। भाण के समान सन्धि (मुख और निर्वहण) भारती वृत्ति भाग तथा अङ्क केवल एक होते हैं।
- इसके नायक और अन्य पात्र साधारण होते हैं। इसमें करुणरस की प्रधानता होती है। अतः स्त्रियों का रोदन होना चाहिए।
- पात्रों में वाग्युद्ध एवं जय-पराजय की योजना होती है।
- कुछ आचार्यों ने इसमें एक से लेकर तीन अङ्कों तक का विधान किया है।

ईहामृग

➢ इसका कथानक प्रख्यात और कल्पित का मिश्रित रूप होता है। इसमें चार अङ्क तथा तीन सन्धियाँ होती हैं(गर्भ और विमर्श सन्धियाँ नहीं होती)

उपरूपक

➢ विश्वनाथ ने 18 उपरूपकों का यह क्रम रखा है-

1. नाटिका 2. त्रोटक 3. गोष्ठी 4. सट्टक 5. नाट्यरासक 6. प्रस्थानक 7. उल्लास्य 8. काव्य 9.प्रेंखण 10.रासक 11. संलापक 12.श्रीगदित 13. शिल्पक 14.विलासिका 15. दुर्मल्लिका 16. प्रकरणिका 17. हल्लीश और 18. भाणिका

नाटिका

➢ नाटिका में चार अङ्क होते हैं।

➢ स्त्री-पात्रों का बाहुल्य एवं शृङ्गाररस की प्रधानता इसकी विशिष्टता है।

➢ इसका नायक धीरललित श्रेणी का कोई प्रसिद्ध राजा होता है।

➢ शृङ्गाररस के कारण कैशिकी वृत्ति एवं तदनुकूल गीत,नृत्य, वाद्य, हास्य आदि इसमें दिखाये जाते हैं।

➢ इसमें दो नायिकाएँ होती हैं-देवी (बड़ी रानी) तथा मुग्धा कन्या।

➢ उदयन को नायक बनाकर हर्ष ने **'प्रियदर्शिका'** और **'रत्नावली'** नामक नाटिकाओं की रचना द्वारा इस विधा का प्रयोग किया है।

सट्टक

➢ सट्टक भी नाटिका के समान होता है।

➢ इसमें सम्पूर्ण पाठ प्राकृत में होता है।

➢ प्रवेशक-विष्कम्भक का प्रयोग नहीं किया जाता है।

➢ अद्भुत रस का प्राचुर्य होता है।

➢ अङ्कों को 'जवनिकान्तर' कहते हैं।

➢ राजशेखर की **'कर्पूरमञ्जरी'** सट्टक है।

त्रोटक

➢ तोटक या त्रोटक में सात,आठ, नव या पाँच अङ्क रहते हैं।

➢ प्रधानरस शृङ्गार होता है।

➢ कालिदास का **'विक्रमोर्वशीयम्'** त्रोटक है।

नाट्योत्पत्ति

➢ संस्कृत दृश्यकाव्य का उद्भव कब और किस प्रकार से हुआ, इस प्रश्न का निश्चित समाधान करना कठिन है। फिर भी कुछ सिद्धान्तों का परिचय तो दिया ही जा सकता है।

भरत का मत

➢ नाट्य विज्ञान पर सर्वप्रथम ग्रन्थ 'नाट्यशास्त्र' ही है जिसका काल 100 ई॰ पू॰ से 300 ई॰ के बीच माना जाता है।

➢ भरत का मत 'नाट्यशास्त्र' में मिलता है कि सभी देवताओं ने मिलकर ब्रह्मा जी से प्रार्थना की कि हमें ऐसे मनोरंजन का साधन प्रदान करें जो दृश्य और श्रव्य दोनों हो और जिसे सभी वर्णों के लोग ग्रहण कर सकें, ब्रह्मा ने इस प्रार्थना पर चारों वेदों से सार भाग लेकर 'नाट्यवेद' के रूप में पञ्चम वेद का निर्माण किया (**नाट्यवेदं ततश्चक्रे चतुर्वेदाङ्गसम्भवम्** 1/16) उन्होंने ऋग्वेद से पाठ्य (संवाद,कथनोपकथन), सामवेद से संगीत, यजुर्वेद से अभिनय और अथर्ववेद से रस-तत्त्व लेकर 'नाट्यवेद' की रचना की।

संवाद-सूक्तों से नाट्य की उत्पत्ति

➢ मैक्समूलर, सिल्वाँलेवी,फॉन श्रोएदर, हर्टल आदि यूरोपीय विद्वानों ने यह सिद्धान्त दिया कि ऋग्वेद के कतिपय संवाद-सूक्त ही नाटकों के प्राचीनतम रूप हैं।

➢ इन संवाद-सूक्तों में इन्द्र- मरुत् संवाद(ऋ0 1/165,170), अगस्त्य-लोपामुद्रा संवाद (ऋ0 1/179), विश्वामित्र-नदी संवाद (3/33), वसिष्ठ-सुदास संवाद (ऋ0 7/83), यम-यमी संवाद (ऋ0 10/10), इन्द्र-इन्द्राणी-वृषाकपि संवाद (ऋ 10/86), पुरूरवा-उर्वशी संवाद(10/95) तथा सरमा-पणि संवाद(10/108) प्रमुख है।

यूनानी रूपकों से उत्पत्ति

➢ वेबर तथा विन्डिश ने संस्कृत रूपकों का उद्भव यूनानी रूपकों से सिद्ध किया है।

➢ जर्मनी के ही विद्वान् पिशेल ने इस मत का प्रबल खण्डन किया है।

पुत्तलिका-नृत्य-सिद्धान्त

➢ प्रो. पिशेल ने यह विचार दिया है कि प्राचीन भारत में कठपुतलियों का नृत्य दिखाया जाता था। उसे ही सजीव रूप देने के लिए मानवों को मंच पर प्रस्तुत करके नाटकों का अभिनय प्रारम्भ हुआ।

मृतात्म-श्राद्ध-सिद्धान्त (वीर-पूजा)

➢ डॉ. रिजवे ने यह मत रखा था कि अपने मृत पूर्वजों के प्रति श्रद्धा प्रदर्शित करने के लिए जिस प्रकार यूनानी दुःखान्त रूपकों का उद्भव हुआ था, उसी प्रकार भारत में भी अपने दिवंगत वीर पुरुषों के प्रति आदर-भाव दिखाने के लिए नाटक अभिनीत होते थे।

➢ रामलीला और कृष्णलीला इसी प्रवृत्ति के पोषक दृष्टान्त हैं।

उत्सव-सिद्धान्त

➢ यूरोप के कुछ विद्वानों ने अपने यहाँ होने वाले मे-पोल-नृत्य को संस्कृत रूपकों का भी प्रथम रूप कहा है।

छाया-नाटक-सिद्धान्त

➢ जर्मन विद्वान् ल्यूडर्स तथा स्टेन कोनो का मत है कि छाया -नाटकों में जो छाया-चित्रों का प्रदर्शन होता है, वही संस्कृत रूपकों के मूल रूप रहे होंगे।

संस्कृत नाट्य की विशिष्टताएँ-

➢ भारतीय रूपक मनोरंजन-प्रधान या आनन्दपरक होते हैं।

➢ भरत ने इसकी व्याख्या की कि दुःखी, श्रान्त, शोकाकुल एवं तपःखिन्न लोगों को सही समय पर विश्रान्ति प्रदान करने वाला यह 'नाट्य' है-

दुःखार्तानां श्रमार्तानां शोकार्तानां तपस्विनाम्।
विश्रान्तिजननं काले नाट्यमेतद् भविष्यति।।
(ना.शा. 1/114)

- संस्कृत रूपकों में 'दुःखान्त' की व्यवस्था नहीं है।
- यहाँ दस प्रकार के रूपक और अठारह प्रकार के उपरूपक होते हैं।
- इनमें 'नाटक' बहुत लोकप्रिय हैं।
- प्रकरण,प्रहसन,भाण,नाटिका, सट्टक आदि भी बहुत संख्या में लिखे गये हैं। इस प्रकार संस्कृत दृश्य काव्य का क्षेत्र व्यापक है।
- नाट्य-भेदों में कथानक प्रसिद्ध या कल्पित भी होता है।
- संस्कृत रूपकों में कथानक का विकास कुछ सिद्धान्तों पर आश्रित होता है। कथानक को अर्थप्रकृतियों, अवस्थाओं और सन्धियों में विभक्त किया जाता है।
- पात्रों की व्यवस्था भी रूपकों के विभाजन का आधार है। मुख्य पात्र नायक और नायिका हैं। जिनके भेदोपभेद माने गये हैं। नायकों को धीरोदात्त, धीरोद्धत, धीरप्रशान्त और धीरललित के रूप में चार प्रकार का माना गया है।
- संस्कृत रूपकों का पारस्परिक भेद रस प्रयोग के कारण भी है। नाटकों में शृङ्गार, वीर या शान्त-रस को मुख्य (अङ्गी) रस के रूप में रखा जाता है
- भवभूति ने करुणरस को प्रधान स्थान दिया है, अन्य सभी रसों का यथोचित निवेश होता है।
- नाट्यशास्त्रियों ने जीवन की कुछ क्रियाओं का मञ्चन की दृष्टि से वर्जन किया है। अनुचित, असभ्य और अशुभ दृश्य मञ्च पर नहीं दिखाये जाते। जैसे-युद्ध, मृत्यु, निद्रा, सम्भोग, शाप, चुम्बन, भोजन आदि।
- भाषा प्रयोग का विधान संस्कृत रूपकों की महत्त्वपूर्ण विशिष्टता है। भरत ने ही विधान किया था कि उच्च और मध्य वर्ग के पात्रों की भाषा संस्कृत होगी। प्राकृत में भी क्षेत्रीय प्रभेदों के विधान की दृष्टि से सामान्यतः महाराष्ट्री ,शौरसेनी, मागधी और अर्धमागधी प्राकृतों का प्रयोग किया गया है।
- रूपक भी धर्म के उपकरणों का यथेष्ट उपयोग करते हैं जैसे नान्दी या प्रस्तावना में देवस्तुति और भरतवाक्य में आशीर्वाद देना।
- पाश्चात्त्य नाट्य-विज्ञान में स्वीकृत अन्वितित्रय संस्कृत रूपकों में मान्य नहीं है।
- संस्कृत रूपकों में रसोद्भावन की दृष्टि से उचित स्थानों पर पद्य-प्रयोग किया जाता है।
- कथनोपकथन का मुख्य रूप तो गद्य ही रहता है किन्तु कुछ आवश्यक स्थलों में रोचकता, प्रकृति-वर्णन, नीति-शिक्षा, सुभाषित, विस्तृत घटनाओं का संक्षेपण आदि उद्देश्यों से पद्यों का भी प्रयोग होता है।
- विदूषक का प्रयोग संस्कृत रूपकों में हास्य-व्यंग्य के निवेश के लिए तो होता ही है,वह कथानक का भी एक अङ्ग होता है। वह कथा-प्रवाह को आगे बढ़ाता है।
- शुद्ध हास्य की दृष्टि से 'प्रहसन' और 'भाण' नामक रूपक-भेद संस्कृत में होते हैं जिसमें समाज की विसंगतियों पर व्यंग्य होता है।
- संस्कृतभाषा के रूपकों के प्रारम्भ में प्रस्तावना होती है। जिसमें कवि-परिचय के साथ नाटक के अभिनय के अवसर का भी संकेत रहता है।
- नान्दीपाठ से नाटक का प्रारम्भ एवं भरतवाक्य से समाप्ति, अङ्कों की योजना, बीच-बीच में विष्कम्भक, प्रवेशक आदि देना ये सब रचना-प्रक्रिया के मुख्य अङ्ग हैं।
- बीच में मञ्च से पात्रों का निर्गम,प्रवेश,स्वागत-भाषण, जनान्तिक भाषण आदि संकेत नाटकों के अभिनय और मञ्चन को सुविधायुक्त कर देते हैं।

2.5 गद्य साहित्य

- 'गद्य' शब्द गद्-धातु (व्यक्तायां वाचि) से यत् प्रत्यय लगकर बना है जिसका अर्थ है मानव की अभिव्यक्ति की मौलिक प्रक्रिया।
- दण्डी ने काव्यादर्श में 'गद्यकाव्य' की परिभाषा देकर इसे आख्यायिका और कथा के रूप में विभाजित किया है।
  'अपादः पदसन्तानो गद्यमाख्यायिका कथा।' (1/23)
- गद्यकाव्य इतना कठिन और विरल हो गया कि आठवीं शताब्दी ई0 में एक उक्ति चल पड़ी-**'गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति'** अर्थात् गद्यकाव्य लिखना कवियों की कड़ी परीक्षा है।
- गद्य का प्रथम रूप हमें यजुर्वेद की संहिताओं में मिलता है।
- यजुर्वेद की परिभाषा ही दी गयी है- **'अनियताक्षरावसानं यजुः'** तथा **'गद्यात्मकं यजुः।'**
- कृष्ण-यजुर्वेद की तैत्तिरीय, काठक और मैत्रायणी संहिताएँ अधिकांशतः गद्यात्मक हैं।
- ब्राह्मण और आरण्यक (जो पूर्णतः गद्य में ही हैं) पतञ्जलि का महाभाष्य, शबरस्वामी का शाबरभाष्य (मीमांसा-दर्शन पर),शंकराचार्य का शारीरकभाष्य (ब्रह्मसूत्र पर) इत्यादि उत्कृष्ट शास्त्रीय गद्य के रूप हैं।
- आचार्य शंकर की गद्यशैली प्रसन्न-गम्भीर है,इसका परिमाण भी प्रचुर है क्योंकि दस उपनिषदों, गीता तथा ब्रह्मसूत्र पर उन्होंने भाष्य लिखे हैं।
- साहित्यिक गद्य के प्रयोग का अनुमान कात्यायन और पतञ्जलि के द्वारा दी गयी सूचनाओं से होता है।
- पतञ्जलि ने तो तीन आख्यायिकाओं के नाम भी दिये हैं- **वासवदत्ता, सुमनोत्तरा** तथा **भैमरथी**।
- साहित्यिक गद्य का स्पष्ट उदाहरण अभिलेखों में प्राप्त होता है। इस दृष्टि से रुद्रदामन का गिरिनार अभिलेख 150ई0) तथा हरिषेणकृत समुद्रगुप्त-प्रशस्ति (प्रयाग स्तम्भलेख 360 ई0) विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।
- समुद्रगुप्त की विजय-यात्राओं और व्यक्तिगत गुणों का वर्णन प्रयाग-प्रशस्ति में हुआ है। इस प्रशस्ति के लेखक हरिषेण हैं।

- साहित्यिक गद्य का विकासशील रूप **दण्डी, सुबन्धु** या **बाण** की रचनाओं में प्राप्त होता है।

गद्यकाव्य के भेद

- संस्कृत गद्यकाव्य के दो मुख्य भेद माने गये हैं-कथा और आख्यायिका
- आख्यायिका ऐतिहासिक विषयों पर एवं कथा पूर्णतः काल्पनिक विषयों पर आश्रित होती है।
- बाणभट्ट की गद्य-रचनाओं में 'हर्षचरित' आख्यायिका तथा 'कादम्बरी' कथा के रूप में प्रसिद्ध हुई।
- कथा में कथावस्तु कविकल्पित होती है।
- आख्यायिका में ऐतिहासिक होती है।
- कथा के आरम्भ में पद्यों के द्वारा सज्जनों की प्रशंसा, दुष्टों की निन्दा तथा कवि के वंश का वर्णन होता है।
- कथा का विभाजन नहीं होता, आख्यायिका उच्छ्वासों या निःश्वासों में विभक्त होती है।
- उच्छ्वासों के आरम्भ में भावी घटना का परोक्ष निर्देश करने वाले पद्य भी होते हैं।
- कथा में मुख्य कथानक को लाने के लिए दूसरी कथा से आरम्भ किया जाता है।
- आख्यायिका में कवि अपना वृत्तान्त देकर मुख्य कथा को आरम्भ करता है। इन दोनों में समानता के तथ्य भी बहुत हैं। जैसे- 1. दोनों की रचना संस्कृत गद्य में होती है। 2. गद्य की शैली दोनों में समान रहती है। 3. रसों और भावों का समान रूप से प्रयोग होता है। 4. नगर,वन,सरोवर,राजा,राजसभा,मृगया प्रेम आदि का समान रूप से वर्णन दोनों में होता है

गद्य के प्रकार

समास के प्रयोग तथा वृत्तभाग के निवेश की दृष्टि से गद्य के चार प्रकार माने गये हैं-

1. मुक्तक 2. वृत्तगन्धि 3. उत्कलिकाप्राय 4. चूर्णक

- समास से रहित गद्य-रचना को मुक्तक कहते हैं।
- जहाँ गद्य में छन्द के अंश आ जाएँ उसे वृत्तगन्धि कहते हैं।
- लम्बे समासों से युक्त गद्य उत्कलिकाप्राय कहलाता है तथा अल्प समासों से युक्त गद्य को चूर्णक कहा जाता है।

भारतीयदर्शनसार

लेखक
सर्वज्ञभूषण

संस्कृतगङ्गा, दारागञ्ज, प्रयाग
संरचना प्रकाशन, इलाहाबाद

भारतीयदर्शनसार

लेखक	सर्वज्ञभूषण
ISBN	978-93-84999-72-8
प्रकाशक	संरचना प्रकाशन 30, थार्नहिल रोड, सिविल लाइंस, इलाहाबाद - 211001 संस्कृतगङ्गा 63/59, मोरी, दारागंज, इलाहाबाद - 211006

संस्करण	वर्ष 2017
मूल्य	` **250/-** (दो सौ पचास रुपये मात्र)
वितरक	1. संस्कृतगङ्गा, 59, मोरी, दारागंज, इलाहाबाद - 211006 मो.- 7800138404 2. राजू पुस्तक केन्द्र अल्लापुर, इलाहाबाद 3. राका प्रकाशन, 25ए, महात्मा गाँधी मार्ग, काफी हाउस के पास, सिविल लाइंस, इलाहाबाद - 211001 मो.- 9453460552
मुद्रक	एकेडमी प्रेस, दारागंज, इलाहाबाद

प्राग्वाचिक

प्रिय संस्कृतबन्धो ! नमः संस्कृताय।

इस पुस्तक में भारतीय दर्शन से सम्बद्ध आस्तिक एवं नास्तिक दर्शन से जुड़े सभी प्रमुख दार्शनिक प्रस्थानों का सार प्रस्तुत किया गया है छः आस्तिक दर्शनों में सांख्य,योग,न्याय,वैशेषिक,वेदान्त,मीमांसा के प्रसिद्ध प्रकरणग्रन्थों को इस पुस्तक का विषय बनाया गया है।

यथा- सांख्यदर्शन का प्रतिनिधित्व ईश्वरकृष्ण की **सांख्यकारिका**,योगदर्शन में पतञ्जलि का **योगसूत्र**,न्यायदर्शन का प्रतिनिधित्व केशवमिश्र की **तर्कभाषा**, वैशेषिकदर्शन का प्रतिनिधित्व अन्नम्भट्ट का **तर्कसंग्रह**,वेदान्तदर्शन का प्रतिनिधित्व योगीन्द्र सदानन्द का **वेदान्तसार** तथा मीमांसादर्शन का प्रतिनिधित्व करने वाले लौगाक्षिभास्कर के **अर्थसंग्रह** नामक ग्रन्थ को इस पुस्तक का विषय बनाया गया है,वैसे तो पुस्तकीय दुकानों में अनेक दार्शनिक ग्रन्थ प्राप्त होते हैं किन्तु दर्शन का सारतत्त्व प्रस्तुत करने वाली यह प्रथम पुस्तक होगी। जैसे-वेदान्त का सार वेदान्तसार नामक ग्रन्थ में बताया गया है, उसी तरह सांख्य आदि आस्तिक दर्शन तथा चार्वाक आदि नास्तिक दर्शनों का सार इस 'भारतीयदर्शनसार' नामक पुस्तक में बताने का प्रयास किया गया है।

दार्शनिक गूढ़ विषयों को तालिका के माध्यम से सरल करने का प्रयास किया गया है। पुस्तक लेखन में बिन्दुवार शैली अपनायी गयी है, जिससे विद्यार्थियों को दार्शनिक विषयों का शीघ्र एवं सहज बोध हो सके। विशेषकर प्रतियोगी छात्रों को ध्यान में रखकर इस पुस्तक का लेखन किया गया है। अनावश्यक विस्तार से बचा गया है, ताकि ''**भारतीयदर्शनसार**'' इस नाम की सार्थकता बनी रहे।

इस पुस्तक के लेखन में जिन मित्रों का परोक्ष अपरोक्ष सहयोग,समर्थन एवं उत्साह मिलता रहा उनमें सत्यप्रकाश,अम्बिकेश,सुमन,वीरेन्द्र, साधना,केदारनाथ,योगेश,देवमूरत, राकेश,गोपेश,पवन,अम्बर आदि का नाम उल्लेखनीय है।

इस पुस्तक के लेखन में गुरुजनों की विशेष कृपा रही जिनमें सूक्ष्मशरीर से सदैव साथ रहने वाले एवं मेरा सतत मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्रदान करने वाले श्री अनन्त प्रसाद त्रिपाठी (शास्त्री जी,गहनौआ रीवा मध्यप्रदेश) एवं स्थूल शरीर से प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी (गङ्गानाथ झा परिसर रा.सं.संस्थान इलाहाबाद) का सदैव आशीर्वाद प्राप्त होता रहा है। साथ ही मेरे माता-पिता का शुभाशीष,एवं भाइयों का सहयोग मिला।

- भवदीय

सर्वज्ञभूषण

विषयानुक्रम

❑❑

1. भारतीय दर्शन की भूमिका

- दर्शन शब्द 'दृश्' धातु से 'ल्युट्' प्रत्यय करने से निष्पन्न होता है। दर्शन शब्द का अर्थ है- 'जिसके द्वारा किसी वस्तु को देखा या समझा जाय।'
- भारतीय दर्शन की दो शाखाएँ हैं - आस्तिक तथा नास्तिक। जो दर्शन वेदों को प्रमाण रूप में स्वीकार करते हैं, उन्हें **आस्तिक** दर्शन कहते हैं, जिनमें सांख्य-योग, न्याय -वैशेषिक, पूर्वमीमांसा एवं उत्तरमीमांसा (वेदान्त) की गणना होती है।
- जो दर्शन वेदों को प्रमाण रूप में स्वीकार नहीं करते हैं उन्हें **'नास्तिक दर्शन'** कहते हैं, जिनमें चार्वाक, बौद्ध, जैन प्रमुख रूप से हैं।
- सांख्य- योग, न्याय- वैशेषिक, पूर्वमीमांसा- उत्तरमीमांसा इन्हें 'षड्दर्शन' भी कहते हैं।

भरतीयदर्शन

आस्तिकदर्शन
(सांख्य ,योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा, वेदान्त)

नास्तिकदर्शन
(चार्वाक,बौद्ध,जैन)

दर्शन	**-**	**प्रवर्तक आचार्य**
सांख्य	-	कपिल
योग	-	पतञ्जलि
न्याय	-	गौतम
वैशेषिक	-	कणाद
पूर्वमीमांसा	-	जैमिनि
उत्तरमीमांसा (वेदान्त)	-	बादरायण
चार्वाक	-	बृहस्पति/चार्वाक
बौद्ध	-	महात्मा गौतम बुद्ध
जैन	-	ऋषभदेव/महावीर स्वामी

- नास्तिकदर्शन को वेद विरोधी दर्शन भी कहा जाता है -**'नास्तिको वेदनिन्दकः'**
- चार्वाकदर्शन भौतिकवादी दर्शन है, जिसे **लोकायत** नाम से भी जाना जाता है।
- सांख्य एवं योग एक दूसरे के पूरक दर्शन हैं। सांख्य ईश्वर की सत्ता नहीं मानता जबकि योग ईश्वर की सत्ता मानता है। इसीलिए सांख्य को **'निरीश्वर सांख्य'** तथा योग को **'सेश्वर सांख्य'** भी कहते हैं।

दर्शन	ग्रन्थ	अध्याय	सूत्र	प्रमाण	पदार्थ (तत्त्व)	प्रमुख सिद्धान्त/वाद
सांख्य	सांख्यसूत्र	6	537	तीन प्रमाण	25	सत्कार्यवाद परिणामवाद
योग	योगसूत्र	4पाद	195	तीन प्रमाण	26	सत्कार्यवाद सेश्वरवाद
न्याय	न्यायसूत्र	5	60-70	चार प्रमाण	16	असत्कार्यवाद पिठरपाकवाद
वैशेषिक	वैशेषिकसूत्र	10	370	दो प्रमाण	7	परमाणुवाद पीलुपाकवाद
पूर्वमीमांसा	मीमांसासूत्र	12	2644	6 प्रमाण		अपूर्ववाद
उत्तरमीमांसा (वेदान्त)	ब्रह्मसूत्र	4	555	6 प्रमाण	2	विवर्तवाद मायावाद

- बौद्धदर्शन के चार सम्प्रदायों का उल्लेख प्राप्त होता है वैभाषिक,सौत्रान्तिक, विज्ञानवादी, शून्यवादी।
- नागार्जुन बौद्धदर्शन के प्राचीन आचार्य हैं।
- जैनदर्शन के प्राचीन आचार्य - उमास्वाति हैं।
- अकलंकदेव, विद्यानन्द, प्रभासचन्द्र, हेमचन्द्रसूरि, मल्लिषेण आदि जैनदर्शन के प्रमुख आचार्य हैं
- न्यायदर्शन के प्रवर्तक आचार्य गौतम हैं। न्यायदर्शन को 'तर्कप्रधानदर्शन' भी कहते हैं।
- न्यायदर्शन में आगम प्रमाण के द्वारा ईश्वर की सिद्धि की गई है।
- सर्वदर्शनसंग्रह में वैशेषिक दर्शन को **'औलूक्य दर्शन'** कहा गया है।
- पूर्वमीमांसादर्शन के प्रणेता आचार्य जैमिनि हैं।
- पूर्वमीमांसादर्शन वेद को स्वतन्त्र एवं स्वतः प्रमाण के रूप में स्वीकार करता है।

❑❑

2. सांख्यकारिका

- सांख्यदर्शन सबसे प्राचीन दर्शन है।
- सम् उपसर्गपूर्वक √ख्या प्रकथने धातु से अङ् प्रत्यय करने के बाद 'टाप्' प्रत्यय करने से 'संख्या' शब्द बनता है। पुनः संख्या पद से ''तस्येदम्'' सूत्र द्वारा 'अण्' प्रत्यय करने पर ''सांख्य'' पद निष्पन्न होता है, जिसका अर्थ है 'गणना से सम्बन्धित' अथवा 'गणना से जानने योग्य', क्योंकि सांख्यदर्शन में तत्त्वों की गणना अर्थात् संख्या को अत्यधिक महत्त्व दिया गया है।
- सांख्यदर्शन के प्राचीन आचार्य **कपिलमुनि** हैं।
- सांख्यदर्शन में 25 तत्त्वों की चर्चा है।
- सांख्यदर्शन के अनुसार मुख्यरूप से दो तत्त्व नित्य हैं - पुरुष तथा प्रकृति।
- सांख्यदर्शन के प्रमुख आचार्य- कपिल, आसुरि, पञ्चशिख, विन्ध्यवासी, जैगीषव्य, वार्षगण्य, ईश्वरकृष्ण आदि हैं
- सांख्यदर्शन के प्रमुखग्रन्थ- सांख्यसूत्र, षष्टितन्त्र, राजवार्तिक, एपिकसांख्य, अर्वाचीन सांख्यसूत्र आदि हैं।
- सांख्यसूत्र की प्रमुख टीकाएँ- अनिरुद्धवृत्तिसार, सांख्यवृत्तिसार,सांख्यप्रवचनभाष्य, लघुसांख्यवृत्ति, तत्त्वसमास अथवा समाससूत्र हैं।
- **'सांख्यकारिका'** सांख्यदर्शन का प्रकरणग्रन्थ है जिसके लेखक **ईश्वरकृष्ण** हैं।
- ईश्वरकृष्ण के गुरु **'पञ्चशिख'** माने जाते हैं।
- पञ्चशिख के गुरु- **'आसुरि'** माने जाते हैं।
- सांख्यकारिका में **सत्तर कारिकायें** हैं जो **आर्या छन्द** में निबद्ध हैं।
- सांख्यकारिका का अपरनाम- सांख्यसप्तति, हिरण्यसप्तति अथवा सुवर्णसप्तति है।
- सांख्यकारिका की टीकाएँ - गौडपादभाष्य, माठरवृत्ति, जयमङ्गला, युक्तिदीपिका, सांख्यतत्त्वकौमुदी आदि हैं।
- सत्कार्यवाद सांख्यदर्शन का प्रमुख सिद्धान्त है जो छान्दोग्योपनिषद् में भी प्राप्त होता है।
- सांख्यदर्शन के दो प्रमुख सिद्धान्त हैं - सत्कार्यवाद एवं पुरुषबहुत्व।
- सांख्यशास्त्र के अनुसार त्रिविध दुःख हैं - आध्यात्मिक, आधिभौतिक,आधिदैविक

दुःखत्रय

- आध्यात्मिक दुःख- काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, भय, विषाद आदि से होने वाला दुःख।
- आधिभौतिक दुःख- मनुष्य, पशु, सर्प आदि से होने वाला दुःख।

- आधिदैविक दुःख- यक्ष, राक्षस , भूत, प्रेत आदि से होने वाला दुःख।
- शारीरिक- वात, पित्त, कफ आदि से उत्पन्न दुःख।
- मानसिक- काम, क्रोध आदि से उत्पन्न दुःख।
- 'ऐकान्तिक' शब्द का अर्थ है - दुःख का अनिवार्य रूप से नष्ट हो जाना।
- 'आत्यन्तिक' शब्द का अर्थ है - जो दुःख नष्ट हुआ है उसका फिर से उत्पन्न न होना।
- लौकिक उपायों से दुःखत्रय की सार्वकालिक निवृत्ति नहीं होती।
- वात, पित्त, कफ त्रिदोष की विषमता से शारीरिक दुःख उत्पन्न होता है।
- काम, क्रोध, लोभ, मोह, भय, ईर्ष्या, विषाद आदि द्वारा विषयों की अप्राप्ति से उत्पन्न दुःख मानसिक दुःख हैं।
- मनुष्य, पशु, मृग, पक्षी, सर्प आदि से उत्पन्न होने वाला दुःख आधिभौतिक दुःख है।
- यक्ष, राक्षस, विनायक, ग्रह इत्यादि के दुष्ट प्रभाव से होने वाला दुःख 'आधिदैविक दुःख' है।
- वैदिक उपाय भी लौकिक उपायों के समान दुःखत्रय की ऐकान्तिक एवं आत्यन्तिक निवृत्ति में असमर्थ हैं।
- व्यक्त, अव्यक्त और पुरुष के ज्ञान से दुःख की निवृत्ति अधिक उत्तम होती है।
- सांख्यशास्त्र चार प्रकार से तत्त्वों का विभाजन करता है-
  (i) प्रकृति (ii) प्रकृति-विकृति (iii) केवल विकृति (iv) न प्रकृति न विकृति।
- **प्रकृति** की संख्या है- एक (मूलप्रकृति)। इसे प्रधान या अव्यक्त भी कहा जाता है।
- **प्रकृति एवं विकृति** की संख्या सात है- 'प्रकृतिविकृतयः सप्त' (का0-3) जो महत् , अहङ्कार तथा पञ्चतन्मात्राएँ हैं। इन्हें **कारण एवं कार्य** नाम से भी जाना जाता है।
- केवल **विकृति** अर्थात् कार्य की संख्या सोलह है। 'षोडशकस्तु विकारः' (का0-3) पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ,पञ्चकर्मेन्द्रियाँ, मन,पञ्चमहाभूत। इन्हें **कार्य** नाम से भी जाना जाता है।
  * पाँचज्ञानेन्द्रियाँ - श्रोत्र , नेत्र, घ्राण, त्वक्, रसना
  * पाँचकर्मेन्द्रियाँ - वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ।
  * पाँचतन्मात्रा - शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध
  * पाँचमहाभूत - आकाश, वायु, तेज , जल, पृथिवी
- सांख्य में पुरुष को न प्रकृति (कारण) तथा न विकृति (कार्य) कहा गया है- **न प्रकृतिः न विकृतिः पुरुषः** (का0-3)
- सत्त्व,रजस्,तमस् की साम्यावस्था का नाम प्रकृति है 'सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः'

पुरुष

मूलप्रकृति
|
महत् (बुद्धि)
|
अहङ्कार
|
पञ्चतन्मात्रा +एकादश इन्द्रिय
|
पञ्चमहाभूत

सांख्य के अनुसार प्रमाण

- 'दृष्टमनुमानमाप्तवचनं' (का0-4) इस कथन से सांख्य तीन प्रमाण मानता है -
  (i) दृष्ट (प्रत्यक्ष), (ii) अनुमान तथा (iii) आप्तवचन।
- सांख्य को तीन ही प्रमाण अभीष्ट हैं (का0-4) 'त्रिविधं प्रमाणमिष्टम्'। इन्हीं तीन प्रमाणों के ज्ञान से ही प्रमेयों का ज्ञान होता है- **'प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि'**

अन्य आचार्यों द्वारा स्वीकृत प्रमाण

- चार्वाक केवल प्रत्यक्ष को प्रमाण के रूप में मानता है।
- बौद्ध-दर्शन - दो प्रमाण मानता है- (प्रत्यक्ष, अनुमान)
- सांख्य-योग - तीन प्रमाण मानता है- (प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द)
- न्याय- वैशेषिक - चार प्रमाण मानता है- (प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द)
- प्रभाकर मीमांसक - पाँच प्रमाण मानते हैं- (प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द ,अर्थापत्ति)
- भाट्ट मीमांसक- छः प्रमाण मानते है- (प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द,अर्थापत्ति, अभाव)
- पौराणिक- आठ प्रमाण (प्रत्यक्ष, अनुमान,उपमान, शब्द,अर्थापत्ति,अभाव, सम्भव,ऐतिह्य)
- **'प्रतिविषयाध्यवसायो दृष्टम्'** (का0-5) प्रत्यक्ष प्रमाण का लक्षण है। विषय से सम्बद्ध इन्द्रिय पर आश्रित बुद्धि-व्यापार या ज्ञान को प्रत्यक्ष प्रमाण कहते हैं।
- **'तल्लिङ्गलिङ्गिपूर्वकम् अनुमानम्'** (का0-05) यह अनुमान प्रमाण का लक्षण है। लिङ्ग और लिङ्गी के ज्ञान से जो उत्पन्न होता है उसे अनुमान प्रमाण कहते हैं।
- सर्वप्रथम अनुमान के दो भेद होते हैं - वीतानुमान, अवीतानुमान
- वीतानुमान के दो भेद- पूर्ववत्, सामान्यतोदृष्ट।
- अवीतानुमान का एक भेद - शेषवत्।
- इस प्रकार पूर्ववत्, शेषवत् ,सामान्यतोदृष्ट के भेद से अनुमान प्रमाण के तीन भेद हैं।
- 'आप्तश्रुतिराप्तवचनम्' (का0-05) अर्थात् आप्त पुरुष की उक्ति ही शब्द प्रमाण है।
- शब्दप्रमाण को **आगमप्रमाण** या **आप्तप्रमाण** भी कहा जाता है।
- जो जिस रूप में है उसको उसी रूप में कहना आप्तवचन तथा उपदेश करने वाले को आप्तपुरुष कहते हैं।
- सामान्यविषयों का ज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण से होता है।
- इन्द्रियों से दिखाई न देने वाले अर्थात् परोक्ष पदार्थों का ज्ञान अनुमान प्रमाण से होता है।
- मूलप्रकृति आदि का ज्ञान सामान्यतोदृष्ट नामक अनुमान प्रमाण से होता है।
- सांख्य के अनुसार वस्तुओं का प्रत्यक्ष आठ रूपों से नहीं होता है -
  (i) अत्यधिक दूर होने से (ii) अत्यधिक समीप होने से,
  (iii) इन्द्रियों के नाश (iv) मन की अस्थिरता से,
  (v) सूक्ष्म होने से (vi) बीच में किसी रुकावट के आ जाने से,
  (vii) समान वस्तु में मिल जाने से (viii) अपने कारण से उत्पन्न होने से।

  अतिदूरात् सामीप्यादिन्द्रियघातान्मनोऽनवस्थानात्।
  सौक्ष्म्याद् व्यवधानादभिभवात् समानाभिहाराच्च॥ (का0-07)
- प्रकृति की उपलब्धि नहीं होती है - सूक्ष्म होने के कारण।
- अभाव के कारण नहीं अपितु सूक्ष्मता के कारण प्रकृति की उपलब्धि नहीं होती है 'सौक्ष्म्यात्तदनुपलब्धिर्नाभावात्' (का0-08)

- ➢ प्रकृति की उपलब्धि उसके कार्य से होती है, महत् आदि कार्य प्रकृति के समान एवं असमान दोनों होते हैं **'महदादि तच्च कार्यं प्रकृतिसरूपं विरूपं च'** (का0-8)
- ➢ सत्कार्यवाद सांख्यदर्शन का प्रमुख सिद्धान्त है 'सतः सत् जायते'
- ➢ सांख्य की दृष्टि में सत्कार्यवाद है- असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्। शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम्।। (का-09)
- ➢ सत्कार्यवाद सिद्धान्त में पाँच हेतु हैं-
  (i) असदकरणाद् (ii) उपादानग्रहणात् (iii) सर्वसम्भवाभावात्
  (iv) शक्तस्य शक्यकरणात् (v) कारणभावात्
- ➢ सत्कार्यवाद सिद्धान्त के अनुसार - कार्य हमेशा अपने कारण रूप में विद्यमान रहता है।
- ➢ सांख्यशास्त्र के अनुसार न तो किसी वस्तु की उत्पत्ति होती है और न ही विनाश होता है।
- ➢ कार्य की उत्पत्ति का अर्थ है अव्यक्त से व्यक्त होना तथा विनाश का अर्थ है व्यक्त से अव्यक्त होना।
- ➢ मूलप्रकृति से उत्पन्न होते हैं- महद् आदि कार्य, महद् आदि कार्यों को 'व्यक्त' कहते हैं।
- ➢ प्रकृति है- त्रिगुणात्मिका, प्रधान, प्रसवधर्मिणी, अव्यक्त, जड तथा अचेतन।

अव्यक्त तथा व्यक्त पदार्थों का सादृश्य एवं वैषम्य का निरूपण

व्यक्त	अव्यक्त (प्रकृति)
हेतुमान्	अहेतुमान्
अनित्य	नित्य
अव्यापी	व्यापी
सक्रिय	निष्क्रिय
अनेक	एक
मूलकारण पर आश्रित	अनाश्रित
लिङ्गसहित	लिङ्गरहित
अवयवयुक्त	निरवयव
परतन्त्र	स्वतन्त्र

हेतुमदनित्यमव्यापि सक्रियमनेकमाश्रितं लिङ्गम्।
सावयवं परतन्त्रं व्यक्तं विपरीतमव्यक्तम्। (का0-10)

- ➢ महत् तत्त्व से लेकर आकाश आदि स्थूलपर्यन्त सभी पदार्थों को व्यक्त कहा जाता है।
- ➢ प्रत्यक्ष प्रमाण के विषय होते हैं- व्यक्त
- ➢ हेतुमत्- हेतु अर्थात् कारण जिसका होता है उसे हेतुमत् कहते हैं।
- ➢ अव्यक्त अर्थात् प्रकृति नित्य है क्योंकि वह किसी का कार्य नहीं होती है।
- ➢ सांख्यमत में अनित्य का अर्थ है- सूक्ष्म रूप से अपने कारण में रहने वाला।
- ➢ सांख्य में पुरुषबहुत्व के सिद्धान्त को मान्यता प्रदान की गई है।
- ➢ सारे व्यक्त पदार्थ अपने-अपने कारण पर आश्रित होते हैं।
- ➢ व्यक्त तथा अव्यक्त का साम्य एवं पुरुष से उसके वैषम्य का निरूपण-

त्रिगुणमविवेकि विषयः सामान्यमचेतनं प्रसवधर्मि।
व्यक्तं तथा प्रधानं, तद्विपरीतस्तथा च पुमान्।। (का.-11)

व्यक्त तथा अव्यक्त	पुरुष
त्रिगुणात्मक	गुण से रहित (त्रिगुणातीत)
अविवेकी	विवेकी
विषयी	अविषयी
सामान्य	असामान्य
अचेतन	चेतन
प्रसवधर्मी	अप्रसवधर्मी

- 'व्यक्तं तथा प्रधानं, तद्विपरीतस्तथा च पुमान्' (का0-11) इस कारिका में व्यक्त तथा अव्यक्त के साधर्म्य एवं पुरुष का उससे वैधर्म्य का निरूपण किया गया है।

सांख्य के त्रिविध गुण

- सांख्यानुसार तीन गुण हैं- सत्त्व, रजस् तथा तमस्। (का0-13)
- सत्त्व, रजस्, तमस् का स्वरूप है- सुख, दुःख, मोह। **प्रीत्यप्रीति-विषादात्मकाः।** (का0-12) प्रीति का अर्थ - सुख, अप्रीति का अर्थ है- दुःख तथा विषाद का अर्थ है- मोह।
- तीनों गुणों के क्रमशः कार्य हैं- प्रकाश, प्रवर्तन, नियमन। **प्रकाश- प्रवृत्तिनियमार्थाः।** (का0-12) जिसका अर्थ है- प्रकाश करना, प्रवृत्त करना, नियमन करना।
- तीनों गुणों के स्वभाव हैं- एक दूसरे को दबाना, आश्रय बनना, उद्भव या आविर्भाव **''अन्योन्याभिभवाश्रयजननमिथुनवृत्तयश्च''** (का0-12)
- सत्त्व, रजस् तथा तमस् क्रमशः शान्त, घोर और मोह वृत्ति वाले हैं।

गुण	स्वरूप	कार्य/प्रयोजन	स्वभाव
सत्त्वगुण	प्रीति (सुखात्मक)	प्रकाश करना	एक दूसरे को दबाना
रजोगुण	अप्रीति (दुःखात्मक)	प्रवर्तन करना	आश्रय बनना
तमोगुण	विषाद (मोहात्मक)	नियमन करना	उद्भव या आविर्भाव करना

तीनों गुणों की विशेषताएँ-

- **'सत्त्वं लघु प्रकाशकम्'** (का0-13) सत्त्व गुण हल्का होता है अतः प्रकाशक होता है।
- **'उपष्टम्भकं चलं च रजः'** (का0-13) रजोगुण चञ्चल होता है अतः उत्तेजक होता है।
- **'गुरु वरणकमेव तमः'** तमो गुण भारी होता है अतएव अवरोधक होता है।

सत्त्व गुण	हल्का	प्रकाशक
रजो गुण	चञ्चल (प्रवृत्तिशील)	उत्तेजक
तमो गुण	भारी	अवरोधक

- तीनों गुण अर्थात् सत्त्व, रजस् तथा तमस् विरोधी स्वभाव वाले होते हुए भी **'प्रदीपवच्चार्थतो वृतिः'** (का0-13) अर्थात् दीपक के समान व्यवहार करने वाले हैं।
- सत्त्वगुण के प्रभावी होने पर व्यक्ति स्वयं को हल्का, सुखी एवं आनन्दित अनुभव करता है।
- रजोगुण के प्रभावी होने पर व्यक्ति में चंचलता एवं गतिशीलता की अनुभूति होती है।
- तमोगुण के प्रभावी होने पर किसी भी काम को करने की इच्छा न होना, शरीर में आलस्य होना, सोने आदि में प्रवृत्त होना, होता है।
- सत्त्वगुण एवं तमोगुण दोनों गुण निष्क्रिय होते हैं रजोगुण ही उन्हें क्रियाशील बनाता है।
- सत्त्व आदि तीनों गुणों के कारण अविवेकित्व इत्यादि धर्मों की सत्ता सिद्ध होती है।
- कार्य का कारण गुणों के स्वभाव से युक्त होने से मूलप्रकृति (अव्यक्त) की सत्ता सिद्ध होती है।
- अव्यक्त अर्थात् मूलप्रकृति की सत्ता सिद्ध करने वाले पाँच हेतु-

  (i) भेदानां परिमाणात् (ii) समन्वयात् (iii) शक्तितः प्रवृत्तेः

  (iv) कारणकार्यविभागात्, (v) वैश्वरूपस्य अविभागात्। (का0-15)

  अव्यक्त (प्रकृति) की सत्ता की सिद्धि

  1. भेदानां परिमाणात् (कार्यों के सीमित परिमाण से)
  2. समन्वयात् (भिन्नपदार्थों में स्थित अनुरूपता)
  3. शक्तितः प्रवृत्तेः (शक्ति के अनुसार प्रवृत्ति)
  4. कारणकार्यविभागात् (कारण और कार्य का विभाग प्राप्त होने से)
  5. वैश्वरूपस्य (सभी रूपों के एक रूप हो जाने से)
- 'भेदानां' से तात्पर्य महत् से लेकर भूमि पर्यन्त सभी कार्यों से है।
- अव्यक्त अपने तीनों गुणों के स्वरूप तीनों के स्वरूप से तीनों के मिश्रित रूप से, एक-एक गुण के आश्रय से उत्पन्न भेद या वैशिष्ट्य के कारण, परिणाम से जल के समान प्रवृत्त होता रहता है-

  'परिणामतः सलिलवत् प्रतिगुणाश्रयविशेषात्।' (का0-16)
- सृष्टि का मूल कारण अव्यक्त है जिसमें सत्त्व, रजस् तथा तमस् विद्यमान रहते हैं इन्हीं गुणों के सहयोग से मूलप्रकृति निरन्तर क्रियाशील रहती है।
- ज्ञ अर्थात् पुरुष की सत्ता सिद्ध करने वाले पाँच हेतु- संघातपरार्थत्वात्, त्रिगुणादिविपर्ययात्, अधिष्ठानात्, भोक्तृभावात्, कैवल्यार्थं प्रवृत्तेः। (का.-17)

  पुरुष की सत्ता सिद्धि

  संघातपरार्थत्वात् त्रिगुणादिविपर्ययादधिष्ठानात्
पुरुषोऽस्ति भोक्तृभावात् कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च॥ का. 17॥

1. संघातपरार्थत्वात् (संघातों का दूसरों के लिए होना)
2. त्रिगुणादिविपर्ययात् (त्रिगुणादि से विपरीत स्वभाव वाला होने से)
3. अधिष्ठानात् (त्रिगुण समूह का अधिष्ठाता होने से)
4. भोक्तृभावात् (भोग्य एवं भोक्ताभाव से)
5. कैवल्यार्थं प्रवृत्तेः (मोक्ष के लिए प्रवृत्ति देखे जाने से)

- सांख्य का पुरुष सभी शरीरों का अधिष्ठाता है।
- सांख्य का पुरुष त्रिगुणरहित होने से सबसे भिन्न है।
- पुरुषबहुत्व का सिद्धान्त सांख्य का सिद्धान्त है।
- पुरुषबहुत्व की सत्ता सिद्ध करने वाले तीन हेतु हैं-
  (i) जननमरणकरणानां (ii) अयुगपत्प्रवृत्तेः (iii) त्रैगुण्यविपर्ययात्
- जन्म, मरण तथा इन्द्रियों की व्यवस्था होने से और एक साथ प्रवृत्ति का अभाव होने से तथा तीन गुणों के भेद के कारण पुरुष बहुत्व की सत्ता सिद्ध होती है।
- जननमरणकरणानाम् में करण से अभिप्राय तीन अन्तःकरण (मन, बुद्धि, अहंकार) तथा पाँचज्ञानेन्द्रियों एवं पाँच कर्मेन्द्रियों से है।
- पुरुष के चेतन, निर्गुण, विशेष, अविषय, विवेकी एवं अप्रसवधर्मी होने के कारण साक्षित्व, कैवल्य, माध्यस्थ्य, द्रष्टृत्व एवं अकर्तृत्व (का0-19) आदि धर्मों की सिद्धि भी होती हैं।

पुरुष के धर्म

साक्षित्व | कैवल्य | माध्यस्थ्य | द्रष्टृत्व | अकर्तृत्व

- पुरुष के संयोग से जड़ प्रकृति चेतन के समान प्रतीत होती है।
- पुरुष गुणरहित एवं अपरिणामी होने के कारण वस्तुतः कर्ता नहीं होता बल्कि उसमें कर्तापन की प्रतीति भ्रान्तिमात्र है।
- सांख्य की सृष्टि 'पङ्ग्वन्धवत्' अर्थात् लगड़ा और अन्धा के समान है। (का0-21)
- पुरुष के द्वारा प्रधान (प्रकृति) का दर्शन तथा प्रकृति (प्रधान) के द्वारा कैवल्य की प्राप्ति के लिए पुरुष और प्रकृति का संयोग अन्धे और लगड़े के समान होता है जिससे सृष्टिप्रक्रिया सम्पन्न होती है।
- पुरुष और प्रकृति के संयोग का प्रमुख रूप से दो प्रयोजन है-
  1. प्रकृति का दर्शन 2. पुरुष को कैवल्य की प्राप्ति।

प्रकृति एवं पुरुष के संयोग का प्रयोजन

प्रदर्शन (प्रकृति लिए) | कैवल्यार्थ (पुरुष के लिए)

- महत् की उत्पत्ति मूलप्रकृति से होती है।
- अहंकार की उत्पत्ति महत् से होती है।
- सोलह पदार्थों का समूह अर्थात् पञ्च ज्ञानेन्द्रियाँ, पञ्च कर्मेन्द्रियाँ, पञ्च तन्मात्रा तथा मन की उत्पत्ति अहंकार से होती है।
- पञ्चमहाभूतों की उत्पत्ति पाँच तन्मात्राओं से होती है।
- महत् को बुद्धि, प्रत्यय, महान् एवं उपलब्धि आदि नामों से भी जाना जाता है।
- सत्त्वगुण प्रधान अहंकार से पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ, पञ्चकर्मेन्द्रियाँ, तथा मन की उत्पत्ति होती है।
- तमोगुण प्रधान अहंकार से पञ्च तन्मात्राओं की उत्पत्ति होती है।

सांख्य की सृष्टि प्रक्रिया (का0-22)

मूल प्रकृति
|
महत् या बुद्धि
|
अहङ्कार

सात्विक अहंकार से → पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ+पाँच कर्मेन्द्रियाँ+मन

तामसिक अहंकार से → पाँच तन्मात्रा → पाँच महाभूत

- पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं- श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, रसना, घ्राण।
- पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं- वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ।
- पाँच तन्मात्रा हैं- शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध।
- पाँच महाभूत हैं- आकाश, वायु,तेज, जल, पृथिवी।

पाँच महाभूतों की उत्पत्ति क्रम

1. पाँच तन्मात्रा	**2. महाभूत**
शब्द	आकाश
शब्द+स्पर्श	वायु
शब्द+स्पर्श+रूप	अग्नि
शब्द +स्पर्श+रूप+रस	जल
शब्द+स्पर्श+रूप+रस+गन्ध	पृथिवी

- बुद्धि का लक्षण है- 'अध्यवसायो बुद्धिः धर्मः' अर्थात् निश्चयात्मक अथवा निश्चय करने वाला तत्त्व बुद्धि है। (का0-23)
- बुद्धि के आठ गुण- धर्म,अधर्म,ज्ञान,अज्ञान,वैराग्य,राग,ऐश्वर्य,अनैश्वर्य।
- बुद्धि के चार सात्त्विक गुण- धर्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य।
- बुद्धि के चार तामसिक गुण- अधर्म,अज्ञान, राग, अनैश्वर्य।
- व्यक्ति को 'अभ्युदय' एवं निःश्रेयस् की प्राप्ति कराने वाला कारण धर्म है।
- त्रिगुणात्मिका 'प्रकृति' एवं निर्गुण, तेजोरूप 'पुरुष' का विवेक भेदपूर्वक साक्षात्कार ही सांख्यदर्शन की भाषा में ज्ञान कहलाता है।
- आसक्ति का अभाव वैराग्य है।
- अणिमा, लघिमा, गरिमा, महिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, वशित्व एवं ईशित्व इन आठ सिद्धियों की प्राप्ति ही ऐश्वर्य है।

बुद्धि के धर्म (गुण)

सत्त्व अंश	तामसिक अंश
(धर्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य)	(अधर्म, अज्ञान, राग, अनैश्वर्य)

- अहङ्कार- ''अभिमानोऽहंकारः''अर्थात् 'मैं' इस प्रकार के अभिमान को अहंकार कहते हैं।
- अहंकार से दो प्रकार के कार्य होते हैं-
  1. ग्यारह इन्द्रियों का समूह
  2. पञ्चतन्मात्राओं का समूह।
- ग्यारह इन्द्रियों का समूह वैकृत नामक सात्त्विक अहंकार से तथा पञ्चतन्मात्राओं का समूह भूतादि नामक तामस अहङ्कार से उत्पन्न होते हैं। (का0-24)

अहंकार

सात्विक अहंकार — पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ+पञ्चकर्मेन्द्रियाँ+ मन

तामसिक अहंकार — पञ्चतन्मात्रा

- इन्द्रियाँ दो प्रकार की होती हैं- अन्तः इन्द्रिय, बाह्य इन्द्रिय
- ज्ञान कराने वाली इन्द्रिय को ज्ञानेन्द्रिय कहा जाता है इसे 'बुद्धीन्द्रिय'भी कहते हैं।
- रूप, रस और गन्धादि विषयों को बुद्धिपूर्वक आलोचन, पर्यालोचन आदि करके जो ज्ञान में साधक अथवा करण होती हैं वे बुद्धीन्द्रिय अथवा ज्ञानेन्द्रिय कहलाती हैं।
- ज्ञान के साधक इन्द्रिय को ज्ञानेन्द्रिय तथा कर्म के साधक इन्द्रिय को कर्मेन्द्रिय कहा जाता है।
- मन को उभयेन्द्रिय कहा गया है क्योंकि यह ज्ञानेन्द्रिय तथा कर्मेन्द्रिय दोनों के साथ समान रूप से कार्य करता है।
- एकादश इन्द्रियों के बीज मन, संकल्प करने वाला तथा समान धर्मभाव के कारण दोनों प्रकार का होता है। **'उभयात्मकमत्र मनः संकल्पकमिन्द्रियं च'** (का0-27)
- पाँच ज्ञानेन्द्रियों का व्यापार शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध आदि विषयों का प्रकाशन मात्र माना जाता है **'रूपादिषु पञ्चानामालोचनमात्रमिष्यते वृत्तिः'** (का0-28)
- पाँच कर्मेन्द्रियों का व्यापार बोलना, ग्रहण करना, चलना, त्यागकरना, और आनन्द का अनुभव कराना माना जाता है **'वचनादानविहरणोत्सर्गानन्दाश्च'** (का0-28)
- नाम, जाति, गुण, क्रिया आदि विशेषताओं का संकल्प-विकल्प करना मन का कार्य है।
- यह वस्तु त्यागने योग्य है अथवा ग्रहण करने योग्य इसका निश्चय बुद्धि करती है।

पाँच ज्ञानेन्द्रियों के कार्य	
ज्ञानेन्द्रिय	**कार्य**
श्रोत्र (कान)	शब्द
त्वक् (त्वचा)	स्पर्श
चक्षु (आँख)	रूप
रसना (जीभ)	रस
घ्राण (नाक)	गन्ध

पाँच कर्मेन्द्रियों के कार्य

कर्मेन्द्रिय	**कार्य**
वाक् (वाणी)	बोलना (भाषण)
पाणि (हाथ)	लेना (ग्रहण)
पाद (पैर)	चलना (गमनागमन)
पायु (गुदा)	त्याग करना (मलत्याग)
उपस्थ (जननेन्द्रिय)	आनन्द प्रदान करना

पाँच वायु की स्थिति

वायु	**स्थिति** (का0-29)
प्राण	नासिका, हृदय, नाभि, पैर का अँगूठा
अपान	गले की घुंडी, पीठ, पैर, गुदा, जननेन्द्रिय
समान	हृदय, नाभि, शरीर के जोड़
उदान	हृदय, कण्ठ, तालु, सिर- भौहों के बीच
व्यान	सम्पूर्ण शरीर में त्वचा

- करण तेरह प्रकार के हैं 'करणं त्रयोदशविधम्'।
- तेरह प्रकार के करण हैं- एकादश इन्द्रिय, बुद्धि, अहंकार (का0-32)
- करण के कार्य हैं- आहरण, धारण तथा प्रकाश
- वाक् इत्यादि कर्मेन्द्रियाँ अपने-अपने विषय का आहरण या ग्रहण करती हैं।
- बुद्धि, अहंकार और मन अपने प्राण इत्यादि व्यापार के द्वारा देह को धारण करती है।
- ज्ञानेन्द्रियाँ शब्द, स्पर्श इत्यादि को प्रकाशित करती हैं।

तेरह करण

पञ्चकर्मेन्द्रियाँ (वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ)

तीन अन्तःकरण (मन, बुद्धि, अहंकार)

पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ- (श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, रसना, घ्राण)

- त्रयोदशकरण को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है-

  1. आभ्यन्तरकरण- बुद्धि, अहंकार,मन
  2. बाह्यकरण- पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ।

करण के दो भेद

आभ्यन्तरकरण	बाह्यकरण
मन, बुद्धि, अहंकार,	पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ पाँच कर्मेन्द्रियाँ

- अन्तःकरण तीन प्रकार के है- **'अन्तःकरणं त्रिविधम्'** (का0-33) बुद्धि, अहंकार, मन।
- अन्तःकरण को प्रस्तुत करने वाले बाह्यकरण दस हैं। पञ्चज्ञानेन्द्रिय+पञ्चकर्मेन्द्रियाँ
- वर्तमान विषयक होते हैं- बाह्य करण
- अन्तःकरण को **आभ्यन्तर करण** भी कहते हैं।
- ज्ञानेन्द्रियाँ बाहर स्थित अपने-अपने विषयों के सम्पर्क में आकर उन्हें प्रकाशित करके उनकी सूचना अन्तः करण को प्रदान करती हैं।
- बाह्यकरण केवल वर्तमानकाल के विषयों में प्रभावी होते हैं इसलिए इसे 'साम्प्रत्कालम्' कहा गया है।
- आभ्यन्तर अर्थात् अन्तःकरण भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों कालों में प्रभावी होते हैं।
- 'स्वालक्षण्यं वृत्तिस्त्रयस्य' में त्रयस्य पद से अभिप्राय मन बुद्धि अहंकार से है।
- अन्तः करण में दो प्रकार की शक्तियों को माना जाता है- ज्ञानशक्ति तथा क्रियाशक्ति।
- बुद्धि, मन, अहंकार ज्ञानशक्ति का तथा प्राणादि क्रियाशक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- तीन प्रकार के अन्तः करण तथा एक प्रकार का बाह्य करण होने से करण के चार भेद भी माने गये हैं।
- प्रत्यक्ष दिखाई देने वाले पदार्थ के सम्बन्ध में चार प्रकार के करणों की प्रवृत्ति कभी एक साथ और कभी क्रमशः कही गयी हैं।
- परोक्ष पदार्थों के ज्ञान के सम्बन्ध में केवल मन, बुद्धि, अहंकार ये तीन अन्तः करण का व्यापार प्रत्यक्षपूर्वक एक साथ और क्रमपूर्वक होता है।

तीन अन्तः करण के कार्य

अन्तः करण	कार्य
बुद्धि	निश्चय
अहंकार	अभिमान
मन	संकल्प

- दस बाह्यकरणों में पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ स्थूल और सूक्ष्म दो विषयों में प्रवृत्त होती हैं।
- कर्मेन्द्रियों में वाक् इन्द्रिय शब्द के विषय में प्रवृत्त होती हैं शेष चारों ही शब्द स्पर्श इत्यादि पाँचों विषयों में प्रवृत्त होती हैं।

- तीनों अन्तः करण प्रधान हैं क्योंकि मन एवं अहंकार के साथ बुद्धि सभी विषयों में व्याप्त होती है।
- बाह्य इन्द्रियाँ द्वार या साधनमात्र हैं, मन तथा अहंकार से युक्त बुद्धि साधनवती या प्रधान है।
- करण पुरुष के सम्पूर्ण प्रयोजन को प्रकाशित करके बुद्धि को समर्पित कर देते हैं।
- सभी ज्ञानेन्द्रियों, मन और अहंकार का लक्ष्य बुद्धि होता है।
- समस्त विषयों के सम्बन्ध में होने वाले पुरुष के भोग को बुद्धि ही सम्पादित करती है।
- प्रकृति एवं पुरुष के सूक्ष्म भेद को प्रकट करती है- बुद्धि। **'प्रधानपुरुषान्तरं सूक्ष्मम्'- बुद्धिः।** (का0-37)
- सांख्य के अनुसार दुःख की हमेशा के लिए निवृत्ति ही मोक्ष अथवा कैवल्य है।
- पञ्चतन्मात्रा अर्थात् शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध ये सूक्ष्म विषय हैं।
- पञ्चतन्मात्राओं से पञ्चमहाभूत की उत्पत्ति होती है।
- आकाश आदि पञ्चमहाभूत विशेष अर्थात् स्थूल कहे जाते हैं, ये सुखात्मक, दुःखात्मक और मोहात्मक होते हैं।
- शान्त घोर और मूढ होते हैं-पञ्चमहाभूत
- सूक्ष्म अर्थात् इन्द्रियों द्वारा जिनका प्रत्यक्ष नहीं किया जाता वे अविशेष हैं।
- सूक्ष्मशरीर, माता-पिता से उत्पन्न स्थूलशरीर, पञ्चमहाभूत ये तीन स्थूल विषय होते हैं।
- नित्य होता है- सूक्ष्मशरीर।
- अनित्य होता है- माता-पिता से उत्पन्न स्थूलशरीर।
- सूक्ष्मशरीर की गति सर्वत्र होती है।
- प्रलयकाल में सूक्ष्मशरीर भी अपने कारण में समाहित हो जाता है।
- सूक्ष्मशरीर को लिङ्गशरीर भी कहते हैं।
- सांख्य का **सूक्ष्मशरीर 18 तत्त्वों** से निर्मित होता है। (का0-40) पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच तन्मात्राएँ, महत्, अहंकार, मन ये सूक्ष्मशरीर के 18 अवयव हैं।
- सूक्ष्मशरीर होता है- सृष्टि के आरम्भ में उत्पन्न, सभी जगह गति करने में सक्षम, प्रलयकाल तक स्थायीरूप से रहने वाला, भोगरहित, भावों से युक्त, महत् से लेकर सूक्ष्मतन्मात्रापर्यन्त, 18 तत्त्वों से निर्मित।
- सूक्ष्मशरीर ही संसरण या गमनागमन करता है।
- सूक्ष्मशरीर का आधार **छः कोषों** से निर्मित स्थूलशरीर होता है।
- 18 तत्त्वों से निर्मित सूक्ष्मशरीर केवल तन्मात्रारूप में स्थित रहता है।
- सूक्ष्मशरीर निरूपभोग अर्थात् भोगरहित होता है।
- सूक्ष्मशरीर को लिङ्गशरीर भी कहते हैं- पुरुष की सत्ता का द्योतक होने के कारण।
- लिङ्ग का लक्षण है- 'लिंग्यते अनेन इति लिङ्गम्' अथवा 'लीनं गमयति इति लिङ्गम्'

सूक्ष्मशरीर के 18 अवयव

- महत् (बुद्धि) 1
- अहंकार 2
- मन 3
- पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ 3+5=8
- पञ्चकर्मेन्द्रियाँ 8+5=13
- पञ्चतन्मात्राएँ 13+5=18

- अविशेष अर्थात् पञ्चतन्मात्राओं के बिना लिङ्गशरीर निराश्रय नहीं रह सकता।
- सूक्ष्मशरीर के द्वारा स्थूलशरीर के माध्यम से जो भी कार्य सम्पन्न किए जाते हैं उन सबका मुख्य प्रयोजन पुरुष के भोग एवं अपवर्ग को सम्पादित करना है।
- प्रकृति अर्थात् स्वभाव से ही सिद्ध सांसिद्धिक तथा 'वैकृतिक' धर्म, अधर्म इत्यादि भाव 'करण' अर्थात् निमित्तरूप बुद्धि के आश्रित रहते हैं। (का0-43)
- कलल अर्थात् जरायु से परिवेष्टित रजोमिश्रितवीर्य इत्यादि भाव कार्य अर्थात् नैमित्तिक शरीर के आश्रित रहते हैं।
- रजस् और वीर्य के मिश्रण को '**कलल**' कहा जाता है।
- धर्म से ऊर्ध्व लोक में गति होती है '**धर्मेण गमनमूर्ध्वम्**' (का0-44)
- अधर्म से अधोलोक में गति होती हैं- '**गमनमधस्ताद् भवत्यधर्मेण**' (का0-44)
- सांख्य में ज्ञान से मोक्ष होता है '**ज्ञानेन चापवर्गः**' (का0-44)
- अज्ञान से बन्धन की प्राप्ति होती है '**विपर्ययादिष्यते बन्धः**' (का0-44)
- धर्म से अभिप्राय यम, नियम आदि अष्टाङ्गयोग, अभ्युदय एवं निःश्रेयस् के साधक यज्ञ, दान, आदि अनुष्ठान सभी श्रेष्ठकर्मों से है।
- लोक हैं- ऊर्ध्वलोक, अधोलोक
- ऊर्ध्वलोकों की संख्या सात है- भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यलोक
- अधोलोक की संख्या भी सात है- अतल, वितल, सुतल, रसातल, तलातल, महातल, पाताल।
- विवेकख्याति सम्भव है- सांख्यशास्त्र द्वारा।

भावों के फल

धर्म	अधर्म	ज्ञान	अज्ञान
ऊर्ध्वलोक की प्राप्ति	अधोलोक की प्राप्ति	मोक्ष की प्राप्ति	बन्धन की प्राप्ति

- वैराग्य से प्रकृतिलय होता है **'वैराग्यात् प्रकृतिलयः'** (का0-45)
- रजोमय राग से संसरण होता है **'संसारो भवति राजसाद्रागात्'** (का0-45)
- ऐश्वर्य से इच्छा की सफलता होती है **'ऐश्वर्यादविघातः'** (का0-45)
- ऐश्वर्य के अभाव से इच्छा की सफलता का हनन होता है **'विपर्ययात् तद्विपर्यासः'** (का0-45)

बुद्धि में स्थित भावों के कार्य

वैराग्य	राग	ऐश्वर्य	अनैश्वर्य
प्रकृतिलय में आवागमन	संसार का पूरा होना	इच्छाओं का होना	इच्छाओं का पूरा न होना

सृष्टि के भेद

- सांख्य के अनुसार सृष्टि दो प्रकार की होती है- भौतिक एवं बौद्धिक।
- बुद्धि के चार प्रमुख परिणाम हैं- विपर्यय, अशक्ति, तुष्टि, सिद्धि। इन्हें प्रत्ययसर्ग या **बुद्धिसर्ग** कहते हैं।
- प्रत्ययसर्ग के कुल **पचास भेद** हैं। (का0-46-47)
- विपर्यय के **पाँच भेद**- तम, मोह, महामोह, तामिस्र, अन्धतामिस्र।
- अशक्ति की संख्या **अट्ठाइस** है; जिसमें सत्रह प्रकार के बुद्धि के दोष तथा एकादश इन्द्रियों के वध। (का0-28)
- वाधिर्य, कुष्ठता, अन्धत्वी, जडता, अजिघ्रता,मूकता, कैवल्य, पंगुत्व, कौण्ड्य, उदावर्त, मन्दता, असुवर्णा, अनिला, मनोज्ञा, अदृष्टि, अपरा, सुपरा, असुनेत्रा, वसुनाडिका, अनुत्तमाम्भसिका, अप्रतार, असुतार, अतारतार, असदामुदित, अरम्यक्, अप्रमोद, अमुदित, आमोदमान- ये 28 अशक्तियाँ हैं।
- तुष्टि के नौ भेद- 1. प्रकृति, 2. उपादान, 3. काल, 4. भाग, 5. पार, 6. सुपार, 7. पारापार, 8. अनुत्तमाम्भस्, 9. उत्तमाम्भस्। (का0-47)

- आठ प्रकार की सिद्धियाँ-1-3त्रिदुःख विनाश, 4.अध्ययन,5.ऊह, 6.शब्द, 7.सुहृत्प्राप्ति, 8.दान।
- बुद्धि के उपघातों के साथ ग्यारह इन्द्रियों की विकलता अशक्ति कहलाती है।
- नौ तुष्टि और सिद्धियों के विपर्ययभाव से बुद्धि के सत्रह उपघात होते हैं।
- विपर्यय, अशक्ति, तुष्टि अंकुशरूप में सिद्धि की बाधक होती हैं।
- पुरुष का भोग-अपवर्ग रूप प्रयोजन ही पुरुषार्थ है।
- बौद्धिक परिणाम के बिना तन्मात्र परिणाम सम्भव नहीं है।
- तन्मात्रपरिणाम के बिना बौद्धिक परिणाम भी सम्भव नहीं है।
- देवसृष्टि के आठ प्रकार होते हैं - 1. ब्राह्म, 2. प्राजापत्य, 3. ऐन्द्र, 4. पैत्र, 5. गान्धर्व, 6. यक्ष, 7. राक्षस, 8. पैशाच
- तिर्यक् सृष्टि के पाँच भेद होते हैं-
  1. पशु, 2. पक्षी,3. मृग 4. सरीसृप, 5. स्थावर।
- मनुष्यसृष्टि एक प्रकार की होती है।

भौतिक सृष्टि

देवसृष्टि	तिर्यक् सृष्टि	मनुष्यसृष्टि
(8प्रकार)	(5 प्रकार)	(1 प्रकार)

इसप्रकार **भौतिक सृष्टि चौदह प्रकार** की होती है।

- ब्रह्म से लेकर तृणपर्यन्त भौतिक सृष्टि में ऊपर के लोक में सत्त्वगुण की प्रधानता, अधोलोक अर्थात् नीचे के लोक में तमोगुण की प्रधानता मध्यलोक में रजोगुण की प्रधानता है।

लोक	गुण	सृष्टि
ऊर्ध्व	सत्त्वगुण	देवसृष्टि
अधः	तमोगुण	तिर्यक् सृष्टि
मध्य	रजोगुण	मानुषी सृष्टि

- चेतन पुरुष शरीर के निवृत्त होने तक जरा मरण से उत्पन्न दुःख भोगता है।
  'जरामरणकृतं दुःखं प्राप्नोति चेतनः पुरुषः' (का0-55)
- प्रकृति द्वारा प्रत्येक पुरुष के मोक्ष के लिये किया गया कार्य, महत् आदि से लेकर आकाश आदि महाभूतों की यह सृष्टि अपने लिए की गई सी प्रतीत होते हुए भी पुरुष के लिए ही है।

  'प्रतिपुरुषविमोक्षार्थं स्वार्थ इव परार्थ आरम्भः' (का0-56)

- पुरुष के मोक्ष के लिए अचेतन प्रकृति स्वतः प्रवृत्त होती है इसके लिए सांख्य गाय एवं बछड़े का उदाहरण देता है।
- जैसे बछड़े के पोषण के लिए अचेतन दूध माता के स्तनों में प्रवृत होता है उसीप्रकार पुरुष को मोक्ष दिलाने के लिए अचेतन मूलप्रकृति की प्रवृत्ति होती है **'पुरुषविमोक्षनिमित्तं तथा प्रवृत्तिः प्रधानस्य'** (का0-57)
- जिसप्रकार संसार में स्वेच्छा की पूर्ति के लिए लोग कार्यों में प्रवृत्त होते हैं ठीक उसीप्रकार प्रकृति भी पुरुष के लिए प्रवृत्त होती है- **'पुरुषस्य विमोक्षार्थं प्रवर्तते तद्वदव्यक्तम्'** (का0-58)
- जैसे नृत्यांगना नाट्यशाला में स्थित दर्शकों को नृत्य दिखाकर नृत्य से निवृत्त हो जाती है- **रङ्गस्य दर्शयित्वा निवर्तते नर्तकी यथा पुरुषस्य नृत्यात् तथाऽऽत्मानं प्रकाश्य विनिवर्तते प्रकृतिः॥** (का0-59)
- गुणवती एवं उपकारिणी प्रकृति निर्गुण होते हुए पुरुष के भोग एवं अपवर्ग रूप प्रयोजन को अनेक प्रकार के उपायों द्वारा बिना किसी स्वार्थभाव से सम्पादित करती है।
- प्रकृति से अधिक लज्जालु और कोई नहीं है, 'जो पुरुष ने मुझे देख लिया', ऐसा ज्ञान हो जाने पर पुनः पुरुष की दृष्टि में नहीं आती-

  प्रकृतेः सुकुमारतरं न किञ्चिदस्तीति मे मतिर्भवति।
  या दृष्टाऽस्मीति पुनर्न दर्शनमुपैति पुरुषस्य॥ (का0-61)
- वस्तुतः न तो किसी पुरुष का बन्धन होता है और न ही मोक्ष और न संसरण 'तस्मान्न बध्यतेऽद्धा न मुच्यते नापि संसरति कश्चित्' (का0-62)
- अनेक आश्रयों वाली प्रकृति ही संसरण करती है उसी का बन्धन एवं मोक्ष होता है- 'संसरति बध्यते मुच्यते च नानाश्रया प्रकृतिः' (का0-62)
- प्रकृति स्वयं को अपने सात रूपों धर्म, अधर्म, अज्ञान, वैराग्य, राग, ऐश्वर्य, अनैश्वर्य के द्वारा अपने को बाँधती है- **'रूपैः सप्तभिरेव तु बध्नात्यात्मानमात्मना प्रकृतिः'**(का0-63)
- पुरुषार्थ की सिद्धि के लिए प्रकृति एक रूप ज्ञान द्वारा स्वयं को मुक्त करती है- **'पुरुषार्थं प्रति विमोचयत्येकरूपेण'** (का0-63)
- बन्धन एवं मोक्ष पुरुष का नहीं अपितु सूक्ष्मशरीर के रूप में प्रकृति का होता है।
- प्रकृति अपने ज्ञान नामक भाव से पुरुष के लिए स्वयं को निवृत्त करती है।

  प्रकृति
  - **बन्धन** (सात रूपों द्वारा यथा- धर्म,अधर्म,अज्ञान, वैराग्य, राग, ऐश्वर्य, अनैश्वर्य)
  - **मोक्ष** (एक रूप द्वारा यथा ज्ञान)
- पच्चीस तत्त्वों के लगातार चिन्तनपूर्वक अभ्यास से तीन प्रकार की अनुभूति होती है न अस्मि, न मे, न अहम् 'तत्त्वाभ्यासान्नास्मि न मे नाहमित्यपरिशेषम्' (का0-64) अर्थात् न मैं क्रियावान् हूँ, न भोक्तृत्व हूँ, न कर्त्ता हूँ।

- निष्क्रिय पुरुष विवेकज्ञान रूप सामर्थ्य से धर्म अधर्म आदि सात रूपों से रहित, तथा अपने सम्बन्ध से भोग और विवेकज्ञान इत्यादि परिणाम न उत्पन्न करने वाली प्रकृति को द्रष्टा के समान देखता है।
- भोग एवं विवेक ज्ञान सम्पन्न होते हैं- प्रकृति के द्वारा।
- तत्त्वों के निरन्तर अभ्यास से उत्पन्न विवेकज्ञान होने पर प्रकृति उस ज्ञान के प्रति अपने भोग एवं अपवर्ग दोनों प्रकार के प्रसव बन्द कर देती है।
- चेतन पुरुष के द्वारा प्रकृति को मैने देख लिया ऐसा विचार कर उदासीन हो जाता है।
- प्रकृति के द्वारा उसने (पुरुष) मुझे देख लिया यह सोचकर व्यापार शून्य हो जाता है।
- इसप्रकार का संयोग होने पर भी सृष्टि प्रकृति व्यापार का कोई प्रयोजन नहीं रह जाता।
- सृष्टि का प्रयोजन है पुरुष के भोगापवर्ग की सिद्धि जो प्रकृति द्वारा सम्पन्न की जाती है।
- मुख्य प्रयोजन अपवर्ग तथा गौण प्रयोजन भोग है।
- पुरुष को विवेकज्ञान होना ही अपवर्ग है।
- आत्मज्ञान की प्राप्ति से, धर्म अधर्म आदि सृष्टि के कारण में न रहने पर पूर्वजन्म के संस्कारों के कारण कुम्हार के चाक के घूमने के समान शरीर धारण किये रहता है- **'तिष्ठति संस्कारवशाच्चक्रभ्रमिवद् धृतशरीरः'** (का0-67)
- शरीर पात होने पर, भोग एवं अपवर्ग दोनों पुरुषार्थों के पूर्व से सिद्ध रहने के कारण प्रकृति के निवृत्त हो जाने पर पुरुष ऐकान्तिक और आत्यन्तिक मुक्ति प्राप्त कर लेता है।
- ऐकान्तिक और आत्यन्तिक दुःख की निवृत्ति ही कैवल्य है।

❑❑

3. योगदर्शन

- योगदर्शन के प्रणेता **महर्षि पतञ्जलि** हैं।
- योग शब्द युज् + घञ् से बना है जिसका अर्थ है- समाधि।
- 'योगसूत्र' के लेखक **महर्षि पतञ्जलि** हैं।
- योगदर्शन का आधार योगसूत्र है।
- योग को **'सेश्वरसांख्य'** कहा जाता है क्योंकि यह ईश्वरतत्त्व को मानता है।
- योगसूत्र पर व्यास ने एक भाष्य लिखा है जिसे **योगभाष्य** कहा जाता है।
- **योगसूत्र में चार पाद हैं-**

समाधिपाद	साधनपाद	विभूतिपाद	कैवल्यपाद
51 +	55 +	55	+ 34= 195 सूत्र

1. समाधिपाद में- योग तथा समाधि के स्वरूप तथा भेदों का वर्णन।
2. साधनपाद में - योगप्राप्ति के साधन तथा अष्टाङ्गयोगाङ्गों का वर्णन।
3. विभूतिपाद में- योग से प्राप्त सिद्धियों का वर्णन।
4. कैवल्यपाद में- मोक्ष का वर्णन है।

- योगदर्शन में पदार्थों (तत्त्वों) की संख्या 26 है।
- योगदर्शन पर लिखा गया प्राचीन एवं सर्वप्रथम भाष्य व्यास कृत **व्यासभाष्य** है।
- वाचस्पतिमिश्र ने योगसूत्र पर **'तत्त्ववैशारदी'** नाम की टीका लिखी है।
- योगसूत्र तीन प्रमाण मानता है।

प्रमाण

प्रत्यक्ष | अनुमान | आगम (शब्द)

- विज्ञानभिक्षु ने योगसूत्र पर **योगवार्तिक** नामक टीका लिखी है।
- व्यासभाष्य में योग के भेद हैं-

  1. वितर्कानुगत 2. विचारानुगत 3. आनन्दानुगत 4. अस्मितानुगत

  * **वितर्कानुगत-** जिसमें ध्येय विषय के स्थूल रूप का सम्प्रज्ञान होता है।
  * **विचारानुगत -** जिसमें ध्येय विषय के सूक्ष्म रूप का सम्प्रज्ञान होता है।
  * **आनन्दानुगत -** जिसमें ध्यानकारिणी बुद्धि से स्वतः स्फूर्त आनन्द का सम्प्रज्ञान होता है।

* **अस्मितानुगत** - जिसमें बुद्धि और पुरुष की प्रतीयमान एकाकारता से प्रकट होने वाले उभय-स्वरूप विवेक का सम्प्रज्ञान होता है।

- योगदर्शन का पहला सूत्र **'अथ योगानुशासनम्'** है।
- 'अथ योगानुशासनम्' सूत्र में 'अथ' पद का अर्थ है- अधिकार-वाचक।
  'अथ इति अयम् शब्दः = अधिकारार्थः'
- योग का लक्षण है-योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः (1/2)
  चित्त की वृत्तियों के निरोध को ही योग कहते हैं।
- 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः' सूत्र से चित्त पद से अभिप्राय अन्तःकरण (मन, बुद्धि और अहङ्कार) से है।
- चित्त की पाँच भूमियों या अवस्थाओं का उल्लेख प्राप्त होता है।

चित्तभूमियाँ (पाँच)

क्षिप्त	मूढ	विक्षिप्त	एकाग्र	निरुद्ध
रजोगुण	तमोगुण	सत्वगुण का आधिक्य	सात्विक	राजस्+तामस्+ सत्व का निरोध

- चित्तवृत्तियाँ भी पाँच प्रकार की होती हैं- प्रमाणविपर्ययविकल्पनिद्रास्मृतयः (1/6)

चित्तवृत्तियाँ - (5)

प्रमाण	विपर्यय	विकल्प	निद्रा	स्मृति

- प्रमाण नामक वृत्ति के भेद हैं- तीन
  1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. आगम (शब्द)
  'प्रत्यक्षानुमानागमाः प्रमाणानि' (1/7)
- **विपर्यय-विपर्ययो मिथ्याज्ञानमतद्रूपप्रतिष्ठम्** (1/8)
  ज्ञेय वस्तु से भिन्न अर्थ में प्रतिष्ठित मिथ्याज्ञान विपर्यय कहा जाता है।
- विपर्यय का अर्थ है- मिथ्याज्ञान अथवा अविद्या
  विपर्यय या अविद्या के पाँच पर्व/क्लेश/अङ्ग भी बताये गये हैं।
- **पञ्चक्लेश-अविद्याऽस्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः पञ्च क्लेशाः।**
  1. अविद्या 2. अस्मिता 3. राग 4. द्वेष 5. अभिनिवेश
- **विकल्प** - **शब्दज्ञानानुपाती वस्तुशून्यो विकल्पः** (1/9)
  शब्द से उत्पन्न जो ज्ञान, उसके पीछे, चलने का जिसका स्वभाव हो और जो वस्तु की सत्ता की अपेक्षा रखता हो, इसप्रकार का ज्ञान 'विकल्प' कहलाता है।

- **निद्रा-अभावप्रत्ययालम्बना वृत्तिर्निद्रा (1/10)**
  जाग्रत तथा स्वप्नावस्था की वृत्तियों के अभाव के कारणभूत तमोगुण को विषय बनाने वाली वृत्ति निद्रा कही जाती है।
- **स्मृति- अनुभूतविषयासम्प्रमोषः स्मृतिः**। (1/11)
  अनुभव किये हुऐ विषय का फिर चित्त में तन्मात्र विषयक- ज्ञान होना 'स्मृति' कहलाता है।
- पाँचो वृत्तियों के निरोध का उपाय है-अभ्यास और वैराग्य
  अभ्यास- अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः॥ (1/12)
  स्थिति के निमित्त प्रयत्न करना ही अभ्यास है।
- **'दृष्टानुश्रविकविषयवितृष्णस्य वशीकारसंज्ञा वैराग्यम्'** (1/15)
  ऐहिक और पारलौकिक विषयों से निःस्पृह चित्त का 'वशीकार संज्ञा' नामक अपर वैराग्य होता है।

वैराग्य

अपरवैराग्य | परवैराग्य

- **तत्परं पुरुषख्यातेर्गुणवैतृष्ण्यम्** (1/16)
- पुरुष की ख्याति के कारण गुणों के प्रति जो उपेक्षाबुद्धि होती है, वही परवैराग्य है।
- समाधि दो प्रकार की है- सम्प्रज्ञात और असम्प्रज्ञात
- **वितर्कविचारानन्दा स्मितानुगमात्सम्प्रज्ञातः** (1/17)
  वितर्क, विचार, आनन्द और अस्मिता का अनुगम होने से सम्प्रज्ञातसमाधि होती है।
- **असम्प्रज्ञात का लक्षण**- विरामप्रत्ययाभ्यासपूर्वः संस्कारशेषोऽन्यः (1/18)
  सभी वृत्तियों के अस्त हो जाने पर चित्त का निरोध संस्कारमात्र शेष निरोध-असम्प्रज्ञात समाधि है।
- असम्प्रज्ञात समाधि के दो प्रकार हैं -
  (1) उपायप्रत्यय (2) भवप्रत्यय
- असम्प्रज्ञात समाधि को 'निर्बीज समाधि' भी कहते हैं।
- 'भवप्रत्यय' असम्प्रज्ञातसमाधि विदेहों तथा प्रकृतिलीनों की होती है।
  'भवप्रत्ययो विदेहप्रकृतिलयानाम्' (1/19)
- ईश्वरप्रणिधान से भी असम्प्रज्ञात समाधि सम्पाद्य होती है। **'ईश्वरप्रणिधानाद्वा'** (1/23)
- ईश्वर की भक्ति विशेष से असम्प्रज्ञातसमाधि और कैवल्य की सिद्धि निकटतम हो जाती है।
- **ईश्वर का लक्षण - क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः।** (1/24)
  'ईश्वर' - क्लेश, कर्म, विपाक और आशय वासनाओं के परामर्श से रहित एक

विशेष प्रकार का पुरुष है।

- 'सर्वज्ञता का बीज अपनी पराकाष्ठा को प्राप्त होता है' - **तत्र निरतिशयं सर्वज्ञबीजम्** (1/25)
- 'प्रणवः' किसका वाचक है ?- ईश्वर का
- क्लेशः - अविद्यादि पाँचों क्लेश

  कर्म- कर्मसंस्कार धर्माधर्मरूप

  विपाकः- कर्मफलानि, कर्म से मिलने वाले फल जाति, आयु और भोगरूप फल।

  आशय- चित्ते आ समन्तात् शेते इति वासना संस्कारः आशयः। चित्त में सब ओर से ग्रथित रहने के कारण इन वासना संस्कारों को 'आशय' कहते हैं।

  अपरामृष्टः - असंस्पृष्ट नाममात्र के भी सम्बन्ध अर्थात् सम्पर्क से रहित।
- ईश्वर का अभिधायक शब्द है- ओंकार
- ओंकार जप के पश्चात् करना चाहिए- योगसाधना
- योगसाधना के पश्चात् करना चाहिए- जप
- जप और योग की सिद्धि से साक्षात्कार होता है- परमात्मा का
- **चित्त के विक्षेप-**व्याधि, स्त्यान, संशय, प्रमाद, आलस्य, अविरति, भ्रान्तिदर्शन, अलब्धभूमिकत्व और अनवस्थिततत्व। ये ही विघ्न भी है।

  व्याधिस्त्यानसंशयप्रमादाऽऽलस्याऽविरतिभ्रान्तिदर्शनाऽलब्ध-भूमिकत्वाऽनवस्थितत्वानि चित्तविक्षेपास्तेऽन्तरायाः(1/30)
- ये नव विघ्न ही चित्त के विक्षेप हैं।
- दुःख, दौर्मनस्य, अङ्गकम्पन, श्वास और प्रश्वास ये साथी हैं- विक्षेपों के

  दुःखदौर्मनस्याङ्गमेजयत्वश्वासप्रश्वासा विक्षेपसहभुवः। (1/31)

  उन (विघ्नों) को दूर करने के लिये किसी एक तत्व का अभ्यास करना चाहिए।

  तत्प्रतिषेधार्थमेकतत्त्वाभ्यासः (1/32)
- प्राणों का रेचक पूरक तथा कुम्भक करने से भी चित्त प्रसन्न होता है।

  'प्रच्छर्दनविधारणाभ्यां वा प्राणस्य' (1/34)

  उरस्थ वायु को नाक के नथुनों से विशिष्ट प्रयत्न के द्वारा निकालना प्रच्छर्दन है। 'विधारण' प्राणायाम पूरक और कुम्भक है।
- श्रेष्ठमणि के समान क्षीणवृत्तियों वाले तथा ग्रहीता, ग्रहण और ग्राह्य विषयों में स्थित होने वाले चित्त का उनके आकार को ग्रहण कर लेना समापत्ति है।

  'क्षीणवृत्तेरभिजातस्येव मणेर्ग्रहीतृग्रहणग्राह्येषु तत्स्थतदञ्जनता समापत्तिः' (1/41)
- समापत्ति + (सम् + आङ् + पद् + क्तिन्) से बना है।

  समापत्ति - सम्यक् प्रकार से सब ओर से हो जाना।
- समापत्तियाँ चार हैं-

  1. सवितर्का 2. निर्वितर्का 3. सविचारा 4. निर्विचारा

- सवितर्का, निर्वितर्का, सविचारा, निर्विचारा ये चारों समापत्तियाँ ही सबीज समाधियाँ हैं। **'ता एव सबीजः समाधिः' (1/46)**
- ऋतम्भरा प्रज्ञा तथा तज्जन्य संस्कार सबका निरोध हो जाने से निर्बीज समाधि सिद्ध होती है। **'तस्यापि निरोधे सर्वनिरोधान्निर्बीजः समाधिः' (1/51)**
- तपस्या स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान क्रियायोग हैं। **'तपः स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि क्रियायोगः (2/1)**

क्रियायोग

1. तप 2. स्वाध्याय 3.ईश्वरप्रणिधान

- 1. चित्त की प्रसन्नता को बाधित न करने वाली स्थिति **तप** है।
  2. शास्त्रों के द्वारा ओङ्कार इत्यादि पवित्र मन्त्रों का जप करना **स्वाध्याय** है।
  3. सभी क्रियाओं को परम गुरू ईश्वर में अर्पित करना या उन कर्मों के फलों का संन्यास **ईश्वरप्रणिधान** है।
- अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष, और अभिनिवेश ये पाँच क्लेश होते हैं। **अविद्याऽस्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः पञ्च क्लेशाः।** (2/3)
  भाष्यकार के अनुसार पाँच क्लेशों का अर्थ है-पाँच प्रकार के विपर्यय या मिथ्याज्ञान।
- प्रसुप्त, तनु, विच्छिन्न और उदार इन चारों अवस्थाओं में रहने वाले 'अस्मिता' इत्यादि चारों परवर्ती क्लेशों की प्रसवभूमि अविद्या है।
  अविद्या क्षेत्रमुत्तरेषां प्रसुप्ततनुविच्छिन्नोदाराणाम्। (2/4)
- अनित्य, अपवित्र, दुःखमय और अनात्मपदार्थों में क्रमशः नित्य, पवित्र, सुखमय और आत्मा का ज्ञान होना अविद्या है।
  'अनित्याऽशुचिदुःखानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्या।' (2/5)
  अनित्य पदार्थ में नित्यपदार्थ का ज्ञान अविद्या है जैसे-पृथ्वी नित्य या स्थायी है। चन्द्रमा और तारों सहित द्युलोक नित्य है।
  'अविद्या' शब्द में 'नञ्' तत्पुरुष समास = न विद्येति अविद्या।
- दृकशक्ति पुरुष और दर्शनशक्ति बुद्धि की प्रतीयमान एकात्मता अस्मिता नामक क्लेश है। **'दृग्दर्शनशक्त्योरेकात्मतेवास्मिता'** (2/6)
  सुख के अनुभविता को सुखानुभव की स्मृतिपूर्वक सुख या सुख के साधनभूत पदार्थ के प्रति जो चाह लालच या लोलुपता होती है वह राग नामक क्लेश है।
- इसका लक्षण - **'सुखानुशयी रागः'** (2/7)
  सुखस्य अनुशयी इति सुखानुशयी

- दुःख के अनुभविता को दुःखानुभव की स्मृतिपूर्वक दुःख या दुःख के साधनभूत पदार्थ के प्रति जो प्रतिहिंसा, मन्यु, मारने की इच्छा या क्रोध होता है, वह द्वेष है।
  'दुःखानुशयी द्वेषः' (2/8)
  अनुशयी - अनु +शीङ् +णिनिः = अनुशयी
- संस्काररूप से स्थिर, विद्वानों में भी उसीप्रकार से वर्तमान क्लेश अभिनिवेश है।
  स्वरसवाही विदुषोऽपि तथारूढोऽभिनिवेशः (2/9)
  अभिनिवेश नामक क्लेश स्वभावतः वर्तमान में रहने वाला उत्पन्न मात्र हुए कीट को भी प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम प्रमाणों के द्वारा अज्ञेय, आत्मनाश की कल्पनारूप मरण का भय है।
- स्वस्य रसः इति स्वरसः तं वोढुं शीलमस्येति स्वरसवाही स्वरस + वह + णिनिः
- अपने मौलिक रूप को सदा अक्षुण्ण रखने वाला या संस्कार से सदैव वर्तमान रहने वाला। **'स्वरसवाही स्वरसेन संस्कारमात्रेण वहतीति स्वरसवाही'**
- अभिनिवेशः मरणभयम् - मरने का डर ही अभिनिवेश है।
- पाँच क्लेशों की वृत्तियाँ क्रियायोग से हल्की तथा विवेकख्याति के द्वारा नष्ट की जाने योग्य होती है। **''ध्यानहेयास्तद्वृत्तयः''** (2/11)
- क्लेशरूपी मूल के रहने पर जन्म, आयु और भोग रूपी कर्माशय के फल प्राप्त होते हैं। **सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः** (2/13)
- भविष्यकालिक दुःख ही 'हेय' है। **हेयं दुःखमनागतम्** (2/16)
  द्रष्टा और दृश्य का संयोग हेय का हेतु है। **द्रष्टृदृश्ययोः संयोगो हेयहेतुः।** (2/17)
- अविद्या के मिट जाने से संयोग का नाश हो जाना 'हान' है वही पुरुष का 'कैवल्य' है।
  तद्भावात्संयोगाभावो हानं तद्दृशेः कैवल्यम्। (2/25)
- मिथ्याज्ञानशून्य विवेकख्याति ही हान का उपाय है। **विवेकख्यातिरविप्लवा हानोपायः (2/26)**
- विवेकख्याति योगी की उत्कृष्ट स्तरवाली प्रज्ञा सात प्रकार की होती है। **तस्य सप्तधा प्रान्तभूमिः प्रज्ञा** (2/27)
- योग के अङ्गों का अनुष्ठान करने से, अशुद्धि का क्षय हो जाने पर विवेकख्याति के उदय तक ज्ञान का प्रकाश होता जाता है।
  योगाङ्गानुष्ठानादशुद्धिक्षये ज्ञानदीप्तिराविवेकख्यातेः। 2/28
- **अष्टाङ्गयोग-** यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये आठ योग के अङ्ग हैं।
  यमनियमाऽऽसनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानि (2/29)

- **यमाः** - अहिंसादयः पञ्च, अहिंसा इत्यादि पाँच यम हैं।
  अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहाः यमाः (2/30)
  अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह ये पाँच यम कहे जाते हैं।
- अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह में से प्रथम अहिंसा को बताते हैं।
- **अहिंसा-** सब प्रकार से सदैव सब प्राणियों को पीड़ा न पहुचाना अहिंसा है।
  'तत्राहिंसा सर्वथा सर्वदा सर्वभूतानामनभिद्रोहः।'
  सत्य- जैसा देखा गया या अनुमित किया गया या सुना गया हो उसके सम्बन्ध में वैसी ही वाणी और वैसा ही मन रखना 'सत्य' है। **'सत्यं यथार्थे वाङ्मनसे'**
- **अस्तेय-** शास्त्राज्ञा के विपरीत दूसरों का द्रव्य ग्रहण करना 'स्तेय' है।
  स्तेयमशास्त्रपूर्वकं द्रव्याणां परतः स्वीकरणम्।
  इसप्रकार की इच्छा का अभाव रूप स्तेयाभाव 'अस्तेय' है।
  तत्प्रतिषेधः पुनरस्पृहारूपमस्तेयमिति।
- **ब्रह्मचर्य-** गुप्तेन्द्रिय अर्थात् जननेन्द्रिय का निग्रह 'ब्रह्मचर्य' है।
  'ब्रह्मचर्य गुप्तेन्द्रियस्योपस्थस्य संयमः।'
- **अपरिग्रह-** विषयों की प्राप्ति रक्षा और तद्विषयक आसक्ति तथा हिंसादि दोषों के कारण उन विषयों को स्वीकार न करना 'अपरिग्रह' है।
  विषयाणामर्जनरक्षणक्षयसङ्गहिंसादोषदर्शनादस्वीकरणमपरिग्रह इत्येते यमाः।
- जाति, देश, काल और आचार परम्परा से सीमित न होते हुए ये यम सार्वभौम **'महाव्रत'** कहे जाते हैं।
  'जातिदेशकालसमयानवच्छिनाः सार्वभौमा महाव्रतम्' (2/31)
- **नियम -** शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान नियम कहे जाते हैं।
  शौचसन्तोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः (2/32)
- **ईश्वरप्रणिधन-** गुरू या ईश्वर के प्रति सभी कर्मों का अर्पण करना ईश्वरप्रणिधान है।
  ईश्वरप्रणिधानं तस्मिन् परमगुरौ सर्वकर्मार्पणम्।
- अहिंसा के प्रतिष्ठित हो जाने पर उस योगी के पास प्राणियों का पारस्परिक वैरभाव छूट जाता है। **अहिंसाप्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैरत्यागः।** (2/35)
- **सत्यप्रतिष्ठायां क्रियाफलाश्रयत्वम्** (2/36)
  सत्य के प्रतिष्ठित वितर्कशून्यतया स्थिर हो जाने पर उस साधक में शुभाशुभ क्रियाओं और उनके फलों की आश्रयता आ जाती है।
- अस्तेय के प्रतिष्ठित हो जाने पर सभी रत्नों की उपस्थिति होती है।
  अस्तेयप्रतिष्ठायां सर्वरत्नोपस्थानम् ' (2/37)

- ब्रह्मचर्य के प्रतिष्ठित हो जाने पर सामर्थ्य लाभ होता है।
  ब्रह्मचर्यप्रतिष्ठायां वीर्यलाभः (2/38)
- अपरिग्रह के स्थित होने पर भूत, वर्तमान और भविष्य के जन्मों तथा अनेक प्रकार का सम्यग्ज्ञान होता है।
  अपरिग्रहस्थैर्ये जन्मकथन्तासम्बोधः (2/39)
- शौच के स्थिर होने से अपने अङ्गों के प्रति घृणा और अन्य प्राणी के अङ्गों से संसर्गाभाव होता है।
  शौचात् स्वाङ्गजुगुप्सा परैरसंसर्गः (2/40)
- बुद्धिशुद्धि से मन की प्रसन्नता एकाग्रता इन्द्रियों पर विजय और आत्मसाक्षात्कार की योग्यता आती है।
  सत्त्वशुद्धिसौमनस्यैकाग्र्येन्द्रियजयात्मदर्शनयोग्यत्वानि च (2/41)
- सन्तोष के स्थित होने से निरतिशय सुख की प्राप्ति होती है।
  सन्तोषादनुत्तमसुखलाभः (2/42)
- स्वाध्याय के स्थिर होने से इष्ट देवताओं का सम्पर्क होता है।
  स्वाध्यायादिष्टदेवतासम्प्रयोगः (2/44)
- ईश्वरप्रणिधान स्थित होने से समाधि की सिद्धि होती है।
  समाधिसिद्धिरीश्वरप्रणिधानात् (2/45)
- जो शारीरिक स्थिति स्थायी और सुखद हो, वह आसन है।
  स्थिरसुखमासनम् (2/46)
  यथा-पद्मासनं, वीरासनं, भद्रासनं, स्वस्तिकासन, दण्डासनं, सोपाश्रयं, पर्यङ्कं, क्रौञ्चनिषदनं, हस्तिनिषदनमुष्ट्रनिषदनं समसंस्थानं स्थिरसुखं, यथासुखं आदि इसीप्रकार के और भी स्थिर सुख आसन होते हैं।
  आस्यते अनेन इति करणे ल्युट् (आस्+ ल्युट्) आसनम् = बैठने का प्रकार
- स्थिरञ्च तत् सुखञ्चेति स्थिरसुखम् = निश्चल तथा सुखकारी।
  आसनसिद्धि होने पर शीतोष्णादि द्वन्द्वों से बाधा नहीं होती। **ततो द्वन्द्वानभिघातः।** (2/48)
- उस आसनजय के होने पर श्वास और प्रश्वास की गति को रोकना प्राणायाम है।
  'तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः' (2/49)
- शरीर के बाहर होने वाला रेचक, भीतर होने वाला पूरक तथा बाहर और भीतर रुकने वाला कुम्भक त्रिविध प्राणायाम देश, समय और संख्या के द्वारा परीक्षित होता हुआ दीर्घ और सूक्ष्म होता है।

बाह्याभ्यन्तरस्तम्भवृत्तिर्देशकालसंख्याभिः परिदृष्टो दीर्घसूक्ष्मः। (2/50)

- उस प्राणायाम की सिद्धि से प्रकाश पर पड़ा हुआ पर्दा क्षीण होता है।
  'ततः क्षीयते प्रकाशावरणम्' (2/52)
- धारणाओं में मन की क्षमता होती है। **धारणासु च योग्यता मनसः** (2/53)
- प्राणायामाभ्यासादेव 'प्रच्छर्दनविधारणाभ्यां वा प्राणस्य' इति वचनात्।
- अपने अर्थात् इन्द्रियों के विषयों के साथ सन्निकर्ष न होने पर इन्द्रियों का चित्त के स्वरूप का अनुसरण सा कर लेना प्रत्याहार है।
  स्वविषयासम्प्रयोगे चित्तस्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहारः (2/54)
- उस प्रत्याहार से इन्द्रियों की प्रबल वशवर्तिता होती है।
  ततः परमा वश्यतेन्द्रियाणाम् (2/55)
- चित्त के सात्विक वृत्ति को किसी बाहरी या भीतरी प्रदेश में लगाना ही धारणा है।
  देशबन्धश्चित्तस्य धारणा (3/1)
- धारणा वाले विषय में, ध्येयरूप आलम्बन वाले ध्येय पर ही केन्द्रित तथा अन्य ज्ञानों से अस्पृष्ट ज्ञान की अविच्छिन्न तथा अभिन्न धारा ही 'ध्यान' है।
  तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम् (3/2)
- ध्येय अर्थमात्र को निर्भासित करने वाला अपने (ज्ञानात्मक) रूप से भी रहित-सा ध्यान ही समाधि है। **तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः** (3/3)
  योग के लिये जिन समाधियों की उपयोगिता होती है, वे क्रमशः ये हैं।
  1. योगाङ्गरूपिणी की प्रस्तुतसूत्रोक्तसमाधि
  2. सम्प्रज्ञातसमाधि
  3. असम्प्रज्ञातसमाधि
- **संयम-** ये धारणा, ध्यान और समाधि-तीनों एकत्र अर्थात् एक ही आलम्बनगत होने पर संयम कहे जाते हैं। **त्रयमेकत्र संयमः (3/4)**
  अन्तरङ्ग साधन - यमादि साधनों की अपेक्षा वे धारणा, ध्यान और समाधि सम्प्रज्ञात समाधि के लिये अन्तरङ्ग माने जाते हैं। **त्रयमन्तरङ्गं पूर्वेभ्यः (3/7)**
  संयम भी निर्बीजसमाधि के लिये बहिरङ्ग ही है। **तदपि बहिरङ्गं निर्बीजस्य** (3/8)
- धारणा, ध्यान, समाधि इन तीनों को 'संयम' कहा गया है।
- तीनों परिणामों में संयम करने से योगी को अतीत तथा अनागत का साक्षात्कार होता है। **परिणामत्रयसंयमादतीतानागतज्ञानम् (3/16)**
  संस्कारों में संयम करने के फलस्वरूप प्राप्त साक्षात्कार से पूर्वजन्मों का ज्ञान होता है। **संस्कारसाक्षात्कारणात्पूर्णजातिज्ञानम् (3/18)**
- सूर्य में किये गये संयम में समस्त भुवनों का ज्ञान होता है।
  भुवनज्ञानं सूर्ये संयमाद् (3/26)

- बुद्धि और पुरुष के अन्यत्व की ख्याति में ही प्रतिष्ठित चित्त वाले योगी को सभी पदार्थों का स्वामित्व तथा सर्वज्ञत्व सिद्ध होता है।
  सत्त्वपुरुषान्यताख्यातिमात्रस्य सर्वभावाधिष्ठातृत्वं सर्वज्ञातृत्वञ्च (3/49)
- विशोका नाम की सिद्धि है जिसको प्राप्त करके योगी सर्वज्ञ,दग्धक्लेशबन्धन और स्वामी होकर विचरण करता है।
- बुद्धिसत्व और पुरुष की शुद्धि के समान हो जाने पर कैवल्य होता है।
  सत्त्वपुरुषयोः शुद्धिसाम्ये कैवल्यमिति (3/55)
- सिद्धियाँ जन्म, औषधि मन्त्र, तप और समाधि से उत्पन्न होती है।
  जन्मौषधिमन्त्रतपः समाधिजाः सिद्धयः। (4/1)
- अन्यदेहधारणरूपा सिद्धि देवादिनिकायों में जन्म से होती हैं।
- आसुर लोको में औषधियों से अर्थात् रसायन इत्यादि से इसप्रकार की सिद्धि होती है।
- मन्त्रों से आकाश में उड़ना और अणिमादि सिद्धियों की प्राप्ति होती है।
- तप से सङ्कल्प की सिद्धि होती है, जिससे यथेच्छारूप वाला होकर जहाँ तहाँ स्वेच्छा से पहुँचने वाला होता है।
- निर्मीयमाण शरीर में निर्मित होने वाले निर्माण चित्त अस्मिता से ही निर्मित होते हैं।
  'निर्माणचित्तान्यस्मितामात्रात्' (4/4)
- चित्त के कारणभूत अस्मितामात्र को लेकर वह योगी निर्माणचित्तों को तैयार कर देता है। निर्माणकाय चित्तयुक्त हो जाते हैं।
- पाँच प्रकार के चित्त -जन्म, ओषधि, मन्त्र, तपस्या और समाधि में से समाधिसम्पन्न चित्त कर्मक्लेश की वासना से रहित होता है। **तत्र ध्यानजमनाशयम् (4/6)**
- पञ्चविधं निर्माणचित्तम् -
  जन्मौषधिमन्त्रतपः समाधिजाः सिद्धय इति।
  पाँच प्रकार के निर्माणचित्त हुए क्योंकि जन्म, औषधि, मन्त्र, तपस्या और समाधि इन पाँच से ऐसी सिद्धियाँ उत्पन्न होती है।
- कारण (अविद्या) फल (पुरुषार्थ) आश्रय (चित्त) और आलम्बन (विषय) के द्वारा ही उपचित होने के कारण, इन चारों का अभाव होने पर उन वासनाओं का अभाव हो जाता है।
  हेतुफलाश्रयालम्बनैः सङ्गृहीतत्वादेषामभावे तदभावः (4/11)
  हेतु का वर्णन इसप्रकार है - धर्म से सुख और अधर्म से दुःख होता है सुख से राग और दुःख से द्वेष होता है और उस रागद्वेष से प्रयत्न होता है।
- द्रष्टा (पुरुष) और दृश्य (विषयी) से अभिसम्बद्ध सभी विषयों वाला होता है
  द्रष्टृदृश्योपरक्तं चित्तं सर्वार्थम् (4/23)
- चित्त से विविक्त (पुरुष) का साक्षात्कार कर लेने वाले की, आत्मभाव की भावना निवृत्त हो जाती है। **विशेषदर्शिन आत्मभावभावनाविनिवृत्तिः** (4/25)

- योगी का चित्त विवेकमार्गी एवं कैवल्य फलोन्मुख होता है।
  तदा विवेकनिम्नं कैवल्यप्राग्भारं चित्तम् (4/26)
- विवेकख्याति में भी वीतराग (योगी) को सर्वथा विवेकख्याति होने से धर्ममेध समाधि होती है। **'प्रसंख्यानेऽप्यकुसीदस्य सर्वथा विवेकख्यातेर्धर्ममेधः समाधिः।'** (4/29)
- धर्ममेध समाधि से क्लेश और कर्म की निवृत्ति हो जाती है
  ततः क्लेशकर्मनिवृत्तिः (4/30)
  उस समस्त आवरणमलों से रहित ज्ञान के अनन्त हो जाने से श्रेय स्वल्प हो जाता है।
  तदा सर्वावरणमलापेतस्य ज्ञानस्यानन्त्याज्ज्ञेयमल्पम् (4/31)
- धर्ममेध के उदित होने से चित्तरूप सत्वादि तीनों गुणों के परिणाम के क्रम की समाप्ति हो जाती है। **'ततः कृतार्थानां परिणामक्रमसमाप्तिर्गुणानाम्' (4/32)**
- 'क्रम' क्षणप्रतियोगिक तथा परिणाम के पर्यवसान से ज्ञायमान होता है।
  क्षणप्रतियोगी परिणामापरान्तनिर्ग्राह्यः क्रमः (4/33)
  गुणों के अधिकार (परिणाम) के क्रम की समाप्ति हो जाने पर कैवल्य प्राप्त होता है। उस कैवल्य का स्वरूप निश्चित किया जा रहा है -
  'गुणाधिकारक्रमसमाप्तौ कैवल्यमुक्तम्। तत्स्वरूपमवधार्यते।'
- भोगापवर्गरूपी पुरुषार्थ से रहित सत्त्वादि तीनों गुणो का अव्यक्त में प्रविलीन हो जाना कैवल्य है या चित्तशक्ति का अपने रूप में प्रतिष्ठित हो जाना ही कैवल्य है।
- **'पुरुषार्थशून्यानां गुणानां प्रतिप्रसवः कैवल्यं स्वरूपप्रतिष्ठा वा चितिशक्तिरिति।' (4/34)**

❑❑

4. तर्कभाषा (न्यायदर्शन)

भूमिका-

- 'न्याय' शब्द की व्युत्पत्ति- '' **नीयते विवक्षितार्थः अनेन इति न्यायः** '' अर्थात् जिस साधन से हम अपने विवक्षित (ज्ञेय) तत्त्व के पास पहुँच जाये या उसे जान पाये,वही साधन न्याय है।
- वात्स्यायन के अनुसार न्याय शब्द का अर्थ है- प्रमाणों से अर्थ की परीक्षा करना - **प्रमाणैरर्थपरीक्षणं न्यायः** (न्यायभाषा)
- न्यायशास्त्र को तर्कशास्त्र,प्रमाणशास्त्र,हेतुविद्या,वाद-विवाद तथा आन्वीक्षिकी अर्थात् समीक्षात्मक परीक्षण भी कहा जाता है।
- न्यायदर्शन के प्रणेता **गौतम मुनि** हैं। इनको **अक्षपाद** नाम से भी जाना जाता है।
- न्यायदर्शन वस्तुवादी दर्शन है। यह अनुभव के आधार पर दर्शनशास्त्र के विवेच्य तत्त्वों की व्याख्या करता है।
- न्यायदर्शन का मुख्य विषय प्रमाणों के स्वरूप का विवेचन है।
- न्यायशास्त्र का लक्ष्य है- दुःखनिवृत्ति करना अर्थात् मोक्षप्राप्ति।
- न्यायशास्त्र के अनुसार यह जगत् 'सत्य' है।
- **न्यायदर्शन के प्रसिद्ध आचार्य-**
  न्यायदर्शन का लगभग दो हजार वर्षों का इतिहास है। चतुर्थ शताब्दी ई॰पू॰ से लेकर आज तक।
- न्यायशास्त्र दो धाराओं में विभक्त है- (i) प्राचीनन्याय (ii) नव्यन्याय

1. आचार्य गौतम- (न्यायसूत्रकार)

- आचार्य गौतम न्यायदर्शन के प्रर्वतक आचार्य हैं।
- ये मिथिला के निवासी थे।
- इनका समय 200 ई॰पू॰ है।
- इन्होने न्यायदर्शन पर 'न्यायसूत्र' नामक ग्रन्थ लिखा है।
- न्यायसूत्र में पाँच अध्याय हैं और प्रत्येक अध्याय में दो आह्निक हैं। इसप्रकार कुल 10 आह्निक हैं।

2. आचार्य वात्स्यायन-(भाष्यकार)

- इनका समय 400 ई॰ है। ये मिथिला निवासी थे।

- इन्होंने न्यायसूत्र पर **'न्यायभाष्य'** नामक विस्तृत भाष्य लिखा है।

3. उद्योतकर- (वार्तिककार)

इनका समय ६००ई॰ है। ये काश्मीर के निवासी थे।

- इन्होंने न्यायभाष्य पर न्यायवार्तिक लिखा है।

4. वाचस्पति मिश्र- (तात्पर्याचार्य)

- इनका समय ९०० ई0 है। यह भी मिथिला के निवासी थे।
- इनके गुरु का नाम त्रिलोचन था।
- इन्होने न्यायवार्तिक पर **'न्यायवार्तिकतात्पर्यटीका'** लिखी।
- इन्होंने **'न्यायसूची'** निबन्ध नामक लघुकायग्रन्थ न्यायसूत्रों की रक्षा के लिए लिखा।
- वाचस्पति मिश्र **'सांख्यतत्त्वकौमुदी'** तथा **'योगतत्त्ववैशारदी'** नामक टीकाग्रन्थों में सांख्ययोग की विशद व्याख्या करते हैं।
- **'न्यायकणिका'** तथा **'तत्त्वबिन्दु'** मीमांसा शास्त्र से सम्बन्धित ग्रन्थ हैं।
- ब्रह्मसूत्र शारीरकभाष्य पर लिखी गयी इनकी **'भामतीटीका'** अद्वैत वेदान्त का अत्यन्त प्रामाणिक ग्रन्थ है।
- अलौकिक पाण्डित्य के कारण इनको **'सर्वतन्त्रस्वतन्त्र'** कहा जाता है।
- न्यायजगत् में ये **तात्पर्याचार्य** के नाम से विख्यात हैं।
- इनका बौद्धदर्शन सम्बन्धी ज्ञान भी उच्चकोटि का था।
- वैशेषिक को छोड़कर पञ्चदर्शनों पर इनकी टीकाएँ प्राप्त होती है।

5. जयन्तभट्ट-

- इनका समय भी ९०० ई0 है।
- इन्होंने **'न्यायमञ्जरी'** नामक ग्रन्थ लिखा है।
- न्यायमञ्जरी न्यायसम्प्रदाय का एक मौलिक शोधग्रन्थ है।

6. भासर्वज्ञ-

- इनका समय भी ९०० ई0 है।
- ये काश्मीर के निवासी थे।
- इनकी रचना **'न्यायसार'** न्यायसूत्र पर निर्भर एक प्रकरणग्रन्थ है।
- इन्होंने अपने ग्रन्थ न्यायसार पर **'न्यायभूषण'** नामक अत्यन्त विशालकाय टीका लिखी है।

7. उदयनाचार्य-

- इनका समय दसवीं शताब्दी (1000 ई0) है। ये मिथिला निवासी थे।
- तात्पर्याटीका पर इन्होंने **'परिशुद्धि'** नामक टीका लिखी है।
- प्रशस्तपादभाष्य पर **'किरणावली'** नामक टीका लिखी है।
- इन्होंने दो मौलिक ग्रन्थ लिखे हैं
  - * आत्मतत्त्वविवेक (बौद्धधिक्कार)
  - * न्यायकुसुमाञ्जलि

8. गंगेश उपाध्याय-(नव्यनैयायिक)

- इनका समय 13वीं शताब्दी है। ये भी मिथिला निवासी थे।
- इनको **नव्यन्याय का जनक** कहा जाता है।
- इनकी प्रसिद्ध कृति **'तत्त्वचिन्तामणि'** है। इसको **'प्रमाणतत्त्वचिन्तामणि'** या **'चिन्तामणि'** भी कहते हैं।

तत्वचिन्तामणि की टीकायें	
टीका	**टीकाकार**
प्रभा	यज्ञपति उपाध्याय
आलोक	जयदेवमिश्र पक्षधरमिश्र
दीधिति	रघुनाथ शिरोमणि
मूलगादाधरी	गदाधर भट्टाचार्य

9. रघुनाथ शिरोमणि-

- समय-16वीं शताब्दी।
- इनका प्रसिद्ध ग्रन्थ 'दीधिति' है। जो तत्त्वचिन्तामणि की टीका है।

दीधिति की टीकाएँ	
टीका	**टीकाकार**
रहस्य	मथुरानाथ
जागदीशी	जगदीश भट्टाचार्य
गादाधरी	गदाधर भट्टाचार्य

10. मथुरानाथ-

- समय 16वीं शताब्दी।
- ये रघुनाथ शिरोमणि के शिष्य थे।
- इन्होंने आलोक, चिन्तामणि और दीधिति पर **'गूढार्थप्रकाशिनी रहस्य'** नाम की टीकाएँ लिखी हैं।

11.जगदीश भट्टाचार्य-

- इनका समय 17वीं शताब्दी।
- इन्होंने दीधिति पर **'जागदीशी'** टीका लिखी है।
- शब्दशक्ति पर **'शब्दशक्तिप्रकाशिका'** निबन्ध लिखा है।

12. गदाधरभट्टाचार्य-

- इनका समय भी 17 वीं शताब्दी है।
- इन्होंने दीधिति पर **'गादाधरी'** नामक व्याख्या लिखी है।

- उदयन के 'आत्मविवेक' और तत्त्वचिन्तामणि पर '**मूलगादाधरी**' टीका लिखी है।
- इन्होंने 52 मौलिक ग्रन्थ लिखे हैं, जिनमें '**व्युत्पत्तिवाद**' तथा '**शक्तिवाद**' प्रसिद्ध हैं।
- **न्याय- वैशेषिक के महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ-** वरदराज(1250 ई0) की **तार्किकरक्षा**, केशवमिश्र (1300) की **तर्कभाषा**,विश्वनाथ (1700ई0) का **भाषापरिच्छेद** और **सिद्धान्तमुक्तावली** तथा अन्नम्भट्ट (1700 ई0) का **तर्कसंग्रह** आदि प्रसिद्ध ग्रन्थ हैं।

न्यायशास्त्र की दो धाराएँ

प्राचीनन्याय (गौतम) पदार्थमीमांसा
- आचार्य गौतम
- वात्स्यायन
- उद्योतकर
- वाचस्पति मिश्र
- जयन्तभट्ट
- भासर्वज्ञ
- उदयनाचार्य

नव्यन्याय (गंगेश) प्रमाणमीमांसा
- मिथिलाशाखा
  - वर्धमानोपाध्याय
  - वासुदेव मिश्र
  - पक्षधर
- नवद्वीप (बंगाल) शाखा
  - पक्षधर मिश्र (जयदेव)
  - रघुनाथ शिरोमणि
  - मथुरानाथ
  - जगदीश भट्टाचार्य
  - गदाधर भट्टाचार्य

प्राचीनन्याय का महत्त्वपूर्ण साहित्य

न्यायभाष्य	वात्स्यायन	300 ई0
न्यायवार्तिक	उद्योतकर	635 ई0
न्यायवार्तिक-तात्पर्यटीका	वाचस्पति मिश्र	840 ई0
न्यायवार्तिक-तात्पर्यपरिशुद्धि	उदयनाचार्य	984 ई0
न्यायमञ्जरी	जयन्तभट्ट	1000 ई0
न्यायनिबन्धप्रकाश	वर्धमान	1225 ई0
न्यायालङ्कार	श्रीकण्ठ	-
न्यायसूत्रोद्धार	वाचस्पतिमिश्र 2	1450 ई0
न्यायरहस्य	रामभद्र	1630 ई0
न्यायसिद्धान्तमाला	जयराम	1700 ई0
न्यायसूत्रवृत्ति	विश्वनाथ	1634 ई0
न्यायसंक्षेप	गोविन्दखन्ना	1640 ई0

केशवमिश्र का परिचय

- केशवमिश्र ने अपने समय तथा स्थान के विषय में कुछ भी नहीं लिखा है।
- सुन्दरलाल गोस्वामी के अनुसार केशवमिश्र मिथिला के **सरिसव** गाँव के निवासी थे तथा अभिनव वाचस्पति के प्रपौत्र थे।
- केशवमिश्र का समय 1000 ई॰ से 1400 ई॰ के मध्य निश्चित किया जा सकता है। लगभग 1300 ई0 के आसपास।
- केशवमिश्र अपने समय के मिथिला के श्रेष्ठ नैयायिकों में अन्यतम हैं।
- इन्होंने '**तर्कभाषा**' नामक प्रकरणग्रन्थ की रचना की है। इसके अतिरिक्त '**अलङ्कारशेखर**' भी केशवमिश्र के नाम से जाना जाता है।

तर्कभाषा का परिचय

- तर्कभाषा के लेखक **केशवमिश्र** हैं।
- तर्कभाषा न्यायदर्शन का एक प्रकरणग्रन्थ है।
- इस समस्त ग्रन्थ की रूपरेखा न्याय के आधार पर बनायी गयी है।
- इसमें न्याय को मुख्यधारा बनाकर सम्मिलित रूप से न्याय-वैशेषिक सम्प्रदाय के मन्तव्यों का निरूपण किया गया है।
- तर्कभाषा में मुख्यरूप से न्याय के 16 पदार्थों का वर्णन किया गया है साथ ही वैशेषिक के 7 पदार्थ , 9 द्रव्य, 24 गुणों का भी विस्तार से विवेचन किया गया है।
- इसके अतिरिक्त वैशेषिक के विशिष्ट मन्तव्यों,जैसे- द्वित्वोत्पत्ति की प्रक्रिया, पाकजोत्पत्ति,विभागज विभाग इनका भी तर्कभाषा में उल्लेख है।
- यह ग्रन्थ तुलनात्मक और आलोचनात्मक भी है, इसे उच्चकोटि का शोधग्रन्थ कहा जा सकता है।
- केशवमिश्र की तर्कभाषा न्याय-वैशेषिक सम्प्रदाय का एक अद्वितीय ग्रन्थ है। यह न्यायवैशेषिक का प्रवेशद्वार है तथा भारतीयदर्शन का प्रदीप है।
- तर्कभाषा की सबसे प्राचीन टीका चिन्नभट्ट (14वीं शताब्दी) की '**तर्कभाषा प्रकाशिका**' है।
- तर्कभाषा पर लगभग 14 टीकायें लिखी गयी हैं।

तर्कभाषा की टीकाएँ	
उज्ज्वला	गोपीनाथ
तत्त्वप्रबोधिनी	गणेशदीक्षित
तर्ककौमुदी	दिनकरभट्ट
तर्कभाषा प्रकाश	गोवर्धन मिश्र
तर्कभाषा प्रकाश	अखण्डानन्द सरस्वती

तर्कभाषा प्रकाशिका	चिन्नम्भट्ट
तर्कभाषा प्रकाशिका	गौरीकान्त
तर्कभाषा प्रकाशिका	बलभद्र
तर्कभाषा प्रकाशिका	वागीशभट्ट
तर्कभाषा सारमञ्जरी	माधवदेव
न्यायप्रदीप	विश्वकर्मा
न्यायसंग्रह	रामलिङ्ग
परिभाषादर्पण	भास्करभट्ट

तर्कभाषा का प्रतिपाद्य विषय-

''बालोऽपि यो न्यायनये प्रवेशम्, अल्पेन वाञ्छन्त्यलसः श्रुतेन।
संक्षिप्तयुक्त्यन्विततर्कभाषा, प्रकाश्यते तस्य कृते मयैषा।।''

➢ जो आलसी बालक भी थोड़े से अध्ययन के द्वारा न्याय के सिद्धान्तों में प्रवेश करना चाहता है,उसके लिए संक्षिप्त युक्तियों से युक्त यह तर्कभाषा मेरे द्वारा प्रकाशित की जा रही है।

➢ तर्कभाषा का प्रयोजन अल्प अध्ययन से ही न्याय के सिद्धान्तों का परिचय कराना तथा विवेकपूर्ण बोध कराना।

''तर्क्यन्ते प्रतिपाद्यन्ते इति तर्काः प्रमाणादयः षोडशपदार्थाः''

इसप्रकार 'तर्क' शब्द का अर्थ प्रमाण आदि षोडश पदार्थ किया गया है।

➢ प्रमाणादि षोडश पदार्थों की व्याख्या करने के कारण इस ग्रन्थ का नाम तर्कभाषा है- **'तर्क्यन्ते प्रतिपाद्यन्ते इति तर्काः (प्रमाणदयः षोडशपदार्थाः) ते भाष्यन्ते अनया इति तर्कभाषा'।**

➢ **षोडश पदार्थ-** प्रमाण-प्रमेय-संशय-प्रयोजन-दृष्टान्त-सिद्धान्त-अवयव-तर्क-निर्णय-वाद-जल्प-वितण्डा-हेत्वाभास-छल-जाति-निग्रहस्थान' ये सोलह पदार्थ हैं।

1. प्रमाण- 'प्रमाकरणं प्रमाणम्' प्रमा का करण प्रमाण है।

2. प्रमेय- जो प्रमा का विषय है वही प्रमेय है।

3. संशय- ''एकस्मिन् धर्मिणि विरुद्धनानार्थावमर्शः संशयः''
एक धर्मी में परस्पर विरुद्ध अनेक धर्मो के अवमर्श (बोध) को संशय कहते हैं। एक ही वस्तु के बारे में परस्पर विरोधी या परस्पर भिन्न विशेषताओं का एक साथ ज्ञान संशय है।

4. प्रयोजन- ''येन प्रयुक्तः प्रवर्तते तत् प्रयोजनम्''
जिससे प्रयुक्त (प्रेरित) होकर मनुष्य किसी कार्य में प्रयुक्त होता है वही, 'प्रयोजन' है। प्रयोजन शब्द की व्युत्पत्ति- 'प्रयुज्यते प्रवर्त्यते अनेन तत् प्रयोजनम्।'
प्रयोजन का अर्थ है- प्रर्वतक।

5. दृष्टान्त- ''वादिप्रतिवादिनोः संप्रतिपत्तिविषयोऽर्थो दृष्टान्तः''
वादी और प्रतिवादी दोनों की सहमति के विषयभूत अर्थ को 'दृष्टान्त' कहते हैं।
दृष्टान्त के दो भेद हैं- साधर्म्य तथा वैधर्म्य।

6. सिद्धान्त -'' प्रामाणिकत्वेनाभ्युपगतोऽर्थः सिद्धान्तः''
जो अर्थ प्रामाणिक रूप से स्वीकृत होता है,उसे सिद्धान्त कहते हैं।
सिद्धान्त के चार भेद हैं -

सिद्धान्त

(i)	(ii)	(iii)	(iv)
सर्वतन्त्र सिद्धान्त	प्रतितन्त्र सिद्धान्त	अधिकरण सिद्धान्त	अभ्युपगम सिद्धान्त

7. अवयव- ''अनुमानवाक्यस्यैकदेशा अवयवाः''
अनुमान वाक्य के एकदेश (अंश) को अवयव कहते हैं।

8. तर्क- '' तर्कोऽनिष्टप्रसङ्गः''
अनिष्ट का प्रसङ्ग (प्राप्ति) होने लगना 'तर्क' है।

9. निर्णय- ''निर्णयोऽवधारणज्ञानम्''
निश्चयात्मक ज्ञान को ही 'निर्णय' कहते हैं।

10.वाद- ''तत्त्वबुभुत्सोः कथा वादः''
तत्त्वज्ञान के इच्छुक वादी-प्रतिवादी की प्रश्नोत्तररूप कथा को 'वाद' कहते हैं।

11. जल्प- ''उभयसाधनवती विजिगीषुकथा जल्पः''
जिस कथा (विचार) में वादी-प्रतिवादी दोनों अपने-अपने पक्षों का साधन, विजय की कामना से करते हैं, उस कथा को 'जल्प' कहते हैं।

- कथा वह वाक्य समूह है जो अनेक वक्ताओं के पूर्वपक्ष और उत्तरपक्ष का प्रतिपादन करता है।
- वाद,जल्प, वितण्डा ये तीन प्रकार की कथाएँ होती हैं

12. वितण्डा- ''स एव स्वपक्षज्ञस्थापनहीनो वितण्डा''
वह (जल्पकथा) ही जब अपने पक्ष की स्थापना से रहित होकर चलती है, उसे वितण्डा कहते हैं।

13. हेत्वाभास- ''तेऽपि कतिपयहेतुरूपयोगाद्धेतुवदाभासमाना हेत्वाभासाः''
असद् हेतु को हेत्वाभास कहते हैं। जो कुछ हेतु रूपों के योग से हेतु के समान आभासित होते हैं 'हेत्वाभास' कहे जाते हैं।

14. छल–'' अभिप्रायान्तरेण प्रयुक्तस्य शब्दस्यार्थान्तरं परिकल्प्य दूषणाभिधानं छलम्''
अन्य अभिप्राय से प्रयुक्त शब्द का अर्थ मानकर दोष दिखलाना 'छल' है।

15.जाति- '' असदुत्तरं जातिः'' अयुक्त या अनुचित उत्तर 'जाति' है।

16. निग्रहस्थान- ''पराजयहेतुः निग्रहस्थानम्''
पराजय (हार) प्राप्त होने में जो निमित्त (कारण) होता है, उसे निग्रहस्थान कहते हैं।

पदार्थ (16)

1.प्रमाण 2.प्रमेय 3.संशय 4.प्रयोजन 5.दृष्टान्त 6.सिद्धान्त
7.अवयव 8. तर्क 9. निर्णय 10. वाद 11. जल्प 12. वितण्डा
13. हेत्वाभास 14.छल 15. जाति 16. निग्रहस्थान

प्रमाण- 'प्रमाकरणं प्रमाणम्' प्रमा का करण प्रमाण है।
प्रमा- 'यथार्थानुभवः प्रमा' यथार्थ अनुभव 'प्रमा' है।
करण- 'साधकतमं करणम्' साधकतम को करण कहते हैं।
कारण का लक्षण- 'यस्य कार्यात् पूर्वभावो नियतोऽनन्यथासिद्धश्च तत्कारणम्' अर्थात् जिसकी सत्ता कार्य से पूर्व निश्चित हो और जो अन्यथासिद्ध (अनावश्यक) न हो उसे कारण कहते हैं। जैसे - तन्तु,वेमा आदि 'पट' के कारण हैं।

- **कारण के तीन प्रकार-** समवायि, असमवायि,निमित्त
- **समवायि कारण-** ''यत्समवेतं कार्यमुत्पद्यते तत्समवायिकारणम्''
जिसमें समवाय सम्बन्ध से कार्य उत्पन्न होता है वह समवायिकारण है जैसे- तन्तु पट का समवायिकारण है।
- **असमवायिकारण-** '' यत्समवायिकारणप्रत्यासन्नमवधृतसामर्थ्यं तदसमवायिकारणम्'' जो समवायि कारण में रहता हो और कार्योत्पादन करने में जिसका सामर्थ्य निश्चित हो वह असमवायिकारण है। जैसे-तन्तुसंयोग पट का असमवायि कारण है।
- **निमित्तकारण-** 'यन्न समवायिकारणं, नाप्यसमवायिकारणम्, अथ च कारणं तन्निमित्तकारणम्' जो न समवायि है और न असमवायि है फिर भी कारण है, उसे निमित्तकारण कहते है। जैसे- वेमा पट का निमित्तकारण है।

कारण (पट के प्रति)

समवायि (तन्तु) | असमवायि (तन्तुसंयोग) | निमित्त (तुरी, वेमा)

प्रमाण - प्रमाण चार प्रकार के होते हैं- 'प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि'।
प्रत्यक्ष प्रमाण- ''साक्षात्कारिप्रमाकरणं प्रत्यक्षम्''
साक्षात्कारिणी प्रमा के करण को प्रत्यक्ष प्रमाण कहते हैं।

- साक्षात्कारिणी प्रमा दो प्रकार की होती है-(i) सविकल्पक (ii) निर्विकल्पक

➢ साक्षात्कारिणी प्रमा का करण तीन प्रकार का होता है-
(i) कभी इन्द्रिय (ii) कभी इन्द्रिय और अर्थ का सन्निकर्ष (iii) कभी ज्ञान

षोढा सन्निकर्ष-

सन्निकर्ष	इन्द्रिय	विषय
संयोग सन्निकर्ष	चक्षु	घट
संयुक्त समवाय सन्निकर्ष	चक्षु	घटरूप
संयुक्तसमवेत समवाय सन्निकर्ष	चक्षु	घटरूपत्व जाति
समवाय सन्निकर्ष	श्रोत्र	शब्द
समवेत समवाय सन्निकर्ष	श्रोत्र	शब्दत्व
विशेषण- विशेष्यभाव सन्निकर्ष	श्रोत्र	भूतले घटाभाव

अनुमान प्रमाण-'लिङ्गपरामर्शोऽनुमानम्'
लिङ्ग परामर्श को ही अनुमान कहते हैं।

➢ जिससे अनुमिति की जाती है उसे अनुमान कहते हैं। लिङ्ग परामर्श से अनुमिति की जाती है अतः लिङ्गपरामर्श अनुमान है।
लिङ्ग परामर्श- धूमादि का ज्ञान। अग्नि का ज्ञान अनुमिति है और धूमादि का ज्ञान उस अनुमिति का कारण है।
लिङ्ग- 'व्याप्तिबलेनार्थगमकं लिङ्गम्'
व्याप्ति के आधार पर (बल पर) अर्थ का जो बोधक होता है, उसे लिङ्ग कहते हैं। जैसे - 'धूम' अग्नि का लिङ्ग है।

➢ **व्याप्तिः - साहचर्यनियमो व्याप्तिः'** साहचर्य (साथ-साथ रहना) नियम को व्याप्ति कहते हैं। जैसे ''यत्र यत्र धूमः,तत्र तत्र वह्निः'' जहाँ-जहाँ धुआँ है। वहाँ-वहाँ अग्नि है।
परामर्श- 'तस्य तृतीयं ज्ञानं परामर्शः'
उसके (लिङ्ग) के तृतीय ज्ञान को परामर्श कहते हैं।

➢ **अनुमान प्रमाण के प्रकार-** 'तच्चानुमानं द्विविधम् स्वार्थं परार्थं चेति' वह अनुमान दो प्रकार का है- (i) स्वार्थानुमान (ii) परार्थानुमान
(i) **स्वार्थानुमान- '' स्वार्थं स्वप्रतिपत्तिहेतुः ''** अपने ज्ञान (प्रतिपत्ति) का निमित्त स्वार्थानुमान है।
जैसे- कोई व्यक्ति स्वयं ही पाकशाला में धूम और अग्नि को साथ देखकर उनके साहचर्य का निश्चय करके,पर्वत के समीप जाकर धूम रेखा को देखता है तो उसका संस्कार उद्‌बुद्ध हो जाता है और वह 'जहाँ धूम होता है वहाँ अग्नि होती है' इस व्याप्ति का स्मरण करता है तदन्तर यहाँ भी धूम है यह परामर्श करता है उस (लिङ्गपरामर्श) से 'यहाँ पर्वत में भी अग्नि है' इसप्रकार स्वयं ही समझ लेता है। यही स्वार्थानुमान है।

(ii) **परार्थानुमान -**

''यत्तु कश्चित् स्वयं धूमादग्निमनुमाय परं बोधयितुं पञ्चावयवमनुमानवाक्यं प्रयुङ्क्ते तत् परार्थानुमानम्''

जब कोई व्यक्ति स्वयं धूम से अग्नि का अनुमान करके दूसरे को उसका बोध कराने के लिए पाँच अवयव वाले अनुमान वाक्य का प्रयोग करता है, वह परार्थानुमान है। परार्थानुमान के पाँच अवयव हैं-

1. प्रतिज्ञा- पर्वतोऽग्निमान्

2. हेतु- धूमवत्त्वात्

'' तृतीयान्तं पञ्चम्यन्तं वा लिङ्गप्रतिपादकं वचनं हेतुः''

लिङ्ग को बताने वाला तृतीयान्त अथवा पञ्चम्यन्त वाक्य हेतु है।

- हेतु तीन प्रकार का है-1. अन्वयव्यतिरेकी, 2. केवलान्वयी, 3.केवल व्यतिरेकी
- अन्वय और व्यतिरेकी व्याप्ति से युक्त हेतु अन्वयव्यतिरेकी है।

''स चान्वयव्यतिरेकी, अन्वयेन व्यतिरेकेण च व्याप्तिमत्वात्''

- जहाँ-जहाँ धूमवत्व होता है, वहाँ-वहाँ अग्निमत्व होता है- जैसे महानस में यह अन्वयव्याप्ति है।

यत्र-यत्र धूमवत्वं तत्राग्निमत्वं यथा महानसे इत्यन्वयव्याप्तिः'

- जहाँ अग्नि नहीं होती वहाँ धुँआ भी नहीं होता जैसे- जलाशय में। यह व्यतिरेक व्याप्ति है। **'यत्राग्निर्नास्ति तत्र धूमोऽपि नास्ति यथा - महाह्रदे'**
- केवल व्यतिरेक व्याप्ति से युक्त हेतु केवल व्यतिरेकी कहलाता है। यथा- **'जीवच्छरीरं सात्मकं प्राणादिमत्वात्'** जीवित शरीर सात्मक है क्योंकि वह प्राण से युक्त है।
- केवल अन्वयव्याप्ति से युक्त हेतु केवलान्वयी कहलाता है। यथा- शब्दोऽभिधेयः प्रमेयत्वात्। शब्द अभिधेय है प्रमेय होने से

हेतु

अन्वयव्यतिरेकी | केवलान्वयी | केवलव्यतिरेकी

3. उदाहरण- यो यो धूमवान् स सोऽग्निमान्, यथा- महानसः।

4. उपनय- तथा चायम्।

5. निगमन- तस्मात् तथा।

उपमान प्रमाण- ''अतिदेशवाक्यार्थस्मरणसहकृतं गोसादृश्य विशिष्टपिण्डज्ञानमुपमानम्''।

अतिदेश वाक्य (जैसी गाय वैसी नीलगाय) के अर्थ का स्मरण करने के साथ 'गौ की समानता से युक्त पिण्ड (आकृति)का ज्ञान ही 'उपमान प्रमाण' है। जैसे- **'यथा गौस्तथा गवयः'** जैसी गाय वैसे ही नीलगाय

उपमिति- संज्ञासंज्ञिसम्बन्धप्रतीतिरुपमितिः' अर्थात् सञ्ज्ञा और सञ्ज्ञी के सम्बन्ध की प्रतीति उपमिति है।

शब्दप्रमाण- 'आप्तवाक्यं शब्दः' आप्त का वाक्य शब्द प्रमाण है।

आप्त- यथाभूत का अर्थ ही उपदेश करने वाला पुरुष 'आप्त' कहलाता है।

वाक्य- 'वाक्यं त्वाकांक्षायोग्यतासन्निधिमतां पदानां समूहः'

आकांक्षा- योग्यता और सन्निधि से युक्त पदसमूह वाक्य है।

आकांक्षा का अर्थ है- एक पद का दूसरे के बिना अन्वय बोध न करा सकना।

योग्यता का अर्थ है- पदार्थों के पारस्परिक सम्बन्ध में बाधा न होना

सन्निधि का अर्थ है- पदों का अविलम्ब से उच्चारण किया जाना

पद- पदं च वर्णसमूहः - वर्णों का समूह पद है। समूह का अभिप्राय है एक ज्ञान का विषय होना।

नन्वर्थापत्तिः पृथक् प्रमाणमस्ति- अर्थापत्ति को मीमांसक पृथक् प्रमाण मानते हैं किन्तु नैयायिक इसका अन्तर्भाव अनुमान प्रमाण में करते हैं।

अर्थापत्ति -'अनुपपद्यमानार्थदर्शनात् तदुपपादकीभूतार्थान्तराकल्पना अर्थापत्तिः' अनुपपद्यमान अर्थ को जानकर उसके उपपादक अर्थ की कल्पना अर्थापत्ति है।

अभाव - 'अभाव' को भी पृथक् प्रमाण मानते हैं अभाव का ज्ञान जिस प्रमाण से होता है उसे अभाव प्रमाण कहते हैं। जैसे- 'भूतले घटो नास्ति'।

प्रमाण्यवाद

प्रामाण्य का अर्थ 'ज्ञान का सत्य होना' है और अप्रमाण्य का अर्थ 'ज्ञान का असत्य होना' है।

1. बौद्धमत	प्रामाण्य	स्वतः
	अप्रामाण्य	परतः
2. जैनमत	प्रामाण्य और अप्रामाण्य	परतः (उत्पत्ति)
	प्रामाण्य और अप्रामाण्य	स्वतः (ज्ञाप्ति)
3. सांख्यमत	प्रामाण्य और अप्रामाण्य	स्वतः
4. मीमांसामत	प्रामाण्य	स्वतः
	अप्रामाण्य	परतः
5. न्यायवैशेषिक मत	प्रामाण्य और अप्रामाण्य	परतः

- **प्रमेय-** प्रमा का विषय प्रमेय होता है। जिसके 'ज्ञान' से निःश्रेयस् (मोक्ष) की प्राप्ति में सहायता प्राप्त होती है।
- प्रमेय बारह हैं।

प्रमेय (12)

1.आत्मा 2.शरीर 3.इन्द्रिय 4.अर्थ 5.बुद्धि 6.मन 7.प्रवृत्ति

8. दोष 9.प्रेत्यभाव 10फल 11 दुःख 12. अपवर्ग

1. आत्मा- 'तत्रात्मत्वसामान्यवानात्मा' आत्मत्व जाति (सामान्य) जिसमें रहती है वह आत्मा है।

- आत्मा देह, इन्द्रिय से भिन्न है, प्रत्येक शरीर में पृथक्-पृथक् है, विभु और नित्य है।
- उस आत्मा का मानस प्रत्यक्ष होता है 'स च मानसप्रत्यक्षः'

2. **शरीर-** 'तस्य भोगायतनमन्त्यावयवि शरीरम्' उस '(आत्मा) के भोग आयतन (आश्रय) अन्त्य अवयवी शरीर है।

- भोग का अर्थ है-सुख दुःख में से किसी एक का प्रत्यक्ष अनुभव।
- 'चेष्टाश्रयो वा शरीरम्' अथवा चेष्टा का आश्रय शरीर है।
- हित की प्राप्ति तथा अहित के परिहार के लिए की जाने वाली क्रिया चेष्टा है।

3. इन्द्रिय- 'शरीरसंयुक्तं ज्ञानकरणमतीन्द्रियम् इन्द्रियम्' शरीर से संयुक्त अतीन्द्रिय का ज्ञान करण 'इन्द्रिय' है।

- **'इन्द्रियाणि षट्-** 'घ्राणरसनाचक्षुस्त्वक्श्रोत्रमनांसि' घ्राण,रसना, चक्षु,त्वक्,श्रोत्र,मन,ये छः इन्द्रियाँ हैं।

ज्ञानेन्द्रिय

1.घ्राण 2.रसना 3.चक्षु 4.त्वक् 5.श्रोत्र 6.मन

घ्राण- 'गन्धोपलब्धिसाधनमिन्द्रियं घ्राणम्' गन्ध की उपलब्धि का साधन इन्द्रिय घ्राण है। यह नासिका के अग्रभाग में रहती है।

रसना- 'रसोपलब्धिसाधनमिन्द्रियं रसनम्' रस की उपलब्धि का साधन इन्द्रिय रसना है यह जिह्वा के अग्रभाग में रहती है।

चक्षु-'रूपोपलब्धिसाधनमिन्द्रियं चक्षुः' रूप की उपलब्धि का साधन इन्द्रिय चक्षु है। यह नेत्र की काली पुतली में रहती है।

त्वक्- 'स्पर्शोपलब्धिसाधनमिन्द्रियं त्वक्' स्पर्श उपलब्धि का साधन इन्द्रिय त्वक् है। यह सारे शरीर में रहती है।

श्रोत्र- 'शब्दोपलब्धिसाधनमिन्द्रियं श्रोत्रम्' शब्द की उपलब्धि का साधन इन्द्रिय श्रोत्र है। कर्ण के छिद्र में विद्यमान रहती है।

मनस् 'सुखाद्युपलब्धिसाधनमिन्द्रियं मनः' सुख आदि की उपलब्धि का

साधन इन्द्रिय मन है। हृदय के भीतर रहता है।

इन्द्रिय	स्थान
घ्राण इन्द्रिय	नासिका के अग्रभाग में
रसनेन्द्रिय	जिह्वा के अग्रभाग में
चक्षुरिन्द्रिय	नेत्र की काली पुतली में
त्वक् इन्द्रिय	सारे शरीर में
श्रोत्रेन्द्रिय	कर्ण के छिद्र में
मनस् इन्द्रिय	हृदय के भीतर में

अर्थ- ''अर्थाः षड्पदार्थाः'' अर्थ के अन्तर्गत छः पदार्थ आते हैं-

अर्थ नामक प्रमेय के अन्तर्गत गृहीत छः पदार्थ-द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय।

द्रव्य- 'समवायिकारणं द्रव्यम् गुणाश्रयो वा' जो समवायिकारण है अथवा गुण का आश्रय है वह द्रव्य है।

➢ **नौ द्रव्य- 'पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशकालदिगात्ममनांसि नवैव'**
पृथिवी,जल,तेज,वायु,आकाश,काल,दिक्,आत्मा,मन- ये नौ द्रव्य हैं।

➢ **1. पृथिवी- 'पृथिवीत्वसामान्यवती पृथिवी'** नौ द्रव्यों में पृथिवीत्व जाति वाली पृथिवी कहलाती है।

➢ **2. जल- 'अप्त्वसामान्ययुक्ता आपः'** जलत्व जाति से युक्त जल है।
जल रसनेन्द्रिय, शरीर, नदी, हिम, ओला के रूप में है।

➢ **3. तेज- 'तेजस्त्वसामान्यवत् तेजः'** तेजस्त्व सामान्य से युक्त तेज है।
तेज ग्यारह गुणों वाला होता है।

* नित्य तथा अनित्य के भेद से तेज दो प्रकार का होता है।
* अनित्य तेज चार प्रकार का होता है- उदभूतरूपस्पर्श, अनुद्भूतरूपस्पर्श, अनुद्भूतरूपमुद्भूतस्पर्श, उद्भुतरूपमनुद्भूतस्पर्श

➢ **4 वायु-** 'वायुत्वाभिसम्बन्धवान् वायुः' वायुत्व के समवाय सम्बन्ध वाला वायु है।

* वायु नौ गुणों वाला है- स्पर्श, संख्या, परिमाण, पृथक्त्व,संयोग, विभाग,परत्व अपरत्व,तथा वेग।

➢ **5. आकाश-** 'शब्दगुणकमाकाशम्' जिसमें शब्द गुण रहता है उसे आकाश कहते हैं।

* आकाश छः गुणों से युक्त है- शब्द,संख्या,परिमाण,पृथक्त्व,संयोग,विभाग।
* आकाश एक, नित्य और व्यापक है और उसका अनुमापक शब्द है।

➢ **6. काल- 'कालोऽपि दिग्विपरीतपरत्वापरत्वानुमेयः'** दिशा से भिन्न परत्व अपरत्व द्वारा काल का अनुमान किया जाता है।

* काल पाँच गुणों से युक्त होता है - संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग।

* काल एक, नित्य तथा विभु है।
- **7. दिक्-** 'दिग् एका नित्या विभ्वी च' दिशा एक, नित्य तथा विभु है।

* संख्या, परिमाण,पृथक्त्व,संयोग,विभाग,नामक,पाँच गुणों वाला है।
- **8. आत्मा- 'आत्मत्वाभिसम्बन्धवान् आत्मा'** आत्मत्व के समवाय सम्बन्ध वाला आत्मा है।
- **9. मन- 'मनस्त्वाभिसम्बन्धवन्मनः'** मनस्त्व जाति के समवाय सम्बन्ध वाला मन है। मन आठ गुणों वाला है- संख्या, परिमाण,पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व संस्कार।
- **गुण- 'सामान्यमान् असमवायिकारणं अस्पन्दात्मा गुणः'** सामान्य से युक्त, असमवायिकारण वाला, कर्मस्वरूप न होने वाले को गुण कहते हैं।

* गुण द्रव्य के आश्रित रहते हैं।
* गुणों की संख्या 24 है-रूप,रस,गन्ध,स्पर्श,संख्या,परिमाण,पृथक्त्व,संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व,गुरुत्व, द्रवत्व, स्नेह, शब्द, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म, संस्कार।

1. **रूप-** 'रूपं चक्षुर्मात्रग्राह्यो विशेषगुणः' जो चक्षु से ग्रहण होता है वह रूप नामक गुण है।
2. **रस-**'रसो रसनेन्द्रियग्राह्यो विशेषगुणः' जो रसनेन्द्रिय द्वारा ग्रहण किया जाय वह रस है।
3. **गन्ध-** 'गन्धो घ्राणग्राह्यो विशेषगुणः पृथिवीमात्रवृत्तिः' जिसे घ्राणेन्द्रिय द्वारा ग्रहण किया जाय वह गन्ध नामक गुण है। सुगन्ध तथा दुर्गन्ध के भेद से गन्ध दो प्रकार का है।
4. **स्पर्श-** 'स्पर्शस्त्वगिन्द्रियमात्रग्राह्यो विशेषगुणः' जो त्वक् इन्द्रिय द्वारा ग्रहण करने योग्य है वह स्पर्श नामक गुण है।

- स्पर्श के तीन भेद - शीत,उष्ण,अनुष्णाशीत।
- जल में शीत स्पर्श, तेज में उष्ण स्पर्श, पृथिवी और वायु में अनुष्णाशीत स्पर्श रहता है।

5. **संख्या-** 'संख्या एकत्वादिव्यवहारहेतुः सामान्यगुणः' जो एकत्व आदि व्यवहार का निमित्त होता है वह संख्या नामक विशेष गुण है।
6. **परिमाण-** 'परिमाणं मानव्यवहारासाधारणं कारणम्' माप के व्यवहार का असाधारण कारण परिमाण है।

- परिमाण चार प्रकार का होता है- अणु,महद्,दीर्घ,ह्रस्व।

7. **पृथक्त्व -** 'पृथक्त्वं पृथग्व्यवहारासाधारणं कारणम्' **पृथक्त्व** के व्यवहार का असाधारण कारण पृथक्त्व है। पृथक्त्व दो प्रकार का है- एकपृथक्त्व, द्विपृथक्त्व।
8. **संयोग-** 'संयोगः संयुक्तव्यवहारहेतुर्गुणः' जो संयुक्त व्यवहार का निमित्त गुण होता है

उसे संयोग नामक गुण कहते हैं। संयोग तीन प्रकार का है- अन्यतरकर्मज, उभयकर्मज, संयोगज।

9. **विभाग-**'विभागोऽपि विभक्तप्रत्ययहेतुः' विभक्त प्रतीति का कारण विभाग है। विभाग भी तीन प्रकार का होता है- अन्यतरकर्मज, उभयकर्मज, विभागज।

10. **परत्व तथा अपरत्व-** 'परत्वापरत्वे परापरव्यवहारासाधारणकारणे' पर तथा अपर व्यवहार का असाधारण कारण परत्व तथा अपरत्व है। परत्व तथा अपरत्व दो प्रकार का होता है- दिक्कृत तथा कालकृत।

11. **गुरुत्व-** 'गुरुत्वमाद्यपतनासमवायिकारणम्' प्रथमपतन का असमवायिकारण गुरुत्व है। गुरुत्व पृथिवी तथा जल में रहता है। संयोग, वेग, प्रयत्न के अभाव में गुरुत्व के कारण पतन होता है।

12. **द्रवत्व-**'द्रवत्वमाद्यस्यन्दनासमवायिकारणम्' प्रथम स्पन्दन का असमवायिकारण द्रवत्व है। द्रवत्व-भूमि, तेज और जल में रहता है।

13. **स्नेह-** 'स्नेहश्चिक्कणता जलमात्रवृत्तिः' चिकनापन ही स्नेह है।स्नेह केवल जल में रहता है।

14. **शब्द-** 'शब्दः श्रोत्रग्राह्यो गुणः' जिसका श्रोत्र के द्वारा ग्रहण किया जाता है उसे शब्द नामक गुण कहते है। शब्द आकाश का विशेष गुण है।

15. **बुद्धि-** 'अर्थप्रकाशो बुद्धिः' अर्थ का प्रकाशन बुद्धि है। ईश्वर की बुद्धि नित्य होती है जबकि अन्य की बुद्धि अनित्य होती है।

16. **सुख-** 'प्रीतिः सुखम्'। 'तच्च सर्वात्मनामनुकूलवेदनीयम्' प्रीति को सुख कहते हैं।सुख का समस्त आत्माओं के द्वारा प्रतिकूल रूप में अनुभव किया जाता है।

17. **दुःख-** 'पीडा दुःखम् '। 'तच्च सर्वात्मनां प्रतिकूलवेदनीयम्' पीड़ा का नाम दुःख है। दुःख का समस्त आत्माओं के द्वारा प्रतिकूल रूप में अनुभव किया जाता है।

18. **इच्छा-** 'राग इच्छा' राग को इच्छा कहते हैं।

19. **द्वेष-** 'क्रोधो द्वेषः' क्रोध को द्वेष कहते हैं।

20. **प्रयत्न-** 'उत्साहः प्रयत्नः' उत्साह को प्रयत्न कहा गया है।

21. बुद्धि आदि छः गुणो का मानस प्रत्यक्ष होता है।

22-23. **धर्म तथा अधर्म-** 'धर्माऽधर्मौ सुखदुःखयोरसाधारणकारणे' सुख तथा दुःख के असाधारण कारण धर्म तथा अधर्म हैं।

24. **संस्कार-** 'संस्कारव्यवहाराऽसाधारणं कारणं संस्कारः' संस्कार सम्बन्धी व्यवहार का असाधारण कारण संस्कार है। संस्कार तीन प्रकार का होता है- वेग, भावना तथा स्थितिस्थापक।

द्रव्य (9)

पृथिवी | जल | तेज | वायु | आकाश | काल | दिक् | आत्मा | मन

गुण (24)

रूप रस गन्ध स्पर्श संख्या परिमाण पृथक्त्व संयोग विभाग

परत्व अपरत्व गुरुत्व द्रवत्व स्नेह शब्द बुद्धि सुख दुःख

इच्छा द्वेष प्रयत्न धर्म अधर्म संस्कार

कर्म- 'चलनात्मकं कर्म' कर्म का स्वरूप है क्रिया (चलना,हिलना,गति)

कर्म के पाँच भेद- उत्क्षेपण, अपक्षेपण,आकुञ्चन,प्रसारण,गमन।

- ऊर्ध्वगति उत्क्षेपण,अधोगमन को अपक्षेपण,सिकुड़ना को आकुञ्चन, फैलना को प्रसारण, प्रस्थान करना को गमन कहते हैं।

सामान्य- 'अनुवृत्तिप्रत्ययहेतुः सामान्यम्' समानाकारक प्रतीति का हेतु सामान्य (जाति) है।

विशेष- 'विशेषो नित्यो नित्यद्रव्यवृत्तिः' विशेष नित्य है। यह नित्य द्रव्यों में रहता है।

समवाय- 'अयुतसिद्धः सम्बन्धः समवायः' अयुतसिद्धों (पदार्थों) का सम्बन्ध समवाय है।

अभाव-द्रव्य आदि छः पदार्थों से भिन्न जो पदार्थ है वह अभाव नाम का सातवाँ पदार्थ है।

अभाव दो प्रकार का है- संसर्गाभाव तथा अन्योन्याभाव।

- संसर्गाभाव के तीन भेद हैं - प्रागभाव,प्रध्वंसाभाव तथा अत्यन्ताभाव।

प्रागभाव- 'उत्पत्तेः प्राक् कारणे कार्यस्याभावः प्रागभावः' उत्पत्ति से पूर्व जो कारण में कार्य का अभाव होता है। जैसे- तन्तुषु पटाभावः स चानादिरुत्पत्तेरभावात् अर्थात् तन्तुओं में पट का अभाव प्रागभाव है।

- **प्रध्वंसाभाव- 'उत्पन्नस्य कारणेऽभावः प्रध्वंसाभावः'** उत्पन्न का जो उसके कारण में अभाव होता है उसे प्रध्वंसाभाव कहते हैं।
  जैसे - भग्ने घटे कपालमालायां घटाभावः अर्थात् घट के टूट जाने पर कपालों में घट का अभाव हो जाता है।
- **अत्यन्ताभाव-** 'त्रैकालिकोऽभावोऽत्यन्ताभावः'तीनों कालों में रहने वाला त्रैकालिक अभाव अत्यन्ताभाव है। जैसे- 'वायौ रूपाभावः' वायु में रूप का अभाव
- **अन्योन्याभाव-** 'अन्योन्याभावस्तु तादात्म्यप्रतियोगिताकोऽभावः' अन्योन्याभाव वह अभाव है जिसका प्रतियोगी तादात्म्य अभेद होता है। अथवा जिसका प्रतियोगी तादात्म्य सम्बन्ध से युक्त होता है। जैसे- 'घटः पटः न भवति' अर्थात् घट पट नहीं है।

अभाव
- संसर्गाभाव
  - प्रागभाव
  - प्रध्वंसाभाव
  - अत्यन्ताभाव
- अन्योन्याभाव

- **5. बुद्धि-** 'अर्थप्रकाशो बुद्धिः' अर्थ का ज्ञान बुद्धि है।
  बुद्धि के दो भेद- अनुभव तथा स्मरण।
- अनुभव दो प्रकार का होता है- यथार्थ अनुभव, अयथार्थ अनुभव
- **यथार्थ अनुभव-** 'यथार्थोऽविसंवादी' अर्थ के विपरीत न होने वाला यथार्थ अनुभव है।
- **अयथार्थ अनुभव-** 'अयथार्थस्तु अर्थव्यभिचारी,अप्रमाणजः' अयथार्थ अनुभव अर्थ का अनुसरण नहीं करता क्योंकि वह प्रमाण से उत्पन्न नहीं होता।
- अयथार्थ अनुभव तीन प्रकार का है- संशय,तर्क, विपर्यय।
- **संशय- 'एकस्मिन् धर्मिणि विरुद्धनानार्थविमर्शः संशयः'** एक धर्मी में अनेक विरुद्ध धर्मों का ज्ञान संशय है।
- संशय तीन प्रकार का है- विशेष का दर्शन न होने पर 1. समान धर्म के दर्शन से उत्पन्न 2. विरुद्धार्थप्रतिपादक वचनों से उत्पन्न 3. असाधारण धर्म के दर्शन से उत्पन्न।
- **तर्क-** 'तर्कोऽनिष्टप्रसङ्गः' अनिष्ट की प्राप्ति होने लगना तर्क है।
- **विपर्यय- 'विपर्ययस्तु अतस्मिंस्तद्ग्रहः'**अन्य वस्तु में उस वस्तु का ज्ञान विपर्यय अर्थात् भ्रम है। जैसे- **'शुक्तिकादौ रजतारोपः इदं रजतम्'** रजत से भिन्न सीपी आदि में रजत का भान होना विपर्यय है।
- **स्मरण -** स्मरण दो प्रकार का होता है - यथार्थ स्मरण तथा अयथार्थ स्मरण

बुद्धि
- अनुभव
  - यथार्थानुभव
  - अयथार्थानुभव
    - संशय
    - विपर्यय
    - तर्क
- स्मरण
  - यथार्थ स्मरण
  - अयथार्थ स्मरण

6. मन- 'अन्तरिन्द्रियं मनः' आन्तरिक इन्द्रिय (अन्तःकरण) मन है।

7.प्रवृत्ति- 'प्रवृत्तिः धर्माऽधर्ममयी वागादिक्रिया' धर्म- अधर्म का जनक वाणी आदि का कर्म ही प्रवृत्ति है।

8. दोष- 'दोषा रागद्वेष मोहाः' राग (इच्छा), द्वेष (मन्यु या क्रोध), मोह (मिथ्याज्ञान या विपर्यय) दोष हैं।

9. प्रेत्यभाव- 'पुनरुत्पत्तिः प्रेत्यभावः' पुनः उत्पन्न होना प्रेत्यभाव है।

10. फल- 'फलं पुनर्भोगः सुखदुःखान्यतरसाक्षात्कारः' सुख अथवा दुःख में से किसी एक के अनुभव रूप भोग को फल कहते हैं।

11. दुःख- ' पीडा दःुखम्' पीड़ा को दुःख कहते हैं यह जीवात्मा का विशेष गुण है जिसकी उत्पत्ति पाप (अधर्म) से होती है।

12. अपवर्ग- 'मोक्षोऽपवर्गः' मोक्ष को अपवर्ग कहते हैं।

- मोक्ष का अर्थ है - इक्कीस प्रकार के दुःखों की आत्यन्तिक निवृत्ति।
- दुःखों के इक्कीस भेद - शरीर,षट्इन्द्रिय,षट्विषय,षट्ज्ञान (बुद्धि) सुख,दुःख।

अवयव- 'अनुमानवाक्यस्यैकदेशा अवयवाः' अनुमान वाक्य के अंश अवयव कहलाते हैं।

इनके पाँच भेद हैं- प्रतिज्ञा, हेतु,उदाहरण,उपनय,निगमन

अवयव (5)

1 प्रतिज्ञा
2 हेतु
3 उदाहरण
4 उपनय
5 निगमन

हेत्वाभास

- असद् हेतु को हेत्वाभास कहते हैं,जो हेतु नहीं होता किन्तु हेतु के समान भासित होता है। हेत्वाभास शब्द के दो अर्थ हैं- 1. हेतु का दोष 2. दुष्ट हेतु

1. हेतु का दोष- 'आभासते इत्याभासः हेतोराभासः हेत्वाभासः'
जिसके ज्ञान से अनुमिति के कारण अथवा साक्षात् अनुमिति ही प्रतिबन्ध हो जाता है, वह हेत्वाभास या हेतुदोष कहलाता है।

2. दुष्ट हेतु- 'हेतुवद् आभासते इति हेत्वाभासः' जो हेतु के समान भासित होता है वस्तुतः दोष युक्त होने के कारण हेतु नहीं होता है हेत्वाभास कहलाता है।

- हेतु के पाँच रूप- पक्षसत्त्व, सपक्षसत्त्व, विपक्षव्यावृत्तत्व, अबाधितविषयत्व,असत्प्रतिपक्षत्व
- **'उक्तानां पक्षधर्मत्वादिरूपाणां मध्ये येन केनापि रूपेणहीना अहेतवः'**
अर्थात् पक्षधर्मता पक्षसत्त्व आदि हेतु के पाँच रूपों में से किसी एक रूप से भी रहित हेतु अहेतु है।

- हेत्वाभास की संख्या पाँच है- असिद्ध, विरुद्ध, अनैकान्तिक, प्रकरणसम, कालात्ययापदिष्ट।
- **1. असिद्ध हेत्वाभास- 'लिङ्गत्वेनानिश्चितोहेतुरसिद्धः'** लिङ्ग के रूप में निश्चित न होने वाला हेतु असिद्ध हेत्वाभास।
- असिद्ध हेत्वाभास के तीन भेद- आश्रयासिद्ध,स्वरूपासिद्ध,व्याप्यत्त्वासिद्ध
- **आश्रयासिद्ध हेत्वाभास- 'यस्य हेतोराश्रयो नावगम्यते स आश्रयासिद्धः'** जिस हेतु के आश्रय का ही अभाव होता है उसे आश्रयासिद्ध हेत्वाभास कहते हैं। जैसे- गगनारविन्दं सुरभि,अरविन्दत्वात् सरोजारविन्दवत्।
- **स्वरूपासिद्ध हेत्त्वाभास- 'यो हेतुराश्रये नावगम्यते'** जो हेतु आश्रय में सिद्ध नहीं होता है उसे स्वरूपासिद्ध हेत्त्वाभास कहते हैं।
  जैसे- 'अनित्यः शब्दः चाक्षुषत्त्वात् घटवत्।'
- **व्याप्यत्त्वासिद्ध- 'यत्र हेतोर्व्याप्तिर्नावगम्यते'** जहाँ हेतु में व्याप्ति सिद्ध नहीं होती है वह व्याप्यत्त्वासिद्ध हेत्वाभास होता है।
  व्याप्यत्त्वासिद्ध दो का प्रकार है एक साध्य के साथ सहचर न रहने वाला तथा दूसरा उपाधियुक्त साध्य से सम्बन्ध रखने वाला। जैसे- शब्दः क्षणिकः सत्त्वात् तथा क्रत्त्वन्तवर्तिनी हिंसा अधर्मसाधनं, हिंसात्त्वात् क्रतुबाह्यहिंसावत्।

असिद्ध हेत्वाभास के तीन भेद

आश्रयासिद्ध	स्वरूपासिद्ध	व्याप्यत्त्वासिद्ध
(गगनारविन्दम् सुरभि, अरविन्दत्वात् सरोजारविन्दवत्)	(अनित्यः शब्दः, चाक्षुषत्त्वात् घटवत्)	(शब्दः क्षणिकः सत्त्वात् क्रत्त्वन्तवर्तिनी हिंसा अधर्मसाधनं, हिंसात्त्वात् क्रतुबाह्यहिंसावत्)

2. विरुद्ध हेत्वाभास- 'साध्यविपर्ययव्याप्तो हेतुर्विरुद्धः' साध्य के अभाव से व्याप्त हेतु विरुद्ध हेत्वाभास कहलाता है।
जैसे- **'शब्दो नित्यः कृतकत्वादात्मवत्'**

3. अनैकान्तिक हेत्वाभास - 'सव्यभिचारोऽनैकान्तिकः' सव्यभिचार हेतु अनैकान्तिक हेत्वाभास है।

- अनैकान्तिक हेत्वाभास के दो भेद- 1. साधारण अनैकान्तिक 2. असाधारण अनैकान्तिक
- **साधारण अनैकान्तिक-** 'पक्षसपक्षविपक्षवृत्तिः साधारणः' पक्ष,सपक्ष तथा विपक्ष में रहने वाला साधारण अनैकान्तिक है। जैसे- शब्दो नित्यः प्रमेयत्त्वात् व्योमवत्।
- **आसाधारण अनैकान्तिक- 'सपक्षाद् विपक्षाद् व्यावृत्तो यः पक्ष एव वर्तते सोऽसाधारणानैकान्तिकः'** जो सपक्ष तथा विपक्ष में नहीं रहता केवल पक्ष में ही रहता है वह असाधारण अनैकान्तिक है।
  जैसे- भूर्नित्या गन्धवत्त्वात्।

अनैकान्तिक हेत्वाभास के दो भेद

साधारण अनैकान्तिक (शब्दो नित्यः प्रमेयत्त्वात् व्योमवत्)

असाधारण अनैकान्तिक (भूर्नित्या गन्धवत्त्वात्)

- **4. प्रकरणसम हेत्वाभास - 'यस्य हेतोः साध्यविपरीतसाधकं हेत्वन्तरं विद्यते'** जिस हेतु के साध्य के विपरीत अर्थ का दूसरा हेतु विद्यमान होता है वह प्रकरणसम हेत्वाभास हैं। जैसे- **शब्दोऽनित्यो नित्यधर्मरहितत्त्वात्।**
- प्रकरणसम हेत्वाभास को सत्प्रतिपक्ष भी कहते हैं।
- **5. बाधितविषय या कालात्ययापदिष्ट-** 'प्रमाणान्तरावधृतसाध्याभावो हेतुर्बाधितविषयः कालात्ययापदिष्ट' अथवा प्रत्यक्षादिप्रमाणेन पक्षे 'साध्याभावः परिच्छिन्नः स कालात्ययापदिष्टः' प्रत्यक्षादि प्रमाण के द्वारा पक्ष में जिस हेतु के साध्य का अभाव निश्चित कर लिया जाता है वह 'कालात्ययापदिष्ट' है इसे 'बाधितविषय' भी कहा जाता है।
  जैसे- **अग्निरनुष्णः कृतकत्त्वाज्जलवत्।**

हेत्वाभास के पाँच भेद

1. असिद्ध हेत्वाभास — आश्रयासिद्ध, स्वरूपासिद्ध, व्याप्यत्वासिद्ध
2. विरुद्ध हेत्वाभास
3. अनैकान्तिक हेत्वाभास
4. प्रकरणसम हेत्वाभास
5. बाधितविषय या कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास — साधारण, असाधारण

❑❑

4. तर्कसंग्रह

अन्नम्भट्ट कृत तर्कसंग्रह

- न्यायदर्शन का समानतन्त्र वैशेषिक दर्शन है।
- वैशेषिक दर्शन के प्रवर्तक **महर्षि कणाद** हैं इन्हें काश्यप, उलूक, पैलुक एवं औलूकाय भी कहा जाता है।
- इस दर्शन का वैशेषिकदर्शन नाम इसलिए पड़ा क्योंकि यह 'विशेष' नामक पदार्थ को मानता है। इस दर्शन को **काणाद, काश्यपीय, औलूक्य एवं पैलुकदर्शन** के नाम से भी जानते हैं। विशिष्यते सर्वतः व्यवच्छिद्यते येन सः विशेषः।
  (1) विशेषाभ्याम् (चतुर्थी द्विव0) व्यवच्छेदकाभ्यां साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां प्रभवति इति वैशेषिकम्
  (2) विशेषाभ्याम् (तृतीया द्विव0) व्यवहरति इति वैशेषिकं दर्शनम्।
- तर्कसंग्रहकार अन्नम्भट्ट कणाद को आदर पूर्वक स्मरण करते हैं -
  ''**काणादन्यायमतयोर्बालव्युत्पत्तिसिद्धये**''
- पद्मपुराण में भी कणाद का उल्लेख है - ''**कणादेन तु सम्प्रोक्तं शास्त्रं वैशेषिकं महत्**''
- अन्यत्र भी इनका उल्लेख प्राप्त होता है- ''**काणादं पाणिनीयं च सर्वशास्त्रोपकारकम्**''
- **माधवाचार्य** ने अपने **सर्वदर्शनसंग्रह** में वैशेषिकदर्शन के लिए 'औलूक्यदर्शन' शब्द का ही प्रयोग किया है।
- कणादविरचित '**वैशेषिकसूत्र**' में **370 सूत्र** एवं **दस अध्याय** हैं। प्रत्येक अध्याय में दो -दो आह्निक हैं, इसप्रकार कुल 20 आह्निक हैं।
- वैशेषिकदर्शन **न्याय से पूर्ववर्ती** माना जाता है।
- इस दर्शन का प्रमुख लक्ष्य धर्म की व्याख्या करना है ''अथातो धर्मं व्याख्यास्यामः'' इस दर्शन में धर्म की एक विशेष परिभाषा की गयी है- ''यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः '' अर्थात् जिससे इहलौकिक व पारलौकिक सुख की प्राप्ति हो, वही धर्म है।
- वैशेषिकदर्शन की मान्यता है कि अन्यान्य पदार्थों में पाया जाने वाला समान गुण उसका सामान्य कहलाता है, तथा वह विशिष्ट सत्ता जो एक वस्तु को अन्य वस्तुओं

से पृथक् करे विशेष कहलाती है, वस्तुतः पदार्थों का अन्तिम अवशिष्ट अंश ही उसका विशेष है। ' अन्त्यावशेषः विशेषः'

- वैशेषिकों का विशेष सिद्धान्त है-परमाणुकारणवाद।

वैशेषिक दर्शन के प्रमुख आचार्य

1. कणाद- इनके जीवन के सम्बन्ध में कुछ विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं है फिर भी कुछ ग्रन्थों में इनके विषय में निम्न तथ्य प्राप्त होते हैं-

- वायुपुराण में इन्हें प्रभासनिवासी सोमशर्मा का शिष्य और शिव का अवतार बताया गया है।
- किरणावली में उदयनाचार्य ने इन्हें कश्यप मुनि का पुत्र बताया है। त्रिकाण्डकोश में इनके अन्य नाम 'काश्यप' का उल्लेख है।
- पृथ्वी पर गिरे हुए कणों अर्थात् दानों के द्वारा अपना जीवन यापन करने के कारण इन्हें 'कणाद' (कण+ आद) कहा जाता है।
- ''कणान् अत्ति इति कणादः'' इसीकारण इन्हें 'कणभुक्', 'कणभक्ष' तथा 'कणव्रत' भी कहा जाता है।
- **समय** -कुछ विद्वान् इनका समय 150 ईसापूर्व तथा कुछ 400 ईसापूर्व मानते हैं।

2. प्रशस्तपाद- महर्षि कणाद के वैशेषिकसूत्रों के क्रम को अपने अनुसार क्रमबद्ध करके एक स्वतन्त्र ग्रन्थ की रचना की, जिसका नाम ''**पदार्थधर्मसंग्रह**'' रखा।
प्रणम्यहेतुमीश्वरं मुनिं कणादमन्वतः।
प्रवक्ष्यते महादेयः पदार्थधर्मसंग्रहः।। (प्रशस्तपादभाष्य)

- यही '**पदार्थधर्मसंग्रह**' आज '**वैशेषिकभाष्य**' एवं '**प्रशस्तपादभाष्य**' के नाम से प्रसिद्ध है।
- इसे उपलब्ध वैशेषिक भाष्यसाहित्य में प्रथम एवं प्रामाणिक भाष्य कहा जा सकता है।
- इसकी मौलिक शैली के कारण कुछ विद्वान् इसे वैशेषिक सूत्रों का भाष्य न मानकर इसे स्वतन्त्र एवं मौलिकग्रन्थ मानते हैं।
- इसे वैशेषिक दर्शन का प्रवेशद्वार माना जाता है।
- प्रशस्तपाद के समय के विषय में विद्वानों में मतभेद है,कुछ लोग चतुर्थ शताब्दी तथा कुछ विद्वान् पाँचवीं शताब्दी में इनका समय मानते हैं।

प्रशस्तपादभाष्य के टीका ग्रन्थ

टीका	टीकाकार	समय
* व्योमवती (व्योमशिव / व्योमकेशी)	व्योमशिवाचार्य	980 ई0
* किरणावली	उदयनाचार्य	984 ई0
* न्यायकन्दली	श्रीधराचार्य	991 ई0

* लीलावती	श्रीवत्साचार्य	1025 ई0
* सूक्ति	श्रीजगदीशतर्कालङ्कार	1590 ई0
* सेतु	आचार्य पद्मनाभमिश्र	16वीं शताब्दी उत्तरार्ध
* भाष्यनिकष	आचार्य कोलाचल मल्लिनाथ	1850 ई0
* कणादरहस्य	आचार्य शङ्कर मिश्र	

3. शिवादित्य मिश्र - इनके तीन ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं-

(1) सप्तपदार्थी (2) लक्षणमाला (3) हेतुखण्डन

समय- 975 ई0 से 1025 ई0 के मध्य।

4. वल्लभाचार्य - मिथिला के निवासी।
- समय 12 वीं शताब्दी।
- ग्रन्थ- न्यायलीलावती।

न्यायलीलावती की टीकायें

टीका	टीकाकार	समय
* न्यायलीलावती-प्रकाश	पं0वर्धमानोपाध्याय	1250 ई0
* न्यायलीलावती-विवेक	पक्षधर मिश्र	1275 ई0
* न्यायलीलावती-कण्ठाभरण	शङ्कर मिश्र	1450 ई0
* न्यायलीलावती-वर्धमानेन्दु	अभिनव वाचस्पति	1450 ई0
* न्यायलीलावती-विभूति	रघुनाथ शिरोमणि	1547 ई0
* न्यायलीलावती-रहस्य	मथुरानाथ तर्कवागीश	1580 ई0
* न्यायलीलावती-प्रकाश	श्रीरामकृष्णभट्टाचार्य	1570 ई0

अन्नम्भट्ट का परिचय

- अन्नम्भट्ट सोमयाजी तिरुमलाचार्य के पुत्र थे।
- इनका जन्म आन्ध्रप्रदेश के गरिकापाद नामक स्थान पर हुआ था।
- ये तैलङ्ग ब्राह्मण थे।
- समय - 17 वीं शताब्दी
- अग्रज का नाम रामकृष्णभट्ट
- आज भी कृष्णा नदी के तट पर चित्तूर के समीप के रावपुर गाँव में अन्नम्भट्टगोत्रीय ऋग्वेदीय ब्राह्मण रहते हैं।
- कुछ विद्वान् अन्नम्भट्ट को कर्नाटकदेशीय भी मानते हैं।
- ऐसी मान्यता है कि अन्नम्भट्ट ने काशी में अध्ययन किया था इससे सम्बद्ध एक मुहावरा संस्कृतजगत् में प्रसिद्ध है कि-**'काशीगमनमात्रेण नान्नम्भट्टायते द्विजः'** अर्थात् काशी में जाने मात्र से ही कोई अन्नम्भट्ट नहीं बन जाता। इस कथन से उनके

वैदुष्य तथा विलक्षण प्रतिभा का सङ्केत मिलता है।

- अन्नम्भट्ट न्याय एवं वैशेषिक के साथ-साथ वेदान्त एवं व्याकरणशास्त्र के भी प्रकाण्डपण्डित थे।

रचनायें -

- तर्कसंग्रह (न्याय वैशेषिक का प्रकरण ग्रन्थ)
- दीपिका टीका (तर्कसंग्रह के ऊपर लिखी गयी टीका)
- जयदेव के तत्त्वचिन्तामण्यालोक ग्रन्थ पर 'सिद्धाञ्जन' टीका
- ब्रह्मसूत्र पर 'मिताक्षरा' टीका
- उदयनाचार्य विरचित न्यायपरिशिष्ट पर 'प्रकाश' टीका
- तन्त्रवार्तिक पर 'सुबोधिनी सुधासार' टीका
- अष्टाध्यायी पर 'मिताक्षरा' टीका
- कात्यायन के शुक्लयजुर्वेदप्रातिशाख्य पर भाष्य।

तर्कसंग्रह का परिचय

- तर्क्यन्ते प्रतिपाद्यन्ते इति तर्काः। 'तर्काणां संग्रहः इति तर्कसंग्रहः' इस ग्रन्थ में द्रव्यादि सप्त पदार्थों का प्रमाणपूर्वक संग्रह किया गया है, अतः इसे तर्कसंग्रह कहा गया है।
- जिसके द्वारा प्रमेय पदार्थों का ज्ञान प्राप्त किया जाय, वह तर्क अथवा प्रमाण ही तर्कसंग्रह है - 'तर्क्यते अनेन इति तर्कः प्रमाणम्।'
- तर्कसंग्रह के मंगलाचरण में ही अन्नम्भट्ट ने कहा है कि- **''बालानां सुखबोधाय क्रियते तर्कसंग्रहः''** अर्थात् बच्चों के समझाने के लिए, वैशेषिकदर्शन में सहज रूप से प्रवेश कराने के लिए इस विषय के जिज्ञासु बालबुद्धि लोगों के लिए इस ग्रन्थ का प्रणयन किया जा रहा है।
- अन्नम्भट्ट विरचित तर्कसंग्रह न्यायवैशेषिक दर्शन का प्रवेशद्वार है
- दार्शनिक दृष्टि से **तर्कसंग्रह वैशेषिक-प्रधान प्रकरणग्रन्थ है।**
- यह ग्रन्थ न्याय-वैशेषिक विचारधारा की गीता है अन्नम्भट्ट की यह कृति **'बालगादाधरी'** कहलाती है।

तर्कसंग्रह की कुछ प्रसिद्ध टीकायें

1. तर्कदीपिका	-	अन्नम्भट्ट
2. तर्कसंग्रह चन्द्रिका	-	मुकुन्दभट्ट गाडगिल
3. सिद्धान्तचन्द्रोदय	-	कृष्णधूर्जटि दीक्षित
4. तर्कसंग्रह टीका	-	श्री अनन्त नारायण
5. तर्कसंग्रह टीका	-	गौरीकान्त
6. तर्कसंग्रह टीका	-	रमानाथ
7. तर्कसंग्रह टीका	-	विश्वनाथ

8. तर्कसंग्रह तत्त्वप्रकाश (नीलकण्ठी)-		नीलकण्ठ
9. तर्कसंग्रह तरंगिणी	-	विन्ध्येश्वरी प्रसाद
10. तर्कसंग्रह वाक्यार्थ	-	मध्वगोविन्द हरबल
11. तर्कसंग्रह व्याख्या	-	मुरारि
12. निरुक्ति	-	जगन्नाथ शास्त्री
13. न्यायचन्द्रिका	-	केशवभट्ट
14. न्यायबोधिनी	-	गोवर्धन
15. न्यायबोधिनी	-	रत्ननाथ शुक्ल
16. न्यायार्थलघुबोधिनी	-	गोवर्धन रंगाचार्य
17. पदकृत्य	-	चन्द्रजसिंह (बुध सिंह)
18. बालप्रबोधिनी	-	रामनारायण
19. भाष्यवृत्ति	-	मेरुशास्त्री
20. तर्कचन्द्रिका या प्रभा	-	वैद्यनाथ गाडगिल
21. हनुमती	-	व्यासपुत्र हनुमान्
22. भास्करोदया	-	लक्ष्मी नृसिंह
23. तर्कसंग्रह टिप्पणी	-	पट्टाभिराम

तर्कसंग्रह का मङ्गलाचरण

निधाय हृदि विश्वेशं विधाय गुरुवन्दनम्।
बालानां सुखबोधाय क्रियते तर्कसंग्रहः।।

- विश्व के स्वामी अर्थात् भगवान् शिव को हृदय में रखकर तथा गुरु की वन्दना करके बालकों को सुखपूर्वक ज्ञान कराने के लिए मेरे अन्नम्भट्ट के द्वारा तर्कसंग्रह की रचना की जा रही है।
- 'ग्रन्थस्य निर्विघ्नपरिसमाप्त्यर्थम् यह मङ्गलाचरण किया गया।
- इसमें भगवान् शिव तथा गुरु की वन्दना होने से नमस्कारात्मक मङ्गलाचरण के साथ-साथ वस्तुनिर्देश भी किया गया है।
- इस मङ्गलाचरण में चार प्रकार के अनुबन्धों का भी निर्देश किया गया है, क्योंकि 'सम्बन्धश्चाधिकारी च विषयश्च प्रयोजनम्। विनानुबन्धं ग्रन्थादौ मङ्गलं नैव शस्यते।।

तर्कसंग्रह के अनुबन्ध चतुष्टय

(1) **अधिकारी-** बाल अर्थात् जिसने न्यायशास्त्र का अध्ययन नहीं किया है
(2) **विषय-** तर्क अर्थात सप्तपदार्थों का संक्षिप्त स्वरूपकथन
(3) **सम्बन्ध-** प्रतिपाद्य प्रतिपादकभाव अर्थात् प्रतिपाद्य पदार्थ तथा प्रतिपादक ग्रन्थ तर्कसंग्रह।
(4) **प्रयोजन-** सुखबोधाय अर्थात् सफलतापूर्वक ज्ञान की प्राप्ति

वैशेषिक दर्शन के सात पदार्थ

सप्त पदार्थ- द्रव्य-गुण- कर्म-सामान्य -विशेष- समवाय- अभावाः सप्त पदार्थाः पद+ अर्थः = पदार्थः। पदस्य अर्थः = पदार्थः। इसप्रकार कोई भी इन्द्रियग्राह्य विषय जिसे कोई नाम दिया जा सके पदार्थ कहलाता है।

- पदार्थ से अभिप्राय है- न्यायवैशेषिक दर्शन द्वारा स्वीकृत संसार के मूलभूत घटक जिनके आधार पर समस्त संसार के स्वरूप एवं स्वभाव की व्याख्या की जा सकती है।
- इसप्रकार दार्शनिक परम्परा में अद्वैतवेदान्त एकत्ववादी है तो सांख्य द्वैतवादी तो न्यायवैशेषिक सात मूल तत्त्वों को मानने के कारण बहुत्ववादी।
- अन्नम्भट्ट ने तर्कसंग्रह दीपिका टीका में पदार्थ का लक्षण दिया है पदस्यार्थः पदार्थः इति व्युत्पत्त्या अभिधेयत्वं पदार्थसामान्यलक्षणम् यहाँ 'अभिधेय' से तात्पर्य है - जिसका नाम दिया सके। संसार में ऐसी कोई वस्तु या पद नहीं है जिसका कोई नाम न दिया जा सके।
- शिवादित्य 'सप्तपदार्थी ' नामक ग्रन्थ में कहते हैं- ''प्रमितिविषयाः पदार्थाः '' अर्थात् जो कुछ भी ज्ञान का विषय हो सकता है, वह पदार्थ है।

तर्कसंग्रह में अन्नम्भट्ट ने सात पदार्थ बतायें है-

1. द्रव्य (Substance) 2. गुण (Quality) 3. कर्म (Action)
4. सामान्य (Universal) 5. विशेष (Particularity)
6. समवाय (Inherence) 7. अभाव (Non-existence)

- महर्षि कणाद एवं वैशेषिकसूत्रों के भाष्यकार प्रशस्तपाद ने प्रारम्भ में वैशेषिक दर्शन के छः पदार्थों का उल्लेख किया है।
- बाद में शिवादित्य, श्रीधर, उदयनाचार्य, व्योमशिव, अन्नम्भट्ट आदि परवर्ती वैशेषिकाचार्यों ने एक सातवें पदार्थ अभाव को भी जोड़ा।
- वैशेषिकदर्शन के समानतन्त्र न्यायदर्शन में तार्किक प्रक्रिया की दृष्टि से 16 पदार्थ बताये गये हैं। यथा- प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल, जाति तथा निग्रहस्थान। न्यायदर्शन के इन सोलहों पदार्थों को वैशेषिक के सात पदार्थों में अन्तर्भूत माना जाता है।

वैशेषिक दर्शन का प्रथम पदार्थ- द्रव्य

- **द्रव्य –** तर्कसंग्रह में द्रव्य का कोई लक्षण नहीं किया गया है किन्तु अन्नम्भट्ट ने तर्कसंग्रह की दीपिका टीका में द्रव्य का लक्षण करते हैं- **''द्रव्यत्वजातिमत्त्वं गुणवत्त्वं वा द्रव्यसामान्यलक्षणम्''** द्रव्य, द्रव्यत्वजाति से युक्त तथा गुणवान् होता है।
- तर्कसंग्रह की 'पदकृत्य' टीका में द्रव्य को 'कार्यमात्र समवायिकारण' कहा गया है- **''द्रव्यत्वं जातिमत्त्वं समवायिकारणत्वं वा द्रव्यसामान्यलक्षणम्''**
- वैशेषिक सूत्र में महर्षि कणाद ने द्रव्य को क्रिया गुण से युक्त एवं समवायिकारण कहा है।

''**क्रियागुणवत्समवायिकारणमिति द्रव्यलक्षणम्**'' (वैशेषिकसूत्र- 1.1.15)

- इसप्रकार द्रव्य की कुल चार परिभाषायें की जा सकती हैं- **1. क्रियावद् द्रव्यम् -** अर्थात् द्रव्य कर्मों का आश्रय है। **2. गुणवद् द्रव्यम् -** अर्थात् गुण का आश्रय द्रव्य है। **3. द्रव्यत्वजातिमत्त्वं द्रव्यम्-**अर्थात् द्रव्यत्व जाति से युक्त द्रव्य है। **4. समवायिकारणं द्रव्यम् -** अर्थात् द्रव्य समवायिकारण है।
- दर्शनाचार्यों की दृष्टि में प्रथम तीन लक्षण सदोष तथा अन्तिम निर्दुष्ट लक्षण है।
- केवल द्रव्य ही समवायिकारण होता है, अन्य पदार्थ नहीं।
- सामान्यतः गुण एवं कर्म का आश्रय द्रव्य माना जाता है।

वैशेषिक दर्शन के नौ द्रव्य

- ''**तत्र द्रव्याणि पृथिव्यप्ततेजोवाय्वाकाशकालदिगात्ममनांसि नवैव**'' उन सात पदार्थों में जो प्रथम पदार्थ द्रव्य है, वे नौ ही होते हैं- 1.पृथिवी 2. अप् (जल) 3. तेज 4. वायु 5. आकाश 6. काल 7. दिक् (दिशा) 8. आत्मा 9. मन।
- इन गुणों में प्रथम पाँच गुण भौतिक पदार्थ हैं। दिक् एवं काल अर्धभौतिक द्रव्य हैं। आत्मा और मन नितान्त अभौतिक पदार्थ हैं।
- सभी नौ द्रव्यों में पृथिवी, अप्, तेज, वायु और मन ये ऐसे द्रव्य है जिनमें गुण और क्रिया दोनों रहते हैं, शेष चार द्रव्य केवल गुणवान् हैं।
- प्रभाकर मीमांसक भी वैशेषिक की भाँति इन्हीं नौ द्रव्यों को मानते हैं।
- कुमारिलभट्ट ने द्रव्यों की संख्या 11 मानी है, इसी क्रम में कुमारिलभट्ट ने 'तम' नामक दशम द्रव्य की कल्पना की।
- वैशेषिक दर्शन का मुख्य लक्ष्य बाह्यार्थवाद की स्थापना है। इसीलिए बाह्य जगत् के पदार्थों में सर्वप्रथम द्रव्य को मानना आवश्यक है।

नौ द्रव्यों में प्रथम द्रव्य- पृथिवी

- (i) **पृथिवी** ''गन्धवती पृथिवी '' गन्धवती पृथिवी है

पृथिवी ''गन्धवती पृथिवी''

द्विविधा

नित्या (परमाणुरूपा) | अनित्या (कार्यरूपा)

पुनः सा पृथिवी त्रिविधा

शरीर (हम लोगों का पार्थिव शरीर) | इन्द्रिय (गन्धग्राहक घ्राणेन्द्रिय) | विषय (मिट्टी, पाषाण आदि)

पृथिवी द्रव्य के विषय में कुछ स्मरणीय तथ्य-

- गन्ध पृथिवी का असाधारण धर्म है।
- गन्ध पृथिवी के अतिरिक्त अन्यत्र नहीं प्राप्त होता।
- अन्य द्रव्यों में गन्ध- प्रतीति औपाधिक होती है।

नौ द्रव्यों में परिगणित द्वितीय द्रव्य-अप् (जल)

(ii) **अप् (जल) ''शीतस्पर्शवत्य आपः''**

शीत स्पर्श से युक्त जल है।

आपः (जल)

नित्य (परमाणुरूप)

अनित्य (कार्यरूप)

शरीर (वरुणलोक में)

इन्द्रिय (रसग्राहक जिह्वेन्द्रिय)

विषय (सरित्समुद्र आदि)

नौ द्रव्यों में परिगणित तृतीय द्रव्य - तेज

(ii) **तेज- उष्णस्पर्शवत्तेजः**

उष्ण (गर्म) स्पर्श वाला तेज है।

तेज

नित्य (परमाणुरूप)

अनित्य (कार्यरूप)

शरीर (आदित्यलोक में)

इन्दिय (कृष्णताराग्रवर्ति)

विषय

भौम (प्रत्यक्ष अग्नि)

दिव्य (विद्युतीय, आकाशीय और जलीय अग्नि)

औदर्य (उदरणी अग्नि)

आकरज (सुवर्ण आदि का तेज)

(iv) **नौ द्रव्यों में परिगणित चतुर्थ द्रव्य - वायु**

वायु- 'रूपरहितस्पर्शवान् वायुः'

रूप से रहित और स्पर्शयुक्त वायु है।

वायु

- नित्य (परमाणुरूप)
- अनित्य (कार्यरूप)
  - शरीर (वायुलोक में)
  - इन्द्रिय (सर्वशरीरवर्ति त्वक्)
  - विषय
    - वृक्षादिकम्पन हेतु
    - शरीरान्तः संचारी प्राणवायु
      - उपाधिभेद से वायु के भेद
        - प्राणवायु (हृदय में)
        - अपानवायु (गुदा में)
        - व्यानवायु (सम्पूर्ण शरीर में)
        - उदानवायु (कण्ठ में)
        - समानवायु (नाभि में)

(v) नौ द्रव्यों में परिगणित पञ्चम द्रव्य- आकाश

आकाश-शब्दगुणकमाकाशम्- शब्द गुण से युक्त आकाश है। और वह विभु , नित्य और एक है।

आकाश (शब्दगुण सम्पन्न)

- एक
- नित्य
- विभु

➢ शब्द केवल आकाश का ही गुण है, अन्य किसी पदार्थ का नहीं, क्योंकि रूप, रस आदि तो अन्य पदार्थों में भी रहते हैं, किन्तु शब्द आकाश के अतिरिक्त अन्यत्र नहीं रहता है।

➢ आकाश का समस्त मूर्त पदार्थों से सम्बन्ध होने के कारण यह विभु है।

➢ आकाश का कभी विनाश न होने से यह नित्य है।

➢ आकाश की संख्या केवल एक मानी गयी है, इससे अधिक अथवा कम नहीं।

➢ सांख्यदर्शन में आकाश को शब्दतन्मात्रा से उत्पन्न महाभूत की संज्ञा प्रदान की गयी है।

➢ भाट्टमीमांसक शब्द और आकाश दोनों को स्वतन्त्र द्रव्य मानते हुए आकाश को प्रत्यक्ष मानते हैं, जबकि वैशेषिक इसे अनुमेय कहते हैं।

➢ वेदान्त ने आकाश को ब्रह्म स्वरूप माना है।

➢ जैनदर्शन का मत है कि संसार के सभी प्राणियों धर्म, अधर्म, काल, द्रव्य एवं समस्त पुद्गलों को स्थान देने वाला, आकाश वस्तुतः द्रव्य की श्रेणी में आता है।

➢ महर्षि कणाद की मान्यता है कि शब्द केवल आकाश का गुण है, क्योंकि वह अन्य किसी द्रव्य का गुण हो ही नहीं सकता है।

(vi) **नौ द्रव्यों में परिगणित छठवाँ द्रव्य-काल**

- **काल-** अतीतादिव्यवहारहेतुः कालः
- अतीतादि व्यवहार का हेतु काल है, वह भी विभु नित्य और एक है।

काल

सत् द्रव्य | नित्य | विभु | एक

- उत्पत्ति स्थिति विनाश का हेतु उपाधित्रय से युक्त

काल द्रव्य के विषय में कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य

- तर्कसंग्रह की दीपिका टीका में अन्नम्भट्ट ने काल को सबका आधार और सभी कार्यों के प्रति निमित्तकारण माना है- ''**सर्वाधारः कालः सर्वकार्यनिमित्तकारणञ्च**''
- काल के विषय में विश्वनाथ कहते हैं कि 'समस्त जन्य वस्तुओं का जनक और सम्पूर्ण विश्व का आश्रय ही काल है।'
- शैव शाक्त और आगम 'काल' को ईश्वर की सम्पृक्त शक्ति कहकर परिभाषित करते हैं।
- न्यायदर्शन काल की अतीत और अनागत सत्ता को मान्यता प्रदान करता है, वर्तमान को नहीं।

(vii) **नौ द्रव्यों में परिगणित सातवाँ द्रव्य-दिक्**

- **दिक् (दिशा)- 'प्राच्यादिव्यवहारहेतुर्दिक्'**

प्राची आदि व्यवहार का कारण ही .दिक् है और वह एक, सर्वव्यापक एवं नित्य है।

दिक् के विषय में कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य-

- दिशा को अन्नम्भट्ट ने एक, सर्वव्यापक एवं नित्य कहा है जबकि प्रशस्तपाद दिक् के दस औपाधिक भेदों का विवरण इस प्रकार देते हैं-

	दिशा	अपरनाम	देवता
1.	पूर्व दिशा	माहेन्द्री	इन्द्र
2.	पश्चिम दिशा	वारुणी	वरुण
3.	उत्तर दिशा	कौबेरी	कुबेर
4.	दक्षिण दिशा	याम्या	यम
5.	उत्तर-पूर्व का कोण	ऐशानी	ईशान
6.	उत्तर- पश्चिम का कोण	वायव्या	वायु
7.	दक्षिण-पश्चिम का कोण	नैर्ऋति	नैर्ऋत
8.	दक्षिण-पूर्व दिशा का कोण	आग्नेयी	अग्नि
9.	ऊर्ध्व (ऊपर) दिशा	ब्राह्मी	ब्रह्म
10.	नीचे की दिशा	नागी	नाग

- उदयाचल के तरफ की दिशा **प्राची अर्थात् पूरब** कहलाती है, अस्ताचल के निकट की ओर **प्रतीची अर्थात् पश्चिम** दिशा है। मेरु पर्वत की ओर **उदीची** अर्थात् **उत्तर** दिशा है तथा उसके विपरीत दिशा में **अवाची अर्थात् दक्षिण** दिशा कहलाती है।
- औपाधिक दस दिशाओं के अलावा पद्मनाभ मिश्र एवं शिवादित्य आदि वैशेषिक दर्शन के कुछ आचार्यों ने प्राची और अवाची दिशाओं के मध्य **रौडी** नामक ग्यारहवीं दिशा को भी मान्यता प्रदान की है जिसके देवता **रुद्र** माने गये हैं।
- वैशेषिक दर्शन **दिक् को अनुमान का विषय** स्वीकार करता है।
- अन्नम्भट्ट अपनी दीपिका टीका में कहते हैं कि-विशिष्ट समय एवं किसी विशेष प्रदेश में उत्पन्न होने के कारण प्रत्येक कार्य के प्रति दिक् और काल निमित्तकारण होता है।
- **'गुणाश्रयो द्रव्यम्'** इस सिद्धान्त के अनुसार दिशा में भी काल के समान ही संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, और विभाग-इन पाँच गुणों की परिकल्पना की गयी है।
- तर्कसंग्रह में आकाश, काल और दिक्- इन तीनों द्रव्यों को एक, सर्वव्यापक और नित्य बताया गया है, किन्तु इनमें कुछ भेद भी हैं।
- शब्द आकाश का विशेष गुण है जबकि दिक् का कोई विशेष गुण नहीं है।
- आकाश शब्द का समवायिकारण है जबकि दिक् किसी का समवायिकारण नहीं है।
- आकाश का सम्बन्ध भूतों से होता है, जबकि दिक् का सम्बन्ध मन से।
- आकाश की स्वतन्त्र सत्ता होती है, जबकि दिक् प्रमाता के अनुभव पर आधारित है।

(viii) **नौ द्रव्यों में परिगणित आठवाँ द्रव्य- आत्मा**

आत्मा- ''ज्ञानाधिकरणमात्मा'' ज्ञान का अधिकरण आत्मा है।

जीवात्मा और परमात्मा भेद से वह दो प्रकार का होता है।

आत्मा

परमात्मा: ईश्वर, सर्वज्ञ, एक

जीवात्मा: प्रत्येक शरीर में भिन्न (अनेक), विभु (सर्वव्यापक), नित्य

आत्मा के विषय में कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य

- प्रत्येक शरीर के भिन्न होने के कारण आत्मा को अनेक मानना भी उचित है, कभी विनष्ट न होने के कारण इसे नित्य भी कहा गया है। सर्वत्र विद्यमान होने के कारण इस आत्मा को सर्वव्यापक भी कहा गया है।
- परमात्मा नित्य ज्ञान का अधिकरण होता है, जबकि जीवात्मा में अनित्य ज्ञान विद्यमान रहता है।

- जीवात्मा शरीर में विद्यमान होने से शरीर को धारण करने वाला है, जबकि परमात्मा शरीर के विना भी स्थित रहता है।
- जीवात्माओं में कुछ मुक्त एवं बद्ध होते हैं, जबकि परमात्मा नित्य मुक्त होता है।
- जीवात्मा में अधर्म, मिथ्याज्ञान और प्रमाद आदि विद्यमान रहते हैं, जबकि परमात्मा में अणिमा आदि ऐश्वर्य रहते हैं।
- चार्वाक को छोड़कर सम्पूर्ण भारतीय दर्शन परम्परा आत्मा के अस्तित्व को स्वीकार करती है।

(xi) **नौ द्रव्यों में परिगणित अन्तिम द्रव्य-मन**

मन- सुखाद्युपलब्धिसाधनमिन्द्रियं मनः

सुख आदि की उपलब्धि का साधन इन्द्रिय ही मन है और वह प्रत्येक आत्मा के साथ नियम से रहने के कारण अनन्त, परमाणुरूप एवं नित्य है।

मन

अनन्त | परमाणुरूप | नित्य

मन द्रव्य के विषय में कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य

- वैशेषिकदर्शन की नौ द्रव्य परम्परा में मन की **अन्तिम द्रव्य** के रूप में गणना की गयी है। इसे **अन्तरिन्द्रिय** भी कहते हैं।
- विद्वानों ने मन का निर्वचन ''**मन्यते ज्ञायते अनेन इति मनः**'' किया है।
- दीपिका टीका में अन्नम्भट्ट ने कहा है- 'स्पर्शरहितत्वे सति क्रियात्त्वम्' अर्थात् जो स्पर्शरहित रहते हुए भी क्रियावान् रहता है, उसे 'मन' कहते हैं।
- अन्नम्भट्ट प्रत्येक शरीर के साथ आत्मा की भिन्न स्थिति स्वीकार करते हैं मन को भी प्रत्येक आत्मा के साथ नियतरूप से अलग-अलग स्वीकार करते हैं।
- अन्नम्भट्ट आत्मा और मन दोनों को नित्य मानते हुए भी इसके संयोग को नित्य नहीं मानते हैं।
- मन के परमाणुरूप होने के कारण ही उसकी नित्यता सम्भव होती है।

2. वैशेषिक दर्शन का द्वितीय पदार्थ -गुण

- **गुण का लक्षण** -वैशेषिक सूत्र में गुण का लक्षण इसप्रकार है-

  ''**द्रव्याश्रय्यगुणवान् संयोगविभागेष्वकारणमनपेक्ष इति गुणलक्षणम्** ''

  अर्थात् - जो द्रव्य में आश्रित हो, गुणरहित हो और संयोग तथा विभाग के प्रति स्वतन्त्रकारण न हो वह गुण है।
- तर्कसंग्रह की दीपिका टीका में अन्नम्भट्ट गुण की दो परिभाषायें करते हैं-

  (क) '**गुणत्वजातिमान्**' अर्थात् गुणत्वजाति से जो युक्त है वह गुण है।

  (ख) '**द्रव्यकर्मभिन्नत्वे सति सामान्यवान्**' अर्थात् द्रव्य और कर्म से भिन्न होते हुए जो सामान्य (गुणत्व जाति) का आश्रय हो, वह गुण है।

- वैशेषिक के अनुसार 'सामान्य' केवल तीन पदार्थों में रहता है- द्रव्य, गुण तथा कर्म।
- कणाद ने सत्रह प्रकार के गुणों का उल्लेख किया है; बाद में प्रशस्तपाद ने इसमें सात और गुणों को जोड़कर इसकी संख्या 24 तक पहुँचायी। ये हैं- गुरुत्व, द्रवत्व, स्नेह, संस्कार, धर्म, अधर्म तथा शब्द।

गुणों का विभाजन

- प्रशस्तपाद ने चौबीस गुणों का वर्गीकरण मूर्त, अमूर्त, एवं मूर्तामूर्तगुण (उभयगुण) के रूप में किया है।
- **मूर्तगुण-** रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, परत्व, अपरत्व, गुरुत्व द्रवत्व, स्नेह, वेग एवं स्थितिस्थापक (संस्कार)।
- **अमूर्तगुण-** बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म- अधर्म, शब्द, भावना (संस्कार)।
- **मूर्तामूर्त गुण (उभयगुण)-** संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग एवं विभाग।

गुणों का दूसरे प्रकार का विभाजन

- **विशेष एवं सामान्य गुण -** विशेष से तात्पर्य उन गुणों से है , जो एक समय में एक ही द्रव्य में रहते हैं इसलिए विशेष गुण द्रव्यों के भेदक गुण होते हैं।
- सामान्य गुण वे हैं जो एक साथ दो या उससे अधिक द्रव्यों में रहते हैं।
- **विशेषगुण-** रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, स्नेह द्रवत्व (सांसिद्धिक), बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म, शब्द, भावना (संस्कार)
- **सामान्य गुण-** संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, गुरुत्व, द्रवत्व (नैमित्तिक) वेग (संस्कार)

गुणों का अन्य प्रकार का विभाजन-

- **द्वीन्द्रियग्राह्यगुण-** संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, द्रवत्व, स्नेह, तथा, वेग (स्थितिस्थापक)।
- **बाह्येन्द्रिय ग्राह्यगुण-** रूप,रस, गन्ध, स्पर्श, तथा शब्द
- **अतीन्द्रिय गुण-** गुरुत्व, धर्म, अधर्म, तथा भावना।
- **अन्तरिन्द्रिय गुण-** बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, तथा प्रयत्न।

गुण पदार्थ की विशेषतायें

- गुण 'गुणत्व' जाति से युक्त होते हैं।
- गुण सदा द्रव्यों में ही आश्रित होते हैं।
- गुण में गुण नहीं रहते।
- गुण में क्रिया भी नहीं पायी जाती।
- गुण संयोग और विभाग का साक्षात् कारण नहीं है।
- गुण अपने कार्य का असमवायिकारण है।

- गुण एक ऐसा धर्म है जो द्रव्य में समवाय सम्बन्ध से रहता है।

अन्य शास्त्रों की दृष्टि में गुण

- लौकिक व्यवहार में सामान्य रूप से शील, विनम्रता, दयालुता, परोपकारिता आदि को गुण कहा जाता है।
- व्याकरणशास्त्र में **'अदेङ्गुणः'** से "अ,ए, ओ" को गुण कहा जाता है।
- सांख्यदर्शन में प्रकृति के घटकतत्व **सत्त्व, रजस् और तमस्** को गुण कहा जाता है।
- काव्यशास्त्र में **ओज, प्रसाद एवं माधुर्य** को गुण कहा गया है।
- राजनीतिशास्त्र में सन्धि, विग्रह, यान, आसन, द्वैधीभाव एवं संश्रय इन छहों को **नीतिविषयक गुण** कहा गया है।
- **गुण की परिभाषा वैशेषिक दर्शन के अनुसार-** गुणत्व जाति से युक्त, द्रव्य एवं कर्म से अलग होते हुए, सामान्य धर्म से युक्त पदार्थ ही गुण है। **"गुणत्वजातिमान् द्रव्यकर्मभिन्नत्वे सति सामान्यवान् "** (दीपिका टीका)

वैशेषिकदर्शन के चौबीस गुणों में परिगणित प्रथम गुण-रूप

- **1. रूप- "चक्षुर्मात्रग्राह्यो गुणो रूपम् "**

  नेत्र मात्र से ग्रहण किया जाने वाला गुण रूप है।

  रूप के प्रकार - रूप गुण के सात प्रकार हैं-

  शुक्ल-नील-पीत- रक्त-हरित-कपिश-चित्रभेदात् सप्तविधम् '

  रूप गुण के सात प्रकार

  - (1) शुक्ल (श्वेत)
  - (2) नील (नीला)
  - (3) पीत (पीला)
  - (4) रक्त (लाल)
  - (5) हरित (हरा)
  - (6) कपिश (भूरा)
  - (7) चित्र (चितकबरा)

- **रूप गुण किन द्रव्यों में रहता है -** "पृथिवी-जल-तेज-वृत्तिः"

  यह रूप गुण पृथिवी, जल तथा तेज में रहता है।"
- पृथिवी में सातों प्रकार के रूप रहते हैं - 'पृथिव्यां सप्तविधम्'
- जल में अभास्वर = (नहीं चमकने वाला) शुक्ल रहता है। **'अभास्वरशुक्लं जले'**
- तेज द्रव्य में भास्वर = (चमकने वाला) शुक्ल होता है। **"भास्वरशुक्लं तेजसि"**

रूप गुण की द्रव्यों में स्थिति

पृथिवी में (सातों प्रकार के रूप) | जल में (अभास्वर शुक्ल) | तेज में (भास्वर शुक्ल)

रूप गुण की विशेषतायें -

(1) यह रूप नामक गुण पृथिवी जल एवं तेज में रहता है किसी अन्य द्रव्य में नहीं।
(2) इसका ज्ञान केवल चक्षुरिन्द्रिय के द्वारा होता है। अतः यह चक्षु का सहकारी है।
(3) रूप गुण पृथिवी, जल और तेज के प्रत्यक्ष में कारण होता है।
(4) पार्थिव वस्तुओं का रूप पाकज होता है, जल और तेज में रूप अपाकज होता है।
(5) पाकज होने के कारण पार्थिव रूप अनित्य होता है, जल और तेज के परमाणुओं का रूप अपाकज होने के कारण अनित्य होता है।
(6) रूप गुण द्रव्य में व्याप्यवृत्ति होकर रहता है।

2. द्वितीय गुण - रस

- **रस** - ''रसनाग्राह्यो गुणो रसः'' रसनेन्द्रिय के द्वारा ग्रहण किया जाने वाला गुण रस है।
- **रस के प्रकार-** 'रस' नामक गुण छह प्रकार का होता है।
  ''मधुराम्ललवणकटुकषायतिक्तभेदात् षड्विधः''

रस (छह प्रकार)

1.मधुर 2.अम्ल 3.लवण 4.कटु 5.कषाय 6.तिक्त

- **रस की द्रव्यों में स्थिति -** यह रस नामक गुण पृथिवी तथा जल नामक द्रव्यों में रहता है।
- पृथिवी में छः प्रकार के रस होते हैं, जल में केवल मधुर रस ही होता है ''पृथिवीजलवृत्तिः। तत्र पृथिव्यां षड्विधः। जले मधुर एव''

रस की स्थिति

पृथिवी में (छहों प्रकार का रस) | जल में (केवल मधुर)

रस नामक गुण की विशेषतायें

(1) यह 'रस' नामक विशेष गुण पृथिवी एवं जल में रहता है, किसी अन्य द्रव्य में नहीं।
(2) इसका ज्ञान केवल रसना के द्वारा होता है।
(3) यह रसना का सहकारी है।
(4) यह 'रस' द्रव्य में व्याप्यवृत्ति होकर रहता है।

(5) यह रस गुण स्वप्रत्यक्ष में कारण होता है।
(6) जल का रस मधुर होता है।
(7) रस केवल पार्थिव वस्तुओं में पाया जाता है।
(8) पार्थिव वस्तुओं का रस पाकज और जल का रस अपाकज होता है।
(9) केवल जल परमाणु का रस नित्य है, शेष अनित्य।

3. तृतीय गुण- गन्ध

गन्ध - घ्राणग्राह्यो गुणो गन्धः
घ्राणेन्द्रिय (नासिका) से ग्रहण किया जाने वाला गुण गन्ध है।
गन्ध गुण के प्रकार - यह गन्ध गुण दो प्रकार का है-
(1) सुरभि (सुगन्ध) (2) असुरभि (दुर्गन्ध) ''स च द्विविधः सुरभिरसुरभिश्च।''

गन्ध

सुरभि (सुगन्ध) | असुरभि (दुर्गन्ध)

गन्ध गुण की स्थिति- यह गन्ध गुण केवल पृथिवी में ही रहता है- ''पृथिवीमात्रवृत्तिः''
गन्ध गुण की विशेषतायें- (1) यह गन्ध नामक विशेष गुण केवल पृथिवी में ही रहता है किसी अन्य द्रव्य में नहीं।
(2) इसका ज्ञान केवल घ्राणेन्द्रिय के द्वारा होता है।
(3) यह घ्राणेन्द्रिय का सहकारी है।
(4) यह गन्ध गुण पार्थिव द्रव्यों में व्याप्यवृत्ति होकर रहता है।
(5) यह स्वप्रत्यक्ष में कारण होता है।
(6) इसके दो भेद है- सुरभि (खुशबू) एवं असुरभि (बदबू)
(7) पाकज होने के कारण यह अनित्य है।

4. स्पर्शः- 'त्वगिन्द्रियमात्रग्राह्यो गुणः स्पर्शः'
त्वगिन्द्रिय मात्र (त्वचा) से ग्रहण किया जाने वाला गुण स्पर्श है।

स्पर्श गुण के भेद- वह तीन प्रकार का है-
(1) शीत (ठण्डा) (2) उष्ण (गर्म) (3) अनुष्णातीत (न गर्म न ठण्डा)
'स च त्रिविधः- शीत-उष्ण-अनुष्णातीतभेदात्'

स्पर्श (तीन प्रकार)

शीत | उष्ण | अनुष्णातीत

➢ **स्पर्श की स्थिति -** पृथिवी, जल, तेज,वायु,में यह स्पर्श गुण रहता है-
'पृथिव्यप्तेजोवायुवृत्तिः'

- जल में शीत स्पर्श, तेज में उष्णस्पर्श तथा पृथिवी एवं वायु में अनुष्णाशीत स्पर्श होता है।

स्पर्श गुण की द्रव्यों में स्थिति

पृथिवी	जल	तेज	वायु
(अनुष्णाशीत)	(शीत स्पर्श)	(उष्ण स्पर्श)	(अनुष्णाशीत)

- पृथिवी का स्पर्श पाकज और वायु का स्पर्श अपाकज होता है।
- जल,तेज और वायु के परमाणुओं का स्पर्श नित्य होता है पार्थिव परमाणुओं का स्पर्श पाकज होने के कारण अनित्य होता है।
- पृथिवी में रूप,रस,गन्ध और स्पर्श- ये चारों गुण पाक द्वारा उत्पन्न होते हैं, अतः अनित्य हैं। ये 'पाकज' कहलाते हैं।
- पृथिवी से भिन्न द्रव्यों में ये सभी गुण 'अपाकज' हैं और नित्य तथा अनित्य दोनों प्रकार के होते हैं।
- ये नित्यपदार्थों में नित्य तथा अनित्य पदार्थों में अनित्य हैं।
- न्यायदर्शन इस क्रिया को **'पिठरपाक'** तथा वैशेषिक दर्शन इसे **'पीलुपाक'** कहता है। 'पीलु' पद का अर्थ है- परमाणु।
- इस दृष्टि से 'पीलुपाक' का अर्थ हुआ- 'परमाणुओं का पाक।' 'पिठर' का अर्थ है- पिण्ड। इसलिए पाकरूप यह क्रिया सम्पूर्ण घटरूप पिण्ड में होती है, उसके परमाणुओं में नहीं।

5. संख्या- 'एकत्वादिव्यवहारहेतुः सङ्ख्या'

- एक, दो, तीन आदि व्यवहार (प्रयोग) के कारण को संख्या कहते हैं।

  संख्या गुण की द्रव्यों में स्थिति- संख्या नामक गुण सभी नौ द्रव्यों में रहता है। **'सा नवद्रव्यवृत्तिः'**
- एक से लेकर परार्ध तक इसकी सीमा है।
- एकत्व नित्य और अनित्य दोनों प्रकार का होता है।
- वह संख्या नित्य द्रव्य में नित्य तथा अनित्य द्रव्य में अनित्य है, जबकि द्वित्वादि संख्या सर्वत्र ही अनित्य है।

6. परिमाणम्- 'मानव्यवहाराऽसाधारणकारणं परिमाणम्'

मान (माप) व्यवहार के असाधारण कारण को परिमाण कहते हैं।

परिमाण के प्रकार - यह चार प्रकार का है-

(1) अणु (2) महत् (3) दीर्घ (4) ह्रस्व

- अणु परिमाण को ही 'परिमाण्डल्य' भी कहा जाता है।

परिमाण गुण की द्रव्यों में स्थिति- यह परिमाण नामक गुण सभी नौ द्रव्यों में रहता है। 'नवद्रव्यवृत्तिः'

परिमाण
- अणु
- महत्
- दीर्घ
- ह्रस्व

7. **पृथक्त्व-** 'पृथग्व्यवहारकारणं पृथक्त्वम्'- पृथक् (अलग) व्यवहार के कारण को पृथक्त्व कहते हैं।

पृथक्त्व गुण की द्रव्यों में स्थिति- यह पृथक्त्व गुण सब द्रव्यों में रहता है- 'सर्वद्रव्यवृत्तिः'

8. **संयोगः-** 'संयुक्तव्यवहारहेतुः संयोगः' संयुक्त व्यवहार का कारण ही संयोग नामक गुण है।

संयोग नामक गुण की द्रव्यों में स्थिति- यह सभी द्रव्यों में पाया जाता है। 'सर्वद्रव्यवृत्तिः'

9. **विभागः-** 'संयोगनाशको गुणो विभागः' संयोग का नाशक गुण विभाग है

विभाग गुण की स्थिति- वह सारे द्रव्यों में रहता है- 'सर्वद्रव्यवृत्तिः'

10,11. **परत्व एवं अपरत्व-** 'पराऽपरव्यवहाराऽसाधारणकारणे परत्वाऽपरत्वे' पर (दूर) तथा अपर (निकट) इस व्यवहार के असाधारण कारण को क्रमशः परत्व एवं अपरत्व कहते हैं।

परत्व एवं अपरत्व गुण के भेद- वे दो प्रकार के हैं- (1) दिक्कृत (2) कालकृत

- दूरस्थ में दिक्कृत परत्व तथा समीपस्थ में दिक्कृत अपरत्व है।
- इसीप्रकार ज्येष्ठ में कालकृत परत्व तथा कनिष्ठ में कालकृत अपरत्व है।

परत्व एवं अपरत्व गुणों की द्रव्यों में स्थिति- इन दोनों गुणों की स्थिति पृथिवी,जल,तेज,वायु तथा मन में विद्यमान रहती है।

12. **गुरुत्वम्-** 'आद्यपतनासमवायिकारणं गुरुत्वम्' प्रथम पतन का असमवायिकारण गुरुत्व है।

गुरुत्व गुण की द्रव्यों में स्थिति-

- यह पृथिवी तथा जल में रहता है- 'पृथिवीजलवृत्तिः'
- विज्ञान में न्यूटन का गुरुत्वाकर्षण सिद्धान्त वैशेषिक के इसी गुरुत्व गुण का परिष्कृत रूप है।

13. **द्रवत्वम् —** 'आद्यस्यन्दनासमवायिकारणं द्रवत्वम्' प्रथम स्यन्दन (बहना) का असमवायिकारण ही द्रवत्व है।

- **द्रवत्व गुण के प्रकार-** द्रवत्व गुण दो प्रकार का होता है- (1) सांसिद्धिक

(2)नैमित्तिक

द्रवत्व गुण की द्रव्यों में स्थिति- द्रवत्व गुण, पृथिवी, जल और तेज में रहता है। 'पृथिव्यप्तेजोवृत्तिः'

- सांसिद्धिक द्रवत्व जल में तथा नैमित्तिक द्रवत्व पृथिवी एवं तेज में होता है।
- घी आदि पृथिवी में अग्नि के संयोग से द्रवत्व होता है।
- सुवर्ण आदि तेज में भी अग्नि के संयोग से द्रवत्व उत्पन्न होता है।

14. स्नेहः- 'चूर्णादिपिण्डीभावहेतुर्गुणः स्नेहः' चूर्णादि को पिण्ड बना देने वाले गुण को स्नेह कहते हैं।

स्नेह गुण की द्रव्यों में स्थिति- स्नेह गुण केवल जल में रहता है- 'जलमात्रवृत्तिः'

15. शब्दः- श्रोत्रग्राह्यो गुणः शब्दः श्रोत्रेन्द्रिय से ग्रहण किया जाने वाला गुण शब्द है-

शब्द गुण के प्रकार- शब्द गुण दो प्रकार का है- (1) ध्वन्यात्मक (2)वर्णात्मक

- भेरी आदि में ध्वन्यात्मक शब्द है। संस्कृतभाषादि रूप वर्णात्मक शब्द है।

शब्द

ध्वन्यात्मक	वर्णात्मक
(भेरी, बाँसुरी आदि से उत्पन्न शब्द)	(संस्कृत, पालि आदि भाषाओं के शब्द)

- **शब्द गुण की द्रव्यों में स्थिति-** यह शब्द गुण केवल आकाश में रहता है- 'आकाशमात्रवृत्तिः'
- **शब्द गुण के विषय में स्मरणीय बिन्दु-** वैशेषिकदर्शन मात्र में ही शब्द को गुण माना गया है; अन्यत्र न्याय, सांख्य, योग, वेदान्त तथा मीमांसा में शब्द को प्रमाण के रूप में ही माना गया है। केवल वैशेषिक दर्शन शब्द को प्रमाण नहीं मानता।
- कणाद ने इसको प्रमाण न मानने के पीछे यही तर्क दिया है कि शाब्दबोध से उत्पन्न ज्ञान अनुमान के ही अन्तर्गत आ जाता है।

16. बुद्धिः- 'सर्वव्यवहारहेतुर्गुणो बुद्धिर्ज्ञानम्' सब प्रकार के व्यवहार का हेतु बुद्धि या ज्ञान नामक गुण है।

- **बुद्धि गुण के प्रकार –** वह बुद्धि दो प्रकार की है- (1) स्मृति (2) अनुभव

बुद्धि गुण के विषय में स्मरणीय तथ्य-

बुद्धि आत्मा का विशेष गुण है। यह विषय मात्र के प्रत्यक्ष में कारण है। इसका समवायिकारण आत्मा है। इसका असमवायिकारण है आत्ममनःसंयोग। निमित्तकारण है त्वङ्मनःसंयोग। साधारणकारण है- काल, अदृष्ट, ईश्वरेच्छा, ईश्वरज्ञान और प्रयत्न। यह बुद्धि जीवात्मा में अनित्य और परमात्मा में नित्य होती है।

स्मृति-'संस्कारमात्रजन्यं ज्ञानं स्मृतिः' संस्कारमात्र से उत्पन्न ज्ञान स्मृति है।

स्मृति दो प्रकार की होती है- (1) यथार्थस्मृति (2) अयथार्थस्मृति

(1) **यथार्थस्मृति-** प्रमाजन्या यथार्था-प्रमा से उत्पन्न होने वाली स्मृति यथार्थ है।

(2) **अयथार्थस्मृति-** अप्रमाजन्या अयथार्था- अप्रमा से उत्पन्न होने वाली स्मृति अयथार्थ है।

➢ **अनुभव**- **तद्भिन्नं ज्ञानमनुभवः** उस स्मृति से भिन्न ज्ञान अनुभव है।

➢ अनुभव के दो प्रकार हैं- (1)यथार्थ अनुभव (2) अयथार्थ अनुभव

(1) **यथार्थ अनुभव-** 'तद्वति तत्प्रकारकोऽनुभवो यथार्थः' जो वस्तु जिस रूप में हो, उसका उसी रूप में अनुभव यथार्थ है। जैसे- चाँदी में 'यह चाँदी है' ऐसा ज्ञान। (रजते इदं रजतम् इदं ज्ञानम्)

➢ यही यथार्थ अनुभव प्रमा (प्रामाणिक ज्ञान) कहलाता है।

➢ यथार्थानुभव के चार प्रकार - प्रत्यक्ष, अनुमिति, उपमिति तथा शाब्द।

➢ यथार्थानुभव के करण भी चार प्रकार के हैं- प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, तथा शब्द।

नोट- प्रमाणों का विवेचन यथावसर आगे किया जाएगा।

(2) **अयथार्थ अनुभव-** तदभाववति तत्प्रकारकोऽनुभवोऽयथार्थः
जो वस्तु जिस रूप में न हो, उसे उस रूप में समझना अयथार्थ है। जैसे-
'शुक्तौ इदं रजतम्' इति ज्ञानम्। (सीपी में यह रजत है, ऐसा ज्ञान)

➢ यही अयथार्थज्ञान अप्रमा (अप्रामाणिक ज्ञान) कहलाता है।

अयथार्थ अनुभव के प्रकार- अयथार्थ अनुभव तीन प्रकार का है- (1) संशय (2)विपर्यय (3)तर्क

(1) **संशय-** 'एकस्मिनि धर्मिणि विरुद्धनानाधर्मवैशिष्ट्यावगाहि ज्ञानं संशयः'
एक धर्मी में विरोधी नाना धर्मों की विशिष्टता से सम्बद्ध ज्ञान संशय है। यथा- स्थाणुर्वा पुरुषो वा इति (यह स्थाणु है या पुरुष)

(2) **विपर्यय-** मिथ्याज्ञानं विपर्ययः मिथ्याज्ञान विपर्यय है।
यथा- शुक्तौ इदं रजतम् (सीपी में यह रजत है ऐसा ज्ञान)

(3) **तर्क**- 'व्याप्याऽऽरोपेण व्यापकारोपस्तर्कः' व्याप्य के आरोप से व्यापक का आरोप तर्क है। यथा- यदा वह्निर्न स्यात् तर्हि धूमोऽपि न स्यात्। (जब अग्नि नहीं होती तो धुआँ भी नहीं होता)

बुद्धि/ज्ञान
- स्मृति
  - यथार्थ
  - अयथार्थ
- अनुभव
  - यथार्थ
    - प्रत्यक्ष
    - अनुमिति
    - उपमिति
    - शाब्द
  - अयथार्थ
    - संशय
    - विपर्यय
    - तर्क

17. सुख - 'सर्वेषामनुकूलवेदनीयं सुखम्' - सबके अनुकूल प्रतीति सुख है।

18. दुःख – 'सर्वेषां प्रतिकूलवेदनीयं दुःखम्' - सबके प्रतिकूल प्रतीति दुःख है।

19. इच्छा- 'इच्छा कामः' - काम इच्छा है।

20. द्वेष- 'क्रोधो द्वेषः' – क्रोध द्वेष है।

21. प्रयत्न – 'कृतिः प्रयत्नः' – कृति प्रयत्न है।

22. धर्म- 'विहितकर्मजन्यो धर्मः' – विहित कर्मों से उत्पन्न धर्म है।

23. अधर्म- निषिद्धकर्मजन्यः तु अधर्मः-निषिद्ध कर्मों से उत्पन्न अधर्म है।

- बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म एवं अधर्म – ये आत्मा के आठ विशेष गुण हैं।
- बुद्धि इच्छा एवं प्रयत्न दो प्रकार के हैं – नित्य और अनित्य। नित्य ईश्वर के, अनित्य जीव के। शेष सुख, दुःख, द्वेष, धर्म, अधर्म ये पाँच विशेष गुण जीवमात्र में रहने के कारण अनित्य हैं।

24. **संस्कार –** संस्कार गुण तीन प्रकार के होते हैं- वेग, भावना तथा स्थितिस्थापक। 'संस्कारस्त्रिविधः वेगो भावना स्थितिस्थापकश्च'

(1) **वेग –** द्वितीयादिपतनासमवायिकारणं वेगः (पदकृत्य टीका) इसे पतन का असमवायिकारण भी कहा जाता है। वेग क्रिया का हेतु है। यह पृथिवी आदि चार द्रव्य (पृथिवी, जल, तेज, वायु) तथा मन में रहता है।

(2) **भावना –** अनुभवजन्या स्मृतिहेतुर्भावना
यह अनुभव से उत्पन्न होती है तथा स्मृति की हेतु है। यह मूलतः ज्ञान के पश्चात् उत्पन्न होने वाला गुण है, जो पूर्वगृहीत ज्ञान की स्मृति कराती है। यह केवल आत्मा में रहती है। 'आत्ममात्रवृत्तिः'

(3) **स्थितिस्थापक-** 'अन्यथाकृतस्य पुनस्तदवस्थाऽऽपादकः स्थितिस्थापकः' अन्यथा की हुई को पुनः उसी अवस्था में ला देने वाला स्थितिस्थापक है, यह कटादि पृथिवी में रहता है। यह वह शक्ति है जो पदार्थ को अपने पूर्वरूप में ले आती है।

वैशेषिकदर्शन का तृतीय पदार्थ

- **कर्म-** चलनात्मकं कर्म
  चलनात्मक क्रिया को कर्म कहते हैं।
  कर्म के पाँच प्रकार - उत्क्षेपण- अवक्षेपण- आकुञ्चन-प्रसारण-गमनानि पञ्च कर्माणि

1. उत्क्षेपण- ऊर्ध्वदेशसंयोगहेतुः उत्क्षेपणम्
ऊर्ध्वदेश में संयोग का हेतु ही उत्क्षेपण नामक कर्म है

- किसी वस्तु अथवा पदार्थ का ऊपर की ओर उछालना उत्क्षेपण कर्म है।
- जब हम गेंद को आकाश की ओर फेंकते हैं तो इस कर्म द्वारा गेंद का संयोग ऊपर के

प्रदेश से होता है। यही कर्म उत्क्षेपण कर्म है।

2. **अपक्षेपण-** अधोदेशसंयोगहेतुः अपक्षेपणम्

- अधोदेश में संयोग का कारण अपक्षेपण नामक कर्म है।
  अर्थात् किसी वस्तु या पदार्थ को नीचे गिराना। जब हम किसी मकान की छत से गेंद को नीचे की ओर फेंकेगे तो इससे गेंद का नीचे के प्रदेश से संयोग होगा जो अपक्षेपण कर्म की श्रेणी में आएगा।

3. **आकुञ्चन-** 'शरीरसन्निकृष्टसंयोगहेतुः आकुञ्चनम्'

- अपने शरीर के सन्निकृष्ट देश में संयोग का हेतु आकुञ्चन है।
- जब कछुआ अपने अङ्गों को किसी डर के कारण अपने शरीर में सिकोड़ता है अथवा हवा से फूले हुए गुब्बारे से हवा निकालने पर जब वह सिकुड़ता है, अर्थात् जिसके द्वारा वस्तु के अवयव सामान्य अवस्था में एक-दूसरे के निकट आ जाते हैं। जैसे- हाथ-पैर मोड़ना आदि आकुञ्चन कार्य के अन्तर्गत आएगा।
- वक्रत्वसम्पादकं कर्म आकुञ्चनम् -(तर्कसंग्रहदीपिका)

4. **प्रसारण-** 'विप्रकृष्टसंयोगहेतुः प्रसारणम्'

- अपने शरीर से दूरवर्ती (विप्रकृष्ट) संयोग का कारण ही प्रसारण है।
- योग, व्यायाम आदि करते समय जब हम अपने हाथ पैर चारों ओर फैलाते हैं तो इस स्थिति में हमारे शरीर के अवयव एक दूसरे से दूर हो जाते है- यही प्रसारण कर्म है।
- 'ऋजुतासम्पादकं प्रसारणम्' - (तर्कसंग्रहदीपिका)

5. **गमन - 'अन्यत् सर्वं गमनम्'**

- उक्त चारों कर्मों के अतिरिक्त सारे कार्य 'गमन' के अन्तर्गत आते हैं। जैसे- चलना, भ्रमणकरना आदि।
- कर्म किन- किन द्रव्यों में रहता है- ये सभी पाँचों कर्म पृथिवी, जल,तेज, वायु तथा मन में विद्यमान रहते हैं- **''पृथिव्यादिचतुष्टयमनोमात्रवृत्तिः''**

पाँचों कर्मों का शाब्दिक अर्थ

1. **उत्क्षेपण-** ऊपर की ओर उछालना जैसे- गेंद को आकाश की ओर फेंकना।
2. **अवक्षेपण-** नीचे की ओर गिराना। जैसे- छत से नीचे की ओर गेंद फेंकना।
3. **आकुञ्चन-** सिकोड़ना- जैसे- कछुआ का अपने अङ्गों को सिकोड़ना।
4. **प्रसारण-** फैलाना- जैसे- हाथ -पैर फैलाना, वस्त्र फैलाना आदि।
5. **गमन-** चलना, भ्रमण करना- जैसे- चलना फिरना टहलना।

कर्म				
उत्क्षेपणम् (ऊपर की ओर उछालना)	अवक्षेपणम् (नीचे की ओर गिराना)	आकुञ्चन (सिकोड़ना)	प्रसारण (फैलाना)	गमन (चलना)

कर्म नामक पदार्थ के विषय में कुछ स्मरणीय तथ्य

तर्कसंग्रह की दीपिका टीका में अन्नम्भट्ट ने कर्म की दो परिभाषायें दी हैं-

कर्म - संयोगभिन्नत्वे सति संयोगासमवायिकारणं कर्म (तर्कसंग्रह दीपिका)

संयोग से भिन्न होने पर भी संयोग का असमवायिकारण होना कार्य है। कर्मत्वजातिमद् (तर्कसंग्रह दीपिका)= कर्म कर्मत्वजाति से युक्त होता है।

- कर्म द्रव्य में समवेत रहता है।
- कर्म संयोग एवं विभाग का साक्षात् कारण होता है।
- कर्म कर्मत्वजातिमान् होता है।
- कर्म द्रव्यों में स्थित विभिन्न परिवर्तनों का कारण होता है।
- कर्म अनित्य होता है अर्थात् इसकी सत्ता एक सीमित समयान्तराल तक होती है।
- यह सभी द्रव्यों में नहीं पाया जाता है। केवल- पृथिवी, जल, तेज, वायु और मन में कर्म की स्थिति बतायी गयी है।
- कर्म से निश्चित द्रव्यों का निर्माण नहीं होता।
- कर्म निर्गुण होता है।
- न्यायवैशेषिक के अनुसार द्रव्य और गुण दोनों नित्य है, जबकि कर्म नित्य न होकर क्षणिक होता है।
- प्रशस्तपाद ने गुरुत्व, द्रवत्व, भावना और संयोग इत्यादि प्रमुख उपाधियों के कारण कर्म की स्थिति को माना है।

विभिन्न शास्त्रों की दृष्टि में कर्म

- व्याकरणशास्त्र में ''कर्तुरीप्सिततमं कर्म'' से कर्ता को ईप्सिततम की कर्मसंज्ञा कही गयी है।
- मीमांसा दर्शनशास्त्र में नित्य, नैमित्तिक और काम्य- इन तीन को कर्म कहा गया है।
- श्रीमद्भगवद्गीता में-सात्त्विक कर्म, राजसिक कर्म, तामसिक कर्म- बताये गये हैं। (गीता 18.7)
- वेदान्तशास्त्र में सञ्चित एवं प्रारब्ध दो कर्म माने गये हैं।

वैशेषिक दर्शन का चतुर्थ पदार्थ

4. सामान्य

- **सामान्य**- नित्यम् एकम् अनेकानुगतं सामान्यम्

- 'सामान्य' नामक पदार्थ नित्य है तथा एक एवं अनेक में रहता है।
- इसकी स्थिति द्रव्य, गुण एवं कर्म में देखी जाती है- द्रव्यगुणकर्मवृत्तिः
- **सामान्य के प्रकार-** इसके दो प्रकार है- पर और अपर
- **परसामान्य-** परमधिकदेशवृत्ति (दीपिका टीका) पर सामान्य अधिक देश में रहने वाला होता है। पर सामान्य सत्ता है। 'परं सत्ता'
- **अपर सामान्य-** अपरं न्यूनदेशवृत्ति (दीपिका टीका)
  अपर सामान्य कम देश में रहता है। द्रव्यत्व आदि अपर सामान्य हैं। 'अपरं द्रव्यत्वादि'

सामान्य

स्थिति
द्रव्य गुण कर्म

भेद
परसामान्य (सत्ता) अधिकदेश में
अपर सामान्य (द्रव्यत्वादि) न्यूनदेश में

सामान्य पदार्थ के विषय में कुछ स्मरणीय तथ्य

- न्यायवैशेषिक में सामान्य अथवा जाति वह पदार्थ है, जिसके कारण एक ही प्रकार की विभिन्न वस्तु अथवा प्राणियों में समानता की प्रतीति होती है। जैसे मनुष्य में मनुष्यत्व, गो में गोत्व, घट में घटत्व आदि।
- यह सामान्य वस्तु या प्राणी में समवाय सम्बन्ध से विद्यमान रहता है। इसी को जाति, सत्ता एवं भाव भी कहा जाता है।
- सामान्य नित्य होता है।
- यह अनेक में विद्यमान रहता है, एक में इसकी स्थिति सम्भव नहीं है।
- इसकी स्थिति पदार्थों मे समवाय सम्बन्ध से बनी रहती है।
- यह केवल द्रव्य, गुण और कर्म में ही समवेत रूप से रहता है शेष में नहीं।
- इसके दो भेद हैं (1) पर सामान्य (2) अपर सामान्य
- पर सामान्य अधिक देश में रहता है। अपर सामान्य एक देश में विद्यमान रहता है।

वैशेषिक दर्शन का पाँचवा पदार्थ विशेष

- **विशेष-** 'नित्यद्रव्यवृत्तयो व्यावर्तका विशेषाः'
- नित्य द्रव्य में रहने वाले व्यावर्तक विशेष हैं।
- विशेष पदार्थ के प्रकार- 'नित्यद्रव्यवृत्तयो विशेषास्त्वनन्ता एव' अर्थात् नित्यद्रव्यवृत्ति वाले विशेष नामक पदार्थ तो अनन्त ही हैं।

विशेष पदार्थ किन द्रव्यों में रहता है- यह विशेष नित्यद्रव्यों में रहता है। ये नित्यद्रव्य हैं-

पृथिवी, जल, तेज, वायु के परमाणु तथा आकाश, काल, दिक् आत्मा और मन।

''पृथिव्यादि चतुष्टयस्य परमाणव आकाशादिपञ्चकस्य नित्यद्रव्याणि'' (तत्त्वदीपिका)

विशेष नामक पदार्थ के विषय में स्मरणीय तथ्य

- इस विशेष पदार्थ के विवेचन के कारण ही इस दर्शन का नाम **वैशेषिक** पड़ा। यह इस दर्शन की **मौलिक कल्पना** है।
- **विशेष का अर्थ है-**विश्लेषक अर्थात् भेदक धर्म। सभी नित्य द्रव्यों में एक भेदक धर्म माना गया है, जिसके कारण उनमें भेद की प्रतीति हुआ करती है, वही वैशेषिक का विशेष नामक पदार्थ है।
- 'विशेष' पदार्थ व्यक्ति की पृथकता को दर्शाता है। सामान्य पदार्थ समष्टिगत होता है, 'विशेष' नामक पदार्थ व्यक्तिगत होता है।
- वैशेषिकों का मानना है कि नित्यद्रव्यों की परस्पर भिन्नता सिद्ध करने के लिए ही 'विशेष' पदार्थ की आवश्यकता है। अनित्यद्रव्यों की पारस्परिक भिन्नता के लिए 'विशेष' पदार्थ की कोई आवश्यकता नहीं है,परन्तु नित्यद्रव्यों विशेषतः परमाणुओं में पारस्परिक भिन्नता का निर्धारण किसी बाह्य आधार पर सम्भव नहीं है, इसलिए इन नित्यद्रव्यों में एक-एक विशेष की सत्ता मानी जाती है।
- अन्नम्भट्ट इस विशेष पदार्थ को नित्यद्रव्य में रहने वाला तथा अनन्त मानते हैं। प्रत्येक नित्यद्रव्य में पृथक्-पृथक् पाये जाने के कारण विशेष अनन्त हैं।
- **प्रशस्तपाद के अनुसार-** अन्त में रहने वाले ही अन्त्य कहे जाते हैं तथा अपने आश्रयद्रव्य को अन्य सभी वस्तुओं से पृथक् करने के कारण ये 'विशेष' कहलाते हैं।

  ''अन्तेषु भवा अन्त्याः स्वाश्रयविशेषकत्वाद् विशेषाः'' (प्रशस्तपादभाष्य)
- विशेष पदार्थ द्रव्य,गुण,कर्म एवं सामान्य से भिन्न पदार्थ हैं क्योंकि ये केवल नित्यद्रव्य में ही समवेत होकर रहते हैं **''विशेषास्तु नित्यद्रव्यसमवेताः** (सप्तपदार्थी)।
- रघुनाथ शिरोमणि आदि कुछ आधुनिक नैयायिक 'विशेष' पदार्थ को नहीं मानते हैं।
- कुमारिलभट्ट, प्रभाकर,बौद्ध,वेदान्ती आदि विशेष पदार्थ को अस्वीकार करते हुए इसका खण्डन करते हैं।
- राधाकृष्णन कहते हैं कि इस विशेष पदार्थ की केवल काल्पनिक सत्ता है, वास्तविक नहीं।
- विशेष पदार्थ की कुछ अन्य परिभाषायें-
  - स्वतो व्यावर्तकत्वम् (जो स्व से स्व को पृथक् करे)
  - जातिरहितत्वे सति नित्यद्रव्यमात्रवृत्तिः
  - एकमात्रसमवेतत्वे सति सामान्यशून्यः

● अत्यन्तव्यावृत्तिः

इन सभी परिभाषाओं का आशय है कि एक नित्य पदार्थ को दूसरे पदार्थ से पृथक् करने के लिए 'विशेष' को भी पदार्थ मानना आवश्यक है।

➢ कणाद ने वैशेषिकसूत्र में 'विशेष' पदार्थ के विषय में कहा है-
''अन्यत्रान्त्येभ्यो विशेषेभ्यः'' (1.2.6)

6. वैशेषिक दर्शन का छठवाँ पदार्थ समवाय

समवाय- नित्यसम्बन्धः समवायः

नित्यसम्बन्ध को समवाय कहते हैं।

समवाय के प्रकार- समवाय तो एक ही होता है- **समवायस्त्वेक एव स्थिति-** यह समवाय पदार्थ अयुतसिद्ध पदार्थों में रहता है। 'अयुतसिद्धवृत्तिः'

अयुतसिद्ध क्या है- ययोर्द्वयोर्मध्ये एकमविनश्यदपराश्रितमेवावतिष्ठते तावयुतसिद्धौ

➢ जिन दो पदार्थों में एक अविनश्यदवस्था वाला दूसरे पर आश्रित हो, वे दोनों अयुतसिद्ध कहे जाते हैं।

अयुतसिद्ध के उदाहरण-

➢ अयुतसिद्ध के पाँच उदाहरण दिये जाते हैं-
- **अवयव एवं अवयवी-** जैसे कपाल (अवयव) घट (अवयवी)
- **गुण एवं गुणी-** जैसे घट (गुणी) घटरूप (गुण)
- **क्रिया एवं क्रियावान् –** क्रिया क्रियावान् के बिना नहीं हो सकती। यहाँ क्रियावान् समवायी है तथा उसमें समवेत रहती है।
- **जाति और व्यक्ति-** जैसे घटत्व जाति सदैव घटव्यक्ति में अविनश्यद् रहती है।
- **नित्यद्रव्य विशेष-** नित्यद्रव्यों में विशेष नामक पदार्थ रहता है अतः विशेष एवं नित्यद्रव्य दोनों अयुतसिद्ध हैं।

समवाय (नित्यसम्बन्ध)

अयुतसिद्धवृत्ति

अवयव- अवयवी	गुण-गुणी	क्रिया-क्रियावान्	जाति-व्यक्ति	विशेष-नित्यद्रव्य
(तन्तु-पट)	(पटरूप-पट)	(चलना-पुरुष)	(मनुष्यत्व-मनुष्य)	(विशेष-आकाशादि)

समवाय पदार्थ के सम्बन्ध में कुछ स्मरणीय तथ्य

➢ दो अयुतसिद्ध पदार्थों में रहने वाले नित्यसम्बन्ध को समवाय कहा गया है।

➢ जिन दो पदार्थों की स्थिति स्वतन्त्र रूप से अलग-अलग बनी रह सकती है, वे दोनों पदार्थ युतसिद्ध कहलायेंगे। जैसे- पुस्तक और लेखनी। इसके विपरीत जो दो पदार्थ पृथक् सिद्ध न हो सके, वे अयुतसिद्ध कहे जायेंगे। जैसे-तन्तु और पट। कपाल और

घट आदि।

- समवाय को संक्षेपतः ऐसे भी परिभाषित किया जा सकता है-
  ''समवाय दो या दो से अधिक अयुतसिद्ध पदार्थों के बीच विद्यमान, संयोग से भिन्न एक नित्य सम्बन्ध है। जो कारणवाद पर आधारित होकर अपने सम्बन्धियों में स्वरूप सम्बन्ध से विद्यमान रहता है, जिसका हम केवल अनुमान कर सकते हैं।''
- संयोग सम्बन्ध केवल दो द्रव्यों के बीच ही होता है 'द्रव्यद्रव्ययोरेव संयोगः' जबकि समवाय सम्बन्ध द्रव्यों के साथ-साथ उनसे भिन्न पदार्थों में भी सम्भव हैं।
- डॉ. धर्मेन्द्रनाथ शास्त्री के अनुसार -'यदि द्रव्य,गुण आदि प्रथम पाँच पदार्थ न्यायवैशेषिक रूप ढाँचे के लिए ईटों के समान हैं तो समवाय पदार्थ उन ईटों को जोड़ने वाले गारे की भाँति है।
- यह **समवाय नित्य सम्बन्ध** है। यहाँ नित्य से तात्पर्य है कि यह कार्य की उत्पत्ति के बिना उत्पन्न नहीं होता तथा कार्य के नाश के बिना नष्ट नहीं होता।
- इसप्रकार संक्षेप में समवाय को कह सकते हैं कि-
  - ☆ समवाय नित्य सम्बन्ध है, और संयोग सम्बन्ध से भिन्न है।
  - ☆ समवाय एक है
  - ☆ समवाय दो या उससे अधिक अयुतसिद्ध पदार्थों के मध्य रहने वाला सम्बन्ध है
  - ☆ समवाय द्रव्यादि से भी भिन्न एक पृथक् पदार्थ है।
  - ☆ समवाय स्वयं कहीं समवेत होकर नहीं रहता, अपितु अपने सम्बन्धियों में स्वरूप सम्बन्ध से ही रहता है।

7. वैशेषिक दर्शन का सातवाँ पदार्थ अभाव

- वैशेषिक दर्शन के प्रारम्भ में अभाव नामक पदार्थ का उल्लेख नहीं प्राप्त होता है। कणाद ने छः भावपदार्थों का ही विवरण दिया है।
- प्रशस्तपाद ने भी छः पदार्थों की चर्चा की है।
- उदयनाचार्य, श्रीधर, शिवादित्य आदि परवर्ती वैशेषिकाचार्यों ने अभाव नामक सातवें पदार्थ का परिगणन किया।
- प्राचीन आचार्यों ने अभाव का उल्लेख नहीं किया था, अतः इसका लक्षण भी नहीं किया। अन्नम्भट्ट ने भी इसका लक्षण न करके सीधे चार भेद बताते हैं।
- कुछ वैशेषिकाचार्यों की दृष्टि में अभाव की परिभाषा 'न भावः इति अभावः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार वस्तु या प्राणी के भाव का न होना ही 'अभाव' कहलाता है। **'भावभिन्नः पदार्थः अभावः'**
- दार्शनिक दृष्टि से ''किसी वस्तु का किसी विशेषकाल में किसी विशेष स्थान में अनुपस्थिति अभाव है।''

- प्रतियोगिज्ञानाधीनोऽभावः (सप्तपदार्थी)
  आचार्य शिवादित्य ने अपने 'सप्तपदार्थी' नामक ग्रन्थ में अभाव को अपने प्रतियोगी ज्ञान के अधीन स्वीकार किया है।
- 'द्रव्यादिषट्कान्योन्याभावः'-(न्यायसिद्धान्तमुक्तावली)
  आचार्य विश्वनाथ अपने ग्रन्थ न्यायसिद्धान्तमुक्तावली में द्रव्य, गुण, कर्मादि छः पदार्थों के अन्योन्याभाव को ही अभाव कहते हैं।
- नञर्थप्रत्ययविषयोऽभावः(लक्षणावली)
  उदयनाचार्य अपनी कृति लक्षणावली में अभाव को नञर्थक ज्ञान का विषय मानते हैं।
- **प्रतियोगिज्ञानाधीनज्ञानविषयत्वम् अभावत्वम्-**
  प्रतियोगिज्ञान के अधीन जो ज्ञान का विषय है, उसे अभाव कहते हैं।
- **यस्याभावः स प्रतियोगी-**अर्थात् जिसका अभाव कहा जा रहा है, वही प्रतियोगी होता है। जैसे 'भूतले घटाभावः' इस कथन में अभाव का प्रतियोगी घट ही है। जिस तरह घटाभाव का प्रतियोगी घट ही होता है उसी तरह पटाभाव का प्रतियोगी पट होगा।

अभाव के भेद

अभाव के चार भेद हैं-

अभाव

प्रागभाव,	प्रध्वंसाभाव,	अत्यन्ताभाव,	अन्योन्याभाव
उत्पत्ति के पूर्व होने वाला अभाव जैसे- घटोत्पत्ति पूर्व घट का अभाव	विनाश के बाद किसी वस्तु का अभाव-प्रध्वंसाभाव जैसे-घट के विनाश के बाद घट का अभाव	दो वस्तुओं के सम्बन्धों तीनों कालों में होने वाला कालों में होने वाला अभाव-अन्त्यन्ताभाव	दो वस्तुओं की परस्पर भिन्नता- अन्योन्याभाव जैसे - घट में पट का अभाव

1. **प्रागभाव-** अनादिः सान्तः प्रागभावः। उत्पत्तेः पूर्वं कार्यस्य।
   प्रागभाव अनादि एवं सान्त होता है। उत्पत्ति के पूर्व कार्य का प्रागभाव होता है।
2. **प्रध्वंसाभाव -** सादिरनन्तः प्रध्वंसः। उत्पत्त्यनन्तरं कार्यस्य। जिसका आदि हो अन्त न हो, वह प्रध्वंसाभाव है उत्पत्ति के अनन्तर कार्य का प्रध्वंसाभाव होता है।

- यह अभाव कार्य के नष्ट होने के बाद जन्म लेता है - विनाशानन्तरं कार्यस्य। किन्तु इसका अन्त कभी नहीं होता, इसलिए यह अनन्त है।

3. अत्यन्ताभाव-

- त्रैकालिकसंसर्गावच्छिन्नप्रतियोगिताकोऽत्यन्ताभावः
- त्रैकालिक= भूत,भविष्य,वर्तमान- तीनों कालों में होने वाले और संसर्ग से युक्त प्रतियोगिता जिसमें है, उस अभाव को अत्यन्ताभाव कहा जाता है। जैसे-भूतले घटो नास्ति। यहाँ पर भूतल में घट का अत्यन्ताभाव है।
- **अनादिरनन्तोऽत्यन्ताभावः,** यथा-भूतले घटो नास्ति।
  यहाँ भूतल में संयोग सम्बन्ध से घट का अभाव है। घटाभाव का प्रतियोगी घट है। अभाव भूतल में है। अतः भूतल घटाभाव का अनुयोगी है। अत्यन्ताभाव को प्रकट करता है।
- प्राचीन नैयायिक **'वायौ रूपाभावः'** अर्थात् वायु में रूप के अभाव को अत्यन्ताभाव कहते हैं। क्योंकि वायु में रूप का भाव, न है,न कभी था, न कभी होगा। वायु में यह अभाव नित्य एवं शाश्वत है। इसप्रकार यह त्रैकालिक अत्यन्ताभाव है।

4. अन्योन्याभाव- तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्नप्रतियोगिताकोऽन्योन्याभावः। यथा - घटः पटः न इति

- तादात्म्य सम्बन्ध से युक्त प्रतियोगिता वाले अभाव को अन्योन्याभाव कहा जाता है। यथा- घट पट नहीं है और पट घट नहीं है।
- अन्योन्याभाव का तात्पर्य है दो वस्तुओं की पारस्परिक भिन्नता। अर्थात् एक दूसरे में एक दूसरे का अभाव अन्योन्याभाव है।
- अत्यन्ताभाव संसर्गावच्छिन्न प्रतियोगिता का अभाव होता है जब कि अन्योन्याभाव तादात्म्यप्रतियोगिता का अभाव होता है।

प्रमाण विवेचन

- आचार्य अन्नम्भट्ट तर्कसंग्रह के द्वितीय पदार्थ गुण के विवेचन प्रसङ्ग में 24 गुणों का विवेचन करते हैं। इसी सन्दर्भ में बुद्धि नामक सोलहवें गुण के विवेचन प्रसङ्ग में बुद्धि के दो भेद – स्मृति और अनुभव बताते हैं। अनुभव – यथार्थ और अयथार्थ भेद से दो प्रकार का होता है। यथार्थानुभव के चार भेद – प्रत्यक्ष, अनुमिति, उपमिति और शाब्द। इनके प्रत्यक्ष, अनुमान उपमान और शब्द ये चार करण बताये गये हैं, यही चार प्रमाण हैं। जिनका विवेचन यहाँ किया जा रहा है।

बुद्धि/ज्ञान

- स्मृति
- अनुभव
  - यथार्थ
    - प्रत्यक्ष (प्रत्यक्ष)
    - अनुमिति (अनुमान)
    - उपमिति (उपमान)
    - शाब्द (शब्द) - करण
  - अयथार्थ

भारतीय दर्शन में प्रमाण विचार

1. चार्वाकदर्शन (1) - प्रत्यक्ष
2. जैनदर्शन (2) - प्रत्यक्ष एवं परोक्ष
3. बौद्धदर्शन (2) -प्रत्यक्ष एवं अनुमान
4. वैशेषिकदर्शन (2) - प्रत्यक्ष एवं अनुमान
5. सांख्य एवं योगदर्शन (3) - प्रत्यक्ष, अनुमान एवं आप्तवचन (शब्द)
6. न्यायदर्शन (4) - प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान तथा शब्द प्रमाण
7. प्रभाकरमीमांसक (5) - प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द और अर्थापत्ति
8. भाट्टमीमांसक (6) - प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, अनुपलब्धि (अभाव) प्रमाण। वेदान्त दर्शन भी इन्हीं प्रमाणों को स्वीकार करता है।
9. पौराणिक (8) – प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, अनुपलब्धि, सम्भव, ऐतिह्य।
10. शून्यवादी बौद्ध उपर्युक्त सभी प्रमाणों को स्वीकार नहीं करते हैं।
11. प्रशस्तपाद ने उपमान एवं शब्द प्रमाण के स्थान पर क्रमशः स्मृति तथा आर्षज्ञान को मानते हैं।

प्रमाण-

- प्रमायाः करणं प्रमाणम् (दीपिका टीका) प्रमा के करण अर्थात् असाधारणकारण को प्रमाण कहा है।
- 'प्रमीयते अनेन इति प्रमाणम्' (विद्वत्गण)
- उपलब्धिसाधनानि प्रमाणानि (वात्स्यायन)
  उपलब्धि अर्थात् ज्ञान के साधन को प्रमाण माना है।
- **करण- असाधारणं कारणं करणम्**
  असाधारण कारण करण है।
- **कारण-** कार्यनियतपूर्ववृत्ति कारणम् - कार्य के पूर्व नियतरूप से रहने वाला कारण है।
- **कार्य-** कार्यं प्रागभावप्रतियोगि - प्रागभाव का प्रतियोगी कार्य है।
- कारण के प्रकार – कारण तीन प्रकार का है –
  (1) समवायिकारण (2) असमवायिकारण (3) निमित्तकारण

कारण

समवायि	असमवायि	निमित्त
(तन्तवः पटस्य)	(तन्तुसंयोगः पटस्य)	(तुरीवेमादिकं पटस्य)

'कारणं त्रिविधम् – समवाय्यसमवायिनिमित्तभेदात्'

- **(1) समवायिकारण** - 'यत्समवेतं कार्यमुत्पद्यते तत्समवायिकारणम्' जिसमें समवाय सम्बन्ध से कार्य उत्पन्न होता है, वह समवायिकारण है।

  जैसे – पट का समवायिकारण तन्तु। अपने रूप का पट।

  (2) असमवायिकारण – 'कार्येण कारणेन वा सहैकस्मिन्नर्थे समवेतत्वे सति यत्कारणं तद् असमवायिकारणम्'

  यथा (i) तन्तुसंयोगः पटस्य (ii) तन्तुरूपं पटरूपस्य

  कार्य अथवा कारण के साथ एक पदार्थ में समवेत होने पर जो कारण है, वह असमवायिकारण है। यथा – पट का तन्तु संयोग तथा पटरूप का तन्तुरूप असमवायिकारण है।

  (3) निमित्तकारण – 'तदुभयभिन्नं कारणं निमित्तकारणम्'

  समवायि एवं असमयवायि दोनों कारणों से भिन्न निमित्तकारण है। जैसे- पट का तुरी, वेमा आदि।

- इन तीनों (समवायि, असमवायि, निमित्त) कारणों में जो असाधारण कारण है वही करण है।

प्रत्यक्षप्रमाणम्

1. प्रत्यक्षप्रमाणम् –

- **'प्रत्यक्षज्ञानकरणं प्रत्यक्षम्'** - प्रत्यक्षज्ञान का करण प्रत्यक्ष है।
- 'इन्द्रियार्थसन्निकर्षजन्यं ज्ञानं प्रत्यक्षम्' – इन्द्रिय तथा पदार्थ के सन्निकर्ष अर्थात् संयोग से उत्पन्न होने वाला ज्ञान प्रत्यक्ष है।
- 'प्रतिगतम् अक्षं प्रत्यक्षम्' – यह प्रत्यक्ष की व्युत्पत्ति है।

  प्रत्यक्ष प्रमाण के दो भेद हैं – (1) निर्विकल्पक (2) सविकल्पक

प्रत्यक्ष प्रमाण

निर्विकल्पक | सविकल्पक

(1) **निर्विकल्पक –** 'निष्प्रकारकं ज्ञानं निर्विकल्पकम' निष्प्रकारक ज्ञान निर्विकल्पक है। यथा – किञ्चिद् इदम् इति (यह कुछ है)

(2) **सविकल्पकम् –** 'सप्रकारकं ज्ञानं सविकल्पकम्।' सप्रकारकज्ञान सविकल्पक है।

यथा- डित्थोऽयम्, ब्राह्मणोऽयम्, श्यामोऽयम्।

(यह डित्थ है) (यह ब्राह्मण है) (यह श्याम है)

इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष – प्रत्यक्षज्ञानहेतुरिन्द्रियार्थसन्निकर्षः षड्विधः

प्रत्यक्षज्ञान का हेतु इन्द्रिय एवं पदार्थ का सन्निकर्ष छः प्रकार का होता है

(i) संयोग (ii) संयुक्तसमवाय (iii) संयुक्तसमवेत समवाय

(iv) समवाय (v) समवेतसमवाय (vi) विशेषण विशेष्यभाव

(1) **संयोगसन्निकर्ष –** 'चक्षुषा घटप्रत्यक्षजनने संयोगः सन्निकर्षः' - चक्षु के द्वारा घट के प्रत्यक्ष ज्ञान में संयोग सन्निकर्ष होता है।

(2) **संयुक्तसमवायसन्निकर्ष –** 'घटरूपप्रत्यक्षजनने संयुक्तसमवायः सन्निकर्षः' घट के रूप के प्रत्यक्षज्ञान में संयुक्तसमवाय सन्निकर्ष होता है, क्योंकि चक्षु से संयुक्त घट में रूप समवाय सम्बन्ध से रहता है।

(3) **संयुक्तसमवेतसमवाय सन्निकर्ष –** 'रूपत्वसामान्यप्रत्यक्षे संयुक्तसमवेतसमवायः सन्निकर्षः' - रूपत्वजाति के प्रत्यक्ष में संयुक्तसमवेतसमवाय सन्निकर्ष होता है, क्योंकि चक्षु से संयुक्त घट में रूप समवाय सम्बन्ध से तथा रूप में रूपत्व समवाय सम्बन्ध से रहता है।

(4) **समवायसन्निकर्ष –** 'श्रोत्रेण शब्दसाक्षात्कारे समवायः सन्निकर्षः' - श्रोत्र (कर्ण) के द्वारा शब्द साक्षात्कार में समवायसन्निकर्ष होता है।

➢ कर्णविवर में विद्यमान आकाश ही श्रोत्र है।

➢ शब्द आकाश का गुण है तथा गुण एवं गुणी में समवाय सम्बन्ध होता है।

(5) **समवेतसमवायसन्निकर्ष –** 'शब्दत्वसाक्षात्कारे समवेतसमवायः सन्निकर्षः' शब्द जाति के प्रत्यक्ष में समवेतसमवायसन्निकर्ष होता है, क्योंकि शब्द में शब्दत्व समवायसम्बन्ध से रहता है।

(6) **विशेषणविशेष्यभाव सन्निकर्ष –** 'अभावप्रत्यक्षे विशेषणविशेष्यभावः सन्निकर्षः' - अभाव के प्रत्यक्ष में विशेषणविशेष्यभाव सन्निकर्ष होता है। क्योंकि 'भूतल घटाभाव वाला है' इस प्रकार के ज्ञान में चक्षु से संयुक्त भूतल में घटाभाव विशेषण है।

➢ इसप्रकार छः सन्निकर्षों से उत्पन्न ज्ञान प्रत्यक्ष है, उसका करण इन्द्रिय है, अतः इन्द्रिय ही प्रत्यक्ष प्रमाण है, यह सिद्ध होता है। 'तस्मात् इन्द्रियं प्रत्यक्षप्रमाणमिति सिद्धम्'

	इन्द्रिय	पदार्थ	सन्निकर्ष
1.	चक्षु	घट	संयोग
2.	चक्षु	घटरूप	संयुक्तसमवाय
3.	चक्षु	घटरूपत्व	संयुक्तसमवेतसमवाय
4.	श्रोत्र	शब्द	समवाय
5.	श्रोत्र	शब्दत्व	समवेतसमवाय
6.	चक्षु	घटाभाव (विशेषण) भूतल (विशेष्य)	विशेषण विशेष्यभाव

अनुमानप्रमाण

- **अनुमान –**'अनुमितिकरणम् अनुमानम्' - अनुमिति का करण अनुमान है।
- **अनुमिति –** 'परामर्शजन्यं ज्ञानम् अनुमितिः' – परामर्श से उत्पन्न होने वाला ज्ञान अनुमिति है।
- **परामर्श –** 'व्याप्तिविशिष्टपक्षधर्मताज्ञानं परामर्शः' – व्याप्ति से विशिष्ट पक्षधर्मताज्ञान को परामर्श कहते हैं।यथा – 'वह्निव्याप्यधूमवान् अयं पर्वतः' – यह ज्ञान परामर्श है वह्निव्याप्य यह पर्वत धूमवान् है। इसी परामर्श से उत्पन्न 'पर्वतो वह्निमान्' यह ज्ञान अनुमिति है।

व्याप्ति –

- 'यत्र यत्र धूमः तत्र तत्र अग्निः' इति साहचर्यनियमो व्याप्तिः - 'जहाँ जहाँ धूम है वहाँ वहाँ अग्नि है' – यह साहचर्यनियम व्याप्ति है।

पक्षधर्मता –

- 'व्याप्यस्य पर्वतादिवृत्तित्वं पक्षधर्मता'- व्याप्य का पर्वतादि में रहना पक्षधर्मता है।

  अनुमान- (1) स्वार्थानुमान (2) परार्थानुमान

1. **स्वार्थानुमान -** 'स्वार्थं स्वानुमितिहेतुः' – स्वार्थानुमान अपने अनुमिति ज्ञान का हेतु है।

- जैसे – कोई स्वयं ही बार-बार देखकर 'जहाँ जहाँ धुआँ है वहाँ वहाँ अग्नि है' इसप्रकार रसोईघर आदि में व्याप्ति को ग्रहण करके पर्वत के समीप जाकर उसमें अग्नि का सन्देह होने पर पर्वत में धूम को देखता हुआ 'जहाँ जहाँ धुआँ वहाँ वहाँ अग्नि' इस व्याप्ति का स्मरण करता है। तत्पश्चात् 'यह पर्वत अग्नि से व्याप्त धुएँ वाला है' यह ज्ञान उत्पन्न होता है। यही लिङ्गपरामर्श कहलाता है। इससे पर्वत वह्निमान् है, यह अनुमितिज्ञान उत्पन्न होता है। यही स्वार्थानुमान है।
- इसप्रकार द्विविध अनुमान में जो अनुमान अपने ज्ञान के लिए किया जाय, वह स्वार्थानुमान है – स्वस्य अर्थः प्रयोजनं यस्मात् तत् स्वार्थम्। 'स्वार्थं स्वप्रतिपत्तिहेतुः स्वानुमितिहेतुर्वा'

2. **परार्थानुमान -** 'यत्तु स्वयं धूमादग्निमनुमाय परं प्रति बोधयितुं पञ्चावयववाक्यं प्रयुज्यते तत्परार्थानुमानम्'

   जो स्वयं धूम से अग्नि का अनुमान करके दूसरें को समझाने के लिए पञ्चावयववाक्य का प्रयोग किया जाता है, वह परार्थानुमान है।

पञ्चावयव वाक्यों की प्रक्रिया

- प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय तथा निगमन – ये पाँच अवयव हैं।

1. **प्रतिज्ञा –** पर्वतो वह्निमान् (पर्वत वह्निमान् है)

2. **हेतु -** धूमवत्त्वात् (क्योंकि वह धूमवान् है)
3. **उदाहरण –** यो यो धूमवान् स स वह्निमान् यथा- महानसः (जो जो धूमवान् होता है, वह वह वह्निमान् होता है, जैसे – रसोईघर)
4. **उपनय –** तथा चायम् – (उसीप्रकार यह है)
5. **निगमन –** तस्मात् तथा इति (अतः इसमें भी वैसी ही अग्नि है)

- इस प्रकार पञ्चावयव वाक्य के द्वारा प्रतिपादित लिङ्ग से दूसरा व्यक्ति भी पर्वत पर अग्नि का अनुमान कर लेता है।
- स्वार्थानुमिति तथा परार्थानुमिति में लिङ्गपरामर्श ही करण है, इसलिए लिङ्गपरामर्श अनुमान है। **'तस्मात् लिङ्गपरामर्शोऽनुमानम्'**

लिङ्ग के प्रकार

लिङ्ग तीन प्रकार के हैं – (i) अन्वयव्यतिरेकी (ii) केवलान्वयी (iii) केवलव्यतिरेकी

(i) **अन्वयव्यतिरेकी –** 'अन्वयेन व्यतिरेकेण च व्याप्तिमद् अन्वयव्यतिरेकि' अन्वय एवं व्यतिरेक से व्याप्तिमान् अन्वयव्यतिरेकी होता है।

- यथा – वह्नौ साध्ये धूमवत्त्वम् =वह्नि के साध्य होने पर धूमवत्त्व लिङ्ग।
- यत्र धूमः तत्र अग्निः यथा-महानसः = जहाँ धुआँ होता है, वहाँ आग होती है। जैसे – रसोईघर। यह अन्वयव्याप्ति है।
- यत्र वह्निर्नास्ति तत्र धूमोऽपि नास्ति, यथा-ह्रदः = जहाँ आग नहीं होती वहाँ धुआँ नहीं होता, जैसे – सरोवर। यह व्यतिरेक व्याप्ति है।

(ïi) **केवलान्वयी –** 'अन्वयमात्रव्याप्तिकं केवलान्वयि' – अन्वयमात्र व्याप्ति वाला लिङ्ग केवलान्वयी है। यथा - घटोऽभिधेयः प्रमेयत्वात् पटवत् जैसे – घट अभिधेय है क्योंकि वह प्रमेय है। यथा – पट।

यहाँ प्रमेयत्व तथा अभिधेयत्व की व्यतिरेक व्याप्ति नहीं है, क्योंकि सभी कुछ प्रमेय और अभिधेय है।

(i) **केवलव्यतिरेकी** – 'व्यतिरेकमात्रव्याप्तिकं केवलव्यतिरेकि' – व्यतिरेक मात्र व्याप्ति वाला लिङ्ग केवलव्यतिरेकी है।

- यथा – पृथिवीतरेभ्यो भिद्यते गन्धवत्त्वात् यदितरेभ्यो न भिद्यते न तद् गन्धवत् यथा – जलम्।

  जैसे- पृथिवी इतर से भिन्न है, क्योंकि गन्धवती है, जो इतर से भिन्न नहीं है वह गन्धवती नहीं है, जैसे – जल।
- यह पृथिवी वैसी (गन्धरहित) नहीं है इसलिए उसके समान नहीं है यहाँ जो गन्धवान् है, वह इतर पदार्थों से भिन्न है। इसका अन्वय दृष्टान्त नहीं है क्योंकि पृथिवी मात्र ही पक्ष है।
- **पक्ष –** 'सन्दिग्धसाध्यवान् पक्षः'

जहाँ साध्य सन्दिग्ध रूप से पाया जाये, उसे पक्ष कहा जाता है। यथा- धूमवत्त्वे हेतौ पर्वतः। जैसे- धूमवत्त्व हेतु में पर्वत।

- **सपक्ष-** 'निश्चितसाध्यवान् सपक्षः।'

  निश्चित साध्य वाला सपक्ष होता है। यथा- रसोईघर।

- **विपक्ष-** 'निश्चितसाध्याऽभाववान् विपक्षः।'

  निश्चित साध्य का अभाव वाला विपक्ष होता है।

जैसे- महासरोवर

- पक्ष - सन्दिग्धसाध्यवान् (पर्वतः)
- सपक्ष - निश्चितसाध्यवान् (महानसः)
- विपक्ष - निश्चितसाध्य- अभाववान् (महाह्रदः)

हेत्वाभास

- हेतोः आभासाः = हेतु के दोष
- हेतुवद् आभासन्ते इति हेत्वाभासः = हेतु की तरह प्रतीत होना। दुष्ट हेतु या दोषयुक्त हेतु। इसप्रकार जो हेतु के समान भासित होता है किन्तु हेतु नहीं हो, वह हेत्वाभास कहलाता है।

हेत्वाभास के पाँच प्रकार-

1.सव्यभिचार 2. विरुद्ध 3. सत्प्रतिपक्ष 4. असिद्ध 5. बाधित

'सव्यभिचारि-विरुद्ध-सत्प्रतिपक्ष-असिद्ध- बाधिताः पञ्च हेत्वाभासाः'

हेत्वाभास

सव्यभिचार (अनैकान्तिक) | विरुद्ध | सत्प्रतिपक्ष | असिद्ध | बाधित

असिद्ध: आश्रयासिद्ध | स्वरूपासिद्ध | व्याप्यत्वासिद्ध

सव्यभिचार: साधारण | असाधारण | अनुपसंहारी

- सव्यभिचारी अनैकान्तिक है। यह तीन प्रकार का है-

  (i) साधारण (ii) असाधारण (i) अनुपसंहारी

  (i) **साधारण अनैकान्तिक हेत्वाभास-** साध्य- अभाववद्वृत्तिः साधारणोऽनैकान्तिकः

- साध्य के अभाव में रहने वाला साधारण अनैकान्तिक है।

- जैसे- पर्वतो वह्निमान् प्रमेयत्वात् इति।
- पर्वत वह्निमान् है, क्योंकि वह प्रमेय है।
  प्रमेयत्व वह्नि के अभाव वाले सरोवर में रहता है।
  (ii) **असाधारण अनैकान्तिक हेत्वाभास-** 'सर्वसपक्षविपक्षव्यावृत्तः पक्षमात्रवृत्तिरसाधारणः'
- जो सपक्ष एवं विपक्ष में न रहकर केवल पक्ष में रहे, वह असाधारण है।
  यथा- शब्दो नित्यः शब्दत्वात् इति।
  जैसे- शब्द नित्य है, क्योंकि वह शब्द है। शब्द सारे नित्य एवं अनित्य में न रहकर केवल शब्द में रहता है
  (iii) **अनुपसंहारी अनैकान्तिक हेत्वाभास-**
  'अन्वयव्यतिरेकदृष्टान्तरहितोऽनुपसंहारी'
- अन्वय एवं व्यतिरेक दृष्टान्त से रहित हेत्वाभास अनुपसंहारी होता है।
  यथा- सर्वम् अनित्यं प्रमेयत्वात् इति। सब अनित्य है प्रमेयत्व के कारण। यहाँ 'सर्वं' पक्ष है इसलिए दृष्टान्त नहीं है।
- तर्कभाषा में अनैकान्तिक(सव्यभिचारी) हेत्वाभास के दो ही भेद कहे गये हैं साधारण एवं असाधारण।

2. विरुद्ध हेत्वाभास-

'साध्याभावव्याप्तो हेतुर्विरुद्धः' साध्य के अभाव से व्याप्त हेतु विरुद्ध है।
यथा- शब्दो नित्यः कृतकत्वात् इति
जैसे- शब्द नित्य है कार्य होने के कारण यहाँ कृतकत्व नित्यत्व का अभाव अनित्यत्व से व्याप्त है।

3. सत्प्रतिपक्ष हेत्वाभास-

- 'यस्य साध्य-अभावसाधकं हेत्वन्तरं विद्यते स सत्प्रतिपक्षः'
  जिस हेतु के साध्य के अभाव को सिद्ध करने वाला अन्य हेतु है, वह सत्प्रतिपक्ष है।
- यथा- शब्दो नित्यः श्रावणत्वाच्छब्दवत्।
  - ☆ शब्द नित्य है। श्रावणत्व के कारण शब्द के समान।
  - ☆ शब्दो अनित्यः कार्यत्वाद् घटवत् इति।
  - ☆ शब्द अनित्य है, कार्य होने के कारण, घट के समान।

4. असिद्ध हेत्वाभास

- असिद्ध हेत्वाभास तीन प्रकार का होता है-
  (i) आश्रयासिद्ध (ii) स्वरूपासिद्ध (iii) व्याप्यत्वासिद्ध
- 'स्वयम् असिद्धः कथं परान् साधयति' अर्थात् जहाँ हेतु की पक्ष में विद्यमानता निश्चित नहीं होती वहाँ असिद्ध हेत्वाभास होता है।

(i) **आश्रयासिद्ध हेत्वाभास-** जिस हेतु का आश्रय(पक्ष) प्रमाणसिद्ध न हो, वह आश्रयासिद्ध है- **'यस्य हेतोः आश्रयो नावगम्यते स आश्रयासिद्धः'**
यथा- गगनारविन्दं सुरभि अरविन्दत्वात्
आकाशकमल सुगन्धित होता है, क्योंकि वह कमल है, सरोवर में उत्पन्न कमल की तरह। यहाँ साध्य सुरभित्व का आश्रय गगनारविन्द की सत्ता ही नहीं है।
(ii) **स्वरूपासिद्ध हेत्वाभास-** स्वरूपासिद्ध वह हेत्वाभास है जिसके पक्ष में हेतु का अभाव होता है। जैसे- **'शब्दो गुणः चाक्षुषत्वात् रूपवत्।'** शब्द गुण है, दिखाई पड़ने के कारण, रूप के समान।

- यहाँ 'चाक्षुषत्व' शब्द में नहीं है क्योंकि शब्द श्रवण से ग्राह्य है।

(iii) व्याप्यत्वासिद्ध हेत्वाभास- 'सोपाधिको हेतुर्व्याप्यत्वासिद्धः' उपाधियुक्त हेतु व्याप्यत्वासिद्ध होता है।

- यथा- 'पर्वतो धूमवान् वह्निमत्त्वात्'
  पर्वत धूमवान् है, वह्नियुक्त होने के कारण।
  सोपाधिक होने से वह्निमत्त्व व्याप्यत्वासिद्ध है।
- **उपाधि-** 'साध्यव्यापकत्वे सति साधन-अव्यापकत्वम् उपाधिः'
  साध्य के व्यापक होने पर साधन की अव्यापकता उपाधि है।

5. बाधित हेत्वाभास

- 'यस्य साध्याभावः प्रमाणान्तरेण निश्चितः सः बाधितः।'
  जिस हेतु के साध्य का अभाव किसी अन्य प्रमाण से निश्चित होता है वह बाधित हेत्वाभास है।
- यथा- वह्निरनुष्णो द्रव्यत्वात् इति।
  अग्नि शीतल है, द्रव्य होने के कारण।
  यहाँ 'अनुष्णत्व' (शीतलता) साध्य है उसका अभाव उष्णत्व स्पार्शनप्रत्यक्ष से ज्ञात होता है। इसलिए इसमें बाधित हेत्वाभास है।

उपमानप्रमाण

- **उपमान-** 'उपमितिकरणम् उपमानम्'
  उपमिति का करण उपमान है।
- **उपमिति-** 'संज्ञासंज्ञिसम्बन्धज्ञानम् उपमितिः'
  संज्ञा तथा संज्ञी के सम्बन्धज्ञान को उपमिति कहते हैं। उसका करण सादृश्यज्ञान है।
- **अवान्तरव्यापार-** 'अतिदेशवाक्यार्थस्मरणम् अवान्तरव्यापारः'
  प्रामाणिक व्यक्ति के कहे हुए वाक्यार्थ का स्मरण अवान्तर व्यापार है।
- **उपमिति की प्रक्रिया-** जैसे कोई गवय शब्द के अर्थ को बिना जानता हुआ किसी

जंगली पुरुष से गाय के सदृश गवय होता है (गो सदृशो गवयः) यह सुनकर वन में जाता हुआ वाक्य के अर्थ को स्मरण करते हुए गो सदृश पिण्ड को देखता है। तदनन्तर यह गवय शब्द से वाच्य है। यह उपमिति उत्पन्न होती है।

शब्दप्रमाण

- **शब्द-** 'आप्तवाक्यं शब्दः' आप्तपुरुषों का वाक्य शब्द प्रमाण है।
- **आप्त-** 'आप्तस्तु यथार्थवक्ता' आप्त तो यथार्थवक्ता है।
  वाक्य- 'वाक्यं पदसमूहः' वाक्य पदों का समूह है।
  जैसे- गाम् आनय (गाय लाओ)
- वाक्य से प्राप्त होने वाला अर्थ ही शाब्दबोध अथवा वाक्यार्थज्ञान कहलाता है।
  पद- 'शक्तं पदम्' शक्त अर्थात् शक्तियुक्त (सामर्थ्यवान्) पद है।
- **शक्ति-** 'अस्मात् पदात् अयमर्थो बोद्धव्यः इति ईश्वरसङ्केतः शक्तिः'
  इस पद से यह अर्थ जानना चाहिए- इस प्रकार का ईश्वरसङ्केत ही शक्ति है।
- 'अर्थस्मृत्यनुकूलः पदपदार्थसम्बन्धः शक्तिः'(दीपिका टीका)

वाक्यार्थज्ञान के हेतु-

- आकांक्षा, योग्यता और सन्निधि- वाक्यार्थ ज्ञान के प्रति हेतु है।

आकांक्षा-

- 'पदस्य पदान्तरव्यतिरेकप्रयुक्तान्वयाननुभावकत्वम् आकाङ्क्षा'
  एक पद का दूसरे अर्थ के बिना प्रयुक्त होने पर शाब्दबोध करवाने की असमर्थता आकाङ्क्षा है।
- **योग्यता-** 'अर्थाबाधो योग्यता'
  अर्थ का बाधारहित होना योग्यता है।
- **सन्निधि-** 'पदानाम् अविलम्बेन उच्चारणं सन्निधिः'
  पदों का बिना विलम्ब के उच्चारण सन्निधि है।
- इसप्रकार आकांक्षा, योग्यता, सन्निधि से रहित वाक्य प्रमाण नहीं है। यथा- गौः, अश्वः, पुरुषः, हस्ती- यह प्रमाण नहीं हैं, क्योंकि इसमें आकांक्षा का अभाव है।
- 'अग्निना सिञ्चेत्' इति न प्रमाणम्। क्योंकि इसमें योग्यता का अभाव है।
- एक-एक प्रहर में कहे गये 'गाम् आनय' इत्यादि पद प्रमाण नहीं हैं, क्योंकि इनमें सान्निध्य नहीं है।

वाक्य के दो प्रकार- तर्कसंग्रह के अनुसार वाक्य के दो प्रकार हैं- वैदिक और लौकिक

(i) **वैदिक वाक्य-** 'वैदिकमीश्वरोक्तत्वात् सर्वमेव प्रमाणम्'
ईश्वर वचन होने के कारण सारे वैदिक वाक्य प्रमाण हैं।

(ii) **लौकिक वाक्य-** लौकिक वाक्य तो आप्तकथित प्रमाण हैं, अन्य प्रमाण नहीं हैं।

'लौकिकं तु आप्तोक्तं प्रमाणम् अन्यद् अप्रमाणम्'

शाब्दज्ञान- वाक्यार्थज्ञानं शाब्दज्ञानम्।

वाक्य के अर्थों का ज्ञान ही शाब्दज्ञान है, उसका करण शब्द है।

भारतीय दर्शन का ख्यातिवाद

1. विज्ञानवादी बौद्ध – आत्मख्याति (विज्ञानख्यातिवाद)
2. शून्यवादी बौद्ध- असत्ख्याति (शून्यताख्यातिवाद)
3. प्राभाकरमीमांसक- अख्यातिवाद
4. कुमारिलभट्ट - विपरीतख्यातिवाद
5. नैयायिक – अन्यथाख्यातिवाद
6. वेदान्ती – अनिर्वचनीयख्यातिवाद (अध्यास)
7. प्राचीनसांख्य और रामानुज का- सत्ख्यातिवाद
8. उत्तरसांख्य और जैनमत का – सदसत्ख्यातिवाद

❑❑

6. वेदान्तसार

वेदान्त दर्शन की भूमिका

- वेदान्त वेद के सिद्धान्त हैं। वेद के चार भाग हैं- मन्त्र, ब्राह्मण, आरण्यक, और उपनिषद्।
- सर्वप्रथम वेदान्त का प्रयोग उपनिषद् के अर्थ में हुआ।उपनिषद् वेद के अन्तिम भाग हैं, इसलिए उनको वेदान्त कहा जाता है।
- उपनिषद् को **अध्यात्मविद्या** या **ब्रह्मविद्या** भी कहते हैं।
- वेद के अन्तिम भाग होने से इसे वेदान्त भी कहा जाता है।
- **'वेदान्तो नाम उपनिषद्प्रमाणम्'** परिभाषा के अनुसार उपनिषदों को प्रमाणरूप में मानकर चलने वाला शास्त्र वेदान्तदर्शन माना गया है।
- इसे सर्वप्रथम व्यवस्थितरूप देने का श्रेय **आचार्य बादरायण** को जाता है। जिन्होंने ब्रह्मसूत्र नामक ग्रन्थ की संरचना की। विद्वानों ने इन्हें **वेदान्तदर्शन का संस्थापक** अथवा प्रणेता आचार्य भी कहा है।
- विद्वानों ने इनका समय 400 ई॰पू॰ के लगभग निर्धारित किया है।
- महर्षि बदर का वंशज होने के कारण इन्हें बादरायण नाम से जाना जाता है।

ब्रह्मसूत्र

- बादरायण वेदान्तदर्शन के प्रसिद्ध ग्रन्थ ब्रह्मसूत्र की रचना की। इसमें 4 अध्याय, 16 पाद, 192 अधिकरण तथा 555 सूत्र हैं।
- ब्रह्मसूत्र को उत्तरमीमांसा, बादरायणसूत्र, ब्रह्ममीमांसा, वेदान्तसूत्र, व्याससूत्र तथा शारीरकसूत्र के नाम से भी जाना जाता है।
- इस ग्रन्थ में बृहदारण्यक, छान्दोग्य, कौषीतकि, ऐतरेय, मुण्डक, प्रश्न, श्वेताश्वतर आदि उपनिषद् ग्रन्थों में प्राप्त वाक्यों पर विचार किया गया है।

ब्रह्मसूत्र का वर्ण्य विषय

- ब्रह्मसूत्र के प्रथम अध्याय में स्पष्ट, अस्पष्ट एवं संदिग्ध श्रुतियों का ब्रह्म में समन्वय किया गया है।
- द्वितीय अध्याय में अन्य दार्शनिक मतों का दोष प्रदर्शन करके युक्तिपूर्वक वेदान्तमत की स्थापना की गई है।
- तृतीय अध्याय में जीव और ब्रह्म का लक्षण करते हुए उसे मुक्ति का बहिरङ्ग एवं अन्तरङ्ग साधन बताया गया है।

- चतुर्थ अध्याय में जीवन्मुक्ति, जीव की उत्क्रान्ति तथा सगुण -निर्गुण उपासना का दिग्दर्शन कराया गया है।

ब्रह्मसूत्र के विभिन्न भाष्य

भाष्यकार	भाष्य
शङ्कराचार्य	शारीरकभाष्य
रामानुजाचार्य	श्रीभाष्य
मध्वाचार्य	पूर्णप्रज्ञभाष्य
भास्कराचार्य	भास्करभाष्य
निम्बार्काचार्य	वेदान्तपारिजातभाष्य
श्रीकण्ठ	शैवभाष्य
वल्लभाचार्य	अणुभाष्य
विज्ञानभिक्षु	विज्ञानामृतभाष्य
आचार्य बलदेव	गोविन्दभाष्य

- **गौडपाद –** अद्वैतवेदान्त का प्रथम प्रवर्तक एवं प्रधान आचार्य गौडपाद को माना गया है।
- विद्वानों ने इन्हें ईसापूर्व द्वितीय शताब्दी के पूर्वभाग में स्थित माना है।
- गौडपाद ने माण्डूक्योपनिषद् पर प्रसिद्ध कृति **'माण्डूक्यकारिका'** की रचना की।
- आचार्य गौडपाद अद्वैतवाद के प्रमुख आचार्य थे। अपनी कारिकाओं में उन्होंने जिन सिद्धान्तों को बीजरूप में प्रदर्शित किया, उन्हीं को आचार्य शङ्कर ने अपने ग्रन्थों में सरसशैली में प्रतिपादित किया।
- आचार्य गौडपाद के शिष्य तथा शङ्कराचार्य के गुरु आचार्य गोविन्दपाद थे, शङ्कराचार्य की जीवनी से इनका नर्मदातट निवासी होना सिद्ध होता है। ये अपने समय के उद्भट विद्वान् थे।

आचार्य शङ्कर

- शङ्कराचार्य **अद्वैतवाद के प्रवर्तक** आचार्य माने जाते हैं।
- अद्वैतमत को **शाङ्करमत** या **शाङ्करदर्शन** भी कहते हैं।
- ब्रह्मसूत्र पर उपलब्ध भाष्यों में सर्वाधिक प्राचीन शाङ्करभाष्य (शारीरिक भाष्य) माना जाता है।
- शङ्कराचार्य का जन्म केरल प्रदेश की पूर्णा नदी के तटवर्ती ग्राम कलाडी में वैशाख शुक्ल **5** को **788** ई॰ में हुआ। इनके पिता का नाम **शिवगुरु** और माता का नाम **सुभद्रा** मिलता है।
- भगवान् शङ्कर की आराधना से पुत्र प्राप्ति होने के कारण इनका नाम शङ्कर रखा गया। बालक शङ्कर बाल्यावस्था से ही अद्भुत प्रतिभा एवं स्मरण शक्ति के धनी थे अतः सात वर्ष की आयु तक इन्होंने वेद, वेदान्त और वेदाङ्गों का विधिवत् अध्ययन कर

लिया।

- शङ्कराचार्य के नाम से लगभग 272 ग्रन्थ लिखे गये बताए जाते हैं, किन्तु यह कहना कठिन है कि वे सभी आद्य शङ्कराचार्य द्वारा लिखे गये हैं।
- आचार्य शङ्कर ने **'ब्रह्मसत्यं जगन्मिथ्या'** एतदर्थ उन्होंने मायावाद की स्थापना की इसे विद्वानों ने अमोघमन्त्र बताया।
- शङ्कराचार्य के अनुसार सम्पूर्ण दृश्यमान जगत् ब्रह्म का विवर्तमात्र है-
  जैसे हमें रज्जु में सर्प की भ्रान्ति हो जाती है, ठीक उसीप्रकार ब्रह्म तत्त्व में ही हमें जगत् की भ्रान्ति हो रही है। उन्होंने आत्मा को स्वतः सिद्ध माना।
- शंकर के परवर्ती वेदान्तदर्शन के आचार्यों की परम्परा अत्यन्त विशाल रही है। हम उनका संक्षेप में उल्लेख कर रहे हैं-
- **पद्मपादाचार्य**- शङ्कराचार्य के प्रथम शिष्य पद्मपादाचार्य थे। इनका पूर्वनाम **सइन्दन** था। दक्षिण के चोल प्रदेश मे इनका जन्म हुआ। पद्मपाद नाम इन्हें शङ्कराचार्य ने दिया। ये गुरु के परमभक्त एवं आज्ञापालक थे।
- **आचार्य मण्डनमिश्र-** इनका अन्य नाम सुरेश्वराचार्य भी था।ये रेवा नदी के तटवर्ती प्राचीन माहिष्मती के निवासी थे। मण्डन मिश्र अपने समय के मगध प्रदेश के सबसे बड़े विद्वान् और पूर्व मीमांसक थे।
- **आचार्य वाचस्पति मिश्र-** इनका जन्मस्थान मिथिला माना जाता है। इनके ग्रन्थों से प्रतीत होता है कि ये अपने विषय के धुरन्धर विद्वान् तथा अद्वैतमत के प्रमुख आचार्य थे। विद्वानों ने इनका समय आठवीं शताब्दी के अन्त से लेकर नवम शती का प्रारम्भ माना है।इसके बाद के प्रायः सभी आचार्यों ने इनके वाक्यों को प्रमाणरूप में स्वीकार किया है। वाचस्पति मिश्र ने शाङ्करभाष्य पर **भामती टीका** का प्रणयन किया।
- **आचार्य सदानन्दयोगीन्द्र** ने अद्वैतवेदान्त पर अत्यन्त सरलशैली में **वेदान्तसार** नामक प्रकरणग्रन्थ की रचना की। इनका स्थितिकाल विद्वानों ने **सोलहवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध** निर्धारित किया है। यह सम्पूर्ण वेदान्तसिद्धान्तों का परिचायक ग्रन्थ है।
- **वेदान्तपरिभाषा** नामक उत्कृष्ट एवं अद्वैतसिद्धान्त के लिये अत्यन्त उपयोगी प्रकरणग्रन्थ की रचना **आचार्य धर्मराज अध्वरीन्द्र** ने की। इनका जन्मसमय 17 वीं शताब्दी का आरम्भ माना गया है।
- शङ्कराचार्य के शिष्य सुरेश्वराचार्य के **नैष्कर्म्यसिद्धि** नामक ग्रन्थ से केवल इतना ज्ञात होता है कि आचार्य गौडपाद गोडप्रदेश के निवासी थे।
- वेदान्तदर्शन विशेषरूप से अद्वैतवेदान्त एकमात्र ब्रह्म को ही सत्य, नित्य और सर्वोपरि तत्त्व के रूप में मानता है।
- इसीकारण से वेदान्तदर्शन का प्रारम्भ ब्रह्मजिज्ञासा से होता है। 'अथातो ब्रह्मजिज्ञासा' (ब्रह्मसूत्र 1.1)
- ब्रह्म शब्द 'बृह् वृद्धौ' वृद्धि के अर्थ मे प्रयुक्त 'बृह्' धातु से मनिन् प्रत्यय करके 'ब्रह्म' शब्द

निष्पन्न हुआ हैं अर्थात् महान् ,व्यापक,निरवधिक,निरतिशय महत्त्व से युक्त तत्त्व ही ब्रह्म है।

- 'बृंहणाद् ब्रह्म' इस व्युत्पत्ति के अनुसार देश, काल तथा वस्तु आदि से अपरिछिन्न नित्य तत्त्व ही ब्रह्म है।

वेदान्तसार का मङ्गलाचरण

- वेदान्तसार के मङ्गलाचरण में ब्रह्म की वन्दना की गयी है।

  अखण्डं सच्चिदानन्दमवाङ्मनसगोचरम्।
  आत्मानमखिलाधारमाश्रयेऽभीष्टसिद्धये॥

- ग्रन्थ की निर्विघ्नसमाप्ति या त्रिविध दुःख की आत्यन्तिक निवृत्ति के लिये सत्य ज्ञान एवं आनन्द स्वरूप, मन वाणी तथा इन्द्रियों के अविषय, सम्पूर्ण स्थावरजङ्गम रूप प्रपञ्च के आधारस्वरूप, अखण्ड परमात्मा का अभीष्ट (मनोरथ) की सिद्धि के लिये आश्रय ग्रहण करता हूँ।
- किसी कार्य को प्रारम्भ करने से पूर्व मंगलाचरण करने की भारतीय परम्परा रही है। आचार्य सदानन्द ने वेदान्तदर्शन के प्रकरणग्रन्थ वेदान्तसार की निर्विघ्नसमाप्ति के लिये सच्चिदानन्द, अवाङ्मनसगोचर,सम्पूर्णसृष्टि के आधार स्वरूप, अखण्ड परमपिता परमात्मा की वन्दना की है।
- वेदान्तदर्शन एकमात्र परमब्रह्म की सत्ता को स्वीकार करता है साथ ही आत्मा एवं ब्रह्म की एकता का भी प्रतिपादन करता है।
- यहाँ आत्मा के चार विशेषणों का प्रयोग किया गया है (i) अखण्डम् (ii) सच्चिदानन्दम् (iii) अवाङ्मनसगोचरम् (iv) अखिलाधारम्
- 'सच्चिदानन्दम्'- वेदान्तग्रन्थों में ब्रह्म के लिए इस विशेषण का प्रयोग किया गया है जो ब्रह्म भी तीन विशेषताओं की ओर संकेत करता है - सत्, चित्, और आनन्द।
- मङ्गलाचरण में अपने आराध्य देवता के स्मरण के पश्चात् आचार्य सदानन्द ने अपने गुरु अद्वयानन्द को नमन किया है -

  अर्थतोऽप्यद्वयानन्दानतीतद्वैतभानतः।
  गुरूनाराध्य वेदान्तसारं वक्ष्ये यथामति॥

  जिनकी द्वैतभावना दूर हो गई है, यथार्थरूप से भी अखण्ड आनन्दस्वरूप अद्वयानन्द नामक गुरु की आराधना करके मैं (सदानन्द अपनी) बुद्धि के अनुसार वेदान्तसार को कहूँगा।

- उपनिषद् को प्रमाण मानकर चलने वाला शास्त्र वेदान्त कहा गया है।

  और ब्रह्मसूत्र शारीरकसूत्र आदि उनके उपकारक ग्रन्थ है।

  'वेदान्तो नामोपनिषत्प्रमाणं तदुपकारीणि शारीरकसूत्रादीनि च।'

वेदान्तशास्त्र

उपनिषद्	ब्रह्मसूत्र (शारीरकसूत्र)
प्रमाणस्वरूप	उपकारक (व्याख्या ग्रन्थ)

- वेदान्तशास्त्र में चार अनुबन्ध हैं - अधिकारी, विषय, सम्बन्ध और प्रयोजन।
  'तत्रानुबन्धो नामाधिकारिविषयसम्बन्धप्रयोजनानि '
- **वेदान्त का प्रथम अनुबन्ध अधिकारी**- अधिकारी तो वह जिज्ञासु प्रमाता है, जिसने वेद- वेदाङ्गों का विधिपूर्वक अध्ययन करके समस्त वेदान्त के अर्थ को सामान्यरूप से जान लिया है तथा इस जन्म में अथवा अन्य जन्मों में कामनाओं को पूर्ण करने वाले काम्यकर्म तथा शास्त्रों द्वारा निषेध किये गये कर्मों को छोड़ने के साथ-साथ नित्य, नैमित्तिक, प्रायश्चित्त और उपासना कर्मों के अनुष्ठान से सम्पूर्णपापों से मुक्त, अत्यधिक निर्मल अन्तःकरण वाला जो साधन चतुष्टयसम्पन्न है, ऐसा प्रमाता पुरुष (इस ब्रह्मविद्या) वेदान्त का अधिकारी है।
- अधिकारी तु विधिवदधीतवेदवेदाङ्गत्वेनापाततोऽधिगताखिलवेदार्थोऽस्मिन् जन्मनि जन्मान्तरे वा काम्यनिषिद्धवर्जनपुरस्सरं नित्यनैमित्तिकप्रायश्चित्तोपासनानुष्ठानेन निर्गतनिखिलकल्मषतया नितान्तनिर्मलस्वान्तः साधनचतुष्टयसम्पन्नः प्रमाता।
  अधिकारी के निरूपणान्तर्गत ही काम्यादि कर्मों का वर्णन किया गया है-
- **1.** स्वर्ग आदि कामनाओं के साधनस्वरूप ज्योतिष्टोमयाग आदि काम्यकर्म हैं
  काम्यानि स्वर्गादीष्टसाधनानि ज्योतिष्टोमादीनि।
- **2.** नरकादि अनिष्टस्थानों की प्राप्ति के साधनभूत ब्राह्मणहत्या, गोहत्या आदि निषिद्धकर्म है। **निषिद्धानि नरकाद्यनिष्टसाधनानि ब्राह्मणहननादीनि।**

  3. जिसके न करने से भविष्य में दुःख की सम्भावना हो, ऐसे सन्ध्यावन्दन आदि नित्यकर्म हैं।

  'नित्यान्यकरणे प्रत्यवायसाधनानि सन्ध्यावन्दनादीनि'

  4. पुत्र जन्मादि के अवसर पर किये जाने वाले जातेष्टि यज्ञ आदि नैमित्तिक कर्म है **नैमित्तिकानि पुत्रजन्माद्यनुबन्धीनि जातेष्ट्यादीनि।**

  5. पाप के क्षय करने के लिये साधन बनने वाले चान्द्रायण आदि व्रत प्रायश्चित्त कर्म हैं। **प्रायश्चित्तानि पापक्षयसाधनानि चान्द्रायणादीनि।**

  6. सगुणब्रह्म को विषय बनाने वाला मानसिक व्यापार ध्यान ही जिनका स्वरूप है उन शाण्डिल्यविद्या आदि को उपासनाकर्म कहते हैं।

  उपासनानि सगुणब्रह्मविषयमानसव्यापाररूपाणि शाण्डिल्यविद्यादीनि।
- नित्य नैमित्तिक और प्रायश्चित्त कर्मों का परम प्रयोजन- बुद्धि की शुद्धि एवं उपासना रूप कर्मों का मुख्य प्रयोजन -चित्त की एकाग्रता है।
- नित्य नैमित्तिक प्रायश्चित्त कर्मों का गौण प्रयोजन- पितृलोक प्राप्ति तथा उपासना का

गौण प्रयोजन - सत्यलोक (देवलोक की प्राप्ति)।

कर्म

- करने योग्य कर्म
  - नित्य (सन्ध्यावन्दनादि)
  - नैमित्तिक (जातेष्टि आदि)
  - प्रायश्चित्त (चान्द्रायणव्रतादि)
  - उपासना (सगुणोपासना)
  - काम्य (ज्योतिष्टोमादि)
- न करने योग्य कर्म
  - निषिद्ध (गोहत्यादि)

➢ **साधनचतुष्टय -** (i) नित्य एवं अनित्य वस्तुविवेक, (ii) इहलौकिक एवं पारलौकिक फल को भोगने के प्रति वैराग्य, (iii) शम, दम, उपरति, तितिक्षा, समाधान और श्रद्धा आदि छः प्रकार की सम्पत्ति तथा (iv) मोक्षप्राप्ति के प्रति इच्छा- ये चार साधन हैं।

साधनानि नित्यानित्यवस्तुविवेकेहामुत्रार्थफलभोगविरागशमादिषट्कसम्पत्तिमुमुक्षुत्वानि

➢ इनमें एकमात्र ब्रह्म ही नित्य वस्तु है उसके अतिरिक्त अन्य सभी कुछ अनित्य है इसप्रकार समझना ही **नित्य-अनित्य-वस्तुविवेक** है।

➢ इस लोक की माला, चन्दन, सुन्दरी आदि भोग विलास विषयक सामग्री कर्म द्वारा उत्पन्न होने के कारण अनित्य के समान है। इसीप्रकार पारलौकिक स्वर्ग आदि विषयभोगों के कर्मजन्य होने से अनित्य होने के कारण उनके प्रति भी नितान्त वैराग्यभाव ही **'इहामुत्रार्थफलभोग विराग'** है।

➢ ऐहिकानां स्रक्चन्दनवनितादिविषयभोगानां कर्मजन्यतयाऽनित्यत्व-वदामुष्मिकाणामप्यमृतादिविषयभोगानामनित्यतया तेभ्यो नितरां विरतिरिहा मुत्रार्थफलभोगविरागः

साधनचतुष्टय

1. **नित्यानित्यवस्तुविवेक-** नित्य अनित्य वस्तु का विवेक।
2. **इहामुत्रार्थफलभोगविराग-** इस लोक एवं परलोक विषयक भोगने के प्रति वैराग्यभाव।
3. **शमादिषट्कसम्पत्ति-** शम, दम, उपरति, तितिक्षा, समाधान और श्रद्धा इन छः प्रकार की सम्पत्ति से सम्पन्न होना
4. **मुमुक्षुत्व-** मोक्ष की प्रबल इच्छा का होना।

शमादिषट्कसम्पत्ति

शमादयस्तु शमदमोपरतितितिक्षासमाधानश्रद्धाख्याः।

➢ **1. शम-** श्रवण मनन और निदिध्यासन को छोड़कर उनसे भिन्न विषयों से मन को हटा लेने को शम कहते हैं।

शमस्तावच्छ्रवणादिव्यतिरिक्तविषयेभ्यो मनसो निग्रहः।

- **2. दम-** श्रोत्रादि बाह्य इन्द्रियों को श्रवणादि के अतिरिक्त विषयों से हटाने को दम कहते हैं। **'दमो बाह्येन्द्रियाणां तद्व्यतिरिक्तविषयेभ्यो निवर्तनम्'**
- **3. उपरति-** अन्तरिन्द्रिय मन और श्रोत्रादि बाह्य इन्द्रियों को अपने-अपने विषय से निवृत्त कर लेने पर श्रवण आदि के अतिरिक्त विषयों से इनका उपरत हो जाना अर्थात् फिर से विषयों की ओर प्रवृत्त होने का उत्साह न रह जाने से स्थिर हो जाना उपरति है। **निवर्तितानामेतेषां तद्व्यतिरिक्तविषयेभ्य उपरमणमुपरतिः अथवा विहितानां कर्मणां विधिना परित्यागः।**
- अथवा सन्ध्यावन्दन अग्निहोत्र आदि अवश्य करणीय वेदविहित कर्मों का श्रुति और स्मृति में बताई गई विधि से परित्याग कर देना अर्थात् संन्यास ग्रहण कर लेना ही उपरति है।

4. तितिक्षा- शीत-उष्ण, मान -अपमान, लाभ -हानि, जय- पराजय, निन्दा-स्तुति, हर्ष-शोक आदि द्वन्द्वों को सहन करना तितिक्षा है।

'तितिक्षा शीतोष्णादिद्वन्द्वसहिष्णुता'

- **5. समाधान-** निगृहीत चित्त का श्रवणादि में तथा श्रवणादि के अनुकूल गुरुशुश्रूषा, वेदान्तग्रन्थों का सम्पादन और उनकी रक्षा करना आदि विषयों में स्थिर हो जाना समाधान है। **'निगृहीतस्य मनसः श्रवणादौ तदनुगुणविषये च समाधिः समाधानम्'**
- **6. श्रद्धा -** गुरू द्वारा उपदिष्ट वेदान्त के वाक्यों में विश्वास श्रद्धा है।

  गुरूपदिष्टवेदान्तवाक्येषु विश्वासः श्रद्धा।
- **मुमुक्षुत्व -** मोक्ष की इच्छा ही मुमुक्षुत्व है। **मुमुक्षुत्वम् मोक्षेच्छा**

  एवम्भूतः प्रमाताधिकारी। इसप्रकार की विशेषताओं से युक्त हुआ प्रमाता अधिकारी है।

शमादिषट्कसम्पत्ति

शम | दम | उपरति | तितिक्षा | समाधान | श्रद्धा

- **वेदान्त का द्वितीय अनुबन्ध- विषय** वेदान्त का प्रतिपाद्य विषय -जीव और ब्रह्म की एकता है। विषयो जीवब्रह्मैक्यं शुद्धचैतन्यं प्रमेयं तत्रैव वेदान्तानां तात्पर्यात्।
- शुद्धचैतन्य प्रमा का विषय है, क्योंकि समस्त वेदान्तवाक्यों का अभिप्राय उसी शुद्धचैतन्य के प्रतिपादन में निहित है।
- **वेदान्त का तृतीय अनुबन्ध-सम्बन्ध**

  ज्ञान के विषय उन जीव और ब्रह्म का ऐक्य एवं उनका प्रतिपादन करने वाले उपनिषद्रूप प्रमाणवाक्यों का परस्पर बोध्य-बोधकभाव सम्बन्ध है।

सम्बन्धस्तु तदैक्यप्रमेयस्य तत्प्रतिपादकोपनिषत्प्रमाणस्य च बोध्यबोधकभावः।

- **वेदान्त का चतुर्थ अनुबन्ध-प्रयोजन** चतुर्थ अनुबन्ध उस जीव एवं ब्रह्म के ऐक्यविषयक ज्ञान के साथ अज्ञान की निवृत्तिपूर्वक अपने स्वरूप का परिचय होने से चरम आनन्द की प्राप्ति ही मुख्य प्रयोजन है।

  * प्रयोजनं तु तदैक्यप्रमेयगताज्ञाननिवृत्तिः स्वस्वरूपानन्दावाप्तिश्च।

  * ''तरति शोकमात्मवित्'' इत्यादि श्रुतेः ''ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति '' इत्यादि श्रुतेश्च। ''आत्मज्ञानी शोक से तर जाता है'' इत्यादि तथा ''ब्रह्मज्ञानी ब्रह्म ही हो जाता है'' इत्यादि श्रुति का कथन प्रमाण है।

अनुबन्ध चतुष्टय

अधिकारी | विषय | सम्बन्ध | प्रयोजन

- **अध्यारोप -** रस्सी में सर्प के आरोप के समान, वस्तु में अवस्तु का आरोप ही अध्यारोप है। **'असर्पभूतायां रज्जौ सर्पारोपवद्वस्तुन्यवस्त्वारोपोऽध्यारोपः'**
- **वस्तु और अवस्तु-** सच्चिदानन्द, अनन्त और अद्वैत ब्रह्म वस्तु है तथा अज्ञान आदि से लेकर सम्पूर्ण जडप्रपञ्च अवस्तु है।

  वस्तु सच्चिदानन्दानन्ताद्वयं ब्रह्म अज्ञानादिसकलजडसमूहोऽवस्तु।
- वेदान्तदर्शन के अनुसार ब्रह्म ही एकमात्र वस्तु है तथा शेष सम्पूर्ण चराचरप्रपञ्च को अवस्तु बताया गया है।
- जिसप्रकार वस्तु (रस्सी) में अवस्तु (सर्प) का आरोप ही अध्यारोप है, उसी प्रकार वस्तु (बह्म) में अवस्तु (जगत्) का आरोप ही अध्यारोप है।
- **अज्ञान-** अज्ञान तो सत् और असत् दोनों से विलक्षण होने से अनिर्वचनीय,त्रिगुणात्मक, ज्ञान का विरोधी तथा भाव रूप से 'यत्किञ्चित्' ऐसा कहते हैं।

  अज्ञानं तु सदसद्भ्यामनिर्वचनीयं त्रिगुणात्मकं ज्ञानविरोधि भावरूपं यत्किञ्चिदिति।
- **अज्ञान के भेद-** अज्ञान के दो भेद हैं - समष्टि और व्यष्टि
- **समष्टि -** यह अज्ञान समष्टि के अभिप्राय से एक है और व्यष्टि के अभिप्राय से अनेक कहा जाता है। जैसे- समष्टि (समूह) के अभिप्राय से यह वन है इसप्रकार एकत्व का कथन किया जाता है, या जल बिन्दुओं की समष्टि के अभिप्राय से यह जलाशय है, इसप्रकार एकत्व का कथन किया जाता है।
- 'समष्टि' शब्द का प्रयोग यहाँ समुदाय, समूह या संघात अर्थ की अभिव्यक्ति के लिये हुआ है।
- **व्यष्टि-** यह एक का सूचक है। व्यष्टि का अभिप्राय वृक्ष है। इसीप्रकार एक जीव में स्थित अज्ञान का कथन उसके व्यष्टिरूप को प्रकट करता है।

इदमज्ञानं समष्टिव्यष्टाभिप्रायेणैकमनेकमिति च व्यवह्रियते। तथाहि वृक्षाणां समष्ट्यभिप्रायेण वनमित्येकत्वव्यपदेशो यथा वा जलानां समष्ट्यभिप्रायेण जलाशय इति।

- समष्टि - सम् + ✓अश् (व्याप्तौ संघाते च) +क्तिन् = सभी को व्याप्त करने वाला।
- व्यष्टि - वि + ✓अश् (व्याप्तौ संघाते च) + क्तिन् = सीमित स्थान में रहने वाला।
- वेदान्तदर्शन में समष्टि का अर्थ 'माया' तथा व्यष्टि के लिए 'अविद्या' शब्द का प्रयोग किया गया है।

''**सत्त्वशुद्ध्यविशुद्धिभ्यां मायाविद्ये च ते मते** '' (पञ्चदशी 1/16)

- अज्ञान की यह समष्टि (माया) उत्कृष्ट (ईश्वर) उपाधि होने के कारण विशुद्धसत्त्व प्रधान से युक्त होती है। इससे उपहित हुआ चैतन्य समस्त अज्ञानराशि का प्रकाशक होने से सर्वज्ञता, सर्वेश्वरता, सर्वनियामकता आदि गुणों से युक्त, अव्यक्त, अन्तर्यामी, जगत् का कारण और ईश्वर कहा जाता है। ''यः सर्वज्ञः सर्ववित् '' इति श्रुतेः। 'जो सर्वज्ञाता सर्ववित् है' इत्यादि श्रुति प्रमाण है।
- वेदान्त के सृष्टिक्रम में ब्रह्म के पश्चात् ईश्वर का स्थान है। ईश्वर को जगत् का कारण होने से कारण शरीर, आनन्द की प्रचुरता के कारण आनन्दमयकोष, सभी कुछ विलीन होने के कारण सुषुप्ति एवं लयस्थान कहा गया है।
- इयं व्यष्टिर्निकृष्टोपाधितया मलिनसत्त्वप्रधाना।एतदुपहित चैतन्यमल्पज्ञत्वानीश्वरत्वादि गुणकं प्राज्ञ इत्युच्यत एकाज्ञानावभासकत्वात्।
- व्यष्टि निकृष्ट उपाधि से युक्त होने के कारण मलिनसत्त्वप्रधान होती है। इस उपाधि से युक्त चैतन्य अल्पज्ञता एवं अशक्तता आदि गुणों वाला होने से, व्यष्टिगत एक ही अज्ञान का प्रकाशक होने के कारण 'प्राज्ञ' कहा गया है।
- इस (जीव) की व्यष्टिरूप उपाधि, अहङ्कार आदि का कारणरूप होने से कारण शरीर तथा आनन्द की प्रचुरता एवं चैतन्य को कोश के समान ढक लेने के कारण आनन्दमयकोश।

शरीर	**अभिमानी**	**कोष**	**अवस्था**
स्थूल	समष्टि - वैश्वानर व्यष्टि - विश्व	अन्नमय मनोमय	जाग्रत
सूक्ष्म	समष्टि - सूत्रात्मा व्यष्टि - तैजस्	प्राणमय विज्ञानमय	स्वप्न
कारण	समष्टि - ईश्वर व्यष्टि - प्राज्ञ	आनन्दमय	सुषुप्ति

- सबका उपरम (विलयन) होने से सुषुप्ति एवं स्थूल तथा सूक्ष्मशरीर आदि प्रपञ्च के विलय की अधिकता होने के कारण 'लयस्थान' भी कहलाती है।

- समष्टिरूप अज्ञान से उपहित चैतन्य की 'ईश्वर' संज्ञा है।
- व्यष्टिरूप अज्ञानों से उपहित चैतन्य की जीव अथवा 'प्राज्ञ' संज्ञा है।
- प्राज्ञ को ही सर्वेश्वर, सर्वज्ञ, अन्तर्यामी, सभी जीवों की उत्पत्ति एवं प्रलय के स्थान का कारण बताया गया है।
  ''एष सर्वेश्वरः, एषः सर्वज्ञः एषः अन्तर्यामि, एष योनिः सर्वस्य प्रभवाप्ययौ हि भूतानाम्।''
- समष्टिव्यष्टिगत इन दोनों अज्ञानों एवं इनकी उपाधियों से युक्त ईश्वर और प्राज्ञ दोनों चैतन्यों का आधार उपाधिरहित शुद्धचैतन्य है।
- वही 'तुरीय' इस नाम से भी कहा जाता है। अद्वैतब्रह्म को ही चतुर्थ मानते है।

1. कारणशरीर

समष्टि (ईश्वर)   व्यष्टि (प्राज्ञ)

2. सूक्ष्मशरीर

समष्टि (सूत्रात्मा/हिरण्यगर्भ /गर्भ)   व्यष्टि (तैजस्)

3. स्थूलशरीर

समष्टि (वैश्वानर, विराट्)   व्यष्टि (विश्व)

अज्ञान की शक्ति -

- अज्ञान की दो शक्तियाँ हैं - आवरण और विक्षेप।
  अस्याज्ञानस्यावरणविक्षेपनामकमस्तिशक्तिद्वयम्।
- प्रमाता के सच्चिदानन्द स्वरूप को जो शक्ति ढक देती है, वह आवरण शक्ति है।
- सम्पूर्ण नामरूपात्मक जगत् को उत्पन्न करने वाली शक्ति है - विक्षेप शक्ति।
- तमोगुण प्रधान होती है- विक्षेप शक्ति।
- वेदान्त की दृष्टि में आत्मा का बन्धन अथवा मोक्ष सम्भव नहीं है यह तो केवल आभासमात्र है। रस्सी में सर्प के समान अथवा सीप में चाँदी के समान।
  हस्तामलक नामक ग्रन्थ में आयी हुई कारिका -
  ''घनच्छन्नदृष्टिर्घनच्छन्नमर्कं यथा मन्यते निष्प्रभं चातिमूढः।
  तथा बद्धवद्भाति यो मूढदृष्टेः स नित्योपलब्धिस्वरूपोऽहमात्मा।।''
  जिस प्रकार मेघ से ढका हुआ दृष्टि वाला मूर्ख व्यक्ति, बादल से ढके हुए सूर्य को प्रकाशरहित मानता है उसीप्रकार मूढ सामान्य दृष्टि वालों को आत्मा (जन्म - मरणादि बन्धनों से) बँधा हुआ सा प्रतीत होता है।

अज्ञान माया की शक्ति

- आवरण (सत्य को आवृत करना)
- विक्षेप (सत् में असत् की उद्भावना)

आवरण एवं विक्षेप नामक दो महत्त्वपूर्ण शक्तियों से युक्त अज्ञान से उपहित चैतन्य सूक्ष्मशरीर से लेकर ब्रह्माण्डपर्यन्त दृश्यमान सम्पूर्ण जगत् प्रपञ्च का उपादान और निमित्त दोनों है।

- शक्तिद्वयवदज्ञानोपहितं चैतन्यं स्वप्रधानतया निमित्तं स्वोपाधिप्रधानतयोपादानं च भवति।यथा-लूता तन्तुकार्यं प्रति स्वप्रधानतया निमित्तं स्वशरीरप्रधानतयोपादानं च भवति।
- जिसप्रकार मकड़ी अपने जाला निर्माणरूप कार्य के प्रति अपने शरीर के चैतन्य की प्रधानता के कारण निमित्तकारण है तथा अपने शरीर से निकलने वाले लारवे की प्रधानता की दृष्टि से उपादानकारण भी है।
- उसीप्रकार अज्ञान से उपहित आत्मा अपने चैतन्य की प्रधानता होने से दृश्यमान सांसारिक प्रपञ्च का निमित्तकारण तथा अज्ञान की प्रधानता के समय उपादान कारण होता है।
- अज्ञानोपहित चैतन्य के लिए वेदान्त में ईश्वर, चैतन्य एवं आत्मा आदि अनेक शब्दों का प्रयोग मिलता है।
- लूता मकड़ी का नाम है। मकड़ी की विशेषता यह है कि अपने द्वारा निर्मित जाले मे अन्य किसी बाह्य उपादान का सहयोग नहीं लेती है।

सूक्ष्मशरीर (17 अवयव)

पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ		पञ्चकर्मेन्द्रियाँ		बुद्धि		मन		पञ्चवायु
5	+	5	+	1	+	1	+	5 = 17
चक्षु		वाक्						प्राण
श्रोत्र		पाणि						अपान
त्वक्		पाद						व्यान
घ्राण		पायु						उदान
रसना		उपस्थ						समान

अपञ्चीकृत सूक्ष्मशरीर (सात्त्विक अंशों से ज्ञानेन्द्रियों की उत्पत्ति)

आकाश	वायु	अग्नि	जल	पृथिवी
श्रोत्र	त्वक्	चक्षु	रसना	घ्राण
शब्द	स्पर्श	रूप	रस	गन्ध

मकड़ी लूता
- उपादान कारण (स्वशरीरप्रधानतया)
- निमित्त कारण - (चैतन्यस्वप्रधानतया)

- तमोगुण की प्रधानता वाली विक्षेपशक्ति से युक्त अज्ञान से उपहित चैतन्य से सर्वप्रथम आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, और जल से पृथ्वी उत्पन्न होती है।
- तमःप्रधानविक्षेपशक्तिमदज्ञानोपहितचैतन्यादाकाश आकाशाद्वायुर्वायोरग्निरग्नेऽपोद्भ्यः पृथिवी चोत्पद्यते।

सूक्ष्मशरीर -

- पञ्चीकृत महाभूतों से स्थूलशरीर उत्पन्न होते हैं।
  लिङ्ग्यते ज्ञाप्यते प्रत्यगात्मसद्भावः एभिरिति लिङ्गानि,
- सूक्ष्मशरीर को लिङ्गशरीर भी कहते हैं 'लिङ्गानि च तानि शरीराणि इति लिङ्गशरीराणि'।
- सूक्ष्मशरीर में **सत्रह अवयव** होते हैं।
  सूक्ष्मशरीराणि सप्तदशावयवानि लिङ्गशरीराणि। अवयवास्तु ज्ञानेन्द्रियपञ्चकं बुद्धिमनसी कर्मेन्द्रियपञ्चकं वायुपञ्चकं चेति।
  पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ +बुद्धि +मन +पञ्चकर्मेन्द्रियाँ + पञ्चवायु ही सूक्ष्मशरीर के सत्रह अवयव हैं।
- श्रोत्र,त्वक्, चक्षुः, जिह्वा, घ्राण=**पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ** है, यह आकाशादि सूक्ष्मभूतों के सात्त्विक अशों से क्रमशः अलग-अलग उत्पन्न होते हैं।
- **बुद्धि-** निश्चय करने वाली अन्तःकरण की वृत्ति ही बुद्धि है।
  बुद्धिर्नाम निश्चयात्मिकान्तः करणवृत्तिः।
- **मन-** संकल्प - विकल्प करने वाली अन्तःकरण की वृत्ति मन है।
  मनो नाम संकल्पविकल्पात्मिकान्तःकरणवृत्तिः।
- इन दोनों में ही चित्त और अहङ्कार का अन्तर्भाव हो जाता है ये सभी वस्तु आकाशादि में स्थित सात्त्विक अंशों के मिश्रित अंशों से उत्पन्न होते हैं।
- पञ्चज्ञानेन्द्रियों सहित यह बुद्धि ही **विज्ञानमयकोश** कहलाती है।
- पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ, बुद्धि एवं मन ये सात अपञ्चीकृत पञ्चभूतों के सात्त्विक अंशों से उत्पत्र होते हैं।
- पञ्चज्ञानेन्द्रियों के साथ मन के मिलने पर '**मनोमयकोश**' का निर्माण होता है। इन्हें आत्मा को ढँकने के कारण **कोशसंज्ञा** भी कहते हैं।
- पञ्चदशीकार ने भी सूक्ष्मशरीर को सत्रह अवयव से युक्त बताया है।
  बुद्धिः कर्मेन्द्रियप्राणपञ्चकैर्मनसा धिया।
  शरीरं सप्तदशभिः सूक्ष्मं तल्लिङ्गमुच्यते॥
  कुछ विद्वान् चित्त और अहङ्कार को भी परिभाषित करते हैं-
- **चित्त-** अनुसंधानात्मिकान्तकरणवृत्तिः चित्तम्।
- **अहङ्कार-** अभिमानात्मिकान्तःकरणवृत्तिरहङ्कारः।

अपञ्चीकृत सूक्ष्मभूत

आकाश | वायु | अग्नि | जल | पृथिवी

रजोगुण प्रधान अशों से क्रमशः

वाक् | पाणि | पाद | पायु | उपस्थ

पञ्चवायु

प्राण	अपान	व्यान	समान	उदान
नासिकाग्रवर्ती	गुदा उपस्थवर्ती	सम्पूर्णशरीरस्थ	उदरस्थ	कण्ठस्थ
श्वास	मलमूत्र निस्सारण	रक्तसंचरण	पाचनमृत्यु के समय	निस्सरण
ऊर्ध्वगमनशील	अधोगमनशील	सर्वत्रगमनशील	अधोगमनशील	ऊर्ध्वगमनशील

पञ्चकोश

1. अन्नमयकोश 2. प्राणमयकोश 3. मनोमयकोश 4. विज्ञानमयकोश
5. आनन्दमयकोश

- कारण शरीर के निर्माण में विज्ञानमय, मनोमय तथा प्राणमय इन कोषत्रय की महती भूमिका रहती है।

कारणशरीर

विज्ञानमयकोश	मनोमयकोश	प्राणमयकोश
(बुद्धि +पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ)	(मन+पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ)	(पञ्चकर्मेन्द्रियाँ +पञ्चप्राण)
कर्तृरूप	करणरूप	कार्यरूप
ज्ञानशक्तिसम्पन्न	इच्छाशक्तिसम्पन्न	क्रियाशक्तिसम्पन्न

- एतेषु कोशेषु मध्ये विज्ञानमयो ज्ञानशक्तिमान् कर्तृरूपः ---- ज्ञानशक्ति से युक्त विज्ञानमयकोश कर्तारूप है।
- इच्छाशक्ति से युक्त मनोमयकोश करणरूप है। मनोमय इच्छाशक्तिमान् करणरूपः।

- क्रियाशक्ति से युक्त प्राणमयकोश कार्यरूप है। प्राणमयः क्रियाशक्तिमान् कार्यरूपः
- ये तीनों कोश मिलकर सूक्ष्मशरीर कहे जाते हैं। **एतत्कोशत्रयं मिलितं सत्सूक्ष्मशरीरमित्युच्यते।**
- समष्टि से उपहित चैतन्य सर्वत्र व्याप्त होने से तथा ज्ञान, इच्छा एवं क्रियाशक्ति से सम्पन्न होने के कारण क्रमशः सूत्रात्मा,हिरण्यगर्भ और प्राण कहा जाता है।
- व्यष्टिरूप उपाधि से युक्त यह चैतन्य, तेजोयुक्त अन्तःकरण उपाधि से युक्त होने से तैजस् होता है।

पञ्चीकरण - ''द्विधा विधाय चैकैकं चतुर्धा प्रथमं पुनः।
स्वस्वेतरद्वितीयांशैर्योजनात्पञ्चपञ्च ते।।

- पञ्चीकृत (महाभूतों) को ही **स्थूलभूत** कहते हैं।
सर्वप्रथम प्रत्येक सूक्ष्मभूत को समान दो भागों में विभाजित करके, तत्पश्चात् प्रथम पाँच में से प्रत्येक को चार भागों में विभक्त करके, अपने अपने अंश को छोड़कर अन्य भूतों के अर्धांश के साथ जोड़ने से वे पाँच सूक्ष्मभूत स्थूलभूत हो जाते हैं।

पञ्चीकरण प्रक्रिया

	आकाश 1/2	वायु 1/2	अग्नि 1/2	जल 1/2	पृथिवी 1/2
1/8	वायु	आकाश	आकाश	आकाश	आकाश
1/8	अग्नि	अग्नि	वायु	वायु	वायु
1/8	जल	जल	जल	अग्नि	अग्नि
1/8	पृथिवी	पृथिवी	पृथिवी	पृथिवी	जल

पञ्चीकृत पञ्चमहाभूत

- 'छान्दोग्योपनिषद्' (6.3.3) में सर्वप्रथम अग्नि की उत्पत्ति कही गई है तथा उसके बाद अग्नि से जल एवं जल से पृथिवी की उत्पत्ति का कथन करके, उनके त्रिवृत्करण द्वारा स्थूलसृष्टि की उत्पत्ति बतायी गयी है।
- त्रिवृत्करण के अनुसार अग्नि, जल और पृथिवी इन तीनों को सर्वप्रथम दो बराबर भागों में विभाजित किया जाता है। पुनः प्रथम तीन अर्धांशों को फिर से दो भागों में विभाजित करके उनका एक-एक भाग पूर्व के अर्धांश में जोड़ दिया जाता है। जिससे त्रिवृत् भूत का निर्माण होता है।
- पञ्चीकृत महाभूतों में भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यम् इत्यादि नाम वाले ऊपर-ऊपर विद्यमान लोकों की और अतल, वितल, सुतल, रसातल, तलातल, महातल और पाताल नामक अधोवर्ती भुवनों की, ब्रह्माण्ड की तथा उसमें विद्यमान चार प्रकार के स्थूलशरीरों की एवं उनके योग्य अन्नपान आदि की उत्पत्ति होती है।
- स्थूलशरीर चार प्रकार का होता है- 1. जरायुज 2. अण्डज 3. उद्भिज 4. स्वेदज

- जरायु से उत्पन्न होने वाले मनुष्य पशु आदि जरायुज नामक स्थूल शरीर हैं।
- अण्डों से उत्पन्न होने वाले- पक्षी, सर्प आदि अण्डज हैं।
- पृथ्वी को भेदकर उत्पन्न होने वाले- लता, वृक्ष आदि उद्भिज्ज हैं, तथा पसीने से पैदा होने वाले जू, मच्छर आदि स्वेदज नामक स्थूलशरीर हैं।
- चतुर्विधसकलस्थूलशरीरमेकानेकबुद्धिविषयतया वनवज्जलाशयवद्वा समष्टिर्वृक्षवज्जलवद्वा व्यष्टिरपि भवति।

स्थूलशरीर
- जरायुज - (मनुष्य, पशु आदि)
- अण्डज - (पक्षी, सर्प आदि)
- उद्भिज - (तृण, वृक्ष आदि)
- स्वेदज - (यूका , मच्छर आदि)

स्थूलशरीरों की

समष्टि — व्यष्टि

वैश्वानर (विराट्) —— अभेद (अधिष्ठातृ देवता) —— (अभेद विश्व)

	इन्द्रियाँ	देवता	विषय	
1. पञ्च ज्ञानेन्द्रियाँ -	**इन्द्रियाँ**	**देवता**	**विषय**	
	1.श्रोत्र -	दिक् -	शब्द	ग्रहण करना
	2. त्वक् -	वायु -	स्पर्श	
	3. चक्षु -	सूर्य -	रूप	
	4.रसना -	वरुण -	रस	
	5.घ्राण -	अश्विन् -	गन्ध	
2. पञ्चकर्मेन्द्रियाँ	**-इन्द्रिय**	**देवता**	**विषय**	
	1.वाक्	अग्नि	बोलना	क्रियायें सम्पादित करना
	2.पाणि	इन्द्र	आदान प्रदान	
	3.पाद	उपेन्द्र	चलना	
	4.पायु	यम	विसर्जन	
	5.उपस्थ	प्रजापति	आनन्द	
3. अन्तरिन्द्रियाँ -	**इन्द्रिय**	**देवता**	**विषय**	
	1.मन	चन्द्र	संकल्प- विकल्प	
	2.बुद्धि	ब्रह्म	निश्चय	करना
	3.अहङ्कार	शिव	गर्व	
	4.चित्त	विष्णु	स्मरण	

- कारणशरीर, समष्टि एवं व्यष्टि की दृष्टि से जिसमें स्थित चैतन्य ईश्वर एवं प्राज्ञ कहलाता है।
- सूक्ष्मशरीर, समष्टि एवं व्यष्टि की दृष्टि से जिसमें स्थित चैतन्य क्रमशः हिरण्यगर्भ (सूत्रात्मा) या तैजस् कहा जाता है।
- स्थूलशरीर, जिसमें स्थित चैतन्य समष्टि एवं व्यष्टि से क्रमशः वैश्वानर (विराट्) एवं विश्व कहलाता है।
- महाप्रपञ्च तथा उससे उपहित चैतन्य से अभिन्न होकर परमशुद्ध चैतन्य 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' इस महावाक्य का वाच्यार्थ होता है तथा वही अलग- अलग होने की स्थिति में लक्ष्यार्थ भी होता है।
- जिस प्रकार एक लोहे के गोले को अग्नि में डालने पर वह तपकर लाल हो जाता है तथा उससे जलने पर मैं लोहे से जल गया इसप्रकार कहा जाता है जबकि शक्ति लोहे में न होकर अग्नि में होती है।

अपवाद - अपवादो नाम रज्जुविवर्तस्य सर्पस्य रज्जुमात्रत्ववद्वस्तु विवर्तस्यावस्तुनोऽज्ञानादेः प्रपञ्चस्य वस्तुमात्रत्वम्।

- रस्सी में भ्रान्तिवश प्रतीत होने वाले सर्प की पुनः रस्सीमात्र के रूप में प्रतीति के समान ब्रह्मरूप वस्तु में मिथ्याप्रतीति के कारण अवस्तुरूप अज्ञानादिप्रपञ्च में, पुनः ब्रह्मरूप सत्यवस्तु का भान होना ही वस्तुतः अपवाद है।

''सतत्त्वतोऽन्यथाप्रथा विकार इत्युदीरितः।
अतत्त्वतोऽन्यथाप्रथा विवर्त इत्युदीरितः॥

- अपने मूलरूप का परित्याग करके अन्यरूप को ग्रहण करना ही विकार कहा गया है अपने रूप को बिना छोडे अन्य वस्तु की मिथ्याप्रतीति विवर्त कहलाता है।
- जैसे - दूध का दही के रूप में परिवर्तित होना 'विकार' है, क्योंकि दही बनने के बाद उसे पुनः दूध के रूप में बनाना असम्भव है। अपने रूप का त्याग करके ही दूध दही बनता है। इसी प्रक्रिया को विकार या परिणाम भी कहा जाता है।
- **सुख - दुःखरूप** भोग का स्थान रूप ये उत्पन्न हुए सभी चार प्रकार के स्थूलशरीर, भोग्यरूप अन्न पान आदि इसके आयतनभूत भूः, भुवः, स्वः आदि चौदहलोक एवं उन भुवनों का आधारभूत ब्रह्माण्ड यह सब अपने कारण रूप पञ्चीकृत महाभूतों में (विलीन) हो जाता है।

एतद्भोगायतनं चतुर्विधसकलस्थूलशरीरजातं रूपद् भोग्यरूपान्नपानादि-कमेतदायतनभूतभूरादिचतुर्दशभुवनान्येतदायतनभूतं ब्रह्माण्डं चैतत्सर्वमेतेषां कारणरूपं पञ्चीकृतभूतमात्रं भवति।

तत्त्वमसि महावाक्यार्थ-

- अज्ञान आदि व्यष्टि इसकी उपाधि अल्पज्ञत्व आदि विशेषताओं से युक्त चैतन्य (अर्थात् जीव) इसकी उपाधि से रहित शुद्धचैतन्य ये तीनों (एक साथ) तप्तलोहपिण्ड के समान अभिन्न प्रतीत होने के कारण 'त्वम्' पद के वाच्यार्थ होते हैं।

- इस उपाधि से युक्त आधारभूत अनुपहित आनन्दरूप तुरीयचैतन्य 'त्वम्'पद का लक्ष्यार्थ होता हैं।
- अनुपहित शुद्धचैतन्य 'तत्' एवं 'त्वम्' इन दोनों पदों का लक्ष्यार्थ है इसीलिए 'तत्' एवं 'त्वम्' ये दोनों पद यहाँ लक्षण है तथा शुद्धचैतन्य लक्ष्य है।
- 'तत्त्वमसि' (वह तू है) इत्यादि वाक्य तीन सम्बन्धों से अखण्ड अर्थ का बोध कराने वाला होता है।
- समानाधिकरण्य, विशेषणविशेष्यभाव एवं लक्ष्यलक्षणभाव ये तीन सम्बन्ध होते हैं।
- **चार महावाक्यों** की विशेषचर्चा वेदान्तदर्शन में की गई है-

महावाक्य	उपनिषद्	वेद
1. प्रज्ञानं ब्रह्म	ऐतरेयोपनिषद् -5	ऋग्वेद
2. तत्त्वमसि	छान्दोग्योपनिषद् -6.8.	सामवेद
3. अहं ब्रह्मास्मि	बृहदारण्यकोपनिषद् 1.4.10	यजुर्वेद
4. अयमात्मा ब्रह्म	माण्डूक्योपनिषद् -2	अथर्ववेद

- महावाक्यों का वर्ण्यविषय ब्रह्म के स्वरूप एवं अद्वैत का प्रतिपादन करना है।
- 'तत्त्वमसि' महावाक्य वस्तुतः उपदेशवाक्य है। जो एक गुरू द्वारा अधिकारी प्रमाता को उपदेश रूप में दिया जाता है 'तत्त्वमसि' - यह ब्रह्म और जीव की एकता बताता है।
- यहाँ लक्ष्यलक्षणसम्बन्ध को '**भागलक्षणा**' भी कहा गया है।

सम्बन्धत्रयम्

पदों में समानाधिकरण्य | पदों के अर्थों में विशेषण विशेष्यभाव | आन्तरिक गुणों के कारण लक्ष्यलक्षणभाव

लक्षणा

जहत् (गंगायां घोषः) | अजहत् (शोणो धावति) | जहदजहल्लक्षणा (तत्त्वमसि)

- 'अहं ब्रह्मास्मि' **अनुभववाक्य** है। 'तत्त्वमसि' **उपदेशवाक्य** है।
- 'अहं ब्रह्मास्मि' में ब्रह्माकाराकारिचित्तवृत्ति तथा तद्गत चिदाभास दोनों की आवश्यकता होती है'ब्रह्मास्मीत्यखण्डाकाराकारिता चित्तवृत्तिरुदेति।'
- वेदान्त की दृष्टि में अधिकारी को गुरु अध्यारोप एवं अपवादन्याय से 'तत्त्वमसि' महावाक्य के तत् एवं त्वम् पदों के अर्थों को भली प्रकार समझाकर उसके बाद अखण्ड अर्थ का बोध कराता है। जिसके परिणामस्वरूप उसके हृदय में अखण्ड आकार से आकारित इस प्रकार की चित्तवृत्ति का उदय होता है कि मैं ही नित्य, शुद्ध,बुद्ध, मुक्त,

सत्यस्वभाव, परमानद स्वरूप, अनन्त एवं अद्वैतब्रह्म हूँ।

- जीव और ब्रह्म का यह अखण्डार्थवाक्य का बोध कराता है।

लक्षणा-

1. जहद्लक्षणा 2. अजहल्लक्षणा 3.जहदजहल्लक्षणा

1. **जहद्लक्षणा-** इसे लक्षणलक्षणा भी कहते हैं। जो अपने मूल अर्थ को त्याग दें और दूसरा अर्थ ग्रहण करें।
2. **अजहल्लक्षणा-** जो अपने अर्थ को न छोड़े वह उपादान लक्षणा या अजहल्लक्षणा होती है।
3. **जहदजहल्लक्षणा-** जो अपने मूल अर्थ को त्याग दें और एक अंश का बोध कराये वह जहदजहल्लक्षणा है। इसे **भागलक्षणा** भी कहते हैं।

- तत्त्वमसि वाक्य का बोध जहदजहल्लक्षणा या भागलक्षणा से होता है।

षड्लिङ्ग

1.उपक्रम 2.उपसंहार 3.अभ्यास 4.अपूर्वता 5.फल 6.अर्थवाद

आत्मदर्शन के उपाय

श्रवण मनन निदिध्यासन समाधि- अनुष्ठान

- श्रवण मनन, निदिध्यासनसमाध्यनुष्ठानस्यापेक्षितत्वात्तेऽपि प्रदश्र्यन्ते।
इस प्रकार अपने ही स्वरूप 'चैतन्य' के साक्षात्कार होने तक श्रवण, मनन, निदिध्यासन, समाधि आदि अनुष्ठानों के अपेक्षित होने के कारण वे भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं।
- **श्रवण-**'श्रवणं नाम षड्विधलिङ्गैशेषवेदान्तानामद्वितीये वस्तुनि तात्पर्यावधारणम्। सम्पूर्ण वेदान्तसूत्रों का, अद्वितीयवस्तु ब्रह्म में ही तात्पर्य है, यह निश्चय करना ही वस्तुतः श्रवण है।
- **षड्लिङ्ग-**लिङ्गानि तूपक्रमोपसंहाराभ्यासापूर्वताफलार्थवादोपपत्त्याख्यानि। उपक्रम, उपसंहार, अभ्यास, अपूर्वता, फल, अर्थवाद तथा उपपत्ति नामक ये छः लिङ्ग हैं।
- **उपक्रम एवं उपसंहार-** तत्र प्रकरणप्रतिपाद्यस्यार्थस्य तदाद्यन्तयोरुपपादनमुपक्रमोपसंहारौ। छः लिङ्गों में प्रकरण में प्रतिपादन योग्य पदार्थ का उसके प्रारम्भ एवं अन्त में प्रतिपादन करना क्रमशः उपक्रम एवं उपसंहार है।
- **अभ्यास-**प्रकरणप्रतिपाद्यस्य वस्तुनस्तन्मध्ये पौन्यः पुन्येन प्रतिपादनमभ्यासः। प्रकरण में प्रतिपादित वस्तु का बीच-बीच में बार-बार प्रतिपादन करना ही **अभ्यास** है।
- **अपूर्वता** - प्रकरणप्रतिपाद्यस्याद्वितीयवस्तुनः प्रमाणान्तराविषयी करणमपूर्वता। प्रकरण में प्रतिपादित अद्वितीय वस्तु को अन्य प्रमाणों से अगम्य वर्णित करना **'अपूर्वता'** है।
- **फल-** फलं तु प्रकरणप्रतिपाद्यस्यात्मज्ञानस्य तदनुष्ठानस्य वा तत्र तत्र श्रूयमाणं प्रयोजनम्।

प्रकरण में प्रतिपादित करने योग्य आत्मज्ञान अथवा उसके अनुष्ठान के प्रसंग में श्रूयमाण प्रयोजन ही फल है।

- **अर्थवाद-** प्रकरणप्रतिपाद्यस्य तत्र तत्र प्रशंसनमर्थवादः।
  प्रकरण में प्रतिपादित करने योग्य अद्वितीय वस्तु परमब्रह्म की जहाँ-जहाँ अवसर प्राप्त होने पर की गई प्रशंसा को अर्थवाद कहा गया है।
- **उपपत्ति-** प्रकरणप्रतिपाद्यार्थसाधने तत्र तत्र श्रूयमाणायुक्तिरुपपत्तिः
  प्रकरण में प्रतिपादनयोग्य अद्वितीय वस्तु परमब्रह्म को प्रमाणित सिद्ध करने के लिये यत्र-तत्र जो तर्क एवं युक्तियाँ प्रस्तुत की जाती है। उसे ही उपपत्ति कहा गया है।
- **मनन -** मननं तु श्रुतस्याद्वितीयवस्तुनो वेदान्तानुगुणयुक्तिभिरनवरतमनुचिन्तनम्।
  वेदान्त में प्रतिपादित अनुकूल युक्तियों के माध्यम से अद्वितीयतत्त्व ब्रह्म का निरन्तर चिन्तन करना ही 'मनन' कहलाता है।
- **निदिध्यासन -** विजातीयदेहादिप्रत्ययरहिताद्वितीयवस्तुसजातीयप्रत्ययप्रवाहो।
  शरीर से लेकर बुद्धिपर्यन्त भिन्न - भिन्न सभी जड़ पदार्थों में भिन्नता की भावना का परित्याग करके, सभी को एकमात्र ब्रह्म मानकर, विश्वास करना ही निदिध्यासन है।

ब्रह्म का साक्षात्कार होने तक अपेक्षित अनुष्ठान

- **श्रवण**- षड्लिङ्गयुक्त वेदान्तवाक्यों का अद्वितीय वस्तु में तात्पर्य।
- **मनन** - षड्लिङ्गयुक्त वेदान्तवाक्यों को समझकर निरन्तर ब्रह्म चिन्तन।
- **निदिध्यासन** - एकमात्र ब्रह्म में विश्वास

- **समाधि -** समाधि दो प्रकार की होती है। 1. सविकल्पक समाधि 2. निर्विकल्पक समाधि
  समाधिर्द्विविधः सविकल्पको निर्विकल्पकश्चेति।
- तत्र सविकल्पको नाम ज्ञातृज्ञानादिविकल्पलयानपेक्षयाद्वितीयवस्तूनि तदाकाराकारितायाश्चित्तवृत्तेरवस्थानम्।
- **सविकल्पक समाधि -** इस समाधि में ज्ञाता एवं ज्ञेय के भेद का लोप न होकर केवल अद्वितीयवस्तु के आकार से आकारित चित्तवृत्ति की स्थिति ही सविकल्पक समाधि है।
- जिसमें समाधि होने के बाद भी उसे अपने आपका और दूसरे का भी भान न हो वह सविकल्पक समाधि है। जैसे -मिट्टी का हाथी।
  ज्ञाता - जो जानना चाहता है अर्थात् जिज्ञासु।
  ज्ञेय - ब्रह्म या जिसको जानना चाहते हैं।
  ज्ञान - विषय (ब्रह्म) को पाने का मार्ग ज्ञान है।

त्रिपुटी
- ध्याता, ज्ञाता
- ध्यान, ज्ञान
- ध्येय, ज्ञेय

प्राणायाम

1. रेचक　2. पूरक　3. कुम्भक

समाधि के विघ्न

- 1. लय (निद्रा आना)
- 2. विक्षेप (अन्यवस्तु का आलम्बन)
- 3. कषाय (राग, द्वेष से चित्त का जड़ होना)
- 4. रसास्वादन (समाधि से प्राप्त आनन्द का अनुभव)

जीवन्मुक्ति का स्वरूप

1. अखण्ड ब्रह्मज्ञान।
2. अज्ञान दूर होकर ब्रह्म साक्षात्कार।
3. सञ्चित क्रियमाणादि कर्म, संशय, विपरीत ज्ञान का विनाश।
4. कर्तृत्व, भोक्तृत्व आदि बन्धनमुक्त तथा ब्रह्म के स्वरूप में स्थित होना।

- **निर्विकल्पक समाधि -** जिसमें अपने आपका और वर्षा, तूफान किसी भी वस्तु का ज्ञान न रहें वह निर्विकल्पक समाधि है।
- निर्विकल्पकस्तु ज्ञातृज्ञानादिविकल्पलयापेक्षयाद्वितीयवस्तुनि-तदाकाराकारितयाश्चित्तवृत्तिरतितरामेकीभावेनावस्थानम्
- **समाधि के आठ अङ्ग-** 'यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि इसके आठ अङ्ग है। अस्याङ्गानि - यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयः।

निर्विकल्पक समाधि

1	2	3	4	5	6	7	8
यम	नियम	आसन	प्राणायाम	प्रत्याहार	धारणा	ध्यान	समाधि

- **1.यम-** अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह ये पाँच यम हैं। अहिंसा सत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः।
- **2. नियम-** शौच, सन्तोष, तप,स्वाध्याय एवं ईश्वर की आराधना ये पाँच नियम हैं। शौचसन्तोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः।
- **3.आसन-** हाथ, पैर आदि की स्थिति विशेष के बोधक पद्म एवं स्वस्तिक आदि आसन हैं। करचरणादिसंस्थानविशेषलक्षणानि पद्मस्वस्तिकादीन्यासनानि।
- **4.प्राणायम-** रेचक, पूरक, कुम्भक लक्षणों से युक्त प्राण को नियन्त्रित करने का उपाय ही प्राणायाम है।
  रेचकपूरककुम्भकलक्षणाः प्राणनिग्रहोपायाः प्राणायामाः

- **5.प्रत्याहार-** अपने- अपने विषयों से इन्द्रियों को निवृत्त कर लेना 'प्रत्याहार' है। इन्द्रियाणां स्वस्वविषयेभ्यः प्रत्याहरणं प्रत्याहारः।
- **6.धारणा-** अद्वितीयवस्तु (ब्रह्म) में अन्तरिन्द्रियों (मन, बुद्धि एवं चित्त) को नियोजित करना 'धारणा' है।

  अद्वितीयवस्तुन्यन्तरिन्द्रियधारणं धारणा।
- **7.ध्यान-** अन्तरिन्द्रियों मन एवं बुद्धि आदि को रुक-रुककर उस अद्वितीयवस्तु ब्रह्म में प्रवृत्त करना ही ध्यान है।

  तत्राद्वितीयवस्तुनि विज्झिद्य विच्छिद्यान्तरिन्द्रियवृत्तिप्रवाहो ध्यानम्।
- **निर्विकल्पक समाधि के विघ्न -** निर्विकल्पक समाधि में चार विघ्न माने गये है। लय, विक्षेप, कषाय और रसास्वाद नामक चार विघ्न होते है।

  लयविक्षेपकषायरसास्वादलक्षणाश्चत्वारो विघ्नाः सम्भवन्ति।

(i) लय- सविकल्पक से निर्विकल्पक समाधि में जाते समय कहीं नींद न आ जाय वह समाधि का लय नामक विघ्न है। लयावस्था में जाना।
लयस्तावदखण्डवस्त्वनवलम्बनेन चित्तवृत्तेर्निद्रा।

(ii) विक्षेप - जिस पर हम ध्यान लगाना चाहते हैं, उस पर ध्यान लगाने पर किसी और वस्तुओं पर भी हमारा मन चला जाय वह विक्षेप नामक विघ्न है। चित्तवृत्तेरन्यावलम्बनं विक्षेपः।

(iii) कषाय - जिस ब्रह्म पर हम ध्यान लगायें और उसी समय राग आदि का भाव आ जाय या क्रोध पीड़ा होना आदि ये सब कषाय विघ्न हैं।
लयविक्षेपभावेऽपि चित्तवृत्ते रागादिवासनयास्तब्धीभावादखण्डवस्त्वनवलम्बनं कषायः।

(iv) रसास्वाद - सविकल्पक समाधि में जब हम ब्रह्म का साक्षात्कार करते हैं। उसी के साथ - साथ हमें और भी आनन्द की प्राप्ति होती है उसी में निर्विकल्पक समाधि मानकर सन्तुष्ट हो जाना ही रसास्वाद नामक विघ्न है।
अखण्डवस्त्वनवलम्बनेनापि चित्तवृत्तेः सविकल्पकानन्दास्वादनं रसास्वादः।

- चार प्रकार के विघ्नों से पूर्णतयारहित चित्त, जब वायुरहित प्रदेश में स्थित दीपक के समान अचल होकर अखण्ड चैतन्यमात्र में स्थित रहता है। तब निर्विकल्पकसमाधि होती है, ऐसा कहा जाता है।

  विघ्नचतुष्टयेन विरहितं चित्तं निर्वातदीपवदचलं ----

  जीवन्मुक्ति - जीवन्मुक्ति का लक्षण है-

  ''भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
  क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे।।'' (मुण्डकोपनिषद्)
- समस्त बन्धनों से रहित हो जाने से केवल ब्रह्म में ही तत्पर रहने वाले ब्रह्मनिष्ठ को ही जीवन्मुक्त कहते हैं।

  ''अखिलबाधरहितो ब्रह्मनिष्ठः '' मुण्डकोपनिषद्

  उपदेशसाहस्त्री में जीवन्मुक्ति का लक्षण -
- सुषुप्तवज्जाग्रति यो न पश्यति, द्वयं य पश्यन्नपि चाद्वयत्वतः।
  तथा च कुर्वन्नपि निष्क्रियश्च यः, स आत्मविन्नान्य इतीह निश्चयः।।

सुषुप्ति के समान जो जाग्रत अवस्था में भी हर जगह अद्वैत को ही देखता है। द्वैत को देखता हुआ भी उसमें विद्यमान अद्वैत का ही दर्शन करता है तथा जो कर्म करते हुए भी निष्क्रिय है। वही इस लोक में आत्मज्ञानी है। अन्य कोई नहीं,यह निश्चित है।

कर्म – कर्म तीन प्रकार के हैं।

1. सञ्चित कर्म 2. क्रियमाण कर्म 3. प्रारब्ध कर्म

- अनादिकाल में किए गए कर्म जिनका फल अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है,**सञ्चितकर्म** कहलाते हैं।
- मन, वाणी एवं कर्म द्वारा वर्तमान जन्म में किए जा रहे कर्म - क्रियमाण कर्मों की श्रेणी में आते है। क्रियापूर्ण होने के बाद ये **सञ्चितकर्म** हो जाते हैं।
- चिरकाल के सञ्चित कर्म, जब फलोन्मुख होकर शुभ अथवा अशुभ फल प्रदान करने में तत्पर रहते हैं तब वे ही प्रारब्धकर्म कहलाते हैं।

प्रारब्धकर्म भी तीन प्रकार का होता है।

1. स्वेच्छाकृत 2. परेच्छाकृत 3. अनिच्छाकृत

- स्वेच्छा, अनिच्छा अथवा परेच्छारूप प्रारब्ध कर्मों द्वारा प्राप्त कराए गए, सुख एवं दुःखरूप फलों का अनुभव करते हुए, प्रारब्धकर्मों की समाप्ति के बाद आनन्दस्वरूप आन्तरिक आत्मारूप के बाद परमब्रह्म में प्राणों के लीन होने पर सृष्टि के कारण अज्ञान तथा उसके कार्यरूप संस्कारों के पूर्णतया नष्ट होने के बाद उसे सभी प्रकार के भेदों का आभास होना बन्द हो जाता है।
- इस अवस्था में जीवन्मुक्त का शरीर पात हो जाता है तथा परमकैवल्य एकमात्र आनन्दरूप में स्थित हुआ वह अखण्ड ब्रह्मरूप में ही स्थित हो जाता है।

कर्म (समाधि युक्त)

सञ्चित कर्म | क्रियमाणकर्म | प्रारब्ध कर्म

(प्रारब्ध कर्म →) स्वेच्छाकृत | परेच्छाकृत | अनिच्छाकृत

- प्रातिभासिक, व्यावहारिक एवं पारमार्थिक इन तीन प्रकार की सत्ताओं में से यहाँ जगत् की व्यावहारिक तथा प्रातिभासिक सत्ता को स्वीकार किया गया है।
- वेदान्त में एकमात्र ब्रह्म की पारमार्थिक सत्ता स्वीकार की गई है।
- ब्रह्म जब शुद्धसत्त्वप्रधान अज्ञान से आवृत्त होता है तो इसी को ईश्वर कहा जाता है। यही अव्यक्त अन्तर्यामी संसार का कारण रूप होने से कारणशरीर कहलाता है।
- सूक्ष्म एवं स्थूलशरीरों का कारणशरीर लयस्थान भी होता है।
- स्थूल एवं सूक्ष्म जगत्प्रपञ्च का लयस्थान होने के कारण इसी कारणशरीर को सुषुप्ति भी कहा गया है।
- प्रलय की अवस्था में भी कारणशरीर की स्थिति बनी रहती है।

❑❑

7. अर्थसंग्रह

- मीमांसादर्शन के प्रवर्तक **महर्षि जैमिनि** हैं।
- मीमांसा शब्द 'मान्' धातु से 'जिज्ञासा' अर्थ में 'सन्' प्रत्यय लगकर बना है।
  मीमांसा = ✓मान् + सन् = पूजित विचार या पूजित जिज्ञासा
  मीमांसा = वेदवाक्यविचार प्राचीन मनीषियों ने वेदवाक्यों का विचार करने वाले इस मीमांसा को 'वाक्यशास्त्र' भी कहा है।
- वेद के दो विभाग हैं - मन्त्र और ब्राह्मण **'मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्।'** मन्त्रब्राह्मणात्मको वेदः।।
- मन्त्र भाग प्रायः छन्दोमय हैं और ब्राह्मणभाग गद्यात्मक हैं। मन्त्रभाग में प्रायः देवताओं की स्तुति आदि विषय प्रतिपादित किये गये हैं। वेद के दूसरे भाग ब्राह्मण में उन देवताओं को उद्देश्य कर यज्ञयागादि के विविध अङ्गों का विस्तृत वर्णन-मिलता है। ब्राह्मणों का मुख्य विषय है- विधि।
- मीमांसकों के अनुसार-श्रुति का तात्पर्य केवल विधि से है।
- विधि का अर्थ है- यज्ञ तथा उसके अङ्गों-उपाङ्गो के अनुष्ठान का उपदेश।
- मीमांसक हमारे प्रथम दार्शनिक हैं और मीमांसा प्रथम दर्शन।
- मीमांसादर्शन यज्ञ से सम्बन्धित कर्मकाण्ड पर आधारित है। इसका मुख्य उद्देश्य वैदिक कर्मकाण्ड के स्वरूप का निरूपण करने का वैदिक विधि-निषेधों का अर्थ तथा उनमें परस्पर संगति बैठाने का है।
- बादरायणकृत ब्रह्मप्रतिपादक वेदविभाग से अलग बताने के लिये इस दर्शन को **पूर्वमीमांसा** कहा जाने लगा। इसे **कर्ममीमांसा,** तथा **धर्ममीमांसा** भी कहा जाता है।
- मीमांसाशास्त्र को **'तन्त्र'** शब्द से भी जाना जाता है।
- जैमिनिसूत्र 12 अध्यायों में विभक्त है अतः इसे **'द्वादशलक्षणी'** भी कहते हैं। इसके अतिरिक्त चार अध्याय वाला संकर्षकाण्ड भी है। जिसमें कुल 436 सूत्र हैं। यहाँ लक्षण का अर्थ 'अध्याय' समझना चाहिये।
- रामानुज ने ब्रह्मसूत्र के अपने श्रीभाष्य में मीमांसादर्शन को **'षोडशाध्यायी'** कहा है, क्योंकि वे चार अध्याय वाले संकर्षकाण्ड को जैमिनि के मीमांसा दर्शन के अन्तर्गत ही मानते हैं।

- इस प्रकार लगभग 2745 सूत्रों को बारह अध्यायों में विभक्तकर पूर्वमीमांसा की रचना की गयी। प्रत्येक अध्याय में अनेक पाद हैं

द्वादश अध्यायों के नाम

1. धर्मप्रमाणम्	2. धर्माधर्मभेदौ
3.शेषशेषिभावः	4. क्रत्वर्थपुरुषार्थभेदेन प्रयुक्तिविशेषः
5. श्रुत्यर्थपाठनादिक्रमभेदः	6. अधिकारविशेषः
7. सामान्यातिदेशः	8. विशेषातिदेशः
9. ऊहः	10. बाधः
11. तन्त्रम्	12. प्रसङ्गः

- इन्हीं से सम्बन्धित माधवाचार्य ने यह दो कारिका लिखी है।

धर्मो द्वादशलक्षण्या व्युत्पाद्यस्तत्र लक्षणैः।।
प्रमाणभेदशेषत्वप्रयुक्तिक्रमसंज्ञकः।।
अधिकारोऽतिदेशश्च सामान्येन विशेषतः।
ऊहो बाधश्च तन्त्रं च प्रसङ्गश्चोदिताः क्रमात्।।

- इसप्रकार द्वादश अध्यायों में वर्णित जो भिन्न-2 पदार्थ हैं, वे ही अर्थ हैं। उन अर्थों के संक्षिप्त लक्षणों को प्रस्तुत ग्रन्थ में संग्रहित किया गया है। इसलिये इस ग्रन्थ का नाम 'अर्थसंग्रह' है।

मीमांसासूत्र के प्राचीन टीकाकार (व्याख्याता)

उपवर्ष- उपवर्ष, पाणिनि के गुरु वर्ष का भाई था, ऐसी सामान्य धारणा है। इन्होंने मीमांसासूत्रों पर एक वृत्ति लिखी है। इसका संकेत कथासरित्सागर के एक कथांश से मिलता है।

- **शबरस्वामी-** जैमिनिसूत्रों पर शबरस्वामी कृत विशदभाष्य है, जो **'शाबरभाष्य'** के नाम से प्रसिद्ध है। यह भाष्य शाङ्करभाष्य और पतञ्जलि के महाभाष्य की तरह ही महत्त्वपूर्ण भाष्य है।

  * जैमिनि सूत्रों को सुव्यवस्थित करने का श्रेय 'शबरस्वामी' को ही है इनका असली नाम 'आदित्यदेव' था। कहा जाता है कि जैनों के उत्पीड़न के भय से इन्होंने वनवासी शबर का वेश धारण कर लिया था, इसीलिये उन्हें शबरस्वामी कहा जाता है।

- **प्रभाकरमत और भाट्टमत =** शाबरभाष्य के पश्चात् मीमांसाशास्त्र की विचारधारा में कुछ-कुछ महत्त्वपूर्ण विषयों के विषय में दो अन्योन्य भिन्न मतों का प्रचलन प्रारम्भ हुआ। उनमें से एक मत 'प्रभाकरमत' के नाम से और दूसरा कुमारिलमत के नाम से प्रसिद्ध हुआ। प्रभाकर को 'गुरुजी' की संज्ञा उनके प्रसिद्ध शिष्य शालिकनाथ के द्वारा दी जाने के कारण प्रभाकर का मत 'प्रभाकरमत' या 'गुरुमत' के नाम से प्रसिद्ध है।
- मीमांसाजगत् में कुमारिलस्वामी 'भट्ट' के उपपद से प्रसिद्ध होने के कारण उनके मत को 'भाट्टमत' कहा जाने लगा।

- प्रभाकर ने शाबरभाष्य पर दो टीकायें लिखीं हैं।
  1. बृहती 2. लघ्वी या विवरण

शाबरभाष्य की टीका

बृहती | लघ्वी विवरण

- प्रभाकर के शिष्य शालिकनाथ ने प्रभाकरगुरु विरचित बृहती पर 'ऋजुविमला' टीका की रचना की है।
- शालिकनाथ ने प्रभाकरमतानुसार ही मीमांसा पर 'प्रकरण पञ्चिका' नामक एक स्वतन्त्रग्रन्थ की भी रचना की है।
- **कुमारिलभट्ट** - कुछ लोग इन्हें प्रयाग निवासी, दूसरे मत के अनुसार इन्हें दक्षिण भारत का निवासी और तीसरे के मतानुसार इन्हें मिथिला प्रदेश का निवासी कहा जाता है।
- कुछ विद्वान् कुमारिल को बौद्ध मानते थे, बाद में श्रोत्रिय ब्राह्मण होकर प्रसिद्ध मीमांसक हो गये। इनके वैदुष्य से प्रभावित होकर अनेक मीमांसा के व्याख्याकारों ने इनके मत का समादर कर इन्हें इति 'भट्टपादाः' कहकर इनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की है।
- कुमारिलभट्ट का समय लगभग 7000 ईसवी सन् माना जाता है।
- इनके प्रथम ग्रन्थ का नाम '**श्लोकवार्तिक**' है। यह शाबरभाष्य के प्रथम अध्याय के प्रथम पाद की टीका है। इस पाद का नाम '**तर्कपाद**' है।
- दूसरे ग्रन्थ का नाम **तन्त्रवार्तिक** है। शाबरभाष्य के प्रथम अध्याय के अवशिष्ट तीन पाद, द्वितीय अध्याय एवं तृतीय अध्याय की गद्यात्मक टीका इसमें की गई है।
- शेष नौ अध्यायों की संक्षिप्त टीका तीसरे ग्रन्थ में '**टुप्टीका**' नाम से की गई है।
- श्लोकवार्तिक पर **पार्थसारथि मिश्र** कृत '**न्यायरत्नाकर**' नामक टीका लिखी गयी।
- 'तन्त्रवार्तिक' पर **सोमेश्वरभट्ट** कृत '**न्यायसुधा**' अथवा '**राणक**' नाम की सुप्रसिद्ध टीका है।
- **न्यायरत्नमाला-** यह भी स्वतन्त्रग्रन्थ है। इस पर प्रख्यात वेदान्ती रामानुजाचार्य ने राणकरत्न नामक व्याख्या लिखी है।
- **मण्डनमिश्र-** यह कुमारिलभट्ट के बहुसंख्यक शिष्यों में से विशेष प्रतिभासम्पन्न माने जाते हैं। ये मिथिला निवासी थे। इनकी मीमांसा पर लिखी प्रसिद्ध रचनायें-
  1. **विधिविवेक-** इसमें विधि पर विचार किया गया है।
  2. **भावनाविवेक-** इसमें आर्थीभावना की विवेचना की गई है।
  3. **विभ्रमविवेक-** इसमें ख्यातियों का विद्वत्तापूर्ण विवेचन है।
  4. **मीमांसासूत्रानुक्रमणी-** इसमें जैमिनि प्रणीत सूत्रों की श्लोकबद्ध संक्षिप्त व्याख्या की गई है।

कुमारिल की टीका (शाबरभाष्य पर)

श्लोकवार्त्तिक तन्त्रवार्तिक टुप्टीका

* माधवाचार्य द्वारा रचित **'जैमिनीयन्यायमाला'** नामक ग्रन्थ है।
* जयन्तभट्टकृत- **'न्यायमञ्जरी'** मीमांसा का प्रतिष्ठित ग्रन्थ है। इसका समय नवम शतक का उत्तरार्ध माना है।

भाट्ट समुदाय के प्रमुख आचार्य एवं उनकी कृतियाँ

सूचरित मिश्र	-	काशिका (श्लोकवार्तिक की व्याख्या)
सोमेश्वरभट्ट	-	न्यायसुधा (तन्त्रवार्तिक की व्याख्या)
रामकृष्णभट्ट	-	'युक्तिस्नेहपूरणी' (शास्त्रदीपिका की व्याख्या)
सोमनाथ	-	'मयूखमालिका' (शास्त्रदीपिका की व्याख्या)
अनन्तदेव	-	भाट्टालङ्कार मीमांसान्यायप्रकाश की व्याख्या'स्मृतिकौस्तुभ'
वेंकटदीक्षित	-	वार्त्तिकाभरण (टुप्टीका की व्याख्या)
जीवदेव	-	भाट्टभास्कर
शम्भुभट्ट	-	प्रभावली (भाट्टदीपिका की टीका)
नारायणतीर्थ मुनि	-	भट्टभाषाप्रकाश
नारायण केरलीय	-	मानमेययोदय
शङ्करभट्ट	-	मीमांसाबालप्रकाश, विधिरसायनदूषण
अन्नम्भट्ट		सुबोधिनी (तन्त्रवार्तिक की टीका) न्यायसुधा की व्याख्या
रामेश्वरसूरि	-	सुबोधिनी (द्वादशलक्षणी की टीका)
आपदेव	-	मीमांसान्यायप्रकाश (अपरनाम आपोदेवी)

अर्थसंग्रहकार- लौगाक्षिभास्कर का परिचय

- अर्थसंग्रह के रचनाकार / लेखक लौगाक्षिभास्कर हैं।
- आपोदेवी का सार ग्रहणकार **अर्थसंग्रह** नामक प्रकरणग्रन्थ की रचना करने वाले ग्रन्थकार का नाम 'भास्कर' था। जैसा कि अर्थसंग्रह के अन्तिम श्लोक में प्राप्त होता है-

बालानां सुखबोधाय भास्करेण सुमेधसा।
रचितोऽयं समासेन जैमिनीयार्थसंग्रहः॥

- लौगाक्षि इनके कुल (वंश) का नाम था और **भास्कर** स्वयं का नाम था।
- कीथ के अनुसार इनके पिता का नाम **मुद्गल** और पितामह का नाम **रुद्र** था।
- लौगाक्षिभास्कर का समय **16 वीं शताब्दी का उत्तरार्ध** माना जाता है।
- लौगाक्षिभास्कर वासुदेव और रमा के उपासक थे।
- लौगाक्षिभास्कर की दो रचनायें प्राप्त होती है-

(1) **तर्ककौमुदी** (2) **अर्थसंग्रह**

अर्थसंग्रह का मङ्गलाचरण

वासुदेवं रमाकान्तं नत्वा लौगाक्षिभास्करः।
कुरुते जैमिनिनये प्रवेशायार्थसंग्रहम्।।

- लौगाक्षिभास्कर ने लक्ष्मीकान्त विष्णु को नमस्कार करके जिज्ञासुओं को जैमिनि प्रणीत मीमांसादर्शन में प्रवेश कराने के लिये अर्थसंग्रह नामक ग्रन्थ की रचना करते हैं।
- मङ्गलाचरण में लौगाक्षिभास्कर ने रमाकान्त और वासुदेव इन दो नामों से विष्णु की वन्दना की है।
- जैमिनि के ग्रन्थ पूर्वमीमांसा में **'अथातो धर्मजिज्ञासा'** यह प्रथमसूत्र है।
- 'अथातो धर्मजिज्ञासा' इस सूत्र में 'अथ' शब्द वेदाध्ययन की 'अनन्तरता' या आनन्तर्य का वाचक है।
- 'अतः' शब्द वेदाध्ययन की 'दृष्टार्थता' का बोधक है।
- **धर्म- यागादिरेव धर्मः** यागादिक ही धर्म है।
- **धर्मलक्षण-** लौगाक्षिभास्करानुसार धर्म का लक्षण है-

  'वेदप्रतिपाद्यः प्रयोजनवदर्थो धर्मः'

  जो वेद द्वारा प्रतिपादित हो, प्रयोजनवाला हो, और अर्थ हो उसी को धर्म कहा जाता है।
- **आपदेवी के अनुसार धर्मलक्षण-** 'वेदेन प्रयोजनमुद्दिश्य विधीयमानोऽर्थो धर्मः' यथा- यागादिः
- **जैमिनिकृत धर्मलक्षण-** 'चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः' अर्थात् प्रेरणादायी विधिवाक्य द्वारा जो प्रतिपादितहोता है, वह है - धर्म।
- यह जैमिनि का दूसरा सूत्र है।
- 'चोदना' शब्द - सम्पूर्ण वेद का वाचक है। 'चोदना' का अर्थ 'विधि' होता है।
- **भावना**- उत्पत्तिशील की उत्पत्ति में कारणभूत जो उत्पादयिता का मानसिक व्यापार विशेष होता है, उसे 'भावना' कहा जाता है। भावना नाम भवितुभर्वनानुकूलो भावयितुर्व्यापारविशेषः।

  भावना, भविता, भवन, भावयिता ये समस्त शब्द 'भू' धातु से निष्पन्न हैं।
- 'भाव्यते अनया इति भावना' अर्थात् जिसके द्वारा होने के लिये प्रेरित किया जाये उसे 'भावना' कहते हैं।
- 'भावयति इति भावयिता' जो होने के लिए प्रेरित करता है वह 'भावयिता' है। 'भाव्यते इति भविता' जिसे होने के लिए प्रेरित किया जाय वह 'भविता' है।
- **भावना के प्रकार-** यह भावना दो प्रकार की होती है। (1) शाब्दीभावना (2) आर्थीभावना

  (1) **शाब्दीभावना-** पुरुषप्रवृत्यनुकूलो भावयितुर्व्यापारविशेषः शाब्दीभावना।

  प्रयोज्य पुरुष के प्रवृत्ति के अनुकूल प्रयोजक के व्यापार विशेष को शाब्दीभावना कहते हैं।
- शाब्दीभावना का बोध 'लिङ्' अंश से होता है।
- शाब्दीभावना लौकिकवाक्य में प्रयोजक पुरुषनिष्ठ व्यापार विशेष है, किन्तु वैदिकवाक्य में प्रयोजक पुरुष के अभाव के कारण यह भावना लिङादिशब्दनिष्ठ ही होती है। शब्दनिष्ठ होने के कारण शाब्दीभावना कही जाती है।

- **शाब्दीभावनाया अंशत्रयम् -** सा च भावनांशत्रयमपेक्षते। साध्यं-साधनमितिकर्तव्यताञ्च।
- शाब्दीभावना में तीन अंश होते हैं -

  (1) साध्य (2) साधन (3) इतिकर्तव्यता

  इन अंशो का स्वरूप इसप्रकार है-

  * किं साधयेत् - क्या किया जाय?
  * केन भावयेत् - किससे किया जाय?
  * कथं भावयेत् - कैसे किया जाय?

  आर्थीभावनालक्षणम् - प्रयोजनेच्छाजनितक्रियाविषयव्यापार आर्थीभावना।
- स्वर्गादि प्रयोजन को लक्ष्य करके याग आदि क्रिया को सम्पादित करने का पुरुष में जो मानसिक व्यापार उत्पन्न होता है, उसे आर्थीभावना कहा जाता है।
- आर्थीभावना आख्यातत्व अंश से कही जाती है, क्योंकि व्यापारक्रिया का वाचक 'आख्यात सामान्य' ही होता है।
- उक्त लक्षण में 'प्रयोजन' का अर्थ फल है।

  अर्थ्यते प्रार्थ्यते पुरुषैरिति अर्थः फलम्। तत्प्रयोजकत्वाद् भावना आर्थी। यद् वा अर्थ्यते फलं येनेत्यर्थः पुरुषः तद्गतत्वादार्थी (सारविवेचिनी) आर्थीभावनाया अंशत्रयम्

  (1) साध्य (2) साधन (3) इतिकर्तव्यता

भावना

शाब्दीभावना — लिङ्
- साध्य — किं साधयेत्
- साधन — केनं भावयेत्
- इतिकर्तव्यता — कथं भावयेत्

आर्थीभावना — आख्यात
- साध्य — किं साधयेत्
- साधन — केन भावयेत्
- इतिकर्तव्यता — कथं भावयेत्

यजेत

- यज् — याग — धात्वर्थ
- आख्यातत्व — आर्थीभावना
- लिङ्त्व — शाब्दीभावना

आर्थीभावना, शाब्दीभावना — प्रत्यय

'यजेत' के अन्तर्गत 'लिङ्त्व'

शाब्दीभावना

- किं भावयेत् (यागकरणकस्वर्गकर्मक प्रवृत्तिरूपां आर्थीभावनां भावयेत्)
- केन भावयेत् (लिङ्गादिज्ञानेन भावयेत्)
- कथं भावयेत् (कर्मप्राशस्त्यविशिष्टेन लिङादिज्ञानेन भावयेत्)

वेदलक्षणविचारः

वेदलक्षण- अपौरुषेयं वाक्यं वेदः

अपौरुषेय वाक्य को वेद कहते हैं।

स च विधि-मन्त्र-नामधेय-निषेधार्थवाद-भेदात्पञ्चविधः

वेद के पाँच भेद हैं- विधि, मन्त्र, नामधेय, निषेध और अर्थवाद।

वेद

विधि | मन्त्र | नामधेय | निषेध | अर्थवाद

➢ **विधि- तत्राज्ञातार्थज्ञापको वेदभागो विधिः।**

अज्ञात अर्थ को ज्ञापित अथवा प्रकाशित कराने वाले वेदभाग को 'विधि' कहा जाता है।

➢ विधि अन्य प्रमाणों से अप्राप्त जिसप्रकार के अर्थ का विधान करती है। उसप्रकार के सप्रयोजन अर्थ के विधान से ही (वह विधि) सार्थक है।

➢ उदा0 - 'अग्निहोत्रं जुहुयात् स्वर्गकामः' यह एक विधिवाक्य है।

अग्निहोत्र होम से स्वर्ग की भावना (प्राप्ति)करें।

2. गुणविधि का लक्षण- यत्र कर्म मानान्तरेण प्राप्तं तत्र तदुद्देशेन गुणमात्रं विधत्ते। यथा- 'दध्ना जुहोति'

➢ जहाँ पर कर्म यागादि दूसरे प्रमाण से प्राप्त हों, वहाँ पर विधि उस कर्म को उद्दिष्ट करके गुणमन्त्र का विधान करती है। जैसे- दध्ना जुहोति।

दधि के द्वारा होम करें। यह अर्थ बोध होता है।

3. विशिष्ट विधि का लक्षण- यत्र तूभयप्राप्तं तत्र विशिष्टं विधत्ते। यथा - सोमेन यजेत।

➢ लेकिन जहाँ पर प्रमाणान्तर से दोनों कर्म और गुण अप्राप्त रहते हैं वहाँ पर विधि द्वारा दोनों का विधान होता है अर्थात् गुण विशिष्ट कर्म का विधान होता है।

➢ 'सोमेन यजेत' यहाँ पर अप्रमाणान्तर सोम और याग के अप्राप्त होने के कारण विधि

सोमविशिष्टयाग का विधान करती है।

- सोमपद में मत्वर्थलक्षणा से सोमवान् याग से इष्ट (स्वर्ग) का सम्पादन करें।

विधि का प्रथम विभाजन

विधि

विधि या उत्पत्तिविधि	गुणविधि	विशिष्टविधि
उदा0 (अग्निहोत्रं जुहुयात्स्वर्गकामः)	दध्ना जुहोति	सोमेन यजेत

विधि का द्वितीय विभाजन

विधि

उत्पत्तिविधि	विनियोगविधि	अधिकारविधि	प्रयोगविधि
(अग्निहोत्रं जुहोति)	(दध्ना जुहोति)	(यजेत स्वर्गकामः)	(दर्शपूर्णमासाभ्यां स्वर्गकामो यजेत)

विधि का तृतीय विभाजन

विधि

अपूर्वविधि	नियमविधि	परिसंख्याविधि
(यजेत् स्वर्गकामः)	व्रीहिनवहन्ति	पञ्च पञ्चनखाः भक्ष्याः

विधियों का दूसरा विभाजन

विधि चार प्रकार की होती है।

- **1. उत्पत्ति विधि** 'तत्र कर्मस्वरूपमात्रबोधको विधिरुत्पत्तिविधिः' (यागादि) कर्म के स्वरूप मात्र का बोधक विधि 'उत्पत्तिविधि' होता है। उदा0- अग्निहोत्रं जुहोति।
  याग का लक्षण- 'उद्दिश्य देवतां द्रव्यत्यागो यागोऽभिधीयते।'
- **विनियोग विधि-** 'अङ्गप्रधानसम्बन्धबोधको विधिर्विनियोगविधिः'
  अङ्गों के साथ सम्बन्ध बोधक विधि को विनियोगविधि कहते हैं। उदा0- दध्ना जुहोति
- 'दध्ना जुहोति' का अर्थ 'दध्ना होमं भावयेत् ' अर्थात् दधि के द्वारा होम का सम्पादन होता है।
- जिस विधि द्वारा अंग (गौण,शेष) और प्रधान (मुख्य,शेषी) के उपकारकोपकार्यरूपी सम्बन्ध का ज्ञान होता है, उसे विनियोग विधि कहते हैं।

विनियोगविधि के षट् सहकारी भूत प्रमाण

- श्रुति
  - विधात्री
    - लिङ्गात्मिका
      - यजेत जुहयात्
  - अभिधात्री
    - व्रीह्यादि
      - (1) व्रीहिन् अवहन्ति
      - (2) व्रीहिन् प्रोक्षति
  - विनियोक्त्री
    - (1) विभक्तिरूपा -व्रीहिभिर्यजेत्
    - (2) एकाभिधानरूपा - पशुना
    - (3) एकपदरूपा - यजेत
- लिङ्ग
- वाक्य
- प्रकरण
- स्थान
- समाख्या।

- **1 श्रुति-** तत्र निरपेक्षो रवः श्रुतिः। सा च त्रिविधा-विधात्री, अभिधात्री, विनियोक्त्री। तत्र आद्या लिङ्गाद्यात्मिका। द्वितीया व्रीह्यादिश्रुतिः। यस्य च शब्दस्य श्रवणादेव सम्बन्धः प्रतीयते सा विनियोक्त्री।
- प्रमाणान्तर की अपेक्षा न रखने वाला रव (शब्द) श्रुति है। वह श्रुति तीन प्रकार की होती है। विधात्री, अभिधात्री और विनियोक्त्री। उनमें से पहली श्रुति लिङ्गात्मिका। दूसरी श्रुति व्रीह्यादि है।
- जिस शब्द के सुनने मात्र से ही सम्बन्ध का ज्ञान होता है वह विनियोक्त्री श्रुति है।
- श्रुति का सामान्य लक्षण है 'शब्द'।
- विनियोक्त्री श्रुति के तीन भेद है। विभक्तिरूपा, एकाभिधानरूपा, एकपदरूपा।
- **विधात्री-** विधि या विधान करने वाली 'विधात्री' श्रुति कही जाती है। यह लिङ्गादिस्वरूप की ही होती है।

  यथा- 'यजेत', 'जुहुयात्' इसमें 'लिङ्' आदि प्रत्यय का श्रवण होने से यह विधात्री श्रुति है।
- 'यः प्रत्ययो विधायको लिङादिः, स एव विधात्री श्रुतिरित्यभिधीयते इत्यर्थः।' अभिधात्री अर्थात् अभिधान करने वाली अभिधात्री श्रुति होती है।
- अभिधया स्वार्थ्यं प्रतिपादयति इति सा अभिधात्री।

  इस श्रुति में पदार्थ के उच्चारण द्वारा अपेक्षित वस्तु का बोध होता है।

  उदा0- व्रीहिन् अवहन्ति, व्रीहीन् प्रोक्षति इत्यादि में 'व्रीहि' का अभिधान किया गया है।
- **विनियोक्त्री श्रुति-** जिस शब्द के श्रवण मात्र से ही सम्बन्ध का ज्ञान होता है वह विनियोक्त्री श्रुति होती है।
- यस्य च शब्दस्य श्रवणादेव सम्बन्धः प्रतीयते सा विनियोक्त्री सा = सः (शब्दः), स शब्दो विनियोक्त्री श्रुतिरित्यर्थः।

- विनियोक्त्री श्रुतिस्त्रिधा- विनियोक्त्री श्रुति तीन प्रकार की होती है।
  (1) विभक्तिरूपा (2) एकाभिधानरूपा पशुना (3) एकपदरूपा यजेत व्रीहिभिर्यजेत
- **लिङ्ग का लक्षण-** शब्दसामर्थ्यं लिङ्गम्। शब्दसामर्थ्य को लिङ्ग कहते हैं।
- तन्त्रवार्तिक के अनुसार- 'समस्त शब्दों में होने वाले सामर्थ्य को लिङ्ग कहते हैं।
- सामर्थ्य शब्द का अर्थ 'रूढि' है।
- 'यौगिक शब्द समाख्यातो रूढ्यात्मकलिङ्गशब्दस्य भिन्नत्वात्' रूढि की सामर्थ्य (शक्ति) है, इसीलिए समाख्या से इसका भेद है, क्योंकि यौगिकशब्द समाख्या से रूढ्यात्मक लिङ्ग शब्द से भिन्न होता है।
- इसीलिये 'बर्हिर्देसदनं दामि- इस मन्त्र का कुशल-वनाङ्गत्व सिद्ध होता है, उलपादिलवानागत्व नहीं, क्योंकि बर्हिर्दामि' इस लिङ्ग से कुशलवन रूप अर्थ को प्रकाशित करने में समर्थ है।
- इसीप्रकार अन्य स्थलों पर भी लिङ्ग से विनियोग समझना चाहिये।
- सामर्थ्य दो प्रकार का होता है। 1.शब्दगत सामर्थ्य 2.अर्थगत सामर्थ्य
  सामर्थ्यं द्विविधं शब्दगतमर्थगतं चेति
- शब्दगत सामर्थ्य को ही लिङ्ग कहा गया है। तन्त्रवार्तिककार कुमारिलभट्ट के अनुसार-

  'सामर्थ्यं सर्वशब्दानां लिङ्गमित्यभिधीयते'

  अर्थात् सभी शब्दों में स्थित सामर्थ्य को लिङ्ग कहते हैं।
- सामर्थ्य का अपर नाम 'शक्ति' है।

  वाक्य- 'समभिव्याहारो वाक्यम्'

  समभिव्याहार (सहोच्चारण) को वाक्य कहते हैं।

  साध्यत्वादि वाचक द्वितीया आदि विभक्तियों का अभाव होने पर भी शेष (अङ्ग) एवं शेषि (अङ्गी) का बोध कराने वाले पदों के सहोच्चारण को वस्तुतः वाक्य कहा जाता है।

  'यस्य पर्णमयी जुहूर्भवति न स पापं श्लोकं श्रृणोति' जिस व्यक्ति की 'जुहू' पलाश काष्ठ निर्मित होती है वह अपना अपयश नहीं सुनता है।

  इस वाक्य में 'पर्णता' और 'जुहू' का एक साथ उच्चारण है इस हेतु में 'पर्णता' जुहू का अंग है।
- प्रकृतियाग जहाँ समस्त अङ्गों का उपदेश हो उसे 'प्रकृतियाग' कहते हैं।
  'यत्र समग्राङ्गोपदेशः सा प्रकृतिः',
- उदा0- 'दर्शपूर्णमासादि' प्रकृतियाग है क्योंकि दर्शपूर्णमासादि के प्रकरण में उनके समस्त अङ्गों अर्थात् धर्मों का पाठ किया जाता है, उनकी कर्तव्यता के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की आकांक्षा शेष नहीं रहती।
- विकृतियाग इसके विपरीत जिस याग के विषय में समस्त अङ्गों का पाठ प्राप्त नहीं होता है, उसे '-विकृतियाग' कहते हैं।

उदा0 शौर्य, श्येन, ऐन्द्राग्र इत्यादि याग विकृतियाग है।

- **प्रकरण का लक्षण-** उभयाकाङ्क्षा प्रकरणम्।
  दों वाक्यों की परस्पर आकांक्षा को प्रकरण कहते हैं।
  उदा0- प्रयाजादि में 'समिधो यजति' इत्यादि वाक्य में फलविशेष के निर्दिष्ट न होने के कारण 'समिद्यागेन भावयेत्' इसप्रकार के बोध के बाद 'किम् भावयेत्' यह उपकार्य (फल) की आकांक्षा होती है।
- दर्शपूर्णमास वाक्य में भी 'दर्शपूर्णमासाभ्यां स्वर्गं भावयेत्' इसप्रकार के बोध के बाद 'कथं भावयेत्' यह उपकारक (साधन) की आकांक्षा होती है।
- इसप्रकार उभयाकाङ्क्षा से प्रयाजादि का दर्शपूर्णमासाङ्गत्व सिद्ध होता है।**प्रकरण के भेद-** प्रकरण दो प्रकार का होता है।
  'तच्च प्रकरणं द्विविधम्।' महाप्रकरणमवान्तरप्रकरणञ्चेति
  (1) महाप्रकरण (2) अवान्तरप्रकरण
- **महाप्रकरण-** तत्र मुख्यभावनासम्बन्धिप्रकरणं महाप्रकरणं न च प्रयाजादीनां दर्शपूर्णमासाङ्गत्वम्।
  मुख्य अर्थात् फलभावना से सम्बन्धित प्रकरण को महाप्रकरण कहते हैं। उससे ही प्रयाजादि का दर्शपूर्णमासाङ्गत्व सिद्ध होता है।
- महाप्रकारण की प्रवृत्ति केवल प्रकृतियागों में ही सम्भव है क्योंकि उभयाकांक्षा केवल प्रकृतियागों में ही होती है।
- विकृतियाग में उभयाकांक्षा का सर्वथा अभाव रहता है।
- **अवान्तर प्रकरण का लक्षण-** अङ्गभावनासम्बन्धिप्रकरणमवान्तरप्रकरणम्।
  अङ्गभावना सम्बन्धि प्रकरण अवान्तर प्रकरण है, इसमें उभयाकांक्षा और अङ्गभावना सम्बन्धित दोनों का होना आवश्यक होता है।
- यह (अवान्तर प्रकरण) संदंश (दो के मध्य में पाठ) से ही जाना जाता है।
  सन्दंश का लक्षण- एकाङ्गानुवादेन विधीयमानयोरङ्गयोरन्तराले विहितत्व सन्दंशः।
- एक अङ्ग के अनुवाद से विधीयमान दो अङ्गों के बीच में किया जाने वाला विधान सन्दंश होता है। जैसे- अभिक्रमण में।
- सन्दंश शब्द का अर्थ चिमटा या संडसी होता है।
- टीका में इसका अर्थ संक्षेप में इस प्रकार दिया गया - प्रयाजानुवादेन विहित- तदङ्गमध्ये विहितत्वं सन्दंशः।
- 'दर्श एवं पूर्णमास' प्रधानयाग है।
- प्रयाज पाँच क्रियाओं का समूह है- वे क्रियाएँ है-
  1. समिधो यजति 2. तनूनपातं यजति 3. इडो यजति
  4. बहिर्यजति 5. स्वाहाकारं यजति
- **स्थान का लक्षण-** देशसामान्यं स्थानम्। तद् द्विविधम्।
  देश की समानता स्थान है। वह दो प्रकार की है।

(1) पाठसादेश्य (2) अनुष्ठान सादेश्य

- स्थान और क्रम ये दोनों समानार्थी हैं।
- पाठसादेश्य भी दो प्रकार का होता है- (1) यथासंख्यपाठ और (2) सन्निधि पाठ उदाहरणार्थ - अभिषेचनीय याग एवं देवनादि धर्मों का पाठ समानदेश (स्थान) में पाया जाता है अतः वहाँ प्रमाण की प्रवृत्ति प्राप्त होती है।
- स्थान और क्रम दोनों एक ही अर्थ के वाचक हैं।
- सादेश्य, सदेशत्व, समानदेशत्व, देशसामान्य - ये सभी समानार्थक शब्द के द्योतक हैं।
- **समाख्या का लक्षण-** समाख्या यौगिकः शब्दः।
  सा च द्विविधा। वैदिकी लौकिकी च।
- समाख्या नाम का अन्तिम प्रमाण है। समाख्या यह एक यौगिक शब्द है।
- यह दो प्रकार का होता है। वैदिकी और लौकिकी
- लक्षण में प्रयुक्त यौगिक शब्द का अर्थ- शब्द के घटकावयवों द्वारा व्यक्त किया हुआ अर्थ वही यौगिक शब्द है।
- उदाहरण- 'पाचक' इस शब्द में 'पच्' धातु और अक (ण्वुल्), कर्तृवाचक प्रत्यय- ये दो 'पाचक' शब्द के घटकावयव हैं।
- **पाचक शब्द का अर्थ-** पकाने वाला। इसीलिये पाचक एक यौगिक शब्द है।
- **यौगिक शब्द-** जिस शब्द से केवल अवयवार्थ का ही बोध हो उसे 'यौगिक शब्द' कहा जाता है।
- **वैदिकी समाख्या-** जो वेद में पठित होते हैं अर्थात् साक्षात् वेद के अङ्ग होते हैं ऐसे यौगिक शब्दों को वैदिकी समाख्या कहते हैं।
  उदा0- 'होतृचमस'= होता का चमस (चम्मच)
  (वह पात्र जिससे वह सोमरस का पान करता है।)
- **लौकिकी समाख्या-** याज्ञिकों द्वारा कल्पित वैदिकतर यौगिक शब्द लौकिकी समाख्या कहे जाते हैं।
  उदा0- आध्वर्यवण् - अध्वर्यु का कर्म
  यह उदाहरण याज्ञिकों द्वारा कल्पित है। केवल इस भेद मात्र से इस समाख्या को लौकिकी समाख्या कहा जाता है।

3. प्रयोगविधि- प्रयोगप्राशुभावबोधको विधिः प्रयोगविधिः।

- जिस विधिवाक्य से प्रयोग को शीघ्र करने का बोध होता है उसे प्रयोगविधि कहते हैं।
- 'अङ्गानां क्रमबोधको विधिः प्रयोगविधिः'
  अङ्गों के क्रम का बोध कराने वाली विधि को प्रयोगविधि कहते हैं। वह प्रयोगविधि

अङ्गवाक्यों के साथ एक वाक्यता होने पर भी प्रयोगविधि ही है। उदा0- दध्ना जुहोति।

- 'प्राशुभाव' का अर्थ है- विलम्ब न करना (त्वरा)
- प्राशुभाव = प्रकर्षेण शीघ्रता को व्यक्त करता है।
- **क्रम का लक्षण-** तत्र क्रमो नाम विततिविशेषः। पौर्वापर्यरूपो वा।
- विस्तार विशेष क्रम है अथवा वह पूर्वापरभाव रूप होता है।

प्रयोगविधि के छह प्रमाण

श्रुति, अर्थ, पाठ, स्थान, मुख्य और प्रवृत्ति- प्रयोगविधि के यह छः प्रमाण हैं।
यही क्रम के निर्णायक प्रमाण माने गये हैं-

- **1. श्रुति का लक्षण -** तत्र क्रमपरवचनं श्रुतिः। तच्च द्विविधम् केवलक्रमपरं तद् विशिष्टपदार्थपरं चेति।

  उन छह प्रमाणों में क्रमबोधक वाक्य श्रुति है। वह दो प्रकार की है 1. केवलक्रमबोधक और 2. तद्विशिष्ट(क्रमविशिष्ट) पदार्थ बोधक।
- 'वेदं कृत्वा वेदिं करोति' यह केवलक्रमबोधक है' क्योंकि वेदिनिर्माण आदि अन्य वचनों से प्राप्त है।
- वेद (कुशमुष्टि) एवं वेदी की रचना का विधान दूसरे विधि वाक्यों से हो जाता है,यहाँ केवल क्रम का विधान क्त्वा प्रत्यय से हुआ है।
- 'वषट्कर्तुः प्रथमभक्षः' (अर्थात् वषट्कर्ता प्रथम भक्षण करें) यह क्रम विशिष्ट पदार्थबोधक है क्योंकि एकवाक्यता के भंग होने के भय से भक्षण को अनुवाद द्वारा क्रम मात्र का विधान करना असम्भव है।
- **2. अर्थक्रम का लक्षण-** 'यत्र प्रयोजनवशेन क्रमनिर्णयः सोऽर्थक्रमः।'

  यथा- 'अग्निहोत्रं जुहोति' और 'यवागूं पचति'
- जहाँ क्रम का निर्णय प्रयोजन के आधार पर होता है,उसे अर्थक्रम कहते हैं।
- यहाँ अर्थ शब्द प्रयोजन का वाचक है।

  अर्थक्रम का उदाहरण 'अग्निहोत्रं जुहोति' और 'यवागूं पचति' विधिवाक्य है।
- **3. पाठक्रम का लक्षण**- पदार्थबोधकवाक्यानां यः क्रमः स पाठक्रमः।

  पदार्थबोधकवाक्यों का जो क्रम है वह 'पाठक्रम' है। उससे पदार्थों का क्रम जाना जाता है।

  वह पाठ दो प्रकार का होता है-(i) मन्त्रपाठ (ii) ब्राह्मणपाठ
- **मन्त्रपाठ-** आग्नेय एवं अग्नीषोमीय यागों का जो क्रम इनके याज्यानुवाक्या वाक्यों के पाठ से निश्चित होता है वह मन्त्रपाठ से ही होता है।
- **ब्राह्मणपाठ-** ब्राह्मण वाक्य अनुष्ठान से बाहर रहकर ही 'यह करना चाहिए' इसप्रकार का ज्ञान कराकर कृतार्थ हो जाता है किन्तु मन्त्र अनुष्ठानकाल में प्रयुक्त होते हैं क्योंकि अनुष्ठान का क्रम स्मरणक्रम के अधीन होता है।
- 'समिधो यजति तनूनपातं यजति' इसप्रकार के पाठ से प्रयाजों का जो क्रम है वह

ब्राह्मणपाठक्रम से है।

- **4. स्थान लक्षण-** स्थानं नामोपस्थितिः।
  उपस्थिति को स्थान कहते हैं। स्थान का अर्थ है- उपस्थित होना या प्राप्त होना।
- किसी विशिष्ट स्थान पर कोई विशिष्ट पदार्थ कर्तव्यत्वेन उपस्थित प्राप्त होने पर, वह उसी स्थान पर अनुष्ठित हो ,इसप्रकार जो क्रम निश्चित किया जाता है वह क्रम, स्थान प्रमाण के आधार पर निश्चित किया जाता है। इसलिए, इसप्रकार से निश्चित किये गये क्रम को स्थानक्रम कहते हैं।
- **मुख्यक्रम का लक्षण-** 'प्रधानक्रमेण योऽङ्गानां क्रमः आश्रीयते स मुख्यः क्रमः।
  प्रधान के क्रम के अनुसार अङ्गों का जो क्रम है,वह मुख्यक्रम है।
  मुख्यक्रम के आधार पर ही प्रयाज से बचे हुए घृत से पहले आग्नेय हवि का तत्पश्चात् ऐन्द्रदधि का अभिषेक किया जाता है। आग्नेय और ऐन्द्र दोनों दर्शयाग के दो प्रमुख याग हैं।
- मुख्यक्रम पाठक्रम से दुर्बल होता है, क्योंकि अन्य प्रमाण से प्रधानक्रम को उपलब्धि होने के बाद प्रधानक्रमज्ञान से मुख्यक्रम का ज्ञान देने के कारण मुख्यक्रम की प्रतिपत्ति विलम्ब से होती है।
- **'प्रवृत्ति क्रम का लक्षण-** सहप्रयुज्यमानेषु प्रधानेषु संनिपातनामङ्गानामवृत्त्यानुष्ठाने कर्तव्ये हि द्वितीयादिपदार्थानां प्रथमानुष्ठितक्रमाद्यः क्रमः स प्रवृत्तिक्रमः।यथा- प्राजापत्यपश्वङ्गेषु।
- जब कोई प्रधान क्रिया अपने अङ्गों के अनुष्ठान के ही साथ-साथ अनुष्ठित की जाती है और उसके सन्निपत्योपकारक अङ्गों की आवृत्ति से अनुष्ठान करणीय होता है, तब प्रथम अनुष्ठित क्रिया के बाद द्वितीयादि पदार्थों के अनुष्ठान से जो क्रम बनता है,वही प्रवृत्तिक्रम कहा जाता है।
- प्राजापत्य नामक पशुयागों की अङ्गभूत क्रियाओं के क्रम का निश्चय प्रवृत्तिक्रम से ही होता है।

अधिकारविधि- कर्मजन्यफलस्वाम्यबोधको विधिरधिकारविधिः
कर्मजन्य फल की स्वाम्यबोधक विधि अधिकारविधि है।

- कर्मजन्यफलस्वाम्य का अर्थ है- कर्मजन्यफलभोक्तृता
- दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि अधिकारविधि यागादि कर्मों से उत्पन्न फल भोक्ता की योग्यताओं अथवा क्षमताओं का निर्धारण करती है।
- कर्म तीन प्रकार के होते हैं- 1. नित्य 2. नैमित्तिक 3. काम्य
- जिसके न करने पर कोई हानि अथवा पातक हो, करने पर कोई विशेष लाभ न हो वह नित्यकर्म होता है- जैसे-स्नान,शौच,सन्ध्योपासन आदि।
- काम्यकर्म में अधिकारविधि का उदाहरण है- यजेत स्वर्गकामः।
- यह विधि स्वर्ग को उद्देश्य करके याग का विधान करती हुई स्वर्गकाम व्यक्ति को

यागजन्य स्वर्गरूपफल का अधिकारी बताती है।

- पूर्व में वेद के पाँच विभाग- विधि,मन्त्र,नामधेय,निषेध और अर्थवाद का उल्लेख किया गया है- उनमें से मन्त्र दूसरा विभाग है।
- **मन्त्र-** प्रयोगसमवेतार्थस्मारका मन्त्राः।
  प्रयोग से सम्बन्धित प्रयोजन के स्मारक मन्त्र हैं। यागानुष्ठान द्रव्य, देवता,क्रिया आदि अनेक पदार्थों द्वारा सम्पन्न होता है।
- **नियमविधि का लक्षण-**नाना-साधनसाध्यक्रियायामेकसाधन-प्राप्तावप्राप्तस्यापरसाधनस्य प्रापको विधिर्नियमविधिः
- अनेक साधनों या कारणों से साध्य क्रिया में एक साधन प्राप्त होने पर अन्य साधन की प्रापकविधि नियमविधि कहलाती है।
  जैसा कि कहा गया है पदार्थ के अत्यन्त अप्राप्त रहने पर उसका विधान करने वाली विधि अपूर्वविधि कही जाती है।
- **'विधिरत्यन्तमप्राप्तौ नियमः पाक्षिके सति।'**
  पदार्थ की पाक्षिक (अप्राप्ति) होने पर पक्ष में अप्राप्त की प्रापक विधि नियमविधि है और दोनों (पदार्थों) के एक साथ प्राप्त होने पर एक की निवृत्ति का बोध कराने वाली विधि परिसंख्याविधि इस नाम से जानी जाती है।
- **परिसंख्या विधि– 'तत्र चान्यत्र च प्राप्तौ परिसंख्येति गीयते'**
- कुमारिल के अनुसार अपूर्वविधि का लक्षण- **'विधिरत्यन्तमप्राप्तौ'**
- लौगाक्षिभास्कर ने अपूर्वविधि की व्याख्या इस प्रकार की है-
- **अपूर्वविधि - प्रमाणान्तरेणाप्राप्तस्यप्रापकोविधिरपूर्वविधिः**
  इसका भाव है- जिस पदार्थ का ज्ञान किसी अन्य प्रमाण से नहीं होता उस पदार्थ का विधान करने वाली विधि अपूर्वविधि है। उदाहरण- **यजेत स्वर्गकामः।**
- स्वर्ग के साधनभूत याग का ज्ञान किसी अन्य प्रत्यक्षादि प्रमाण से न होकर केवल 'यजेत स्वर्गकामः' इसी विधि वाक्य से होता है।
- इसी अपूर्वविधि को केवलविधि या उत्पत्तिविधि भी कहते हैं।
  कुमारिल ने नियमविधि का लक्षण किया है- **'नियमः पाक्षिके सति'**
- लौगाक्षिभास्कर के अनुसार - 'पक्षेऽप्राप्तस्य प्रापको विधिर्नियमविधिः'
  उदाहरण- 'व्रीहीनवहन्ति' यह विधिवाक्य है। इसका अर्थ है- 'धान कूटे जायें'
- **परिसंख्या विधि का लक्षण -** (लौगाक्षिभास्कर के अनुसार)
  1. उभयोश्च युगपत्प्राप्ताविरतव्यावृत्तिपरो विधिः परिसंख्याविधिः 'पञ्च पञ्चनखा भक्ष्या' इति।
  2. कुमारिल के अनुसार ''तत्र चान्यत्र च प्राप्तो परिसंख्येति गीयते ''
- जहाँ दो पदार्थों की एक साथ प्राप्ति हो रही है। वहीं एक का निषेध करने वाला वाक्य परिसंख्याविधि माना जाता है।

जैसे -पञ्च पञ्चनखा भक्ष्या ब्रह्मक्षत्रेण राघव।
शशकः शल्लकी गोधा खड्गी कूर्मोऽथ पञ्चमः।। (किष्किन्धाकाण्ड-17/39)

- पाँच नाखूनों वाले प्राणियों और शशकादि पाँच से भिन्न पाँच नाखूनों वाले प्राणियों का भक्षण एक साथ प्राप्त हो रहा है। सामान्यरूप से दोनों का निषेध नहीं करते।
- उक्तविधि वाक्य में 'पञ्चनखाः' का विशेषण पञ्च शशकादि पाँच नखों के अतिरिक्त अन्य पञ्चनखों के भक्षण से पुरुष को निवृत्त करता है।
- परिसंख्या को निषेध न मानकर विधि ही माना गया है।

परिसंख्या विधि के भेद -

- सा च द्विविधा - श्रौती लाक्षणिकी चेति। वह दो प्रकार की होती है - श्रौती और लाक्षणिकी
- परिसंख्या विधि का मूल तात्पर्य - निवृत्ति में पर्यवसित होता है। यह निवृत्ति दो प्रकार से होती है।

  प्रथम विधिवाक्य में श्रुत किसी पद के माध्यम से -
  जैसे - 'अत्र ह्येवावपन्ति' यह श्रौती परिसंख्या है।
- द्वितीय जब निवृत्तिपरक पद विधिवाक्य में श्रुत नहीं होता अपितु लक्षण द्वारा उसकी कल्पना करनी पड़ती है तो उस परिसंख्या को लाक्षणिकी परिसंख्या कहा जाता है। जैसे -पञ्च पञ्चनखाः भक्ष्याः।

लाक्षणिकी परिसंख्या के तीन दोष -

श्रुतहानि, अश्रुतकल्पना और प्राप्तबाध ये तीन दोष हैं।

श्रुतार्थस्य परित्यागादश्रुतार्थप्रकल्पनात्।
प्राप्तस्य बाधादित्येवं परिसंख्या विदूषणा।

परिसंख्या के तीन दोष

पञ्चनखभक्षण	अपञ्चनखभक्ष	अपञ्चनखभक्षण निवृत्ति
श्रुत	अश्रुत	अश्रुत
(रागतः) प्राप्त	(रागतः) प्राप्त	अप्राप्त
श्रुतहानि	प्राप्तबाध	अश्रुतकल्पना
शब्दनिष्ठ	अर्थनिष्ठ	शब्दनिष्ठ

- यह कहा भी गया है श्रुत अर्थ के परित्याग, अश्रुत अर्थ की प्रकल्पना और (रागतः) प्राप्त अर्थ की बाधा से परिसंख्या तीन दोषों से युक्त होती है।
- **प्रथम दोष-**

  श्रुत पञ्चपञ्चनख भक्षण के परित्याग से

दूसरा दोष-

अश्रुत अपञ्चपञ्चनखभक्षणनिवृत्ति की कल्पना करने से -

- **तीसरा दोष-** (रागतः) प्राप्त अपञ्चनखभक्षण के बाध से

इन तीनों दोषों में दो दोष - शब्दनिष्ठ हैं।

प्राप्तबाध दोष - अर्थनिष्ठ है।

- **नामधेय मीमांसा**

नामधेयानां च विधेयार्थपरिच्छेदकतयार्थवत्त्वम्। तथा हि - उद्भिदा यजेत पशुकामः।

- नामधेय नाम अर्थात् संज्ञा को कहते हैं मीमांसादर्शन की पारिभाषिक शब्दावली में इसका अर्थ है-'किसी यज्ञ का नाम।'

नामधेय विधेय का अर्थ है - क्रियामात्र का बोध कराना।

- नामधेयों की सार्थकता इसी में है कि वे विधेय क्रिया को उसके सजातीय एवं विजातीय अर्थों की निवृत्तिपूर्वक निश्चित करें।

उदाहरण 'उद्भिदा यजेत पशुकामः' यह एक विधिवाक्य है जिसका अर्थ है - पशुकामव्यक्ति उद्भिद् से याग करें।

नामधेय के चार कारण-

- नामधेयत्वं च निमित्तचतुष्टयात् - मत्वर्थलक्षणाभयाद्, वाक्यभेदभयात्, तत्प्रख्यशास्त्रात्, तद्व्यपदेशाच्चेति।
- चार कारणों से नामधेयत्व होता है (1) मत्वर्थलक्षणा के भय से (2) वाक्यभेद के भय से (3) तत्प्रख्यशास्त्र से (4) तद्व्यपदेश से।
- पूर्व में वेद के पाँच विभागों में - विधि, मन्त्र, नामधेय, निषेध और अर्थवाद का उल्लेख किया गया है।

उन पाँच विभागों में से यहाँ चौथे विभाग निषेध को बताया जा रहा है -

(4) निषेध मीमांसा - पुरुषस्य निवर्तकं वाक्यं निषेधः।

पुरुष के निवर्त्तक वाक्य को निषेध कहते है, क्योंकि अनर्थ की कारणभूत क्रिया के निवृत्तिजनक होने के कारण ही निषेधवाक्य सप्रयोजन होते है।

- मीमांसादर्शन में निषेध वाक्य वे कहे जाते हैं जो पुरुष को किसी क्रिया को करने से विमुख करते हैं।

उदाहरण- न कलञ्जं भक्षयेत्। यह निषेधवाक्य है।

1. विधेः- प्रयोजनवदर्थविधानेनार्थवत्त्वम्
2. मन्त्रस्य- प्रयोगसमवेतार्थस्मारकत्वेनार्थवत्त्वम्
3. नामधेयस्य- विधेयार्थपरिच्छेदकतयार्थवत्त्वम्
4. निषेधस्य- अनर्थहेतुक्रियानिवृत्तिजनकत्वेनार्थवत्त्वम्
5. अर्थवादस्य- विधेयार्थस्तावकतयार्थवत्त्वम्

वेद के पाँच विभागों में से अर्थवाद का निरूपण किया जा रहा है-

- **(5) अर्थवाद मीमांसा** - प्राशस्त्यनिन्दान्यतरपरं वाक्यमर्थवादः

प्रशंसा अथवा निन्दापरक वाक्य को अर्थवाद कहते हैं।

- विधेय पदार्थ की प्रशंसा और निषेध्य पदार्थ की निन्दा करता हुआ अर्थवाद प्रवृत्ति-निवृत्ति में सहायक होता है।
- यह अभिधा द्वारा सम्पन्न न होकर लक्षणा द्वारा होता है।
  उदाहरण- **वायुर्वै क्षेपिष्ठा देवता -** इस अर्थवाद वाक्य का प्रयोजन वायु सबसे अधिक शीघ्रगामी देवता है यह वाच्यार्थ में नहीं है।
- अर्थवाद वाक्य भी वेद का एक भाग है। सम्पूर्ण वेद का तात्पर्य धर्म में निहित है। वे सभी यागादि क्रिया के प्रतिपादक हैं। अतः अर्थवाद का भी प्रयोजन यागादि परक ही होना चाहिये।
  अर्थवाद के दो भेद - (1) विधिशेष (2) निषेधशेष

अर्थवाद

विधिशेष	निषेधशेष
1. वायव्यं श्वेतमालभेतभूतिकामः।	वर्हिषि रजतं न देयम्।

2. वायुर्वै क्षेपिष्ठा देवता। (मन्त्र)सोऽरोदीद् यदरोदीत् तद् रुद्रस्य रुद्रत्वम् (मन्त्र)

अर्थवाद के पुनर्त्रिधा भेद

गुणवाद	अनुवाद	भूतार्थवाद
आदित्यो यूपः	अग्निर्हिमस्य भेषजम्	इन्द्रोवृत्राय वज्रमुदयच्छत्।

अर्थवाद का लक्षण

पुरुषस्य	प्रवर्तकं	वाक्यं	विधिः
पुरुषस्य	निवर्तकं	वाक्यं	निषेधः
प्राशस्त्यनिन्दा	न्यतरपरं	वाक्यं	अर्थवादः

अर्थवाद पुनः तीन प्रकार का बताया गया है-

विरोधे गुणवादः स्यादनुवादोऽवधारिते।
भूतार्थवादस्तद्धानादर्थवादस्त्रिधा मतः॥

(1) गुणवाद (2) अनुवाद (3) भूतार्थवाद

* विरोध होने पर **गुणवाद**
* ज्ञान होने पर **अनुवाद**
* उन दोनों (विरोध, और ज्ञान) का अभाव होने पर - **भूतार्थवाद**

(1) **गुणवाद-** प्रमाणान्तर से विरोध होने पर जो अर्थवाद होता है, उसे गुणवाद कहते है-

प्रमाणान्तरविरोधे सत्यर्थवादोगुणवादः। यथा - आदित्यो यूपः

(2) **अनुवाद-** अन्य प्रमाण द्वारा ज्ञात अर्थ का बोधक अर्थवाद अनुवाद होता है।
प्रमाणान्तरावगतार्थबोधकोऽर्थवादोऽनुवादः।

उदाहरण - **अग्निर्हिमस्य भेषजम्।**

(3) **भूतार्थवाद-** प्रमाणान्तर विरोध और प्रमाणान्तरप्राप्ति से अप्राप्त अर्थ का बोधक अर्थवाद भूतार्थवाद होता है।

- **प्रमाणान्तरविरोधतत्प्राप्तिरहितार्थबोधकोऽर्थवादो भूतार्थवादः।**

उदाहरण - इन्द्रो वृत्राय वज्रमुदयच्छत्।

❑❑

८. श्रीमद्भगवद्गीता

- महर्षिवेदव्यास द्वारा विरचित महाभारत के भीष्मपर्व में वर्णित श्रीमद्भगवद्गीता सर्वाधिक लोकप्रिय भारतीय सनातनधर्म का ग्रन्थरत्न है।
- विश्व में सर्वाधिक टीकाओं से युक्त होने का गौरव गीता को ही प्राप्त है।

गीता में वर्णित शंख

पाञ्चजन्यं हृषीकेशो देवदत्तं धनञ्जयः।
पौण्ड्रं दध्मौ महाशङ्खं भीमकर्मा वृकोदरः।। 1/15
अनन्तविजयं राजा कुन्तीपुत्रो युधिष्ठिरः।
नकुलः सहदेवश्च सुघोषमणिपुष्पकौ।। 1/16

देवता		शंख
श्रीकृष्ण	-	पाञ्चजन्य
अर्जुन	-	देवदत्त
भीम	-	पौण्ड्र
युधिष्ठिर	-	अनन्तविजय
नकुल	-	सुघोष
सहदेव	-	मणिपुष्पक

गीता के श्लोक संख्या

अध्याय नाम	-	श्लोकसंख्या
1. अर्जुनविषादयोग	-	47
2. सांख्ययोग	-	72
3. कर्मयोग	-	43
4. ज्ञानकर्मसंन्यासयोग	-	42
5. कर्मसंन्यासयोग	-	29
6. आत्मसंयमयोग	-	47
7. ज्ञानविज्ञानयोग	-	30
8. अक्षरब्रह्मयोग	-	28
9. राजविद्याराजगुह्ययोग	-	34

10. विभूतियोग	-	42
11. विश्वरूपदर्शनयोग	-	55
12. भक्तियोग	-	20
13. क्षेत्रक्षेत्रज्ञविभागयोग	-	34
14. गुणत्रय विभागयोग	-	27
15. पुरुषोत्तमयोग	-	20
16. देवासुरसम्पत्विभागयोग	-	24
17. श्रद्धात्रयविभागयोग	-	28
18. मोक्षसंन्यासयोग	-	78
कुल श्लोक	**-**	**700**

- सबसे बड़ा अध्याय - 18, मोक्षसंन्यासयोग (78 श्लोक)
- सबसे छोटा अध्याय - 12वाँ और 15 वाँ (20-20 श्लोक)

श्रीमद्भगवद्गीता के कुछ प्रमुख पात्रों का परिचय -

धृतराष्ट्र	-	दुर्योधन आदि कौरवों के पिता
संजय-		दिव्यदृष्टि प्राप्त धृतराष्ट्र के मन्त्री
धृष्टद्युम्न	-	पाण्डवों के सेनापति, द्रौपदी के भाई, द्रुपद के पुत्र
भीम	-	पाण्डवों में द्वितीय पाण्डव, कुन्तीपुत्र
अर्जुन	-	श्रीकृष्ण के सखा, पाण्डवों में तृतीय पाण्डव, कुन्तीपुत्र
युधिष्ठिर	-	पाण्डवों में प्रथम पाण्डव, कुन्तीपुत्र, धर्मराज के अवतार
नकुल	-	पाण्डवों में चतुर्थ पाण्डव,माद्री के पुत्र
सहदेव	-	पाण्डवों में अन्तिम पाण्डव, माद्री के पुत्र
द्रुपद	-	द्रौपदी के पिता,
धृष्टकेतु	-	पाण्डव पक्ष के वीर योद्धा
चेकितान	-	पाण्डव पक्ष के वीर योद्धा
काशिराज	-	पाण्डव पक्ष के वीर योद्धा
पुरुजित्	-	पाण्डव पक्ष के वीर योद्धा
कुन्तिभोज	-	पाण्डव पक्ष के प्रमुख योद्धा
अभिमन्यु	-	अर्जुन और सुभद्रा के पुत्र
पितामह भीष्म	-	कौरव पक्ष के प्रथम सेनापति, 10 दिन तक सेनापति रहे।
द्रोणाचार्य	-	कौरवों और पाण्डवों के गुरु, कौरवों के द्वितीय सेनापति,05 दिन तक सेनापति।
कर्ण	-	कौरवों के तीसरे सेनापति, 2 दिन तक सेनापति रहे।
कृपाचार्य	-	कौरवों के प्रमुख योद्धा, सप्त चिरजीवियों में एक
अश्वत्थामा	-	द्रोणाचार्य के पुत्र, कौरव पक्ष के प्रमुख योद्धा
विकर्ण	-	कौरवों पक्ष का प्रमुख योद्धा (दुर्योधन का भाई)

भूरिश्रवा	-	कौरव पक्ष का प्रमुख योद्धा
श्रीकृष्ण	-	भगवान् विष्णु के अवतार, अर्जुन को गीता का उपदेश देने वाले
राजा विराट	-	पाण्डव पक्ष के प्रमुख योद्धा, अज्ञातवाश में पाण्डव यहीं रहे थे।
दुर्योधन	-	धृतराष्ट्र के पुत्र, 100 पुत्रों में सबसे बड़ा

गीता में वर्णित चतुर्विध भक्त

अर्थार्थी | **आर्त** | **जिज्ञासु** | **ज्ञानी**

- चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन।
  आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ।। 7-16
  तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त एकभक्तिर्विशिष्यते।
  प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः।। 7-17
  हे भरतवंशियों में श्रेष्ठ अर्जुन! उत्तम कर्म करने वाले अर्थार्थी, आर्त, जिज्ञासु, और ज्ञानी - ऐसे चार प्रकार के भक्तजन मुझको भजते हैं।
  उनमें नित्य मुझमें एकीभाव से स्थित अनन्य प्रेमभक्ति ज्ञानी भक्त अति उत्तम हैं, क्योंकि मुझको तत्त्व से जानने वाले ज्ञानी को मैं अत्यन्त प्रिय हूँ और वह ज्ञानी मुझे अत्यन्त प्रिय है
- गीता में श्रीकृष्ण अपने अवतार का कारण बताते हैं-
  * यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
    अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।। 4-7
  * परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
    धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे।। 4-8

  हे भारत! जब जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब तब ही मैं अपने रूप को रचता हूँ अर्थात् साकार रूप से लोगों के सम्मुख प्रकट होता हूँ।
  साधु पुरुषों का उद्धार करने के लिए पापकर्म करने वाले का विनाश करने के लिए और धर्म की अच्छी तरह स्थापना करने के लिए मैं युग युग में प्रकट हुआ करता हूँ।

भगवान् के अवतार के हेतु

- धर्म की स्थापना के लिए
- साधुपुरुषों की रक्षा के लिए
- पापकर्म करने वालों को मारने के लिए
- धर्म की वृद्धि के लिए
- अधर्म की हानि के लिए

गीता में अर्जुन के लिए सम्बोधन

अर्जुन, गुडाकेश, पार्थ, परन्तप, भारत, कुन्तीपुत्र, पृथापुत्र, धनञ्जय, महाबाहो निष्पाप, कुरुश्रेष्ठ, सव्यसाचिन्, किरीटी, पाण्डव, कुरुनन्दन आदि।

गीता में श्रीकष्ण के लिए सम्बोधन

हृषीकेश, कृष्ण, मधुसूदन, जनार्दन, माधव, श्रीभगवान्, अरिसूदन, गोविन्द, केशव, जगत्स्वामी, पुरुषोत्तम, अनन्त, देवेश, जगन्निवास, सच्चिदानन्दघन, आदिदेव, सनातनपुरुष, विश्वरूप, सहस्रबाहो, कमलनेत्र, परमेश्वर, महायोगेश्वर, देवदेव, अच्युत, केशिनिषूदन, योगेश्वर।

गीता में वर्णित आत्मा की विषेशतायें

- गीता के अनुसार आत्मा अच्छेद्य, अदाह्य अक्लेद्य, अशोष्य, नित्य, सर्वव्यापी, अचल, स्थिर, सनातन, अव्यक्त, अचिन्त्य, विकाररहित, अबध्य है।

अव्यक्तोऽयमचिन्त्योऽयमविकार्योऽयमुच्यते
तस्मादेवं विदित्वैनं नानुशोचितुमर्हसि। 2/25
अच्छेद्योऽयमदाह्योऽयमक्लेद्योऽशोष्य एव च
नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः॥ 2/24
तस्मात्सर्वाणि भूतानि न त्वं शोचितुमर्हसि।
देही नित्यमवध्योऽयं देहे सर्वस्य भारत॥ 2/30

गीता में वर्णित प्रमुख योग-कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग

कर्मयोग- हे अर्जुन ! तेरा कर्म करने का अधिकार है, उसके फलों में कभी नहीं। इसलिए तू कर्मों के फल का हेतु मत हो तथा तेरी कर्म न करने में भी आसक्ति न हो।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा तेसङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥ (2/47)

- योग मार्ग में स्थित होकर कर्मों को करना चाहिए। **योगस्थः कुरु कर्माणि....।**
- गीता में समत्व को योग कहा गया है। **'समत्वं योग उच्यते'** (2/48)
- समत्वरूप योग ही कर्मों में कुशलता है अर्थात् कर्मबन्धन से छूटने का उपाय है।
  योगः कर्मसु कौशलम् (2/50)
- गीता के अनुसार योगियों की निष्ठा कर्मयोग से होती है। **कर्मयोगेन योगिनाम्** (3/3)
- 'जो मनुष्य इन्द्रियों को वश में करके अनासक्त हुआ समस्त इन्द्रियों द्वारा कर्मयोग का आचरण करता है, वही श्रेष्ठ है।' **कर्मेन्द्रियैः कर्मयोगमसक्तः स विशिष्यते** (3/7)
- गीता में श्रीकृष्ण यह बताते हैं कि कर्म न करने की अपेक्षा कर्म करना अत्यन्त श्रेष्ठ है। **नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः** (3/8)

भक्तियोग-

- ईश्वर के प्रति अनन्यभाव से समर्पित होना ही भक्तियोग है।
- जो भक्तजन परमेश्वर का निरन्तर चिन्तन करते हैं उनका योगक्षेम स्वयं भगवान् अपने

ऊपर ले लेते हैं।

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्॥ (9/22)

- भक्तिपूर्वक जो कुछ भी सामग्री भगवान् को अर्पण की जाती है वह भगवान् उसी रूप में स्वीकार करते हैं।

पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति (9/26)

- गीता में श्रीकृष्ण यह कहते हैं कि जो मनुष्य मेरे लिए कर्म करता है, मेरा परायण है, मेरा भक्त है, आसक्तिरहित वह अनन्यभक्ति से युक्त पुरुष मुझको ही प्राप्त होता है।

मत्कर्मकृन्मत्परमो मद्भक्तः सङ्गवर्जितः।
निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव॥ (11/55)

- गीता में श्रीकृष्ण यह बताते हैं कि जो सम्पूर्ण कर्तव्यकर्मों को मुझमें त्यागकर एक मुझ सर्वशक्तिमान् परमेश्वर की शरण में आ जाता है उसे मैं सम्पूर्ण पापों से मुक्त कर देता हूँ।

सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥ (18/66)

स्थिरबुद्धि पुरुष के लक्षण

- दुःख में उद्विग्न न होना।
- सुख में अत्यधिक हर्षित न होना।
- राग, भय, क्रोध से मुक्त।

गीता के अनुसार अष्ट प्रकृति

पृथ्वी जल अग्नि वायु आकाश मन बुद्धि अहंकार

स्थिरप्रज्ञ का वर्णन श्रीमद्भगवद्गीता में -

गीता में श्रीकृष्ण यह बताते हैं कि जिस समय मनुष्य अपने मन में सभी कामनाओं को मिटाकर आत्मा में सन्तुष्ट रहता है, उस काल में वह स्थितप्रज्ञ कहा जाता है।

प्रजहाति यदा कामान्सर्वान्पार्थ मनोगतान्।
आत्मन्येवात्मना तुष्टः स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते॥ (2/55)

- दुःख होने पर जो उद्वेग नहीं करता और अत्यधिक सुख में सर्वथा निःस्पृह है तथा जिसके मन से राग, भय, और क्रोध नष्ट हो गये हैं, ऐसा मुनि स्थिरबुद्धि कहा जाता है। **वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरुच्यते (2/56)**
- गीता में अष्ट प्रकृति का वर्णन - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार ये अष्ट प्रकार से विभाजित प्रकृति है।

भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च।
अहङ्कार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा॥ (7/4)

- श्रीमद्भगवद्गीता को **गीतोपनिषद्** भी कहा जाता है।

गीता में भगवान् श्रीकृष्ण की विभूतियाँ -

जल में	- रस ''रसोऽहमप्सु कौन्तेय'' (7.8)
चन्द्र सूर्य में	- प्रकाश ''प्रभास्मि शशिसूर्ययोः'' (7.8)
वेदों मे	- ओंकार ''प्रणवः सर्ववेदेषु'' (7.8)
आकाश में	- शब्द ''शब्दः खे'' (7.8)
पुरुषों में	- पुरुषत्व '' पौरुषं नृषु'' (7.8)
पृथ्वी में	- गन्ध ''पुण्यो गन्धः पृथिव्यां च'' (7.8)
अग्नि में	- तेज ''तेजश्चास्मि विभावसौ'' (7.8)
तपस्वियों में	- तप ''तपश्चास्मि तपस्विषु'' (7.9)
सम्पूर्णभूतों में	- जीवन ''जीवनं सर्वभूतेषु'' (7.9)
बुद्धिमानों में	- बुद्धि ''बुद्धिर्बुद्धिमतामस्मि'' (7.10)
तेजस्वियों में	- तेज ''तेजस्तेजस्विनामहम् '' (7.10)
अदितिपुत्रों में	- विष्णु ''आदित्यानामहं विष्णुः '' (10.21)
ज्योतियों में	- किरणों वाला सूर्य ''ज्योतिषां रविरंशुमान् '' (10.21)
नक्षत्रों में अधिपति	- चन्द्रमा ''नक्षत्राणामहं शशी'' (10.21)
वेदों में	- सामवेद ''वेदानां सामवेदोऽस्मि'' (10.22)
देवों में	- इन्द्र ''देवानामस्मि वासवः '' (10.22)
इन्द्रियों में	- मन '' इन्द्रियाणां मनश्चास्मि'' (10.22)
एकादश रुद्रों में	- शंकर '' रुद्राणां शङ्करश्चास्मि'' (10.23)
यक्ष तथा राक्षसों में	- कुबेर ''वित्तेशो यक्षरक्षसाम् '' (10.23)
आठ वस्तुओं में	- अग्नि ''वसूनां पावकश्चास्मि '' (10.23)
पर्वतों में	- सुमेरु ''मेरुः शिखरिणामहम् '' (10.23)
पुरोहितों में	- बृहस्पति ''पुरोधसां च मुख्यं मां विद्धि पार्थ बृहस्पतिम् '' (10.24)
सेनापतियों में	- स्कन्द ''सेनानीनामहं स्कन्दः'' (10.24)
जलाशय में	- समुद्र '' सरसामस्मि सागरः'' (10.24)
महर्षियों में	- भृगु '' महर्षीणां भृगुरहम्'' (10.25)
शब्दों में	- (अक्षर) ओंकार ''गिरामस्म्येकमक्षरम्'' (10.25)
यज्ञों में	- जपयज्ञ ''यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि'' (10.25)
स्थिर रहने वालों में	- पहाड़ ''स्थावराणां हिमालयः '' (10.25)
वृक्षों में	- पीपल ''अश्वत्थः सर्ववृक्षाणाम् '' (10.26)
देवर्षियों में	- नारद '' देवर्षीणां च नारदः '' (10.26)
सिद्धों में	- कपिल '' सिद्धानां कपिलो मुनिः '' (10.26)

गन्धर्वों में	-	चित्ररथ “ गन्धर्वाणां चित्ररथः ” (10.26)
अश्वों में	-	उच्चैःश्रवा “उच्चैःश्रवसमश्वानां विद्धि माममृतोद्भवम्” (10.27)
हाथियों में	-	ऐरावत “ ऐरावतं गजेन्द्राणाम्”
मनुष्यों में	-	राजा “ नराणां च नराधिपम् ” (10.27)
शस्त्रों में	-	वज्र “ आयुधानामहं वज्रम्” (10.28)
गौओं में	-	कामधेनु “ धेनुनामस्मि कामधुक् ” (10.28)
सर्पों में	-	वासुकि “ सर्पाणामस्मि वासुकिः ” (10.28)
सन्तानोत्पत्ति में	-	कामदेव “ प्रजनश्चास्मि कन्दर्पः ” (10.28)
नागों में	-	शेषनाग “अनन्तश्चास्मि नागानाम् ” (10.29)
जलचरों में	-	वरुण “ वरुणो यादसामहम् ” (10.29)
पितरों में	-	अर्यमा “ पितृणामर्यमा चास्मि ” (10.29)
शासन करने वालों में	-	यमराज “ यमः संयमतामहम् ” (10.29)
दैत्यों में	-	प्रह्लाद “ प्रह्लादश्चास्मि दैत्यानाम् (10.30)
पशुओं में	-	सिंह “मृगाणां च मृगेन्द्रोऽहम् ” (10.30)
पक्षियों में	-	गरुड़ “ वैनतेयश्च पक्षिणाम् ” (10.30)
गणना करने वालों में	-	समय “ कालः कलयतामहम् ” (10.30)
पवित्र करने वालों में	-	वायु “ पवनः पवतामस्मि ” (10.31)
शस्त्रधारियों में	-	श्रीराम “ रामः शस्त्रभृतामहम् ” (10.31)
मछलियों में	-	मगर “ झषाणां मकरश्चास्मि ” (10.31)
नदियों में	-	भागीरथी गंगा “ स्रोतसामस्मि जाह्नवी ” (10.31)
विद्याओं में	-	अध्यात्मविद्या “ अध्यात्मविद्या विद्यानाम्” (10.32)
तर्क में	-	वाद “ वादः प्रवदतामहम् ” (10.32)
अक्षरों में	-	अकार “ अक्षराणामकारोऽस्मि ” (10.33)
समासों में	-	द्वन्द्व “ द्वन्द्वः सामासिकस्य च ” (10.33)
नाश करने वालों में	-	मृत्यु “ मृत्युः सर्वहरश्चाहम् ” (10.34)
स्त्रियों में	-	“कीर्ति, श्री, वाक्,स्मृति, धृति, क्षमा, कीर्तिः श्रीर्वाक्चनारीणां स्मृतिर्मेधा धृतिः क्षमा ” (10.34)
श्रुतियों में	-	बृहत्साम “ बृहत्साम तथा साम्नां ” (10.35)
छन्दों में	-	गायत्री “ गायत्री छन्दसामहम् ” (10.35)
महीनों में	-	मार्गशीर्ष “ मासानां मार्गशीर्षोऽहम् (10.35)
ऋतुओं में	-	वसन्त “ ऋतूनां कुसुमाकरः ” (10.35)
छल करने वालों में	-	जूआ “ द्यूतं छलयतामस्मि” (10.36)
प्रभावशाली पुरुषों का	-	प्रभाव “ तेजस्तेजस्विनामहम् ” (10.36)
जीतने वालों का	-	विजय “ जयोऽस्मि ” (10.36)

निश्चय करने वालों का	-	निश्चय ''व्यवसायोऽस्मि'' (10.36)
सात्त्विक पुरुषों का	-	सात्त्विक भाव ''सत्त्वं सत्त्ववतामहम्'' (10.36)
वृष्णिवंशियों में	-	वासुदेव ''वृष्णीनां वासुदेवोऽस्मि'' (10.37)
पाण्डवों में	-	धनञ्जय ''पाण्डवानां धनञ्जयः'' (10.37)
मुनियों में	-	वेदव्यास ''मुनीनामप्यहं व्यासः'' (10.37)
कवियों में	-	शुक्राचार्य ''कवीनामुशना कविः'' (10.37)
दमन करने वालों का	-	दण्ड ''दण्डो दमयतामस्मि'' (10.38)
जीतने की इच्छा वालों की	-	नीति ''नीतिरस्मि जिगीषताम्'' (10.38)
गुप्त रखने योग्य भावों का (रक्षक)	-	मौन ''मौनं चैवास्मि गुह्यानां'' (10.38)
ज्ञानवानों का	-	तत्त्वज्ञान ''ज्ञानं ज्ञानवतामहम्'' (10.38)

गीता में वर्णित दैवीय गुण -

- गीता में श्रीकृष्ण यह बताते हैं कि दैवीय प्रकृति के आश्रित महात्मा मुझको सब भूतों का कारण जानकर अनन्य मन से निरन्तर भजते हैं।

महात्मानस्तु मां पार्थ दैवीं प्रकृतिमाश्रिताः।
भजन्त्यनन्यमनसो ज्ञात्वा भूतादिमव्ययम्।। (9/13)

- गीता में श्रीकृष्ण दैवी सम्पत्तियों का स्वरूप वर्णन करते हुए कहते हैं कि भय का सर्वथा अभाव, अन्तःकरण की शुद्धता, तत्त्वज्ञान के लिए ध्यान में स्थिति सर्वस्व समर्पण, इन्द्रियों का भली प्रकार दमन ये सब दैवी गुण हैं

अभयं सत्त्वसंशुद्धिर्ज्ञानयोगव्यवस्थितिः।
दानं दमश्च यज्ञश्च स्वाध्यायस्तप आर्जवम्।। (16/1)

- मन, वाणी, शरीर से किसी को कष्ट न देना यथार्थ और प्रियभाषण, अहंकार करने वाले पर भी क्रोध न करना, किसी की भी निन्दा न करना, सभी प्राणियों में दया- ये सब दैवी सम्पत्तियाँ हैं।

अहिंसा सत्यमक्रोधस्त्यागः शान्तिरपैशुनम्।
दया भूतेष्वलोलुप्त्वं मार्दवं ह्रीरचापलम्।। (16/2)

गीता में वर्णित दैवी गुण

● अभय ● सत्त्वसंशुद्धि ● ज्ञानयोगव्यवस्थिति ● दान ● इन्द्रियों का दमन
● गुरुजनों की पूजा ● अग्निहोत्र करना ● स्वाध्याय करना ● अहिंसा
● सत्यभाषण ● क्रोध न करना ● अन्तः करण की शुद्धि ● निन्दा से दूर रहना
● बिना कारण दया करना ● तेज ● क्षमा ● धैर्य ● बाहर की शुद्धि

(गीता - 16/1-3)

गीता में वर्णित आसुरी सम्पदा

● दम्भ ● दर्प ● अभिमान ● क्रोध ● कठोरता ● अज्ञान

● असत्यभाषण ● अपवित्रता ● भ्रमित चित्त वाला ● विषय भोगों में अत्यन्त आसक्त

(गीता - 16 - 4,7,10,15,16)

➢ श्रीकृष्ण बताते है कि दम्भ, घमण्ड, अभिमान, क्रोध, कठोरता, अज्ञान ये आसुरी सम्पदा को लेकर उत्पन्न हुए पुरुष के लक्षण हैं।

दम्भो दर्पोऽभिमानश्च क्रोधः पारुष्यमेव च।
अज्ञानं चाभिजातस्य पार्थ सम्पदमासुरीम्।। (16/4)

➢ आसुर स्वभाव वाले मनुष्य प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों को नहीं जानते। इसलिए उनमें न तो बाहर भीतर की शुद्धि है, न श्रेष्ठ आचरण है और न सत्यभाषण ही है।

प्रवृत्तिं च निवृत्तिं च जना न विदुरासुराः।
न शौचं नापि चाचारो न सत्यं तेषु विद्यते।। (16/7)

गीता में अर्जुन द्वारा पूछे गये कुछ प्रमुख प्रश्न -

➢ गीता के प्रारम्भ मे अर्जुन भगवान् श्रीकृष्ण से पूछते हैं कि हे मधुसूदन! मैं किस प्रकार भीष्मपितामह और द्रोणाचार्य के विरुद्ध लड़ूँगा? क्योंकि वे दोनों पूजनीय हैं?

कथं भीष्ममहं सङ्ख्ये द्रोणं च मधुसूदन।
इषुभिः प्रति योत्स्यामि पूजार्हावरिसूदन।। (2/4)

➢ अर्जुन श्रीकृष्ण से कहते हैं जिस प्रकार एक गुरु अपने शिष्य का सभी प्रकार से कल्याण करता है उसी प्रकार मैं आपका शिष्य हूँ अतः मेरे लिए जो कल्याण का साधन हो वह कहिये।

यच्छ्रेयः स्यान्निश्चितं ब्रूहि तन्मे।
शिष्यस्तेऽहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम्।। (2/7)

➢ श्रीकृष्ण से पूछते हुए अर्जुन कहते हैं कि यदि कर्म की अपेक्षा ज्ञान श्रेष्ठ है तो आप मुझे कर्म में क्यों लगाते हो?

ज्यायसी चेत्कर्मणस्ते मता बुद्धिर्जनार्दन।
तत्किं कर्मणि घोरे मां नियोजयसि केशव।। (5/1)

➢ अर्जुन श्रीकृष्ण से ब्रह्म, अध्यात्म, क्रम के विषय में प्रश्न पूछते हुये कहते हैं कि ब्रह्म क्या है? अध्यात्म क्या है? कर्म क्या है?

- दूसरी बात में शब्द और अर्थ के सम्बन्ध जानने की जिज्ञासा ही मुख्य विषय है।
- भाषा-उत्पत्ति विषयक समस्त सिद्धान्त अनुमान पर आश्रित हैं एवं विज्ञान अनुमान पर आश्रित न होकर तथ्यों पर निर्भर होता है।
- यह दर्शन, मानव-विज्ञान या समाज-विज्ञान का विषय होने के कारण भाषा-विज्ञान इस दिशा में अपनी असमर्थता प्रकट करता है।
- सामान्य लोकप्रियता का विषय होने से इसके प्रस्तावित सिद्धान्तों का वर्णन किया जा रहा है-

1. दिव्योत्पत्ति-सिद्धान्त

- यह सबसे प्राचीन मत है। इसके अनुसार- जिस प्रकार परमात्मा ने मानव- सृष्टि की, उसी प्रकार मानव के लिए एक परिष्कृत भाषा भी दी।
- दैवीय शक्ति ही इस सिद्धान्त का मूल है। उसी दैवी शक्ति ने ही सृष्टि के प्रारम्भ में ही वेदों का ज्ञान दिया, जिससे मानव अपना क्रिया-कलाप चला सका।
- वेदों, उपनिषदों तथा अनेक दर्शन ग्रन्थों में यह बात प्रमाणित है कि ईश्वर से ही वेदों की उत्पत्ति हुई।

समीक्षा- इस सिद्धान्त पर निम्न आपत्तियाँ की गयी हैं।

1. यह सिद्धान्त तर्क या विज्ञान संगत नहीं है, केवल आस्था पर निर्भर है।
2. यदि भाषा ईश्वर-प्रदत्त होती तो सृष्टि में भाषा भेद नहीं होता।
3. जर्मन् विद्वान् **हेर्डेर** ने लिखा है कि "यदि भाषा ईश्वरकृत होती तो यह अधिक सुव्यवस्थित और तर्कसंगत होगी, अधिकांश भाषाएं अव्यवस्थित और त्रुटिपूर्ण हैं।"

2. सङ्केत-सिद्धान्त

- इसे **निर्णयवाद**, **निर्णयसिद्धान्त** तथा **स्वीकारवाद** आदि अनेक नामों से जाना जाता है।
- इस सिद्धान्त के प्रवर्तक 18वीं शताब्दी के फ्रेंच विद्वान् **'रूसो'** हैं।
- इनके अनुसार 'व्यक्ति प्रारम्भ में सङ्केतों के माध्यम से अपना अभिप्राय व्यक्त करता था तथा बाद में सामूहिक रूप से वस्तुओं की संज्ञा दी गयी।'
- इसे **'सामाजिक-समझौता'** कहा जा सकता है।

समीक्षा- इस सिद्धान्त की कुछ न्यूनताएं हैं-

1. बिना भाषा के सभा का आयोजन और विचार-विनिमय कैसे हुआ?
2. सङ्केत शब्दों के निर्माण के लिए क्या आधार था? किसी व्यक्ति का सुझाव मान लिया गया या फिर सबके अलग-अलग मत थे?
3. यदि भाषा के बिना सभा का आयोजन, सङ्केत निर्माण एवं सङ्केतों की सामाजिक सम्पुष्टि हो सकती है, तो भाषा की क्या आवश्यकता रह जाती है।

अतः यह सिद्धान्त मान्य नहीं है।

3. रणन-सिद्धान्त

- इस सिद्धान्त को **धातु-सिद्धान्त, अनुकरण-सिद्धान्त, अनुरणनमूलकतावाद, अनुरणात्मक-अनुकरण, डिंग-डांगवाद** आदि नामों से निर्दिष्ट किया गया है।
- इस सिद्धान्त के मूल प्रवर्तक **'प्लेटो'** थे तथा इसको **'हेस'** और **'मैक्समूलर'** ने व्यवस्थित किया।
- इस मत के अनुसार 'प्रकृति में एक सामान्य नियम है किसी वस्तु पर चोट मारने पर एक विशेष ध्वनि होती है। यह ध्वनि ही उसकी विशेषता है। इसी ध्वनि को रणन कहा जाता है।

समीक्षा-

1. इस सिद्धान्त में इतने दोष थे कि बाद में मैक्समूलर ने इसे छोड़ दिया।

2. इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि किस वस्तु से मस्तिष्क में कौन-सी ध्वनि झंकृत हुई।

3. यह सिद्धान्त शब्द और अर्थ में रहस्यात्मक स्वाभाविक सम्बन्ध मानता है। शब्द और अर्थ का साङ्केतिक सम्बन्ध है न कि स्वाभाविक यह मत अस्वीकृत होने पर भी रोचकता के लिए प्रचलित है।

4. ध्वन्यनुकरण-सिद्धान्त

- इस सिद्धान्त के अन्य नाम भी हैं, जैसे- **अनुकरण-सिद्धान्त, ध्वन्यात्मकानुकरण-सिद्धान्त, अनुकरणमूलकतावाद, शब्दानुकरणवाद, भों-भों-वाद** आदि।
- कुत्ते की ध्वनि को अंग्रेजी में BOW-WOW कहते हैं, अतः हिन्दी में यह **भों-भों-वाद** हुआ।
- इस सिद्धान्त का अभिमत है कि प्राकृतिक वस्तुओं,पशु-पक्षियों आदि की ध्वनि के अनुकरण पर विभिन्न वस्तुओं के नाम रखे जाते हैं। जो वस्तु जैसी ध्वनि करती है, उसका वैसा ही नाम पड़ता है। जैसे-काँव-काँव से काक या कौआ, कू-कू से कोयल, झर-झर से झरना आदि।

समीक्षा-

1. विश्व की भाषाओं में ध्वन्यनुकरण वाले शब्दों की संख्या एक प्रतिशत भी नहीं है। अतः यह भाषोत्पत्ति सम्बन्धी उचित समाधान नहीं है।

2. **प्रो0 रेनन** की आपत्ति है, यदि मनुष्य पक्षियों जैसे तुच्छ जीवों के शब्दों का अनुकरण करके भाषा बना सकता है, तो वह पशु-पक्षियों से निकृष्ट सिद्ध होता है।

3. कुछ भाषाओं में ध्वन्यनुकरण-शब्द हैं ही नहीं। जैसे- उत्तरी अमेरिका की **'अथवस्कन'** भाषा।

आंशिक रूप से स्वीकार्य होते हुए भी यह मत सम्पूर्ण रूप से स्वीकार नहीं हैं।

5. आवेग-सिद्धान्त

- इस सिद्धान्त को **'मनोभावाभिव्यक्तिवाद, मनोरागव्यञ्जक शब्दमूलकतावाद, पूह-पूह सिद्धान्त, मनोभावाभि-व्यञ्जकतावाद** आदि के नाम से जाना जाता है।
- इसके अनुसार आरम्भ में मनुष्य भाव प्रधान था और प्रसन्नता, दुःख, विस्मय, घृणा आदि के भाववश उसके मुख से ओ, छि, धिक्, आह आदि शब्द सहज ही निकले। धीरे-धीरे इन्हीं से भाषा का विकास हुआ।

समीक्षा- इसको माननें में निम्न कठिनाइयाँ हैं-

1. ये शब्द विचारपूर्वक प्रयुक्त नहीं होते हैं बल्कि आवेग की तीव्रता में अनायास निकल पड़ते हैं।

2. भिन्न-भिन्न भाषाओं में ऐसे शब्द एक रूप में नहीं मिलते यदि स्वभावतः निकलते तो सभी मनुष्यों में लगभग एक समान होते।

3. भाषा में आवेग शब्दों की संख्या 40-50 से अधिक नहीं होगी इन शब्दों से पूरी भाषा पर प्रकाश नहीं पड़ता। अतः इनको पूर्णतः भाषा का अंग नहीं माना जा सकता।

यह भी समस्या को समाप्त करनें में असमर्थ है।

6. श्रम-ध्वनि-सिद्धान्त

- इसे **यो-हे-हो-वाद, श्रम-परिहरणमूलकतावाद** भी कहा जाता है। इनके प्रतिपादक **'न्वायर' (न्वारे)** नामक भाषाशास्त्री हैं।
- इनके अनुसार 'परिश्रम का कार्य करते समय साँस तेजी से बाहर-भीतर आने-जाने,साथ-साथ स्वरतन्त्रियों को विभिन्न रूपों में कम्पित होने एवं तदनुकूल ध्वनियाँ उच्चरित होने से कार्य करने वाले को राहत मिलती है।
- उदाहरणार्थ कपड़ा धोते समय धोबी 'हियो' या 'छियो' कहता है और मजदूर आदि 'हो-हो, हूँ-हूँ कहते हैं।

समीक्षा-

1. यह मत भाषा की उत्पत्ति के लिए सर्वथा असन्तोष जनक है।

2. शारीरिक परिश्रम जन्य ये शब्द निरर्थक हैं। भाषा की उत्पत्ति के लिए सार्थक शब्दों की आवश्यकता है।

3. अर्थहीन शब्दों से भाषा की उत्पत्ति नहीं हो सकती। यह मत सबसे निकृष्ट और अग्राह्य है।

7. इंगित-सिद्धान्त

- इस सिद्धान्त के प्रवर्तन का श्रेय पालिनेशियन भाषा विद्वान् डॉ. **'राये'** को है। **डार्विन** भी इसके समर्थक हैं।
- **प्रो. रिचर्ड** इसे 'मौखिक इंगित सिद्धान्त' कहते हैं।
- इस मत के अनुसार 'प्रारम्भ में मानव ने अपनी आङ्गिक चेष्टाओं का ही वाणी के द्वारा अनुकरण किया और भाषा बनी। जैसे- पानी पीने के समय मुँह से 'पा' जैसी ध्वनि हुई, अतः 'पा' का अर्थ 'पीना' हुआ।

समीक्षा-

1. अपने अनुकरण पर शब्द-रचना हास्यास्पद है। दूसरे के अनुकरण पर शब्द रचना मान्य हो सकती है।

2. हाथ, पैर, ओष्ठ आदि के आधार पर शब्द- रचना की कल्पना निर्मूल है।

3. इंगित- सिद्धान्त पर बने शब्दों की संख्या भाषा में बहुत कम है। यह सिद्धान्त भी सारहीन है।

8. सम्पर्क- सिद्धान्त

- इस मत के प्रतिपादक **जी. रेवेज़ हैं,** जो मनोविज्ञान के विद्वान् थे।
- इनके मतानुसार 'मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, उसमें पारस्परिक

सम्पर्क की प्रवृत्ति जन्मसिद्ध है। प्रारम्भ में भूख आदि की अभिव्यक्ति के लिए मौखिक और साङ्केतिक अभिव्यक्ति का सहारा लिया होगा, उनसे जो ध्वनियाँ निकली वे धीरे-धीरे भाषा बनी।'

समीक्षा-

1. प्रो0 रेवेज़ का यह सिद्धान्त बालमनोविज्ञान, जीव-मनोविज्ञान और आदिम प्राणि-मनोविज्ञान पर आश्रित है एवं तर्कसंगत भी है।
2. कुछ अन्य भाषाशास्त्री भी इस मत को अमान्य नहीं करते किन्तु भाषोत्पत्ति के प्रश्न को अनिर्णीत मानते हैं।

9. सङ्गीत-सिद्धान्त

- इसको **प्रेम-सिद्धान्त, सिंग-सांग थ्योरी,** WOO-WOO थियरी भी कहा जाता है।
- डार्विन, स्पेन्सर एवं येस्पर्सन ने इसे कुछ रूपों में माना था।
- इनके सिद्धान्त के अनुसार, 'मानव के सङ्गीत से भाषा की उत्पत्ति हुई।'

समीक्षा-

1. गुनगुनाने से भाषा की उत्पत्ति होना केवल अनुमान पर आश्रित है, इसका कोई प्रमाण नहीं है।
2. प्रारम्भिक व्यक्ति गुनगुनाता था, इसका भी कोई पुष्ट आधार नहीं है।
   अतः यह सिद्धान्त भी अस्वीकार्य है।

10. प्रतीक-सिद्धान्त

- इस सिद्धान्त में माना जाता है कि 'संयोग से किसी शब्द का किसी अर्थ से सम्बन्ध हो जाता है, और वह शब्द उस अर्थ का प्रतीक हो जाता है।'
- भाषा-विज्ञान में ऐसे शब्दों को 'नर्सरी-शब्द' कहते हैं जैसे- माता, पिता, बाबा आदि।

समीक्षा-

1. प्रतीक सिद्धान्त मूलतः भाषा के प्रारम्भिक शब्दों की व्याख्या करता है। भाषा में 'नर्सरी-शब्द' आये, ये भी सत्य है।
2. यह स्थूल शब्दों की उत्पत्ति बता सकता है, सूक्ष्म अर्थ के बोधक शब्दों की उत्पत्ति बताने में असमर्थ है।

11. समन्वय-सिद्धान्त

- इस सिद्धान्त के प्रवर्तक प्रसिद्ध भाषाशास्त्री **'हेनरी स्वीट'** हैं।
- उन्होंने नये सिद्धान्त की अपेक्षा सर्वसिद्धान्त - संकलन को अधिक उपयुक्त समझा है।
- उनके अनुसार 'यदि सभी सिद्धान्तों में से आवश्यक तत्त्व को एकत्रित कर लिया जाय तो भाषा की उत्पत्ति सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण हो सकता है।'

समीक्षा-

1. भाषा की उत्पत्ति समझाने के लिए अन्य कोई एकमत शुद्ध न होने से सबका समन्वय उपयुक्त माना गया।
2. यह सिद्धान्त सामान्यतया निर्विरोध रूप से स्वीकार किया जाता है।

12. प्रतिभा-सिद्धान्त

- प्रतिभा- सिद्धान्त के संस्थापक आचार्य **भर्तृहरि** हैं।
- 'वाक्यपदीय' में भर्तृहरि नें प्रतिभा को विश्व की आत्मा माना है और उसे सर्वशक्ति- सम्पन्न बताया है।
- इस प्रकार भाषा की उत्पत्ति मनुष्य के प्रतिभाओं से हुई है।
- भर्तृहरि, पूर्व-जन्म के संस्कारों को भी भाषोत्पत्ति का कारण मानते हैं।

समीक्षा

1. मनुष्यों में कोई मौलिक उद्भावना या शक्ति नहीं थी। अतः भाषोत्पत्ति सम्बन्धी 'समन्वय-सिद्धान्त'ही सर्वथा उत्कृष्ट है।

संस्कृत भाषा का उद्भव एवं विकास

- संस्कृत भाषा भारत- यूरोपीय अथवा भारत- जर्मनीय परिवार की प्रमुख भाषाओं में है।
- संस्कृत के मूल स्रोत के सम्बन्ध में चाहे जो भी कल्पनाएं की जायें, किन्तु इसके भाषायी इतिहास का प्रारम्भ इसके प्राचीनतम रूप 'ऋग्वेद' से ही मानना होगा।
- 'अवेस्ता' और 'हित्ती', भाषाओं के दो ऐसे रूप हैं जो कि ऋग्वेद से काफी बाद के होने पर भी वैदिक भाषा के प्राग्वैदिक रूपों की झाँकी प्रस्तुत कर सकते हैं।
- संस्कृत आर्यों की भाषा थी और आर्य का मूल निवास भारत ही है। इस बात को पश्चिमी देश नहीं मानते हैं क्योंकि पूरे विश्व को सभ्य और शिक्षित करने के ठेकेदार सिर्फ मिस्र, यूनान आदि देश ही हो सकते हैं।
- भारोपीय भाषाविज्ञानी संस्कृत के उस मूल रूप की स्थिति एशिया या यूरोप में चाहे जहाँ मानने की बात कहें, किन्तु संस्कृत से भाषा के जिस रूप का बोध होता है उसका जन्म एवं पोषण भारत की इसी भूमि पर हुआ था, इसमें कोई सन्देह नहीं।
- सौभाग्य की बात है कि संस्कृत विश्व की एक ऐसी पुरातन भाषा है, जिसके साहित्य भण्डार में विश्व की प्राचीनतम लिखित सामग्री प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, जिसकी साहित्यिक भागीरथी का प्रवाह कई हजार वर्षों से निरवच्छिन्न रूप में प्रवाहमान रहा है यद्यपि उसके भाषिक विकास की प्रक्रिया अवश्य ही आज से लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व एक बिन्दु पर आकर स्थिर-सी हो गयी थी।

- ऋग्वैदिक काल के उपरान्त हमें इसके विकास के विभिन्न स्तरों के रूप अपेक्षाकृत अधिक स्पष्ट रूप में दृष्टिगोचर होने लगते हैं।
- ऋग्वेद तथा अथर्ववेद के मन्त्रों की भाषा संहिताओं तथा ब्राह्मण ग्रन्थों की भाषा, ब्राह्मणों तथा सूत्रों एवं उपनिषदों की भाषा, उपनिषदों तथा महाकाव्यों की भाषा की पारस्परिक तुलना करने पर स्पष्ट हो जाता है कि संस्कृत में, एक जीवित भाषा में कालक्रम से होने वाले परिवर्तनों के समान, उल्लेख्य परिवर्तन घटित हो रहे थे।
- संस्कृत भाषा के विकास स्तर को तीन-स्तरों पर देखा जा सकता है।

  1. वैदिक   2. उत्तरवैदिक   3. लौकिक
- वैदिक के अन्तर्गत संहिताओं तथा ब्राह्मण- ग्रन्थों की भाषा को,उत्तरवैदिक में आरण्यकों, उपनिषदों एवं सूत्र साहित्यों की भाषा को रखा जा सकता है।
- इसके बाद की साहित्यिक एवं शास्त्रीय भाषा को लौकिक के अन्तर्गत रखा जा सकता है।
- लौकिक साहित्य ग्रन्थ 'रामायण' है। रामायण काल से लेकर वर्तमान समय तक संस्कृत का विकास हो रहा है। इस प्रकार संस्कृत भाषा रूपी गङ्गा को वैदिक काल से लेकर वर्तमानकाल तक पहुँचने में अनेक मार्गों का अनुसरण करना पड़ा है।

भारोपीय परिवार

भारतीय यूरोपीय (भारोपीय) से मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं की सामान्य रूपरेखा-

विश्व भाषाओं के पारिवारिक वर्गीकरण के अनुसार 18 भेद माने गये हैं! इन 18 भाषाओं को चार भूखण्डों में बाँटा गया है।

(क) यूरेशिया (यूरोप-एशिया)

(ख) अफ्रीका

(ग) प्रशान्त महासागरीय भूखण्ड

(घ) अमेरिका भूखण्ड

यूरेशिया भूखण्ड के अन्तर्गत ही भारोपीय परिवार की गणना की जाती है।

विश्व के भाषा परिवारों में भारोपीय परिवार का सबसे अधिक महत्त्व। इसके मुख्य कारण निम्न हैं -

- **प्रयोगाधिक्य -** इस परिवार की भाषाओं के बोलने वालों की संख्या सबसे अधिक है।
- **भौगोलिक व्यापकता -** प्रायः सारे विश्व में इस परिवार की भाषाएं बोली जाती हैं।
- **सांस्कृतिक उत्कर्ष -** इस परिवार के लोग सभ्यता और संस्कृति में विश्व में सबसे अग्रणी हैं।
- **भाषावैज्ञानिक उत्कर्ष -** भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र के अभ्युदय का सर्वाधिक श्रेय इसी परिवार को है। संस्कृत, अंग्रेजी, जर्मन और फ्रेंच में सर्वाधिक भाषाशास्त्रीय चिन्तन हुआ।
- **तुलनात्मक भाषाविज्ञान का जन्मदाता -** भारोपीय परिवार की विभिन्न भाषाओं के तुलनात्मक अध्ययन से ही तुलनात्मक भाषाविज्ञान का जन्म हुआ है।
- **भारोपीय परिवार के विभिन्न नाम**

  भारोपीय परिवार के विभिन्न नाम समय-समय पर सुझाए गए हैं। जिनमें प्रमुख चार नाम है-

  1 इण्डो जर्मनिक या भारत जार्मनिक परिवार

  2 आर्य परिवार

  3 भारोपीय परिवार - यह नाम अत्यन्त प्रचलित हुआ, अतः इसे ही अपनाया गया। यह नाम सर्वप्रथम फ्रेंच विद्वानों ने दिया।

4 भारत हित्ती परिवार-

- **भारोपीय परिवार की शाखाएँ -**
- भारोपीय शब्द भारत + यूरोपीय का मूल रूप है।
- यह Indo-European अनुवाद है।
- इस परिवार में भारतवर्ष से लेकर यूरोप तक फैली हुई भाषाओं का संग्रह है।
- इस परिवार में दस शाखाएँ हैं -

  1. भारत-ईरानी (आर्य) (Aryan, Indo- Iranian)
  2. बाल्टो स्लाविक (Balto-Slavic,Letto-Slavic)
  3. आर्मीनी (Armenian)
  4. अल्बानी (Albanian, Illyraian)
  5. ग्रीक (Greek, Hellenic)
  6. केल्टिक (Keltic)
  7. जर्मानिक (ट्यूटानिक) (Germanic, Teutonic)
  8. इटालिक (Italic)
  9. हिटाइट (Hiltite)
  10. तोखारी (To khorian)
- **केन्टुम् और शतम् (सतम्) वर्ग**
- भारोपीय परिवार की भाषाओं को ध्वनि के आधार पर दो भागों में विभक्त किया जाता है-

1. केन्टुम् 2. शतम्

- इस विभाजन का श्रेय **प्रो. अस्कोली** को है।
- सभी भारोपीय भाषाओं को दो भागों में विभक्त किया गया है
- प्रथम चार परिवार शतम् वर्ग में आते हैं और शेष छः परिवार 'केन्टुम्' वर्ग में

➢ 'सौ' के लिए मूल भारोपीय भाषा का शब्द क्मतोम् (Kmtom) माना जाता है।

मूल भारोपीय शब्द - Kmtom (क्मतोम् = शतम्)

शतम् (सतम्) वर्ग	केन्टुम् वर्ग
संस्कृत - शतम्	लैटिन - केन्टुम्
अवेस्ता - सतम्	ग्रीक - हेकटोन
फारसी - सद	केल्टिक - केत्
हिन्दी - सौ	तोखारी - कन्ध
रुसी - स्तो (Sto)	गाथिक - हुन्ड
लिथुआनियन - (स्जिम्तास)	जर्मन - हुन्डर्ट
	फ्रेंच - सं
	इटालियन - केन्तो

➢ भारोपीय परिवार-विभाजन

भारोपीय-परिवार को केन्टुम् और शतम् वर्ग के आधार पर निम्न प्रकार से बाँटा गया है-

शतम् वर्ग	केन्टुम् वर्ग
1. भारत-ईरानी	5. ग्रीक
2. बाल्टो स्लाविक	6. केल्टिक
3. आर्मीनी	7. जार्मनिक
4. अल्बानी	8. इटालिक
	9. हिटाइट
	10. तोखारी

भारोपीय परिवार की विशेषताएँ -

➢ रचना की दृष्टि से भारोपीय परिवार श्लिष्ट योगात्मक है।

➢ इस परिवार की मूल भाषाएँ संस्कृत, ग्रीक, लैटिन आदि संयोगात्मक थीं, परन्तु इनसे विकसित आधुनिक भाषाएँ हिन्दी, अंग्रेजी आदि वियोगात्मक हो गई।

➢ भारोपीय भाषाओं की धातुएँ प्रायः एकाक्षर थीं।

➢ इन भाषाओं में (संस्कृत में) प्रत्यय दो प्रकार के थे-

1. कृत् - जो सीधे धातु से जोड़े जाते थे। इन्हें Primary Suffixes कहते हैं। जैस - भू + त = भूत

2. तद्धित - ये शब्दो से जुड़ते हैं। जैसे - भूत + इक = भौतिक इन्हें Secondary Suffixes कहते हैं।

➢ शब्द या धातु से पद बनाने के लिए दो प्रकार से प्रत्यय लगते थे -

(क) सुप् - (Case-imdicating Suffixes)(शब्दों से)

(ख) तिङ्- (Verbal Suffixes) (धातुओं से)

➢ पदों का ही वाक्य में प्रयोग होता था।

➢ पदों को समस्त कर बृहत् पद बनाने की प्रवृत्ति मूल भारोपीय भाषा में थी। वह भारोपीय परिवार में भी रही।

➢ मूल भारोपीय भाषा में उदात्त स्वर के कारण स्वर भेद (गुण, वृद्धि, दीर्घ) होता था।

➢ भारोपीय भाषाओं में मूल प्रत्ययों का लोप हो गया और स्वर परिवर्तन से ही अर्थ-परिवर्तन का काम लिया जाने लगा। अंग्रेजी धातुओं में - Drink - Drank - Drunk, संस्कृत में देव > दैव, विधि > वैध, कुमार > कौमार

➢ भारोपीय भाषा में प्रत्ययों की अधिकता है। मूल भाषा से पृथक् होकर अनेक भाषाएँ विकसित हुईं।

➢ विश्व भाषा परिवारों में भारोपीय भाषा-परिवार का सबसे अधिक महत्त्व है। भारोपीय परिवार में भी आर्य परिवार या आर्य शाखा का सर्वाधिक महत्त्व है।

शतम् वर्ग

1.भारत ईरानी (आर्य) 2.बाल्टो स्लाविक 3.आर्मीनी 4. अल्बानी

1 आर्य या भारत ईरानी शाखा

➢ **प्राचीनतम साहित्य -** विश्व का प्राचीनतम ग्रन्थ 'ऋग्वेद' अपने शुद्ध और प्राचीनतम रूप में संस्कृत में उपलब्ध है।

➢ समस्त वैदिक साहित्य इसी शाखा में प्राप्त है।

➢ पारसियों का धर्मग्रन्थ अवेस्ता इसी शाखा में प्राप्त है।

➢ **प्राचीन वर्णमाला एवं ध्वनियाँ -** मूल भारोपीय भाषा की प्राचीन ध्वनियों के निर्धारण में संस्कृत और अवेस्ता का असाधारण योगदान है।

➢ **प्राचीन संस्कृति एवं सभ्यता -** विश्व की प्राचीनतम संस्कृति और सभ्यता का सर्वांगीण इतिहास संस्कृत और अवेस्ता भाषा के साहित्य से प्राप्त होता है।

➢ **भाषाशास्त्रीय देन -** भाषाशास्त्र को ध्वनिविज्ञान, पद विज्ञान (व्याकरण), अर्थविज्ञान का मौलिक आधार संस्कृत से ही प्राप्त होता है।

भारतीय आर्यभाषाएँ

कालविभाजन

भारतीय आर्यभाषाओं को काल की दृष्टि से तीन भागों में बाँटा गया है-

1. प्राचीन भारतीय आर्यभाषाएँ - 2500ई. पू. से 500ई. पू. तक

2. मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाएँ - 500ई.पू. से 1000ई. तक

3. आधुनिक भारतीय आर्यभाषाएँ - 1000 ई. से वर्तमान समय तक

प्राचीन भारतीय आर्यभाषाएँ

➢ विकास क्रम के अनुसार प्राचीन भारतीय आर्यभाषाओं को दो भागों में बाँटा गया है-

1. वैदिक संस्कृत 2. लौकिक संस्कृत

वैदिक संस्कृत -

- ➢ वैदिक संस्कृत को ही 'वैदिक', 'वैदिकी', 'छन्दस्' तथा 'छान्दस' आदि नामों से भी जाना जाता है।
- ➢ प्राचीनतम रूप ऋग्वेद में मिलता है।
- ➢ अन्य वेदों का समय इसके बाद ही माना जाता है।
- ➢ समस्त प्राचीनतम संस्कृत वाङ्मय वैदिक संस्कृत में मिलता है
- ➢ वैदिक भाषा की पद रचना शिलष्ट योगात्मक थी।
- ➢ धातुरूपों में लेट् लकार का प्रयोग होता था।
- ➢ वेद में संगीतात्मक स्वर की प्रधानता थी।

लौकिक संस्कृत

- ➢ संस्कृत का सबसे प्राचीन एवं आदिकाव्य वाल्मीकिरामायण 500 ई.पू. का है।
- ➢ महाभारत, पुराण, काव्य, नाटक आदि ग्रन्थ 500 ई.पू. से आज तक अविच्छिन्न एवं अविहत गति से अपना गौरव स्थापित किये हुए हैं।
- ➢ यास्क, पतञ्जलि, कात्यायन, भास, कालिदास आदि के लेखों से यह स्वतः सिद्ध होता है कि ईसा पूर्व तक संस्कृत लोक व्यवहार की भाषा थी।
- ➢ संस्कृत में ही समस्त प्राचीनज्ञान, विज्ञान, कला, पुराण, काव्य, नाटक आदि है।
- ➢ संस्कृत ने न केवल भारतीय भाषाओं को अनुप्राणित किया अपितु विश्व भाषाओं मुख्यतया भारोपीय भाषाओं को भी प्रभावित किया।

मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाएँ

➢ मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं को तीन भागों में बाँटा गया है -

1.प्राचीन प्राकृत या पालि (500 ई. पू. से 100 ई. तक)

2.मध्यकालीन प्राकृत (100 ई. से 500 ई. तक)

3.परकालीन प्राकृत या अपभ्रंश (500 ई. से 1000ई. तक)

आधुनिक भारतीय आर्यभाषाएँ -

1. पश्चिमी हिन्दी - इसकी पाँच प्रमुख बोलियाँ हैं-

1. खड़ी बोली 2. ब्रजभाषा 3. बाँगरु 4. कन्नौजी 5. बुन्देली

2. राजस्थानी -

- ➢ इसका विकास शौरसेनी के नागर अपभ्रंश से हुआ है।
- ➢ पिंगल के अनुकरण पर राजस्थानी में **डिंगल** काव्य की रचना हुई। इसकी चार प्रमुख बोलियाँ हैं - मारवाड़ी, जयपुरी, मालवी, मेवाती।

3. गुजराती -

4. मराठी - 4 बोलियाँ मुख्य हैं- देशी, कोंकणी, नागपुरी, बरारी

5. बिहारी - 3 प्रमुख भाषाएँ हैं- भोजपुरी, मैथिली, मगही

6. बंगाली **7. उड़िया** **8. असमी**

9. पूर्वी हिन्दी -इसकी तीन बोलियाँ हैं।अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी

10. लहँदा (लहँदी) - लहँदा का अर्थ है पश्चिमी। इसकी चार प्रमुख बोलियाँ हैं-

➢ केन्द्रीय बोली, दक्षिणी (मुलतानी), उत्तरपूर्वी (पोठवारी), उत्तरपश्चिमी (धन्नी)

11. सिन्धी -

➢ इसकी पाँच बोलियाँ हैं- विचौली, सिरैकी, लाड़ी, थरेली, कच्छी

12. पंजाबी

13. पहाड़ी - इसके तीन भाषा वर्ग हैं-

- ➢ पश्चिमी (30 बोलियाँ)
- ➢ मध्य (दो 1. गढ़वाली 2. कुमायूँनी)
- ➢ पूर्वी (नेपाली) यह नेपाल की राजभाषा है।

मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाएँ

➢ प्राचीन प्राकृत या पालि (500 ई.पू. से 100 ई. तक)

प्राचीन प्राकृत या पालि (प्रथम प्राकृत)

- ➢ तृतीय शताब्दी ई.पू. से प्रथम शती ई. तक के शिलालेख इसके अन्तर्गत आते हैं।
- ➢ पालि बौद्धग्रन्थ - महावंश, जातक आदि कथाएँ, प्राचीन जैनसूत्रों की भाषा, प्रारम्भिक नाटकों की भाषा प्राकृत रही है।
- ➢ प्राचीन प्राकृत को प्रथम प्राकृत भी कहते हैं।

प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत से - प्रकृति का अर्थ है-मूलभाषा संस्कृत, उससे उत्पन्न भाषा प्राकृत है।

- ➢ प्राकृत भाषा के सभी प्राचीन वैयाकरणों ने प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत से मानी है।
- ➢ प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम् (हेमचन्द्र)
- ➢ प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं प्राकृतमुच्यते (प्राकृतसर्वस्व)
- ➢ प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवत्वात् प्राकृतं स्मृतम् (प्राकृत चन्द्रिका)
- ➢ प्राकृतस्य तु स्वयमेव संस्कृतं योनिः (प्राकृत संजीवनी)
- ➢ नाट्यशास्त्रकार भरतमुनि ने यह कहा है कि संस्कृत भाषा के शब्दों का ही विकृत एवं परिवर्तित रूप प्राकृत भाषा है।

पालि की व्युत्पत्ति -

- ➢ डा. मैक्स वेलेसन ने पाटलि (पाटलिपुत्र) से पालि की उत्पत्ति मानी है। पाटलि > पाडलि > पालि
- ➢ भिक्षु जगदीश काश्यप ने परियाय (बुद्धोपदेश) शब्द से पालि की उत्पत्ति मानी है।
  परियाय > पलियाय > पालियाय > पालि
- ➢ अमरकोश के टीकाकार भानुजी दीक्षित ने 'पालरक्षणे' से पालि शब्द माना है। पाल् + इ = पालि
- ➢ आचार्य बुद्धघोष और आचार्य धम्पपाल ने छठी शती ई. ने

पालि शब्द का प्रयोग बुद्धवचन या मूल त्रिपिटक के लिये किया है। उससे यह शब्द 'पालि' भाषा के लिए आया है।
- अभिधानप्पदीपिका ने पा धातु से पालि शब्द माना है पा - पालेति रक्खतीति पालि, जो रक्षा करती है या पालन करती है।

पालि की प्रमुख विशेषताएँ
- पालि में वैदिक संस्कृत की 5 स्वर ध्वनियाँ लुप्त हो गई - ऋ, ॠ, ऌ, ऐ, औ।
- पालि में वैदिक संस्कृत के 5 व्यंजन लुप्त हो गए- श, ष, (:) विसर्ग, जिह्वामूलीय, उपध्मानीय
- पालि मे दो नए स्वर आयें - ह्रस्व एँ, ह्रस्व ओ।
- संस्कृत के ऐ > ए, औ > ओ हो गए।
- ड, ढ को ळ, ळह्।
- संधियों में केवल तीन संधियाँ हैं-

1. स्वर सन्धि 2. व्यंजन सन्धि 3. निग्गहीत (अनुस्वार) सन्धि
- पालि में हलन्त शब्द नही हैं। केवल अजन्त ही हैं।
- पालि में द्विवचन नहीं होता है।
- शब्दरूपों में चतुर्थी और षष्ठी के रूप समान होते हैं।
- स्त्री प्रत्यय सात हैं - आ, ई, इनी, नी, आनी, ऊ, ति।
- पालि में 500 से अधिक धातुएँ हैं, 9 गण हैं। अदादिगण और जुहोत्यादिगण नहीं है।
- पालि में लेट् लकार के रूप भी मिलते हैं - हनासि, दहासि
- आत्मनेपद का प्रयोग प्रायः लुप्त हो गया। परस्मैपद शेष रहा
- पालि में तद्भव शब्दों का आधिक्य है। तत्सम और देशज शब्द कम है।

शिलालेखी प्राकृत
- प्राचीन प्राकृत में अशोक के शिलालेखों की प्राकृत भी आती है, अतः इसे **शिलालेखी प्राकृत** भी कहते हैं।
- शिलालेखी प्राकृत को ही अशोकन प्राकृत, लाट प्राकृत भी कहते हैं।

मध्यकालीन प्राकृत (द्वितीय प्राकृत)
- मध्यकालीन प्राकृत को **'साहित्यिक प्राकृत'** भी कहते हैं।
- सर्वप्रथम भरतमुनि ने प्राकृत भाषाओं के विषय में विचार किया है। उनके मतानुसार 7 मुख्य प्राकृत है और 7 गौण
- **मुख्य प्राकृत -** मागधी, अवन्तिजा, प्राच्या, शौरसेनी, अर्धमागधी, बाहलीक, दाक्षिणात्य (महाराष्ट्री)
- **गौण प्राकृत -** शाबरी, आभीरी, चाण्डाली, सचरी, द्राविड़ी, उद्स्ता, वनेचरी
- प्राचीन प्राकृत वैयाकरण वररुचि ने चार प्राकृत मानी हैं- शौरसेनी, महाराष्ट्री, मागधी, पैशाची। मागधी के दो रूप हो गये (1) मागधी (2) अर्धमागधी

1- शौरसेनी
- इसका क्षेत्र शूरसेन (मथुरा के आस-पास) प्रदेश था।
- इसका विकास पालि कालीन स्थानीय भाषा से हुआ।
- मध्यदेश की भाषा थी।
- नाटकों में सर्वाधिक प्रयोग हुआ।
- स्त्रियों आदि का वार्तालाप शौरसेनी प्राकृत में ही होता था।
- शौरसेनी से वर्तमान **हिन्दी का विकास** हुआ
- राजशेखर कृत **कर्पूरमंजरी का समस्त गद्य भाग शौरसेनी प्राकृत** में है।
- भास, कालिदास आदि के **नाटकों में गद्य शौरसेनी** में ही है।

2 - महाराष्ट्री
- मूलस्थान महाराष्ट्र है। इससे ही **मराठी भाषा का विकास** हुआ।
- प्राकृत में सर्वाधिक साहित्य महाराष्ट्री में है।
- दण्डी ने काव्यादर्श में महाराष्ट्री को सर्वश्रेष्ठ प्राकृत माना है।
- प्राकृत नाटकों में **पद्यरचना महाराष्ट्री** में है।
- महाराष्ट्री प्राकृत के प्रसिद्ध ग्रन्थ हैं - राजा हाल कृत गाहा सत्तसई (गाथा सप्तशती), प्रवरसेन कृत रावणवहो (सेतुबन्धः), वाक्पति कृत गउडवहो (गौडवधः), जयवल्लभ कृत - वज्जालग्ग, हेमचन्द्राचार्य कृत 'कुमारपालचरित'
- कर्पूरमञ्जरी के पद्य महाराष्ट्री में है।
- भरतमुनि ने दाक्षिणात्य प्राकृत से महाराष्ट्री का निर्देश किया है।

3- मागधी
- यह मगध की भाषा थी।
- प्राचीनतम रूप अश्वघोष के नाटकों में मिलता है।
- लंका में पालि को मागधी कहते हैं।
- कालिदास के नाटकों में तथा शूद्रक के मृच्छकटिक में मागधी का प्रयोग मिलता है।
- भरत के नाट्यशास्त्र के अनुसार अन्तःपुर के नौकर, अश्वपालक आदि की भाषा मागधी थी।
- इसके तीन प्रकार मिलते हैं -

1. शकारी 2. चाण्डाली 3. शाबरी
- मागधी से ही भोजपुरी, मैथिली, बंगला, उड़िया, असमी विकसित हुई।

4- अर्धमागधी
- अर्धमागधी का क्षेत्र मागधी और शौरसेनी के मध्य में है।
- यह कोसल के समीपवर्ती क्षेत्र की भाषा थी।
- इसमें मागधी के गुण अधिक है और साथ ही शौरसेनी के भी, अतः इसे अर्धमागधी कहा जाता है।
- मागधी को **ऋषिभाषा** या **आर्यभाषा** भी कहते हैं।

- भगवान् महावीर के सभी धर्मोपदेश इसी भाषा में हैं।
- अधिकांश **जैन साहित्य** इसी भाषा में है।
- इसमें गद्य और पद्य दोनों प्रकार का साहित्य है।
- आचार्य विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण में इसे चेट, राजपुत्र एवं सेठों की भाषा बताया है।
- इसका प्राचीनतम प्रयोग **अश्वघोष के नाटकों में** मिलता है।
- **मुद्राराक्षस और प्रबोधचन्द्रोदय में** अर्धमागधी का प्रयोग हुआ है।
- इससे **पूर्वी हिन्दी का विकास** हुआ है।

5 - पैशाची

- इसका क्षेत्र पश्चिमोत्तर भारत एवं अफगानिस्तान का क्षेत्र था।
- पैशाची को **पैशाचिकी, भूतभाषा, भूतभाषित** आदि भी कहते हैं।
- गुणाढ्य की प्रसिद्ध रचना 'बृहत्कथा' पैशाची प्राकृत में ही है।
- वर्तमान समय में इसका साहित्य **'नगण्य'** है।
- इसका विकसित रूप **'लहँदा' भाषा** है।
- हेमचन्द्र कृत-कुमारपालित और काव्यानुशासन में तथा हम्मीरमदमर्दन नाटक में इसका प्रयोग मिलता है।
- राक्षस, पिशाच, निम्नकोटि के पात्र लोहार आदि इसी भाषा का प्रयोग करते थे। (रक्षः पिशाचनीचेषु पैशाची द्वितयं भवेत्)

प्राकृत भाषाओं की सामान्य विशेषताएं -

- प्राकृत श्लिष्ट योगात्मक भाषा है।
- शब्दरूपों और धातुरूपों की संख्या प्राकृत में कम हो गई।
- शब्दरूप केवल तीन या चार प्रकार के रह गए।
- धातु के रूप भी प्रायः एक या दो प्रकार से चलने लगे।
- प्राकृत भाषा संयोगात्मक से वियोगात्मक की ओर अग्रसर हुई।
- प्राकृत भाषा में आत्मनेपद का अभाव हो गया।
- तद्भव शब्दों की संख्या प्राकृत में अधिक है। तत्सम शब्दों की कम।

अपभ्रंश (परकालीन प्राकृत, तृतीय प्राकृत)

- अपभ्रंश शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग आचार्य व्याडि और पतञ्जलि ने किया है। भर्तृहरि, भामह, दण्डी आदि ने भी अपभ्रंश का उल्लेख किया है।
- अपभ्रंश के सबसे प्राचीन उदाहरण भरतमुनि के नाट्यशास्त्र में मिलते हैं।
- दण्डी के समय से इसका प्रयोग प्रारम्भ हो गया था।
- अपभ्रंश साहित्य की प्रमुख रचनाएँ निम्न हैं-
  हरिषेण कृत - पउमचरिउ
  पुष्पदन्त कृत - महापुराण और जसहर चरिउ
  विद्यापति कृत - कीर्तिलता
  अद्दहमाण कृत - सन्देश-रासक
- अपभ्रंश को देशीभाषा, देसी, अपभ्रष्ट, अवहट्ट भी कहते हैं।
- मार्कण्डेय ने प्राकृत सर्वस्व में तीन अपभ्रंश माने हैं- नागर, उपनागर, ब्राचड।
- नागर गुजरात की अपभ्रंश, ब्राचड सिन्धु की, उपनागर दोनों के मध्य की मानी जाती है।
- सामान्यतया सभी भाषाशास्त्री विद्वानों का मत है कि पाँच प्राकृतों से ही अपभ्रंश का विकास हुआ है।

❑❑

2. संस्कृत- साहित्य के इतिहास की जानकारी

संस्कृत साहित्य समीक्षा के प्रमुख सिद्धान्त

- काव्यशास्त्र का ही एक नाम **'साहित्यशास्त्र'** है आधुनिक युग में अन्य सब नामों की अपेक्षा यह नाम अधिक प्रचलित है।
- राजशेखर ने तो इसे 'साहित्यविद्या' नाम से अभिहित किया है।
- साहित्यशास्त्र का प्रमुख तत्त्व 'आत्मतत्त्व' है। प्राचीन आचार्य इसी आत्मतत्त्व के चिन्तन में सक्रिय रहे हैं और अपने-अपनें चिन्तन के आधार पर अलग-अलग रूपों में अवलोकन करते रहे। इसप्रकार विभिन्न आचार्यों द्वारा काव्य के विभिन्न तत्त्वों का काव्यात्म रूप में दर्शन के कारण छः सम्प्रदायों अथवा सिद्धान्तों का जन्म हुआ। इसप्रकार साहित्यशास्त्र के मुख्यतः छः सिद्धान्त/ सम्प्रदाय बन गये-

1. रस सम्प्रदाय	2. अलङ्कार सम्प्रदाय
3. रीति सम्प्रदाय	4. वक्रोक्ति सम्प्रदाय
5. ध्वनि सम्प्रदाय	6. औचित्य सम्प्रदाय

1. रस-सम्प्रदाय - आचार्य भरत

- इस सम्प्रदाय के प्रथम आचार्य **'भरत'** माने जाते हैं।
- राजशेखर, **नन्दिकेश्वर** को रस का मूल व्याख्याता मानते हैं। किन्तु उनका कोई ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है।
- आचार्य भरत की दृष्टि में साहित्य रचना के लिए रस इतना महत्त्वपूर्ण है कि उसके बिना कोई अर्थ ही नहीं प्रवृत्त होता।
- विभाव, अनुभाव और व्यभिचारी भाव ही रस के निष्पादक होते हैं-

नहि रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्तते।
विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः॥

यह रससूत्र ही रससिद्धान्त का प्राणभूत है।

- भरत के रस-सिद्धान्त के इस सूत्र में 'संयोग' और 'निष्पत्ति' शब्दों की व्याख्या में बड़ा मतभेद है। जिसके परिणामस्वरूप अनेक सिद्धान्तों का जन्म हुआ।
- भट्टलोल्लट, शङ्कुक, भट्टनायक और अभिनवगुप्त ही भरत के रससूत्र के प्रमुख व्याख्याकार हैं।
- भट्टलोल्लट का मत **'उत्पत्तिवाद'** है।
- श्रीशङ्कुक का मत **'अनुमितिवाद'** है।
- भट्टनायक का मत **'भुक्तिवाद'** है।
- अभिनवगुप्त का मत **'अभिव्यक्तिवाद'** के नाम से प्रसिद्ध है।
- आचार्य मम्मट भी अभिनवगुप्त के 'अभिव्यक्तिवाद' का समर्थन करते हैं।
- काव्याश्रित रस के सम्बन्ध में प्रथम बार व्याख्या 'अग्निपुराण' में हुई।
- आचार्य भरत आठ रसों को ही स्वीकार करते हैं।
  'अष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः।'
- भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र के छठे अध्याय में रस तथा सातवें अध्याय में स्थायीभावों का विस्तार से वर्णन किया है, वही रस सिद्धान्त का आधार है।

प्रवर्तक- आचार्य भरत
समर्थक- शारदातनय, शिङ्गभूपाल, भानुदत्त, रूपगोस्वामी, भोजराज, विश्वनाथ, राजशेखर, केशवमिश्र आदि।

2. अलङ्कार-सम्प्रदाय - आचार्य भामह

- रस सम्प्रदाय के बाद दूसरा स्थान अलङ्कार सम्प्रदाय का आता है।
- आचार्य **'भामह'** इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक माने जाते हैं।
- अलङ्कार सम्प्रदाय के अनुयायी भी रस की सत्ता मानते हैं, किन्तु उसे प्रधानता नहीं देते।
- उनके मत में काव्य का प्राणभूत जीवनाधायक तत्त्व अलङ्कार ही है।
  'रसवद्दर्शितस्पष्टश्रृङ्गारादिरसं यथा।'-
  भामह (काव्यालङ्कार 3/6)
- अलङ्कार सम्प्रदायवादी, काव्य में अलङ्कारों को ही प्रधान मानते हैं और इसका अन्तर्भाव रसवदलङ्कारों में करते हैं।
- रसवत् प्रेय, ऊर्जस्विन् और समाहित, चार प्रकार के रसवदलङ्कार माने जाते हैं।
- भामह के अतिरिक्त दण्डी भी इन रसवदलङ्कारों के भीतर ही रस का अन्तर्भाव करते हैं।
  'मधुरे रसवद्वाचि वस्तुन्यपि रसस्थितिः।' दण्डी (काव्यादर्श 1/51)
- इस सिद्धान्त की भी व्याख्या अग्निपुराण में मिलती है।
- जयदेव के अनुसार, अलङ्कारविहीन काव्य की कल्पना वैसी ही है जैसे 'उष्णताविहीन अग्नि की कल्पना।'
- सर्वप्रथम भरत ने चार अलङ्कारों (उपमा, रूपक,दीपक, यमक) का उल्लेख किया है।
- अग्निपुराणकार ने 23 अलङ्कारों को स्वीकार किया है।
- भामह ने 38 अलङ्कारों का विवेचन किया है।

- उद्भट 41 अलङ्कार मानते हैं।
- रुद्रट ने 68 अलङ्कारों का निरूपण किया है।
- भोज ने 72 अलङ्कारों को स्वीकार किया है।
- मम्मट 67 अलङ्कारों का उल्लेख करते हैं। 6 शब्दालङ्कार और 61 अर्थालङ्कार।
- रुय्यक और विश्वनाथ ने 78 अलङ्कारों को स्वीकार किया है।
- जयदेव अपने चन्द्रालोक में 100 अलङ्कार मानते हैं।
- अप्पयदीक्षित ने 'कुवलयानन्द' में 120 अलङ्कारों का विवेचन किया है।

समर्थक- इस सम्प्रदाय के समर्थकों में दण्डी, उद्भट, रुद्रट, जयदेव, अप्पयदीक्षित, पण्डितराज जगन्नाथ, तथा विश्वेश्वर पाण्डेय आदि प्रमुख हैं।

3. रीति सम्प्रदाय '- आचार्य वामन

- कालक्रम में अलङ्कार- सम्प्रदाय के बाद रीति-सम्प्रदाय का स्थान आता है।
- रीति सम्प्रदाय के संस्थापक **आचार्य वामन हैं।**
- वामन ने काव्य में अलङ्कार की प्रधानता के स्थान पर रीति की प्रधानता का प्रतिपादन किया है- **'रीतिरात्मा काव्यस्य'**
- यह आचार्य वामन का सिद्धान्त है, इसीलिए उन्हें रीति-सम्प्रदाय का प्रवर्तक माना जाता है।
- इन्होंने 'रीति' को इस प्रकार बताया है- **'विशिष्टपदरचना रीतिः।'** अर्थात् विशिष्ट पद रचना का नाम 'रीति' है।
- वाक्य में आये 'विशिष्ट' शब्द की व्याख्या- **'विशेषो गुणात्मा'** है।
- इस प्रकार काव्य में माधुर्यादि गुणों का समावेश ही उसकी विशेषता है और यह विशेषता ही 'रीति' है।
- इस सिद्धान्त में 'गुण' और 'रीति' का अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्ध है, इसलिए 'रीति- सम्प्रदाय' को **'गुण-सम्प्रदाय'** के नाम से भी जाना जाता है।
- वामन ने निम्न दो सूत्रों के माध्यम से गुण और अलङ्कार का भेद स्पष्ट किया है, तथा अलङ्कार की अपेक्षा गुण को अधिक महत्त्व दिया है।

सूत्र-1 **'काव्यशोभायाः कर्तारो धर्माः गुणाः।'**
(काव्यालङ्कार सूत्र - 3.2.1)

2. **'तदतिशयहेतवस्त्वलङ्काराः।'** (काव्यालङ्कार सूत्र-3.1.2)

- गुण काव्यशोभा के उत्पादक होते हैं तथा अलङ्कार केवल उस शोभा के अभिवर्धक होते हैं।
- अतः काव्य में अलङ्कारों की अपेक्षा गुणों का स्थान अधिक महत्त्वपूर्ण है।
- राजशेखर ने रीति का सर्वप्रथम अधिकारी **'सुवर्णनाभ'** को बताया है, किन्तु 'सुवर्णनाभ' कौन थे? उनकी रचना कौन सी है? इसके बारे में कुछ पता नहीं है।
- 'रीति' का व्यापक अर्थ लेने पर वेदों में भी रीति की झलक दिखलाई देती है।
- रीति का शास्त्रीय विवेचन भरत के 'नाट्यशास्त्र' से प्रारम्भ होता है।
- रीति के चार भेद स्वीकार किये गये हैं- वैदर्भी, गौडी, पाञ्चाली और लाटी।
- रीति एक रचना शैली है जिसके अन्तर्गत रस, गुण, अलङ्कार आदि समाविष्ट हैं।

4. वक्रोक्ति सम्प्रदाय - आचार्य कुन्तक

- कालक्रमानुसार रीति के बाद वक्रोक्ति- सम्प्रदाय आता है।
- वक्रोक्ति सम्प्रदाय के संस्थापक वक्रोक्तिजीवितकार आचार्य **'कुन्तक'** माने जाते हैं।
- आचार्य कुन्तक ने काव्य में रीति की प्रधानता को समाप्त कर 'वक्रोक्ति' की प्रधानता को स्थापित किया।
- यद्यपि काव्य में 'वक्रोक्ति' की महत्ता भामह ने भी स्वीकार किया है-

सैषा सर्वैव वक्रोक्तिरनयार्थो विभाव्यते।
यत्नोऽस्यां कविना कार्यः कोऽलङ्कारोऽनया विना॥
(भामह- काव्यालङ्कार- 2/85)

- दण्डी ने काव्य में 'वक्रोक्ति' का महत्त्व इस प्रकार वर्णित किया है-

'भिन्नं द्विधा स्वभावोक्तिर्वक्रोक्तिश्चेति वाङ्मयम्'
(काव्यादर्श- 2/363)

- आचार्य वामन ने भी काव्य में 'वक्रोक्ति' का स्थान माना है- **'सादृश्याल्लक्षणा वक्रोक्तिः'** (काव्यालङ्कार सूत्र- 4.3.8)
- तथापि इन आचार्यों के मत से 'वक्रोक्ति' सामान्य अलङ्कार आदिरूप ही है।
- आचार्य कुन्तक ने वक्रोक्ति को जो गौरव प्रदान किया है, वह गौरव इन आचार्यों ने नहीं दिया है।
- इसलिए 'कुन्तक' ही इस सम्प्रदाय के संस्थापक माने जाते हैं।
- आचार्य कुन्तक ने इस सिद्धान्त के ऊपर भी 'वक्रोक्तिजीवित' नामक विशाल एवं महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ की रचना की है।
- आचार्य कुन्तक ने 'रीति-सम्प्रदाय' को भी परिमार्जित करके अपने यहाँ स्थान दिया है।
- वामन की वैदर्भी आदि रीतियाँ देश भेद के आधार पर मानी जाती थीं, किन्तु कुन्तक ने उनका आधार देश को न मानकर रचनाशैली को माना है और उनके 'रीति' के स्थान पर मार्ग शब्द का प्रयोग किया है।
- आचार्य कुन्तक, वामन की 'वैदर्भी' रीति को 'सुकुमारमार्ग', गौडी रीति को 'विचित्रमार्ग' तथा पाञ्चाली रीति को 'मध्यम मार्ग' कहते हैं।

- कुन्तक के अनुसार वक्रोक्ति छः प्रकार के हैं-
  1. वर्ण- विन्यास वक्रता 2. पदपूर्वार्द्ध वक्रता
  3. पदोत्तरार्द्ध वक्रता 4. वाक्य वक्रता
  5. प्रकरण वक्रता 6. प्रबन्ध वक्रता
- अतः उक्ति वैचित्र्य के आधार पर कुन्तक का यह 'वक्रोक्ति सिद्धान्त', अलङ्कार सिद्धान्त की ही एक शाखा है।

5. ध्वनि- सम्प्रदाय - आचार्य आनन्दवर्धन

- वक्रोक्ति सम्प्रदाय के बाद ध्वनि- सम्प्रदाय का उदय हुआ।
- इस सम्प्रदाय के संस्थापक आचार्य **'आनन्दवर्धन'** माने जाते हैं।
- आनन्दवर्धन के मत में 'काव्य की आत्मा ध्वनि है'-
  'काव्यस्यात्मा ध्वनिरति बुधैर्यः समाम्नातपूर्वः।'
- सभी सम्प्रदायों में ध्वनि- सम्प्रदाय सबसे प्रबल एवं महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त रहा है।
- विद्वानों के अत्यन्त विरोध पर भी ध्वनि- सिद्धान्त वैसे ही प्रफुल्लित रहा है।
- **ध्वनि-** सिद्धान्त के विरोधी समूह में वैयाकरण, साहित्यिक, वेदान्ती, मीमांसक आदि प्रमुख हैं।
- आचार्य मम्मट ने विरोधियों का खण्डन करके ध्वनि- सिद्धान्त की पुनः स्थापना की, इसीलिए मम्मट को **'ध्वनिप्रतिष्ठापक परमाचार्य'** कहा जाता है।
- आनन्दवर्धन ने आत्मा का अर्थ, 'तत्त्व' किया है और तत्त्व का अर्थ है, 'जिसके स्वरूप का कभी बाध न हो'
- काव्य का वह आत्म स्थानीय अर्थ 'प्रतीयमान' कहलाता है। यही प्रतीयमान अर्थ काव्य की आत्मा है।
- इनके अनुसार प्रतीयमान अर्थ वह है जो अङ्गना के प्रसिद्ध अवयवों से भिन्न लावण्य के समान महाकवियों की वाणी में वाच्यार्थ से भिन्न भाषित होता है। सहृदयी जनों को यही अर्थ आनन्दित करता है-

  प्रतीयमानं पुनरन्यदेव वस्त्वस्ति वाणीषु महाकवीनाम्।
  यत्तत्प्रसिद्धावयवातिरिक्तं विभाति लावण्यमिवाङ्गनासु॥
  (ध्वन्यालोक-1/4)
- यही प्रतीयमान अर्थ ध्वन्यर्थ या व्यङ्ग्यार्थ है जो तीन प्रकार से होता है-
  1. रसादि रूप में 2. अलङ्कार रूप में 3. वस्तु रूप में
  'एवं वस्त्वलङ्काररसभेदेन त्रिधा ध्वनिः'
- इसमें वस्तुध्वनि और अलङ्कारध्वनि की अपेक्षा रसध्वनि श्रेष्ठ है और यही काव्य की आत्मा है।
- आनन्दवर्धन के अनुयायी अभिनवगुप्त भी रसध्वनि को काव्य की आत्मा स्वीकारते हैं। **'सर्वत्र रसध्वनेरेवात्मभावः।'**

समर्थक- इस सिद्धान्त के समर्थक रुय्यक, मम्मट, अभिनवगुप्त और पण्डितराज जगन्नाथ हैं।

6. औचित्य- सम्प्रदाय - आचार्य क्षेमेन्द्र

- औचित्य सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य **क्षेमेन्द्र** माने जाते हैं। उन्होंने औचित्य को काव्य का **जीवितत्त्व** कहा है-
  'औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्।'
- इसी आधार पर क्षेमेन्द्र को औचित्य सम्प्रदाय का प्रवर्तक माना जाता है किन्तु उनके पहले भी इस पर विचार हो चुका था।
- सर्वप्रथम भरत के ' नाट्यशास्त्र' में औचित्य की चर्चा की गयी है।
- भरत के पश्चात् भामह ने औचित्य को काव्य का सबसे बड़ा गुण बताया है।
- दण्डी ने भी गुण, दोष के विधान में औचित्य और अनौचित्य को कारण स्वीकार किया है।
- रुद्रट ने अनौचित्य को सर्वाधिक महत्त्व दिया है। उनके अनुसार रस का उन्मेष, परमरहस्य औचित्य है और अनौचित्य ही रसभङ्ग का प्रधान कारण है।
  'अनौचित्यादृते नान्यद् रसभङ्गस्य कारणम्।'
- महिमभट्ट ने काव्य में औचित्य को अनिवार्य तत्त्व बताया है।
- आचार्य क्षेमेन्द्र औचित्य को परिभाषित करते हुए कहते हैं, ''जो वस्तु जिसके अनुरूप होती है उसे 'उचित' कहते हैं और उचित का जो भाव है, वह औचित्य कहलाता है''-

  उचितं प्राहुराचार्याः सदृशं किल यस्य यत्।
  उचितस्य च यो भावस्तदौचित्यं प्रचक्षते॥
  (औचित्यविचारचर्चा, 7)
- यह औचित्य ही रस का जीवितभूत है, उसका प्राण है और काव्य में चमत्कारी तत्त्व हैं।
  'औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्।'
  (औचित्यविचारचर्चा)
- क्षेमेन्द्र के अनुसार - अलङ्कारों में अलङ्कारत्व तभी होता है जबकि उनका विन्यास उचित स्थान पर होता है और गुणों में गुणत्व तभी होता है जबकि औचित्य से च्युत नहीं होते हैं-

  उचितस्थानविन्यासादलङ्कृतिरलङ्कृतिः।
  औचित्यादच्युता नित्यं भवन्त्येव गुणा गुणाः॥
  (औचित्यविचारचर्चा)
- क्षेमेन्द्र ने- 'औचित्यविचारचर्चा' में औचित्य के सत्ताइस (27) भेदों का निरूपण किया है, किन्तु काव्य के प्रत्येक अङ्गों में औचित्य के व्याप्त होने के कारण उसके अनेक भेद हो सकते हैं।

काव्य

- काव्य शब्द संस्कृत भाषा में बहुत प्राचीन है जिसे कवि के कर्म के रूप में जाना जाता है-
  'कवेः कर्म काव्यम् ' (कवि +ण्यत्)
- 'कवि' शब्द 'कु' अथवा 'कव् ' धातु (भ्वादिगण आत्मनेपदी - कवते) से बना है। जिसका अर्थ है-
  ध्वनि करना, विवरण देना, चित्रण करना।
- महाकाव्य साहित्यविधा का उद्‌भव वैदिकसूक्तों से ही मिलता है जैसे - स्तुतिपरक नाराशंसियाँ, दान- स्तुतियाँ, संवादसूक्त आदि द्वारा।
- रामायण और महाभारत जैसे आर्षकाव्य महाकाव्यसाहित्य विधा के भास्कर हैं जिन्होंने परवर्ती काव्यों को विषयवस्तु शैली, भाषा शैली, वर्णनविधि आदि की उपजीव्यता दी।
- वाल्मीकि से कालिदास की रचना तक आने में काव्यकला को कई शताब्दियाँ लगी।
- रामायण, महाभारत के बाद कालिदास की उत्पत्ति तक जो महाकाव्य लिखे गये थे वे केवल नाम मात्र ही शेष हैं।
  इस काल के कुछ ग्रन्थों के नाम निम्नलिखित हैं–
  जाम्बवतीजय या **पातालविजय** (पाणिनि -450 ई॰पू॰)
- 18 सर्गों में श्रीकृष्ण द्वारा पाताल जाकर जाम्बवती के विजय और परिणय की कथा वर्णित है।
- राजशेखर के नाम से जल्हण की सूक्तिमुक्तावली (1247) में उद्‌धृत-**नमः पाणिनये तस्मै यस्मादाविरभूदिह।**
  आदौ व्याकरणं काव्यमनु जाम्बवतीजयम्॥
- वररुचि (350ई॰पू॰) ने **'स्वर्गारोहण'** नामक काव्य बनाया था।
  जिसे पतञ्जलि ने - **वाररुचं काव्यम्** कहा है।
  समुद्रगुप्त के 'कृष्णचरित' काव्य में इसका उल्लेख है।
- महाभाष्यकार पतञ्जलि -150 ई॰पू॰ में 'महानन्द -काव्य' की रचना की थी।
- समुद्रगुप्त ने कृष्णचरित में इसकी चर्चा की है।
- इसके बाद महाकवि कालिदास का युग प्रारम्भ होता है।
- मनोहारिणी शैली के प्रवर्तक कालिदास।
- इसी शृंखला में महाकवि भारवि, माघ और श्रीहर्ष का नाम उल्लेखनीय है।

काव्य के प्रकार

- काव्य के मुख्यतः दो भेद होते हैं- **श्रव्य और दृश्य**
  काव्य का वर्गीकरण

श्रव्य-

(1) पद्य	-	1. महाकाव्य - रघुवंशम् आदि
		2. खण्डकाव्य - मेघदूतम् आदि
		3. मुक्तककाव्य - नीतिशतकम् आदि
(2) चम्पू	-	नलचम्पू आदि
(3) कथा	-	कादम्बरी आदि
(4) आख्यायिका	-	हर्षचरितम् आदि

दृश्य

रूपक - 10

1. नाटक	-	अभिज्ञानशाकुन्तलम्
2. प्रकरण	-	मृच्छकटिकम्
3. भाण	-	लीलामधुकरम्
4. प्रहसन	-	धूर्तचरितम्
5. डिम	-	त्रिपुरदाह
6. व्यायोग	-	सौगन्धिकाहरणम्
7. समवकार	-	समुद्रमन्थन
8. वीथी	-	मालविका
9. अङ्क	-	शर्मिष्ठा ययाति
10. ईहामृग	-	कुसुमशेखरविजय

उपरूपक -18

1. नाटिका	2. त्रोटक	3. गोष्ठी
4. सट्टक	5. नाट्यरासक	6. प्रस्थानक
7. उल्लास्य	8. काव्य	9. प्रेंखण
10. रासक	11. संलापक	12. श्रीगदित
13. शिल्पक	14. विलासिका	15. दुर्मल्लिका
16. हल्लीश	17. प्रकरणिका	18. भाणिका

महाकाव्य

- महाकाव्य को सर्वप्रथम आचार्य **भामह** ने परिभाषित किया।
- भामह के बाद **आचार्य दण्डी** ने काव्यादर्श में महाकाव्य का लक्षण प्रस्तुत किया।
- 'अग्निपुराण' में भी महाकाव्य के लक्षण प्राप्त होते हैं।
- महाकाव्य के विषय में विस्तृत वर्णन **विश्वनाथ** ने साहित्यदर्पण में किया।

आचार्य विश्वनाथ के अनुसार महाकाव्य का लक्षण -

- महाकाव्य सर्गों में विभक्त होता है।
- महाकाव्य का नायक देवता, कुलीन क्षत्रिय, धीरोदात्त आदि गुणों से युक्त हो सकता है अथवा एक वंशज अनेक कुलीन राजा भी नायक हो सकते हैं।
  सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः।
  सद्वंशः क्षत्रियो वापि धीरोदात्त गुणान्वितः॥
  एकवंशभवा भूपाः कुलजा बहवोऽपि वा।

- शृङ्गार वीर और शान्त रस में से कोई एक प्रधान रस होता है और अन्य रस उसके सहायक।
- इसमें सभी नाटक संधियाँ होती हैं।

शृङ्गारवीरशान्तानामेकोऽङ्गीरस इष्यते।
अङ्गानि सर्वेऽपि रसाः सर्वे नाटकसन्धयः।

- महाकाव्य का कथानक ऐतिहासिक अथवा किसी सज्जन व्यक्ति से सम्बद्ध होता है।
- धर्मार्थकाममोक्ष का वर्णन होता है तथा इनमें से किसी एक फल की प्राप्ति का वर्णन होता है।

इतिहासोद्भवं वृत्तमन्यद् वा सज्जनाश्रयम्।
चत्वारस्तस्य वर्गाः स्युस्तेष्वेकं च फलं भवेद्॥

- प्रारम्भ में तीन प्रकार के मङ्गलाचरणों में से एक होता है नमस्कारात्मक, वस्तुनिर्देशात्मक अथवा आशीर्वादात्मक में से एक।
- कहीं कहीं पर दुर्जन निन्दा या सज्जन प्रशंसा भी होती है।
- प्रत्येक सर्ग में एक ही छन्दोबद्ध पद्य होते हैं। सर्गान्त में छन्द परिवर्तन होता है।
- सर्ग संख्या 8 से अधिक होनी चाहिए अथवा न्यूनतम 8 होनी चाहिए।
- सर्ग न बहुत छोटे न बहुत बड़े होने चाहिए।
- कहीं कहीं विविध छन्दों से युक्त सर्ग भी होते हैं।
- महाकाव्य में सन्ध्या, सूर्योदय, चन्द्रोदय, वन विहार, नगर, मार्ग, जलक्रीड़ा, वन, सागर, संयोग, वियोग, अन्धकार दिन, प्रातः, शिकार, पर्वत, ऋतु, ऋषि, युद्ध, विजय विवाह, पुत्र जन्मोत्सव आदि विषयों का अवसरानुकूल वर्णन होना चाहिए।
- महाकाव्य का नामकरण वर्णनीय चरित्र के नाम से या कवि के नाम से अथवा किसी दूसरे के नाम से होना चाहिए।
- सर्ग का नाम सर्ग में वर्णनीय कथा के नाम से होना चाहिए।
- लक्ष्य ग्रन्थों को ध्यान में रखकर ये लक्षण बने हैं।

महाकाव्यों का शैलीगत विकास

- संस्कृत महाकाव्यों का विकास दो पृथक् मार्गों से हुआ है - 1.सुकुमारमार्ग 2. विचित्रमार्ग

(1) सुकुमार मार्ग

- आरम्भ में महाकाव्य सुकुमार मार्गी थे।
- सुकुमारमार्ग को **रसमयी पद्धति** भी कहते हैं।
- प्रसादगुणपूर्ण शैली में निरूपित मार्ग।
- वाल्मीकि, व्यास, कालिदास, अश्वघोष आदि कवियों की यही पद्धति है।
- रस और ध्वनि को काव्य की आत्मा मानकर अलंकारों का समुचित प्रयोग होता है।

(2) विचित्रमार्ग

- विचित्रमार्ग के रूप में पाण्डित्यपूर्ण शैली संस्कृत महाकाव्यों में मिलती है।
- शास्त्रीय वैदुष्यपूर्ण भाषा से युक्त महाकाव्य को अलंकार पद्धति या **विचित्रमार्ग** कहा गया।
- इस मार्ग में आनुषङ्गिक वर्णनों की प्रधानता।
- कविगण द्वारा वैदुष्य (विद्वता) का प्रदर्शन।
- विचित्रमार्ग के प्रवर्तक **भारवि** थे।
- भारवि का अनुसरण माघ ने किया।
- दोनों महाकवियों ने मूलकथा को बीच में छोड़कर प्रसक्तानुप्रसक्त वर्णनों में अपने को बाँध लिया।
- इस मार्ग में भाषा और विषय दोनों क्षेत्रों में विशेषता रहती है।
- इस पद्धति में चित्रकाव्य तक कवि पहुँच जाते हैं।
- श्लेषालंकार के प्रयोग से यह शैली दुरुह हो जाती है।
- ओज गुण को प्रमुख स्थान दिया।
- विचित्रमार्गी कवि कथानक की चिन्ता नहीं करते। भारवि ने अल्प कथानक को वर्णनों से भरकर 18 सर्गों का महाकाव्य बना दिया।
- जबकि सुकुमारमार्गी कालिदास ने रघुवंश के 19 सर्गों में अनेक पीढ़ियों के बड़े कथानक को समेट दिया।
- बाद के कवियों के लिए **वाल्मीकि की रसमयी पद्धति** तथा **भारवि की अलंकृत पद्धति** विद्यमान थी।
- बाद के कवियों ने अपनी रुचि के अनुसार दोनों में से एक को अपनाया।
- श्रीहर्ष ने दोनों के समन्वय का सफल प्रयास किया।

नाट्य साहित्य

- साहित्य के सभी प्रकारों में रूपक या नाट्य श्रेष्ठ माना गया है। इसकी रचना को कवित्व की अन्तिम सीमा कहा जाता है- **'नाटकान्तं कवित्वम्।'**
- रूपक में गद्य-पद्य दोनों का मिश्रण तो रहता ही है, इसे सुनने के अतिरिक्त देखा जाता है। श्रव्य की अपेक्षा 'दृश्य' का अधिक सघन प्रभाव होता है।
- भरत ने नाट्यशास्त्र (6/31) में कहा है कि इस नाट्य-संसार में सब कुछ रसमय होता है, रस के बिना यहाँ कुछ भी प्रवृत्त नहीं होता- **'न हि रसादृते कश्चिदप्यर्थः प्रवर्तते।'** कोई व्यक्ति किसी भी रुचि का क्यों न हो, उसे अपना अनुकूल विषय नाट्य-जगत् में अवश्य मिल जायेगा। इसीलिए कालिदास ने इसकी प्रशंसा में कहा है-

नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधनम्।
(मालविकाग्निमित्रम्- 1/4)

- काव्य को संस्कृत काव्यशास्त्रियों ने दृश्य और श्रव्य के रूप में दो वर्गों में रखा है। दृश्यकाव्य के दो भेद हैं- रूपक तथा उपरूपक। रूपक दस तथा उपरूपक अठारह प्रकार के होते हैं। रूपकों का एक प्रमुख भेद 'नाटक' है जो अपने अर्थ का विस्तार करके सामान्यतः आधुनिक भारतीय भाषाओं में नाट्यमात्र या दृश्यकाव्य मात्र (Drama) का अर्थ देता है।
- धनञ्जय ने नाट्य,रूप और रूपक-इन तीन शब्दों के प्रयोग के हेतुओं का निरूपण किया है जो वस्तुतः एकार्थक हैं।
- विविध पात्रों की अवस्थाओं का चतुर्विध अभिनय (आङ्गिक,वाचिक,सात्त्विक तथा आहार्य) के द्वारा जब नट अनुकरण करता है तो इसे **'नाट्य'** कहते हैं।

नाटक

- नाटक का कथानक प्रसिद्ध (इतिहास या पुराण में निर्दिष्ट) होता है, उसका नायक विख्यात वंश में उत्पन्न राजर्षि या राजा रहता है, उसे धीरोदात्त श्रेणी का होना चाहिए। कभी-कभी वीर रस या शृङ्गार रस के अनुरूप वह धीरोद्धत या धीरललित भी हो सकता है किन्तु धीरप्रशान्त नहीं। श्रीकृष्ण जैसे दिव्यादिव्य नायक भी होते हैं।
- नाटक का मुख्य रस शृङ्गार या वीर होता है **(एक एव भवेदङ्गी शृङ्गारो वीर एव वा)**। अन्य सभी रसों का यथावसर प्रयोग किया जाता है।
- नाटक में पाँच से लेकर दस अङ्क तक रखे जाते हैं। उसमें कथानक का स्वाभाविक विकास दिखाने के लिए पाँच अर्थप्रकृतियाँ (बीज, बिन्दु, पताका, प्रकरी और कार्य), पाँच अवस्थाएँ (आरम्भ, यत्न, प्राप्त्याशा, नियताप्ति और फलागम) तथा इनके योग से होने वाली पाँच सन्धियाँ (मुख, प्रतिमुख, गर्भ, विमर्श और निर्वहण) यथासाध्य रखी जाती हैं।
- जिस नाटक में इन सब के प्रयोग के साथ दस अङ्क हों उसे 'महानाटक' कहते हैं। **बालरामायण, हनुमन्नाटक** आदि महानाटक हैं।
- नाटक की अन्तिम सन्धि में 'अद्भुत रस' का प्रयोग हो इससे रोचकता आती है **(कार्यो निर्वहणेऽद्भुतः)**
- नाटक की रचना गोपुच्छाग्रवत् होनी चाहिए अर्थात् आरम्भ और अन्त सूक्ष्म(पतला) हो, मध्यभाग स्थूल (दीर्घ) हो।
- क्रमशः कार्यों का संक्षिप्त उपसंहार होना चाहिए। नाटक को काव्यमात्र में श्रेष्ठ कहा गया है-

  'काव्येषु नाटकं रम्यम्, नाटकान्तं कवित्वम्।'
- भास, कालिदास, भवभूति शूद्रक आदि के नाटक संस्कृत-जगत् में विख्यात हैं।

प्रकरण

- इसका कथानक कविकल्पित होता है। प्रायः लोककथाओं से कथानक लेकर इसकी रचना की जाती है।
- इसका नायक धीरप्रशान्त कोटि का मन्त्री, ब्राह्मण या वणिक् में से कोई एक होता है **(अमात्य-विप्र-वणिजामेकं कुर्याच्च नायकम्** -दशरूपक 3/39)। मृच्छकटिक में ब्राह्मण, मालतीमाधव में अमात्य तथा पुष्पदूतिका में वैश्य नायक है। इसमें नायिका दो प्रकार की होती है-कुलीना और वेश्या (गणिका)। किसी प्रकरण में कोई एक ही नायिका रहती है, (जैसे-मालतीमाधव में) तो किसी में दोनों प्रकार की नायिकाएं होती है (जैसे- मृच्छकटिक में)।
- धूर्त,जुआरी,विट,चेट आदि अनेक पात्रों से युक्त प्रकरण **'संकीर्ण'** कहलाता है। नाट्यदर्पण (2/68) में नायिका के आधार पर प्रकरण के इक्कीस भेद कहे गये हैं। रस की दृष्टि से इसमें शृङ्गाररस प्रधान होता है।

3.भाण

- इसमें कोई अत्यन्त चतुर तथा बुद्धिमान् विट अपने या दूसरे के अनुभव के आधार पर धूर्त के चरित का वर्णन करता है। यह एक अङ्क तथा एक ही पात्र का रूपक है। वह पात्र विट ही रहता है जो आकाशभाषित के रूप में स्वयं प्रश्न-उत्तर (उक्ति-प्रत्युक्ति) का प्रयोग करता है।
- इसमें मुख और निर्वहण सन्धियाँ रहती हैं, अन्य सन्धियाँ नहीं।

प्रहसन

- यह हास्यरस-प्रधान रूपक होता है, जिसमें कथानक कल्पित रहता है। इसमें धर्म का पाखण्ड करने वाले (जैन-बौद्ध) साधुओं, केवल जाति से ब्राह्मण कहलाने वाले धूर्तों एवं सेवक-सेविकाओं का चरित्र दिखाया जाता है।
- प्रहसन में वेशभूषा तथा भाषा की विकृति से भी हास्योत्पादन होता है। भाण के समान इसमें भी दो सन्धियों (मुख एवं निर्वहण) एवं 10 लास्याङ्गों का प्रयोग होता है। विश्वनाथ ने इसमें एक या दो अङ्क माने हैं।
- प्रहसन के तीन भेद होते हैं-शुद्ध, विकृत और संकीर्ण।

डिम

- इसका कथानक प्रसिद्ध होता है। नाट्य की कैशिकी वृत्ति वर्जित है, शेष तीनों वृत्तियाँ (भारती, सात्त्वती, आरभटी) प्रयुक्त होती हैं।
- इसमें नायक देवता, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस आदि होते हैं जो मानवेतर हैं, भूत, प्रेत, पिशाच आदि पात्रों का भी इसमें समावेश होता है। उद्धत कोटि के 16 पात्र इसमें रहते हैं। इसका प्रधान रस रौद्र होता है। माया, इन्द्रजाल, युद्ध,भगदड़ आदि के दृश्यों से यह भरा होता है।

- विमर्श सन्धि का प्रयोग नहीं होता। इसमें चार अङ्क रहते हैं।
- भरत ने **'त्रिपुरदाह'** नामक डिम का उल्लेख किया है।

व्यायोग

- इसका कथानक इतिहास-प्रसिद्ध होता है जो किसी विख्यात उद्धत व्यक्ति (भीम, दुर्योधन आदि) पर आश्रित रहता है।
- इसमें गर्भ एवं विमर्श नामक सन्धियाँ नहीं होती हैं। रसों की दीप्ति डिम के समान होती है।
- इसकी कथावस्तु एक दिन की घटनाओं से सम्बद्ध होती है।
- इसमें एक ही अंक रहता है तथा पुरुष-पात्रों की संख्या अधिक होती है।भास का **'मध्यमव्यायोग'** इसका मुख्य उदाहरण है।

समवकार

- इसका इतिवृत्त इतिहास-पुराण में प्रसिद्ध होता है जिसमें देवताओं और दैत्यों की कथा होती है। कैशिकी को छोड़कर अन्य वृत्तियाँ एवं विमर्श को छोड़कर अन्य सन्धियाँ होती हैं। इसमें तीन अङ्क रहते हैं जिनमें तीन बार कपट, तीन बार धर्म-अर्थ-काम का शृङ्गार एवं तीन बार पात्रों में भगदड़ दिखायी जाती है।
- इसके पात्र देवता और दानव होते हैं जिनकी संख्या 12 होती है, सभी वीररस से भरे रहते हैं और सब को पृथक्-पृथक् फल मिलता है।
- 'बिन्दु' नामक अर्थप्रकृति एवं 'प्रवेशक' नामक अर्थोपक्षेपक का इसमें प्रयोग नहीं किया जाता।
- नाट्यशास्त्र में **'समुद्रमन्थन'** नामक समवकार के अभिनय का उल्लेख है। भास के 'पञ्चरात्र' में भी कुछ लक्षण मिलते हैं।

वीथी

- यह शृङ्गाररस-युक्त एकाङ्की रूपक है। इसके कई लक्षण भाण के समान हैं। जैसे-केवल दो सन्धियाँ (मुख और निर्वहण) होना, शृङ्गाररस का सूच्य होना।

अङ्क

- इसे संशय-निवारणार्थ **'उत्सृष्टिकाङ्क'** भी कहते हैं क्योंकि रूपकों के खण्ड भी 'अङ्क' होते हैं। इस रूपक-भेद में कथानक इतिहास-प्रसिद्ध होता है, किन्तु कवि उसमें यथेष्ट परिवर्तन भी करता है। भाण के समान सन्धि (मुख और निर्वहण) भारती वृत्ति भाग तथा अङ्क केवल एक होते हैं।
- इसके नायक और अन्य पात्र साधारण होते हैं। इसमें करुणरस की प्रधानता होती है। अतः स्त्रियों का रोदन होना चाहिए।
- पात्रों में वाग्युद्ध एवं जय-पराजय की योजना होती है।
- कुछ आचार्यों ने इसमें एक से लेकर तीन अङ्कों तक का विधान किया है।

ईहामृग

- इसका कथानक प्रख्यात और कल्पित का मिश्रित रूप होता है। इसमें चार अङ्क तथा तीन सन्धियाँ होती हैं(गर्भ और विमर्श सन्धियाँ नहीं होती)

उपरूपक

- विश्वनाथ ने 18 उपरूपकों का यह क्रम रखा है-
  1. नाटिका 2. त्रोटक 3. गोष्ठी 4. सट्टक 5. नाट्यरासक 6. प्रस्थानक 7. उल्लास्य 8. काव्य 9.प्रेंखण 10.रासक 11. संलापक 12.श्रीगदित 13. शिल्पक 14.विलासिका 15. दुर्मल्लिका 16. प्रकरणिका 17. हल्लीश और 18. भाणिका

नाटिका

- नाटिका में चार अङ्क होते हैं।
- स्त्री-पात्रों का बाहुल्य एवं शृङ्गाररस की प्रधानता इसकी विशिष्टता है।
- इसका नायक धीरललित श्रेणी का कोई प्रसिद्ध राजा होता है।
- शृङ्गाररस के कारण कैशिकी वृत्ति एवं तदनुकूल गीत,नृत्य, वाद्य, हास्य आदि इसमें दिखाये जाते हैं।
- इसमें दो नायिकाएँ होती हैं-देवी (बड़ी रानी) तथा मुग्धा कन्या।
- उदयन को नायक बनाकर हर्ष ने **'प्रियदर्शिका'** और **'रत्नावली'** नामक नाटिकाओं की रचना द्वारा इस विधा का प्रयोग किया है।

सट्टक

- सट्टक भी नाटिका के समान होता है।
- इसमें सम्पूर्ण पाठ प्राकृत में होता है।
- प्रवेशक-विष्कम्भक का प्रयोग नहीं किया जाता है।
- अद्भुत रस का प्राचुर्य होता है।
- अङ्कों को 'जवनिकान्तर' कहते हैं।
- राजशेखर की **'कर्पूरमञ्जरी'** सट्टक है।

त्रोटक

- तोटक या त्रोटक में सात,आठ, नव या पाँच अङ्क रहते हैं।
- प्रधानरस शृङ्गार होता है।
- कालिदास का **'विक्रमोर्वशीयम्'** त्रोटक है।

नाट्योत्पत्ति

- संस्कृत दृश्यकाव्य का उद्भव कब और किस प्रकार से हुआ, इस प्रश्न का निश्चित समाधान करना कठिन है। फिर भी कुछ सिद्धान्तों का परिचय तो दिया ही जा सकता है।

भरत का मत

- नाट्य विज्ञान पर सर्वप्रथम ग्रन्थ 'नाट्यशास्त्र' ही है जिसका काल 100 ई॰ पू॰ से 300 ई॰ के बीच माना जाता है।
- भरत का मत 'नाट्यशास्त्र' में मिलता है कि सभी देवताओं ने

मिलकर ब्रह्मा जी से प्रार्थना की कि हमें ऐसे मनोरंजन का साधन प्रदान करें जो दृश्य और श्रव्य दोनों हो और जिसे सभी वर्णों के लोग ग्रहण कर सकें, ब्रह्मा ने इस प्रार्थना पर चारों वेदों से सार भाग लेकर 'नाट्यवेद' के रूप में पञ्चम वेद का निर्माण किया (**नाट्यवेदं ततश्चक्रे चतुर्वेदाङ्गसम्भवम्** 1/16) उन्होंने ऋग्वेद से पाठ्य (संवाद,कथनोपकथन), सामवेद से संगीत, यजुर्वेद से अभिनय और अथर्ववेद से रस-तत्त्व लेकर 'नाट्यवेद' की रचना की।

संवाद-सूक्तों से नाट्य की उत्पत्ति

- मैक्समूलर, सिल्वाँलेवी,फॉन श्रोएदर, हर्टल आदि यूरोपीय विद्वानों ने यह सिद्धान्त दिया कि ऋग्वेद के कतिपय संवाद-सूक्त ही नाटकों के प्राचीनतम रूप हैं।
- इन संवाद-सूक्तों में इन्द्र- मरुत् संवाद(ऋ० 1/165,170), अगस्त्य-लोपामुद्रा संवाद (ऋ० 1/179), विश्वामित्र-नदी संवाद (3/33), वसिष्ठ-सुदास संवाद (ऋ० 7/83), यम-यमी संवाद (ऋ० 10/10), इन्द्र-इन्द्राणी-वृषाकपि संवाद (ऋ 10/86), पुरूरवा-उर्वशी संवाद(10/95) तथा सरमा-पणि संवाद(10/108) प्रमुख है।

यूनानी रूपकों से उत्पत्ति

- वेबर तथा विन्डिश ने संस्कृत रूपकों का उद्भव यूनानी रूपकों से सिद्ध किया है।
- जर्मनी के ही विद्वान् पिशेल ने इस मत का प्रबल खण्डन किया है।

पुत्तलिका-नृत्य-सिद्धान्त

- प्रो. पिशेल ने यह विचार दिया है कि प्राचीन भारत में कठपुतलियों का नृत्य दिखाया जाता था। उसे ही सजीव रूप देने के लिए मानवों को मंच पर प्रस्तुत करके नाटकों का अभिनय प्रारम्भ हुआ।

मृतात्म-श्राद्ध-सिद्धान्त (वीर-पूजा)

(ग) भाववाच्य- रामेण भूयते। यहाँ भाव (क्रिया) की प्रधानता होती है, और कर्ता में तृतीया विभक्ति होती है।

2. प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा

प्रातिपदिकार्थ मात्र में, लिङ्गमात्र के आधिक्य में, परिमाण मात्र के आधिक्य में तथा वचनमात्र के आधिक्य में प्रथमा विभक्ति होती है।

- किसी प्रातिपदिक के उच्चारण से स्वार्थ, द्रव्य, लिङ्ग, संख्या और कारक- इन पाँचों में, जिसका ज्ञान निश्चित रूप से हो, उसे प्रातिपदिकार्थ कहते हैं।

उदाहरण- उच्चैः, नीचैः, कृष्णः, श्रीः, ज्ञानम्।

लिङ्गमात्राधिक्ये प्रथमा- जिन शब्दों के लिङ्ग निश्चित नहीं हैं, उन शब्दों से लिङ्गमात्राधिक्य में प्रथमा विभक्ति होती है।
जैसे- **तटः** (पुंलिङ्ग), **तटी** (स्त्रीलिङ्ग), **तटम्** (नपुंसकलिङ्ग)
परिमाणमात्राधिक्ये प्रथमा- परिमाण (वजन, माप, तौल) मात्रा का बोध कराने के लिए प्रथमा विभक्ति होती है। जैसे- **द्रोणो व्रीहिः।**
वचनमात्रे प्रथमा- वचन अर्थात् संख्यामात्र का बोध कराने के लिए प्रथमा विभक्ति का प्रयोग होता है। यथा- **एकः, द्वौ, बहवः।**
3. सम्बोधने च - सम्बोधन में प्रथमा विभक्ति होती है- जैसे- **हे राम! अत्र आगच्छ!** यहाँ हे राम! में सम्बोधन होने से प्रथमा विभक्ति प्रयुक्त है। हे बालिके!, भो राम! भवान् कुत्र गच्छति। हे मोहन! अत्र आगच्छ।
4. उक्ते कर्तरि प्रथमा- कर्तृवाच्य में जहाँ कर्ता उक्त या 'कहा गया' रहता है, उसमें प्रथमा विभक्ति होती है। जैसे- रामः गृहं गच्छति।
➢ यहाँ 'राम' कर्तृवाच्य का कर्ता है जो कि उक्त है अतः 'रामः' में प्रथमा विभक्ति है।
इसप्रकार प्रातिपदिकार्थमात्र में, लिङ्गमात्र में, परिमाणमात्र में, वचनमात्र में, सम्बोधन में, उक्त कर्ता में प्रथमा विभक्ति होगी।

द्वितीया विभक्ति (कर्मकारक)

1. कर्तुरीप्सिततमं कर्म- कर्ता अपनी क्रिया के द्वारा जिसे विशेष रूप से प्राप्त करना चाहता है उसकी कर्मसंज्ञा होती है। जैसे- **रामः लेखन्या पत्रं लिखति।**
यहाँ 'राम' रूपी कर्ता अपनी लेखन रूपी क्रिया से सबसे ज्यादा 'पत्र' लिखना चाह रहा है अतः 'पत्र' यहाँ कर्म होगा।
2. कर्मणि द्वितीया- कर्म में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है। जैसे-
रामः **गृहं** गच्छति, बालिका **पुस्तकं** पठति, सः **विद्यालयं** गच्छति, रामः **पुस्तकं** पठति, रामः **फलम्** खादति, राधा **मन्दिरं** गच्छति, महेशः **जलं** पिबति, रामः **विद्यालयं** गच्छति, रमेशः **जलं** पिबति, बालकः **पुस्तकं** पठति, बाला **ग्रामं** गच्छति, छात्रः **विद्यालयं** गच्छति, अहं **जलं** पिबामि, बालकाः **फलानि** खादन्ति, सः **नगरं** गच्छति, भक्तः **हरिं** भजति।
उपर्युक्त वाक्यों में 'गृह, विद्यालय, जल, फल, नगर, हरि' इन सभी की कर्मसंज्ञा है, अतः सभी पदों में कर्म होने के कारण 'कर्मणि द्वितीया' से **द्वितीया विभक्ति** हुई है।
3. अकथितं च- अपादान, सम्प्रदान, करण आदि कारकों के द्वारा अविवक्षित कारक कर्मसंज्ञक होता है। दुह् आदि (बारह) एवं नी आदि (चार) कुल 16 धातुओं के कर्म से जिसका सम्बन्ध होता है, वह अकथित कहा जाता है।
सोलह द्विकर्मक धातुयें- दुह्, याच्, पच्, दण्ड्, रुध्, प्रच्छ्, चि, ब्रू, शास्, जि, मथ्, मुष् -12
नी, हृ, कृष्, वह् = 4 ये सोलह द्विकर्मक धातुयें हैं।
इन सोलह धातुओं एवं इनके समानार्थक धातुओं के योग में अपादान, सम्प्रदान, करण आदि कारकों की कर्मसंज्ञा होती है, और उनमें द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है।

द्विकर्मक धातुओं के योग में अपादान आदि का कर्म होना

	धातु	प्रयोग	अर्थ
1.	**दुह्** (दुहना)	ग्वालः धेनुं दुग्धं दोग्धि।	ग्वाला गाय से दूध दुहता है।
2.	**याच्** (माँगना)	हरिः बलिं वसुधां याचते।	हरि बलि से पृथ्वी माँगते हैं।
		सः नृपं क्षमां याचते।	वह राजा से क्षमा माँगता है।
3.	**पच्** (पकाना)	माता तण्डुलान् ओदनं पचति।	माता चावलों से भात पकाती है।
4.	**दण्ड्** (दण्ड देना)	राजा चौरं शतं दण्डयति।	राजा चोर से 100 रुपये दण्ड लेता है।
5.	**रुध्** (रोकना)	राजा शत्रून् दुर्गं रुणद्धि।	राजा शत्रुओं को किले में रोकता है।
6.	**प्रच्छ्** (पूछना)	गुरुः शिष्यं प्रश्नं पृच्छति।	गुरु शिष्य से प्रश्न पूछता है।
7.	**चि** (चुनना)	बालकः वृक्षं फलानि अवचिनोति।	बालक वृक्ष से फल चुनता है।
8.	**ब्रू** (बोलना)	गुरुः शिष्यं धर्मं ब्रूते।	गुरु शिष्य से धर्म बताता है।
9.	**शास्** (उपदेश देना)	गुरुः शिष्यं धर्मं शास्ति।	गुरु शिष्य को धर्म का उपदेश देता है।
10.	**जि** (जीतना)	सः देवदत्तं शतं जयति।	वह देवदत्त से सौ रुपये जीतता है।
11.	**मथ्** (मथना)	सुधां क्षीरनिधिं मथ्नाति।	अमृत के लिए समुद्र को मथता है।
12.	**मुष्** (चुराना)	यज्ञदत्तं शतं मुष्णाति।	यज्ञदत्त से सौ रुपये चुराता है।

13. **नी** (ले जाना)	कृषकः धेनुं ग्रामं नयति।	किसान गाय को गाँव ले जाता है।
14. **हृ** (हरना)	कृषकः धेनुं ग्रामं हरति।	किसान गाय को गाँव ले जाता है।
15. **कृष्** (खींचना)	कृषकः धेनुं ग्रामं कर्षति।	किसान गाय को गाँव तक खींचकर ले जाता है।
16. **वह्** (ले जाना)	कृषकः धेनुं ग्रामं वहति।	किसान गाय को ग्राम तक वहन करता है।

4. अधिशीङ्स्थासां कर्म- (1.4.46) **शी** (सोना), **स्था** (ठहरना), **आस्** (बैठना) - इन तीन धातुओं के पहले यदि 'अधि' उपसर्ग जुड़ा हो तो इनके आधार की कर्मसंज्ञा होती है, और कर्म में द्वितीया विभक्ति होगी। जैसे-

1. राजा **सिंहासनम्** अधितिष्ठति। (राजा सिंहासन पर बैठता है)
2. हरिः **वैकुण्ठम्** अध्यास्ते। (हरि वैकुण्ठ में बैठते हैं)
3. शिष्यः **आसनम्** अधितिष्ठति। (शिष्य आसन पर बैठता है)
4. मुनिः **शिलाम्** अधिशेते। (मुनि शिला पर सोते हैं)
5. सः **पर्यङ्कम्** अधिशेते (वह पलंग पर सोता है)

उपर्युक्त वाक्यों में सिंहासन, वैकुण्ठ, आसन, शिला, पर्यङ्क ये सभी आधार हैं। यहाँ सभी क्रिया पदों में 'अधि' उपसर्ग के साथ शीङ्, स्था, आस्, धातुओं का प्रयोग है। अतः आधार की कर्मसंज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति हो गयी।

5. अभिनिविशश्च- (1.4.47) 'अभि' और 'नि' इसी क्रम से ये दोनों ही उपसर्ग यदि 'विश्' धातु के पूर्व में आयें तो आधार की कर्मसंज्ञा हो जाती है। कर्म में द्वितीया विभक्ति होगी।

जैसे- **सन्तः सन्मार्गम् अभिनिविशते।**

(सज्जन सन्मार्ग में प्रवेश करते हैं)

- यहाँ 'अभिनिविशते' में 'अभि' एवं 'नि' उपसर्ग के साथ 'विश्' धातु का प्रयोग हुआ है अतः 'सन्मार्गम्' इस आधार की कर्मसंज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति हो गयी है।

6. उपान्वध्याङ्वसः - (1.4.48) उप, अनु, अधि या आङ् इनमें से कोई उपसर्ग यदि वस् धातु के पूर्व में आये तो आधार की कर्मसंज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होगा।

जैसे- राजा **नगरम्** उपवसति। (राजा नगर में रहता है)

राजा **नगरम्** अनुवसति।

राजा **नगरम्** अधिवसति।

राजा **नगरम्** आवसति।

- यहाँ 'वस्' धातु के पूर्व उप, अनु, अधि एवं आङ् उपसर्ग का प्रयोग हुआ है अतः आधार 'नगर' की कर्मसंज्ञा हो गयी और उसमें द्वितीया विभक्ति का प्रयोग हुआ है।

7. अन्तराऽन्तरेण युक्ते- (2.3.4) 'अन्तरा' (मध्य में) और 'अन्तरेण' (बिना) इन अव्ययों के योग में द्वितीया विभक्ति होती है।

(i) अन्तरा **ग्रामं** नदी प्रवहति। (दो गाँवों के बीच नदी बहती है)
(ii) **संस्कृतम्** अन्तरेण न किमपि जानामि। (संस्कृत के सिवाय और कुछ नहीं जानता)

8. अभितः - परितः - समया - निकषा - हा - प्रति-योगेऽपि-

अभितः (दोनों ओर या आस पास) **परितः** (चारों ओर) **समया** (समीप) **निकषा** (निकट) **हा** (शोक) **प्रति** (ओर) इन शब्दों के योग में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे-

(i) **ग्रामम्** अभितः वनम् अस्ति। (गाँव के आस-पास वन है)
(ii) **आश्रमम्** अभितः वृक्षाः सन्ति। (आश्रम के दोनों ओर वृक्ष हैं)
(iii) **विद्यालयं** परितः वृक्षाः सन्ति। (विद्यालय के चारों ओर वृक्ष हैं)
(iv) **ग्रामं** परितः उपवनानि सन्ति। (गाँव के चारों ओर उपवन हैं)
(v) **लङ्कां** समया सागरः अस्ति। (लङ्का के समीप सागर है)
(vi) **लङ्कां** निकषा हनिष्यति (लङ्का के समीप मारेगा)
(vii) हा **कृष्णाभक्तम्** (कृष्ण के अभक्त के लिए खेद है)
(viii) **बुभुक्षितं** न प्रतिभाति किञ्चित् (भूखे को कुछ भी अच्छा नहीं लगता)
(ix) छात्रः **गुरुं** प्रति श्रद्धधाति। (छात्र की गुरु के प्रति श्रद्धा है)
(x) सः **नगरं** प्रति गच्छति। (वह नगर की ओर जाता है)

नृपम् अभितः परिचारकाः सन्ति, उपवनं परितः जनाः भ्रमन्ति, नगरम समया निकष वा वनम् अस्ति, बालकः विद्यालयं प्रति गच्छति, जलविना मीनः न जीवति, वानरः वृक्षमारोहति, प्रथमः अमितः उभयतः भवनानि सन्ति, शशाङ्कः परितः तारा वर्तन्ते, चन्द्रमा परितः ताराः वर्तन्ते, सः पाटलिपुत्रं प्रतिगच्छति, धिक् ज्ञानहीनम्, ज्ञानं विना मानवः पशुवत अस्ति, अशिक्षतम् धिक्।

9. उभसर्वतसोः कार्या धिगुपर्यादिषु त्रिषु।
द्वितीयाऽऽम्रेडितान्तेषु ततोऽन्यत्रापि दृश्यते॥

उभयतः, सर्वतः, धिक्, उपर्युपरि, अध्यधि, अधोऽधः पदों के योग होने पर द्वितीया विभक्ति होगी। जैसे-

(i) उभयतः **नदीं** वृक्षाः सन्ति। (नदी के दोनों ओर वृक्ष हैं)
(ii) मार्गम् **उभयतः** वृक्षाः सन्ति। (मार्ग के दोनों ओर पेड़ हैं)
(iii) नगरं **सर्वतः** प्राकारः अस्ति। (नगर के चारों ओर परकोटा है)
(iv) धिक् **कृष्णाभक्तम्।** (कृष्ण के अभक्त को धिक्कार है)
(v) उपर्युपरि **लोकं** हरिः। (इस लोक के ठीक ऊपर हरि हैं)

(vi) अध्यधि **लोकं** हरिः। (हरि लोक के पास हैं)

(vii) अधोऽधः **लोकं** हरिः। (पाताल लोक के ठीक नीचे हरि हैं)

10. कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे (2.3.5)

- यदि किसी काल में कोई क्रिया लगातार हो तो ऐसे कालवाची पद में द्वितीया विभक्ति होगी।
- इसी तरह यदि अध्व (मार्ग की दूरी) में कोई वस्तु लगातार हो तो उस अध्ववाचक = मार्गवाचक शब्दों में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे-

(i) मार्गवाचक- **छात्रः क्रोशम् अधीते** (छात्र कोश भर लगातार पढ़ता है)

(ii) मार्गवाचक- **क्रोशं गिरिः वर्तते।** (कोश भर विस्तृत पर्वत है)

(iii) मार्गवाचक- **क्रोशं कुटिला नदी** (कोश भर नदी टेढ़ी है)

(iv) कालवाचक-**सः मासम् अधीते रामायणम्** (वह महीने भर रामायण पढ़ता है)

(v) कालवाचक - **सः सप्ताहं पठिष्यति** (वह सप्ताह भर पढ़ता है)

(vi) कालवाचक- **छात्रः मासम् अधीते** (छात्र महीने भर लगातार पढ़ता है)

तृतीया विभक्ति (करण कारक)

1. साधकतमं करणम् - क्रिया की सिद्धि में जो सबसे अधिक उपकारक होता है, उसे करण कहते हैं।

'क्रियासिद्धौ प्रकृष्टोपकारकं करणसंज्ञं स्यात्'।

यथा- सः हस्तेन मिष्टान्नं वितरति।

यहाँ- मिष्टान्न वितरण रूपी कार्य को करने में हाथ सबसे अधिक सहायक है, अतः 'हाथ' करण है।

2. कर्तृकरणयोस्तृतीया (2.3.18) - अनुक्त कर्ता अर्थात् (कर्मवाच्य और भाववाच्य के कर्ता) और करण में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे-

(i) सः **कुठारेण** वृक्षं छिनत्ति। (वह कुल्हाड़ी से वृक्ष को काटता है) - करण में तृतीया

(ii) **रामेण** बालिः हतः (राम के द्वारा बाली मारा गया) - कर्ता में तृतीया

(iii) बालकः **दण्डेन** सर्पं हन्ति। (बालक डण्डे से सॉप को मारता है) - करण में तृतीया

(iv) त्वं **कलमेन** पत्रं लिख। (तू कलम से पत्र लिख) - करण में तृतीया

(v) मोहनः **दात्रेण** लुनाति। (मोहन हसियें से काटता है) - करण में तृतीया

(vi) **रामेण बाणेन** हतो बाली। (राम के बाण द्वारा बाली मारा गया) - कर्ता (रामेण) और करण (बाणेन) दोनों में तृतीया। कृष्णः यानेन गच्छति, मनोजः कन्दुकेन क्रीडति, मयङ्कः यानेन गच्छति, प्रज्ञा लेखन्या लिखति, रामः बाणेन रावणं हन्ति, शिक्षकः सुधाखण्डेन लिखति, बालकः वाहनेन गच्छति, गीता लेखन्या लिखति, छात्रः कन्दुकेन क्रीडति।

3. सहयुक्तेऽप्रधाने (2.3.19) -

सह, साकम्, सार्धम्, समम् आदि सहार्थक शब्दों के योग में अप्रधान में तृतीया विभक्ति होती है।

जैसे-

(i) पुत्रेण सह आगतः पिता। (पुत्र के साथ पिता आया)

(ii) पिता पुत्रेण सह मेरठनगरं गतः (पिता पुत्र के साथ मेरठनगर को गया)

(iii) रामः जानक्या साकं गच्छति। (राम जानकी के साथ जाते हैं)

(iv) मोहनः गुरुणा सार्धं विद्यालयं गच्छति। (मोहन गुरु के साथ विद्यालय जाता है।)

(v) लक्ष्मणेन समं रामः गच्छति। (लक्ष्मण के साथ राम जाते हैं) आशुतोषः मित्रेण सह गच्छति, सीता रामेण सह वनं गच्छति, अहं लतया सह गच्छामि, अलं विवादेन, विद्यया यशः प्राप्यते।

4. येनाङ्गविकारः - (2.3.20) शरीर के जिस अङ्ग के विकार से शरीरधारी का विकार समझा जाय, उस अङ्गवाचक शब्द में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे-

(i) अक्ष्णा काणः (आँख से काना)

(ii) हस्तेन लुञ्जः (हाथ से लुञ्जा)

(iii) शिरसा खल्वाटः (शिर से गंजा)

(iv) कर्णाभ्यां बधिरः (कानों से बहरा)

(v) पादेन खञ्जः (पैर से लँगड़ा)

(vi) पृष्ठेन कुब्जः (पीठ से कुबड़ा)

कर्णेन बधिरः, नेत्रेण काणः, श्रमेण सफलता भवति, जटाभिस्तपसः, कुर्चेन यवन।

यहाँ 'आँख से' काना दिखायी पड़ रहा है, इसलिए 'अक्ष्णा' में तृतीया विभक्ति हुई। इसीप्रकार 'हाथ से' लुंजा है अतः 'हस्तेन' इस अङ्गवाची पद में तृतीया विभक्ति हुई।

5. पृथग्विनानानाभिस्तृतीयान्यतरस्याम् -

- पृथक्, विना, नाना शब्दों के योग में तृतीया विभक्ति का प्रयोग विकल्प से होता है। तृतीया न हो तो पञ्चमी अथवा द्वितीया

विभक्ति होती है।

➢ 'नाना' शब्द अनेकार्थक है लेकिन यहाँ 'विना' के अर्थ में प्रयुक्त है। जैसे-

(i) **जलेन** विना न जीवति कमलम्।
(जल के विना कमल जीवित नहीं रहता)

(ii) **ग्रामं** पृथक् या **ग्रामेण** पृथक् या **ग्रामात्** पृथक्
(गाँव से अलग)

(iii) **रामं** विना या **रामेण** विना या **रामात्** विना (राम के विना)

(iv) नाना **रामेण** या नाना **रामात्** या नाना **रामम्**
(राम के विना)

शिक्षकैः सह छात्रा भोपालं गच्छन्ति, जलेन विना जीवनं नास्ति, अलं विवादेन, अलं कोलाहलेन, अध्यापकेन सह छात्राः गच्छन्ति, अलं श्रमेण, ज्ञानेन हीनः नरः न शोभते, विद्यया हीनः पुरुषः न पूज्यते।

चतुर्थी विभक्ति (सम्प्रदान कारक)

1. कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् (1.4.32) -

कर्ता दान कर्म के द्वारा जिसे अभिप्रेत करता है; अर्थात् कर्ता जिसे कुछ देता है, या जिसके लिए कुछ करता है, वह 'सम्प्रदान' कहलाता है।

सम्प्रदान- 'सम्यक् प्रदीयते अस्मै तत् सम्प्रदानम्' (जिसे कुछ दिया जाय, परन्तु उस वस्तु को वापस न लिया जाय, वह सम्प्रदान होता है)

2. चतुर्थी सम्प्रदाने (2.3.13) -

सम्प्रदान में चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे-

(i) राजा **ब्राह्मणाय** गां ददाति। (राजा ब्राह्मण को गाय देता है)

(ii) माता **बालकाय** फलं ददाति। (माता बालक को फल देती है)

(iii) **उपाध्यायाय** गां ददाति (उपाध्याय के लिए गाय देता है)

(iv) **ब्राह्मणाय** भूमिं ददाति। (ब्राह्मण को भूमि देता है)

➢ काले मोटे अक्षरों में लिखे गये शब्द सम्प्रदान कारक हैं, जिसमें चतुर्थी विभक्ति लगी है। अन्य उदाहरण -
महेश मित्राय धनं ददाति, राजा ब्राह्मणाय धनं ददाति, रमेशः मित्राय धनं ददाति, मोहनः शिक्षायै विदेशं गच्छति, माता बालकाय दुग्धं ददाति, सः बालकाय दुग्धं ददाति, रमेशः अध्ययनाय विद्यालयं गच्छति, भिक्षुकाय शिक्षां ददाति, सः निर्धनाय भिक्षुकाय दानं ददाति।

3. रुच्यर्थानां प्रीयमाणः (1.4.33)

रुच् (अच्छा लगना, पसन्द आना) तथा इसी अर्थ की अन्य धातुओं के प्रयोग में जो प्रीयमाण अर्थात् जो प्रसन्न होता है, या जिसको पसन्द होता है उस कारक की सम्प्रदान संज्ञा होती है, और उसमें चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे-

(i) **हरये** रोचते भक्तिः। (हरि को भक्ति अच्छी लगती है)

(ii) **सुरेशाय** दुग्धं रोचते। (सुरेश को दूध अच्छा लगता है)

(iii) **मह्यं** मोदकं रोचते। (मुझे लड्डू पसन्द है)

(iv) **मह्यम्** ओदनं रोचते। (मुझे भात अच्छा लगता है)

यहाँ 'हरि' को भक्ति पसन्द है, सुरेश को दूध पसन्द है, मुझे लड्डू पसन्द है, मुझे ओदन (भात) पसन्द है, तो जिसे पसन्द है वो प्रीयमाण है, और जो प्रीयमाण है उसी की सम्प्रदानसंज्ञा होगी, और सम्प्रदान में चतुर्थी विभक्ति होगी, इसीलिए "हरये, सुरेशाय, मह्यम्" में चतुर्थी विभक्ति लगी है।

अन्य उदाहरण - कृष्णाय मोदकं रोचते, बालकाय मोदकं रोचते।

4. "क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोपः" (1.4.37)

क्रुध् (क्रोध करना), द्रुह् (द्रोह करना), ईर्ष्य् (ईर्ष्या करना), असूय् (जलन करना) इन धातुओं तथा इन्हीं अर्थों की अन्य धातुओं के प्रयोग में भी जिसके प्रति क्रोध किया जाता है उसकी **सम्प्रदान संज्ञा** होती है, और उसमें चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे-

(i) पिता **पुत्राय** क्रुध्यति। (पिता पुत्र पर क्रोध करता है)

(ii) दुष्टाः **सज्जनाय** द्रुह्यन्ति (दुष्ट सज्जनों से द्रोह करते हैं)

(iii) कंसः **कृष्णाय** ईर्ष्यति (कंस कृष्ण से ईर्ष्या करता है)

(iv) दैत्याः **देवेभ्यः** असूयन्ति (दैत्य देवों से जलते हैं)

(v) तनुश्रीदत्ता **नानापाटेकराय** क्रुध्यति (तनुश्रीदत्ता नानापाटेकर पर क्रोध करती है)

(vi) रावणः **रामाय** असूयति (रावण राम से द्वेष करता है)

यहाँ पिता अपने पुत्र पर क्रोध करता है, इसलिए जिस पर क्रोध किया जाय उसकी सम्प्रदानसंज्ञा होती है और उसमें चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है इसीलिए 'पुत्राय' में चतुर्थी विभक्ति लगी है।

अन्य उदाहरण - परशुरामः लक्ष्मणाय कुध्यति, रमेशः सुरेशाय असूयति, प्रजाः नृपाय असूयन्ति, रामः मुर्खाय क्रुद्धति, शिक्षकः मुर्खाय क्रुध्यति।

5. स्पृहेरीप्सितः (1.4.36)

स्पृह् (चाहना) धातु के प्रयोग में जिस वस्तु की चाह, इच्छा या अभीप्सा होती है उसकी सम्प्रदानसंज्ञा होती है और उसमें चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है। जैसे-

(i) सा **पुरुषेभ्यः** स्पृहयति। (वह पुरुषों को चाहती है)

(ii) रमा **पुष्पेभ्यः** स्पृहयति (रमा फूलों की चाह करती है)

(iii) बालिकाः **फलेभ्यः** स्पृहयन्ति (लड़कियाँ फलों की चाह करती हैं), माता पुत्राय स्पृहयति।

(iv) अहं **संस्कृताय** स्पृहयामि (मैं संस्कृत चाहता हूँ)

6. ''नमः स्वस्ति स्वाहा स्वधाऽलंवषट्योगाच्च'' (2.3.16)

नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलं, वषट् - इन शब्दों के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है; यथा-

(i) **गणेशाय** नमः (गणेश के लिए नमस्कार है)
(ii) **शिवाय** नमः (शिव को नमस्कार है)
(iii) **देवेभ्यः** नमः (देवताओं को नमस्कार है)
(iv) **विष्णवे** नमः (विष्णु को नमस्कार है)
(v) **तुभ्यम्** स्वस्ति (तुम्हारा कल्याण हो)
(vi) **बालकाय** स्वस्ति (बालक का कल्याण हो)
(vii) **इन्द्राय** स्वाहा (इन्द्र के लिए स्वाहा)
(viii) **अग्नये** स्वाहा (अग्नि के लिए स्वाहा)
(ix) **पितृभ्यः** स्वधा (पितरों को स्वधा)
(x) **दैत्येभ्यः** हरिः अलम् (दैत्यों के लिए हरि पर्याप्त हैं)

अन्य उदाहरण - गुरवे नमः, ईश्वराय नमः, बालकाय स्वस्ति, हरये नमः, प्रजाभ्यः स्वस्ति, भीमः दुर्योधनाय अलम्, सर्वेभ्य स्वस्ति, अर्जुनः कर्णाय अलम्, पित्रे स्वधा, सः निर्धनाय भिक्षुकाय दानं ददाति।

पञ्चमी विभक्ति (अपादान कारक)

1. ध्रुवमपायेऽपादानम् (1.4.24)

अपाय (अलग होना) अर्थ में जो ध्रुव हो, जिससे कोई वस्तु अलग हो रही हो, उसे 'अपादान' कहते हैं। जैसे-

वृक्षात् पत्रं पतति। (वृक्ष से पत्ता गिरता है)

इस वाक्य में पत्ता 'वृक्ष' से अलग हो रहा है अतः वृक्ष 'अपादान' है।

2. अपादाने पञ्चमी (2.3.28)

अपादान में पञ्चमी विभक्ति होती है। जैसे-

(i) सः **ग्रामात्** गच्छति। (वह गाँव से जाता है)
(ii) **वृक्षात्** पत्राणि पतन्ति (वृक्ष से पत्ते गिरते हैं)
(iii) महेशः **आसनात्** उत्तिष्ठति (महेश आसन से उठता है)
(iv) गङ्गा **हिमालयात्** प्रभवति। (गंगा हिमालय से निकलती है)
(v) बालकः **सोपानात्** पतति (बालक सीढ़ी से गिरता है)
(vi) सर्वे **विमानात्** अवतरन्ति (सभी विमान से उतरते हैं)

अन्य उदाहरण - नगरात वहिः वनं अस्ति, सैनिकः अश्वात् पतति, धनात् विना सुखं नास्ति, बालकः अश्वात् पतति।

3. जुगुप्सा-विराम-प्रमादार्थानामुपसंख्यानम् (वा.)

वार्तिकार्थ- जुगुप्सा (घृणा, निन्दा), विराम (रुकना), प्रमाद (आलस्य) इन अर्थ वाली धातुओं के प्रयोग में जिससे जुगुप्सा, विराम अथवा प्रमाद किया जाय, उसकी अपादान संज्ञा होती है, और उसमें पञ्चमी विभक्ति होगी। जैसे-

(i) **पापात्** जुगुप्सते। (पाप से घृणा करता है)
(ii) सः **कार्यात्** विरमति (वह कार्य से रुकता है)
(iii) सः **पठनात्** प्रमाद्यति। (वह पढ़ने से प्रमाद करता है)
(iv) सः **धर्मात्** प्रमाद्यति। (वह धर्म से प्रमाद करता है)
(v) **स्वाध्यायात्** मा प्रमदः (स्वाध्याय से प्रमाद मत कर)

अन्य उदाहरण - पापात् विरमति, चोराद विभेति, जपात् विरमति, विद्यालयः सप्तवादनात् आरभ्यते।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वाक्यों में जुगुप्सा, विराम और प्रमाद अर्थ वाली धातुओं का प्रयोग है तथा पाप, कार्य, पठन, धैर्य और स्वाध्याय से जुगुप्सा, विराम या प्रमाद किया जा रहा है इसलिए इनकी अपादान संज्ञा होकर पञ्चमी विभक्ति हो गयी है।

4. भीत्रार्थानां भयहेतुः (1.4.25)

सूत्रार्थ- भय (डर) अर्थवाली और त्राण (रक्षा) अर्थवाली धातुओं के योग में जिससे भय हो या जिससे रक्षा की जाय, उसकी अपादान संज्ञा होती है। जैसे-

(i) **चोरात्** बिभेति (चोर से डरता है)
(ii) वृकः **सिंहात्** बिभेति (भेड़िया सिंह से डरता है)
(iii) शिशुः **सर्पात्** बिभेति (बच्चा सॉप से डरता है)
(iv) पिता पुत्रं **सिंहात्** रक्षति (पिता पुत्र की सिंह से रक्षा करता है)
(v) माता पुत्रम् **अग्नेः** रक्षति (माता पुत्र की आग से रक्षा करती है)
(vi) **पापात्** त्रायते (पाप से रक्षा करता है)

अन्य उदाहरण - वनचरः सिंहात् विभेति, अधर्मी धर्मात् प्रमाद्यति, ईश्वरात परं न कोऽपि, ग्रामात् पूर्व तडागः अस्ति, निशायाः अनन्तरं दिनं भवति, ईश्वरात अधः सर्वः संसारः चलति, शिशोः किशोरः गुरुतरः भवति, चोरात् विभेति।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त उदाहरणों में भयार्थक 'भी' (बिभेति) धातु तथा त्राणार्थक 'रक्ष्' (रक्षति) धातु का प्रयोग है, तथा चोर, सिंह, सर्प, अग्नि, पाप आदि से डर या रक्षा हो रही है, इसीलिए इनमें अपादानसंज्ञा होकर पञ्चमी विभक्ति का प्रयोग हुआ है।

5. आख्यातोपयोगे (1.4.29)

जिससे नियमपूर्वक विद्या पढ़ी जाय या कुछ सीखा जाय ऐसे व्याख्याता/प्रवक्ता/शिक्षक/पढ़ाने वाले की अपादान संज्ञा होगी, और अपादान में पञ्चमी विभक्ति होगी। जैसे-

(i) **उपाध्यायात्** अधीते। (उपाध्याय से पढ़ता है)
(ii) छात्रः **गुरोः** अधीते (छात्र गुरु जी से पढ़ता है)

(iii) रविः **शिक्षकात्** सङ्गीतं शिक्षते (रवि शिक्षक से संगीत सीखता है)
(iv) बालकः **अध्यापकात्** संस्कृतं पठति (बालक अध्यापक से संस्कृत पढ़ता है)
(v) वटुः **गुरोः** कर्मकाण्डं जानाति। (वटु गुरु से कर्मकाण्ड जानता है)

6. "अन्यारादितरर्तेदिक्शब्दाञ्चूत्तरपदाजाहियुक्ते" (2.3.29)

अन्य, भिन्न, इतर, ऋते, पूर्व, प्राक्, प्रत्यक्, बहिः, आरभ्य, प्रभृति आदि शब्दों के योग में पञ्चमी विभक्ति का प्रयोग होता है। जैसे-
(i) अन्यः कृष्णात् (कृष्ण से भिन्न)
(ii) भिन्नः कृष्णात् (कृष्ण से भिन्न)
(iii) इतरः कृष्णात् (कृष्ण से भिन्न)
(iv) ऋते कृष्णात् (कृष्ण के विना)
(v) पूर्वो ग्रामात् (गाँव से पूर्व)
(vi) प्राक् ग्रामात् (गाँव से पूर्व)
(vii) प्रत्यक् ग्रामात् (गाँव के बाद)
(viii) भवात् प्रभृति हरिः सेव्यः। (जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त हरि सेव्य हैं)
(ix) ग्रामाद् बहिः उद्यानम् अस्ति। (गाँव के बाहर बगीचा है)
अन्य उदाहरण - ऋते ज्ञानात् न मुक्तिः, ग्रामस्य ग्रामात् वा अन्तिकम्।

षष्ठी विभक्ति (सम्बन्ध)

1. षष्ठी शेषे (2.3.50) - कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, अधिकरण कारकों में तथा प्रातिपदिकार्थ में विभक्तियों का विधान कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त जो बच गया हो, वही 'शेष' है। इसप्रकार कारक और प्रातिपदिकार्थ से अतिरिक्त स्व-स्वामिभाव, जन्यजनकभाव, कार्यकारणभाव आदि सम्बन्ध शेष है। उस शेष की विवक्षा में षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे-
(i) राज्ञः पुरुषः (राजा का पुरुष)
(ii) गङ्गायाः जलम् (गङ्गा का जल)
(iii) दशरथस्य पुत्रः (दशरथ का पुत्र)
(iv) पाञ्चालानां भूमिः (पाञ्चालों की भूमि)
अन्य उदाहरण - रामः दशरथस्य पुत्रः अस्ति, सीतायाः पतिः रामः अस्ति, गणेशः शिवस्य पुत्रः, गुरुजनस्य अनादर मां कुरु, रामस्य पुत्रः लवः, कवीनां कालिदासः श्रेष्ठः अस्ति, मम पुरतः शिक्षकः पाठयति, भवनस्य पृष्ठतः सीता आगच्छति, शिवस्य वामतः पार्वती तिष्ठति, विद्यालयस्य दक्षिणतः देवालयः अस्ति।

2. षष्ठी हेतुप्रयोगे (2.3.36)

सूत्रार्थ- यदि किसी वस्तु की हेतुता (कारणता) प्रकट करनी हो, और 'हेतु' शब्द का साक्षात् प्रयोग हो तो उस वस्तु या कारण तथा 'हेतु' शब्द - दोनों में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग होता है। जैसे-
(i) छात्रः **अध्ययनस्य हेतोः** प्रयागे वसति।
(छात्र अध्ययन के लिए प्रयाग में रहता है)
(ii) सः **धनस्य हेतोः** सेवते। (वह धन के हेतु सेवा करता है)
(iii) सः **अन्नस्य हेतोः** वसति। (वह अन्न के कारण रहता है)
(iv) सुमना **गृहस्य हेतोः** यतते। (सुमन घर के लिए प्रयास कर रही है)
स्पष्टीकरण- यहाँ कोई छात्र 'अध्ययन के लिए' प्रयाग में रहता है, अतः उसके रहने का कारण 'अध्ययन' है इसलिए अध्ययन में षष्ठी विभक्ति हुई और वाक्य में 'हेतु' शब्द का प्रयोग हुआ है अतः 'हेतु' में भी षष्ठी विभक्ति का प्रयोग हुआ है।
अन्य उदाहरण - पुस्तकं उत्पीठिकायाम् अस्ति, भिक्षुकः अन्नस्य हेतोः वसति, धनं कोषे अस्ति, नावः तडागे अस्ति, सम्प्रति शिक्षायाः महत्वम् अस्ति।

3. क्तस्य च वर्तमाने (2.3.67) - वर्तमान अर्थ में होने वाले 'क्त' प्रत्ययान्त शब्दों के योग में षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे-
(i) **राज्ञां** पूजितः विद्वान् (वह विद्वान्, जो राजाओं द्वारा पूजा जाता है)
(ii) **सर्वेषाम्** आदृतः गुरुः (वह गुरु, जिसका सब आदर करते हैं)
(iii) **राज्ञां** मतः बुद्धः पूजितः वा (राजा मानते हैं, जानते हैं अथवा पूजते हैं)

4. षष्ठी चानादरे (2.3.38) - अनादर अर्थ प्रकट करने के लिए षष्ठी और सप्तमी दोनों विभक्ति का प्रयोग होता है। यथा-
(i) बालकानां चन्दनः दुष्टः (बालकों में चन्दन दुष्ट है)
(ii) खगानां काकः धूर्तः (पक्षियों में कौआ धूर्त होता है)
(iii) पशूनां शृगालः मूर्खः (पशुओं में गीदड़ मूर्ख होता है)
(iv) रुदतः पुत्रस्य पिता वनं गतः (रोते हुए पुत्र को छोड़कर पिता वन चला गया)
(v) रुदति पुत्रे सः प्रव्राजीत् (पुत्र के रोते रहने पर भी उसे छोड़कर संन्यास ले लिया)
अन्य उदाहरण - इदं रमेशस्य पुस्तक अस्ति, विद्यालयः छात्राः क्रीडन्ति, सः नृपस्य सेवकः अस्ति।

सप्तमी विभक्ति (अधिकरण कारक)

1. आधारोऽधिकरणम् (1.4.45) - आधार को '**अधिकरण**' कहते हैं। अधिकरण उसे कहते हैं, जो कर्ता और कर्म का आधार होता है।

आधार के भेद

आधार तीन प्रकार का होता है-

(i) औपश्लेषिक आधार - कटे आस्ते।

(ii) वैषयिक आधार - मोक्षे इच्छा अस्ति।

(iii) अभिव्यापक आधार - तिलेषु तैलम्, पयसि घृतम्, सर्वस्मिन् आत्मा अस्ति।

2. सप्तम्यधिकरणे च (2.3.36) - अधिकरण में सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे-

(i) वयं **गेहे** वसामः (हम घर में रहते हैं)

(ii) **गङ्गायां** निर्मलं जलम् अस्ति। (गङ्गा में निर्मल जल है)

(iii) **क्षेत्रेषु** अन्नम् उत्पद्यते (खेतों में अन्न उत्पन्न होता है)

(iv) **वनेषु** सिंहाः वसन्ति (वनों में सिंह रहते हैं)

3. 'कुशल' तथा 'निपुण' शब्दों के योग में सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे-

(i) सः **शास्त्रे** कुशलः अस्ति (वह शास्त्र में कुशल है)

(ii) विद्वान् **वेदेषु** निपुणः अस्ति (विद्वान् वेदों में निपुण हैं)

पर्वते मृगाः सन्ति, ऋषिः आश्रमे निवसति, वृक्षेषु खगाः कूजन्ति, खगः वृक्षे निवसति, मीनः नद्याम् अस्ति, पाठशालायां पुस्तकालयः अस्ति।

4. साध्वसाधुप्रयोगे च (वा.)

'साधु' और 'असाधु' शब्दों के प्रयोग में सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे-

(i) कृष्णः **मातरि** साधुः (कृष्ण माता के विषय में साधु हैं)

(ii) कृष्णः **मातुले** असाधुः। (कृष्ण मामा के विषय में असाधु हैं)

➢ यहाँ साधु शब्द के प्रयोग होने से 'मातरि' में सप्तमी तथा 'असाधु' शब्द के प्रयोग होने से 'मातुले' में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग हुआ है।

5. यतश्च निर्धारणम् (2.3.41) - निर्धारण में समुदाय वाचक शब्द से षष्ठी या सप्तमी विभक्ति होती है।

➢ यदि किन्हीं वस्तुओं या व्यक्तियों के समुदाय में से किसी एक वस्तु या व्यक्ति को किसी विशेषता के आधार पर सबसे उत्कृष्ट या निकृष्ट बताया जाय तो वही 'निर्धारण' कहलाता है।

अथवा

निर्धारण- जाति, गुण, क्रिया या संज्ञा के द्वारा किसी समुदाय से उसके एकदेश का उत्कर्ष या अपकर्ष बताने के लिए अलग निर्देश करना 'निर्धारण' कहलाता है।

उदाहरण-

(i) **कविषु** कालिदासः श्रेष्ठः। (कवियों में कालिदास श्रेष्ठ हैं)

कवीनां कालिदासः श्रेष्ठः।

(ii) **नदीषु** गङ्गा पवित्रतमा। (नदियों में सबसे पवित्र गङ्गा हैं)

नदीनां गङ्गा पवित्रतमा।

(iii) **बालकेषु** रविः श्रेष्ठः। (बालकों में रवि सबसे अच्छा हैं)

बालकानां रविः श्रेष्ठः।

(iv) **पर्वतानां** हिमालयः उच्चतमः।

पर्वतेषु हिमालयः उच्चतमः। (पर्वतों में हिमालय सबसे ऊँचा हैं)

(v) **नृणां** ब्राह्मणः श्रेष्ठः (मनुष्यों में ब्राह्मण श्रेष्ठ हैं)

नृषु ब्राह्मणः श्रेष्ठः

(vi) **गवां** कृष्णा बहुक्षीरा

गोषु कृष्णा बहुक्षीरा (गायों में काली गाय बहुत दूध देती है)

(vii) **गच्छतां** धावन् शीघ्रः।

गच्छत्सु धावन् शीघ्रः (चलने वालों में दौड़ने वाला शीघ्र पहुँचता है)

अन्य उदाहरण - सः क्रिकेटकीडायां कुशलः अस्ति, सः काव्य लेखने निपुणः अस्ति, सञ्जीवकपूरः पाककलाये प्रवीणम् अस्ति, माता पुत्रे स्नेहयति, असत्यवादिनि कोऽपि न विश्वसिति, धर्मे अनुरागे दृष्ट्वा मनः प्रसीदति, प्रेमे सति (भावे) सर्वं सुखदायकं भवति, नगरेषु भोपालपुरं गुरुतरं, पर्वतेषु हिमालयः उच्चतमः वर्तते, कृष्णः असादुः मातुले, धनं कोशे अस्ति, नदीनां गङ्गा श्रेष्ठतमा, नावः तडागे तरन्ति।

❑❑

प्रत्यय

प्रत्यय- प्रति + √अय् + अच् अर्थात् जो वर्णसमूह किसी धातु या शब्द के अन्त में जुड़कर नए अर्थ की प्रतीति कराते हैं, उस वर्णसमूह को प्रत्यय कहते हैं।

➢ मुख्य रूप से प्रत्यय दो प्रकार के होते हैं-

1. कृत् प्रत्यय 2. तद्धित प्रत्यय

➢ धातु के अन्त में लगने वाले प्रत्यय दो प्रकार के होते हैं-

(i) कृत् प्रत्यय- क्त्वा, ल्यप्, तुमुन्, तव्यत्, अनीयर् आदि।

(ii) तिङ् प्रत्यय- तिप्, तस्, झि आदि 18 प्रत्यय।

➢ शब्दों से लगने वाले प्रत्यय हैं-

(i) सुप् प्रत्यय- सु औ जस् आदि 21 प्रत्यय।

(ii) स्त्रीप्रत्यय- टाप्, ङीप्, ङीष्, ङीन् आदि।

(iii) तद्धित प्रत्यय- मतुप्, अण्, इनि आदि।

➢ कृत् प्रत्यय (कृदन्त)

कृत् प्रत्यय धातुओं से जोड़े जाते हैं, और इनसे बने पद को 'कृदन्त' कहते हैं। कृत् प्रत्ययों से तीन प्रकार के शब्द निर्मित होते हैं- अव्यय, विशेषण और संज्ञा।

1. क्त्वा प्रत्यय

जब एक ही कर्ता द्वारा एक कार्य की समाप्ति के बाद दूसरी क्रिया की जाती है, तो समाप्ति क्रिया में क्त्वा प्रत्यय का प्रयोग होता है। इस प्रत्यय से बने हुए शब्द को पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं।

जैसे- छात्रः पठित्वा गृहं गच्छति। (छात्र पढ़कर घर जाता है) इस वाक्य में 'छात्र' रूपी कर्ता दो क्रियायें करता है- (i) पढ़ता है (ii) घर जाता है। इन दो क्रियाओं में पढ़ने की क्रिया पूर्वकाल में हुई अतः यह पूर्वकालिक क्रिया होगी जिसमें 'क्त्वा' प्रत्यय लगकर 'पठित्वा' रूप बना है। अतः 'क्त्वा' पूर्वकालिक कृदन्त है।

➢ 'क्त्वा' प्रत्यय के 'क्' की ''लशक्वतद्धिते'' सूत्र से इत्संज्ञा होकर लोप हो जाता है केवल 'त्वा' शेष रहता है। कुछ धातुओं में 'इट्' का आगम होता है तो 'इत्वा' लगता है।

जैसे- बालकः पठित्वा गृहं गच्छति।

यहाँ 'पठ्' धातु में 'इट्' का आगम होकर 'क्त्वा' प्रत्यय लगा है, इसीलिए 'पठित्वा' बना है।

	धातु + प्रत्यय		क्त्वा-प्रत्ययान्त रूप
1.	कृ + क्त्वा	=	**कृत्वा** (करके)
2.	दा + क्त्वा	=	**दत्त्वा** (देकर)
3.	पा + क्त्वा	=	**पीत्वा** (पीकर)
4.	गम् + क्त्वा	=	**गत्वा** (जाकर)
5.	हस् + क्त्वा	=	**हसित्वा** (हँसकर)
6.	जि + क्त्वा	=	**जित्वा** (जीतकर)
7.	स्था + क्त्वा	=	**स्थित्वा** (ठहरकर)
8.	श्रु + क्त्वा	=	**श्रुत्वा** (सुनकर)
9.	ज्ञा + क्त्वा	=	**ज्ञात्वा** (जानकर)
10.	पत् + क्त्वा	=	**पतित्वा** (गिरकर)
11.	स्ना + क्त्वा	=	**स्नात्वा** (स्नानकर)
12.	दृश् + क्त्वा	=	**दृष्ट्वा** (देखकर) Imp.
13.	पठ् + क्त्वा	=	**पठित्वा** (पढ़कर)
14.	लभ् + क्त्वा	=	**लब्ध्वा** (प्राप्तकर) Imp.
15.	भू + क्त्वा	=	**भूत्वा** (होकर)
16.	त्यज् + क्त्वा	=	**त्यक्त्वा** (त्यागकर)
17.	कथ् + क्त्वा	=	**कथयित्वा** (कहकर)
18.	क्री + क्त्वा	=	**क्रीत्वा** (खरीदकर)
19.	खेल + क्त्वा	=	**खेलित्वा** (खेलकर)
20.	नी + क्त्वा	=	**नीत्वा** (लेकर)
21.	प्रच्छ् + क्त्वा	=	**पृष्ट्वा** (पूँछकर) Imp.
22.	ग्रह् + क्त्वा	=	**गृहीत्वा** (लेना)
23.	चल् + क्त्वा	=	**चलित्वा** (चलकर)
24.	लिख् + क्त्वा	=	लेखित्वा (लिखकर)
25.	क्रीड् + क्त्वा	=	क्रीडित्वा (खेलकर)

2. ल्यप् प्रत्यय

➢ जब धातु से पहले कोई उपसर्ग होता है तो 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'ल्यप्' आदेश हो जाता है।

➢ 'ल्यप्' में 'ल्' और 'प्' की इत्संज्ञा होकर लोप हो जाता है, केवल 'य' शेष बचता है। **''लशक्वतद्धिते''** सूत्र से 'ल्' की तथा **''हलन्त्यम्''** सूत्र से 'प्' की इत्संज्ञा।

➢ 'क्त्वा' और 'ल्यप्' प्रत्ययों से बनने वाले शब्द अव्यय होते हैं और दोनों प्रत्यय 'पूर्वकालिक कृदन्त' है।

➢ **समासेऽनञ्पूर्वे क्त्वो ल्यप्** (7.1.37) सूत्र से 'ल्यप्' प्रत्यय का विधान होता है।

➢ 'ल्यप्' प्रत्ययान्त पदों का भी वही अर्थ है जो 'क्त्वा' प्रत्यय का है। **जैसे-** अनुभूय (अनुभव करके), आगम्य (आकर), प्रणम्य (प्रणाम करके) आदि।

(i) छात्रः **आगत्य** पठति (छात्र आकर पढ़ता है)

(ii) मनुष्यः सर्वं **विस्मृत्य** सुखी भवति (मनुष्य सब कुछ भूलकर सुखी होता है)

उपसर्ग + धातु + प्रत्यय = प्रत्ययान्त रूप (अर्थसहित)

1. अनु + भू + ल्यप् = **अनुभूय** (अनुभव करके)
2. आङ् + गम् + ल्यप् = **आगम्य/आगत्य** (आकर)
3. वि + नी + ल्यप् = **विनीय** (लेकर)
4. आङ् + प्रच्छ् + ल्यप् = **आपृच्छ्य** (पूँछकर)
5. प्र + कृ + ल्यप् = **प्रकृत्य** (करके)
6. प्र + आप् + ल्यप् = **प्राप्य** (प्राप्तकर)
7. वि + चि + ल्यप् = **विचित्य** (चुनकर)
8. वि + रम् + ल्यप् = **विरम्य/विरत्य** (रुककर)
9. प्र + नम् + ल्यप् = **प्रणत्य/प्रणम्य** (प्रणाम करके)
10. उत् + तृ + ल्यप् = **उत्तीर्य** (तैरकर, पारकर)
11. आ + दा + ल्यप् = **आदाय** (लेकर)
12. उप + गम् + ल्यप् = **उपगम्य** (समीप जाकर)
13. वि + हा + ल्यप् = **विहाय** (छोड़कर)
14. नि + पा + ल्यप् = **निपीय** (पानकर)
15. वि + स्मृ + ल्यप् = **विस्मृत्य** (भूलकर)
16. अव + तृ + ल्यप् = **अवतीर्य** (उतरकर)
17. सम् + श्रु + ल्यप् = **संश्रुत्य** (सुनकर)
18. आ + नी + ल्यप् = **आनीय** (लाकर)
19. प्र + स्था + ल्यप् = **प्रस्थाय** (चलकर)
20. उत् + लिख् + ल्यप् = **उल्लिख्य** (ऊपर लिखकर)
21. वि + ज्ञा + ल्यप् = **विज्ञाय** (अच्छी तरह से जानकर)
22. सम् + भू + ल्यप् = **सम्भूय** (मिलकर, इकट्ठा होकर)
23. प्र + पठ् + ल्यप् = **प्रपठ्य** (पढ़कर)
24. आङ् + पा + ल्यप् = **आपीय** (पूरी तरह से पीकर)
25. अनु + श्रु + ल्यप् = **अनुश्रूय** (सुन-सुनकर)
26. उप + कृ + ल्यप् = **उपकृत्य** (उपकार करके)
27. प्र + कुप् + ल्यप् = **प्रकुप्य** (अत्यधिक क्रोधित होकर)
28. अव + मुच् + ल्यप् = **अवमुच्य** (छोड़कर)
29. उप + भुज् + ल्यप् = **उपभुज्य** (खाकर)
30. सम् + दृश् + ल्यप् = **सन्दृश्य** (अच्छी तरह से देखकर)
31. उप + लभ् + ल्यप् = **उपलभ्य** (प्राप्त करके)
32. सम् + पठ् + ल्यप् = **सम्पठ्य**
33. वि + लिख् + ल्यप् = **विलिख्य**
34. सम् + युज् + ल्यप् = **संयुज्य**
35. वि + हस + ल्यप् = **विहस्य**
36. वि + लिख् + ल्यप् = **विलिख्य**

3. तुमुन् प्रत्यय

- **तुमुन्ण्वुलौ क्रियायां क्रियार्थायाम्** (3.3.10) इस सूत्र से 'तुमुन्' प्रत्यय का विधान किया जाता है।
- 'के लिए' यह अर्थ बताना हो तो धातुओं से 'तुमुन्' प्रत्यय लगाया जाता है। जैसे- **पठितुम्** (पढ़ने के लिए) **गन्तुम्** (जाने के लिए), **क्रेतुम्** (खरीदने के लिए) आदि।
- इसीलिए 'तुमुन्' प्रत्यय को **'हेतु कृदन्त'** कहते हैं अर्थात् धातु के अर्थ के साथ 'के लिए' जोड़ देने पर तुमुनन्त पदों का अर्थ निकल आता है। जैसे- 'पठ्' धातु का अर्थ है- पढ़ना। इसमें 'तुमुन्' जोड़ने से बनेगा- **पठितुम्**, जिसका अर्थ है- पढ़ने के लिए।
- 'तुमुन् ' प्रत्यय से बने शब्द अव्यय होते हैं, अतः इनके रूप नहीं चलते।
- कर्ता जिस कार्य के निमित्त कोई क्रिया करता है उसे निमित्तार्थक क्रिया कहते हैं, निमित्तार्थक क्रिया में ही 'तुमुन्' प्रत्यय लगाया जाता है।

जैसे- **बालकः पठितुं विद्यालयं गच्छति।** (बालक पढ़ने के लिए विद्यालय जाता है)

- यहाँ बालक रूपी कर्ता पढ़ने के निमित्त विद्यालय जाता है; अतः निमित्तार्थक क्रिया 'पठ्' में तुमुन् प्रत्यय लगकर 'पठितुम्' बना। बालक की गमन क्रिया पढ़ने के निमित्त हो रही है।
- 'तुमुन्' प्रत्यय में नकार की 'हलन्त्यम्' से और उकार की ''उपदेशेऽजनुनासिक इत्'' से इत्संज्ञा होकर लोप होने पर 'तुम्' शेष रहता है।

तुमुन् प्रत्ययान्त पदों की सूची

धातु + प्रत्यय	=	तुमुनन्त पद (अर्थ सहित)
1. भू + तुमुन्	=	**भवितुम्** (होने के लिए)
2. पा + तुमुन्	=	**पातुम्** (पीने के लिए)
3. पठ् + तुमुन्	=	**पठितुम्** (पढ़ने के लिए)
4. गम् + तुमुन्	=	**गन्तुम्** (जाने के लिए)
5. स्था + तुमुन्	=	**स्थातुम्** (बैठने के लिए)
6. दृश् + तुमुन्	=	**द्रष्टुम्** (देखने के लिए) Imp.
7. दा + तुमुन्	=	**दातुम्** (देने के लिए)
8. लभ् + तुमुन्	=	**लब्धुम्** (पाने के लिए) Imp.
9. ज्ञा + तुमुन्	=	**ज्ञातुम्** (जानने के लिए)
10. हन् + तुमुन्	=	**हन्तुम्** (मारने के लिए)
11. कृ + तुमुन्	=	**कर्तुम्** (करने के लिए) Imp.
12. जि + तुमुन्	=	**जेतुम्** (जीतने के लिए) Imp.
13. श्रु + तुमुन्	=	**श्रोतुम्** (सुनने के लिए)
14. प्रच्छ् + तुमुन्	=	**प्रष्टुम्** (पूँछने के लिए) Imp.
15. त्यज् + तुमुन्	=	**त्यक्तुम्** (छोड़ने के लिए)
16. स्ना + तुमुन्	=	**स्नातुम्** (नहाने के लिए)
17. गै (गा) + तुमुन्	=	**गातुम्** (गाने के लिए)
18. खाद् + तुमुन्	=	**खादितुम्** (खाने के लिए)
19. क्रीड् + तुमुन्	=	**क्रीडितुम्** (खेलने के लिए)
20. वन्द् + तुमुन्	=	**वन्दितुम्** (वन्दना करने के लिए)
21. भुज् + तुमुन्	=	**भोक्तुम्** (खाने के लिए)
22. शीङ् + तुमुन्	=	**शयितुम्** (सोने के लिए)

23. वच् + तुमुन् = **वक्तुम्** (बोलने के लिए)
24. ग्रह् + तुमुन् = **ग्रहीतुम्** (लेने के लिए)
25. अस् + तुमुन् = **भवितुम्** (होने के लिए)
26. क्षिप् + तुमुन् = **क्षेप्तुम्** (फेंकने के लिए)
27. क्री + तुमुन् = **क्रेतुम्** (खरीदने के लिए)
28. चि + तुमुन् = **चेतुम्** (चुनने के लिए)
29. कुप् + तुमुन् = **कोपितुम्** (क्रोध करने के लिए)
30. मुच् + तुमुन् = **मोक्तुम्** (छोड़ने के लिए)
31. दा + तुमुन् = दातुम्
32. हस् + तुमुन् = हसितुम्
33. पत् + तुमुन् = पतितुम्
34. लिख् + तुमुन् = लेखितम्
35. वद् + तुमुन् = वक्तुम्

4. यत् प्रत्यय

- **''अचो यत्''** (3.1.97) सूत्र से 'यत्' प्रत्यय का विधान किया जाता है। अर्थात् अच् (स्वर) वर्ण जिन धातुओं के अन्त में होते हैं, उनसे 'यत्' प्रत्यय होता है।
- 'चाहिए' या 'योग्य' अर्थ को बताने वाले 'यत्' प्रत्यय के 'त्' की 'हलन्त्यम्' सूत्र से इत्संज्ञा होकर लोप होने पर केवल 'य' शेष बचता है।
- 'यत्' प्रत्यय जुड़ने के बाद धातु के स्वर को गुण हो जाता है।

	नपुंसकलिङ्ग	पुंलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
चि + यत्	= **चेयम्** (चयन करने योग्य)	**चेयः**	चेया
पा + यत्	= **पेयम्** (पीने योग्य)	**पेयः**	पेया
नी + यत्	= **नेयम्** (ले जाने योग्य)	**नेयः**	नेया
जि + यत्	= **जेयम्** (जीतने योग्य)	**जेयः**	जेया
श्रु + यत्	= **श्रव्यम्** (सुनने योग्य)	**श्रव्यः**	श्रव्या
दा + यत्	= **देयम्** (देने योग्य)	**देयः**	देया
गै + यत्	= **गेयम्** (गाने योग्य)	**गेयः**	गेया
भू + यत्	= **भव्यम्** (होने योग्य)	**भव्यः**	भव्या
भी + यत्	= **भेयम्** (डरने योग्य)	**भेयः**	भेया
लभ् + यत्	= **लभ्यम्** (प्राप्त करने योग्य)	**लभ्यः**	लभ्या
शक् + यत्	= **शक्यम्** (होने योग्य)	**शक्यः**	शक्या
हन् + यत्	= **वध्यम्** (वधयोग्य)	**वध्यः**	वध्या

- **पोरदुपधात् (3.1.98)** - इस सूत्र से पवर्ग अन्त में हो अथवा ह्रस्व अकार उपधा में हो, ऐसी धातुओं से 'यत्' प्रत्यय होता है जैसे- लभ् + यत् = **लभ्यम्**
  शप् + यत् = **शप्यम्**

5. क्तिन् प्रत्यय

- **स्त्रियां क्तिन्** (3.3.94) सूत्र से भाव अर्थ में स्त्रीत्व की विवक्षा होने पर धातु से 'क्तिन्' प्रत्यय होता है।
- 'क्तिन्' में ककार और नकार की इत्संज्ञा होकर लोप हो जाता है केवल 'ति' शेष बचता है। ''लशक्वतद्धिते'' से 'क्' की तथा ''हलन्त्यम्'' से 'न्' की इत्संज्ञा होती है।
- 'क्तिन्' प्रत्यय से बने शब्द सदैव स्त्रीलिङ्ग में होंगे।

जैसे- कृतिः, गतिः, भूतिः, धृतिः आदि।

उदाहरण-

(1) कृ + क्तिन् = **कृतिः**
(2) नी + क्तिन् = **नीतिः**
(3) गम् + क्तिन् = **गतिः**
(4) धृ + क्तिन् = **धृतिः**
(5) भू + क्तिन् = **भूतिः**
(6) नम् + क्तिन् = **नतिः**
(7) स्तु + क्तिन् = **स्तुतिः**
(8) श्रु + क्तिन् = **श्रुतिः**
(9) स्मृ + क्तिन् = **स्मृतिः**
(10) दृश् + क्तिन् = **दृष्टिः**
(11) मन् + क्तिन् = **मतिः**
(12) भज् + क्तिन् = **भक्तिः**
(13) बुध् + क्तिन् = **बुद्धिः**
(14) मुच् + क्तिन् = **मुक्तिः**
(15) शम् + क्तिन् = **शान्तिः**
(16) गै + क्तिन् = **गीतिः**
(17) पुष् + क्तिन् = **पुष्टिः**

6. ल्युट् प्रत्यय

- **''नपुंसके भावे क्तः''** (3.3.114) **''ल्युट् च''** (3.3.115) सूत्र से भाववाचक अर्थ में नपुंसकत्व में 'ल्युट्' प्रत्यय लगता है।
- ल्युट् प्रत्यय से बने शब्द नपुंसलिङ्ग में ही होते हैं।

जैसे- पठनम्, लेखनम्, दानम्, लेखनम् आदि।

- 'ल्युट्' प्रत्यय के 'ल्' और 'ट्' की इत्संज्ञा होकर लोप हो जाता है, 'यु' शेष रहता है। तथा 'यु' को ''युवोरनाकौ'' सूत्र से 'अन' आदेश हो जाता है।

उदाहरण-

1. लिख् + ल्युट् = **लेखनम्**
2. दा + ल्युट् = **दानम्**
3. अर्च + ल्युट् = **अर्चनम्**
4. कथ् + ल्युट् = **कथनम्**
5. पठ् + ल्युट् = **पठनम्**
6. ज्ञा + ल्युट् = **ज्ञानम्**
7. कृ + ल्युट् = **करणम्**
8. नी + ल्युट् = **नयनम्**

9. ग्रह् + ल्युट् = **ग्रहणम्**
10. गम् + ल्युट् = **गमनम्**
11. भू + ल्युट् = **भवनम्**
12. दृश् + ल्युट् = **दर्शनम्**
13. हन् + ल्युट् = **हननम्**
14. अधि + इङ् + ल्युट् = **अध्ययनम्**
15. श्रु + ल्युट् = **श्रवणम्**
16. स्मृ + ल्युट् = **स्मरणम्**
17. हृ + ल्युट् = **हरणम्**
18. कथ् + ल्युट् = **कथनम्**
19. शीङ् + ल्युट् = **शयनम्**
20. चि + ल्युट् = **चयनम्**
21. यच् + ल्युट् = **याचनम्**

7. तव्यत् और अनीयर् प्रत्यय

- ''**तव्यत्तव्यानीयरः**'' (3.1.96) सूत्र से धातु के बाद तव्यत् और अनीयर् प्रत्यय होते हैं।
- तव्यत् के त् का लोप होकर 'तव्य' एवं 'अनीयर्' प्रत्यय के 'र्' का लोप होकर 'अनीय' शेष बचता है।
- तव्यत् और अनीयर् प्रत्ययों का प्रयोग 'चाहिए' या 'योग्यता' अर्थ में होता है।

जैसे-पठितव्यम् (पढ़ना चाहिए)
पठनीयम् (पढ़ना चाहिए)

- इन प्रत्ययों का प्रयोग कर्मवाच्य और भाववाच्य में होता है; कर्तृवाच्य में नहीं।

जैसे- मया पठनीयम्।
मया पठितव्यम्।

'अनीयर्' प्रत्यय के उदाहरण

	धातु प्रत्यय		नपुंसकलिङ्ग		पुलिङ्ग		स्त्रीलिङ्ग
1.	कथ् + अनीयर्	=	कथनीयम्	-	कथनीयः	-	कथनीया
2.	भू + अनीयर्	=	भवनीयम्	-	भवनीयः	-	भवनीया
3.	दृश् + अनीयर्	=	दर्शनीयम्	-	दर्शनीयः	-	दर्शनीया
4.	पठ् + अनीयर्	=	पठनीयम्	-	पठनीयः	-	पठनीया
5.	पा + अनीयर्	=	पानीयम्	-	पानीयः	-	पानीया
6.	कृ + अनीयर्	=	करणीयम्	-	करणीयः	-	करणीया
7.	गम् + अनीयर्	=	गमनीयम्	-	गमनीयः	-	गमनीया
8.	रम् + अनीयर्	=	रमणीयम्	-	रमणीयः	-	रमणीया
9.	हस् + अनीयर्	=	हसनीयम्	-	हसनीयः	-	हसनीया
10.	घ्रा + अनीयर्	=	घ्राणीयम्	-	घ्राणीयः	-	घ्राणीया
11.	स्था + अनीयर्	=	स्थानीयम्	-	स्थानीयः	-	स्थानीया
12.	वच् + अनीयर्	=	वचनीयम्	-	वचनीयः	-	वचनीया
13.	लिख् + अनीयर्	=	लेखनीयम्	-	लेखनीयः	-	लेखनीया
14.	श्रु + अनीयर्	=	श्रवणीयम्	-	श्रवणीयः	-	श्रवणीया
15.	दा + अनीयर्	=	दानीयम्	-	दानीयः	-	दानीया
16.	स्मृ + अनीयर्	=	स्मरणीयम्	-	स्मरणीयः	-	स्मरणीया
17.	खाद् + अनीयर्	=	खादनीयम्	-	खादनीयः	-	खादनीया

तव्यत् प्रत्यय के उदाहरण

	धातु प्रत्यय		नपुंसकलिङ्ग		पुलिङ्ग		स्त्रीलिङ्ग
1.	कृ + तव्यत्	=	कर्तव्यम्	-	कर्तव्यः	-	कर्तव्या
2.	गम् + तव्यत्	=	गन्तव्यम्	-	गन्तव्यः	-	गन्तव्या
3.	पच् + तव्यत्	=	पक्तव्यम्	-	पक्तव्यः	-	पक्तव्या
4.	दृश् + तव्यत्	=	द्रष्टव्यम्	-	द्रष्टव्यः	-	द्रष्टव्या
5.	प्रच्छ् + तव्यत्	=	प्रष्टव्यम्	-	प्रष्टव्यः	-	प्रष्टव्या
6.	भू + तव्यत्	=	भवितव्यम्	-	भवितव्यः	-	भवितव्या

	धातु प्रत्यय		नपुंसकलिङ्ग		पुलिङ्ग		स्त्रीलिङ्ग
7.	स्था + तव्यत्	=	स्थातव्यम्	-	स्थातव्यः	-	स्थातव्या
8.	रुद् + तव्यत्	=	रोदितव्यम्	-	रोदितव्यः	-	रोदितव्या
9.	नृत् + तव्यत्	=	नर्तितव्यम्	-	नर्तितव्यः	-	नर्तितव्या
10.	पठ् + तव्यत्	=	पठितव्यम्	-	पठितव्यः	-	पठितव्या
11.	लिख् + तव्यत्	=	लेखितव्यम्	-	लेखितव्यः	-	लेखितव्या
12.	स्मृ + तव्यत्	=	स्मर्तव्यम्	-	स्मर्तव्यः	-	स्मर्तव्या
13.	श्रु + तव्यत्	=	श्रोतव्यम्	-	श्रोतव्यः	-	श्रोतव्या
14.	जि + तव्यत्	=	जेतव्यम्	-	जेतव्यः	-	जेतव्या
15.	दा + तव्यत्	=	दातव्यम्	-	दातव्यः	-	दातव्या
16.	पा + तव्यत्	=	पातव्यम्	-	पातव्यः	-	पातव्या
17.	ज्ञा + तव्यत्	=	ज्ञातव्यम्	-	ज्ञातव्यः	-	ज्ञातव्या

8. क्त और क्तवतु प्रत्यय

- क्तक्तवतू निष्ठा (1.1.26)- क्त और क्तवतु प्रत्यय निष्ठासंज्ञक होते हैं।
- निष्ठा (3.2.102)- सूत्र से क्त और क्तवतु प्रत्यय भूतकाल अर्थ में सभी धातुओं से लगाये जाते हैं।
- 'क्त' प्रत्यय में 'क्' की इत्संज्ञा होकर लोप हो जाता है केवल 'त' शेष बचता है। यह प्रत्यय भाववाच्य एवं कर्मवाच्य में प्रयुक्त होता है।
- क्त और क्तवतु प्रत्ययों से बने पदों का रूप तीनों लिङ्गों में होता है-

जैसे- **पठितः** (पुं.) **पठिता** (स्त्री.) **पठितम्** (नपु.) - क्त प्रत्ययान्तपद

पठितवान् (पु.) **पठितवती** (स्त्री.) **पठितवत्** (नपुं.) - क्तवतु प्रत्ययान्तपद

'क्त' प्रत्ययान्त पदों की सूची

			पु.	स्त्री.	नपुं.
1.	गम् + क्त	=	गतः	गता	गतम्
2.	कृ + क्त	=	कृतः	कृता	कृतम्
3.	पठ् + क्त	=	पठितः	पठिता	पठितम्
4.	प्रच्छ् + क्त	=	पृष्टः	पृष्टा	पृष्टम्
5.	लिख् + क्त	=	लिखितः	लिखिता	लिखितम्
6.	कथ् + क्त	=	कथितः	कथिता	कथितम्
7.	कम्प् + क्त	=	कम्पितः	कम्पिता	कम्पितम्
8.	चिन्त् + क्त	=	चिन्तितः	चिन्तिता	चिन्तितम्
9.	जि + क्त	=	जितः	जिता	जितम्
10.	पूज् + क्त	=	पूजितः	पूजिता	पूजितम्
11.	विद् + क्त	=	विदितः	विदिता	विदितम्
12.	नश् + क्त	=	नष्टः	नष्टा	नष्टम्
13.	शक् + क्त	=	शक्तः	शक्ता	शक्तम्
14.	शिक्ष् + क्त	=	शिक्षितः	शिक्षिता	शिक्षितम्
15.	भू + क्त	=	भूतः	भूता	भूतम्
16.	हस् + क्त	=	हसितः	हसिता	हसितम्
17.	खाद् + क्त	=	खादितः	खादिता	खादितम्

18.	क्रीड् + क्त	=	क्रीडितः	क्रीडिता	क्रीडितम्
19.	पत् + क्त	=	पतितः	पतिता	पतितम्
20.	श्रु + क्त	=	श्रुतः	श्रुता	श्रुतम्
21.	शोभ् + क्त	=	शोभितः	शोभिता	शोभितम्
22.	प्रविश् + क्त	=	प्रविष्टः	प्रविष्टा	प्रविष्टम्
23.	भाष् + क्त	=	भाषितः	भाषिता	भाषितम्
24.	मिल् + क्त	=	मिलितः	मिलिता	मिलितम्
25.	पा + क्त	=	पीतः	पीता	पीतम्
26.	अधि + इङ् + क्त	=	अधीतः	अधीता	अधीतम्
27.	आङ् + हु + क्त	=	आहूतः	आहूता	आहूतम्
28.	ज्वल् + क्त	=	ज्वलितः	ज्वलिता	ज्वलितम्
29.	जीव् + क्त	=	जीवितः	जीविता	जीवितम्
30.	रुच् + क्त	=	रुचितः	रुचिता	रुचितम्
31.	वद् + क्त	=	वदितः	वदिता	वदितम्

क्तवतु प्रत्ययान्त पदों की सूची

			पुँल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग
1.	कृ + क्तवतु	=	कृतवान्	कृतवती	कृतवत्
2.	गम् + (जाना)	=	गतवान्	गतवती	गतवत्
3.	श्रु (सुनना)	=	श्रुतवान्	श्रुतवती	श्रुतवत्
4.	पूज् (पूजा करना)	=	पूजितवान्	पूजितवती	पूजितवत्
5.	लिख् (लिखना)	=	लिखितवान्	लिखितवती	लिखितवत्
6.	ज्ञा (जानना)	=	ज्ञातवान्	ज्ञातवती	ज्ञातवत्
7.	अर्च् (पूजा करना)	=	अर्चितवान्	अर्चितवती	अर्चितवत्
8.	आ दिश् (आज्ञा देना)	=	आदिष्टवान्	आदिष्टवती	आदिष्टवत्
9.	आप् (प्राप्त करना)	=	आप्तवान्	आप्तवती	आप्तवत्
10.	आ + रुह् (चढ़ना)	=	आरूढवान्	आरूढवती	आरूढवत्
11.	उप् + विश् (बैठना)	=	उपविष्टवान्	उपविष्टवती	उपविष्टवत्
12.	कथ् (कहना)	=	कथितवान्	कथितवती	कथितवत्
13.	क्री (खरीदना)	=	क्रीतवान्	क्रीतवती	क्रीतवत्
14.	पत् (गिरना)	=	पतितवान्	पतितवती	पतितवत्
15.	त्यज् (त्यागना)	=	त्यक्तवान्	त्यक्तवती	त्यक्तवत्
16.	लभ् (प्राप्त करना)	=	लब्धवान्	लब्धवती	लब्धवत्
17.	सृज् (सृष्टि करना)	=	सृष्टवान्	सृष्टवती	सृष्टवत्
18.	ग्रह् (ग्रहण करना)	=	गृहीतवान्	गृहीतवती	गृहीतवत्
19.	पा (पीना)	=	पीतवान्	पीतवती	पीतवत्
20.	भू (होना)	=	भूतवान्	भूतवती	भूतवत्
21.	स्ना (स्नान करना)	=	स्नातवान्	स्नातवती	स्नातवत्
22.	पठ् + क्तवतु	=	पठितवान्	पठितवती	पठितवत्
23.	क्रीड + क्तवतु	=	क्रीडितवान्	क्रीडितवती	क्रीडितवत्
24.	हस् + क्तवतु	=	हसितवान्	हसितवती	हसितवत्
25.	खाद् + क्तवतु	=	खादितवान्	खादितवती	खादितवत्
26.	वद् + क्तवतु	=	वदितवान्	वदितवती	वदितवत्

9. णमुल् प्रत्यय

- **''आभीक्ष्ण्ये णमुल् च''** (3.4.22) सूत्र से समान कर्ता वाले दो धातुओं से पूर्वकालिक धातु से 'णमुल्' प्रत्यय होता है; बार-बार होना अर्थ द्योतित होने पर।
- यदि किसी क्रिया का बार-बार लगातार (आभीक्ष्ण्य) अर्थ में प्रयोग करना होता है तो वहाँ 'णमुल्' प्रत्यय जोड़ा जाता है। 'णमुल्' में 'अम्' शेष रहता है।
- णमुल् प्रत्यय से बने शब्द अव्यय होते हैं, इनके रूप नहीं चलते।

'णमुल्' प्रत्ययान्त पदों की सूची

(1)	तड् + णमुल्	=	ताडं ताडम् (मार मारकर)
(2)	दा + णमुल्	=	दायं दायम् (दे-देकर)
(3)	पा + णमुल्	=	पायं पायम् (पी-पीकर)
(4)	गम् + णमुल्	=	गामं गामम् (जा-जाकर)
(5)	वृ + णमुल्	=	वारं वारम् (बार-बार)
(6)	छिद् + णमुल्	=	छेदं छेदम् (छेद-छेदकर)
(7)	नम् + णमुल्	=	नामं नामम् (झुक-झुककर)
(8)	पठ् + णमुल्	=	पाठं पाठम् (पढ़-पढ़कर)
(9)	रुद् + णमुल्	=	रोदं रोदम् (रो-रोकर)
(10)	भिद् + णमुल्	=	भेदं भेदम् (फोड़-फोड़कर)
(11)	पच् + णमुल्	=	पाचं पाचम् (पका पकाकर)
(12)	दृश् + णमुल्	=	दर्शं दर्शम् (बार बार देखकर)
(13)	नश् + णमुल्	=	नाशं नाशम् (नष्ट कर करके)
(14)	लभ् + णमुल्	=	लाभं लाभम् (बार बार प्राप्त करके)
(15)	ग्रह् + णमुल्	=	ग्राहं ग्राहम् (बार बार पकडकर)
(16)	कृ + णमुल्	=	कारकः

10. शतृ प्रत्यय और शानच् प्रत्यय

- **लटः शतृशानचावप्रथमासमानाधिकरणे (3.2.124)** सूत्र से शतृ और शानच् प्रत्ययों का विधान होता है।
- शतृ और शानच् - दोनों प्रत्यय वर्तमानकालिक कृदन्त के अन्तर्गत गिने जाते हैं।
- **''तौ सत्''** सूत्र से शतृ और शानच् - दोनों प्रत्ययों की 'सत् संज्ञा' होती है।
- 'लगातार कार्य का होना' इस अर्थ को बताने के लिए इन दोनों प्रत्ययों का प्रयोग होता है।
- शतृ प्रत्यय में 'अत्' और 'शानच्' में 'आन' शेष बचता है।
- परस्मैपदी धातुओं से 'शतृ' एवं आत्मनेपदी धातुओं से 'शानच्' प्रत्यय का विधान किया जाता है। किन्तु उभयपदी धातुओं से दोनों प्रत्यय होते हैं।
- 'शतृ' और 'शानच्' प्रत्ययान्त शब्दों के रूप तीनों लिङ्गों और सातों विभक्तियों में चलते हैं-

(i) पठ् + शतृ = **पठन्** (पुं.), **पठन्ती** (स्त्री.), **पठत्** (नपु.)

(ii) कम्प् + शानच् = **कम्पमानः** (पु.), **कम्पमाना** (स्त्री.), **कम्पमानम्** (नपु.)

- ये प्रत्यय कर्ता के विशेषण के रूप में प्रयुक्त होते हैं।

जैसे- **पठन् बालकः गच्छति।** (पढ़ता हुआ बालक जाता है)
भाषमाणः शिक्षकः लिखति। (बोलता हुआ शिक्षक लिखता है)

शतृ प्रत्ययान्त शब्दों की सूची

	धातु (अर्थ सहित)	पुंलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग
1.	पठ् (पढ़ना)	पठन्	पठन्ती	पठत्
2.	लिख् (लिखना)	लिखन्	लिखन्ती	लिखत्
3.	क्रीड् (खेलना)	क्रीडन्	क्रीडन्ती	क्रीडत्
4.	कृ (करना)	कुर्वन्	कुर्वती	कुर्वत्
5.	धाव् (दौड़ना)	धावन्	धावन्ती	धावत्
6.	श्रु (सुनना)	शृण्वन्	शृण्वती	शृण्वत्
7.	आप् (पाना)	आप्नुवन्	आप्नुवती	आप्नुवत्
8.	गम् (जाना)	गच्छन्	गच्छन्ती	गच्छत्
9.	गर्ज् (गरजना)	गर्जन्	गर्जन्ती	गर्जत्
10.	दृश् (देखना)	पश्यन्	पश्यन्ती	पश्यत्
11.	कथ् (कहना)	कथयन्	कथयन्ती	कथयत्

12. अर्च् (पूजना)	अर्चन्	अर्चन्ती	अर्चत्
13. क्री (खरीदना)	क्रीणन्	क्रीणती	क्रीणत्
14. गै (गाना)	गायन्	गायन्ती	गायत्
15. छिद् (काटना)	छिन्दन्	छिन्दन्ती	छिन्दत्
16. शक् (सकना)	शक्नुवन्	शक्नुवन्ती	शक्नुवत्
17. स्वप् (सोना)	स्वपन्	स्वपन्ती	स्वपत्
18. स्मृ (स्मरण करना)	स्मरन्	स्मरन्ती	स्मरत्
19. हृ (हरण करना)	हरन्	हरन्ती	हरत्
20. हस् (हँसना)	हसन्	हसन्ती	हसत्
21. अस् (होना)	सन्	सती	सत्
22. खाद् (खाना)	खादन्	खादन्ती	खादत्
23. चल् (चलना)	चलन्	चलन्ती	चलत्
24. ज्ञा (जानना)	जानन्	जानती	जानत्
25. भू (होना)	भवन्	भवन्ती	भवत्
26. कथ् (कहना)	कथयन्	कथयन्ती	कथयत्
27. वद् + शतृ	वदन्	वदन्ती	वदत्

शानच् प्रत्ययान्त पदों की सूची

धातु (अर्थ सहित)	पुंलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग
1. भाष्	भाषमाणः	भाषमाणा	भाषमाणम्
2. एध्	एधमानः	एधमाना	एधमानम्
3. कृ	कुर्वाणः	कुर्वाणा	कुर्वाणम्
4. यज्	यजमानः	यजमाना	यजमानम्
5. लभ्	लभमानः	लभमाना	लभमानम्
6. याच्	याचमानः	याचमाना	याचमानम्
7. नी	नयमानः	नयमाना	नयमानम्
8. वृध्	वर्धमानः	वर्धमाना	वर्धमानम्
9. वृत् (होना)	वर्तमानः	वर्तमाना	वर्तमानम्
10. शी (सोना)	शयानः	शयाना	शयानम्
11. कम्प् (काँपना)	कम्पमानः	कम्पमाना	कम्पमानम्
12. आस् (बैठना)	आसीनः	आसीना	आसीनम्
13. जन् (पैदा होना)	जायमानः	जायमाना	जायमानम्
14. त्वर् (जल्दी करना)	त्वरमाणः	त्वरमाणा	त्वरमाणम्
15. सेव् (सेवा करना)	सेवमानः	सेवमाना	सेवमानम्
16. सह् (सहन करना)	सहमानः	सहमाना	सहमानम्
17. कथ् (कहना)	कथयमाणः	कथयमाणा	कथयमाणम्
18. मुद् + शानच्	मोदमानः	मोदमाना	मोदमानम्

तद्धितप्रत्यय

तद्धितप्रत्यय- संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण एवम् अव्ययपदों से जोड़े जाने वाले प्रत्यय तद्धित प्रत्यय हैं। तद्धितप्रत्यय के योग से बने शब्द '**तद्धितान्त**' कहे जाते हैं।

1. मतुप् प्रत्यय

(i) तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप् (5.2.94) सूत्र से 'वह इसका है' 'वह इसमें है' - इन अर्थों में 'मतुप्' प्रत्यय होता है।

(ii) 'मतुँप्' के पकार एवं उकार का योग होकर 'मत्' शेष बचता है।

(iii) 'मतुँप्' प्रत्ययान्त पद विशेषण होते हैं अतः विशेष्य के अनुसार इनका लिङ्ग, वचन और विभक्ति निर्धारित होती है।

मतुप् प्रत्ययान्त पदों की सूची

1. गो + मतुप् = **गोमत् (गोमान्)** गौ वाला
2. मति + मतुप् = **मतिमत् (मतिमान्)** बुद्धि वाला
3. श्री + मतुप् = **श्रीमत् (श्रीमान्)** श्री से युक्त
4. धी + मतुप् = **धीमत् (धीमान्)** बुद्धि वाला
5. आयुस् + मतुप् = **आयुष्मत् (आयुष्मान्)** दीर्घायु

(1) मतुप् (मत्) का 'म' बदलकर 'व' हो जाता है, यदि अकारान्त या आकारान्त हो; जैसे-

(i) बल + मतुप् = **बलवत्** (बलवान्)

(ii) विद्या + मतुप् = **विद्यावत्** (विद्यावान्)

(iii) धन + मतुप् = **धनवत्** (धनवान्)

(iv) दया + मतुप् = **दयावत्** (दयावान्)

(v) गुण + मतुप् = **गुणवत्** (गुणवान्)

(vi) भग + मतुप् = **भगवत्** (भगवान्)

(2) ऐसा शब्द, जिसके अन्तिम स्वर के पहले 'म्' हो-

लक्ष्मी + मतुप् = लक्ष्मीवान्

(3) ऐसा शब्द, जिसके अन्तिम व्यञ्जन के पहले 'अ' या 'आ' हो। जैसे-

यशस् + मतुप् = **यशस्वत्** (यशस्वान्)

भास् + मतुप् = **भास्वत्** (भास्वान्)

(4) जिस शब्द के अन्त में वर्गों के प्रथम चार वर्णों में से कोई हो। जैसे-

विद्युत् + मतुप् = **विद्युत्वत्** (विद्युत्वान्)

सुहृद् + मतुप् = **सुहृद्वत्** (सुहृद्वान्)

बुद्धि + मतुप् = **बुद्धिमान** (बुद्धिशाली)

शक्ति + मतुप् = **शक्तिमान्** (शक्तिशाली)

मतुप् प्रत्ययान्त पदों की सूची

शब्द + प्रत्यय	पुंलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग
1. धन् + मतुप् =	धनवान्	धनवती	धनवत्
2. रूप + मतुप् =	रूपवान्	रूपवती	रूपवत्
3. बल + मतुप् =	बलवान्	बलवती	बलवत्
4. गुण + मतुप् =	गुणवान्	गुणवती	गुणवत्
5. रस + मतुप् =	रसवान्	रसवती	रसवत्
6. धी + मतुप् =	धीमान्	धीमती	धीमत्
7. श्री + मतुप् =	श्रीमान्	श्रीमती	श्रीमत्

2. अण् प्रत्यय

(1) शिव + अम् = शैवः

(2) विष्णु + अण् = वैष्णवः

3. इनि प्रत्यय

(1) **अत इनिठनौ (5.2.115)** अर्थात् अकारान्त शब्दों से 'इनि' और 'ठन्' प्रत्यय होते हैं।

(2) 'इनि' प्रत्यय के अन्त में विद्यमान 'इ' का लोप हो जाता है अतः केवल 'इन्' शेष बचता है।

(3) यह प्रत्यय भी 'वाला' अर्थ में प्रयुक्त होता है। जैसे- धन + इनि = धनिन् (धनी) = धन वाला।

इनि (इन्) प्रत्ययान्त पदों की सूची

1. च्रक + इनि	=	चक्रिन् /चक्री
2. धन + इनि	=	धनिन् / धनी
3. बल + इनि	=	बलिन् / बली
4. दुःख + इनि	=	दुःखिन् / दुःखी
5. गुण + इनि	=	गुणिन् / गुणी
6. कर + इनि	=	करिन् / करी
7. हस्त + इनि	=	हस्तिन् / हस्ती
8. दण्ड + इनि	=	दण्डिन् / दण्डी
9. शिखा + इनि	=	शिखिन् / शिखी
10. सुख + इनि	=	सुखिन् / सुखी
11. कर्म + इनि	=	कर्मिन् / कर्मी
12. प्रणय + इनि	=	प्रणयिन् / प्रणयी
13. माला + इनि	=	मालिन् / माली
14. दोष + इनि	=	दोषिन् / दोषी
15. ज्ञान + इनि	=	ज्ञानिन् / ज्ञानी
16. दान + इनि	=	दानिन् / दानी
17. माया + इनि	=	मायिन् / मायी

4. त्व और तल् प्रत्यय

(1) ''तस्य भावस्त्वतलौ'' (5.1.119) सूत्र से किसी शब्द को भाववाचक संज्ञा बनाने के लिए उस शब्द में 'त्व' अथवा 'तल्' (ता) प्रत्यय जोड़ देते हैं।

(2) 'त्व' से अन्त होने वाले शब्द सदा नपुंसकलिङ्ग में होते हैं और 'तल्' से अन्त होने वाले शब्द स्त्रीलिङ्ग में होते हैं।

(3) 'ग्रामजनबन्धुभ्यस्तल्' (4.2.43) सूत्र से तल् प्रत्यय होता है। जैसे- ग्रामता, बन्धुता, जनता आदि।

(4) गजता, सहायता आदि में भी तल् प्रत्यय है।

'त्व' और तल् प्रत्ययान्त पदों की सूची

	शब्द	'त्व' प्रत्ययान्त पद	'तल्' प्रत्ययान्त पद
1.	कुशल	कुशलत्वम्	कुशलता
2.	गुरु	गुरुत्वम्	गुरुता
3.	मित्र	मित्रत्वम्	मित्रता
4.	देव	देवत्वम्	देवता
5.	सुन्दर	सुन्दरत्वम्	सुन्दरता
6.	मनुष्य	मनुष्यत्वम्	मनुष्यता
7.	शिशु	शिशुत्वम्	शिशुता
8.	पशु	पशुत्वम्	पशुता
9.	मूर्ख	मूर्खत्वम्	मूर्खता
10.	दुर्जन	दुर्जनत्वम्	दुर्जनता
11.	महत्	महत्त्वम्	महत्ता
12.	लघु	लघुत्वम्	लघुता

5. ठक् प्रत्यय

(1) 'ठक्' प्रत्यय का प्रयोग भाववाचक संज्ञा बनाने के लिए होता है। शब्द के साथ जुड़ने पर 'ठक्' के 'ठ्' के स्थान पर 'इक' आदेश होता है।

(2) शब्द के प्रथम स्वर में वृद्धि हो जाती है; जैसे- 'अ' को 'आ', 'इ' को 'ऐ', 'उ' को 'औ' हो जाता है। अर्थात् आदि अच् की वृद्धि होती है।

ठक् (इक) प्रत्ययान्त पदों की सूची

1. धर्म + ठक् (इक) = धार्मिकः
2. अस्ति + ठक् (इक) = आस्तिकः
3. सप्ताह + ठक् (इक) = साप्ताहिकः
4. संस्कृति + ठक् (इक) = सांस्कृतिकः
5. अश्व + ठक् (इक) = आश्विकः
6. साहित्य + ठक् (इक) = साहित्यिकः
7. लोक + ठक् (इक) = लौकिकः
8. दिन + ठक् (इक) = दैनिकः
9. इतिहास + ठक् = ऐतिहासिकः
10. समाज + ठक् = सामाजिकः
11. दधि + ठक् = दधिकम्

स्त्रीप्रत्यय

पुंलिङ्ग शब्दों को स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए जिन प्रत्ययों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें **'स्त्रीप्रत्यय'** कहा जाता है।
जैसे- टाप्, चाप्, डाप्, ङीप्, ङीष्, ङीन्, ऊङ्, ति आदि।

(1) टाप् प्रत्यय

(i) अजाद्यतष्टाप् (4.1.4) सूत्र से अजादिगण में गिने गये शब्दों को और अकारान्त पुंलिङ्ग शब्दों को स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए 'टाप्' प्रत्यय लगाया जाता है।

(ii) 'टाप्' प्रत्यय के 'ट्' और 'प्' का लोप होकर केवल 'आ' बचता है। अतः 'टाप्' प्रत्ययान्त शब्द आकारान्त स्त्रीलिङ्ग कहलाते हैं।

(iii) 'टाप्' प्रत्यय से बने शब्दों के रूप 'रमा' की भाँति चलते हैं।

जैसे- शिक्षक + टाप् = **शिक्षिका**
अज + टाप् = **अजा**
चटक + टाप् = **चटका**
सुत + टाप् = **सुता**
शूद्र + टाप् = **शूद्रा**
कनिष्ठ + टाप् = **कनिष्ठा**
प्रथम + टाप् = **प्रथमा**
बाल + टाप् = **बाला**
अश्व + टाप् = **अश्वा**
क्षत्रिय + टाप् = **क्षत्रिया**
अनुकूल + टाप् = **अनुकूला**
सुनयन + टाप् = **सुनयना**
अचल + टाप् = **अचला**
कुशल + टाप् = **कुशला**
कोकिल + टाप् = **कोकिला**

नोट- 'टाप्' प्रत्यय जोड़ते समय यदि शब्द के अन्त में 'क' हो, और 'क' से पूर्व 'अ' हो तो.....'अ' के स्थान पर 'इ' हो जाता है।

जैसे-

कारक + टाप् = **कारिका**

नाटक + टाप् = **नाटिका**

बालक + टाप् = **बालिका**

अध्यापक + टाप् = **अध्यापिका**

गायक + टाप् = **गायिका**

(2) ङीष् प्रत्यय

(i) **'षिद्गौरादिभ्यश्च' (4.1.41)** सूत्र से 'ङीष्' प्रत्यय का विधान किया जाता है।

(ii) जिन प्रत्ययों में 'षकार' का लोप हुआ हो, ऐसे प्रत्ययों से बने हुए शब्दों से तथा गौरादिगण के शब्दों से स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए 'ङीष्' प्रत्यय का प्रयोग होता है।

(iii) 'ङीष्' में 'ङ्' की और 'ष्' की इत्संज्ञा होकर लोप हो जाता है, केवल 'ई' शेष बचता है। इसीलिए ङीष् प्रत्ययान्त पद ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग पद कहलाते हैं।

(iv) ङीष् प्रत्ययान्त पदों का रूप 'नदी' की तरह चलता है।

जैसे-

नर्तक + ङीष् = **नर्तकी**

गौर + ङीष् = **गौरी**

नट + ङीष् = **नटी**

मातामह + ङीष् = **मातामही**

चन्द्रमुख + ङीष् = **चन्द्रमुखी**

मनुष्य + ङीष् = **मनुषी**

शिखण्ड + ङीष् = **शिखण्डी**

तट + ङीष् = **तटी**

शूद्र + ङीष् = **शूद्री**

पटु + ङीष् = **पट्वी**

मानुष् + ङीष = **मानुषी**

महिष् + ङीष् = **महिषी**

मृदु + ङीष् = **मृद्वी**

(3) ङीप् प्रत्यय

(i) 'ङीप्' प्रत्यय के 'ङ्' और 'प्' का लोप होकर 'ई' शेष बचता है।

(ii) ङीप् प्रत्ययान्त पद ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग कहलाते हैं, इनका रूप भी 'नदी' की तरह चलता है।

(iii) "टिड्ढाणञ् ...." "वयसि प्रथमे" "द्विगोः" आदि सूत्रों से 'ङीप्' प्रत्यय का विधान होता है।

जैसे-

नद + ङीप् = **नदी**

देव + ङीप् = **देवी**

तरुण + ङीप् = **तरुणी**

गार्ग्य + ङीप् = **गार्गी**

कुमार + ङीप् = **कुमारी**

किशोर + ङीप् = **किशोरी**

त्रिलोक + ङीप् = **त्रिलोकी**

अष्टाध्याय + ङीप् = **अष्टाध्यायी**

पञ्चवट + ङीप् = **पञ्चवटी**

त्रिपाद + ङीप् = **त्रिपादी**

कर्तृ + ङीप् = **कर्त्री**

गुणिन् + ङीप् = **गुणिनी**

सुखकर + ङीप् = **सुखकरी**

भोगकर + ङीप् = **भोगकरी**

श्रीमत् + ङीप् = **श्रीमती**

भवत् + ङीप् = **भवती**

(4) ङीन् प्रत्यय

(i) 'ङीन्' प्रत्यय का भी 'ङ्' और 'न्' का लोप होकर 'ई' शेष बचता है।

(ii) इस प्रत्यय से बने रूप भी ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग होते हैं, अतः इनका रूप भी 'नदी' की तरह चलेगा।

(iii) **"शार्ङ्गरवाद्यञो ङीन्"** एवं **"नृनरयोर्वृद्धिश्च"** से 'ङीन्' प्रत्यय का विधान होता है।

जैसे-

ब्राह्मण + ङीन् = **ब्राह्मणी**

शार्ङ्गरव + ङीन् = **शार्ङ्गरवी**

नृ + ङीन् = **नारी**

नर + ङीन् = **नारी**

❑❑

स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा - 2017

लक्ष्य झारखण्ड

प्रवक्ता (PGT)

संस्कृत

लेखक
सर्वज्ञभूषण

सम्पादक
मनीष शर्मा
योगेश मिश्र 'राधे राधे'

प्रकाशक
संस्कृतगङ्गा
59, मोरी, दारागंज, इलाहाबाद
मो. 9839852033
7800138404

प्रकाशन-सहयोग
युनिवर्सल बुक्स
1519, अल्लापुर, इलाहाबाद
☎: 0532-2503638
मो. 9453460552

* **प्रकाशक**

संस्कृतगङ्गा (पञ्जीकृत)
59, मोरी, दारागञ्ज, इलाहाबाद
(कोतवाली दारागञ्ज के आगे, गङ्गाकिनारे संकटमोचन छोटे हनुमान मन्दिर के पास), Mb. : 9839852033
email-Sanskritganga@gmail.com

* **प्रकाशन-सहयोग**

युनिवर्सल बुक
1519 अल्लापुर, इलाहाबाद
☎ : 0532-2503638

* मुख्यवितरक

राजू पुस्तक केन्द्र
अल्लापुर, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश)
मो० 9453460552

* पुस्तकें डाक द्वारा भी आर्डर कर सकते हैं–

Mob. : 7800138404
9839852033

* **अक्षर संयोजक- पवन सिंह, मिथिलेश, केदारनाथ**

* **पृष्ठ विन्यास- कृष्णा कम्प्यूटर संस्थान,** मोरी, दारागंज

* प्रथम संस्करण – फरवरी - 2018

* **मूल्य – 250/-** (दो सौ पचास रुपये मात्र)

पुस्तक प्राप्ति के स्थान

1. राजू पुस्तक भण्डार, अल्लापुर, इलाहाबाद
   सम्पर्क सूत्र : 0532-2503638, 9453460552
2. संस्कृतगङ्गा, दारागञ्ज, इलाहाबाद - 7800138404
3. गौरव बुक एजेन्सी, कैण्ट, वाराणसी
4. विजय मैग्जीन सेन्टर, बलरामपुर
5. जायसवाल बुक सेन्टर, हरदोई – 9415414569
6. शिवशंकर बुक स्टाल, जौनपुर
7. न्यू पूर्वांचल बुक स्टाल, जौनपुर – 9235743254
8. कृष्णा बुक डिपो बस्ती – 8182854095
9. मौर्या बुक डिपो, पाण्डेयपुर, वाराणसी– 9454735892
10. मनीष बुक स्टोर, गोरखपुर – 9415848788
11. द्विवेदी ब्रदर्स, गोरखपुर – 0551-344862
12. विद्यार्थी पुस्तक मन्दिर, गोरखपुर – 9838172713
13. रंजन मिश्रा, गोरखपुर (बस स्टैण्ड)
14. आशीर्वाद बुक डिपो, अमीनाबाद, लखनऊ
15. मालवीय पुस्तक केन्द्र, अमीनाबाद, लखनऊ – 9918681824
16. मॉडर्न मैग्जीन बुक शॉप, कपूरशाला, लखनऊ
17. साहू बुक स्टॉल, अलीगंज, लखनऊ – 9838640164
18. भूमि मार्केटिंग, लखनऊ – 9450520503
19. दुर्गा स्टोर, राजा की मण्डी, आगरा – 9927092063
20. महामाया पुस्तक केन्द्र, बिलासपुर – 09907418171
21. डायमण्ड बुक स्टाल, ज्वालापुर, हरिद्वार
22. कम्पटीशन बुक हाउस, सब्जी मण्डी रोड, बरेली – 9897529906
23. अजय गुप्ता बुक स्टोर, लखीमपुर – 809062054
24. शिवशंकर बुक स्टाल, रीवा – 9616355944
25. कृष्णा बुक एजेन्सी, वाराणसी – 9415820103
26. गर्ग बुक डिपो, जयपुर
27. अग्रवाल बुक सेन्टर, मुखर्जी नगर, नयी दिल्ली
28. चौखम्भा प्रकाशन, वाराणसी (सभी बुक स्टालों पर)
    मो. – 9839243286, 9415508311, 0532-2420414
29. विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक वाराणसी – 0542-2413741
30. मोतीलाल बनारसी दास, वाराणसी
31. केशवी बुक डिस्ट्रीब्यूटर्स, नयी दिल्ली – 93
32. महावीर बुक स्टाल, खजूरी बाजार, इन्दौर
33. हिन्दी बुक डिपो, मुरादाबाद – 94566888596
34. माँ बुक स्टेशनर्स, शहडोल छत्तीसगढ़ – 9406754644

दो शब्द

प्रिय संस्कृतबन्धो !

नमः संस्कृताय!

- मित्रों! "**स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2017**" झारखण्ड प्रवक्ता के संस्कृत पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर "**लक्ष्य झारखण्ड**" नामक पुस्तक को तैयार किया गया है।
- मुझे विश्वास है कि इसमें प्रदत्त पाठ्यसामग्री आप सभी प्रतियोगियों के लिए वरदान साबित होगी, साथ ही झारखण्ड प्रवक्ता (PGT) के लिए **ONLINE SANSKRIT CLASS** भी संस्कृतगङ्गा दारागञ्ज प्रयाग की ओर से आपको निःशुल्क प्रदान की जा रही है। कृपया शीघ्र सम्पर्क करके लाभ उठायें। **सम्पर्क करें - 7800138404, 9839852033**
- इस पुस्तक को तैयार करने में जिन मित्रों का सहयोग मिला उन्हें हार्दिक धन्यवाद। विशेष रूप से **शफीना बेगम, गायत्री पाण्डेय, अमित मिश्र (बस्ती), देवमूरत, अम्बिकेश प्रताप सिंह, रामबिहारी दुबे, सत्यप्रकाश, योगेश मिश्र (मुनिजी), सुमन सिंह, कविता सिंह, केदारनाथ तिवारी, अमित सिंह (बाराबंकी), श्रीकृष्ण शुक्ल** (प्रवक्ता, बुण्डू, राँची) जी के प्रति संस्कृतजगत् कृतज्ञ है।
- इस पुस्तक को सँवारने तथा पृष्ठविन्यास हेतु स्नेही मित्र **ब्रह्मानन्द मिश्र** जी को सादर नमन। साथ ही मुद्रण कार्य में अथक परिश्रम करने वाले **पवन सिंह, मिथिलेश** एवं **केदारनाथ** जी को साधुवाद।

दिनाङ्क - 08.02.2018

आपका सखा
सर्वज्ञभूषण

विषय-क्रम

पाठ्यक्रम

प्रवक्ता झारखण्ड (संस्कृत)

विषय- संस्कृत भाषा और साहित्य

1. **संस्कृत भाषा का उद्भव और विकास** [भारतीय यूरोपीय (भारोपीय) से मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं की सामान्य रूपरेखा]।
2. **संस्कृत साहित्य के इतिहास का साधारण ज्ञान,** साहित्य समीक्षा के प्रमुख सिद्धान्त। महाकाव्य, गद्यकाव्य, गीतिकाव्य और संग्रह-ग्रन्थ आदि साहित्यिक विधाओं का उद्भव और विकास।
3. **प्राचीन भारतीय संस्कृति और दर्शन** जिसमें वर्णाश्रम-व्यवस्था,संस्कार और प्रमुख दार्शनिक प्रवृत्तियों पर विशेष बल दिया जाय।
4. **निम्नलिखित कृतियों का सामान्य अध्ययन-**

क. कठोपनिषद्
ख. श्रीमद्भगवद्गीता
ग. बुद्धचरितम् (अश्वघोष)
घ. स्वप्नवासवदत्तम् (भास)
ङ. अभिज्ञानशाकुन्तलम् (कालिदास)
च. मेघदूतम् (कालिदास)
छ. रघुवंशम् (कालिदास)
ज. कुमारसम्भवम् (कालिदास)
झ. मृच्छकटिकम् (शूद्रक)
ञ. किरातार्जुनीयम् (भारवि)
ट. शिशुपालवधम् (माघ)
ठ. उत्तररामचरितम् (भवभूति)
ड. मुद्राराक्षसम् (विशाखदत्त)
ढ. नैषधीयचरितम् (श्रीहर्ष)
ण. राजतरङ्गिणी (कल्हण)
त. नीतिशतकम् (भर्तृहरि)
थ. कादम्बरी (बाणभट्ट)
द. हर्षचरितम् (बाणभट्ट)
ध. दशकुमारचरितम् (दण्डी)
न. प्रबोधचन्द्रोदय (कृष्णमिश्र)

5. **चुनी हुई निम्नलिखित पाठ्यसामग्री के मौलिक अध्ययन हेतु प्रामणिक पाठ्यग्रन्थ-** केवल इन्हीं ग्रन्थों से प्रश्न पूछे जायेंगे।
   1. कठोपनिषद् (प्रथम अध्याय-तृतीय वल्ली, श्लोक- 10 से 15 तक)
   2. श्रीमद्भगवद्गीता (द्वितीय अध्याय,श्लोक- 13 से 25 तक)
   3. बुद्धचरितम् (तृतीय सर्ग,श्लोक- 1 से 10 तक)
   4. स्वप्नवासवदत्तम् (षष्ठ अङ्क)
   5. अभिज्ञानशाकुन्तलम् (चतुर्थ अङ्क)
   6. मेघदूतम् (पूर्वमेघ, श्लोक-1 से 10 तक)
   7. किरातार्जुनीयम् (प्रथम सर्ग)
   8. उत्तररामचरितम् (तृतीय अङ्क)
   9. नीतिशतकम् (श्लोक-1 से 10 तक)
   10. कादम्बरी (शुकनासोपदेश)
   11. कौटिल्य अर्थशास्त्र (प्रथम अधिकरण-प्रथम प्रकरण- द्वितीय अध्याय, शीर्षक- '**विद्यासमुद्देशः आन्वीक्षिकीस्थापना**' सप्तम प्रकरण- 11वाँ अध्याय, शीर्षक- '**गूढपुरुषोत्पत्तिः**')

1. संस्कृत भाषा का उद्भव और विकास

भाषा की उत्पत्ति

- 'भाषा की उत्पत्ति' यह विषय अत्यन्त उलझा हुआ है। इस विषय पर विद्वानों ने जो विचार प्रस्तुत किये हैं, वे अपूर्ण और अनिर्णयात्मक हैं।
- भाषा उत्पत्ति के लिए दो बातें अनिवार्य हैं-

1. वाग्यन्त्र से ध्वनन या वर्णोच्चारण की क्षमता प्राप्त करना।
2. उच्चरित ध्वनि का, अर्थ के साथ सम्बन्ध स्थापित करने का प्रारम्भ।

- प्रथम बात प्रायः सभी पशु-पक्षियों एवं अन्य जीवों में प्राप्त होती है।
- पशु- पक्षियों में स्पष्ट उच्चारण या व्यक्त वाक् का अभाव है, अतः वे स्पष्ट रूप से बोलनें में असमर्थ हैं।
- मनुष्य को बोलने की क्षमता जन्म से प्राप्त है, अतः वह जन्म से वाग्यन्त्र या वागिन्द्रिय का प्रयोग करता है।
- दूसरी बात में शब्द और अर्थ के सम्बन्ध जानने की जिज्ञासा ही मुख्य विषय है।
- भाषा-उत्पत्ति विषयक समस्त सिद्धान्त अनुमान पर आश्रित हैं एवं विज्ञान अनुमान पर आश्रित न होकर तथ्यों पर निर्भर होता है।
- यह दर्शन, मानव-विज्ञान या समाज-विज्ञान का विषय होने के कारण भाषा-विज्ञान इस दिशा में अपनी असमर्थता प्रकट करता है।
- सामान्य लोकप्रियता का विषय होने से इसके प्रस्तावित सिद्धान्तों का वर्णन किया जा रहा है-

1. दिव्योत्पत्ति-सिद्धान्त

- यह सबसे प्राचीन मत है। इसके अनुसार- जिस प्रकार परमात्मा ने मानव- सृष्टि की, उसी प्रकार मानव के लिए एक परिष्कृत भाषा भी दी।
- दैवीय शक्ति ही इस सिद्धान्त का मूल है। उसी दैवी शक्ति ने ही सृष्टि के प्रारम्भ में ही वेदों का ज्ञान दिया, जिससे मानव अपना क्रिया-कलाप चला सका।
- वेदों, उपनिषदों तथा अनेक दर्शन ग्रन्थों में यह बात प्रमाणित है कि ईश्वर से ही वेदों की उत्पत्ति हुई।

समीक्षा- इस सिद्धान्त पर निम्न आपत्तियाँ की गयी हैं।

1. यह सिद्धान्त तर्क या विज्ञान संगत नहीं है, केवल आस्था पर निर्भर है।
2. यदि भाषा ईश्वर-प्रदत्त होती तो सृष्टि में भाषा भेद नहीं होता।
3. जर्मन् विद्वान् **हेर्डर** ने लिखा है कि ''यदि भाषा ईश्वरकृत होती तो यह अधिक सुव्यवस्थित और तर्कसंगत हागी, अधिकांश भाषाएं अव्यवस्थित और त्रुटिपूर्ण हैं।''

2. सङ्केत-सिद्धान्त

- इसे **निर्णयवाद**, **निर्णयसिद्धान्त** तथा **स्वीकारवाद** आदि अनेक नामों से जाना जाता है।
- इस सिद्धान्त के प्रवर्तक 18वीं शताब्दी के फ्रेंच विद्वान् **'रूसो'** हैं।
- इनके अनुसार 'व्यक्ति प्रारम्भ में सङ्केतों के माध्यम से अपना अभिप्राय व्यक्त करता था तथा बाद में सामूहिक रूप से वस्तुओं की संज्ञा दी गयी।'
- इसे **'सामाजिक-समझौता'** कहा जा सकता है।

समीक्षा- इस सिद्धान्त की कुछ न्यूनताएं हैं-

1. बिना भाषा के सभा का आयोजन और विचार-विनिमय कैसे हुआ?
2. सङ्केत शब्दों के निर्माण के लिए क्या आधार था? किसी व्यक्ति का सुझाव मान लिया गया या फिर सबके अलग-अलग मत थे?
3. यदि भाषा के बिना सभा का आयोजन, सङ्केत निर्माण एवं सङ्केतों की सामाजिक सम्पुष्टि हो सकती है, तो भाषा की क्या आवश्यकता रह जाती है।

अतः यह सिद्धान्त मान्य नहीं है।

3. रणन-सिद्धान्त

- इस सिद्धान्त को **धातु-सिद्धान्त, अनुकरण-सिद्धान्त, अनुरणनमूलकतावाद, अनुरणात्मक-अनुकरण, डिंग-डांगवाद** आदि नामों से निर्दिष्ट किया गया है।
- इस सिद्धान्त के मूल प्रवर्तक **'प्लेटो'** थे तथा इसको **'हेस'** और **'मैक्समूलर'** ने व्यवस्थित किया।
- इस मत के अनुसार 'प्रकृति में एक सामान्य नियम है किसी वस्तु पर चोट मारने पर एक विशेष ध्वनि होती है। यह ध्वनि ही उसकी विशेषता है। इसी ध्वनि को रणन कहा जाता है।

समीक्षा-

1. इस सिद्धान्त में इतने दोष थे कि बाद में मैक्समूलर ने इसे छोड़ दिया।
2. इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि किस वस्तु से मस्तिष्क में कौन-सी ध्वनि झंकृत हुई।

3. यह सिद्धान्त शब्द और अर्थ में रहस्यात्मक स्वाभाविक सम्बन्ध मानता है। शब्द और अर्थ का सांङ्केतिक सम्बन्ध है न कि स्वाभाविक यह मत अस्वीकृत होने पर भी रोचकता के लिए प्रचलित है।

4. ध्वन्यनुकरण-सिद्धान्त

➢ इस सिद्धान्त के अन्य नाम भी हैं, जैसे- **अनुकरण-सिद्धान्त, ध्वन्यात्मकानुकरण-सिद्धान्त, अनुकरणमूलकतावाद, शब्दानुकरणवाद, भों-भों-वाद** आदि।

➢ कुत्ते की ध्वनि को अंग्रेजी में BOW – WOW कहते हैं, अतः हिन्दी में यह **भों-भों-वाद** हुआ।

➢ इस सिद्धान्त का अभिमत है कि प्राकृतिक वस्तुओं,पशु-पक्षियों आदि की ध्वनि के अनुकरण पर विभिन्न वस्तुओं के नाम रखे जाते हैं। जो वस्तु जैसी ध्वनि करती है, उसका वैसा ही नाम पड़ता है। जैसे-काँव-काँव से काक या कौआ, कू-कू से कोयल, झर-झर से झरना आदि।

समीक्षा-

1. विश्व की भाषाओं में ध्वन्यनुकरण वाले शब्दों की संख्या एक प्रतिशत भी नहीं है। अतः यह भाषोत्पत्ति सम्बन्धी उचित समाधान नहीं है।
2. **प्रो० रेनन** की आपत्ति है, यदि मनुष्य पक्षियों जैसे तुच्छ जीवों के शब्दों का अनुकरण करके भाषा बना सकता है, तो वह पशु-पक्षियों से निकृष्ट सिद्ध होता है।
3. कुछ भाषाओं में ध्वन्यनुकरण-शब्द हैं ही नहीं। जैसे- उत्तरी अमेरिका की **'अथवस्कन'** भाषा।

   आंशिक रूप से स्वीकार्य होते हुए भी यह मत सम्पूर्ण रूप से स्वीकार नहीं हैं।

5. आवेग-सिद्धान्त

➢ इस सिद्धान्त को **'मनोभावाभिव्यक्तिवाद, मनोरागव्यञ्जक शब्दमूलकतावाद, पूह-पूह सिद्धान्त, मनोभावाभि-व्यञ्जकतावाद** आदि के नाम से जाना जाता है।

➢ इसके अनुसार आरम्भ में मनुष्य भाव प्रधान था और प्रसन्नता, दुःख, विस्मय, घृणा आदि के भाववश उसके मुख से ओ, छि, धिक्, आह आदि शब्द सहज ही निकले। धीरे-धीरे इन्हीं से भाषा का विकास हुआ।

समीक्षा- इसको माननें में निम्न कठिनाइयाँ हैं-

1. ये शब्द विचारपूर्वक प्रयुक्त नहीं होते हैं बल्कि आवेग की तीव्रता में अनायास निकल पड़ते हैं।
2. भिन्न-भिन्न भाषाओं में ऐसे शब्द एक रूप में नहीं मिलते यदि स्वभावतः निकलते तो सभी मनुष्यों में लगभग एक समान होते।
3. भाषा में आवेग शब्दों की संख्या 40-50 से अधिक नहीं होगी इन शब्दों से पूरी भाषा पर प्रकाश नहीं पड़ता। अतः इनको पूर्णतः भाषा का अंग नहीं माना जा सकता।

   यह भी समस्या को समाप्त करनें में असमर्थ है।

6. श्रम-ध्वनि-सिद्धान्त

➢ इसे **यो-हे-हो-वाद, श्रम-परिहरणमूलकतावाद** भी कहा जाता है। इनके प्रतिपादक **'न्वायर' (न्वारे)** नामक भाषाशास्त्री हैं।

➢ इनके अनुसार 'परिश्रम का कार्य करते समय साँस तेजी से बाहर-भीतर आने-जाने,साथ-साथ स्वरतन्त्रियों को विभिन्न रूपों में कम्पित होने एवं तदनुकूल ध्वनियाँ उच्चरित होने से कार्य करने वाले को राहत मिलती है।

➢ उदाहरणार्थ कपड़ा धोते समय धोबी 'हियो' या 'छियो' कहता है और मजदूर आदि 'हो-हो, हूँ-हूँ कहते हैं।

समीक्षा-

1. यह मत भाषा की उत्पत्ति के लिए सर्वथा असन्तोष जनक है।
2. शारीरिक परिश्रम जन्य ये शब्द निरर्थक हैं। भाषा की उत्पत्ति के लिए सार्थक शब्दों की आवश्यकता है।
3. अर्थहीन शब्दों से भाषा की उत्पत्ति नहीं हो सकती। यह मत सबसे निकृष्ट और अग्राह्य है।

7. इंगित-सिद्धान्त

➢ इस सिद्धान्त के प्रवर्तन का श्रेय पालिनेशियन भाषा विद्वान् डॉ. **'राये'** को है। **डार्विन** भी इसके समर्थक हैं।

➢ **प्रो. रिचर्ड** इसे 'मौखिक इंगित सिद्धान्त' कहते हैं।

➢ इस मत के अनुसार 'प्रारम्भ में मानव ने अपनी आङ्गिक चेष्टाओं का ही वाणी के द्वारा अनुकरण किया और भाषा बनी। जैसे- पानी पीने के समय मुँह से 'पा' जैसी ध्वनि हुई, अतः 'पा' का अर्थ 'पीना' हुआ।

समीक्षा-

1. अपने अनुकरण पर शब्द-रचना हास्यास्पद है। दूसरे के अनुकरण पर शब्द रचना मान्य हो सकती है।
2. हाथ, पैर, ओष्ठ आदि के आधार पर शब्द- रचना की कल्पना निर्मूल है।
3. इंगित- सिद्धान्त पर बने शब्दों की संख्या भाषा में बहुत कम है। यह सिद्धान्त भी सारहीन है।

8. सम्पर्क- सिद्धान्त

➢ इस मत के प्रतिपादक **जी. रेवेज़ हैं,** जो मनोविज्ञान के विद्वान् थे।

- इनके मतानुसार 'मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, उसमें पारस्परिक सम्पर्क की प्रवृत्ति जन्मसिद्ध है। प्रारम्भ में भूख आदि की अभिव्यक्ति के लिए मौखिक और साङ्केतिक अभिव्यक्ति का सहारा लिया होगा, उनसे जो ध्वनियाँ निकली वे धीरे-धीरे भाषा बनी।'

समीक्षा-

1. प्रो0 रेवेज़ का यह सिद्धान्त बालमनोविज्ञान, जीव-मनोविज्ञान और आदिम प्राणि-मनोविज्ञान पर आश्रित है एवं तर्कसंगत भी है।
2. कुछ अन्य भाषाशास्त्री भी इस मत को अमान्य नहीं करते किन्तु भाषोत्पत्ति के प्रश्न को अनिर्णीत मानते हैं।

9. सङ्गीत-सिद्धान्त

- इसको **प्रेम-सिद्धान्त, सिंग-सांग थ्योरी,** WOO-WOO थियरी भी कहा जाता है।
- डार्विन, स्पेन्सर एवं येस्पर्सन ने इसे कुछ रूपों में माना था।
- इनके सिद्धान्त के अनुसार, 'मानव के सङ्गीत से भाषा की उत्पत्ति हुई।'

समीक्षा-

1. गुनगुनाने से भाषा की उत्पत्ति होना केवल अनुमान पर आश्रित है, इसका कोई प्रमाण नहीं है।
2. प्रारम्भिक व्यक्ति गुनगुनाता था, इसका भी कोई पुष्ट आधार नहीं है।

   अतः यह सिद्धान्त भी अस्वीकार्य है।

10. प्रतीक-सिद्धान्त

- इस सिद्धान्त में माना जाता है कि 'संयोग से किसी शब्द का किसी अर्थ से सम्बन्ध हो जाता है, और वह शब्द उस अर्थ का प्रतीक हो जाता है।'
- भाषा-विज्ञान में ऐसे शब्दों को 'नर्सरी-शब्द' कहते हैं जैसे- माता, पिता, बाबा आदि।

समीक्षा-

1. प्रतीक सिद्धान्त मूलतः भाषा के प्रारम्भिक शब्दों की व्याख्या करता है। भाषा में 'नर्सरी-शब्द' आये, ये भी सत्य है।
2. यह स्थूल शब्दों की उत्पत्ति बता सकता है, सूक्ष्म अर्थ के बोधक शब्दों की उत्पत्ति बताने में असमर्थ है।

11. समन्वय-सिद्धान्त

- इस सिद्धान्त के प्रवर्तक प्रसिद्ध भाषाशास्त्री **'हेनरी स्वीट'** हैं।
- उन्होंने नये सिद्धान्त की अपेक्षा सर्वसिद्धान्त - संकलन को अधिक उपयुक्त समझा है।
- उनके अनुसार 'यदि सभी सिद्धान्तों में से आवश्यक तत्त्व को एकत्रित कर लिया जाय तो भाषा की उत्पत्ति सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण हो सकता है।'

समीक्षा-

1. भाषा की उत्पत्ति समझाने के लिए अन्य कोई एकमत शुद्ध न होने से सबका समन्वय उपयुक्त माना गया।
2. यह सिद्धान्त सामान्यतया निर्विरोध रूप से स्वीकार किया जाता है।

12. प्रतिभा-सिद्धान्त

- प्रतिभा- सिद्धान्त के संस्थापक आचार्य **भर्तृहरि** हैं।
- 'वाक्यपदीय' में भर्तृहरि नें प्रतिभा को विश्व की आत्मा माना है और उसे सर्वशक्ति- सम्पन्न बताया है।
- इस प्रकार भाषा की उत्पत्ति मनुष्य के प्रतिभाओं से हुई है।
- भर्तृहरि, पूर्व-जन्म के संस्कारों को भी भाषोत्पत्ति का कारण मानते हैं।

समीक्षा

1. मनुष्यों में कोई मौलिक उद्भावना या शक्ति नहीं थी। अतः भाषोत्पत्ति सम्बन्धी 'समन्वय-सिद्धान्त'ही सर्वथा उत्कृष्ट है।

संस्कृत भाषा का उद्भव और विकास

- संस्कृत भाषा भारत- यूरोपीय अथवा भारत- जर्मनीय परिवार की प्रमुख भाषाओं में है।
- संस्कृत के मूल स्रोत के सम्बन्ध में चाहे जो भी कल्पनाएं की जायें, किन्तु इसके भाषायी इतिहास का प्रारम्भ इसके प्राचीनतम रूप 'ऋग्वेद' से ही मानना होगा।
- 'अवेस्ता' और 'हित्ती', भाषाओं के दो ऐसे रूप हैं जो कि ऋग्वेद से काफी बाद के होने पर भी वैदिक भाषा के प्राग्वैदिक रूपों की झाँकी प्रस्तुत कर सकते हैं।
- संस्कृत आर्यों की भाषा थी और आर्य का मूल निवास भारत ही है। इस बात को पश्चिमी देश नहीं मानते हैं क्योंकि पूरे विश्व को सभ्य और शिक्षित करने के ठेकेदार सिर्फ मिस्र, यूनान आदि देश ही हो सकते हैं।
- भारोपीय भाषाविज्ञानी संस्कृत के उस मूल रूप की स्थिति एशिया या यूरोप में चाहे जहाँ मानने की बात कहें, किन्तु संस्कृत से भाषा के जिस रूप का बोध होता है उसका जन्म एवं पोषण भारत की इसी भूमि पर हुआ था, इसमें कोई सन्देह नहीं।
- सौभाग्य की बात है कि संस्कृत विश्व की एक ऐसी पुरातन भाषा है, जिसके साहित्य भण्डार में विश्व की प्राचीनतम लिखित सामग्री प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, जिसकी साहित्यिक भागीरथी का प्रवाह कई हजार वर्षो से निरवच्छिन्न रूप में प्रवाहमान रहा है यद्यपि उसके भाषिक विकास की प्रक्रिया

अवश्य ही आज से लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व एक बिन्दु पर आकर स्थिर-सी हो गयी थी।

- ऋग्वैदिक काल के उपरान्त हमें इसके विकास के विभिन्न स्तरों के रूप अपेक्षाकृत अधिक स्पष्ट रूप में दृष्टिगोचर होने लगते हैं।
- ऋग्वेद तथा अथर्ववेद के मन्त्रों की भाषा संहिताओं तथा ब्राह्मण ग्रन्थों की भाषा, ब्राह्मणों तथा सूत्रों एवं उपनिषदों की भाषा, उपनिषदों तथा महाकाव्यों की भाषा की पारस्परिक तुलना करने पर स्पष्ट हो जाता है कि संस्कृत में, एक जीवित भाषा में कालक्रम से होने वाले परिवर्तनों के समान, उल्लेख्य परिवर्तन घटित हो रहे थे।
- संस्कृत भाषा के विकास स्तर को तीन-स्तरों पर देखा जा सकता है।

  1. वैदिक 2. उत्तरवैदिक 3. लौकिक
- वैदिक के अन्तर्गत संहिताओं तथा ब्राह्मण- ग्रन्थों की भाषा को,उत्तरवैदिक में आरण्यकों, उपनिषदों एवं सूत्र साहित्यों की भाषा को रखा जा सकता है।
- इसके बाद की साहित्यिक एवं शास्त्रीय भाषा को लौकिक के अन्तर्गत रखा जा सकता है।
- लौकिक साहित्य ग्रन्थ 'रामायण' है। रामायण काल से लेकर वर्तमान समय तक संस्कृत का विकास हो रहा है। इस प्रकार संस्कृत भाषा रूपी गङ्गा को वैदिक काल से लेकर वर्तमानकाल तक पहुँचने में अनेक मार्गों का अनुसरण करना पड़ा है।

1.3 भारोपीय परिवार

भारतीय यूरोपीय (भारोपीय) से मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं की सामान्य रूपरेखा-

विश्व भाषाओं के पारिवारिक वर्गीकरण के अनुसार 18 भेद माने गये हैं! इन 18 भाषाओं को चार भूखण्डों में बाँटा गया है।

(क) यूरेशिया (यूरोप-एशिया)
(ख) अफ्रीका
(ग) प्रशान्त महासागरीय भूखण्ड
(घ) अमेरिका भूखण्ड

यूरेशिया भूखण्ड के अन्तर्गत ही भारोपीय परिवार की गणना की जाती है।

विश्व के भाषा परिवारों में भारोपीय परिवार का सबसे अधिक महत्त्व। इसके मुख्य कारण निम्न हैं -

- **प्रयोगाधिक्य -** इस परिवार की भाषाओं के बोलने वालों की संख्या सबसे अधिक है।
- **भौगोलिक व्यापकता -** प्रायः सारे विश्व में इस परिवार की भाषाएं बोली जाती हैं।
- **सांस्कृतिक उत्कर्ष -** इस परिवार के लोग सभ्यता और संस्कृति में विश्व में सबसे अग्रणी हैं।
- **भाषावैज्ञानिक उत्कर्ष -** भाषाविज्ञान एवं भाषाशास्त्र के अभ्युदय का सर्वाधिक श्रेय इसी परिवार को है। संस्कृत, अंग्रेजी, जर्मन और फ्रेंच में सर्वाधिक भाषाशास्त्रीय चिन्तन हुआ।
- **तुलनात्मक भाषाविज्ञान का जन्मदाता -** भारोपीय परिवार की विभिन्न भाषाओं के तुलनात्मक अध्ययन से ही तुलनात्मक भाषाविज्ञान का जन्म हुआ है।
- **भारोपीय परिवार के विभिन्न नाम**

  भारोपीय परिवार के विभिन्न नाम समय-समय पर सुझाए गए हैं। जिनमें प्रमुख चार नाम है-

  1 इण्डो जर्मनिक या भारत जार्मनिक परिवार

  2 आर्य परिवार

  3 भारोपीय परिवार - यह नाम अत्यन्त प्रचलित हुआ, अतः इसे ही अपनाया गया। यह नाम सर्वप्रथम फ्रेंच विद्वानों ने दिया।

4 भारत हित्ती परिवार-

- **भारोपीय परिवार की शाखाएँ -**
- भारोपीय शब्द भारत + यूरोपीय का मूल रूप है।
- यह Indo-European अनुवाद है।
- इस परिवार में भारतवर्ष से लेकर यूरोप तक फैली हुई भाषाओं का संग्रह है।
- इस परिवार में दस शाखाएँ हैं -

1. भारत-ईरानी (आर्य) (Aryan, Indo- Iranian)
2. बाल्टो स्लाविक (Balto-Slavic,Letto-Slavic)
3. आर्मीनी (Armenian)
4. अल्बानी (Albanian, Illyraian)
5. ग्रीक (Greek, Hellenic)
6. केल्टिक (Keltic)
7. जर्मनिक (ट्यूटानिक) (Germanic, Teutonic)
8. इटालिक (Italic)
9. हिटाइट (Hiltite)
10. तोखारी (To khorian)

- **केन्टुम् और शतम् (सतम्) वर्ग**
- भारोपीय परिवार की भाषाओं को ध्वनि के आधार पर दो भागों में विभक्त किया जाता है-

1. केन्टुम् 2. शतम्

- इस विभाजन का श्रेय **प्रो. अस्कोली** को है।

- सभी भारोपीय भाषाओं को दो भागों में विभक्त किया गया है
- प्रथम चार परिवार शतम् वर्ग में आते हैं और शेष छः परिवार 'केन्टुम्' वर्ग में
- 'सौ' के लिए मूल भारोपीय भाषा का शब्द क्मतोम् (Kmtom) माना जाता है।

मूल भारोपीय शब्द - Kmtom **(क्मतोम् = शतम्)**

शतम् (सतम्) वर्ग	केन्टुम् वर्ग
संस्कृत - शतम्	लैटिन - केन्टुम्
अवेस्ता - सतम्	ग्रीक - हेकटोन
फारसी - सद	केल्टिक - केत्
हिन्दी - सौ	तोखारी - कन्ध
रुसी - स्तो (Sto)	गाथिक - हुन्ड
लिथुआनियन - (स्जिम्तास)	जर्मन - हुन्डर्ट
	फ्रेंच - सं
	इटालियन - केन्तो

- **भारोपीय परिवार-विभाजन**

भारोपीय-परिवार को केन्टुम् और शतम् वर्ग के आधार पर निम्न प्रकार से बाँटा गया है-

शतम् वर्ग	केन्टुम् वर्ग
1. भारत-ईरानी	5. ग्रीक
2. बाल्टो स्लाविक	6. केल्टिक
3. आर्मीनी	7. जार्मनिक
4. अल्बानी	8. इटालिक
	9. हिटाइट
	10. तोखारी

भारोपीय परिवार की विशेषताएँ -

- रचना की दृष्टि से भारोपीय परिवार श्लिष्ट योगात्मक है।
- इस परिवार की मूल भाषाएँ संस्कृत, ग्रीक, लैटिन आदि संयोगात्मक थीं, परन्तु इनसे विकसित आधुनिक भाषाएँ हिन्दी, अंग्रेजी आदि वियोगात्मक हो गई।
- भारोपीय भाषाओं की धातुएँ प्रायः एकाक्षर थीं।
- इन भाषाओं में (संस्कृत में) प्रत्यय दो प्रकार के थे-

1. **कृत् -** जो सीधे धातु से जोड़े जाते थे। इन्हें Primary Suffixes कहते हैं। जैस - भू + त = भूत
2. **तद्धित -** ये शब्दो से जुड़ते हैं। जैसे - भूत + इक = भौतिक इन्हें Secondary Suffixes कहते हैं।

- शब्द या धातु से पद बनाने के लिए दो प्रकार से प्रत्यय लगते थे -

(क) सुप् - (Case-imdicating Suffixes)(शब्दों से)

(ख) तिङ्- (Verbal Suffixes) (धातुओं से)

- पदों का ही वाक्य में प्रयोग होता था।
- पदों को समस्त कर बृहत् पद बनाने की प्रवृत्ति मूल भारोपीय भाषा में थी। वह भारोपीय परिवार में भी रही।
- मूल भारोपीय भाषा में उदात्त स्वर के कारण स्वर भेद (गुण, वृद्धि, दीर्घ) होता था।
- भारोपीय भाषाओं में मूल प्रत्ययों का लोप हो गया और स्वर परिवर्तन से ही अर्थ-परिवर्तन का काम लिया जाने लगा। अंग्रेजी धातुओं में - Drink - Drank - Drunk, संस्कृत में देव > दैव, विधि > वैध, कुमार > कौमार
- भारोपीय भाषा में प्रत्ययों की अधिकता है। मूल भाषा से पृथक् होकर अनेक भाषाएँ विकसित हुईं।
- विश्व भाषा परिवारों में भारोपीय भाषा-परिवार का सबसे अधिक महत्त्व है। भारोपीय परिवार में भी आर्य परिवार या आर्य शाखा का सर्वाधिक महत्त्व है।

शतम् वर्ग

1.भारत ईरानी (आर्य) 2.बाल्टो स्लाविक 3.आर्मीनी 4. अल्बानी

1 आर्य या भारत ईरानी शाखा

- **प्राचीनतम साहित्य -** विश्व का प्राचीनतम ग्रन्थ 'ऋग्वेद' अपने शुद्ध और प्राचीनतम रूप में संस्कृत में उपलब्ध है।
- समस्त वैदिक साहित्य इसी शाखा में प्राप्त है।
- पारसियों का धर्मग्रन्थ अवेस्ता इसी शाखा में प्राप्त है।
- **प्राचीन वर्णमाला एवं ध्वनियाँ -** मूल भारोपीय भाषा की प्राचीन ध्वनियों के निर्धारण में संस्कृत और अवेस्ता का असाधारण योगदान है।
- **प्राचीन संस्कृति एवं सभ्यता -** विश्व की प्राचीनतम संस्कृति और सभ्यता का सर्वांगीण इतिहास संस्कृत और अवेस्ता भाषा के साहित्य से प्राप्त होता है।
- **भाषाशास्त्रीय देन -** भाषाशास्त्र को ध्वनिविज्ञान, पद विज्ञान (व्याकरण), अर्थविज्ञान का मौलिक आधार संस्कृत से ही प्राप्त होता है।

भारतीय आर्यभाषाएँ

कालविभाजन

भारतीय आर्यभाषाओं को काल की दृष्टि से तीन भागों में बाँटा गया है-

1. **प्राचीन भारतीय आर्यभाषाएँ -** 2500ई. पू. से 500ई. पू. तक
2. **मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाएँ -** 500ई.पू. से 1000ई. तक

3. आधुनिक भारतीय आर्यभाषाएँ - 1000 ई. से वर्तमान समय तक

प्राचीन भारतीय आर्यभाषाएँ

➤ विकास क्रम के अनुसार प्राचीन भारतीय आर्यभाषाओं को दो भागों में बाँटा गया है-

1. वैदिक संस्कृत 2. लौकिक संस्कृत

वैदिक संस्कृत -

➤ वैदिक संस्कृत को ही 'वैदिक', 'वैदिकी', 'छन्दस्' तथा 'छान्दस' आदि नामों से भी जाना जाता है।

➤ प्राचीनतम रूप ऋग्वेद में मिलता है।

➤ अन्य वेदों का समय इसके बाद ही माना जाता है।

➤ समस्त प्राचीनतम संस्कृत वाङ्मय वैदिक संस्कृत में मिलता है

➤ वैदिक भाषा की पद रचना श्लिष्ट योगात्मक थी।

➤ धातुरूपों में लेट् लकार का प्रयोग होता था।

➤ वेद में संगीतात्मक स्वर की प्रधानता थी।

लौकिक संस्कृत

➤ संस्कृत का सबसे प्राचीन एवं आदिकाव्य वाल्मीकिरामायण 500 ई.पू. का है।

➤ महाभारत, पुराण, काव्य, नाटक आदि ग्रन्थ 500 ई.पू. से आज तक अविच्छिन्न एवं अविहत गति से अपना गौरव स्थापित किये हुए हैं।

➤ यास्क, पतञ्जलि, कात्यायन, भास, कालिदास आदि के लेखों से यह स्वतः सिद्ध होता है कि ईसा पूर्व तक संस्कृत लोक व्यवहार की भाषा थी।

➤ संस्कृत में ही समस्त प्राचीनज्ञान, विज्ञान, कला, पुराण, काव्य, नाटक आदि है।

➤ संस्कृत ने न केवल भारतीय भाषाओं को अनुप्राणित किया अपितु विश्व भाषाओं मुख्यतया भारोपीय भाषाओं को भी प्रभावित किया।

मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाएँ

➤ मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं को तीन भागों में बाँटा गया है -

1.प्राचीन प्राकृत या पालि (500 ई. पू. से 100 ई. तक)

2.मध्यकालीन प्राकृत (100 ई. से 500 ई. तक)

3.परकालीन प्राकृत या अपभ्रंश (500 ई. से 1000ई. तक)

आधुनिक भारतीय आर्यभाषाएँ -

1. पश्चिमी हिन्दी - इसकी पाँच प्रमुख बोलियाँ हैं-

1. खड़ी बोली 2. ब्रजभाषा 3. बाँगरु 4. कन्नौजी 5. बुन्देली

2. राजस्थानी -

➤ इसका विकास शौरसेनी के नागर अपभ्रंश से हुआ है।

➤ पिंगल के अनुकरण पर राजस्थानी में **डिंगल** काव्य की रचना हुई। इसकी चार प्रमुख बोलियाँ हैं - मारवाड़ी, जयपुरी, मालवी, मेवाती।

3. गुजराती -

4. मराठी - 4 बोलियाँ मुख्य है- देशी, कोंकणी नागपुरी, बरारी

5. बिहारी - 3 प्रमुख भाषाएँ हैं- भोजपुरी, मैथिली, मगही

6. बंगाली 7. उड़िया 8. असमी

9. पूर्वी हिन्दी -इसकी तीन बोलियाँ हैं।अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी

10. लहँदा (लहँदी) - लहँदा का अर्थ है पश्चिमी। इसकी चार प्रमुख बोलियाँ हैं-

➤ केन्द्रीय बोली, दक्षिणी (मुलतानी), उत्तरपूर्वी (पोठवारी), उत्तरपश्चिमी (धन्नी)

11. सिन्धी -

➤ इसकी पाँच बोलियाँ हैं- विचौली, सिरैकी, लाड़ी, थरेली, कच्छी

12. पंजाबी

13. पहाड़ी - इसके तीन भाषा वर्ग हैं-

➤ पश्चिमी (30 बोलियाँ)

➤ मध्य (दो 1. गढ़वाली 2. कुमायूँनी)

➤ पूर्वी (नेपाली) यह नेपाल की राजभाषा है।

मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाएँ

➤ प्राचीन प्राकृत या पालि (500 ई.पू. से 100 ई. तक)

प्राचीन प्राकृत या पालि (प्रथम प्राकृत)

➤ तृतीय शताब्दी ई.पू. से प्रथम शती ई. तक के शिलालेख इसके अन्तर्गत आते हैं।

➤ पालि बौद्धग्रन्थ - महावंश, जातक आदि कथाएँ, प्राचीन जैनसूत्रों की भाषा, प्रारम्भिक नाटकों की भाषा प्राकृत रही है।

➤ प्राचीन प्राकृत को प्रथम प्राकृत भी कहते हैं।

प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत से - प्रकृति का अर्थ है-मूलभाषा संस्कृत, उससे उत्पन्न भाषा प्राकृत है।

➤ प्राकृत भाषा के सभी प्राचीन वैयाकरणों ने प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत से मानी है।

➤ प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम् (हेमचन्द्र)

➤ प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं प्राकृतमुच्यते (प्राकृतसर्वस्व)

➤ प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवत्वात् प्राकृतं स्मृतम् (प्राकृत चन्द्रिका)

➤ प्राकृतस्य तु स्वयमेव संस्कृतं योनिः (प्राकृत संजीवनी)

➤ नाट्यशास्त्रकार भरतमुनि ने यह कहा है कि संस्कृत भाषा के शब्दों का ही विकृत एवं परिवर्तित रूप प्राकृत भाषा है।

पालि की व्युत्पत्ति -

- डा. मैक्स वेलेसन ने पाटलि (पाटलिपुत्र) से पालि की उत्पत्ति मानी है। पाटलि > पाडलि > पालि
- भिक्षु जगदीश काश्यप ने परियाय (बुद्धोपदेश) शब्द से पालि की उत्पत्ति मानी है।
  परियाय > पलियाय > पालियाय > पालि
- अमरकोश के टीकाकार भानुजी दीक्षित ने 'पालरक्षणे' से पालि शब्द माना है। पाल् + इ = पालि
- आचार्य बुद्धघोष और आचार्य धम्पपाल ने छठी शती ई. ने पालि शब्द का प्रयोग बुद्धवचन या मूल त्रिपिटक के लिये किया है। उससे यह शब्द 'पालि' भाषा के लिए आया है।
- अभिधानप्पदीपिका ने पा धातु से पालि शब्द माना है पा - पालेति रक्खतीति पालि, जो रक्षा करती है या पालन करती है।

पालि की प्रमुख विशेषताएँ

- पालि में वैदिक संस्कृत की 5 स्वर ध्वनियाँ लुप्त हो गई - ऋ , ॠ , ऌ , ऐ, औ।
- पालि में वैदिक संस्कृत के 5 व्यंजन लुप्त हो गए- श, ष, (:) विसर्ग, जिह्वामूलीय, उपध्मानीय
- पालि मे दो नए स्वर आयें - ह्रस्व एँ, ह्रस्व ओ।
- संस्कृत के ऐ > ए, औ > ओ हो गए।
- ड, ढ को ळ, ळह्।
- संधियों में केवल तीन संधियाँ हैं-

1. स्वर सन्धि 2. व्यंजन सन्धि 3. निग्गहीत (अनुस्वार) सन्धि

- पालि में हलन्त शब्द नही हैं। केवल अजन्त ही हैं।
- पालि में द्विवचन नहीं होता है।
- शब्दरूपों में चतुर्थी और षष्ठी के रूप समान होते हैं।
- स्त्री प्रत्यय सात हैं - आ, ई, इनी, नी, आनी, ऊ, ति।
- पालि में 500 से अधिक धातुएँ हैं, 9 गण हैं। अदादिगण और जुहोत्यादि गण नहीं है।
- पालि में लेट् लकार के रूप भी मिलते हैं - हनासि, दहासि
- आत्मनेपद का प्रयोग प्रायः लुप्त हो गया। परस्मैपद शेष रहा
- पालि में तद्भव शब्दों का आधिक्य है। तत्सम और देशज शब्द कम है।

शिलालेखी प्राकृत

- प्राचीन प्राकृत में अशोक के शिलालेखों की प्राकृत भी आती है, अतः इसे **शिलालेखी प्राकृत** भी कहते है।
- शिलालेखी प्राकृत को ही अशोकन प्राकृत, लाट प्राकृत भी कहते हैं।

मध्यकालीन प्राकृत (द्वितीय प्राकृत)

- मध्यकालीन प्राकृत को '**साहित्यिक प्राकृत**' भी कहते हैं।
- सर्वप्रथम भरतमुनि ने प्राकृत भाषाओं के विषय में विचार किया है। उनके मतानुसार 7 मुख्य प्राकृत है और 7 गौण
- **मुख्य प्राकृत -** मागधी, अवन्तिजा, प्राच्या, शौरसेनी, अर्धमागधी, बाहलीक, दाक्षिणात्य (महाराष्ट्री)
- **गौण प्राकृत -** शाबरी, आभीरी, चाण्डाली, सचरी, द्राविड़ी, उद्स्ता, वनेचरी
- प्राचीन प्राकृत वैयाकरण वररुचि ने चार प्राकृत मानी हैं- शौरसेनी, महाराष्ट्री, मागधी, पैशाची। मागधी के दो रूप हो गये (1) मागधी (2) अर्धमागधी

1- शौरसेनी

- इसका क्षेत्र शूरसेन (मथुरा के आस-पास) प्रदेश था।
- इसका विकास पालि कालीन स्थानीय भाषा से हुआ।
- मध्यदेश की भाषा थी।
- नाटकों में सर्वाधिक प्रयोग हुआ।
- स्त्रियों आदि का वार्तालाप शौरसेनी प्राकृत में ही होता था।
- शौरसेनी से वर्तमान **हिन्दी का विकास** हुआ
- राजशेखर कृत **कर्पूरमंजरी का समस्त गद्य भाग शौरसेनी प्राकृत** में है।
- भास, कालिदास आदि के **नाटकों में गद्य शौरसेनी** में ही है।

2 - महाराष्ट्री

- मूलस्थान महाराष्ट्र है। इससे ही **मराठी भाषा का विकास** हुआ।
- प्राकृत में सर्वाधिक साहित्य महाराष्ट्री में है।
- दण्डी ने काव्यादर्श में महाराष्ट्री को सर्वश्रेष्ठ प्राकृत माना है।
- प्राकृत नाटकों में **पद्यरचना महाराष्ट्री** में है।
- महाराष्ट्री प्राकृत के प्रसिद्ध ग्रन्थ हैं - राजा हाल कृत गाहा सत्तसई (गाथा सप्तशती), प्रवरसेन कृत रावणवहो (सेतुबन्धः), वाक्पति कृत गउडवहो (गौडवधः), जयवल्लभ कृत - वज्जालग्ग, हेमचन्द्राचार्य कृत 'कुमारपालचरित'
- कर्पूरमञ्जरी के पद्य महाराष्ट्री में है।
- भरतमुनि ने दाक्षिणात्य प्राकृत से महाराष्ट्री का निर्देश किया है।

3- मागधी

- यह मगध की भाषा थी।
- प्राचीनतम रूप अश्वघोष के नाटकों में मिलता है।
- लंका में पालि को मागधी कहते हैं।
- कालिदास के नाटकों में तथा शूद्रक के मृच्छकटिक में मागधी का प्रयोग मिलता है।

- भरत के नाट्यशास्त्र के अनुसार अन्तपुरः के नौकर, अश्वपालक आदि की भाषा मागधी थी।
- इसके तीन प्रकार मिलते हैं -

1. शकारी 2. चाण्डाली 3. शाबरी

- मागधी से ही भोजपुरी, मैथिली, बंगला, उड़िया, असमी विकसित हुई।

4- अर्धमागधी

- अर्धमागधी का क्षेत्र मागधी और शौरसेनी के मध्य में है।
- यह कोसल के समीपवर्ती क्षेत्र की भाषा थी।
- इसमें मागधी के गुण अधिक है और साथ ही शौरसेनी के भी, अतः इसे अर्धमागधी कहा जाता है।
- मागधी को **ऋषिभाषा** या **आर्यभाषा** भी कहते हैं।
- भगवान् महावीर के सभी धर्मोपदेश इसी भाषा में हैं।
- अधिकांश **जैन साहित्य** इसी भाषा में है।
- इसमें गद्य और पद्य दोनो प्रकार का साहित्य है।
- आचार्य विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण में इसे चेट, राजपुत्र एवं सेठों की भाषा बताया है।
- इसका प्राचीनतम प्रयोग **अश्वघोष के नाटको में** मिलता है।
- **मुद्राराक्षस और प्रबोधचन्द्रोदय में** अर्धमागधी का प्रयोग हुआ है।
- इससे **पूर्वी हिन्दी का विकास** हुआ है।

5 - पैशाची

- इसका क्षेत्र पश्चिमोत्तर भारत एवं अफगानिस्तान का क्षेत्र था।
- पैशाची को **पैशाचिकी, भूतभाषा, भूतभाषित** आदि भी कहते हैं।
- गुणाढ्य की प्रसिद्ध रचना 'बृहत्कथा' पैशाची प्राकृत में ही है।
- वर्तमान समय में इसका साहित्य **'नगण्य'** है।
- इसका विकसित रूप **'लहँदा' भाषा** है।
- हेमचन्द्र कृत-कुमारपालित और काव्यानुशासन में तथा हम्मीरमदमर्दन नाटक में इसका प्रयोग मिलता है।
- राक्षस, पिशाच, निम्नकोटि के पात्र लोहार आदि इसी भाषा का प्रयोग करते थे। (रक्षः पिशाचनीचेषु पैशाची द्वितयं भवेत्)

प्राकृत भाषाओं की सामान्य विशेषताएं -

- प्राकृत श्लिष्ट योगात्मक भाषा है।
- शब्दरूपों और धातुरूपों की संख्या प्राकृत में कम हो गई।
- शब्दरूप केवल तीन या चार प्रकार के रह गए।
- धातु के रूप भी प्रायः एक या दो प्रकार से चलने लगे।
- प्राकृत भाषा संयोगात्मक से वियोगात्मक की ओर अग्रसर हुई।
- प्राकृत भाषा में आत्मनेपद का अभा2व हो गया।
- तद्भव शब्दों की संख्या प्राकृत में अधिक है। तत्सम शब्दों की कम।

अपभ्रंश (परकालीन प्राकृत, तृतीय प्राकृत)

- अपभ्रंश शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग आचार्य व्याडि और पतञ्जलि ने किया है। भर्तृहरि, भामह, दण्डी आदि ने भी अपभ्रंश का उल्लेख किया है।
- अपभ्रंश के सबसे प्राचीन उदाहरण भरतमुनि के नाट्यशास्त्र में मिलते हैं।
- दण्डी के समय से इसका प्रयोग प्रारम्भ हो गया था।
- अपभ्रंश साहित्य की प्रमुख रचनाएँ निम्न हैं-
  हरिषेण कृत - पउमचरिउ
  पुष्पदन्त कृत - महापुराण और जसहर चरिउ
  विद्यापति कृत - कीर्तिलता
  अद्दहमाण कृत - सन्देश-रासक
- अपभ्रंश को देशीभाषा, देसी, अपभ्रष्ट, अवहट्ट भी कहते हैं।
- मार्कण्डेय ने प्राकृत सर्वस्व में तीन अपभ्रंश माने हैं- नागर, उपनागर, ब्राचड।
- नागर गुजरात की अपभ्रंश, ब्राचड सिन्धु की, उपनागर दोनों के मध्य की मानी जाती है।
- सामान्यतया सभी भाषाशास्त्री विद्वानों का मत है कि पाँच प्राकृतों से ही अपभ्रंश का विकास हुआ है।

❑❑

2. संस्कृत- साहित्य के इतिहास का साधारण ज्ञान

2.1 साहित्य समीक्षा के प्रमुख सिद्धान्त

- काव्यशास्त्र का ही एक नाम **'साहित्यशास्त्र'** है आधुनिक युग में अन्य सब नामों की अपेक्षा यह नाम अधिक प्रचलित है।
- राजशेखर ने तो इसे 'साहित्यविद्या' नाम से अभिहित किया है।
- साहित्यशास्त्र का प्रमुख तत्त्व 'आत्मतत्त्व' है। प्राचीन आचार्य इसी आत्मतत्त्व के चिन्तन में सक्रिय रहे हैं और अपने-अपनें चिन्तन के आधार पर अलग-अलग रूपों में अवलोकन करते रहे। इसप्रकार विभिन्न आचार्यों द्वारा काव्य के विभिन्न तत्त्वों का काव्यात्म रूप में दर्शन के कारण छः सम्प्रदायों अथवा सिद्धान्तों का जन्म हुआ। इसप्रकार साहित्यशास्त्र के मुख्यतः छः सिद्धान्त/ सम्प्रदाय बन गये-

  1. रस सम्प्रदाय   2. अलङ्कार सम्प्रदाय
  3. रीति सम्प्रदाय   4. वक्रोक्ति सम्प्रदाय
  5. ध्वनि सम्प्रदाय   6. औचित्य सम्प्रदाय

1. रस-सम्प्रदाय - आचार्य भरत

- इस सम्प्रदाय के प्रथम आचार्य **'भरत'** माने जाते हैं।
- राजशेखर, **नन्दिकेश्वर** को रस का मूल व्याख्याता मानते हैं। किन्तु उनका कोई ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है।
- आचार्य भरत की दृष्टि में साहित्य रचना के लिए रस इतना महत्त्वपूर्ण है कि उसके बिना कोई अर्थ ही नहीं प्रवृत्त होता।
- विभाव, अनुभाव और व्यभिचारी भाव ही रस के निष्पादक होते हैं-

  नहि रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्तते।
  विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः॥

  यह रससूत्र ही रससिद्धान्त का प्राणभूत है।
- भरत के रस-सिद्धान्त के इस सूत्र में 'संयोग' और 'निष्पत्ति' शब्दों की व्याख्या में बड़ा मतभेद है। जिसके परिणामस्वरूप अनेक सिद्धान्तों का जन्म हुआ।
- भट्टलोल्लट, शङ्कुक, भट्टनायक और अभिनवगुप्त ही भरत के रससूत्र के प्रमुख व्याख्याकार हैं।
- भट्टलोल्लट का मत **'उत्पत्तिवाद'** है।
- श्रीशङ्कुक का मत **'अनुमितिवाद'** है।
- भट्टनायक का मत **'भुक्तिवाद'** है।
- अभिनवगुप्त का मत **'अभिव्यक्तिवाद'** के नाम से प्रसिद्ध है।
- आचार्य मम्मट भी अभिनवगुप्त के 'अभिव्यक्तिवाद' का समर्थन करते हैं।
- काव्याश्रित रस के सम्बन्ध में प्रथम बार व्याख्या 'अग्निपुराण' में हुई।
- आचार्य भरत आठ रसों को ही स्वीकार करते हैं।

  'अष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः।'
- भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र के छठे अध्याय में रस तथा सातवें अध्याय में स्थायीभावों का विस्तार से वर्णन किया है, वही रस सिद्धान्त का आधार है।

  प्रवर्तक- आचार्य भरत

  समर्थक- शारदातनय, शिङ्गभूपाल, भानुदत्त, रूपगोस्वामी, भोजराज, विश्वनाथ, राजशेखर, केशवमिश्र आदि।

2. अलङ्कार-सम्प्रदाय - आचार्य भामह

- रस सम्प्रदाय के बाद दूसरा स्थान अलङ्कार सम्प्रदाय का आता है।
- आचार्य **'भामह'** इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक माने जाते हैं।
- अलङ्कार सम्प्रदाय के अनुयायी भी रस की सत्ता मानते हैं, किन्तु उसे प्रधानता नहीं देते।
- उनके मत में काव्य का प्राणभूत जीवनाधायक तत्त्व अलङ्कार ही है।

  'रसवद्दर्शितस्पष्टश्रृङ्गारादिरसं यथा।'-

  भामह (काव्यालङ्कार 3/6)
- अलङ्कार सम्प्रदायवादी, काव्य में अलङ्कारों को ही प्रधान मानते हैं और इसका अन्तर्भाव रसवदलङ्कारों में करते हैं।
- रसवत् प्रेय, ऊर्जस्विन् और समाहित, चार प्रकार के रसवदलङ्कार माने जाते हैं।
- भामह के अतिरिक्त दण्डी भी इन रसवदलङ्कारों के भीतर ही रस का अन्तर्भाव करते हैं।

  'मधुरे रसवद्वाचि वस्तुन्यपि रसस्थितिः।' दण्डी (काव्यादर्श 1/51)
- इस सिद्धान्त की भी व्याख्या अग्निपुराण में मिलती है।
- जयदेव के अनुसार, अलङ्कारविहीन काव्य की कल्पना वैसी ही है जैसे 'उष्णताविहीन अग्नि की कल्पना।'
- सर्वप्रथम भरत ने चार अलङ्कारों (उपमा, रूपक,दीपक, यमक) का उल्लेख किया है।
- अग्निपुराणकार ने 23 अलङ्कारों को स्वीकर किया है।
- भामह ने 38 अलङ्कारों का विवेचन किया है।
- उद्भट 41 अलङ्कार मानते हैं।
- रुद्रट ने 68 अलङ्कारों का निरूपण किया है।
- भोज ने 72 अलङ्कारों को स्वीकार किया है।

- मम्मट 67 अलङ्कारों का उल्लेख करते हैं। 6 शब्दालङ्कार और 61 अर्थालङ्कार।
- रुय्यक और विश्वनाथ ने 78 अलङ्कारों को स्वीकार किया है।
- जयदेव अपने चन्द्रालोक में 100 अलङ्कार मानते हैं।
- अप्पयदीक्षित ने 'कुवलयानन्द' में 120 अलङ्कारों का विवेचन किया है।

  समर्थक- इस सम्प्रदाय के समर्थकों में दण्डी, उद्भट, रुद्रट, जयदेव, अप्पयदीक्षित, पण्डितराज जगन्नाथ, तथा विश्वेश्वर पाण्डेय आदि प्रमुख हैं।

3. रीति सम्प्रदाय '- आचार्य वामन

- कालक्रम में अलङ्कार- सम्प्रदाय के बाद रीति-सम्प्रदाय का स्थान आता है।
- रीति सम्प्रदाय के संस्थापक **आचार्य वामन हैं।**
- वामन ने काव्य में अलङ्कार की प्रधानता के स्थान पर रीति की प्रधानता का प्रतिपादन किया है- **'रीतिरात्मा काव्यस्य'**
- यह आचार्य वामन का सिद्धान्त है, इसीलिए उन्हें रीति-सम्प्रदाय का प्रवर्तक माना जाता है।
- इन्होंने 'रीति' को इस प्रकार बताया है- **'विशिष्टपदरचना रीतिः।'** अर्थात् विशिष्ट पद रचना का नाम 'रीति' है।
- वाक्य में आये 'विशिष्ट' शब्द की व्याख्या- **'विशेषो गुणात्मा'** है।
- इस प्रकार काव्य में माधुर्यादि गुणों का समावेश ही उसकी विशेषता है और यह विशेषता ही 'रीति' है।
- इस सिद्धान्त में 'गुण' और 'रीति' का अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्ध है, इसलिए 'रीति- सम्प्रदाय' को **'गुण-सम्प्रदाय'** के नाम से भी जाना जाता है।
- वामन ने निम्न दो सूत्रों के माध्यम से गुण और अलङ्कार का भेद स्पष्ट किया है, तथा अलङ्कार की अपेक्षा गुण को अधिक महत्त्व दिया है।

  सूत्र-1 **'काव्यशोभायाः कर्तारो धर्माः गुणाः।'** (काव्यालङ्कार सूत्र - 3.2.1)

2. 'तदतिशयहेतवस्त्वलङ्काराः।' (काव्यालङ्कार सूत्र-3.1.2)

- गुण काव्यशोभा के उत्पादक होते हैं तथा अलङ्कार केवल उस शोभा के अभिवर्धक होते हैं।
- अतः काव्य में अलङ्कारों की अपेक्षा गुणों का स्थान अधिक महत्त्वपूर्ण है।
- राजशेखर ने रीति का सर्वप्रथम अधिकारी **'सुवर्णनाभ'** को बताया है, किन्तु 'सुवर्णनाभ' कौन थे? उनकी रचना कौन सी है? इसके बारे में कुछ पता नहीं है।
- 'रीति' का व्यापक अर्थ लेने पर वेदों में भी रीति की झलक दिखलाई देती है।
- रीति का शास्त्रीय विवेचन भरत के 'नाट्यशास्त्र' से प्रारम्भ होता है।
- रीति के चार भेद स्वीकार किये गये हैं- वैदर्भी, गौडी, पाञ्चाली और लाटी।
- रीति एक रचना शैली है जिसके अन्तर्गत रस, गुण, अलङ्कार आदि समाविष्ट हैं।

4. वक्रोक्ति सम्प्रदाय - आचार्य कुन्तक

- कालक्रमानुसार रीति के बाद वक्रोक्ति- सम्प्रदाय आता है।
- वक्रोक्ति सम्प्रदाय के संस्थापक वक्रोक्तिजीवितकार आचार्य **'कुन्तक'** माने जाते हैं।
- आचार्य कुन्तक ने काव्य में रीति की प्रधानता को समाप्त कर 'वक्रोक्ति' की प्रधानता को स्थापित किया।
- यद्यपि काव्य में 'वक्रोक्ति' की महत्ता भामह ने भी स्वीकार किया है-

  सैषा सर्वैव वक्रोक्तिरनयार्थो विभाव्यते।
  यत्नोऽस्यां कविना कार्यः कोऽलङ्कारोऽनया विना॥
  (भामह- काव्यालङ्कार- 2/85)

- दण्डी ने काव्य में 'वक्रोक्ति' का महत्त्व इस प्रकार वर्णित किया है-

  'भिन्नं द्विधा स्वभावोक्तिर्वक्रोक्तिश्चेति वाङ्मयम्'
  (काव्यादर्श- 2/363)

- आचार्य वामन ने भी काव्य में 'वक्रोक्ति' का स्थान माना है- **'सादृश्याल्लक्षणा वक्रोक्तिः'** (काव्यालङ्कार सूत्र- 4.3.8)
- तथापि इन आचार्यों के मत से 'वक्रोक्ति' सामान्य अलङ्कार आदिरूप ही है।
- आचार्य कुन्तक ने वक्रोक्ति को जो गौरव प्रदान किया है, वह गौरव इन आचार्यों ने नहीं दिया है।
- इसलिए 'कुन्तक' ही इस सम्प्रदाय के संस्थापक माने जाते हैं।
- आचार्य कुन्तक ने इस सिद्धान्त के ऊपर भी 'वक्रोक्तिजीवित' नामक विशाल एवं महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ की रचना की है।
- आचार्य कुन्तक ने 'रीति-सम्प्रदाय' को भी परिमार्जित करके अपने यहाँ स्थान दिया है।
- वामन की वैदर्भी आदि रीतियाँ देश भेद के आधार पर मानी जाती थीं, किन्तु कुन्तक ने उनका आधार देश को न मानकर रचनाशैली को माना है और उनके 'रीति' के स्थान पर मार्ग शब्द का प्रयोग किया है।
- आचार्य कुन्तक, वामन की 'वैदर्भी' रीति को 'सुकुमारमार्ग', गौडी रीति को 'विचित्रमार्ग' तथा पाञ्चाली रीति को 'मध्यम मार्ग' कहते हैं।
- कुन्तक के अनुसार वक्रोक्ति छः प्रकार के हैं-

1. वर्ण- विन्यास वक्रता 2. पदपूर्वार्द्ध वक्रता
3. पदोत्तरार्द्ध वक्रता 4. वाक्य वक्रता
5. प्रकरण वक्रता 6. प्रबन्ध वक्रता

➢ अतः उक्ति वैचित्र्य के आधार पर कुन्तक का यह 'वक्रोक्ति सिद्धान्त', अलङ्कार सिद्धान्त की ही एक शाखा है।

5. ध्वनि- सम्प्रदाय - आचार्य आनन्दवर्धन

➢ वक्रोक्ति सम्प्रदाय के बाद ध्वनि- सम्प्रदाय का उदय हुआ।

➢ इस सम्प्रदाय के संस्थापक आचार्य '**आनन्दवर्धन**' माने जाते हैं।

➢ आनन्दवर्धन के मत में 'काव्य की आत्मा ध्वनि है'-

'काव्यस्यात्मा ध्वनिरिति बुधैर्यः समाम्नातपूर्वः।'

➢ सभी सम्प्रदायों में ध्वनि- सम्प्रदाय सबसे प्रबल एवं महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त रहा है।

➢ विद्वानों के अत्यन्त विरोध पर भी ध्वनि- सिद्धान्त वैसे ही प्रफुल्लित रहा है।

➢ **ध्वनि-** सिद्धान्त के विरोधी समूह में वैयाकरण, साहित्यक, वेदान्ती, मीमांसक आदि प्रमुख हैं।

➢ आचार्य मम्मट ने विरोधियों का खण्डन करके ध्वनि- सिद्धान्त की पुनः स्थापना की, इसीलिए मम्मट को '**ध्वनिप्रतिष्ठापक परमाचार्य**' कहा जाता है।

➢ आनन्दवर्धन ने आत्मा का अर्थ, 'तत्त्व' किया है और तत्त्व का अर्थ है, 'जिसके स्वरूप का कभी बाध न हो'

➢ काव्य का वह आत्म स्थानीय अर्थ 'प्रतीयमान' कहलाता है। यही प्रतीयमान अर्थ काव्य की आत्मा है।

➢ इनके अनुसार प्रतीयमान अर्थ वह है जो अङ्गना के प्रसिद्ध अवयवों से भिन्न लावण्य के समान महाकवियों की वाणी में वाच्यार्थ से भिन्न भाषित होता है। सहृदयी जनों को यही अर्थ आनन्दित करता है-

प्रतीयमानं पुनरन्यदेव वस्त्वस्ति वाणीषु महाकवीनाम्।
यत्तत्प्रसिद्धावयवातिरिक्तं विभाति लावण्यमिवाङ्गनासु॥

(ध्वन्यालोक-1/4)

➢ यही प्रतीयमान अर्थ ध्वन्यर्थ या व्यङ्ग्यार्थ है जो तीन प्रकार से होता है-

1. रसादि रूप में 2. अलङ्कार रूप में 3. वस्तु रूप में

'एवं वस्त्वलङ्काररसभेदेन त्रिधा ध्वनिः'

➢ इसमें वस्तुध्वनि और अलङ्कारध्वनि की अपेक्षा रसध्वनि श्रेष्ठ है और यही काव्य की आत्मा है।

➢ आनन्दवर्धन के अनुयायी अभिनवगुप्त भी रसध्वनि को काव्य की आत्मा स्वीकारते हैं। '**सर्वत्र रसध्वनेरेवात्मभावः।**'

समर्थक- इस सिद्धान्त के समर्थक रुय्यक, मम्मट, अभिनवगुप्त और पण्डितराज जगन्नाथ हैं।

6. औचित्य- सम्प्रदाय - आचार्य क्षेमेन्द्र

➢ औचित्य सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य **क्षेमेन्द्र** माने जाते हैं। उन्होंने औचित्य को काव्य का **जीवितत्त्व** कहा है-

'औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्।'

➢ इसी आधार पर क्षेमेन्द्र को औचित्य सम्प्रदाय का प्रवर्तक माना जाता है किन्तु उनके पहले भी इस पर विचार हो चुका था।

➢ सर्वप्रथम भरत के ' नाट्यशास्त्र' में औचित्य की चर्चा की गयी है।

➢ भरत के पश्चात् भामह ने औचित्य को काव्य का सबसे बड़ा गुण बताया है।

➢ दण्डी ने भी गुण, दोष के विधान में औचित्य और अनौचित्य को कारण स्वीकार किया है।

➢ रुद्रट ने अनौचित्य को सर्वाधिक महत्त्व दिया है। उनके अनुसार रस का उन्मेष, परमरहस्य औचित्य है और अनौचित्य ही रसभङ्ग का प्रधान कारण है।

'अनौचित्यादृते नान्यद् रसभङ्गस्य कारणम्।'

➢ महिमभट्ट ने काव्य में औचित्य को अनिवार्य तत्त्व बताया है।

➢ आचार्य क्षेमेन्द्र औचित्य को परिभाषित करते हुए कहते हैं, ''जो वस्तु जिसके अनुरूप होती है उसे 'उचित' कहते हैं और उचित का जो भाव है, वह औचित्य कहलाता है''-

उचितं प्राहुराचार्याः सदृशं किल यस्य यत्।
उचितस्य च यो भावस्तदौचित्यं प्रचक्षते॥

(औचित्यविचारचर्चा, 7)

➢ यह औचित्य ही रस का जीवितभूत है, उसका प्राण है और काव्य में चमत्कारी तत्त्व हैं।

'औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्।'

(औचित्यविचारचर्चा)

➢ क्षेमेन्द्र के अनुसार - अलङ्कारों में अलङ्कारत्व तभी होता है जबकि उनका विन्यास उचित स्थान पर होता है और गुणों में गुणत्व तभी होता है जबकि औचित्य से च्युत नहीं होते हैं-

उचितस्थानविन्यासादलङ्कृतिरलङ्कृतिः।
औचित्यादच्युता नित्यं भवन्त्येव गुणा गुणाः॥

(औचित्यविचारचर्चा)

➢ क्षेमेन्द्र ने- 'औचित्यविचारचर्चा' में औचित्य के सत्ताइस (27) भेदों का निरूपण किया है, किन्तु काव्य के प्रत्येक अङ्गों में औचित्य के व्याप्त होने के कारण उसके अनेक भेद हो सकते हैं।

2.2 काव्य

- काव्य शब्द संस्कृत भाषा में बहुत प्राचीन है जिसे कवि के कर्म के रूप में जाना जाता हैं-
  'कवेः कर्म काव्यम् ' (कवि +ण्यत्)
- 'कवि' शब्द 'कु' अथवा 'कव् ' धातु (भ्वादिगण आत्मनेपदी - कवते) से बना है। जिसका अर्थ है-
  ध्वनि करना, विवरण देना, चित्रण करना।
- महाकाव्य साहित्यविधा का उद्भव वैदिकसूक्तों से ही मिलता है जैसे - स्तुतिपरक नाराशंसियाँ, दान- स्तुतियाँ, संवासूक्त आदि द्वारा।
- रामायण और महाभारत जैसे आर्षकाव्य महाकाव्यसाहित्य विधा के भास्कर हैं जिन्होंने परवर्ती काव्यों को विषयवस्तु शैली, भाषा शैली, वर्णनविधि आदि की उपजीव्यता दी।
- वाल्मीकि से कालिदास की रचना तक आने में काव्यकला को कई शताब्दियाँ लगी।
- रामायण, महाभारत के बाद कालिदास की उत्पत्ति तक जो महाकाव्य लिखे गये थे वे केवल नाम मात्र ही शेष हैं। इस काल के कुछ ग्रन्थों के नाम निम्नलिखित हैं
  जाम्बवतीजय या **पातालविजय** (पाणिनि -450 ई॰पू॰)
- 18 सर्गों में श्रीकृष्ण द्वारा पाताल जाकर जाम्बवती के विजय और परिणय की कथा वर्णित है।
- राजशेखर के नाम से जल्हण की सूक्तिमुक्तावली (1247) में उद्धृत-**नमः पाणिनये तस्मै यस्मादाविरभूदिह। आदौ व्याकरणं काव्यमनु जाम्बवतीजयम्॥**
- वररुचि (350ई॰पू॰) ने **'स्वर्गारोहण'** नामक काव्य बनाया था। जिसे पतञ्जलि ने - **वाररुचं काव्यम्** कहा है। समुद्रगुप्त के 'कृष्णचरित' काव्य में इसका उल्लेख है।
- महाभाष्यकार पतञ्जलि -150 ई॰पू॰ में 'महानन्द -काव्य' की रचना की थी।
- समुद्रगुप्त ने कृष्णचरित में इसकी चर्चा की है।
- इसके बाद महाकवि कालिदास का युग प्रारम्भ होता है।
- मनोहारिणी शैली के प्रवर्तक कालिदास।
- इसी शृंखला में महाकवि भारवि, माघ और श्रीहर्ष का नाम उल्लेखनीय है।

काव्य के प्रकार

- काव्य के मुख्यतः दो भेद होते हैं- **श्रव्य और दृश्य**
  काव्य का वर्गीकरण

श्रव्य-

(1) पद्य - 1. महाकाव्य - रघुवंशम् आदि
2. खण्डकाव्य - मेघदूतम् आदि
3. मुक्तककाव्य - नीतिशतकम् आदि

(2) चम्पू - नलचम्पू आदि

(3) कथा - कादम्बरी आदि

(4) आख्यायिका - हर्षचरितम् आदि

दृश्य

रूपक - 10

1. नाटक - अभिज्ञानशाकुन्तलम्
2. प्रकरण - मृच्छकटिकम्
3. भाण - लीलामधुकरम्
4. प्रहसन - धूर्तचरितम्
5. डिम - त्रिपुरदाह
6. व्यायोग - सौगन्धिकाहरणम्
7. समवकार - समुद्रमन्थन
8. वीथी - मालविका
9. अङ्क - शर्मिष्ठा ययाति
10. ईहामृग - कुसुमशेखरविजय

उपरूपक -18

1. नाटिका	2. त्रोटक	3. गोष्ठी
4. सट्टक	5. नाट्यरासक	6. प्रस्थानक
7. उल्लास्य	8. काव्य	9. प्रेंखण
10. रासक	11. संलापक	12. श्रीगदित
13. शिल्पक	14. विलासिका	15. दुर्मल्लिका
16. हल्लीश	17. प्रकरणिका	18. भाणिका

2.3 महाकाव्य

- महाकाव्य को सर्वप्रथम आचार्य **भामह** ने परिभाषित किया।
- भामह के बाद **आचार्य दण्डी** ने काव्यादर्श में महाकाव्य का लक्षण प्रस्तुत किया।
- 'अग्निपुराण' में भी महाकाव्य के लक्षण प्राप्त होते हैं।
- महाकाव्य के विषय में विस्तृत वर्णन **विश्वनाथ** ने साहित्यदर्पण में किया।

आचार्य विश्वनाथ के अनुसार महाकाव्य का लक्षण -

- महाकाव्य सर्गों में विभक्त होता है।
- महाकाव्य का नायक देवता, कुलीन क्षत्रिय, धीरोदात्त आदि गुणों से युक्त हो सकता है अथवा एक वंशज अनेक कुलीन राजा भी नायक हो सकते हैं।
  सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः।
  सद्वंशः क्षत्रियो वापि धीरोदात्त गुणान्वितः॥

एकवंशभवा भूपाः कुलजा बहवोऽपि वा।

- शृङ्गार वीर और शान्त रस में से कोई एक प्रधान रस होता है और अन्य रस उसके सहायक।
- इसमें सभी नाटक संधियाँ होती हैं।

शृङ्गारवीरशान्तानामेकोऽङ्गीरस इष्यते।
अङ्गानि सर्वेऽपि रसाः सर्वे नाटकसन्धयः।

- महाकाव्य का कथानक ऐतिहासिक अथवा किसी सज्जन व्यक्ति से सम्बद्ध होता है।
- धर्मार्थकाममोक्ष का वर्णन होता है तथा इनमें से किसी एक फल की प्राप्ति का वर्णन होता है।

इतिहासोद्भवं वृत्तमन्यद् वा सज्जनाश्रयम्।
चत्वारस्तस्य वर्गाः स्युस्तेष्वेकं च फलं भवेद्॥

- प्रारम्भ में तीन प्रकार के मङ्गलाचरणों में से एक होता है नमस्कारात्मक, वस्तुनिर्देशात्मक अथवा आशीर्वादात्मक में से एक।
- कहीं कहीं पर दुर्जन निन्दा या सज्जन प्रशंसा भी होती है।
- प्रत्येक सर्ग में एक ही छन्दोबद्ध पद्य होते हैं। सर्गान्त में छन्द परिवर्तन होता है।
- सर्ग संख्या 8 से अधिक होनी चाहिए अथवा न्यूनतम 8 होनी चाहिए।
- सर्ग न बहुत छोटे न बहुत बड़े होने चाहिए।
- कहीं कहीं विविध छन्दों से युक्त सर्ग भी होते हैं।
- महाकाव्य में सन्ध्या, सूर्योदय, चन्द्रोदय, वन विहार, नगर, मार्ग, जलक्रीड़ा, वन, सागर, संयोग, वियोग, अन्धकार दिन, प्रातः, शिकार, पर्वत, ऋतु, ऋषि, युद्ध, विजय विवाह, पुत्र जन्मोत्सव आदि विषयों का अवसरानुकूल वर्णन होना चाहिए।
- महाकाव्य का नामकरण वर्णनीय चरित्र के नाम से या कवि के नाम से अथवा किसी दूसरे के नाम से होना चाहिए।
- सर्ग का नाम सर्ग में वर्णनीय कथा के नाम से होना चाहिए।
- लक्ष्य ग्रन्थों को ध्यान में रखकर ये लक्षण बने हैं।

महाकाव्यों का शैलीगत विकास

- संस्कृत महाकाव्यों का विकास दो पृथक् मार्गों से हुआ है - 1.सुकुमारमार्ग 2. विचित्रमार्ग

(1) सुकुमार मार्ग

- आरम्भ में महाकाव्य सुकुमार मार्गी थे।
- सुकुमारमार्ग को **रसमयी पद्धति** भी कहते हैं।
- प्रसादगुणपूर्ण शैली में निरूपित मार्ग।
- वाल्मीकि, व्यास, कालिदास, अश्वघोष आदि कवियों की यही पद्धति है।
- रस और ध्वनि को काव्य की आत्मा मानकर अलंकारों का समुचित प्रयोग होता है।

(2) विचित्रमार्ग

- विचित्रमार्ग के रूप में पाण्डित्यपूर्ण शैली संस्कृत महाकाव्यों में मिलती है।
- शास्त्रीय वैदुष्यपूर्ण भाषा से युक्त महाकाव्य को अलंकार पद्धति या **विचित्रमार्ग** कहा गया।
- इस मार्ग में आनुषङ्गिक वर्णनों की प्रधानता।
- कविगण द्वारा वैदुष्य (विद्वता) का प्रदर्शन।
- विचित्रमार्ग के प्रवर्तक **भारवि** थे।
- भारवि का अनुसरण माघ ने किया।
- दोनों महाकवियों ने मूलकथा को बीच में छोड़कर प्रसक्तानुप्रसक्त वर्णनों में अपने को बाँध लिया।
- इस मार्ग में भाषा और विषय दोनों क्षेत्रों में विशेषता रहती है।
- इस पद्धति में चित्रकाव्य तक कवि पहुँच जाते हैं।
- श्लेषालंकार के प्रयोग से यह शैली दुरुह हो जाती है।
- ओज गुण को प्रमुख स्थान दिया।
- विचित्रमार्गी कवि कथानक की चिन्ता नहीं करते। भारवि ने अल्प कथानक को वर्णनों से भरकर 18 सर्गों का महाकाव्य बना दिया।
- जबकि सुकुमारमार्गी कालिदास ने रघुवंश के 19 सर्गों में अनेक पीढ़ियों के बड़े कथानक को समेट दिया।
- बाद के कवियों के लिए **वाल्मीकि की रसमयी पद्धति** तथा **भारवि की अलंकृत पद्धति** विद्यमान थी।
- बाद के कवियों ने अपनी रुचि के अनुसार दोनों में से एक को अपनाया।
- श्रीहर्ष ने दोनों के समन्वय का सफल प्रयास किया।

2.4 नाट्य साहित्य

- साहित्य के सभी प्रकारों में रूपक या नाट्य श्रेष्ठ माना गया है। इसकी रचना को कवित्व की अन्तिम सीमा कहा जाता है- **'नाटकान्तं कवित्वम्।'**
- रूपक में गद्य-पद्य दोनों का मिश्रण तो रहता ही है, इसे सुनने के अतिरिक्त देखा जाता है। श्रव्य की अपेक्षा 'दृश्य' का अधिक सघन प्रभाव होता है।
76. विज्ञानभिक्षु	सांख्यप्रवचनभाष्यम्	तेरहवीं शताब्दी
77. गङ्गेशोपाध्याय	तत्त्वचिन्तामणि	तेरहवीं शताब्दी
78. मध्वाचार्य	पूर्णप्रज्ञभाष्यम्	तेरहवीं शताब्दी
79. शार्ङ्गधर	शार्ङ्गधरसंहिता	तेरहवीं शताब्दी
80. गङ्गादास	छन्दोमञ्जरी	तेरहवीं शताब्दी से पन्द्रहवीं शताब्दी के मध्य

81. विद्यापति	पुरुषपरीक्षा	चौदहवीं शताब्दी ई.
82. नारायणपण्डित	हितोपदेश	चौदहवीं शताब्दी
83. विश्वनाथ	साहित्यदर्पण	चौदहवीं शताब्दी
84. अनन्तभट्ट	भारतचम्पू	पन्द्रहवीं शताब्दी
85. वल्लभाचार्य	अणुभाष्यम्	1479 ई. 1544 ई.
लेखक	**प्रमुख ग्रन्थ**	**अनुमानित काल**
86. बल्लालसेन	भोजप्रबन्धम्	सोलहवीं शताब्दी
87. तिरुमलाम्बा	वरदम्बिकापरिणयचम्पू	सोलहवीं शताब्दी
88. भट्टोजिदीक्षित	सिद्धान्तकौमुदी	सोलहवीं शताब्दी
89. अन्नंभट्ट	तर्कसंग्रह	सत्रहवीं शताब्दी
90. कौण्डभट्ट	वैयाकरणभूषणसार	सत्रहवीं शताब्दी
91. नागेशभट्ट	वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जूषा	सत्रहवीं शताब्दी
92. सदानन्द	वेदान्तसार	सत्रहवीं शताब्दी
93. पण्डितराज जगन्नाथ	रसगङ्गाधर, गङ्गालहरी	सत्रहवीं शताब्दी (1600–1660 ई.)
94. अम्बिकादत्तव्यास	शिवराजविजयम्	1858–1900 ई.
95. पण्डिता क्षमाराव	कथामुक्तावली	1890–1954 ई.
96. पुष्पादीक्षिता	अग्निशिखा	इक्कीसवीं शताब्दी
97. रेवाप्रसाद द्विवेदी	सीताचरितम्	इक्कीसवीं शताब्दी
98. अभिराजराजेन्द्र मिश्र	जानकीजीवनम्	इक्कीसवीं शताब्दी
99. राधावल्लभ त्रिपाठी	लहरीदशकम्,	
गीतवीवरम्	इक्कीसवीं शताब्दी	
100. ललितकुमार त्रिपाठी	गाङ्गालहरी	
(सम्पादनम्)	इक्कीसवीं शताब्दी	

संस्कृतसाहित्य के प्रमुख दम्पती, प्रेमी-प्रेमिका एवं उनकी सन्तानें

पति/प्रेमी	पत्नी/प्रेमिका	पुत्र/पुत्री
पति/प्रेमी	पत्नी/प्रेमिका	पुत्र/पुत्री
1. अगस्त्य	लोपामुद्रा	
2. वशिष्ठ	अरुन्धती	
3. विश्वामित्र	मेनका	शकुन्तला
4. मारीच	अदिति (दाक्षायणी)	इन्द्र
5. ययाति	शर्मिष्ठा, देवयानी	पुरु
6. अत्रि	अनसूया	दुर्वासा
7. इन्द्र	इन्द्राणी/शची/पौलोमी	जयन्त
8. ऋष्यशृङ्ग	शान्ता	
9. दुष्यन्त	शकुन्तला, हंसपदिका,	भरत
	वसुमती	(सर्वदमन)
10. कालिदास	विद्योत्तमा	–
11. भर्तृहरि	पिङ्गला	–
12. भारवि	रसिकवती/रसिका	मनोरथ
13. पण्डितराजजगन्नाथ	(i) लवङ्गी (यवनी प्रेमिका) (ii) भामिनी (पत्नी)	
14. राम	सीता	कुश-लव
15. लक्ष्मण	उर्मिला	चन्द्रकेतु
16. भरत	माण्डवी	पुष्कल
17. शत्रुघ्न	श्रुतिकीर्ति	
18. नल	दमयन्ती	
19. पुरूरवा	उर्वशी	
20. चारुदत्त	धूता/वसन्तसेना	रोहसेन
21. नन्द	सुन्दरी	
22. अविमारक	कुरङ्गी	
23. भीम	हिडिम्बा	घटोत्कच
24. पञ्चपाण्डव	द्रौपदी	
25. अर्जुन	सुभद्रा	अभिमन्यु
26. धृतराष्ट्र	गान्धारी	दुर्योधन
27. पाण्डु	कुन्ती/माद्री	
पञ्चपाण्डव		

28. कृष्ण	रुक्मिणी/सत्यभामा	प्रद्युम्न
29. शर्विलक	मदनिका	
30. अग्निमित्र	मालविका	
31. उदयन	रत्नावली (सागरिका)	
32. उदयन	वासवदत्ता	
33. माधव	मालती	
34. मकरन्द	मदयन्तिका	
35. तारापीड	विलासवती	चन्द्रापीड
36. चन्द्रापीड	कादम्बरी	
37. पुण्डरीक	महाश्वेता	
38. हंस	गौरी	महाश्वेता
39. चित्ररथ	मदिरा	कादम्बरी
40. श्वेतकेतु	लक्ष्मी	पुण्डरीक

पति/प्रेमी	पत्नी/प्रेमिका	पुत्र/पुत्री
पति/प्रेमी	पत्नी/प्रेमिका	पुत्र/पुत्री
41. हेममाली (यक्ष)	विशालाक्षी (यक्षिणी)	
42. कवि जयदेव (गीतगोविन्दकार)	पद्मावती	
43. राजा दिलीप	सुदक्षिणा	रघु
44. अज	इन्दुमती	दशरथ
45. कामदेव	रति	
46. शिव	पार्वती	गणेश, कार्तिकेय
47. विष्णु	लक्ष्मी	
48. अभिमन्यु	उत्तरा	परीक्षित
49. हिमालय	मैना	पार्वती
50. शुकनास	मनोरमा	वैशम्पायन
51. राजशेखर	अवन्तिसुन्दरी	
52. दुर्योधन	भानुमती	
53. गौतम	अहल्या	शतानन्द
54. याज्ञवल्क्य	मैत्रेयी	

संस्कृतवाङ्मय में गुरु-शिष्य-परम्परा

शिष्य	गुरु
शिष्य	गुरु
1. जनक	याज्ञवल्क्य, शतानन्द (पुरोहित)
2. भर्तृहरि	गोरखनाथ/वसुरात (बौद्धमत में)
3. भवभूति	ज्ञाननिधि
4. वरदराज	भट्टोजिदीक्षित
5. भट्टोजिदीक्षित	शेषकृष्ण
6. तुलसीदास	नरहर्यानन्द
7. राम	वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य
8. श्रीकृष्ण	सान्दीपनी
9. चन्द्रगुप्त	चाणक्य
10. देवताओं के	बृहस्पति
11. असुरों के	शुक्राचार्य
12. लव, कुश, सौधातकि, दण्डायन	वाल्मीकि
13. दुष्यन्त	सोमरात (पुरोहित)
14. पाणिनि	वर्ष (उपवर्ष)
15. मंखक	रुय्यक
16. दाराशिकोह	पण्डितराज जगन्नाथ (संस्कृतशिक्षक)
17. बाणभट्ट	भर्वु
18. शिवाजी	समर्थगुरुरामदास, कोण्डदेव
19. कनिष्क	अश्वघोष
20. अम्बिकादत्तव्यास	विश्वक्सेन
21. अर्जुन (पञ्चपाण्डव)	द्रोणाचार्य
22. शङ्कराचार्य	आचार्य गौडपाद
23. महेन्द्रपाल	राजशेखर
24. अभिनवगुप्त	भट्टतौत
25. प्रतिहारेन्दुराज	मुकुलभट्ट
26. एकलव्य	द्रोणाचार्य
27. शार्ङ्गरव, शारद्वत	कण्व
28. गालव	मारीच
29. कर्ण	परशुराम
30. भीष्मपितामह	परशुराम
31. दुर्योधनादि (कौरवों के)	द्रोणाचार्य
32. चन्द्रापीड	शुकनाश (उपदेष्टा)
33. जैमिनि	पराशर
34. पराशर	व्यास

35. मण्डनमिश्र	कुमारिलभट्ट
36. उम्बेक (भवभूति)	कुमारिलभट्ट
37. प्रभाकरमिश्र	कुमारिलभट्ट
38. शालिकनाथ	प्रभाकरमिश्र
39. आसुरि	कपिलमुनि
40. पञ्चशिख	आसुरि
41. हस्तामलक	शङ्कराचार्य
42. योगीन्द्र सदानन्द	अद्वयानन्द
43. अरस्तू	प्लेटो
44. प्लेटो	सुकरात
45. सिकन्दर	अरस्तू
46. नागेशभट्ट	हरिदीक्षित

संस्कृतवाङ्मय में वर्णित राजा और राजधानी

राजा	राजधानी	राजा	राजधानी
1. शूद्रक	विदिशा ('वेत्रवती' नदी के किनारे)	**2. तारापीड**	उज्जयिनी
3. दुष्यन्त	हस्तिनापुर	**4. राम**	अयोध्या (सरयूनदी के किनारे)
5. रावण	लङ्का ('समुद्र' तट पर)	**6. नल**	निषधदेश
7. कृष्ण	द्वारिका (समुद्र के किनारे)	**8. शिवाजी**	सतारा/रायगढ़
9. दुर्योधन (सुयोधन)	हस्तिनापुर	**10. युधिष्ठिर**	इन्द्रप्रस्थ/हस्तिनापुर
11. पुरु	हस्तिनापुर	**12. प्रद्योत**	उज्जयिनी
13. कुबेर	अलकापुरी	**14. उदयन**	कौशाम्बी/उज्जयिनी
15. भर्तृहरि	धारानगरी	**16. विक्रमादित्य**	उज्जयिनी
17. दुर्विनीत	कोंकण	**18. राजाभोज**	धारानगरी
19. हर्षवर्धन	थाणेश्वर	**20. जयचन्द्र**	कन्नौज
21. पृथ्वीराज	दिल्ली	**22. महमूदगजनवी**	गजनी
23. मुहम्मद गोरी	गोरदेश	**24. औरङ्गजेब**	दिल्ली
25. रन्तिदेव	दशपुर		

संस्कृत में वर्णित कुछ प्रसिद्ध आश्रम एवं नगर

आश्रम/नगर	नदी/पर्वत	आश्रम/नगर	नदी/पर्वत
1. कण्व आश्रम	मालिनी नदी	**8. जाबालि आश्रम**	पम्पासरोवर
2. विश्वामित्र आश्रम	गौतमी नदी	**9. महाश्वेता आश्रम**	अच्छोदसरोवर
3. वाल्मीकि आश्रम	गङ्गानदी/तमसानदी	**10. विदिशा**	वेत्रवती (बेतवा)
4. भारद्वाज आश्रम	प्रयाग का सङ्गमतट	**11. उज्जयिनी**	क्षिप्रा नदी
5. अगस्त्य आश्रम	गोदावरी/दण्डकवन	**12. शचीतीर्थ (अप्सरातीर्थ)**	गङ्गा नदी
6. मारीच आश्रम	हेमकूटपर्वत	**13. अयोध्या**	सरयू नदी
7. यक्ष का निवास	रामगिरिपर्वत (चित्रकूट)	**14. हरिद्वार (कनखल)**	गङ्गा नदी

संस्कृत ग्रन्थों का मङ्गलाचरण

रचना	मङ्गलाचरण/(छन्द)	देवता	प्रकार
1. रघुवंशम्	**वागर्थाविव सम्पृक्तौ......।** (अनुष्टुप्)	शिव-पार्वती	नमस्कारात्मक

2. अभिज्ञानशाकुन्तलम्	या सृष्टिः स्रष्टुराद्या.....। (स्रग्धरा)	अष्टमूर्तिशिव	आशीर्वादात्मक
3. किरातार्जुनीयम्	श्रियः कुरुणामधिपस्य पालनीम् (वंशस्थ)	लक्ष्मी	वस्तुनिर्देशात्मक
4. शिशुपालवधम्	श्रियः पतिः श्रीमति शासितुं जगत्...। (वंशस्थ)	लक्ष्मी	वस्तुनिर्देशात्मक
5. नैषधीयचरितम्	निपीय यस्य (वंशस्थ)	–	वस्तुनिर्देशात्मक
6. मेघदूतम्	कश्चित् कान्ता विरह गुरुणा....(मन्दाक्रान्ता)	–	वस्तुनिर्देशात्मक
7. उत्तररामचरितम्	इदं कविभ्यः पूर्वेभ्यो नमो वाकं प्रशास्महे (अनुष्टुप्)	पूर्ववर्ती वाल्मीकि आदिकवि वाल्मीकि	नमस्कारात्मक
8. शिवराजविजयम्	विष्णोर्माया भगवती..... (भा.)	विष्णु	नमस्कारात्मक तथा वस्तुनिर्देशात्मक
9. कादम्बरी कथा	रजोजुषे जन्मनि सत्त्ववृत्तये....। (वंशस्थ)	ब्रह्म, विष्णु, शिव रूपी परब्रह्म की	नमस्कारात्मक
10. नीतिशतकम्	दिक्कालाद्यनवच्छिन्ना.....। (अनुष्टुप्)	परब्रह्म की	नमस्कारात्मक

संस्कृतग्रन्थों की श्लोकसंख्या

रचना	कुल श्लोक संख्या
1. मेघदूतम्	पूर्वमेघ 67 उत्तरमेघ 54 = 121 इसमें 6 श्लोक प्रक्षिप्त। कुल = 63 + 52 = 115 श्लोक (मल्लिनाथ के अनुसार)
2. उत्तररामचरितम्	लगभग 256 (तृतीय अङ्क में – 48)
3. अभिज्ञानशाकुन्तलम्	लगभग 196 (चतुर्थ अङ्क में– 22)
4. किरातार्जुनीयम्	लगभग 1030 (कुछ विद्वानों के अनुसार– 1040) (प्रथमसर्ग में–46)
5. नीतिशतकम्	लगभग 111 (11 पद्धतियाँ)
6. शृङ्गारशतकम्	लगभग 103
7. वैराग्यशतकम्	लगभग–111
8. रघुवंशम्	लगभग 1569
9. वाल्मीकीयरामायणम् (चतुर्विंशतिसाहस्त्रीसंहिता)	लगभग–24000, (7 काण्ड, 500 सर्ग)
10. महाभारतम् (शतसाहस्त्रीसंहिता)	लगभग – एक लाख श्लोक, 18 पर्व
11. शिशुपालवधम्	लगभग 1650 (प्रथम सर्ग में – 75)
12. नैषधीयचरितम्	लगभग 2830 (प्रथम सर्ग में–145)
13. मृच्छकटिकम्	लगभग–380 (दश अङ्क)
14. गीता	लगभग–700, 18 अध्याय
15. भट्टिकाव्यम् (रावणवध)–भट्टि	लगभग–1624 श्लोक, 22 सर्ग
16. हरविजयम् (रत्नाकर)	4321 श्लोक, 50 सर्ग
17. राघवपाण्डवीय-कविराज	668 श्लोक, 13 सर्ग
18. भास के तेरह नाटक	1092 श्लोक
19. मालविकाग्निमित्रम्	96 श्लोक, 5 अङ्क
20. अनर्घराघवम्	567 श्लोक, 7 अङ्क
21. बालरामायणम्	741 पद्य, 10 अङ्क
22. ऋतुसंहारम्	144 श्लोक, 6 सर्ग

संस्कृतग्रन्थों के उपजीव्यग्रन्थ

रचना	उपजीव्यग्रन्थ
1. रघुवंशम् (कालिदास)	वाल्मीकीयरामायण एवं पद्मपुराण

2. **मेघदूतम्** (कालिदास)	ब्रह्मवैवर्तपुराण से कथानक तथा वाल्मीकि रामायण से दूत की कल्पना
3. **किरातार्जुनीयम्** (भारवि)	महाभारत का वनपर्व
4. **शिशुपालवधम्** (माघ)	(i) महाभारत का सभापर्व (सर्ग 33 से 45 तक) (ii) श्रीमद्भागवतपुराण (10 वाँ स्कन्ध, 74वाँ अध्याय)
5. **नैषधीयचरितम्** (श्रीहर्ष)	महाभारत के वनपर्व का नलोपाख्यान
6. **अभिज्ञानशाकुन्तलम्** (कालिदास)	(i) महाभारत आदिपर्व का शकुन्तलोपाख्यान (अध्याय 67 से 74 तक) (ii) पद्मपुराण
7. **उत्तररामचरितम्** (भवभूति)	वाल्मीकीयरामायण का उत्तरकाण्ड (सर्ग 42 से 97 तक)
8. **वेणीसंहारम्** (भट्टनारायण)	महाभारत का सभापर्व
9. **मृच्छकटिकम्** (शूद्रक)	भासकृत 'चारुदत्तम्' नाटक
10. **कादम्बरी** (बाणभट्ट)	गुणाढ्य की 'बृहत्कथा' (सुमनस् वृत्तान्त)
11. **शिवराजविजयम्** (अम्बिकादत्त व्यास)	इतिहासप्रसिद्ध कथानक
12. **बुद्धचरितम्** (अश्वघोष)	'ललितविस्तर' बौद्धग्रन्थ, इतिहासप्रसिद्ध
रचना	**उपजीव्यग्रन्थ**
13. **कुमारसम्भवम्** (कालिदास)	श्रीमद्भागवतमहापुराण
14. **सौन्दरानन्द** (अश्वघोष)	इतिहासप्रसिद्ध
15. **स्वप्नवासवदत्तम्** (भास)	इतिहासप्रसिद्ध उदयनविषयक लोककथायें
16. **प्रतिमानाटकम्** (भास)	वाल्मीकीयरामायण (अयोध्याकाण्ड से रावणवध तक)
17. **अभिषेकनाटकम्** (भास)	वाल्मीकीयरामायणम्
18. **पञ्चरात्रम्** (भास)	महाभारतम्
19. **मध्यमव्यायोग** (भास)	महाभारतम्
20. **कर्णभारम्** (भास)	महाभारतम्
21. **दूतघटोत्कचम्** (भास)	महाभारतम्
22. **बालचरितम्** (भास)	महाभारतम्
23. **उरुभङ्ग** (भास)	महाभारतम्
24. **प्रतिज्ञायौगन्धरायण** (भास)	उदयनकथाश्रित
25. **मालविकाग्निमित्रम्** (कालिदास)	इतिहासप्रसिद्ध
26. **विक्रमोर्वशीयम्** (कालिदास)	ऋग्वेद एवं महाभारतम्
27. **रत्नावली** (हर्ष)	उदयनकथाश्रित/कविकल्पित इतिहासप्रसिद्ध
28. **महावीरचरितम्** (भवभूति)	वाल्मीकिरामायण
29. **प्रसन्नराघवम्** (जयदेव)	वाल्मीकिरामायण
30. **नलचम्पू** (त्रिविक्रमभट्ट)	महाभारत
31. **मुद्राराक्षस** (विशाखदत्त)	इतिहासप्रसिद्ध, विष्णुपुराण
32. **प्रियदर्शिका** (हर्ष)	कविकल्पनाप्रसूत
33. **मालतीमाधवम्** (भवभूति)	कविकल्पनाप्रसूत
34. **अनर्घराघवम्** (मुरारि) वाल्मीकिरामायणम्	
35. **प्रबोधचन्द्रोदय** (कृष्णमिश्र) कविकल्पनाप्रसूत	
36. **हर्षचरितम्** (बाण)	इतिहास प्रसिद्ध
37. **ऋतुसंहारम्** (कालिदास) कविकल्पित	
38. **भट्टिकाव्य/रावणवध** (भट्टि)	वाल्मीकिरामायण
39. **जानकीहरणम्** (कुमारदास)	वाल्मीकि रामायण
40. **हरविजयम्** (रत्नाकर)	शिशुपालवध का प्रभाव
41. **शारिपुत्रप्रकरणम्** (अश्वघोष)	इतिहासप्रसिद्ध

संस्कृतग्रन्थों में नायक-नायिका

रचना	नायक	नायिका
1. स्वप्नवासवदत्तम्	उदयन (धीरललित)	वासवदत्ता/पद्मावती
2. मृच्छकटिकम्	चारुदत्त (धीरप्रशान्त)	वसन्तसेना/धूता
3. अभिज्ञानशाकुन्तलम्	दुष्यन्त (धीरोदात्त)	शकुन्तला
4. कुमारसम्भवम्	शिव	पार्वती
5. उत्तररामचरितम्	राम (धीरोदात्त)	सीता
6. किरातार्जुनीयम्	अर्जुन (नायक, धीरोदात्त) किरात (शिव, सहनायक) दुर्योधन (प्रतिनायक)	द्रौपदी
7. मेघदूतम्	यक्ष (हेममाली)	यक्षिणी (विशालाक्षी)
8. शिशुपालवधम्	श्रीकृष्ण (धीरोदात्त)	सत्यभामा/रुक्मिणी

रचना	नायक	नायिका
9. नैषधीयचरितम्	नल (धीरोदात्त)	दमयन्ती
10. रत्नावली (नाटिका)	उदयन (धीरललित)	रत्नावली (सागरिका)
11. कादम्बरी कथा	चन्द्रापीड (नायक, धीरोदात्त) वैशम्पायन (सहनायक)	कादम्बरी महाश्वेता (सहनायिका)
12. दशकुमारचरितम्	राजहंस (दस राजकुमार) राजवाहन	विलासवती अवन्तिसुन्दरी
13. वेणीसंहारम्	भीम (धीरोद्धत)	द्रौपदी
14. मालविकाग्निमित्रम्	अग्निमित्र (धीरोदात्त, कुछ विद्वानों के मत में धीरललित)	मालविका
15. विक्रमोर्वशीयम् (त्रोटक)	पुरूरवा (विक्रम)	उर्वशी
16. मुद्राराक्षसम्	चाणक्य और चन्द्रगुप्त	नायिका का अभाव
17. प्रियदर्शिका	राजा उदयन (धीरललित)	आरण्यिका (प्रियदर्शिका)
18. नागानन्द	जीमूतवाहन	मलयवती
19. मालतीमाधवम् (प्रकरण)	(i) माधव (ii) मकरन्द	(i) मालती (ii) मदयन्तिका
20. महावीरचरितम्	राम (धीरोदात्त)	सीता
21. बुद्धचरितम्	भगवान् बुद्ध	–
22. हर्षचरितम्	हर्षवर्धन	–
23. रघुवंशम्	श्रीराम (रघु)	सीता
24. कर्पूरमञ्जरी	चन्द्रपाल	कर्पूरमञ्जरी
25. प्रसन्नराघवम्	श्रीराम	सीता
26. प्रबोधचन्द्रोदय	प्रबोधचन्द्र	
27. ऊरुभङ्गम्	दुर्योधन/भीम	–

संस्कृत-ग्रन्थों में अङ्गी रस

रचना	प्रधान/मुख्य/अङ्गीरस	रचना	प्रधान/मुख्य/अङ्गीरस
1. अभिज्ञानशाकुन्तलम्	शृङ्गार	**2. मेघदूतम्**	विप्रलम्भशृङ्गार
3. उत्तररामचरितम्	करुणरस	**4. किरातार्जुनीयम्**	वीररस

ग्रन्थ	रस	ग्रन्थ	रस
5. नैषधीयचरितम्	शृङ्गार	**6. शिशुपालवधम्**	वीरस
7. रघुवंशम्	वीररस	**8. बुद्धचरितम्**	शान्तरस
9. मृच्छकटिकम्	शृङ्गाररस	**10. कुमारसम्भवम्**	शृङ्गाररस
11. शिवराजविजयम्	वीररस	**12. स्वप्नवासवदत्तम्**	शृङ्गाररस
13. मालतीमाधवम् (प्रकरण)	शृङ्गाररस	**14. महावीरचरितम् (नाटक)**	वीररस
15. मालविकाग्निमित्रम्	शृङ्गाररस	**16. विक्रमोर्वशीयम्**	शृङ्गाररस
17. मुद्राराक्षसम्	वीररस	**18. प्रियदर्शिका**	शृङ्गाररस
19. रत्नावली	शृङ्गाररस	**20. नागानन्द**	शान्तरस/वीररस
21. वेणीसंहारम्	वीररस	**22. कुन्दमाला**	करुणरस
23. प्रबोधचन्द्रोदय	शान्तरस	**24. शृङ्गारशतकम्**	शृङ्गाररस
25. गीतगोविन्दम्	शृङ्गाररस	**26. रावणवध (भट्टिकाव्यम्)**	वीररस
27. जानकीहरणम्	शृङ्गाररस	**28. कर्पूरमञ्जरी**	शृङ्गाररस
29. शारिपुत्रप्रकरणम्	शान्तरस	**30. अनर्घराघवम्**	शृङ्गाररस
31. रामायणम्	करुणरस	**32. महाभारतम्**	शान्तरस

संस्कृत-ग्रन्थों में प्रयुक्त छन्द

ग्रन्थ	ग्रन्थों में प्रयुक्त प्रमुख छन्द
1. किरातार्जुनीयम् (प्रथम सर्ग)	वंशस्थ, 45वें में पुष्पिताग्रा, अन्तिम 46वें में–मालिनी (कुल प्रयुक्त छन्द–22)
2. शिशुपालवधम्	वंशस्थ, अनुष्टुप्, उपजाति (कुल प्रयुक्त छन्द – 25)
3. नैषधीयचरितम्	उपजाति (कुल प्रयुक्त छन्द–19)
4. मेघदूतम्	मन्दाक्रान्ता (सम्पूर्ण ग्रन्थ में)
5. रघुवंशम्	उपजाति, अनुष्टुप्
6. अभिज्ञानशाकुन्तलम्	आर्या, वसन्ततिलका, अनुष्टुप् (कुल प्रयुक्त छन्द–24)
7. मृच्छकटिकम्	अनुष्टुप् (कुलप्रयुक्त छन्द–21)
8. उत्तररामचरितम्	अनुष्टुप् शिखरिणी (कुल प्रयुक्त छन्द 19)
9. बुद्धचरितम्	अनुष्टुप्, उपजाति
10. भट्टिकाव्यम् (रावणवधम्)	अनुष्टुप्, उपजाति, आर्या, और पुष्पिताग्रा आदि अनेक छन्द
11. मुद्राराक्षसम्	शार्दूलविक्रीडित, स्रग्धरा, शिखरिणी
12. वेणीसंहारम्	अनुष्टुप् (62), वसन्ततिलका (38) शार्दूलविक्रीडित (34) (कुलप्रयुक्त छन्द–18)
13. बालरामायणम्	शार्दूलविक्रीडित और स्रग्धरा।
14. प्रसन्नराघवम्	वसन्ततिलका, अनुष्टुप्, शार्दूलविक्रीडित, शिखरिणी।
15. अमरुकशतकम्	शार्दूलविक्रीडितम्
16. कुमारसम्भवम्	अनुष्टुप्
17. सौन्दरानन्द	अनुष्टुप्
18. जानकीहरणम्	अनुष्टुप्
19. हरविजय	शार्दूलविक्रीडित, मन्दाक्रान्ता

संस्कृत ग्रन्थों का विभाजन

ग्रन्थ-ग्रन्थकार	विभाजन
1. काव्यप्रकाश (मम्मट)	दश उल्लास, 142 कारिकायें, 604 उदाहरण।
2. साहित्य दर्पण (विश्वनाथ)	दश परिच्छेद

3. रसगङ्गाधर (जगन्नाथ)	चार आनन
4. दशरूपक (धनञ्जय)	चार प्रकाश
5. काव्यादर्श (दण्डी)	तीन परिच्छेद, 660 पद्य
6. शिवराजविजयम् (अम्बिकादत्तव्यास)	तीन विराम, 12 निःश्वास
7. महाकाव्य	सर्गों में विभक्त (8 से अधिक सर्ग)
8. नाटक	अङ्को में विभक्त (5 अङ्क या इससे अधिक)
9. मेघदूतम् (कालिदास)	दो खण्डों में–पूर्वमेघ, उत्तरमेघ
10. कादम्बरी कथा (बाणभट्ट)	दो भागों में–पूर्वभाग, उत्तरभाग
11. आख्यायिका	उच्छ्वासों में (हर्षचरितम् में 8 उच्छ्वास)
12. वक्रोक्तिजीवितम् (कुन्तक)	चार उन्मेष
13. वाल्मीकीयरामायणम् (वाल्मीकि)	7 काण्ड, 600 सर्ग, 24,000 श्लोक
14. महाभारतम् (वेदव्यासः)	18 पर्व, 1 लाख श्लोक
15. श्रीमद्भागवतपुराण (वेदव्यासः)	12 स्कन्ध, 18000 श्लोक
16. गीता (वेदव्यासः)	18 अध्याय, 700 श्लोक
17. व्यक्तिविवेक (महिमभट्ट)	तीन विमर्श
18. सरस्वतीकण्ठाभरण (भोजराज)	पाँच परिच्छेद
19. शृङ्गारप्रकाश (भोजराज)	36 प्रकाश
20. कविकण्ठाभरण (क्षेमेन्द्र)	पाँच अध्याय 55 कारिकायें।
21. अभिधावृत्तिमात्रिका (मुकुलभट्ट)	15 कारिकायें
22. ध्वन्यालोक (आनन्दवर्धन)	4 उद्योत
23. काव्यालङ्कारसारसंग्रह (उद्भट)	6 वर्गों में
24. काव्यालङ्कार (रुद्रट)	16 अध्याय, 714 आर्यायें
25. काव्यालङ्कारसूत्र (वामन)	5 अधिकरण
26. काव्यालङ्कार (भामह)	6 परिच्छेद
27. काव्यमीमांसा (राजशेखर)	18 अध्याय
28. चन्द्रालोक (जयदेव)	10 मयूख
29. राजतरङ्गिणी (कल्हण)	8 तरङ्ग
30. ऋतुसंहार (कालिदास)	6 सर्ग, 144 श्लोक
31. नाट्यशास्त्र (भरत)	36 अध्याय
32. कथासरित्सागर (सोमदेव)	18 लम्बक, 124 तरङ्ग, 22000 पद्य।
33. हितोपदेश (नारायणपण्डित)	चार परिच्छेद, 43 कहानियाँ
34. पञ्चतन्त्र (विष्णुशर्मा)	पाँच तन्त्र, पाँच मुख्य कथायें, 1003 श्लोक, 75 उपकथायें।
35. कर्पूरमञ्जरी (राजशेखर)	4 जवनिका

संस्कृत ग्रन्थों में प्रमुख वर्णन

वर्णन	ग्रन्थ	वर्णन	ग्रन्थ
1. अच्छोदसरोवर	कादम्बरी	**5. इन्द्रकीलपर्वत**	किरातार्जुनीयम् सर्ग-5
2. पम्पासरोवर	कादम्बरी	**6. शरद्वर्णन**	किरातार्जुनीयम् सर्ग 4
3. शाल्मलीवृक्ष	कादम्बरी	**7. षड्ऋतु वर्णन**	(i) शिशुपालवधम् सर्ग-6
4. रैवतकपर्वत	शिशुपालवधम्-सर्ग 4		(ii) ऋतुसंहारम्

संस्कृतग्रन्थों के अपरनाम

मुख्यग्रन्थ	अपरनाम	मुख्यग्रन्थ	अपरनाम
1. किरातार्जुनीयम्	लक्ष्मीपदाङ्कमहाकाव्यम्	**4. नलचम्पू**	दमयन्तीकथा

2. शिशुपालवधम्	श्र्यङ्कमहाकाव्यम् ('श्री' पदाङ्कमहाकाव्य)	**5. अष्टाध्यायी**	अष्टक
3. नैषधीयचरितम्	आनन्दपदाङ्कमहाकाव्यम्		

संस्कृतवाङ्मय की दशत्रयी

1. बृहत्त्रयी

ग्रन्थ	**कवि**
1. किरातार्जुनीयम्	भारवि
2. शिशुपालवधम्	माघ
3. नैषधीयचरितम्	श्रीहर्ष

2. लघुत्रयी

ग्रन्थ	**कवि**
1. रघुवंशम्	कालिदासः
2. कुमारसम्भवम्	कालिदासः
3. मेघदूतम्	कालिदासः

3. गद्यबृहत्त्रयी

कवि	**ग्रन्थ**
1. सुबन्धु	वासवदत्ता
2. बाणभट्ट	कादम्बरी
3. दण्डी	दशकुमारचरितम्

4. उपजीव्यग्रन्थत्रयी

ग्रन्थः	**कविः**
1. रामायणम्	वाल्मीकिः
2 महाभारतम्	वेदव्यासः
3. भागवतपुराणम्	वेदव्यासः

5. पुरुषार्थत्रयी

1. धर्म
2. अर्थ
3. काम

6. पाषाणत्रयी

1. किरातार्जुनीयम् का प्रथम सर्ग
2. किरातार्जुनीयम् का द्वितीय सर्ग
3 किरातार्जुनीयम् का तृतीय सर्ग

7. गुणत्रयी

1. सत्त्वगुणः
2. रजोगुणः
3. तमोगुणः

8. मुनित्रयी

मुनिः	**व्याकरणग्रन्थः**	**साहित्यिकग्रन्थः**
1. पाणिनिः	अष्टाध्यायी	जाम्बवतीजयम्/पातालविजयम्
2. कात्यायनः	वार्तिकम्	स्वर्गारोहणम्
3. पतञ्जलिः	महाभाष्यम्	महानन्दकाव्यम्

9. प्रस्थानत्रयी

1. ब्रह्मसूत्र
2. उपनिषद्
3. गीता

10. वेदत्रयी

1. ऋग्वेद
2. यजुर्वेद
3. सामवेद

यज्ञ	**यज्ञकर्ता**
वाजपेय	महाकवि (भवभूति के पूर्वज)
राजसूय	युधिष्ठिर
पुत्रेष्टि	दशरथ
अश्वमेध	राम
गवालम्भ	राजा रन्तिदेव

वीणा	**स्वामी**	**ग्रन्थ**
महती	नारद	शिशुपालवधम्
कच्छपी	सरस्वती	–
घोषवती	वासवदत्ता	स्वप्नवासवदत्तम्

काव्यशास्त्रीय छः सम्प्रदाय

सम्प्रदाय	**प्रवर्तक और प्रमुख आचार्य**
1. रससम्प्रदाय	**भरत (प्रवर्तक)** भोजराज, भट्टनायक, विश्वनाथ, राजशेखर, केशवमिश्र, शारदातनय
2. अलङ्कारसम्प्रदाय	**भामह** (प्रवर्तक), दण्डी, उद्भट, प्रतिहारेन्दुराज रुद्रट, जयदेव, अप्पयदीक्षित।
3. रीतिसम्प्रदाय	**वामन** (प्रवर्तक)
4. ध्वनिसम्प्रदाय	**आनन्दवर्धन** (प्रवर्तक), रुय्यक, मम्मट, अभिनवगुप्त, जगन्नाथ
5. वक्रोक्तिसम्प्रदाय	**कुन्तक** (प्रवर्तक)
6. औचित्यसम्प्रदाय	**क्षेमेन्द्र** (प्रवर्तक)

चमत्कार सम्प्रदाय	कुछ आधुनिक काव्यशास्त्री

काव्यलक्षण–तालिका

ग्रन्थ	ग्रन्थकार	काव्यलक्षण
1. काव्यप्रकाश	आचार्य मम्मट	तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि–(का.प्र. प्रथमोल्लास)
2. साहित्यदर्पण	आचार्य विश्वनाथ	वाक्यं रसात्मकं काव्यम्
3. रसगङ्गाधर	पण्डितराज जगन्नाथ	रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्
4. काव्यालङ्कार	भामह	शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्
5. वक्रोक्तिजीवितम्	कुन्तक	वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्
6. काव्यालङ्कार सूत्र	वामन	रीतिरात्मा काव्यस्य
7. ध्वन्यालोक	आनन्दवर्धन	काव्यस्यात्मा ध्वनिः
8. काव्यादर्श	दण्डी	शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली
9. औचित्यविचारचर्चा	क्षेमेन्द्र	औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्
10. अग्निपुराण	व्यास	संक्षेपाद्वाक्यमिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली/काव्यं स्फुरदलङ्कारं गुणवद् दोषवर्जितम्।।
11. शृङ्गारप्रकाश	भोज	अदोषं गुणवद्काव्यमलङ्कारैरलङ्कृतम् रसान्वितं कविः कुर्वन् कीर्तिं प्रीतिं च विन्दति।।

काव्यशास्त्र में अलङ्कारों की संख्या

ग्रन्थ–ग्रन्थकार	अलङ्कारों की संख्या	ग्रन्थ–ग्रन्थकार	अलङ्कारों की संख्या
1. नाट्यशास्त्र–भरत	उपमा, रूपक, दीपक और यमक कुल चार अलङ्कार		
2. अग्निपुराण	09 शब्दालङ्कार +	08 अर्थालङ्कार +	06 उभयालङ्कार = 23 अलङ्कार
3. विष्णुधर्मोत्तर पुराण	18 अलङ्कार		
4. काव्यालङ्कार–भामह	38 अलङ्कार		
5. काव्यादर्श–दण्डी	37 अलङ्कार		
6. काव्यालङ्कारसारसंग्रह–उद्भट	41 अलङ्कार		
7. काव्यालङ्कार–रुद्रट	68 अलङ्कार		
8. सरस्वतीकण्ठाभरण–भोजराज	24 शब्दालङ्कार +	24 अर्थालङ्कार +	24 उभयालङ्कार = 72 अलङ्कार
9. काव्यप्रकाश – मम्मट	06 शब्दालङ्कार +	61 अर्थालङ्कार = 67 अलङ्कार	
10. अलङ्कारसर्वस्व – रुय्यक	78 अलङ्कार		
11. साहित्यदर्पण–विश्वनाथ	78 अलङ्कार		
12. चन्द्रालोक–जयदेव	100 अलङ्कार		
13. कुवलयानन्द–अप्पयदीक्षित	120 अलङ्कार		

साहित्यशास्त्र में रसों की संख्या

रस	स्थायीभाव	वर्ण	देवता
रस	स्थायीभाव	वर्ण	देवता
1. शृङ्गार	रति	श्याम	विष्णु
2. वीररस	उत्साह	सुवर्णवत्	महेन्द्र
3. वीभत्सरस	जुगुप्सा	नील	महाकाल
4. रौद्ररस	क्रोध	रक्त	रुद्र
5. हास्यरस	हास	शुक्ल	प्रमथ
6. अद्भुतरस	विस्मय	पीत	गन्धर्व
7. भयानक रस	भय	कृष्ण	महाकाल
8. करुणरस	शोक	कपोत	यम
9. शान्तरस	निर्वेद/शम	कुन्दपुष्पवत्	श्रीनारायण

- आचार्य भरत और धनञ्जय के अनुसार नाटक में आठरस माने गये हैं–**''अष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः''–(नाट्यशास्त्र)**
- अभिनव गुप्त एवं आचार्य मम्मट आदि ने 'शान्तरस' को नवम रस के रूप में स्वीकार किया है। **''शान्तोऽपि नवमो रसः''**
- **रुद्रट** ने **'प्रेयान्'** नामक दसवें रस की उद्‌भावना की है।
- **रूपगोस्वामी** ने **'भक्तिरस'** को प्रधानरस माना है।
- **विश्वनाथ** नवरस के अतिरिक्त **'वात्सल्य'** नामक रस को भी स्वीकार करते हैं।
- **भवभूति** ने **'करुणरस'** को ही एकमात्र मूलरस मानते हैं–**''एको रसः करुण एव''**

आचार्य भरत प्रतिपादित रससूत्र

- आचार्य भरत द्वारा 'नाट्यशास्त्र' में प्रतिपादित रससूत्र– **''विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः''** अर्थात् विभाव, अनुभाव और व्यभिचारिभाव के संयोग से 'रस' की निष्पत्ति होती है।

आचार्य भरत प्रतिपादित 'रससूत्र' के व्याख्याकार

व्याख्याकार / मत	समय / दर्शन
1. भट्टलोल्लट	नवमशताब्दी
उत्पत्तिवाद (उत्पाद्य-उत्पादक)	मीमांसा
2. शङ्कुक	नवमशताब्दी
अनुमितिवाद (अनुमाप्य-अनुमापक)	न्याय
3. भट्टनायक	11वीं शताब्दी
भुक्तिवाद (भोज्य-भोजक)	सांख्य
4. अभिनवगुप्त	11वीं शताब्दी
अभिव्यक्तिवाद (व्यङ्ग्य-व्यञ्जक)	शैव/वेदान्त

शंखों के नाम

देव	शंख
1. श्रीकृष्ण	पाञ्चजन्य
2. युधिष्ठिर	अनन्तविजय
3. भीम	पौण्ड्र
4. अर्जुन	देवदत्त
5. नकुल	सुघोष
6. सहदेव	मणिपुष्पक

नायकों की कोटियाँ

धीरोदात्त – राम, कृष्ण, अर्जुन, चन्द्रापीड, दुष्यन्त, शिवाजी।
धीरोद्धत – भीम, परशुराम, दुर्योधन आदि।
धीरललित – यक्ष, उदयन आदि।
धीरप्रशान्त – चारुदत्त आदि।

नायिकाओं की कोटियाँ

स्वकीया प्रौढा – सीता, द्रौपदी
स्वकीया मध्या – यक्षिणी
स्वकीया मुग्धा – शकुन्तला, कादम्बरी, महाश्वेता

संस्कृत-रूपकों के दशभेद

रूपक	अङ्क-संख्या	उदाहरणम्
1. नाटक	5 से 10 अङ्क	अभिज्ञानशाकुन्तलम्, स्वप्नवासवदत्तम्, उत्तररामचरितम्

2. प्रकरण	10 अङ्क	मृच्छकटिकम्, मालतीमाधवम्, शारिपुत्रप्रकरण पुष्पभूषित
3. भाण	1 अङ्क	लीलामधुकरम्, शृङ्गारशेखर, मर्कटमदलिका, धूर्तसमागम
4. व्यायोग	1 अङ्क	सौगन्धिकाहरणम्, जामदग्न्यजय
5. समवकार	3 अङ्क	समुद्रमन्थनम् (12 नायक), नवग्रहचरितम्
6. डिम	4 अङ्क	त्रिपुरदाह (16 नायक)
7. ईहामृग	4 अङ्क /1 अङ्क	कुसुमशेखरविजयम्
8. अङ्क (उत्सृष्टिकाङ्क)	1 अङ्क	शर्मिष्ठा-ययातिः
9. वीथी	1 अङ्क	मालविका
10. प्रहसन	1 अङ्क	कन्दर्पकेलिः/धूर्तचरितम्
● नाटिका	4 अङ्क	रत्नावली, प्रियदर्शिका
● सट्टक	4 अङ्क	कर्पूरमञ्जरी

संस्कृतनाटकों में विदूषक

नाटक	**विदूषक**
1. अभिज्ञानशाकुन्तलम् (कालिदास)	माढव्य/माधव्य
6. स्वप्नवासवदत्तम् (भास)	वसन्तक
2. विक्रमोर्वशीयम् (कालिदास)	माणवक
7. मालतीमाधवम् (भवभूति)	विदूषक का अभाव
3. मालविकाग्निमित्रम् (कालिदास)	गौतम
8. महावीरचरितम् (भवभूति)	विदूषक का अभाव
4. मृच्छकटिकम् (शूद्रक)	मैत्रेय
9. उत्तररामचरितम् (भवभूति)	विदूषक का अभाव
5. रत्नावली (श्रीहर्ष)	वसन्तक
10. मुद्राराक्षसम् (विशाखदत्त)	विदूषक का अभाव

नाटक **विदूषक**

संस्कृत नाटकों में कञ्चुकी

नाटक	**कञ्चुकी का नाम**
नाटक	**कञ्चुकी का नाम**
1. प्रतिज्ञायौगन्धरायण	बादरायण
5. उत्तररामचरितम्	गृष्टि
2. दूतवाक्यम्	बादरायण
6. रत्नावली	बाभ्रव्य
3. स्वप्नवासवदत्तम्	बादरायण
7. वेणीसंहारम्	जयन्धर (युधिष्ठिर का)
4. अभिज्ञानशाकुन्तलम्	वातायन
विनयन्धर (दुर्योधन का)	

नाटकीय पञ्चीकरण

पञ्च अर्थप्रकृतियाँ	**पञ्च कार्यावस्थायें**	**पञ्चा**
सन्धियाँ	**पञ्च अर्थोपक्षेपक**	
पञ्चनाटककार		
1. बीज	1. आरम्भ	1 .
मुखसन्धि	1. विष्कम्भक	1. भास
2. बिन्दु	2. यत्न	2 .
प्रतिमुखसन्धि	2. चूलिका	2 .
कालिदास		
3. पताका	3. प्राप्त्याशा	3 .
गर्भसन्धि	3. अङ्कास्य	3 .
शूद्रक		
4. प्रकरी	4. नियताप्ति	4 .
अवमर्श/विमर्शसन्धि	4. अङ्कावतार	4 .
विशाखदत्त		
5. कार्य	5. फलागम	5 .
उपसंहृति/निर्वहणसन्धि	5. प्रवेशक	5 .
भवभूति		

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के अङ्कों के नाम

अङ्क	**अङ्क का नाम**	**श्लोकसंख्या**
प्रथम	**आश्रम प्रवेश**	34
द्वितीय	**आश्रमनिवेश**	18
तृतीय	**मिलन**	24
चतुर्थ	**विदा**	22
पञ्चम	**प्रत्याख्यान**	31

षष्ठ	पश्चात्ताप	32
सप्तम	पुनर्मिलन	35
	योग =	**196**

उत्तररामचरितम् के अङ्कों के नाम

अङ्क	अङ्क का नाम	श्लोकसंख्या
प्रथम	चित्रदर्शन	51
द्वितीय	पञ्चवटीप्रवेश	30
तृतीय	छाया	48
चतुर्थ	कौशल्याजनकयोग	29
पञ्चम	कुमारविक्रम	35
षष्ठ	कुमारप्रत्यभिज्ञान	42
सप्तम	सम्मेलन	21
	योग =	**256**

मृच्छकटिकम् के अङ्कों के नाम

अङ्क	अङ्क का नाम	श्लोक संख्या
प्रथम	अलङ्कारन्यास	58
द्वितीय	द्यूतकरसंवाहक	20
तृतीय	सन्धिच्छेद	30
चतुर्थ	मदनिकाशर्विलक	33
पञ्चम	दुर्दिन	52
षष्ठ	प्रवहणविपर्यय	27
सप्तम	आर्यकापहरण	09
अष्टम	वसन्तसेनामोटन	47
नवम	व्यवहार (न्यायालय)	43
दशम	संहार (उपसंहार)	61
	योग =	**380**

रत्नावली के अङ्कों के नाम

अङ्क	अङ्क का नाम	श्लोकसंख्या
प्रथम अङ्क	मदनमहोत्सव	26
द्वितीय अङ्क	कदलीगृहम्	21
तृतीय अङ्क	सङ्केतक	19
चतुर्थ अङ्क	ऐन्द्रजालिक	20
		86

छन्दों में वर्णों की संख्या

छन्द	वर्णों की संख्या
अनुष्टुप्	$08 \times 4 = 32$
इन्द्रवज्रा	$11 \times 4 = 44$
उपेन्द्रवज्रा	$11 \times 4 = 44$
उपजाति	$11 \times 4 = 44$
रथोद्धता	$11 \times 4 = 44$
शालिनी	$11 \times 4 = 44$
स्वागता	$11 \times 4 = 44$
वंशस्थ	$12 \times 4 = 48$
द्रुतविलम्बित	$12 \times 4 = 48$
छन्द	**वर्णों की संख्या**
तोटक (त्रोटक)	$12 \times 4 = 48$
भुजङ्गप्रयात	$12 \times 4 = 48$
प्रहर्षिणी, अतिरुचिरा	$13 \times 4 = 52$
वसन्ततिलका	$14 \times 4 = 56$
मालिनी	$15 \times 4 = 60$
पञ्चचामर	$16 \times 4 = 64$
शिखरिणी, हरिणी, पृथ्वी, मन्दाक्रान्ता	$17 \times 4 = 68$
शार्दूलविक्रीडित	$19 \times 4 = 76$

स्त्रग्धरा $21 \times 4 = 84$

संस्कृतवाङ्मय के प्रमुख ग्रन्थों के विषय में विशेष कथन

रामायण - रम्या रामायणी कथा

श्रीमद्भागवत - विद्यावतां भागवते परीक्षा

काव्यप्रकाश - काव्यप्रकाशस्य कृता गृहे-गृहे, टीकास्तथाप्येषः तथैव दुर्गमः

अभिज्ञानशाकुन्तलम्

1.कालिदासस्य सर्वस्वमभिज्ञानशाकुन्तलम्।

2. काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शकुन्तला।

उत्तररामचरितम् - उत्तररामचरिते भवभूतिर्विशिष्यते

मेघदूत - मेघे माघे गतं वयः

किरातार्जुनीयम्

"वृत्तछत्रस्य सा काऽपि वंशस्थास्य विचित्रता।
प्रतिभा भारवेर्येन सच्छायेनाधिकीकृता।"

नैषधीयचरितम्

1. " नैषधं विद्वदौषधम् "

2. "तावद् भा भारवेर्भाति यावन्माघस्य नोदयः।
उदिते नैषधे काव्ये क्व माघः क्व च भारविः।।"

3. "नैषधे पदलालित्यम् "

रावणवध (भट्टिकाव्य)

1. "अष्टाध्यायी जगन्माताऽमरकोशो जगत्पिता।
भट्टिकाव्यं गणेशश्चत्रयीयं सुखदास्तु वः।।"

2. व्याकृत्या कोश- छन्दोभ्यालङ्कृत्या रसेन च।
पञ्चकेनान्वितं काव्यं भट्टिकाव्यं विराजते।।

जानकीहरणम्

जानकीहरणं कर्तुं रघुवंशे स्थिते सति।
कविः कुमारदासश्च रावणश्च यदि क्षमः।।

हरविजयम्

हरविजय-महाकवेः प्रतिज्ञां, शृणुत कृत्तप्रणयो मम प्रबन्धे।
अपि शिशुरकविः कविः प्रभावाद् भवित कविश्च महाकविः क्रमेण।।

सेतुबन्धमहाकाव्यम्

"महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्राकृष्टं प्रकृतं विदुः।
सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम्।।"

गाथासप्तशती

अविनाशिनमग्राम्यमकरोत्सातवाहनः।
विशुद्धजातिभिः कोषं रत्नैरिव सुभाषितैः।।

अमरुकशतक

"अमरुककवेरेकः श्लोकः प्रबन्धशतायते।"

वासवदत्ता

कवीनामगलद् दर्पो नूनं वासवदत्तया।
शक्त्येव पाण्डुपुत्राणां गतया कर्णगोचरम्।।

कादम्बरी

1. 'कादम्बरीरसज्ञानामाहारोऽपि न रोचते।'

2. कादम्बरी रसभरेण समस्त एव। मत्तो न किञ्चिदपि चेतयते जनोऽयम्।।

3. 'धिया निबद्धेयमतिद्वयी कथा।'

संस्कृतवाङ्मय के प्रमुख ग्रन्थों के अपरनाम

ग्रन्थ का नाम	अपरनाम
1. ऋग्वेद	दशतयी
2. शुक्ल यजुर्वेद	माध्यन्दिन संहिता, वाजसनेयी संहिता
सामवेद	उद्गातृ-वेद
अथर्ववेद	ब्रह्मवेद
ताण्ड्य ब्राह्मण	महाब्राह्मण, पंचविश, प्रौढ़
छान्दोग्य ब्राह्मण	उपनिषद् ब्राह्मण
छान्दोग्योपनिषद्	तण्डिनाम् उपनिषद्
केनोपनिषद्	तवल्कारोपनिषद्
शांखायन आरण्यक	कौषीतकि आरण्यक
आरण्यक	रहस्यग्रन्थ
ऋक् प्रातिशाख्य	पार्षद् (परिषद् सूत्र)
निरुक्त	शब्दव्युत्पत्तिशास्त्र, निर्वचन शास्त्र
ज्योतिष	प्रत्यक्षशास्त्र, कालविधानशास्त्र
हिरण्यकेशी गृह्यसूत्र	सत्याषाढ़ गृह्यसूत्र
कातन्त्रसूत्र	कालापव्याकरण
व्याकरण	शब्दशास्त्र
लघुपाराशरी	उडुदायप्रदीप
काठक गृह्यसूत्र	लौगाक्षि गृह्यसूत्र
बृहत्संहिता	वाराही संहिता
वेदान्तसूत्र	चतुर्लक्षणी
मीमांसासूत्र	द्वादशलक्षणी
ब्रह्मसूत्र	शारीरकसूत्र

ग्रन्थ का नाम	अपरनाम
ब्रह्मपुराण	आदिपुराण
अग्निपुराण	विश्वकोष
नारद पुराण	बृहन्नारदीय पुराण
श्रीमद्भागवत पुराण	दशलक्षणी पुराण
वायुपुराण	शिवपुराण
रामायण	चतुर्विंशतिसाहस्रीसंहिता, आदिमहाकाव्य आर्यभट्टाकाव्य
भुशुण्डिरामायण	महारामायण
योगवाशिष्ठ	आर्षरामायण
महाभारत	शतसाहस्रीसंहिता
सेतुबन्धमहाकाव्य	सूक्तिरत्नाकर
जाम्बवतीजय	पातालविजय
रावणवध	भट्टिकाव्य
काव्यशास्त्र	साहित्यविद्या
नाट्यशास्त्र	षट्साहस्री संहिता
कुमारपालितचरित	द्वयाश्रयमहाकाव्य
नैषधीयचरितम्	शास्त्रकाव्य, श्रयंक
प्रबन्धकोश	चतुर्विंशतिप्रबन्ध
नलचम्पू	हरचरणसरोजाङ्क
हनुमन्नाटक	महानाटक
गीतगोविन्द	शृंगारमहाकाव्य, संगीतरूपक,
संस्कृतमहाकोश	पीटर्सबर्ग कोश

संस्कृत में सर्वप्रथम/सर्वप्राचीन/सर्वश्रेष्ठ

प्राचीनतम वेद	ऋग्वेद
प्राचीनतम पुराण	ब्रह्मपुराण
स्मृतिग्रन्थों में प्राचीनतम	मनुस्मृति
प्राकृत काव्यों में प्राचीनतम	सेतुबन्ध
आर्य भाषाओं में प्राचीनतम	वैदिक संस्कृत
लोककथा प्राचीनतम संग्रह	बृहत्कथा
शिक्षा के प्राचीनतम ग्रन्थ	प्रातिशाख्य
भाषाशास्त्र का प्राचीनतम ग्रन्थ	निरुक्त
मनुस्मृति के प्राचीनतम टीकाकार	मेधातिथि
वेदाङ्ग के प्राचीनतम ग्रन्थ	कल्पसूत्र
अमरुकशतक के प्राचीनतम टीकाकार	अर्जुनवर्मदेव
सर्वश्रेष्ठ कर्म	यज्ञ
सर्वश्रेष्ठ वेदभाष्यकर्ता	आचार्य सायण
सर्वश्रेष्ठ गद्यकार	बाणभट्ट
सर्वश्रेष्ठ वैयाकरण	महर्षि पाणिनि
सर्वश्रेष्ठ नाटककार	कालिदास
सर्वश्रेष्ठ प्रतीकात्मक नाटक	प्रबोधचन्द्रोदय
सर्वश्रेष्ठ तान्त्रिक ग्रन्थ	तन्त्रालोक
संस्कृत के सर्वश्रेष्ठ कवि	कालिदास
कश्मीरी लेखकों में सर्वश्रेष्ठ	अभिनवगुप्त
शाकुन्तल का सर्वश्रेष्ठ अङ्क	चतुर्थ
रससूत्र के सर्वश्रेष्ठ भाष्यकार	अभिनवगुप्त
शङ्करभट्ट के अनुसार सर्वश्रेष्ठ निबन्धकार	विज्ञानेश्वर
संस्कृत साहित्य के सर्वश्रेष्ठ कवि	कालिदास
राजशेखर के मत में सर्वश्रेष्ठ नाटक	स्वप्नवासवदत्तम्
शृङ्गाररस के सर्वश्रेष्ठ कवि	कालिदास
करुणरस के सर्वश्रेष्ठ कवि	भवभूति
संस्कृत गद्यसाहित्य की सर्वोकृष्ट रचना	कादम्बरी
ब्राह्मण ग्रन्थों में सर्वश्रेष्ठ देवता	प्रजापति
केरलीय राजाओं में सर्वश्रेष्ठ	रामवर्मा
सर्वप्रथम नाटककार	भास
मीमांसा के सर्वप्रथम भाष्यकार	शबर
चम्पू ग्रन्थों में सर्वप्रथम	नलचम्पू
कालिदास की प्रथम कृति	ऋतुसंहार
प्रथम ऐतिहासिक उपन्यास (संस्कृत)	शिवराजविजय
सुभाषित संग्रह का प्रथम ग्रन्थ	गाथासप्तशती
प्रथम ऐतिहासिक काव्य	नवसाहसाङ्कचरित
समुपलब्ध प्रथम गद्यकार	दण्डी
प्रथम लौकिक खण्डकाव्य	मेघदूतम्
प्रथम बौद्ध नाटककार	अश्वघोष
संस्कृत का प्रथम महाकाव्य	जाम्बवतीविजय
अद्वैत के प्रथम आचार्य	गौडपादाचार्य
प्रस्थानत्रयी के प्रथम भाष्यकार	शङ्कराचार्य
बाणभट्ट की प्रथम रचना	हर्षचरितम्
काव्यप्रकाश की प्रथम टीका	संकेत (माणिक्यचन्द्र कृत)
जैनधर्म के प्रथम तीर्थंकर	ऋषभदेव
प्राकृत का प्रथम गीतिकाव्य	गाथासप्तशती
संस्कृत की प्रथम नाटिका	रत्नावली
कलापक्ष के प्रथम आचार्य	भारवि
उपलब्ध प्रथम प्रतीक नाटक	प्रबोधचन्द्रोदय
पुराणों में प्रथम	ब्रह्मपुराण
महाभारत के प्राचीन टीकाकार	देवबोध

भाषाविज्ञान के प्राचीन पण्डित	यास्क
सबसे प्राचीन धर्मसूत्र	गौतमधर्मसूत्र
सबसे प्राचीन शुल्बसूत्र	बोधायनशुल्बसूत्र
अथर्ववेद का प्राचीन नाम	अथर्वाङ्गिरस
काव्यशास्त्र का उपलब्ध सबसे प्राचीन ग्रन्थ	नाट्यशास्त्र
व्याकरण दर्शन का सर्वोत्तम ग्रन्थ	वाक्यपदीय
स्मृति ग्रन्थों में सर्वाधिक प्रसिद्ध	मनुस्मृति
वैष्णवपुराणों में सर्वप्रसिद्ध	श्रीमद्भागवतपुराण
काव्यों में सर्वाधिक रमणीय	नाटक
जैन पुराणों में सर्वाधिक प्रसिद्ध	आदिपुराण
सामवेद की लोकप्रिय शाखा	कौथुम शाखा
अथर्ववेद की लोकप्रिय शाखा	शौनक शाखा
दक्षिण भारत का लोकप्रिय स्तोत्र	नारायणीय स्तोत्र
संस्कृत का बृहत्तम महाकाव्य	हरविजय (50 सर्ग)
चम्पू काव्यों में बृहत्तम	वृन्दावनचम्पू
विश्वसाहित्य का बृहत्तम ग्रन्थ	महाभारत
अष्टविकृति पाठों में सबसे कठिन	घनपाठ
सबसे बड़ा शुल्बसूत्र	बोधायन
वेद व्याख्याकारों में अग्रगण्य	सायणाचार्य
ऐतिहासिक काव्यों में अग्रणी	राजतरंगिणी
सर्वाधिक विशाल पुराण	स्कन्दपुराण
सर्वाधिक बृहद् उपनिषद्	बृहदारण्यकोपनिषद्
ब्राह्मणग्रन्थों में सबसे छोटा	दैवत ब्राह्मण
सबसे छोटा उपनिषद्	माण्डूक्योपनिषद्
सबसे छोटा पुराण	मार्कण्डेय पुराण
अर्वाचीनतम ब्राह्मण ग्रन्थ	गोपथ ब्राह्मण
अर्वाचीन वेद	अथर्ववेद
आदिकाव्य	रामायण
ललित कलाओं के आदि आचार्य	भरतमुनि
ज्यामिति के आदि ग्रन्थ	शुल्बसूत्र
ज्योतिष का उपलब्ध प्राचीन ग्रन्थ	वेदाङ्गज्योतिष
उपजीव्यों में प्रमुख	रामायण, महाभारत
पाञ्चरात्र संहिताओं में प्रमुख	अर्हिबुध्न्यसंहिता
नास्तिक दर्शनों में सर्वप्राचीन	चार्वाक दर्शन
नीतिकथा साहित्य का सर्वप्राचीन ग्रन्थ	पञ्चतन्त्र

संस्कृतवाङ्मय के प्रमुख ग्रन्थांश

श्रीमद्भगवद्गीता - **महाभारत**
(भीष्मपर्व -अध्याय - 25-42)

हरिवंशपुराण - **महाभारत**
(महाभारत का खिलपर्व / हरिवंशपर्व)

रासपञ्चाध्यायी - **भागवतमहापुराण** (दशमस्कन्ध)

दुर्गासप्तशती - **मार्कण्डेयपुराण** (अध्याय-81-93)

हंसगीता - **विष्णुधर्मोत्तरपुराण**

		(तृतीयखण्ड- अध्याय 227-342)
अध्यात्म-रामायण	-	**ब्रह्माण्ड पुराण** (उत्तरखण्ड का एक भाग)
पराशर-गीता	-	**महाभारत** (शान्तिपर्व-अध्याय-290-98)
विष्णुसहस्रनामस्तोत्र	-	**महाभारत** (अनुशासन पर्व- अध्याय-149)
शिवसहस्रनामस्तोत्र	-	**महाभारत** (अनुशासनपर्व- अध्याय-17)
हंस-गीता	-	**महाभारत** (शान्तिपर्व -अध्याय-299)
शकुन्तलोपाख्यान	-	**महाभारत** (आदिपर्व - अध्याय-68-74)
नलोपाख्यान	-	**महाभारत** (वनपर्व-अध्याय-53-79)
रामोपाख्यान	-	**महाभारत** (वनपर्व- अध्याय-274-91)
सावित्र्युपाख्यान	-	**महाभारत** (वनपर्व-अध्याय -292-99)
शङ्करगीता	-	**विष्णुधर्मोत्तरपुराण** (प्रथमखण्ड, अध्याय-52-65)

संस्कृत के प्रमुख ग्रन्थों की विशेष संज्ञा

ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद	-	**वेदत्रयी**
किरातार्जुनीयम् , शिशुपालवधम् , नैषधीयचरितम्	-	**संस्कृत साहित्य के बृहत्त्रयी**
ध्वन्यालोक, काव्यप्रकाश, रसगङ्गाधर	-	**काव्यशास्त्र के बृहत्त्रयी**

तैत्तिरीयारण्यक का दशम प्रपाठक - **महानारायणोपनिषद्**
शतपथ ब्राह्मण के अन्तिम 6 अध्याय - **बृहदारण्यकोपनिषद्**
आपस्तम्बधर्मसूत्र का 8वाँ पटल- **अध्यात्मपटल**
गीता का 18वाँ अध्याय - **एकाध्यायीगीता**
किरातार्जुनीयम् का 15वाँ सर्ग - **चित्रकाव्य**

कवियों की स्वकाव्य विषयोक्त गर्वोक्तियाँ

प्रत्यक्षरश्लेषमयप्रबन्ध - **सुबन्धु अपने काव्य वासवदत्ता के विषय में** (सातवीं शताब्दी पूर्वार्द्ध)
लक्ष्मीपतेश्चरितकीर्तनमात्रचारु - **माघ अपने काव्य के विषय में** (सातवीं शताब्दी ई0)
शृङ्गारामृतशीतगुः - **श्रीहर्ष नैषधीयचरित के विषय में** (सातवीं शताब्दी पूर्वार्द्ध)
कविकुलादृष्टाध्वपान्थः - **श्रीहर्ष ने अपने काव्य शिशुपालवध को माना** (12 वी. शताब्दी ई0)
चन्द्रार्धचूडचरिताश्रयचारु - **रत्नाकर अपने काव्य को** (बारहवीं शताब्दी ई0)
सन्दर्भशुद्धिं गिरां जानीते जयदेव एव - **जयदेव ने गीतगोविन्द के विषय में।** (बारहवीं शताब्दी ई0)

आनन्दवर्धन - आनन्दवर्धनः कस्य नासीदानन्दवर्धनः। (राजशेखर)

कालिदास - 1. कनिष्ठिकाधिष्ठित कालिदासः।
2. न कालिदासादपरस्य वाणी। (श्रीकृष्णकवेः)
3. काव्येषु माघः कविकालिदासः। (घटखर्परस्य)

गुणाढ्य - शश्वद् बाणद्वितीयेन नमदाकारधारिणा।
धनुषेव गुणाढ्येन निःशेषो रञ्जितो जनः।। (त्रिविक्रमभट्टस्य)

दण्डी - दण्डिप्रबन्धाश्च त्रिषु लोकेषु विश्रुताः। (राजशेखरस्य)

पाणिनिः - नमः पाणिनये तस्मै यस्मादाविरभूदिह। आदौ व्याकरणं काव्यमनु जाम्बवतीजयम्।। (राजशेखरस्य)

बाणभट्ट - 1. वाणी बाणो बभूवेति। (गोवर्धनस्य)
2. बाणः कवीनामिह चक्रवर्ती (तत्रैव)
3. वाणी बाणस्य मधुरशीलस्य (धर्मदासस्य)
4. बाणस्तु पञ्चाननः। (श्रीचन्द्रदेवस्य)
5. यादृग् गद्यविधौ बाणः पद्यबन्धे च तादृशः। (भोजराजस्य)
6. भट्टबाणस्य भारतीम्। (कस्यापि)

❑❑

3. प्राचीन भारतीय संस्कृति और दर्शन

3.1 भारतीय संस्कृति

- **अर्थ-** संस्कृत में संस्कृति शब्द 'सम्' उपसर्ग पूर्वक 'कृ' धातु से 'क्तिन्' प्रत्यय लगकर निष्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है- सँवारना, सजाना, परिष्कृत करना, अलङ्कृत करना, शुद्ध अथवा परिमार्जित करना।
- विशेष सन्दर्भ में इसका अन्य अर्थ भी है, जैसे- मन्त्रोच्चारण द्वारा परिमार्जित, प्रबोधित अथवा शिक्षित करना, सञ्चित अथवा इकट्ठा करना, सुन्दर एवं सम्पूर्ण सृजन।
- संस्कृति को किसी निश्चित परिभाषा में नहीं बाँधा जा सकता। उसकी अनुभूति कृति से प्रदर्शन से और उदाहरणों से होती है।
- हिन्दी भाषा में संस्कृति शब्द की व्युत्पत्ति अंग्रेजी के 'Culture' शब्द अथवा लैटिन के 'Culture' शब्द से हुई है,जिसका अर्थ है 'कर्षण' अथवा कृषि कर्म करना।
  इसी से Agriculture (कृषि), Fishiculture (मत्स्यकर्म), Horticulture (बागवानी) जैसे शब्दों का निर्माण हुआ है।
- उपर्युक्त अर्थों से एक बात स्पष्ट है कि परिमार्जन मनुष्य का अपना प्रयत्न है, एक आभ्यन्तर प्रयास है जो हमें प्रकृति द्वारा सहज प्राप्त नहीं हुआ है। वस्तुतः ये अर्थ हम लोगों में सौष्ठव एवं सत्कार के द्योतक हैं।

संस्कृति की परिभाषा

- **1. सत्यकेतु विद्यालङ्कार-** "मनुष्य अपनी बुद्धि का प्रयोग कर विचार और कर्म के क्षेत्र में जो सृजन करता है, उसको संस्कृति कहते है।"
- **2. श्रीचक्रवर्ती राजगोपालाचार्य-** "किसी भी जाति अथवा राष्ट्र के शिष्ट पुरुषों में विचार, वाणी एवं क्रिया का जो रूप व्याप्त रहता है, उसी का नाम संस्कृति है।"
- **3. उपाध्याय विद्यानन्दमुनि-** "संस्कृति, संस्कारों के पुञ्ज का नामान्तर है।"

भारतीय संस्कृति की विशेषताएँ

- डॉ. रामजी उपाध्याय ने भारतीय संस्कृति में सार्वजनिकता, सर्वांगणीयता, देवपरायणता, धर्मपरता, आश्रम-व्यवस्था, आध्यात्मिकता, कर्मफल, सर्वे सुखिनः सन्तु, निःसीमता, सनातनता, समृद्धिशालिता, श्रेष्ठों का आदर्श एवं तप प्रधानता जैसी तेरह विशेषताएं बतायी हैं।
- डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र ने भारतीय संस्कृति की विशेषताओं को इंगित करते हुए कहा है कि भारतीय संस्कृति किसी व्यक्ति या किसी एक ग्रन्थ पर आधारित न होकर चिरंतन विकास का परिणाम है।
- डॉ. सत्यकेतु विद्यालङ्कार का कहना है कि भारतीय संस्कृति भौतिकवादी न होकर अध्यात्म पर आधारित है।
- विश्ववन्द्य एवं सर्वग्राह्य भारतीय संस्कृति की इन विशेषताओं के बीच हिन्दू संस्कृति पर यदि दृष्टि डालें तो यह भी न्यूनाधिक परिवर्तन के बाद भी अपने मौलिक रूप में विद्यमान है।
- हिन्दू संस्कृति, मन्त्र, उपनिषद्, गीता-दर्शन आदि हिन्दू सम्प्रदाय के जीवन दर्शन का आधार है। इसमें वर्णित सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य का उपदेश आज भी भारतवासियों को कर्णप्रिय है।
- सभी दर्शन आध्यात्मिकता पर बल देते हैं। हिन्दुओं के प्रत्येक कार्य आत्मा एवं परमात्मा से सम्बद्ध दिखते हैं।
- आत्मा को अजर, अमर, शाश्वत एवं अविनाशी कहकर हमें आशावान् बनाया गया है-

  न जायते म्रियते वा कदाचित्
  नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
  अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो
  न हन्यते हन्यमाने शरीरे॥
- ईश्वर के प्रति आस्था हिन्दुओं को धर्म-परायण बनाती है। पुरुषार्थ-चतुष्टय में भी मोक्ष के अतिरिक्त धर्म को प्रमुख स्थान प्राप्त है।

  'यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः।'
- धर्म की स्थापना एवं अत्याचार दूर करने के लिए अवतारों की कल्पना की गयी है-

  यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
  अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥ (गीता 4.7)
- समाज को ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र इन चार वर्णों में सुनियोजित करने के लिए विभाजित किया गया था-

  ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत् बाहूः राजन्यः कृतः।

ऊरु तदस्य यद् वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत॥

(ऋ0 10.90.12)

- हिन्दुओं ने 'जीवेम शरदः शतम्,पश्येम शरदः शतम् ......' की इच्छा प्रारम्भ से ही की थी।
- आर्यों ने मानसिक एवं शारीरिक उन्नति के लिए मानव जीवन को संस्कारों से बाँध रखा था तथा माँ के गर्भ से लेकर शरीर के छोड़ने तक सोलह संस्कारों द्वारा शरीर एवं मन को सुसंस्कृत करने की व्यवस्था की गयी थी।
- आर्य परिवार संयुक्त परिवार के पक्षधर थे। यहाँ अतिथियों, गुरुओं तथा अन्य प्राणियों के प्रति आदर भावना थी।
- **'अतिथि देवो भव'** की उक्ति आर्यों के आतिथ्य सत्कार की भावना प्रदर्शित करता है।
- आर्यों ने सम्पूर्ण जगत् को परिवार के रूप में देखा था- (वसुधैव कुटुम्बकम्)

  'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।' अथवा **'सह नाववतु, सह नौ भुनक्तु, सह वीर्यं करवावहै।'** **'तेजस्विनावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।'**
  जैसी पंक्तियाँ आर्यों के सहयोग की भावना प्रदर्शित करती हैं।
- विश्वकल्याण की भावना आर्यों में चरमोत्कर्ष पर थी-

  सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
  सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्॥
- हिन्दुओं ने मानव शरीर को परोपकार का साधन माना है- **'परोपकाराय सतां विभूतयः।'**
- हिन्दुओं की दृष्टि में शरीर के साथ प्रकृति भी हमारे लिए परोपकार हेतु ही है-

  परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः परोपकाराय वहन्ति नद्याः।
  परोपकाराय विभाति सूर्यः परोपकारार्थमिदं शरीरम्॥
- आर्यों की आध्यात्मिक प्रवृत्ति निष्कामभाव की प्रेरणा देती है-

  ईशा वास्यमिदं सर्वं यत् किञ्च जगत्यां जगत्।
  तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद् धनम्॥
- आर्य सदाचार के द्योतक थे। सदाचार भारतीयों की जीवन शैली है- **'आचारः परमो धर्मः।'**
- आर्यों के मर्यादित जीवन के लिए उपनिषदों में वर्णित है- **'सत्यं वद, धर्मं चर।'**

  इसप्रकार हमें भौतिक उन्नति के बीच आध्यात्मिक उत्कर्ष का समन्वय भारतीय संस्कृति में प्राप्त होता है।

निष्कर्ष-

- भारतीय संस्कृति का इतिहास अत्यन्त प्राचीन है। भारतीय संस्कृति के विकासक्रम का इतिहास सहस्रों वर्षों का है, जिसमें अनेक सामाजिक तत्त्वों का योग रहा है।
- वैदिक काल से भारतीय संस्कृति उन्नतशील रही है। अनेकानेक भारतीय सामाजिक संस्थाओं का विकास वैदिक युग में हो गया था।
- वर्णाश्रम, विवाह, सोलह संस्कार आदि ऐसी अनेक सामाजिक संस्थाओं का उद्भव ही नहीं विकास भी वैदिकोत्तर युग में हो गया था।

  अतः सामाजिक संस्थाओं में संस्कृति की प्राचीनता भी भारतीय संस्कृति की विशेषता रही है।

3.2 वर्ण व्यवस्था

- प्राचीन भारतीय चिन्तन में व्यक्ति को समुन्नत बनाने के लिए आश्रम व्यवस्था को स्वीकार किया गया।
- धर्मशास्त्रों और स्मृतियों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र वर्णों का उनके उद्गम (मुख, बाहु आदि) एवं धार्मिक (सत्व, रजस् एवं तमस् पर आश्रित) प्रवृत्तियों के आधार पर, जो स्पष्ट विभाजन किया गया है-

  ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्मः कृतः।
  ऊरू तदस्य यद वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो ऽजायत॥
  (ऋ0 10.90.12)
- तदनुसार चारों वर्णों के कर्तव्य इस प्रकार हैं-

(1) ब्राह्मण- ब्राह्मण शब्द का प्रयोग वेदाध्ययनकर्त्ता, ब्रह्मज्ञानी तथा ब्रह्मपुत्र के लिए होता है। 'ब्रह्म' शब्द का सामान्य अर्थ है मन्त्र या प्रार्थना। इस प्रकार यज्ञ कार्यसंलग्न, सोमपायी, मनीषी को ब्राह्मण माना गया है। इसकी उत्पत्ति विराट् पुरुष के मुख से मानी गयी है। फलतः यह वर्णव्यवस्था में सर्वप्रथम परिगणित है।

ब्राह्मण के छः प्रधान कर्म- (मनुस्मृति के अनुसार)
अध्यापनमध्ययनं यजनं याजनं तथा।
दानं प्रतिग्रहं चैव ब्राह्मणानामकल्पयत्॥

1 अध्ययन 2 अध्यापन
3 यज्ञ करना 4 यज्ञ कराना
5 दान लेना 6 दान देना

- गीता में ब्राह्मण के 8 स्वाभाविक कर्म कहे गये हैं-

  शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च।
  ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म स्वभावजम्॥ (18.42)
  1 शम 2 दम 3 तप 4 शौच (शुद्धि) 5 क्षमाभाव 6 आर्जव (सरलता) 7 ज्ञान-विज्ञान 8 आस्तिकता
- ब्राह्मण को **'भूसुर'** कहा जाता था।

(2) क्षत्रिय- क्षत्रिय का शाब्दिक अर्थ है- रक्षा करने वाला। ऋग्वेद में 'क्षत्रिय' के अतिरिक्त 'क्षत्र', 'राजा' और 'राजन्य' शब्दों का भी प्रयोग हुआ है।

- **क्षत्रिय कर्त्तव्य-** 1 प्रजा की रक्षा करना, 2 दान देना 3 यज्ञ करना 4 वेदाध्ययन करना 5 विषयों में आसक्त न होना

प्रजानां रक्षणं दानमेज्याध्ययनमेव च।
विषयेष्वप्रसक्तिश्च क्षत्रियस्य समासतः॥ (मनु0 1.8)

- **गीता में क्षत्रिय कर्त्तव्य-**

शौर्यं तेजो धृतिर्दाक्ष्यं युद्धे चाप्यपलायनम्।
दानमीश्वरभावश्च क्षात्रं कर्म स्वभावजम्॥ (18.43)

1 शौर्य 2 तेज 3 धैर्य 4 चातुर्य 5 युद्ध क्षेत्र से पलायन न करना 6 दान 7 ईश्वरभाव (स्वामिभाव)

(3) वैश्य- ऋग्वेद में 'विश्' शब्द का प्रयोग सामान्य तथा समूह अर्थ (जैसे- दैवीनां विशम् , मानुषीणां विशम्, दासीविशम्) में देखा जाता है।

केवल पुरुषसूक्त के वर्णव्यवस्था सूचक मन्त्र में 'वैश्य' का प्रयोग हुआ है। सम्भवतः व्यापारी वर्ग (वैश्य) समूह में रहता है, इसलिए 'विश्' शब्द से 'ष्यञ्' प्रत्यय के योग से वैश्य निष्पन्न हुआ।

- **वैश्य कर्त्तव्य-**

पशूनां रक्षणं दानमिज्याध्ययनमेव च।
वणिक्पथं कुसीदं च वैश्यस्य कृषिमेव च॥

1 पशुओं की रक्षा करना 2 दान देना 3 यज्ञ करना 4 वेदाध्ययन करना 5 व्यापार करना 6 ब्याज लेना 7 कृषि करना

- **गीता में वैश्य कर्म-**

''कृषिगौरक्ष्यवाणिज्यं वैश्यकर्म स्वभावजम्।
(गीता-18/44)

1. कृषि 2. गोरक्षा 3. वाणिज्य

- वैश्य को व्यापार से प्राप्त धन का एक निश्चित भाग राजा को 'कर' के रूप देना पड़ता था। मदिरा, मांस, लोहा और चमड़ा जैसी वस्तुओं का विक्रय निषिद्ध था परन्तु इनके बेंचने पर छठाँ भाग कर रूप में देना पड़ता था।
- समाज में व्यापारियों में मुख्यतः पाँच वर्ग थे-

1. स्थानीय वणिक् 2. कारवाँ 3. सामुद्रिक व्यापारी 4. उद्योग संलग्न 5. साधारण व्यापारी

- हेमचन्द्र ने आठ प्रकार के वैश्यों का उल्लेख किया है।

सत्यानृतं तु वाणिज्यं वणिज्या वणिजो वणिक्।
क्रयविक्रयिकः पण्याजीवाऽपाणिक् नैगमाः॥

(4) शूद्र- 'शूद्र' शब्द का अर्थ है- शोक करने वाला।

- ऋग्वेद में केवल एक बार यह शब्द प्रयुक्त हुआ है और वह भी वर्णव्यवस्था के विषय में।

शूद्र कर्त्तव्य- मनुस्मृति में शूद्र का एक मात्र कर्तव्य द्विज सेवा बताया गया। गीता में भी परिचर्या ही उसका स्वाभाविक कर्म उपदिष्ट है।

''एकमेव तु शूद्रस्य प्रभुः कर्म समादिशत्।
एतेषामेव वर्णानां शुश्रूषानसूयया॥'' (मनु0 1/61)
परिचर्यात्मकं कर्म शूद्रस्यापि स्वभावजम्॥ (गीता 18.44)

3.3 संस्कार

- व्यक्ति के पूर्वजन्म एवं वंशानुक्रम से प्राप्त दुर्गुणों को निकालकर उसमें सद्‌गुण स्थापन के प्रयत्न को वैदिक विचार धारा में संस्कार कहा गया है। **आचार्य चरक** के शब्दों में- **''संस्कारो हि गुणान्तराधानमुच्यते''** अर्थात् पहले से विद्यमान दुर्गुणों को हटाकर उनके स्थान पर सद्‌गुणों का आधान करना ही संस्कार है।
- प्रत्येक व्यक्ति समाज का एक महत्त्वपूर्ण अवयव है, समाज को उच्चतर अथवा निकृष्टतर बनाने में उसका विशिष्ट योगदान होता है। यही नहीं, कोई भी व्यक्ति कभी पूर्ण नहीं हो सकता, मानव जीवन निरन्तर प्रवाहमान है जिसमें ऊपर उठने तथा नीचे गिरने का अवसर सुलभ है। अतएव वैदिक मनीषियों ने मनुष्य को उसके जन्म के पूर्व से लेकर मृत्यु के बाद तक संस्कृत करते रहने की योजना बनायी ताकि उसके स्खलन की सम्भावना कम से कम रहे। प्रत्यक्ष में तो यह योजना व्यक्ति परक ही दृष्टगोचर होती है परन्तु इसका प्रमुख उद्देश्य है व्यक्ति के माध्यम से समाज और राष्ट्र को उन्नत बनाना।
- उपलब्ध साहित्य में संस्कारों की संख्या 10 से 40 तक देखी जा सकती है। हिरण्यकेशि तथा कौशिक गृह्यसूत्रों में संस्कारों की संख्या 10 मानी गयी है, खादिर, एवं जैमिनि में 11, कौषीतकि (शाङ्खायन), आपस्तम्ब और गोभिल गृह्यसूत्र में 12, आश्वलायन तथा मानव गृह्यसूत्रों में 13, पारस्कर गृह्यसूत्र एवं मनुस्मृति में 14। गौतम ने संस्कारों की संख्या 40 दी है। प्रायः सभी धर्मशास्त्रकार संस्कारों की संख्या 16 मानते हैं।

ग्रन्थ	**संस्कारों की संख्या**
हिरण्यकेशि तथा कौशिकग्रह्यसूत्र	10 (दस)
खादिर एवं जैमिनि गृह्यसूत्र	11 (ग्यारह)

कौषीतकि, आपस्तम्भ, गोभिल गृह्यसूत्र 12 (बारह)
आश्वलायन तथा मानवगृहयसूत्र 13 (तेरह)
पारस्कर एवं मनुस्मृति 14 (चौदह)
गौतम के अनुसार 40 (चालीस)

(1) गर्भाधान संस्कार- गर्भाधान का अर्थ- गर्भ का आधान, गर्भ स्थापित करना। जिस कर्म द्वारा गर्भ धारण किया जाय उसे गर्भाधान कहा जाता है- **''गर्भः सन्धार्यते येन कर्मणा तद् गर्भाधानमित्यनुगतार्थकर्मनामधेयम्।''** गर्भलम्भन ऋतुगमन तथा चतुर्थी कर्म इसके पर्याय हैं। याज्ञवल्क्यस्मृति में ऋतुस्नान के बाद चौथी रात्रि से 16वीं रात्रि तक गर्भधारण के लिए उपयुक्त अवधि मानी गयी है।

(2) पुंसवन संस्कार-

- आपस्तम्ब गृह्यसूत्र के अनुसार- गर्भ धारणोपरान्त पुत्र प्राप्ति हेतु यह संस्कार किया जाता था।
- गर्भ के तीसरे माह में 'पुंसवन संस्कार' मनाया जाता है।
- गृह्यसूत्र में इस संस्कार के लिए द्वितीय एवं तृतीय मास को उपयुक्त बताया गया है।

(पुरास्यन्दतइतिमासे द्वितीय तृतीय वा)

- पुत्र प्राप्ति के लिए चन्द्रमा का पुष्य देखें है नक्षत्र में रहना शुभ माना जाता है।
- वैदिक समाज की पुत्र-पुत्री विषयक भेदरहित मान्यताओं तथा वैदिक वाङ्मय में प्रयुक्त शब्दों के अर्थ निर्धारण की दृष्टियों को देखते हुए कहा जा सकता है कि ''पुंसवन'' संस्कार गर्भस्थ शिशु के शारीरिक स्वास्थ्य के लिए किया जाता था, न कि पुत्रलाभ के लिये।

(3) सीमन्तोन्नयन संस्कार- (तृतीय संस्कार)

- सीमन्तोन्नयन वह संस्कार है जिसमें माता-पिता का ध्यान गर्भस्थ शिशु के मानसिक विकास पर केन्द्रित हो।
- **''चतुर्थे गर्भमासे सीमन्तोन्नयनम्''** इसका समय चौथा महीना माना गया है।
- बौद्धायन गृह्यसूत्र में उल्लेख है कि यह संस्कार गर्भिणी स्त्री को सम्मान एवं सत्कार देने के लिए सम्पन्न होता है।
- इस संस्कार का प्रयोजन माता के लिए ऐश्वर्य एवं गर्भस्थ शिशु के लिए दीर्घायुष्य की कामना है।
- 'याज्ञवल्क्य-स्मृति' में इसका समय छठें अथवा आठवें मास होता है।

(4) जातकर्म संस्कार

- गहड़वाल नरेश जयचन्द्र द्वारा 'जातकर्म' के सम्पन्न कराये जाने का संकेत मिलता है।
- मनु के अनुसार नाभि छेदन के पहले जातकर्म संस्कार सम्पन्न कराया जाता था।
- सोना, घी, मधु का मन्त्रों से बच्चे का प्राशन कराया जाता था।
- शिशु का जन्मकाल ही इस संस्कार का समय है।
- सन्तान के जन्म के समय किये जाने वाले प्रमुख कर्म हैं-
  1 गर्भावरण जरायु को हटाकर बच्चे के मुख, नासिका आदि की सफाई।
  2 सिर पर घी का फाया (पिचु) रखना
  3 नाभिछेदन।

(5) नामकरण संस्कार-

- व्यक्तिगत, नाम से ही मनुष्य की ख्याति होती है।
- सायण 'तुरीय' शब्द की व्याख्या में कहते है कि नक्षत्रनाम, गुप्तनाम, व्यावहारिक नाम तथा यज्ञ करने के लिए रखा जाने वाला नाम (यथा-सोमयाजी) ऐसे चार नामों का प्रचलन था।
- मनु के अनुसार यह संस्कार जन्म से दशवें या बारहवें दिन करना चाहिये।
- विश्वरूप और कुल्लूक के अनुसार 11वें दिन।
- मेधातिथि के अनुसार 10वें दिन।
- बृहस्पति के अनुसार 10वें, 12वें, 13वें, 16वें, 19वें एवं 32वें दिन सम्पन्न करना चाहिए।
- मनुस्मृति के अनुसार ब्राह्मणों को मंगलसूचक, क्षत्रियों को बलसूचक, वैश्यों को धनसूचक एवं शूद्रों को निन्दा सूचक नाम से युक्त होना चाहिये।
- बौधायन गृह्यसूत्र में उल्लिखित है- **शर्मान्तं ब्राह्मणस्य, वर्मान्तं क्षत्रियस्य, गुप्तान्तं वैश्यस्य शूद्रस्य दासन्तमेव वा।**

(6) निष्क्रमण संस्कार- निष्क्रमण शब्द का अर्थ है- बाहर निकलना।

- जन्म से निश्चित अवधि के बाद जब सन्तान को पहली बार घर के बाहर निकाला जाता था तो वह निष्क्रमण कहलाता था।
- मनु के अनुसार यह संस्कार चौथे महीने में होना चाहिए।
  ''चतुर्थे मासि कर्तव्यं शिशोनिष्क्रमणं गृहात्।''

(7) अन्नप्राशन संस्कार-

- जीवन में सर्वप्रथम अन्न का अशन (भोजन) करना अन्नप्राशन कहलाता है।
- इसका समय छठवाँ महीना माना गया है।
  (षष्ठेऽन्नप्राशनं मासि यद्वेष्टं मंगलं कुले॥)

- शिशु के दांत निकलने पर प्रथम बार अन्न खिलाने को **'प्राशित्र'** कहा जाता था।
- दूध, दही, घी एवं पका हुआ चावल बच्चे के मुख से स्पर्श कराया जाता था।
- अन्नप्राशन में दूध में पकाया हुआ खीर खिलाया जाता है।

(8) चूड़ाकर्म-

- चूड़ाकरण, मुण्डन, केशवपन, क्षौर आदि इसके पर्याय हैं।
- इसमें शिखा को छोड़कर गर्भकाल से प्राप्त सारे केश मुड़वा दिये जाते हैं।
- मनु ने इस संस्कार को पहले या तीसरे वर्ष में करने को बताया-

चूडाकर्म द्विजातीनां सर्वेषामेव धर्मतः।
प्रथमोऽब्दे तृतीये वा कर्तव्यं श्रुतिचोदनात्॥ मनु0 2.35

- चरक संहिता में मुण्डन को पुष्टि, वृष्यता, आयु, स्वच्छता एवं सौन्दर्य का वर्धक माना गया है-

पौष्टिकं वृष्यमायुष्यं शुचिरूपं विराजनम्।
केशश्मश्रुनखादीनां कर्तनं सम्प्रसाधनम्॥

(9) कर्णवेध संस्कार-

- हिन्दू संस्कार में यह व्यवस्था वैदिक कालीन है।
- यह संस्कार सौन्दर्य एवं अलङ्करण हेतु सम्पन्न होता था।
- बृहस्पति के अनुसार यह संस्कार जन्म के 10वें, 12वें या 16वें मास में होता है।
- गर्ग ऋषि के अनुसार यह संस्कार 6वें, 7वें, 8वें या 12वें मास में होता है।
- सुश्रुत ने छठा या सातवाँ वर्ष इसके लिए श्रेयस्कर माना है।
- क्षत्रियों का कान स्वर्ण की सुई से, ब्राह्मण एवं वैश्य बालक का कान चाँदी की सूई तथा शूद्र बालक का कान लौह सूई से छेदा जाता था।

(10) विद्यारम्भ संस्कार-

- बालक जब शिक्षा ग्रहण करने योग्य हो जाता था तब विद्यारम्भ संस्कार कराया जाता था।
- संतान के जन्म के पाँचवे वर्ष एवं उपनयन से पूर्व यह संस्कार सम्पादित होता था।
- शुभ मुहूर्त में शिक्षक द्वारा पट्टी पर 'ओउम्' और 'स्वास्तिक' के साथ वर्णमाला लिखकर अक्षरारम्भ कराया जाता था।
- इसमें गणपति, सरस्वती तथा गृह देवता को पूजा जाता था।

(11) उपनयन संस्कार-

- उपनयन शब्द 'उप' उपसर्गक 'नी' धातु एवं 'ल्युट् प्रत्यय' से मिलकर बना है।
- उपनयन का अभिप्राय स्वाध्याय अथवा वेद के अध्ययन से है।
- गौतम एवं मनु के अनुसार ब्राह्मण बालक का गर्भ से 8वें वर्ष, क्षत्रिय का गर्भ से 11वें वर्ष में, वैश्य बालक का गर्भ से 12वें वर्ष में यज्ञोपवीत करना चाहिए।
- पतञ्जलि तथा पारस्कर के अनुसार बालक का उपनयन आठवें वर्ष में किया जाता है।
- मनु के अनुसार ब्राह्मण 'कपास' का, क्षत्रिय 'सन' का तथा वैश्य 'ऊन' का उपनयन धारण करता था।
- यदि निर्धारित उम्र सीमा में उपनयन नहीं होता है तो ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य का क्रमशः 16वें, 22वें एवं 24वें वर्ष के भीतर हो जाना चाहिए।
- उपनयन के अवसर पर निर्धारित वस्त्र आदि-

	अधोवस्त्र	उत्तरीय	मेखला	दण्ड	सावित्रि का उपदेश
ब्राह्मण	सन	मृगचर्म	मूंज/कुश	ढाक	गायत्री
क्षत्रिय	क्षोम	रुरुचर्म	धनुष की प्रत्यञ्चा।	अश्मन्तक बिल्व	त्रिष्टुप्
वैश्य	ऊन	बकरी/गाय/	मूर्वा/बल्व की मेखला	गूलर	जगती

- भिक्षा सर्वप्रथम माता से माँगनी चाहिए।
- जनेऊ के तीन सूत्र सत् , रज एवं तम तीनों गुणों के प्रतीक थे।
- ये धागे पितृऋण, ऋषि-ऋण एवं देव-ऋण का भी स्मरण कराते थे।
- दण्ड आत्म-रक्षार्थ था।
- उपनयन संस्कार से निर्लिप्त एवं निस्पृह जीवन के साथ शीक्षणिक दिशा निर्धारित होती थी।

12. वेदारम्भ संस्कार-

- उपनयन के बाद वैदिक अध्ययन-अध्ययन का प्रारम्भ करने के लिए वेदारम्भ संस्कार किया जाता था।
- वेदाध्ययन करने वाले ब्रह्मचारी के शास्त्रोक्त विधि संस्कार किया जाता था। बाँधकर हल्के वस्त्र को धारण जितेन्द्रिय होना चाहिए ।
- इस संस्कार काह उल्लेख मात्र व्यासस्मृति में है।

(13) केशान्त संस्कार-

- गृह्यसूत्र में इस संस्कार की गणना चूड़ाकरण संस्कार के साथ ही वर्णित है, क्योंकि इसका सम्बन्ध भी केशों से है।
- इस संस्कार में आचार्य को गौ दान में दिया जाता था, इसलिए इसे **गोदान-संस्कार** भी कहते हैं।

➢ गौतम एवं आश्वलायन ने चार वेदव्रतों का उल्लेख किया है-
1 महानाम्नी 2 महाव्रत 3 उपनिषद् 4 गोदान
इनमें प्रथम तीन विलुप्त हो गये है।
➢ ब्रह्मचारी के 16 वें वर्ष में यह संस्कार सम्पन्न होता था।

➢ मनु के अनुसार-

वर्ण	**केशान्त समय**
ब्राह्मण	गर्भ के 16वें वर्ष
क्षत्रिय	गर्भ के 22वें वर्ष
वैश्य	गर्भ के 24वें वर्ष
शूद्र	

(14) समावर्तन संस्कार-

➢ समावर्तन का अर्थ- "तत्र समावर्तनं नाम वेदाध्ययनान्तरे गुरुकुलाद् स्वगृहागमनम्" अर्थात् वेदाध्ययनोपरांत गुरुकुल से अपने घर को प्रत्यावर्तन का नाम समावर्तन है।
➢ इसे **स्नान संस्कार** भी कहते हैं।
➢ आठ कलशों के जल से स्नान करके तथा पवित्रता, यश, ऐश्वर्यादि के लिए देवताओं से प्रार्थना करता था।
➢ इसके बाद ब्रह्मचर्य के प्रतीक दण्ड, मेखला, मृगचर्म आदि का त्याग कर नवीन वस्त्र धारण करता था।
➢ इस संस्कार में गुरु शिष्य को दर्पण, जल पुष्पादि प्रदान करता था।
➢ यह संस्कार शैक्षणिक जीवन से व्यावहारिक जीवन में लौटने का प्रतीक था।
➢ यह संस्कार उपनयन का पूरक था।

(15) विवाह संस्कार-

➢ विवाह गृहस्थ जीवन की आधार शिला है।
➢ सभी संस्कारों में विवाह नामक संस्कार का सबसे अधिक महत्त्व है।
➢ गृहस्थ आश्रम में प्रवेश विवाह संस्कार से ही होता है।
➢ मनु इसे '**नित्यलोक यात्रा**' कहते हैं। **(एषोदिता लोकयात्रा नित्य स्त्रीपुंसयोः शुभाः)**
➢ तैत्तिरीय संहिता कहती है तीन ऋणों में दो पितृऋण एवं देवऋण को चुकाने के लिए विवाह आवश्यक है।
➢ पाणिनि ने पत्नी को साहचर्य करने वाला कहा है **(पत्युर्नो यज्ञसंयोगं)।**
➢ धर्म-सूत्रों एवं स्मृतियों में विवाह की आठ विधियों एवं गृह्यसूत्र में इनके विधि विधानों की विस्तृत चर्चा है।

विवाह के प्रकार-

➢ हिन्दू धर्मशास्त्रों में विवाह के आठ प्रकारों का उल्लेख मिलता है-
(i) ब्राह्म विवाह- यह विवाह सर्वोत्तम विवाह माना गया है।
➢ इसमें पिता कुलीन एवं सच्चरित्र वर को अपने घर स्वयं आमन्त्रित करता था तथा उसका स्वागत-सत्कार कर वस्त्राभूषणों से सुसज्जित कन्या को प्रदान करता था।
➢ यह विवाह बिना किसी दबाव के होता था।
➢ सोम और सूर्या का विवाह इसी कोटि में आता है।

(ii) दैव विवाह-

➢ इसमें कन्या का पिता पुरोहितों से यज्ञ करवाता था तथा जो पुरोहित विधिपूर्वक यज्ञ सम्पन्न करता था उसी के साथ विवाह सम्पन्न होता था।

(i) आर्ष विवाह-

➢ इसमें कन्या का पिता वर पक्ष से यज्ञादि क्रियाओं के लिए एक या दो जोड़ी गाय या बैल प्राप्त करता था।
➢ कुछ पाश्चात्य विचारकों ने इसे आसुर-विवाह का परिष्कृत रूप माना है।

(iv) प्राजापत्य विवाह-

➢ इस विवाह के अन्तर्गत वर कन्या के पिता के घर प्रार्थी रूप में जाता था और कन्या का पिता उसकी विधिपूर्वक पूजा करके 'तुम दोनों साथ-साथ धर्म का आचरण करो' इस आदेश के साथ वर को कन्या प्रदान कर देता था।
➢ हिन्दू समाज में प्रायः यह प्रथा अधिक प्रचलित हुयी।

(v) आसुर विवाह-

➢ जब कन्या पक्ष वर से धन ग्रहण कर अपनी कन्या प्रदान करे, तो इस को आसुर विवाह कहते हैं।
➢ महाभारत में स्वयं भीष्म ने इस विवाह प्रथा की निन्दा की है।
➢ धर्मशास्त्रों में इसे घृणित और निन्दनीय कहा गया है।

(vi) गान्धर्व विवाह-

➢ यह प्रणय विवाह था।
➢ कन्या माता-पिता की इच्छा के न होने पर भी परस्पर एक दूसरे के गुणों पर अनुरक्त होकर अपना विवाह कर लेते थे।
➢ संस्कृत महाकाव्यों में जैसे दुष्यन्त और शकुन्तला, उदयन-वासवदत्ता, पुरुरवा-उर्वशी, चन्द्रापीड-कादम्बरी तथा पुण्डरीक और महाश्वेता का प्रणय विख्यात है, जो गान्धर्व-विवाह के अन्तर्गत आता है।

(vii) राक्षस विवाह-

➢ बलप्रयोग द्वारा युद्ध के माध्यम से किसी कन्या का अपहरण कर विवाह करना राक्षस विवाह कहा गया है।
➢ महाभारत में इसे क्षात्र-धर्म कहा गया है।
➢ मनु ने भी 'राक्षसं क्षत्रियस्यैकम्' कहकर इसे क्षत्रियों के लिए प्रशंसनीय बताया।
➢ श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का विवाह, पृथ्वीराज और संयोगिता

का विवाह इसी आधार पर हुआ था।

(viii) पैशाच विवाह-

➢ विवाह का निकृष्टतम प्रकार पैशाच विवाह है।

➢ **मनु के अनुसार-**
सुप्तां मत्तां प्रमत्तां वा रहो यत्रोपगच्छति।
सा पापिष्ठो विवाहानां पैशाचश्चाष्टमोऽधमः॥ 3.34

➢ सोती हुई, अचेत, पागल या मदिरापान की हुयी कन्या के साथ जब कामातुर होकर कोई बलात् विवाह करता है तो इसे पैशाच विवाह कहा जाता है।

➢ स्मृतियों ने इस विवाह की घोर भर्त्सना की है।

(16) अन्त्येष्टि संस्कार-

➢ यह संस्कार मृत व्यक्ति के परलोक में शांति की कामना के लिए सम्पन्न किया जाता था।

➢ इसके अर्न्तगत पार्थिव शारीर का दाह संस्कार होता था।

➢ स्त्रियों एवं बच्चों का श्मशान जाना वर्जित था।

➢ शवदाह के बाद अशौच की स्थिति होती थी, जो तेरहवें दिन पीपल में जल देने के बाद समाप्त होती थी।

3.4 आश्रम-व्यवस्था

मानव जीवन का सुव्यवस्थित विभाजन

➢ **'आङ्' पूर्वक 'श्रमु'** धातु में **घञ्** प्रत्यय के योग से **'आश्रम'** शब्द का उत्पत्ति हुआ है।
भूमिका- पुरुषार्थ चतुष्टय (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) की प्राप्ति, जीवन की समग्रता, जीवन का व्यवस्थित रूप एवं आध्यात्मिक उत्कर्ष की स्थापना आश्रम-व्यवस्था के बिना कठिन थी। अतएव वैदिक संस्था के रूप में आश्रम व्यवस्था की नियोजना जीवन चिंतन, तत्त्वों की गवेषणा, कर्त्तव्य-अकर्तव्य विवेचन के आधार को तैयार करने के लिए हुई।

➢ जीवन को सुनियोजित ढंग से परम उद्देश्य (मोक्ष) तक पहुँचा देना आश्रम व्यवस्था का प्रमुख कार्य था।

➢ सात्त्विकतापूर्ण जीवन के साथ कर्म में निष्ठा आती थी।

➢ चारों आश्रम का बँटवारा दीर्घायु होने का द्योतक है।

➢ प्रत्येक आश्रम के लिए 25 वर्षों के कार्यकाल का निर्धारण हुआ था।

➢ शास्त्रकारों ने चार आश्रमों का स्पष्ट उल्लेख किया है-

(1) ब्रह्मचर्य-आश्रम- इसका अर्थ- **''महानता में विचरण''** अर्थात् महान् होना।

➢ इस शब्द का व्यवहारिक अर्थ है,- उपस्थसंयम अर्थात् वीर्यरक्षा।
''ब्रह्मचर्यं गुप्तेन्द्रियस्योपस्थस्य संयमः'' (योगसूत्र 2-30)

➢ शतपथ ब्राह्मण के शब्दों में वीर्य ब्रह्मतेज है।

➢ आयुर्वेद की दृष्टि में भोजन का अन्तिम सारतत्त्व वीर्य होता है।

➢ आधुनिक वैज्ञानिकों के मत में साठ गुने खून के बराबर वीर्य होता है।

➢ यह आश्रम वेदाध्ययनकाल है।

➢ उपनयन संस्कार के माध्यम से ब्रह्मचर्याश्रम प्रारम्भ होता है।

ब्रह्मचारी का कर्तव्य-

➢ वेदाध्ययन, अग्नि का अभिषेक, शिक्षावृत्ति।

➢ मनु का कथन है कि अपनी कामनाओं को वश में रखना तथा अपनी क्रियाओं को धर्म समन्वित करना ब्रह्मचारी का श्रेष्ठ आचरण था।

➢ जो व्यक्ति बह्मचर्याश्रम समाप्त होने पर गृहस्थाश्रम में प्रवेश करते थे उन्हें **'उपकुर्वाण'** कहा जाता था।

(2) गृहस्थ-आश्रम- गृहस्थ शब्द का अर्थ है- पत्नी को प्राप्त करने वाला।

➢ ऋग्वेद में गृहस्थाश्रम स्वीकार करने का आदेश दिया गया है-
इहैव स्तं मा वि यौष्टं विश्व मायुर्व्यश्नुतम्।
क्रीडन्तो पुत्रैर्नप्तृभिर्मोदमानो स्वे गृहे॥
अर्थात् किसी से विरोध न करो, गृहस्थाश्रम में रहो, पूर्ण आयु प्राप्त करो, पुत्र-पौत्रों के साथ खेलते हुए आनन्दपूर्वक अपने घर में रहो और घर को आदर्श रूप बनाओ।

➢ गृहस्थाश्रम मानवजीवन की पूर्णता का आश्रम है।

➢ इस आश्रम में प्रयुक्त होने वाले मन्त्रों को गेहानुप्रवेशनीय कहा जाता था।

➢ इस आश्रम की महत्ता अन्य आश्रमों से ज्यादा बतायी गयी है।

➢ विवाह गृहस्थाश्रम के अन्तर्गत विहित प्रथम संस्कार था।

➢ गृहस्थाश्रम का त्याग कर संन्यास आश्रम में अनुगमन निन्दित था। ऐसे संन्यास को **'पापिष्ठा'** कहा गया है।

➢ गृहस्थों के लिए मनु ने दस धर्मों को बताया है- धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रिय-निग्रह, ज्ञान, विद्या, सत्य और क्रोध-त्याग।
धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्॥ (मनु0 6.92)
- मनु के चार प्रकार के गृहस्थ बताए हैं-
1 ज्ञाननिष्ठ 2 तपोनिष्ठ 3 स्वाध्यायनिष्ठ 4 कर्मनिष्ठ

➢ ज्ञाननिष्ठ गृहस्थ को मनु ने सर्वोच्च बताया है।

➢ प्रत्येक गृहपति के लिए पञ्चमहायज्ञ अनिवार्य था जो इस प्रकार है-

1 ब्रह्मयज्ञ 2 पितृयज्ञ 3 देवयज्ञ 4 भूतयज्ञ 5 नृयज्ञ

(3) वानप्रस्थ-आश्रम-

- वन में प्रस्थान **(वनमेव प्रस्थो, वनस्य वा प्रस्थ प्रदेशः। वन प्रदेश भवः)** अर्थात् पूर्व की स्थितियों को त्यागकर वन की ओर जाना वानप्रस्थ था।
- वानप्रस्थ के लिए तीन बातें अनिवार्य थीं-

1. वृद्धावस्था के आगमनोपरांत वन को प्रस्थान करें।
2. सांसारिक भोगों के प्रति वितृष्णा और धन सम्पत्ति के प्रति उदासीनता आ जाने पर वन को प्रस्थान करें।
3. गृहस्थी का दायित्व पुत्र या पौत्रद्वारा सम्भाल लिए जाने पर ही वन को प्रस्थान करें।

- महाभारत में उल्लेख है कि इस गृहस्थाश्रम के पश्चात् तीसरा उससे श्रेष्ठ आश्रम वानप्रस्थ है।
- दिन के छठें भाग अर्थात् तीसरे प्रहर में एक बार अन्न ग्रहण करे।
- वानप्रस्थी **'वैखानस'** या **'परिव्राजक'** भी कहलाते थे।

(4) संन्यास-आश्रम-

- वानप्रस्थ के बाद चौथा एवं अन्तिम आश्रम संन्यास था।
- मनुस्मृति के अनुसार-

  वनेषु विहृत्यैव तृतीयं भागमायुषः।
  चतुर्थमायुषो भाग त्यक्त्वा संगान्परिव्रजेत्॥
  अर्थात् अपनी आयु के तीसरे भाग को वन में अर्थात् वानप्रस्थाश्रम में व्यतीत करने के बाद संन्यासी बनना चाहिए।
- मोक्ष की प्राप्ति संन्यास आश्रम से ही मानी गयी है।
- शूद्र संन्यास आश्रम में प्रवेश नहीं ले सकते थे क्योंकि उनके लिए मात्र गृहस्थ आश्रम ही विहित था। विदुर अपवाद मात्र हैं।

3.5 पुरुषार्थ

पुरुष शब्द की व्युत्पत्ति है- पुरुष + अर्थ, **पूः = पुरं, शरीरं च। पुरि शेते इति पुरुषः।** अर्थात् जो इस पुर में (शरीर में) सोया हो, प्रवेश किया हो, शरीर में स्थापित हो, उस चैतन्यांश को 'पुरुष' कहते हैं। यहाँ पुरुष शब्द का अर्थ 'मनुष्य' अर्थात् नर-नारी है। **'अर्थ्यते प्राथ्र्यते सर्वैः इति अर्थः'** इस व्युत्पत्ति के अनुसार अभिलषित अर्थ को अर्थ कहते है। इस प्रकार **'पुरुषाणाम् अर्थः पुरुषार्थः'** अथवा **'पुरुषैः अर्थ्यते इति पुरुषार्थः'।**

-धर्म, अर्थ, काम- तीन करणीय (क्रिया द्वारा सम्पाद्य) हैं परन्तु मोक्ष में क्रिया का अभाव माना गया है। इसलिए मोक्ष छोड़कर विशेष रूप से समानधर्मी होने से त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ, काम) की मान्यता है।

- **पुरुषार्थ के चार मेरुदण्ड हैं-**

  1. धर्म 2. अर्थ 3. काम 4. मोक्ष

(1) धर्म-

- **'धृञ्'** धारणे धातु में **मय्** प्रत्यय के योग से **धर्म** शब्द बना है।
- पुरुषार्थ चतुष्टय के रूप में धर्म वह तत्त्व है जो 'अर्थ' और 'काम' को मर्यादित करके लोक सुख (अभ्युदय) तथा मोक्षपरक परलोक सुख (निःश्रेयस्) की सिद्धि में सहायक हो।

धर्म का लक्षण-

- **''यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः।''**

  \- महर्षि कणाद

  अर्थात् - यहाँ 'अभ्युदय' का तात्पर्य उतने ही 'अर्थ' तथा 'काम' के सेवन से है जितने के ग्रहण से शरीर यात्रा एवं मनस्तुष्टि का निर्वाह हो जाय परन्तु अर्थ-काम में आसक्ति न उत्पन्न हो।
- **''चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः।''**- (मीमांसासूत्र - जैमिनि) अर्थात् धर्म के प्रमाण और फल दोनों पर विचार करते हुए कहा गया है वेद लक्षण वाला अर्थ धर्म है।
- **मनु के अनुसार धर्म के चार आधार हैं-**

1. श्रुति (वेद) 2. स्मृति (धर्मशास्त्र) 3. सदाचार (शिष्टाचार)
4. आत्मतुष्टि, यही धर्म के लक्षण हैं-

   ''वेदोऽखिलो धर्ममूलं''

- **मनुस्मृति में धर्म के तीन भेद माने गये हैं-**

1 सामान्य धर्म 2 विशिष्ट धर्म 3 आपद् धर्म

- **सामान्य धर्म के दस भेद-** धृति, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रिय निग्रह, ज्ञान, विद्या, सत्य, अक्रोध।
- विशिष्ट धर्म के अर्न्तगत वर्णधर्म, आश्रम धर्म, वर्णाश्रम धर्म, गुणधर्म, नैमित्तिक धर्म है।
- आपत्कालीन परिस्थितियों में स्वीकार किये जा सकने वाले कर्म आपद् धर्म के अन्तर्गत आते हैं।

अर्थ- द्वितीय पुरुषार्थ का नाम अर्थ है।

- 'अर्थ्यन्ते प्रार्थ्यन्ते इत्यर्थाः, इस व्युत्पत्ति के अनुसार चक्षुरादि इन्द्रियों के विषयभूत रूप, रस, गन्ध शब्द, स्पर्श ही उनके अर्थ- काम्य पदार्थ हैं।
- न्यायभाष्यकार वात्स्यायन 'सुख-सुखहेतु' दुःख तथा दुःख हेतु को अर्थ स्वीकार करते हैं।
- **मनुष्याणां वृत्तिः अर्थः। मनुष्यवती भूमिरित्यर्थः।** - अर्थशास्त्र

  अर्थात् जो भी विचार और क्रियायें भौतिक जीवन से सम्बद्ध

हैं उन्हें अर्थ की संज्ञा से सम्बोधित किया जाता है।

- **अर्थ एव प्रधान इति कौटिल्यः। अर्थमूलौ हि धर्मकामौ।।** - अर्थशास्त्र अर्थात् कौटिल्य ने अर्थ को धर्म और काम का मूल माना है।
- **''न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यः''** - (कठोपनिषद्)
  अर्थात् व्यक्ति को ऐश्वर्य से सन्तुष्ट नहीं किया जा सकता।
- **अक्लेशेन शरीरस्य कुर्वीत धनसञ्चयम्।**
  सर्वान् परित्यजेदर्थान् स्वाध्यायस्य विरोधिनः।।

मनु0 3.17

अर्थात् अर्थोपार्जन के पाँच नियम है-

1. अर्थोपार्जन करते समय किसी प्राणी को कष्ट न देना।
2. अपने शरीर को कष्ट न देना।
3. अपने ही श्रम से प्राप्त करना।
4. किसी गर्हित साधन से न प्राप्त करना
5. उसका स्वाध्याय-पठन-पाठन में विघ्नोत्पादक न होना।

काम-

- तीसरे पुरुषार्थ का नाम काम है।
- 'काम' शब्द सामान्यतया हेयकृत्य के रूप में प्रयुक्त होता है।
- काम की व्युत्पत्ति- **''काम्यते इति कामः''** अर्थात् विषय एवं इन्द्रियों के सम्पर्क से उत्पन्न होने वाला मानसिक आनन्द ही मुख्यतया 'काम' कहलाता है। (कमु इच्छायाम् + घञ्)
- शास्त्र में काम के दो भाव बताये गये हैं- **''कामस्य द्वे भावे- रतिश्च प्रीतिश्च।''**
- कौटिल्य ने काम को अन्तिम श्रेणी में रखा है तथा धर्म एवं अर्थ को बाधा पहुँचाए बिना इसका पालन करने के लिए कहा है- **''धर्मार्थाविरोधेन कामं सेवेत्''।** (अर्थ0 17)
- जिस पुरुष की इन्द्रियाँ वश में होती हैं, उसी की बुद्धि स्थिर हो जाती है- **''वशे हि यस्येन्द्रियाणि तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता''** (गीता-2.61)
- क्रमानुसार इनका विनाश होने पर पुरुष अपनी स्थिति से गिर जाता है-
  चिन्तन - आसक्ति - कामना - क्रोध - मूढभाव - स्मृतिभ्रम - बुद्धि अर्थात् ज्ञान शक्ति का नाश
- **''विवेक सम्मत''**- वंश परम्परा को अविच्छिन्न रखने की दृष्टि से प्रयुक्त सहवास काम ही पुरुषार्थ है-
  ''धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ।''- गीता 6.11
- पुरुष का स्त्री के प्रति तथा स्त्री का पुरुष के प्रति स्वाभाविक आकर्षण 'विशिष्ट काम' कहा गया है।
- **''स्त्रीषु जातो मनुष्याणां स्त्रीणां च पुरुषेषु वा।**
  परस्परकृतः स्नेहः काम इत्यभिधीयते।।

(शार्ङ्गधरपद्धति 1.6)

मोक्ष- मोक्ष शब्द **'मोक्ष् अवसाने'** धातु में **घञ्** प्रत्यय के योग से निष्पन्न है जिसका अर्थ है- छुटकारा।

- मनुष्य के पुरुषार्थ की अन्तिम परिणति अर्थात् चतुर्थ पुरुषार्थ मोक्ष है। इसे परमपुरुषार्थ भी कहा जाता है।
  'मुच्यते सर्वैर्दुःखबन्धनैः यत्र स मोक्षः'
- प्रमुख दर्शनों में मोक्ष का स्वरूप तथा उसकी प्राप्ति के साधन इस प्रकार हैं-

1. **न्याय-वैशेषिक -** अपवर्ग
   स्वरूप - सुखदुःखनिर्विशेष
   साधन - प्रमाणादि षोडश पदार्थों का तत्त्वज्ञान

2 सांख्य-योग - कैवल्य

स्वरूप - पुरुष का स्वरूपावस्थान

साधन - व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञान (विवेकख्याति)

3. वेदान्त - मोक्ष

स्वरूप - सच्चिदानन्दात्मक

साधन - अविद्यानिवृत्ति

4. बौद्ध - निर्वाण

स्वरूप - ज्ञेयावरण एवं मोहावरण का विनाश

साधन - अष्टाङ्गिक मार्ग (सम्यक् दृष्टि, संकल्प, वाक्, कर्मान्त, आजीव, व्यायाम, स्मृति तथा समाधि)

5. जैन- कैवल्य

स्वरूप- सम्पूर्ण कर्मवियोग

साधन- त्रिरत्न (सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान तथा सम्यक् चरित्र)

- मनु के अनुसार - इन्द्रिय निरोध, रागद्वेषत्याग तथा प्राणिमात्र के प्रति अहिंसा के व्यवहार से मोक्ष सम्भव होता है।

  ''इन्द्रियाणां निरोधेन राग द्वेषक्षयेणं च।
  अहिंसया च भूता नाममृतत्वाय कल्पते॥

- गीता में मोक्ष के दो मार्ग प्रतिपादित हैं-

  1. ज्ञानयोग 2. कर्म योग

  जिसमें ज्ञानयोग की अपेक्षा कर्मयोग की प्रधानता स्वीकार की गयी है।

- जो व्यक्ति शुभाशुभ फलों को त्याग कर निष्काम भाव से कर्म करता है वह अभय पद (मोक्ष) को प्राप्त करता है।

  ''सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
  अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥

  (गीता 18.66)

3.6 भारतीय दर्शन

- 'दर्शन' शब्द **'दृश्'** धातु से **ल्युट्** प्रत्यय करने से निष्पन्न होता है। दर्शन शब्द का अर्थ है- 'जिसके द्वारा किसी वस्तु को देखा या समझा जाय।'
- भारतीय दर्शन की दो शाखाएँ हैं - **आस्तिक तथा नास्तिक।** जो दर्शन वेदों को प्रमाण रूप में स्वीकार करते हैं, उन्हें आस्तिक दर्शन कहते हैं, जिनमें सांख्य- योग, न्याय -वैशेषिक, पूर्वमीमांसा एवं उत्तरमीमांसा (वेदान्त) की गणना होती है।
- जो दर्शन वेदों को प्रमाण रूप में स्वीकार नहीं करते हैं उन्हें 'नास्तिक दर्शन' कहते हैं, जिनमें चार्वाक, बौद्ध, जैन प्रमुख रूप से हैं।
- सांख्य- योग, न्याय- वैशेषिक, पूर्वमीमांसा- उत्तरमीमांसा इन्हें 'षड्-दर्शन' भी कहते हैं।

भारतीयदर्शन

आस्तिकदर्शन

नास्तिकदर्शन (सांख्य ,योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा वेदान्त,) (चार्वाक,बौद्ध,जैन)

दर्शन	-	प्रवर्तक आचार्य
सांख्य	-	कपिल
योग	-	पतञ्जलि
न्याय	-	गौतम
वैशेषिक	-	कणाद
पूर्वमीमांसा	-	जैमिनि
उत्तरमीमांसा (वेदान्त)	-	बादरायण
चार्वाक	-	बृहस्पति/चार्वाक
बौद्ध	-	महात्मा गौतम बुद्ध
जैन	-	ऋषभदेव/महावीर स्वामी

- नास्तिकदर्शन को वेद विरोधी दर्शन भी कहा जाता है - **'नास्तिको वेदनिन्दकः'**
- चार्वाकदर्शन भौतिकवादी दर्शन है, जिसे **लोकायत** नाम से भी जाना जाता है।
- सांख्य एवं योग एक दूसरे के पूरक दर्शन हैं। सांख्य ईश्वर की सत्ता नहीं मानता जबकि योग ईश्वर की सत्ता मानता है। इसीलिए सांख्य को **'निरीश्वर सांख्य'** तथा योग को **'सेश्वर सांख्य'** भी कहते हैं।

दर्शन **ग्रन्थ** **अध्याय** **सूत्र**
प्रमाण **पदार्थ** **प्रमुखतत्त्व सिद्धान्त/**
वाद

सांख्य सांख्यसूत्र 6 537 तीन
प्रमाण 25 सत्कार्यवाद परिणामवाद
योग योगसूत्र 4 पाद 195
तीन प्रमाण 26 सत्कार्यवाद सेश्वरवाद
न्याय न्यायसूत्र 5 60-70
चार प्रमाण 16 असत्कार्यवाद
पिठरपाकवाद

वैशेषिक	वैशेषिकसूत्र	10	370	दो
प्रमाण	7	परमाणुवाद	पीलुपाकवाद	
पूर्वमीमांसा	मीमांसासूत्र	12	2644	6
प्रमाण		अपूर्ववाद		
उत्तरमीमांसा	ब्रह्मसूत्र	4	555	6
प्रमाण	2	विवर्तवाद (वेदान्त)		
मायावाद				

- बौद्धदर्शन के चार सम्प्रदायों का उल्लेख प्राप्त होता है वैभाषिक,सौत्रान्तिक, विज्ञानवादी, शून्यवादी।
- **नागार्जुन** बौद्धदर्शन के प्राचीन आचार्य हैं।
- जैनदर्शन के प्राचीन आचार्य - **उमास्वाति** हैं।
- अकलंकदेव, विद्यानन्द, प्रभासचन्द्र, हेमचन्द्रसूरि, मल्लिषेण जैन दर्शन के प्रमुख आचार्य हैं
- न्यायदर्शन के प्रवर्तक आचार्य गौतम हैं। न्यायदर्शन को **तर्कप्रधान दर्शन** भी कहते हैं।
- न्यायदर्शन में आगम प्रमाण के द्वारा ईश्वर की सिद्धि की गई है।
- सर्वदर्शनसंग्रह में वैशेषिक दर्शन को **'औलूक्य दर्शन'** कहा गया है।
- पूर्वमीमांसादर्शन के प्रणेता आचार्य जैमिनि हैं।
- पूर्वमीमांसा दर्शन वेद को स्वतन्त्र एवं स्वतः प्रमाण के रूप में स्वीकार करता है।

❑❑

4. निम्नलिखित कृतियों का सामान्य अध्ययन

4.1 कठोपनिषद्

- कठोपनिषद् उपनिषदों में बहुत प्रसिद्ध है। यह **यजुर्वेद** की **कठ शाखा** से सम्बंधित है।
- कठोनिषद् में कुल **2 अध्याय** हैं और प्रत्येक अध्याय में **तीन-तीन वल्लियाँ** हैं।

कठोपनिषद्

प्रथम अध्याय	**द्वितीय अध्याय**
प्रथम वल्ली -29	प्रथम वल्ली - 15
द्वितीय वल्ली-25	द्वितीय वल्ली- 15
तृतीय वल्ली- 17	तृतीय वल्ली- 18
कुल मन्त्र-71	**कुल मन्त्र-48**

- इसप्रकार कठोपनिषद् में लगभग 119(120) मन्त्र हैं।

कठोपनिषद् का तथ्यात्मक अध्ययन

- सर्वप्रथम यम नचिकेता की कथा का वर्णन तैत्तिरीय ब्राह्मण में मिलता है। पुनः कठोपनिषद् में यम नचिकेता की कथा है।
- इसके अतिरिक्त **नचिकेता का उपाख्यान** महाभारत के अनुशासन पर्व में भी आया है।
- **आत्मतत्त्व विवेचन** की दृष्टि से कठोपनिषद् अत्यन्त प्रसिद्ध है।
- कठोपनिषद् में **यज्ञ विद्या (अग्निविद्या)** का संक्षेप में वर्णन प्राप्त होता है।
- **प्रथम अध्याय-** प्रथम अध्याय में नचिकेता और यम के उपाख्यान द्वारा **आत्मा और ब्रह्म की व्याख्या** की गयी है।

प्रथम अध्याय के महत्वपूर्ण विषय-

कठोपनिषद् का शान्ति पाठ

- **ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै। तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।**

ॐ = पूर्णब्रह्म-परमात्मन्	सह = साथ-साथ
नौ = हम दोनों की	अवतु = रक्षा करें
भुनक्तु = पालन करें	वीर्यम् = शक्ति

करवावहै = प्राप्त करें   अधीतम् = पढ़ी हुयी विद्या
तेजस्वि = तेजोमयी   अस्तु = हो
मा विद्विषावहै = हम दोनों परस्पर द्वेष न करें।

- गौतम वंशीय महर्षि अरुण के पुत्र उद्दालक ऋषि ने फल की कामना से **विश्वजित् नामक यज्ञ** किया।
- उद्दालक दक्षिणा में, व्यर्थ, और दुग्ध तथा प्रजनन शक्ति से हीन गायें दे रहे थे तो नचिकेता के मन में श्रद्धा बुद्धि उत्पन्न हुयी और उसने पिता से पूछा- ''आप मुझे किसको दान कर रहे हैं?'' दो तीन बार पूछने पर पिता ने क्रुद्ध होकर कहा ''तुझे मृत्यु को देता हूँ।'' पिता की आज्ञा से नचिकेता ने मृत्यु के समीप जाना सहर्ष स्वीकार कर लिया।
- नचिकेता यमलोक पहुँचा तो उस समय यमराज कहीं बाहर गये थे अतएव नचिकेता तीन दिन अन्न जल ग्रहण किये बिना ही यमराज की प्रतीक्षा करता रहा। जब यम लौटकर आये तो उन्होंने नचिकेता का सत्कार किया और तीन रात्रियों के बदले तीन वरदान मांगने को कहा।

प्रथम वर- (पितृ परितोष)

- नचिकेता ने प्रथम वर के रूप में पिता की प्रसन्नता माँगी-

**शान्तसङ्कल्पःसुमना यथा स्याद् वीतमन्युर्गौतमो माभि मृत्यो।
त्वत्प्रसृष्टं माभिवदेत्प्रतीत एतत्त्रयाणां प्रथमं वरं वृणे॥**

द्वितीय वर

- दूसरे वर के रूप में नचिकेता ने उस अग्निविद्या का ज्ञान माँगा जिसके द्वारा अत्यन्त सुख के लोक, स्वर्ग की प्राप्ति होती है और किसी प्रकार का भय नहीं रह जाता।

**स त्वमग्निँ स्वर्ग्यमध्येषि मृत्यो प्रब्रूहि त्वं श्रद्दधानाय मह्यम्।
स्वर्गलोका अमृतत्वं भजन्त एतद् द्वितीयेन वृणे वरेण॥**

- नचिकेता की विलक्षण प्रतिभा देखकर यम ने प्रसन्न होकर इस अग्नि विद्या को नचिकेता के नाम से ही प्रसिद्ध होने का वरदान दिया और अनेक रूपों वाली माला **सृङ्का** प्रदान की।

तृतीय वर

- तीसरे वर के रूप में नचिकेता ने मनुष्य की मृत्यु के बाद के आत्मास्तित्व के विषय में जिज्ञासा की।

**येयं प्रेते विचिकित्सा मनुष्येऽस्तीत्येके नायमस्तीति चैके।
एतद्विद्यामनुशिष्टस्त्वयाहं वराणमेष वरस्तृतीयः॥**

- नचिकेता के दृढ़ संकल्प और आत्म ज्ञान प्राप्ति के लिए योग्यता देखकर यम ने आत्मतत्त्व का उपदेश दिया।

द्वितीय वल्ली

- द्वितीय वल्ली में जीवात्मा और परमात्मा के स्वरूप का पृथक्-पृथक् वर्णन किया गया है।

श्रेय तथा प्रेय मार्ग-

- प्रेय मार्ग भौतिक सुख-समृद्धि का मार्ग है।
- श्रेय अर्थात् दुःखों से छूटकर नित्य आनन्दस्वरूप परब्रह्म पुरुषोत्तम को प्राप्त करने का मार्ग है।

**श्रेयश्च प्रेयश्च मनुष्यमेतस्तौ सम्परीत्य विविनक्ति धीरः।
श्रेयो हि धीरोऽभि प्रेयसो वृणीते प्रेयो मन्दो योगक्षेमाद् वृणीते॥**
1/2/2

आत्मा का स्वरूप

- यमराज आत्मा के शुद्ध स्वरूप और उसकी नित्यता का निरूपण नचिकेता से करते हैं।
- यह आत्मा अजन्मा, नित्य, सदा एकरस रहने वाला पुरातन है और कभी भी इसका नाश नहीं किया जा सकता।

''अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे।''

तृतीय वल्ली

- तृतीय वल्ली में परमात्मा को प्राप्त करने का साधन यम ने नचिकेता को बताया है।
- जीवात्मा शरीर, मन, बुद्धि तथा इन्द्रियों का पारस्परिक सम्बन्ध प्रदर्शित करने के लिए कठोपनिषद् में रथ रूपक को प्रस्तुत किया गया है।
- जीवात्मा - रथी   शरीर - रथ
  बुद्धि - सारथी   मन - लगाम
  इन्द्रियाँ - घोड़े   विषय - मार्ग
- **आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।
  बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च॥** 1/3/3
  **इन्द्रियाणि हयानाहुर्विषयाँ स्तेषु गोचरान्।
  आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः॥** 1/3/4
- यम नचिकेता को बताते हुये कहते हैं कि तुम जीवात्मा को रथ का स्वामी समझो और शरीर को रथ तथा बुद्धि को सारथि समझो और मन को लगाम समझो।
- यम नचिकेता से इन्द्रियों के विषय में बताते हुए कहते हैं कि -
  **इन्द्रियेभ्यः पर ह्यर्था अर्थेभ्यश्च परं मनः।
  मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेरात्मा महान् परः॥** 1/3/10
  (इन्द्रियाँ-विषय-मन-बुद्धि-आत्मा)
- इन्द्रियों से शब्दादि विषय बलवान् हैं शब्दादि विषयों से मन प्रबल है और मन से भी बुद्धि प्रबल है और बुद्धि से भी महान् आत्मा अत्यन्त श्रेष्ठ और बलवान् है।
- **आत्मा का साक्षात्कार-** आत्मा के साक्षात्कार की प्रक्रिया यह है कि स्थूल तत्त्व को उससे अधिक सूक्ष्म तत्त्व में उत्तरोत्तर विलीन करना पड़ता है।
- वाणी,मन बुद्धि, आत्मा
  यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञस्तद्यज्छेज्ज्ञान आत्मनि।

ज्ञानमात्मनि महति नियच्छेत्तद्यच्देच्छान्त आत्मनि॥
1/3/13

बुद्धिमान् साधक को चाहिये कि वाक् आदि समस्त इन्द्रियों को मन में निरुद्ध करें फिर उस मन को ज्ञानस्वरूप बुद्धि में विलीन करें।ज्ञानस्वरूप बुद्धि को महान आत्मा में विलीन करें और उस आत्मा को शान्त स्वरूप परमपुरुष परमात्मा में विलीन करें।

➢ यम मनुष्यों को उद्बोधित करते हुए कहते हैं कि आत्मज्ञान की ओर उन्मुख होने और श्रेष्ठ आचार्यों के उपदेश से ज्ञान प्राप्त करके ही इस परब्रह्म परमेश्वर को जाना जा सकता है।

उतिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।
क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गं पथस्तत्कवयो वदन्ति॥
1/3/14

➢ हे मनुष्यों! उठो जागो और श्रेष्ठ महापुरुषों के पास जाकर उस परब्रह्म परमेश्वर को जान लो।

द्वितीय अध्याय : प्रथम वल्ली

➢ **नेह नानास्ति किञ्चन-** इस उपनिषद् का गम्भीर शंखनाद है।

'मनसौवेदमाप्तव्यं नेह नानास्ति किंचन।'
शुद्ध मन से ही यह परमात्मतत्त्व प्राप्त किये जाने योग्य है। इस जगत् में एक परमात्मा के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है।

➢ कठोपनिषद् के द्वितीय अध्याय में परब्रह्म परमात्मा का अदितिदेवी के रूप में वर्णन किया गया है।

➢ कठोपनिषद् में जीव शब्द परमात्मा के लिए आया है।

यं इमं मध्वदं वेद आत्मानं जीवमन्तिकात्।

द्वितीय वल्ली

➢ कठोपनिषद् के अनुसार मानव शरीर में एकादश (ग्यारह) द्वार हैं। 2 आँख, 2 कान, 2 नासिका छिद्र, एक मुख, ब्रह्मरन्ध्र, नाभि, गुदा, शिश्न (11 द्वार)

➢ यह 11 द्वारों वाला, मानव शरीर ही उस सर्वव्यापी अविनाशी, अजन्मा, नित्य, निर्विकार, एकरस , विशुद्ध ज्ञानस्वरूप परमेश्वर की नगरी है।

पुरमेकादशद्वारमजस्यावक्रचेतसः
अनुष्ठाय न शोचति विमुक्तश्च विमुच्यते॥ 2/2/1

➢ कठोपनिषद् के द्वितीय अध्याय के द्वितीय वल्ली में अग्नि का दृष्टान्त देकर उस परब्रह्म परमेश्वर की व्यापकता का वर्णन किया गया है।

➢ **अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।**
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च॥
2/2/9

➢ जिस प्रकार समस्त ब्रह्माण्ड में प्रविष्ट एक ही अग्नि नाना रूपों में प्रकट होकर विभिन्न रूप धारण करती है उसी प्रकार समस्त प्राणियों के अन्तरात्मा परब्रह्म परमात्मा एक होते हुए भी नाना रूपों में प्रकट होते हैं।

तृतीय वल्ली

➢ कठोपनिषद् के द्वितीय अध्याय के तृतीय वल्ली में यह बताया गया है कि वह परमात्मा ही सब पर शासन करने वाला है और सब उसके नियन्त्रण में ही हो रहा है-

भयादस्याग्निस्तपति भयात् तपति सूर्यः।
भयादिन्द्रश्च वायुश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः॥ 2/2/3

➢ उस परमेश्वर के भय से अग्नि तपता है, उसी के भय से सूर्य तपता है तथा उसी परमेश्वर के भय से इन्द्र, वायु और पाँचवें मृत्यु देवता अपने-अपने कामों में प्रवृत्त हो रहे हैं।

➢ तृतीय अध्याय में योग की सर्वोत्तम स्थिति बतलाते हुए योगियों की परमगति का वर्णन किया गया है।

➢ कठोपनिषद् में यम, नचिकेता को योग के विषय में बताते हुए कहते हैं कि **इन्द्रिय मन** और **बुद्धि** की स्थिर धारण का नाम योग है।

➢ कठोपनिषद् में **नाड़ियों की संख्या कुल एक सौ एक** बतायी गयी है, जिसमें सुषुम्णा प्रमुख है।

कठोपनिषद् - प्रथम अध्याय - तृतीय वल्ली का अध्ययन

इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था अर्थेभ्यश्च परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेरात्मा महान् परः॥ 1/3/10

शब्द	-	**अर्थ**
हि	-	क्योंकि
इन्द्रियेभ्यः	-	इन्द्रियों से
अर्थाः	-	शब्दादि विषय
पराः	-	बलवान् हैं
च	-	और
अर्थेभ्यः	-	शब्दादि विषयों से
मनः	-	मन
परम्	-	और मन से भी
बुद्धिः	-	बुद्धि
परा	-	बलवती है
बुद्धिः	-	बुद्धि से
महान् आत्मा	-	महान् आत्मा
परः	-	अत्यन्त श्रेष्ठ और बलवान् है।

अन्वय- इन्द्रियेभ्यः परा अर्थाः हि। अर्थेभ्यः च परं मनः। मनसः तु परा बुद्धिः बुद्धेः परः महान् आत्मा।

प्रसङ्ग- इस मन्त्र में यम, नचिकेता को यह बताते हैं कि स्वभाव से ही दुष्ट और बलवान् इन्द्रियों को उनके प्रिय और अभ्यस्त

असत् मार्ग से किस प्रकार हटाया जाए।

➢ **अनुवाद-** इन्द्रियों की अपेक्षा उनके विषय श्रेष्ठ है विषयों से मन उत्कृष्ट है मन से बुद्धि पर है और बुद्धि से भी महान् आत्मा है।

इन्द्रियाँ-विषय-मन-बुद्धि-आत्मा

व्याख्या- इस मन्त्र में यह बताया गया है कि इन्द्रियों से विषय बलवान् हैं। वे साधक की इन्द्रियों को बलपूर्वक अपनी ओर आकर्षित करते रहते हैं, अतः साधक को उचित है कि इन्द्रियों को विषयों से दूर रखें।विषयों से बलवान् मन है।यदि मन की विषयों में आसक्ति न रहे तो इन्द्रियाँ और विषय -ये दोनों साधक की कुछ भी हानि नहीं कर सकते। मन से भी बुद्धि बलवान् है, अतः बुद्धि के द्वारा विचार करके मन को राग द्वेष रहित बनाकर अपने वश में कर लेना चाहिए।बुद्धि से भी इन सब का स्वामी महान् आत्मा बलवान् है।उसकी आज्ञा मानने के लिए ये सभी बाध्य हैं। अतः मनुष्य को आत्मशक्ति का अनुभव करके उसके द्वारा बुद्धि आदि सबको नियन्त्रण में रखना चाहिए।

➢ **विशेष-** इन्द्रियों से उनके विषयों को इसलिए श्रेष्ठ कहा गया है क्योंकि वे उन्हें अपनी ओर खींच लेते हैं-

''विषिण्वन्ति बध्नन्ति स्वेन रूपेण निरूपणीयं कुर्वन्तीति विषयाः।

➢ इस मन्त्र में 'पर' शब्द का प्रयोग बलवान् के अर्थ मे हुआ है।

➢ इसमें महान् आत्मा में आया हुआ आत्मा शब्द भी जीवात्मा का वाचक है।

2. महत परमव्यक्तमव्यक्तात् पुरुषः परः।
पुरुषानपरं किञ्चित् सा काष्ठा सा परा गति॥1/3/11

शब्द	**अर्थ**
महतः	उस जीवात्मा से
परम्	बलवती है
अव्यक्तम्	भगवान् की अव्यक्त माया शक्ति
अव्यक्तात्	अव्यक्त माया से भी
परः	श्रेष्ठ है
पुरुषः	परमपुरुष
पुरुषात्	परमपुरुष भगवान् से
परम्	श्रेष्ठ और बलवान्
किञ्चत्	कुछ भी
न	नहीं हैं
सा काष्ठा	वही सबकी परम अवधि
सा परा गतिः	वही परम गति है।

अन्वय- महतः परम् अव्यक्तम् अव्यक्तात् परः पुरुषः। पुरुषात् परं किञ्चित् न। सा काष्ठा, सा परा गतिः।

प्रसङ्ग- इस मन्त्र में मन को भगवान् की तरफ लगाने का वर्णन करते हुए यम, नचिकेता से कहते हैं,

अनुवाद- महत्तत्व से अव्यक्त मूलप्रकृति पर है और अव्यक्त से भी पुरुष पर है।पुरुष से पर और कुछ भी नहीं है। वही परा काष्ठा है, वही परा (उत्कृष्ट) गति है।

व्याख्या - इस मन्त्र का तात्पर्य यह है कि इन्द्रियाँ, मन और बुद्धि इन सब पर आत्मा का अधिकार है, अतः यह स्वयं उनको वश में करके भगवान् की ओर बढ़ सकता है।परन्तु इस आत्मा से भी बलवान् एक और तत्त्व है, जिसका नाम अव्यक्त है। कोई उसे **प्रकृति** और **माया** भी कहते है। इसी से सब जीव समुदाय मोहित होकर उसके वश में हो रहा है। इसको हटाना जीव के अधिकार की बात नहीं है, अतः इससे भी बलवान् जो इसके स्वामी परम पुरुष परमेश्वर हैं - जो बल, क्रिया और ज्ञान आदि सभी शक्तियों की अन्तिम अवधि और परम आधार हैं- उन्हीं की शरण लेनी चाहिए।जब वे दया करके इस माया रूप परदे को स्वयं हटा लेंगे, तब उसी क्षण वहीं भगवान् की प्राप्ति हो जायेगी, क्योंकि वे तो सदा से ही सर्वत्र विद्यमान हैं।

विशेष - इस मन्त्र में अव्यक्त शब्द भगवान् की त्रिगुणमयी दैवी माया शक्ति के लिए प्रयुक्त हुआ है।

➢ यह अव्यक्त माया ही जीवात्मा और परमात्मा के बीच में परदा है, जिसके कारण जीव सर्वव्यापी अन्तर्यामी परमेश्वर को नित्य समीप होने पर भी नहीं देख पाता।

12. एष सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते।
दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः॥ 1/3/12

शब्द	**अर्थ**
एषः आत्मा	यह सबका आत्मरूप परमपुरुष
सर्वेषु भूतेषु	समस्त प्राणियों में रहता हुआ भी
गूढः	माया के परदे में छिपा रहने के कारण
न प्रकाशते	सबके प्रत्यक्ष नहीं होता
तु सूक्ष्मदर्शिभिः	केवल सूक्ष्म तत्त्वों को समझने वाले पुरुषों द्वारा ही
सूक्ष्मया अग्र्यया	
बुद्ध्या	अति सूक्ष्म तीक्ष्ण बुद्धि से
दृश्यते	देखा जाता है।

अन्वय- सर्वेषु भूतेषु गूढोऽऽत्मा एषः न प्रकाशते। सूक्ष्मदर्शिभिः तु अग्र्य्या सूक्ष्मया बुद्ध्या दृश्यते।

अनुवाद- सम्पूर्ण भूतों में छिपा हुआ यह आत्मा प्रकाशमान नहीं होता।यह तो सूक्ष्मदर्शी पुरुषों द्वारा अपनी तीव्र और सूक्ष्मबुद्धि

से देखा जाता है।

व्याख्या- ये परब्रह्म पुरुषोत्तम भगवान् सबके अन्तर्यामी हैं, अतः सब प्राणियों के ह्रदय में विराजमान हैं, परन्तु अपनी माया के परदे में छिपे हुए हैं, इस कारण उनके जानने में नहीं आते। जिन्होंने भगवान् का आश्रय लेकर अपनी बुद्धि को तीक्ष्ण बना लिया है, वे सूक्ष्मदर्शी ही भगवान् की दया से सूक्ष्म बुद्धि के द्वारा उन्हें देख पाते हैं।

विशेष- गूढोत्मा- यह वैदिक या आर्ष प्रयोग है, पाणिनि मत से ठीक रूप नहीं है। पाणिनिकृत व्याकरण से गूढः आत्मा का सन्धि कृत रूप गूढ आत्मा होगा।विसर्ग का लोप हो जायेगा, फिर सवर्ण दीर्घसन्धि (गूढात्मा) नहीं होगा।

13. यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञस्तद्यच्छेज्ज्ञान आत्मनि।
ज्ञानमात्मनि महति नियच्छेत्तद्यच्छेच्छान्त आत्मनि॥

1/3/13

शब्द	अर्थ
प्राज्ञः	बुद्धिमान् साधक को चाहिये कि
वाक्	(वाक्) वाणी को
मनसी	मन में
यच्छेत्	निरुद्ध करे
तत्	उस मन को
ज्ञाने आत्मनि	ज्ञानस्वरूप बुद्धि में
यच्छेत्	विलीन करे
ज्ञानम्	ज्ञान स्वरूप बुद्धि को
महति आत्मनि	महान् आत्मा में
नियच्छेत्	विलीन करे
शान्ते आत्मनि	शान्तस्वरूप परमपुरुष परमात्मा में।

अनुवाद- विवेकी पुरुष वाक् इन्द्रिय का मन में उपसंहार करे, उसका प्रकाशस्वरूप बुद्धि में लय करे, बुद्धि को महतत्त्व में लीन करे और महतत्त्व को शान्त आत्मा में नियुक्त करे।

व्याख्या - बुद्धिमान् मनुष्य को उचित है कि वह पहले तो वाक् आदि इन्द्रियों को बाह्य विषयों से हटाकर मन में विलीन कर दे अर्थात् इनकी ऐसी स्थिति कर दे इनकी कोई भी क्रिया न हो- मन में विषयों की स्फुरणा न रहे। जब यह साधन भली-भाँति होने लगे, तब मन को ज्ञानस्वरूप बुद्धि में विलीन कर दें अर्थात् एकमात्र विज्ञानस्वरूप निश्चयात्मिका बुद्धि की वृत्ति के सिवा मन की भिन्न सत्ता न रहे, किसी प्रकार का अन्य कोई भी चिन्तन न रहे।जब यह तक दृढ़ अभ्यास हो जाय, तदन्तर उस ज्ञानरूप बुद्धि को भी जीवात्मा के शुद्ध स्वरूप में विलीन कर दें।अर्थात् ऐसी स्थिति में स्थित हो जाय, जहाँ एकमात्र आत्मतत्त्व के सिवा- अपने से भिन्न किसी भी वस्तु की सत्ता या स्मृति नहीं रह जाती।इसके पश्चात् अपने- आप को भी पूर्व निश्चय के अनुसार शान्त आत्मारूप परब्रह्म पुरुषोत्तम में विलीन कर दें।

विशेष-

➢ इस मन्त्र का तात्पर्य यह है कि विवेकी साधक पूर्वोक्त क्रम से स्थूल को सूक्ष्म में लय करते-करते अन्ततः सूक्ष्मतम निर्विशेष एवं समस्त प्रत्यय साक्षिभूत मुख्य आत्मा तक पहुँच जाता है।

14. उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।
क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गं पथस्तत्कवयो वदन्ति॥

1/3/14

शब्द	अर्थ
उत्तिष्ठत	उठो (हे मनुष्यों)
जाग्रत	जागो (सावधान हो जाओ)
वरान् प्राप्य	श्रेष्ठ महापुरुषों को पाकर उनके पास जाकर
निबोधत	उस परब्रह्म परमेश्वर को जान लो (क्योंकि)
कवयः	त्रिकालज्ञ ज्ञानीजन
तत पथः	उस तत्वज्ञान के मार्ग को
क्षुरस्य	छूरे की
निशिता दुरत्यया	तीक्ष्ण की हुई दुस्तर
धारा (इव)	धार के सदृश
दुर्गम्	दुर्गम (अत्यन्त कठिन)
वदन्ति	बतलाते हैं

अन्वय- उत्तिष्ठत जाग्रत वरान् प्राप्य निबोधत। कवयः क्षुरस्य निशिता दुरत्यया धारा तत् पथः दुर्गं वदन्ति।

प्रसङ्ग- इस मन्त्र में श्रुति मनुष्यों को सावधान करती हुई कहती है। कि-

अनुवाद- (अरे अविद्याग्रस्त लोगों!) उठो, (अज्ञान -निद्रा से) जागो, और श्रेष्ठ पुरुषों के समीप जाकर ज्ञान प्राप्त करो। जिस प्रकार छुरे की धार तीक्ष्ण और दुस्तर होती है, तत्त्वज्ञानी लोग उस मार्ग को वैसा ही दुर्गम बतलाते हैं।

व्याख्या- हे मनुष्यों! तुम जन्म-जन्मान्तर से अज्ञान निद्रा में सो रहे हो। अब तुम्हें परामात्मा की दया से यह दुर्लभ मनुष्य-शरीर मिला है। इसे पाकर अब एक क्षण भी प्रमाद में मत खोओ।शीघ्र सावधान हो जाओ। श्रेष्ठ महापुरुषों के पास जाकर उनके उपदेश द्वारा अपने कल्याण का मार्ग और परमात्मा का रहस्य समझ लो। परमात्मा का तत्त्व बड़ा गहन है, उसके स्वरूप का ज्ञान उसकी प्राप्ति का मार्ग महापुरुषों की सहायता और परमात्मा की कृपा के बिना वैसे ही दुस्तर है, जिस प्रकार छूरे की तेज धार पर चलना।ऐसे दुस्तर मार्ग से सुगमता पूर्वक पार होने का सरल उपाय वे अनुभवी महापुरुष ही बता सकते हैं, जो स्वयं इसे पार कर चुके हैं।

**15. अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं तथारसं नित्यमगन्धवच्च यत्।
अनाद्यनन्तं महतः परं ध्रुवं निचाय्य तन्मृत्युमुखात् प्रमुच्यते॥**
1/3/15

शब्द	अर्थ
यत्	जो
अशब्दम्	शब्दरहित
अस्पर्शम्	स्पर्शरहित
अरूपम्	रूपरहित
अरसम्	रस रहित
च	और
अगन्धवत्	बिना गन्धवाला है
तथा	तथा (जो)
अव्ययम्	अविनाशी
नित्यम्	नित्य
अनादि	अनादि
अनन्तम्	अनन्त (असीम)
महतः परम	महान् आत्मा से श्रेष्ठ
ध्रुवम्	सर्वथा सत्य तत्त्व है
तत्	उस परमात्मा को
निचाय्य	जानकर
मृत्युमुखात्	मृत्यु के मुख से
प्रमुच्यते	सदा के लिए छूट जाता है।

अन्वय- यत् अशब्दम् अस्पर्शम् अरूपम् अव्ययम् अरसं नित्यम् अगन्धवत् अनादि अनन्तं महतः परं तथा ध्रुवं च तत् निचाय्य मृत्युमुखात् प्रमुच्यते।

प्रसङ्ग- संसार चक्र या जन्म मरण परम्परा से नित्य मुक्ति का साधन होने से उसी की परम पुरुषार्थता का वर्णन यम, नचिकेता से करते हुए कहते हैं कि -

अनुवाद- जो अशब्द, अस्पर्श, अरूप, अव्यय तथा रसहीन नित्य और गन्धरहित है, जो अनादि अनन्त महत्तत्त्व से भी पर और ध्रुव है उस आत्मतत्व को जानकर पुरुष मृत्यु के मुख से छूट जाता है।

व्याख्या- इस मन्त्र में उस परब्रह्म परमात्मा की प्रकृति शब्द स्पर्श, रूप,रस और गन्ध से रहित बतलाकर यह दिखलाया गया है कि सांसारिक विषयों को ग्रहण करने वाली इन्द्रियों की वहाँ पहुँच नहीं है।वे नित्य, अविनाशी, अनादि और असीम हैं। जीवात्मा से भी श्रेष्ठ और सर्वथा सत्य हैं। उन्हें जानकर मनुष्य सदा के लिये जन्म-मरण से छूट जाता है।

कठोपनिषद् का बिन्दुवार अध्ययन

➢ उपनिषद् शब्द का अर्थ है- **आत्मविद्या**
➢ ज्ञानकाण्ड किनका विषय है - **उपनिषदों का**
➢ प्राचीन पद्योपनिषद् है - **कठोपनिषद्**
➢ उपनिषदों का प्रथम भाषान्तर फारसी भाषा में हुआ-**17वीं सदी में**
➢ जिसके द्वारा ब्रह्म की समीपता निश्चित रूप से प्राप्त हो, उसे कहते हैं - **उपनिषद्**
➢ भगवान् आद्य शङ्कराचार्य ने कितने उपनिषदों पर भाष्य लिखा - **10(दश)**
➢ उपनिषद् शब्द में धातु है - **सद्**
➢ उपनिषदः प्रतिपाद्यते - **ज्ञानकाण्डम्**
➢ उपनिषद् पुस्तकें आधारित हैं - **दर्शन पर**
➢ उपनिषदों की विषयवस्तु है - **दर्शन**
➢ प्रस्थानत्रयी में सम्मिलित है - **उपनिषद्**
➢ उपनिषदों में वर्णित है - **ब्रह्मविद्या**
➢ वेदों का अन्तिम भाग है- **उपनिषद्**
➢ वैदिक साहित्य का कौन- सा भाग वेदान्त के नाम से जाना जाता है - **उपनिषद्**
➢ उपनिषद् पद में प्रत्यय है - **क्विप्**
➢ नचिकेतोपाख्यान मिलता है - **कठोपनिषद् में**
➢ उपनिषदों का मुख्य प्रतिपाद्य है - **दार्शनिक विषय**
➢ भारतीय संस्कृति का आध्यात्मिक साहित्य है- **उपनिषद् साहित्य**
➢ नचिकेता को अग्नि विद्या का उपदेश दिया था - **यम ने**
➢ कठोपनिषद् के अनुसार महत् से पर (बलवान्) है- **अव्यक्तम्**
➢ नवकृत्वोपदेश करता है- **उद्दालक**
➢ रथरूपक का वर्णन है - **कठोपनिषद् में**
➢ कठोपनिषद् के अनुसार सारथि है - **बुद्धि**
➢ कृष्ण यजुर्वेद से सम्बद्ध है - **कठोपनिषद्**
➢ कौन से वर में यम ने नचिकेता को अग्नि विद्या दी - **द्वितीय वर में**
➢ यम नचिकेता संवाद मिलता है - **कठोपनिषद् में**
➢ कठोपनिषद् में नचिकेता के पिता ने यज्ञ किया था - **सर्वमेध**
➢ कठोपनिषद् में अध्यायों की संख्या है - **दो**
➢ कठोपनिषद् के अनुसार आत्मा प्राप्त होता है - **परमेश्वर के अनुग्रह द्वारा**
➢ कठोपनिषद् के अनुसार बुद्धिमान् व्यक्ति वरण करता है - **श्रेय का**
➢ कठोपनिषद् में सृङ्का का अर्थ है - **अकुत्सितकर्ममयीगति**
➢ कठ शाखा से सम्बन्धित उपनिषद् है - **कठोपनिषद्**
➢ नचिकेता के पिता ने नचिकेता को दान किया - **मृत्यु को**
➢ कठोपनिषद् के अनुसार प्राणों के सहित उत्पन्न होती है- **अदिति**
➢ मन से अधिक गति वाला है - **परमेश्वर**
➢ कठोपनिषद् के अनुसार नचिकेता को प्राप्त होता है - **तीन वर (वरं त्रयम्)**

- यम के द्वारा श्रेयप्रेय का विवेचन प्राप्त होता है - **कठोपनिषद् में**
- 'इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था अर्थेभ्यश्च परं मनः' यह मन्त्र प्राप्त होता है - **कठोपनिषद् में**
- ''उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत'' यह मन्त्र मिलता है - **कठोपनिषद् में**
- नचिकेता को तीन वर प्राप्त हुये थे- **यम से**
- 'न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यः यह मन्त्रांश प्राप्त होता है - **कठोपनिषद् में**
- वाजश्रवा के पुत्र का नाम है - **नचिकेता**

मन्त्रों से सम्बन्धित पूछे जा सकने वाले प्रश्न-

मन्त्र

इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था अर्थेभ्यश्च परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेरात्मा महान् परः॥10॥

- इन्द्रियों की अपेक्षा श्रेष्ठ कौन है?- **विषय**
- विषयों से उत्कृष्ट क्या है - **मन**
- मन से बलवान् कौन है? - **बुद्धि**
- बुद्धि से श्रेष्ठ किसे कहा गया है - **आत्मा**
  क्रम- (इन्द्रिय-विषय-मन-बुद्धि-आत्मा)
- आत्मा से कम श्रेष्ठ किसे कहा गया है - **बुद्धि को**

11. महतः परमव्यक्तमव्यक्तात्पुरुषः परः।
पुरुषान्न परं किंचित्सा काष्ठा सा परा गतिः॥11॥

- महत्तत्व से पर (श्रेष्ठ) क्या है?- **अव्यक्त**
- अव्यक्त से श्रेष्ठ कौन है? - **पुरुष**
- सबसे श्रेष्ठ कौन है- **पुरुष**
- सबसे सूक्ष्म कौन है? - **पुरुष**
- सबसे महान् किसे कहा गया है? - **पुरुष को**
- पुरुष से उत्कृष्ट क्या है? - **कुछ भी नहीं**
- पुरुष से कम श्रेष्ठ किसे कहा गया है ? - **अव्यक्त को**

12. एष सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते।
दृश्यते त्वग्रयया बुद्धया सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः पुरुष॥ 12॥

- सम्पूर्ण भूतों में कौन छुपा हुआ है? - **आत्मा**
- आत्मा को कौन देख सकता है? - **सूक्ष्मदर्शी पुरुष**
- आत्मा किस बुद्धि से देखा जाता है? - **सूक्ष्मबुद्धि**
- आत्मा कहाँ छिपा रहता है? - **सम्पूर्ण भूतों में**
- सभी भूतों का साक्षी कौन है? - **आत्मा**

13. यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञस्तद्यच्छेज्ज्ञान आत्मनि।
ज्ञानमात्मनि महति नियच्छेत्तद्यच्छेच्छान्त आत्मनि॥13॥

- विवेकी पुरुष किसका उपसंहार करते हैं? - **वाणी का**
- वाणी का उपसंहार कहाँ किया जाता है? - **मन में**
- विवेकी पुरुषों के द्वारा मन को कहाँ लीन किया जाता है?- **बुद्धि में**
- बुद्धि कहाँ लीन होती है? - **महत्तत्त्व में**
- महत्तत्व में कौन - सा तत्त्व लीन हुआ रहता है?- **बुद्धि**
- महत्तत्त्व किसमें निवास करता है ? - **आत्मा में**

14. उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।
क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया
दुर्गं पथस्तत्यकवयो वदन्ति॥14॥

- 'उत्तिष्ठत जाग्रत' यह मन्त्र कहाँ पाया जाता है? - **कठोपनिषद् में**
- उपर्युक्त मन्त्र में किससे जागने की बात कही गयी है? - **अज्ञान निद्रा से**
- अज्ञानी लोगों को ज्ञान कैसे प्राप्त होता है? - **श्रेष्ठ पुरुषों द्वारा**
- सूक्ष्म बुद्धि कैसी होती है? - **छुरे की धार के समान दुस्तर**
- दुरत्यया किसे कहते है? - **जिसे कठिनता से किया जा सके**

15. अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं
तथारसं नित्यमगन्धवच्च यत्।
अनाद्यनन्तं महतः परं ध्रुवं
निचाय्य तन्मृत्युमुखात्प्रमुच्यते॥ 15॥

- अशब्द, अस्पर्श, अरूप, अव्यय, रसहीन, नित्य, गन्धरहित, अनादि, अनन्त किसे कहा गया है? -**आत्मा को**
- किसका आदि और अन्त नहीं है? - **ब्रह्म का (आत्मा का)**
- पुरुष कैसे मुक्त हो सकता है?- **आत्मतत्त्व को जानकर**
- उपर्युक्त मन्त्र में आत्मा के कितने विशेषण आये हैं?- **एकादश (11)**
- आत्मतत्त्व को जानकर पुरुष किस स्थिति को प्राप्त होता है? - **मृत्यु के भय से मुक्त**
- महततत्त्व से श्रेष्ठ (पर) कौन है? - **आत्मा**

4.2 श्रीमद्भगवद्गीता

- श्रीमद्भगवद्गीता (श्रीमता भगवता गीतम् या सा) सर्वशास्त्रमयी सार्वभौमिक ग्रन्थ है।
- गीता मानव मात्र का धर्मशास्त्र है।
- गीता में उन सभी विषयों का समावेश है जो हमें पृथक् पृथक् शास्त्रों में प्राप्त होते हैं। अतएव महर्षि वेदव्यास ने कहा है

  गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यैः शास्त्रविस्तरैः।
  या स्वयं पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनिः सृता॥

  'गीता सुगीता करने योग्य है अर्थात् श्रीगीता जी को भली प्रकार पढ़कर अर्थ और भावसहित अन्तः करण में धारण कर

लेना मुख्य कर्तव्य है, जो कि स्वयं पद्मनाभ भगवान् श्रीविष्णु के मुखारबिन्द से निकली हुई है, फिर अन्य शास्त्रों के विस्तार से क्या प्रयोजन है।

- गीता को उपनिषदों का सार बताते हुए कहा गया है कि सभी उपनिषदें मानों गऊएं है और उनका दोहन करने वाले गोपालनन्दन श्रीकृष्ण हैं, अर्जुन बछड़े हैं और 'गीता' दूध रूपी अमृत है।

सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः।
पार्थो वत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत्।।

- महर्षिवेदव्यास द्वारा विरचित महाभारत के भीष्मपर्व में वर्णित श्रीमद्भगवद्गीता सर्वाधिक लोकप्रिय भारतीय सनातनधर्म का ग्रन्थरत्न है।
- विश्व में सर्वाधिक टीकाओं से युक्त होने का गौरव गीता को ही प्राप्त है।

गीता में वर्णित शंख

पाञ्चजन्यं हृषीकेशो देवदत्तं धनञ्जयः।
पौण्ड्रं दध्मौ महाशङ्खं भीमकर्मा वृकोदरः।। 1/15
अनन्तविजयं राजा कुन्तीपुत्रो युधिष्ठिरः।
नकुलः सहदेवश्च सुघोषमणिपुष्पकौ।। 1/16

देवता		**शंख**
श्रीकृष्ण	-	पाञ्चजन्य
अर्जुन	-	देवदत्त
भीम	-	पौण्ड्र
युधिष्ठिर	-	अनन्तविजय
नकुल	-	सुघोष
सहदेव	-	मणिपुष्पक

गीता के श्लोक संख्या

अध्याय नाम	-	श्लोकसंख्या
1. अर्जुनविषादयोग	-	47
2. सांख्ययोग	-	72
3. कर्मयोग	-	43
4. ज्ञानकर्मसंन्यासयोग	-	42
5. कर्मसंन्यासयोग	-	29
6. आत्मसंयमयोग	-	47
7. ज्ञानविज्ञानयोग	-	30
8. अक्षरब्रह्मयोग	-	28
9. राजविद्याराजगुह्ययोग	-	34
10. विभूतियोग	-	42
11. विश्वरूपदर्शनयोग	-	55
12. भक्तियोग	-	20
13. क्षेत्रक्षेत्रज्ञविभागयोग	-	34
14. गुणत्रय विभागयोग	-	27
15. पुरुषोत्तमयोग	-	20
16. दैवासुरसम्पद्विभागयोग	-	24
17. श्रद्धात्रयविभागयोग	-	28
18. मोक्षसंन्यासयोग	-	78

कुल श्लोक - 700

- सबसे बड़ा अध्याय - 18, मोक्षसंन्यासयोग (78 श्लोक)
- सबसे छोटा अध्याय - 12और 15 वाँ (20-20 श्लोक)

श्रीमद्भगवद्गीता के कुछ प्रमुख पात्र परिचय -

धृतराष्ट्र	-	दुर्योधन आदि कौरवों के पिता
संजय	-	दिव्यदृष्टि प्राप्त धृतराष्ट्र के मन्त्री
धृष्टद्युम्न	-	पाण्डवों के सेनापति, द्रौपदी के भाई, द्रुपद के पुत्र
भीम	-	पाण्डवों में द्वितीय पाण्डव, कुन्तीपुत्र
अर्जुन	-	श्रीकृष्ण के सखा, पाण्डवों में तृतीय पाण्डव, कुन्तीपुत्र
युधिष्ठिर	-	पाण्डवों में प्रथम पाण्डव, कुन्तीपुत्र, धर्मराज के अवतार
नकुल	-	पाण्डवों में चतुर्थ पाण्डव,माद्री के पुत्र
सहदेव	-	पाण्डवों में अन्तिम पाण्डव, माद्री के पुत्र
द्रुपद	-	द्रौपदी के पिता,
धृष्टकेतु	-	पाण्डव पक्ष के वीर योद्धा
चेकितान	-	पाण्डव पक्ष के वीर योद्धा
काशिराज	-	पाण्डव पक्ष के वीर योद्धा
पुरुजित्	-	पाण्डव पक्ष के वीर योद्धा
कुन्तिभोज	-	पाण्डव पक्ष के प्रमुख योद्धा
अभिमन्यु	-	अर्जुन और सुभद्रा के पुत्र
पितामह भीष्म	-	कौरव पक्ष के प्रथम सेनापति, 10 दिन तक सेनापति रहे।
द्रोणाचार्य	-	कौरवों और पाण्डवों के गुरु, कौरवों के द्वितीय सेनापति,05 दिन तक सेनापति।
कर्ण	-	कौरवों के तीसरे सेनापति, 2 दिन तक सेनापति रहे।
कृपाचार्य	-	कौरवों के प्रमुख योद्धा, सप्त चिरंजीवियों में एक
अश्वत्थामा	-	द्रोणाचार्य के पुत्र, कौरव पक्ष के प्रमुख योद्धा
विकर्ण	-	कौरव पक्ष का प्रमुख योद्धा (दुर्योधन का

भाई)

भूरिश्रवा - कौरव पक्ष का प्रमुख योद्धा

श्रीकृष्ण - भगवान् विष्णु के अवतार, अर्जुन को गीता का उपदेश देने वाले

राजा विराट - पाण्डव पक्ष के प्रमुख योद्धा, अज्ञातवास में पाण्डव यहीं रहे थे।

दुर्योधन - धृतराष्ट्र के पुत्र, 100 पुत्रों में सबसे बड़ा

गीता में वर्णित चतुर्विध भक्त

अर्थार्थी **आर्त**

जिज्ञासु **ज्ञानी**

➢ चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ।। (7-16)
तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त एकभक्तिर्विशिष्यते।
प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः।। (7-17)
हे भरतवंशियों में श्रेष्ठ अर्जुन! उत्तम कर्म करने वाले अर्थार्थी, आर्त, जिज्ञासु, और ज्ञानी - ऐसे चार प्रकार के भक्तजन मुझको भजते हैं।उनमें नित्य मुझमें एकीभाव से स्थित अनन्य प्रेमभक्ति राजा ज्ञानी भक्त अति उत्तम हैं,क्योंकि मुझको तत्त्व से जानने वाले ज्ञानी को मैं अत्यन्त प्रिय हूँ और वह ज्ञानी मुझे अत्यन्त प्रिय है।

➢ गीता में श्रीकृष्ण अपने अवतार का कारण बताते हैं-

➢ **यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।**
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।। (4-7)

➢ **परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।**
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे।। (4-8)
हे भारत! जब जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब तब ही मैं अपने रूप को रचता हूँ अर्थात् साकार रूप से लोगों के सम्मुख प्रकट होता हूँ।
साधु पुरुषों का उद्धार करने के लिए पापकर्म करने वाले का विनाश करने के लिए और धर्म की अच्छी तरह स्थापना करने के लिए मैं युग युग में प्रकट हुआ करता हूँ।

➢ **भगवान् के अवतार के हेतु**

- धर्म की स्थापना के लिए
- साधुपुरुषों की रक्षा के लिए
- पापकर्म करने वालों को मारने के लिए
- धर्म की वृद्धि के लिए
- अधर्म की हानि के लिए

➢ **गीता में अर्जुन के लिए सम्बोधन**
अर्जुन, गुडाकेश, पार्थ, परन्तप, भारत, कुन्तीपुत्र, पृथापुत्र, धनञ्जय, महाबाहो, निष्पाप, कुरुश्रेष्ठ, सव्यसाचिन्, किरीटी, पाण्डव, कुरुनन्दन आदि।

➢ **गीता में श्रीकृष्ण के लिए सम्बोधन**
हृषीकेश, कृष्ण, मधुसूदन, जनार्दन, माधव, श्रीभगवान्, अरिसूदन, गोविन्द, केशव, जगत्स्वामी, पुरुषोत्तम, अनन्त, देवेश, जगन्निवास, सच्चिदानन्दघन, आदिदेव, सनातनपुरुष, विश्वरूप, सहस्रबाहो, कमलनेत्र, परमेश्वर, महायोगेश्वर, देवदेव, अच्युत, केशिनिषूदन, योगेश्वर।

➢ **गीता में वर्णित आत्मा की विषेशताएंः-**
गीता के अनुसार आत्मा अच्छेद्य, अदाह्य, अक्लेद्य, अशोष्य, नित्य, सर्वव्यापी, अचल, स्थिर, सनातन, अव्यक्त, अचिन्त्य, विकाररहित, अबध्य है।
अव्यक्तोऽयमचिन्त्योऽयमविकार्योऽयमुच्यते - (2-25)
तस्मादेवं विदित्वैनं नानुशोचितुमर्हसि।
अच्छेद्योऽयमदाह्योऽयमक्लेद्योऽशोष्य एव च
नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः।। (2/24)
देही नित्यमवध्योऽयं देहे सर्वस्य भारत।
तस्मात्सर्वाणि भूतानि न त्वं शोचितुमर्हसि।। (2/30)

➢ **गीता में वर्णित प्रमुख योग-**कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग

➢ **कर्मयोग**- हे अर्जुन ! तेरा कर्म करने का अधिकार है, उसके फलों में कभी नहीं। इसलिए तू कर्मों के फल का हेतु मत हो तथा तेरी कर्म न करने में भी आसक्ति न हो।
कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा तेसङ्गोऽस्त्वकर्मणि।। (2/47)

➢ योग मार्ग में स्थित होकर कर्मों को करना चाहिए।
योगस्थः कुरु कर्माणि....।

➢ गीता में समत्व को योग कहा गया है। 'समत्वं योग उच्यते ' (2/48)

➢ समत्वरूप योग ही कर्मों में कुशलता है अर्थात् कर्मबन्धन से छूटने का उपाय है।
योगः कर्मसु कौशलम् (2/50)

➢ गीता के अनुसार योगियों की निष्ठा कर्मयोग से होती है।
कर्मयोगेन योगिनाम् (3/3)

➢ 'जो मनुष्य इन्द्रियों को वश में करके अनासक्त हुआ समस्त इन्द्रियों द्वारा कर्मयोग का आचरण करता है, वही श्रेष्ठ है।'
कर्मेन्द्रियैः कर्मयोगमसक्तः स विशिष्यते (3/7)

➢ गीता में श्रीकृष्ण यह बताते हैं कि कर्म न करने की अपेक्षा कर्म करना अत्यन्त श्रेष्ठ है। **नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः** (3/8)

➢ **भक्तियोग-**

➢ ईश्वर के प्रति अनन्यभाव से समर्पित होना ही भक्तियोग है।

- जो भक्तजन परमेश्वर का निरन्तर चिन्तन करते हैं उनका योगक्षेम स्वयं भगवान् अपने ऊपर ले लेते हैं।
  अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते
  तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्॥ (9/22)
- भक्तिपूर्वक जो कुछ भी सामग्री भगवान् को अर्पण की जाती है वह भगवान् उसी रूप में स्वीकार करते हैं।
  पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति (9/26)
- गीता में श्रीकृष्ण यह कहते हैं कि जो मनुष्य मेरे लिए कर्म करता है, मेरा परायण करता है, मेरा भक्त है, आसक्तिरहित वह अनन्यभक्ति से युक्त पुरुष मुझको ही प्राप्त होता है।
  मत्कर्मकृन्मत्परमो मद्भक्तः सङ्गवर्जितः।
  निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव॥ (11/55)
- गीता में श्रीकृष्ण यह बताते हैं कि जो सम्पूर्ण कर्तव्यकर्मों को मुझमें त्यागकर एक मुझ सर्वशक्तिमान् परमेश्वर की शरण में आ जाता है उसे मैं सम्पूर्ण पापों से मुक्त कर देता हूँ।
  सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
  अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥ (18/66)
- **स्थिरबुद्धि पुरुष के लक्षण**
  - दुःख में उद्विग्न न होना।
  - सुख में अत्यधिक हर्षित न होना।
  - राग, भय, क्रोध से मुक्त।
- **गीता के अनुसार अष्ट प्रकृति**

  पृथ्वी जल अग्नि वायु
  आकाश मन बुद्धि अहंकार
- **श्रीमद्भगवद्गीता में स्थितप्रज्ञ का वर्णन -**
  गीता में श्रीकृष्ण यह बताते हैं कि जिस समय मनुष्य अपने मन में सभी कामनाओं को मिटाकर आत्मा में सन्तुष्ट रहता है, उस काल में वह स्थितप्रज्ञ कहा जाता है।
  प्रजहाति यदा कामान्सर्वान्पार्थ मनोगतान्।
  आत्मन्येवात्मना तुष्टः स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते॥ (2/55)
- दुःख होने पर जो उद्वेग नहीं करता और अत्यधिक सुख में सर्वथा निःस्पृह है तथा जिसके मन से राग, भय, और क्रोध नष्ट हो गये हैं, ऐसा मुनि स्थिरबुद्धि कहा जाता है। **वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरुच्यते (2/56)**
- गीता में अष्ट प्रकृति का वर्णन - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार ये अष्ट प्रकार से विभाजित प्रकृति है।
  भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च।
  अहङ्कार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा॥ (7/4)
- श्रीमद्भगवद्गीता को **गीतोपनिषद्** भी कहा जाता है।
- **गीता में भगवान् श्रीकृष्ण की विभूतियाँ -**

जल में - **रस** "रसोऽहमप्सु कौन्तेय" (7.8)
चन्द्र सूर्य में - **प्रकाश** "प्रभास्मि शशिसूर्ययोः" (7.8)
वेदों मे - **ओंकार** "प्रणवः सर्ववेदेषु" (7.8)
आकाश में - **शब्द** "शब्दः खे" (7.8)
पुरुषों में - **पुरुषत्व** "पौरुषं नृषु" (7.8)
पृथ्वी में - **गन्ध** "पुण्यो गन्धः पृथिव्यां च" (7.8)
अग्नि में - **तेज** "तेजश्चास्मि विभावसौ" (7.8)
तपस्वियों में - **तप** "तपश्चास्मि तपस्विषु" (7.9)
सम्पूर्णभूतों में- **जीवन** "जीवनं सर्वभूतेषु" (7.9)
बुद्धिमानों में - **बुद्धि** "बुद्धिर्बुद्धिमतामस्मि" (7.10)
तेजस्वियों में - **तेज** "तेजस्तेजस्विनामहम् " (7.10)
अदितिपुत्रों में - **विष्णु** "आदित्यानामहं विष्णुः " (10.21)
ज्योतियों में - **किरणों वाला सूर्य** "ज्योतिषां रविरंशुमान् " (10.21)
नक्षत्रों में अधिपति- **चन्द्रमा** "नक्षत्राणामहं शशी" (10.21)
वेदों में - **सामवेद** "वेदानां सामवेदोऽस्मि" (10.22)
देवों में - **इन्द्र** "देवानामस्मि वासवः " (10.22)
इन्द्रियों में - **मन** "इन्द्रियाणां मनश्चास्मि" (10.22)
एकादश रुद्रों में- **शंकर** "रुद्राणां शङ्करश्चास्मि" (10.23)
यक्ष तथा राक्षसों में - **कुबेर** "वित्तेशो यक्षरक्षसाम् " (10.23)
आठ वस्तुओं में - **अग्नि** "वसूनां पावकश्चास्मि " (10.23)
पर्वतों में - **सुमेरु** " मेरुः शिखरिणामहम् " (10.23)
पुरोहितों में - **बृहस्पति** "पुरोधसां च मुख्यं मां विद्धि पार्थ बृहस्पतिम्" (10.24)
सेनापतियों में - **स्कन्द** "सेनानीनामहं स्कन्दः" (10.24)
जलाशय में - **समुद्र** "सरसामस्मि सागरः" (10.24)
महर्षियों में - **भृगु** "महर्षीणां भृगुरहम्" (10.25)
शब्दों में - (अक्षर) **ओंकार** "गिरामस्म्येकमक्षरम् " (10.25)
यज्ञों में - **जपयज्ञ** "यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि " (10.25)
स्थिर रहने वालों में- **पहाड़** "स्थावराणां हिमालयः" (10.25)
वृक्षों में - **पीपल** "अश्वत्थः सर्ववृक्षाणाम् " (10.26)
देवर्षियों में - **नारद** "देवर्षीणां च नारदः" (10.26)
सिद्धों में - **कपिल** "सिद्धानां कपिलो मुनिः" (10.26)
गन्धर्वों में - **चित्ररथ** "गन्धर्वाणां चित्ररथः" (10.26)
अश्वों में - **उच्चैःश्रवा** "उच्चैः श्रवसमश्वानां विद्धि माममृतोद्भवम्" (10.27)

हाथियों में - **ऐरावत** "ऐरावतं गजेन्द्राणाम्"
मनुष्यों में - **राजा** "नराणां च नराधिपम्" (10.27)
शस्त्रों में - **वज्र** "आयुधानामहं वज्रम्" (10.28)
गौओं में - **कामधेनु** "धेनुनामस्मि कामधुक्" (10.28)
सर्पों में - **वासुकि** "सर्पाणामस्मि वासुकिः" (10.28)
सन्तानोत्पत्ति में- **कामदेव** "प्रजनश्चास्मि कन्दर्पः" (10.28)
नागों में - **शेषनाग** "अनन्तश्चास्मि नागानाम्" (10.29)
जलचरों में - **वरुण** "वरुणो यादसामहम्" (10.29)
पितरों में - **अर्यमा** "पितृणामर्यमा चास्मि" (10.29)
शासन करने वालों में - **यमराज** "यमः संयमतामहम्" (10.29)
दैत्यों में - **प्रह्लाद** "प्रह्लादश्चास्मि दैत्यानाम्" (10.30)
पशुओं में - **सिंह** "मृगाणां च मृगेन्द्रोऽहम्" (10.30)
पक्षियों में - **गरुड़** "वैनतेयश्च पक्षिणाम्" (10.30)
गणना करने वालों में - **समय** "कालः कलयतामहम्" (10.30)
पवित्र करने वालों में - **वायु** "पवनः पवतामस्मि" (10.31)
शस्त्रधारियों में - **श्रीराम** "रामः शस्त्रभृतामहम्" (10.31)
मछलियों में - **मगर** "झषाणां मकरश्चास्मि" (10.31)
नदियों में - **भागीरथी गंगा** "स्रोतसामस्मि जाह्नवी" (10.31)
विद्याओं में -**अध्यात्मविद्या** "अध्यात्मविद्या विद्यानाम्" (10.32)
तर्क में - **वाद** "वादः प्रवदतामहम्" (10.32)
अक्षरों में - **अकार** "अक्षराणामकारोऽस्मि" (10.33)
समासों में - **द्वन्द्व** "द्वन्द्वः सामासिकस्य च" (10.33)
नाश करने वालों में - **मृत्यु** "मृत्युः सर्वहरश्चाहम्" (10.34)
स्त्रियों में - "**कीर्ति, श्री, वाक्,स्मृति, धृति, क्षमा,** कीर्तिः श्रीर्वाक्चनारीणां स्मृतिर्मेधा धृतिः क्षमा" (10.34)
श्रुतियों में - **बृहत्साम** "बृहत्साम तथा साम्नां" (10.35)
छन्दों में - **गायत्री** "गायत्री छन्दसामहम्" (10.35)
महीनों में - **मार्गशीर्ष** "मासानां मार्गशीर्षोऽहम्" (10.35)
ऋतुओं में - **वसन्त** "ऋतूनां कुसुमाकरः" (10.35)
छल करने वालों में - **जूआ** "द्यूतं छलयतामस्मि" (10.36)
प्रभावशाली पुरुषों का - **प्रभाव** "तेजस्तेजस्विनामहम्" (10.36)
जीतने वालों का - **विजय** "जयोऽस्मि" (10.36)
निश्चय करने वालों का - **निश्चय** "व्यवसायोऽस्मि" (10.36)
सात्त्विक पुरुषों का - **सात्त्विक भाव** "सत्त्वं सत्त्ववतामहम्" (10.36)
वृष्णिवंशियों में - **वासुदेव** "वृष्णीनां वासुदेवोऽस्मि" (10.37)
पाण्डवों में - **धनञ्जय** "पाण्डवानां धनञ्जयः" (10.37)
मुनियों में - **वेदव्यास** "मुनीनामप्यहं व्यासः" (10.37)
कवियों में - **शुक्राचार्य** "कवीनामुशना कविः" (10.37)
दमन करने वालों का - **दण्ड** "दण्डो दमयतामस्मि" (10.38)
जीतने की इच्छा वालों की - **नीति** "नीतिरस्मि जिगीषताम्" (10.38)
गुप्त रखने योग्य भावों का (रक्षक) - **मौन** "मौनं चैवास्मि गुह्यानां" (10.38)
ज्ञानवानों का - **तत्त्वज्ञान** "ज्ञानं ज्ञानवतामहम्" (10.38)

- **गीता में वर्णित दैवीय गुण** -
- गीता में श्रीकृष्ण यह बताते हैं कि दैवीय प्रकृति के आश्रित महात्मा मुझको सब भूतों का कारण जानकर अनन्य मन से निरन्तर भजते हैं।

महात्मानस्तु मां पार्थ दैवीं प्रकृतिमाश्रिताः।
भजन्त्यनन्यमनसो ज्ञात्वा भूतादिमव्ययम्॥ (9/13)

- गीता में श्रीकृष्ण दैवी सम्पत्तियों का स्वरूप वर्णन करते हुए कहते हैं कि भय का सर्वथा अभाव, अन्तःकरण की शुद्धता, तत्त्वज्ञान के लिए ध्यान में स्थिति सर्वस्व समर्पण, इन्द्रियों का भली प्रकार दमन ये सब दैवी गुण हैं।

अभयं सत्त्वसंशुद्धिर्ज्ञानयोगव्यवस्थितिः।
दानं दमश्च यज्ञश्च स्वाध्यायस्तप आर्जवम्॥(16/1)

- 'मन, वाणी, शरीर से किसी को कष्ट न देना यथार्थ और प्रियभाषण, अहंकार करने वाले पर भी क्रोध न करना, किसी की भी निन्दा न करना, सभी प्राणियों में दया- ये सब दैवी सम्पत्तियाँ हैं।

अहिंसा सत्यमक्रोधस्त्यागः शान्तिरपैशुनम्।
दया भूतेष्वलोलुप्त्वं मार्दवं ह्रीरचापलम्॥ (16/2)

- **गीता में वर्णित दैवी गुण**
  - अभय
  - सत्त्वसंशुद्धि
  - ज्ञानयोगव्यवस्थिति
  - दान
  - इन्द्रियों का दमन
  - गुरुजनों की पूजा
  - अग्निहोत्र करना
  - स्वाध्याय करना
  - अहिंसा
  - सत्यभाषण
  - क्रोध न करना
  - अन्तः करण की शुद्धि
  - निन्दा से दूर रहना
  - बिना कारण दया करना
  - तेज
  - क्षमा
  - धैर्य
  - बाहर की शुद्धि (गीता - 16/1,3)

➢ **गीता में वर्णित आसुरी सम्पदा**

- दम्भ
- दर्प
- अभिमान
- क्रोध
- कठोरता
- अज्ञान
- असत्यभाषण
- अपवित्रता
- भ्रमित चित्त वाला
- विषय भोगों में अत्यन्त आसक्त

(गीता-16/4,7,10,15,16)

➢ **गीता में वर्णित आसुरी सम्पदा प्राप्त पुरुषों के लक्षण-**

➢ श्रीकृष्ण बताते हैं कि दम्भ, घमण्ड, अभिमान, क्रोध, कठोरता, अज्ञान ये आसुरी सम्पदा को लेकर उत्पन्न हुए पुरुष के लक्षण हैं।

दम्भो दर्पोऽभिमानश्च क्रोधः पारुष्यमेव च।
अज्ञानं चाभिजातस्य पार्थ सम्पदमासुरीम्।। (16/4)

➢ आसुर स्वभाव वाले मनुष्य प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों को नहीं जानते। इसलिए उनमें न तो बाहर भीतर की शुद्धि है, न श्रेष्ठ आचरण है और न सत्यभाषण ही है।

प्रवृत्तिं च निवृत्तिं च जना न विदुरासुराः।
न शौचं नापि चाचारो न सत्यं तेषु विद्यते।। (16/7)

➢ **गीता में अर्जुन द्वारा पूछे गये कुछ प्रमुख प्रश्न -**

➢ गीता के प्रारम्भ में अर्जुन भगवान् श्रीकृष्ण से पूछते हैं कि हे मधुसूदन! मैं किस प्रकार भीष्मपितामह और द्रोणाचार्य के विरुद्ध लड़ूँगा? क्योंकि वे दोनों पूजनीय हैं ?

कथं भीष्ममहं सङ्ख्ये द्रोणं च मधुसूदन।
इषुभिः प्रतियोत्स्यामि पूजार्हावरिसूदन।।

➢ अर्जुन श्रीकृष्ण से कहते हैं जिस प्रकार एक गुरु अपने शिष्य का सभी प्रकार से कल्याण करता है उसी प्रकार मैं आपका शिष्य हूँ अतः मेरे लिए जो कल्याण का साधन हो वह कहिये।

यच्छ्रेयः स्यान्निश्चितं ब्रूहि तन्मे।
शिष्यस्तेऽहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम्।। (2/7)

➢ श्रीकृष्ण से पूछते हुए अर्जुन कहते हैं कि यदि कर्म की अपेक्षा ज्ञान श्रेष्ठ है तो आप मुझे कर्म में क्यों लगाते हो ?

ज्यायसी चेत्कर्मणस्ते मता बुद्धिर्जनार्दन।
तत्किं कर्मणि घोरे मां नियोजयसि केशव।। (5/1)

➢ अर्जुन श्रीकृष्ण से ब्रह्म, अध्यात्म, क्रम के विषय में प्रश्न पूछते हुये कहते हैं कि ब्रह्म क्या है? अध्यात्म क्या है? कर्म क्या है?

किं तद्ब्रह्म किमध्यात्मं किं कर्म पुरुषोत्तम।
अधिभूतं च किं प्रोक्तमधिदैवं किमुच्यते (8/1)

➢ अर्जुन अगुण परमेश्वर और निराकार ब्रह्म दोनों प्रकार के उपासकों के विषय में प्रश्न करते हुए पूछते हैं कि दोनों में अति उत्तम योगवेत्ता कौन हैं?

एवं सततयुक्ता ये भक्तास्त्वां पर्युपासते।
ये चाप्यक्षरमव्यक्तं तेषां के योगवित्तमाः।। (12/1)

➢ अर्जुन, श्रीकृष्ण से प्रश्न करते हुए पूछते हैं कि जो मनुष्य शास्त्रविधि को त्यागकर देवताओं का पूजन करते हैं, उनकी कौन-सी गति होती है? सात्विकी, राजसी अथवा तामसी?

ये शास्त्रविधिमुत्सृज्य यजन्ते श्रद्धयान्विताः।
तेषां निष्ठा तु का कृष्ण सत्त्वमाहो रजस्तमः।। (17/1)

➢ **गीता के अनुसार ईश्वर का निवास -**

➢ श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि सभी प्राणियों के हृदय में जो रहता है वही ईश्वर है-

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति (18/61)

➢ **गीता के अनुसार ज्ञान और अज्ञान का स्वरूप-**

➢ अध्यात्म ज्ञान में नित्यस्थिति और तत्वज्ञान के अर्थरूप परमात्मा को ही देखता यह सब ज्ञान है और जो इससे विपरीत है वह अज्ञान है।

अध्यात्मज्ञाननित्यत्वं तत्त्वज्ञानार्थदर्शनम्।
एतज्ज्ञानमिति प्रोक्तमज्ञानं यदतोऽन्यथा।। (13/11)

श्रीमदभगवद् गीता के माहात्म्य को बताने वाले कुछ प्रमुख श्लोक -

➢ **गीताशास्त्रमिदं पुण्यं यः पठेत्प्रयतः पुमान्।**
विष्णोः पदमवाप्नोति भयशोकादिवर्जितः।।

➢ **गीताध्ययनशीलस्य प्राणयामपरस्य च।**
नैव सन्ति हि पापानि पूर्वजन्मकृतानि च।।

➢ **मलनिर्मोचनं पुंसां जलस्नानं दिने दिने।**
सकृद् गीताम्भसि स्नानं संसारमलनाशनम्।।

➢ **भारतामृतसर्वस्वं विष्णोर्वत्राद्विनिः सृतम्।**
गीतागङ्गोदकं पीत्वा पुनर्जन्म न विद्यते।।

➢ **एकं शास्त्रं देवकीपुत्रगीतमेको देवो देवकीपुत्र एव।**
एको मन्त्रस्तस्य नामानि यानि कर्माण्येकं तस्य देवस्य सेवा।।

चार वर्णों का वर्णन

➢ गीता में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इन चार वर्णों का वर्णन स्पष्ट रूप से मिलता है।

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्म विभागशः।
तस्य कर्तारमपि मां विद्ध्यकर्तारमव्ययम्।। (4/13)

वर्ण

1.ब्राह्मण 2.क्षत्रिय 3.वैश्य 4.शूद्र

- ब्राह्मणक्षत्रियविंशा शूद्राणां च परन्तप।
  कर्माणि प्रविभक्तानि स्वभावप्रभवैर्गुणैः।। (18/41)
- गीता में भगवान् की पाँच शक्तियों का वर्णन हुआ है-
  आद्या गुणमयी दैवी तथान्या दिव्यचिन्मयी।
  योगमायेति च प्रोक्ता गीतायां पञ्च शक्तयः॥
- **पञ्च शक्तियाँ**
  मूल प्रकृति - (9/7)
  दिव्य चिन्मयशक्ति - (4/6)
  योगमाया शक्ति - (7/25)
  दैवी शक्ति - (9/13)
  गुणमयी माया - (3/27,29)

गीता में विश्वरूप-दर्शन-

- गीता के एकादश अध्याय में अर्जुन के प्रार्थना पर भगवान् श्रीकृष्ण अपना विराट स्वरूप अर्जुन को दिखलाते हैं।
- **मया प्रसन्नेन तवार्जुनेदं रूपं परं दर्शितमात्मयोगात्।**
  तेजोमयं विश्वमनन्तमाद्यं यन्मे त्वदन्येन न दृष्टपूर्वम्। (11/47)
- गीता में कहे गये श्लोकों की संख्या-
- श्रीकृष्ण भगवान् के द्वारा कहे गये श्लोक - 574
- अर्जुन के द्वारा कहे गये श्लोक - 84
- संजय के द्वारा कहे गये श्लोक - 41
- धृतराष्ट्र के द्वारा कहे गये श्लोक - 1

योग - 700

- **गीता में प्रयुक्त मुख्य छन्द-** गीता में चार छन्दों का प्रयोग मुख्य रूप से किया गया है।
  1. अनुष्टुप् 2. बृहती 3. त्रिष्टुप् 4. जगती
- **गीता में अनुबन्ध चतुष्टय-**

1. **विषय-** गीता में कर्मयोग, ज्ञानयोग, ध्यानयोग, भक्तियोग आदि विषय हैं।
2. **प्रयोजन-** जीव मात्र का कल्याण करना ही इस ग्रन्थ का प्रमुख प्रयोजन है।
3. **अधिकारी-** अपना कल्याण चाहने वाले मनुष्य गीता को पढ़ने के अधिकारी हैं। किसी भी देश में रहने वाला, किसी वेश को धारण करने वाला, किसी सम्प्रदाय को मानने वाला, किसी वर्ण आश्रम में रहने वाला, किसी भी अवस्था वाला इस दिव्य वेद सार स्वरूप गीता को पढ़ने का और मुक्ति पाने का अधिकारी है।
4. **सम्बन्ध-** गीता के विषय और गीता में परस्पर प्रतिपाद्य-प्रतिपादक का सम्बन्ध है। जीव का कल्याण किस प्रकार हो - यह प्रतिपाद्य विषय है और कल्याण की युक्तियाँ बताने वाली होने से गीता स्वयं प्रतिपादक है।

श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय-2 सांख्ययोग

देहिनोऽस्मिन्यथा देहे कौमारं यौवनं जरा।
तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति॥2/13॥

शब्द	-	**अर्थ**
यथा	-	जैसे
देहिनः	-	जीवात्मा की
अस्मिन्	-	इस
देहे	-	देह में
कौमारम्	-	बालकपन
यौवनम्	-	जवानी
जरा	-	वृद्धावस्था
तथा	-	वैसे ही
देहान्तरप्राप्तिः	-	अन्य शरीर की प्राप्ति होती है
तत्र	-	उस विषय में
धीरः	-	धीर पुरुष
न मुह्यति	-	मोहित नहीं होता

प्रसङ्ग- इस श्लोक में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन को आत्मा के विषय में बताते हुये कहते हैं कि आत्मा नित्य है आत्मा के विषय में शोक करना उचित नहीं है-

अनुवाद- जैसे जीवात्मा की इस देह में बालकपन, जवानी और वृद्धावस्था होती है, वैसे ही अन्य शरीर की प्राप्ति होती है, उस विषय में धीर पुरुष मोहित नहीं होता।

सम्भावित प्रश्न-

- मनुष्य शरीर की कितनी अवस्थाए है?- **तीन**
  (1) बचपन (2) जवानी (3) वृद्धावस्था
- अन्य योनियों की प्राप्ति पर कौन मोहित नहीं होता?- **धीर पुरुष**

मात्रास्पर्शास्तु कौन्तेय शीतोष्णसुखदुःखदाः।
आगमापायिनोऽनित्यास्तांस्तितिक्षस्व भारत॥2/14॥

शब्द	**अर्थ**
कौन्तेय	हे कुन्तीपुत्र!
शीतोष्णसुखदुःखदाः	सर्दी-गर्मी और सुख-दुःख को देने वाले
मात्रास्पर्शाः	इन्द्रिय और विषयों के संयोग
तु	तो
आगमापायिनः	उत्पत्ति विनाशशील (और)
अनित्याः	अनित्य हैं

भारत	हे भारत!
तान्	उनको
तितिक्षस्व	सहन कर

प्रसङ्ग- इस श्लोक में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन को बन्धु-बान्धवादि के साथ होने वाले संयोग-वियोगादि को अनित्य बताकर उनको सहन करने की आज्ञा देते हैं।

अनुवाद- हे कुन्तीपुत्र! सर्दी-गर्मी और सुख-दुःख को देने वाले इन्द्रिय और विषयों के संयोग तो उत्पत्ति, विनाशशील और अनित्य हैं, इसलिए हे भारत! उनको तू सहन कर।

सम्भावित प्रश्न-

- उपर्युक्त श्लोक में भारत किसे कहा गया है -**अर्जुन को**
- सुख दुःख और इन्द्रियों के संयोग को क्या बताया गया है? - **अनित्य**
- सुख दुःख आदि द्वन्द्वों को सहन करना क्या है।? **तितिक्षा**

यं हि न व्यथयन्त्येते पुरुषं पुरुषर्षभ।
समदुःखसुखं धीरं सोऽमृतत्वाय कल्पते॥2/15॥

शब्द	**अर्थ**
हि	क्योंकि
पुरुषर्षभ	हे पुरुष श्रेष्ठ!
समदुःखसुखम्	दुःख सुख को समान समझने वाले
यम्	जिस
धीरम्	धीर
पुरुषम्	पुरुष को
एते	ये (इन्द्रिय और विषयों के संयोग)
न व्यथयन्ति	व्याकुल नहीं करते
सः	वह
अमृतत्वाय	मोक्ष के
कल्पते	योग्य होता है।

प्रसङ्ग- इस श्लोक में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन से धीर पुरुष के स्वरूप के विषय में कहते हैं कि-

अनुवाद - क्योंकि हे पुरुष श्रेष्ठ! दुःख-सुख को समान समझने वाले जिस धीर पुरुष को ये इन्द्रिय और विषयों के संयोग व्याकुल नहीं करते, वह मोक्ष के योग्य होता है।

सम्भावित प्रश्न -

- मोक्ष प्राप्त करने का अधिकारी कौन है? - **धीर पुरुष**
- 'पुरुषर्षभ' शब्द किसके लिए आया है?- **अर्जुन के लिए**
- 'समदुःखसुखं धीरम् सोऽमृतत्वाय कल्पते इस श्लोक का वक्ता कौन है? - **श्रीकृष्ण**
- सुख और दुःख को कौन पुरुष समान समझता है? - **धीर पुरुष**

नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः।
उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः॥2/16॥

शब्द	**अर्थ**
असतः	असत् (वस्तु) की
भावः	सत्ता
न	नहीं
विद्यते	है
तु	और
सतः	सत् का
अभावः	अभाव
न	नहीं
विद्यते	है
अनयोः	इन
उभयोः	दोनों का
अपि	ही
अन्तः	तत्त्व
तत्त्वदर्शिभिः	तत्त्वज्ञानी पुरुषों द्वारा
दृष्टः	देखा गया है।

प्रसङ्ग- इस श्लोक में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन को नित्य और अनित्य वस्तु के विवेचन की रीति बतलाते हुए दोनों के लक्षण कहते हैं-

अनुवाद- असत् वस्तु की तो सत्ता नहीं है और सत् का अभाव नहीं है। इस प्रकार इन दोनों का ही तत्त्व तत्वज्ञानी पुरुषों द्वारा देखा गया है।

सम्भावित प्रश्न

- किस वस्तु की सत्ता नहीं होती? - **असत् वस्तु की**
- किस वस्तु का कभी अभाव नहीं होता - **सत् वस्तु का**
- सत् और असत् दोनों के वास्तविक रूप से कौन जान पाता है? - **तत्त्वज्ञानी पुरुष**
- 'उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वननयोः' यहाँ 'उभयोरपि' शब्द किसके लिए आया है? - **सत् और असत् वस्तु के लिए**

अविनाशि तु तद्विद्धि येन सर्वमिदं ततम्।
विनाशमव्ययस्यास्य न कश्चित्कर्तुमर्हति॥2/17॥

शब्द	**अर्थ**	**शब्द**	**अर्थ**
अविनाशि	नाशरहित	तु	तो
तत्	उसको	विद्धि	जान
येन	जिससे	इदम्	यह सर्वम्
सम्पूर्ण	जगत्	ततम्	व्याप्त है
अस्य	इस	अव्ययस्य	अविनाशी का

विनाशम्	विनाश	कर्तुम्	करने में
कश्चित्	कोई भी		
न, अर्हति	समर्थ नहीं है।		

प्रसङ्ग- इस श्लोक में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन को सत् और असत् वस्तु के स्वरूप का निराकरण करते हुए युद्ध करने की आज्ञा देते हैं-

अनुवाद - नाशरहित तो तू उसको जान, जिससे यह सम्पूर्ण जगत् (दृश्यवर्ग) व्याप्त है। इस अविनाशी का विनाश करने में कोई भी समर्थ नहीं है।

सम्भावित प्रश्न-

- अविनाशी किसे कहा गया है? - **आत्मा को**
- सम्पूर्ण चराचर जगत में कौन व्याप्त है?- **अविनाशी आत्मा**
- आत्मा का विनाश करने में कौन समर्थ है?- **कोई भी नहीं**

अन्तवन्त इमे देहा नित्यस्योक्ताः शरीरिणः
अनाशिनोऽप्रमेयस्य तस्माद्युध्यस्व भारत॥2/18॥

शब्द	अर्थ
अनाशिनः	नाशरहित
अप्रमेयस्य	अप्रमेय
नित्यस्य	नित्यस्वरूप
शरीरिणः	जीवात्मा के
इमे	ये सब
देहाः	शरीर
अन्तवन्तः	नाशवान्
उक्ताः	कहे गये हैं
तस्मात्	इस लिए
भारत	हे भरतवंशी अर्जुन!
युध्यस्व	युद्ध करो।

प्रसङ्ग- असत् वस्तु की सत्ता बतलाते हुए भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं-

अनुवाद- इस नाशरहित, अप्रमेय, नित्यस्वरूप जीवात्मा के ये सब शरीर नाशवान् कहे गये हैं। इसलिए हे भरतवंशी अर्जुन ! तू युद्ध कर।

सम्भावित प्रश्न-

- 'अन्तवन्त इमे देहा' वाक्य श्रीमद्भगवद्गीता के किस अध्याय से है? - **द्वितीय**
- श्रीमद्भगवद्गीता में मानव शरीर को क्या कहा गया है? - **नाशवान्**
- 'अन्तवन्त इमे देहा' सूक्ति के वक्ता कौन है? - **श्रीकृष्ण**
- इस श्लोक में जीवात्मा को किन-किन नामों से पुकारा गया है?- **नाशरहित, अप्रमेय और नित्य**

19. य एनं वेत्ति हन्तारं यश्चैनं मन्यते हतम्।
उभौ तौ न विजानीतो नायं हन्ति न हन्यते॥2/19॥

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
यः	जो	एनम्	इस आत्मा को
हन्तारम्	मारने वाला	वेत्ति	समझता है
च	तथा	यः	जो
एनम्	इसको	हतम्	मरा
मन्यते	मानता है	तौ	वे
उभौ	दोनों ही	न	नहीं
विजानीतः	जानते	अयम्	यह आत्मा
न	न (तो किसी को)	हन्ति	मारता है (और)
न	न (किसी के द्वारा)	हन्यते	मारा जाता है।

प्रसङ्ग - इस श्लोक में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन को यह कहते हैं कि आत्मा को मरने या मारने वाला समझना ही अज्ञान है।

अनुवाद- जो इस आत्मा को मारने वाला समझता है तथा जो इसको मरा मानता है, वे दोनों ही नहीं जानते, क्यों कि यह आत्मा वास्तव में न तो किसी को मारता है और न किसी के द्वारा मारा जाता है।

सम्भावित प्रश्न-

- 'नायं हन्ति न हन्यते' कहाँ की सूक्ति है? - **श्रीमद्भगवद्गीता द्वितीय अध्याय की**
- आत्मा को वास्तव में कौन नहीं जानता है? - **जो इसे मरने वाला और मारने वाला जानता है**
- 'नायं हन्ति न हन्यते' शब्द का क्या अर्थ है? - **यह आत्मा न तो किसी को मारता है और और न किसी द्वारा मारा जाता है।**

न जायते म्रियते वा कदाचि न्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे॥2/20॥

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
अयम्	यह आत्मा	कदाचित्	किसी काल में भी
न	न (तो)	जायते	जन्मता है
वा	और	न	न
म्रियते	मरता (ही) है	वा	तथा
न	न (यह)	भूत्वा	उत्पन्न होकर
भूयः	फिर	भविता	होने वाला (ही) है
अयम्	यह	अजः	अजन्मा
नित्यः	नित्य	शाश्वतः	सनातन (और)

पुराणः	पुरातन (है)	शरीरे	शरीर के
हन्यमाने	मारे जाने पर भी (यह)		
न	नहीं		
हन्यते	मारा जाता।		

अनुवाद- यह आत्मा किसी काल में भी न तो जन्मता है और न मरता ही है तथा न यह उत्पन्न होकर फिर होने वाला ही है, क्योंकि यह अजन्मा, नित्य सनातन और पुरातन है, शरीर के मारे जाने पर भी यह नहीं मारा जाता।

सम्भावित प्रश्न-

➢ शरीर के मारे जाने पर कौन नहीं मारा जाता?- **आत्मा**

➢ आत्मा की क्या-क्या विशेषताएं हैं?**अजन्मा,नित्य सनातन,पुरातन**

वेदाविनाशिनं नित्यं य एनमजमव्ययम्।
कथं स पुरुषः पार्थ कं घातयति हन्ति कम्॥2/21॥

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
पार्थ	हे पृथा पुत्र अर्जुन!	यः	जो
पुरुषः	पुरुष	एनम्	इस आत्मा को
अविनाशिनम्	नाशरहित	नित्यम्	नित्य
अजम्	अजन्मा	अव्ययम्	अव्यय
वेद	जानता है	सः	वह (पुरुष)
कथम्	कैसे	कम्	किसको
घातयति	मरवाता है (और)	कथम्	कैसे
कम्	किसको	हन्ति	मारता है?

अनुवाद - हे पृथा पुत्र अर्जुन! जो पुरुष इस आत्मा को नाशरहित, नित्य, अजन्मा और अव्यय जानता है वह पुरुष कैसे किसको मरवाता है और कैसे किसको मारता है?

सम्भावित प्रश्न-

➢ नित्य किसे कहा गया है? - आत्मा को

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय
नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा-
न्यन्यानि संयाति नवानि देही॥ 2/22॥

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
यथा	जैसे	नरः	मनुष्य
जीर्णानि	पुराने	वासांसि	वस्त्रों को
विहाय	त्यागकर	अपराणि	दूसरे
नवानि	नये (वस्त्रों को)	गृह्णाति	ग्रहण करता है
देही	जीवात्मा	जीर्णानि	पुराने
शरीराणि	शरीरों को	विहाय	त्यागकर
अन्यानि	दूसरे	नवानि	नये (शरीरों को)
संयाति	प्राप्त होता है।	तथा	वैसे ही

अनुवाद- जैसे मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्यागकर दूसरे नये वस्त्रों को ग्रहण करता है, वैसे ही जीवात्मा पुराने शरीरों को त्यागकर दूसरे नये शरीरों को प्राप्त होता है।

सम्भावित प्रश्न-

➢ 'देही' शब्द का क्या अर्थ है? - **जीवात्मा (शरीरधारी)**

➢ 'गृह्णाति' कहाँ का रूप है?-**लट्लकार प्रथम पुरुष एकवचन**

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥ 2/23॥

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
एनम्	इस आत्मा को	शस्त्राणि	शस्त्र
न	नहीं	छिन्दन्ति	काट सकते
एनम्	इसको	पावकः	आग
न	नहीं	दहति	जला सकती
एनम्	इसको	आपः	जल
न	नहीं	क्लेदयन्ति	गला सकता
च	और	मारुतः	वायु
न	नहीं	शोषयति	सुखा सकता।

अनुवाद- इस आत्मा को शस्त्र नहीं काट सकते, इसको आग नहीं जला सकती, इसको जल नहीं गला सकता और वायु नहीं सुखा सकता।

सम्भावित प्रश्न-

➢ इस आत्मा को कौन नहीं काट सकता? - **शस्त्र**

➢ आत्मा को कौन नहीं जला सकता? - **आग**

➢ आत्मा को कौन जला नहीं सकता? - **जल**

➢ वायु किसको नहीं सुखा सकता ? - आत्मा को

अच्छेद्योऽयमदाह्योऽयमक्लेद्योऽशोष्य एव च।
नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः॥ 2/24॥

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
अयम्	यह आत्मा	अच्छेद्याः	अच्छेद्य है,
अयम्	यह आत्मा	अदाह्यः	अदाह्य
अक्लेद्यः	अक्लेद्य	च	और
एव	निःसंदेह	अशोष्यः	अशोष्य है
अयम्	यह आत्मा	नित्यः	नित्य
सर्वगत	सर्वव्यापी	अचलः	अचल
स्थाणुः	स्थिर रहने वाला	सनातनः	सनातन है

अनुवाद- क्योंकि यह आत्मा अच्छेद्य है, यह आत्मा अदाह्य, अक्लेद्य और निःसन्देह अशोष्य है तथा यह आत्मा नित्य,

सर्वव्यापी, अचल, स्थिर रहने वाला और सनातन है।

- किसको छेदा नहीं जा सकता है? - **आत्मा को**
- नित्य, सर्वव्यापी, अचल, स्थिर कौन है?- **आत्मा**
- सनातन किसे कहा गया है? - **आत्मा को**

अव्यक्तोऽयमचिन्त्योऽमविकार्योऽयमुच्यते।
तस्मादेवं विदित्वैनं नानुशोचिमर्हसि॥2/25॥

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
अयम्	यह आत्मा	अव्यक्तः	अव्यक्त है
अयम्	यह आत्मा	अचिन्त्यः	अचिन्त्य है (और)
अयम्	यह आत्मा	अविकार्यः	विकाररहित
उच्यते	कहा जाता है।	तस्मात्	इससे (हे अर्जुन)
एवम्	उपर्युक्त प्रकार से	विदित्वां	जानकर
अनुशोचितुम्	शोक करने के	एनम्	इस आत्मा को

न अर्हसि योग्य नहीं है, अर्थात तुझे शोक करना उचित नहीं है।

अनुवाद- यह आत्मा अव्यक्त है, यह आत्मा अचिन्त्य है और यह आत्मा विकाररहित कहा जाता है। इससे हे अर्जुन! इस आत्मा को उपर्युक्त प्रकार से जानकर तू शोक करने योग्य नहीं है अर्थात् तुझे शोक करना उचित नहीं है।

सम्भावित प्रश्न -

- अव्यक्त, अचिन्त्य कौन है? - **आत्मा**
- विकाररहित किसे कहा गया है? - **आत्मा को**

श्रीमद्भगवद्गीता की प्रमुख सूक्तियाँ

1. क्लैब्यं मा स्म गमः (2/3)

भावार्थ- नपुंसकता को मत प्राप्त हो।

2. शिष्यस्तेऽहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम् । (2/7)

मैं आपका शिष्य हूँ इसलिए आपके शरण हुए मुझको शिक्षा दीजिए।

3. गतासूनगतासूंश्च नानुशोचन्ति पण्डिताः। (2/11)

भावार्थ- जिनके प्राण चले गये हैं, उनके लिए और जिनके प्राण नहीं गये हैं उनके लिए पण्डित जन शोक नहीं करते।

4. आगमापायिनोऽनित्यास्तांस्तितिक्षस्व भारत। (2/14)

भावार्थ- उत्पत्ति और विनाश दोनों अनित्य हैं इसलिए हे भारत! उनको सहन कर।

5. समदुःखसुखं धीरं सोऽमृतत्वाय कल्पते (2/15)

भावार्थ- सुख दुःख को समान समझने वाला धीर मोक्ष के योग्य होता है।

6. नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः।(2/16)

भावार्थ- असत् वस्तु की सत्ता नहीं है और सत् का अभाव नहीं है।

7. अन्तवन्त इमे देहा।(2/18)

भावार्थ- ये सब शरीर नाशवान है।

8. नायं हन्ति न हन्यते।(2/19)

भावार्थ- यह आत्मा वास्तव में न तो किसी को मारता है और न किसी के द्वारा मारा जाता है।

9. न हन्यते हन्यमाने शरीरे (2/20)

भावार्थ-शरीर के माने जाने पर भी (यह आत्मा) नहीं मारा जाता।

10. वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यन्यानि संयाति नवानि देही। (2/22)

भावार्थ- जैसे मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्यागकर दूसने नये वस्त्रों को ग्रहण करता है, वैसे ही जीवात्मा पुराने शरीरों को त्यागकर दूसरे नये शरीरों को प्राप्त होता है।

11. नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥ (2/23)

भावार्थ- इस आत्मा को शस्त्र नहीं काट सकते, इसको आग नहीं जला सकती, इसको जल नहीं गला सकता और वायु नहीं सुखा सकता।

12. नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः।(2/24)

भावार्थ- यह आत्मा नित्य सर्वव्यापी, अचल स्थिर रहने वाला और सनातन है।

13. जातस्य हि ध्रुवो मृत्युः। (2/27)

(क्योंकि) जन्मे हुए की मृत्यु निश्चित है।

14. सुखदुःखे समे कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ।
ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि॥ (2/38)

जय-पराजय, लाभ हानि और सुख-दुःख को समान समझकर उसके बाद युद्ध के लिए तैयार हो जा, इस प्रकार युद्ध करने से तू पाप को नहीं प्राप्त होगा।

15. स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्।(2/40)

भावार्थ- इस कर्मयोग रूप धर्म का थोड़ा-सा भी साधन जन्म मृत्यु रूप महान् भय से रक्षा कर लेता है।

16. कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।(2/47)

भावार्थ- तेरा कर्म करने में ही अधिकार है (उसके) फलों में कभी नहीं।

17. समत्त्वं योग उच्यते।(2/48)

भावार्थ- समत्व ही योग कहलाता है।

18. बुद्धिनाशात् प्रणश्यति।(2/63)

भावार्थ- बुद्धि का नाश हो जाने से पुरुष अपनी स्थिति से गिर जाता है।

19. प्रसादे सर्वदुःखानां हानिरस्योपजायते। (2/65)

भावार्थ- अन्तःकरण की प्रसन्नता होने पर इसके सम्पूर्ण दुःखों का अभाव हो जाता है।

20. अशान्तस्य कुतः सुखम् (2/66)
भावार्थ- शान्तिरहित मनुष्य को सुख कैसे मिल सकता है?
21. या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।(2/69)
भावार्थ- सम्पूर्ण प्राणियों के लिए जो रात्रि के समान है, उस नित्य ज्ञानस्वरूप परमानन्द की प्राप्ति में स्थितप्रज्ञ योगी जागता है।
22. स शान्तिमाप्नोति न कामकामी।(2/70)
भावार्थ- वही पुरुष परम शान्ति को प्राप्त होता है, भोगों को चाहने वाला नहीं।
23. निर्ममो निरहङ्कार स शान्तिमधिगच्छति।(2/71)
भावार्थ- ममतारहित, अहंकाररहित जो है वही शान्ति को प्राप्त होता है।
24. तदेकं वद निश्चित्य येन श्रेयोऽहमाप्नुयाम्।(3/2)
भावार्थ- उस एक बात को निश्चित करके कहिये, जिससे मैं कल्याण को प्राप्त हो जाऊँ।
25. न हि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।(3/5)
भावार्थ- निःसन्देह कोई भी (मनुष्य) किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता।
26. यज्ञार्थात्कर्मणोऽन्यत्र लोकोऽयं कर्मबन्धनः। (3/9)
भावार्थ- यज्ञ के निमित्त किये जाने वाले कर्मों से अतिरिक्त दूसरे कर्मों में (लगा हुआ ही) यह मनुष्य समुदाय कर्मों से बँधता है।
27. परस्परं भावयन्तः श्रेयः परमवाप्स्यथ। (3/11)
भावार्थ- एक दूसरे को उन्नत करते हुए (तुम लोग) परम कल्याण को प्राप्त हो जाओगे।
28. भुञ्जते ते त्वघं पापा ये पचन्त्यात्मकारणात्।(3/13)
भावार्थ- जो पापी लोग अपना शरीर पोषण करने के लिए ही अन्न पकाते हैं, वे तो पाप को ही खाते हैं।
29. अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः।
यज्ञाद्भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः॥ (3/14)
भावार्थ- सम्पूर्ण प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न की उत्पत्ति वृष्टि से होती है, वृष्टि यज्ञ से होती है और यज्ञ, विहित कर्मों से उत्पन्न होने वाला है।
30. एवं प्रवर्तितं चक्रं नानुवर्तयतीह यः।
अघायुरिन्द्रियारामो मोघं पार्थ स जीवति। (3/16)
भावार्थ- हे पार्थ! जो पुरुष इस लोक में इस प्रकार परम्परा से प्रचलित सृष्टि चक्र के अनुकूल नहीं बरतता अर्थात् अपने कर्तव्य का पालन नहीं करता, वह इन्द्रियों के द्वारा भोगों में रमण करने वाला पापायु व्यर्थ ही जीता है।
31. नैव तस्य कृतेनार्थे नाकृतेनेह कश्चन।(3/18)
भावार्थ- उस महापुरुष का इस विश्व में न तो कर्म करने से कोई प्रयोजन रहता है और न कर्मों के न करने से।
32. तस्मादसक्त सततं कार्यं कर्म समाचर।(3/19)
भावार्थ- इसलिए तू निरन्तर आसक्ति से रहित होकर सदा कर्तव्य कर्म को भलीभाँति करता रह।
33. यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।।(3/21)
भावार्थ- श्रेष्ठ पुरुष जो-जो आचरण करता है, अन्य पुरुष भी वैसा-वैसा ही आचरण करते हैं, वह जो कुछ प्रमाणित कर देता है समस्त मनुष्य समुदाय उसी के अनुसार बरतने लग जाता है।
34.अहङ्कारविमूढात्मा कर्ताहमिति मन्यते।(3/27)
भावार्थ- जिसका अन्तः करण अहंकार से मोहित हो रहा है ऐसा अज्ञानी मैं कर्ता हूँ ऐसा मानता है।
35. तत्त्ववित्तु महाबाहो गुणकर्मविभागयोः।
गुणा गुणेषु वर्तन्त इति मत्वा न सज्जते।।(3/28)
भावार्थ- परन्तु हे महाबाहो! गुणविभाग और कर्मविभाग के तत्त्व को जानने वाला ज्ञानयोगी सम्पूर्ण गुण ही गुणों में बरत रहे है। ऐसा समझकर (उनमें) आसक्त नहीं होता।
36. स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः॥ (3/35)
भावार्थ- अपने धर्म में मरना भी कल्याणकारक है और दूसरे का धर्म भय को देने वाला है।
37. जहि शत्रुं महाबाहो कामरूपं दुरासदम्।(3/43)
भावार्थ- हे महाबाहो! (अर्जुन) तू इस कामरूप दुर्जय शत्रु को मार डाल।
38. यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।। (4/7)
भावार्थ- हे भारत! जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब ही मैं अपने रूप को रचता हूँ अर्थात् साकाररूप से लोगों के सम्मुख प्रकट होता हूँ।
39. परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे।। (4/8)
भावार्थ- साधु पुरुषों का उद्धार करने के लिए पापकर्म करने वालों का विनाश करने के लिए और धर्म की अच्छी तरह से स्थापना करने के लिए मैं युग-युग में प्रकट हुआ करता हूँ।
40. जन्म कर्म च मे दिव्यम् (4/9)
भावार्थ- (हे अर्जुन) मेरे जन्म और कर्म दिव्य अर्थात् निर्मल और अलौकिक हैं।
41. ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।(4/11)

भावार्थ- जो भक्त मुझे जिस प्रकार भजते हैं, मैं भी उनको उसी प्रकार भजता हूँ।

42. चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।(4/13)

भावार्थ- ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इन चार वर्णों का समूह, गुण और कर्मों के विभागपूर्वक मेरे द्वारा रचा गया है।

43. गहना कर्मणो गतिः (4/17)

भावार्थ- क्योंकि कर्म की गति गहन है।

44. यज्ञायाचरतः कर्म समग्रं प्रविलीयते। (4/23)

भावार्थ- यज्ञ सम्पादन के लिए कर्म करने वाले मनुष्य के सम्पूर्ण कर्म भलीभाँति विलीन हो जाते हैं।

45. ब्रह्मार्पणं ब्रह्म हविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।
ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना।। (4/24)

भावार्थ- जिस यज्ञ में अर्पण अर्थात् स्रुवा आदि भी ब्रह्म है और हवन किये जाने योग्य द्रव्य भी ब्रह्म है तथा ब्रह्मरूप कर्त्ता के द्वारा ब्रह्मरूप अग्नि में आहुति देना रूप क्रिया भी ब्रह्म है - उस ब्रह्मकर्म में स्थित रहने वाले योगी द्वारा प्राप्त किये जाने योग्य फल भी ब्रह्म ही है।

46. यज्ञशिष्टामृतभुजो यान्ति ब्रह्म सनातनम्।(4/31)

भावार्थ- यज्ञ से बचे हुए अमृत का अनुभव करने वाले योगीजन सनातन परब्रह्म परमात्मा को प्राप्त होते हैं।

47. सर्वं कर्माखिलं पार्थ ज्ञाने परिसमाप्यते।(4/33)

भावार्थ- हे अर्जुन! यावन्मात्र सम्पूर्ण कर्म ज्ञान में समाप्त हो जाते हैं।

48. तद्विद्धि प्राणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया ।
उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः।। (4/34)

भावार्थ- उस ज्ञान को तू तत्त्वदर्शी ज्ञानियों के पास जाकर समझ, उनको भली-भाँति दण्डवत् प्रणाम करने से, उनकी सेवा करने से और कपट छोड़कर सरलतापूर्वक प्रश्न करने से वे परमात्मतत्त्व को भली-भाँति जानने वाले ज्ञानी महात्मा तुझे उस तत्त्वज्ञान का उपदेश करेंगे।

49. यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहम्। (4/35)

भावार्थ- जिसको जानकर फिर मोह नहीं होगा।

50. श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं।(4/39)

भावार्थ- श्रद्धावान् मनुष्य ज्ञान को प्राप्त होता है।

51. संशयात्मा विनश्यति।(4/40)

भावार्थ- संशययुक्त मनुष्य परमार्थ से अवश्य भ्रष्ट हो जाता है।

52. कर्मयोगो विशिष्यते।(5/2)

भावार्थ- कर्मयोग (साधन में सुगम होने से) श्रेष्ठ है।

53. निर्द्वन्द्वो हि महाबाहो सुखं बन्धात्प्रभच्यते। (5/3)

भावार्थ- क्यों कि राग द्वेषादि द्वन्द्वों से रहित (पुरुष) सुखपूर्वक संसारबन्धन से मुक्त हो जाता है।

54. फले सक्तो निबध्यते।(5/12)

भावार्थ- फल में आसक्त होकर बँधता है।

55. इहैव तैर्जितः सर्गो येषां साम्ये स्थितं मनः।(5/19)

भावार्थ- जिनका मन समभाव में स्थित है, उनके द्वारा इस जीवित अवस्था में ही सम्पूर्ण संसार जीत लिया गया है।

56. ब्रह्मविद्ब्रह्मणि स्थितः। (5/20)

भावार्थ- ब्रह्मवेत्ता पुरुष सच्चिदानन्दघन परब्रह्म परमात्मा में स्थित है।

59. ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते।
आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः।(5/22)

भावार्थ- जो ये इन्द्रिय तथा विषयों के संयोग से उत्पन्न होने वाले सब भोग हैं, वे यद्यपि विषयी पुरुषों को सुखरूप भासते हैं तो भी निःसन्देह दुःख के ही हेतु हैं और आदि अन्त वाले अर्थात् अनित्य हैं। इसलिए हे अर्जुन बुद्धिमान् विवेकी पुरुष उनमें नहीं रमता।

58. भोक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम्।
सुह्रदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति।। (5/29)

भावार्थ- मुझको सब यज्ञ और तपों का भोगने वाला, सम्पूर्ण लोकों के ईश्वरों का भी ईश्वर तथा सम्पूर्ण भूतप्राणियों का सुहृद् अर्थात् स्वार्थरहित दयालु और प्रेमी, ऐसा तत्त्व से जानकर शान्ति को प्राप्त होता है।

59. न ह्यसन्न्यस्तसङ्कल्पो योगी भवति कश्चन (6/2)

भावार्थ- क्योंकि संकल्पों का त्याग न करने वाला कोई भी पुरुष योगी नहीं होता।

60. आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म कारणमुच्यते।(6/3)

भावार्थ- योग में आरूढ़ होने की इच्छा वाले मननशील पुरुष के लिए निष्काम भाव से कर्म करना ही हेतु कहा जाता है।

61. आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः। (6/5)

आप ही तो अपना मित्र हैं और आप ही अपना शत्रु हैं।

62. समबुद्धिर्विशिष्यते।(6/9)

भावार्थ- समान भाव रखने वाला अत्यन्त श्रेष्ठ है।

63. युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा।। (6/17)

भावार्थ- दुःखों का नाश करने वाला योग यथा योग्य आहार विहार करने वाले का, कर्मों में यथा योग्य चेष्टा करने वाले का और यथायोग्य तथा सोने जगने वाले का ही सिद्ध होता है।

64. तं विद्याद्दुःखसंयोगवियोगं योगसञ्ज्ञितम्।(6/23)

भावार्थ- दुःखरूप संसार के संयोग से रहित है (तथा) जिसका नाम योग है उसको जानना चाहिए।

65. यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति॥ (6/30)
भावार्थ- जो पुरुष सम्पूर्ण भूतों में सब के आत्मरूप मुझ वासुदेव को ही व्यापक देखता है और सम्पूर्ण भूतों को मुझ वासुदेव के अन्तर्गत देखता है उसके लिए मैं अदृश्य नहीं होता और वह मेरे लिए अदृश्य नहीं होता।

66. अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।(6/35)
भावार्थ- परन्तु हे कुन्तीपुत्र अर्जुन! (यह मन) अभ्यास और वैराग्य से वश में होता है।

67. न हि कल्याणकृत्कश्चिद्दुर्गतिं तात गच्छति। (6/40)
भावार्थ- हे प्यारे! आत्मोद्धार के लिए अर्थात् भगवत्प्राप्ति के लिए कर्म करने वाला कोई भी मनुष्य दुर्गति को प्राप्त नहीं होता।

68. मत्तः परतरं नान्यत्किञ्चिदस्ति।(7/7)
भावार्थ- मुझसे भिन्न दूसरा कोई भी परम (कारण) नहीं है।

69. मामेव ये प्रपद्यन्ते मायायेतां तरन्ति ते। (7/14)
भावार्थ- जो पुरुष मुझको ही निरन्तर भजते हैं वे इस माया का उल्लंघन कर जाते हैं अर्थात् संसार से तर जाते हैं।

70. वासुदेवः सर्वम्। (7/19)
भावार्थ- सब कुछ वासुदेव ही है।

71. मद्भक्ता यान्ति मामपि। (7/23)
भावार्थ- मेरे भक्त (चाहे जैसे ही भजें, अन्त मे वे) मुझको ही प्राप्त होते हैं।

72. मामनुस्मर युध्य च। (8/7)
भावार्थ- मेरा स्मरण कर और युद्ध भी कर।

73. दुःखालयमशाश्वतम्।(8/15)
भावार्थ- दुःखों के घर (एवं) क्षणभंगुर

74. मामुपेत्य तु कौन्तेय पुनर्जन्म न विद्यते। (8/16)
भावार्थ- हे कुन्ती पुत्र! मुझको प्राप्त होकर पुनर्जन्म नहीं होता।

75. भूतग्रामः स एवायं भूत्वा प्रलीयते। (8/19)
भावार्थ- वही यह भूत समुदाय उत्पन्न हो होकर लीन होता है।

76. यं प्राप्य न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम। (8/21)
भावार्थ- जिस सनातन अव्यक्त भाव को प्राप्त होकर मनुष्य वापस नहीं आते, वह मेरा परम धाम है।

77. क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति।(9/21)
भावार्थ- पुण्य क्षीण होने पर मृत्युलोक को प्राप्त होते हैं।

78. गतागतं कामकामा लभन्ते।(9/21)
भावार्थ- भोगों की कामना वाले पुरुष बार-बार आवागमन को प्राप्त होते हैं अर्थात् पुण्य के प्रभाव से स्वर्ग में जाते हैं और पुण्य क्षीण होने पर मृत्युलोक में आते हैं।

79. योगक्षेमं वहाम्यहम्।(9/22)
भावार्थ- योगक्षेम मैं स्वयं प्राप्त कर देता हूँ।

80. पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति।
तदहं भक्त्युपहृतमश्नामि प्रयतात्मनः॥ (9/26)
भावार्थ- जो मेरे लिए प्रेम से पत्र, पुष्प, फल, जल आदि अर्पण करता है, उस शुद्ध बुद्धि निष्काम प्रेमी भक्त का प्रेमपूर्वक अर्पण किया हुआ वह (पत्र-पुष्पादि) मैं खाता हूँ।

81. यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत्।
यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम्॥ (9/27)
भावार्थ- हे अर्जुन! तू जो कर्म करता है, जो खाता है, जो हवन करता है, जो दान दान देता है, जो तप करता है, वह सब मुझे अर्पण कर ।

82. कौन्तेय प्रति जानीहि न मे भक्तः प्रणश्यति।(9/31)
भावार्थ- हे अर्जुन! तू निश्चयपूर्वक सत्य जान कि मेरा भक्त नष्ट नहीं होता।

83. अनित्यमसुखं लोकमिमं प्राप्य भजस्व माम्। (9/33)
भावार्थ- क्षणभंगुर और सुखरहित इस मनुष्य शरीर को प्राप्त होकर निरन्तर मेरा ही भजन कर।

84. मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु। (9/34)
भावार्थ- मुझमें मन वाला हो, मेरा भक्त बन, मेरा पूजन करने वाला हो, मुझको प्रणाम कर।

85. यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि।(10/25)
भावार्थ- सब प्रकार के यज्ञों में (मैं) जप यज्ञ हूँ।

86. अध्यात्मविद्या विद्यानाम्।(10/32)
भावार्थ- विद्याओं में अध्यात्मविद्या अर्थात् ब्रह्मविद्या हूँ।

87. निमित्तमात्रं भव सव्यसाचिन्।(11/33)
भावार्थ- हे सव्यसाचिन! तू तो केवल निमित्तमात्र बन जा।

88. न त्वत्समोऽस्त्यभ्यधिकः कुतोऽन्यो। (11/43)
भावार्थ- आपके समान भी दूसरा कोई नहीं है, फिर अधिक तो कैसे हो सकता है?

89. ते प्राप्नुवन्ति मामेव सर्वभूतहिते रताः। (12/4)
भावार्थ- वे सम्पूर्ण भूतों के हित में रत और सबमें समान भाव वाले योगी मुझको ही प्राप्त होते हैं।

90. त्यागाच्छान्तिरनन्तरम्। (12/12)
भावार्थ- त्याग से तत्काल ही परम शान्ति होती है।

91. जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखदोषानुदर्शनम्।(13/8)
भावार्थ- जन्म, मृत्यु, जरा और रोग आदि में दुःख और दोषों का बार-बार विचार करना।

92. ज्योतिषामपि तज्ज्योतिः।(13/17)
भावार्थ- वह परब्रह्म ज्योतियों का भी ज्योति है।

93. पुरुषः प्रकृतिस्थो हि भुङ्क्ते प्रकृतिजान्गुणान्।(13/21)
भावार्थ- प्रकृति में स्थित ही पुरुष प्रकृति से उत्पन्न त्रिगुणात्मक पदार्थों को भोगता है।
94. देहेऽस्मिन्पुरुषः परः। (13/22)
भावार्थ- इस देह में स्थित यह आत्मा वास्तव में परमात्मा ही है।
95. न हिनस्त्यात्मानात्मानं ततो याति परां गतिम्।(13/28)
भावार्थ- क्योंकि जो अपने द्वारा अपने को नष्ट नहीं करता इससे वह परम गति को प्राप्त होता है।
96. शरीरस्थोऽपि कौन्तेय न करोति न लिप्यते।(13/31)
भावार्थ- हे अर्जुन! शरीर में स्थित होने पर भी न कुछ करता है और न लिप्त ही होता है।
97. ऊर्ध्वं गच्छन्ति सत्वस्था मध्ये तिष्ठन्ति राजसाः।
जघन्यगुणवृत्तिस्था अधो गच्छन्ति तामसाः॥ (14/18)
भावार्थ- सत्त्वगुण में स्थित पुरुष स्वर्गादि उच्च लोकों को जाते हैं, राजस पुरुष मध्य में अर्थात् मनुष्यलोक में रहते हैं और तमोगुण के कार्यरूप निद्रा, प्रमाद और आलस्य में स्थित तामस पुरुष अधोगति को अर्थात् कीट, पशु आदि नीच योनियों को तथा नरकों को प्राप्त होते हैं।
98. उर्ध्वमूलमधः शाखामश्वत्थं प्राहुरव्ययम्।(15/1)
भावार्थ- आदि पुरुष परमेश्वर रूप मूलवाले और ब्रह्मारूप मुख्य शाखा वाले संसाररूप पीपल के वृक्ष को अविनाशी कहते हैं।
99. न तद्भासयते सूर्यो न शशाङ्को न पावकः।
यद्गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम।।(15/6)
भावार्थ- जिस परमपद को प्राप्त होकर मनुष्य लौटकर संसार में नहीं आते, उस (स्वयं प्रकाश परम पद को) न सूर्य प्रकाशित कर सकता है न चन्द्रमा और न अग्नि, वही मेरा परम धाम है।
100. ममैवांशो जीवलोके। (15/7)
भावार्थ- इस देह में (जीवात्मा) मेरा ही अंश है।
101. विमूढा नानुपश्यन्ति पश्यन्ति ज्ञानचक्षुषः। (15/10)
भावार्थ- अज्ञानी जन नहीं जानते, (केवल) ज्ञानरूप नेत्रों वाले तत्त्व से जानते हैं।
102. सर्वस्य चाहं हृदि सन्निविष्टः। (15/15)
भावार्थ- मैं ही सब प्राणियों के हृदय में अन्तर्यामी रूप से स्थित हूँ।
103. दैवी सम्पद्विमोक्षाय निबन्धायासुरी मता। (16/5)
भावार्थ- दैवी सम्पदा मुक्ति के लिए और आसुरी सम्पदा बाँधने के लिए मानी गयी है।
104. कामोपभोगपरमा एतावदिति निश्चिताः। (16/11)
भावार्थ- विषय भोगों के भोगने में तत्पर रहने वाले 'इतना ही सुख' है इस प्रकार मानने वाले होते हैं।
105. तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ। (16/24)
भावार्थ- इससे तेरे लिए कर्तव्य और अकर्तव्य की व्यवस्था में शास्त्र ही प्रमाण है।
106. श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः। (17/3)
भावार्थ-यह पुरुष श्रद्धामय है, इसलिए जो पुरुष जैसी श्रद्धावाला है, वह स्वयं भी वही है।
107. यस्तु कर्मफलत्यागी स त्यागीत्यभिधीयते। (18/11)
भावार्थ- जो कर्मफल का त्यागी है वही त्यागी है, यह कहा जाता है।
108. यत्तदग्रे विषमिव परिणामेऽमृतोपमम्। (18/37)
भावार्थ- जो आरम्भ काल में विष के तुल्य प्रतीत होता है, परन्तु परिणाम में अमृत के तुल्य है।
109. स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नरः। (18/45)
भावार्थ- अपने-अपने स्वभाविक कर्मो में तत्परता से लगा हुआ मनुष्य भगवत्प्राप्ति रूप परम सिद्धि को प्राप्त हो जाता है।
110. स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः। (18/46)
भावार्थ- अपने स्वभाविक कर्मों द्वारा उस परमेश्वर की पूजा करके मनुष्य परम सिद्धि को प्राप्त हो जाता है।
111. सर्वारम्भा हि दोषेण धूमेनाग्निरिवावृताः। (18/48)
भावार्थ- सभी कर्म धूएँ से अग्नि की भाँति दोष से युक्त हैं।
112. मच्चितः सर्वदुर्गाणि मत्प्रसादात्तरिष्यसि। (18/58)
भावार्थ- मुझमें चित्त वाला होकर तू मेरी कृपा से समस्त संकटों को पार कर जायेगा।
113. प्रकृतिस्त्वां नियोक्ष्यति।(18/59)
भावार्थ- स्वभाव तुझे जबरदस्ती युद्ध में लगा देगा।
114. ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशोऽर्जुन तिष्ठति।
भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया।। (15/61)
भावार्थ- हे अर्जुन! शरीररूप यन्त्र में आरूढ़ हुए सम्पूर्ण प्राणियों को अन्तर्यामी परमेश्वर अपनी माया से भ्रमण कराता हुआ सब प्राणियों के हृदय में स्थित है।
115. तमेव शरणं गच्छ सर्वभावेन भारत।(18/62)
भावार्थ- हे भारत! सब प्रकार से उस परमेश्वर की ही शरण में जा।
116. सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥ (18/66)
भावार्थ- सम्पूर्ण धर्मो को अर्थात् सम्पर्ण कर्तव्य कर्मों को त्यागकर एक मुझ सर्वशक्तिमान् सर्वाधार परमेश्वर की ही शरण में आ जा मैं तुझे सम्पूर्ण पापों से मुक्त कर दूँगा, शोक मत कर।

117. नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा। (18/73)

भावार्थ- (मेरा) मोह नष्ट हो गया (और) मैंने स्मृति प्राप्त कर ली है।

118. करिष्ये वचनं तव। (18/73)

आपकी आज्ञा का पालन करूँगा।

119. यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः।
तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम॥ (18/78)

जहाँ योगेश्वर भगवान् श्रीकृष्ण हैं, जहाँ गाण्डीव-धनुषधारी अर्जुन हैं, वहीं पर श्री, विजय, विभूति और अचल नीति है, ऐसा मेरा मत है।

गीता बिन्दुवार अध्ययन

- ''भगवद्गीता'' किस ग्रन्थ का भाग है? - **महाभारतस्य**
- श्रीमद्भगवद्गीता में कितने अध्याय हैं– **अष्टादश**
- गीता महाभारत के किस पर्व में वर्णित है?- **भीष्मपर्व में**
- श्रीमद्भागवतस्य पदरत्नावलीटीका केन प्रणीता?- **विजयध्वजेन**
- श्रीमद्भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय का नाम है- **सांख्ययोग**
- आत्मनः स्वरूपं भगवद्गीतायाः कस्मिन् अध्याये वर्णितम्?- **द्वितीयाध्याये**
- 'सांख्ययोग' इति कस्याध्यायस्य नाम-**द्वितीयस्य**
- 'भगवद्गीतायाः' तृतीयाध्यायस्य नाम किम्- **कर्मयोग**
- श्रीमद्भगवद्गीता के एकादश अध्याय का नाम है– **विश्वदर्शनयोग**
- गीता के अनुसार 'कर्मयोगी' को कर्म क्यों करना चाहिए- **लोकसंग्रह के लिए**
- गीतानुसारेण ''स्थितधीः.....उच्यते'' इत्यत्र रिक्तस्थानं पूरयतु - **मुनिः**
- ''नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः'' पंक्तिरियं कमुद्दिश्य उदीरितः - **आत्मानम्**
- 'प्रस्थानत्रयी' में किसकी गणना होती है? - **गीता की**
- 'श्रीमद्भगवद्गीता' में अर्जुन को कौन उपदेश देता है?- **कृष्ण**
- 'स्थितप्रज्ञस्य का भाषा' इति कः कम् अपृच्छत्- **अर्जुनः कृष्णम् अपृच्छत्**
- क्रोधाद् भवति - **सम्मोहः**
- 'योगः कर्मसु कौशलम्' यह वाक्य है- **भगवद्गीता में**
- 'कर्मफलभोक्ता' कः - **जीवः**
- 'भगवद्गीतायां' कः शिष्यः वर्तते-- **अर्जुनः**
- श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार निष्कामकर्म का अर्थ है- **अनासक्त होकर कर्म करना**
- गीता का स्वधर्म सिद्धान्त है - **कर्मसिद्धान्त**
- श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार मनुष्य का अधिकार है- **कर्म करने पर**
- ''नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः'' गीता का यह सिद्धान्त किस दर्शन से सम्बन्ध रखता है? -**सांख्यदर्शन से**
- श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार आत्मा किससे श्रेष्ठ है? **बुद्धि से**
- ''भक्ति से भगवान् की आराधना ही परम धर्म है'' यह वाक्य सम्बन्धित है - **गीतातात्पर्ये**
- 'भगवद्गीता' के द्वितीय अध्याय में योग का लक्षण है- - **कार्य में कुशलता**
- ज्ञान और कर्म से युक्त है - **गीता**
- 'कर्मण्येवाधिकारस्ते' श्लोकांश का आशय है- **तुम्हारा अधिकार (केवल) कर्म करने में ही है।**
- ''योगः कर्मसु कौशलम्'' अस्य श्लोकांशस्य प्रवक्ता-**श्रीकृष्णः**
- ''कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन''–इति केनोक्तम् **श्रीकृष्णः**
- ''स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते'' स्थितप्रज्ञः कः- **य आत्मन्येवात्मना तुष्टः**
- भगवद्गीतानुसारेण स्थितप्रज्ञः कः उच्यते? - **निष्कामकर्मयोगी**
- एतान्न हन्तुमिच्छामि घ्नतोऽपि ......। पूरयत - **मधूसूदन**
- कः पौण्ड्रं दध्मौ महाशंखम्– **वृकोदरः**
- 'कुतस्त्वा कश्मलमिदं विषमे समुपस्थितं' इति वचनं कस्य? **कृष्णस्य**
- व्यवसायात्मिका बुद्धिः कुत्र न विधीयते - **समाधौ**
- दूरेण ह्यवरं कर्म-कस्मात्– **बुद्धियोगात्**
- कृष्णेन वर्णितः ऊर्ध्वमूलत्वादिलक्षणःअश्वत्थो वृक्षः केन शस्त्रेण छेदनीयो भवन्ति?- **वैराग्यरूपेण**
- ''अन्तवन्त इमे देहाः'' का तात्पर्य है कि - **ये शरीर नाशवान् है।**
- 'श्रीमद्भगवद्गीता' में माया का कौन-सा गुण नहीं है? **असती**
- गीता में मूल प्रकृति के प्रकार हैं- **आठ**
- श्रीमद्भगवद्गीता में भीम के शंख का नाम है - **पौण्ड्र**
- ''तुम्हारा अधिकार कर्म पर है, फल की प्राप्ति पर नहीं'' यह निम्न में से किस ग्रन्थ में कहा गया है?- **गीता में**
- गुडाकेश कौन कहा जाता है? - **अर्जुनः**
- ''योगस्थः कुरु कर्माणि'' श्लोकांशे वर्णितम्- **अनासक्ततया कर्म**
- सम्मोहस्य कारणं किम्? - **क्रोधः**

- भगवद्गीतायां भक्तियोगः - **द्वादशः**
- 'समत्वं योग उच्यते' किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है?-**श्रीमद्भगवद्गीतायाः**
- श्रीमद्भगवद्गीतायाः 'विश्वरूपदर्शनयोगः' अस्ति– **एकादशेऽध्याये**
- श्रीमद्भगवद्गीतायाम् अर्जुनं प्रति .. उपदेशः वर्तते- **श्रीकृष्णस्य**
- ''नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
  न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।''
  प्रस्तुत श्लोक किस ग्रन्थ से लिया गया है? - **श्रीमद्भगवद्गीता**
- ''मा कर्मफलहेतुर्भूः'' उक्ति है - **भगवद्गीता**
- 'सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज' - **भगवद्गीतायाः**
- 'कर्मण्येवाधिकारस्ते' यह उक्ति किस ग्रन्थ की है- **गीता की**
- 'ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुते तथा' इति कुत्र उक्तम्? - **गीतायाम्**
- ''यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः'' श्लोकांश श्रीमद्भगवद्गीता के किस अध्याय से सम्बद्ध है - **अष्टादश**
- ''स्वधर्मे निधनं श्रेयः'' इत्युक्तिः कतमेऽध्याये वर्तते? - **तृतीये**
- ''सर्वधर्मान् परित्यज्य'' यह कहाँ की उक्ति है?- **गीता की**
- ''मामेकं शरणं व्रज'' सूक्ति है - **गीता की**
- ''योगक्षेमं वहाम्यहम्'' पंक्तिः वर्तते- **श्रीमद्भगवद्गीतायाम्**
- ''योगक्षेमं वहाम्यहम्'' इति वाक्यं कस्मिन् अध्याये वर्तते?**नवमे**
- ''न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते'' कस्मिन् अध्याये वर्तते?**चतुर्थे**
- ''नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः'' पंक्ति ली गई है - **श्रीमद्भगवद्गीता से**
- ''वेदानां सामवेदोऽस्मि''-इस श्लोक वाला ग्रन्थ है -**गीता में**
- 'जातस्य हि ध्रुवो मृत्युः' इति सूक्तिः अस्ति - **श्रीमद्भगवद्गीतायाः**
- ''सांख्ययोगौ पृथग्बालाः प्रवदन्ति न पण्डिताः'' इत्युक्तिः वर्तते - **श्रीमद्भगवद्गीतायाम्**
- 'बुद्धिनाशात्प्रणश्यति' किस ग्रन्थ का सन्दर्भ है– **गीता**
- 'श्रीमद्भगवद्गीता' इति ग्रन्थस्य उपरि कस्य टीका (व्याख्या) नास्ति– - **जवाहरलाल नेहरू**
- 'स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः' यह वचन किस ग्रन्थ का है– - **गीता**
- भगवद्गीता को अध्यायों के अन्त मे किस शास्त्र के नाम से जाना जाता है। - **योगशास्त्र**
- स्थितप्रज्ञस्य लक्षणं गीतायाः कस्मिन्नध्याये कृतमस्ति-**द्वितीये**
- भागवतटीकायाः टीका अतीव प्रसिद्धाऽस्ति - **श्रीधरीटीका**
- नलोपाख्यानं महाभारतस्य कस्मिन् पर्वणि वर्तते- **अरण्यपर्वणि**
- राजधर्मानुशासनं महाभारते कस्मिन् पर्वणि अस्ति- **शान्तिपर्वणि**
- श्रीमद्भगवद्गीतानुसारेण अव्यवसायिनां बुद्धयः कीदृश्यः भवन्ति- **बहुशाखाः अनन्ताश्च**

4.3 बुद्धचरितम्

महाकवि अश्वघोष का परिचय

- **नाम-** अश्वघोष
- **उपाधि-** आचार्य, भदन्त, महावादी, महावक्ता, महाकवि।
- **माता का नाम-** सुवर्णाक्षी।
- **जन्मस्थान-** साकेत (अयोध्या) उत्तर-प्रदेश।
- **समय-** प्रथम शताब्दी ईसवी
- **गुरु-** पुण्ययश।
- कहीं-कहीं पर 'पार्श्व' को इनका गुरु माना जाता है।
- **जाति-** ब्राह्मण।
- **धर्मावलम्बी-** बौद्ध (पूर्व में शैव)
- **दीक्षा-** हीनयान सम्प्रदाय में
- **आश्रयदाता-** सम्राट् कनिष्क
- कनिष्क, अश्वघोष के शिष्य भी थे।
- **जीवनकाल-** अस्सी (८०) वर्ष।
- अश्वघोष, कश्मीर में सम्पन्न 'चतुर्थ बौद्ध संगीति' के उपाध्यक्ष थे।
- **प्रिय छन्द-** अनुष्टुप्, उपजाति।
- **रीति-** वैदर्भी
- **रचनाएँ-** चार कृतियाँ ही प्रामाणिक हैं-

1. **बुद्धचरित-** (महाकाव्य,28सर्ग,संस्कृत में अधूरा ही प्राप्त)
2. **सौन्दरनन्द-** (महाकाव्य,18सर्ग,पूर्णतः संस्कृत में उपलब्ध)
3. **शारिपुत्रप्रकरण-** (रूपक,9अङ्क,अंशतः प्राप्त)
4. **राष्ट्रपालनाटक-** (गेय नाटक, चीनी भाषा में)

- **निवास स्थान-** पुरुषपुर (पेशावर)
- **प्रिय अलङ्कार-** उपमा

बुद्धचरितम् का परिचय

- **लेखक-** अश्वघोष
- **काव्यविधा-** महाकाव्य
- **विभाजन-** 28 सर्गों में
- **उपजीव्य-** ललितविस्तर/लङ्कावतारसूत्र नामक बौद्धग्रन्थ
- **श्लोक संख्या-** 2137
- **नोट-** यह श्लोक संख्या, बुद्धचरितम् के अनुवादक पं० रामचन्द्रदास शास्त्री जी द्वारा लिखित टीका से दिया गया है। कहीं-कहीं पर 2148 श्लोक भी मिलता है।

सर्ग	श्लोक संख्या	सर्ग का नाम
प्रथम	89	भगवत्प्रसूति
द्वितीय	56	अन्तःपुर विहार
तृतीय	65	संवेगोत्पत्ति
चतुर्थ	103	स्त्री-निवारण
पञ्चम	87	अभिनिष्क्रमण
षष्ठ	68	छन्दक निवर्तन
सप्तम	58	तपोवन प्रवेश
अष्टम	87	अन्तःपुर विलाप
नवम	82	कुमार अन्वेषण
दशम	41	बिम्बसार का आगमन
एकादश	73	कामनिन्दा
द्वादश	120	अराड-दर्शन
त्रयोदश	73	मारविजय
चतुर्दश	112	बुद्धत्व प्राप्ति
पञ्चदश	67	बुद्ध का काशी गमन
षोडश	95	शिष्यों को दीक्षादान
सप्तदश	43	शिष्यों की प्रव्रज्या
अष्टादश	85	अनाथपिण्डों की दीक्षा
एकोनविंशति	49	पितापुत्र समागम
विंशति	66	जेतवन स्वीकृति
एकविंशति	71	प्रव्रज्या स्रोत
द्वाविंशति	55	आम्रपाली के उपवन में
त्रयोविंशति	75	आयुनिर्णय
चतुर्विंशति	64	लिच्छवियों पर अनुकम्पा
पञ्चविंशति	81	निर्वाण मार्ग में
षड्विंशति	110	महापरिनिर्वाण
सप्तविंशति	84	निर्वाण प्रशंसा
अष्टाविंशति	78	धातु विभाजन
	कुल श्लोक-	**2137**

- **रीति-** वैदर्भी
- **गुण-** प्रसाद एवं माधुर्य।
- **छन्द-** उपजाति, अनुष्टुप्, इन्द्रवज्रा, वंशस्थ, शिखरिणी आदि।
- **अलङ्कार-** उपमा के साथ-साथ अनुप्रास, यमक, रूपक, उत्प्रेक्षा, अर्थान्तरन्यास, वक्रोक्ति तथा एकावली।
- **मुख्य/प्रधान/अङ्गी रस-** शान्तरस
- **गौण/अङ्गरस-** वात्सल्य, करुण, अद्भुत।
- **नायक-** भगवान् बुद्ध/गौतम (सिद्धार्थ)
- बुद्धचरित का संस्कृत अंश केवल 14वें सर्ग तक ही प्राप्त होता है।

- **बुद्धचरित का मङ्गलाचरण**

इक्ष्वाकुवंशार्णवसम्प्रभूतः
प्रेमाकरश्चन्द्र इव प्रजानाम्।
शाक्येषु साकल्यगुणाधिवासः
शुद्धोदनाख्यो नृपतिर्बभूव॥ 1/1

अनुवाद- इक्ष्वाकु वंश रूपी सागर में उत्पन्न, प्रजाजनों के लिए चन्द्रमा के समान, प्रेम की राशिभूत, सम्पूर्ण गुणों के निवासस्थान शुद्धोदन नामक राजा शाक्यवंश में हुए।

विशेष- जम्बूद्वीप के समस्त राजकुलों में शाक्यवंश ही दोषरहित है। अतः **वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण** है।

- इन्द्रवज्रा छन्द रूपक अलङ्कार
- **बुद्धचरितम् के कथानक का सारांश**

प्रथम सर्ग

- इक्ष्वाकु वंश में शाक्याधिपति **शुद्धोदन** नामक राजा हुए और उनकी पत्नी का नाम **माया** था।
- एक दिन रानी को स्वप्न में **सफेद हाथी** दिखाई देता है तथा रानी के गर्भिणी होने की सूचना मिलती है।
- लुम्बिनी नामक वन में एक विलक्षण बालक का जन्म होता है, पृथ्वी काँप उठती है, आकाश से कमलों की वर्षा होती है।
- ब्राह्मणों द्वारा राजा से बताया जाता है कि यह बालक कुलदीपक एवं शुभ का सूचक है।
- महर्षि असित ने राजा के पास आकर कुमार को देखा तथा राजा को भविष्य बताकर वायुमार्ग में विलीन हो गये।
- राजा शुद्धोदन ने पुत्रजन्म से प्रसन्न होकर एक लाख गायों का दान किया।
- राजा के दान से मानों कपिलवस्तु नगर, कुबेर का नगर बन गया।

द्वितीय सर्ग

- जितेन्द्रिय पुत्र के जन्म से राजा शुद्धोदन धन-धान्य, हाथी, घोड़ों से वृद्धि को प्राप्त हुए।
- इसी कारण बालक का नाम 'सर्वार्थसिद्ध' रखा गया।
- हर्षातिरेक के कारण रानी माया का स्वर्गवास हो गया।
- उचित समय पर बालक का उपनयनसंस्कार तथा विद्याध्ययन कराकर 'यशोधरा' से विवाह कराया गया।
- तत्पश्चात् 'यशोधरा' ने 'राहुल' नाम के पुत्र को जन्म दिया।

तृतीय सर्ग

- राजा शुद्धोदन ने सभी भोगादि की व्यवस्था राजमहल में

कराकर कुमार के बाहर जाने पर रोक लगा दिया।

- कुमार ने बाह्योद्यान की सुन्दरता देखने की इच्छा व्यक्त की, राजा के विशेष व्यवस्था से मार्ग पर निकलते समय अनेक सुन्दरियों ने अटारियों और गवाक्षों से कुमार के दर्शन किये।
- मार्ग में कुमार को एक रोगी, वृद्ध तथा शव का दर्शन होता है, तब वे महल को लौटना चाहते हैं, लेकिन सारथी उन्हें अत्यन्त रमणीय 'पद्मषण्ड' नामक वन में ले जाता है।

चतुर्थ सर्ग

- उद्यान में अनेक सुन्दरियाँ कुमार को घेर कर बैठ जाती हैं, तब 'उदायी' नामक शास्त्रज्ञ, नारी के रूप-सौन्दर्य एवं काम-कला का वर्णन करता है।
- कुमार के प्रभावित न होने पर 'उदायी' कुमार को स्त्री-सेवन के लिए उचित सलाह देता है और ऋषियों द्वारा सेवित काम का पौराणिक वृत्तान्त सुनाता है।
- कुमार गम्भीर स्वर में उदायी की बातों का सतर्क खण्डन करते हैं और अपने मन को सांसारिक दुःखों की निवृत्ति हेतु एकाग्र करते हैं।

पञ्चम सर्ग

- कुमार शान्ति पाने के लिए राजाज्ञा से मन्त्रिपुत्रों के साथ वन में जाते हैं।
- जुती हुई पृथ्वी तथा मृत कीड़ों को देखकर कुमार संसार की गति पर सम्यक् विचार करते हुए शोक में डूब जाते हैं।
- वन से आकर कुमार ने संन्यास धारण करने के लिए राजा से आज्ञा मांगी जिससे राजा अत्यन्त दुःखित होते हैं।
- राजा का सभी प्रयास असफल रहा, कुमार ने छन्दक नामक सेवक को जगाकर, कंथक घोड़े पर सवार होकर पिता, पुत्र, पत्नी तथा राजलक्ष्मी को छोड़कर रात्रि में ही नगर से निकल जाते हैं।
- नगर की ओर देखकर उन्होंने कहा -

'जननमरणयोरदृष्टपारो न पुरमहं कपिलाह्वयं प्रवेष्टा।'

षष्ठ सर्ग

- नगर से निकलकर, सूर्योदय होने पर कुमार भार्गव ऋषि के आश्रम पर उतरते हैं और छन्दक को घोड़ा लेकर वहीं से वापस जाने को कहते हैं।
- छन्दक, राजा एवं विमाता गौतमी तथा यशोधरा के भय से अकेले जाने को तैयार नहीं होता और कुमार को वापस ले जाने के लिए हाथ जोड़कर विनती करता है।
- कुमार उसे समझाकर, तलवार से अपने बाल और मुकुट काटकर फेंक देते हैं और कषाय वस्त्र धारण करके आश्रम में प्रवेश करते हैं।
- छन्दक रोता हुआ, दुःखी घोड़े के साथ नगर में वापस आ जाता है।

सप्तम सर्ग

- आश्रम में कुमार को 'तपस्या का प्रयोजन स्वर्गप्राप्ति' जानकर अंसतोष हुआ।
- संध्यावन्दन, हवन, भजन इत्यादि को छोड़कर वे मोक्षप्राप्ति के लिए आश्रम से निकल गये।
- रास्ते में किसी दिव्यरूप वाले ब्राह्मण ने उन्हें अराड ऋषि से सम्पर्क करने और लक्ष्य प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया।

अष्टम सर्ग

- कपिलवस्तु की स्त्रियाँ विलाप करती हैं और छन्दक को ही कोसती हैं।
- यशोधरा की उलाहना सुनकर छन्दक, कुमार से जुड़ी समस्त घटनाओं का वर्णन करता है।
- राजा के शोक को देखकर मन्त्री, असित ऋषि के वचन का स्मरण दिलाकर धैर्य धारण करवाता है।
- तत्पश्चात् मन्त्री, पुरोहित के साथ कुमार को खोजने जाता है।

नवम सर्ग

- कुमार को खोजते हुए मन्त्री और पुरोहित भार्गव आश्रम में पहुँचते हैं।
- वहाँ सूचना पाकर वे अराड ऋषि के आश्रम की ओर जाते हैं, मार्ग में तेजपुंज कुमार को देखकर वहीं बैठते हैं।
- मन्त्री, राजा की आज्ञा से कुमार को लौटने के लिए प्रेरित करता है, किन्तु कुमार अपनी प्रतिज्ञा पर दृढ़ रहते हैं।
- कुमार कहते हैं कि मैं अग्नि में प्रविष्ट हो जाऊँगा लेकिन वापस घर नहीं जाऊँगा।
- मन्त्री और पुरोहित निराश होकर वापस लौट आते हैं।

दशम सर्ग

- राजकुमार और बिम्बसार का मिलन होता है और बिम्बसार कुमार को भिक्षापात्र त्यागने तथा राज्यभोग करने का उपदेश देते हैं।
- गङ्गा पार करके वे मगधराज बिम्बसार से मिलने जाते हैं। राजा भी कुमार को भोग करने एवं त्रिवर्ग के लिए यत्न करने के लिए कहते हैं।
- कुमार, कैलाश पर्वत की भाँति अडिग रहे और मगधराज की बातों से विचलित नहीं हुए।

एकादश सर्ग

- बिम्बसार के भोग सम्बन्धी बातों का उत्तर देते हुए कुमार सांसारिक कामनाओं की निन्दा करते हैं।

- कुमार कहते हैं, प्राणी की भोग से कभी तृप्ति नहीं होती। नहुष और पुरूरवा आदि कभी तृप्त नहीं हुए।
- त्रिवर्ग नाशवान् है, सन्तुष्टिदायक नहीं।
- अन्ततः राजा बिम्बसार हाथ जोड़कर कुमार की अभीष्टसिद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं।

द्वादश सर्ग

- राजकुमार, अराड ऋषि के आश्रम में जाते हैं तथा अराड ऋषि उनका स्वागत करते हैं।
- कुमार के आग्रह पर ऋषि अपने दर्शन से अवगत कराते हैं, लेकिन कुमार को सन्तुष्टि नहीं मिलती।
- कुमार ने ऋषि का आश्रम छोड़कर, नैरञ्जना नदी के तट पर छः वर्षों तक तपस्या किया।
- वहीं पर कुमार को क्षीण देखकर नन्दबाला ने उनको पायस खिलाया तथा कुमार निश्चय के साथ अश्वत्थ वृक्ष के जड़ में पर्यङ्कासन बाँधकर बैठ गये।

त्रयोदश सर्ग

- कामदेव आदि कुमार की तपस्या में विघ्न डालते हैं, कुमार और कामदेव का युद्ध होता है जिसमें काम पराजित होता है।
- मार उनके तप में अनेक प्रकार की बाँधाओं को भेजा किन्तु कुमार अडिग रहे।
- मार भी पराजित होता है तथा पुष्पवर्षा होती है।

चतुर्दश सर्ग

- अनेक बाँधाओं से पार होकर, धैर्यपूर्वक, परमतत्त्व जानने की इच्छा से ध्याननिपुण कुमार को बुद्धत्व की प्राप्ति हुई।
- इस परम दिव्य ज्ञान को प्राप्त करके वे मुनि बुद्ध हो गये।
- अंत में देवता से अनेक भिक्षापात्र प्राप्त होते हैं।
- बुद्ध पाँच भिक्षुओं का स्मरण करते हैं और काशी के लिए प्रस्थान करते हैं।

नोट- अश्वघोष रचित संस्कृत बुद्धचरित यहीं तक प्राप्त होता है। सम्पूर्ण ग्रन्थ चीनी एवं तिब्बती भाषा में अनूदित है। जिसके आधार पर ई० एच० जानस्टन ने बुद्धचरित को अंग्रेजी अनुवाद में प्रकाशित कराया। जबलपुर के पं० रामचन्द्रदास ने इसी अंग्रेजी में अनूदित बुद्धचरित को संस्कृत में रूपान्तरित किया है। अतः महाकाव्य की पूर्णता एवं कथानक की अखण्डता के लिए शेष सर्गों का संक्षिप्त वर्णन करना आवश्यक है।

पञ्चदश सर्ग

- मार्ग में एक भिक्षु के आग्रह पर वे अपना नाम, गुरु की महिमा, ज्ञान आदि को बताते हैं।
- गंगा और वरुणा नदियों से युक्त वे काशी नगरी पहुँचे वहाँ महानाम, अश्वजित्, कौण्डिन्य आदि मुनियों के आश्रम को देखा और वार्तालाप किये।
- उन्हीं मुनियों को ज्ञान के माध्यम से सन्तुष्ट करने पर देवता भी प्रसन्न हुए और पुष्प वर्षा करने लगे।

षोडश सर्ग

- सर्वप्रथम बुद्ध ने अश्वजित् नामक संयमी मुनि को दीक्षित किया तथा 54 अन्य लोगों को दीक्षित किया।
- शिष्यों को भ्रमण का आदेश देकर बुद्ध स्वयं 'गया' चले गये वहाँ से मगध गये और बिम्बसार से मिले।
- बिम्बसार ने बुद्ध द्वारा दिये गये धर्मदृष्टि को प्राप्त किया तथा मगधनिवासी भी मुनि दर्शन से कृतकृत्य हुए।

सप्तदश सर्ग

- बिम्बसार के निवेदन पर बुद्ध, वेणुवन-विहार में रहने लगे।
- वहाँ रहते हुए बुद्ध ने अनेक लोगों को दीक्षा दी और उन्हें शिष्य रूप में स्वीकार किया।
- शील, समाधि तथा प्रज्ञा से युक्त अपने तीन शिष्यों से युक्त वे बुद्ध तीनों लोकों में सुशोभित हुए।

अष्टादश सर्ग

- सूर्य वंश में उत्पन्न कोशल देश का राजा सुदत्त बुद्ध के पास जाता है और दीक्षा प्राप्त करता है।
- दीक्षा से अभिभूत तथा दानशील होने के कारण वह अपने नगर श्रावस्ती में बौद्ध विहार बनवाने की आज्ञा लेता है।
- श्रावस्ती के जेतवन नामक स्थान पर राजा सुदत्त बौद्ध मठ बनवाते हैं।

नवदश सर्ग

- ज्ञान के द्वारा अनेक शास्त्रज्ञ विद्वानों को जीतकर बुद्ध अपने पैतृक नगर कपिलवस्तु को गये।
- वहाँ पर पिता शुद्धोदन ने 'न' उनको 'मुनि' कह पाये और न ही 'पुत्र'।
- उन्होंने अपने पिता से कहा कि आप शोक न करें। पुत्रानन्द का त्यागकर, धर्मानन्द का अनुभव करें।
- अनेक राजाओं और राजकुमार ने बुद्ध को देखकर घर परिवार त्याग दिये।
- राजा शुद्धोदन भी राज्य को भाई के अधीन करके स्वयं राजर्षियों की भाँति जीने लगे।
- बुद्ध भिक्षा लेकर न्यग्रोध वन को चले गये।

विंशति सर्ग

- वहाँ से जाकर बुद्ध, राजा सुदत्त के नगर श्रावस्ती के जेतवन मठ में पहुँचे, जहाँ राजा ने उनका स्वागत किया।

- राज्य को नश्वर समझकर राजा सुदत्त भी श्रावस्ती के जेतवन में ही निवास करने लगे।
- बुद्ध अपनी माता को दीक्षा देने स्वर्ग में जाते हैं, तथा भिक्षा लेकर पुनः पृथ्वी पर आते हैं।

एकविंशति सर्ग

- पृथ्वी पर आकर बुद्ध ने ज्योतिष्क, जीवक, शूर, अजातशत्रु आदि को दीक्षा दिया।
- तत्पश्चात् उन्होंने अनेक यक्षों, राक्षसों, ब्राह्मणों, सेठों, ऋषियों सर्पों को सुगत धर्म में दीक्षित किया।
- बुद्ध की उन्नति देखकर देवदत्त क्रुद्ध हुआ और वह अनेक कुकृत्य करने लगा। अन्ततः श्रेष्ठ जनों से निन्दित होकर अधोलोक में जा गिरा।

द्वाविंशति सर्ग

- मगधराज के मन्त्री 'वर्षकार' ने एक किला बनवाया तथा उसके द्वार का नाम गौतमद्वार रखा।
- जिस घाट से वे गंगा पार किये उसका नाम 'गौतम तीर्थ' से प्रसिद्ध हुआ।
- वैशाली नगर जाकर बुद्ध ने आम्रपाली के उपवन में कुछ समय बिताया।
- आम्रपाली, नाम की वेश्या बुद्ध के पास आती है और दीक्षा प्राप्त करके अपनी वृत्ति को छोड़ देती है।
- बुद्ध भी आम्रपाली के कृत्य से अत्यन्त खुश होते हैं।

त्रयोविंशति सर्ग

- आम्रपाली के घर जाने पर समस्त लिच्छवी (जाति विशेष) बुद्ध के दर्शनार्थ आते हैं।
- सभी लिच्छवियों को उपदेश देकर वे मर्कट नामक सरोवर पर बैठते है।
- वहाँ कामदेव के आग्रह पर मुनि ने निर्वाण के लिए अपनी शरीर से आयु को खींचकर चित्त में समाधिस्थ किये और बोले कि मैं भवबन्धन देने वाली आयु से निकल चुका हूँ।

चतुर्विंशति सर्ग

- बुद्ध 'आनन्द' नामक शिष्य से बताते हैं कि अब उनकी आयु सिर्फ तीन महीने ही शेष है।
- आनन्द उदास होकर रोता है तब उन मुनि ने शरीर को नाशवान् बताया उसी समय बहुत से वैशाली नगर के लिच्छवी वहाँ इकट्ठा हुए और अपने जीवन को कृतार्थ किया।
- अन्त में लिच्छवियों को अपने घर जाने के लिए कहकर बुद्ध ने उत्तर की दिशा में प्रस्थान किया।

पञ्चविंशति सर्ग

- मुनि के निर्वाण के लिए जाने पर वैशाली नगरी अन्धकारयुक्त तथा शोभाहीन हो गई।
- उस दिन वहाँ के लोगों ने न तो भोजन पकाया और न ही खाया, पूरा दिन शोक में ही बीत गया।
- बुद्ध वहाँ से भोगवती नगरी में गये, वहाँ उन्होंने अनुचरों को सौगत(बौद्धधर्म) के बारे में बताया।
- बुद्ध वहाँ से पापापुरी गये वहाँ मल्लों ने उनका स्वागत किया, चुन्द के घर भोजन करके वे कुशीनगर चले गये।
- हिरण्यवती नदी में स्नान करके शालवृक्षों के बीच बने शय्या पर निर्वाण हेतु सोये।
- मल्ल समूह उनका दर्शन करके अपने घर आ गया।

षड्विंशति सर्ग

- तत्पश्चात् सुभद्र नामक एक त्रिदण्डी, मुनि के दर्शनार्थ जाता है। तथा पूर्वमत को त्यागकर बौद्धमत अपनाता है।
- बुद्ध आदेशानुसार वह त्रिदण्डी मुनि वहीं शरीर को त्यागकर निर्वाण प्राप्त करता है।
- इसी बीच अनिरुद्ध नामक शिष्य बुद्ध के निर्वाण से अत्यन्त दुखित होता है।
- इसप्रकार सभी शिष्यों को शोकमुक्ति के विषय में बताकर महात्मा बुद्ध क्रमशः प्रथम,द्वितीय, तृतीय और अन्तिम ध्यान में प्रविष्ट हुए।
- इस प्रकार वे सदा के लिए शान्त हो गये तथा सम्पूर्ण संसार मानो शोभारहित हो गया।

सप्तविंशति सर्ग

- निर्वाण के पश्चात् देवताओं ने अपने विमानों से मुख निकालकर आपस में बुद्ध के जीवनकाल की प्रशंसा की।
- मल्लों ने शव को कन्धों पर रखकर, हिरण्यवती नदी पार करके मुकुट चैत्य के नीचे चिता को सजाया।
- तीन बार तक अग्नि न जलने पर काश्यप नामक शिष्य आया तब मुनि को प्रणाम करने पर ही चिता स्वयं जल उठी।
- मुनि का अस्थिमात्र शेष बचा जिससे लोगों ने मुनि की अस्थि का पूजाभवन बनवाया।

अष्टाविंशति सर्ग

- कुछ समय बाद मल्लों से पूजित, उस अस्थि को लेने के लिए पड़ोसी सात राजाओं के दूत वहाँ आये किन्तु मल्लों ने अस्थि देने से इनकार कर दिया।
- राजाओं को सूचना मिलने पर वे क्रुद्ध हुए और युद्ध के लिए उद्यत हुए,मल्ल भी युद्ध के लिए तैयार हुए।
- इसी बीच द्रोण नामक ब्राह्मण ने बुद्ध मार्ग पर चलकर युद्ध

को रोका तथा मल्लों को भी समझाया।

- ब्राह्मण के प्रयास से मल्लों ने अस्थि का आठ भाग किया तथा सात भाग राजाओं को देकर आठवाँ अपने पास रखा।
- द्रोण के हिस्से में केवल 'घड़ा' तथा 'पिसल' नामक भक्त को भस्म ही मिला।
- इस प्रकार पृथ्वी पर धातुगर्भित आठ, घटगर्भित एक तथा भस्मगर्भित एक, कुल दस स्तूप बने।
- बाद में सम्राट् अशोक के समय में हजारों स्तूप बनाये गये।

बुद्धचरित के कुछ प्रमुख पात्र

- **शुद्धोदन-** बुद्ध के पिता
- **माया-** बुद्ध की माता
- **यशोधरा-** बुद्ध की पत्नी
- **राहुल-** बुद्ध का पुत्र
- **असित-** एक मुनि/भविष्यवेत्ता
- **छन्दक-** सेवक
- **कन्थक-** बुद्ध का घोड़ा
- **अराड-** एक ऋषि (जिन्होंने बुद्ध को सांख्य की शिक्षा दी थी)
- **सर्वार्थसिद्ध-** बुद्ध के बचपन का नाम

पाठ्यक्रम में निर्धारित बुद्धचरित का तृतीय सर्ग

ततः कदाचिन्मृदुशाद्वलानि पुंस्कोकिलोन्नादितपादपानि।
शुश्राव पद्माकरमण्डितानि गीतैर्निबद्धानि स काननानि॥ 3/1।।

- **अनुवाद-** तब किसी समय उस सिद्धार्थ ने वन के सम्बन्ध में सुना कि वन कोमल तृणों से सम्पन्न है और वहाँ के वृक्ष कोयलों की ध्वनि से गुंजायमान हैं तथा कमलों के तालाबों से युक्त एवं सुशोभित गीत से निबद्ध हैं। 1

श्रुत्वा ततःस्त्रीजनवल्लभानां मनोज्ञभावं पुरकाननानाम्।
बहिः प्रयाणाय चकार बुद्धिम् अन्तर्गृहे नाग इवावरुद्धः॥

3/2।।

अनुवाद- तब स्त्रियों के प्रिय नगर के उद्यानों की सुन्दरता सुनकर घर के अन्दर बँधे हुए हाथी के समान राजकुमार ने बाहर जाने की इच्छा की। **विशेष-** उपमा अलङ्कार

ततो नृपस्तस्य निशम्य भावं पुत्राभिधानस्य मनोरथस्य।
स्नेहस्य लक्ष्म्या वयसश्च योग्यताम् आज्ञापयामास विहारयात्राम्॥

3/3॥

अनुवाद- इसके बाद राजा ने अपने पुत्र राजकुमार सिद्धार्थ के मनोगत भाव को जानकर प्रेम, लक्ष्मी एवं अवस्था के योग्य वन-विहार यात्रा की आज्ञा दे दिया।

निवर्तयामास च राजमार्गे संपातमार्तस्य पृथग्जनस्य।
मा भूत्कुमारः सुकुमारचित्तः संविग्नचेता इति मन्यमानः॥

3/4॥

अनुवाद- कोमल चित्त वाले के मन में संवेग (वैराग्य) न हो जाये, इस विचार से राजा शुद्धोदन ने राजमार्ग में रोगादि से पीड़ित अन्य लोगों का आवागमन रोक दिया।

प्रत्यङ्गहीनान्विकलेन्द्रियांश्च जीर्णातुरादीन् कृपणांश्च दिक्षु।
ततः समुत्सार्य परेण साम्ना शोभां परां राजपथस्य चक्रुः॥

3/5॥

अनुवाद- तब राजा की आज्ञानुसार, कर्मचारियों ने राजपथ से अङ्गहीनों, इन्द्रियहीनों, वृद्धों, रोगियों एवं गरीब लोगों को परम शान्ति से हटाकर मार्ग को अनेक प्रकार से सजाया।

ततः कृते श्रीमति राजमार्गे श्रीमान्विनीतानुचरः कुमारः।
प्रासादपृष्ठादवतीर्य काले कृताभ्यनुज्ञो नृपमभ्यगच्छत्॥

3/6॥

अनुवाद- राज-पथ के सुसज्जित हो जाने पर राजकुमार, राजा की आज्ञा पाकर सुन्दर एवं विनीत सेवकों के साथ राजमहल से उतरकर उसी समय राजा के निकट गया।

अथो नरेन्द्रः सुतमागताश्रुः शिरस्युपाघ्राय चिरं निरीक्ष्य।
गच्छेति चाज्ञापयति स्म वाचा स्नेहान्न चैनं मनसा मुमोच॥

3/7॥

अनुवाद- इसके बाद प्रेमाश्रु बहाते हुए, राजा शुद्धोदन ने कुमार के सिर को चूमकर चिरकाल तक देखकर 'जाओ' ऐसे वचन से आज्ञा दे दिया किन्तु प्रेमवश उसको मन से नहीं छोड़ा।

ततः स जाम्बूनदभाण्डभृद्भिर्युक्तं चतुर्भिर्निभृतैस्तुरङ्गैः।
अक्लीबविद्वच्छुचिरश्मिधारं हिरण्मयं स्यन्दनमारुरोह॥

3/8॥

अनुवाद- तब वह कुमार सोने के आभूषणों से अलङ्कृत, सुशिक्षित चार अश्वों से संयुक्त सुवर्णमय रथ पर सवार हुआ जिसका सारथि वीर, कुशल तथा अनुरक्त था।

ततः प्रकीर्णोज्ज्वलपुष्पजालं विषक्तमाल्यं प्रचलत्पताकम्।
मार्गं प्रपेदे सदृशानुयात्रः चन्द्रः सनक्षत्र इवान्तरिक्षम्॥

3/9॥

अनुवाद- तब आकाश में नक्षत्रों सहित चन्द्रमा के समान वह राजकुमार योग्य सहचरों के साथ उस मार्ग में आया जहाँ श्वेत पुष्पों का जाल-सा बिछा हुआ था, मालाएँ लटक रहीं थी एवं पताकाएँ फहरा रहीं थीं।

विशेष- उपमा अलङ्कार

कौतूहलात्स्फीततरैश्च नेत्रैः नीलोत्पलार्धैरिव कीर्यमाणम्।
शनैः शनै राजपथं जगाहे पौरैः समन्तादभिवीक्ष्यमाणः॥
3/10॥

अनुवाद- उत्कण्ठावश अत्यन्त विकसित अर्धनील कमल के समान पुरवासियों के नेत्र मानों बिछे हुए हों, ऐसे राजपथ पर, नगरवासियों द्वारा चारों ओर से देखे गये कुमार ने धीरे-धीरे प्रवेश किया।

विशेष- उत्प्रेक्षा अलङ्कार।

उपर्युक्त सभी पद्यों में उपजाति छन्द है।

➢ **प्रमुख सूक्तियाँ**

1. सत्वानिभं दोहदमामनन्ति। 1/6

भावार्थ- माया, शुद्धोदन से कहती हैं, ''गर्भ के अनुसार ही दोहद (गर्भकाल इच्छा) होती है, ऐसा माना जाता है।''

2. मग्नस्य दुःखे जगतो हिताय। 1/20

भावार्थ- यह बुद्ध के विषय में कहा गया है कि-
''दुःख से पीड़ित विश्व के हित के लिए उनका जन्म हुआ है। ''

3. भूपेषु राजेत यथा प्रकाशो ग्रहेषु सर्वेषु रवेर्विभाति। 1/35

भावार्थ- बुद्ध के लिए ही कहा गया है-
''यह सम्पूर्ण पृथ्वी को जीतकर सब राजाओं के ऊपर उसी तरह शोभित होगा जिस प्रकार समस्त ग्रहों के ऊपर सूर्य का प्रकाश।''

4.गुणा हि सर्वा प्रभवन्ति हेतोर्निदर्शनान्यत्र च नो निबोध। 1/40

भावार्थ- ''सब प्रकार के गुण किसी कारण से ही उत्पन्न होते हैं।''

5.उद्यानभूमौ हि कुतो रतिर्मे जराभये चेतसि वर्तमाने। 3/37

➢ **भावार्थ-** सिद्धार्थ, सारथी से कहते हैं कि-
''जरा का भय चित्त में रहते हुए मुझे उद्यान-भूमि में सुख कहाँ से मिलेगा।''

बुद्धचरितम् नाम की सार्थकता

➢ इस महाकाव्य के सम्पूर्ण 28 सर्गों में महात्मा बुद्ध के जीवन-चरित का वर्णन है। इसलिए इस महाकाव्य का नाम 'बुद्धचरितम्' रखा गया है।

➢ बुद्धस्य चरितम् अस्मिन् इति बुद्धचरितम् (बहुव्रीहि समास)।

4.4 स्वप्नवासवदत्तम्

महाकवि भास का परिचय-

➢ **कवि का नाम-** भास (प्रामाणिक जीवनपरिचय अज्ञात)

➢ **उपाधि-** धावक

➢ **गोत्र-** अगस्त्य गोत्र की हैमोदक शाखा में 'भाष' गोत्र है।

➢ **जन्म समय-** 100ई0पू0- 200ई0 के मध्य

➢ **उपासक-** वैष्णवधर्म

➢ **रीति-** वैदर्भी

➢ **गुण-** प्रसाद,माधुर्य एवं ओज तीनों का प्रयोग

➢ **रस-** मुख्यतया शृङ्गार एवं वीररस का प्रयोग।

➢ **शैली-** सरल भाषा का प्रयोग,अकृत्रिम शैली।

➢ **प्रिय अलंकार-** अनुप्रास,उपमा,स्वभावोक्ति,उत्प्रेक्षा, रूपक आदि

➢ **भास की कृतियाँ**

➢ त्रिरुवांकुर नगर निवासी **टी0गणपति शास्त्री** ने सन् -1910-12 में **'भासनाटकचक्रम्'** नाम से भास के 13नाटकों का संग्रह **अनन्तशयन ग्रन्थमाला (त्रिवेन्द्रम)** से प्रकाशित किया।

➢ कथावस्तु के आधार पर भास के 13 नाटकों को चार भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है-

➢ **कथावस्तु के आधार पर भास के नाटकों का वर्गीकरण**

रामायणमूलक	महाभारतमूलक	उदयनकथामूलक	कल्पनामूलक
1.अभिषेकनाटक	3.मध्यमव्यायोग	10.प्रतिज्ञायौगन्धरायण	12.अविमारक
2.प्रतिमानाटक	4.दूतवाक्यम्	11.स्वप्नवासवदत्तम्	13.दरिद्रचारुदत्त
	5.कर्णभार		
	6.दूतघटोत्कच		
	7.पञ्चरात्रम्		
	8.ऊरुभंग		
	9.बालचरित		

भास के रूपकों का संक्षिप्त-परिचय

1. **अभिषेकनाटक-** यह **छः अङ्कों** का नाटक है। इसमें किष्किन्धाकाण्ड से लेकर लङ्काकाण्ड तक की सम्पूर्ण कथा संक्षेप में दी गयी है। अंत में रावण वध के पश्चात् राम के राज्याभिषेक का वर्णन है।
2. **प्रतिमानाटक-** इस नाटक में **सात अङ्क** हैं। इसमें भी राम के जीवन का वर्णन है।
3. **मध्यमव्यायोग-** यह **एक अङ्क** का व्यायोग नामक रूपक है। इसमें मध्यम पाण्डव भीम के द्वारा घटोत्कच के हाथ से एक ब्राह्मण पुत्र को बचाने का वर्णन है। भीम अपने पुत्र घटोत्कच को देखकर आनन्दित होते हैं और हिडिम्बा से उनका पुनर्मिलन होता है।

4- **दूतवाक्यम्-** यह **एकाङ्की** रूपक है। इसमें कृष्ण के दूत बनकर पाण्डवों का सन्धि प्रस्ताव लेकर दुर्योधन के पास जाने का वर्णन है।

5. **कर्णभार-** यह भी **एकाङ्की** है। इसमें कर्ण का,ब्राह्मण वेशधारी इन्द्र को कवच और कुण्डल दान में देने का वर्णन है।

6. **दूतघटोत्कच-** यह **एकाङ्की** नाटक है। अभिमन्यु की मृत्यु के बाद श्रीकृष्ण का घटोत्कच को दूत बनाकर धृतराष्ट्र के पास भेजना और दुर्योधन द्वारा उसका अपमान।
7. **पञ्चरात्र-** इस रूपक में **तीन अङ्क** हैं। यज्ञ की समाप्ति पर द्रोण ने दुर्योधन से दक्षिणा माँगी की पाण्डवों को आधा राज्य दे दो। दुर्योधन शर्त लगाता है कि यदि पाँच रात के अन्दर पाण्डव मिल जाते हैं तो दे दूँगा। द्रोण के प्रयास से पाण्डव मिलते हैं और आधा राज्य प्राप्त करते हैं।
8. **ऊरुभङ्ग-** यह **एकाङ्की** नाटक है। द्रौपदी के अपमान के प्रतीकार स्वरूप भीम द्वारा दुर्योधन की जंघा को तोड़ करके उसको मारने का वर्णन है।
9. **बालचरित-** इस नाटक में **पाँच अङ्क** हैं। इसमें श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर कंसवध तक की कथा वर्णित है।
10. **चारुदत्त-** इसमें **चार अङ्क** हैं। इसमें निर्धन ब्राह्मण चारुदत्त और वसन्तसेना नाम की वेश्या के प्रणय का वर्णन है। इसमें भरतवाक्य नहीं है और कथा अधूरी है।
11. **अविमारक-** इस नाटक में **छः अङ्क** हैं। इसमें राजकुमार अविमारक का राजा कुन्तिभोज की पुत्री कुरङ्गी के साथ प्रणय-विवाह का वर्णन है।
12. **प्रतिज्ञायौगन्धरायण-** इस नाटक में **चार अङ्क** हैं। उदयन के वासवदत्ता से प्रेम और विवाह का वर्णन है। यौगन्धरायण द्वारा उदयन को प्रद्योत के यहाँ से छुड़ाने और उसकी नीतिमत्ता का वर्णन है।
13. **स्वप्नवासवदत्तम्-** इसमें **छः अङ्क** हैं। यौगन्धरायण का वासवदत्ता के मरने के प्रवाद को फैलाकर उदयन का पद्मावती से विवाह कराना तथा उदयन के अपहृत राज्य को पुनः प्राप्त कराने का वर्णन है।

स्वप्नवासवदत्तम् का परिचय-

- **लेखक-** महाकवि भास
- **काव्यविधा-** नाटक
- **विभाजन-** 6 अङ्कों में
- **उपजीव्य-** ऐतिहासिक (गुणाढ्यकृत बृहत्कथा)
- **श्लोक संख्या-** 57
- **अङ्क**

अङ्क	श्लोक संख्या	अङ्क	श्लोक संख्या
प्रथम	16	द्वितीय	00
तृतीय	00	चतुर्थ	09
पञ्चम	13	षष्ठ	19
		योग-	**57**

- **नायक-** उदयन
- **नायिका-** वासवदत्ता
- **विदूषक-** वसन्तक
- **कञ्चुकी-** वादरायण (उदयन का), रभ्य (महासेन प्रद्योत का)
- **प्रतिनायक-** आरुणि
- **प्रधान/अङ्की रस-** शृङ्गार रस
- **अन्य रस/गौण रस** वीर, करुण एवं अद्भुत रस
- **नायक कोटि-** धीरललित (दक्षिण नायक)
- **अलङ्कार-** उपमा के साथ-साथ रूपक और उत्प्रेक्षा।
- **गुण-** प्रसाद, माधुर्य और ओज का समन्वय।
- **रीति-** वैदर्भी
- **छन्द-** सर्वाधिक प्रयुक्त छन्दों में अनुष्टुप् (22) और वसन्ततिलका (11) मुख्य हैं।

स्वप्नवासवदत्तम् का संक्षिप्त कथानक

'स्वप्नवासवदत्तम्' उदयन और वासवदत्ता की प्रेम कहानी का उत्तरार्द्ध भाग है। पूर्वार्द्ध की घटना 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' नामक रूपक में वर्णित है। अतः पूर्व की घटना की जानकारी भी आवश्यक हो जाती है। पूर्व के घटना का सारांश इस प्रकार है- ''वत्सराज उदयन, प्रद्योत की पुत्री वासवदत्ता का अपहरण कर उससे प्रेम विवाह कर लेता है। उदयन, वासवदत्ता की सुन्दरता पर इस प्रकार आसक्त हो जाता है कि वह राज्य से सम्बन्धित प्रमुख कार्यों से भी विमुख हो जाता है। इसी का लाभ उठाकर आरुणि नामक उदयन का शत्रु उसके अधिकांश भूभाग को अधिकृत (कब्जा) कर लेता है। इसी भूभाग को प्राप्त करने के लिये यौगन्धरायण नामक उदयन का मन्त्री लावाणक ग्राम में अग्निकाण्ड का षड्यन्त्र रचता है।'' अब इसके बाद की घटना स्वप्नवासवदत्तम् में वर्णित है।

प्रथम अङ्क-

- मगध के राजा 'दर्शक' एवं उनकी बहन पद्मावती के सेवकों द्वारा तपोवन के लोगों को जबरदस्ती हटाया जाता है।
- उज्जयिनी की स्त्रियों के वेश में वासवदत्ता तथा मन्त्री यौगन्धरायण वहीं पर जाते हैं।
- कञ्चुकी, राजपुरुषों को रोकता है कि वे अनायास ही वन के निवासियों को परेशान न करें।
- कञ्चुकी द्वारा यौगन्धरायण को पता चलता है कि राजकुमारी पद्मावती, वन के आश्रम में निवास कर रही अपनी माता से मिलने आ रही हैं। इसीलिए वन प्रदेश खाली कराया जा रहा है।
- यौगन्धरायण मन में सोचता है कि यह वही राजकुमारी

पद्मावती हैं जिनके बारे में 'पुष्पक और भद्र' ज्योतिषियों ने बताया था कि "वह उदयन की महारानी बनेगी।"

- राजकुमारी पद्मावती आश्रम में प्रवेश करती हैं और तापसी को प्रणाम करती हैं।
- राजा प्रद्योत का एक सन्देशवाहक आता है।
- पद्मावती आश्रम के तपस्वियों को मनोनुकूल वस्तुओं को माँगने के लिए आमन्त्रित करती हैं।
- यौगन्धरायण, वासवदत्ता को अपनी बहन बताकर उसे पद्मावती के पास धरोहर रूप में रख देते हैं।
- वासवदत्ता सोचती है, मैं अभागिनी हूँ किन्तु आर्य यौगन्धरायण बिना किसी प्रयोजन के मुझे नहीं छोड़ेंगे।
- आश्रम में एक ब्रह्मचारी का प्रवेश होता है और यौगन्धरायण उससे उसका पता तथा उद्देश्य पूँछते हैं।
- ब्रह्मचारी बताता है कि वह वत्सदेश के लावाणक ग्राम में वेद का अध्ययन करता है लेकिन वत्सराज उदयन के शिकार खेलने के लिए जाने पर गाँव में आग लग जाने से उनकी पत्नी वासवदत्ता जलकर मर गयीं। अतः महाराज उदयन अत्यन्त शोकग्रस्त हैं।
- ब्रह्मचारी कहता है कि रुमण्वान् नामक मन्त्री शोक संतप्त होते हुए भी उदयन की दिन रात सेवा करता है।
- इसके बाद ब्रह्मचारी चला जाता है और यौगन्धरायण भी राजकुमारी पद्मावती के आदेश से चला जाता है।

।।प्रथम अङ्क समाप्त।।

द्वितीय अङ्क-

- प्रवेशक के माध्यम से पता चलता है कि राजकुमारी पद्मावती गेंद खेल रही हैं।
- वासवदत्ता द्वारा पद्मावती को 'महासेन की वधू' कहने पर दासी बताती है कि राजकुमारी, वत्सराज उदयन से विवाह करना चाहती हैं।
- धाय द्वारा सूचना मिलती है कि पद्मावती का विवाह वत्सराज उदयन के साथ सुनिश्चित हो गया है।

।।द्वितीय अङ्क समाप्त।।

तृतीय अङ्क-

- राजप्रासाद का अन्तःपुर विवाहोल्लास से व्याप्त है तथा वासवदत्ता अत्यन्त चिन्ताग्रस्त रहती हैं।
- दासी, महारानी के आज्ञानुसार, उच्चकुल में उत्पन्न वासवदत्ता से वरमाला गूँथने के लिए कहती है।
- वासवदत्ता के पूँछने पर दासी कहती है कि दूल्हा धनुष-बाण से रहित साक्षात् कामदेव है।
- वासवदत्ता 'सपत्नीमर्दन' नामक ओषधि माले में नहीं गूँथती हैं।

।।तृतीय अङ्क समाप्त।।

चतुर्थ अङ्क

- विदूषक विवाह के शुभ-अवसर पर अत्यन्त खुश है।
- पद्मावती और वासवदत्ता प्रमदवन में जाकर आपस में वार्तालाप करतीं हैं।
- उदयन और विदूषक भी प्रमदवन में जाते हैं, उदयन कहते हैं कि "जब उज्जयिनी में वासवदत्ता को देखा था तब कामदेव ने एक साथ पाँचों बाणों का प्रहार कर दिया था, अब पद्मावती को देखने पर कामदेव के पास छठा बाण कहाँ से आ गया।"
- पद्मावती और वासवदत्ता माधवीलताकुञ्ज में जाती हैं क्योंकि वे दोनो महाराज उदयन से छिपना चाहती हैं।
- विदूषक के हठपूर्वक पूँछने पर उदयन बताता है कि वासवदत्ता उसको अधिक प्यारी हैं।
- वासवदत्ता को याद करके राजा के नेत्र अश्रुपूरित हो जाते हैं लेकिन पद्मावती द्वारा पूँछने पर वे काशपुष्प का पराग (कण) पड़ने का बहाना करते हैं।
- विदूषक, राजा को लेकर मगधराजदर्शक' के पास चला जाता है।

।।चतुर्थ अङ्क समाप्त।।

पञ्चम अङ्क-

- 'प्रवेशक' द्वारा पद्मावती के सिर में दर्द होने की सूचना मिलती है।
- उदयन, पद्मावती को देखने के लिए समुद्रगृह नामक भवन में जाते हैं किन्तु पद्मावती बिस्तर पर नहीं मिलती।
- पद्मावती का इन्तजार करते हुए उदयन उसी बिस्तर पर सो जाते हैं।
- पद्मावती के इच्छानुसार आवन्तिका वेशधारिणी वासवदत्ता भी समुद्रगृह में जाती हैं।
- वासवदत्ता, बिस्तर पर सोये हुए उदयन को पद्मावती समझकर बगल में लेट जाती है।
- उदयन स्वप्न में वासवदत्ता को बुलाता है तथा वासवदत्ता उदयन द्वारा देखे जाने के डर से उठकर भागती है जिससे उदयन जाग जाता है।
- उदयन विदूषक को बताता है कि उसने वासवदत्ता को साक्षात् देखा था किन्तु विदूषक द्वारा इसे भ्रान्ति बताकर इसका निराकरण किया जाता है। इसी घटना के कारण इस नाटक का नाम स्वप्नवासवदत्त पड़ा।
- इसके बाद सूचना मिलने पर उदयन अपने सेनापति रुमण्वान् के साथ 'आरुणि' से युद्ध के लिए निकल जाता है।

।।पञ्चम अङ्क समाप्त।।

षष्ठ अङ्क-

- उदयन को सूचना देने के लिए कञ्चुकी, प्रतीहारी से कहता है कि "उज्जयिनी के राजा महासेन प्रद्योत के कञ्चुकी 'रभ्य' तथा 'वसुन्धरा' नाम की धाय (जो माननीया अङ्गारवती द्वारा भेजी गयी है) पर उपस्थित हैं और आपसे मिलना चाहते हैं।
- प्रतीहारी बताती है कि यह महाराज उदयन से मिलने का उचित समय नहीं है क्योंकि **घोषवती वीणा** की आवाज सुनकर महाराज अत्यन्त दुःखित हैं।
- महाराज उदयन वीणावादक से घोषवती वीणा के बारे में पूँछते हैं तो वीणावादक घोषवती वीणा को नर्मदा नदी किनारे कुशों की झाड़ी मे पाया हुआ बताता है।
- सूर्यामुख भवन से उतरते हुए महाराज उदयन से प्रतीहारी सूचना देती है और विष्कम्भक समाप्त होता है।
- घोषवती वीणा को पाकर उदयन अत्यन्त क्षुब्ध हो जाते हैं क्योंकि वीणा वासवदत्ता का स्मरण कराती है।
- राजा की आज्ञा से विदूषक घोषवती वीणा की मरम्मत करवाने जाता है।
- प्रतीहारी से सूचना पाकर राजा शङ्का करता है कि कहीं महासेन प्रद्योत मेरे पद्मावती के विवाह से क्रोधित तो नहीं हैं क्योंकि मैंने उनकी पुत्री वासवदत्ता का अपहरण तो कर लिया था किन्तु उसकी रक्षा न कर सका।
- महाराज प्रद्योत का कञ्चुकी रभ्य कहता है कि उदयन द्वारा पुनः जीते गये वत्स राज्य में आकर मैं बहुत प्रसन्न हूँ।
- रभ्य, उदयन को अभिवादन करके उज्जयिनी का समाचार सुनाता है।
- महारानी अङ्गारवती का सन्देश बताते हुए धात्री कहती है कि "आपने पाणिग्रहण के बिना ही वासवदत्ता से विवाह सम्पन्न कर लिया। इसलिए हम दोनों (प्रद्योत+अङ्गारवती) ने तुम्हारा और वासवदत्ता का चित्र, चित्रपट पर बनवाकर उसी से विधिपूर्वक विवाह भी करा दिया और यह चित्रफलक तुम्हारे पास भेजा जा रहा है।"
- यह सुनकर उदयन कहते हैं कि अपराधी होने पर भी महाराज और माननीया का प्रेम मेरे प्रति कम नहीं हुआ है।
- पद्मावती, चित्रफलक को देखकर कहती है यह आर्या का चित्र तो आवन्तिका से मिलती है।
- उदयन, आवन्तिका को सामने बुलाना चाहते हैं कि पद्मावती बताती है कि वह न्यास रूप में रखी गयी किसी ब्राह्मण की बहन है जो पर पुरुष के सामने नहीं आती।
- प्रतीहारी सूचना देती है, कि "उज्जयिनी के ब्राह्मण बाहर उपस्थित हैं जिनकी बहन महारानी पद्मावती के पास धरोहर रूप में रखी गयी है।"
- उदयन आवाज से पहचान जाते हैं कि यह ब्राह्मण उनका मन्त्री यौगन्धरायण है।
- धात्री,आवन्तिका वेशधारिणी वासवदत्ता को पहचान लेती है।
- यौगन्धरायण, वासवदत्ता को छिपाने जैसे कार्य के लिए महाराज उदयन से क्षमा माँगते हैं।
- उदयन द्वारा 'कारण' पूँछने पर यौगन्धरायण बताता है कि ऐसा यह सब भविष्यवाणी के अनुसार हुआ है।
- यौगन्धरायण, वासवदत्ता का कुशल समाचार बताने के लिए रैभ्य और वसुन्धरा को उसी समय उज्जयिनी वापस भेजना चाहता है किन्तु राजा, पद्मावती और वासवदत्ता के साथ उज्जयिनी जाने का निश्चय करते हैं।

भरतवाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है।

स्वप्नवासवदत्तम् का मङ्गलाचरण

उदयनवेन्दुसवर्णावासवदत्ताबलौ बलस्य त्वाम्।
पद्मावतीर्णपूर्णौ वसन्तकम्रौ भुजौ पाताम्॥

अर्थ- उदय होते हुए नये चन्द्रमा के सदृश वर्ण वाली,मद्यपान से बलरहित अथवा अबला (अपनी पत्नी) को मद्य देने वाली,लक्ष्मी के प्रकट होने से सम्पन्न वसन्त जैसी सुन्दर,बलराम की भुजाएँ आपकी रक्षा करें।

- प्रस्तुत मंगलाचरण में बलराम की स्तुति की गयी है।
- उक्त पद्य में **आशीर्वादात्मक** तथा **अष्टपदा** नान्दी है।
- प्रस्तुत मंगलाचरण में मुद्रालंकार तथा श्लेष अलंकार का प्रयोग है।श्लेष के माध्यम से भावी सूचना मिलने के कारण **पत्रावली नान्दी** है।
- प्रस्तुत मंगलाचरण में **आर्या छंद** है।
- इस पद्य में पदों के विन्यास की चतुरता से नाटक के मुख्य पात्र उदयन,वासदत्ता,पद्मावती और वसन्तक की सूचना दी गयी है।

नाटक का भरतवाक्य-

इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम्।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः॥ (स्वप्र.6/19)।।

भावार्थ- हमारे राजसिंह (राजाओं में प्रधान) अर्थात् महाराज उदयन, समुद्ररूप सीमावाली,हिमालय और विन्ध्यपर्वत रूप दो कुण्डलों से युक्त और एक छत्र रूप चिह्न से संयुक्त इस पृथ्वी का पालन करें।

पात्रों का सामान्य परिचय - पुरुष पात्र

- **उदयन-** वत्सदेश का राजा नायक
- **यौगन्धरायण-** उदयन का मन्त्री
- **वसन्तक-** विदूषक,उदयन का मित्र (नर्मसचिव)

- **ब्रह्मचारी-** लावाणक ग्राम का छात्र
- **कञ्चुकी-** राजकुल का सेवक
- **संभषक,भट-** पद्मावती का सेवक
- **रुमण्वान्-** उदयन के अमात्य तथा सेनापति

स्त्री पात्र-

- **वासवदत्ता-** नायिका, उदयन की प्रथम पत्नी, (मगध देश में यही आवन्तिका रूप में निवास करती है।)
- **पद्मावती-** मगधराज दर्शक की बहन, उदयन की द्वितीय पत्नी
- **तापसी-** मगध के निकट तपोवन में रहने वाली एक स्त्री
- **मधुकरिका तथा पद्मिनिका-** पद्मावती की सखियाँ एवं परिचारिकाएँ
- **धात्री-** पद्मावती की उपमाता
- **विजया-** वत्सराज की प्रतीहारी
- **धात्री-** वासवदत्ता की उपमाता
- **महादेवी-** पद्मावती की माता
- **अङ्गारवती-** प्रद्योत की रानी, वासवदत्ता की माता
- **वसुन्धरा-** वासवदत्ता की धात्री
- **वैदेही-** उदयन की माता

स्वप्नवासवदत्तम् की प्रमुख सूक्तियाँ

- **एवमनिर्ज्ञातानि दैवतान्यप्यवधूयन्ते। (अङ्क 1)**
  भावार्थ- प्रथम अङ्क में यौगन्धरायण वासवदत्ता से कहता है कि- इस प्रकार बिना - पहचाने देवता भी तिरस्कृत हो जाते हैं।
- **कालक्रमेण जगतः परिवर्तमाना**
  चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः॥ (1/4)
  भावार्थ- यौगन्धरायण, वासवदत्ता से कहता है कि, 'समय के क्रम से बदलती हुई संसार को भाग्य पंक्ति पहिये के अवयवों के समान चलती है।'
- **सुखमर्थो भवेद् दातुं सुखं प्राणाः सुखं तपः।**
  सुखमन्यद् भवेद् सर्वं दुःखं न्यासस्य रक्षणम्॥ (1/10)
  कञ्चुकी, पद्मावती से कहता है, कि- धन देना सरल है, प्राण का देना आसान है, तप के फल को देना सरल है अन्य सब कुछ देना सरल है, परन्तु धरोहर की रक्षा करना कठिन है।
- **तत्प्रत्ययात् कृतमिदं न हि सिद्धवाक्यान्युत्क्रम्य गच्छति विधिः सुपरीक्षितानि। (1/11)**
  भावार्थ- यौगन्धरायण कहता है कि- 'उन सिद्ध पुरुषों में विश्वास के कारण यह किया है भली प्रकार जांचे गये सिद्ध पुरुषों के वाक्य का उल्लंघन कर के भाग्य भी नहीं चलता है।'
- **सर्वजनमनोभिरामं खलु सौभाग्यं नाम। (अङ्क 2)**
  भावार्थ- पद्मावती कहती है कि,- 'सौन्दर्य वही है जो सब लोगों के मन का आह्लादक हो।'
- **कामेनोज्जयिनीं गते मयि तदा कामप्यवस्थां गते**
  दृष्ट्वा स्वैरमवन्तिराजतनयां पञ्चेषवः पातिताः।
  तैरद्यापि सशल्यमेव हृदयं भूयश्च विद्धा वयं
  पञ्चेषुर्मदनो यदा कथमयं षष्ठः शरः पातितः॥(4/1)

भावार्थः - राजा कहते हैं कि, 'उस समय उज्जयिनी में जाने पर और अवन्तिराजकुमारी वासवदत्ता को इच्छा के अनुसार देखकर मेरी अनिर्वचनीय अवस्था में पड़ने पर कामदेव ने अपने पाँचो बाणों से मेरे ऊपर प्रहार किया। आज भी उन बाणों से मेरा चित्त विद्ध ही है। फिर भी (पद्मावती से विवाह होने पर) मैं विद्ध हो गया हूँ कामदेव पाँच बाणों से ही युक्त है तो यह छठा बाण उसने कैसे गिराया।'

- **शरत्कालतीक्ष्णो दुःसह आतपः। (अङ्क-4)**
  विदूषक राजा से कहता है कि- शरद् ऋतु का तीखा धूप असह्य है।
- **अहो सदाक्षिण्यस्य जनस्य परिजनोऽपि सदाक्षिण्य एव भवति। (अङ्क-4)**
  भावार्थ- पद्मावती सोचती है कि,अहो! सभ्य व्यक्ति का सेवक भी सभ्य ही होता है।
- **गुणानां वा विशालानां सत्काराणां च नित्यशः।**
  कर्तारः सुलभा लोके विज्ञातारस्तु दुर्लभाः॥ (4/9)
  भावार्थ- राजा विदूषक से कहता है संसार में महान् गुणों से युक्त और स्वागत सत्कार करने वाले लोग बहुत मिल जाते हैं,लेकिन उसके वास्तविक ज्ञाता बहुत कम ही मिलते हैं।
- **ननु किं शक्यं रक्षितुं प्राप्तकाले। (अङ्क-6)**
  भावार्थ- पद्मावती राजा से कहती है कि,'भला काल आ जाने पर किसे बचाया जा सकता है।'
- **कातरा येऽप्यशक्ता वा नोत्साहस्तेषु जायते।**
  प्रायेण हि नरेन्द्रश्रीः सोत्साहैरेव भुज्यते॥ (6/7)
  भावार्थ- कञ्चुकी रभ्य,उदयन से कहता है कि कायर अथवा जो असमर्थ हैं उनमें उत्साह पैदा नहीं होता। निश्चय ही राजलक्ष्मी प्रायःउत्साह वालों से ही भोगी जाती है।
- **परस्परगता लोके दृश्यते रूपतुल्यता। (6/14)**
  भावार्थ- उदयन पद्मावती से कहते हैं कि संसार में एक दूसरे में रूप सादृश्य देखा जाता है।
- **साक्षिमन्न्यासो निर्यातयितव्यः।**

भावार्थ- उदयन पद्मावती से कहते हैं कि, 'धरोहर साक्षी पूर्वक लौटाई जानी चाहिए।'

➤ **मिथ्योन्मादैश्च युद्धैश्च शास्त्रदृष्टैश्च मन्त्रितैः।**
भवद्यत्नैः खलु वयं मज्जमानाः समुद्धृताः॥ (6/18)
भावार्थ- उदयन,यौगन्धरायण से कहते हैं कि मिथ्या उन्मत्त व्यवहारों और युद्धों, शास्त्रोक्त मन्त्रणाओं एवं आपके द्वारा किये गए प्रयत्नों से, डूबते हुए हम लोग निश्चय ही उबार लिए गये हैं।

स्वप्नवासवदत्तम् का नामकरण

➤ इस नाटक का नामकरण ग्रन्थ के एक घटना विशेष पर आधारित है।
➤ पञ्चम अङ्क में उदयन शिरोवेदना से पीड़ित पद्मावती को देखने जाता है तथा पद्मावती को न देखकर वह उसी की शय्या पर सो जाता है।
➤ वासवदत्ता भी पद्मावती को देखना चाहती है और बिस्तर पर सोयी हुई जानकर वहीं लेट जाती है।
➤ उदयन स्वप्न में कुछ बड़बड़ाता है तो वासवदत्ता वहाँ से जाने लगती है और उदयन भी जागकर उसके पीछे दौड़ता है।
➤ **उदयन इसी 5वें अङ्क में स्वप्न में वासवदत्ता को देखता है** इसलिए यह अङ्क नाटक का सबसे महत्त्वपूर्ण अंक है।
➤ इसी महत्त्वपूर्ण घटना को आधार मानकर महाकवि भास ने इसका नामकरण **'स्वप्नवासवदत्तम्'** किया है जो कि सर्वथा उचित है।
'स्वप्ने वासवदत्ता इति स्वप्नवासवदत्ता'- सप्तमी तत्पुरुष समास ग्रन्थवाची होने के कारण नपुंसकलिङ्ग एकवचन में 'स्वप्नवासवदत्तम्' हुआ।

➤ **महत्वपूर्ण तथ्य-**
➤ अनेक विद्वानों के अनुसार भास 24 नाटकों के रचयिता हैं किन्तु वर्तमान में प्रामाणिक रूप से 13 रूपक ही उपलब्ध हैं।
➤ भास ने 'भूमिका' या प्रस्तावना के स्थान पर 'स्थापना' शब्द का प्रयोग किया है।
➤ भास ने अपने किसी भी रूपक में 'ग्रन्थ' और 'ग्रन्थकार' का नाम नहीं लिया है।
➤ भास ने अपने रूपकों में मुद्रालंकार का प्रयोग किया है।
➤ भास के 13 नाटकों को प्रकाशित कराने का श्रेय श्री टी. गणपतिशास्त्री को जाता है।
➤ स्वप्नवासवदत्तम् के द्वितीय एवं चतुर्थ अङ्क में 'प्रवेशक' तथा पञ्चम एवं षष्ठ अङ्क में 'विष्कम्भक' का प्रयोग किया गया है।
➤ वासवदत्ता की वीणा का नाम **'घोषवती'** है।
➤ उदयन और पद्मावती के विवाह की भविष्यवाणी 'भद्र' और 'पुष्पक' ने की थी।
➤ पद्मावती के घर में वासवदत्ता ही 'आवन्तिका' के रुप में रहती है।
➤ छठें अङ्क में मिश्रविष्कम्भक प्रयुक्त है।
➤ पद्मावती को शिरोवेदना पञ्चम अङ्क में होती है।
➤ वत्स देश की राजधानी कौशाम्बी है।
➤ 'महासेन', उज्जयिनी के राजा प्रद्योत का विशेषण है।
➤ पञ्चम अङ्क को **'स्वप्न अङ्क'** भी कहा जाता है।
➤ लावाणक ग्राम की घटना प्रथम अङ्क में वर्णित है।
➤ दूसरा और तीसरा अङ्क केवल गद्य के माध्यम से लिखा गया है।
➤ उदयन के भवन का नाम 'सूर्यामुख' तथा पद्मावती के आवास का नाम 'समुद्रगृह' है।

प्रमुख पात्रों का चरित्र-चित्रण

1. उदयन

➤ उदयन इस **नाटक का नायक** है तथा **वत्सदेश का राजा** है।
➤ वह **धीरललित (दक्षिण)** कोटि का नायक है।
➤ वह दयालु, उदार तथा वीणा बजानें में निपुण है।
➤ उदयन, दयार्द्रचित्त तथा अपने से बड़ों का आदर करने वाला व्यक्ति है।
➤ उसकी धैर्यता, विद्वता, कुलीनता, आयु तथा रूप को देखकर ही राजा दर्शक अपनी बहन **पद्मावती का विवाह** करते हैं।
➤ उदयन, वासवदत्ता से बहुत ही प्रेम करते हैं इसीलिए राज्य की सुध-बुध खो बैठते हैं।
➤ सुन्दरता में उदयन की तुलना विना धनुष बाण के कामदेव से की गयी है।

2. वासवदत्ता

➤ वासवदत्ता, उज्जयिनी नरेश **प्रद्योत की पुत्री** तथा 'स्वप्नवासवदत्तम्' **नाटक की नायिका** है।
➤ वह दयालु स्वभाव की नारी तथा **अवन्तिराज्य की राजकुमारी** भी है।
➤ वासवदत्ता बुद्धिमती, तथा पतिपरायणा स्त्री है।
➤ वह उदयन की प्रेयसी, शिष्या तथा पत्नी भी है।
➤ अपने पति के हित के लिए वह यौगन्धरायण द्वारा स्वयं को मृत घोषित करवा लेती है।
➤ वासवदत्ता अपनी आँखों के समाने ही अपने पति का विवाह पद्मावती से करवा देती है।
➤ वासवदत्ता का चरित्र त्याग से भरा हुआ है।

3. पद्मावती

➤ पद्मावती, राजा **उदयन की द्वितीय पत्नी** तथा नाटक की

प्रमुख पात्र हैं।
- वह मगध के राजा **दर्शक की बहन** है।
- पद्मावती अत्यन्त सुन्दरी तथा आकर्षण की केन्द्रबिन्दु है।
- वह धर्मपरायणा स्त्री है, इसीलिए वासवदत्ता को न्यासरूप में स्वीकार करती है।
- वह गुरुजनों के प्रति आदरभाव रखती है।
- पद्मावती, उदयन के रूप और गुणों से प्रभावित रहती है तथा भविष्यवाणी के अनुसार उसी से विवाह भी करती है।
- अतः एक आदर्श नारी का सम्पूर्ण गुण पद्मावती में है।

4. यौगन्धरायण
- यौगन्धरायण उदयन का प्रधान अमात्य है तथा इस नाटक में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला पात्र है।
- वह वर्ण से ब्राह्मण है तथा स्वामिभक्ति उसके अन्दर कूट-कूटकर भरी हुयी है।
- वह सभी परिस्थितियों में तथा सब प्रकार के उपायों से अपने स्वामी एवं राज्य का संरक्षण करता है।
- यौगन्धरायण, उदयन के पूर्वमन्त्री 'युगन्धर' का पुत्र है।
- यौगन्धरायण की योजना को सभी उच्चस्तरीय अधिकारी तथा राजा एवं वासवदत्ता भी मानते हैं।
- वासवदत्ता को अपनी बहन बताकर वह अपने योजना को सफल बनाता है।
- यौगन्धरायण के सम्पूर्ण चरित्र को भास ने एक वाक्य में लिखा है- **''यौगन्धरायणो भवान् ननु''**

5. वसन्तक
- वसन्तक इस **नाटक का विदूषक** और राजा उदयन का परम मित्र है।
- वह जाति से ब्राह्मण तथा हास्य का पात्र है।
- प्रत्येक परिस्थिति में वसन्तक, उदयन के साथ ही रहता है।
- वसन्तक खाने-पीने से अत्यन्त खुश रहता है, इसीलिए वासवदत्ता की बड़ाई भी करता है।
- राजा का अत्यन्त प्रिय होने के कारण ही वह, उदयन की अतिप्रिय रानी के बारे में पूछ पाता है।
- वसन्तक बीच-बीच में हँसी मजाक भी करता है।
- सरल स्वभाव होने के साथ-साथ वसन्तक मूर्ख भी है।

6. रुमण्वान्
- रुमण्वान् , उदयन का **प्रधान सेनापति** है।
- वह वीर, धीर एवं गम्भीर भी है।
- वासवदत्ता और यौगन्धरायण का सम्पूर्ण वृत्तान्त जानते हुए भी राजा तक को भनक नहीं लगने देता कि वासवदत्ता जिन्दा हैं।
- उसके गुणों से यौगन्धरायण भी प्रेम करते है।
- रुमण्वान् के सेनापति रहने से उदयन को आरुणि से अपना राज्य मिलता है।

स्वप्नवासवदत्तम् की अङ्कवार प्रमुख घटनाएं

प्रथम अङ्क-
- वेश बदलकर वासवदत्ता और यौगन्धरायण का मगध राज्य में प्रवेश।
- वासवदत्ता को न्यास रूप में पद्मावती के पास छोड़ना।
- लावाणक ग्राम से ब्रह्मचारी का आगमन तथा वासवदत्ता का अग्नि में जलकर मरने की सूचना।

द्वितीय अङ्क-
- वत्सराज उदयन से पद्मावती का विवाह सुनिश्चित होना।

तृतीय अङ्क-
- मगध राजप्रासाद में विवाह का हर्षोल्लास।
- वासवदत्ता द्वारा वरमाला का गूँथना।

चतुर्थ अङ्क-
- उदयन और पद्मावती का विवाह होना।
- विवाहोपरान्त उदयन और विदूषक का प्रमदवन भ्रमण।

पञ्चम अङ्क-
- पद्मावती को शिरोवेदना।
- उदयन द्वारा स्वप्न में वासवदत्ता को देखना
- आरुणि से उदयन का युद्ध।

षष्ठ अङ्क-
- घोषवती वीणा की प्राप्ति।
- रभ्य नामक प्रद्योत के कञ्चुकी का आगमन।
- चित्रफलक से वासवदत्ता की पहचान।
- यौगन्धरायण द्वारा समस्त घटनाओं को बताना

स्वप्नवासवदत्तम्- बिन्दुवार अध्ययन
- 'स्वप्नवासवदत्तम्' के लेखक हैं - **भास**
- 'स्वप्नवासवदत्तम्' नाटक में कुल कितने अङ्क हैं? - **छः**
- स्वप्नवासवदत्ता नाटक का नायक उदयन किस कोटि का है - **धीरललित**
- उदयनः कस्य नाटकस्य नायकः? - **स्वप्नवासवदत्तम्**
- संस्कृते अतिप्राचीनरूपकस्य नाम किम्? - **स्वप्नवासवदत्तम्**
- 'स्वप्नवासवदत्तम्' इति नाटकस्य आकरग्रन्थः - **बृहत्कथा**
- लावाणकग्राम की घटना कहाँ वर्णित है? - **स्वप्नवासवदत्तम् में**
- यौगन्धरायण किसका प्रमुख पात्र है? -**स्वप्नवासवदत्तम्**
- रुमण्वान् पात्र का वर्णन है - **स्वप्नवासवदत्तम् में**
- स्वप्नवासवदत्ते वर्णितपात्रेषु उदयनस्य सेनापतिः कः आसीत्? - **रुमण्वान्**
- उदयनस्य चरितं कस्मिन् ग्रन्थे अस्ति - **स्वप्नवासवदत्ते**
- वसन्तक (विदूषक)–युक्तरचना अस्ति - **स्वप्नवासवदत्तम्**
- स्वप्नवासवदत्त-नाटके विदूषकस्य नाम किम्? - **वसन्तकः**
- 'घोषवती वीणा' का सम्बन्ध किस नाटक से है? -**स्वप्नवासवदत्तम्**
- उदयनस्य वीणायाः नाम किम्? - **घोषवती**
- स्वप्नवासवदत्तम् का 'स्वप्न अङ्क' कौन-सा है? - **पञ्चमः**
- वासवदत्ता कस्य राज्यस्य राजकन्या आसीत्? - **अवन्तिकायाः**

- 'चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्तिः' यह सूक्ति है - **स्वप्नवासवदत्तम्**
- "स्वप्ने नाटके भर्तृस्नेहात् सा हि दग्धाऽप्यदग्धा" कस्य वचनमिदम्?- **ब्रह्मचारिणः**
- 'दुःखं न्यासस्य रक्षणम्' एषा उक्तिः कस्य नाटकस्य? - **स्वप्नवासवदत्तस्य**

4.5 अभिज्ञानशाकुन्तलम्

- **लेखक** – कालिदास
- **विधा** – नाटक
- **अङ्क** – 7 (सात)
- **प्रधानरस** – शृङ्गार (सम्भोगशृङ्गार)
- **कथानक** – राजा दुष्यन्त एवं शकुन्तला का परस्पर प्रेम, विरह एवं मिलन का वर्णन है।
- **प्रमुखपात्र** – दुष्यन्त (नायक), शकुन्तला (नायिका) कण्व, अनसूया, प्रियंवदा, माढव्य (विदूषक), गौतमी, शार्ङ्गरव, शारद्वत, हंसपदिका, वसुमती, मातलि, सानुमती, सर्वदमन (भरत), मारीच ऋषि, अदिति (दाक्षायणी), दुर्वासा, मेनका
- शाकुन्तलम् का उपजीव्य/आधारग्रन्थ है – **1. महाभारत के आदिपर्व का शकुन्तलोपाख्यान (68-74 अध्यायों में), 2. पद्मपुराण के स्वर्गखण्ड में भी यह कथा मिलती है।**
- अभि0 शाकुन्तलम् नाटक की रीति – **वैदर्भी रीति**
- वैदर्भीरीतिसन्दर्भे विशिष्यते – **कालिदासः**
- कालिदास के काव्यों में किस वृत्ति का विशेष प्रयोग है–**कैशिकी**
- कालिदास का प्रिय अलङ्कार – **उपमा** (उपमा कालिदासस्य)।
- अभि0शाकु0 के प्रथम अङ्क का नाम – **आश्रम प्रवेश**
- द्वितीय अङ्क का नाम – **आश्रम निवेश**
- तृतीय अङ्क का नाम – **मिलन अङ्क**
- चतुर्थ अङ्क का नाम – **विदा अङ्क**
- पञ्चम अङ्क का नाम – **प्रत्याख्यान अङ्क**
- षष्ठ अङ्क का नाम – **पश्चात्ताप अङ्क।**
- सप्तम अङ्क का नाम – **पुनर्मिलन अङ्क।**
- शाकुन्तलम् के **चतुर्थ अङ्क** में करुणरस का प्रयोग है।
- शकुन्तला का हस्तिनापुर (पतिगृह) गमन **चतुर्थ अङ्क में** वर्णित है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् का नायक – **दुष्यन्त**
- दुष्यन्त **धीरोदात्त** कोटि का नायक है।
- राजा दुष्यन्त कहाँ का राजा है – **हस्तिनापुर**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् की नायिका – **शकुन्तला**
- शकुन्तला किस कोटि की नायिका है – **मुग्धा**
- शकुन्तला है – **शकुन्तभिः पक्षिभिः लालिता पालिता इति शकुन्तला**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् का मङ्गलाचरण है – **आशीर्वादात्मक**
- अभि0 शाकुन्तलम् के मङ्गलाचरण में छन्द है – **स्रग्धरा**
- "या सृष्टिः स्रष्टुराद्या....." इत्यादि श्लोक कहाँ का है – **अभि0शाकु0 नाटक का मङ्गलाचरण**
- अभि0शाकु0 के मङ्गलाचरण में किसकी स्तुति की गयी है – **अष्टमूर्ति शिव की**
- **"तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कः"** से सम्बन्धित नाटक – **अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
- **"तत्र श्लोकश्चतुष्टयम्"** किससे सम्बन्धित है – **अभि0 शाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क से**
- "काव्येषु नाटकं रम्यम्" इस वाक्य में किस नाटक का संकेत है – **अभिज्ञानशाकुन्तलम् का**
- दुष्यन्त का विनोदप्रिय मित्र – **माढव्य**
- अभि0 शाकुन्तलम् का विदूषक – **माढव्य**
- शकुन्तला की दोनों सखियाँ – **1. अनसूया. 2. प्रियंवदा।**
- शकुन्तला के माता और पिता– **मेनका और ऋषि विश्वामित्र**
- शकुन्तला के पालक (धर्मपिता) पिता – **महर्षि कण्व**
- महर्षि कण्व के दो प्रमुख शिष्य – **शार्ङ्गरव और शारद्वत**
- दुष्यन्त और शकुन्तला का विवाह हुआ – **गान्धर्व विवाह**
- शकुन्तला को किसने शाप दिया – **ऋषि दुर्वासा ने**
- शकुन्तला को शाप का कारण – **अतिथि रूप में पधारे दुर्वासा ऋषि का तिरस्कार**
- शकुन्तला के शाप को जानने वाली – **प्रियंवदा और अनसूया**
- शकुन्तला को शाप मिला– **अभि0शाकु0 के चतुर्थ अङ्क में**
- अभि0शा0 में शाप की कल्पना का कारण – **प्रेम के आदर्शस्वरूप की स्थापना**
- शाप का प्रभाव किस अङ्क में दिखायी पड़ता है – **अभि0शा0 के पञ्चम अङ्क में**
- राजा दुष्यन्त के पश्चात्ताप का वर्णन – **षष्ठ अङ्क में**
- राजा दुष्यन्त और शकुन्तला का पुनर्मिलन होता है – **अभि0शा0 के सप्तम अङ्क में**
- हेमकूट पर्वत पर आश्रम है – **महर्षि मारीच का।**
- दुष्यन्त और शकुन्तला का पुनर्मिलन – **हेमकूट पर्वत के मारीच आश्रम में।**
- शकुन्तला की मुद्रिका प्राप्त होती है– **धीवर मीनपालक को**
- दुष्यन्त और शकुन्तला के पुत्र का नाम– **सर्वदमन (भरत)**
- अभि0 शा0 का प्रारम्भ होता है – **नान्दीपाठ से (या सृष्टिः स्रष्टुराद्या)**
- अभि0शा0 का समापन होता है – **भरत वाक्य से (प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः....)।**

- कालिदास का सर्वस्वभूतग्रन्थ है – **अभिज्ञानशाकुन्तलम्। ''कालिदासस्य सर्वस्वमभिज्ञानशाकुन्तलम्।''**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के विषय में **पाश्चात्त्य विद्वान् गेटे** का कथन – Wouldst thou the young year's blossoms and the fruits of its decline, and all by which the soul is charmed, enraptured adapted, fed wouldst thou the earth and heaven it self in one name combined? I name the o shakuntala? And all at once is said.

संस्कृतरूपान्तरण

वासन्तं कुसुमं फलञ्च युगपद् ग्रीष्मस्य सर्वं च यद्,
यच्चान्यन्मनसो रसायनमतः सन्तर्पणं मोहनम्।
एकीभूतमभूतपूर्वमथवा स्वर्लोकभूलोकयोः,
ऐश्वर्यं यदि वाञ्छसि प्रियसखे! शाकुन्तलं सेव्यताम्॥

- कालिदास का विश्वप्रसिद्ध नाटक है – **अभिज्ञानशाकुन्तलम्।**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सर्वप्रथम अंग्रेजी अनुवादक – **विलियम जोन्स**
- विलियम जोन्स ने **The last things** की भूमिका में कालिदास को **'भारत का शेक्सपियर'** कहा।
- **महाकवि गेटे** ने अपने सुप्रसिद्ध नाट्यकाव्य **'फाडस्ट'** में कालिदास के अभिज्ञानशाकुन्तलम् और नायिका शकुन्तला की भूरि-भूरि प्रशंसा की।
- कालिदास द्वारा विरचित तीन नाटक हैं – **1. मालविकाग्निमित्रम्** (प्रथमनाटक), **2. विक्रमोर्वशीयम्** (द्वितीय नाटक), **3. अभिज्ञानशाकुन्तलम्** (अन्तिम तथा सर्वश्रेष्ठ नाटक)
- कण्व द्वारा पोषित, मेनका और विश्वामित्र की पुत्री – **शकुन्तला**
- कालिदास के सभी नाटक हैं – **सुखान्त।**
- कालिदास की नाट्यकला का सर्वश्रेष्ठ निदर्शन है – **अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् कथाविन्यास, चरित्र चित्रण, संवाद योजना, भाषा – शैली, अलंकार–योजना, रसयोजना, प्रकृतिचित्रण, सभी दृष्टियों से **सर्वश्रेष्ठ नाटक** है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में लगभग **196 पद्य** हैं।
- महाकवि कालिदास **रसमयी शैली** के आचार्य हैं।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में भारतीय संस्कृति की महत्त्वपूर्ण तीन विशेषताओं – **त्याग, तपस्या, और तपोवन** का अच्छा चित्रण किया गया है।
- भरतमुनि के अनुसार नाटक का लक्षण – **''त्रैलोकस्यास्य सर्वस्य नाट्यं भावानुकीर्तनम्।''**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क का प्रारम्भ होता है – **विष्कम्भक से।**
- अनसूया और प्रियंवदा के पुष्पावचयन से प्रारम्भ होता है – **अभिज्ञानशाकुन्तलम् का चतुर्थ अङ्क।**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में वर्णन है – **शकुन्तला की विदाई का।**
- अन्तः प्रकृति और बाह्य प्रकृति का सुन्दर चित्रण किया गया है – **अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में।**
- दुष्यन्त और शकुन्तला की प्रणयगाथा वर्णित है – **अभिज्ञानशाकुन्तलम् में।**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में लगभग **180 उपमाओं का प्रयोग** किया गया है।
- शकुन्तला **हेमकूट पर्वत पर महर्षि मारीच के आश्रम में** अपनी माता मेनका के साथ वियोग के दिन गुजारती है।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में दुष्यन्त और शकुन्तला के प्रेम, वियोग और पुनर्मिलन का वर्णन है।
- इस नाटक की कथावस्तु राजा दुष्यन्त के द्वारा शकुन्तला को दिये गये अभिज्ञान (अँगूठी) के आस पास चक्कर लगाती है।
- राजा दुष्यन्त मृग का पीछा करते हुए किस आश्रम में प्रवेश करता है – **महर्षि कण्व के।**
- तीर्थयात्रा पर गए हुए कण्व ऋषि की अनुपस्थिति में ही राजा दुष्यन्त और शकुन्तला का गान्धर्व विवाह आश्रम में ही सम्पन्न हो जाता है।
- शकुन्तला को महर्षि कण्व किसके साथ पतिगृह (हस्तिनापुर) भेजते हैं – **शार्ङ्गरव, शारद्वत और गौतमी।**
- हस्तिनापुर जाते समय शकुन्तला की अगूँठी कहाँ गिर जाती है – **शचीतीर्थ में।**
- दुष्यन्त, शकुन्तला को पहचानने से क्यों इन्कार कर देता है **– दुर्वासा के शापवशात्।**
- शकुन्तला कण्व ऋषि के आश्रम के बाद किस आश्रम में निवास करती है – **ऋषि मारीच के आश्रम में।**
- बालक सर्वदमन (भरत) और शकुन्तला से दुष्यन्त की भेंट कहाँ होती है – **हेमकूटपर्वत स्थित ऋषि मारीच के आश्रम में।**
- महर्षि कण्व का आश्रम था – **मालिनी नदी के तट पर।**
- दुष्यन्त ने जब आश्रम में प्रवेश किया तब महर्षि कण्व कहाँ गए हुए थे – **सोमतीर्थ।**
- शकुन्तला को शाप देने वाले ऋषि थे – **दुर्वासा**
- मारीच ऋषि रहते थे – **हेमकूट पर स्थित आश्रम में**
- दुष्यन्त की कौन रानी संगीत का अभ्यास कर रही है – **हंसपदिका**
- राजा दुष्यन्त की दो रानियाँ – **वसुमती और हंसपदिका**
- राजा दुष्यन्त किस रानी को अधिक प्यार करता है– **वसुमती**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में किस गुण की प्रधानता है – **प्रसाद गुण**

- कालिदास के नाटकों का प्रतिपाद्य विषय है – **प्रसाद गुण**
- कालिदास के नाटकों का प्रतिपाद्य रस है – **शृङ्गार**
- नाट्यशास्त्र में नान्दी का अर्थ है – **मङ्गलाचरण**
- नाटकों में भरतवाक्य का प्रयोग होता है – **अन्त में**
- शकुन्तला का पालन पोषण हुआ था– **कण्व के आश्रम में**
- शकुन्तला पति के चिन्तन में कहाँ बैठी थी– **कुटिया में**
- राजा की मनःस्थिति जानने के लिए मेनका ने अपनी किस सखी को भेजा था– **सानुमती**
- जर्मनविद्वान् गेटे द्वारा प्रशंसित नाटक है – **अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
- शापनिवृत्ति के लिए ऋषि दुर्वासा से अनुनय विनय करने वाली सखी है– **प्रियंवदा**
- शकुन्तला की अमङ्गलशान्ति के लिए कण्व कहाँ गए थे – **सोमतीर्थ**
- शकुन्तला ने किस तीर्थ में जलवन्दना की थी – **शचीतीर्थ**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् का सर्वश्रेष्ठ अङ्क है – **चतुर्थ**
- वह महिला तपस्विनी जिसके साथ शकुन्तला हस्तिनापुर जाती है – **गौतमी**
- अग्निगर्भा शमी के समान है – **शकुन्तला**
- दुष्यन्त शकुन्तला की वैवाहिक विधि है – **गान्धर्व**
- हस्तिनापुर से शकुन्तला को मारीच आश्रम ले जाने वाली है – **एक दिव्य ज्योति (मेनका)**
- दुष्यन्त को देवासुर संग्राम की सूचना देने वाला है – **इन्द्र का सारथि मातलि**
- वह स्थान जहाँ स्वर्ग से लौटते समय दुष्यन्त रुकता है – **मारीच ऋषि का आश्रम**
- '**अपराजिता रक्षाकरण्डक**' से सम्बद्ध है – **सर्वदमन (भरत)**
- कालिदास के तीनों नाटकों में प्रधानता है – **शृङ्गार रस की।**
- शाकुन्तलम् का प्रारम्भ तथा अन्त होता है – **सम्भोग शृङ्गार से**
- '**राजन् आश्रममृगोऽयं न हन्तव्यो न हन्तव्यः**' किसने कहा – **तपस्वी वैखानस ने**
- भ्रमर से भयभीत शकुन्तला की रक्षा कौन करता है – **राजा दुष्यन्त**
- 'शकुन्तला ऋषि विश्वामित्र एवं मेनका की कन्या हैं' – यह बात राजा दुष्यन्त को किसने बताया **– अनसूया ने**
- हस्तिनापुर से महारानी का सन्देश लेकर कण्व के आश्रम राजा दुष्यन्त के पास कौन जाता है – **करभक नाम का एक सेवक**
- शाकुन्तलम् के किस अङ्क में राजा दुष्यन्त विदूषक माढव्य को आश्रम से हस्तिनापुर वापस भेज देता है– **द्वितीय अङ्क में**
- शकुन्तला को राजा दुष्यन्त के लिए एक प्रेमपत्र लिखने की सलाह कौन देती है – **प्रियंवदा**
- शकुन्तला, सखियों के आग्रह से नलिनी पत्र पर नाखूनों से राजा को प्रेमपत्र लिखती है।

तव न जाने हृदयं मम पुनः कामो दिवाऽपि रात्रावपि।
निर्घृण तपति बलीयस्त्वयि वृत्तमनोरथाया अङ्गानि॥

अभि०शा० 3-13।

- शकुन्तला की अस्वस्थता का समाचार पाकर शान्तिजल लिए हुए कौन आती है – **आर्या गौतमी**
- नाटक में दुर्वासा ऋषि का आगमन किस अङ्क में होता है – **चतुर्थ अङ्क में**
- ऋषि कण्व को आकाशवाणी द्वारा मालूम होता है कि शकुन्तला का दुष्यन्त के साथ गान्धर्व विवाह हो गया है, तथा वह आपन्नसत्त्वा (गर्भिणी) है।

दुष्यन्तेनाहितं तेजो दधानां भूतये भुवः।
अवेहि तनयां ब्रह्मन् अग्निगर्भां शमीमिव॥

अभि०शा० 4/4

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के मार्मिक प्रसङ्ग

प्रथम अङ्क – भ्रमर वृत्तान्त और शकुन्तला की सखियों से राजा का वार्तालाप।
द्वितीय अङ्क – शकुन्तला के सौन्दर्य का वर्णन।
तृतीय अङ्क – दुष्यन्त और शकुन्तला के विरह दुःख का वर्णन और दोनों के मिलन का वर्णन।
चतुर्थ अङ्क – शकुन्तला की विदाई।
पंचम अङ्क – राजा दुष्यन्त और शार्ङ्गरव का विवाद।
षष्ठ अङ्क – राजा के शोक का वर्णन।
सप्तम अङ्क – पुत्र सर्वदमन का दर्शन और शकुन्तला से मिलन का वर्णन।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् का मङ्गलाचरण

या सृष्टिः स्रष्टुराद्या, वहति विधिहुतं या हविर्या च होत्री, ये द्वे कालं विधत्तः श्रुति विषयगुणा या स्थिता व्याप्य विश्वम्।
यामाहुः सर्वबीजप्रकृतिरिति यया प्राणिनः प्राणवन्तः,
प्रत्यक्षाभिः प्रपन्नस्तनुभिरवतु वस्ताभिरष्टाभिरीशः॥ 1/1 ॥

भावार्थ- जो विधाता की सर्वप्रथम सृष्टि है अर्थात् जलरूप मूर्ति, जो विधिपूर्वक की गयी हवन के हवि को देवताओं के पास ले जाती है अर्थात् अग्निरूप मूर्ति, जो यज्ञकर्ता है अर्थात् यजमान रूपमूर्ति, जो दो समय का निर्माण करतीं हैं,अर्थात् सूर्य और चन्द्ररूप मूर्तियाँ, शब्द जिसका गुण है और जो विश्व में व्याप्त होकर विद्यमान है अर्थात् आकाश रूप मूर्ति, जिसको विद्वान् समस्त बीजों का कारण कहते हैं, अर्थात् पृथ्वीरूपमूर्ति और जिससे सभी प्राणी जीवित रहते हैं अर्थात् वायुरूप मूर्ति, उन प्रत्यक्ष आठ मूर्तियों से युक्त भगवान् शिव आप लोगों की रक्षा

करें।

☆ प्रस्तुत पद्य में अष्टमूर्ति भगवान् शिव की स्तुति की गयी है।
☆ आशीर्वादात्मक मङ्गलाचरण का प्रयोग है।
☆ समासोक्ति के माध्यम से कथानक का सङ्केत होने से पत्रावली नान्दी भी है।
☆ उपर्युक्त श्लोक में स्रग्धरा छन्द तथा अनुप्रास एवं समासोक्ति अलङ्कार है।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् का भरतवाक्य

प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः
सरस्वती श्रुतमहतां महीयताम्।
ममापि च क्षपयतु नीललोहितः
पुनर्भवं परिगतशक्तिरात्मभूः॥ 7/35 ॥

भावार्थ- राजा लोग प्रजा के हित के कार्यों में लगे रहें। चारों वेदों से शोभायमान भगवती श्री सरस्वती जगत् में पूजा को प्राप्त हों, अर्थात् वैदिक साहित्य, वेदमार्ग तथा चक्र सहित स्वयंभू भगवान् शङ्कर मेरे पुनर्जन्म का नाश करें। अर्थात् भगवान् शाम्ब शिव की कृपा से मेरा जन्म-मरण रूप यह संसार बन्धन सदा के लिए छूट जाए।

☆ यह उत्तरार्धगत अन्तिम उक्ति महाकवि कालिदास की स्वयं अपनी प्रार्थना है।
☆ इस भरतवाक्य में लोक-कल्याण के लिए भगवान् शिव से प्रार्थना की गयी है।
☆ इस पद्य में रुचिरा या अतिरुचिरा छन्द है।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाम का प्रयोजन

1. अभिज्ञायते अनेन इति अभिज्ञानम् अभि+ज्ञा+ल्युट् = अभिज्ञान

अर्थात् जिसके द्वारा पहचाना जाता है।

यहाँ पर अभिज्ञान से भाव है- दुष्यन्त के द्वारा पहचान के लिए शकुन्तला को दी गयी अँगूठी।

शकुन्तलाम् अधिकृत्य कृतं नाटकं शाकुन्तलम्।

शकुन्तला+अण्, ('अधिकृत्य कृते ग्रन्थे' सूत्र से अण् प्रत्यय) अर्थात् शकुन्तला विषयक नाटक।

अभिज्ञानप्रधानं शाकुन्तलम् इति अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(मध्यमपदलोपी समास)

शकुन्तला प्रधान नाटक, जिसमें अभिज्ञान (अँगूठी) मुख्य रूप से वर्णित है।

2. अभिज्ञानसहितं शाकुन्तलम् इति अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(मध्यमपदलोपी समास)

अभिज्ञान(अँगूठी) के वर्णन से युक्त शकुन्तला-विषयक नाटक।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के नाटकीय पात्रों का परिचय

पुरुष पात्र

क्र.	नाम	परिचय
1.	सूत्रधार	नाटक का आरम्भ करने वाला प्रधान नट और रंगमञ्च का अध्यक्ष।
2.	दुष्यन्त	नाटक का नायक, हस्तिनापुर का राजा।
3.	सूत	दुष्यन्त का सारथि।
4.	सेनापति भद्रसेन	दुष्यन्त का सेनापति।
5.	विदूषक माढव्य	दुष्यन्त का अन्तरङ्ग मित्र और हास्यकारी।
6.	महर्षिकण्व (काश्यप)	आश्रम के कुलपति, शकुन्तला के पालक और धर्मपिता।
7.	मारीच (कश्यप)	एक महर्षि, देवों और राक्षसों के पिता, एक प्रजापति।
8.	भरत (सर्वदमन)	राजा दुष्यन्त और शकुन्तला का पुत्र।
9.	सोमरात	दुष्यन्त का पुरोहित।
10.	मातलि	इन्द्र का सारथि।
11.	वैखानस, हारीत, नारद, गौतम, शाङ्र्गरव, शारद्वत, शिष्य	सभी कण्व के शिष्य, आश्रम के तपस्वी।
12.	रैवतक (दौवारिक)	राजा का भृत्य, द्वारपाल।
13.	करभक	राजा के पास राजमाता का सन्देश पहुँचाने वाला सेवक।
14.	कञ्चुकी (वातायन)	रनिवास की देखभाल करने वाला एक वृद्ध ब्राह्मण।
15.	वैतालिक	स्तुतिपाठक (भाट, चारण)।
16.	श्याल	राजा का साला, नगर रक्षाधिकारी (कोतवाल)।
17.	धीवर (मीनपालक)	मछली पकड़ने वाला।
18.	सूचक	पुलिस के दो सिपाही।
19.	जानुक	
20.	गालव	ऋषि मारीच का शिष्य।
21.	पिशुन	दुष्यन्त का मन्त्री

स्त्रीपात्र

क्र.	नाम	परिचय
22.	नटी	सूत्रधार की पत्नी।
23.	शकुन्तला	नाटक की नायिका, कण्व की धर्मपुत्री, दुष्यन्त की पत्नी, मेनका और विश्वामित्र से उत्पन्न एक

		क्षत्रिय कन्या।
24.	अनसूया	शकुन्तला की अत्यन्त प्रिय और अंतरंग सखी।
25.	प्रियंवदा	
26.	गौतमी	कण्व के आश्रम की अध्यक्षा, एक वृद्धा तापसी।
27.	अदिति (दाक्षायणी)	महर्षि मारीच की पत्नी।
28.	सानुमती	मेनका की सखी, एक अप्सरा।
29.	परभृतिका	राजा की सेविका, उद्यानपालिका।
30.	मधुकरिका	
31.	चतुरिका	राजा की सेविका।
32.	वेत्रवती (प्रतीहारी)	राजा की द्वारपालिका।
33.	यवनी	राजा की एक सेविका।
34.	तापसी (सुव्रता)	मारीच के आश्रम की एक तपस्विनी।

अन्य पात्र

➢ **मघवा (इन्द्र)** – देवताओं के राजा, दुष्यन्त के मित्र।
➢ **इन्द्राणी** – इन्द्र की पत्नी।
➢ **जयन्त** – इन्द्र का पुत्र।
➢ **कौशिक (विश्वामित्र)** – शकुन्तला के जन्मदाता पिता।
➢ **मेनका** – शकुन्तला की माता, एक अप्सरा।
➢ **दुर्वासा** – एक ऋषि, शकुन्तला को शाप देने वाले।
नोट – नाटक में इन पात्रों का केवल नामोल्लेख मात्र हुआ है।
➢ 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में पुरुवंशी (चन्द्रवंशी) राजा दुष्यन्त तथा विश्वामित्र और मेनका की पुत्री शकुन्तला का प्रेम, वियोग, पुनर्मिलन वर्णित है।
➢ शाकुन्तलम् की कथा महाभारत के आदिपर्व तथा पद्मपुराण के स्वर्गखण्ड में वर्णित है।
➢ शाकुन्तलम् का **नायक 'दुष्यन्त'** 'हस्तिनापुर' का राजा है और धीरोदात्त नायक के गुणों से युक्त है।
➢ 'शाकुन्तलम्' की **नायिका शकुन्तला** महर्षि कण्व (काश्यप) के आश्रम में पली है। 'मुग्धा' नायिका है।
➢ 'शाकुन्तलम्' का **प्रमुख 'रस' शृंगार है।** चतुर्थ अङ्क में **करुण** रस है।
➢ शाकुन्तल में **24 छन्दों** का प्रयोग हुआ है। सर्वाधिक प्रयुक्त छन्द आर्या (39) है। तत्पश्चात् वसन्ततिलका (30) है।
➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् में कुल **196 श्लोक** है। सर्वाधिक (35) श्लोक सप्तम अङ्क में हैं।
➢ अभिज्ञानशाकुन्तलम् में **वैदर्भी रीति** और **माधुर्य गुण** प्रयुक्त है।
➢ शाकुन्तलम् में साधारणतया **गद्य के लिए शौरसेनी** और पद्यों के लिए **महाराष्ट्री प्राकृत** का प्रयोग हुआ है।
➢ षष्ठ अङ्क में दोनों सिपाही और धीवर मागधी बोलते हैं।
➢ शाकुन्तलम् में सर्वाधिक उपमा और 'अर्थान्तरन्यास' अलङ्कारों का प्रयोग है।
➢ दुष्यन्त की शकुन्तला से पूर्व अन्य दो रानियाँ हंसपदिका और वसुमती हैं।
➢ शकुन्तला की अनसूया और प्रियंवदा नामक दो सखियाँ हैं।
➢ दुष्यन्त और शकुन्तला का **पुत्र सर्वदमन (भरत)** है।
➢ शाकुन्तलम् का **विदूषक 'माढव्य'** दुष्यन्त का मित्र है। पहली बार द्वितीय अङ्क में मंच पर आता है।
➢ दुष्यन्त का **सेनापति 'भद्रसेन'** और **पुरोहित 'सोमरात'** है।
➢ इन्द्र का सारथी **'मातलि'** और दुष्यन्त का सारथी **'सूत'** है।
➢ **'करभक'** नामक दूत द्वितीय अङ्क में दुष्यन्त की माता का सन्देश लेकर आता है।
➢ शकुन्तला, परित्याग के बाद देवों और राक्षसों के पिता, प्रजापति **'मारीच' (कश्यप)** के आश्रम में रहती है।
➢ वैखानस, शार्ङ्गरव, शारद्वत, गौतम, नारद, हारीत आदि महर्षि कण्व के शिष्य हैं।
➢ ऋषि मारीच का एकमात्र शिष्य जो शकुन्तला-दुष्यन्त के मिलन की सूचना कण्व को देने हेतु सातवें अङ्क में भेजा जाता है उसका नाम **'गालव'** है।
➢ षष्ठ अङ्क में धीवर को पकड़ने वाले **दो सिपाही सूचक व जानुक** हैं और राजा का साला एवं नगर रक्षाधिकारी **श्याल** है।
➢ राजा का **कञ्चुकी 'वातायन'** है वह षष्ठ अङ्क में 'वसन्तोत्सव' की तैयारी में लगी दो उद्यानपालिकाओं **'परभृतिका'** व **'मधुकरिका'** को ऐसा करने से रोकता है।
➢ **वेत्रवती** राजा की द्वारपालिका है। यवनी है, एक अन्य सेविका है।
➢ **अदिति** (दाक्षायणी) मारीच की पत्नी तथा **गौतमी** कण्व के आश्रम की 'एक वृद्धा तापसी' है। गौतमी भी शार्ङ्गरव और शारद्वत के साथ शकुन्तला को छोड़ने हस्तिनापुर जाती है।
➢ मारीच के आश्रम में सर्वदमन (भरत) के साथ रहने वाली तापसी **'सुव्रता'** थी।
➢ **'सानुमती'** शकुन्तला की माता मेनका की सखी है जो षष्ठ अङ्क में राजा और विदूषक की बात अदृश्य रूप से सुनती है।
➢ इन्द्र का पुत्र **जयन्त** तथा पत्नी **इन्द्राणी** (पौलोमी/शची) है।
➢ सुलभकोप ऋषि दुर्वासा, अत्रि और अनसूया के पुत्र हैं वे चतुर्थ अङ्क के आरम्भ में शकुन्तला को शाप देते हैं।
➢ महर्षि कण्व का आश्रम **'मालिनी नदी'** के तट पर विश्वामित्र का आश्रम गौतमी नदी के तट पर तथा 'मारीच' का आश्रम **'हेमकूट पर्वत'** पर था।
➢ दुर्वासा के शाप का असर पञ्चम अङ्क में दिखाई पड़ता है। यह नाटकीयता की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ अङ्क है।
➢ शकुन्तला ने **'शचीतीर्थ'** जो गङ्गा के तट पर स्थित है, में जलवन्दना की, जहाँ उसकी अँगूठी गिरती है।
➢ तृतीय अङ्क में 'प्रियंवदा' कमल-पत्र पर 'नाखून' से प्रेम-पत्र लिखने की सलाह शकुन्तला को देती है जिसे वह फूलों में छिपाकर देवता के प्रसाद के बहाने राजा के पास पहुँचाने को कहती है।
➢ नाटक का आरम्भ **'ग्रीष्म ऋतु'** वर्णन तथा राजा दुष्यन्त

द्वारा आश्रम मृग का पीछा करते हुए होता है।

- राजा पञ्चम अङ्क में हंसपदिका के सङ्गीत की प्रशंसा करता है तथा षष्ठ अङ्क में शकुन्तला तथा उसकी सखियों का चित्र बनाता है।
- दुष्यन्त षष्ठ अङ्क में **'धनमित्र'** नामक व्यापारी की मृत्यु पर उसकी सारी सम्पत्ति उसके गर्भस्थ पुत्र को दे देता है।
- दुष्यन्त के लिए इन्द्र अपना आधा सिंहासन छोड़ देते हैं तथा **राजा को मन्दारमाला** पहनाते हैं।
- राजा द्वारा तिरस्कृत शकुन्तला को प्रसव तक अपने घर में रखने को **'सोमरात'** तैयार होते हैं।
- अष्टमूर्ति शिव की उपासना शाकुन्तलम् के नान्दी में की गई है, यह **मङ्गलाचरण आशीर्वादात्मक** है।
- शाकुन्तल के मङ्गलाचरण में **स्रग्धरा छन्द** है, जिसके प्रत्येक चरण में **21 वर्ण** होते हैं। यह **पत्रावली नान्दी** है।
- जब तक विद्वान् सन्तुष्ट न हो जाय सूत्रधार अभिनय-कौशल को सफल नहीं समझता। वह ग्रीष्म ऋतु पर नटी से गीत सुनाने को कहता है।
- नटी आरम्भ में दो छन्द गाती है एक आर्या –> **(सुभगसलिल.......)** दूसरा उद्‌गाथा –> **(ईषदीषच्चुम्बितानि.....)**
- सूत प्रथम अङ्क के आरम्भ में धनुष पर बाण चढ़ाये राजा की उपमा 'शिव' से देता है।
- प्रथम अङ्क में वैखानस राजा को चक्रवर्ती पुत्र प्राप्त करने का आशीर्वाद देता है।
- समिधा लाने जाता हुआ 'वैखानस' राजा को बताता है कि शकुन्तला के 'प्रतिकूल भाग्य की शान्ति' के लिए कण्व शकुन्तला पर अतिथि सत्कार का भार सौंप कर **'सोमतीर्थ'** गये हुए हैं।
- आश्रम से सरोवर का मार्ग वल्कलों के अग्रभाग से टपकते जल से रेखांकित है।
- राजा आश्रम में प्रवेश से पूर्व अपने आभूषण और धनुष सारथि (सूत) को देकर सादे वेष में प्रवेश करता है।
- आश्रम-प्रवेश के समय राजा की **'दाहिनी' भुजा फड़कती** है जो सुन्दर स्त्री की प्राप्ति का सूचक है।
- आश्रम-प्रवेश पर राजा वाटिका की दाहिनी ओर वृक्षों का सेंचन कर रही (प्रियंवदा आदि) बालिकाओं को देखता है।
- प्रियंवदा कहती है कि शकुन्तला के समीप रहने पर 'बकुल' (मौलश्री) का वृक्ष लता से युक्त लगता है।
- नवमालिका लता आम के वृक्ष से लिपटी है जिसका **'वनज्योत्स्ना'** नाम शकुन्तला ने रखा है।
- प्रियंवदा 'सप्तपर्ण वृक्ष' की वेदी पर राजा को बैठने हेतु कहती है।
- अनसूया द्वारा परिचय पूँछने पर राजा अपने को पुरुवंशी राजा द्वारा नियुक्त धर्माधिकारी बताता है।
- शकुन्तला के जन्म का वृत्तान्त अनसूया राजा को बताती है।
- कौशिक (विश्वामित्र) गौतमी नदी के किनारे तपस्या कर रहे थे।
- प्रियंवदा दो वृक्षों के सेंचन का ऋण बताकर शकुन्तला को रोकती है राजा अपनी अङ्गूठी देकर शकुन्तला को ऋण मुक्त करना चाहता है।
- द्वितीय अङ्क का आरम्भ खिन्न विदूषक के प्रवेश के साथ होता है जो राजा के 'मृगया' के व्यसन से दुःखी है।
- द्वितीय अङ्क में सेनापति और विदूषक 'मृगया' (शिकार) के गुण-दोष की चर्चा करते हैं।
- दुष्यन्त, शकुन्तला के प्रति अपने प्रेम को विदूषक से कहता है और कहीं यह अन्तःपुर में न बता दे इसलिए उस बात को हँसी में कही 'बात' कहता है।
- करभक सन्देश लाता है कि चौथे दिन महारानी (दुष्यन्त की माता) के व्रत (जीवित्पुत्रिका/जिउतियाव्रत) का 'पारण' है।
- राजा अपने स्थान पर 'विदूषक' को भेज देता है।
- तृतीय अङ्क का आरम्भ 'शिष्य' के प्रवेश से होती है जो शकुन्तला के अस्वस्थ होने की खबर प्रियंवदा से प्राप्त होने का अभिनय करता है।
- तृतीय अङ्क का आरम्भ 'विष्कम्भक' से होता है।
- तृतीय अङ्क में दुष्यन्त के शकुन्तला के समीप उपस्थित होने पर दोनों सखियाँ मृग-शावक को उसकी माँ से मिलाने के बहाने से हट जाती हैं।
- दुष्यन्त तृतीय अङ्क में **शकुन्तला से गान्धर्व विवाह** करता है। यह विवाह केवल क्षत्रियों के लिए ही स्वीकृत था।
- गौतमी दोनों सखियों के साथ शकुन्तला का स्वास्थ्य जानने आती है।
- चतुर्थ अङ्क का आरम्भ पुष्प चुनती हुई दो सखियों (प्रियंवदा, अनसूया) के प्रवेश के साथ होता है।
- अनसूया, शकुन्तला के 'भाग्यदेवता' के पूजन के लिए अधिक फूल तोड़ने को कहती है।
- शाप देकर जाते हुए **दुर्वासा को मनाने प्रियंवदा** जाती है।
- शकुन्तला कुटिया के द्वार पर बाएँ हाथ पर मुँह रखे चित्रलिखित सी बैठी है।
- शाप का वृत्तान्त केवल अनसूया और प्रियंवदा को ज्ञात रहता है।
- चौथे अङ्क का आरम्भ भी **शुद्ध विष्कम्भक** के साथ होता है।
- विष्कम्भक के पश्चात् सोकर उठे 'शिष्य' का प्रवेश मंच पर होता है। जो काश्यप के आदेशानुसार 'कितनी रात शेष है' यह जानने के लिए बाहर आता है।
- 'शकुन्तला सुखपूर्वक सोई कि नहीं' यह जानने के लिए गयी हुई प्रियंवदा यह समाचार लाती है कि 'कण्व' ने शकुन्तला के विवाह को अनुमति दे दी है।
- शकुन्तला 'गर्भिणी' है यह समाचार कण्व को **'अशरीरधारी छन्दोमयी'** वाणी ने यज्ञशाला में प्रविष्ट होने पर दिया।
- इस घटना को प्रियंवदा, अनसूया से बताती है।
- अनसूया शकुन्तला की विदाई हेतु नारियल के डिब्बे में बकुल (मौलश्री) की माला, केसर आदि आम की डाल पर लटका

कर रखती है।

- अनसूया शकुन्तला की विदाई के अवसर पर गोरोचन, तीर्थों की मिट्टी, दूब के अग्रभाग आदि वस्तुएँ इकट्ठा करती है।
- स्वस्तिवाचन के समय तीन तापसियाँ शकुन्तला को आशीर्वाद देती हैं।
- पहली तापसी **'महादेवी'** शब्द प्राप्त करने, दूसरी **'वीर पुत्र'** को प्राप्त करने का और तीसरी **'पति से अधिक सम्मान'** प्राप्त करने का आशीर्वाद देती है।
- दो ऋषि कुमार जिनके नाम **नारद** व **गौतम** हैं, वे वृक्षों द्वारा प्रदत्त वस्त्र-आभूषण आदि शकुन्तला के लिए लाते हैं।
- दोनों सखियाँ चित्रकारी से प्राप्त ज्ञान के आधार पर शकुन्तला का शृङ्गार करती हैं।
- पूरे नाटक में **महर्षि कण्व केवल चौथे अङ्क** में दिखाई पड़ते हैं। वे स्नान के उपरान्त **'यास्यत्यद्य शकुन्तलेति'**...... श्लोक के साथ मंच पर प्रविष्ट होते हैं।
- चतुर्थ अङ्क के **22 श्लोकों में 14 श्लोक महर्षि कण्व** ने कहे हैं। चौथे अङ्क के प्रसिद्ध चार श्लोक भी महर्षि कण्व द्वारा कहे गये हैं।
- **ययाति** चंद्रवंश के संस्थापक राजाओं में थे जिनकी **देवयानी** और **शर्मिष्ठा** नाम की दो पत्नियाँ थीं।
- **देवयानी** दानवों के गुरु **शुक्राचार्य की पुत्री** और ययाति की विवाहिता पत्नी थी।
- दानवों के राजा **'वृषपर्वा' की पुत्री शर्मिष्ठा** देवयानी की सेविका के रूप में आयी थी। ययाति ने उससे गान्धर्व विवाह कर लिया।
- ययाति के 5 पुत्रों में **शर्मिष्ठा का पुत्र 'पुरु'** भी था जिसने शुक्राचार्य के शाप से वृद्ध हुए ययाति की वृद्धावस्था अपने ऊपर ले लिया था।
- अग्निवेदी की परिक्रमा करते हुए कण्व ने ऋग्वैदिक छन्द 'त्रिष्टुप्' में शकुन्तला को आशीर्वाद दिया।
- 'त्रिष्टुप्' के प्रत्येक चरण में 11 वर्ण होते हैं, 4 या 5 वर्ण पर यति होती है।
- वृक्षों के प्रथम 'पुष्पोद्गम' के समय शकुन्तला आश्रम में उत्सव मनाया करती थी।
- 'वृक्षों से' कण्व द्वारा शकुन्तला के जाने हेतु आज्ञा माँगने पर वे 'कोयल' की आवाज में आज्ञा प्रदान करते हैं।
- वृक्षों ने शकुन्तला को कोयल की आवाज में जाने की आज्ञा दे दी है। इस बात की कण्व अपरवक्त्र छन्द में पुष्टि करते हैं।
- आकाशवाणी के द्वारा शकुन्तला यात्रा की जो मङ्गल कामना की गई है वह **शाकुन्तलम् का 'मध्यनान्दी'** है।
- जाती हुई शकुन्तला अपनी **लता-बहिन 'वनज्योत्स्ना'** से गले मिलकर विदाई लेती है। जो 'आम्रवृक्ष' से लिपटी है। और इसे धरोहर के रूप में सखियों के हाथ में देती है।
- शकुन्तला कण्व से गर्भ के कारण शिथिल हरिणी के कुशलपूर्वक सन्तानोत्पत्ति का समाचार अपने पास भेजने को कहती है।
- कुशाग्रों से विंधे मुखवाले जिस मृग के मुख पर शकुन्तला ने इंगुदी (हिंगोट) का तेल लगाया था तथा साँवा के चावल से पाला था वह शकुन्तला के जाते समय उसका वस्त्र खींचता है। वह उसे पिता कण्व को सौंपती है।
- शकुन्तला के साथ सरोवर के तट तक आये कण्व क्षीरवृक्ष (पीपल) के नीचे बैठ कर दुष्यंत को भेजने हेतु संदेश देते हैं।
- कमल के पत्ते की ओट में बैठे सहचर (चकवा) को न देख पाने के कारण चकवी रोती (चिल्लाती) है।
- शकुन्तला द्वारा पहले पूजा के रूप में डाले गये 'नीवार' अब कुटी के द्वार पर उगे हैं जो कण्व को उसकी याद दिलायेंगे।
- **''अपराजिता रक्षाकरण्डक''** सिंह शावक के साथ खेलते सर्वदमन के हाथ पर बंधा है जो बालक के माता-पिता के अतिरिक्त अन्य के छूने पर सर्प बनकर डस लेता है।
- षष्ठ अङ्क में इन्द्र-सारथि मातलि राजा में क्रोध या वीरता को जगाने के लिए विदूषक पर आक्रमण करता है।
- मातलि विदूषक पर आक्रमण करके उसे **'मेघप्रतिच्छन्द'** नामक महल के ऊपरी मंजिल पर ले जाता है।
- राजा उस पर आक्रमण हेतु 'यवनी' नामक परिचारिका से धनुष माँगता है।
- मातलि राजा के समक्ष प्रकट होकर राजा को देवासुर संग्राम में इन्द्र के सहायतार्थ चलने हेतु निवेदन करता है।
- **कालनेमि का वंशज 'दुर्जेय'** ने इन्द्र पर आक्रमण किया जिसे केवल दुष्यन्त मार सकता है।
- राजा दुष्यन्त के **मंत्री 'पिशुन'** हैं जिन पर वह देवासुर संग्राम में जाते हुए राज्यभार सौंपता है। विदूषक से यह बात उन्हें बताने के लिए कहता है।
- **हेमकूट किन्नरों का पर्वत** है जहाँ प्रजापति 'मारीच' रहते हैं।
- जब मातलि 'राजा' के आगमन की सूचना (मारीच को) देने जाता है तब राजा अशोक वृक्ष के नीचे बैठता है।
- 'जातकर्म' 16 संस्कारों में चौथा है। जिस अवसर पर सर्वदमन के हाथ पर **'अपराजिता'** नामक रक्षासूत्र बाँधा गया था।
- मारीच **'वत्स, चिरंजीव पृथिवीं पालय'** आशीर्वाद राजा को देते हैं तथा दुर्वासा - शाप का वृत्तान्त दोनों को बताते हैं।
- अदृश्य तेजोमयी मूर्ति के रूप में मेनका 'अप्सरास्तीर्थ' से शकुन्तला को लेकर दाक्षायणी (मारीच-पत्नी) के पास गयी।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक का भरतवाक्य (अन्तिम श्लोक) (प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय) **'रुचिरा' छन्द** में है। जिसके प्रत्येक चरण में 13 वर्ण, 4, 9 पर यति होती है।
- जीवों को बलात् वश में कर लेने के कारण भरत का नाम 'सर्वदमन' था।
- पञ्चम अङ्क में अङ्गूठी के शचीतीर्थ में जलतर्पण के समय गिरने की बात का पता सर्वप्रथम 'गौतमी' के मुख से पता चलता है।

राजा दुष्यन्त

परिचयः –

➤ अभिज्ञानशाकुन्तलम् का धीरोदात्त नायक

महासत्त्वोऽतिगम्भीरः क्षमावानविकत्थनः।
स्थिरो निगूढाहङ्कारो धीरोदात्तो दृढव्रतः॥

(दशरूपक – द्वितीयप्रकाश)

अर्थात् वह (राजा दुष्यन्त) स्थिर स्वभाववाला, क्षमाशील, अतिगम्भीर, महाबली, अहङ्कारशून्य, दृढनिश्चयी, स्वयं प्रशंसा न करने वाला, मधुरभाषी, एवं ललित कलाओं का मर्मज्ञ है।

➤ शकुन्तला का प्रेमी/पति।
➤ पुरुवंशी (चन्द्रवंशी) एक क्षत्रिय राजा (राजर्षि)।
➤ हस्तिनापुर के सम्राट्।
➤ विदूषक (माधव्य) के मित्र।
➤ हंसपदिका और वसुमती नामक रानियों के आदर्शपति।
➤ सर्वदमन (भरत) के पिता।

चारित्रिक विशेषतायें

➤ आदर्श प्रेमी।
➤ सुन्दर एवं गम्भीर आकृति।
➤ आदर्श राजा/उत्तम शासक
➤ विनयशील नैतिक एवं धर्मपरायण।
➤ आखेट (मृगया) प्रेमी।
➤ कलाप्रेमी/कुशलचित्रकार/संगीतप्रेमी
➤ आकर्षक व्यक्तित्व एवं सौन्दर्यशाली।
➤ वीरयोद्धा/पराक्रमी/शूरवीर।
➤ वात्सल्यप्रेमी एवं गुणग्राही।
➤ मधुरभाषी एवं उदार।
➤ सहृदय तथा संयमी।
➤ आदर्श पिता।
➤ मातृभक्त तथा आज्ञाकारीपुत्र।
➤ चरित्रवान् नायक।
➤ लोकोत्तर आदर्शचरित्र

दुष्यन्त के महत्त्वपूर्ण गुण एवं कार्य

➤ दानवों के वधार्थ इन्द्र उसे स्वर्ग में बुलाता है। **(अङ्क-6)**
➤ उसके शारीरिक गठन एवं सौन्दर्य से सभी प्रभावित होते हैं, वह सुन्दर एवं युवा है।
➤ धनुष की टंकार से ही यज्ञ में विघ्न करने वाले राक्षसों को भगा देता है।
➤ प्रियंवदा उसके मधुरभाषण की प्रशंसा करती है। **(अङ्क-1)**
➤ जब तक यह निश्चित नहीं हो जाता है कि शकुन्तला क्षत्रिय कन्या है, तब तक वह अपने विवाह का विचार प्रकट नहीं करता है।
➤ शकुन्तला की प्रेमावस्था देखकर वह उसके पाणिग्रहण और रक्षा की स्वीकृति देता है। **(अङ्क-3)**
➤ वह रुग्ण शकुन्तला को धूप में जाने से रोकता है, और उसकी सेवा-शुश्रूषा करता है।
➤ माता की आज्ञा पाते ही ऋषियों के यज्ञरक्षा रूपी कार्य की विवशता के कारण मित्र विदूषक को तत्काल माता के पास भेजता है। **(अङ्क-2)**
➤ रानी हंसपदिका के संगीत को सुनकर मन्त्रमुग्ध हो जाता है। **(अङ्क-5)**
➤ शकुन्तला तथा उसकी सखियों का चित्र बनाता है। **(अङ्क-6)**
➤ ऋषियों के प्रति बहुत आदरभाव है, उनके कहनें से वह मृग पर बाण नहीं चलाता है।
➤ विनीत वेष में आश्रम में प्रवेश करता है। **(अङ्क-1)**
➤ यज्ञरक्षा हेतु ऋषियों की प्रार्थना सादर स्वीकार करता है।
➤ शार्ङ्गरव के आक्षेपों का उत्तर शान्तिपूर्वक देता है। **(अङ्क-5)**
➤ मारीच ऋषि के दर्शनार्थ उनके आश्रम जाता है। **(अङ्क-7)**
➤ वह धनमित्र नामक व्यापारी की मृत्यु पर शोक प्रकट करता है। उसके गर्भस्थ पुत्र को उसका धन दिलाता है। **(अङ्क-6)**
➤ प्रजा की रक्षा को परमधर्म समझता है।
➤ दुःखियों का दुःख दूर करने को सदा उद्यत रहता है।
➤ परस्त्री की ओर देखना पाप समझता है – **''अनिर्वर्णनीयं परकलत्रम्''** **(अङ्क-5)**
➤ सन्तानहीनता का उसे बहुत दुःख है।
➤ प्रजा के लिए घोषणा करता है कि बन्धुहीनों का वह बन्धु है। **''येन येन वियुज्यन्ते प्रजाः स्निग्धेन बन्धुना''**
➤ शाप के कारण शकुन्तला को न पहचानने पर वह अपने पूर्णसंयम का परिचय देता है। **(अङ्क-5)**
➤ सर्वदमन (भरत) को देखकर वात्सल्य का भाव जाग उठता है। **(अङ्क-7)**
➤ वह शिकार खेलता हुआ कण्व ऋषि के आश्रम में प्रवेश करता है। **(अङ्क-1)**
➤ राजा, मृगया को व्यसन नही अपितु शारीरिक स्वास्थ्य एवं मनोविनोद का साधन मानता है, इससे शरीर हल्का फुल्का एवं फुर्तीला रहता है। **(अङ्क-2)**
➤ राजाद्वारा निर्मित शकुन्तला के चित्रको देखकर विदूषक और सानुमती मन्त्रमुग्ध हो जाते हैं। **(अङ्क 6)**
➤ राजा दुष्यन्त के सौन्दर्य एवं व्यक्तित्त्व से सखियों सहित शकुन्तला प्रभावित होती है।
➤ दाक्षायणी (अदिति) भी दुष्यन्त के व्यक्तित्त्व की प्रशंसा करती हैं। **(अङ्क-7)**
➤ दुष्यन्त की वीरता से प्रभावित होकर इन्द्र अपना आधा इन्द्रासन छोड़ देते हैं, तथा उन्हें मन्दारमाला पहनाते हैं।
➤ इस प्रकार राजा दुष्यन्त कर्त्तव्यपरायण, प्रजाप्रेमी, पराक्रमी, विनीत और अविकत्थन है।

शकुन्तला

परिचय –

➤ अभिज्ञानशाकुन्तलम् की नायिका।
➤ विश्वामित्र और अप्सरा मेनका की पुत्री।
➤ महर्षिकण्व की धर्मपुत्री, (पालिता पुत्री)।
➤ नाट्यशास्त्रीय दृष्टि से मुग्धा नायिका।

- **''शकुन्तैः परिवारिता परिपालिता वा।''** पक्षियों से आवृत या कुछ समय तक पक्षियों द्वारा परिपालित होनें के कारण 'शकुन्तला' यह सार्थक नाम पड़ा।
- मालिनी नदी के तट पर स्थित कण्वाश्रम में निवास।
- राजा द्वारा परित्यक्ता होनें के बाद मारीच आश्रम में निवास।
- राजादुष्यन्त की प्रेमिका/तृतीयपत्नी।
- सर्वदमन (भरत) की माँ।
- अनसूया एवं प्रियंवदा की प्रियसखी।

चारित्रिक विशेषतायें

1. अपूर्वसुन्दरी
2. प्रकृतिप्रिया
3. आदर्शप्रेमिका
4. आश्रमप्रेमी
5. पतिव्रता पत्नी/आदर्शनारी
6. सुशीला एवं लज्जावती
7. स्वाभिमानिनी
8. कार्यकुशला
9. आदर्शपुत्री
10. मधुरभाषिणी
11. सच्ची सखी
12. अन्तर्मन की सहजता

शकुन्तला के चारित्रिक गुण एवं कार्य

- शकुन्तला नैसर्गिक सौन्दर्य की प्रतिमूर्ति है –
  - **इदं किलाव्याजमनोहरं वपुः......** **(1-18)**
  - **इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी....** **(1-17)**
  - **सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यम्....** **(1-20)**
  - **अधरः किसलयरागः......** **(1-21)**
  - **मानुषीषु कथं वा स्यात्......** **(1-26)**
  - **अनाघ्रातं पुष्पं.........** **(2-10)**
  - **चित्रे निवेश्य......** **(2-9)**
- शकुन्तला का पालन पोषण कण्व आश्रम में हुआ है, अतः उसमें स्वाभाविक सरलता, सुशीलता एवं मुग्धता है।
- राजा दुष्यन्त को देखते ही उसके हृदय में कामभाव जागृत होता है, परन्तु वह उसे व्यक्त नहीं करती – **किं नु खलु इमं जनं प्रेक्ष्य....। (अङ्क-1)**
- जब राजा दुष्यन्त उसकी प्रशंसा करता है, तो वह लज्जा से सिर नीचा कर लेती है। **'शकुन्तला अधोमुखी तिष्ठति'**। (अङ्क-1)
- प्रकृति से घनिष्ट प्रेम है। वह वृक्षों, वनस्पतियों और मृगादि से सहोदरों जैसा स्नेह करती है – **''अस्ति मे सोदरस्नेहोऽयेतेषु'' (अङ्क-1)**
- आश्रम के वृक्षों को जल देकर ही वह जलपान करती है, प्रियमण्डना होने पर भी वृक्षों के फूल, पत्तें नहीं तोड़ती – **''पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलम्.....।'' (अङ्क-4/9)**
- वह पतिव्रता है, विवाहोपरान्त पति के चिन्तन में ही व्याकुल और अन्यमनस्क है – **विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा।(4/1)**
- आश्रम से विदाई के समय वृक्षों और मृगादि से भी विदा लेती है। वनज्योत्स्ना से गले मिलती है, आश्रमीय मृगों को स्नेह करती है। **''सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्।'' (अङ्क-4/9)।**
- राम द्वारा परित्यक्त सीता यथा वाल्मीकि आश्रम में निवास करती हैं, वैसे ही राजा दुष्यन्त द्वारा परित्याग कर दिये जाने पर मारीच ऋषि के आश्रम में वह तपस्विनी के समान जीवन यापन करती रही, वह अपने आपको ही दोष देती है, राजा को नहीं।
- अपने पूज्यजनों का विशेष आदर करती है, राजा से अपने पैर नही दबवाती है। **(अङ्क-3)**
- शार्ङ्गरव के डॉटने पर उसे प्रत्युत्तर नहीं देती है। **(अङ्क-5)**
- ऋषि कण्व एवं आश्रमीय ऋषियों के प्रति उसकी अगाध श्रद्धा है, सखियों के प्रति उसका **निश्छल प्रेम है।**
- राजा के प्रति आसक्ति के कारण उसकी मनःस्थिति उद्विग्न हो जाती है, परन्तु अपनी मुँहबोली-सखियों से भी बताने में उसे **संकोच** होता है।
- वह अपनी सखियों के कहने पर राजा को एक प्रेमपत्र लिखती है – **तव न जाने हृदयं......... (अङ्क-3/13)**
- आश्रम के बाहर जाने पर कण्व शकुन्तला के ऊपर ही **अतिथिसत्कार का भार** सौंपते हैं।
- आश्रम से उसका विशेष लगाव है, आश्रमीय चोटिल मृग को वह इङ्गुदी का तेल लगाती है, उसे श्यामाक चावल की मुट्ठियाँ भर-भर कर खिलाती है।

  यस्य त्वया व्रणविरोपणमिङ्गुदीनाम्.......(अङ्क 4-14)
- शकुन्तला गर्भमन्थरा मृगवधू के सुखप्रसव का समाचार भेजने के लिए पिता कण्व से कहती है। **(अङ्क-4)।**

महर्षि कण्व

परिचय –

- आश्रम के कुलपति।
- शार्ङ्गरव, शारद्वत, नारद, हारीत, वैखानस आदि के गुरु।
- शकुन्तला के पालक पिता।
- 'काश्यप' नाम से नाटक में वर्णित।
- श्रौतविधि से अग्निहोत्र करने वाले एक ऋषि/साधक/तपस्वी।

चारित्रिक विशेषतायें

1. त्रिकालज्ञ नैष्ठिक ब्रह्मचारी।
2. तपस्वी एवं साधक
3. अत्यन्त दयालु, स्नेही एवं धार्मिक।
4. लौकिकव्यवहार में निपुण/लोकाचारज्ञाता/लौकिकज्ञ।
5. आध्यात्मिक प्रभावशाली व्यक्तित्त्व/सिद्धपुरुष।
6. वात्सल्यपूर्ण आदर्श पिता।
7. भविष्यवक्ता।
8. सहृदयता।

महर्षिकण्व के चारित्रिक गुण एवं कार्य

- कण्व का तपोबल असाधारण है, वे वर्तमान, भूत और भविष्य को जानने वाले हैं। **''तपःप्रभावात् प्रत्यक्षं सर्वमेव तत्रभवतः'' (अङ्क-7)**
- कण्व को ज्ञात है कि शकुन्तला पर विपत्ति आएगी, अतः उसके निवारणार्थ वे सोमतीर्थ जाते हैं। **''दैवमस्या प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः'' (अङ्क-1)**

➤ आकाशवाणी द्वारा कण्व को ज्ञात होता है कि दुष्यन्त का तेज (वीर्य) शकुन्तला के गर्भ में पल रहा है, वे इन दोनों के इस गान्धर्वविवाह से सहर्ष सहमत होते हैं। **''दुष्यन्तेनाहितं तेजो......''** **(अङ्क-4/4)**
➤ उनके तपःप्रभाव के कारण शकुन्तला की विदाई के समय वृक्ष आभूषण और रेशमी वस्त्र आदि देते हैं – **''क्षौमं केनचिदिन्दुपाण्डुतरुणा....।''** **(अङ्क-4/5)**
➤ शकुन्तला के प्रति उनका प्रेम निःस्वार्थ है, उसकी विदाई के समय वे सगे माता-पिता के समान व्याकुल होते हैं– **''यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं......।''** **(अङ्क 4/6)** **''शममेष्यति मम शोकः......।''** **(अङ्क 4-21)**
➤ ऋषि होते हुए भी लौकिकव्यवहार को अच्छी तरह जानते हैं। **''वनौकसोऽपि सन्तो लौकिकज्ञा वयम्।''** (अङ्क-4)
➤ ससुराल जाती हुई पुत्री शकुन्तला को सुन्दर उपदेश देते हैं– **''शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने।''** **(अङ्क 4-18)**
➤ कण्व द्वारा शार्ङ्गरव के माध्यम से राजा दुष्यन्त को दिया गया सन्देश उनके लौकिकज्ञान की पराकाष्ठा को सूचित करता है – **''अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनान्।''** **(अङ्क 4-17)**
➤ वे शकुन्तला के साथ अनसूया और प्रियंवदा को हस्तिनापुर नहीं भेजते, क्योंकि उन दोनों का भी विवाह करना है। विवाहिता के साथ कुमारी कन्याओं को भेजना अनुचित समझते हैं।
➤ कण्व शकुन्तला से कहते हैं कि राजा दुष्यन्त के पास पहुँचने पर वहाँ के कार्यों में व्यस्त होकर तुम मेरे विरह दुःख को भूल जाओगी – **''मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि''** **(अङ्क 4-19)**
➤ वे कन्या को विदा करके तनावमुक्त जीवन का अनुभव करते हैं – **''अर्थो हि कन्या परकीय एव।''** **(अङ्क 4-22)**
➤ कण्व अपने धर्म, तपस्या, यज्ञ आदि के अनुष्ठान में लगे रहते हैं, और विभिन्न तीर्थस्थानों की यात्रा करते हैं।
➤ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में ही कण्व का प्रवेश होता है, किन्तु सम्पूर्ण नाटक में उनका प्रभाव परिलक्षित होता है।
➤ अभिज्ञानशाकुन्तलम् चतुर्थ अङ्क के कुल 22 श्लोकों में से 14 प्रसिद्ध श्लोक महर्षि कण्व (काश्यप) के द्वारा कहे गए हैं –

- यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं.............. **(4-6)**

(चार प्रसिद्ध श्लोकों में से एक)

- ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव...... **(4-7)**
- अमी वेदिं परितः क्लृप्तधिष्ण्याः। **(4-8)**
- पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलम्। **(4-9)**

(चार प्रसिद्ध श्लोकों में से एक)

- अनुमतगमना शकुन्तला। **(4-10)**
- सङ्कल्पितं प्रथममेव मया तवार्थे। **(4-13)**
- यस्य त्वया व्रणविरोपणमिङ्गुदीनाम्। **(4-14)**
- उत्पक्ष्मणोर्नयनयोरूपरुद्धवृत्तिम्। **(4-15)**
- अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनान्। **(4-17)**

(चार प्रसिद्ध श्लोकों में से एक)

- शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं....। **(4-18)**

(चार प्रसिद्ध श्लोकों में से एक)

- अभिजनवतो भर्तुः श्लाघ्ये स्थिता गृहिणीपदे। **(4-19)**
- भूत्वा चिराय चतुरन्तमहीसपत्नी। **(4-20)**
- शममेष्यति मम शोकः कथं नु वत्से.....। **(4-21)**
- अर्थो हि कन्या परकीय एव। **(4-22)**

➤ अभिज्ञानशाकुन्तलम् चतुर्थ अङ्क के **प्रसिद्ध चारों श्लोक महर्षि कण्व** (काश्यप) द्वारा कहे गये हैं।
➤ अनसूया, प्रियंवदा एवं शकुन्तला तीनों कण्व को **तात** (पिता) कहकर पुकारती हैं।

अनसूया एवं प्रियंवदा

परिचय –

➤ अनसूया और प्रियंवदा दोनों शकुन्तला की प्रिय सखियाँ।
➤ कण्वाश्रम में शकुन्तला के साथ निवास।

दोनों सखियों की चारित्रिक विशेषतायें

- सुन्दररूप एवं समान आयु।
- तपोवन-निवासिनी।
- सामान्य व्यवहारज्ञान से परिचित।
- कामशास्त्र से परिचित।
- आदर्श–सखियाँ।
- शकुन्तला की हितैषिणी।
- सौन्दर्यशालिनी।
- लोकव्यवहारज्ञाता।
- अतिथिसत्कार-निपुणा।
- परिहास/विनोदप्रिया।
- तर्कशीला।
- प्रकृतिप्रेमिका।
- आश्रमप्रिया।
- पारस्परिक स्नेह एवं आत्मीयता।

चारित्रिक गुण एवं कार्य

➤ दोनों सखियाँ शकुन्तला की समवयस्का हैं, और सौन्दर्य में लगभग उसके समान ही हैं – **''अहो समवयोरूपरमणीयं भवतीनां सौहार्दम्।''** (अङ्क-1)
➤ राजा दुष्यन्त तीनों सखियों के परस्पर सौहार्दभाव, समान अवस्था एवं सौन्दर्य की प्रशंसा करता है – **''अहो मधुरमासां दर्शनम्''** (अङ्क-1)
➤ दोनों सखियाँ शकुन्तला के व्यक्तित्व की प्रतिच्छाया सी प्रतीत होती हैं, इनको पृथक् कर शकुन्तला के अस्तित्व एवं व्यक्तित्व की कल्पना कठिन है।
➤ यदि शकुन्तला आश्रमाकाश की चन्द्रलेखा है, तो सखीद्वय तदनुगामी विशाखानक्षत्र **''किमत्र चित्रं यदि विशाखे शशाङ्करेखामनुवर्तेते।''** (अङ्क-3)
➤ प्रथम अङ्क से लेकर चतुर्थ अङ्क तक शकुन्तला के साथ दोनों सखियाँ उपस्थित रहती हैं।
➤ अनसूया एवं प्रियंवदा – ये दोनों पात्र महाकवि कालिदास की नाट्यप्रतिभा की निजी कल्पना से प्रादुर्भूत हैं।
➤ सौन्दर्य में शकुन्तला सबसे अधिक सुन्दर है, परन्तु आयु में अनसूया सबसे बड़ी ज्ञात होती है।
➤ सखियों में परस्पर घनिष्ट प्रेम है, तीनों ही एक दूसरे को सदा सुखी देखना चाहती हैं।

- दोनों सखियों का नाम सार्थक है। अनसूया **(न असूया इति अनसूया)** सभी के प्रति ईर्ष्या द्वेषादि से सर्वथा रहित है, तथा प्रियंवदा **(प्रियं वदति इति प्रियंवदा)** सदा प्रिय मधुर बोलने वाली है।
- सुख दुःख–दोनों में सदा शकुन्तला के साथ रहती हैं, और सर्वदा उसका हितचिन्तन करती हैं।
- तृतीय अङ्क में शकुन्तला को अस्वस्थ देखकर राजा दुष्यन्त से मिलाने का प्रयास करती हैं।
- दोनों सखियाँ कर्मठ, कार्यदक्ष और बुद्धिमती हैं, दोनों आश्रम के वृक्षों को उत्साहपूर्वक सींचती हैं।
- चतुर्थ अङ्क में शकुन्तला की विदाई के समय दोनों उसका शृङ्गार करती हैं।
- तृतीय अङ्क में अपनी बुद्धिमत्ता से राजा दुष्यन्त से यह वचन लेती हैं कि वह शकुन्तला को सदा सुखी रखेगा – **''परिग्रहबहुत्वेऽपि......सखी च युवयोरियम्।''** (अङ्क 3/17)
- दोनों सखियाँ शिष्ट, विनीत, मधुरभाषिणी और वाक्चतुर हैं, प्रथम अङ्क में राजा से मिलने पर अनसूया उनका परिचय पूछती है – **''कतम आर्येण राजर्षिवंशोऽलंक्रियते।''** (अङ्क-1)
- शकुन्तला के प्रति दुर्वासा के भीषण शाप को सुनकर दोनों का हृदय विदीर्ण हो जाता है, शापनिवृत्ति के लिए पूरा प्रयास करती हैं, तथा अपनी प्रियसखी शकुन्तला को कुछ भी नही बताती हैं।
- दोनों सखियाँ शकुन्तला से निःस्वार्थ प्रेम करती हैं, उसे सब प्रकार से सुखी और प्रसन्न रखना चाहती हैं। शकुन्तला जब कामज्वर से ग्रस्त होती है, तब कमलनाल, कमलपत्र और चन्दनादि के लेप से उसका उपचार करतीं हैं।
- दोनों सखियों के लिए शकुन्तला का संयोग जितना मधुर है, उतना ही वियोग दुःखदायी।
- राजा दुष्यन्त उनके आतिथ्यसत्कार, लोकव्यवहार, एवं मधुरभाषण से प्रसन्न होता है – **''भवतीनां सुनृतयैव गिरा कृतमातिथ्यम्।''** (अङ्क-1)
- अनसूया स्वभाव से वाग्विदग्ध, व्यवहारकुशल एवं प्रौढ है, राजा दुष्यन्त जब आश्रम में प्रवेश करता है, तो अनसूया ही उससे वार्तालाप प्रारम्भ करती है – **''आर्य, न खलु किमप्यत्याहितम् इयं नौ प्रियसखी मधुकरेणाभिभूयमाना कातरीभूता।''** (अङ्क-1)
- अनसूया राजा दुष्यन्त से उनका परिचय पूछती है, और अपनी सखी शकुन्तला के जन्म एवं माता-पिता के विषय में राजा से बताती है – **''शृणोत्वार्य अस्ति कोऽपि कौशिक इति गोत्रनामधेयो महाप्रभावो राजर्षिः।''** (अङ्क-1)
- प्रियंवदा, अनसूया की अपेक्षा अधिक विनोदप्रिया एवं चपल है। शकुन्तला जब अनसूया से अपने वल्कलों को ढीला करने को कहती है तो प्रियंवदा परिहास करती है कि मुझे उलाहना न देकर पयोधरविस्तारी अपने यौवन को उलाहना दो – **''अत्र पयोधरविस्तारयितृ आत्मनो यौवनमुपालभस्व।''** (अङ्क-1)
- शकुन्तला द्वारा वनज्योत्सना और आम्रवृक्ष की युगलजोड़ी को स्नेहदृष्टि से देखने पर प्रियंवदा मजाक करती है कि तुम भी इसी तरह अपने अनुकूल वर को प्राप्त करने की सोच रही हो – **''यथा वनज्योत्स्नाऽनुरूपेण पादपेन सङ्गता..... अहमप्यात्मनोऽनुरूपं वरं लभेयेति।''** (अङ्क-1)
- अनसूया में प्रियंवदा की अपेक्षा धैर्य तथा गाम्भीर्य अधिक है। दुर्वासा के शाप को सुनकर जब प्रियंवदा सहसा घबड़ा जाती है – **''हा धिक्, हा धिक् अप्रियमेव संवृत्तम्''** किन्तु अनसूया उसे धैर्यपूर्वक दुर्वासा को मनाने के लिए कहती है – **''गच्छ, पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनम्।''** (अङ्क-4)
- प्रियंवदा चपलतावश इस दारुण शापवृत्तान्त को शकुन्तला से कहीं बता न दें इसके लिए अनसूया उसको मना करती है – **''प्रियंवदे! द्वयोरेव नौ मुख एष वृत्तान्तस्तिष्ठतु''**।
- प्रियंवदा के मन में यह शंका उठती है कि पिता कण्व गान्धर्वविवाह के वृत्तान्त को सुनकर न जाने क्या सोचेगें – **''तात इदानीमिमं वृत्तान्तं श्रुत्वा न जाने किं प्रतिपत्स्यत इति''** (अङ्क-4) तो अनसूया अपने विवेक बुद्धि का परिचय देती हुई कहती है कि – **''यथाऽहं पश्यामि तथा तस्यानुमतं भवेत्। गुणवते कन्यका प्रतिपादनीया इत्ययं तावत् प्रथमः संकल्पः।''**
- अनसूया शकुन्तला के भविष्य के प्रति चिन्तित रहती है, वह किसी भी विषय पर सम्यक् उहापोह और विचार-विमर्श करती है। वह चिन्तित है कि राजा दुष्यन्त अपने नगर हस्तिनापुर पहुँचने के बाद शकुन्तला के साथ किये गये गान्धर्व विवाह को स्मरण करेगा या नहीं – **''अद्य स राजर्षिः इतोगतं वृत्तान्तं स्मरति वा न वेति।''** (अङ्क-4)
- प्रियंवदा निःशङ्क और निश्चिन्त स्वभाव वाली है। उसे पूरा विश्वास है कि सुन्दर आकृति वाला दुष्यन्त गुणरहित नहीं हो सकता – **''न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति''** (अङ्क-4)
- अनसूया भविष्य के प्रति सचेष्ट और व्यावहारिक बुद्धिवाली है। तृतीय अङ्क में वह राजा से यह वचन लेती है कि अनेक रानियों के बीच शकुन्तला की उपेक्षा न करें। **''वयस्य बहुवल्लभाः राजानः श्रूयन्ते''।** राजा उनकी प्रियसखी शकुन्तला को गौरवपूर्ण स्थान देने का आश्वासन देता है।
- शकुन्तला की विदाई के अवसर पर उसे सजाने के लिए अनसूया आम की डाल पर नारियल के डिब्बे में केसरमालिका को रखे रहती है।
- अनसूया, प्रियंवदा की अपेक्षा तात कण्व के अधिक निकट है, वह पिता के स्वभाव तथा विचारों को ठीक से जानती है, तात कण्व भी शकुन्तला की विदाई के अवसर पर अनसूया को ही बारम्बार सम्बोधित करते हैं।
- प्रियंवदा प्रणयव्यापार के स्वरूप को अच्छी प्रकार जानती है। शकुन्तला और दुष्यन्त के प्रेम में वह सूत्रधार का कार्य करती है। तृतीय अङ्क में शकुन्तला की अस्वस्थता के मूल कारण को प्रियंवदा ठीक से समझती है और उसके उपाय के रूप में शकुन्तला को मदनलेख (प्रेमपत्र) लिखने की प्रेरणा भी

प्रियंवदा देती है, और उस प्रेमपत्र को फूलों में छिपाकर देवता के प्रसाद के बहाने राजा तक पहुँचाने का कार्य भी उसी के द्वारा सम्पन्न होता है।

- अनसूया अतिथि सत्कार करने में निपुण है, राजा दुष्यन्त के आश्रम आने पर वह शकुन्तला से कहती है–''**हला शकुन्तले, गच्छोटजम्। फलमिश्रमर्घमुपहर।**''
- श्राप को सुनकर प्रियंवदा दुर्वासा के समीप जाकर शकुन्तला की मङ्गलकामना हेतु क्षमायाचना करती है। (अङ्क-4)
- अनसूया विचारशील और मितभाषिणी है, वह हँसी, मजाक की बातों में विशेष भाग नहीं लेती। वह सशङ्कवृत्ति की है, सहसा किसी बात पर विश्वास नहीं करती। जबकि प्रियंवदा शीघ्र विश्वास करने वाली, परिहासप्रिया एवं वाक्पटु है।
- अनसूया भविष्य के सुख की विशेष चिन्ता करती है, प्रियंवदा वर्तमान को विशेष महत्त्व देती है।
- अनसूया अधिक व्यवहारिक, धीर और परिपक्व बुद्धि की है जबकि प्रियंवदा भावुक एवं चञ्चल है।

विदूषक (माधव्य)

परिचय –

- राजा दुष्यन्त का अन्तरङ्ग मित्र।
- हास्यरस का एक पात्र।
- 'माधव्य' नामक एक ब्राह्मण।

चारित्रिक विशेषतायें

- भोजनपटु।
- डरपोक एवं अकर्मण्य।
- राजा का परमप्रिय मित्र एवं परामर्शदाता।
- भीरु एवं सरल स्वभाव।

विदूषक का लक्षण

कुसुमवसन्ताद्यभिधः कर्मवपुर्वेषभाषाद्यैः।
हास्यकरः कलहरतिर्विदूषकः स्यात् स्वकर्मज्ञः।

विदूषक स्वामिभक्त, मनोविनोद में निपुण, कुपित नायिकाओं को मनाने वाला, एवं सच्चरित्र होता है। वह अपने ऊँटपटाँग कार्यों, विकृत अङ्गों तथा वेषभूषादि के द्वारा हास्य का वातावरण प्रस्तुत करता है। वह नायक का विश्वासपात्र तथा उसके प्रणय सम्बन्धी क्रियाकलापों में सहायता पहुँचाता है।

विदूषक (माधव्य) के गुण एवं कार्य

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् के विदूषक (माढव्य) का सर्वप्रथम दर्शन द्वितीय अङ्क में होता है।
- विदूषक माधव्य भोजनप्रिय एवं पेटू है। राजा दुष्यन्त शकुन्तला के प्रणयव्यापार में उनसे सहायता करने के लिए कहता है तो वह ''**किं मोदकखण्डिकायाम्**'' कहकर अपनी पेटपूजा पटुता का परिचय देता है।
- इसी प्रकार षष्ठ अङ्क में राजादुष्यन्त शकुन्तला के वियोग में अँगूठी से उपालम्भ देते हैं किन्तु विदूषक को वहाँ भी बुभुक्षा पीड़ित करती है– ''**कथं बुभुक्षया खादितव्योऽस्मि**'' (अङ्क-6)
- वह स्वभाव से अत्यन्त भीरु एवं डरपोक है। शकुन्तला के दर्शन हेतु वह भी उत्सुक था, पर जब वह राक्षसों का वृत्तान्त सुनता है, तब डर जाता है। (अङ्क-2)
- राजा के मृगयाव्यसन के कारण उसको विश्राम का तनिक भी अवसर प्राप्त नहीं होता है, इससे वह अत्यन्त दुःखी है–'**एतस्य मृगयाशीलस्य राज्ञो वयस्यभावेन निर्विण्णोऽस्मि।**'' (अङ्क-2)
- विदूषक अपने प्रत्येक क्रियाकलाप एवं भावभङ्गिमा से सभी को हँसाता है। जब राजा दुष्यन्त के सामने एक ही साथ ऋषियों की यज्ञरक्षा तथा माता की आज्ञा से राजधानी लौटने के दो कार्य उपस्थित होते हैं, तो विदूषक राजा से कहता है कि – ''**त्रिशङ्कुरिवान्तरा तिष्ठ।**'' (अङ्क-2)
- विदूषक यत्र तत्र अपनी मन्दबुद्धिता का भी परिचय देता है, परन्तु वैसे बहुत चतुर है। षष्ठ अङ्क में राजा के द्वारा आम्रमञ्जरी को मदनबाण कहने पर वह काष्ठदण्ड लेकर मारने दौड़ता है। उसकी मूर्खता पर खिन्न राजा भी हँस पड़ता है।
- विदूषक सरलहृदय का व्यक्ति है, राजा को सन्देह हुआ कि यह राजधानी में जाकर कहीं हमारे प्रणयप्रसङ्ग की चर्चा हमारी रानियों से न कर दे, अतः राजा दुष्यन्त ने उससे कहा कि वे सब मजाक की बातें हैं।
  ''**परिहासविजल्पितं सखे न परमार्थेन गृह्यतां वचः**'' (अङ्क-2)
- विदूषक राजा की इस बात को सच मान लेता है और रानियों से इसकी कोई चर्चा नहीं करता है।
- रानी वसुमती के आने पर वह शकुन्तला का चित्र लेकर भाग जाता है, और राजा को वसुमती के क्रोध से बचाता है।
- पञ्चम अङ्क के प्रारम्भ में रूठी रानी हंसपदिका को मनाने के लिए राजा विदूषक को ही भेजता है।
- षष्ठ अङ्क में इन्द्र का सारथि मातलि विदूषक को पीटता है जिससे राजा का क्रोध प्रस्फुटित होता है। तभी राजा दानवों के वधार्थ स्वर्ग को जाता है।
- वह राजा को समय-समय पर सान्त्वना देता है, उसका मनोरञ्जन करता है, और उचित परामर्श भी देता है। (अङ्क-6)

गौतमी

- **परिचय** – ऋषि कण्व की धर्मभगिनी
- कण्वाश्रम की सर्वाधिक वृद्धा तपस्विनी/वरिष्ठ महिला
- आश्रम की व्यवस्थापिका/अध्यक्षा

चारित्रिक विशेषताएँ –

- सम्मानित महिला
- वरिष्ठ तपस्विनी
- बुद्धिमती
- व्यवहारकुशल एवं लोकव्यवहार की ज्ञाता
- अभिभाविका
- अतीव सरल एवं निच्छल व्यक्तित्त्व
- ममतामयी एवं वात्सल्य की प्रतिमूर्ति

चारित्रिक गुण एवं कार्य

- महर्षि कण्व का गौतमी के प्रति सम्मानभाव है, इसीलिए शकुन्तला के साथ उसे हस्तिनापुर तक भेजा जाता है।
- गौतमी में अवस्थानुरूप गाम्भीर्य, सहिष्णुता एवं विवेकशीलता दृष्टिगोचर होती है, राजदरबार में दुष्यन्त जब शकुन्तला के साथ अपने सम्बन्ध को अस्वीकार कर देता है, तब वह शकुन्तला का घूँघट हटाकर स्वयं उसे अपने सम्बन्ध को प्रमाणित करने का आदेश देती है।
- गुरुजनों तथा बन्धु-बान्धवों से पूछे बिना दुष्यन्त एवं शकुन्तला के प्रेम सम्बन्धों को वह अनुचित मानती है।
- शकुन्तला के प्रति उसका हृदय माँ की वात्सल्यमयी ममता से ओतप्रोत है। वह उसे पुत्रीवत् स्नेह करती है। राजा दुष्यन्त द्वारा अस्वीकार कर दिये जाने पर शकुन्तला जब शार्ङ्गरव आदि के पीछे-पीछे आने लगती है तो उस समय गौतमी का वात्सल्यभाव जाग उठता है – **वत्स शार्ङ्गरव, अनुगच्छतीयं खलु नः**
  करुणपरिदेविनी शकुन्तला.......किं वा मे पुत्रिका करोतु।'' (अङ्क 5)
- कण्व के आश्रम में गौतमी अभिभावक की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है, तापसकन्याओं की देखरेख का उत्तरदायित्व उसी का है।
- प्रथम अङ्क में प्रियंवदा के परिहास से परेशान हुई शकुन्तला गौतमी से शिकायत करने को कहती है –
  इयम् असम्बद्धप्रलापिनी....गौतम्यै निवेदयिष्यामि (अङ्क-1)
- शकुन्तला की अस्वस्थता का समाचार सुनकर गौतमी शान्तिजल लेकर उसके ऊपर छिड़कती है और वात्सल्यभाव से पूछती है–
  'जाते, लघुसन्तापानि तेऽङ्गानि' (अङ्क-3)
- शकुन्तला की विदाई में विलम्ब होता देख गौतमी महर्षिकण्व से भी वापस लौट जाने का निवेदन करती है –
  जाते, परिहीयते गमनवेला....निवर्ततां भवान्। (अङ्क-4)
- कण्व द्वारा शकुन्तला को उपदेश दिये जाने पर गौतमी उसे ठीक से स्मरण करने को कहती है –
  जाते, एतत् खलु सर्वमवधारय। (अङ्क-4)
- गौतमी शकुन्तला को सर्वदा, **'वत्से', 'जाते', 'पुत्रि'** आदि यही सम्बोधन करती है इससे शकुन्तला के प्रति उसका अगाध स्नेह स्वयं व्यक्त होता है।
- शकुन्तला को छोटी-छोटी व्यवहार और शिष्टाचार की बातें भी गौतमी बताती हैं, विदाई के समय कण्व ऋषि के आने पर शकुन्तला को प्रणाम करने को कहती है।
  ''आचारं तावत् प्रतिपद्यस्व'' (अङ्क-4)
- कण्व द्वारा पुत्री शकुन्तला के लिए चक्रवर्ती पुत्र प्राप्त करने का आशीर्वाद सुनकर गौतमी अत्यन्त प्रसन्न होकर कहती है – यह तो केवल आशीर्वाद नहीं, अपितु वरदान है।
  भगवन्, वरः खल्वेषः, नाशीः (अङ्क-4)
- आश्रम की संरक्षिका, व्यवस्थापिका, अध्यक्षा या वरिष्ठ तपस्विनी के रूप में गौतमी का सम्मान सभी आश्रमवासी करते हैं। शकुन्तला को हस्तिनापुर ले जाने के लिए शार्ङ्गरव आदि को गौतमी ही आदेश देती है –
  'गौतमि, आदिश्यन्तां शार्ङ्गरवमिश्राः शकुन्तलानयनाय' (अङ्क-4)

शार्ङ्गरव और शारद्वत

- **परिचय** – शार्ङ्गरव और शारद्वत दोनों कण्व ऋषि के शिष्य।

चारित्रिक गुण एवं कार्य

- कण्व ऋषि इनके नाम के साथ आदरसूचक 'मिश्र' शब्द का प्रयोग करते हैं –
  'आदिश्यन्तां शार्ङ्गरवमिश्राः' (अङ्क-4)
  'क्व ते शार्ङ्गरवमिश्राः' (अङ्क-4)
- दोनों परिपक्व आयु वाले तथा विद्यानिष्णात हैं।
- गुरु कण्व का इन दोनों के ऊपर अटूट विश्वास है, तभी तो उनकी देखरेख में शकुन्तला को पतिगृह (हस्तिनापुर) भेजते हैं।
- राजा दुष्यन्त इन दोनों के गरिमामय व्यक्तित्व को देखकर उन्हें गुरु समान कहता है –

''गुरुशिष्ये गुरुसमे'' – (अङ्क-6)

- शास्त्रज्ञान के साथ ही साथ इन दोनों ऋषियों में लौकिकज्ञान भी विद्यमान है।
- शकुन्तला की विदाई के समय मार्ग में सरोवर को देखकर शार्ङ्गरव महर्षि कण्व से लौट जाने को कहता है –
  ''भगवन् ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्य इति श्रूयते। तदिदं सरस्तीरम्......।'' (अङ्क-4)
- दोनों ऋषियों को आश्रम के जीवन से प्रेम है और नगर जीवन से घृणा।
- हस्तिनापुर नगर में प्रवेश करते समय एक ओर जहाँ शार्ङ्गरव राजभवन को अग्नि की लपटों से घिरा हुआ समझता है –
  'जनाकीर्णं मन्ये हुतवहपरीतं गृहमिव' (अङ्क-5)
- वहीं दूसरी ओर शारद्वत नगर के भोगासक्त लोगों को उसी प्रकार समझता है, जिस प्रकार स्नात व्यक्ति तैलासिक्त को, पवित्र व्यक्ति अपवित्र को, प्रबुद्ध व्यक्ति सोये हुए को, और स्वच्छन्दचारी व्यक्ति बन्धनयुक्त को समझता है –
  ''अभ्यक्तमिव स्नातः शुचिरशुचिमिव'' (अङ्क-5/11)
- इन दोनों में शार्ङ्गरव अधिक आयु का है, ऋषि कण्व को उस पर अधिक विश्वास है, अतः राजा दुष्यन्त के लिए **(अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनान्----अङ्क-4.17)** रूपी संदेश उसी को देते हैं। शार्ङ्गरव ही शकुन्तला के साथ हस्तिनापुर जाने वाले दल का नेता है, जबकि ऋषि शारद्वत उससे छोटा और शान्तस्वभाव का है।
- शार्ङ्गरव, शारद्वत की अपेक्षा अधिक वाक्पटु एवं लौकिक व्यवहार का ज्ञाता है, जबकि शारद्वत मितभाषी है। उसके विचार दार्शनिक हैं, उसमें दूसरों के प्रति सहानुभूति है।
- शार्ङ्गरव बहुत बोलने वाला, क्रोधी, असहिष्णु, कठोर और अशान्त प्रकृति का है। वह अपने नाम को चरितार्थ करता है, क्योंकि शार्ङ्गरव का शाब्दिक अर्थ है – **'धनुष के समान शब्द करने वाला।'** राजा दुष्यन्त जब शकुन्तला को नहीं पहचानता और विवाह को अस्वीकार कर देता है, तो वह उसे शठ, अधार्मिक और ऐश्वर्योन्मत्त आदि कहकर फटकारता है –
  ''मूर्च्छन्त्यमी विकाराः प्रायेणैश्वर्यप्रमत्तेषु।'' (अङ्क-5/18)
- शार्ङ्गरव अत्यन्त निर्भय एवं स्पष्टवादी है। दुष्यन्त जब अपने आपको शकुन्तला का पति नहीं मानता, तो शार्ङ्गरव उसे चोर तक कहता है – **''पात्रीकृतो दस्युरिवासि येन'' अङ्क-(5/20)**
- शारद्वत मितभाषी, अक्रोधी, सहिष्णु तथा शान्त प्रकृति का है, जब राजा दुष्यन्त और शार्ङ्गरव का विवाद उग्र रूप धारण करता है, तब वही उसे शान्त करता है –
  ''शार्ङ्गरव, विरम त्वमिदानीम्'' (अङ्क-5)
- शारद्वत राजा दुष्यन्त से अन्ततः कहता है कि शकुन्तला तुम्हारी पत्नी है, तुम इसे रखो या छोड़ो, हम लोग जाते हैं –
  ''तदेषा भवतः कान्ता, त्यज वैनां गृहाण वा'' (अङ्क-5)
- शार्ङ्गरव व्यवहारकुशल नहीं है, वह राजा से झगड़े को बढ़ाता है, जबकि शारद्वत अत्यन्त व्यवहारिक है वह झगड़े को निपटाता है। शारद्वत के कारण ही विवाद शान्त हुआ।
- दुष्यन्त के अपमानजनक व्यवहार से दुखी शकुन्तला जब रोने लगती है, तब शार्ङ्गरव उसे डाँटता है –
  ''अतः परीक्ष्य कर्त्तव्यं विशेषात् सङ्गतं रहः'' (अङ्क-5/24)
- जब दरबार में शकुन्तला को छोड़कर गौतमी सहित दोनों शिष्य आश्रम लौटने लगते हैं, तब शकुन्तला भी उनके पीछे-पीछे लौटने लगती है, तभी शार्ङ्गरव पुनः शकुन्तला को कठोर शब्दों में डाँटता है– **''किं पुरोभागे, स्वातन्त्र्यमवलम्बसे'' (अङ्क-5)**

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रयुक्त छन्द एवं अलङ्कार

क्र.	श्लोक (वक्ता)	छन्दः	अलङ्कारः
1.	**विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा.......।** (ऋषि दुर्वासा) (4-1) नेपथ्य से	**वंशस्थ** (प्रत्येक चरण में 12 वर्ण)	● काव्यलिङ्ग, उपमा, और श्लेष अलङ्कार।
2.	**यात्येकतोऽस्तशिखरं पतिरोषधीनाम्.......। (4-2)** (कण्व का शिष्य)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● समासोक्ति, तुल्ययोगिता, यथासंख्य और उत्प्रेक्षा अलंकार।
3.	**अन्तर्हिते शशिनि सैव कुमुद्वती मे।** (4-3) (कण्व का शिष्य)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	● समासोक्ति काव्यलिङ्ग, और अर्थान्तरन्यास अलङ्कार ● नाटक में ये तीसरा **पताकास्थानक** है।

क्रम	श्लोक	छन्द	अलङ्कार / विशेष
	कर्कन्धूनामुपरि तुहिनं रञ्जयत्यग्रसन्ध्या.......। (बँगला संस्करण में प्राप्त प्रक्षिप्त श्लोक)	**मन्दाक्रान्ता** (प्रत्येक पाद में 17 वर्ण)	• स्वभावोक्ति अलङ्कार।
	पादन्यासं क्षितिधरगुरोर्मूर्ध्नि कृत्वा सुमेरोः......। (बँगला संस्करण में प्राप्त प्रक्षिप्त श्लोक)	**मन्दाक्रान्ता** (प्रत्येक पाद में 17 वर्ण)	• समासोक्ति, अर्थान्तरन्यास और श्लेष अलङ्कार।
4.	**दुष्यन्तेनाहितं तेजो दधानां भूतये भुवः.....।** (4-4) (छन्दोमयी आकाशवाणी)	**अनुष्टुप् या श्लोकवृत्त** (प्रत्येक पाद में 8 वर्ण)	• उपमा अलंकार • इस श्लोक में मार्ग नामक गर्भसन्धि का अङ्ग है।
5.	**क्षौमं केनचिदिन्दुपाण्डु तरुणा माङ्गल्यमाविष्कृतम्......।** (4-5) (कण्व का शिष्य)	**शार्दूलविक्रीडितम्** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	उपमालङ्कार।
6.	**यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्टमुत्कण्ठया......।** (4-6) (महर्षि कण्व)	**शार्दूलविक्रीडितम्** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	• व्यतिरेक अलङ्कार। • **प्रसिद्ध चार श्लोकों में से एक।**
7.	**ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव।** (4-7) (महर्षि कण्व)	**अनुष्टुप्** (प्रत्येक पाद में 8 वर्ण)	• उपमा अलङ्कार। • इस श्लोक में क्रम नामक गर्भसन्धि का अङ्ग तथा आशीः नामक नाटकीय अलङ्कार है।
8.	**अमी वेदिं परितः क्लृप्तधिष्ण्याः।** (4-8) (महर्षि कण्व)	**त्रिष्टुप् (वैदिक छन्द)** (प्रत्येक पाद में 11 वर्ण)	• परिकर अलङ्कार।
9.	**पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या......। (4-9)** (महर्षि कण्व)	**शार्दूलविक्रीडितम्** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	• समासोक्ति, और काव्यलिङ्ग अलङ्कार। • **प्रसिद्ध चार श्लोकों में से एक।**
10.	**अनुमतगमना शकुन्तला......।** (4-10) (महर्षि कण्व)	**अपरवक्त्रछन्दः** (प्रथम और तृतीय चरण में 11 वर्ण द्वितीय और चतुर्थचरण में 12 वर्ण)	• परिणाम अलङ्कार।
11.	**रम्यान्तरः कमलिनीहरितैः सरोभिः।** (4-11) (देवताओं की आकाशवाणी)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	• परिकर, तुल्योगिता, काव्यलिङ्ग और हेतु अलङ्कार।
12.	**उद्गलितदर्भकवला मृग्यः......।** (प्रियंवदा) (4-12)	**आर्या** (प्रथम पाद में 12 वर्ण)	• उत्प्रेक्षा और समासोक्ति अलङ्कार।
13.	**सङ्कल्पितं प्रथममेव मया तवार्थे....।** (4-13) (काश्यप/कण्व)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	• समासोक्ति, तुल्ययोगिता सम और काव्यलिङ्ग, अलङ्कार।
14.	**यस्य त्वया व्रणविरोपणमिङ्गुदीनाम्** (4-14) (काश्यप/कण्व)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	• स्वभावोक्ति अलङ्कार।
15.	**उत्पक्ष्मणोर्नयनयोरूपरुद्धवृत्तिम्....।** (4-15) (काश्यप/कण्व)	**वसन्ततिलका।** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	• काव्यलिङ्ग अलङ्कार।
16.	**एषापि प्रियेण विना गमयति....।** (4-16) **(अनसूया)**	**आर्या** (प्रथम पाद में 12 वर्ण)	• अर्थान्तरन्यास अलङ्कार।
17.	**अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनानुच्चैः कुलं चात्मनः....।** (4-17) (काश्यप/कण्व)	**शार्दूलविक्रीडितम्** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	• अप्रस्तुतप्रशंसा अलङ्कार। • **प्रसिद्ध चार श्लोकों में से एक।**
18.	**शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने....।** (4-18)	**शार्दूलविक्रीडितम्।** (प्रत्येक पाद में 19 वर्ण)	• रूपक, हेतु, और अर्थान्तरन्यास अलङ्कार।

	(काश्यप/कण्व)		• इस श्लोकों में 'उपदिष्ट' नामक नाटकीय लक्षण है।
19.	**अभिजनवतो भर्तुः श्लाघ्ये स्थिता गृहिणीपदे......।** (4-19) (काश्यप/कण्व)	**हरिणी** (प्रत्येक पाद में 17 वर्ण)	**प्रसिद्ध चार श्लोकों में से एक।** • उपमा, समुच्चय और काव्यलिङ्ग अलङ्कार। • कुछ लोग "अस्मान् साधु...." के स्थान पर इसे प्रसिद्ध चार श्लोकों में गिनते हैं।
20.	**भूत्वा चिराय चतुरन्तमहीसपत्नी।** (4-20) (काश्यप/कण्व)	**वसन्ततिलका** (प्रत्येक पाद में 14 वर्ण)	• मालादीपक अलङ्कार। • कुछ लोग "पातुं न प्रथमं....." के स्थान पर इसे भी चार प्रसिद्ध श्लोकों में गिनते हैं।
21.	**शममेष्यति मम शोकः कथं नु.....।** (4-21) (काश्यप/कण्व)	**आर्या जातिः**	काव्यलिङ्ग अलङ्कार।
22.	**अर्थो हि कन्या परकीय एव....।** (4-22) (काश्यप/कण्व)	**इन्द्रवज्रा** (प्रत्येक पाद में 11 वर्ण)	उत्प्रेक्षा अलङ्कार।

➤ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चारों प्रसिद्ध श्लोक महर्षि कण्व ने कहे हैं।
➤ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में कुल 22 श्लोक हैं, जिसमें 14 श्लोक महर्षि कण्व के द्वारा बोले गए हैं।
➤ चतुर्थ अङ्क में "**उद्गलितदर्भकवला मृग्यः**" (4.12) इस श्लोक को प्रियंवदा तथा "**एषापि प्रियेण विना गमयति रजनी**" (4.16) इस एक श्लोक को अनसूया बोलती है।
➤ अभिज्ञानशाकुन्तलम् के केवल चतुर्थ अङ्क में महर्षि कण्व का दर्शन होता है।
➤ चतुर्थ अङ्क के बाद अनसूया और प्रियंवदा का वर्णन नहीं मिलता है।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के महत्त्वपूर्ण संवाद/कथन/सूक्तियाँ

क्र.	कथन	भावार्थ	वक्ता
01.	**आत्मनो नगरं प्रविश्यान्तःपुर समागत इतोगतं वृत्तान्तं स्मरति वा न वेति।**	राजा अपने नगर में प्रवेश करके और अन्तःपुर की स्त्रियों से मिलकर यहाँ की बातों को याद करेगा अथवा नहीं।	**अनसूया**
02.	**न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति।**	उसप्रकार की सुन्दर आकृतियाँ गुणों से रहित नहीं होती हैं।	**प्रियंवदा**
03.	**गुणवते कन्यका प्रतिपादनीयेत्ययं तावत् प्रथमः संकल्पः।**	गुणवान् व्यक्ति को कन्या देनी चाहिए, यह (माता-पिता का) प्रथम संकल्प होता है।	**अनसूया**
04.	**ननु सख्याः शकुन्तलायाः सौभाग्यदेवताऽर्चनीया**	सखि शकुन्तला के सौभाग्यदेवता (पति) की भी तो पूजा करनी है	**अनसूया**
05.	**सखि, अतिथीनामिव निवेदितम्**	सखी! किसी अतिथि की सी यह आवाज है।	**अनसूया**
06.	**ननूटजसन्निहिता शकुन्तला।**	शकुन्तला तो कुटी पर उपस्थित है ही।	**प्रियंवदा**
07.	**अद्य पुनर्हृदयेनासंनिहिता।**	किन्तु आज वह हृदय से अनुपस्थित है। अर्थात् आज उसका मन कहीं और है।	**अनसूया**
08.	**विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम्** **(4.1)**	एकाग्रचित्त से जिसका चिन्तन करती हुई तू उपस्थित हुए मुझ तपस्वी को नही देख रही हो।	**दुर्वासा (नेपथ्ये)**
	स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन् कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव॥ **(4.1)**	वह तेरे स्मरण दिलाने पर भी तुझको स्मरण नहीं करेगा, जैसे उन्मत्त व्यक्ति पहले कही बात को स्मरण नहीं करता है।	**दुर्वासा (नेपथ्ये)**

संस्कृत	हिन्दी अर्थ	वक्ता
09. हा धिक्, हा धिक्। अप्रियमेव संवृत्तं कस्मिन्नपि पूजार्हेऽपराद्धा शून्यहृदया शकुन्तला।	हाय हाय धिक्कार है। अनर्थ हो गया। किसी पूजनीय व्यक्ति के प्रति शून्य हृदयवाली शकुन्तला ने कुछ अपराध कर दिया है।	**प्रियंवदा**
10. न खलु यस्मिन् कस्मिन्नपि। एष दुर्वासाः जिस किसी साधारण व्यक्ति के प्रति नहीं। ये **सुलभकोपो महर्षिः**	तो शीघ्र कुपित हो जाने वाले महर्षि दुर्वासा हैं।	**प्रियंवदा**
11. कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति।	अग्नि के अतिरिक्त और कौन जला सकता है।	**अनसूया**
12. सखि, प्रकृतिवक्रः स कस्यानुनयं प्रतिगृह्णाति	सखी! स्वभाव से टेढ़े वे महर्षि दुर्वासा किसकी प्रार्थना को स्वीकार करते हैं।	**प्रियंवदा**
13. भगवन्, प्रथम इति प्रेक्ष्याविज्ञाततपः प्रभावस्य दुहितृजनस्य भगवतैकोऽपराधो मर्षयितव्य इति।	भगवन्! आपके तप के प्रभाव को न जानने वाली आपकी पुत्रीजन शकुन्तला का यह पहला अपराध है– यह समझकर आपके द्वारा उसका यह एक अपराध क्षमा कर दिया जाना चाहिए।	**प्रियंवदा**
14. न मे वचनमन्यथा भवितुमर्हति।	मेरा वचन असत्य नहीं हो सकता।	**प्रियंवदा** (दुर्वासा)
15. अभिज्ञानाभरणदर्शनेन शापो निवर्तिष्यत इति मन्त्रयमाण एवान्तर्हितः।	'पहचान के आभूषण को दिखाने से मेरा शाप समाप्त हो जाएगा'–यहकथन को बताती है। कहते कहते ही वे अदृश्य हो गए।	**प्रियंवदा** (दुर्वासा)
16. अस्ति तेन राजर्षिणा संप्रस्थितेन स्वनामधेयाङ्कितमङ्गुलीयकं स्मरणीयमिति स्वयं पिनद्धम्	उस राजर्षि के द्वारा अपने नाम से अङ्कित अँगूठी स्मृति-चिह्न के रूप में शकुन्तला की अंगुली में स्वयं पहनायी गयी थी	**अनसूया**
17. वामहस्तोपहितवदनाऽऽलिखितेव प्रियसखी	बायें हाथ पर मुँह रखी हुई प्रियसखी शकुन्तला चित्रित सी बैठी हुई है।	**प्रियंवदा**
18. भर्तृगतया चिन्तयात्मानमपि नैषा विभावयति। किं पुनरागन्तुकम्।	पति के ध्यान में मग्न होने के कारण उसे अपने आपकी सुध नहीं है, फिर अतिथि की बात ही क्या है?	**प्रियंवदा**
19. प्रियंवदे, द्वयोरेव नौ मुख एव वृत्तान्तस्तिष्ठतु	प्रियंवदा, यह समाचार हम दोनों के मुख तक ही सीमित रहे।	**अनसूया**
20. रक्षितव्या खलु प्रकृतिपेलवा प्रियसखी।	स्वभाव से ही कोमल प्रियसखी शकुन्तला की रक्षा करनी चाहिए। (अन्यथा यह समाचार सुनकर उसे बहुत आघात पहुँचेगा)	**अनसूया**

21. को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति
कौन नवमालिका (चमेली)
प्रियंवदा

भला

होने

के विषय में मानो नियंत्रित अर्थात्

वाला

गर्मजल से सींचेगा।

शिक्षित किया जा रहा है।

22. तेजोद्वयस्य युगपद् व्यसनोदयाभ्यां
संसार दो तेजों चन्द्रमा और
कण्व का
लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु।
के एक साथ अस्त एवं उदित
शिष्य

राह

सूर्य

होने

से अपनी दशाओं के परिवर्तित

23. इष्टप्रवासजनितान्यबलाजनस्य दुःखानि
निश्चय ही स्त्रियों को अपने इष्टजन
कण्व का शिष्य
नूनमतिमात्र दुःसहानि (4.3)
(प्रियतमों) के प्रवास से उत्पन्न दुःख
अत्यन्त असह्य होते हैं।

24. तेन राज्ञा शकुन्तलायामनार्यमाचरितम्। राजा

ने शकुन्तला के साथ अशिष्ट

अनसूया

व्यवहार किया है।

25. काम इदानीं सकामो भवतु येनासत्यसन्धे

कामदेव की अब इच्छा पूर्ण हो, जिसने

अनसूया

जने शुद्धहृदया सखी पदं कारिता।

असत्यप्रतिज्ञ व्यक्ति (दुष्यन्त)

ाोे़

प्रति शुद्ध हृदयवाली सखी

शकुन्तला का प्रेम कराया है।

26. दुःखशीले तपस्विजने कोऽभ्यर्थ्यताम्। ाष्ट

सहन करने वाले तपस्वियों में से

अनसूया

ननु सखीगामी दोष इति।

किससे प्रार्थना करें। हमारी सखी पर

दोषा

आयेगा।

45. वत्से, इतः सद्योहुताग्नीन् प्रदक्षिणीकुरुष्व पुत्री!

अभी हवन की गयी

महर्षि कण्व

अग्नि

की इधर से प्रदक्षिणा करो।

46. भगवन्! वरः खल्वेषः नाशीः।

भगवन्! यह तो वरदान है, केवल

गौतमी

आशीर्वाद नही।

47. भो भोः संनिहितास्तपोवनतरवः! हे

समीपस्थ तपोवन के वृक्षों!

महर्षि कण्व

सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं ाही

यह शकुन्तला पति के घर जा

सर्वैरनुज्ञायताम् रही

है, आप सभी लोग अनुमति दें।

48. अनुमतगमना शकुन्तला तरुभिरियं वृक्षों

ने इस शकुन्तला को पतिगृह

महर्षि कण्व

वनवासबन्धुभिः। (4.10) जाने

की अनुमति दे दी है।

49. शान्तानुकूलपवनश्च शिवश्च पन्थाः। इसा

शकुन्तला का मार्ग शान्त और

आकाश भाषित

अनुकूल वायु वाला एवं कल्याण

करने

वाला हो।

50. उद्गलितदर्भकवला मृग्यः

मृगियों ने कुश के ग्रास को

प्रियंवदा

परित्यक्तनर्तना मयूराः। (4.12) उगल

दिया है, मोरों ने नाचना

छोड़

दिया है

51. अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्यश्रूणीव लताः। (4.12)

लतायें पीले पत्तों को गिराकर मानों

प्रियंवदा

आँसुओं को छोड़ रही हैं।

52. तात, लताभगिनीं वनज्योत्स्नां हे

पिताजी! मैं अपनी लता-बहिन

शकुन्तला

तावदामन्त्रयिष्ये।

वनज्योत्स्ना से विदाई ले लूँ।

53. अद्यप्रभृति दूरपरिवर्तिनी ते खलु आज

से मैं तुमसे दूर हो जाऊँगी।

शकुन्तला

भविष्यामि

54. अस्यामहं त्वयि च सम्प्रति आबा

मैं इस वनज्योत्स्ना और तुम्हारे विषय

महर्षि कण्व

वीतचिन्तः। मा

निश्चिन्त हो गया हूँ।

55. हला एषा द्वयोर्युवयोर्हस्ते

सखियों, इस लता को तुम दोनों के ही हाथ में

शकुन्तला

निक्षेपः सौंप

रही हूँ।

56. अयं जनः कस्य हस्ते इस जन (हम दोनों) को **दोनों सखियाँ**
समर्पितः।
किसके हाथ में सौंप रही हो।

57. को नु खल्वेष निवसने मे सज्जते? यह कौन मेरे वस्त्र से लिपट रहा है।
शकुन्तला

58. सोऽयं न पुत्रकृतकः पदवीं मृगस्ते पुत्रवत् पाला गया यह मृग तोरा मार्ग नहीं छोड़ रहा है।
महर्षि कण्व

59. वत्स किं सहवासपरित्यागिनीं पुत्र, साथ छोड़कर जाने वाली मुझ (शकुन्तला) को
शकुन्तला
मामनुसरसि।
पीछे-पीछे क्यों आ रहे हो।

60. वाष्पं कुरु स्थिरतया विरतानुबन्धम् (4.15)
अश्रुप्रवाह को धैर्यपूर्वक रोको।
महर्षि कण्व

61. मार्गे पदानि खलु ते विषमी इस ऊबड़-खाबड़ भूमि में
महर्षि कण्व
भवन्ति।
तुम्हारे पैर लड़खड़ा रहे हैं।

62. भगवन्, ओदकान्तं स्निग्धो भगवन्, यात्रा के समय प्रियव्यक्ति को
शार्ङ्गरव
जनोऽनुगन्तव्य इति श्रूयते।
जलाशय तक अनुगमन करना चाहिए–ऐसा सुना जाता है।

63. गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति। आशा का बन्धन असह्य वियोग के दुःख को भी सहन करा देता है।
अनसूया
(4.16)

64. अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनानुच्चैः संयम रूपी धन वाले हम लोगों को तथा अपने
महर्षि कण्व
कुलं चात्मनः।.... (4.17)
ऊँचे कुल को ध्यान में रखते हुए आप कोई व्यवहार करें।

65. भाग्यायत्तमतः परं न खलु इसके आगे तो भाग्य के अधीन है, वह हम वधू के
महर्षि कण्व
तद्वाच्यं वधूबन्धुभिः (4.17)
सम्बन्धियों को नहीं कहना चाहिए।

66. वनौकसोऽपि सन्तो लौकिकज्ञा वयम् वनवासी होते हुए भी हम लोग लोक व्यवहार को जानने वाले हैं।
महर्षि कण्व

67. न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम
वस्तुतः विद्वानों को कुछ भी अज्ञात नहीं है।
शार्ङ्गरव

68. शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं गुरुजनों = बड़ों की सेवा करना, सपत्नियों के साथ प्रियसखी जैसा व्यवहार करना।
महर्षि कण्व
सपत्नीजने। (4.18)

69. यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामाः इस प्रकार आचरण करने वाली युवतियाँ
महर्षि कण्व
कुलस्याधयः। (4.18)
गृहलक्ष्मी के पद को प्राप्त कर लेती हैं,

और इसके प्रतिकूल आचरण करने वाली

युवतियाँ कुल के लिए आधि बन जाती हैं।

70. वत्से, इमे अपि प्रदेये। न युक्तमनयोः पुत्री इन दोनों का भी विवाह करना है, इनका वहाँ
महर्षि कण्व
तत्र गन्तुम्।
जाना उचित नहीं है।

71. मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं मेरे विरह से उत्पन्न शोक को शीघ्र ही भूल
महर्षि कण्व
गणयिष्यसि। (4.19)
जाओगी।

72. तात, कदा नु भूयस्तपोवनं प्रेक्षिष्ये?
पिताजी मैं फिर कब तपोवन को देखूँगी? अर्थात्

शकुन्तला

आप

मुझे कब बुलायेंगे।

73. अतिस्नेहः पापशङ्की

अत्यधिक प्रेम पाप (अनिष्ट) की आशङ्का **दोनों**

सखियाँ

करता

है।

74. भूत्वा चिराय चतुरन्तमहीसपत्नी.... बहुत

दिनों तक चारों समुद्रों तक फैली हुई पृथ्वी

महर्षि कण्व

शान्ते करिष्यसि पदं पुनराश्रमेऽस्मिन्। (4.20)

सपत्नी अर्थात् राजा की पटरानी होकर अपने

पाति

दुष्यन्त के साथ आश्रम आओगी।

75. शममेष्यति मम शोकः कथं नु वत्से

नीवार को देखते हुए मेरा शोक

महर्षि कण्व

त्वया रचितपूर्वम् (4.21)

कैसे शान्त हो सकेगा।

76. गच्छ! शिवास्ते पन्थानः सन्तु।

जाओ! तुम्हारा मार्ग मंगलमय हो।

महर्षि कण्व

77. तात! शकुन्तलाविरहितं शून्यमिव

पिताजी, शकुन्तला से रहित इस सूने

अनसूया एवं

तपोवनं कथं प्रविशावः।

तपोवन में हम कैसे प्रवेश करें।

प्रियंवदा दोनों सखियाँ

78.

हन्त भोः! शकुन्तलां पतिकुलं

अहा!

शकुन्तला को ससुराल भेजकर

महर्षि कण्व

विसृज्य लब्धमिदानीं स्वास्थ्यम्।

मुझे मानसिक शान्ति प्राप्त हुई।

79. अर्थो हि कन्या परकीय एव। (4.22) कन्या

वस्तुतः दूसरे का ही धन है।

महर्षि कण्व

80. जातो ममायं विशदः प्रकामं

यह हृदय उसी प्रकार अत्यन्त

महर्षि कण्व

प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा (4.22) प्रसन्न

हो रहा है, जिस प्रकार धरोहर को

लौटाने पर धरोहर रखने वाले व्यक्ति

मन प्रसन्न होता है।

अभिज्ञानशाकुन्तलम्- बिन्दुवार अध्ययन

- 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के रचयिता हैं - **कालिदास**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् साहित्य की किस विधा के अन्तर्गत है - **नाटक**
- 'अभिज्ञानशाकुन्तले' कति अङ्काः सन्ति? - **7 (सात)**
- 'शाकुन्तलकथायाः' वास्तव्यमुपजीव्यमस्ति - **महाभारतम्**
- 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' का अङ्गी रस है - **शृङ्गार**
- 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में किस रीति का प्रयोग है - **वैदर्भी रीति का**
- 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' का दुष्यन्त नायक है - **धीरोदात्त**
- महाभारतस्य कस्मात् पर्वणः कथां स्वीकृत्य कालिदासेन 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' विरचितम् - **आदिपर्व से**
- 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' का सर्वप्रथम अंग्रेजी अनुवाद किसने किया? **-विलियमजोन्स ने**
- 'शाकुन्तलम्' की कथा और कहाँ प्राप्त है? - **महाभारत/पद्मपुराण दोनों में**
- महाभारत पर आश्रित नाटक है - **अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
- एक आभरण खो जाने से किस कथा में स्थिति बदल गई है - **अभिज्ञानशाकुन्तलम् में**
- 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में 'अभिज्ञान' शब्द से किसका बोध होता है - **अँगूठी का**
- 'अभिज्ञान' शब्द का अर्थ है - **पहचान**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक का उत्स (मूल) है? - **महाभारतम्**
- शाकुन्तलमङ्गलाचरणे कीदृशः शिवः वर्णितः?- **अष्टमूर्तिः**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् का कथानक - **ऐतिहासिक होने पर भी कुछ परिवर्तित है**
- अभिज्ञानशाकुन्तलस्य जर्मनभाषायां प्रथमः अनुवादकः आसीत्? - **जॉर्जफोस्टरः**
- अभिज्ञानशाकुन्तलस्य नान्दीपाठे वर्णिताऽऽद्या सृष्टिरस्ति - **जलम्**
- 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में शकुन्तला को शाप किसने दिया? - **दुर्वासा**
- 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक का विदूषक है- **माढव्य**
- दुष्यन्त की मनः स्थिति जानने के लिए मेनका ने अपनी किस सखी को भेजा था - **सानुमती**

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में मातलि कौन है?- **इन्द्र का सारथि**
- एक प्रसिद्ध नाटक में मधुकरिका कौन है? - **दुष्यन्त की परिचारिका**
- दुर्वासा ऋषि के क्रोधित हो जाने पर किसने उन्हें प्रसन्न किया? - **प्रियंवदा**
- अभिज्ञानशाकुन्तल में वेत्रवती है - **प्रतीहारी**
- शर्मिष्ठा के पिता थे - **दानवराजवृषपर्वा**
- सानुमती पात्र किस काव्य में है? - **अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
- शारद्वत पात्र का वर्णन किस नाटक में है? - **अभिज्ञानशाकुन्तले**
- अभिज्ञानशाकुन्तलनाटके नायकः कः वर्तते - **दुष्यन्तः**
- अनसूया किस नाटक में एक पात्र है - **अभिज्ञानशाकुन्तलम्**
- सर्वदमन किस नाटक का पात्र है - **अभिज्ञानशाकुन्तलस्य**
- राजा दुष्यन्तः कुत्र प्रसिद्धः - **अभिज्ञानशाकुन्तले**
- दुष्यन्तः कस्य ग्रन्थस्य नायकः - **अभिज्ञानशाकुन्तलस्य**
- अभिज्ञानशाकुन्तल में ययाति के किस पुत्र का नाम उल्लिखित है? - **पुरु**
- शकुन्तला की सखी कौन है? - **अनसूया/प्रियंवदा**
- शकुन्तला के साथ राजदरबार तक कौन गयी थी? - **गौतमी**
- किसके आग्रह पर शकुन्तला के प्रति दुर्वासा के शाप में लघुता आयी - **प्रियंवदा**
- दुर्वासा ऋषि के आश्रम में पदार्पण के समय शकुन्तला किसके ध्यान में मग्न थी - **दुष्यन्त के**
- अनसूया और प्रियंवदा हैं - **शकुन्तला की सखियाँ**
- दुर्वासा ऋषि ने शकुन्तला को क्या शाप दिया - **कि तू जिसके ध्यान में बैठी है वो तुझे भूल जाएगा**
- दुर्वासा ऋषि ने शापमोचन किस तरह बताया - **-किसी अभिज्ञान (पहचान) देखने से दुष्यन्त को शकुन्तला का स्मरण हो जाएगा**
- अभिज्ञानशाकुन्तले दुर्वाससः शापः कस्य उदाहरणं भवति - **विष्कम्भकस्य**
- चतुर्थ अङ्क की विषयवस्तु मानवीय जीवन की किस घटना पर आधारित है? - **बेटी की शादी होने पर-विदाई के अवसर की**
- 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक में वर्णित गौतमी है - **कण्व आश्रम की अध्यक्षा**
- गौतमी कौन थी? -**वृद्धा तापसी**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक में गौतमी है - **तपोवन की अध्यक्षा**
- शार्ङ्गरव पात्र का वर्णन किस नाटक में है- **अभिज्ञानशाकुन्तल**
- 'तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम्' यहाँ तपोधन शब्द प्रयुक्त हुआ है - **दुर्वासा के लिए**
- 'अस्यामहं त्वयि च सम्प्रति वीतचिन्तः' कः? - **कण्वः**
- शकुन्तला को विदाई का सन्देश दिया - **कण्व ने**
- ''मम विरहजां न त्वं वत्से! शुचं गणयिष्यसि'' यहाँ 'मम' से तात्पर्य है? - **कण्व**
- शकुन्तला की माता कौन थी - **मेनका**
- शकुन्तला-दुष्यन्त के पुत्र का नाम है - **सर्वदमन (भरत)**
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् में सखियों ने शापवृत्तान्त सर्वप्रथम किसे सुनाया - **किसी को नहीं**
- दुष्यन्त के साथ शकुन्तला के विवाह की सूचना कण्व को कैसे मिली- - **अशरीरिणी छन्दोमयी वाणी**
- 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक में वर्णित शार्ङ्गरव है - **कण्व का शिष्य**
- अभिज्ञानशाकुन्तलनाटके मारीचस्य शिष्यः कः अस्ति - **गालवः**
- कण्व ऋषि को इस नाम से भी पुकारते थे? - **काश्यप**
- राजा दुष्यन्त की प्रथम पटरानी थी - **वसुमती**
- 'प्रियंवदा' किस नाटक में है - **शाकुन्तलम्**
- पुरु किसका पुत्र था? - **शर्मिष्ठा**
- मघवतः सकाशात् केन सह मनुष्यलोकमवतरति दुष्यन्तः? - **मातलिना**
- मातलि किस नाटक का पात्र है? - **अभिज्ञानशाकुन्तल**
- महर्षि कण्व किनके साथ शकुन्तला को पतिगृह भेजते हैं - **गौतमी, शार्ङ्गरव, शारद्वत**
भावार्थ – काम से व्याकुल (जन) चेतन एवं अचेतन के विषय में स्वभाव से ही दीन हो जाते हैं।

2. याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा॥ 6॥
भावार्थ – अधिक गुण वाले व्यक्ति से की गई याचना फलवती न होने पर भी उत्तम है, नीच व्यक्ति से फलीभूत हुयी याचना भी अच्छी नहीं है।

- यहाँ अधिक गुण वाला 'मेघ' है।

**3. आशाबन्धः कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यङ्गनानाम्
सद्यः पाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि॥ 9॥**
भावार्थ – आशा का बन्धन ही प्रेम से ओत-प्रोत, पुष्प सदृश कोमल तथा वियोग से शीघ्र टूटने वाले अबलाओं के हृदय को प्रायः रोके रहता है।

**4. न क्षुद्रोऽपि प्रथमसुकृतापेक्षया संश्रयाय,
प्राप्ते मित्रे भवति विमुखः किं पुनर्यस्तथोच्चैः॥ 17॥**
भावार्थ – नीच व्यक्ति भी पहले किये गये उपकार के कारण मित्र से विमुख नहीं होता फिर जो महान् है वह कैसे (विमुख होगा)?

- आम्रकूट के मित्र मेघ के आम्रकूट पर्वत पर अतिथि रूप में पहुँचने पर। यह सूक्ति कही गयी है।

5. रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय॥ 20॥
भावार्थ – सभी रिक्त पदार्थ हल्के तथा पूर्णता गौरव के लिए होती है।

6. स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु॥ 29॥
भावार्थ – स्त्रियों का प्रिय के प्रति विलास प्रारम्भिक प्रार्थना वाक्य होता है।

- मेघ के प्रति निर्विन्ध्या द्वारा दिखाये गये विभ्रम के संदर्भ में।

7. ज्ञातास्वादो विवृतजघनां को विहातुं समर्थः॥ 45॥
भावार्थ – रस का अनुभव किया हुआ कौन-सा पुरुष जंघा प्रदेश को प्रकट करने वाली स्त्री का परित्याग करने में समर्थ होगा।

- ज्ञातास्वाद से मेघ का और विवृतजघना से गम्भीरा का संकेत।

8. आपन्नार्तिप्रशमनफलाः सम्पदो ह्युत्तमानाम्॥ 57॥
भावार्थ – श्रेष्ठ जनों की सम्पत्तियाँ आर्त्तजनों के कष्टों को दूर कर देने वाली होती है।

- हिमालय की दावाग्नि को मेघ बुझाता है अतः उसे 'उत्तम' कहा गया है।

9. के वा न स्युः परिभवपदं निष्फलारम्भयत्नाः॥ 58॥
भावार्थ – निष्फल कर्म में प्रयत्न करने वाले कौन से व्यक्ति तिरस्कार के पात्र नहीं होते (अर्थात् अवश्य होते हैं)

- मेघ पर आक्रमणरूपी निष्फल प्रयास करने वाले 'शरभों' के संदर्भ में।

उत्तरमेघ की सूक्तियाँ

1. सूर्यापाये न खलु कमलं पुष्यति स्वामभिख्याम्॥ 20॥
भावार्थ – सूर्य के अस्त हो जाने पर कमल निश्चित रूप से अपनी शोभा को धारण नहीं करता।

2. प्रायः सर्वो भवति करुणावृत्तिरार्द्रान्तरात्मा॥ 35॥
भावार्थ – प्रायः सभी कोमल हृदय वाले व्यक्ति दयालु स्वभाव वाले होते हैं।

3. कान्तोदन्तः सुहृदुपगतः सङ्गमात्किञ्चिदूनः॥ 40॥
भावार्थ – मित्र से लिया गया प्रियतम का संदेश स्त्रियों के लिए मिलने से कुछ ही कम होता है।

4. नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण॥ 49॥
भावार्थ – सुखः-दुःख की दशा पहिए की धार (तीलियों) के समान ऊपर-नीचे होती रहती है।

5. प्रत्युक्तं हि प्रणयिषु सतामीप्सितार्थक्रियैव॥ 54॥
भावार्थ – प्रेमी याचकों के अभीष्ट प्रयोजन को सिद्ध करना ही सज्जनों का उत्तर होता है।

मेघदूतम् (व्याख्या 1-10 श्लोक)

**कश्चित्कान्ताविरहगुरुणा स्वाधिकारात्प्रमत्तः
शापेनास्तङ्गमितमहिमा वर्षभोग्येण भर्तुः।
यक्षश्चक्रे जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु
स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु॥1॥**

अन्वय - स्वाधिकारात् प्रमत्तः कान्ताविरहगुरुणा वर्षभोग्येण भर्तुः शापेन अस्तङ्गमितमहिमा कश्चित् यक्षः जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु स्निग्धच्छायातरुषु रामगिर्याश्रमेषु वसतिं चक्रे।

शब्द	अर्थ
स्वाधिकारात्	अपने कर्त्तव्य पालन में
प्रमत्तः	असावधान

कान्ताविरहगुरुणा	प्रिया के वियोग से दुःसह एक वर्ष पर्यन्त भोगे जाने वाले
भर्तुः	स्वामी-कुबेर के
शापेन	शाप से
अस्तङ्गमितमहिमा	जिसकी महिमा नष्ट हो चुकी है,
कश्चित्	कोई
यक्षः	यक्ष
जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु	जनक की पुत्री सीता जी के स्नान से पवित्र जल वाले
स्निग्धच्छायातरुषु	घने छायादार वृक्षों से युक्त
रामगिर्याश्रमेषु	रामगिरि नामक पर्वत के आश्रमों में
वसतिम्	निवास
चक्रे	किया

अनुवाद- अपने कार्य से असावधान, प्रिया के विरह से दुःसह, एक वर्ष तक भोगने वाले, स्वामी के शाप से नष्ट महिमा वाला, कोई यक्ष जनक की पुत्री के स्नान से पवित्र जल वाले, घने छाया वाले वृक्षों से युक्त, रामगिरि (पर्वत) के आश्रमों में निवास करता था।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

समास

- **स्वाधिकारात् -** अधिक्रियते अस्मिन् इति स्वस्य अधिकारः स्वाधिकारः तस्मात् (षष्ठी तत्पुरुष समास अथवा कर्मधारय समास)
- **अस्तङ्गमितमहिमा -** अस्तं गमितः महिमा यस्य सः (बहुव्रीहि समास)
- **स्निग्धच्छायातरुषु -** छायाप्रधानाः तरवः छायातरवः, स्निग्धाः छायातरवः येषु तेषु - (बहुव्रीहि समास)
- **रामगिर्याश्रमेषु -** रामगिरेः आश्रमेषु रामगिर्याश्रमेषु - षष्ठी तत्पुरुष
- **वर्षभोग्येण -** भोक्तुं योग्यः भोग्यः, वर्षभोग्यस्तेन तत्पुरुष समास
- **जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु -** जनकस्य तनयायाः सीतायाः स्नानैः अवगाहनैः पुण्यानि पवित्राणि उदकानि जलानि येषु तेषु - (बहुव्रीहि समास)
- **कान्ताविरहगुरुणा -** कान्तायाः प्रियायाः विरहः वियोगः तेन गुरुणा - तृतीया तत्पुरुष

कारक -

- **स्वाधिकारात् -** 'जुगुप्साविरामप्रमादार्थानामुपसंख्यानम्' वार्तिक से पञ्चमी का प्रयोग
- **वर्षभोग्येण -** कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे से तृतीया
- **शापेन -** हेतौ सूत्र से तृतीया।
- **प्रमत्तः -** 'जुगुप्साविरामप्रमादार्थानामुपसंख्यानम्' से पंचमी

प्रत्यय -

- **अधिकारः -** अधि + कृ + घञ्
- **प्रमत्तः -** प्र + मद् + क्त
- **भर्तुः -** भृ + तृच्
- **शापेन -** शप् + घञ्
- **गमित -** गम् + णिच् + क्तः
- **महिमा -** महत् + इमनिच्
- **वसतिम् -** वस् + अति
- **चक्रे -** कृ + लिट् प्रथम पुरुष, एकवचन, आत्मनेपद
- **रस -** मेघदूतम् में **विप्रलम्भ शृंगार** का प्रयोग किया गया है। विप्रलम्भ श्रृङ्गार के भी चार भेद होते है

1. पूर्वराज 2. मान 3. प्रवास - भावी, भवन्, भूत 4. करुण इसमें भवन नामक प्रवास का उल्लेख है।

- **छन्द -** सम्पूर्ण मेघदूतम् में **मन्दाक्रान्ता छन्द** का प्रयोग हुआ है।
- **लक्षण -** 'मन्दाक्रान्ता जलधिषडगैर्म्भौ न तौ ताद् गुरू चेत्' अर्थात् इस छन्द में प्रत्येक पाद में 17 अक्षर होते हैं। वे मगण, भगण, नगण, दो तगण और दो गुरु इस क्रम में होते है। चौथे, दसवें और सत्रहवें अक्षर पर यति होती है।
- **अलङ्कार -** इस श्लोक में शाप के प्रति ''स्वाधिकारात्प्रमत्तः'' की हेतुता होने से पदार्थ हेतुक **काव्यलिङ्ग अलङ्कार** है।
- 'कान्ताविरहगुरुणा' यहाँ कान्ता पद का प्रयोग कवि की इस बात का सूचक है कि यक्ष को अपनी पत्नी से विशेष प्रेम था, क्योंकि जो भाव कान्ता पद से व्यक्त होता है वह पत्नी या भार्या से नहीं। यहाँ कान्ता पद का प्रयोग साभिप्राय है, इसलिए **परिकरालङ्कार** है। क्योंकि जहाँ विशेष्य साभिप्राय हो वहाँ परिकर अलङ्कार होता है।
- **लक्षण - ''विशेषणैर्यत् साकूतैरुक्तिः परिकरश्च सः''**
- **विशेष -** ग्रन्थ के निर्विघ्नतापूर्वक समाप्ति के लिए ग्रन्थ के आरम्भ में मङ्गलाचरण किया जाता है। मङ्गलाचरण के तीन भेद हैं-
- **''आशीर्नमस्क्रिया वस्तुनिर्देशो वाऽपि तन्मुखम्''**

1. आशीर्वादात्मक 2. नमस्क्रियात्मक 3. वस्तुनिर्देशात्मक

यहाँ वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण है।

- काव्य के आरम्भ में 'क' वर्ण का प्रयोग हुआ है, 'क' शब्द वायु, ब्रह्मा और सूर्य का वाचक है अतः देवता वाचक शब्द का प्रयोग होने से मङ्गल का ही अनुष्ठान किया गया है।

श्लोक से पूछे जा सकने वाले सम्भावित प्रश्न -

- इस श्लोक में कौन सा मङ्गलाचरण है? **वस्तुनिर्देशात्मक**
- इसमें कौन सा छन्द प्रयोग किया गया है? **मन्दाक्रान्ता**
- यक्ष को कितने दिनो का शाप मिला था? - **एक साल**
- यक्ष को किसने शाप दिया था? - **यक्षों के स्वामी कुबेर**
- यक्ष को शाप देने का क्या कारण था? **- अपने कार्य से असावधानी के कारण**
- 'कश्चित्' शब्द किसके लिए आया है? - **यक्ष के लिए**
- रामगिरि आश्रम किसके स्नान करने से पवित्र हो गया था? **- जनकतनया सीता के**
- यक्ष को शाप देने की तिथि क्या थी? **- देवोत्थान एकादशी**

➢ चक्रे शब्द किस लकार और वचन में है बताइये? - **कृ लिट् लकार, प्रथम पु., एक.**

श्लोक - 2

तस्मिन्नद्रौ कतिचिदबलाविप्रयुक्तः स कामी
नीत्वा मासान् कनकवलयभ्रंशरिक्तप्रकोष्ठः।
आषाढस्य प्रथमदिवसे मेघमाश्लिष्टसानुं
वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयं ददर्श॥2

अन्वय - तस्मिन् अद्रौ अबलाविप्रयुक्तः कनकवलयभ्रंशरिक्तप्रकोष्ठः कामी स कतिचित् मासान् नीत्वा आषाढस्य प्रथमदिवसे आश्लिष्टसानुम् वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयम् मेघम् ददर्श।

शब्द	**अर्थ**
तस्मिन्	उस
अद्रौ	पर्वत पर
अबलाविप्रयुक्तः	प्रियतमा से वियुक्त
कनकवलयभ्रंशरिक्त प्रकोष्ठः	स्वर्ण कङ्कण के गिरने से शून्य कलाई वाले
कामी	कामुक
सः	उस यक्ष ने
कतिचित्	कुछ
मासान्	महीनों को
नीत्वा	बिताकर
आषाढस्य	आषाढ मास के
प्रथमदिवसे	प्रथम दिन
आश्लिष्टसानुम्	पर्वत की चोटी से सटे हुए
वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयम्	टीले की मिट्टी के उड़ाखने में तिरछा दन्तप्रहार करने वाले हाथी के समान दर्शनीय
मेघम्	मेघ को
ददर्श	देखा।

अनुवाद - उस (रामगिरि) पर्वत पर प्रिया से वियुक्त स्वर्ण कङ्कण के गिरने से शून्य कलाई वाले कामुक उस यक्ष ने कुछ वर्ष बिताकर आषाढ़ के प्रथम दिन पर्वत की चोटी से सटे हुए वप्रक्रीड़ा करने में तिरछा दन्त प्रहार करने वाले हाथी के सदृश दर्शनीय मेघ को देखा।

समास

➢ **अबलाविप्रयुक्तः -** अबलया विप्रयुक्तः - तृतीया तत्पुरुष अथवा अविद्यमानं बलं यस्याः सा अबला - **बहुव्रीहि समास**

➢ कनकवलयभ्रंशरिक्तप्रकोष्ठः - कनकस्य वलयस्य भ्रंशेन रिक्तः प्रकोष्ठः यस्य सः **बहुव्रीहि समास**

➢ **कामी -** कामः अस्य अस्ति इति कामी

➢ **प्रथमदिवसे -** प्रथमेदिवसे प्रथमदिवसे - **कर्मधारय**

➢ **आश्लिष्टसानुम् -** आश्लिष्टं सानु येन तम् - **(बहुव्रीहि समास)**

➢ **वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयम् -** वप्रक्रीडासु परिणतः तत्पुरुष स चासौ गजः **(कर्मधारय तत्पुरुष)**

➢ तमिव प्रेक्षणीयम् **(उपमित तत्पुरुष)** अथवा वप्रक्रीडापरिणत गज इव प्रेक्षणीयः तम् - **(कर्मधारयसमास)**

प्रत्यय

➢ **विप्रयुक्तः -** वि + प्र + युज् + क्त (वि+प्र+युज् +क्त)

➢ **कामी -** कम् + घञ् = कामः अथवा कामः अस्य अस्तीति काम + इनि = कामिन् (कामी)

➢ **कतिचित् -** कति + चित्

➢ **नीत्वा -** नी + क्त्वा

➢ **आश्लिष्टः -** आङ् + श्लिष् + क्त

➢ **आधान -** आ + धा + ल्युट्

➢ **प्रेक्षणीयं -** प्र + ईक्ष् + अनीयर्

धातुरूप -

➢ **ददर्श -** दृश् + लिट्। प्रथम पुरुष, एकवचन (परस्मैपद)

➢ **कतिचित् -** कति शब्द नित्य बहुवचनान्त है। इसमें चित् अव्यय का योग हुआ है।

➢ **अलङ्कार -** गजप्रेक्षणीयम् में उपमा वाचक शब्द "इव" लुप्त है अतः यहाँ लुप्तोपमा अलङ्कार है।

श्लोक से बनने वाले सम्भावित प्रश्न

➢ यक्ष कितने माह पर्वत पर व्यतीत कर चुका था? - **आठ माह**

➢ यक्ष ने पर्वत चोटी से किसे देखा? - **मेघ को**

➢ किस माह में यक्ष ने मेघ को सर्वप्रथम देखा? - **आषाढ माह के प्रथम दिन**

➢ यक्ष किस कारण अत्यन्त दुर्बल हो गया था? **अपनी प्रिया के विरह से**

➢ यक्ष ने अपने हाथ में क्या पहन रखा था? **स्वर्ण कङ्कण**

➢ यक्ष की कलाई किसके गिरने से सूनी हो गयी थी? - **स्वर्ण कङ्कण।**

श्लोक - 3

तस्य स्थित्वा कथमपि पुरः कौतुकाधानहेतो
रन्तर्वाष्पश्चिरमनुचरो राजराजस्य दध्यौ।
मेघालोके भवति सुखिनोऽप्यन्यथावृत्ति चेतः
कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने किं पुनर्दूरसंस्थे॥3॥

अन्वय - राजराजस्य अनुचरः अन्तर्वाष्पः कौतुकाधानहेतोः तस्य पुरः कथम् अपि स्थित्वा चिरम् दध्यौ मेघालोके सुखिनः अपि चेतः अन्यथावृत्ति भवति कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने दूरसंस्थे किम् पुनः।

शब्द	**अर्थ**
राजराजस्य	यक्षराज कुबेर का
अनुचरः	आँखो में आँसुओं को भीतर ही भीतर रोककर
कौतुकाधानहेतोः	उत्कण्ठा उत्पन्न करने वाले
तस्य	उस मेघ के
पुरः	सामने

कथमपि	किसी प्रकार, बड़े प्रयत्न से
स्थित्वा	खड़े होकर
चिरम्	बहुत समय तक
दध्यौ	सोचा
मेघालोके	मेघ के दिखाई देने पर
सुखिनः	सुखी व्यक्ति का
अपि	भी
चेतः	चित्त
अन्यथावृत्ति	दूसरे ही प्रकार के व्यवहार वाला
भवति	हो जाता है
कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने	आलिङ्गन की इच्छा वाले व्यक्ति से
किम् पुनः	फिर कहना ही क्या है?
दूरसंस्थे	दूर रहने पर

अनुवाद - यक्षों के राजा कुबेर का सेवक आखों के अन्दर ही अन्दर आँसुओं को रोके हुए, उत्कण्ठा को उत्पन्न करने वाले उस मेघ के सामने किसी प्रकार ठहर कर देर तक सोचता रहा। मेघ के दर्शन होने पर सुखी व्यक्ति का भी चित्त दूसरे प्रकार की वृत्ति वाला (चञ्चल) हो जाता है, फिर कण्ठ के आलिङ्गन के इच्छुकजन प्रिया के दूर स्थित होने पर तो कहना ही क्या।

व्याकरणात्मक टिप्पणी

समास -

- **राजराजस्य -** राज्ञां राजा राजराजः - **(षष्ठी तत्पुरुष)**
- **अन्तर्वाष्पः -** अन्तः स्तम्भितं वाष्पं **(मध्यमपद लोपी)** यस्य सः **(बहुव्रीहि)**
- **कौतुकाधानहेतोः -** कौतुकस्य आधानं तस्य हेतोः **(षष्ठी तत्पुरुष)**
- **मेघालोके -** मेघस्य आलोकः, तस्मिन् **(षष्ठी तत्पुरुष)**
- **अन्यथावृत्ति -** अन्यथा वृत्तिः यस्य सः **(बहुव्रीहि)**
- **कण्ठाश्लेषप्रणयिनि -** कण्ठस्य आश्लेषः तस्य प्रणयी, तस्मिन् **(षष्ठी तत्पुरुष)**

प्रत्यय

- **अनुचर -** अनु + चर् + अच्
- **कौतुक -** कुतुक + अण्
- **आधानम् -** आङ् + धा + ल्युट्
- **स्थित्वा -** स्था + क्त्वा
- **पुरः, चिरम् -** अव्यय पद हैं दोनों
- **सुखिनः -** सुख + इनि
- **आश्लेष -** आङ् + श्लिष् + घञ् (भावे)
- **प्रणयी -** प्रणय + इनि
- **संस्था -** सम् + स्था + आङ्

धातुरूप

- **दध्यौ -** ध्यै + लिट् प्रथम पुरुष, एकवचन
- **अलङ्कार -** इस श्लोक में उत्तरार्द्ध से पूर्वार्द्ध स्थित चिन्तारूप पदार्थ का समर्थन होने से अर्थान्तरन्यास अलङ्कार और उत्तरार्द्ध में 'किं पुनर्दूरसंस्थे' में अर्थापत्ति अलङ्कार है। इस प्रकार अर्थान्तरन्यास और अर्थापत्ति के निरपेक्ष से स्थित होने के कारण **संसृष्टि अलङ्कार** है।

सम्भावितप्रश्न -

- राजराजस्य शब्द किसके लिए आया है? - **कुबेर के लिए**
- 'जने' शब्द यहाँ किसके लिए आया है? - **(प्रिया) यक्षणी के लिए**
- अपने आँसुओं को कौन अन्दर ही अन्दर रोके रहता है? - **यक्ष**
- 'दध्यौ' शब्द का धातु, लकार और वचन बताइये? **ध्यै + लिट् लकार** , प्रथमपुरुष, एकवचन
- मेघ को देखकर चित्त कैसा हो जाता है? - **चञ्चल**
- 'कि पुनर्दूरसंस्थे' में कौन सा अलङ्कार है? - **अर्थापत्ति**
- मेघालोके में कौन सा समास है? - **षष्ठी तत्पुरुष**

श्लोक - 4

प्रत्यासन्ने नभसि दयिताजीवितालम्बनार्थी
जीमूतेन स्वकुशलमयीं हारयिष्यन् प्रवृत्तिम्।
स प्रत्यग्रैः कुटजकुसुमैः कल्पितार्घाय तस्मै
प्रीतः प्रीतिप्रमुखवचनं स्वागतं व्याजहार॥4

अन्वय - नभसि प्रत्यासन्ने दयिताजीवितालम्बनार्थी सः जीमूतेन स्वकुशलमयीं प्रवृत्तिं हारयिष्यन् प्रत्यग्रैः कुटजकुसुमैः कल्पितार्धाय तस्मै प्रीत प्रीतिप्रमुखवचनम् स्वागतम् व्याजहार।

शब्द	अर्थ
नभसि	श्रावण मास के
प्रत्यासन्ने	सन्निकट आने पर
दयिताजीवितालम्बनार्थी	प्रिया के जीवन धारण के इच्छुक
सः	उस यक्ष ने
जीमूतेन	मेघ द्वारा
स्वकुशलमयीम्	अपने कुशल से पूर्ण
हारयिष्यन्	भेजने की इच्छा से
प्रत्यग्रैः	तत्काल तोड़े गये (ताजे)
कुटजकुसमैः	कुटज (पर्वतीय चमेली) के पुष्पों से
कल्पितार्घाय	अर्घ्य सामग्री तैयार करके
प्रीतः	प्रेमपूर्वक
प्रीतिप्रमुखवचनम्	प्रणय भरे शब्दों से
स्वागतम् व्याजहार	स्वागत कहा

अनुवाद - श्रावण मास के निकट आने पर प्रिया के जीवन को सहारा देने के इच्छुक उस (यक्ष) ने मेघ द्वारा अपने कुशलमय समाचार को भेजने की इच्छा से तत्काल तोड़े गये ताजे कुटज के पुष्पों से अर्घ्य सामग्री तैयार करके उस मेघ के लिए प्रसन्नतापूर्वक प्रणय भरे वचनों से स्वागत कहा।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

समास -

- **दयिताजीवितालम्बनार्थी -** दयितायाः जीवितम् - **(षष्ठी तत्पुरुष)** दयिताजीवितम् तस्य आलम्बनम् - दयिताजीवितालम्बनार्थी - **(षष्ठी तत्पुरुष समास)**

- **जीमूतेन** - जीवनस्य उदकस्य मूतः पटबन्धः जीमूतः तेन **(तृतीया तत्पुरुषसमास)**
- **स्वकुशलमयीं** - स्वस्य कुशलम् **(षष्ठी तत्पुरुष)**
- **प्रत्यग्रैः** - अग्रं प्रति गतः प्रत्यग्रः तैः **(बहुव्रीहि)**
- **कल्पितार्घाय** - कल्पितोऽर्घो यस्मै तस्मै **(बहुव्रीहिसमास)**
- **प्रीतिप्रमुखवचनम्** - प्रीतिः प्रमुखं येषां येषु वा तानि **(बहुव्रीहि समास)** तानि वचनानि यस्मिन् कर्मणि तत् **(बहुव्रीहिसमास)**
- **स्वागतम्** - सुशोभनम् आगतं तत् **(नित्यकर्मधारय)**

प्रत्यय -

- **प्रत्यासन्ने** - प्रति + आ + सद् + क्त
- **दयिताजीवितालम्बनार्थी** - जीव + क्त , आङ् + लबि + ल्युट् दयिताजीवितालम्बन + णिनि (इन्)
- **स्वकुशलमयीम्** - स्वकुशल + मयट् +ङीप्
- **हारयिष्यन्** - हृ + णिच् = हारि + इट् + स्य + शतृ
- **प्रीतः** - प्रीञ् + क्त
- **प्रीति** - प्रीञ् + क्तिन्
- **स्वागतम्** - सु + आ + गम् + क्त
- **व्याजहार** - वि + आङ् + हृञ् + लिट्
- **प्रवृत्तिम्** - प्र + वृत् + क्तिन्

कारक

- **कुटजकुसुमैः** - अर्घ्य क्रिया के अत्यन्त उपकारक होने से 'साधकतमं करणम्' इससे करण संज्ञा होकर कर्तृकरणयोस्तृतीया सूत्र से तृतीया विभक्ति हुई।
- **नभसि** - नभस् (नपुंसकलिङ्ग, सप्तमी एकवचन)
- **अलङ्कार** - इस श्लोक में प्री, प्र, व , त की असकृत् होने से **वृत्त्यनुप्रास** शब्दालङ्कार है।

सम्भावितप्रश्न -

- यक्ष ने किससे अर्घ्य सामग्री तैयार की? - **कुटज के पुष्पों से**
- जीमूतेन शब्द किसके लिए आया है? - **मेघ के लिए**
- स्वागतम् शब्द में प्रकृति प्रत्यय बताइये? **सु + आ + गम् + क्त**
- 'प्रीतिप्रमुखवचनम्' शब्द में कौन सा समास है? **बहुव्रीहि**
- 'नभसि' शब्द से किस महीने का बोध होता है? - **श्रावण माह का**
- नभसि शब्द का लिङ्ग और वचन बताइये? **नभस् शब्द - सप्तमी एकवचनम्**

श्लोक - 5

धूमज्योतिः सलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः
संदेशार्थाः क्व पटुकरणैः प्राणिभिः प्रापणीयाः।
इत्यौत्सुक्यादपरिणयन्गुह्यकस्तं ययाचे
कामार्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु॥5

अन्वय - धूमज्योतिः सलिलमरुतां सन्निपातः मेघः क्व? पटुकरणैः प्राणिभिः प्रापणीयाः संदेशार्थाः क्व? इति औत्सुक्यात् अपरिगणयन् गुह्यकः तं ययाचे, हि कामार्ताः चेतनाचेतनेषु प्रकृतिकृपणाः।

शब्द	अर्थ
धूमज्योतिः सलिलमरुताम्	धुआँ, अग्नि, जल व वायु का
सन्निपातः	(संघटन) मिश्रण
मेघः	बादल
क्व	कहाँ?
पटुकरणैः	समर्थ इन्द्रियों वाले
प्राणिभिः	प्राणियों के द्वारा
प्रापणीयाः	पहुचाने योग्य
सन्देशार्थाः	संदेशवाक्य
इति	इस बाद को
औत्सुक्यात्	उत्कण्ठा के कारण
अपरिगणयन्	विचार न करते हुए
गुह्यकः	यक्ष ने
तम्	उस मेघ से
ययाचे	याचना की
हि	क्योंकि
कामार्ताः	काम से पीड़ित प्राणी
चेतनाचेतनेषु	जड़ और चेतन पदार्थों के विषय में
प्रकृतिकृपणाः	स्वभाव से दीन, विवेकशून्य

अनुवाद - धूम, अग्नि, जल और वायु का मिश्रण मेघ कहाँ? और समर्थ इन्द्रियों वाले प्राणियों द्वारा भेजे जाने योग्य सन्देश रूपी वस्तु कहाँ? इसका उत्कण्ठा के कारण विचार नहीं किया, क्योंकि काम पीड़ित चेतन और जड़ के विषय में स्वभाव से दीन होते है।

व्याकरणात्मक टिप्पणी

समास -

- **धूमज्योतिःसलिलमरुतां** - धूमश्च ज्योतिश्च सलिलं च मरुच्च धूमज्योतिः सलिलमरुतः **(इतरेतर द्वन्द्वसमास)**
- **पटुकरणैः** - पटूनि करणानि येषां तैः **(बहुव्रीहि)**
- **संदेशार्थाः** - संदेशाः ते एव अर्थाः **(कर्मधारय)**
- **औत्सुक्यात्** - उत्सुकस्य भावः औत्सुक्यं तस्मात् कारणात् **(बहुव्रीहि)**
- **अपरिगणयन्** - न परिगणयन् इति अपरिगणयन् **(नञ् तत्पुरुष समास)**
- **कामार्ता** - कामेन आर्ता **(तृतीया तत्पुरुष)**
- **चेतनाचेतनेषु** - चेतनाश्च अचेतनाश्च तेषु **(द्वन्द्व समास)**
- **प्रकृतिकृपणाः** - प्रकृत्या कृपणाः **(तृतीया तत्पुरुष समास)**

प्रत्यय -

- **सन्निपातः** - सम्+नि+पत्+घञ्
- **पटुकरणैः** - पटु+डुकृञ्+ल्युट्
- **सन्देशः** - सम्+दिश्+घञ्
- **प्राणिभिः** - प्राण+इनि
- **प्रापणीयाः** - प्र+आप्+णिच्+अनीयर्

- **औत्सुक्यात् -** उत्सुक+ष्यञ्
- **अपरिगणयन् -** नञ्+परि+गण्+शतृ
- **गुह्यकः -** गुह्+ण्वुल्

धातुरूप-

- **ययाचे -** याच् + लिट् प्रथम पुरुष, एकवचन
- **अलङ्कार -** यहाँ मेघ तो अचेतन है किन्तु सन्देश पूर्ण इन्द्रिय से सम्पन्न व्यक्ति ही ले जाने योग्य होता है। इस प्रकार दो विपरीत पदार्थों का कथन होने के कारण **विषमालङ्कार** हुआ।
  इस श्लोक के चतुर्थ चरण के सामान्य से तृतीय चरण के विशेष कथन का समर्थन किया गया है, इसलिए अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है।

सम्भावित प्रश्न -

- मेघ कितने तत्वों के मिश्रण से बना है? **4 (चार तत्वों से)**
- मेघ के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले तत्वों के नाम लिखिए? **धूआँ, अग्नि, जल, वायु**
- जड़ और चेतन के विषय में स्वभाव से कौन दीन होता है? **कामपीड़ित**
- सन्निपात शब्द का क्या अर्थ है? - **मिश्रण (संघटन)**
- 'ययाचे' शब्द का लकार और वचन लिखिए? **याच्** लिट् लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन
- 'गुह्यकः' शब्द किसके लिए आया है? **यक्ष के लिए**
- पटुकरणैः शब्द में कौन समास है? **पटूनि करणानि येषां तैः** (बहुव्रीहि)

श्लोक- 6

जातं वंशे भुवनविदिते पुष्करावर्तकानां
जानामि त्वां प्रकृतिपुरुषं कामरूपं मघोनः।
तेनार्थित्वं त्वयि विधिवशाद् दूरबन्धुर्गतोऽहं
याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा॥6

अन्वय - त्वाम् भुवनविदिते पुष्करावर्तकानां वंशे जातं मघोनः कामरूपं प्रकृतिपुरुषं जानामि। तेन विधिवशात् दूरबन्धुः अहं त्वयि अर्थित्वं गतः। अधिगुणे याच्ञा मोघा वरं अधमे लब्धकामा न।

शब्द	अर्थ
त्वाम्	तुमको
भुवनविदिते	लोकप्रसिद्ध
पुष्करावर्तकानाम्	पुष्कर और आवर्तक नाम के
वंशे	कुल में
जातम्	उत्पन्न हुए
कामरूपम्	अपनी इच्छानुसार शरीर को धारण करने वाले
मघोनः	इन्द्र का
प्रकृतिपुरुषम्	प्रधान पुरुष के रूप में
जानामि	जानता हूँ
तेन	इस कारण से
विधिवशात्	भाग्यवश
दूरबन्धुः	अपनी प्रियतमा से वियुक्त
अहम्	मैं
त्वयि	तुमसे
अर्थित्वं गतः	अधिक गुण वाले व्यक्ति से
याच्ञा	याचना
मोघा	निष्फल
अपि	भी
वरम्	अच्छी
अधमे	नीच व्यक्ति के विषय में
लब्धकामाऽपि	सफल होती हुई
न वरम्	अच्छी नही

अनुवाद - (हे मेघ मैं) तुमको संसार में प्रसिद्ध पुष्कर और आवर्तक मेघों के वंशो में उत्पन्न इन्द्र का इच्छानुसार रूप धारण करने वाला प्रधान पुरुष जानता हूँ।
इसलिए दैवयोग से दूर स्थित बन्धु वाला मैं तुम्हारे विषय में याचकत्व को प्राप्त हुआ हूँ। अधिक गुण वाले से की गयी याचना निष्फल होने पर भी अच्छी है, परन्तु (निर्गुण) नीच से की गयी याचना सफल कामना वाली भी अच्छी नही।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

समास -

- **भुवनविदिते -** भुवनेषु विदिते (सप्तमी तत्पुरुष समास)
- **पुष्करावर्तकानाम् -** पुष्कराश्च आवर्तकाश्च, तेषाम् (द्वन्द्व समास)
- **कामरूपम् -** कामं रूपं कामेन रूपं वा यस्य तम् (बहुव्रीहि)
- **प्रकृतिपुरुषम् -** प्रकृतिश्चासौ पुरुषश्च (कर्मधारय)
- **दूरबन्धुः -** दूरे बन्धुः यस्य सः (बहुव्रीहि)
- **विधिवशात् -** विधेः वशः, तस्मात् (बहुव्रीहिसमास)
- **लब्धकामा -** लब्धः कामः यया सा (बहुव्रीहि समास)

प्रत्यय -

- **विदिते -** विद् + क्त
- **जातम् -** जन् + क्त
- **बन्धुः -** बन्ध् + उ
- **अर्थित्वम् -** अर्थ + णिनि - अर्थिन् + त्व
- **गतः -** गम् + क्त
- **याच्ञा -** याच् + नङ् (श्चुत्व) + टाप् (अ)
- **मोघा -** मुह् + घञ् (अ)

धातुरूप-

- **जानामि -** ज्ञा + लट् लकार उत्तमपुरुष, एकवचन
- **अलङ्कार -** "याच्ञा मोघा लब्धकामा" यहाँ सामान्य अर्थ से विशेष अर्थ का समर्थन होने के कारण **अर्थान्तरन्यास** अलंकार है।

सम्भावित प्रश्न -

- इच्छानुसार रूप धारण करने वाला कौन है? **मेघ**
- यक्ष मेघ को किसका प्रधान सेवक मानता है? **इन्द्र का**
- यक्ष मेघ को किस कुल में उत्पन्न हुआ बताता है? **पुष्कर और आवर्तक कुल में**
- अधिक गुण वाले से की गयी निष्फल कामना भी किस प्रकार की है? - **श्रेष्ठ (या अच्छी)**
- 'दूरबन्धुः' शब्द किसके लिए आया है? - **यक्ष के लिए**
- भुवनविदिते में कौन सा समास है? - **भुवनेषु विदिते (सप्तमी तत्पुरुष)**
- इस श्लोक में कौन सा अलङ्कार है? - **अर्थान्तरन्यास**

श्लोक - 7

सन्तप्तानां त्वमसि शरणं तत्पयोद प्रियायाः
संदेशं मे हर धनपतिक्रोधविश्लेषितस्य।
गन्तव्या ते वसतिरलका नाम यक्षेश्वराणां
बाह्योद्यानस्थितहरशिरश्चन्द्रिका धौतहर्म्या॥7

अन्वय - पयोद! त्वं सन्तप्तानां शरणम् असि तत् धनपति क्रोधविश्लेषितस्य मे सन्देशं प्रियायाः हर, ते बाह्योद्यानस्थित-हरशिरश्चन्द्रिका धौतहर्म्या अलका नाम यक्षेश्वराणां वसतिः गन्तव्या।

शब्द	**अर्थ**
पयोद	हे मेघ
त्वम्	तुम
सन्तप्तानाम्	ताप से तपे हुओं का
शरणम्	रक्षक
धनपतिक्रोध-	कुबेर के क्रोध से-
विश्लेषितस्य	(प्रिया से) वियुक्त किये गये
सन्देशम्	संदेश को
प्रियायाः हर	प्रिया के पास ले जाओ
बाह्योद्यानस्थितहर-शिरश्चन्द्रिकाधौतहर्म्या	जिसके महल, बाहर के उद्यान में रहने वाले भगवान् शिव के मस्तक पर स्थित चन्द्रिका से धुले रहते हैं
यक्षेश्वराणाम्	श्रेष्ठ यक्षों की या कुबेर की
वसतिः	निवासस्थान (नगरी)
गन्तव्या	जाने योग्य है!

अनुवाद - (हे) मेघ! तुम (विरह) पीड़ितों के रक्षक हो, इसलिए कुबेर के क्रोध से वियुक्त हुए मेरे सन्देश को प्रिया के पास ले जाओ। तुम्हे बाहर के उद्यान में विद्यमान शिव के सिर पर स्थित चाँदनी से उज्ज्वल महलों से युक्त अलका नाम वाली यक्षों के स्वामी कुबेर की नगरी जाना है।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

समास -

- **धनपतिक्रोधविश्लेषितस्य -** धनस्य पतिः (षष्ठीतत्पुरुष) धनपतेः क्रोधः (षष्ठी तत्पुरुष) तेन विश्लेषितस्य (तृतीया तत्पुरुष)
- **बाह्योद्यानस्थितहरशिरश्चन्द्रिकाधौतहर्म्या -** बाह्ये उद्याने स्थितस्य हरस्य शिरसि (बहुव्रीहि) अथवा चन्द्रिका तया धौतानि हर्म्याणि यस्यां सा तथोक्ता (बहुव्रीहि) बाह्यं च तत् उद्यानम् (कर्मधारय)
- **यक्षेश्वराणां -** यक्षाणां यक्षेषु वा ईश्वराः यक्षेश्वराः (षष्ठी व सप्तमी तत्पुरुष) अथवा यक्षाश्च ते ईश्वराश्च यक्षेश्वराः (कर्मधारय)

प्रत्यय

- **पयोद -** पयस् + दा + क
- **सन्तप्तानाम् -** सम् + तप् + क्त
- **विश्लेषित -** वि + श्लि + णिच् + क्त
- **प्रियायाः -** प्रीञ् + क + टाप्
- **अलका -** अल् + क्वुन् +टाप्
- **नाम -** यह प्रकाश्य सूचक अव्यय है।
- **गन्तव्या -** गम् + तव्य
- **हर -** हृञ् लोट् मध्यमपुरुष, एकवचन
- **वसति -** वस् + अति

विशेष -

- **अलका** यह कुबेर की राजधानी है।
- कैलाश पर बसी मानी जाती है।
- इसको वसुन्धरा, वसुस्थली, प्रभा भी कहते हैं।
- **अलति भूषयति इति अलका**
- **बाह्योद्यान -**
- इसका नाम **चित्ररथ** अथवा **वैभ्राज** बतलाया गया है।
- अलका में ही कुबेर का रम्य उद्यान है।
- **अलङ्कार -** हे पयोद! इस सार्थक विशेष्य से **परिकरालङ्कार** है।

सम्भावित प्रश्न-

- कुबेर की नगरी कौन सी है? **अलका**
- शिव के सिर की चाँदनी से कहाँ के महल अत्यन्त उज्ज्वल हैं? - **अलका नगरी के**
- विरह पीड़ितों का रक्षक किसे कहा गया है? - **मेघ को**
- पयोद शब्द किसके लिए आया है? **मेघ के लिए**
- अलका शब्द में प्रकृति प्रत्यय बताइये? - **अलति भूषयति इति अलका - अल् + क्वुन् + टाप्**
- 'यक्षेश्वराणां' में कौन समास है? यक्षाणां यक्षेषु वा ईश्वराः यक्षेश्वराः (षष्ठी व सप्तमी तत्पुरुष)
  अथवा
  यक्षाश्च ते ईश्वराश्च यक्षेश्वराः (कर्मधारय)

श्लोक - 8

त्वामारूढं पवनपदवीमुद्गृहीतालकान्ताः
प्रेक्षिष्यन्ते पथिकवनिताः प्रत्ययादाश्वसत्यः।
कः सन्नद्धे विरहविधुरां त्वय्युपेक्षेत जायां
न स्यादन्योऽप्यहमिव जनो यः पराधीनवृत्तिः॥8

अन्वय - पवनपदवीम् आरूढं त्वां पथिकवनिताः प्रत्ययात् आश्वसत्यः उद्गृहीतालकान्ताः प्रेक्षिष्यन्ते। त्वयि सन्नद्धे विरहविधुरां जायां कः उपेक्षेत? अन्य अपि यः जनः अहम् इव पराधीनवृत्तिः न स्यात्।

शब्द	**अर्थ**
पवनपदवीम्	वायु मार्ग में, आकाश में
आरुढम्	चढ़े हुए
त्वाम्	तुमको
पथिकवनिता	परदेश गये हुए व्यक्तियों की स्त्रियाँ
प्रत्ययात्	(पति के शीघ्र आगमन के) विश्वास से
आश्वसत्यः	आश्वस्त होकर
उद्गृहीतालकान्ताः	अपने घुँघराले बालों के अग्रभाग को ऊपर पकड़े हुए
प्रेक्षिष्यन्ते	(उत्कण्ठा से) देखेंगी
त्वयि	तुम्हारे
सन्नद्धे	उमड़ने पर
विरह विधुराम्	विरह से व्याकुल
जायाम्	कान्ता की
उपेक्षेत	उपेक्षा करेगा
अन्य	दूसरा
अहमिव	मेरी तरह
पराधीनवृत्तिः	दूसरों के अधीन जीविका वाला
न स्यात्	न हो तो।

➤ **अनुवाद-** वायु मार्ग में चढ़े हुए तुमको परदेश गये हुए व्यक्तियों की स्त्रियाँ पति के शीघ्र आगमन के विश्वास से आश्वस्त होकर बालों के अग्रभाग को ऊपर पकड़े हुए उत्कण्ठा से देखेंगी। (क्योंकि) तुम्हारे उमड़ने पर विरह से व्याकुल पत्नी की कौन उपेक्षा करेगा, जो मेरे समान दूसरों के अधीन आजीविका वाला न हो।

व्याकरणात्मक टिप्पणी

समास -

➤ **पवनपदवीम् -** पवनस्य पदवीम् (षष्ठी तत्पुरुष)
➤ **उद्गृहीतालकान्ताः -** अलकानाम् अन्ताः (षष्ठी तत्पुरुष) उद्गृहीतालकाऽन्ता याभिस्ताः (बहुव्रीहि)
➤ पथिकवनिताः - पथिकानाम् वनिताः (षष्ठी तत्पुरुष)
➤ विरहविधुराम् - विरहेण विधुरा (तृतीया तत्पुरुष)
➤ विधुरा - विगता धूः अस्या इति विधुरा (बहुव्रीहि)
➤ पराधीनवृत्तिः - परस्मिन् अधीना वृत्तिः यस्य सः (बहुव्रीहि)

प्रत्यय -

➤ पवनपदवीम् - पुनातीति पवनः पू+ल्युट्
➤ आरूढम् - आङ्+रुह्+क्त
➤ पथिकवनिता - पथिन्+ष्कन्
➤ प्रत्ययात् - प्रति+इ+अच्
➤ आश्वसत्यः - आङ्+श्वस्+शतृ (ङीप् , स्त्रीत्व की विवक्षा में)
➤ प्रेक्षिष्यन्ते - प्र+ईक्ष्+लृटलकार, प्रथम पुरुष, बहुवचन
➤ सन्नद्धः - सम्+नह्+क्त
➤ जायां - जन्+यक्+टाप्
➤ विरहः - वि+रह्+अच्

धातुरूप -

➤ स्यात् - अस् विधिलिङ् लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन
➤ उपेक्षेत - उप + ईक्ष् + विधिलिङ्, प्रथम पुरुष, एकवचन

कारक -

➤ प्रत्ययात् - 'विभाषा गुणेऽस्त्रियाम्' सूत्र से हेतु में पञ्चमी हुई।
➤ **अलङ्कार -** इस श्लोक में पकार, तकार और दकार की बार-बार आवृत्ति होने से वृत्त्युनुप्रास नामक शब्दालङ्कार है।
(2) सामान्य से विशेष का समर्थन होने के कारण अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है।

सम्भावित प्रश्न -

➤ पराधीनवृत्ति वाला कौन है? **यक्ष**
➤ पथिकवनिताः शब्द में कौन सा समास है? **पथिकानाम् वनिताः (षष्ठीतत्पुरुष)**
➤ 'प्रत्ययात्' शब्द में प्रकृति प्रत्यय बताइये? **प्रति+इ+अच्**
➤ इस श्लोक में कौन सा अलङ्कार है? **अर्थान्तरन्यास**

श्लोक -9

मन्दं मन्दं नुदति पवनश्चानुकूलो यथा त्वां
वामश्चायं नदति मधुरं चातकस्ते सगन्धः।
गर्भाधानक्षणपरिचयान्नूनमाबद्धमालाः
सेविष्यन्ते नयनसुभगं खे भवन्तं बलाकाः॥9

अन्वय - अनुकूलः पवनः त्वां मन्दं मन्दं यथा नुदति, अयं सगन्धः ते वामः चातकः मधुरं नदति। गर्भाधानक्षणपरिचयात् खे आबद्धमालाः बलाकाः नयनसुभगं भवन्तम् नूनं सेविष्यन्ते।

अर्थ	**अर्थ**
अनुकूलः	मृदु गति से पीछे-पीछे चलने वाला
पवनः	वायु
मन्दं मन्दम्	बहुत धीरे, मन्थर गति से
यथा त्वां	तुम्हारे समान ही
नुदति	प्रेरित कर रहा है
सगन्धः	गर्व सहित
ते	तुम्हारे
वामः	बाईं ओर स्थित (वामभागस्थ)
चातकः	पपीहा पक्षी
मधुरं नदति	मधुर शब्द कर रहा है
गर्भाधानक्षणपरिचयात्	गर्भाधान के आनन्द से परिचित होने के कारण
खे	आकाश में

आबद्धमालाः	पंक्ति में बँधी हुई
बलाकाः	बगुलियाँ
नयनसुभगम्	नयनों को सुन्दर लगने वाले
भवन्तम्	तुम्हारा
नूनम्	निश्चय ही
सेविष्यन्ते	आश्रय लेगीं (सेवन करेंगी)

अनुवाद - और जैसे कि अनुकूल वायु तुम्हें धीरे धीरे प्रेरित कर रहा है तथा गर्व से भरा यह पपीहा तुम्हारे वाम भाग में स्थित होकर मधुर शब्द कर रहा है। निश्चय ही गर्भ धारण करने वाली बगुलियाँ नेत्रों को सुन्दर लगने वाले आपकी आकाश में सेवा करेंगी।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

समास -

- **गर्भाधानक्षणपरिचयात् -** गर्भस्य आधानम् (षष्ठी तत्पुरुष) तदेव क्षणः (कर्मधारय समास) तस्मिन् परिचयः (सप्तमी तत्पुरुष) अथवा
- गर्भाधाने क्षमः समर्थः परिचयः संगमो यस्य तम् (बहुव्रीहि समास)
- **आबद्धमालाः –** आबद्धा माला याभिः ताः (बहुव्रीहि समास)
- **नयनसुभगम् -** नयनयोः सुभगः (षष्ठी तत्पुरुष)

प्रत्यय -

- **आधान -** आ+धा+ल्युट्
- **आबद्ध -** आ+बन्ध्+क्त
- **बलाका -** बल+अक्+अच्+टाप्

धातुरूप -

- नुदति=नुद्, लट्लकार , प्रथम पुरुष, एकवचन
- नदति - णद् लट्लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन
- सेविष्यन्ते - सेव् लट्लकार, प्रथम पुरुष, बहुवचन
- **अलङ्कार -** इस श्लोक में मकार, नकार, दकार, तथा तकार की असकृत् आवृत्ति होने से अनुप्रास अलङ्कार है।

सम्भावित प्रश्न -

- मेघ के बायें भाग में कौन स्थित है? **चातक (पपीहा)**
- 'नयनसुभगम्' मे कौन सा समास है-**षष्ठीतत्पुरुष/ नयनयोः सुभगः**
- बलाका शब्द में प्रकृति प्रत्यय बताइये? **बल+अक्+अच्+टाप्**
- सेविष्यन्ते का धातु और वचन बताइये? **सेव + लट् लकार, प्रथम पुरुष बहुवचन**

श्लोक - 10

तां चावश्यं दिवसगणनातत्परामेकपत्नी
मव्यापन्नामविहतगतिर्द्रक्ष्यसि भ्रातृजायाम्।
आशाबन्धः कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यङ्गनानाम्
सद्यःपाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि॥10

अन्वय - अविहतगतिः दिवसगणनातत्पराम् एकपत्नीं तां भ्रातृजायां च अव्यापन्नाम् अवश्यं द्रक्ष्यसि, हि आशाबन्धः अङ्गनानां कुसुमसदृशं विप्रयोगे सद्यः पाति प्रणयि हृदयं प्रायशः रुणद्धि।

शब्द	**अर्थ**
अविहतगतिः	बेरोक टोक गति वाला
दिवसगणनातत्पराम्	दिनों की गणना में लगी हुई
एकपत्नीम्	पतिव्रता
भ्रातृजायां	भाभी को
अव्यापन्नाम्	जीवित (आने की आशा से)
अवश्यं	निश्चित हि
द्रक्ष्यसि	देखोगे
आशाबन्धः	आशा का बन्धन
अङ्गनानाम्	महिलाओं का
कुसुमसदृशं	फूल के समान कोमल
विप्रयोगे	वियोग में
सद्यःपाति	शीघ्र नष्ट हो जाने वाला
प्रणयि हृदयं	प्रेमी हृदय को
प्रायशः	प्रायः
रुणद्धि	रोके रखता है।

अनुवाद - (हे मेघ) अबाध गति वाले तुम दिन गिनने में लगी हुई उस पतिव्रता भाभी को अवश्य ही जीवित देखोगे। (क्योंकि) आशा का बन्धन फूल के समान शीघ्र कुम्हलाने वाले स्त्रियों के प्रेमी हृदय को वियोग में प्रायः थामे रहता है।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

समास-

- दिवसगणनातत्पराम् - दिवसानां गणना (षष्ठी तत्पुरुष) तस्यां तत्परा ताम् (षष्ठी तत्पुरुष)
- अव्यापन्नाम् - न व्यापन्ना (नञ् तत्पुरुष समास)
- एकपत्नीम् - एकः पतिः यस्याः सा एकपत्नी (बहुव्रीहि) एका चाऽसौ पत्नी ताम् एकपत्नी (कर्मधारय)
- भ्रातृजायां - भ्रातुः जाया भ्रातृजाया (षष्ठी तत्पुरुष)
- अविहतगतिः - अविहता गतिः यस्य सः (बहुव्रीहि) अथवा न विहता गतिः यस्य सः (बहुव्रीहि)
- आशाबन्धः - आशा एव बन्धः (कर्मधारय समास) आशायाः बन्धः (षष्ठी तत्पुरुष)
- कुसुमसदृशम् - कुसुमेन सदृशम् (तृतीया तत्पुरुष)
- सद्यःपाति - सद्यः पततीति तच्छीलं (उपपद तत्पुरुष)

प्रत्यय

- गणना - गण+णिच्+युच्+टाप्
- गतिः - गम्+क्तिन्
- विहतः - वि+हन्+क्त

- बन्धः - बन्ध+घञ्
- प्रायशः - प्राय+शस्
- अङ्गना - अङ्ग+नङ्+टाप्
- सद्यःपाति - सद्यस्+पत्+णिनि
- विप्रयोगे - वि+प्र+युज्+घञ्

धातुरूप -

- दक्ष्यसि - दृश्+लृट्लकार, मध्यम पुरुष, एकवचन
- रुणद्धि - रुध् लट्लकार, प्रथमपुरुष, एकवचन
- **अलङ्कार -** इस श्लोक की तृतीय पंक्ति में प्रयुक्त आशाबन्ध में रूपक अलङ्कार है।
- कुसुमेन तुल्यम् इति कुसुमसदृशम् इस पद में लुप्तोपमा अलङ्कार है।
- उत्तरार्द्ध में सामान्य से विशेष का समर्थन होने के कारण अर्थान्तरन्यास अलङ्कार भी है।

सम्भावित प्रश्न -

- भ्रातृजाया शब्द किसके लिए आया है? **मेघ की पत्नी लिए**
- अविहतगति वाला कौन है? मेघ
- गणना शब्द में प्रकृति प्रत्यय बताइये? गण् + णिच् + युच् + टाप्

मेघदूतम्-बिन्दुवार अध्ययन

- ऋतुओं का वर्णन किसमें पाया जाता है? - **ऋतुसंहार में**
- ऋतुसंहार है - **गीतिकाव्य**
- ऋतुसंहारे कियद् ऋतूनां वर्णनमस्ति - **6 (षट्)**
- महाकवि कालिदास द्वारा रचित 'ऋतुसंहार' कहलाता है - **गीतिकाव्य**
- राजन्ते ऋतुसंहारे सर्गाः कति वदाधुना - **षट्**
- अध उक्तेष्वेको लघुत्रय्यां नास्ति - **ऋतुसंहारम्**
- मेघदूतम् के रचयिता हैं - **कालिदास**
- कालिदास द्वारा विरचित खण्डकाव्य है - **मेघदूतम्**
- मेघदूतम् के कथानक का मूलस्रोत है - **कविकल्पित**
- 'कालिदासस्य गीतिकाव्ये विरहव्यथा' वर्णिता - **यक्षस्य**
- मेघदूत किस विधा की रचना है? - **गीतिकाव्य**
- मेघदूतम् किस श्रेणी का काव्य है? - **दूतकाव्य**
- मेघदूत है - **खण्डकाव्य**
- खण्डकाव्य है - **मेघदूतम्**
- मेघदूत में किस छन्द का प्रयोग है? - **मन्दाक्रान्ता**
- मेघदूतम् में किसको संस्कृत साहित्य में एक नवीन काव्यप्रकार की उद्भावना का श्रेय प्राप्त है जो इस नाम से विख्यात है - **सन्देशकाव्य**
- मेघदूतोपरि मल्लिनाथेन विरचिता टीका ..... अस्ति? - **सञ्जीवनी**
- मेघदूते कुबेरेण निर्वासितो यक्षः कुत्र वसतिं चक्रे? - **रामगिर्याश्रमेषु**
- मेघदूतम् का प्रधान रस है? - **विप्रलम्भ शृङ्गाररस**
- केवलं मन्दाक्रान्ताच्छन्दसि निबद्धम् - **मेघदूतम्**
- मेघदूतम् में प्रयुक्त छन्द के प्रत्येक चरण में कितने अक्षर होते हैं- **17**
- मेघदूतम् का अङ्गीरस है - **वियोग शृङ्गार**
- मेघदूतम् की कथावस्तु विभक्त है - **खण्डों में**
- मेघदूतम् कितने भागों में विभक्त है - **दो**
- मेघदूतम् का प्रमुख पात्र है - **यक्ष**
- यक्ष का स्वामी कौन था? - **कुबेर**
- यक्ष को कितनी अवधि के लिये अपनी पत्नी से दूर रहना था? - **एक वर्ष**
- मेघदूतम् का नायक है? - **यक्ष**
- मेघदूतम् में यक्ष शापित है - **कुबेर के द्वारा**
- विरही यक्ष कहाँ निवास कर रहा था?- **रामगिरि पर्वत में**
- यक्ष की विरहकथा किस ग्रन्थ में वर्णित है?- **मेघदूत में**
- यक्ष ने मेघ को किस मास के प्रथम दिन को देखा था - **आषाढ के प्रथम दिन**
- पुराणों में 'मेघदूतम्' के विरही यक्ष का नाम मिलता है - **हेममाली**
- विरहिणी यक्षिणी कहाँ निवास कर रही थी?- **अलकापुरी**
- मेघदूते कस्याः नगर्याः वर्णनमस्ति - **उज्जयिन्याः**
- कस्य काव्ये मेघः दूतभावेन कल्पितः - **कालिदासस्य**
- कस्य काव्यस्यारम्भः 'कश्चित्' पदेन भवति? -**मेघदूतस्य**
- 'तस्मिन्नद्रौ कतिचिदबलाविप्रयुक्तःस कामी' मेघदूत की इस पंक्ति के आगे की पंक्ति कौन-सी है? **-नीत्वा मासान्कनकवलय-भ्रंशरिक्तप्रकोष्ठः**
- मेघदूतम् के अनुसार कैलाशपर्वत तक मेघ के सहयात्री कौन होंगे? - **राजहंस**
- 'कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने किं पुनर्दूरसंस्थे' इसमें 'जन' शब्द किसका बोधक है - **यक्षिणी का**
- मेघदूत में मेघ को कितने पदार्थों का सम्मिश्रण कहा गया है? - **चार**
- कालिदास के अनुसार चेतन और अचेतन में कृपण कौन है? - **कामार्त**
- 'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा' इसमें 'अधिगुण' शब्द से किसका बोध होता है - **मेघ का**
- मेघ की यात्रा के समय वामपार्श्व में किसकी ध्वनि होती है? - **चातक की**
- मेघदूतम् में किस राजा का उल्लेख मिलता है- **उदयन का**
- "तस्मिन्नद्रौ कतिचिदबलाविप्रयुक्तः स कामी"– यहाँ 'अद्रौ' का तात्पर्य है - **पर्वत से**
- 'धूमज्योतिः सलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः'

प्रस्तुत श्लोकांश में 'सन्निपात' का अर्थ है - **मेघ समूह से**
- मेघदूत में वर्णित 'पुष्करावर्तक' है - **मेघों का कुल**
- 'सम्पत्स्यन्ते कतिपयदिनस्थायिहंसाः दशार्णाः', यहाँ 'दशार्णाः' है एक - **देश**
- मेघदूतम् में 'धूमज्योतिः सलिलमरुतां सन्निपातः' है - **मेघ**
- 'प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु' होते हैं - **कामार्ताः**
- राजहंस कहाँ जाने को उत्सुक हैं - **मानसरोवर**
- यक्ष के विरह का कितना समय बीत चुका है?- **आठ माह**
- ''इत्याख्याते पवनतनयं मैथिलीवोन्मुखी सा'' यहाँ 'सा' से तात्पर्य है - **यक्षिणी**
- यक्ष को शाप किसने दिया था - **कुबेर**
- 'मेघदूतम्' में चेतन और अचेतन में कौन भेद नहीं कर पाते हैं? - **कामार्त**
- ''यक्षश्चक्रे जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु'' इस श्लोकांश में 'जनकतनया' कौन है - **सीता**
- कालिदास के अनुसार निम्नलिखित में से किससे मेघ का सम्पर्क नहीं है - **वृक्ष से**
- स्त्रियों का पहला प्रणयवचन क्या होता है - **स्त्रियों का हाव-भाव या विभ्रमप्रदर्शन करना**
- 'शापान्तो मे भुजगशयनादुत्थिते शार्ङ्गपाणौ'- यहाँ 'शार्ङ्गपाणौ' का अर्थ है -**भगवान् विष्णु**
- 'जीमूतेन स्वकुशलमयीं हारयिष्यन् प्रवृत्तिम्' प्रस्तुत पंक्ति में 'जीमूतेन' का अभिप्राय है - **बादल से**
- मेघदूत के प्रथम श्लोक में 'वर्षभोग्येण' शब्द आया है। यहाँ पर 'न' को 'ण' किस सूत्र से हुआ है?- **कुमति च**
- स्त्रियों का आशाबन्ध कैसा होता है? - **कुसुमसदृश**
- सबसे अधिक लघु (हल्का) कौन होता है?- **रिक्त (मेघ)**
- विदिशा नगरी में कौन-सी नदी थी? - **वेत्रवता**
- 'कृतान्तः' का अर्थ है - **दैव (भाग्य)**
- मेघदूतम् में मेघ को किस नदी से जल ग्रहण करने की सलाह दी गयी है? - **नर्मदा (रेवा)**
- 'मेघदूतम्' में यक्ष के शापान्त की अवधि मानी गयी है- **चार माह**
- 'मेघदूतम्' काव्य में नायक विरही यक्ष को किस कारण से अपनी नायिका से दूर जाना पड़ा? - **अपने कर्त्तव्य पालन में भूल करने के कारण शापवश**
- विन्ध्याचल की तलहटी में बहने वाली नदी है- **नर्मदा (रेवा)**
- यक्ष के प्रवास की अवधि क्या थी? - **एक वर्ष**
- मेघदूतम् में यक्ष के शाप के अवसान का दिन था - **देवप्रबोधिनी एकादशी**
- 'कुन्द' का पुष्प होता है - **सफेद**
- 'शूली' का अर्थ है - **शिव**
- 'कान्तोदन्त' का अर्थ है - **प्रियतम का वृत्तान्त**
- उज्जयिनी में स्थित शिवलिङ्ग का क्या नाम है?- **महाकाल**
- किस काव्य में अलकापुरी का वर्णन प्राप्त होता है- **मेघदूतम्**
- मेघदूतम् की यक्षिणी शापदिवसों की गणना किससे करती है? - **पुष्पों से**
- 'शफर' से अभिप्राय है- **जल में चमकने वाली एक छोटी मछली**
- मेघदूतम् में यक्ष 'वक्रः पन्था यदपि भवतः' कहकर मेघ से किस नगरी में जाने का अनुरोध करता है? - **उज्जयिनी**
- आसु कस्याः नद्या उल्लेखो मेघदूते नास्ति? - **तुङ्गभद्रायाः**
- 'मेघ' एक अचेतन, ज्ञान शून्य, धुआँ-प्रकाश और वायु का - **कामार्ता हि प्रकृतिकृप-** सम्मिश्रण है। सन्देश तो किसी अचेतन प्राणी के द्वारा ही भेजा
- कालिदास का जन्मस्थान अधिकांश विद्वान् उनके ग्रन्थों में वर्णित सामग्री के आधार पर उज्जयिनी मानते हैं। - **वक्रः पन्था यदपि भवतः**
- पूर्वमेघ में भी कुछ श्लोकों से इसी अभिप्राय की ओर संकेत मिलता है। निम्नलिखित में से किस श्लोक को उनमें प्रमुख रूप से सम्मिलित किया जाता है। - **प्रस्थितस्योत्तराशाम्**
- मेघदूत मे किस नगरी का उल्लेख मिलता है? - **अलका**
- 'हरशिरश्चन्द्रिकाधौतहर्म्या' रूपेण वर्णिता नगरी अस्ति- **अलका**
- मेघदूते 'राजराजस्य दध्यौ' इतिपद्ये 'राजराजस्य' इति पदेनाभिहितोऽस्ति - **कुबेरः**
- अलकापुर्याः वर्णनं कुत्र प्राप्यते - **मेघदूते**
- कालिदास ने किस ग्रन्थ में अमरकण्टक के सौन्दर्य का चित्रण किया है? - **मेघदूतम्**
- विदिशा .... नदी के तट पर स्थित है- **बेतवा**
- मेघदूते 'यक्षेश्वराणां वसतिः' का वर्णिता? - **अलका**
- अलकापुरी केषां वसतिः? - **यक्षेश्वराणाम्**
- मेघदूते 'जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु' इत्युल्लेखतः परिचितो भवति - **रामगिर्याश्रमः**
- 'वक्रः पन्था यदपि' इति सङ्केतेन का नगरी ज्ञाता भवति? - **उज्जयिनी**
- मेघदूते इयं नगरी नास्ति वर्णिता - **वाराणसी**
- कविसमयानुसारेण वर्षाकाले के मानसं यान्ति? - **हंसाः**
- 'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा'। किसने यह लिखा है? - **कालिदास**
- मेघदूतम् में 'दिङ्नाग' कौन हैं? - **बौद्ध**
- प्रसिद्ध टीकाकार, मल्लिनाथ के अनुसार मेघदूतम् में कितने पद्य हैं? - **121**
- मेघदूतम् के प्रारम्भ में निम्न में से किस प्रकार का मङ्गलाचरण किया गया है? -**वस्तुनिर्देशात्मक**
- अलकापुरी में यक्ष का घर कुबेर के महल से किस

दिशा में मेघदूतम् में बताया गया है? - **उत्तर**

➤ 'मेघदूतम्' में मेघ के मार्ग में निम्नलिखित में से क्या नहीं है?

- **अयोध्या**

➤ मेघदूतम् अस्मिन् गीतिकाव्ये का जह्नुकन्या?- **गङ्गा**

➤ "न क्षुद्रोऽपि प्रथमसुकृतापेक्षया संश्रयाय,
प्राप्ते मित्रे भवति विमुखः किं पुनर्यस्तथोच्चैः।"
उपर्युक्त में कौन सा छन्द है? - **मन्दाक्रान्ता**

➤ 'कान्ताविरहगुरुणा' इत्यत्र कति पदानि सन्ति? - **एकम्**

➤ "कामार्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु"
- यह पंक्ति किस ग्रन्थ से है? - **मेघदूतम्**

➤ "रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय"
का सम्बन्ध किस ग्रन्थ से है? - **मेघदूतम्**

➤ निम्नांकित में कौन-सी सूक्ति मेघदूतम् से सम्बद्ध नहीं है -
अकृतार्थेऽपि मनसिजे रतिमुभयप्रार्थना कुरुते।

➤ 'याच्वा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा'
यह पंक्ति कहाँ से उद्धृत है। - **मेघदूतम्**

➤ "प्रीतः प्रीतिप्रमुखवचनं स्वागतं व्याजहार" कुत्रेयमुक्तिः।
- **मेघदूते**

➤ मेघदूतम् काव्य का खड़ी बोली मे अनुवाद किया है?
- **राजा लक्ष्मण सिंह ने**

➤ "स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु"
सूक्ति किस ग्रन्थ में है? - **मेघदूतम् में**

➤ "न क्षुद्रोऽपि प्रथमसुकृतापेक्षया संश्रयाय,
प्राप्ते मित्रे भवति विमुखः किं पुनर्यस्तथोच्चैः"
उपर्युक्त सूक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है? - **मेघदूतम् से**

➤ "के वा न स्युः परिभवपदं निष्फलारम्भयत्नाः"
यह सूक्ति इस रचना से उद्धृत है - **मेघदूतम्**

➤ "जातं वंशे भुवनविदिते पुष्करावर्तकानाम्' यह उक्ति है- **मेघदूते**

➤ "वेणीभूतप्रतनुसलिलातामतीतस्य सिन्धुः" इयं पंक्तिः अस्ति
- **मेघदूतस्य**

➤ "प्राप्ते मित्रे भवति विमुखः किं पुनर्यस्तथोच्चैः"
यह श्लोकांश उद्धृत है - **मेघदूतम् से**

➤ "कस्यात्यन्तं सुखमुपनतं दुःखमेकान्ततो वा नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण" इस श्लोक का सन्देश है
- **सुख-दुःख परिवर्तनशील है।**

➤ कस्यात्यन्तं सुखमुपनतं दुःखमेकान्ततो वा,
नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण।।
उपर्युक्त श्लोकांश किस ग्रन्थ में मिलता है? - **मेघदूतम्**

➤ "सद्यः पाति प्रणयिहृदयं विप्रयोगे रुणद्धि"
– इस सूक्ति वाला ग्रन्थ है **-मेघदूतम्**

➤ "श्यामास्वङ्गं चकितहरिणी प्रेक्षणे दृष्टिपातं.........."
इति पद्यांशः कस्मिन् ग्रन्थे उपलभ्यते? - **मेघदूते**

➤ 'ज्ञातास्वादो विवृतजघनां को विहातुं समर्थः' कुतः उद्धृतम्- **मेघदूतम्**

➤ 'मेघे माघे गतं वयः' कस्येयमुक्तिः? - **मल्लिनाथस्य**

➤ विप्रलम्भशृङ्गारः अङ्गीरसः भवति अस्मिन् काव्ये - **मेघदूते**

➤ 'तन्वी श्यामा शिखरिदशना पक्वबिम्बाधरोष्ठी'
पंक्ति का सम्बन्ध किस काव्य से है? - **मेघदूतम्**

➤ 'कामार्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाऽचेतनेषु' इति उक्तिः विद्यते?- **मेघसन्देशे**

➤ "कश्चित्कान्ताविरहगुरुणा"
– इत्यंशः कस्य ग्रन्थस्य प्रथमे श्लोके विद्यते - **मेघदूतस्य**

➤ 'त्वत्सम्पर्कात् पुलकितमिव प्रौढपुष्पैः कदम्बैः।'
इत्यस्मिन् पद्यांशे कः अर्थालङ्कारः अस्ति? - **उत्प्रेक्षा**

➤ 'या वः काले वहति सलिलोद्गारमुच्चैर्विमाना
मुक्ताजालग्रथितमलकं कामिनीवाभ्रवृन्दम्।'
इत्यस्य कः शब्दः श्लेषयुक्तः अस्ति? - **उच्चैर्विमाना**

मेघदूतम् (वस्तुनिष्ठप्रश्नाः)

1. मेघ की पत्नी है–

(A) अभिसारिका (B) विशालाक्षी
(C) विद्युत् (D) उज्जयिनी नगरी

2. "ऐश्वर्यं यदि वाञ्छसि प्रियसखे! शाकुन्तलं सेव्यताम्" यह किसके कथन का अनुवाद है–

(A) मैक्समूलर (B) क्षेमेन्द्र
(C) गेटे (D) डॉ० कीथ

3. कालिदास के मन्दाक्रान्ता छन्द की प्रशंसा की है–

(A) मल्लिनाथ ने (B) जयदेव ने
(C) दण्डी ने (D) क्षेमेन्द्र ने

4. 'भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः' इति कथनं कस्य अस्ति–

(A) जयदेवस्य (B) बाणस्य
(C) राजशेखरस्य (D) मल्लिनाथस्य

5. सुमेलित करें–

कथनम्	वक्ता
(1) "पुरा कवीनां गणनाप्रसङ्गे कनिष्ठिकाधिष्ठितकालिदासः"	(क) मल्लिनाथ
(2) 'निर्गतासु न वा कस्य कालिदासस्य सूक्तिषु"	(ख) उद्भट
(3) "शृङ्गारे ललितोद्गारे कालिदासत्रयी किमु"	(ग) बाणः

(4) ''उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्'' (घ) राजशेखर

(A) (1) क (2) ग (3) ख (4) घ
(B) (1) घ (2) क (3) ख (4) ग
(C) (1) क (2) ग (3) घ (4) ख
(D) (1) क (2) ख (3) घ (4) ग

6. किस नदी समूह का वर्णन मेघदूतम् में नहीं मिलता है–
(A) वेत्रवती, क्षिप्रा, गम्भीरा
(B) रेवा, निर्विन्ध्या, गन्धवती
(C) गङ्गा, यमुना, सरस्वती
(D) चर्मण्वती, कावेरी, ब्रह्मपुत्र

7. पूर्वमेघ में कालिदास किस नगरी का सर्वोत्कृष्ट वर्णन करते हैं–
(A) अलका का (B) उज्जयिनी का
(C) दशपुर का (D) विदिशा का

8. किस पर्वत समूह का वर्णन कालिदास ने अपने मेघदूतम् में नहीं किया है–
(A) आम्रकूट और कैलास (B) हिमालय और विन्ध्य
(C) देवगिरि और रामगिरि (D) नीचैगिरि और उच्चैगिरि

9. सुमेलित करें– कथनम् वक्ता
(1) कालिदासगिरां सारं कालिदासः सरस्वती (क) श्रीकृष्णः
(2) कालिदासकविता नवं वयः (ख) मम्मटः
(3) कालिदासादीनामिव यशः (ग) मल्लिनाथः
(4) न कालिदासादपरस्य वाणी (घ) उद्भटः
(A) (1) ग (2) घ (3) ख (4) क
(B) (1) ग (2) क (3) ख (4) घ
(C) (1) क (2) ख (3) ग (4) घ
(D) (1) घ (2) ग (3) ख (4) क

10. 'स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु' यह सूक्ति है–
(A) पूर्वमेघ में (B) उत्तरमेघ में
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में (B) श‍ृङ्गारशतकम् में

11. 'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा' यह कथन है–
(A) पूर्वमेघ के 5वें श्लोक में
(B) पूर्वमेघ के 6वें श्लोक में
(C) पूर्वमेघ के 7वें श्लोक में
(D) पूर्वमेघ के चतुर्थ श्लोक में

12. 'नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण' कालिदास ने इन सुन्दर वचनों को कहा है–
(A) पूर्वमेघ के पूर्वार्द्ध में (B) उत्तरमेघ के उत्तरार्ध में
(C) उत्तरमेघ के पूर्वार्द्ध में (D) पूर्वमेघ के उत्तरार्ध में

13. मेघदूतम् में किस देव का वर्णन नहीं मिलता है–
(A) राम और सीता (B) शिव, पार्वती और कार्तिकेय
(C) विष्णु और बलराम (D) ब्रह्मा, नारद और सन्तोषी

14. यक्ष मेघ का प्रथम दर्शन कहाँ करता है–
(A) रामगिरि में (B) कैलाशपर्वत में
(C) अलकापुरी में (D) विन्ध्यपर्वत में

15. कालिदास का मेघ रूपी दूत की कल्पना प्रेरित है–
(A) महाभारत से (B) वाल्मीकिरामायण से
(C) भागवतपुराण से (D) वेदों से

16. किस ग्रन्थ में एकमात्र मन्दाक्रान्ता छन्द का ही प्रयोग मिलता है–
(A) गीतगोविन्दम् में (B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में
(C) मेघदूतम् में (D) रघुवंशम् में

17. सम्पूर्ण मेघदूतम् में किस रस का रसास्वादन होता है–
(A) सम्भोगश‍ृङ्गार का (B) विप्रलम्भश‍ृङ्गार का
(C) करुणरस का (D) शान्तरस का

18. पुराणों में प्राप्त विरही यक्ष के उपयुक्त नाम की कल्पना करें–
(A) विरहदेवः (B) विशालाक्षी
(C) कुमारगन्धर्व (D) हेममाली

19. महाकवि कालिदास ने मेघदूतम् के कथानक को कहाँ से लिया होगा–
(A) भागवतपुराण (B) वायुपुराण
(C) ब्रह्मवैवर्तपुराण (D) इनमें से कोई नहीं

20. रामगिरि पर्वत में यक्ष कितने महीने व्यतीत कर चुका है–
(A) नव माह (B) चार माह
(C) आठ माह (D) दश माह

21. गीतिकाव्य या खण्डकाव्य के रूप में सर्वप्रथम गणना होती है–
(A) गीतगोविन्दम् की (B) वाल्मीकिरामायणम् की
(C) गीता की (D) मेघदूतम् की

22. उदयन या वासवदत्ता की प्रेमकथायें कही जाती हैं–
(A) अलकापुरी में (B) उज्जयिनी में
(C) दशार्ण में (D) विदिशा में

23. मेघदूतम् में सर्वप्रथम किस नदी का वर्णन है–

(A) रेवा (नर्मदा) नदी का (B) वेत्रवती नदी का
(C) निर्विन्ध्या नदी का (D) शिप्रा नदी का

24. शिप्रा नदी के तट पर स्थित महाकाल का मन्दिर किस नगरी में अवस्थित है–
(A) अलकापुरी में (B) उज्जयिनी में
(C) दशार्ण में (D) चित्रकूट में

25. मल्लिनाथ के अनुसार सम्पूर्ण मेघदूतम् में प्रक्षिप्त श्लोकों सहित कुल पद्यों की संख्या है–
(A) लगभग 121 (B) लगभग 132
(C) लगभग 152 (D) लगभग 102

26. कालिदास किस देवता के उपासक माने जाते हैं–
(A) विष्णु के (B) शिव के
(C) शक्ति के (D) राम के

27. भौगोलिक स्थानों के वर्णन से परिपूर्ण ग्रन्थ है–
(A) आभिज्ञानशाकुन्तलम् (B) मेघदूतम्
(C) शिशुपालवधम् (D) किरातार्जुनीयम्

28. ''अनावृतकपाटं द्वारं देहि'' यह कथन है–
(A) कालिदास का (B) विद्योत्तमा का
(C) शारदातनय का (D) कालीदेवी का

29. महाकवि कालिदास के श्वसुर माने जाते हैं–
(A) शारदानन्द (B) ब्रह्मानन्द
(C) शिवानन्द (D) विद्यानन्द

30. ''अस्ति कश्चित् वाग्विशेषः'' विद्योत्तमा का यह कथन किसके लिए कहा गया–
(A) अपने पिता के लिए
(B) शास्त्रार्थ में आए पण्डितों के लिए
(C) मूर्ख कालिदास के लिए
(D) माँ काली की कृपा प्राप्त कालिदास के लिए

31. ''मा कौलीनादसितनयने मय्यविश्वासिनी भूः'' यहाँ 'कौलीनात्' पद का अर्थ है–
(A) यक्षिणी (B) कुलीन वर्ग
(C) लोकापवाद (D) कुलपरम्परा

32. ''अङ्गेनाङ्गं प्रतनु तनुना'' यहाँ 'प्रतनु' पद में विभक्ति एवं वचन है–
(A) प्रथमा एकवचन (B) द्वितीया एकवचन
(C) मूलप्रातिपदिक (D) अव्ययपदम्

33. 'अम्बुवाहम्' पद का अर्थ है–
(A) अभ्र (B) जलमुक्
(C) बादल (D) उपर्युक्त सभी

34. 'प्रक्रमेथाः' पद की व्याकरणात्मक टिप्पणी होगी–
(A) प्र + क्रीम् + तिप् + विधिलिङ्
(B) प्र + क्रम् + सिप् + विधिलिङ्
(C) प्र + कृ + थ + लोट्
(D) प्र + की + सिप् + लट्

35. 'सहस्व' पद में प्रकृति प्रत्यय है–
(A) सह+सिप्+विधिलिङ् (B) सह+तिप्+लोट्
(C) सह+सिप्+लोट् (D) सह+सिप्+लृट्

36. ''तस्योत्सङ्गे निहितमसकृद् दुःखदुःखेन गात्रम्'' यहाँ 'असकृत्' पद का अर्थ है–
(A) एक बार (B) बार-बार
(C) कभी-कभी (D) सम्पूर्ण

37. 'पेशलम्' पद का शब्दार्थ है–
(A) सुन्दर अथवा कोमल (B) आँसू
(C) नवीन (D) कठोर

38. 'विगलितशुचा' में विभक्ति एवं वचन है–
(A) तृतीया एकवचन (B) द्वितीया एकवचन
(C) प्रथमा एकवचन (D) प्रथमा बहुवचन

39. 'या शिखा दाम हित्वा' यहाँ 'दाम' शब्द का अर्थ है–
(A) माला (B) मूल्य
(C) सर्प (D) वियोग

40. 'गत्वा सद्यः कलभतनुतां शीघ्रसम्पातहेतोः' यहाँ 'कलभ' शब्द प्रयुक्त है–
(A) सिंह के बच्चे के लिए
(B) गीदड़ के बच्चे के लिए
(C) हाथी के बच्चे के लिए
(D) कमल के फूल के लिए

41. यक्ष के घर में है–
(A) वापी (B) क्रीडाशैल
(C) मन्दारवृक्ष (D) सभी

42. अलकापुरी स्थित कुबेर के उद्यान का नाम है–
(A) नन्दनोद्यान (B) आनन्दोद्यान
(C) कुमुदोद्यान (D) वैभ्राजोद्यान

43. ''हस्ते लीलाकमलमलके बालकुन्दानुविद्धम्'' इस पंक्ति में वर्णन है–
(A) उज्जयिनी की वनिताओं का
(B) अलकापुरी की कामिनियों का
(C) विदिशा की सुन्दरियों का
(D) दशार्ण की कन्याओं का

44. ''प्रायः सर्वो भवति करुणावृत्तिरार्द्रान्तरात्मा'' यह सूक्ति है–
(A) उत्तरमेघ की
(B) पूर्वमेघ की
(C) हंसदूत की
(D) पूर्वमेघ के अन्तिम श्लोक की

45. मेघदूतम् की अन्तिम पंक्ति है–

(A) मा भूदेवं क्षणमपि च ते विद्युता विप्रयोगः
(B) इष्टान् देशान् जलद विचर प्रावृषा संभृतश्रीः
(C) नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण
(D) सूर्यापाये न खलु कमलं पुष्यति स्वामभिख्याम्

46. मेघदूतम् का नायक है–
(A) कुबेर (B) मेघ
(C) यक्ष (D) शिव

47. यक्ष शाप की एक वर्ष की अवधि कहाँ व्यतीत करता है–
(A) देवगिरि में (B) रामगिरि पर्वत में
(C) उज्जयिनी में (D) अलकापुरी में

48. कैलाशपर्वत तक मेघ के सहयात्री कौन होंगे–
(A) राजहंस (B) चातक
(C) यक्ष (D) बलाका

49. मेघदूतम् के अनुसार भगवान् कार्तिकेय का निवास स्थान कहाँ है–
(A) रामगिरि में (B) कैलाशपर्वत में
(C) देवगिरि में (D) विशाला में

50. यक्षिणी शापदिवसों की गिनती किससे करती है–
(A) फलों से (B) पत्तों से
(C) शङ्ख से (D) फूलों से

51. यक्ष के शाप की समाप्ति किस दिन होगी–
(A) कार्तिक देवोत्थान एकादशी को
(B) हरिशयनी एकादशी को
(C) माघशुक्ल सप्तमी को
(D) आषाढ़ कृष्ण प्रतिपदा को

52. मेघदूतम् का मेघ किसका अनुचर था–
(A) कुबेर का (B) वरुण का
(C) यम का (D) इन्द्र का

53. 'धूमज्योतिस्सलिलमरुतां' के संयोग से पैदा होता है–
(A) यक्ष (B) मेघ
(C) जल (D) प्रकाश

54. ''स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु'' यह पंक्ति किस नदी से सम्बद्ध है–
(A) रेवा (B) निर्विन्ध्या
(C) शिप्रा (D) गम्भीरा

55. मेघदूतम् के अनुसार उज्जयिनी में किसका सुप्रसिद्ध मन्दिर है–
(A) श्रीकृष्ण का (B) यक्ष का
(C) उदयन का (D) महाकाल का

56. 'ज्ञातास्वादो विवृतजघनां को विहातुं समर्थः' यह किस नदी से सम्बद्ध है–
(A) निर्विन्ध्या (B) शिप्रा
(C) रेवा (D) गम्भीरा

57. 'अन्तःशुद्धस्त्वमपि भविता वर्णमात्रेण कृष्णः' यहाँ 'त्वम्' पद से किसका सङ्केत है–
(A) यक्ष का (B) यक्षिणी का
(C) मेघ का (D) कुबेर का

58. 'सगरतनयस्वर्गसोपानपंक्तिम्' यह किस नदी का विशेषण है–
(A) रेवाम् (B) जह्नुकन्याम् (गङ्गाम्)
(C) गम्भीराम् (D) यमुनाम्

59. ''सोपानत्वं कुरु मणितटारोहणायाग्रयायी'' इसमें मेघ का सोपानत्व किसके आरोहण के लिए उद्दिष्ट है–
(A) रति-कामदेव (B) शिव-पार्वती
(C) लक्ष्मी-नारायण (D) यक्ष-यक्षिणी

60. कालिदास के अनुसार यक्षों की एकमात्र अवस्था क्या है–
(A) शैशव (B) जरा
(C) कौमार (D) यौवन

61. ''यत्रोन्मत्तभ्रमरमुखराःपादपा नित्यपुष्पाः'' यहाँ 'यत्र' पद से किस नगरी का सङ्केत है–
(A) उज्जयिनी का (B) विदिशा का
(C) अलका का (D) दशपुर का

62. अलका में कुबेर के भवन से किस दिशा में यक्ष का आवास है–
(A) पूर्व (B) पश्चिम
(C) उत्तर (D) दक्षिण

63. यक्ष के घर के सामने कौन सा वृक्ष है–
(A) अशोक का (B) कल्पवृक्ष का
(C) देवदारु का (D) मदार का

64. यक्ष के आवास के सामने का पहाड़ किससे बना है–
(A) मरकत मणि से (B) इन्द्रनील मणि से
(C) पद्मराग से (D) चन्द्रकान्त मणि से

65. यक्ष के द्वार पर किसका चित्र अङ्कित है–
(A) शङ्ख, चक्र का (B) गदा, पद्म का
(C) शङ्ख-पद्म का (D) चक्र-गदा का

66. ''कच्चिद् भर्तुः स्मरसि रसिके त्वं हि तस्य प्रियेति'' यहाँ 'रसिके' पद किसके लिए प्रयुक्त है–
(A) यक्षिणी (B) मयूरी
(C) सारिका (D) कोकिला

67. ''भूयो भूयःस्वयमपिकृतां मूर्च्छनां विस्मरन्ति'' यह पंक्ति किस वाद्ययन्त्र से सम्बद्ध है–
(A) वीणा (B) पखावत
(C) दुन्दुभि (D) बाँसुरी

68. यक्षों का निवास स्थान है–
(A) रामगिरि (B) हिमालय
(C) अलका (D) उज्जयिनी

69. मेघदूतम् में यक्ष का स्वामी कौन है–

(A) शङ्कर (B) इन्द्र
(C) कुबेर (D) यम

70. ''रिक्तः सर्वो भवति हि लघुःपूर्णता गौरवाय'' यह पंक्ति यक्ष किसके लिए कहता है–
(A) यक्षिणी के लिए (B) मेघ के लिए
(C) कुबेर के लिए (D) अलकापुरी के लिए

71. तस्योत्सङ्गे प्रणयिन इव स्रस्तगङ्गादुकूलाम्'' इस पंक्ति में किसका वर्णन है–
(A) गङ्गा का (B) यक्षिणी का
(C) उज्जयिनी का (D) अलका का

72. ''गर्जितैर्भाययेस्ताः'' यहाँ 'भाययेः' में लकार है–
(A) लिट् (B) लुङ्
(C) विधिलिङ् (D) लोट्

73. ''नेष्यन्ति त्वां सुरयुवतयोयन्त्रधारागृहत्वम्'' यहाँ त्वाम्' पद से किसका सङ्केत है–
(A) मेघ का (B) यक्ष का
(C) कुबेर का (D) इन्द्र का

74. कैलाश की चोटी पर जब मेघ पहुँचेगा, तो कैलाश पर्वत की शोभा किसकी तरह हो जायेगी–
(A) कृष्ण (B) बलराम
(C) नारद (D) काले मेघ

75. 'प्रालेयाद्रिः' पद का अर्थ है–
(A) कैलाश (B) हिमालय
(C) विन्ध्य (D) आम्रकूट

76. 'मोघीकर्तुं चटुलशफरोद्वर्तनप्रेक्षितानि यहाँ 'शफर' पद प्रयुक्त है–
(A) सफेदी के लिए (B) सुन्दरता के लिए
(C) यक्षिणी के लिए (D) मछली के लिए

77. 'मा स्म भूर्विक्लवास्ताः' यहाँ 'मा स्म' पद में लकार है–
(A) लट् (B) लुङ्
(C) लिट् (D) लङ्

78. ''पुण्यं यायास्त्रिभुवनगुरोर्धाम चण्डीश्वरस्य'' यहाँ 'यायाः' पद में प्रकृति प्रत्यय है–
(A) या + विधिलिङ् म० पु० एक०
(B) इण् + लोट् म० पु० बहु०
(C) या + लोट् म० पु० द्विवचन
(D) या+लृट् उ० पु० एकवचन

79. 'दर्शितावर्तनाभेः' पद में विभक्ति है–
(A) पञ्चमी (B) षष्ठी
(C) द्वितीया (D) चतुर्थी

80. रास्ता टेढा होने के बाद भी यक्ष मेघ को उत्तर की ओर ले जाकर किसका दर्शन कराना चाहता है–
(A) स्कन्द का (B) उज्जयिनी का
(C) गम्भीरा का (D) निर्विन्ध्या का

81. 'प्रकृतिकृपणाः' में समास है–
(A) तृतीया तत्पुरुष (B) षष्ठी तत्पुरुष
(D) बहुव्रीहि (D) सप्तमी तत्पुरुष

82. ''प्रत्यासन्ने नभसि दयिता...............'' यहाँ 'नभसि' पद का अर्थ है–
(A) आषाढ मास (B) श्रावण मास
(C) आकाश (D) मेघ

83. ''अन्तर्वाष्पः चिरमनुचरो'' यहाँ 'अन्तर्वाष्पः' पद में समास है–
(A) षष्ठी तत्पुरुष (B) कर्मधराय
(C) बहुव्रीहि (D) अव्ययीभाव

84. मल्लिनाथ 'रामगिरि' पर्वत को कहाँ मानते हैं–
(A) रामगढ़ (मध्यभारत) (B) रामटेक (नागपुर)
(C) चित्रकूट (D) हिमालय पर्वत के पास

85. 'अस्तङ्गमितमहिमा' यहाँ 'महिमा' शब्द में प्रत्यय है–
(A) महत्+इमनिच् (B) महान्+अण्
(C) महा+इतच् (D) महिम+आ

86. 'राजराज' पद में समास होगा–
(A) चतुर्थी तत्पुरुष (B) बहुव्रीहि
(C) तृतीया तत्पुरुष (D) षष्ठी तत्पुरुष

87. 'कनकवलयभ्रंशरिक्तप्रकोष्ठः' यह पद किसका विशेषण है–
(A) सः यक्षः (B) कुबेरः
(C) मेघः (D) उपर्युक्त सभी का

88. ''जानामि त्वां प्रकृतिपुरुषं कामरूपं मघोनः'' यहाँ 'मघोनः' पद किसके लिए और उसमें क्या विभक्ति है–
(A) कुबेर के लिए, पञ्चमी विभक्ति
(B) इन्द्र के लिए, षष्ठी विभक्ति
(C) यक्ष के लिए, द्वितीया विभक्ति
(D) मेघ के लिए, षष्ठी विभक्ति

89. मेघदूतम् के अनुसार सन्तप्त लोगों के लिए एक मात्र सहारा कौन है–
(A) यक्षिणी (B) मेघ
(C) कुबेर (D) यक्ष

90. 'त्वय्युपेक्षेत्' पद में सन्धि है–
(A) हल् सन्धि (B) विसर्ग सन्धि
(C) अयादिसन्धि (D) यण्सन्धि

91. 'द्रक्ष्यसि भ्रातृजायाम्' के अनुसार कौन अपनी भाभी को देखेगा–
(A) यक्ष (B) कुबेर
(C) राजहंस (D) मेघ

92. 'विप्रयोगे रुणद्धि' यहाँ 'रुणद्धि' पद में धातु है–
(A) रुध् (B) रुण्
(C) रोध् (D) रुधृम्

93. ''नूनं यास्यत्यमरमिथुनप्रेक्षणीयामवस्थां, मध्ये श्यामः स्तन इव भुवः शेषविस्तारपाण्डुः'' इस पद्यांश में

अलङ्कार है–
(A) रूपक (B) उपमा
(C) उत्प्रेक्षा (D) निदर्शना

94. 'तन्वी श्यामा शिखरिदशना पक्वबिम्बाधरोष्ठी'' यहाँ अलङ्कार है–
(A) उत्प्रेक्षा (B) उपमा
(C) रूपक (D) दीपक

95. ''सृष्टिराद्येव धातुः'' पद से किसका सङ्केत किया गया है–
(A) मेघ का (B) यक्ष का
(C) यक्षिणी का (D) अलका का

96. मेघदूतम् में किस प्रकार का मङ्गलाचरण है–
(A) आशीर्वादात्मक (B) वस्तुनिर्देशात्मक
(C) नमस्क्रियात्मक (D) उपर्युक्त में कोई नहीं

97. मन्दाक्रान्ता छन्द में होते हैं–
(A) मगण भगण नगण तगण रगण दो गुरु–17
(B) भगण मगण नगण तगण तगण एक गुरु–16
(C) मगण भगण नगण तगण तगण दो गुरु–17
(D) भगण भगण मगण तगण नगण दो गुरु–17

98. मेघदूतम् की व्याख्या की जा सकती है–
(A) मेघः एव दूतः, मेघदूतमधिकृत्य कृतं काव्यं मेघदूतम्
(B) मेघः दूतः यस्मिन् काव्ये तत् मेघदूतम्
(C) केवल पहला सही है।
(D) दोनों सही है

99. संस्कृत साहित्य में 'सन्देशकाव्य' या 'दूतकाव्य' का प्रारम्भ माना जा सकता है–
(A) हंसदूतम् से (B) मेघदूतम् से
(C) नेमिदूतम् से (D) गीतगोविन्दम् से

100. ''सेविष्यन्ते नयनसुभगं खे भवन्तं बलाकाः'' यहाँ 'बलाकाः' पद का अर्थ है–
(A) बालिकायें (B) यक्षिणियाँ
(C) बगुलियाँ (D) वेश्यायें

उत्तरमाला

1. (C)	2. (C)	3. (D)	4. (A)	5. (C)	6. (D)
7. (B)	8. (D)	9. (A)	10. (A)	11. (B)	12. (B)
13. (D)	14. (A)	15. (B)	16. (C)	17. (B)	18. (D)
19. (C)	20. (C)	21. (D)	22. (B)	23. (A)	24. (B)
25. (A)	26. (B)	27. (B)	28. (A)	29. (A)	30. (D)
31. (C)	32. (A)	33. (D)	34. (B)	35. (C)	36. (B)
37. (A)	38. (A)	39. (A)	40. (C)	41. (D)	42. (D)
43. (B)	44. (A)	45. (A)	46. (C)	47. (B)	48. (A)
49. (C)	50. (D)	51. (A)	52. (D)	53. (B)	54. (B)
55. (D)	56. (D)	57. (C)	58. (B)	59. (B)	60. (D)
61. (C)	62. (C)	63. (D)	64. (B)	65. (C)	66. (C)
67. (A)	68. (C)	69. (C)	70. (B)	71. (D)	72. (C)
73. (A)	74. (B)	75. (B)	76. (D)	77. (B)	78. (A)
79. (B)	80. (B)	81. (A)	82. (B)	83. (C)	84. (C)
85. (A)	86. (D)	87. (A)	88. (B)	89. (B)	90. (D)
91. (D)	92. (A)	93. (C)	94. (B)	95. (C)	96. (B)
97. (C)	98. (D)	99. (B)	100. (C)		

4.7 रघुवंशम् का परिचय

- **रचयिता-** महाकवि कालिदास
- **नायक-** दिलीप, रघु, अज, दशरथ, रामादि अनेक रघुवंशी राजागण (सभीनायक धीरोदात्त प्रकृति के) मुख्यरूप से 'राम' धीरोदात्त नायक।
- **काव्यविधा-** 'महाकाव्य'
- **रचनाकाल-** ई. पू. प्रथम शताब्दी से चतुर्थ शताब्दी के मध्य (विद्वानों में मतभेद)
- **सर्ग-** 19 सर्ग

सर्ग क्र.	सर्गों के नाम	श्लोक संख्या
01.	वशिष्ठ आश्रम अभिगमन	95
02.	नन्दिनी वरदान	75
03.	रघुराज्याभिषेक	70
04.	रघुदिग्विजय	88
05.	स्वयंवर-अभिगमन	76
06.	स्वयंवर-वर्णन	86
07.	अज-पाणिग्रहण	71
08.	अजविलाप	95
09.	मृगयावर्णन	82
10.	रामावतार	86
11.	सीता-विवाहवर्णन	93
12.	रावण-वध	104
13.	दण्डका-प्रत्यागमन	79
14.	सीता-परित्याग	87
15.	श्रीराम-स्वर्गारोहण	103
16.	कुमुद्वती-परिणय	88
17.	अतिथि-वर्णन	81
18.	वंशानुक्रम	53
19.	अग्निवर्ण शृङ्गार	57
कुल सर्ग - 19		कुल श्लोक -1569

- सर्वाधिक श्लोकों वाला सर्ग - 12वाँ, श्लोक = 104
- न्यूनतम श्लोकों वाला सर्ग - 18वाँ, श्लोक = 53

रस
- रघुवंश वीररस प्रधान काव्य है।
- वीररस के चार भेद- 1. धर्मवीर 2. युद्धवीर 3. दानवीर 4. दयावीर

- रघुवंश में चारों वीर रसों का वर्णन है।
- रघुवंश के अन्तिम सर्ग में मुक्तरूप से शृङ्गार का वर्णन।
- 'करुणरस' के उद्भावन में रघुवंश का 'अजविलाप' अत्यन्त द्रावक है।
- 'वीररस' के प्रयोग में कालिदास पौराणिक 'अनुष्टुप् छन्द' का प्रयोग करते हैं। (रघु की दिग्विजय, राम-रावण युद्ध)
- कालिदास का प्रिय रस **शृङ्गार** है।

छन्द-योजना

- कालिदास ने छन्द प्रयोग की दृष्टि से गेय छन्दों का अधिक उपयोग किया है।
- रघुवंश के 19 सर्गों में 22 छन्दों का प्रयोग हुआ है।
- सर्वाधिक प्रयुक्त छन्द = उपजाति - 578 श्लोकों में।
- दूसरा सर्वाधिक प्रयुक्त छन्द = अनुष्टुप् - 548 श्लोकों में।
- रघुवंश के नवम सर्ग में विभिन्न छन्दों का प्रयोग।
- रघुवंश के दुःखद प्रसंग के वर्णन में रथोद्धता छन्द का प्रयोग।
- करुण रस के चित्रण में वैतालीय छन्द का प्रयोग 'अजविलाप'
- रघुवंश में कवि ने 'नाराच' (18 वर्ण) जैसे बड़े छन्द का प्रयोग एक बार किया।

कालिदास ने रघुवंश में छन्दों को वर्ण्य विषय से सम्बद्ध किया है-

प्रसंग/वर्ण्य विषय	**सम्बद्ध छन्द का प्रयोग**
करुण प्रसंगों में -	वैतालीय
प्रवास और प्रावृट् -	मन्दाक्रान्ता
हर्षात्मक वातावरण -	प्रहर्षिणी (उपनाम-अन्वर्थनामा)
पराक्रम, शौर्य, राजनीतिक प्रसंग-	वंशस्थ
पौराणिक वृत्त, युद्धयात्रा-	अनुष्टुप्
भव्य चन्द्रोदय, उद्दीपन विभावों के वर्णन में -	रथोद्धता
वीर एवं रौद्र रस के सम्मेलन-	वसन्ततिलका
शुभकार्य के सफल करने के प्रस्थान हेतु, कार्य की सफलता के लिए, सर्गान्त में प्रयोग-	पुष्पिताग्रा
समृद्धिशीलता के प्रसंग-	द्रुतविलम्बित
उदारता, रुचि, औचित्यादि गुणो में प्रयुक्त -	हरिणी
सर्ग समाप्ति के समय, कथानक को शीघ्रता से समाप्त करते समय प्रयोग -	मालिनी

अलंकार-योजना

- रघुवंश में शब्दालंकारों में अनुप्रास का सर्वाधिक प्रयोग।
- यमक का सामान्य प्रयोग।
- अर्थालंकारों में सर्वाधिक उपमा का प्रयोग।
- उत्प्रेक्षा, दृष्टान्त, स्वभावोक्ति, निदर्शना, अर्थान्तरन्यास आदि अलंकारों का सन्निवेश।

शैली-

- वैदर्भी रीति का प्रयोग।
- रघुवंश में आकर्षक चरित्र-चित्रण विशद एवं रुचिर वर्णन, प्रौढ़प्रतिभा, सुन्दर रसव्यञ्जना, सरल अलंकृत शैली का मणिकाञ्चन संयोग।

कथानक का मूल स्रोत-

- रघुवंश का मूलस्रोत- मुख्यतः वाल्मीकि रामायण
- अनुश्रुतियों एवं पौराणिक तथा अन्य स्रोत- पद्मपुराण, वायु पुराण, विष्णुपुराण,
- रघुवंश में रघुवंशीय राजाओं की वंशावली वाल्मीकि रामायण से भिन्न है।

प्रमुख वर्णन

- रघुवंश के 19 सर्गों में दिलीप से लेकर अग्निवर्ण तक रघुवंश के 29 राजाओं का वर्णन। मनु और इक्ष्वाकु सहित कुल 31 राजाओं का वर्णन।
- प्रथम दो सर्ग में दिलीप का वर्णन।
- तीसरे, चौथे और पाँचवें के आधे भाग में रघु का वर्णन।
- पाँचवें के बचे हुए आधे भाग तथा छठें, सातवें और आठवें सर्ग में अज का वर्णन।
- नवम सर्ग में दशरथ का वर्णन।
- दशम से पन्द्रहवें सर्ग तक रामचरित वर्णित है।
- सोलहवें सर्ग में कुश तथा सत्रहवें में कुश पुत्र अतिथि का वर्णन है।
- अठारहवें में निषध तथा नल एवं नभ आदि 21 राजाओं का वर्णन।
- उन्नीसवें सर्ग में अतिविलासी राजा अग्निवर्ण के दुःखद अवसान के साथ ग्रन्थ समाप्त होता है।

रघुवंश में वर्णित राजाओं का क्रम-

दिलीप → रघु → अज → दशरथ

राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न

कुश लव

अतिथि → निषध → नल → नभ → पुण्डरीक → क्षेमधन्वा → देवानीक

पुत्री अहीनगु (अहीनय)

पारियात्र → शील → उन्नाभ → शङ्खण → व्युषिताश्व → विश्वसह → हिरण्यनाभ → कौशल्य (सोमसुत) → पुत्र → पौष्य → ध्रुवसन्धि → सुदर्शन → अग्निवर्ण

(अन्तिम रघुवंशीय राजा जहाँ तक रघुवंश में वर्णन प्राप्त होता है)

प्रमुख चरित्र

राजा दिलीप-

- रघुवंश महाकाव्य के प्रथम उन्नायक के रूप में वर्णित
- वैवश्वत मनु के शुद्ध वंश से अधिक श्रेष्ठतर चरित्र वाला घोषित किया गया है।
- वायु भी दिलीप के शासन के अनुसार अनुगमन करता था-

यस्मिन् महीं शासति वाणिनीनां
निद्रां विहारार्धपथे गतानाम्।
वातोऽपि नास्त्रंसयदंशुकानि
को लम्बयेदाहरणाय हस्तम्॥ (रघु. 6/75)

राजा रघु-

- रघु के व्यक्तित्त्व की महत्ता इसी से द्योतित होती है क्योंकि उन्हीं के नाम पर सूर्यवंश का नाम रघुवंश पड़ा।
- रघु का चरित्र रघुवंशियों का आदर्श है।
- रघु को रघुवंशम् का केन्द्रीय नायक माना जा सकता है।
- रघु का प्रताप और सूर्य का तेज दोनों एक समय में ही सारी दिशाओं में व्याप्त हो गये-

'प्रतापस्तस्य भानोश्च युगपद्व्यानशे दिशः।' (रघु. 04/15)

राजा अज-

- अज के चरित्र में शील और शौर्य की शृङ्गारिक पीठिका प्रदर्शित है।
- रघुवंश महाकाव्य के **'धीरललित'** नायक हैं।
- चक्रवर्ती सम्राट् रघु के प्रतापी पुत्र।
- रानी इन्दुमती के प्रेमी पति।

राजा दशरथ-

- दशरथ के व्यक्तित्त्व का विकास वाल्मीकि रामायण के आधार पर वर्णित है।
- दशरथ दिग्विजयी सम्राट् रघु के नाती हैं।
- राजा अज के प्रतापी पुत्र हैं।
- दशरथ मानो पृथ्वी पर अवतीर्ण इन्द्र ही हुए थे-

उपगतो विनिनीषुरिव
प्रजा हरिहयोऽरिहयोगविचक्षणः॥ (रघु. 09/18)

राजा राम -

- महाकवि कालिदास राम को विष्णु का अवतार मानते हैं।
- वस्तुतः रघुवंश के वास्तविक नायक राम ही हैं।
- महाकवि ने राम का अपनी काव्य साधना द्वारा सर्वोत्तम चरित्रांकन किया है।
- सर्वाधिक सर्गों में राम का चरित्र दर्शाया गया है।
- रघु और राम के महान् चरित्र का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए महाकवि ने रघु को महाकाव्य का प्रधान नायक माना है तभी तो महाकाव्य का नाम रघुवंश पड़ा।
- अन्य आचार्यों ने राम को ही इस महाकाव्य का नायक माना है और कहा कि रघु से लेकर राम तक जो कथा है वह राम कथा को विस्तार देने के लिए है।
- राम राजा बनने की बात सुनकर रोने लगते हैं और वनगमन की आज्ञा पाकर प्रसन्न होते हैं-

पित्रा दत्तां रुदन् रामः प्राङ्महीं प्रत्यपद्यत।
पश्चाद्वनाय गच्छेति तदाज्ञां मुदितोऽग्रहीत्॥
(रघु. 12/07)

शत्रुघ्न-

उपनायक

- अयोध्या नरेश दशरथ के और रानी सुमित्रा के सबसे छोटे पुत्र।
- लवणासुर नामक राक्षस से पीड़ितों की रक्षा करने के लिये वर्णित।
- शत्रुघ्न ने यमुना तट पर मथुरा नगरी बसायी थी

कुश-

- श्रीरामचन्द्र एवं सीता के ज्येष्ठ पुत्र, लव के बड़े भाई।
- राम के बाद शासनारूढ़ होते हैं।
- नागराज की पुत्री कुमुद्वती से विवाह।
- कुशावती नगरी के संस्थापक।
- प्रथम बार रामायण का गान करने वाले कुश एवं लव

अतिथि-

- कुशपुत्र अतिथि शूरवीर एवं जितेन्द्रिय राजा हैं।
- राम के पौत्र तथा कुश एवं कुमुद्वती के पुत्र।

अग्निवर्ण-

- रघुवंशी राजा सुदर्शन का पुत्र।
- अग्निवर्ण रघुवंश का विलासी नायक है।
- महाराज सुदर्शन ने सब शत्रुओं को जीत कर पृथ्वी को निष्कंटक बनाकर अग्निवर्ण को राजा बनाया।
- वह गवाक्षों पर पैर लटका कर दर्शन देता था ऐसा वर्णन है।
- रघु के प्रतापी वंश के अन्तोन्मुख होने का कारण।

नारी पात्र

रानी सुदक्षिणा-

- मगधराज पुत्री सुदक्षिणा राजा दिलीप की उदारचारिता, शीलवती, रूपवती पत्नी हैं।

'तयोर्जगृहतुः पादान् राजा राज्ञी च मागधी।' (रघु. 01/57)

इन्दुमती-

- कवि ने इन्दुमती को आदर्श गृहिणी कहा है-

गृहिणी सचिवः सखी मिथः
प्रियशिष्या ललिते कलाविधौ।
करुणाविमुखेन मृत्युना
हरता त्वां वद किं न मे हृतम्॥ (रघु. 08/67)

- सम्राट् रघु की पुत्रवधू एवं अज की प्रिया पत्नी।

सीता -

- रघुवंश में सीता का जीवन राम के लिए समर्पित है।
- राम के साथ रमण करती हुई सीता राजलक्ष्मी के समान प्रतीत होती थी-

उपस्थितश्चारु वपुस्तदीयम्
कृत्वोपभोगोत्सुकयेव लक्ष्म्या। (रघु. 14/24)

- मिथिला नरेश जनक की पुत्री, अयोध्या नरेश दशरथ की पुत्र वधू।

कैकेयी -

- राजा दशरथ की प्रिय पत्नी।
- कवि ने उन्हे अतिक्रोधशीला चण्डी की उपाधि से विभूषित किया।
- दशरथ से वरदान के रूप में राम के लिए 14 वर्ष का वनवास एवं भरत के लिए राजगद्दी माँगा।

महर्षियों का चरित्र

- **महर्षि वशिष्ठ-** ब्रह्मतेज एवं ब्रह्मज्ञान की साक्षात् मूर्ति हैं।
  पुरुषायुषजीविन्यो निरातङ्का निरीतयः।
  यन्मदीयाः प्रजास्तस्य हेतुस्त्वद्ब्रह्मवर्चसम्॥ (रघु. 01/63)
- **महर्षि कौत्स-** चौदह विद्याओं के अध्येता महर्षि वरतन्तु के शिष्य कौत्स गुरु आज्ञा का पालन करते हुए 14 करोड़ मुद्रा दक्षिणा स्वरूप लेने रघु के पास गये।

प्रतिनायक का चरित्र

इन्द्र-

- प्रतिनायक के रूप में चित्रण।
- इन्द्र की पत्नी का नाम-''शची''।
- पुत्र का नाम-''जयन्त''।
- स्वर्ग का शासक, और देवेन्द्र नाम वाला।
- सारथी का नाम-''मातलि''
  मातलिस्तस्य माहेन्द्रम् -----। (रघु. 12/86)
- रथ में एक हजार घोड़े।
- इनके घोड़े का रंग हरे तथा पीले भी कहीं-कहीं उल्लेख मिलता है।
- हाथी का नाम-''ऐरावत''
- शस्त्र का नाम-''वज्र'
- 100 अश्वमेध यज्ञ करने के कारण-''शतक्रतु''

रावण-

- रावण इस महाकाव्य का प्रतिनायक है।
- लंका का अधिपति तथा पुलस्त्य मुनि का नाती।
- इन्द्र और रावण ऐसे प्रतिनायक का कवि ने पूर्ण विकास नहीं दिखाया।

लवणासुर-

- शत्रुघ्न का प्रतिद्वन्द्वी
- कुम्भीनसी का पुत्र।
- मधूपन्न नामक लवण नगरी का राजा।
- बहुत अत्याचारी राक्षस
- लवणासुर भी महाकाव्य का प्रतिनायक माना जा सकता है।

पशु चरित्र

नन्दिनी-

- कामधेनु की पुत्री नन्दिनी का जीवन्त चित्रण रघुवंश के द्वितीय सर्ग में
- महर्षि वशिष्ठ की दुग्धशीला होमधेनु। (हवन धेनु)
- रंग नवीन पल्लव तथा संध्या के समान श्वेत युक्त लाल
  'तदन्तरे सा विरराज धेनुः
  दिनक्षपामध्यगतेव सन्ध्या॥' (रघु. 02/20)

सिंह/कुम्भोदर-

- रघुवंश महाकाव्य का दूसरा मानवेतर पात्र।
- शंकर के गण निकुम्भ का मित्र।
- इसका नाम कुम्भोदर है।
  'कुम्भोदरं नाम निकुम्भमित्रम्।' (रघु. 02/35)
- भगवान् शंकर का अनुचर-
  'अवेहि मां किङ्करमष्टमूर्त्तेः---।' (रघु. 02/35)

अन्य पात्र

कुमुदनाग-

- अस्त्र ज्ञाता की उपाधि से विभूषित।
- अपनी बहन कुमुद्वती का विवाह कुश से कराता है।

गन्धर्वराज-

- स्वयंवर के लिए विदर्भ नगरी जाते समय नर्मदा के तट पर सेना सहित पड़ाव डाल देता है।
- प्रिय दर्शन नामक गन्धर्वराज का पुत्र प्रियंवद नामक गन्धर्व राजकुमार।
- मतङ्ग ऋषि के श्राप से हाथी का शरीर धारण किया था।
  मतङ्गशापादवलेपमूलादवाप्तवानस्मि मतङ्गजत्वम्।
  अवेहि गन्धर्वपतेस्तनूजं प्रियंवदं मां प्रियदर्शनस्य॥
  (रघु. 05/53)

प्रमुख संवाद

- दिलीप-वशिष्ठ-संवाद - प्रथमसर्ग
- दिलीप-सिंह-संवाद - द्वितीय सर्ग
- इन्द्र-रघु संवाद - तृतीय सर्ग
- कौत्स-रघु संवाद - पञ्चम सर्ग
- राम-परशुराम-संवाद - एकादश सर्ग
- सीता-लक्ष्मण संवाद - चतुर्दश सर्ग
- कुश-नायिका रूप अयोध्या - षोडश सर्ग (स्वप्न संवाद)

रघुवंश के सर्ग एवं सर्गान्त में प्रयुक्त छन्द

सर्ग संख्या	सर्ग में प्रयुक्त छन्द	सर्गान्त में प्रयुक्त छन्द
प्रथम	अनष्टुप्	प्रहर्षिणी
द्वितीय	उपजाति	मालिनी
तृतीय	वंशस्थ	हरिणी
चतुर्थ	अनुष्टुप्	प्रहर्षिणी
पञ्चम	उपजाति	पुष्पिताग्रा
षष्ठ	उपजाति	पुष्पिताग्रा
सप्तम	उपजाति	मालिनी
अष्टम	वैतालीय	मन्दाक्रान्ता
नवम	द्रुतविलम्बित, (विभिन्न छन्दों का प्रयोग)	वसन्ततिलका
दशम	अनुष्टुप्	मालिनी
एकादश	रथोद्धता	मालिनी
द्वादश	अनुष्टुप्	महामालिनी

त्रयोदश	उपजाति	वसन्ततिलका
चतुर्दश	उपजाति	मन्दाक्रान्ता
पञ्चदश	अनुष्टुप्	मन्दाक्रान्ता
षोडश	उपजाति	मन्दाक्रान्ता
सप्तदश	अनुष्टुप्	मन्दाक्रान्ता
अष्टादश	उपजाति	मालिनी
एकोनविंशति	उपजाति	मन्दाक्रान्ता

- उपजाति छन्द का प्रयोग सर्वाधिक 9 सर्गों में निम्नलिखित- (2,5,6,7,13,14,16,18,19)
- अनुष्टुप् छन्द का प्रयोग निम्नलिखित 6 सर्गों में हुआ है- (1,4,10,12,15,17)
- वंशस्थ छन्द का प्रयोग 3 (तृतीय सर्ग) में हुआ है।
- रथोद्धता छन्द का प्रयोग मात्र 11वें (एकादशवें) सर्ग में हुआ है।
- वैतालीय छन्द का प्रयोग 8 (अष्टम) सर्ग में किया गया है।
- द्रुतविलम्बित छन्द का प्रयोग 9वें (नवम)सर्ग में हुआ है।

इस सर्ग मे अनेक छन्दों का प्रयोग हुआ है।

सर्गानुसार वर्णन

मङ्गलाचरण

वागार्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये।
जगतः पितरौ वन्दे पार्वती परमेश्वरौ॥ (रघु. 01/01)

- रघुवंश महाकाव्य का शुभारम्भ पार्वती और शिव के नमस्कारात्मक मङ्गलाचरण से हुआ।
- ग्रन्थारम्भ में कवि ने मङ्गलाचरण के माध्यम से शब्दार्थरूप शिव और पार्वती की वन्दना की।
- वाक् और अर्थ के प्रतीक स्वयं पार्वती एवं शङ्कर हैं, क्योंकि वे जगत के माता-पिता हैं।
- 'व' शब्द अमरत्व का द्योतक है।
- मगण के दोनों अक्षर की देवता पृथ्वी हैं जो रचयिता को अक्षय कीर्ति प्रदान करती है।
- अनुष्टुप् छन्द
- वाक् = वाणी
- अर्थ = लक्ष्मी
- इ = शक्ति (शैव दर्शन के अनुसार)

प्रथम सर्ग

- रघुवंश की कथा का आरम्भ महाराज दिलीप से होता है।
- महाकवि ने दिलीप के पूर्ववर्ती राजाओं की चर्चा करते हुए कहा कि इस वंश का प्रादुर्भाव 'सूर्य' से हुआ।
- इस वंश में 'मनु' पृथ्वी लोक के सर्वप्रथम राजा हैं।
- रघुवंशी राजाओं के जीवन में आश्रम व्यवस्था इस प्रकार होती थी-

शैशवेऽभ्यस्तविद्यानां यौवने विषयैषिणाम्।
वार्धके मुनिवृत्तीनां योगेनान्ते तनुत्यजाम्॥
(रघु. 01/08)

- प्रथम सर्ग में महाराजा दिलीप सन्तान प्राप्ति का उपाय पूँछने अपने गुरु वसिष्ठ के आश्रम जाते हैं।
- वसिष्ठ उन्हे कामधेनु की पुत्री नन्दिनी गाय की सेवा करने का परामर्श देते हैं।

द्वितीय सर्ग

- राजा दिलीप द्वारा कामधेनु की पुत्री नन्दिनी की सेवा का वर्णन है।
- नन्दिनी राजा दिलीप द्वारा की गयी 21 (इक्कीस) दिनों की सेवा से प्रसन्न होती है और उनकी परीक्षा भी लेती हैं।
- कुम्भोदर सिंह का वर्णन।
- दिलीप परीक्षा में सफल होते हैं, नन्दिनी उन्हें पुत्र प्राप्ति का आशीर्वाद देती हैं।

तृतीय सर्ग

- रघु का जन्म, विद्या अध्ययन आदि।
- महाराज दिलीप ने समस्त शास्त्र विद्या और शस्त्र में प्रवीण रघु को युवराज बनाने के उपरान्त अश्वमेध यज्ञ प्रारम्भ किया।
- अदृश्य रूप से इन्द्र द्वारा यज्ञीय अश्व अपहरण कर लिया गया।
- रघु और इन्द्र में घोर युद्ध एवं विजय प्राप्ति।
- रघु का राज्याभिषेक।
- अपनी वंश परम्परा के अनुसार दिलीप तपस्यार्थ वन चले जाते हैं।

चतुर्थ सर्ग

- रघु की दिग्विजय का वर्णन।
- सर्वप्रथम पूर्व दिशा में वंश आदि देशों को जीतकर अपना विजय स्तम्भ गङ्गासागर के द्वीपों में गाड़ दिया।
- कवि ने रघु को सूर्य से अधिक प्रतापी सिद्ध किया है।

दिशि मन्दायते तेजो दक्षिणस्यां रवेरपि।
तस्यामेव रघोः पाण्ड्याः प्रतापं न विषेहिरे॥
(रघु. 04/49)

- भारत के विभिन्न प्रदेशों की मनोरम झाँकी प्रस्तुत की गयी है।

पञ्चम सर्ग

- विश्वजित् यज्ञ करके अपना सर्वस्व दान करने वाले महाराज रघु के त्याग का अत्यन्त प्रभावशाली एवं प्रेरणाप्रद चित्रण हुआ है।
- इस सर्ग के अन्त में विदर्भराज भोज अपनी बहन (पुत्री) इन्दुमती के स्वयंवर का वर्णन।
- रघु पुत्र राजकुमार अज स्वयंवर मे भाग लेने के लिए प्रस्थान करता है।
- ब्रह्मचारी कौत्स अपने गुरु वरतन्तु को दक्षिणा देने के लिए रघु से 14 करोड़ स्वर्ण मुद्राएँ माँगता है।
- इस सर्ग में अज को जगाने के लिए सूत पुत्रों द्वारा गाया गया 'प्रभात-गीत' बहुत प्रसिद्ध एवं मनोरम है। (श्लोक सं - 05/66-74 तक)

षष्ठ सर्ग

- इन्दुमती स्वयंवर का चित्ताकर्षक वर्णन है।
- इन्दुमती अज के गले में वरमाला डालती हैं अर्थात् वररूप अज को चुनती हैं, क्योंकि भौरों की पंक्ति खिले हुए आम के बौरों को छोड़ कर अन्यत्र नहीं जाते-

नहि प्रफुल्लं सहकारमेत्य
वृक्षान्तरं काङ्क्षति षट्पदालिः॥ (रघु. 06/69)

सप्तम सर्ग

- अज का इन्दुमती के साथ विवाह होता है।
- स्वयंवर में आये अन्य राजा अज से युद्ध छेड़ देते हैं और परास्त होते हैं।
- अज को देखने के लिए विदर्भ की नारियों की उत्सुकता का भव्य वर्णन सर्गारम्भ में किया गया है।

अष्टम सर्ग

- महाराज रघु अज को राज्य सौंप कर वानप्रस्थ आश्रम में प्रवेश कर जाते हैं।
- उपवन विहार करते समय नारद की वीणा से गिरी माला के स्पर्श से इन्दुमती का निधन हो जाता है।
- इस सर्ग में अज का अत्यन्त कारुणिक विलाप वर्णित है।
- कारुणिक वर्णन में वियोगिनी (वैतालीय) छन्द का प्रयोग हुआ है
- 'अज-विलाप' ही सर्ग का प्राण है।

विललाप स बाष्पगद्गदं सहजामप्यपहाय धीरताम्।
(रघु. 08/43)

- वसिष्ठ के सन्देश से अज को सान्त्वना मिलती है।
- प्रिया वियोग एवं पुत्र दशरथ का पालन दो तरह की विपरीत परिस्थियों में, वह किसी तरह 8 वर्षों तक जीवित रह सके।
- अन्त में गंगा-सरयू संगम में उन्होंने प्राण त्याग दिये।

नवम सर्ग

- सर्गारम्भ दशरथ के शासन के वर्णन से प्रारम्भ होता है।
- महाराजा दशरथ वन्यगज के भ्रम में श्रवण कुमार की हत्या कर देते हैं।
- दशरथ को श्रवण के माता-पिता द्वारा पुत्र वियोग में मरने का शाप मिलता है।
- इस सर्ग में वसन्त का अत्यन्त मनोरम वर्णन हुआ है-

कुसुम जन्म ततो नवपल्लवास्तदनु षट्पदकोकिलकूजितम्।
(रघु. 09/26)

दशम सर्ग

- दशरथ द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ किया जाना वर्णित है।
- रावण से त्रस्त देवताओं का विष्णु के पास जाने का वर्णन है।
- विष्णु का दशरथ पुत्र राम के रूप में अवतरित होने की घोषणा।
- रामादि चारों भाइयों का जन्म।

एकादश सर्ग

- विश्वामित्र का राम और लक्ष्मण को अपने यज्ञ की रक्षा हेतु आश्रम ले जाना।
- ताटका आदि राक्षसों का वध।
- विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण का मिथिला जाना।
- 'सीता स्वयंवर' का वर्णन, राम द्वारा शिव धनुष भंग रामादि चारों भाइयों का विवाह वर्णित है।
- परशुराम के पराभव का वर्णन।

द्वादश सर्ग

- दशरथ राम के राज्याभिषेक का विचार करते हैं, तभी कैकेयी उनसे वरदान माँगती हैं।
- इस सर्ग में राम वनवास से लेकर शूर्पणखा वृत्तान्त, सीता हरण, बालि वध, सीता खोज, राम-रावण युद्ध 'रावणवध' तक की कथा कवि ने शीघ्रता से कही है।
- सर्ग के अन्त में राम को पुष्पक विमान से अयोध्या जाने की सूचना दी गयी है।

त्रयोदश सर्ग

- पुष्पक विमान से अयोध्या लौटने की यात्रा का मनोरम दृश्य राम, सीता को दिखाते हैं, और पवित्र तीर्थों का परिचय कराते हैं।
- भौगोलिक स्थलों का प्रामाणिक वर्णन एवं सीता वियोग की करुण स्मृतियों का चित्रण किया गया है।
- इस प्रसंग में दो महत्त्वपूर्ण वर्णन-

1. **समुद्रवर्णन (02-13 श्लोक)**
   वैदेहि पश्यामलयाद्विभक्तं
   मत्सेतुना फेनिलमम्बुराशिम्॥ (रघु. 13/02)
2. **गङ्गा-यमुना का वर्णन (54-57 श्लोक)**
   'पश्यानवद्याङ्गि! विभाति गङ्गा भिन्नप्रवाहा यमुनातरङ्गैः।'
   (रघु. 13/57)

- पुष्पक विमान राम की इच्छा के अनुसार संचरण करता है-

यथाविधो मे मनसोऽभिलाषः
प्रवर्तते पश्य तथा विमानम्॥ (रघु. 13/19)

चतुर्दश सर्ग

- राम का राज्याभिषेक एवं राम राज्य वर्णित है।
- इस सर्ग में राम के द्वारा लोकापवाद कारण सीता का परित्याग वर्णित है-

"लोकापवादो बलवान् मतो मे" (रघु. 14/40)

- लोकापवाद के कारण छोड़ी गयी सीता राम को लक्ष्मण द्वारा सन्देश देती हैं की जो कृत्य किया गया। वह तुम्हारे उच्च कुल के योग्य है-

मां लोकवादश्रवणादहासीः श्रुतस्य किं तत्सदृशं कुलस्य
(रघु. 14/61)

- सीता वाल्मीकि के आश्रम जाती हैं।
- राम द्वारा सीता की स्वर्णमूर्ति बनवाकर अश्वमेध यज्ञ करने का वर्णन है।

पञ्चदश सर्ग

- राम के आदेश पर शत्रुघ्न लवणासुर से युद्ध के लिए प्रस्थान करते हैं।
- मार्ग में वाल्मीकि आश्रम में रात्रि विश्राम के लिए ठहरते हैं और उसी रात्रि में सीता कुश और लव दो पुत्रों को जन्म देती हैं।
- लवणासुर से घोर युद्ध और उसका वध।
- शत्रुघ्न द्वारा यमुना तट पर मथुरा नगरी की स्थापना।

उपकूलं स कालिन्द्याः पुरीं पौरुषभूषणः।
निर्ममे निर्ममोऽर्थेषु मथुरां मधुराकृति॥ (रघु. 15/28)

➢ राम द्वारा शम्बूक वध और राम के अश्वमेध यज्ञ में लवकुश द्वारा रामायण गान।
➢ राम अपने पुत्रों से रामायण गान सुनते हैं।
अथ प्राचेतसोपज्ञं रामायणमितस्ततः।
मैथिलेयौ कुशलवौ जगतुर्गुरुचोदितौ॥ (रघु. 15/63)
➢ वाल्मीकि सीता की निर्दोषिता बताते हुए राम से उनको स्वीकार करने का अनुरोध करते हैं।
➢ इसी समय सीता के निवेदन पर धरती माँ प्रकट होती हैं और सीता को अपनी गोद में लेकर पाताल चली जाती हैं।
➢ सर्गान्त में भरत को सिन्धु-देश का राजा बनाया जाता है।
➢ भरत का अपने पुत्रों तक्ष और पुष्कल को सिन्धु देश का राज्य सौंप कर अयोध्या लौटना।
➢ लक्ष्मण के पुत्रों को कारापथ का राज्य सौंपा जाता है।
➢ सर्गान्त में राम, लक्ष्मण आदि का महाप्रयाण।

षोडश सर्ग

➢ कुश का राज्याभिषेक एवं कुश के शासन की प्रशंसा
➢ कुशावती को राजधानी बनाना।
➢ अयोध्या की दुर्दशा का वर्णन एवं कुश की स्वप्न में एक तेजोदीप्त अयोध्याधिष्ठात्री देवी के दर्शन का वर्णन है-
'तस्याः पुरः सम्प्रति वीतनाथां जानीहि राजन्नधिदेवतां माम्।' (रघु. 16/09)
➢ देवी के कथनानुसार कुश पुनः अयोध्या को अपनी राजधानी बनाते हैं।
➢ कुश का जल विहार में आभूषण खोने का वर्णन।
➢ कुमुदनाग पर कुश द्वारा गुरुडास्त्र का प्रयोग करने पर कुमुदनाग अपनी बहन कुमुद्वती को कुश को उपहार स्वरूप देता है।
➢ कुमुद्वती एवं कुश विवाह वर्णन।

सप्तदश वर्णन

➢ कुमुदवती से अतिथि नाम का पुत्र जन्म लेता है-
अतिथिं नाम काकुत्स्थात्पुत्रं प्राप कुमुद्वती। (रघु. 17/01)
➢ कुश युद्ध में वीरगति प्राप्त करता है और कुमुद्वती सती हो जाती है।
➢ अतिथि का राज्याभिषेक एवं उसकी राज्यव्यवस्था का वर्णन।
स गुणानां बलानां च षण्णां षण्मुखविक्रमः।
बभूव विनियोगज्ञः साधनीयेषु वस्तुषु॥ (रघु. 17/67)

अष्टादश-सर्ग

➢ इस सर्ग में अतिथि के पुत्र निषध के बाद की अनेक पीढ़ियों के राजाओं का संक्षिप्त वर्णन किया गया है।
➢ 1 निषध 2 नल 3 नभ 4 पुण्डरीक 5 क्षेमधन्वा 6 देवानीक 7 अहीनगु 8 पारियात्रि 9 शिल 10 उन्नाभ 11 वज्रणाभ 12 शंखण 13 व्युषिताश्व 14 विश्वसह 15 हिरण्यनाभ 16 कौशल्य 17 ब्रह्मिष्ठ 18 पुत्र 19 पुष्य 20 ध्रुवसन्धि 21 सुदर्शन आदि राजाओं का संक्षिप्त परिचय।

एकोनविंश सर्ग

➢ इस सर्ग में सुदर्शन पुत्र अग्निवर्ण का वृत्तान्त है।
➢ शासन का समस्त कार्यभार मन्त्रियों पर छोड़कर अहर्निश विलासिता में लिप्त रहता है।
➢ अनेक रानियों दासियों आदि को कामुकता का शिकार बनाने से उसे क्षय रोग हो जाता है।
➢ उसे वैद्यों के उपदेश भी इन दुर्व्यसनों से अलग नहीं कर सके-
''दृष्टदोषमपि तन्न सोऽत्यजत्सङ्गवस्तु भिषजामनाश्रवः।
स्वादुभिस्तु विषयैर्हृतस्ततो दुःखमिन्द्रियगणो निवार्यते॥ (रघु. 19/49)
➢ मन्त्रियों ने गुप्तरूप से गृह उपवन में ही उसे जला दिया-
तं गृहोपवन एव सङ्गताः पश्चिमक्रतुविदा पुरोधसा।
रोगशान्तिमपदिश्य मन्त्रिणः सम्भृते शिखिनि गूढमादधुः॥ (रघु. 19/54)
➢ मन्त्रियों द्वारा अग्निवर्ण की गर्भवती रानी का राज्याभिषेक किया जाता है।
तैः कृतप्रकृतिमुख्यसङ्ग्रहैराशु तस्य सहधर्मचारिणी।
साधु दृष्टशुभगर्भलक्षणा प्रत्यपद्यत नराधिपश्रियम्॥ (रघु. 19/55)
➢ रानी ने विश्वासपात्र मन्त्रियों के साथ विधिपूर्वक पति के राज्य का शासन किया और इस प्रकार रघुवंश की कथा का अन्त होता है।

निष्कर्ष

➢ रघुवंश की कथा का अन्त पतनाभिलाषी राजा के विलासी चरित्र से होता है।
➢ आरम्भ जिस तरह से उदात्त और महान् चरित्र वाले राजा दिलीप से हुआ, वहीं उसका अन्त अत्यन्त ही कारुणिक है।
➢ अग्निवर्ण जैसे विलासी चरित्र का दुःखद अन्त कराकर कवि ने यह तथ्यात्मक आदर्श प्रकट किया है कि-
1- चरित्र की उदात्तता एवं महानता के कारण रघु और राम ने सूर्यवंश को महत्ता प्रदान की।
2- उसी वंश में विलासी कामी नृप अग्निवर्ण ने अपनी दुश्चरित्रता के कारण सूर्यवंश को भ्रष्ट किया और उसका भी अत्यन्त दुःखद अन्त हुआ।
➢ कवि का मूल उद्देश्य रघु और राम के उदात्त चरित्र का वर्णन करना था।

''रघुवंशम् की सूक्तियाँ''

➢ **हेम्नः संलक्ष्यते ह्यग्नौ विशुद्धिः श्यामिकाऽपि वा।** (रघु. 01/10)
सुवर्ण की शुद्धता और श्यामता अग्नि में ही देखी जाती है।
➢ **''सहस्रगुणमुत्स्रष्टुमादत्ते हि रसं रविः।''** (रघु. 01/18)
सूर्य सहस्रगुना (हजारगुना) बरसाने के लिए ही जल लेता है।
➢ **'प्रतिबध्नाति हि श्रेयः पूज्यपूजाव्यतिक्रमः'** (रघु. 01/79)
पूज्यों की पूजा का उल्लङ्घन करना कल्याण को रोकता है।
➢ **'स्ववीर्यगुप्ता हि मनोः प्रसूतिः'** (रघु. 02/04)

मनु के वंश में उत्पन्न राजा लोग अपने ही पराक्रम से आत्मरक्षा कर लेते थे।

➢**'भक्त्योपपन्नेषु हि तद्विधानां प्रसादचिह्नानि पुरः फलानि।'** (रघु. 02/22)

प्रेमी व्यक्तियों के प्रसन्नता के चिह्न निःसन्देह फल के कारण होते हैं।

➢**''न पादपोन्मूलनशक्तिरंहः शिलोच्चये मूर्च्छति मारुतस्य।''** (रघु. 02/34)

सिंह, राजा दिलीप से कहते हैं कि- वृक्ष को उखाड़ने वाली शक्ति रखने वाले वायु का वेग पर्वत के विषय में व्यर्थ होता है।

➢**''शस्त्रेण रक्ष्यं यदशक्यरक्षं, न तद्यशः शस्त्रभृतां क्षिणोति।।''** (रघु. 02/40)

सिंह, दिलीप से कहते हैं कि- रक्षा करने के योग्य वस्तु शस्त्र से नही बचायी जा सकती, वह नष्ट होती हुई भी शस्त्रधारियों की कीर्ति को दूषित नहीं कर सकती।

➢**'स्थातुं नियोक्तुर्न हि शक्यमग्रे, विनाश्य रक्ष्यं स्वयमक्षतेन।'** (रघु. 02/56)

राजा दिलीप, सिंह से कहते हैं कि- रक्षा करने योग्य वस्तु का नाश करके स्वयं बिना नष्ट हुए, नौकर स्वामी के आगे उपस्थित होने के लिए समर्थ नही हो सकता।

➢**'एकान्तविध्वंसिषु मद्विधानां पिण्डेष्वनास्था खलु भौतिकेषु।'** (रघु. 02/57)

राजा दिलीप, सिंह से कहते हैं कि- लोगों के अवश्य नष्ट होने वाले पृथ्वी-जल-तेज-वायु-आकाश इन पाँच महाभूतों से बने शरीर में अपेक्षा नहीं रहती है।

➢**'सम्बन्धमाभाषणपूर्वमाहुः।'** (रघु. 02/58)

राजा दिलीप सिंह से कहते हैं कि- दो व्यक्तियों में बातचीत आरम्भ हो जाय तो उसी से उनका रिश्ता जुड़ जाता है। अर्थात् सम्बन्ध को बातचीत के द्वारा उत्पन्न हुआ कहते हैं।

➢**भवो हि लोकाभ्युदयाय तादृशाम्** (रघु. 03/14)

सत्पात्र को दी हुई शिक्षा सफल होती है।

➢**'पथः श्रुतेर्दर्शयितार ईश्वरा मलीमसामाददते न पद्धतिम्।'** (रघु. 03/46)

रघु, इन्द्र से कहते हैं कि वेद के मार्ग को दिखाने वाले बड़े लोग मलिन (निन्दित) मार्ग का अवलम्बन नहीं करते हैं।

➢**'यशस्तु रक्ष्यं परतो यशोधनैः।'** (रघु. 03/48)

इन्द्र-रघु यश को ही धन मानने वाले लोगों को शत्रु से यश की रक्षा करनी उचित है।

➢**'पदं हि सर्वत्रगुणैर्निधीयते।'** (रघु. 03/62)

गुण ही सर्वत्र शत्रु-मित्रादिकों में पैर को स्थापित करते हैं अर्थात् गुण से ही सर्वत्र आदर होता है।

➢**'गलितवयसामिक्ष्वाकूणामिदं हि कुलव्रतम्।'**(रघु.03/70)

वृद्ध इक्ष्वाकुवंश के राजाओं का यह वन में जाना (वानप्रस्थ होना) कुलागत नियम है।

➢**'प्रणिपातप्रतीकारः संरम्भो ही महात्मनाम्।'** (रघु. 04/64)

महात्माओं का क्रोध (कोप) प्रणाम करने से ही दूर (शान्त) हो जाने वाला होता है।

➢**'आदानं हि विसर्गाय सतां वारि मुचामिव।'** (रघु. 04/86)

सज्जनों का लेना मेघों की भाँति, उसी प्रकार से दूसरे को देनें के लिए होता है।

➢**सूर्ये तपत्यावरणाय दृष्टेः कल्पेत लोकस्य कथं तमिस्त्रा।** (रघु. 05/13)

कौत्स ऋषि रघु से कहते हैं कि- सूर्य के प्रकाशमान होने पर अन्धकार-समूह लोगों की दृष्टि को ढँकने के लिए किसी प्रकार से भी समर्थ नहीं होता।

➢**'पर्यायपीतस्य सुरैर्हिमांशोः कलाक्षयः श्लाघ्यतरो हि वृद्धेः।'** (रघु. 05/16)

कौत्स, रघु से- देवताओं द्वारा क्रम से पीये गये चन्द्रमा की कलाओं का क्षय होना बढ़ने की अपेक्षा निश्चय करके अधिक प्रशंसनीय होता है।

➢**निर्गलिताम्बुगर्भं शरद्घनं नार्दति चातकोऽपि।**(रघु.05/17)

कौत्स, रघु से-चातक (पपीहा) पक्षी भी शरद् कालीन जलरहित मेघ से याचना नहीं करता है।

➢**उष्णत्वमग्न्यातपसम्प्रयोगाच्छैत्यं हि यत्साप्रकृतिर्जलस्य।** (रघु. 05/54)

गन्धर्व राजकुमार प्रियंवद-युवराज अज से कहता है कि- जैसे जल स्वाभाविक शीतल ही है कारण वश गरम हो जाता है, उसी भाँति महात्मा लोग स्वाभाविक शान्त होते हैं।

➢**'प्रातिप्रियं चेद्भवतो न कुर्यां वृथा हि मे स्यात्स्वपदोपलब्धिः।'** (रघु. 05/56)

गन्धर्व राजकुमार प्रियंवद-युवराज अज से कहता है कि- उपकार के बदले मैं आपका प्रत्युपकार न करुँ तो मेरा अपना स्थान प्राप्त करना ही व्यर्थ होगा।

➢**'नक्षत्रताराग्रहसङ्कुलाऽपि ज्योतिष्मती चन्द्रमसैव रात्रिः।'** (रघु. 06/22)

द्वार पालिका सुनन्दा- राजकुमारी इन्दु मती से मगध नरेश परन्तप का परिचय कराती है- ताराग्रह नक्षत्रों से भरी रहने पर भी रात्रि 'चन्द्रमा से ही चाँदनी वाली कहलाती है।'

➢**'भिन्नरुचिर्हि लोकः।'** (रघु. 06/30)

लोग भिन्न-भिन्न रुचि वाले होते हैं, अतः जिसको जो रुचता है (अच्छा लगता है) वही उसके लिए सुन्दर और ग्राह्य होता है।

➢**'नहि प्रफुल्लं सहकारमेत्य वृक्षान्तरं कांक्षति षट्पदालिः।'** (रघु. 06/69)

भ्रमरों की पंक्ति खिले (बौरों से लदे) हुए आम को छोड़कर दूसरे वृक्ष की चाह नहीं करती है।

➢**'रत्नं समागच्छतु काञ्चनेन।'** (रघु. 06/79)

द्वारपालिका सुनन्दा-इन्दुमती से अज को वरण करने के लिए रत्न की शोभा उसके अनुरूप सुवर्ण से ही होती है, दूसरे से नहीं।

➢**'मनो हि जन्मान्तरसङ्गतिज्ञम्।'** (रघु. 07/15)

मन पूर्वजन्म के सम्बन्ध को भली भाँति पहचान लेता है।

➢**ननु तैलनिषेकबिन्दुना सह दीपार्चिरुपैति मेदिनीम्।'** (रघु. 08/38)

दीपक से गिरते हुए तेल के बूँदों के साथ दीपक की लौ भी पृथ्वी पर गिर पड़ती है।

➢**'प्रतिकारविधानमायुषः सति शेषे हि फलाय कल्पते।'** (रघु. 08/40)

दवा आयु शेष रहने पर ही काम करती है अर्थात् आयु के शेष रहने पर ही उपाय सफल होता है।

➢**अभितप्तमयोऽपि मार्दवं भजते कैव कथा शरीरिषु।** (रघु. 08/43)

अजविलाप- अचेतन लोहा भी अग्नि में तपाये जाने पर पिघल जाता है तब शोक से सन्तप्त प्राणियों का क्या कहना।

➢**'विषमप्यमृतं क्वचिद्भवेदमृतं वा विषमीश्वरेच्छया।'** (रघु. 08/46)

अज नारद की वीणा के माला द्वारा इन्दुमती का मृत्यु होने पर- ईश्वर की इच्छा से विष भी कहीं पर अमृत हो जाता है और अमृत भी विष हो जाता है।

➢ **'धिगिमां देहभृतामसारताम्।'** (रघु. 08/51)

अज विलाप करते हुए- देहधारियों की निःसारता को धिक्कार है।

➢ **'वसुमत्या हि नृपाः कलत्रिणः।'** (रघु. 08/83)

महर्षि वशिष्ठ का शिष्य उनके वचनों को कहता है- राजाओं की सच्ची सहधर्मिणी तो पृथ्वी ही है।

➢**'परलोकजुषां स्वकर्मभिर्गतयो भिन्नपथा हि देहिनाम्।** (रघु. 08/85)

वशिष्ठ के वचन को अज से कहता हुआ शिष्य- मृत्यु को प्राप्त हुए जीवों की गति अपने कर्मों के अनुसार भिन्न-भिन्न होती है।

➢**'स्वजनाश्रु किलातिसन्ततं दहति प्रेतमिति प्रचक्षते।'** (रघु. 08/86)

पूर्ववत् - निरन्तर बहने वाले स्वजनों के आँसू मृतात्मा को जलाते हैं ऐसा मनु आदि महर्षि कहते हैं।

➢**'मरणं प्रकृतिः शरीरिणां विकृतिर्जीवितमुच्यते बुधैः।'** (रघु. 08/87)

पूर्ववत् - शरीरधारियों का मरना स्वभाव और जीना विकार कहा जाता है।

➢**'द्रुमसानुमतां किमन्तरं यदि वायौ द्वितयेऽपि ते चलाः।'** (रघु. 08/90)

'वायु के बहने पर यदि वृक्ष और पर्वत दोनों चञ्चल हो उठें तो दोनों में अन्तर ही क्या रह जायेगा।'

➢**'अपथे पदमर्पयन्ति हि श्रुतवन्तोऽपि रजोनिमीलिताः।'** (रघु. 09/74)

कभी-कभी विद्वान् लोग भी जब रजोगुण के आवेश में अन्धे हो जाते हैं तब वे अयोग्य पथ पर पैर बढ़ा लेते हैं या अयोग्य कार्य कर बैठते हैं।

➢**'कृष्यां दहन्नपि खलु क्षितिमिन्धनेद्धो बीजप्ररोहजननीं ज्वलनः करोति।'** (रघु. 09/80)

दशरथ श्रवण के माता-पिता से- घास-फूस ईंधन आदि से जलती अग्नि जोतने योग्य भूमि को जलाता हुआ भी बीज अंकुरित होने योग्य बनाकर भूमि का उपकार ही करता है।

➢**'अव्याक्षेपो भविष्यन्त्याः कार्यसिद्धेर्हि लक्षणम्।'** (रघु. 10/06)

किसी कार्य में विलम्ब नहीं होना पूर्ण होने वाले कार्य की सिद्धि का शुभ लक्षण होता है।

➢ **'याथार्थ्यं वेद कस्तव।'** (रघु. 10/24)

देवताओं द्वारा विष्णु की स्तुति- हे विष्णु! तुम्हारी वास्तविकता कौन जानता है? अर्थात् कोई नहीं।

➢**'स्तुतिभ्यो व्यतिरिच्यन्ते दूराणि चरितानि ते।'** (रघु. 10/30)

पूर्ववत् - हे विष्णु अवाङ्मनस् गोचर आपके चरित्रों की स्तुति का अन्त तक वर्णन नहीं किया जा सकता।

➢**स्वयमेव हि वातोऽग्नेः सारथ्यं प्रतिपद्यते।** (रघु. 10/40)

विष्णु ने देवताओं से- अग्नि की सहायता करने के लिए वायु से कहने की आवश्यकता नहीं पड़ती है वह तो स्वयं उसका सहायक बन जाता है।

➢ **तेजसां हि न वयः समीक्ष्यते।** (रघु. 11/01)

तेजस्वियों की अवस्था नहीं देखी जाती।

➢**'अप्यसुप्रणयिनां रघोः कुले न व्यहन्यत कदाचिदर्थिता।'** (रघु. 11/02)

रघुवंशियों की सदा से यह रीति चली आती है कि यदि कोई उनसे प्राणों की याचना भी करे तो कभी असफल नहीं होती।

रघुकुल रीति सदा चलि आई।
प्राण जाँय पर वचन न जाई।। (मानस-तुलसी)

किं महोरगविसर्पिविक्रमो राजिलेषु गरुडः प्रवर्तते। (रघु. 11/27)

क्या बड़े-बड़े सर्पों पर प्रहार करने वाले गरुड़ जी भी छोटे-छोटे सर्पों पर प्रहार करते हैं। अर्थात् नहीं।

➢**सद्य एव सुकृतां हि पच्यते कल्पवृक्षफलधर्मिकाङ्क्षितम्।**

(रघु. 11/50)
पुण्यात्माओं की अभिलाषा कल्पवृक्ष के समान तत्काल फल देने वाली होती है।

➢**'पावकस्य महिमा सा गण्यते कक्षवज्ज्वलति सागरेऽपि यः।'** (रघु. 11/75)
अग्नि का प्रताप तभी प्रशंसनीय है, जब वह समुद्र में भी वैसे ही भड़ककर जले जैसे सूखी घास के ढेर में जलता है।

➢**'खातमूलमलिनो नदीरयैः पातयत्यति मृदुस्तटद्रुमम्।'** (रघु. 11/76)
परशुराम राम से कहते हैं कि- जिस वृक्ष की जड़ को नदी की प्रचण्ड धारा ने पहले ही खोखली कर दी हो उसे वायु के झोंके से ढह जाने में क्या देर लगती है।

'केवलोऽपि सुभगो नवाम्बुदः किम्पुनस्त्रिदशचापलाञ्छितः।' (रघु. 11/80)
रामद्वारा परशुराम के धनुष को हाथ में लेने पर- नया मेघ अकेला भी सुन्दर होता है फिर यदि वह इन्द्र धनुष से युक्त हो जाय तो उसकी शोभा का क्या कहना।

➢**'निर्जितेषु तरसा तपस्विनां शत्रुषु प्रणतिरेव कीर्तये।'** (रघु. 11/89)
राम द्वारा परशुराम के चरण स्पर्श करने पर- जब कोई पराक्रमी वीर अपने पराक्रम से अपने अपने शत्रु को जीत लेता है तब यदि वह नम्रता भी दिखाता है तो उसकी कीर्ति ही बढ़ती है।

➢**'अत्यारूढो हि नारीणामकालज्ञो मनोभवः।'** (रघु. 12/33)
शूर्पणखा द्वारा राम को अपना पति बनाने को कहने पर- बहुत बढ़ा हुआ स्त्रियों का काम समय और असमय को नहीं पहचानता है।

➢**'काले खलु समारब्धाः फलं बध्नन्ति नीतयः।** (रघु. 12/69)
राम द्वारा विभीषण को राक्षसों का राज देने पर- समय पर आरम्भ की गई नीतियों सफल होती है।

➢**'अपि स्वदेहात् किमुतेन्द्रियार्थाद्यशोधनानां हि यशो गरीयः।'** (रघु. 14/35)
राम द्वारा सीता को त्यागने का निश्चय करने पर- यशस्वियों को अपना यश अपने शरीर से भी अधिक प्यारा है फिर स्त्री भोग की वस्तुओं की तो बात ही क्या।

➢**छाया हि भूमेः शशिनो मलत्वेनारोपिता शुद्धिमतः प्रजाभिः।** (रघु. 14/40)
राम का कथन सीता की निर्दोषिता के विषय में लोक निन्दा को बड़ा मानने पर- चन्द्रमा में पड़ने वाली भूमि को परछाई को लोग निर्मल चन्द्रमा का कलङ्क ही कहते हैं।

➢**'अमर्षणः शोणितकांक्षया किं पदा स्पृशन्तं दशति द्विजिह्वः।'** (रघु. 14/41)
राम-सीता त्याग एवं रावणवध के सम्बन्ध में- असहनशील (क्रोधी) सर्प पैर से दबाने वाले व्यक्ति को रक्त पीने के लिए नही डँसता है वह तो केवल बदला लेने के लिए ही काटता है।

➢**'आज्ञा गुरूणां विचारणीया।'** (रघु. 14/46)
गुरुजनों की आज्ञा विचारणीय नहीं होती।

➢**'त्राणाभावे हि शापास्त्राः कुर्वन्ति तपसो व्ययम्।'** (रघु. 15/03)
लवणासुर को मुनियों नें राम रूपी रक्षक होनें के कारण ही श्राप नहीं दिया- ऐसे मुनि लोग शाप ही अस्त्र है जिनका वे रक्षक के न होने पर ही तप का व्यय करते हैं।

➢**'धर्मसंरक्षणार्थैव प्रवृत्तिर्भुवि शार्ङ्गिणः।'** (रघु. 15/04)
राम द्वारा लवणासुर का वध करने की आज्ञा देना- धर्म रक्षा के लिए ही पृथ्वी पर विष्णु जी का अवतार होता है।

➢**रुरोध सम्मुखीनो हि जयो रन्ध्रप्रहारिणाम्।** (रघु. 15/17)
लवणासुर की शस्त्र हीनता पर- शस्त्रादि से निर्बल शत्रु पर प्रहार करने वाला योद्धा अवश्य ही विजयी होता है।

➢**'गुरुर्विधिबलापेक्षी।'** (रघु. 15/85)
विधि के विधान को कोई नहीं टाल सकता।

➢**'सौभ्रात्रमेषां हि कुलानुसारि।'** (रघु. 16/01)
कालिदास कुश तथा उनके अन्य भाइयों की चर्चा में- सद्भ्रातृभाव कुलक्रमागत (खानदानी) होता है।

➢**'तुल्यपुष्पाभरणा हि धीरः।'** (रघु. 16/74)
सरयू में कुश का भूषण गिरने पर-धीर पुरुष पुष्प और भूषण को समान समझते हैं।

➢**'प्रह्वेष्वनिर्बन्धरुषो हि सन्तः।'** (रघु. 16/80)
कुश द्वारा कुमुदनाग पर प्रहार करने पर सज्जन लोग नम्र व्यक्तियों पर क्रोध करने का हठ नहीं करते, अर्थात् क्रोध नहीं करते।

➢**'वयोरूपविभूतीनामेकैकं मदकारणम्।'** (रघु. 17/43)
राजा अतिथि का गर्व रहित होने का वर्णन अवस्था (युवावस्था) सुन्दर रूप तथा ऐश्वर्य इनमें से एक-एक गर्व का कारण होता है।

➢**'कातर्यं केवला-नीतिः शौर्यं श्वापदचेष्टितम्।'**(रघु. 17/47)
राजा अतिथि की राजनीति एवं शूरता का वर्णन केवल शूरताहीन राजनीति से ही कार्य करना कायरता है तथा केवल राजनीति हीन शूरता से ही कार्य करना हिंसक जन्तुओं की चेष्टा के समान है।

➢**'न हि सिंहो गजास्कन्दी भयाद् गिरिगुहाशयः।** (रघु. 17/52)
अतिथि के दुर्जेय किले का वर्णन- हाथियों पर आक्रमण करने वाला सिंह भय से पहाड़ की कन्दरा में नहीं सोता है अर्थात् निर्भीक होकर भी सिंह सुरक्षित पर्वत कन्दरा में सोता है।

➢**वृद्धौ नदीमुखेनैव प्रस्थानं लवणाम्भसः।** (रघु. 17/54)
अतिथि की उन्नति का वर्णन- बढ़ने पर भी क्षार-समुद्र नदी के रास्ते ही चलता है अर्थात् बृद्धि की प्राप्ति होने पर भी महान् लोग कुमार्ग पर नहीं चलते।

➢**'समीरणसहायोऽपि नाम्भःप्रार्थी दवानलः।'** (रघु. 17/56)

अतिथि द्वारा आक्रमण करने का वर्णन- वायु के सहायक होने पर भी दावाग्नि जल की चाह नहीं करती अर्थात् जल को जलाने की इच्छा नहीं करती' अपितु तृण-काष्ठादि को ही जलाती है।

➢**'हीनान्यनुपकर्तृणि प्रवृद्धानि विकुर्वते।'** (रघु. 17/58)
अतिथि की मित्रता का वर्णन दुर्बल मित्र कोई लाभ नहीं पहुँचाते तथा बलवान मित्र विकार युक्त हो जाते हैं अर्थात् हानि पहुँचाते हैं।

➢**कोशेनाश्रयणीयत्वामिति तस्यार्थसङ्ग्रहः।** (रघु. 17/60)
कोष से आश्रयणीयता होती है अर्थात् लोग धनिक व्यक्तियों का ही आश्रय करते हैं क्योंकि जल से पूर्ण मेघ का ही चातक अभिनन्दन करता है।

➢**प्रवृद्धौ हीयते चन्द्रः समुद्रोऽपि तथाविधः।** (रघु. 17/71)
अतिथि की सर्वदा समृद्धि का वर्णन- बढ़े हुए चन्द्रमा तथा समुद्र भी क्षीण हो जाते हैं।

➢**'उदधेरिव जीमूताः प्रापुर्दातृत्वमर्थिनः।'** (रघु. 17/72)
अतिथि की दानशीलता का वर्णन- निर्जलमेघ समुद्र के पास जाने से उससे अत्यधिक जल पाकर जल को देने वाला बन जाता है।

➢**''सुखानि सोऽभुङ्क्त सुखोपरोधि वृत्तं हि, राज्ञामुपरुद्ध वृत्तम्॥''** (रघु. 18/18)
परियात्र का वर्णन- सुखरोधक राजाओं का व्यापार (प्रजापालन आदि कार्य) सुख को रोकने वाला होता है। अतएव वह कारागार के समान है।

➢**दृष्टो हि वृण्वन्कलभप्रमाणोऽप्याशाः पुरोवातमवाप्य मेघः।** (रघु. 18/38)
बालक सुदर्शन के मुकुट धारण करने का वर्णन- हाथी के प्रमाण वाले (अत्यन्त थोड़े) भी मेघ को पूर्व वायु (पुरवैया हवा) के साथ दिशाओं को घेरते देखा गया है।

➢**''स्वादुभिस्तु विषयैर्हृतस्ततो दुःखमिन्द्रियगणो निवार्यते।''** (रघु. 19/49)
अग्निवर्ण के दोषों का वर्णन- प्रियकर विषयों के वशीभूत इन्द्रिय समूह को इन्द्रिय प्रियकर विषयों से दुःख पूर्वक रोका जाता है।

रघुवंश पर टीकाएँ-
रघुवंश महाकाव्य की व्यापकता का पता इसी से लगाया जा सकता है कि-
➢ रघुवंश की 40 टीकाएँ प्राप्त होती हैं।
➢ मल्लिनाथ की टीका सर्वाधिक प्रमाणित मानी जाती है। उन्होने इसके प्रत्येक शब्द की व्याख्या की है।

प्रमुख टीकाकार एवं टीकाएँ
बल्लभदेव-
➢ रघुवंश महाकाव्य के सबसे प्राचीन टीकाकार।
➢ टीका का नाम- रघुवंशपञ्जिका
➢ पाण्डुलिपि के उपलब्ध, अप्रकाशित
➢ समय-दशमशती

दक्षिणावर्तनाथ-
➢ टीका का नाम- 'रघुवंशदीपिका'
➢ पाण्डुलिपि में अत्यधिक त्रुटि होने से अप्रकाशित
➢ समय-13वीं शती।

मल्लिनाथ-
➢ संस्कृत साहित्य के समर्थ टीकाकार।
➢ टीका का नाम-'सञ्जीवनी'।
➢ समय-15वीं शती।

अरुणगिरिनाथ-
➢ रघुवंश के तीसरे टीकाकार
➢ टीका का नाम- 'प्रकाशिका'
➢ समय- 15वीं शती।

नारायण पण्डित-
➢ अरुण गिरिनाथ का अनुवर्तन किया।
➢ टीका का नाम- 'पदार्थदीपिका'
➢ समय- (वि.स. 1506/1555)

चरित्रवर्धन-
➢ टीका का नाम- 'शिशुहितैषिणी'
समय- 15वी शती

रघुवंश के अन्य टीकाकार
➢ जिन समुद्रसूरि, हेमाद्रि, रत्नचन्द्र, सुमालिविजय, हरिदास मित्र, कृष्णभट्ट, जनार्दन और नल विजयराम प्रमुख हैं।

महत्वपूर्णतथ्य
➢ रघुवंश ध्वनि काव्य है यह ध्वनि काव्य का ज्वलन्त रूप है।
➢ रघुवंश में 19 सर्गों में रघुवंशी राजाओं का चरित्र गान किया गया है।
➢ रघुवंश चरित्रप्रधान काव्य है।
➢ लोकप्रियता की दृष्टि से रघुवंश कालिदास की कृतियों में श्रेष्ठ है।
➢ यह एक पौराणिक काव्य है जिसकी कथा इतिहास, पुराण, रामायण तथा महाभारत से ली गयी है।
➢ इतनी व्यापक और विराट् कथा के आयोजन के फलस्वरूप ही आचार्यों ने कालिदास को 'रघुकार' की उपाधि दी

रघुवंशम्-बिन्दुवार अध्ययन

➢ 'रघुवंश'-महाकाव्यस्य रचनां कः अकरोत्? - **कालिदासः**
➢ 'रघुवंशम्' है? - **महाकाव्यम्**
➢ 'रघुवंशमहाकाव्य' के मङ्गलाचरण में कालिदास ने किसकी वन्दना की? - **शिव-पार्वती की**
➢ रघुवंशे 'जगतः पितरौ' इति कौ वर्णितौ? - **पार्वतीपरमेश्वरौ**
➢ रघुवंशमहाकाव्ये सर्गाः सन्ति **19सर्गाः**
➢ रघुवंशमहाकाव्ये कति राजानो वर्णिताः सन्ति? **31**
➢ रघु के वंश का किसमें वर्णन है? - **रघुवंश में**
➢ रघुवंश में किस वंश के राजाओं का वर्णन है?-**सूर्यवंश के**
➢ रघुवंशमहाकाव्ये सर्वप्रथमं कस्य राज्ञः वर्णनम् अस्ति-**दिलीपस्य**
➢ इक्ष्वाकुवंशे जातः -**रामः**
➢ 'अथ प्रजानामधिपः प्रभाते' इत्यत्र राजार्थकः शब्दः कः- **अधिपः**

- 'रघुवंशे' कस्य वर्णनं नास्ति - **पार्वत्याः**
- 'रघुवंश' में किसकी गो-सेवा वर्णित है - **दिलीप की**
- 'रघुवंश' में दशरथ के पिता कौन हैं - **अज**
- 'नन्दिनी धेनु' का वर्णन किसमें है - **रघुवंशम् में**
- 'रघुवंश' में इन्दुमती किसकी रानी हैं - **अज की**
- राजा दशरथ का सम्बन्ध किस वंश से था - **सूर्यवंश से**
- 'रघुवंश-महाकाव्य' किसकी स्तुति से प्रारम्भ होता है - **शिव-पार्वती की**
- रघुवंशी राजाओं में सर्वप्रथम नाम आता है - **वैवस्वत**
- रघुवंशस्य व्याख्यानं केन विरचितम्? - **मल्लिनाथेन**
- अजविलाप किसमें है - **रघुवंशम् में**
- कालिदासविरचित मालविकाग्निमित्रम् नाटक में अग्निमित्र की द्वितीय पत्नी है - **इरावती**
- 'इन्दुमती' किस महाकाव्य की पात्र है - **रघुवंशम् की**
- 'रघुवंशमहाकाव्य' का पात्र नहीं है - **भीम**
- 'अग्निवर्ण' पात्र है - **रघुवंश का**
- वरतन्तुशिष्यस्य कौत्सस्य वृत्तान्तमस्मिन् काव्ये निबद्धं वर्तते - **रघुवंशे**

- 'इक्ष्वाकूणां दुरापेऽर्थे त्वदधीना हि सिद्धयः' इति कः कं प्रति आह - **दिलीपः वशिष्ठं प्रति**
- 'सन्ध्या' से किसकी तुलना की गयी है - **धेनु की**
- इक्ष्वाकुवंशी राजाओं का निरूपण प्राप्त होता है- **रघुवंशम् में**
- किसका परिश्रम व्यर्थ है - **राजा दिलीप का**
- किसके ऊपर चलाया गया अस्त्र व्यर्थ होगा - **सिंह पर**
- रघुवंशमहाकाव्ये कस्य वंशस्य राज्ञां वर्णनं विद्यते - **इक्ष्वाकुवंशस्य**
- 'योगेनान्ते तनुत्यजाम्' इतीयं पंक्तिः केन आश्रमेण सम्बद्धा - **संन्यासाश्रमेण**
- कौन लज्जा त्यागकर लौट जाय - **राजा दिलीप**
- किसके प्रति शिष्य भक्ति प्रदर्शित करें - **गुरु के प्रति**
- नन्दिनी गाय ने प्रसन्न होकर वरदान दिया था-**पुत्र-प्राप्ति का**
- रघुवंशे रघोः पिता कः? - **दिलीपः**
- रघुवंश के किस सर्ग में सीतापरित्याग का वृत्तान्त है? -**चतुर्दशे**
- रघुवंशस्य चतुर्दशसर्गस्य नाम किम्? - **सीतापरित्यागः**
- रघुवंशस्य कस्मिन् सर्गे दिलीपस्य गोसेवा वर्णिता?- **द्वितीये**
- रघुः किन्नामकं यज्ञं चकार? - **विश्वजित्**
- "श्रुतेरिवार्थं स्मृतिरन्वगच्छत्"–इत्यत्र कोऽलङ्कारः? - **उपमा**
- राजा दिलीप की पत्नी का नाम है? - **सुदक्षिणा**
- दिलीपस्य गोसेवा कस्मिन् महाकाव्ये वर्णिताऽस्ति?- **रघुवंशे**
- 'वागर्थाविव सम्पृक्तौ'–इति कस्य ग्रन्थस्य प्रथमं पद्यम्? - **रघुवंशस्य**
- 'अदूरवर्तिनीं सिद्धिं राजन्विगणयात्मनः' इस पंक्ति को कौन कहता है? - **वशिष्ठ**
- रघुवंशमहाकाव्ये अजः कस्य पुत्रः? - **रघोः**
- गङ्गा-यमुना के सङ्गम का वर्णन प्राप्त होता है - **कालिदास कृत रघुवंश में**
- दिलीपस्य वृत्तं कस्मिन् काव्ये अस्ति? - **रघुवंशे**
- 'श्रुतेरिवार्थं स्मृतिरन्वगच्छत्' प्रस्तुत श्लोकांश उद्धृत है-**रघुवंशे**
- "प्रजानामेव भूत्यर्थं स ताभ्यो बलिमग्रहीत्।
सहस्रगुणमुत्स्रष्टुमादत्ते हि रसं रविः।।"
यह किस ग्रन्थ में मिलता है - **रघुवंशम्**
- "श्रुतेरिवार्थं स्मृतिरन्वगच्छत्" इस उक्ति के रचयिता कौन हैं - **कालिदास**
- "सञ्चारिणी दीपशिखेव" यह उपमा कालिदास के किस काव्य में है - **रघुवंशम् में**
- 'क्व सूर्यप्रभवो वंशः क्व चाल्पविषया मतिः' – पंक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है? - **रघुवंश में**
- 'न पादपोन्मूलनशक्तिरंहः शिलोच्चये मूर्च्छति मारुतस्य।।' श्लोकांश उद्धृत है - **रघुवंशम् से**
- "प्रांशुलभ्ये फले लोभादुद्बाहुरिव वामनः" यह सूक्ति किस काव्य से है - **रघुवंशम् से**
- "हेम्नः संलक्ष्यते ह्यग्नौ विशुद्धिः श्यामिकाऽपि वा" यह सूक्ति किस काव्य से है - **रघुवंशम् से**
यह कथन किसने किसके लिए कहा- **सिंह ने दिलीप से**
- 'वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये' श्लोकांश किस काव्य में है? - **रघुवंश में**
- "शैशवेऽभ्यस्तविद्यानाम्" इत्यस्ति - **रघुवंशमहाकाव्ये**
- "सञ्चारिणी दीपशिखेव रात्रौ" इति रघुवंशमहाकाव्ये कस्मिन्सन्दर्भे वर्णितं भवति - **इन्दुमती-स्वयंवरः**
- "सन्ततिः शुद्धवंश्या हि परत्रेह च शर्मणे" सूक्ति ग्रहण की गई है - **रघुवंशम् से**
- "शस्त्रेण रक्ष्यं यदशक्यरक्ष्यं न तद्यशः शस्त्रभृतां क्षिणोति" इयमुक्तिः कालिदासस्य कस्मिन् ग्रन्थे अस्ति - **रघुवंशे**
- "ज्ञाने मौनं क्षमा शक्तौ त्यागे श्लाघाविपर्ययः।
गुणा गुणानुबन्धित्वात् तस्य सप्रसवा इव।।"
कस्य गुणाः श्लोकेऽस्मिन् उल्लिखिताः? - **दिलीपस्य**
- पौरेषु सोऽहं बहुलीभवन्तमपां तरङ्गेष्विव तैलबिन्दुम्।
सोढुं न तत्पूर्वमवर्णमीशे आलानिकं स्थाणुमिव द्विपेन्द्रः।।
रघुवंशे कस्येयमुक्तिः? - **रामस्य**
- रघोः वंशस्य आदिमः मनुः कः? - **वैवस्वतमनुः**
- कस्य शापः दिलीपस्य सन्ततिप्रतिबन्धकः आसीत्? - **कामधेनोः शापः**
- रघुवंशमहाकाव्यस्य उपजीव्यम् अस्ति - **रामायणम्**

- दिलीपः किमर्थं बलिमग्रहीत्? - **प्रजाक्षेमाय**
- 'उद्बाहुरिव वामनः' इत्युपमा कस्मिन्महाकाव्ये वर्तते - **रघुवंशे**
- 'मणौ वज्रसमुत्कीर्णे सूत्रस्येवास्ति मे गतिः' – इत्युक्तिः? - **कालिदासस्य**
- राज्ञः दिलीपस्य पत्नी सुदक्षिणा .... राजकन्या आसीत्? - **मगधस्य**
- 'इन्दुमती-स्वयंवर-वर्णनम्' रघुवंशस्य कस्मिन् सर्गे विद्यते? - **षष्ठे**
- 'क्लेशावहा भर्तुरलक्षणाहम्' इत्थं का वदति - **सीता**
- 'तितीर्षुर्दुस्तरं मोहादुडुपेनास्मि सागरम्' इति कालिदासोक्तिः रघुवंशे कुत्रास्ति? - **प्रथमसर्गे**
- आराधय सपत्नीकः प्रीता कामदुधा हि सा का - **नन्दिनी**
- 'प्रसादचिह्नानि पुरः फलानि।' इतीयं पंक्तिः कस्मिन् काव्ये वर्तते? - **रघुवंशे**
- 'यशोधनानां हि यशो गरीयः' इति पंक्तिः कस्मिन् काव्ये वर्तते- **रघुवंशे**
- स्ववीर्यगुप्ता हि मनोः प्रसूतिः–इति पंक्तिः कस्मिन् काव्ये वर्तते - **रघुवंशे**
- वागर्थाविव सम्पृक्तौ कौ? - **पार्वति-परमेश्वरौ**
- 'प्रजानामेव भूत्यर्थं स ताभ्यो बलिमग्रहीत्।' कः?- **दिलीपः**
- 'शस्त्रेण रक्ष्यं यदशक्यरक्ष्यं न तद्यशः शस्त्रभृतां क्षिणोति'- कस्य वचनमिदम्? - **सिंहस्य**
- रघुवंशस्य त्रयोदशसर्गे का कथा वर्णिता अस्ति - **रामस्य अयोध्याप्रत्यागमनम्**
- 'तितीर्षुर्दुस्तरं मोहादुडुपेनास्मि सागरम्'
- 'योगेनान्ते तनुत्यजाम्' कथनम् इदं केषां सन्दर्भे प्रयुक्तम्? - **रघूणाम्**
- राजा दिलीपः किमर्थं राज्यभारं सचिवेषु निचिक्षिवे - **संतानार्थाय विधये**
- रघुवंशस्य .... सर्गे राज्ञः दिलीपस्य गोसेवाचरणव्रतं वर्णितमस्ति- **द्वितीये**
- ''वैदेहिबन्धोर्हृदयं विदद्रे'' – इत्यत्र कस्तावत् वैदेहिबन्धुः- **रामः**

4.8 कुमारसम्भवम्-महाकाव्य का परिचय

- 'कुमारसम्भवम्' महाकाव्य कालिदास की प्रारम्भिक रचना है।
- इसमें कवि शिव-पार्वती विवाह, कुमार कार्तिकेय के जन्म, तथा उनके द्वारा तारकासुर के वध की कथा वर्णित है।
- इस महाकाव्य में **17 सर्ग** हैं।
- किन्तु प्रथम 8 सर्गों को ही कालिदास की रचना माना जाता है।
- 'विवरण टीका' के लेखक- नारायण पण्डित ने कहा कुमारसम्भव काव्य का लक्ष्य पार्वती द्वारा शिव के चित्त का आकर्षण मात्र था।
- काव्यशास्त्रीय आचार्यों ने प्रथम आठ सर्गों से ही उद्धरण दिये हैं।
- मल्लिनाथ की संजीवनी टीका वस्तुतः आठ सर्गों तक ही है।
- मल्लिनाथ के पूर्ववर्ती अरुणगिरिनाथ ने भी आठ सर्गों तक ही टीका लिखी है।
- भाषा, भाव की दृष्टि से परवर्ती सर्ग मौलिक सर्गों की अपेक्षा हीनतर है।
- केवल सीताराम नामक कवि ने संजीवनी नाम से उन सर्गों की व्याख्या की है।
  (सर्वप्रथम टीका सम्पूर्ण काव्य पर 17 सर्ग तक)
- 'कुमारसम्भवम्' में 'सम्भव' शब्द सम्भावना की ही ध्वनि देता है।
- वास्तविक जन्म को प्रकाशित नहीं करता है।

कुमारसम्भवम् - महाकाव्य का परिचय

- **प्रणेता-** महाकवि कालिदास की प्रारम्भिक रचना।
- **नायक-** कुमारसम्भव के नायक शिव दिव्य कोटि के हैं।
- **प्रतिनायक-** तारकासुर
- **सर्ग संख्या-** 17 सर्ग (मूल रूप से 8 सर्गों की रचना को (आगे विवरण) पेज
- **उपजीव्य-** शिवपुराण, रामायण, महाभारत।

रस-

- कुमारसम्भवम् का अङ्गी रस **शृङ्गार** है।
- शिवपार्वती के असाधारण प्रेम और प्रणय लीलाओं का चित्रण इस काव्य में होने से सम्पूर्ण काव्य शृङ्गार मय है।

  तं यथात्मसदृशं वरं वधूरन्वरज्यत वरस्तथैव ताम्।
  सागरादनपगा हि जाह्नवी सोऽपि तन्मुखरसैकवृत्तिभाक्॥
  (कुमार. 08/16)
- चतुर्थ सर्ग में रति के करुण विलाप में आद्यन्त करुण रस छाया हुआ है।

  गत एव न ते निवर्तते स सखा दीप इवानिलाहतः।
  अहमस्य दशेव पश्य माम विषह्यव्यसनेन धूमिताम्॥
  (कुमार. 4/30)
- समाधिस्थ शिव की मूर्ति एवं पार्वती की तपस्या वर्णन में शान्त रस की छटा दिखती है।
- अंग रस के रूप में हास्य रस भी इस महाकाव्य में विन्यस्त है।

छन्द-

- कालिदास को छोटे छन्द अधिक प्रिये थे।
- बड़े छन्दों का प्रयोग सर्गान्त में किया गया है।
- छोटे छन्दों में भी उपजाति और अनुष्टुप् अतिप्रिय छन्द हैं।
- कुमारसम्भव में सर्वाधिक उपजाति छन्द का प्रयोग हुआ।

अलंकार-

कुमारसम्भवम् के सर्गों में प्रयुक्त छन्द

सर्ग संख्या	सर्ग में प्रयुक्त छन्द	सर्गान्त मे प्रयुक्त छन्द

प्रथम सर्ग	उपजाति	मालिनी
द्वितीय सर्ग	अनुष्टुप्	मालिनी
तृतीय सर्ग	उपजाति	मालिनी
चतुर्थ सर्ग	वियोगिनी	पुष्पिताग्रा
पञ्चम सर्ग	वंशस्थ	वसन्ततिलका
षष्ठ सर्ग	अनुष्टुप्	पुष्पिताग्रा
सप्तम सर्ग	उपजाति	मालिनी
अष्टम सर्ग	रथोद्धता	मालिनी
नवम सर्ग	उपजाति	पुष्पिताग्रा
दशम सर्ग	अनुष्टुप्	मन्दाक्रान्ता
एकादश सर्ग	उपजाति	हरिणी
द्वादश सर्ग	उपजाति	हरिणी
त्रयोदश सर्ग	उपजाति	मालिनी
चतुर्दश सर्ग	उपजाति	मालिनी
पञ्चदश सर्ग	उपजाति,वंशस्थ	शार्दूलविक्रीडित
षोडश सर्ग	अनुष्टुप्	हरिणी
सप्तदश सर्ग	वसन्ततिलका	मालिनी

विशेष-

- कुमारसम्भवम् में सर्वाधिक उपजाति छन्द का प्रयोग निम्न लिखित 9 सर्गों में हुआ-
- नव सर्गों में 1,3,7,9,11,12,13,14,15 उपजाति छन्द प्रयुक्त
- सर्गान्त में सर्वाधिक मालिनी छन्द का प्रयोग निम्नलिखित 8 सर्गों में हुआ है।
- आठ सर्गों में 1,2,3,7,8,13,14,17 सर्गान्त में मालिनी छन्द प्रयुक्त
- अनुष्टुप् छन्द का भी विभिन्न सर्गों में प्रयोग हुआ है- 4 सर्गों में 2,6,10,16 अनुष्टुप् छन्द प्रयुक्त
- हरिणी छन्द का प्रयोग निम्नलिखित सर्गों के अन्त में हुआ है-
- तीन सर्गों में 11,12,16 सर्गान्त में हरिणी छन्द प्रयुक्त
- वियोगिनी छन्द का प्रयोग चतुर्थ सर्ग में हुआ है रति विलाप में इसका प्रयोग-

'वियोगिनी विषमे ससजा गुरुः समे सभरा लोऽथ गुरुर्वियोगिनी।'

अथ मोहपरायणा सती विवशा कामवधूर्विबोधिता।
विधिना प्रतिपादयिष्यता नववैधव्यमसह्यवेदनम्।।

(कुमार. 04/01)

कुमारसम्भवम् के सर्गों का नाम एवं श्लोक संख्या

सर्गसंख्या	सर्ग का नाम	सर्ग में श्लोक संख्या
प्रथम सर्ग	उमोत्पत्ति (उमा उत्पत्ति)	60
द्वितीय सर्ग	ब्रह्मसाक्षात्कार	64
तृतीय सर्ग	मदन दहन	76
चतुर्थ सर्ग	रति विलाप	46
पञ्चम सर्ग	तपः फल उदय	86
षष्ठ सर्ग	उमाप्रदान	95
सप्तम सर्ग	उमा परिणय	95
अष्टम सर्ग	उमासुरतवर्णन	91
(श्रीसीताकवि)	उमा परिणय	(मल्लिनाथ)
नवम सर्ग	कैलाश गमन	52
दशम सर्ग	कुमार उत्पत्ति	60
एकादश सर्ग	कुमार उत्पत्ति	50
द्वादश सर्ग	कुमार सेनापतिवर्णन	60
त्रयोदश सर्ग	कुमार सेनापति अभिषेक	51
चतुर्दश सर्ग	देवसेना प्रयाण	51
पञ्चदश सर्ग	देवसेना प्रयाण सुरासुरसैन्य संघट्ट	53
षोडश सर्ग	देवसेना प्रयाण सुरासुरसैन्य संग्रामवर्णन	51
सप्तदश सर्ग	तारकासुर वध	55
		कुल=1096

- **सर्गानुसार कथावस्तु**

सर्ग-1

- हिमालय का भव्य वर्णन
- हिमालय-मैना विवाह
- पार्वती का जन्म और सौन्दर्य
- नारद द्वारा शिव-पार्वती विवाह की चर्चा।
- पार्वती द्वारा शिव की आराधना।

सर्ग-2

- तारकासुर से पीड़ित देवताओं के द्वारा ब्रह्मा की प्रार्थना।
- ब्रह्मा द्वारा उपाय कि शङ्कर-पार्वती पुत्र ही तारक-वध कर सकता है।

सर्ग-3

- देवगण शिव के चित्त में क्षोभ उत्पन्न करने के लिए कामदेव का उपयोग करते हैं।
- कामदेव द्वारा वसन्त ऋतु फैलाना शिव पर बाण चलाना।
- शिव द्वारा कामदेव को भस्मसात् करना।

सर्ग-4

- कामदेव की पत्नी रति का विलाप
- वियोगिनी छन्द का कवि द्वारा प्रयोग।

सर्ग-5

- महाकाव्य का श्रेष्ठ सर्ग।
- पार्वती की घोर तपस्या का वर्णन
- असाध्य शिव को तपस्या ही द्रवित करती है।
- शिव पार्वती का रमणीय संवाद।

सर्ग-6

- विवाहोच्छुक शिव का सन्देश लेकर सप्तर्षिगण हिमालय के पास जाते हैं।

सर्ग-7

- शिव की दर्शनीय वर यात्रा।
- पार्वती-परिणय।

सर्ग-8
- रथोद्धता छन्द में विवाह के अनन्तर शिव पार्वती दाम्पत्य जीवन। केलि विहार वर्णन।
- कुछ विद्वान् 8 सर्ग तक ही कालिदास की रचना मानते हैं।

सर्ग-9
- शिव-पार्वती का विहार यात्रा करते हुए कैलास पर्वत गमन।

सर्ग-10
- कार्तिकेय (कुमार, स्कन्द का गर्भ में आना।)

सर्ग- 11
- कुमार का जन्म तथा बाल्यावस्था वर्णन अर्जुन की चार पत्नी- द्रौपदी, सुभद्रा, नागकन्या लूपी, चित्रांगदा

सर्ग-12
- कुमार का सेनापति बनना।

सर्ग-13
- कुमार का सैन्य संचालन कौशल वर्णन।

सर्ग-14
- देवसेना द्वारा आक्रमण हेतु प्रस्थान।

सर्ग-15
- देवासुर-सेनाओं का संघर्ष।

सर्ग-16
- युद्ध वर्णन

सर्ग-17
- कुमार द्वारा तारकासुर का वध।

प्रमुख सूक्तियाँ

1- 'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्' (5/33)
2- न धर्मवृद्धेषु वयः समीक्ष्यते। (5/11)
3- आत्मेश्वराणां न हि जातु विघ्नाः। (3/40)
4- कठिनाः खलु स्त्रियः। (4/5)
5- प्रियेषु सौभाग्यफला हि चारुता। (5/1)
6- न रत्नमन्विष्यति मृग्यते हि तत्। (5/45)
7- प्रायेण समग्र्यविधौ गुणानां पराङ्मुखी विश्वसृजः प्रवृत्तिः। (3/28)
8- स्वजनस्य हि दुःखमग्रतो विवृत द्वारमिवोपजायते।। (4/26)
9- क्लेशः फलेन हि पुनर्नवतां विधत्ते। (5/86)
10- नहीश्वरव्याहृतयः कदाचित् पुष्णन्ति लोके विपरीतमर्थम्। (3/63)
11- मनोरथानामगतिर्न विद्यते।
12- प्रायेण गृहिणी नेत्राः कन्यार्थेषु कुटुम्बिनः।
13- विषवृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम्
14- एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः।
15- न कामवृत्तिर्वचनीयमीक्ष्यते।

महाकाव्य का वैशिष्ट्य
- महाकाव्य का नामकरण कथानक पर आधारित है-
- 'कुमारस्य सम्भवः जन्म यस्मिन् काव्ये तत् कुमारसम्भवम्'
- महाकाव्य के अधिकांश लक्षण कुमारसम्भव में मिलते हैं जो कि विभिन्न आचार्यों द्वारा बताते गये हैं।
- "विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव धीराः।" काव्य महादेव को वास्तविक धीर कहा गया है।

कुमारसम्भवम्- बिन्दुवार अध्ययन
- 'कुमारसम्भवमहाकाव्य' के रचयिता कौन हैं? - **कालिदास**
- कुमारसम्भवमहाकाव्ये कति सर्गाः सन्ति? - **सप्तदश**
- कुमारसम्भवमहाकाव्यस्य कस्मिन् सर्गे हिमालयवर्णनमस्ति? - **प्रथम**
- कस्मिन् काव्ये हिमालयवर्णनं प्रथमतः? - **कुमारसम्भवे**
- 'शिव-पार्वत्योः' चर्चा कस्मिन् ग्रन्थे दृश्यते? - **कुमारसम्भवे**
- कुमारसम्भवमहाकाव्ये कुमारः वर्तते - **कार्तिकेयस्य**
- 'कुमारसम्भव' में किस राक्षस का वध वर्णित है? - **तारकासुर**
- कुमारसम्भवे उमातपोवर्णनं कस्मिन् सर्गे कृतम्? - **पञ्चम**
- "स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः" अत्र अलङ्कारोऽस्ति? -**उत्प्रेक्षा**
- "एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः" उपर्युक्त सूक्ति कहाँ मिलती है? - **कुमारसम्भवम्**
- "शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्" सूक्ति है - **कुमारसम्भवे**
- "अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः" यह पंक्ति कहाँ प्राप्त होती है? - **कुमारसम्भवम्**
- क्षुद्रेऽपि नूनं शरणं प्रपन्ने ममत्वमुच्चैः शिरसां सतीव - **कुमारसम्भव**
- 'क्लेशः फलेन हि पुनर्नवतां विधत्ते' इयं पंक्ति अस्ति - **कुमारसम्भवस्य**
- "स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः" उक्ति है - **कुमारसम्भवम् की**
- 'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्' एषा उक्तिः कस्य काव्यस्य? - **कुमारसम्भवम्/ब्रह्मचारी का कथन**
- 'न धर्मवृद्धेषु वयः समीक्ष्यते' – इस उक्ति के रचयिता कौन हैं? - **कालिदास**
- शिव पार्वती विवाह, कार्तिकेय जन्म व कार्तिकेय द्वारा तारकासुर वध – ये समस्त घटनायें किस महाकाव्य की ओर सङ्केत कर रही हैं? - **कुमारसम्भवम्**
- 'प्रियेषु सौभाग्यफला हि चारुता'–इस उक्ति के रचयिता कौन हैं? - **कालिदास**
- 'मनोरथानामगतिर्न विद्यते'-कस्येदं वाक्यम्? -**पार्वत्याः**
- कुमारसम्भवम् महाकाव्यस्य प्रारम्भः कीदृग्विधेन मङ्गलाचरणेन अस्ति? - **वस्तुनिर्देशात्मकेन**

4.9 मृच्छकटिकम्

महाकवि शूद्रक का परिचय
- **वास्तविक नाम-** शिमुक या सिमुक।

- **समय-** प्रथम शताब्दी ईसा पूर्व।
- **आयु-** 100 वर्ष 10 दिन।
- शूद्रक ने स्वेच्छा से आत्मदाह किया था।
- महापराक्रमी, सुन्दर आकृति वाले एवं ब्राह्मणों में श्रेष्ठ थे।

''द्विजमुख्यतमः कविर्बभूव प्रथितः शूद्रक इत्यगाधसत्त्वः।''

- शूद्रक ऋग्वेद, सामवेद आदि वेदों के ज्ञाता, गणित, संगीत तथा हस्तिविद्या में निपुण थे।
- महाकवि शूद्रक शिव-पार्वती के भक्त थे।
- शूद्रक ने शिव के प्रताप से दिव्य दृष्टि पाकर, पुत्र को राजसिंहासन देकर, महामहिमशाली अश्वमेघ यज्ञ भी किया था।
- 'मृच्छकटिकम्' शूद्रक की एक मात्र रचना है।
- शूद्रक प्रथम नाटककार हैं, जिन्होंने तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था को ही अपनी लेखनी का आधार बनाया।
- **रीति-** वैदर्भी

मृच्छकटिकम् का परिचय

- **लेखक-** शूद्रक
- **विधा-** प्रकरण
- **अङ्क-** 10(दस)
- **प्रधान/अङ्गी रस-** शृङ्गार
- **गौण/अङ्ग रस-** हास्य, करुण, भय तथा अद्भुत।
- **उपजीव्य-** भासकृत दरिद्रचारुदत्त
- डॉ. कान्तानाथ शास्त्री तेलंग के अनुसार 'गुणाढ्य' की बृहत्कथा में वर्णित 'गोपालदारक तथा आर्यक के विद्रोह की कथा।'
- **कुल श्लोक संख्या-** 380 (तीन सौ अस्सी)
- **नायक-** चारुदत्त (धीरप्रशान्त)
- **नायिका-** 1. कुलजा- धूता
  2. वेश्या (गणिका)- वसन्तसेना (प्रगल्भा नायिका)
- **प्रतिनायक-** शकार (संस्थानक)
- **अन्य पात्र-** आर्यक, शर्विलक, विट, सूत्रधार, नटी, रदनिका, मदनिका, धूता, चन्दनक, संवाहक, रोहसेन आदि।
- **पात्र संख्या-** 24 पुरुष और 8 स्त्रीपात्र हैं। सूत्रधार और नटी को छोड़ने पर 30 पात्र स्वीकृत हैं।
- मञ्च पर न आने वाले पात्र- जूर्णवृद्ध, पालक,रेभिल,सिद्ध।

मृच्छकटिकम् में अङ्कवार श्लोक

अङ्क	नाम	श्लोक
प्रथम	अलङ्कारन्यास	58
द्वितीय	द्यूतकर संवाहक	20
तृतीय	सन्धिच्छेद	30
चतुर्थ	मदनिका शर्विलक	33
पञ्चम	दुर्दिन	52
षष्ठ	प्रवहण विपर्यय	27
सप्तम	आर्यकापहरण	9
अष्टम	वसन्तसेना मोटन	47
नवम	न्यायालय (व्यवहार)	43
दशम	संहार (उपसंहार)	61
	योग-	380

मृच्छकटिक- एक तथ्यात्मक अध्ययन

- चारुदत्त धीरप्रशान्त कोटि का नायक है।
- चारुदत्त उज्जयिनी का गरीब ब्राह्मण है।
- वह जन्मना ब्राह्मण और कर्मणा सार्थवाह (व्यापारी) है।
- वसन्तसेना उज्जयिनी की ही एक प्रसिद्ध गणिका है।
- मृच्छकटिकम् नामक प्रकरण में चारुदत्त और वसन्तसेना के पारस्परिक प्रेम का वर्णन है।
- धूता, चारुदत्त की विवाहिता पत्नी है।
- चारुदत्त और धूता के बच्चे का नाम रोहसेन है।
- मैत्रेय इस प्रकरण का विदूषक है। वह जाति से ब्राह्मण तथा चारुदत्त का परम मित्र है।
- शकार, राजा पालक का साला है तथा वसन्तसेना से एकतरफा प्रेम करता है।
- शर्विलक, चौर्यकर्म में निपुण एक ब्राह्मण है, जो वसन्तसेना की क्रीतदासी 'मदनिका' का प्रेमी है।
- चारुदत्त का पूर्वभृत्य संवाहक है जो जुए में सब कुछ हारकर बौद्धभिक्षु बन जाता है।
- सूत्रधार के साग्रह अनुरोध, सिद्धान्न भोजन और प्रचुर दक्षिणा के प्रलोभन पर भी मैत्रेय (विदूषक) उसके घर भोजन करने से इनकार कर देता है।
- चारुदत्त के मित्र जूर्णवृद्ध द्वारा भेजा हुआ शाल मैत्रेय लेकर आता है।
- मैत्रेय अत्यन्त डरपोक है इसलिए मातृबलि देने चौराहे पर रदनिका (चारुदत्त की दासी) के साथ जाता है।
- विट और चेट के साथ शकार द्वारा पीछा किये जाने पर वसन्तसेना, चारुदत्त के घर में छिपती है।
- रात के अँधेरे में शकार, रदनिका को वसन्तसेना समझकर पकड़ लेता है, इस पर मैत्रेय शकार को मारने दौड़ता है।
- वसन्तसेना अपना आभूषण चारुदत्त के घर में रख देती है और बताती है कि वह **'कामदेवायतन उद्यान'** में चारुदत्त को देखकर उसके प्रति अनुरक्त हो गयी थी।
- संवाहक पाटलिपुत्र से आकर उज्जयिनी में चारुदत्त का सेवक बन जाता है।
- चारुदत्त के दरिद्र हो जाने पर संवाहक जुआरी हो जाता है।
- जुए में सर्वस्व हारने पर, चारुदत्त का पुराना नौकर जानकर वसन्तसेना, संवाहक को छुड़ा लेती है।
- वसन्तसेना के हाथी का नाम **'खुण्डमोटक'** है।
  यः सः आर्यायाः खुण्डमोटको नाम दुष्टहस्ती।
- चारुदत्त को रेभिल का संगीत अत्यन्त पसन्द है।
- शर्विलक, चारुदत्त के घर में सेंध काटकर वसन्तसेना के रखे हुए गहने चुरा लेता है और अपनी प्रेयसी मदनिका को गुलामी की जंजीर से छुड़ाता है।
- धूता अपने पति चारुदत्त को चोरी के कलङ्क से बचाने के लिए

अपना 'रत्नावली' नामक आभूषण वसन्तसेना के पास भेजती है।

- वसन्तसेना अपनी माँ के कहने पर भी शकार के पास जाने से मना करती है।
- राजा पालक द्वारा आर्यक को बंदी बनाया जाता है।
- अपने मित्र के बंदी बनाए जाने पर शर्विलक मदनिका को रेभिल के घर पहुँचाकर स्वयं आर्यक को छुड़ाने जाता है।
- वसन्तसेना, धूता के आभूषण को मैत्रेय द्वारा वापस कर देती है।
- वसन्तसेना शाम को चारुदत्त के घर जाती है और वर्षा के कारण रात वहीं बिताती है।
- चारुदत्त **'पुष्पकरण्डक'** नामक बगीचे में जाता है और वसन्तसेना को वहीं बुलवाता है।
- चारुदत्त का पुत्र 'रोहसेन' सोने की गाड़ी के लिए रोता है, इस पर वसन्तसेना अपना आभूषण गाड़ी बनवाने के लिए दे देती है।
- आर्यक, राजा पालक के कैद से भाग जाता है।
- भूलवश वसन्तसेना शकार की गाड़ी में बैठ जाती है।
- बैलगाड़ी उद्यान में पहुँचने पर वसन्तसेना शकार के प्रणय प्रार्थना को ठुकरा देती है, जिससे क्रुद्ध होकर शकार उसका गला दबा देता है।
- वसन्तसेना के मूर्च्छित होने से मृत समझकर शकार भाग जाता है और चारुदत्त के विरुद्ध हत्या का आरोप लगाकर न्यायालय में मुकदमा करता है।
- बौद्धभिक्षु संवाहक वसन्तसेना की रक्षा करता है।
- चारुदत्त पर अभियोग चलता है और विदूषक के बगल से वसन्तसेना का आभूषण मिलने पर चारुदत्त को फाँसी का दण्ड मिलता है।
- फाँसी के वक्त ही भिक्षु वसन्तसेना के साथ वध्यस्थल पर जाता है, शकार भाग खड़ा होता है।
- पालक को मारकर आर्यक राजा बनता है और झूठे अभियोग चलाने के कारण शकार को फाँसी होती है किन्तु चारुदत्त उसे माँफ कर देता है।
- चारुदत्त को राज्य मिलता है और वसन्तसेना को वधू का सम्मानित पद।
- भरतवाक्य के साथ प्रकरण समाप्त होता है।
- मृच्छकटिकम् का अर्थ है - 'मिट्टी की गाड़ी।'
- मृच्छकटिकम् में सात प्राकृतों (शौरसेनी, अवन्तिका, प्राच्या, मागधी, शकारी, चाण्डाली, और ढक्की) का प्रयोग है।
- मृच्छकटिकम् के 30 पात्रों में केवल 6 पात्र ही संस्कृत बोलते हैं।
- संस्कृत बोलने वाले पात्र-चारुदत्त, आर्यक, शर्विलक, विट, सूत्रधार, अधिकरणिक।
- यह प्रगतिवादी एवं समाजवादी रूपक है। इसमें शोषित, दलित एवं उपेक्षित वर्ग का सहानुभूतिपूर्ण चित्रण है।
- जुआ खेलने वालों का प्रमुख- सभिक।
- इसमें वैदर्भी रीति अपनायी गयी है, कहीं-कहीं गौडी रीति का भी आश्रय लिया गया है।
- निम्न कोटि के पात्रों की संख्या अधिक है।
- शकार की बहन राजा पालक की रखैल है।
- मृच्छकटिकम् की कथा आदर्शवादी न होकर यथार्थवादी है।
- प्राकृतों में देशी शब्दों की प्रधानता है।
- **चोरों के देवता**- कार्तिकेय- (**नमो वरदाय कुमार कार्तिकेयाय**)
- **चोरों के गुरु**- कनकशक्ति, ब्रह्मण्यदेव, देवव्रत तथा भास्करनन्दी। (**नमः कनकशक्तये ब्रह्मणदेवाय देवव्रताय नमो भास्करनन्दिने**)
- शर्विलक के गुरु- योगाचार्य। (**नमो योगाचार्याय यस्याहं प्रथमः शिष्यः**)
- योगरोचना- ऐसा द्रव्य जिसको लगाने से चोर आदि को कोई देख नहीं सकता।

मृच्छकटिकम्- अङ्कवार प्रमुख घटनाएँ

प्रथम अङ्क

- चारुदत्त की दरिद्रता का मार्मिक चित्रण।
- विट और चेट सहित शकार के द्वारा वसन्तसेना का पीछा करना।
- अन्धकार का लाभ उठाकर वसन्तसेना का चारुदत्त के घर में छिपना तथा अपने आभूषणों को न्यास (धरोहर) के रूप में चारुदत्त के घर में छोड़ना।

द्वितीय अङ्क

- चारुदत्त के पूर्व सेवक संवाहक का द्यूत में ऋणी होकर वसन्तसेना के पास आना तथा वसन्तसेना द्वारा उसे ऋणमुक्त कराना।
- जुआरी संवाहक का बौद्धभिक्षु बन जाना।
- वसन्तसेना के मत्त हाथी का संवाहक पर आक्रमण करना,सेवक द्वारा संवाहक की रक्षा करना तथा पुरस्कार के रूप में चारुदत्त अपनी बहुमूल्य चादर सेवक को देना।

तृतीय अङ्क

- चारुदत्त के घर में सेंध मारकर शर्विलक द्वारा वसन्तसेना के आभूषणों को चुराना।
- चोरी हुए आभूषणों के बदले में चारुदत्त की पत्नी धूता द्वारा अपनी बहुमूल्य 'रत्नमाला' का दिया जाना।

चतुर्थ अङ्क

- शर्विलक द्वारा चोरी के आभूषण से अपनी प्रेयसी मदनिका को वसन्तसेना के घर से मुक्त कराना तथा वधू के रूप में स्वीकार करना।
- शर्विलक द्वारा अपने बन्दी मित्र आर्यक को छुड़ाने के निमित्त जाना।
- रत्नमाला लेकर गये विदूषक द्वारा वसन्तसेना के विशाल भवन का अवलोकन।

पञ्चम अङ्क

- वसन्तसेना का चारुदत्त के घर में रात बिताना।

➢ वर्षाकाल का भव्य वर्णन।

षष्ठ अङ्क

➢ चारुदत्त के पुत्र रोहसेन का सोने की गाड़ी के लिए जिद करना जबकि दासी रदनिका मिट्टी की गाड़ी (मृत +शकटिका) देती है।

➢ इस दृश्य पर वसन्तसेना का मिट्टी की गाड़ी को आभूषणों से भरना।

➢ वसन्तसेना की गाड़ी भ्रमवश बदल जाना।

➢ चन्दनक सिपाही द्वारा बन्दी आर्यक को अभयदान।

सप्तम अङ्क

➢ आर्यक का चारुदत्त के पास पुष्पकरण्डक उद्यान में जाना और चारुदत्त द्वारा आर्यक के बन्धन को कटवाना।

अष्टम अङ्क

➢ पुष्पकरण्डक उद्यान में शकार द्वारा वसन्तसेना का गला घोंटना।

➢ वसन्तसेना को मृत समझकर शकार द्वारा चारुदत्त पर झूठा अभियोग चलाने के लिए न्यायालय जाना।

➢ बौद्धभिक्षु संवाहक द्वारा वसन्तसेना को उपचार हेतु बौद्ध विहार में ले जाना।

नवम अङ्क

➢ शकार द्वारा अपने पक्ष में निर्णय देने के लिए न्यायाधीश को धमकी।

➢ वसन्तसेना का चारुदत्त के घर जाने सम्बन्धित वसन्तसेना की माता की गवाही।

➢ वसन्तसेना का आभूषण विदूषक के पास से मिलना और चारुदत्त को फाँसी की सजा।

दशम अङ्क

➢ पालक को मारकर आर्यक का राजा बनना।

➢ चारुदत्त को फाँसी से मुक्ति।

➢ वसन्तसेना को वधू पद प्राप्त होना।

मृच्छकटिकम् में अलङ्कार एवं छन्द योजना

➢ मृच्छकटिकम् में स्वाभाविक रूप से अलङ्कारों का प्रयोग है। उपमा,रूपक,उत्प्रेक्षा के साथ-साथ काव्यलिङ्ग,विशेषोक्ति और समासोक्ति अलङ्कारों का विशेष रूप से वर्णन है।

➢ महाकवि शूद्रक ने पूरे मृच्छकटिक में 21 (इक्कीस) प्रकार के छन्दों का प्रयोग किया है।

➢ सर्वाधिक प्रयुक्त छन्दों में वसन्ततिलका, शार्दूलविक्रीडित और उपजाति मुख्य हैं।

मृच्छकटिकम् की सूक्तियाँ

➢ **''अकन्दसमुत्थिता पद्मिनी अवञ्चको वणिक्**
अचौरः सुवर्णकारः अकलहो ग्रामसमागमः
अलुब्धा गणिकेति दुष्करमेते सम्भाव्यन्ते।'' (अङ्क-5)

भावार्थ- पञ्चम अङ्क में विदूषक वसन्तसेना के बारे में कहता है, ''बिना जड़ के उत्पन्न हुई कमलिनी, न ठगने वाला बनिया, न चुराने वाला सुनार, जिसमें झगड़ा न हो ऐसा ग्राम सम्मेलन, न लोभ करने वाली वेश्या, इनकी सम्भावना करना कठिन है।''

➢ **अग्राह्या मूर्धजेष्वेताः स्त्रियो गुणसमन्विताः।**
न लताः पल्लवच्छेदमर्हन्त्युपवनोद्भवाः॥ (8/21)

भावार्थ- आठवें अङ्क में जब शकार, वसन्तसेना को बाल पकड़कर जबरदस्ती गाड़ी से उतारना चाहता है, तब विट, शकार से कहता है, ''सुन्दरता आदि गुणों से युक्त इन नारियों के केश नहीं पकड़ना चाहिए, क्योंकि उद्यान में उत्पन्न होने वाली लताएँ, कोमल पत्ते तोड़ने योग्य नहीं होतीं।''

➢ **अपण्डितास्ते पुरुषा मता मे ये स्त्रीषु च श्रीषु विश्वसन्ति।** (4/12)

भावार्थ- चतुर्थ अङ्क में शर्विलक, मदनिका और वसन्तसेना के समक्ष कहता है,'' वे मनुष्य मुझे मूर्ख लगते हैं जो स्त्रियों और सम्पत्ति पर विश्वास करते हैं। सम्पत्ति तथा स्त्रियाँ सर्पकन्याओं के समान कुटिल गमन करती हैं।''

➢ **दुर्लभा गुणा विभवाश्च। अपेयेषु तडागेषु बहुतरमुदकं भवति।** (अङ्क-2)

भावार्थ- द्वितीय अङ्क में संवाहक, वसन्तसेना से बताता है कि चारुदत्त दान देने के कारण अत्यन्त दरिद्र हो गये हैं, इस पर वसन्तसेना कहती है, ''गुण और सम्पत्ति का एकत्र पाया जाना दुर्लभ है। न पीने योग्य पानी वाले तालाबों में बहुत पानी होता है।''

➢ **अभ्युदयेऽवसाने तथैव रात्रिं दिवमहतमार्गा।**
उद्दामेवकिशोरी नियतिः खलु प्रत्येषितुं याति॥ (10/19)

भावार्थ- दशवें अङ्क में जब चाण्डाल, चारुदत्त को फाँसी के लिए बुलाता है और 'आर्य' सम्बोधन नहीं करता इस पर दूसरा चाण्डाल कहता है,'' सम्पन्नावस्था में और सम्पत्ति के समाप्त होने पर तथा रात और दिन में यह अप्रतिहतगति वाली नियति स्वच्छन्द युवती के समान पुरुष को खोजने के लिए जाती है।''

➢ **अम्भोजिनी लोचनमुद्रणं किं भानावनस्तंगमिते करोति।** (10/58)

भावार्थ- दशवें अङ्क में धूता के आत्मदाह करने के समय चारुदत्त कहते हैं, '' हे प्रिये! पति के विद्यमान रहते ही तुमने यह क्या कठोर निश्चय कर लिया था? क्या सूर्य के अस्त को प्राप्त हुए बिना कमलिनी कभी नेत्र मूँदती है?''

➢ **अयंचसुरतज्वालः कामाग्निः प्रणयेन्धनः।**
नराणां यत्र हूयन्ते यौवनानि धनानि च॥ (4/11)

भावार्थ- चतुर्थ अङ्क में शर्विलक कहता है, '' रतिक्रीडा जिसकी ज्वाला है एवं प्रेम जिसका ईंधन है, ऐसी यह कामवासना रूपी अग्नि है, जिस कामाग्नि में मनुष्यों के यौवन और धन हवन किये जाते हैं।''

➢ **अल्पक्लेशं मरणं द्रारिद्र्यमनन्तकं दुःखम्।** (1/11)

भावार्थ- चारुदत्त प्रथम अङ्क में विदूषक से कहता है, हे मित्र! निर्धनता और मृत्यु में से मृत्यु मुझे अच्छी लगती है, निर्धनता नहीं। मृत्यु में थोड़ा कष्ट है, किन्तु निर्धनता कभी न समाप्त होने वाला दुःख है।''

➢ **अर्थतः पुरुषो नारी या नारी साऽर्थतः पुमान्।** (3/27)

भावार्थ- तृतीय अङ्क में चारुदत्त विदूषक से कहता है, कि ''धन न होने के कारण ही पुरुष नारी तुल्य है और जो नारी है वह धन होने से पुरुष के समान है।''

➢ **अहो धिग् वैषम्यं लोकव्यवहारस्य।** (अङ्क-9)

भावार्थ- नवें अङ्क में शकार द्वारा झूठे अभियोग पर अधिकरणिक (न्यायाधीश) कहता है,'' अहो! लोकव्यवहार की विषमता को धिक्कार है।''

➢ **अहो व्यवहारपराधीनतया दुष्करं खलु परचित्तग्रहणमधिकरणिकैः।** (अङ्क-9)

भावार्थ- नवें अङ्क में अधिकरणिक कहता है,''अहो! न्यायालय के पराधीन होने के कारण न्यायाधीशों के द्वारा दूसरों के मन को जानना कठिन है।''

➢ **अहो! प्रभावः प्रियसङ्गमस्य मृतोऽपि को नाम पुनर्ध्रियेत।** (10/43)

भावार्थ- दशवें अङ्क में चारुदत्त कहता है, प्रिय वसन्तसेने! तुम्हारे कारण नष्ट किया जाता हुआ यह मेरा शरीर तुम्हारे द्वारा ही मुक्त करा दिया गया। ''अहो! प्रियमिलन का महान प्रभाव। अन्यथा मरा हुआ भी कोई फिर जीवित हो सकता है?''

➢ **आलाने गृह्यते हस्ती वाजी वल्गासु गृह्यते।**
हृदये गृह्यते नारी यदिदं नास्ति गम्यताम्॥ (1/50)

भावार्थ- प्रथम अङ्क में विट शकार से कहता है, '' ये भी नहीं सुना तुमने- हाथी खम्भे में बाँधने से रोका जाता है, घोड़ा लगाम से रोका जाता है, स्त्री हृदय से प्रेम करने पर वश में की जाती है, और यदि हृदय में प्रेम नहीं है तो जाइये।''

➢ **इन्द्रः प्रवाह्यमानो गोप्रसवः संक्रमश्च ताराणाम्।**
सुपुरुषप्राणविपत्तिश्चत्वार इमे न द्रष्टव्याः॥ (10/7)

भावार्थ- दशवें अङ्क में दोनों चाण्डाल कहते हैं, '' विसर्जन के लिए ले जाया जाता इन्द्रध्वज, गौ का प्रसव, तारों का पतन और श्रेष्ठ पुरुष का प्राण-त्याग-इन चारों को नहीं देखना चाहिए।''

➢ **इह सर्वस्वफलिनः कुलपुत्रमहाद्रुमाः।**
निष्फलत्वमलं यान्ति वेश्याविहगभक्षिताः॥ (4/10)

भावार्थ- चतुर्थ अङ्क में शर्विलक मदनिका से कहता है, ''इस संसार में अपनी समस्त सम्पत्ति ही जिनका फल है, ऐसे कुलीन पुत्र रूपी महान् वृक्ष वेश्या रूपी पक्षियों द्वारा खाये जाकर पूर्णतः निष्फलता को प्राप्त हो जाते हैं।''

➢ **ईदृशो दासभावः यत्सत्यं कमपि न प्रत्यायति।** (अङ्क-10)

भावार्थ- दशवें अङ्क में चेट कहता है,''दासता ऐसी बुरी है कि सत्य का भी किसी को विश्वास नहीं करा पाती।''

➢ **एते खलु दास्याः पुत्राः अर्थकल्यवर्ता वरटाभीता इव गोपालदारका अरण्ये यत्र यत्र न खाद्यन्ते तत्र तत्र गच्छन्ति।** (अङ्क-1)

भावार्थ- प्रथम अङ्क में विदूषक चारुदत्त से कहता है, कि हे मित्र! ''ये दासी के पुत्र कलेवा जैसे तुच्छ धन, बर्र से डरे हुए गोपाल बालकों के समान वन में वहीं-वहीं जाते हैं, जहाँ काटे नहीं जाते।''

➢ **एष क्रीडति कूपयन्त्रघटिकान्याय प्रसक्तोविधिः।** (10/60)

भावार्थ- दशवें अङ्क के अन्त में चारुदत्त कहता है, ''कूपयन्त्र (रहट) की घटिकाओं की पद्धति का अनुसरण करने वाला वह भाग्य क्रीडा करता है।''

20. कत्ताशब्दो निर्नाणकस्य हरति हृदयं मनुष्यस्य।
ढक्काशब्द इव नराधिपस्य प्रभ्रष्टराजस्य॥ (2/5)

भावार्थ- द्वितीय अङ्क में संवाहक माथुर से कहता है, ''जिस प्रकार भ्रष्ट राज्य वाले राजा के हृदय को ढक्का का शब्द हर लेता है उसी प्रकार कत्ता (जुए का विशेष चिह्न) धनरहित भी जुआरी मनुष्य के मन को हर लेता है।''

➢ **कथं हीनकुसुमादपि सहकारपादपान् मकरन्दबिन्दवो निपतन्ति।** (अङ्क-4)

भावार्थ- चतुर्थ अङ्क में विदूषक द्वारा 'रत्नावली' नामक आभूषण स्वीकार करते समय वसन्तसेना अपने आप से कहती है ''मञ्जरी रहित आम के वृक्ष से भी पुष्पराज की बूँदें कैसे गिर रहीं हैं।''

➢ **कामो वामः।** (अङ्क-5)

भावार्थ- पञ्चम अङ्क में विदूषक, चारुदत्त को समझाता है कि वह वसन्तसेना नामक गणिका से दूर रहे, लेकिन चारुदत्त अधिक ही उत्कण्ठित हो जाता है तो विदूषक कहता है,''काम का स्वभाव तो उल्टा ही होता है,किसी के समझाने से कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।''

➢ **किं कुलेनोपदिष्टेन शीलमेवात्र कारणम्।**
भवन्ति सुतरां स्फीताः सुक्षेत्रे कण्टकिद्रुमाः॥ (8/29)

भावार्थ- आठवें अङ्क में शकार वसन्तसेना को मारने के लिए प्रवृत्त होता है, इस पर विट उसे ढकेल देता है और मना करता है। शकार कहता है- मल्लक के समान कुल में उत्पन्न होकर मैं यह अकार्य कैसे कर सकता हूँ। तब विट कहता है, ''कुल के कथन से क्या लाभ? क्योंकि इस कुकृत्य में तो स्वभाव ही कारण है, जैसे कि अच्छे खेत मे भी काँटो वाले वृक्ष भली-भाँति समृद्ध हो जाते हैं।''

24. किं हीनकुसुमं सहकारपादपं मधुकर्यः पुनः सेवन्ते। (अङ्क-2)

भावार्थ- निर्धन चारुदत्त पर आसक्त होने पर द्वितीय अङ्क में मदनिका, वसन्तसेना से कहती है, ''आर्ये! क्या भ्रमरियाँ मञ्जरी रहित आम के वृक्ष का भी सेवन करती हैं।''

➢ **कूष्माण्डी गोमयलिप्तवृन्ता............भवति पूतिः।** (1/51)

भावार्थ- प्रथम अङ्क में वसन्तसेना के चारुदत्त के घर में घुसने पर शकार विदूषक से कहता है, कि चारुदत्त से कहो कि वसन्तसेना को मुझे सौंप दे तब उससे मेरी मित्रता हो जायेगी

अन्यथा मृत्यु पर्यन्त शत्रुता क्योंकि ''गोबर से लिप्त डण्ठल वाला कद्दू , सूखा हुआ शाक, तला हुआ मांस, हेमन्त ऋतु में बनाया हुआ भात, अधिक समय बीत जाने पर भी विकृत नहीं होते हैं।''

➤ **गगनतले प्रतिवसन्तौ चन्द्रसूर्यावपि विपत्तिं लभेते।** (अङ्क-10)

भावार्थ- दशवें अङ्क में चाण्डाल चारुदत्त से कहता है, '' आर्य! आकाश तल में निवास करने वाले चन्द्रमा और सूर्य भी विपत्ति को प्राप्त होते हैं, फिर मनुष्यों की क्या बात।''

➤ **गणयन्ति न शीतोष्णं रमणाभिमुखाः स्त्रियः।** (5/16)

भावार्थ- पञ्चम अङ्क में वसन्तसेना चारुदत्त के घर जाने की इच्छुक वर्षा होने पर विट से कहती है, कि ''बादल बरसें, गरजें या वज्र ही गिरा दें, किन्तु रमण की इच्छुक कामिनियाँ गर्मी, ठण्डी, बरसात किसी की परवाह नहीं करतीं।''

➤ **गणिका नाम पादुकान्तरप्रविष्टेव लेष्टुका दुःखेन पुरर्निराक्रियते।** (अङ्क-5)

भावार्थ- पाँचवे अङ्क में विदूषक चारुदत्त को वेश्या वसन्तसेना के प्रति भड़काता है और कहता है, कि ''वेश्या तो जूते के अन्दर प्रविष्ट हुई कङ्कड़ के समान फिर दुःख से ही निकाली जाती हैं।''

➤ **गणिका हस्ती कायस्थो भिक्षुष्चाटो रासभश्च यत्रैते निवसन्ति तत्र दुष्टा अपि न जायन्ते।** (अङ्क-5)

भावार्थ- पञ्चम अङ्क में ही विदूषक चारुदत्त से कहता है,कि ''वेश्या, हाथी कायस्थ, भिखारी, धूर्त और गधा- जहाँ ये रहते हैं,वहाँ दुष्ट भी वृद्धि को प्राप्त नहीं होते, सज्जनों की क्या बात।''

➤ **गुणः खल्वनुरागस्य कारणं, न पुनर्बलात्कारः।** (अङ्क-1)

भावार्थ- प्रथम अङ्क में विट, वसन्तसेना से कहता है, तुम वेश्या हो इसलिए समान रूप से सबका सेवन करो। इस पर वसन्तसेना कहती है,कि ''प्रेम का वास्तविक कारण गुण है, न कि बलात्कार।''

➤ **गुणेषु यत्नः पुरुषेण कार्यो न किञ्चिदप्राप्यतमं गुणानाम्।** (4/23)

भावार्थ- चतुर्थ अङ्क में शर्विलक वसन्तसेना से कहता है,कि ''गुणों के अर्जन में मनुष्य को सदा प्रयत्न करना चाहिए, गुणों के द्वारा कुछ भी अलभ्य नहीं है।'' अपने गुणों के उत्कर्ष के कारण चन्द्रमा शिवजी के दुर्लभ मस्तक पर आश्रय पा लिया है।

➤ **गुणेष्वेव हि कर्त्तव्यः प्रयत्नः पुरुषैः सदा।**
गुणयुक्तो दरिद्रोऽपि नेश्वरैरगुणैः समः॥ (4/22)

भावार्थ- शर्विलक कहता है, ''मनुष्यों को गुणों में यत्न करना चाहिए। गुणवान् दरिद्र भी गुणहीन धनिकों के समान नहीं, बल्कि उनसे बढ़कर हैं।''

➤ **छिद्रेष्वनर्था बहुलीभवन्ति।** (9/26)

भावार्थ- नवम अङ्क में चारुदत्त न्यायालय में सोचता है कि ''आपत्ति काल में मनुष्य की भूल होते ही अनेक अनिष्ट एकत्रित हो जाते हैं।''

➤ **त्यजति किल तं जयश्रीर्जहति च मित्राणि बन्धुवर्गश्च।**
भवति च सदोपहास्यो यः खलु शरणागतं त्यजति॥ (6/18)

भावार्थ- षष्ठ अङ्क में आर्यक, चन्दनक से कहता है कि, ''जो शरणागत का त्याग कर देता है, उसको विजयलक्ष्मी त्याग देती हैं, मित्र एवं बन्धुगण भी त्याग देते हैं तथा वह सदा उपहास के योग्य होता है।''

➤ **दरिद्रपुरुषसंक्रान्तमनाः खलु गणिका लोकेऽवचनीया भवति।** (अङ्क-2)

भावार्थ- द्वितीय अङ्क में वसन्तसेना अपनी दासी मदनिका से कहती है, ''निर्धन व्यक्ति में मन लगाने वाली वेश्या निःसन्देह संसार में निन्दनीय नहीं होती।''

➤ **दारिद्र्याद्ध्रियमेति ह्रीपरिगतः प्रभ्रश्यते तेजसो।** (1/14)

भावार्थ- प्रथम अङ्क में चारुदत्त, विदूषक से कहता है, कि ''दरिद्रता से मनुष्य लज्जा को प्राप्त होता है, लज्जा को प्राप्त व्यक्ति तेज से रहित हो जाता है तथा तेजहीन अपमानित होता है।''

➤ **दुष्करं विषमौषधीकर्तुम्।** (अङ्क-8)

भावार्थ- आठवें अङ्क में विट अपने मन में सोचता है कि '' विष को ओषधि बनाना दुष्कर है।''

➤ **द्यूतं हि नाम पुरुषस्यासिंहासनं राज्यम्।** (अङ्क-2)

भावार्थ- द्वितीय अङ्क में दर्दुरक कहता है, ''जुआ भी मनुष्य का विना सिंहासन का राज्य है।''

➤ **द्वयमिदमतीव लोके प्रियं नराणां सुहृच्च वनिता च।** (4/25)

भावार्थ- पञ्चम अङ्क में शर्विलक कहता है, कि ''इस संसार में मित्र और स्त्री दोंनो ही मनुष्यों को अत्यन्त प्रिय हैं, समय आने पर सौ सुन्दरियों से मित्र अधिक प्रमुख है।''

➤ **धनैर्वियुक्तस्य नरस्य लोके किं जीवितेन।** (5/40)

भावार्थ- पञ्चम अङ्क में चारुदत्त अपने आप सोचता है, ''संसार में धनहीन पुरुष के जीवन आदि से ही क्या लाभ है? जिसके प्रतिक्रिया न करने के कारण क्रोध और प्रसन्नता दोनों पहले से ही निष्फल होते हैं।''

➤ **धिक्प्रीतिं परिभवकारिकामनार्याम्।** (8/41)

भावार्थ- अष्टम अङ्क में विट, शकार से कहता है कि, इस हँसी को छोड़ दो तुम्हारे साथ मेरा स्नेह नहीं रहेगा, ''अनादर करने वाली इस निकृष्ट मैत्री को धिक्कार है।''

➤ **न कालमपेक्षते स्नेहः।** अङ्क-7, पेज-212

भावार्थ- चारुदत्त, विदूषक को शीघ्रता से वसन्तसेना को रथ से उतारने को बोलता है और कहता है, कि ''प्रेम समय की अत्यधिक देरी को सहन नहीं करता है।''

➤ **न चन्द्रादातपो भवति।** अङ्क-4, पेज-126

भावार्थ- चतुर्थ अङ्क में मदनिका, शर्विलक द्वारा चुराये हुए आभूषण को चारुदत्त को लौटाने के लिए कहती है इस पर शर्विलक आशंका करता है कि कहीं चारुदत्त अभियोग न लगवा दें। फिर मदनिका, चारुदत्त को लक्ष्य करके कहती है, कि ''चन्द्रमा से गर्मी नहीं होती।''

➤ **न पर्वताग्रे नलिनी प्ररोहति न गर्दभा वाजिधुरं वहन्ति।**

(4/17)

भावार्थ- चतुर्थ अङ्क में शर्विलक वेश्याओं पर तीखा प्रहार करते हुए कहता है, कि "पर्वत की चोटी पर कमलिनी नहीं उगती है, घोड़े के भार को गधे नहीं ले जा सकते हैं, खेत में बोये हुए जौ, धान नहीं हो जाते हैं इसी प्रकार वेश्यालय में उत्पन्न हुई स्त्रियाँ पवित्र नहीं होती हैं।"

➢ **न पुष्पमोषमर्हत्युद्यानलता।** अङ्क-1, पेज-48

भावार्थ- प्रथम अङ्क में शकार से भयभीत होकर वसन्तसेना अपने आभूषण देना चाहती है, इस पर विट कहता है, "उद्यान-लता, पुष्प-हरण के योग्य नहीं है।"

➢ **न युक्तं परकलत्रदर्शनम्।** अङ्क- 1, पेज- 48

भावार्थ- प्रथम अङ्क में चारुदत्त के घर में छिपी वसन्तसेना को देखकर चारुदत्त कहता है, कि "पराई स्त्री का दर्शन करना उचित नहीं।"

➢ **न शक्या हि स्त्रियो रोद्धुं प्रस्थिता दयितं प्रति।** (5/31)

भावार्थ- पञ्चम अङ्क में चारुदत्त के घर जाते समय वर्षा होने लगती है तो वसन्तसेना कहती है, कि "हे इन्द्र! चाहे गरजो या बरसो अथवा सैकड़ों वज्र छोड़ो, फिर भी प्रियतम के प्रति प्रस्थान करती हुई स्त्रियाँ नहीं रोकी जा सकतीं।"

➢ **न ह्याकृतिः सुसदृशं विजहाति वृत्तम्।** (9/16)

भावार्थ- नवम अङ्क में अधिकरणिक चारुदत्त के बारे में कहता है, कि " ऊँची नासिका तथा विशाल नेत्रों से युक्त मुख को धारण करता है। यह मुख निश्चय ही इच्छानुसार लगाये गये दोषों का पात्र नहीं है, क्योंकि हाथी, गाय, अश्व तथा मनुष्यों में उनका आकार अपने अनुकूल चरित्र का त्याग नहीं करता।"

➢ **निशायां नष्टचन्द्रायां दुर्लभो मार्गदर्शकः।** 4/21

भावार्थ- चतुर्थ अङ्क में शर्विलक, मदनिका से कहता है, "आपका अनुशरण करके मैंने विशद बुद्धि प्राप्त की। फिर रात्रि में चन्द्रमा अस्त हो जाता है, उसमें पथ-प्रदर्शन करने वाला दुष्प्राप्य होता है। विवेक भ्रष्ट मुझको आपने उचित मार्ग प्रदर्शित किया है।"

➢ **नृणां लोकान्तरस्थानां देहप्रतिकृतिः सुतः।** 9/42

भावार्थ- न्यायालय में सजा प्राप्त चारुदत्त, मैत्रेय से कहता है, "परलोक में गये हुए जनों का पुत्र अपना प्रतिनिधि होता है।" अतः तुम्हारा मुझ पर जो स्नेह है, वह रोहसेन में लगा दिया जाए।

➢ **पक्षविकलश्च पक्षी शुष्कश्च तरुः सरश्च जलहीनम्।**
सर्पश्चोद्धृतदंष्ट्रस्तुल्य लोके दरिद्रश्च॥ (5/41)

भावार्थ- पञ्चम अङ्क में चारुदत्त, वसन्तसेना से कहता है, "पंखरहित पक्षी, सूखा वृक्ष, जल रहित तालाब तथा दाढ़ उखाड़ा हुआ सर्प एवं दरिद्र ये सब संसार में समान हैं।"

➢ **परोऽपि बन्धुः समसंस्थितस्य मित्रं न कश्चिद्विषमस्थितस्य।** (10/16)

भावार्थ- दशवें अङ्क में चारुदत्त कहता है, "सुख की अवस्था में अन्य जन भी सगे-सम्बन्धी हो जाते हैं, किन्तु आपत्ति में पड़े हुए मनुष्य का कोई मित्र नहीं होता।"

➢ **पुरुषेषु न्यासा निक्षिप्यन्ते, न पुनर्गेहेषु।** अङ्क-1,पेज-50

भावार्थ- प्रथम अङ्क में चारुदत्त के "यह घर धरोहर के योग्य नहीं है" कहने पर वसन्तसेना कहती है, "आर्य! यह झूठ है, पुरुषों पर धरोहर रखी जाती है, न कि घरों में।"

➢ **बहुदोषा हि शर्वरी।** (1/58)

भावार्थ- न्यास रूप में रखे आभूषणों के रक्षणार्थ चारुदत्त विदूषक से कहता है, "ठगी-चोरी से बचाना चाहिए क्योंकि रात्रि वास्तव में बड़ी दोषपूर्ण होती है।"

➢ **मा दुर्गत इति परिभवो नास्ति कृतान्तस्य दुर्गतो नाम।** 1/43

भावार्थ- प्रथम अङ्क में विदूषक शकार को लक्ष्य करके विट से कहता है, "निर्धन का अपमान मत करो, यमराज के समक्ष कोई निर्धन नहीं है" और चरित्रहीन धनवान् भी दुर्दशा को प्राप्त होता है।

➢ **मूले छिन्ने कुतः पादपस्य पालनम्।** अंक-9, पेज-298

भावार्थ- नौवें अङ्क में सजा प्राप्त चारुदत्त, विदूषक से रोहसेन का पालन करने के लिए कहता है, इस पर विदूषक कहता है, "जड़ कट जाने पर वृक्ष का पालन कैसे होगा?"

➢ **य आत्मबलं ज्ञात्वा भारं तुलितं मनुष्यः।** 2/14

भावार्थ- द्वितीय अङ्क में संवाहक अपने से सोचकर कहता है, "जो मनुष्य अपने बल को जानकर उसके अनुसार भार को वहन करता है" उसका पतन नहीं होता है, वह दुर्गम पथ पर चलने से भी विपद्ग्रस्त नहीं होता है।

➢ **यज्ञोपवीतं हि नाम ब्राह्मणस्य महदुपकरणद्रव्यम्।** अङ्क-3,पेज-96

भावार्थ- तृतीय अङ्क में सेंध काटते समय प्रमाणसूत्र भूलने के कारण यज्ञोपवीत से नाप करते हुए शर्विलक कहता है, "यज्ञोपवीत भी ब्राह्मण की बहुत उपयोगी वस्तु है।" विशेषतः हम जैसों की।

➢ **यदा तु भाग्यक्षय पीडिता दशां नरः कृतान्तोपहितां प्रपद्यते।**
तदास्य मित्राण्यपि यान्त्यमित्रतां चिरानुरक्तोऽपि विरज्यते जनः॥ (1/53)

भावार्थ- चारुदत्त, रदनिका को सम्बोधित करके कहता है, "जब मनुष्य दैव द्वारा प्राप्त करायी गयी भाग्यनाश के कारण पीड़ित दशा को प्राप्त हो जाता है, तब इस निर्धन के मित्र भी शत्रुता को प्राप्त हो जाते हैं, दीर्घकाल से प्रेम करने वाला व्यक्ति भी विरक्त हो जाता है।"

➢ **येऽभि भवन्ति साधुं ते पापास्ते च चाण्डालाः।** (10/22)

भावार्थ- फाँसी के समय रोहसेन के पूँछने पर कि 'चाण्डालों मेरे पिता को कहाँ ले जाते हो' तब चाण्डाल कहता है, बालक! चाण्डाल कुल में उत्पन्न होकर भी हम चाण्डाल नहीं है, "जो सज्जन को अपमानित करते हैं वे पापी हैं और वे ही चाण्डाल हैं।"

➢ **राहुगृहीतोऽपि चन्द्रो न वन्दनीयो जनपदस्य।** 10/20

भावार्थ- प्रथम चाण्डाल के चारुदत्त के साथ 'आर्य' सम्बोधन

न करने पर द्वितीय चाण्डाल कहता है, "क्या राहु द्वारा ग्रसित चन्द्रमा भी नगरवासियों के लिए वन्दनीय नहीं होता?"

➢ **वरं व्यायच्छतो मृत्युर्न गृहीतस्य बन्धने।** (6/17)

भावार्थ- आर्यक अपने आप ही कहता है, भीम का अनुकरण करूँगा, मेरी भुजा ही शस्त्र होगी। "लड़ते हुए मृत्यु अच्छी है, कारागार में पड़े हुए की नहीं।"

➢ **विविक्तविश्रम्भरसो हि कामः।** (8/30)

भावार्थ- शकार के प्रणय निवेदन को ठुकराने पर विट अपने मन में सोचता है, यह स्थान मैं खाली करता हूँ क्योंकि "काम निर्जन एवं विश्वस्त स्थान में आनन्ददायक होता है।"

➢ **विषमा इन्द्रियचौरा हरन्ति चिरसञ्चितधर्मम्।** (8/1)

भावार्थ- आठवें अङ्क के प्रारम्भ में भिक्षु कहता है, अज्ञानी जनों धर्म का संचय करो क्योंकि "ये इन्द्रिय रूपी चौर भयङ्कर हैं, ये बहुत समय से संचित धर्म को हर लेते हैं।"

➢ **वीणा हि नामासमुद्रोत्थितं रत्नम्।** (अङ्क-3,पेज-86)

भावार्थ- तृतीय अङ्क में चारुदत्त रेभिल के गानों की प्रशंसा करते हुए कहता है, "वीणा तो वास्तव में बिना समुद्र से निकला हुआ रत्न है।"

➢ **वेश्या श्मशानसुमना इव वर्जनीयाः।** (4/14)

भावार्थ- शर्विलक वेश्याओं के विषय में कहता है, वेश्याएं धन के कारण हँसती और रोती हैं, पुरुष को विश्वास दिलाती हैं किन्तु स्वयं पुरुषों पर विश्वास नहीं करतीं, इस कारण कुलीन एवं शीलयुक्त पुरुष को "श्मशान के पुष्पों के समान वेश्याओं का त्याग कर देना चाहिए।"

➢ **शत्रुः कृतापराधः शरणमुपेत्य पादयोः पतितः।**

शस्त्रेण न हन्तव्यः .... उपकारहतस्तु कर्त्तव्यः॥ (10/55)

भावार्थ- चारुदत्त कहता है, यदि अपराध करने वाला शत्रु शरण में आकर चरणों में गिर गया तो उसे शस्त्र से नहीं मारना चाहिए। शर्विलक पूँछता है कि क्या कुत्तों द्वारा खिलाया जाय? फिर चारुदत्त कहता है, नहीं, किन्तु उसे उपकार द्वारा मरा हुआ कर देना चाहिए। "

➢ **शङ्कनीया हि लोकेऽस्मिन्निष्प्रतापा दरिद्रता।** (3/24)

भावार्थ- वसन्तसेना के आभूषण चोरी हो जाने पर चारुदत्त, विदूषक से कहता है, मित्र! वास्तविकता पर कौन विश्वास करेगा? सभी मुझे तुच्छ अपराधी समझेंगे क्योंकि "इस संसार में पौरुषविहीन निर्धनता शङ्का के योग्य होती है।"

➢ **शून्यमपुत्रस्य गृहं चिरशून्यं नास्ति यस्य सन्मित्रम्।**
मूर्खस्य दिशः शून्याः सर्वं शून्यं दरिद्रस्य॥ (1/8)

भावार्थ- सूत्रधार कहता है, "पुत्रहीन का घर सूना है, जिसका अच्छा मित्र नहीं है उसका सब समय सूना है, मूर्ख के लिए सभी दिशाएँ सूनी हैं, निर्धन के लिए तो सब कुछ सूना है।"

➢ **शून्यैर्गृहैः खलु समाः पुरुषा दरिद्राः।** (5/42)

भावार्थ- चारुदत्त कहता है, "दरिद्र व्यक्ति वस्तुतः सूने घरों, जलरहित कूपों तथा शुष्क वृक्षों के समान है।"

➢ **सत्कारधनः खलु सज्जनः।** (2/15)

भावार्थ- संवाहक, वसन्तसेना से कहता है, "दूसरों का सत्कार करना ही सत्पुरुषों का धन होता है।" चञ्चल सम्पत्ति किसके पास नहीं होता?

➢ **सत्येन सुखं खलु लभ्यते सत्यालापे न भवति पातकम्।**
सत्यमिति द्वे अप्यक्षरे मा सत्यमलीकेन गूहय॥ (9/35)

भावार्थ- श्रेष्ठी कायस्थ कहता है, आर्य चारुदत्त! यहाँ सच कहना चाहिए क्योंकि "निश्चय ही सत्य से सुख प्राप्त होता है , सत्य कहने पर पाप नहीं होता। 'सत्य' में दो अक्षर नष्ट न होने वाले हैं। अतः सत्य को झूठ से न छिपाओ।"

➢ **समीहितसिद्ध्यै प्रवृत्तेन ब्राह्मणोऽग्रे कर्त्तव्यः।** (अङ्क-10,पेज-342)

भावार्थ- धूता के अग्नि में प्रविष्ट होते समय विदूषक कहता है, "अभीष्ट-सिद्धि के लिए प्रवृत्त हुए व्यक्ति को ब्राह्मण आगे करना चाहिए।"

➢ **सर्वः खलु भवति लोके लोकः सुखसंस्थितानां चिन्तायुक्तः।**
विनिपतितानां नराणां प्रियकारी दुर्लभो भवति॥ (10/15)

भावार्थ- फाँसी के समय दोनों चाण्डाल कहते हैं,"संसार में सभी जन सुखी मनुष्यों के ही शुभचिन्तक होते हैं। विपत्ति में पड़े हुए मनुष्यों का हित करने वाला दुर्लभ ही है।"

➢ **सर्वत्रार्जवं शोभते।** (अंक-10,पेज-334)

भावार्थ- दशवें अङ्क में शर्विलक, चारुदत्त के पास जाने में संकोच करता है फिर कहता है, "सरलता सब जगह शोभायमान होती है।"

➢ **सस्यलम्पटवलीवर्दो............न शक्यो वारयितुम्।** (3/2)

भावार्थ- "धान्य के लोभी बैल को, दूसरे की स्त्री में आसक्त पुरुष को, जुए में अनुरक्त मनुष्य को रोका नहीं जा सकता। स्वाभाविक बुराई का निवारण नहीं किया जा सकता।"

➢ **साहसे श्रीः प्रतिवसति।** अङ्क-4, पेज-118

भावार्थ- चतुर्थ अङ्क में शर्विलक अपनी चोरी का गुणगान करते हुए मदनिका से कहता है, अज्ञे! "साहस में लक्ष्मी निवास करती हैं।"

➢ **सुजनः खलु भृत्यानुकम्पकः स्वामी निर्धनकोऽपि शोभते।** (3/1)

भावार्थ- चेट कहता है, "सेवकों पर दया करने वाला सज्जन स्वामी धनहीन होता हुआ भी शोभित होता है।"

➢ **स्त्रियो हि नाम खल्वेता निसर्गादेव पण्डिताः।**
पुरुषाणां तु पाण्डित्यं शास्त्रैरेवोपदिश्यते॥ (4/19)

भावार्थ- शर्विलक मदनिका से कहता है, "स्त्रियाँ तो वस्तुतः स्वभाव से ही कुशल होती हैं, पुरुषों की कुशलता तो शास्त्रों के द्वारा ही सिखायी गयी होती है।"

➢ **स्त्रीषु न रागः कार्यो रक्तं पुरुषं स्त्रियः परिभवन्ति।**
रक्तैव हि रन्तव्या विरक्तभावा तु हातव्याः॥ (4/13)

भावार्थ- शर्विलक कहता है, "स्त्रियों पर प्रेम नहीं करना चाहिए, स्त्रियाँ प्रेमी पुरुष को भी तिरस्कृत कर देती हैं। प्रेम करने वाली स्त्री के साथ ही रमण करना चाहिए, प्रेमहीन स्त्री को तो त्याग ही देना चाहिए।"

➢ **स्वके गेहे कुक्कुरोऽपि तावच्चण्डो भवति किं पुनरहं ब्राह्मणः।**
अङ्क-1,पेज-36

भावार्थ- रदनिका को शकार द्वारा पकड़ने पर विदूषक क्रोधपूर्वक डण्डा उठाकर कहता है, अरे! "अपने घर में तो कुत्ता भी बलवान् होता है फिर मैं ब्राह्मण तो क्या।"

➢ **स्वैर्दोषैर्भवति हि शङ्कितो मनुष्यः।** (4/2)

भावार्थ- शर्विलक कहता है, "वस्तुतः मनुष्य अपने दोषों के कारण शङ्कित हो जाता है।"

मृच्छकटिकम् के प्रमुख पात्रों का सामान्य परिचय

चारुदत्त

- चारुदत्त मृच्छकटिकम् का नायक है। नायक कोटियों के अनुसार चारुदत्त 'धीरप्रशान्त' कोटि का नायक है।
- दशरूपक के अनुसार धीरप्रशान्त का लक्षण है-
  'सामान्यगुणयुक्तस्तु धीरशान्तो द्विजादिकः'
- चारुदत्त उज्जयिनी का एक उदार, दयालु और परोपकारी ब्राह्मण युवक है।
- उसके पूर्वज व्यापारी थे, चारुदत्त भी व्यापार करके अत्यधिक धन-सम्पत्ति अर्जित किया था, किन्तु अपनी अतिशय उदारता और दानशीलता से अत्यन्त दरिद्र हो जाता है।
- कोई व्यक्ति अथवा सेवक जब प्रशंसनीय कार्य करते हैं, तब चारुदत्त उन्हें कुछ न कुछ पुरस्कार अवश्य देता है। इन्हीं गुणों से वसन्तसेना नामक गणिका उस पर मुग्ध हो जाती है।
- चारुदत्त अपराधी के प्रति भी क्रोध नहीं करता और शरण में आये की रक्षा करता है।
- चारुदत्त को अपनी प्रतिष्ठा और चरित्र की विमलता का भी ध्यान है।
- मृत्युदण्ड पाने पर भी उसे डर नहीं है, डर है तो केवल अपयश का।
  'न भीतो मरणादस्मि केवलं दूषितं यशः।'
- चारुदत्त संगीत, कलाप्रेमी तथा धार्मिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। एक प्रकरण के नायक के सभी गुण उसके चरित्र में विद्यमान हैं।

वसन्तसेना

- वसन्तसेना इस प्रकरण की नायिका है। नायिका प्रकार की दृष्टि से वह साधारण स्त्री/गणिका/वेश्या और प्रगल्भा नायिका है।
- वह भी उज्जयिनी की ही एक वैभवशालिनी गणिका है, उसके भवन कुबेर के समान समृद्धशाली हैं।
- वसन्तसेना उदारहृदया स्त्री है, वह अपरिचित संवाहक को भी अभयदान तथा मदनिका को दासता से मुक्तकर देती है। रोहसेन की गाड़ी के लिए वह अपने आभूषण दे देती है।
- वसन्तसेना एक बुद्धिमती, कला-कुशल तथा विदुषी नारी है। वह चारुदत्त का चित्र बनाकर मदनिका को दिखाती है।
- वसन्तसेना ऐश्वर्यशालिनी होते हुए भी सामाजिक संरचना के ज्ञान से अछूती नहीं है, वह जानती है कि वह एक गणिका है और चारुदत्त के अन्तःपुर में प्रवेश करने का अधिकार नहीं रखती-
  "मन्दभागिनी खल्वहं तवाभ्यान्तरस्य।"
- अत्यन्त प्रेम के आवेग से वह वध्यस्थल पर पहुँच जाती है तथा 'कुलवधू' पद को प्राप्त करती है।
- इस प्रकार वसन्तसेना ने अत्यन्त उदार हृदय, अनन्य प्रेम तथा अपूर्व त्याग आदि गुणों से गणिका होने की कालिमा को प्रक्षालित करके एक साध्वी नारी के पद को सुशोभित किया है।

शकार

- 'शकार' महाकविशूद्रक का कल्पनाप्रसूत पात्र है। यह मृच्छकटिकम् का प्रतिनायक है।
- दशरूपक के अनुसार प्रतिनायक लोभी, धीरोद्धत, जड़ प्रकृति वाला,पापी और व्यसनी होता है। शकार भी मूर्खता, प्रवञ्चना, पाप और कायरता आदि दुर्गुणों से परिपूर्ण है।
- शकार किसी रखेली का पुत्र है (काणेलीमातः), राजा पालक की रखेली का भाई, राजा का साला और संस्थानक भी है। वह शकारी प्राकृत बोलता है।
- शकार राजश्यालक होने के कारण अत्यन्त घमण्डी है। वह न्यायालय में धमकी देकर चारुदत्त को दण्ड दिलवाता है।
- उसे पद और धन का भी अभिमान है , इसीलिए वह अपने आपको **'देवपुरुष मनुष्य वासुदेव'** कहता है।
- वह अत्यन्त मूर्ख है और इतिहास विरुद्ध उपमाएं देता है जैसे-
  'द्रोणपुत्रो जटायुः'
- वह दुराग्रही और अस्थिर चित्त वाला है। विट और चेट को कपटपूर्वक हटाकर वह वसन्तसेना का गला घोंट देता है और चारुदत्त पर अभियोग चलाता है।
- शकार के चरित्र में प्रायः सभी दुर्गुणों का पुञ्ज दिखायी देता है।
- वह केवल लम्पट, मूर्ख और धूर्त ही नहीं अपितु मनुष्य रूप में राक्षस ही कहा जा सकता है।

विदूषक

- 'मैत्रेय' मृच्छकटिकम् का विदूषक है।
- दशरूपक के अनुसार वह नायक का सहायक तथा हँसी उत्पन्न करता है- **'हास्यकृच्च विदूषकः'।**
- मैत्रेय, चारुदत्त का सच्चा मित्र है। चारुदत्त की दरिद्रावस्था में

भी वह साथ नहीं छोड़ता। इधर-उधर अपनी उदरपूर्ति करते हुए वह चारुदत्त की सहायता करता है।

- वह चारुदत्त को वेश्या-प्रसंग से हटाना चाहता है। अतः वसन्तसेना को भी घृणित निगाह से देखता है।
- चारुदत्त पर मिथ्या आरोप लगाने पर वह न्यायालय में ही शकार से लड़ बैठता है। चारुदत्त के विना वह जीवित नहीं रहना चाहता।
- मैत्रेय, क्रोधी, भीरु तथा साधारण कोटि का समझदार व्यक्ति है। वह चारुदत्त से कहता है कि जब पूजा करने पर भी देवता प्रसन्न नहीं होते तो देवपूजा से क्या लाभ?
- कहीं-कहीं भोजनप्रिय और पेटू के रूप में विदूषक का दर्शन होता है।
- अतः मैत्रेय एक व्यावहारिक मनुष्य है। वह एक सच्चा मित्र है,यद्यपि बुद्धिमान् मित्र नहीं।

शर्विलक

- शर्विलक चौर्यकला में निपुण तथा प्रेमी हृदय वाला ब्राह्मण है।
- वह चोरी को अच्छा नहीं समझता, केवल स्वतन्त्र व्यवसाय मानकर ही उसे ग्रहण करता है-

''स्वाधीना वचनीयताऽपि हि वरं बद्धो न सेवाञ्जलिः।''

- शर्विलक बुद्धिमान् तथा गुणग्राहक है। वह आपत्ति में मित्र का साथ देता है।
- अत्यन्त परिश्रम से प्राप्त हुई भी मदनिका को छोड़कर वह अपने मित्र आर्यक को बचाने जाता है।
- वह षड्यन्त्र करने में भी कुशल है।

मदनिका

- मदनिका, वसन्तसेना की क्रीतदासी तथा शर्विलक की प्रेयसी है।
- वसन्तसेना उस पर अत्यधिक विश्वास करती है, वह भी वसन्तसेना से अधिक प्रेम करती है।
- चारुदत्त के घर चोरी की बात सुनकर वह मूर्च्छित हो जाती है। वह शर्विलक को सद्गृहिणी की भाँति सत्सम्मति देती रहती है। वसन्तसेना को भी समय-समय पर अच्छे विचार देती है, इसीलिए वसन्तसेना उसकी प्रशंसा करती है-

'साधु मदनिके साधु'

- मदनिका डरती नहीं है, वह शर्विलक जैसे साहसी की पत्नी होने योग्य है।
- उसने दासता से मुक्ति पाकर एक कुशल गृहणी का पद प्राप्त कर लिया है।

धूता

- धूता चारुदत्त की विवाहिता पत्नी है।
- वह एक पतिव्रता नारी तथा पति की अपकीर्ति से डरती है। इसी अपयश से बचाने के लिए वह अपना बहुमूल्य 'रत्नावली' आभूषण, वसन्तसेना के पास भेज देती है।
- धूता अत्यन्त उदार और सरल स्वभाव की है। वह वसन्तसेना से ईर्ष्या नहीं करती और अपने पति के प्रति क्रोध भी नहीं करती।
- पति के अनिष्ट को सुनकर वह अपना प्राण त्याग देना चाहती है।
- वह एक सच्ची पतिव्रता भारतीय नारी है।

संवाहक

- संवाहक पाटलिपुत्र का मूलनिवासी है तथा आजीविका की तलाश में उज्जयिनी आकर चारुदत्त के घर नौकरी करता है।
- चारुदत्त के दरिद्र होने पर वह द्यूतक्रीडा से अपनी आजीविका चलाता है।
- द्यूत में सर्वस्व हार कर वह वसन्तसेना द्वारा मुक्त कराया जाता है।
- इसी लिए संसार से विरक्त होकर वह बौद्धभिक्षु बन जाता है।

विट

- यह सहृदय और बुद्धिमान पात्र है।
- वसन्तसेना की चारुदत्त के प्रति प्रेम देखकर वह वसन्तसेना की प्रशंसा करता है तथा यथासम्भव सहायता भी करता है।
- वह पाप का विरोध करता है और शकार का साथ छोड़कर चला जाता है।

चेट

- इसका नाम स्थावरक है और यह शकार का यानवाहक है।
- चेट को परलोक का भी भय है, सज्जनों के प्रति प्रेम एवं सम्मान है।
- वह स्वयं विपत्ति में पड़कर भी अकार्य नहीं करता तथा चारुदत्त की रक्षा का प्रयास करता है।

अधिकरणिक

- यह 'मृच्छकटिकम्' का न्यायाधीश है।
- अधिकरणिक पवित्र-हृदय वाला एवं न्याय-प्रिय है।
- वह सज्जनता का सम्मान करता है और सच्चाई को ढूँढना चाहता है, किन्तु डरपोक भी है तथा राजश्यालक के दबाव में उचित न्याय नहीं कर पाता।

रोहसेन

- यद्यपि पूरे प्रकरण में रोहसेन की बहुत बड़ी भूमिका नहीं है, फिर भी मृच्छकटिकम् नाम की सार्थकता से रोहसेन का सीधा सम्बन्ध है।
- रोहसेन चारुदत्त और धूता का पुत्र है।
- वह मिट्टी की गाड़ी से नहीं खेलना चाहता और स्वर्ण की गाड़ी के लिए जिद करता है। इसी कारण इस प्रकरण का नाम मृत्+ शकटिकम् = 'मृच्छकटिकम्' पड़ा है।

मृच्छकटिक का नामकरण

मृत्+शकटिका
उपर्युक्त संहिता में तकार के बाद 'श' है, अतः **'स्तोः श्चुना श्चुः'** सूत्र से 'त' के स्थान पर 'च' होगा - मृच्+शकटिका
अब **'शश्छोऽटि'** सूत्र से 'श' के स्थान पर 'छ' आदेश हुआ-मृच् + छकटिका = मृच्छकटिका

- इस प्रकार ग्रन्थवाची पद होने के कारण नपुंसकलिङ्ग एकवचन

में 'मृच्छकटिकम्' बना। इसका हिन्दी अर्थ होगा- 'मिट्टी की गाड़ी'।

- 'मृदः शकटिका यस्मिन् इति मृच्छकटिकम्'- **बहुव्रीहि समास**
- साहित्यदर्पण के अनुसार प्रकरण का नाम, नायक- नायिका के नाम पर होना चाहिए- **'नायिकानायकाख्यानात् - संज्ञा प्रकरणादिषु।'**
- मृच्छकटिक एक प्रकरण है, अतः इसका नामकरण इसके छठवें अङ्क में वर्णित एक विशेष घटना के आधार पर किया गया है।
- चारुदत्त का पुत्र रोहसेन, पड़ोसी बच्चे की गाड़ी को देखकर मिट्टी की गाड़ी से नहीं खेलता और सोने की गाड़ी माँगता है। रदनिका के बहलाने पर भी नहीं मानता, इस पर वसन्तसेना अपने आभूषण, स्वर्ण शकटिका बनवाने के लिए उसके मिट्टी की गाड़ी पर लाद देती है।
- इसप्रकार पूरे प्रकरण में 'मिट्टी की गाड़ी' सम्बन्धी घटना विशेष महत्त्व रखती है।
- इसलिए 'मृच्छकटिकम्' नाम अत्यन्त ही उपयुक्त है।

पात्र- परिचय

पुरुष-पात्र

1. **सूत्रधार-** प्रधान नट एवं मञ्च का व्यवस्थापक।
2. **चारुदत्त-** नायक, उज्जयिनी का ब्राह्मण व्यापारी।
3. **मैत्रेय-** विदूषक एवं चारुदत्त का परम मित्र।
4. **शकार-** प्रतिनायक, राजा पालक का साला, संस्थानक।
5. **विट-** शकार का सहचर।
6. **चेट-** शकार का सेवक।
7. **माथुर-** सभिक, प्रधान जुआरी
8. **दर्दुरक-** जुआरी
9. **संवाहक-** चारुदत्त का भूतपूर्व नौकर, जुआरी एवं बौद्धभिक्षु।
10. **कर्णपूरक-** वसन्तसेना का सेवक।
11. **शर्विलक-** मदनिका का प्रेमी ब्राह्मण, चोर।
12. **वर्धमानक (चेट)-** चारुदत्त का यानवाहक।
13. **बन्धुल-** बन्धुल, वसन्तसेना का आश्रित।
14. **कुम्भीलक-** वसन्तसेना का दास।
15. **चेट-** वसन्तसेना का दास।
16. **विट-** वसन्तसेना का शृङ्गार-सहचर।
17. **रोहसेन-** चारुदत्त का पुत्र।
18. **आर्यक-** गोपाल-बालक, राजा पालक का कैदी, बाद में राजा।
19. **स्थावरक चेट-** शकार का यानवाहक।
20. **वीरक-** पालक का सेनापति, रक्षक
21. **चन्दनक-** पालक का सेनापति, रक्षक
22. **शोधनक-** न्यायालय का नौकर।
23. **अधिकरणिक-** न्यायाधीश।
24. **श्रेष्ठी-** नगर का प्रतिष्ठित पुरुष, न्याय करने में न्यायाधीश का सहायक।
25. **कायस्थ-** न्यायालय का लेखक (पेशकार)
26. **चाण्डाल-** फाँसी देने वाले जल्लाद

स्त्री-पात्र

1. **नटी-** सूत्रधार की पत्नी।
2. **वसन्तसेना-** नायिका, उज्जयिनी की प्रसिद्ध गणिका।
3. **मदनिका-** वसन्तसेना की क्रीतदासी, शर्विलक की प्रेयसी।
4. **रदनिका-** चारुदत्त की परिचारिका।
5. **धूता-** चारुदत्त की पत्नी।
6. **चेटी-** वसन्तसेना की दासी।
7. **छत्रधारिणी-** वसन्तसेना की सेविका।
8. **चेटी-** चारुदत्त की दासी।
9. **वृद्धा-** वसन्तसेना की माता।

मञ्च पर न आने वाले पात्र

1. **जूर्णवृद्ध-** चारुदत्त का मित्र।
2. **पालक-** अवन्ती का राजा।
3. **रेभिल-** चारुदत्त का मित्र, गायक।
4. **सिद्ध-** आर्यक की राज्य-प्राप्ति का भविष्य वक्ता।

मृच्छकटिक का मङ्गलाचरण

पर्यङ्कग्रन्थिबन्धद्विगुणितभुजगाश्लेषसंवीतजानो
रन्तः प्राणावरोधव्युपरतसकलज्ञानरुद्धेन्द्रियस्य।
आत्मन्यात्मानमेव व्यपगतकरणं पश्यतस्तत्त्वदृष्ट्या
शम्भोर्वः पातु शून्येक्षणघटितलयब्रह्मलग्नः समाधिः॥ (1/1)

भावार्थ- पर्यङ्क नामक योगासन में सन्धि-स्थल पर बाँधने से द्विगुणित सर्प के लपेटने से जिस शिव के घुटने बँधे हुए हैं, योग-बल के द्वारा प्राणवायु को भीतर ही रोक देने से जिसकी समस्त इन्द्रियाँ बाह्य ज्ञान से विरत तथा संयत हो गई हैं, जिसने यथार्थ ज्ञान के द्वारा इन्द्रिय-व्यापार निरोधपूर्वक अपने भीतर आत्मा का दर्शन किया है, उस शिव की समाधि जो निराकार ब्रह्म के दर्शन में होने वाली एकाग्रता के कारण ब्रह्म में लगी हुई है- आप सब सभासदों की रक्षा करें।

पातु वो नीलकण्ठस्य कण्ठः श्यामाम्बुदोपमः।
गौरीभुजलता यत्र विद्युल्लेखेव राजते॥ (1/2)

भावार्थ- शिवजी के काले बादल जैसा कण्ठ, जिसमें पार्वती की गौरवर्ण भुजा रूपी लता विद्युत् पंक्ति के समान शोभित होती है, आप सब की रक्षा करें।

- मृच्छकटिक के मङ्गलाचरण में भगवान् शिव की स्तुति की गयी है।
- रूपक की निर्विघ्न समाप्ति के लिए नाटक के प्रारम्भ, मध्य और अन्त में माङ्गलिक पद्यों के प्रयोग का विधान है।
  'ग्रन्थादौ ग्रन्थमध्ये ग्रन्थान्ते च मङ्गलम् आचरेत्।'
- नाट्य की भाषा में इसी माङ्गलिक पद्य को 'नान्दी' कहते हैं-
  'नन्दन्ति देवता अस्यामिति नान्दी।'
- मृच्छकटिक के मङ्गलाचरण के रूप में दो पद्यों का प्रयोग

हुआ है।

- मृच्छकटिक में आशीर्वादात्मक तथा कथावस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण का प्रयोग है।
- द्वितीय श्लोक में समासोक्ति के माध्यम से कथावस्तु का निर्देश है, अतः **'पत्रावली नान्दी'** है।
- मृच्छकटिक में **'अष्टपदा नान्दी'** का प्रयोग हुआ है।
- किसी छन्द के चतुर्थांश/पाद/चरण को एक पद मानने पर- चार पद प्रथम श्लोक में +चार पद द्वितीय श्लोक में। क्योंकिं दोनों श्लोकों के माध्यम से स्तुति की गयी है अतः चार+चार = आठ। अर्थात् अष्टपदा नान्दी।
- नान्दी पाठ का कर्त्ता सूत्रधार होता है।
- मृच्छकटिक के प्रथम पद्य में 'स्रग्धरा छन्द' और द्वितीय में पथ्यावक्त्र छन्द है तथा उपमा, रूपक तथा अनुप्रास अलङ्कारों का प्रयोग हुआ है।

मृच्छकटिक का भरतवाक्य

क्षीरिण्यः सन्तु गावो भवतु वसुमती सर्वसम्पन्नसस्या
पर्जन्यः कालवर्षी सकलजनमनोनन्दिनी वास्तु वाताः।
मोदन्तां जन्मभाजः सततमभिमता ब्राह्मणाः सन्तु सन्तः
श्रीमन्तः पान्तु पृथ्वीं प्रशमितरिपवो धर्मनिष्ठाश्च भूपाः॥
(10/61)

भावार्थ- गौएँ प्रचुर दूध देने वाली हों, पृथ्वी सभी धान्यों से पूर्ण हो, मेघ समय पर बरसने वाला हो, समस्त जनों के मन को आनन्दित करने वाली वायु चले प्राणधारी हमेशा सुखी रहें, पूज्य ब्राह्मण लोग उत्तम शील वाले हों, समृद्धिशाली, शत्रुओं का नाश करने वाले तथा धर्मनिष्ठ राजा पृथ्वी का पालन करें।

- नाटक के अन्त में प्रशस्ति रूप में वर्णित श्लोक को भरतवाक्य कहते हैं।
- भरतवाक्य में लोक कल्याण की कामना की जाती है।
- नाट्य के जन्मदाता आचार्य भरत के सम्मानार्थ प्रयोग होता है।
- सूत्रधार अथवा सारे पात्र संयुक्त रूप से भरतवाक्य बोलते हैं।
- मृच्छकटिक के भरतवाक्य में 'स्रग्धरा छन्द' एवं 'काव्यलिङ्ग' अलङ्कार प्रयुक्त है।

मृच्छकटिकम् बिन्दुवार अध्ययन

- मृच्छकटिकस्य रचयितुर्नाम - **शूद्रकः**
- शूद्रकस्य का रचना अस्ति - **मृच्छकटिकम्**
- शूद्रकेन मानभूतं प्रकरणनाट्यं निर्मितमासीत् - **मृच्छकटिकम्**
- मृच्छकटिकम् इत्यस्य पदस्य हिन्दीभाषायाम् अर्थोऽस्ति - **मिट्टी की गाड़ी**
- 'मृच्छकटिकम्' किस प्रकार का रूपक ग्रन्थ है?- **प्रकरण**
- प्रकरणस्य उदाहरणं भवति - **मृच्छकटिकम्**
- मृच्छकटिकस्य नान्दीपाठे कस्याः देवतायाः समाधेः माध्यमेन रक्षाकामना कृताऽस्ति? - **शङ्करस्य**
- 'मृच्छकटिकम्' की कथा किसमें समायोजित है?- **अङ्कों में**
- 'मृच्छकटिके' कति अङ्काः सन्ति? - **दश**
- 'मृच्छकटिकम्' का नायक कौन है? - **चारुदत्त**
- 'मृच्छकटिकम्' की नायिका है - **कुलजा/वेश्या दोनों**
- चारुदत्तः कस्मिन् रूपके नायकः - **मृच्छकटिके**
- 'चारुदत्त' किस श्रेणी का नायक है? - **धीरप्रशान्त**
- प्रकरण का नायक होता है - **धीरप्रशान्त**
- शकारी प्राकृत का प्रयोग किस नाटक में है- **मृच्छकटिकम्**
- चारुदत्तस्य परिचारिका का? - **रदनिका**
- चारुदत्तस्य सेवकस्य नाम - **संवाहकः**
- शर्विलकस्य प्रेमिकायाः नाम - **मदनिका**
- मृच्छकटिकप्रकरणस्य षष्ठाङ्कस्य नाम - **प्रवहणविपर्ययः**
- 'मृच्छकटिक' प्रकरण के प्रथम अङ्क का नाम है? -**अलङ्कारन्यासः**
- 'मृच्छकटिके' कियन्तः प्राकृतभेदाः प्रयुक्ताः?- **सात**
- मृच्छकटिके .... नाम 'मदनिका-शर्विलकः' अस्ति? -**चतुर्थाङ्कस्य**
- मृच्छकटिकस्य संस्थानकः? - **शकारः**
- धीरप्रशान्तः नायकः कस्य रूपकस्य वर्तते? -**मृच्छकटिकस्य**
- रोहसेनः इति पात्रं कस्मिन् नाटके वर्तते? - **मृच्छकटिके**
- 'मृच्छकटिकम्' की नायिका कौन है? - **वसन्तसेना**
- मृच्छकटिकस्य तृतीयाङ्कस्य नाम किम्? - **सन्धिच्छेदः**
- वसन्तसेनाचारुदत्तयोः चित्रणं कस्मिन् नाटके स्तः? -**मृच्छकटिकम्**
- मैत्रेय विदूषक किस नाटक से सम्बद्ध है?- **मृच्छकटिकम्**
- मृच्छकटिकम् में विदूषक का नाम क्या है? - **मैत्रेय**
- मृच्छकटिके नायकस्य भार्यास्ति - **धूता**
- 'धूता' किस कृति से सम्बन्धित है - **मृच्छकटिकम्**
- कौन-सी नारी पात्र मृच्छकटिकम् में नहीं है? **वसन्तसेना की सखी**
- शकार पात्र का वर्णन किस नाटक में है?- **मृच्छकटिकम्**
- मृच्छकटिके कः नाट्यमञ्चे न दृश्यते - **जूर्णवृद्धः**
- 'मृच्छकटिके' शर्विलकोऽस्ति - **पताकानायकः**
- शर्विलक पात्र विशेष है - **मृच्छकटिके**
- कौन चारुदत्त के घर में सेंध लगाकर वसन्तसेना के गहने चुरा लेता है? - **शर्विलक**
- मृच्छकटिके चौरकर्मनिपुणः शर्विलकोऽस्ति? - **ब्राह्मणः**
- चारुदत्त के पुत्र का क्या नाम है? - **रोहसेन**
- 'रदनिका' इति स्त्रीपात्रं तिष्ठति? - **मृच्छकटिके**

- 'मृच्छकटिकम्' में कौन संस्कृत नहीं बोलता है?- **वसन्तसेना**
- 'मृच्छकटिके' वसन्तसेनां मृत्युमुखात् कः रक्षति? - **संवाहकः**
- 'सन्धिच्छेदकर्मणः' वर्णनं प्राप्यते - **मृच्छकटिके**
- अधस्तनेषु उपजीव्यमहाकाव्याश्रितं नास्ति- **मृच्छकटिकम्**
- किस नाटक में सर्वाधिक शोषित, दलित एवं उपेक्षित वर्ग का सहानुभूतिपूर्ण चित्रण हुआ है? -**मृच्छकटिकम्**
- शूद्रक द्वारा लिखी हुई प्राचीन भारतीय पुस्तक मृच्छकटिकम् का विषय था - **एक निर्धन व्यापारी और एक गणिका की पुत्री की प्रेमगाथा।**
- शकटविपर्यास किसमें होता है? - **मृच्छकटिकम्**
- 'मृच्छकटिके' राजश्यालकस्य भाषा अस्ति - **शकारी**
- किस नाटक मे रथ परिवर्तन से कथानक आगे चलता है -**मृच्छकटिकम्**
- अभिसारिकाओं (वेश्याओं) का बाहुल्य से वर्णन है? - **मृच्छकटिकम्**
- 'अल्पक्लेशं मरणं दारिद्र्यमनन्तकं दुःखम्' इति वाक्यं कः कं प्रति कथयति- **चारुदत्तः विदूषकं प्रति**
- 'समरव्यसनी प्रमादशून्यः' इति एतद्वर्णनं कस्य कवेः? - **शूद्रकस्य**
- 'हृदये गृह्यते नारी' सूक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है - **मृच्छकटिकम्**
- ''लिम्पतीव तमोङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्विफलतां गता'' यह पंक्ति जिस ग्रन्थ से है वह है - **मृच्छकटिकम्**
- ''वेश्याः श्मशानसुमना इव वर्जनीयाः'' पंक्ति ग्रहण की गई है - **मृच्छकटिके**
- ''स्त्रियो हि नाम खल्वेता निसर्गादेव पण्डिताः। पुरुषाणान्तु पाण्डित्यं शास्त्रैरेवोपदिश्यते।।'' प्रस्तुत श्लोक किस पुस्तक से उद्धृत है? - **मृच्छकटिकम्**
- 'मृच्छकटिकम्' में है- **अहो निर्धनता सर्वापदामास्पदम्**
- 'छिद्रेष्वनर्था बहुलीभवन्ति' यह सूक्ति कहाँ लिखित है - **मृच्छकटिक में**
- 'द्वयमिदमतीव लोके प्रियं नराणां सुहृच्च वनिता च' यह श्लोकांश किस ग्रन्थ का है - **मृच्छकटिकम्**
- ''एष क्रीडति कूपयन्त्रघटिकान्यायप्रसक्तो विधिः'' यह सूक्ति किस रचना से है - **मृच्छकटिकम्**
- 'अयं हि पातकी विप्रो न वध्यो मनुरब्रवीत्'– यह कथन किसका है - **अधिकरणिक**
- 'केनोडुपेन परलोकनदीं तरिष्ये' यह कथन किसका है?- **विट**
- ''सुजनः खलु भृत्यानुकम्पकः स्वामी निर्धनकोऽपि शोभते। पिशुनः पुनर्द्रव्यगर्वितो दुष्करः खलु परिणामदारुणः''। कुत्र वर्तते - **मृच्छकटिके** - **मृच्छकटिकम्/शूद्रक**
- 'अपेयेषु तडागेषु बहुतरमुदकं भवति'–वचनमिदं कस्मिन्नाटके दृश्यते? - **मृच्छकटिके**
- 'समन्तत उपस्थित एष राष्ट्रियबन्धः'–'राष्ट्रियबन्धः' का अभिप्राय है - **राजा का बन्धन**
- 'मतिस्तु गौः पङ्कगतेव सीदति' – कथन किसका है? - **अधिकरणिक**
- ''उपासिके! त्वं किल चारुदत्तेन मारितासीति'' – उपासिका का सम्बन्ध है - **बौद्धधर्म से**
- संसार में दरिद्र के समान नहीं है- **म्यान विहीन तलवार**
- 'मांसवृक्षैरियं मूर्खैर्भाराक्रान्ता वसुन्धरा' – किसका कथन है - **विट**
- अदृश्यरूपा चपला जरेव या मनुष्यसत्वं परिभूय वर्धते का? - **निद्रा**
- 'न भीतो मरणादस्मि' कस्येदं वचनम्? - **चारुदत्तस्य**
- मृच्छकटिके कस्य नामपरिवर्तनं जातम्? - **संवाहकस्य**
- 'लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः'-कस्य वचनमिदम् - **विटस्य**
- 'रमणाभिमुखाः स्त्रियः' किं न गणयन्ति - **शीतोष्णाम्**

4.10 किरातार्जुनीयम्

महाकवि भारवि का परिचय

- **पिता** – (i) श्रीधर, (ii) नारायणस्वामी (अवन्तिसुन्दरीकथा के अनुसार)
- **माता** – सुशीला
- **पत्नी** – रसिकवती या रसिका
- **पुत्र** – मनोरथ
- **मूल नाम** – दामोदर
- **गोत्र** – कुशिक
- **जन्म स्थान** – (i) दक्षिण भारत में नासिक प्रदेश के **'अचलपुर'** (एलिचपुर), (ii) धारानगरी (अवन्तिसुन्दरी कथा के अनुसार)
- **समय** – छठवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध/सातवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध

भारवि की वंशपरम्परा

नारायणस्वामी (श्रीधर) – (भारवि के पिता)
↓
भारवि – (दण्डी के प्रपितामह)

↓
मनोरथ – (दण्डी के पितामह)
↓
वीरदत्त-गौरी – (दण्डी के पिता-माता)
↓
दण्डी – (भारवि के प्रपौत्र)

- **सम्प्रदाय** – शैव
- **उपाधि** – 'आतपत्र भारवि'
- **''आधत्ते कनकमयातपत्रलक्ष्मीम्'' (किरात. 5.39)** इस श्लोक में **'कनकमय आतपत्र'** (सोने का छाता) की उपमा को अति सुन्दर मानकर आलोचकों ने कवि का नाम ही **'आतपत्र भारवि'** रख दिया।
- **आश्रयदाता** – 1. विष्णुवर्द्धन (पुलकेशिन द्वितीय के अनुज), 2. सिंहविष्णु (अवन्तिसुन्दरीकथा के अनुसार), 3. दुर्विनीत, 4. महेन्द्रविक्रम (सिंहविष्णु का पुत्र)
- राजा दुर्विनीत ने 'किरातार्जुनीयम्' के 15वें सर्ग पर संस्कृतटीका लिखी।
- 'भारवि' **दण्डी के प्रपितामह** हैं।
- भारवि की वाणी को **'प्रकृतिमधुरा'** कहा जाता है।
- भारवि महाकाव्यों में **'अलङ्कृतकाव्यशैली'** या **'रीतिशैली' के जन्मदाता हैं।** इनके काव्यमार्ग को **विचित्रमार्ग** कहते हैं।
- श्री एन. सी. चटर्जी भारवि को **'ट्रावनकोर' का निवासी** सिद्ध करते हैं।
67. (B) **68.** (D) **69.** (B) **70.** (A) **71.** (C) **72.** (B)
73. (B) **74.** (A) **75.** (A) **76.** (A) **77.** (A) **78.** (B)
79. (D) **80.** (D) **81.** (B) **82.** (C) **83.** (B) **84.** (D)
85. (C) **86.** (D) **87.** (A) **88.** (C) **89.** (A) **90.** (B)
91. (C) **92.** (C) **93.** (C) **94.** (B) **95.** (A) **96.** (B)
97. (B) **98.** (B) **99.** (B) **100.** (B)

4.11 महाकवि-माघ का शिशुपालवधम्

➢ शिशुपालवध-नामक महाकाव्य के रचयिता महाकवि माघ हैं। इन्हें विद्वानों ने श्रेष्ठ महाकाव्य का प्रणेता माना है-

काव्येषु माघः

➢ भारवि के द्वारा प्रवर्तित विचित्र-मार्ग को माघ ने बहुत ऊँचाई पर पहुँचाया तथा भारवि से आगे बढ़ने का सफल प्रयास किया।

➢ माघ के **पितामह सुप्रभदेव** थे जो राजा वर्मलात (या श्रीवर्मल) के सर्वाधिकारी अर्थात् दीवान थे। वे पुण्यात्मा, अनासक्त तथा सात्त्विक वृत्ति के पुरुष थे-

सर्वाधिकारी सुकृताधिकारी श्रीवर्मलाख्यस्य बभूव राज्ञः।
असक्तदृष्टिर्विरजाः सदैव देवोऽपरः सुप्रभदेवनामा।।

➢ सुप्रभदेव के पुत्र का नाम 'दत्तक' था जो अत्यन्त उदार, क्षमाशील, कोमल स्वभाव के एवं धर्मपरायण थे।

➢ इन्हें लोग 'सर्वाश्रय' भी कहते थे क्योंकि सबकी सहायता के लिए वे तत्पर रहते थे।इन्हीं दत्तक के पुत्र महाकवि माघ थे।

➢ माघ सूर्य-पूजक थे।

➢ माघ की मृत्यु 'पादशोथ'-रोग से हुई।

निवासस्थान-

➢ माघ का निवासस्थान श्रीमाल या भिन्नमाल नामक नगर में था।यह नगर अभी माउंटआबू से 40 मील पूर्व जोधपुर प्रमण्डल (राजस्थान) में अवस्थित है।यह नगर उस समय गुर्जर राज्य की राजधानी के रूप में प्रसिद्ध था

➢ श्रीमाल (भीनमाल) में संस्कृत विद्या का महान् केन्द्र था, अनेक विद्याएँ यहाँ पढ़ायी जाती थीं।

➢ वर्मलात नामक राजा इसी नगर में रहते थे। माघ के पितामह उनके प्रधानमन्त्री थे। माघ का परिवार बहुत धनाढ्य था जगत्स्वामी सूर्य के मन्दिर के ये लोग उपासक थे। माघ अनेक शास्त्रों के विद्वान् थे, राजाश्रित होने के कारण अनेक शास्त्रों के अध्ययन की सुविधा इन्हें प्राप्त थी।

माघ का समय-

➢ माघ को 675 ई. के अनन्तर माना जा सकता है। अधिकतर विद्वान् 700 ई. के आसपास ही माघ को स्वीकार करने के पक्षधर हैं।

शिशुपालवध-

➢ यह महाकवि माघ की एकमात्र कृति 20 सर्गों के महाकाव्य के रूप में है।

➢ इसमें 1645 पद्य हैं, पन्द्रहवें सर्ग में 34प्रक्षिप्त श्लोक हैं जिनकी व्याख्या मल्लिनाथ ने नहीं की है। पाँच पद्य कविवंश वर्णन के हैं उन्हें मिलाकर माघ की रचना 1650 पद्यों की है।,

शिशुपालवध की कथा

➢ **सर्ग 1**- देवर्षि नारद का द्वारका में आगमन,श्रीकृष्ण द्वारा

उनका सत्कार, नारद द्वारा शिशुपाल के पूर्वजन्मों तथा उसके अत्याचारों का वर्णन, शिशुपाल को मारने के लिए प्रेरित करना।

- **सर्ग 2**- श्रीकृष्ण, बलराम और उद्धव की मन्त्रणा,बलराम का शिशुपाल पर आक्रमण का प्रस्ताव किन्तु उद्धव का नीतिपूर्ण प्रस्ताव कि इस विषय में शीघ्रता न करके युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में सेना-सहित भाग लें।
- **सर्ग 3**- द्वारका से श्रीकृष्ण का इन्द्रप्रस्थ के लिए प्रस्थान। नगरी, सेना और समुद्र का वर्णन।
- **सर्ग 4**- रैवतक पर्वत का वर्णन।
- **सर्ग 5**- रैवतक पर सैन्य-शिविर की स्थापना।
- **सर्ग 6**- छह ऋतुओं का द्रुतविलम्बित छन्द में 'यमक' का निवेश करते हुए वर्णन।
- **सर्ग 7**- वन-विहार-वर्णन
- **सर्ग 8**- जलक्रीडा-रात्रि-विहार का वर्णन।
- **सर्ग 9**- सन्ध्या, चन्द्रोदय तथा शृङ्गार-विधान का वर्णन।
- **सर्ग 10**- पान-गोष्ठी एवं रात्रि-विहार का वर्णन।
- **सर्ग 11**- प्रभात-वर्णन।
- **सर्ग 12**- श्रीकृष्ण का पुनः प्रस्थान तथा यमुना नदी का वर्णन।
- **सर्ग 13**- श्रीकृष्ण और पाण्डवों का मिलना, नगर-प्रवेश तथा दर्शक नारियों की चेष्टाओं का, अश्वघोष तथा कालिदास से प्रतिस्पर्धा करते हुये वर्णन।
- **सर्ग 14**- युधिष्ठिर द्वारा राजसूय यज्ञ का प्रस्ताव, श्रीकृष्ण की पूजा तथा भीष्म-द्वारा उनकी स्तुति।
- **सर्ग 15**- शिशुपाल का कोप और उनके पक्ष के राजाओं का युद्ध के लिए सन्नद्ध होना।
- **सर्ग 16**- शिशुपाल के दूत का श्रीकृष्ण के समक्ष उभयार्थक शब्दों का प्रयोग, सात्यकि का उत्तर,दूत का पुनः शिशुपाल के पराक्रम का वर्णन करना।
- **सर्ग 17**- श्रीकृष्ण के पक्ष के राजाओं का कोप, सेना की प्रस्तुति तथा प्रस्थान।
- **सर्ग 18**- सेनाओं के घोर युद्ध का वर्णन
- **सर्ग 19**- चित्रालङ्कार से पूर्ण पद्यों के द्वारा व्यूह-रचना एवं विचित्र युद्ध का वर्णन।
- **सर्ग 20** -श्रीकृष्ण और शिशुपाल का शस्त्र-युद्ध, दिव्यास्त्र युद्ध तथा वाग्युद्ध, शिशुपाल के शब्दों से कुपित कृष्ण द्वारा सुदर्शनचक्र से शिशुपाल का शिरश्छेदन , शिशुपाल के तेज का विजयी कृष्ण में प्रवेश।
- यह कथानक महाभारत के सभापर्व (अध्याय 35-43) से लिया गया है, जिसमें युधिष्ठिर के यज्ञ में शिशुपाल के मारे जाने की कथा है।
- श्रीमद्भागवत पुराण के दशम स्कन्ध (अध्याय 71-75) में भी शिशुपाल की कथा प्रायः वैसी ही है, जैसी इस महाकाव्य में वर्णित है इसलिए बहुत से विद्वान् भागवतपुराण को ही इस महाकाव्य का उपजीव्य (स्रोत) बताते हैं।
- विद्वानों के बीच एक लोकोक्ति है- **काव्येषु माघः कवि-कालिदासः।** अर्थात् कवि की दृष्टि से कालिदास श्रेष्ठ हैं किन्तु काव्य (महाकाव्य) के लेखन में माघ उत्कृष्ट हैं
- अलङ्कारवादी महाकवियों में भी माघ अग्रणी हैं क्योंकि प्रौढ़ पाण्डित्य के साथ कथानक को विचित्र मार्ग पर ले जाने की क्षमता इनमें सर्वाधिक है।
- कृष्ण के द्वारा शिशुपाल के मारे जाने का कथानक इतिहास-प्रसिद्ध है, यह कथा महाभारत और भागवतपुराण पर आश्रित है
- इसके नायक कृष्ण हैं जो यदुपति तथा विष्णु के अवतार (जगन्निवासः) हैं।
- महाकाव्य का **प्रधानरस वीर** है, अन्य रसों में शृंगार,हास्य, अद्भुत, भयानक इत्यादि का स्वाभाविक रूप से निवेश हुआ है
- इसके सर्ग छन्दों के नियम का पालन करते हैं पूरा सर्ग एक छन्द में हो और सर्गान्त में एक दो पद्य दूसरे छन्दों में हों।
- प्रथम सर्ग में वंशस्थ है,द्वितीय सर्ग में अनुष्टुप्, तृतीय सर्ग में उपजाति है।
- पंचम सर्ग में वसन्ततिलका है तो षष्ठसर्ग द्रुतविलम्बित छन्द का है, सबके अन्त में छन्द परिवर्तित होते रहें है।
- चतुर्थ सर्ग में अनेक छन्दों का प्रयोग है।
- माघ ने शिशुपालवध के 19वें सर्ग में एकाक्षर,द्व्यक्षर, सर्वतोभद्र, मुरजबन्ध, प्रतिलोमयमक (33-34), गोमूत्रिकाबन्ध, समुद्गयमक (58), अर्धप्रतिलोम-यमक (88) तथा चक्रबन्ध (120) जैसा श्रमसाध्य चित्रकाव्यों का प्रयोग किया है।
- युद्ध का वर्णन माघ ने कई सर्गों में किया है। 19वाँ सर्ग तो चित्रकाव्य के रूप में विचित्र युद्ध का भ्रम देता ही है 20वें सर्ग में दोनों पक्षों के नेताओं द्वारा विविध दिव्यास्त्रों का प्रयोग होता है, शिशुपाल के अस्त्रों को कृष्ण काटते जाते हैं।
- षष्ठसर्ग का षड्ऋतुवर्णन तथा एकादश सर्ग का प्रभातवर्णन अधिक आवर्जक है।
- माघ के पाण्डित्य और कवित्व के विषय में कई प्रशस्तियाँ विख्यात हैं। इनके शब्द भाण्डागार के विषय में कहा गया है-**नवसर्गगते माघे नव शब्दो न जायते (विद्यते)** अर्थात् माघ काव्य में नौ सर्ग समाप्त कर लेने पर संस्कृत में कोई नया शब्द जानने को रह ही नही जाता।
- माघ ने धातुरूपों के प्रयोग स्वाभाविक रूप से किये हैं। जैसे- अचूचुरत् (1/16), विरेजिरे (1/21), अभ्युपेयुषी (1/24), न्यधायिषाताम् (1/13), अपूपुजत् (1/14), निवेशयामासिथ (1/34), उपाजिहीथाः (1/37), अकारि तथा अशिश्रियत् (1/46) , भूतकाल में समुच्चयार्थक लोट् लकार का प्रयोग (1/ 51) अनुचकम्पिरे (1/61), दुःखाकरोति (2/11) इत्यादि।
- माघ की एक अन्य प्रशस्ति है- **माघे मेघे गतं वयः।** अर्थात् महाकाव्य के अध्ययन में और मेघदूत का आनन्द लेने में सारी आयु बीत गयी।
- **माघे सन्ति त्रयो गुणाः-** माघ-विषयक प्रशस्तियों में यह सर्वाधिक प्रसिद्ध है। इसमें एकसाथ कालिदास,भारवि और

दण्डी (या श्रीहर्ष) के साथ माघ की महत्ता का निरूपण किया गया है

उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।

- **दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयो गुणाः॥** अर्थात् महाकवि कालिदास की विशिष्टता उपमा के कारण है तो माघ में तीनों गुणों का समन्वित प्रयोग प्रमुख वैशिष्ट्य है।
- माघ की सामान्य उपमाओं में यह बहुत प्रसिद्ध है,जिसके कारण उन्हें '**घण्टामाघ**' का विरुद प्राप्त हुआ है-

उदयति विततोर्ध्व - रश्मि - रज्जा
वहिमरुचौ हिमधाम्नि याति चास्तम्।
वहति गिरिरयं विलम्बि-घण्टा-
द्वय-परिवारित-वारणेन्द्र-लीलाम्॥ (4/20)

- राजनीति की तुलना शब्दविद्या से की गयी है- **शब्दविद्येव नो भाति राजनीतिरपस्पशा (2/112)**

सूक्तियाँ

1. **गृहानुपैतुं प्रणयादभीप्सवो भवन्ति नापुण्यकृतां मनीषिणः (1/14)** महात्मा लोग अपुण्यात्माओं के घर प्रेम से आना नही चाहते।
2. **श्रेयसि केन तृप्यते (1/29)** मंगलमय कार्य में कौन तृप्ति हो सकता है।
3. **सदाभिमानैकधना हि मानिनः (1/67)** मानी (मनस्वी) लोगों का एक मात्र धन स्वाभिमान ही होता है
4. **ज्ञातसारोऽपि खल्वेकः सन्दिग्धे कार्यवस्तुनि (2/12)** सारभूत तत्त्व को जानने पर भी अकेला व्यक्ति अपने कर्तव्य के निर्धारण में संशययुक्त रहता है।
5. **महीयांसः प्रकृत्या मितभाषिणः (2/13)** बड़े लोग स्वभाव से ही कम बोलते हैं।
6. **क्रियासमभिहारेण विराध्यन्तं क्षमेत कः (2/43)** बार-बार विरोध करने वाले को कोई नही सह सकता।
7. **सर्वः स्वार्थं समीहते (2/65)** सभी लोग अपना स्वार्थ देखते हैं।
8. **नान्यस्य गन्धमपि मानभृतः सहन्ते (5/42)** मनस्वी लोग दूसरे की गन्ध को भी नहीं सहते।
9. **शास्त्रं हि निश्चितधियां क्व न सिद्धिमेति (5/47)** निश्चित बुद्धि वाले व्यक्तियों का शास्त्र सर्वत्र सफल होता है।
10. **मन्दोऽपि नाम न महानवगृह्य साध्यः (5/49)** बलवान् व्यक्ति मूर्ख भी क्यों न हो उसे बलपूर्वक वश में नहीं किया जा सकता।
11. **समय एव करोति बलाबलम् (6/44)** समय के प्रभाव से ही कोई बली या निर्बल होता है।
12. **परिभवोऽरिभवो हि सुदुःसहः (6/45)** शत्रु से उत्पन्न पराजय अत्यधिक दुःसह होती है।
13. **भवति महत्सु न निष्फलः प्रयासः (7/1)** महापुरुषों की (सेवा का) कोई प्रयास व्यर्थ नहीं जाता।
14. **क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूपं रमणीयतायाः (4/17)** जो प्रत्येक क्षण में नवीन प्रतीत हो वही सुन्दरता का स्वरूप है।
15. **क्षतसकलविपक्षस्तेजसः स स्वभावः (11/59)** सभी विपक्षियों को नष्ट करना तेज का स्वभाव ही है।
16. **हरत्यघं सम्प्रति हेतुरेष्यतः, शुभस्य पूर्वाचरितैः कृतं शुभैः। शरीरभाजां भवदीयदर्शनं, व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्।**

- युद्ध विद्या का भी निवेश अन्तिम सर्गों में व्यापक रूप से उन्होंने किया है।इसी दृष्टि से यह काव्य शास्त्रकाव्य के रूप में प्रसिद्ध है।

माघ के छन्द प्रयोग-

- माघ ने छन्दों का वैविध्य प्रदर्शित किया है। सर्ग के मुख्य छन्द भी इन्होंने सभी सर्गों में पृथक रखें हैं। केवल अनुष्टुप् का प्रयोग दो सर्गों में है (2,19) अन्य सर्गों में वंशस्थ (सर्ग-1) उपजाति (सर्ग-3), वसन्ततिलका (सर्ग-5), द्रुतविलम्बित (सर्ग-6), पुष्पिताग्रा (सर्ग-7), प्रहर्षिणी (सर्ग-8), प्रमिताक्षरा (सर्ग-9), स्वागता (सर्ग-10), मालिनी (सर्ग-11), वंशस्थ और इन्द्रवंशो की उपजाति (सर्ग-12), मंजुभाषिणी (सर्ग-13), रथोद्धता (सर्ग-14), उद्गता (सर्ग-15), वैतालीय (सर्ग-16),रुचिरा (सर्ग-17), शालिनी (सर्ग-18), औपच्छन्दसिक (सर्ग-20)ये पृथक्-पृथक् मुख्य छन्द हैं। चतुर्थसर्ग में 22 छन्दों का प्रयोग है। पृथ्वी, प्रभा, तोटक, आर्या, शिखरिणी, हरिणी, स्रग्धरा, मत्तमयूर, मन्दाक्रान्ता और शार्दूलविक्रीडित का भी इन्होंने प्रयोग किया है।
- भारवि ने 'किरातार्जुनीय' में शिव का गुणगान किया है तो माघ ने विष्णु के अवतार कृष्ण का माहात्म्य 'शिशुपालवध' में वर्णित किया है।
- भारवि तथा माघ दोनों ने महाभारत से ही अपने ग्रन्थों के कथानक लिये 'श्री' शब्द से काव्यों का आरम्भ किया और संवाद से प्रथम सर्ग का प्रवर्तन किया
- माघकाव्य में कृष्ण-नारद-संवाद है तो भारवि के काव्य में युधिष्ठिर और वनेचर का संवाद है दोनों संवाद ही महाकाव्य की मुख्य घटनाओं को प्रविर्तितकरते हैं
- वनेचर की सूचना से यदि पाण्डवों को शक्ति-संग्रह के अर्थात् महाकवि कालिदास की विशिष्टता पदलालित्य के कारण है तो माघ में तीनों गुणों का समन्वित प्रयोग प्रमुख वैशिष्ट्य है।

- माघ की सामान्य उपमाओं में यह बहुत प्रसिद्ध है, जिसके कारण उन्हें '**घण्टामाघ**' का विरुद प्राप्त हुआ है-

उदयति विततोर्ध्व - रश्मि - रज्जा
वहिमरुचौ हिमधाम्नि याति चास्तम्।
वहति गिरिरयं विलम्बि-घण्टा-
द्वय-परिवारित-वारणेन्द्र-लीलाम्॥ (4/20)

- राजनीति की तुलना शब्दविद्या से की गयी है- **शब्दविद्येव नो भाति राजनीतिरपस्पशा (2/112)**

➤ भारवि सर्ग 5 को और माघ सर्ग 4 को विविध छन्दों से भर देते हैं यहाँ भारवि ने 16 और माघ ने 22 छन्दों का प्रयोग किया है।
➤ भारवि के काव्य में द्रौपदी तथा भीम युधिष्ठिर को उत्तेजित करते हैं तो माघकाव्य में कृष्ण को नारद और बलराम उत्तेजित करते हैं।
➤ युधिष्ठिर को व्यास का सत्परामर्श मिलता है तो कृष्ण को उद्धव का दोनों महाकाव्यों में पुष्पावचय (क्रमशःसर्ग 8 तथा 7), जलक्रीड़ा (उभयत्र सर्ग 8), प्रभात-वर्णन (सर्ग 9तथा माघ में सर्ग 11), सन्ध्या एवं चन्द्रोदय (उभयत्र सर्ग 9), शिबिर-सन्निवेश (क्रमशः सर्ग 7 तथा 5), सुरत-पानगोष्ठी (क्रमशः सर्ग 9तथा 10), नायक को देखकर स्त्रियों की चेष्टाएँ (क्रमशः सर्ग 10 तथा 13), युद्ध-वर्णन (भारविकाव्य में सर्ग 14 तथा 15 माघकाव्य में सर्ग 15, 17-19), चित्रालंकार (भारवि-15, माघ 19) इत्यादि का प्रयोग है किन्तु प्रत्येक स्थल पर भारवि से माघ आगे बढ़ जाते हैं।
➤ भारवि ने अपने काव्य के सर्ग छोटे रखे हैं जबकि माघकाव्य के सर्ग उनसे बड़े हैं।
➤ पण्डितों और समीक्षकों को यह पद्धति आकर्षक लगी। इसीलिए उन्होंने कहा-

तावभा भारवेर्भाति यावन्माघस्य नोदयः।

➤ भारवि की शोभा माघ के उदय के पूर्व तक ही है माघ का उदय होने पर सूर्य की किरणें जैसे मन्द हो जाती हैं वैसे भारवि की शोभा भी मन्द हो गयी।

टीकायें -

➤ शिशुपालवध पर अनेक टीकाएँ हैं जिनमें वल्लभदेव कृत' सन्देहविषौषधि', मल्लिनाथ-कृत 'सर्वङ्कषा', भरतमल्लिक-कृत 'सुबोधा' तथा दिनकरमिश्र -कृत 'सुबोधिनी' मुख्य हैं हिन्दी साहित्य सम्मलेन, प्रयाग से राम प्रताप त्रिपाठी का एवं चौखम्बा विद्याभवन से हरगोविन्द शास्त्री का हिन्दी-अनुवाद पूरे ग्रन्थ पर प्रकाशित है।

शिशुपालवधम्-बिन्दुवार अध्ययन

➤ महाभारत पर आधारित महाकाव्य है - **शिशुपालवध**
➤ शिशुपालवधस्योपजीव्यमस्ति - **महाभारतम्**
➤ 'शिशुपालवधम्' की कथावस्तु विभाजित है - **सर्गों में**
➤ शिशुपालवधस्य किं वैशिष्ट्यम् - **त्रयो गुणाः**
➤ रैवतक पर्वत का वर्णन कहाँ है - **शिशुपालवधम् में**
➤ शिशुपाल का वध किसने किया - **कृष्ण ने**
➤ शिशुपाल के किस सर्ग में यमुना नदी का वर्णन है - **द्वादश सर्ग में**
➤ शिशुपालवधस्य प्रथमसर्गे द्वारिकायां कस्यागमनं दृश्यते? - **नारदस्य**
➤ 'श्रियः पतिः श्रीमति शासितुं जगत्' में 'श्रीमति'शब्द निम्नांकित में से किसका विशेषण है-**वसुदेव का घर का**
➤ 'कुथेननागेन्द्रमिवेन्द्रवाहनम्'इतिउपमासूचकवाक्येनशिशुपालवधे लक्षितः - **नारदः**
➤ 'पिशङ्गमौञ्जीयुजमर्जुनच्छविम्'-किसे समझ लिया गया - **नारद को**
➤ 'शिशुपालवधम्' के रचयिता कौन हैं -**माघः**
➤ 'शिशुपालवध' महाकाव्य में कितने सर्ग हैं -**20** (बीस)
➤ किस महाकाव्य का प्रारम्भ और समाप्ति 'श्री' शब्द से होता है - **शिशुपालवधम्**
➤ शिशुपालवधमहाकाव्यस्य प्रथमसर्गस्य नाम किम्? - **कृष्णनारदसम्भाषणम्**
➤ 'शिशुपालवधम्' के प्रथमसर्ग में कुल कितने श्लोक हैं? - **पचहत्तर (75)**
➤ शिशुपालवध महाकाव्य के किस सर्ग में नारद औरश्रीकृष्ण का वर्णन प्राप्त होता है - **प्रथम सर्ग में**
➤ 'शिशुपालवधम्' के प्रथम सर्ग का प्रधान छन्द है? - **वंशस्थ**
➤ 'शिशुपालवधम्' महाकाव्य में प्रमुख रस है? - **वीर**
➤ शिशुपालवधस्य .... सर्गे श्रीकृष्णनारदसम्भाषणमस्ति? - **प्रथमे**
➤ 'शिशुपालवधम्' का मूलस्रोत है -**महाभारतसभापर्व**
➤ 'श्री' इति शब्देन कस्य काव्यस्य मङ्गलाचरणं प्रारभ्यते - **शिशुपालवधस्य**
➤ उपमा अर्थगौरव और पदलालित्य ये तीन गुण इस काव्य में है - **शिशुपालवधम्**
➤ किसमें नारद का वर्णन है? - **शिशुपालवधम्**
➤ कस्मिन् सन्ति त्रयो गुणाः? - **शिशुपालवधे**
➤ नारदमुनेः स्वागतार्थं को जवेन पीठादुदतिष्ठत्? - **अच्युतः (कृष्णः)**
➤ 'सतीव योषित्प्रकृतिः सुनिश्चला पुमांसमभ्येति भवान्तरेष्वपि।।' .... इति पद्यांशानुसारं 'भवान्तरेषु पुमांसं' किम् अभ्येति? - **स्वभावः**
➤ 'रथाङ्गपाणेः पटलेन रोचिषामृषित्विषः संवलिता विरेजिरे'- 'इत्यत्र रथाङ्गपाणिः' कः -**कृष्णः**
➤ रावणभयात् हेमाद्रिगुहागृहान्तरं कः दिवसानि निनाय - **कौशिकः**
➤ शिशुपालवधानुसारेण कः हिरण्यगर्भाङ्गभूः मुनिः - **नारदः**
➤ किं नाम महाकाव्यं 'श्रियः पतिः' इति उल्लेखेन प्रारभ्यते? - **शिशुपालवधम्**
➤ श्रीकृष्णस्य सम्मुखं गौरवर्णः नारदः कस्याभिरामताम् अचोरयत्? - **चन्द्रमसः**
➤ माघकाव्ये श्रीकृष्णः अम्बरादवतरन्तं कं ऋषिं ददर्श? - **नारदम्**
➤ शिशुपालवध के अनुसार शिशुपाल है - **रावण का जन्मान्तर**
➤ ''हृतेऽपि भारे महतस्त्रपाभरादुवाह दुःखेन भृशानतं शिरः''

कस्य वर्णना इयम्? - **यमवाहनमहिषस्य**

- "स तप्तकार्तस्वरभास्वराम्बरः ...." इति, शिशुपालवधस्य श्लोकांशे 'कार्तस्वर' पदस्य कोऽर्थः? - **सुवर्णम्**
- "सदाभिमानैकधना हि मानिनः" यह सूक्ति है - **शिशुपालवध में**
- "सतीव योषित्प्रकृतिः सुनिश्चला पुमांसमभ्येति भवान्तरेष्वपि" पंक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है? - **शिशुपालवधम्**
- "नवसर्गगते माघे नव शब्दो न विद्यते" यह सूक्ति किस ग्रन्थ के लिए प्रचलित है -**शिशुपालवधम्**
- 'गतं तिरश्चीनमनूरुसारथेः प्रसिद्धमूर्ध्वज्वलनं हविर्भुजः।' शिशुपालवधे अस्मिन् पद्यांशे 'अनूरुसारथिः' भवति - **सूर्यः**
- "महीयांसः प्रकृत्या मितभाषिणः" इदं वाक्यमस्ति - **शिशुपालवधे**
- 'श्रेयसि केन तृप्यते' सूक्ति ग्रहण की गई है - **शिशुपालवधात्**
- "शरीरभाजां भवदीयदर्शनं व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्" इदं वाक्यमस्ति - **माघकाव्ये**
- "शरीरभाजां भवदीयदर्शनं व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्" यह सूक्ति किस ग्रन्थ में है? - **शिशुपालवधे**
- "क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूपं रमणीयतायाः" इयमुक्तिः वर्तते? - **शिशुपालवधे**
- "हरत्यघं सम्प्रति हेतुरेष्यतः शुभस्य पूर्वाचरितैः कृतं शुभैः। शरीरभाजां भवदीयदर्शनं व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्।।" इस पद्य का कथन किया है -**शिशुपालवध में श्रीकृष्ण ने**
- "क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति, तदेव रूपं रमणीयतायाः" किसने प्रतिपादित किया? - **माघ ने**
- "तथापि शुश्रूषुरहं गरीयसीर्गिरोऽथवा श्रेयसि केन तृप्यते"- शिशुपालवधकाव्ये इतीदं कस्य वचनम्-**श्रीकृष्णस्य वचनम्**
- "न चक्रमस्याक्रमताधिकन्धरम्" कस्य - **रावणस्य**
- स बाल आसीद्वपुषा चतुर्भुजो कः - **शिशुपालः**
- शिशुपालवधे शिशुपालः कीदृशं पात्रम्? - **प्रतिनायकः**
- शिशुपालवधे राजसूययज्ञः केनायोजितः - **युधिष्ठिरेण**
- शिशुपालवधमहाकाव्यानुसारम् इन्द्रस्य सन्देशमादाय कृष्णसभायां क आगतः - **नारदर्षिः**
- 'निधिः श्रुतीनां धनसम्पदामिव।' कस्येदं वर्णनम् - **नारदमुनेः**
- श्रीकृष्णस्य पार्श्वे आकाशमार्गेण कः समागतः - **नारदः**
- "शरीरभाजां भवदीयदर्शनं व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्" शिशुपालवधे कस्य प्रशंसेयम्? - **नारदस्य**
- 'नमुचिद्विषा' इत्यस्य पदस्य कोऽर्थः -**इन्द्रेण**
- 'जगत्प्रभोरप्रसहिष्णु वैष्णवं न चक्रमस्याक्रमताधि कन्धरम्' श्लोकांश मे 'वैष्णवं' पद प्रयुक्त हुआ है - **विष्णुउपासक**
- शिशुपालवधे-"विभिन्नशङ्खः कलुषीभवन्मुहुर्मदेन दन्तीव मनुष्यधर्मणः" कस्य वर्णना इयम् - **कुबेरस्य**
- कस्य गृहे वसता श्रीकृष्णेन नारदः दृष्टः - **वसुदेवस्य**
- नारद-वीणायाः नाम किम् - **महता**

वस्तुनिष्ठप्रश्नाः

1. निम्न में से कौन प्रशस्ति "माघ" के लिए नहीं प्रयुक्त है-
(A) माघे सन्ति त्रयो गुणाः
(B) नवसर्गगते माघे नवशब्दो न विद्यते
(C) मुरारिपदचिन्ता चेत्तदा माघे रतिं कुरु
(D) वृत्तच्छत्रस्य सा कापि वंशस्थस्य

2. माघ किसके लिए प्रसिद्ध हैं -
(A) उपमा (B) अर्थगौरव
(C) पदलालित्य (D) सभी

3. प्रभावकचरित' के अनुसार माघ की माता का क्या नाम है-
(A) गौरी (B) ब्राह्मी
(C) पिङ्गला (D) सुशीला

4. 'शिशुपालवधम्' का उपजीव्य ग्रन्थ है-
(A) महाभारत का वनपर्व (B) महाभारत का आदिपर्व
(C) महाभारत का सभापर्व (D) महाभारत का भीष्मपर्व

5. 'शिशुपालवधम्' के अनुसार देवताओं के मन में प्रथम भय की स्थापना किसके द्वारा किया गया -
(A) रावण के (B) शिशुपाल के
(C) हिरण्यकशिपु के (D) पिनाक के

6. सुमेलित करें-
(अ) हर्षचरितम् (1) 7 उच्छ्वास
(ब) शिशुपालवधम् (2) 6 अंक
(स) वेणीसंहारम् (3) 8 उच्छ्वास
(द) नलचम्पू (4) 20 सर्ग

	(अ)	(ब)	(स)	(द)
(A)	1	2	3	4
(B)	2	1	4	3
(C)	3	4	2	1
(D)	3	4	1	2

7. शिशुपाल किस नगरी में निवास कर रहा है-
(A) कोशल (B) माहिष्मती
(C) अवन्ति (D) मगध

8. शिशुपालवधम् में मङ्गलाचरण का प्रकार है-
(A) आशीर्वादात्मक (B) नमस्कारात्मक
(C) वस्तुनिर्देशात्मक (D) इनमें से कोई नहीं

9. शिशुपालवधम् के अनुसार चन्द्रमा की कितनी कलायें होती हैं-
(A) 64 (B) 16
(C) 27 (D) 12

10. "स बाल आसीद्वपुषा चतुर्भुजो,मुखेन

पुर्णेन्दुनिभस्त्रिलोचनः।'' इस पंक्ति में ''त्रिलोचन'' पद से किसका बोध हो रहा है-
(A) चन्द्र का (B) विष्णु का
(C) नारद का (D) शिशुपाल का

11. ''चतुर्भुजः'' पद में समास है-
(A) अव्ययीभाव (B) द्विगु समास
(C) बहुव्रीहि समास (D) तत्पुरुष

12. ''गतं तिरश्चीनमनूरुसारथेः,प्रसिद्धमूर्ध्वज्वलनं हविर्भुजः।'' इस पंक्ति में 'अनूरुसारथेः' पद का सम्बन्ध है-
(A) श्रीकृष्ण से (B) नारद से
(C) अग्नि से (D) सूर्य से

13. किस कवि ने एक से अधिक महाकाव्यों की रचना की है-
(A) माघ (B) भारवि
(C) वाल्मीकि (D) कालिदास

14. ''क्रमादमुं नारद इत्यबोधि सः।'' इस पंक्ति में ''अबोधि'' पद कहाँ का है -
(A) बुध् धातु,लुङ् लकार प्र.पु.एकवचन
(B) बुध् धातु,लङ् लकार म0पु0एकवचन
(C) बुध् धातु,लङ् लकार उ0पु0एकवचन
(D) बुध् धातु,लृट् लकार प्र.पु.एकवचन

15. निम्न मे से कौन सा विशेषण 'श्रीकृष्ण' के लिए नहीं प्रयुक्त हुआ है -
(A) चक्रिणः (B) अच्युतः
(C) देवकीसुतं (D) शितिवाससः

16. निम्न में से कौन-सा विशेषण नारद के लिए नहीं प्रयुक्त हुआ है -
(A) धातुः सुतः (B) तपोनिधिः
(C) आदिपुरुषः (D) ऋषित्विषः

17. ''शरीरभाजां भवदीयदर्शनं व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्' इस पंक्ति में ''भवदीय'' पद से किसका बोध होता है -
(A) श्रीकृष्ण का (B) इन्द्र का
(C) नारद का (D) शिव का

18. शिशुपालवधम् के अनुसार किसका दर्शन तीनों कालों में पवित्रता को प्रकट करता है-
(A) श्रीकृष्ण का (B) नारद का
(C) पुण्डरीकाक्ष का (D) शिव का

19. ''ऋते रवेः क्षालयितुं क्षमेत कः क्षपातमस्काण्डमलीमसं नभः॥'' इस पंक्ति में 'क्षालयितुं' पद का क्या अर्थ है-
(A) आकाश (B) उन्मत्त
(C) निर्मल करना (D) सूर्य के बिना

20. निम्न मे से कौन-सा विशेषण ''श्रीकृष्ण'' के लिए नहीं प्रयुक्त हुआ है-
(A) विश्वम्भर (B) आदिपुरुष
(C) उपेन्द्र (D) व्रती

21. शिशुपालवधम् के प्रथमसर्ग में कुल कितने श्लोक हैं-
(A) 70 (B) 75
(C) 80 (D) 46

22. निम्न मे से कौन-सा विशेषण ''बलराम'' के लिए नहीं प्रयुक्त हुआ है -
(A) सीरपाणिः (B) रेवतीजानिः
(C) मुसलपाणिः (D) द्वैमातुरः

23. ''क्षणं क्षणोत्क्षिप्तगजेन्द्रकृत्तिना स्फुटोपमं भूतिसितेन शम्भुना'' इस पंक्ति में 'भूतिसितेन' पद से किसका बोध हो रहा है-
(A) नारद (B) शिव
(C) श्रीकृष्ण (D) गजासुर

24. देवताओं के द्वारा तीनों सन्ध्याओं के समय किसको नमस्कार किया जाता था-
(A) रावण (B) श्रीकृष्ण
(C) हिरण्यकशिपु (D) शिशुपाल

25. ''प्रभुर्बुभूषुर्भुवनत्रयस्य यः '' इस पंक्ति में 'यः' पद से किसका बोध हो रहा है-
(A) शिशुपाल (B) रावण
(C) नारद (D) हिरण्यकशिपु

26. निम्न मे से कौन शिशुपालवधम् की पंक्ति नहीं है-
(A) अभीक्ष्णमुष्णैरपि तस्य सोष्मणः।
(B) सदाभिमानैकधना हि मानिनः।
(C) स राशिरासीन्महसां महोज्ज्वलः।
(D) असंशयं सम्प्रति तेजसा रविः।

27. निम्न मे से कौन शिशुपालवधम् की पंक्ति है-
(A) दिदेश यानाय निदेश कारिणः।
(B) विवेश गत्वा स विलासकाननम्।
(C) ददर्श मालूरफलं पचेलिमम्।
(D) विपादनीया हि सतामसाधवः।

28. किसके भय के कारण देवताओं ने दुर्गों का निर्माण कराया-
(A) शिशुपाल (B) हिरण्यकशिपु

(C) रावण (D) द्वैमातुर

29. ''सटाच्छटाभिन्नघनेन बिभ्रता नृसिंह सैहीमतनुं तनुं त्वया।'' इस पंक्ति में 'त्वया' पद से किसका बोध हो रहा है-

(A) रावण (B) श्रीकृष्ण
(C) शिशुपाल (D) नारद

30. ''प्रतिचस्करे''-इस पद में मूल धातु है-

(A) चस्क् धातु (B) कृ धातु
(C) स्कृ धातु (D) क्री धातु

31. 'नमुचिद्विषा'- किस देवता का विशेषण है-

(A) यमराज (B) वरुण
(C) सूर्य (D) इन्द्र

32. निम्न में से कौन सा इन्द्र का विशेषण नहीं है-

(A) कौशिक (B) बलस्य शत्रु
(C) नमुचिद्विषा (D) प्रकम्पनेन

33. ''विकीर्णलोलाग्निकणं सुरद्विषः इस पंक्ति में 'सुरद्विषः' यह विशेषण किसके लिए प्रयुक्त हुआ है-

(A) रावण (B) हिरण्यकशिपु
(C) शिशुपाल (D) यमराज

(B) 2 1 4 3
(C) 4 3 2 1
(D) 3 4 1 2

ें प्राप्त होता हैं-

(A) प्रथमसर्ग (B) तृतीयसर्ग
(C) अष्टम सर्ग (D) चतुर्थ सर्ग

34. 'परेतभर्ता'-किसका विशेषण है-

(A) गणेश (B) वायु
(C) चन्द्रमा (D) यमराज

35. रावण के ''नर्मसचिव''-का काम किस देवता

(A) वैनायक (B) इन्दु
(C) अहस्कर (D) प्रचेता

36. सुमेलित करें-

(अ) विश्वम्भर! (1) वायुः
(ब) नाकिनः (2) वरुणः
(स) प्रचेताः (3) देवता
(द) प्रकम्पनः (4) श्रीकृष्ण

	(अ)	(ब)	(स)	(द)
(A)	1	2	3	4

39. ''समेत्य''-इस पद की व्याकरणात्मक टिप्पणी है-

(A) सम्+आ+इ+ल्यप् (B) सम्+आ+इत्+ल्यप्
(C) सम्+एत्+ल्यप् (D) सम्+एज्+ल्यप्

40. ''कीनाश'' किस देवता का विशेषण है-

(A) श्रीकृष्ण (B) इन्द्र
(C) बलराम (D) यमराज

41. ''तमालपुष्प''-का वर्ण होता है-

(A) पीला (B) उज्ज्वल
(C) श्याम (D) हरा

42. कर्पूरचूर्ण के समान धवल वर्ण किसका है-

(A) श्रीकृष्ण (B) इन्द्र
(C) नारद (D) यमराज

43. ''एणाजिनम्''इस पद का क्या अर्थ है -

(A) मूंज का मेखला (B) अनुकरण करना
(C) सोने की करधनी (D) कृष्णसार मृग का चर्म

44. ''विहङ्गराजाङ्गरुहैरिवायतैः'' - इस पंक्ति में ''विहङ्गराज'' पद से किसका बोध हो रहा हैं -

(A) गरुण (B) नारद
(C) बलराम (D) श्रीकृष्ण

45. ''रणद्भिराघट्टनया नभस्वतः पृथग्विभिन्नश्रुतिमण्डलैः स्वरैः।'' -इस पंक्ति में 'नभस्वतः' पद से किसका बोध हो रहा हैं -

(A) वायु (B) इन्द्र
(C) सूर्य (D) वरुण

46. ''आघट्टनया''-इस पद में मूल धातु है-

(A) घा धातु (B) भू धातु
(C) घट्ट धातु (D) ईक्ष् धातु

47. ''विगृह्य चक्रे नमुचिद्विषा बली य इत्थमस्वास्थ्यमहर्दिवं दिवः'' इस पंक्ति में 'बली यः' पद से किसका बोध हो रहा है-

(A) रावण (B) शिशुपाल
(C) वायु (D) हिरण्यकशिपु

48. ''निवर्त्य सोऽनुव्रजतः कृतानतीनतीन्द्रियज्ञाननिधिर्नभसदः'' इस पंक्ति में ''नभःसदः'' पद से किसका बोध हो रहा है-

(A) देवता (B) श्रीकृष्ण
(C) बलराम (D) इन्द्र

49. ''गिरेस्तडित्वानिव तावदुच्चकैर्जवेन पीBादुदतिष्ठदच्युतः।'' इस पंक्ति में ''तडित्वान्'' इस पद का क्या अर्थ है-

(A) श्रीकृष्ण (B) मेघ
(C) नारद (D) इन्द्र

50. सुमेलित करें-

पंक्ति	**सम्बद्ध देवता**
(अ) विभुर्विभक्तावयवं पुमानिति	(1) इन्द्र
(ब) रणेषु तस्य प्रहिताः प्रचेतसा	(2) रावण
(स) बलस्य शत्रुः प्रशशंस शीघ्रताम्।	(3) वरुण
(द) प्रभुर्बुभूषुर्भुवनत्रयस्य यः	(4) नारद

	(अ)	(ब)	(स)	(द)
(A)	1	2	3	4
(B)	1	2	4	3
(C)	4	3	1	2

(D)	3	4	2	1

51. सुमेलित करें-

सम्बोधन	सम्बोध्य
(अ) चिरन्तनमुनि	(1) श्रीकृष्ण
(ब) व्रती	(2) नारद
(स) त्रिदश	(3) देवता
(द) मातङ्ग	(4) हाथी

	(अ)	(ब)	(स)	(द)
(A)	1	2	3	4
(B)	2	1	4	3
(C)	1	2	4	3
(D)	2	1	3	4

52. सुमेलित करें-

पंक्ति	नारद की उपमा
(अ) सुवर्णसूत्राकलिताधराम्बरां	(1) शिव से
(ब) घनं घनान्ते तडितां गणैरिव	(2) ऐरावत से
(स) चकासतं चारुचमूरुचर्मणा	(3) शुभ्र मेघ से
(द) समूढकर्पूरपरागपाण्डुरम्	(4) बलराम से

	(अ)	(ब)	(स)	(द)
(A)	4	2	1	3
(B)	4	1	2	3
(C)	4	3	1	2
(D)	4	3	2	1

53. ''क्रमादमुं नारद इत्यबोधि सः''-यहाँ 'इत्यबोधि' पद में सन्धि है-
(A) यण् (B) वृद्धि
(C) गुण (D) दीर्घ

54. ''विभुर्विभक्तावयवं पुमानिति।''- इस पंक्ति में 'पुमान्' पद से किसका बोध हो रहा है-
(A) नारद (B) श्रीकृष्ण
(C) शिशुपाल (D) रावण

55. ''धराधरेन्द्रं व्रततीततीरिव।''-इस पंक्ति में''व्रततीततीरिव'' इस पद का क्या अर्थ है-
(A) लता का समूह (B) व्रत का समूह
(C) व्रत धारण करना (D) परिपक्व होना

56. ''विडम्बयन्तं शितिवाससस्तनुम्''-इस पंक्ति में 'शितिवाससः' पद किसके लिए है-
(A) श्रीकृष्ण (B) नारद
(C) बलराम (D) ब्रह्मा

57. ''कुथेन नागेन्द्रमिवेन्द्रवाहनम्।''-इस पंक्ति में ''नागेन्द्र'' पद से किसका बोध हो रहा है-
(A) श्रीकृष्ण (B) नारद
(C) ऐरावत (D) रावण

58. शिशुपालवधम् के अनुसार ''अतीन्द्रियज्ञाननिधिः''- यह विशेषण किसके लिए प्रयुक्त हुआ है-
(A) श्रीकृष्ण (B) नारद
(C) शिव (D) रावण

59. ''सुतेन धातुश्चरणौ भुवस्तले।''-इस पंक्ति में किसका वर्णन है-
(A) शिव (B) विष्णु
(C) नारद (D) रावण

60. ''तमर्ध्यमर्घ्यादिकयादिपूरुषः।''इस पंक्ति में 'आदिपुरुषः' पद से किसका बोध हो रहा है-
(A) नारद (B) श्रीकृष्ण
(C) शिव (D) शिशुपाल

61. कौन श्रीकृष्ण का विशेषण नहीं है-
(A) आदिपुरुष (B) चिरन्तनमुनि
(C) पीताम्बर (D) नीलाम्बर

62. ''त्वमेव साक्षात्करणीय इत्यतः किमस्ति कार्यं गुरु योगिनामपि।''-इस पंक्ति में ''त्वम्'' पद से किसका बोध हो रहा है-
(A) नारद (B) श्रीकृष्ण
(C) ब्रह्मा (D) शिव

63. इति ब्रुवन्तं तमुवाच स व्रती।''-इस श्लोकांश की अग्रिम पंक्ति है-
(A) गिरोऽथवा श्रेयसि केन तृप्यते
(B) तथापि शुश्रूषुरहं गरीयसी
(C) न वाच्यमित्थं पुरुषोत्तम त्वया।
(D) उदीर्णरागप्रतिरोधकं जनैः

64. उदासितारं निगृहीतमानसैः।''-इस श्लोकांश की अग्रिम पंक्ति कौन-सी है-
(A) फणाभृतां छादनमेकमोकसः।
(B) गृहीतमध्यात्मदृशा कथञ्चन।
(C) पुरातनं त्वां पुरुषं पुराविदः।
(D) भवान् भवच्छेदकरैः करोत्यधः।

65. ''लघू करिष्यन्नतिभारभङ्गुराममुं किल त्वं त्रिदिवादवातरः'' इस पंक्ति में ''त्रिदिवात्'' पद का अर्थ है-
(A) पृथ्वी (B) स्वर्ग
(C) पूज्य (D) अवतीर्ण

66. ''उदूढलोकत्रितयेन साम्प्रतं गुरुर्धरित्री क्रियतेतरां त्वया'' इस पंक्ति में ''त्वया'' पद से किसका बोध हो रहा है-
(A) श्रीकृष्ण (B) नारद
(C) वायु (D) वरुण

67. ''निजौजसोज्जासयितुं जगद्द्रुहामुपाजिहीथाः न महीतलं यदि'' -इस पंक्ति में 'उपाजिहीथाः' पद में लकार है-

(A) लुङ् (B) लिट्
(C) लङ् (D) विधिलिङ्

68.''समाहितैरप्यनिरूपितस्ततः पदं दृशः स्याः कथमीश! मादृशाम्।'' - इस पंक्ति में 'मादृशाम्' पद से किसका बोध हो रहा है-
(A) शिव (B) नारद
(C) श्रीकृष्ण (D) ब्रह्मा

69. 'कृष्ण' द्वारा किये गये किसके वध को नारद मृगतुल्य समझते हैं-
(A) शिशुपाल (B) रावण
(C) कंस (D) हिरण्यकशिपु

70. ''क्रमेण पेष्टुं भुवनद्विषामसि''-इस पंक्ति में 'पेष्टुम्' इस पद में धातु प्रत्यय है-
(A) पुज्+क्त (B) पेष्+तुमुन्
(C) पेष्ट्+तुमुन् (D) पिष्+तुमुन्

71.'अहिद्विषा'- किस देवता का विशेषण है-
(A) श्रीकृष्ण (B) इन्द्र
(C) शिव (D) यमराज

72. शिशुपालवधम् के अनुसार इन्द्र शब्द के ''परमैश्वर्य '' रूप पद को किसके द्वारा नष्ट किया गया -
(A) रावण (B) शिशुपाल
(C) कंस (D) हिरण्यकशिपु

73. ''भियां तनूजस्तपनद्युतिर्दितेः''-इस पंक्ति में किसकी विशेषताओं का वर्णन है-
(A) शिशुपाल (B) रावण
(C) कंस (D) हिरण्यकशिपु

74. ''हिरण्यपूर्वं कशिपुं प्रचच्छते''-इस पंक्ति में 'प्रचच्छते ' इस पद में मूल धातु है-
(A) चक्ष् धातु (B) चि धातु
(C) चर्च् धातु (D) चच्छ् धातु

75. शिशुपालवधम् के अन्तिम पद्य में छन्द है-
(A) मालिनी (B) वंशस्थ
(C) पुष्पिताग्रा (D) शार्दूलविक्रीडितम्

76.''सिषेविरे'' रूप है-
(A) सेव् धातु,लिट् लकार, प्र.पु.एकवचन
(B) सेव् धातु,लिट् लकार,प्र.पु.बहुवचन
(C) सेव् धातु,लुङ लकार, प्र.पु.एकवचन
(D) सेव् धातु,लुट् लकार, प्र.पु.बहुवचन

77. सुमेलित करें-

देवता	दिशा
(अ) इन्द्र	(1) पूर्व
(ब) यम	(2) पश्चिम
(स) कुबेर	(3) उत्तर
(द) वरुण	(4) दक्षिण

	(अ)	(ब)	(स)	(द)
(A)	1	2	3	4
(B)	2	1	4	3
(C)	1	4	3	2
(D)	1	4	2	3

78. लक्ष्मी ने ''चंचला''-इस लोकापवाद को किसके गुणों पर आकृष्ट होकर प्राप्त किया-
(A) रावण (B) शिशुपाल
(C) हिरण्यकशिपु (D) कंस

79. ''स सञ्चरिष्णुर्भुवनान्तरेषु यः दृच्छयाशिश्रियदाश्रयः श्रियः।''-इस पंक्ति में 'सः' पद से किसका बोध होता है-
(A) शिशुपाल (B) रावण
(C) गजासुर (D) हिरण्यकशिपु

80. शिशुपालवधम् के अनुसार रावण को इच्छानुसार वरदान किसके द्वारा दिया गया-
(A) पिनाकिनः (B) नमुचिद्विषा
(C) हिरण्यगर्भः (D) पुरुषोत्तमः

81. ''त्रसत्तुषाराद्रिसुता ससम्भ्रमस्वयंग्रहाश्लेषसुखेन निष्क्रयम्।''-इस पंक्ति में 'तुषाराद्रिसुता' पद से किसका बोध हो रहा है-
(A) सीता (B) पार्वती
(C) रुक्मिणी (D) पर्वत

82. ''य इत्थमस्वास्थ्यमहर्दिवं दिवः।'' - इस पंक्ति में यः' पद से किसका बोध हो रहा है-
(A) हिरण्यकशिपु (B) रावण
(C) गजासुर (D) शिशुपाल

83. सुमेलित करें-

पंक्ति	सम्बद्ध
(अ) ततः शरीरीति विभाविताकृतिम्	(1) शिशुपाल
(ब) प्रकाममप्रीयत यज्वनां प्रियः	(2) रावण
(स) पुरीमवस्कन्द लुनीहि नन्दनम्	(3) नारद
(द) स्वयं विधाता सुरदैत्यरक्षसाम्	(4) श्रीकृष्ण

	(अ)	(ब)	(स)	(द)
(A)	1	2	3	4
(B)	4	3	2	1
(C)	3	4	2	1
(D)	3	4	1	2

84. सुमेलित करें-

वीणा	वीणा के स्वामी
(अ) कलावती	(1) तुम्बुरु
(ब) कच्छपी	(2) नारद
(स) महती	(3) सरस्वती
(द) बृहती	(4) विश्वावसु

	(अ)	(ब)	(स)	(द)
(A)	4	3	2	1
(B)	4	3	1	2
(C)	1	3	2	4
(D)	1	4	2	3

85. रावण से भयभीत होकर इन्द्र किस पर्वत की शरण में गये-
(A) आम्रकूट (B) देवगिरि
(C) सुमेरु (D) विन्ध्य

86. भगवान् विष्णु का चक्र किसका कण्ठच्छेद करने में विफल हुआ-
(A) हिरण्यकशिपु (B) शिशुपाल
(C) गजासुर (D) रावण

87. ''विभिन्नशङ्खः कलुषीभवन्मुहुर्मदेन दन्तीव मनुष्यधर्मणः।''- इस पंक्ति में किस देवता का वर्णन है-
(A) वरुण (B) कुबेर
(C) चन्द्रमा (D) वायु

88. ''प्रहर्तुरेवोरगराजरज्जवो जवेन कण्B सभयाः प्रपेदिरे।''- इस पंक्ति में किस देवता के भय का वर्णन है-
(A) इन्द्र (B) वायु
(C) कुबेर (D) वरुण

89. 'परेतभर्तुः महिषः' किसका विशेषण है-
(A) वरुण (B) वायु
(C) यमराज का भैंसा (D) यमराज

90. रावण की स्त्रियों का अलङ्करण किसके द्वारा किया जाता था-
(A) अहस्करः (B) प्रचेतसा
(C) सुरद्विषः (D) नमुचिद्विषा

91. किस देवता ने रावण के त्रास से देवताओं को अनुगृहीत किया-
(A) चन्द्रमा (B) यमराज
(C) इन्द्र (D) वायु

92. आकाश से उतरते हुए श्रीकृष्ण ने नारद को किसके समान नहीं देखा-
(A) शम्भुना (B) शितिवासस
(C) प्रचेतसा (D) ऐरावत

93. शिशुपालवधम् के अनुसार 'शिशुपाल' के पिता का क्या नाम था-
(A) सेनकुमार (B) सात्यकि
(C) दमघोष (D) चन्द्रोदय

94. ''अनुचकम्पिरे''-इस पद में मूल धातु है-
(A) कम्प् धातु (B) चक् धातु
(C) कृ धातु (D) चकम् धातु

95. शिशुपालवधम् के अनुसार निम्न में से कौन सही नहीं है-
(A) नाकिनां देवताओं का विशेषण है।
(B) उपेन्द्र भगवान् कृष्ण के लिए है।
(C) वैनायक गणेश का विशेषण है।
(D) तनूनपात् सूर्य का विशेषण है।

96. सुमेलित करें-

दिशा	गज
(अ) पूर्व	(1) वामन
(ब) पश्चिम	(2) सार्वभौम
(स) उत्तर	(3) अञ्जन
(द) दक्षिण	(4) ऐरावत

	(अ)	(ब)	(स)	(द)
(A)	4	1	2	3
(B)	4	2	1	3
(C)	4	3	2	1
(D)	1	2	3	4

97. सुमेलित करें-

दिशा	हाथी
(अ) दक्षिण-पूर्व	(1) सुप्रतीक
(ब) दक्षिण-पश्चिम	(2) पुष्पदन्त
(स) उत्तर-पश्चिम	(3) कुमुद
(द) पूर्व-उत्तर	(4) पुण्डरीक

	(अ)	(ब)	(स)	(द)
(A)	4	3	2	1
(B)	1	2	3	4
(C)	3	4	2	1
(D)	2	1	3	4

98. ''दशाननादीनभिराद्धदेवता वितीर्ण वीर्यातिशयान् हसत्यसौ।''- इस पंक्ति में किसकी विशेषताओं का वर्णन है-
(A) गजासुर (B) हिरण्यकशिपु
(C) शिशुपाल (D) रावण

99. किसके द्वारा विधाता के शासन का उल्लंघन किया गया

है-

(A) श्रीकृष्ण (B) हिरण्यकशिपु
(C) रावण (D) शिशुपाल

100. शिशुपालवधम् के प्रथम सर्ग का नामकरण है-

(A) कृष्ण सम्भाषण नाम। (B) नारद सम्भाषण नाम।
(C) कृष्ण-नारद सम्भाषण नाम। (D) नारद अवतार नाम।

उत्तरमाला

1-D	2-D	3-B	4-C	5-C	6-C
7-B	8-C	9-B	10-D	11-C	12-D
13-D	14-A	15-D	16-C	17-C	18-B
19-C	20-D	21-B	22-D	23-B	24-C
25-B	26-C	27-D	28-B	29-B	30-B
31-D	32-D	33-A	34-D	35-B	36-C
37-D	38-D	39-A	40-D	41-C	42-C
43-D	44-A	45-A	46-C	47-A	48-A
49-B	50-C	51-A	52-D	53-A	54-A
55-A	56-C	57-C	58-B	59-C	60-B
61-D	62-B	63-C	64-B	65-B	66-A
67-C	68-B	69-C	70-D	71-B	72-D
73-D	74-A	75-D	76-B	77-C	78-C
79-D	80-A	81-B	82-B	83-C	84-C
85-C	86-D	87-B	88-D	89-C	90-A
91-D	92-C	93-C	94-A	95-D	96-C
97-A	98-C	99-D	100-C		

4.12 उत्तररामचरितम्

महाकवि भवभूति का परिचय

- **पितामह** – भट्टगोपाल
- **पिता** – नीलकण्ठ
- **माता** – जतुकर्णी (जातुकर्णी)
- **भवभूति का मूलनाम** – श्रीकण्ठ या भट्टश्रीकण्ठ
- **गुरु** – (i) ज्ञाननिधि (ii) कुमारिलभट्ट
- **भवभूति का दार्शनिक नाम** – उदुम्बर/उम्बिकाचार्य/उम्बेक
- **जन्मस्थान** – दक्षिणभारत में पद्मपुर नगर
- **उपाधि** – (i) पदवाक्यप्रमाणज्ञ, पद = व्याकरण, वाक्य = मीमांसा, प्रमाण = न्याय
  (ii) वश्यवाक्, (iii) परिणतप्रज्ञ, (iv) शिखरिणीकवि
- **वंश/गोत्र** – काश्यप
- **जाति** – कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखापाठी ब्राह्मण
- **आश्रयदाता** – कान्यकुब्जनरेश यशोवर्मा
- **समय**– 650 ई. से 750 ई. के बीच (सातवीं शताब्दी का उत्तरार्ध)
- **रचनायें** – 1. मालतीमाधवम् (प्रकरण)
  2. महावीरचरितम् (नाटक)
  3. उत्तररामचरितम् (नाटक)
- **भवभूति की रीति** – गौडी
  (उत्तररामचरितम् में गौड़ी और वैदर्भी का समन्वय)
- **भवभूति का प्रियरस** – करुण
- **भवभूति के प्रियछन्द** – अनुष्टुप् और शिखरिणी
- **उपासक** – शिव के
- उत्तररामचरितम् में भवभूति अपने आपको **'परिणतप्रज्ञ'** कहते हैं।
- महावीरचरितम् में भवभूति अपने आपको **'वश्यवाक्'** कहते हैं।
- भवभूति के नाटकों में **'अभिधावृत्ति'** मुख्य है।
- भवभूति की कृतियों में **'ओजगुण'** अधिक है।
- **क्षेमेन्द्र ने 'सुवृत्ततिलक'** में भवभूति के शिखरिणी की प्रशंसा में उसे **'निरर्गलतरङ्गिणी'** कहा है –
  भवभूतेः शिखरिणी निरर्गलतरङ्गिणी।
  रुचिरा घनसन्दर्भे या मयूरीव नृत्यति॥ (सु. 3.33)
- भवभूति के तीनों नाटकों में **विदूषक का सर्वथा अभाव** है।

महाकवि भवभूति विषयक प्रशस्तियाँ

1. कवयः कालिदासाद्याः भवभूतिर्महाकविः।
   – अज्ञात समालोचक
   नाटके भवभूतिर्वा वयं वा वयमेव वा।
2. उत्तरे रामचरिते भवभूतिर्विशिष्यते। **– विक्रमार्क**
3. कारुण्यं भवभूतिरेव तनुते। **– अज्ञात**
4. बभूव वाल्मीकभवः कविः पुरा ततः प्रपेदे भुवि भर्तृमेण्ठताम्।
   स्थितः पुनर्योभवभूतिरेखया स वर्तते सम्प्रति राजशेखरः।।
   – राजशेखर - बालरामायण
5. भवभूतेर्शिखरिणी निरर्गलतरङ्गिणी।
   रुचिरा घनसन्दर्भे या मयूरीव नृत्यति।।
   – क्षेमेन्द्र - सुवृत्ततिलक
6. भवभूतेः सम्बन्धाद्भूधरभूरेव भारती भाति।
   एतत्कृतकारुण्ये किमन्यथा रोदिति ग्रावा।।
   – गोवर्धनाचार्य - आर्यासप्तशती।
7. स्पष्टभावरसा चित्रैः पादन्यासैः प्रवर्तिता।
   नाटकेषु नटस्त्रीव भारती भवभूतिना।।
   – धनपाल - तिलकमञ्जरी
8. सुकविद्वितयं मन्ये निखिलेऽपि महीतले।
   भवभूतिः शुकश्चायं वाल्मीकिस्त्रितयोऽनयोः।।
   – भोज - भोजप्रबन्ध
9. रत्नावली पूर्वकमन्यदास्तामसीमभोगस्य वचोमयस्य।

पयोधरस्येव हिमाद्रिजायाः परं विभूषा भवभूतिरेव।।

– जल्हण - सूक्तिमुक्तावली

10. भवभूतिमनादृत्य निर्वाणमतिना मया।
मुरारिपदचिन्तायामिदमाधीयते मनः।।

– जल्हण - सूक्तिमुक्तावली।

11. मान्यो जगत्यां भवभूतिरार्या सारस्वते वर्त्मनि सार्थवाहः।
वाचं पताकामित्रस्य दृष्ट्वा जनः कवीनामनुपृष्ठमेति।।

– उदयसुन्दरीचम्पू

12. भवभूतिजलधिनिर्गतकाव्यामृतरसकणा इव स्फुरन्ति।

यस्य विशेषा अद्यापि विकटेषु कथानिवेशेषु।।

– गौडवहो - वाक्पतिराज

13. जडानामपि चैतन्यं भवभूतेरभूद् गिरा।
ग्रावाप्यरोदीत् पार्वत्याः हसतः स्म स्तनावपि।। **– अज्ञात**

14. अन्तर्मोदं कमपि भवभूतिर्वितनुते।। **– सदुक्तिकर्णामृत**

15. भव्यां यदि विभूतित्वं तात कामयसे तदा।
भवभूतिपदे चित्तमविलम्बं निवेशय।। **– अज्ञात।**

16. भवभूतेर्विच्छित्तिव्यभिचारमुचो गिरां गुम्फाः।
विधिनापि दुर्निवारं तेषां खलु भावभूतत्वम्।।

– विश्वेश्वर पाण्डेय

17. भवभूतेः कवीन्द्रस्य वाणी कामदुधामता।
ब्रह्मानन्दसहोदर्या या तनोति मुदं सदा।।**–कपिलदेव द्विवेदी**

18. साऽम्बा पुनातु भवभूतिपवित्रमूर्तिः। **– भवभूति**

19. भवभूतिर्नाम कविर्निसर्गसौहृदेन भरतेषु वर्तमानः।

– मालतीमाधवस्य प्रस्तावना

20. कविर्वाक्पतिराजश्रीभवभूत्यादिसेवितः।
जितो ययौ यशोवर्मा तद्गुणस्तुतिवन्दिताम्।।

– कल्हण राजतरङ्गिणी

21. तपस्वीं कां गतोऽवस्थामिति स्मराननाविव।
गिरिजायाः स्तनौवन्दे भवभूतिसिताननौ।।**– भवभूति**

उत्तररामचरितम्

- **लेखक** – भवभूति
- **विधा** – नाटक
- **अङ्क** – 7 (सात)
- **प्रधानरस** – करुण
- **उपजीव्य** (i) वाल्मीकीयरामायण उत्तरकाण्ड (सर्ग 42-97 तक) (ii) पद्मपुराण (पातालखण्ड 1-68 तक)
- **विशेषतायें**– (1) सप्तम अङ्क में **गर्भनाटक** की योजना
  (2) प्रथम अङ्क में **चित्रवीथी** की योजना
  (3) **विदूषक रहित** नाटक
  (4) तृतीय अङ्क में **छायाङ्क** की योजना
- **प्रमुखपात्र** – राम (नायक), सीता (नायिका), गोदावरी, भागीरथी, तमसा, मुरला, वासन्ती (वनदेवता), पृथ्वी, आत्रेयी, वशिष्ठ, कौशल्या, मुनिबालक सौधातकि, गुप्तचरदुर्मुख, लव, कुश, चन्द्रकेतु, वाल्मीकि, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, अष्टावक्र, दण्डायन, सुमन्त्र, अरुन्धती, जनक, कञ्चुकी आदि।
- अनुष्टुप् (84 श्लोक), शिखरिणी (30), वसन्ततिलका (26), शार्दूलविक्रीडित (25) आदि।
- उत्तररामचरितम् में भवभूति ने **38 अलङ्कारों का प्रयोग** किया है; और प्रयोग की दृष्टि से उन्हें–उपमा, उत्प्रेक्षा, काव्यलिङ्ग, रूपक, अर्थान्तरन्यास अत्यन्त **प्रिय अलङ्कार** माने जाते हैं।
- इसमें **7 (सात) अङ्कों में** रामायण के उत्तरकाण्ड की कथा वर्णित है।
- राम के वन-प्रत्यागमन के बाद राजगद्दी पाने से लेकर सीता-मिलन तक की सम्पूर्ण कथाएँ कुछ कल्पना-प्रसूत घटनाओं के साथ दिखाई गई हैं। यह **भवभूति का सर्वश्रेष्ठ नाटक** है।
- सप्तम अंक में **'गर्भाङ्क' की कल्पना** है।
- पद्मपुराण में वर्णित रामकथा से उत्तररामचरित की कथा का अधिक साम्य है।
- उत्तररामचरित में **कुल पात्रों की संख्या 30** है। इनके अतिरिक्त 6 पात्रों का उल्लेख मात्र है।
- भवभूति ने उत्तररामचरित में **19 छन्दों का प्रयोग** किया है।
- उत्तररामचरित में **कुल श्लोकों की संख्या 256** है।
- **अनुष्टुप् के पश्चात् शिखरिणी छन्द** का सर्वाधिक प्रयोग हुआ है। मङ्गलाचरण में अनुष्टुप् है।
- भवभूति ने उत्तररामचरित में केवल **'शौरसेनी प्राकृत'** का प्रयोग किया है।
- नाटक का आरम्भ **'चित्रदर्शन'** से होता है।
- प्रथम अङ्क में राम के राज्याभिषेक से उत्पन्न प्रतिक्रिया का निरीक्षण करके **'दुर्मुख'** आता है।
- मङ्गलाचरण में प्राचीन कवियों वाल्मीकि आदि को लक्ष्य करके प्रार्थना की गई है।
- 'उत्तररामचरितम्' में **'नमस्कारात्मक' मङ्गलाचरण** किया गया है।
- महाराज **दशरथ की पुत्री शान्ता** के पति ऋष्यशृङ्ग ने बारह वर्ष चलने वाला यज्ञ प्रारम्भ किया है इसकी सूचना प्रथम अङ्क में प्राप्त होती है।
- महर्षि वशिष्ठ का संदेश लेकर **अष्टावक्र** आते हैं। वे 'कहोड़' के पुत्र हैं।
- लक्ष्मण द्वारा सीता के मनोविनोदार्थ लाये गये चित्रवीथी में सीता के अग्निशुद्धि तक की कथा चित्रित है।
- लक्ष्मण की पत्नी का नाम **'उर्मिला'** है।
- चित्रवीथी बनाने वाले **चित्रकार का नाम अर्जुन** है।
- **सौधातकि** और **दण्डायन** वाल्मीकि के दो शिष्य हैं।

- लक्ष्मण के पुत्र का नाम **'चन्द्रकेतु'** है।
- **शम्बूक** एक शूद्र तपस्वी है।
- चन्द्रकेतु के वृद्ध सारथि **'सुमन्त्र'** हैं।
- **वासन्ती** वनदेवता है और सीता की प्रियसखी है।
- **आत्रेयी** एक तपस्विनी ब्रह्मचारिणी है।
- **तमसा** और **मुरला** दो नदी अधिष्ठात्री देवियाँ हैं।
- महर्षि **वशिष्ठ की पत्नी 'अरुन्धती'** हैं तथा **महर्षि अगस्त्य की पत्नी 'लोपामुद्रा'** हैं।
- द्वितीय अङ्क में राम 'शम्बूक वध' करते हैं।
- पञ्चवटी के पास स्थित गोदावरी नदी से राम के जीवन के प्रति सावधान रहने की प्रार्थना 'लोपामुद्रा' द्वारा 'मुरला' के माध्यम से की गई है।
- प्रसवपीड़ा से पीड़ित होकर सीता ने स्वयं को गङ्गा के प्रवाह में डाल दिया और वहीं उनके दोनों पुत्र उत्पन्न हुए।
- देवी गङ्गा ने दोनों बालकों को महर्षि वाल्मीकि को समर्पित किए।
- तृतीय अङ्क में कुश और लव के `12वीं वर्षगाँठ' की चर्चा है।
- 'गङ्गा' ने सीता को आदेश दिया कि वे अपने हाथों से तोड़े गये पुष्पों से अपने पुराण आदिश्वसुर सूर्य की पूजा करें।
- 'गङ्गा' के प्रभाव से सीता को वन देवता भी नहीं देख पाते।
- तृतीय अङ्क के आरम्भ में सीता 'गोदावरी' के जल से निकलती हैं।
- गोदावरी से निकलती सीता करुणा की मूर्ति एवं शरीरधारिणी विरहव्यथा सी प्रतीत होती हैं।
- अदृश्य सीता के साथ तमसा रहती है और वह सीता को देख सकती है।
- तृतीय अङ्क का आरम्भ **'विष्कम्भक'** से होता है।
- 'वासन्ती' सीता-त्याग के लिए राम की भर्त्सना करती है।
- राम तृतीय अङ्क में 'अश्वमेध' यज्ञ की सूचना देते हैं और सीता की स्वर्ण प्रतिमा को उन्होंने पत्नी के स्थान पर रखा है।
- तृतीय अङ्क का आरम्भ तमसा-मुरला नामक दो नदियों के वार्तालाप से होता है।
- उत्तररामचरित में **`38 अलङ्कारों'** का प्रयोग है सर्वाधिक प्रयोग **'उपमा' (74 बार)** का है।
- चतुर्थ अङ्क का आरम्भ दण्डायन और सौधातकि के वार्तालाप से होता है।
- तृतीय अङ्क में श्लोकों की संख्या **`48'** है।
- चतुर्थ अङ्क में कौशल्या के पूछने पर 'लव' अपने को वाल्मीकि का पुत्र बताता है।
- 'रामकथा' के अभिनय के लिए वाल्मीकि ने इस कथा को कुश के संरक्षण में भरतमुनि के पास भेजा।
- चतुर्थ अङ्क में लव यज्ञ का घोड़ा पकड़ता है।
- पञ्चम अङ्क में लव **'जृम्भक अस्त्र'** का प्रयोग करता है।
- लव राम के शौर्य को कुछ नहीं समझता और उन पर आक्षेप करता है।
- षष्ठ अङ्क में **लव और चन्द्रकेतु में** दिव्य अस्त्रों से **घोर युद्ध** होता है।
- चन्द्रकेतु के 'आग्नेय अस्त्र' की प्रतिकार स्वरूप लव 'वारुण' अस्त्र छोड़ता है।
- सप्तम अङ्क में वाल्मीकि की कृति का 'अप्सराओं' द्वारा अभिनय किया गया है।
- 'उत्तररामचरितम्' का **भरतवाक्य शार्दूलविक्रीडित छन्द** में है।
- उत्तररामचरितम् में **करुणरस प्रधान** है।इसमें वैदर्भी एवं गौडीरीति का प्रयोग है।
- 'उत्तररामचरितम्' सुखान्त नाटक है।
- तृतीय अङ्क में सीता द्वारा पाले गये हाथी, मयूर और कदम्ब की चर्चा आती है।
- मयूर 'कदम्ब' के वृक्ष पर बैठकर मधुर स्वर करता है।
- प्रथम अङ्क में राम ने लोकानुरञ्जन के लिए सीता तक को त्याग देने की बात कही है।

''स्नेहं दयां च सौख्यं च यदि वा जानकीमपि।
आराधनाय लोकस्य मुञ्चतो नास्ति मे व्यथा।।'' (1/12)

- प्रथम अङ्क में राम अष्टावक्र से यह प्रसिद्ध श्लोक कहते हैं।

''लौकिकानां हि साधूनामर्थं वागनुवर्तते।
ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति।।'' (1/10)

- तृतीय अङ्क का आरम्भ राम के करुण रस के उद्घोष के साथ होता है। जिसे मुरला कहती है–

अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः।
पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः।। (3/1)

- तृतीय अङ्क में सर्वाधिक **अनुष्टुप् (11) छन्द** का प्रयोग हुआ है। **7 'वसन्ततिलका'** वृत्त प्रयुक्त है।
- तृतीय अङ्क का अन्त भी करुण रस के उद्घोष से होता है जिसे तमसा कहती है –

'एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्। (वसन्ततिलका) (3/47)

- लवणासुर के वध के लिए **'शत्रुघ्न'** जाते हैं।
- मूल कथा में अश्वमेधीय अश्व का रक्षक **भरतपुत्र 'पुष्कल'** है, उत्तररामचरित में **लक्ष्मण पुत्र चन्द्रकेतु** है।
- सप्तम अङ्क में गङ्गा और पृथ्वी सीता के चरित्र की पवित्रता की घोषणा करती हैं।
- कवियों ने **'कारुण्यं भवभूतिरेव तनुते'** कहकर भवभूति का यशोगान किया है।
- भवभूति ने चौथे अङ्क में समांस या अमांस मधुपर्क का प्रसंग उठाया है।
- पञ्चवटी में राम का **'शयन-शिलातल'** कदली वन के मध्य में विद्यमान था।
- वासन्ती केवल लक्ष्मण का कुशलक्षेम पूछती है।
- वासन्ती राम को जटायु द्वारा तोड़ा गया काले लोहे का बना रावण का रथ दिखाती है।

उत्तररामचरितम् का मङ्गलाचरण

इदं कविभ्यः पूर्वेभ्यो नमोवाकं प्रशास्महे।
विन्देम देवतां वाचममृतामात्मनः कलाम्॥ 1/1 ॥

भावार्थ- हम अपने पुरातन (वाल्मीकि आदि) कवियों को प्रणाम कर ''ब्रह्मा की अंशभूत सनातनी देवी वाणी (सरस्वती) को प्राप्त करें'', यह कामना करते हैं।

(अर्थात् पहले के वाल्मीकि आदि कवियों को प्रणाम कर हम यह कामना करते हैं कि ब्रह्मा की अंशभूत सनातनी सरस्वती को प्राप्त करें।)

- ☆ उपर्युक्त मङ्गलाचरण में वाणी देवी को नमस्कार किया गया है।
- ☆ नमस्कारात्मक नान्दी प्रयुक्त है।
- ☆ प्रस्तुत श्लोक में 12 पद हैं। अतः द्वादशपदा नान्दी है।
- ☆ अनुप्रास एवं श्लेष अलङ्कार है तथा अनुष्टुप् (पत्थ्यावक्त्र) छन्द का प्रयोग है।
- ☆ शुद्ध नान्दी का प्रयोग हुआ है।

उत्तररामचरितम् का भरतवाक्य

पाप्मभ्यश्च पुनाति वर्धयति च श्रेयांसि सेयं कथा
मङ्गल्या च मनोहरा च जगतो मातेव गङ्गेव च।
तामेतां परिभावयन्त्वभिनयैर्विन्यस्तरूपां बुधाः
शब्दब्रह्मविदः कवेः परिणतां प्राज्ञस्य वाणीमिमाम्॥ 7/21॥

भावार्थ- संसार की माता और गङ्गा की तरह कल्याण करने वाली तथा मनोहर प्रसिद्ध यह रामायण की कथा पापों से पवित्र करती है और कल्याण को बढ़ाती है। विद्वान् लोग अभिनय के द्वारा शब्दब्रह्म को चाहने वाले इस बुद्धिमान् कवि की नाटक के रूप में परिणत ऐसी ही उत्तररामचरितस्वरूप वाणी का विचार करें।

- ☆ इस माङ्गलिक पद्य में संसार के कल्याण के लिए नाटकीय पात्रों की ओर से शुभकामना है।
- ☆ यहाँ उपमा के चारों भेद होने से पूर्णोपमा अलङ्कार है।
- ☆ 'प्रशस्ति' नामक निर्वहण सन्धि का अङ्ग है।
- ☆ शार्दूलविक्रीडित छन्द का प्रयोग हुआ है।

'उत्तररामचरित' नाम की सार्थकता

रामस्य चरितम् इति रामचरितम् **(षष्ठी तत्पुरुष)**

1. उत्तरं च तत् रामचरितम् इति उत्तररामचरितम् **(कर्मधारय समास)**

उत्तररामचरित अधिकृत्य कृतं नाटकं इति उत्तरामचरितम्।
'अधिकृत्य कृते ग्रन्थे' सूत्र से अण् प्रत्यय हुआ-
उत्तरामचरित+अण् (अ)
'लुबाख्यायिभ्यो बहुलम्' वार्तिक से 'अ' का लोप होकर 'उत्तररामचरिम्' बना।
अर्थात् जिसमें राम के जीवन के उत्तरार्द्ध की घटनाओं का वर्णन है, ऐसा नाटक।

2. उत्तरं रामचरितं यस्मिन् तत् **(बहुव्रीहि समास)**

अर्थात् जिसमें उत्तरकालीन रामचरित का वर्णन है।

'उत्तररामचरितम्' की प्रमुख सूक्तियाँ एवं कथनों का विवरण

1. **अपिग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम्।** (1/28)
   भावार्थ – निर्जन जनस्थान (दण्डकारण्य) में आपके चरितों से पत्थर भी रो पड़े थे और वज्र का भी हृदय फट गया था।
- **वक्ता** – लक्ष्मण, अङ्क - प्रथम (चित्रदर्शन)
  श्रोता – राम एवं सीता।
  छन्द – शिखरिणी। अतिशयोक्ति अलङ्कार
2. **एते हि हृदयमर्मच्छिदः संसारभावाः।**
   ये सांसारिक भाव हृदय के मर्मस्थल को भेदन करने वाले हैं।
- **प्रथम अङ्क** – राम का सीता से कथन
3. **इयं गेहे लक्ष्मीरियममृतवर्तिर्नयनयोः।** (1/38)
   यह (सीता) घर में लक्ष्मी है, यह नेत्रों के लिए अमृत की शलाका है।
- प्रथम अङ्क में राम का कथन
  शिखरिणी छन्द और रूपक अलङ्कार।
4. **''दुर्जनोऽसुखमुत्पादयति''**
   भाव – दुर्जन दुःख उत्पन्न करता है।
   प्रथम अङ्क – सीता का कथन, राम और लक्ष्मण के समक्ष।
5. **तीर्थोदकं च वह्निश्च नान्यतः शुद्धिमर्हतः।** (1/13)
   भाव – तीर्थ, जल और अग्नि, ये अन्य पदार्थों से शुद्धि के योग्य नहीं हैं।
- राम का कथन है। सीता के परिपेक्ष्य में। सीता और लक्ष्मण के सम्मुख प्रथम अङ्क। अनुष्टुप् छन्द। प्रतिवस्तूपमा, दृष्टान्त अलंकार।
6. **नैसर्गिकी सुरभिणः कुसुमस्य सिद्धा मूर्ध्नि स्थितिर्न चरणैरवताडनानि॥** (1/14)
   भावार्थ – सुगन्धित फूल का सिर पर रखा जाना स्वभावसिद्ध है, न कि पैरों से कुचला जाना।
- **प्रथम अङ्क** – राम का कथन। सीता को लक्ष्य करके। सीता और लक्ष्मण के सम्मुख।
  दृष्टान्त अलङ्कार, वसन्ततिलका वृत्त।
7. **सतां केनापि कार्येण लोकस्याराधनं व्रतम्।** (1/41)
   भावार्थ – चाहे जो भी हो, जनता को प्रसन्न रखना सज्जनों का कर्त्तव्य है।

- राम का कथन। दुर्मुख के सम्मुख। अनुष्टुप् छन्द। प्रथम अङ्क

8. सन्तापकारिणो बन्धुजनविप्रयोगा भवन्ति।
भावार्थ – बन्धुजनों का वियोग दुःखदायी होता है।

- सीता का कथन (प्रथम अङ्क) राम, लक्ष्मण के सम्मुख।

9. ते हि नो दिवसा गताः।
भावार्थ – हमारे वे दिन बीत गये। अनुष्टुप् छन्द।

- राम का कथन, लक्ष्मण व सीता के सम्मुख (प्रथम अङ्क)

10. ''सतां सद्भिः सङ्गः कथमपि हि पुण्येन भवति। (2/1)
भावार्थ– सज्जनों का सज्जनों से मिलन बड़े पुण्य से होता है।

- द्वितीय अङ्क (प्रथम श्लोक)
वन देवता का कथन, तापसी से। शिखरिणी वृत्त, अर्थान्तरन्यास अलङ्कार

11. वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि लोकोत्तराणां चेतांसि को हि विज्ञातुमर्हति। (2/7)
भावार्थ – वज्र से भी कठोर और फूल से भी कोमल महापुरुषों के चित्त को कौन जान सकता है।

- द्वितीय अङ्क , वासन्ती का कथन आत्रेयी से।
अनुष्टुप् छन्द। विषम, अप्रस्तुतप्रशंसा अर्थापत्ति अलङ्कार।

12. अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः।
पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः॥ (3/1)
भावार्थ– गम्भीरता के कारण अप्रकट एवं अन्दर छिपी हुई घोर वेदना से युक्त राम का करुण रस (शोक) पुटपाक के तुल्य है।

- तृतीय अङ्क (प्रथम श्लोक)।
मुरला का कथन तमसा से। लोपामुद्रा का सन्देश।
अनुष्टुप् छन्द, उपमा अलङ्कार

13. वीचीवातैः..............प्रेरितैस्तर्पयेति॥(3/2)
भावार्थ – जल कणों से शीतल, पद्म-पराग की सुगन्ध को लाने वाली, धीरे-धीरे चलने वाली, तरङ्ग-वायुओं से रामचन्द्र की प्रत्येक मूर्च्छा के समय चेतना प्रदान करना।
मुरला द्वारा कहा गया लोपामुद्रा का संदेश 'गोदावरी' के लिए। तमसा के सम्मुख। शालिनी छन्द, समुच्चय अलङ्कार।

14. उचितमेव दाक्षिण्यं स्नेहस्य। संजीवनोपायस्तु मौलिक एव रामभद्रस्याद्य सन्निहितः। (3)
भावार्थ – स्नेह की उदारता उचित ही है। किन्तु रामचन्द्र को होश में लाने का मौलिक उपाय (सीता) आज समीप ही विद्यमान है।

- तमसा का कथन मुरला से

15. ईदृशानां विपाकोऽपि जायते परमाद्भुतः।
यत्रोपकरणीभावमायात्येवंविधो जनः॥ (3/3)
भाव – ऐसे व्यक्तियों (सीता और राम जैसों) की दुरवस्था भी आश्चर्यजनक होती है, जिसमें ऐसे (पृथ्वी और गङ्गा जैसे) लोग सहायक होते हैं।

- **मुरला का कथन** – तमसा से।
अनुष्टुप् वृत्त, काव्यलिङ्ग अलंकार

16. अव्यग्रस्य पुनरस्य शोकमात्रद्वितीयस्य पञ्चवटीप्रवेशो महाननर्थ इति। (3)
भावार्थ – इस समय कार्यों में अव्यस्त और केवल शोकरूपी साथी से युक्त राम का पञ्चवटी में प्रवेश बहुत अनिष्टकारी है।

- मुरला का तमसा से कथन, राम के प्रति।

17. न त्वामवनिपृष्ठवर्तिनीमस्मत्प्रभावाद् वनदेवता अपि द्रक्ष्यन्ति किमुत मर्त्याः? (3)
भावार्थ – भूतल पर विद्यमान तुमको मेरे प्रभाव से वनदेवता भी नहीं देख सकेंगे, साधारण मनुष्यों की बात ही क्या।

- तमसा मुरला से भागीरथी द्वारा सीता से कही गयी बात को बताती है।

18. करुणस्य मूर्तिरथवा शरीरिणी विरहव्यथेव वनमेति जानकी। (3/4)
भावार्थ – सीता करुण रस की साक्षात् मूर्ति अथवा शरीरधारिणी 'वियोगव्यथा' के तुल्य वन (पञ्चवटी) में आ रही हैं।

- गोदावरी से निकलती हुयी सीता को देखकर तमसा का मुरला से कथन।
मञ्जुभाषिणी वृत्त उत्प्रेक्षा अलङ्कार।

19. किसलयमिव..........केतकीगर्भपत्रम्। (3/5)
भावार्थ – हृदयरूपी कमल को सुखाने वाला, कठोर और चिरस्थायी शोक सीता के शरीर को उसी प्रकार मलिन बना रहा है, जैसे शरत्कालीन धूप केतकी के फूल के अंदर के पत्ते को। मालिनी छन्द। उपमा, रूपक अलङ्कार।

- मुरला का तमसा से कथन, सीता के विषय में।

20. अपरिस्फुटनिक्वाणे कुतस्त्येऽपि त्वमीदृशी।
स्तनयित्नोर्मयूरीव चकितोत्कण्ठितं स्थिता॥ (3/7)
भावार्थ – मेघ की अस्पष्ट ध्वनि पर मोरनी के तुल्य तुम कहीं से आये हुए अस्पष्ट शब्द को सुनकर इस प्रकार आश्चर्ययुक्त और उत्कण्ठित हो गई हो।

- तमसा का सीता से कथन।
अनुष्टुप् वृत्त, उपमा अलङ्कार

21. यत्र द्रुमा अपि.........गिरेस्तटानि॥ (3/18)
भावार्थ – जहाँ वृक्ष इत्यादि मेरे बन्धु थे, जहाँ प्रिया के साथ बहुत समय रहा, यह वही आश्रमस्थान है। वसन्ततिलका छन्द। अर्थापत्ति अलंकार।

- राम का कथन नेपथ्य से।

22. अहमेवैतस्य हृदयं जानामि, ममैषः। (3)
भावार्थ – मैं ही इनके हृदय को जानती हूँ और ये मेरे हृदय को।

- सीता का कथन तमसा से।

23. निष्कारणपरित्यागिनोऽप्येतस्य दर्शनेनैवंविधेन कीदृशी मे हृदयावस्था। (3)
भाव – अकारण परित्याग करने वाले भी इनके इस प्रकार के दर्शन से मेरे हृदय की कैसी अवस्था हो रही है।

- सीता का कथन तमसा से।

24. श्लोक–तटस्थं नैराश्यादपि च कलुषं विप्रियवशात्
वियोगे दीर्घेऽस्मिञ्झटिति घटनात्स्तम्भितमिव
प्रसन्नं सौजन्याद्दयितकरुणैर्गाढकरुणं
द्रवीभूतं प्रेम्णा तव हृदयमस्मिन्क्षण इव। (3/13)

भावार्थ – इस समय तुम्हारा हृदय निराशा से उदासीन-सा और अप्रिय कार्य के कारण खिन्न-सा, इस लम्बे विरहकाल में सहसा मिलन के कारण निश्चेष्ट-सा, सज्जनता से प्रसन्न-सा, प्रिय की करुणा से शोकातुर सा और प्रेम से द्रवीभूत सा हो रहा है।

शिखरिणी वृत्त, उत्प्रेक्षा अलंकार।

- तमसा का कथन सीता से।

25. प्रत्ययेन निष्कारणपरित्यागशल्यितोऽपि
बहुमतो मम जन्मलाभः। (3)

भाव – अकारण परित्याग रूपी शल्य से विध कर भी मेरा संसार में जन्म लेना मेरे लिए श्लाघनीय है।

- सीता का कथन तमसा से।

26. अन्तःकरणतत्त्वस्य दम्पत्योः स्नेहसंश्रयात्।
आनन्दग्रन्थिरेकोऽयमपत्यमिति पठ्यते॥ (3/17)

भावार्थ – पति और पत्नी के हृदयरूपी तत्व के प्रेम का आश्रय होने के कारण 'सन्तान' यह अनुपम सुख की गाँठ कही जाती है। अनुष्टुप् छन्द।

- तमसा का कथन सीता से है।

27.ईदृशो जीवलोकस्य परिणामः संवृतः।

भाव – संसार का यही (दुःखद) परिणाम हुआ।

- सीता का कथन वासन्ती को सम्बोधित करके।

28.स्नपयति हृदयेशं स्नेहनिष्यन्दिनी ते धवलमधुरमुग्धा दुग्धकुल्येव दृष्टिः। (3/23)

भावार्थ – श्वेत, मधुर एवं मनोहर तुम्हारी दृष्टि दूध की नहर की तरह अपने हृदयेश्वर को स्नान कराती है।

उपमा, उत्प्रेक्षा अलंकार, मालिनी छन्द।

- तमसा का कथन सीता से।

29.पुनरिदमयं देवो रामः स्वयं वनमागतः। (3/24)

भावार्थ – ये महाराज राम फिर स्वयं इस वन में आए हैं। – हरिणी छन्द

- वासन्ती का कथन राम के सम्मुख वन की वस्तुओं से।

30.पूजार्हः सर्वस्यार्यपुत्रो विशेषतो मम प्रियसख्याः। (3)

भावार्थ – आर्यपुत्र सभी के पूजनीय हैं विशेष रूप से मेरी प्रियसखी (वासन्ती) के।

- **सीता का कथन** – वासन्ती को सम्बोधित करके।

31. त्वं जीवितं............किमतः परेण। (3/26)

- वासन्ती का कथन राम से। राम द्वारा सीता से पहले कही बातें।
- वसन्ततिलका छन्द। आक्षेप अलंकार दशरूपक में यह श्लोक वाक्केलि के उदाहरणस्वरूप दिया गया है।

32. अयि कठोर! .... मन्यसे। (3/27)

- वासन्ती का कथन राम से। द्रुतविलम्बित छन्द, उपमा अलङ्कार।

33.यैवं प्रलपन्तं प्रलापयसि। (3)

भावार्थ – जो इस प्रकार विलाप करते हुए (राम) को और रूला रही है।

- सीता का कथन वासन्ती से।

34. पूरोत्पीडे तटाकस्य परीवाहः प्रतिक्रिया।
शोकक्षोभे च हृदयं प्रलापैरेव धार्यते। (3/29)

भावार्थ – तालाब में जल-प्रवाह की अधिकता होने पर जल को बाहर निकालना ही उसका एकमात्र प्रतीकार है। शोकजन्य क्षोभ में हृदय विलाप के द्वारा ही बचाया जाता है।

अनुष्टुप् छन्द, दृष्टान्त अलंकार।

- तमसा का कथन सीता से।

35. प्रियाशोको जीवं कुसुममिव घर्मो ग्लपयति। (3/30)

भाव – जिस प्रकार धूप फूल को उसी प्रकार प्रिया का शोक जीवन को सुखाता है। शिखरिणी वृत्त। उपमा अलङ्कार।

- तमसा का कथन सीता से राम के प्रति।

36. ''किमिति किलैषा मंस्यत एष परित्याग एषोऽभिषङ्ग इति।'' (3)

भावार्थ – यह (तमसा) क्या सोचेंगी – यह परित्याग और यह आसक्ति?

- सीता का कथन।

37. एकोरसः करुण एव निमित्तभेदाद्। (3/46)

भावार्थ – एक करुण रस ही है जो कारण-भेद से भिन्न होकर पृथक्-पृथक् परिणामों को प्राप्त कराता सा प्रतीत होता है।

वसन्ततिलका छन्द। उपमा (पूरे श्लोक में)

- तमसा का कथन सीता से।
- तृतीय अङ्क के अन्त में गङ्गा, पृथ्वी, वाल्मीकि और वशिष्ठ की प्रार्थना की गयी है।

38. गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः। (4/11)

भावार्थ – गुणवानों में गुण ही पूजा के स्थान होते हैं, न कोई चिह्न-विशेष और न आयु।

शिखरिणी वृत्त। अर्थान्तरन्यास अलंकार।

- **चतुर्थ अङ्क** – अरुन्धती का कथन कौशल्या से।

उत्तररामचरितम् की अन्य सूक्तियाँ

- लतायां पूर्वलूनायां प्रसवस्योद्भवः कुतः
- विना सीतादेव्यां किमिव हि न दुःखं रघुपते
- वीराणां समयो हि दारुणरसः स्नेहकमंबाधते।
- वृद्धास्ते न विचारणीयचरिताः
- प्रसवः खलु प्रकर्षपर्यन्तः स्नेहस्य (तमसा का कथन, अङ्क-3)।
- सुलभसौख्यमिदानीं बालत्वं भवति।

उत्तररामचरितम्- बिन्दुवार अध्ययन

- 'उत्तररामचरितम्' के रचियता हैं? - **भवभूति**
- उत्तररामचरितम् में अङ्क की गिनती है - **7**

- 'करुणरस' प्रधान नाटक है - **उत्तररामचरितम्**
- 'उत्तररामचरितम्' में पात्रों की संख्या है - **30 (तीस)**
- गर्भाङ्क इस नाटक में है - **उत्तररामचरितम्**
- 'उत्तररामचरितम्' के तृतीय अङ्क में कुल कितने श्लोक हैं? - **48**
- विदूषक रहित रचना है? - **उत्तररामचरितम्**
- भवभूति का सम्बन्ध है? - **उत्तररामचरितम् से**
- भवभूति का उत्कर्ष किस नाटक में है?-**उत्तररामचरितम् में**
- छाया अङ्क का सम्बन्ध किस नाटक से है - **उत्तररामचरिते**
- उत्तररामचरितम् नाटक रामायण के - **उत्तरार्द्ध पर आधारित है।**
- उत्तररामचरितम् नाटक का मुख्य रस है - **करुणः**
- भवभूति की मुख्यनाट्यकृति है - **उत्तररामचरितम्**
- महाकवि भवभूति किस रस के प्रयोग में सिद्धहस्त हैं? - **करुण रस**
- 'उत्तररामचरितम्' में किस पात्र की भूमिका नगण्य है? - **विदूषक की**
- उत्तररामचरिते 'पदवाक्यप्रमाणज्ञो भवभूतिर्नाम जतुकर्णीपुत्रः' इति केनोक्तम्? - **सूत्रधारेण**
- उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में कवि की मौलिक कल्पना है? - **छाया-सीता व राम का दण्डकारण्य में पुनरागमन**
- छाया-सीता के साथ दण्डकारण्य में आए राम का दर्शन करने वाला दूसरा पात्र है - **तमसा**
- अस्मिन्नाटके अन्तर्नाटकं विद्यते? - **उत्तररामचरिते**
- गर्भाङ्कस्य योजना केन नाटककारेण कृता?- **भवभूतिना**
- उत्तररामचरितं .... प्रयुक्तं भवतीति सूत्रधारो विज्ञापयति - **कालप्रियानाथस्य यात्रायाम्**
- उत्तररामचरितस्य प्रथमाङ्कः उच्यते? - **चित्रदर्शनम्**
- 'चित्रदर्शनम्' इत्याख्यः अङ्कः कस्मिन् नाटके वर्तते? - **उत्तररामचरिते**
- 'उत्तररामचरितम्' में लवकुश के जन्म की किस वर्षगाँठ का वर्णन है? - **बारहवीं**
- 'उत्तररामचरितम्' के तृतीय अङ्क का प्रारम्भ किससे होता है? - **विष्कम्भक**
- 'उत्तररामचरितम्' नाटक का मङ्गलाचरण किस छन्द में है? - **अनुष्टुप्**
- 'उत्तररामचरितम्' के मङ्गलाचरण में किसकी वन्दना की गयी है? - **कवि तथा वाणी**
- 'उत्तररामचरितम्' के तृतीय अङ्क में राम किससे अपनी व्यथा का वर्णन करते हैं? - **वासन्ती से**
- दुबारा दण्डकारण्य मे आये हुये राम के साथ किस पात्र को भवभूति ने तृतीय अङ्क में वर्णित किया है? - **वासन्ती को**
- 'उत्तररामचरितम्' में वर्णित तमसा और मुरला हैं? - **दो नदियाँ**
- उत्तररामचरितम् की कथावस्तु प्रारम्भ होती है? - **राम द्वारा सीता के निर्वासन से**
- 'छायाङ्क' उत्तररामचरितम् का कौन-सा अङ्क है?- **तृतीयः**
- 'उत्तररामचरितम्' के तृतीय अङ्क में दो पात्रों के परस्पर संवाद में नाटकीय तत्त्वों का परिचय मिलता है–ये दो पात्र हैं -**तमसा और मुरला**
- कालप्रियानाथस्य यात्रायामभिनीतम् - **उत्तररामचरितम्**
- उत्तररामचरिते कः रसः - **करुणविप्रलम्भशृङ्गारः**
- सीता राम को कितने वर्षों के अन्तराल पर देखती हैं?-**बारह वर्ष**
- 'उत्तररामचरित' के तृतीय अङ्क में घटनास्थल है? - **पञ्चवटी**
- 'उत्तररामचरितम्' में सीता की सखी है? - **वासन्ती**
- ऋषि अगस्त्य की पत्नी है? - **लोपामुद्रा**
- रामचन्द्र 'छायासीता' को क्यों नहीं देख पाते? - **सीता को दिये गये भागीरथी के आशीर्वाद की वजह से।**
- 'छायाङ्क' का मुख्य कथानक है- **राम-सीता पुनर्मिलन**
- दण्डकारण्य मे राम कितने वर्ष बाद दुबारा आए थे? - **बारह वर्ष बाद**
- 'उत्तररामचरितम्' के तृतीयाङ्क में किस नदी का उल्लेख है? - **गोदावरी**
- रामचन्द्र जी दुबारा दण्डकारण्य किसलिए गये थे? - **तपस्या करते हुए शम्बूक को दण्ड देने के लिए**
- मूर्च्छित राम को चेतना कैसे मिली? - **सीता के कर स्पर्श से**
- कौन-सा रस विवर्त प्राप्त कर लेता है? - **करुण**
- 'उत्तररामचरितम्' नाटक में वर्णित वासन्ती है? - **सीता की सखी**
- 'उत्तररामचरितम्' के तृतीय अङ्क को छायाङ्क कहते हैं? क्योंकि - **मञ्च पर उपस्थित सीता राम को नहीं दिखाई देती।**
- 'उत्तररामचरितम्' में किससे कुश एवं लव के जन्म का रहस्योद्घाटन होता है? - **विष्कम्भक द्वारा**
- 'प्रत्युप्तस्येव दयिते तृष्णादीर्घस्य चक्षुषः। मर्मच्छेदोपमैर्यत्नैः सन्निकर्षो निरुध्यते।।' इस श्लोक के 'प्रत्युप्तस्येव' इस पद में अलङ्कार है? - **उत्प्रेक्षा**
- "आश्च्योतनं नु हरिचन्दनपल्लवानाम्" में 'नु' किस अलङ्कार का वाचक है? - **सन्देह**
- अगस्त्याश्रम में राम के रहने के लिए पर्णकुटी का निर्माण किसने किया था? - **लक्ष्मण**
- 'उत्तररामचरितम्' में राम किस कोटि के नायक हैं? - **धीरोदात्त**
- सीता परित्याग के बाद पुनः राम और सीता का मिलन वर्णित है - **उत्तररामचरितम् में**
- 'उत्तररामचरितम्' में किस काल के समाज एवं संस्कृति का वर्णन है? - **रामायणकालीन**

- ‘आराधनाय लोकस्य मुञ्चतो नास्ति मे व्यथा’ इत्यस्ति? - **उत्तररामचरिते**
- “भवभूतिमहाकवेरिमां निरर्गलतरङ्गिणी” इति वदन्ति - **शिखरिणी**
- “वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि” इत्यत्र किं छन्दः? - **अनुष्टुप्**
- ‘वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि’ इति केनोक्तम्? - **भवभूतिना**
- छाया-सीता इसमें आती है? - **उत्तररामचरितम्**
- छायाङ्क .... में है? - **उत्तररामचरितम्**
- अन्तःकरणतत्त्वस्य दम्पत्योः स्नेहसंश्रयात्।
  आनन्दग्रन्थिरेकोऽयमपत्यमिति पठ्यते।।
  इस श्लोक में किसका महत्त्व प्रतिपादित है?- **पुत्र का महत्त्व**
- तमसा और मुरला दोनों नदियाँ किस काव्य की पात्र हैं? - **उत्तररामचरितम्**
- उत्तररामचरिते भवभूतिना कस्मिन् अङ्के भरतस्य उल्लेखः कृतः? - **चतुर्थे**
- उत्तररामचरिते शम्बूकमुनिः कतमं लोकं प्राप्नोति - **वैराजम्**
- उत्तररामचरितस्य उपजीव्यो ग्रन्थः कः अस्ति?-**वाल्मीकिरामायणम्**
- उत्तररामचरिते कतमः अङ्कः ‘गर्भाङ्कः’ इति नाम्ना प्रसिद्धः - **सप्तमोऽङ्कः**
- ‘दिष्ट्याऽपरिहीनधर्मः खलु स राजा’ संवादेन भवभूतिः परिचाययति - **श्रीरामम्**
- भागीरथी ‘उत्तररामचरितम्’ में किसकी पूजा करने के बहाने सीता को लाती है? - **सूर्य**
- ‘उत्तररामचरितम्’ में अदृश्यरूप में सीता किसके साथ पञ्चवटी में आती हैं? - **गंगा**
- करुण के रस-राजत्व की प्रतिष्ठापना किस ग्रन्थ द्वारा की गई? - **उत्तररामचरितम्**
- ‘उत्तररामचरितम्’ के तृतीय अङ्क का सम्बन्ध किससे है? - **पञ्चवटी से**
- शान्ता थी - **दशरथ की पुत्री**
- ‘सतां सद्भिः सङ्गः कथमपि हि पुण्येन भवति’ का अर्थ है - **सज्जनों का सज्जनों के साथ मिलन बड़े पुण्य से होता है।**
- “प्रियाशोको जीवं कुसुममिव घर्मो ग्लपयति”
  यह उक्ति किससे सम्बन्धित है? - **उत्तररामचरितम्**
- “गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः”
  सूक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है? - **उत्तररामचरितम्**
- “वितरति गुरुः प्राज्ञे विद्यां यथैव तथा जडे”
  इत्युक्तिः कस्मिन् नाटके आयाति? - **उत्तररामचरिते**
- “एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्” इयमुक्तिः कुत्रोपलभ्यते - **उत्तररामचरितम्**
- “तीर्थोदकं च वह्निश्च नान्यतः शुद्धिमर्हतः”
  यह उक्ति किसे लक्ष्य करके कही गयी है - **सीता**
- “दिष्ट्या अपरिहीनधर्मः खलु स राजा”
  उक्तिरियम् उत्तररामचरिते वर्तते - **सीतायाः**
- ‘एको रसः करुण एव निमित्तभेदात्’
  उक्तिरियम् उत्तररामचरितेऽस्ति? - **तमसायाः**
- ‘ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति”– यह सूक्ति किस कवि की है? - **भवभूतेः**
- “अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः”, - **भवभूति ने राम के करुण**
- यह किस कवि ने और किस सन्दर्भ में कहा है?-**रस वर्णन में**
- “स्नपयति हृदयेशं स्नेहनिष्यन्दिनी ते, धवलमधुरमुग्धा दुग्धकुल्येव दृष्टिः” उपर्युक्त पद्यांश किस ग्रन्थ से उद्धृत है? - **उत्तररामचरितम् से**
- ‘तोयस्येवाप्रतिहतरयः सैकतं सेतुमोघः” श्लोकांश है? - **उत्तररामचरितम् से**
- “करुणस्य मूर्तिरथवा शरीरिणी विरहव्यथेव वनमेति जानकी”
  यह कथन किसका है? - **तमसा का**
- ‘ईदृशानां विपाकोऽपि जायते परमाद्भुतः” यह कथन है - **मुरला का**
- “अविदितगतयामा रात्रिरेव व्यरंसीत्”
  उत्तररामचरित में यह किसकी उक्ति है? - **राम की**
- “ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति”
  यह वाक्यांश कहाँ से उद्धृत है? - **उत्तररामचरित से**
- ‘शुचिः बिम्बग्राहे मणिः न मृदादयः’
  उत्तररामचरितस्य वाक्यमिदं किं सूचयति?- **प्राज्ञजडक्षत्रप्रभेदम्**

- 'भवभूतिर्विशिष्यते'' यह उक्ति किस नाटक के बारे में है? - **उत्तररामचरितम्**
- 'करुणस्य मूर्तिरथवा' यह उक्ति किसके बारे में है? - **सीता**
- ''किसलयमिव मुग्धं बन्धनाद् विप्रलूनं हृदयकमलशोषी दारुणो दीर्घशोकः'' प्रस्तुत श्लोक किससे उद्धृत है - **उत्तररामचरितम्**
- ''शोकक्षोभे च हृदयं प्रलापैरेव धार्यते'' उक्ति है - **उत्तररामचरितम्**
- ''अयि कठोर! यशः किल ते प्रियम्'' कथन किसका है - **वासन्ती का**
- ''सतां सद्भिः सङ्गः कथमपि हि पुण्येन भवति'' यह किस नाट्यग्रन्थ से सम्बद्ध है - **उत्तररामचरितम्**
- ''अपि ग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम्'' इसका सम्बन्ध है - **उत्तररामचरितम् से**
- ''करुणस्य मूर्तिरथवा शरीरिणी'' इदं वर्णनं कस्मिन् काव्येऽस्ति? - **उत्तररामचरितम्**
- ''रहस्यं साधूनामनुपधि विशुद्धं विजयते'' जिस कवि की उक्ति है, वह हैं - **भवभूति**
- ''एको रसः करुण एव'' यह कथन है - **भवभूति**
- ''वितरति गुरुः प्राज्ञे विद्यां यथैव तथा जडे'' उत्तररामचरिते कस्य संवादोऽस्ति? - **आत्रेय्याः**
- ''वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि'' पद्यांशोऽयं कस्मिन् नाटके आयाति? - **उत्तररामचरिते**
- 'पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः' उत्तररामचरिते उक्तिरियं भवति? - **मुरलायाः**
- ''एको रसः करुण एव'' यह उक्ति उत्तररामचरितम् के किस अङ्क से सम्बन्धित है- **तृतीय**
- 'पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः'' किस कवि से सम्बद्ध है? - **भवभूति**
- ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति'' के वक्ता हैं- **राम**
- 'पूरोत्पीडे तटाकस्य परीवाहः प्रतिक्रिया' में 'पूरोत्पीडे' शब्द का अर्थ है - **जलवृद्धि**
- ''अन्तःकरणतत्त्वस्य दम्पत्योः स्नेहसंश्रयात् आनन्दग्रन्थिरेकोऽयमपत्यमिति पठ्यते''–यहाँ 'अपत्यम्' शब्द का अर्थ है? - **सन्तान**
- 'पूरोत्पीडे तटाकस्य परीवाहः प्रतिक्रिया' से क्या तात्पर्य है - **तालाब के अधिक भर जाने पर जल को बाहर बहाना ही एकमात्र संरक्षण उपाय होता है।**
- 'लोकोत्तराणां चेतांसि को हि विज्ञातुमर्हति'–इति कस्मिन्नाटके वर्ण्यते - **उत्तररामचरिते**
- प्रियप्रायावृत्तिर्विनयमधुरो वाचि नियमः ... उक्तिः? -**तापस्याः**
- 'विपाक' शब्द का अर्थ है? - **दुरवस्था**
- 'अमरसिन्धु' है? - **गङ्गा**
- 'पौलस्त्यस्य जटायुषा विघटितः' श्लोक में 'पौलस्त्यस्य' से तात्पर्य है? - **रावण से**
- 'पुटपाक' का अभिप्राय है? - **औषधि पकाने का एक विशिष्ट ढंग**
- 'प्रसवः खलु प्रकर्षपर्यन्तः स्नेहस्य' यहाँ 'प्रसवः' शब्द का अर्थ है? - **सन्तान**
- 'त्वं जीवितम्' का अर्थ है? - **तुम जीवन हो**
- 'नीरन्ध्रबालकदली' में 'नीरन्ध्र' पद का अर्थ है - **सघन**
- 'वधूद्वितीय' का अर्थ है - **प्रिया के साथ**
- 'कल्याणि! सञ्जीवय जगत्पतिम्' इस पद्यांश में 'जगत्पतिम्' की व्यञ्जना है? - **राम के लिए**
- 'रात्रिरेव व्यरंसीत्'। कस्मिन् नाटके इदं दृश्यते -**उत्तररामचरिते**
- 'सतां सद्भिः सङ्गः कथमपि हि पुण्येन भवति' – इदं कथनम् उत्तररामचरिते नाटकेऽस्ति - **वनदेवतायाः**
- उत्तररामचरितम् में तमसा और मुरला हैं - **नदी विशेषाधिष्ठात्री देविया**

वस्तुनिष्ठप्रश्नाः

1. ''एको रसः करुण एव निमित्तभेदात्'' यह कथन किसका है–

(A) भास का (B) भारवि का
(C) भवभूति का (D) भर्तृहरि का

2. ''स च कुलपतिराद्यश्छन्दसां यः प्रयोक्ता'' में 'कुलपति' पद से किसका निर्देश किया गया है–

(A) भवभूति का (B) वशिष्ठ का
(C) अगस्त्य का (D) वाल्मीकि का

3. उत्तररामचरितम् में कुल श्लोक संख्या मानी जाती है–

(A) 244 (B) 266
(C) 256 (D) 334

4. अनुष्टुप् के बाद भवभूति का प्रिय छन्द है–

(A) शिखरिणी (B) मन्दाक्रान्ता
(C) शार्दूलविक्रीडितम् (D) मालिनी

5. वशिष्ठ की पत्नी है–

(A) लोपामुद्रा (B) सुनयना
(C) भागीरथी (D) अरुन्धती

6. 'अमरसिन्धुः' पद का क्या अर्थ है–

(A) अमृतसमुद्रः (B) भागीरथी
(C) यमुना (D) पृथिवी

7. उत्तररामचरितम् का छाया अङ्क है–

(A) प्रथम अङ्क (B) सप्तम अङ्क
(C) चतुर्थ अङ्क (D) तृतीय अङ्क

8. 'यथा कार्यहानिर्न भवति तथा कार्यम्' यह कथन किसका है–

(A) आत्रेयी (B) तमसा

(C) मुरला (D) वासन्ती

9. 'हरिणीदृशः' पद में विभक्ति/वचन है–
(A) प्रथमा एक. (B) द्वितीया द्विव.
(C) षष्ठी एक. (D) चतुर्थी एक.

10. ''अयि कठोर! यशः किल ते प्रियम्'' में छन्द है–
(A) उपजाति (B) द्रुतविलम्बित
(C) इन्द्रवज्रा (D) वंशस्थ

11. पञ्चवटी के कदम्बवृक्ष को किसने रोपित किया था–
(A) वासन्ती ने (B) सीता ने
(C) राम ने (D) तमसा ने

12. अपनी प्रिया को मनाने के लिए नलिनीपत्ररूपी छाते को किसने लगाया–
(A) मयूर ने (B) राम ने
(C) गज ने (D) भवभूति ने

13. उत्तररामचरिते 'वारणानां विजेता' कः अस्ति–
(A) रामः (B) गजः
(C) जटायुः (D) रावणः

14. राम का 'करुणरस' है–
(A) पुटपाकवत् (B) हर्षशोकवत्
(C) स्नेहवत् (D) चञ्चलवत्

15. भवभूति के पिता का नाम है–
(A) भट्टगोपाल (B) श्रीकण्ठ
(C) नीलकण्ठ (D) ज्ञाननिधि

16. भवभूति के आश्रयदाता हैं–
(A) यशोवर्मा (B) राजवर्मा
(C) हर्षवर्धन (D) मित्रवर्मा

17. भवभूति के कितने नाटक उपलब्ध हैं–
(A) चार (B) तीन
(C) दो (D) तेरह

18. भवभूति का एक प्रसिद्ध दार्शनिक नाम है–
(A) उम्बेक (B) ज्ञाननिधि
(C) भट्टगोपाल (D) यशोवर्मा

19. भवभूति का गोत्र है–
(A) वत्स (B) काश्यप
(C) गौतम (D) भारद्वाज

20. लोपामुद्रा पत्नी है–
(A) वशिष्ठ की (B) अगस्त्य की
(C) ऋष्यशृङ्ग की (D) वाल्मीकि की

21. उत्तररामचरितम् में नदी के रूप में वर्णन नहीं है–
(A) तमसा का (B) मुरला का
(C) वासन्ती का (D) भागीरथी का

22. ''पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः'' यह कथन है–
(A) तमसा का (B) मुरला का
(C) वासन्ती का (D) सीता का

23. लव और कुश किसके आश्रम में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं–
(A) वशिष्ठ के (B) अगस्त्य के
(C) विश्वामित्र के (D) वाल्मीकि के

24. सीता को अदृश्य रहने का वरदान किसने दिया–
(A) भागीरथी ने (B) तमसा ने
(C) लोपामुद्रा ने (D) इनमें से सभी ने

25. ''करुणस्य मूर्तिरथवा शरीरिणी'' किसने किसके लिए कहा–
(A) मुरला ने सीता के लिए
(B) तमसा ने जानकी के लिए
(C) वासन्ती ने वैदेही के लिए
(D) सीता ने तमसा के लिए

26. राम दण्डकारण्य में क्यों आए हैं–
(A) शम्बूक के वध हेतु (B) सीता से मिलने हेतु
(C) अगस्त्य के दर्शन हेतु (D) पञ्चवटी में घूमने हेतु

27. कुश और लव की कौन सी वर्षगाँठ मनायी जा रही है–
(A) दसवीं वर्षगाँठ (B) बारहवीं वर्षगाँठ
(C) छठवीं वर्षगाँठ (D) नौवीं वर्षगाँठ

28. ''स्पर्शः पुरा परिचितो नियतं स एव'' कथन है–
(A) राम का (B) सीता का
(C) वासन्ती का (D) तमसा का

29. ''तटस्थं नैराश्यादपि च कलुषं विप्रियवशात्'' इसमें छन्द है–
(A) मन्दाक्रान्ता (B) शिखरिणी
(C) हरिणी (D) शार्दूलविक्रीडितम्

30. 'उल्लापाः' पद का अर्थ है–
(A) उल्लास (B) मदमस्त गज
(C) विलाप (D) मयूर

31. पञ्चवटी में राम के साथ साक्षात् वार्तालाप करती है–
(A) तमसा (B) वनदेवी वासन्ती
(C) प्रिया सीता (D) मुरला

32. लोपामुद्रा गोदावरी से अपना संदेश कहने को किसे भेजती हैं-
(A) मुरला को (B) तमसा को
(C) भागीरथी को (D) वासन्ती को

33. सीता के कर्णमूल से लवलीलता के पत्ते को कौन खींचता था–
(A) करिशावक (B) मयूर
(C) मृग (D) इनमें से कोई नहीं।

34. व्याकृष्टः में प्रकृति-प्रत्यय है–
(A) व्या+कृष्+क्त (B) वि+आङ्+कृष्+क्त

(C) वि+आङ्+कृ+क्त (D) वि+या+कृ+क्त

35. 'आतपत्र' पद का अर्थ है–
(A) नलिनी का पत्र (B) छाता
(C) केले का पत्ता (D) आधा पत्ता

36. 'अनराल' पद का शब्दार्थ है–
(A) सीधा (B) टेढ़ा
(C) कमल (D) नलिनीनाल

37. 'ईदृश्यस्मि' पद का सन्धिविच्छेद होगा–
(A) ईदृश्+अस्मि (B) ईदृशी+अस्मि
(C) ईदृश+अस्मि (D) ईदृश्+यस्मि

38. 'तावपि' पद का सन्धिविच्छेद होगा–
(A) तो+अपि (B) ताव+अपि
(C) तौ+अपि (D) ताव्+अपि

39. 'पति-पत्नी' के अर्थ में अशुद्ध पद है–
(A) दम्पती (B) जम्पती
(C) जायापती (D) इनमें से कोई नहीं।

40. ''प्रसवः खलु प्रकर्षपर्यन्तः स्नेहस्य'' किसने, किससे कहा–
(A) सीता ने तमसा से (B) तमसा ने सीता से
(C) वासन्ती ने राम से (D) तमसा ने मुरला से

41. सीता द्वारा पालित मोर अपनी पत्नी के साथ कहाँ बैठा है–
(A) कदम्ब में (B) पहाड़ में
(C) गोदावरी जल में (D) लताकुञ्ज में

42. 'नीरन्ध्र' पद का अर्थ है–
(A) काला (B) घना
(C) जल (D) बादल

43. 'अदात्' में धातु एवं लकार का सही विकल्प है–
(A) दा+लङ्0+प्र0पु0 एक.
(B) दा+लुङ्+प्र0पु0 बहु.
(C) अद्+लट्+प्र0पु0 एक.
(D) दा+लुङ्+प्र0पु0 एक.

44. ''स्नपयति हृदयेशं स्नेहनिष्यन्दिनी ते'' यहाँ 'हृदयेश' पद से निर्देश है–
(A) सीता का (B) राम का
(C) हृदय का (D) चित्त का

45. ''ददतु तरवः पुष्पैरर्घ्यं फलैश्च मधुश्च्युतः'' यहाँ कौन किसका स्वागत करना चाह रहा है–
(A) राम, वासन्ती का (B) तमसा, राम का
(C) वासन्ती, राम का (D) अगस्त्य, वाल्मीकि का

46. 'शकुनि' पद का अर्थ है–
(A) शगुन (शुभसमय) (B) पक्षी
(C) मृग (D) वृक्ष

47. 'समाश्वसिहि' पद की व्याकरणात्मक प्रकृति है–
(A) सम+आ+श्वास+लोट् मु0पु0एक.
(B) समा+श्वस्+लोट्+म0पु0 द्विव.
(C) सम्+आङ्+श्वस्+लोट् म0पु0 एक.
(D) सम+आ+श्वास+लट् म0पु0 एक.

48. सीता के परित्याग रूपी वनवास को कितने दिन बीत गए हैं–
(A) 12 माह (B) 14 वर्ष
(C) 12 वर्ष (D) 16 वर्ष

49. ''किमभवद् विपिने हरिणीदृशः'' यहाँ 'हरिणीदृशः' पद से किसका निर्देश है–
(A) सीता का (B) हरिणी का
(C) कमललता का (D) नेत्रों का

50. 'उपालम्भः' पद का अर्थ नही है–
(A) ताना मारना (B) शिकायत करना
(C) उलाहना देना (D) उधार देना

51. 'कुरङ्ग' पद का अर्थ है–
(A) मृग (B) पक्षी
(C) वनदेवी (D) वृक्ष

52. भवभूति की अन्तिम तथा सर्वश्रेष्ठ रचना मानी जाती है–
(A) महावीरचरितम् (B) उत्तररामचरितम्
(C) मालतीमाधवम् (D) लवकुशचरितम्

53. उत्तररामचरितम् का प्रधान रस है–
(A) वीररस (B) हास्यरस
(C) करुणरस (D) रौद्ररस

54. ''भवभूतेः शिखरिणी निरर्गलतरङ्गिणी'' यह कथन किसका है–
(A) क्षेमेन्द्र का (B) कालिदास का
(C) बाण का (D) भवभूति का

55. सीता का ज्येष्ठ पुत्र है–
(A) लव (B) कुश
(C) जटायु (D) कुरङ्ग

56. उत्तररामचरितम् में राम की बहन के रूप में उल्लेख है–
(A) मुरला का (B) आत्रेयी का
(C) वासन्ती का (D) शान्ता का

57. ''त्वं जीवितं त्वमसि मे हृदयं द्वितीयम्'' इस पंक्ति में अलङ्कार है–
(A) रूपक (B) उपमा
(C) उत्प्रेक्षा (D) दीपक

58. ''प्रियाशोको जीवं कुसुममिव घर्मो ग्लपयति'' में अलङ्कार है–

(A) उत्प्रेक्षा (B) उपमा
(C) रूपक (D) विभावना

59. 'सोढः' में प्रकृति/प्रत्यय है–
(A) सूङ्+णञ् (B) सह्+क्त
(C) श्रु+ऊढः (D) सृज+क्त

60. 'रयः' पद का अर्थ है–
(A) वेग (B) रेत
(C) भूमि (D) मोर

61. 'काकली' पद का अर्थ है–
(A) तोता (B) तोतली बोली
(C) मयूर (D) घुँघराले बाल

62. 'प्रवान्तु' में धातु एवं लकार है–
(A) प्र+√वा धातु+लोट्+प्र०पु० एक.
(B) प्र+√वा धातु+लोट् प्र०पु० बहु.
(C) √प्रवा धातु + लोट् म०पु० एक.
(D) प्र+√वह् + लोट् + प्र०पु० बहु.

63. 'पुष्' धातु का लङ्लकार, प्रथमपुरुष, एकवचन में रूप बनेगा–
(A) अपोष्यत् (B) अपूष्यत्
(C) अपुष्यत् (D) अपोष्यति

64. ''शोकक्षोभे च हृदयं प्रलापैरेव धार्यते'' इसमें किस वाच्य का प्रयोग है–
(A) कर्मवाच्य (B) कर्तृवाच्य
(C) भाववाच्य (D) इनमें से कोई नहीं

65. 'वीक्ष्य' पद में प्रत्यय है–
(A) क्तवतु (B) ल्यप्
(C) यत् (D) ष्यञ्

66. 'कुड्मल' पद का शब्दार्थ है–
(A) कमल (B) कली
(C) समान (D) सुन्दर

67. ''विष्वङ्मोहः स्थगयति कथम्'' में 'विष्वक्' पद का अर्थ है–
(A) विशेष (B) विश्वास
(C) चारों ओर से (D) हृदय

68. ''आलिम्पन्नमृतमयैरिव प्रलेपैः'' में 'अमृतमय' पद में प्रत्यय है–
(A) मयट् (B) म्युट्
(C) यक् (D) मुक्

69. ''करान्मम स्विद्यतः स्विद्यन्'' के 'स्विद्यतः' पद में विभक्ति है–
(A) षष्ठी (B) द्वितीया
(C) प्रथमा (D) पञ्चमी

70. ''कदम्बयष्टिः स्फुटकोरकेव'' में अलङ्कार है–
(A) विभावना (B) विशेषोक्ति
(C) उपमा (D) उत्प्रेक्षा

71. ''द्यामभ्युदस्थादरिः'' यहाँ 'अभ्युदस्थात्' पद में लकार है–
(A) लुङ् (B) लङ्
(D) विधिलिङ् (D) लोट्

72. 'पत्रिणाम्' पद का अर्थ है–
(A) पत्राणाम् (B) खगानाम्
(C) शराणाम् (D) पिशाचानाम्

73. ''अहो ! उत्खातितमिदानी मे परित्यागशल्यम्'' यह कथन किसका है–
(A) सीता का (B) वासन्ती का
(C) तमसा का (D) भागीरथी का

74. 'वर्षर्द्धिः' पद में सन्धि है–
(A) दीर्घ (B) व्यञ्जन
(C) यण् (D) गुण

75. उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में कुल श्लोक हैं–
(A) 45 (B) 46
(C) 48 (D) 49

76. भवभूति का निवासस्थान माना जाता है–
(A) पद्मपुर (B) धारानगरी
(C) जतुकर्णीनगर (D) अचलपुर

77. ''पदवाक्यप्रमाणज्ञः'' कहा जाता है–
(A) भट्टि को (B) भारवि को
(C) भवभूति को (D) भर्तृहरि को

78. भवभूति के गुरु का नाम है–
(A) ध्याननिधि (B) ज्ञाननिधि
(C) भट्टगोपाल (D) नीलकण्ठ

79. 'जतुकर्णी' नाम है–
(A) श्रीकण्ठ की माता का (B) भवभूति की माँ का
(C) नीलकण्ठ की पत्नी का (D) उपर्युक्त सभी

80. कुमारिलभट्ट के शिष्य और मीमांसादर्शन के विद्वान् माने जाते हैं–
(A) भवभूति (B) भर्तृहरि
(C) भारवि (D) भास

81. उत्तररामचरितम् के टीकाकार घनश्याम, महाकवि भवभूति को मानते हैं–
(A) तमिल (B) द्राविड
(C) उत्तरभारतीय (D) महाराष्ट्रियन

82. उत्तररामचरितम् में प्रयुक्त 'कालप्रियानाथ' पद का अर्थ है–
(A) काल (यमराज) (B) समय के पाबंद
(C) शिव (D) महाकवि

83. भवभूति का अनुमानित समय माना जाता है–
(A) 650 ई० से 750 ई० तक
(B) 750 ई० से 850 ई० तक
(C) 650 ई० पू० से 750 ई० तक
(D) 850 ई० से 950 ई० तक

84. उत्तररामचरितम् में अङ्क हैं–
(A) 6 (B) 7
(C) 8 (D) 5

85. उत्तररामचरितम् का मूल आधार है–
(A) वाल्मीकीयरामायण (B) तुलसीरामायण
(C) भावार्थरामायण (D) महाभारतम्

86. भवभूति मूलतः किस रीति के कवि माने जाते हैं–
(A) वैदर्भीरीति (B) पाञ्चालीरीति
(C) गौडीरीति (D) उपर्युक्त सभी

87. उत्तररामचरितम् की सम्पूर्ण घटना कितने वर्षो की है–
(A) 14 वर्ष (B) 18 वर्ष
(C) 7 वर्ष (D) 12 वर्ष

88. उत्तररामचरितम् के किस अङ्क में राम-सीता का मिलन होता है–
(A) तृतीय अङ्क में (B) चतुर्थ अङ्क में
(C) षष्ठ अङ्क में (D) सप्तम अङ्क में

89. 'गर्भनाटक' की योजना उत्तररामचरितम् के किस अङ्क में है–
(A) सप्तम अङ्क में (B) प्रथम अङ्क में
(C) तृतीय अङ्क में (D) चतुर्थ अङ्क में

90. विदूषक रहित रचना मानी जाती है–
(A) शाकुन्तलम् (B) स्वप्नवासवदत्तम्
(C) उत्तररामचरितम् (D) इनमें से कोई नहीं

91. उत्तररामचरितम् का पात्र है–
(A) सौधातकि (B) दण्डायन
(C) दुर्मुख (D) उपर्युक्त सभी

92. करुणरस का सर्वोत्तम कवि माना जाता है–
(A) भास को (B) भवभूति को
(C) कालिदास को (D) माघ को

93. चन्द्रकेतु किसका पुत्र है–
(A) लक्ष्मण का (B) राम का
(C) वशिष्ठ का (D) ऋष्यश्रृङ्ग का

94. राम ने स्वर्णमयी सीता के साथ कौन सा यज्ञ किया–
(A) वाजपेययज्ञ (B) अश्वमेधयज्ञ
(C) पञ्चमहायज्ञ (D) दशपौर्णमासयज्ञ

95. उत्तररामचरितम् के नायक और नायिका हैं–
(A) राम-वासन्ती (B) लव-आत्रेयी
(C) राम-सीता (D) चन्द्रकेतु-तमसा

96. ''ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति'' किसकी उक्ति है–
(A) राम की (B) सीता की
(C) तमसा की (D) वाल्मीकि की

97. सीताविषयक लोकापवाद राम से किसने बताया–
(A) वाल्मीकि ने (B) वशिष्ठ ने
(C) अष्टावक्र ने (D) दुर्मुख ने

98. ''गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः'' यह सूक्ति किस नाटक से सम्बन्धित है–
(A) उत्तरसीताचरितम् (B) जानकीजीवनम्
(C) उत्तररामचरितम् (D) सीताचरितम्

99. उत्तररामचरितम् के प्रथम अङ्क का नाम है–
(A) छाया अङ्क (B) चित्रदर्शन अङ्क
(C) गर्भाङ्क (D) पञ्चवटीप्रवेश अङ्क

100. उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क का प्रारम्भ होता है–
(A) तमसा और मुरला के वार्तालाप से
(B) तमसा और सीता के वार्तालाप से
(C) राम और वासन्ती के मिलने से
(D) गोदावरी और भागीरथी के वार्तालाप से

उत्तरमाला

1. (C)	**2. (D)**	**3. (C)**	**4. (A)**	**5. (D)**	**6. (B)**
7. (D)	**8. (D)**	**9. (C)**	**10. (B)**	**11. (B)**	**12. (C)**
13. (B)	**14. (A)**	**15. (C)**	**16. (A)**	**17. (B)**	**18. (A)**
19. (B)	**20. (B)**	**21. (C)**	**22. (B)**	**23. (D)**	**24. (A)**
25. (B)	**26. (A)**	**27. (B)**	**28. (A)**	**29. (B)**	**30. (C)**
31. (B)	**32. (A)**	**33. (A)**	**34. (B)**	**35. (B)**	**36. (A)**
37. (B)	**38. (C)**	**39. (D)**	**40. (B)**	**41. (A)**	**42. (B)**
43. (D)	**44. (B)**	**45. (C)**	**46. (B)**	**47. (C)**	**48. (C)**
	49. (A)	**50. (D)**	**51. (A)**	**52. (B)**	**53. (C)**
54. (A)	**55. (B)**	**56. (D)**	**57. (A)**	**58. (B)**	**59. (B)**
60. (A)	**61. (B)**	**62. (B)**	**63. (C)**	**64. (A)**	**65. (B)**
66. (B)	**67. (C)**	**68. (A)**	**69. (D)**	**70. (C)**	**71. (A)**
72. (C)	**73. (A)**	**74. (D)**	**75. (C)**	**76. (A)**	**77. (C)**
78. (B)	**79. (D)**	**80. (A)**	**81. (B)**	**82. (C)**	**83. (A)**
84. (B)	**85. (A)**	**86. (C)**	**87. (D)**	**88. (D)**	**89. (A)**
90. (C)	**91. (D)**	**92. (B)**	**93. (A)**	**94. (B)**	**95. (C)**
96. (A)	**97. (D)**	**98. (C)**	**99. (B)**	**100. (A)**	

4.13 मुद्राराक्षसम्

विशाखदत्त का परिचय

- **नाम-** विशाखदत्त
- **पिता का नाम-** भास्करदत्त
 (कुछ संस्करणों में इनके पिता का नाम 'पृथु' भी दिया गया है।)
- **पितामह-** बटेश्वरदत्त
- **निवासस्थान-** सम्भवतः बंगाल अथवा बिहार
- **उपासक-** शिव के
- **रीति-** वैदर्भी किन्तु उग्रता या भयङ्करता का वर्णन करने के लिए गौड़ी रीति का प्रयोग।
- **प्रिय छन्द-** अनुष्टुप्, वसन्ततिलका, शार्दूलविक्रीडित।
- **प्रिय अलङ्कार-** अर्थालङ्कार।
- **समय-** अधिकांश विद्वानों के अनुसार चतुर्थ शताब्दी।
- **आश्रयदाता-** तैलङ्ग महोदय के अनुसार 'अवन्तिवर्मा'।
- **रचनाएँ-** 1.मुद्राराक्षस 2.देवीचन्द्रगुप्त 3.अभिसारिकवञ्चितकम्
- 'मुद्राराक्षस' ही विशाखदत्त की एकमात्र प्रामाणिक रचना है।

मुद्राराक्षस का परिचय

- **लेखक-** विशाखदत्त
- **काव्यविधा-** नाटक (ऐतिहासिक)
- **विभाजन-** 7 (सात) अङ्कों में
- **श्लोक संख्या-** 169

अङ्क	अङ्कों का नाम	श्लोक संख्या
प्रथम	मुद्रा-लाभ	27
द्वितीय	राक्षस-विचार	23
तृतीय	कृतक-कलह	33
चतुर्थ	राक्षस-उद्योग	22
पञ्चम	राक्षस-निकार	24
षष्ठ	राक्षस-निर्वेद	21
सप्तम	राक्षस-निग्रह	19
	योग-	169

गुण- ओज,माधुर्य तथा प्रसाद गुणों का समन्वय। मुद्राराक्षस में तीनों गुणों का सम्मिलित रूप से प्रयोग है।
अलङ्कार- उपमा, रूपक, समासोक्ति, उत्प्रेक्षा, श्लेष, अर्थान्तरन्यास अलङ्कारों की प्रधानता।
रीति- वैदर्भी के साथ-साथ गौड़ी रीति।
छन्द- सम्पूर्ण नाटक में 19 प्रकार के छन्दों का प्रयोग है।
- अनुष्टुप् तथा आर्या जैसे छोट छन्द तथा वसन्ततिलका, शिखरिणी, शार्दूलविक्रीडित, स्रग्धरा जैसे बड़े छन्दों का भी प्रयोग है।

मुख्य/प्रधान/अङ्गी रस- वीररस।
उपजीव्य- विष्णुपुराण तथा श्रीमद्भागवतमहापुराण
- दशरूपककार धनञ्जय, मुद्राराक्षस का उपजीव्य 'बृहत्कथा' को मानते हैं।

नायक- चाणक्य (कौटिल्य, विष्णुगुप्त) कुछ विद्वान् चन्द्रगुप्त को नायक मानते हैं।
नायिका- कोई नायिका नहीं। (नायिका विहीन नाटक)
प्रतिनायक- राक्षस (सुबुद्धिशर्मा)
कञ्चुकी- 1.जाजलि (मलयकेतु का)
 2.वैहीनर (चन्द्रगुप्त का)

मुद्राराक्षस का मङ्गलाचरण

धन्या केयं स्थिता ते शिरसि शशिकला किं नु नामैतदस्या,
नामैवास्यास्तदेत्परिचितमपि ते विस्मृतं कस्य हेतोः।
नारीं पृच्छामि नेन्दुं कथयतु विजया न प्रमाणं यदीन्दु-
र्देव्या निह्नोतुमिच्छोरिति सुरसरितं शाठ्यमव्याद्विभोर्वः॥1/1॥

भावार्थ- इस पद्य में शिव और पार्वती का वार्तालाप पूर्वक माङ्गलिक पद्य है-
पार्वती- आपके सिर पर विद्यमान यह धन्य स्त्री कौन है?
शिव- शशिकला।
पार्वती- क्या यह इसका नाम है?
शिव- यह इसका नाम ही है। उसे जानते हुए भी तुम्हें किस कारण भूल गया है?
पार्वती- मैं स्त्री के विषय में पूँछ रही हूँ, चन्द्रमा के विषय में नहीं।
शिव- यदि तुम चन्द्रमा को प्रमाण नहीं मानती तो तुम्हारी सखी विजया ही तुम्हें बतलाएं।
इसप्रकार देवी पार्वती से गङ्गा को छिपाने के इच्छुक भगवान् शिव की कुटिलता आप सबकी रक्षा करे।

पादस्याविर्भवन्तीमवनतिमवने रक्षतः स्वैरपातैः,
सङ्कोचेनैव दोष्णां मुहुरभिनयतः सर्वलोकातिगानाम्।
दृष्टिं लक्ष्येषु नोग्रज्वलनकणमुचं बध्नतो दाहभीतेः,
इत्याधारानुरोधात्त्रिपुरविजयिनः पातु वो दुःखनृत्तम्॥1/2॥

भावार्थ- इच्छानुसार पैर के रखने से होने वाली पृथ्वी की अवनति (रसातल में जाने से) की रक्षा करने वाले, सभी लोकों को पार करने वाली भुजाओं को बार-बार सिकोड़कर ही अभिनय करने वाले, भयङ्कर आग की लपटों को छोड़ने वाली दृष्टि को वस्तुओं पर, भस्म हो जाने के भय से न टिकाने वाले और प्रकार धरातल के सीमित होने के कारण तीनों लोकों को जीतने वाले अर्थात् भगवान् शिव का कठिनतापूर्वक किया गया नृत्य आप सब की रक्षा करे।

- मङ्गलाचरण के दोनों पद्यों में भगवान् शिव की स्तुति की गयी है तथा आशीर्वादात्मक नान्दी है।
- द्वितीय पद्य में कथानक का स्पष्ट संकेत होने से वस्तुनिर्देशात्मक नान्दी है।
- उपर्युक्त पद्यों में अष्टपदा तथा पत्रावली नान्दी भी है।
- प्रथम पद्य में स्रग्धरा छन्द एवं वक्रोक्ति अलङ्कार है।
- द्वितीय श्लोक में भी स्रग्धरा छन्द एवं परिकर अलङ्कार है।

मुद्राराक्षस का संक्षिप्त कथानक

प्रथम अङ्क

- चाणक्य को अपने गुप्तचरों से सूचना मिलती है कि कुसुमपुर नगर में 'नन्द के अमात्य राक्षस' के तीन विश्वासपात्र व्यक्ति हैं जो राक्षस के निर्देशानुसार कार्य कर रहे हैं।
- उन्हीं तीनों में से एक स्वर्णकार चन्दनदास, राक्षस के परिवार को अपने घर में आश्रय दिया था।
- राक्षस नन्दवंश का अनन्य भक्त एवं कुशल राजनीतिज्ञ था।
- चाणक्य, राक्षस को अपने पक्ष में मिलाना चाहता है, इसलिए कूटनीति करता है।
- चाणक्य के गुप्तचर को राक्षस-नामाङ्कित एक मुद्रा मिलती है।
- चाणक्य, शकटदास से एक पत्र लिखवाकर उस पर राक्षस नामाङ्कित मुद्रा से मुद्रित करवाता है। इसी मुद्रा से राक्षस की पराजय होती है।

द्वितीय अङ्क

- अमात्य राक्षस, कुसुमपुर में चन्द्रगुप्त की हत्या का षडयन्त्र करता है, क्योंकि वह चाणक्य द्वारा संरक्षित चन्द्रगुप्त से ईर्ष्या करता है।
- राक्षस, मलयकेतु की दुर्दशा पर पश्चाताप करता है तथा मलयकेतु द्वारा प्रेषित आभूषण को कञ्चुकी से प्राप्त करता है।
- सपेरा के वेश में आये विराधगुप्त नामक राक्षस के गुप्तचर से कुसुमपुर का वृत्तान्त प्राप्त होता है।
- विराधगुप्त द्वारा पता चलता है कि राक्षस का षडयन्त्र असफल हुआ और चाणक्य की बुद्धि से चन्द्रगुप्त के बजाय वैरोचक और बर्बरक की मृत्यु हुई।
- चाणक्य की ही बुद्धि से गर्भगृह में आग लगवाकर चन्द्रगुप्त के शत्रुओं को मार दिया गया।
- सिद्धार्थक के साथ शकटदास, राक्षस के पास जाता है और वृत्तान्त सुनाने पर सिद्धार्थक राक्षस द्वारा पुरस्कृत किया जाता है।
- सिद्धार्थक के पास से राक्षस नामाङ्कित मुद्रा (अंगूठी) मिलती है और राक्षस मुद्रा को शकटदास को व्यवहार के लिए देता है।
- सिद्धार्थक बताता है कि मलयकेतु के पलायन काल से ही चाणक्य और चन्द्रगुप्त एक-दूसरे की आज्ञाओं का उल्लंघन करते हैं।
- राक्षस करभक को कुसुमपुर भेजता है।

तृतीय अङ्क

- कौमुदीमहोत्सव मनाने के लिए चन्द्रगुप्त कुसुमपुर के सुगाङ्ग प्रासाद को जाता है।
- कञ्चुकी, चन्द्रगुप्त से बताता है कि 'प्रतिषेध' के कारण लोगों द्वारा कौमुदीमहोत्सव नहीं मनाया जा रहा है।
- राक्षस द्वारा भेजे गये दो वैतालिकों द्वारा शारदी-रमणीयता का वर्णन किया जाता है।
- चन्द्रगुप्त द्वारा राक्षस की प्रशंसा पर चाणक्य क्रुद्ध होता है।
- चन्द्रगुप्त,चाणक्य का अनादर कर स्वयं राज्य करने की घोषणा हेतु कञ्चुकी को आदेश देकर शयनगृह में चला जाता है।

चतुर्थ अङ्क

- राक्षस, चाणक्य की सफलताओं पर अत्यधिक चिन्ता करता है।

भागुरायण के साथ मलयकेतु, राक्षस के पास जाता है, तथा इसी समय पर आकर करभक नामक सेवक कुसुमपुर का समाचार बतलाता है कि किस प्रकार उत्तेजित किये जाने पर चन्द्रगुप्त ने चाणक्य को अधिकारच्युत कर दिया है।

- मलयकेतु , राक्षस से शत्रु सम्बन्धी वार्ता करके वापस चला जाता है।
- जीवसिद्धि नामक क्षपणक, राक्षस को चाणक्य के सम्पर्क से चन्द्रगुप्त से मिलने के लिए इंगित करता है, क्योंकि यह समय चन्द्रगुप्त का अभ्युदयकाल है।
- सबके चले जाने पर राक्षस भी सूर्यास्त जानकर चला जाता है।

पञ्चम अङ्क

- जीवसिद्धि नामक चाणक्य का गुप्तचर मलयकेतु की सेना में प्रवेश करता है और स्वयं को राक्षस का मित्र बताता है।
- जीवसिद्धि ही मलयकेतु को बताता है कि राक्षस ने विषकन्या के प्रयोग से पर्वतेश्वर को मरवा डाला।
- उसी समय से चाणक्य ने राक्षस का मित्र जानकर मुझे निकाल दिया।
- यह सुनकर मलयकेतु, राक्षस से घृणा करने लगता है। उसी समय मलयकेतु, राक्षस की नामाङ्कित मुद्रा युक्त पत्र तथा कुछ मौखिक सूचनाएँ सिद्धार्थक से प्राप्त करता है।
- इन घटनाओं से मलयकेतु को राक्षस के शत्रुपक्ष में मिल जाने का सन्देह और भी पुष्ट हो जाता है।
- मलयकेतु ,राक्षस को बुलवाकर पत्र तथा आभूषण पेटिका दिखाकर अपमानित करता है और चित्रवर्मा,सिंहनाद,पुष्कराक्ष,सुषेण एवं मेघाक्ष को मरवा डालता है।
- मलयकेतु अपनी सेना को कुसुमपुर घेरने का आदेश देता है, इस पर राक्षस अत्यन्त व्याकुल हो जाता है और मलयकेतु को बंदी बना लिया जाता है।

षष्ठ अङ्क

- सिद्धार्थक अपने मित्र से कहता है कि चाणक्य के आदेशानुसार मैं चित्रवर्मादि पाँच आश्रित राजाओं के मारे जाने तथा मलयकेतु के बन्दी बनाये जाने की सूचना चन्द्रगुप्त को देने जा रहा हूँ।
- राक्षस अपने मित्र चन्दनदास के मृत्युदण्ड की सूचना प्राप्त

करता है।

- राक्षस अत्यन्त व्याकुल हो जाता है तथा चन्दनदास को बचाने का उपाय सोचता है।

सप्तम अङ्क

- चाण्डाल , चन्दनदास को फाँसी देने के लिए तैयार है तथा चन्दनदास की पत्नी वध्यस्थल पर ही विलाप करती है।
- इसी अवसर पर राक्षस आता है, चाण्डाल, राक्षस के आने की सूचना चाणक्य को देता है।
- चन्द्रगुप्त भी वहाँ आता है और राक्षस, चन्द्रगुप्त से प्रणाम करता है।
- चाणक्य के आदेशानुसार चन्द्रगुप्त, राक्षस से प्रणाम करता है और राक्षस आशीर्वाद देता है।
- चाणक्य, चन्दनदास के जीवन के बदले चन्द्रगुप्त के प्रधानामात्य का शस्त्र ग्रहण करने के लिए राक्षस से कहते हैं लेकिन राक्षस संकोच करता है।
- चाणक्य के प्रशंसा करने पर राक्षस अमात्य पद ग्रहण करता है और चन्दनदास को श्रेष्ठ सम्मान के साथ मुक्त किया जाता है।
- मलयकेतु को मुक्त करके उसका पैतृक राज्य उसे दे दिया जाता है।
- सभी बन्दी छोड़ दिये जाते है एवं प्रतिज्ञा पूर्ण होने पर चाणक्य अपनी शिखा को बाँध लेता है।
- भरतवाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है।

मुद्राराक्षस का भरतवाक्य

वाराहीमात्योनेस्तनुमवनविधावास्थितस्यानुरूपां,
यस्य प्राग्दन्तकोटिं प्रलयपरिगता शिश्रिये भूतधात्री।
म्लेच्छैरुद्विज्यमाना भुजयुगमधुना संश्रिता राजमूर्तेः,
स श्रीमद्बन्धुभृत्यश्चिरमवतु महीं पार्थिवश्चन्द्रगुप्तः॥ 7/19॥

भावार्थ- पहले प्रलय को प्राप्त हुई पृथ्वी ने रक्षा करने में समर्थ वराह रूप शरीर को धारण करने वाले जिस भगवान् विष्णु के दाँतों के अग्रभाग का आश्रय लिया, उसी पृथ्वी ने अब म्लेच्छों के द्वारा पीड़ित किये जाने पर राजा चन्द्रगुप्त के शरीर को धारण करने वाले भगवान् विष्णु की दोंनो भुजाओं का आश्रय लिया है। ऐश्वर्यसम्पन्न सम्बन्धियों तथा सेवकों वाला वह विष्णु रूप राजा चन्द्रगुप्त चिरकाल तक पृथ्वी की रक्षा करें।

- इस भरतवाक्य में राजा तथा प्रजा के ऐश्वर्य की कामना की गयी है।
- इसका वक्ता राक्षस है।
- इस पद्य में स्रग्धरा छन्द तथा अतिशयोक्ति अलङ्कार है।

पात्र-परिचय

पुरुषपात्र

- **सूत्रधार-** प्रमुख नट तथा मञ्च का संचालक।
- **चाणक्य-** नायक, महान् राजनीतिज्ञ एवं मौर्य साम्राज्य का प्रतिष्ठापक।
- **चन्द्रगुप्त-** उपनायक, मौर्य साम्राज्य का संस्थापक एवं चाणक्य का शिष्य। (कुछ विद्वान् चन्द्रगुप्त को ही नायक मानते हैं)
- **मलयकेतु-** महाराज पर्वतक का पुत्र, राक्षस का सहायक तथा चन्द्रगुप्त का प्रतिद्वन्द्वी।
- **राक्षस-** प्रतिनायक, नन्द का महामात्य तथा चाणक्य का प्रतिद्वन्द्वी।
- **चन्दनदास-** पाटलिपुत्र का मणिकार श्रेष्ठी, राक्षस का मित्र।
- **भागुरायण-** मलयकेतु का कपटी मित्र, चाणक्य का गुप्तचर।
- **जीवसिद्धि-** क्षपणक वेषधारी राक्षस का कपटी मित्र, चाणक्य का गुप्तचर। (वास्तविक नाम- इन्दु शर्मा)
- **सिद्धार्थक-** चाणक्य का विश्वासपात्र गुप्तचर।
- **सुसिद्धार्थक-** चाण्डाल वेशधारी सिद्धार्थक का मित्र।
- **निपुणक-** चाणक्य का गुप्तचर।
- **विराधगुप्त-** राक्षस का गुप्तचर।
- **करभक-** राक्षस का गुप्तचर।
- **जाजलि-** मलयकेतु का कञ्चुकी।
- **प्रियंवदक-** राक्षस का नौकर।
- **शकटदास-** राक्षस का मित्र।
- **वैहीनर-** मौर्य साम्राज्य का कञ्चुकी।
- **वेत्रधारी पुरुष- भासुरक-** मलयकेतु के अनुचर।
- **दौवारिक-** राक्षस का द्वारपाल।
- **पुरुष-** चाणक्य का गुप्तचर।
- **वैतालिक-** राक्षस द्वारा नियुक्त चारणद्वय।
- **बालक-** चन्दनदास का पुत्र।
- **आहितुण्डिक-** सपेरा।
- **शार्ङ्गरव-** चाणक्य का शिष्य।

स्त्री-पात्र

- **नटी-** सूत्रधार की सहायिका
- **शोणोत्तरा-** चन्द्रगुप्त की द्वारपालिका।
- **विजया-** राजकुमार मलयकेतु की द्वारपालिका।
- **कुटुम्बिनी-** चन्दनदास की पत्नी।

मुद्राराक्षस का नामकरण

- मुद्राराक्षस का नामकरण इस नाटक के कथानक की एक महत्त्वपूर्ण घटना के आधार पर किया गया है और वह है- 'राक्षस की मुद्रा प्राप्ति'।
- चाणक्य, चन्द्रगुप्त के राज्य को चिरस्थायी बनाने के लिए राक्षस को उसका अमात्यपद ग्रहण करवाना चाहता है। अचानक ही अपने गुप्तचर निपुणक द्वारा चाणक्य को राक्षस के नाम से अङ्कित उसकी अँगूठी प्राप्त हो जाती है।
- यही अँगूठी (मुद्रा) राक्षस को वश में करने की यन्त्र बन जाती है।

''ननु राक्षस एवास्मदङ्गुलीप्रणयी संवृत्त इति।''

- इसी मुद्रा की सहायता से चाणक्य कपट पत्र के द्वारा राक्षस

और मलयकेतु में भेद उत्पन्न करके राक्षस का निग्रह करने में सफल हो पाया है क्योंकि समस्त चालों की जड़ कपट पत्र पर राक्षस की यही मुद्रा अङ्कित थी।

- मुद्राराक्षस के कथानक से यह स्पष्ट ही है कि इसमें राक्षस, मुद्रा द्वारा ही जीता गया है और इसका नामकरण भी प्रारम्भ में इस बात को स्पष्ट कर देता है-

मुद्रया जितः राक्षसः यस्मिन् इति मुद्राराक्षसः। तद् अधिकृत्य कृतो ग्रन्थः इति 'मुद्राराक्षसम्'।

- यहाँ मध्यमपदलोपी बहुव्रीहि समास है।

प्रमुख पात्रों का चरित्र-चित्रण

चाणक्य

- चाणक्य इस नाटक का नायक है क्योंकि समस्त घटनाओं का एकमात्र नियन्ता चाणक्य ही है।
- वह अत्यन्त व्यवहारकुशल, परमशास्त्रज्ञ तथा अर्थशास्त्र नामक ग्रन्थ के प्रणेता भी हैं।
- चाणक्य निरीह, अनासक्त तथा निःस्वार्थ ब्राह्मण होने के कारण धीरप्रशान्त नायक है-

'सामान्यगुणयुक्तस्तु धीरशान्तो द्विजादिकः।'

- अभिमानी,कपटप्रवीण,क्रोधी व आत्मप्रशंसक होने के कारण वह धीरोद्धत नायक है- **'धीरोद्धतस्त्वहङ्कारी चलश्चण्डो विकत्थनः।'**
- इस प्रकार चाणक्य दोनों कोटियों में आता है।
- चाणक्य, चन्द्रगुप्त का गुरु तथा मार्गदर्शक भी है।
- चाणक्य प्रतिज्ञा लेता है कि जब तक नन्दवंश का समूल नाश नहीं कर दूँगा,तब तक अपनी शिखा नहीं बाधूँगा।
- इसप्रकार अपनी कूटनीति से चाणक्य शत्रुओं का विनाश तथा अमात्य राक्षस को अपने गुट में मिला लेता है।
- नाटक के अन्त में चाणक्य कहता है अब चन्द्रगुप्त के शासन में बन्धन मेरी शिखा का होगा, प्रजाओं का नहीं -

'पूर्णप्रतिज्ञेन मया केवलं बध्यते शिखा।'

राक्षस

- राक्षस अत्यन्त वैभवयुक्त, यशस्वी, प्रतिभाशाली, कुलीनमन्त्री है।
- उसका वास्तविक नाम **सुबुद्धि शर्मा** है। वह ब्राह्मण है।
- राक्षस अपने स्वामी महाराज नन्द के प्रति अत्यन्त निष्ठावान् कूटनीतिज्ञ तथा शस्त्रविद्या में भी प्रवीण है।
- वह स्वार्थ रहित, सहज मानवीय भावनाओं से युक्त भावुक भाग्यवादी भी है किन्तु आवेश में आकर अपनी स्वाभाविक दुष्ट बुद्धि से अपनी निर्णय सम्बन्धी भूलों के कारण दुर्भाग्य का शिकार हो जाता है।
- वह अपनी अस्थिर बुद्धि के कारण ही चाणक्य के परमभक्त जीवसिद्धि तथा सिद्धार्थक जैसे व्यक्तियों पर भी विश्वास कर अपनी पराजय को आमन्त्रित कर लेता है।
- वह पुरुषार्थी की अपेक्षा भाग्यवादी अधिक है, किन्तु उसका सम्पूर्ण जीवन निराशाओं, असफलताओं तथा दुर्भाग्य से परिपूर्ण रहा है।

चन्द्रगुप्त

- चन्द्रगुप्त को इस नाटक का उपनायक कह सकते हैं, यह धीरोदात्त कोटि का है। कुछ लोग इसे ही नाटक का नायक भी मानते हैं।
- विशाल मौर्य साम्राज्य को प्राप्त करके भी अहङ्कार उसे छू तक नहीं गया है।
- चाणक्य उसे अनेक स्थानों पर **'वृषल'** कहकर सम्बोधित करता है।
- वह लोक-रञ्जक तथा प्रकृति प्रेमी भी है, यह उसके कौमुदी महोत्सव के आयोजन से स्पष्ट परिलक्षित होता है।
- अतः मौर्य साम्राज्य का संस्थापक चन्द्रगुप्त सभी गुणों से सम्पन्न है।

मलयकेतु

- मलयकेतु राजा पर्वतक का पुत्र है।
- मलयकेतु का चरित्र चन्द्रगुप्त की अपेक्षा राजकुमार के रूप में अधिक विकसित होता है।
- चाणक्य चालाकी से विषकन्या द्वारा इसके पिता पर्वतक की हत्या करवाकर इसे भयभीत कर कुसुमपुर से भगा देता है।
- मलयकेतु अपने अविवेकी बुद्धि के कारण राक्षस के प्रति अविश्वास रखता है।
- भागुरायण उसे राक्षस के प्रति भड़का देता है इसी से उसे राक्षस के गुण में भी दोष ही दिखलाई पड़ते हैं।
- अतः मलयकेतु अपनी अधीरता, अयोग्यता, अविवेक एवं दुर्नीति के कारण अपना सर्वनाश कर लेता है।

चन्दनदास

- चन्दनदास मुद्राराक्षस नाटक का प्रमुख पात्र है तथा वह राक्षस का अनन्य मित्र है।
- वह कुसुमपुर का प्रतिष्ठित जौहरी है, इसीलिए कुसुमपुर के प्रवासकाल में राक्षस अपने परिवार को उसी के घर पर छोड़ देता है, और वह भी अपना सर्वस्व खोकर भी अपने मित्र के परिवार की रक्षा करता है।
- चाणक्य द्वारा प्राणदण्ड की धमकी से भी वह विचलित नहीं होता।

वह दृढ़तापूर्वक कहता है, क्या मुझे डरा रहे हो, सज्जनों के घर भी मैं राक्षस के परिवार को नहीं भेजूँगा तब असज्जन की तो बात ही क्या।

'आर्य! किं मे भयं दर्शयासि, सन्तमपि गेहे अमात्यराक्षसस्य गृहजनं न समर्पयामि किं पुनरसन्तम्।'

- अतः चन्दनदास का चरित्र एवं व्यक्तित्व त्याग, सदाचार तथा आदर्श से परिपूर्ण है।

मुद्राराक्षस का नायक

- यह प्रश्न अत्यन्त विवादित है कि 'मुद्राराक्षस' का नायक कौन है?

- विद्वानों में इस बात पर मतभेद है किन्तु कुछ निर्णायक कदम बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

1. **चाणक्य-** नाटक में सर्वप्रथम हमारा ध्यान चाणक्य आकृष्ट करता है और वही नाटक की कथा को आगे बढ़ाता है।

- यद्यपि चाणक्य के किसी स्वार्थ की पूर्ति नहीं होती फिर भी वीररस प्रधान होने के कारण चाणक्य ही उसका प्रधान आश्रय है। वह फल का भोक्ता भी है।
- चन्द्रगुप्त के राज्य को स्थिर करने के लिए चाणक्य, राक्षस के रूप में एक योग्य अमात्य देने के कारण फल का भोक्ता भी है।

  अतः नायक चाणक्य है।

2. **चन्द्रगुप्त-** कुछ विद्वान् राज्य की प्राप्ति होने के कारण चन्द्रगुप्त को नायक मानते हैं।

- चन्द्रगुप्त विनीत, गम्भीर,शूरवीर प्रसिद्ध नरेश है, इस दृष्टि से धीरोदात्त के सभी गुण उसमें हैं।
- पूरे नाटक में रङ्गमञ्च पर उसकी उपस्थिति केवल तृतीय अङ्क में, कुछ समय के लिए सप्तम अङ्क में ही हुई है, इसलिए चन्द्रगुप्त का पक्ष चाणक्य से न्यून है।

3. **राक्षस-** कुछ विद्वान् केवल मुद्राराक्षस नाम के आधार पर ही राक्षस को नायक मानते हैं।

- राक्षस को नायक मानने पर यह नाटक दुःखान्त हो जायेगा जबकि

  नाट्यशास्त्र के अनुसार नाटक सुखान्त होना चाहिए तथा भारतीय नाटक सुखान्त हैं भी।
- सुलभता से नायक प्राप्त होने से नाटक को दुःखान्त बनाना समीचीन नहीं है, अतः राक्षस प्रतिनायक ही है।

निष्कर्ष-

- यह शत-प्रतिशत सत्य है कि राक्षस को वश में कर लेने से चन्द्रगुप्त को अमात्य लाभ हुआ है, परन्तु वह केवल चाणक्य के हाथ की कठपुतली है।
- सम्पूर्ण नाटक में चन्द्रगुप्त का प्रभाव कहीं भी दृष्टिगत नहीं है, वह केवल चाणक्य पर आश्रित है।
- चतुर्थ अङ्क में चाणक्य और चन्द्रगुप्त के अलग होने का समाचार
- पाकर राक्षस खुश होता है कि बिना चाणक्य के आश्रय के विजय मेरी ही होगी।
- इन सब कारणों से चन्द्रगुप्त नाटक की पृष्ठभूमि में पड़ जाता है और इसीलिए उसे नायक नहीं माना जा सकता।
- इसके विपरीत चाणक्य में नायकोचित सभी गुण विद्यमान हैं, अतः नाटक का नायक चाणक्य ही है।

मुद्राराक्षस की सूक्तियाँ

1.चीयते बालिशस्यापि सत्क्षेत्रपतिता कृषिः। 1/3

भावार्थ- प्रथम अङ्क में सूत्रधार कहता है, ''मूर्ख किसान की भी उर्वरा भूमि में की गयी खेती लहलहा उठती है।''

2.गजेन्द्राश्च नरेन्द्राश्च प्रायः सीदन्ति दुखिताः। 1/16

भावार्थ- चाणक्य कहता है,''भोग करने वाले शेर और राजा स्वभाव से बलशाली होने पर भी प्रायः दुःखित एवं खिन्न रहा करते हैं।''

3.न हि खलु सर्वः सर्वं जानाति।

भावार्थ- प्रथम अङ्क में गुप्तचर कहता है,''सभी लोग सब कुछ नहीं जानते हैं।''

4.अत्यादरः शङ्कनीयः।

भावार्थ- प्रथम अङ्क में चाणक्य के घर जाकर चन्दनदास मन में सोचता है,''आज अत्यधिक आदर किया जाना शङ्कनीय है।''

5.सुलभेष्वर्थलाभेषु परसंवेदने जनः। 1/24

भावार्थ- चाणक्य, चन्दनदास के बारे में सोचता है कि,''कौन ऐसा व्यक्ति है जो पराये की रक्षा के लिए अपने प्राण देने को तैयार है।''

6.दिष्ट्या मित्रकार्येण मे विनाशो जनितः न पुनः पुरुषरोषेण।

भावार्थ- प्रथम अङ्क में चन्दनदास कहता है कि, ''सौभाग्य से मेरा विनाश मित्र के कारण हो रहा है, किसी नरापराध से नहीं।

7. नन्दोन्मूलनदृष्टवीर्यमहिमा बुद्धिस्तु मागान्मम। 1/26

भावार्थ- राक्षस कहता है, ''नन्दवंश का विनाश करने में लगी शक्तिमहिमा वाली मेरी बुद्धि मुझसे अलग न होवे।

8. पुरन्ध्रीणां प्रज्ञा पुरुषगुणविज्ञानविमुखी। 2/7

भावार्थ- राक्षस कहता है, काशपुष्प के अग्रभाग के समान ''स्त्रियों की बुद्धि ही पुरुषों के शौर्यादि गुणों की जानकारी से पराङ्मुख होती है।''

9. एकमपि नीतिबीजं बहुफलतामेति यस्य तव। 2/19

भावार्थ- राक्षस, कौटिल्य के बारे में सोचता है, धन्य हो कौटिल्य ! ''तुम्हारी राजनीति का एक ही बीज अनेक प्रकार के फलों को दे रहा है।''

10. श्रीर्लब्धप्रसरेव वेशवनिता दुःखोपचर्या भृशम्। 3/5

भावार्थ- चन्द्रगुप्त मन ही मन सोचता है, ''आश्चर्य है कि राजलक्ष्मी अतिप्रसिद्ध वाराङ्गना की भाँति अत्यन्त कष्ट से आराध्य होती हैं।''

11. न हि प्रयोजनमनपेक्षमाणः स्वप्नेऽपि चाणक्यश्चेष्टते।

भावार्थ- चाणक्य तृतीय अङ्क में चन्द्रगुप्त से कहता है, वृषल ! ''चाणक्य निष्प्रयोजन कार्य स्वप्न में भी नहीं करता है।''

12. दैवमविद्वांस्सः प्रमाणयन्ति।

भावार्थ- तृतीय अङ्क में चाणक्य कहता है कि ''भाग्य को मूर्ख लोग मानते हैं।''

13. स दोषः सचिवस्यैव यदसत् कुरुते नृपः। 3/32

भावार्थ- कञ्चुकी मन में ही सोचता है कि ''राजा जो कुछ असत् कार्य करता है, वह सब सचिव का ही अपराध माना जाता है।''

14. गण्डस्योपरि विस्फोटः।

भावार्थ- पञ्चम अङ्क में मलयकेतु द्वारा राक्षस पर आरोप लगाने पर राक्षस सोचता है- ''यह दूसरा गण्डस्थल पर फोड़ा बना।''

15. विनैव युद्धादार्येण पराजितं दुर्जयं रिपुकुलमिति।
भावार्थ- सप्तम अङ्क में चन्द्रगुप्त सोचता है कि "संघर्ष के बिना ही आर्य चाणक्य ने कठिनता से जीता जा सकने वाला शत्रु-दल पराजित कर दिया है।"

अङ्कवार प्रमुख घटनाएँ

प्रथम अङ्क
➢ राक्षस के मुद्रा की प्राप्ति।
➢ चाणक्य की इच्छानुसार शकटदास द्वारा कूटपत्र का लेखन।

द्वितीय अङ्क
➢ आहितुण्डिक वेश में राक्षस के गुप्तचर विराधगुप्त का आगमन।
➢ राक्षस के समस्त योजनाओं के असफल होने की सूचना।

तृतीय अङ्क
➢ कौमुदीमहोत्सव तथा निषेध।
➢ चाणक्य, चन्द्रगुप्त का दिखावटी अंतर्द्वन्द्व तथा कृतककलह की समाप्ति।

चतुर्थ अङ्क
➢ मलयकेतु का राक्षस के कृत्य पर संदेह।
➢ राक्षस द्वारा मलयकेतु को समझाने का प्रयत्न।

पञ्चम अङ्क
➢ राक्षस के मुद्रा से अङ्कित पत्र की प्राप्ति।
➢ मलयकेतु का राक्षस के प्रति क्रोध एवं प्रतीकार हेतु राक्षस के पाँच राजाओं की हत्या।

षष्ठ अङ्क
➢ कुसुमपुर के जीर्णोद्यान का वर्णन तथा चन्दनदास को मृत्युदण्ड के लिए बध्यस्थल पर ले जाना।
➢ राक्षस द्वारा आत्मसमर्पण से चन्दनदास को बचाने का निश्चय।

सप्तम अङ्क
➢ राक्षस का आत्मसमर्पण तथा अमात्य पद की प्राप्ति।
➢ चन्दनदास को दण्डमुक्त एवं सम्मानित किया जाना।
➢ चाणक्य का शिखा बन्धन।

महत्वपूर्ण तथ्य
➢ मुद्राराक्षस एक **कूटनीतिक नाटक** है।
➢ यह नाटक, **नायिका एवं विदूषक से रहित** है।
➢ मुद्राराक्षस के पञ्चम एवं षष्ठ अङ्क में 'प्रवेशक' नामक अर्थोपक्षेपक का प्रयोग है।
➢ मुद्राराक्षस के सभी पात्र चन्द्रगुप्त, चाणक्य, नन्द तथा राक्षस इत्यादि **ऐतिहासिक पात्र** हैं।
➢ राजा नन्द के आठ पुत्र थे। राजा तथा आठ पुत्र 'नवनन्द' कहे जाते थे।
➢ मुद्रा का अभिप्राय अँगूठी अथवा मुहर है।
➢ चन्द्रगुप्त का जन्म नन्द तथा 'मुरा' नामक शूद्र स्त्री से हुआ था।
➢ चाणक्य किसी अवसर पर उच्च आसन पर बैठ जाता है जिसके कारण उसे नन्दों द्वारा अपमानित होना पड़ता है।
➢ आसन से उतारने पर वह प्रतिज्ञा करता है कि जब तक वह नन्द वंश का विना नहीं कर देगा तब तक अपनी शिखा नहीं बाँधेगा।
➢ मुद्राराक्षस की घटना एक वर्ष में ही घटित हुई प्रतीत होती है।
➢ नाटक का प्रारम्भ चैत्र मास के पूर्णिमा के दिन से होता है।

मुद्राराक्षस- बिन्दुवार अध्ययन

➢ मुद्राराक्षस का लेखक कौन है - **विशाखदत्त**
➢ मुद्राराक्षस नाटक का नायक कौन है? - **चाणक्य**
➢ मुद्राराक्षस में अङ्कों की संख्या है? - **7**
➢ कस्मिन् रूपके नायिका नास्ति - **मुद्राराक्षसे**
➢ मुद्राराक्षस का प्रधान रस है? - **वीर**
➢ राक्षस पात्र जिस रूपक में है, वह है - **मुद्राराक्षसम्**
➢ मुद्राराक्षस है - **नाटक**
➢ मुद्राराक्षसनाटके नन्दस्य मन्त्री - **राक्षसः**
➢ मुद्राराक्षसस्य प्रथमाङ्कस्य का संज्ञा - **मुद्रालाभः**
➢ किस नाटक में स्त्रियों का प्रयोग नहीं है - **मुद्राराक्षस**
➢ मुद्राराक्षसनाटके मुद्रा केन सम्बद्धा भवति? - **राक्षसेन**
➢ नन्दवंश पर आधारित नाटक कौन-सा है?- **मुद्राराक्षसम्**
➢ सर्वार्थसिद्धिः केन वंशेन सम्बद्धः? - **नन्दवंशेन**
➢ राजनीति और कूटनीतिक विषयों पर आधारित संस्कृत नाटक कौन है? - **मुद्राराक्षसम्**
➢ चन्दनदास सेठ जिस नाटक में आता है, वह नाटक है - **मुद्राराक्षसम्**
➢ अस्मिन्नाटके विदूषकः नास्ति - **मुद्राराक्षसम्**
➢ विशाखदत्त के प्राचीन भारतीय नाटक मुद्राराक्षस की विषयवस्तु है - **चन्द्रगुप्त मौर्य के समय में राजदरबार की दुरभिसन्धियों के बारे में**
➢ मुद्राराक्षसे कौमुदीमहोत्सवः केन निषिद्धः? - **चाणक्येन**
➢ कस्य गृहे स्वकुटुम्बं संन्यस्य राक्षसः नगराद् बहिः जगाम? - **चन्दनदासस्य**
➢ 'सः दोषः सचिवस्यैव यदसत् कुरुते नृपः'–इससे सम्बन्धित ग्रन्थ है - **मुद्राराक्षसम्**
➢ कृतककोपवृत्तान्तः कस्मिन् दृश्यकाव्ये वर्तते?- **मुद्राराक्षसे**
➢ कृतककोपवृत्तान्तः मुद्राराक्षसे कस्मिन्नङ्केऽस्ति? - **तृतीये**
➢ मुद्राराक्षसनाटके चाणक्यः कं श्रेष्ठिनं निगृहीतुम् इच्छति - **चन्दनदासम्**
➢ अधोलिखितेषु नाटकेषु कस्मिन्नाटके स्त्रीपात्रो न? - **मुद्राराक्षसम्**
➢ "न हि खलु सर्वः सर्वं जानाति" इति कुत्र वर्तते - **मुद्राराक्षसे**
➢ "नन्दोन्मूलनदृष्टवीर्यमहिमा बुद्धिस्तु मा गान्मम"–मुद्राराक्षसे

कस्येयमुक्तिः? - **चाणक्यस्य**

- कः नन्दसाम्राज्यस्य महामात्यः, यः अन्ते चन्द्रगुप्तस्य महामात्यपदं स्वीकरोति - **राक्षसः**
- 'प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन नीचैः प्रारभ्य विघ्नविहिता विरमन्ति मध्याः।' मुद्राराक्षसे कस्येयमुक्तिः - **विराधगुप्तस्य**
- "सुलभेष्वर्थलाभेषु परसंवेदने जनः। क इदं दुष्करं कुर्यादिदानीं शिविना विना।।" मुद्राराक्षसे इयमुक्तिर्भवति - **चाणक्यस्य**
- कः चाणक्यस्य शिष्यः आसीत्? - **चन्द्रगुप्तः**
- मुद्राराक्षसे नान्दीश्लोके कस्य स्तुतिः विद्यते - **शिवस्य**
- मुद्राराक्षसे नाटके किं पात्रं सर्वप्रधानमस्ति - **चाणक्यः**
- "अत्यादरो शङ्कनीयः" – इदं कथनं मुद्राराक्षसनाटकेऽस्ति - **प्रथमेऽङ्के**
- 'न विदूषको नापि नायिका' कस्मिन् रूपके - **बालभारत**

4.14 नैषधीयचरितम्

महाकवि श्रीहर्ष का परिचय-

- **नाम** - श्रीहर्ष
- **पिता** - श्रीहीर
- **माता** - मामल्लदेवी
- **श्रीहर्षं कविराजराजिमुकुटालङ्कारहीरः सुतम्**
  श्रीहीरः सुषुवे जितेन्द्रियं मामल्लदेवी च यम्। 1/145
- **समय-** 12वीं शताब्दी के मध्य से 12वीं शताब्दी के उत्तरार्ध के बीच (सम्भावित)
  आश्रयदाता- जयचन्द्र
  उपाधि-1.नवभारती 2. कविपण्डित (राजा गोविन्दचन्द्र द्वारा)
  उपासक- शिव, विष्णु, सरस्वती
  प्रिय छन्द- उपजाति
- श्रीहीर काशी के राजा गहरवारवंशी विजयचन्द्र की राज्यसभा के प्रधान पण्डित थे।
- श्रीहीर को विजयचन्द्र की राज्यसभा में मिथिला के प्रसिद्ध पण्डित श्री उदयनाचार्य ने शास्त्रार्थ में पराजित किया था।
- श्रीहीर पुत्र श्रीहर्ष ने उदयनाचार्य को पराजित करने का वचन अपने पिता (श्री हीर) को उनके मरते समय दिया था।
- श्रीहर्ष ने 'चिन्तामणि' मन्त्र का एक वर्ष पर्यन्त जप किया था।
- त्रिपुरादेवी के वरदान से श्रीहर्ष **अत्यन्त** उत्कृष्ट विद्वान् हो गये।
- जयचन्द्र की प्रार्थना स्वीकार कर श्रीहर्ष ने नैषधीयचरितम् महाकाव्य की रचना की।
- नैषधीयचरित महाकाव्य की दोष रहित प्रामाणिकता के लिए श्री हर्ष कश्मीर गये थे।
- महाकवि श्रीहर्ष नदी तट पर बैठकर रुद्र मन्त्र का जप किये थे।
- हरिहर कवि को भी श्रीहर्ष का वंशज माना जाता है।
- श्रीहर्ष के निवास स्थान के सम्बन्ध में विद्वान् मतैक्य नहीं हैं।
- कुछ विद्वान् कन्नौज का, कुछ वाराणसी का, कुछ बंगाल का एवं अन्य कश्मीर का निवासी बतलाते हैं। "ताम्बूलद्वयमासनं च लभते यः कान्यकुब्जेश्वरात्।" (नैषध. 22/15)
- कविवर राजशेखर सूरि ने महाकवि श्रीहर्ष की सौ से अधिक रचनायें होने का उल्लेख किया है -
  "खण्डनादिग्रन्थान् परश्शतान् जग्रन्थ।"
- नैषधीयचरित में नैषध के अतिरिक्त 8 ग्रन्थों का उल्लेख किया गया है।
- महाकवि श्रीहर्ष ने अपने नैषधीयचरित में अपनी रचनाओं के साथ-साथ प्रत्येक सर्गान्त श्लोक में अपने माता व पिता का भी उल्लेख किया है। श्रीहर्षं कविराजराजि मुकुटालङ्कारहीरः सुतम्, श्रीहीरः सुषुवे जितेन्द्रियं मामल्लदेवी च यम्।
- श्रीहर्ष के शताधिक ग्रन्थों के नाम का कोई प्रबल प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं।
- ये 10 रचनायें अविवादित व प्रमाणित हैं-
  1. नैषधीयचरित 2. स्थैर्यविचारप्रकरण 3. विजय-प्रशस्ति 4. खण्डनखण्डखाद्य 5. गौडोर्वीशकुल-प्रशस्ति 6. अर्णववर्णन 7. छिन्दप्रशस्ति 8. शिवशक्तिसिद्ध 9. नवसाहसाङ्कचरितचम्पू 10. ईश्वराभिसन्धि
- इनमें से नैषधीयचरित व खण्डनखण्डखाद्य के अलावा शेष 8 ग्रन्थ अनुपलब्ध हैं।
- श्रीहर्ष की काव्य शैली प्रसादगुणों से युक्त वैदर्भी शैली है,
- गुण में प्रमुखतः माधुर्य और ओज की प्रचुरता है।
- महाकाव्य में एक स्थल पर श्लेष अलंकार का इतना सुन्दर चित्रण किया है कि, अन्य कवि इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हैं।
  देवः पतिर्विदुषि नैषधराजगत्या
  निर्णीयते न किमु न ब्रियते भवत्या।
  नायं नलः खलु तवातिमहा नलाभो
  यद्येनमुज्झसि वरः कतरः पुनस्ते ॥ नैषध 13/33
- हर्ष ने उपर्युक्त श्लोक के पाँच अर्थ बताये हैं-

1. इन्द्रपक्ष में 2. अग्नि पक्ष में 3. यम पक्ष में 4. वरुण पक्ष में 5. नल पक्ष में

- नैषधीयचरित में 9 निधियों का उल्लेख है-
  महापद्म, पद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुन्द, कुन्द, नील व खर्व

नैषधीयचरितम् का परिचय

- **लेखक** - श्रीहर्ष
- **काव्यविधा** - महाकाव्य
- **कुल सर्ग** - 22 (बाईस)
- **नायक** - नल (धीरोदात्त)
- **नायिका** - दमयन्ती
- **प्रतिनायक** - 4 नल के रूप में क्रमशः अग्नि, वरुण, इन्द्र

व यम
- **अङ्गीरस/प्रधानरस** -शृङ्गार
- **अन्य रस**-वीर, हास्य, करुण, रौद्र एवं अद्भुत आदि
- **गुण** - माधुर्य, ओज, प्रसाद (प्रायः सभी काव्य गुण पाये जाते हैं)
- **रीति** - मुख्यतः वैदर्भी
- **अलङ्कार** - अनुप्रास (मुख्य रूप से)
- **अन्य अलङ्कार** - अतिशयोक्ति आदि।
- **छन्द** - कुल उन्नीस 19 छन्दों का प्रयोग है जिनमें उपजाति, वसन्ततिलका, अनुष्टुप्, वंशस्थ तथा शिखरिणी प्रमुख हैं। (उपजाति सर्वाधिक 7 सर्गों में है।)

प्रमुख उक्तियाँ
- **''काव्यं नवं नैषधम्''** - चाण्डु पण्डित
- **''नैषधं विद्वदौषधम्''**
- **'उदिते नैषधे काव्ये क्व माघः क्व च भारविः'**
- **नैषधे पदलालित्यम्** अथवा
- **''उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।**
  नैषधे पदलालित्यम् माघे सन्ति त्रयो गुणाः॥''
- **उपजीव्य** - महाभारत (वनपर्व)
- **अन्य स्रोत** - शतपथ-ब्राह्मण, कथासारित्सागर, कुमारपालप्रतिबोध, लिङ्गपुराण, वायुपुराण, हरिवंश-पुराण, ब्रह्माण्ड-पुराण आदि।
- **कुल श्लोक** - 2804 (लगभग)
- **नोट** - प्रत्येक सर्ग के अन्त के परिचयात्मक सभी श्लोक शार्दूलविक्रीडित छन्द में हैं।
- बृहत्त्रयी का **सबसे बड़ा ग्रन्थ** नैषधीयचरितम् ही है।
- महाभारत के वनपर्व में **'नलोपाख्यान'** उनतीस अध्यायों (58-78) में है।
- नलोपाख्यान की सरल छोटी कथा 'नैषधीयचरित' में बहुत थोड़ी ही ली गयी है।
- नलोपाख्यान एक उपदेश कथा है, जबकि नैषधीयचरितम् एक सरस एवं मनोरम महाकाव्य है।
- नलोपाख्यान के आदि के छः सर्गों की घटना को श्रीहर्ष ने विशाल 22 (बाईस) सर्गों में नैषधीयचरितम् नामक ग्रन्थ में उल्लिखित किया है।

नामकरण
- निषध देश के राजा (नल) का चरित्र वर्णित होने से इस ग्रन्थ का नाम 'नैषधीयचरितम्' रखा गया है।

पात्र-परिचय

- **नल** - नायक, (निषध देश का राजा)
- **दमयन्ती** - नायिका, (विदर्भ देश की राजकुमारी)
- **भीम** - दमयन्ती के पिता, विदर्भ के राजा (कुण्डिनपुर)
- **प्रतिनायक** - इन्द्र, वरुण, अग्नि, यम
- **हंस** - नल - दमयन्ती के प्रेम का सन्देशवाहक, दूत
- **अन्य पात्र** - कला आदि दमयन्ती की सखियाँ, हंस पंक्षी का परिवार आदि
- **दमन** - दमयन्ती का भाई

मङ्गलाचरण

निपीय यस्य क्षितिरक्षिणः कथां तथाद्रियन्ते न बुधाः सुधामपि।
नलः सितच्छत्रितकीर्ति मण्डलः स राशिरासीन्महसां महोज्ज्वलः॥
1/1

भावार्थ- अपने विस्तृत कीर्तिमण्डल को श्वेत छत्र के समान धारण करने वाले तेजपुञ्ज स्वरूप पृथ्वी रक्षक जिस सूर्य की कथा का पूर्णतया पान करके देवगण जैसे चन्द्रमा का आदर नहीं करते वैसे ही वह राजा नल थे। जिनकी कथा का पान करके विद्वान् लोग अमृत का भी वैसा आदर नहीं करते थे। अर्थात् राजा नल का भी कीर्तिमण्डल सूर्य के समान था। जो उत्सवों में देदीप्यमान होता था।

- 'नैषधीयचरितम्' का प्रारम्भ श्रीहर्ष ने नल रूपी कथा वस्तु को संकेत करते हुए वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण से किया है। मङ्गलाचरण वंशस्थ छन्द में हैं। वस्तुतः प्रथम सर्ग के एक से लेकर एक सौ बयालिस (1-142) श्लोकों तक वंशस्थ छन्द का ही प्रयोग किया है। (जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ) सम्पूर्ण मङ्गलाचरण चरण में संसृष्टि अलंकार है।

प्रमुख पात्रों का चरित्र-चित्रण

नल -
- नल महाकाव्य की कथा के नायक हैं, अतः इन्हें एक प्रमुख पात्र कहा जा सकता है।
- नल के पिता वीरसेन हैं। (**वीरसेनसुतकण्ठभूषणीभूत**-नै.18/4)
- श्रीहर्ष ने राजा नल के गुणों का वर्णन प्रथमसर्ग के प्रथम तीस श्लोकों में किया है।
- **धीरोदात्त नायक** के सभी गुण राजा नल में विद्यमान हैं।
- नल की करुणाशीलता का वर्णन हंस प्रसंग के समय प्रकट होती है।
- गम्भीर, करुणाशील, दानशील, दृढ़प्रतिज्ञ आदि गुणों से अलंकृत होने के कारण नल एक आदर्श नायक हैं।
- वे साधारण राजाओं की भाँति विदर्भनरेश भीमसेन से दमयन्ती की याचना नहीं करने जाते हैं।

दमयन्ती
- नैषधीयचरितम् की एक प्रमुख स्त्री पात्र दमयन्ती है जो इस महाकाव्य की **नायिका** है।
- दमयन्ती एक कुलीन नायिका है। वह विवाह के पहले अन्या (अनूठा परकीया) एवं विवाहोपरान्त स्वा (विवाहिता, स्वीया) कोटि की नायिका है।
- श्रीहर्ष ने दमयन्ती की सुन्दरता का वर्णन करते हुए त्रिलोक की सुन्दरियों से भी सर्वोत्कृष्ट बताया है-

  भुवनत्रयसुभ्रुवामसौ दमयन्ती कमनीयतामदम्।
  उदियाय यतस्तनुश्रिया दमयन्तीति ततोऽभिधां दधौ॥
  नै. 2/18
- दमयन्ती त्रिलोक की सुन्दरियों के सौन्दर्याभिमान का दमन करने वाली है अतः इसका नाम दमयन्ती रखा गया है।

➢ नारद मुनि भी दमयन्ती के अनुरूप वर केवल नल को ही बताते हैं।

➢ दमयन्ती गुणशील, रमणीय के साथ-साथ विवेकशील भी है। इसका परिचय पाँच नलों में से एक को वरण करने से मिलता है।

हंस

जिस प्रकार रामायण में हनुमान व मेघदूतम् में मेघ को दूत बनाया गया है उसी प्रकार ''नैषधीयचरितम्'' में श्रीहर्ष ने **हंस को दूत** बनाया है।

➢ इसके स्वर्ण के समान पंखों को देखकर राजा नल इसके प्रति आकर्षित होते हैं।

➢ नल के द्वारा पकड़े जाने पर हंस सबसे पहले अपने परिवार का परिचय भय, करुणा व विनम्रता पूर्वक मनुष्य वाणी में बताता है।

मदेकपुत्रा जननी जरातुरा नवप्रसूतिर्वरटा तपस्विनी।
गतिस्तयोरेष जनस्तमर्दयन्नहो विधे! त्वां करुणा रुणद्धि नो॥

नै. 1/135

भीमसेन

➢ भीमसेन दमयन्ती के पिता हैं।

➢ वे विदर्भ देश के राजा एवं दमयन्ती स्वयंवर के कर्ता हैं।

➢ भीमसेन एक धर्मोचित पिता के रूप में प्रस्तुत किये गये हैं।

➢ भीमसेन के पुत्र का नाम दम या दमन है।

प्रतिनायक

➢ यहाँ प्रतिनायक के रूप में चार देवताओं इन्द्र, अग्नि, वरुण एवं यम को परिलक्षित किया है।

➢ ये चारों देवता नल से मिलकर, व स्वयं नल का रूप धारण करके स्वयंवर सभा में प्रस्तुत होकर नल को छलने का प्रयास करते हैं।

➢ महाभारत में वर्णित नलोपाख्यान में कल्कि को प्रतिनायक के रूप में चित्रित किया गया है।

नैषधीयचरितम् की टीका एवं टीकाकार

टीका	**टीकाकार**
नैषधीयप्रकाश टीका	नारायण
नैषधदीपिका	चाण्डुपण्डित (प्राचीन टीकाकार)
साहित्यविद्याधरी	विद्याधर
दीपिका	नरहरि
तिलक	चारित्रवर्धन
जीवातु	मल्लिनाथ
सुखावबोध	जिनराज

अन्य टीकाकार - आनन्दराजानक, ईशानदेव, उदयनाचार्य, गोपीनाथ, भगीरथ, आदि।

सर्गवार कथा

प्रथम सर्ग - इस सर्ग में निषध देशाधिपति महाराज नल के शौर्य, गुण, प्रताप एवं उत्कर्ष का वर्णन किया गया है।

➢ राजा नल का विदर्भनरेश भीम की पुत्री दमयन्ती के प्रति कामार्त होना एवं उपवन में जाना इसी सर्ग में है।

➢ उपवन में राजा, हंस पक्षी को पकड़ते हैं और उसकी करुण वाणी सुनकर उसे छोड़ देते हैं।

द्वितीय सर्ग -

➢ हंस के हर्षोल्लास से यह सर्ग आरम्भ होता है।

➢ हंस अपने परिवार से मिलकर पुनः कृतज्ञता प्रकट करने नल के पास उपवन में जाता है।

➢ राजा नल, हंस से दमयन्ती के पास कुण्डिनपुर जाने के लिए आग्रह करते हैं।

➢ हंस कुण्डिनपुर पहुँचकर उपवन में सखियों के साथ विहार कर रही दमयन्ती के पास रुक जाता है।

तृतीय सर्ग -

➢ दमयन्ती, हंस को पकड़ना चाहती है और इसी प्रयास में वह हंस के पीछे-पीछे सघन वन में पहुँच जाती है।

➢ वहाँ एकान्त पाकर हंस राजा नल के अलौकिक गुणों का एवं अनुपम सौन्दर्य का वर्णन करता है।

➢ दमयन्ती, राजा नल के प्रति अपनी आसक्ति प्रकाशित करती हैं।

चतुर्थ सर्ग - [illegible] सफलता की सूचना देता है।

➢ दमयन्ती, राजा नल से मिलने की इच्छा प्रकट करती है और विकल होने लगती हैं।

➢ विदर्भ नरेश भीमसेन अपनी पुत्री दमयन्ती की यह विचित्र दशा देखकर स्वयंवर का निश्चय करते हैं।

पञ्चम सर्ग -

➢ पञ्चम सर्ग का प्रारम्भ देवलोक में महर्षि नारद द्वारा इन्द्र की सभा में दमयन्ती की विलक्षण सुन्दरता का वर्णन करते हुए होता है।

➢ इन्द्र, वरुण, अग्नि, एवं यम देवताओं के साथ पृथ्वीलोक में प्रस्थान करते हैं।

➢ मार्ग में जाते हुए नल का अनुपमेय सौन्दर्य देखकर देवताओं को ईर्ष्या होती है।

➢ देवता, राजा नल को दमयन्ती के पास जाने के लिए कहते हैं एवं दमयन्ती, 'इन्द्र, वरुण, अग्नि व यम' में से किसी को वरण करें ऐसा दमयन्ती से कहने की याचना करते हैं।

➢ राजा नल ऐसा करने के लिए तैयार हो जाते हैं और इन्द्र द्वारा इन्हें अदृश्य होने की शक्ति प्रदान हो जाती है।

षष्ठ सर्ग -

➢ राजा नल अदृश्य रूप में दमयन्ती के राजप्रासाद में पहुँचते हैं।

➢ देवों की दूतियाँ नल के पहुँचने के पहले से ही किसी एक देवता को वरण करने का आग्रह कर रही थीं

➢ दमयन्ती उन्हें मना कर देती है। यह देखकर नल अत्यधिक

प्रसन्न होते हैं।

सप्तम सर्ग -

- राजा नल दमयन्ती के सौन्दर्य का अवलोकन एवं स्वयं को प्रकट कर देने का भी निश्चय कर लेते हैं।
- इस सर्ग में दमयन्ती के नखशिख का स्वरूप भी वर्णित है।

अष्टम सर्ग -

- राजा नल अपने स्वरूप को प्रकट कर, स्वयं को देवदूत बताकर, देवताओं में से किसी एक देवता का वरण करने को कहते हैं।

नवम सर्ग -

- इस सर्ग में नल एवं दमयन्ती में परस्पर वार्तालाप होता है।
- दमयन्ती राजा नल का ही वरण करने को कहती हैं।
- नल, दमयन्ती को उसकी स्वयंवर सभा में आने की स्वीकृति देकर वापस लौट आते हैं।

दशम सर्ग -

- स्वयंवर के कार्यक्रम से यह सर्ग प्रारम्भ होता है
- चारों दिशाओं से आये राजाओं से पृथ्वी के ठसाठस भर जाने का वर्णन है।
- इन्द्रादि चारों देवता भी नल रूप में स्वयंवर में उपस्थित होते हैं।
- विष्णु, देव, अप्सरायें आदि भी स्वयंवर में दर्शनार्थ होते हैं।
- विष्णु राजाओं के वर्णन के लिए सरस्वती को भेजते हैं।

एकादश सर्ग -

- सरस्वती द्वारा राजाओं के वर्णन से यह सर्ग प्रारम्भ होता है।
- नल के प्रति आसक्ति से दमयन्ती स्वयंवर सभा में बैठे सभी राजाओं को क्रमशः छोड़ते हुए आगे बढ़ती जाती है।

द्वादश सर्ग -

- इस सर्ग में भी अन्यान्य अवशिष्ट राजाओं के स्वयंवर में सम्मिलित होकर दमयन्ती द्वारा उपेक्षित होने का वर्णन है।
- सरस्वती विभिन्न देशों के नरेशों का एक-एक करके वर्णन करने के उपरान्त अन्त में नल के समीप पहुँचती है।
- दमयन्ती पाँच राजा को नल के समान देखकर आश्चर्य-चकित हो जाती हैं।

त्रयोदश सर्ग -

- राजा नल के वेश में विद्यमान पाँचों नलों का श्लेष शब्दों का प्रयोग करके वर्णन सरस्वती द्वारा किया जाता है और दमयन्ती आश्चर्य एवं संशय में पड़ जाती हैं।
- दमयन्ती देवताओं और राजा नल में अन्तर न कर सकने के कारण क्षुब्ध एवं दुःखी हो जाती है।

चतुर्दश सर्ग -

- दमयन्ती, देवताओं का मानसिक पूजन करती हैं जिससे देवता प्रसन्न होकर श्लेष शब्दों को समझने की शक्ति प्रदान करते हैं।
- दमयन्ती अपने विवेक से राजा नल को पुष्प माला पहनाकर वरण कर लेती हैं।
- तदुपरान्त सरस्वती व सभी देवता आशीर्वाद देते हैं।

पञ्चदश सर्ग -

- स्वयंवर में दमयन्ती द्वारा नल का वरण करने के उपरान्त भीमसेन विवाह की तैयारी में लग जाते हैं और नल को आमन्त्रित करते हैं।

षोडश सर्ग -

- राजा भीम बारात का पर्याप्त स्वागत सत्कार करते हैं।
- राजा नल वहाँ छः दिन निवास करके पुनः अपनी राजधानी की ओर प्रस्थान करते हैं।
- राजधानी में नल का जनता द्वारा स्वागत किया जाता है।

सप्तदश सर्ग -

- स्वर्ग को प्रस्थान करते हुए देवताओं की कलि/कल्कि से भेंट हो जाती है।
- कलि/कल्कि देवताओं से बतलाता है कि वह दमयन्ती के स्वयंवर में जा रहा है।
- कलि को देवता बताते हैं कि दमयन्ती, नल को वरण कर चुकी है तो वह राजा नल को राज्यच्युत होने और दमयन्ती से वियुक्त होने का शाप दे देता है।
- द्वापर के साथ कलि निषध देश में गया और उपवन में **बिभीतक** वृक्ष का आश्रय लेकर कई वर्षों तक दमयन्ती तथा नल में दोषान्वेषण किया किन्तु कोई दोष नहीं पाया।

अष्टादश -

- यह सर्ग प्रमोदोद्यान के वर्णन से प्रारम्भ होता है।
- कामशास्त्र के मर्मज्ञ नल, एवं नवोढ़ा दमयन्ती की काम क्रीड़ा का वर्णन है।

एकोनविंश सर्ग -

- उषा काल से दूरारूढ़ सूर्य का क्रमिक वर्णन है।
- दमयन्ती द्वारा बन्दीगण को उपहार दिया जाता है।
- तदनन्तर आकाशगंगा में स्नान कर लौटे हुए नल, दमयन्ती के पास आते हैं।

विंश सर्ग -

- नल राजभवन में प्रवेश करते हैं, जहाँ दमयन्ती द्वारा उनका स्वागत होता है।
- दमयन्ती को स्वर्ग कमल देकर, प्रातः कालीन कृत्य के लिए उससे आज्ञा माँगते हैं।
- दमयन्ती व्यथित एवं रुष्ट होकर अपनी सखी के घर चली जाती है।
- दमयन्ती के लौटने पर नल उसकी सखी 'कला' की सहायता से उसका मान भंग करना चाहते हैं और उससे विविध प्रकार के सम्भोगों का स्मरण दिलाते हैं।
- मध्याह्न की सूचना से नल स्नानादि के लिए उठ जाते हैं।

एकविंश सर्ग -

- यह सर्ग नल के चारुचरित वर्णन से प्रारम्भ होता है।
- अर्थ एवं मोक्ष पुरुषार्थो का विस्तृत चित्रण हुआ है।
- चकवी के विरह को दूर करने के लिए सूर्य से प्रार्थना करने

के बहाने सन्ध्योपासन के लिए नल नदी तट पर चले जाते हैं।

द्वाविंश सर्ग -

➢ इसके उपरान्त ग्रन्थ की प्रशस्ति तथा संक्षिप्त परिचय के साथ इस महाकाव्य का उपसंहार होता है।

नैषधीयचरित की प्रमुख सूक्तियाँ

1. अदृष्टमप्यर्थमदृष्टवभवात्करोति सुप्तिर्जनदर्शनातिथिम् 1/39

भावार्थ- चित्रदर्शन के बाद दमयन्ती के द्वारा नल को स्वप्न में देखे जाने का वर्णन किया गया है-
"कभी प्रत्यक्ष दर्शन न किये गये पदार्थ को भी स्वप्न मनुष्यों की दृष्टि का अतिथि बना देता है अर्थात् दिखा देता है।"

2. त्यजन्त्यसञ्शर्म च मानिनो वरं त्यजन्ति न त्वेकमयाचितव्रतम् 1/50

भावार्थ- यह सूक्ति राजा नल के विषय में कही गयी है कि "स्वाभिमानी लोग प्राण और सुख भले ही त्याग देते हैं किन्तु माँगते नहीं हैं। यह उनका व्रत होता है।"

3. स्मरः स रत्यामनिरुद्धमेव यत्सृजत्ययं सर्गनिसर्ग ईदृशः। 1/54

भावार्थ- यह सूक्ति राजा नल के विषय में कही गयी है कि- "प्रकृति का स्वभाव ही ऐसा है कि अनुराग होने पर कामदेव चञ्चलता को जन्म देता है।"

4. क्व भोगमाप्नोति न भाग्यभाग्जनः 1/102

भावार्थ- नल के लिए (कामपीड़ित होने पर), वन में भी तरंगों के वादन, कोयलों तथा भौरों के संगीत एवं मयूर के नृत्य आदि सुख के सभी साधन (संगीत, नृत्य, वाद्य आदि), उपलब्ध हैं। "क्योंकि भाग्यशाली पुरुष को भोग कहाँ नहीं प्राप्त होता है?"

5. विगर्हितं धर्मधनैर्निबर्हणं विशिष्य विश्वासजुषां द्विषामपि। 1/131

भावार्थ- हंस, राजा नल की निन्दा करते हुए कहता है कि - हे राजन! मेरा वध करने से आपको प्राणिवध के साथ विश्वास - घात का भी पाप लगेगा "क्योंकि विश्वास युक्त शत्रुओं का भी वध धर्माचार्यों के द्वारा विशेष रूप से निन्दनीय कहा गया है।

6. नृपः पतङ्गं समधत्त पाणिना ।

भावार्थ- राजा नल ने स्वयं कपट से नारायण की तरह अपने शरीर को छोटा करके शब्द रहित चरण से हंस के पास जाकर हंस (पक्षी) को हाथ से पकड़ लिया।

7. सरोरूहं तस्य दृशैव तर्जितम्, जिताः स्मितेनैव विधोरपि श्रियः। "कुतः परं भव्यमहो महोयसी, तदाननस्योपमितौ दरिद्रता॥" 1/24

भावार्थ- नल के नेत्र के द्वारा कमल और मुस्कुराहट के द्वारा चन्द्रमा की शोभा जीत ली गई है। "नल से अधिक सुन्दर वस्तु क्या हो सकती है, आश्चर्य है कि नल के मुख की उपमा में बहुत दरिद्रता हो गई है।"

8. अपां हि तृप्ताय न वारिधारा स्वादुः सुगन्धिः स्वदते तुषारा 3/93

भावार्थ- दमयन्ती कहती है, हे हंस! उचित अवसर देखकर ही नल के समक्ष यह प्रस्ताव रखना, "क्योंकि, जो जन जल पीकर पूर्णतः तृप्त हो चुका हो, उसे स्वादिष्ट, सुगन्धि और अति शीतल जल की धारा में भी स्वाद नहीं आता।"

9. आर्जवं हि कुटिलेषु न नीतिः।

भावार्थ- इन्द्र का सम्पूर्ण कपटाचार जान लेने पर नल ने वैसे छल वाक्यों का प्रयोग करना चाहा जैसे कि इन्द्र ने किया था, "क्योंकि कुटिल जनों के प्रति सरलता नीति नहीं होती।"

10. कार्यं निदानाद्धि गुणानधीते। (3/17)

भावार्थ- हंस, दमयन्ती से कहता है कि स्वर्ण कमलिनियों के अग्रभाग खाने वाले हम अपने खाद्य के अनुरूप ही शरीर शोभा रूप समृद्धि के भाजन हैं, "क्योंकि कार्य कारण से ही गुण प्राप्त करता है।"

11. घनाम्बुना राजपथेऽति पिच्छिले क्वचिद्बुधैरप्यपथेन गम्यते॥ (9/36)

भावार्थ- दमयन्ती की सखी द्वारा दमयन्ती से कहा गया है जिस विपत्ति में धर्म के अनुसरण से रक्षा नहीं हो पाती है, उस समय धर्म के विरुद्ध आचरण भी उचित होता है, "क्योंकि वर्षा जल से राजमार्ग में कीचड़ हो जाने पर समझदार व्यक्ति अपथ से भी कहीं-कहीं चला करते हैं।"

**12. ममापि साधु प्रतिभात्ययं क्रमः
चकास्ति योग्येन हि योग्यसंगमः (9.56)**

भावार्थ- नल कहता है कि- हे दमयन्ती तू धर्मशील है और यमराज को भी धर्म पर चलने वाला बताया जाता है अतः तुम्हारे लिए यमराज ही वर के रूप में योग्य है उनका ही तुम्हें वरण करना चाहिए "क्योंकि योग्य से योग्य का संगम सुशोभित होता है।"

13. झटिति पराशयवेदिनो हि विज्ञाः 5/109

भावार्थ- नल देवताओं से कहता है कि दमयन्ती को हृदय में बसाकर श्वास लेने वाला मैं (नल) उसके सामने किस प्रकार भावों को सभालने में समर्थ हो सकूँगा "क्योंकि विषयों को विद्वान् भी कठिनता से ही जीत पाते हैं।"

14. द्यौर्न काचिदथवास्ति निरूढा सैव सा चलति यत्र । हि चित्तम् (5/57)

भावार्थ- जहाँ चित्त रमे वहीं स्वर्ग है, इसी भाव का वर्णन है - विद्वान् होकर भी जब कोई स्वर्ग को छोड़कर पृथ्वी पर अनुसरण करे तो खेद है। इससे तो यही स्पष्ट होता है कि 'स्वर्ग कोई विशिष्ट स्थान नहीं है, क्योंकि जहाँ चित्त रमता है वहीं स्वर्ग है।'

15. नैयाय्यमुपेक्षते हि कः।

भावार्थ- नल दमयन्ती से कहता कि यदि तुम नल के बिना

अपने को फाँसी लगाना चाहती हो, तब अन्तरिक्ष जाती तुमको अन्तरिक्ष में वसने वालों का स्वामी इन्द्र हर लेगा, ''क्योंकि न्याय से प्राप्त वस्तु की कौन उपेक्षा करता है?'' अर्थात् कोई नहीं।

16. ब्रुवते हि फलेन साधवो न तु कण्ठेन निजोपयोगिताम् (2.48)

भावार्थ- हंस राजा नल से, दमयन्ती के समीप जाने की आज्ञा माँग रहा है इसी विषय के लिए वह स्वयं को धिक्कारता है कि ओह! उसने आज्ञा क्यों माँगी ''क्योंकि सज्जन व्यक्ति अपनी उपयोगिता कार्य से ही बखानते है, कण्ठ से नहीं।''

17. भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः? (17/70)

भावार्थ- हे बुद्धिमानों! शम क्या है? (कुछ नहीं), प्रिया की प्राप्ति के निमित्त परिश्रम करो, क्योंकि ''जलकर राख हुए शरीर का पुनः आगमन कहाँ होता है? (अर्थात् नहीं होता है)।

18. गरौ गिरः पल्लवनार्थलाघवे
मितं च सारं च वचो हि वाग्मिता (9/8)

भावार्थ- नल, दमयन्ती से कहते हैं कि ''विशेष प्रयोजन से शून्य कुल व नाम के विषय में बताना मेरी जीभ द्वारा उदासीनता होगी ''क्योंकि विस्तार और संकोच दोनों वाणी के विष रूप हैं और थोड़ा किन्तु सारपूर्ण कथन वचनों का पाण्डित्य है।''

19. मुखं विमुच्य श्वसितस्य धारया वृथैव
नासापथधावनश्रमः (9/44)

भावार्थ- नल, दमयन्ती से कहते हैं कि हाय! तुमने सब देवों के नायक (देवेन्द्र) को छोड़कर मनुष्य नल का आदर किया है जो पूर्णतः भ्रम है, ''क्योंकि निःश्वास धारा द्वारा मुँह को छोड़कर नाक के मार्ग से आना-जाना व्यर्थ ही है।''

20. विवेकधाराशतधौतमन्तः सतां न कामः कलुषीकरोति (8/54)

भावार्थ- दमयन्ती की वीणा-वाणी द्वारा प्रशंसित मन वाला नल धैर्य से काम की अवज्ञा करते हुए कहता है, ''विवेक जल की धाराओं से शतवार धोकर उजले किये गये सज्जनों के अन्तःकरण को काम दूषित (काला, विकृत) नहीं करता।''

21. सतां महत्संमुखधावि पौरुषम् । (12/8)

भावार्थ- सगर पुत्रों द्वारा समुद्र खोदे जाने का वर्णन पुराण प्रसिद्ध है यह उनके पुरुषार्थ का ही फल था। क्योंकि ''सज्जनों का पुरुषार्थ बड़ों के सम्मुख दौड़ते हुए आता है।''

22. साधने हि नियमोऽन्यजनानां योगिनां तु
तपसाऽखिलसिद्धिः (5/3)

भावार्थ- नारद ने बिना किसी वाहन के ही आकाश यात्रा कर डाली, क्योंकि ''साधन तो सामान्य जनों को आवश्यक हैं, योगियों की तो तप से ही सब सिद्धि हो जाती है।''

23. स्तवे रवेरप्सु कृताप्लपवैः कृते न मुद्धती जातु
भवेत्कुमुद्वती। (9/148)

भावार्थ- यदि वेद देवों के गुणों के गायक हैं तो इससे दमयन्ती का क्या प्रयोजन है? ''क्योंकि जल मे स्नान किये व्यक्तियों द्वारा सूर्य की स्तुति से कुमुदिनी कभी प्रसन्न नहीं होती है।''

24. ह्रदे गभीरे हृदि चावगाढे शंसन्ति कार्यावतरं हि सन्तः (3/53)

भावार्थ- हंस नल के बारे में थोड़ा बताकर दमयन्ती के मनोभाव को जानने की इच्छा से चुप हो गया, ''क्योंकि सज्जन गहरे सरोवर के आलोडित होने और गूढ़ हृदय का ज्ञान होने पर कार्यावतर करते हैं।''

25. फलेन मूलेन च वारिभूरुहां मेनेरिवेत्थं मम यस्य वृत्तयः (1/133)

भावार्थ- हंस, राजा नल से कहता है, कि ''इस प्रकार मुनि के समान मेरी (हंस) भी जीविका कमलों के फल और कन्द मूल ही है'' और मेरे द्वारा कोई अपराध भी नहीं किया गया है। अतः मुझे मारने (दण्डित) से पृथ्वी भी लज्जित क्यों नहीं हो रही है।

26. मदेकपुत्रा जननी जरातुरा नवप्रसूतिर्वरटा तपस्विनी (1/135)

भावार्थ- हंस अपनी कारुणिक दशा का वर्णन करते हुए नल से कहता है- ''मुझ इकलौते पुत्र तथा वृद्धावस्था से पीड़ित मेरी माता है, नवप्रसूता तथा पतिव्रता मेरी पत्नी है।'' उन दोनों का आलम्ब मैं ही हूँ। हे विधाता! उनको पीड़ित करते हुए तुमको करुणा रोकती नहीं है?

27. अधारि पद्मेषु तदङ्घ्रिणा क्व तच्छयच्छाय लवोऽपि पल्लवे। 1/20

भावार्थ- इसमें कवि ने नल के यौवन के आगमन से शारीरिक सौन्दर्य में हो रही अभिवृद्धि का वर्णन किया है - ''नल के चरणों ने कमलों के प्रति घृणा (या दया) धारण की, नवकिसलयों में उनके हाथ की शोभा का छाया मात्र भी कहाँ था! अर्थात् नहीं था।''

28. कथाप्रसङ्गेषु मिथस्सखीमुखात्तृणेऽपि तन्व्या नलनामनि श्रुते । (1/35)

भावार्थ- इसमें दमयन्ती के श्रवणानुराग का वर्णन ''कभी भी वार्तालाप करते समय, नल नामक तृण के विषय में भी किसी के द्वारा नल शब्द सुन लेने मात्र से दमयन्ती, राजा नल के विषय में चर्चा हो रही है ऐसा समझ कर उनकी बात ध्यान से सुनने लगती थी।''

29. मृगयाऽघाय न भूभृतां ध्नताम् 2/10

भावार्थ- यह सूक्ति राजा नल के शिकार से सम्बन्धित है- ''पृथ्वीपालकों की मृगया पापनिमित्तिका नहीं होती।''

30. मुग्धेषु कः सत्यमृषाविवेकः 8/18

भावार्थ- काम के वशीभूत दमयन्ती, नल के प्रति शालीनता के कारण चुप नहीं रह सकी क्योंकि ''मूढ़ हुए व्यक्तियों में सत्यासत्य का विवेक कहाँ?'' अर्थात् नहीं होता है।

31. गुरूपदेशं प्रतिमेव तीक्ष्णा प्रतीक्षते जातु न कालमार्तिः 3/91

भावार्थ- हंस, दमयन्ती से कहता है सोच-विचार कर कार्य करना विलंब सहन करना है, अतः शीघ्रता करो, ''शिष्य की

कुशाग्र तुल्य, तीव्र, प्रजा के समान गुरु के उपदेश की प्रतीक्षा नहीं करती है।'' वैसे भी पीड़ा विलम्ब की प्रतीक्षा नहीं करती।

32. जनः किलाचारमुचं विगायति 9/13

भावार्थ- नल, स्वनामोच्चारण न करने का कारण बताते हैं कि सज्जन अपना नाम नहीं लेते, महापुरुषों के आचार व्यवहार की परम्परा है। इसलिए वह नाम कहने को उत्साहित नहीं हो पा रहा है, ''क्योंकि लोक, निश्चय ही आचार व्यवहार छोड़ देने वाले की निन्दा करता है।''

33. तरुणीस्तन एव दीप्यते मणिहारावलिरामणीयकम् (2/44)

भावार्थ- हंस, नल से कह रहा है कि हे वीर! दमयन्ती की शृंगार चेष्टा केवल तुझसे ही सुशोभित होगी, क्योंकि मणिमाल की रमणीयता तरुणी के कुचों पर ही दिखती है (शोभित होती है।)''

34. तं धिगस्तु कलयन्नपि वाञ्छामर्थिवागवसरं सहते यः। 5/83

भावार्थ- नल विचार कर रहें हैं कि (देवों का) अभीष्ट कैसे जाना जाय कि वे क्या चाहते हैं? बिना माँगे ही शीघ्र दान देना श्रेष्ठ है, ''जो दाता याचक की इच्छा को समझता हुआ भी याचकों को कहने का अवसर देता है उसे धिक्कार है।''

35. द्विषन्मुखेऽपि स्वदते स्तुतिर्या, तन्मिष्टता नेष्टमुखे त्वमेया। 8/51

भावार्थ- प्रिया दमयन्ती की प्रिय वाणी का पान कर नल पूर्णतः मग्न हो गये क्योंकि ''जो प्रशंसावचन शत्रु के मुख में भी स्वाद देते हैं, वे प्रिय मुख से कहे जायें तो उनकी मिठास क्या असीमित न होगी?'' होगी ही।

36. न मोघसंकल्पधराः किलामराः। 9/145

भावार्थ- दमयन्ती - नल ने मुख से चन्द्र को और शोभा से काम को जीत लिया है किस कारण ये दोनों मेरे वध के लिए प्रण किये बैठे हैं यदि नल की प्रिया होने के कारण है तो मैं जीत गई क्योंकि ''देवता प्रण (संकल्प) धारण निश्चय ही निष्फल नहीं करते हैं।''

37. नामापि जागर्ति हि यत्र शत्रोस्तेजस्विनस्तं कतमे सहन्ते। 8/74

भावार्थ- चंद्र पर कोप करता हुआ मानो आहुति में दिये गये सोम रस का आचमन किया करता है, ''क्योंकि जिसमें शत्रु का नाम भी प्रकट होता है, उसे कौन तेजस्वी जन सहन करते हैं?'' अर्थात् कोई नहीं।

38पलालजालैः पिहितः स्वयं हि प्रकाशमासादयतीक्षुडिम्भः। (8/2)

भावार्थ- देवताओं के कथन कितने समय तक नल को अन्तर्धान कर सकते हैं, ''क्योंकि तिनको से ढका ईख का अंकुर अपने आप ही प्रादुर्भूत हो जाता है।''

39. पिपासुता शान्तिमुपैति वारिणा, न जातु दुग्धान् मधुनोऽधि कादपि । 9/5

भावार्थ- दमयन्ती, नल कहती है कि- कर्णामृतरूपी तुम्हारी वाणी तो सुन ली किन्तु आप के नाम के विषय में सुनने की आकांक्षा शिथिल नहीं हुई। क्योंकि ''प्यास जल से शान्त होती है, अधिक दूध अथवा मधु से नहीं।''

40. बिम्बानुबिम्बो हि विहाय धातुर्न जातु दृष्टातिसरूपसृष्टिः (8/46)

नल को अपने सम्मुख देखकर दमयन्ती नल का प्रतिबिम्ब समझ रही है इसी भाव का वर्णन है -
संसार रूप सागर में प्रतीत होता है कि वीरसेन पुत्र नल प्रतिबिम्ब रूप में विद्यमान हैं, ''क्योंकि विधाता की अतीत समान रूप वाली सृष्टि बिम्ब-प्रतिबिम्ब को छोड़कर कहीं नहीं देखी गयी।''

41. विजृम्भितं यस्य किल ध्वनेरिदं विदग्धनारीवदनं तदाकरः (9/50)

भावार्थ- दमयन्ती से नल कहते हैं कि-
दमयन्ती!तूने देवताओं में से एक को निषेध रूप में स्वीकारा ही है, तेरी ही वाणी में वक्रता है, ''क्योंकि यह जिस ध्वनि (व्यंजनावृत्ति) का प्रसिद्ध विलास है, उसका उद्‌भव स्थान विदुषी नारी का मुख ही है।''

42. विधेरपि स्वारसिकः प्रयासः परस्परं योग्यसमागमाय (3/48)

भावार्थ- हंस, दमयन्ती से कहता है- रात्रि से चन्द्र, उमा से शिव व लक्ष्मी से विष्णु के समान ही संयोग अच्छा होता है, कारण कि ''विधाता भी परमोपयुक्त प्रयत्न परस्पर योग्य सम्मिलन के लिए ही करता है।''

43. शंसति द्विनयनी दृढनिद्रां द्राङ्‌निमेषमिषघूर्णनपूर्णा (5/126)

भावार्थ- इसमें दोनों नयनों के झपकने से मृत्यु की ओर संकेत का एवं जीवन की क्षण भंगुरता का वर्णन किया गया है - नल सोच रहे हैं कि ''झटपट पलक झँपाने के मिस तन्द्रा से पूर्ण दोनों नेत्र मृत्यु का कथन करते हैं।''

44. संदर्भ्यते दर्भगुणेन मल्लीमाला न मृद्वी भृशकर्कशेन (3/49)

दमयन्ती के लिए योग्य वर नल जैसे समस्त पुरुषोचित गुण वाले के अतिरिक्त कोई नहीं है। इसी भाव का वर्णन है-
दमयन्ती जैसी स्त्रीगुण सागर की प्रवाह रूपा, को नल के अतिरिक्त परुष से संयुक्त करना उचित नहीं होगा, ''क्योंकि कोमल मल्लिका पुष्पमाला को अत्यन्त कर्कश कुश तन्तु से गुँथना उचित (योग्य) नहीं होता है।''

45. सुरेषु विघ्नैकपरेषु को नरः करस्थमप्यर्थमवाप्तुमीश्वरः (9/83)

भावार्थ- नल, दमयन्ती का हित समझकर उसे समझाते हुए कहते हैं कि -
हे दमयन्ती! ''देवों के एकान्तत! विघ्नकारी हो जाने पर हाथ में आयी वस्तु को भी कौन मनुष्य प्राप्त करने में समर्थ है?'' अर्थात् कोई नहीं।

46. स्वतः एव सतां परार्थता ग्रहणानां हि यथा यथार्थता 2/61

भावार्थ- हंस, राजा से कहता है कि- हे राजा मैं जो आपको प्रवर्तित कर रहा हूँ, वह क्या पिष्ट-प्रेषण नहीं है? अर्थात् है "क्योंकि जैसे ज्ञान स्वतः प्रमाण होते हैं, वैसे ही सज्जनों की परोपकारशीलता भी स्वतः प्रमाण होती है।"

स्वतः सतां ह्रीः परतोऽपि गुर्वी 6/22

भावार्थ- कवि ने नल को स्वयं अनौचित्य पर लजाने का वर्णन किया है-

लज्जाहीन सुन्दरियों को कटाक्षों से देखते हुए नल अनुराग सहित पुरुष की तरह लज्जित हो गये, क्योंकि "सज्जनों को अन्य जनों की अपेक्षा अपने से ही लज्जा अधिक होती है।"

48.स्वभावभक्तिप्रवणं प्रतीश्वराः कया न वाचा मदमुद्गरन्ति 9/26

भावार्थ- दमयन्ती कहती है कि- "समर्थ जन अपने भाव और भक्ति में लीन भक्त के प्रति किस वाणी से प्रसन्नता नहीं व्यक्त करते हैं?" (अर्थात् प्रत्येक वाणी से व्यक्त करते हैं।)

नैषधीयचरितम्- बिन्दुवार अध्ययन

- 'नैषधीयचरितम्' किस श्रेणी की रचना है? - **महाकाव्य**
- 'नैषधीयचरितम्' कथा का आधार है - **महाभारत**
- 'नैषधीयचरितम्' में नायक कौन है? - **नलः**
- 'नैषधीयचरितम्' में कितने सर्ग स्वीकृत किये गये हैं? - **22**
- 'नैषधीयचरितम्' में मुख्य रस कौन-सा है? - **शृङ्गाररसः**
- किस महाकाव्य को विद्वानों के लिए 'औषधि' कहा जाता है? - **नैषधीयचरितम्**
- 'निषध'-देशेन सम्बन्धितस्य पात्रस्य नामास्ति - **नलः**
- 'विद्वदौषधम्' किं काव्यं निगदितम्? - **नैषधीयचरितम्**
- 'मदेकपुत्रा जननी जरातुरा' इति कथनमस्ति - **हंसस्य**
- किस काव्य में एक पात्र के पाँच रूप हैं? -**नैषधीयचरितम् में**
- हंस का विलाप वर्णन है - **नैषधीयचरितम्**
- "चतुर्दशत्वं कृतवान् कुतस्स्वयं, न वेद्मि विद्यासु चतुर्दशस्वयम्" कः सः? - **नलः**
- "अधारि पद्मेषु तदङ्घ्रिणा क्व तच्छय-च्छायलवोऽपि पल्लवे।" अस्मिन् पद्यांशे कस्य सौन्दर्यं वर्णितम्? - **नलस्य**
- 'कथाप्रसङ्गेषु मिथः सखीमुखात्तृणेऽपि तन्व्या नलनामनि श्रुते।' अत्र 'नल' इत्यस्य पदस्य कोऽर्थः - **तृणम्**
- नैषधीयचरिते काः नलस्य दन्तैः उपमिताः? - **विद्याः**
- "निपीय यस्य क्षितिरक्षिणः कथां तथाद्रियन्ते न बुधाः सुधामपि।"
- इति कस्य कथा अत्र उल्लिखिता? - **नलस्य**
- नल और दमयन्ती की कथा कहाँ चित्रित है? -**नैषधीयचरितम्**
- 'श्रीहर्ष' द्वारा रचित 'नैषधीयचरित' में किस रीति की प्रधानता है? - **वैदर्भी रीति**
- 'शृङ्गारामृतशीतगुः' विशेषण किस काव्य के लिए प्रसिद्ध है? - **नैषधीयचरितम्**
- मल्लिनाथेन कस्य ग्रन्थस्य टीका कृता? - **नैषधीयचरितस्य**
- नैषधीयचरिते कस्यालङ्कारस्य वैशिष्ट्यम्? - **श्लेषस्य**
- "त्यजन्त्यसूञ्शर्म च मानिनो वरं त्यजन्ति न त्वेकमयाचितव्रतम्" इयमुक्तिः - **नैषधीयचरितात्**
- 'फलेन मूलेन च वारिभूरुहां, मुनेरिवेत्थं मम यस्य वृत्तयः।' कं प्रति कस्येयमुक्तिः? - **नलं प्रति हंसस्य**
- नलस्य स्मितेन कस्य श्रियः जिताः? - **विधोः**
- 'क्वचिद् बुधैरप्यपथेन गम्यते' सूक्ति का स्रोत है? - **नैषधीयचरितम्**
- 'फलेन मूलेन च वारिभूरुहां मुनेरिवेत्थं मम यस्य वृत्तयः' नैषधीयचरिते इयमुक्तिर्भवति - **हंसस्य**
- नैषधीयचरितस्य नायिका का? - **दमयन्ती**
- हंसः कस्य दूतः? - **नलस्य**
- नलदमयन्ती कथाचित्रणं कस्मिन् महाकाव्ये प्राप्यते? - **नैषधीयचरिते**
- 'निपीय यस्य क्षितिरक्षिणः कथास्तथाद्रियन्ते न बुधाः सुधामपि' इत्यत्र अर्थालङ्कार अस्ति - **व्यतिरेकः**
- 'अधीतिबोधाचरणप्रचारणैः' इति वाक्यं कस्मिन्महाकाव्ये वर्तते? - **नैषधीयचरिते**
- नैषधीयचरितमहाकाव्यस्य नायिका .... अस्ति? - **स्वकीया**
- 'धिगस्तु तृष्णातरलं भवन्मनः समीक्ष्य पक्षान् मम हेमजन्मनः' इति वाक्यं कः कं वदति? - **हंसो नलं वदति**
- 'नृपः पतङ्गं समधत्त पाणिना' – पंक्तिरियं कस्मात् काव्यात् उद्धृताऽस्ति? - **नैषधमहाकाव्यात्**
- 'भवेदमीभिः कमलोदयः कियान्' इत्यत्र 'अमीभिः' इत्यनेन सर्वनाम्ना परामृश्यन्ते - **हंसपक्षाः**
- 'गतिस्तयोरेष जनः' इत्यत्र हंसः कयोः गतिः? - **मातृवरटयोः**
- 'मितं च सारं च वचो हि वाग्मिता'-कस्य कवेः काव्यमिदम्? - **श्रीहर्षस्य**
- 'अमुष्य विद्या रसनाग्रनर्तकी।' इति कस्य वर्णनम्? - **नलस्य**
- 'नलोपाख्यानाधारितं काव्यं किम्? - **नैषधीयचरितम्**

4.15 राजतरङ्गिणी

महाकवि कल्हण का परिचय

- **कवि का नाम-** कल्हण
- **वास्तविक नाम-** कल्याण
- **पिता का नाम-** महामात्य चम्पक प्रभु या चणपक।
- कल्हण के पिता, कश्मीर-नरेश हर्ष के महामात्य या राजमन्त्री थे। समाज में उनको उच्चस्थान प्राप्त था।
- **समय-** जन्म 1098 ई॰ के लगभग।
- **जन्मस्थान-** कश्मीर का परिहासपुर
- **वंश/जाति-** यद्यपि कल्हण नें अपनी जाति कहीं नहीं लिखा है, फिर भी 'जोनराज' के अनुसार कुलीन ब्राह्मण होने

का अनुमान किया जा सकता है।

- **उपासक-** राजतरङ्गिणी के अनुसार यद्यपि कल्हण का शिव भक्त होना प्रमाणित होता है तथापि उनमें अन्य धर्मों के प्रति सहिष्णुता एवं सहानुभूति थी।
- **कृति-** 'राजतरङ्गिणी' एकमात्र
- **प्रिय छन्द-** अनुष्टुप्

अन्य विशेषताएं

- कल्हण ने वेद, रामायण, महाभारत, पुराण, काव्य, ज्योतिष, अर्थ-शास्त्र आदि का गहन अध्ययन एवं भारतवर्ष का पर्याप्त भ्रमण किया था।
- उनका भौगोलिक ज्ञान एवं सामुद्रिक ज्ञान भी अत्यन्त प्रौढ़ था।
- कल्हण का देश-प्रेम और कवित्व दोनों उच्चकोटि के हैं, राजतरङ्गिणी लिखकर उन्होंने दोनों ही क्षेत्रों को एक महान् अवदान दिया है।
- **आश्रयदाता-** अलकदत्त (राजाश्रय छोड़ने के बाद)
- अलकदत्त की ही प्रेरणा से कल्हण ने राजतरङ्गिणी लिखा।
- **रीति-** वैदर्भी रीति।
- **शैली-** प्रायः महाभारत जैसी।

राजतरङ्गिणी का परिचय

- **लेखक-** कल्हण
- **काव्यविधा-** कल्हण नें स्वयं इसे 'कथा' एवं 'संदर्भ' कहकर उल्लिखित करते हैं।

इयं नृपाणामुल्लासे ह्रासे वा देशकालयोः।
भैषज्यभूतसंवादिकथा युक्तोपयुज्यते।। (राज01/21)
संक्रान्तप्राक्तनानन्त व्यवहारः सुचेतसः।
कस्येदृशो न सन्दर्भो यदि वा हृदयङ्गमः।। (राज01/22)

- **विभाजन-** 8 तरङ्गों में।
- **श्लोक संख्या-** 7826 (सात हजार आठ सौ छब्बीस)

तरङ्ग	श्लोक संख्या
प्रथम	373
द्वितीय	171
तृतीय	530
चतुर्थ	720
पञ्चम	483
षष्ठ	368
सप्तम	1732
अष्टम	3449 (सर्वाधिक श्लोक)

कुल श्लोक-7826

- **उपजीव्य-**'नीलमतपुराण' एवं ग्यारह अन्य ऐतिहासिक ग्रन्थ।

दृग्गोचरं पूर्वसूरिग्रन्था राजकथाश्रया।
मम त्वेकादशगता मतं नीलमुनेरपि।। (राज01/14)

- इसके अतिरिक्त भी कवि ने राजा के अभिलेख, प्रशस्ति-पत्र एवं वंशावलियों के देखे जाने का भी उल्लेख किया है।
- **प्रधान रस/अङ्ग रस/मुख्य रस-** शान्त रस
- **गौण रस/अङ्ग रस-** श्रृङ्गार, वीर तथा हास्य रस
- **छन्द-** मुख्य रूप से अनुष्टुप् का आश्रय लिया गया है। किन्तु बीच-बीच में बड़े छन्दों जैसे-वसन्ततिलका, शार्दूलविक्रीडित और हरिणी का भी प्रयोग है।
- **अलङ्कार-** सहज रूप से अलङ्कारों का प्रयोग है। मुख्यतः उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक, दीपक, अतिशयोक्ति, दृष्टान्त आदि अर्थालङ्कार तथा अनुप्रास आदि शब्दालङ्कार का प्रयोग स्वाभाविक रूप से हुआ है।
- **रीति-** मुख्यतः वैदर्भी रीति किन्तु कहीं-कहीं पर पाञ्चाली और गौडी रीति का भी प्रयोग है।
- राजतरङ्गिणी में वैदर्भी रीति के लिए अनुष्टुप् छन्द तथा गौडी तथा पाञ्चाली रीति के लिए बड़े छन्दों का प्रयोग है।
- **गुण-** प्रसाद के साथ ओज और माधुर्य।

राजतरङ्गिणी नाम की सार्थकता

- राजतरङ्गिणी का हिन्दी अर्थ है - 'राजाओं की नदी।
- 'राज्ञाम् तरङ्गिणी' इति राजतरङ्गिणी- **षष्ठी तत्पुरुष समास।**
- इसमें प्रारम्भ से लेकर अर्थात् महाभारत काल से लेकर 1150 ई० तक के समस्त कश्मीरी राजाओं का रोचक वर्णन होने के कारण इसका नाम राजतरङ्गिणी रखा गया है।
- हजारों वर्षो के ऐतिहासिक राजाओं के प्रत्यक्ष प्रमाण के रूप में राजतरङ्गिणी नाम अत्यन्त समीचीन है।

राजतरङ्गिणी का मङ्गलाचरण

भूषाभोगिफणारत्नरोचिः सिचयचारवे।
नमः प्रलीनमुक्ताय हरकल्पमहीरुहे।। (1/1)

भावार्थ- अलङ्कार स्वरूप सर्पों के फणामण्डल में विद्यमान रत्नों की दीप्ति से देदीप्यमान एवं मुक्तजनों द्वारा आधारित शिव रूपी कल्पतरु को नमस्कार है।

भालं वह्निशिखाङ्कितं दधदधिश्रोत्रं वहन्संभृतं,
क्रीडत् कुण्डलिजृम्भितं जलधिजच्छायाच्छकण्ठच्छविः।
वक्षो विभ्रदहीन कञ्चुकचितं बद्धाङ्गनार्धस्य वो
भागः पुङ्गवलक्ष्मणोस्तु यशसे वामोऽथ वा दक्षिणः।। (1/2)

भावार्थ- तृतीय नेत्र में स्थित अग्नि की लपटों तथा केसर के तिलक से सुशोभित ललाटयुक्त एवं केलि करते हुए सर्पों के चपल मुख तथा झूलते हुए कुण्डलों से शोभायमान कानों वाला, समुद्र से उत्पन्न अथवा शङ्ख की दीप्ति से निर्मल कण्ठ की शोभा से सम्पन्न, वृष के चिह्न से चिह्नित, उत्तम कञ्चुकी से आवृत्त वक्षःस्थल एवं आधी देह से नर और आधी से नारी का वेष धारण किये हुए शिवजी का दाहिना अथवा वामभाग आप लोगों का कल्याण करे।

- राजतरङ्गिणी में दो श्लोकों के माध्यम से भगवान् शिव की वन्दना की गयी है।
- प्रथम श्लोक में नमस्कारात्मक तथा दूसरे श्लोक में आशीर्वादात्मक मङ्गलाचरण का प्रयोग है।
- प्रथम श्लोक में अनुष्टुप् छन्द तथा रूपक अलङ्कार का प्रयोग हुआ है।

➢ द्वितीय में शार्दूलविक्रीडित छन्द और अनुप्रास अलङ्कार प्रयुक्त हुआ है।
➢ मङ्गलाचरण की ही पद्धति को आगे बढ़ाते हुए राजतरङ्गिणीकार महाकवि कल्हण ने सुकवि जनों की वंदना भी की है।

राजतरङ्गिणी का अन्तिम श्लोक

गोदावरी सरिदिवोत्तुमुलैस्तरङ्गैः
वक्त्रैः स्फुटं सपदि सप्तभिरा पतन्ती।
श्रीकान्ति राजविपुलाभिजनाब्धिमध्यं
विश्रान्तये विशति राजतरङ्गिणीयम्। (8/3449)

भावार्थ- जिस प्रकार गोदावरी नदी सातमुखों से निकल कर तथा अपनी ऊँची-ऊँची तरङ्गों को उछालकर बहती हुई समुद्र में जाकर विश्राम करती है, उसी प्रकार राजाओं की नदी यह राजतरङ्गिणी अपने पहले वाले सात तरङ्गों के साथ बहती हुई उच्चकुलोत्पन्न श्रीकान्तिराज रूपी समुद्र में विश्राम करने के लिए प्रविष्ट हो रही है।

➢ यह अन्तिम श्लोक प्रकारान्तर से राजा जयसिंह के विषय में है।
➢ वसन्ततिलका छन्द एवं उपमा तथा रूपक अलङ्कारों का प्रयोग है।

राजतरङ्गिणी का तरङ्गवार संक्षिप्त कथानक

प्रथम तरङ्ग- राजतरङ्गिणी के प्रथम तरङ्ग में गोनन्द प्रथम से लेकर युधिष्ठिर तक 75 राजाओं का विवरण है। इन राजाओं ने 1014 वर्ष 9 दिन तक कश्मीर पर राज्य किया।

➢ इन राजाओं में गोनन्द तृतीय के पहले तक 52 राजा+गोनन्द तृतीय से युधिष्ठिर तक 23 राजा- 52+23=75
➢ प्रथम तरङ्ग में गोनन्द तृतीय से पूर्व केवल 19 राजाओं के नामों का वर्णन है। शेष 33 राजाओं के नाम अप्राप्त हैं।

द्वितीय तरङ्ग- पूरे राजतरङ्गिणी में द्वितीय तरङ्ग सबसे छोटा है इसमें सिर्फ 171 श्लोक हैं। इस तरङ्ग में कश्मीर के 192 वर्षों के कुल छः राजाओं के कार्यकाल का वर्णन किया गया है।

तृतीय तरङ्ग- इस तरङ्ग में गोनन्दवंश के अन्तिम राजा बालादित्य तक दश राजाओं के 536 वर्षों के राज्यकाल का वर्णन है।

चतुर्थ तरङ्ग- इसमें 260 वर्षों तक राज्य करने वाले 17 राजाओं का इतिहास निरूपित है।

पञ्चम तरङ्ग- अवन्ति वर्मा के राज्यारोहण के साथ उत्पथवंश के सूत्रपात्र का वर्णन तथा कल्यपालवंशज संकट वर्मा, सुगन्धा देवी और शङ्करवर्धन के राज्यकाल का निरूपण है। इस तरङ्ग में 83 वर्ष 4 माह के शासन काल का वर्णन है।

षष्ठ तरङ्ग- इसमें 10 राजाओं के 936 ई॰ से 1003 ई॰ तक अर्थात् 64 वर्ष, 8 माह, 15 दिन तक के कश्मीरी शासकों का विवरण दिया गया है।

सप्तम तरङ्ग- इस तरङ्ग में कश्मीर के छः राजाओं के 98 वर्ष (सन् 1003 से 1101 ई॰) तक के समय का चित्रण है। ये छः राजा उदयराज के वंशज हैं।

अष्टम तरङ्ग- यह तरङ्ग, राजतरङ्गिणी का सबसे बड़ा भाग है। इस तरङ्ग में सातवाहन वंश के उच्चल, सुस्सल, भिक्षाचर और जयसिंह आदि राजाओं की जीवनगाथा तथा कृत्यों का प्रत्यक्षीकरण कराया गया है।

कुछ महत्वपूर्ण तत्थ्य

➢ राजतरङ्गिणी एक ऐसी रचना है, जिसे संस्कृत के महाकाव्यों का 'मुकुटमणि' कहा जा सकता है।
➢ राजतरङ्गिणी के समस्त राजा कश्मीरी हैं और स्वयं कवि भी कश्मीर के ही निवासी हैं।
➢ राजतरङ्गिणी में वर्णित समस्त राजाओं में प्रथम राजा गोनन्द प्रथम तथा अंतिम राजा जयसिंह हैं।
➢ राजतरङ्गिणी के पूर्वार्द्ध की अपेक्षा उत्तरार्द्ध भाग अधिक प्रामाणिक है।
➢ एक ही ग्रन्थ में इतने सारे राजाओं को ऐतिहासिक वर्णन प्राप्त होने के कारण 'कल्हण' विदेशों में भी आदरणीय हैं।
➢ महाभारतकाल से लेकर सन् 1150 ई॰ तक के कश्मीरी नरेशों का इतिवृत्त तथा चरित्राङ्कन हुआ है।
➢ राजतरङ्गिणी के प्रारम्भिक छः तरङ्ग छोटे हैं तथा अन्तिम दो बड़े हैं, जिनमें आठवाँ तरङ्ग सर्वाधिक बड़ा है।
➢ आरम्भ से लेकर 812 ई॰ तक के राजाओं का वर्णन, बिना तिथि, किन्तु 813-814 ई॰ से तिथि क्रम का स्पष्ट उल्लेख कल्हण ने किया है, जिनमें आठवाँ तरङ्ग तो कवि की स्वयं आँखो देखी और अनुभूत घटनाओं का प्रामाणिक लेखा-जोखा है।
➢ राजा हर्ष के उत्थान और पतन का विशद विवरण भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है।
➢ कल्हण ने हर्ष का रोमाञ्चक इतिहास 1400 पद्यों में लिखा है, यह अंश उनके समय का न केवल कच्चा-चिट्ठा, बल्कि एक विराट् महाकाव्य भी है।
➢ कल्हण ने राजतरङ्गिणी की रचना 1149 ई॰ में प्रारम्भ करके इसके अगले वर्ष सन् 1150 में पूर्ण की। इसके लिखने के समय कश्मीर में जयसिंह का शासन था।
➢ राजतरङ्गिणी में लगभग 2500 वर्षों का कश्मीरी इतिहास है।
➢ इसमें 400 घटनाएं तिथिक्रम से युक्त हैं।
➢ कल्हण ने किसी राजा का वर्णन पक्षपातपूर्ण नहीं किया है बल्कि राजाओं के गुणों के साथ दुर्गुणों का वर्णन भी न्यायाधीश की भाँति, समान रूप से किया है।

राजतरङ्गिणी परम्परा

➢ इस राजतरङ्गिणी की परम्परा को 'जोनराज' ने आगे बढ़ाया जिसमें जयसिंह के पश्चात् के राजाओं का वर्णन है।
➢ जोनराज ने अपने समय के राजा जैनुल-आब्दीन (1419 से 1470 ई॰) तक के इतिवृत्त को बनाए रखा।
➢ इनकी राजतरङ्गिणी को **'जोनराजकृत-राजतरङ्गिणी'** या **'द्वितीयराजतरङ्गिणी'** कहा जाता है।
➢ इसके बाद जोनराज के शिष्य 'श्रीवर' ने इसको क्रमिक रूप से चलाया। जोनराज की मृत्यु 1459ई. में ही हो गयी।
➢ इसमें श्रीवर ने जैनुल-आब्दीन (1459) से 1486 तक का वर्णन किया है। यह **'तृतीय-राजतरङ्गिणी'** है।
➢ इसके आगे इस परम्परा को **'शुक'** नामक कवि ने बढ़ाया और सन् 1596ई॰ तक का चित्रण किया। यह राजतरङ्गिणी का **चौथा प्रवाह** है।
➢ राजतरङ्गिणी परम्परा के सभी कवि कश्मीरी ही हैं तथा 'शुक' कवि के पश्चात् यह परम्परा अवरुद्ध हो गयी।

राजतरङ्गिणी- बिन्दुवार अध्ययन

➢ कल्हण की 'राजतरङ्गिणी' को किसने आगे बढ़ाया?
- जोनराज एवं श्रीवर

- कल्हण की पुस्तक का क्या नाम है? - **राजतरङ्गिणी**
- कल्हण द्वारा रचित 'राजतरङ्गिणी' निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है– - **कश्मीर के इतिहास से**
- 'राजतरङ्गिणी' किस कवि की रचना है? - **कल्हणः**
- 'कल्हण' की 'राजतरङ्गिणी' की रचना किस शताब्दी में हुई थी?- **12वीं शताब्दी ई0**
- 'द्वितीयराजतरङ्गिणी' के लेखक हैं - **जोनराज**

4.16 नीतिशतकम्

महाकवि भर्तृहरि का परिचय

- विक्रमसंवत् के प्रवर्तक विक्रमादित्य के बड़े भाई।
- **पत्नी** – पिङ्गला
- **गुरु** – (i) गोरखनाथ (ii) वसुरात (बौद्धमत में)
- **भाई (अनुज)** – विक्रमादित्य
- **पिता** – गन्धर्वसेन (मालवदेश के राजा)
- ईत्सिंग के कथन के आधार पर **भर्तृहरि को बौद्ध** कहा जाता है।
- भर्तृहरि **वेदान्तोक्त ब्रह्म के उपासक** थे।
- **भर्तृहरि का समय** – (i) 57 ई. पू. अथवा (ii) 575 से 650 ई.
- **भर्तृहरि की शैली/रीति एवं गुण** – वैदर्भीरीति, प्रसाद और माधुर्यगुण
- **मुक्तक काव्य के प्रथमकवि** – भर्तृहरि
- **भर्तृहरि के प्रिय छन्द** – शार्दूलविक्रीडित, शिखरिणी
- मृत्यु 650 ई. (चीनी यात्री इत्सिंग के अनुसार)
- **रचनायें– (i) वाक्यपदीयम्** (व्याकरणग्रन्थ), (ii) **नीतिशतकम्** (मुक्तककाव्य) 111 श्लोक, (iii) **शृङ्गारशतकम्** (मुक्तककाव्य) 103 श्लोक, (iv) **वैराग्यशतकम्** (मुक्तककाव्य) 111 श्लोक

नीतिशतकम्

- **लेखक** – भर्तृहरि
- **विधा** – मुक्तककाव्य
- **कुलश्लोक** – 111
- **कुलपद्धतियाँ** – 10 (मङ्गलाचरण सहित 11पद्धतियाँ)
  1. अज्ञपद्धति (मूर्खनिन्दापद्धति)
  2. विद्वत्पद्धति
  3. मानशौर्यपद्धति
  4. अर्थपद्धति
  5. दुर्जनपद्धति
  6. सुजनपद्धति
  7. परोपकारपद्धति
  8. धैर्यपद्धति
  9. दैवपद्धति
  10. कर्मपद्धति
- मुक्तक का लक्षण–"**पूर्वापरनिरपेक्षेणापि हि येन रसचर्वणा क्रियते तदेव मुक्तकम्।**"
  इसप्रकार अर्थप्रकाशन के लिए एक दूसरे की अपेक्षा न रखने वाले स्वतन्त्र पद्य (श्लोक) मुक्तक कहे जाते हैं।
- नीतिशतक में वर्ण्य विषय को ग्यारह पद्धतियों में समाहित किया गया है।
- भर्तृहरि ने नीतिशतक में ब्रह्म की स्तुति के पश्चात् 'मूर्ख-निन्दा' से ग्रन्थ का आरम्भ किया है।
- नीतिशतक में भर्तृहरि की शैली प्रसादगुण से युक्त और मुहावरेदार है।
- नीतिशतक के मङ्गलाचरण में अनन्त, ज्ञानमय स्वानुभवमात्र से जानने योग्य, ज्योतिस्वरूप **ब्रह्म को नमस्कार** किया गया है।
- नीतिशतक का **मङ्गलाचरण नमस्कारात्मक** है।
- मङ्गलाचरण **(दिक्कालाद्यनवच्छिन्नानन्तचिन्मात्रमूर्तये)** में **अनुष्टुप्** छन्द प्रयुक्त है।
- विद्वानों के ईर्ष्याग्रस्त होने तथा राजाओं के राजमद से चूर होने के कारण और शेष लोगों के अज्ञानता के कारण भर्तृहरि का ज्ञान उनके शरीर में ही जीर्ण हो गया।
- अज्ञानी को प्रसन्न किया जा सकता है, विद्वान् को आसानी से प्रसन्न किया जा सकता है, परन्तु अल्पज्ञानी को ब्रह्मा भी प्रसन्न नहीं कर सकते।
- घड़ियाल के मुख से मणि निकाली जा सकती है, समुद्र पार किया जा सकता है, सर्प को पुष्प सदृश सिर पे धारण किया जा सकता है परन्तु दुराग्रही मूर्ख को नहीं समझाया जा सकता।
- बालू से तेल, मृगतृष्णा से जल, खरगोश के सिर पर सींग प्राप्त हो सकती है, परन्तु दुराग्रही मूर्ख को प्रसन्न नहीं किया जा सकता।
- विधाता ने मूर्खों के लिए एकमात्र 'मौन' को ही आभूषण बनाया है।
- पंडितों के सम्पर्क में आने पर अल्पज्ञ का दुराभिमान दूर हो जाता है।
- मनुष्य की घृणास्पद हड्डी को चबाता हुआ कुत्ता सामने खड़े देवराज से हड्डी छीने जाने का संदेह करता है।
- गङ्गा स्वर्ग से शिव के मस्तक को, शिव के सिर से हिमालय को, हिमालय से पृथ्वी को और पृथ्वी से समुद्र को प्राप्त हुई। इस प्रकार विवेकभ्रष्ट व्यक्ति का पतन सैकड़ों प्रकार से होता है।
- अग्नि जल से, सूर्यताप छाते से, हाथी अंकुश से, बैल व गधे दण्ड से नियन्त्रित किये जा सकते हैं। मूर्खता की कोई औषधि (उपाय) नहीं है।
- साहित्य, सङ्गीत एवं कला से विहीन व्यक्ति साक्षात् पशु के समान है।
- विद्या, तप, दान, ज्ञान, शील, गुण और धर्म से विहीन व्यक्ति पृथ्वी के भार स्वरूप हैं और मनुष्य रूप में पशु हैं।
- मूर्खों के साथ इन्द्र के भवन में रहने की अपेक्षा वनचरों के

साथ वन में रहना श्रेष्ठ है।

- सत्कवियों के अवमानना से राजा की मूर्खता प्रकट होती है।
- विद्यारूपी धन वाले विद्वान् की तुलना कभी राजा के साथ नहीं हो सकती।
- ब्रह्मा हंस के कमलवन में निवास के सुख को नष्ट कर सकता है, परन्तु उसके नीर-क्षीर विवेक को नष्ट नहीं कर सकता।
- 'वाणी' (विद्या) रूपी आभूषण कभी नष्ट नहीं होता और यही सर्वश्रेष्ठ आभूषण है।
- विद्या ही परदेश गमन पर सर्वश्रेष्ठ धन सिद्ध होती है। यह गुरुओं की भी 'गुरु' है।
- राजागण विद्या की पूजा करते हैं धन की नहीं।
- क्षमा के होने पर कवच की, क्रोध के रहते शत्रु की, बन्धुजनों के रहते अग्नि की, अच्छे मित्र के रहते औषधि की, विद्या के रहते धन की, लज्जा के रहते आभूषण की तथा कवित्व रहने पर राज्य की कोई आवश्यकता नहीं होती।
- बुद्धि की जड़ता को सत्संगति हरती है।
- सत्सङ्गति कीर्ति को सभी दिशाओं में फैलाती है।
- सत्सङ्गति मनुष्य का सब प्रकार से हित करती है।
- तेजहीन होने पर भी आत्मसम्मानी सिंह सूखी घास नहीं खाता।
- कुत्ता अपने स्वामी के सामने भोजन के लिए दीनता प्रकट करता है परन्तु गजराज सैकड़ों अनुनय पर खाता है।
- उसका जन्म धन्य है जिसके जन्म से वंश का अभ्युदय हो।
- आयु निश्चय ही तेजस्विता का हेतु नहीं है।
- 'धन' के समक्ष सभी गुण तिनके के समान हो जाते हैं।
- धनवान् ही सभी गुणों वाला माना जाता है क्योंकि सभी गुण धन में ही शोभा पाते हैं।
- धन की तीन गतियाँ मानी गयी हैं – (i) दान (ii) भोग, और (iii) नाश। जो न दान देता है ओर न ही उपभोग करता है उसके धन का नाश होता है।
- वेश्या की भाँति 'राजनीति' नाना रूपों वाली है।
- राजा को पृथ्वी रूपी गाय को दुहने के लिए प्रजारूपी बछड़े का पालन करना चाहिए। तभी पृथ्वी कल्पतरु की भाँति फलती है।
- दुर्जन व्यक्ति 'विद्या' से युक्त होने पर भी भयंकर होता है।
- 'अपकीर्ति' के रहते मृत्यु की आवश्यकता नहीं होती।
- सेवा धर्म परम कठिन है और यह योगियों के लिए भी दुर्बोध है।
- सज्जनों की मैत्री दिन के उत्तरार्द्ध की तरह और दुर्जनों की पूर्वार्द्ध की तरह होती है।
- शिकारी मृग का, मछुआरा मछली का, दुर्जन सत्पुरुषों के अकारण शत्रु होते हैं।
- विपत्ति में धैर्य, समृद्धि में क्षमा, युद्ध में पराक्रम, सभा में वाक्पटुता तथा कीर्ति और वेदशास्त्र में रुचि आदि गुण महापुरुषों में स्वाभाविक होते हैं।
- सज्जनों के लिए तलवार की धार पर चलने जैसे कठिन सेवा व्रत स्वाभाविक होते हैं।
- अच्छे आचरण वाला पुत्र, पति का हित चाहने वाली पत्नी, विपत्ति तथा सुख में समान व्यवहार करने वाला मित्र पुण्यवानों को प्राप्त होते है।
- सच्चा मित्र दूसरे मित्र को पाप कर्म से दूर करता है हितकारी कार्यों में लगाता है तथा छिपाने योग्य बातों को छिपाता है।
- मनुष्य की तीन कोटियाँ हैं – नीच, मध्यम तथा उत्तम।
- नीच विघ्न के भय से कार्य आरम्भ नहीं करते, मध्यम आरम्भ करते हैं परन्तु विघ्न आने पर छोड़ देते हैं परन्तु उत्तम व्यक्ति विघ्नों के आने पर भी कार्य को पूरा करते हैं।
- मनस्वी कार्यार्थी सुख-दुःख की परवाह नहीं करते।
- 'धैर्यवान् पुरुष' न्यायोचित मार्ग से एक कदम भी विचलित नहीं होते।
- धैर्यशाली पुरुष इस सम्पूर्ण त्रिलोक को जीत लेता है।
- सभी आभूषणों का कारण शील (सदाचार) है और यही सर्वोत्कृष्ट आभूषण है।
- भाग्य ही एकमात्र आश्रय है, पौरुष को धिक्कार है।
- 'भाग्य' ही सबसे बलवान है।
- अत्यंत शीघ्रता में किये गये कार्यों का परिणाम मृत्युपर्यन्त शूल की भाँति हृदय को जलाने वाला होता है।
- पहले की गई तपस्या से संचित भाग्य ही निश्चित ही यथोचित समय पर फल देते हैं। रूप, कुल, शील, विद्या, सेवा आदि नहीं।

नीतिशतकम् की महत्त्वपूर्ण सूक्तियाँ

1. विभूषणं मौनमपण्डितानाम् (1.7)
2. विवेकभ्रष्टानां भवति विनिपातः शतमुखः। (1.10)
3. मूर्खस्य नास्त्यौषधम् (1.11)
4. साहित्यसङ्गीतकलाविहीनः साक्षात् पशुः पुच्छविषाणहीनः (1.12)
5. वाग्भूषणं भूषणम् (1.19)
6. विद्याविहीनः पशुः (1.20)
7. सत्सङ्गतिः कथय किं न करोति पुंसाम् (1.22)
8. प्रारब्धमुत्तमजना न परित्यजन्ति (1.27)
9. न खलु वयस्तेजसो हेतुः (1.38)
10. सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ते (1.41)
11. वाराङ्गनेव नृपनीतिरनेकरूपा – (वसन्ततिलका) (38)
12. सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः (1.58)
13. स्वभाव एवैष परोपकारिणाम् (1.71)
14. न निश्चितार्थाद् विरमन्ति धीराः (1.81)
15. मनस्वी कार्यार्थी न गणयति दुःखं न च सुखम् (शिखरिणी) (1.82)
16. शीलं परं भूषणम् (1.83)
17. न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः (वसन्ततिलका) (1.84)
18. विधिरहो बलवानिति मे मतिः (1.92)
19. ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्मापि नरं न रञ्जयति (1.3)
20. न तु प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तमाराधयेत् (4)

21. यदा किञ्चित् किञ्चित् बुधजनसकाशादवगतं
    तदा मूर्खोऽस्मीति ज्वर इव मदो मे व्यपगतः। (8)
22. न हि गणयति क्षुद्रो जन्तुः परिग्रहफल्गुताम् (9)
23. धिक् तां च तं च मदनं च इमां च मां च।
24. सर्वः कृच्छ्रगतोऽपि वाञ्छति जनः सत्त्वानुरूपं फलम्। (22)
25. तत्तेजस्वी पुरुषः परकृतनिकृतिं कथं सहते (29)
26. नानाफलं फलति कल्पलतेव भूमिः। (वसन्ततिलका) (37)
27. यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीनं वचः। (शार्दूलविक्रीडित)
28. मणिना भूषितः सर्पः किमसौ न भयङ्करः (अनुष्टुप्) (42)
29. छायेव मैत्री खलसज्जनानाम् (उपजाति) (41)
30. सतां केनोद्दिष्टं विषममसिधाराव्रतमिदम् (शिखरिणी) (57)
31. विभाति कायः करुणापराणां परोपकारेण न तु चन्दनेन। (उपजाति)
32. ये निघ्नन्ति निरर्थकं परहितं ते के न जानीमहे (शार्दूलविक्रीडित)
33. निजहृदि विकसन्तः सन्ति सन्तः कियन्तः। (मालिनी) (70)
34. प्रायो गच्छति यत्र भाग्यरहितस्तत्रैव यान्त्यापदः। (शार्दूलविक्रीडित) 84)
35. यत्पूर्वं विधिना ललाटलिखितं तन्मार्जितुं कः क्षमः। (शार्दूलविक्रीडित)
36. भाग्यानि पूर्वतपसा खलु सञ्चितानि, काले फलन्ति पुरुषस्य यथैव वृक्षाः। (वसन्ततिलका) (97)
37. आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः। (अनुष्टुप्)

नीतिशतकम्

मङ्गलाचरण

दिक्कालाद्यनवच्छिन्नानन्तचिन्मात्रमूर्तये।
स्वानुभूत्येकमानाय नमः शान्ताय तेजसे॥ 1

अन्वय - दिक्कालाद्यनवच्छिन्नानन्तचिन्मात्रमूर्तये, स्वानुभूत्येकमानाय शान्ताय तेजसे नमः।।

शब्द	**अर्थ**
दिक्	प्राच्यादि दिशायें
काल	भूत, वर्तमान व भविष्य काल
आदि	इत्यादि
अनवच्छिन्न	मापा नहीं जा सकता ऐसे
अनन्त	अन्तरहित
चिन्मात्रमूर्तये	चैतन्यरूप विग्रह वाले
स्वानुभूत्येकमानाय	अपने अनुभव मात्र से ज्ञात होने वाले को
शान्ताय	कल्याणकारक को
तेजसे	ज्योति स्वरूप वाले को
नमः	नमस्कार

अनुवाद - दिशा और काल आदि द्वारा अपरिमेय, अनन्त तथा ज्ञानमय स्वरूप वाले, केवल निजी अनुभव द्वारा जानने योग्य, एवं ज्योतिः स्वरूप ब्रह्म को नमस्कार है।

व्याकरणात्मक टिप्पणी

सन्धि-

- दिक्कालादि - दिक्काल + आदि (दीर्घ सन्धि)
- अनवच्छिन्नानन्त - अनवच्छिन्न + अनन्त (दीर्घ सन्धि)
- दिक्कालाद्यनवच्छिन्नानन्त - दिक्कालादि + अनवच्छिन्नानन्त (यण् सन्धि)
- चिन्मात्र - चित् + मात्र (अनुनासिकसन्धि)
- स्वानुभूतिः - स्व + अनुभूतिः (दीर्घसन्धि)
- अनुभूत्येकमानाय - अनुभूति + एकमानाय (यण्सन्धि)

समास -

- **दिक्कालाद्यनवच्छिन्न -** दिशश्च कालाश्च इति दिक्कालाः (द्वन्द्व समास)
- दिक्कालौ आदी येषां ते, दिक्कालादयः (बहुव्रीहिः)
- दिक्कालादिभिः अनवच्छिन्नं, दिक्कालाद्यनवच्छिन्नम् (तृतीया तत्पुरुष)
- स्वानुभूत्येकमानाय - स्वस्य अनुभूतिः, (षष्ठी तत्पुरुष) स्वानुभूतिः एव एकं मानं यस्य तत् (बहुव्रीहि समास)

प्रत्यय -

- मूर्तिः - मूर्च्छ + क्तिन्
- अनुभूतिः - अनु + भू + क्तिन्
- मानाय - मान् + ल्युट्
- शान्ताय - शम् + क्त
- चिन्मात्रम् - चिद् + मात्रच्
- अलङ्कार - इस श्लोक में स्वभावोक्ति अलङ्कार है।

कारक -

- तेजसे नमः - 'नमः स्वस्तिस्वाहास्वधालंवषड्योगाच्च' सूत्र से चतुर्थी हुई।
- छन्द - इसमें अनुष्टुप् छन्द है।

छन्द का लक्षण -

श्लोके षष्ठं गुरुज्ञेयं सर्वत्र लघु पञ्चमम्।
द्विचतुः पादयोर्ह्रस्वं सप्तमं दीर्घमन्ययोः॥

अनुष्टुप् के प्रत्येक चरण में 8 अक्षर होते हैं। इसमें षष्ठ अक्षर सदा गुरु होता है और पञ्चम अक्षर सदा लघु। द्वितीय और चतुर्थ चरण में सप्तम अक्षर लघु होता है और प्रथम तथा तृतीय चरण में गुरु होता है। अन्य अक्षर लघु या गुरु हो सकते हैं।

सम्भावित प्रश्न -

- इस श्लोक में किस प्रकार का मंगलाचरण है? - **नमस्कारात्मक**
- मंगलाचरण में किस देवता की स्तुति की गयी है? - **(ज्योतिः स्वरूप) ब्रह्म की**
- इस श्लोक में कौन-सा छन्द है? - **अनुष्टुप्**
- 'चिन्मात्रम्' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है? - **मात्रच् प्रत्यय**
- 'स्वानुभूत्येकमानाय' में समास बताइये?
  (एकं मानम् एकमानम्) **कर्मधारय** अथवा
  (स्वानुभूतिः एकमानम् मुख्यप्रमाणं यस्य तत्) **बहुव्रीहि समास**

श्लोक -2

बोद्धारो मत्सरग्रस्ताः प्रभवः स्मयदूषिताः।

अबोधोपहताश्चान्ये जीर्णमङ्गे सुभाषितम्॥2

अन्वय - बोद्धारः मत्सरग्रस्ताः, प्रभवः स्मयदूषिताः।
अन्ये च अबोधोपहताः, सुभाषितम् अङ्गे जीर्णम्।

शब्द		**अर्थ**
बोद्धारः	=	समझने वाले, शिक्षित लोग
मत्सरग्रस्ताः	=	ईर्ष्या से जकड़े हुए (द्वेष से भरे)
प्रभवः		स्वामी या समर्थ लोग
स्यमदूषिताः		गर्व से विकृत (घमण्ड से चूर)
अन्ये		दूसरे लोग
च		और
अबोधोपहताः		अज्ञान से नष्ट
सुभाषितम्		सुन्दर वचन
अङ्गे		कहने वाले के मुख में ही
जीर्णम्		जीर्ण हो रहा है

अनुवाद - अज्ञानी मनुष्य आसानी से प्रसन्न किया जा सकता है, विशेषज्ञ पण्डितगण द्वेष से ग्रस्त हैं और नृपवर्ग गर्व से चूर हैं। दूसरे लोग तो अज्ञान के मारे हुए हैं। अतः बेचारा सुभाषित मेरे शरीर के भीतर ही बूढ़ा हो गया।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

सन्धि -

➢ अबोधोपहताः - अबोध + उपहताः (गुणसन्धि)
चान्ये - च + अन्ये (दीर्घ सन्धि)

समास -

➢ मत्सरग्रस्ताः - मत्सरेण ग्रस्ता (तृतीया तत्पुरुष)
➢ स्मयदूषिताः - स्मयेन दूषिताः (तृतीया तत्पुरुष)
➢ अबोधः - न बोधः अबोधः (नञ् तत्पुरुष)
➢ अबोधोपहताः - अबोधेन उपहताः (तृतीया तत्पुरुष)

प्रत्यय -

➢ बोद्धारः - बुध + तृच्
➢ ग्रस्ताः - ग्रस् + क्त
➢ दूषिताः - दूष् + णिच् + क्त
➢ उपहताः - उप + हन् + क्त
➢ जीर्णः - जृ + क्त
➢ सुभाषितम् - सु + भाष् + क्त

छन्द - इस श्लोक में अनुष्टुप् छन्द है।

सम्भावित प्रश्न -

➢ पण्डित जन या विद्वान् लोग किससे ग्रस्त हैं? - **द्वेष से**
➢ राजा लोग (नृपवर्ग) किसके ग्रसित हैं?- **अहङ्कार (गर्व से)**
➢ 'मत्सरग्रस्ताः' में कौन-सा समास है? मत्सरेण ग्रस्ताः (तृतीया तत्पुरुष समास)
➢ 'बोद्धारः' शब्द में प्रकृति प्रत्यय बताइये?- **बुध+तृच्**
➢ 'प्रभवः' शब्द का क्या अर्थ है? - **स्वामी या समर्थ लोग**
➢ 'अबोधोपहताश्चान्ये' इसमें 'अन्ये' शब्द किसके लिए आया है? - **सामान्य जनों के लिए (जो अज्ञानी है)**
➢ 'सुभाषितम्' शब्द में प्रकृति प्रत्यय बताइये? **सु+भाष्+क्त**
➢ 'उपहता' शब्द में कौन-सी धातु है? **उप+हन्+क्त**

अबोधः शब्द में कौन-सा समास है?
(न बोधः अबोधः) **नञ् तत्पुरुषसमास**

श्लोक - 3

अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः।
ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्मापि नरं न रञ्जयति॥3

अन्वय - अज्ञः सुखम् आराध्यः विशेषज्ञः सुखतरम् आराध्यते ज्ञानलवदुर्विदग्धं नरं ब्रह्मा अपि न रञ्जयति।

शब्द		**अर्थ**
अज्ञः	-	न जानने वाला व्यक्ति (मूर्ख)
सुखम्	-	आसानी से
आराध्यः	-	प्रसन्न या सन्तुष्ट करने योग्य
विशेषज्ञः	-	विशेष रूप से जानने वाला
सुखतरम्	-	और अधिक आसानी से
आराध्यते	-	सन्तुष्ट किया जा सकता है
ब्रह्मा अपि	-	ब्रह्मा भी
ज्ञानलवदुर्विदग्धम्	-	अल्पज्ञान से गर्वित
नरम्	-	मनुष्य को
न रञ्जयति	-	प्रसन्न नहीं कर सकता

अनुवाद - अज्ञानी मनुष्य आसानी से प्रसन्न किया जा सकता है, विशेषज्ञ तो और भी आसानी से प्रसन्न किया जा सकता है। लेकिन रञ्च ज्ञान के कारण गर्वित मूढजन को ब्रह्मा भी प्रसन्न नहीं कर सकते।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

सन्धि

➢ ब्रह्मापि - ब्रह्मा+अपि (दीर्घसन्धि)

समास

➢ अज्ञः - न ज्ञः अज्ञः (नञ् तत्पुरुष)
➢ विशेषज्ञः - विशेषं जानातीति (उपपद तत्पुरुष)
➢ ज्ञानलवदुर्विदग्धं - ज्ञानस्य लवः (षष्ठी तत्पुरुष)
➢ ज्ञानलवेन दुर्विदग्धं (तृतीया तत्पुरुष)

प्रत्यय -

➢ अज्ञः - ज्ञा+क
➢ आराध्यः - आ+राध्+ण्यत्
➢ विशेषज्ञः - विशेष+ज्ञा+क
➢ दग्धः - दह्+क्त
➢ ब्रह्मा - बृंह्+मन्
➢ नरम् - नृ+अच्
➢ सुखतरम् - सुख+तरप्
➢ रञ्जयति - रञ्ज्+णिच्+लट् प्रथम पुरुष, एक.

अलङ्कार - इस श्लोक में रंजन का सम्बन्ध होने पर भी असम्बन्ध बताया गया है, इसलिए अतिशयोक्ति अलङ्कार है।

छन्द - इसमें **आर्या** छन्द का प्रयोग किया गया है।

लक्षण -

यस्याः पादे प्रथमे द्वादशमात्रास्तथा तृतीयेऽपि।
अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश साऽऽर्या॥

जिसके प्रथम तथा तृतीय चरण में बारह-बारह मात्रायें हों द्वितीय चरण में अट्ठारह तथा चतुर्थ चरण में पन्द्रह मात्रायें हों, वह आर्या छन्द है।

सम्भावित प्रश्न -

- किसे आसानी से प्रसन्न किया जा सकता है? - **अज्ञानी को**
- अत्यन्त शीघ्र किसे प्रसन्न किया जा सकता है? - **पण्डित को (विशेषज्ञ को)**
- किस प्रकार के मनुष्यों को ब्रह्मा भी नहीं प्रसन्न कर सकते ? - **अल्प ज्ञान के कारण गर्वित मनुष्यों को**
- थोड़े से ज्ञान से अहंकारी जनों को कौन नहीं प्रसन्न कर सकता है? - **ब्रह्मा भी**
- 'ब्रह्मापि' में कौन सन्धि है? - (ब्रह्मा+अपि) **दीर्घ सन्धि**
- विशेषज्ञः में कौन समास है? - (विशेषं जानातीति) **उपपद तत्पुरुष समास**
- आराध्यः मे प्रकृति प्रत्यय बताइये? **आ+राध्+ण्यत्**
- इस श्लोक में कौन-सा छन्द है?- **आर्या**

श्लोक - 4

प्रसह्य मणिमुद्धरेन्मकरवक्त्रदंष्ट्रान्तरा
त्समुद्रमपि संतरेत्प्रचलदूर्मिमालाकुलम्।
भुजङ्गमपि कोपितं शिरसि पुष्पवद्धारये
न्न तु प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तमाराधयेत्॥4

अन्वय - मकरवक्त्रदंष्ट्रान्तरात् प्रसह्य मणिम् उद्धरेत् प्रचलदूर्मिमालाकुलम् समुद्रम् अपि संतरेत्।कोपितम् भुजङ्गमपि शिरसि पुष्पवत् धारयेत् तु प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तम् न आराधयेत्।

शब्द	**अर्थ**
मकरवक्त्रदंष्ट्रान्तरात्	मगर के मुख में स्थित दाढ़ो के बीच से
मणिम्	रत्न को
प्रसह्य	बलपूर्वक
उद्धरेत्	निकाल ले
प्रचलत् ऊर्मिमालाकुलम्	चञ्चल लहरों द्वारा विक्षुब्ध
समुद्रम् अपि	समुद्र को भी
सन्तरेत्	पार कर ले
कोपितम्	क्रुद्ध
भुजङ्गम् अपि	सर्प को भी
पुष्पवत्	फूल की तरह
शिरसि	शिर पर
धारयेत्	धारण कर ले
प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तम्	हठी मूर्ख व्यक्ति के मन को
न आराधयेत्	सन्तुष्ट करने की चेष्टा न करें।

अनुवाद - कोई चाहे तो मगर के मुँह में हाथ डालकर उसके दाँतो के बीच से मणि को जबर्दस्ती खींचकर निकाल सकता है, लहराती तरंगो से उमड़ते समुद्र को हाथों से तैर कर पार कर सकता है, अपने सिर पर क्रोध से जलते हुए साँप को पुष्पमाला की तरह धारण कर सकता है, परन्तु जिद्दी मूर्ख के मन को कोई प्रसन्न नहीं कर सकता।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

सन्धि -

ऊर्मिमालाऽऽकुलम् - ऊर्मिमाला+आकुलम् (दीर्घसन्धि)
पुष्पवद्धारयेत् - पुष्पवत्+धारयेत् (जश्त्वसन्धि)

समास -

मकरवक्त्रम् - मकरस्य वक्त्रम् (षष्ठी तत्पुरुष)
मकरवक्त्रदंष्ट्रानाम् अन्तरं मकरवक्त्रदंष्ट्रान्तरं (षष्ठी तत्पु०)
प्रचलदूर्मिमालाकुलम् - प्रचलन्त्यः ताः ऊर्मयः च प्रचलदूर्मयः (कर्मधारय), प्रचलदूर्मीनां मालाः प्रचलदूर्मिमालाः (षष्ठीतत्पुरुष) ताभिः मालाभिः आकुलम् (तृतीया तत्पुरुष)
प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तम् - प्रतिनिविष्टः च असौ मूर्खजनः प्रतिनिविष्टमूर्खजनः (कर्मधारय), प्रतिनिविष्टमूर्खजनस्य चित्तम् (षष्ठी तत्पुरुष)

प्रत्यय -

वक्त्र - वच्+त्र
दंष्ट्रा - दंश्+ष्ट्रन्+टाप्
प्रसह्य - प्र+सह् ल्यप्
भुजङ्ग - भुज+गम्+खच्
कोपितम् - कुप्+क्त
पुष्पवत् - पुष्प+वतुप्
प्रतिनिविष्ट - प्रति+नि+विश्+क्त
आराधयेत् - आ + राध् + तिप् (विधिलिङ् प्रथम पु., एक.)

अलङ्कार - इस श्लोक में मणि निकालने आदि का असम्बन्ध होने पर भी सम्बन्ध दिखाया गया है, अतः अतिशयोक्ति अलङ्कार है।

छन्द - इसमें पृथ्वी छन्द का प्रयोग किया गया है।

लक्षण - ''जसौ जसयला वसुग्रहयतिश्च पृथ्वी गुरुः।'' इसके प्रत्येक चरण में 17 अक्षर होते हैं। प्रत्येक चरण में जगण, सगण, जगम, सगम, यगण, एक लघुवर्ण तथा एक गुरु वर्ण हो उसे पृथ्वी कहते हैं।

सम्भावित प्रश्न -

- किसके मन को प्रसन्न नहीं किया जा सकता? - **मूर्खो के मन को**
- इस श्लोक में कौन-सा अलङ्कार है? - **अतिशयोक्ति**
- प्रतिनिविष्ट में प्रकृति प्रत्यय बताइये? - **प्रति+नि+विश्+क्त**
- इस श्लोक में कौन-सा छन्द है? - **पृथ्वी**
- भुजङ्ग शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? - **खच् प्रत्यय**
- पुष्प के समान किसे सिर पर धारण किया जा सकता है? **क्रुद्ध साँप को**
- आराधयेत् में कौन-सा लकार है? **विधिलिङ्**

श्लोक - 5

लभेत सिकतासु तैलमपि यत्नतः पीडयन्
पिबेच्च मृगतृष्णिकासु सलिलं पिपासार्दितः।
कदाचिदपि पर्यटञ्छशविषाणमासादयेत्
न तु प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तमाराधयेत्॥5

अन्वय - यत्नतः पीडयन् सिकतासु अपि तैलम् लभेत पिपासार्दितः मृगतृष्णिकासु सलिलम् पिबेत् पर्यटन् कदाचित् शशविषाणम् अपि आसादयेत् प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तम् तु न आराधयेत्।

शब्द	अर्थ
यत्नतः	प्रयत्न या उपाय से
पीडयन्	दबाता हुआ
सिकतासु अपि	बालू के कणों में भी
तैलम्	तेल को
लभेत	पा लें
पिपासार्दितः	प्यास से सताया हुआ
मृगतृष्णिकासु	मृगमरीचिकाओं में
सलिलम्	पानी को
पिबेत्	पी लें
पर्यटन्	घूमता हुआ
कदाचित्	कभी भी
शशविषाणम्	खरगोश के सींग को
आसादयेत्	पा लें

प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तम्-दुराग्राही मूर्ख के चित्त को
न आराधयेत् सन्तुष्ट करने की चेष्टा न करें।

अनुवाद - मनुष्य परिश्रम करके बालू से भी तेल निकाल सकता है। प्यास से पीड़ित होकर मृगमरीचिका में भी पानी पी सकता है, कभी इधर-उधर घूमते हुए खरगोश के सींग को भी प्राप्त कर सकता है, किन्तु दुराग्रही मूर्खों के मन को प्रसन्न करने के लिए कभी भी यत्न नहीं करना चाहिए क्योंकि वे कभी भी प्रसन्न नहीं हो सकते।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

सन्धि -

पिबेच्च - पिबेत्+च (व्यञ्जन सन्धि)
पिपासार्दितः - पिपासा+अर्दितः (दीर्घसन्धि)
पर्यटञ्छशविषाणम् - पर्यटन्+शशविषाणम् (व्यञ्जन)

समास

मृगतृष्णिकासु - मृगाणां तृष्णा मृगतृष्णा (षष्ठी तत्पुरुष)
शशविषाणम् - शशस्य विषाणम् **(षष्ठी तत्पुरुष)**
पिपासार्दितः - पिपासया अर्दितः **(तृतीया तत्पुरुष)**

प्रत्यय -

यत्नतः - यत्न + तसिल्
पीडयन् - पीड् + णिच् + शतृ
तैलम् - तिल + अण्
पिपासा - पा + सन् + अ + टाप्
अर्दितः - अर्द् + क्त
पर्यटन् - परि + अट् + शतृ

छन्द- इस श्लोक में पृथ्वी छन्द का प्रयोग किया गया है।

अलङ्कार- इस श्लोक में अतिशयोक्ति अलङ्कार है।

सम्भावित प्रश्न-

- मृगतृष्णिकासु शब्द में समास बताइये ?
  मृगाणां तृष्णा मृगतृष्णा (षष्ठी तत्पुरुष)
  मृगाणां तृष्णा अस्याम् **(बहुव्रीहि समास)**
- किसके मन को प्रसन्न करना असम्भव है? **मूर्खों के मन को**
- इस श्लोक में कौन-सा छन्द है? **पृथ्वी**
- इस श्लोक में कौन-सा अलङ्कार है? - **अतिशयोक्ति**
- अर्दितः शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? - **अर्द्+क्त (प्रत्यय)**

श्लोक - 6

व्यालं बालमृणालतन्तुभिरसौ रोद्धुं समुज्जृम्भते
भेत्तुं वज्रमणिं शिरीषकुसुमप्रान्तेन सन्नह्यते।
माधुर्यं मधुबिन्दुना रचयितुं क्षाराम्बुधेरीहते
मूर्खान्यः प्रतिनेतुमिच्छति बलात्सूक्तैः सुधास्यन्दिभिः॥6

अन्वय - यः मूर्खान् बलात् सुधास्यन्दिभिः सूक्तैः प्रतिनेतुम् इच्छति असौ बालमृणालतन्तुभिः व्यालं रोद्धुं सन्नह्यते मधुबिन्दुना क्षाराम्बुधेः माधुर्यं रचयितुम् ईहते।

शब्द	अर्थ
यः	जो
बलात्	बलपूर्वक (हठपूर्वक)
सुधास्यन्दिभिः	अमृत टपकाने वाले
सूक्तैः	सुन्दर वचनों से
प्रतिनेतुम्	बहलाने या मनोरञ्जन करने के लिए
बालमृणालतन्तुभिः	कोमल कमलनाल के सूत्रों से
व्यालम्	मतवाला हाथी
रोद्धुम्	रोकने या बाँधने के लिए
समुज्जृम्भते	अभ्यास करता है
शिरीषकुसुमप्रान्तेन	कोमल शिरीष फूल के छोर से
वज्रमणिम्	हीरे को
भेत्तुम्	काटने का
सन्नह्यते	प्रयास करता है
मधुबिन्दुना	मधु की बूँद से
क्षाराम्बुधेः	खारे समुद्र के
माधुर्यम्	मिठास को
रचयितुम्	बनाना
ईहते	चाहता है

अनुवाद - जो अपनी अमृतवर्षिणी सूक्तियों द्वारा मूर्खों को बलात् प्रसन्न करना चाहता है, वह कोमल कमल नाल के तन्तु से मदमत्त हाथी को बाँधना चाहता है, शिरीष पुष्प के किनारे से वज्रमणि हीरे को काटना चाहता है और खारे समुद्र को दो-एक बूँद मधु डालकर मीठा बनाने की चेष्टा करता है।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

सन्धि -
तन्तुभिरसौ - तन्तुभिः+असौ (विसर्ग सन्धि)
क्षाराम्बुधेरीहते - क्षार+अम्बुधेः (दीर्घ सन्धि) + ईहते (विसर्ग सन्धि)

समास -
सुधास्यन्दिभिः - सुधां स्यन्दन्ते तच्छीलानि सुधास्यन्दीनि तैः (तृतीया तत्पुरुष)
सूक्तैः - शोभनानि उक्तानि इति सूक्तानि (प्रादि तत्पुरुषसमास)
बालमृणालतन्तुभिः - बालं च तत् मृणालम् (कर्मधारय) तस्य तन्तवः तैः (षष्ठी तत्पुरुष)
शिरीषकुसुमप्रान्तेन - शिरीषकुसुमस्य प्रान्तः शिरीषकुसुमप्रान्तः तेन (तृतीया तत्पुरुष) शिरीषस्य कुसुमम् (षष्ठी तत्पुरुष) शिरीषं चेदं कुसुमम् (कर्मधारय समास)
मधुबिन्दुना - मधुनः बिन्दुः (षष्ठी तत्पुरुष)
क्षाराम्बुधेः - क्षारः चासौ अम्बुधिः (कर्मधारय)

प्रत्यय
सुधास्यन्दिभिः - सुधा+स्यन्द्+णिनि+भिस्
प्रतिनेतुम् - प्रति+नी+तुमुन्
रोद्धुम् - रुध्+तुमुन्
रचयितुम् - रच्+तुमुन्
माधुर्य - मधुर+ष्यञ्

कारक -
बलात् - हेतौ से पञ्चमी

छन्द - शार्दूलविक्रीडित
अलङ्कार - मालानिदर्शन
लक्षण - 'सूर्याश्वैर्मसजस्तताः सगुरवः शार्दूलविक्रीडितम्'
इसके प्रत्येक चरण में 19 अक्षर होते हैं। तथा प्रत्येक चरण में क्रमशः मगण, सगण, जगण, सगण, तगण, तगण तथा एक गुरु वर्ण आयें उसे शार्दूलविक्रीडित कहते हैं। (12 तथा 7 अक्षरों पर यति)

➢ 'प्रतिनेतुम्' शब्द में प्रकृति प्रत्यय बताइये? - **प्रति+नी+तुमुन्**
➢ 'व्यालम्' शब्द का क्या अर्थ है? - **मतवाला हाथी**
➢ 'वज्रमणिम्' शब्द में समास बताइये? - **वज्रः मणिः (कर्मधारय समास)**
➢ इस श्लोक में कौन-सा छन्द है? - **शार्दूलविक्रीडित**

श्लोक - 7

स्वायत्तमेकान्तहितं विधात्रा विनिर्मितं छादनमज्ञतायाः।
विशेषतः सर्वविदां समाजे विभूषणं मौनमपण्डितानाम्॥7

अन्वय- विधात्रा अपण्डितानां स्वायत्तम् एकान्तहितं मौनम् अज्ञतायाः छादनं विनिर्मितम्। सर्वविदां समाजे विशेषतः विभूषणं भवति।

शब्द	अर्थ
विधात्रा	ब्रह्मा ने
अपण्डितानाम्	मूर्खों का
स्वायत्तम्	अपने अधीन
एकान्तहितम्	अत्यन्त हितकारी
मौनम्	मौन को
अज्ञतायाः	मूर्खता का
छादनम्	आवरण
विनिर्मितम्	बनाया है
सर्वविदाम्	सब कुछ जानने वाले
समाजे	समाज में
विशेषतः	अधिक करके
विभूषणम्	आभूषण

अनुवाद - विधाता ने मूर्खों के अपने हाथ में रहने वाले और अत्यन्त हितकारी मौन को मूर्खता को छिपाने का आवरण बनाया है, जो विद्वानों की सभा में विशेष रूप से आभूषण हो जाता है।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

समास -
अपण्डितानाम् - नः पण्डिताः अपण्डिताः (नञ् तत्पुरुष समास)
स्वायत्तम् - स्वस्य आयत्तम् (षष्ठी तत्पुरुष)
एकान्तहितम् - एकः एव अन्तो यस्य (बहुव्रीहिसमास), एकान्तं हितम् इति एकान्तहितम् (सुप्सुपासमास)
सर्वविदाम् - सर्वं विदन्तीति सर्वविदः (नित्यसमास)

प्रत्यय -
विधात्रा - वि + धा +तृच्
छादनम् - छद् + णि + ल्युट्
विनिर्मितम् - वि + निर् + मा + क्त
विभूषणम् - वि + भूष् + ल्युट्
सर्वविदाम् - सर्व + विद् + क्विप्
विशेषः - वि+शिष्+घञ्
समाजे - सम्+अज्+घञ्
मौनम् - मुनि+अण्
हितम् - धा+क्त
विशेषतः - विशेष+तसिल्

छन्द - उपजाति छन्द है

सम्भावित प्रश्न -
➢ विद्वानों की सभा में मूर्खों के लिए किसे आभूषण सदृश कहा गया है? - **मौन को**
➢ विधाता शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? - **वि+धा+तृच्**
➢ छादनम् शब्द का प्रकृति प्रत्यय बताइये? - **छद्+णिच्+ल्युट्**
➢ पण्डित् शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? - **इतच्**
➢ मूर्खों के लिए किसे आवरण के समान बताया गया है? **मौन को**
➢ एकान्तहितम् शब्द में कौन समास है?
एकान्तं हितम् इति एकान्तहितम् -**सुप्सुपासमास**
➢ इस श्लोक में कौन-सा छन्द है? - **उपजाति**

श्लोक - 8

यदा किञ्चिज्ज्ञोऽहं गज इव मदान्धः समभवं

तदा सर्वज्ञोऽस्मीत्यभवदवलिप्तं मम मनः।
यदा किञ्चित्किञ्चिद् बुधजनसकाशादवगतं
तदा मूर्खोऽस्मीति ज्वर इव मदो मे व्यपगतः॥8

अन्वय - यदा अहम् किञ्चिज्ज्ञः गज इव मदान्धः समभवम् तदा सर्वज्ञः अस्मि इति मम मनः अवलिप्तम् यदा बुधजनसकाशात् किञ्चित् किञ्चित् अवगतम् तदा मूर्खः अस्मि इति मे मदः ज्वर इव व्यपगतः।

शब्द	**अर्थ**
यदा	जब
अहम्	मैं
किञ्चिज्ज्ञः	थोड़ा-सा जानने वाला
गज इव	हाथी की तरह
मदान्धः	मद से अंधा
समभवम्	हो गया था
तदा	तब
सर्वज्ञः	सब कुछ जानने वाला
अस्मि	हूँ
इति	इस प्रकार
मम	मेरा
मनः	मन
अवलिप्तम्	गर्व से युक्त
बुधजनसकाशात्	विद्वानों की संगति से
किञ्चित् किञ्चित्	थोड़ा-थोड़ा
अवगतम्	सीखा
मदः	घमण्ड
ज्वर इव	ज्वर की तरह
व्यपगतः	दूर हो गया

अनुवाद - जब मैं अल्पज्ञ होकर भी मतवाले हाथी के जैसा मदान्ध हो गया तब यह समझकर कि मैं सर्वज्ञ हूँ - सब कुछ जानता हूँ, मेरा मन आकाश पर चढ़ गया। जब मैं पण्डितों की संगति से थोड़ा-थोड़ा जानने लगा तब मैं अपने को मूर्ख समझने लगा और तब मेरा गर्व ज्वर के जैसा धीरे-धीरे हटने लगा।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

सन्धि -

मदान्धः - मद+अन्धः (दीर्घसन्धि)
सर्वज्ञोऽस्मि - सर्वज्ञः+अस्मि (विसर्गसन्धि)
ज्वर इव - ज्वरः+इव (विसर्ग सन्धि)

समास -

किञ्चिज्ज्ञः - किञ्चित् जानाति इति किञ्चिज्ज्ञः (नित्यसमास)
सर्वज्ञः - सर्व जानाति इति सर्वज्ञः (नित्यसमास)
सर्वेषां ज्ञः सर्वज्ञः (षष्ठी तत्पुरुष)
मदान्धः - मदेन अन्धः (तृतीयातत्पुरुष)
बुधजनसकाशात् - बुध एव जनः (मयूरव्यंसकादि)
तस्य सकाशम् (षष्ठी तत्पुरुष)
बुधाः च ते जनाः बुधजनाः तेषां सकाशात् (षष्ठीतत्पुरुष)

प्रत्यय -

किञ्चिज्ज्ञः - ज्ञा+क
सर्वज्ञः - सर्व+ज्ञा+क
अवलिप्तम् - अव+लिप्+क्त
अवगतम् - अव+गम्+क्त
व्यपगतः - वि+अप्+गम्+क्त

छन्द - इस श्लोक में शिखरिणी छन्द है।

लक्षण - रसै रुद्रैश्छिन्ना यमनसभला गः शिखरिणी।
इसके प्रत्येक चरण में 17 अक्षर होते है। 6 तथा 11 अक्षरों पर यति होती है। क्रमशः यगण, मगण, नगण, सगण, भगण, एक लघु तथा एक गुरु वर्ण होता है।

सम्भावित प्रश्न -

➢ 'मदान्धः' शब्द में सन्धि एवं समास बताइये?
मद+अन्धः **(दीर्घ सन्धि)**
मदेन अन्धः **(तृतीया तत्पुरुष)**
➢ 'सर्वज्ञ' शब्द में समास बताइये?
सर्वं जानातीति सर्वज्ञः **(नित्यसमास)** अथवा
सर्वेषां ज्ञः सर्वज्ञः **(षष्ठी तत्पुरुष)**
➢ व्यपगतः शब्द में प्रकृति प्रत्यय बताइये? **वि+अप्+गम्+क्त**
➢ इस श्लोक में कौन-सा छन्द है? **शिखरिणी**

श्लोक -9

कृमिकुलचितं लालाक्लिन्नं विगन्धि जुगुप्सितं
निरुपमरसप्रीत्या खादन्खरास्थि निरामिषम्।
सुरपतिमपि श्वा पार्श्वस्थं विलोक्य न शङ्कते
न हि गणयति क्षुद्रो जन्तुः परिग्रहफल्गुताम्॥9

अन्वय- श्वा कृमिकुलचितम् लालाक्लिन्नम् विगन्धि जुगुप्सितम् निरामिषम् खरास्थि निरुपमरसप्रीत्या खादन् पार्श्वस्थम् सुरपतिम् अपि विलोक्य न शङ्कते। क्षुद्रः जन्तुः परिग्रहफल्गुताम् न गणयति।

शब्द	**अर्थ**
श्वा	कुत्ता
कृमिकुलचितम्	कीड़ों से भरी हुई
लालाक्लिन्नम्	लार से भीगी
विगन्धि	दुर्गन्ध से युक्त
जुगुप्सितम्	निन्दित
निरामिषम्	मांसरहित
खरास्थि	गदहे की हड्डी
निरुपमरसप्रीत्या	अनुपम रस के प्रेम से
खादन्	खाता हुआ
पार्श्वस्थम्	पास में खड़े हुए को
सुरपति	इन्द्र
विलोक्य	देखकर
न शङ्कते	लज्जा नहीं करता है
क्षुद्रो जन्तुः	नीचप्राणी
परिग्रहफल्गुताम्	स्वीकृत की गयी वस्तु की तुच्छता को
न गणयति	विचार नहीं करता

अनुवाद - कुत्ता कीड़ो से भरी, लार से भीगी, दुर्गन्धमय, हेय निर्मांस, गदहे की हड्डी को बड़े चाव से चबाता हुआ अपने पास खड़े हुए इन्द्र को भी देख कर नहीं लजाता, परवाह नहीं करता। नीच, अपनाई हुई वस्तु की तुच्छता की परवाह नहीं करता - स्वगृहीत वस्तु की क्षुद्रता पर ध्यान नहीं देता।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

समास -

कृमिकुलचितम् - कृमीणां कुलानि (षष्ठी तत्पुरुष) तैः चितम् (तृतीया तत्पुरुष)
लालाक्लिन्नम् - लालया क्लिन्नम् (तृतीया तत्पुरुष)
विगन्धि - विगतः गन्धः यस्य तत् (बहुव्रीहि)
निरामिषम् - निर्गतम् आमिषं यस्मात् (बहुव्रीहि)
खरास्थि - खरस्य अस्थि (षष्ठी तत्पुरुष)
निरुपमरसप्रीत्या - निः नास्ति उपमा यस्य स निरुपमः (प्रादिबहुव्रीहि समास) निरुपमः (कर्मधारय समास) निरुपमरसे प्रीतिः (सप्तमी तत्पुरुष)
सुरपतिम् - सुराणां पतिः सुरपतिः (षष्ठी तत्पुरुष)
परिग्रहफल्गुताम् - परिग्रहस्य फल्गुता (षष्ठी तत्पुरुष)

प्रत्यय -

श्वा - श्वि+कनिन्
चितम् - चि+क्त
क्लिन्नम् - क्लिद्+क्त
जुगुप्सितम् - जु+गुप्+क्त
पार्श्वस्थम् - पार्श्व+स्था+क
विलोक्य - वि+लुकि+ल्यप्
खादन् - खाद्+शतृ

छन्द - हरिणी

लक्षण - **''नसमरसलागः षड्वेदैर्हयैर्हरिणी मता''** हरिणी के प्रत्येक चरण में नगण, सगण, मगण, रगण, सगण, लघु तथा गुरु होते हैं। छठे, दसवें तथा अन्त में विराम होता है।

अलङ्कार - इस श्लोक में अप्रस्तुतप्रशंसा एवम् अन्तिम चरण में अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है। इनके एक साथ होने से इसमें सङ्कर अलङ्कार भी है।

सम्भावित प्रश्न -

➢ अपनाई गई वस्तु की तुच्छता पर कौन ध्यान नहीं देता? **नीच व्यक्ति**
➢ सुरपति शब्द किसके लिए आया है? - **इन्द्र के लिए**
➢ निरामिष शब्द का क्या अर्थ है? - **मांसरहित**
➢ विगन्धि शब्द में समास बताइये? विगतः गन्धः यस्य तत् **(बहुव्रीहिसमास)**
➢ विलोक्य में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है? वि + लुकि + ल्यप्
➢ इस श्लोक में कौन-सा छन्द है? हरिणी

श्लोक - 10

शिरः शार्वं स्वर्गात्पशुपतिशिरस्तः क्षितिधरम्
महीध्रादुत्तुङ्गादवनिमवनेश्चापि जलधिम्।
अधोऽधो गङ्गेयं पदमुपगता स्तोकमथवा
विवेकभ्रष्टानां भवति विनिपातः शतमुखः॥10

अन्वय - इयम् गङ्गा स्वर्गात् शार्वम् शिरः पशुपतिशिरस्तः क्षितिधरम् उत्तुंगात् महीध्रात् अवनिम् अवनेः च अपि जलधिम् अधोऽधः स्तोकम् पदम् उपगता अथवा विवेकभ्रष्टानाम् विनिपातः शतमुखः भवति।

शब्द	**अर्थ**
इयम्	यह
गङ्गा	गङ्गा
स्वर्गात्	स्वर्ग से
शार्वम्	शिव जी के
शिरः	शिर पर
पशुपतिशिरस्तः	शिव जी के मस्तक से
क्षितिधरम्	हिमालय पर्वत पर
उत्तुङ्गात्	ऊँचे
महीध्रात्	पर्वत से
अवनिम्	पृथ्वी को
अवनेः	पृथ्वी से
जलधिम्	समुद्र को
अधोऽधः	नीचे नीचे
स्तोकम्	तुच्छ
पदम्	पद को
उपगता	पहुँचकर
अथवा	क्योंकि
विवेकभ्रष्टानाम्	भ्रष्ट विचार वालों का
शतमुखः	सैकड़ों प्रकार से
विनिपातः	पतन
भवति	होता है

अनुवाद - गङ्गा स्वर्ग से शिव के मस्तक पर गिरीं। शिव के मस्तक से हिमालय पहाड़ पर, हिमालय से पृथ्वी पर और पृथ्वी पर से गिरकर समुद्र में जा मिलीं। इस तरह यह नीचे से नीचे गिरती गई।
(वास्तव में बात यह है कि) जिनका विवेक भ्रष्ट हो गया है उनका पतन सैकड़ों प्रकार से होता है।

व्याकरणात्मक टिप्पणी -

सन्धि -

महीध्रादुत्तुङ्गात् - महीध्रात्+उत्तुङ्गात्+अवनिम् (व्यञ्जन सन्धि)
अवनेश्च - अवनेः+च (विसर्ग सन्धि)
चापि - च+अपि (दीर्घ सन्धि)
अधोऽधः - अधः+अधः (विसर्गसन्धि, पूर्वरूपसन्धि)
गङ्गेयम् - गङ्गा+इयम् (गुणसन्धि)

समास -

शार्वम् - शर्वस्य इदम् (षष्ठी तत्पुरुष)
पशुपतिशिरस्तः - पशूनाम् पतिः पशुपतिः (षष्ठी तत्पुरुष)
पशुपतेः शिरः पशुपतिशिरः (षष्ठी तत्पुरुष)
क्षितिधरम् - क्षितेः धरः क्षितिधरः (षष्ठी तत्पुरुष)
विवेकभ्रष्टानाम् - विवेकात् भ्रष्टाः विवेकभ्रष्टाः (पञ्चमी तत्पुरुष)
भ्रष्टः विवेकः येषां ते भ्रष्टविवेकाः वा विवेकभ्रष्टाः (बहुव्रीहि समास)
शतमुखः - शतं मुखानि यस्य सः (बहुव्रीहि समास)

प्रत्यय -
गङ्गा - गम्+गन्+टाप्
क्षितिधरः - धृ+अच्
जलधिः - जल+धा+कि
उपगता - उप+गम्+क्त
भ्रष्टः - भ्रंश्+क्त
विवेकः - वि+विच्+घञ्
शिरस्तः - शिरः+तसिल्
विनिपातः - वि+नि+पत्+घञ्
शार्वम् - शर्व+अण्

छन्द - शिखरिणी

अलङ्कार - इस श्लोक में पर्याय और अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है।

सम्भावितप्रश्न -

- गङ्गा सर्वप्रथम स्वर्ग से कहाँ गिरी? **-शिव के मस्तक पर**
- समुद्र में मिलने से पहले गङ्गा कहाँ गिरी थी? **पृथ्वीपर**
- गङ्गा के अवतरित होने का सही क्रम है -
  स्वर्ग - शिव के मस्तक पर - हिमालय - पृथ्वी - समुद्र
- विवेक भ्रष्ट मनुष्यों का पतन कितने प्रकार से होता है? - **सैकड़ों प्रकार से**
- गङ्गेयम् शब्द में कौन-सी सन्धि है? - गङ्गा+इयम् **(गुणसन्धि)**
- शतमुखः में कौन-सा समास है? - शतं मुखानि यस्य सः **(बहुव्रीहि समास)**
- इस श्लोक में कौन-सा छन्द है? - **शिखरिणी**
- 'पशुपति' शब्द किसके लिए आया है? - **शिव के लिए**

नीतिशतकम् बिन्दुवार अध्ययन

- 'नीतिशतकम्' के रचयिता हैं? - **भर्तृहरि**
- भर्तृहरि ने नीतिशतक लिखा है - **छन्दों में**
- शतकत्रय के रचयिता हैं? - **भर्तृहरि**
- भारतीय जनश्रुति महाराज भर्तृहरि को - **विक्रमसंवत् के संस्थापक महाराज विक्रमादित्य का बड़ा भाई मानती है।**
- शतकत्रय ग्रन्थ के रचनाकार ने और किस प्रसिद्ध ग्रन्थ की रचना की है? - **वाक्यपदीयम्**
- नीतिशतक में कितने पद्य हैं - **एक सौ ग्यारह (111)**
- नीतिशतकम् साहित्य की किस विधा के अन्तर्गत है - **मुक्तककाव्य**
- नीतिशतक में कितने प्रकार के प्राणी बताये गये हैं- **चार**
- नीतिशतककार के अनुसार सभा में किस उपाय के द्वारा मूर्ख अपनी मूर्खता को छिपा सकता है? - **मौन रहकर**
- नीतिशतककार के मतानुसार क्रोधी राजा के प्रिय होते हैं - **कोई व्यक्ति भी नहीं।**
- दुष्टों की मित्रता की तुलना की गयी है? - **छाया से**
- सभी प्रकार की विपत्तियों से रक्षा होती है - **पूर्वकृत पुण्यों के कारण**
- मैनाक किसका पुत्र है? - **हिमालय का**
- प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन .... कैः? - **नीचैः**
- विभाति कायः करुणाकुलानां .... रिक्तस्थान की पूर्ति करें? - **परोपकारेण न चन्दनेन**
- 'ये परहितं स्वार्थाय निघ्नन्ति' नीतिशतकम् के अनुसार वे लोग हैं? - **मानुषराक्षसाः**
- नीतिशतकम् का विषय - **मनुष्य मात्र की नीति कुशलता का उपदेश देने वाला है**
- नीतिशतकम् की भाषा - **अति सरल, सुबोध है**
- थोड़े से ज्ञान से स्वयं को ज्ञानी मानने वाले मनुष्य को कौन नहीं समझा सकते हैं? - **ब्रह्मा**
- अपनी अज्ञता छिपाने के लिये मूढ़ जनों का एकमात्र उपाय है? - **मौनावलम्बन**
- स्वाभिमान और सम्मान के पात्र होते हैं - **विद्वज्जन**
- 'नास्त्युद्यमसमो ....' रिक्तस्थान की पूर्ति करें? - **बन्धुः**
- पर्वत के पंख काटे थे? - **इन्द्र**
- सुप्रसिद्ध कविजन निर्धन होकर रहते हैं, तो इसमें दोषी है? **राजा**
- शूरवीर महीतल पर अपना प्रभाव प्रकट कर सकता है? - **पराक्रम से**
- नीतिशतकम् में 'पूर्वतपसा खलु सञ्चितानि' हैं? - **भाग्यानि**
- भर्तृहरि ने विद्याविहीन मानव को क्या कहा? - **पशु**
- राजनीति की तुलना की गयी है - **वेश्या से**
- महाराज भर्तृहरि की प्रमुख रचना है - **नीतिशतक**
- धन की कौन-सी गति नहीं होती है - **सन्तोष प्राप्ति**
- नीतिशतकम् अपनी गेयता के कारण - **गीतिकाव्य है**
- नीतिशतककार के मतानुसार सम्पत्ति काल में महापुरुषों की मनोवृत्ति होती है? - **कमल के समान कोमल**
- सबका आभूषण क्या है? - **शील**
- सबसे बड़ा साधन है? - **परहितसाधन**
- संसार में सबसे अधिक मनोहर तथा कष्टकारक कौन होता है? - **रमणी**

- निम्न विकल्पों में से किसे भर्तृहरि ने मूर्ख एवं दुराग्रही व्यक्ति
को प्रसन्न करने की अपेक्षा अधिक सरल नहीं कहा है? - **नाव से नदी पार करना**
- 'यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीनं वचः''। इस सूक्ति के माध्यम से किसे शिक्षा दी जा रही है? - **चातक को**
- ''आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महारिपुः। नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति।।'' इस श्लोक में किसका महत्त्व प्रतिपादित है? - **कर्म का**
- साहित्य, संगीत एवं कला से अपरिचित व्यक्ति होता है? - **परमपशु**
- भर्तृहरि के अनुसार सर्वोत्कृष्ट आभूषण है? - **शील**
- 'आरम्भगुर्वी क्षयिणी क्रमेण लघ्वी पुरा वृद्धिमती च पश्चात्।' में छन्द है- - **उपजाति**
- निम्न में कौन-सी कृति भर्तृहरि की नहीं है?- **पञ्चतन्त्रम्**
- मित्राणि तथा रिपवः जायन्ते - **व्यवहारेण**
- भर्तृहरेः गुहा अस्ति। - **पुष्करसमीपे**
- मनुष्य का कौन-सा भूषण स्थायी है? - **परिष्कृत वाणी**
- कवि ने वृक्ष, मेघ तथा सत्पुरुष को कहा है?- **परोपकारी**
- वृक्ष कब झुक जाते हैं? - **फल आने पर**
- नये जल से युक्त होने पर कौन अधिक लटक जाता है? - **मेघ (घन)**
- समृद्धि के समय कौन अभिमान रहित होता है?- **सत्पुरुष**
- विद्या किं ददाति? - **विनयम्**
- पात्रत्वाद् किं आप्नोति? - **धनम्**
- येन बालः न पाठितः सः पिता कीदृशः? - **वैरीवत्**
- अपठितः बालः सभामध्ये कथमिव शोभते? - **हंसमध्ये बकवत्**
- ते मनुष्याः भूमौ भारः एव सन्ति। - **ये विद्याहीनाः**
- भर्तृहरिरचित-वाक्यपदीयम् सम्बद्धम् अस्ति - **व्याकरणदर्शनेन**
- फलोद्गमैः के नम्राः भवन्ति? - **तरवः**
- नवाम्बुभिः के दूरविलम्बिनः सन्ति? - **मेघाः**
- समृद्धिभिः के उद्धताः न भवन्ति? - **सत्पुरुषाः**
- स्वभाव एवैष परोपकारिणाम्– इदं पद्यं कस्मिन् वृत्ते निबद्धम्?- **वंशस्थवृत्ते**
- पुरुषस्य भूषणं किम्? - **वाक्**
- मनुष्यं किं सज्जीकरोति? - **वाणी**
- विद्या से हीन मनुष्य के जीवन से क्या लाभ? - **विद्याहीनस्य नरस्य कः लाभः जीवितेन**
- भर्तृहरि के नीतिशतकम् में 'तदा मूर्खोऽस्मीति ज्वर इव
- यः नित्यं नीतिशास्त्रं शृणोति अधीते सः कस्माद् पराभवं न आप्नोति? - **शक्रात्**
- के न भुक्ताः वयमेव भुक्ताः? - **भोगाः**
- किं न तप्तम्, वयमेव तप्ताः - **तपः**
- का न जीर्णा, वयमेव जीर्णाः - **तृष्णा**
- कः न यातः? वयमेव याताः - **कालः**
- धनात् किं प्राप्यते? - **धर्मः**
- या बालं न पाठयति सा माता कीदृशी? - **शत्रु**
- कः सुखम् आराध्यः? - **अज्ञः**
- सुखतरं कः आराध्यते? - **विशेषज्ञः**
- ज्ञानलवदुर्विदग्धं जनं कः न रञ्जयति? - **ब्रह्मा अपि**
- क्षीणेषु वित्तेषु कां जानीयात्? - **भार्याम्**
- ये धर्मं न वदन्ति, ते भवन्ति - **वृद्धाः न**
- चन्दनात् अपि अधिकः शीतलः कः वर्तते? - **चन्द्रः**
- कः नरः कुलीनः, पण्डितः, श्रुतवान्, गुणज्ञः च भवति? - **यस्य वित्तम् अस्ति**
- धीमतां कालः येन गच्छति? - **काव्यशास्त्रविनोदेन**
- मूर्खाणां समयः कथं गच्छति? - **निद्रया कलहेन च**
- लोभात् किं न भवति? - **पुण्यम्**
- के सत्पुरुषाः भवन्ति? - **ये स्वार्थं विहाय परोपकारं कुर्वन्ति**
- मानुषराक्षसाः किं कुर्वन्ति?- **स्वार्थाय परहितं नाशयन्ति**
- स्वार्थाविरोधेन परहितं कुर्वाणाः के? - **सामान्याः**
- 'ये निघ्नन्ति निरर्थकं परहितं ते के न जानीमहे' अस्ति - **शार्दूलविक्रीडितच्छन्दसि**
  कः पुत्रः? - **यः सुचरितैः पितरं प्रीणयेत्**
- सा पत्नी या - **भर्तुः हितमिच्छति**
- किं नाम मित्रम्? - **सुखदुःखयोः समक्रियम्**
- 'एतत्त्रयं जगति पुण्यकृतो लभन्ते' इदं पद्यं कस्मिन् वृत्ते निबद्धम्? - **वसन्ततिलका**

- बुद्धिमानों के सम्पर्क में आने से मदो मे व्यपगतः' का तात्पर्य है **पर ज्ञानी होने का नशा उतर जाता है।**

- निम्न में से कौन सी कृति भर्तृहरि की नहीं है? - **भट्टिकाव्यम्**
- यत्र पादत्रये कथां प्रति पद्यस्य अन्तिमपादे नीतिः उच्यते तादृशं काव्यं किम्? - **नीतिशतकम्**
- 'अनुत्तम' का क्या अर्थ है?- **जिससे उत्कृष्ट कोई और न हो**
- नीतिशतकम् में राजनीति को कितने स्वरूपों को धारण करने वाली कहा गया है? - **10**
- नीतिशतकम् के अनुसार धन की कितने दशायें होती हैं?- **3**
- "सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः" श्लोकांश में 'परमगहनो' का क्या अर्थ है? - **अत्यन्त कठिन**
- "ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्मापि नरं न रञ्जयति"-श्लोकांश में 'रञ्जयति' का तात्पर्य है। - **प्रसन्नकरना**
- "मूर्ध्नि वा सर्वलोकस्य शीर्यते वन एव वा" श्लोकांश में 'मूर्ध्नि' शब्द का अर्थ है? - **ऊपर**
- 'कन्था' शब्द का अर्थ है - **जीर्णवस्त्र**
- "न हि गणयति क्षुद्रो जन्तुः परिग्रहफल्गुताम्" इस वाक्य में 'गणयति' का तात्पर्य है। - **विचारने से**
- "शूरे निर्घृणता मुनौ विमतिता दैन्यं प्रियालापिनि" - इस श्लोकांश में 'निर्घृणता' का क्या अर्थ है। - **निर्दयता**
- 'नागेन्द्र' का अर्थ है - **श्रेष्ठ हाथी**
- 'शूली' का अर्थ है - **शिव**
- 'लुब्धक' का अर्थ है - **बहेलिया**
- "सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ते" यह उक्ति कहाँ प्राप्त होती है - **नीतिशतकम्**
- "सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ते" किसकी उक्ति है- **भर्तृहरि**
- "यां चिन्तयामि सततं मयि सा विरक्ता" पंक्ति किस पुस्तक से उद्धृत है - **नीतिशतकम्**
- "दुर्जनः परिहर्तव्यो विद्ययालङ्कृतोऽपि सन्" यह वचन किसने कहा है? - **भर्तृहरि ने**
- 'न मूर्खजनसम्पर्कः सुरेन्द्रभवनेष्वपि' यह सूक्ति कहाँ प्राप्त होती है? - **नीतिशतक**
- "विधिरहो बलवानिति मे मतिः" यह सुभाषित किस ग्रन्थ में है - **नीतिशतकम् में**
- "मन्यामहे मलयमेव यदाश्रयेण कङ्कोलनिम्बकुटजा अपि चन्दनाः स्युः" यह श्लोकांश किस ग्रन्थ से उद्धृत है? - **नीतिशतकम् से**
- "विद्याविहीनः पशुः" यह उक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है - **नीतिशतकम् से**
- "प्रारब्धमुत्तमजना न परित्यजन्ति" श्लोकांश उद्धृत है - **नीतिशतकम् से**
- "भोगा न भुक्ता वयमेव भुक्ताः" यह श्लोकांश किस ग्रन्थ से उद्धृत है? - **वैराग्यशतक**
- "सेवाधर्मो परमगहनो योगिनामप्यगम्यः" कथन है - **भर्तृहरि का**
- नीतिशतकम् मे कितनी पद्धतियाँ हैं? - **10**
- "अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः" कस्य ग्रन्थस्य वर्तते - **नीतिशतकस्य**
- "विपदि धैर्यमथाभ्युदये क्षमा" यह पंक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है - **नीतिशतकम्**
- "मा ब्रूहि दीनं वचः" यह उक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है - **नीतिशतकम्**
- "प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन नीचैः" के कर्ता कौन हैं **-भर्तृहरि**
- 'न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः' – यह उक्ति कहाँ प्राप्त होती है? - **नीतिशतक**
- 'साहित्यसंगीतकलाविहीनः साक्षात्पशुः पुच्छविषाणहीनः।' उक्ति कहाँ से उद्धृत है? - **नीतिशतक से**
- "सर्वे गुणाः .... आश्रयन्ति।" रिक्तस्थानं पूरयित्वा सूक्तिं निर्मापयत - **ज्ञानम्**
- 'न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति' वाक्यमिदं लोट्लकारे परिवर्तयत - **न्याय्यात् पथः प्रविचलन्त**
- नीतिशतके भर्तृहरेः भार्यायाः नाम किम्? - **पिङ्गल**

नीतिशतकम् (वस्तुनिष्ठप्रश्नाः)

1. विक्रमसंवत् के प्रवर्तक महाराज विक्रमादित्य का ज्येष्ठ भाई माना जाता है–
(A) भवभूति को (B) भर्तृमेण्ठ को
(C) भट्टि को (D) भर्तृहरि को

2. राजा भर्तृहरि की प्रेमिका (पत्नी) मानी जाती है–
(A) अञ्चला (B) पिङ्गला
(C) मङ्गला (D) चञ्चला

3. भर्तृहरि की रचना मानी जाती है–
(A) वैराग्यशतकम् (B) शृङ्गारशतकम्
(C) नीतिशतकम् (D) उपर्युक्त तीनों

4. 'शतकत्रय' में परिगणित हैं–
(A) शृङ्गारशतकम्, वैराग्यशतकम्, नीतिसारम्
(B) वैराग्यशतकम्, नीतिसारशतकम्, शृङ्गारशतकम्
(C) शृङ्गारशतकम्, नीतिशतकम्, वैराग्यशतकम्
(D) उपर्युक्त तीनों।

5. भर्तृहरि के पिता माने जाते हैं–
(A) मित्रसेन (B) गन्धर्वसेन
(C) चित्रसेन (D) चित्रभानु

6. महाकवि भर्तृहरि की अन्तिम रचना मानी जाती है–
(A) शृङ्गारशतकम् (B) नीतिशतकम्
(C) वैराग्यसारम् (D) वैराग्यशतकम्

7. नीतिशतक की श्लोक संख्या मानी जाती है–
(A) लगभग 130 (B) लगभग 150
(C) लगभग 111 (D) लगभग 100 से कुछ कम

8. नीतिशतक किस काव्यपरम्परा का ग्रन्थ माना जाता है–
(A) महाकाव्य (B) खण्डकाव्य
(C) मुक्तककाव्य (D) चम्पूकाव्य

9. भर्तृहरि वस्तुतः किस रीति के कवि माने जाते हैं–
(A) पाञ्चाली रीति (B) वैदर्भी रीति
(C) अलङ्कृतकाव्यशैली (D) इनमें कोई नहीं

10. ''नानाफलं फलति कल्पलतेवभूमिः'' इस काव्यांश में अलङ्कार है–
(A) यमक (B) उत्प्रेक्षा
(C) उपमा (D) अर्थान्तरन्यास

11. ''राजन् दुधुक्षसि यदि क्षितिधेनुमेनाम्'' यहाँ ''क्षितिधेनुम्'' पद में अलङ्कार है–
(A) यमक (B) श्लेष
(C) रूपक (D) इनमें से कोई नहीं

12. ''धिक् तां च तं च मदनं च इमां च मां च'' इस वाक्यांश में 'माम्' पद से किसका संकेत किया गया है–
(A) विक्रमादित्य का (B) महामन्त्री का
(C) मदन कामदेव का (D) कवि भर्तृहरि का

13. ''यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीनं वचः'' इस पंक्ति के माध्यम से कवि किसको समझा रहा है–
(A) मेघों को (B) आकाश को
(C) चातकमित्र को (D) वसुधा को

14. भर्तृहरि का सबसे प्रिय छन्द है–
(A) वसन्ततिलका (B) शिखरिणी
(C) शार्दूलविक्रीडितम् (D) द्रुतविलम्बितम्

15. ''विभूषणं मौनमपण्डितानाम्'' प्रस्तुत सूक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है–
(A) शृङ्गारशतकम् से (B) नीतिशतकम् से
(C) वैराग्यशतकम् से (D) इनमें से कोई नहीं

16. भर्तृहरि के नीतिशतकम् के मङ्गलाचरण में किस देव की स्तुति है–
(A) विधाता ब्रह्मा की (B) शङ्कर की
(C) दिक्कालादि की (D) ब्रह्म की

17. नीतिशतक के मङ्गलाचरण में छन्द है–
(A) आर्या (B) उपजाति
(C) शालिनी (D) अनुष्टुप्

18. ''लभेत सिकतासु तैलम्'' यहाँ 'सिकता' पद का अर्थ है–
(A) पत्थर (B) लोहा
(C) बालू (D) जल

19. ''व्यालं बालमृणालतन्तुभिरसौ'' यहाँ 'व्यालम्' पद का अर्थ है–
(A) दुष्टगज (B) हिरन
(C) व्याघ्र (D) शिकारी

20. ''नहि गणयति क्षुद्रो जन्तुः परिग्रहफल्गुताम्'' यहाँ 'फल्गुता' पद का अर्थ है–
(A) असारता (B) तुच्छता
(C) निःसारता (D) उपर्युक्त तीनों

21. ''हुतभुक्'' पद का शब्दार्थ होगा–
(A) जल (B) अग्नि
(C) आहुति (D) हवनसामग्री

22. ''भवन्ति नम्रास्तरवः फलोद्‌गमैः' यह श्लोक प्राप्त होता है–
(A) नीतिशतकम् में (B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में
(C) दोनों में (D) किसी में नही

23. ''भाग्यानि पूर्वतपसा खलु सञ्चितानि, काले फलन्ति पुरुषस्य यथैव वृक्षाः'' इस पंक्ति का वक्ता है–
(A) भर्तृमेण्ठ (B) भट्टनारायण
(C) भवभूति (D) भर्तृहरि

24. ''नेता यस्य बृहस्पतिः'' यहाँ 'यस्य' पद से किसका संकेत किया गया है–
(A) इन्द्र का (B) कुबेर का
(C) रावण का (D) उपर्युक्त सभी का

25. 'न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः' यह सूक्ति उदधृत है–
(A) नीतिचरितम् से (B) नीतिसारसंग्रह से
(C) नीतिशतकम् से (D) नीतिवचनम् से

26. ''प्रारब्धमुत्तमजनाः न परित्यजन्ति'' किसका कथन है–
(A) रावण का (B) भर्तृमेण्ठ का
(C) भवभूति का (D) भर्तृहरि का

27. ''निजहृदि विकसन्तः सन्ति सन्तः कियन्तः'' यहाँ क्रियापद है–
(A) सन्तः (B) सन्ति
(C) कियन्तः (D) विकसन्तः

28. ''यद्धात्रा निजभालपट्टलिखितम्'' यहाँ 'धात्रा' पद में विभक्ति एवं वचन है–
(A) प्रथमा एकवचन (B) द्वितीया एकवचन
(C) तृतीया एकवचन (D) षष्ठी एकवचन

29. ''गर्जन्ति केचित् वृथा'' यहाँ 'गर्जन्ति' पद का कर्ता है–
(A) सिंहाः (B) अम्भोदाः
(C) गजाः (D) चातकाः

30. 'मा ब्रूहि दीनं वचः' यहां 'ब्रूहि' पद में धातु एवं लकार है–

(A) बृ लोट् म०पु० एक०
(B) ब्रू लट् म०प्र० एक०
(C) ब्रू लोट् म०पु० एक०
(D) ब्रूह लोट् प्र०पु० एक०

31. 'शुचौ कैतवम्' में 'कैतवम्' पद का शब्दार्थ है–
(A) कपट (B) निश्छल
(C) पवित्र (D) सज्जन

32. ''पिशुनता यद्यस्ति किं पातकैः'' इस वाक्यांश में 'पिशुनता' पद का अर्थ है–
(A) चुगुलखोरी (B) चोरी
(C) स्त्रीचरित्र (D) पाप की गठरी

33. 'भूभुजाम्' पद में विभक्ति/वचन है–
(A) द्वितीया एकवचन
(B) प्रथमा, एकवचन
(C) षष्ठी, बहुवचन
(D) सप्तमी, एकवचन

34. ''छायेव मैत्री खलसज्जनानाम्'' यहाँ अलङ्कार है–
(A) रूपक (B) उपमा
(C) यमक (D) उत्प्रेक्षा

35. ''सतां केनोद्दिष्टं विषममसिधाराव्रतमिदम्'' इस श्लोकांश में छन्द है–
(A) शिखरिणी (B) मन्दाक्रान्ता
(C) शार्दूलविक्रीडितम् (D) हरिणी

36. ''एका नारी सुन्दरी वा दरी वा'' यहाँ 'दरी' पद का अर्थ है–
(A) कुरूप (B) गुफा
(C) बिछौना (D) निवासस्थान

37. भर्तृहरि के गुरु माने जाते हैं–
(A) गोवर्धन (B) गोरखनाथ
(C) गयानाथ (D) गन्धर्वसेन

38. 'सङ्गतिः' में प्रत्यय है–
(A) अण् (B) क्त
(C) क्तिन् (D) ङीष्

39. नीतिशतककार के अनुसार सभा में किस उपाय के द्वारा मूर्ख अपनी मूर्खता को छिपा सकता है-
(A) विचार पूर्वक बोलकर (B) कम बोलकर
(C) चुप रहकर (D) हँस कर हँसा कर

40. ''मूर्ध्नि वा सर्वलोकस्य'' श्लोकांश में 'मूर्ध्नि' का अर्थ है–
(A) आगे (B) पीछे
(C) नीचे (D) ऊपर

41. प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन कैः?
(A) जनैः (B) बालैः
(C) नीचैः (D) सज्जनैः

42. 'ये परहितं स्वार्थाय निघ्नन्ति' नीतिशतक के अनुसार वे लोग हैं–
(A) उत्तमाः (B) मानुषराक्षसाः
(C) सामान्याः (D) सत्पुरुषाः

43. पर्वत के पंख किसने काटे?
(A) इन्द्र ने (B) विष्णु ने
(C) शिव ने (D) ब्रह्मा ने

44. ''नास्त्युद्यमसमो.....'' रिक्तस्थान की पूर्ति करें–
(A) मित्रम् (B) रिपुः
(C) बन्धुः (D) कर्म

45. 'विद्याविहीनः' होते हैं–
(A) गौः (B) अश्वः
(C) पशुः (D) हस्ती

46. शतकत्रय के रचयिता हैं–
(A) भट्टि (B) भर्तृहरि
(C) अमरूक (D) भवभूति

47. भर्तृहरि किस देश के राजा थे–
(A) गोरखपुर के (B) मालवदेश के
(C) महाराष्ट्र के (D) प्रयाग के

48. 'शतकत्रय' के रचनाकार ने और किस प्रसिद्धग्रन्थ की रचना की थी–
(A) अष्टाध्यायी की (B) महाभाष्यम् की
(C) वाक्यपदीयम् की (D) वैयाकरणभूषणसार की

49. जहाँ अर्थ की दृष्टि से प्रत्येक श्लोक स्वतन्त्र होता है, वह है–
(A) महाकाव्य (B) खण्डकाव्य
(C) चम्पूकाव्य (D) मुक्तककाव्य

50. व्यक्ति धन प्राप्त करता है–
(A) अपने भाग्य से (B) अपने दुष्कर्मों से
(C) वरदान से (D) गुरुकृपा से

51. किसके चित्त को बदला नहीं जा सकता–
(A) सज्जनों के (B) भक्तों के
(C) मूर्ख के (D) योगी के

52. सान (कसौटी) पर तराशी गई मणि–
(A) नष्ट होती है (B) शोभा को प्राप्त होती है
(C) मलिन हो जाती है (D) कुछ नहीं होती

53. मदक्षीण हाथी–
(A) बलवान् होता है
(B) मोटा हो जाता है
(C) रङ्ग परिवर्तित हो जाता है
(D) सुशोभित होता है

54. मनस्वियों की वृत्ति किसके समान होती है?
(A) सूर्य के समान (B) देवराज इन्द्र के समान
(C) फूलों के समान (D) पृथ्वी के समान

55. धन की गतियाँ होती हैं–
(A) तीन (B) दो
(C) चार (D) असंख्य

56. भर्तृहरि के अनुसार सभी गुण आश्रय लेते हैं–
(A) साहस का (B) धन का
(C) सज्जन का (D) कर्म का

57. कुल का नाश हो जाता है–
(A) सुपुत्र से (B) कर्म से
(C) कुपुत्र से (D) पुत्रियों से

58. सैकड़ों प्रकार की चाटुकारिता से खाता है–
(A) कुत्ता (B) मनुष्य
(C) निर्धन (D) हाथी

59. कुत्ता भोजन देने वाले के सामने क्या करता है–
(A) पूँछ हिलाता है (B) गुर्राता है
(C) भौंकने लगता है (D) काट लेता है

60. 'कठिन असिधाराव्रत' किसको कहा गया है?
(A) धन को (B) विद्या को
(C) तलवार की धार को (D) सेवा को

61. 'नीतिशतकम्' का मङ्गलाचरण है–
(A) आशीर्वादात्मक (B) नमस्कारात्मक
(C) वस्तुनिर्देशात्मक (D) इनमें से कोई नहीं

62. सदा रहने वाला आभूषण है–
(A) बाजूबन्द
(B) चन्द्रमा जैसा स्वच्छ मोतियों का हार
(C) विधिवत् स्नान
(D) सुसंस्कृता वाणीरूपी आभूषण

63. परिवर्तनशील संसार में जीवन सार्थक होता है–
(A) जो अपने लिए कमाता है
(B) जो सभी के लिए कमाता है
(C) जो अपने वंश (राष्ट्र) की उन्नति करता है
(D) जो दूसरों की उन्नति को सहन नहीं करता है।

64. मनुष्य हाथी के समान मदान्ध कब हो जाता है–
(A) जब सुरापान कर लेता है।
(B) जब धनिकों के सम्पर्क में आता है।
(C) जब थोड़ा ज्ञान पा लेता है।
(D) जब कार्य में सफल हो जाता है।

65. मनुष्य का सर्वज्ञ होने का ज्वर कब उतरता है–
(A) जब कुछ विद्वानों के सम्पर्क में आता है
(B) जब उसे सभा में जाना पड़ता है
(C) जब असफलता मिलती है
(D) जब कार्य करता है

66. नीतिशतक में वर्णन है–
(A) धर्म का (B) नीति का
(C) राजा का (D) पशुओं का

67. 'चाणक्यनीति' के लेखक हैं–
(A) भवभूति (B) भारवि
(C) कौटिल्य (चाणक्य) (D) भर्तृमेण्ठ

68. 'शतकत्रय' में सम्मिलित नहीं है–
(A) नीतिशतक (B) वैराग्यशतक
(C) अमरुकशतक (D) शृङ्गारशतक

69. किस विद्वान् के अनुसार भर्तृहरि को बौद्ध कहा जाता है–
(A) डॉ कीथ (B) मैक्समूलर
(C) ब्रील (D) ईत्सिंग

70. भर्तृहरि लेखक नहीं माने जाते हैं–
(A) नीतिशतकम् के (B) वाक्यपदीयम् के
(C) वैराग्यशतकम् के (D) काव्यालङ्कार के

71. 'वाक्यपदीयम्' और 'नीतिशतकम्' के मङ्गलाचरण की तुलना से ज्ञात होता है कि भर्तृहरि–
(A) शिव के उपासक थे
(B) वेदान्तोक्त ब्रह्म के उपासक थे
(C) विष्णु के उपासक थे
(D) इनमें से कोई नहीं।

72. भर्तृहरि ने अपने शतकों में वर्णन नहीं किया–
(A) आचार शिक्षा का (B) सज्जन प्रशंसा का
(C) युद्ध वर्णन का (D) स्त्रियों की रमणीयता का

73. "निजहृदि विकसन्तः सन्ति सन्तः कियन्तः" सूक्ति उद्धृत है–
(A) नीतिसारम् से (B) शृङ्गारशतकम् से
(C) वैराग्यशतकम् से (D) नीतिशतकम् से

74. "बोद्धारो मत्सरग्रस्ताः प्रभवः स्मयदूषिताः" यह पंक्ति नीतिशतक की किस पद्धति से उदधृत है–
(A) दुर्जनपद्धति से (B) मूर्खपद्धति से
(C) मानशौर्यपद्धति से (D) परोपकारपद्धति से

75. "अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः" पंक्ति में 'अज्ञः' पद का अर्थ है–
(A) विद्वान् (B) अज्ञानी
(C) सज्जन (D) इनमें से कोई नहीं

76. "न तु प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तमाराधयेत्" यहाँ 'आराधयेत्' पद में लकार है–
(A) लोट् (B) विधिलिङ्
(C) लृट् (D) लङ्

77. "ब्रह्माऽपि नरं न रञ्जयति" यह कैसे व्यक्ति के लिए कहा गया है–
(A) विद्वान् के लिए (B) मानी के लिए
(C) परोपकारी के लिए (D) मूर्ख के लिए

78. प्रयत्नपूर्वक पीसता हुआ कोई व्यक्ति बालू के कणों से भी कभी तेल प्राप्त कर सकता है लेकिन–

(A) धन प्राप्त नहीं कर सकता
(B) सम्मान प्राप्त नहीं कर सकता
(C) यश प्राप्त नहीं कर सकता
(D) दुराग्रही मूर्खजन के चित्त को वश में नहीं कर सकता।

79. थोड़े से ज्ञान से स्वयं को पण्डित मानने वाले मनुष्य को नहीं समझा सकते–
(A) गणेश (B) ब्रह्मा
(C) विष्णु (D) महेश

80. अपनी अज्ञता को छिपाने के लिए मूढ़जनों का एकमात्र उपाय है–
(A) हास्यावलम्बन (B) क्रोधावलम्बन
(C) मौनावलम्बन (D) प्रगल्भावलम्बन

81. मेरी विद्वत्ता का मद–
(A) ज्वर की भाँति उतर गया
(B) ज्वार भाँटे की तरह उतर गया
(C) बाढ़ की भाँति उतर गया
(D) इनमें से कोई नहीं

82. विवेकभ्रष्ट व्यक्तियों का–
(A) अनेक प्रकार से पतन हो जाता है
(B) धन बढ़ जाता है
(C) मान बढ़ जाता है
(D) इनमें से कोई नहीं

83. राजा प्रशंसा प्राप्त करता है–
(A) विद्वानों को अपने राज्य से निर्वासित करके
(B) विद्वानों का सम्मान करके
(C) विद्वानों को माला पहना के
(D) विद्वानों से वार्तालाप करके

84. शत्रुओं के प्रति श्रेयस्कर है–
(A) उनका सहयोग करना
(B) उनका सम्मान करना
(C) उनके कल्याण की कामना करना
(D) वीरता प्रदर्शित करना।

85. ऐसे राजा का विश्वास नहीं करना चाहिए–
(A) जो सज्जन हो (B) जो विद्वान् हो
(C) जो क्रोधी हो (D) जो दयालु हो।

86. स्त्रीजनों के प्रति–
(A) प्रगल्भतापूर्वक व्यवहार करना चाहिए
(B) क्रोधप्रदर्शन करना चाहिए
(C) अपमानपूर्वक व्यवहार करना चाहिए
(D) असहिष्णुतापूर्ण व्यवहार करना चाहिए।

87. गुरुजनों के विषय में–
(A) क्रुद्ध होना चाहिए
(B) अनादर भाव होना चाहिए
(C) क्षमाशीलता और सहिष्णुता होनी चाहिए
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

88. विद्याधन प्रदान करता है–
(A) सर्वत्र सम्मान समादर
(B) विद्यार्थियों को उत्कृष्ट अभ्युदय
(C) अनिर्वचनीय सुख
(D) उपर्युक्त सभी तत्व

89. परोपकारियों का स्वभाव–
(A) ईर्ष्यालु होता है
(B) अति नम्र होता है
(C) परसम्पत्ति की इच्छा करते हैं
(D) स्वार्थ में लगे रहते हैं।

90. सज्जन की चारित्रिक विशेषता है–
(A) अनुदारता (B) साभिमानिता
(C) स्वाभिमानिता (D) परोपकाराभावः

91. उत्तम व्यक्ति वही है जो–
(A) स्वार्थसिद्धि के साथ-साथ परहित साधन के लिए भी उद्योगशील होते हैं।
(B) जो दूसरे के कार्य में यदा-कदा व्यवधान पैदा नही करते हैं
(C) जो अपना भला चाहते हैं।
(D) इनमें से कोई नहीं।

92. "वाराङ्गनेव नृपनीतिरनेक......." रिक्तस्थान की पूर्ति करें–
(A) भूपा (B) रूपा
(C) रुपाम् (D) स्वरूपा

93. 'विरहितः' इस पद का अर्थ होगा–
(A) वीर हित (B) विरहाग्नि
(C) वीर रस (D) अभाव

94. "यस्यास्ति वित्तं स नरः कुलीनः, स पण्डितः स श्रुतवान् गुणज्ञः' इस श्लोक में छन्द है–
(A) अनुष्टुप् (B) उपजाति
(C) वंशस्थ (D) मन्दाक्रान्ता

95. नीतिशतक में विषय वर्णन के अनुसार पद्धतियाँ हैं–
(A) 12 (B) 16
(C) 18 (D) 11

96. 'शालिनी' छन्द के प्रत्येक चरण में वर्ण होते हैं–
(A) 9 (B) 17
(C) 11 (D) 12

97. "रे रे चातक सावधानमनसा....." इस श्लोक का भावार्थ है–
(A) अपनी दीनता को प्रकट करना
(B) दीनता को बार बार कहना
(C) कभी कभी दीनता प्रगट करना
(D) हर किसी के सामने दीनता प्रगट न करना

98. ''एते सत्पुरुषाः परार्थघटकाः......ते के न जानीमहे'' नीतिशतकम् के इस श्लोक द्वारा मनुष्यों की श्रेणियाँ हैं–
(A) 3 (B) 2
(C) 4 (D) 5

99. 'सत्यानृता' में सन्धि है–
(A) यण् (B) अयादि
(C) दीर्घ (D) प्रकृतिभाव

100. ''अम्भोजिनीवनविहारविलासमेव'' में 'विहार' पद में धातु, प्रत्यय, एवं उपसर्ग है–
(A) वि + ह + ढक् (B) वि + हृ + घञ्
(C) वि + ह्य + ठक् (D) वि + हृ + अण

उत्तरमाला-नीतिशतकम्

1. (D)	2. (B)	3. (D)	4. (C)	5. (B)	6. (D)
7. (C)	8. (C)	9. (B)	10. (C)	11. (C)	12. (D)
13. (C)	14. (C)	15. (B)	16. (D)	17. (D)	18. (C)
19. (A)	20. (D)	21. (B)	22. (C)	23. (D)	24. (A)
25. (C)	26. (D)	27. (B)	28. (C)	29. (B)	30. (C)
31. (A)	32. (A)	33. (C)	34. (B)	35. (A)	36. (B)
37. (B)	38. (C)	39. (C)	40. (D)	41. (C)	42. (B)
43. (A)	44. (C)	45. (C)	46. (B)	47. (B)	48. (C)
49. (D)	50. (A)	51. (C)	52. (B)	53. (D)	54. (C)
55. (A)	56. (B)	57. (C)	58. (D)	59. (A)	60. (D)
61. (B)	62. (D)	63. (C)	64. (C)	65. (A)	66. (B)
67. (C)	68. (C)	69. (D)	70. (D)	71. (B)	72. (C)
73. (D)	74. (B)	75. (B)	76. (B)	77. (D)	78. (D)
79. (B)	80. (C)	81. (A)	82. (A)	83. (B)	84. (D)
85. (C)	86. (A)	87. (C)	88. (D)	89. (B)	90. (C)
91. (A)	92. (B)	93. (D)	94. (B)	95. (D)	96. (C)
97. (D)	98. (C)	99. (C)	100. (B)		

4.17 कादम्बरी (शुकनासोपदेश)

महाकवि बाणभट्ट का परिचय

बाणभट्ट का वंशवृक्ष

वत्स
।
कुबेर
(कर्मकाण्डी श्रुतिशास्त्र सम्पन्न ब्राह्मण)
।
पाशुपत
।
अर्थपति (इनके 11 पुत्र हुए)
।
चित्रभानु
।
बाणभट्ट
।
भूषणभट्ट (पुलिन्दभट्ट, पुलिनभट्ट)

- **निवास** – शोण (सोन) नदी के पास 'प्रीतिकूट' नामक ग्राम। (वर्तमान में शाहाबाद, आरा, बिहार।)
- **राज्याश्रय** – सम्राट् हर्ष के सभापण्डित
- **पितामह** – अर्थपति
- **पिता** – चित्रभानु
- **माता** – राजदेवी
- **गुरु** - भर्वु या भर्त्सु
- **पत्नी** – कवि मयूरभट्ट की बहन
- **पुत्र** - भूषणभट्ट (पुलिन या पुलिन्दभट्ट)
- **बहन** – मालती
- **बाण के दो भाई** – चित्रसेन और मित्रसेन
- बाण ने स्वयं हर्षचरितम् के प्रथम तीन उच्छ्वासों तथा कादम्बरी की प्रस्तावना के पद्यों में अपना परिचय दिया है।
- **वंश/गोत्र** – वात्स्यायन / वत्स वंश (ब्राह्मण)
- **उपासक** – शिव (शैव)
- **बाण की रीति** – पाञ्चाली
- बाल्यावस्था में ही बाण की माता का स्वर्गवास।
- 14 वर्ष की आयु में बाण के पिता का भी स्वर्गवास।
- राजा हर्ष ने इन्हें ''**महानयं भुजङ्गः**'' (बहुत चरित्रभ्रष्ट) कहा।
- **हर्ष का राज्याभिषेक** अक्टूबर 606 ई. में हुआ, और उनकी मृत्यु 648 ई. में हुई।
- **ह्वेनसांग** ने 629 से 645 ई. तक भारत भ्रमण किया था और वह हर्ष के निकट सम्पर्क में भी आया था।
- **बाण का समय** – सातवीं शताब्दी ई. का पूर्वार्द्ध
- **बाणभट्ट का विवाह** महाकवि मयूर भट्ट (सूर्यशतकम्) की बहन से हुआ था।
- **बाण की रचनायें**– 1. कादम्बरी (कथा), 2. हर्षचरितम् (आख्यायिका), 3. चण्डीशतकम् (मुक्तक), 4.मुकुटताडितक (नाटक), 5. पार्वतीपरिणय (नाटक)
- हर्षवर्धन के चचेरे भाई कृष्ण के निमन्त्रण पर बाणभट्ट हर्ष के राजदरबार में पहुँचे।
- **उपाधियाँ/कथन**

उपाधि/कथन		वक्ता
वश्यवाणी कविचक्रवर्ती	–	हर्षवर्धन
बाणस्तु पञ्चाननः	–	श्रीचन्द्रदेव
पञ्चबाणस्तु बाणः	–	जयदेव
कविताकामिनीकौतुक	–	जयदेव
गद्यसम्राट्	–	बलदेव उपाध्याय
वाणी बाणो बभूव	–	गोवर्धनाचार्य

कवितातरुगहनविहरणमयूरः	–	वामनभट्टबाण
कविताकाननकेसरी	–	चन्द्रदेव
तुरङ्गबाण	–	आलोचक
बाणः कवीनामिह चक्रवर्ती	–	सोड्ढल
महानयं भुजङ्गः	–	हर्षवर्धन
गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति	–	आलोचक
बाणोच्छिष्टं जगत्सर्वम्	–	समालोचक
भट्टबाणस्य भारतीम्	–	गङ्गादेवी
वाणी बाणस्य मधुरशीलस्य	–	धर्मदास

➢ **हर्ष के दरबार में दो अन्य विद्वान्**– (i) मातङ्गदिवाकर, (ii) मयूरभट्ट

महाकवि बाणभट्ट विषयक प्रशस्तियाँ

1. युक्तं कादम्बरीं श्रुत्वा कवयो मौनमाश्रिताः।
   बाणध्वनावनध्यायो भवतीति स्मृतिर्यतः।।
   सोमेश्वर – कीर्तिकौमुदी
2. रुचिरस्वरवर्णपदा रसभाववती जगन्मनो हरति।
   सा किं तरुणी? **नहि नहि वाणी बाणस्य मधुरशीलस्य॥**
   – विदग्धमुखमण्डन - धर्मदास
3. जाता शिखण्डिनी प्राक् यथा शिखण्डी तथावगच्छामि।
   प्रागल्भ्यमधिकमाप्तुं **वाणी बाणो बभूव** ह।।
   – गोवर्धनाचार्य
4. श्लेषे केचन शब्दगुम्फविषये केचिद्रसे चापरे-
   ऽलंकारे कतिचित्सदर्थविषये चान्ये कथावर्णने।
   आः सर्वत्र गभीरधीरकविताविन्ध्याटवी चातुरी-
   सञ्चारी कविकुम्भिकुम्भभिदुरो **बाणस्तु पञ्चाननः॥**
   – चन्द्रदेव
5. **बाणोच्छिष्टं जगत्सर्वम्।** **– अज्ञात**
6. वागीश्वरं हन्त भजेऽभिनन्दमर्थेश्वरं वाक्पतिराजमीडे।
   रसेश्वरं स्तौमि च कालिदासं **बाणं तु सर्वेश्वरमानतोऽस्मि॥**
   – सोड्ढल (उदयसुन्दरी)
7. हृदि लग्नेन बाणेन यन्मन्दोऽपि पदक्रमः।
   भवेत्कविकुरङ्गाणां चापलं तत्र कारणम्।। **– त्रिलोचन**
8. शश्वद्बाणद्वितीयेन नमदाकारधारिणा।
   धनुषेव गुणाढ्येन निःशेषो रञ्जितो जनः।। **– त्रिविक्रमभट्ट।**
9. यस्याश्चौरः चिकुरनिकुरः कर्णपूरो मयूरः।
   भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः।।
   हर्षो हर्षः हृदयवसतिः **पञ्चबाणस्तु बाणः।**
   केषां नैषा कथय कविताकामिनी कौतुकाय।।
   – जयदेव - प्रसन्नराघव
10. केवलोऽपि स्फुरन् बाणः करोति विमदान् कवीन्।
    किं पुनः क्लृप्तसन्धानः पुलिन्ध्रकृतसन्निधिः।।
    – धनपाल - तिलकमञ्जरी
11. वाणीपाणिपरामृष्टवीणानिक्वाणहारिणीम्।
    भावयन्ति कथं वान्ये भट्टबाणस्य भारतीम्।। **– गङ्गादेवी**
12. सुबन्धुर्बाणभट्टश्च कविराज इति त्रयः।
    वक्रोक्तिमार्गनिपुणाश्चतुर्थो विद्यते न वा।।
    – कविराज - राघवपाण्डवीय
13. दण्डिन्युपस्थिते सद्यः कवीनां कम्पितं मनः।
    प्रविष्टे त्वन्तरे बाणे कण्ठे वागेव रुध्यते।। **– हरिहर**
14. कादम्बरीसहोदर्या सुधया वै बुधे हृदि।
    हर्षाख्यायिकया ख्यातिं बाणोऽब्धिरिव लब्धवान्।।
    – धनपाल (तिलकमञ्जरी)
15. शब्दार्थयोः समो गुम्फः पाञ्चालीरीतिरुच्यते।
    शिलाभट्टारिका वाचि बाणोक्तिषु च सा यदि।।
    – भोज - सरस्वतीकण्ठाभरण
16. प्रतिकविभेदनबाणः **कवितातरुगहनविहरणमयूरः।**
    सहृदयलोकसुबन्धुर्जयति श्रीभट्टबाणकविराजः**– वामनभट्टबाण**
17. बाणस्य हर्षचरिते निशितामुदीक्ष्य।
    शक्तिं न केऽत्र कवितास्त्रमदं त्यजन्ति।। **– सोड्ढल**
18. सहर्षचरितारब्धादद्भुतकादम्बरी कथा।
    बाणस्य गण्यनार्येव स्वच्छन्दा भ्रमति क्षितौ।। **– राजशेखर**
19. परिशीलितैव सरसं कविराजैर्बहुभिरत्र वाग्देवी।
    बाणेन तु वैजात्यात्कथयति नामैव वाणीति।।
    – विश्वेश्वर पाण्डेय
20. कादम्बरीरसभरेण समस्त एव।
    मत्तो न किञ्चिदपि चेतयते जनोऽयम्।। **– भूषणभट्ट**
21. कादम्बरीरसज्ञानामाहारोऽपि न रोचते। **– अज्ञात**
22. नृत्यति यद्रसनायां वेधोन्मुखलासिका वाणी।
    – पार्वतीपरिणय
23. द्विजेन तेनाक्षतकण्ठकौण्ठ्यया महामनोमोहमलीमसान्धया।
    अलब्धवैदग्ध्यविलासमुग्धया धिया निबद्धेयमतिद्वयी कथा।।
    – कादम्बरी कथामुख
24. ''यादृग् गद्यविधौ बाणः पद्यबन्धेऽपि तादृशः'' **– भोजराज**

कादम्बरी

➢ **लेखक** – बाणभट्ट
➢ **काव्यविधा** – कथा
➢ **दो खण्ड** – (i) पूर्वार्द्ध (ii) उत्तरार्द्ध
➢ **प्रधानरस** – शृङ्गाररस
➢ **उपजीव्य** – गुणाढ्य की 'बृहत्कथा'
➢ **नायक** – चन्द्रापीड (शूद्रक)
➢ **नायिका** – कादम्बरी
➢ **सहनायक** – वैशम्पायन (पुण्डरीक)
➢ **सहनायिका** – महाश्वेता

➢ **वैशिष्ट्य** – तीन जन्मों की कथा
➢ **प्रमुखपात्र** – चन्द्रापीड, कादम्बरी, पुण्डरीक, महाश्वेता, शूद्रक, तारापीड, विलासवती, शुकनास, मनोरमा, वैशम्पायन, इन्द्रायुध (घोड़ा) पत्रलेखा (दासी) जाबालि, हारीत, चाण्डालकन्या, शबर, कपिञ्जल, शुक, हंस, चित्ररथ
➢ कादम्बरी उत्तरार्ध की रचना बाण के पुत्र **भूषणभट्ट** (भूषणबाण/पुलिन्द/पुलिनभट्ट/पुलिन्ध्र) ने की।
➢ **कादम्बरी की रीति** – पाञ्चाली
➢ **कादम्बरी में अलङ्कार** – विरोधाभास, श्लेष, परिसंख्या, अनुप्रास, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा।
➢ **कादम्बरी के प्रमुखवर्णन–**
शूद्रकवर्णन, शुकवर्णन, चाण्डालकन्यावर्णन, विन्ध्याटवीवर्णन, शबरसैन्यवर्णन, शाल्मलीवृक्षवर्णन जाबाल्याश्रमवर्णन, जाबालिवर्णन, उज्जयिनीवर्णन, तारापीडवर्णन, इन्द्रायुधवर्णन, अच्छोदसरोवरवर्णन, महाश्वेतावर्णन, कादम्बरीवर्णन आदि।

कादम्बरी का मङ्गलाचरण

रजोजुसे जन्मनि सत्त्ववृत्तये
स्थितौ प्रजानां प्रलये तमःस्पृशे।
अजाय सर्गस्थितनाशहेतवे
त्रयीमयाय त्रिगुणात्मने नमः॥ 1 ॥

भावार्थ- प्रजाओं की सृष्टि करने में रजोगुण का सेवन करने वाले, पालन करने में सत्त्वगुण का धारण करने वाले, नाश करने में तमोगुण का स्पर्श करने वाले, सृष्टि, स्थित तथा प्रलय के कारणभूत वेदों के स्वरूप तथा तीनों गुणों (सत्त्व, रज और तम) से युक्त ब्रह्म को नमस्कार है।

☆ 'कादम्बरी' में नमस्कारात्मक मङ्गलाचरण का प्रयोग है।
☆ प्रस्तुत पद्य में निराकार ब्रह्म की स्तुति की गयी है।
☆ अनुप्रास एवं यथासंख्या अलङ्कार का प्रयोग है।
☆ बाणभट्ट ने कादम्बरी के मङ्गलाचरण के रूप में 20 पद्यों में कविवंश-वर्णन, सज्जन-प्रशंसा, दुर्जन-निन्दा आदि का वर्णन किया है।
☆ मङ्गलाचरण रूपी बीसों पद्यों में वंशस्थ छन्द का प्रयोग किया गया है।
☆ मङ्गलाचरण के द्वितीय पद्य में भगवान् शङ्कर के चरणधूलियों की वन्दना की गयी है।
☆ तीसरे श्लोक में बाणभट्ट ने अपने गुरु 'भर्वु' (भत्सु) को नमस्कार किया है।
☆ पाँचवे श्लोक में दुर्जनों की निन्दा है।
☆ छठे और सातवें पद्य में दुर्जन और सज्जन में अन्तर स्पष्ट किया है।
☆ आठवें तथा नौवें श्लोक में कथा-प्रशंसा है।
☆ दसवें से उन्नीसवें श्लोक तक कविवंश-वर्णन है।
☆ बीसवें श्लोक में कादम्बरी कथा की प्रशंसा है।

➢ **कादम्बरी में तीन जन्मों का नाम**

चन्द्रापीड	वैशम्पायन	पत्रलेखा	इन्द्रायुध	चाण्डालकन्या
1.चन्द्रमा	पुण्डरीक	रोहिणी	कपिञ्जल	लक्ष्मी
2.चन्द्रापीड	वैशम्पायन	पत्रलेखा	इन्द्रायुध	-
3.शूद्रक	शुक	-	कपिञ्जल	चाण्डालकन्या

➢ कादम्बरी की कथा एक जन्म से सम्बद्ध न होकर चन्द्रापीड और पुण्डरीक के तीन जन्मों से सम्बन्ध रखती है।
➢ कादम्बरी के दो भाग हैं– पूर्वार्द्ध व उत्तरार्द्ध।
➢ 'कादम्बरी' का नायक चन्द्रापीड धीरोदात्त नायक है।
➢ 'कादम्बरी' की नायिका कादम्बरी विवाह से पूर्व **'परकीया मुग्धा नायिका'** है, किन्तु विवाह के बाद **'स्वकीया मध्या नायिका'** है।
➢ कादम्बरी का प्रमुख रस **'शृङ्गार'** तथा गुण **'माधुर्य'** है।
➢ कादम्बरी में **पाञ्चाली रीति** की बहुलता है। **'शब्दार्थयोः समोगुम्फः पाञ्चाली रीतिरुच्यते॥'**
➢ 'बृहत्कथासरित्सागर' के 'उनसठवें तरङ्ग' मकरन्दिका-वृत्तान्त का अवलम्बन लेकर बाण ने कादम्बरी-कथा की रचना की।
➢ कादम्बरी का शाब्दिक अर्थ **'मदिरा'** है।
➢ कादम्बरी के उत्तरार्द्ध में भूषणभट्ट ने कहा – **कादम्बरी रसभरेण समस्त एव, मत्तो न किञ्चिदपि चेतयतो जनोऽयम्॥**
➢ कादम्बरी के मङ्गलाचरण में त्रिगुण-स्वरूप अजन्मा परमब्रह्म को नमस्कार किया गया है।
➢ यह ब्रह्म प्राणियों के प्रादुर्भाव में रजोगुण युक्त, स्थितिकाल में सात्विक गुणवाला तथा प्रलयकाल में तमोगुण वाला होता है।
➢ कादम्बरी का मङ्गलाचरण **नमस्कारात्मक** है।
➢ कादम्बरी के मङ्गलाचरण में **वंशस्थ छन्द** है।
➢ कादम्बरी के द्वितीय श्लोक में भगवान् शिव की चरण धूलियों की स्तुति की गयी है।
➢ चतुर्थ श्लोक में बाण ने अपने गुरु **भर्वु (भत्सु)** के चरणों की वन्दना की।
➢ बाण ने दो श्लोकों (8, 9) में कादम्बरी कथा की प्रशंसा की है।
➢ कादम्बरी की रचना में बाण को गुणाढ्य की **बृहत्कथा** तथा सुबन्धु की **वासवदत्ता** से प्रेरणा मिली है, और इन्हें पीछे छोड़ना बाण का लक्ष्य रहा है। इसीलिए बाणभट्ट ने कादम्बरी को **अतिद्वयी** (अर्थात् वासवदत्ता और बृहत्कथा का अतिक्रमण करने वाली) कथा कहा है।
➢ कादम्बरी कथा का आरम्भ राजा शूद्रक के प्रभाव और उनकी **राजधानी 'विदिशा'** के वैभव वर्णन से होता है।
➢ शूद्रक के दरबार में एक 'चाण्डालकन्या' 'वैशम्पायन' नामक शुक को लेकर आती है।

- यह तोता मनुष्य की बोली बोलता है और राजा की प्रशंसा में एक आर्या छन्द (दाहिना पैर उठाकर) पढ़ता है –
  स्तनयुगमश्रुस्नातं समीपतरवर्तिहृदयशोकाग्नेः।
  चरति विमुक्ताहारं व्रतमिव भवतो रिपुस्त्रीणाम्॥
- यही शुक राजा शूद्रक के सामने अपने जन्म, 'हारीत' के द्वारा महर्षि जाबालि के आश्रम में पहुँचने का वृत्तान्त बताता है।
- मुनि जाबालि उज्जयिनी नरेश तारापीड के पुत्र चन्द्रापीड तथा उसके मित्र मन्त्री शुकनास के पुत्र वैशम्पायन की कथा का वर्णन करते हैं।
- शुक का जन्म 'विन्ध्याटवी' में एक विशाल शाल्मली के वृक्ष पर हुआ था।
- उज्जयिनी मालवा की राजधानी है।
- तारापीड की पत्नी **'विलासवती'** और शुकनास की पत्नी का नाम **'मनोरमा'** है।
- चन्द्रापीड के तीन जन्म क्रमशः **चन्द्रमा, चन्द्रापीड और शूद्रक** हैं।
- पुण्डरीक के तीन जन्म क्रमशः **पुण्डरीक, वैशम्पायन और शुक हैं।**
- चन्द्रापीड की सेविका (ताम्बूलवाहिनी) पत्रलेखा पूर्व जन्म में रोहिणी रहती है।
- चन्द्रापीड का घोड़ा इन्द्रायुध पूर्व जन्म में पुण्डरीक का मित्र 'कपिञ्जल' रहता है।
- चाण्डालकन्या पूर्व जन्म में पुण्डरीक की माता लक्ष्मी रहती है।
- दिग्विजय के लिए निकले चन्द्रापीड किन्नर मिथुन का पीछा करते **'अच्छोद सरोवर'** पहुँच जाता है।
- अच्छोद सरोवर पर तप करती हुई **'महाश्वेता' गन्धर्वराज हंस और गौरी की पुत्री** है।
- पुण्डरीक के कान पर लगी पारिजात की कुसुम-मञ्जरी से महाश्वेता आकर्षित होती है।
- तरलिका महाश्वेता की सहचरी है।
- गन्धर्वराज **चित्ररथ और मदिरा की पुत्री कादम्बरी** है।
- केयूरक कादम्बरी का अनुचर (वीणावाहक) है।
- **पुण्डरीक महर्षि श्वेतकेतु और लक्ष्मी का पुत्र** है।
- पुण्डरीक ने चन्द्रमा को वियोगाग्नि में तड़पने और चन्द्रमा पुण्डरीक को साथ-साथ दुःख भोगने का शाप दिया था।
- पत्रलेखा कुलूताधिपति की पुत्री है।
- कादम्बरी की सहचरी मदलेखा है।
- इन्द्रायुध अश्व का सजीव वर्णन करने के कारण बाण को **'तुरङ्गबाण'** कहा जाता है।

कादम्बरी (शुकनासोपदेश)

- चन्द्रापीड के राज्याभिषेक के अवसर पर तारापीड का मंत्री 'शुकनास' चन्द्रापीड को उपदेश देता है।
- शुकनास चन्द्रापीड के लिए 'तात' सम्बोधन प्रयुक्त करते हैं।
- शुकनास के अनुसार युवावस्था के प्रभाव से उत्पन्न अन्धकार सूर्य से भेदा नहीं जा सकता तथा मणियों एवं दीपक के प्रकाश से दूर नहीं किया जा सकता।
- लक्ष्मी से उत्पन्न मद दारुण होता है तथा वृद्धावस्था में भी शान्त नहीं होता।
- ऐश्वर्य रूपी 'तिमिर' रोग अञ्जन की शलाका से भी ठीक नहीं होता।
- दर्प (अभिमान) की दाहज्वर शीतल उपचारों से ठीक नहीं किया जा सकता।
- राग (अनुराग) का मल स्नान एवं शौच आदि कार्यों से भी दूर नहीं होता।
- राज्य-सुख की निद्रा रात बीत जाने पर भी नहीं टूटती।
- (i) जन्म से प्राप्त ऐश्वर्य, (ii) नयी युवावस्था (iii) अनुपम सौन्दर्य तथा (iv) अलौकिक शक्ति 'चारों' अनर्थ की परम्पराएं हैं।
- 'युवावस्था' के आरम्भ में शास्त्रजल के प्रक्षालन के पश्चात् भी 'बुद्धि' कलुषता को प्राप्त करती है।
- श्वेतता (स्वच्छता) को त्यागे बिना भी युवकों की दृष्टि लालिमा (राग) से युक्त रहती है।
- जिस प्रकार वात्या (बवंडर) सूखे पत्ते को उसी प्रकार रजोगुण से उत्पन्न भ्रान्ति पुरुष को अपनी इच्छा से घुमाती है।
- उपभोगमृगतृष्णा इन्द्रिय-हरिणों को नष्ट कर देती है।
- जिस प्रकार जल के कारण कसैले पदार्थ मीठा स्वाद देते हैं उसी प्रकार युवावस्था के कारण विषय में अनुरक्ति मधुर प्रतीत होती है।
- विषयों में आसक्ति दिग्भ्रमित व्यक्ति की तरह पुरुष को नष्ट करती है।
- चन्द्रापीड जैसे व्यक्ति ही उपदेश के योग्य होते हैं।
- जिस प्रकार स्फटिक मणि में चन्द्रमा की किरणें उसी प्रकार निर्मल हृदय में उपदेश सरलता से प्रविष्ट होता है।
- जिस प्रकार थोड़ा सा पवित्र जल भी कान में पड़ने पर पीड़ा पहुँचाता है उसी प्रकार गुरु का पवित्र उपदेश भी अशिष्ट को कष्ट पहुँचाते हैं।
- शिष्ट व्यक्ति की शोभा को गुरूपदेश हाथी के शंखाभूषण की तरह बढ़ा देते हैं।
- प्रदोष के चन्द्रमा की तरह गुरु-वचन दोषरूपी अन्धकार को दूर करता है।
- काम के बाणों से जर्जर हृदय में उपदेश जल की तरह चू जाता है।
- गुरु का उपदेश 'जलविहीन' स्नान है।
- भय से लोग प्रतिध्वनि की तरह राजा के वचन का अनुसरण करते हैं।
- अभिमानरूपी सूजन से बन्द कान में गुरूपदेश नहीं सुनाई पड़ता।
- शुकनास सर्वप्रथम लक्ष्मी के विषय में चन्द्रापीड को उपदिष्ट करता है।

शुकनासोपदेश में 'लक्ष्मी' हेतु प्रयुक्त प्रमुख विशेषण और संज्ञापद

1. इन्द्रियहरिणहारिणी 2 . खड्गमण्डलोत्पलवनविभ्रमभ्रमरी
3. अपरिचिता 4. अनार्या
5. अप्रत्ययबहुला 6. वसुजननी
7. तरङ्गबुद्बुद्चञ्चला 8. तमोबहुला
9. भीमसाहसैकहार्यहृदया 10. अचिरद्युतिकारिणी
11. तोयराशिसम्भवा 12. ईश्वरतामादधाना
13. अमृतसहोदरा, कटुविपाका 14. विग्रहवती, अप्रत्यक्षदर्शना
15. पुरुषोत्तमरता 16. खलजनप्रिया
17. चपला 18. व्याधगीतिः
19. परामर्शधूमलेखा 20. निवासजीर्णवलभी
21. तिमिरोद्गतिः, पुरःपताका 22. उत्पत्तिनिम्नगा, आपानभूमिः
23. सङ्गीतशाला, आवासदरी 24. उत्सारणवेत्रलता, अकालप्रावृड्
25. कपटनाटकस्य प्रस्तावना 26. राहुजिह्वा
27. आलेख्यगता, पुस्तमयी 28. उत्कीर्णा, श्रुता
29. दुराचारा

शुकनासोपदेश में वर्णित लक्ष्मी के गुण/अवगुण

1. रागम् (पारिजातपल्लवेभ्यः) 2. एकान्तवक्रताम् (इन्दुशकलात्)
3. चञ्चलताम् (उच्चैःश्रवसः) 4. मोहनशक्तिम् (कालकूटात्)
5. मदम् (वारुणीमदिरायाः) 6. नैष्ठुर्यम् (कौस्तुभमणेः)
7. न परिचयं रक्षति। 8. नाभिजनमीक्षते।
9. न रूपमालोकयते। 10. न कुलक्रममनुवर्तते।
11. न शीलं पश्यति। 12. न वैदग्ध्यं गणयति।
13. न श्रुतम् आकर्णयति। 14. न धर्ममनुरुध्यते।
15. न त्यागमाद्रियते। 16. न विशेषज्ञतां विचारयति।
17. नाचारं पालयति। 18. न सत्यमनुबुध्यते।
19. न लक्षणं प्रमाणीकरोति। 20. तृष्णां संवर्धयति।
21. अशिवप्रकृतित्वमातनोति। 22. बलोपचयमाहरन्ती।

लक्ष्मी के लिए प्रयुक्त उपमाएँ

1. गन्धर्वनगरलेखेव
2. आरूढमन्दरपरिवर्तावर्तभ्रान्तिजनितसंस्कारेव।
3. कमलिनीसञ्चरणव्यतिकरलग्ननलिननालकण्टकेव।
4. विविधगन्धगजगण्डमधुपानमत्तेव।
5. लतेव, गङ्गेव। 6. पातालगुहेव।
7. हिडिम्बेव। 8. प्रावृडिव।
9. दुष्टपिशाचीव। 10. अनिमित्तमिव।
11. रेणुमयीव। 12. दीपशिखेव।
13. वात्येव।

शुकनासोपदेश की प्रमुख सूक्तियाँ

1. अतिगहनं तमो यौवनप्रभवम्।
भावार्थ – युवावस्था में उत्पन्न होने वाला (अज्ञानरूप) अन्धकार अत्यन्त दुर्दमनीय होता है।

- पूरे शुकनासोपदेश का वक्ता शुकनास है और श्रोता चन्द्रापीड है।

2. अपरिणामोपशमो दारुणो लक्ष्मीमदः।
धन-मद अन्तिम अवस्था में भी शान्त नहीं होता।

3. चन्दनप्रभवो न दहति किमनलः?
क्या चन्दन से उत्पन्न अग्नि जलाती नहीं?

4. तरलहृदयमप्रतिबुद्धं च मदयन्ति धनानि।
चञ्चल मन वाले तथा अजागरूक बुद्धि वाले व्यक्ति को धन मतवाला बना देता है।

5. दुरन्तेयमुपभोगतृष्णिका।
उपभोगरूपी मृगतृष्णिका अत्यधिक दुःखदायी अन्तवाली है।

6. प्रतिशब्द इव राजवचनमनुगच्छति जनो भयात्।
भय से मनुष्य प्रतिध्वनि की तरह राजा के वचन का अनुसरण करते हैं।

7. इयमनार्या (लक्ष्मीः) लब्धापि खलु दुःखेन परिपाल्यते।
नीच स्वभाव वाली (लक्ष्मी) इसको पा लेने पर भी कष्ट से पालन होता है।

8. विह्वला हि राजप्रकृतिः।
राज-स्वभाव निश्चय ही व्याकुल करने वाला है।

9. राज्यविषविकारतन्द्राप्रदा राजलक्ष्मीः।
राजलक्ष्मी राज्यरूपी विष से उत्पन्न आलस्य (तन्द्रा) को देने वाली है।

10. सरस्वतीपरिगृहीतमीर्ष्ययेव नालिङ्गति लक्ष्मीः।
सरस्वती द्वारा स्वीकृत व्यक्ति को लक्ष्मी ईर्ष्या के कारण आलिङ्गन नहीं करती।

कादम्बरी बिन्दुवार अध्ययन

- 'कादम्बरी' के लेखक कौन हैं? - **बाणभट्ट**
- कादम्बरी साहित्य की किस विधा के अन्तर्गत आती है? - **कथा**
- शुकनास ने किसे उपदेश दिया - **चन्द्रापीड को**
- कादम्बरी की कथा है - **कल्पनाप्रसूत**
- कादम्बरी में कितने जन्मों की कथा है? - **तीन**
- 'चन्द्रापीड' किस ग्रन्थ का नायक है? - **कादम्बरी**
- 'कादम्बरी' में किसके तीन जन्मों का वर्णन है? - **चन्द्रापीड**
- मुख्यतः कादम्बरी की शैली है - **पाञ्चाली**
- शुकनासोपदेश किस ग्रन्थ का अंश है? - **कादम्बरी**
- कादम्बरी में पार्श्व नायिका कौन है? - **महाश्वेता**
- कादम्बरी का प्रमुख नायक है - **चन्द्रापीड**
- कादम्बरी एक सुन्दर उदाहरण है? - **गद्यकाव्य का**
- तारापीडस्य मन्त्री कः? - **शुकनासः**
- चन्द्रापीडः .... अवतारः। - **चन्द्रमसः**
- कादम्बर्यां शुकनासस्य पुत्रः कः - **वैशम्पायनः**
- कादम्बरी में नायिका कौन है? - **कादम्बरी**
- कादम्बरी के कथानक का मूलस्रोत है - **गुणाढ्य की बृहत्कथा**

- कादम्बर्याः उत्तरार्धं कः विरचितवान्? - **भूषणभट्टः**
- कादम्बरी के प्रारम्भ में बाणभट्ट ने कितने श्लोकों की रचना की है? - **20**
- कादम्बरी के प्रथम मङ्गलाचरण में किसकी वन्दना की गई है? - **त्रिगुणमयपरब्रह्म**
- कादम्बरी का प्रधानरस है - **शृङ्गार**
- 'खल्वनर्थपरम्परा' में 'खलु' शब्द से क्या आशय है? - **निश्चित ही**
- वैशम्पायन की प्रेमिका थी - **महाश्वेता**
- चन्द्रापीड की प्रेमिका थी - **कादम्बरी**
- शुकनास किस राजा का प्रधान अमात्य था?- **तारापीड का**
- शुकनासोपदेश में शुकनास, कादम्बरी कथा में कौन है? - **मन्त्री**
- चन्द्रापीड के पिता का नाम था - **तारापीडस्य**
- विलासवती किसकी पत्नी थी? - **तारापीड की**
- चन्द्रापीड का विवाह किससे होता है? - **कादम्बरी**
- पत्रलेखा किसकी पुत्री थी? - **कुलूतेश्वर की**
- शूद्रक अवतार था - **चन्द्रापीड**
- हारीत पुत्र था - **महर्षि जाबालि का**
- शुकनासोपदेश में शुकनास के अतिरिक्त दूसरा पात्र है - **चन्द्रापीड**
- किसके गुण दोषों का वर्णन शुकनास ने किया है? - **लक्ष्मी के**
- राजतन्त्र शासन परम्परा में उपदेश दिये जाते हैं - **राज्याभिषेक के अवसर पर**
- लक्ष्मी ने निष्ठुरता का गुण किससे प्राप्त किया? - **कौस्तुभमणि से**
- लक्ष्मी 'पातालगुहेव..........' है - **तमोबहुला**
- लक्ष्मी से कुप्रभावित राजा 'दर्शनप्रदानमपि............. गणयन्ति - **अनुग्रहं**
- 'निर्मलापि कालुष्यमुपयाति' में किसकी ओर संकेत है? - **बुद्धि**
- कौन-सा राजा सिद्धादेश होता है? - **आरूढप्रतापः**
- 'लक्ष्मी 'साधुभाव' की क्या है? - **वध्यशाला**
- 'राज्यविषविकारतन्द्राप्रदा' है - **राजलक्ष्मी**
- "उत्कुपितलोचना इव तेजस्विनो नेक्षन्ते" ऐसा आचरण करते हैं - **लक्ष्मी से प्रभावित राजा**
- चन्द्रापीड को राज्याभिषेक पर उपदेश देता है- **शुकनास**
- 'कादम्बरी' शब्द का अर्थ है - **सुरा**
- 'कादम्बरी' में चन्द्रापीड किस राज्य का युवराज है? - **उज्जयिनी**
- कादम्बरी का शुक पक्षी पूर्व जन्म में कौन था? -**वैशम्पायन**
- शूद्रक की राजसभा में शुकपक्षी को कौन लाया था? - **मातङ्गिनी (चाण्डालकन्या**
- 'शुकनासोपदेश' में किसे अविनयों (दुराचारों) का घर नहीं कहा गया है? - **ऐश्वर्यतिमिरान्धत्वम्**
- शुकनासोपदेशानुसारेण अहङ्कारस्य एकं प्रबलं कारणं वर्तते - **गर्भेश्वरत्वम्**
- लक्ष्मीमद कैसा होता है - **अन्तिम अवस्था में भी नष्ट न होने वाला**
- किस प्रकार के राजा का आदेश सिद्ध योगी के समान सफल होता है? - **आरूढ प्रताप वाले का**
- बिना जल वाला स्नान कौन-सा है?- **गुरूपदेशरूपीस्नान**
- गुरूपदेशस्य महत्त्वमस्मिन्नुपवर्णितं विस्तरेण- **कादम्बर्याम्**
- राजप्रकृति कैसी होती है? - **विह्वला**
- 'चिकीर्षुः' किस धातु से बना है? - **कृ**
- राजा शूद्रक की राजधानी - **विदिशा**
- निम्नलिखित अवतरण में किसके विशेषण हैं? 'अतिशुद्ध-स्वभावमपि कृष्णचरितम् अकरमपि हस्तस्थित-सकल-भुवनतलं राजानम् अद्राक्षीत्। - **शूद्रक**
- शाल्मली वृक्ष का वर्णन किस ग्रन्थ में है? - **कादम्बरी**
- 'त्रिभुवनप्रसवभूमिरिव विस्तीर्णा' विशेषता किसके लिए प्रयुक्त है? - **विदिशा**
- 'विन्ध्यवनभूमिरिव वेत्रलतावती' किसका विशेषण है? - **प्रतीहारी**
- कादम्बरी में वर्णित इन्द्रायुध था? - **घोड़ा**
- इन्द्रायुध किसका अवतार था? - **कपिञ्जल का**
- लक्ष्मी की उत्पत्ति हुई है - **जलधि (समुद्र) से**
- पुण्डरीकः कस्मात् कारणात् मृतः - **विरहतापेन**
- पत्रलेखा इसकी पात्र है - **कादम्बरी की**
- अधूरी कादम्बरी का पूरण इनसे हुआ - **पुलिन्दभट्ट**
- कादम्बरीकथायां पुण्डरीकस्य सखा कः? - **कपिञ्जलः**
- इस कथा का आधार पुनर्जन्म सिद्धान्त पर विश्वास है - **कादम्बरी**
- शूद्रक का वर्णन है - **कादम्बरी**

- लक्ष्मी चाञ्चल्यमस्मिन्नुपवर्णितमस्ति - **कादम्बर्याम्**
- वैशम्पायनवृत्तान्तः कुत्रोपवर्णितः - **कादम्बर्याम्**
- "न वैदग्ध्यं गणयति" इत्यस्मिन् वाक्ये वैदग्ध्यशब्दस्य कोऽर्थः - **पाण्डित्य**
- चन्द्रापीडस्य सेविका अस्ति - **पत्रलेखा**
- 'चन्द्रापीड' पात्र कहाँ वर्णित है? - **कादम्बरी में**
- 'कादम्बरी' शब्द प्रसिद्ध है - **मदिरा**
- वेत्रवती नदी किस नगरी में स्थित है? - **विदिशा में**
- 'अच्छोदसरोवर' का वर्णन कहाँ प्राप्त होता है? - **कादम्बरी**
- राजा शूद्रक की तुलना किससे नहीं की गई है? - **वरुण से**
- 'मन्मथः' पद का अर्थ है - **कामदेव**
- अप्रतिहतशक्ति से युक्त है - **गुह (कार्तिकेय)**
- 'गुह इवाप्रतिहतशक्तिः'- यहाँ 'गुह' का अभिप्राय है - **कार्तिकेय**
- राजहंस को किसने विमान बनाया? - **कमलयोनि (ब्रह्मा) ने**
- किसने राजा की ओर मुख करके आर्या छन्द को पढ़ा? - **विहङ्गराज ने**
- कौन उस आर्या छन्द को सुनकर आश्चर्यचकित हो गया? - **राजा**
- समस्त मन्त्रिमण्डल में प्रधानमन्त्री है - **कुमारपालित**
- किसके वर्णों के उच्चारण में स्पष्टता थी? - **शुक के**
- चन्द्रापीड का राज्याभिषेक करने की इच्छा किसे हुई? - **तारापीड को**
- "आसीदशेषनरपति शिरः"–यह कथन किसके लिए कहा गया है? - **शूद्रक**
- कादम्बरी कथा के अनुसार विदिशा जिस राजा की राजधानी थी, उसका नाम है - **शूद्रक**
- 'त्रयीमयाय त्रिगुणात्मने नमः' इस वाक्य में परमात्मा की कितनी अवस्थाओं का वर्णन किया गया है? - **तीन**
- 'हर इव जितमन्मथः' अंश के आधार पर जितेन्द्रिय राजा शूद्रक है - **शिव के समान**
- कादम्बरी में वर्णित विदिशा नगरी किस नदी के किनारे स्थित है? - **वेत्रवती**
- कादम्बर्याः तिर्यक्पात्रं वैशम्पायनः कस्मिन्नाश्रमे लब्धवानाश्रयम्? - **जाबाल्याश्रमे**
- कादम्बर्याः 'शूद्रक' ऐतिहासिकः पात्रमस्ति न वा? निश्चीयताम् - **कल्पितः**
- कादम्बर्याः वास्तविकी कथा केनोक्ताऽऽसीत्? - **जाबालिना**
- कादम्बर्यां महाश्वेता कं देवमुपवीणयति स्म? - **शिवम्**
- चाण्डालकन्या प्रथमे जन्मनि का आसीत्? - **लक्ष्मी**
- चाण्डालकन्ययाऽऽनीतः शुकः क आसीत्? - **पुण्डरीकः**
- महाश्वेतावृत्तान्ते किं नाम सरो वर्णितम्? - **अच्छोदसरः**
- कादम्बरीकथायां पुण्डरीकस्यानुरागः कं प्रति आसीत्? - **महाश्वेताम्**
- 'महाश्वेता' का वर्णन कहाँ प्राप्त होता है? - **कादम्बरी**
- शुकनास के उपदेश के पश्चात् प्रसन्न हृदय वाला राजा कहाँ गया? - **अपने भवन में**
- 'धिया निबद्धेयमतिद्वयी कथा' के अन्तर्गत 'अतिद्वयी' कथा से दो किन कथाओं का उल्लेख है? - **बृहत्कथा तथा वासवदत्ता**
- 'विन्ध्याटवी वर्णन' किस ग्रन्थ का अंश है? - **कादम्बरीकथामुखम् में**
- कौस्तुभमणि को कौन धारण करता है? - **विष्णु**
- महाश्वेता किसका पर्यायवाची है? - **सरस्वती**
- "स्तनयुगमश्रुस्नातम्" .... इत्यादि कादम्बरीकथा-मुखश्लोकस्य वक्ताऽस्ति- **वैशम्पायनशुकः**
- 'कादम्बरीरसज्ञानामाहारोऽपि न रोचते' इत्यत्र 'कादम्बरी' पदे कोऽलङ्कारः? - **श्लेषः**
- कादम्बर्यां विन्ध्याटवीवर्णने अचेतनपदार्थानां चेतनदेवताभिः उपमाकरणस्य मूले चमत्कारोऽस्ति? - **श्लेषस्य**
- "अनुज्झितधवलतापि सरागैव भवति यूनां दृष्टिः"–यह सूक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्ध रखती है? - **कादम्बरी शुकनासोपदेश**
- "अतिगहनं तमो यौवनप्रभवम्" सूक्ति किस ग्रन्थ की है? - **कादम्बरी (शुकनासोपदेश)**
- "गन्धर्वनगरलेखेव पश्यत एव नश्यति" इदं वाक्यमस्ति - **कादम्बर्याम्**
- "सुभाषितं हारि विशत्यधो-गलान्न दुर्जनस्या- र्करिपोरिवामृतम्" इति केन कविनोक्तम्? - **बाणमहाकविना**
- "रजोजुषे जन्मनि सत्त्ववृत्तये" श्लोक जिसमें उपलब्ध है, वह ग्रन्थ है - **कादम्बरी**
- "अकारणाविष्कृतवैरदारुणादसज्जनात् कस्य भयं न जायते"-श्लोकांश के रचयिता हैं? - **बाणभट्टः**
- 'स्फुरत्कलालापविलासकोमला'–यह वाक्यांश किसके वैशिष्ट्य को प्रकट करता है - **कथाकाव्यस्य**
- 'सर्वथा निष्फला प्रज्ञा' इति वाक्यं .... विद्यते - **कादम्बर्याम्**
- 'कालो हि गुणाश्च दुर्निवारतामारोपयन्ति मदनस्य सर्वदा'- वाक्यमेतद् .... वदति? - **महाश्वेता**
- महाश्वेतायाः प्रेम्णि कः स्वप्राणान् त्यक्तवान्? - **पुण्डरीकः**
- 'अंशुमयीमिव तनुच्छायानुलिप्तभूतलाम्।' - इयं पंक्तिः कां वर्णयति - **महाश्वेताम्**
- महाश्वेतायाः प्रियकरः कः - **पुण्डरीकः**

➤ "असज्जनात् कस्य भयं न जायते" यह वचन किस ग्रन्थ का है - **कादम्बरी**

➤ 'अकालकुसुमप्रसवा इव मनोहराकृतयोऽपि लोकविनाश हेतवः, श्मशानाग्नय इवातिरौद्रभूतयः, तैमिरिका इवादूरदर्शिनः, उपसृष्टा इव क्षुद्राधिष्ठितभवनाः, श्रूयमाणा अपि प्रेतपटहा इवोद्वेजयन्ति।' प्रस्तुत गद्यांश किस ग्रन्थ से उद्धृत है? - **कादम्बरी (शुकनासोपदेश)**

➤ 'ऐश्वर्यतिमिरान्धत्वम्' यह कथन किस ग्रन्थ का है? - **शुकनासोपदेश का**

➤ "पुरुषोत्तमरताऽपि खलजनप्रिया" यह उक्ति किसके लिए है? - **लक्ष्मी के लिए**

➤ "रुचिरस्वरवर्णप्रदा रसभाववती जगन्मनो हरति" किस कवि की रचना के लिए कहा गया है? - **बाणभट्ट**

➤ "लब्धापि दुःखेन परिपाल्यते" किसका कथन है? - **तारापीड का**

➤ "मनस्तु साधुध्वनिभिः पदे पदे हरन्ति सन्तो मणिनूपुरा इव" पंक्तियाँ किस ग्रन्थ से उद्धृत हैं? - **कादम्बरी**

➤ 'स्तनयुगमश्रुस्नातं समीपतरवर्ति हृदयशोकाग्नेः। चरति विमुक्ताहारं व्रतमिव भवतो रिपुस्त्रीणाम्।।' इति श्लोकः निबद्धः वर्तते - **कादम्बर्याम्**

➤ "सर्वथा न कञ्चन स्पृशन्ति शरीरधर्माणमुपतापाः" कस्माद् ग्रन्थादेतत् वाक्यमुद्धृतम्? - **कादम्बरी**

➤ "अचिरेण च तस्याः स्वयं पतितैः फलैरपूर्य्यत भिक्षाभाजनम्" कस्य सम्बन्धे उक्तिः? - **महाश्वेतायाः सम्बन्धे**

➤ "किमिव हि दुष्करमकरुणानाम्" सूक्ति ग्रहण की गई है - **कादम्बरी से**

➤ 'नास्ति जीवितादन्यदभिमततरमिह जगति सर्वजन्तूनाम्' सूक्ति किस ग्रन्थ की है? - **कादम्बरी**

➤ "अन्तरिते च तस्मिन् शबरसेनापतौ .... पिबन्निवास्माकमायूंषि।" इत्यत्र रिक्तस्थानम् पूरयत - **जीर्णशबरः**

➤ 'स्वस्यैवाविनयस्य फलमनेनानुभूयते' इतीदं कस्य वचनम्? - **जाबालिमुनेः**

➤ पुण्डरीकः महाश्वेतावियोगेन तप्तः शरीरं त्यक्त्वा अपरस्मिन् जन्मनि कः बभूव? - **वैशम्पायनः**

➤ शुकनासोपदेशानुसारेण लक्ष्मीः सरस्वतीपरिगृहीतं जनं कस्मात् नालिङ्गति - **ईर्ष्याकारणात्**

कादम्बरी-शुकनासोपदेशः वस्तुनिष्ठप्रश्नाः)

1. बाण की गद्यशैली है–
(A) गौड़ी (B) वैदर्भी
(C) लाटी (D) पाञ्चाली

2. बाणभट्ट के पिता का नाम है–
(A) कुबेर (B) चित्रभानु
(C) वत्स (D) अर्थपति

3. बाणभट्ट के पुत्र का नाम है–
(A) मुरारिभट्ट (B) मयूरभट्ट
(C) भूषणभट्ट (पुलिन्द) (D) नयनभट्ट

4. बाणभट्ट किस गोत्र में उत्पन्न हुए–
(A) वत्सगोत्र (B) भृगुगोत्र
(C) काश्यपगोत्र (D) गौतमगोत्र

5. बाणभट्ट का निवास स्थान है–
(A) उज्जयिनी
(B) गया बिहार
(C) अचलपुर
(D) शोणनदी के तट पर प्रीतिकूट ग्राम

6. शुकनास के अनुसार शास्त्रजलप्रक्षालित बुद्धि भी कब कालुष्य को प्राप्त होती है–
(A) वृद्धावस्थायाम् (B) यौवनारम्भे
(C) बाल्यावस्थायाम् (D) इनमें से कोई नहीं

7. तारापीड का पुत्र है–
(A) शुकनास (B) वैशम्पायन
(C) चन्द्रापीड (D) पुण्डरीक

8. वैशम्पायन किसका पुत्र है–
(A) तारापीड का (B) शुकनास का
(C) चन्द्रापीड का (D) पुण्डरीक का

9. तारापीड का मन्त्री है–
(A) शुकनास (B) इन्द्रायुध
(C) अर्थपति (D) चित्रभानु

10. चन्द्रापीड को किससे प्यार है–
(A) महाश्वेता से (B) चाण्डालकन्या से
(C) कादम्बरी से (D) पत्रलेखा से

11. चन्द्रापीड की माता है–
(A) रानी विलासवती (B) पत्रलेखा
(C) महाश्वेता (D) मनोरमा

12. पुण्डरीक के पिता हैं–
(A) चित्रभानु (B) अर्थकेतु
(C) शुकनास (D) श्वेतकेतु

13. महाश्वेता का आश्रम कहाँ स्थित है–
(A) अच्छोदसरोवर में (B) हेमकूट में
(C) मानसरोवर में (D) पम्पासरोवर में

14. कादम्बरी किसकी पुत्री है–
(A) शूद्रक की (B) श्वेतकेतु की
(C) गन्धर्वराज चित्ररथ की (D) शुकनास की

15. कादम्बरी की माता का नाम है–
(A) विलासवती (B) पत्रलेखा
(C) हंसपदिका (D) मदिरा

16. कादम्बरी कथा का उत्तरार्द्धभाग किसकी रचना है–
(A) बाणभट्ट (B) मयूरभट्ट
(C) पुलिन्दभट्ट या भूषणभट्ट (D) केयूरभट्ट

17. तारापीड की राजधानी है–

(A) उज्जयिनी (B) विदिशा
(C) कश्मीर (D) मालवा

18. कादम्बरी कथा का मुख्य रस है–
(A) अद्भुतरस (B) वीररस
(C) करुणरस (D) शृङ्गाररस

19. कादम्बरी कथा का प्रधान नायक है–
(A) चन्द्रापीड (B) वैशम्पायन
(C) जाबालि (D) कपिञ्जल

20. बाणभट्टस्य मातुः नाम अस्ति–
(A) वसुमतीदेवी (B) राजदेवी
(C) महाश्वेता (D) महादेवी

21. शूद्रक पूर्वजन्म में क्या था–
(A) तारापीड (B) वैशम्पायन
(C) चन्द्रापीड (D) कपिञ्जल

22. बाणभट्ट की कादम्बरी क्या है–
(A) कथा (B) आख्यायिका
(C) मुक्तक (D) महाकाव्य

23. कादम्बरी के कथामुख के प्रारम्भ में किस राजा का वर्णन है–
(A) तारापीड का (B) चन्द्रापीड का
(C) शूद्रक का (D) पुण्डरीक का

24. युवा चन्द्रापीड को सारगर्भित उपदेश किसने दिया–
(A) वैशम्पायन (B) पुण्डरीक
(C) शूद्रक (D) शुकनास

25. ''न परिचयं रक्षति। नाभिजनमीक्षते। न रूपमालोकयते। न कुलक्रममनुवर्तते।'' ये पंक्तियाँ कादम्बरी में किस प्रसङ्ग में आयी हैं–
(A) कादम्बरी सौन्दर्यवर्णन
(B) चाण्डालकन्या वर्णन
(C) लक्ष्मी की निन्दा
(D) महाश्वेता गुणवर्णन

26. यह सारा काव्यजगत् किस कवि का उच्छिष्ट माना जाता है–
(A) बाणभट्ट का (B) कालिदास का
(C) श्रीहर्ष का (D) दण्डी का

27. ''भवादृशा एव भवन्ति भाजनान्युपदेशानाम्'' यहाँ 'भवादृशा' पद से किसका संकेत है–
(A) शूद्रक का (B) चन्द्रापीड का
(C) तारापीड का (D) बाणभट्ट का

28. 'करिणः' पद का अर्थ है–
(A) गजाः (B) अश्वाः
(C) किरणम् (D) हस्ताः

29. पुरुषों के लिए समग्र मलों को धोने में समर्थ बिना जल का स्नान है–
(A) सरस्वती कृपा (B) गुरु का उपदेश
(C) बल-पौरुष (D) देव-दर्शन

30. 'रजनिकरगभस्तयः' में 'गभस्तयः पद का अर्थ है–
(A) गर्भिणी (B) किरणें
(C) अन्धकार (D) प्रकाश

31. हारीत पुत्र था–
(A) महर्षि अगस्त्य का (B) महर्षि जाबालि का
(C) महर्षि श्वेतकेतु का (D) महर्षि विश्वामित्र का

32. शाल्मली वृक्ष का वर्णन किस ग्रन्थ में है–
(A) कादम्बरी शुकनासोपदेश में
(B) कादम्बरी कथामुख में
(C) कादम्बरी महाश्वेतावृत्तान्त में
(D) कादम्बरी उत्तरार्द्ध में

33. ''अतिगहनं तमो यौवनप्रभवम्'' एषा सूक्तिः कुतः उद्धृता अस्ति–
(A) कादम्बरी–कथामुखात्
(B) कादम्बरी-शुकनासोपदेशात्
(C) कादम्बरी-उत्तरार्द्धभागात्
(D) कादम्बर्यां नास्ति

34. चन्द्रापीड के चरित्र की विशेषता नहीं है–
(A) सहृदयप्रेमी (B) विवेकी युवक
(C) अस्पष्टवक्ता (D) पराक्रमी राजपुत्र

35. ''वाणी बाणो बभूव'' इति कथनं कस्य अस्ति–
(A) गोवर्द्धनाचार्यस्य (B) जयदेवस्य
(C) राजशेखरस्य (D) श्रीचन्द्रदेवस्य

36. ''बाणः कवीनामिह चक्रवर्ती'' यह किसका कथन है–
(A) सोड्ढल का (B) त्रिलोचन का
(C) धर्मदास का (D) मङ्खक का

37. ''बाणस्तु पञ्चाननः'' यह किसका कथन है–
(A) मंखक का (B) श्रीचन्द्रदेव का
(C) गोवर्द्धन का (D) राजशेखर का

38. ''अपरिणामोपशमो दारुणो लक्ष्मीमदः'' यह सूक्ति कहाँ से उद्धृत है–
(A) कादम्बरी शुकनासोपदेश से
(B) कादम्बरी कथामुख से
(C) कादम्बरी महाश्वेतावृत्तान्त से
(D) कादम्बरी उत्तरार्द्ध भाग से

39. ''गन्धर्वनगरलेखेव पश्यत एव नश्यति'' यह कथन किसके लिए कहा गया है–
(A) सरस्वती के लिए (B) लक्ष्मी के लिए
(C) दुष्टों के लिए (D) राजधानी के लिए

40. 'दुष्टा, पिशाची, अनार्या, दुराचारिणी' आदि पदों का प्रयोग बाण ने किसके लिए किया है–
(A) दुष्टमहिलाओं के लिए (B) चाण्डालकन्या के लिए
(C) लक्ष्मी के लिए (D) रानी विलासवती के लिए

41. ''यथा यथा चेयं चपला दीप्यते'' यहाँ 'चपला' पद से किसका सङ्केत किया गया है–
(A) भगवती सरस्वती का (B) लक्ष्मी का
(C) अनार्या स्त्रियों का (D) विलासवती का

42. ''कुमार! तथा प्रयतेथाः यथा नोपहस्यसे जनैः, न निन्द्यसे साधुभिः, न धिक्क्रियसे गुरुभिः'' यह कथन किसने किससे कहा–
(A) चन्द्रापीड ने शुकनास से
(B) शुकनास ने चन्द्रापीड से
(C) तारापीड ने शुकनाम से
(D) शुकनास ने तारापीड से

43. बड़े-बूढ़ों के उपदेश को बकवास समझकर उसकी उपेक्षा कर देते हैं–
(A) दुष्ट राजागण (B) सेवकगण
(C) सैनिकगण (D) चन्द्रापीड

44. ''न प्रणमन्ति देवताभ्यः, न पूजयन्ति द्विजातीन् न मानयन्ति मान्यान्, न अभ्युत्तिष्ठन्ति गुरून्'' इन पंक्तियों में किसका वर्णन है–
(A) राजाओं का (B) सेवकों का
(C) विद्वानों का (D) देवताओं का

45. 'इषवः' पद का अर्थ है–
(A) शर (B) बाण
(C) तीर (D) उपर्युक्त सभी

46. 'कुलीराः इव तिर्य्यक् परिभ्रमन्ति' यहाँ 'कुलीर' पद का अर्थ है–
(A) कुम्हार (B) कद्दू
(C) केकड़ा (D) सर्प

47. 'खद्योत' पद का अर्थ है–
(A) आकाश (B) खरगोश
(C) प्राणी (D) जुगनू

48. ''कदलिका कामकरिणः'' यहाँ 'कदलिका' पद का अर्थ है–
(A) एक पुष्प विशेष (B) सरस्वती
(C) केले का बगीचा (D) लक्ष्मी

49. ''राहुजिह्वा धर्मेन्दुमण्डलस्य'' यहाँ 'राहुजिह्वा' पद प्रयुक्त है–
(A) राहुग्रस्त जीभ के लिए
(B) राहुग्रह के लिए
(C) लक्ष्मी के लिए
(D) राजाओं के जिह्वा के लिए

50. 'आशीविषाः' पद का अर्थ है–
(A) आशीर्वाद (B) सर्प
(C) विष (D) रोष

51. भीम किस राक्षसी पर मोहित हुए थे–
(A) शूर्पणखा (B) हिडिम्बा
(C) हेरम्बा (D) हाहाडम्बिका

52. लक्ष्मी कहाँ से पैदा होती हैं
(A) विष्णु के पैरों से (B) ब्रह्मा की नाभि से
(C) क्षीरसागर से (D) शिव की जटाओं से

53. लक्ष्मी ने पारिजात के पल्लवों से क्या ग्रहण किया–
(A) कुटिलता (B) अस्थिरता
(C) सम्मोहन शक्ति (D) राग

54. लक्ष्मी 'कर्कशता' कहाँ से ग्रहण करती हैं
(A) कौस्तुभमणि से (B) मदिरा से
(C) उच्चैःश्रवा से (D) हालाहल से

55. पुरुषों में स्थित समस्त दोषों को गुणरूप में परिणत कर देते हैं–
(A) गुरूपदेश (B) लक्ष्मी की प्राप्ति
(C) राज्यप्राप्ति (D) बुद्धिवैभव

56. शुकनास, अनर्थ परम्परा की कड़ी में किसे नहीं मानते हैं–
(A) जन्मजातप्रभुता (B) युवावस्था
(C) अनुपमसौन्दर्य (D) शक्त्यसम्पन्नता

57. ''विदितवेदितव्यस्य अधीतसर्वशास्त्रस्य ते नाल्पम-प्युपदेष्टव्यमस्ति'' यहाँ 'अधीतसर्वशास्त्रस्य' पद किसके लिए प्रयुक्त है–
(A) शुकनास (B) चन्द्रापीड
(C) वैशम्पायन शुक (D) तारापीड

58. 'निम्नगा' पद का अर्थ है–
(A) नदी (B) गङ्गोत्री
(C) सूची (D) समुद्र

59. 'अमृतसहोदरापि कटुविपाका' कौन है–
(A) लक्ष्मी (B) अमृत
(C) जलधि (D) चाण्डालकन्या

60. महाकवि मयूरभट्ट की बहन से विवाह हुआ था–
(A) बाणभट्ट का (B) वामनभट्ट का
(C) भूषणभट्ट का (D) महिमभट्ट का

61. ''परस्परं विरुद्धचेन्द्रजालमिव दर्शयन्ती प्रकटयति जगति निजं चरितम्'' इस पंक्ति में किसका वर्णन है–
(A) शुकनास का (B) लक्ष्मी का
(C) तारापीड का (D) चाण्डालकन्या का

62. 'उपशशाम' में लकार है–
(A) लृट् (B) लुट्
(C) लिट् (D) लङ्

63. 'दातारम्' पद में प्रकृति-प्रत्यय है–
(A) दा+तृच्+ द्वितीया, बहु. (B) दा+अम्+प्रथमा, एक.
(C) दा+तृच्+द्वितीया, एक. (D) दाञ्+घञ्+प्रथमा, बहु.

64. 'वारि' शब्द का तृतीया एक. में रूप होगा–
(A) वारेण (B) वारिणा
(C) वारिया (D) वारिसा

65. ''अवधारयन्तः'' में प्रत्यय है
(A) शानच् (B) तृच्
(C) शतृ (D) घञ्

66. ''ग्रहैरिव गृह्यन्ते मन्त्रैरिवावेश्यन्ते, पिशाचैरिव

ग्रस्यन्ते'' इत्यादि स्थलों में अलङ्कार है–
(A) रूपक (B) उत्प्रेक्षा
(C) निदर्शना (D) उपमा

67. ''पुरुषोत्तमरतापि खलजनप्रिया, रेणुमयीव स्वच्छमपि कलुषीकरोति'' इन पंक्तियों में अलङ्कार है–
(A) विरोधाभास (B) दीपक
(C) निदर्शना (D) उत्प्रेक्षा

68. '''विग्रहवत्यप्यप्रत्यक्षदर्शना'' इस पद में सन्धि है–
(A) हल्सन्धि (B) गुणसन्धि
(C) वृद्धिसन्धि (D) यण्सन्धि

69. 'अपरिणामोपशमः' का सन्धिविच्छेद होगा–
(A) अपरिणामा+ओपशम् (B) अपरिणाम+उपशमः
(C) अपरिणाम+औपशम (D) अपरीयाम+उपशमः

70. 'राजप्रकृतिः' में समास है–
(A) षष्ठी तत्पु. (B) बहुव्रीहि
(C) द्वन्द्व (D) अव्ययीभाव

71. 'विटान् पान्ति इति' इस व्युत्पत्ति से होगा–
(A) विटपाः (B) विटकाः
(C) विटकान् (D) विटायाः

72. शुकनासोपदेश में मुख्य प्रतिपाद्य विषय है–
(A) द्यूतक्रीडा का
(B) राज्यसञ्चालन का
(C) लक्ष्मी को प्राप्त करने की विधियों का
(D) युवावस्था में लक्ष्मीजन्य मानसिक विकृतियों एवं उनसे होने वाली हानियों का

73. कादम्बरी कथा का नामकरण हुआ है–
(A) नायक के नाम पर (B) नायिका के नाम पर
(C) दासी के नाम पर (D) शुकनास के नाम पर

74. चन्द्रापीड के एक जन्म का नाम था–
(A) वैशम्पायन (B) पुण्डरीक
(C) कपिञ्जल (D) शूद्रक

75. लक्ष्मी, पापी समझकर किसके पास तक नहीं जाती–
(A) विद्वानों के (B) धनहीनों के
(C) विनयशील के (D) राजाओं के

76. ''कुप्यन्ति हितवादिने'' यहाँ 'हितवादिने' में कौन सी विभक्ति किस सूत्र से हुई है–
(A) तृतीया–''हेतौ''
(B) षष्ठी–''षष्ठी शेषे''
(C) चतुर्थी–''क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोपः''
(D) सप्तमी–''आधारोऽधिकरणम्''

77. ''अकालप्रावृड्गुणकलहंसकानाम्, प्रस्तावना कपटनाटकस्य, पुरः पताका सर्वाविनयानाम्'' इत्यादि पंक्तियों में अलङ्कार है–
(A) उपमा (B) रूपक
(C) उत्प्रेक्षा (D) दीपक

78. समुद्रमन्थन से लक्ष्मी सहित कितने रत्न निकले थे–
(A) 18 (B) 17
(C) 14 (D) 19

79. 'असिधारा' पद का अर्थ है–
(A) तलवार की धार (B) जलधारा
(C) लक्ष्मी की चञ्चलता (D) समुद्र-प्रवाह

80. सरस्वती द्वारा अपनाये गए व्यक्ति को ईर्ष्या के कारण कौन नहीं अपनाती–
(A) राजागण (B) लक्ष्मी
(C) शुकनास (D) कादम्बरी

81. ''अकाला चासौ प्रावृट् इति अकालप्रावृट्'' यहाँ समास है–
(A) नञ् तत्पुरुष (B) कर्मधारय
(C) अव्ययीभाव (D) बहुव्रीहि

82. विदिशा, किस नदी के किनारे स्थित थी–
(A) वेत्रवती के (B) सरयू के
(C) गङ्गा के (D) महानदी के

83. चाण्डालकन्या किसके समीप आयी–
(A) महाश्वेता के (B) कादम्बरी के
(C) पुण्डरीक के (D) शूद्रक के

84. 'त्रिभुवनप्रसवभूमिरिव विस्तीर्णा'' विशेषता किसके लिए प्रयुक्त है–
(A) विदिशा (B) उज्जयिनी
(C) विन्ध्याटवी (D) हेमकूट

85. वैशम्पायन की प्रेमिका थी–
(A) कादम्बरी (B) महाश्वेता
(C) चाण्डालकन्या (D) विनता

86. कादम्बरी में वर्णन नहीं है–
(A) अच्छोदसरोवर का (B) पम्पासरोवर का
(C) शाल्मलीवृक्ष का (D) देवदारु का

87. वैशम्पायन पूर्व जन्म में था–
(A) शूद्रक (B) पुण्डरीक
(C) कुमारपालित (D) चन्द्रापीड

88. 'तुरङ्गबाण' किसकी उपाधि है–
(A) बाणभट्ट की
(B) अभिनवबाण की
(C) अम्बिकादत्तव्यास की
(D) भवभूति की

89. ''आधुनिक बाण'' के रूप में जाना जाता है–
(A) सुबन्धु को (B) बाण को
(C) अम्बिकादत्त व्यास को (D) दण्डी को

90. बाणभट्ट के भाई थे–
(A) 4 (B) 6
(C) 2 (D) 5

91. ''सम्पत्तिरूपी तिमिर में होने वाला अन्धापन कष्टकर होता है'' किसने कहा–
(A) चन्द्रापीड ने (B) तारापीड ने

(C) द्वारपाल ने (D) शुकनास ने

92. ''अहङ्कार से उत्पन्न उष्णता, शीतल औषधियों से भी शान्त नहीं होती'' यह कथन किसने किससे कहा–
(A) शुकनास ने चन्द्रापीड से
(B) चन्द्रापीड ने शुकनास से
(C) शुकनास ने तारापीड से
(D) चन्द्रापीड ने तारापीड से

93. ''त्रयीमयाय त्रिगुणात्मने नमः'' इस सूक्ति वाक्य में 'नमः' के योग में किस विभक्ति का प्रयोग हुआ है–
(A) चतुर्थी (B) षष्ठी
(C) पञ्चमी (D)प्रथमा

94. राज्याभिषेक के समय किसकी आवश्यकता होती है–
(A) सेना की (B) विश्राम की
(C) धन की (D) उपदेश की

95. कादम्बरी में वर्णित 'इन्द्रायुध' था–
(A) मन्त्री (B) राजा
(C) घोड़ा (D) वज्र

96. कादम्बरी विभक्त है–
(A) एक भाग में (B) तीन भागों में
(C) दो भागों में (D) चार भागों में

97. कादम्बरी की कथा का अन्त होता है–
(A) तारापीड-पत्रलेखा के मिलन से
(B) चाण्डालकन्या-शूद्रक के मिलन से
(C) वैशम्पायन-जाबालि के मिलन से
(D) चन्द्रापीड-कादम्बरी के मिलन से

98. कामपीड़ा में दिवङ्गत हो गया था–
(A) तारापीड (B) वैशम्पायन
(C) पुण्डरीक (D) द्वैपायन

99. चन्द्रापीड पिता के बुलाने पर आता है–
(A) उज्जयिनी में (B) अच्छोदसरोवर में
(C) विदिशा में (D) हेमकूटपर्वत में

100. चन्द्रापीड का राज्याभिषेक करने की इच्छा किसे हुई–
(A) वैशम्पायन को (B) शुकनास को
(C) तारापीड को (D) कादम्बरी को

उत्तरमाला

1. (D)	2. (B)	3. (C)	4. (A)	5. (D)	6. (B)
7. (C)	8. (B)	9. (A)	10. (C)	11. (A)	12. (D)
13. (A)	14. (C)	15. (D)	16. (C)	17. (A)	18. (D)
19. (A)	20. (B)	21. (C)	22. (A)	23. (C)	24. (D)
25. (C)	26. (A)	27. (B)	28. (A)	29. (B)	30. (B)
31. (B)	32. (B)	33. (B)	34. (C)	35. (A)	36. (A)
37. (B)	38. (A)	39. (B)	40. (C)	41. (B)	42. (B)
43. (A)	44. (A)	45. (D)	46. (C)	47. (D)	48. (C)
49. (C)	50. (B)	51. (B)	52. (C)	53. (D)	54. (A)
55. (A)	56. (D)	57. (B)	58. (A)	59. (A)	60. (A)
61. (B)	62. (C)	63. (C)	64. (B)	65. (C)	66. (B)
67. (A)	68. (D)	69. (B)	70. (A)	71. (A)	72. (D)
73. (B)	74. (D)	75. (C)	76. (C)	77. (B)	78. (C)
79. (A)	80. (B)	81. (B)	82. (A)	83. (D)	84. (A)
85. (B)	86. (D)	87. (B)	88. (A)	89. (C)	90. (C)
91. (D)	92. (A)	93. (A)	94. (D)	95. (C)	96. (C)
97. (D)	98. (C)	99. (A)	100. (C)		

4.18 हर्षचरितम्

लेखक - बाणभट्ट
काव्यविधा- आख्यायिका
उच्छ्वास- ८ (आठ)
उच्छ्वासों का नाम

उच्छ्वास-	**नाम**
प्रथम	वात्स्यायनवंश वर्णन
द्वितीय	राजदर्शन
तृतीय	राजवंश-वर्णन
चतुर्थ	चक्रवर्ति-जन्मवर्णन
पञ्चम	महाराज-मरण-वर्णन
षष्ठ	राजप्रतिज्ञा-वर्णन
सप्तम	छत्रलब्धि
अष्टम	विन्ध्याद्रिनिवेशन

उपजीव्य- ऐतिहासिक घटना

रीति- पाञ्चाली
शैली- उत्कृष्ट गद्य-शैली
प्रधान/अङ्गी रस- वीररस **अङ्ग रस-** करुण, शृङ्गार

हर्षचरितम्

➢ महाराज हर्षवर्धन का जीवन-परिचय होने के कारण इस आख्यायिका का नाम 'हर्षचरित' पड़ा।
हर्षस्य चरितम् अस्मिन् इति हर्षचरिततम्- **बहुव्रीहि समास**
''आख्यायिका कथावत्स्यात्कवेर्वंशानुकीर्तनम्।
अस्यामन्यकवीनां च वृत्तं पद्यं क्वचित्क्वचित्॥
कथांशानां व्यवच्छेद आश्वास इति बध्यते।
आर्यावक्त्रापवक्त्राणां छन्दसा येन केनचित्॥'' (सा०द०)

➢ उपर्युक्त लक्षणानुसार 'हर्षचरित' में यत्र-तत्र वक्त्र छन्द का प्रयोग किया गया है।

➢ कथावस्तु के आधार पर इस आख्यायिका के दो खण्ड है-
1. महाकवि बाणभट्ट का जीवन परिचय (1-2 उच्छ्वासों में)

2. महाराज हर्ष का जीवन चरित (3-8 उच्छ्वासों में)

- हर्षचरित 8 उच्छ्वासों में विभक्त आख्यायिका है।

हर्षचरित का मङ्गलाचरण

नमस्तुङ्गशिरश्चुम्बिचन्द्रचामरचारवे।
त्रैलोक्यनगरारम्भमूलस्तम्भाय शम्भवे॥

भावार्थ- त्रिभुवन रूपी नगर के निर्माण- आरम्भ के मूलस्तम्भ, उन्नत मस्तक पर चन्द्र के चँवर की शोभा है, उन भगवान् शङ्कर को नमस्कार है।

- इस माङ्गलिक पद्य में भगवान् शिव की स्तुति की गयी है।
- यह नमस्कारात्मक मङ्गलाचरण है।
- इसमें अनुष्टुप् छन्द का प्रयोग है।
- हर्षचरित के मङ्गलाचरण के रूप में 21 श्लोकों का प्रयोग किया गया है।
- मङ्गलाचरण से प्रारम्भ करके प्रारम्भिक 21 इक्कीस श्लोकों में देव स्तुति, पूर्ववर्त्ती कवियों का स्मरण, सज्जन प्रशंसा एवं दुर्जनों की निन्दा है।
- द्वितीय श्लोक में **पार्वती** की स्तुति है।
- तृतीय में महाकवि **व्यास** का स्मरण।
- श्लोक 4,5,6 में कुकवि निन्दा।
- सातवें,आठवें श्लोक में 'काव्य के देश के आधार पर रूप भेद।'
- नवें श्लोक में व्यास की वाणी तथा महाभारत की प्रशंसा।
- दशवें श्लोक में आख्यायिकाकारों की वन्दना।
- ग्यारहवें में '**सुबन्धु** एवं उनकी रचना '**वासवदत्ता**' की प्रशंसा।
- बारहवें में कवि '**हरिश्चन्द्र**' की प्रशंसा।
- तेरहवें में कवि '**सातवाहन**' की प्रशंसा।
- चौदहवें में '**प्रवरसेन**' एवं उनकी कृति '**सेतुबन्ध**' की प्रशंसा।
- पन्द्रहवें में महाकवि '**भास**' की प्रशंसा।
- सोलहवें में '**महाकवि कालिदास**' की प्रशंसा।
- सत्रहवें में '**गुणाढ्य की बृहत्कथा**' की प्रशंसा।
- अठारहवें में कवि '**आढ्यराज**' की प्रशंसा।
- उन्नीसवें तथा बीसवें में 'आख्यायिका लेखन की इच्छा'
- इक्कीसवें में 'महाराज हर्ष के विजय की कामना।'

हर्षचरित के कथावस्तु का सारांश

भाग-1

प्रथम उच्छ्वास

- इस भाग में प्रथम एवं द्वितीय उच्छ्वास की कथा है। जिसमें महाकवि बाणभट्ट के 'वात्स्यायन' वंश का वर्णन है।
- कथानक का प्रारम्भ ब्रह्मलोक में बैठे ब्रह्मा जी से होती है, जो इन्द्रादि देवताओं की उपस्थिति में शाश्वत ब्रह्म के विषय में चर्चा कर रहे थे।
- ब्रह्मा जी की सेवा में मनु, दक्ष, चाक्षुष आदि प्रजापति तथा सप्तर्षि आदि महर्षि संलग्न थे।
- अन्य विद्वानों से किसी मत पर दुर्वासा से मन्दपाल नामक दूसरे मुनि से झगड़ा हो जाता है।
- दुर्वासा, 'मुनि अत्रि' के पुत्र तथा तारापति (चन्द्रमा) के भाई हैं जो क्रोध के कारण सामगान को स्वरभङ्ग कर देते हैं।

''मुनिरत्रेस्तनयस्तारापतेर्भ्राता नाम्ना दुर्वासा द्वितीयेन मन्दपालनाम्ना मुनिना सह कलहायमानः सामगायन्क्रोधान्धो विस्वरम् अकरोत्।''

- ब्रह्मा जी के पास चँवर डोलाती सरस्वती, दुर्वासा के स्वरहीन पाठ को सुनकर हँस पड़ती है।
- सरस्वती के हँसने पर दुर्वासा उन्हें मर्त्यलोक में जाने का शाप दे देते हैं-

''दुर्विनीते! व्यपनयामि ते विद्याजनितामुन्नतिमिमाम्, अधस्ताद् गच्छ मर्त्यलोकम्।''

- सावित्री भी ब्रह्मा जी के पास में सदेह (शरीर सहित) बैठी हैं और दुर्वासा को अपमानित करती हैं।
- तत्पश्चात् ब्रह्मा जी अभिशप्त सरस्वती के साथ सावित्री को भी मर्त्यलोक भेजने का निर्णय लेते हैं।

''वत्से सरस्वती! विषादं मा गाः एषा त्वामनुयास्यति त्वया।''

- सरस्वती ने ब्रह्मा जी की तीन बार प्रदक्षिणा करके सावित्री के साथ मर्त्यलोक के लिए प्रस्थान किया।
- ब्रह्मलोक से आते समय सरस्वती, 'हिरण्यवाह' नामक महानद (अब सोन नदी) की रमणीयता से इसी स्थान पर रहने की इच्छा व्यक्त करती हैं तथा सावित्री भी इसी का समर्थन करती हैं।
- इसी स्थान पर सरस्वती ने बालू का शिवलिङ्ग बनाकर शिव की अष्टमूर्तियों का ध्यान किया और कई दिन बिताए।
- एक दिन घोड़े पर सवार एक 18 वर्ष के नवयुवक और साथ में कुछ लोगों को आते हुए उन दोंनो ने देखा।
- परिचय करने पर पता चला कि वह युवक, महर्षि च्यवन और सुकन्या के पुत्र 'दधीचि' हैं।
- प्रथम दर्शन में ही सरस्वती और दधीचि एक दूसरे पर आसक्त हो जाते हैं।
- सोननदी के पार च्यवन आश्रम में रहते हुए दधीचि काम से पीड़ित होकर क्षीण हो जाते हैं।
- मालती नामक दूती इस बात की सूचना लेकर सरस्वती के पास आती है और सरस्वती भी प्रणय की स्वीकृति दे देती हैं।
- सरस्वती, दधीचि से बताती है कि ''वह दुर्वासा द्वारा शापित होकर मर्त्यलोक में आयी हैं।''
- एक वर्ष तक साथ रहते हुए सरस्वती गर्भिणी होती हैं।
- पुत्र जन्म के पश्चात् ब्रह्मा जी के प्रभाव से शाप का अन्त होता है और सरस्वती, सावित्री के साथ ब्रह्मलोक चली जाती हैं।
- सरस्वती के वियोग में दधीचि अपने पुत्र को भाई की पत्नी

को सौपकर वन में चले गये।

- भाई की पत्नी 'अक्षमाला' ने अपने और दधीचि के पुत्र को समान रूप से पाला-पोसा तथा एक का नाम 'सारस्वत' तथा दूसरे का नाम 'वत्स' रखा।
- बड़े होने पर अपने हमवयस्क भाई और मित्र 'वत्स' का विवाह कराकर तथा उसी प्रदेश में प्रीति होने के कारण 'प्रीतिकूट' नामक निवास बनाकर सारस्वत भी वन चले गये।
- इसी वंश परम्परा में कुबेर तथा कुबेर के चार पुत्र- अच्युत, ईशान, हर और पाशुपत हुए।
- पाशुपत के एक ही पुत्र अर्थपति के भृगु, हंस, शुचि,कवि, महीदत्त, धर्म,जातवेदस्, चित्रभानु, त्र्यक्ष, अहिदत्त और विश्वरूप नामक ग्यारह पुत्र हुए।
- चित्रभानु और राजदेवी से बाण पैदा हुए, किशोरावस्था में चन्द्रसेन और मातृषेण आदि आवारा मित्रों का साथ पाकर, तथा युवावस्था में स्वच्छन्द होकर बाण खिल्ली के पात्र बन गये।
- तत्पश्चात् विद्वत्जनों के सम्पर्क से बाण विद्वान् होकर देश-देशान्तर में भ्रमण किये तथा बाद में अपने गाँव प्रीतिकूट आकर मोक्षसुख जैसा अनुभव किया।

प्रथम उच्छ्वास समाप्त

द्वितीय उच्छ्वास

- ग्रीष्म ऋतु के एक शाम को महाराज हर्ष के भाई कृष्ण के द्वारा भेजे गये भृत्य का आगमन होता है।
- चन्द्रसेन उस मेखलक नामक भृत्य को बाण के पास ले आता है।
- मेखलक द्वारा सन्देश प्राप्त होता है कि महाराज के भाई कृष्ण ने बाण को राजकुल में आने का निवेदन किया है।
- उस दिन मेखलक को विश्राम और भोजन कराने के लिए बाण ने चन्द्रसेन को आदेशित किया तथा राजकुल में जाने का इरादा पक्का किया।
- अगले दिन सुबह पूजापाठ करके श्वेत वस्त्र, श्वेत माला, श्वेत चन्दन धारण करके सभी लोगों से आज्ञा लेकर बाण प्रीतिकूट से निकल गये।
- पहले दिन बाण चण्डिका वन पार करके '**मल्लकूट**' नामक गाँव में अपने मित्र जगत्पति के घर ठहरे।
- दूसरे दिन गङ्गा नदी पार करके '**यष्टिगृहक**' नामक गाँव में रात बितायी।
- अगले दिन राप्ती नदी के किनारे **मणिपुर** नामक ग्राम के समीप छावनी में पहुँचे तत्पश्चात् राजभवन को गये।
- मेखलक के परिचय बताने पर '**परियात्र**' नामक दौवारिक बाण को अन्दर ले जाता है।
- अन्दर पहुँचकर बाण ने अनेक प्रकार के हाथी, घोड़े और ऊटों को देखा।
- हजारों राजाओं से भरे तीन ड्योढियों को पार करके चौथी में बाण ने चक्रवर्ती महाराज हर्ष को देखा।
- महाराज हर्ष ने बाण की ओर देखा और मालवराज के पुत्र से कहा-''यह तो लम्पट है।'' ''**महानयं भुजङ्गः।**''
- बाण, महाराज हर्ष से कहते हैं, देव! मैं तो गृहस्थ हूँ मेरे अन्दर कौन-सी भुजङ्गता है- ''**का मे भुजङ्गता।**''
- बाण के अपने अनेकों गुणों के बारे में बताने पर हर्ष कहते हैं, मैंने भी ऐसा ही सुना है- ''**एवमस्माभिः श्रुतम्।**''
- इस प्रकार बाण, हर्ष से प्रसन्न होकर उन्हें अत्यन्त उदार बताते हैं- ''अतिदक्षिणः खलु देवो हर्षः।''

द्वितीय उच्छ्वास समाप्त

भाग-2

तृतीय उच्छ्वास

- शरद् ऋतु के एक दिन बाण अपने गाँव प्रीतिकूट में लौट आये और अपने बन्धु-बान्धुओं से भेंट की।
- ग्रामीण तथा परिवारी जनों ने बाण का स्वागत-सत्कार किया।
- बाण के सबसे छोटे-चचरे भाई श्यामल की इच्छा पर बाण ने देव हर्ष के जीवन- चरित को कहना प्रारम्भ किया।
- 'श्रीकण्ठ' नाम का एक जनपद था। वह पुण्यशाली लोगों का निवास और पृथ्वी पर स्वर्ग के समान था।
- कुबेर की नगरी अलका के समान उस श्रीकण्ठ जनपद की राजधानी थी **स्थाणीश्वर** (थानेश्वर)।
- उस स्थाणीश्वर में '**पुष्यभूति**' नाम का एक राजा हुआ जो भगवान् शिव का अनन्य भक्त था।
- पुष्यभूति ने सुना था कि कोई '**भैरवाचार्य**' नामक दाक्षिणात्य महाशैव हैं, जो साक्षात् शिव के अवतार हैं।
- पुष्यभूति, विना देखे ही **भैरवाचार्य** के प्रति श्रद्धा करने लगे और उनके दर्शन की आकांक्षा करने लगे।
- एक दिन एक परिव्राजक, पुष्यभूति से मिलने आता है और बताता है कि 'वह भैरवाचार्य की आज्ञा से आया है।'
- वह परिव्राजक भैरवाचार्य द्वारा दिये गये 'रत्नजटित पाँच चाँदी के कमलों' को पुष्यभूति को अर्पित करता है।
- अगले दिन मिलने की बात कहकर पुष्यभूति, परिव्राजक को विदा करते हैं।
- दूसरे दिन राजा सरस्वती नदी के पास जंगल के आश्रम में भारी साधुओं के बीच **भैरवाचार्य** को देखा।
- भैरवाचार्य दूर से ही राजा को देखकर, तथा उनके पास जाकर श्रीफल का उपहार भेंट कर '**स्वस्ति**' का उच्चारण किया।
- राजा उनको प्रणाम करके, आशीर्वाद प्राप्त करके लौट आते हैं।
- अगले दिन भैरवाचार्य राजा से मिलने जाते हैं और अपने शिष्य पातालस्वामी द्वारा ब्रह्मराक्षस के हाथ से छीने गये'अट्टहास' नामक कृपाण भेंट करते हैं।
- कुछ दिन बाद राजा, कृष्णचतुर्दशी को भैरवाचार्य द्वारा दीक्षित किये गये और उनके शिष्य टीटिभ, कर्णताल और पातालस्वामी से मिले।
- राजा को लक्ष्मी द्वारा **हर्ष** नामक पुत्र की प्राप्ति का वरदान

मिलता है।

- राजा के ही प्रयास से लक्ष्मी द्वारा **भैरवाचार्य** को सिद्धि प्राप्त होती है।
- राजा, टीटिभ आदि के साथ लौट आते हैं।

* तृतीय उच्छ्वास समाप्त *

चतुर्थ उच्छ्वास

- पुष्यभूति के वंश में 'प्रभाकरवर्धन' नामक राजाधिराज हुआ जिसका दूसरा नाम 'प्रतापशील' था, जो सूर्यभक्त था।
- उस राजा की 'यशोवती' नाम की पटरानी थी।
- स्वप्न के बाद रानी गर्भवती होती हैं और राज्यवर्धन का जन्म होता है। समय के साथ राज्यवर्धन बड़े हुए।
- तत्पश्चात् जेठ महीने के कृष्ण पक्ष की कृत्तिका नक्षत्र में द्वादशी तिथि को **हर्ष** पैदा हुए।
- पूरे राज्य में उत्सव मनाया जाने लगा और धीरे-धीरे समय बीतने पर हर्ष भी बढ़ने लगे।
- जब हर्ष अपने पैरों पर चलने लगे, तब उनकी माता यशोवती ने एक पुत्री **'राज्यश्री'** को जन्म दिया।
- रानी यशोवती के भाई का आठ वर्षीय पुत्र भण्डि भी दोनों राजकुमारों के अनुचर के रूप में रहने लगा।
- राजा प्रभाकरवर्धन ने मालवराज के पुत्र कुमारगुप्त और माधवगुप्त को अनुचर हर्ष के रूप में नियुक्त करते हैं।
- इधर 'राज्यश्री' भी यौवन को प्राप्त हो गयी और राजा को उसके विवाह की चिन्ता सताने लगी।
- इसके बाद पत्नी और दोनों पुत्रों से सलाह कर मौखरि-वंशीय क्षत्रिय कुल में उत्पन्न 'अवन्तिवर्मा' के पुत्र 'ग्रहवर्मा' के साथ विवाह सुनिश्चित हुआ।
- ज्योतिषियों ने लग्न निकाला और सारी तैयारियों के बाद विवाह सम्पन्न हुआ तथा दस दिनों तक रुकने के बाद ग्रहवर्मा अपनी वधू राज्यश्री के साथ अपने निवास स्थान पर चला गया।

* चतुर्थ उच्छ्वास समाप्त *

पञ्चम उच्छ्वास

- किसी समय राजा प्रभाकरवर्धन अपने पुत्र राज्यवर्धन के साथ हूणों से युद्ध करने के लिए उत्तरापथ की ओर गये।
- एक रात हर्ष को किसी अनिष्ट का स्वप्न आता है, कुरंगक नामक लेखहारक (पत्रों का आदान-प्रदान करने वाला) महाराज के बीमारी की सूचना लेकर आता है।
- आनन-फानन में हर्ष उनके पास जाने के लिए उद्यत हुए और रास्ते में बहुत ही अपशकुन दिखायी दिया।
- अगले दिन दोपहर स्कन्धावार पहुँचकर हर्ष ने काफी सन्नाटा देखा। हर जगह शोक ही बिखरा था।
- हर जगह उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी यज्ञ, पूजन, पाठ, जप आदि किया जा रहा था। वैद्यकुमार सुषेण भी अप्रसन्न थे।
- राजा का दाह ज्वर बढ़ता ही जा रहा था। इसी बीच हर्ष को देखकर पिता जी ने उसे अपने पास बुलाकर आलिङ्गन किया और शोक न करने का आग्रह किया।
- आयुर्वेद के श्रेष्ठ वैद्य कुमार '**रसायन**' भी राजा के' दाह को कम करने में असमर्थ हो गये।
- यशोवती की प्रतीहारी हर्ष, को सूचना देती है कि महाराज के जीते जी देवी यशोवती आत्मदाह करने जा रही हैं।
- हर्ष के अनुनय-विनय के बाद भी माता ने हर्ष को आलिङ्गन करके अग्नि में प्रवेश किया।
- माँ की मृत्यु के पश्चात् हर्ष पिता के पास गये। शोकातुर हर्ष को देखकर राजा दुःखी हुए और राज्यविषयक कुछ उपदेश देकर हमेशा के लिए आँखे मूँद लिए।
- राजपुरोहितों की उपस्थिति में हर्ष द्वारा सरस्वती नदी के किनारे महाराज का अंतिम संस्कार किया गया।
- इस प्रकार दुःखी हर्ष, बड़े भाई के दर्शन की उत्कण्ठा से उनके आगमन की प्रतीक्षा करने लगे।

* पञ्चम उच्छ्वास समाप्त *

षष्ठ उच्छ्वास

- महाराज की मृत्यु के पश्चात् उनकी समस्त वस्तुएं ब्राह्मणों को दान दे दी गयीं।
- राज्यवर्धन के आने पर देव हर्ष अपने शोक को रोक न सके और वे शोक आँखों से निकल पड़े।
- पिता की मृत्यु के शोक से राज्यवर्धन ने तलवार छोड़कर संन्यास अपनाने का निर्णय लिया।
- इस निर्णय से हर्ष अत्यन्त दुःखी हुए, इसी बीच राज्यश्री का सेवक आता है।
- उस संवादक नामक परिचारक से पता चलता है कि 'मालवराज ने ग्रहवर्मा की हत्या कर दी, तथा राज्यश्री को कारागार में डाल दिया।'
- जीजा की मृत्यु, बहन का बंदी बनना, इसको अपने राज्य पर आक्रमण की आशङ्का से राज्यवर्धन, भण्डि सहित दस हजार घोड़ों की सेना के साथ मालवराज से युद्ध के लिए निकल पड़े।
- दुःखद घटनाओं के साथ जी रहे हर्ष को कुन्तल नामक घुड़सवार आकर बताता है कि राज्यवर्धन, मालव राज्य को जीत लिये लेकिन गौडाधिपति द्वारा छल से मारे गये।
- देव हर्ष ने अपने प्रधानसेनापति 'सिंहनाद', और गजसेनापति स्कन्दगुप्त से विचार-विमर्श करके युद्ध प्रयाण के लिए तैयारियाँ शुरु कर दी।

* षष्ठ उच्छ्वास समाप्त *

सप्तम उच्छवास

- ज्योतिषियों को बुलाकर हर्ष ने सेना के प्रयाण का मुहूर्त निकलवाया।
- युद्ध सम्बन्धी सारी तैयारियाँ पूरी हुईं, सामान हाथियों, बैलगाड़ियों पर लाये गये और अनेक राजाओं से राजद्वार भरा हुआ था।
- वीर सम्राट् ने राजसमूह को योग्यतानुसार विभक्त किया और सैनिक प्रयाण की आज्ञा दिया।

- कटक से जाने के बाद रास्ते में महाराज **प्राग्ज्योतिषेश्वर** का दूत हंसवेग, हर्ष को प्रणाम करके उन्हें 'आभोग' नामक छत्र प्रदान करता है।
- हंसवेग बताता है कि उसके महाराज ने पूँछा है कि, 'क्या आप उनका सहयोग स्वीकार करेंगे?'' हर्ष के सकारात्मक उत्तर देने पर हंसवेग चला जाता है।
- मालव सेना को जीतने गया भण्डि भी आकर हर्ष से मिलता है और बताता है कि 'गुप्त' नामक व्यक्ति ने कुशस्थल (कान्यकुब्ज) पर अधिकार कर लिया तब देवी राज्यश्री बन्धन से छूटकर अपने परिवार के साथ विन्ध्याचल के जंगल में चली गयीं।
- भण्डि के निवेदन पर हर्ष दूसरे दिन राज्यवर्धन द्वारा जीते गये सेना, हाथी, घोड़ों को देखने जाते हैं और कुछ लोगों को बहन राज्यश्री को खोजने के लिए विन्ध्याटवी भेजते हैं।
- हर्ष अपनी सेना के साथ उसी वनग्राम में दो दिन बिताते हैं।

* सप्तम उच्छ्वास समाप्त *

अष्टम उच्छ्वास

- दूसरे दिन हर्ष वन ग्राम से निकलकर विन्ध्याटवी में गये तभी **शरभकेतु** नाम के जंगली प्रदेशों के राजा का पुत्र **व्याघ्रकेतु** एक शबर युवक के साथ हर्ष से मिलने आया
- उस युवक को कुछ दूर पर रोककर ही व्याघ्रकेतु ने बताया कि वह युवक '**भूकम्प**' नाम के शबर सेनापति का भांजा '**निर्घात**' है जो विन्ध्याटवी के पत्ते-पत्ते की खबर रखता है।
- उसी द्वारा बताए गये मार्ग से हर्ष, ग्रहवर्मा के मित्र एक बौद्ध भिक्षु के पास राज्यश्री का पता लगाने के लिए जाते हैं।
- वहीं बौद्ध आश्रम में किसी अन्य भिक्षु द्वारा बताया जाता है कि 'कोई सुन्दर स्त्री विपत्ति में आत्मदाह करने के लिए तैयार है, कृपया उसकी रक्षा करें।
- अपने शिष्यों के साथ बौद्ध (दिवाकरमित्र) आगे-आगे चले, उनके पीछे हर्ष भी अपने सामन्तों के साथ गये।
- वहाँ पहुँच कर हर्ष ने मूर्च्छित-सी एवं अग्नि-प्रवेश के लिए तैयार राज्यश्री को देखा और दौड़कर उसके ललाट को अपने हाथों पर टिका लिया।
- उस रात राज्यश्री को लेकर हर्ष बौद्ध आश्रम में चले गये और रात्रि व्यतीत किया।
- दिवाकरमित्र '**एकावली**' नाम की एक अक्षमाला हर्ष की भुजाओं में बाँध दिया।
- हर्ष ने दिवाकरमित्र से निवेदन किया कि वह राज्यश्री को गौडाधिपति की हत्या तक अपने आश्रय में ही रखें।
- निर्घात को इनाम देकर विदा करने के बाद हर्ष, आचार्य और राज्यश्री सहित कटक लौट आये।

* अष्टम उच्छ्वास समाप्त *

हर्षचरित की उच्छ्वासवार प्रमुख घटनाएं

प्रथम उच्छ्वास

- ब्रह्मा जी की गोष्ठी में विवाद।
- दुर्वासा का सरस्वती को शाप देना।
- ब्रह्मलोक से सरस्वती और सावित्री का प्रस्थान।
- दधीचि वर्णन।
- सारस्वत का जन्म।

द्वितीय उच्छ्वास

- भ्राता कृष्ण के दूत मेखलक का आगमन तथा कृष्ण का संदेश बाण को देना।
- बाण का राजद्वार गमन।
- प्रतीहार परियात्र वर्णन।
- बाण का हर्ष से भेंट।

तृतीय उच्छ्वास

- बाण का अपने गाँव प्रीतिकूट लौटना।
- बाण के भाइयों की हर्षचरित सुनाने की प्रार्थना।
- पुष्यभूति वर्णन।
- भैरवाचार्य का वर्णन।
- पुष्यभूति का श्रीकण्ठ नाग से युद्ध।
- प्रसन्न लक्ष्मी का पुष्यभूति को वर देना।

चतुर्थ उच्छ्वास

- प्रभाकरवर्धन तथा राज्यवर्धन का वर्णन।
- हर्ष का जन्म।
- राज्यश्री का जन्म एवं विवाह।

पञ्चम उच्छ्वास

- युद्ध के लिए राज्यवर्धन का प्रयाण।
- कुरंगक का आगमन।
- यशोवती का आत्मदाह वर्णन।
- प्रभाकरवर्धन की मृत्यु।

षष्ठ उच्छ्वास

- राज्यवर्धन का लौटना।
- ग्रहवर्मा की मृत्यु एवं राज्यश्री को कारावास।
- राज्यवर्धन का युद्ध हेतु प्रयाण एवं मृत्यु।
- हर्ष की दिग्विजय प्रतिज्ञा।

सप्तम उच्छ्वास

- युद्ध हेतु सैनिकों का प्रयाण।
- हंसवेग तथा छत्रवर्णन।
- भण्डि का आगमन।
- विन्ध्याटवी वर्णन।

अष्टम उच्छ्वास

- हर्ष का विन्ध्याटवी प्रवेश।
- बौद्धभिक्षु दिवाकरमित्र वर्णन।
- हर्ष का राज्यश्री से मिलन।

प्रमुख पात्रों का परिचय

सरस्वती और सावित्री

- सरस्वती वाणी की अधिष्ठात्री देवी एवं ब्रह्माजी की कुमारी

कन्या थीं सावित्री, सरस्वती की सखी थीं।

- दुर्वासा के शाप के पश्चात् सरस्वती के साथ सावित्री भी मर्त्यलोक पर आती हैं।
- सरस्वती का दधीचि से प्रेम हो जाता है।
- सरस्वती मुग्धा और सावित्री प्रगल्भा थीं।
- सरस्वती, दधीचि के प्रति अनुराग की बात छिपाये रहती हैं और मालती के जाने पर सावित्री से बताती हैं।
- इस प्रकार सरस्वती एक सहिष्णु, लज्जाशील तथा सावित्री एक सवेदनशील नारी हैं।

बाण

- हर्षचरित के रचयिता बाण भी इस आख्यायिका के मुख्य पात्र हैं।
- बाण ने इस आख्यायिका में स्वयं को 'उत्तम पुरुष' से नहीं बल्कि 'अन्य पुरुष' के माध्यम से कहा है।
- साधारण व्यक्ति की तरह बाण ने खुद के गुणों के साथ दोषों का भी वर्णन किया है।
- 14 वर्ष की आयु में ही माता-पिता की मृत्यु के पश्चात् बाण मारे-मारे फिरने लगे।
- घुमक्कड़ होने के साथ-साथ अपने भाई-बन्धुओं से मिलकर रहे।
- अपने गुरु 'भर्वुशर्मा' से विद्वता को प्राप्त करके यश रूपी शरीर से अमर हो गये।

राज्यवर्धन

- एक आज्ञाकारी पुत्र, स्नेहशील भाई और वीर योद्धा के रूप में राज्यवर्धन का वर्णन है।
- पिता की आज्ञानुसार वे हूणों से युद्ध के लिए चले जाते हैं।
- माता-पिता की मृत्यु पश्चात् राज्यवर्धन अपने घर आते हैं और संन्यासी होने की इच्छा व्यक्त करते हैं।
- अपने जीजा की मृत्यु के पश्चात् गौडाधिपति द्वारा छल से मार दिये जाते हैं।
- हर्ष के प्रति उनका हृदय सर्वथा अकलुषित था।

हर्षवर्धन

- हर्ष एक चक्रवर्ती सम्राट् थे। उनके अन्दर सद्गुणों का भण्डार छिपा था। हर्ष को **आख्यायिका का नायक** भी कह सकते हैं।
- हर्ष जन्म से ही एक महापुरुष थे, किसी ज्योतिषी ब्राह्मण ने जन्म के पूर्व ही भविष्य वाणी की थी।
- हर्ष का अपने पिता के प्रति अनन्य भक्ति थी। इसीलिए पिता के बीमार पड़ने पर वे कुछ खाते नहीं हैं।
- भाई राज्यवर्धन एवं बहन राज्यश्री के प्रति भी उनका उच्च आदर्श था।
- अपने ममेरे भाई भण्डि के प्रति भी उनका सहोदर जैसे प्रेम था।
- भाई और जीजा की मृत्यु के बाद वे शत्रु विनाश की प्रतिज्ञा लेते हैं।
- इस प्रकार हर्ष का व्यक्तित्व निर्भीक, साहसी, कर्त्तव्य परायण एवं स्नेहमय मिलता है।

राज्यश्री

- राज्यश्री प्रभाकरवर्धन की पुत्री, तथा हर्षवर्धन की बहन थी। उसका विवाह ग्रहवर्मा से हुआ था।
- ग्रहवर्मा की मृत्यु के पश्चात् उसे बंदी बना लिया जाता है।
- बंदीगृह से छूटने पर वही सुन्दरी विन्ध्याटवी में जाकर आत्मदाह का प्रयत्न करती है।
- वह हर्ष और दिवाकरमित्र द्वारा बचाई जाती है बाद में कषाय वस्त्र धारण करने की इच्छा व्यक्त करती है।
- इस प्रकार राज्यश्री भारतीय नारी के अनुकूल आचरण करती है।

प्रमुख सूक्तियाँ

1. निर्गतासु न वा कस्य कालिदासस्य सूक्तिषु। प्रीतिर्मधुरसान्द्रासु मञ्जरीष्विव जायते॥ (1/16)

भावार्थ- "नई निकली हुई मञ्जरियों के समान मधुर एवं सरस कालिदास की सूक्तियों में उत्तरमात्र से ही किसे आनन्द नहीं आता।"

2. सहजलज्जाधनस्य प्रमदाजनस्य प्रथमाभिभाषणमशालीनता।

भावार्थ- सावित्री, विकुक्षि नामक भृत्य से कहती है, "सहज लज्जाशील नारियों का पहले ही बोल बैठना बड़ी ही धृष्टता है।"

3. परोपकारः सतां व्यसनम्। (2/2)

भावार्थ- दूसरे का उपकार करना सज्जनों का एक स्वाभाविक व्यसन होता है।

4. सलिलानि इव गतानुगतिकानि लोलानि खलु भवन्त्यविवेकिनां मनांसि।

भावार्थ- "मन्दबुद्धियों के चित्त जल की तरह अस्थिर और दूसरों के कहे पर चलते हैं।"

5. न कुतूहलि कस्य मनश्चरितम् च महात्मनां श्रोतुम्। (3/2)

भावार्थ- "महात्माओं के चरित सुनने के लिए भला किसके मन में कुतूहल पैदा नहीं होता।"

6. प्रतनुगुणग्राह्याणि कुसुमानीव हि भवन्ति सतां मनांसि।

भावार्थ-"जैसे महीन सूत से फूल बँध जाते हैं उसी प्रकार सज्जनों के मन थोड़े गुणों से भी गृहीत हो जाते हैं।"

7. भवादृशा एव भाजनं भूतेः।

भावार्थ- "आप जैसे लोग ही ऐश्वर्य के भाजन होते हैं।"

8. लोके हि लोहेभ्यः कठिनतराः खलु स्नेह-मया बन्धनपाशाः।

भावार्थ- "सचमुच संसार में स्नेह के बंधनपाश लोहे से भी बढ़कर सख्त होते हैं।"

9. महासत्त्वता हि प्रथममवलम्बनं लोकस्य पश्चाद्राजबीजिता।

भावार्थ- ''महासत्त्वता ही संसार का पहला आलम्बन है, फिर राजपुत्रता।''

10. सज्जनमाधुर्याणामभृतदास्यो दश दिशः।

भावार्थ- ''सभी दिशाएं सज्जनों के मधुर स्वभाव के कारण ही अवैतनिक दासी बन जाती हैं।''

11. सेवाभीरवो हि सन्तः।

भावार्थ- ''सज्जन लोग अपनी सेवा से डरते हैं।''

12. अलोहः खलु संयमनपाशः सौजन्यमभिजातानाम्।

भावार्थ- ''सचमुच कुलीन पुरुषों का सौजन्य बिना लोहे के बना हुआ बाँधने वाला पाश है।''

13. एकोऽपि प्रतिसंख्यानक्षण आधारीभवति धृतेः।

भावार्थ- ''विवेक का एक क्षण भी धृति के लिए बड़ा सहारा होता है।''

14. अर्थिजने च किमिव नातिसृजन्ति महान्तः।

भावार्थ- ''बड़े लोग प्रार्थी के लिए क्या नहीं दे डालते।''

15. भव्या न द्विरुच्चारयन्ति वाचम्।

भावार्थ- ''भाग्यशाली लोग उसी बात को दुबारा नहीं करते।''

तत्थ्यात्मक ज्ञान

- हर्षचरित एक शुद्ध आख्यायिका है।
- हर्षचरित बाण की सर्वप्रथम रचना है।
- हर्षचरित का वक्ता स्वयं कवि है।
- यह विशुद्ध साहित्यक शैली में निबद्ध एक रोचक वर्णनात्मक प्रबन्धकाव्य है।
- ऐतिहासिक काव्य लिखने की परम्परा, उपलब्ध ग्रन्थों में 'हर्षचरित' से ही माना जाता है।

हर्षचरितम् बिन्दुवार अध्ययन

- हर्षचरित का रचयिता कौन हैं? - **बाणभट्टः**
- बाणभट्ट कृत हर्षचरित है - **आख्यायिका**
- आख्यायिका है - **हर्षचरितम्**
- सत्यं किमस्ति - **हर्षचरितम् आख्यायिका वर्तते**
- 'हर्षचरितं' कीदृशं काव्यम्? - **गद्यम्**
- सम्राट्हर्षवर्धनस्य पितुः नाम किम् - **प्रभाकरवर्धनः**
- बाणभट्ट की आत्मकथा जिस रचना में है, वह है - **हर्षचरितम्**
- 'हर्षचरितम्' में उच्छ्वास हैं - **8**
- राज्यश्रीः पात्र .... है? - **हर्षचरितम्**
- महासत्त्वता हि प्रथममवलम्बनं लोकस्य इति...... अकथयत्? - **प्रभाकरवर्धनः हर्षवर्धनम्**
- हर्षचरिते रसायनः कः ? - **वैद्यकुमारकः**
- कुरङ्गकेन हर्षचरिते किं कर्म कृतम्? - **वार्ताप्रदानम्**
- रुग्णः प्रभाकरवर्धनः उपचारहेतोः कुत्र गतः - **धवलगृहे**
- एकदा प्रत्युषसि हर्षः स्वप्ने अग्निना दह्यमानं कमपश्यत् - **केसरिणम्**
- ''निर्गतासु न वा कस्य कालिदासस्य सूक्तिषु। प्रीतिर्मधुरसान्द्रासु मञ्जरीष्विव जायते।।'' कस्मिन् ग्रन्थे उपलभ्यतेऽयं श्लोकः? - **हर्षचरिते**
- 'अतिदुर्धरो बान्धवस्नेहः सर्वप्रमाथी'–हर्षचरिते इयमुक्तिर्भवति - **हर्षवर्धनस्य**
- हर्षचरिते पञ्चमे उच्छ्वासे 'विश्वस्तानां यशसा स्थातुमिच्छामि लोके न वपुषा'-इत्युक्तिर्भवति- **यशोमत्याः**
- हर्षचरितस्य तृतीये उच्छ्वासे उल्लिखितः आचार्यः अस्ति - **भैरवाचार्यः**
- वज्रायुधस्य वर्णनमस्ति - **हर्षचरिते**
- श्रीहर्षस्य सहोदरी राजश्रीः कं अपरिणयत् - **ग्रहवर्मा**

4.19 दशकुमारचरितम्

महाकवि दण्डी के दशकुमारचरितम् का परिचय

लेखक - दण्डी

समय - सप्तम शती का प्रारम्भिक काल

पिता - मनोरथ/वीरदत्त

माता - गौरी

पितामह - भारवि (अवन्तिसुन्दरी कथानुसार)

जन्मस्थल - अवन्तिसुन्दरी के अनुसार दण्डी के पूर्वज गुजरात राज्य के 'आनन्दपुर' के रहने वाले थे। बाद में एलिचपुर आकर रहने लगे। इसके बाद स्वयं काञ्ची में आकर बसे।

- संस्कृत गद्यकाव्य के इतिहास में गद्य के लेखक के रूप में दण्डी का नाम अमर है।
- एक प्रशस्ति में वाल्मीकि और व्यास के बाद तीसरा स्थान दण्डी को ही दिया गया।

जाते जगति वाल्मीकौ कविरित्यभिधाभवत्।
कवी दूती ततो व्यासे कवयस्त्वयि दण्डिनि॥

कृतित्व - दण्डी के नामतः निम्न ग्रन्थ प्रचलित ग्रन्थ है-

1. दशकुमारचरितम् 2. काव्यादर्श 3. अवन्तिसुन्दरीकथा 4. छन्दोविचिति 5. कलापरिच्छेद 6. द्विसन्धानकाव्य

- दण्डी की प्रशस्ति के रूप में **'दण्डिनः पदलालित्यम्'** अत्यधिक प्रसिद्ध आभाणक है।

दशकुमारचरितम्

विधा - कथा/आख्यायिका

(यद्यपि दशकुमारचरित में गद्य के दोनों लक्षण प्राप्त होते हैं किन्तु स्वयं दण्डी इसे कथा मानते हैं)

विभाजन - वर्तमान ग्रन्थ 3 भागों में उपलब्ध है।

(i) पूर्वपीठिका - पाँच उच्छ्वास

(ii) मूलग्रन्थ दशकुमारचरितम् - आठ उच्छ्वास
(iii) उत्तरपीठिका
उपजीव्य - मौलिक कल्पना, गुणाढ्य कृत बृहत्कथा।
प्रधानरस- अद्भुत रस
रीति - वैदर्भी
गुण - प्रसाद
मुख्य अलङ्कार - उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा

- दण्डी सुकुमार मार्ग के कवि हैं।
- दण्डी के बारे में कहा गया है- **'कविर्दण्डी कविर्दण्डी कविर्दण्डी न संशयः।'**

नायक - राजवाहन
नायिका - अवन्तिसुन्दरी
प्रतिनायक - मानसार
अन्य पात्र - राजहंस (राजा), वसुमती (रानी), धर्मपाल, पद्मोद्भव, सितवर्मा, उपहारवर्मा, अपहारवर्मा, सुमन्त्र, सुमित्र, कामपाल, सुश्रुत, रत्नोद्भव, सुमति, सत्यवर्मा, मित्रगुप्त, मन्त्रगुप्त, अर्थपाल, विश्रुत, पुष्पोद्भव, प्रमति, सोमदत्त
प्रमुख टीकाएं -
(i) भूषण टीका - शिवरामपण्डित
(ii) पदचन्द्रिका - कविन्द्राचार्य
(iii) लघुदीपिका - भानुचन्द्र

नोट- ये टीकाएं केवल मध्यभाग की हैं पूर्वपीठिका और उत्तरपीठिका की नहीं।

- मध्य भाग के सप्तम उच्छ्वास में ओष्ठ्य वर्णों का बिल्कुल प्रयोग नहीं है।

दशकुमारों का विवरण

राजहंस **प्रहारवर्मा**

1.राजवाहन 2.अपहारवर्मा 3.उपहारवर्मा

धर्मपाल

सुमन्त्र सुमित्र कामपाल

4.मित्रगुप्त 5.मन्त्रगुप्त 6.अर्थपाल

पद्मोद्भव **सितवर्मा**

सुश्रुत रत्नोद्भव सुमति सत्यवर्मा

7.विश्रुत 8.पुष्पोद्भव 9.प्रमति 10सोमदत्त

राजकुमारों के नाम - 1. राजवाहन 2. उपहारवर्मा 3. अपहार वर्मा 4. मित्रगुप्त 5. मन्त्रगुप्त 6. अर्थपाल 7. विश्रुत 8. पुष्पोद्भव 9. प्रमति 10. सोमदत्त

उच्छ्वास विवरण

पूर्वपीठिका (5 उच्छ्वास)

उच्छ्वास	वर्णन
प्रथम	पुष्पपुरी, राजहंस, वसुमती आदि का वर्णन।
द्वितीय	कुमारों की दिग्विजय यात्रा का वर्णन।
तृतीय	सोमदत्त का चारित्रिक वर्णन।
चतुर्थ	पुष्पोद्भव का चारित्रिक वर्णन।
पञ्चम	राजवाहन का चारित्रिक वर्णन प्रारम्भ (अवन्तिसुन्दरी से विवाह)

मूलग्रन्थ दशकुमारचरितम् (8 उच्छ्वास)

उच्छ्वास	नाम (वर्णन)
प्रथम	राजवाहन-चरित
द्वितीय	अपहारवर्मा-चरित
तृतीय	उपहारवर्मा-चरित
चतुर्थ	अर्थपाल-चरित
पञ्चम	प्रमति-चरित
षष्ठ	मित्रगुप्त-चरित
सप्तम	मन्त्रगुप्त-चरित
अष्ठम	विश्रुत-चरित

उत्तरपीठिका - 4-5 पृष्ठात्मक

- उत्तर भाग में विश्रुत चरित की समाप्ति और ग्रन्थ की समाप्ति।

दशकुमारचरितम् की कथावस्तु का सारांश

- मगधदेश की राजधानी पुष्पपुरी पर राजहंस का शासन था। उसके 3 मन्त्री थे - धर्मपाल, पद्मोद्भव और सितवर्मा।
- धर्मपाल के तीन पुत्र हुए - 1. सुमन्त्र 2. सुमित्र 3. कामपाल। इनमें कामपाल यायावर (अवारा) था, अतः घर छोड़कर चला गया।
- पद्मोद्भव के दो पुत्र हुए - सुश्रुत और रत्नोद्भव। और सितवर्मा के भी दो पुत्र ही सुमति और सत्यवर्मा हुए।
- सत्यवर्मा संसार की असारता से खिन्न होकर तीर्थयात्रा पर निकल गया।
- राजहंस सर्वथा सुखी होने पर भी सन्तानहीनता के कारण बहुत चिन्तित थे।
- मालवनरेश मानसार ने मगध पर आक्रमण किया जहाँ वह बन्दी बना लिया गया।
- राजहंस ने मानसार का राज्य उसे लौटा दिया।
- मानसार अपनी पराजय स्वीकार न कर सका और शिव की आराधना से एक मारक गदा प्राप्त कर पुनः राजहंस पर आक्रमण कर दिया।
- मानसार से पराजित होकर राजहंस मन्त्रियों तथा रानियों सहित वन चले गये।
- राजहंस को वामदेव ऋषि के आशीर्वाद से एक पुत्र की प्राप्ति हुयी।
- राजा राजहंस तथा वसुमती ने पुत्र का नाम राजवाहन रखा।
- लगभग इसी समय चारों मन्त्रियों के भी एक-एक पुत्र हुए।

तथा उनके नाम मित्रगुप्त, मन्त्रगुप्त, विश्रुत और प्रमति रखे गये।

- तभी कामपाल के पुत्र अर्थपाल, रत्नोद्भव के पुत्र पुष्पोद्भव, और सत्यवर्मा के पुत्र सोमदत्त भी वापस राजा के पास वन पहुँच गये।
- इसी समय राजहंस को ज्ञात हुआ कि उनका मित्र मिथिला नरेश प्रहारवर्मा शबरसेनाओं द्वारा मारा गया। प्रहारवर्मा के दो पुत्र उपहारवर्मा और अपहारवर्मा थे। इनका भी पालन-पोषण राजा राजहंस ने किया।
- ये 10 कुमार बड़े होकर दिग्विजय के लिए निकले और अपने अभियान के समय एक दूसरे से अलग हो गए।
- क्रमशः वे इस कथा के नायक राजवाहन से मिलते गये और अपनी अद्भुत कथाएँ सुनाते गये।

मङ्गलाचरण

ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः शतधृतिभवमम्भोरुहो नालदण्डः
क्षोणोनौकूपदण्डः क्षरदमरसरित्पट्टिकाकेतुदण्डः।

भावार्थ- भगवान् त्रिविक्रम (वामन) का वह चरण दण्ड - जो ब्रह्माण्ड रूपी छाते के दण्ड के समान है, ब्रह्मा के उत्पत्ति स्थान कमल के नाल दण्ड के समान है, पृथ्वीरूपी नौका के कूपदण्ड के समान है, आकाश गङ्गारूपी पताका के ध्वजदण्ड के समान है, ग्रह-नक्षत्र मण्डलरूप रथचक्रों की धुरी के समान है, तीनों लोकों के जीतने के चिह्न स्वरूप स्तम्भ (खूँटा) के समान है, अथवा जो राक्षसों के लिए यम दण्ड स्वरूप है - आपका कल्याण करें।

- यह आशीर्वादात्मक मङ्गलाचरण है।
- मङ्गलाचरण में भगवान् विष्णु की आराधना हुयी है।
- भगवान् विष्णु के द्वारा वामन अवतार में तीन पग पृथ्वी की याचना का वर्णन है।
- अन्त में भगवान् ने प्रसन्न होकर बलि को सुतल लोक में सानन्द निवास करने का स्थान दिया।

पूर्वपीठिका

- पूर्वपीठिका पाँच उच्छ्वासों में विभक्त है-

प्रथम उच्छ्वास

- माङ्गलिक पद्य के बाद राजहंस का सामान्य परिचय है।
- राजहंस, मगध की राजधानी **पुष्पपुरी** में निवास करते थे।
- उनकी पत्नी का नाम **वसुमती** तथा पुत्र का नाम **राजवाहन** था।

द्वितीय उच्छ्वास

- ऋषि वामदेव की इच्छा से राजहंस अपने पुत्र राजवाहन को उसके मित्रों के साथ दिग्विजय के लिए भेजते हैं।
- विन्ध्याटवी में पहुँचकर राजवाहन अपने मित्रों का साथ छोड़कर किसी मातङ्ग की सहायता के लिए चले गये।
- राजवाहन की सहायता से मातङ्ग को असुरराज की कन्या कालिन्दी तथा पाताललोक की प्राप्ति हुई।
- कालिन्दी द्वारा एक मणि उपहारस्वरूप प्राप्त करके राजवाहन पाताल से पृथ्वी पर आये तथा बहुत ढूँढने पर उनकी मुलाकात सर्वप्रथम सोमदत्त से हुई।

तृतीय उच्छ्वास

- इसमें सोमदत्त अपना वृत्तान्त राजवाहन से बताता है कि- राजा वीरकेतु की पुत्री वामलोचना थी जो अत्यन्त सुन्दर थी।
  उसकी सुन्दरता पर मुग्ध होकर लाटदेश के राजा मत्तपाल ने वीरकेतु पर आक्रमण करके वामलोचना को प्राप्त कर लेता है।
- सोमदत्त की सहायता से मत्तपाल मारा जाता है तथा वीरकेतु , वामलोचना का विवाह सोमदत्त से कर देते हैं।
- इसके बाद पुष्पोद्भव का आगमन होता है।

चतुर्थ उच्छ्वास

- इस उच्छ्वास में पुष्पोद्भव अपना वृत्तान्त राजकुमार राजवाहन से सुनाता है कि- पुष्पोद्भव किसी वैश्य के साथ उज्जयिनी जाता है।
  वहाँ बालचन्द्रिका नामक युवती मालव पर शासन कर रहे दारुवर्मा के कुकर्मों के बारे में बताती है।
- बालचन्द्रिका के साथ मिलकर पुष्पोद्भव, दारुवर्मा को मार देता है तथा किसी सिद्ध के आदेश से बालचन्द्रिका और पुष्पोद्भव का विवाह होता है। यह सुनकर राजवाहन प्रसन्न होता है और पुष्पोद्भव के साथ अवन्तिपुरी चला जाता है।

पञ्चम उच्छ्वास

- वहाँ राजवाहन मालवदेश की कन्या अवन्तिसुन्दरी को देखता है। राजवाहन, अवन्तिसुन्दरी को अपने पूर्वजन्म की पत्नी 'यज्ञवती' बताता है।
- अवन्तिसुन्दरी भी पूर्वजन्म की बात याद करके राजवाहन को अपने पूर्वजन्म के पति 'शाम्ब' रूप में पहचानती है।
- इन्द्रजाल विद्येश्वर के सहयोग से दोनों का विवाह हो जाता है।
- पूर्वपीठिका यहीं पर समाप्त हो जाती है।

मूलग्रन्थ दशकुमारचरितम्

- इसमें आठ उच्छ्वास हैं-

प्रथम उच्छ्वास

- इसमें राजवाहन, अवन्तिसुन्दरी को 14 भुवनों का वृत्तान्त सुनाता है।
- मार्कण्डेय ऋषि द्वारा दिये गये सुरतमञ्जरी के शाप का भी वर्णन है।
- अपहारवर्मा द्वारा चण्डवर्मा मारा जाता है।

द्वितीय उच्छ्वास

- इसमें अपहारवर्मा का वृत्तान्त वर्णित है।
- अङ्गदेश के चम्पा शहर में निवास कर रहे मरीचि नामक ऋषि एक काममञ्जरी नामक वेश्या पर आसक्त हो जाते हैं।
- तपस्या को छोड़कर ऋषि गृहस्थ बन जाते हैं। तत्पश्चात् वैराग्य धारण कर लेते हैं।
- अपहारवर्मा की मित्रता धनमित्र से होती है।
- काममञ्जरी की छोटी बहन रागमञ्जरी से अपहारवर्मा का

विवाह हो जाता है।

तृतीय उच्छ्वास

- इस उच्छ्वास में उपहारवर्मा का वृत्तान्त वर्णित है।
- वह मिथिला जाता है जहाँ के राजा प्रहारवर्मा थे।
- उपहारवर्मा पुष्करिका के सहयोग से विकटवर्मा को मार देता है जिसने नगरवासियों को परेशान कर रखा था।
- पुष्करिका द्वारा सुन्दरता का वर्णन करने पर कलिन्दवर्मा की पुत्री कल्पसुन्दरी से उपहारवर्मा का विवाह हो जाता है।

चतुर्थ उच्छ्वास

- इसमें अर्थपाल की जीवनकथा का वर्णन है।
- अर्थपाल काशीनगरी को जाता है तथा सिंहघोष से अपने माता-पिता की रक्षा करके सिंहघोष को जेल में डलवा देता है।
- पूर्णभद्र के सहयोग से चण्डघोष की पुत्री मणिकर्णिका से अर्थपाल का विवाह हो जाता है।
- चण्डघोष, सिंहघोष का जीजा था।

पञ्चम उच्छ्वास

- इसमें प्रमति का वृत्तान्त है जो राजवाहन को खोजते हुए विन्ध्याचल के समीप चला जाता है।
- वहाँ से भगवान् शिव के उत्सव में शामिल होने के लिए प्रमति श्रावस्ती चला गया।
- श्रावस्ती के राजा धर्मवर्मन् थे उनकी पुत्री का नाम नवमालिका था।
- राजकुमारी की सहेली के सहयोग से प्रमति अन्तःपुर जाता है, जहाँ राजा, उसके व्यक्तित्व से प्रभावित होते हैं।
- राजा अपनी पुत्री नवमालिका का विवाह प्रमति से कर देते हैं तथा सम्पूर्ण राज्य भी प्रमति को सौंप देते हैं।

षष्ठ उच्छ्वास

- इस उच्छ्वास में मित्रगुप्त का वृत्तान्त वर्णित है।
- वह राजवाहन को ढूँढ़ने सुह्य-प्रदेश के दामलिप्तनगर में जाता है।
- वहाँ के राजा तुङ्गधन्वा थे जिनका पुत्र भीमधन्वा तथा पुत्री कन्दुकावती थी।
- कन्दुकावती से मित्रगुप्त का प्रेम-प्रसङ्ग सुनकर भीमधन्वा मित्रगुप्त को समुद्र में फेंकवा देता है लेकिन वह बच जाता है।
- मित्रगुप्त ने कन्दुकावती को एक राक्षस से बचाता है और उसे उसके पिता तुङ्गधन्वा को समर्पित कर देता है।
- राजा तुङ्गधन्वा प्रसन्न होकर मित्रगुप्त और कन्दुकावती का विवाह कर देते हैं।

सप्तम उच्छ्वास

- इसमें मन्त्रगुप्त का वृत्तान्त वर्णित है।
- वह राजकुमार राजवाहन को खोजने कलिङ्ग देश में जाता है।
- वहाँ के राजा कर्दन थे उनकी कन्या का नाम कनकलेखा था।
- मन्त्रगुप्त, कनकलेखा को एक सिद्ध तथा राक्षस से बचाता है और उसे लेकर अन्तःपुर जाता है।
- राजा कर्दन प्रसन्न होकर स्त्रियों, बेटी और नागरिकों के साथ उत्सव मनाने समुद्र तट के जंगल में जाते हैं, जहाँ जयसिंह कनकलेखा का अपहरण कर लेता है।
- मन्त्रगुप्त पुनः कनकलेखा को बचाता है और प्रसन्न होकर राजा, कनकलेखा का विवाह मन्त्रगुप्त से कर देते हैं।

अष्टम उच्छ्वास

- इस उच्छ्वास में विश्रुत का चरित वर्णित है।
- विश्रुत राजवाहन को खोजने अश्मक देश जाता है वहाँ के राजा वसन्तभानु थे।
- विश्रुत ने वसन्तभानु की सहायता की और प्रचण्डवर्मा मारा जाता है।
- मित्रवर्मा की पुत्री मञ्जुवादिनी से विश्रुत का विवाह हो जाता है।

उत्तरपीठिका

- इसमें विश्रुतचरित का उत्तरार्ध भाग तथा ग्रन्थ का उपसंहार वर्णित है-
- विवाह के पश्चात् विश्रुत को प्रचण्डवर्मा का राज्य मिल जाता है।
- अपनी पत्नी मञ्जुवादिनी को वहीं छोड़कर विश्रुत, राजवाहन की खोज में निकलता है जहाँ अङ्ग नरेश सिंहवर्मा के आमन्त्रण पर जाते समय राजवाहन से मुलाकात होती है।
- इसके बाद वहाँ उपस्थित अपहारवर्मा, उपहारवर्मा, अर्थपाल, प्रमति, मित्रगुप्त,मन्त्रगुप्त और विश्रुत तथा पाटलिपुत्र के युवराज सोमदत्त पत्नी के साथ राजवाहन के साथ मिलकर रहने लगे।
- तत्पश्चात् राजा राजहंस के आज्ञापत्र को लिये हुए पुष्पपुर के राजकर्मचारियों का आगमन होता है।
- पत्र के माध्यम से 'सबके कल्याण' और अपने-अपने राज्य पर शासन करने का आदेश प्राप्त होता है।
- राजा स्वयं वानप्रस्थ-आश्रम में जाने की इच्छा करते हैं।
- इस प्रकार राजवाहन आदि सभी राजकुमार राजहंस की आज्ञा से समस्त पृथ्वी मण्डल का न्यायपूर्वक पालन करने लगे।

दशकुमारचरितम् समाप्त

प्रमुख सूक्तियाँ

1. **'मूढोऽसि! नान्यत्या पिष्ठतममात्मत्यागात्। आत्मानमात्मनानवसाद्यैवोद्धरन्ति सन्तः।** (पेज-45)

भावार्थ- अपहारवर्मा कहता है कि- वत्स, अज्ञानी हो। आत्महत्या से बढ़कर अतिशय-पाप पूर्ण कार्य दूसरा नहीं है। सज्जन अपना नाश न करके अपने उद्योग से अपना उद्धार करते हैं।

2. **धनार्जनस्य बहवः, नैकोऽपिच्छिन्नकण्ठप्रतिसंधानपूर्वस्य प्राणलभस्य।** (पेज-45)

भावार्थ- अपहारवर्मा कहता है कि-धन कमाने के उपाय बहुत है; कटे गले को जोड़कर प्राण प्राप्त करने के उपाय एक भी नही है।

3. मृत्युहस्तवर्तिनः किं ममामुष्या वैरानुबन्धेन
भावार्थ- मौत के हाथ पड़े हुये मुझे उसके साथ वैर लेने से क्या लाभ (पेज-49)

4. बुद्धिमत्प्रयुक्तं नाभ्युपैति शोभाम् इति।
भावार्थ- राजवाहन कहता है कि- बुद्धिमान् के द्वारा किया गया कौन उपाय निश्चय ही शोभित नहीं होता। (पेज-111)

5. गृहिणः प्रियहिताय दारगुणाः इति।
भावार्थ- मित्रगुप्त कहता है कि-पत्नी के गुण गृहस्थ के प्रिय और हित के लिये होते हैं। (पेज-196)

6. 'दुष्करसाधनं प्रज्ञा' इति।
भावार्थ- मित्रगुप्त कहता है कि-जो कार्य करना कठिन है, उसके करने का उपाय बुद्धि है। (पेज-209)

7. श्रुत्वा चित्रेयं दैवगतिः। अवसरेषु पुष्कलः पुष्पकारः
भावार्थ- राजवाहन कहता है कि-यह सुनकर 'यह भाग्य-गति विचित्र है। मौकों पर खूब पुरुषार्थ दिखाया'। (पेज-212)

8. 'चित्तज्ञाननानुवर्तिनोऽनर्थ्या अपि प्रियाः स्युः। दक्षिणा अपि तद्भावबहिष्कृता द्वेष्या भवेयुः'।
भावार्थ- विश्रुत कहता है कि- मनोभाव का अनुसरण करने वाले अवाञ्छनीय व्यक्ति भी प्रिय हो सकते हैं और उस चित्र के भाव से दूर रहने वाले द्वेष पात्र हो सकते हैं। (पेज-253)

9. न चान्यदस्ति पापिष्ठं तत्र दौर्बल्यात्।
भावार्थ- विश्रुत कहता है कि- दुर्बलता से बढ़कर परम पापी दूसरी वस्तु नहीं। (पेज-284)

10. अर्थमूला हि दण्डविशिष्टकर्मारम्भाः।
भावार्थ- विश्रुत कहता है कि-राजनीति और श्रेष्ठ कार्यों के आरम्भ के मूल में धन ही है। (पेज-284)

11. दैव्याः शक्तेः पुरो न बलवती मानवी शक्तिः।
भावार्थ- विश्रुत कहता है कि-ईश्वरीय ताकत के आगे आदमी की ताकत बली नही है।' (पेज-286)

महत्त्वपूर्ण तथ्य

- ऋषि वामदेव तथा राजहंस का संवाद द्वितीय उच्छ्वास में होता है।
- राजवाहन 8 राजकुमारों के साथ दिग्विजय यात्रा पर निकलतें हैं।
- राजवाहन को सर्वप्रथम सोमदत्त अपना वृत्तान्त सुनाते हैं।
- सोमदत्त को मणि कुदेश मे प्राप्त होती है।
- कुदेश के स्वामी का नाम वीरकेतु था।
- मत्तकाल का वध सोमदत्त ने किया था।
- सोमदत्त का विवाह वामलोचना से हुआ।
- पुष्पोद्भव के पिता का नाम रत्नोद्भव तथा माता का नाम सुवृत्ता था।
- पुष्पोद्भव वैश्यपुत्र चन्द्रपाल के साथ उज्जयिनी गया था।
- मालवनरेश का नाम मानसार था।
- मानसार का पुत्र दर्पसार था।
- दर्पसार ने अपना राज्य चण्डवर्मा तथा दारुवर्मा को सौंप दिया था।
- राजकुमार राजवाहन पुष्पोद्भव के साथ अवन्तिकापुरी गये।
- वसन्त ऋतु का वर्णन पञ्चम उच्छ्वास में है।
- मालवनरेश की पुत्री अवन्तिसुन्दरी थी।
- अवन्तिसुन्दरी राजवाहन की पूर्वजन्म की पत्नी यज्ञवती थी।
- राजवाहन का नाम पूर्वजन्म मे शाम्ब था।
- पूर्वपीठिका की समाप्ति राजवाहन तथा अवन्तिसुन्दरी के विवाह से होता है।
- राजकुमार द्वारा 14 भुवनों का वर्णन मूलग्रन्थ के प्रथम उच्छ्वास में है।
- चण्डवर्मा द्वारा राजवाहन तथा पुष्पोद्भव का हरण किया जाता है।
- राजवाहन पर बँधी चाँदी की जंजीर एक अप्सरा के रूप में बदल जाती है।
- अप्सरा का नाम सुरतमञ्जरी था।
- सुरतमञ्जरी नामक अप्सरा को मार्कण्डेय ऋषि से शाप प्राप्त था।
- अवन्तिसुन्दरी के भाई का नाम दर्पसार था।
- अपहारवर्मा के द्वारा चण्डवर्मा मारा जाता है।
- मरीचि नामक महर्षि चम्पा नगरी में रहते थे।
- महर्षि मरीचि काममञ्जरी पर आसक्त हो गये थे।
- जैन साधु का नाम वसुपालित था।
- वसुपालित को विरूपक भी कहा जाता था।
- वसुपालित का सम्पूर्ण धन सुन्दरक तथा काममञ्जरी ने ले लिया था।
- मिथिला के राजा प्रहारवर्मा तथा राजहंस परम मित्र थे।
- कलिन्दवर्मा की पुत्री कल्पसुन्दरी थी।
- विकटवर्मा का नाश उपहारवर्मा द्वारा हुआ।
- पूर्णभद्र काशी ग्रामाध्यक्ष का बेटा था।
- पूर्णभद्र काशी नरेश चण्डसिंह के प्रधानमंत्री कामपाल द्वारा पकड़ा गया।
- कुसुमपुर के राजा का नाम रिपुञ्जय था रिपुञ्जय का मन्त्री धर्मपाल था।
- धर्मपाल का पुत्र सुमित्र था।
- सुमित्र का सौतेला भाई कामपाल था।
- मणिभद्र की कन्या तारावली जिसने कामपाल को बचाया था।
- कामपाल प्रथम जन्म में शौनक, द्वितीय मे शूद्रक तथा तृतीय में कामपाल था।
- चण्डसिंह की पुत्री कांतिमती थी।
- कामपाल ने कांतिमती से विवाह किया।
- चण्डघोष की मृत्यु क्षयरोग से हुयी।
- चण्डघोष की मृत्यु के बाद सिंहघोष राजगद्दी पर बैठा जिसने कामपाल को कैद करवा दिया।
- अर्थपाल का विवाह चण्डघोष की पुत्री मणिकर्णिका से हुआ।

- प्रमति का सम्पूर्ण वर्णन पञ्चम उच्छ्वास में है।
- प्रमति का विवाह नवमालिका से हुआ था।
- मित्रगुप्त का विवाह कन्दुकावती से हुआ।
- धूमिनी, गोमिनी, निम्बवती और नितम्बवती का वर्णन छठें उच्छ्वास में है।
- यक्ष वर्णन छठवें उच्छ्वास में है।
- कलिंग देश की पुत्री कनकलेखा थी।
- कनकलेखा का विवाह मन्त्रगुप्त से हुआ।
- विश्रुत वर्णन आठवें उच्छ्वास में प्राप्त होता है।
- विदर्भ राज्य का राजा पुण्यवर्मा।
- पुण्यवर्मा की मृत्यु के पश्चात् अनन्तवर्मा राजा बना।
- पुण्यवर्मा वृद्ध मंत्री वसुरक्षित थे।
- अनन्तवर्मा का धूर्त सेवक विहारभद्र था।
- विहारभद्र ने राजविद्या के विषय में बताया।
- राजविद्याएं 4 होती हैं। 1. त्रयी 2. वार्त्ता 3. आन्वीक्षिकी 4. दण्ड।
- अश्मक नरेश का नाम वसन्तभानु था।
- अनन्तवर्मा की पत्नी वसुन्धरा थी
- अनन्तवर्मा और वसुन्धरा के पुत्र का नाम - भास्करवर्मा तथा पुत्री का नाम मञ्जुवादिनी था।
- विश्रुत द्वारा प्रचण्डवर्मा का वध हुआ।
- विश्रुत का विवाह मञ्जुवादिनी से हुआ।
- विश्रुत द्वारा भास्करवर्मा को विदर्भ का राजा बनाया गया।

दशकुमारचरितम्- बिन्दुवार अध्ययन

- दण्डिना रचितं गद्यकाव्यं किम्? - **दशकुमारचरितम्**
- 'बृहत्कथा' आधारित ग्रन्थ है - **दशकुमारचरितम्**
- दशकुमारचरितं केन प्रणीतम् - **दण्डिना**
- दशकुमारचरिते अयं प्रतिनायकः भवति - **मानसारः**
- 'दशकुमारचरितम्' में उच्छ्वासों की संख्या है - **आठ**
- दशकुमारचरिते कियती संख्याऽस्ति राजकुमाराणाम्- **दस**
- कुत्र पदलालित्यं प्रसिद्धम्? - **दशकुमारचरिते**
- किस प्राचीन गद्यकाव्य में लोक जीवन का सर्वाधिक चित्रण है? - **दशकुमारचरितम्**
- दशकुमारचरितस्य नायकः कः? - **राजवाहनः**
- विश्रुतस्य वृत्तान्तं कुत्र वर्णितम् - **दशकुमारचरिते**
- पुण्यवर्मा कस्य देशस्य नृप आसीत् दशकुमारचरिते - **विदर्भदेशस्य**
- दशकुमारचरितानुसारं राजहंसस्य राजधानी आसीत्? - **पुष्पपुरीनगर्याम्**
- 'राजवाहन' नामक राजकुमार का वर्णन है - **दशकुमारचरितम् में**
- दशकुमारचरिते पूर्वपीठिकायां निबद्धानामुच्छ्वासानां संख्या वर्तते - **05**
- दशकुमारचरितस्य कस्मिन् चरिते सुरतमञ्जर्याः उपाख्यानमस्ति? - **राजवाहनचरिते**
- दशकुमारचरिते मगधनरेशस्य पुत्रः कः? - **राजवाहनः**
- 'दशकुमारचरितम्' की कथावस्तु का विचार कहाँ से लिया गया है - **बृहत्कथा**
- दशकुमारचरिते अथ सोऽप्याचचक्षे – ''देव, मयापि परिभ्रमता कोऽपि कुमारः .... दृष्टः'' – इत्यादिषु कस्य परिभ्रमणमुल्लिखितम्? - **विश्रुतस्य**
- ओष्ठ्यवर्णानामभावोऽस्ति दशकुमारचरितस्य उच्छ्वासे - **सप्तमे**
- दशकुमारचरितम् में दण्डी ने कौन-सी रीति का प्रयोग किया है? - **वैदर्भी रीति**
- विश्रुतः कया सह विवाहमकरोत् - **मञ्जुवादिन्या**
- प्रचण्डवर्माणं कः हतवान् - **विश्रुतः**
- दशकुमारचरितम् इति कः वाङ्मयप्रकारः?- **आख्यायिका**
- दुर्भिक्ष का वर्णन किस काव्य में है?- **दशकुमारचरितम्**

4.20 प्रबोधचन्द्रोदयम्

कृष्ण मिश्र का परिचय

- **नाम-** कृष्ण मिश्र
- **जाति-** ब्राह्मण
- **निवास स्थान-** बिहार
- **समय-** 1050 ई॰ के आस-पास या 11वीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध।
- जेजाकमुक्ति के चन्देल राजा कीर्तिवर्मा के शासनकाल में कृष्ण मिश्र का जन्म हुआ था। गोपाल सम्भवतः कीर्तिवर्मा के सेनापति थे। जिनका उल्लेख 'प्रबोधचन्द्रोदय' के प्रस्तावना में आया है। 1065 ई॰ में कीर्तिवर्मा पुनः राजा बने थे।
- **प्रिय छन्द-** शार्दूलविक्रीडित और वसन्ततिलका।
- **उपासक-** वेदान्ती होने के कारण कृष्ण मिश्र ब्रह्म की उपासना करते थे।
- **कृति-** प्रबोधचन्दोदय एक मात्र।

प्रबोधचन्द्रोदय का परिचय

लेखक- कृष्ण मिश्र
काव्यविधा- नाटक
उपविधा- प्रतीकात्मक नाटक/ दार्शनिक नाटक/ रूपकात्मक नाटक
विभाजन- 6 अङ्कों में
श्लोक संख्या- 191

अङ्क	श्लोक संख्या
प्रथम	31
द्वितीय	38
तृतीय	26
चतुर्थ (विवेक-उद्योग)	30
पञ्चम (वैराग्य-प्रादुर्भाव)	33
षष्ठ (जीवन्मुक्ति)	33
कुल श्लोक-	**191**

उपजीव्य- अद्वैत- वेदान्तदर्शन
प्रधान रस/अङ्गी रस- शान्त रस
अन्य रस- हास्य रस
गुण- प्रसाद एवं माधुर्य
रीति- वैदर्भी
छन्द- 'प्रबोधचन्द्रोदय' में कुल 15 प्रकार के छन्दों का प्रयोग हुआ है, जिनमें शार्दूलविक्रीडित, स्रग्धरा, वसन्ततिलका, शिखरिणी, मन्दाक्रान्ता, मालिनी, हरिणी जैसे बड़े छन्द एवं अनुष्टुप्, उपजाति, पुष्पिताग्रा, आर्या तथा प्रहर्षिणी जैसे छोटे छन्द हैं।

- सर्वाधित प्रयुक्त छन्दों में क्रमशः शार्दूलविक्रीडित (55) अनुष्टुप् (35) तथा वसन्ततिलका (28) मुख्य हैं।

नायक- विवेक
नायिका- मति
प्रतिनायक- महामोह

प्रबोधचन्द्रोदय का मङ्गलाचरण

मध्याह्नार्कमरीचिकास्विव पयः पूरो यदज्ञानतः
खं वायुर्ज्वलनो जलं क्षितिरिति त्रैलोक्यमुन्मीलति।
तत्त्वत्वं विदुषां निमीलति पुनः स्रग्भोगिभोगोपमं
सान्द्रानन्दमुपास्महे तदमलं स्वात्मावबोधं महः॥ (1/1)

भावार्थ- मध्याह्न सूर्य की मरीचिका में जलराशि की तरह जिसके अज्ञान से आकाश, वायु, तेज, जल और पृथ्वी इस क्रम से त्रैलोक्य प्रकट होता है और जिसके ज्ञान से माला सर्प की तरह लीन हो जाता है, उस आनन्द स्वरूप तथा स्वप्रकाशरूप उस ब्रह्म की हम उपासना करते हैं।

अन्तर्नाडीनियमितमरुल्लङ्घितब्रह्मरन्ध्रं
स्वान्ते शान्तिप्रणयिनि समुन्मीलदानन्दसान्द्रम्।
प्रत्यक् ज्योतिर्जयति यमिनः स्पष्टलालाटनेत्र
व्याजव्यक्तीकृतमिव जगद्व्यापि चन्द्रार्धमौलेः॥(1/2)

भावार्थ- सुषुम्ना नाड़ी में प्राण को अवरुद्ध करके ब्रह्मरन्ध्र से प्रवेशित करने के लिए शान्तियुक्त हृदय में आनन्द रूप से प्रकटित होने वाला तपोनिष्ठ महादेव की तृतीय दृष्टि के रूप में प्रकटीभूत महादेव की प्रत्यक् ज्योति की जय हो।

- कृष्णमिश्र ने दो पद्यों के माध्यम से मङ्गलाचरण किया है।
- उपर्युक्त दोंनो श्लोकों में **नमस्क्रियात्मक मङ्गलाचरण** का प्रयोग है।
- नाटक होने के कारण **अष्टपदा नान्दी** का प्रयोग है।
- प्रथम श्लोक में 'ब्रह्म' तथा द्वितीय श्लोक में 'शिव के प्रत्यक् ज्योति' की स्तुति है।
- प्रथम पद्य में शार्दूलविक्रीडित छन्द एवं उपमा अलङ्कार का प्रयोग हुआ है।
- द्वितीय श्लोक में मन्दाक्रान्ता छन्द एवं रूपक अलङ्कार प्रयुक्त है।

प्रबोधचन्द्रोदय का भरतवाक्य

पर्जन्योऽस्मिन् जगति महतीं वृष्टिमिष्टां विधत्तां
राजानः क्ष्मां गलितविविधोपप्लवाः पालयन्तु।
हत्वोन्मेषोपहततमसस्त्वत्प्रसादान्महान्तः
संसाराब्धिं विषयममतातङ्कपङ्कं तरन्तु॥ (6/33)

भावार्थ- मेघ इस धरा पर यथेच्छ वृष्टि किया करें, अनेक प्रकार के उपद्रवों से रहित होकर राजागण पृथ्वी का पालन करें तुम्हारे प्रसाद से महान् जन तत्क्षण अज्ञान को दूरकर विषय रूप ममता पङ्कपूर्ण संसार सागर को पार कर जाएं।

- इस भरतवाक्य में संसार के कल्याण की कामना की गयी है।
- भरतवाक्य में मन्दाक्रान्ता छन्द का प्रयोग है।

'प्रबोधचन्द्रोदय' नाम की सार्थकता

- **'प्रबोधचन्द्रस्य उदयः यस्मिन् अस्ति इति प्रबोधचन्द्रोदयः** (बहुव्रीहि समास)। इस प्रकार ग्रन्थवाची होने के कारण नपुंसकलिङ्ग एकवचन में 'प्रबोधचन्द्रोदयम् प्रयोग सिद्ध हुआ।
- 'प्रबोधचन्द्रोदयम्' में बहुव्रीहि समास है।
- नाटक में पुरुष और उनकी पत्नी उपनिषद् का पुत्र है-

प्रबोधचन्द्र।

- प्रबोधचन्द्र का जन्म इस नाटक का मुख्य बिन्दु है इसीलिए इस नाटक का शीर्षक 'प्रबोधचन्द्रोदय' ही हुआ।
- इस प्रकार यह नाटक के लिए उपयुक्त शीर्षक है।

प्रबोधचन्द्रोदय का संक्षिप्त कथानक

प्रथम अङ्क

- नान्दी पाठ के बाद सूत्रधार बताता है कि यह नाटक श्रीमान् गोपाल की आज्ञा से मञ्चन किया जा रहा है, "क्योंकि राजा कीर्तिवर्मा की दिग्विजय यात्रा के प्रसङ्ग से 'ब्रह्मानन्द' सुख से विमुख होकर हमने (गोपाल) नाना प्रकार के विषय रसों से दूषित दिन बिताए हैं, अब निश्चिन्त होकर हम शान्तरस के नाटक से अपने को आनन्दित करना चाहते हैं इसलिए श्रीकृष्णमिश्र द्वारा रचित 'प्रबोधचन्द्रोदय' नाम के नाटक को कीर्तिवर्मा के सामने अभिनीत करें।"
- मन की दो पत्नियाँ हैं- 'प्रवृत्ति और 'निवृत्ति'। 'प्रवृत्ति' के पुत्र का नाम 'मोह' तथा 'निवृत्ति' के पुत्र का नाम विवेक है।
- दोंनो आपस में विरोधी हैं, विवेक के पक्ष में शान्ति, श्रद्धा आदि तथा मोह के पक्ष में काम, लोभ, तृष्णा, क्रोध, हिंसा आदि हैं।
- 'रति, विवेक से डरती है तो काम उसे न डरने के लिए उत्साहित करता है।
- यम, नियम आदि विवेक के मंत्री हैं। चित्त विकार उनका शत्रु है।
- 'रति' के पूँछने पर 'काम' बताता है कि वह और 'विवेक'एक ही पिता के पुत्र हैं किन्तु विषय का लोभ ही हमेशा से सहोदरों में विरोध कराता आया है।
- 'काम' आगे बताता है कि उसके कुल में 'विद्या' नाम की राक्षसी जन्म ग्रहण करने वाली है।
- 'रति' डर जाती है और 'काम' से लिपट जाती है फिर 'काम' कहता है "धीरज रखो मेरे रहते 'विद्या' की उत्पत्ति कैसे होगी"
- 'विवेक' अपनी पत्नी 'मति' से कहता है कि 'काम' ने संसार को बंधन में डाल रखा है और हम शुद्धि बुद्धि वाले को यह अभागा 'पापी' बता रहा है।
- 'मति' प्रश्न करती है कि मनुष्य तो आनन्दस्वरूप है फिर काम ने बंधन में कैसे डाला?
- विवेक बताता है कि एक चतुर आदमी भी स्त्रियों के द्वारा प्रताड़ित होकर बंधन में पड़ जाता है।
- मति के इससे मुक्ति के विषय में पूँछने पर विवेक बताता है कि उपनिषद् के साथ हमारा सम्बन्ध होने से प्रबोध की उत्पत्ति होगी तभी यह बन्धन छूट सकता है।

➢ प्रथम अङ्क समाप्त ➢

द्वितीय अङ्क

- विवेक के 'प्रबोधोदय' प्रतिज्ञा को सुनकर महाराज 'मोह' दम्भ से कहते हैं कि हमारे वंश के क्षय का समय आ गया है अतः आप लोग प्रतीकार करें, पृथ्वी पर सबसे बड़ा मुक्तिस्थल 'काशी' है वहाँ जाकर निःश्रेयश को विघ्नित करें।
- अहङ्कार, वेदान्तियों की भर्त्सना करते हुए दम्भ के आश्रम में जाता है तो दम्भ उसे पितामह के रूप में पहचानकर प्रणाम करता है।
- अहङ्कार दम्भ से कहता है- मैंने तुम्हे द्वापर के अन्त में देखा था अब तुम बड़े हो गये हो और अपनी वृद्धता के कारण तुम्हें नहीं पहचान सका।
- मोह के बारे में पूँछने पर दम्भ बताता है कि महाराज मोह इन्द्रलोक से आकर काशी को अपनी राजधानी बनाना चाहते हैं। क्योंकि वे विवेक के मार्ग को अवरुद्ध करना चाहते हैं।
- मोह के साथ चार्वाक मत भी आया और अपने मत का प्रचार किया। चार्वाक के सिद्धान्त से मोह प्रसन्न हुआ।
- चार्वाक मोह से कहता है कि- विष्णुभक्ति नाम की एक योगिनी है, यद्यपि कलि ने उसका प्रचार रोक दिया है,तथापि उसका बड़ा प्रभाव है। वह जहाँ रहती है, उस वंश की ओर ताकना भी हमारे लिए कठिन हो जाता है। आगे भी कहता है।
- 'पुरी' से आये 'मद-मान' के पत्र से पता चलता है कि शान्ति अपनी माता श्रद्धा के साथ विवेक को उपनिषद् से मिलाने के लिए रातदिन उपनिषद् को समझाती है अतः आप प्रतीकार करें।
- इस पर मोह ने कहा- शान्ति की क्या बात है, जब काम उसके विपक्ष में है।
- महामोह ने 'शान्ति' को वशीकृत करने के लिए उसकी माता 'श्रद्धा' को 'मिथ्यादृष्टि' से ग्रसित करवा देता है।

➢ द्वितीय अङ्क समाप्त ➢

तृतीय अङ्क

- मिथ्यादृष्टि से ग्रसित होकर श्रद्धा, शान्ति द्वारा वन, पर्वत, नदी तट आदि पर खोजी जाती है। करुणा नामक सखी के कहने पर शान्ति पाखण्डालयों में भी खोजती है।
- वहाँ पर जैन और बौद्ध साधुओं के बीच को तामसी श्रद्धा दिखाई पड़ती है।
- उसके बाद 'शान्ति', सोमसिद्धान्ती भिक्षुओं को मदिरापान कराती हुई कापालिकी वेशधारिणी राजसी श्रद्धा को देखती है।
- शान्ति सोचती है कि राजसी श्रद्धा उसकी माँ नहीं हो सकती, तब 'करुणा बताती कि 'श्रद्धा' 'विष्णुभक्ति के पास है।

➢ तृतीय अङ्क समाप्त ➢

चतुर्थ अङ्क

- श्रद्धा और मैत्री का प्रवेश होता है। मैत्री ने श्रद्धा से कहा कि तुम्हें महाभैरवी के चंगुल से विष्णुभक्ति ने बचाया है इसलिए तुम्हें देखने चली आयी।
- विवेक, मोह से युद्ध करने के लिए 'वस्तुविचार' को बुलाता है। 'वस्तुविचार' तैयार हो जाता है।
- 'क्षमा' ने कहा कि मेरे द्वारा क्रोध के जीतने पर हिंसा, मद, मात्सर्य आदि स्वयं हार मान लेंगे।
- लोभ को जीतने वाले सन्तोष के सलाह पर राजा (विवेक) ने

सेना को वाराणसी भेजने का आदेश दिया।

➢ चतुर्थ अङ्क समाप्त ➢

पञ्चम अङ्क

➢ विवेक की सेना द्वारा जब मोह पक्ष का संहार हो जाता है तब श्रद्धा इस निष्कर्ष पर पहुँचती है कि आत्मीयों का विरोध कुलसंहारक होता है।
➢ विष्णुभक्ति, श्रद्धा को मुनिजन के हृदय में रहने का वरदान देती है।
➢ विष्णुभक्ति के श्रद्धा से युद्ध के बारे में पूँछने पर श्रद्धा बताती है कि आदि केशव मन्दिर से चलकर दोनों सेनाएं आमने सामने हुईं।
➢ विवेक ने 'न्यायदर्शन' को दूत रूप में मोह के पास भेजा।
➢ दूत ने मोह से कहा कि आप देवस्थल छोड़ दें नहीं तो समूल नष्ट कर दिये जायेंगे।
➢ मोह क्रोधित होकर युद्ध के लिए उद्यत हुआ और हारकर कहीं छिप गया।
➢ अपनी पत्नी प्रवृत्ति और अनेक पुत्रों की मृत्यु से 'मन' जर्जरित हो गया और वैराग्य की ओर झुककर निवृत्ति को पत्नी के पद पर नियुक्त किया।

➢ पञ्चम अङ्क समाप्त ➢

षष्ठ अङ्क

➢ शान्ति और श्रद्धा के दिन आराम से बीतने लगे। श्रद्धा द्वारा ज्ञात होता है कि मोह ने दुष्टता का त्याग नहीं किया है, उसने पुरुष को फुसलाने के लिए 'मधुमती' को नियुक्त किया है।
➢ 'मधुमती' ने पुरुष को अपने माया में फँसाया तथा 'तर्क' ने पुरुष को मायाजाल से सचेत किया।
➢ उपनिषद्, विवेक से मिलती हैं। पुरुष से उपनिषद् अपनी बीती बातें बताती हैं।
➢ पुरुष के पूँछने पर उपनिषद् बताती है कि वह इतने दिन मठ चत्वर, पुराने देवागारों में बितायी क्योंकि यज्ञविद्या, मीमांसा और तर्कविद्याओं ने उसे आश्रय नहीं दिया।
➢ उपनिषद् ने आज्ञा का स्वरूप बताया और इसी समय निदिध्यासन प्रकट हुआ।
➢ निदिध्यासन, पुरुष के समक्ष ही उपनिषद् से निवेदन किया कि आपके गर्भ से 'विद्या' और 'प्रबोध' नामक दो सन्तानें होंगी। उनमें 'विद्या' को सङ्कर्ष विद्या द्वारा मन में संक्रान्त करा दें और प्रबोधचन्द्र को पुरुष के हाथों सौंपकर विवेक के साथ विष्णुभक्ति के पास चली जायें।
➢ प्रबोध के जन्म से सबका अज्ञानान्धकार दूर हो गया। पुरुष को विष्णुभक्ति के प्रसाद से मुक्ति मिली। भरतवाक्य के साथ नाटक समाप्त

प्रबोधचन्द्रोदय के प्रमुख पात्रों की विशेषताएँ

विवेक

➢ विवेक, प्रबोधचन्द्रोदय नाटक का नायक एवं राजा है।
➢ विवेक के पत्नी का नाम मति है। नाटक की सभी घटनाएं इन्हीं पात्रों के आस-पास घूमती हैं।
➢ विवेक काशी नगरी को दम्भ, अहङ्कार, मोह, लोभ आदि शत्रुओं से मुक्त कराना चाहता है।
➢ यम, नियम इत्यादि विवेक के मन्त्री हैं। 'वस्तुविचार' विवेक का प्रमुख पात्र है।
➢ विवेक, वस्तुविचार को आगे करके 'मोह' से युद्ध करता है, जिसमें मोह पराजित होता है।
➢ विवेक और उपनिषद् से ही प्रबोधचन्द्र का जन्म होता है।
➢ अन्त में विवेक विष्णुभक्ति के पास चला जाता है।

मति

➢ मति इस नाटक की प्रमुख स्त्री पात्र, नायिका तथा विवेक की पत्नी है।
➢ वह अनेक विषयों पर विवेक से प्रश्न पूँछा करती है और विवेक उसे हर जानकारी देते हैं।
➢ 'विवेक और उपनिषद् के संबन्ध से ही प्रबोधजन्म होगा यह सुनकर मति को न तो क्रोध आया और न ही विचलित हुई।
➢ इस प्रकार मति कर्त्तव्यपरायणा, पतिव्रता स्त्री है।

मोह

➢ मोह इस नाटक का प्रतिनायक तथा प्रमुख पात्र है।
➢ मोह का पक्ष संख्या में ज्यादा है, किन्तु विवेक के साथ युद्ध में हार जाता है।
➢ चार्वाक, मोह पक्ष से विवेक के साथ युद्ध करके मारा जाता है और मोह कहीं छिप जाता है।
➢ मोह ने इन्द्रलोक को छोड़कर काशी में रहने का निर्णय लिया जिसका विवेक ने विरोध किया।
➢ अपने भाइयों की मृत्यु के बाद भी मोह ने अपना कुटिल चाल नहीं त्यागा और मधुमती को अपने कार्यों में नियुक्त किया।
➢ सब प्रकार से प्रयास करने पर भी मोह को कहीं सफलता नहीं मिलती है।
➢ अपने हठी स्वभाव के कारण मोह, विवेक से पीछे नहीं हटता और अपने स्वाभिमान की रक्षा करता है।

अङ्कवार प्रमुख घटनाएँ

प्रथम अङ्क

➢ विवेक तथा मोह के पक्षकारों का वर्णन।
➢ विवेक- मति का वार्तालाप तथा प्रबोधचन्द्र के जन्म की उद्घोषणा।

द्वितीय अङ्क

➢ दम्भ आश्रम का वर्णन।
➢ मोह का इन्द्रलोक त्याग एवं काशी वास।

तृतीय अङ्क

➢ श्रद्धा का मिथ्यादृष्टि से ग्रस्त होना।
➢ शान्ति द्वारा श्रद्धा को ढूढ़ना।

चतुर्थ अङ्क

➢ राजा का सन्तोष से युद्ध सम्बंधी सलाह।
➢ राजा के आदेश पर सैनिकों का वाराणसी प्रस्थान।

पञ्चम अङ्क

➢ मोहपक्ष का संहार।

➢ मोह के पिता 'मन' का विलाप।

षष्ठ अङ्क

➢ प्रबोधचन्द्र का जन्म।

➢ विवेक का विष्णुभक्ति के पास जाना।

प्रबोधचन्द्रोदय का पात्र-परिचय

पुरुष - पात्र

1. **सूत्रधार**-प्रधान नट एवं मञ्च का प्रबन्धक।
2. **विवेक**-प्रधान नायक (राजा)
3. **वस्तुविचार**-विवेक का नौकर
4. **सन्तोष**- सत्य का सहचर
5. **पुरुष**-उपनिषद् का पति
6. **प्रबोधचन्द्र**-उपनिषद् का पुत्र
7. **वैराग्य, निदिध्यासन, संकल्प**-मन से उत्पन्न
8. **पारिपार्श्वक, पुरुष, सारथि, प्रतीहारी**- अन्य जन
9. **मोह**- प्रतिनायक
10. **चार्वाक**-मोह का मित्र
11. **काम, कोध,लोभ, दम्भ, अहङ्कार**-मोह के अमात्य
12. **मन**- संकल्प रूप
13. **वटु, शिष्य, दौवारिक**-अन्य लोग
14. **दिगम्बर भिक्षु, कापालिक**-बौद्ध, जैनमत के प्रचारक

स्त्री-पात्र

1. **नटी**-सूत्रधार की पत्नी
2. **मति**-विवेक की पत्नी
3. **श्रद्धा**- शान्ति की माता
4. **शान्ति**- विवेक की बहन
5. **करुणा**-शान्ति की सखी
6. **मैत्री**- श्रद्धा की सखी
7. **उपनिषद्**- वेदान्त विद्या, प्रबोध की माँ
8. **सरस्वती**-विष्णुभक्ति की सखी
9. **क्षमा**- विवेक की दासी
10. **मिथ्यादृष्टि**- मोह की पत्नी
11. **विभ्रमावती**- मोह की सखी
12. **रति**- काम की पत्नी
13. **हिंसा**- क्रोध की पत्नी
14. **तृष्णा**-लोभ की पत्नी

प्रबोधचन्द्रोदय की सूक्तियाँ

1. स्मरणमपि कामिनीनामलमिह मनसो विकाराय। (1/16)

भावार्थ- काम, रति से कहता है कि "स्त्रियों का स्मरण भी मन को विकृत करने में पर्याप्त होता है।"

2. नूनमन्धकारलेखया सहस्त्ररश्मेस्तिरस्कारो यथा तथा मायया स्फुरन्महाप्रकाशसागरस्य देवस्याप्यभिभवः।

भावार्थ- मति, विवेक से कहती है कि-आर्यपुत्र, जिस प्रकार सूर्य का अभिनव अन्धकार द्वारा होता है उसी प्रकार माया द्वारा ब्रह्म का अभिनव हुआ।

3. एताः प्रविश्य सदयं हृदयं नराणां,
किं नाम वामनयना न समाचरन्ति॥ (1/27)

भावार्थ- राजा, मति से कहता है, "मोहित करती हैं, मदयुक्त बनाती हैं, धिक्कारती हैं, खुश करती हैं, तकलीफ देती हैं, "हृदय में प्रवेश करके स्त्रियाँ पुरुषों का क्या नहीं कर देती हैं।"

4. यस्य हस्तौ च पादौ च मनश्चैव सुसंयतम्।
विद्या तपश्च तीर्थं च स तीर्थफलमश्नुते॥ (2/14)

भावार्थ- दम्भ अहङ्कार से कहता है, शास्त्रकारों ने कहा है- "जिस व्यक्ति के हाथ पैर तथा मन संयत है और विद्या तथा तप भी ठिकाने है वही व्यक्ति तीर्थफल प्राप्त करता है।"

5. उद्वेजयति सूक्ष्मोऽपि चरणं कण्टकाङ्कुरः। (2/27)

भावार्थ- चार्वाक कहता है- "छोटा-सा भी कण्टक चरण को उद्विग्न कर देता है।"

6. न खलु भावानुबन्धः प्रेमाकालेनापि विघटते।

भावार्थ- द्वितीय अङ्क में मिथ्यादृष्टि, मोह से कहती है, "भावनुबन्धी प्रेम पर समय की आँच नहीं लगती है।

7. अहो साधुरयं सौगतधर्मो यत्र सौख्यं मोक्षश्च।

भावार्थ- तृतीय अङ्क में बौद्धभिक्षु कहता है, "अहा! धन्य है यह सौगतधर्म जिसमें सुख तथा मोक्ष दोंनो है।

8. अहिंसा परमोधर्मोऽस्ति।

भावार्थ- तृतीय अङ्क में क्षपणक भयवश कहता है, "महानुभाव, अहिंसा परम धर्म है।"

9. सा विष्णुभक्ति सहिता, वसति हृदये महात्मनाम्। (3/24)

भावार्थ- करुणा से क्षपणक श्रद्धा के बारे में कहता है, "वह विष्णु भक्ति के साथ महात्माओं के हृदय में वास करती है।"

10. सहन्ते संतापं तदपि धनिनां द्वारि कृपणाः। (4/19)

भावार्थ- सन्तोष कहता है, " फिर भी कृपणजन धनिकों के दरवाजे पर सन्ताप सहा करते हैं।"

11. कुलस्त्रीणां नैसर्गिकं शीलं यद्विपन्मग्नस्य स्वामिनः समयप्रतीक्षणमिति।

भावार्थ- छठे अङ्क में शान्ति कहती है, "स्त्रियों का यही तो स्वाभाविक चरित्र होता है कि वे विपत्ति में फंसे स्वामी के सुसमय की प्रतीक्षा करती हैं।"

12. नान्योऽस्ति पन्था भवमुक्ति हेतुः। (6/17)

भावार्थ- राजा कहता है, "संसार से मुक्ति का कोई उपाय नहीं है।शिवाय ब्रह्मज्ञान के।"

तथ्यात्मक ज्ञान

➢ प्रतीकात्मक नाटक के प्रवर्तक कृष्ण मिश्र हैं।

➢ प्रबोधचन्द्रोदय एक सुखान्त नाटक है।

➢ सैद्धान्तिक दृष्टि से यह नाटक अद्वैत वेदान्त एवं विष्णुभक्ति का समन्वयात्मक रूप उपस्थित करता है।

➢ लेखक ने अमूर्तभावों को मानवों का रूप देने पूर्ण सफलता पाई है।

➢ इसे छायानाटक तथा भावनाटक की भी संज्ञा दी जाती हैं

- इस नाटक के प्रथम एवं चतुर्थ अङ्क में विष्कम्भक तथा षष्ठ अङ्क में प्रवेशक का प्रयोग है।
- यद्यपि रङ्गमञ्च की दृष्टि से यह नाटक उपयुक्त नहीं है फिर भी लेखक का उद्देश्य स्पष्ट है।

❑❑

कौटिल्य अर्थशास्त्र

- **लेखक - कौटिल्य**
- **जन्म** - अनुमानतः 375 ईसा पूर्व

  पिता का नाम - चणक

  आवास - पाटलिपुत्र

  अन्य नाम - कौटिल्य, विष्णुगुप्त

  अध्ययन - तक्षशिला

  व्यवसाय - चन्द्रगुप्त मौर्य के महामंत्री

  रचनाएं - अर्थशास्त्र, चाणक्यनीति

अर्थशास्त्र ग्रन्थ परिचय

- **लेखक -** कौटिल्य

  रचनाकाल - लगभग 300 ई॰ पू॰

  विभाजन - अधिकरण, प्रकरण और अध्याय में
- अर्थशास्त्र में कुल 15 अधिकरण, 180 प्रकरण तथा 150 अध्याय हैं।

  श्लोक - बीच में प्रयुक्त श्लोकों की संख्या 340 है।

  शैली - गद्य शैली
- यद्यपि अर्थशास्त्र गद्य में लिखा गया है किन्तु वर्णों की संख्या से यदि छन्द बनायें तो लगभग **छः हजार अनुष्टुप् छन्द** बनेंगे।

अर्थशास्त्र के 15 अधिकरणों के नाम

अधिकरण	नाम	प्रकरण	अध्याय
प्रथम अधिकरण	विनयाधिकारिक	16	21
द्वितीय अधिकरण	अध्यक्ष-प्रचार	39	36
तृतीय अधिकरण	धर्मस्थीय	20	20
चतुर्थ अधिकरण	कण्टक-शोधन	13	13
पञ्चम अधिकरण	योग-वृत्त	7	6
षष्ठ अधिकरण	मण्डल-योनि	2	2
सप्तम अधिकरण	षाड्गुण्य	29	18
अष्टम अधिकरण	व्यसनाधिकारिक	8	5
नवम अधिकरण	अभियास्यत्कर्म	12	7
दशम अधिकरण	साङ्ग्रामिक	13	6
एकादश अधिकरण	वृत्तसंघ	2	1
द्वादश अधिकरण	आबलीयस	9	5
त्रयोदश अधिकरण	दुर्गलम्भोपाय	6	5
चतुर्दश अधिकरण	औपनिषदिक	3	4
पञ्चदश अधिकरण	तन्त्रयुक्ति	1	1

ग्रन्थ की विषय वस्तु का संक्षिप्त परिचय-

- प्रथम अधिकरण का नाम है- **'विनयाधिकारिक'**
- प्रथम अधिकरण में कुल 21 अध्याय हैं।
- प्रथम अधिकरण में राजा के अनुशासन, शास्त्र-शिक्षा, मन्त्रियों तथा पुरोहित के गुण, उनके प्रलोभन, गुप्तचर, सभा, राजदूत, राजकुमार, अन्तःपुर तथा राजा की सुरक्षा का विधान है।
- द्वितीय अधिकरण का नाम **'अध्यक्षप्रचार'** है।
- अध्यक्ष प्रचार में कुल 36 अध्याय हैं।
- यह सबसे बड़ा अधिकरण है।
- इस अधिकरण में विभिन्न शासन-विभागों के अध्यक्षों के कर्तव्य आदि का वर्णन करते हुए ग्राम-रचना, गोचर भूमि, वन, दुर्ग आदि सन्निधाता के कर्तव्य, कर-ग्रहण, राज्य कोष, रत्न परीक्षा, मुद्राध्यक्ष इत्यादि का वर्णन है।
- तृतीय अधिकरण का नाम **'धर्मस्थीय'** है।
- इस अधिकरण में कुल 20 अध्याय हैं।
- इस अधिकरण में न्यायशासन, विधिनियम, विवाह-प्रकार, दम्पती के कर्तव्य, स्त्रीधन, पुत्रों के 12 भेद, दाय विभाग तथा व्यवहार के विषय में विवेचन किया गया है।
- चतुर्थ अधिकरण का नाम **'कण्टन-शोधन'** है।
- इस अधिकरण में 13 अध्याय हैं।
- इस अधिकरण में शिल्पियों तथा व्यापारियों की विपत्तियों से रक्षा, भ्रष्टाचारियों का दमन, विभिन्न अपराधों के लिए दण्ड की व्यवस्था आदि का निरूपण है।
- पाँचवाँ अधिकरण **'योग-वृत्त'** के नाम से जाना जाता है।
- इस अधिकरण में कुल 6 अध्याय हैं।
- इस अधिकरण में उपांशुवध, राज्यकोष वृद्धि, कर्मचारियों का भरण-पोषण, राज्यसंकट का प्रतीकार आदि वर्णित है।
- छठें अधिकरण का नाम है, **'मण्डलयोनि'**।
- इस अधिकरण में 2 अध्याय हैं।
- इस अधिकरण में मण्डल की रचना, राज्य की सात प्रकृतियों अन्तर्राष्ट्र सम्बन्ध तथा तीन शक्तियों का वर्णन है।
- राज्य की सात प्रकृतियाँ हैं - 1. राजा 2. अमात्य 3. राष्ट्र 4. दुर्ग 5. कोश 6. बल 7. सुहृत्
- तीन शक्तियाँ - 1. उत्साह 2. मन्त्र 3. प्रभुशक्ति।
- सातवें अधिकरण को **'षाड्गुण्य'** के नाम से जाना जाता है।
- इस अधिकरण में कुल 18 अध्याय हैं।
- इस अधिकरण में सन्धि, विग्रह, आसन, यान (आक्रमण) संश्रय और द्वैधीभाव के रूप में राजनीति के षड्गुणों का विचार किया गया है।
- इसमें सेना की कमी तथा आदेशातिक्रमण जैसे विषयों का भी निरूपण है।
- आँठवा अधिकरण **'व्यसनाधिकारिक'** नाम से जाना जाता है।
- इस अधिकरण में कुल 5 अध्याय हैं।
- इस 5 अध्यायों में राजा पर मृगया, द्यूत, स्त्री सेवन आदि दोषों के कारण आयी विपत्तियों का एवं राष्ट्र पर आये अन्य

संकटों का वर्णन है।
- नौवाँ अधिकरण **'अभियास्यत्कर्म'** है।
- इस अधिकरण में 7 अध्याय हैं।
- नौवें अधिकरण के अध्यायों में युद्ध विषयक सम्पूर्ण वृत्तान्त है।
- इसमें अर्थ-अनर्थ तथा संशय सम्बन्धी आपत्तियाँ और उनके प्रतीकार के उपायों से प्राप्त होने वाली सिद्धियाँ हैं।
- दसवें अधिकरण को **'साङ्ग्रामिक'** कहा जाता है।
- इस अधिकरण में कुल 6 अध्याय हैं।
- इन अध्यायों में छावनी का निर्माण, आक्रमण के समय सेना की रक्षा, कूट-युद्ध में सेनाओं के कार्य, प्रकृतिव्यूह, विकृतिव्यूह और प्रतिव्यूह की रचना इत्यादि का वर्णन है।
- ग्यारहवाँ अधिकरण का नाम **'वृत्तसंघ'** है।
- इस अधिकरण में मात्र 1 अध्याय है।
- इसमें विभिन्न व्यवसायों के संघों को वश में रखने, सामादि नीतियों के प्रयोग, संघ तोड़ने तथा उपांशुवध का वर्णन है
- बारहवाँ अधिकरण **'आबलीयस'** नाम से जाना जाता है।
- इस अधिकरण में 5 अध्याय हैं।
- इसमें दुर्बल राजा के द्वारा शक्ति बढ़ाने के उपायों का वर्णन है।
- शक्तिशाली शत्रु के राज्य में दूत भेजना, गुप्तचरों का प्रयोग, सम्पत्तिनाश कराना, आपूर्ति का अवरोध इत्यादि दुर्बल राजा करते हैं।
- तेरहवाँ अधिकरण **'दुर्गलम्भोपाय'** है।
- इस अधिकरण में 5 अध्याय हैं।
- इसमें शत्रु के दुर्ग को अधिकृत करने के विविध उपायों का एवं विजित राज्य में शान्ति-स्थापना का वर्णन है।
- चौदहवाँ अधिकरण **'औपनिषदिक'** नाम से जाना जाता है।
- इस अधिकरण में 4 अध्याय हैं।
- इन अध्यायों में हत्या, अन्धीकरण, अपने को अदृश्य बनाना, अन्धकार में देखना, शत्रुवध के लिए मन्त्रौषधि का प्रयोग इन प्रयोगों के प्रतीकार इत्यादि रहस्यपूर्ण विषयों का वर्णन है।
- पन्द्रहवें अधिकरण का नाम **'तन्त्रयुक्ति'** है।
- इसमें एक अध्याय है।
- इसमें ग्रन्थ की विषयवस्तु तथा अर्थ-निर्णय के लिए सहायक युक्तियों का प्रतिपादन है।

कौटिल्य का अर्थशास्त्र

प्रथम अधिकरण, प्रथम प्रकरण-द्वितीय अध्याय

विद्यासमुद्देशः आन्वीक्षकीस्थापना

1. आन्वीक्षकी त्रयी वार्ता दण्डनीतिश्चेति विद्याः।

अर्थ- आन्वीक्षकी, त्रयी, वार्ता और दण्डनीति - ये चार विद्यायें हैं।

2. त्रयी वार्ता दण्डनीतिश्चेति मानवाः। त्रयीविशेषो ह्यान्वीक्षकीति।

अर्थ-मनु सम्प्रदाय के अनुयायी आचार्य त्रयी, वार्त्ता और दण्डनीति इन तीन विद्याओं को मानते हैं। उनका मत है कि आन्वीक्षकी का समावेश त्रयी के अन्तर्गत हो जाता है।

3. वार्ता दण्डनीतिश्चेति बार्हस्पत्याः। संवरणमात्रं हि त्रयी लोकयात्राविद इति।

अर्थ- आचार्य **बृहस्पति** के अनुयायी विद्वान् केवल दो ही विद्यायें मानते हैं वार्त्ता और दण्डनीति। उनके मतानुसार त्रयी तो लोकयात्राविद् लोगों की आजीविका का साधन मात्र है

4. दण्डनीतिरेका विद्येत्यौशनसाः। तस्यां हि सर्वविद्यारम्भाः प्रतिबद्धा इति।

अर्थ- शुक्राचार्य के अनुयायी विद्वानों ने तो केवल दण्डनीति को ही विद्या माना है, और उसी को सम्पूर्ण विद्याओं का स्थान एवं कारण स्वीकार किया है।

5. चतस्र एव विद्या इति कौटिल्यः। ताभिर्धर्माथौ यद्विद्यात्तद्विद्यानां विद्यात्वम्।

अर्थ- आचार्य कौटिल्य उक्त चारों विद्याओं को मानते हैं और उनकी यथार्थता धर्म तथा अधर्म के ज्ञान में बताते हैं

6. साङ्ख्यं योगो लोकायतं चेत्यान्वीक्षकी। धर्माधर्मौ त्रय्यामर्थानर्थौ वार्तायां नयापनयौ दण्डनीत्याम्। बलाबले चैतासां हेतुभिरन्वीक्षमाणान्वीक्षकी लोकस्योपकरोति, व्यसनेऽभ्युदये च बुद्धिमवस्थापयति; प्रज्ञावाक्यक्रियावैशारद्यं च करोति।

अर्थ- सांख्य, योग और लोकायत (नास्तिक दर्शन), ये आन्वीक्षकी विद्या के अन्तर्गत हैं। त्रयी में धर्म-अधर्म का, वार्त्ता में अर्थ-अनर्थ का और दण्डनीति में सुशासन-दुःशासन का ज्ञान प्रतिपादित है)

त्रयी आदि विद्याओं की प्रधानता अप्रधानता (बलाबल), को भिन्न-भिन्न युक्तियों से, निर्धारित करती हुई आन्वीक्षकी विद्या लोक का उपकार करती है, सुख-दुःख से बुद्धि को स्थिर रखती है; और सोचने, विचारने, बोलने तथा कार्य करने में सक्षम बनाती है।

प्रदीपः सर्वविद्यानामुपायः सर्वकर्मणाम्।
आश्रयः सर्वधर्माणां शश्वदान्वीक्षकी मता॥

अर्थ- यह आन्वीक्षकी विद्या सर्वदा ही सब विद्याओं का प्रदीप सभी कार्यों का साधन और सब धर्मों का आश्रय अर्थ मानी गई है

प्रथम अधिकरण-सप्तम प्रकरण-ग्यारहवाँ अध्याय

गूढपुरुषोत्पत्तिः

- **उपधाभिः शुद्धामात्यवर्गो गूढपुरुषानुत्पादयेत्।**
  धर्मोपधा आदि उपायों के द्वारा अमात्यवर्ग की परीक्षा कर लेने के अनन्तर राजा गुप्तचरों की नियुक्ति करें।
- **कापटिकोदास्थितगृहपतिवैदेहकतापसव्यञ्जनान् सत्रितीक्ष्णरसदभिक्षुकीश्च।**
  अर्थ- कापटिक, उदास्थित, गृहपतिक, वैदेहक, तापस, सत्री, तीक्ष्ण, रसद और भिक्षुकी आदि अनेक प्रकार के गुप्तचर होते हैं।
- **परमर्मज्ञः प्रगल्भश्छात्रः कापटिकः।**
  अर्थ- दूसरों के रहस्यों को जानने वाला, बड़ा, प्रगल्भ (दबंग) और विद्यार्थी की वेश-भूषा में रहने वाला गुप्तचर

'**कापटिक**' कहलाता है।

- **तमर्थमानाभ्यामुत्साह्यमन्त्री ब्रूयात्- राजानं मां च प्रमाणं कृत्वा यस्य यदकुशलं पश्यति तत्तदानीमेव प्रत्यादिशेति।**
अर्थ- इस गुप्तचर को धन, मान और सत्कार से सन्तुष्ट कर मन्त्री उससे कहे 'जिस-किसी की भी तुम हानि होते देखो, राजा को और मुझे प्रमाण मान कर तत्काल ही तुम मुझे सूचित कर दो।
- **प्रव्रज्याप्रत्यवसितः प्रज्ञाशौचयुक्त उदास्थितः।**
अर्थ- बुद्धिमान्, सदाचारी, संन्यासी के वेष में रहने वाले गुप्तचर का नाम '**उदास्थित**' है।
- **स वार्ताकर्मप्रदिष्टायां भूमौ प्रभूतहिरण्यान्तेवासी कर्म कारयेत्।**
अर्थ- वह अपने साथ बहुत से विद्यार्थी और बहुत सा धन लेकर, वहाँ जाकर विद्यार्थियों द्वारा कार्य करवाये, जहाँ कृषि, पशुपालन एवं व्यापार के लिए भूमि नियुक्त है।
- **कर्मफलाच्च सर्वप्रव्रजितानां ग्रासाच्छादनावसथान्-प्रतिविदध्यात्।**
अर्थ- उस कार्य को करने से जो लाभ हो, उससे वह सब संन्यासियों के भोजन, वस्त्र एवं निवास का प्रबन्ध करें
- **वृत्तिकामांश्चोपजयेत् - एतोनैववेषेण राजार्थश्चरितव्यो भक्तवेतनकाले चोपस्थातव्यमिति।**
अर्थ- जो भी इस प्रकार की आजीविका की इच्छा करें, उन्हें सब तरह से अपने वश में कर ले और उनसे कहे, तुम्हें इसी वेष में राजा का कार्य करना है। जब तुम्हारे वेतन तथा भत्ते का समय आये, यहाँ उपस्थित हो जाना।
- **सर्वप्रव्रजिताश्च स्वं स्वं वर्गमुपजपेयुः।**
अर्थ- दूसरे संन्यासी भी अपने-अपने सम्प्रदाय के संन्यासियों को इसी प्रकार समझा-बुझा दें।
- **कर्षको वृत्तिक्षीणः प्रज्ञाशौचयुक्तो गृहपतिकव्यञ्जनः।**
अर्थ- बुद्धिमान्, पवित्र हृदय और गरीब किसान के वेष में रहने वाले गुप्तचर को 'गृहपतिक' कहते हैं।
- **स कृषि कर्मप्रदिष्टायां भूमाविति समानं पूर्वेण।**
अर्थ- वह कृषिकार्य के लिए नियुक्त भूमि में जाकर 'उदास्थित' गुप्तचर के ही समान कार्य करें।
- **वाणिजको वृत्तिक्षीणः प्रज्ञाशौचयुक्तो वैदेहकव्यञ्जनः।**
अर्थ- बुद्धिमान्, पवित्र हृदय, गरीब, व्यापारी के वेष में रहने वाला गुप्तचर '**वैदेहक**' है।
- **स वणिक्कर्मप्रदिष्टायां भूमाविति समानं पूर्वेण।**
अर्थ- वह व्यापारकार्य के लिए नियुक्त भूमि में जाकर '**उदास्थित**' गुप्तचर की भाँति कार्य करे।
- **मुण्डो जटिलो वा वृत्तिकामस्तापसव्यञ्जनः।**
अर्थ- जीविका के लिए सिर मुँड़ाये या जटा धारण किये हुए, राजा का कार्य करने वाला गुप्तचर ही '**तापस**' है।
- **स नगराभ्याशेप्रभूतमुण्डजटिलान्तेवासी शाकं यवसमुष्टिं वा मासद्विमासान्तरं प्रकाशमश्नीयात्, गूढमिष्टमाहारम्।**
अर्थ- वह कहीं नगर के समीप ही बहुत से मुंड या जटिल विद्यार्थियों को लेकर रहे और महीने दो महीने तक लोगों के सामने हरा शाक या मुट्ठीभर अनाज खाता रहे, वैसे छिपे तौर पर अपनी इच्छानुसार सुस्वादु भोजन करता रहे।
- **वैदेहकान्तेवासिनश्चैनं समिद्धयोगैरर्चयेयुः।**
अर्थ- वैदेहक तथा उसके अनुचर तापस गुप्तचर की पूजा-अर्चना करें।
- **शिष्याश्चास्यावेदयेयुः- असौ सिद्धः सामेधिक इति। समेधाशास्तिभिश्चाभिगतानामङ्गविद्यया शिष्य-संज्ञाभिश्च कर्माण्यभिजनेऽवसितान्यादिशेदल्पलाभ-मग्निदाहं चोरभयं दूष्यवधं तुष्टिदानं विदेशप्रवृत्ति ज्ञानम् इदमद्यश्वोवा भविष्यतीदं वा राजा करिष्यतीति।**

अर्थ- शिष्यमंडली घूम-घूम कर यह प्रचार करे कि यह तपस्वी पूर्ण सिद्ध, भविष्य वक्ता और लौकिक शक्तियों से संपन्न है। अपना भविष्य-फल जानने की इच्छा से आये हुए लोगों की पारिवारिक पहचान, उनके शारीरिक चिह्नों के माध्यम से तथा अपने शिष्यों के संकेतों के अनुसार बतावे। ऐसा भी बतावे कि इन-इन कार्यों में थोड़ा लाभ का योग है। इसके अतिरिक्त वह, आग लगने, चोरी हो जाने, दुष्ट लोगों के वध स्वरूप इनाम देने, देश-विदेश के फल, यह कार्य आज होगा या कल, या इस कार्य को राजा करेगा, आदि बातें भी उसको बतावे।

- **तदस्य गूढाः सत्रिणश्च संवादयेयुः।**
अर्थ- इस प्रश्नोत्तर प्रसंग में '**तापस**' गुप्तचर की दूसरे सत्री आदि गुप्तचर सहायता करें।
- **सत्वप्रज्ञावाक्यशक्तिसम्पन्नानां राजभाव्यमनुव्याहरेन्मन्त्रिसंयोगं च।**
अर्थ- प्रश्नकर्ताओं में यदि धीर, बुद्धिमान्, चतुर लोग हों तो उनसे वह, राजा की ओर से, धन प्राप्त होने की बात कहे; मन्त्री के साथ भी उनकी मुलाकात का संयोग बताये।
- **मन्त्री चैषां वृत्तिकर्मभ्यां वियतेत।**
अर्थ- जब मन्त्री से इन लोगों की मुलाकात हो तो उचित यह होगा कि ऐसे लोगों को मंत्री धन तथा आजीविका आदि देकर, गुप्तचर की भविष्यवाणी को सच्ची सिद्ध कर दे।
- **ये च कारणादभिक्रुद्धास्तानर्थमानाभ्यां शमयेत्, अकारणक्रुद्धान् तूर्णींदण्डेन राजद्विष्टकारिणश्च।**
अर्थ- जो लोग किसी कारण वश क्रुद्ध हो गए हों उन्हें धन एवं सम्मान देकर संतुष्ट किया जाय। जो बिना कारण ही क्रुद्ध हों तथा राजा से द्वेष रखते हों, उनका चुपचाप वध करवा डाले।
- **''पूजिताश्चार्थमानाभ्यां राज्ञा राजोपजीविनाम्। जानीयुः शौचमित्येताः पञ्च संस्थाः प्रकीर्तिताः॥**
अर्थ- इस प्रकार धन और मान से राजा द्वारा सम्मानित गुप्तचर तथा अमात्य आदि राजोपजीवी पुरुषों के सद्व्यवहारों को भली भाँति जान लें। पाँच प्रकार के गुप्तचर पुरुषों की नियुक्ति और उनके कार्यों के विवरण का यही विधान है।

नोट- ये पाँच गुप्तचर (कापटिक,उदास्थित, गृहपतिक, वैदेहक तापस) एक ही स्थान पर रहकर कार्य करने के कारण 'संस्था' कहलाते हैं।

- **ये चास्य सम्बन्धिनोऽवश्यभर्तव्यास्ते लक्षणमङ्गविद्यां जम्भकविद्यां मायागतमाश्रमधर्मं निमित्तमन्तर-**

चक्रमित्यधीयानाः सत्रिणः संसर्गविद्या वा।
अर्थ- जो राजा के संबंधी न हों किन्तु जिनका पालन-पोषण करना राजा के लिए आवश्यक हो, जो सामुद्रिक विद्या, ज्योतिष, व्याकरण आदि अंगो का शुभाशुभ फल बताने वाली विद्या, वशीकरण, इन्द्रजाल, धर्मशास्त्र, शकुनशास्त्र, पक्षिशास्त्र, कामशास्त्र तथा तत्संबंधी नाचने गाने की कला में निपुण हो वे **सत्री** कहलाते हैं।

- **ये जनपदे शूरास्त्यक्तात्मानो हस्तिनं व्यालं वा द्रव्यहेतोः प्रतियोधयेयुस्ते तीक्ष्णाः।**
  अर्थ- अपने देश में रहने वाले ऐसे व्यक्ति, जो द्रव्य के लिए अपने प्राणों की भी परवाह न करके हाथी, बाघ और साँप से भी भिड़ जाते हैं, उन्हें **'तीक्ष्ण'** कहते हैं।
- **ये बन्धुषु निःस्नेहाः क्रूराश्चलसाश्च ते रसदाः।**
  अर्थ- अपने भाई-बन्धुओं से भी स्नेह न रखने वाले क्रूरप्रकृति और आलसी स्वभाव वाले व्यक्ति **'रसद'** (जहर देने वाला) कहलाते हैं।
- **परिव्राजिका वृत्तिकामा दरिद्रा विधवा प्रगल्भा ब्राह्मण्यन्तःपुरे कृतसत्कारा महामात्रकुलान्यधिगच्छेत्।**
  अर्थ- आजीविका की इच्छुक, दरिद्र, प्रौढ, विधवा, दबंग, ब्राह्मणी, रनिवास में सम्मानित, प्रधान अमात्यों के घर में प्रवेश पानेवाली **परिव्राजिका** (संन्यासिनी के वेश में खुफिया का काम करने वाली) नाम की गुप्तचरी कहलाती है।
- **एतया मुण्डावृषल्यो व्याख्याताः इति सञ्चाराः।**
  अर्थ- इसी प्रकार मुंडा (मुंडित बौद्ध-भिक्षुणी) और वृषली (शूद्रा) आदि नारी गुप्तचरियों को भी जान लेना चाहिए। ये सभी **'संचार'** नामक गुप्तचर हैं।

महत्वपूर्ण तथ्य

- कौटिल्य के अनुसार अर्थ का अभिप्राय है - मनुष्यों की बस्ती अर्थात् वह प्रदेश जिसमें मनुष्य बसते हैं।
- अर्थशास्त्र उस शास्त्र को कहते है जिसमें राज्य की प्राप्ति और उसके पालन के उपायों का वर्णन हो।
- कौटिल्य ने दो प्रकार के संघराज्यों का उल्लेख किया है।
- प्रथम संघ राज्य राजा उपाधि धारण करने वाले राजशासित राज्य।
- दूसरे बिना राजा की उपाधि धारण करने वाले राजशासित राज्य।
- प्रथम संघराज्य के प्रमुख नाम - लिच्छिविक, वृजिक, मल्लक, मद्रक, कुकुर, कुरु और पाञ्चाल।
- दूसरे संघराज्य के प्रमुख नाम - कांबोज, सुराष्ट्र, क्षत्रिय और श्रेणी आदि।
- कौटिल्य के अनुसार एक चिरस्थायी एवं सर्वांगीण साम्राज्य की सुरक्षा-व्यवस्था के लिए मंत्रिपरिषद् का होना आवश्यक है।
- जातक, महावस्तु तथा अशोक के शिलालेखों में मंत्रिपरिषद् को 'परिसा' कहा गया है।
- कौटिल्य ने मन्त्रिपरिषद् के प्रमुख चार सदस्य बताये हैं,

1. मन्त्री 2. पुरोहित 3. सेनापति 4. युवराज।

- इनके अतिरिक्त पौर, जानपद आदि परिषद् के सदस्य होते थे।
- कौटिल्य के अनुसार मन्त्री और अमात्य दो अलग-अलग पद थे।
- कौटिल्य ने राज्यधिकारियों को तीन भागों में विभक्त किया हैं-
  प्रथम श्रेणी में - मंत्री, पुरोहित, सेनापति, युवराज।
  द्वितीय श्रेणी में - दौवारिक, अंतर्वंशिक, प्रशास्तृ, समाहर्ता, सन्निधाता
  तृतीय श्रेणी में - प्रदेष्टा, नायक, पौर, व्यावहारिक, कार्मातिक, सभ्य, दण्डपाल, दुर्गपाल तथा अंतपाल।
- कौटिल्य ने दूतों की तीन श्रेणियाँ बतायी है।
  1. निसृष्टार्थ 2. परिमितार्थ 3. शासनहर
- कौटिल्य ने कार्य भेद से गुप्तचरों के नौ विभाग किये है।
  1.कापटिक 2. उदास्थित 3. गृहपतिक 4. वैदहेक 5. तापस 6. सत्री 7 तीक्ष्ण 8 रसद 9 भिक्षुकी।
- अर्थ विभाग के सबसे बड़े अधिकारी को समाहर्त्ता कहा गया है।
- अर्थ विभाग के अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों की श्रेणी -
  1. सन्निधाता (भण्डारो का अधिकारी)
  2. स्थानिक (जनपद के चतुर्थांश का अधिकारी)
  3. गोप (गाँवों का अधिकारी)
  4. प्रदेष्टा (स्थानिक तथा गोप का सहायक अधिकारी)
  5. अक्षपटलाध्यक्ष (अकाउंट जनरल)
  6. कोषाध्यक्ष, अर्थकारणिक (मुख्य अकाउंटेट)
  7. कार्मिक (अर्थकारिण का अधीनस्थ कर्मचारी)
  8. गाणनिक्य (जिलों का हिसाब-किताब रखने वाले कर्मचारी)
  9. साँख्यानक (गणना करने वाले)
  10. लेखक (क्लर्क)
  11. नीवीग्राहक, गोपलफ, अपयुक्त, निधानक, निबंधक, प्रतिग्राहक, दायक और मैत्रिवैयावृत्यक आदि का नाम उल्लेखनीय है।
- अर्थशास्त्र का मंगलाचरण - **'नमः शुक्रबृहस्पतिभ्याम्'**।
- अर्थशास्त्र के मंगलाचरण में शुक्राचार्य और बृहस्पति को नमस्कार किया गया है।
- प्रथम अधिकरण में प्रमुख प्रकरण है - विद्यासमुद्देश, इन्द्रियजय तथा अमात्योत्पत्ति।
- द्वितीय अधिकरण में प्रमुख प्रकरण है - दुर्गविनिवेश।
- पञ्चम अधिकरण में दंडव्यवस्था नामक प्रकरण महत्वपूर्ण है।
- षष्ठ अधिकरण में प्रकृतियों के गुण, शांति तथा उद्योग का वर्णन है।
- 'छह गुणों का उद्देश्य' का वर्णन सातवें अधिकरण में है।
- आठवें अधिकरण का नाम है - 'व्यसनाधिकारिक'
- आठवें अधिकरण में प्रकृतियों के व्यसन का वर्णन है।
- नवम अधिकरण में आक्रमण का निरूपण किया गया है।
- दशम अधिकरण में छावनी का निर्माण, दंडव्यूह, मंडलव्यूह प्रकृतिव्यूह इत्यादि का रचना इत्यादि का वर्णन है।
- भेदक प्रयोग तथा उपांशुदंड का वर्णन एकादश अधिकरण में है।
- द्वादश अधिकरण में दूतकर्म, मंत्रयुद्ध, शस्त्र, अग्नि और रथों

का गूढ प्रयोग इत्यादि का वर्णन है।

- तेरहवें अधिकरण में उपजाप, योगवामन, शत्रु के दुर्ग को तोड़ना इत्यादि का वर्णन है।

अर्थशास्त्र के सम्भावित प्रश्न-

- अर्थशास्त्र के अनुसार चार विद्यायें कौन-कौन सी है? - **1.आन्वीक्षकी 2.त्रयी 3.वार्त्ता 4.दण्डनीति**
- मनु सम्प्रदाय कुल कितने विद्याओं को मानते है? -**तीन** (1.त्रयी 2.वार्त्ता 3.दण्डनीति)
- आचार्य बृहस्पति कितने विद्याओं को मानते है? - **दो** (1.वार्त्ता 2.दण्डनीति)
- वार्त्ता तथा दण्डनीति को विद्या कौन मानता है? **आचार्य बृहस्पति**
- केवल दण्डनीति को विद्या कौन मानता है? - **शुक्राचार्य**
- चारों विद्याओं (आन्वीक्षकी, त्रयी, वार्त्ता, दण्डनीति) को कौन मानता है - **आचार्य कौटिल्य।**
- आन्वीक्षकी विद्या के अन्तर्गत कौन-कौन से दर्शन आते हैं? **सांख्य, योग तथा लोकायत**
- सभी विद्याओं का प्रदीप कौन है? **आन्वीक्षकी**
- सभी कार्यों का साधन और सब धर्मों का आश्रय किस विद्या को माना गया है? **आन्वीक्षकी।**
- 'प्रदीपः सर्वविद्यानामुपायः---------किस ग्रन्थ से लिया गया है।?- **कौटिल्य अर्थशास्त्र**
- प्रथम अधिकरण का क्या नाम है? - **विनयाधिकारिक**
- स्थायी गुप्तचरों की संख्या कितनी होती है? **पाँच**
- स्थायी गुप्तचरों के क्या नाम हैं? **1.कापटिक 2.उदास्थित 3.गृहपतिक 4.वैदेहक 5.तापस**
- दूसरों के रहस्यों को जानने वाला, प्रगल्भ और विद्यार्थी की वेष-भूषा में कौन-सा गुप्तचर रहता है? - **कापटिक**
- संन्यासी के वेष में कौन-सा गुप्तचर निवास करता है? - **उदास्थित**
- किसान के वेष में रहने वाले गुप्तचर का क्या नाम है?- **गृहपतिक**
- व्यापारी के वेष में कौन-सा गुप्तचर निवास करता है? - **वैदेहक**
- सिर मुँड़ाये या जटा धारण कर के कौन-सा गुप्तचर रहता है? **तापस**
- कामशास्त्र तथा तत्संबधी नाचने-गाने की कला में कौन गुप्तचर निपुण होता है? **सत्री**
- प्राणों की परवाह न करके हाथी,बाघ और साँप से कौन-सा गुप्तचर भिड़ जाता है? **तीक्ष्ण**
- क्रूरप्रकृति और आलसी स्वभाव वाला कौन-सा गुप्तचर होता है? **रसद**
- सत्री, तीक्ष्ण, रसद, परिव्राजिका, मुण्डा तथा वृषली किस गुप्तचर के अन्तर्गत आते है? **संचार**

अर्थशास्त्र- बिन्दुवार अध्ययन

- कौटिल्य लेखक थे? - **अर्थशास्त्र के**
- कौटिल्यस्य अपरनाम किम्? - **चाणक्यः**
- कौटिल्य का अर्थशास्त्र कितने अधिकरणों में विभाजित है? - **15**
- अर्थशास्त्रस्य प्रथमाधिकरणं वर्तते - **विनयाधिकारिकम्**
- अर्थशास्त्रस्य द्वितीयाधिकरणं वर्तते? - **अध्यक्षप्रचारः**
- अर्थशास्त्रस्य तृतीयाधिकरणं वर्तते - **धर्मस्थीयम्**
- अर्थशास्त्रस्य चतुर्थाधिकरणं वर्तते - **कण्टकशोधनम्**
- कौटिल्य नाम्ना व्यवह्रयते - **चाणक्यः**
- अर्थशास्त्रे विद्यासमुद्देशः कुत्र वर्तते?- **विनयाधिकारिके**
- दुर्गविनिवेशः कुत्र उपदिष्टः - **अध्यक्षप्रचारे**
- इन्द्रियजयः अर्थशास्त्रे कुत्र उपदिष्टः?- **विनयाधिकारिके**
- कौटिल्यार्थशास्त्रानुसारेण आन्वीक्षकी विद्या अस्ति - **सांख्यं योगो लोकायतं च**
- कौटिल्यार्थशास्त्रानुसारेण कीदृशो दण्डः सर्वाधिकः प्रजामुद्वेजयति? - **तीक्ष्णदण्डः**
- अमात्यपरीक्षोपायेषु नास्ति - **मोक्षोपधा**
- कति आढको भवेद् द्रोणः - **चतुराढकाः**
- दायभाग में श्रेष्ठ भाग का अधिकारी पुत्र होता है - **ज्येष्ठ**
- पुत्रों में कौन श्रेष्ठ होता है? - **औरस**
- अमात्योत्पत्तिः कुत्र उपदिष्टा? - **विनयाधिकारिके**
- दण्डनीतेः अपरं नाम किम्? - **कौटिलीय-अर्थशास्त्रम्**
- अमात्यानां शौचाशौचज्ञानार्थं कौटिल्येन उपधासु या न निर्दिष्टा? - **मोक्षोपधा**
- मन्त्रिपरिषदं द्वादशामात्यान्कुर्वीत् इति कस्य मान्यता? - **मानवानाम्**
- समयाचारिकं कुत्रोपदिष्टमर्थशास्त्रे? - **योगवृत्ते**
- कौटिल्येन यो गूढपुरुषेषु न निर्दिष्टः - **कार्मिकः**
- सन्धिकर्म कुत्रोपदिष्टम्? - **षाड्गुण्ये**
- कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में किस पहलू पर प्रकाश डाला गया है? - **राजनीतिक नीतियाँ**
- अमात्यपरीक्षायाः कतिविधः उपायः? - **चतुर्विधः**
- कौटिल्यानुसारं विद्याः सन्ति? - **चतुर्विधा**
- अर्थशास्त्रे आन्वीक्षकीत्रयीवार्तानां योगक्षेमसाधनो भवति - **दण्ड**
- कौटिल्यानुसारं त्रयी के संवरणमात्रं मन्यन्ते?- **बार्हस्पत्याः**
- कौटिल्यानुसारं मानवाः कां विद्यां पृथक् न मन्यन्ते? - **आन्वीक्षकीम्**
- कौटिल्येन विधेः चत्वारः चरणाः स्वीकृताः - **धर्मः, व्यवहारः, चरित्रं, राजशासनश्च**
- अर्थशास्त्रात् किं बलवत् - **धर्मशास्त्रम्**
- अक्षपटलाध्यक्षस्य कार्यमासीत्? - **आयव्ययविवरणस्य रक्षणम्**
- नीतिविषयकग्रन्थस्य कर्त्ता - **शुक्राचार्यः**
- कौटिल्येन सेनायाः श्रेण्यः कतिधा उल्लिखिताः - **सप्त**
- अधोलिखितेषु क्रमः कुत्र पालितः? - **सन्धिः, विग्रहः, यानं, आसनम्**
- अर्थशास्त्रे उद्धृतं 'पितृपैतामहानमात्यान् कुर्वीत' इति मतं कस्य? - **कौणपदन्तस्य**
- अर्थशास्त्रे उद्धृतं 'सहाध्यायिनोऽमात्यान्कुर्वीत' इति मतं कस्य?

-**भारद्वाजस्य**

- अमात्यानां शौचाशौचज्ञानं कथं ज्ञातव्यमिति कौटिल्यः अभिप्रैति? - **उपधाभिः**
- "त्रय्या हि रक्षितो लोकः प्रसीदति न सीदति"–इति कस्याभिप्रायः? - **कौटिल्यस्य**
- कौटिल्यानुसारं कः मन्त्रं श्रोतुं न अर्हति - **अश्रुतशास्त्रार्थः**
- कौटिलीयार्थशास्त्रे 'अर्थ' शब्दस्य कोऽर्थः? - **मनुष्यवती भूमिः**
- अर्थशास्त्रानुसारेण वार्ता शब्दस्यार्थः कः - **कृषिः, पशुपालनं, वाणिज्यम्**
- कौटिलीयार्थशास्त्रे सर्वविद्यानां प्रदीपः सर्वकर्मणाम् उपायः सर्वधर्माणां च आश्रयः का विद्या प्रोक्ता? - **आन्वीक्षकी**
- कौटिलीयार्थशास्त्रे एतत् वैश्यस्य स्वधर्मो न भवति - **याजनम्**

❑❑

5.

झारखण्ड प्रवक्ता प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

1. कौन-सी भाषा शतम् वर्ग की नहीं है-
(A) संस्कृत (B) फारसी
(C) जर्मन (D) रूसी

2. मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं का समय है-
(A) 4000 ई0पू0 से 2000 ई0पू0तक
(B) 2000 ई0पू0 से 1000 ई0पू0तक
(C) 1000 ई0 से वर्तमान समय तक
(D) 500 ई0पू0 से 1000 ई0तक

3. निम्नलिखित में से कौन-सी पालि की विषेशता नहीं है-
(A) ऋ,ऌ,ऐ,औ का लुप्त होना
(B) तीनों वचनों का प्रयोग
(C) हलन्त शब्दों का अभाव
(D) लेट् लकार का प्रयोग

4. वररुचि ने प्राकृत के कितने प्रकारों को स्वीकार किया है-
(A) 3 (B) 2
(C) 4 (D) 7

5. रणन-सिद्धान्त के मूल प्रवर्तक हैं-
(A) मैक्समूलर (B) प्लेटो
(C) न्वारे (D) हेस

6. भाषा-उत्पत्ति विषयक किस सिद्धान्त को अधिकांश विद्वान् स्वीकार करते हैं-
(A) सम्पर्क-सिद्धान्त (B) प्रतीक-सिद्धान्त
(C) इङ्गित-सिद्धान्त (D) समन्वय-सिद्धान्त

7. 'नवसाहसाङ्कचरित' महाकाव्य का मुख्य रस कौन-सा है-
(A) शृङ्गार (B) वीर
(C) शान्त (D) करुण

8. गीतिकाव्य का उद्भव माना जाता है-
(A) कालिदास की ऋतुसंहार से
(B) ऋग्वेद की ऋचाओं से

(C) सामवेद के साम से
(D) रामायण के श्लोकों से

9. 'चौरपञ्चाशिका' किस विधा की रचना है-
(A) कथा (B) गीतिकाव्य
(C) नाटक (D) महाकाव्य

10. गद्य का प्रथम रूप कहाँ दिखलाई देता है-
(A) वासवदत्ता में (B) दशकुमारचरित में
(C) कादम्बरी में (D) यजुर्वेद में

11. सुबन्धु किस रीति के कवि हैं-
(A) वैदर्भी (B) गौडी
(C) पाञ्चाली (D) लाटी

12. 'बृहत्कथामञ्जरी' किसकी रचना है-
(A) सोमदेव (B) बुधस्वामी
(C) क्षेमेन्द्र (D) गुणाढ्य

13. 'रीति-सिद्धान्त' के प्रवर्तक हैं -
(A) आनन्दवर्धन (B) कुन्तक
(C) आचार्य मम्मट (D) वामन

14. ध्वनि प्रतिष्ठापक परमाचार्य कौन हैं-
(A) आनन्दवर्धन (B) अभिनवगुप्त
(C) आचार्य मम्मट (D) आचार्य विश्वेश्वर

15. 'सेश्वरसांख्यदर्शन' किसे कहा जाता है-
(A) सांख्यदर्शन को (B) योगदर्शन को
(C) न्यायदर्शन को (D) वैशेषिकदर्शन को

16. निम्न में से कौन-सा आश्रम-व्यवस्था में पठित नहीं है-
(A) गृहस्थ आश्रम (B) वर्ण आश्रम
(C) ब्रह्मचर्य आश्रम (D) संन्यास आश्रम

17. सुमेलित कीजिए-
क. भट्टलोल्लट 1. अनुमितिवाद
ख. अभिनवगुप्त 2. उत्पत्तिवाद
ग. भट्टनायक 3. अभिव्यक्तिवाद
घ. शङ्कुक 4. भुक्तिवाद

	क	ख	ग	घ
(A)	2	3	4	1
(B)	1	4	3	2
(C)	2	3	1	4
(D)	4	1	2	3

18. सुमेलित कीजिए-
क. कुन्तक 1. अलङ्कार-सम्प्रदाय
ख. भरत 2. औचित्य-सम्प्रदाय
ग. आनन्दवर्धन 3. ध्वनि-सिद्धान्त
घ. क्षेमेन्द्र 4. वक्रोक्ति-सम्प्रदाय
ङ. भामह 5. रस-सम्प्रदाय

	क	ख	ग	घ	ङ
(A)	1	2	3	4	5
(B)	4	5	3	2	1
(C)	2	1	4	5	3
(D)	5	4	1	3	2

19. चतुर्वर्णों में किसकी गिनती नहीं होती है-
(A) ब्राह्मण (B) वैश्य
(C) पुरुषार्थ (D) शूद्र

20. हिन्दू धर्म में कितने संस्कारों को स्वीकृत किया गया है-
(A) 18 (B) 4
(C) 8 (D) 16

21. वेदान्त दर्शन को और किस नाम से जाना जाता है-
(A) पूर्वमीमांसा (B) कर्ममीमांसा
(C) धर्ममीमांसा (D) उत्तरमीमांसा

22. सुमेलित कीजिए-
क. बौद्धदर्शन 1. स्याद्वाद
ख. चार्वाकदर्शन 2. सत्कार्यवाद
ग. सांख्यदर्शन 3. अनात्मवाद
घ. जैनदर्शन 4. भौतिकवाद

	क	ख	ग	घ
काव्यप्रकाश	- आचार्य मम्मट	- 10 उल्लास
वक्रोक्तिजीवितम्	- कुन्तक	- चार उन्मेष
ध्वन्यालोक	- आनन्दवर्धन	- चार उद्योत
चन्द्रालोक	- जयदेव	- दस मयूख
रसगंगाधर	- पण्डितराज जगन्नाथ	- चार आनन
दशरूपक	- आचार्य धनञ्जय	- चार प्रकाश
साहित्यदर्पण	- विश्वनाथ	- 10 परिच्छेद
खण्डनखण्डखाद्य	- श्रीहर्ष	- दार्शनिकग्रन्थ

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि काव्यप्रकाश के रचयिता आचार्य मम्मट हैं। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

03. गत्यात्मक धातुओं के योग में विभक्ति होती है-
(A) तृतीया (B) पञ्चमी
(C) सप्तमी (D) द्वितीया

व्याख्या-

- **गतिबुद्धिप्रत्यवसानार्थशब्दकर्माकर्मकाणामणि कर्ता स णौ (1.4.52)** सूत्र से गति अर्थ वाली जैसे गम्, चल्, इण् आदि धातुएँ, बुद्धि अर्थ वाली (जैसे बुध्, ज्ञा, विद् आदि धातुएँ, प्रत्यवसानार्थ अर्थात् जैसे भक्ष्, भुज्, अद्, अश् आदि धातुएँ जिनका कर्म कोई शब्द हो, जैसे पठ्, उच्चर् आदि, अकर्मक धातुएँ जैसे- आस्, स्था, हस् आदि धातुओं की अणिजन्त अवस्था का कर्त्ता इन धातुओं को प्रेरणार्थक करने पर कर्म में बदल जाता है और कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे- शत्रून् स्वर्गम् अगमयत्।
- **सहयुक्तेऽप्रधाने (2.3.19)-** सूत्र से सहार्थक शब्द (सह, सार्धं, साकं, समम्) से युक्त अप्रधान में तृतीया विभक्ति होती है-
  उदाहरण- पुत्रेण सह आगतः पिता। पुत्र के साथ पिता आया।
  रामेण सह सीता वनं गतवती- राम के साथ सीता वन गयी।
- **आधारोऽधिकरणम् (1.4.45)-** सूत्र से कर्ता और कर्म के द्वारा कर्ता में रहने वाली क्रिया के आधार को अधिकरण कारक कहते हैं और 'सप्तम्यधिकरणे च' (2.3.36) सूत्र से अधिकरण में सप्तमी विभक्ति होती है।
  उदाहरण- देवदत्तः कटे आस्ते (देवदत्त चटाई पर बैठता है।)
  मोक्षे इच्छास्ति (मोक्ष सम्बन्धी इच्छा है।)
- **आख्यातोपयोगे (1.4.29)-** सूत्र से नियमपूर्वक विद्या पढ़ने में आख्याता अर्थात् पढ़ाने वाले की अपादान सञ्ज्ञा होती है और 'अपादाने पञ्चमी' से पञ्चमी विभक्ति होती है।
  उदाहरण- उपाध्यायादधीते।
  स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि गति अर्थवाली धातुओं से द्वितीया विभक्ति होती है। **इसलिए विकल्प 'D' सही है।**

04. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अशुद्ध है-
(A) पूज्य **(B) पूजनीय**
(C) पूज्यनीय **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या-

शुद्ध शब्द		**अशुद्ध शब्द**
पूजनीय	-	पूज्यनीय
आशीर्वाद	-	आर्शीवाद
शृङ्खला	-	श्रृंखला
शृङ्गार	-	श्रृङ्गार

अतः विकल्प 'C' सही है।

05. 'छात्रः उपविशति' है-
(A) कर्तृवाच्य **(B) कर्मवाच्य**
(C) भाववाच्य **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या-* वाच्य तीन प्रकार का होता है- कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य, भाववाच्य। कर्तृवाच्य के वाक्य में कर्ता मुख्य होता है, कर्ता में प्रथमा विभक्ति होती है, और कर्ता के अनुसार ही क्रिया का रूप होता है। अर्थात् 'छात्रः उपविशति' वाक्य में कर्ता छात्र है और क्रिया विश् धातु, लट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन की है और इस वाक्य में कर्ता की प्रधानता है इसलिए यह वाक्य कर्तृवाच्य का है।

***कर्तृवाच्य के अन्य उदाहरण-** बालकः पुस्तकं पठति, अहं गृहं गच्छामि, अहं पुस्तकानि पठामि, बालिका फलम् खादति।

➤ **कर्मवाच्य-** कर्मवाच्य के वाक्य में कर्म की प्रधानता होती है और कर्म के अनुसार क्रिया का प्रयोग किया जाता है। कर्म में प्रथमा विभक्ति, कर्त्ता में तृतीया विभक्ति और क्रिया कर्म के अनुसार होती है। उदाहरण- रामेण पुस्तकं पठ्यते, बालकेन ग्रन्थः पठ्यते, त्वया लेखः लिख्यते, बालिकया फलम् खाद्यते आदि वाक्यों में कर्त्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा और क्रिया कर्म के अनुसार प्रयुक्त है अतः ये वाक्य कर्मवाच्य के उदाहरण हैं।

➤ **भाववाच्य-** भाववाच्य के वाक्यों में कर्म का प्रयोग नहीं होता है। भाववाच्य के वाक्यों में कर्त्ता में तृतीया विभक्ति और क्रिया में प्रथमपुरुष एकवचन या नपुंसकलिङ्ग एकवचन का प्रयोग होता है- उदाहरण- रामेण स्थीयते, बालिकया हस्यते, बालकेन शय्यते आदि। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

06. किरातार्जुनीयम् में सर्ग हैं-
(A) उन्नीस **(B) अठारह**
(C) सत्रह **(D) सोलह**

व्याख्या-

ग्रन्थ		**सर्ग**		**ग्रन्थकार**
1. किरातार्जुनीयम्	-	18	-	भारवि
2. रघुवंशम्	-	19	-	कालिदास
3. कुमारसम्भवम्	-	17	-	कालिदास
4. शिशुपालवधम्	-	20	-	माघ
5. हरविजयम्	-	50	-	रत्नाकर
6. रावणवध (भट्टिकाव्य)	-	22	-	भट्टि
7. बुद्धचरितम्	-	28	-	अश्वघोष
8. नैषधीयचरितम्	-	22	-	श्रीहर्ष
9. जानकीहरणम्	-	20-25	-	कुमारदास
10. सौन्दरानन्दम्	-	18	-	अश्वघोष

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि किरातार्जुनीयम् महाकाव्य में 18 सर्ग हैं जो भारवि की रचना है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

07. 'नाट्याख्यं पञ्चमं वेदम्' यह कथन है-
(A) भरतमुनि का **(B) अश्वघोष का**
(C) श्रीहर्ष का **(D) शूद्रक का**

व्याख्या-

➤ आचार्य भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र के प्रथम अध्याय में नाटक को पाँचवे वेद के रूप में उल्लिखित किया है-

नाट्याख्यं पञ्चमं वेदं सेतिहासं करोम्यहम्।।

(ना.शा. 1.15)

भगवान् ब्रह्मा ने सभी वेदों का स्मरण करते हुए संकल्प किया कि मैं नाट्य नामक ऐसे पाँचवे वेद की इतिहास सहित रचना करता हूँ। अतः भरतमुनि ने नाटक को 'पाँचवा वेद' कहा है।

➤ अश्वघोष का सम्बन्ध बौद्ध सम्प्रदाय से है अश्वघोष की निम्नलिखित रचनाएँ प्राप्त हैं- बुद्धचरितम्, सौन्दरानन्द, शारिपुत्रप्रकरण, सूत्रालङ्कार, वज्रसूची, महायान श्रद्धोत्पादक, गण्डीस्तोत्रगाथा, राष्ट्रपाल आदि।

➤ कन्नौज के राजा जयन्तचन्द्र (जयचन्द्र) श्रीहर्ष के आश्रयदाता थे। श्रीहर्ष के पिता का नाम **श्रीहीर** तथा माता का नाम **मामल्लदेवी** था। **'नैषधं विद्वदौषधम्'** श्रीहर्ष के विषय में प्रचलित उक्ति है अर्थात् श्रीहर्ष के द्वारा रचित नैषधीयचरितम् महाकाव्य जिसमें 22 सर्ग हैं विद्वानों के लिए औषधि है।

➤ 'शूद्रकोऽग्निं प्रविष्टः' यह कथन शूद्रक के लिए है अर्थात् शूद्रक राजा अग्नि में प्रविष्ट हुए। **शूद्रक** के द्वारा रचित **मृच्छकटिकम्** जो एक प्रकरण ग्रन्थ है, जिसमें **दस अङ्क** हैं। जिसके नायक **चारुदत्त** तथा गणिका नायिका **वसन्तसेना** एवं कुलजा नायिका धूता है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

08. 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' सूत्र में विभक्ति प्रयुक्त होती है-
(A) प्रथमा **(B) द्वितीया**
(C) तृतीया **(D) चतुर्थी**

व्याख्या-

- **'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः'** सूत्र से रुच् धातु के योग में जिसे कोई वस्तु अच्छी लगती है उसमें चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे- बालकाय मिष्ठान्नं रोचते (बालक को मिठाई अच्छी लगती है) इस वाक्य में रुच् धातु का प्रयोग है और प्रीयमाण बालक है अतः बालक में चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग है। इसीप्रकार- बालकाय पठनं रोचते, मह्यं भ्रमणं रोचते, शिशवे दुग्धं रोचते आदि ।
- **'कर्तुरीप्सिततमं कर्म'** सूत्र से कर्ता द्वारा अपनी क्रिया से सबसे अधिक चाहा हुआ कर्म कहलाता है अर्थात् कर्ता अपनी क्रिया के द्वारा जिसे सबसे अधिक चाहता है उसकी कर्म सञ्ज्ञा होती है 'कर्मणि द्वितीया' से द्वितीया विभक्ति होती है।
  उदाहरण- अहं जलं पिबामि, सः नगरं गच्छति, रामः पत्रं लिखति, छात्रः विद्यालयं गच्छति।
- **'कर्तृकरणयोस्तृतीया'** सूत्र से अनुक्त कर्ता और करण में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे- रामेण बालिः हतः, रामः दण्डेन सर्पं हन्ति, मोहनः दात्रेण लुनाति।
  स्पष्टीकरण- इसप्रकार स्पष्ट है कि 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' सूत्र से चतुर्थी विभक्ति होती है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

09. 'नित्यनपुंसकलिङ्गैकवचनान्तः' समास होता है-
(A) बहुव्रीहि समास
(B) द्विगु समास
(C) द्वन्द्व समास
(D) अव्ययीभाव समास

व्याख्या*- 'पूर्वपदार्थप्रधानोऽव्ययीभावः' सूत्र से जिस पद में पूर्वपद की प्रधानता हो उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। 'अव्ययीभावश्च' (2.4.18) सूत्र से अव्ययीभाव समास नित्य नपुंसकलिङ्ग में होता है।

उदाहरण- सुमद्रम्, अधिगोपम्, उपकृष्णम् आदि।

*'**संख्यापूर्वो द्विगुः'** सूत्र से जिस तत्पुरुष समास में पूर्वपद संख्यावाची होता है उसे द्विगु समास कहते हैं।

उदाहरण- पञ्चगवम्, पञ्चवटी, त्रिभुवनम्, पञ्चामृतम् आदि।

- **द्वन्द्व-** 'चार्थे द्वन्द्वः' सूत्र से जिसमें सभी पदों की प्रधानता हो वह द्वन्द्वसमास होता है। उदाहरण- हरिहरौ, ईशकृष्णौ, रामलक्ष्मणौ, शिवकेशवौ आदि।
- **बहुव्रीहि समास-** 'अन्यपदार्थप्रधानो बहुव्रीहिः' से जिस समास में अन्य पद की प्रधानता हो उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं।
  उदाहरण- पीताम्बरः, लम्बोदरः, जितेन्द्रियः, नीलकण्ठः आदि।
  स्पष्टीकरण- इसप्रकार स्पष्ट है कि 'अव्ययीभावश्च' सूत्र से अव्ययीभाव समास नित्य नपुंसकलिङ्ग में होता है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

10. 'अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते' इस उक्ति का मूलस्रोत है-
(A) कठोपनिषद् **(B) ईशावास्योपनिषद्**
(C) तैत्तिरीयोपनिषद् **(D) श्रीमद्भगवद्गीता**

व्याख्या-

उपनिषद् और उनकी प्रसिद्ध सूक्तियाँ

कठोपनिषद्

(1) आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।
(2) इमा रामाः सरथाः सतूर्या।
(3) सस्यमिव मर्त्यः पच्यते सस्यमिवाजायते पुनः।

ईशावास्योपनिषद्

(1) अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते।
(2) तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्।
(3) तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः।

तैत्तिरीयोपनिषद्

(1) सत्यं वद, धर्मं चर
(2) मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्य देवो भव।

श्रीमद्भगवद्गीता

(1) गतासूनगतासूंश्च नानुशोचन्ति पण्डिताः।
(2) आत्मन्येवात्मना तुष्टः स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते।
(3) पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते' यह सूक्ति ईशावास्योपनिषद् से गृहीत है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

11. 'रामः गच्छति' का भाववाच्य होगा-
(A) रामः गम्यते **(B) रामेण गच्छति**
(C) रामः गमयति **(D) रामेण गम्यते**

व्याख्या- संस्कृत में वाच्य तीन प्रकार के होते हैं- कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य, भाववाच्य।

- कर्तृवाच्य के वाक्यों में कर्ता की प्रधानता होती है कर्ता में प्रथमा विभक्ति होती है कर्ता के अनुसार क्रिया का प्रयोग किया जाता है।
- कर्मवाच्य के वाक्यों में कर्म की प्रधानता होती है कर्म में प्रथमा विभक्ति और कर्म के अनुसार क्रिया का प्रयोग किया जाता है और अनुक्त कर्ता में तृतीया विभक्ति होती है।
- भाववाच्य के वाक्यों में क्रिया की प्रधानता होती है इसप्रकार के वाक्यों में कर्म नहीं होता कर्ता में तृतीया विभक्ति और

क्रिया में हमेशा प्रथमपुरुष एकवचन का प्रयोग होता है। 'रामः गच्छति' यह वाक्य कर्तृवाच्य का वाक्य है इसे भाववाच्य में बदलने पर 'राम' इस पद में तृतीया विभक्ति 'रामेण' एवं गम् धातु का रूप प्रथम पुरुष एकवचन में गम्यते होगा

स्पष्टीकरण- इसका भाववाच्य 'रामेण गम्यते' होगा। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

12. 'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' सूक्ति किस ग्रन्थ की है-

(A) रघुवंशम् **(B) मेघदूतम्**
(C) किरातार्जुनीयम् **(D) नीतिशतकम्**

व्याख्या-

ग्रन्थ ग्रन्थकार सूक्ति

किरातार्जुनीयम् - भारवि

(i) हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः (हितकारी और मनोहर वचन दुर्लभ हैं)
(ii) पराभवोऽप्युत्सव एव मानिनाम् (मनस्वी पुरुषों के लिए पराभव भी उत्सव के ही समान है)
(iii) न हि प्रियं प्रवक्तुमिच्छन्ति मृषा हितैषिणः (कल्याण चाहने वाले लोग मिथ्याभूत मधुर वचन बोलने की इच्छा नहीं करते हैं।

कालिदास - रघुवंशम्

(i) क्रिया हि वस्तूपहिता प्रसीदति।
(ii) तेजसां हि न वयः समीक्ष्यते।
(iii) धिगिमां देहभृतामसारताम्।

कालिदास - मेघदूतम्

(i) प्रायः सर्वो भवति करुणावृत्ति रार्द्रान्तरात्मा।
(ii) नीचैः गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण।
(iii) रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय।

भर्तृहरि - नीतिशतकम्

(i) सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः
(ii) विद्याविहीनः पशुः
(iii) सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ते।

अतः विकल्प 'C' सही है।

13. अव्यय शब्द है-

(A) सर्वदा **(B) नदी**
(C) अहम् **(D) सः**

व्याख्या- कुछ प्रमुख अव्यय एवं उनके अर्थ-

अग्रतः = आगे
अचिरेण = शीघ्र, जल्दी
अतएव = इसलिए
अतः = इसलिए
स्वस्ति = आशीर्वाद
शनैः = धीरे-धीरे
विपरीतम् = विरुद्ध
अतीव = बहुत ही
अत्र = यहाँ
सर्वदा = हमेशा
सदैव = हमेशा
सह = साथ
साकम् = साथ
सार्धम् = साथ

➤ 'नदी' शब्द ईकारान्त है प्रथमा विभक्ति एकवचन में नदी रूप बनता है। यह सुबन्त पद है।
➤ 'अहम्' शब्द अस्मद् शब्द का पुँल्लिङ्ग प्रथमा विभक्ति एक वचन का रूप है। यह सर्वनाम पद है।
➤ 'सः' शब्द तत् सर्वनाम पुँल्लिङ्ग प्रथमा विभक्ति एकवचन का रूप है।

स्पष्टीकरण- इस प्रकार स्पष्ट है कि 'सर्वदा' यह शब्द अव्यय है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

14. अर्थगौरव के लिए प्रसिद्ध हैं-

(A) भारवि **(B) कालिदास**
(C) बाणभट्ट **(D) दण्डी**

व्याख्या-

***उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।**
दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयो गुणाः॥

अर्थात् कालिदास उपमा के लिए, भारवि अर्थगौरव के लिए, दण्डी पदलालित्य के लिए एवं माघ उपमा, अर्थगौरव और पदलालित्य इन तीनों के लिए प्रसिद्ध हैं।

*बाणभट्ट के लिए प्रसिद्धि है- बाणोच्छिष्टं जगत्सर्वम्। वाणी बाणो बभूव ह। कविताकामिनी कौतुकाय।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि अर्थगौरव के लिए भारवि प्रसिद्ध हैं। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

15. उपमेय और उपमान में अभेद प्रदर्शित किया जाता है-

(A) उपमा अलङ्कार में **(B) रूपक अलङ्कार में**
(C) उत्प्रेक्षा अलङ्कार में **(D) अनुप्रास अलङ्कार में**

व्याख्या-

➤ **उपमा अलङ्कार-** 'प्रस्फुटं सुन्दरं साम्यम् उपमा' अर्थात् उपमान और उपमेय के सादृश्य को उपमा अलङ्कार कहते हैं।

उदाहरण-

वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये।
जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ॥

इस श्लोक में 'पार्वतीपरमेश्वरौ' उपमेय है, 'वागर्थौ' उपमान है, 'सम्पृक्तौ' साधारण धर्म है और 'इव' उपमावाचक शब्द है। यहाँ उपमान और उपमेय में सादृश्य दिखाया गया है अतः उपमा अलङ्कार है।

➤ **रूपक अलङ्कार-** 'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः' अर्थात् जहाँ उपमेय और उपमान में अभेद प्रदर्शित किया जाय वहाँ रूपक अलङ्कार होता है।

उदाहरण- यस्य रणान्तःपुरे पराड्मुखी भवति रिपुसेना।। यहाँ रण के ऊपर अन्तःपुरत्व रूप आरोप्यमाण शब्दतः उपात्त है नायिका तथा रिपुसेना का आरोप्यमाण अर्थतः आक्षिप्त होता है। इसलिए रणान्तःपुर रूप एकदेश में स्पष्टरूप से वर्तमान यह एकदेश विवर्ति रूपक है।

➤ **उत्प्रेक्षा अलङ्कार-** 'भवेत्सम्भावनोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परात्मना' अर्थात् किसी प्रस्तुत वस्तु की अप्रस्तुत के रूप में सम्भावना करने को उत्प्रेक्षा कहते हैं।

उदाहरण-

ऊरुः कुरङ्गकहशश्चञ्चलचेलाञ्चलो भाति।
सपताकः कनकमयो विजयस्तम्भः स्मरस्ये वा।।

➤ **अनुप्रास अलङ्कार-** 'अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत्' अर्थात् स्वरों में समानता न होते हुए भी समान व्यञ्जनों अथवा वर्णों का बार-बार आना अनुप्रास अलङ्कार है। उदाहरण- लताकुञ्जं गुञ्जन्मदवदलिपुञ्जं चपलयन्। समालिङ्गन्नङ्गं द्रुततरमनङ्गं प्रबलयन्। आदि उदाहरण में ङ्ग-ङ्ग, न्द-न्द, आदि का वर्णसाम्य होने के कारण अनुप्रास अलङ्कार है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

16. महान् व्याकरणाचार्य पाणिनि ने संस्कृत की वर्णमाला को बाँटा है-
(A) 10 खण्डों में (B) 12 खण्डों में
(C) 14 खण्डों में (D) 16 खण्डों में

व्याख्या- भगवान् शङ्कर के नृत्य करने के अवसर पर उनके डमरू से यह ध्वनि निकली।

नृत्तावसाने नटराजराजो ननाद ढक्कां नवपञ्चवारम्।
उद्धर्तुकामः सनकादिसिद्धान् एतद् विमर्शे शिवसूत्रजालम्।।

1. अइउण् 2. ऋलक् 3. एओङ् 4. ऐऔच् 5. हयवरट् 6. लण् 7. ञमङणनम् 8. झभञ् 9. घढधष् 10. जबगडदश् 11. खफछठथचटतव् 12. कपय् 13. शषसर् 14. हल्।

स्पष्टीकरण- इसप्रकार इन्हीं चौदह माहेश्वरसूत्रों से संस्कृत वर्णमाला की रचना हुई है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

17. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' कथन है-
(A) आचार्य मम्मट का
(B) आनन्दवर्धनाचार्य का
(C) आचार्य विश्वनाथ का
(D) क्षेमेन्द्र का

व्याख्या-

➤ **आचार्य मम्मट का काव्यलक्षण-** 'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्.कृती पुनः क्वापि' अर्थात् दोषों से रहित, गुणों से युक्त यदि कहीं पर अलङ्कार न भी हों तो शब्द और अर्थ की समष्टि काव्य है।

➤ **आनन्दवर्धन का काव्यलक्षण-** 'काव्यस्यात्मा ध्वनिः' अर्थात् काव्य की आत्मा ध्वनि है।

➤ **आचार्य विश्वनाथ का काव्यलक्षण-** 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' अर्थात् रसात्मक वाक्य ही काव्य है।

➤ **आचार्य क्षेमेन्द्र का काव्यलक्षण-** 'औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्' औचित्य ही रस का जीवितभूत अर्थात् उसका प्राण है और काव्य में चमत्कारी तत्त्व है।

स्पष्टीकरण- 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' यह काव्यलक्षण आचार्य विश्वनाथ का है। **इसलिए विकल्प 'C' सही है।**

18. पण्डितराज जगन्नाथ ने काव्य की परिभाषा दी है
(A) वाक्यं रसात्मकं काव्यम्
(B) रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्
(C) शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्
(D) ननु शब्दार्थौ काव्यम्

व्याख्या-

विश्वनाथ- 'वाक्यं रसात्मकं काव्यं' रसात्मक वाक्य ही काव्य है।

पंडितराज जगन्नाथ- 'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्' रमणीय अर्थ का प्रतिपादन करने वाला शब्द काव्य है।

भामह- 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' शब्द एवं अर्थ के सहित ही काव्य है।

स्पष्टीकरण- अतः विकल्प 'B' सही है।

19. 'दूतवाक्यम्' कृति है-
(A) भास (B) भवभूति
(C) भारवि (D) कालिदास

व्याख्या-

➤ **महाकवि भास की तेरह रचनाएँ-** प्रतिज्ञायौगन्धरायण, स्वप्नवासवदत्तम्, ऊरुभंग, दूतवाक्यम्, पञ्चरात्रम् , बालचरित, दूतघटोत्कच, कर्णभार, मध्यमव्यायोग, प्रतिमानाटक, अभिषेकनाटक, अविमारक, चारुदत्त।

➤ **महाकवि भवभूति–** महाकवि भवभूति की तीन रचनाएँ हैं- मालतीमाधवम्, महावीरचरितम्, उत्तररामचरितम्।

➤ **भारवि-** भारवि की केवल एक रचना प्राप्त होती है जो कि किरातार्जुनीयम् है यह महाकाव्य है, जिसमें 18 सर्ग हैं, इसे 'बृहत्त्रयीकाव्य' की सञ्ज्ञा प्राप्त है।

➤ **कालिदास की सात रचनाएँ-** ऋतुसंहारम्, मेघदूतम्,

रघुवंशम्, कुमारसम्भवम्, अभिज्ञानशाकुन्तलम्, मालविकाग्निमित्रम्, विक्रमोर्वशीयम्।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'दूतवाक्यम्' महाकवि भास की रचना है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

20. 'उमेशः' शब्द में किस सूत्र के अनुसार सन्धि की गई है-
(A) इको यणचि (B) आद्गुणः
(C) खरि च (D) तोर्लि

व्याख्या-

➢ 'इको यणचि' सूत्र से इक् (इ, उ, ऋ, ऌ) के बाद अच् (स्वर) आने पर इक् (इ, उ, ऋ, ऌ) के स्थान पर यण् (य् व् र् ल्) आदेश हो जाता है। जैसे- यदि + अपि = यद्यपि, अभि + उदयः = अभ्युदयः, वधू + आदेशः = वध्वादेशः।

➢ 'आद्गुणः' सूत्र से यदि अ/आ के बाद ह्रस्व या दीर्घ इ,उ,ऋ,ऌ आते हैं तो दोनों मिलकर क्रमशः ए, ओ, अर्, अल् गुण हो जाता है।

उदाहरण- उमा + ईशः = उमेशः
रमा + ईशः = रमेशः
गण + ईशः = गणेशः
सुर + ईशः = सुरेशः

➢ **खरि च -** 'खरि च' सूत्र से चर्त्व सन्धि का विधान होता है इसमें वर्ग के प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ण के आगे किसी वर्ग के प्रथम या द्वितीय अक्षर के आने पर वे अपने वर्ग के प्रथम अक्षर में बदल जाते हैं। उदाहरण- छेद् + ता = छेत्ता, लिभ् + सा = लिप्सा, हृद् + स्थनम् = हृत्स्थनम्।

➢ **तोर्लि-** 'तोर्लि' सूत्र से परसवर्ण सन्धि का विधान होता है, लकार के परे होने पर तवर्ग के स्थान पर परसवर्ण आदेश होता है।

उदाहरण- तत् + लयः = तल्लयः
विद्वान् + लिखति = विद्वाल्लिँखति।

अतः विकल्प 'B' सही है।

21. पञ्चविंशतिः शब्द का हिन्दी अर्थ होता है-
(A) पन्द्रह (B) पच्चीस
(C) पैंतीस (D) पचास

व्याख्या-

15	-	पञ्चदश
25	-	पञ्चविंशतिः
35	-	पञ्चत्रिंशत्
45	-	पञ्चचत्वारिंशत्
55	-	पञ्चपञ्चाशत्
65	-	पञ्चषष्टिः
75	-	पञ्चसप्ततिः
85	-	पञ्चाशीतिः
95	-	पञ्चनवतिः
एक हजार	-	सहस्रम्
दस हजार	-	अयुतम्
एक लाख	-	लक्षम्
दस लाख	-	नियुतम्, प्रयुतम्
एक करोड़	-	कोटिः
दस करोड़	-	दशकोटिः
एक अरब	-	अर्बुदम्
दस अरब	-	दशार्बुदम्
एक खरब	-	खर्वम्
दस खरब	-	दशखर्वम्
एक नील	-	नीलम्
दस नील	-	दशनीलम्
एक पद्म	-	पद्मम्
दस पद्म	-	दशपद्मम्
महाशंख	-	महाशंखम्

अतः विकल्प 'B' सही है।

22. भोक्तुम् में प्रयुक्त प्रकृति एवं प्रत्यय है-
(A) भुज् + तुमुन् (B) भुक् + तुमुन्
(C) भोज + तुमुन् (D) भुज् + क्त्वा

व्याख्या-

भुज् + तुमुन् = **भोक्तुम्,** अद् + तुमुन् = **अत्तुम्**
क्षिप् + तुमुन् = **क्षेप्तुम्,** शुच् + तुमुन् = **शोचितुम्**
श्रु + तुमुन् = **श्रोतुम्,** सिच् + तुमुन् = **सेक्तुम्**
लिख् + तुमुन् = **लेखितुम्,** यज् + तुमुन् = **यष्टुम्**
भिद् + तुमुन् = **भेत्तुम्,** बुध् + तुमुन् = **बोधितुम्**
नी + तुमुन् = **नेतुम्,** जि + तुमुन् = **जेतुम्**

स्पष्टीकरण- इसप्रकार 'भोक्तुम्' में भुज् धातु एवं तुमुन् प्रत्यय है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

23. हितोपदेशः में सन्धि है-
(A) दीर्घ (B) गुण
(C) वृद्धि (D) यण्

व्याख्या-

➢ **दीर्घ सन्धि-** 'अकः सवर्णे दीर्घः' सूत्र से अ/आ, इ/ई, उ/ऊ एवं ऋ वर्ण के बाद इनके सवर्ण वर्ण आते हैं तो क्रमशः आ, ई, ऊ, ॠ हो जाते हैं जैसे- हिम + आलयः = हिमालयः, विद्या

+ आलयः = विद्यालयः, श्री + ईशः = श्रीशः, गुरु + उपदेशः = गुरूपदेशः, मुनि + इन्द्रः = मुनीन्द्रः।

➤ **गुणसन्धि-** 'आद्‌गुणः' सूत्र से जब अ/आ के बाद ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ, ऌ आते हैं तो क्रमशः ए, ओ, अर्, अल् गुण हो जाता है।

उदाहरण-
हित + उपदेशः = हितोपदेशः, रमा + ईशः = रमेशः, राजा + इन्द्रः = राजेन्द्रः, महा + उत्सवः = महोत्सवः, तव + ऌकारः = तवल्कारः आदि।

➤ **वृद्धिसन्धि-** 'वृद्धिरेचि' सूत्र से जब अ/आ के बाद ए/ऐ अथवा ओ/औ आते हैं तो क्रमशः ऐ और औ हो जाता है।
उदाहरण- सदा + एव = सदैव, लता + एषा = लतैषा, मत + ऐक्यम् = मतैक्यम् आदि।

➤ **यण् सन्धि-** 'इको यणचि' सूत्र से जब ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ, ऌ के बाद असमान स्वर आए तो उनके स्थान पर क्रमशः य्, व्, र्, ल् हो जाता है।
उदाहरण- मधु + अरिः = मध्वरिः, वधू + आदेशः = वध्वादेशः, सु + आगतम् = स्वागतम् आदि।
अतः विकल्प 'B' सही है।

24. भवभूति का सम्बन्ध है-
(A) मालविकाग्निमित्रम् से
(B) रघुवंशम् से
(C) अष्टाध्यायी से
(D) उत्तररामचरितम् से

व्याख्या- *महाकवि भवभूति का समय सातवीं शताब्दी का उत्तरार्ध है, इनका प्रिय रस **करुण** एवं प्रियछन्द **अनुष्टुप्** एवं **शिखरिणी** है। महाकवि भवभूति की तीन रचनाएँ हैं- मालतीमाधवम् (प्रकरण), महावीरचरितम् (नाटक), उत्तररामचरितम् (नाटक)

➤ महाकवि कालिदास की सात रचनाएँ हैं-
महाकाव्य - रघुवंशम्, कुमारसम्भवम्
नाटक- मालविकाग्निमित्रम्, विक्रमोर्वशीयम्, अभिज्ञान-शाकुन्तलम्।

➤ अष्टाध्यायी महर्षि पाणिनि की रचना है, जिसमें आठ अध्याय प्रत्येक अध्याय में चार पाद एवं लगभग 4000 सूत्र हैं। जो व्याकरण का सर्वोत्कृष्ट ग्रन्थ है।
स्पष्टीकरण- इसप्रकार मालविकाग्निमित्रम् और रघुवंशम् का सम्बन्ध कालिदास से, अष्टाध्यायी का सम्बन्ध पाणिनि से जबकि उत्तररामचरितम् का सम्बन्ध भवभूति से है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

25. 'पीताम्बरः' का विग्रह है-
(A) पीतम् च तत् अम्बरम्
(B) पीतम् अम्बरम् यस्य सः
(C) पीतम् अम्बरम् येन सः
(D) पीतम् अम्बरम् यस्मिन्

व्याख्या- बहुव्रीहि समास में अनेक पद होते हैं, परन्तु वे किसी अन्य पद के विशेषण होते हैं। इसमें अन्य पद के अर्थ की प्रधानता होती है। 'अन्यपदप्रधानो बहुव्रीहिः'

1.	पीताम्बरः	पीतम् अम्बरं यस्य सः (विष्णुः)
2.	गजाननः	गजः आननः यस्य सः (गणेशः)
3.	नीलाम्बरः	नीलम् अम्बरं यस्य सः (बलरामः)
4.	वीणापाणिः	वीणा पाणौ यस्याः सा (सरस्वती)
5.	चन्द्रशेखरः	चन्द्रः शेखरे यस्य सः (शिवः)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि 'पीतम् अम्बरं यस्य सः' पीताम्बरः का विग्रह है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

26. गलत वर्तनी वाला शब्द चुनिए
(A) पुँलिङ्ग **(B) स्त्रीलिङ्ग**
(C) नपुंसकलिङ्ग **(D) उभयलिंग**

व्याख्या- संस्कृत में तीन लिङ्ग होते हैं- पुँल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग, नपुंसकलिङ्ग जबकि संस्कृत में उभयलिंग नहीं होता है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

27. राजपुत्रः में समास है-
(A) तत्पुरुष **(B) कर्मधारय**
(C) द्विगु **(D) अव्ययीभाव**

व्याख्या-

समास	विग्रहवाक्य	पद
तत्पुरुष	राज्ञः पुत्रः	राजपुत्रः
	प्रजायाः पतिः	प्रजापतिः
	राज्ञः सेवकः	राजसेवकः
कर्मधारय	घन इव श्यामः	घनश्यामः
	नीलम् इव कमलम्	नीलकमलम्
	कृष्णः सर्पः	कृष्णसर्पः
द्विगुसमास	पञ्चानां गवां समाहारः	पञ्चगवम्
	त्रयाणां भुवनानां समाहारः	त्रिभुवनम्
	पञ्चानां पात्राणां समाहारः	पञ्चपात्रम्
अव्ययीभाव समास	विघ्नानाम् अभावः	निर्विघ्नम्
	ग्रामस्य समीपम्	उपग्रामम्
	दिनं दिनं प्रति	प्रतिदिनम्

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'राजपुत्रः' में तत्पुरुष समास है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

28. 'चन्द्रशेखरः' में समास है-
(A) तत्पुरुष **(B) अव्ययीभाव**
(C) बहुव्रीहि **(D) द्वन्द्व**

व्याख्या-

- **तत्पुरुष समास-** 'उत्तरपदप्रधानो तत्पुरुषः' सूत्र से जिसमें उत्तरपद की प्रधानता होती है उसे तत्पुरुष समास कहते हैं।
- **अव्ययीभाव समास-** 'पूर्वपदप्रधानोऽव्ययीभावः' सूत्र से जिसमें पूर्वपद की प्रधानता हो, उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं।
- **बहुव्रीहि समास-** 'अन्यपदप्रधानो बहुव्रीहिः' से न तो पूर्वपद प्रधान हो और न ही उत्तरपद प्रधान हो बल्कि अन्यपद प्रधान हो उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं।

'चन्द्रशेखरः'- चन्द्रः शेखरे यस्य सः अर्थात् शिखर पर चन्द्रमा है जिसके वह 'भगवान् शिव' यहाँ पर अन्यपद की प्रधानता है। अतः बहुव्रीहि समास है।

- **द्वन्द्व समास-** 'चार्थे द्वन्द्वः' से जिसमें पूर्व और उत्तर दोनों पदों की प्रधानता हो उसे द्वन्द्व समास कहते हैं।

समास	पद	विग्रह वाक्य
तत्पुरुष	नरपतिः	नराणां पतिः
	मुनिश्रेष्ठः	मुनिषु श्रेष्ठः
अव्ययीभाव	सुमद्रम्	मद्राणां समृद्धिः
	अतिहिमम्	हिमस्य अत्ययः
बहुव्रीहि	चन्द्रशेखरः	चन्द्रः शेखरे यस्य सः
	चित्रगुः	चित्रा गावः यस्य सः
द्वन्द्व	पितरौ	माता च पिता च
	हरिहरौ	हरिश्च हरश्च

अतः विकल्प 'C' सही है।

29. निम्नाङ्कित में से कौन द्विकर्मक धातु नहीं है-
(A) कृष् **(B) दण्ड्**
(C) मन् **(D) मथ्**

व्याख्या- दुह्, याच्, पच्, दण्ड्, रुध्, प्रच्छ्, चि, ब्रू, शास्, जि, मथ्, मुष्, नी, हृ, कृष्, वह् ये द्विकर्मक धातुएँ हैं।
स्पष्टीकरण- कृष्, दण्ड्, मथ्, की गणना द्विकर्मक धातुओं के अन्तर्गत हुई है जबकि मन् की गणना इसके अन्तर्गत नहीं है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

30. छन्दानुगत शिक्षण प्रणाली है-
(A) गद्य की **(B) पद्य की**
(C) व्याकरण की **(D) कथा की**

व्याख्या-

- गद्य शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत की गद् धातु से की जाती है जिसका अर्थ है 'स्पष्ट कहना चाहिए।' संस्कृत गद्य शिक्षण में समास की शैली अपनी विशेषता है, समास के ज्ञान के बिना अर्थग्रहण एवं व्याख्या कार्य सम्भव नहीं है।
- पद्य शिक्षण में छन्द का विशेष महत्त्व होता है सारे पद्य किसी न किसी छन्द में ही होते हैं। इस प्रकार के शिक्षण में अन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाता है। पद्यात्मक पाठ तीन प्रकार के होते हैं- सूचनात्मक, सूक्तिरूप, रसात्मक।
- **व्याकरण शिक्षण-** पाणिनि द्वारा रचित अष्टाध्यायी व्याकरण का सर्वोत्कृष्ट ग्रन्थ है। इन्होंने सूत्र शैली में व्याकरण जैसे दुरूह तथा विस्तृत शास्त्र को सरल एवं संक्षिप्त बना दिया। पाणिनि ने शब्दों को तीन श्रेणियों में विभक्त किया है- सुबन्त, तिङन्त तथा अव्यय।
- सन्धि, समास, कारक आदि व्याकरण शिक्षण के अङ्ग हैं।
- संस्कृत साहित्य में कथा के लिए निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग होता रहा है- आख्यायिका,कथा,कथानिका,वृत्तान्त।

कथा शिक्षण के द्वारा छात्रों की कल्पना-शक्ति का विकास करना, उनकी तर्कशक्ति को विकसित करना तथा उनके चरित्र-निर्माण में योगदान कथा-शिक्षण के प्रमुख उद्देश्य हैं। कथा शिक्षण का यह उद्देश्य है कि बालक हानिकारक मनोरञ्जन की ओर न जाकर स्वस्थ मनोरञ्जन की ओर उन्मुख हो। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

उत्तरमाला

1.D	2.B	3.D	4.C	5.A	6.B	7.A	8.D	9.D	10.B	11.D	12.C
13.A	14.A	15.B	16.C	17.C	18.B	19.A	20.B	21.B	22.A	23.B	24.D
25.B	26.D	27.A	28.C	29.C	30.B						

2. UP-TET संस्कृतम् | प्राथमिक स्तर (कक्षा- 1 से 5 तक) | फरवरी 2014

01. शिक्षण में नैदानिक परीक्षण की आवश्यकता होती है-
(A) छात्र की पारिवारिक आय की जाँच करने के लिए
(B) स्वास्थ्य परीक्षण के लिए
(C) छात्र की विषयगत कमजोरियों को दूर करने के लिए
(D) छात्रों में प्रतिस्पर्द्धा की भावना का विकास करने के लिए

व्याख्या-
- नैदानिक परीक्षा व्यक्ति में किसी प्रकार की असामान्यता, अयोग्यता, कमजोरी, अक्षमता व्यतिक्रम की ठीक पहचान, निदान अथवा नैदानिक परीक्षा (डायग्नोस्टिक टेस्ट) कहलाती है।
- शिक्षण के सन्दर्भ में छात्र कमजोर क्यों है? इसके कारण व कठिनाइयों की जानकारी प्राप्त करने हेतु जो परीक्षण किया जाता है वह निदानात्मक परीक्षण कहलाता है।
- निदानात्मक परीक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्र की कमजोरियों का पता लगाना है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

02. कक्षा शिक्षण में सबसे आवश्यक शिक्षण सामग्री कौन सी है-
(A) रेडियो (B) चार्ट
(C) श्यामपट (D) ग्रामोफोन

व्याख्या-
- श्यामपट शिक्षणसंस्था में उतना ही आवश्यक है जितना कि डेस्क, बेंच, कुर्सी, मेज, रजिस्टर या अन्य वस्तुएँ।
- यह शिक्षा का सबसे सस्ता और महत्त्वपूर्ण साधन है, श्यामपट शिक्षण का अभिन्न अंग है।
- श्यामपट पर लिखे अक्षर स्पष्ट हों।
- श्यामपट कार्य में स्वच्छता हो।
- अक्षरों का सीधा होना आवश्यक है।
- श्यामपट पर समानान्तर पंक्तियाँ (सीधी लाइन) होनी चाहिए।
- **उद्देश्य-** बच्चों के ध्यान को आकर्षित करना, रुचि पैदा करना, कक्षा में अनुशासन बनता है।
- कठिन अंशों के समझाने में सहायक

अतः विकल्प 'C' सही है।

03. लेखन शिक्षण में प्रतिलेख का तात्पर्य है-
(A) पुस्तक से कुछ अंश को देखकर लिखना
(B) अध्यापक बोलता है छात्र लिखता है
(C) एक छात्र बोलता है अन्य छात्र लिखते हैं
(D) स्मरण के आधार पर लिखना

व्याख्या-
- **लेखन के प्रकार-** अनुलेख, प्रतिलेख, श्रुतिलेख।
- **प्रतिलेख-** प्रतिलेख में छात्र स्वतन्त्र रूप से किसी पुस्तक या पत्र-पत्रिका के किसी भाग का अनुकरण करके अपनी कापी में लिखता है। कक्षा 4, 5, 6 में प्रतिलेख कराया जा सकता है।
- **अनुलेख-** अनुलेख का अर्थ है लिखावट के पीछे या बाद में लिखना, अनुलेख का प्रारम्भिक कक्षाओं में विशेष महत्त्व है।
- **श्रुतिलेख-** श्रुतिलेख सुना हुआ लेख है इसमें अध्यापक बोलता है और छात्र सुनकर लिखता है। सुनने समझने की योग्यता के शिक्षण और परीक्षण का श्रुतिलेख अच्छा साधन है। इसका उद्देश्य छात्रों की श्रवणेन्द्रियों को प्रशिक्षित करना है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

04. निम्नलिखित में से कौन अशुद्ध वाचन का कारण नहीं है-
(A) वर्णों की ध्वनियों का ज्ञान न होना
(B) प्रयत्न लाघव
(C) उच्चारणसम्बन्धी अभ्यास की कमी
(D) सस्वर वाचन का अभ्यास

व्याख्या- छात्रों को अपने भाव कुशलतापूर्वक व्यक्त करने, अच्छा सम्प्रेषण करने और सुस्पष्ट उच्चारण करने के लिये 'वाचन' सिखाया जाता है। वाचन सिखाते समय कुछ महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं का ध्यान रखना चाहिए जिससे अनुकरण वाचन करते समय छात्रों के अधिगम में बढ़ोत्तरी हो।
- **शुद्ध वाचन के कारण-**
  1. ध्वनियों का यथावत् ज्ञान।
  2. स्वरतन्त्र का स्वस्थ और निर्बाध होना।
  3. लय, यति, आरोह-अवरोह का ज्ञान।
  4. ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत आदि का शुद्ध ज्ञान होना।
  5. उच्चारण करते समय धैर्य, माधुर्य आदि गुणों का

ध्यान रखना।

6. सस्वर वाचन का अभ्यास।

➢ इसी प्रकार अशुद्ध वाचन के प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं-

1. प्रत्यत्न लाघव।
2. वर्णों की ध्वनियों का ज्ञान न होना।
3. उच्चारण सम्बन्धी अभ्यास की कमी।
4. ह्रस्व, दीर्घादि का अनभ्यास।
5. धैर्य, माधुर्य आदि पर ध्यान न देना।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'सस्वर वाचन' अशुद्ध वाचन का कारण न होकर शुद्ध वाचन का कारण है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

05. छन्दोबद्धता होती है-

(A) गद्यपाठों में **(B) नाटकपाठों में**
(C) पद्यपाठों में **(D) कहानी पाठों में**

व्याख्या- छन्द, मात्रा, यति, गति आदि नियमों से युक्त रचना पद्य कहलाती है। पद्यपाठ में छन्द, यति का विशेष महत्त्व होता है। वाचन करते समय जहाँ यति का निर्देश होता है वहाँ पर रुकना पड़ता है। वाचन, व्याख्या, भाव, मूल्यांकन आदि पद्य शिक्षण के अंग हैं।

➢ नाटक में नाटकीयता, संवाद, भाव भंगिमा, चतुर्विध अभिनय-सात्विक, वाचिक, कायिक, आङ्गिक का ध्यान रखा जाता है।

➢ गद्य पाठ दो प्रकार का होता हैं- कथा और आख्यायिका। गद्यशिक्षण छन्दरहित रचना होती है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

06. 'क' वर्ण का उच्चारण स्थान है-

(A) मूर्धा **(B) तालु**
(C) कण्ठ **(D) ओष्ठ**

व्याख्या-

➢ **'अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः'** से अ एवं कवर्ग (क ख ग घ ङ) ह एवं विसर्ग का उच्चारणस्थान कण्ठ है।

➢ **'ऋटुरषाणां मूर्धा'** से सभी प्रकार के ऋकार, टवर्ग (ट ठ ड ढ ण) र और ष का उच्चारणस्थान मूर्धा है।

➢ **'उपूपध्मानीयानामोष्ठौ'** से अठारह प्रकार के उकार, पवर्ग (प फ ब भ म) और उपध्मानीय का उच्चारण स्थान ओष्ठ है।

➢ **'इचुयशानां तालु'** से सभी इकार, चवर्ग (च छ ज झ ञ), य, श का उच्चारणस्थान तालु है।

➢ **'ऌतुलसानां दन्ताः'** से सभी प्रकार के ऌकार, तवर्ग (त थ द ध न), ल और स का उच्चारणस्थान दन्त है।

➢ **'ञमङणनानां नासिका च'** से ञ् म् ङ् ण् न् का उच्चारण स्थान नासिका है।

➢ **'एदैतोः कण्ठतालु'** से ए और ऐ का उच्चारणस्थान कण्ठ एवं तालु है।

➢ **'ओदौतोः कण्ठोष्ठम्'** से ओ और औ का उच्चारणस्थान कण्ठ और ओष्ठ है।

➢ **'वकारस्य दन्तोष्ठम्'** से व का उच्चारणस्थान दन्त और ओष्ठ है।

➢ **'जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम्'** जिह्वामूलीय और विसर्ग का उच्चारणस्थान जिह्वामूलस्थान है।

➢ **'नासिकाऽनुस्वारस्य'** अनुस्वार का उच्चारणस्थान नासिका है।

स्पष्टीकरण- इसप्रकार कवर्ग का उच्चारण स्थान कण्ठ है **अतः विकल्प 'C' सही है।**

	वर्ग	उच्चारण स्थान
1.	अ, कवर्ग (क ख ग घ ङ), ह एवं विसर्ग	कण्ठ
2.	ऋ, टवर्ग (ट ठ ड ढ ण), र, ष	मूर्धा
3.	उ, पवर्ग (प फ ब भ म), उपध्मानीय, विसर्ग	ओष्ठ
4.	इ, चवर्ग (च छ ज झ ञ), य, श	तालु
5.	ऌ, तवर्ग (त थ द ध न), ल, स	दन्त
6.	ञ् म् ङ् ण् न्	नासिका
7.	ओ, औ	कण्ठ ओष्ठ
8.	व	दन्त ओष्ठ
9.	अनुस्वार	नासिका और अपने वर्ग का स्थान
10.	जिह्वामूलीय, विसर्ग	जिह्वामूल

07. इक्ष्वाकुवंशी राजाओं का निरूपण प्राप्त होता है-

(A) दशकुमारचरितम् में **(B) रघुवंशम् में**
(C) मेघदूतम् में **(D) कादम्बरी में**

व्याख्या-

➢ इक्ष्वाकुवंशी राजाओं का वर्णन कालिदास कृत रघुवंशम् में प्राप्त होता है जो महाकाव्य है। इसमें उन्नीस सर्ग हैं जिसे लघुत्रयी काव्य की सञ्ज्ञा प्राप्त है।

रघुवंश में प्राप्त अन्य वर्णन- कामधेनु की पुत्री नन्दिनी की सेवा, रघु का जन्म, इन्दुमती स्वयंवर, अज विलाप, श्रवण कुमार की हत्या, सीता हरण, सीता परित्याग आदि।

➢ **दशकुमारचरितम् -** दण्डी द्वारा रचित गद्य रचना है जिसमें दस राजकुमारों की कथा वर्णित है। दशकुमारचरितम् में आठ उच्छ्वास हैं। दण्डी की अन्य रचनाएँ हैं- काव्यादर्श, अवन्तिसुन्दरीकथा, छन्दोविचिति, कलापरिच्छेद, द्विसन्धानकाव्य।

- **मेघदूतम् -** मेघदूतम् महाकवि कालिदास की रचना है जिसमें विरही यक्ष की कथा का वर्णन है इसके दो भाग हैं- पूर्वमेघ तथा उत्तरमेघ। मेघदूतम् में मन्दाक्रान्ता छन्द का प्रयोग किया गया है। मेघदूतम् को खण्डकाव्य/गीतिकाव्य/सन्देशकाव्य/दूतकाव्य की सञ्ज्ञा प्राप्त है।
- **कादम्बरी-** महाकवि बाणभट्ट विरचित कादम्बरी कथाग्रन्थ है जिसमें तीन जन्मों की कथा का वर्णन प्राप्त होता है। इसका नायक चन्द्रापीड तथा नायिका कादम्बरी है। अपूर्ण कादम्बरी को बाणभट्ट के पुत्र पुलिनभट्ट (भूषणभट्ट) ने पूर्ण किया।
- कादम्बरी में शूद्रक वर्णन, शुक वर्णन, पम्पासरोवर वर्णन, विन्ध्याटवी वर्णन, शाल्मलीवृक्ष वर्णन, चाण्डालकन्यावर्णन, प्रभात वर्णन, जाबालि आश्रम वर्णन प्राप्त होता है।
- शुकनासोपदेश नामक प्रसिद्ध उपदेश कादम्बरी का ही एक अंश है।
- राजाओं की वंशावली है-
  मनु, दिलीप, रघु, अज, दशरथ, राम, लव, कुश, अतिथि, निषध, नल, नभ, पुण्डरीक, क्षेमधन्वा, देवानीक, अहीनग, पारियात्र, शिल, उन्नाभ, वज्रनाभ, शंखण, व्युषिताश्व, विश्वसह, हिरण्यनाभ, कौशल्य, ब्रह्मिष्ठ, पुत्र, पुष्य, ध्रुवसन्धि, सुदर्शन, अग्निवर्ण।
  इस प्रकार रघुवंशम् में इक्ष्वाकुवंशी राजाओं की वंशावली दी गई है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

08. अष्टाध्यायी ग्रन्थ सम्बन्धित है-
(A) व्याकरण से **(B) नाट्यशास्त्र से**
(C) अलङ्कार से **(D) काव्यशास्त्र से**

व्याख्या- अष्टाध्यायी महर्षि पाणिनि की रचना है जो कि व्याकरण शास्त्र से सम्बन्धित है। अष्टाध्यायी में आठ अध्याय हैं। जैसा कि इसके नाम से ही स्पष्ट है। प्रत्येक अध्याय में चार-चार पाद एवं लगभग चार हजार सूत्र हैं। जो सञ्ज्ञासूत्र, परिभाषासूत्र, नियमसूत्र आदि में विभक्त हैं। अष्टाध्यायी के ऊपर आचार्य कात्यायन ने वार्तिक एवं आचार्य पतञ्जलि ने महाभाष्य नामक ग्रन्थ लिखा।

- नाट्यशास्त्र आचार्य भरतमुनि की रचना है जो 36 अध्यायों में विभक्त है। इसमें नाट्य सम्बन्धी विषयवस्तु का वर्णन प्राप्त होता है। आचार्य भरतमुनि का प्रसिद्ध रससूत्र 'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगात् रसनिष्पत्तिः' है।
- अलङ्कारशास्त्रियों ने अलङ्कारों को दो भागों में विभाजित किया है-शब्दालङ्कार और अर्थालङ्कार। अनुप्रास, यमक, श्लेष, वक्रोक्ति आदि शब्दालङ्कार तथा उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, विरोधाभास आदि अर्थालङ्कार हैं।

काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ

नाट्यशास्त्र	-	आचार्य भरतमुनि
काव्यालङ्कार	-	भामह
काव्यालङ्कारसूत्र	-	वामन
काव्यप्रकाश	-	मम्मट
साहित्यदर्पण	-	विश्वनाथ
रसगंगाधर	-	पण्डितराज जगन्नाथ
काव्यादर्श	-	दण्डी
ध्वन्यालोक	-	आनन्दवर्धन
चन्द्रालोक	-	जयदेव
दशरूपक	-	धनञ्जय

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि अष्टाध्यायी व्याकरण से सम्बद्ध ग्रन्थ है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

09. महर्षि पाणिनि ने संस्कृत की वर्णमाला को विभाजित किया है।
(A) 12 खण्डों में **(B) 14 खण्डों में**
(C) 16 खण्डों में **(D) 18 खण्डों में**

व्याख्या- महर्षि पाणिनि द्वारा रचित चौदह माहेश्वर सूत्रों पर वर्णमाला आधारित है-
चौदह माहेश्वर सूत्र हैं-
1. अ इ उ ण् **2.** ऋ ऌ क् **3.** ए ओ ङ् **4.** ऐ औ च् **5.** ह य व र ट् **6.** ल ण् **7.** ञ म ङ ण न म् **8.** झ भ ञ् **9.** घ ढ ध ष् **10.** ज ब ग ड द श् **11.** ख फ छ ठ थ च ट त व् **12.** क प य् **13.** श ष स र् **14.** ह ल्।
इसप्रकार आचार्य पाणिनि की सम्पूर्ण वर्णमाला चौदह खण्डों में विभाजित है। **अच्** = स्वर, **हल्** = व्यञ्जन, **अल्** = स्वर और व्यञ्जन दोनों। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

10. तवर्ग का उच्चारण स्थान है-
(A) कण्ठ **(B) तालु**
(C) दन्त **(D) मूर्धा**

व्याख्या-

उच्चारण स्थान	वर्ण
1. कण्ठ	अ, कवर्ग, ह एवं विसर्ग
2. मूर्धा	ऋ, टवर्ग, र, ष
3. ओष्ठ	उ, पवर्ग, उपध्मानीय
4. तालु	इ, चवर्ग, य, श
5. दन्त	ऌ, तवर्ग, ल, स
6. नासिका और अपने वर्ग	ञ्, म्, ङ्, ण्, न्

	का स्थान
7. कण्ठोष्ठ्य	ओ, औ
8. दन्तोष्ठ्य	व
9. नासिका	अनुस्वार
10. जिह्वामूल	जिह्वामूलीय

अतः तवर्ग का उच्चारणस्थान दन्त है। **इसलिए विकल्प 'C' सही है।**

11. गम् धातु का लोट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन में क्या रूप बनता है-
(A) गच्छतु (B) गच्छेत्
(C) गमिष्यति (D) अगच्छत्

व्याख्या-
गम् धातु भ्वादिगण की धातु है जिसके रूप परस्मैपद में चलते हैं- लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् में गम् को गच्छ् आदेश होता है-

(1) लट्लकार-

गच्छति	गच्छतः	गच्छन्ति
गच्छसि	गच्छथः	गच्छथ
गच्छामि	गच्छावः	गच्छामः

(2) लोट्लकार-

गच्छतु	गच्छताम्	गच्छन्तु
गच्छ	गच्छतम्	गच्छत
गच्छानि	गच्छाव	गच्छाम

(3) लङ्लकार-

अगच्छत्	अगच्छताम्	अगच्छन्
अगच्छः	अगच्छतम्	अगच्छत
अगच्छम्	अगच्छाव	अगच्छाम

(4) विधिलिङ् -

गच्छेत्	गच्छेताम्	गच्छेयुः
गच्छेः	गच्छेतम्	गच्छेत
गच्छेयम्	गच्छेव	गच्छेम

(5) लृट् लकार-

गमिष्यति	गमिष्यतः	गमिष्यन्ति
गमिष्यसि	गमिष्यथः	गमिष्यथ
गमिष्यामि	गमिष्यावः	गमिष्यामः

गम् धातु की तरह कुछ अन्य धातुओं के रूप भी चलते हैं जैसे- पठ्, चल, पा, हस्, वद् आदि।

स्पष्टीकरण- इसप्रकार **'गच्छतु'** रूप लोट्लकार प्रथम पुरुष एकवचन में, **गच्छेत्** विधिलिङ् लकार प्रथमपुरुष एकवचन, **गमिष्यति** लृट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन, **अगच्छत्** लङ्लकार प्रथमपुरुष एकवचन में बनता है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

12. 'पित्रा' पितृ शब्द के किस विभक्ति एवं वचन का रूप है-
(A) द्वितीया एकवचन (B) चतुर्थी बहुवचन
(C) तृतीया एकवचन (D) तृतीया द्विवचन

व्याख्या-
पितृ शब्द ऋकारान्त पुँल्लिङ्ग

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	पिता	पितरौ	पितरः
द्वितीया	पितरम्	पितरौ	पितॄन्
तृतीया	पित्रा	पितृभ्याम्	पितृभिः
चतुर्थी	पित्रे	पितृभ्याम्	पितृभिः
पञ्चमी	पितुः	पितृभ्याम्	पितृभ्यः
षष्ठी	पितुः	पित्रोः	पितॄणाम्
सप्तमी	पितरि	पित्रोः	पितृषु
सम्बोधन	हे पितः!	हे पितरौ!	हे पितरः!

इसी प्रकार कर्तृ, हर्तृ धातृ आदि के रूप चलते हैं।
स्पष्टीकरण- 'पित्रा' शब्द तृतीया विभक्ति एकवचन में बनता है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

13. 'अष्टाविंशतिः' शब्द का अर्थ है-
(A) अट्ठारह (B) अट्ठाइस
(C) अड़तीस (D) अड़तालिस

व्याख्या-
अट्ठारह (18) - अष्टादश
अट्ठाइस (28) - अष्टाविंशतिः
अड़तीस (48) - अष्टात्रिंशत्
अड़तालिस (48) - अष्टचत्वारिंशत्, अष्टाचत्वारिंशत्।

1. एकः, एकम्, एका	26. षड्विंशतिः
2. द्वौ, द्वे, द्वे	27. सप्तविंशतिः
3. त्रयः, त्रीणि, तिस्रः	28. अष्टाविंशतिः
4. चत्वारः, चत्वारि, चतस्रः	29. नवविंशतिः, एकोनत्रिंशत्
5. पञ्च	30. त्रिंशत्
6. षट्	31. एकत्रिंशत्
7. सप्त	32. द्वात्रिंशत्
8. अष्ट, अष्टौ	33. त्रयस्त्रिंशत्
9. नव	34. चतुस्त्रिंशत्

10. दश	35. पञ्चत्रिंशत्
11. एकादश	36. षट्त्रिंशत्
12. द्वादश	37. सप्तत्रिंशत्
13. त्रयोदश	38. अष्टात्रिंशत्
14. चतुर्दश	39. नवत्रिंशत्, एकोनचत्वारिंशत्
15. पञ्चदश	40. चत्वारिंशत्
16. षोडश	41. एकचत्वारिंशत्
17. सप्तदश	42. द्विचत्वारिंशत्, द्वाचत्वारिंशत्
18. अष्टादश	43. त्रिचत्वारिंशत्, त्रयश्चत्वारिंशत्
19. नवदश, एकोनविंशतिः	44. चतुश्चत्वारिंशत्
20. विंशतिः	45. पञ्चचत्वारिंशत्
21. एकविंशतिः	46. षट्चत्वारिंशत्
22. द्वाविंशतिः	47. सप्तचत्वारिंशत्
23. त्रयोविंशतिः	48. अष्टचत्वारिंशत्, अष्टाचत्वारिंशत्
24. चतुर्विंशतिः	49. नवचत्वारिंशत्, एकोनपञ्चाशत्
25. पञ्चविंशतिः	50. पञ्चाशत्।

अतः विकल्प 'B' सही है।

14. 'पावकः' शब्द का सन्धि-विच्छेद होता है-
(A) प + आवकः **(B) पा + आवकः**
(C) पौ + अकः **(D) पो + अकः**

व्याख्या-
अयादि सन्धि- जब ए, ऐ, ओ, औ के बाद कोई स्वर आए तो ए को अय्, ऐ को आय्, ओ को अव्, औ को आव् हो जाता है।
पौ + अकः
प् + औ + अकः
प् + आव् + अकः
पावकः
इस प्रकार के अन्य उदाहरण-
गायकः = गै + अकः
पवनः = पो + अनः
भवनम् = भो + अनम्
पावनः = पौ + अनः
शायकः = शै + अकः
चयनम् = चे + अनम्
अतः विकल्प 'C' सही है।

15. जगदीशः में किस सूत्र से सन्धि हुई है-
(A) तोर्लि **(B) मोऽनुस्वारः**
(C) खरि च **(D) झलां जशोऽन्ते**

व्याख्या-
➢ **तोर्लि-** जब तवर्ग (त् थ् द् ध् न्) के बाद ल् हो तो तवर्ग के स्थान पर ल् हो जाता है
उदाहरण-
उद् + लिखितम् = उल्लिखितम्
विद्वान् + लिखति = विद्वाँल्लिखति
तद् + लीनः = तल्लीनः
➢ **मोऽनुस्वारः -** पद के अन्त में म् और उसके बाद कोई भी व्यञ्जन आए तो म् के स्थान पर अनुस्वार (ं) हो जाता है।
हरिम् + वन्दे = हरिं वन्दे
त्वम् + करोषि = त्वं करोषि
रामम् + भजामि = रामं भजामि।
➢ **खरि च-** वर्ग के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ वर्ण के आगे किसी वर्ग के प्रथम या द्वितीय अक्षर के आने पर वे अक्षर वर्ग के प्रथम अक्षर में बदल जाते हैं-
उदाहरण- छेद् + ता = छेत्ता, लिभ् + सा = लिप्सा आदि।
➢ **झलां जशोऽन्ते-** पद के अन्त में वर्ग के प्रथम द्वितीय तृतीय और चतुर्थ वर्ण के बाद व्यञ्जन आने पर पहले वर्ग को तृतीय होता है-
उदाहरण- जगत् + ईशः = जगदीशः = (त् को द्)
अप् + जम् = अब्जम् = (प् को ब्)
अतः विकल्प 'D' सही है।

16. 'राम' शब्द के तृतीया एकवचन का रूप होता है-
(A) रामैः **(B) रामेण**
(C) रामम् **(D) रामेषु**

व्याख्या- राम शब्द अकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्द है जिसके रूप निम्नवत् चलते हैं-

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	रामः	रामौ	रामाः
द्वितीया	रामम्	रामौ	रामान्
तृतीया	रामेण	रामाभ्याम्	रामैः
चतुर्थी	रामाय	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
पञ्चमी	रामात्	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
षष्ठी	रामस्य	रामयोः	रामाणाम्
सप्तमी	रामे	रामयोः	रामेषु
सम्बोधन	हे राम!	हे रामौ!	हे रामा!

➢ राम शब्द की ही तरह बालक, श्याम, सुरेश, महेश, गणेश आदि के रूप चलते हैं।
स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि राम शब्द का तृतीया एकवचन में 'रामेण' रूप बनता है। **अतः विकल्प**

'B' सही है।

17. 'पठामः' पठ् धातु का रूप होता है-
(A) लट्लकार उत्तमपुरुष बहुवचन में
(B) लोट्लकार उत्तमपुरुष बहुवचन में
(C) लङ्लकार उत्तमपुरुष बहुवचन में
(D) विधिलिङ्लकार उत्तमपुरुष बहुवचन में

व्याख्या-
पठ् धातु भ्वादिगण की धातु है जिसके रूप निम्नवत् चलते हैं-

लट्लकार

पठति	पठतः	पठन्ति
पठसि	पठथः	पठथ
पठामि	पठावः	पठामः

विधिलिङ्लकार

पठेत्	पठेताम्	पठेयुः
पठेः	पठेतम्	पठेत
पठेयम्	पठेव	पठेम

लङ्लकार

अपठत्	अपठताम्	अपठन्
अपठः	अपठतम्	अपठत
अपठम्	अपठाव	अपठाम

लृट्लकार

पठिष्यति	पठिष्यतः	पठिष्यन्ति
पठिष्यसि	पठिष्यथः	पठिष्यथ
पठिष्यामि	पठिष्यावः	पठिष्यामः

अतः विकल्प 'A' सही है।

18. दा धातु में क्त्वा प्रत्यय का योग करने पर होता है-
(A) दात्वा (B) दयित्वा
(C) दत्त्वा (D) दायित्वा

व्याख्या-
दा + क्त्वा = **दत्त्वा**
कृ + क्त्वा = **कृत्त्वा**
पा + क्त्वा = **पीत्त्वा**
गम् + क्त्वा = **गत्त्वा**
स्था + क्त्वा = **स्थित्त्वा**
ज्ञा + क्त्वा = **ज्ञात्त्वा**
पत् + क्त्वा = **पतित्त्वा**
दृश् + क्त्वा = **दृष्ट्वा**

अतः विकल्प 'C' सही है।

19. 'सः पादेन खञ्जः अस्तिः' वाक्य में 'पादेन' पद में तृतीया विभक्ति का विधायक सूत्र है-
(A) रुच्यर्थानां प्रीयमाणः
(B) येनाङ्गविकारः
(C) अधिशीङ्स्थासां कर्म
(D) अकथितं च

व्याख्या-
- **येनाङ्गविकारः -** शरीर के जिस अंग के विकार से शरीरधारी का विकार ज्ञात होता है, उस अंगवाचक शब्द में तृतीया विभक्ति होती है-
  ***सः पादेन खञ्जः अस्ति-** वह पैर से लगड़ा है। यहाँ पर पैर के द्वारा पूरे शरीर का विकार (लँगड़ा होना) सूचित होता है अतः पाद में तृतीया विभक्ति होकर पादेन रूप बना।
  अन्य उदाहरण- हस्तेन खञ्जः, कर्णाभ्यां बधिरः, अक्ष्णा काणः आदि।
- **'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः'** सूत्र से रुच् धातु का प्रयोग होने पर जिसे प्रिय लगे उसमें चतुर्थी विभक्ति होती है- हरये रोचते भक्तिः, बालकाय पठनं रोचते, शिशवे दुग्धं रोचते।
- **'अधिशीङ्स्थासां कर्म'** सूत्र से अधि उपसर्ग से युक्त शीङ्, स्था, आस् धातु के आधार की कर्म सञ्ज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे- रामः आसनम् अधितिष्ठति, हरिः वैकुण्ठम् अधिशेते, बालकः प्रकोष्ठम् अधिशेते।
- **अकथितं च** सूत्र से दुह् आदि जो सोलह धातुएँ हैं उनका प्रयोग होने पर द्वितीया विभक्ति होती है, उदाहरण- गोपालः गां दोग्धि पयः, गुरुः छात्रं प्रश्नं पृच्छति, बलिं याचते वसुधाम् आदि।

स्पष्टीकरण- अतः स्पष्ट है कि विकल्प 'B' सही है।

20. संस्कृत के प्रत्येक लकार में पुरुष होते हैं-
(A) दो (B) तीन
(C) चार (D) पाँच

व्याख्या-
- संस्कृत में लकारों की संख्या दस है।
  लट् वर्तमाने लेट् वेदे भूते लुङ् लङ् लिटस्तथा।
  विध्याशिषोस्तु लिङ्लोटौ लुट् लृट् लृङ् च भविष्यति।।
- प्रत्येक लकार में तीन पुरुष होते हैं- प्रथमपुरुष, मध्यमपुरुष, उत्तमपुरुष।
- प्रत्येक पुरुष के तीन वचन होते हैं- एकवचन, द्विवचन, बहुवचन।

तिङस्त्रीणि त्रीणि प्रथममध्यमोत्तमाः। (पा. 1.4.101)

स्पष्टीकरण- स्पष्ट है कि संस्कृत में प्रत्येक लकार में तीन पुरुष होते हैं। अतः विकल्प (B) सही है।

21. निम्नलिखित में से कौन सा उपकरण श्रव्य-दृश्य दोनों है-
(A) टेपरिकार्डर (B) चार्ट
(C) टेलीविजन (D) ग्रामोफोन

व्याख्या- टेपरिकार्डर जिससे केवल ध्वनि को रिकार्ड करके सुना जा सकता है पर इसके द्वारा देखा नहीं जा सकता है। चार्ट केवल दृश्य सामग्री है जबकि ग्रामोफोन श्रव्य सामग्री। टेलीविज़न के द्वारा हम देखते और सुनते भी हैं, यहाँ दोनों कार्य एक साथ होते हैं अतः टेलीविज़न श्रव्य दृश्य सामग्री है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

22. संस्कृत में भविष्यत्काल के लिए प्रयोग किया जाता है-
(A) लट्लकार (B) लोट्लकार
(C) लृट्लकार (D) लङ्लकार

व्याख्या- संस्कृत में दस लकार हैं जिनका प्रयोग निम्नवत् होता है-

लकार		प्रयोग
1. लट्लकार	-	वर्तमान
2. लोट्लकार	-	आज्ञा अर्थ
3. लङ्लकार	-	भूतकाल (अनद्यतन)
4. विधिलिङ्लकार	-	आज्ञा या चाहिए अर्थ में
5. लृट्लकार	-	भविष्यत् काल
6. लुट्लकार	-	भविष्यत् (अनद्यतन)
7. आशीर्लिङ् लकार	-	आशीर्वाद
8. लृङ् लकार	-	हेतुहेतुमद् भविष्यत्
9. लिट् लकार	-	परोक्षभूत
10. लुङ् लकार	-	सामान्यभूत

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि भविष्यत् काल के लिए लृट्लकार का प्रयोग किया जाता है जबकि लट्लकार का प्रयोग वर्तमान काल, लोट्लकार का प्रयोग आज्ञा अर्थ में एवं लङ्लकार का प्रयोग भूतकाल (अनद्यतन) के लिए होता है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

23. 'तेन' में विभक्ति है-
(A) प्रथमा (B) द्वितीया
(C) तृतीया (D) चतुर्थी

व्याख्या- तद् शब्द पुँल्लिङ्ग के रूप

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	सः	तौ	ते
द्वितीया	तम्	तौ	तान्
तृतीया	तेन	ताभ्याम्	तैः
चतुर्थी	तस्मै	ताभ्याम्	तेभ्यः
पञ्चमी	तस्मात्	ताभ्याम्	तेभ्यः
षष्ठी	तस्य	तयोः	तेषाम्
सप्तमी	तस्मिन्	तयोः	तेषु

'तेन' रूप तद् शब्द पुँल्लिङ्ग के तृतीया विभक्ति एकवचन में बनता है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

24. 'आगत्य' में प्रत्यय है-
(A) क्त्वा (B) क्त
(C) ल्यप् (D) शतृ

व्याख्या-

➢ **क्त्वा प्रत्यय-**
गम् + क्त्वा = गत्वा
हस् + क्त्वा = हसित्वा
पठ् + क्त्वा = पठित्वा

➢ **क्त प्रत्यय-** क्त प्रत्यय को मूल धातु से जोड़ने पर कृदन्त रूप भूतकाल का अर्थ देता है इस प्रत्यय में 'त' शेष बचता है-
गम् + क्त = गतः, कृ + क्त = कृतः, पठ् + क्त = पठितः

➢ **ल्यप् प्रत्यय-** पूर्वकालिक क्रिया बनाने के लिए धातुओं में क्त्वा प्रत्यय जोड़ते है परन्तु यदि धातुओं के पहले उपसर्ग या अव्यय हो तो क्त्वा के स्थान पर ल्यप् हो जाता है ल्यप् का य शेष बचता है।
आगत्य = में आङ् उपसर्ग पूर्वक गम् धातु का प्रयोग है यहाँ पर क्त्वा के स्थान पर ल्यप् आदेश हुआ है।
इसीप्रकार प्राप्य, प्रकृत्य, अनुभूय, आनीय आदि।
शतृप्रत्यय- शतृ में अत् शेष बचता है-
पठ् + शतृ = पठत्
गम् + शतृ = गच्छत् आदि
प्रत्यय लगने के बाद इनके रूप तीनों लिङ्गों में चलते हैं। जैसे- पठन्, पठन्ती, पठत्।
अतः विकल्प 'C' सही है।

25. 'बिभ्यति' शब्द में मूलधातु एवं लकार है-
(A) भी धातु लट्लकार
(B) भी धातु लृट्लकार
(C) बिभ् धातु लट्लकार
(D) बिभ्य धातु लट्लकार

व्याख्या- भी धातु (डरना), यह जुहोत्यादिगण की धातु है-

लट् लकार

बिभेति	बिभीतः	बिभ्यति
बिभेषि	बिभीथः	बिभीथ
बिभेमि	बिभीवः	बिभीमः

लोट्लकार

बिभेतु	बिभीताम्	बिभ्यतु
बिभीहि	बिभीतम्	बिभीत
बिभयानि	बिभयाव	बिभयाम

लङ्लकार

अबिभेत्	अबिभीताम्	अबिभयुः
अबिभेः	अबिभीतम्	अबिभीत
अबिभयम्	अबिभीव	अबिभीम

विधिलिङ्

बिभीयात्	बिभीयाताम्	बिभीयुः
बिभीयाः	बिभीयातम्	बिभीयात
बिभीयाम्	बिभीयाव	बिभीयाम

लृट्लकार

भेष्यति	भेष्यतः	भेष्यन्ति
भेष्यसि	भेष्यथः	भेष्यथ
भेष्यामि	भेष्यावः	भेष्यामः

स्पष्टीकरण- बिभ्यति शब्द 'भी' धातु के लट्लकार प्रथमपुरुष बहुवचन में बनता है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

26. भारतीय भाषाओं की जननी है-
(A) हिन्दी **(B) संस्कृत**
(C) द्रविड़ **(D) पंजाबी**

व्याख्या- प्राचीन भारतीय भाषाओं का स्वरूप ऋग्वेद से प्राप्त होता है। ऋग्वेद ही सबसे प्राचीन वेद है, अतः भारतीय भाषाओं की जननी संस्कृत है। संस्कृत शब्द सम् + कृ + क्त प्रत्यय के योग से बनता है।

- सारी भाषाओं की उत्पत्ति संस्कृत से हुई है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**
- द्रविड़ भाषा द्राविड़ परिवार की भाषा है जो यूरोप एशिया के अन्तर्गत आती है।
- हिन्दी भाषा की उत्पत्ति संस्कृत से हुई है।
- पंजाबी भाषा हिन्दी के अन्तर्गत आने वाली उपभाषा है।

27. सबसे प्राचीन वेद है-
(A) ऋग्वेद **(B) यजुर्वेद**
(C) सामवेद **(D) अथर्ववेद**

व्याख्या- सबसे प्राचीन वेद ऋग्वेद है। जिसका विभाजन दो रूपों में हुआ है- अष्टक तथा मण्डल में। ऋग्वेद में आठ अष्टक, 64 अध्याय तथा 10552 मन्त्र हैं। ऋग्वेद के मण्डल क्रम में 85 अनुवाक, 1028 सूक्त एवं 10552 मन्त्र हैं।

- **यजुर्वेद** को 'अध्वर्युवेद' भी कहा जाता है। यजुर्वेद की दो शाखाएँ हैं- कृष्ण यजुर्वेद और शुक्ल यजुर्वेद।
- **सामवेद-** सामवेद में गीतियुक्त मन्त्रों का वर्णन है इसलिए इसे गायन का वेद कहा जाता है। सामवेद के दो भाग है- पूर्वार्चिक तथा उत्तरार्चिक।
- **अथर्ववेद-** अथर्ववेद सबसे अर्वाचीन (नया) वेद है। अथर्ववेद की नौ शाखाएँ हैं।

स्पष्टीकरण- अतः विकल्प 'A' सही है।

28. शतृ प्रत्यययुक्त शब्द है-
(A) कथितः **(B) कर्तुम्**
(C) पठन् **(D) पठित्वा**

व्याख्या-

कथ् + क्त = **कथितः** कृ + तुमुन् = **कर्तुम्**
पठ् + शतृ = **पठन्** पठ् + क्त्वा = **पठित्वा**

अतः विकल्प 'C' सही है।

29. 'समुद्र' शब्द का पर्यायवाची शब्द होता है-
(A) निशिचरः **(B) दिनकरः**
(C) रत्नाकरः **(D) सुधाकरः**

व्याख्या- समुद्र के पर्यायवाची शब्द

शब्द		पर्यायवाची
समुद्रः	=	अब्धिः, अकूपारः, उदधिः, सिन्धुः, सागरः, अर्णवः, रत्नाकरः, जलनिधिः, पारावरः, सरस्वान्।
निशिचरः	=	रात्रिचरः, नक्तञ्चरः, निशाचरः, रजनीचरः
सूर्यः	=	आदित्यः, सविता, भास्करः, दिनमणिः, विवस्वान्, हरिः, मार्तण्डः, इनः, पतङ्गः, भगः, सूरः, रविः, दिनकरः, भानुः, प्रभाकरः, अंशुमाली।
सुधाकरः	=	शशिः, मृगाङ्कः, विधुः, निशाकरः,रजनीशः

अतः विकल्प 'C' सही है।

30. 'भूतबलिः' पद में कौन सा समास है?
(A) अव्ययीभाव समास
(B) तत्पुरुष समास
(C) बहुव्रीहि समास
(D) द्वन्द्व समास

व्याख्या-

समास	पद		विग्रह
अव्ययीभाव	प्रतिदिनम्	-	दिनं दिनं प्रति
	उपगङ्गम्	-	गङ्गायाः समीपम्
	उपतटम्	-	तटस्य समीपम्
	पञ्चगङ्गम्	-	पञ्चानां गङ्गानां समाहारः
तत्पुरुष	भूतबलिः	-	भूतेभ्यो बलिः
	सूर्योदयः	-	सूर्यस्य उदयः
	राजपुरुषः	-	राज्ञः पुरुषः
बहुव्रीहि	जितेन्द्रियः	-	जितानि इन्द्रियाणि येन सः
	घनश्यामः		घन इव श्यामः
	दिव्याम्बरः		दिव्यम् अम्बरं यस्य सः
द्वन्द्व	रामकृष्णः		रामश्च कृष्णश्च
	धवखदिरौ		धवश्च खदिरश्च
	पाणिपादम्		पाणिः च पादं च

अतः विकल्प 'B' सही है।

उत्तरमाला

1. C	2. C	3. A	4. D	5. C	6. C	7. B	8. A	9. B	10. C	11. A	12. C
13. B	14. C	15. D	16. B	17. A	18. C	19. B	20. B	21. C	22. C	23. C	24. C
25. A	26. B	27. A	28. C	29. C	30. B						

3. UP-TET संस्कृतम् | उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा- 6 से 8 तक) | फरवरी 2014

01. किस शिक्षणसूत्र के अन्तर्गत उदाहरण प्रस्तुत करने के पश्चात् नियम बताए जाते हैं?
(A) पूर्ण से अंश की ओर
(B) आगमन से निगमन की ओर
(C) अनुभव से तर्क की ओर
(D) अनिश्चित से निश्चित की ओर

व्याख्या- शिक्षण सूत्र के अन्तर्गत आगमन विधि, निगमन विधि, अन्वेषण विधि, प्रश्नावली विधि, पुनरावृत्ति विधि आदि विधियाँ आती हैं।

➢ **आगमन विधि-** यह विधि विशिष्ट से सामान्य की ओर होती है। इस विधि के अन्तर्गत छात्रों के समक्ष कुछ उदाहरण प्रस्तुत किये जाते हैं फिर उन्हीं के माध्यम से विषयवस्तु एवं सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया जाता है। इस विधि का सर्वाधिक प्रयोग माध्यमिक स्तर पर होता है।

➢ **निगमन विधि-** यह सामान्य से विशिष्ट की ओर होती है। इसमें विद्यार्थी के सम्मुख कुछ सिद्धान्तों को प्रस्तुत किया जाता है; उसके उपरान्त उन सिद्धान्तों का निरूपण किया जाता है, यह उच्च शिक्षा में बहुत उपयोगी है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि उदाहरण प्रस्तुत करने के बाद नियम, 'आगमन से निगमन की ओर' में बताये जाते हैं। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

02. संस्कृत वर्णों का क्रम निम्नलिखित में से किस पद्धति पर आधारित है?
(A) वैज्ञानिक पद्धति पर
(B) मनोवैज्ञानिक पद्धति पर
(C) अवैज्ञानिक पद्धति पर
(D) इनमें से सभी

व्याख्या-

➢ संस्कृत वर्णों का क्रम वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित है। व्याकरण शास्त्र में पाणिनि का नाम महत्त्वपूर्ण है। यास्क के पश्चात् भाषा को सरल करने वाले आचार्यों में पाणिनि विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं।

➢ अष्टाध्यायी पाणिनि की ऐसी कृति है जिसको यदि भाषाविज्ञान के वैज्ञानिक विवेचन के लिए मेरुदण्ड की संज्ञा दी जाय तो वह अत्युक्ति नहीं होगी। उन्होंने सूत्र-शैली में व्याकरण जैसे दुरूह तथा विस्तृत शास्त्र को सरल तथा संक्षिप्त बना दिया है।

➢ लौकिक तथा वैदिक संस्कृत का तुलनात्मक अध्ययन भी पाणिनि की अष्टाध्यायी की एक विशेषता है।

➢ शिव के डमरू से प्राप्त चौदह माहेश्वर सूत्रों से पाणिनि ने लगभग 4000 सूत्र बना लिये। वे माहेश्वर सूत्र निम्नवत् हैं- (1) अइउण् (2) ऋऌक् (3) एओङ् (4) ऐऔच् (5) हयवरट् (6) लण् (7) ञमङणनम् (8) झभञ् (9) घढधष् (10) जबगडदश् (11) खफछठथचटतव् (12) कपय् (13) शषसर् (14) हल्।

➢ पाणिनि ने सर्वप्रथम (अच्) स्वरों को बताया तत्पश्चात् अन्तःस्थ वर्णों को बताने के बाद वर्ग के पञ्चमाक्षर वर्णों को बताया फिर क्रमशः चतुर्थ वर्ण, तृतीय वर्ण, द्वितीय वर्ण, प्रथम वर्ण और ऊष्म वर्णों को बताया।

➢ पाणिनि ने इस पद्धति को एक वैज्ञानिक पद्धति की तरह प्रयोग किया। जिसके कारण हम संस्कृत वर्णों के क्रम को देखकर यह कह सकते हैं कि यह वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

03. शिक्षण कार्य में किया जाने वाला मूल्यांकन होता है?
(A) केवल आन्तरिक (B) केवल बाह्य
(C) आन्तरिक बाह्य दोनों (D) अप्रत्यक्ष

व्याख्या-

➢ शिक्षण कार्य में किया जाने वाला मूल्यांकन आन्तरिक और बाह्य दोनों होता है।

➢ भाषा में चिन्तन, बालक की विचारधारा, उसका व्यवहार, आचरण आदि की जाँच मूल्यांकन के अन्तर्गत आती है।

➢ मूल्यांकन को दो भागों में विभक्त किया गया है- (1) आन्तरिक मूल्यांकन (2) बाह्य मूल्यांकन

मूल्यांकन
आन्तरिक | **बाह्य**

(1) आन्तरिक मूल्यांकन - जब शिक्षक कक्षा में छात्रों से बीच-बीच में प्रश्न पूछकर मौखिक रूप से या लिखवाकर जाँच करता है वह आन्तरिक मूल्यांकन कहा जाता है। इससे बालक के ज्ञान, अभिव्यक्ति, क्षमता व सृजनशीलता का पता लगाया जाता है। इससे बालक के उच्चारण, वाक्य प्रयोग और शब्दबोध का पता लगाया जाता है।

(2) बाह्य मूल्याङ्कन- यह मूल्याङ्कन शिक्षक के पढ़ाने के बाद छात्रों से प्रश्न करके पता लगाया जाता है। शिक्षक छात्रों से वस्तुनिष्ठ प्रश्न, लघु उत्तरीय प्रश्न और निबन्धात्मक प्रश्न पूछते हैं। इस मूल्याङ्कन का उद्देश्य यह जानना है कि एक इकाई का शिक्षण करने के बाद उस इकाई में बालकों ने कितनी उपलब्धि की।

मूल्याङ्कन	
आन्तरिक मूल्याङ्कन	**बाह्य मूल्याङ्कन**
उच्चारण	वस्तुनिष्ठ प्रश्न
वाक्य प्रयोग	लघु उत्तरीय प्रश्न
बोधप्रश्न	निबन्धात्मक प्रश्न

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि शिक्षण कार्य में किया जाने वाला मूल्याङ्कन आन्तरिक एवं बाह्य दोनों प्रकार का होता है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

04. 'लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु' श्लोकांश स्थित है?
(A) मृच्छकटिके
(B) रघुवंशे
(C) मेघदूते
(D) अभिज्ञानशाकुन्तले

व्याख्या-

➤ महाकवि कालिदास द्वारा विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क से यह सूक्ति उद्धृत है- इस सूक्ति को कण्व के शिष्य के द्वारा कहा गया है-
'लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु'
यह संसार दो तेजों के साथ-साथ अस्त और उदय के द्वारा मानो अपने दशा-विशेषों में नियन्त्रित हो रहा है।

➤ मृच्छकटिकम् कवि शूद्रक की रचना है। यह 10 अङ्कों का प्रकरणग्रन्थ है।
शून्यमपुत्रस्य गृहं चिरशून्यं नास्ति यस्य सन्मित्रम्।
मूर्खस्य दिशः शून्याः सर्वं शून्यं दरिद्रस्य। (मृच्छ. 1/8)
पुत्रहीन व्यक्ति का घर सूना है अर्थात् बालक के बिना किसी भी व्यक्ति का घर सूना लगता है, जिस व्यक्ति के सच्चे मित्र नहीं है उसका घर भी सदा सूना रहता है। मूर्ख के लिए सभी दिशाएँ सूनी रहती हैं और निर्धन के लिए सब कुछ सूना है।

➤ महाकवि कालिदास द्वारा रचित रघुवंश महाकाव्य है। इसमें राजा दिलीप द्वारा नन्दिनी की सेवा का वर्णन है **'तदन्तरे सा विरराज धेनुर्दिनक्षपामध्यगतेव सन्ध्या'** (रघुवंशम् 2/20) वह नन्दिनी सुदक्षिणा और दिलीप के बीच में, दिन और रात्रि के मध्य में स्थित सन्ध्याकाल की भाँति सुशोभित हुई।

➤ मेघदूतम् महाकवि कालिदास जी द्वारा रचित है, इसमें यक्ष-यक्षिणी के विरह का वर्णन है।
'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा'
(मेघदूतम् पूर्व-6)
अर्थात् अधिक गुण वाले से की गयी याचना निष्फल भी अच्छी है, परन्तु निर्गुण से की गयी याचना सफल कामना वाली भी अच्छी नहीं है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु' यह सूक्ति 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' से उद्धृत है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

05. 'चिह्न' के स्थान पर 'चिन्ह' का प्रयोग कौन सा दोष है?
(A) अशुद्ध वर्ण विपर्यय
(B) अशुद्ध आगम
(C) अशुद्ध वर्ण लोप
(D) अशुद्ध मात्रा-भेद

व्याख्या- अशुद्ध वर्ण विपर्यय अर्थात् वर्णों का अनुचित स्थान पर स्थान परिवर्तन। 'चिह्न' शब्द में हकार के पश्चात् नकार का प्रयोग होता है किन्तु 'चिन्ह' में हकार और नकार का परस्पर स्थान परिवर्तन होकर वर्ण विपर्यय हुआ है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

06. निम्नलिखित में से श्रव्य अधिगम सामग्री है?
(A) टेपरिकार्डर **(B) टेलीविजन**
(C) फ्लैशबोर्ड **(D) सिनेमा**

व्याख्या- शिक्षण कार्य में छात्रों की व्यक्तिगत भिन्नताओं जैसे- प्रतिभाशाली, औसत एवं मन्दबुद्धि के आधार पर विषयवस्तु समझाने के लिए समय-समय पर शिक्षक को विभिन्न शिक्षण सहायक सामग्रियों का प्रयोग करना पड़ता है, जो इसप्रकार से हैं-
1. दृश्य सहायक सामग्री
2. श्रव्य सहायक सामग्री
3. दृश्य श्रव्य सहायक सामग्री

(1) दृश्य सामग्री- इनमें वह सामग्री आती है जिसे देखकर ही शिक्षार्थी ज्ञान प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार की सामग्री को निम्नाङ्कित चार्ट से दिखाया जा सकता है-
प्रक्षेपी दृश्य सामग्री- फिल्म स्ट्रिप्स, मूक चलचित्र, प्रोजेक्टर्स, मैजिक लैन्टर्न, एपीस्कोप, एपिडाइस्कोप, स्टीरियोस्कोप स्लाइड।
अप्रक्षेपी- श्यामपट्ट, मानचित्र, एटलस, चार्ट, ग्लोब, डायग्राम, चित्र, रेखाचित्र, नमूना मॉडल भित्ति, चित्र बुलेटिन

बोर्ड, फ्लेनल बोर्ड, ग्राफ्स, लपेट फलक आदि

(2) श्रव्य सामग्री- यह वह सामग्री है जिसे कानों से सुनकर ज्ञान प्राप्त करते हैं। टेपरिकार्डर, रेडियो, ग्रामोफोन, रिकार्ड-प्लेयर आदि।

(3) दृश्य-श्रव्यसामग्री- यह वह सामग्री होती है जिसके द्वारा सुनकर एवं देखकर ज्ञान प्राप्त किया जाता है-

(1) टेलीविजन (2) वीडियो (3) कम्प्यूटर (4) चलचित्र

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि श्रव्य अधिगम सामग्री के अन्तर्गत 'टेपरिकार्डर' आता है जबकि टेलीविजन, सिनेमा यह श्रव्य और दृश्य दोनों के अन्तर्गत आता है। फ्लैश बोर्ड केवल दृश्य के अन्तर्गत आता है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

07. 'न पादपोन्मूलनशक्तिरंहः शिलोच्चये मूर्च्छति मारुतस्य' श्लोकांश उद्धृत है?

(A) किरातार्जुनीयम् से

(B) रघुवंशम् से

(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से

(D) उत्तररामचरितम् से

व्याख्या-

➢ **रघुवंशम्-** महाकवि कालिदास जी द्वारा रचित रघुवंश महाकाव्य 19 सर्गों में विभाजित है। रघुवंश महाकाव्य के द्वितीय सर्ग में सिंह राजा दिलीप से कहता है-

अलं महीपाल! तव श्रमेण प्रयुक्तमप्यस्त्रमितो वृथा स्यात्।
न पादपोन्मूलनशक्तिरंहः शिलोच्चये मूर्च्छति मारुतस्य॥

(रघु. 2/34)

हे पृथ्वी के पालन करने वाले महाराज दिलीप! आपका श्रम करना व्यर्थ है, अतः रहने दीजिये, क्योंकि मेरे ऊपर चलाया गया अस्त्र भी वैसा ही व्यर्थ होगा, जैसा कि वृक्षों को उखाड़ने की शक्ति रखने वाले वायु का वेग पर्वत के विषय में व्यर्थ होता है।

➢ **किरातार्जुनीयम्-** 'न हि प्रियं प्रवक्तुमिच्छन्ति मृषा हितैषिणः।' (किरात 1/2) 'स्वामी का हित चाहने वाले असत्य प्रिय नहीं बोलना चाहते।'

➢ **अभिज्ञानशाकुन्तलम्-** सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः।। (अभि. 1/22)

सन्देहास्पद विषयों में सज्जनों के अन्तःकरण की प्रवृत्तियाँ ही प्रमाण होती हैं।

➢ **उत्तररामचरितम्- 'पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः'** (उत्तर. 3/1) गाम्भीर्य के कारण बाहर अप्रकाशित, भीतर ही भीतर छिपी हुई गाढ़ वेदनावाला राम का करुण रस (सीताजन्य वियोगशोक) पुटपाक के सदृश है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'न पादपोन्मूलन-शक्तिरंहः'....यह सूक्ति रघुवंशम् से उद्धृत है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

08. महाकवि कालिदास द्वारा रचित 'ऋतुसंहारम्' कहलाता है-

(A) महाकाव्य **(B) खण्डकाव्य**

(C) गीतिकाव्य **(D) नाटक**

व्याख्या-

कवि	ग्रन्थ	विभाजन	प्रकृति
कालिदास	ऋतुसंहारम्	6 सर्ग	गीतिकाव्य
कालिदास	रघुवंशम्	19 सर्ग	महाकाव्य
कालिदास	मेघदूतम्	2 खण्ड	खण्डकाव्य
कालिदास	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	7 अङ्क	नाटक
कालिदास	विक्रमोर्वशीयम्	5 अङ्क	त्रोटक
कालिदास	मालविकाग्निमित्रम्	5 अङ्क	नाटक

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि कालिदास की रचना 'ऋतुसंहारम्' गीतिकाव्य के अन्तर्गत है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

09. 'काव्यादर्श' के रचनाकार हैं?

(A) भवभूति **(B) कालिदास**

(C) दण्डी **(D) भारवि**

व्याख्या-

कवि	ग्रन्थ	विभाजन
भवभूति	उत्तररामचरितम्	7 अङ्क
	मालतीमाधवम्	10 अङ्क
	महावीरचरितम्	7 अङ्क
कालिदास	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	7 अङ्क
	मालविकाग्निमित्रम्	5 अङ्क
	विक्रमोर्वशीयम्	5 अङ्क
	मेघदूतम्	2 खण्ड
	कुमारसम्भवम्	17 सर्ग
	रघुवंशम्	19 सर्ग
	ऋतुसंहारम्	6 सर्ग
भारवि	किरातार्जुनीयम्	18 सर्ग
दण्डी	काव्यादर्श	3 परिच्छेद
	दशकुमारचरितम्	आठ उच्छ्वास
	अवन्तिसुन्दरीकथा	गद्यकाव्य

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'काव्यादर्श' के रचनाकार 'दण्डी' हैं। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

10. कालिदास विरचित नाटक नहीं है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(B) मालविकाग्निमित्रम्
(C) स्वप्नवासवदत्तम्
(D) विक्रमोर्वशीयम्

व्याख्या-

कवि	ग्रन्थ	नायक	नायिका
कालिदास	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	दुष्यन्त	शकुन्तला
	मालविकाग्निमित्रम्	अग्निमित्र	मालविका
	विक्रमोर्वशीयम्	पुरुरवा	उर्वशी
	मेघदूतम्	यक्ष	यक्षिणी
	रघुवंशम्	राम	सीता
	कुमारसम्भवम्	शिव	पार्वती
भास	स्वप्नवासवदत्तम्	उदयन	वासवदत्ता

उपर्युक्त उल्लेखों से स्पष्ट है कि 'स्वप्नवासवदत्तम्' नाटक भास द्वारा विरचित है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

11. महाकवि कालिदास की अनुपम कृति 'मेघदूतम्' है-
(A) नाटक **(B) महाकाव्य**
(C) आख्यायिका **(D) गीतिकाव्य**

व्याख्या-

कवि	ग्रन्थ	प्रकृति	उपजीव्यग्रन्थ
कालिदास	मेघदूतम्	गीतिकाव्य	बह्मवैवर्तपुराण
विशाखदत्त	मुद्राराक्षस	नाटक	इतिहास प्रसिद्ध (विष्णुपुराण)
बाणभट्ट	हर्षचरितम्	आख्यायिका	इतिहास प्रसिद्ध
माघ	शिशुपालवधम्	महाकाव्य	महाभारत (सभापर्व)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि कालिदास द्वारा रचित मेघदूतम् 'गीतिकाव्य' की श्रेणी में आता है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

12. कादम्बरी गद्यकाव्य का नायक है?
(A) पुण्डरीक **(B) तारापीड**
(C) चन्द्रापीड **(D) शुकनास**

व्याख्या-

ग्रन्थ	नायक	नायिका
कादम्बरी	चन्द्रापीड	कादम्बरी
मृच्छकटिकम्	चारुदत्त	वसन्तसेना/धूता
किरातार्जुनीयम्	अर्जुन	द्रौपदी
नैषधीयचरितम्	नल	दमयन्ती

➤ **पुण्डरीक-** चन्द्रापीड का मित्र और महाश्वेता का प्रेमी था।
➤ **तारापीड-** चन्द्रापीड के पिता, उज्जयिनी के राजा और विलासवती के पति थे।
➤ **शुकनास-** यह वैशम्पायन के पिता और राजा तारापीड के मन्त्री थे।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि कादम्बरी गद्यकाव्य का नायक चन्द्रापीड है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

13. 'कीदृशं वचः दुर्लभम्' भवति–
(A) सत्यम् **(B) प्रियम्**
(C) हितं मनोहारि च **(D) मनोहारि**

व्याख्या- उपर्युक्त पंक्ति भारवि द्वारा रचित किरातार्जुनीयम् महाकाव्य के प्रथमसर्ग से उद्धृत है जिसमें वनेचर दुर्योधन की राजव्यवस्था को जानकर वापस आकर युधिष्ठिर से कहता है-

क्रियासु युक्तैर्नृप चारचक्षुषो
न वञ्चनीयाः प्रभवोऽनुजीविभिः।
अतोऽर्हसि क्षन्तुमसाधु साधु वा
हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः॥ (किरात. 1/4)

कार्यों में नियुक्त किये गये अनुचरों के द्वारा गुप्तचररूपी नेत्रों वाले स्वामी लोग ठगे नहीं जाने चाहिये। प्रशंसा के द्वारा गुप्तचरों को अपने राजा को कभी भी ठगना नहीं चाहिए। इसलिए मेरा (वनेचर का) वचन अप्रिय हो अथवा प्रिय, आप क्षमा करने योग्य हैं क्योंकि परिणाम में कल्याण करने वाला तथा तुरन्त ही प्रिय मधुर लगने वाला वचन इस संसार में दुर्लभ होता है। **'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः'** अर्थात् हितकारी और मनोहारी वचन दुर्लभ होते हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि 'हितकारी और मनोहारी वचन दुर्लभ होते हैं।' **अतः विकल्प 'C' सही है।**

14. 'शफरी' पद पर्यायवाची है?
(A) शत्रु का **(B) मीन का**
(C) समुद्र का **(D) शम्भु का**

व्याख्या-

शब्द	पर्यायवाची
शफरी	मीनः, मत्स्यः, झषः, अण्डजः, विसारः, शकुली, जलजीवनम्।

शत्रु	अरिः, रिपुः, वैरी, अमित्रः, सपत्नः, अरातिः, अभिघाती।
समुद्र	सागरः, अर्णवः, रत्नाकरः, सिन्धुः, उदधिः, अब्धिः, अकूपारः, जलनिधिः, पारावरः, सरित्पतिः आदि।
शम्भु	शिवः, पशुपतिः, महेश्वरः, शङ्करः, हरः, चन्द्रशेखरः।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि 'शफरी' पद का पर्यायवाची 'मीन' है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

15. 'सुकरम्' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है?
(A) निष्कर्म (B) सुकर्म
(C) कुकर्म (D) दुष्करम्

व्याख्या-

शब्द		विपरीतार्थक शब्द
सुकरम्	-	दुष्करम्
सुकर्म	-	कुकर्म
सुकृत्यः	-	कुकृत्यः
सत्कारः	-	तिरस्कारः
सत्कर्म	-	दुष्कर्म
सुगम	-	दुर्गम

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि 'सुकरम्' का विपरीत अर्थ 'दुष्करम्' होगा। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

16. किस प्रत्याहार में सभी स्वर आते हैं-
(A) अल् (B) अच्
(C) अट् (D) अम्

व्याख्या-

➤ प्रत्याहार बनाने वाला सूत्र है- 'आदिरन्त्येन सहेता'।
➤ वर्णों या पदों के संक्षेपीकरण को 'प्रत्याहार' कहते हैं। 'प्रत्याह्रियन्ते संक्षिप्यन्ते वर्णाः यत्र स प्रत्याहारः।'
➤ प्रत्याहार 42 या 43 माने गये हैं।
☆ **अच् प्रत्याहार** अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ (सम्पूर्ण स्वर)
☆ **अल्** = अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह। (सम्पूर्ण वर्ण)
☆ **अट्** = अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ ह य व र।
☆ **अम्** = अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ ह य व र ल ञ म ङ ण न।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि अच् प्रत्याहार के अन्तर्गत सारे स्वर आ जाते हैं। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

17. वर्गों के पञ्चम वर्णों का उच्चारण स्थान है?
(A) तालु (B) कण्ठ
(C) नासिका (D) मूर्धा

व्याख्या-

सूत्रम्	वर्णाः	उच्चारण स्थान
अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः	अ, कवर्ग (क् ख् ग् घ् ङ्), ह, विसर्ग (कण्ठ्य वर्ण)	कण्ठ
इचुयशानां तालु	इ, चवर्ग (च् छ् ज् झ् ञ्), य्, श् (तालव्य वर्ण)	तालु
ञमङणनानां नासिका च	ञ् म् ङ् ण् न् (अनुनासिक वर्ण)	नासिका
ऋटुरषाणां मूर्धा	टवर्ग (ट् ठ् ड् ढ् ण्), र्, ष् (मूर्धन्यवर्ण)	मूर्धा

➤ पाणिनीयशिक्षा के अनुसार उच्चारणस्थान आठ माने गये हैं-
''अष्टौ स्थानानि वर्णानाम् , उरः कण्ठः शिरस्तथा।
जिह्वामूलं च दन्तश्च नासिकोष्ठौ च तालु च।।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि वर्गों के पञ्चम वर्णों का उच्चारण स्थान नासिका है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

18. 'ब्रह्मर्षिः' शब्द में प्रयुक्त सन्धि है?
(A) दीर्घ (B) अयादि
(C) गुण (D) वा शरि

व्याख्या-

➤ **गुण सन्धि-** इस सन्धि का सूत्र 'आद्गुणः' है। 'आद्गुणः' सूत्र से ही गुणसन्धि का विधान होता है।
यदि अ या आ के बाद ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ, ऌ आते हैं तो दोनों मिलकर क्रमशः ए, ओ, अर्, अल् गुण हो जाता है।
उदाहरण-
उप + इन्द्रः = उपेन्द्रः
सुर + ईशः = सुरेशः
राजा + इन्द्रः = राजेन्द्रः
हित + उपदेशः = हितोपदेशः
महा + उत्सवः = महोत्सवः
ब्रह्म + ऋषिः = ब्रह्मर्षिः
ग्रीष्म + ऋतुः = ग्रीष्मर्तुः

➤ **दीर्घसन्धि-** 'अकः सवर्णे दीर्घः' सूत्र से दीर्घ सन्धि होती है।
उदाहरण-
हिम + आलयः = हिमालयः

सती + इव = सतीव
विद्या + अर्थी = विद्यार्थी
अद्य + अपि = अद्यापि
गिरि + ईशः = गिरीशः
गुरु + उपदेशः = गुरूपदेशः
होतृ + ऋकारः = होतॄकारः

➤ **अयादि सन्धि-** 'एचोऽयवायावः' सूत्र से अयादि सन्धि होती है।

उदाहरण-
पौ + अकः = पावकः
पो + इत्रम् = पवित्रम्
भो + अनम् = भवनम्
नै + अकः = नायकः

➤ **वा शरि-** 'वा शरि' सूत्र से विकल्प से विसर्ग सन्धि का विधान होता है।

उदाहरण-
हरिः शेते या हरिश्शेते।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'ब्रह्मर्षिः' गुणसन्धि का उदाहरण है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

19. 'रामश्चिनोति' पद का सन्धि-विच्छेद होता है-
(A) रामश्चिन + उति (B) राम + श्चिनोति
(C) रामश् + चिनोति (D) रामस् + चिनोति

व्याख्या-

➤ **श्चुत्व सन्धि-** श्चुत्व सन्धि का सूत्र है- (स्तोः श्चुना श्चुः) सकार या तवर्ग (त् थ् द् ध् न्) के पहले या बाद में शकार या चवर्ग (च् छ् ज् झ् ञ्) का योग हो तब स् को श् तथा तवर्ग को चवर्ग में हो जाता है।

स्तोः	स् तवर्ग (त् थ् द् ध् न्) पूर्व में या बाद में
श्चुना	श् चवर्ग (च् छ् ज् झ् ञ्) योग होने पर
श्चुः	श् चवर्ग (च् छ् ज् झ् ञ्) आदेश हो जाय

उदाहरण-

रामस् + चिनोति		(स् को श् आदेश)
रामश् + चिनोति	=	रामश्चिनोति
सत् + चित्	=	सच्चित्
सद् + जनः	=	सज्जनः
शार्ङ्गिन् + जयः	=	शार्ङ्गिञ्जयः
बृहद् + झरः	=	बृहज्झरः

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि 'रामश्चिनोति' पद का सन्धि-विच्छेद-रामस् +चिनोति है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

20. 'भावुकः' शब्द का सन्धि-विच्छेद होगा-
(A) भौ + आवुकः (B) भो + वुकः
(C) भाव + उकः (D) भौ + उकः

व्याख्या-

➤ **एचोऽयवायावः-** यह अयादि सन्धि का सूत्र है। जब ए, ऐ, ओ और औ के बाद कोई भी स्वर वर्ण आये तो ए को अय्, ऐ को आय्, ओ को अव्, औ को आव् आदेश हो जाता है, तब अयादि सन्धि होती है।

उदाहरण- (ए के बाद स्वर = अय्)
चे + अनम् = चयनम्
ने + अनम् = नयनम्
(ऐ के बाद स्वर = आय्)
नै + अकः = नायकः
दै + अकः = दायकः
गै + इका = गायिका
(ओ के बाद स्वर = अव्)
पो + अन = पवन
भो + अनम् = भवनम्
साधो + ए = साधवे
(औ के बाद स्वर = आव्)
भौ + उकः = भावुकः
श्रौ + इका = श्राविका
द्वौ + एव = द्वावेव
एतौ + अपि = एतावपि

अतः विकल्प 'D' सही है।

21. 'हरिं वन्दे' पद में सन्धि होती है?
(A) 'मोऽनुस्वारः' सूत्र से
(B) 'झलां जश् झशि' सूत्र से
(C) 'एचोऽयवायावः' सूत्र से
(D) 'अतो रोरप्लुतादप्लुते' सूत्र से

व्याख्या-

➤ **मोऽनुस्वारः** - यह व्यञ्जन सन्धि का सूत्र और अनुस्वार विधायक सन्धि है। पदान्त में 'म्' के बाद कोई भी व्यञ्जन वर्ण आये तो 'म्' के स्थान पर अनुस्वार (ं) हो जाता है।

उदाहरण- हरिम् + वन्दे = हरिं वन्दे (यहाँ पर 'म्' के बाद व्यञ्जन वर्ण (व) आया है। इसलिये 'म्' को अनुस्वार (ं) हो गया है।

अन्य उदाहरण-
त्वम् + करोषि = त्वं करोषि
रामम् + भजामि = रामं भजामि

➤ **झलां जश् झशि-** इस सूत्र से अपदान्त जश्त्व सन्धि होती है। अपदान्त में झलों (वर्ग के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ वर्ण) के बाद कोई झश् (वर्ग का तीसरा, चौथा वर्ण) प्रत्याहार का वर्ण होने पर जश् अपने वर्ग का तीसरा वर्ण (ज, ब, ग, ड, द) हो जाता है-
क्रुध् + धः = क्रुद्धः
युध् + धः = युद्धः

➤ **एचोऽयवायावः** - अयादि सन्धि का सूत्र है जो स्वर सन्धि के अन्तर्गत परिगणित है।
उदाहरण-
पौ + अकः = पावकः
गै + अकः = गायकः
शे + अनम् = शयनम्

➤ **अतो रोरप्लुतादप्लुते -** यह सूत्र उत्व सन्धि का विधान करता है और विसर्ग सन्धि के अन्तर्गत आता है।
यदि रु के र् से पूर्व ह्रस्व अ हो और बाद में भी ह्रस्व अ हो तो रु (र्) के स्थान पर 'उ' हो जाता है।
अ + उ = ओ बन जाने पर गुण सन्धि तथा पूर्वरूप सन्धि होकर (अ + उ + अ) तीनों का एक 'ओ' बन जाता है।
शिवस् + अर्च्यः
शिवर् + अर्च्यः
शिव उ + अर्च्यः
गुण हुआ = शिवो अर्च्यः = शिवोऽचर्यः
पूर्वरूप = शिवोऽर्च्यः,
अन्य उदाहरण- देवोऽपि, शिवोऽत्र, सोऽहम्
स्पष्टीकरण- उपर्युक्त उल्लेखों से स्पष्ट है कि 'हरिं वन्दे' पद में 'मोऽनुस्वारः' सूत्र से सन्धि हुई है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

22. महाकवि भवभूति किस रस के प्रयोग में सिद्धहस्त हैं?
(A) शृङ्गाररस **(B) वीररस**
(C) करुणरस **(D) शान्तरस**

व्याख्या-

कवि		ग्रन्थ		प्रिय रस
कालिदास	-	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	-	शृङ्गार रस
भवभूति	-	उत्तररामचरितम्	-	करुण रस
भारवि	-	किरातार्जुनीयम्	-	वीर रस, शृङ्गाररस
माघ	-	शिशुपालवधम्	-	वीर रस
बाणभट्ट	-	कादम्बरी	-	शृङ्गार रस
श्रीहर्ष	-	नैषधीयचरितम्	-	शृङ्गार रस
भास	-	स्वप्नवासवदत्तम्	-	शृङ्गार रस
महर्षि वेदव्यास	-	महाभारत	-	शान्त रस

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि 'महाकवि भवभूति' करुण रस के सिद्धहस्त कवि हैं। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

23. 'एकोनविंशतिः' शब्द का अर्थ है?
(A) इक्कीस **(B) उन्नीस**
(C) इक्यावन **(D) इक्यानबे**

व्याख्या-

हिन्दी संख्या		संस्कृत संख्या
19	-	एकोनविंशतिः, नवदश, ऊनविंशतिः
21	-	एकविंशतिः
51	-	एकपञ्चाशत्
66	-	षट्षष्टिः
91	-	एकनवतिः
96	-	षण्णवतिः
98	-	अष्टनवतिः
100	-	शतम्
महत्त्वपूर्ण तथ्य-		
1000	-	सहस्रम्
10,000	-	अयुतम्
1,00,000	-	लक्षम्
10,00,000	-	नियुतम्, प्रयुतम्

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि 'एकोनविंशति' पद का अर्थ उन्नीस है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

24. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-
(A) विप्रं गां ददाति **(B) विप्रस्य गां ददाति**
(C) विप्राय गां ददाति **(D) विप्रे गां ददाति**

व्याख्या-

➤ **कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् (1.4.32)-**
दान क्रिया के कर्म द्वारा जिसको कर्ता सन्तुष्ट करता है उसे सम्प्रदान कहते हैं।

➤ **विप्राय गां ददाति- (ब्राह्मण को गाय देता है।)**
इस वाक्य में दान क्रिया के कर्म 'गो' द्वारा 'विप्र' को सन्तुष्ट किया गया है। इसलिए 'कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्' सूत्र से विप्र की सम्प्रदान संज्ञा हुई है और 'चतुर्थी सम्प्रदाने' से चतुर्थी विभक्ति होकर 'विप्राय' बना है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

25. 'हितोपदेशः' में किससे सन्धि की गई है?
(A) वृद्धिरेचि (B) झलां जश् झशि
(C) आद्गुणः (D) अकः सवर्णे दीर्घः

व्याख्या-

- **गुण सन्धि-** 'आद्गुणः' सूत्र से गुण सन्धि। यदि अ या आ के बाद ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ और ऌ आते हैं तो दोनों मिलकर क्रमशः ए, ओ, अर्, अल् गुण हो जाते हैं।

उदाहरण-
हित + उपदेशः = हितोपदेशः
गङ्गा + उदकम् = गङ्गोदकम्
गण + ईशः = गणेशः
जित + इन्द्रियः = जितेन्द्रियः
गङ्गा + ईशः = गङ्गेशः
जल + ऊर्मिः = जलोर्मिः
वसन्त + ऋतुः = वसन्तर्तुः
तव + ऌकारः = तवल्कारः

- **वृद्धि सन्धि-** (वृद्धिरेचि) वृद्धिसन्धि करने वाला सूत्र है- इसके उदाहरण निम्नलिखित हैं-

उदाहरण-
अत्र + एव = अत्रैव
कृष्ण + ऐक्यम् = कृष्णैक्यम्
तथा + एव = तथैव
महा + औषधि = महौषधि

- **झलां जश् झशि-** यह सूत्र व्यञ्जन सन्धि के अन्तर्गत आता है। अपदान्त जश्त्व सन्धि 'झलां जश् झशि' सूत्र से जश्त्व सन्धि होती है।

उदाहरण-
क्रुध् + धः = क्रुद्धः
शुध् + धः = शुद्धः
लभ् + धम् = लब्धम्
युध् + धः = युद्धः

- **अकः सवर्णे दीर्घः -** दीर्घ सन्धि करने वाला सूत्र है। यह स्वर सन्धि के अन्तर्गत परिगणित है।

उदाहरण-
तथा + अपि = तथापि
दिवा + आकरः = दिवाकरः
मुनि + इन्द्रः = मुनीन्द्रः
वधू + उत्सवः = वधूत्सवः
भानु + उदयः = भानूदयः
पितृ + ऋणम् = पितृणम्

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि 'हितोपदेशः' में 'आद्गुणः' सूत्र से गुण सन्धि हुई है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

26. 'उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः' वाक्य के 'उद्योगिनं' पद में कौन सी विभक्ति है?
(A) तृतीया (B) द्वितीया
(C) चतुर्थी (D) षष्ठी

व्याख्या- नारायणपण्डित कृत हितोपदेश ग्रन्थ में यह सूक्ति उद्धृत है- **'उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः'** अर्थात् उद्योगी जो पुरुषों में सिंह के समान पराक्रमी है ऐसे श्रेष्ठ मनुष्य को लक्ष्मी मिलती है।
इस सूक्ति में विशेष्य पद 'पुरुषसिंहम्' विशेषण 'उद्योगिनम्' है। जो विभक्ति और वचन विशेष्य पद का होता है, वही विभक्ति, वचन विशेषण पद का भी होता है। इसलिए विशेष्य पद 'पुरुषसिंहम्' में द्वितीया, एकवचन है और विशेषण पद होने के कारण 'उद्योगिनं' में भी द्वितीया एकवचन है।
अतः विकल्प 'B' सही है।

- **दम्पत्योः कलहो नास्ति तत्र श्रीः स्वयमागता॥**
जहाँ पति-पत्नी में कलह नहीं होता, उन दोनों में ऐकमत्य और सामञ्जस्य बना रहता है, वहाँ समृद्धि एवं सम्पत्ति स्वयं उपस्थित होती है।
- महाकवि भर्तृहरि द्वारा रचित नीतिशतकम् में यह सुभाषित उद्धृत है- **'सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ते'** अर्थात् सभी गुण स्वर्ण के आश्रित होते हैं।
जिस व्यक्ति के पास धन है वह व्यक्ति कुलीन है, वह पण्डित है, वह शास्त्रज्ञ है, वह गुणों को जानने वाला है, वही वक्ता है और वह दर्शन के योग्य है क्योंकि धन समृद्धि में सभी गुण आश्रित होते हैं।
- **दानं भोगो नाशस्तिस्रो गतयो भवन्ति वित्तस्य।**
यो न ददाति न भुङ्क्ते तस्य तृतीया गतिर्भवति॥
मानव जीवन में धन सम्पत्ति का स्वरूप तीन प्रकार का होता है। धन का उत्तम स्वरूप दान धर्म में, मध्यम स्वरूप उपभोग में तथा निष्कृष्ट स्वरूप अपहार एवं नाश में अभिव्यक्त होता है। जो सम्पन्न व्यक्ति धन का दान तथा उपभोग नहीं करता, उसका धन अन्त में परकीयों के द्वारा अपहृत होता है।

27. 'चौराद् बिभेति' वाक्य में 'चौराद्' पद में पञ्चमी विभक्ति का विधायक सूत्र है?
(A) अकथितं च
(B) भीत्रार्थानां भयहेतुः
(C) येनाङ्गविकारः
(D) ध्रुवमपायेऽपादानम्

व्याख्या-

- **'भीत्रार्थानां भयहेतुः' (1.4.25)** - इस सूत्र से भय अर्थवाली और त्राणार्थक धातुओं के योग में जिससे भय हो या जिससे रक्षा की जाय, उसकी अपादानसंज्ञा होती है।

उदाहरण-

चौराद् बिभेति - (चोर से डरता है)
चौराद् त्रायते - (चोर से रक्षा करता है)

- पहले उदाहरण में चौराद् (भय का हेतु) में पञ्चमी विभक्ति 'भी' (भय) धातु के कारण लगी है। अर्थात् 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' सूत्र से चोर से भय होने के कारण उसकी अपादान संज्ञा और अपादाने पञ्चमी से 'चौराद्' में पञ्चमी विभक्ति हुई है।
- दूसरे उदाहरण में 'त्रा' धातु के योग में चोर की 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' सूत्र से अपादानसंज्ञा और 'अपादाने पञ्चमी' से पञ्चमी विभक्ति हुई है।
- **अकथितं च- (1.4.51)-** 'अकथितं च' सूत्र से 16 धातुओं से युक्त या उनके समान अर्थ वाली धातुओं के योग होने पर द्वितीया विभक्ति का विधान होता है। इन सोलह धातुओं को द्विकर्मक धातुएँ भी कहते हैं।
दुह्, याच्, पच्, दण्ड्, रुध्, प्रच्छ्, चि, ब्रू, शास्, जि, मथ्, मुष्, नी, हृ, कृष्, वह् ।।

उदाहरण-

गां दोग्धि पयः (गाय से दूध दुहता है।)
बलिं याचते वसुधाम् (विष्णु बलि से पृथ्वी माँगते हैं।)
तण्डुलान् ओदनं पचति (चावलों से भात पकाता है।)

- **येनाङ्गविकारः (2.3.20)-** येनाङ्गविकारः सूत्र से तृतीया विभक्ति का विधान होता है।

उदाहरण-

कर्णेन बधिरः (कान से बहरा है)।
अक्ष्णा काणः (आँख से काना है)।
पादेन खञ्जः (पैर से लँगड़ा है)।

- **ध्रुवमपायेऽपादानम् - (1.4.24)-** 'ध्रुवमपायेऽपादानम्' से अपादान संज्ञा 'अपादाने पञ्चमी' से पञ्चमी विभक्ति होती है। अपाय का अर्थ है - विश्लेष या अलगाव (अलग होना)

उदाहरण-

1. वृक्षात् पत्राणि पतन्ति - (वृक्ष से पत्ते गिरते हैं।)
2. धावतो अश्वात् पतति - (दौड़ते हुये घोड़े से गिरता है)
3. ग्रामात् आयाति - (गाँव से आता है।)

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'चोराद् बिभेति' में 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' से पञ्चमी विभक्ति हुई है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

28. 'अद्य अहं पाठं न पठिष्यामि' वाक्य में अव्यय पद है?

(A) अद्य	**(B) अहं**
(C) पाठं	**(D) पठिष्यामि**

व्याख्या-

अव्ययपद	-	हिन्दी
अद्य	-	आज
अत्र	-	यहाँ
अधः	-	नीचे
अन्तरा	-	बीच में
आशु	-	शीघ्र
इतस्ततः	-	इधर-उधर, जहाँ-तहाँ
उभयतः	-	दोनों ओर, दोनों तरफ
ऋते	-	बिना, सिवाय
किल	-	निश्चय, सचमुच

स्पष्टीकरण-

- **अहं-** यह अस्मद् शब्द का रूप है। प्रथमा एकवचन में 'अहं' पद बनता है।
- **पाठं-** इसमें 'पाठ' प्रातिपदिक से द्वितीया एकवचन में 'पाठं' रूप बना।
- **पठिष्यामि -** यह पठ् धातु के लृट्लकार उत्तम पुरुष एकवचन की क्रिया है।
उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट होता है कि 'अद्य' (आज) पद अव्यय पद है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

29. 'निर्मक्षिकम्' समस्त पद का समास-विग्रह होगा?

(A) निर्गता मक्षिका यस्मात् सः
(B) निर्गता मक्षिका यस्मिन् सः
(C) मक्षिकाणाम् अभावः
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

सामासिक पद		लौकिक विग्रह		समास का नाम
निर्मक्षिकम्	-	मक्षिकाणाम् अभावः	-	अव्ययीभाव
सुमद्रम्	-	मद्राणां समृद्धिः	-	अव्ययीभाव
इतिहरि	-	हरिशब्दस्य प्रकाशः	-	अव्ययीभाव
अनुरूपम्	-	रूपस्य योग्यम्	-	अव्ययीभाव
प्रत्यर्थम्	-	अर्थम् अर्थं प्रति	-	अव्ययीभाव
यूपदारु	-	यूपाय दारु	-	तत्पुरुष
गोहितम्	-	गोभ्यो हितम्	-	तत्पुरुष

काव्यनिपुणः	-	काव्ये निपुणः	-	तत्पुरुष
कण्ठेकालः	-	कण्ठे कालो यस्य सः	-	बहुव्रीहि
अपुत्रः	-	अविद्यमानः पुत्रो यस्य	-	बहुव्रीहि
मार्दङ्गिकवैणविकम्	-	मार्दङ्गिकाश्च वैणविकाश्च	-	द्वन्द्व
प्रावृट्शरदौ	-	प्रावृट् च शरच्च	-	द्वन्द्व
धर्मार्थौ	-	धर्मश्च अर्थश्च	-	द्वन्द्व

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि 'निर्मक्षिकम्' का समास विग्रह 'मक्षिकाणाम् अभावः' है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

30. 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' सूत्र से 'रुच्' धातु के योग में जो विभक्ति प्रयुक्त होती है, वह है-
(A) तृतीया (B) पञ्चमी
(C) सप्तमी (D) चतुर्थी

व्याख्या-

➢ **रुच्यर्थानां प्रीयमाणः (1.4.33) -** रुच् धातु और इसके समान अर्थवाली धातुओं के योग में प्रीयमाण अर्थात् प्रसन्न होने वाले व्यक्ति की सम्प्रदान संज्ञा होती है।

उदाहरण- हरये रोचते भक्तिः (हरि को भक्ति अच्छी लगती है।)

स्पष्टीकरण- रुच् धातु के योग में जो प्रसन्न होने वाला व्यक्ति है उसमें 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' सूत्र से सम्प्रदानसंज्ञा और 'चतुर्थी सम्प्रदाने' से चतुर्थी विभक्ति होकर 'हरये' बना।

➢ **तृतीया विभक्ति-** येनाङ्गविकारः (2.3.20) - इस सूत्र से तृतीया विभक्ति होती है।

उदाहरण-
पादेन खञ्जः (पैर से लगड़ा है।)
शिरसा खल्वाटः (सिर से गंजा है।)
कर्णेन बधिरः (कान से बहरा है।)
अक्ष्णा काणः (आँख से काना है।)

➢ **पञ्चमी विभक्ति-** 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' (1.4.25) - सूत्र से अपादान संज्ञा और 'अपादाने पञ्चमी' से पञ्चमी विभक्ति होती है।

उदाहरण-
चोरात् त्रायते (चोर से रक्षा करता है।)
चोराद् बिभेति (चोर से डरता है।)

➢ **सप्तमी-** 'यस्य च भावेन भावलक्षणम्' (2.3.37) - सूत्र से सप्तमी विभक्ति होती है।

उदाहरण-
(i) सूर्ये अस्तं गते गोपाः गृहम् अगच्छन् (सूर्य के अस्त होने पर ग्वाले घर गये)
(ii) गोषु दुह्यमानासु गतः (गायों के दुहे जाने पर वह गया)

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट होता है कि 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' से सम्प्रदान संज्ञा और चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

उत्तरमाला

1.B	2.A	3.C	4.D	5.A	6.A	7.B	8.C	9.C	10.C	11.D	12.C
13.C	14.B	15.D	16.B	17.C	18.C	19.D	20.D	21.A	22.C	23.B	24.C
25.C	26.B	27.B	28.A	29.C	30.D						

4. UP-TET संस्कृतम् | प्राथमिक स्तर (कक्षा- 1 से 5 तक) | फरवरी 2016

01. 'आकर्णयन्' शब्द में कौन सा प्रत्यय प्रयुक्त है?

(A) क्त (B) क्तवतु
(C) शतृ (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

- **क्त प्रत्यय-** क्त प्रत्यय को मूल धातु में जोड़ने पर कृदन्त रूप भूतकाल का अर्थ देता है इस प्रत्यय में त शेष रहता है उदाहरण- गतः, पृष्टः, लिखितः, कथितः, पठितः, हसितः आदि।
- **क्तवतु-** क्तवतु प्रत्यय का प्रयोग भूतकालिक क्रिया और भूतकालिक विशेषण के रूप में होता है उदाहरण- पठितवान्, कृतवान्, भुक्तवान्, गतवान् आदि। इनका रूप तीनों लिङ्गों में चलता है।
- **शतृ-** परस्मैपदी धातुओं से शतृ प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है शतृ में अत् शेष बचता है- उदाहरण- कथयन्, आकर्णयन्, पश्यन्, भवन्, हसन्, खादन् आदि। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

02. किरातार्जुनीयम् के प्रथम सर्ग में प्रयुक्त छन्द है-

(A) अनुष्टुप् (B) जगती
(C) वंशस्थ (D) उपजाति

व्याख्या-

- किरातार्जुनीयम् महाकवि भारवि की रचना है जिसमें 18 सर्ग हैं।
- किरातार्जुनीयम् महाकाव्य की गणना बृहत्त्रयी के अन्तर्गत की जाती है। बृहत्त्रयी के महाकाव्य हैं- किरातार्जुनीयम्, शिशुपालवधम्, नैषधीयचरितम्।
- किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में वंशस्थ छन्द का प्रयोग किया गया है- वंशस्थ छन्द का लक्षण है- जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ
- नैषधीयचरितम् और शिशुपालवध के प्रथमसर्ग में भी वंशस्थ छन्द का प्रयोग किया गया है।
- वाल्मीकि रामायण अनुष्टुप् छन्द में निबद्ध है।
- जगती छन्दों का प्रयोग प्रायः वेदों में हुआ है।
- नैषधीयचरितम् के द्वितीय सर्ग में उपजाति छन्द का प्रयोग है।

अतः विकल्प 'C' सही है।

03. अक् प्रत्याहार के अन्तर्गत कौन-कौन से वर्ण आते हैं-

(A) अ, इ, उ, ऋ, ऌ (B) अ, इ, उ
(C) ऋ, ऌ (D) सभी स्वर

व्याख्या- महर्षि पाणिनि ने भगवान् शङ्कर के डमरू से उत्पन्न चौदह माहेश्वर सूत्रों से प्रत्याहार का निर्माण किया था। प्रत्याहारों की संख्या 42 है। 'आदिरन्त्येन सहेता' सूत्र से आदि वर्ण जिस इत्सञ्ज्ञक अन्तिम वर्ण से मिलता है उसे प्रत्याहार कहते हैं-

1. अ इ उ ण् 2. ऋऌक् 3. ए ओ ङ् 4. ऐ औ च् 5. हयवरट् 6. लण् 7. ञमङणनम् 8. झभञ् 9. घढधष् 10. जबगडदश् 11. खफछठथचटतव् 12. कपय् 13. शषसर् 14. हल्

- अण् प्रत्याहार के अन्तर्गत आने वाले वर्ण हैं- अ इ उ।
- अक् प्रत्याहार के अन्तर्गत आने वाले वर्ण - अ इ उ ऋ ऌ।
- अच् प्रत्याहार के अन्तर्गत आने वाले वर्ण - अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ। इन्हें स्वर वर्ण भी कहा जाता है।

इसप्रकार स्पष्ट है कि अ इ उ ऋ ऌ ये पाँच वर्ण अक् प्रत्याहार के अन्तर्गत आते हैं। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

04. स्पर्श व्यञ्जनों के वर्ग हैं-

(A) दो (B) पाँच
(C) चार (D) तीन

व्याख्या-

- **स्पर्श व्यञ्जन-** 'कादयो मावसानाः स्पर्शाः' से स्पर्श व्यञ्जन वे हैं जिन वर्णों के उच्चारण में मुख के विभिन्न भागों का स्पर्श होता है इनके पाँच वर्ग हैं और पाँचों वर्गों में पाँच-पाँच वर्ण हैं। स्पर्श व्यञ्जनों की संख्या 25 है।

क वर्ग	-	क ख ग घ ङ
च वर्ग	-	च छ ज झ ञ
ट वर्ग	-	ट ठ ड ढ ण
त वर्ग	-	त थ द ध न
प वर्ग	-	प फ ब भ म

इसप्रकार स्पर्श व्यञ्जनों के पाँच वर्ग हैं अतः विकल्प 'B' सही है।

- वेदों की संख्या चार है- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद।
- स्वर के तीन भेद हैं- ह्रस्व दीर्घ प्लुत।

05. 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' किस प्रकार का वाक्य है?
(A) सङ्केतवाचक (B) विस्मयबोधक
(C) प्रश्नवाचक (D) इच्छावाचक

व्याख्या-
सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्॥
मन्त्र के द्वारा ऋषि की यह इच्छा है कि सभी लोग सुखी होवें, सभी लोग रोग से मुक्त होवें सभी लोग अच्छा देखें। अतः यह इच्छावाचक वाक्य है। अतः विकल्प (D) सही है।

- **विस्मयबोधक-** जो शब्द हृदय में अचानक उठने वाले भावों को प्रकट करे वह विस्मयबोधक कहलाते हैं। इनका सम्बन्ध वाक्य में किसी दूसरे शब्द के साथ नहीं रहता है। जैसे- बाप रे-बाप, तौबा-तौबा, त्राहि-त्राहि आदि।
- **प्रश्नवाचक-** जिन वाक्यों में क्या, क्यों, कहाँ, कैसे आदि प्रश्नवाचक शब्द प्रयोग किए जाएँ तो वे वाक्य प्रश्नवाचक वाक्य कहलाते हैं- वह कहाँ जाता है? क्या वह काम करता है? आदि।

06. निम्नलिखित वर्णों में से किस वर्ण का उच्चारण स्थान दन्तोष्ठ है-
(A) व् (B) म्
(C) प् (D) क्

व्याख्या-

वर्णों के उच्चारणस्थान

वर्ण	उच्चारण स्थान	सूत्र
अ, क्, ख्, ग्, घ्, ङ्, ह्, (:)	**कण्ठ**	अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः
इ, च्, छ्, ज्, झ्, ञ्, य्, श्	**तालु**	इचुयशानां तालु
ऋ ट् ठ् ड् ढ् ण् र् ष्	**मूर्धा**	ऋटुरषाणां मूर्धा
ऌ त् थ् द् ध् न् ल् स्	**दन्त**	ऌतुलसानां दन्ताः
उ प् फ् ब् भ् म्	**ओष्ठ**	उपूपध्मानीयानामोष्ठौ
ञ् म् ङ् ण् न्	**नासिका**	ञमङणनानां नासिका च
ए, ऐ	**कण्ठतालु**	एदैतोः कण्ठतालु
व्	**दन्तोष्ठ**	वकारस्य दन्तोष्ठम्
ओ, औ	**कण्ठोष्ठ**	ओदौतोः कण्ठोष्ठम्

स्पष्टीकरण- म् एवं प् का उच्चारणस्थान ओष्ठ तथा क् वर्ण का उच्चारणस्थान कण्ठ है जबकि व् वर्ण का उच्चारणस्थान दन्तोष्ठ है, अतः विकल्प 'A' सही है।

07. 'बहुज्ञ' का विपरीतार्थक शब्द है-
(A) अभिज्ञ (B) अल्पज्ञ
(C) सर्वज्ञ (D) बहुज्ञ

व्याख्या-

शब्द		विपरीतार्थक शब्द
बहुज्ञ	-	अल्पज्ञ
ब्रह्म	-	जीव
बोध्यम्	-	दुर्बोध्यम्
सद्गति	-	दुर्गति
दैत्य	-	देव
तिमिर	-	ज्योति
स्वदेश	-	परदेश
सर्वज्ञ	-	अल्पज्ञ
सुबुद्धि	-	दुर्बुद्धि

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि 'बहुज्ञ' का विपरीतार्थक शब्द 'अल्पज्ञ' है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

08. 'धीशः' पद में सन्धि है-
(A) दीर्घसन्धि (B) गुणसन्धि
(C) वृद्धिसन्धि (D) अयादिसन्धि

व्याख्या-
- **दीर्घसन्धि-** 'अकः सवर्णे दीर्घः' सूत्र से यदि ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ के बाद ह्रस्व या दीर्घ अ इ उ ऋ आए तो उनके स्थान पर दीर्घ एकादेश हो जाता है-
अ/आ + अ/आ = आ
इ/ई + इ/ई = ई
उ/ऊ + उ/ऊ = ऊ
धीशः = धी + ईशः (ई + ई)
क्षितीशः = क्षिति + ईशः (इ + ई)
- **गुण सन्धि-** 'आद् गुणः' सूत्र से अ/आ के बाद ह्रस्व या दीर्घ इ उ ऋ ऌ आए तो क्रमशः ए, ओ, अर्, अल् गुण हो जाता है।
उदाहरण-
सुर + ईशः = सुरेशः
हित + उपदेशः = हितोपदेशः
नर + इन्द्रः = नरेन्द्रः
- **वृद्धि सन्धि-** 'वृद्धिरेचि' सूत्र से यदि अ/आ के बाद ए/ऐ आए तो ऐ, तथा ओ या औ के आने पर औ हो जाता है।
अ/आ + ए/ऐ = ऐ
अ/आ + ओ/औ = औ

उदाहरण- सदा + एव = सदैव, जल + ओघः = जलौघः आदि।

➤ **अयादि सन्धि-** 'एचोऽयवायावः' सूत्र से ए, ऐ, ओ, औ के बाद स्वर आए तो ए को अय्, ऐ को आय्, ओ को अव्, औ को आव् होता है।

शे + अनम् = शयनम्
भो + अनम् = भवनम्
नै + अकः = नायकः
पौ + अकः = पावकः।

अतः विकल्प 'A' सही है।

09. 'रमायाः' में विभक्ति वचन है-
(A) द्वितीया विभक्ति बहुवचन
(B) तृतीया विभक्ति एकवचन
(C) चतुर्थी विभक्ति एकवचन
(D) षष्ठी विभक्ति एकवचन

व्याख्या-

रमा शब्द- आकारान्त स्त्रीलिङ्ग

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा	रमा	रमे	रमाः
द्वितीया	रमाम्	रमे	रमाः
तृतीया	रमया	रमाभ्याम्	रमाभिः
चतुर्थी	रमायै	रमाभ्याम्	रमाभ्यः
पञ्चमी	रमायाः	रमाभ्याम्	रमाभ्यः
षष्ठी	रमायाः	रमयोः	रमाणाम्
सप्तमी	रमायाम्	रमयोः	रमासु
सम्बोधन	हे रमे!	हे रमे!	हे रमाः!

स्पष्टीकरण- रमा शब्द द्वितीया विभक्ति बहुवचन में रमाः, तृतीया विभक्ति एकवचन में रमया, चतुर्थी विभक्ति एकवचन में रमायै एवं षष्ठी विभक्ति एकवचन में रमायाः रूप बनता है

अतः विकल्प 'D' सही है।

10. संस्कृत व्याकरण में कति शब्द किस वचन में प्रयोग किया जाता है?
(A) एकवचन **(B) द्विवचन**
(C) बहुवचन **(D) उपर्युक्त सभी में**

व्याख्या- 'कति' शब्द (कितना) का रूप नित्य बहुवचन में ही चलता है-

प्रथमा	द्वितीया	तृतीया	चतुर्थी	पञ्चमी	षष्ठी	सप्तमी
कति	कति	कतिभिः	कतिभ्यः	कतिभ्यः	कतीनाम्	कतिषु

➤ इसीप्रकार तीन से अठारह तक की संख्या के रूप केवल बहुवचन में चलते हैं।

➤ द्विवचन में चलने वाला रूप - द्वि (दो)

➤ एकवचन में चलने वाला रूप - एकः, एकम्, एकेन, एकस्मै, एकस्मात्, एकस्य, एकस्मिन्

अतः विकल्प 'C' सही है।

11. उपसर्गों की संख्या है-
(A) बीस **(B) बाईस**
(C) पच्चीस **(D) अट्ठाईस**

व्याख्या-

➤ उपसर्गों की संख्या बाईस है जो हैं- प्र, परा, अप, सम्, अनु, अव, निस्, निर्, दुस्, दुर्, वि, आङ्, नि, अधि, अपि, अति, सु, उद्, अभि, प्रति, परि, उप।

➤ सांख्यकारिका के अनुसार तत्त्वों की संख्या पच्चीस है- पञ्चतन्मात्रा, पञ्चमहाभूत, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, मन, बुद्धि, अहङ्कार, पुरुष, प्रकृति।

➤ माघ विरचित शिशुपालवध में बीस सर्ग हैं जिसे बृहत्त्रयी में स्थान प्राप्त है। बृहत्त्रयी- 1. किरातार्जुनीयम् 2. शिशुपालवधम् 3. नैषधीय चरितम्।

➤ अश्वघोष द्वारा रचित बुद्धचरितम् में अट्ठाईस (28) सर्ग हैं।

अतः विकल्प 'B' सही है।

12. संस्कृत के सुप्रसिद्ध नाटककार विशाखदत्त की प्रसिद्ध कृति का नाम है-
(A) हितोपदेश **(B) नीतिशतकम्**
(C) मृच्छकटिकम् **(D) मुद्राराक्षसम्**

व्याख्या- हितोपदेश नामक ग्रन्थ के लेखक नारायण पण्डित हैं जिसमें पाँच परिच्छेद हैं- (1) प्रस्ताविका (2) मित्रलाभ (3) सुहृद्भेद (4) विग्रह (5) सन्धि। हितोपदेश में सरल संस्कृत होने के कारण भारतवर्ष में इसका अधिक प्रचार है। प्रारम्भिक छात्रों के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

➤ **नीतिशतकम्-** नीतिशतकम् के रचनाकार भर्तृहरि हैं इन्होंने नीतिशतक के अतिरिक्त वैराग्यशतकम् और शृङ्गारशतकम् की रचना की जिसे **'शतकत्रय'** की सञ्ज्ञा प्राप्त है। भर्तृहरि ने वाक्यपदीयम् नामक व्याकरण ग्रन्थ भी लिखा था।

➤ **मृच्छकटिकम्-** मृच्छकटिकम् रूपक का एक भेद प्रकरण ग्रन्थ है जिसमें दस अंक हैं। यह महाकवि शूद्रक द्वारा रचित है।

➤ **मुद्राराक्षस-** विशाखदत्त प्रणीत मुद्राराक्षस नामक नाटक है जिसमें सात अंक हैं। इस नाटक में चाणक्य के द्वारा मुद्रा को आधार बनाकर नन्दवंश के शासक को पदच्युत कर चन्द्रगुप्त

को राजसिंहासन पर अभिषिक्त करने का वर्णन किया गया है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

13. शिवराजविजय नामक पुस्तक के लेखक हैं-
(A) बाणभट्ट
(B) अम्बिकादत्त व्यास
(C) भास
(D) कालिदास

व्याख्या-

➢ **बाणभट्ट की रचनाएँ-** हर्षचरितम्, कादम्बरी, पार्वतीपरिणय, चण्डीशतक, मुकुटताडितकम्

➢ **अम्बिकादत्त व्यास की रचनाएँ-** गणेशशतकम्, शिवराजविजय, प्राकृतप्रवेशिका, अनुष्टुब्लक्षणोद्धारः, रत्नपुराणम्, गुप्ताशुद्धिप्रदर्शनम्, बालव्याकरणम्, सहस्रनामरामायणम् आदि।

➢ **भास की रचनाएँ -** उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर भास की रचनाओं को चार भागों में बाँटा जा सकता है-
1. उदयनकथामूलक- प्रतिज्ञायौगन्धरायण, स्वप्नवासवदत्ता
2. महाभारतमूलक- ऊरुभंग, दूतवाक्यम्, पञ्चरात्रम्, बालचरितम्, दूतघटोत्कच, कर्णभार, मध्यमव्यायोग।
3. रामायणमूलक- प्रतिमानाटक, अभिषेकनाटक
4. कल्पनामूलक - अविमारक, चारुदत्त

कालिदास द्वारा रचित सात ग्रन्थ हैं-

➢ **नाटक-** अभिज्ञानशाकुन्तलम्, विक्रमोर्वशीयम्, मालविकाग्निमित्रम् **महाकाव्य** - रघुवंशम्, कुमारसम्भवम् **खण्डकाव्य** (गीतिकाव्य) - ऋतुसंहारम्, मेघदूतम्
उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि शिवराजविजय नामक ग्रन्थ के लेखक अम्बिकादत्त व्यास हैं। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

14. 'अष्टाशीतिः' पद का अर्थ है-
(A) 78 **(B) 88**
(C) 87 **(D) 18**

व्याख्या-

70	-	सप्ततिः
71	-	एकसप्ततिः
72	-	द्विसप्ततिः, द्वासप्ततिः
73	-	त्रिसप्ततिः
74	-	चतुःसप्ततिः
75	-	पञ्चसप्ततिः
76	-	षट्सप्ततिः
77	-	सप्तसप्ततिः
78	-	अष्टसप्ततिः, अष्टासप्ततिः
79	-	नवसप्ततिः, एकोनाशीतिः
80	-	अशीतिः
81	-	एकाशीतिः
82	-	द्व्यशीतिः
83	-	त्र्यशीतिः
84	-	चतुरशीतिः
85	-	पञ्चाशीतिः
86	-	षडशीतिः
87	-	सप्ताशीतिः
88	-	**अष्टाशीतिः**
89	-	नवाशीतिः, एकोननवतिः
90	-	नवतिः
10	-	दश
11	-	एकादश
12	-	द्वादश
13	-	त्रयोदश
14	-	चतुर्दश
15	-	पञ्चदश
16	-	षोडश
17	-	सप्तदश
18	-	अष्टादश
19	-	नवदश, एकोनविंशतिः
20	-	विंशतिः

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 78 को अष्टसप्ततिः, 88 को अष्टाशीतिः, 87 को सप्ताशीतिः, 18 को अष्टादश कहते हैं। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

15. गङ्गोदकम् का सन्धि-विच्छेद है-
(A) गङ्गो + दकम् **(B) गङ्ग + उदकम्**
(C) गङ्गोद + कम् **(D) गङ्गा + उदकम्**

व्याख्या- आद्गुणः सूत्र से यदि अ/आ के बाद इ/ई, उ/ऊ और ऋ एवं ऌ आते हैं तो दोनों मिलकर क्रमशः ए, ओ, अर्, अल् हो जाता है।
गङ्गा + उदकम् में गकारोत्तरवर्ती आ है एवं उसके बाद उ आ रहा है तो दोनों मिलकर ओ होगा- गङ्गा + उदकम् = गङ्गोदकम्
इससे स्पष्ट है कि गङ्गोदकम् का सन्धि विच्छेद गङ्गा + उदकम् होगा। अतः विकल्प 'D' सही है।

➢ इसीप्रकार अन्य उदाहरण-

हित + उपदेशः = हितोपदेशः
पीन + ऊरुः = पीनोरुः
महा + उत्सवः = महोत्सवः
देव + ऋषिः = देवर्षिः
महा + ऋषिः = महर्षिः आदि।

16. 'पवित्रम्' में सन्धि-विच्छेद कीजिए-
(A) पो + इत्रम् **(B) पौ + इत्रम्**
(C) पव + इत्रम् **(D) पा + इत्रम्**

व्याख्या-

➢ 'एचोऽयवायावः' सूत्र से जब ए, ऐ, ओ, औ के बाद कोई स्वर वर्ण आता है तो ए को अय् , ऐ को आय्, ओ को अव् तथा औ को आव् हो जाता है।

➢ पो + इत्रम् इस पद में पकारोत्तरवर्त्ती ओकार है और उसके बाद इ यह स्वर वर्ण है तब प् में जो ओ है उसका अव् हो जाएगा-
प् + ओ + इत्रम् = प् + अव् + इत्रम् = पवित्रम्।

➢ इसी प्रकार अन्य उदाहरण-
गै + इका = गायिका
दै + अकः = दायकः
शै + अकः = शायकः आदि।
अतः विकल्प 'A' सही है।

17. निम्नाङ्कित में अरविन्दम् शब्द का पर्याय है-
(A) नीरम् **(B) गगनम्**
(C) वायुः **(D) कमलम्**

व्याख्या-

➢ **कमलम् के पर्यायवाची शब्द-** अरविन्दम्, नीरजम्, पंकजम्, पुण्डरीकम्, इन्दीवरम्, उत्पलम्, पद्मम्, कुशेशयम्, जलजम्, पुष्करम्ः, शतपत्रम् आदि।

➢ **गगनम् के पर्यायवाची शब्द-** नभः, पुष्करः, व्योम, अम्बरम्, खम्, द्यौः, विहायसम्, द्यु आदि।

➢ **वायु के पर्यायवाची शब्द -** पवन, समीर, अनिल, वात, मारुत, सदागति, गन्धवाह, श्वसन, जगत्प्राण आदि।

➢ **नीरम् के पर्यायवाची शब्द -** जलम्, आपः, तोयम्, वारि, क्षीरम्, अम्बु, अम्भः आदि।
स्पष्टीकरण- इस विवरण से स्पष्ट है कि नीरम् जल का पर्याय, गगनम् आकाश का, वायु हवा का, कमलम्, अरविन्दम् का पर्यायवाची शब्द है। **इसलिए विकल्प 'D' सही है।**

18. संस्कृतम् शब्द में निम्नाङ्कित में से कौन-सा उपसर्ग है-
(A) समु **(B) सम्**
(C) स **(D) सम**

व्याख्या-

➢ उपसर्गों की कुल संख्या बाईस है- प्र, परा, अप, सम्, अनु, अव, निस्, निर्, दुस्, दुर्, वि, आङ्, नि, अधि, अपि, अति, सु, उद्, अभि, प्रति, परि, उप।

➢ समु, सम, स इनकी गणना उपसर्गों में नहीं है जबकि सम् की गणना उपसर्गों में है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

19. आदि में जुड़ने वाले तथा अर्थ परिवर्तन करने वाले शब्दांश को कहते हैं-
(A) परसर्ग **(B) प्रत्यय**
(C) विसर्ग **(D) उपसर्ग**

व्याख्या-

➢ जो अव्यय धातु या धातु से बने हुए विशेषण, सञ्ज्ञा आदि शब्दों के पूर्व जोड़े जाते हैं उन्हें उपसर्ग कहते हैं। इनके द्वारा धातु का अर्थ कुछ परिवर्तित हो जाता है।

➢ उपसर्ग से कभी धातु का अर्थ उलटा हो जाता है, कभी वही रहते हुए अधिक विशिष्ट हो जाता है। जैसे जय शब्द में यदि परा उपसर्ग लगा दिया जाय तो पराजय एवं वि उपसर्ग लगा दिया जाय तो ठीक उल्टा अर्थ विजय हो जाता है।

➢ **प्रत्यय-** धातु या शब्द के बाद जो शब्द जोड़े जाते हैं उन्हें प्रत्यय कहते हैं ये प्रत्यय तीन प्रकार के होते हैं- कृदन्त प्रत्यय, तद्धित प्रत्यय, स्त्रीप्रत्यय। गच्छन्, पठन्, चलन्, खादितः, पीतः, गौरी, अजा, बालिका, केशा आदि प्रत्यययुक्त शब्द हैं।

➢ **विसर्ग-** पद के अन्त रु को विसर्ग आदेश हो जाता है।
स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि आदि में जुड़ने वाले तथा अर्थपरिवर्तन करने वाले शब्दांश को उपसर्ग कहते हैं। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

20. निम्न में से शुद्ध वाक्य को चुनिए-
(A) सः पुस्तकं पठसि
(B) सा विद्यालयं गच्छतः
(C) तौ विद्यालयं गच्छतः
(D) के पुस्तकं पठथ

व्याख्या-

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
सः	तौ	ते
त्वम्	युवाम्	यूयम्
अहम्	आवाम्	वयम्

कर्ता के अनुसार ही क्रिया का प्रयोग किया जाता है।
'तौ विद्यालयं गच्छतः' यह वाक्य शुद्ध है क्योंकि 'दो बालक विद्यालय जाते हैं'- में क्रिया वर्तमान काल की है। 'तौ' यह रूप प्रथमपुरुष द्विवचन का है अतः गम् धातु का रूप प्रथमपुरुष द्विवचन में गच्छतः होगा। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

21. 'कृष्ण के दोनों ओर ग्वाले हैं' की संस्कृत है-
(A) कृष्णस्य उभयतः गोपाः सन्ति
(B) कृष्णम् उभयतः गोपाः सन्ति
(C) कृष्णाय उभयतः गोपाः सन्ति
(D) कृष्णः उभयतः गोपाः सन्ति

व्याख्या-

- **उभसर्वतसोः कार्याधिगुपर्यादिषु त्रिषु।**
द्वितीयाम्रेडितान्तेषु ततोऽन्यत्रापि दृश्यते॥
इस वार्तिक से उभयतः, सर्वतः के योग में द्वितीया विभक्ति करनी चाहिए एवं धिक्कार एवं द्वित्व किए गए शब्द के योग में भी द्वितीया विभक्ति होती है।
- उपर्युक्त वाक्य में उभयतः का प्रयोग किया गया है अतः इसके योग में कृष्णम् में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होगा 'कृष्णम् उभयतः गोपाः सन्ति'- कृष्ण के दोनों ओर ग्वाले हैं। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

22. ग् व्यञ्जन है-
(A) अन्तःस्थ व्यञ्जन **(B) ऊष्म व्यञ्जन**
(C) स्पर्श व्यञ्जन **(D) संयुक्त व्यञ्जन**

व्याख्या-

- **अन्तःस्थ व्यञ्जन-** यण् प्रत्याहार के अन्तर्गत आने वाले वर्ण अन्तःस्थ वर्ण हैं। अन्तःस्थ व्यञ्जनों की संख्या चार है- य, व, र, ल।
- **ऊष्म व्यञ्जन-** जिन वर्णों के उच्चारण में वायु की रगड़ से ऊष्मा उत्पन्न होती है वे ऊष्म व्यञ्जन कहे जाते हैं। इनकी संख्या चार है- श, ष, स, ह।
- **स्पर्श व्यञ्जन-** जिन वर्णों के उच्चारण में मुख के विभिन्न भागों का स्पर्श होता है उन्हें स्पर्श व्यञ्जन कहते हैं इनकी संख्या 25 है-
क वर्ग - क ख ग घ ङ
च वर्ग - च छ ज झ ञ
ट वर्ग - ट ठ ड ढ ण
त वर्ग - त थ द ध न
प वर्ग - प फ ब भ म।
- **संयुक्त व्यञ्जन -** दो व्यञ्जनों के योग से बनने वाले वर्ण संयुक्त व्यञ्जन कहलाते हैं-
क् + ष = क्ष, त् + र = त्र, ज् + ञ + ज्ञ।
स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि ग् व्यञ्जन की गणना स्पर्श व्यञ्जनों के अन्तर्गत हुई है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

23. पुराणों की संख्या कितनी है-
(A) 18 **(B) 20**
(C) 15 **(D) 24**

व्याख्या- महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित पुराणों की संख्या अठारह है- ब्रह्मपुराण, पद्मपुराण, विष्णुपुराण, वायुपुराण, भागवतपुराण, नारदपुराण, मार्कण्डेयपुराण, अग्निपुराण, भविष्यपुराण, ब्रह्मवैवर्तपुराण, लिङ्गपुराण, वराहपुराण, स्कन्दपुराण, वामनपुराण, कूर्मपुराण, मत्स्यपुराण, गरुडपुराण, ब्रह्माण्डपुराण। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

24. 'छात्र पढ़े हुए श्लोकों को कण्ठाग्र करेगा' यह व्यवहारगत परिवर्तन किस उद्देश्य का है?
(A) ज्ञान का **(B) अभिव्यक्ति का**
(C) अभिग्रहण का **(D) अभिरुचि का**

व्याख्या-

- **अभिरुचि का सिद्धान्त-** शिक्षण को सफल एवं प्रभावशाली बनाने के लिए यह आवश्यक है कि विषय वस्तु में छात्रों की रुचि उत्पन्न की जाय। जब छात्रों की रुचि उत्पन्न हो जाएगी तब वह तल्लीन होकर उसका सरलता से ज्ञान प्राप्त कर सकेगा। बालक की जिस कार्य में रुचि होती है, उसे वह ध्यान से करता है। इस सिद्धान्त के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए 'पिन्सेण्ट' ने लिखा है कि जब तक छात्रों में सक्रिय रुचि न होगी, तब तक शिक्षण का सर्वोत्तम कार्य नहीं होगा। इसप्रकार छात्र पढ़े हुए श्लोकों को कण्ठाग्र (याद) करें यह अभिरुचि सिद्धान्त के अन्तर्गत आता है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

25. छात्रों को उच्चारण-अभ्यास कराने हेतु सहायक सामग्री है-
(A) श्यामपट्ट **(B) फ्लैशकार्ड**
(C) रेडियो **(D) टेपरिकार्डर**

व्याख्या-

- **श्यामपट्ट-** स्वच्छता, शुद्धता तथा तीव्रता के मानक स्थापित करने में श्यामपट्ट का महत्त्व अधिक है। वर्तनी को समझने

में यह छात्रों की सहायता करता है। किसी पाठ के दौरान श्यामपट्ट पर बनाया गया कोई निदर्श चित्र समूची कक्षा का ध्यान पाठ की ओर आकृष्ट करता है। श्यामपट्ट पर लिखकर तथा रेखाचित्र बनाकर शिक्षक पाठ की तात्त्विक बातों पर बल दे सकता है। श्यामपट्ट एक ऐसा साधन है जो हमेशा कक्षा में उपलब्ध रहता है।

- **रेडियो-** रेडियो शिक्षा और मनोरंजन का महत्त्वपूर्ण उपकरण है। आधुनिक शिक्षा मनोविज्ञान में खेल द्वारा शिक्षा का महत्त्वपूर्ण स्थान है। रेडियो की सहायता से विश्व तथा उससे सम्बन्धित विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय मामलों में छात्रों के दृष्टिकोण को व्यापक बना सकते हैं।
- **फ्लैश कार्ड-** इसे फ्लोनलो ग्राफ फ्लोनेल बोर्ड नाम से भी जाना जाता है। यह लकड़ी का बोर्ड होता है जिस पर फेल्ट चढ़ा रहता है। इस पर चित्रों को केवल थोड़ा सा दबाकर चिपकाया जा सकता है। फ्लोनल बोर्ड का उपयोग प्रदर्शित सामग्री के विकासशील पक्षों को समझाने के लिया किया जा सकता है।
- **टेप रिकार्डर-** उच्चारण अभ्यास के लिए टेप रिकार्डर की बहुत उपादेयता है, यह श्रव्य सामग्री के अन्तर्गत आता है। इसके द्वारा हम विशिष्ट भावों तथा विचारों को टेप रिकार्डर में भरकर हम उसका उपयोग विभिन्न अवसरों तथा मनचाहे अवसरों पर कर सकते हैं।

स्पष्टीकरण- अतः उच्चारणदृष्ट्या टेपरिकार्डर एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण सहायक सामग्री है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

26. निम्नलिखित में बाणभट्ट की कृति नहीं है-
(A) कादम्बरी **(B) हर्षचरितम्**
(C) चण्डीशतकम् **(D) दशकुमारचरितम्**

व्याख्या- महाकवि बाणभट्ट महाराज श्रीहर्ष के राज्याश्रित कवि थे जिनका समय सातवीं शताब्दी है। बाणभट्ट की रचनाएँ हैं- हर्षचरितम्, कादम्बरी, पार्वतीपरिणय, चण्डीशतकम्, मुकुटताडितकम्

- आचार्य दण्डी की रचनाएँ हैं- दशकुमारचरितम्, काव्यादर्श, अवन्तिसुन्दरीकथा, छन्दोविचिति, कलापरिच्छेद, द्विसन्धानकाव्य।

स्पष्टीकरण- कादम्बरी, हर्षचरितम्, चण्डीशतकम् ये तीनों बाणभट्ट की रचनाएँ हैं जबकि दशकुमारचरितम् दण्डी की रचना है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

27. 'पहले उदाहरण प्रस्तुत किए जाएँ, बाद में नियम' यह शिक्षण सूत्र है-
(A) अनुभव से तर्क की ओर
(B) विशेष से सामान्य की ओर
(C) पूर्ण से अंश की ओर
(D) सरल से कठिन की ओर

व्याख्या-

- **अनुभव से तर्क की ओर-** इस सूत्र के अनुसार बालक की शिक्षा उसकी रुचियों, रुझानों आदि के अनुसार प्रारम्भ करनी चाहिए और जैसे-जैसे उसका ज्ञान बढ़ता जाए वैसे-वैसे तार्किक बनाइए। शिक्षक को पढ़ाने से पूर्व बालक में विषय की समझ विकसित करनी चाहिए।
- **विशेष से सामान्य की ओर-** इस सूत्र का अर्थ है विभिन्न विशिष्ट उदाहरणों या तथ्यों के आधार पर कोई सामान्य नियम निकलवाना। इस सूत्र का प्रयोग करते समय शिक्षक छात्रों के सामने कुछ विशिष्ट उदाहरण या तथ्य प्रस्तुत करता है और छात्र उनका परीक्षण करके उनसे सम्बन्धित नियम निकालते हैं।
- **पूर्ण से अंश की ओर-** अनुभवी मनोवैज्ञानिकों ने यह सिद्ध किया कि वस्तुओं के विषय में बालक के विचार खण्डों में नहीं होते हैं अतः इस सूत्र के अनुसार बालक को पूर्ण का ज्ञान कराया जाए और बाद में उसके अंशों को बताया जाए। इसी सिद्धान्त के आधार पर इकाई योजना का जन्म हुआ। सामाजिक अध्ययन के शिक्षक को इस सूत्र के अनुसार छात्रों को पहले सम्पूर्ण पाठ की रूपरेखा बतानी चाहिए और बाद में उसके विभिन्न अंगों का पृथक् - पृथक् रूप से विवेचन करना चाहिए।
- **सरल से कठिन की ओर-** इस सूत्र का अर्थ है कि बालक को पहले विषय की सरल बातें बताई जाएँ उसके बाद में जटिल बातों का ज्ञान कराया जाना चाहिए। जैसे- सामाजिक अध्ययन के शिक्षक को इस सूत्र के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीयता के विषय में पढ़ाने से पूर्व स्थानीय, प्रादेशिक तथा राष्ट्रीय समाजों के विषय में पढ़ाना चाहिए।

स्पष्टीकरण- अतः पहले उदाहरण प्रस्तुत कर जो नियम बनाए जाते हैं यह नियम विशेष से सामान्य की ओर का नियम है। **इसलिए विकल्प 'B' सही है।**

28. संस्कृत शिक्षण में प्रयोग किए जाने वाला दृश्य उपकरण है-
(A) सिनेमा **(B) टेपरिकार्डर**
(C) फ्लैश कार्ड **(D) ग्रामोफोन**

व्याख्या-

➢ संस्कृत शिक्षण में तीन प्रकार के साधनों का उपयोग किया जाता है जो निम्नवत् है-

श्रव्य-दृश्य सामग्री

श्रव्य सामग्री	दृश्य सामग्री	श्रव्य दृश्य सामग्री
1. रेडियो	1. चित्रविस्तारक यन्त्र	1. चलचित्र
2. ग्रामोफोन	2. स्लाइड	2. समाचार सम्बन्धी फ़िल्म
3. टेप रिकार्डर	3. मूक फ़िल्म	3. दूरदर्शन
	4. छायाचित्र	4. वीडियो टेप
	5. पोस्टर	5. ड्रामा
	6. मैग्नेटिक बोर्ड	
	7. फ्लैश कार्ड	
	8. वुलेटिन बोर्ड	
	9. मानचित्र	
	10. चित्र	
	11. नमूना	
	12. रेखाचित्र	
	13. चार्ट	
	14. पोस्टर	

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त चार्ट से स्पष्ट है कि सिनेमा, टेपरिकार्डर, ग्रामोफोन श्रव्य सामग्री है जबकि फ्लैश कार्ड दृश्य उपकरण है, **अतः विकल्प 'C' सही है।**

29. संस्कृत का अध्यापक एक-एक शब्द का अर्थ स्पष्ट करता है-
(A) प्रत्यय विधि **(B) व्याख्या विधि**
(C) मूल्याकंन विधि **(D) समवाय विधि**

व्याख्या- संस्कृत का अध्यापक छात्रों को पढ़ाते समय श्लोक या गद्यखण्ड के एक-एक शब्द का अर्थ बताता है और उसकी व्याख्या छात्रों को समझाता है। अध्यापक उन शब्दों की व्युत्पत्ति और व्याकरण के बारे में भी जानकारी देता है अतः यह विधि व्याख्या विधि के अन्तर्गत आती है। **इसलिए विकल्प 'B' सही है।**

30. 'अधिशीङ्स्थासां कर्म' सूत्र सम्बन्धित है-
(A) प्रथमा विभक्ति से
(B) द्वितीया विभक्ति से
(C) तृतीया विभक्ति से
(D) चतुर्थी विभक्ति से

व्याख्या-

➢ **प्रथमा विभक्ति से सम्बन्धित दो सूत्र हैं-**

(1) प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा (2.3.46) अर्थात् प्रातिपदिकार्थ मात्र, लिङ्ग मात्र, परिमाण मात्र तथा वचन मात्र में प्रथमा विभक्ति होती है।

उदाहरण- कृष्णः, श्रीः, ज्ञानम्, तटः, तटी, तटम्, द्रोणोव्रीहिः आदि।

(2) सम्बोधने च (2.3.47)- अर्थात् सम्बोधन अर्थ में प्रातिपदिक से प्रथमा विभक्ति होती है।

उदाहरण- हे राम!, हे कृष्ण!, हे पुत्र! आदि।

➢ **अधिशीङ्स्थासां कर्म** (1.4.46)- अर्थात् यदि शीङ्, स्था और आस् धातु के पहले अधि उपसर्ग लगा हो तो क्रिया के आधार की कर्म सञ्ज्ञा होकर 'कर्मणि द्वितीया' से द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे- हरिः वैकुण्ठम् अधिशेते, बालकः भूमिम् अधितिष्ठति आदि।

➢ कर्तुरीप्सिततमं कर्म, तथायुक्तं चानीप्सितम्, अभिनिविशश्च आदि सूत्रों से भी कर्मसंज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति का विधान होता है।

➢ **कर्तृकरणयोस्तृतीया** (2.3.18)- सूत्र से अनुक्त कर्ता तथा करण कारक में तृतीया विभक्ति होती है, जैसे- रामेण बाणेन हतो वाली।

➢ इसके अतिरिक्त अपवर्गे तृतीया, सहयुक्तेऽप्रधाने, येनाङ्गविकारः, इत्थम्भूतलक्षणे आदि सूत्रों से तृतीया विभक्ति होती है।

➢ **रुच्यर्थानां प्रीयमाणः, धारेरुत्तमर्णः, स्पृहेरीप्सितः, तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या** आदि सूत्रों से चतुर्थी विभक्ति का विधान होता है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि 'अधिशीङ्स्थासां कर्म' से द्वितीया विभक्ति का विधान होता है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

उत्तरमाला

1.C	2.C	3.A	4.B	5.D	6.A	7.B	8.A	9.D	10.C	11.B	12.D
13.B	14.B	15.D	16.A	17.D	18.B	19.D	20.C	21.B	22.C	23.A	24.D
25.D	26.D	27.B	28.C	29.B	30.B						

5. UP-TET संस्कृतम् | उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा- 6 से 8 तक) | फरवरी 2016

01. 'बालकैः हस्यते' वाक्य में वाच्य परिवर्तन होगा-
(A) बालकाः हसन्ति (B) बालकः हसति
(C) बालिका हसति (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- संस्कृत में तीन वाच्य होते हैं-
(1) कर्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य (3) भाववाच्य

- ➤ सकर्मक धातुओं के दो वाच्यों में रूप होते हैं- कर्तृवाच्य और कर्मवाच्य
- ➤ अकर्मक (कर्म रहित) धातुओं के रूप कर्तृवाच्य और भाववाच्य में ही होते हैं, कर्मवाच्य में नहीं होते हैं।
- ➤ कर्तृवाच्य में कर्ता मुख्य होता है और क्रिया हमेशा कर्ता के अनुसार ही चलती है।
- ➤ जबकि कर्मवाच्य में कर्म मुख्य होता है, कर्म के अनुसार क्रिया का पुरुष, वचन और लिङ्ग होता है।
- ➤ कर्तृवाच्य में कर्ता में प्रथमा, कर्म में द्वितीया परन्तु कर्मवाच्य में कर्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा, क्रिया कर्म के अनुसार रहती है।
- ➤ भाववाच्य में कर्ता में तृतीया, कर्म होगा ही नहीं। क्रिया प्रथमपुरुष एकवचन की होगी।

उदाहरण- बालकैः हस्यते (भाववाच्य- कर्ता में तृतीया, कर्म नहीं है और क्रिया प्रथम पुरुष एकवचन की है।)
बालकाः हसन्ति (कर्तृवाच्य होने के कारण कर्ता में प्रथमा और क्रिया कर्ता के अनुसार)। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

02. शिक्षण प्रक्रिया किस सीमा तक सफल है, इसका पता लगाया जाता है-
(A) मूल्याङ्कन से
(B) समाज से
(C) प्रधानाचार्य से
(D) इनमें से किसी से नहीं

व्याख्या- शिक्षण प्रक्रिया किस सीमा तक सफल है इसका पता मूल्याङ्कन द्वारा लगाया जाता है।

1. मूल्याङ्कन एक प्रक्रिया है जो निरन्तर चलती रहती है।
2. मूल्याङ्कन में छात्रों के व्यवहार के विषय में सामग्री एकत्रित करने के समस्त साधन सम्मिलित रहते हैं।
3. मूल्याङ्कन शिक्षा प्रणाली का एक अभिन्न अंग है, जो शिक्षा के उद्देश्यों से घनिष्ठ रूप से सम्बन्धित है।
4. मूल्याङ्कन केवल निर्देश की उपलब्धि को ही नहीं मानता है, वरन् उन्नत भी बनाता है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

03. अच्छे पठन के गुण बताए गए हैं-
(A) मनुस्मृति में
(B) याज्ञवल्क्य शिक्षा में
(C) अर्थशास्त्र में
(D) निरुक्त में

व्याख्या-

- ➤ याज्ञवल्क्य शिक्षा के पूर्वार्द्ध में अच्छे पठन के गुण बताए गये हैं-

कूर्मोऽङ्गानीव संहृत्य चेष्टां दृष्टिं दृढं मनः।
स्वस्थः प्रशान्तो निर्भीतो वर्णानुच्चारयेद्बुधः॥
(याज्ञवल्क्यशिक्षा, पूर्वार्द्ध, श्लोक-23)

अर्थात् वेदाध्ययन के प्रारम्भ के समय में वर्णों का उच्चारण किस प्रकार करना चाहिए, कैसी मनःस्थिति हो- इस विषय में आचार्य कहते हैं- जिस प्रकार कछुआ अपने अङ्गों को संकुचित कर लेता है, उसी प्रकार स्वस्थचित्त, भयरहित, शान्त-दान्त होकर वेदाभ्यासार्थी अपनी चेष्टा, दृष्टि और मन को दृढ़ता से एकाग्र बनाकर स्वस्थचित्त होकर वेद के अक्षरों को उच्चारित करे।

- ➤ अच्छे पठन के गुण पाणिनीय शिक्षा में भी बताये गये हैं-

गीती शीघ्री शिरःकम्पी तथा लिखितपाठकः।
अनर्थज्ञोऽल्पकण्ठश्च षडेते पाठकाधमाः॥

अधम पाठक हैं- जो गीत के समान गा गाकर मन्त्र पढ़ते हैं। जो शीघ्रता से हड़बड़ा कर पढ़ने वाले, जैसा पुस्तक में शुद्ध या अशुद्ध लिखा हो वैसा पढ़ने वाले अधम पाठक होते हैं।

माधुर्यमक्षरव्यक्तिः पदच्छेदस्तु सुस्वरः।
धैर्यं लयसमत्वं च षडेते पाठका गुणाः॥

1. पाठकर्ता में सर्वप्रथम गुण-स्वर में माधुर्य होना चाहिए, जिसे सुनकर साधारण लोग भी आकृष्ट हो जायें।
2. अक्षरव्यक्ति, पाठ करते समय पद का सुस्पष्ट उच्चारण हो।
3. पद के विभाजन का ज्ञान हो।
4. सुस्वर पदों के उच्चारण में कण्ठस्वर आकर्षक हो।
5. धैर्य चित्त वाला, उसे किसी भी प्रकार की घबड़ाहट न हो।
6. लयसमत्व अर्थात् सभी पाठक समवेत स्वर में उच्चारण करें,

न कि आगे-पीछे इस प्रकार 6 गुण पाठक में कहे गये हैं।

➢ **मनुस्मृति में धर्म का लक्षण बताया गया है-**
श्रुतिः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः।
एतच्चतुर्विधः प्राहुः साक्षाद् धर्मस्य लक्षणम्॥
(मनु. 1.7)

श्रुति-वेद, स्मृति-धर्मशास्त्र, सदाचार-भद्रपुरुषों का आचार व्यवहार जो अपने को प्रिय लगे तथा उचित संकल्प से उत्पन्न-इच्छा ये चार धर्म के लक्षण के मूल कहे गये हैं।

➢ **अर्थशास्त्र-** आचार्य कौटिल्य द्वारा प्रणीत अर्थशास्त्र है। इसमें पन्द्रह अधिकरण हैं।
कौटिल्य के अनुसार विद्याएँ चार मानी गई हैं-
''आन्वीक्षकी, त्रयी, वार्ता- दण्डनीतिश्चेति विद्याः।''
(1) आन्वीक्षकी (2) त्रयी (3) वार्ता (4) दण्डनीति।

➢ **निरुक्त-** आचार्य वार्ष्यायणि ने षड्भावविकार माने हैं-
जायते, अस्ति, विपरिणमते, वर्धते, अपक्षीयते, विनश्यति।
जायते (उत्पन्न होना), अस्ति (होना), परिवर्तन होना, बढ़ना, घटना, नष्ट होना। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

04. हितोपदेश का सम्बन्ध किस विधि से है-
(A) सूत्रविधि
(B) कहानी कथन विधि
(C) भाषणविधि
(D) उपर्युक्त सभी

व्याख्या-

➢ **सूत्रविधि-** आचार्य पाणिनि द्वारा विरचित ग्रन्थ अष्टाध्यायी जिसमें सूत्रों के द्वारा विषय का ज्ञान कराया गया है।

➢ **कहानी कथन विधि-** हितोपदेश के लेखक नारायण पण्डित हैं। इसमें कहानी कथन के द्वारा विषय को बताया गया है। जिससे पढ़ने में रुचि और समझने में सुगमता बनी रहे। इसीप्रकार के अन्य और भी ग्रन्थ हैं- विष्णुशर्मा द्वारा विरचित पञ्चतन्त्र, नीतिकथा, कथामंजरी आदि।

➢ **भाषणविधि-** भाषण विधि में नेता, व्यक्ति विशेष के द्वारा मुख से बोली जाने वाली बातों को जो पुस्तक आदि में प्रकाशित किया जाता है वह भाषण विधि के अन्तर्गत आता है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

05. संस्कृत शिक्षण में कठिन उच्चारण वाली ध्वनियों के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है-
(A) सक्रियता का सिद्धान्त
(B) क्रमबद्धता का सिद्धान्त
(C) अभ्यास का सिद्धान्त
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

➢ संस्कृत शिक्षण में कठिन उच्चारण वाली ध्वनियों के लिए **अभ्यास का सिद्धान्त** सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है-
भाषा एक कला है, केवल विज्ञान नहीं। प्रत्येक कला में अभ्यास की आवश्यकता होती है। संस्कृत में भी अभ्यास तथा पुनरावृत्ति की आवश्यकता होती है। संस्कृत भाषा की शिक्षा देने के लिए बोलने, पढ़ने तथा लिखने में अभ्यास कराया जाना आवश्यक है।

☆ छात्रों को कठिन ध्वनियों का शुद्ध उच्चारण सहित वाचन करने का अभ्यास कराना।
☆ पाठगत शब्दों एवं कठिन वाक्यों के उच्चारण का अभ्यास कराना।
☆ संस्कृत की उक्तियों एवं मुहावरों का ज्ञान कराना।
☆ संस्कृत व्याकरण सम्बन्धी अशुद्धियों को शुद्ध कराना।
☆ संस्कृत में अपने भावों को अभिव्यक्त कराना।
☆ संस्कृत के पद्यखण्डों एवं गद्यखण्डों को शुद्ध उच्चारण सहित पढ़ने का अभ्यास कराना।

अतः विकल्प 'C' सही है।

06. अर्थ समझते हुए वैदिक मन्त्रों के सस्वर पाठ को कहा जाता है-
(A) पारायणविधि **(B) सूत्रविधि**
(C) वाद-विवाद विधि **(D) उपर्युक्त सभी**

व्याख्या- अर्थ समझते हुए वैदिक मन्त्रों के सस्वर पाठ को पारायणविधि कहा जाता है।
पारायण विधि- वैदिक मन्त्रों का सस्वर पाठ। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

07. हरिस् + शेते में सन्धि किस सूत्रानुसार होगी?
(A) स्तोः श्चुना श्चुः **(B) ष्टुना ष्टुः**
(C) झलां जश् झशि **(D) झलां जशोऽन्ते**

व्याख्या-

➢ **'स्तोः श्चुना श्चुः'**
सकार या तवर्ग (त् थ् द् ध् न्) के पूर्व या बाद में शकार या चवर्ग (च् छ् ज् झ् ञ्) का योग होने पर 'स्' को 'श्' और तवर्ग को चवर्ग हो जाता है।

स्तोः	स् तवर्ग	के पूर्व में होने पर
श्चुना	श् चवर्ग	के साथ योग होने पर
श्चुः	श् चवर्ग	हो जाय

उदाहरण-

हरिस् + शेते
हरिश् + शेते = हरिश्शेते (स् के बाद श् के योग होने पर स् आदेश)

अन्य उदाहरण-

1. सत् + चित् = सच्चित्
2. रामस् + शेते = रामश्शेते .
3. कस् + चित् = कश्चित्
4. सद् + जनः = सज्जनः
5. शार्ङ्गिन् + जयः = शार्ङ्गिञ्जयः

➢ **ष्टुना ष्टुः -** सकार या तवर्ग के पहले या बाद में षकार या टवर्ग का योग होने पर स् को ष् और तवर्ग को टवर्ग हो जाता है।

उदाहरण-

तत् + टीका = तट्टीका
रामस् + षष्ठः = रामष्षष्ठः
चक्रिन् + ढौकसे = चक्रिण्ढौकसे

➢ **झलां जश् झशि-** यदि अपदान्त में झल् प्रत्याहार (झ् भ् घ् ढ् ध् ज् ब् ग् ड् द् ख् फ् छ् ठ् थ् च् ट् त् क् प् श् ष् स् ह्) अर्थात्- वर्ग के पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे वर्ण के बाद यदि कोई झश् प्रत्याहार का वर्ण हो तो अपने वर्ग का तृतीय वर्ण अर्थात् जश् हो जाता है।

उदाहरण-

क्रुध् + धः = क्रुद्धः
शुध् + धः = शुद्धः
लभ् + धः = लब्धः
युध् + धः = युद्धः

➢ **झलां जशोऽन्ते-** यदि पदान्त में झल् प्रत्याहार के बाद कोई भी स्वर तथा वर्ग के तीसरे, चौथे, पाँचवे वर्ण या य् व् र् ल् में से कोई वर्ण आये तो पहले वाले वर्ण के स्थान में उसी वर्ग का तीसरा वर्ण जश् हो जाता है।

(पूर्व में) झल् प्रत्याहार = झ् भ् घ् ढ् ध् ज् ब् ग् ड् द् ख् फ् छ् ठ् थ् च् ट् त् क् प् श् ष् स् ह् = 24 वर्ण
(बाद में) झश् प्रत्याहार = झ् भ् घ् ढ् ध् ज् ब् ग् ड् द् = 12 वर्ण
(ऐसा होने पर जश् ज् ब् ग् ड् द् आदेश होता है।

उदाहरण-

अच् + अन्तः = अजन्तः
वाक् + ईशः = वागीशः
षट् + आननः = षडाननः
दिक् + अम्बरः = दिगम्बरः
एतत् + मुरारिः = एतद्मुरारिः

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि हरिश्शेते में 'स्तोः श्चुना श्चुः' प्रवृत्त होता है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

08. पूर्वपदार्थ प्रधान होता है-
(A) तत्पुरुष समास में
(B) बहुव्रीहि समास में
(C) द्वन्द्व समास में
(D) अव्ययीभाव समास में

व्याख्या-

➢ **अव्ययीभावसमास-** 'प्रायेण पूर्वपदार्थप्रधानोऽव्ययीभावः' अर्थात् जहाँ प्रायः पूर्वपद की प्रधानता रहती है, वहाँ अव्ययीभाव समास होता है।

उदाहरण-

अधिहरि, अधिगोपम्, उपकृष्णम्, यथाशक्ति, प्रत्येकम्

➢ **तत्पुरुष समास -** 'प्रायेणोत्तर-पदार्थ-प्रधानस्तत्पुरुषः' जिसमें प्रायः उत्तरपद का अर्थ प्रधान होता है, वह तत्पुरुष समास होता है।

उदाहरण-

राजपुरुषः	राज्ञः पुरुषः
कूपपतितः	कूपं पतितः
कृष्णश्रितः	कृष्णं श्रितः

➢ **बहुव्रीहि समास-** प्रायेणान्य-पदार्थ-प्रधानो बहुव्रीहिः जिस समास में प्रायः अन्य पद का अर्थ प्रधान हो वह बहुव्रीहि समास कहलाता है।

उदाहरण-

जितेन्द्रियः - जितानि इन्द्रियाणि येन सः
चक्रपाणिः - चक्रं पाणौ यस्य सः विष्णुः
दशाननः - दश आननानि यस्य सः रावणः

➢ **द्वन्द्व समास-** 'चार्थे द्वन्द्वः'
जिसमें प्रायः पूर्वपद तथा उत्तरपद प्रधान होते हैं वह द्वन्द्व समास कहलाता है। यह समस्त पद प्रधान समास है। इसमें 'च' से दो या दो से अधिक संज्ञाओं को जोड़ा जाता है।

सीतारामौ	सीता च रामश्च	सीता और राम
मयूरौ	मयूरी च मयूरः च	मयूरी और मयूर
अहोरात्रम्	अहः च रात्रि च	रात और दिन

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि पूर्वपद की प्रधानता अव्ययीभाव समास में होती है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

09. जिस समास में पहला पद संख्यावाची हो वह समास है-

(A) द्विगु (B) द्वन्द्व
(C) कर्मधारय (D) तत्पुरुष

व्याख्या-

- **द्विगु-** 'संख्यापूर्वो द्विगुः'- अर्थात् जिस समानाधिकरण तत्पुरुष में पूर्व पद या प्रथम पद संख्यावाची होता है, द्विगु समास कहलाता है।

उदाहरण-

पञ्चगवम् - पञ्चानां गवां समाहारः
पञ्चवटी - पञ्चानां वटानां समाहारः
पञ्चपात्रम् - पञ्चानां पात्राणां समाहारः

- **द्वन्द्व-** प्रायेणोभय-पदार्थ-प्रधानो द्वन्द्वः
जिस समास में प्रायः दोनों पदों का अर्थ प्रधान हो, वह द्वन्द्व समास कहा जाता है।

उदाहरण-

हरिहरौ- हरिश्च हरश्च
पितरौ- माता च पिता च
रामलक्ष्मणौ- रामश्च लक्ष्मणश्च

- **कर्मधारय-** 'तत्पुरुषः समानाधिकरणः कर्मधारयः' तत्पुरुष समास का ही एक भेद कर्मधारय है और कर्मधारय का ही एक भेद द्विगु है।

विशेषणं विशेष्येण बहुलम् (2.1.56)

उदाहरण- नीलं च तत् उत्पलम् = नीलोत्पलम्
घन इव श्यामः = घनश्यामः
शाकप्रियः पार्थिवः = शाकपार्थिवः
विशेषण और विशेष्य दोनों एक ही पदार्थ को कहते हैं इसलिये इन्हें समानाधिकरण कहा जाता है।

- **तत्पुरुष-** 'प्रायेणोत्तर-पदार्थ-प्रधानस्तत्पुरुषः' -
प्रायः उत्तरपद की प्रधानता जिस समास में होती है वह तत्पुरुष समास होता है।

कृष्णं श्रितः = कृष्णश्रितः
आशाम् अतीतः = आशातीतः
सुखं प्राप्तः = सुखप्राप्तः
कष्टम् आपन्नः = कष्टापन्नः
शङ्कुलया खण्डः = शङ्कुलाखण्डः
धान्येन अर्थः = धान्यार्थः

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि संख्यावाची पद जहाँ पूर्व में हो वह द्विगु समास माना जाता है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

10. 'पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः' किस कवि से सम्बद्ध है?

(A) कालिदास (B) भास
(C) भवभूति (D) अश्वघोष

व्याख्या-

- **भवभूति-** भवभूति की तीन रचनाएँ हैं- मालतीमाधवम्, महावीरचरितम्, उत्तररामचरितम्। भवभूति द्वारा रचित सात अङ्कों से युक्त नाटक उत्तररामचरितम् है। जिसमें राम के दुःख को दर्शाया गया है- मुरला, तमसा नदी से कहती है-

अनिर्भिन्नो गम्भीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः।
पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः॥

(उत्तर. 3/1)

'राम का करुणरस पुटपाक के सदृश है।'

- **कालिदास-** कालिदास अभिज्ञानशाकुन्तलम् के लेखक हैं। अभिज्ञानशाकुन्तलम् सात अङ्कों का नाटक है।

'भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र'

(अभिज्ञानशा. 1/16)

भावी (होनहार) घटनाओं के लिए सर्वत्र ही द्वार हो जाते हैं।

- **भास-** भास प्रारम्भिक रूपककार माने जाते हैं। भास की कुल 13 रचनायें प्राप्त होती हैं जो निम्नलिखित हैं-
प्रतिज्ञायौगन्धरायण, स्वप्नवासवदत्ता, प्रतिमानाटक, अभिषेकनाटक, ऊरुभंग, दूतवाक्य, पञ्चरात्र, दूतघटोत्कच, कर्णभार, मध्यमव्यायोग, बालचरित, अविमारक और चारुदत्त।
'स्वप्नवासवदत्तम्' में सूक्ति कही गयी है-

'चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्तिः'

भाग्यचक्र पहिये के अरों की तरह समयानुसार ऊपर नीचे घूमता हुआ रहता है।

- **अश्वघोष-** बौद्ध महाकवि अश्वघोष महान् धर्मप्रचारक, दार्शनिक तथा उच्चकोटि के विद्वान् भी थे। अश्वघोष की रचनायें निम्न हैं-
बुद्धचरितम् - 28 सर्गों का महाकाव्य है।
सौन्दरनन्द - 18 सर्गों का संस्कृत महाकाव्य है।
शारिपुत्रप्रकरण - 9 अङ्कों का नाटक है।
अश्वघोष के दोनों महाकाव्य बुद्धचरितम् और सौन्दरनन्द शान्तरस प्रधान काव्य हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः' यह सूक्ति उत्तररामचरितम् की है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

11. 'क्व सूर्यप्रभवो वंशः क्व चाल्पविषया मतिः' पंक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है?
(A) रघुवंशम्
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(C) उत्तररामचरितम्
(D) मेघदूतम्

व्याख्या-

➢ महाकवि कालिदास द्वारा रचित रघुवंशम् महाकाव्य 19 सर्गों से युक्त है। यह महाकाव्य लघुत्रयी के अन्तर्गत सम्मिलित है। महाकवि कालिदास ने रघुवंशम् महाकाव्य के प्रथमसर्ग में इस सूक्ति को उद्धृत किया है-
क्व सूर्यप्रभवो वंशः क्व चाल्पविषया मतिः।
तितीर्षुर्दुस्तरं मोहादुडुपेनास्मि सागरम्।। (रघु. 1/2)
कहाँ सूर्य से उत्पन्न हुआ वंश (रघुकुल) और कहाँ थोड़े विषयों का ग्रहण करने वाली मेरी बुद्धि अतः उसके वर्णन करने में मैं अज्ञान से 'नौका' द्वारा दुस्तर, सागर पार करने की इच्छा करने वाले की भाँति हूँ।

➢ **अभिज्ञानशाकुन्तलम्-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटकों में सर्वश्रेष्ठ नाटक है। यह भी महाकवि कालिदास जी द्वारा विरचित ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ की नायिका शकुन्तला की प्रशंसा में नायक दुष्यन्त यह कहता है-
किमिव ही मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम् (अभि.1/20)
क्योंकि सुन्दर आकृतियों के लिए क्या वस्तु अलङ्कार नहीं होती है।

➢ **भवभूति-** महाकवि भवभूति द्वारा रचित नाटक ग्रन्थ उत्तररामचरितम् है। यह सात अङ्कों से युक्त है। इसमें राम और सीता के वियोगजन्य दुःख को दर्शाया गया है। इस ग्रन्थ का तृतीय अङ्क छाया अङ्क के नाम से प्रसिद्ध है।
उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में तमसा राम के दुख को देखकर कहती हैं-
एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्
भिन्नः पृथक् पृथगिवाश्रयते विवर्तान्
आवर्तबुद्बुद्तरङ्गमयान्विकारान्
अम्भो यथा सलिलमेव तु तत्समग्रम्।। (उत्तर. 3/48)
अहो राम तथा सीता के जीवन की घटनाओं का विचित्र क्रम अथवा अहो! रचनावैचित्र्य से एक ही करुण रस विभावादि निमित्तों के भेदों से भिन्न होता हुआ मानों शृङ्गारादि रूप में प्रतीत होने वाले अलग-अलग वास्तविक परिणामों का आश्रय होता है, जैसे एक ही जल के भँवर, बुद्बुद् तथा तरङ्गरूप विकारों में परिवर्तन होता है परन्तु वह सब वास्तव में जल ही है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'क्व सूर्यप्रभवो' यह सूक्ति रघुवंशम् महाकाव्य की है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

12. 'कौन्तेय' पद में कौन सा प्रत्यय विद्यमान है?
(A) इञ् **(B) अञ्**
(C) ढक् **(D) ण्यत्**

व्याख्या-

☆ कौन्तेयः- कुन्त्याः अपत्यं पुमान् (कुन्ती की सन्तान) 'स्त्रीभ्यो ढक्' से ढक् प्रत्यय।
कुन्ती + ढक् — कौन्तेयः (कुन्ती की सन्तान)
☆ औडुलोमिः (उडलोम्नः अपत्यम्) - उडुलोमन् + इञ्
सूत्र = बाह्वादिभ्यश्च (उडुलोमन् नामक व्यक्ति की सन्तति)
☆ दाक्षिः = दक्ष + इञ् (दक्ष की सन्तान)
सूत्र = अत इञ्
☆ दौहित्रः - दुहितृ + अञ् = लड़की की सन्तान
सूत्र- अनृष्यानन्तर्ये बिदादिभ्योऽञ् अर्थात् धेवता
☆ कार्यम् - कृ + ण्यत्
सूत्र = ऋहलोर्ण्यत्
☆ धार्यम् = धृ + ण्यत्
☆ हार्यम् = हृ + ण्यत्

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'कौन्तेय' पद से ढक् प्रत्यय का विधान किया गया है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

13. कर्तृ शब्द में कौन सा प्रत्यय है?
(A) तव्य **(B) तृच्**
(C) तव्यत् **(D) अनीयर्**

व्याख्या-

धातु	तृच्	तव्यत्	अनीयर्
कृ	कर्तृ	कर्तव्यः	करणीयः
भू	भवितृ	भवितव्यः	भवनीयः
दा	दातृ	दातव्यः	दानीयः
ज्ञा	ज्ञातृ	ज्ञातव्यः	ज्ञानीयः
गम्	गन्तृ	गन्तव्यः	गमनीयः
हृ	हर्तृ	हर्तव्यः	हरणीयः

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि 'कर्तृ' पद में 'तृच्' प्रत्यय है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

14. 'उपगङ्गम्' में कौन सा समास है?
(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव
(C) कर्मधारय (D) द्विगु

व्याख्या-

समास के उदाहरण

अव्ययीभाव	तत्पुरुष	कर्मधारय	द्विगु
उपगङ्गम्	सुखप्राप्तः	कर्पूरगौरः	पञ्चगवम्
प्रत्यर्थम्	हरित्रातः	कृष्णसर्पः	पञ्चकपालः
ससखि	नखभिन्नः	नीलोत्पलम्	पञ्चपात्रम्
पञ्चगङ्गम्	यूपदारु	घनश्यामः	पञ्चवटी
उपशरदम्	भूतबलिः	अखिलभूषणानि	त्रिभुवनम्
प्रतिविपाशम्	चोरभयम्	कृष्ण-चतुर्दशी	त्रिलोकी
अध्यात्मम्	राजपुरुषः	निर्मलगुणाः	नवरात्रम्
प्रतिदिनम्	सत्सङ्गतिः	महाकविः	त्रिफला
यथाशक्ति	अक्षशौण्डः	चन्द्रमुखम्	चतुर्युगम्
इतिहरि	काव्यनिपुणः	पीतकृष्णः	सप्ताहः
सुमद्रम्	अर्धपिप्पली		

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि 'उपगङ्गम्' अव्ययीभावसमास का उदाहरण है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

15. 'किरातार्जुनीयम्' में अर्जुन भगवान् शङ्कर से किस अस्त्र की प्राप्ति करता है?
(A) पाशुपत (B) चक्र
(C) गदा (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या-

➤ किरातार्जुनीयम् महाकाव्य में अर्जुन को 18वें सर्ग में शिव जी के द्वारा पाशुपत अस्त्र की प्राप्ति होती है।
'ज्वलदनलपरीतं रौद्रमस्त्रं दधानं धनुरुपपदमस्मै वेदमभ्यादिदेश'
(किरात 18/44)

➤ उत्तररामचरितम् में राम के पुत्र होने के कारण लव को जृम्भक अस्त्र और वारुण अस्त्र प्राप्त होता है।

➤ उत्तररामचरितम् में ही लक्ष्मण के पुत्र चन्द्रकेतु के पास आग्नेय अस्त्र रहता है।

➤ हनुमान् जी के पास हमेशा गदा रहता था। इनका अस्त्र गदा ही था।

➤ विष्णु जी अपने हाथों में सुदर्शन नाम का चक्र लिये रहते थे। इसीलिये इन्हे 'चक्रपाणिः' भी कहा जाता है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि पाशुपत अस्त्र की प्राप्ति अर्जुन को होती है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

16. 'उत्तररामचरितम्' कृति है?
(A) दण्डी (B) भवभूति
(C) भास (D) श्रीहर्ष

व्याख्या-

➤ **भवभूति-** 'उत्तररामचरितम्' महाकवि भवभूति द्वारा प्रणीत ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ में सात अङ्क हैं। यह करुण रस प्रधान ग्रन्थ है। मालतीमाधवम्, महावीरचरितम् भी महाकवि भवभूति के द्वारा रचित ग्रन्थ हैं।

➤ **दण्डी-** काव्यादर्श, दशकुमारचरितम् आदि ग्रन्थों के लेखक हैं।

➤ **भास -** भास द्वारा रचित 13 नाटक हैं-
(1) प्रतिज्ञायौगन्धरायण (2) स्वप्नवासवदत्ता (3) प्रतिमानाटकम् (4) अभिषेकनाटकम् (5) ऊरुभंगम् (6) दूतवाक्यम् (7) पञ्चरात्रम् (8) दूतघटोत्कच (9) कर्णभार (10) मध्यमव्यायोग (11) बालचरित (12) अविमारक (13) चारुदत्त।

➤ **श्रीहर्ष-** श्रीहर्ष की रचना नैषधीयचरितम् 22 सर्गों में निबद्ध है। इसके नायक नल और नायिका दमयन्ती हैं। यह ग्रन्थ बृहत्त्रयी के अन्तर्गत परिगणित है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'उत्तररामचरितम्' महाकवि भवभूति की रचना है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

17. अन्तःस्थ वर्ण हैं?
(A) श् ष् स् ह् (B) य् र् ल् व्
(C) क्ष् त्र् ज्ञ् (D) क् ख् ग् घ्

व्याख्या-

➤ **यणोऽन्तःस्थाः -** यण् को अन्तःस्थ भी कहते हैं। यण् प्रत्याहार के अन्तर्गत - य् व् र् ल् 4 वर्ण आते हैं।

➤ **शल ऊष्माणः -** शल् को ऊष्मवर्ण कहते हैं।
शल् प्रत्याहार के अन्तर्गत - श् ष् स् ह् 4 वर्ण आते हैं।

➤ संयुक्त व्यञ्जन हैं - क्ष, त्र, ज्ञ
क् + ष = क्ष
त् + र = त्र
ज् + ञ = ज्ञ

➤ स्पर्श व्यञ्जन हैं- क से म तक के 25 वर्ण **'कादयो मावसानाः स्पर्शाः'**

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त उल्लेख से स्पष्ट है कि अन्तःस्थ वर्ण चार हैं- य् व् र् ल्। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

18. ऊष्म व्यञ्जन हैं-
(A) य् व् र् ल् **(B) च् छ् ज् झ् ञ्**
(C) प् फ् ब् भ् **(D) श् ष् स् ह्**

व्याख्या-
- **शल ऊष्माणः -** शल् प्रत्याहार के अन्तर्गत श् ष् स् ह् ये 4 वर्ण आते हैं। इन्हें ही ऊष्म वर्ण भी कहते हैं।
- **यणोऽन्तःस्थाः -** यण् प्रत्याहार के अन्तर्गत य् व् र् ल् ये 4 वर्ण आते हैं। इन्हें ही अन्तःस्थ वर्ण भी कहते हैं।
- **इचुयशानां तालु -** इ, च वर्ग (च् छ् ज् झ् ञ्) य् श् ये वर्ण तालु से बोले जाते हैं अर्थात् इनका उच्चारण स्थान तालु है।
- **उपूपध्मानीयानाम् ओष्ठौ-** उ प् फ् ब् भ् म् और उपध्मानीय वर्ण, ओष्ठ से उच्चरित होते हैं।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि ऊष्म व्यञ्जन 'श् ष् स् ह्' ये 4 वर्ण हैं। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

19. 'दैत्यारि' में कौन सी सन्धि है?
(A) स्वरसन्धि **(B) व्यञ्जन सन्धि**
(C) विसर्ग सन्धि **(D) पूर्वरूप सन्धि**

व्याख्या- सन्धि तीन प्रकार की होती है- (1) स्वरसन्धि (2) व्यञ्जनसन्धि (3) विसर्ग सन्धि
- **स्वरसन्धि के अन्तर्गत-** दीर्घ, गुण, वृद्धि, यण्, अयादि, पूर्वरूप, पररूप इत्यादि सन्धियाँ आती हैं।
- **दीर्घसन्धि-** सूत्र- **'अकः सवर्णे दीर्घः'** (6.1.101) अक् (अ, इ, उ, ऋ, ऌ) के बाद यदि कोई सवर्ण स्वर हो तो पूर्व और पर दोनों के स्थान पर दीर्घ आदेश हो जाय।
  अकः- अ, इ, उ, ऋ, ऌ (पूर्व में)
  सवर्णे- अ/आ, इ/ई, उ/ऊ, ऋ/ॠ, ऌ (बाद में)
  दीर्घः- दीर्घ आदेश हो।
  उदाहरण- दैत्यारिः - दैत्य + अरिः = दैत्यारिः
  विद्यार्थी = विद्या + अर्थी (आ+अ = आ)
  श्रीशः = श्री + ईशः (ई + ई = ई)
  गिरीशः = गिरि + ईशः (इ + ई = ई)
- **व्यञ्जनसन्धि-** व्यञ्जन सन्धि को हल् सन्धि भी कहते हैं। यदि पूर्व में व्यञ्जन और बाद में स्वर या व्यञ्जन आये तो वह व्यञ्जनसन्धि होती है।
  उदाहरण-
  सत् + चित् = सच्चित्
  जगत् + ईशः = जगदीशः
  तत् + टीका = तट्टीका
- **विसर्ग सन्धि-** विसर्ग के साथ स्वर या व्यञ्जन के मिलने पर विसर्ग में जो विकार होता है उसे विसर्ग सन्धि कहते हैं।
  उदाहरण-
  मनः + रथः = मनोरथः
- विसर्ग सदा किसी न किसी स्वर के बाद ही आता है। दुःख तथा रामः में क्रमशः उ और अ के बाद है।
- **पूर्वरूप सन्धि-** सूत्र- एङः पदान्तादति (6.1.109) पद के अन्त में एङ् (ए, ओ) के बाद ह्रस्व 'अ' हो तो 'एङ्' तथा 'अ' दोनों के स्थान पर पूर्वरूप आदेश हो जाता है।
  उदाहरण-
  हरे + अव = हरेऽव
- ए + अ दोनों के स्थान पर पूर्वरूप ए होकर हर् ए व = हरेव हो जाता है।
- सन्धि होने के पहले अ विद्यमान था, तो अ को सूचित करने के लिए 'ऽ' (अवग्रह) का प्रयोग करने पर 'हरेऽव' रूप बनता है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त उल्लेख से स्पष्ट होता है कि 'दैत्यारिः' में दीर्घ सन्धि है जो कि स्वर सन्धि के अन्तर्गत परिगणित है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

20. 'नायकः' में सन्धि है?
(A) नी + अकः **(B) नौ + अकः**
(C) नै + अकः **(D) ने + अकः**

व्याख्या-

शब्द	सन्धि	सन्धिविच्छेद	सूत्र
नायकः	अयादि	नै + अकः	एचोऽयवायावः
पावकः	अयादि	पौ + अकः	एचोऽयवायावः
मध्वरिः	यण्	मधु + अरिः	इको यणचि
विद्यालयः	दीर्घ	विद्या + आलयः	अकः सवर्णे दीर्घः
महौषधिः	वृद्धि	महा + ओषधिः	वृद्धिरेचि
रमेशः	गुण	प्र + एजते	एङि पररूपम्
हरेऽव	पूर्वरूप	हरे + अव	एङः पदान्तादति

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त तालिका के अनुसार नायकः का सन्धि विच्छेद 'नै + अकः' है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

21. 'अक्ष्णा काणः' इसमें 'अक्ष्णा' शब्द के साथ तृतीया विभक्ति इस सूत्र से प्रयुक्त है?
(A) सहयुक्तेऽप्रधाने **(B) येनाङ्गविकारः**
(C) अपवर्गे तृतीया **(D) हेतौ**

व्याख्या-
- **येनाङ्गविकारः - (2.3.20)**
  जिस विकृत अङ्ग द्वारा अङ्गी का विकार लक्षित हो उस

विकृत अङ्ग से तृतीया विभक्ति होती है।

उदाहरण- 'अक्ष्णा काणः' (आँख से काना है।)

इस वाक्य में अङ्ग आँख के विकृत होने से व्यक्ति का शरीर विकारयुक्त कहलाता है, अतः अङ्ग अक्षि (आँख) में 'येनाङ्गविकारः' सूत्र से तृतीया विभक्ति हुई है।

- **सहयुक्तेऽप्रधाने (2.3.19)**
- सह और सह के पर्यायवाची शब्द साकं, समं, सार्धं के योग होने पर भी सहार्थक शब्द से युक्त अप्रधान में तृतीया विभक्ति होती है।
- पुत्रेण सह आगतः पिता (पुत्र के साथ पिता आया)
  इस वाक्य में 'आगतः' क्रिया के साथ पिता का सम्बन्ध प्रधान है और पुत्र का सम्बन्ध आगतः क्रिया में साथ आने से अप्रधान है अतः 'सहयुक्तेऽप्रधाने' सूत्र से अप्रधान कर्ता पुत्र में तृतीया विभक्ति होती है।
- **अपवर्गे तृतीया (2.3.6)**
- अपवर्ग का अर्थ है फलप्राप्ति अर्थात् क्रिया की समाप्ति पर फल की प्राप्ति हो जाय।
- 'फल की प्राप्ति' अर्थ के द्योतित होने पर काल और मार्गवाची शब्दों से अत्यन्त संयोग में तृतीया विभक्ति होती है।
  उदाहरण- अह्ना क्रोशेन वा अनुवाकोऽधीतः।
  (दिनभर या कोशभर में अनुवाक पढ़ लिया)
  इस वाक्य में अध्ययन की समाप्ति पर फलप्राप्ति हो रही है अर्थात् दिन भर में या कोश भर में अनुवाक याद कर लिया गया।
- अतः अपवर्गे तृतीया सूत्र से कालवाचक अह्न और मार्गवाचक कोश में तृतीया विभक्ति हुई है।
- **हेतौ- (2.3.23)-** हेतु शब्द के वाचक अर्थ में तृतीया विभक्ति होती है। हेतु द्रव्य, गुण एवं कर्म तीनों का साधक होता है तथा वह क्रियाहीन एवं क्रियायुक्त दोनों प्रकार का होता है। करण, कारक होने के कारण केवल क्रियायुक्त होता है।
  उदाहरण- दण्डेन घटः (दण्ड से घड़ा बनता है।)
  यह द्रव्य के प्रति हेतु का उदाहरण है। यहाँ दण्ड हेतु है। घट द्रव्य के बनने में दण्ड हेतु है। अतः 'हेतौ' सूत्र से दण्ड में तृतीया विभक्ति हुई है।
  अन्य उदाहरण- पुण्येन दृष्टो हरिः (पुण्य के कारण हरि को देखा गया)
  पुष्पेण सुन्दरः (पुष्प के कारण सुन्दर है।)
  स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'अक्ष्णा काणः में' 'येनाङ्गविकारः' सूत्र से तृतीया विभक्ति हुई है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

22. परस्मैपदी देने के अर्थ में 'दा' धातु से प्रथम पुरुष बहुवचन में रूप बनेगा-
(A) ददाति **(B) ददन्ति**
(C) ददति **(D) ददसि**

व्याख्या-

लट्लकार (परस्मैपदी)

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.पु.	ददाति	दत्तः	ददति
म.पु.	ददासि	दत्थः	दत्थ
उ.पु.	ददामि	दद्वः	दद्मः

लोट्लकार

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.पु.	ददातु	दत्ताम्	ददतु
म.पु.	देहि	दत्तम्	दत्त
उ.पु.	ददानि	ददाव	ददाम

लङ्लकार

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.पु.	अददात्	अदत्ताम्	अददुः
म.पु.	अददाः	अदत्तम्	अदत्त
उ.पु.	अददाम्	अदद्व	अदद्म

विधिलिङ्

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.पु.	दद्यात्	दद्याताम्	दद्युः
म.पु.	दद्याः	दद्यातम्	दद्यात
उ.पु.	दद्याम्	दद्याव	दद्याम

लृट्लकार

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.पु.	दास्यति	दास्यतः	दास्यन्ति
म.पु.	दास्यसि	दास्यथः	दास्यथ
उ.पु.	दास्यामि	दास्यावः	दास्यामः

अतः विकल्प 'C' सही है।

23. 'द्व्यधिकपञ्चशतम्' किस संख्या का वाचक है?
(A) 52 **(B) 25**
(C) 50 **(D) 502**

व्याख्या-

अङ्क	संस्कृत
502	द्व्यधिकपञ्चशतम्
52	द्विपञ्चाशत् / द्वापञ्चाशत्

50	पञ्चाशत्
25	पञ्चविंशतिः

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि 'द्व्यधिकपञ्चशतम्' संख्या का वाचक '502' है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

24. 'जलनिधिः' पद का पर्याय शब्द है-
(A) मेघः **(B) चन्द्रः**
(C) समुद्रः **(D) मत्स्यः**

व्याख्या-

शब्द	पर्यायवाची
समुद्रः	जलनिधिः, पारावरः, उदधिः, उदन्वान्, अर्णवः, रत्नाकरः, सिन्धुः, अब्धिः, अकूपारः, सागरः, सरित्पतिः, अपांपतिः।
मेघः	धाराधरः, घनः, जलधरः, वारिदः, जीमूतः, नीरदः, वारिधरः, पयोदः, पयोधरः, अम्बुदः, वारिवाहः, बलाहकः।
चन्द्रः	इन्दुः, चन्द्रमाः, सोमः, निशापतिः, ओषधीशः, शशाङ्कः, विधुः, सुधांशुः, हिमांशुः, कलानिधिः, क्षपाकरः, मृगाङ्कः, शशधरः।
मत्स्यः	मीनः, शफरी, झषः, जलजीवनम्, अण्डजः, विसारः, शकुली।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'जलनिधिः' का पर्याय 'समुद्र' है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

25. 'नदी' शब्द से सप्तमी विभक्ति एकवचन में रूप बनेगा-
(A) नदीम् **(B) नद्याः**
(C) नद्याम् **(D) नदीषु**

व्याख्या-

(नदी शब्द ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग)

प्र.वि.	नदी	नद्यौ	नद्यः
द्वि.वि.	नदीम्	नद्यौ	नदीः
तृ.वि.	नद्या	नदीभ्याम्	नदीभिः
च.वि.	नद्यै	नदीभ्याम्	नदीभ्यः
पं.वि.	नद्याः	नदीभ्याम्	नदीभ्यः
ष.वि.	नद्याः	नद्योः	नदीनाम्
स.वि.	नद्याम्	नद्योः	नदीषु
सम्बोधन	हे नदि!	हे नद्यौ!	हे नद्यः!

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि 'नदी' शब्द के सप्तमी विभक्ति एकवचन में 'नद्याम्' रूप बनेगा। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

26. अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-
(A) रामं विना जीवितुं नोत्सहे
(B) रामेण विना जीवितुं नोत्सहे
(C) रामात् विना जीवितुं नोत्सहे
(D) रामस्य विना जीवितुं नोत्सहे

व्याख्या-

➢ **पृथग्विनानानाभिस्तृतीयाऽन्यतरस्याम् (2.3.32) -** पृथक्, विना और नाना इन तीन अव्यय पदों के योग में तृतीया विभक्ति होती है पक्ष में पञ्चमी और द्वितीया विभक्तियाँ भी होती हैं।

स्पष्टीकरण- इस नियम के अनुसार 'विना' के प्रयोग में द्वितीया, तृतीया और पञ्चमी विभक्ति का प्रयोग होता है। **इसलिये अशुद्ध वाक्य विकल्प 'D' सही है।**

27. बृहत्त्रयी में नहीं गिना जाता -
(A) रघुवंशम् **(B) किरातार्जुनीयम्**
(C) नैषधीयचरितम् **(D) शिशुपालवधम्**

व्याख्या-

➢ बृहत्त्रयी के अन्तर्गत तीन महाकाव्यों को गिना जाता है-
(1) किरातार्जुनीयम् - भारवि - 18 सर्ग
(2) शिशुपालवधम् - माघ - 20 सर्ग
(3) नैषधीयचरितम् - श्रीहर्ष - 22 सर्ग

➢ लघुत्रयी के अन्तर्गत कालिदास द्वारा रचित तीन ग्रन्थ आते हैं-
(1) रघुवंशम् - कालिदास - 19 सर्ग
(2) कुमारसम्भवम् - कालिदास - 17 सर्ग
(3) मेघदूतम् - कालिदास - 2 खण्ड

➢ गद्यबृहत्त्रयी के अन्तर्गत तीन गद्यकाव्य आते हैं-
(1) वासवदत्ता - सुबन्धु
(2) कादम्बरी - बाणभट्ट
(3) दशकुमारचरितम् - दण्डी

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि 'रघुवंशम्' बृहत्त्रयी के अन्तर्गत नहीं आता है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

28. राजा दिलीप की पत्नी का नाम है-
(A) इन्दुमती
(B) सुदक्षिणा
(C) लक्ष्मी
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या-

राजा (पति)		रानी (पत्नी)
दिलीप	-	सुदक्षिणा
अज	-	इन्दुमती
विष्णु	-	लक्ष्मी
दुष्यन्त	-	शकुन्तला
राम	-	सीता
शिव	-	पार्वती
अगस्त्य	-	लोपामुद्रा
वशिष्ठ	-	अरुन्धती
चारुदत्त	-	धूता/वसन्तसेना
अर्जुन	-	सुभद्रा
भारवि	-	रसिका
भर्तृहरि	-	पिङ्गला
कालिदास	-	विद्योत्तमा

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि राजा दिलीप की पत्नी 'सुदक्षिणा' थी। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

29. 'लताकुञ्जं गुञ्जन्मदवदलिपुञ्जं चपलयन्' में अलङ्कार है-
(A) यमक **(B) अनुप्रास**
(C) श्लेष **(D) इनमें से कोई नही**

व्याख्या-

➢ **अनुप्रास अलङ्कार- अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत्।** स्वरों में समानता न होते हुए भी समान व्यञ्जनों की अथवा वर्णों का बार-बार आना अर्थात् उनकी आवृत्ति होना अनुप्रास अलंकार कहलाता है।

उदाहरण-
लताकुञ्जं गुञ्जन्मदवदलिपुञ्जं चपलयन्
समालिङ्गन्नङ्गं द्रुततरमनङ्गं प्रबलयन्।
मरुन्मन्दं मन्दं दलितमरविन्दं तरलयन्
रजो वृन्दं विन्दन् किरति मकरन्दं दिशि दिशि॥
इस श्लोक में ङ्ग, ङ्ग और न्द, न्द का वर्णसाम्य होने के कारण अनुप्रास अलङ्कार है।

अन्य उदाहरण-
ततोऽरुणपरिस्पन्दमन्दीकृतवपुः शशी।
दध्रे कामपरिक्षामकामिनीगण्डपाण्डुताम्॥
इस उदाहरण में न्द, न्द, ण्ड, ण्ड में आवृत्ति होने के कारण अनुप्रास अलङ्कार है।

➢ **यमक अलङ्कार- सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यञ्जनसंहतेः**
क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते॥
स्वरों और व्यञ्जनों के सार्थक समूह की पुनरावृत्ति जहाँ इस प्रकार हो कि प्रत्येक आवृत्ति में अर्थ में परिवर्तन हो जाय वहाँ यमक अलङ्कार होता है। निरर्थक पदों की आवृत्ति में भी यमक होता है।
नवपलाशपलाशवनं पुरः स्फुटपरागपरागतपङ्कजम्।
मृदुलतान्तलतान्तमलोकयत् स सुरभिं सुरभिं सुमनोभरैः॥
इस श्लोक में पलाश-पलाश, पराग-पराग, लतान्त-लतान्त पदों की आवृत्ति है परन्तु अर्थ भिन्न भिन्न होने के कारण यहाँ यमक अलङ्कार है।

➢ **श्लेष अलङ्कार-**
श्लिष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष इष्यते।
वर्णप्रत्ययलिङ्गानां प्रकृत्योः पदयोरपि॥
श्लेषाद्विभक्तिवचनभाषाणामष्टधा च सः॥
श्लिष्ट पदों से अनेक अर्थों का अभिधान होने पर श्लेषालङ्कार होता है।
वर्ण, प्रत्यय, लिङ्ग, प्रकृति, पद, विभक्ति, वचन और भाषा इनके श्लिष्ट होने के कारण वर्णश्लेष, प्रत्ययश्लेष आदि भेदों से यह अलङ्कार आठ प्रकार का होता है।
पृथुकार्त्तस्वरपात्रं भूषितनिःशेषपरिजनं देव।
विलसत्करेणुगहनं सम्प्रति सममावयोः सदनम्॥
हे राजन्! इस समय हम दोनों का घर एक समान है क्योंकि आपका घर विशाल (पृथु) स्वर्णपात्रों से युक्त है (कार्त्तस्वर = स्वर्ण के पात्र = बर्तन) और मेरा घर भी वाक्यों के आर्त्तस्वर का स्थान है (पृथुक = बालक, आर्त्तस्वर = रुदन, पात्र = स्थान। आपका घर सम्पूर्ण सेवकों से सुशोभित है (भूषित-निःशेष-परिजनं) और मेरा घर भी पृथ्वी पर लेटने वाले परिजनों से युक्त है (भूषित = भू = पृथ्वी, उषित = वस् + क्त = बसा हुआ) आदि पदों में श्लेष अलङ्कार है क्योंकि यहाँ दो-दो अर्थ हैं।
स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि विकल्प 'B' सही है।

30. 'जीवेषु मानवाः श्रेष्ठाः' वाक्य में रेखाङ्कित पद में विभक्ति विधायक सूत्र है?
(A) आधारोऽधिकरणम्
(B) सप्तम्यधिकरणे च
(C) यतश्च निर्धारणम्
(D) साध्वसाधुप्रयोगे च

व्याख्या-

➢ **यतश्च निर्धारणम् (2.3.41)–**

जाति, गुण, क्रिया और संज्ञा (नाम) के द्वारा किसी समुदाय से एक भाग को पृथक् किया जाता है तो उस समुदाय वाचक शब्द से षष्ठी एवं सप्तमी विभक्ति होती है।

जाति द्वारा निर्धारण का उदाहरण-

जीवेषु मानवाः श्रेष्ठाः - (जीवों में मनुष्य श्रेष्ठ है)

जीव समुदाय का वाचक है। जीव समुदाय में मानव श्रेष्ठ बताया गया है। अतः 'यतश्च निर्धारणम्' सूत्र से जीव शब्द में षष्ठी विभक्ति बहुवचन लगाकर 'जीवानाम्' बनेगा और सप्तमी विभक्ति बहुवचन लगने पर 'जीवेषु' बना।

➢ **गुण द्वारा निर्धारण का उदाहरण-**
गवां गोषु वा कृष्णा बहुक्षीरा (गायों में काली गाय बहुत दूध देने वाली है।)

➢ **क्रिया के द्वारा निर्धारण का उदाहरण-**
गच्छतां गच्छत्सु वा धावञ्छीघ्रः (चलने वालों में दौड़ने वाला शीघ्र होता है।)

➢ **संज्ञा द्वारा निर्धारण का उदाहरण-**
छात्राणां छात्रेषु वा मैत्रः पटुः (छात्रों में मैत्र पटु अर्थात् कुशल है।)

➢ **आधारोऽधिकरणम् - (1.4.45)-** कर्ता और कर्म के आधार को ही अधिकरण कहते हैं।

➢ **सप्तम्यधिकरणे च (2.3.36)-** अधिकरण कारक में सप्तमी विभक्ति होती है। सूत्र में 'च' का प्रयोग दूरवाची और समीपवाची शब्दों में भी सप्तमी विभक्ति हो- यह बताने के लिये हुआ है।

☆ आधार तीन प्रकार का होता है-
1. औपश्लेषिक आधार
2. वैषयिक आधार
3. अभिव्यापक आधार

➢ **औपश्लेषिक आधार का उदाहरण-**
देवदत्तः कटे आस्ते (देवदत्त चटाई पर बैठता है।)।

➢ **वैषयिक आधार-**
मोक्षे इच्छाऽस्ति (मोक्ष सम्बन्धी इच्छा है।)।

➢ **अभिव्यापक आधार-**
सर्वस्मिन्नात्मा अस्ति (सब में आत्मा व्याप्त है)।

➢ **साध्वसाधुप्रयोगे च- (वार्तिक)**
साधु और असाधु के प्रयोग में भी सप्तमी विभक्ति होती है।
असाधुः मातुले। मामा के लिये अहितकारी हैं।
इस वाक्य में 'असाधु' के प्रयोग के कारण मातुले मे सप्तमी विभक्ति 'साध्वसाधुप्रयोगे च' वार्तिक से हुई।
कृष्णः साधुः मातरि (कृष्ण माता के लिये हितकर है)
इस वाक्य में साधु के प्रयोग के कारण 'मातरि' में सप्तमी विभक्ति 'साध्वसाधुप्रयोगे च' से हुई है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

उत्तरमाला

1. A	2. A	3. B	4. B	5. C	6. A	7. A	8. D	9. A	10. C	11. A	12. C
13. B	14. B	15. A	16. B	17. B	18. D	19. A	20. C	21. B	22. C	23. D	24. C
25. C	26. D	27. A	28. B	29. B	30. C						

6. UP-TET संस्कृतम् | प्राथमिक स्तर (कक्षा- 1 से 5 तक) | 2016

01. 'शाल्मली वृक्ष' का वर्णन किस ग्रन्थ में प्राप्त होता है?
(A) रघुवंशम् (B) किरातार्जुनीयम्
(C) शिवराजविजय (D) कादम्बरी

व्याख्या-

- **कादम्बरी-** कादम्बरी बाणभट्ट द्वारा विरचित गद्यकाव्य है। जिसके दो भाग हैं- पूर्वभाग और उत्तरभाग। पूर्वभाग को बाणभट्ट ने लिखा परन्तु उत्तरभाग इनके पुत्र पुलिन्दभट्ट (भूषणभट्ट) द्वारा लिखा गया है।
  कादम्बरी वर्णन- कादम्बरी कथामुख में शूद्रकवर्णन, चाण्डालकन्यावर्णन, शुकवर्णन, विन्ध्याटवीवर्णन, अगस्त्याश्रमवर्णन, पम्पासरोवर एवं शाल्मलीवृक्ष आदि का वर्णन प्राप्त होता है।
- **रघुवंशम् -** यह महाकविकालिदास द्वारा विरचित महाकाव्य है। इस महाकाव्य में 19 सर्ग हैं। इसमें 31 रघुवंशी राजाओं का वर्णन प्राप्त होता है।
  रघुवंशम् के मुख्य वर्णन- राजा दिलीप द्वारा नन्दिनी (गाय) की सेवा' रघु दिग्विजय वर्णन, इन्दुमती-स्वयंवर वर्णन, अज विलाप, राम आदि पुत्रों का जन्म और सीता स्वयंवर आदि का वर्णन मिलता है।
- **किरातार्जुनीयम् -** महाकवि भारवि की एकमात्र रचना किरातार्जुनीयम् महाकाव्य है। यह बृहत्त्रयी के अन्तर्गत आता है। यह महाकाव्य महाभारत के वनपर्व की एक घटना को अधिकृत करके रचा गया है। जो 18 सर्गों में वर्णित है।
  प्रमुख वर्णन- युधिष्ठिर वनेचर संवाद, इन्द्रकील पर्वत वर्णन, अर्जुन की कठिन तपस्या, सुरत एवं प्रभात वर्णन और पाशुपत-अस्त्र प्राप्ति आदि का वर्णन मिलता है।
- **शिवराजविजय-** यह अम्बिकादत्तव्यास द्वारा विरचित ऐतिहासिक उपन्यास है। तीन विराम तथा 12 निःश्वासों में विभक्त है।
  प्रमुख वर्णन- इसमें सूर्योदय वर्णन, सूर्यास्त वर्णन, चन्द्रोदय वर्णन, ब्रह्मचारिगुरु, योगिराज वर्णन, यवनयुवक आदि का वर्णन है।
  स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से ज्ञात होता है कि शाल्मली वृक्ष का वर्णन कादम्बरी कथामुख में मिलता है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**
  स्रोत- कादम्बरी कथामुख - तारिणीश झा, भू० पेज-32

02. पुत्र-प्राप्ति की कामना से राजा दिलीप ने किस ऋषि के आश्रम में गो-सेवा की?
(A) काश्यप (B) अत्रि
(C) वशिष्ठ (D) विश्वामित्र

व्याख्या-

- **वशिष्ठ-** रघुवंशमहाकाव्य कालिदास द्वारा विरचित 19 सर्गों का महाकाव्य है। इस महाकाव्य में राजा दिलीप की पत्नी मगध वंश की राजकुमारी सुदक्षिणा की सन्तानहीनता के कारण दिलीप अपने कुलगुरु वशिष्ठ के आश्रम में पहुँचे और उन्होंने अपने दुःख का वर्णन किया। वशिष्ठ ने राजा को कामधेनु की पुत्री नन्दिनी (गौ) की सेवा का उपदेश दिया। तदनुसार राजा पत्नी सहित वहीं रहकर नन्दिनी की सेवा में लग गये।
- **काश्यप-** अभिज्ञानशाकुन्तलम् में काश्यप एक त्रिकालज्ञ महर्षि हैं। इन्होंने शकुन्तला को पुत्री के तुल्य पाला है। उसके अनिष्ट निवारणार्थ वे सोमतीर्थ जाते हैं। गान्धर्व विवाह के लिए स्वीकृति देते हैं और शकुन्तला की विदाई के समय सच्चे पिता के तुल्य करुण भाव से द्रवित हो जाते हैं।
- **अत्रि-** महर्षि अत्रि और सती अनसूया के पुत्र दुर्वासा ऋषि हैं। अत्रि ऋषि की गणना सप्तर्षियों में की जाती है।
  सप्तर्षि- कश्यप, अत्रि, भारद्वाज, गौतम, विश्वामित्र, जमदग्नि एवं वशिष्ठ हैं।
- **विश्वामित्र-** विश्वामित्र और मेनका की पुत्री शकुन्तला है। विश्वामित्र भी सप्तर्षियों में परिगणित हैं।
  स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि राजा दिलीप ने वशिष्ठ ऋषि के आश्रम में गो-सेवा की। **अतः विकल्प 'C' सही है।**
  स्रोत- रघुवंशमहाकाव्यम् - श्रीहरिगोविन्द मिश्र, पेज-14

03. संस्कृत में प्रसिद्ध नाटककार विशाखदत्त की कृति का नाम है-
(A) हितोपदेश (B) मुद्राराक्षस
(C) शिशुपालवध (D) मृच्छकटिक

व्याख्या-

- **मुद्राराक्षस-** यह विशाखदत्त द्वारा विरचित सात अङ्कों का नाटक है। वीररस प्रधान मुद्रा (राक्षस की अँगूठी) के द्वारा राक्षस को वश में करने के मुख्य कथानक होने से इसे

मुद्राराक्षस कहते हैं। इसमें कुल 29 पात्र हैं। यह विदूषक एवं नायिका विहीन नाटक है।

- **हितोपदेश-** हितोपदेश पञ्चतन्त्र पर आश्रित नीतिकथाओं में सर्वाधिक प्रचलित है। इसकी रचना बंगाल के राजा धवलचन्द्र के आश्रित नारायण पण्डित ने की थी। हितोपदेश चार भागों में विभक्त है- मित्रलाभ, सुहृद्भेद, विग्रह तथा सन्धि।
- **शिशुपालवधम् -** यह माघकवि की एकमात्र रचना 20 सर्गों के महाकाव्य के रूप में है। देवर्षि नारद के द्वारा इन्द्र का सन्देश द्वारकापुरी में कृष्ण को मिलता है जिसमें शिशुपाल के अत्याचार से जगत् के रक्षा की प्रार्थना है।
- **मृच्छकटिकम् -** मृच्छकटिक के रचयिता के रूप में शूद्रक संस्कृत जगत् में विख्यात हैं। यह एक प्रकरणग्रन्थ है जिसमें 10 अङ्क हैं। इस प्रकरणग्रन्थ का नायक चारुदत्त और गणिका नायिका वसन्तसेना है। कुलजा नायिका धूता है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि प्रसिद्ध नाटककार विशाखदत्त की रचना का नाम मुद्राराक्षस है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- संस्कृतगङ्गा साहित्यम् - सर्वज्ञभूषण, पेज-291

04. 'मनुस्मृति' के अनुसार धर्म के लक्षण हैं-

(A) आठ **(B) दस**
(C) पाँच **(D) चार**

व्याख्या-

- मनुस्मृति के प्रणेता 'मनु' ही कहे जाते हैं। इसमें 12 अध्याय और 2694 श्लोक हैं।

धर्म के दस लक्षण इसप्रकार हैं-

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्॥

(मनुस्मृति- 6.92)

- ब्रह्म, दैव, आर्ष, प्राजापत्य, आसुर, गान्धर्व, राक्षस और पैशाच ये आठ प्रकार के विवाह होते हैं।

ब्राह्मो दैवस्तथैवार्षः प्राजापत्यस्तथाऽसुरः।
गान्धर्वो राक्षसश्चैव पैशाचश्चाष्टमोऽधमः।। (मनु0)

पाँच- मनुस्मृति के तृतीय अध्याय में पञ्चमहायज्ञों का विधान किया गया है-

अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तु तर्पणम्।
होमो दैवो बलिर्भौतो नृयज्ञोऽतिथिपूजनम्॥

(3.70)

पढ़ना-पढ़ाना, सन्ध्योपासन करना ब्रह्मयज्ञ कहलाता है और माता-पिता आदि की सेवा शुश्रूषा तथा भोजन आदि से तृप्त करना पितृयज्ञ है। प्रातः सायं हवन करना देवयज्ञ है। कीटों, पक्षियों, कुत्तों, भृत्यों आदि को भोजन का भाग बचाकर देना नृयज्ञ या 'बलिवैश्वदेवयज्ञ' कहलाता है। अतिथियों को भोजन देना और सेवा सत्कार करना नृयज्ञ अथवा अतिथियज्ञ कहलाता है।

चार- मनुस्मृति में धर्म का लक्षण बताया गया है-

श्रुतिः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः।
एतच्चतुर्विधं प्राहुः साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम्॥

(मनुस्मृति- 1.7)

श्रुति-वेद, स्मृति-धर्मशास्त्र, सदाचार-भद्रपुरुषों का आचार-व्यवहार, जो अपने को प्रिय लगे तथा उचित संकल्प से उत्पन्न इच्छा- ये चार धर्म के मूल कहे गये हैं। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- मनुस्मृति (6/92)-शिवराज कौण्डिन्यायन, पेज-446

05. 'अनाथपरिपालनं हि धर्मः अस्मद्विधानाम्' सूक्ति का सम्बन्ध है-

(A) सुभाषितरत्नावली **(B) चन्द्रापीडकथा**
(C) नीतिशतकम् **(D) वैराग्यशतकम्**

व्याख्या-

- **कादम्बरी-** बाणभट्ट द्वारा विरचित कादम्बरी गद्यकाव्य में चन्द्रापीडकथा का वर्णन किया गया है। इस गद्यकाव्य में तीन जन्मों की कथा का वर्णन है- (1) चन्द्रमा, चन्द्रापीड, शूद्रक (2) पुण्डरीक, वैशम्पायन, शुक

'अनाथपरिपालनं हि धर्मः अस्मद्विधानाम्' अनाथों का परिपालन ही हम लोगों का धर्म है। कादम्बरी की चन्द्रापीड कथा में यह वाक्य जाबालि ऋषि के पुत्र हारीत ने कहा है।

- **नीतिशतकम् -** भर्तृहरि द्वारा विरचित नीतिशतक मुक्तककाव्य है। इसमें कहा गया है कि-

सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः॥

सेवाधर्म बहुत कठिन है, योगियों के लिए भी इसको निभाना और समझना कठिन है।

- **वैराग्यशतकम् -** भर्तृहरि द्वारा रचित वैराग्यशतकम् में कहा गया है कि **'मनसि च परितुष्टे कोऽर्थवान् को दरिद्रः।'** मन से सन्तुष्ट होने पर न कोई धनी है और न कोई दरिद्र। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- कादम्बरी (कथामुख) - तारिणीश झा, पेज-383

06. अर्जुन के धनुष का नाम है–

(A) पाञ्चजन्य **(B) गाण्डीव**
(C) पाशुपत **(D) पुष्पधन्वा**

व्याख्या- महाभारत के 18 पर्वों में से भीष्मपर्व नामक पर्व से श्रीमद्भगवद्गीता उद्धृत है। इसमें 18 अध्याय हैं।

➤ **गाण्डीव-**

'गाण्डीवं स्त्रंसते हस्तात्त्वक्चैव परिदह्यते।
न च शक्नोम्यवस्थातुं भ्रमतीव च मे मनः॥'

(गीता 1/30)

अर्जुन कहते हैं कि मेरे हाथ से गाण्डीव धनुष गिर रहा है और त्वचा भी बहुत जल रही है तथा मेरा मन भ्रमित सा हो रहा है इसलिए मैं खड़ा रहने में भी समर्थ नहीं हूँ।

इस श्लोक में स्पष्ट है कि गाण्डीव अर्जुन के धनुष का नाम है।

➤ **पाञ्चजन्य-**

पाञ्चजन्यं हृषीकेशो देवदत्तं धनञ्जयः।
पौण्ड्रं दध्मौ महाशङ्खं भीमकर्मा वृकोदरः॥

(गीता-1.15)

शंख का नाम		शंखधारियों के नाम
पाञ्चजन्य	-	कृष्ण
देवदत्त	-	अर्जुन
पौण्ड्र	-	भीम
अनन्तविजय	-	युधिष्ठिर
सुघोष	-	नकुल
मणिपुष्पक	-	सहदेव

अनन्तविजयं राजा कुन्तीपुत्रो युधिष्ठिरः।
नकुलः सहदेवश्च सुघोषमणिपुष्पकौ॥

(गीता-16)

➤ **पाशुपत-** किरातार्जुनीयम् भारवि की एकमात्र कृति है। इस महाकाव्य में 18 सर्ग हैं। अर्जुन की तपस्या से प्रसन्न होकर शिव जी ने उनको पाशुपतास्त्र प्रदान किया था।

➤ **पुष्पधन्वा-** पुष्पधन्वा कामदेव को कहा जाता है। अमरकोष में पुष्पधन्वा के 21 नाम बताये गये हैं-

मदनो मन्मथो मारः प्रद्युम्नो मीनकेतनः।
कन्दर्पो दर्पकोऽनङ्गः कामः पञ्चशरः स्मरः॥

(1.1.26-27)

शम्बरारिर्मनसिजः कुसुमेषुरनन्यजः।
पुष्पधन्वा रतिपतिर्मकरध्वज आत्मभूः॥

➤ **ब्रह्मसूर्ऋष्यकेतुः स्यात् -** मदन, मन्मथ, मार, प्रद्युम्न, मीनकेतन, कन्दर्प, दर्पक, अनंग, काम, पञ्चशर, स्मर, शम्बरारि, मनसिज, कुसुमेषु, अनन्यज, पुष्पधन्वन्, रतिपति, मकरध्वज, आत्मभू, ब्रह्मसू, ऋष्यकेतु।।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट होता है कि अर्जुन के धनुष का नाम गाण्डीव था। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- गीता (1/30)

07. 'क्रीडनकम्' शब्द का अभिप्राय है-
(A) खेल **(B) खेलना**
(C) खेल का मैदान **(D) खिलौना**

व्याख्या-

	संस्कृत शब्द		हिन्दी अर्थ
(i)	क्रीडनकम्	-	खिलौना
(ii)	क्रीडा	-	खेल
(iii)	क्रीडाक्षेत्रम्	-	खेल का मैदान
(iv)	क्रीडति	-	खेलना
(v)	क्रीडकः	-	खिलाड़ी

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'क्रीडनकम्' शब्द का अर्थ खिलौना है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- संस्कृत सम्भाषणशब्दकोश - सर्वज्ञभूषण, पेज-64

08. 'आश्रमे वटाश्वत्थनिम्बाशोकाम्रामलक-वृक्षाः आसन्', वाक्य में उल्लिखित वृक्षों की संख्या है–
(A) चार **(B) पाँच**
(C) छह **(D) सात**

व्याख्या- "वट-अश्वत्थ-निम्ब-अशोक-आम्र-आमलक..." इससे स्पष्ट है कि इस वाक्य में 6 वृक्षों की गणना की गयी है।

1.	वट	=	बरगद
2.	अश्वत्थ	=	पीपल
3.	निम्ब	=	नीम
4.	अशोक	=	अशोक
5.	आम्र	=	आम
6.	आमलक	=	आँवला

अतः विकल्प 'C' सही है।

09. विजातीय पद का चयन कीजिए–
(A) लूता **(B) एला**
(C) लवङ्गम् **(D) मधुयष्टि**

व्याख्या-

संस्कृत शब्द		अर्थ
लूता	-	मकड़ी
एला	-	इलायची
लवङ्गम्	-	लौंग
मधुयष्टि	-	मुलेठी

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त अर्थों से स्पष्ट होता है कि एला,

लवङ्गम् , मधुयष्टि ये तीनों एक प्रजाति के हैं और लूता (मकड़ी) इनसे भिन्न है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत- सम्भाषण शब्दकोश - सर्वज्ञभूषण, पेज-36,28,39,29

10. 'चतुस्त्रिंशत्' संख्या है–

(A) 304 (B) 430
(C) 43 (D) 34

व्याख्या-

संख्या		संस्कृत संख्या
34	-	चतुस्त्रिंशत्
43	-	त्रिचत्वारिंशत्
304	-	चतुरधिकत्रिशतम्
430	-	त्रिंशदधिकचतुश्शतम्

अतः विकल्प 'D' सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-139

11. 'आभ्यन्तर प्रयत्न' के प्रकार हैं–

(A) पाँच (B) दो
(C) चार (D) तीन

व्याख्या-

प्रयत्न- प्रयत्न दो प्रकार का होता है। बाह्यप्रयत्न और आभ्यन्तरप्रयत्न।

- **आभ्यन्तर प्रयत्न-** 5 प्रकार का होता है-

(1) स्पृष्ट	(2) ईषत्स्पृष्ट	(3) विवृत
स्पर्श वर्णों का	अन्तःस्थानाम्	स्वरों का
(क से म तक)	यण्	(अच्)
(4) ईषद्विवृत	**(5) संवृत**	
ऊष्मवर्ण	अ	
(शल्)		

- **बाह्य प्रयत्न-** यह 11 प्रकार का होता है। विवार, संवार, श्वास, नाद, घोष, अघोष, अल्पप्राण, महाप्राण, उदात्त, अनुदात्त, स्वरित।
- **अन्तःस्थवर्ण-** यण् प्रत्याहार के अन्तर्गत चार वर्ण आते हैं- य् व् र् ल्। इन्हें अन्तःस्थ वर्ण भी कहते हैं।
- स्वरों का बाह्य प्रयत्न उदात्त अनुदात्त और स्वरित होता है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि आभ्यन्तर प्रयत्न पाँच प्रकार का होता है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत- संज्ञाप्रकरणम् - राममुनि पाण्डेय, पेज-11

12. उपेन्द्रः पद का सन्धि-विच्छेद है–

(A) उप + एन्द्रः (B) उप + इन्द्रः
(C) उपा + इन्द्रः (D) उप + ऐन्द्रः

व्याख्या- गुणसन्धि **सूत्र-** आद्गुणः

आद्गुणः सूत्र से यदि अ या आ के बाद ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ, ऌ आते हैं तो दोनों मिलकर क्रमशः ए, ओ, अर् और अल् गुण हो जाता है।

उदाहरण-

अ + ई = ए
अ + इ = ए
आ + इ = ए
आ + ई = ए आदि

उदाहरण- उप + इन्द्रः = उपेन्द्रः
रमा + ईशः = रमेशः
महा + ईशः = महेशः
महा + उत्सवः = महोत्सवः

अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत- संज्ञाप्रकरणम् - राममुनि पाण्डेय, पेज-22

13. 'सकार' का 'शकार' से योग होने पर क्या परिवर्तन होता है?

(A) सकार का रेफ हो जाता है।
(B) सकार का शकार हो जाता है।
(C) सकार का सकार हो जाता है।
(D) सकार का विसर्ग हो जाता है।

व्याख्या- स्तोः श्चुना श्चुः - यह सूत्र कहता है कि स् और तवर्ग (त् थ् द् ध् न्) के किसी वर्ण का जब श् और चवर्ग (च् छ् ज् झ् ञ्) के किसी भी वर्ण से योग होता है। तो सकार के स्थान पर शकार और तवर्ग के स्थान पर चवर्ग हो जाता है।

स्थानी- स् त् थ् द् ध् न्
आदेश- श् च् छ् ज् झ् ञ्

उदाहरण-

रामस् + शेते = रामश्शेते
रामस् + चिनोति = रामश्चिनोति

अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत- संज्ञाप्रकरणम् - राममुनि पाण्डेय, पेज-45

14. 'भूतपूर्वः' इस समस्त पद का विग्रह होगा–

(A) पूर्वे भूतः (B) पूर्वं भूतः
(C) पूर्वस्य भूतः (D) पूर्वात् भूतः

व्याख्या- समास पाँच प्रकार का होता है-

1. केवल समास 2. अव्ययीभाव समास
3. तत्पुरुष समास 4. बहुव्रीहि समास 5. द्वन्द्व समास।

➢ केवल समास का उदाहरण है- भूतपूर्वः

समस्तपद	लौकिक विग्रह	अलौकिक विग्रह
भूतपूर्वः	पूर्वं भूतः	पूर्व अम् भूत सु

➢ **'सह सुपा'** सूत्र से भूतपूर्वः में केवल समास हुआ है।

अन्य उदाहरण-

समस्तपद	लौकिक विग्रह	अलौकिक विग्रह
वागर्थाविव	वागर्थौ इव	वागर्थ औ इव
अदृष्टपूर्वः	पूर्वम् अदृष्टः	पूर्व अम् अदृष्ट सु
जीमूतस्येव	जीमूतस्य इव	जीमूत ङस् इव

अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत- समासप्रकरणम् - राममुनि पाण्डेय, पेज-5

15. 'हरये रोचते भक्तिः' वाक्य में 'हरये' पद में विभक्ति है–
(A) तृतीया **(B) पञ्चमी**
(C) चतुर्थी **(D) सप्तमी**

व्याख्या-

➢ **चतुर्थी-** 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः'-
रुच् धातु और इसके समान अर्थवाली धातुओं के योग में प्रीयमाण प्रसन्न होने वाले व्यक्ति की सम्प्रदानसंज्ञा होती है।
उदाहरण- हरये रोचते भक्तिः (हरि को भक्ति अच्छी लगती है।) इस वाक्य में रुच् धातु के योग में प्रीयमाण = प्रसन्न होने वाले हरि की 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' सूत्र से सम्प्रदानसंज्ञा हुई और 'चतुर्थी सम्प्रदाने' सूत्र से चतुर्थी विभक्ति होकर 'हरये' बना।

➢ **तृतीया-** येनाङ्गविकारः (2.3.20) जिस विकृत अङ्ग के द्वारा अङ्गी का विकार द्योतित होता है, उस विकृत अङ्ग से तृतीया विभक्ति होती है।
उदाहरण- (1) अक्ष्णा काणः (2) कर्णेन बधिरः (3) पादेन खञ्जः आदि। यहाँ अक्ष्णा, कर्णेन और पादेन में तृतीया विभक्ति हुई है।

➢ **पञ्चमी-** भीत्रार्थानां भयहेतुः (1.4.25) भय के अर्थवाली और त्राणार्थक धातुओं के योग में जिससे भय हो और जिससे रक्षा की जाय, उसकी अपादानसंज्ञा होती है और उसमें पञ्चमी विभक्ति का प्रयोग होता है। जैसे- चोराद् बिभेति (चोर से डरता है) यहाँ 'चोराद्' में पञ्चमी विभक्ति हुई है।

➢ **सप्तमी-** निमित्तात् कर्मयोगे-
कर्म योग में निमित्तवाची शब्द से सप्तमी विभक्ति होती है यदि वह निमित्त (फल) उस क्रिया के कर्म से संयुक्त हो।
उदाहरण- चर्मणि द्वीपिनं हन्ति (चमड़े के लिए द्वीपी अर्थात् गैंडे को मारता है) यहाँ 'चर्मणि' में सप्तमी विभक्ति है।
स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि 'हरये रोचते भक्तिः' वाक्य में 'हरये' पद में चतुर्थी विभक्ति है।

अतः विकल्प 'C' सही है।

स्रोत- कारकप्रकरणम् (1.4.33)-राममुनि पाण्डेय, पेज-66

16. परिमाणमात्र में कौन सी विभक्ति होती है?
(A) प्रथमा **(B) चतुर्थी**
(C) द्वितीया **(D) पञ्चमी**

व्याख्या-

➢ **प्रथमा-** प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा-
प्रातिपदिकार्थमात्र में, लिङ्गमात्र की अधिकता में, परिमाणमात्र में और वचनमात्र (संख्यामात्र) अर्थ में प्रथमा विभक्ति होती है। यह सूत्र प्रथमा विभक्ति का विधान करता है। प्रथमा विभक्ति की सु, औ, जस् का प्रयोग प्रातिपदिकार्थ, लिङ्ग, परिमाण एवं वचन (संख्या) को अभिव्यक्त कराने के लिए होता है।
प्रातिपदिकार्थ का उदाहरण- कृष्णः, श्रीः, ज्ञानम्, उच्चैः, नीचैः
लिङ्ग - तटः, तटी, तटम्
परिमाण - द्रोणो व्रीहिः
वचनमात्रे - एकः, द्वौ, बहवः

➢ **चतुर्थी-** स्पृहेरीप्सितः (1.4.26) स्पृह् धातु के योग में ईप्सित (जिसको चाहा जाय) की सम्प्रदानसंज्ञा होती है।
उदाहरण- पुष्पेभ्यः स्पृहयति (फूलों को चाहता है)
स्पृह् धातु के योग होने पर पुष्पेभ्यः की 'स्पृहेरीप्सितः' से सम्प्रदानसंज्ञा और 'चतुर्थी सम्प्रदाने' से चतुर्थी विभक्ति हुई।

➢ **द्वितीया-** अधिशीङ्स्थासां कर्म (1.4.46) अधि उपसर्गपूर्वक शीङ्, स्था, आस् धातुओं के आधार की कर्मसंज्ञा होती है। जैसे- अधिशेते, अधितिष्ठति, अध्यास्ते वा वैकुण्ठं हरिः।
उदाहरण- 'अधिशेते वैकुण्ठं हरिः' - (हरि वैकुण्ठ में सोते हैं) इस वाक्य में 'शयन क्रिया' का आधार वैकुण्ठ है। अधि उपसर्गपूर्वक स्था धातु से निष्पन्न 'अधिशेते' के योग में आधार वैकुण्ठ की 'अधिशीङ्स्थासांकर्म' सूत्र से कर्म संज्ञा हुई और 'कर्मणि द्वितीया' सूत्र से द्वितीया विभक्ति होकर वैकुण्ठम् बना।
अन्य उदाहरण-
हरिः वैकुण्ठम् अध्यास्ते।
हरिः वैकुण्ठम् अधितिष्ठति।

➢ **पञ्चमी-** जनिकर्तुः प्रकृतिः (1.4.30) 'जन्' धातु के कर्ता के कारण की अपादान संज्ञा होती है।
उदाहरण- ब्रह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते (ब्रह्मा से प्रजाएँ उत्पन्न होती हैं) इस वाक्य में जन् (जायते) धातु का कर्ता प्रजा है

और उसकी प्रकृति (कारण) ब्रह्मा है, अतः 'जनिकर्तुः प्रकृतिः' सूत्र से कारण ब्रह्मा की अपादान संज्ञा हुई और 'अपादाने पञ्चमी' सूत्र से पञ्चमी विभक्ति होकर ब्रह्मणः बना।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त उल्लेख से स्पष्ट होता है कि परिमाणमात्र में प्रथमा विभक्ति होती है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत- कारकप्रकरणम् (2.3.46)-राममुनि पाण्डेय,पेज-22

17. व्यायामेन शरीरं स्वस्थं भवति। वाक्य के रेखाङ्कित पद में प्रयुक्त कारक है–

(A) कर्म **(B) करण**

(C) सम्प्रदान **(D) अपादान**

व्याख्या-

➢ **करण-** साधकतमं करणम्- (1.4.42)
क्रिया की सिद्धि में जो सबसे अधिक सहायक होता है उसे करण कहते हैं।
उदाहरण- व्यायामेन शरीरं स्वस्थं भवति। (व्यायाम करने से शरीर स्वस्थ होता है) 'साधकतमं करणम्' से व्यायाम की करण संज्ञा और 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' से तृतीया विभक्ति हुई है।
अन्य उदाहरण- रामेण बाणेन हतो वाली।
रामः जलेन मुखं प्रक्षालयति।

➢ **कर्म-** कर्तुरीप्सिततमं कर्म (1.4.49) कर्ता की क्रिया के द्वारा सबसे अधिक चाहे गये पदार्थ की कर्मसंज्ञा होती है।
उदाहरण- पयसा ओदनं भुङ्क्ते- (दूध से चावल खाता है) यहाँ ओदन (चावल) कर्ता को अभीष्ट है वह दूध से चावल खाना चाहता है इसलिये ओदनं में 'कर्तुरीप्सिततमं कर्म' से कर्मसंज्ञा और 'कर्मणि द्वितीया' से द्वितीया विभक्ति हुई।
जबकि 'पयसा' करणकारक है चावल खाने में सहायक होने के कारण 'साधकतमं करणम्' से पयसा की करणसंज्ञा 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' से तृतीया विभक्ति हुई है।

➢ **सम्प्रदान-** कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् (1.4.32) दान क्रिया के कर्म द्वारा कर्ता जिसको सन्तुष्ट करता है उसे सम्प्रदान कहते हैं। चतुर्थी सम्प्रदाने (2.3.13) - से चतुर्थी विभक्ति होती है।
उदाहरण- विप्राय गां ददाति (ब्राह्मण को गाय देता है।)
'कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्' सूत्र से विप्र की सम्प्रदान संज्ञा हुई और 'चतुर्थी सम्प्रदाने' सूत्र से सम्प्रदान विप्र में चतुर्थी विभक्ति होकर 'विप्राय' बना।

➢ **अपादान-** आख्यातोपयोगे (1.4.29) नियमपूर्वक विद्या पढ़ने में आख्याता अर्थात् पढ़ाने वाले की अपादान संज्ञा होती है।

➢ **उपाध्यायादधीते-** (वह उपाध्याय से नियमपूर्वक पढ़ता है) इस वाक्य में नियम विशेष पालन करते हुए उपाध्याय से पढ़ता है अतः 'आख्यातोपयोगे' सूत्र से उपाध्याय की अपादान संज्ञा हुई और 'अपादाने पञ्चमी' सूत्र से पञ्चमी विभक्ति होकर 'उपाध्यायाद्' बना।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि 'व्यायामेन शरीरं स्वस्थं भवति' में 'व्यायामेन' में करण कारक है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- कारकप्रकरणम् - राममुनि पाण्डेय, पेज-58

18. 'नवपलाशपलाशवनं.....' में अलङ्कार है–

(A) श्लेष **(B) यमक**

(C) अनुप्रास **(D) उत्प्रेक्षा**

व्याख्या-

➢ **श्लेष- श्लिष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष इष्यते।**
वर्णप्रत्ययलिङ्गानां प्रकृत्योः पदयोरपि॥
श्लेषाद्विभक्तिवचनभाषाणामष्टधा च सः।
श्लिष्ट पदों से अनेक अर्थों का अभिधान होने पर श्लेषालङ्कार होता है।
वर्ण, प्रत्यय, लिङ्ग, प्रकृति, पद, विभक्ति, वचन और भाषा इनके श्लिष्ट होने के कारण वर्णश्लेष, प्रत्ययश्लेष आदि भेदों से यह अलङ्कार आठ प्रकार का होता है।
उदाहरण-
प्रतिकूलतामुपगते हि विधौ विफलत्वमेति बहुसाधनता।
अवलम्बनाय दिनभर्तुरभून्न पतिष्यतः करसहस्रमपि।।
विधि (दैव) अथवा विधु (चन्द्रमा) के प्रतिकूल होने पर सब साधन विफल हो जाते हैं। अस्त होने के समय सूर्य की हजार किरणें भी सहारा देने को पर्याप्त न हो सकीं (क्योंकि विधु प्रतिकूल दिशा में स्थित था।) पूर्णिमा के दिन सूर्यास्त के समय सूर्य की विपरीत पूर्व दिशा में चन्द्रमा निकला करता है। जब सहस्रकर वाले सूर्य भी विधु की प्रतिकूलता के समय गिरने से न बचे तो विधि की प्रतिकूलता में औरों की तो बात ही क्या।
स्पष्टीकरण- यहाँ 'विधौ' इस पद में 'विधि' और 'विधु' शब्दों के अन्तिम वर्ण (इकार और उकार) औकार के रूप में आ गये हैं, अतः उक्त दोनों वर्णों का यहाँ श्लेष है।

➢ **यमक-**
सत्यर्थे पृथगर्थायाः, स्वरव्यञ्जनसंहतेः।
क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते॥
स्वर और व्यञ्जनों के सार्थक समूह की पुनरावृत्ति जहाँ इस प्रकार हो कि प्रत्येक आवृत्ति में अर्थ में परिवर्तन हो जाय वहाँ यमक अलंकार होता है। निरर्थक पदों की आवृत्ति में भी

यमक होता है।

उदाहरण-

नवपलाशपलाशवनं पुरः स्फुटपरागपरागतपङ्कजम्।
मृदुलतान्तलतान्तमलोकयत् ससुरभिं सुरभिं सुमनोभरैः॥

जिसमें पलाशों का वन नवीन पलाशों से युक्त हो गया है और कमल बढ़े हुए पराग से युक्त हो गये हैं एवं लतान्त (लताओं के प्रान्त) जिसमें मृदु कोमल और लतान्त (झुके हुये) हो गये हैं; पुष्पों की अधिकता से सुरभि (सुगन्धित) उस सुरभि (वसन्तऋतु) को श्रीकृष्ण ने रैवतक पर्वत पर देखा।

➢ **अनुप्रास- 'अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत्'** अर्थात् स्वरों में समानता न होते हुए भी समान व्यञ्जनों अथवा वर्णों की बार-बार आवृत्ति अनुप्रास अलङ्कार है।

उदाहरण-

समालिङ्गन्नङ्गं द्रुततरमनङ्गं प्रबलयन्।
मरुन्मन्दं मन्दं दलितमरविन्दं तरलयन्॥

यहाँ पर ङ्ग, ङ्ग और न्द, न्द का वर्णसाम्य है अतः यह अनुप्रास अलङ्कार है।

➢ **उत्प्रेक्षा- साम्यं वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्य उपमा द्वयोः** जहाँ उपमान और उपमेय का साम्य अथवा सादृश्य हो जो एक में प्रतिपादित हो और जिसमें वैधर्म्य की कोई भी चर्चा नहीं होती है। वहाँ पर उत्प्रेक्षा अलङ्कार होता है।

उदाहरण-

मधुरः सुधावदधरः पल्लवतुल्योऽतिपेलवः पाणिः।
चकितमृगलोचनाभ्यां सदृशीचपले च लोचने तस्याः॥

अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत- छन्दोऽलङ्कारसौरभम् - राजेन्द्रमिश्र, पेज-60

19. 'तस्मै' पद का विभक्ति एवं वचन है–
(A) चतुर्थी एकवचन **(B) षष्ठी एकवचन**
(C) सप्तमी एकवचन **(D) सप्तमी बहुवचन**

व्याख्या-

तद् शब्द पुँल्लिङ्ग में

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	सः	तौ	ते
द्वितीया	तम्	तौ	तान्
तृतीया	तेन	ताभ्याम्	तैः
चतुर्थी	तस्मै	ताभ्याम्	तेभ्यः
पञ्चमी	तस्मात्	ताभ्याम्	तेभ्यः
षष्ठी	तस्य	तयोः	तेषाम्
सप्तमी	तस्मिन्	तयोः	तेषु

स्पष्टीकरण- अतः 'तस्मै' पद चतुर्थी एकवचन में बनता है **इसलिए विकल्प 'A' सही है।**

षष्ठी एकवचन - तस्य

सप्तमी एकवचन - तस्मिन्

सप्तमी बहुवचन - तेषु

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-133

20. 'अकथितं च' सूत्र के अन्तर्गत कितनी द्विकर्मक धातुएँ हैं?
(A) 16 **(B)** 14
(C) 13 **(D)** 10

व्याख्या-

➢ 'अकथितं च' सूत्र कर्मसंज्ञा करता है। इसमें 16 धातुएँ परिगणित हैं।

दुह्याच्-पच्-दण्ड्-रुधि-प्रच्छि-चि-ब्रू-शासु-जि-मथ-मुषाम्।
कर्मयुक् स्यादकथितं तथा स्यान्नीहृकृष्वहाम्॥

(1) दुह् (2) याच् (3) पच् (4) दण्ड् (5) रुध् (6) प्रच्छ् (7) चि (8) ब्रू (9) शास् (10) जि (11) मथ् (12) मुष् (13) नी (14) हृ (15) कृष् (16) वह्।।

➢ **माहेश्वर सूत्रों की संख्या- 14 है, जो इस प्रकार हैं-**
1. अइउण् 2. ऋऌक् 3. एओङ् 4. ऐऔच् 5. हयवरट् 6. लण् 7. ञमङणनम् 8. झभञ् 9. घढधष् 10. जबगडदश् 11. खफछठथचटतव् 12. कपय् 13. शषसर् 14. हल्

➢ **बाह्ययत्न 11 प्रकार के होते हैं-**
(1) संवार (2) विवार (3) श्वास (4) नाद (5) घोष (6) अघोष (7) अल्पप्राण (8) महाप्राण (9) उदात्त (10) अनुदात्त (11) स्वरित

➢ **लकार 10 होते हैं-**
(1) लट् (2) लिट् (3) लुट् (4) लोट् (5) लङ् (6) ऌट् (7) विधिलिङ् (8) ऌङ् (9) आशीर्लिङ् (10) लुङ् लकार

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि द्विकर्मकधातुएँ 16 हैं। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत- कारकप्रकरणम् - राममुनि पाण्डेय, पेज-32

21. 'सम्प्रति वायु-प्रदूषणस्य दूरीकरणाय नगरे उद्यानम् आवश्यकम्।' वाक्य में 'अव्यय' पद है-
(A) दूरीकरणाय **(B) नगरे**
(C) आवश्यकम् **(D) सम्प्रति**

व्याख्या-

दूरीकरणाय - दूर करने के लिए
नगरे - नगर में
आवश्यकम् - महत्त्वपूर्ण
सम्प्रति - इसी समय, अब

अतः सम्प्रति पद अव्यय है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

अन्य अव्यय पद-

इदानीम् - अब/इस समय
अधुना - अब
अधुनापि - आज की/अभी
अधुनैव - अभी

स्रोत- सम्भाषण-शब्दकोश - सर्वज्ञभूषण, पेज-114

22. 'जानीहि' 'ज्ञा' धातु का रूप है–
(A) लट्लकार, प्रथमपुरुष, एकवचन में
(B) लङ्लकार, प्रथमपुरुष, एकवचन में
(C) लोट्लकार, मध्यमपुरुष, एकवचन में
(D) लुट्लकार, उत्तमपुरुष, एकवचन में

व्याख्या-

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
		लट्लकार	
प्र.पु.	जानाति	जानीतः	जानन्ति
म.पु.	जानासि	जानीथः	जानीथ
उ.पु.	जानामि	जानीवः	जानीमः
		लोट्लकार	
प्र.पु.	जानातु	जानीताम्	जानन्तु
म.पु.	जानीहि	जानीतम्	जानीत
उ.पु.	जानानि	जानाव	जानाम
		लङ्लकार	
प्र.पु.	अजानात्	अजानीताम्	अजानन्
म.पु.	अजानाः	आजानीतम्	अजानीत
उ.पु.	अजानाम्	अजानीव	अजानीम
		लुट्लकार	
प्र.पु.	ज्ञाता	ज्ञातारौ	ज्ञातारः
म.पु.	ज्ञातासि	ज्ञातास्थः	ज्ञातास्थ
उ.पु.	ज्ञातास्मि	ज्ञातास्वः	ज्ञातास्मः

स्पष्टीकरण- 'जानीहि' यह लोट्लकार मध्यमपुरुष एकवचन का रूप है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-184

23. क्रिया में वर्तमानकालिक निरन्तरता द्योतित करने के लिए प्रयुक्त होने वाला प्रत्यय है–
(A) क्त्वा **(B) तुमुन्**
(C) क्त **(D) शतृ**

व्याख्या-

➤ **क्त्वा प्रत्यय (पूर्वकालिक क्रिया)-** मुख्य क्रिया को करने से पहले जो काम किया जाता है उसे पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं। 'करें या करके' अर्थ में क्त्वा और ल्यप् होते हैं। क्त्वा का त्वा शेष बचता है। धातु से पहले उपसर्ग नहीं होगा तो क्त्वा होगा। यदि उपसर्ग होगा तो ल्यप् होगा। दोनों प्रत्ययान्त शब्द अव्यय होते हैं।

उदाहरण-

क्रीड् + क्त्वा = क्रीडित्वा (खेल करके)
कृ + क्त्वा = कृत्वा (करके)
ज्ञा + क्त्वा = ज्ञात्वा (जानकर)

➤ **तुमुन् प्रत्यय (उत्तरकालिक क्रिया)-** तुमुन् प्रत्यय 'के लिए' अर्थ में प्रयुक्त होता है। तुमुन् का 'तुम्' शेष रहता है। तुमुन् प्रत्ययान्त शब्द अव्यय होता है अतः रूप नहीं चलते। तुमुन् प्रत्यय निमित्त या प्रयोजन सूचित करने के लिए धातु के आगे तुम् (तुमुन् प्रत्यय) का प्रयोग होता है।

उदाहरण-

दा + तुमुन् = दातुम् (देने के लिए)
पठ् + तुमुन् = पठितुम् (पढने के लिए)
गम् + तुमुन् = गन्तुम् (जाने के लिए)

➤ **क्त प्रत्यय- (भूतकालिक कृदन्त)-** भूतकाल में (काम के पूर्णतया समाप्त हो जाने पर धातु से क्त और क्तवतु प्रत्यय होते हैं। इनमें 'क्त' में 'त' और क्तवतु में 'तवत्' शेष रहता है। क्त प्रत्यय सकर्मक धातुओं से कर्मवाच्य में तथा अकर्मक धातुओं से भाववाच्य में होता है।

क्त प्रत्ययान्त शब्दों के रूप अकारान्त शब्दों की तरह तीनों लिङ्गों में चलते हैं।

पुं.	स्त्री.	नपु.
गतः	गता	गतम्
पठितः	पठिता	पठितम्

➤ **शतृ प्रत्यय (वर्तमान कालिक कृदन्त)-**

हिन्दी के जाता हुआ, खाता हुआ, आदि अर्थों में परस्मैपदी धातुओं से शतृ (अन्) और आत्मनेपदी धातुओं से शानच् (आन्) प्रत्यय होते हैं।

➤ इन प्रत्ययों से बने शब्द विशेषणों की तरह प्रयुक्त होते हैं। अतः इनके लिङ्ग, वचन, विभक्ति अपने विशेष्य के अनुसार

होते हैं।

➤ शतृ में अन् और शानच् में आन् शेष बचता है।

उदाहरण-

	पु.	स्त्री.	नपु.
गम् + शतृ	गच्छन्	गच्छन्ती	गच्छत्
हस् + शतृ	हसन्	हसन्ती	हसत्
लिख् + शतृ	लिखन्	लिखन्ती	लिखत्
पठ् + शतृ	पठन्	पठन्ती	पठत्

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि वर्तमानकालिक क्रिया कृदन्त प्रत्यय शतृ प्रत्यय है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- संज्ञाप्रकरणम् - राममुनि पाण्डेय, पेज-117

24. 'मया रामः दृश्यते' वाक्य का वाच्य-परिवर्तन करने पर वाक्य होगा–
(A) अहं रामः पश्यामि (B) अहं रामं पश्यामि
(C) अहं रामं दर्शयामि (D) मया रामं पश्यामि

व्याख्या-

➤ वाच्य तीन प्रकार का होता है- (1) कर्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य (3) भाववाच्य

➤ कर्तृवाच्य में कर्ता में प्रथमा, कर्म में द्वितीया और क्रिया कर्ता के अनुसार होती हैं।

➤ कर्मवाच्य में कर्म की प्रधानता होती है, कर्म के अनुसार ही क्रिया का पुरुष, विभक्ति और वचन होते हैं। कर्मवाच्य के कर्म में प्रथमा, कर्ता में तृतीया और क्रिया कर्म के अनुसार होती है।

➤ भाववाच्य के वाक्य में क्रिया की प्रधानता होती है, भाववाच्य में कर्ता में तृतीया होती है। क्रिया में प्रथमपुरुष एकवचन का प्रयोग किया जाता है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त नियम के अनुसार-
मया को अहं, रामः को रामम् और दृश्यते कर्ता के अनुसार 'पश्यामि' में परिवर्तित हो जायेगा। यह कर्तृवाच्य में बनेगा- (कर्तृवाच्य) अहं रामं पश्यामि (मैं राम को देखता हूँ)। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-53

25. ''मैं मुख से बोलता हूँ'' वाक्य का अनुवाद होगा-
(A) अहं मुखं वदामि
(B) अहं मुखं वदति
(C) अहं मुखेन वदिष्यामि
(D) अहं मुखेन वदामि

व्याख्या- 'मैं मुख से बोलता हूँ' वाक्य में बोलना रूपी कार्य मुख से हो रहा है अर्थात् बोलने में मुख साधन है इसलिए 'साधकतमं करणम्' सूत्र से मुख की करण सञ्ज्ञा और 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' सूत्र से तृतीया विभक्ति।
'मैं' यह शब्द उत्तमपुरुष एकवचन का रूप इसी के अनुसार बोलना क्रिया भी उत्तमपुरुष एकवचन की होगी। यहाँ पर बोलना क्रिया लट्लकार की है अतः इसका अनुवाद होगा **अहं मुखेन वदामि। अतः विकल्प 'D' सही है।**

26. संस्कृत-काव्यशिक्षण का उद्देश्य नहीं है–
(A) छात्रों को रसानुभूति कराना।
(B) गति, यति, लय एवं भाव के अनुसार श्लोक-पाठ करने की क्षमता का विकास करना।
(C) शब्द भण्डार में वृद्धि करना।
(D) कविता के उदात्त भावों का विकास करना।

व्याख्या-

➤ **काव्यशिक्षण के उद्देश्य-**

1. संस्कृत कविता के प्रति छात्रों में सामान्य अनुराग उत्पन्न करना।
2. गति, यति, लय एवं भाव के अनुसार श्लोक पाठ करने की योग्यता उत्पन्न करना।
3. कविता के मुख्य भावों का परिष्कार करते हुए उनमें उदात्त भावों का विकास करना।
4. कविता के अन्तर्गत शब्द योजना के आधार पर दृश्य चित्रों की उद्भावना करना।
5. संस्कृत कविता का रसास्वादन करके अपने शब्दों में उनकी व्याख्या करने की क्षमता प्रदान करना।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त उद्देश्यों में 'शब्दभण्डार में वृद्धि करना' सम्मिलित नहीं है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

27. गद्य शिक्षण में किसका विशेष महत्त्व नहीं है?
(A) अनुकरण वाचन का
(B) विचार विश्लेषण का
(C) काठिन्य निवारण का
(D) लययुक्त सस्वर वाचन का

व्याख्या-

➤ गद्यकाव्य में शिक्षक के द्वारा अनुकरणवाचन कराया जाता है और विचार विश्लेषण भी होता है। जो कठिन-कठिन शब्द हैं उनका काठिन्य निवारण शिक्षक के द्वारा होता है।

➤ लययुक्त सस्वर वाचन पद्यकाव्य में होता है न कि गद्यकाव्य में। पद्यकाव्य में छन्दों के प्रयोग के साथ लययुक्त सस्वर वाचन किया जाता है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

28. श्लोक के एक-एक पद का अर्थ करते जाना किस प्रणाली का द्योतक है?
(A) व्याख्या प्रणाली का
(B) तुलना प्रणाली का
(C) समीक्षा प्रणाली का
(D) गीत एवं नाट्य प्रणाली का

व्याख्या-

- संस्कृत शिक्षण की पद्धतियों के निम्नलिखित शीर्षक हैं- 1. व्याकरण पद्धति 2. विश्लेषणात्मक पद्धति 3. व्याख्यापद्धति 4. अनुवाद पद्धति 5. प्रत्यक्ष पद्धति 6. हरबार्टीय पद्धति 7. मूल्यांकन का दृष्टिकोण 8. भण्डारकर विधि 9. पाठ्यपुस्तक पद्धति 10. निर्बाध पद्धति 11. स्फोटवाद 12. मीमांसा विधि 13. प्राचीन एवं नवीन पद्धतियों का समन्वय
- व्याख्या पद्धति में शिक्षक एक-एक शब्द को लेकर उसका अर्थ स्पष्ट करता है।
- व्याख्या से शब्दों का अर्थ स्पष्ट हो जाता है और छात्र नये-नये शब्दों का अर्थ जानकर उनका प्रयोग सीख जाते हैं। इस प्रकार छात्रों के शब्द-भण्डार की वृद्धि होती है।
- विषय ज्ञान की दृष्टि से भी व्याख्या विधि अच्छी होती है इससे सामग्री पर अच्छा प्रकाश पड़ जाता है और छात्र विषय वस्तु को ठीक समझ लेता है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि व्याख्या प्रणाली के अन्तर्गत श्लोक के एक-एक पद का अर्थ किया जाता है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

29. संस्कृत भाषा में कहानी शिक्षण करते समय शिक्षक को बचना चाहिए-
(A) चित्र या मुखौटा के प्रयोग से
(B) वार्तालाप से
(C) हाव-भाव प्रदर्शन से
(D) पुस्तक प्रयोग से

व्याख्या-

- छात्रों की कल्पनाशक्ति का विकास करना, उनकी तर्कशक्ति को विकसित करना तथा उनके चरित्र निर्माण में योग देना कथाशिक्षण के प्रमुख उद्देश्य हैं।
- उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति तभी होती है जब कथा को उपयुक्तरीति से पढ़ाया जाए। जैसे-

(1) कथा कण्ठस्थ करके न सुनाई जाए। कण्ठस्थ करके सुनाने में स्वाभाविकता नहीं रहती। कथा को भलीभाँति समझकर अपने शब्दों में उसे सुनाना चाहिए, पद्यों को कण्ठस्थ कर लेना चाहिए।

(2) कथा-कहानी सुनाते समय पुस्तक का आश्रय यथासम्भव नहीं लेना चाहिए।

(3) अध्यापक को कथा के सन्दर्भ, उसकी पृष्ठभूमि, तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियों, परम्पराओं एवं मान्यताओं का ज्ञान होना आवश्यक है।

(4) कथा संकोच व हिचकिचाहट से न कही जाए।

(5) यदि आवश्यक हो तो अध्यापक को यथावसर वाचिक अभिनय की ओर ध्यान देना चाहिए। उसकी मुखाकृति एवं अङ्गसञ्चालन का भी महत्त्व है।

(6) अध्यापक के कथन की भाषा सरल एवं सुबोध हो, शैली आकर्षक होनी चाहिए।

(7) कथा सुनाने में अध्यापक का दृष्टिकोण कहानी की विचारधारा के अनुसार चलना चाहिए। अध्यापक की तन्मयता, उत्सुकता तथा उत्साह कथा शिक्षण का प्राण है।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि कहानी शिक्षण में अध्यापक को पुस्तक-प्रयोग से बचना चाहिए। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- संस्कृतशिक्षण - डॉ. रामशकल पाण्डेय, पृष्ठ- 237-38

30. 'फ्लैश कार्ड' शिक्षण-अधिगम सामग्री है–
(A) दृश्य-श्रव्य **(B) श्रव्य**
(C) दृश्य **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या- शिक्षण कार्य में शिक्षण सामग्रियों का प्रयोग

1. दृश्य सहायक सामग्री
2. श्रव्य सहायक सामग्री
3. दृश्य श्रव्य सहायक सामग्री

- **दृश्य सामग्री-** इसमें वह सामग्री आती है जिसे देखकर ही शिक्षार्थी ज्ञान प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार की सामग्री को चार्ट से दिखाया जा सकता है।
- **प्रक्षेपी दृश्य सामग्री-** फिल्म, स्ट्रिप्स, मूक चलचित्र, प्रोजेक्टर्स मैजिक लैन्टर्स, एपीस्कोप एपिडाइस्कोप, स्टीरियोस्कोप स्लाइड
- **अप्रक्षेपी-** श्यामपट्ट, मानचित्र, एटलस, चार्ट, ग्लोब, डायग्राम चित्र, रेखाचित्र नमूना मॉडल बुलेटिन-बोर्ड, फ्लेनल बोर्ड, ग्राफ्स लेपेट, फ्लैश कार्ड।
- **श्रव्यसामग्री-** यह वह सामग्री है जो कानों से सुनकर ज्ञान

प्राप्त करते हैं।

उदाहरण-

1. टेप रिकार्डर, 2. रेडियो, 3. ग्रामोफोन, 4. रिकार्ड-प्लेयर

➤ **दृश्य-श्रव्य-सामग्री-**

यह वह सामग्री होती है जिसके द्वारा सुनकर एवं देखकर ज्ञान प्राप्त किया जाता है, जो निम्न प्रकार से हैं-

1. टेलीविजन 2. वीडियो 3. कम्प्यूटर 4. चलचित्र

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि फ्लैश कार्ड दृश्य सामग्री के अन्तर्गत आता है। अतः विकल्प 'C' सही है।

उत्तरमाला

1. D	2. C	3. B	4. B	5. B	6. B	7. D	8. C	9. A	10. D	11. A	12. B
13. B	14. B	15. C	16. A	17. B	18. B	19. A	20. A	21. D	22. C	23. D	24. B
25. D	26. C	27. D	28. A	29. D	30. C						

7. UP-TET संस्कृतम् | उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा- 6 से 8 तक) | 2016

01. 'रामेण बाणेन हतो वाली' में 'करण' है-
(A) राम (B) बाण
(C) राम और बाण (D) वाली

व्याख्या- 'क्रियासिद्धौ प्रकृष्टोपकारकं करणसञ्ज्ञं स्यात्' अर्थात् क्रिया की सिद्धि में जो सबसे अधिक उपकारक अर्थात् सहायक होता है उसकी करण सञ्ज्ञा होती है।

➢ **रामेण बाणेन हतो वाली-** राम ने बाण से वाली को मारा। यहाँ बाण के द्वारा हनन क्रिया होती है इसलिए 'बाण' प्रकृष्ट उपकारक है, इसलिए बाण की करण सञ्ज्ञा होती है।

स्पष्टीकरण- इस प्रकार 'रामेण बाणेन हतो वाली' में बाण करण है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

स्रोत- कारकप्रकरण - राममुनि पाण्डेय, पेज-57

02. 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' सूत्र का उदाहरण वाक्य है–
(A) रक्ष मां पापात्।
(B) वृक्षात् पत्राणि पतन्ति।
(C) असौ उपाध्यायात् अधीते।
(D) रामः पापात् जुगुप्सते।

व्याख्या-

➢ **'भीत्रार्थानां भयहेतुः'** अर्थात् जिससे डरा जाता है या जिससे रक्षा की जाती है उसमें अपादान संज्ञा होकर पञ्चमी विभक्ति होती है।

'रक्ष मां पापात्' अर्थात् पाप से मेरी रक्षा करो यहाँ पर पाप से रक्षा करने की ओर संकेत किया है इसलिए 'पाप' इस शब्द में पञ्चमी विभक्ति हुई है।

अन्य उदाहरण- सः चौरात् बिभेति (वह चोर से डरता है), पिता पुत्रं पापात् त्रायते (पिता पुत्र को पाप से बचाता है।)

➢ 'वृक्षात् पत्राणि पतन्ति' (वृक्ष से पत्ते गिरते हैं), में ध्रुवमपायेऽपादानम् से वृक्ष की अपादान सञ्ज्ञा और अपादाने पञ्चमी से पञ्चमी विभक्ति हुई है

➢ 'असौ उपाध्यायात् अधीते' (गुरु से अध्ययन करता है), में 'आख्यातोपयोगे' इस सूत्र से उपाध्याय की अपादान सञ्ज्ञा और 'अपादाने पञ्चमी' से पञ्चमी विभक्ति।

➢ रामः पापात् जुगुप्सते (राम पाप से घृणा करता है) इस वाक्य में 'जुगुप्साविरामप्रमादार्थानामुपसंख्यानम्' वार्तिक से पापात् में पञ्चमी विभक्ति हुई है। **अतः विकल्प 'A' सही है।**

स्रोत- अष्टाध्यायी (1.5.25)

03. करुणरस का स्थायीभाव है-
(A) उत्साह (B) रति
(C) करुणा (D) शोक

व्याख्या-

रस	स्थायीभाव	देवता
शृङ्गार	रति	विष्णु
वीररस	उत्साह	महेन्द्र
बीभत्स	जुगुप्सा	महाकाल
करुण	शोक	यम
अद्भुत	विस्मय	ब्रह्मा
हास्य	हास	प्रमथ
रौद्र	क्रोध	रुद्र
भयानक	भय	काल
शान्त	शम	श्रीनारायण

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि करुण रस का स्थायीभाव शोक है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- संस्कृतगङ्गा साहित्यम् - सर्वज्ञभूषण, पेज-303

04. केवल वैदिक संस्कृत में प्रयुक्त होने वाला लकार है-
(A) लेट् (B) लिङ्
(C) लुङ् (D) ऌङ्

व्याख्या- संस्कृत में दस लकार बताये गये हैं जो इस प्रकार हैं-

1. लट्लकार - वर्तमान काल
2. लिट्लकार - अनद्यतन परोक्षभूतकाल (बहुत प्राचीन काल को सूचित करने के लिए)
3. लुट्लकार - अनद्यतन भविष्यकाल (आज के पश्चात् भविष्य काल को सूचित करने के लिए)
4. ऌट्लकार - सामान्य भविष्यत् काल
5. लेट्लकार - (संशय अर्थ में) लेट् लकार का प्रयोग वेदों में किया जाता है। लौकिक संस्कृत में नहीं।
6. लोट्लकार - प्रेरणा तथा आज्ञा अर्थ में
7. लङ्लकार - (अनद्यतन भूतकाल) अब से पहले के भूतकाल को सूचित करने के लिए
8. लिङ्लकार - इसके दो भेद हैं

(i) विधिलिङ् - विधि, निमन्त्रण, आमन्त्रण, सम्प्रश्न, प्रार्थना (चाहिए अर्थ में)
(ii) आशीर्लिङ् - आशीर्वाद अर्थ में
9. लुङ्लकार - (सामान्यभूत) सामान्यभूतकाल को सूचित करने के लिए
10. लृङ्लकार - (हेतु हेतुमद्भाव भूत) जहाँ एक क्रिया के कारण दूसरी क्रिया हो।

अतः विकल्प 'A' सही है।

स्रोत- ऋक्सूक्तसंग्रह - हरिदत्तशास्त्री, पेज-32

05. 'धा' धातु से 'क्त्वा' प्रत्यय का योग होकर शब्द बनता है–
(A) धात्वा **(B) धायित्वा**
(C) धोत्वा **(D) हित्वा**

व्याख्या-

	धातु	क्त्वा	क्त	क्तवतु
1.	धा	हित्वा	हितः	हितवान्
2.	दुह्	दुग्ध्वा	दुग्धः	दुग्धवान्
3.	दह्	दग्ध्वा	दग्धः	दग्धवान्
4.	दा	दत्त्वा	दत्तः	दत्तवान्
5.	दृश्	दृष्ट्वा	दृष्टः	दृष्टवान्
6.	प्रच्छ्	पृष्ट्वा	पृष्टः	पृष्टवान्

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि 'धा + क्त्वा' से 'हित्वा' बनता है। 'धा' के 'हि' आदेश। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- संस्कृतगङ्गा व्याकरणम् - सर्वज्ञभूषण, पेज-223

06. 'सेव्' धातु से 'शानच्' प्रत्यय का योग होकर शब्द बनता है-
(A) सेवामानः **(B) सेवमानः**
(C) सेवशानः **(D) सेवानः**

व्याख्या-

धातु	क्त	शानच्	तुमुन्	अनीयर्
सेव्	सेवितः	सेवमानः	सेवितुम्	सेवनीयः
स्था	स्थितः	-	स्थातुम्	स्थानीयः
कृ	कृतः	कुर्वाणः	कर्तुम्	करणीयः
शी	शयितः	शयानः	शयितुम्	शयनीयः
धा	हितः	दधानः	धातुम्	धानीयः
प्रच्छ्	पृष्टः	-	प्रष्टुम्	प्रच्छनीयः
हन्	हतः	-	हन्तुम्	हननीयः

अतः विकल्प 'B' सही है।

स्रोत- रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-224

07. उच्च प्राथमिक स्तर गद्य-शिक्षण का उद्देश्य नहीं है–
(A) छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना।
(B) छात्रों के सूक्ति भण्डार में वृद्धि करना।
(C) छात्रों को स्पष्ट एवं शुद्ध उच्चारण में प्रशिक्षित करना।
(D) छात्रों में अभिनय-कला का विकास करना।

व्याख्या- उच्चप्राथमिक स्तर में गद्य शिक्षण का उद्देश्य है-
1. छात्रों के शब्दभण्डार में वृद्धि हो, ताकि वे नये शब्दों का अर्थ समझकर उचित प्रयोग कर सकें।
2. वे पाठगत ध्वनियों, शब्दों एवं वाक्यों का शुद्ध उच्चारण कर सकें।
3. छात्रों के सूक्ति भण्डार एवं शब्दभण्डार में वृद्धि करना।
4. वे पाठगत भावों और विचारों को ग्रहण कर सकें।
5. संस्कृत के प्रति उनमें अनुराग उत्पन्न हो सके।
6. छात्रों को अपने चरित्र-विकास में सहायता मिल सके।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि 'छात्रों में अभिनय कला का विकास करना' उच्च प्राथमिक स्तर गद्य शिक्षण का उद्देश्य नहीं है। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

08. पहले नियम बताकर उदाहरण दिया जाता है–
(A) आगमन शिक्षण विधि में
(B) निगमन शिक्षण विधि में
(C) व्याख्यान विधि में
(D) प्रश्नोत्तर विधि में

व्याख्या-
- **निगमन शिक्षण विधि -** यह सामान्य से विशिष्ट की ओर होता है। इसमें विद्यार्थी के सामने कुछ सिद्धान्तों (नियमों) को प्रस्तुत किया जाता है उसके पश्चात् उन सिद्धान्तों का निरूपण किया जाता है। यह उच्च शिक्षा में बहुत उपयोगी है।
- **आगमन शिक्षण विधि-** यह विधि विशिष्ट से सामान्य की ओर होती है। इस विधि के अन्तर्गत छात्रों के समक्ष कुछ उदाहरण प्रस्तुत किये जाते हैं फिर उन्हीं के माध्यम से विषयवस्तु एवं सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया जाता है। इस विधि का सर्वाधिक प्रयोग माध्यमिक स्तर पर होता है।
- **व्याख्यान विधि-** इस विधि के अन्तर्गत छात्रों के समक्ष मौखिक रूप से व्याख्यान द्वारा शिक्षण कार्य करता है। व्याख्यान को सजीव बनाने के लिए वह शिक्षण उपकरणों जैसे- मॉडल, चार्ट, रेखाचित्र, और मानचित्र इत्यादि का प्रयोग करता है।
- **प्रश्नोत्तर विधि-** इस विधि के अन्तर्गत छात्रों के समक्ष

शिक्षक अपने प्रश्नों के माध्यम से क्रिया करता है और वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि का आयोजन होता है। छात्रों में प्रश्न-उत्तर कराया जाता है। वह प्रश्नोत्तर विधि के अन्तर्गत आता है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

09. छात्रों को उच्चारण अभ्यास कराने के लिए शिक्षक को सहायक-सामग्री प्रयोग करनी चाहिए–
(A) श्यामपट्ट का **(B) टेपरिकॉर्डर का**
(C) फ्लैशकार्ड का **(D) रेडियो का**

व्याख्या- छात्रों को उच्चारण अभ्यास कराने के लिए शिक्षक को सहायक-सामग्री के रूप में टेप रिकार्डर को प्राथमिकता देनी चाहिये।

(1) टेप रिकार्डर- टेप रिकार्डर सामाजिक अध्ययन के शिक्षण में बहुत उपादेय है। हम अपने विशिष्ट भावों को टेप-रिकार्डर में भर लें फिर जब मन चाहे अवसर पाकर उसको सुना जा सकता है। यह रेडियो की तुलना में सर्वश्रेष्ठ सहायक-सामग्री है।

(2) श्यामपट्ट- यह शिक्षा का महत्त्वपूर्ण उपकरण तो है परन्तु दुर्भाग्यवश भारत में यह उपेक्षित विद्यालय का उपकरण है। श्यामपट्ट या चाकबोर्ड आकर्षक वस्तु न होने के कारण, इसका उपयोग कम ही किया जाता है। शुद्धता, स्वच्छता तथा तीव्रता के मानक स्थापित करने में इसका महत्त्व अधिक है। परन्तु हम श्यामपट्ट को एक निश्चित समय में उपयोग में ला सकते हैं। परन्तु हम इसका मनचाहे समय पर उपयोग नहीं कर सकते।

(3) रेडियो- रेडियो शिक्षा और मनोरंजन का महत्त्वपूर्ण उपकरण है। आधुनिक शिक्षा-मनोविज्ञान में खेल द्वारा शिक्षा का महत्त्वपूर्ण स्थान है। रेडियो के कार्यक्रम निश्चित समय पर आते हैं यदि रात्रि के साढ़े आठ बजे किसी का कार्यक्रम प्रसारित होता है, तो हम यदि कहीं व्यस्त रहे तो वह कार्यक्रम नहीं सुन पायेंगे।

स्पष्टीकरण- इसलिये उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि टेप-रिकार्डर ही छात्रों को उच्चारण अभ्यास कराने के लिये शिक्षक को सहायक सामग्री के रूप में उपयोग में लानी चाहिये। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

10. संस्कृत में कथा (कहानी) शिक्षण का उद्देश्य नहीं है–
(A) छात्रों की कल्पना शक्ति का विकास करना।
(B) छात्रों को संस्कृत ध्वनि-विज्ञान से परिचित कराना।
(C) छात्रों की तर्कशक्ति को विकसित करना।
(D) छात्रों का उत्तम चरित्र-निर्माण करना।

व्याख्या- संस्कृत में कथा (कहानी) शिक्षण का उद्देश्य निम्नलिखित है-

1. छात्रों की कल्पना शक्ति का विकास करना
2. छात्रों की तर्कशक्ति को विकसित करना
3. छात्रों के चरित्र निर्माण में सहायता प्रदान करना
4. बालक हानिकारक मनोरंजन की ओर न जाकर स्वस्थ मनोरंजन की ओर उन्मुख हों।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त उद्देश्यों में 'छात्रों को संस्कृत ध्वनि विज्ञान से परिचित कराना' नहीं परिगणित है। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

11. उच्च प्राथमिक स्तर पर छात्रों की परीक्षा-प्रणाली उपयुक्त होगी–
(A) केवल लिखित
(B) केवल मौखिक
(C) शास्त्रार्थ
(D) लिखित एवं मौखिक दोनों

व्याख्या-

- भाषा के चार मूल उद्देश्यों बोलना, लिखना, पढ़ना और सुनना को ध्यान में रखते हुए एवं संस्कृत भाषा की विशेषताओं की रक्षा करते हुए मूल्यांकन की कोई विधि अपनायी जानी चाहिए। संस्कृत भाषा की परीक्षा सामान्यतः दो रूपों में होनी चाहिए। (1) मौखिक परीक्षा (2) लिखित परीक्षा।

(1) मौखिक परीक्षा- द्वारा ही उच्चारण की शुद्धता, मौखिक आत्मप्रकाशन की क्षमता तथा दूसरों के विचारों को सुनकर समझने की योग्यता की जाँच हो सकती है।

- मौखिक परीक्षा प्रणाली को हम निम्नलिखित प्रकार से कर सकते हैं-

(i) श्रुतलेख
(ii) अध्यापक संस्कृत में किसी विषय पर बोले और छात्रों से उसका सारांश लिखने को कहे।
(iii) मौखिक रूप से कुछ प्रश्नों का उत्तर देने के लिए छात्रों के समक्ष प्रश्न प्रस्तुत करना।
(iv) छात्रों को संस्कृत सुनाने और उनसे उसका भाव लिखने को कहना।

(2) लिखित परीक्षा-

(i) लिखित परीक्षा में वस्तुनिष्ठ परीक्षणों का प्रयोग किया जाना चाहिए, किन्तु निबन्धात्मक परीक्षाओं का अपना पृथक् महत्त्व है।

(ii) शैली एवं पठन परीक्षा वस्तुनिष्ठ परीक्षणों द्वारा नहीं हो पाती। इनकी जाँच करने के लिए तो निबन्धात्मक परीक्षाओं का ही आश्रय लेना पड़ता है।

(iii) लिखित परीक्षा में निबन्धात्मक परीक्षाओं एवं वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं का समन्वित रूप ही रहना चाहिये।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त उल्लेखों से स्पष्ट है कि उच्च प्राथमिक स्तर पर परीक्षा प्रणाली लिखित और मौखिक दोनों करायी जानी चाहिये। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

12. राजा 'शूद्रक' के प्रधान अमात्य का नाम था–
(A) वैशम्पायन **(B) कुमारपालित**
(C) पुण्डरीक **(D) चन्द्रापीड**

व्याख्या-
- **कुमारपालित-** कुमारपालित राजा शूद्रक के प्रधान अमात्य थे।
- **वैशम्पायन-** बाणभट्ट विरचित कादम्बरीकथा का महत्त्वपूर्ण पात्र है। वैशम्पायन पूर्व जन्म में पुण्डरीक था। इस जन्म में वह राजा तारापीड के मन्त्री शुकनास का पुत्र और राजकुमार चन्द्रापीड का अभिन्न मित्र है।
- **पुण्डरीक-** पुण्डरीक दिव्यलोक में निवास करने वाले महामुनि श्वेतकेतु को देखकर आकृष्ट हुई लक्ष्मी का मानस-पुत्र है।
- **चन्द्रापीड-** चन्द्रापीड कादम्बरी कथा का प्रमुख नायक है।
- कादम्बरी कथा में तीन जन्मों का वर्णन है चन्द्रापीड के तीन जन्मों का नाम- चन्द्रमा, चन्द्रापीड तथा शूद्रक।

स्रोत- कादम्बरीकथामुख - समीरशर्मा, पेज-72

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि शूद्रक का प्रधान अमात्य 'कुमारपालित' था। **अतः विकल्प 'B' सही है।**

13. 'काव्यादर्श' के रचयिता हैं-
(A) भास **(B) भारवि**
(C) शूद्रक **(D) दण्डी**

व्याख्या-

ग्रन्थ		ग्रन्थकार
काव्यादर्श	-	दण्डी
काव्यप्रकाश	-	मम्मट
ध्वन्यालोक	-	आनन्दवर्धन
साहित्यदर्पण	-	विश्वनाथ
रसगंगाधर	-	पण्डितराज जगन्नाथ

- महाकवि भारवि द्वारा रचित केवल एक ही ग्रन्थ किरातार्जुनीयम् है जिसमें 18 सर्ग हैं। 'भारवेरर्थगौरवम्' भारवि के लिए प्रसिद्ध उक्ति है।
- महाकवि शूद्रक प्रणीत मृच्छकटिकम् एक प्रकरण ग्रन्थ है जिसमें दस अङ्क हैं।
- महाकवि भास के तेरह नाटक प्रसिद्ध हैं जिन्हें चार भागों में बाँटा गया है-
- **उदयन कथामूलक-** प्रतिज्ञायौगन्धरायण, स्वप्नवासवदत्तम्
- **महाभारतमूलक-** ऊरुभंग, दूतवाक्य, पञ्चरात्रम्, बालचरित, दूतघटोत्कच, कर्णभार, मध्यमव्यायोग।
- **रामायणमूलक-** प्रतिमानाटक, अभिषेकनाटकम्
- **कल्पनामूलक-** अविमारक, चारुदत्त।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि काव्यादर्श के रचयिता 'दण्डी' हैं। **अतः विकल्प 'D' सही है।**

स्रोत- संस्कृतगङ्गा साहित्यम् - सर्वज्ञभूषण, पेज-300

14. 'उत्तररामचरितम्' में किस काल के समाज और संस्कृति का वर्णन है?
(A) महाभारतकालीन **(B) पुराणकालीन**
(C) रामायणकालीन **(D) कालिदासकालीन**

व्याख्या-
- उत्तररामचरितम् भवभूति द्वारा रचित एक नाटक है जिसमें सात अङ्क हैं। इसके नायक श्रीराम तथा नायिका सीता एवं अंगी रस करुण है। उत्तररामचरितम् रामायण के उत्तरकाण्ड पर आधारित है। इसमें सीता के स्वीकार किए जाने का वर्णन है। उत्तररामचरितम् में रामायणकालीन समाज और संस्कृति का वर्णन है।
- किरातार्जुनीयम्, नैषधीयचरितम्, शिशुपालवधम् आदि महाकाव्यों में महाभारतकालीन समाज और संस्कृति का वर्णन है। महाभारत वेदव्यास की रचना है जिसमें 18 पर्व हैं।
- पुराणों की संख्या 18 है- विष्णुपुराण, भागवतपुराण, अग्निपुराण, मत्स्यपुराण, मार्कण्डेयपुराण, भविष्यपुराण, ब्रह्माण्डपुराण, ब्रह्मवैवर्तपुराण, ब्रह्मपुराण, वामनपुराण, वराहपुराण, वायुपुराण, नारदपुराण, पद्मपुराण, लिङ्गपुराण, गरुडपुराण, कूर्मपुराण, स्कन्दपुराण।

स्पष्टीकरण- उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि उत्तररामचरितम् में रामायण कालीन समाज और संस्कृति का वर्णन है। **अतः विकल्प 'C' सही है।**

स्रोत- संस्कृत साहित्य का इतिहास - उमाशङ्कर शर्मा ऋषि, पेज-528

15. निम्नाङ्कित में से कौन 'भवभूति' की रचना नहीं है?
(A) महावीरचरितम् **(B) नैषधीयचरितम्**
(C) मालतीमाधवम् **(D) उत्तररामचरितम्**

माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित

प्रशिक्षित स्नातकशिक्षक-चयनपरीक्षा

TGT

संस्कृतम्

व्याख्यात्मक-हलप्रश्नपत्रम्

लेखक
सर्वज्ञभूषण

सम्पादक
रमाकान्त मौर्य

प्रकाशक
संस्कृतगङ्गा
59, मोरी, दारागंज, इलाहाबाद
मो. 9839852033
7800138404

प्रकाशन-सहयोग
युनिवर्सल बुक्स
1519, अल्लापुर, इलाहाबाद
☎: 0532-2503638
मो. 9453460552

* **प्रकाशनाधिकारिणी संस्था**

संस्कृतगङ्गा (पञ्जीकृत)
59, मोरी, दारागञ्ज, इलाहाबाद
(कोतवाली दारागञ्ज के आगे, गङ्गाकिनारे संकटमोचन छोटे हनुमान मन्दिर के पास), Mb. : 9839852033
email-Sanskritganga@gmail.com

* पुस्तकें डाक द्वारा भी आर्डर कर सकते हैं–

Mob. : 7800138404

* **प्रकाशक**

युनिवर्सल बुक
1519 अल्लापुर, इलाहाबाद
☎ : 0532-2503638

ISBN : 978-81-932244-7-2

* **मुख्यवितरक**

राजू पुस्तक केन्द्र
अल्लापुर, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश)
मो० 9453460552

* **अक्षर संयोजक- संस्कृतगङ्गा, दारागंज, इला.**

* प्रथम संस्करण – 15 अगस्त - 2014
* षष्ठ संशोधित संस्करण - मई- 2018
* **मूल्य – ` 140/-** (एक सौ चालीस रुपये मात्र)

पुस्तक प्राप्ति के स्थान

षष्ठसंस्करणे संस्कृतगङ्गा उवाच

प्रियसंस्कृतमित्राणि!

नमः संस्कृताय

- संस्कृतगङ्गा, दारागञ्ज, इलाहाबाद की यह षष्ठ प्रस्तुति '**TGT परीक्षा व्याख्यात्मक हलप्रश्नपत्र**' के रूप में आपकी सेवा में समर्पित है।
- यह पुस्तक उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयनबोर्ड, इलाहाबाद द्वारा आयोजित सन् 1999 से लेकर अब तक के प्रशिक्षित स्नातकशिक्षक चयनपरीक्षा (T.G.T.) संस्कृत का व्याख्यात्मक हलप्रश्नपत्र है।
- यद्यपि बाजारों में कुछ और हलप्रश्नपत्र आपको मिलेंगे किन्तु उनमें मुद्रणदोष तथा यत्र कुत्रापि उत्तर भी गलत हो गये हैं। अतः उन सभी मुद्रणदोषों को दूर करके सही और प्रामाणिक उत्तर देने का प्रयास किया गया है, क्योंकि संस्कृत में तो एक हलन्त, विसर्ग और अनुस्वार की गलती भी अर्थ का अनर्थ कर सकती है।
- यहाँ सभी प्रश्नों के चारों विकल्पों पर व्याख्यान किया गया है। चार विकल्पों में से जो उत्तर सही है वह क्यों सही है? और जो तीन गलत हैं, वह क्यों गलत हैं? इसकी वैज्ञानिक विवेचना ही इस हलप्रश्नपत्र का वैशिष्ट्य है।
- सम्पादकमण्डल के सभी सदस्यों के द्वारा यह पूरा प्रयास किया गया है कि इसमें मुद्रणदोष न हों, तथा सभी प्रश्नों का सही और प्रामाणिक विवेचन किया जाय, फिर भी प्रमादवशात् कुत्रचित् दोषदर्शन हों तो कृपया हमें अवश्य सूचित करें। हमें मिस्डकॉल करें या कॉल करें– **09839852033**
- अन्त में उन सभी संस्कृतमित्रों को हार्दिक धन्यवाद, जिन्होंने इस पुस्तक के प्रूफ संशोधन में मनसा, वाचा, कर्मणा संस्कृतगङ्गा का सहयोग किया। विशेषकर – **मनीष शर्मा, सत्यप्रकाश साहू, अम्बिकेश सिंह, रागिनी शुक्ला, सुमन सिंह।**

- सर्वज्ञभूषणः

TGT संस्कृत पाठ्यक्रम

संस्कृतसाहित्य–गद्य, पद्य एवं नाटक–अधोलिखित ग्रन्थों के निर्धारित अंशों के आधार पर शब्दार्थ, सूक्तियाँ, हिन्दी रूपान्तर, अन्वय, सुभाषित, शब्दों की व्याकरणात्मक टिप्पणी, पात्रों का चरित्र-चित्रण तथा ग्रन्थकर्ता का परिचय– इनसे सम्बद्ध बहुविकल्पीय प्रश्न परीक्षा में प्रष्टव्य होंगे।

- कादम्बरी (शुकनासोपदेश)
- शिवराजविजयम् (प्रथम निःश्वास)
- किरातार्जुनीयम् (प्रथमसर्ग)
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् (चतुर्थ अङ्क)
- उत्तररामचरितम् (तृतीय अङ्क)
- मेघदूतम् (सम्पूर्ण)
- नीतिशतकम् (सम्पूर्ण)

व्याकरण– डॉ० बाबूराम सक्सेना कृत ''संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका'' के आधार पर संज्ञाप्रकरण, सन्धि, समास, कारक, प्रत्याहारों का ज्ञान एवं प्रत्ययों का सामान्य परिचय।

शब्दरूप– अकारान्त, इकारान्त, उकारान्त, ऋकारान्त पुंलिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग एवं नपुंसकलिङ्ग शब्दों का रूप।

सर्वनामरूप– सर्व, यत्, तद्, किम्, युष्मद्, अस्मद्, इदम्, अदस् सर्वनामों के रूप।

धातुरूप– भू, गम्, पठ्, पा, भी, श्रु, लभ्, हन्, दुह्, दा, दिव्, जन्, तुद्, प्रच्छ्, ब्रू तथा चुर् धातुओं के लट्, लोट्, लृट्, लङ् और विधिलिङ् इन पाँचों लकारों में रूप।

संस्कृतसंख्या– एक से सौ तक की संख्याओं के संस्कृत-शब्दों का ज्ञान। पूरणी संख्याओं का ज्ञान

अनुवाद एवं निबन्ध–हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद। संस्कृत में पत्रलेखन एवं निबन्ध, संस्कृत सूक्तियों का ज्ञान, वाच्यपरिवर्तन, अशुद्धि परिमार्जन।

प्रशिक्षणात्मक-संस्कृत– संस्कृत प्रशिक्षण की दृष्टि से व्याकरण, अनुवाद, गद्य, पद्य आदि की पाठन विधियों का सामान्य परिचय।

संस्कृतसाहित्य का इतिहास– संस्कृत कवियों का सामान्य परिचय, प्रसिद्ध रचनायें एवं रचनाकार

अनुक्रमणिका

पेज

निर्धारित समय : 2 घण्टे] **[पूर्णांक : 425 अंक**

आवश्यक निर्देश

1. अभ्यर्थी अपना अनुक्रमाङ्क केवल आवरण पृष्ठ तथा प्रश्न-पुस्तिका के साथ दिए गए उत्तर-पत्रक के निर्दिष्ट स्थान पर लिखेंगे, अन्यत्र कहीं नहीं।
2. प्रश्न-पुस्तिका मिलने के उपरान्त अभ्यर्थी को तुरन्त सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं तथा कोई प्रश्न छूट तो नहीं गया है। यदि कोई विसंगति है, तो प्रश्न-पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष-निरीक्षक को सूचित करना चाहिए तथा त्रुटिरहित दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लेनी चाहिए।
3. प्रश्न-पुस्तिका में किसी विसंगति के अतिरिक्त, किसी भी स्थिति में, अभ्यर्थी को कोई दूसरी प्रश्न-पुस्तिका नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी को प्रश्न-पुस्तिका को उपयोग में लाने और उत्तर-पत्रक को पूरित करने में सावधानी बरतनी चाहिए।
4. अभ्यर्थी को **125 प्रश्नों** के उत्तर देने हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंक नहीं** दिये जायेंगे।
5. उत्तर-पत्रक को भरने के पूर्व अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर मुद्रित महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
6. अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक में उस प्रश्न संख्या के सामने दिए गए चार विकल्पों में से एक सही विकल्प को उत्तर पत्रक में दिए गए निर्देशानुसार भरे। केवल उत्तर-पत्रक का ही मूल्यांकन होगा।
7. किसी भी परिस्थिति में प्रश्न-पुस्तिका का कोई भी कागज अलग नहीं करना है।
6. अभ्यर्थी परीक्षा भवन में प्रवेशपत्र के अतिरिक्त सादा या लिखा कोई अन्य कागज नहीं लायेंगे। यदि कोई अभ्यर्थी कोई अतिरिक्त कागज, नोटबुक, पुस्तक, कैलकुलेटर, स्लाइड, रूल, मोबाइल फोन आदि अपने साथ परीक्षाभवन में रखे पाया जाता है, तो वह अनुचित साधन-प्रयोग के अन्तर्गत दण्डित किया जा सकता है।
9. प्रश्न-पुस्तिका के अन्त में रफ-कार्य हेतु लगे कागज का प्रयोग रफ-कार्य हेतु किया जा सकता है।
10. केवल काला/नीला बाल पेन उत्तर भरने के लिए प्रयोग करें।

नोट– सभी प्रश्नपत्रों के पूर्व में यही आवश्यकनिर्देश रहता है, अतः इसकी पुनरावृत्ति अगले प्रश्नपत्रों में नहीं की जायेगी।

सन्दर्भग्रन्थ सूची

1. कादम्बरी (शुकनासोपदेश) – तारिणीश झा
2. शिवराजविजयम् (प्रथम निःश्वास) – रमाशंकर मिश्र
3. किरातार्जुनीयम् (प्रथमसर्ग) – रामसेवक दुबे
4. अभिज्ञानशाकुन्तलम् – कपिलदेव द्विवेदी
5. उत्तररामचरितम् – कपिलदेव द्विवेदी
6. मेघदूतम् (सम्पूर्ण) – विजेन्द्रकुमार शर्मा
7. नीतिशतकम् (सम्पूर्ण) – तारिणीश झा
8. अष्टाध्यायी (सूत्रपाठ) – गोपालदत्त पाण्डेय
9. रूपचन्द्रिका – चौखम्भा, वाराणसी
10. बृहद् अनुवाद चन्द्रिका – चक्रधर नौटियाल
11. रचनानुवादकौमुदी – कपिलदेव द्विवेदी
12. संस्कृतसाहित्य का इतिहास – कपिलदेव द्विवेदी
13. संस्कृतव्याकरणप्रवेशिका – बाबूराम सक्सेना
14. लघुसिद्धान्तकौमुदी – गोविन्दाचार्य

प्रशिक्षित-स्नातकशिक्षक-चयनपरीक्षा (TGT)–1999

1. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन-सा है?
(A) ग्रामस्य बहिः विद्यालयोऽस्ति।
(B) ग्रामे बहिः विद्यालयोऽस्ति।
(C) ग्रामात् बहिः विद्यालयोऽस्ति।
(D) ग्रामं बहिः विद्यालयोऽस्ति।

व्याख्या–
(A) 'दूरान्तिकार्थैः षष्ठ्यन्यतरस्याम्' (2/3/34) सूत्र से निकट शब्द के योग में ग्राम में 'षष्ठी विभक्ति' का प्रयोग होगा। यथा–ग्रामस्य निकटं विद्यालयोऽस्ति।
(B) 'सप्तम्यधिकरणे च' (2/3/36) सूत्र से ग्राम में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग होगा। यथा–ग्रामे विद्यालयोऽस्ति।
(C) 'अपपरिबहिरञ्चवः पञ्चम्या' (2/1/12) सूत्र से अप, परि, बहिस् का पञ्चम्यन्त पद के साथ वैकल्पिक समास का विधान है, इसलिए 'बहिः' के योग में पञ्चमी विभक्ति का प्रयोग होगा। यथा–**ग्रामात् बहिः विद्यालयोऽस्ति।** अतः विकल्प (C) सही है।
(D) 'अभितः-परितः-समया-निकषा-हा-प्रतियोगेऽपि'–वार्तिक से 'अभितः' के योग में ग्राम में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होगा यथा–ग्रामम् अभितः विद्यालयोऽस्ति।

2. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य के क्रमाङ्क का निर्देश कीजिए?
(A) कृष्णस्य उभयतः गोपालाः सन्ति।
(B) कृष्णं उभयतः गोपालाः सन्ति।
(C) कृष्णेन उभयतः गोपालाः सन्ति।
(D) कृष्णात् उभयतः गोपालाः सन्ति।

व्याख्या–
(A) 'कर्तृकर्मणोः कृति' (2/3/65) सूत्र से कृष्ण में षष्ठी विभक्ति का विधान होगा यथा–कृष्णस्य कृतिः।
(B) "उभसर्वतसोः कार्या धिगुपर्यादिषु त्रिषु। द्वितीयाम्रेडितान्तेषु ततोऽन्यत्रापि दृश्यते।।" वार्तिक से 'उभयतः' के योग में कृष्ण में द्वितीया विभक्ति का विधान हुआ है। यथा–**कृष्णं उभयतः गोपालाः सन्ति।**
(C) 'सहयुक्तेऽप्रधाने' (2/3/19) सूत्र से कृष्ण में तृतीया विभक्ति का विधान होगा।
यथा–कृष्णेन सह गोपालः आगतः।
(D) 'आरात्' शब्द के योग में पञ्चमी विभक्ति का प्रयोग होता है। यथा–कृष्णात् आरात् गोपालाः सन्ति।
अतः उपर्युक्त विकल्प (B) सही है।

3. 'गां दोग्धि पयः' 'बलिं भिक्षते वसुधाम्।' उपर्युक्त वाक्यों में क्रमशः 'गाम्' और 'बलिम्' में कर्मकारक द्वितीया विभक्ति का विधायक सूत्र कौन-सा है?
(A) अधिशीङ्स्थासां कर्म
(B) उपान्वध्याङ्वसः
(C) अकथितं च (दुह्याच्पच्दण्ड् .....)
(D) अभिनिविशश्च

व्याख्या–
(A) 'अधिशीङ्स्थासां कर्म' (1/4/46) सूत्र से शीङ्, स्था, और आस् धातुओं के पहले 'अधि' उपसर्ग लगा हो तो क्रिया के आधार की कर्मसंज्ञा होगी।
यथा–हरिः वैकुण्ठम् अधितिष्ठति।
(B) 'उपान्वध्याङ्वसः' (1/4/48) सूत्र से वस् धातु के पूर्व उप, अनु, अधि और आङ् में से कोई उपसर्ग लगा हो तो क्रिया के आधार की कर्मसंज्ञा होगी। यथा– हरिः वैकुण्ठम् उपवसति अनुवसति आवसति वा।
(C) **'अकथितं च'** (1/4/51) सूत्र से अपादानादिकारक की अविवक्षा में 'गाम्' और 'बलिम्' में कर्मकारक द्वितीया विभक्ति का प्रयोग हुआ है। यथा–
(i) गां दोग्धि पयः। (ii) बलिं भिक्षते वसुधाम् (दुह्याच्पच्........आदि इस कारिका में सोलह द्विकर्मकधातुओं की गणना है।) अतः विकल्प (C) सही है।
(D) 'अभिनिविशश्च' (1/4/47) सूत्र से विश् धातु के पूर्व 'अभि' और 'नि' उपसर्ग क्रमशः लगे हों तो क्रिया के आधार की कर्मसंज्ञा होगी।
यथा– सः सन्मार्गम् अभिनिविशते।

4. नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम्, और वषट् शब्दों के योग में कौन-सी विभक्ति होती है?
(A) द्वितीया विभक्ति (B) तृतीया विभक्ति
(C) चतुर्थी विभक्ति (D) पञ्चमी विभक्ति

व्याख्या–
(A) 'अन्तरान्तरेण युक्ते' (2/3/4) सूत्र से 'अन्तरा' और 'अन्तरेण' शब्दों के योग में द्वितीया होगी।
(B) 'प्रकृत्यादिभ्य उपसंख्यानम्' वार्तिक से प्रकृति, सम, सुख, दुःख आदि शब्दों के योग में तृतीया होगी।
(C) 'नमः-स्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च' (2/3/16) सूत्र से नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम्, वषड् शब्दों के योग में **चतुर्थी विभक्ति** होती है।

1. (C) 2. (B) 3. (C) 4. (C)

(D) 'अन्यारादितरर्तेदिक्छब्दाञ्चूत्तरपदाजाहियुक्ते' (2/3/29) सूत्र से अन्य, आरात्, इतर, ऋते, दिक् शब्द, अञ्चूत्तरपद शब्द आच्-प्रत्ययान्त, आहि-प्रत्ययान्त शब्दों के योग में पञ्चमी होती है।
अतः विकल्प (C) सही है।

5. निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
A. कविषु कालिदासः श्रेष्ठः।
B. कवीनां कालिदासः श्रेष्ठः।
C. कविभ्यः कालिदास श्रेष्ठः।
D. कविभिः कालिदासः श्रेष्ठः।
(A) केवल A (B) केवल B
(C) केवल C (D) A और B दोनों

व्याख्या– 'यतश्च निर्धारणम्' (2/3/41) सूत्र से किसी समुदाय से एक को पृथक् करना निर्धारण कहलाता है जिससे निर्धारण होता है उसमें **षष्ठी और सप्तमी विभक्ति** प्रयुक्त होती है। यथा– (i) कवीनां कालिदासः श्रेष्ठः।
(ii) कविषु कालिदासः श्रेष्ठः। अतः विकल्प (D) सही है।

6. निम्नलिखित में शुद्ध विभक्ति का प्रयोग किस वाक्य में है?
(A) मयि मोदकं रोचते (B) माम् मोदकं रोचते
(C) मया मोदक रोचते (D) मह्यं मोदकं रोचते

व्याख्या–
(A) 'साध्वसाधुप्रयोगे च' वार्तिक से साधु एवं असाधु दोनों शब्दों के प्रयोग में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग होगा। यथा–त्वं मयि साधुः असि।
(B) 'अकथितं च' (1/4/51) सूत्र से अपादानादि की अविवक्षा में कर्मसंज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होगा। यथा– माणवकं धर्मं ब्रूते।
(C) 'सहयुक्तेऽप्रधाने' (2/3/19) सूत्र से 'सह' के योग में तृतीया होगी। यथा–सः मया सह गच्छति।
(D) 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' (1/4/33) रुच्यर्थ धातुओं के योग में प्रीयमाण की सम्प्रदानसंज्ञा होकर ''चतुर्थी सम्प्रदाने'' (2/3/13) सूत्र से **चतुर्थी विभक्ति** का प्रयोग हुआ है। यथा–मह्यं मोदकं रोचते।
अतः विकल्प (D) सही है।

7. निम्नलिखित में शुद्ध है?
(A) मातरं स्मरति (B) मातुः स्मरति
(C) मातरि स्मरति (D) मात्रा स्मरति

व्याख्या–
(A) 'कर्मणि द्वितीया' (2/3/2) सूत्र से माता में द्वितीया विभक्ति होगी। यथा–सः मातरं पश्यति।
(B) 'अधीगर्थदयेशां कर्मणि' (2/3/52) 'अधि' उपसर्ग पूर्वक इक् स्मरणे धातु के अर्थवाली धातुओं के कर्म में सम्बन्ध मात्र की विवक्षा में **षष्ठी विभक्ति** का प्रयोग हुआ है। यथा–**सः मातुः स्मरति।** अतः विकल्प (B) सही है।
(C) 'साधुनिपुणाभ्यामर्चायां सप्तम्यप्रतेः' (2/3/43) अर्च (सत्कार, प्रशंसा, पूजा) अर्थ में 'साधु' और 'निपुण' शब्दों के योग में सप्तमी होगी यथा–
(i) मातरि साधुः, (ii) मातरि निपुणः
(D) 'संज्ञोऽन्यतरस्यां कर्मणि' (2/3/22) सूत्र से 'सम्' उपसर्ग-पूर्वक 'ज्ञा' धातु के अनभिहित कर्म में विकल्प से तृतीया विभक्ति होगी। यथा–सः मात्रा सञ्जानीते।
सः मातरं सञ्ज्ञानीते।

8. कृते के साथ विभक्ति प्रयोग होती है?
(A) तृतीया (B) चतुर्थी
(C) पञ्चमी (D) षष्ठी

व्याख्या–
A. 'पृथग्विनानानाभिस्तृतीयाऽन्यतरस्याम्' (2/3/32) सूत्र से पृथक्, विना, नाना, अव्यय पदो के योग में द्वितीया, तृतीया और पञ्चमी विभक्ति होती है।
B. 'क्रुधद्रुहेर्ष्याऽसूयार्थानां यं प्रति कोपः' (1/4/37) सूत्र से क्रुध्, द्रुह्, ईर्ष्य्, असूय-धातुओं के प्रयोग में चतुर्थी विभक्ति होती है।
C. 'दूरान्तिकार्थेभ्यो द्वितीया च' (2/3/35) सूत्र से दूर तथा अन्तिक अर्थ वाले शब्दों से पञ्चमी, द्वितीया और तृतीया विभक्ति होती है।
D. 'कर्तृकर्मणोः कृति' (2/3/65) सूत्र से कृत् प्रत्ययान्त शब्दों के योग में अनभिहितकर्ता और कर्म में **षष्ठी विभक्ति** होती है। अतः विकल्प `D' सही है।

9. 'धिक्' के योग में कौन-सी विभक्ति होती है–
(A) षष्ठी (B) पञ्चमी
(C) तृतीया (D) द्वितीया

व्याख्या– A. 'षष्ठी चानादरे' (2/3/38) सूत्र से अनादर अर्थ में षष्ठी और सप्तमी विभक्ति होती है।
यथा– रुदति रुदतः वा प्राव्राजीत्
B. 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' (1/4/25) सूत्र से भय अर्थवाली और रक्षा अर्थवाली धातुओं के प्रयोग में भय के हेतु में पञ्चमी होती है। यथा– चोरात् बिभेति।

5. (D) 6. (D) 7. (B) 8. (D) 9. (D)

C. 'हेतौ' (2/3/23) सूत्र से हेतु शब्द के वाची शब्दों में तृतीया होती है। जैसे–अध्ययनेन वसति।

D. उभयतः, सर्वतः, धिक्, उपर्युपरि, अध्यधि, अधोऽधः इन अव्ययपदों के योग में **द्वितीया विभक्ति** होती है। जैसे–धिक् कृष्णाभक्तम्। अतः विकल्प `D' सही है। (विस्तृत व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या-2 देखें)

10. शरीर के किसी अङ्ग के विकार में कौन-सी विभक्ति होती है?

(A) द्वितीया (B) चतुर्थी

(C) तृतीया (D) षष्ठी

व्याख्या–

A. 'अनुर्लक्षणे' (1/4/84) सूत्र से लक्षण द्योतित होने पर 'अनु' शब्द की कर्मप्रवचनीय संज्ञा होकर 'कर्मप्रवचनीययुक्ते द्वितीया' (2/3/8) सूत्र से द्वितीया विभक्ति होती है। यथा–पर्जन्यो जपम् अनु प्रावर्षत्!

B. 'हितयोगे च' वार्तिक से 'हित' शब्द के योग में चतुर्थी होगी। यथा–ब्राह्मणाय हितम्।

C. 'येनाङ्गविकारः' (2/3/20) सूत्र से जिस अङ्ग में विकार हो, उसमें **तृतीयाविभक्ति** होती है। यथा–सः अक्ष्णा काणः अस्ति! अतः विकल्प `C' सही है।

D. 'षष्ठी हेतुप्रयोगे' (2/3/26) सूत्र से 'हेतु' शब्द में षष्ठी विभक्ति का विधान होता है। यथा–सः अन्नस्य हेतोः वसति!

11. 'स्वस्ति' के योग में कौन-सी विभक्ति होती है?

(A) चतुर्थी (B) पञ्चमी

(C) षष्ठी (D) सप्तमी

व्याख्या–

A. 'स्वस्ति' के योग में **चतुर्थी विभक्ति** का विधान होता है। यथा–प्रजाभ्यः स्वस्ति (विस्तृत व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या-4 देखें)

B. 'अपादाने पञ्चमी' (2/3/28) अपादान में पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा–ग्रामात् आयाति।

C. 'षष्ठी शेषे' (2/3/50) सूत्र से सम्बन्ध मात्र में षष्ठी विभक्ति होगी। यथा–राज्ञः पुरुषः।

D. 'निमित्तात्कर्मयोगे' वार्तिक से निमित्तवाची शब्दों में सप्तमी विभक्ति होती है। यथा–चर्मणि द्वीपिनं हन्ति। अतः विकल्प `A' सही है।

12. 'जटाभिः तापसः' में तृतीयाविभक्ति विधायक सूत्र है?

(A) अपवर्गे तृतीया (B) दिवः कर्म च

(C) हेतौ (D) इत्थम्भूतलक्षणे

व्याख्या–

A. 'अपवर्गे तृतीया' (2/3/6) सूत्र से–क्रोशेन अनुवाकोऽधीतः।

B. 'दिवः कर्म च' (1/4/43) सूत्र से–(i) अक्षैः दीव्यति। (ii) अक्षान् दीव्यति।

C. 'हेतौ' (2/3/23) सूत्र से –(i) दण्डेन घटः। (ii) पुण्येन दृष्टः हरिः

D. **'इत्थम्भूतलक्षणे'** (2/3/21) सूत्र से–जटाभिः तापसः। अतः विकल्प `D' सही है।

13. संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध रूप है?

(A) उपरोक्त (B) उर्पयुक्त

(C) अपरोक्त (D) उपर्युक्त

व्याख्या– * संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से उपर्युक्त शब्द शुद्ध है। यहाँ **उपरि+उक्त = उपर्युक्त** में यण्सन्धि होगी। शेष तीनों विकल्प वर्तनी दोष से युक्त हैं।
* 'उपरि' अव्यय शब्द है।
अतः विकल्प `D' सही है।

14. निम्नलिखित में कौन-सा शुद्ध है?

(A) महानता (B) महान्ता

(C) महत्ता (D) महनता

व्याख्या–

'तस्य भावस्त्वतलौ' (5/1/119) सूत्र से 'महत्' प्रातिपदिक से 'तल्' प्रत्यय करने पर स्त्रीलिङ्ग में 'महत्ता' रूप सिद्ध होगा। 'महान्' यह प्रथमान्त रूप है, इससे 'तल्' प्रत्यय का विधान नही होगा, अतः 'महानता' अशुद्ध है। इसलिए विकल्प `C' सही है।

15. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन-सा है?

(A) गुरुः शिष्याय क्रुध्यति।

(B) गुरुः शिष्यम् क्रुध्यति।

(C) गुरुः शिष्ये क्रुध्यति।

(D) गुरुः शिष्यस्य क्रुध्यति।

व्याख्या– 'क्रुधद्रुहेर्ष्याऽसूयार्थानां यं प्रति कोपः' (1/4/37) सूत्र से क्रुध्, द्रुह्, ईर्ष्य्, असूय धातुओं के योग में जिस पर क्रोध किया जाय उसमें चतुर्थी विभक्ति होती है।
यथा–गुरुः शिष्याय क्रुध्यति।
अतः विकल्प `A' सही है।

10. (C) 11. (A) 12. (D) 13. (D) 14. (C) 15. (A)

16. 'रमेश मेरा मित्र है' का संस्कृत में शुद्ध अनुवाद कौन-सा है?
(A) रमेशः मम मित्रम् अस्ति
(B) रमेशः मया मित्रम् अस्ति
(C) रमेशः मम् मित्रं अस्ति
(D) रमेशः मह्यं मित्रं असि।

व्याख्या– * शुद्ध अनुवाद–रमेशः मम मित्रम् अस्ति।
* 'मित्र' शब्द नित्य नपुंसकलिङ्ग शब्द है।
अतः विकल्प `A' सही है।

17. अधोलिखित में कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?
(A) अचिराय देवदत्तो गमिष्यति
(B) अचिरे देवदत्तो गमिष्यति
(C) अचिरात् देवदत्तो गमिष्यति
(D) अचिरेण देवदत्तो गमिष्यति

व्याख्या– अचिरेण, अचिराय, अचिरात्–ये सभी 'शीघ्र' अर्थवाची अव्यय पद हैं, जबकि 'अचिरे' कोई अव्यय नहीं है, अतः विकल्प B अशुद्ध वाक्य है। इसीलिए इसका उत्तर `B' सही है।

18. 'गङ्गा हिमालय से निकलती है' का संस्कृत अनुवाद है–
(A) गङ्गा हिमालयेन निःसरति
(B) गङ्गा हिमालयात् निःसरति
(C) गङ्गा हिमालयस्य निःसरति
(D) गङ्गा हिमालयात निसरत्

व्याख्या– 'भुवः प्रभवः' (1/4/31) सूत्र से कर्ता के प्रकट होने का जो प्रथमस्थान होता है। वह 'अपादान' संज्ञक होगा और ''अपादाने पञ्चमी'' सूत्र से उसमें पञ्चमी विभक्ति का प्रयोग होता है यथा–गङ्गा हिमालयात् निःसरति। यहाँ 'गङ्गा' कर्तृपद है और 'हिमालय' अपादान है।
अतः विकल्प `B' सही है।

19. 'वाराणसी भारत का प्रमुख धार्मिक नगर है'–इसका अनुवाद है?
(A) वाराणसी भारतस्य प्रमुखं धार्मिकनगरम् अस्ति।
(B) वाराणसी भारतस्य प्रमुखः धार्मिकनगरः अस्ति।
(C) वाराणसी भारते प्रमुख नगरम् सन्ति।
(D) वाराणसी भारतस्य प्रमुखं धार्मिकनगर सन्ति।

व्याख्या– 'नगर' शब्द नपुंसकलिङ्ग है।
अनुवाद–वाराणसी भारतस्य प्रमुखं धार्मिकनगरम् अस्ति
अतः विकल्प `A' सही है।

20. 'यहाँ भगवान् विश्वनाथ का प्रसिद्ध मन्दिर है'–का अनुवाद है?
(A) इदम् भगवतो शंकरस्य प्रसिद्ध मन्दिराणि अस्ति
(B) तत्र भगवतः शंकरस्य प्रसिद्धः मन्दिरे अस्ति
(C) तत्र भगवतः शिवस्य प्रसिद्धं देवालयम् सन्ति
(D) अत्र भगवतः विश्वनाथस्य प्रसिद्धमन्दिरम् अस्ति।

व्याख्या– अनुवाद–अत्र भगवतः विश्वनाथस्य प्रसिद्धमन्दिरम् अस्ति। 'मन्दिर' शब्द नित्य नपुंसकलिङ्ग है। 'भगवत्' शब्द की षष्ठी में 'भगवतः' रूप बनेगा। कर्तानुसार 'अस्ति' क्रिया का प्रयोग है। 'अत्र' अव्ययपद है।
अतः विकल्प `D' सही है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

21. 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना मदन मोहन मालवीय ने की थी'–का अनुवाद है?
(A) काशी हिन्दू विश्वविद्यालयानां स्थापना मदन मोहन मालवीयः करोति।
(B) काशी हिन्दू विश्वविद्यालये स्थापनां मदन मोहन मालवीयः अकरोत्।
(C) काशी हिन्दू विश्वविद्यालयस्य स्थापना मदनमोहनमालवीयः अकरोत्।
(D) काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः स्थापना मदन मोहन मालवीयः करोतः।

व्याख्या– 'मदनमोहनमालवीयः' यह प्रथमपुरुष एकवचन का कर्ता है, और 'अकरोत्' लङ्लकार प्र0पु0 एक0 की क्रिया है, सम्बन्ध मात्र में षष्ठीविभक्ति का प्रयोग है।
अतः विकल्प `C' सही है।

22. 'बौद्धों का तो यह अत्यन्त पवित्र तीर्थ है'–का संस्कृत में अनुवाद है–
(A) बौद्धस्य इदमत्यन्तं पवित्रं तीर्थम् अस्ति।
(B) बौद्धानाम् अयम् अत्यन्तं पवित्र तीर्थं अस्ति।
(C) बौद्धानाम् तु इदम् अत्यन्तं तीर्थम् स्तः।
(D) बौद्धानां तु इदम् अत्यन्तं पवित्रं तीर्थम् अस्ति।

व्याख्या– 'तीर्थ' शब्द नपुंसकलिङ्ग है।
बौद्धानां तु इदम् अत्यन्तं पवित्रं तीर्थम् अस्ति।
अतः विकल्प `D' सही है।

23. 'वह गाय से दूध दुहता है' का सही अनुवाद होगा?
(A) सः गवा पयः दोग्धि (B) सः गां पयः दुहति
(C) सः गोभि पयः दोग्धि (D) सः गां पयः दोग्धि

व्याख्या– यहाँ गाय वस्तुतः अपादानकारक है किन्तु अपादान की अविवक्षा में ''अकथितं च'' (1/4/51) सूत्र से कर्मकारक हुआ, ''कर्मणि द्वितीया'' सूत्र से द्वितीयाविभक्ति का प्रयोग हुआ है। यथा–सः गां दोग्धि पयः। अतः विकल्प `D' सही है।

16. (A) 17. (B) 18. (B) 19. (A) 20. (D) 21. (C) 22. (D) 23. (D)

24. प्रत्यय का ज्ञान कराने के लिए सर्वप्रथम?
(A) प्रत्यय की परिभाषा बतायेंगे
(B) प्रत्यय युक्त शब्दों में से कुछ शब्द बतायेंगे
(C) कुछ प्रत्यय युक्त शब्दों के अर्थ को बतायेंगे
(D) प्रत्यययुक्त शब्दों के साथ कुछ वाक्यों को प्रस्तुत करेंगे।

व्याख्या–प्रत्यययुक्त शब्दों को देखकर छात्र को उन शब्दों की रचना और अर्थ जानने की सहज जिज्ञासा होगी, तभी शिक्षक, छात्र को प्रत्ययों का ज्ञान करायेगा। अतः विकल्प (D) सर्वाधिक उपयुक्त है।

25. हिन्दी से संस्कृत में अनुवाद बनाने के लिए पहले?
(A) धातु एवं शब्दरूपों का ज्ञान करायेंगे
(B) लकारों का ज्ञान करायेंगे
(C) लकारों से कुछ हिन्दी वाक्यों का संस्कृत अनुवाद पूछेंगे
(D) किसी एक लकार के एकपुरुष और एकवचन के वाक्य संस्कृत में श्यामपट्ट पर लिखेंगे।

व्याख्या–छात्र के सम्मुख श्यामपट्ट पर एक लकार के एकपुरुष और एकवचन के वाक्यों को लिखने से उसे उस वाक्य का अर्थ जानने की जिज्ञासा होगी और वह छात्र उसी तरह के अन्य वाक्यों को भी जानना और समझना चाहेगा। तभी शिक्षक उसे हिन्दी से संस्कृत में अनुवाद की प्रक्रिया बतायेगा। अतः विकल्प `D' सर्वाधिक उपयुक्त है।

26. निम्नलिखित वर्गों में विधिलिङ्लकार के रूप किस वर्ग में हैं?
(A) भवतु, भवता **(B) लभताम्, सेवन्ताम्,**
(C) रुन्धः, रुणद्धि **(D) भवेत्, लभेय**

व्याख्या–
A भू धातु लोट्लकार प्र.पु. का रूप-भवतु, भवताम्, भवन्तु।
B. लभ् धातु (आत्मनेपद) लोट्लकार प्र0पु0– लभताम् लभेताम्, लभन्ताम्।
सेव् धातु लोट्लकार प्र0पु0– सेवताम्, सेवेताम्, सेवन्ताम्
C. 'रुध्' (रोकना) लट्लकार प्र0पु0-रुणद्धि, रुन्धः, रुन्धन्ति
D. 'लभ्' धातु विधिलिङ् लकार उ0पु0–**लभेय,** लभेवहि, लभेमहि
'भू' धातु विधिलिङ् लकार प्र0पु0–**भवेत्,** भवेताम्, भवेयुः
अतः विकल्प `D' सही है।

27. 'हन्' (मारना) धातु के लङ्लकार के प्रथमपुरुष एकवचन में क्या रूप होगा?
(A) अहन् **(B) अहताम्**
(C) अघ्नन् **(D) अहः**

व्याख्या– 'हन्' धातु लङ्लकार का रूप
प्र0पु0 अहन्, अहताम्, अघ्नन्
म0पु0 अहन्, अहतम्, अहत
उ0प्र0 अहनम्, अहन्व, अहन्म
अतः विकल्प `A' सही है।

28. 'दुह्' धातु परस्मैपद लट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन में रूप होगा?
(A) दोग्धि **(B) दोहति**
(C) दुहति **(D) दुहोति**

व्याख्या– 'दुह' धातु लट्लकार का रूप–
प्र0पु0 **दोग्धि**, दुग्धः, दुहन्ति
म0पु0 धोक्षि, दुग्धः, दुग्ध
उ0पु0 दोह्मि, दुह्वः, दुह्मः
अतः विकल्प `A' सही है।
नोट–दोहति, दुहति, दुहोति रूप दुह् धातु के दसों लकारों में कहीं नहीं बनता है। अतः ये सभी गलत हैं।

29. संस्कृत में भविष्यकाल के लिए किस लकार का प्रयोग किया जाता है?
(A) लट्लकार **(B) लोट्लकार**
(C) लृट्लकार **(D) लङ्लकार**

लकार		**काल बोधक**
A. लट्लकार	–	वर्तमानकाल में
B. लोट्लकार	–	आज्ञा अर्थ में
C. **लृट्लकार**	–	**भविष्यकाल में**
D. लङ्लकार	–	भूतकाल में

अतः विकल्प `C' सही है।

30. नीचे लिखे धातु रूपों में आत्मनेपद के रूप किस वर्ग में है?
(A) लभै, लभावहै, लभामहै
(B) पास्यामि, पास्यावः, पास्यामः
(C) ब्रूयात्, ब्रूयाताम्, ब्रूयुः
(D) गच्छेत्, गच्छेताम्, गच्छेयुः

व्याख्या–
A. 'लभ्' धातु आत्मनेपद लोट्लकार उ0पु0– **लभै, लभावहै, लभामहै**
B. 'पा' धातु परस्मैपद लृट्लकार उ0पु0– पास्यामि, पास्यावः, पास्यामः
C. 'ब्रू' धातु परस्मैपद विधिलिङ् प्रथमपुरुष– ब्रूयात्, ब्रूयाताम् , ब्रूयुः
D. 'गम्' धातु परस्मैपद विधिलिङ् प्रथमपुरुष– गच्छेत्, गच्छेताम्, गच्छेयुः
अतः विकल्प `A' सही है।

24. (D) 25. (D) 26. (D) 27. (A) 28. (A) 29. (C) 30. (A)

31. 'दा' धातु के मध्यमपुरुष के रूप किस वर्ग में है?
(A) ददाति, दत्तः, ददति (B) ददासि, दत्थः, दत्थ
(C) ददामि, दद्वः, दद्मः (D) दद्यात्, दद्याताम्, दद्युः

'दा' धातु लट्लकार का रूप–
(A) प्र०पु० ददाति, दत्तः, ददति
(B) म०पु० ददासि, दत्थः, दत्थ
(C) उ०पु० ददामि, दद्वः, दद्मः
(D) 'दा' धातु विधिलिङ्लकार का रूप–
प्र०पु० दद्यात्, दद्याताम्, दद्युः। अतः विकल्प `B' सही है।

32. 'पीतम् अम्बरम् इति पीताम्बरम्' में कौन-सा समास है?
(A) बहुव्रीहिसमास (B) केवलसमास
(C) कर्मधारयसमास (D) तत्पुरुषसमास

व्याख्या–
A. 'अनेकमन्यपदार्थे' (2/2/24) सूत्र से 'पीतम् अम्बरं यस्य सः = पीताम्बरः' में बहुव्रीहिसमास।
B. 'सह सुपा' (2/1/4) सूत्र से 'पूर्वं भूतः = भूतपूर्वः' में केवलसमास हुआ।
C. 'विशेषणं विशेष्येण बहुलम्' (2/1/57) सूत्र से 'पीतम् अम्बरम्=पीताम्बरम्' में **कर्मधारयसमास** है।
D. 'पञ्चमी भयेन' (2/1/37) सूत्र से 'चोरात् भयम् = चोरभयम्' में पञ्चमी तत्पुरुषसमास हुआ।
अतः विकल्प `C' सही है।

33. कर्मधारय समास किसका भेद है?
(A) अव्ययीभावसमास का
(B) तत्पुरुषसमास का
(C) द्विगुसमास का
(D) बहुव्रीहिसमास का

व्याख्या–
A. अव्ययीभावसमास में प्रथमपद अव्यय होता है। इसमें पूर्वपद का अर्थ प्रधान होता है।
अष्टाध्यायी में 'अव्ययीभावश्च' दो सूत्र हैं। "अव्ययीभावश्च" (1.1.41) सूत्र से अव्ययीभावसमास को प्राप्तशब्द अव्ययसंज्ञक होते हैं। तथा 'अव्ययीभावश्च' (2.4.18) सूत्र से अव्ययीभावसमास होने के बाद निष्पन्न शब्द नपुंसकलिङ्ग हो जाता है।
B. तत्पुरुषसमास में उत्तरपद का अर्थ प्रधान होता है। **तत्पुरुष का भेद कर्मधारय समास** है।
C. जिस समास में प्रथमपद संख्यावाची हो, वह द्विगु समास होता है। द्विगुसमास कर्मधारय का भेद है।
D. बहुव्रीहिसमास में अन्यपद प्रधान होता है।
अतः विकल्प `B' सही है।

34. 'पौर्वशालः' का विग्रह है?
(A) पौर्व एवं शालः (B) पूर्वस्यां शालायां भवः
(C) शालायाः पूर्वः (D) पूर्व शाला यस्य

व्याख्या– 'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च' (2/1/51) सूत्र से दिशावाची शब्द 'पौर्वशालः' का समासविग्रह **'पूर्वस्यां शालायां भवः'** होगा। अतः विकल्प `B' सही है।

35. 'माता च पिता च' के निम्नलिखित तीन रूपों में कौन-सा अशुद्ध है?
1. पितरौ 2. मात्पितरौ 3. मातापितरौ
(A) पहला (B) दूसरा
(C) तीसरा (D) तीनों

व्याख्या–
* 'पिता मात्रा' (1/2/70) सूत्र से 'माता च पिता च = **पितरौ**', एकशेष द्वन्द्व होगा।
* 'चार्थे द्वन्द्वः' (2/2/29) सूत्र से 'माता च पिता च = **मातापितरौ**' भी होगा। किन्तु 'मात्पितरौ' यह अशुद्ध प्रयोग है। अतः विकल्प `B' सही है।

36. 'पञ्चवटी' में समास है?
(A) द्विगुसमास (B) द्वन्द्वसमास
(C) अव्ययीभावसमास (D) बहुव्रीहिसमास

व्याख्या–
A. 'अकारान्तोत्तरपदो द्विगुः स्त्रियामिष्टः' वार्तिक से 'पञ्चानां वटानां समाहारः = पञ्चवटी' में **द्विगुसमास** होकर स्त्रीलिङ्ग में प्रयोग हुआ।
B. 'अल्पाच्तरम्' (2/2/34) सूत्र से 'शिवश्च केशवश्च = शिवकेशवौ' इस द्वन्द्वसमास में 'शिव' पद का पूर्वप्रयोग हुआ।
C. 'नदीभिश्च' (2/1/20) सूत्र से 'द्वयोः यमुनयोः समाहारः = द्वियमुनम्' में अव्ययीभावसमास होगा।
D. 'अनेकमन्यपदार्थे' (2/2/24) सूत्र से 'ऊढः रथः येन सः=ऊढरथः' में बहुव्रीहि समास होगा।
अतः विकल्प `A' सही है।

31. (B) 32. (C) 33. (B) 34. (B) 35. (B) 36. (A)

37. निम्नलिखित वर्गों में किस वर्ग में समास का उदाहरण अशुद्ध है?
(A) अव्ययीभाव – यथाक्रमम्, उपगङ्गम्
(B) द्विगु – पञ्चगङ्गम्, द्वियमुनम्
(C) तत्पुरुष – ग्रामगतः, सुखप्राप्तः
(D) द्वन्द्व – रामकृष्णौ, पितरौ

व्याख्या– 'नदीभिश्च' (2/1/20) सूत्र से–
''पञ्चानां गङ्गानां समाहारः = पञ्चगङ्गम्''
''द्वयोः यमुनयोः समाहारः = द्वियमुनम्'' में अव्ययीभाव समास होगा, न कि द्विगुसमास। अतः विकल्प `B' सही है।

38. 'इन्द्रश्च अग्निश्च' का समस्त रूप होगा?
(A) इन्द्राग्निः (B) इन्द्राग्नयः
(C) अग्नीन्द्रः (D) इन्द्राग्नी

व्याख्या–
* 'चार्थे द्वन्द्वः' (2/2/29) सूत्र से ''**इन्द्रश्च अग्निश्च = इन्द्राग्नी**'' में द्वन्द्वसमास होगा।
* यदि द्वन्द्वसमास में घिसंज्ञक व अजादि एवं अदन्त पद का एकसाथ प्रयोग हो तो 'विप्रतिषेधे परं कार्यम्' इस नियम के आधार पर अजादि अदन्त पद का पूर्वनिपात होता है।
* यहाँ 'इन्द्र' पद अजादि एवं अदन्त है अतः 'इन्द्र' पद का पूर्वप्रयोग हुआ है। अतः विकल्प `D' सही है।

39. 'किंसखा' में कौन-सा समास है?
(A) द्वन्द्व (B) द्विगु
(C) अव्ययीभाव (D) कर्मधारय

व्याख्या–
A. 'अजाद्यदन्तम्' (2/2/33) सूत्र से ''ईशश्च कृष्णश्च = ईशकृष्णौ'' इस द्वन्द्वसमास में 'ईश' पद का पूर्वनिपात हुआ।
B. 'त्रयाणां भुवनानां समाहारः = त्रिभुवनम्' में द्विगुसमास होगा।
C. 'अव्ययं विभक्तिसमीप.....' इस सूत्र से 'कृष्णस्य समीपम् इति उपकृष्णम्' में अव्ययीभावसमास हुआ।
D. 'कुत्सितः सखा = किं सखा' यहाँ पर 'किम्' शब्द का निन्दा (क्षेप, अर्थात् कुत्सित) अर्थ होने के कारण ''किं क्षेपे'' (2.1.64) सूत्र से **कर्मधारयसमास** हुआ। अतः विकल्प `D' सही है।

40. 'अष्टाविंशतिः' शब्द का क्या अर्थ है?
(A) अठारह (B) अड़तिस
(C) अट्ठाईस (D) अड़तालिस

	शब्द		अर्थ
A.	अष्टादश (18)	–	अठारह
B.	अष्टात्रिंशत् (38)	–	अड़तिस
C.	**अष्टाविंशतिः (28)**	–	**अट्ठाईस**
D.	अष्टचत्वारिंशत् (48)	–	अड़तालिस

अतः विकल्प `C' सही है।

41. `55' संख्या का वाचक संस्कृत शब्द कौन सा है?
(A) पञ्चपञ्चाशत् (B) पञ्चापञ्चशत
(C) पञ्चपञ्च (D) पञ्चशताम्

व्याख्या– 55 (पचपन) का संस्कृतवाचक शब्द है–
पञ्चपञ्चाशत्
अतः विकल्प `A' सही है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

42. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(A) एकविंशतयः छात्रा कक्षायाम्
(B) एकविंशतिः छात्राः कक्षायाम्
(C) एकविशताः छात्राः कक्षायाम्
(D) एकविंशततमी छात्राः कक्षायाम्

व्याख्या– 'एकोनविंशतिः से नवनवतिः' तक सारे शब्द स्त्रीलिङ्ग हैं। 'विंशत्यादिरानवतेः' के अनुसार 'विंशति' शब्द से लेकर 'नवति' पर्यन्त संख्यावाची शब्द स्त्रीलिङ्ग एकवचन में होते हैं। अतः विकल्प `B' सही है। शेष सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

43. संस्कृत शब्द 'चत्वारिंशत्' किस संख्या का वाचक है?
(A) 400 (B) 104
(C) 40 (D) 44

संख्या		संख्यावाचक शब्द
(A) 400	–	चतुःशती, चतुःशतम्
(B) 104	–	चतुरधिकैकशतम्
(C) 40	–	**चत्वारिंशत्**
(D) 44	–	चतुश्चत्वारिंशत्

अतः विकल्प `C' सही है।

37. (B) 38. (D) 39. (D) 40. (C) 41. (A) 42. (B) 43. (C)

44. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए?
(A) त्रिः बालाः गच्छन्ति
(B) त्रयः बालः गच्छन्ति
(C) त्रीणि बालाः गच्छन्ति
(D) तिस्त्रः बालाः गच्छन्ति

व्याख्या–
* त्रि (तीन) का रूप केवल बहुवचन में चलता है।
* पुंलिङ्ग में त्रयः, त्रीन्, त्रिभिः, त्रिभ्यः, त्रिभ्यः, त्रयाणाम्, त्रिषु।
* नपुंसकलिङ्ग का रूप–त्रीणि, त्रीणि, त्रिभिः, त्रिभ्यः, त्रिभ्यः, त्रयाणाम्, त्रिषु।
* स्त्रीलिङ्ग में तिस्रः, तिस्रः, तिसृभिः, तिसृभ्यः, तिसृभ्यः, तिसृणाम्, तिसृषु। अतः **तिस्त्रः बालाः गच्छन्ति।** (तीन लड़कियाँ जाती हैं) यह वाक्य शुद्ध है। अतः विकल्प `D' सही है। शेष वाक्यों में लिङ्गगत विशेष्य विशेषण की अशुद्धियाँ हैं।

45. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए?
(A) चतुरः विप्रान् आमन्त्र्य भोजय।
(B) चत्वारि विप्रान् आमन्त्र्य भोजय।
(C) चतस्त्रः विप्रान् आमन्त्र्य भोजय।
(D) चत्वारि विप्रान् आमन्त्र्य भोजय।

व्याख्या–
* चतुर् (चार) का रूप तीनों लिङ्गों में केवल बहुवचन में चलता है। **पुंलिङ्ग–** 1. चत्वारः 2. चतुरः 3. चतुर्भिः 4. चतुर्भ्यः 5. चतुर्भ्यः 6. चतुर्णाम् 7. चतुर्षु।
* **नपुंसकलिङ्ग–** 1. चत्वारि 2. चत्वारि 3. चतुर्भिः 4. चतुर्भ्यः 5. चतुर्भ्यः 6. चतुर्णाम् 7. चतुर्षु।
* **स्त्रीलिङ्ग–** 1. चतस्रः 2. चतस्रः 3. चतसृभिः 4. चतसृभ्यः 5. चतसृभ्यः 6. चतसृणाम् 7. चतसृषु।
* शुद्ध वाक्य–**चतुरः विप्रान् आमन्त्र्य भोजय** (चार ब्राह्मणों को बुलाकर भोजन कराओ)
* 'चतुरः' रूप द्वितीया का बहुवचन है, 'विप्रान्' भी द्वितीया बहुवचन का रूप है, 'आमन्त्र्य' में ल्यप् प्रत्यय है, 'भोजय' लोट्लकार म0 प्र0 एकवचन का रूप है, अतः विकल्प `A' शुद्ध है। शेष विकल्प अशुद्ध है।

46. संख्यावाची शब्द 'षण्णवतिः' किस अङ्क का वाचक है।
(A) 69 **(B) 96**
(C) 79 **(D) 66**

अंक		**संख्यावाची शब्द**
69	–	एकोनसप्ततिः, नवषष्टिः
96	–	**षण्णवतिः**
79	–	एकोनाशीतिः, नवसप्ततिः
66	–	षट्षष्टिः

अतः विकल्प `B' सही है।

47. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है?
(A) तत्र पञ्च जनाः निवसन्ति।
(B) तत्र पञ्चाः जनाः निवसन्ति।
(C) तत्र पञ्चा जनैः निवसति।
(D) तत्र पच्चसु जनाः निवसति।

व्याख्या–
* पञ्चन् (पाँच) शब्द तीनों लिङ्गों में बहुवचनान्त है। यथा–पञ्च, पञ्च, पञ्चभिः, पञ्चभ्यः, पञ्चभ्यः, पञ्चानाम्, पञ्चसु।
* इसलिए **'तत्र पञ्च जनाः निवसन्ति'**–यह शुद्ध वाक्य है। अतः विकल्प `A' सही है।

48. निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(A) अष्टानि फलानि आनय।
(B) अष्टौ फलानि आनय।
(C) अष्टाः फलानि आनय।
(D) अष्टे फलानि आनय।

व्याख्या–
* 'अष्टन्' (आठ) का रूप केवल बहुवचन में चलता है– अष्टौ, अष्टौ, अष्टाभि अष्टाभ्यः, अष्टाभ्यः, अष्टानाम् अष्टासु।
* 'अष्टन्' का रूप तीनों लिङ्गों में एकसमान चलता है।
* फल शब्द नपुंसकलिङ्ग है। द्वितीया विभक्ति बहुवचन का रूप है - फलानि।
* अतः **''अष्टौ फलानि आनय''**- यह शुद्ध वाक्य है। यहाँ विकल्प `B' सही है।

49. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य कौन-सा है?
(A) ये सुकृतिभिः असूयन्ति ते पापात्मनः।
(B) ये सुकृतिभ्यः असूयन्ति ते पापात्मानः।
(C) ये सुकृतिषु असूयन्ति ते पापात्मनः।
(D) ये सुकृतिनाम् असूयन्ति ते पापात्मनः।

व्याख्या–*''क्रुधद्रुहेर्ष्याऽसूयार्थानां यं प्रति कोपः'' (1.4.37) सूत्र से क्रुध्, द्रुह, ईर्ष्य्, असूय धातुओं के योग में तथा इन धातुओं के समान अर्थ रखने वाली धातुओं के योग में जिसके ऊपर क्रोध आदि किया जाता है, वह सम्प्रदान संज्ञक होता है, और उसमें चतुर्थी विभक्ति होती है। अतः
* इस उदाहरण में 'असूय' धातु का प्रयोग होने से 'सुकृतिभ्यः' में चतुर्थी विभक्ति का बहुवचन है।
अतः विकल्प `B' सही है।

44. (D) 45. (A) 46. (B) 47. (A) 48. (B) 49. (B)

50. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य कौन-सा है?
(A) शिशुः क्रीडनकं रोचते
(B) शिशुं क्रीडनकं रोचते
(C) शिशवे क्रीडनकं रोचते
(D) शिशोः क्रीडनकं रोचते

व्याख्या– 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' (1/4/33) सूत्र से रुच्यर्थ (अभिलाषार्थक) धातुओं के प्रयोग में प्रीयमाण व्यक्ति की सम्प्रदानसंज्ञा होकर 'चतुर्थी सम्प्रदाने' (2/3/13) सूत्र से उसमें चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है। यथा–**शिशवे क्रीडनकं रोचते।** यहाँ 'रोचते' क्रियापद का प्रयोग होने से 'शिशवे' में चतुर्थी विभक्ति का एकवचन है। अतः विकल्प `C' सही है।

51. माहेश्वरसूत्रों में चौथा सूत्र है?
(A) ऐऔच् **(B) हयवरट्**
(C) खफछठथचटतव् **(D) हल्**

व्याख्या–
* माहेश्वर सूत्र– अइउण्, ऋलृक्, एओङ्, ऐऔच्, हयवरट्, लण्, ञमङणनम्, झभञ्, घढधष्, जबगडदश्, खफछठथचटतव्, कपय्, शषसर्, हल्।
* उपर्युक्त क्रम में चौथा सूत्र **'ऐऔच्'** है।
अतः विकल्प `A' सही है।

52. सिद्धान्तकौमुदी का रचनाकार कौन है?
(A) पाणिनि **(B) पतञ्जलि**
(C) भट्टोजिदीक्षित **(D) वरदराज**

	ग्रन्थ		रचनाकार
A.	अष्टाध्यायी	–	पाणिनि
B.	महाभाष्यम्	–	पतञ्जलि
C.	**सिद्धान्तकौमुदी**	–	**भट्टोजिदीक्षित**
D.	लघुसिद्धान्तकौमुदी	–	वरदराज

अतः विकल्प `C' सही है।

53. स्वरों के व्यवधान के बिना आये हुए व्यञ्जनों की क्या संज्ञा होती है?
(A) पदम् **(B) निष्ठा**
(C) संहिता **(D) संयोग**

व्याख्या–
A. 'सुप्-तिङन्तं पदम्' (1/4/14) सूत्र से सुबन्त और तिङन्त की ''पदसंज्ञा'' होती है।
B. ''क्तक्तवतू निष्ठा'' (1/1/26) सूत्र से क्त और क्तवतु प्रत्ययों की ''निष्ठासंज्ञा'' होती है।
C. ''परः सन्निकर्षः संहिता'' (1/4/109) सूत्र से अति समीप वर्णों की ''संहितासंज्ञा'' होती है।
D. ''हलोऽनन्तराः संयोगः'' (1/1/7) सूत्र से स्वरों के व्यवधान के बिना आये हुए व्यञ्जनों की **''संयोगसंज्ञा''** होती है। अतः विकल्प `D' सही है।

54. वृद्धिसन्धि विधायक सूत्र है?
(A) वृद्धिरेचि **(B) वृद्धिरादैच्**
(C) एङः पदान्तादति **(D) एङि पररूपम्**

व्याख्या–
A. **'वृद्धिरेचि'** (6/1/88) वृद्धिसन्धि विधायक सूत्र है।
B. 'वृद्धिरादैच्' (1/1/1) वृद्धिसंज्ञक सूत्र है।
C. 'एङः पदान्तादति' (6/1/109) पूर्वरूपसन्धि विधायक सूत्र है।
D. 'एङि पररूपम्' (6/1/94) 'पररूपसन्धि' विधायक सूत्र है। अतः विकल्प `A' सही है।

55. ''पितुः + इच्छा'' में सन्धि होने पर–
(A) पितोच्छा **(B) पितोछा**
(C) पितुरिच्छा **(D) पितुः इच्छा**

व्याख्या– 'पितुः + इच्छा'–यहाँ ''विसर्जनीयस्य सः'' (8.3.34) सूत्र से विसर्ग को सकार; फिर सकार को ''ससजुषो रुः'' (8.2.66) 'रु' आदेश। इसके बाद 'रु' के उकार की इत्संज्ञा, लोप होकर ''रोऽसुपि'' सूत्र से **'पितुरिच्छा'** पद सिद्ध होगा। अतः विकल्प `C' सही है।

56. ''हरिस् + शेते'' में सन्धि होने पर कौन-सा रूप बनेगा?
(A) हरिशयते **(B) हरिण्शेते**
(C) हरिश्शेते **(D) हरिशेते**

व्याख्या–
''स्तोः श्चुना श्चुः'' (8/4/40) सूत्र से जब सकार या तवर्ग, शकार या चवर्ग के योग में आता है, तो सकार और तवर्ग के स्थान में क्रम से शकार और चवर्ग हो जाता है। यथा– रामस् + शेते = रामश्शेते। **हरिस् + शेते = हरिश्शेते।** अतः विकल्प `C' सही है।

50. (C) 51. (A) 52. (C) 53. (D) 54. (A) 55. (C) 56. (C)

57. निम्नलिखित किस स्थिति में 'ष्टुना ष्टुः' सूत्र प्रयुक्त होगा?
(A) आ+ उष्णम् **(B) रामस् + चिनोति**
(C) तत् + टीका **(D) वाक् + हरिः**

व्याख्या–
A. 'आद् गुणः' (6/1/87) सूत्र से 'आ + उष्णम् – ओष्णम्' में गुणसन्धि होगी।
B. 'स्तोः श्चुना श्चुः' (8/4/40) सूत्र से 'रामस् + चिनोति = रामश्चिनोति' होगा।
C. 'ष्टुना ष्टुः (8/4/41) सूत्र से **'तत् + टीका = तट्टीका'** शब्द बनेगा। जब स् अथवा तवर्ग ष् या टवर्ग के योग में आता है तो 'स्' के स्थान पर 'ष्' और तवर्ग के स्थान पर टवर्ग हो जाता है। अतः विकल्प `C' सही है।
D. 'झयो होऽन्यतरस्याम्' (8/4/62) सूत्र से 'वाक् + हरिः = वाग्घरिः' शब्द बनेगा।

58. ''सन् + षष्ठः = सन्षष्ठः'' इस उदाहरण में किस सूत्र का नियम प्रयुक्त होगा?
(A) शात् **(B) शश्छोऽटि**
(C) तोः षि **(D) न पदान्ताट्टोरनाम्**

व्याख्या–
A. 'शात्' (8/4/44) सूत्र से ''विश् + नः = विश्नः''
B. शश्छोऽटि (8/4/63) सूत्र से ''तद् + शिवः = तच्छिवः'' शब्द बनेगा।
C. **'तोः षि' (8/4/43)** सूत्र से ''सन् + षष्ठः = सन्षष्ठः'' शब्द बनेगा। अतः विकल्प `C' सही है।
D. 'न पदान्ताट्टोरनाम्' (8/4/42) सूत्र से ''षट् + सन्तः = षट्सन्तः'' शब्द बनेगा

59. 'एतत् + मुरारिः = एतन्मुरारिः' सन्धि में किस सूत्र की प्रवृत्ति है?
(A) मोऽनुस्वारः
(B) यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा
(C) न पदान्ताट्टोरनाम्
(D) तोर्लि

व्याख्या–
A. 'मोऽनुस्वारः' (8/3/23) सूत्र से ''हरिम् + वन्दे = हरिं वन्दे'' शब्द बनेगा।
B. **'यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा'** (8/4/45) सूत्र से ''एतत् + मुरारिः = एतन्मुरारिः'' शब्द बनेगा।
C. 'न पदान्ताट्टोरनाम्' (8/4/42) सूत्र से 'षट्+ते = षट् ते' बनेगा
D. 'तोर्लि' (8/4/60) सूत्र से ''तत् + लयः = तल्लयः'' शब्द बनेगा।
विकल्प `B' सही है।

60. 'कः + अत्र' का सन्धि रूप है?
(A) को अत्र **(B) कोऽत्र**
(C) कः अत्र **(D) कोऽत्रा**

व्याख्या–
'अतो रोरप्लुतादप्लुते' (6/1/113) सूत्र से ''कः + अत्र = **कोऽत्र**'' शब्द बनेगा। अतः विकल्प `B' सही है।

61. 'मनीषा' में सन्धि होगी?
(A) पररूप
(B) प्रकृतिभाव
(C) पूर्वरूप
(D) दीर्घ

व्याख्या–
A. ''शकन्ध्वादिषु पररूपं वाच्यम्'' वार्तिक से ''मनस् + ईषा = मनीषा'' में **पररूपसन्धि** होगी।
B. 'ईदूदेद् द्विवचनं प्रगृह्यम्' (1/1/11) सूत्र से हरी + एतौ = हरी एतौ की प्रगृह्यसंज्ञा होकर प्रकृतिभाव हुआ।
C. 'एङः पदान्तादति' (6/1/109) सूत्र से ''हरे + अव = हरेऽव'' में पूर्वरूपसन्धि है।
D. 'अकः सवर्णे दीर्घः' (6/1/101) सूत्र से 'विष्णु + उदयः = विष्णूदयः' में दीर्घसन्धि है।
अतः विकल्प `A' सही है।

62. 'सखि' शब्द का द्वितीया एकवचन में रूप होगा–
(A) सखिम् **(B) सखीन्**
(C) सखी **(D) सखायम्**

व्याख्या–
सखि (मित्र) इकारान्त पुंलिङ्ग शब्द के 'सखा, **सखायम्**, सख्या, सख्ये, सख्युः, सख्युः सख्यौ' सातों विभक्तियों के एकवचन में ये रूप बनते हैं।
अतः विकल्प `D' सही है।

57. (C) 58. (C) 59. (B) 60. (B) 61. (A) 62. (D)

63. निम्नलिखित वर्गों में केवल पुंलिङ्ग शब्द किस वर्ग में हैं?
(A) सखा, हरिः, दाराः
(B) महिमा, सविता, अञ्जलिः
(C) मधुरम्, फलम्, जलम्
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या–
A. * सखा, हरिः, दाराः, पुंलिङ्ग शब्द हैं।
* दाराः, अक्षताः, लाजाः, असवः, प्राणाः नित्य पुंलिङ्ग एवं बहुवचनान्त शब्द हैं।
B. सविता, अञ्जलिः, आपः, अप्सराः, सुमनसः आदि स्त्रीलिङ्ग शब्द हैं।
C. मधुरम्, वारि, फलम्, जलम्, वनम्, चर्म, जगत्, तेजः, आदि नपुंसकलिङ्ग शब्द हैं।
अतः विकल्प `A' सही है।

64. 'माता' रूप का मूल प्रातिपदिक शब्द–
(A) आकारान्त **(B) उकारान्त**
(C) इकारान्त **(D) ऋकारान्त**

व्याख्या–
A. रमा, बालिका, कविता, आकारान्त स्त्रीलिङ्गशब्द हैं।
B. धेनु, रेणु, उकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द हैं।
C. मति, बुद्धि इकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द हैं।
D. मातृ (माता) दुहितृ (पुत्री) **ऋकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द** हैं। अतः विकल्प `D' सही है।

65. सर्वनाम शब्द 'इदम्' स्त्रीलिङ्ग षष्ठी विभक्ति बहुवचन का रूप होगा?
(A) एषामो **(B) एतेषाम्**
(C) एतासाम् **(D) आसाम्**

व्याख्या– 'इदम्' स्त्रीलिङ्ग का सातों विभक्तियों के बहुवचन में क्रमशः इसप्रकार रूप चलेगा इमाः, इमाः, आभिः, आभ्यः, आभ्यः, **आसाम्,** आसु'
अतः विकल्प `D' सही है।

66. निम्नलिखित में चतुर्थी विभक्ति एकवचन का कौन-सा रूप है?
(A) भानौ **(B) राज्ञः**
(C) दध्ने **(D) हरेः**

व्याख्या–
A. भानु उकारान्त पुंलिङ्ग शब्द का एकवचन में–'भानुः भानुम्, भानुना, भानवे, भानोः, भानोः, भानौ' रूप सातों विभक्तियों में बनता है।
B. 'राजन्' अन्नन्त पुंलिङ्ग शब्द का एकवचन में 'राजा, राजानम्, राज्ञा, राज्ञे, राज्ञः, राज्ञः, राज्ञि/राजनि' रूप सातों विभक्तियों में बनता है।
C. 'दधि' इकारान्त नपुंसकलिङ्ग का रूप एकवचन में– 'दधि, दधि, दध्ना, **दध्ने**, दध्नः, दध्नः, दध्नि/दधनि' सातों विभक्तियों में बनता है।
D. 'हरि' इकारान्त पुंलिङ्ग का रूप एकवचन में–'हरिः, हरिम्, हरिणा, हरये, हरेः, हरेः, हरौ' सातों विभक्तियों में बनता है।
अतः विकल्प `C' सही है।

67. अप् (जल) शब्द के रूप कितने वचनों में चलते हैं?
(A) केवल एकवचन **(B) केवल बहुवचन**
(C) केवल द्विवचन **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या–
A. 'एक' शब्द का रूप केवल एकवचन में बनता है। यथा– (पुंलिङ्ग) एकः, एकम् एकेन, एकस्मै, एकस्मात् एकस्य, एकस्मिन्।
B. अप् (जल) शब्द का रूप **केवल बहुवचन** में चलता है। यथा–आपः, अपः, अद्भिः, अद्भ्यः, अद्भ्यः, अपाम्, अप्सु। अतः विकल्प `B' सही है। 'अप्' शब्द स्त्रीलिङ्ग में है।
C. 'द्वि' (दो) का रूप केवल द्विवचन में चलता है यथा– द्वौ, द्वौ, द्वाभ्याम्, द्वाभ्याम्, द्वाभ्याम्, द्वयोः द्वयोः।

68. ''असौ, अमू, अमी'' में किस प्रातिपदिक के रूप हैं?
(A) इदम् शब्द पुंल्लिङ्ग के
(B) अदस् शब्द पुंल्लिङ्ग के
(C) इदम् शब्द स्त्रीलिङ्ग के
(D) इदम् शब्द नपुंसकलिङ्ग के

व्याख्या–
A. इदम् (यह) शब्द का पुंलिङ्ग प्रथमा में– ''अयम्, इमौ, इमे'' रूप बनता है।
B. **'अदस्' (वह) शब्द का पुंलिङ्ग प्रथमा में–** ''असौ, अमू, अमी'' रूप बनता है।
C. इदम् स्त्रीलिङ्ग शब्द का प्रथमा में– ''इयम्, इमे, इमाः'' रूप बनता है।
D. 'इदम्' शब्द नपुंसकलिङ्ग का प्रथमा में– ''इदम् इमे इमानि'' रूप बनता है।
अतः विकल्प `B' सही है।

63. (A) 64. (D) 65. (D) 66. (C) 67. (B) 68. (B)

69. निम्नलिखित वर्गों में चतुर्थी विभक्ति के रूप किस वर्ग में है?

(A) कः, कौ **(B) तम्, तौ**
(C) तस्याः, ताभ्याम् **(D) तस्मै, ताभ्यः**

व्याख्या–

A. किम् (कौन) पुंलिङ्ग का रूप प्रथमा में–
''कः, कौ, के'' बनता है।

B. तद् (वह) पुंलिङ्ग का रूप द्वितीया में–
''तम्, तौ, तान्'' बनता है।

C. 'तद्' स्त्रीलिङ्ग का रूप षष्ठी में–
''तस्याः, तयोः, तासाम्'' बनता है।

D. तद् पुंलिङ्ग चतुर्थी विभक्ति में–
''**तस्मै,** ताभ्याम्, तेभ्यः'' रूप बनता है
तद् स्त्रीलिङ्ग चतुर्थी विभक्ति में–
''तस्यै, ताभ्याम्, **ताभ्यः**'' बनता है।
अतः विकल्प `D' सही है।

70. निम्नलिखित में से स्त्रीलिङ्ग तृतीयाविभक्ति का रूप कौन-सा है?

(A) नद्यः **(B) रमया**
(C) धेनोः **(D) स्त्रियै**

व्याख्या–

A. 'नदी' शब्द का रूप प्रथमा में–
'नदी, नद्यौ, नद्यः' बनता है।

B. 'रमा' शब्द का रूप तृतीयाविभक्ति में–
'**रमया**, रमाभ्याम्, रमाभिः' बनता है।

C. धेनु शब्द का रूप षष्ठी विभक्ति में–
'धेनोः' धेन्वोः, धेनूनाम्' बनता है।

D. 'स्त्री' शब्द का रूप चतुर्थी विभक्ति में–
स्त्रियै, स्त्रीभ्याम्, स्त्रीभ्यः बनता है।

अतः विकल्प `B' सही है।

71. सर्वनाम शब्द 'तद्' पुंलिङ्ग प्रथमाविभक्ति बहुवचन का रूप होगा–

(A) तानि
(B) तत्
(C) ते
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या–
तद् का पुंलिङ्ग प्रथमा विभक्ति में–
'सः, तौ, **ते'** रूप चलता है।
नपुंसकलिङ्ग में 'तत्, ते, तानि' रूप चलता है अतः विकल्प `C' सही है।

72. 'युष्मद्' सर्वनाम शब्द पञ्चमी विभक्ति बहुवचन का रूप होगा–

(A) युष्मत्
(B) युष्मभ्यम्
(C) युष्माभिः
(D) युष्मात्

व्याख्या– युष्मद् सर्वनाम का तीनों लिङ्गों में एकसमान रूप चलता है।

A. युष्मद् शब्द का पञ्चमी विभक्ति में–
''त्वत्, युवाभ्याम्, **युष्मत्**'' रूप बनता है

B. चतुर्थी विभक्ति में–
''तुभ्यम् युवाभ्याम्, युष्मभ्यम्'' रूप बनता है।

C. तृतीया में ''त्वया, युवाभ्याम्, युष्माभिः'' रूप बनता है।

D. 'युष्मात्' रूप युष्मद् शब्द की सातों विभक्ति में कहीं नहीं बनता है। अतः विकल्प `A' सही है।

73. 'भू' धातु का 'भवत' रूप–

(A) विधिलिङ् लकार म.पु. बहुवचन का है।
(B) लोट्लकार म.पु. बहुवचन का है।
(C) लङ्लकार म.पु. बहुवचन का है।
(D) लोट्लकार प्र.पु. एकवचन का है।

व्याख्या–

A. भू धातु का विधिलिङ्लकार म.पु. में–
''भवेः, भवेतम्, भवेत'' रूप बनता है

B. **लोट्लकार म.पु.** में–
'भव भवतम् **भवत**' रूप बनता है

C. लङ्लकार म.पु. में–
अभवः, अभवतम्, अभवत रूप बनता है

D. लोट् लकार प्र.पु. में–
'भवतु, भवताम् , भवन्तु' रूप बनता है
अतः विकल्प `B' सही है।

69. (D) 70. (B) 71. (C) 72. (A) 73. (B)

74. 'चुर्' धातु का 'चोरयतम्' रूप–
(A) लट्लकार म.पु. द्विवचन का है।
(B) लोट्लकार म.पु. द्विवचन का है।
(C) विधिलिङ् लकार म.पु. द्विवचन का है।
(D) लङ् लकार म.पु. द्विवचन का है।

व्याख्या–

A. 'चुर्' धातु लट्लकार म.पु. में– 'चोरयसि, चोरयथः, चोरयथ' रूप बनता है।

B. **लोट्लकार म.पु. में** – परस्मैपद
'चोरय, **चोरयतम्,** चोरयत' रूप चलता है

C. विधिलिङ्लकार म.पु. में–
'चोरयेः चोरयेतम् चोरयेत' रूप चलता है

D. लङ्लकार म.पु. में–
अचोरयः, अचोरयतम्, अचोरयत रूप चलता है।

अतः विकल्प `B' सही है।

75. 'लभ्' धातु लट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन में रूप होगा–
(A) लभते (B) लभेते
(C) लभेत (D) लभति

व्याख्या–

A+B 'लभ्' धातु आत्मनेपदी का रूप लट्लकार प्र0पु0 में– '**लभते,** लभेते, लभन्ते' बनता है

C. विधिलिङ्लकार प्रथमपुरुष में–
'लभेत, लभेयाताम्, लभेरन्' रूप बनता है।

D. 'लभति' रूप लभ् धातु के दशों लकारों में कहीं नहीं बनता है। क्योंकि यह धातु आत्मनेपदी है, न कि उभयपदी। अतः विकल्प `A' सही है।

76. कादम्बरी किस प्रकार की रचना है?
(A) आख्यायिका (B) ऐतिहासिकग्रन्थ
(C) कथा (D) चम्पूकाव्य

काव्य	विधा
A. हर्षचरितम् (बाणभट्ट)	– आख्यायिका
B. शिवराजविजयम् (अम्बिकादत्तव्यास)	– ऐतिहासिक उपन्यास
C. **कादम्बरी (बाणभट्ट)**	**– कथा**
D. नलचम्पू (त्रिविक्रमभट्ट)	– चम्पूकाव्य

अतः विकल्प `C' सही है।

77. ''कदलीदलकुञ्जायितस्य एतत्कुटीरस्य समन्तात् पुष्पवाटिका, पूर्वतः परम-पवित्र-पानीयं परस्सहस्त्र-पुण्डरीक-पटल-परिलसितं पतत्रि-कुल-कूजित-पूजितं पयःपूरितं सर आसीत्।''
उपर्युक्त गद्यांश किस रचना से उद्धृत है?
(A) कादम्बरी से
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(C) शिवराजविजयम् से
(D) उत्तररामचरितम् से

व्याख्या–

A. 'भवादृशा एव भवन्ति भाजनानि उपदेशानाम्' कादम्बरी (शुकनासोपदेश) से

B. 'न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति'– अभिज्ञानशाकुन्तलम् में प्रियंवदा का कथन।

C. 'कदलीदलकुञ्जायितस्य........पूरितं सर आसीत्'– **शिवराजविजयम्** से

D. 'कर्तव्यानि खलु दुःखितैर्दुःखनिर्वापणानि'– उत्तररामचरितम् तृतीय अङ्क में तमसा का कथन।

अतः विकल्प `C' सही है।

78. ''अकालकुसुमप्रसवा इव मनोहराकृतयोऽपि लोक-विनाश-हेतवः, श्मशानाग्नय इवातिरौद्रभूतयः, तैमिरिका इवादूरदर्शिनः, उपसृष्टा इव क्षुद्राधिष्ठित भवनाः, श्रूयमाणा अपि प्रेतपटहा इवोद्वेजयन्ति।''
प्रस्तुत गद्यांश किस ग्रन्थ से उद्धृत है?
(A) शिवराजविजयम्
(B) उत्तररामचरितम्
(C) कादम्बरी (शुकनासोपदेश)
(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

व्याख्या–

A. 'वेदा एतस्यैव वन्दिनः, गायत्री अमुमेव गायति' - शिवराजविजयम् से

B. 'प्रणय एव व्याहरति शोकश्च'–उत्तररामचरितम्

C. 'अकालकुसुमप्रसवा इव..... प्रेतपटहा इवोद्वेजयन्ति'– कादम्बरी (शुकनासोपदेश) से अवतरित इस गद्यांश में शुकनास, चन्द्रापीड को उपदेश देते हुए कहते हैं कि– लक्ष्मी से उन्मत्त राजागण असमय में खिलने वाले फूलों के समान सुन्दर आकृति के होते हुए भी लोगों के विनाश के कारण होते हैं।

D. कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति–अभिज्ञानशाकुन्तलम्।

अतः विकल्प `C' सही है।

74. (B) 75. (A) 76. (C) 77. (C) 78. (C)

79. शुकनास ने किसे उपदेश दिया?
(A) तारापीड को (B) वैशम्पायन को
(C) चन्द्रापीड को (D) पुण्डरीक को

व्याख्या–
A. तारापीड उज्जयिनी के राजा हैं, और चन्द्रापीड के पिता हैं।
B. वैशम्पायन, शुकनास का पुत्र है।
C. शुकनास तारापीड का प्रधान अमात्य है, जो **चन्द्रापीड को** राज्याभिषेक के समय उपदेश देता है।
D. पुण्डरीक के अगले जन्म का नाम ''वैशम्पायन'' है।
अतः विकल्प `C' सही है।

80. गद्यकार बाणभट्ट का स्थितिकाल क्या है?
(A) षष्ठ शताब्दी ई. (B) सप्तम शताब्दी ई.
(C) अष्टम शताब्दी ई. (D) नवम शताब्दी ई.

	कवि		स्थितिकाल (समय)
A.	भारवि	–	षष्ठ शताब्दी ई.
B.	**बाणभट्ट**	–	**सप्तम शताब्दी का पूर्वार्द्ध**
C.	वामन	–	अष्टम शताब्दी ई.
D.	रत्नाकर	–	नवम शताब्दी ई.

अतः विकल्प `B' सही है।

81. ''तेजोद्वयस्य युगपद्व्यसनोदयाभ्यां लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु''–यह किस पात्र का कथन है?
(A) काश्यप (B) कण्वशिष्य
(C) अनसूया (D) प्रियंवदा

व्याख्या–
A. 'ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव – काश्यप की उक्ति है।
B. 'तेजोद्वयस्य युगपद्व्यसनोदयाभ्यां लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु' (अभि.शा. 4/2) – प्रस्तुत सूक्ति में कण्व का शिष्य कहता है कि–
संसार दो तेजों (सूर्य, चन्द्रमा) का एक साथ अस्त एवं उदित होने से अपनी अवस्थाओं के परिवर्तन से मानों लोक को नियन्त्रित किया जा रहा है।
C. 'काम इदानीं सकामो भवतु'–अनसूया का कथन
D. 'एष दुर्वासाः सुलभकोपो महर्षिः'–प्रियंवदा का कथन
अतः विकल्प `B' सही है।

82. ''उद्गलितदर्भकवला मृग्यः परित्यक्तनर्तना मयूराः अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्यश्रूणीव लताः।''
उपर्युक्त पद्य किस पात्र द्वारा कहा गया है?
(A) काश्यप द्वारा (B) अनसूया द्वारा
(C) प्रियंवदा द्वारा (D) गौतमी द्वारा

व्याख्या–
A. ''मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि'' कण्व का कथन है।
B. 'रक्षितव्या खलु प्रकृतिपेलवा प्रियसखी'–अनसूया का कथन।
C. ''उद्गलितदर्भकवला.....मुञ्चन्त्यश्रूणीव लताः'' (अभि. 4/12) प्रस्तुत पद्य में शकुन्तला के विदाई के समय प्रियंवदा कहती है–शकुन्तला के जाने के वियोग में हरिणियों ने कुश के ग्रास को उगल दिया है, मयूरों ने नाचना छोड़ दिया है।
D. 'वरः खल्वेषः नाशीः'–गौतमी का कथन है
अतः विकल्प `C' सही है।

83. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में ययाति के किस पुत्र का नाम उल्लिखित है?
(A) यदु (B) तुर्वशु
(C) पुरु (D) द्रुध्यु

व्याख्या–
* ''ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव।
सुतं त्वमपि सम्राजं सेव **पूरुमवाप्नुहि**।।'' अभि.शा. (4/7)
* प्रस्तुत श्लोक से यह ज्ञात होता है कि–
ययाति के पुत्र का नाम पुरु था।
पुरु की माता शर्मिष्ठा थीं।
* राजा दुष्यन्त भी पुरुवंशीय क्षत्रिय थे।
अतः विकल्प `C' सही है।

84. 'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' यह सूक्ति किस ग्रन्थ में आयी है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में
(B) किरातार्जुनीयम् में
(C) नीतिशतकम् में
(D) मेघदूतम् में

व्याख्या–
A. 'श्रिया दुरापः कथमीप्सितो भवेत्' अभिज्ञानशाकुन्तलम्
B. 'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' **(किरातार्जुनीयम् 1/4)**– वनेचर, हस्तिनापुर से लौटने के पश्चात् युधिष्ठिर से कहता है कि–हितकारी और प्रियवाणी दुर्लभ होती है।
C. ''विभूषणं मौनमपण्डितानाम्''–नीतिशतकम् 7 से
D. 'रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय'– मेघदूतम् 20 से
अतः विकल्प `B' सही है।

79. (C) 80. (B) 81. (B) 82. (C) 83. (C) 84. (B)

85. 'निराश्रया हन्त! हता मनस्विता' यह किसकी उक्ति है?
(A) वनेचर की (B) द्रौपदी की
(C) युधिष्ठिर की (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या–
(A) 'वसूपमानस्य वसूनि मेदिनी'– वनेचर
(B) 'निराश्रया हन्त! हता मनस्विता' (किरातार्जुनीयम् 1/43)– द्रौपदी युधिष्ठिर को उलाहना देते हुए कहती है कि– यदि आप जैसे लोग दुःसह अपमान को सहन कर लेंगे, तो मानवता आश्रयहीन होकर नष्ट हो जायेगी।
(C) किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में युधिष्ठिर की एक भी उक्ति नहीं है। वह केवल श्रोता है।
अतः विकल्प `B' सही है।

86. ''सदानुकूलेषु हि कुर्वते रतिं, नृपेष्वमात्येषु च सर्वसम्पदः'' यह किसके द्वारा कहा गया है?
(A) द्रौपदी द्वारा (B) वनेचर द्वारा
(C) दुर्योधन द्वारा (D) युधिष्ठिर द्वारा

व्याख्या–
(A) ''विजित्य यः प्राज्यमयच्छदुत्तरान्, कुरूनकुप्यं वसु वासवोपमः''–द्रौपदी द्वारा
(B) ''सदानुकूलेषु हि कुर्वते रतिं, नृपेष्वमात्येषु च सर्वसम्पदः'' (किरात. 1/5)–प्रस्तुत पद्य में **वनेचर** युधिष्ठिर से कहता है कि राजाओं और मन्त्रियों के परस्पर अनुकूल होने पर राज्य में सारी समृद्धियाँ अनुराग करती हैं।
(C+D) किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में दुर्योधन और युधिष्ठिर के द्वारा एक भी उक्ति नहीं कही गयी है।
* प्रथमसर्ग में केवल वनेचर एवं द्रौपदी की उक्ति है।
अतः विकल्प `B' सही है।

87. 'स चिन्तयत्येव भियस्त्वदेष्यतीः, अहो दुरन्ता बलवद्विरोधिता' यह किसके विषय में कहा गया है?
(A) दुर्योधन के विषय में
(B) वनेचर के विषय में
(C) युधिष्ठिर के विषय में
(D) दुःशासन के विषय में

व्याख्या–
(A) 'स चिन्तयत्येव भियस्त्वदेष्यतीः, अहो दुरन्ता बलवद्विरोधिता' (किरातार्जुनीयम् 1/23)– वनेचर, युधिष्ठिर से कहता है कि–वह (दुर्योधन) आप की ओर से आने वाली विपत्तियों को सोचता ही है (क्योंकि) अहो! बलशाली से विरोध करना दुःखमय परिणाम वाला होता है। इसलिए यह कथन **दुर्योधन के विषय में** कहा गया है।
(B) 'प्रवृत्तिसाराः खलु मादृशां गिरः'–वनेचर के विषय में
(C) 'मृगद्विजालूनशिखेषु बर्हिषाम्' युधिष्ठिर के विषय में
(D) 'निधाय दुःशासनमिद्धशासनः' दुःशासन की चर्चा
अतः विकल्प `A' सही है।

88. ''न क्षुद्रोऽपि प्रथमसुकृतापेक्षया संश्रयाय, प्राप्ते मित्रे भवति विमुखः किं पुनर्यस्तथोच्चैः''
उपर्युक्त सूक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है?
(A) मेघदूतम् से
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(C) उत्तररामचरितम् से
(D) नीतिशतकम् से

व्याख्या–
(A) 'न क्षुद्रोऽपि.......पुनर्यस्तथोच्चैः' (पूर्वमेघ/17) **मेघदूतम्** में विरही यक्ष मेघ से कहता है कि–छोटा व्यक्ति भी आश्रय के लिए मित्र के आने पर पहले किये हुए उपकार को सोचकर मुँह नहीं मोड़ता, फिर जो (आम्रकूट पर्वत) उतना महान् है, उसकी बात ही क्या?
(B) ''आः, अतिथिपरिभाविनि!''–अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(C) ''यत्र द्रुमा अपि मृगा अपि बन्धवो मे''–उत्तररामचरितम् से
(D) 'सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः'–नीतिशतकम् से
अतः विकल्प `A' सही है।

89. मेघदूतम् किस छन्द में रचित है?
(A) स्रग्धरा (B) शार्दूलविक्रीडित
(C) मन्दाक्रान्ता (D) शिखरिणी

व्याख्या–
(A) ''या सृष्टिः स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं या हविर्या च होत्री''– अभिज्ञानशाकुन्तलम् के इस मङ्गल श्लोक में स्रग्धरा छन्द है। इसके प्रत्येक चरण में 21 वर्ण होते हैं।
(B) ''या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता'' में शार्दूलविक्रीडित छन्द है, इसके प्रत्येक चरण में 19 वर्ण होते हैं।
(C) सम्पूर्ण मेघदूत में **''मन्दाक्रान्ता छन्द''** है।

86. (B) 87. (A) 88. (A) 89. (C)

वृत्तरत्नाकर में मन्दाक्रान्ता का लक्षण–''मन्दाक्रान्ता जलधिषडगैम्भौं नतौ ताद् गुरू चेत्'' अर्थात् जिस छन्द के प्रत्येक चरण में क्रमशः मगण, भगण, नगण, तगण, तगण तथा दो गुरु वर्ण आयें और जलधि (4), षट् (6), अग (7 कुलपर्वत) संख्यक वर्णों पर यति होती है, उसे मन्दाक्रान्ता छन्द कहते हैं।

मन्दाक्रान्ता के प्रत्येक चरण में 17 वर्ण होते हैं।

(D) ''यदा किञ्चिद्ज्ञोऽहं द्विप इव मदान्धः समभवम्'' नीतिशतक के इस श्लोक में ''शिखरिणी छन्द'' है, इसके प्रत्येक चरण में 17-17 अक्षर होते हैं।

90. ''स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु''–सूक्ति किस ग्रन्थ में है?

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में
(B) किरातार्जुनीयम् में
(C) नीतिशतकम् में
(D) मेघदूतम् में

व्याख्या–

(A) 'गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति'–अभिज्ञान शाकुन्तलम् से

(B) 'निरस्तनारीसमया दुराधयः'–किरातार्जुनीयम् से

(C) 'वाराङ्गनेव नृपनीतिरनेकरूपा'–नीतिशतकम् से

(D) 'स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु' **(पूर्वमेघ/29)**– मेघदूतम् से प्रस्तुत पद्य में यक्ष, मेघ से निर्विन्ध्या नदी के विषय में कहता है कि–स्त्रियों का प्रियतम के प्रति किया गया हाव-भाव ही पहला प्रार्थनावाक्य होता है।

अतः विकल्प `D' सही है।

91. भवभूति का स्थितिकाल क्या है?

(A) पञ्चम शताब्दी **(B) षष्ठ शताब्दी**
(C) सप्तम शताब्दी **(D) अष्टम शताब्दी**

	कवि		**स्थितिकाल (समय)**
(A)	विशाखदत्त	–	पञ्चम शताब्दी
(B)	दण्डी	–	षष्ठ शताब्दी
(C)	भवभूति	–	**सप्तम शताब्दी**
(D)	वामन	–	अष्टम शताब्दी

अतः विकल्प `C' सही है।

92. ''अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः'' यह किस कवि ने और किस सन्दर्भ में कहा?

(A) कालिदास ने मेघ के वर्णन में
(B) भारवि ने द्रौपदी के व्यथा के वर्णन में
(C) भवभूति ने राम के करुणरस वर्णन में
(D) भर्तृहरि ने मूर्ख (जड़) के वर्णन में

व्याख्या–

(A) 'जातं वंशे भुवनविदिते पुष्करावर्तकानां'–कालिदास ने मेघ के विषय में कहा है।

(B) 'तथापि वक्तुं व्यवसाययन्ति मां, निरस्तनारीसमया दुराधयः'–भारवि ने द्रौपदी के व्यथा के वर्णन में।

(C) 'अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः' **(उत्तररामचरितम् 3/1)**– प्रस्तुत पंक्ति में भवभूति राम के करुणरस का वर्णन करते हुए कहते हैं कि–गम्भीरता के कारण अप्रकट एवं अन्दर छिपी हुई घोर वेदना से युक्त राम का करुणरस पुटपाक के तुल्य है।

(D) ''न तु प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तमाराधयेत्''–भर्तृहरि ने 'नीतिशतकम्' में मूर्ख व्यक्तियों के बारे में कहा है।

अतः विकल्प `C' सही है।

93. ''स्नपयति हृदयेशं स्नेहनिष्यन्दिनी ते, धवलमधुरमुग्धा दुग्धकुल्येव दृष्टिः'' उपर्युक्त पद्यांश किस ग्रन्थ से उद्धृत है।

(A) उत्तररामचरितम् से
(B) मेघदूतम् से
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(D) नीतिशतकम् से

व्याख्या–

(A) 'स्नपयति हृदयेशं.......दृष्टिः'–प्रस्तुत पद्यांश उत्तररामचरितम् से उद्धृत है। **(उत्तररामचरितम् 3/23)**

(B) ''सद्यः पाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि''–मेघदूतम् से उद्धृत है।

(C) 'अतिस्नेहः पापशङ्की'–अभिज्ञानशाकुन्तलम् से उद्धृत है

(D) ''माधुर्यं मधुबिन्दुना रचयितुं क्षाराम्बुधेरीहते''–नीतिशतकम् से उद्धृत है।

अतः विकल्प `A' सही है।

90. (D) 91. (C) 92. (C) 93. (A)

94. ''मन्यामहे मलयमेव यदाश्रयेण, कङ्कोलनिम्बकुटजा अपि चन्दनानि।'' यह पद्यांश किस ग्रन्थ से उद्धृत है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(B) नीतिशतकम् से
(C) उत्तररामचरितम् से
(D) शुकनासोपदेश से

व्याख्या–
(A) 'मलयतटोन्मूलिता चन्दनलतेव देशान्तरे जीवितं धारयिष्यामि'–अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(B) ''मन्यामहे मलयमेव यदाश्रयेण कङ्कोलनिम्बकुटजा अपि चन्दनानि'' **(परिशिष्ट-17)–नीतिशतकम्** से उद्धृत है।
(C) ''आश्च्योतनं नु हरिचन्दनपल्लवानाम्''–उत्तररामचरित से
(D) ''चन्दनप्रभवो न दहति किमनलः''–शुकनासोपदेश से
अतः विकल्प `B' सही है।

95. ''दुर्जनः परिहर्तव्यो विद्ययालङ्कृतोऽपि सन्''–यह वचन किसने कहा है?
(A) भर्तृहरि ने (B) कालिदास ने
(C) भवभूति ने (D) भारवि ने

व्याख्या–
(A) ''दुर्जनः परिहर्तव्यो विद्ययालङ्कृतोऽपि सन्'' **भर्तृहरि** नीतिशतकम्–43 में कहते हैं कि– विद्या से अलंकृत होने पर भी दुष्ट का साथ छोड़ देना चाहिए।
(B) 'न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम'– कालिदास ने अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में कहा है।
(C) 'राक्षसकुलप्रलयधूमकेतो किमद्यापि ते मन्युविषयः''–भवभूति ने उत्तररामचरितम् में कहा है।
(D) ''व्रजन्ति ते मूढधियः पराभवं'–भारवि ने किरातार्जुनीयम् में कहा है।
अतः विकल्प `A' सही है।

96. ''विधिरहो बलवानिति मे मतिः'' यह सुभाषित किस ग्रन्थ में आया है?
(A) नीतिशतकम् में
(B) उत्तररामचरितम् में
(C) कादम्बरी (शुकनासोपदेश में)
(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में

व्याख्या–
(A) ''विधिरहो बलवानिति मे मतिः'' **(नीतिशतकम्/86)**– प्रस्तुत सुभाषित में भर्तृहरि कहते हैं कि–'भाग्य ही बलवान् है, ऐसी मेरी सम्मति है'
(B) ''विष्वङ्मोहः स्थगयति कथं मन्दभाग्यः करोमि'–उत्तररामचरितम् से उद्धृत है।
(C) ''न लक्षणं प्रमाणीकरोति''–कादम्बरी (शुकनासोपदेश) से उद्धृत है।
(D) ''भाग्यायत्तमतः परं न खलु तद् वाच्यं वधूबन्धुभिः''–अभिज्ञानशाकुन्तलम् में चतुर्थ अङ्क में कण्व कहते हैं।
अतः विकल्प `A' सही है।

97. 'तस्मिन्नद्रौ कतिचिदबलाविप्रयुक्तः स कामी' मेघदूतम् की इस पंक्ति के आगे की पंक्ति कौन-सी है?
(A) वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयं ददर्श
(B) जीमूतेनस्वकुशलमयीं हारयिष्यन् प्रवृत्तिम्
(C) नीत्वा मासान्कनकवलयभ्रंशरिक्तप्रकोष्ठः
(D) अन्तर्वाष्पश्चिरमुनचरो राजराजस्य दध्यौ

व्याख्या–
* तस्मिन्नद्रौ कतिचिदबलाविप्रयुक्तः स कामी
* नीत्वा मासान्कनकवलयभ्रंशरिक्तप्रकोष्ठः
* प्रस्तुत पद्य कालिदास कृत मेघदूतम् का दूसरा श्लोक है। अतः विकल्प `C' सही है।

98. शकुन्तला से 'भर्तुर्बहुमता भव' यह वाक्य किसने कहा है?
(A) काश्यप ने (B) एक तापसी ने
(C) गौतमी ने (D) प्रियंवदा ने

व्याख्या–
(A) ''सुतं त्वमपि सम्राजं सेव पूरुमवाप्नुहि''–कण्व, शकुन्तला के लिए कहते हैं।
(B) ''भर्तुर्बहुमता भव''–कण्वाश्रम की **एक तापसी**, शकुन्तला को आशीर्वाद देते हुए कहती है कि– 'पति द्वारा बहुत सम्मान वाली हो।'
(C) ''वरः खल्वेषः नाशीः''–गौतमी, शकुन्तला के लिए कहती है।
(D) ''भर्तुर्गेहेऽनुभवितव्या राजलक्ष्मीः''–प्रियंवदा, शकुन्तला के लिए कहती है।
उपर्युक्त सभी कथन अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क से उद्धृत हैं, अतः विकल्प `B' सही है।

94. (B) 95. (A) 96. (A) 97. (C) 98. (B)

99. ''को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति''–यह वाक्य किस ग्रन्थ में आया है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में
(B) मेघदूतम् में
(C) किरातार्जुनीयम् में
(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम् चतुर्थ अङ्क के चौथे श्लोक में

व्याख्या–

(A) ''को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति''– **अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क** में प्रियंवदा अनसूया से शकुन्तला के विषय में कहती है कि–भला कौन नवमालिका (चमेली) को गर्म जल से सींचता है।

(B) ''चूडापाशे नवकुरबकं चारु कर्णे शिरीषम्''–मेघदूतम् में

(C) ''शमीतरुं शुष्कमिवाग्निरुच्छिखः''–किरातार्जुनीयम् के प्रथम अङ्क में द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती है।

(D) ''अवेहि तनयां ब्रह्मन्नग्निगर्भां शमीमिव''–(अभिज्ञान-शाकुन्तलम् के 4/4 श्लोक में) आकाशवाणी के माध्यम से यह श्लोक कण्व को सुनायी पड़ता है।

अतः विकल्प `A' सही है।

100. 'अदेवमातृकाः'' शब्द का प्रयोग किस ग्रन्थ में है?
(A) किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में
(C) उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में
(D) कादम्बरी (शुकनासोपदेश) में

व्याख्या–

(A) 'वितन्वति क्षेममदेवमातृकाश्चिराय तस्मिन् कुरवश्चकासति' **(किरातार्जुनीयम् 1/17)** प्रस्तुत पद्य में 'अवेदमातृकाः' शब्द का प्रयोग हुआ है जिसका अर्थ है–वर्षा के जल पर निर्भर न रहने वाले (कुरुदेशवासी)।

(B) 'क्षौमं' = रेशमीवस्त्र (अभिज्ञानशाकुन्तलम् 4/5)

(C) 'स्तनयित्नोः' = बादल के (उत्तररामचरितम् 3/7)

(D) 'अनार्या'–लक्ष्मी के लिए आया है– कादम्बरी शुकनासोपदेश में।

अतः विकल्प `A' सही है।

99. (A) 100. (A)

प्रशिक्षित-स्नातकशिक्षक-चयनपरीक्षा (TGT)–2001

1. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में 'अभिज्ञान' शब्द से किसका बोध होता है?
(A) नथुनी **(B) पायल**
(C) अँगूठी **(D) लॉकेट**

व्याख्या –
'तेन राजर्षिणा सम्प्रस्थितेन स्वनामधेयाङ्कितमङ्गुलीयकं स्मरणीयमिति स्वयं पिनद्धम्'– (अभि.शाकु., अङ्क-4)
अनसूया के इस कथन से यह ज्ञात होता है कि अभिज्ञान-शाकुन्तलम् में 'अभिज्ञान' का तात्पर्य **''अँगूठी''** से है।

	शब्द	**अर्थ**
(A)	नासाभरणम् (नपु.)	नथुनी
(B)	नूपुरम् (नपु.)	पायल
(C)	अङ्गुलीयकम् (नपु.)	अँगूठी
(D)	कण्ठभूषा (स्त्री.)	लॉकेट

अतः विकल्प (C) सही है।

2. शकुन्तला की सखी कौन थी?
(A) गौतमी **(B) मालविका**
(C) उर्वशी **(D) अनसूया और प्रियंवदा**

व्याख्या –
(A) गौतमी, कण्वाश्रम की अध्यक्षा है।
(B) मालविका, कालिदास कृत मालविकाग्निमित्रम् की नायिका है।
(C) उर्वशी, कालिदासकृत विक्रमोर्वशीयम् की नायिका है।
(D) **अनसूया और प्रियंवदा** शकुन्तला की सखियाँ हैं। अतः विकल्प (D) सही है।

3. शकुन्तला के साथ राजदरबार तक कौन गयी थी?
(A) गौतमी **(B) मेनका**
(C) अनसूया **(D) प्रियंवदा**

व्याख्या –
(A) **''त्वया सह गौतमी यास्यति''** – कण्व के इस कथन से ज्ञात होता है कि शकुन्तला के साथ गौतमी दुष्यन्त के राजदरबार हस्तिनापुर तक जाती है।
* गौतमी के साथ शार्ङ्गरव एवं शारद्वत भी हस्तिनापुर जाते हैं।
(B) मेनका – एक अप्सरा है, जो विश्वामित्र की पत्नी एवं शकुन्तला की जन्मदात्री माता है।
(C) + (D) अनसूया एवं प्रियंवदा, शकुन्तला के साथ हस्तिनापुर नही जाती हैं। ''न युक्तमनयोस्तत्र गन्तुम्'' अतः विकल्प (A) सही है।

4. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का विदूषक कौन है?
(A) माढव्य **(B) मैत्रेय**
(C) वसन्तक **(D) माणवक**

	ग्रन्थ		**विदूषक**
(A)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	**माढव्य**
(B)	मृच्छकटिकम्	–	मैत्रेय
(C)	रत्नावली	–	वसन्तक
(D)	विक्रमोर्वशीयम्	–	माणवक

अतः विकल्प (A) सही है।

5. किसके आग्रह पर शकुन्तला के प्रति दुर्वासा के शाप में लघुता आयी –
(A) अनसूया **(B) प्रियंवदा**
(C) कण्व **(D) गौतमी**

व्याख्या –
(A) ''गच्छ पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनम्'' – अनसूया, प्रियंवदा को दुर्वासा ऋषि को मनाने के लिए भेजती है।
(B) ''प्रकृतिवक्रः स कस्यानुनयं प्रतिगृह्णाति! किमपि पुनः सानुक्रोशः कृतः'' – **प्रियंवदा** कहती है कि– स्वभाव से टेढे वह (दुर्वासा) भला किसकी प्रार्थना को स्वीकार करते हैं, फिर भी मैंने कुछ दयायुक्त कर लिया है। अर्थात् प्रियंवदा के आग्रह से शाप में कमी आयी। अतः विकल्प (B) सही है।
(C) कण्व, दुर्वासा ऋषि के आगमन के समय सोमनाथ तीर्थ गये थे।
(D) गौतमी को इस बात की जानकारी नहीं थी कि ऋषि दुर्वासा आश्रम में आये हैं।

1. (C) 2. (D) 3. (A) 4. (A) 5. (B)

6. 'कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव' – यह श्लोकांश है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में
(B) शुकनासोपदेश में
(C) शिवराजविजयम् में
(D) मेघदूतम् में

व्याख्या –
(A) ''कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव'' **(अभिज्ञानशाकुन्तलम् 4/1)** – ऋषि दुर्वासा नेपथ्य में शकुन्तला को शाप देते हुए कहते हैं कि 'याद दिलाये जाने पर भी वह (दुष्यन्त) तुमको याद नहीं करेगा। जैसे कोई प्रमत्त व्यक्ति पूर्व में किये गये कार्यों को स्मरण नहीं करता।
(B) ''कल्याणाभिनिवेशो लक्ष्मीमेव प्रथमम्''–(शुकनासोपदेश)
(C) ''अरुण एष प्रकाशः पूर्वस्यां भगवतो मरीचिमालिनः'' (शिवराजविजयम्)
(D) ''आषाढस्य प्रथमदिवसे मेघमाश्लिष्टसानुम्'' – (मेघदूतम्)
अतः विकल्प (A) सही है।

7. 'पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनया विश्लेषदुःखैर्नवैः' – यह उक्ति किसकी है –
(A) प्रियंवदा की (B) अनसूया की
(C) गौतमी की (D) कण्व की

व्याख्या –
(A) 'एते खलु हस्तिनापुरगामिन ऋषयः शब्दायन्ते' – प्रियंवदा
(B) 'यद्यपि गान्धर्वेण विधिना निवृत्तकल्याणा शकुन्तला....' – अनसूया
(C) 'वरः खल्वेषः नाशीः' – गौतमी
(D) 'पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनया विश्लेषदुःखैर्नवैः' – प्रस्तुतपद्य में **कण्व**, शकुन्तला की विदाई के समय कहते हैं कि – जंगल में रहने वाले मेरी भी स्नेह के कारण ऐसी व्याकुलता है तो गृहस्थ लोग पुत्री के वियोग के दुःख में कितना अधिक दुःखी होते होंगे। (अभि. 4/6)
अतः विकल्प (D) सही है।

8. ''सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं............'' रिक्तस्थान की पूर्ति करें –
(A) सर्वैरनुज्ञायताम् (B) नादत्ते
(C) अनुमतगमना (D) स्नेहेन

व्याख्या –
(A) 'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं **सर्वैरनुज्ञायताम्**' (अभि. 4/9) – कण्व
(B) 'नादत्ते प्रियमण्डनाऽपि भवताम्' – कण्व
(C) 'अनुमतगमना शकुन्तला तरुभिरियं वनवासबन्धुभिः'–कण्व
(D) 'नादत्ते प्रियमण्डनापि भवतां स्नेहेन या पल्लवम्'–कण्व
अतः विकल्प (A) सही है।

9. ''अर्थो हि कन्या परकीय एव'' – किसके लिए कहा गया है?
(A) शकुन्तला के लिए (B) प्रियंवदा के लिए
(C) अनसूया के लिए (D) गौतमी के लिए

व्याख्या –
(A) 'अर्थो हि कन्या परकीय एव' (अभि. 4/22)– कण्व **शकुन्तला के लिए** कहते हैं कि – ''कन्या वस्तुतः दूसरे का ही धन है''
(B) + (C) ''निगृह्यशोकमनुगच्छतं मां प्रस्थितम्'' – कण्व, अनसूया प्रियंवदा के लिए कहते हैं।
(D) 'कथं वा गौतमी मन्यते' – कण्व गौतमी से कहते हैं।
अतः विकल्प (A) सही है।

10. 'तन्माऽतिमात्रं मम कृत उत्कण्ठस्व' – यह कथन किसका है?
(A) काश्यप का (B) शकुन्तला का
(C) प्रियंवदा का (D) अनसूया का

व्याख्या –
(A) 'मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि' – काश्यप
(B) 'तन्माऽतिमात्रं मम कृत उत्कण्ठस्व' – **शकुन्तला** कण्व से कहती है कि मेरे लिए आप अत्यधिक दुःखी मत होइए।
(C) 'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति' – प्रियंवदा
(D) 'काम इदानीं सकामो भवतु' – अनसूया
अतः विकल्प (B) सही है।

11. किरातार्जुनीयम् महाभारत के किस पर्व से लिया गया है?
(A) वनपर्व से (B) आदिपर्व से
(C) भीष्मपर्व से (D) सभापर्व से

	ग्रन्थ		उपजीव्य
(A)	**किरातार्जुनीयम्**	–	**वनपर्व (महाभारत)**
(B)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	आदिपर्व (महाभारत)
(C)	गीता	–	भीष्मपर्व (महाभारत)
(D)	शिशुपालवधम्	–	सभापर्व (महाभारत)

अतः विकल्प (A) सही है।

6. (A) 7. (D) 8. (A) 9. (A) 10. (B) 11. (A)

12. किरातार्जुनीयम् में कुल कितने सर्ग हैं?
(A) 18 **(B) 19**
(C) 20 **(D) 22**

महाकाव्य		सर्ग
(A) **किरातार्जुनीयम्**	**–**	**18**
(B) रघुवंशमहाकाव्यम्	–	19
(C) शिशुपालवधम्	–	20
(D) नैषधीयचरितम्	–	22

अतः विकल्प (A) सही है।

13. ''हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः'' – सूक्ति किस ग्रन्थ से है?
(A) मेघदूतम् से
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(C) किरातार्जुनीयम् से
(D) नीतिशतकम् से

व्याख्या –
(A) 'सद्यः पाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि मेघदूतम् (पूर्व भाग-9) से
(B) 'गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति'–अभि. शाकु.–16
(C) 'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' **(किरात. 1/4)** – वनेचर, युधिष्ठिर से कहता है कि – हितकारी और मनोहारी वचन दुर्लभ होते हैं।
(D) नानाफलं फलति कल्पलतेव भूमिः–नीतिशतकम्-38
अतः विकल्प (C) सही है।

14. 'निगूढतत्त्वं नयवर्त्म विद्विषाम्' – यह उक्ति किसकी है?
(A) वनेचर की **(B) दुर्योधन की**
(C) द्रौपदी की **(D) युधिष्ठिर की**

व्याख्या –
(A) 'निगूढतत्त्वं नयवर्त्म विद्विषाम्' (किरात. 1/6)– **वनेचर**, युधिष्ठिर से कहता है कि – गुप्त रहस्यों वाला नीतिमार्ग जो मेरे द्वारा जाना गया वह आपका प्रभाव है।
(C) 'शमीतरुं शुष्कमिवाग्निरुच्छिखः' – द्रौपदी
नोट – किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में दुर्योधन एवं युधिष्ठिर की एक भी उक्ति नहीं है।
अतः विकल्प (A) सही है।

15. 'तथापि वक्तुं व्यवसाययन्ति मां निरस्तनारीसमया दुराधयः'–यह श्लोकांश किस ग्रन्थ से लिया गया है?
(A) मेघदूतम् से **(B) किरातार्जुनीयम् से**
(C) नीतिशतकम् से **(D) शिवराजविजयम् से**

व्याख्या –
(A) 'ह्रीमूढानां भवति विफलप्रेरणा चूर्णमुष्टिः'–(उत्तरमेघ)
(B) 'तथापि वक्तुं व्यवसाययन्ति मां, निरस्तनारीसमया दुराधयः **(किरात. 1/28)**– प्रस्तुत पद्य में द्रौपदी युधिष्ठिर से कहती है कि – नारी की मर्यादा को नष्ट करने वाली दुष्ट मनोव्यथाएँ मुझे कुछ कहने के लिए उद्यत कर रही हैं।
(C) 'दुर्जनः परिहर्तव्यो विद्ययाऽलंकृतोऽपि सन्' – (नीतिशतकम्)
(D) 'सत्यः पात्यन्ते, सन्तश्च सन्ताप्यन्ते'–(शिवराजविजयम्)
अतः विकल्प (B) सही है।

16. मेघदूतम् है –
(A) कथा **(B) महाकाव्य**
(C) खण्डकाव्य **(D) नाटक**

ग्रन्थ		काव्यविधा
(A) कादम्बरी	–	कथा
(B) किरातार्जुनीयम्	–	महाकाव्य
(C) मेघदूतम्	–	**खण्डकाव्य**/गीतिकाव्य
(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	नाटक

अतः विकल्प (C) सही है।

17. मेघदूतम् में अभिशप्त यक्ष कहाँ रहता था?
(A) नर्मदा के तट पर **(B) अलकापुरी में**
(C) आम्रकूट पर्वत पर **(D) रामगिरि पर्वत में**

व्याख्या –
(A) **नर्मदा** (रेवा) – मेघ के मार्ग में पड़ने वाली पहली नदी है।
(B) **अलका** – यह कुबेर की राजधानी है। शाप के पूर्व यक्ष अलकापुरी में ही निवास करता था।
(C) **आम्रकूट** – मेघ के मार्ग का पहला पर्वत।
(D) 'स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु' – प्रस्तुत श्लोकांश से ज्ञात होता है कि – अभिशप्त यक्ष **रामगिरि पर्वत** पर रहता था। (पूर्वमेघ–1)
अतः विकल्प (D) सही है।

12. (A) 13. (C) 14. (A) 15. (B) 16. (C) 17. (D)

18. मेघदूतम् के अनुसार कैलाशपर्वत तक मेघ के सहयात्री कौन होंगे?
(A) राजहंस (B) बलाका
(C) चातक (D) नलगिरि

व्याख्या –
(A) **राजहंस**– कैलाशपर्वत तक मेघ के सहयात्री। ''आ कैलासाद् .... भवतो राजहंसाः सहायाः'' (पूर्वमेघ-11)
(B) **बलाका** – आकाश में पंक्तिबद्ध होकर बगुलियाँ मेघ से मिलती हैं। ''सेविष्यन्ते नयनसुभगं खे भवन्तं बलाकाः'' (पूर्वमेघ-10)
(C) **चातक**–मेघ के वामपार्श्व (बाईं ओर) में बोलता है।
(D) **नलगिरि** – राजा प्रद्योत का हाथी है।
अतः विकल्प (A) सही है।

19. 'कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने किं पुनर्दूरसंस्थे' – इसमें 'जन' शब्द किसका बोधक है –
(A) मेघ का (B) यक्षिणी का
(C) राजहंस का (D) चातक का

व्याख्या –
कण्ठ के आलिङ्गन से प्रेम करने वाली मेरी प्रिया रूप जन के दूर होने पर क्या कहा जाय।
इस पद में सप्तमी के कारण ऐसे व्यक्ति की ओर संकेत कर रहा है, जो उस यक्ष के कण्ठालिङ्गन का इच्छुक हो और वह व्यक्ति केवल उसकी प्रिया ही हो सकती है जो उससे दूर स्थित है। 'जने' से अर्थ यहाँ पर प्रिया अर्थात् यक्षिणी है।
अतः विकल्प (B) सही है।
स्रोत- 1. मेघदूतम् (पूर्वमेघ-3) आर0बी0 शास्त्री
2. मेघदूतम्- विजेन्द्र शर्मा, पेज-07

20. कालिदास के अनुसार कितने तत्वों की समष्टि से मेघ बनता है?
(A) पाँच (B) चार
(C) तीन (D) दो

व्याख्या –''धूमज्योतिःसलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः''– (पूर्वमेघ /5) धुआँ, ज्योति (प्रकाश), जल, वायु इन **चार तत्वों** के सन्निपात से मेघ बना है। अतः विकल्प (B) सही है।

21. कालिदास के अनुसार चेतन और अचेतन में कृपण कौन है?
(A) कामार्त (B) शोकार्त
(C) क्षुधार्त (D) रोगार्त

व्याख्या – ''**कामार्ता** हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु'' (पूर्वमेघ–5)– कालिदास कहते हैं कि – कामार्त व्यक्ति स्वाभाविक रूप से चेतन और अचेतन में भेद करने में कृपण (दीन) हो जाते हैं।

शब्द	**अर्थ**
कामार्त	कामपीड़ित
शोकार्त	शोक से पीड़ित
क्षुधार्त	भूख से पीड़ित
रोगार्त	रोग से पीड़ित

अतः विकल्प (A) सही है।

22. 'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा' – इसमें 'अधिगुण' शब्द से किसका बोध होता है?
(A) यक्ष का (B) मेघ का
(C) गङ्गा का (D) कुबेर का

व्याख्या –
(A) यक्ष- कुबेर का सेवक था जो अपनी प्रिया से दूर रामगिरि पर्वत में रहता था।
(B) 'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा' (पूर्वमेघ/6)– यहाँ **'अधिगुण' शब्द मेघ के लिए** आया है।
(C) गङ्गा को भगीरथ धरती पर लाये थे, अतः इसे 'भागीरथी' भी कहते हैं।
(D) कुबेर-अलकापुरी का राजा था। जिसने यक्ष को अपनी प्रिया से एकवर्ष तक दूर रहने का शाप दिया था।
अतः विकल्प (B) सही है।

23. मेघ की यात्रा के समय वामपार्श्व में किसकी ध्वनि होती है?
(A) राजहंस की (B) बलाका की
(C) चातक की (D) सारिका की

व्याख्या –
(A) राजहंस मानसरोवर जाते समय आकाश मार्ग में मेघ के सहयात्री होंगे।
(B) आकाश में पंक्तिबद्ध बगुलियाँ मेघ को देखती हैं।
(C) **'वामश्चायं नदति मधुरश्चातकस्ते सगन्धः'** (पूर्वमेघ /10) – मेघ की यात्रा के समय वामपार्श्व (बाईं ओर) **चातक** बोलते हैं।
(D) यक्ष के घर में यक्षिणी द्वारा पिंजड़े में सारिका (मैना) पाली गयी है।
अतः विकल्प (C) सही है।

18. (A) 19. (B) 20. (B) 21. (A) 22. (B) 23. (C)

24. उत्तररामचरितम् में कुल कितने अङ्क हैं?
(A) 5 **(B) 6**
(C) 7 **(D) 10**

ग्रन्थ		अङ्क
(A) मालविकाग्निमित्रम्	–	5
(B) स्वप्नवासवदत्तम्	–	6
(C) **उत्तररामचरितम्**	–	**7**
(D) मृच्छकटिकम्	–	10

अतः विकल्प (C) सही है।

25. उत्तररामचरितम् में ''छाया अङ्क'' कौन-सा है?
(A) प्रथम **(B) द्वितीय**
(C) तृतीय **(D) चतुर्थ**

अङ्क		नाम
(A) प्रथम अङ्क	–	चित्रदर्शन
(B) द्वितीय अङ्क	–	पञ्चवटीप्रवेश
(C) **तृतीय अङ्क**	**–**	**छाया अङ्क**
(D) चतुर्थ अङ्क	–	कौशल्याजनकयोग

अतः विकल्प (C) सही है।

26. ''त्वं जीवितं त्वमसि मे हृदयं द्वितीयम्'' – उत्तररामचरित में यह किसकी उक्ति है?
(A) वासन्ती की **(B) तमसा की**
(C) मुरला की **(D) सीता की**

व्याख्या –
(A) ''त्वं जीवितं त्वमसि मे हृदयं द्वितीयम्'' (उत्तररामचरितम् 3/26)– **वासन्ती** राम को उलाहना देते हुए कहती हैं कि – 'तुम मेरा जीवन हो, तुम मेरा दूसरा हृदय हो' इत्यादि सैकड़ों वचन आपने सीता के लिए कहा था!
(B) 'विरहव्यथेव वनमेति जानकी' – तमसा
(C) 'शरदिज इव घर्मः केतकीगर्भपत्रम्' – मुरला
(D) 'अहमेवैतस्य हृदयं जानामि ममैषः' – सीता
अतः विकल्प (A) सही है।

27. उत्तररामचरित के तृतीय अङ्क में राम किससे अपनी व्यथा का वर्णन करते हैं?
(A) वासन्ती से **(B) तमसा से**
(C) मुरला से **(D) सीता से**

व्याख्या –
(A) राम **वासन्ती से** अपनी विरहव्यथा का वर्णन करते हैं।
(B) तमसा, सीता के साथ रहती है।
(C) तमसा और मुरला – ये दोनों नदियाँ हैं।
(D) सीता, अपनी बात तमसा से कहती है, क्योंकि पूरे तृतीय अङ्क में राम के साथ वासन्ती और सीता के साथ तमसा रहती है।
अतः विकल्प (A) सही है।

28. 'पुरोत्पीडे तटाकस्य परीवाहः प्रतिक्रिया' में 'पुरोत्पीडे' शब्द का क्या अर्थ है –
(A) वाणी
(B) जलवृद्धि
(C) सरोवर
(D) बादल

शब्द		अर्थ
(A) भारतीनिर्घोषः	–	वाणी
(B) **पुरोत्पीडे**	**–**	**जलवृद्धि**
(C) तटाकः	–	सरोवर
(D) स्तनयित्नुः	–	बादल

अतः विकल्प (B) सही है।

29. 'तोयस्येवाप्रतिहतरयः सैकतं सेतुमोघः' श्लोकांश है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(B) नीतिशतकम् से
(C) मेघदूतम् से
(D) उत्तररामचरितम् से

व्याख्या –
(A) 'प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा' – अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(B) 'हतविधिपरिपाकः केन वा लङ्घनीयः' – नीतिशतकम्
(C) 'नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण' – मेघदूतम्
(D) 'तोयस्येवाप्रतिहतरयः सैकतं सेतुमोघः' **(उत्तररामचरितम् अङ्क 3/36)** – राम कहते हैं कि – अबाध गति से जाने वाला जलप्रवाह रेत के पुल को तोड़कर फैल जाता है। अतः विकल्प (D) सही है।

24. (C) 25. (C) 26. (A) 27. (A) 28. (B) 29. (D)

30. करुणरस प्रधान नाटक है?
(A) उत्तररामचरितम् (B) मुद्राराक्षसम्
(C) मालतीमाधवम् (D) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

	नाटक		प्रधानरस
(A)	**उत्तररामचरितम्**	–	**करुणरस**
(B)	मुद्राराक्षसम्	–	वीररस
(C)	मालतीमाधवम्	–	शृंगाररस
(D)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	शृंगाररस

अतः विकल्प (A) सही है।

31. उत्तररामचरित में वर्णित तमसा और मुरला हैं?
(A) दो नदियाँ
(B) वनदेवियाँ
(C) सीता की परिचारिका
(D) लव कुश की परिचारिका

व्याख्या –
(A) 'ततः प्रविशति नदीद्वयम्' – प्रस्तुत पंक्ति तमसा और मुरला के लिए प्रयुक्त है अर्थात् ये **दोनों नदियाँ हैं।**
(B) वासन्ती वनदेवी है और सीता की सखी भी है।
(C) सीता राजा जनक की पुत्री और राम की पत्नी हैं। कुश और लव इनके दो पुत्र हैं। वनवासकाल में इनकी कोई परिचारिका नही थी।
(D) कुश और लव दोनों राम और सीता के पुत्र हैं। कुश बड़ा भाई और लव छोटा है। इनकी भी किसी परिचारिका का उल्लेख नहीं है।
अतः विकल्प (A) सही है।

32. ''करुणस्य मूर्तिरथवा शरीरिणी, विरहव्यथेव वनमेति जानकी'' – यह कथन किसका है?
(A) मुरला का (B) सीता का
(C) राम का (D) तमसा का

व्याख्या –
(A) ''हृदयकमलशोषी दारुणो दीर्घशोकः'' – मुरला
(B) 'दिष्ट्या अपरिहीनधर्मः खलु स राजा' – सीता
(C) 'यत्कल्याणं वयसि तरुणे भाजनं तस्य जातः' – राम
(D) 'करुणस्य मूर्तिरथवा शरीरिणी विरहव्यथेव वनमेति जानकी' (उत्तर. 3/4) – जब सीता गोदावरी से निकलकर पञ्चवटी में प्रवेश करने लगती हैं, तब **तमसा कहती है** – सीता करुणरस की साक्षात् मूर्ति अथवा शरीरधारिणी वियोग व्यथा के तुल्य पञ्चवटी में आ रही हैं।
अतः विकल्प (D) सही है।

33. भवभूति किसके आश्रित कवि थे –
(A) यशोवर्मा के
(B) विक्रमादित्य के
(C) हर्षवर्धन के
(D) विष्णुवर्धन के

	कवि		राज्याश्रय
(A)	**भवभूति**	–	**यशोवर्मा**
(B)	कालिदास	–	विक्रमादित्य
(C)	बाणभट्ट	–	हर्षवर्धन
(D)	भारवि	–	विष्णुवर्धन

अतः विकल्प (A) सही है।

34. शिवराजविजयम् के लेखक हैं?
(A) दण्डी (B) अम्बिकादत्तव्यास
(C) कालिदास (D) भारवि

	ग्रन्थ		लेखक
(A)	दशकुमारचरितम्	–	दण्डी
(B)	**शिवराजविजयम्**	–	**अम्बिकादत्तव्यास**
(C)	ऋतुसंहारम्	–	कालिदास
(D)	किरातार्जुनीयम्	–	भारवि

अतः विकल्प (B) सही है।

35. 'संस्कृत संजीवनी समाज' की स्थापना किसने की?
(A) गोविन्ददास ने
(B) कुसुमदेव ने
(C) माधवभट्ट ने
(D) अम्बिकादत्तव्यास ने

व्याख्या –
* संस्कृत शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए 'संस्कृत संजीवनी समाज' नामक संस्था की स्थापना **अम्बिकादत्त व्यास जी** ने की थी।
अतः विकल्प (D) सही है।

30. (A) 31. (A) 32. (D) 33. (A) 34. (B) 35. (D)

36. संस्कृतसाहित्य में प्रथम ऐतिहासिक उपन्यास का सौभाग्य किसे प्राप्त है?
(A) नवसाहसाङ्कचरितम् (B) शिवराजविजयम्
(C) कादम्बरी (D) हर्षचरितम्

व्याख्या –
(A) नवसाहसाङ्कचरितम् – संस्कृतसाहित्य का प्रथम ऐतिहासिक महाकाव्य है।
(B) **शिवराजविजयम्** – संस्कृतसाहित्य का प्रथम ऐतिहासिक उपन्यास।
(C) कादम्बरी – बाणभट्ट कृत कादम्बरी तीन जन्मों की एक काल्पनिक 'कथा' है।
(D) हर्षचरितम् – यह एक 'आख्यायिका' ग्रन्थ है, इसमें कुल 8 उच्छ्वास हैं।
अतः विकल्प (B) सही है।

37. शिवराजविजयम् का प्रधानरस कौन सा है?
(A) करुणरस (B) शृंगाररस
(C) शान्तरस (D) वीररस

	ग्रन्थ		प्रधानरस
(A)	उत्तररामचरितम्	–	करुणरस
(B)	नैषधीयचरितम्	–	शृंगाररस
(C)	शारिपुत्रप्रकरणम्	–	शान्तरस
(D)	**शिवराजविजयम्**	–	**वीररस**

अतः विकल्प (D) सही है।

38. शिवराजविजयम् की सम्पूर्ण कथा कितने निःश्वासों में विभक्त है?
(A) 5 (B) 8
(C) 10 (D) 12

	ग्रन्थ		विभाजन
(A)	सरस्वतीकण्ठाभरणम्	–	5 परिच्छेद
(B)	हर्षचरितम्	–	8 उच्छ्वास
(C)	काव्यादर्श	–	3 परिच्छेद
(D)	**शिवराजविजयम्**	–	**12 निःश्वास**

अतः विकल्प (D) सही है।

39. शिवराजविजय में किस रीति का आश्रय लिया गया है?
(A) गौडी (B) वैदर्भी
(C) पाञ्चाली (D) इनमें से कोई नहीं

	ग्रन्थ		मुख्य रीति
(A)	महावीरचरितम्	–	गौडी रीति
(B)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	वैदर्भी रीति
(C)	**शिवराजविजयम्**	–	**पाञ्चाली** (कहीं कहीं वैदर्भी और गौडी का समन्वय)

अतः विकल्प (C) सही है।

40. भर्तृहरि ने नीतिशतक लिखा है?
(A) गद्य में (B) गद्य, पद्य में
(C) छन्द में (D) श्लोक में

	ग्रन्थ		विधा
(A)	कादम्बरी	–	गद्य में
(B)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	गद्य, पद्य में
(C)	**नीतिशतकम्**	–	**विभिन्न छन्दों में**
(D)	गीता	–	श्लोक (अनुष्टुप्) में

अतः विकल्प (C) सही है।

41. नीतिशतक में कितने प्रकार के प्राणी बताये गये हैं?
(A) तीन (B) चार
(C) छः (D) आठ

व्याख्या – प्रायेणाधममध्यमोत्तमगुणः संसर्गतो जायते।
(A) नीतिशतक में भर्तृहरि ने **तीन प्रकार** के प्राणी बताये हैं–
1. अधम 2. मध्यम 3. उत्तम
(B) चार वेद – ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद
(C) ऋतुसंहारम् के 6 सर्गों में वर्णित षट् ऋतुयें – ग्रीष्म, वर्षा, शरद्, हेमन्त, शिशिर, वसन्त
(D) अष्टमूर्ति शिव – जल, अग्नि, यजमान, सूर्य, चन्द्र, आकाश, पृथ्वी, वायुरूप मूर्ति।
अतः विकल्प (A) सही है।

42. 'विद्याविहीनः पशुः' यह उक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है?
(A) नीतिशतकम् से
(B) मेघदूतम् से
(C) उत्तररामचरितम् से
(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से

व्याख्या –
(A) **'विद्याविहीनः पशुः'** – विद्या से विहीन व्यक्ति पशु है, **(नीतिशतकम्–17)**
(B) 'स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु'–(मेघदूतम्–19)
(C) 'भवति ननु लाभो हि रुदितम्' – (उत्तररामचरितम्)
(D) 'उचितं न ते मङ्गलकाले रोदितुम्'–(अभिज्ञान. शाकु.)
अतः विकल्प (A) सही है।

36. (B) 37. (D) 38. (D) 39. (C) 40. (C) 41. (A) 42. (A)

43. 'प्रारब्धमुत्तमजना न परित्यजन्ति' – श्लोकांश उद्धृत है?
(A) मेघदूतम् से (B) कादम्बरी से
(C) नीतिशतकम् से (D) किरातार्जुनीयम् से

व्याख्या –

(A) 'के वा न स्युः परिभवपदं निष्फलारम्भयत्नाः'–(मेघदूतम्)

(B) 'पुरुषोत्तमरतापि खलजनप्रिया'–(कादम्बरी शुकनासोपदेश)

(C) **'प्रारब्धमुत्तमजना न परित्यजन्ति'** – भर्तृहरि कहते हैं कि – उत्तम प्रकृति के लोग विघ्नों द्वारा बार-बार आहत किये जाने पर भी आरम्भ किये हुए कार्य को नहीं त्यागते हैं। – **(नीतिशतकम्-73)**

(D) 'मनोरमामात्मवधूमिव श्रियम्' – (किरातार्जुनीयम्)

अतः विकल्प (C) सही है।

44. 'सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः' – श्लोकांश में 'परमगहनो' का क्या अर्थ है?
(A) अत्यन्त कठिन (B) असंगत बोलने वाले
(C) धोखा न देने वाले (D) लज्जावाली

	शब्द	**अर्थ**
(A)	**परमगहनो**	**– अत्यन्तकठिन (असम्भव)**
(B)	जल्पकः	– असंगत बोलने वाले
(C)	अवञ्चकः	– धोखा न देने वाले
(D)	ह्रीमति	– लज्जावाली

अतः विकल्प (A) सही है।

45. कादम्बरी की कथा है?
(A) कल्पनाप्रसूत
(B) रामायण पर आधारित
(C) महाभारत पर आधारित
(D) पूर्णतः काल्पनिक

	ग्रन्थ	**उपजीव्य**
(A)	**कादम्बरी**	– **कल्पनाप्रसूत** (गुणाढ्य बृहत्कथा)
(B)	अभिषेकनाटक	– रामायण पर आधारित
(C)	वेणीसंहारम्	– महाभारत पर आधारित
(D)	मालतीमाधवम्	– पूर्णतः काल्पनिक

अतः विकल्प (A) सही है।

46. कादम्बरी में कितने जन्मों की कथा है?
(A) दो (B) तीन
(C) चार (D) पाँच

व्याख्या –

कादम्बरी में **तीन जन्मों** की कथा का वर्णन है।

तीन जन्मों के नाम –

1	2	3
पुण्डरीक	वैशम्पायन	शुक
चन्द्रमा	चन्द्रापीड	शूद्रक

अतः विकल्प (B) सही है।

47. 'ऐश्वर्यतिमिरान्धत्वम्' यह कथन किस ग्रन्थ का है?
(A) शुकनासोपदेश का
(B) मेघदूतम् का
(C) नीतिशतकम् का
(D) किरातार्जुनीयम् का

व्याख्या –

(A) ''ऐश्वर्यतिमिरान्धत्वम्' – कादम्बरी **शुकनासोपदेश** में शुकनास, चन्द्रापीड को उपदेश देते हुए कहते हैं कि – ऐश्वर्यरूपी अन्धकार की चिकित्सा अञ्जनलिप्त शलाका से नहीं की जा सकती है।

(B) 'मन्दायन्ते न खलु सुहृदामभ्युपेतार्थकृत्याः – मेघदूतम् से

(C) 'सत्संगतिः कथय किं न करोति पुंसाम् – नीतिशतकम् से

(D) 'गुणानुरोधेन विना न सत्क्रिया' – किरातार्जुनीयम् से

अतः विकल्प (A) सही है।

48. 'पार्वतीपरिणय' किसकी रचना है?
(A) कालिदास (B) बाणभट्ट
(C) माघ (D) कुमारदास

रचना		**रचनाकार**
(A) ऋतुसंहारम्	–	कालिदास
(B) **पार्वतीपरिणयम्**	–	**बाणभट्ट**
(C) शिशुपालवधम्	–	माघ
(D) जानकीहरणम्	–	कुमारदास

अतः विकल्प (B) सही है।

43. (C) 44. (A) 45. (A) 46. (B) 47. (A) 48. (B)

49. कर्ता का इष्टतम कारक है?
(A) कर्मकारक (B) करणकारक
(C) सम्प्रदानकारक (D) अपादानकारक

व्याख्या –
(A) 'कर्तुरीप्सिततमं कर्म' (1/4/49) सूत्र से कर्ता अपनी क्रिया द्वारा जिसको सबसे अधिक चाहता है उसकी **कर्मसंज्ञा** होती है यथा – हरिं भजति।
(B) 'साधकतमं करणम्' (1/4/42) – करणकारकसंज्ञा
(C) 'कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्' (1/4/32) – सम्प्रदानसंज्ञा
(D) 'ध्रुवमपायेऽपादानम्' (1/4/24) – अपादानकारक संज्ञा
अतः विकल्प (A) सही है।

50. 'इत्थंभूतलक्षणे' से सम्बन्धित विभक्ति है?
(A) द्वितीया विभक्ति (B) तृतीया विभक्ति
(C) चतुर्थी विभक्ति (D) पञ्चमी विभक्ति

व्याख्या –
(A) 'तथायुक्तं चानीप्सितम्' (1/4/50) – 'द्वितीयाविभक्ति का सूत्र। ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति।
(B) **'इत्थंभूतलक्षणे'** (2/3/21) सूत्र से किसी विशेष लक्षण को प्राप्त हुए व्यक्ति अथवा वस्तु के लक्षण में **तृतीया विभक्ति** होती है। यथा – जटाभिः तापसः।
(C) रुच्यर्थानां प्रीयमाणः (1/4/33) – चतुर्थी विभक्ति में। यथा– चन्दनाय चाकलेहः रोचते।
(D) पराजेरसोढः (1/4/26) – पञ्चमी विभक्ति में। यथा– बालकः अध्ययनात् पराजयते।
अतः विकल्प (B) सही है।

51. 'प्रजाभ्यः स्वस्ति' में चतुर्थी विभक्ति का सूत्र है –
(A) हितयोगे च (B) रुच्यर्थानां प्रीयमाणः
(C) चतुर्थी सम्प्रदाने (D) नमःस्वस्तिस्वाहास्वधा...

व्याख्या –
(A) हितयोगे च (वार्तिक) – ब्राह्मणाय हितम्
(B) रुच्यर्थानां प्रीयमाणः – (1/4/33) हरये रोचते भक्तिः
(C) चतुर्थी सम्प्रदाने (2/3/13) – विप्राय गां ददाति
(D) **नमःस्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च** (2/3/16) सूत्र से नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम् और वषट् अव्यय पदों के योग में भी चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा – प्रजाभ्यः स्वस्ति। अतः विकल्प (D) सही है।

52. 'चौराद् बिभेति' में पञ्चमी विभक्ति किस सूत्र से है?
(A) पञ्चमी विभक्ते (B) भीत्रार्थानां भयहेतुः
(C) आख्यातोपयोगे (D) जनिकर्तुः प्रकृतिः

व्याख्या –
(A) अपादाने पञ्चमी (2/3/28) – धावतोऽश्वात् पतति
(B) **भीत्रार्थानां भयहेतुः** (1/4/25) – सूत्र से भय और त्राण अर्थवाली धातुओं के योग में भय के कारण की अपादानसंज्ञा होकर उसमें पञ्चमी विभक्ति होती है यथा – चौराद् बिभेति
(C) आख्यातोपयोगे (1/4/29) – उपाध्यायात् अधीते
(D) जनिकर्तुः प्रकृतिः (1/4/30) – ब्रह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते
अतः विकल्प (B) सही है।

53. अनुक्त कर्म में विभक्ति है?
(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) चतुर्थी (D) पञ्चमी

व्याख्या –
(A) **'कर्मणि द्वितीया'** (2/3/2) सूत्र से अनुक्त कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है, यथा – हरिं भजति।
(B) 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' (2/3/18) – सूत्र से अनुक्त कर्ता तथा करण में तृतीया विभक्ति होती है।
(C) 'चतुर्थी सम्प्रदाने' (2/3/13) सूत्र से अनभिहित सम्प्रदान कारक में चतुर्थी विभक्ति होती है।
यथा – ब्राह्मणाय गां ददाति।
(D) अपादाने पञ्चमी (2/3/28) सूत्र से अनभिहित (अनुक्त) अपादान कारक में पञ्चमी विभक्ति होती है।
यथा – बालकः ग्रामात् आयाति।
अतः विकल्प (A) सही है।

54. 'पादेन खञ्जः' में तृतीया विभक्ति है?
(A) 'येनाङ्गविकार' से
(B) 'सहयुक्तेऽप्रधाने' से
(C) 'साधकतमं करणम्' से
(D) 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' से

व्याख्या –
(A) **'येनाङ्गविकारः'** (2/3/20) सूत्र से जिस अङ्ग के द्वारा अङ्गी का विकार लक्षित हो उसमें तृतीया विभक्ति होती है। यथा – पादेन खञ्जः।
(B) 'सहयुक्तेऽप्रधाने' (2/3/19) सूत्र से – पुत्रेण सह आगतः पिता।
(C) 'साधकतमं करणम्' (1/4/42) सूत्र से–बाणेन हतो बाली।
(D) 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' (2/3/18) सूत्र से–रामेण हतो बाली।
अतः विकल्प (A) सही है।

49. (A) 50. (B) 51. (D) 52. (B) 53. (A) 54. (A)

55. 'बलिं याचते वसुधाम्' यहाँ 'बलि' की कर्मसंज्ञा विधायक सूत्र है?
(A) अकथितं च
(B) अपवर्गे तृतीया
(C) तथायुक्तं चानीप्सितम्
(D) अभिनिविशश्च

व्याख्या –
(A) **'अकथितं च'** (1/4/51) सूत्र से जब वक्ता अपादान आदि कारक न कहना चाहे तो वहाँ **कर्मकारक** तथा द्वितीया विभक्ति होती है यथा – बलिं याचते वसुधाम्।
(B) 'अपवर्गे तृतीया' (2/3/6) सूत्र से–अह्ना अनुवाकोऽधीतः।
(C) 'तथायुक्तं चानीप्सितम्' (1/4/50) सूत्र से – ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति।
(D) 'अभिनिविशश्च' (1/4/47) सूत्र से – अभिनिविशते सन्मार्गम्।
अतः विकल्प (A) सही है।

56. लृट्लकार किस काल का बोधक है?
(A) भूतकाल **(B) आज्ञार्थक**
(C) भविष्यकाल **(D) वर्तमानकाल**

	लकार		**कालबोधक**
(A)	लङ्लकार	–	भूतकाल
(B)	लोट्लकार	–	आज्ञार्थक
(C)	**लृट्लकार**	–	**भविष्यकाल**
(D)	लट्लकार	–	वर्तमानकाल

अतः विकल्प (C) सही है।

57. संस्कृत में 'धातुरूप' कहते हैं?
(A) संज्ञापद को **(B) कर्मपद को**
(C) क्रियापद को **(D) विशेषणपद को**

व्याख्या –
संस्कृत में **क्रियापद** को धातुरूप कहते हैं।
अतः विकल्प (C) सही है।

58. इनमें से कौन-सी धातु सकर्मक नहीं है?
(A) पठ् **(B) हन्**
(C) लिख् **(D) नृत्**

व्याख्या – नृत् (नाचना) अकर्मक धातु है। शेष सभी सकर्मक धातुएँ हैं। यथा– नृत्यति, नृत्यतः नृत्यन्ति
अतः विकल्प (D) सही है।

59. 'गच्छेत्' किस लकार का रूप है?
(A) लट्लकार का **(B) लोट्लकार का**
(C) लङ्लकार का **(D) विधिलिङ्लकार का**

व्याख्या –
'गम्' धातु का रूप निम्न लकारों में इस प्रकार चलता है –
(A) लट्लकार प्र. पु. – गच्छति गच्छतः गच्छन्ति
(B) लोट्लकार प्र. पु. – गच्छतु गच्छताम् गच्छन्तु
(C) लङ्लकार प्र. पु. – अगच्छत् अगच्छताम् अगच्छन्
(D) **विधिलिङ्लकार** प्र. पु.–**गच्छेत्** गच्छेताम् गच्छेयुः
अतः विकल्प (D) सही है।

60. 'भू' धातु लट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन का रूप है?
(A) भवामि **(B) भवथ**
(C) भवन्ति **(D) भवति**

व्याख्या – भू धातु के रूप निम्न लकारों में इस प्रकार है–
(A) लट्लकार उ. पु. – भवामि भवावः भवामः
(B) लट्लकार म. पु. – भवसि भवथः भवथ
(C)+(D) लट्लकार प्र. पु.– **भवति** भवतः भवन्ति
अतः विकल्प (D) सही है।

61. 'सखि' शब्द का प्रथमा बहुवचन का रूप है?
(A) सखा **(B) सखायौ**
(C) सखायः **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या –
'सखि' (मित्र) इकारान्त पुंलिङ्ग का रूप प्रथमा में – ''सखा सखायौ **सखायः**'' बनता है। अतः विकल्प (C) सही है।

62. 'भूपति' शब्द का षष्ठी एकवचन का रूप है?
(A) भूपत्याः **(B) भूपत्युः**
(C) भूपतेः **(D) भूपतयः**

व्याख्या –
भूपति (राजा) शब्द का रूप षष्ठी विभक्ति में –
* **भूपतेः** भूपत्योः भूपतीनाम्
* प्रथमा में – भूपतिः भूपती भूपतयः
* ''भूपत्याः, भूपत्युः'' रूप सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनता है। अतः विकल्प (C) सही है।

55. (A) 56. (C) 57. (C) 58. (D) 59. (D) 60. (D) 61. (C) 62. (C)

63. 'विश्वपा' शब्द का सप्तमी एकवचन का रूप है?
(A) विश्वपायाम् **(B) विश्वपि**
(C) विश्वपोः **(D) विश्वासु**

व्याख्या –
* विश्वपा (आकारान्त पुंलिङ्ग) शब्द का सप्तमी विभक्ति में– ''**विश्वपि,** विश्वपोः, विश्वपासु'' रूप बनता है।
* विश्वपायाम् विश्वासु रूप सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनता है। अतः विकल्प (B) सही है।

64. 'नदी' शब्द का द्वितीया बहुवचन का रूप है?
(A) नदीः **(B) नद्यः**
(C) नदीन् **(D) नद्या**

व्याख्या –
* 'नदी' (ईकारान्त, स्त्रीलिङ्ग) शब्द का रूप निम्न विभक्तियों में इसप्रकार बनता है–

प्रथमा में –	नदी	नद्यौ	नद्यः
द्वितीया में –	नदीम्	नद्यौ	**नदीः**
तृतीया में –	नद्या	नदीभ्याम्	नदीभिः

* 'नदीन्' रूप सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनता है।
अतः विकल्प (A) सही है।

65. 'गो' शब्द का षष्ठी बहुवचन का रूप होगा?
(A) गोनाम् **(B) गोवाम्**
(C) गवाम् **(D) गवानाम्**

व्याख्या –
* 'गो' (गाय या बैल) ओकारान्त पुंलिङ्ग का रूप षष्ठी विभक्ति में – ''गोः, गवोः, **गवाम्**'' बनता है।
* गोनाम्, गोवाम्, गवानाम् रूप सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनते हैं। अतः विकल्प (C) सही है।

66. 'तत्' शब्द का स्त्रीलिङ्ग, षष्ठी बहुवचन का रूप है?
(A) तेषाम् **(B) तस्याम्**
(C) तासाम् **(D) ताषाम्**

व्याख्या –

तत् (स्त्रीलिङ्ग) का षष्ठी में –	तस्याः	तयोः	**तासाम्**
सप्तमी में –	तस्याम्	तयोः	तासु
पुंलिङ्ग षष्ठी में –	तस्य	तयोः	तेषाम्

* 'ताषाम्' रूप तीनों लिङ्गों, सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनता है। अतः विकल्प (C) सही है।

67. 'अस्मद्' शब्द का चतुर्थी बहुवचन में रूप होगा?
(A) मह्यम् **(B) आवाभ्याम्**
(B) अस्मत् **(D) अस्मभ्यम्**

व्याख्या –
* **अस्मद्** (सर्वनाम) का चतुर्थी विभक्ति में रूप –
मह्यम् आवाभ्याम् **अस्मभ्यम्।**
* पञ्चमी विभक्ति में – मत्, आवाभ्याम्, अस्मत्
अतः विकल्प (D) सही है।

68. 'युष्मद्' शब्द का षष्ठी एकवचन का रूप है?
(A) तव **(B) त्वत्**
(C) युष्मत् **(D) युष्माकम्**

व्याख्या –
* **युष्मद्** (सर्वनाम) का षष्ठी विभक्ति में रूप –
तव युवयोः युष्माकम्
* पञ्चमी विभक्ति में – त्वत्, युवाभ्याम्, युष्मत्
अतः विकल्प (A) सही है।

69. 'सर्व' शब्द का स्त्रीलिङ्ग सप्तमी एकवचन का रूप है?
(A) सर्वस्मिन् **(B) सर्वस्याम्**
(C) सर्वयोः **(D) सर्वेषु**

व्याख्या –
* '**सर्व**' शब्द (स्त्रीलिङ्ग) का सप्तमी में रूप –
सर्वस्याम् सर्वयोः सर्वासु
* 'सर्व' शब्द पुंलिङ्ग में सप्तमी का रूप –
सर्वस्मिन् सर्वयोः सर्वेषु
अतः विकल्प (B) सही है।

70. 'तद्' शब्द का पुंलिङ्ग द्वितीया बहुवचन का रूप बनता है?
(A) तौ **(B) तम्**
(C) तान् **(D) तेषाम्**

व्याख्या –
* तद् शब्द पुंलिङ्ग द्वितीया विभक्ति में– ''तम् तौ **तान्**'' रूप बनता है।
* षष्ठी में – ''तस्य, तयोः, तेषाम्''
अतः विकल्प (C) सही है।

63. (B) 64. (A) 65. (C) 66. (C) 67. (D) 68. (A) 69. (B) 70. (C)

71. 'अकः सवर्णे दीर्घः' सूत्र है?
(A) स्वरसन्धि का (B) व्यञ्जनसन्धि का
(C) विसर्गसन्धि का (D) यण्सन्धि का

व्याख्या –
(A) 'अकः सवर्णे दीर्घः' (6/1/101) सूत्र से अक् प्रत्याहार (अ, इ, उ, ऋ, ऌ) के बाद समान स्वर (ह्रस्व या दीर्घ) आये तो दोनों के स्थान पर दीर्घस्वरसन्धि होगी। यथा – देव + आलयः = देवालयः
(B) 'स्तोः श्चुना श्चुः' (8/4/40) सूत्र से – सत् + चित् = सच्चित्
(C) 'रोऽसुपि' (8/2/69) सूत्र से – अहन् + अहन् = अहरहः
(D) 'इको यणचि' (6/1/77) सूत्र से – सुधी + उपास्यः = सुध्युपास्यः
अतः विकल्प (A) सही है।

72. 'पावकः' का सन्धिविच्छेद है?
(A) प + अकः (B) पो + अकः
(C) पौ + अकः (D) पाव + अकः

व्याख्या – 'एचोऽयवायावः' (6/1/78) सूत्र से ए, ओ, ऐ, औ के स्थान पर क्रमशः अय्, अव्, आय्, आव् हो जाता है यथा–**पौ + अकः = पावकः** (औ + अ = आव्) अतः विकल्प (C) सही है। अन्य सभी विकल्प गलत है।

73. 'रामश्चलति' उदाहरण है –
(A) यण्सन्धि का (B) गुणसन्धि का
(C) हल्सन्धि का (D) दीर्घसन्धि का

व्याख्या –
(A) 'इको यणचि' (6/1/77) सूत्र से – यदि + अपि = यद्यपि (यण् सन्धि)
(B) 'आद्गुणः' (6/1/87) सूत्र से – गङ्गा + उदकम् = गङ्गोदकम् (गुणसन्धि)
(C) 'स्तोः श्चुना श्चुः' (8/4/40) सूत्र से स और तवर्ग के किसी वर्ण का जब श और चवर्ग के किसी वर्ण से योग होता है तो 'स्' के स्थान पर 'श्' और तवर्ग के स्थान पर चवर्ग हो जाता है यथा – रामस् + चलति =रामश्चलति। यह **हल्सन्धि का सूत्र** है।
(D) 'अकः सवर्णे दीर्घः' (6/1/101) सूत्र से – कवि + इन्द्रः = कवीन्द्रः (दीर्घ सन्धि)
अतः विकल्प (C) सही है।

74. 'तट्टीका' शब्द किस सूत्र से बना है?
(A) स्तोः श्चुना श्चुः (B) एङि पररूपम्
(C) ष्टुना ष्टुः (D) झलां जशोऽन्ते

व्याख्या –
(A) 'स्तोः श्चुना श्चुः' (8/4/40) सूत्र से – रामस् + शेते = रामश्शेते।
(B) 'एङि पररूपम्' (6/1/94) सूत्र से – प्र + एजते = प्रेजते।
(C) **'ष्टुना ष्टुः'** (8/4/41) सूत्रानुसार स और तवर्ग के स्थान पर ष् और टवर्ग हो जाता है यथा – तत् + टीका = तट्टीका
(D) 'झलां जशोऽन्ते' (8/2/39) सूत्र से – वाक् + ईशः = वागीशः।
अतः विकल्प (C) सही है।

75. 'शिवोऽर्च्यः' का सन्धि विच्छेद होगा?
(A) शिवस् + अर्च्यः (B) शिवो + अर्च्य
(C) शिव + अर्च्य (D) शिवस् + च

व्याख्या – शिवस् + अर्च्यः यहाँ 'ससजुषो रुः' (8/2/66) सूत्र से पदान्त 'स्' के स्थान पर 'रु' आदेश होकर शिव रु + अर्च्यः पुनः 'अतो रोरप्लुतादप्लुते' (6/1/113) सूत्र से 'रु' के स्थान पर 'उ' आदेश होकर शिव उ + अर्च्यः बना फिर 'आद् गुणः' (6/1/87) से गुण होकर शिवो + अर्च्यः बना।
पुनः 'एङः पदान्तादति' सूत्र से पूर्वरूप आदेश होकर शिवो + अर्च्यः = शिवोऽर्च्यः रूप सिद्ध होता है।
अतः विकल्प (A) सही है।

76. 'मनोरथः' का सन्धि विच्छेद है?
(A) मनो + रथः (B) मनर् + रथः
(C) मनस् + रथः (D) मन + रथ

व्याख्या – यहाँ **'मनस् + रथः'** में सकार के स्थान पर 'रु' आदेश। अनुबन्धलोप होकर 'मनर्' + रथः' यहाँ ''रो रि'' और ''हशि च'' दोनों सूत्रों की प्राप्ति होगी, तदनन्तर ''हशि च'' सूत्र से उत्व होकर 'मन उ रथः' बनेगा। पुनः ''आद् गुणः'' से गुण होकर 'मनोरथः' सिद्ध होगा। अतः विकल्प (C) सही है।

71. (A) 72. (C) 73. (C) 74. (C) 75. (A) 76. (C)

77. 'अधिहरि' में समास है –
(A) अव्ययीभावसमास (B) तत्पुरुषसमास
(C) केवलसमास (D) बहुव्रीहिसमास

व्याख्या –

(A) 'अव्ययं विभक्ति-समीप-समृद्धि......साकल्यान्तवचनेषु' (2/1/6) सूत्र से विभक्ति अर्थ में 'अधि' अव्यय का 'हरि ङि' सुबन्त के साथ समास होकर 'हरौ इति = अधिहरि' में **अव्ययीभावसमास** होगा।

(B) 'षष्ठी' (2/2/8) सूत्र से – 'राज्ञः पुरुषः = राजपुरुषः' में षष्ठी तत्पुरुषसमास होगा।

(C) 'सह सुपा' (2/1/4) सूत्र से – ''पूर्वं भूतः = भूतपूर्वः'' में केवलसमास होगा।

(D) 'अनेकमन्यपदार्थे' (2/2/24) सूत्र से – ''ऊढः रथः येन सः = ऊढरथः'' में बहुव्रीहिसमास होगा।

अतः विकल्प (A) सही है।

78. 'अब्राह्मणः' में तत्पुरुषसमास है?
(A) तृतीयातत्पुरुष के कारण
(B) द्वितीयातत्पुरुष के कारण
(C) नञ्तत्पुरुष के कारण
(D) पञ्चमीतत्पुरुष के कारण

व्याख्या –

(A) 'तृतीया तत्कृतार्थेन गुणवचनेन' (2/1/30) सूत्र से – शङ्कुलया खण्डः = शङ्कुलाखण्डः (तृतीयातत्पुरुष)

(B) 'द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः' (2/1/24) सूत्र से–आशाम् अतीतः = आशातीतः (द्वितीयातत्पुरुष)

(C) ''न लोपो नञः'' (6/3/73) सूत्रानुसार नञ् के न् का लोप हो जाता है, ञ् इत्संज्ञक होकर लोप हो जाता है केवल अ बचता है। यथा– **न ब्राह्मणः = अब्राह्मणः (नञ् तत्पुरुष)**

(D) ''पञ्चमी भयेन'' (2/1/37) सूत्र से – चोराद् + भयम् = चोरभयम् (पञ्चमीतत्पुरुष)

अतः विकल्प (C) सही है।

79. द्वन्द्वसमास के भेद हैं?
(A) दो भेद (B) तीन भेद
(C) पाँच भेद (D) एक भेद

व्याख्या –

द्वन्द्वसमास के **तीन भेद** हैं –

1. इतरेतर द्वन्द्वसमास
2. समाहार द्वन्द्वसमास
3. एकशेष द्वन्द्वसमास

नोट– द्वन्द्वसमास के मुख्यतः दो ही भेद हैं। 'एकशेष' तो वृत्ति है किन्तु आयोग ने इसका उत्तर तीन माना है।

अतः विकल्प (B) सही है।

80. 'चन्द्रशेखरः' में समास है?
(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव
(C) बहुव्रीहि (D) द्वन्द्व

व्याख्या –

(A) 'स्तोकान्तिकदूरार्थकृच्छ्राणि क्तेन' (2/1/39) सूत्र से – अन्तिकात् आगतः = अन्तिकादागतः (अलुक् तत्पुरुष)

(B) विभक्ति अर्थ में 'अध्यात्मम्' में अव्ययीभावसमास।

(C) 'अनेकमन्यपदार्थे' (2/2/24) सूत्र से जहाँ अन्य पद की प्रधानता हो, वहाँ बहुव्रीहिसमास होता है यथा– चन्द्रः शेखरे यस्य सः = चन्द्रशेखरः

(D) 'धर्मादिष्वनियमः' वार्तिक से - धर्मश्च अर्थश्च = धर्मार्थौ अथवा अर्थधर्मौ (द्वन्द्वसमास)

अतः विकल्प (C) सही है।

81. 'धवखदिरौ' में समास है?
(A) द्विगुसमास (B) द्वन्द्वसमास
(C) कर्मधारयसमास (D) तत्पुरुषसमास

व्याख्या –

(A) 'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च' (2/1/51) सूत्र से 'पञ्चानां गवां समाहारः = पञ्चगवम्' में द्विगुसमास है।

(B) 'चार्थे द्वन्द्वः' (2/2/29) सूत्रानुसार 'च' के अर्थ में अनेक सुबन्तों का समास होता है और उसकी द्वन्द्वसंज्ञा होती है। यथा – 'धवश्च खदिरश्च = धवखदिरौ' में द्वन्द्वसमास।

(C) 'विशेषणं विशेष्येण बहुलम्' (2/1/57) सूत्र से – ''कृष्णः सर्पः = कृष्णसर्पः'' में कर्मधारयसमास है।

(D) 'कर्तृ-करणे कृता बहुलम्' (2/1/32) सूत्र से 'हरिणा त्रातः = हरित्रातः' में तृतीया तत्पुरुषसमास है।

अतः विकल्प (B) सही है।

77. (A) 78. (C) 79. (B) 80. (C) 81. (B)

82. 'भूतपूर्वः' में समास विधायक सूत्र है?
(A) कुगतिप्रादयः
(B) उपसर्जनं पूर्वम्
(C) प्राक् कडारात् समासः
(D) सह सुपा

व्याख्या –
(A) 'कुगतिप्रादयः' (2/2/18) सूत्र से 'कुत्सितः पुरुषः = कुपुरुषः' में गतितत्पुरुषसमास होगा।
(B) 'उपसर्जनं पूर्वम्' (2/2/30) सूत्र से उपसर्जनसंज्ञा का समास में पूर्वनिपात होता है।
(C) 'प्राक् कडारात् समासः' (2/1/3) यह अधिकार सूत्र है।
(D) **'सह सुपा'** (2/1/4) सूत्र से समर्थ सुबन्त का समर्थ सुबन्त के साथ विकल्प से समास होता है। यथा– "पूर्वं भूतः = भूतपूर्वः" में केवलसमास होगा।
अतः विकल्प (D) सही है।

83. '49' का संस्कृत शब्दात्मक रूप होगा?
(A) नवचत्वारिंशत् **(B) नवपञ्चाशत्**
(C) एकोनचत्वारिंशत् **(D) एकोनत्रिंशत्**

	संख्या		शब्दात्मक रूप
(A)	**49**	–	**नवचत्वारिंशत्**
(B)	59	–	नवपञ्चाशत्
(C)	39	–	एकोनचत्वारिंशत्
(D)	29	–	एकोनत्रिंशत्

अतः विकल्प (A) सही है।

84. '99' का संस्कृत शब्द होगा?
(A) नवतिः
(B) नवनवतिः
(C) षण्णवतिः
(D) एकोननवतिः

	संख्या		संस्कृत-शब्द
(A)	90	–	नवतिः
(B)	**99**	**–**	**नवनवतिः**
(C)	96	–	षण्णवतिः
(D)	89	–	एकोननवतिः

अतः विकल्प (B) सही है।

85. '33' को संस्कृत में कैसे लिखेंगे?
(A) त्रयोत्रिशत्
(B) त्रयशती
(C) त्रयस्त्रिंशत्
(D) त्रयोस्त्रिशती

व्याख्या – "33" का संस्कृत शब्दात्मक रूप त्रयस्त्रिंशत् होगा। अतः विकल्प (C) सही है। शेष विकल्प गलत है।

82. (D) 83. (A) 84. (B) 85. (C)

प्रशिक्षित-स्नातकशिक्षक-चयनपरीक्षा (TGT)–2003

1. ''अन्तःकरणतत्त्वस्य दम्पत्योः स्नेहसंश्रयात् आनन्दग्रन्थिरेकोऽयमपत्यमिति पठ्यते'' – यहाँ 'अपत्यम्' शब्द का अर्थ है?

(A) विश्वास (B) सन्तान
(C) सीधा (D) गर्भिणी

व्याख्या –प्रस्तुत श्लोक में तमसा कहती है कि – पति और पत्नी के हृदयरूपी तत्त्व के प्रेम का आश्रय होने के कारण 'सन्तान' यह अनुपम सुख की गाँठ कही जाती है। (उत्तर रामचरितम् 3/17)

	शब्द		अर्थ
(A)	प्रत्ययः	–	विश्वास
(B)	**अपत्यम्**	**–**	**सन्तान**
(C)	अनरालम्	–	सीधा
(D)	आपन्नसत्वा	–	गर्भिणी

अतः विकल्प (B) सही है।

2. ''स वर्णिलिङ्गी विदितः समाययौ युधिष्ठिरं द्वैतवने वनेचरः'' – इस श्लोक में 'वर्णिलिङ्गी' शब्द का अर्थ है?

(A) ब्रह्मचारी (B) ब्राह्मण
(C) राजा लोग (D) आत्मीयजन

शब्द		अर्थ
(A) वर्णिलिङ्गी	–	**ब्रह्मचारी**
(B) द्विजः	–	ब्राह्मण
(C) क्षितीशाः	–	राजा लोग
(D) परेतरान्	–	आत्मीयजन

अतः विकल्प (A) सही है।

3. 'किरातार्जुनीयम्' काव्य में दुर्योधन अपनी श्रेष्ठता प्रदर्शित करने के लिए जो आचरण करता है वह आचरण/नीति निर्धारित है –

(A) बृहस्पति के द्वारा (B) नारद के द्वारा
(C) मनु के द्वारा (D) कामन्दक के द्वारा

व्याख्या – ''कृतारिषड्वर्गजयेन मानवीमगम्यरूपां पदवीं प्रपित्सुना'' (किरात. 1/9) अर्थात् छः शत्रुओं के समुदाय पर विजय प्राप्त करने वाला वह दुर्योधन **मनु द्वारा प्रतिपादित** आचरण का पालन करता है।
अतः विकल्प (C) सही है।

4. दुर्योधन कुरु की प्रजा को प्रसन्न करने के लिए जो विशेष व्यवस्था करता है, वह सम्बन्धित है –

(A) करों को उदार बनाने में
(B) उपहार बाँटने में
(C) कृष्ण के साथ सम्बन्धों को सुधारने में
(D) सिंचाई व्यवस्था को उन्नत करने में

व्याख्या –'वितन्वति क्षेममदेवमातृकाश्चिराय तस्मिन् कुरवश्चकासति' (किरात. 1/17) अर्थात् वर्षा के जल पर ही निर्भर न रहने वाले कुरुदेशवासी (नदी, नहर से **सिंचाई करने की व्यवस्था** दुर्योधन द्वारा की गई है) धान्य आदि सम्पत्ति को धारण करते शोभित होते हैं।
अतः विकल्प (D) सही है।

5. 'किरातार्जुनीयम्' का कथानक लिया गया है?

(A) वनपर्व से (B) सभापर्व से
(C) आदिपर्व से (D) भीष्मपर्व से

	ग्रन्थ		महाभारत का पर्व
(A)	**किरातार्जुनीयम्**	–	**वनपर्व से**
(B)	शिशुपालवधम्	–	सभापर्व से
(C)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	आदिपर्व से
(D)	गीता	–	भीष्मपर्व से

अतः विकल्प (A) सही है।

6. 'मखेष्वखिन्नोऽनुमतः पुरोधसा, धिनोति हव्येन हिरण्यरेतसम्' – प्रस्तुत श्लोक में 'हिरण्यरेतसम्' का अर्थ है?

(A) अग्नि (B) इन्द्र
(C) कुबेर (D) ब्रह्मा

व्याख्या – वनेचर, दुर्योधन के विषय में कहता है कि – पुरोहित की आज्ञा के अनुसार बिना थके हुए यज्ञों में हव्य के द्वारा अग्नि को प्रसन्न करता है। (किरात. 1/22)

	शब्द		अर्थ
(A)	**हिरण्यरेताः**	–	**अग्नि**
(B)	वासवः	–	इन्द्र
(C)	वसुः	–	कुबेर
(D)	स्रष्टा	–	ब्रह्मा

अतः विकल्प (A) सही है।

1. (B) 2. (A) 3. (C) 4. (D) 5. (A) 6. (A)

7. 'ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्मापि नरं न रञ्जयति' – श्लोकांश में 'रञ्जयति' का तात्पर्य है?
(A) मूर्ख (B) ज्ञाता
(C) बलपूर्वक (D) प्रसन्न करना

व्याख्या – अल्पज्ञान के कारण गर्वित अर्थात् थोड़ी सी जानकारी से स्वयं को पण्डित मानने वाले मूर्ख मनुष्य को ब्रह्मा भी प्रसन्न नहीं कर सकते हैं। (नीतिशतकम् /3)

	शब्द		अर्थ
(A)	अज्ञः	–	मूर्ख
(B)	बोद्धारः	–	ज्ञाता
(C)	प्रसह्य	–	बलपूर्वक
(D)	**रञ्जयति**	–	**प्रसन्न करना**

अतः विकल्प (D) सही है।

8. नीतिशतककार के अनुसार सभा में किस उपाय के द्वारा मूर्ख अपनी मूर्खता को छिपा सकता है?
(A) कम बोलकर (B) मौन रहकर
(C) विचारपूर्वक बोलकर (D) हँसकर

व्याख्या –
'विशेषतः सर्वविदां समाजे, **विभूषणं मौनमपण्डितानाम्**' अर्थात् विद्वानों की सभा में मूर्ख **मौन रहकर** अपनी मूर्खता को छिपा सकता है। (नीतिशतकम्/7)
अतः विकल्प (B) सही है।

9. ''मूर्ध्नि वा सर्वलोकस्य शीर्यते वन एव वा'' – श्लोकांश में 'मूर्ध्नि' शब्द का अर्थ है-
(A) आगे (B) पीछे
(C) ऊपर (मस्तक) (D) नीचे

व्याख्या – भर्तृहरि कहते हैं कि स्वाभिमानी पुरुष की पुष्प-गुच्छ की भाँति या तो सब लोगों के मस्तक पर चढ़ता है अथवा वन में ही जीर्ण-शीर्ण हो जाता है।
(नीतिशतकम्/26)

	शब्द		अर्थ
(A)	अग्रे	–	आगे
(B)	पश्चात्	–	पीछे
(C)	**मूर्ध्नि**	–	**ऊपर (मस्तक)**
(D)	अधः	–	नीचे

अतः विकल्प (C) सही है।

10. 'उत्तररामचरितम्' की कथावस्तु प्रारम्भ होती है?
(A) शम्बूक वध के लिए राम के दण्डकारण्य जाने से
(B) राम द्वारा सीता के निर्वासन से
(C) राम-सीता के पुनर्मिलन से
(D) लव-कुश का चन्द्रकेतु युद्ध से

व्याख्या –
(A) शम्बूक वध के लिए राम का दण्डकारण्य में जाना– द्वितीय अङ्क
(B) उत्तररामचरित के कथानक का आरम्भ **राम द्वारा सीता के निर्वासन से होता है – प्रथम अङ्क**
(C) राम-सीता का पुनर्मिलन – **तृतीय अङ्क**
(D) चन्द्रकेतु से लव-कुश का युद्ध – षष्ठ अङ्क
अतः विकल्प (B) सही है।

11. 'उत्तररामचरितम्' में पात्रों की संख्या है –
(A) 8 (B) 30
(C) 5 (D) 12

व्याख्या – * उत्तररामचरितम् में कुल 30 पात्र है। इसके अतिरिक्त 6 पात्रों का केवल उल्लेख मात्र है।
* पुरुषपात्र 19 और स्त्रीपात्र 11 हैं। अतः विकल्प `B' सही है।

12. 'उत्तररामचरितम्' में वर्णित तमसा और मुरला हैं?
(A) सीता की सखियाँ
(B) दो नदियाँ
(C) लव कुश की परिचारिकाएं
(D) राक्षसियाँ

व्याख्या – * 'ततः प्रविशति नदीद्वयम्' – प्रस्तुत पंक्ति तमसा और मुरला के लिए प्रयुक्त है अर्थात् ये **दो नदियाँ** हैं।
* सीता की सखी वासन्ती (वनदेवी) हैं।
अतः विकल्प (B) सही है।

13. 'उत्तररामचरितम्' नाटक के तृतीय अङ्क में प्रधानरस है?
(A) करुणरस (B) वीररस
(C) शृङ्गाररस (D) विप्रलम्भशृङ्गार

ग्रन्थ		प्रधान रस
(A) **उत्तररामचरितम्**	**–**	**करुणरस**
(B) शिवराजविजयम्	–	वीररस
(C) स्वप्नवासवदत्तम्	–	शृङ्गाररस
(D) मेघदूतम्	–	विप्रलम्भशृङ्गार

अतः विकल्प (A) सही है।

7. (D) 8. (B) 9. (C) 10. (B) 11. (B) 12. (B) 13. (A)

14. 'छायाङ्क' उत्तररामचरितम् का कौन-सा अङ्क है?
(A) द्वितीय (B) तृतीय
(C) चतुर्थ (D) सप्तम

अङ्क		नाम
(A) द्वितीय अङ्क	–	पञ्चवटीप्रवेश
(B) **तृतीय अङ्क**	–	**छाया अङ्क**
(C) चतुर्थ अङ्क	–	कौशल्याजनकयोग
(D) सप्तम अङ्क	–	सम्मेलन अङ्क

अतः विकल्प (B) सही है।

15. ''ईदृशानां विपाकोऽपि जायते परमाद्भुतः'' यह कथन किसका है?
(A) मुरला का (B) तमसा का
(C) वासन्ती का (D) सीता का

व्याख्या –
(A) ''ईदृशानां विपाकोऽपि जायते परमाद्भुतः'' (उत्तर 3/3) – **मुरला कहती है** कि – ऐसे व्यक्तियों (राम और सीता) की दुरवस्था भी अत्यन्त आश्चर्यजनक होती है, जिसमें ऐसे (पृथ्वी और गङ्गा जैसे) लोग सहायक होते हैं। अतः विकल्प (A) सही है।
(B) 'तटस्थं नैराश्यादपि च कलुषं विप्रियवशात्' – तमसा
(C) 'पुनरिदमयं देवो रामः स्वयं वनमागतः' – वासन्ती
(D) 'ईदृशो मे पुत्रकः संवृत्तः'' – सीता का कथन

16. 'विपाक' शब्द का अर्थ है?
(A) कृत्रिम नदी (B) घास
(C) स्वभाव (D) दुरवस्था

शब्द		अर्थ
(A) कुल्या	–	कृत्रिम नदी (नहर)
(B) शष्पम्	–	हरीघास
(C) निसर्गः	–	स्वभाव
(D) **विपाकः**	–	**दुरवस्था**

अतः विकल्प (D) सही है।

17. 'उत्तररामचरितम्' के तृतीय अङ्क में दो पात्रों के परस्पर संवादों में नाटकीयतत्वों का परिचय मिलता है, ये दो पात्र हैं –
(A) राम और वासन्ती (B) सीता और तमसा
(C) तमसा और मुरला (D) सीता और मुरला

व्याख्या –
(A) तृतीय अङ्क में राम, वासन्ती से वार्तालाप करते हैं अर्थात् राम के साथ वासन्ती रहती है।
(B) तृतीय अङ्क में सीता के साथ तमसा रहती है।
(C) तृतीय अङ्क **तमसा और मुरला** नामक दो नदियों के परस्पर वार्तालाप से आरम्भ होता है जिसमें राम पञ्चवटी में पुनः आ रहे हैं, इसकी सूचना मिलती है। यह वार्तालाप 'विष्कम्भक नामक नाटकीय तत्व का उदाहरण है। अतः विकल्प (C) सही है।
(D) मुरला को अगस्त्य पत्नी लोपामुद्रा गोदावरी के पास भेजती हैं, इसका सीता के साथ कोई संवाद नहीं होता।

18. ''पौलस्त्यस्य जटायुषा विघटितः'' श्लोक में 'पौलस्त्यस्य' से तात्पर्य है?
(A) सुग्रीव से (B) रावण से
(C) लक्ष्मण से (D) हनुमान् से

व्याख्या – ''पौलस्त्यस्य जटायुषा विघटितः कार्ष्णायसोऽयं रथः'' – वासन्ती कहती है कि – जटायु द्वारा तोड़ा गया यह रावण का लोहे का रथ है। पुलस्त्य ऋषि की गणना सप्तर्षियों में होती है। पुलस्त्य रावण के दादा थे। इसी पुलस्त्य से अपत्य अर्थ में 'अण्' प्रत्यय लगकर पौलस्त्य बना जो यहाँ रावण का बोध करा रहा है। (उत्तर. 3/43)

कपीन्द्रः = सुग्रीव, सौमित्रः = लक्ष्मण ,वायुपुत्रः = हनुमान्, **पौलस्त्यः = रावण,** को कहा गया है।
अतः विकल्प (B) सही है।

19. मेघदूतम् में किस राजा का उल्लेख मिलता है?
(A) उदयन का (B) शूद्रक का
(C) दुष्यन्त का (D) राम का

व्याख्या –

ग्रन्थ		राजा का उल्लेख/वर्णन
(A) **मेघदूतम्**	–	**उदयन का**
(B) कादम्बरी	–	शूद्रक का
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	दुष्यन्त का
(D) उत्तररामचरितम्	–	राम का

नोट–''प्राप्यावन्तीनुदयनकथाकोविदग्रामवृद्धान्'' (पूर्वमेघ-31)
अतः विकल्प (A) सही है।

14. (B) 15. (A) 16. (D) 17. (C) 18. (B) 19. (A)

20. ''प्राप्ते मित्रे भवति विमुखः किं पुनर्यस्तथोच्चैः'' यह श्लोकांश उद्धृत है?
(A) मेघदूतम् से
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(C) किरातार्जुनीयम् से
(D) शिवराजविजयम् से

व्याख्या –
(A) उपर्युक्त पंक्ति **मेघदूतम् में यक्ष**, मेघ से कहता है कि – छोटा व्यक्ति भी आश्रय के लिए मित्र के आने पर पहले किये गये उपकार को सोचकर उसका सत्कार करने में मुँह नहीं मोड़ता फिर जो महान् हैं, उसकी बात ही क्या। (पूर्वमेघ/17)
(B) 'चित्रकर्म परिचयेनाङ्गेषु त आभरणविनियोगं कुर्वः – अभिज्ञानशाकुन्तलम् में
(C) 'नयेन जेतुं जगतीं सुयोधनः' – किरातार्जुनीयम् से
(D) 'कलितमानवदेहामिव सरस्वतीम्'–शिवराजविजयम् से
अतः विकल्प (A) सही है।

21. अनसूया और प्रियंवदा हैं?
(A) शकुन्तला की सखियाँ
(B) दुष्यन्त की रानियाँ
(C) कण्व आश्रम की अध्यक्षा
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या –
(A) अनसूया और प्रियंवदा **शकुन्तला की सखियाँ** हैं। अनसूया गम्भीर प्रकृति की है। प्रियंवदा हास्यप्रकृति की है। अतः विकल्प (A) सही है।
(B) हंसपदिका और वसुमती राजा दुष्यन्त की रानियाँ हैं। इनमें प्रथम रानी हंसपदिका है।
(C) गौतमी कण्व आश्रम की अध्यक्षा है।

22. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक में वर्णित गौतमी हैं?
(A) दुष्यन्त की परिचारिका
(B) कण्व आश्रम की अध्यक्षा
(C) मारीच आश्रम की तपस्विनी
(D) एक अप्सरा

व्याख्या –
(A) मधुकरिका – दुष्यन्त की परिचारिका है।
(B) **गौतमी – कण्व आश्रम की अध्यक्षा हैं।**
(C) सुव्रता – मारीच के आश्रम की एक तपस्विनी स्त्री
(D) मेनका – एक अप्सरा (शकुन्तला की माता)
अतः विकल्प (B) सही है।

23. दुष्यन्त के साथ शकुन्तला का विवाह सम्पन्न होने पर उसकी सखियाँ हो जाती हैं?
(A) प्रसन्न **(B) चिन्तित**
(C) क्रोधित **(D) ईर्ष्याग्रस्त**

व्याख्या – 'शकुन्तलाऽनुरूपभर्तृगामिनी संवृत्तेति निर्वृतं मे हृदयम्' – अनसूया चतुर्थ अङ्क के आरम्भ में कहती है कि – शकुन्तला अपने योग्य पति को पा गयी है, इसलिए मेरा हृदय **सुखी (प्रसन्न)** है। अतः विकल्प (A) सही है।

24. ''तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम्'' – यहाँ 'तपोधन' शब्द प्रयुक्त हुआ है?
(A) कण्व के लिए **(B) दुष्यन्त के लिए**
(C) दुर्वासा के लिए **(D) जंगल के लिए**

व्याख्या – * प्रस्तुत पद्य में 'तपोधन' शब्द का प्रयोग **ऋषि दुर्वासा** के लिए प्रयुक्त है। (अभिज्ञान. 4/1)
* कण्व के लिए 'काश्यप' तथा दुष्यन्त के लिए 'पौरव' शब्द का प्रयोग अभिज्ञान शाकुन्तलम में हुआ है।
अतः विकल्प (C) सही है।

25. ''गच्छ, पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनं'' – यह कथन है?
(A) अनसूया का प्रियंवदा के प्रति
(B) प्रियंवदा का अनसूया के प्रति
(C) शकुन्तला का अनसूया के प्रति
(D) अनसूया का शकुन्तला के प्रति

व्याख्या – गच्छ, पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनं – अभिज्ञान – शाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में **अनसूया, प्रियंवदा से कहती है** कि–जाओ (दुर्वासा) के चरणों में प्रणाम करके इन्हें लौटा लाओ। अतः विकल्प (A) सही है।

26. शकुन्तला की शापमुक्ति का कारण है?
(A) मोतियों की माला **(B) कङ्गन**
(C) बाजूबन्द **(D) अँगूठी**

व्याख्या – * ''ततो न मे वचनमन्यथाभवितुमर्हति, किन्त्वभिज्ञानाभरणदर्शनेन शापो निवर्तिष्यत'' अर्थात् – मेरा वचन अन्यथा नहीं हो सकता किन्तु पहचान (अभिज्ञान) के आभूषण **(अँगूठी) को दिखलाने से शाप समाप्त** हो जायेगा।
* अनसूया कहती है– 'अस्ति तेन राजर्षिणा संप्रस्थितेन स्वनामधेयाङ्कितम् **अङ्गुलीयकम्**.......''
अतः विकल्प (D) सही है।

20. (A) 21. (A) 22. (B) 23. (a) 24. (C) 25. (A) 26. (D)

27. शिवराजविजयम् विभक्त है?
(A) सर्गों में
(B) खण्डों में
(C) उन्मेषों में
(D) निःश्वास एवं विरामों में

ग्रन्थ	विभाजन
(A) किरातार्जुनीयम्	– 18 सर्गों में
(B) मेघदूतम्	– 2 खण्डों में
(C) वक्रोक्तिजीवितम्	– 4 उन्मेषों में
(D) **शिवराजविजयम्**	– **3 विराम, 12 निःश्वासों में**

अतः विकल्प (D) सही है।

28. नीतिशतककार के मतानुसार क्रोधी राजा के प्रिय होते हैं?
(A) उसके अपने परिजन
(B) उसके घनिष्ठ मित्र
(C) उसके निजी सेवक
(D) कोई व्यक्ति भी नहीं

व्याख्या – 'न कश्चिच्चण्डकोपानामात्मीयो नाम भूभुजाम्' – अर्थात् प्रचण्डक्रोध वाले राजाओं का **कोई भी व्यक्ति आत्मीय नहीं होता है।** (नीतिशतकम् /47)
अतः विकल्प (D) सही है।

29. दुष्टों की मित्रता की तुलना की गयी है?
(A) छाया से
(B) कोयल से
(C) सर्प से
(D) विष से

व्याख्या – ''आरम्भगुर्वी क्षयिणी क्रमेण.....छायेव मैत्री खलसज्जनानाम्'' (नीतिशतकम्/50) के अनुसार दुष्टों एवं सज्जनों की मित्रता **छाया के समान** होती है।
अतः विकल्प (A) सही है।

30. सभी प्रकार की विपत्तियों से रक्षा होती है?
(A) पूर्वकृत पुण्यों के कारण
(B) वीरता के कारण
(C) देवताओं की सहायता से
(D) प्रत्युत्पन्नमति से

व्याख्या – 'कृत्स्ना च भूर्भवति सन्निधिरत्नपूर्णा यस्यास्ति पूर्वसुकृतं विपुलं नरस्य' (नीतिशतकम् /100) – अर्थात् जिस पुरुष का पूर्वजन्म का पुण्य बहुत अधिक है सब लोग उसके लिए सज्जन बन जाते हैं, और पृथिवी उत्तम निधियों एवं रत्नों से परिपूर्ण हो जाती है। अर्थात् **पूर्वकृत पुण्यों के कारण** उसकी सभी विपत्तियों से रक्षा होती है। अतः विकल्प (A) सही है।

31. 'कन्था' शब्द का अर्थ है?
(A) जीर्णवस्त्र **(B) सरलता**
(C) तुच्छता **(D) समुद्र**

शब्द		अर्थ
(A) **कन्था**	–	**जीर्णवस्त्र (कथरी)**
(B) आर्जवम्	–	सरलता
(C) फल्गु	–	तुच्छता, निःसारता
(D) अर्णवः	–	समुद्र

अतः विकल्प (A) सही है।

32. 'मेघदूतम्' में यक्ष शापित है?
(A) शिव के द्वारा **(B) कुबेर के द्वारा**
(C) हिमालय के द्वारा **(D) मेघ के द्वारा**

व्याख्या – मेघदूतम् में यक्ष कुबेर का सेवक था और **कुबेर के द्वारा** ही उसे अपनी प्रिया से एक वर्ष दूर रहने का शाप दिया गया था। ''शापेनास्तङ्गमितमहिमावर्षभोग्येण भर्तुः'' (पूर्वमेघ-01)
अतः विकल्प (B) सही है।

33. ''तस्मिन्नद्रौ कतिचिदबलाविप्रयुक्तः स कामी'' – यहाँ 'अद्रौ' का तात्पर्य है?
(A) पर्वत से **(B) घर से**
(C) सूक्ष्म वस्त्र से **(D) मार्ग से**

शब्द		अर्थ
(A) **अद्रिः**	–	**पर्वत**
(B) आगारम्	–	घर
(C) अंशुकानि	–	सूक्ष्मवस्त्र
(D) वर्त्म	–	मार्ग

अतः विकल्प (A) सही है।

27. (D) 28. (D) 29. (A) 30. (A) 31. (A) 32. (B) 33. (A)

34. 'धूमज्योतिः सलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः' – प्रस्तुत श्लोकांश में 'सन्निपात' का अर्थ है?
(A) जूही की कली से (B) गर्जन से
(C) चमेली से (D) मेघसमूह से

व्याख्या – 'धूमज्योतिःसलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः' (पूर्वमेघ/5) – कहाँ धुएँ, अग्नि (प्रकाश), जल और वायु से बना है मेघ।

	शब्द		अर्थ
(A)	यूथिका	–	जूही की कली
(B)	स्तनित	–	गर्जन
(C)	मालती	–	चमेली
(D)	**सन्निपात**	–	**मेघसमूह (सम्मिश्रण)**

अतः विकल्प (D) सही है।

35. मेघदूत में वर्णित 'पुष्करावर्तक' है?
(A) यक्ष का दूत (B) मेघों का निवास स्थान
(C) मेघों का कुल (D) अलकापुरी का मेघ

व्याख्या – 'जातं वंशे भुवनविदिते पुष्करावर्तकानां' (पूर्वमेघ/6) प्रस्तुत पद्य में यक्ष मेघ से कहता है कि – तुम संसार में प्रसिद्ध पुष्कर और आवर्तक नामक **मेघों के कुल** में उत्पन्न हो। पुष्कर और आवर्तक मेघों का कुल है।
अतः विकल्प (C) सही है।

36. 'सम्पत्स्यन्ते कतिपयदिनस्थायिहंसा दशार्णाः' है–यहाँ 'दशार्णाः' है एक–
(A) पर्वत (B) देश
(C) नदी (D) राजा

व्याख्या – 'सम्पत्स्यन्ते कतिपयदिनस्थायिहंसा दशार्णाः' (पूर्वमेघ/24) अर्थात् दशार्ण देश कुछ ही दिनों तक रहने वाले राजहंसों से मुक्त हो जायेगा।
(A) 'आम्रकूट' एक पर्वत का नाम है।
(B) **'दशार्ण' देश का नाम है।**
(C) 'नर्मदा' नदी है।
(D) 'उदयन' वत्सदेश का राजा है।
अतः विकल्प (B) सही है।

37. अव्ययीभावसमास की सिद्धि होने पर सम्पूर्ण पद हो जाता है –
(A) पुंलिङ्ग (B) स्त्रीलिङ्ग
(C) नपुंसकलिङ्ग (D) उपर्युक्त तीनों

व्याख्या – 'अव्ययीभावश्च' (2/4/18) सूत्र से अव्ययीभाव समास की सिद्धि होने पर सम्पूर्ण पद **नपुंसकलिङ्ग** हो जाता है, – 'गोपि इति' = अधिगोपम्
अतः विकल्प (C) सही है।

38. 'विष्णोः पश्चात्' का सम्पूर्ण पद है?
(A) उपविष्णुन् (B) अनुविष्णो
(C) अनुविष्णवे (D) अनुविष्णु

व्याख्या – 'अव्ययं विभक्ति-समीप-समृद्धि'................... (2/1/6) सूत्र से 'विष्णु ङस् अनु' के साथ समास होकर **''विष्णोः पश्चात् = अनुविष्णु''** पद बनेगा जिसमें अव्ययीभावसमास है।
अतः विकल्प (D) सही है।

39. 'निर्मक्षिकम्' में समास है –
(A) नञ्समास (B) तृतीयातत्पुरुष
(C) सप्तमीतत्पुरुष (D) अव्ययीभाव

व्याख्या –
(A) 'नञ्' (2/2/6) सूत्र से ''न ब्राह्मणः = अब्राह्मणः'' में नञ्समास है।
(B) 'तृतीया तत्कृतार्थेन गुणवचनेन' (2/1/30) सूत्र से 'धान्येन अर्थः = धान्यार्थः' में तृतीयातत्पुरुषसमास है।
(C) 'सप्तमी शौण्डैः' (2/1/40) सूत्र से ''अक्षेषु शौण्डः = अक्षशौण्डः'' में सप्तमीतत्पुरुषसमास है।
(D) ''अव्ययंविभक्ति समीप'' ..... (2/1/6) सूत्र से अभाव अर्थ में 'निर्' अव्यय का 'मक्षिकाणाम्' सुबन्त के साथ समास होकर **''मक्षिकाणाम् अभावः = निर्मक्षिकम्'' में अव्ययीभावसमास है।**
अतः विकल्प (D) सही है।

40. 'नखभिन्नः' में समास है?
(A) तृतीयातत्पुरुष (B) कर्मधारय
(C) बहुव्रीहि (D) द्वन्द्वसमास

व्याख्या –
(A) 'कर्तृ-करणे कृता बहुलम्' (2/1/32) सूत्र से अनुक्त कर्ता और करण में आने वाली तृतीया में अन्त होने वाले पदों का कृदन्त पद के साथ समास होता है। यथा– **''नखैः भिन्नः = नखभिन्नः''** में तृतीयातत्पुरुषसमास है।
(B) 'विशेषणं विशेष्येण बहुलम्' (2/1/57) सूत्र से 'निर्मलाः गुणाः = निर्मलगुणाः' में कर्मधारयसमास है।
(C) 'अनेकमन्यपदार्थे' (2/2/24) सूत्र से ''कण्ठे कालो यस्य सः = कण्ठेकालः'' में बहुव्रीहिसमास है।
(D) 'चार्थे द्वन्द्वः' (2/2/29) सूत्र से ''हस्तश्च चरणश्च = हस्तचरणम्'' में द्वन्द्वसमास है।
अतः विकल्प (A) सही है।

34. (D) 35. (C) 36. (B) 37. (C) 38. (D) 39. (D) 40. (A)

41. षष्ठी तत्पुरुष युक्त समास है?
(A) दूरादागतः (B) राजपुरुषः
(C) धान्यार्थः (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या –
(A) 'पञ्चम्याः स्तोकादिभ्यः' (6/3/2) सूत्र से 'दूरात् आगतः = दूरादागतः' में पञ्चमीतत्पुरुषसमास है।
(B) 'षष्ठी' (2/2/8) सूत्र से षष्ठ्यन्त सुबन्त का समर्थ सुबन्त के साथ समास होता है। यथा–**'राज्ञः पुरुषः = राजपुरुषः'**
(C) 'तृतीया तत्कृतार्थेन गुणवचनेन' (2/1/30) सूत्र से ''धान्येन अर्थः = धान्यार्थः'' में तृतीयातत्पुरुषसमास है।
अतः विकल्प (B) सही है।

42. समास में प्रथम शब्द संख्यावाचक हो तो वह द्विगु समास होगा जब दूसरा शब्द हो –
(A) संज्ञा (B) अव्यय
(C) विशेषण (D) उपसर्ग

व्याख्या –
(A) 'संख्यापूर्वो द्विगुः' (2/1/52) सूत्र से जिस समास में प्रथम पद संख्यावाची हो और **दूसरा संज्ञाशब्द हो** तो वह द्विगुसंज्ञक होगा। यथा–''त्रयाणां लोकानां समाहारः = त्रिलोकी''
(B) प्रथमपद अव्यय या उपसर्ग रहे तो अव्ययीभावसमास होता है।
(C) प्रथमपद विशेषण रहे तो कर्मधारयसमास होता है।
अतः विकल्प (A) सही है।

43. 'पीताम्बरः' में समास है?
(A) बहुव्रीहि (B) कर्मधारय
(C) द्विगु समास (D) अव्ययीभाव

व्याख्या –
(A) 'अनेकमन्यपदार्थे' (2/2/24) सूत्र से अन्यपद के अर्थ में अनेक प्रथमान्त पदों का विकल्प से समास होता है। यथा – **''पीतम् अम्बरं यस्य सः = पीताम्बरः'' में बहुव्रीहिसमास है।**
(B) 'विशेषणं विशेष्येण बहुलम्' (2/1/57) सूत्र से पीतम् च तत् अम्बरम् = पीताम्बरम् में कर्मधारयसमास है।
(C) ''तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च'' (2/1/51) सूत्र से 'पञ्चानां गवां समाहारः = पञ्चगवम्' में द्विगुसमास है।
(D) 'अव्ययं विभक्ति - समीप - समृद्धि .....' (2/1/6) सूत्र से 'शक्तिम् अनतिक्रम्य = यथाशक्ति' में अव्ययीभाव समास हुआ है।
अतः विकल्प (A) सही है।

44. 'बालक' शब्द का द्वितीया बहुवचन का रूप है?
(A) बालकम्
(B) बालकौ
(C) बालकान्
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या –
'बालक' शब्द का द्वितीयाविभक्ति में निम्न रूप बनता है –
बालकम् – बालकौ – **बालकान्**
अतः विकल्प (C) सही है।

45. 'कवि' शब्द का पञ्चमी एकवचन का रूप है?
(A) कवेः (B) कविभ्याम्
(C) कविभ्यः (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या –
'कवि' इकारान्त पुंलिङ्ग शब्द का पञ्चमी विभक्ति में – '**कवेः** कविभ्याम् कविभ्यः' रूप बनता है।
अतः विकल्प (A) सही है।

46. 'सुधियम्' किस विभक्ति का रूप है?
(A) तृतीया (B) द्वितीया
(C) चतुर्थी (D) पञ्चमी

व्याख्या –
(A) सुधी (पण्डित) ईकारान्त पुंलिङ्ग शब्द का तृतीया में – 'सुधिया, सुधीभ्याम्, सुधीभिः'
(B) द्वितीयाविभक्ति में – '**सुधियम्,** सुधियौ, सुधियः'
(C) चतुर्थीविभक्ति में – 'सुधिये, सुधीभ्याम्, सुधीभ्यः'
(D) पञ्चमीविभक्ति में – 'सुधियः, सुधीभ्याम्, सुधीभ्यः'
अतः विकल्प (B) सही है।

47. पञ्चमीविभक्ति में 'भानु' का सही रूप होगा?
(A) भानवे (B) भानोभ्याम्
(C) भानुना (D) भानोः

व्याख्या –
(A) 'भानु' शब्द का चतुर्थीविभक्ति में – ''भानवे, भानुभ्याम्, भानुभ्यः'' रूप बनता है।
(C) तृतीया विभक्ति में – ''भानुना, भानुभ्याम्, भानुभिः''
(D) पञ्चमीविभक्ति में – **भानोः**, भानुभ्याम्, भानुभ्यः
अतः विकल्प (D) सही है।
नोट – 'भानोभ्याम्' रूप भानु शब्द के सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनता है।

41. (B) 42. (A) 43. (A) 44. (C) 45. (A) 46. (B) 47. (D)

48. 'स्वयम्भुवि' किस विभक्ति का रूप है?
(A) तृतीया
(B) चतुर्थी
(C) षष्ठी
(D) सप्तमी

व्याख्या –
(A) 'स्वयम्भू' (ब्रह्मा) शब्द का तृतीयाविभक्ति में – ''स्वयम्भुवा, स्वयम्भूभ्याम्, स्वयम्भूभिः''
(B) चतुर्थीविभक्ति में – ''स्वयम्भुवे, स्वयम्भूभ्याम्, स्वयम्भूभ्यः'' रूप बनता है।
(C) षष्ठी विभक्ति में – ''स्वयम्भुवः, स्वयम्भुवोः, स्वयम्भुवाम्''
(D) सप्तमी विभक्ति में– **स्वयम्भुवि**, स्वयम्भुवोः, स्वयम्भुषु
अतः विकल्प (D) सही है।

49. 'फलानाम्' किस विभक्ति का रूप है?
(A) द्वितीया
(B) तृतीया
(C) पञ्चमी
(D) षष्ठी

व्याख्या –
(A) फल (नपुंसकलिङ्ग) का रूप द्वितीयाविभक्ति में– ''फलम् फले फलानि''
(B) तृतीयाविभक्ति में – ''फलेन, फलाभ्याम्, फलैः''
(C) पञ्चमीविभक्ति में – ''फलात्, फलाभ्याम्, फलेभ्यः''
(D) षष्ठीविभक्ति में – ''फलस्य, फलयोः, **फलानाम्**''
अतः विकल्प (D) सही है।

50. षष्ठी विभक्ति में 'दधि' का सही रूप होगा?
(A) दध्नोः
(B) दध्नाभाम्
(C) दधि
(D) दधीनि

व्याख्या – 'दधि' इकारान्त नपुंसकलिङ्ग का रूप षष्ठी विभक्ति में – ''दध्नः **दध्नोः** दध्नाम्'' बनता है।
प्रथमा और द्वितीया – ''दधि, दधिनी, दधीनि''
* 'दध्नाभाम्' रूप सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनता है।
अतः विकल्प (A) सही है।

51. 'अभिनिविशश्च' सूत्र है?
(A) करणकारक का **(B) कर्मकारक का**
(C) सम्प्रदानकारक का **(D) अपादानकारक का**

व्याख्या –
(A) ''साधकतमं करणम्'' (1/4/42)– करणकारक का सूत्र
(B) अभिनिविशश्च (1/4/47) – **कर्मकारक** का सूत्र
(C) स्पृहेरीप्सितः (1/4/36) – सम्प्रदानकारक का सूत्र
(D) पराजेरसोढः (1/4/26) – अपादानकारक का सूत्र
अतः विकल्प (B) सही है।

52. 'अभितः' के योग में विभक्ति होती है?
(A) द्वितीया **(B) तृतीया**
(C) चतुर्थी **(D) पञ्चमी**

व्याख्या –
(A) **'अभितः**-परितः-समया-निकषा-हा-प्रतियोगेऽपि' वार्तिक से अभितः, परितः, समया, निकषा, हा और प्रति शब्दों के योग में **द्वितीयाविभक्ति** होती है।
(B) सह, साकं, सार्धं, समं आदि शब्दों के योग में तृतीयाविभक्ति होती है।
(C) नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम्, वषट् शब्दों के योग में चतुर्थीविभक्ति होती है।
(D) अन्य, आरात्, इतर, ऋते, प्राक्, प्रत्यक् शब्दों के योग में पञ्चमी विभक्ति होती है।
अतः विकल्प (A) सही है।

53. तृतीया विभक्ति तब होती है जब –
(A) काल अर्थ द्योतित होने पर
(B) हीन अर्थ द्योतित होने पर
(C) अनादर अर्थ द्योतित होने पर
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या –
(A) 'अपवर्गे तृतीया' (2/3/6) सूत्र से अपवर्ग (फल प्राप्ति) द्योतित होने पर **काल और मार्गवाची शब्दों से** अत्यन्तसंयोग गम्यमान होने पर **तृतीयाविभक्ति** होती है। यथा – अह्ना क्रोशेन अधीतः।
(B) 'हीने' (1/4/86) सूत्र से द्वितीयाविभक्ति होती है।
(C) 'षष्ठी चानादरे' (2/3/38) सूत्र से षष्ठी या सप्तमी विभक्ति होती है।
अतः विकल्प (A) सही है।

48. (D) 49. (D) 50. (A) 51. (B) 52. (A) 53. (A)

54. **'येनाङ्गविकारः' सूत्र है?**
(A) करणकारक का **(B) कर्मकारक का**
(C) सम्प्रदानकारक का **(D) अपादानकारक का**

व्याख्या –
(A) **'येनाङ्गविकारः'** (2/3/20)–**करणकारक** का सूत्र है।
(B) 'उपान्वध्याङ्वसः' (1/4/48)– कर्मकारक का सूत्र है।
(C) 'अनुप्रतिगृणश्च' (1/4/41)–सम्प्रदानकारक का सूत्र है।
(D) 'वारणार्थानामीप्सितः' (1/4/27)–अपादान का सूत्र है।
अतः विकल्प (A) सही है।

55. **'बालकाय मोदकं रोचते' वाक्य में बालकाय है?**
(A) चतुर्थी विभक्ति में
(B) द्वितीया विभक्ति में
(C) तृतीया विभक्ति में
(D) पञ्चमी विभक्ति में

व्याख्या –
(A) 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' (1/4/33) सूत्रानुसार रुच्यर्थ धातुओं के प्रयोग में प्रीयमाण (प्रसन्न होने वाले) व्यक्ति की सम्प्रदानसंज्ञा होकर उसमें **चतुर्थी विभक्ति** का प्रयोग होता है। यथा – बालकाय मोदकं रोचते। यहाँ 'बालकाय' में चतुर्थीविभक्ति है।
(B) तण्डुलान् ओदनं पचति – 'अकथितं च' (1/4/51) सूत्र से 'तण्डुलान्' में द्वितीयाविभक्ति है।
(C) प्रकृत्या चारु – 'प्रकृत्यादिभ्य उपसंख्यानम्' वार्तिक से 'प्रकृत्या' में तृतीयाविभक्ति।
(D) चोरात् त्रायते – 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' (1/4/25) सूत्र से 'चोरात्' में पञ्चमीविभक्ति।
अतः विकल्प (A) सही है।

56. **जब 'क्रुध्' तथा 'द्रुह्' धातु उपसर्ग सहित हों तो जिसके प्रति क्रोध या द्रोह किया जाता है वह होता है –**
(A) सम्प्रदानसंज्ञा में **(B) करणसंज्ञा में**
(C) कर्मसंज्ञा में **(D) अपादानसंज्ञा में**

व्याख्या –
(A) ''क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोपः'' (1.4.37) सूत्र से क्रुध, दुह, ईर्ष्य, असूय धातुओं तथा इनके तुल्यार्थ धातुओं के प्रयोग में जिस पर क्रोध किया जाय, उसकी सम्प्रदानसंज्ञा होती है।
(B) ''हेतौ'' (2/3/23) सूत्र से हेतु अर्थ के वाची शब्दों की करणसंज्ञा होती है। यथा– अध्ययनेन वसति।
(C) 'क्रुधद्रुहोरुपसृष्टयोः कर्म' (1/4/38) सूत्र से क्रुध्, द्रुह् धातु उपसर्ग सहित हों तो उसकी **कर्मसंज्ञा** होती है। यथा–रामम् अभिक्रुध्यति। अतः विकल्प (C) सही है।
(D) 'आख्यातोपयोगे' (1/4/29) सूत्र से नियमपूर्वक विद्या पढ़ने में 'आख्याता' (व्याख्याता/गुरु) की अपादानसंज्ञा होती है। यथा– उपाध्यायात् अधीते।

57. **अपादानकारक मूलतः प्रयुक्त होता है?**
(A) संयोग के अर्थ में
(B) वियोग के अर्थ में
(C) पराजित करने के अर्थ में
(D) दया करने के अर्थ में

व्याख्या – 'ध्रुवमपायेऽपादानम्' (1/4/24) सूत्र से जिससे **वियोग (अलगाव)** होता है, उसकी अपादानसंज्ञा होकर उसमें 'अपादाने पञ्चमी' (2.3.28) से पञ्चमीविभक्ति का प्रयोग होता है। यथा – ग्रामात् आयाति। अतः विकल्प (B) सही है।

58. **धातुयें कितने प्रकार की होती हैं।**
(A) दो प्रकार से **(B) चार प्रकार से**
(C) तीन प्रकार से **(D) पाँच प्रकार से**

व्याख्या – धातुएँ **तीन प्रकार** की होती हैं,
1. परस्मैपदी, 2. आत्मनेपदी, 3. उभयपदी
अतः विकल्प (C) सही है।

59. **आसन्न भविष्य के लिए प्रयुक्त होता है?**
(A) लिट्लकार **(B) लुट्लकार**
(C) लृट्लकार **(D) लङ्लकार**

	लकार		**काल बोधक**
(A)	लिट्लकार	–	परोक्षभूत
(B)	लुट्लकार	–	अनद्यतन भविष्य
(C)	**लृट्लकार**	–	**आसन्न भविष्य**
(D)	लङ्लकार	–	अनद्यतन भूत

अतः विकल्प (C) सही है।

54. (A) 55. (A) 56. (C) 57. (B) 58. (C) 59. (C)

60. 'भू' धातु का रूप लोट्लकार मध्यमपुरुष एकवचन में होगा–
(A) भव (B) भवतम्
(C) भवत (D) भवन्तु

व्याख्या –
* 'भू' धातु लोट्लकार म. पु. का रूप –
भव भवतम् भवत
* प्रथमपुरुष में – भवतु भवताम् भवन्तु
अतः विकल्प (A) सही है।

61. 'भू' धातु लिट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन में रूप बनता है?
(A) बभूव (B) बभूवतुः
(C) बभूवुः (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या – 'भू' धातु लिट्लकार प्र. पु. में – **बभूव** बभूवतुः बभूवुः रूप बनता है। अतः विकल्प (A) सही है।

62. 'गम्' धातु लिट्लकार मध्यमपुरुष बहुवचन में रूप बनता है?
(A) **जगाम** **(B) जग्मुः**
(C) जग्म (D) अगच्छत्

व्याख्या –
* 'गम्' धातु लिट्लकार म. पु. में –
* ''जगमिथ जग्मथुः **जग्म**'' रूप बनता है।
* प्रथमपुरुष में – ''जगाम जग्मतुः जग्मुः''
गम् धातु लङ्लकार प्र. पु. में –
''अगच्छत् अगच्छताम् अगच्छन्''
अतः विकल्प (C) सही है।

63. `99' का संस्कृत शब्दात्मक रूप होगा?
(A) नवनवतिः (B) षण्णवतिः
(C) नवतिः (D) एकनवतिः

संख्या		**शब्दात्मक रूप**
(A) **99**	–	**नवनवतिः (एकोनशतम्)**
(B) 96	–	षण्णवतिः
(C) 90	–	नवतिः
(D) 91	–	एकनवतिः

अतः विकल्प (A) सही है।

64. 'तुम कुसुमपुर जाओ' का संस्कृत अनुवाद है?
(A) त्वां कुसुमपुरं गच्छ (B) त्वं कुसुमपुरं गच्छ
(C) त्वं कुसुमपुरं गच्छेत् (D) त्वां गच्छेत् कुसुमपुरम्

व्याख्या – यहाँ 'त्वम्' मध्यम पुरुष एकवचन का कर्ता है, और 'गच्छ' लोट्लकार मध्यमपुरुष एकवचन की क्रिया है। और 'कुसुमपुरं' कर्म है, इसमें द्वितीया का एकवचन है।
त्वं कुसुमपुरं गच्छ (तुम कुसुमपुर जाओ)
अतः विकल्प (B) सही है।

65. 'किं करवाणि ते' का अर्थ है?
(A) मैं तुम्हारे लिए क्या कर सकता हूँ।
(B) तुम मेरे लिए क्या कर सकते हो।
(C) तुम्हें क्या करना है।
(D) मैं तुमसे क्या करवाता हूँ।

व्याख्या – 'किं करवाणि ते'–का अर्थ है 'मैं तुम्हारे लिए क्या कर सकता हूँ।' यहाँ 'ते' अर्थात् 'तव' युष्मद् शब्द का षष्ठी का एकवचन का रूप है, और 'करवाणि' लोट्लकार उत्तमपुरुष एकवचन की क्रिया है। अतः विकल्प (A) सही है।

66. 'एतदासनमास्यतां' का अर्थ है?
(A) तुम आसन ग्रहण कर।
(B) यह आसन ग्रहण करें।
(C) इस आसन पर वह आ गया।
(D) इस आसन पर मैं आता हूँ।

व्याख्या– एतत् = यह, आसनम् = आसन, आस्यताम् = ग्रहण करें या बैठें। 'आस्' धातु लोट्, प्र० पु०, एक०, कर्मणि। अर्थात् यह आसन ग्रहण करें।
अतः विकल्प (B) सही है।

67. संस्कृत व्याकरण में मूल स्वरों की संख्या है?
(A) पाँच (B) छः
(C) सात (D) आठ

व्याख्या – संस्कृतव्याकरण में मूल स्वरों की संख्या पाँच है। अ, इ, उ, ऋ, लृ मूलस्वर हैं। कुल स्वर नव हैं– अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ।
अतः विकल्प (A) सही है।

68. सन्धि है –
(A) दो पदों का मेल
(B) दो वर्णों का मेल
(C) दो दूरवर्ती पदों का मेल
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या – 'परः सन्निकर्षः संहिता' (1/4/109) सूत्र से वर्णों की अत्यधिक सामीप्यता को 'संहिता' कहते हैं। जैसे– सुधी +उपास्यः = सुध्युपास्यः अर्थात् दो वर्णों के मेल को सन्धि कहते हैं। जबकि 'समर्थः पदविधिः' (2/1/1) सूत्र से दो पदों के बीच समास होता है। अतः विकल्प (B) सही है।

60. (A) 61. (A) 62. (C) 63. (A) 64. (B) 65. (A) 66. (B) 67. (A) 68. (B)

69. सन्धि के कारण हो सकता है –
(A) लोप
(B) कोई नया वर्ण
(C) दो में से एक का द्वित्व
(D) उपर्युक्त तीनों परिवर्तन

व्याख्या –
(A) प्रथम शब्द के अन्तिम अक्षर का लोप –
रामः आयाति = राम आयाति।
(B) दोनों के स्थान में कोई नया वर्ण –
रमा + ईशः = रमेशः (आ + ई = ए)
(C) दो में से एक का द्वित्व –
एकस्मिन् + अवसरे = एकस्मिन्नवसरे
उपर्युक्त तीनों विकल्प सही है, अर्थात् सन्धि में **लोप, आगम और द्वित्त्व तीनों कार्य** होता है इसलिए विकल्प (D) सही है।

70. स्वरसन्धि का परिणाम 'ओ' होगा –
(A) यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'उ' या 'ऊ' हो
(B) यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई' हो
(C) यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'ऋ' या 'ॠ' हो
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या –
(A) आद्गुणः (6/1/87) सूत्र से यदि अ या आ के बाद उ या ऊ आये तो गुण होकर ओ हो जाता है। यथा – नील + उत्पलः = नीलोत्पलः
(B) अ, आ + इ, ई = ए (गण + ईशः = गणेशः)
(C) अ, आ + ऋ, ॠ = अर् (देव + ऋषिः = देवर्षिः)
अतः विकल्प (A) सही है।

71. यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई' आए तो होगा–
(A) ए **(B) ऐ**
(C) ओ **(D) औ**

व्याख्या – 'आद्गुणः' (6/1/87) सूत्र से अ या 'आ' वर्ण के बाद इ या ई हो तो गुण आदेश 'ए' होता है। यथा – उप + इन्द्रः =उपेन्द्रः। यहाँ अ + इ = ए हो गया।
गुणसन्धि में– अ, आ + इ, ई = ए
अ, आ + उ, ऊ = ओ
अ, आ + ऋ, ॠ = अर्
अ, आ + ऌ = अल्
अतः विकल्प (A) सही है।

72. स्वरसन्धि में अर् होगा –
(A) यदि 'ऋ' के बाद 'अ' आये
(B) यदि 'अ' के बाद 'ऋ' आये
(C) यदि 'अ' के बाद 'उ' आये
(D) यदि अ के बाद अर् आये

व्याख्या – यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'ऋ' आये तो उसके स्थान में गुण होकर 'अर्' हो जाता है यथा –
ग्रीष्म + ऋतुः =ग्रीष्मर्तुः, अ + ऋ = अर् अतः विकल्प (B) सही है।

73. अच् 'सन्धि' कहते हैं –
(A) व्यञ्जनसन्धि को **(B) स्वरसन्धि को**
(C) विसर्गसन्धि को **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या – हल्सन्धि को व्यञ्जनसन्धि कहते हैं। स्वर सन्धि को अच्सन्धि कहते हैं। क्योंकि 'अच् ' प्रत्याहार में सभी स्वर वर्ण आ जाते हैं। अतः विकल्प (B) सही है।

74. 'मातृ + औदार्यम्' का शुद्ध रूप है –
(A) मात्रोदार्यम् **(B) मात्रौदार्यम्**
(C) मातृदार्यम् **(D) मातृऔदार्यम्**

व्याख्या – 'इको यणचि' (6/1/77) सूत्र से इक् के स्थान पर यण् आदेश होकर "मातृ + औदार्यम् = मात्रौदार्यम्" बनेगा। अतः विकल्प (B) सही है।

75. 'नायकः' का सन्धिविच्छेद है –
(A) ना + अकः **(B) ने + अकः**
(C) न + अकः **(D) नै + अकः**

व्याख्या – 'एचोऽयवायावः' (6/1/78) सूत्रानुसार एच् = ए, ओ, ऐ, औ के स्थान पर क्रमशः अय्, अव्, आय्, आव् आदेश होकर – नै + अकः =नायकः बनेगा।
अतः विकल्प (D) सही है।

76. "स्तोः श्चुना श्चुः" के अनुसार सन्धि रूप है –
(A) प्रश्नः **(B) शिवच्छाया**
(C) हरिश्शेते **(D) तट्टीका**

व्याख्या –
(A) 'शात्' (8/4/44) सूत्र से – प्रश् + नः = प्रश्नः
(B) 'छे च' (6/1/73) सूत्र से – शिव + छाया = शिवच्छाया
(C) 'स्तोः श्चुना श्चुः' (8/4/40) सूत्र से हरिस् + शेते = हरिश्शेते
(D) 'ष्टुना ष्टुः' (8/4/41) सूत्र से तत् + टीका = तट्टीका
अतः विकल्प (C) सही है।

69. (D)	70. (A)	71. (A)	72. (B)	73. (B)	74. (B)	75. (D)	76. (C)

77. शिवराजविजयम् काव्य की रीति है –
(A) पाञ्चाली
(B) गौडी
(C) वैदर्भी
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या – (A) अम्बिकादत्तव्यास कृत शिवराजविजयम् में पाञ्चाली रीति का प्रयोग है।
(B) उत्तररामचरितम् में वैदर्भी एवं गौडीरीति का समन्वय है। किन्तु भवभूति गौडीरीति के कवि माने जाते हैं।
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में वैदर्भीरीति का प्रयोग है।
अतः विकल्प (A) सही है।

78. 'शिवराजविजयम्' काव्य का प्रारम्भ होता है?
(A) सूर्योदय वर्णन से
(B) कोंकण यात्रा से
(C) रघुवीर सिंह की तोरण यात्रा से
(D) हनुमान् मंदिर के वर्णन से

व्याख्या–'अरुण एष प्रकाशः पूर्वस्यां भगवतो मरीचिमालिनः'– प्रस्तुत पंक्ति से शिवराजविजयम् का आरम्भ होता है जिसमें सूर्योदय का वर्णन है। अतः विकल्प (A) सही है।

79. गोपीनाथ है –
(A) शिवाजी का मित्र
(B) अफजल खाँ का दूत
(C) हनुमान् मंदिर का पुजारी
(D) रघुवीर सिंह का गुरु

व्याख्या – 'शिवराजविजयम्' में गोपीनाथ अफजल खाँ का दूत था जो शिवाजी के पास सन्धि का प्रस्ताव लेकर आता है। अतः विकल्प (B) सही है।

80. 'चन्द्रापीड' किस ग्रन्थ का नायक है –
(A) शिवराजविजयम्
(B) कादम्बरी
(C) मेघदूतम्
(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

	ग्रन्थ		**नायक**
(A)	शिवराजविजयम्	–	शिवाजी
(B)	**कादम्बरी**	**–**	**चन्द्रापीड**
(C)	मेघदूतम्	–	यक्ष (हेममाली)
(D)	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	दुष्यन्त

अतः विकल्प (B) सही है।

81. 'कादम्बरी' में किसके तीन जन्मों का वर्णन है?
(A) चन्द्रापीड **(B) कपिञ्जल**
(C) पुण्डरीक **(D) लक्ष्मी**

व्याख्या – * कादम्बरी कथामुखम् में मुख्यतः चन्द्रापीड के तीन जन्मों की कथा का वर्णन है। चन्द्रापीड के तीनों जन्मों के नाम – चन्द्रमा चन्द्रापीड शूद्रक।
* वैशम्पायन के तीनों जन्मों के नाम–पुण्डरीक, वैशम्पायन, शुक
अतः विकल्प (A) सही है।

82. 'वैशम्पायन' की प्रेमिका थी?
(A) कादम्बरी **(B) महाश्वेता**
(C) चाण्डालकन्या **(D) इनमें से कोई नहीं**

	प्रेमी		**प्रेमिका**
(A)	चन्द्रापीड	–	कादम्बरी
(B)	**वैशम्पायन**	**–**	**महाश्वेता**

अतः विकल्प (B) सही है।

83. 'कादम्बरी' में वर्णन नहीं है?
(A) अच्छोदसरोवर का
(B) पम्पासरोवर का
(C) शाल्मलीवृक्ष का
(D) देवदारु का

व्याख्या – कादम्बरी में – शूद्रकवर्णन, शुकवर्णन, विन्ध्याटवीवर्णन, शबरसैन्यवर्णन, शाल्मलीवृक्षवर्णन, जाबालि आश्रमवर्णन, अच्छोदसरोवर, पम्पासरोवर आदि का वर्णन है। किन्तु देवदारु वृक्ष का वर्णन रघुवंश के द्वितीयसर्ग में है। अतः विकल्प (D) सही है।

77. (A) 78. (A) 79. (B) 80. (B) 81. (A) 82. (B) 83. (D)

84. 'शिवराजविजयम्' किस विधा में लिखा गया है –
(A) नाटक (B) उपन्यास
(C) महाकाव्य (D) कथा

	ग्रन्थ		विधा
(A)	उत्तररामचरितम्	–	नाटक
(B)	**शिवराजविजयम्**	–	**ऐतिहासिक उपन्यास**
(C)	किरातार्जुनीयम्	–	महाकाव्य
(D)	कादम्बरी	–	कथा

अतः विकल्प (B) सही है।

85. 'तिलकमञ्जरी' के लेखक हैं –
(A) हर्ष (B) रत्नाकर
(C) धनपाल (D) दण्डी

	ग्रन्थ		रचनाकार
(A)	रत्नावली	–	हर्ष
(B)	हरविजयम्	–	रत्नाकर
(C)	**तिलकमञ्जरी**	–	**धनपाल**
(D)	दशकुमारचरितम्	–	दण्डी

अतः विकल्प (C) सही है।

84. (B) 85. (C)

प्रशिक्षित-स्नातकशिक्षक-चयनपरीक्षा (TGT)–2004 (निरस्त)

1. वर्णमाला में वर्णों की संख्या है?
(A) ग्यारह (B) तेरह
(C) छियालिस (D) तैंतीस

व्याख्या–`14 माहेश्वर' सूत्रों के आधार पर वर्णमाला में 9 स्वर और 33 व्यञ्जन मिलाकर कुल 42(बयालिस) वर्ण हैं। किन्तु चारों विकल्पों में बयालिस नहीं है। अतः यहाँ आ, ई, ऊ, ॠ (दीर्घ स्वरों) को जोड़कर **छियालिस (46) वर्ण** माना गया है। अतः विकल्प (C) सही है।

2. यण् सन्धि होगी जब–
(A) आ + ई (B) इ + ई
(C) अ + ए (D) इ + अ

व्याख्या–
(A) आ + ई = ए होकर (रमा + ईशः = रमेशः) में गुणसन्धि होगी
(B) इ + ई = ई होकर (हरि + ईशः = हरीशः) में दीर्घसन्धि होगी
(C) अ + ए = ऐ होकर (मम + एवम् = ममैवम्) में वृद्धिसन्धि होगी
(D) 'इको यणचि' (6/1/77) सूत्र से इक् के बाद कोई असमान स्वर हो तो इक् के स्थान पर यण् आदेश हो जाता है यथा– **इति + अत्र = इत्यत्र** (इ + अ = य्)
अतः विकल्प `D' सही है।

3. यदि अ या आ के बाद ए या ऐ आये तो होगा–
(A) ए (B) ऐ
(C) ओ (D) औ

व्याख्या– * 'वृद्धिरेचि' (6/1/88) सूत्र से अवर्ण से एच् (ए, ओ, ऐ, औ) परे हो तो दोनों के स्थान में वृद्धि एकादेश हो जाता है। यथा–
* कृष्ण + एकत्वम् (अ + ए = ऐ) = कृष्णैकत्वम्
* नृप + ऐश्वर्यम् = नृपैश्वर्यम् (अ + ऐ = ऐ)
* इस प्रकार अ/आ + ए/ऐ = ऐ

अतः विकल्प `B' सही है।

4. स्वर सन्धि में अय् होगा–
(A) ए + अ (B) ऐ + अ
(C) ओ + अ (D) औ + अ

व्याख्या–एचोऽयवायावः (6/1/78) सूत्र से एच् (ए, ओ, ऐ, औ) के बाद यदि कोई भी स्वर हो तो एच् के स्थान में क्रमशः अय्, अव्, आय्, आव् हो जाता है यथा–
(A) ने + अनम् = नयनम् **(ए + अ = अय्)**
(B) नै + अकः = नायकः (ऐ + अ = आय्)
(C) पो + अनः = पवनः (ओ + अ = अव्)
(D) पौ + अकः = पावकः (औ + अ = आव्)
अतः विकल्प `A' सही है।

5. हल् सन्धि में विकार होता है?
(A) व्यञ्जन का (B) स्वर का
(C) विसर्ग का (D) उपर्युक्त तीनों का

व्याख्या–
(A) हल् एक प्रत्याहार जिसके अन्तर्गत समस्त व्यञ्जन आते है इस प्रकार **हल्सन्धि में व्यञ्जन का विकार** होता है यथा–तद् + शिवः = तच्छिवः
(B) अच् प्रत्याहार के अन्तर्गत सभी स्वर आते हैं, इसलिए स्वर सन्धि को 'अच्सन्धि' भी कहते हैं। यथा– हरे + अव = हरेऽव
(C) विसर्गसन्धि में विसर्ग का विकार होता है। यथा– विष्णुः + त्राता = विष्णुस्त्राता।
अतः विकल्प `A' सही है।

6. 'गङ्गोदकम्' का सन्धिविच्छेद है?
(A) गङ्गा + उदकम् (B) गङ्गो + उदकम्
(C) गङ्ग + उदकम् (D) गङ्गा + उदके

व्याख्या– 'आद् गुणः' (6/1/87) सूत्र से अवर्ण के बाद ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ, ऌ आयें तो दोनों के स्थान में गुण हो जाता है। यथा– **गङ्गा + उदकम्** (आ + उ = ओ) = **गङ्गोदकम्।** अतः विकल्प `A' सही है।

1. (C) 2. (D) 3. (B) 4. (A) 5. (A) 6. (A)

7. 'कस्मिंश्चित्' का सन्धि विच्छेद है?
(A) कस्मिन् + श्चित
(B) कस्मिन् + चित्
(C) कस्मि + चित
(D) कस्मिनः + श्चितन्

व्याख्या–'नश्छव्यप्रशान्' (8/3/7) सूत्र से **कस्मिन् + चित् = कस्मिंश्चित्** में व्यञ्जन सन्धि है। अतः विकल्प `B' सही है।

8. 'झलां जश् झशि' के अनुसार सन्धि रूप है?
(A) तट्टीका **(B) षण्मुखः**
(C) सच्चित् **(D) युद्धम्**

व्याख्या–
(A) ''ष्टुना ष्टुः (8/4/41)'' सूत्र से तत् + टीका = तट्टीका में व्यञ्जनसन्धि है।
(B) ''यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा'' (8/4/45) सूत्र षट् + मुखः = षण्मुखः में व्यञ्जन सन्धि है।
(C) ''स्तोः श्चुना श्चुः'' (8/4/40) सूत्र से सत् + चित् = सच्चित् में श्चुत्वसन्धि है।
(D) ''झलां जश् झशि'' (8/4/53) सूत्र से झल् प्रत्याहार के बाद झश् प्रत्याहार का वर्ण हो तो झल् को जश् आदेश हो जाता है। यथा– **युध् + धम् = युद्धम्**
अतः विकल्प `D' सही है।

9. 'यशस्कम्' का सन्धि विच्छेद है?
(A) यश + कम् **(B) यश + अस्कम्**
(C) यशः + स्कम् **(D) यशः + कम्**

व्याख्या– 'विसर्जनीयस्य सः' (8/3/34) सूत्र से पदान्त विसर्ग के बाद खर् हो तो विसर्ग के स्थान पर स् हो जाता है यथा–**यशः + कम् = यशस्कम्।** अतः विकल्प `D' सही है।

10. 'तत्' सर्वनाम शब्द का षष्ठी विभक्ति का रूप है?
(A) तेन **(B) तस्य**
(C) तस्मिन् **(D) तस्मै**

व्याख्या–
(A) 'तद्' पुंलिङ्ग का रूप तृतीया विभक्ति में तेन, ताभ्याम्, तैः बनता है
(B) षष्ठी विभक्ति में– **तस्य** तयोः तेषाम्
(C) सप्तमी विभक्ति में– तस्मिन् तयोः तेषु
(D) चतुर्थी विभक्ति में– तस्मै ताभ्याम् तेभ्यः
अतः विकल्प `B' सही है।

11. 'त्वत्' किस सर्वनाम का रूप है?
(A) तत् **(B) इदम्**
(C) अस्मद् **(D) युष्मद्**

व्याख्या–
(A) 'तद्' (वह) का रूप तीनों लिङ्गों में अलग-अलग चलता है।
पुंलिङ्ग पञ्चमी विभक्ति में–'तस्मात्, ताभ्याम्, तेभ्यः' रूप बनता है।
(B) 'इदम्' (यह) सर्वनाम का रूप तीनों लिङ्गों में चलता है।
पुंलिङ्ग पञ्चमी विभक्ति में–'अस्मात्, आभ्याम्, एभ्यः' रूप बनता है।
(C) 'अस्मद्' सर्वनाम का रूप तीनों लिङ्गों में एक समान चलता है अर्थात् लिङ्ग बदलने पर रूप नहीं बदलता है। पञ्चमी विभक्ति में–'मत्, आवाभ्याम्, अस्मत्' रूप बनता है।
(D) **युष्मद् सर्वनाम** का रूप भी तीनों लिङ्गों में एकसमान चलता है।
पञ्चमी विभक्ति में–**'त्वत्,** युवाभ्याम्, युष्मत्' रूप चलता है। अतः विकल्प `D' सही है।

12. 'मह्यम्' किस सर्वनाम का रूप है?
(A) अस्मद् का **(B) युष्मद् का**
(C) एतद् का **(D) अदस् का**

व्याख्या–
(A) **'अस्मद्' सर्वनाम** का रूप चतुर्थी विभक्ति में– **'मह्यम्'** आवाभ्याम्, अस्मभ्यम्' बनता है।
अतः विकल्प `A' सही है।
(B) 'युष्मद्' (तुम) सर्वनाम का चतुर्थी विभक्ति में–तुभ्यम्, युवाभ्याम्, युष्मभ्यम् रूप बनता है।
(C) एतत् (यह) सर्वनाम का रूप तीनों लिङ्गो में बनता है। पुंलिङ्ग चतुर्थीविभक्ति में–'एतस्मै, एताभ्याम्, एतेभ्यः' रूप बनता है।
(D) अदस् (वह) का रूप तीनों लिङ्गों में बनता है। पुंलिङ्ग चतुर्थी विभक्ति में–
'अमुष्मै, अमूभ्याम्, अमीभ्यः' रूप बनता है।

7. (B) z 12. (A)

13. 'एकोनसप्ततिः' कौन-सी संख्या है?
(A) 79 **(B) 71**
(C) 70 **(D) 69**

	संख्या	शब्द
(A)	79	एकोनाशीतिः/नवसप्ततिः
(B)	71	एकसप्ततिः
(C)	70	सप्ततिः
(D)	**69**	**एकोनसप्ततिः/नवषष्टिः**

अतः विकल्प `D' सही है।

14. `89' का संस्कृत रूप होगा?
(A) नवतिः **(B) नवनवतिः**
(C) एकोननवतिः **(D) षडशीतिः**

	संख्या	संस्कृतरूप
(A)	90	नवतिः
(B)	99	नवनवतिः/एकोनशतम्
(C)	**89**	**एकोननवतिः/नवाशीतिः**
(D)	86	षडशीतिः

अतः विकल्प `C' सही है।

15. 'द्वि' शब्द के रूप किन वचनों में हो सकते हैं?
(A) द्विवचन में
(B) एकवचन में
(C) बहुवचन में
(D) उपर्युक्त तीनों वचनों में

व्याख्या–
(A) **'द्वि'** (दो) के रूप **केवल द्विवचन** में चलते हैं। 'द्वि' (दो) के रूप तीनों लिङ्गो में अलग-अलग चलते हैं।
(B) 'एक' (एक) के रूप केवल एकवचन में चलते हैं। तीनो लिङ्गो में चलते हैं।
(C) 'त्रि' (तीन) से लेकर 'अष्टादशन्' (अठारह) तक की संख्याओं के रूप केवल बहुवचन में चलते हैं।
अतः विकल्प `A' सही है।

16. उपसर्ग धातु के साथ कहाँ आता है?
(A) पहले **(B) पीछे**
(C) आगे-पीछे **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या–
(A) 'उपसर्ग' का प्रयोग **धातु के पहले** होता है।
(B) 'प्रत्यय' का प्रयोग धातु या शब्द के बाद (पीछे) होता है।
अतः विकल्प `A' सही है।

17. 'उच्चैः' का स्वरूप क्या है?
(A) अव्यय **(B) प्रत्यय**
(C) उपसर्ग **(D) सर्वनाम**

व्याख्या–
(A) **'उच्चैः' अव्ययपद** है, कुछ अव्यय पद निम्नवत् हैं– अग्रतः (आगे), अतएव (इसलिए), अथ (इसके बाद), अन्तिकम् (पास), अन्यथा (नहीं तो), कथमपि (जैसे-तैसे) चेत् (यदि/अगर)।
(B) प्रत्यय धातु या शब्द के पीछे लगते हैं, कृदन्तप्रत्यय– तव्यत्, तव्य, अनीयर्, यत्, क्यप्, ण्यत्, क्त, क्तवतु, शतृ, शानच्, तुमुन्, ल्यप्, क्त्वा, ण्वुल्। तद्धितप्रत्यय–अण्, मतुप्, ढक्, इञ्, यत्, ठन्, तल्, इमनिच्, ष्यञ्, कन्, ठञ्।
(C) उपसर्गों की संख्या 22 है जो निम्नवत् हैं– प्र, परा, अप, सम्, अनु, अव, निस्, निर्, दुस्, दुर्, वि, आङ्, नि, अधि, अपि, अति, सु, उद्, अभि, प्रति, परि, उप।
(D) सर्वनामशब्द– अस्मद्, युष्मद्, सर्व, यत्, तद्, किम् आदि। अतः विकल्प `A' सही है।

18. संस्कृत में कितने लकार हैं?
(A) पाँच **(B) दश**
(C) तीन **(D) आठ**

व्याख्या– संस्कृत में **दश लकार** हैं, जो निम्नवत हैं–
1. लट्लकार – वर्तमानकाल
2. लिट्लकार – परोक्षभूत
3. लुट्लकार – अनद्यतन भविष्य
4. लृट्लकार – भविष्यत काल
5. लेट्लकार – वेदों में प्रयुक्त
6. लोट्लकार – आज्ञार्थक
7. लङ्लकार – अनद्यतन भूत
8. (i) विधिलिङ् – चाहिए अर्थ में
   (ii) आशीर्लिङ् – आशीर्वाद
9. लुङ्लकार – सामान्यभूत
10. लृङ्लकार – हेतुहेतुमद् भविष्य

अतः विकल्प `B' सही है।

13. (D) 14. (C) 15. (A) 16. (A) 17. (A) 18. (B)

19. 'सामान्य भविष्य' के लिए प्रयुक्त होता है।
(A) लङ्लकार (B) लोट्लकार
(C) लृट्लकार (D) लट्लकार

व्याख्या–सामान्य भविष्य के लिए **लृट्लकार** का प्रयोग किया जाता है? अतः विकल्प `C' सही है।

20. प्रत्येक लकार में पुरुष होते हैं?
(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) चार

व्याख्या–प्रत्येक लकार में **तीन पुरुष** होते हैं–
1. प्रथम पुरुष 2. मध्यम पुरुष 3. उत्तम पुरुष
अतः विकल्प `C' सही है।

21. 'भद्रं भूयाद् भवतः' का अर्थ है?
(A) आपका भला हो
(B) हे मान्यवर! आप कैसे हैं।
(C) भद्र कैसे हैं।
(D) आप भले तो हैं।

व्याख्या–'भद्रं भूयाद् भवतः' का अर्थ है–**आपका भला** हो। अतः विकल्प `A' सही है।

22. 'एका क्रिया द्व्यर्थकरी प्रसिद्धा' का अर्थ है?
(A) एक बार काम करना काफी है।
(B) एक काम ही प्रसिद्ध है।
(C) दो प्रयोजन प्रसिद्ध हैं।
(D) एक पन्थ दो काज।

व्याख्या–'एका क्रिया द्व्यर्थकरी प्रसिद्धा' लोकोक्ति का अर्थ–**'एक पन्थ दो काज'** है। अतः विकल्प `D' सही है।

23. 'डण्डा सबको ठीक करता है'–सही संस्कृत रूप है?
(A) दण्डः न शास्ति सर्वः प्रजाः।
(B) दण्डः शास्ति सर्वाः प्रजाः।
(C) दण्डः शास्ति सर्वः प्रजाः।
(D) दण्डः शास्ति प्रजा सर्वा।

व्याख्या–दण्डः शास्ति सर्वाः प्रजाः–डण्डा सबको ठीक करता है। अतः विकल्प `B' सही है।

24. 'दृश्' धातु का लृट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन में रूप होगा?
(A) अपश्यत् (B) द्रक्ष्यति
(C) द्रक्ष्यन्ति (D) पश्यतु

व्याख्या–
(A) 'दृश्' धातु लङ्लकार प्र०पु० में–'अपश्यत्, अपश्यताम्, अपश्यन्' रूप बनता है।
(B) लृट्लकार प्रथमपुरुष में–**'द्रक्ष्यति,** द्रक्ष्यतः, द्रक्ष्यन्ति'
(D) लोट्लकार प्रथमपुरुष में–'पश्यतु, पश्यताम्, पश्यन्तु'
अतः विकल्प `B' सही है।

25. भू धातु लट्लकार उत्तमपुरुष एकवचन में रूप होगा?
(A) भवामि
(B) भवावः
(C) भवामः
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या–'भू' धातु लट्लकार उत्तमपुरुष में–'भवामि, भवावः, भवामः' रूप बनता है। अतः विकल्प `A' सही है।

26. तृतीया विभक्ति में 'कवि' शब्द का सही रूप होगा?
(A) कविना (B) कवये
(C) कवयः (D) कवौ

व्याख्या–
(A) 'कवि' शब्द का तृतीयाविभक्ति में–**'कविना,** कविभ्याम्, कविभिः' रूप बनता है।
(B) चतुर्थीविभक्ति में–'कवये, कविभ्याम्, कविभ्यः'
(C) प्रथमा में–'कविः, कवी, कवयः' रूप बनता है।
(D) सप्तमी विभक्ति में–'कवौ, कव्योः, कविषु' रूप बनता है।
अतः विकल्प `A' सही है।

27. 'मालायाम्' किस विभक्ति का रूप है?
(A) द्वितीया
(B) पञ्चमी
(C) सप्तमी
(D) षष्ठी

व्याख्या–
(A) 'माला' शब्द का रूप द्वितीयाविभक्ति में–'मालाम्, माले, मालाः'
(B) पञ्चमीविभक्ति में–'मालायाः, मालाभ्याम्, मालाभ्यः'
(C) **सप्तमीविभक्ति** में–**'मालायाम्,** मालयोः, मालासु'
(D) षष्ठीविभक्ति में–'मालायाः, मालयोः, मालानाम्'
अतः विकल्प `C' सही है।

19. (C)	20. (C)	21. (A)	22. (D)	23. (B)	24. (B)	25. (A)	26. (A)
27. (C)							

28. 'नदीः' किस विभक्ति का रूप है?
(A) सप्तमी का (B) द्वितीया का
(C) तृतीया का (D) पञ्चमी का

व्याख्या–
(A) 'नदी' ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग का रूप सप्तमीविभक्ति में–'नद्याम्, नद्योः, नदीषु' बनता है।
(B) **द्वितीयाविभक्ति** में–'नदीम्, नद्यौ, **नदीः**'
(C) तृतीयाविभक्ति में–'नद्या, नदीभ्याम्, नदीभिः'
(D) पञ्चमीविभक्ति में–'नद्याः, नदीभ्याम्, नदीभ्यः'
अतः विकल्प `B' सही है।

29. द्वितीयाविभक्ति में 'दधि' का रूप होगा?
(A) दध्नोः (B) दध्ना
(C) दध्नः (D) दधीनि

व्याख्या–
(A) 'दधि' नपुंसकलिङ्ग का रूप षष्ठीविभक्ति में–'दध्नः, दध्नोः, दध्नाम्' बनता है।
(B) तृतीयाविभक्ति में–'दध्ना, दधिभ्याम्, दधिभिः' बनता है।
(C) पञ्चमीविभक्ति में–'दध्नः, दधिभ्याम्, दधिभ्यः'
(D) **द्वितीयाविभक्ति** में–'दधि, दधिनी, **दधीनि**'
अतः विकल्प `D' सही है।

30. 'मधुनी' किस विभक्ति का रूप है?
(A) द्वितीया (B) चतुर्थी
(C) षष्ठी (D) सप्तमी

व्याख्या– 'मधु' (उकारान्त) नपुंसकलिङ्ग का रूप–
(A) **द्वितीयाविभक्ति** में–'मधु, **मधुनी**, मधूनि' बनता है।
(B) चतुर्थीविभक्ति में– 'मधुने, मधुभ्याम्, मधुभ्यः'
(C) षष्ठीविभक्ति में– 'मधुनः, मधुनोः, मधूनाम्'
(D) सप्तमीविभक्ति में– 'मधुनि, मधुनोः, मधुषु'
अतः विकल्प `A' सही है।

31. 'येनाङ्गविकारः' सूत्र है?
(A) करणकारक का (B) कर्मकारक का
(C) सम्प्रदानकारक का (D) अपादानकारक का

व्याख्या–
(A) 'येनाङ्गविकारः' (2/3/20) सूत्र से जिस अङ्ग के विकार से अङ्गी के सम्पूर्ण शरीर का विकार लक्षित हो, उसमें **तृतीयाविभक्ति** का प्रयोग होता है यथा– अक्ष्णा काणः।
(B) 'कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे' (2/3/5) सूत्र से अत्यन्तसंयोग गम्यमान होने पर कालवाची और मार्गवाची शब्दो में द्वितीया विभक्ति होती है यथा– मासं कल्याणी।
(C) 'परिक्रयणे सम्प्रदानमन्यतरस्याम्' (1/4/44) सूत्र से परिक्रयण क्रिया में साधकतम कारक की विकल्प से सम्प्रदानसंज्ञा होती है यथा– (i) शताय परिक्रीतः, (ii) शतेन परिक्रीतः।
(D) 'अन्तर्धौ येनादर्शनमिच्छति' (1/4/28) सूत्र से अन्तर्धान (छुपना) होने की क्रिया में कर्ता जिससे छुपना चाहता है उसकी अपादानसंज्ञा होती है यथा–मातुः निलीयते कृष्णः। अतः विकल्प `A' सही है।

32. 'अभितः' के योग में विभक्ति होती है?
(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) चतुर्थी (D) पञ्चमी

व्याख्या–
(A) अभितः, परितः, समया, निकषा, हा, प्रति के योग में **द्वितीयाविभक्ति** होती है।
अतः विकल्प `A' सही है।
(B) सह, साकम्, सार्धम्, समम्, प्राय, गोत्र, पृथक्, विना, नाना, स्तोक, अल्प आदि के योग में तृतीया विभक्ति होती है।
(C) नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम्, वषट्, के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है।
(D) अन्य, आरात्, ऋते, प्राक्, प्रत्यक्, बहिः, शब्दों के योग में पञ्चमी विभक्ति होती है।

33. 'अन्तराऽन्तरेण युक्ते' सूत्र है?
(A) कर्मकारक का (B) करणकारक का
(C) अपादानकारक का (D) अधिकरणकारक का

व्याख्या–
(A) 'अन्तराऽन्तरेण युक्ते' (2/3/4) सूत्र से अन्तरा, अन्तरेण पदों के योग में **द्वितीयाविभक्ति** होती है।
यथा–अन्तरेण हरिं न सुखम्।
(B) 'संज्ञोऽन्यतरस्यां कर्मणि' (2/3/22) सूत्र से सम् उपसर्ग पूर्वक 'ज्ञा' धातु के अनभिहित कर्म में विकल्प से तृतीयाविभक्ति होती हैं (पक्ष में द्वितीया)
यथा–सः पित्रा पितरं वा सञ्जानीते।
(C) 'पृथग्विनानानाभिस्तृतीयाऽन्यतरस्याम्' (2/3/32) सूत्र से पृथक्, विना, नाना इन तीन पदों के योग में तृतीया विभक्ति होती है, पक्ष में पञ्चमी और द्वितीया विभक्ति भी होती है। यथा–पृथक् रामात्, रामेण-रामं वा।
(D) 'निमित्तात्कर्मयोगे' वार्तिक से निमित्तवाची शब्दों में सप्तमी विभक्ति होती है यदि वह निमित्त कर्म (फल) से युक्त हो यथा– चर्मणि द्वीपिनं हन्ति।
अतः विकल्प `A' सही है।

28. (B)	29. (D)	30. (A)	31. (A)	32. (A)	33. (A)

34. चतुर्थी विभक्ति तब आती है? जब–
(A) अनादर अर्थ द्योतित हो
(B) अतसुच् प्रत्ययान्त शब्दों के योग में
(C) कर्म-प्रवचनीय में
(D) अपवर्ग द्योतित होने पर

व्याख्या–
(A) **'मन्यकर्मण्यनादरे विभाषाऽप्राणिषु'** (2/3/17) सूत्र से अनादर भाव गम्यमान होने पर दिवादिगण मन् धातु के कर्म में (यदि वह प्राणीवाचक न हो तो) विकल्प से **चतुर्थी विभक्ति** होती है यथा–अहं न त्वां तृणाय मन्ये।
(B) 'षष्ठ्यतसर्थप्रत्ययेन' (2/3/30) सूत्र से अतसुच् प्रत्ययान्त शब्दों के योग में षष्ठी विभक्ति होती है। यथा–ग्रामस्य दक्षिणतः।
(C) कर्म-प्रवचनीय में द्वितीया, पञ्चमी, सप्तमी विभक्ति का प्रयोग होता है।
(D) 'अपवर्गे तृतीया' (2/3/6) सूत्र से अपवर्ग (फलप्राप्ति) द्योतित होने पर कालवाची और मार्गवाची शब्दों से तृतीयाविभक्ति होती है। यथा–क्रोशेन अनुवाकः अधीतः। अतः विकल्प `A' सही है।

35. 'व्याघ्रः चर्मणि द्वीपिनं हन्ति' वाक्य में 'चर्मणि' है?
(A) तृतीया विभक्ति में (B) द्वितीया विभक्ति में
(C) सप्तमी विभक्ति में (D) पञ्चमी विभक्ति में

व्याख्या–
(A) 'रामेण बाणेन हतो बाली'–अनुक्त कर्ता तथा करण कारक में तृतीयाविभक्ति का विधान 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' (2/3/18) सूत्र से हुआ है।
(B) 'पर्जन्यो जपम् अनु प्रावर्षत्'–यहाँ जपम् में 'अनुर्लक्षणे' (1/4/84) सूत्र से लक्षण द्योतित होने पर 'अनु' की कर्मप्रवचनीय संज्ञा होकर, कर्मप्रवचनीय के योग में द्वितीया विभक्ति होती है।
(C) 'व्याघ्रः चर्मणि द्वीपिनं हन्ति' यहाँ 'चर्मणि' में **सप्तमी विभक्ति** का प्रयोग 'निमित्तात्कर्मयोगे' वार्तिक से हुआ है।
(D) 'प्रासादात् प्रेक्षते' यहाँ 'प्रासादात्' में पञ्चमीविभक्ति का प्रयोग 'ल्यब्लोपे कर्मण्यधिकरणे च' वार्तिक से हुआ है। अतः विकल्प `C' सही है।

36. 'स्पृहा' के योग में विभक्ति होती है?
(A) चतुर्थी (B) तृतीया
(C) द्वितीया (D) सप्तमी

व्याख्या–
(A) 'स्पृहेरीप्सितः' (1/4/36) सूत्र से 'स्पृह्' धातु के योग में 'ईप्सितपदार्थ' की सम्प्रदानसंज्ञा होकर उसमें **चतुर्थीविभक्ति** होती है। यथा–सः पुष्पेभ्यः स्पृहयति।
(B) 'हेतौ' (2/3/23) सूत्र से हेतु अर्थ के वाची शब्दो में तृतीया विभक्ति होती है। यथा–दण्डेन घटः।
(C) 'तथायुक्तं चानीप्सितम्' (1/4/50) सूत्र से कर्ता के द्वारा अनीप्सितपदार्थ की भी कर्मसंज्ञा होती है यथा–ओदनं भुञ्जानो विषं भुङ्क्ते।
(D) 'सप्तम्यधिकरणे च' (2/3/36) सूत्र से अधिकरण में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग होता है। यथा– सर्वस्मिन् आत्मा अस्ति।
अतः विकल्प `A' सही है।

37. समास, जिसमें प्रायः उत्तरपद के अर्थ की प्रधानता होती है
(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष
(C) बहुव्रीहि (D) द्वन्द्व

व्याख्या–
(A) 'प्रायेण पूर्वपदार्थप्रधानोऽव्ययीभावः' – अर्थात् अव्ययीभाव में पूर्वपद के अर्थ की प्रधानता होती है। यथा– उपकृष्णम्।
(B) प्रायेणोत्तर-पदार्थ-प्रधानस्तत्पुरुषः–अर्थात् **तत्पुरुष समास** में उत्तरपद के अर्थ की प्रधानता होती है। यथा–राजपुरुषः।
(C) प्रायेणान्य-पदार्थ-प्रधानो बहुव्रीहिः–अर्थात् बहुव्रीहि समास में अन्यपद की प्रधानता होती है। यथा– वीणापाणिः
(D) प्रायेणोभय-पदार्थ-प्रधानो द्वन्द्वः–अर्थात् द्वन्द्वसमास में उभय (दोनों) पदों की प्रधानता होती है। यथा– रामलक्ष्मणौ।
अतः विकल्प `B' सही है।

38. 'विष्णु के बाद' का सम्पूर्ण पद है?
(A) अनुविष्णु (B) अनुविष्णषु
(C) इतिविष्णु (D) सुविष्णु

व्याख्या–'अव्ययं विभक्तिसमीप...........साकल्यान्तवचनेषु' (2/1/6) सूत्र से 'पश्चात्' अर्थ में 'अनु' अव्यय का विष्णु ङस् सुबन्त के साथ 'विष्णोः पश्चात् = **अनुविष्णु**' में अव्ययीभाव समास हुआ। अतः विकल्प `A' सही है।

34. (A) 35. (C) 36. (A) 37. (B) 38. (A)

39. 'सहरि' में समास है?
(A) बहुव्रीहि (B) अव्ययीभाव
(C) तत्पुरुष (D) द्वन्द्व

व्याख्या–
(A) 'अप्पूरणीप्रमाण्योः' (5/4/116) सूत्र से–'स्त्री प्रमाणी यस्य सः = स्त्रीप्रमाणः' में बहुव्रीहिसमास है।
(B) 'अव्ययीभावे चाकाले' (6/3/81) सूत्र से **अव्ययीभाव समास** में 'सह' को 'स' आदेश हो, किन्तु कालवाचक होने पर नहीं। यथा– हरेः सादृश्यम् = सहरि
(C) 'कर्तृकरणे कृता बहुलम्' (2/1/32) सूत्र से 'हरिणा त्रातः = हरित्रातः' में तृतीया तत्पुरुषसमास है।
(D) 'अल्पाच्तरम्' (2/2/34) सूत्र से 'शिवश्च केशवश्च = शिवकेशवौ' इस द्वन्द्वसमास में 'शिव' पद का पूर्वनिपात हुआ। अतः विकल्प `B' सही है।

40. चौरभयम् में समास है?
(A) पञ्चमीतत्पुरुष (B) सप्तमीतत्पुरुष
(C) अव्ययीभाव (D) द्वन्द्वसमास

व्याख्या–
(A) 'पञ्चमी भयेन' (2/1/37) सूत्र से पञ्चम्यन्त सुबन्त का भयवाचक सुबन्त के साथ **पञ्चमी तत्पुरुषसमास** होता है। यथा–चोराद् भयम् = चोरभयम्
(B) 'सप्तमी शौण्डैः' (2/1/40) सूत्र से 'अक्षेषु शौण्डः = 'अक्षशौण्डः' में सप्तमी तत्पुरुषसमास
(C) 'झयः' (5/4/111) सूत्र से 'समिधः समीपं = उपसमिधम्' इस अव्ययीभावसमास में 'टच्' प्रत्यय हुआ।
(D) 'चार्थे द्वन्द्वः' (2/2/29) सूत्र से 'द्वौ च दश च = 'द्वादश' में द्वन्द्वसमास है। अतः विकल्प `A' सही है।

41. चतुर्थी तत्पुरुषसमास है?
(A) यूपदारु (B) द्विमूर्धः
(C) धवखदिरौ (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या–
(A) 'चतुर्थी तदर्थार्थ-बलि-हित-सुखरक्षितैः' (2/1/36) सूत्र से **'यूपाय दारु = यूपदारु' में चतुर्थी तत्पुरुषसमास** है।
(B) 'अनेकमन्यपदार्थे' (2.2.24) सूत्र से–'द्वौ मूर्धानौ यस्य सः = द्विमूर्धः' में बहुव्रीहि समास है।
(C) 'चार्थे द्वन्द्वः' (2/2/29) सूत्र से–'धवश्च खदिरश्च = धवखदिरौ' में द्वन्द्वसमास है।
अतः विकल्प `A' सही है।

42. समास में प्रथम शब्द संख्यावाचक हो तो वह समास होगा?
(A) नञ् तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव
(C) बहुव्रीहि (D) द्विगु

व्याख्या–
(A) **नञ् तत्पुरुष** – सुबन्त के साथ 'नञ्' अव्यय का समास होने पर नञ् तत्पुरुष समास होगा। यथा– न भावः इति अभावः
(B) **अव्ययीभाव**– जहाँ पूर्वपदार्थप्रधान हो, और समस्तपद की अव्ययसंज्ञा हो तो वह अव्ययीभावसमास होगा। यथा– उपकृष्णम्
(C) **बहुव्रीहि** – जहाँ अन्यपदार्थ की प्रधानता हो, वह बहुव्रीहि होगा। यथा– चन्द्रः मौलौ यस्य सः = चन्द्रमौलिः (शिवः)
(D) **द्विगु** – 'संख्यापूर्वो द्विगुः' (2/1/52) सूत्रानुसार प्रथमशब्द संख्यावाचक और द्वितीयशब्द संज्ञा हो तो **द्विगुसमास** होता है। यथा– पञ्चानां वटानां समाहारः = पञ्चवटी।
अतः विकल्प `D' सही है।

43. 'शशिशेखरः' में समास है?
(A) बहुव्रीहि (B) कर्मधारय
(C) द्वन्द्व (D) नञ्तत्पुरुष

	शब्द	समास
(A)	**शशिशेखरः**	**बहुव्रीहि**
(B)	पीताम्बरम्	कर्मधारय
(C)	अहिनकुलम्	समाहारद्वन्द्व
(D)	अब्राह्मणः	नञ् तत्पुरुष

अतः विकल्प `A' सही है।

44. 'राम' शब्द का षष्ठी बहुवचन का रूप है?
(A) रामस्य (B) रामयोः
(C) रामाणाम् (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या–राम अकारान्त पुंलिङ्ग का रूप षष्ठीविभक्ति में– 'रामस्य, रामयोः, **रामाणाम्'** बनता है।
अतः विकल्प `C' सही है।

39. (B) 40. (A) 41. (A) 42. (D) 43. (A) 44. (C)

45. **'साधु' शब्द का सप्तमी एकवचन का रूप है?**
(A) साधौ **(B) साधुषु**
(C) साधुना **(D) साधुभिः**

व्याख्या–'साधु' उकारान्त पुंलिङ्ग का रूप सप्तमी विभक्ति में–'**साधौ,** साधोः, साधुषु' बनता है। तृतीया विभक्ति में– 'साधुना, साधुभ्याम्, साधुभिः' रूप बनता है।
अतः विकल्प `A' सही है।

46. **'धेनवः' किस विभक्ति का रूप है?**
(A) प्रथमा में **(B) तृतीया में**
(C) चतुर्थी में **(D) षष्ठी में**

व्याख्या–
(A) धेनु (गाय) उकारान्त स्त्रीलिङ्ग का रूप प्रथमाविभक्ति में– 'धेनुः, धेनू, **धेनवः**' रूप बनता है।
(B) तृतीयाविभक्ति में– 'धेन्वा, धेनुभ्याम्, धेनुभिः' रूप बनता है।
(C) चतुर्थी विभक्ति में– 'धेन्वै, धेनुभ्याम्, धेनुभ्यः' रूप बनता है।
(D) षष्ठी विभक्ति में–'धेन्वाः, धेन्वोः, धेनूनाम्' रूप बनता है।
अतः विकल्प `A' सही है।

47. **छोटी से छोटी व्यक्त खण्ड ध्वनि को कहते हैं?**
(A) वर्ण **(B) पद**
(C) शब्द **(D) वाक्य**

व्याख्या– * छोटी से छोटी व्यक्त खण्ड ध्वनि को '**वर्ण**' (अक्षर) कहते हैं।
* वर्णों के समूह को 'पद' या 'शब्द' कहते हैं।
* पदों के समूह को 'वाक्य' कहते हैं।
अतः विकल्प `A' सही है।

48. **कुल स्वर संख्या है।**
(A) पाँच **(B) दस**
(C) तेरह **(D) तैंतीस**

व्याख्या–माहेश्वर सूत्रों में कुल नौ स्वर (अ, इ, उ, ऋ, लृ, ए, ओ, ऐ, औ बताये गये हैं।) दीर्घ आ, ई, ऊ, ॠ को मिलाकर **तेरह स्वर** हो जाते हैं। यह प्रश्न विवादित है। क्योंकि संस्कृत में मूल स्वर पाँच (अ, इ, उ, ऋ, लृ) और कुल स्वर नव माने जाते हैं।
दिये गये विकल्पों में `C' सही है।

49. **वाक्य में सन्धि करना अथवा न करना है?**
(A) ऐच्छिक **(B) निषिद्ध**
(C) उपर्युक्त दोनों **(D) इनमें से कोई नहीं।**

व्याख्या–"संहितैकपदे नित्या नित्या धातूपसर्गयोः।
नित्या समासे वाक्ये तु सा विवक्षामपेक्षते।।"
अर्थात् एक पद में, धातु और उपसर्ग के योग में, और समास में सन्धि करना नित्य है परन्तु **वाक्य में सन्धि विवक्षाधीन (ऐच्छिक)** होती है। अतः विकल्प `A' सही है।

50. **धातु और उपसर्ग में सन्धि करना है?**
(A) ऐच्छिक **(B) अनिवार्य**
(C) निषिद्ध **(D) उपर्युक्त तीनों**

व्याख्या– धातु और उपसर्ग में सन्धि करना **नित्य (अनिवार्य)** है। विस्तृत व्याख्या के लिए उपर्युक्त प्रश्न देखें।
अतः विकल्प `B' सही है।

51. **'द्रक्ष्यति' किस धातु का लृट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन का रूप है?**
(A) द्रक्ष् **(B) दृश्य**
(C) दृश् **(D) पश्य्**

व्याख्या– '**दृश्**' धातु लृट्लकार प्रथमपुरुष में '**द्रक्ष्यति,** द्रक्ष्यतः द्रक्ष्यन्ति' रूप बनता है। अतः विकल्प `C' सही है।

52. **'नम्' धातु लृट्लकार उत्तमपुरुष एकवचन का रूप है?**
(A) नंस्यति **(B) नंस्यतः**
(C) नंस्यामि **(D) नष्यति**

व्याख्या– * 'नम्' धातु (प्रणाम करना) लृट्लकार प्रथमपुरुष में नंस्यति, नंस्यतः, नंस्यन्ति रूप बनता है।
* उत्तम पुरुष में–**नंस्यामि,** नंस्यावः, नंस्यामः रूप बनता है।
अतः विकल्प `C' सही है।

53. **'द्वि' शब्द के रूप कौन-कौन लिङ्ग में होंगे?**
(A) पुंलिङ्ग में **(B) स्त्रीलिङ्ग में**
(C) नपुंसकलिङ्ग में **(D) उपर्युक्त तीनों लिङ्गो में**

व्याख्या– * **तीनों लिङ्गों में** 'द्वि' शब्द का रूप केवल द्विवचन में चलता है।
* पुंल्लिङ्ग में–द्वौ, द्वौ, द्वाभ्याम्, द्वाभ्याम् द्वाभ्याम्, द्वयोः, द्वयोः रूप चलता है।
* नपुंसकलिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग में एकसमान–द्वे, द्वे, द्वाभ्याम्, द्वाभ्याम्, द्वाभ्याम्, द्वयोः, द्वयोः रूप चलता है।
अतः विकल्प `D' सही है।

45. (A) 46. (A) 47. (A) 48. (C) 49. (A) 50. (B) 51. (C) 52. (C) 53. (D)

54. संस्कृत में 'दशहजार' होगा?
(A) अयुतम् **(B) सहस्रम्**
(C) लक्षम् **(D) नियुतम्**

	संख्या	**संस्कृत शब्द**
(A)	**दश हजार**	**अयुतम्**
(B)	एक हजार	सहस्रम्
(C)	एक लाख	लक्षम्
(D)	दश लाख	नियुतम्/प्रयुतम्

अतः विकल्प `A' सही है।

55. मैनाक किसका पुत्र है?
(A) इन्द्र का **(B) हिमालय का**
(C) समुद्र का **(D) दैत्य का**

व्याख्या–मैनाक, **हिमालय का** पुत्र था। हिमालय के पंख इन्द्र ने काटे थे। मैनाक इन्द्र के डर से समुद्र में जाकर छुप गया था। 'तुषाराद्रेः सूनोरहह! पितरि क्लेशविवशे' (नीतिशतकम्/29) अतः विकल्प `B' सही है।

56. प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन..........कैः?
(A) नीचैः **(B) मध्याः**
(C) परित्यजन्ति **(D) धीराः**

व्याख्या–
(A) 'प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन नीचैः' अर्थात् अधम कोटि के मनुष्य विघ्न के भय से कार्य आरम्भ नहीं करते हैं। नीतिशतकम्/73
(B) 'प्रारभ्य विघ्नविहता विरमन्ति मध्याः'–मध्यम श्रेणी के लोग कार्य को आरम्भ करके विघ्न आ जाने पर कार्य से विरत हो जाते हैं।
(C) 'प्रारब्धमुत्तमजना न परित्यजन्ति' अर्थात् श्रेष्ठ मनुष्य कार्य को पूर्ण करते हैं।
(D) 'न्याय्यात्पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः' अर्थात् धीर पुरुष न्यायोचित मार्ग से एक कदम भी विचलित नहीं होते हैं। अतः विकल्प `A' सही है।

57. विभाति कायः करुणाकुलानां.........रिक्त स्थान की पूर्ति करे?
(A) कुण्डलेन
(B) कङ्कणेन
(C) परोपकारेण न चन्दनेन
(D) परोपकारिणाम्

व्याख्या–
(A) श्रोत्रं श्रुतेनैव न कुण्डलेन
(B) दानेन पाणिर्न तु कङ्कणेन।
(C) विभाति कायः करुणापराणां **परोपकारेण न चन्दनेन** (नीतिशतकम्/63)
(D) स्वभाव एवैष परोपकारिणाम्। (नीतिशतकम्/62)
अतः विकल्प `C' सही है।

58. 'ये परहितं स्वार्थाय निघ्नन्ति' नीतिशतकम् के अनुसार वे लोग हैं?
(A) सत्पुरुषाः **(B) सामान्याः**
(C) मानुषराक्षसाः **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या–
(A) 'एते सत्पुरुषाः परार्थघटकाः स्वार्थान्परित्यज्य ये'–अर्थात् जो लोग अपने स्वार्थ को त्यागकर दूसरों का प्रयोजन सिद्ध करते हैं वे सज्जनपुरुष हैं।
(B) 'सामान्यास्तु परार्थमुद्यमभृतः स्वार्थाविरोधेन ये'–अर्थात् जो अपने स्वार्थ की हानि किए बिना ही दूसरों का हित करते हैं, वे सामान्य लोग हैं।
(C) 'तेऽमी **मानुषराक्षसाः** परहितं स्वार्थाय निघ्नन्ति ये' अर्थात् जो अपने स्वार्थ के लिए दूसरों के हित को नष्ट करते हैं, वे मनुष्यों में राक्षसस्वरूप हैं। (नीतिशतकम्/65) अतः विकल्प `C' सही है।

59. नास्त्युद्यमसमो .... रिक्त स्थान की पूर्ति करें?
(A) लज्जा **(B) भूषणम्**
(C) रिपुः **(D) बन्धुः**

व्याख्या–
(A) 'लज्जाङ्गनायाः कृशता कटौ च'–अर्थात् स्त्री का लज्जा उत्कृष्ट आभूषण है, कमर का पतला होना उसकी शोभा है। नीतिशतकम्/परिशिष्ट-7
(B) 'शीलं हि सर्वस्य नरस्य भूषणम्' अर्थात् शील (सदाचार) सभी मनुष्यों का उत्कृष्ट आभूषण है। नीतिशतकम्/परिशिष्ट-7
(C) 'आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः' अर्थात् निश्चित रूप से आलस्य मनुष्य के शरीर में रहने वाला महान् शत्रु है। नीतिशतकम्/परिशिष्ट-1
(D) 'नास्त्युद्यमसमो **बन्धुः**कृत्वा यं नावसीदति' अर्थात् कार्य में प्रवृत्ति (उद्यम) के समान अन्य कोई बन्धु नहीं है। नीतिशतकम्/परिशिष्ट-1
अतः विकल्प `D' सही है।

54. (A) 55. (B) 56. (A) 57. (C) 58. (C) 59. (D)

60. पर्वत के पंख किसने काटे थे?
(A) इन्द्र (B) विष्णु
(C) शिव (D) ब्रह्मा

व्याख्या–पर्वत के पंख **इन्द्र** ने काटा था ''वरं पक्षच्छेदः समदमघवन्मुक्तकुलिश.......'' (नीतिशतकम्/29)
अतः विकल्प `A' सही है।

61. लक्ष्मी ने निष्ठुरता का गुण किससे प्राप्त किया?
(A) कौस्तुभमणि (B) उच्चैःश्रवा
(C) कालकूट (D) मदिरा

व्याख्या–लक्ष्मी ने निम्नवत् गुण प्राप्त किया
(A) **कौस्तुभमणि से** **निष्ठुरता**
(B) **उच्चैःश्रवा से** चञ्चलता
(C) कालकूट से **मोहनशक्ति**
(D) मदिरा से मादकता
अतः विकल्प `A' सही है।

62. लक्ष्मी 'पातालगुहेव...........' है?
(A) विटपकानध्यारोहति
(B) तमोबहुला
(C) चिरद्युतिकारिणी
(D) प्रकटितविविध-संक्रान्तिः

व्याख्या–
(A) 'लतेव विटपकानध्यारोहति' अर्थात् लक्ष्मी लता की भाँति धूर्तो का आश्रय लेती है।
(B) 'पातालगुहेव **तमोबहुला**' अर्थात् लक्ष्मी पातालगुफा के समान अत्यन्त अन्धकार से युक्त है। –(शुकनासोपदेश)
(C) 'प्रावृडिवाचिरद्युतिकारिणी' अर्थात् लक्ष्मी वर्षा ऋतु के समान क्षणिक प्रकाश उत्पन्न करने वाली है।
(D) 'दिवसकरगतिरिव प्रकटितविविधसंक्रान्तिः' अर्थात् लक्ष्मी सूर्य की गति के समान अनेक प्रकार के लोगों को प्रकाशित करती है। अतः विकल्प `B' सही है।

63. लक्ष्मी से कुप्रभावित राजा 'दर्शनप्रदानमपि...... गणयन्ति–
(A) अनुग्रहं (B) वर प्रदानं
(C) पावनं (D) उपकारं

व्याख्या–
(A) 'दर्शनप्रदानमपि **अनुग्रहं** गणयन्ति'–लक्ष्मी से कुप्रभावित राजा दर्शन देना भी अनुग्रह करना समझते हैं। –(शुकनासोपदेश)
(B) 'आज्ञामपि वरप्रदानं मन्यन्ते'–आज्ञा देना भी वरदान मानते हैं।
(C) 'स्पर्शमपि पावनमाकलयन्ति'–स्पर्श को भी पवित्र करने वाला समझते हैं।
(D) 'दृष्टिपातमप्युपकारपक्षे स्थापयन्ति'–आँखों से देख भर लेने को भी उपकार की श्रेणी में रखते हैं।
अतः विकल्प `A' सही है।

64. कौन-सा राजा सिद्धादेश होता है?
(A) भीरुप्रकृतिः (B) उन्मत्तः
(C) आरुढप्रतापः (D) तरलहृदयः

व्याख्या–'**आरुढप्रतापो** हि राजा त्रैलोक्यदर्शीव सिद्धादेशो भवति'–अर्थात् प्रताप की स्थापना (विस्तार) करने वाला राजा त्रैलोक्यदर्शी की भाँति सिद्धादेश होता है। –शुकनासोपदेश
अतः विकल्प `C' सही है।

65. लक्ष्मी 'साधुभाव' की क्या है?
(A) प्रस्तावना (B) कदलिका
(C) राहुजिह्वा (D) वध्यशाला

व्याख्या–
(A) 'प्रस्तावना कपटनाटकस्य'–लक्ष्मी कपटनाटक की प्रस्तावना है।
(B) 'कदलिका कामकरिणः'–कामदेव रूपी हाथी का कदली वन है।
(C) 'राहुजिह्वा धर्मेन्दुमण्डलस्य'–धर्म रूपीचन्द्रमण्डल के लिए राहुजिह्वा है।
(D) '**वध्यशाला** साधुभावस्य'–सुजनता का हत्यागृह है।
अतः विकल्प `D' सही है।

66. 'उत्तररामचरितम्' के रचयिता हैं?
(A) भारवि (B) भवभूति
(C) भर्तृहरि (D) भरतमुनि

	ग्रन्थ	**रचनाकार**
(A)	किरातार्जुनीयम्	भारवि
(B)	**उत्तररामचरितम्**	**भवभूति**
(C)	नीतिशतकम्	भर्तृहरि
(D)	नाट्यशास्त्रम्	भरतमुनि

अतः विकल्प `B' सही है।

60. (A) 61. (A) 62. (B) 63. (A) 64. (C) 65. (D) 66. (B)

67. 'अमरसिन्धु' है?
(A) रेवा **(B) वेत्रवती**
(C) चर्मण्वती **(D) गङ्गा**

	प्राचीन नाम	**आधुनिक नाम**
(A)	रेवा	नर्मदा
(B)	वेत्रवती	बेतवा
(C)	चर्मण्वती	चम्बल
(D)	**अमरसिन्धु**	**गङ्गा**

अतः विकल्प `D' सही है।

68. उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क का मुख्य रस है?
(A) करुणरस **(B) वीररस**
(C) शृङ्गाररस **(D) शान्तरस**

	ग्रन्थ	**मुख्यरस**
(A)	उत्तररामचरितम्	**करुणरस**
(B)	वेणीसंहारम्	वीररस
(C)	कर्पूरमञ्जरी	शृङ्गाररस
(D)	शारिपुत्रप्रकरणम्	शान्तरस

अतः विकल्प `A' सही है।

69. शिवराजविजयम् किस श्रेणी का काव्य है?
(A) महाकाव्य **(B) ऐतिहासिक उपन्यास**
(C) गीतिकाव्य **(D) ऐतिहासिक काव्य**

व्याख्या–

	ग्रन्थ	**विधा**
(A)	जानकीहरणम्	महाकाव्य
(B)	**शिवराजविजयम्**	**ऐतिहासिक उपन्यास**
(C)	नीतिशतकम्	गीतिकाव्य (मुक्तककाव्य)
(D)	राजतरङ्गिणी	ऐतिहासिक काव्य

अतः विकल्प `B' सही है।

70. मेघदूतम् में 'धूमज्योतिः सलिलमरुतां सन्निपातः' है?
(A) यक्ष **(B) मेघ**
(C) कुबेर **(D) इन्द्र**

व्याख्या–'धूमज्योतिः सलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः' (पूर्वमेघ/5) अर्थात् धुएँ, ज्योति, जल और वायु से मिलकर मेघ बना है। अतः विकल्प `B' सही है।

71. 'प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु' होते हैं?
(A) मूढजनाः
(B) विद्वज्जनाः
(C) राजानः
(D) कामार्ताः

व्याख्या–'**कामार्ता** हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु' (पूर्वमेघ/5) क्योंकि कामपीड़ित लोग जड़ और चेतन पदार्थों के विषय में स्वभावतः दीन हो जाते हैं। अतः विकल्प `D' सही है।

72. राजहंस कहाँ जाने को उत्सुक हैं?
(A) कैलासपर्वत **(B) वैकुण्ठ**
(C) मानसरोवर **(D) स्वर्गलोक**

व्याख्या–
तच्छुत्वा ते श्रवणसुभगं गर्जितं मानसोत्काः।
सम्पत्स्यन्ते नभसि भवतो राजहंसाः सहायाः।। (पूर्वमेघ/11)
मेघ के सहयात्रियों का वर्णन करते हुए यक्ष कहता है कि–मानसरोवर जाने को उत्सुक राजहंस कैलासपर्वत तक तुम्हारे साथी होगें? अतः विकल्प `C' सही है।

73. शिवराजविजयम् का विभाजन हुआ है?
(A) निःश्वास में **(B) उच्छ्वास में**
(C) खण्ड में **(D) तरङ्ग में**

	ग्रन्थ	**विभाजन**
(A)	**शिवराजविजयम्**	**3 विराम, 12 निःश्वास**
(B)	हर्षचरितम्	8 उच्छ्वास
(C)	मेघदूतम्	2 खण्ड (पूर्व, उत्तर)
(D)	राजतरङ्गिणी	8 तरङ्ग

अतः विकल्प `A' सही है।

74. किरातार्जुनीयम् में दुर्योधन की तुलना की गयी है?
(A) उरग से **(B) शुक से**
(C) द्विप से **(D) सिंह से**

व्याख्या–
''स दुःसहान्मन्त्रपदादिवो**रगः**'' (किरात-1/24) के अनुसार दुर्योधन की तुलना **उरग** (साँप) से की गयी है।
अतः विकल्प `A' सही है।

67. (D) 68. (A) 69. (B) 70. (B) 71. (D) 72. (C) 73. (A) 74. (A)

75. अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक में गौतमी है?
(A) शकुन्तला की सखी
(B) तपोवन की अध्यक्षा
(C) अप्सरा
(D) दुष्यन्त की प्रतीहारी

व्याख्या–
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक में अनसूया और प्रियंवदा शकुन्तला की सखियाँ हैं।
(B) गौतमी तपोवन (कण्वाश्रम) की **अध्यक्षा** हैं।
(C) मेनका, सानुमती–अप्सरा हैं।
(D) वेत्रवती, दुष्यन्त की प्रतीहारी है।
अतः विकल्प `B' सही है।

76. उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क का घटना स्थल है?
(A) अयोध्या
(B) जनस्थानप्रदेश
(C) पञ्चवटी
(D) वाल्मीकि आश्रम

	अङ्क		घटना स्थल
(A)	प्रथम अङ्क	–	अयोध्या
(B)	द्वितीय अङ्क	–	जनस्थानप्रदेश
(C)	**तृतीय अङ्क**	–	**पञ्चवटी**
(D)	चतुर्थ अङ्क	–	वाल्मीकि आश्रम

अतः विकल्प `C' सही है।

77. सुप्रसिद्ध कविजन निर्धन होकर रहते हैं, तो इसमें दोषी है?
(A) प्रजा **(B) राजा**
(C) मन्त्री **(D) सेनापति**

व्याख्या–''विख्याताः कवयो वसन्ति विषये यस्य **प्रभोर्निर्धनाः**''– 'तज्जाड्यं वसुधाधिपस्य........' (नीतिशतकम्/12) अर्थात् जिस राजा के राज्य में सुप्रसिद्ध कविजन निर्धन होकर निवास करते हैं, तो वह राजा की जड़ता (मूर्खता) है। अतः विकल्प `B' सही है।

78. किरातार्जुनीयम् में गुप्तचर किस वेष में जाता है?
(A) सैनिक **(B) संन्यासी**
(C) ब्रह्मचारी **(D) मन्त्री**

व्याख्या–'स वर्णिलिङ्गी विदितः समाययौ'(किरात० 1/1) अर्थात् वह ब्रह्मचारी का वेश धारण करने वाला वनेचर सारा वृत्तान्त जानकर लौट आया। अतः विकल्प `C' सही है।

79. शुकनासोपदेश, कादम्बरी का अंश है, उसके रचयिता हैं?
(A) बाणभट्ट **(B) गुणाढ्य**
(C) सुबन्धु **(D) क्षेमेन्द्र**

	ग्रन्थ		रचयिता
(A)	**कादम्बरी**	–	**बाणभट्ट**
(B)	बृहत्कथा	–	गुणाढ्य
(C)	वासवदत्ता	–	सुबन्धु
(D)	बृहत्कथामञ्जरी	–	क्षेमेन्द्र

अतः विकल्प `A' सही है।

80. कैलासपर्वत में कौन सी नगरी बसी है?
(A) पाटलिपुत्र **(B) द्वारकापुरी**
(C) अलकापुरी **(D) उज्जयिनी**

व्याख्या– * कालिदास कृत मेघदूतम् में वर्णन आता है कि कैलासपर्वत पर अलकापुरी नामक नगरी अवस्थित है। ''तस्योत्सङ्गे प्रणयिन इव स्रस्तगङ्गादुकूलां न त्वं दृष्ट्वा न **पुनरलकां** ज्ञास्यसे कामचारिन्'' (पूर्वमेघ-66)
* पाटलिपुत्र (पटना) – बिहार में, द्वारकापुरी – गुजरात में, उज्जयिनी – मध्य प्रदेश में स्थित है।
अतः विकल्प `C' सही है।

81. राजा दुष्यन्त शकुन्तला को पहचान सकते हैं, जब वे देखेंगें?
(A) कुण्डल **(B) हार**
(C) अँगूठी **(D) केयूर**

व्याख्या–'**अभिज्ञानाभरणदर्शनेन** शापो निवर्तिष्यत' दुर्वासा के इस कथन से ज्ञात होता है कि जब राजा दुष्यन्त पहचान का आभूषण (अँगूठी) देखेंगे, तब शकुन्तला को पहचान सकेंगे। अतः विकल्प `C' सही है।

82. शिवराजविजयम् के कथानक के प्रारम्भ का काल है?
(A) रात्रि **(B) सायंकाल**
(C) मध्याह्न **(D) प्रातःकाल**

व्याख्या– '**अरुण एष प्रकाशः** पूर्वस्यां भगवतो मरीचिमालिनः'–प्रस्तुत पंक्ति से यह विदित होता है कि शिवराजविजयम् के कथानक का आरम्भ प्रातःकालीन सूर्योदय वर्णन से होता है। अतः विकल्प `D' सही है।

75. (B) 76. (C) 77. (B) 78. (C) 79. (A) 80. (C) 81. (C) 82. (D)

83. 'सुलभकोपो महर्षिः' हैं?
(A) कण्व (B) दुर्वासा
(C) दुष्यन्त (D) शकुन्तला

व्याख्या–
(A) कण्व नैष्ठिक ब्रह्मचारी हैं।
(B) दुर्वासा सुलभकोप महर्षि हैं। प्रियंवदा– 'एष **दुर्वासाः** सुलभकोपो महर्षिः' – (अभि० शाकु० अङ्क-4)
(C) दुष्यन्त पुरुवंशी राजा तथा हस्तिनापुर के सम्राट् हैं।
(D) शकुन्तला अतिथिपरिभाविनी है। जो कण्व की पालिता पुत्री और विश्वामित्र मेनका की जन्मना पुत्री है।
अतः विकल्प `B' सही है।

84. विषयों की आसक्ति मनुष्य को............... करती है?
(A) नष्ट (B) बुद्धिमान्
(C) समृद्ध (D) प्रसन्न

व्याख्या–'नाशयति च दिङ्मोहः... पुरुषमत्यासङ्गो विषयेषु' विषयों के सुख में आसक्ति, मनुष्य को **नष्ट कर** देती है। (कादम्बरी शुकनासोपदेश) अतः विकल्प `A' सही है।

85. सोमनाथ तीर्थ को धूलि में किसने मिला दिया।
(A) शहाबुद्दीन (B) कुतुबुद्दीन
(C) अकबर (D) महमूद गजनवी

व्याख्या– (A) गजनी देश पर प्रथम आक्रमण मो० शहाबुद्दीन गोरी ने किया। इसी ने भारत में यवनराज्य का बीजारोपण किया।
(B) कुतुबुद्दीन भारत का प्रथम विदेशी सम्राट् था।
(C) अकबर को 'गूढशत्रु' कहा गया है।
(D) **महमूद गजनवी ने** सोमनाथ तीर्थ को धूलि में मिलाया **''सोमनाथतीर्थमपि धूलीचकार''**– (शिवराजविजयम्)
* वह भारत पर बारह बार आक्रमण किया। इसकी मृत्यु 1087 ई० में हुई थी
नोट–उपर्युक्त सभी तथ्य शिवराजविजयम् पर आधारित हैं। अतः विकल्प `D' सही है।

86. ऋषि वशिष्ठ की पत्नी थीं?
(A) अदिति (B) लोपामुद्रा
(C) अरुन्धती (D) मेनका

	पति		**पत्नी**
(A)	मारीच	–	अदिति
(B)	अगस्त्य	–	लोपामुद्रा
(C)	**वशिष्ठ**	–	**अरुन्धती**
(D)	विश्वामित्र	–	मेनका

अतः विकल्प `C' सही है।

87. सोमनाथ तीर्थ का देवता है?
(A) ब्रह्मा (B) विष्णु
(C) राम (D) महादेव

व्याख्या–सोमनाथ तीर्थ के देवता भगवान् **शिव** हैं। ''त्यजेमामकिञ्चितकरीं जडां **महादेवप्रतिमाम्**'' – (शिवराजविजयम्) अतः विकल्प `D' सही है।

88. शकुन्तला को विदाई का सन्देश दिया?
(A) कण्व ने (B) दुर्वासा ने
(C) तपोवन के वृक्षों ने (D) मृगों ने

व्याख्या–
(A) 'शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने' इस श्लोक के माध्यम से कण्व, ससुराल जाती हुई शकुन्तला को उपदेश देते हैं। (अभिज्ञान 4/18)
(B) 'स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन्, कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव''(अभि० 4/1) प्रस्तुत श्लोक में दुर्वासा कुटिया के पास बैठी हुई शकुन्तला को शाप देते हैं।
(C) ''अनुमतगमना शकुन्तला तरुभिरियं वनवासबन्धुभिः'' (अभि० 4/10) इस श्लोक से यह ज्ञात होता है कि तपोवन के वृक्षों के द्वारा शकुन्तला को पतिगृह जाने की अनुमति प्राप्त हुई।
(D) 'उद्गलितदर्भकवला मृग्यः' (अभि० 4/12) ससुराल जाती हुई शकुन्तला के वियोग में मृगियों ने कुश के ग्रास को उगल दिया है।
अतः विकल्प `A' सही है।

89. शूरवीर महीतल पर अपना प्रभाव प्रकट कर सकता है?
(A) धन से (B) ज्ञान से
(C) पराक्रम से (D) अहङ्कार से

व्याख्या–नीतिशतकम् में भर्तृहरि कहते है, कि शूरवीर पराक्रम से धरती पर अपना प्रभाव प्रकट करते हैं। ''एकेनापि हि **शूरेण** पादाक्रान्तं महीतलम्'' (नीति० परि०-2)
अतः विकल्प `C' सही है।

83. (B) 84. (A) 85. (D) 86. (C) 87. (D) 88. (A) 89. (C)

90. नीतिशतकम् में 'पूर्वतपसा खलु सञ्चितानि' है?
(A) कर्माणि (B) भाग्यानि
(C) फलानि (D) गुणानि

व्याख्या–'भाग्यानि पूर्वतपसा खलु सञ्चितानि' (नीतिशतकम्/98) पहले की गई तपस्या से सञ्चित भाग्य ही निश्चय रूप से यथोचित समय पर फल देते हैं।
अतः विकल्प `B' सही है।

91. द्वैतवन में गुप्तचर किसके पास लौट आया?
(A) दुर्योधन (B) युधिष्ठिर
(C) कृष्ण (D) भीष्म

व्याख्या–'स वर्णिलिङ्गी विदितः समाययौ, **युधिष्ठिरं** द्वैतवने वनेचरः'(किरात० 1/1) अर्थात् ब्रह्मचारी का वेश धारण करने वाला वनेचर सारा वृत्तान्त जानकर द्वैतवन में युधिष्ठिर के पास लौट आया। अतः विकल्प `B' सही है।

92. 'राजविषविकारतन्द्राप्रदा' है?
(A) राजलक्ष्मी (B) सरस्वती
(C) युवावस्था (D) सुन्दरता

व्याख्या–'राज्यविषविकारतन्द्राप्रदा **राजलक्ष्मीः**' (शुकनासोपदेश) राजलक्ष्मी राज्य रूपी विष के विकार से उत्पन्न तन्द्रा प्रदान करती है। अतः विकल्प `A' सही है।

93. 'प्रवृत्तिसाराः खलु मादृशां गिरः'–यहाँ 'मादृशां' से तात्पर्य है?
(A) भीम (B) युधिष्ठिर
(C) गुप्तचर (D) द्रौपदी

व्याख्या– 'प्रवृत्तिसाराः खलु मादृशां गिरः' (किरात० 1/25) प्रस्तुत पंक्ति में वनेचर युधिष्ठिर से कहता है कि–हम जैसों की वाणी केवल बात बताने वाली है।
अतः विकल्प `C' सही है।

94. यक्ष के विरह का कितना समय बीत चुका है?
(A) एक वर्ष (B) आठ मास
(C) चार मास (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या–
(A) कुबेर ने यक्ष को अपनी पत्नी से एक वर्ष दूर रहने का शाप दिया था। ''शापेनास्तङ्गमितमहिमा वर्षभोग्येण भर्तुः'' (पूर्वमेघ-01)
(B) यक्ष रामगिरि पर्वत पर जिस दिन मेघ को देखता है तब तक विरह के **आठ मास** बीत चुके हैं।
(C) यक्षिणी से मिलन में अभी चार मास बाकी है, अर्थात् वियोग का अभी चार मास शेष है। ''शेषान् मासान् गमयचतुरो लोचने मीलयित्वा'' (उत्तरमेघ-50)
अतः विकल्प `B' सही है।

95. ''इत्याख्याते पवनतनयं मैथिलीवोन्मुखी सा'' यहाँ 'सा' से तात्पर्य है?
(A) सीता (B) विद्युत्
(C) यक्षिणी (D) हनुमान्

व्याख्या–'इत्याख्याते पवनतनयं मैथिलीवोन्मुखी सा' (उत्तरमेघ/40) अर्थात् इसप्रकार कहने पर ऊपर को मुख किये हुए वह (**मेरी प्रिया**) तुम्हारी सारी बात सुनेगी, जैसे सीताजी ने हनुमान् जी की बात सुनी थी। अतः विकल्प `C' सही है।

96. सीता, राम को कितने वर्षों के अन्तराल पर देखती हैं?
(A) 14 वर्ष (B) 20 वर्ष
(C) 10 वर्ष (D) 12 वर्ष

व्याख्या–''अद्य खल्वायुष्मतोः कुशलवयो**र्द्वादशस्य जन्मवत्सरस्य** संख्यामङ्गलग्रन्थिरभिवर्तते''–तमसा के इस कथन से ज्ञात होता है कि आज लवकुश के जन्म की **12वीं वर्षगाँठ** है। इसी समय राम पञ्चवटी में शम्बूक को दण्ड देने के लिए आये। अर्थात् सीता, राम को **12 वर्षों के अन्तराल के** बाद देखती हैं। अतः विकल्प `D' सही है।

97. धन जीतकर युधिष्ठिर को कौन देता था?
(A) भीम (B) नकुल
(C) सहदेव (D) अर्जुन

व्याख्या–''विजित्य यः प्राज्यमयच्छदुत्तरान्, कुरूनकुप्यं वसु **वासवोपमः**'' (किरात० 1/35) द्रौपदी के इस कथन से ज्ञात होता है, कि अर्जुन ने उत्तर कुरु प्रदेश को जीतकर प्रचुर मात्रा में सोना-चाँदी रूपी धन युधिष्ठिर को दिया था।
अतः विकल्प `D' सही है।

98. यक्ष को शाप दिया था?
(A) इन्द्र (B) नारद
(C) कुबेर (D) दुर्वासा

व्याख्या–कुबेर ने यक्ष को अपनी पत्नी से एक वर्ष तक दूर रहने का शाप दिया था। ''शापेनास्तङ्गमितमहिमा वर्षभोग्येण **भर्तुः**'' (पूर्वमेघ/1) अतः विकल्प `C' सही है।

90. (B) 91. (B) 92. (A) 93. (C) 94. (B) 95. (C) 96. (D) 97. (D) 98. (C)

99. महमूद गजनवी ने सिन्धु नदी पार करके किसे अपनी राजधानी बनाया?
(A) गजिनी को (B) तक्षशिला को
(C) काबुल को (D) तेहरान को

व्याख्या–महमूद गजनवी ने सिन्धुनदी पार करके 'गजिनी' नामक अपनी राजधानी में प्रवेश किया – ''सिन्धुनदमुत्तीर्य स्वकीयां...... **गजिनीं नाम राजधानीं** प्राविशत्'' (शिवराजविजयम्) अतः विकल्प `A' सही है।

100. शिवराजविजयम् में कान्यकुब्ज के राजा थे?
(A) शहाबुद्दीन (B) पृथ्वीराज
(C) कुतुबुद्दीन (D) जयचन्द्र

	राज्य	राजा/युवराज
(A)	गोरदेश	शहाबुद्दीन (मो० गोरी)
(B)	दिल्ली	पृथ्वीराजचौहान
(C)	दिल्ली	कुतुबुद्दीन (प्रथम विदेशी भारत सम्राट्)
(D)	**कान्यकुब्ज**	**जयचन्द्र**

अतः विकल्प `D' सही है।

101. उत्तररामचरित में सीता की सखी है?
(A) लोपामुद्रा (B) वासन्ती
(C) अरुन्धती (D) तमसा और मुरला

व्याख्या–
(A) लोपामुद्रा, अगस्त्य की पत्नी हैं।
(B) **वासन्ती,** सीता की सखी है।
(C) अरुन्धती, वशिष्ठ की पत्नी हैं।
(D) तमसा और मुरला दो नदियाँ हैं।
अतः विकल्प `B' सही है।

102. बाणभट्ट ने किस रीति में अपने काव्य की रचना की?
(A) वैदर्भी (B) गौडी
(C) पाञ्चाली (D) इनमें से कोई नहीं

	रीति		कवि
(A)	वैदर्भी	–	कालिदास
(B)	गौडी	–	भवभूति
(C)	**पाञ्चाली**	–	**बाणभट्ट**

अतः विकल्प `C' सही है।

103. तेजस्वी पुरुष स्वाभाविक रूप से होते हैं?
(A) भीरु (B) शूरवीर
(C) गृहस्थ (D) संन्यासी

व्याख्या–भर्तृहरि, नीतिशतकम् में कहते हैं कि तेजस्वी पुरुष स्वाभाविक रूप से **शूरवीर** होते हैं ''तत्तेजस्वी पुरुषः परकृतनिकृतिं कथं सहते''। (नीतिशतकम्-30)
अतः विकल्प `B' सही है।

104. ''मम विरहजां न त्वं वत्से! शुचं गणयिष्यसि'' यहाँ 'मम' से तात्पर्य है?
(A) कण्व (B) शकुन्तला
(C) सर्वदमन भरत (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या–मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि (अभिज्ञान 4/19) कण्व शकुन्तला से कहते हैं कि तुम पवित्र और तेजस्वी पुत्र को जन्म देकर, मेरे विरह से उत्पन्न शोक को नहीं गिनोगी।
(A) 'मम' शब्द **कण्व के** लिए आया है।
(B) 'त्वम्' शब्द शकुन्तला के लिए आया है।
(C) दुष्यन्त और शकुन्तला के पुत्र का नाम भरत (सर्वदमन) है।
अतः विकल्प `A' सही है।

105. अभिज्ञानशाकुन्तलम् है?
(A) महाकाव्य (B) नाटक
(C) गद्यकाव्य (D) व्याकरणग्रन्थ

	ग्रन्थ		विधा
(A)	कुमारसम्भवम्	–	महाकाव्य
(B)	**अभिज्ञानशाकुन्तलम्**	–	**नाटक**
(C)	अवन्तिसुन्दरीकथा	–	गद्यकाव्य (कथा)
(D)	वाक्यपदीयम्	–	व्याकरणग्रन्थ

अतः विकल्प `B' सही है।

106. ''उत्कुपितलोचना इव तेजस्विनो नेक्षन्ते'' ऐसा आचरण करते हैं?
(A) सज्जन (B) युवकजन
(C) मूर्खजन (D) लक्ष्मी से प्रभावित राजा

व्याख्या–''उत्कुपितलोचना इव तेजस्विनो नेक्षन्ते''– शुकनासोपदेश में शुकनास चन्द्रापीड को उपदेश देते हुए कहते हैं कि–**लक्ष्मी से प्रभावित राजा** नेत्ररोगियों के समान तेजस्वियों को नहीं देखते हैं। अतः विकल्प `D' सही है।

99. (A) 100. (D) 101. (B) 102. (C) 103. (B) 104. (A) 105. (B) 106. (D)

107. 'विद्याविहीनः' है?
(A) गौः **(B) अश्वः**
(C) पशुः **(D) हस्ती**

व्याख्या–'विद्या राजसु पूज्यते न हि धनं 'विद्याविहीनः **पशुः**' (नीतिशतकम्/16)–भर्तृहरि विद्या से हीन व्यक्ति को पशु कहते हैं। अतः विकल्प `C' सही है।

108. ''विचित्ररूपाः खलु चित्तवृत्तयः''–यह सुभाषित किस ग्रन्थ से है?
(A) मेघदूतम् से **(B) किरातार्जुनीयम् से**
(C) उत्तररामचरितम् से **(D) शिवराजविजयम् से**

व्याख्या–
(A) ''एकः सूते सकलमबलामण्डनं कल्पवृक्षः''–मेघदूतम् से
(B) ''विचित्ररूपाः खलु चित्तवृत्तयः''–**किरातार्जुनीयम्** से
(C) ''ननु लाभो हि रुदितम्''–उत्तररामचरितम् से
(D) ''कार्यं वा साधयेयं देहं वा पातयेयम्''–शिवराजविजयम् से। अतः विकल्प `B' सही है।

109. मुनि अगस्त्य की पत्नी है?
(A) शान्ता **(B) लोपामुद्रा**
(C) वासन्ती **(D) तमसा और मुरला**

	पात्र	परिचय
(A)	शान्ता	– राम की बहन, ऋष्यशृङ्ग की पत्नी
(B)	**लोपामुद्रा**	– **अगस्त्य की पत्नी**
(C)	वासन्ती	– सीता की सखी
(D)	तमसा और मुरला	– दो नदी देवियाँ

अतः विकल्प `B' सही है।

110. चन्द्रापीड को राज्याभिषेक पर उपदेश देता है?
(A) तारापीड **(B) शुकनास**
(C) वैशम्पायन **(D) पत्रलेखा**

व्याख्या–
(A) तारापीड उज्जयिनी का राजा है।
(B) **शुकनास** तारापीड का प्रधान अमात्य है, जो चन्द्रापीड को राज्याभिषेक के समय उपदेश देता है।
(C) वैशम्पायन, शुकनास का पुत्र है।
(D) पत्रलेखा, चन्द्रापीड की ताम्बूलकरङ्कवाहिनी है।
अतः विकल्प `B' सही है।

111. 'पति' शब्द का चतुर्थी विभक्ति में रूप होगा?
(A) पत्या **(B) पत्ये**
(C) पत्युः **(D) पत्योः**

व्याख्या–
(A) 'पति' इकारान्त पुंलिङ्ग का रूप तृतीया विभक्ति में ''पत्या, पतिभ्याम्, पतिभिः'' बनता है।
(B) चतुर्थी विभक्ति में–''**पत्ये**, पतिभ्याम्, पतिभ्यः''
(C) षष्ठी विभक्ति में–''पत्युः, पत्योः, पतीनाम्''
(D) सप्तमी विभक्ति में–''पत्यौ, पत्योः, पतिषु''
अतः विकल्प `B' सही है।

112. 'सुधियम्' किस विभक्ति का रूप है?
(A) द्वितीया **(B) चतुर्थी**
(C) पञ्चमी **(D) सप्तमी**

व्याख्या–
(A) 'सुधी' (पण्डित) द्वितीयाविभक्ति में– ''**सुधियम्**, सुधियौ, सुधियः'' रूप बनता है।
(B) चतुर्थीविभक्ति में–''सुधिये, सुधीभ्याम्, सुधीभ्यः''
(C) पञ्चमीविभक्ति में–''सुधियः, सुधीभ्याम्, सुधीभ्यः''
(D) सप्तमीविभक्ति में–''सुधियि, सुधियोः, सुधीषु''
अतः विकल्प `A' सही है।

113. 'चक्रपाणिः' में कौन-सा समास है?
(A) नञ्तत्पुरुष **(B) कर्मधारय**
(C) बहुव्रीहि **(D) द्वन्द्व**

	पद		समास
(A)	अभावः	–	नञ् तत्पुरुषसमास
(B)	पुरुषव्याघ्रः	–	कर्मधारयसमास
(C)	**चक्रपाणिः**	–	**बहुव्रीहिसमास**
(D)	ईशकृष्णौ	–	द्वन्द्वसमास

अतः विकल्प `C' सही है।

114. अव्ययीभावसमास में पद के अन्त में लिङ्ग होता है?
(A) नपुंसकलिङ्ग **(B) पुंलिङ्ग**
(C) स्त्रीलिङ्ग **(D) तीनों लिङ्ग**

व्याख्या– 'अव्ययीभावश्च' (2/4/18) सूत्र से अव्ययीभाव समास **नपुंसकलिङ्ग** में होता है। यथा–अहः अहः प्रति =प्रत्यहम् (नपुंसकलिङ्ग) अतः विकल्प `A' सही है।

107. (C)	108. (B)	109. (B)	110. (B)	111. (B)	112. (A)	113. (C)	114. (A)

115. 'प्रत्यक्षम्' में समास है?
(A) नञ्तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव
(C) द्वन्द्व (D) कर्मधारय

पद		**समास**
(A) असत्यम्	–	नञ् तत्पुरुषसमास
(B) **प्रत्यक्षम्**	–	**अव्ययीभावसमास**
(C) अहिनकुलम्	–	(समाहार) द्वन्द्वसमास
(D) नीलोत्पलम्	–	कर्मधारयसमास

अतः विकल्प `B' सही है।

116. 'ऋते' के योग में विभक्ति होती है?
(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) चतुर्थी (D) पञ्चमी

व्याख्या–''अन्यारादितरर्ते-दिक्छब्दाञ्चूत्तरपदाजाहियुक्ते'' (2.3.29) सूत्र से 'ऋते' के योग में **पञ्चमी विभक्ति** होती है। अतः विकल्प `D' सही है।

117. कर्मवाच्य क्रिया का कर्ता किस विभक्ति में आता है?
(A) प्रथमा (B) तृतीया
(C) कर्म के अनुसार (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या–
(A) कर्मवाच्य में कर्म में प्रथमाविभक्ति होती है।
(B) कर्त्ता में **तृतीयाविभक्ति** होती है।
(C) कर्म के अनुसार क्रिया का चयन होता है।
यथा–तेन अहं दृश्ये।
1. कर्त्ता में तृतीया – तेन
2. कर्म में प्रथमा – अहं
3. क्रिया कर्म के अनुसार उ0 पु0 एकवचन में– दृश्ये
अतः विकल्प `B' सही है।

118. क्रुध् धातु के योग में जिस पर क्रोध किया जाय उसमें विभक्ति होती है?
(A) चतुर्थी (B) द्वितीया
(C) तृतीया (D) पञ्चमी

व्याख्या–
(A) 'क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोपः' (1/4/37) सूत्र से जिस पर क्रोध किया जाय उसमें **चतुर्थी विभक्ति** का विधान होता है। यथा–गुरुः शिष्याय क्रुध्यति।
(B) 'क्रुधद्रुहोरुपसृष्टयोः कर्म' (1/4/38) सूत्र से उपसर्ग से युक्त क्रुध् और द्रुह् धातुओं के योग में जिस पर क्रोध किया जाय उस कारक की कर्मसंज्ञा होती है। यथा–गुरुः शिष्यम् अभिक्रुध्यति।
(C) 'सह' के योग में तृतीयाविभक्ति होती है। यथा– पुत्रेण सह आगतः पिता।
(D) 'ऋते' के योग में पञ्चमीविभक्ति होती है। यथा– ऋते ज्ञानात् न मुक्तिः।
अतः विकल्प `A' सही है।

119. उपसर्ग क्या हैं?
(A) प्रत्यय (B) शब्द
(C) कृदन्त (D) अव्यय

व्याख्या– उपसर्ग मूलतः **अव्यय** हैं। अव्यय चार प्रकार के होते हैं।
1. उपसर्ग 2. क्रियाविशेषण
3. समुच्चयबोधक 4. मनोविकारसूचक
उपसर्ग–जो अव्यय धातु या धातु से बने विशेषण, संज्ञा आदि शब्दों के पूर्व जोड़े जाते हैं, उनको उपसर्ग कहते हैं।
''उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते।
प्रहाराहारसंहार-विहारपरिहारवत्।।''
अतः विकल्प `D' सही है।

120. नाम के बाद जो प्रत्यय जुड़ते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?
(A) तद्धित (B) तिङन्त
(C) कृदन्त (D) णिजन्त

व्याख्या–
(A) नाम के बाद जो प्रत्यय जुड़ते हैं उन्हें **'तद्धितप्रत्यय'** कहा जाता है। उन शब्दों को **'तद्धितान्त'** कहते हैं।
(B) धातुओं मे जो प्रत्यय जुड़ते हैं, उन्हें 'तिङन्त' कहते हैं।
(C) धातु में जिस प्रत्यय को जोड़कर संज्ञा, विशेषण, अथवा अव्यय पद बनता है, उसको कृत्प्रत्यय कहते हैं, और इसके द्वारा जो शब्द सिद्ध होता है उसे 'कृदन्त' कहते हैं।
(D) किसी धातु में जब प्रेरणा का अर्थ बताना हो तो णिच् प्रत्यय जोड़ देते हैं, जिसे 'णिजन्त' कहते हैं।
अतः विकल्प `A' सही है।

115. (B) 116. (D) 117. (B) 118. (A) 119. (D) 120. (A)

121. कर्तृवाच्य में कर्म कौन-सी विभक्ति में आता है?
(A) प्रथमा **(B) द्वितीया**
(C) तृतीया **(D) चतुर्थी**

व्याख्या– कर्तृवाच्य के कर्ता में – प्रथमाविभक्ति
* कर्म में – **द्वितीयाविभक्ति**
* क्रिया – कर्ता के अनुसार
* यथा– सः ओदनं खादति।

अतः विकल्प `B' सही है।

122. 'नारीभिः आभूषणानि धार्यन्ते' में वाच्यपरिवर्तन होगा?
(A) नारी भूषणानि धारयति
(B) नारी आभूषणानि धारयन्ति
(C) नार्याः आभूषणानि धारयन्ति
(D) नार्यः आभूषणानि धारयन्ति

व्याख्या–'नारीभिः आभूषणानि धार्यन्ते' यह कर्मवाच्य का वाक्य है, इसको कर्तृवाच्य में परिवर्तन करने पर– **'नार्यः आभूषणानि धारयन्ति'** ऐसा वाक्य बनेगा। अतः विकल्प `D' सही है।

123. 'रामः पुस्तकानि पठति' में वाच्यपरिवर्तन करने पर वाक्य होगा?
(A) रामेण पुस्तकं पठ्यन्ते।
(B) रामेण पुस्तकं पठ्यते
(C) रामेण पुस्तकानि पठ्यन्ते
(D) रामेण पुस्तकानि पठ्यते

व्याख्या–
* 'रामः पुस्तकानि पठति' कर्तृवाच्य है। सर्वप्रथम कर्ता में तृतीया विभक्ति - **रामेण**
* तत्पश्चात् कर्म में प्रथमा बहुवचन - **पुस्तकानि**
* अन्त में कर्म के अनुसार क्रिया अर्थात् प्रथमा बहुवचन की क्रिया का चयन - **पठ्यन्ते**
* इसप्रकार **'रामेण पुस्तकानि पठ्यन्ते'** कर्मवाच्य होगा। अतः विकल्प `C' सही है।

124. भवान् घटान् ...... 'भर दो' के लिए संस्कृतपद होगा?
(A) पूरयतु **(B) पूरयन्तु**
(C) पूरय **(D) पूरयत**

व्याख्या– 'भवत्' (आप) शब्द के साथ सदा प्रथमपुरुष की क्रिया का प्रयोग होता है। भवान् घटान् पूरयतु। (आप घड़ों को भर दें) यहाँ 'पूरयतु'–लोट्लकार प्र0पु0 एकवचन का रूप होता है। अतः विकल्प `A' सही है।

125. जिस क्रिया का वाच्य कर्म है। उसे कहते हैं?
(A) कर्तृवाच्य **(B) कर्मवाच्य**
(C) भाववाच्य **(D) तीनों वाच्य**

व्याख्या–
(A) कर्तृवाच्य में कर्ता मुख्य होता है। कर्ता में प्रथमा विभक्ति तथा कर्म में द्वितीया विभक्ति और क्रिया कर्ता के अनुसार प्रयुक्त होती है। यथा–सः ग्रामं गच्छति।
(B) कर्मवाच्य में कर्म मुख्य होता है, क्रिया कर्म के अनुसार प्रयुक्त होती है, कर्म में प्रथमाविभक्ति तथा कर्ता में तृतीयाविभक्ति का प्रयोग होता है।
यथा–(i) तेन ग्रामः गम्यते। (ii) मया पुस्तकं पठ्यते
(C) भाववाच्य के कर्ता में तृतीया, क्रिया में प्रथमपुरुष एकवचन का प्रयोग यथा–
1. तेन भूयते 2. त्वया भूयते 3. मया भूयते
अतः विकल्प `B' सही है।

121. (B) 122. (D) 123. (C) 124. (A) 125. (B)

प्रशिक्षित-स्नातकशिक्षक-चयनपरीक्षा (TGT)–2004

1. सन्ध्यक्षर होता है?
(A) क, ख, ग, घ, ङ (B) य, र, ल, व
(C) श, ष, स, ह (D) ए, ऐ, ओ, औ

(A) स्पर्शव्यञ्जन – क्, ख्, ग्, घ्, ङ्
(B) अन्तस्थवर्ण – य्, र्, ल्, व्
(C) ऊष्मवर्ण – श्, ष्, स्, ह्
(D) **सन्ध्यक्षर – ए, ऐ, ओ, औ**
अतः विकल्प (D) सही है।

2. 'अष्टाध्यायी' का दूसरा नाम है?
(A) वाक्यानुशासन (B) शब्दानुशासन
(C) अर्थानुशासन (D) अनुशासन

अष्टाध्यायी के तीन और नाम हैं –
1. **शब्दानुशासन**
2. अष्टक
3. वृत्तिसूत्र
अतः विकल्प (B) सही है।

3. 'जन्' धातु लङ्लकार प्रथमपुरुष बहुवचन में होगा–
(A) अजागरुः (B) अजायत
(C) अजायेताम् (D) अजायन्त

व्याख्या – 'जन्' धातु आत्मनेपद लङ्लकार प्रथमपुरुष में – 'अजायत, अजायेताम्, **अजायन्त**' रूप बनता है।
अतः विकल्प (D) सही है।
नोट – 'अजागरुः' रूप दशों लकारों में कहीं नहीं बनता है।

4. 'जलमुच्' शब्द का प्रथमाविभक्ति एकवचन का रूप होगा?
(A) जलमुचि (B) जलमुक्/जलमुग्
(C) जलमुचौ (D) जलमुचः

व्याख्या – 'जलमुच्' शब्द का प्रथमा विभक्ति में – ''**जलमुक्** जलमुचौ जलमुचः'' रूप बनता है।
अतः विकल्प (B) सही है।

5. 'पञ्चगवम्' का विग्रह वाक्य होगा?
(A) पञ्चानां गोवां समाहारः
(B) पञ्चानां गवा समाहारः
(C) पञ्चानां गवां समाहारः
(D) पञ्चानां गवेतरा समाहारः

व्याख्या – 'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च' (2/1/51) सूत्र से ''**पञ्चानां गवां समाहारः**=पञ्चगवम्'' में द्विगुसमास होगा। अतः विकल्प (C) सही है। अन्य विकल्प गलत हैं।

6. ''क्त और क्तवतु'' किस नाम से प्रसिद्ध हैं?
(A) निष्ठा (B) सत्
(C) घ (D) पद

	प्रत्यय		संज्ञा
(A)	**क्त, क्तवतु**	–	**निष्ठासंज्ञा**
(B)	शतृ, शानच्	–	सत्संज्ञा
(C)	तरप्, तमप्	–	घसंज्ञा
(D)	सुप्, तिङ्	–	पदसंज्ञा

अतः विकल्प (A) सही है।

7. 'रुदति पुत्रे माता जगाम' के रेखाङ्कित शब्द में कौन-सी विभक्ति है?
(A) चतुर्थी (B) षष्ठी
(C) सप्तमी (D) पञ्चमी

व्याख्या – * 'षष्ठी चानादरे' (2/3/38) सूत्र से एक क्रिया से दूसरी क्रिया लक्षित हो और अनादर अर्थ गम्यमान हो वहाँ जिसका अनादर किया जाता है, उसमें षष्ठी या सप्तमी विभक्ति होती है। यथा – 'रुदति पुत्रे माता जगाम' इस वाक्य में पुत्र शब्द में **सप्तमी विभक्ति** का प्रयोग हुआ है।
* सम्प्रदान में चतुर्थी, सम्बन्ध में षष्ठी और अपादान में पञ्चमी का प्रयोग होता है। अतः विकल्प (C) सही है।

1. (D) 2. (B) 3. (D) 4. (B) 5. (C) 6. (A) 7. (C)

8. 'ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति' यह वाक्यांश कहाँ से उद्धृत है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से (B) उत्तररामचरितम् से
(C) शिवराजविजयम् से (D) नीतिशतकम् से

व्याख्या –
(A) न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम – अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(B) 'ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति' (**उत्तररामचरित** 1/10) राम कहते हैं कि – प्राचीन महर्षियों की वाणी के पीछे अर्थ स्वयं चलता है।
(C) 'मन्दिराणि मन्दुरी क्रियन्ते' – शिवराजविजयम् से
(D) 'हतविधिपरिपाकः केन वा लङ्घनीयः' – नीतिशतकम्
अतः विकल्प (B) सही है।

9. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?
(A) विपदि ददातु मे धनान् भवान्।
(B) विपदि दादतु मम धनानि भवान्।
(C) विपदि ददातु मे धनं भवान्।
(D) ददतु धने विपदि।

व्याख्या – **विपदि ददातु मे धनं भवान्** (आप मुझको विपत्ति में धन दो) * यहाँ 'विपदि' में सप्तमीविभक्ति
* 'ददातु' लोट्लकार प्र0 पु0 एकवचन की क्रिया,
* 'मे' अस्मद् शब्द का चतुर्थी एकवचन * 'धनं' कर्म है जिसमें द्वितीया विभक्ति है * 'भवान्' कर्ता है, जिसमें प्रथमा विभक्ति है।
अतः विकल्प (C) सही है।

10. 'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा' – यह पंक्ति कहाँ से उद्धृत है?
(A) मेघदूतम् से (B) किरातार्जुनीयम् से
(C) शिवराजविजयम् से (D) शुकनासोपदेश से

व्याख्या –
(A) 'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा' अर्थात् गुणी व्यक्ति के प्रति की गई याचना निष्फल होने पर भी श्रेष्ठ है, पर नीच से मनचाहा फल पा जाना भी अच्छा नहीं है। **(पूर्वमेघ/6)**
(B) 'प्रवक्तुमिच्छन्ति मृषा हितैषिणः' – किरातार्जुनीयम् से
(C) 'गायत्री अमुमेव गायति' – शिवराजविजयम् से
(D) 'राज्यविषविकारतन्द्राप्रदा राजलक्ष्मीः' – शुकनासोपदेश
अतः विकल्प (A) सही है।

11. शकुन्तला के साथ दुष्यन्त के राजदरबार तक कौन गयी थी?
(A) प्रियंवदा (B) अनसूया
(C) मेनका (D) गौतमी

व्याख्या – * शकुन्तला के साथ राजदरबार तक **गौतमी** जाती। शार्ङ्गरव, शारद्वत भी गौतमी के साथ जाते हैं।
* अनसूया, प्रियंवदा राजदरबार तक नहीं जाती हैं।
* मेनका, शकुन्तला की माता है, जो कि एक अप्सरा है।
अतः विकल्प (D) सही है।

12. दुष्यन्त की मनःस्थिति जानने के लिए मेनका अपनी किस सखी को भेजती है?
(A) उर्वशी को (B) तिलोत्तमा को
(C) सानुमती को (D) भानुमती को

व्याख्या – मेनका, दुष्यन्त की मनःस्थिति जानने के लिए अपनी सखी **'अप्सरा सानुमती'** को भेजती है।
अतः विकल्प (C) सही है।

13. 'परि अभूषयत् = पर्यभूषयत्' इस विग्रहवाक्य में कौन-सा समास है?
(A) द्विगुसमास (B) बहुव्रीहिसमास
(C) द्वन्द्वसमास (D) अव्ययीभावसमास

व्याख्या –
(A) 'पञ्चवटी' में द्विगुसमास है।
(B) 'शशिशेखरः' में बहुव्रीहिसमास है।
(C) 'पितरौ' में द्वन्द्वसमास है।
(D) 'पर्यभूषयत्' में **अव्ययीभावसमास** है।
अतः विकल्प (D) सही है।

14. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का विदूषक कौन है?
(A) माढव्य (B) मैत्रेय
(C) वसन्तक (D) माणवक

ग्रन्थ		विदूषक
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम्	–	**माढव्य**
(B) मृच्छकटिकम्	–	मैत्रेय
(C) स्वप्नवासवदत्तम्	–	वसन्तक
(D) विक्रमोर्वशीयम्	–	माणवक

अतः विकल्प (A) सही है।

8. (B) 9. (C) 10. (A) 11. (D) 12. (C) 13. (D) 14. (A)

15. पञ्चोपास्य देवताओं में कौन-कौन से देवता शामिल हैं?
(A) शिव, गणेश, सूर्य, विष्णु, दुर्गा
(B) अरविन्दम्, अशोक, चूतम्, नवमल्लिका, नीलोत्पल
(C) अहिल्या, द्रौपदी, सीता, तारा, मन्दोदरी
(D) दुग्धम्, दधि, घृतम्, मूत्रम्, गोमयम्

व्याख्या –
(A) पञ्चोपास्यदेवता – **शिव, गणेश, सूर्य, विष्णु, दुर्गा।**
(B) कामदेव के पञ्चबाण – अरविन्दम्, अशोकम्, चूतम्, नवमल्लिका, नीलोत्पलम्।
(C) पञ्चकन्या – अहिल्या, द्रौपदी, सीता, तारा, मन्दोदरी।
(D) पञ्चगव्यम् – दुग्धम्, दधि, घृतम्, मूत्रम्, गोमयम्।
अतः विकल्प (A) सही है।

16. 'शुकनासोपदेश' किस ग्रन्थ का अंश विशेष है?
(A) रघुवंशम् **(B) कादम्बरी**
(C) महाभारतम् **(D) रामायणम्**

व्याख्या – बाणभट्ट कृत **कादम्बरी कथा का एक भाग** शुकनासोपदेश है। महाभारत को 'शतसाहस्रीसंहिता' एवं रामायण को 'चतुर्विंशतिसाहस्रीसंहिता' भी कहते हैं।
अतः विकल्प (B) सही है।

17. कादम्बरी किस प्रकार का ग्रन्थ है?
(A) आख्यायिका **(B) कथा**
(C) नाटक **(D) महाकाव्य**

	ग्रन्थ		काव्य विधा
(A)	हर्षचरितम् (बाण)	–	आख्यायिका
(B)	**कादम्बरी (बाण)**	–	**कथा**
(C)	महावीरचरितम् (भवभूति)	–	नाटकम्
(D)	रघुवंशम् (कालिदास)	–	महाकाव्यम्

अतः विकल्प (B) सही है।

18. 'किरातार्जुनीयम्' ग्रन्थ में किस विषय का चमत्कारित्व है?
(A) अर्थगौरव का **(B) उपमा का**
(C) पदलालित्य का **(D) उपर्युक्त तीनों का**

व्याख्या – किरातार्जुनीयम् **अर्थगौरव** के लिए प्रसिद्ध है।

	कवि		प्रसिद्धि
(A)	**भारवि**	–	**अर्थगौरव**
(B)	कालिदास	–	उपमा
(C)	दण्डी	–	पदलालित्य
(D)	माघ	–	अर्थगौरव, उपमा, पदलालित्य

अतः विकल्प (A) सही है।

19. 'कादम्बरी' शब्द का अर्थ है?
(A) सुरा **(B) विष**
(C) अमृत **(D) जल**

	शब्द		अर्थ
(A)	**कादम्बरी**	–	**सुरा (मदिरा)**
(B)	कालकूट	–	विष
(C)	सुधा	–	अमृत
(D)	पयः	–	जल/दूध

अतः विकल्प (A) सही है।

20. 'नैषधीयचरितम्' किस श्रेणी की रचना है?
(A) महाकाव्य **(B) खण्डकाव्य**
(C) गद्यकाव्य **(D) नाटक**

व्याख्या –

	ग्रन्थ		विधा
(A)	**नैषधीयचरितम्**	–	**महाकाव्य**
(B)	ऋतुसंहारम्	–	खण्डकाव्य
(C)	शिवराजविजयम्	–	गद्यकाव्य
(D)	उत्तररामचरितम्	–	नाटक

अतः विकल्प (A) सही है।

21. 'नैषधीयचरितम्' में मुख्य रस कौन-सा है?
(A) वीररस **(B) शृङ्गाररस**
(C) करुणरस **(D) शान्तरस**

व्याख्या –

	ग्रन्थ		मुख्यरस
(A)	महावीरचरितम्	–	वीररस
(B)	**नैषधीयचरितम्**	–	**शृङ्गाररस**
(C)	कुन्दमाला	–	करुणरस
(D)	बुद्धचरितम्	–	शान्तरस

अतः विकल्प (B) सही है।

15. (A) 16. (B) 17. (B) 18. (A) 19. (A) 20. (A) 21. (B)

22. 'प्रतिसर्ग' लक्षण है?

(A) धर्ममार्ग का (B) काव्य का

(C) पुराण का (D) नीतिकाव्य का

व्याख्या – पुराण के पाँच लक्षण निम्नवत् हैं –

1. सर्ग
2. **प्रतिसर्ग**
3. वंश
4. वंशानुचरित
5. मन्वन्तर

सर्गश्च प्रतिसर्गश्च
वंशो मन्वन्तराणि च।
वंशानुचरितं चैव
पुराणं पञ्चलक्षणम्।।

अतः विकल्प (C) सही है।

23. शकुन्तला की माता कौन थी?

(A) मेनका (B) शर्मिष्ठा

(C) मदिरा (D) मैना

	पुत्री/पुत्र		माता
(A)	**शकुन्तला**	–	**मेनका**
(B)	पुरु	–	शर्मिष्ठा
(C)	कादम्बरी	–	मदिरा
(D)	पार्वती	–	मैना

अतः विकल्प (A) सही है।

24. स्वप्नवासवदत्तम् का 'स्वप्न अङ्क' कौन-सा है?

(A) द्वितीय (B) तृतीय

(C) चतुर्थ (D) पञ्चम

व्याख्या – 'स्वप्नवासवदत्तम्' महाकविभास की रचना है। इसमें 6 अङ्क हैं। इसका नायक उदयन तथा नायिका वासवदत्ता तथा पद्मावती। इसके पञ्चम अङ्क में राजा स्वप्न में वासवदत्ता का नाम लेते हैं। अतः **पञ्चम अङ्क** 'स्वप्न अङ्क' है। इसलिए विकल्प `D' सही है।

25. 'प्रतिमा' नाटक में कितने अङ्क हैं?

(A) 5 (B) 6

(C) 7 (D) 10

	नाटक		अङ्क
(A)	मालविकाग्निमित्रम्	–	5 अङ्क
(B)	अभिषेकनाटकम्	–	6 अङ्क
(C)	**प्रतिमानाटकम्**	–	**7 अङ्क**
(D)	मालतीमाधवम्	–	10 अङ्क

अतः विकल्प (C) सही है।

26. 'वसन्तक' किस नाटक से सम्बन्धित है?

(A) मालविकाग्निमित्रम् (B) मृच्छकटिकम्

(C) रत्नावली (D) मालतीमाधवम्

	नाटक		विदूषक
(A)	मालविकाग्निमित्रम्	–	गौतम
(B)	मृच्छकटिकम्	–	मैत्रेय
(C)	**रत्नावली**	–	**वसन्तक**
(D)	मालतीमाधवम्	–	विदूषक का अभाव

अतः विकल्प (C) सही है।

27. भास का 'दूतवाक्यम्' किस पर आधारित है?

(A) रामायण पर (B) महाभारत पर

(C) ललितविस्तार पर (D) कविकल्पनाप्रसूत

	ग्रन्थ		उपजीव्य
(A)	महावीरचरितम्	–	वाल्मीकिरामायण
(B)	**दूतवाक्यम्**	–	**महाभारत**
(C)	बुद्धचरितम्	–	ललितविस्तार
(D)	मालतीमाधवम्	–	कविकल्पित

अतः विकल्प (B) सही है।

28. माहेश्वर सूत्रों में 'ह्' व्यञ्जन कितनी बार प्रयुक्त हुआ है?

(A) 15 (B) 2

(C) 14 (D) 8

व्याख्या – माहेश्वर सूत्र 14 हैं – जिसके 5 वें सूत्र हयवरट् में पहली बार 'ह' प्रयुक्त है और 14वें सूत्र 'हल्' में दूसरी बार 'ह' प्रयुक्त है। अतः माहेश्वर सूत्र में 'ह' **दो बार प्रयुक्त है।** अतः विकल्प `B' सही है।

22 (C) 23. (A) 24. (D) 25. (C) 26. (C) 27. (B) 28. (B)

29. 'कादम्बरी' में चन्द्रापीड किस राज्य का युवराज है?

(A) कौशाम्बी **(B) धारानगरी**

(C) सतारा **(D) उज्जयिनी**

	राजधानी		युवराज/राजा
(A)	कौशाम्बी	–	उदयन
(B)	धारानगरी	–	भोजराज
(C)	सतारा	–	शिवाजी
(D)	**उज्जयिनी**	–	**चन्द्रापीड**

अतः विकल्प (D) सही है।

30. दिवम् 'दिव्' शब्द का किस विभक्ति का रूप है?

(A) प्रथमा **(B) द्वितीया**

(C) तृतीया **(D) चतुर्थी**

व्याख्या –

(A) दिव् (आकाश, स्वर्ग) वकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द का रूप प्रथमा में – ''द्यौः, दिवौ, दिवः'' बनता है।

(B) **द्वितीया में** – ''दिवम्, दिवौ, दिवः'' बनता है।

(C) तृतीया में – ''दिवा, द्युभ्याम्, द्युभिः'' बनता है।

(D) चतुर्थी में – ''दिवे, द्युभ्याम्, द्युभ्यः'' बनता है।

अतः विकल्प (B) सही है।

31. 'युवन्' शब्द का षष्ठीविभक्ति एकवचन का रूप है–

(A) यूनः **(B) यूनि**

(C) यूनोः **(D) यूनाम्**

व्याख्या – * 'युवन्' नकारान्त पुंलिङ्ग का रूप षष्ठी में – ''**यूनः**, यूनोः, यूनाम्'' बनता है। अतः विकल्प `A' सही है।

* सप्तमी में – ''यूनि, यूनोः, युवसु'' बनता है।

32. ''अस्मद्' शब्द का चतुर्थी विभक्ति बहुवचन का रूप होगा?

(A) मयि **(B) अस्मभ्यम्**

(C) अस्माकम् **(D) अस्मत्**

व्याख्या –

(A) अस्मद् शब्द का सप्तमी में – ''मयि, आवयोः, अस्मासु''

(B) चतुर्थीविभक्ति में – ''मह्यम्, आवाभ्याम्, **अस्मभ्यम्**''

(C) षष्ठी विभक्ति में – ''मम, आवयोः, अस्माकम्''

(D) पञ्चमी में– ''मत्, आवाभ्याम्, अस्मत्''

अतः विकल्प (B) सही है।

33. 'विद्वस्' शब्द का सप्तमी बहुवचन का रूप है?

(A) विद्वत्सु **(B) विदुषाम्**

(C) विदुषोः **(D) विदुषि**

व्याख्या – * 'विद्वस्' (सकारान्त) पुंलिङ्ग का सप्तमी में – ''विदुषि, विदुषोः, **विद्वत्सु**'' रूप बनता है।

* षष्ठीविभक्ति में– ''विदुषः, विदुषोः, विदुषाम्'' रूप बनता है।

अतः विकल्प (A) सही है।

34. 'अदस्' शब्द का नपुंसकलिङ्ग द्वितीया बहुवचन का रूप होगा?

(A) अमू **(B) अमूनि**

(C) अमून् **(D) अमू**

व्याख्या – * अदस् (वह) नपुंसकलिङ्ग द्वितीया में – 'अदः, अमू, अमूनि रूप बनता है।

* पुंलिङ्ग, द्वितीया विभक्ति में – 'अमुम्, अमू, अमून्' रूप बनता है। अतः विकल्प `B' सही है।

35. 'गुणिने' किस विभक्ति का रूप है?

(A) तृतीया **(B) द्वितीया**

(C) पञ्चमी **(D) चतुर्थी**

व्याख्या – * 'गुणिन्' (नकारान्त, पुंलिङ्ग) शब्द का तृतीया विभक्ति में–गुणिना, गुणिभ्याम्, गुणिभिः * द्वितीयाविभक्ति–गुणिनम्, गुणिनौ, गुणिनः * चतुर्थीविभक्ति–**गुणिने,** गुणिभ्याम्, गुणिभ्यः * पञ्चमी विभक्ति में–गुणिनः, गुणिभ्याम्, गुणिभ्यः।

36. 'हन्' धातु का रूप लोट्लकार मध्यमपुरुष एकवचन में होगा?

(A) हंसि **(B) जहि**

(C) हतः **(D) हन्तु**

व्याख्या – * 'हन्' (मारना) धातु लोट्लकार मध्यमपुरुष में– ''**जहि,** हतम्, हत'' रूप बनता है।

* लट्लकार म. पु. में – हंसि, हथः, हथ।

* लट्लकार प्र. पु. में – हन्ति, हतः, घ्नन्ति।

* लोट्लकार प्र. पु. में – हन्तु, हताम्, घ्नन्तु।

अतः विकल्प (B) सही है।

29. (D) 30. (B) 31. (A) 32. (B) 33. (A) 34. (B) 35. (D) 36. (B)

37. व्यञ्जन वर्ण की सही मात्रा है?

(A) एकमात्रा (B) द्विमात्रा
(C) त्रिमात्रा (D) अर्धमात्रा

व्याख्या – एकमात्रो भवेद् ह्रस्वो द्विमात्रोदीर्घ उच्यते।
त्रिमात्रस्तु प्लुतो ज्ञेयो **व्यञ्जनं चार्धमात्रिकम्।**
अर्थात् –
* व्यञ्जन **अर्धमात्रिक** है। यथा – क्, ख्, ग् आदि
* ह्रस्वस्वर एकमात्रिक – अ, इ, उ, ऋ, ऌ।
* दीर्घस्वर द्विमात्रिक – आ, ई, ऊ, ॠ, ए, ओ, ऐ, औ।
* प्लुतस्वर त्रिमात्रिक – अ ३, उ३ आदि

अतः विकल्प (D) सही है।

38. 'गवेषणा' शब्द का सन्धि-विच्छेद होगा –

(A) गवे + एषणा (B) गो + एषणा
(C) गव + एषा (D) गवि + एषा

व्याख्या –**'गो + एषणा = गवेषणा'** यहाँ "एचोऽयवायावः" (6.1.78) सूत्र से 'ओ' के स्थान पर 'अव्' आदेश होकर 'गवेषणा' सिद्ध होगा। यहाँ अयादिसन्धि है।
अतः विकल्प (B) सही है।

39. `32' का संस्कृत शब्दात्मक रूप होगा?

(A) द्वात्रिंशत् (B) द्वाविंशतिः
(C) द्विचत्वारिंशत् (D) द्विपञ्चाशत्

	संख्या		शब्दात्मक रूप
(A)	**32**	–	**द्वात्रिंशत्**
(B)	22	–	द्वाविंशतिः
(C)	42	–	द्विचत्वारिंशत्
(D)	52	–	द्विपञ्चाशत्

अतः विकल्प (A) सही है।

40. 'रथस्य पश्चात्' इस विग्रहवाक्य का समास होगा?

(A) रथिपत् (B) पथपश्चात्
(C) अनुरथम् (D) पश्चात्रथेन

व्याख्या – अव्ययं विभक्ति-समीप-समृद्धि - - - - (2/1/6) सूत्र से 'अनु' अव्यय का पश्चात् अर्थ में रथं सुबन्त के साथ अव्ययीभावसमास होकर (रथस्य पश्चात्) 'अनुरथम्' बनेगा।
अतः विकल्प (C) सही है।

41. सुबन्त पद के साथ सुबन्त पद के समास को कहा जाता है?

(A) सुबसुबा (B) सुपुसुपा
(C) सुप्सुपा (D) सुसुपा

व्याख्या – "सह सुपा" (2/1/4) सूत्र से – 'सुबन्तं समर्थेन सह समस्यते' अर्थात् सुबन्त पद का समर्थ सुबन्त पद के साथ समास होता है। जिसे **'सुप्सुपा'** या केवलसमास कहते हैं। यथा– पूर्वं भूतः = भूतपूर्वः। अतः विकल्प (C) सही है।

42. 'कादम्बरी' के रचयिता हैं?

(A) बाणभट्ट (B) सुबन्धु
(C) दण्डी (D) धनपाल

	रचना		रचनाकार
(A)	**कादम्बरी**	–	**बाणभट्ट**
(B)	वासवदत्ता	–	सुबन्धु
(C)	दशकुमारचरितम्	–	दण्डी
(D)	तिलकमञ्जरी	–	धनपाल

अतः विकल्प (A) सही है।

43. 'घि' व्याकरण का एक शब्द है?

(A) आमशब्द (B) विधिशब्द
(C) पारिभाषिकशब्द (D) संज्ञाशब्द

व्याख्या – "शेषो घ्यसखि" (1.4.7) सूत्र से 'घि' संज्ञा का विधान होता है। अतः **'घि' संज्ञाशब्द** है। 'द्वन्द्वे घि' (2/2/32) सूत्रानुसार द्वन्द्वसमास में 'घि' संज्ञक शब्द का प्रथम प्रयोग होता है। विकल्प (D) सही है।

44. 'सीता जाया यस्य सः' एक शब्द में होगा?

(A) सीताजाया (B) सीतापत्नी
(C) सीताजानिः (D) सीतापतिः

व्याख्या –**"जायायाः निङ्"** (5/4/134) सूत्र से बहुव्रीहि समास में यदि 'जाया' शब्द आये तो तदन्त को निङ् समासान्त आदेश होता है, 'निङ्' के 'ङ्' की इत्संज्ञा होती है।
(i) सीता जाया यस्य सः = **सीताजानिः**
(ii) युवतिः जाया यस्य सः = युवजानिः
(iii) इसीप्रकार भूजानिः, महीजानिः आदि भी बनेंगे।

37. (D) 38. (B) 39. (A) 40. (C) 41. (C) 42. (A) 43. (D) 44. (C)

45. 'प्रजासु वृत्तिं यमयुङ्क्त वेदितुम्' – यह श्लोकांश कहाँ से उद्धृत है?
(A) किरातार्जुनीयम् से
(B) प्रतिमानाटकम् से
(C) मालविकाग्निमित्रम् से
(D) शिशुपालवधम् से

व्याख्या – 'प्रजासु वृत्तिं यमयुङ्क्त वेदितुम्' (**किरात. 1/1**) अर्थात् प्रजाओं के व्यवहार को जानने के लिए युधिष्ठिर ने जिसको (वनेचर) नियुक्त किया था, वह द्वैतवन में युधिष्ठिर के पास लौट आया। अतः विकल्प (A) सही है।

46. 'वनेचर' शब्द का संस्कृत प्रतिशब्द होगा?
(A) ब्रह्मचारी **(B) गुप्तचर**
(C) वर्णिलिङ्गी **(D) दूत**

व्याख्या – वने चरतीति वनेचरः (वन में विचरण करने वाला) किरातार्जुनीयम् में 'वनेचर' शब्द **गुप्तचर** के लिए प्रयुक्त है। अतः विकल्प (B) सही है।

47. 'वैराग्यशतकम्' किस प्रकार की रचना है?
(A) ऐतिहासिक **(B) महाकाव्य**
(C) खण्डकाव्य **(D) व्याकरणग्रन्थ**

	ग्रन्थ		**विधा**
(A)	शिवराजविजयम्	–	ऐतिहासिक उपन्यास
(B)	शिशुपालवधम्	–	महाकाव्य
(C)	**वैराग्यशतकम्**	–	**खण्डकाव्य**
(D)	महाभाष्यम्	–	व्याकरणग्रन्थ

अतः विकल्प (C) सही है।

48. 'शतकत्रय' के रचयिता हैं?
(A) भर्तृहरि **(B) भट्टि**
(C) मयूरभट्ट **(D) भोज**

व्याख्या –
(A) **भर्तृहरि** शतकत्रय के रचयिता हैं।
शतकत्रय के अन्तर्गत –
1. नीतिशतकम्
2. शृङ्गारशतकम्
3. वैराग्यशतकम्।
(B) भट्टि की रचना रावणवध/भट्टिकाव्य है।
(C) मयूरभट्ट, सूर्यशतकम् के रचयिता हैं।
(D) भोज, रामायणचम्पू के रचनाकार हैं। विकल्प `A' सही

49. 'भोगा न भुक्ता वयमेव भुक्ताः' यह श्लोकांश किस ग्रन्थ से उद्धृत है?
(A) अमरुशतक से **(B) नीतिशतक से**
(C) मुद्राराक्षस से **(D) वैराग्यशतक से**

व्याख्या – "भोगा न भुक्ता वयमेव भुक्ताः" –
प्रस्तुत सूक्ति भर्तृहरि के **वैराग्यशतक** से उद्धृत है, जिसमें वे कहते हैं कि – 'भोगों को हम नहीं भोगते बल्कि भोग हमें भोगते हैं।' अतः विकल्प (D) सही है।

50. भर्तृहरि ने विद्याविहीन मानव को क्या कहा?
(A) भूभारभूता **(B) पशु**
(C) दुर्जन **(D) हृदयहीन**

व्याख्या –
* भर्तृहरि कहते हैं, कि – जिनके पास न तो विद्या, न तप, न दान, न ज्ञान, न शील, न गुण और न तो धर्म है वे पृथ्वी पर भुविभारभूता है (नीतिशतकम्)
* विद्या राजसु पूज्यते नहि धनं **विद्याविहीनः पशुः** – अर्थात् विद्या से विहीन मनुष्य पशु है। (नीतिशतकम्/17)

अतः विकल्प (B) सही है।

51. 'शतकत्रय' ग्रन्थ के रचनाकार ने और किस प्रसिद्ध ग्रन्थ की रचना की है?
(A) अष्टाध्यायी **(B) महाभाष्यम्**
(C) वाक्यपदीयम् **(D) सिद्धान्तकौमुदी**

	व्याकरणग्रन्थ		**रचनाकार**
(A)	अष्टाध्यायी	–	पाणिनि
(B)	महाभाष्यम्	–	पतञ्जलि
(C)	**वाक्यपदीयम्**	–	**भर्तृहरि**
(D)	सिद्धान्तकौमुदी	–	भट्टोजिदीक्षित

अतः विकल्प (C) सही है।

45. (A) 46. (B) 47. (C) 48. (A) 49. (D) 50. (B) 51. (C)

52. शकुन्तला-दुष्यन्त के पुत्र का नाम है?
(A) सर्वदमन (भरत) (B) चन्द्रापीड
(C) वैशम्पायन (D) पुरु

	पुत्र		माता-पिता
(A)	**सर्वदमन (भरत)**	–	**शकुन्तला - दुष्यन्त**
(B)	चन्द्रापीड	–	विलासवती - तारापीड
(C)	वैशम्पायन	–	मनोरमा - शुकनास
(D)	पुरु	–	शर्मिष्ठा - ययाति

अतः विकल्प (A) सही है।

53. 'किरातार्जुनीयम्' में अर्जुन को कौन-सा प्रसिद्ध अस्त्र प्राप्त हुआ है?
(A) गाण्डीव (B) पाशुपतास्त्र
(C) अग्निबाण (D) जृम्भकास्त्र

व्याख्या – * किरातार्जुनीयम् के 18 वें सर्ग में अर्जुन को शिव से **'पाशुपत अस्त्र'** की प्राप्ति होती है।
* 'गाण्डीव' अर्जुन के धनुष का नाम है।
* 'अग्निबाण' अग्निदेवता से सम्बन्धित है।
* 'जृम्भकास्त्र' कुश और लव को जन्मजात प्राप्त था।
अतः विकल्प (B) सही है।

54. 'किरातार्जुनीयम्' में किरात है?
(A) गणेश (B) शिव
(C) राहु (D) युधिष्ठिर

व्याख्या – किरातार्जुनीयम् में किरातवेशधारी **भगवान् 'शिव'** हैं। जिनका अर्जुन के साथ इन्द्रकील पर्वत पर घनघोर युद्ध होता है। और बाद में प्रसन्न होकर वह अर्जुन को 'पाशुपत अस्त्र' प्रदान करते हैं। अतः विकल्प (B) सही है।

55. 'कादम्बरी' का शुक पक्षी पूर्वजन्म में कौन था?
(A) शूद्रक (B) वैशम्पायन
(C) पत्रलेखा (D) कपिञ्जल

व्याख्या – बाणभट्ट कृत कादम्बरी में तीन जन्मों की कथा का वर्णन है।
तीन जन्मों के नाम निम्नवत् हैं –

	प्रथम जन्म		द्वितीय जन्म		तृतीय जन्म
(A)	चन्द्रमा	–	चन्द्रापीड	–	शूद्रक
(B)	पुण्डरीक	–	**वैशम्पायन**	–	शुक
(C)	कपिञ्जल	–	इन्द्रायुध	–	कपिञ्जल

अतः विकल्प (B) सही है।

56. 'कादम्बरी' में पार्श्वनायिका कौन है?
(A) पत्रलेखा (B) विलासवती
(C) महाश्वेता (D) कादम्बरी

व्याख्या –
(A) पत्रलेखा, ताम्बूलकरङ्कवाहिनी है।
(B) विलासवती, तारापीड की पत्नी है।
(C) **महाश्वेता,** पार्श्वनायिका (सहनायिका) है।
(D) कादम्बरी, नायिका है।
अतः विकल्प (C) सही है।

57. 'अभिज्ञानाभरणदर्शनेन शापो निवर्तिष्यत इति' – यह उक्ति किसकी है?
(A) कण्व की (B) अनसूया की
(C) दुर्वासा की (D) गौतमी की

व्याख्या –
(A) भगिन्यास्ते मार्गमादेशय – कण्व का कथन।
(B) अतिथीनामिव निवेदितम् – अनसूया का कथन।
(C) 'अभिज्ञानाभरणदर्शनेन शापो निवर्तिष्यत इति'– प्रियंवदा के आग्रह पर **दुर्वासा ऋषि** कहते हैं कि – पहचान (अभिज्ञान) के आभूषण (अँगूठी) को दिखलाने से शकुन्तला का शाप समाप्त हो जायेगा।
(D) वरः खल्वेषः, नाशीः – गौतमी का कथन।
अतः विकल्प (C) सही है।

58. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक का उत्स (मूल) है?
(A) महाभारत (B) रामायण
(C) श्रीमद्भागवतपुराण (D) कविकल्पित

	ग्रन्थ		उत्स (उपजीव्य)
(A)	**अभिज्ञानशाकुन्तलम्**	–	**महाभारत (आदिपर्व)**
(B)	अभिषेकनाटकम्	–	वाल्मीकिरामायण
(C)	कुमारसम्भवम्	–	श्रीमद्भागवतपुराण
(D)	ऋतुसंहारम्	–	कविकल्पित

अतः विकल्प (A) सही है।

52. (A) 53. (B) 54. (B) 55. (B) 56. (C) 57. (C) 58. (A)

59. 'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्' उक्ति है?

(A) कण्व की (B) शकुन्तला की

(C) अनसूया की (D) प्रियंवदा की

व्याख्या –

(A) 'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्' – **कण्व** तपोवन के वृक्षों को सम्बोधित करते हुए कहते हैं कि – यह शकुन्तला पति के घर (ससुराल) जा रही है, अतः आप सभी लोग अनुमति दें। (अभिज्ञान. 4/9)

(B) 'लताभगिनीं वनज्योत्स्नां तावदामन्त्रयिष्ये' – शकुन्तला का कथन।

(C) 'न मे उचितेष्वपि निजकरणीयेषु कार्येषु हस्तपादं प्रसरति' – अनसूया का कथन

(D) 'उद्गलितदर्भकवला मृग्यः परित्यक्तनर्तना मयूराः' – प्रियंवदा का कथन

अतः विकल्प (A) सही है।

60. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में सखियों ने शापवृत्तान्त' सर्वप्रथम किसे सुनाया?

(A) कण्व को (B) मेनका को

(C) शकुन्तला को (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या –

* 'अग्निशरणं प्रविष्टस्य शरीरं विना छन्दोमय्या वाण्या' – अर्थात् यज्ञशाला में गये हुए (कण्व को) शरीर रहित छन्दोमयी वाणी के द्वारा विवाहवृत्तान्त बतलाया गया है।
* 'द्वयोरेव नौ मुख एष वृत्तान्तस्तिष्ठतु' अनसूया के इस कथन से ज्ञात होता है कि सखियों ने शापवृत्तान्त किसी को भी नहीं बताया।

अतः विकल्प (D) सही है।

61. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में 'अभिज्ञान' कहाँ पर गिरा था?

(A) प्रभासखण्ड में (B) मानसरोवर में

(C) सरयूनदी में (D) शचीतीर्थ में

व्याख्या – अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक में अभिज्ञान (अँगूठी) शक्रावतार प्रदेश के शचीतीर्थ में गिरी थी। शचीतीर्थ गङ्गा नदी के किनारे अवस्थित है। अतः विकल्प (D) सही है।

62. रामचन्द्र 'छायासीता' को क्यों नहीं देख पाये?

(A) दुर्वासा के अभिशाप के कारण

(B) गोदावरी के आशीर्वाद के कारण

(C) भागीरथी के अभिशाप के कारण

(D) भागीरथी के आशीर्वाद के कारण

व्याख्या – उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में **भागीरथी के आशीर्वाद** के कारण सीता को राम नहीं देख पाते हैं, किन्तु सीता राम को देखतीं हैं। सीता को राम स्पर्श से पहचानते हैं। अतः विकल्प (D) सही है।

63. 'उत्तररामचरितम्' नाटक का मुख्यरस है?

(A) करुणरस (B) शृङ्गार रस

(C) वीररस (D) विप्रलम्भशृङ्गार

	ग्रन्थ		**मुख्य रस**
(A)	**उत्तररामचरितम्**	–	**करुणरस**
(B)	कुमारसम्भवम्	–	शृङ्गाररस
(C)	मुद्राराक्षसम्	–	वीररस
(D)	मेघदूतम्	–	विप्रलम्भ शृङ्गार

अतः विकल्प (A) सही है।

64. उत्तररामचरित की अङ्कसंख्या है?

(A) 4 (B) 5

(C) 6 (D) 7

	नाटक		**अङ्क**
(A)	रत्नावली	–	4 अङ्क
(B)	विक्रमोर्वशीयम्	–	5 अङ्क
(C)	स्वप्नवासवदत्तम्	–	6 अङ्क
(D)	**उत्तररामचरितम्**	–	**7 अङ्क**

अतः विकल्प (D) सही है।

65. 'अविदितगतयामा रात्रिरेव व्यरंसीत्' – उत्तररामचरित में यह किसकी उक्ति है?

(A) तमसा की (B) मुरला की

(C) राम की (D) सीता की

व्याख्या –

(A) तमसा का कथन– ''परिपाण्डुदुर्बलकपोलसुन्दरम्'' – उत्तररामचरितम् 3/4

(B) मुरला का कथन– ''शरदिज इव घर्मः केतकीगर्भपत्रम्'' – उत्तररामचरितम्-3/5

(C) ''अशिथिलपरिरम्भव्यापृतैकैकदोष्णोः अविदितगतयामा रात्रिरेव व्यरंसीत्'' –

59. (A) 60. (D) 61. (D) 62. (D) 63. (A) 64. (D) 65. (C)

प्रस्तुत पंक्ति में **राम कहते हैं** कि गाढ़ आलिङ्गन में व्यस्त एक-एक बाहु वाले हम दोनों की रात्रि, विगत प्रहरों के ज्ञान के बिना ही, बीत गई। (उत्तररामचरितम् 1/27)

(D) 'कियच्चिरं वा मेघान्तरेण पूर्णचन्द्रदर्शनम्' – सीता कहती हैं कि – मेघ के व्यवधान के कारण पूर्ण चन्द्रमा का दर्शन कितनी देर और हो सकता है अर्थात् अधिक देर तक राम का दर्शन नहीं हो सकता

अतः विकल्प (C) सही है।

66. छायाङ्क का मुख्य कथानक है?
(A) राम-सीता का पुनर्मिलन
(B) राम-तमसा का मिलन
(C) राम-सीता का प्रथममिलन
(D) तमसा-वासन्ती का मिलन

व्याख्या – उत्तररामचरितम् तृतीय अङ्क (छायाङ्क) का मुख्य कथानक राम-सीता का पुनर्मिलन है। राम-सीता का पुनर्मिलन तृतीय अङ्क में स्पर्शजन्य है। सीता छाया के रूप में विद्यमान हैं, जिसे तमसा के अलावा कोई नहीं देख सकता, जबकि सीता सबको देख पा रहीं हैं। सीता के साथ तमसा, जबकि राम के साथ वासन्ती उपस्थित है। अतः विकल्प (A) सही है।

67. 'मेघदूतम्' में शाप कितने वर्ष का था?
(A) एक वर्ष **(B) दो वर्ष**
(C) चार मास **(D) आठ मास**

व्याख्या – * 'शापेनास्तङ्गमितमहिमा वर्षभोग्येण भर्तुः' (पूर्वमेघ/1) अर्थात् **एक वर्ष तक** भोगे जाने वाले स्वामी कुबेर के शाप से विनष्ट महिमा वाला यक्ष रामगिरि पर्वत में निवास करता है। शाप के आठ माह बीत गये हैं, केवल चार माह शेष हैं– ''शेषान्मासान्गमय चतुरो लोचने मीलयित्वा'' (उत्तरमेघ-50)

अतः विकल्प (A) सही है।

68. 'मेघदूतम्' में अभिशप्त यक्ष कहाँ निवास कर रहा था?
(A) आम्रकूट में **(B) कैलाश में**
(C) रामगिरि में **(D) मानसरोवर में**

व्याख्या –

(A) आम्रकूट, मेघ के मार्ग का प्रथमपर्वत है।

(B) कैलाशपर्वत पर अलकापुरी नगरी अवस्थित है।

(C) 'स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु' अर्थात् घनी छाया से युक्त **रामगिरि** के आश्रमों में वह यक्ष निवास करने लगा। (पूर्वमेघ /1) अतः विकल्प (C) सही है।

(D) राजहंस मानसरोवर जाने को उत्सुक हैं।

69. 'कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने किं पुनर्दूरसंस्थे' – यहाँ 'जन' शब्द से किसकी ओर संकेत है?
(A) यक्षिणी **(B) कुबेर**
(C) मेघ **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या – कण्ठ के आलिङ्गन से प्रेम करने वाली मेरी प्रिया रूप जन के दूर होने पर क्या कहा जाय। इस पद में सप्तमी के कारण ऐसे व्यक्ति की ओर संकेत कर रहा है, जो उस यक्ष के कण्ठालिङ्गन का इच्छुक हो और वह व्यक्ति केवल उसकी प्रिया ही हो सकती है जो उससे दूर स्थित है। 'जने' से अर्थ यहाँ पर प्रिया अर्थात् यक्षिणी है। अतः विकल्प (A) सही है।

स्रोत- (i) मेघदूतम् (पूर्वमेघ-3) आर0बी0 शास्त्री
(ii) मेघदूतम्- विजेन्द्र शर्मा, पेज-07

70. 'मेघदूतम्' में चेतन और अचेतन में कौन भेद नहीं कर पाते हैं?
(A) विलासी **(B) भोगी**
(C) कामार्त **(D) संन्यासी**

व्याख्या – 'कामार्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु' – अर्थात् कामपीड़ित लोग जड़ और चेतन के विषय में स्वभावतः दीन हो जाते हैं। (पूर्वमेघ/5) अतः विकल्प (C) सही है।

71. ''यक्षश्चक्रे जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु'' इस श्लोकांश में 'जनकतनया' कौन है?
(A) यक्षिणी **(B) सीता**
(C) गङ्गा **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या – प्रस्तुत श्लोकांश में 'जनकतनया' मिथिलानरेश जनक की पुत्री सीता के लिए आया है। (पूर्वमेघ/1)

72. 'मेघदूतम्' में 'दिङ्नाग' कौन हैं?
(A) मीमांसक **(B) नैयायिक**
(C) बौद्ध **(D) वेदान्ती**

व्याख्या – 'दिङ्नागानां पथि परिहरन् स्थूलहस्तावलेपान्' (पूर्वमेघ/14) प्रस्तुतपंक्ति में दिङ्नाग शब्द का प्रयोग दिशाओं के आठ हाथियों के लिए प्रयुक्त है। कुछ विद्वान् इस श्लोक का एक अर्थ बौद्धों के पक्ष में भी करते हैं। यहाँ 'दिङ्नाग' शब्द से **बौद्धदार्शनिक दिङ्नाग** अर्थ लेते हैं।

अतः विकल्प (C) सही है।

66. (A) 67. (A) 68. (C) 69. (A) 70. (C) 71. (B) 72. (C)

73. 'अस्' धातु का लट्लकार उत्तमपुरुष बहुवचन में रूप होगा?

(A) अस्ति (B) स्तः
(C) सन्ति (D) स्मः

व्याख्या – * 'अस्' धातु का लट्लकार प्रथमपुरुष में "अस्ति, स्तः, सन्ति" रूप बनता है।

* लट्लकार उत्तमपुरुष में–अस्मि, स्वः, **स्मः** रूप बनता है। अतः विकल्प (D) सही है।

74. 'गम्' धातु का लङ्लकार उत्तमपुरुष बहुवचन में रूप बनता है?

(A) अगच्छम् (B) अगच्छाव
(C) अगच्छाम (D) अगच्छः

व्याख्या – * गम् धातु लङ्लकार उत्तमपुरुष में – "अगच्छम् अगच्छाव, **अगच्छाम**" रूप बनता है।

* मध्यमपुरुष में – "अगच्छः, अगच्छतम्, अगच्छत" रूप बनता है। अतः विकल्प (C) सही है।

75. 'सन्धि' का तात्पर्य है?

(A) श्रेष्ठ पदीयता (B) पदार्थसम्बन्ध
(C) परः सन्निकर्षः संहिता (D) वाक्यार्थ सम्बन्ध

व्याख्या – परः सन्निकर्षः संहिता (1/4/109) सूत्रानुसार वर्णों के अत्यधिक सामीप्य को संहिता कहते हैं, जैसे – 'सुधी + उपास्यः' में इकार और उकार में अत्यधिक सामीप्य है, इसलिए दोनों के सामीप्य को संहिता (सन्धि) कहेंगे। अतः विकल्प (C) सही है।

76. 'नयन' शब्द का सन्धिविच्छेद होगा?

(A) नौ + आय (B) नै + अन
(C) नो + अन (D) ने + अन

व्याख्या – एचोऽयवायावः (6/1/78) सूत्र से एच् के बाद अच् आने पर एच् के स्थान पर क्रमशः अय्, अव्, आय्, आव् हो जाता है। यथा–ने + अन = नयन (ए + अ = अय्) अतः विकल्प (D) सही है।

77. निम्नलिखित में से अव्ययीभावसमास हैं–

(A) पञ्चनरम् (B) पञ्चनदम्
(C) पञ्चाननम् (D) पञ्चगवम्

व्याख्या –

(A) 'पञ्चानां नराणां समाहारः = पञ्चनरम्' में "तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च" (2.1.51) सूत्र से द्विगुसमास होगा।

(B) **'पञ्चानां नदीनां समाहारः=पञ्चनदम्'** में "नदीभिश्च" (2.1.20) सूत्र से अव्ययीभाव समास हुआ।

(C) * 'पञ्चानाम् आननानां समाहारः = पञ्चाननम्' में द्विगुसमास।

* पञ्च आननानि यस्य सः = पञ्चाननः, (शिवः) में 'अनेकमन्यपदार्थे" सूत्र से दशाननः, षडाननः गजाननः आदि में बहुव्रीहि भी हो सकता है।

(C) 'पञ्चानां गवां समाहारः=पञ्चगवम्' में "तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च" (2.1.51) तथा "संख्यापूर्वो द्विगुः" सूत्र से द्विगुसमास होगा। अतः विकल्प `B' सही है।

78. 'अति+इव = अतीव' में सन्धि का नियम है?

(A) इको यणचि (B) अकः सवर्णे दीर्घः
(C) वृद्धिरादैच् (D) सर्वत्र विभाषा गोः

व्याख्या –

(A) 'इको यणचि' (6/1/77) सूत्र से इक् के स्थान पर यण् आदेश होता है अच् पर में हो तब
यथा – खलु + एषः = खल्वेषः

(B) **'अकः सवर्णे दीर्घः'** (6/1/101) सूत्र से अक् (अ, इ, उ, ऋ, ऌ) के पश्चात् कोई सवर्ण स्वर हो तो दोनों के स्थान पर दीर्घ एकादेश होता है।
यथा – अति + इव = अतीव

(C) 'वृद्धिरादैच्' (1/1/1) सूत्र "आ, ऐ, औ," की वृद्धिसंज्ञा करता है।

(D) 'सर्वत्र विभाषा गोः' (6/1/122) सूत्र से – गो + अग्रम् = गो अग्रम् होगा। अतः विकल्प (B) सही है।

79. 'राज्ञा पूजितः = राजपूजितः' में कौनसा समास है?

(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव
(C) द्विगु (D) बहुव्रीहि

व्याख्या –

(A) 'कर्तृ-करणे कृता बहुलम्' (2/1/32) सूत्र से अनुक्त कर्त्ता और करण में आने वाले तृतीयान्त पदों का कृदन्त पद के साथ समास होता है।
यथा–राज्ञा पूजितः=राजपूजितः (तृतीया तत्पुरुषसमास)

(B) 'अव्ययीभावे चाकाले' (6/3/81) सूत्र से 'सह' को 'स' आदेश होकर "क्षत्राणां सम्पत्तिः = सक्षत्रम्" में अव्ययीभावसमास।

(C) 'पञ्चानां गवां समाहारः=पञ्चगवम्' में द्विगुसमास है।

(D) "अनेकमन्यपदार्थे" (2.2.24) सूत्र से 'उढो रथो येन सः ऊढरथः' में बहुव्रीहिसमास है।
अतः विकल्प (A) सही है।

73. (D) 74. (C) 75. (C) 76. (D) 77. (B) 78. (B) 79. (A)

80. 'ज्ञानाय इदं ज्ञानार्थम्' में समास है?
(A) द्वितीयातत्पुरुष (B) तृतीयातत्पुरुष
(C) चतुर्थीतत्पुरुष (D) पञ्चमीतत्पुरुष

व्याख्या –
(A) ''द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः (2/1/24) सूत्र से पतित अर्थ में – नरकं पतितः = नरकपतितः में द्वितीया तत्पुरुषसमास है।
(B) 'शङ्कुलया खण्डः = शङ्कुलाखण्डः' में तृतीया तत्पुरुषसमास है।
(C) ''चतुर्थी तदर्थार्थ–बलि-हित-सुख–रक्षितैः'' (2/1/36) सूत्र से अर्थ (के लिए) के अर्थ में **'ज्ञानाय इदम् = ज्ञानार्थम्' में चतुर्थी तत्पुरुषसमास** है।
(D) ''पञ्चमी भयेन'' (2/1/37) सूत्र से 'चोराद् भयम् = चोरभयम्' में पञ्चमी तत्पुरुषसमास है।
अतः विकल्प (C) सही है।

81. 'पुनर् + रमते' का सन्धिरूप है?
(A) पुनरमते (B) पुनो रमते
(C) पुनः रमते (D) पुना रमते

व्याख्या – ''रो रि'' सूत्र से पूर्व रेफ का लोप होकर ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः (6/3/111) सूत्र से 'अ' के स्थान पर दीर्घ एकादेश होकर विसर्गसन्धि में **'पुना रमते'** रूप बनता है। अतः विकल्प (D) सही है।

82. यण् प्रत्याहार में होगा?
(A) य, क, व, ल (B) ष, अ, र, ल
(C) य्, व्, र्, ल् (D) य, र, ल, ष

व्याख्या – यण् प्रत्याहार के अन्तर्गत **य्, व्, र्, ल्** वर्ण आते हैं। यह प्रत्याहार दो सूत्रों से बना है– हयवरट् और लण्। अतः विकल्प (C) सही है।

83. यदि 'उपसर्ग' क्रिया से युक्त हो तो उसे कहेंगे?
(A) संज्ञा (B) परिभाषा
(C) गति (D) अधिकार

व्याख्या – ''उपसर्गाः क्रियायोगे'' (1/4/59) सूत्र से जब उपसर्ग क्रिया से युक्त हो तो उसे **गतिसंज्ञक** कहते हैं। यथा– प्रकरोति। अतः विकल्प (C) सही है।

84. 'पाणी च पादौ च' का सामासिक पद होगा?
(A) पाणीपादौ (B) पाणीपादः
(C) पाणिपादौ (D) पाणिपादम्

व्याख्या – ''द्वन्द्वश्च प्राणि-तूर्य-सेनाङ्गानाम्'' (2/4/2) सूत्र से प्राणी के अङ्गवाचक शब्दों से द्वन्द्वसमास सदैव एकवचन में होता है। यथा – पाणी च पादौ च = पाणिपादम्
अतः विकल्प (D) सही है।

85. 'घनश्यामः' में समास है?
(A) षष्ठीतत्पुरुष (B) पञ्चमीतत्पुरुष
(C) उपमान-कर्मधारय (D) द्वन्द्वसमास

व्याख्या –
(A) 'षष्ठी' (2/2/8) सूत्र से राज्ञः पुरुषः = राजपुरुषः में षष्ठी तत्पुरुषसमास है।
(B) ''पञ्चम्याः स्तोकादिभ्यः'' (6/3/2) सूत्र से 'स्तोकात् मुक्तः = स्तोकान्मुक्तः' में पञ्चमी तत्पुरुषसमास है।
(C) ''उपमानानि सामान्यवचनैः'' (2/1/55) सूत्रानुसार उपमान वाचक सुबन्त का साधारण धर्म के वाचक सुबन्त के साथ समास होता है। यथा – **'घन इव श्यामः = घनश्यामः'** में कर्मधारयसमास है।
(D) 'क्षुद्रजन्तवः' (2/4/8) सूत्र से यूका च लिक्षा च = 'यूकालिक्षम्' में द्वन्द्वसमास है।
अतः विकल्प (C) सही है।

86. 'राजहंसः' इस पद का विग्रहवाक्य होगा?
(A) राजा इव हंस (B) हंसानां राजानां
(C) हंस एव राजा स (D) हंसानां राजा

व्याख्या – षष्ठी (2/2/8) सूत्र से षष्ठ्यन्त सुबन्त का समर्थ सुबन्त के साथ समास होता है। यथा – **'हंसानां राजा =राजहंसः'** में षष्ठी तत्पुरुषसमास है।
अतः विकल्प (D) सही है।

87. 'स्पृहेरीप्सितः' सूत्र है?
(A) कर्मकारक का (B) करणकारक का
(C) अपादानकारक का (D) सम्प्रदानकारक का

व्याख्या –
(A) 'अभिनिविशश्च' (1/4/47) सूत्र कर्मकारक का है।
(B) 'हेतौ' (2/3/23) सूत्र करणकारक का है।
(C) 'पराजेरसोढः' (1/4/26) सूत्र अपादानकारक का है।
(D) 'स्पृहेरीप्सितः' (1/4/36) सूत्र से 'स्पृह्' धातु के योग में ईप्सितपदार्थ की **सम्प्रदानसंज्ञा** होती है। यथा –पुष्पेभ्यः स्पृहयति।
अतः विकल्प (D) सही है।

80. (C) 81. (D) 82. (C) 83. (C) 84. (D) 85. (C) 86. (D) 87. (D)

88. 'हेत्वर्थक' अनु शब्द को कहते हैं?
(A) कर्मप्रवचनीय (B) व्यपेक्षा
(C) अतिदेश (D) विभाषा

व्याख्या – * 'अनुर्लक्षणे' (1/4/84) सूत्र से हेत्वर्थक 'अनु' शब्द **कर्मप्रवचनीय** है।
* कर्मप्रवचनीय में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है।
अतः विकल्प (A) सही है।

89. 'अभिनिविशश्च' सूत्र सम्बन्धित है?
(A) अपादानकारक से (B) करणकारक से
(C) सम्प्रदानकारक से (D) कर्मकारक से

व्याख्या –
(A) 'भुवः प्रभवः' (1/4/31)–अपादानकारक का सूत्र है।
(B) 'साधकतमं करणम्' (1/4/42) – करणकारक का सूत्र है।
(C) 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' (1/4/33) – सम्प्रदानकारक का सूत्र है।
(D) 'अभिनिविशश्च' (1/4/47) सूत्र से विश् धातु के पूर्व अभि और नि उपसर्ग क्रमशः लगे हों तो क्रिया के आधार की **कर्मसंज्ञा** होती है यथा – सन्मार्गम् अभिनिविशते। अतः यह सूत्र कर्मकारक से सम्बन्धित है। अतः विकल्प (D) सही है।

90. 'वपुषा चतुर्भुजः' वाक्य में वपुषा में किस सूत्र पर आधारित तृतीया है?
(A) इत्थम्भूतलक्षणे (B) हेतौ
(C) येनाङ्गविकारः (D) अपवर्गे तृतीया

व्याख्या –
(A) **'इत्थम्भूतलक्षणे'** (2/3/21) सूत्र से किसी विशेष धर्म को प्राप्त हुए व्यक्ति अथवा वस्तु के लक्षण में तृतीयाविभक्ति होती है। यथा – वपुषा चतुर्भुजः।
(B) 'हेतौ' (2/3/23) सूत्र से – दण्डेन घटः
(C) 'येनाङ्गविकारः' (2/3/20) सूत्र से – अक्ष्णा काणः
(D) 'अपवर्गे तृतीया' (2/3/6) सूत्र से–अह्ना अनुवाकोऽधीतः मासेन व्याकरणम् अधीतवान्।
अतः विकल्प (A) सही है।

91. 'धारेरुत्तमर्णः' सूत्र किस कारक के साथ सम्बन्धित है?
(A) अपादानकारक से
(B) अधिकरणकारक से
(C) सम्प्रदानकारक से
(D) करणकारक से

व्याख्या –
(A) 'वारणार्थानामीप्सितः' (1/4/27) – अपादान से सम्बन्धित है।
(B) 'यस्य च भावेन भावलक्षणम्' (2/3/37) – अधिकरण कारक से सम्बन्धित है।
(C) **'धारेरुत्तमर्णः'** (1/4/35) सूत्र से णिजन्त 'धृ' धातु के योग से उत्तमर्ण (ऋण देने वाले की) की **सम्प्रदानसंज्ञा** होती है यथा – भक्ताय धारयति मोक्षं हरिः।
(D) 'प्रकृत्यादिभ्य उपसंख्यानम्' (वार्तिक) – करणकारक से सम्बन्धित है।
अतः विकल्प (C) सही है।

92. 'दिवः कर्म च' यह सूत्र वैकल्पिक रूप से किस कारक से सम्बन्धित हो सकता है?
(A) कर्मकारक से
(B) सम्प्रदानकारक से
(C) अधिकरणकारक से
(D) अपादानकारक से

व्याख्या –
(A) **'दिवः कर्म च'** (1/4/43) इस सूत्र से दिव् धातु के साधकतम कारक की विकल्प से **कर्मसंज्ञा** होती है तथा पक्ष में तृतीयाविभक्ति होती है। यथा – अक्षैः अक्षान् वा दीव्यति।
(B) ''तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या'' (वार्तिक) – सम्प्रदानकारक से सम्बन्धित है।
(C) 'यतश्चनिर्धारणम्' (2/3/41) – अधिकरणकारक से सम्बन्धित है।
(D) 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' (1/4/25) – अपादानकारक से सम्बन्धित है।
अतः विकल्प (A) सही है।

88. (A) 89. (D) 90. (A) 91. (C) 92. (A)

93. 'शिवराजविजयम्' किस प्रकार का काव्य है?
(A) ऐतिहासिककाव्य (B) कथाकाव्य
(C) पद्यकाव्य (D) चम्पूकाव्य

	काव्य		विधा
(A)	**शिवराजविजयम्**	–	**ऐतिहासिक उपन्यास**
(B)	कादम्बरी	–	कथाकाव्य
(C)	नीतिशतकम्	–	पद्यकाव्य (मुक्तककाव्य)
(D)	नलचम्पू	–	चम्पूकाव्य

अतः विकल्प (A) सही है।

94. 'शिवराजविजयम्' में शिवाजी के अतिरिक्त और किसका चरित्र चित्रण है?
(A) भैरोसिंह (B) गौरसिंह
(C) गुजरालसिंह (D) मोहनसिंह

व्याख्या – 'शिवराजविजयम्' में शिवाजी के अतिरिक्त **गौर सिंह** का भी चरित्र-चित्रण है।
अतः विकल्प (B) सही है।

95. 'शिवराजविजयम्' में कहाँ की घटना का वर्णन है?
(A) महाराष्ट्र (B) राजस्थान
(C) दिल्ली (D) बिहार

व्याख्या – शिवराजविजयम् में **महाराष्ट्र की घटना** का वर्णन है। अतः विकल्प (A) सही है।

96. 'शिवराजविजयम्' में किस तरह की चेतना का प्रकाश है?
(A) राष्ट्रीय (B) प्रादेशिक
(C) दैशिक (D) कालिक

व्याख्या – अम्बिकादत्तव्यास कृत शिवराजविजयम् में **राष्ट्रीय चेतना का प्रकाश** है।
अतः विकल्प (A) सही है।

97. 'शिवराजविजयम्' के रचयिता कहाँ के प्राध्यापक थे?
(A) कानपुर (B) पटना
(C) जयपुर (D) दिल्ली

व्याख्या – 'शिवराजविजयम्' के रचयिता 'अम्बिकादत्तव्यास' **पटना** के संस्कृत कालेज में प्राध्यापक थे।
अतः विकल्प (B) सही है।

98. 'भवभूतिर्विशिष्यते' यह उक्ति किस नाटक के बारे में है?
(A) महावीरचरितम् (B) मालतीमाधवम्
(C) उत्तररामचरितम् (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या – 'उत्तरे रामचरिते भवभूतिर्विशिष्यते' – विक्रमार्क के इस प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि **'भवभूतिर्विशिष्यते' उत्तररामचरित नाटक के बारे में कहा गया है।** महावीरचरितम् और मालतीमाधवम् नाटक भी भवभूति की कृतियाँ हैं। अतः विकल्प (C) सही है।

99. 'उत्तररामचरितम्' के तृतीय अङ्क में किस नदी का उल्लेख है?
(A) कावेरी (B) कृष्णा
(C) गोदावरी (D) यमुना

व्याख्या–'उत्तररामचरितम्' के तृतीय अङ्क में **गोदावरी नदी** का उल्लेख है। मुरला– ''सखि तमसे, प्रेषितास्मि भगवतोऽगस्त्यस्य पत्न्या लोपामुद्रया सरिद्वरां गोदावरीमभिधातुम्।'' (उत्तररामचरितम्-अङ्क-3) अतः विकल्प (C) सही है।

100. 'करुणस्य मूर्तिरिव' यह उक्ति किसके बारे में है?
(A) तमसा (B) शम्बूक
(C) भागीरथी (D) सीता

व्याख्या – 'करुणस्य मूर्तिरथवा शरीरिणी' – अर्थात् सीता करुणरस की साक्षात् मूर्ति अथवा शरीरधारिणी हैं, यह तमसा का कथन है। (उत्तररामचरि 3/4)
अतः विकल्प (D) सही है।

101. 'स्वाराज्यम्' का सन्धि विच्छेद है?
(A) स + राज्यम् (B) स्वर् + राज्यम्
(C) सु + राज्यम् (D) सो + राज्यम्

व्याख्या – **'स्वर् + राज्यम्'** यहाँ 'स्वर्' इस अव्ययपद के रेफ का ''रो रि'' (8/3/14) सूत्र से लोप करके ''ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः'' (6.3.111) सूत्र से पूर्व अण् अर्थात् 'व' में विद्यमान अकार को दीर्घ होकर 'स्वाराज्यम्' बना।
अतः विकल्प (B) सही है।

93. (A) 94. (B) 95. (A) 96. (A) 97. (B) 98. (C) 99. (C) 100. (D) 101. (B)

102. 'मतैक्यम्' में निम्न सूत्र से सन्धि कार्य होता है?
(A) अदेङ्गुणः (B) वृद्धिरादैच्
(C) वृद्धिरेचि (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या –
(A) 'अदेङ्गुणः' (1/1/2) सूत्र से 'अ, ए, ओ' की गुणसंज्ञा होती है।
(B) 'वृद्धिरादैच्' (1/1/1) सूत्र से 'आ, ऐ, औ' की वृद्धि संज्ञा होती है।
(C) 'वृद्धिरेचि' (6/1/88) सूत्र से **''मत + ऐक्यम् = मतैक्यम्''** में **वृद्धिसन्धि** होती है।
अतः विकल्प (C) सही है।

103. 'प्रत्यक्षम्' शब्द में समास है?
(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय
(C) अव्ययीभाव (D) द्विगुसमास

	शब्द		समास
(A)	ग्रामगतः	–	द्वितीयातत्पुरुष
(B)	पीताम्बरम्	–	कर्मधारय
(C)	**प्रत्यक्षम्**	–	**अव्ययीभाव**
(D)	चतुर्युगम्	–	द्विगुसमास

अतः विकल्प (C) सही है।

104. ''शिखया परिव्राजकः'' यहाँ किस कारक में तृतीया विभक्ति है?
(A) कर्मणि (B) कर्तरि
(C) संज्ञायाम् (D) करणे

व्याख्या – 'इत्थम्भूतलक्षणे' (2/3/21) सूत्र से 'शिखया' में तृतीयाविभक्ति का विधान **करणकारक** से हुआ है। यथा – (i) शिखया परिव्राजकः। (ii) जटाभिस्तापसः
अतः विकल्प (D) सही है।

105. 'अस्मद्' शब्द का द्वितीया बहुवचन का विकल्प रूप होगा?
(A) मा (B) नौ
(C) नः (D) माम्

व्याख्या – 'अस्मद्' शब्द का द्वितीया विभक्ति में ''माम् , आवाम् , अस्मान्'' रूप बनता है।
विकल्प में – ''मा, नौ, **नः**'' रूप भी बनता है।
अतः विकल्प (C) सही है।

106. `25' का संस्कृत शब्दात्मक रूप होगा?
(A) पञ्चविंशतिः (B) पञ्चपञ्चाशत्
(C) पञ्चदश (D) एकोनपञ्चाशत्

	संख्या		संस्कृत शब्दात्मक रूप
(A)	**25**	–	**पञ्चविंशतिः**
(B)	55	–	पञ्चपञ्चाशत्
(C)	15	–	पञ्चदश
(D)	49	–	एकोनपञ्चाशत्

अतः विकल्प (A) सही है।

107. 'अस्' धातु का लोट्लकार मध्यमपुरुष एकवचन में रूप होगा?
(A) अस्तु (B) स्ताम्
(C) सन्तु (D) एधि

व्याख्या –
* 'अस्' धातु लोट्लकार प्रथमपुरुष में ''अस्तु, स्ताम्, सन्तु'' रूप चलता है।
* मध्यमपुरुष में – **''एधि**, स्तम्, स्त'' रूप चलता है।
अतः विकल्प (D) सही है।

108. 'हन्' धातु लङ्लकार उत्तमपुरुष बहुवचन में रूप होगा?
(A) अहनम् (B) अघ्नन्
(C) अहन्म (D) जहि

व्याख्या –
* 'हन्' धातु लङ्लकार उ. पु. में – ''अहनम्, अहन्व, **अहन्म''** रूप बनता है।
* 'हन्' धातु लोट्लकार म. पु. में – ''जहि, हतम्, हत'' रूप बनता है।
* लङ्लकार प्रथमपुरुष में– ''अहन्, अहताम्, अघ्नन्''
अतः विकल्प (C) सही है।

109. 'त्वं चन्द्रं पश्य' इसका कर्मवाच्य में रूप होगा?
(A) तेन चन्द्रः दृष्टः। (B) त्वयि चन्द्रं पश्यति।
(C) त्वया चन्द्रः पश्यामि। (D) त्वया चन्द्रः दृश्यताम्।

व्याख्या – 'त्वं चन्द्रं पश्य' – कर्मवाच्य में कर्त्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा तथा क्रिया कर्म के अनुसार प्रयुक्त होती है। इसलिए – **''त्वया चन्द्रः दृश्यताम्''** होगा।
अतः विकल्प (D) सही है।

102. (C) 103. (C) 104. (D) 105. (C) 106. (A) 107. (D) 108. (C) 109. (D)

110. ''सहसा विदधीत न क्रियाम्'' इस वाक्य का हिन्दी में अनुवाद होगा?
(A) हठपूर्वक कार्य करें (B) हठपूर्वक कार्य न करें
(C) सहसा कार्य करें (D) सहसा कार्य न करें

व्याख्या – 'सहसा विदधीत न क्रियाम्' – यह भारवि की उक्ति है, जिसका अर्थ है–**अचानक (सहसा) कार्य न करें।** अतः विकल्प (D) सही है।

111. 'मैं यश नही चाहता' इसका संस्कृत अनुवाद होगा?
(A) अहं यशं न इच्छति (B) अहं यशं इच्छामि
(C) न अहं यशं लिप्समि (D) अहं यशः न इच्छामि

व्याख्या – * मैं यश नहीं चाहता – अहं यशः न इच्छामि। यहाँ 'यशस्' (नपु0) शब्द का द्वितीया एकवचन में रूप बनेगा–'यशः' * 'अहम्' उत्तमपुरुष का कर्ता है, अतः 'इच्छामि' लट्लकार उ0पु0 एकवचन की क्रिया का प्रयोग है।
अतः विकल्प (D) सही है।

112. 'कादम्बरी' में मन्त्री शुकनास ने किसे उपदेश दिया है?
(A) तारापीड को (B) चन्द्रापीड को
(C) पुण्डरीक को (D) वैशम्पायन को

व्याख्या – * शुकनास, तारापीड का प्रधान अमात्य था।
* तारापीड के पुत्र '**चन्द्रापीड**' को राज्याभिषेक के समय शुकनास ने उपदेश दिया। अतः विकल्प (B) सही है।

113. 'शूद्रक' की राजसभा में शुकपक्षी को कौन लाया था?
(A) प्रतीहारी (B) पत्रलेखा
(C) पुण्डरीक (D) मातङ्गिनी (चाण्डालकन्या)

व्याख्या – * शूद्रक की राजसभा में शुकपक्षी को **मातङ्गिनी (चाण्डालकन्या)** लेकर आती है।
* प्रतीहारी, शूद्रक के राजदरबार की द्वाररक्षिका है।
* पत्रलेखा, चन्द्रापीड की ताम्बूलकरङ्कवाहिनी है।
* पुण्डरीक, चन्द्रापीड का मित्र है।
अतः विकल्प (D) सही है।

114. शिवराजविजयम् के रचयिता को किस सम्मान से विभूषित किया गया था?
(A) घटिकाशतक (B) दीपशिखा
(C) वाग्देवतावतार (D) श्रीकण्ठपदलाञ्छन

	कवि		**उपाधि**
(A)	**अम्बिकादत्तव्यास**	–	**घटिकाशतक/शतावधान**
(B)	कालिदास	–	दीपशिखा
(C)	मम्मट	–	वाग्देवतावतार
(D)	भवभूति	–	श्रीकण्ठपदलाञ्छन

अतः विकल्प (A) सही है।

115. शिवराजविजयम् में निःश्वास संख्या कितनी है?
(A) 12 (B) 8
(C) 3 (D) 5

व्याख्या – शिवराजविजयम् में तीन विराम एवं **बारह निःश्वास** हैं। अतः विकल्प (A) सही है।

116. 'किरातार्जुनीयम्' में दुर्योधन की शासन व्यवस्था जानने के लिए किसे भेजा गया था?
(A) भीम को (B) अर्जुन को
(C) सहदेव को (D) वनेचर को

व्याख्या – भारवि कृत 'किरातार्जुनीयम्' में दुर्योधन की शासन व्यवस्था को जानने के लिए युधिष्ठिर ने **वनेचर को** नियुक्त किया था। ''श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीं''.... 'युधिष्ठिरं द्वैतवने वनेचरः' (किरात0 1/1)
अतः विकल्प (D) सही है।

117. ''नारिकेलफलसम्मितं वचः'' किस कवि के बारे में कहा गया है?
(A) कालिदास (B) भारवि
(C) भवभूति (D) बाणभट्ट

व्याख्या –
(A) 'कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः' कालिदास के बारे में जयदेव की प्रशस्ति है।
(B) **'नारिकेलफलसम्मितं वचः' – भारवि के विषय** में मल्लिनाथ की प्रशस्ति है।
(C) 'साम्बा पुनातु भवभूतिपवित्रमूर्तिः'–भवभूति
(D) 'वश्यवाणी कविचक्रवर्ती' – बाणभट्ट के विषय में हर्षवर्धन की प्रशस्ति है।
अतः विकल्प (B) सही है।

118. 'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः'–यह उक्ति किसकी है?
(A) वनेचर की (B) द्रौपदी की
(C) युधिष्ठिर की (D) अर्जुन की

व्याख्या –
(A) 'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' – **वनेचर** कहता है कि–हितकारी और प्रियवाणी दुर्लभ होती है। (किरात. 1/4)
(B) 'भवत्यधिक्षेप इवानुशासनम्' – द्रौपदी की उक्ति है।
नोट – किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में केवल वनेचर एवं द्रौपदी की उक्तियाँ हैं।
अतः विकल्प (A) सही है।

110. (D) 111. (D) 112. (B) 113. (D) 114. (A) 115. (A) 116. (D) 117. (B) 118. (A)

119. 'मेघदूतम्' में यक्ष को किसने अभिशाप दिया?
(A) इन्द्र ने (B) वायु ने
(C) कुबेर ने (D) कामदेव ने

व्याख्या – 'मेघदूतम्' में अलकापुरी के स्वामी **कुबेर** ने यक्ष को अपनी प्रिया से एक वर्ष तक दूर रहने का शाप दिया था। अतः विकल्प (C) सही है।

120. कालिदास के अनुसार निम्नलिखित में से किससे मेघ का सम्पर्क नहीं है?
(A) धुएं से (B) ज्योति से
(C) सलिल से (D) वृक्ष से

व्याख्या – 'धूमज्योतिःसलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः' – (पूर्वमेघ/5) प्रस्तुत पंक्ति से विदित होता है कि मेघ – धुआँ, ज्योति, सलिल (जल), वायु से निर्मित है।
अतः विकल्प (D) सही है।

121. मेघदूतम् किस श्रेणी का काव्य है?
(A) चम्पूकाव्य (B) स्मार्तकाव्य
(C) गद्यकाव्य (D) दूतकाव्य

व्याख्या – * कालिदास कृत 'मेघदूतम्' **दूतकाव्य** है। इसे खण्डकाव्य या गीतिकाव्य भी कहते हैं।
* नलचम्पू, रामायणचम्पू, भारतचम्पू आदि चम्पूकाव्य हैं।
* कादम्बरी, दशकुमारचरितम्, वासवदत्ता आदि गद्यकाव्य हैं।
अतः विकल्प (D) सही है।

122. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में शाप वृत्तान्त किस अङ्क में है?
(A) प्रथम (B) तृतीय
(C) चतुर्थ (D) षष्ठ

व्याख्या –
(A) प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त कण्व के आश्रम में प्रवेश करता है।
(B) तृतीय अङ्क में दुष्यन्त और शकुन्तला का मिलन होता है।
(C) चतुर्थ अङ्क में दुर्वासा शकुन्तला को शाप देते हैं। इसी अङ्क में शकुन्तला की विदाई होती है।
(D) षष्ठ अङ्क में राजा दुष्यन्त पश्चाताप करता है।
अतः विकल्प (C) सही है।

123. 'पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलम्' – यह उक्ति किसकी है?
(A) कण्व की (B) अनसूया की
(C) प्रियंवदा की (D) शकुन्तला की

व्याख्या –
(A) 'पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलम्' – प्रस्तुत पंक्ति में **कण्व**, शकुन्तला के विदाई के समय समीपस्थ तपोवन के वृक्षों को सम्बोधित करते हुए कहते हैं कि – आप लोगों को बिना जल पिलाये जो पहले जल पीने का प्रयास नहीं करती थी। वह शकुन्तला आज पतिगृह जा रही है। (अभिज्ञान 4/9)
(B) 'एषापि प्रियेण विना गमयति रजनीं विषाददीर्घतराम्'– अनसूया की उक्ति।
(C) 'अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्यश्रूणीव लताः' – प्रियंवदा की उक्ति है।
(D) 'को नु खल्वेष निवसने मे सज्जते' – शकुन्तला की उक्ति है। अतः विकल्प (A) सही है।

124. ''किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्'' – यह वाक्य किसके बारे में कहा गया है?
(A) दुर्वासा (B) शकुन्तला
(C) कण्व (D) मेनका

व्याख्या –
(A) 'सुलभकोपो महर्षिः' – यह वाक्य प्रियंवदा दुर्वासा के लिए कहती है।
(B) **'किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्' – दुष्यन्त शकुन्तला के लिए** कहता है कि सुन्दर आकृतियों के लिए कौन सी वस्तु अलङ्कार नहीं है।
(C) नैष्ठिक ब्रह्मचारी – कण्व के लिए प्रयुक्त है।
(D) मेनका, शकुन्तला की जन्मदात्री माता है।
अतः विकल्प (B) सही है।

125. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में अभिज्ञान का सम्बन्ध किस वस्तु से है?
(A) घुंघरू (B) पायल
(C) बाली (D) अँगूठी

व्याख्या – कालिदास कृत 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में अभिज्ञान से तात्पर्य, दुष्यन्त द्वारा शकुन्तला को दी गयी **'अँगूठी'** से है। अतः विकल्प (D) सही है।

119. (C) 120. (D) 121. (D) 122. (C) 123. (A) 124. (B) 125. (D)

प्रशिक्षित-स्नातकशिक्षक-चयनपरीक्षा (TGT)–2005

1. शुकनासोपदेश की विषयवस्तु में निम्न में से कौन सम्मिलित नहीं है?
(A) युवावस्था जन्यविकार
(B) लक्ष्मीमद
(C) उत्तराधिकार के प्रति लापरवाही
(D) ऐश्वर्य सम्बन्धी दोष

व्याख्या–
* बाणभट्ट कृत कादम्बरी (कथा) का अंश शुकनासोपदेश है?
* इसमें 'गर्भेश्वरत्वमभिनवयौवनत्वमप्रतिमरूपत्वममानुष-शक्तित्वञ्चेति' अर्थात्–
(i) जन्मतः प्राप्त ऐश्वर्य
(ii) नई जवानी
(iii) अनुपम सौन्दर्य
(iv) अलौकिक शक्ति,
* इन चारों को अनर्थों की महान् परम्परा कहा गया है।
अतः **उत्तराधिकार के प्रति लापरवाही** शुकनासोपदेश की विषयवस्तु नहीं है।
इसलिए विकल्प (C) सही उत्तर है।

2. शिवराजविजयम् का मङ्गलाचरण है?
(A) अम्बिकादत्तव्यास द्वारा लिखा गया है
(B) महाभारत से उद्धृत है
(C) श्रीमद्भगवद्गीता से उद्धृत है
(D) श्रीमद् भागवतपुराण से उद्धृत है

व्याख्या–
* अम्बिकादत्तव्यास कृत शिवराजविजयम् प्रथम ऐतिहासिक उपन्यास है
* "विष्णोर्माया भगवती यया सम्मोहितं जगत् (10-1-25)" –पूर्णतः मङ्गलपरक श्लोक है।
* "हिंस्रः स्वपापेन विहिंसितः खलः साधुः समत्वेन भयाद् विमुच्यते" (10/7/31) –वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण है
* उपर्युक्त दोनों मङ्गलाचरण श्रीमद्भागवतपुराण से उद्धृत हैं।
अतः विकल्प (D) सही है।

3. किरातार्जुनीयम् ग्रन्थ में किरात कौन है?
(A) युधिष्ठिर का गुप्तचर (B) एक प्रसिद्ध भील
(C) भगवान् शिव (D) एकलव्य

व्याख्या– * युधिष्ठिर का गुप्तचर वनेचर है।
* वनेचर भील जाति का है।
* किरात **भगवान् शिव** हैं।
* निषादराज हिरण्यधनु का पुत्र एकलव्य है।
अतः विकल्प (C) सही है।

4. 'बृहत्त्रयी' का एक ग्रन्थ 'किरातार्जुनीयम्' है शेष दो ग्रन्थों के नाम हैं–
(A) शिशुपालवधम्,कादम्बरी
(B) शिशुपालवधम्, नैषधीयचरितम्
(C) नैषधीयचरितम्, वेमभूपालचरितम्
(D) नैषधीयचरितम्, तिलकमञ्जरी

व्याख्या– * बृहत्त्रयी के अन्तर्गत तीन महाकाव्यों की गणना की जाती है–
1. किरातार्जुनीयम् (भारवि)
2. **शिशुपालवधम् (माघ)**
3. **नैषधीयचरितम् (श्रीहर्ष)**
* 'वेमभूपालचरितम्' वामनभट्ट की रचना है।
* 'तिलकमञ्जरी' धनपाल की रचना है
अतः विकल्प (B) सही है।

5. किरातार्जुनीयम् में 'अदेवमातृका' कौन है?
(A) नदी जलाशय एवं नहरों से सिंचाई करने वाले
(B) बादलों की वर्षा पर निर्भर रहने वाले
(C) देवताओं की कृपा प्राप्ति के लिए यज्ञानुष्ठान करने वाले
(D) राक्षसी शक्तियों के भरोसे कार्य सिद्धि करने वाले

व्याख्या– * "वितन्वति क्षेममदेवमातृकाश्चिराय तस्मिन् कुरवश्चकासति" (किरात0 1/17) अर्थात् वर्षा के जल पर ही निर्भर न रहने वाले कुरुदेशवासी (नदी, जलाशय, एवं नहरों से सिंचाई करने वाले) अदेवमातृक हैं।
* नदी, जलाशय एवं नहरों से सिंचाई करने वालों को अदेवमातृक कहा जाता है।
* वर्षा के जल पर निर्भर रहने वाले देवमातृक की श्रेणी में आते हैं।
अतः विकल्प (A) सही है।

1. (C) 2. (D) 3. (C) 4. (B) 5. (A)

6. निम्न विकल्पों में से किसे भर्तृहरि ने मूर्ख एवं दुराग्रही व्यक्ति को प्रसन्न करने की अपेक्षा अधिक सरल नहीं कहा है?

(A) मगर की दाढ़ से बलात् मणि निकाल लेना।

(B) क्रुद्ध सर्प को पुष्प की भाँति सिर पर धारण करना।

(C) कभी मृगतृष्णा से जल प्राप्ति कर लेना।

(D) नाव से नदी पार करना।

व्याख्या–

* भर्तृहरि कहते हैं कि– यदि कोई चाहे तो–मगर के मुख की दाढों के बीच से बलपूर्वक मणि को बाहर निकाल सकता है– 'प्रसह्य मणिमुद्धरेत् मकरवक्त्रदंष्ट्रान्तरात्'
* उठती हुई तरङ्गमालाओं से उमड़ते सागर को भी तैर कर पार कर सकता है।
* क्रुद्ध सर्प को भी फूल की तरह शिर पर धारण कर सकता है।
* प्रयत्नपूर्वक मर्दित करने पर कदाचित् बालुका से भी तेल निकल सकता है।
* मरुस्थल में भी मृगतृष्णा का जल पिया जा सकता है।
* पृथ्वी पर भ्रमण करते-करते किसी समय खरगोश की सींग भी प्राप्त किया जा सकता है
* परन्तु दुराग्रही (हठी) मूर्ख व्यक्ति के मन को प्रसन्न नहीं किया जा सकता है। –नीतिशतकम्-4

अतः विकल्प (D) सही उत्तर है।

7. ''वामाः कुलस्याधयः'' में वामा का अभिप्राय है?

(A) सुन्दर युवतियाँ

(B) अच्छे स्वभाव वाली स्त्रियाँ

(C) मनोनुकूल व्यवहार करने वाली स्त्रियाँ

(D) कहे गये ढंग के विपरीत आचरण करने वाली स्त्रियाँ

व्याख्या–

* ''यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामाः कुलस्याधयः'' (अभिज्ञान 4/18) प्रस्तुत पंक्ति में कण्व भारतीय संस्कृति के अनुरूप अपनी पालिता पुत्री शकुन्तला को आदर्श गृहिणी होने का उपदेश देते हुए कहते हैं कि–इस प्रकार युवतियाँ गृहस्वामिनी (गृहलक्ष्मी) पद को प्राप्त कर लेती हैं और इसके प्रतिकूल (विपरीत) आचरण करने वाली युवतियाँ कुल के लिए आधि (मानसिक कष्ट का कारण) बन जाती हैं।
* **यहाँ 'वामाः' का अर्थ, 'कहे गये ढंग के विपरीत आचरण करने वाली स्त्रियों' के लिए है।**
* 'आधयः' का तात्पर्य-मानसिक व्याधि से है।

अतः विकल्प (D) सही है।

8. ''दिष्ट्या धूमाकुलितदृष्टेरपि यजमानस्य पावक एवाहुतिः पतिता।'' इस वाक्य में 'पावक' शब्द से किसको सङ्केतित किया गया है?

(A) शकुन्तला को (B) दुष्यन्त को

(C) कण्व को (D) यज्ञशाला को

व्याख्या–

* ''दिष्ट्या धूमाकुलितदृष्टेरपि यजमानस्य पावक एवाहुतिः पतिता'' अर्थात्–सौभाग्य से धुएं के द्वारा व्याकुल दृष्टि वाले यजमान की आहुति अग्नि में ही पड़ी।–अभिज्ञानशाकुन्तलम् अङ्क-4
* 'यजमान' शब्द कण्व के लिए प्रयुक्त है।
* **'पावक', शब्द से दुष्यन्त की ओर सङ्केत है।**
* 'आहुति', शब्द शकुन्तला के लिए प्रयुक्त है।

अतः विकल्प (B) सही है।

9. अनसूया एवं प्रियंवदा ने अपने किस ज्ञान के आधार पर शकुन्तला को आभूषण पहनाया?

(A) उन्होंने आभूषण पहनाने का प्रशिक्षण लिया था

(B) गौतमी ने उन्हें आभूषण पहनाना बताया था

(C) शकुन्तला ने स्वतः अपने ज्ञान से आभूषण पहना

(D) चित्रकारी में आभूषण प्रयोग से प्राप्त ज्ञान के आधार पर पहनाया।

व्याख्या– ''चित्रकर्मपरिचयेनाङ्गेषु त आभरणविनियोगं कुर्वः।'' अर्थात् चित्रकला से प्राप्त ज्ञान के आधार पर हम तुम्हारे अङ्गों में आभूषण पहनाती हूँ? अनसूया एवं प्रियंवदा का यह कथन है। –अभिज्ञानशाकुन्तलम्-अङ्क-4

अतः विकल्प (D) सही है।

10. भवभूति का मूल नाम था?

(A) श्रीपति (B) उम्बेक

(C) श्रीकण्ठ (D) नीलकण्ठ

व्याख्या–

* भवभूति का मूलनाम **'श्रीकण्ठ'** या **'भट्ट श्रीकण्ठ'** था।
* 'श्रीकण्ठपदलाच्छन' इनकी उपाधि है।
* 'उम्बेक' या उम्बिकाचार्य इनका दार्शनिक नाम था।
* 'नीलकण्ठ' भवभूति के पिता का नाम था।
* भवभूति की माता का नाम 'जातुकर्णी' था

अतः विकल्प (C) सही है।

6. (D) 7. (D) 8. (B) 9. (D) 10. (C)

11. 'पुम् + कोकिलः' की सन्धि होगी?
(A) पुस्कोकिलः (B) पुंस्कोकिलः
(C) पुङ्कोकिलः (D) पुंकोकिलः

व्याख्या– यहाँ 'पुमः खय्यम्परे (8/3/6)' सूत्र से पुम् + कोकिलः = **पुँस्कोकिलः, पुंस्कोकिलः** में व्यञ्जनसन्धि है।
अतः विकल्प (B) सही है।

12. समास की प्रक्रिया होती है?
(A) दो वर्णों के बीच
(B) दो पदों के बीच
(C) दो वाक्यों के बीच
(D) एक वर्ग और एक पद के बीच

व्याख्या–
* ''समर्थः पदविधिः'' (2/1/1) सूत्रानुसार जिन पदों में सामर्थ्य होगा, उन्हीं में तत्सम्बन्धी विधि होगी अर्थात् समास सुबन्त पद का सुबन्त पद के साथ होता है।
* ''समसनं समासः''–अनेक पदों का एक साथ रखा जाना समास कहलाता है।
* दो वर्णों के बीच सन्धि कार्य होता है, जबकि **दो या दो से अधिक पदों** के बीच समास होता है।

अतः विकल्प (B) सही है।

13. 'अक्ष्णा काणः' में तृतीया विभक्ति हुई है?
(A) येनाङ्गविकारः सूत्र से (B) कर्तृकरणयोस्तृतीया से
(C) अपवर्गे तृतीया से (D) इत्थंभूतलक्षणे से

व्याख्या–
(A) **'येनाङ्गविकारः'** (2/3/20) सूत्र से जिस अङ्ग के विकार से अङ्गी में विकार लक्षित हो उस अङ्ग में तृतीया का प्रयोग होता है यथा–अक्ष्णा काणः।
अतः विकल्प (A) सही है।
(B) 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' (2/3/18) सूत्र से अनुक्त कर्ता और करणकारक में तृतीया विभक्ति होती है। यथा– रामेण बाणेन हतो बाली।
(C) 'अपवर्गे तृतीया' (2/3/6) सूत्र से अपवर्ग (फलप्राप्ति) द्योतित होने पर कालवाची और भाववाची शब्दों से अत्यन्त संयोग गम्यमान होने पर तृतीया विभक्ति होती है यथा– अह्ना अनुवाकः अधीतः।
(D) इत्थंभूतलक्षणे (2/3/21) सूत्र से जिस लक्षण से कोई व्यक्ति या वस्तु ज्ञापित हो उसमें तृतीया होती है यथा–जटाभिः तापसः।

14. 'मुक्तये हरिं भजति' से मुक्तये में चतुर्थी हुई–
(A) 'चतुर्थी सम्प्रदाने' द्वारा
(B) 'स्पृहेरीप्सितः' सूत्र से
(C) 'क्लृपि संपद्यमाने च' वार्तिक से
(D) 'तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या' से

व्याख्या –
(A) 'चतुर्थी सम्प्रदाने' (2/3/13) सूत्र से अनभिहित सम्प्रदान कारक में चतुर्थी होती है यथा–विप्राय गां ददाति।
(B) 'स्पृहेरीप्सितः' (1/4/36) सूत्र से स्पृह् धातु के योग में ईप्सित पदार्थ की सम्प्रदानसंज्ञा होती है और 'चतुर्थी सम्प्रदाने' सूत्र से उसमें चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है यथा–सः पुष्पेभ्यः स्पृहयति।
(C) 'क्लृपि सम्पद्यमाने च' वार्तिक से क्लृप् अर्थ वाली धातु के योग में सम्पद्यमान अर्थ में चतुर्थी विभक्ति होती है–भक्तिर्ज्ञानाय सम्पद्यते।
(D) **'तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या'** वार्तिक से जिस प्रयोजन के लिए कोई कार्य किया जाता है उसमें चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा–सः मुक्तये हरिं भजति।
अतः विकल्प (D) सही है।

15. 'चर्मणि द्वीपिनं हन्ति' यहाँ चर्मणि में सप्तमी का प्रयोग हुआ है?
(A) ''सप्तम्यधिकरणे च'' से
(B) ''निमित्तात्कर्मयोगे'' से
(C) ''यस्य च भावेन भावलक्षणम्'' से
(D) ''यतश्च निर्धारणम्'' से

व्याख्या–
(A) 'सप्तम्यधिकरणे च' (2/3/36) सूत्र से अधिकरणकारक में सप्तमी होती है यथा–सः स्थाल्यां पचति।
(B) **'निमित्तात्कर्मयोगे'** वार्तिक से निमित्तवाची शब्दों में सप्तमी विभक्ति होती है, यदि वह निमित्त फल से युक्त हो यथा–सः चर्मणि द्वीपिनं हन्ति।
अतः विकल्प (B) सही है।
(C) 'यस्य च भावेन भावलक्षणम्' (2/3/37) सूत्र से जिस क्रिया से दूसरी क्रिया लक्षित हो उस क्रिया में सप्तमी होती है। यथा–सः गोषु दुह्यमानासु गतः।
(D) यतश्च निर्धारणम् (2/3/41) सूत्र से जिससे निर्धारण होता है, उसमें षष्ठी और सप्तमी विभक्ति होती है। यथा–नृणां नृषु वा द्विजः श्रेष्ठः।

11. (B) 12. (B) 13. (A) 14. (D) 15. (B)

16. 'चर्' प्रत्याहार में निम्नलिखित वर्ण आते हैं?
(A) च्, ट्, त्, क्, प्
(B) च्, ट्, त्, क्, प्, श्, ष्, स्
(C) श्, ष्, स्
(D) श्, ष्, स्, ह्

व्याख्या–
(A) चय् प्रत्याहार–च् ट् त् क् प्
(B) **चर् प्रत्याहार–च् ट् त् क् प् श् ष् स्**
(C) शर् प्रत्याहार–श् ष् स्
(D) शल् प्रत्याहार–श् ष् स् ह्
* कुल प्रत्याहारों की संख्या `42' है।
* बाबूराम सक्सेना `43' प्रत्याहार मानते हैं।
विकल्प (B) सही है।

नोट–'आदिरन्त्येन सहेता' (1/1/71) सूत्र से इत्संज्ञक वर्ण से युक्त आदि वर्ण मध्यस्थ एवं अपने का बोधक होता है यथा– अण् = अ, इ, उ वर्णों का बोधक है। यही प्रत्याहार की प्रक्रिया है।

17. 'हन्ति' रूप कहाँ बनता है?
(A) प्रथमपुरुष बहुवचन में
(B) मध्यमपुरुष एकवचन में
(C) प्रथमपुरुष एकवचन में
(D) उत्तमपुरुष एकवचन में

व्याख्या– * हन् (मारना) धातु लट्लकार
* प्रथमपुरुष में–''हन्ति हतः घ्नन्ति''
* मध्यमपुरुष में–''हंसि हथः हथ''
* उत्तमपुरुष में–''हन्मि हन्वः हन्मः''
अतः विकल्प (C) सही है।

18. 'ददति' रूप बनता है?
(A) प्रथमपुरुष एकवचन में
(B) प्रथमपुरुष द्विवचन में
(C) प्रथमपुरुष बहुवचन में
(D) उत्तमपुरुष बहुवचन में

व्याख्या– दा (देना) धातु परस्मैपद लट्लकार
प्रथमपुरुष में–''ददाति दत्तः **ददति**'' रूप बनता है।
मध्यमपुरुष में–''ददासि दत्थः दत्थ'' रूप बनेगा।
उत्तमपुरुष में–''ददामि दद्वः दद्मः'' रूप बनता है।
अतः विकल्प (C) सही है।

19. ''यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीनं वचः'' इस सूक्ति के माध्यम से किसे शिक्षा दी जा रही है?
(A) राजा को **(B) बादल को**
(C) चातक को **(D) याचक को**

व्याख्या– प्रस्तुत सूक्ति में भर्तृहरि चातक के माध्यम से मानवों को यह सन्देश देना चाहते हैं कि–जिस जिस को देखते हो, उस-उस के सामने अपना दीनवचन मत कहो।
''रे रे चातक! सावधानमनसा मित्र! क्षणं श्रूयताम्''
नीतिशतकम/परिशिष्ट/3
अतः विकल्प (C) सही है।
नोट– कवि यहाँ चातक के माध्यम से याचक को भी यही शिक्षा देना चाहते हैं कि सभी से याचना नहीं करनी चाहिए। अतः इसका `D' विकल्प भी सही माना जा सकता है; किन्तु 'चातक' का श्लोक में नाम लेने के कारण सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प `C' ही होगा।

20. 'आमन्त्रयस्व सहचरम्' का अभिप्राय है?
(A) सहचर से मिल लो **(B) सहचर से बात कर लो**
(C) सहचर को छोड़ दो **(D) सहचर से विदा ले लो**

व्याख्या– 'आमन्त्रयस्व सहचरम्'–अर्थात् **सहचर से विदा ले लो।** यह नेपथ्य का कथन है। (अभिज्ञान/अङ्क 3) अतः विकल्प (D) सही है।

21. ''गुरुः छात्रेण सह विद्यालयं गच्छति'' का कर्मवाच्य होगा?
(A) गुरुणा सह छात्र विद्यालयं गच्छति
(B) गुरु छात्रेण सह विद्यालयं गच्छति
(C) गुरुणा छात्रेण सह विद्यालयं गम्यते
(D) गुरुणा छात्रेण सह विद्यालयः गम्यते

व्याख्या– कर्तृवाच्य से कर्मवाच्य में परिवर्तन के लिए कर्त्ता में तृतीयाविभक्ति और कर्म में प्रथमाविभक्ति का प्रयोग होता है, तथा क्रिया कर्म के अनुसार प्रयुक्त होती है। यथा–
गुरुणा छात्रेण सह विद्यालयः गम्यते।
अतः विकल्प (D) सही है।

22. 'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा' इस श्लोकांश में 'अधिगुणे' शब्द से किसका सङ्केत किया गया है?
(A) कुबेर का **(B) यक्ष का**
(C) मेघ का **(D) रामगिरिपर्वत का**

व्याख्या– * 'याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा' अर्थात् गुणी व्यक्ति के प्रति की हुई याचना निष्फल होने पर भी श्रेष्ठ है, पर नीच से मनचाहा फल पा जाना भी अच्छा नहीं है। (पूर्वमेघ/6)
* यहाँ **'अधिगुणे' शब्द मेघ के लिए** प्रयुक्त है जिसका अर्थ है अधिक गुणवान् होना।
अतः विकल्प (C) सही है।

16. (B)	17. (C)	18. (C)	19. (C)	20. (D)	21. (D)	22. (C)

23. दुष्यन्त के साथ शकुन्तला के विवाह की सूचना महर्षिकण्व को किसने दी?
(A) गौतमी ने
(B) अनसूया एवं प्रियंवदा ने
(C) अशरीरिणी छन्दोमयी वाणी ने
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या–

(A) गौतमी को इस घटनाचक्र (शकुन्तला के विवाह) की जानकारी नहीं थी।

(B) 'द्वयोरेव नौ मुख एष वृत्तान्तस्तिष्ठतु'–अनसूया के इस कथन से ज्ञात होता है कि दोनों सखियों ने पूरे घटना चक्र के बारे में किसी को नहीं बताया।

(C) 'अग्निशरणं प्रविष्टस्य शरीरं विना छन्दोमय्या वाण्या' अर्थात् यज्ञशाला में गये हुए (कण्व) को शरीररहित छन्दोमयी वाणी के द्वारा शकुन्तला के विवाह की सूचना दी गयी। –(अभिज्ञान/4/प्रियंवदा का कथन)
अतः विकल्प (C) सही है।

24. 'पुटपाक' का अभिप्राय है?
(A) एक प्रकार का व्यञ्जन
(B) एक प्रकार का आभूषण
(C) एक प्रकार की औषधि
(D) औषधि पकाने का विशिष्ट ढंग

व्याख्या– * मुरला – ''पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः'' अर्थात् राम का करुणरस (शोक) पुटपाक के तुल्य है। –(उत्तररामचरितम् 3/1)
* 'पुटपाक' आयुर्वेद का पारिभाषिक शब्द है, यह औषधि पकाने का एक विशिष्ट ढंग है।
अतः विकल्प (D) सही है।

25. 'चन्द्रशेखर' में बहुव्रीहि समास है, इसका विग्रह है–
(A) चन्द्रः शेखरः यस्य (B) चन्द्रः शेखरे यस्य
(C) चन्द्र शिखर यस्य (D) चन्द्रः शिखरे यस्य

व्याख्या–
* 'अनेकमन्यपदार्थे' (2/2/24) सूत्र से 'चन्द्रः शेखरे यस्य सः = चन्द्रशेखरः' (चन्द्र है जिसके सिर पर अर्थात् भगवान् शिव) में बहुव्रीहि समास है।
* अतः विकल्प (B) सही है। शेष विकल्प अशुद्ध है।

26. 'सः ग्रामे निवसति' में क्रियापद को लङ्लकार में परिवर्तित करने पर वाक्य बनेगा?
(A) सः ग्रामे अनिवसत् (B) सः ग्रामे अनिवसति
(C) सः ग्रामे न्यवसत् (D) सः ग्रामे न्यवसति

व्याख्या–
लङ्लकार में 'नि + वस्' का रूप–
प्र0पु0–''**न्यवसत्** न्यवसताम् न्यवसन्'' होगा
अतः वाक्य '**सः ग्रामे न्यवसत्**' बनेगा।
अतः विकल्प (C) सही है।

27. 'पुरुषोत्तमरताऽपि खलजनप्रिया' यह उक्ति किसके लिए है?
(A) चाण्डालकन्या के लिए
(B) कादम्बरी के लिए
(C) महाश्वेता के लिए
(D) लक्ष्मी के लिए

व्याख्या–
* 'पुरुषोत्तमरताऽपि खलजनप्रिया'–शुकनासोपदेश
* शुकनास, चन्द्रापीड को उपदेश देते हुए कहते हैं कि यह **लक्ष्मी** पुरुषोत्तम (पुरुषों में श्रेष्ठ-विष्णु) में आसक्त होते हुए भी दुष्ट जनों से प्रेम करने वाली है।
* 'चाण्डालकन्या' कादम्बरी कथा की एक पात्र है, जो शूद्रक के दरबार में वैशम्पायन नामक शुक को लेकर आती है।
* 'महाश्वेता कादम्बरी ग्रन्थ में पार्श्वनायिका है। इसके माता पिता का नाम हंस और गौरी है।
अतः विकल्प (D) सही है।

28. 'कादम्बरी किस विधा की रचना है?
(A) महाकाव्य (B) आख्यायिका
(C) गद्यकाव्य-कथा (D) ऐतिहासिक महाकाव्य

	ग्रन्थ	**विधा**
(A)	हरविजयम्	महाकाव्य
(B)	हर्षचरितम्	आख्यायिका
(C)	**कादम्बरी**	**कथा (गद्यकाव्य)**
(D)	बुद्धचरितम्	ऐतिहासिक महाकाव्य

अतः विकल्प (C) सही है।

23. (C) 24. (D) 25. (B) 26. (C) 27. (D) 28. (C)

29. 'शिवराजविजयम्' प्रथमनिःश्वास में पहले ही पुष्पचयन करने वाला कौन है?
(A) श्यामवटु (B) गौरवटु
(C) गुरूजी (D) बालिका

व्याख्या–
* 'मयैव पूर्वमवचितानि कुसुमानि'–गौरवटु से श्यामवटु कहता है कि मेरे द्वारा पहले ही पुष्प चुन लिए गये हैं।
* प्रथम निःश्वास में सर्वप्रथम पुष्पचयन करने वाला **श्यामवटु** है।
* बालिका (सौवर्णी) श्यामवटु और गौरवटु की बहन है।
अतः विकल्प (A) सही है।

30. योगिराज ने पहली बार कब समाधि लगायी थी?
(A) युधिष्ठिर के समय में
(B) विक्रमादित्य के समय में
(C) दुराचारपूर्ण (यवनकाल) समय में
(D) इनमें से कोई नहीं?

व्याख्या– ''यौधिष्ठिरे समये कलितसमाधिरहं वैक्रमसमये उदस्थाम्। पुनश्च वैक्रमसमये समाधिमाकलय्य अस्मिन् दुराचारमये समयेऽहमुत्थितोऽस्मि।''–योगिराज के इस कथन से ज्ञात होता है कि–
(A) योगिराज प्रथमबार **युधिष्ठिर के समय में** समाधि लगाये थे और विक्रमादित्य के समय उठते हैं।
(B) द्वितीयबार विक्रमादित्य के समय समाधि लगाते हैं और दुराचारसमय (यवनकाल) में उठते हैं।
(C) फिर कहते हैं कि मैं पुनः जाकर समाधि ही लगाऊँगा अर्थात् तृतीयबार यवनकाल में समाधिस्थ होगें।–(शिवराजविजयम्)। अतः विकल्प (A) सही है।

31. वनेचर की बात सुनने के बाद युधिष्ठिर कहाँ पहुँचे?
(A) अपने विश्रामगृह में (B) द्रौपदी के समीप
(C) व्यास के समीप (D) हिमालय पर्वतपर

व्याख्या– * 'प्रविश्य कृष्णासदनं महीभुजा, तदाचचक्षेऽनुजसन्निधौ वचः' अर्थात् राजा युधिष्ठिर वनेचर से सारा समाचार जानकर **द्रौपदी के आवास में** प्रविष्ट होकर छोटे भाइयों के समीप सम्पूर्ण वृत्तान्त द्रौपदी से कहते हैं।–(किरात० 1/26)
* यहाँ 'कृष्णा' शब्द द्रौपदी के लिए प्रयुक्त है।
अतः विकल्प (B) सही है।

32. किस प्रकार के वचन दुर्लभ होते हैं?
(A) प्रिय किन्तु असत्य (B) हितकारी और मनोहर
(C) हानिकर एवं कठोर (D) सत्य और अप्रिय

व्याख्या– ''हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः'' (किरात० 1/4) वनेचर युधिष्ठिर से कहता है कि हितकारी और मनोहर (प्रिय) वचन दुर्लभ होते हैं। अतः विकल्प (B) सही है।

33. मेघदूत किस विधा की रचना है?
(A) गद्यकाव्य (B) महाकाव्य
(C) गीतिकाव्य (D) सट्टक

	ग्रन्थ	**विधा**
(A)	तिलकमञ्जरी	गद्यकाव्य
(B)	भट्टिकाव्य	महाकाव्य
(C)	**मेघदूतम्**	**गीतिकाव्य/खण्डकाव्य**
(D)	कर्पूरमञ्जरी	सट्टक

अतः विकल्प (C) सही है।

34. स्त्रियों का पहला प्रणयवचन क्या होता है?
(A) प्रेम की बातें करना
(B) नैन से नैन मिलाना
(C) स्त्रियों का हाव-भाव या विभ्रमप्रदर्शन करना
(D) सामने आ-आ कर हट जाना

व्याख्या– ''स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु'' पूर्वमेघ/29 अर्थात् स्त्रियों का प्रियतम के प्रति किया गया हाव-भाव अर्थात् **विभ्रम प्रदर्शन करना** ही पहला प्रार्थनावाक्य होता है।
अतः विकल्प (C) सही है।

35. 'शान्तानुकूलपवनश्च शिवश्च पन्थाः' यह उक्ति किसकी है।
(A) कण्व की (B) प्रियंवदा की
(C) आकाशभाषित (D) कण्वशिष्य

व्याख्या–
(A) 'शान्ते करिष्यसि पदं पुनराश्रमेऽस्मिन्'–कण्व की उक्ति है।
(B) ''अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्यश्रूणीव लताः''–प्रियंवदा की उक्ति है।
(C) ''शान्तानुकूलपवनश्च शिवश्च पन्थाः''–शकुन्तला की विदाई के समय **आकाशवाणी** होती है कि–तुम्हारा मार्ग शान्त और अनुकूल वायु वाला एवं कल्याणकारी हो।–(अभिज्ञान 4/11)
(D) ''क्षौमं केनचिदिन्दुपाण्डुतरुणा माङ्गल्यमाविष्कृतम्''–कण्व शिष्य का कथन है।
अतः विकल्प (C) सही है।

29. (A) 30. (A) 31. (B) 32. (B) 33. (C) 34. (C) 35. (C)

36. विदाई के समय कण्व ने किस श्लोक से शकुन्तला को उपदेश दिया?
(A) 'शुश्रूषस्व गुरून्'
(B) 'अस्मान् साधु विचिन्त्य'
(C) 'पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलम्'
(D) 'एषापि प्रियेण विना गमयति।'

व्याख्या–

(A) **'शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने'** (अभिज्ञान 4/18) इस श्लोक में कण्व शकुन्तला को उपदेश देते हुए कहते हैं कि–गुरुजनों की सेवा करना, सौतों के साथ प्रियसखी जैसा व्यवहार करना आदि। अतः विकल्प (A) सही है।

(B) 'अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनानुच्चैः कुलं चात्मनः' (अभिज्ञान 4/17) इस श्लोक में कण्व, शार्ङ्गरव के माध्यम से दुष्यन्त को संदेश भेजते हैं।

(C) 'पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलम्' (अभिज्ञान 4/9) प्रस्तुत श्लोक में कण्व तपोवन के वृक्षों को सम्बोधित करते हुए शकुन्तला को ससुराल जाने की अनुमति देने को कहते हैं।

(D) 'एषापि प्रियेण विना गमयति'–अनसूया की उक्ति है।

37. रामचन्द्रजी दुबारा दण्डकारण्य किसलिए गये थे?
(A) राक्षसों के वध के लिए
(B) सीता से मिलने के लिए
(C) दण्डकारण्य देखने के लिए
(D) तपस्या करते हुए शम्बूक को दण्ड देने के लिए

व्याख्या–

* भवभूति कृत उत्तररामचरित नाटक में राम दुबारा दण्डकारण्य में तपस्या करते हुए **शूद्र शम्बूक को दण्ड देने के लिए** गये थे।
* दण्डकारण्य के पञ्चवटी प्रदेश में राम पहली बार 'वनवास' काल में गये थे।

अतः विकल्प (D) सही है।

38. मूर्च्छित राम को चेतना कैसे मिली?
(A) शीतल वायु के स्पर्श से
(B) शीतल जल के स्पर्श से
(C) सीता के कर (हस्त) स्पर्श से
(D) वाल्मीकि के कर स्पर्श से

व्याख्या– 'पाणिस्पर्शो हि रामभद्रस्य जीवनोपायः'–अर्थात् तमसा, सीता से कहती है कि–तुम्हारे **हाथ का स्पर्श** राम को जीवित करने का उपाय है। उत्तररामचरित/तृतीय अङ्क अतः विकल्प (C) सही है।

39. कौन-सा रस विवर्त्त प्राप्त कर लेता है?

(A) शृङ्गार	**(B) शान्त**
(C) करुण	**(D) हास्य**

व्याख्या–

''एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्
भिन्नः पृथक्पृथगिव श्रयते विवर्तान्।'' (उत्तररामचरित 3/47) तमसा कहती है कि–एक **करुण रस** ही कारण भेद से भिन्न होकर पृथक्-पृथक् (शृङ्गार आदि) परिणामों को प्राप्त होता है। अतः विकल्प (C) सही है।

40. 'रामश्चिनोति' में निम्न सूत्र से सन्धिकार्य होता है?

(A) ष्टुना ष्टुः	**(B) स्तोः श्चुना श्चुः**
(C) खरि च	**(B) झलां जशोऽन्ते**

व्याख्या–

(A) 'ष्टुना ष्टुः' (8/4/41) सूत्र से 'तत् + टीका = तट्टीका' में व्यञ्जनसन्धि है।

(B) **'स्तोः श्चुना श्चुः'** (8/4/40) सूत्र से रामस् + चिनोति=रामश्चिनोति में व्यञ्जन (श्चुत्व) सन्धि है। अतः विकल्प (B) सही है।

(C) 'खरि च' (8/4/55) सूत्र से उत् + स्थानम् = उत्थानम् में व्यञ्जन सन्धि है।

(D) 'झलां जशोऽन्ते' (8/2/39) सूत्र से वाक् + ईशः = वागीशः में व्यञ्जनसन्धि है।

41. 'प्रार्च्छति' का सन्धि विच्छेद है?

(A) प्रा + ऋच्छति	**(B) प्रर + ऋच्छति**
(C) प्र + ऋच्छति	**(D) प्रार्च्छ + ति**

व्याख्या–

* 'उपसर्गादृति धातौ' (6/1/91) सूत्रानुसार अवर्णान्त उपसर्ग के पश्चात् ऋकारादि धातु हो तो (अ और ऋ) दोनों के स्थान में वृद्धि एकादेश हो जाता है यथा–

प्र + ऋच्छति (अ + ऋ) = प्रार्च्छति
अतः विकल्प (C) सही है।

36. (A) 37. (D) 38. (C) 39. (C) 40. (B) 41. (C)

42. 'व्यूढोरस्कः' में समास है?
(A) अव्ययीभाव (B) कर्मधारय
(C) बहुव्रीहि (D) द्वन्द्व

	पद	**समास**
(A)	अधिगोपम्	अव्ययीभाव
(B)	नीलकमलम्	कर्मधारय
(C)	**व्यूढोरस्कः**	**बहुव्रीहि**
(D)	नक्तन्दिवम्	द्वन्द्व

अतः विकल्प (C) सही है।

43. 'वैकुण्ठम् अध्यास्ते हरिः' यहाँ किस अर्थ में कर्म संज्ञा होती है?
(A) अपादान अर्थ में (B) सम्प्रदान अर्थ में
(C) सम्बन्ध अर्थ में (D) आधार अर्थ में

व्याख्या–
(A) 'जनिकर्तुः प्रकृतिः' (1/4/30) सूत्र से जन् धातु के कर्त्ता के कारण की अपादानसंज्ञा होती है। यथा–ब्राह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते।
(B) 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' (1/4/33) सूत्र से रुच्यर्थ धातुओं के प्रयोग में प्रीयमाण (प्रसन्न होने वाले) व्यक्ति की सम्प्रदान संज्ञा होती है। यथा–हरये भक्तिः रोचते।
(C) 'अधीगर्थदयेशां कर्मणि' (2/3/52) सूत्र से सम्बन्ध मात्र की विवक्षा में षष्ठी विभक्ति होती है।
यथा–मातुः स्मरति।
(D) 'अधिशीङ्स्थासां कर्म' (1/4/46) सूत्र से शीङ्, स्था, आस् धातुओं के पहले 'अधि' उपसर्ग लगा हो तो क्रिया के **आधार की कर्मसंज्ञा** होती है। यथा–वैकुण्ठम् अध्यास्ते हरिः। अतः विकल्प (D) सही है।

44. युष्मद्' शब्द का सप्तमी बहुवचन का रूप होता है?
(A) त्वयि (B) युष्मासु
(C) युष्माकम् (D) युस्मत्

व्याख्या–
* युष्मद् सर्वनाम का पञ्चमी विभक्ति में रूप–'त्वत् युवाभ्याम् युष्मत्' बनता है।
* षष्ठी विभक्ति में–'तव युवयोः युष्माकम्' रूप बनता है।
* सप्तमी विभक्ति में–'त्वयि युवयोः **युष्मासु**' रूप बनता है। अतः विकल्प (B) सही है।

45. '96' का संस्कृत रूप होगा?
(A) षट्सप्ततिः (B) षडशीतिः
(C) षण्णवतिः (D) षट्षष्टिः

	संख्या	**संस्कृत रूप**
(A)	76	षट्सप्ततिः
(B)	86	षडशीतिः
(C)	**96**	**षण्णवतिः**
(D)	66	षट्षष्टिः

अतः विकल्प (C) सही है।

46. हन् धातु लोट्लकार मध्यमपुरुष एकवचन का रूप होता है?
(A) जहि (B) हन्तु
(C) हंसि (D) वध

व्याख्या–
(A) हन् धातु लोट्लकार मध्यमपुरुष में–''**जहि** हतम् हत'' रूप बनता है।
(B) प्रथमपुरुष में–'हन्तु हताम् घ्नन्तु' रूप बनता है।
(C) लट्लकार मध्यमपुरुष में–'हंसि हथः हथ' रूप बनता है।
(D) 'वध' रूप ''हन्'' धातु के दसों लकारों में कहीं नहीं बनता है।
अतः विकल्प (A) सही है।

47. 'पा' धातु लृट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन का रूप होगा?
(A) पास्यसि (B) पिबिष्यति
(C) पास्यति (D) पास्यामि

व्याख्या–
(A) 'पा' धातु (पीना) लृट्लकार मध्यमपुरुष में–'पास्यसि पास्यथः' पास्यथ रूप बनता है।
(B) पिबिष्यति रूप 'पा' धातु के दसों लकारों में कहीं नहीं बनता है।
(C) लृट्लकार प्रथमपुरुष में–'**पास्यति** पास्यतः पास्यन्ति' रूप बनता है।
(D) उत्तमपुरुष में–'पास्यामि पास्यावः, पास्यामः'
अतः विकल्प (C) सही है।

42. (C) 43. (D) 44. (B) 45. (C) 46. (A) 47. (C)

48. 'रामः अश्वं ग्रामं नयति' इसका कर्मवाच्य होगा?
(A) रामः अश्वं नीयते
(B) रामेण अश्वः ग्रामं नयते
(C) रामेण ग्रामः अश्वं नयते
(D) रामेण अश्वः ग्रामं नीयते

व्याख्या–
* 'रामः अश्वं ग्रामं नयति' इस कर्तृवाच्य का कर्मवाच्य **'रामेण अश्वः ग्रामं नीयते'** होगा
* कर्मवाच्य के कर्त्ता में तृतीया विभक्ति, कर्म में प्रथमा विभक्ति, क्रिया कर्म के अनुसार सदा आत्मनेपद में प्रयुक्त होती है।
* किन्तु द्विकर्मक वाक्यों के लिए नियम है कि ''गौणे कर्मणि दुह्यादेः''– अर्थात् दुह्, याच् आदि द्वादश धातुओं के वाच्यपरिवर्तन के समय गौणकर्म में परिवर्तन हो, किन्तु नी, हृ, कृष्, वह् इन चार धातुओं के मुख्यकर्म में परिवर्तन हो। यहाँ 'अश्वम्' और 'ग्रामम्' दो कर्म हैं, और 'नी' धातु का प्रयोग है। अतः मुख्यकर्म 'अश्व' में प्रथमाविभक्ति हुई। अतः विकल्प (D) सही है।

49. 'अत्रभवतां भवताम् आगमनेन धन्या वयम्' इस वाक्य का हिन्दी अनुवाद होगा?
(A) यहाँ आपके आगमन से वे धन्य हुए
(B) यहाँ आपके आगमन से मैं धन्य हुआ
(C) यहाँ आप लोगों के आगमन से हम धनवान् हुए
(D) पूजनीय आप लोगों के आगमन से हम लोग धन्य हुए

व्याख्या– 'भवत्' प्रातिपदिक के पूर्व 'अत्र' अव्यय का प्रयोग करने से उसका अर्थ पूजनीय होगा।
अतः विकल्प (D) सही है।

50. 'यात्येकतोऽस्तशिखरं पतिरोषधीनाम्' यहाँ 'पतिरोषधीनाम्' शब्द प्रयुक्त हुआ है?
(A) चन्द्रमा के लिए
(B) सूर्य के लिए
(C) कण्व के लिए
(D) विश्वामित्र के लिए

व्याख्या–
* यात्येकतोऽस्तशिखरं पतिरोषधीना–
माविष्कृतोऽरुणपुरःसर एकतोऽर्कः''– (अभिज्ञान 4/2)

अर्थात् एक ओर वनस्पतियों का स्वामी चन्द्रमा अस्ताचल के शिखर को जा रहा है और एक ओर अरुण को आगे किए हुए सूर्य प्रकट (उदय) हो रहा है।
* यहाँ **'पतिरोषधीनाम्' चन्द्रमा के लिए** आया है।
* 'अर्कः' शब्द सूर्य के लिए प्रयुक्त है।

अतः विकल्प (A) सही है।

51. अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक में वर्णित शार्ङ्गरव है?
(A) कण्व का शिष्य
(B) मारीच का शिष्य
(C) दुष्यन्त का पुरोहित
(D) राजा ययाति का पुत्र

व्याख्या–
(A) शार्ङ्गरव तथा शारद्वत-**कण्व के शिष्य** हैं।
(B) गालव, मारीच का शिष्य है।
(C) सोमरात, दुष्यन्त का पुरोहित है।
(D) पुरु, राजा ययाति का पुत्र है।
अतः विकल्प (A) सही है।

52. 'अयं जनः कस्य हस्ते समर्पितः' यह कथन है।
(A) शकुन्तला का
(B) अनसूया और प्रियंवदा का
(C) कण्व का
(D) कण्व शिष्य का

व्याख्या–
(A) 'एषा द्वयोर्युवयोर्हस्ते निक्षेपः' शकुन्तला, दोनों सखियों से कहती है कि ये लता (वनज्योत्सना) तुम दोनों के हाथ में (मेरी) धरोहर है।
(B) 'अयं जनः कस्य हस्ते समर्पितः'–**अनसूया एवं प्रियंवदा** शकुन्तला से कहती है कि हम दोनों को किसे सौंप रही हो? अतः विकल्प (B) सही है।
(C) 'अवैमि ते तस्यां सोदर्यास्नेहम्'–कण्व, शकुन्तला से कहते हैं कि इस (वनज्योत्स्ना) पर तुम्हारा सगी बहन सा प्रेम है।
(D) निष्ठ्यूतश्चरणोपरागसुभगो लाक्षारसः केनचित्'–कण्व शिष्य का कथन है। (अभि० 4/5)

48. (D) 49. (D) 50. (A) 51. (A) 52. (B)

53. 'रक्षितव्या खलु प्रकृतिपेलवा प्रियसखी'–यह कथन है?
(A) अनसूया का शकुन्तला के प्रति
(B) प्रियंवदा का शकुन्तला के प्रति
(C) अनसूया का प्रियंवदा के प्रति
(D) कण्व का शकुन्तला के प्रति

व्याख्या–
(A) 'रक्षितव्या खलु प्रकृतिपेलवा प्रियसखी'–**अनसूया**, प्रियंवदा से शकुन्तला के लिए कहती है कि– हमें स्वभाव से कोमल प्रियसखी की रक्षा करनी चाहिए।
(B) 'को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति'–प्रियंवदा, शकुन्तला के लिए कहती है कि भला कौन नवमालिका (चमेली) को गर्म जल से सींचता है।
(C) 'गच्छ, पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनं'–अनसूया, प्रियंवदा से कहती है।
(D) 'ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव'–कण्व, शकुन्तला के लिए कहते हैं।
अतः विकल्प (A) सही है।

54. 'प्रसवः खलु प्रकर्षपर्यन्तः स्नेहस्य' यहाँ प्रसवः शब्द का अर्थ है?
(A) सन्तान **(B) गर्भावस्था**
(C) प्रसववेदना **(D) सन्तानोत्पत्ति**

व्याख्या–
'प्रसवः खलु प्रकर्षपर्यन्तः स्नेहस्य'–तमसा कहती है कि वस्तुतः **सन्तान** प्रेम की चरम सीमा होती है।
अतः विकल्प (A) सही है।

55. 'पूरोत्पीडे तटाकस्य परीवाहः प्रतिक्रिया' यह कथन है?
(A) तमसा का **(B) मुरला का**
(C) सीता का **(D) राम का**

व्याख्या–
(A) 'पुरोत्पीडे तटाकस्य परीवाहः प्रतिक्रिया'–**तमसा** कहती है कि तालाब में जलप्रवाह की अधिकता होने पर जल को बाहर निकालना ही उसका एकमात्र प्रतिकार है। (उत्तररामचरित 3/29)
(B) 'पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः'–मुरला का कथन है।
(C) 'एष परित्याग एषोऽभिषङ्ग इति'–सीता का कथन
(D) 'मया लब्धः पाणिर्ललितलवलीकन्दलनिभः'–राम का कथन
अतः विकल्प (A) सही है।

56. 'त्वं जीवितं त्वमसि मे हृदयं द्वितीयं' त्वं कौमुदी नयनयोरमृतं त्वमङ्गे' यह कथन है?
(A) सीता का **(B) वासन्ती का**
(C) मुरला का **(D) तमसा का**

व्याख्या–
(A) 'ईदृशो मे पुत्रकः संवृत्तः'–सीता का कथन
(B) 'त्वं जीवितं त्वमसि मे हृदयं द्वितीयं, त्वं कौमुदी नयनयोरमृतं त्वमङ्गे'–प्रस्तुत पद्य में **वासन्ती** राम को उलाहना देते हुए कहती है कि–'तुम मेरा जीवन हो, तुम मेरा दूसरा हृदय हो, तुम मेरे नेत्रों के लिए चाँदनी हो, तुम मेरे अङ्गों के लिए अमृत हो। इत्यादि सैकड़ों शब्दों से आपने सीता को बहलाया था।
(उत्तररामचरित 3/26)
(C) 'ईदृशानां विपाकोऽपि जायते परमाद्भुतः'–मुरला का कथन
(D) 'द्रवीभूतं प्रेम्णा तव हृदयमस्मिन्क्षण इव'–तमसा का कथन
अतः विकल्प (B) सही है।

57. 'उत्तररामचरितम्' नाटक में वर्णित 'वासन्ती' है?
(A) राक्षसी **(B) नदी**
(C) लव-कुश की परिचारिका **(D) सीता की सखी**

व्याख्या–
* भवभूति कृत उत्तररामचरितम् नाटक में **वासन्ती (वनदेवता) सीता की सखी** है। अतः विकल्प (D) सही है।
* तमसा और मुरला-दो नदी पात्र हैं।

58. 'उत्तररामचरितम्' के छायाङ्क में प्रधानरस है?
(A) वीररस **(B) करुणरस**
(C) शृङ्गाररस **(D) विप्रलम्भशृङ्गार**

	ग्रन्थ	**प्रधानरस**
(A)	वेणीसंहारम्	वीररस
(B)	**उत्तररामचरितम् (छायाङ्क)**	**करुणरस**
(C)	मालविकाग्निमित्रम्	शृङ्गाररस
(D)	मेघदूतम्	विप्रलम्भशृङ्गार

अतः विकल्प (B) सही है।

53. (A) 54. (A) 55. (A) 56. (B) 57. (D) 58. (B)

59. 'रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय' यह श्लोकांश उद्धृत है?
(A) नीतिशतकम् से (B) किरातार्जुनीयम् से
(C) उत्तररामचरितम् से (D) मेघदूतम् से

व्याख्या–
(A) 'भवति हृदयदाही शल्यतुल्यो विपाकः'–नीतिशतकम् से
(B) 'मखेष्वखिन्नोऽनुमतः पुरोधसा'–किरातार्जुनीयम् से
(C) 'उत्पीड इव धूमस्य मोहः प्रागावृणोति माम्'–उत्तररामचरितम् से
(D) **'रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय'** (पूर्वमेघ/20) अर्थात् रिक्त सब हल्के होते हैं और भरा-पूरा होना गौरव (वृद्धि) के लिए होता है। अतः विकल्प (D) सही है।

60. मेघदूत में किस नगरी का उल्लेख मिलता है?
(A) अयोध्या (B) अलका
(C) काञ्ची (D) मथुरा

व्याख्या– कालिदास कृत मेघदूतम् (खण्डकाव्य) में **'अलका'** नगरी का उल्लेख है। जहाँ यक्ष निवास करते हैं। **''गन्तव्या ते वसतिरलका नाम यक्षेश्वराणाम्''– (पूर्वमेघ-7)** अतः विकल्प (B) सही है।

61. 'शापान्तो मे भुजगशयनादुत्थिते शार्ङ्गपाणौ'–यहाँ 'शार्ङ्गपाणौ' का अर्थ है?
(A) भगवान् सूर्य (B) भगवान् शङ्कर
(C) भगवान् विष्णु (D) भगवान् राम

व्याख्या– शापान्तो मे भुजगशयनादुत्थिते शार्ङ्गपाणौ' (उत्तरमेघ/50) यक्ष, मेघ से शापान्त में यक्षिणी को सुख की आशा बाँधने का वर्णन करते हुए कहता है कि–**विष्णु भगवान्** के शय्या पर से उठने पर (अर्थात् अगली देवोत्थान एकादशी को) मेरा शाप बीत जायेगा। अतः यहाँ 'शार्ङ्गपाणिः' पद का अर्थ 'भगवान् विष्णु' है।
अतः विकल्प (C) सही है।

62. 'कथं त्वमेतौ धृतिसंयमौ यमौ विलोकयन्नुत्सहसे न बाधितुम्' इस श्लोक में 'धृतिसंयमौ' किस युग्म के लिए प्रयुक्त है?
(A) राम-लक्ष्मण (B) नकुल-सहदेव
(C) भीम-अर्जुन (D) बलराम-कृष्ण

व्याख्या– यह श्लोकांश द्रौपदी का कथन है जिसमें युधिष्ठिर को लक्ष्य करके वह कहती है कि–इन दोनों **(नकुल सहदेव)** को देखते हुए आप धैर्य और संयम छोड़ने के लिए क्यों नहीं साहस करते। (किरात0 1/36) अतः विकल्प (B) सही है।

63. 'राजनीति' की तुलना की गयी है?
(A) नारी से (B) वेश्या से
(C) छाया से (D) रानी से

व्याख्या– 'वाराङ्गनेव नृपनीतिरनेकरूपा'–इस पंक्ति में भर्तृहरि कहते हैं कि–'राजाओं की नीति (राजनीति) **वाराङ्गना (वेश्या)** की तरह अनेक रूपों वाली है। नीतिशतकम्/अर्थपद्धति/39 अतः विकल्प (B) सही है।

64. 'न हि गणयति क्षुद्रो जन्तुः परिग्रहफल्गुताम्' इस श्लोक में 'गणयति' का तात्पर्य है?
(A) गणना करने से (B) संख्या गिनने से
(C) विचारने से (D) शत्रुता करने से

व्याख्या–
न हि गणयति क्षुद्रो जन्तुः परिग्रहफल्गुताम्' अर्थात् क्षुद्र (नीच) व्यक्ति अपनायी गयी वस्तु की तुच्छता पर **विचार नहीं करते हैं।** नीतिशतकम्/अज्ञपद्धति/9
अतः विकल्प (C) सही है।

65. 'शूरे निर्घृणता मुनौ विमतिता दैन्यं प्रियालापिनि'– इस श्लोकांश में 'निर्घृणता' का क्या अर्थ है?
(A) घृणा (B) निर्दयता
(C) सज्जनता (D) दुर्जनता

व्याख्या– प्रस्तुत पंक्ति का अर्थ है–वीर में **निर्दयता**, मुनि में बुद्धिहीनता, मधुरभाषी में दीनता। (नीतिशतकम्/दुर्जनपद्धति/44) अतः निर्घृणता का अर्थ निर्दयता है।
अतः विकल्प (B) सही है।

66. नीतिशतककार के मतानुसार सम्पत्तिकाल में महापुरुषों की मनोवृत्ति होती है?
(A) विशाल पर्वत की शिलाओं की समूह की भाँति कठोर
(B) कमल के समान कोमल
(C) पीपल पात की तरह चञ्चल
(D) पवन के समान गतिशील

व्याख्या–''सम्पत्सु महतां चित्तं भवत्युत्पलकोमलम्। आपत्सु च महाशैलशिलासंघातकर्कशम्।।'' (नीतिशतकम्/सुजनपद्धति/56) अर्थात् महापुरुषों का चित्त (मनोवृत्ति) सम्पत्तिकाल में **कमल के समान कोमल** रहता है और विपत्ति में विशाल पर्वत की शिलाओं के समूह के समान कठोर होता है। अतः विकल्प (B) सही है।

59. (D)	60. (B)	61. (C)	62. (B)	63. (B)	64. (C)	65. (B)	66. (B)

67. 'जीमूतेन स्वकुशलमयीं हारयिष्यन् प्रवृत्तिम्' प्रस्तुत पंक्ति में 'जीमूतेन' का अभिप्राय है?
(A) पवन से (B) बादल से
(C) शकुन्तला से (D) यशोमति से

व्याख्या– जीमूतेन स्वकुशलमयीं हारयिष्यन् प्रवृत्तिम्' अर्थात् (यक्ष) मेघ के द्वारा अपना कुशल समाचार पहुँचाने की इच्छा करता है। अतः यहाँ **'जीमूत' का अर्थ है–मेघ (बादल)** (पूर्वमेघ/4) अतः विकल्प (B) सही है।

68. चन्द्रापीड की प्रेमिका थी?
(A) महाश्वेता (B) कादम्बरी
(C) शकुन्तला (D) चाण्डालकन्या

	पति/प्रेमी	**पत्नी/प्रेमिका**
(A)	वैशम्पायन	महाश्वेता
(B)	**चन्द्रापीड**	**कादम्बरी**
(C)	दुष्यन्त	शकुन्तला
(D)	श्वेतकेतु	लक्ष्मी

अतः विकल्प (B) सही है।

69. शुकनास किस राजा का प्रधान अमात्य था?
(A) राम का (B) दुष्यन्त का
(C) दशरथ का (D) तारापीड का

व्याख्या– * **तारापीड** का प्रधान अमात्य शुकनास था
* दुष्यन्त का प्रधान अमात्य पिशुन था।
* दशरथ और राम के प्रधान अमात्य सुमन्त्र थे।
अतः विकल्प (D) सही है।

70. सप्तमी विभक्ति में 'गुरु' का सही रूप होगा?
(A) गुरवे (B) गुरौ
(C) गुरुणा (D) गुरो

व्याख्या–
(A) 'गुरु' उकारान्त पुंलिङ्ग का रूप चतुर्थी विभक्ति में– ''गुरवे गुरुभ्याम् गुरुभ्यः'' बनता है।
(B) सप्तमी विभक्ति में–**''गुरौ** गुर्वोः गुरुषु'' रूप बनता है।
(C) तृतीया विभक्ति में–''गुरुणा गुरुभ्याम् गुरुभिः'' रूप बनता है।
(D) 'गुरो' रूप सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनता है। अतः विकल्प (B) सही है।

71. 'प्रध्यम्' किस विभक्ति का रूप है?
(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) पञ्चमी (D) सप्तमी

व्याख्या– 'प्रधी' ईकारान्त पुंलिङ्ग शब्द का रूप–
(A) द्वितीया विभक्ति में–**'प्रध्यम्** प्रध्यौ प्रध्यः' बनता है।
(B) तृतीया विभक्ति में–'प्रध्या प्रधीभ्याम् प्रधीभिः' बनता है।
(C) पञ्चमी विभक्ति में–'प्रध्यः प्रधीभ्याम् प्रधीभ्यः' बनता है।
(D) सप्तमी विभक्ति में–'प्रध्यि प्रध्योः प्रधीषु' होता है।
अतः विकल्प (A) सही है।

72. 'पति' शब्द का सप्तमी एकवचन का रूप होगा?
(A) पतीन् (B) पत्ये
(C) पत्युः (D) पत्यौ

व्याख्या– 'पति' इकारान्त पुंलिङ्ग शब्द के रूप–
(A) द्वितीया विभक्ति में–'पतिम् पती पतीन्' बनता है
(B) चतुर्थी विभक्ति में–'पत्ये पतिभ्याम् पतिभ्यः' होता है
(C) षष्ठी विभक्ति में–'पत्युः पत्योः पतीनाम्' बनता है
(D) सप्तमी विभक्ति में–**'पत्यौ** पत्योः पतिषु' बनता है।
अतः विकल्प (D) सही है।

73. 'बालक' शब्द का षष्ठी बहुवचन का रूप होगा?
(A) बालकान् (B) बालकानाम्
(C) बालकेन (D) बालकेभ्यः

व्याख्या– 'बालक' अकारान्त पुंलिङ्ग शब्द का रूप–
(A) द्वितीया विभक्ति में–''बालकम् बालकौ बालकान्''
(B) षष्ठी विभक्ति में–''बालकस्य बालकयोः **बालकानाम्**''
(C) तृतीया विभक्ति में–''बालकेन बालकाभ्याम् बालकैः''
(D) पञ्चमी विभक्ति में–''बालकात् बालकाभ्याम् बालकेभ्यः।''
अतः विकल्प (B) सही है।

74. 'अक्षिषु' किस विभक्ति का रूप है?
(A) सप्तमी (B) द्वितीया
(C) तृतीया (D) चतुर्थी

व्याख्या– 'अक्षि' इकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द के रूप–
(A) सप्तमी विभक्ति में–अक्षिण अक्ष्णोः **अक्षिषु**
(B) द्वितीया विभक्ति में–अक्षि अक्षिणी अक्षीणि
(C) तृतीया विभक्ति में–अक्ष्णा अक्षिभ्याम् अक्षिभिः
(D) चतुर्थी विभक्ति में–अक्ष्णे अक्षिभ्याम् अक्षिभ्यः
अतः विकल्प (A) सही है।

67. (B) 68. (B) 69. (D) 70. (B) 71. (A) 72. (D) 73. (B) 74. (A)

75. 'ष्टुना ष्टुः' के अनुसार सन्धि रूप है?
(A) तट्टीका (B) सच्चित्
(C) विश्नः (D) वृक्षाल्लगुडम्

व्याख्या–
(A) **'ष्टुना ष्टुः'** (8/4/41) सूत्र से **तत् + टीका = तट्टीका** में त् का ट् से योग होने पर त् के स्थान पर ट् आदेश हुआ है।
(B) 'स्तोः श्चुना श्चुः' (8/4/40) सूत्र से सत् + चित् = सच्चित्।
(C) 'शात्' (8/4/44) सूत्र से विश् + नः = विश्नः।
(D) 'तोर्लि' (8/4/60) सूत्र से वृक्षात् + लगुडम् = वृक्षाल्लगुडम्।
अतः विकल्प (A) सही है।

76. 'तुम कानपुर जाओ' का सही संस्कृत अनुवाद है?
(A) गच्छ त्वं कर्णपुरम् (B) कर्णपुरं त्वं गच्छेत्
(C) कर्णपुर त्वाम् गच्छ (D) त्वं कर्णपुरं गच्छेय

व्याख्या– तुम कानपुर जाओ–आज्ञार्थक है इसलिए लोट्लकार की क्रिया का प्रयोग होगा–**गच्छ त्वं कर्णपुरम्।**
अतः विकल्प (A) सही है।

77. '91' का संस्कृत शब्दात्मक रूप होगा?
(A) एकनवतिः (B) नवनवतिः
(C) एकोननवतिः (D) एकाशीतिः

	संख्या	**संस्कृतरूप**
(A)	**91**	**एकनवतिः**
(B)	99	नवनवतिः
(C)	89	एकोननवतिः
(D)	81	एकाशीतिः

अतः विकल्प (A) सही है।

78. 'अनद्यतन भविष्य' के लिए प्रयुक्त होता है?
(A) लट् (B) लिट्
(C) लुट् (D) लङ्

	लकार	**कालबोधक**
(A)	लट्लकार	वर्तमान काल
(B)	लिट्लकार	परोक्ष भूत
(C)	**लुट्लकार**	**अनद्यतन भविष्य**
(D)	लङ्लकार	अनद्यतन भूतकाल

अतः विकल्प (C) सही है।

79. गम् धातु का लुङ्लकार प्रथमपुरुष बहुवचन में रूप बनता हैं–
(A) जगाम (B) अगमन्
(C) गम्यात् (D) अगमाम

व्याख्या– गम् धातु का रूप–
(A) लिट्लकार प्रथमपुरुष में–''जगाम जग्मतुः जग्मुः''।
(B) लुङ्लकार प्रथमपुरुष में–''अगमत् अगमताम् अगमन्''।
(C) आ. लिङ् प्रथमपुरुष में–''गम्यात् गम्यास्ताम् गम्यासु''।
(D) लुङ्लकार उत्तमपुरुष में–''अगमम् अगमाव अगमाम''।
अतः विकल्प (B) सही है।

80. भू धातु का लुङ्लकार प्रथमपुरुष एकवचन में रूप होता है?
(A) अभूत् (B) अभूवन्
(C) अभूत (D) बभूव

व्याख्या– भू धातु लुङ्लकार प्रथमपुरुष में रूप–**''अभूत्,** अभूताम् अभूवन्'' बनता है।
मध्यमपुरुष में–''अभूः अभूतम् अभूत'' बनता है।
लिट्लकार प्रथमपुरुष में–बभूव बभूवतुः बभूवुः
अतः विकल्प (A) सही है।

81. 'हल्' सन्धि कहते है?
(A) स्वरसन्धि को (B) व्यञ्जनसन्धि को
(C) विसर्गसन्धि को (D) मुखसन्धि को

व्याख्या–
(A) स्वरसन्धि को अच्सन्धि भी कहते हैं।
(B) **व्यञ्जनसन्धि को हल्सन्धि** भी कहा जाता है।
(C) विसर्ग में हुए विकार को विसर्ग सन्धि कहते हैं
(D) 'मुखसन्धि' नाटक में प्रयुक्त होती है।
अतः विकल्प (B) सही है।

82. पितृ + आकृतिः का शुद्ध सन्धि रूप है?
(A) पितृ आकृतिः (B) पतिकृतिः
(C) पित्राकृतिः (D) पित्राराकृतिः

व्याख्या– * 'इको यणचि' (6/1/77) सूत्र से इक् के स्थान पर यण् (अर्थात् ऋ को र्) आदेश होकर **पितृ + आकृतिः = पित्राकृतिः** में यण् सन्धि होगी।
* त् और र् के संयोग से 'त्र' बनता है।
अतः विकल्प (C) सही है।

75. (A)	76. (A)	77. (A)	78. (C)	79. (B)	80. (A)	81. (B)	82. (C)

83. 'पावकः' का सन्धि विच्छेद है?
(A) पा + अकः (B) पो + अकः
(C) पै + अकः (D) पौ + अकः

व्याख्या– 'एचोऽयवायावः' (6/1/78) सूत्र से 'औ' के स्थान पर 'आव्' आदेश होकर **पौ + अकः = पावकः** में अयादि सन्धि है।
अतः विकल्प (D) सही है।

84. चतुर्थी तत्पुरुष युक्त समास है?
(A) यूपदारु (B) चौरभयम्
(C) राजपुरुषः (D) सभापण्डितः

	पद	समास
(A)	**यूपदारु**	**चतुर्थीतत्पुरुष**
(B)	चौरभयम्	पञ्चमीतत्पुरुष
(C)	राजपुरुषः	षष्ठीतत्पुरुष
(D)	सभापण्डितः	सप्तमीतत्पुरुष

अतः विकल्प (A) सही है।

85. 'द्विगु' समास युक्त शब्द है?
(A) दूरादागतः (B) त्रिभुवनम्
(C) चन्द्रशेखरः (D) हरिहरौ

व्याख्या–
(A) 'स्तोकान्तिकदूरार्थकृच्छ्राणि क्तेन' (2.1.39) सूत्र से दूरात् आगतः दूरादागतः में पञ्चमी तत्पुरुषसमास है।
(B) 'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च' (2/1/51) सूत्र से **त्रयाणां भुवनानां समाहारः त्रिभुवनम् में द्विगुसमास** है।
(C) 'अनेकमन्यपदार्थे' (2/2/24) सूत्र से चन्द्रः शेखरे यस्य सः = चन्द्रशेखरः में बहुव्रीहि समास है।
(D) 'द्वन्द्वे घि' (2/2/32) सूत्र से 'हरिश्च हरश्च = हरिहरौ' इस द्वन्द्वसमास में घिसंज्ञक 'हरि' शब्द का पूर्वप्रयोग हुआ है। और "चार्थे द्वन्द्वः" से द्वन्द्वसमास हुआ।
अतः विकल्प (B) सही है।

86. 'चक्रपाणिः' में समास है?
(A) द्वन्द्व (B) बहुव्रीहि
(C) द्विगु (D) तत्पुरुष

	पद	समास
(A)	चटकौ	द्वन्द्वसमास
(B)	**चक्रपाणिः**	**बहुव्रीहिसमास**
(C)	पञ्चग्रामम्	द्विगुसमास
(D)	मेघात्यस्तः	तत्पुरुषसमास

अतः विकल्प (B) सही है।

87. यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'उ' या 'ऊ' आये तो होगा?
(A) ए (B) ऐ
(C) ओ (D) औ

व्याख्या– आद्गुणः (6/1/87) सूत्र से अ या आ के बाद स्वर हो तो (इ, उ, ऋ, ऌ) दोनों के स्थान पर गुण हो जाता है यथा–
अ, आ + इ, ई = ए
अ, आ + उ, ऊ = ओ
अ, आ + ऋ, ॠ = अर्
अ, आ + ऌ = अल्
रमा + ईशः = रमेशः (आ + ई = ए)
गङ्गा + उदकम् = गङ्गोदकम् (आ + उ = ओ)
अतः विकल्प (C) सही है।

88. 'हिमस्य अत्ययः' का सम्पूर्ण पद है?
(A) अनुहिमम् (B) अतिहिमम्
(C) उपहिमम् (D) उपहिमाय

व्याख्या– 'अव्ययं विभक्ति समीप.....' (2/1/6) सूत्र से यहाँ नाश अर्थ में अति अव्यय का हिमस्य सुबन्त के साथ **'हिमस्य अत्ययः = अतिहिमम्'** में अव्ययीभाव समास है?
अतः विकल्प (B) सही है।

89. 'निर्मक्षिकम्' में समास है?
(A) द्वितीया तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव
(C) नञ् तत्पुरुष (D) सप्तमी तत्पुरुष

	पद	समास
(A)	प्रलयगतः	द्वितीयातत्पुरुष
(B)	**निर्मक्षिकम्**	**अव्ययीभाव**
(C)	अगर्दभः	नञ् तत्पुरुष
(D)	अक्षशौण्डः	सप्तमी तत्पुरुष

अतः विकल्प (B) सही है।

83. (D) 84. (A) 85. (B) 86. (B) 87. (C) 88. (B) 89. (B)

90. 'हरित्रातः में समास है?
(A) अव्ययीभाव (B) तृतीया तत्पुरुष
(C) पञ्चमी तत्पुरुष (D) द्विगु

व्याख्या–
(A) ''अव्ययं विभक्तिसमीप''.....आदि सूत्र से 'शक्तिम् अनतिक्रम्य इति यथाशक्ति' में अव्ययीभाव समास है।
(B) 'कर्तृकरणे कृता बहुलम्' (2/1/32) सूत्र से '**हरिणा त्रातः = हरित्रातः' में तृतीया तत्पुरुषसमास** है।
(C) 'पञ्चमी भयेन' (2/1/37) सूत्र एवं 'भयभीतभीतिभीभिरिति वाच्यम्' वार्तिक से 'वृकाद् भीतिः = वृकभीतिः' में पञ्चमी तत्पुरुषसमास है।
(D) 'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च' (2/1/51) सूत्र से 'षण्णां मातॄणामपत्यं पुमान् इति = षाण्मातुरः' में द्विगुसमास है
अतः विकल्प (B) सही है।

91. 'उपान्वध्याङ्वसः' सूत्र है?
(A) करणकारक का (B) कर्मकारक का
(C) अपादानकारक का (D) सम्प्रदानकारक का

व्याख्या–
(A) कर्तृकरणयोस्तृतीया' (2/3/18) सूत्र से अनुक्त कर्त्ता तथा करणकारक में तृतीया होती है। यथा–रामेण गम्यते।
(B) 'उपान्वध्याङ्वसः' (1/4/48) सूत्रानुसार यदि वस् धातु के पूर्व उप, अनु, अधि और आङ् उपसर्ग लगा हो तो क्रिया के आधार की **कर्मसंज्ञा** होती है यथा–हरिः वैकुण्ठम् अनुवसति।
(C) 'अकर्तर्यृणे पञ्चमी' (2/3/24) सूत्र से कर्तृभिन्न हेतुभूत ऋणवाचक शब्द से पञ्चमी विभक्ति होती है यथा–शताद् बद्धः।
(D) ''उत्पातेन ज्ञापिते च'' वार्तिक से उत्पात से जो बात जानी जाय उसमें चतुर्थी विभक्ति होती है यथा–वाताय कपिला विद्युत्।
अतः विकल्प (B) सही है।

92. 'परितः' के योग में विभक्ति होती है?
(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) चतुर्थी (D) पञ्चमी

व्याख्या–
(A) अभितः, परितः, समया, निकषा, हा, प्रति, उभयतः सर्वतः, धिक्, उपर्युपरि, अध्यधि, अधोऽधः, अन्तरा, अन्तरेण, शब्दों के योग में **द्वितीयाविभक्ति** होती है।
(B) सह, साकम्, सार्धम्, समम्, प्राय, गोत्र, पृथक्, विना, नाना, आदि शब्दों के योग में तृतीया विभक्ति होती है।
(C) नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम्, वषट्, शब्दों के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है।
(D) अन्य, आरात्, इतर, ऋते, प्राक्, प्रत्यक्, बहिः, दक्षिणा, उत्तरा, पूर्वा, दक्षिणाहि, उत्तराहि, स्तोक, अल्प, कृच्छ्र, कतिपय, दूर, अन्तिक शब्दों के योग में पञ्चमी विभक्ति होती है।
अतः विकल्प (A) सही है।

93. 'इत्थंभूतलक्षणे' सूत्र है?
(A) करणकारक का (B) सम्प्रदानकारक का
(C) अपादानकारक का (D) अधिकरणकारक का

	सूत्र	सम्बन्धित कारक
(A)	**इत्थम्भूतलक्षणे**	**करणकारक**
(B)	रुच्यर्थानां प्रीयमाणः	सम्प्रदानकारक
(C)	भुवः प्रभवः	अपादान
(D)	यतश्च निर्धारणम्	अधिकरण

अतः विकल्प (A) सही है।

94. 'तस्मै श्रीगुरवे नमः' वाक्य में 'श्रीगुरवे' है?
(A) द्वितीया विभक्ति में (B) पञ्चमी विभक्ति में
(C) षष्ठी विभक्ति में (D) चतुर्थी विभक्ति में

व्याख्या–
(A) 'कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे' (2/3/5) सूत्र से कालवाची और मार्गवाची शब्दों में द्वितीया विभक्ति होती है यथा–क्रोशं कुटिला नदी।
(B) 'दूरान्तिकार्थेभ्यो द्वितीया च' (2/3/35) सूत्र से दूर तथा अन्तिक वाले शब्दों से द्वितीया, पञ्चमी और तृतीया विभक्ति होती है यथा–ग्रामस्य दूरात् दूरम् दूरेण वा
(C) 'षष्ठी हेतुप्रयोगे' (2/3/26) सूत्र से वाक्य में हेतु शब्द का प्रयोग होने पर हेतु (कारण) और हेतु शब्द में अर्थात् दोनों में षष्ठी विभक्ति होती है। यथा–अन्नस्य हेतोः वसति।
(D) 'नमः स्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च' (2/3/16) सूत्र से 'नमः' शब्द के योग में '**श्रीगुरवे' में चतुर्थी विभक्ति** का प्रयोग हुआ है। यथा–तस्मै श्रीगुरवे नमः।
अतः विकल्प (D) सही है।

90. (B) 91. (B) 92. (A) 93. (A) 94. (D)

95. 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' सूत्र है?
(A) कर्मकारक का (B) सम्प्रदानकारक
(C) अपादानकारक का (D) अधिकरणकारक का

सूत्र	सम्बन्धितकारक
(A) अकथितं च	कर्मकारक
(B) धारेरुत्तमर्णः	सम्प्रदानकारक
(C) **भीत्रार्थानां भयहेतुः**	**अपादानकारक**
(D) आधारोऽधिकरणम्	अधिकरणकारक

अतः विकल्प (C) सही है।

96. 'यस्य च भावेन भावलक्षणम्' सूत्र है?
(A) करणकारक का (B) कर्मकारक का
(C) अधिकरणकारक का (D) अपादानकारक का

व्याख्या–
(A) 'हेतौ' (2/3/23) सूत्र से हेतु अर्थ के वाची शब्दों में तृतीया विभक्ति होती है, यथा–अध्ययनेन वसति।
(B) 'कर्मणि द्वितीया' (2/3/2) सूत्र से अनुक्त कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा–हरिं भजति।
(C) 'यस्य च भावेन भावलक्षणम्' (2/3/37) सूत्रानुसार जिस क्रिया में कोई दूसरी क्रिया लक्षित होती है वहाँ पहली क्रिया के आश्रयवाचक शब्द में सप्तमी होती है। यथा–सः गोषु दुह्यमानासु गतः।
(D) ''जुगुप्साविरामप्रमादार्थानामुपसंख्यानम्'' वार्तिक से जुगुप्सा, विराम, प्रमाद अर्थवाली धातुओं के योग में जिस वस्तु से घृणा हो उसमें पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा–सः पापात् जुगुप्सते।
अतः विकल्प (C) सही है।

97. विप्र-बालिका के अपहर्ता यवनयुवक का वध किसने किया?
(A) श्यामसिंह ने (B) गौरसिंह ने
(C) ब्रह्मचारी गुरु ने (D) शिवाजी ने

व्याख्या– * बालिका के अपहर्ता का वध **गौरसिंह** ने किया।
* बालिका की उम्र 7 वर्ष थी।
* गौरसिंह 16 वर्षीय था।
* यवन युवक 20 वर्ष का था।
* शिवाजी शिवराजविजयम् ग्रन्थ के नायक हैं।
अतः विकल्प (B) सही है।

98. शिवराजविजयम् में कुल निःश्वास हैं?
(A) 10 (B) 12
(C) 18 (D) 36

ग्रन्थ	विभाजन
(A) काव्यादर्श (दण्डी)	3 परिच्छेद
(B) शिवराजविजयम्	**3 विराम 12 निःश्वास**
(C) महाभारत (व्यास)	18 पर्व
(D) शृङ्गारप्रकाश (भोज)	36 प्रकाश

अतः विकल्प (B) सही है।

99. 'शिवराजविजयम्' के रचयिता हैं?
(A) अम्बिकादत्तव्यास (B) कालिदास
(C) भवभूति (D) क्षेमेन्द्र

ग्रन्थ	रचनाकार
(A) **शिवराजविजयम्**	**अम्बिकादत्तव्यास**
(B) ऋतुसंहारम्	कालिदास
(C) महावीरचरितम्	भवभूति
(D) कविकण्ठाभरणम्	क्षेमेन्द्र

अतः विकल्प (A) सही है।

100. 'शिवराजविजयम्' क्या है?
(A) महाकाव्य (B) गीतिकाव्य
(C) नाटक (D) ऐतिहासिक उपन्यास

ग्रन्थ	विधा
(A) राघवपाण्डवीयम्	महाकाव्य
(B) हंसदूतम्	गीतिकाव्य
(C) प्रसन्नराघवम्	नाटक
(D) **शिवराजविजयम्**	**ऐतिहासिक उपन्यास**

अतः विकल्प (D) सही है।

101. सोमनाथ मन्दिर पर किसने आक्रमण किया?
(A) बाबर ने (B) औरङ्गजेब ने
(C) महमूद गजनवी ने (D) मुहम्मद गोरी ने

व्याख्या– सोमनाथ मन्दिर पर **महमूद गजनवी** ने आक्रमण किया था।
अतः विकल्प (C) सही है।

95. (C) 96. (C) 97. (B) 98. (B) 99. (A) 100. (D) 101. (C)

102. पण्डित अम्बिकादत्तव्यास की जन्मभूमि है?
(A) जयपुर (B) प्रयाग
(C) पटना (D) काशी

व्याख्या– * अम्बिकादत्तव्यास जी का जन्म **राजस्थान** में **जयपुर** के निकट 'रावतजी का धूला' नामक गाँव में हुआ था।
* इनका जन्म चैत्रशुक्लपक्ष अष्टमी सम्वत् 1915 (1858 ई0) में तथा मृत्यु सम्वत् 1957 (1900 ई0) में हुई थी।
* इनके पिता का नाम दुर्गादत्त तथा पितामह पं0 राजाराम थे।
अतः विकल्प (A) सही है।

103. कादम्बरी कथा के विषय में निम्न में से कौन सी बात गलत है?
(A) शुक ने शूद्रक को सुनाया
(B) जाबालि ने शुक को सुनाया
(C) महाश्वेता ने चन्द्रापीड को सुनाया
(D) शुकनास ने चन्द्रापीड को सुनाया

व्याख्या–
(A) शुक, राजा शूद्रक को विन्ध्यारण्य में अपने जन्म से लेकर महर्षि जाबालि के आश्रम में पहुँचने तक का वृत्तान्त सुनाया।
(B) शुक, जाबालि मुनि से अपने पूर्व-जन्म की कथा सुनता है।
(C) महाश्वेता चन्द्रापीड को कुमार पुण्डरीक के साथ अपने अधूरे प्रेम की कथा सुनाती है।
(D) शुकनास चन्द्रापीड को उपदेश देते हैं न कि पूर्वजन्म की कथा सुनाते हैं।
अतः विकल्प (D) सही उत्तर है।

104. शुकनासोपदेश में किसे अविनयों (दुराचारों) का घर नहीं कहा गया है?
(A) गर्भेश्वरत्वम् (B) अभिनवयौवनत्वम्
(C) अप्रतिमरूपत्वम् (D) ऐश्वर्यतिमिरान्धत्वम्

व्याख्या– शुकनासोपदेश में निम्न को अविनयों (दुराचारों) का घर कहा गया–
(A) गर्भेश्वरत्वम्–कुल परम्परा से प्राप्त प्रभुता
(B) अभिनवयौवनत्वम्–नवयौवन अर्थात् नई जवानी तरुणावस्था का होना
(C) अप्रतिमरूपत्वम्–अनुपम या अद्वितीय सौन्दर्य का होना
(D) अमानुषशक्तित्वम्–अलौकिक शक्ति सम्पन्न होना
* **ऐश्वर्यतिमिरान्धत्वम्** को अविनयों (दुराचारों, दुर्विचारों) का घर नहीं कहा गया है?
अतः विकल्प (D) सही उत्तर है।

105. लक्ष्मीमद कैसा होता है?
(A) मदिरापान के समान
(B) विषपान के समान
(C) शीघ्रविनाशी
(D) अन्तिम अवस्था में भी नष्ट न होने वाला

व्याख्या–''अपरिणामोपशमो दारुणो लक्ष्मीमदः''– अर्थात् धन सम्पत्ति का भयंकर मद **अन्तिम अवस्था में भी शान्त नहीं होता है।** –शुकनासोपदेश
अतः विकल्प (D) सही है।

106. किस प्रकार के राजा का आदेश सिद्धयोगी के समान सफल होता है?
(A) प्रचुर धन वाले का
(B) अतिशय बलवान् का
(C) आरूढ़ प्रताप वाले का
(D) सरल व्यवहार वाले का

व्याख्या– 'आरूढप्रतापो राजा त्रैलोक्यदर्शीव सिद्धादेशो भवति' अर्थात् आरूढ़ प्रताप वाले राजा का आदेश सिद्धयोगी के समान सफल होता है? –शुकनासोपदेश
अतः विकल्प (C) सही है।

107. बिना जल वाला स्नान कौन-सा है?
(A) धूप स्नान
(B) मन्त्र स्नान
(C) मानसिक स्नान
(D) गुरूपदेश रूपी स्नान

व्याख्या– ''गुरूपदेशश्च नाम पुरुषाणामखिलमलप्रक्षालनक्षममजलं स्नानम्''–अर्थात् **गुरु का उपदेश** तो पुरुषों के लिए समग्र मलों (मानसिक विकारों) को धोने में समर्थ बिना जल (जलरहित)का स्नान है। – शुकनासोपदेश
अतः विकल्प (D) सही है।

102. (A) 103. (D) 104. (D) 105. (D) 106. (C) 107. (D)

108. उत्तररामचरित के तृतीय अङ्क को छायाङ्क कहते हैं?
(A) इसमें राम को सीता का चित्र दिखाया गया है।
(B) इस अङ्क में सीता की छाया सभी पात्रों एवं दर्शकों को दिखाई पड़ती है।
(C) इस अङ्क में राम को सीता की छाया दिखाई देती है।
(D) मंच पर उपस्थित सीता राम को नहीं दिखाई देती।

व्याख्या– मंच पर उपस्थित सीता को राम नहीं देख पाते हैं किन्तु सीता राम को देखती हैं। सीता, राम के लिए स्पर्श जन्य हैं। भागीरथी गंगा की कृपा से सीता को कोई भी नहीं देख पाता है। इसीलिए उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क को 'छायाङ्क' कहते हैं। अतः विकल्प (D) सही है।

109. रोती हुई बालिका को शान्त करने के लिए किसको आदेश दिया गया था?
(A) गौरवटु को **(B) श्यामवटु को**
(C) सेवक को **(D) किसी को भी नहीं**

व्याख्या– ''ब्रह्मचारिगुरुणा बालिकां सान्त्वयितुं श्यामबटुमादिश्य कथितम्'' (शिवराजविजयम्)
रोती बालिका को शान्त कराने के लिए ब्रह्मचारी गुरु ने **श्यामवटु** को आदेश दिया। अतः विकल्प (B) सही है।

110. गौरवटु का परिचय है?
(A) वह शिवाजी का सेनानी है।
(B) वह आश्रम में निवास करने वाला विद्यार्थी है।
(C) वह श्यामवटु का बड़ा भाई है।
(D) वह संन्यस्त ब्रह्मचारी है।

व्याख्या– गौरवटु आश्रम में निवास करने वाला विद्यार्थी है। अर्थात् उपर्युक्त विकल्पों में से इस प्रश्न के उत्तर के लिए विकल्प (B) सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। किन्तु गौरवटु के परिचय में कही गयी ये सारी बातें लगभग सत्य हैं, अतः यह प्रश्न विवादित हो सकता है।

111. किस प्रकार का व्यक्ति उपदेश का पात्र होता है?
(A) ज्ञानी
(B) पठनशील
(C) प्रौढ़
(D) सांसारिक विषयास्वाद से रहित

व्याख्या– अयमेव चानास्वादितविषयरसस्य ते काल उपदेशस्य' अर्थात् विषय का उपभोग या अनुभव न किए हुए तुम्हारे लिए उपदेश का यही समय उचित है। – **(शुकनासोपदेश)**
अतः विकल्प (D) सही है।

112. किरातार्जुनीयम् में समस्त सर्गों की संख्या है?
(A) 18 **(B) 19**
(C) 20 **(D) 22**

व्याख्या–

महाकाव्य	**सर्ग**
(A) **किरातार्जुनीयम्**	**18**
(B) रघुवंशमहाकाव्यम्	19
(C) शिशुपालवधम्	20
(D) नैषधीयचरितम्	22

अतः विकल्प (A) सही है।
नोट– यह प्रश्न आयोग का पसंदीदा प्रश्न है। न जाने क्यों इसी प्रश्न को लगभग प्रतिवर्ष दुहराया जा रहा है।

113. महापुरुषों के साथ कैसा विरोध भी अच्छा होता है?
(A) महापुरुषों को पराजित करने वाला
(B) धन-सम्पत्ति दिलाने वाला
(C) उन्नति कराने वाला
(D) मित्रता बढ़ाने वाला

व्याख्या– ''समुन्नयन्भूतिमनार्यसङ्गमाद्वरं, विरोधोऽपि समं महात्मभिः!'' अर्थात् ऐश्वर्य को बढ़ाते हुए मनुष्य के लिए नीचों के संग की अपेक्षा महापुरुषों के साथ विरोध करना भी अच्छा **(उन्नति कराने वाला)** होता है। (किरात0 1/8)
अतः विकल्प (C) सही है।

114. दुर्योधन यज्ञ कार्य में कैसे लगा रहता है?
(A) चारों ओर सैनिक नियुक्त करके
(B) शत्रुओं को कैद करके
(C) मित्रों को उपकृत करके
(D) दुःशासन को युवराज पद पर बैठा करके

व्याख्या– 'स यौवराज्ये नवयौवनोद्धतं विधाय दुःशासनमिद्धशासनः' (किरात 1/22) नवयौवन के कारण अति गर्विष्ठ दुःशासन को युवराज के पद पर नियुक्त कर पुरोहित की आज्ञा के अनुसार बिना थके हुए यज्ञों में हव्य के द्वारा अग्नि को दुर्योधन प्रसन्न करता है।
अतः विकल्प (D) सही है।

108. (D) 109. (B) 110. (B) 111. (D) 112. (A) 113. (C) 114. (D)

115. महाकवि भारवि किस शैली के प्रवर्तक माने जाते हैं?
(A) सरल **(B) कठोर**
(C) अर्थगौरव **(D) इनमें से कोई नहीं**

व्याख्या– *महाकवि भारवि **अर्थगौरव शैली** के प्रवर्तक माने जाते है यथा–
उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।
दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयो गुणाः''–उद्भट
अतः विकल्प (C) सही है।

116. दुर्योधन कब भयभीत हो जाता है?
(A) श्रीकृष्ण की माया शक्ति सोचकर
(B) युधिष्ठिर का नाम सुनकर
(C) पाण्डवों की दैवीय शक्ति से
(D) विदुर के उपदेश सुनकर

व्याख्या– ''तवाभिधानाद् व्यथते नताननः
स दुःसहान्मन्त्रपदादिवोरगः।'' अर्थात् अति असह्य मन्त्रपद रूप आपके **(युधिष्ठिर) नाम से तथा अर्जुन के पराक्रम को** स्मरण करके नीचे मुख किए (वह दुर्योधन) पीड़ा का अनुभव करता है। –(किरात 1/24)
अतः विकल्प (B) सही है।

117. मेघदूतम् के प्रथमश्लोक में 'वर्षभोग्येण' शब्द आया है। यहाँ पर 'न' को 'ण' किस सूत्र से हुआ?
(A) रषाभ्यां नो णः समानपदे
(B) पूर्वपदात्संज्ञायामगः
(C) अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि
(D) कुमति च

व्याख्या– * 'रषाभ्यां नो णः समानपदे' सूत्र से रेफ और षकार से परे नकार के स्थान पर णकार आदेश होता है यथा–चतुर् + नाम् = चतुर्णाम्
* 'वर्षभोग्येण' शब्द में ''**कुमति च**'' सूत्र से न को ण आदेश हुआ है।
अतः विकल्प (D) सही है।

118. स्त्रियों का आशाबन्ध कैसा होता है?
(A) नवनीतसदृश **(B) पाषाणसदृश**
(C) कुसुमसदृश **(D) वज्रसदृश**

व्याख्या– ''**आशाबन्धः कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यङ्गनानां। सद्यः पाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि॥**''
अर्थात् आशा का बन्धन **फूल के समान** शीघ्र कुम्भलाने वाले स्त्रियों के प्रेमी हृदय को वियोग में प्रायः थामे रहता है। **(पूर्वमेघ/9)** अतः विकल्प (C) सही है।

119. 'शकुन्तला के गर्भ में दुष्यन्त का तेज (वीर्य) पल रहा है।' यह बात कण्व को किसने बताई?
(A) अनसूया एवं प्रियंवदा ने
(B) गौतमी ने
(C) अशरीरिणी वाक्शक्ति (छन्दोमयी आकाशवाणी)
(D) कण्व के तपोबल ने

व्याख्या–
''**अग्निशरणं प्रविष्टस्य शरीरं विना छन्दोमय्या वाण्या।**''
प्रियंवदा के इस कथन से ज्ञात होता है कि–यज्ञशाला में गये हुए कण्व को शरीररहित छन्दोमयी वाणी (आकाशवाणी) के द्वारा यह समाचार बतलाया गया है। (अभिज्ञान/अङ्क-4)
अतः विकल्प (C) सही है।

120. सबका आभूषण क्या है?
(A) स्वर्ण **(B) धन**
(C) शील **(D) सत्य**

व्याख्या–
''**सर्वेषामपि सर्वकारणमिदं शीलं परं भूषणम्**'' अर्थात् शील ही एक ऐसा उत्कृष्ट आभूषण है, जो मनुष्य को शोभावर्द्धक साधनों से अत्यधिक शोभावान् बनाता है, अतः शील ही सर्वोत्तम आभूषण है। अतः विकल्प (C) सही है।

121. सबसे अधिक लघु (हल्का) कौन होता है?
(A) तूल **(B) मन**
(C) रिक्त **(D) तिनका**

व्याख्या–''रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय''
मेघदूतम् के इस श्लोकांश से ज्ञात होता है कि रिक्त को सबसे हल्का माना गया है, अतः विकल्प (C) सही है।

122. शकुन्तला ने विदाई के समय जिस लता का आलिङ्गन किया था उसका क्या नाम था?
(A) वनज्योत्स्ना **(B) नवमालिका (चमेली)**
(C) लताभगिनी **(D) केसरलता**

व्याख्या–(उपेत्य लतामालिङ्ग्य) 'वनज्योत्स्ने! चूतसङ्गतापि मां प्रत्यालिङ्गेतोगताभिः शाखाबाहुभिः।' शकुन्तला के इस कथन से स्पष्ट है कि विदाई के समय उसने **वनज्योत्स्ना** लता का आलिङ्गन किया था। (अभिज्ञान/अङ्क-4)
अतः विकल्प (A) सही है।

115. (C)	116. (B)	117. (D)	118. (C)	119. (C)	120. (C)	121. (C)	122. (A)

123. सबसे बड़ा पुण्यसाधन क्या है?
(A) दान **(B) पूजन**
(C) तीर्थयात्रा **(D) परहितसाधन**

व्याख्या– ''सन्तः स्वयं परहिते विहिताभियोगः।''
अर्थात् सन्त लोग स्वयं दूसरे के हितसाधन (परहित साधन) में आग्रहशील होते है। (नीतिशतकम् 64)
अतः सबसे बड़ा पुण्य **परहितसाधन** है।
विकल्प (D) सही है।

124. भवभूति के आश्रयदाता नरेश का नाम था?
(A) यशोवर्मा
(B) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(C) विष्णुवर्धन
(D) हर्षवर्धन

	कवि	राज्याश्रय
(A)	**भवभूति**	**यशोवर्मा**
(B)	कालिदास	चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(C)	भारवि	विष्णुवर्धन
(D)	बाणभट्ट	हर्षवर्धन

अतः विकल्प (A) सही है।

125. संसार में सबसे अधिक मनोहर तथा कष्टकारक कौन होता है?
(A) धन **(B) ज्ञान**
(C) रमणी **(D) यश**

व्याख्या– सबसे अधिक मनोहर तथा कष्टकारक **रमणी** (स्त्री) को माना गया है।
अतः विकल्प (C) सही है।

123. (D) 124. (A) 125. (C)

प्रशिक्षित-स्नातकशिक्षक-चयनपरीक्षा (TGT)–2009

1. 'पा' धातु परस्मैपदी का लट्लकार प्रथमपुरुष द्विवचन का रूप है?
(A) पिबसि (B) पिबतः
(C) पिबति (D) पिबामि

व्याख्या–
'पा' धातु सकर्मक, अनिट्, परस्मैपद का लट्लकार में रूप निम्नवत् है–

प्रथमपुरुष	पिबति	**पिबतः**	पिबन्ति
मध्यमपुरुष	पिबसि	पिबथः	पिबथ
उत्तमपुरुष	पिबामि	पिबावः	पिबामः

अतः विकल्प (B) सही है।

2. 'भी' धातु परस्मैपद लट्लकार मध्यमपुरुष एकवचन का रूप है?
(A) बिभेमि (B) बिभेषि
(C) बिभेतु (D) बिभीत

व्याख्या–
(A) 'भी' (डरना) धातु का रूप लट्लकार-
उत्तम पुरुष में–बिभेमि बिभीवः बिभीमः बनता है।
(B) मध्यमपुरुष में–**बिभेषि** बिभीथः बिभीथ बनता है।
(C) लोट्लकार प्रथमपुरुष में–बिभेतु बिभीताम् बिभ्यतु
(D) लोट्लकार मध्यमपुरुष में–बिभीहि बिभीतम् बिभीत
अतः विकल्प (B) सही है।

3. माहेश्वर सूत्र में 'ह' कितनी बार आया है?
(A) चौदह (B) दो
(C) नौ (D) बयालिस

व्याख्या–
(A) चौदह माहेश्वर सूत्र हैं यथा–
अइउण्, ऋऌक्, एओङ्, ऐऔच्, हयवरट्, लण् ञमङणनम्, झभञ्, घढधष्, जबगडदश्, खफछठथचटतव्, कपय्, शषसर्, हल्।
(B) उपर्युक्त चौदह माहेश्वर सूत्रों में 'हल्' और 'हयवरट्' सूत्र में 'ह' का प्रयोग हुआ है अर्थात् **'ह' दो बार** प्रयुक्त है। प्रथम 5वें सूत्र में तथा द्वितीय 14वें सूत्र में।
(C) उपर्युक्त माहेश्वर सूत्र के चार सूत्रों में स्वर का प्रयोग है जो कुल मिलाकर नौ है। यथा– अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ, ऐ, औ।
(D) अन्तिम 10 सूत्रों में 34 व्यञ्जन प्रयुक्त हैं किन्तु 'ह' का दो बार प्रयोग होने से कुल 33 व्यञ्जन ही हैं। स्वर और व्यञ्जन कुल मिलाकर 42 वर्ण हैं।
अतः विकल्प (B) सही है।

4. वर्णमाला में व्यञ्जनों की संख्या है?
(A) 31 (B) 41
(C) 33 (D) 39

व्याख्या– * पाणिनि के चौदह माहेश्वरसूत्रों में कुल 42 वर्ण हैं जिनमें 33 व्यञ्जन तथा 9 स्वर हैं।
* इस प्रकार संस्कृत वर्णमाला में **व्यञ्जनों की संख्या `33'** है।
अतः विकल्प (C) सही है।

5. 'अदस्' शब्द का स्त्रीलिङ्ग प्रथमा एकवचन का रूप है?
(A) असौ (B) अदः
(C) अमू (D) अमूः

व्याख्या– अदस् (वह) सर्वनाम का रूप स्त्रीलिङ्ग प्रथमाविभक्ति में–"**असौ** अमू अमूः"
नपुंसकलिङ्ग प्रथमाविभक्ति में–"अदः, अमू , अमूनि"
अतः विकल्प (A) सही है।

6. भगवान् अगस्त्य की पत्नी का नाम था?
(A) अदिति (B) अरुन्धती
(C) लोपामुद्रा (D) वसुमती

	पति	**पत्नी**
(A)	मारीच	अदिति
(B)	वशिष्ठ	अरुन्धती
(C)	**अगस्त्य**	**लोपामुद्रा**
(D)	दुष्यन्त	हंसपदिका/वसुमती/शकुन्तला

अतः विकल्प (C) सही है।

1. (B) 2. (B) 3. (B) 4. (C) 5. (A) 6. (C)

7. ''किसलयमिव मुग्धं बन्धनाद् विप्रलूनं हृदयकमलशोषी दारुणो दीर्घशोकः'' प्रस्तुत श्लोक किस पुस्तक से उद्धृत है?
(A) मेघदूतम् से
(B) नीतिशतकम् से
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(D) उत्तररामचरितम् से

व्याख्या–
(A) ''सद्यः पाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि''–मेघदूतम्-(पूर्वभाग-9)
(B) ''भवति हृदयदाही शल्यतुल्यो विपाकः''–(नीतिशतकम्/95)
(C) ''कस्मिन्नपि पूजार्हेऽपराद्धा शून्यहृदया शकुन्तला''–अभिज्ञानशाकुन्तलम् (अङ्क-4)
(D) **''हृदयकमलशोषी दारुणो दीर्घशोकः''**–उत्तररामचरितम् 3/5) यह मुरला का कथन है, जो सीता के लिए कहा गया है।
अतः विकल्प (D) सही है।

8. 'लृ' का उच्चारणस्थान है?
(A) कण्ठ **(B) दन्त**
(C) तालु **(D) मूर्धा**

व्याख्या–
(A) ''अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः''–अर्थात् अ, क्, ख्, ग्, घ्, ङ्, ह् और विसर्ग, का उच्चारणस्थान कण्ठ है।
(B) **'लृतुलसानां दन्ताः'**–अर्थात् **लृ**, त्, थ्, द्, ध्, न्, ल्, स्, का उच्चारणस्थान **दन्त** है।
(C) ''इचुयशानां तालु''–अर्थात् इ, च्, छ्, ज्, झ्, ञ्, य्, श् का उच्चारणस्थान तालु है।
(D) 'ऋटुरषाणां मूर्धा''–अर्थात् ऋ, ट्, ठ्, ड्, ढ्, ण्, र्, ष् का उच्चारणस्थान मूर्धा है। अतः विकल्प (B) सही है।

9. 'पावकः' का सन्धिविच्छेद है?
(A) पो + अकः **(B) पाव + अकः**
(C) प + आवक **(D) पौ + अकः**

व्याख्या– 'एचोऽयवायावः' (6/1/78) सूत्र से ए, ऐ ओ, औ के बाद कोई भी स्वर आये तो इनके स्थान पर क्रमशः अय् , आय् ,आव् , आदेश हो जाता है।**''पौ + अकः = पावकः''** में अयादिसन्धि है। अतः विकल्प (D) सही है।

10. 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' में कौन-सा कारक है?
(A) सम्प्रदान **(B) अपादान**
(C) करण **(D) अधिकरण**

व्याख्या–
(A) ''क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः'' (2/3/14) सूत्र से अप्रयुज्यमान तुमुन् प्रत्ययान्त क्रिया का प्रयोग होने पर उसके कर्म में चतुर्थी होती है यथा– सः फलेभ्यो याति।
(B) **''भीत्रार्थानां भयहेतुः''** (1/4/25) सूत्र से भय के हेतु (कारण) में **अपादानकारक** और पञ्चमी विभक्ति होती है यथा– सः चौराद् बिभेति।
(C) ''हेतौ'' (2/3/23) सूत्रानुसार हेतु अर्थ के वाची शब्दों में तृतीया विभक्ति होती है यथा– अध्ययनेन वसति।
(D) ''निमित्तात्कर्मयोगे'' वार्तिक से निमित्तवाची शब्दों से सप्तमी विभक्ति होती है, यदि वह निमित्त फल से युक्त हो यथा– सः केशेषु चमरीं हन्ति।
अतः विकल्प (B) सही है।

11. उपसर्ग धातु के साथ कहाँ आता है?
(A) पहले **(B) पीछे**
(C) आगे-पीछे **(D) लग नहीं सकता।**

व्याख्या– उपसर्ग धातुओं से बने हुए विशेषण, संज्ञा, आदि शब्दों के **पूर्व (पहले)** जोड़ा जाता है यथा–विहार, परिहार, संहार में 'हृ' धातु के पहले वि, परि, सम् उपसर्ग लगे हैं। अतः विकल्प (A) सही है।

12. ''हनुमते नमः'' में हनुमते में कौन सी विभक्ति है?
(A) चतुर्थी **(B) पञ्चमी**
(C) षष्ठी **(D) सप्तमी**

व्याख्या–
(A) ''नमःस्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च'' (2/3/16) सूत्र से 'नमः' आदि शब्दों के योग में **चतुर्थी विभक्ति** होती है। यथा– हनुमते नमः।
(B) ''पञ्चम्यपाङ्परिभिः'' (2/3/10) सूत्र से अप, आङ् तथा परि इन तीन कर्मप्रवचनीयों के योग में पञ्चमीविभक्ति होती है। यथा– आ मुक्तेः संसारः।
(C) ''षष्ठी शेषे'' (2/3/50) सूत्र से शेष अर्थों में षष्ठीविभक्ति होती है (कर्म, करण, इत्यादि कारकों तथा प्रातिपदिक से भिन्न) यथा– राज्ञः पुरुषः।
(D) ''सप्तम्यधिकरणे च'' (2/3/36) सूत्र से अधिकरणकारक में सप्तमीविभक्ति होती है। यथा–मोक्षे इच्छाऽस्ति।
अतः विकल्प (A) सही है।

7. (D) 8. (B) 9. (D) 10. (B) 11. (A) 12. (A)

13. लट्लकार किस काल का बोधक है?
(A) भविष्यकाल का
(B) विधि, आज्ञा, आशीष अर्थ का
(C) भूतकाल का
(D) वर्तमानकाल का

लकार	कालबोधक
(A) लृट्लकार	भविष्यकाल का
(B) लिङ्लकार	विधि, आज्ञा, आशीष अर्थ का
(C) लङ्लकार	अनद्यतन भूत का
(D) **लट्लकार**	**वर्तमानकाल** का

अतः विकल्प (D) सही है।

14. तिलकमञ्जरी के लेखक हैं?
(A) भास (B) धनपाल
(C) कल्हण (D) बिल्हण

रचना	रचनाकार
(A) प्रतिज्ञायौगन्धरायण	भास
(B) **तिलकमञ्जरी**	**धनपाल**
(C) राजतरङ्गिणी	कल्हण
(D) विक्रमाङ्कदेवचरितम्	बिल्हण

अतः विकल्प (B) सही है।

15. कादम्बरी में किसके तीन जन्मों का वर्णन है?
(A) तारापीड (B) चन्द्रापीड
(C) कपिञ्जल (D) पुण्डरीक

व्याख्या–
(A) तारापीड उज्जयिनी के राजा तथा चन्द्रापीड के पिता हैं। इनका प्रधान अमात्य शुकनास, चन्द्रापीड को राज्याभिषेक के समय उपदेश देता है?
(B) कादम्बरी में मुख्यतः **चन्द्रापीड के तीन जन्मों का वर्णन** है तीन जन्म निम्नवत् है–"चन्द्रमा, चन्द्रापीड, शूद्रक"
(C) कपिञ्जल वैमानिक द्वारा शापित पात्र है, जो इन्द्रायुध नामक अश्व बन जाता है।
(D) श्वेतकेतु और लक्ष्मी पुण्डरीक के माता-पिता हैं। पुण्डरीक के तीन जन्म–"पुण्डरीक, वैशम्पायन, शुक"। अतः विकल्प (B) सही है।

नोट– यहाँ चन्द्रापीड और पुण्डरीक दोनों विकल्प नहीं देना चाहिए, इससे छात्रों को संदेह होता है। चूँकि कादम्बरी का नायक चन्द्रापीड है, अतः नायकत्व को आधार मानकर विकल्प `B' ही सही होगा। अन्यथा विकल्प B' और `D' दोनों को सही मानना होगा।

16. "रामः पुस्तकं पठति" का कर्मवाच्य क्या होगा?
(A) रामेण पुस्तकं पठेत (B) रामेण पुस्तकं पठितानि
(C) रामेण पुस्तके पठ्यते (D) रामेण पुस्तकं पठ्यते

व्याख्या– कर्मवाच्य के कर्ता में तृतीयाविभक्ति और कर्म में प्रथमाविभक्ति होती है, तथा क्रिया कर्म के अनुसार प्रयुक्त होती है– अतः '**रामेण पुस्तकं पठ्यते**' कर्मवाच्य होगा। यहाँ पुस्तकम् 'पुस्तक' शब्द का प्रथमा एकवचन का रूप है। अतः विकल्प (D) सही है। अन्य विकल्प अशुद्ध है।

17. "अर्थो हि कन्या परकीय एव तामद्य सम्प्रेष्य परिग्रहीतुः।" यह वक्तव्य किसका है?
(A) गौतमी का (B) काश्यप का
(C) दुष्यन्त का (D) मेनका का

व्याख्या– प्रस्तुतपद्य में **कण्व (काश्यप)** शकुन्तला को विदा करने के पश्चात् कहते हैं कि अर्थो हि...(अभि.4/23) कन्या वस्तुतः पराया धन है, आज उसको प्राप्तकर्त्ता (पति) को दे देने पर मेरी अन्तरात्मा उसी प्रकार प्रसन्न हो रही है जिस प्रकार धरोहर को लौटा देने पर धरोहर को रखने वाले का मन प्रसन्न हो जाता है। **(अभिज्ञान 4/22)** अतः विकल्प (B) सही है।

18. 'सम्बोधने च' सूत्र से विभक्ति होती है?
(A) सप्तमी (B) षष्ठी
(C) द्वितीया (D) प्रथमा

व्याख्या–
(A) "सप्तमीपञ्चम्यौ कारकमध्ये" (2/3/7) सूत्र से दो कारक के मध्य में वर्तमान जो कालवाचक और मार्गवाचक शब्द उनमें सप्तमी और पञ्चमीविभक्ति होती है। यथा–'अद्य भुक्त्वा अयं द्वयहे द्वयहाद् वा भोक्ता' (यह आज खाकर दो दिन बाद खायेगा)
(B) "अधिकरणवाचिनश्च" (2/3/68) सूत्र अधिकरणवाची क्त प्रत्ययान्त के योग में कर्त्ता कारक में षष्ठी विभक्ति होती है यथा– 'इदम् एषाम् आसितम् (यह इनका आसन है)
(C) "अकथितं च" (1/4/51) सूत्र से जहाँ अपादानादि कारक अविवक्षित हों तो वहाँ कर्मकारक होता है (दुह्, याच्, पच् आदि 16 धातुओं के योग में वक्ता स्वतन्त्र है चाहे अपादानादि संज्ञा करे या कर्मसंज्ञा) यथा– तण्डुलान् ओदनं पचति।
(D) **"सम्बोधने च"** (2/3/47) सूत्र से सम्बोधन अर्थ में प्रातिपदिक से **प्रथमाविभक्ति** होती है यथा– हे राम! अत्र आगच्छ। अतः विकल्प (D) सही है।

13. (D) 14. (B) 15. (B) 16. (D) 17. (B) 18. (D)

19. 'द्वादश' पद में समास है?
(A) बहुव्रीहि (B) तत्पुरुष
(C) अव्ययीभाव (D) द्वन्द्व

व्याख्या–
(A) 'अनेकमन्यपदार्थे' (2/2/24) सूत्र से 'चक्रं पाणौ यस्य सः = चक्रपाणिः' में बहुव्रीहि समास है।
(B) ''पूर्वसदृशसमोनार्थकलहनिपुणमिश्रश्लक्ष्णैः'' (2/1/31) सूत्र से 'मासेन पूर्वः = मासपूर्वः' में तत्पुरुषसमास है।
(C) ''अव्ययीभावे चाकाले'' (6/3/81) सूत्र से 'चक्रेण युगपत् = सचक्रम्' में 'सह' को 'स' आदेश होकर अव्ययीभावसमास हुआ है।
(D) ''चार्थे द्वन्द्वः'' (2/2/29) सूत्र से **'द्वौ च दश च = द्वादश' में द्वन्द्वसमास** है।
अतः विकल्प (D) सही है।

20. 'द्वौ पादौ यस्य सः' किसका विग्रह है?
(A) दिपादः (B) द्विपात्
(C) द्विपद् (D) द्विपदी

व्याख्या– ''संख्या-सु-पूर्वस्य'' (5/4/140) से 'द्वौ पादौ यस्य सः = द्विपात्' में 'अलोऽन्त्यस्य' सूत्र की सहायता से 'पाद' के अकार का समासान्त लोप करके **'द्विपात्'** बना। इसमें **बहुव्रीहिसमास** है। अतः विकल्प (B) सही है।

21. 'शिवराजविजयम्' के कथानक के आरम्भ का काल है?
(A) रात्रि (B) प्रातः
(C) मध्याह्न (D) सायं

व्याख्या– शिवराजविजयम् के कथानक का आरम्भ–'अरुण एष प्रकाशः पूर्वस्यां भगवतो मरीचिमालिनः' पंक्ति से होता है इसमें **सूर्योदय (प्रातःकाल)** का वर्णन है।
अतः विकल्प (B) सही है।

22. चन्द्रापीड के पिता का नाम था?
(A) श्वेतकेतु (B) तारापीड
(C) शुकनास (D) हंस

	सन्तान	**पिता**
(A)	पुण्डरीक	श्वेतकेतु
(B)	**चन्द्रापीड**	**तारापीड**
(C)	वैशम्पायन	शुकनास
(D)	महाश्वेता	गन्धर्वराज हंस

अतः विकल्प (B) सही है।

23. राजप्रकृति कैसी होती है?
(A) विह्वला (B) उज्ज्वला
(C) निर्मला (D) सुलभा

व्याख्या– ''अहङ्कारदाहज्वरमूर्च्छान्धकारिता **विह्वला** हि राजप्रकृतिः' अर्थात् राजा का स्वभाव अभिमान रूपी तीव्रताप से उत्पन्न होने वाली मूर्च्छा के कारण अन्धकार तुल्य बना हुआ एवं व्याकुल करता है? –शुकनासोपदेश
अतः विकल्प (A) सही है।

24. 'चिकीर्षुः' किस धातु से बना है?
(A) चि (B) कृष्
(C) सु (D) कृ

व्याख्या– 'चिकीर्षुः' (कर्तुम् इच्छा) सन्नन्त प्रयोग है। किसी कार्य के करने की इच्छा का अर्थ बतलाने के लिए धातु के अनन्तर सन् प्रत्यय लगाया जाता है जैसे–**कृ + सन् = चिकीर्षुः** (करने की इच्छा)। अतः विकल्प (D) सही है।

25. 'उवाच' किस लकार का रूप है?
(A) लट् (B) लिट्
(C) लङ् (D) लिङ्

व्याख्या– ब्रू (बोलना) धातु का रूप–
(A) लट्लकार प्रथमपुरुष में– ब्रवीति ब्रूतः ब्रुवन्ति
(B) **लिट्लकार** प्रथमपुरुष में– **उवाच** ऊचतुः ऊचुः
(C) लङ्लकार प्रथमपुरुष में– अब्रवीत् अब्रूताम् अब्रुवन्
(D) आशीर्लिङ् प्रथमपुरुष में– उच्यात् उच्यास्ताम् उच्यासुः
अतः विकल्प (B) सही है।

26. वनेचर किस वन में युधिष्ठिर के पास आया?
(A) विन्ध्याटवी में (B) दण्डकारण्य में
(C) द्वैतवन में (D) पञ्चवटी में

व्याख्या– * ''स वर्णिलिङ्गी विदितः समाययौ
युधिष्ठिरं द्वैतवने वनेचरः।'' (किरात० 1/1)
अर्थात् वह ब्रह्मचारी का वेश धारण करने वाला वनेचर सारा वृत्तान्त जानकर **द्वैतवन में** युधिष्ठिर के पास लौट आया। अतः विकल्प (C) सही है।
* विन्ध्याटवी' का वर्णन कादम्बरी में है, तथा दण्डकारण्य एवं पञ्चवटी का वर्णन उत्तररामचरितम् में है।

19. (D) 20. (B) 21. (B) 22. (B) 23. (A) 24. (D) 25. (B) 26. (C)

27. 'कुरूणामधिपः' का तात्पर्य है?
(A) अर्जुन (B) भीम
(C) दुर्योधन (D) दुःशासन

व्याख्या– * 'श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीं' (किरात0 1/1) अर्थात् कुरुदेश के **राजा (दुर्योधन)** के प्रजापालन के व्यवहार को जानने के लिए........।

* यहाँ 'कुरूणामधिपः' शब्द दुर्योधन के लिए आया है। भारवि दुर्योधन के लिए सुयोधन शब्द का भी प्रयोग करते हैं। अतः विकल्प (C) सही है।
* किरातार्जुनीयम् में 'वृकोदरः' शब्द भीम के लिए तथा 'धनञ्जयः' शब्द अर्जुन के लिए प्रयुक्त है।

28. 'महीभुजे' में कौन-सी विभक्ति है?
(A) प्रथमा (B) चतुर्थी
(C) षष्ठी (D) सप्तमी

व्याख्या– * ''कृतप्रणामस्य महीं महीभुजे, जितां सपत्नेन निवेदयिष्यतः'' (किरात0 1/2) अर्थात् प्रणाम करने के बाद शत्रु द्वारा जीती गई पृथ्वी का वृत्तान्त महाराज युधिष्ठिर से वर्णन करते हुए.....।

* यहाँ **'महीभुजे' में चतुर्थी विभक्ति** का विधान– ''क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः'' सूत्र से हुआ है?

अतः विकल्प (B) सही है।

29. 'विघाताय' में कौन सी धातु है?
(A) धा (B) तन्
(C) हन् (D) गम्

व्याख्या– ''द्विषां विघाताय विधातुमिच्छतो'' (किरात 1/3) अर्थात् शत्रुओं के नाश के लिए यत्न करने की इच्छा वाले। 'विघाताय' में चतुर्थी का विधान–'तुमर्थाच्च भाववचनात्' सूत्र से हुआ है। **विघाताय में वि उपसर्ग + हन् धातु + घञ्** प्रत्यय है। अतः विकल्प (C) सही है।

30. किरातार्जुनीयम् का प्रथम पद्य किस छन्द में है?
(A) वंशस्थ (B) स्त्रग्धरा
(C) अनुष्टुप् (D) मन्दाक्रान्ता

व्याख्या–

(A) 'श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीं'–किरातार्जुनीयम् के इस पद्य में वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण है जिसमें **'वंशस्थ छन्द'** है।

(B) ''या सृष्टिः स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं या हविर्या च होत्री'' अभिज्ञानशाकुन्तलम् के इस पद्य में आशीर्वादात्मक मङ्गलाचरण है जिसमें स्त्रग्धराछन्द है।

(C) 'नत्त्वा सरस्वतीं देवीं शुद्धां गुण्यां करोम्यहम्'–लघुसिद्धान्त कौमुदी के इस पद्य में वस्तुनिर्देशात्मक/नमस्कारात्मक मङ्गलाचरण अनुष्टुप् में छन्द है।

(D) 'कश्चित् कान्ताविरहगुरुणा स्वाधिकारात्प्रमत्तः''–मेघदूतम् के इस पद्य में वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण है जिसमें मन्दाक्रान्ता छन्द है। अतः विकल्प (A) सही है।

31. यक्ष ने मेघ को किस मास के प्रथमदिन को देखा था?
(A) चैत्र (B) श्रावण
(C) माघ (D) आषाढ़

व्याख्या– ''आषाढस्य प्रथमदिवसे मेघमाश्लिष्टसानुं, वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयं ददर्श।'' (पूर्वमेघ/2) प्रस्तुत पंक्ति से ज्ञात होता है कि यक्ष ने मेघ को आषाढ़ के प्रथम दिन देखा था। अतः विकल्प (D) सही है।

32. विदिशा नगरी में कौन सी नदी थी?
(A) चर्मण्वती (B) गम्भीरा
(C) वेत्रवती (D) शिप्रा

	नदी किनारे स्थित	**नगर/नगरी**
(A)	चर्मण्वती	दशपुर
(B)	गम्भीरा	मालवा
(C)	**वेत्रवती**	**विदिशा**
(D)	शिप्रा	उज्जयिनी

अतः विकल्प (C) सही है।

33. 'कृतान्तः' का अर्थ है?
(A) मित्र के द्वारा लाया गया
(B) प्रियतम का समाचार
(C) दैव (भाग्य)
(D) कम बोलने वाली

व्याख्या– ''क्रूरस्तस्मिन्नपि न सहते सङ्गमं नौ कृतान्तः'' (उत्तरमेघ/44) अर्थात् क्रूर दैव उस चित्र में भी हम दोनों का मिलन सहन नहीं करता।

	शब्द	**अर्थ**
(A)	सुहृदुपनतः	मित्र के द्वारा लाया गया
(B)	कान्तोदन्तः	प्रियतम का समाचार
(C)	**कृतान्तः**	**दैव या भाग्य**
(D)	परिमितभाषिणी	कम बोलने वाली स्त्री

अतः विकल्प (C) सही है।

27. (C) 28. (B) 29. (C) 30. (A) 31. (D) 32. (C) 33. (C)

34. 'नागेन्द्र' का अर्थ है?
(A) श्रेष्ठ हाथी (B) पर्वतराज
(C) चन्द्रमा (D) समुद्र

व्याख्या– ''नागेन्द्रो निशिताङ्कुशेन समदो दण्डेन गोगर्दभौ'' (नीतिशतकम्/11) अर्थात् मतवाला हाथी तीखे अङ्कुश से, बैल और गधे डण्डे से वश में किये जा सकते।

	शब्द	अर्थ
(A)	**नागेन्द्रः**	**श्रेष्ठ हाथी**
(B)	नगेन्द्रः	पर्वतराज
(C)	रजनिकरः	चन्द्रमा
(D)	अर्णवः	समुद्र

अतः विकल्प (A) सही है।

35. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में कण्व ऋषि को किस अन्य नाम से वर्णित किया गया है?
(A) दुर्वासा (B) वशिष्ठ
(C) गौतमी (D) काश्यप

व्याख्या– * अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक में कण्व को **'काश्यप'** के नाम से भी वर्णित किया गया है।
* 'गौतमी' एवं 'दुर्वासा' भी अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पात्र हैं, जबकि 'वशिष्ठ' उत्तररामचरितम् के पात्र हैं।
अतः विकल्प (D) सही है।

36. दुष्यन्त के वंश का नाम था?
(A) रघुवंश (B) पुरु
(C) काश्यप (D) कुशिक

	राजा/कवि	गोत्र/वंश
(A)	राम	रघुवंशी (सूर्यवंशी)
(B)	**दुष्यन्त**	**पुरुवंशी (चन्द्रवंशी)**
(C)	भवभूति	काश्यप
(D)	भारवि	कुशिक

अतः विकल्प (B) सही है।

37. उत्तररामचरित के तृतीय अङ्क का नाम है?
(A) छाया (B) चित्रदर्शन
(C) सम्मेलन (D) कौशल्याजनकयोग

	अङ्क	नाम
(A)	**तृतीय अङ्क**	**छाया**
(B)	प्रथम अङ्क	चित्रदर्शन
(C)	सप्तम अङ्क	सम्मेलन
(D)	चतुर्थ अङ्क	कौशल्याजनकयोग

द्वितीय अङ्क-पञ्चवटी प्रवेश, पञ्चम अङ्क- कुमार विक्रम, षष्ठ अङ्क- कुमार-प्रत्यभिज्ञान अतः विकल्प (A) सही है।

38. मुरला एवं तमसा कौन हैं?
(A) सीता की सखियाँ (B) सेविकाएँ
(C) तपस्विनियाँ (D) नदियाँ

व्याख्या– भवभूति कृत उत्तररामचरितम् नाटक में तमसा और मुरला **दो नदियाँ** है। इनका वर्णन तृतीय अङ्क में है। 'ततः प्रविशति नदीद्वयम्' अतः विकल्प (D) सही है।

39. ''त्वं जीवितम्'' का अर्थ है?
(A) तुम जीवित हो
(B) तुम जियो
(C) तुम जीवन हो
(D) तुम्हारे जीते जी

व्याख्या– ''त्वं जीवितं त्वमसि मे हृदयं द्वितीयम्'' (उत्तररामचरित 3/26) अर्थात् **'तुम मेरा जीवन हो,** तुम मेरा दूसरा हृदय हो!' अतः विकल्प (C) सही है।

40. ''हरि + रम्यः'' में किस वर्ण का लोप हुआ है?
(A) स् (B) र्
(C) विसर्ग (D) य्

व्याख्या– * 'हरिस् + रम्यः' इस दशा में सकार को 'ससजुषो रुः' (8/2/66) सूत्र से रु आदेश होकर 'हरिर् रम्यः' रूप बना।
* पुनः 'र्' के बाद र् होने से ''रो रि'' (8/3/14) सूत्र से पूर्व **र् का लोप** होकर 'हरि + रम्य' बना
* अन्त में ''ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः'' (6/3/111) सूत्र से 'अण्' (इ) के स्थान में दीर्घादेश होकर हरी रम्यः बना।
अतः विकल्प (B) सही है।

41. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में किस रीति का प्रयोग है?
(A) वैदर्भी रीति (B) गौडीरीति
(C) पाञ्चालीरीति (D) इनमें से कोई नहीं

	ग्रन्थ	मुख्य रीति
(A)	**अभिज्ञानशाकुन्तलम्**	**वैदर्भी रीति**
(B)	उत्तररामचरितम्	गौड़ी एवं वैदर्भी रीति
(C)	कादम्बरी	पाञ्चाली रीति

अतः विकल्प (A) सही है।

34. (A) 35. (D) 36. (B) 37. (A) 38. (D) 39. (C) 40. (B) 41. (A)

42. ''कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति'' कथन है।
(A) प्रियंवदा का (B) अनसूया का
(C) कण्व का (D) गौतमी का

व्याख्या–
(A) 'कास्मिन्नपि पूजार्हेऽपराद्धा शून्यहृदया शकुन्तला'(अभि0,अङ्क-4) –प्रियंवदा का कथन
(B) **'कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति'–अनसूया का कथन**
(C) 'सुतं त्वमपि सम्राजं सेव पूरुमवाप्नुहि'–कण्व का कथन
(D) 'वरः खल्वेषः नाशीः''(अभि0,अङ्क-4)–गौतमी का कथन अतः विकल्प (B) सही है।

43. 'अतिस्नेहः पापशङ्की' यह सूक्ति किस ग्रन्थ में है?
(A) नीतिशतकम् में
(B) उत्तररामचरितम् में
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में
(D) शिवराजविजयम् में

व्याख्या–
(A) 'पापान्निवारयति योजयते हिताय'– (नीतिशतकम्/66)
(B) ''सञ्जीवनौषधिरसो हृदि नु प्रसक्तः''– उत्तररामचरितम्/3/11
(C) **'अतिस्नेहः पापशङ्की'–अभिज्ञानशाकुन्तलम्/ अङ्क–4**
(D) 'हिंस्रः स्वपापेन विहिंसितः खलः, साधुः समत्वेन भयाद् विमुच्यते'– शिवराजविजयम् का मङ्गलाचरण है जो भागवतपुराण से उद्धृत है। अतः विकल्प (C) सही है।

44. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में विष्कम्भक है?
(A) अङ्क के अन्त में (B) अङ्क के प्रारम्भ में
(C) अङ्क के मध्य में (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– विष्कम्भक द्वारा भूत या भावी घटना की सूचना दी जाती है। अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क के **प्रारम्भ में विष्कम्भक का प्रयोग** है। अतः विकल्प (B) सही हैं।

45. किरातार्जुनीयम् महाकाव्य में सर्ग है?
(A) 18 (B) 17
(C) 19 (D) 50

	महाकाव्य	सर्ग संख्या
(A)	**किरातार्जुनीयम्**	**18**
(B)	कुमारसम्भवम्	17 (कुछ विद्वान् 8 सर्ग भी मानते हैं)
(C)	रघुवंशमहाकाव्यम्	19
(D)	हरविजयम्	50

अतः विकल्प (A) सही है।

46. 'अर्थगौरव' के लिए कौन कवि प्रसिद्ध हैं–
(A) माघ (B) दण्डी
(C) भारवि (D) कालिदास

	कवि	प्रसिद्धि
(A)	माघ	उपमा, पदलालित्य, अर्थगौरव
(B)	दण्डी	पदलालित्य
(C)	**भारवि**	**अर्थगौरव**
(D)	कालिदास	उपमा

अतः विकल्प (C) सही है।

47. बाण ने 'कादम्बरी' में किस रीति का प्रयोग किया है?
(A) गौडी (B) वैदर्भी
(C) पाञ्चाली (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– बाणभट्ट ने कादम्बरी में पाञ्चाली रीति का प्रयोग किया है– ''शब्दार्थयोः समो गुम्फः पाञ्चालीरीतिरिष्यते''

	कवि	रीति
(A)	सुबन्धु	गौडीरीति
(B)	भर्तृहरि	वैदर्भी
(C)	**बाणभट्ट**	**पाञ्चाली**

अतः विकल्प (C) सही है।

48. 'रुचिरस्वरवर्णपदा रसभाववती जगन्मनो हरति' किस कवि की रचना के लिए कहा गया है?
(A) कालिदास (B) भवभूति
(C) बाणभट्ट (D) भारवि

व्याख्या–
(A) 'निर्गतासु न वा कस्य कालिदासस्य सूक्तिषु'–कालिदास के विषय में बाणभट्ट ने कहा।
(B) 'उत्तरे रामचरिते भवभूतिर्विशिष्यते'–भवभूति के विषय में विक्रमार्क ने कहा
(C) **'रुचिरस्वरवर्णपदा रसभाववती जगन्मनो हरति'–** बाणभट्ट के विषय में धर्मदास ने कहा
(D) 'प्रकृतिमधुरा भारविगिरः'–भारवि के विषय में श्रीधरदास ने कहा। अतः विकल्प (C) सही है।

42. (B) 43. (C) 44. (B) 45. (A) 46. (C) 47. (C) 48. (C)

49. 'विलासवती' किसकी पत्नी थी?
(A) शुकनास (B) तारापीड
(C) चन्द्रापीड (D) पुण्डरीक

	पति	पत्नी
(A)	शुकनास	मनोरमा
(B)	**तारापीड**	**विलासवती**
(C)	चन्द्रापीड	कादम्बरी
(D)	पुण्डरीक	महाश्वेता

अतः विकल्प (B) सही है।

50. चन्द्रापीड का विवाह किससे होता है?
(A) महाश्वेता (B) मनोरमा
(C) कादम्बरी (D) लक्ष्मी

व्याख्या– * बाणभट्ट कृत कादम्बरी कथा में **चन्द्रापीड का विवाह कादम्बरी के साथ** होता है। अतः विकल्प (C) सही है।
* 'मनोरमा' शुकनास की पत्नी है, और लक्ष्मी, श्वेतकेतु की पत्नी है।
* 'महाश्वेता' से पुण्डरीक प्रेम करता है।

51. मेघदूतम् में किस छन्द का प्रयोग है?
(A) स्रग्धरा (B) मन्दाक्रान्ता
(C) हरिणी (D) शिखरिणी

व्याख्या– सम्पूर्ण मेघदूतम् में **मन्दाक्रान्ता छन्द** का प्रयोग है। अतः विकल्प (B) सही है।

52. मेघदूतम् में मेघ को किस नदी से जल-ग्रहण करने की सलाह दी गई है?
(A) यमुना (B) गोदावरी
(C) जाह्नवी (D) नर्मदा

व्याख्या– मेघदूतम् में यक्ष मेघ को **रेवा (नर्मदा) नदी** का जल-ग्रहण करने की सलाह देता है। ''जम्बूकुञ्जप्रतिहतरयं तोयमादाय गच्छेः'' (पूर्वमेघ/20) अतः विकल्प (D) सही है।

53. 'मेघदूतम्' में यक्ष के शापान्त की अवधि मानी गयी है?
(A) तीन माह (B) चार माह
(C) दो माह (D) एक सप्ताह

व्याख्या– ''शापान्तो मे भुजगशयनादुत्थिते शार्ङ्गपाणौ शेषान्मासान्गमय चतुरो लोचने मीलयित्वा।'' (उत्तरमेघ/50) अर्थात् भगवान् के शेष-शय्या पर से उठते ही (आने वाली देवोत्थान एकादशी को) मेरा शाप समाप्त हो जाएगा। अतः **शेष चार मासों** को आखें मूदकर बिता डालो।
अतः विकल्प (B) सही है।

54. किस नाट्यकृति में गर्भाङ्क मिलता है?
(A) मालतीमाधवम् में (B) महावीरचरितम् में
(C) उत्तररामचरितम् में (D) स्वप्नवासवदत्तम् में

व्याख्या– * भवभूति कृत **उत्तररामचरित के 7वें अङ्क में गर्भाङ्क की योजना** है। अतः विकल्प (C) सही है।
* 'मालतीमाधवम्' और 'महावीरचरितम्' दोनों भवभूति की रचनायें हैं, जबकि स्वप्नवासवदत्तम्' भास की रचना है।

55. 'उत्तररामचरितम्' में किससे कुश एवं लव के जन्म का रहस्योद्घाटन होता है?
(A) विष्कम्भक द्वारा (B) प्रवेशक द्वारा
(C) चूलिका द्वारा (D) आकाशभाषित द्वारा

व्याख्या–
* विष्कम्भक–भूत और भावी घटनाओं की सूचना मध्यमश्रेणी के पात्रों द्वारा दी जाती है। इनकी भाषा संस्कृत होती है।
* विष्कम्भक का प्रयोग सदैव अङ्क के प्रारम्भ में होता है।
* उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में तमसा के कथन द्वारा **कुश एवं लव के जन्म की सूचना शुद्ध विष्कम्भक के द्वारा** दी गयी है। ''तदैव तत्र दारकद्वयं च प्रसूता''
अतः विकल्प (A) सही है।

56. 'सहयुक्तेऽप्रधाने सूत्र है?
(A) कर्मकारक का (B) करणकारक का
(C) सम्प्रदानकारक का (D) अपादानकारक का

	सूत्र	सम्बन्धित कारक
(A)	उपान्वध्याङ्वसः	कर्मकारक
(B)	**सहयुक्तेऽप्रधाने**	**करणकारक**
(C)	राधीक्ष्योर्यस्य विप्रश्नः	सम्प्रदानकारक
(D)	जनिकर्तुः प्रकृतिः	अपादानकारक

अतः विकल्प (B) सही है।

57. 'सूर्ये अस्तं गते गोपाः गृहम् अगच्छन्' में विभक्ति है?
(A) चतुर्थी (B) पञ्चमी
(C) सप्तमी (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– ''यस्य च भावेन भावलक्षणम्'' (2/3/37) सूत्र से जहाँ एक क्रिया के घटित होने पर दूसरी क्रिया सूचित हो वहाँ पहली क्रिया के आश्रय वाचक शब्द में **सप्तमी विभक्ति** होती है यथा– सूर्ये अस्तं गते गोपाः गृहम् अगच्छन्।
अतः विकल्प (C) सही है।

49. (B) 50. (C) 51. (B) 52. (D) 53. (B) 54. (C) 55. (A) 56. (B) 57. (C)

58. 'बालक' शब्द का चतुर्थी एकवचन का रूप है?
(A) बालकेभ्यः (B) बालकाय
(C) बालकाभ्याम् (D) बालकात्

व्याख्या– 'बालक' अकारान्त पुंलिङ्ग शब्द का रूप चतुर्थी विभक्ति में "**बालकाय,** बालकाभ्याम् बालकेभ्यः" बनता है। पञ्चमी विभक्ति में–"बालकात्, बालकाभ्याम्, बालकेभ्यः" रूप बनता है। अतः विकल्प (B) सही है।

59. 'अस्मद्' शब्द सप्तमी एकवचन का रूप है?
(A) मया (B) मम
(C) मयि (D) माम्

व्याख्या– 'अस्मद्' शब्द का सातों विभक्तियों का एकवचन में रूप–अहम्, माम्, मया, मह्यम्, मत्, मम, **मयि।** अतः सप्तमी एकवचन में 'मयि' रूप बनता है। इसलिए विकल्प (C) सही है।

60. 'तेरह' के लिए संस्कृत में शब्द है?
(A) त्रयदशम् (B) त्रिदश
(C) त्रयोदश (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– तेरह के लिए '**त्रयोदश**' संस्कृतशब्द है। अतः विकल्प (C) सही है।

61. कालिदास किस राजा के आश्रयदाता कवि थे?
(A) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य (B) धवलचन्द्र
(C) अवन्तिवर्मा (D) यशोवर्मा

	कवि	**आश्रयदाता राजा**
(A)	**कालिदास**	**चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य**
(B)	नारायणपण्डित	धवलचन्द्र
(C)	आनन्दवर्धन	अवन्तिवर्मा
(D)	भवभूति	यशोवर्मा

अतः विकल्प (A) सही है।

62. 'रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय'–प्रस्तुत सूक्ति किस ग्रन्थ से उद्धृत है?
(A) कादम्बरी से (B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(C) रघुवंशम् से (D) मेघदूतम् से

व्याख्या–
(A) 'अप्रत्ययबहुला च दिवसान्त'– (कादम्बरी/शुकनासोपदेश)
(B) 'मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि'– (अभिज्ञान/अङ्क 4)
(C) 'स्ववीर्यगुप्ता हि मनोः प्रसूतिः'–(रघुवंशम् 2/4)
(D) 'रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय'– पूर्वमेघ/20

अतः विकल्प (D) सही है।

63. उत्तररामचरित के तृतीय अङ्क में कुल कितने श्लोक हैं?
(A) 46 (B) 22
(C) 48 (D) 256

	ग्रन्थ	**श्लोक**
(A)	किरातार्जुनीयम् (प्रथमसर्ग)	46
(B)	अभिज्ञानशाकुन्तलम् (चतुर्थ अङ्क)	22
(C)	उत्तररामचरितम् (तृतीय अङ्क)	48
(D)	**उत्तररामचरितम् (सम्पूर्ण)**	**256**

अतः विकल्प (C) सही है।

64. 'बृहत्कथा' के लेखक है?
(A) नारायण पण्डित (B) विष्णुशर्मा
(C) गुणाढ्य (D) क्षेमेन्द्र

व्याख्या–

	कथा साहित्य	**लेखक**
(A)	हितोपदेश	नारायणपण्डित
(B)	पञ्चतन्त्रम्	विष्णुशर्मा
(C)	**बृहत्कथा**	**गुणाढ्य**
(D)	बृहत्कथामञ्जरी	क्षेमेन्द्र

अतः विकल्प (C) सही है।

65. "सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः" किस कवि का प्रिय श्लोक है?
(A) भारवि का (B) कालिदास का
(C) बाणभट्ट का (D) माघ का

व्याख्या– 'सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः (बिना विचार किये किसी भी कार्य को सहसा नहीं करना चाहिए) यह **भारवि का प्रिय श्लोक** है। अतः विकल्प (A) सही है।

66. निम्न में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?
(A) मृच्छकटिकम्– शूद्रक
(B) वेणीसंहारम्– भट्टनारायण
(C) मुद्राराक्षसम्– विशाखदत्त
(D) राजतरङ्गिणी– क्षेमेन्द्र

व्याख्या– राजतरङ्गिणी, कल्हण की रचना है। अतः विकल्प (D) सही है।

58. (B) 59. (C) 60. (C) 61. (A) 62. (D) 63. (C) 64. (C) 65. (A) 66. (D)

67. 'किरातार्जुनीयम्' के प्रत्येक सर्ग का अन्तिम पद है?
(A) लक्ष्मी (B) विभु
(C) शिव (D) श्री

व्याख्या– * ''दिनकृतमिव लक्ष्मीस्त्वां समभ्येतु भूयः'' (किरात० 1/46) किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग की अन्तिम पंक्ति है, इसमें **'लक्ष्मी' पद का प्रयोग** हुआ है।
* इसीप्रकार किरातार्जुनीयम् के प्रत्येकसर्ग का अन्तिम पद लक्ष्मी है। अतः विकल्प (A) सही है।

68. किरातार्जुनीयम् में 'किरात' शब्द किसका बोधक है?
(A) कोल-भील (B) किरीटधारी
(C) शङ्कर (D) कार्तिकेय

व्याख्या– भारवि कृत महाकाव्य किरातार्जुनीयम् में 'किरात' शब्द **भगवान् शङ्कर का बोधक** है।
अतः विकल्प (C) सही है।

69. 'कवीनां कविषु वा कालिदासः श्रेष्ठः'' में प्रयुक्त विभक्ति है?
(A) चतुर्थी (B) सप्तमी
(C) पञ्चमी (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– * ''यतश्च निर्धारणम्'' (2/3/41) सूत्र से किसी समुदाय से एक को पृथक् करना 'निर्धारण' कहलाता है।
* जिससे निर्धारण होता है उसमें **षष्ठी और सप्तमी विभक्ति** होती है यथा–कवीनां कविषु वा कालिदासः श्रेष्ठः।
अतः विकल्प (B) सही है।

70. शकुन्तला के साथ दुष्यन्त के राजदरबार तक कौन गयी थी?
(A) प्रियंवदा (B) गौतमी
(C) अनसूया (D) मालविका

व्याख्या– ''त्वया सह गौतमी यास्यति'' (अभि० शा० अङ्क 4) कण्व के इस कथन से ज्ञात होता है कि– शकुन्तला के साथ दुष्यन्त के दरबार तक **गौतमी जाती है** तथा इसके साथ शार्ङ्गरव और शारद्वत भी जाते हैं।
अतः विकल्प (B) सही है।

71. 'चौरभयम् में कौन-सा समास है?
(A) द्वितीया तत्पुरुष (B) तृतीया तत्पुरुष
(C) षष्ठी तत्पुरुष (D) पञ्चमी तत्पुरुष

व्याख्या–
(A) ''द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः'' (2/1/24) सूत्र से 'कष्टम् आपन्नः = कष्टापन्नः' में द्वितीया तत्पुरुषसमास है।
(B) ''पूर्वसदृशसमोनार्थकलहनिपुणमिश्रश्लक्ष्णैः'' (2/1/31) सूत्र से 'गुडेन मिश्रं=गुडमिश्रम्' में तृतीया तत्पुरुषसमास है।
(C) ''षष्ठी'' (2/2/8) सूत्र से 'राज्ञः पुरुषः = राजपुरुषः' में षष्ठी तत्पुरुषसमास है।
(D) ''पञ्चमी भयेन'' (2/1/37) सूत्र से 'चौराद् भयं = चौरभयम्' में **पञ्चमी तत्पुरुषसमास है।**
अतः विकल्प (D) सही है।

72. 'तथेति' का सन्धि विच्छेद होगा?
(A) तथ + इति (B) तथा + तेति
(C) तथा + इति (D) तथा + इत

व्याख्या– ''आद्गुणः'' (6/1/87) सूत्र से यदि अ/आ के बाद स्वर हो तो दोनों के स्थान में गुण आदेश हो।
यथा–**तथा + इति** = तथेति। (आ + इ = ए)
अतः विकल्प (C) सही है।

73. निम्नलिखित में कौन-सा कथन असत्य है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक में सात अङ्क हैं।
(B) शकुन्तला की कथा महाभारत के आदिपर्व में वर्णित है।
(C) कालिदास वैदर्भी रीति के कवि हैं।
(D) मालविकाग्निमित्रम् नाटक में सात अङ्क हैं।

व्याख्या– विकल्प (D) असत्य है, क्योंकि मालविकाग्निमित्रम् कालिदास कृत नाटक है। जिसमें पाँच अङ्क हैं।
अतः विकल्प (D) सही है।

74. महाभारत को जाना जाता है?
(A) जयसंहिता (B) आदिकाव्य
(C) सौप्तिक संहिता (D) अरण्यसंहिता

व्याख्या– * महाभारत को **'जयसंहिता'** भी कहा जाता है।
* महाभारत में एक लाख श्लोक हैं। इसके रचयिता ''वेदव्यास'' हैं।
* रामायण का अपर नाम ''चतुर्विंशतिसाहस्री संहिता'' है।
* रामायण को 'आदिकाव्य' कहते हैं। वाल्मीकि को 'आदिकवि' कहा जाता है। अतः विकल्प (A) सही है।

67. (A)	68. (C)	69. (B)	70. (B)	71. (D)	72. (C)	73. (D)	74. (A)

75. संस्कृत में दस हजार होगा?
(A) सहस्रम् **(B) नियुतम्**
(C) लक्षम् **(D) अयुतम्**

व्याख्या–

	संख्या	संस्कृत शब्द
(A)	एक हजार	सहस्रम्
(B)	दस लाख	नियुतम्/प्रयुतम्
(C)	एक लाख	लक्षम्
(D)	**दस हजार**	**अयुतम्**

नोट–सहस्रम्, नियुतम्, लक्षम्, अयुतम्, सभी नपुंसकलिङ्ग शब्द हैं। अतः विकल्प (D) सही है।

76. '99' का संस्कृत शब्दात्मक रूप होगा?
(A) नवनवतिः **(B) त्रिनवतिः**
(C) अष्टानवतिः **(D) नवतिः**

व्याख्या–

	संख्या	शब्द
(A)	**99**	**नवनवतिः**
(B)	93	त्रिनवतिः/त्रयोनवतिः
(C)	98	अष्टानवतिः/अष्टनवतिः
(D)	90	नवतिः

अतः विकल्प (A) सही है।

77. अनुनासिक वर्णों की संख्या है?
(A) तीन **(B) चार**
(C) पाँच **(D) सात**

व्याख्या– अनुनासिक वर्णों का उच्चारण मुख और नासिका दोनों से होता है। ''मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः'' (1.1.8) **इनकी संख्या 5** है। यथा–
'ञमङणनानां नासिका च'–**ञ्, म्, ङ्, ण्, न्**
अतः विकल्प (C) सही है।

78. ''नारिकेलफलसम्मितं वचः'' किस कवि के बारे में कहा जाता है?
(A) महाकवि बाण **(B) कालिदास**
(C) भास **(D) भारवि**

व्याख्या– प्रसिद्ध टीकाकार मल्लिनाथ ने **भारवि** की रचना की उपमा नारियल के फल से दी है। जो ऊपर से कठोर, किन्तु अन्दर से कोमल और सरस होता है। ''नारिकेलफलसम्मितं वचो भारवेः सपदि तद् विभज्यते''–मल्लिनाथ।
अतः विकल्प (D) सही है।

79. किरातार्जुनीयम् में कितने सर्ग हैं?
(A) 28 **(B) 18**
(C) 22 **(D) 13**

व्याख्या–

	ग्रन्थ	सर्ग
(A)	बुद्धचरितम्	28
(B)	**किरातार्जुनीयम्**	**18**
(C)	भट्टिकाव्य (रावणवध)	22
(D)	राघवपाण्डवीयम्	13

अतः विकल्प (B) सही है।
नोट–यह प्रश्न इसी प्रश्नपत्र में प्रश्न संख्या 45 में एक बार पूछा जा चुका है। कृपया प्रश्न संख्या 45 देखें।

80. कादम्बरी में वर्णित शुक पूर्वजन्म में था?
(A) शूद्रक **(B) वैशम्पायन**
(C) तारापीड **(D) चन्द्रापीड**

व्याख्या– बाणभट्ट कृत कादम्बरी में तीन जन्मों की कथा है। जिसमें शुक के पूर्वजन्म का नाम वैशम्पायन था। यथा–
1. पुण्डरीक 2. **वैशम्पायन** 3. शुक

81. मेघदूतम् की कथावस्तु विभक्त है?
(A) खण्डों में **(B) निःश्वासों में**
(C) अध्यायों में **(D) सर्गों में**

व्याख्या–

	ग्रन्थ	विभाजन
(A)	**मेघदूतम्**	**खण्डों में** (पूर्वमेघ, उत्तरमेघ)
(B)	शिवराजविजयम्	3 विराम, 12 निःश्वास
(C)	कविकण्ठाभरण (क्षेमेन्द्र)	5 अध्याय, 55 कारिकाएँ
(D)	ऋतुसंहार	6 सर्ग, 144 श्लोक

अतः विकल्प (A) सही है।

82. 'रघुवंश' है?
(A) महाकाव्य **(B) गीतिकाव्य**
(C) नाटक **(D) व्याकरणग्रन्थ**

व्याख्या–

	ग्रन्थ	विधा
(A)	**रघुवंशम्**	**महाकाव्य**
(B)	गङ्गालहरी	गीतिकाव्य
(C)	बालरामायणम्	नाटक
(D)	अष्टाध्यायी	व्याकरणग्रन्थ

अतः विकल्प (A) सही है।

75. (D) 76. (A) 77. (C) 78. (D) 79. (B) 80. (B) 81. (A) 82. (A)

83. ''एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्'' से सम्बद्ध रचना है?
(A) मेघदूतम् **(B) वाल्मीकिरामायणम्**
(C) उत्तररामचरितम् **(D) नीतिशतकम्**

व्याख्या–
(A) 'एकः सख्यास्तव सह मया वामपादाभिलाषी'–मेघदूतम्
(B) 'एको हि कुरुते पापं कालपाशवशं गतः'–वाल्मीकि रामायण
(C) 'एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्'–**उत्तररामचरितम्।**
(D) 'एको देवः केशवो वा शिवो वा'–नीतिशतकम्
अतः विकल्प (C) सही है।

84. विदूषक रहित रचना है?
(A) उत्तररामचरितम् **(B) मृच्छकटिकम्**
(C) शिशुपालवधम् **(D) नैषधीयचरितम्**

व्याख्या– उत्तररामचरितम् विदूषक रहित रचना है। मृच्छकटिकम् का विदूषक 'मैत्रेय' है। शिशुपालवधम् और नैषधीयचरितम् दोनों महाकाव्य हैं। अतः विकल्प `A' सही है।

85. 'भू' धातु परस्मैपद का लङ्लकार मध्यमपुरुष एकवचन का रूप है?
(A) अभवन् **(B) भवतु**
(C) अभवः **(D) भवताम्**

व्याख्या– भू धातु परस्मैपद लङ्लकार का रूप प्रथमपुरुष में–अभवत् अभवताम् अभवन् बनता है
मध्यमपुरुष में–**अभवः** अभवतम् अभवत
लोट्लकार प्रथमपुरुष में–भवतु भवताम् भवन्तु
अतः विकल्प (C) सही है।

86. 'सतीर्थ्यः' का अर्थ है?
(A) सहपाठी **(B) सूर्य**
(C) थाल्हा **(D) दोना**

व्याख्या– ''तावत् तस्यैव सतीर्थ्योऽपरस्तत्समानवयाः कस्तुरिका–रेणुरूषित इव श्यामः।'' (शिवराजविजयम्)

	शब्द	अर्थ
(A)	**सतीर्थ्यः**	**सहपाठी/सहाध्यायी**
(B)	इनः	स्वामी
(C)	आलवालम्	थाल्हा
(D)	पुटकम्	दोना

अतः विकल्प (A) सही है।

87. योगिराज किस राजा के काल में प्रथमबार समाधिस्थ हुए थे?
(A) युधिष्ठिर **(B) विक्रमादित्य**
(C) यवनकाल **(D) हर्षवर्धन**

व्याख्या– ''यौधिष्ठिरे समये कलितसमाधिरहं वैक्रम-समये उदस्थाम्। पुनश्च वैक्रम-समये समाधिमाकलय्य अस्मिन् दुराचारमये समयेऽहमुत्थितोऽस्मि। (शिवराज0प्र0नि0)
योगिराज के इस कथन से ज्ञात होता है कि–
* योगिराज प्रथमबार युधिष्ठिर के समय में समाधि लगाते हैं और विक्रमादित्य के समय में उठते हैं।
* द्वितीय बार विक्रमादित्य के समय में समाधि लगाते हैं, और दुराचारसमय (यवनकाल) में उठते हैं।
* फिर कहते हैं कि मैं पुनः जाकर समाधिस्थ होऊँगा अर्थात् तृतीयबार यवनकाल में समाधिस्थ होंगे।

अतः विकल्प (A) सही है।

88. 'अपजिहीर्षुः' में कौन सी धातु है?
(A) आप् **(B) जि**
(C) हृ **(D) हृष्**

व्याख्या– ''मा स्म गमदन्योऽपि कश्चित् कन्यकामपजिहीर्षुरिति।'' (शिवराजविजयम्) 'अपजिहीर्षुः' सन्नन्तप्रयोग है। जिसका अर्थ है– अपहरण करने की इच्छा वाला। **'अप + हृ + सन् + उ' = अपजिहीर्षुः' में अप उपसर्ग एवं हृ धातु है।** अतः विकल्प (C) सही है।

89. 'चन्द्रहास' का अर्थ है?
(A) उदीयमान चन्द्र **(B) तलवार**
(C) चन्द्र का उपहास
(D) चाँदनी के समान ह्रास वाला

व्याख्या– चन्द्रहास का अर्थ **'तलवार'** है
''कृपाणः, करपालः, असिः, खड्गः'' आदि शब्द चन्द्रहास के पर्यायवाची शब्द हैं। अतः विकल्प (B) सही है।

90. 'वर्णिलिङ्गी' का अर्थ है।
(A) वर्ण एवं लिङ्ग **(B) वर्णी एवं चिह्न**
(C) ब्रह्मचारी के वेश वाला **(D) शिव**

व्याख्या– * वर्णिलिङ्गी का अर्थ है–**ब्रह्मचारी** वेश वाला।
* ब्रह्मचारी की वेशभूषा से युक्त व्यक्ति को 'वर्णिलिङ्गी' कहा जाता है।
* ''वर्णः प्रशस्तिः अस्ति अस्य इति वर्णी, तस्य लिङ्गं चिह्नं वर्णिलिङ्गम्। वर्णिलिङ्गम् अस्य अस्ति इति वर्णिलिङ्गी।''

अतः विकल्प (C) सही है।

83. (C) 84. (A) 85. (C) 86. (A) 87. (A) 88. (C) 89. (B) 90. (C)

91. 'उह्यते' में कौन सी धातु है?
(A) ऊह (B) या
(C) वह् (D) ह्वा

व्याख्या– ''गुणानुरागेण शिरोभिरुह्यते'–(किरात0 1/21) **वह् धातु** का रूप कर्मवाच्य में–लट्लकार प्रथमपुरुष में– ''उह्यते उह्येते उह्यन्ते'' बनता है। अतः विकल्प (C) सही है।

92. 'पत्यौ' में कौन सी विभक्ति है?
(A) प्रथमा द्विवचन (B) द्वितीया द्विवचन
(C) तृतीया एकवचन (D) सप्तमी एकवचन

व्याख्या–
(A) 'पति' इकारान्त पुंलिङ्ग का रूप प्रथमाविभक्ति में– 'पतिः, पती, पतयः' बनता है।
(B) द्वितीयाविभक्ति में–''पतिम् पती पतीन्'' बनता है।
(C) तृतीयाविभक्ति में–'पत्या पतिभ्याम् पतिभिः'।
(D) सप्तमी विभक्ति में–''**पत्यौ** पत्योः पतिषु'' रूप बनता है। अतः विकल्प (D) सही है।

93. यक्ष का प्रवास किस पर्वत पर था?
(A) देवगिरि (B) नीलगिरि
(C) रामगिरि (D) उदयगिरि

व्याख्या– ''स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु''(पूर्वमेघ/1) अर्थात् (यक्ष) घनी छाया से युक्त वृक्षों वाले **रामगिरि पर्वत** के आश्रमों में निवास करने लगा।
अतः विकल्प (C) सही है।

94. यक्ष की पत्नी कहाँ रहती थी?
(A) अमरावती (B) विदिशा
(C) उज्जयिनी (D) अलकापुरी

व्याख्या– * ''न त्वं दृष्ट्वा न पुनरलकां ज्ञास्यसे कामचारिन्''। (पूर्वमेघ/66)
* यक्ष की पत्नी विशालाक्षी '**अलकापुरी**' में रहती थी।
* 'विदिशा' शूद्रक की राजधानी है।
* 'उज्जयिनी' तारापीड की राजधानी थी
* 'अमरावती' इन्द्र की पुरी है। अतः विकल्प (D) सही है।

95. यक्ष का स्वामी कौन था?
(A) कुबेर (B) यम
(C) इन्द्र (D) वरुण

व्याख्या– * ''श्रुत्वा वार्तां जलदकथितां तां धनेशोऽपि सद्यः'' (उत्तरमेघ/प्रक्षिप्त)
प्रस्तुत पंक्ति में धनेशः, कुबेर के लिए प्रयुक्त है।
* ''सन्देशं मे हर धनपतिक्रोधविश्लेषितस्य'' यहाँ 'धनपति' का अर्थ भी 'कुबेर' है। अतः **यक्ष का स्वामी कुबेर** था अतः विकल्प (A) सही है।

96. गौतमी कौन थी?
(A) शकुन्तला की सखी (B) वृद्धा तापसी
(C) आश्रम की परिचारिका (D) कण्व की पत्नी

व्याख्या– कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में गौतमी नामक स्त्रीपात्र का उल्लेख है। जो कण्वाश्रम की अध्यक्षा तथा **एक वृद्धा तापसी** भी है।
अतः विकल्प (B) सही है।

97. शकुन्तला का दुष्यन्त के साथ विवाह किस विधि से हुआ था?
(A) ब्रह्म (B) गान्धर्व
(C) प्राजापत्य (D) दैव

व्याख्या– * ''यद्यपि गान्धर्वेण विधिना निर्वृत्तकल्याणा शकुन्तलाऽनुरूपभर्तृगामिनी संवृत्तेति'' अर्थात् गान्धर्व विधि से सम्पन्न विवाह वाली, शकुन्तला अपने योग्य पति को प्राप्त हो गयी है। (अभिज्ञान अङ्क-04)
* अनसूया के इस कथन से स्पष्ट है कि **शकुन्तला का दुष्यन्त के साथ गान्धर्व विवाह** हुआ था।
नोट–'कल्याण' का शाब्दिक अर्थ 'विवाह' है क्योंकि कालिदास दक्षिण भारत के थे और आज भी दक्षिण भारत में विवाह को ''कल्याणम्'' कहते हैं। गान्धर्वविवाह को हिन्दी में प्रेमविवाह और आधुनिक काल में प्रचलित Love marriage गान्धर्वविवाह का ही प्रतिरूप है। अतः विकल्प (B) सही है।

98. ''वामाः कुलस्याधयः'' में 'वामा' का अर्थ है?
(A) बायीं ओर स्थित (B) सुन्दर
(C) प्रतिकूल (D) महिला

व्याख्या– * ''यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामाः कुलस्याधयः'' (अभिज्ञान 4/18) प्रस्तुत पंक्ति में कण्व भारतीय संस्कृति के अनुरूप अपनी पालित पुत्री शकुन्तला को आदर्श गृहिणी होने का उपदेश देते हुए कहते हैं कि–इसप्रकार युवतियाँ गृहस्वामिनी पद को प्राप्त कर लेती हैं, और इसके प्रतिकूल आचरण करने वाली युवतियाँ कुल के लिए आधि (मानसिक कष्ट का कारण) बन जाती हैं।
* अतः यहाँ '**वामा' का अर्थ प्रतिकूल** है।
अतः विकल्प (C) सही है।

91. (C) 92. (D) 93. (C) 94. (D) 95. (A) 96. (B) 97. (B) 98. (C)

99. ''भूयिष्ठं भव दक्षिणा परिजने'' में 'परिजन' का अर्थ है?
(A) सौत (B) अत्यधिक
(C) उदार (D) सेवकजन

व्याख्या– ''भूयिष्ठं भव दक्षिणा परिजने भाग्येष्वनुत्सेकिनी'' (अभिज्ञान० 4/18) अर्थात्–सेवक-सेविकाओं के प्रति अत्यधिक उदार रहना और अच्छे भाग्य पर अभिमान मत करना।

	शब्द	अर्थ
(A)	सपत्नी	सौत
(B)	भूयिष्ठम्	अत्यधिक
(C)	दक्षिणा	उदार
(D)	**परिजन**	**सेवकजन/आश्रितजन**

नोट– भूयिष्ठं में 'बहु + इष्ठन्' प्रत्यय है।
अतः विकल्प (D) सही है।

100. 'विचिन्त्य' में कौन-सा प्रत्यय है?
(A) ल्यप् (B) क्विप्
(C) कनिन् (D) यत्

व्याख्या–

	शब्द	प्रत्यय
(A)	**विचिन्त्य**	**वि + चिन्त् + ल्यप्**
(B)	श्रीः	श्रिञ् + क्विप्
(C)	श्वा	श्वि + कनिन्
(D)	चेयम्	चि + यत्

अतः विकल्प (A) सही है।

101. 'पठ्' धातु के विधिलिङ् में प्रथमपुरुष बहुवचन का रूप होता है?
(A) पठानि (B) पठेयुः
(C) अपठाव (D) पठन्ति

व्याख्या–
(A) पठ् धातु का रूप लोट्लकार उत्तमपुरुष में–पठानि, पठाव, पठाम, बनता है।
(B) विधिलिङ् प्रथमपुरुष में–'पठेत्, पठेताम्, **पठेयुः**'
(C) लङ्लकार उत्तमपुरुष में–'अपठम्, अपठाव, अपठाम'
(D) लट्लकार प्रथमपुरुष में–'पठति, पठतः, पठन्ति'
अतः विकल्प (B) सही है।

102. गम् धातु लृट्लकार उत्तमपुरुष में एकवचन का रूप है?
(A) गमिष्यामि (B) गच्छताम्
(C) अगच्छत् (D) अगच्छन्

व्याख्या–
(A) गम् धातु लृट्लकार उत्तमपुरुष में–
गमिष्यामि, गमिष्यावः, गमिष्यामः रूप बनता है।
(B) लोट्लकार प्रथमपुरुष में–'गच्छतु, गच्छताम्, गच्छन्तु'
(C)+(D) लङ्लकार प्रथमपुरुष में–'अगच्छत्, अगच्छताम्, अगच्छन्' रूप बनता है।
अतः विकल्प (A) सही है।

103. हन् धातु से वर्तमानकाल में प्रथमपुरुष एकवचन का शुद्ध रूप होता है?
(A) हनति (B) घ्नन्ति
(C) हन्ति (D) हनन्ति

व्याख्या– * हन् धातु परस्मैपद लट्लकार प्रथमपुरुष में–**'हन्ति**, हतः, घ्नन्ति' रूप बनता है।
* हनति, हनन्ति रूप हन् धातु के दसों लकारों में कहीं नहीं बनते हैं। अतः विकल्प (C) सही है।

104. निम्नांकित में शुद्ध वाक्य कौनसा है?
(A) युवां पुस्तकं पठथ
(B) यूयं पुस्तकं पठथम्
(C) यूयं पुस्तकं पठथ
(D) आवां पुस्तक पठथ

व्याख्या– कर्ता के अनुसार क्रिया का प्रयोग होता है, इसलिए यहाँ मध्यमपुरुष बहुवचन की क्रिया के साथ मध्यमपुरुष बहुवचन के कर्ता का प्रयोग होकर–**'यूयं पुस्तकं पठथ'** शुद्ध वाक्य है। अतः विकल्प (C) सही है।

105. इनमें शुद्ध वाक्य है–
(A) बालिका जलात् मुखं प्राक्षालयति
(B) बालिका जले मुखं प्रक्षालयति
(C) बालिका जलेन मुखं प्रक्षालयति
(D) बालिका जलानि मुखं प्रक्षालयति

व्याख्या– ''साधकतमं करणम्'' (1/4/42) सूत्र से क्रिया की सिद्धि में जो पदार्थ सबसे अधिक सहायक होता है, उसकी करणसंज्ञा होकर उसमें तृतीया विभक्ति का विधान होता है। यथा–**बालिका जलेन मुखं प्रक्षालयति।** (बालिका जल से मुख धोती है) अतः विकल्प (C) सही है।

99. (D) 100. (A) 101. (B) 102. (A) 103. (C) 104. (C) 105. (C)

106. ''शोकक्षोभे च हृदयं प्रलापैरेव धार्यते''–उक्ति है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् की
(B) स्वप्नवासवदत्तम् की
(C) उत्तररामचरितम् की
(D) मृच्छकटिकम् की

व्याख्या– भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् नाटक के तृतीय अङ्क में तमसा राम को विलाप करते हुए देखकर कहती है कि– ''शोकजन्य क्षोभ में हृदय विलाप के द्वारा ही बचाया जाता है।'' **(उत्तररामचरितम् 3/29)** अतः विकल्प (C) सही है।

107. 'ओ' के उपरान्त यदि कोई स्वर आवे तो उसके स्थान पर हो जाता है?
(A) अय् **(B) अव्**
(C) आय् **(D) आव्**

व्याख्या– ''एचोऽयवायावः (6/1/78)'' सूत्र से एच् प्रत्याहार (ए, ओ, ऐ, औ) के बाद कोई स्वर आये तो उसके स्थान पर क्रमशः अय्, अव्, आय्, आव् आदेश हो जाता है। यथा–
(A) हरे + ए = हरये (ए + ए = अय्)
(B) **विष्णो + ए = विष्णवे (ओ + ए = अव्)**
(C) नै + अकः = नायकः (ऐ + अ = आय्)
(D) पौ + अकः = पावकः (औ + अ = आव्)
अतः विकल्प (B) सही है।

108. 'वाक् + ईशः' = वागीशः में सन्धि का सूत्र है?
(A) झलां जश् झशि **(B) झलां जशोऽन्ते**
(C) खरि च **(D) झयो होऽन्यतरस्याम्**

व्याख्या–
(A) ''झलां जश् झशि'' (8/4/53) सूत्र से बुध् + धिः = बुद्धिः में व्यञ्जन सन्धि है।
(B) **''झलां जशोऽन्ते''** (8/2/39)" सूत्र से पदान्त झल् के स्थान में जश् आदेश हो जाता है। यथा– वाक् + ईशः = वागीशः
(C) ''खरि च'' (8/4/55) सूत्र से उद् + थानम् = उत्थानम् में सन्धि हुई।
(D) ''झयो होऽन्यतरस्याम्'' (8/4/62)" सूत्र से वाक् + हरिः = वाग्घरिः में व्यञ्जनसन्धि है।
अतः विकल्प (B) सही है।

109. 'महाराजः' में समास है?
(A) द्विगु **(B) द्वन्द्व**
(C) कर्मधारय **(D) तत्पुरुष**

व्याख्या–
(A) पञ्चानां खट्वानां समाहारः = पञ्चखट्वा/पञ्चखट्वी में द्विगुसमास है।
(B) ''विशिष्टलिङ्गो नदीदेशोऽग्रामाः'' (2/4/7) सूत्र से 'गङ्गा च शोणश्च = गङ्गाशोणम्' में द्वन्द्वसमास में समाहारवद्भाव (नपुंसकलिङ्ग, एकवद्भाव) किया गया।
(C) 'राजाहः सखिभ्यष्टच्' (5/4/91) सूत्र से **'महान् चासौ राजा = महाराजः'** में समासान्त 'टच्' प्रत्यय होकर ''विशेषणं विशेष्येण बहुलम्'' (2.1.57) सूत्र से **कर्मधारयसमास** है।
(D) ''सप्तमी शौण्डैः'' (2/1/40) सूत्र से 'चक्रे बन्धः = चक्रबन्धः' में सप्तमी तत्पुरुषसमास है।
अतः विकल्प (C) सही है।

110. 'पीताम्बरः' में कौन-सा समास है?
(A) तत्पुरुष **(B) बहुव्रीहि**
(C) द्विगु **(D) द्वन्द्व**

व्याख्या–

	पद	**समास**
(A)	यूपदारु	तत्पुरुष
(B)	**पीताम्बरः**	**बहुव्रीहि**
(C)	चतुर्युगम्	द्विगु
(D)	हरिहरौ	द्वन्द्व

अतः विकल्प (B) सही है।

111. ''आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महारिपुः।
नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति॥''
इस श्लोक में किसका महत्त्व प्रतिपादित है?
(A) ज्ञान का **(B) धर्म का**
(C) कर्म का **(D) मित्र का**

व्याख्या– * प्रस्तुत श्लोक में भर्तृहरि कहते हैं कि– आलस्य निश्चित रूप से मनुष्यों के शरीर में स्थित महान् शत्रु है। उद्यम के समान कोई बन्धु नहीं है, जिसे करके मनुष्य दुःख नहीं पाता है। (नीतिशतकम्/कर्मपद्धति) अतः इस श्लोक में **कर्म का महत्त्व** बतलाया गया है।
अतः विकल्प (C) सही है।

106. (C) 107. (B) 108. (B) 109. (C) 110. (B) 111. (C)

112. ''सेवाधर्मो परमगहनो योगिनामप्यगम्यः'' कथन है?
(A) भवभूति का (B) भर्तृहरि का
(C) कालिदास का (D) भारवि का

व्याख्या–
(A) ''सस्वेदरोमाञ्चितकम्पिताङ्गी''(भवभूति/उत्तररामचरितम्-3/42)
(B) ''सेवाधर्मो परमगहनो योगिनामप्यगम्यः'' भर्तृहरि/नीतिशतकम्
(C) 'सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्'' (कालिदास/अभिज्ञान-49)
(D) ''सदानुकूलेषु हि कुर्वते रतिम्'' (भारवि/किरातार्जुनीयम्–1/5)
अतः विकल्प (B) सही है।

113. ''विधिरहो बलवानिति मे मतिः'' सूक्ति उद्धृत है?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से
(B) किरातार्जुनीयम् से
(C) उत्तररामचरितम् से
(D) नीतिशतकम् से

व्याख्या–
(A) ''विभवगुरुभिः कृत्यैस्तस्य प्रतिक्षणमाकुला'' (अभिज्ञान0 4/19)
(B) ''विधीयतां तत्र विधेयमुत्तरम्'' (किरातार्जुनीयम् 1/25)
(C) 'विरहव्यथेव वनमेति जानकी'' (उत्तर0 3/4)
(D) **''विधिरहो बलवानिति मे मतिः'' (नीतिशतकम्-85) से**
अतः विकल्प (D) सही है।

114. साहित्य, सङ्गीत एवं कला से अपरिचित व्यक्ति होता है?
(A) परममूर्ख (B) परमबुद्धिमान
(C) परमपशु (D) परमदुष्ट

व्याख्या– ''साहित्य–सङ्गीत-कलाविहीनः, साक्षात्पशुः पुच्छविषाणहीनः'' (अज्ञपद्धति)
साहित्य, संगीत और कला से अपरिचित व्यक्ति बिना सींग एवं पूँछ का **साक्षात् पशु** है।
''तृणं न खादन्नपि जीवमान-स्तद्भागधेयं **परमं पशूनाम्''**। (नीतिशतकम्) अतः विकल्प (C) सही है।

115. योगिराज पुनः कब समाधिस्थ हुए?
(A) युधिष्ठिर के समय (B) विक्रमादित्य के समय
(C) भोजराज के समय (D) पृथ्वीराज के समय

व्याख्या– इसका विकल्प (B) सही है।
नोट–इस प्रश्न की विस्तृत व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या-87 देखें।

116. किरातार्जुनीयम् के प्रथम सर्ग में छन्द है?
(A) वसन्ततिलका (B) उपेन्द्रवज्रा
(C) वंशस्थ (D) उपजाति

व्याख्या– भारवि कृत किरातार्जुनीयम् महाकाव्य के प्रथमसर्ग में (1/44) श्लोक तक **वंशस्थ छन्द** है तथा 45वें एवं 46वें श्लोक में क्रमशः पुष्पिताग्रा एवं मालिनी छन्द है।
अतः विकल्प (C) सही है।
नोट–कृपया प्रश्न संख्या-30 भी देखें।

117. 'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः'' उक्ति है?
(A) युधिष्ठिर की (B) दुर्योधन की
(C) वनेचर की (D) द्रौपदी की

व्याख्या– * 'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' अर्थात् हितकारी और प्रियवाणी दुर्लभ होती है। (किरात0 1/4)
* उपर्युक्त पंक्ति **वनेचर की उक्ति** है। किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में युधिष्ठिर और दुर्योधन की एक भी उक्ति नहीं है। केवल वनेचर एवं द्रौपदी की उक्तियाँ है।
अतः विकल्प (C) सही है।

118. ''अहो दुरन्ता बलवद्विरोधिता'' सूक्ति किसके लिए कथित है?
(A) दुर्योधन के विषय में (B) युधिष्ठिर के विषय में
(C) भीम के विषय में (D) द्रौपदी के विषय में

व्याख्या–
(A) ''अहो दुरन्ता बलवद्विरोधिता''– (किरात. 1/23) यह उक्ति दुर्योधन के विषय में है।
(B) ''पुरोपनीतं नृप! रामणीयकं, द्विजातिशेषेण यदेतदन्धसा'' युधिष्ठिर के विषय में (किरात. 1/39)
(C) ''परिभ्रमँल्लोहितचन्दनोचितः पदातिरन्तर्गिरि रेणुरूषितः'' भीम के विषय में (किरात. 1/34)
(D) ''तथापि वक्तुं व्यवसाययन्ति मां, निरस्तनारीसमया दुराधयः'' (किरात. 1/28)
द्रौपदी के विषय में। अतः विकल्प (A) सही है।

112. (B) 113. (D) 114. (C) 115. (B) 116. (C) 117. (C) 118. (A)

119. 'पराभवोऽप्युत्सव एव मानिनाम्' यह उक्ति किस ग्रन्थ में है?
(A) नीतिशतकम्' में (B) किरातार्जुनीयम् में
(C) मुद्राराक्षसम् में (D) शिशुपालवधम् में

व्याख्या–
(A) 'परोपकारैर्न तु चन्दनेन'–(नीतिशतकम्/63)
(B) **'पराभवोप्युत्सव एव मानिनाम्'–(किरात. 1/41)**
(C) 'परायत्तःप्रीतेः कथमिव रसं वेत्ति पुरुषः'–'मुद्राराक्षस/अङ्क 3)
(D) 'परिभवोऽरिभवो हि सुदुःसहः'–(शिशुपाल० 6/45)
अतः विकल्प (B) सही है।

120. 'शमेन सिद्धिं मुनयो न भूभृतः' यह कथन किसका है।
(A) द्रौपदी का (B) वनेचर का
(C) दुर्योधन का (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– प्रस्तुत सूक्ति में **द्रौपदी**, युधिष्ठिर को उलाहना देते हुए कहती है कि–निष्काम तपस्वीजन शान्ति के द्वारा (काम, क्रोध आदि) शत्रुओं को जीतकर सिद्धि प्राप्त करते हैं, राजा नहीं। (किरात० 1/42) अतः विकल्प (A) सही है।

121. 'बलिं याचते वसुधाम्' में किस सूत्र से 'बलि' की कर्मसंज्ञा हुई है।
(A) कर्तुरीप्सिततमं कर्म (B) अधिशीङ्स्थासां कर्म
(C) तथायुक्तं चानीप्सितम् (D) अकथितं च

व्याख्या–
(A) ''कर्तुरीप्सिततमं कर्म'' (1/4/49) सूत्र से कर्ता अपनी क्रिया के द्वारा जिस पदार्थ को सबसे अधिक चाहता है उसकी कर्मसंज्ञा होती है। यथा–भक्तः हरिं भजति।
(B) ''अधिशीङ्स्थासां कर्म'' (1/4/46) सूत्र से यदि शीङ्, स्था और आस् धातुओं के पहले 'अधि' उपसर्ग लगा हो तो क्रिया के आधार की कर्मसंज्ञा होती है यथा–हरिः वैकुण्ठम् अधिशेते।
(C) ''तथायुक्तं चानीप्सितम् (1/4/50) सूत्र से ईप्सित पदार्थ के साथ-साथ अनीप्सित पदार्थ की भी कर्मसंज्ञा होती है। यथा–ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति।
(D) **''अकथितं च''** (1/4/51) सूत्र से अपादानादि कारकों की अविवक्षा में (दुह्, याच् आदि 16 धातुओं के योग में) प्रकृत सूत्र से अपादान आदि कारकों की कर्मसंज्ञा होती है। यथा–बलिं याचते वसुधाम् (बलि से पृथ्वी माँगता है) अतः विकल्प (D) सही है।

122. 'उपगङ्गम्' में कौन सा समास है?
(A) तत्पुरुष (B) द्वन्द्व
(C) अव्ययीभाव (D) बहुव्रीहि

व्याख्या–
(A) ''पूर्वसदृशसमोनार्थकलहनिपुणमिश्रश्लक्ष्णैः'' (2/1/31) सूत्र से 'मात्रा सदृशः = मातृसदृशः' में तृतीया तत्पुरुषसमास है।
(B) ''चार्थे द्वन्द्वः'' (2/2/29) सूत्र से पाणी च पादौ च = पाणिपादम् में द्वन्द्वसमास है।
(C) ''ह्रस्वो नपुंसके प्रातिपदिकस्य'' (1/2/47) सूत्र से **गङ्गायाः समीपम् = उपगङ्गम्' इस अव्ययीभाव समास** में ह्रस्व का विधान किया गया।
(D) ''अनेकमन्यपदार्थे'' (2/2/24) सूत्र से 'वीराः पुरुषाः सन्ति यस्मिन् ग्रामे सः = वीरपुरुषको ग्रामः' में बहुव्रीहि समास है। अतः विकल्प (C) सही है।

123. 'कष्टापन्नः' समास का विग्रह क्या है?
(A) कष्टम् आपन्नः (B) कष्टेन आपन्नः
(C) कष्टे आपन्नः (D) कष्टाय आपन्नः

व्याख्या– ''द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः'' (2/1/24) सूत्र से **'कष्टम् आपन्नः = कष्टापन्नः' में द्वितीया तत्पुरुषसमास है।** अतः विकल्प (A) सही है।

124. 'वाग्युद्धम्' समास का विग्रह है?
(A) वाचि युद्धम् (B) वाचे युद्धम
(C) वाचा युद्धम् (D) वाचो युद्धम्

व्याख्या– ''पूर्वसदृशसमोनार्थकलहनिपुणमिश्रश्लक्ष्णैः (2/1/31)" सूत्र से कलह अर्थ में ''वाचा युद्धम् = वाग्युद्धम्'' में तृतीया तत्पुरुषसमास है। अतः विकल्प (C) सही है।

125. 'पितृ' शब्द का सप्तमी एकवचन में रूप क्या होगा?
(A) पितरि (B) पितुः
(C) पित्रे (D) पित्रा

व्याख्या–
(A) 'पितृ' ऋकारान्त पुंलिङ्ग शब्द का रूप **सप्तमी में–पितरि, पित्रोः, पितृषु बनता है।**
(B) षष्ठी विभक्ति में–पितुः, पित्रोः, पितॄणाम्
(C) चतुर्थी विभक्ति में–पित्रे, पितृभ्याम्, पितृभ्यः
(D) तृतीया विभक्ति में–पित्रा, पितृभ्याम्, पितृभिः
अतः विकल्प (A) सही है।

119. (B) 120. (A) 121. (D) 122. (C) 123. (A) 124. (C) 125. (A)

प्रशिक्षित-स्नातकशिक्षक-चयनपरीक्षा (TGT)–2010

1. 'घटिका-शतक' की उपाधि से विभूषित किये गये हैं?
(A) बाणभट्ट (B) भर्तृहरि
(C) अम्बिकादत्तव्यास (D) कालिदास

कवि	उपाधि
(A) बाणभट्ट	गद्यसम्राट्/तुरङ्गबाण
(B) भर्तृहरि	शतकत्रयकार
(C) **अम्बिकादत्तव्यास**	**घटिकाशतक/शतावधान/अभिनवबाण**
(D) कालिदास	दीपशिखा/रघुकार/कविकुलगुरु

अतः विकल्प (C) सही है।

2. बाणभट्ट का काल माना जाता है?
(A) ई०पू० प्रथम शताब्दी
(B) सातवीं शताब्दी का उत्तरार्ध
(C) छठी शताब्दी
(D) सातवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध

कवि	अनुमानित काल
(A) कालिदास	ई०पू० प्रथम शताब्दी
(B) भवभूति	सातवीं शताब्दी का उत्तरार्ध
(C) भारवि	छठी शताब्दी
(D) **बाणभट्ट**	**सातवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध**

अतः विकल्प (D) सही है।

3. 'गां दोग्धि पयः' में 'गां' की संज्ञा होगी?
(A) कर्म (B) करण
(C) अधिकरण (D) अपादान

व्याख्या–

(A) ''अकथितं च'' (1/4/51) सूत्र से दुह्, याच्, आदि सोलह धातुओं के योग में या तो करण, सम्प्रदान, अपादान इत्यादि का प्रयोग करें अथवा इनके स्थान पर कर्मकारक का प्रयोग करें यथा–'सः गां दोग्धि पयः'–(वह गाय से दूध दुहता है) यहाँ 'गाय' वस्तुतः अपादानकारक है किन्तु अपादान की अविवक्षा में **कर्मकारक** है। अतः विकल्प (A) सही है।

(B) ''संज्ञोऽन्यतरस्यां कर्मणि'' (2/3/22) सूत्र से 'सम्' उपसर्गपूर्वक 'ज्ञा' धातु के अनभिहित कर्म में विकल्प से करणकारक होकर तृतीया विभक्ति होती है। यथा– सः पित्रा पितरं वा सञ्जानीते।

(C) ''आधारोऽधिकरणम्'' (1.4.45) सूत्र से 'आधार' की अधिकरणसंज्ञा होकर ''सप्तम्यधिकरणे च'' से सप्तमीविभक्ति होगी। यथा– सःकटे आस्ते।

(D) ''आख्यातोपयोगे'' (1/4/29) सूत्र से जिससे नियमपूर्वक विद्या पढ़ी जाती है, उसकी अपादान संज्ञा होकर पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा–सः अध्यापकात् संस्कृतं पठति।

4. कादम्बरी के कथानक का आधार है?
(A) महाभारत (B) पद्मपुराण
(C) वाल्मीकिरामायण (D) बृहत्कथा

व्याख्या–

ग्रन्थ	कथानक का आधार
(A) किरातार्जुनीयम्	महाभारत (वनपर्व)
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्	पद्मपुराण और महाभारत (आदिपर्व)
(C) उत्तररामचरितम्	वाल्मीकिरामायण
(D) **कादम्बरी**	**बृहत्कथा**

अतः विकल्प (D) सही है।

5. निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध 'उत्तररामचरितम्' से नहीं है?
(A) विदूषक का अभाव
(B) करुणरस की प्रधानता
(C) गर्भाङ्क की योजना
(D) अष्टपदा नान्दी

व्याख्या– भवभूति कृत उत्तररामचरितम् नाटक में विदूषक का अभाव, करुणरस की प्रधानता, तथा गर्भाङ्क की योजना–ये तीनों शैलीगत विशेषताएँ हैं, किन्तु 'अष्टपदा' नान्दी का वर्णन नहीं है। इसमें **'द्वादशपदा' नान्दी का प्रयोग** है।
अतः विकल्प (D) सही उत्तर है।

1. (C) 2. (D) 3. (A) 4. (D) 5. (D)

6. राजा शूद्रक की राजधानी थी?
(A) विदिशा (B) उज्जयिनी
(C) अवन्तिका (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– * राजा '**शूद्रक' की राजधानी 'विदिशा'** है, जो वेत्रवती नदी के किनारे अवस्थित थी।

* तारापीड की राजधानी 'उज्जयिनी' है, जो 'शिप्रा' नदी के किनारे अवस्थित थी। उज्जयिनी को 'अवन्तिका' (विशाला) भी कहा जाता है। जो महाकाल की भी नगरी मानी जाती है। अतः विकल्प (A) सही है।

7. 'छायाङ्क' का सम्बन्ध किस नाटक से है?
(A) उत्तररामचरितम्
(B) मालविकाग्निमित्रम्
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(D) स्वप्नवासवदत्तम्

व्याख्या–

(A) भवभूति कृत 'उत्तररामचरितम्' नाटक के तृतीय अङ्क में सीता छाया रूप में उपस्थित हैं, इसलिए इस अङ्क को 'छायाङ्क' के नाम से जाना जाता है।
छायाङ्क भवभूति की मौलिक कल्पना है अर्थात् इसका वर्णन 'वाल्मीकिरामायण' में नहीं है।
अतः विकल्प (A) सही है।

(B) मालविकाग्निमित्रम् कालिदास द्वारा लिखित 5 अङ्कों का नाटक है।

(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् कालिदास का सर्वोत्कृष्ट नाटक है जो 7 अङ्कों में विभक्त है। इस नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद 'विलियम जोन्स' ने किया तथा इसकी प्रशंसा 'गेटे' ने अपनी पुस्तक 'फाउस्ट' में किया है।

(D) 'स्वप्नवासवदत्तम्' भास कृत नाटक है, जिसमें 6 अङ्क हैं।
अतः विकल्प `A' सही है।

8. निम्न में पूर्व से पर की ओर सही कालक्रम है?
(A) माघ, भारवि, कालिदास
(B) माघ, कालिदास, भारवि
(C) कालिदास, भारवि, माघ
(D) कालिदास, माघ, भारवि

कवियों का कालक्रम इसप्रकार है–

1. कालिदास	–	ई0पू0 प्रथम शताब्दी
2. भारवि	–	छठी शताब्दी ई0
3. माघ	–	सातवीं शताब्दी ई0

अतः विकल्प (C) सही है।

9. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का नायक दुष्यन्त है?
(A) धीरोदात्त (B) धीरोद्धत
(C) धीरललित (D) धीरप्रशान्त

नायक	**कोटि**
(A) **दुष्यन्त**	**धीरोदात्त** (अभिज्ञानशाकुन्तलम्)
(B) भीम	धीरोद्धत (वेणीसंहारम्)
(C) उदयन	धीरललित (स्वप्नवासवदत्तम्)
(D) चारुदत्त	धीरप्रशान्त (मृच्छकटिकम्)

अतः विकल्प (A) सही है।

10. किरातार्जुनीयम् महाकाव्य में सर्गों की कुल संख्या है?
(A) 17 (B) 18
(C) 19 (D) 22

महाकाव्य	**सर्ग**
(A) कुमारसम्भवम्	17
(B) **किरातार्जुनीयम्**	**18**
(C) रघुवंशमहाकाव्यम्	19
(D) नैषधीयचरितम्	22

अतः विकल्प (B) सही है।

11. विन्ध्याचल की तलहटी में बहने वाली नदी है?
(A) गङ्गा (B) नर्मदा
(C) कावेरी (D) व्यास

व्याख्या– ''रेवां द्रक्ष्यस्युपलविषमे विन्ध्यपादे विशीर्णां भक्तिच्छेदैरिव विरचितां भूतिमङ्गे गजस्य'' (पूर्वमेघ/19) अर्थात् विन्ध्याचल की तलहटी में बिखरी हुई **नर्मदा नदी** को हाथी के शरीर पर चित्रकारी की रेखाओं के प्रकारों से बनायी गयी शृङ्गाररेखा के समान देखोगे।
अतः विकल्प (B) सही है।

6. (A) 7. (A) 8. (C) 9. (A) 10. (B) 11. (B)

12. 'निधिः' शब्द किस लिङ्ग का है–
(A) पुंलिङ्ग (B) स्त्रीलिङ्ग
(C) नपुंसकलिङ्ग (D) उभयलिङ्ग

व्याख्या–
(A) **पुंलिङ्ग शब्द–निधिः**, विधिः, प्रविधिः, जलधिः, आधिः, व्याधिः, उदधिः, समाधिः, प्रधीः, सुधीः, अग्निः, रश्मिः, दाराः, असवः, प्राणाः, महिमा
(B) **स्त्रीलिङ्ग शब्द**–आपः, अप्सराः, वर्षाः, सिकता, सभा, सुमनाः, देवता, पूः, द्यौः, गीः, वाक्ः, प्रावृट्, रुचिः, मतिः, बुद्धिः
(C) **नपुंसकलिङ्ग**–दधि, अस्थि, सक्थि, अभ्र, कलत्रम्, जलम्, मित्रम्, वनम्, कुसुमम्, गात्रम्, ऋणम्, पुस्तकम्, ज्ञानम्
(D) **उभयलिङ्गी**– अशनि, भरणि, अरणि, श्रोणि, योनि, उर्मि, सुधि, गौः
अतः विकल्प (A) सही है।

13. निम्नलिखित में पुंलिङ्ग शब्द कौन-सा नहीं है?
(A) निधिः (B) विधिः
(C) प्रविधिः (D) सरणी

व्याख्या– निधिः, विधिः, प्रविधिः पुंलिङ्ग शब्द हैं। 'धि' जिनके अन्त में हो, ऐसे शब्द सामान्यतया पुंलिङ्ग होते हैं। अतः विकल्प (D) उत्तर सही है।

14. भारत में सोमनाथ मन्दिर पर आक्रमण करने वाला शासक था?
(A) मुहम्मद गोरी (B) कुतुबुद्दीन ऐबक
(C) महमूद गजनवी (D) बाबर

व्याख्या– सोमनाथ मन्दिर पर महमूद गजनवी ने आक्रमण कर उसे लूटा।
अतः विकल्प (C) सही है।

15. 'मेघदूतम्' में यक्ष का नाम है?
(A) राजवाहन (B) बुद्ध
(C) हेममाली (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– * महाकवि कालिदास कृत 'मेघदूतम्' नामक गीतिकाव्य में यक्ष का किसी नाम से वर्णन नहीं मिलता है। क्योंकि प्रथम श्लोक में ही यह कह दिया गया कि–'कश्चित् कान्ताविरहगुरुणा स्वाधिकारात्प्रमत्तः (पूर्वमेघ/1)। अतः विकल्प (D) सही है। ब्रह्मवैवर्तपुराण में यक्ष का नाम 'हेममाली' तथा यक्षिणी का नाम 'विशालाक्षी' मिलता है। चूँकि यह पुराण मेघदूतम् का उपजीव्य ग्रन्थ है, अतः इस आधार पर मेघदूतम् के यक्ष का नाम 'हेममाली' भी कहा जा सकता है। अतः विकल्प C भी सही हो सकता है।
* दण्डी कृत दशकुमारचरितम् में राजहंस के पुत्र 'राजवाहन' का उल्लेख मिलता है।
* बुद्ध अश्वघोष विरचित 'बुद्धचरितम्' के नायक हैं।

16. कौन-सी रचना बाणभट्ट की नहीं है?
(A) हर्षचरित (B) कादम्बरी
(C) तिलकमञ्जरी (D) मुकुटताडितम्

व्याख्या– * हर्षचरितम्, कादम्बरी, मुकुटताडितम् रचनाएँ बाणभट्ट कृत हैं।
* **'तिलकमञ्जरी'** धनपाल की रचना है।
अतः विकल्प (C) सही है।

17. 'भी' धातु लोट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन का रूप होगा?
(A) भयतु (B) विभीतु
(C) बभयतु (D) बिभेतु

व्याख्या– * 'भी' धातु लोट्लकार प्रथमपुरुष में **''बिभेतु** बिभीताम् बिभ्यतु'' रूप बनता है।
* भयतु, विभीतु, बभयतु रूप 'भी' धातु के दसों लकारों में कहीं नहीं बनते हैं। अतः विकल्प (D) सही है।

18. 'अर्थो हि कन्या परकीय एव' सूक्ति है?
(A) गौतमी की (B) अनसूया की
(C) शार्ङ्गरव की (D) कण्व की

व्याख्या–
(A) 'वरः खल्वेषः नाशीः'–गौतमी
(B) 'गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति'–अनसूया
(C) 'ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्य इति श्रूयते'–शार्ङ्गरव
(D) **'अर्थो हि कन्या परकीय एव'–कण्व**
अतः विकल्प (D) सही है।

19. राजा दुष्यन्त की प्रथम पटरानी थी?
(A) सानुमती (B) वसुमती
(C) शकुन्तला (D) मेनका

व्याख्या– राजा दुष्यन्त की प्रथम पटरानी हंसपदिका है किन्तु आयोग वसुमती को प्रथम पटरानी मानता है। जो कि

12. (A) 13. (D) 14. (C) 15. (D) 16. (C) 17. (D) 18. (D) 19. (B)

मेरी दृष्टि में अनुचित है। क्योंकि अभिज्ञानशाकुन्तलम् के पञ्चम अङ्क में हंसपदिका सङ्गीत का अभ्यास करते हुए दुष्यन्त को उलाहना देती है। किन्तु हंसपदिका का चारो विकल्पों में नाम न होने से वसुमती ही ठीक है।
अतः विकल्प (B) सही है।

20. युष्मद् शब्द का चतुर्थी बहुवचन का रूप है?
(A) तुभ्यः (B) वः
(C) युष्मेभ्यः (D) युष्मेभ्यम्

व्याख्या– * युष्मद् शब्द का चतुर्थी विभक्ति में– तुभ्यम् युवाभ्याम्, युष्मभ्यम् रूप बनता है विकल्प से– **ते वाम वः**
* 'तुभ्यः युष्मेभ्यः, युष्मेभ्यम् रूप युष्मद् शब्द के सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनता है। अतः विकल्प (B) सही है।

21. 'राजन्' शब्द का सप्तमी एकवचन का रूप होगा?
(A) राजि (B) राज्ञि
(C) राज्ञि एवं राजनि (D) राजनि

व्याख्या– राजन् (राजा) शब्द का रूप सप्तमी विभक्ति में–**राज्ञि/राजनि** राज्ञोः राजसु बनता है।
अतः विकल्प (C) सही है।

22. 'लभ्' धातु आत्मनेपद के विधिलिङ् मध्यमपुरुष बहुवचन का रूप है?
(A) लभेध्वम् (B) लभध्वम्
(C) लभेत (D) लभेः

व्याख्या–
(A) लभ् (पाना) आत्मनेपद का रूप–(विधिलिङ्लकार) मध्यमपुरुष में– ''लभेथाः, लभेयाथाम्, **लभेध्वम्**'' बनता है।
(B) लोट्लकार मध्यमपुरुष में–'लभस्व, लभेथाम्, लभध्वम्'
(C) विधिलिङ् प्रथमपुरुष में–'लभेत, लभेयाताम्, लभेरन्'
अतः विकल्प (A) सही है।

23. 'ब्रू' धातु के लोट्लकार अन्यपुरुष एकवचन का रूप है?
(A) वदतु (B) ब्रवतु
(C) ब्रवीतु (D) ब्रूहि

व्याख्या– ब्रू धातु लोट्लकार का रूप–
* प्रथमपुरुष (अन्यपुरुष) में–'**ब्रवीतु**, ब्रूताम्, ब्रुवन्तु' बनता है।
* मध्यमपुरुष में–ब्रूहि, ब्रूतम्, ब्रूत।
* वदतु, ब्रवतु रूप ब्रू धातु में कहीं नहीं बनते हैं।
अतः विकल्प (C) सही है।

24. 'जन्' धातु आत्मनेपद के विधिलिङ्लकार उत्तम पुरुष एकवचन का रूप है?
(A) जायेयम् (B) जायेत
(C) जाये (D) जायेय

व्याख्या– जन् धातु आत्मनेपद विधिलिङ् लकार का रूप– उत्तमपुरुष में–'**जायेय,** जायेवहि, जायेमहि' है।
अतः विकल्प (D) सही है।

25. सन्धि है?
(A) पदविधि (B) वर्णविधि
(C) इनमें से दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– * समास का साधारण अर्थ है–'संक्षेप' दो पदों के मेल को समास कहते हैं। अतः समास पदविधि है
यथा–पूर्वं भूतः = भूतपूर्वः
* सन्धि का साधारण अर्थ है–'मेल' दो वर्णों के मेल को सन्धि कहते है अर्थात् सन्धि **वर्णविधि** है
यथा–खलु + एषः = खल्वेषः। अतः विकल्प (B) सही है।

26. ''रामेण बाणेन हतः बाली'' वाक्य में 'बाली' कौन कारक है?
(A) कर्ता (B) कर्म
(C) प्रातिपादिक (D) करण

व्याख्या–
(A) 'रामेण बाणेन हतः बाली' वाक्य में राम की ''स्वतन्त्रः कर्ता'' (1/4/54) सूत्र से कर्तृसंज्ञा हुई तथा कर्तृकरणयोस्तृतीया (2/3/18) सूत्र से उसमें तृतीयाविभक्ति का प्रयोग हुआ है।
(B) उपर्युक्त उदाहरण में 'क्त' प्रत्यय के द्वारा कर्म उक्त होने के कारण **'बाली' रूप कर्म में** प्रथमाविभक्ति हुई। ''उक्ते सर्वत्र प्रथमा'' इतिनियमात्। अतः विकल्प (B) सही है।
(C) ''कृत्तद्धितसमासाश्च'' (1/2/46) सूत्र से कृदन्त, तद्धितान्त और समास की प्रातिपदिकसंज्ञा होती है। ''अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम्'' (1.2.45) सूत्र से भी प्रातिपदिकसंज्ञा होती है।
(D) 'कर्तृकरणयोस्तृतीया'' (2/3/18) सूत्र से अनुक्त कर्त्ता राम में तथा करणकारक बाण में तृतीया विभक्ति हुई है यथा–रामेण बाणेन हतः बाली यहाँ साधकतमं करणम् (1/4/42) सूत्र से बाण की करणसंज्ञा हुई है।

20. (B) 21. (C) 22. (A) 23. (C) 24. (D) 25. (B) 26. (B)

27. ''द्रोणो व्रीहिः'' वाक्य के 'व्रीहिः' पद में कौन-सी विभक्ति है?
(A) प्रातिपदिकार्थ मात्र में प्रथमा
(B) परिमाणमात्र में प्रथमा
(C) परिमाण सामान्य को बताने में प्रथमा
(D) परिमाण विशेष को बताने में प्रथमा

व्याख्या– * ''प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा'' (2/3/46) सूत्र से केवल प्रातिपदिकार्थ, लिङ्गमात्र के अधिक अर्थ, परिमाणमात्र के अधिक अर्थ एवं संख्यामात्र अर्थ बताने के लिए प्रथमाविभक्ति होती है।
* 'द्रोणो व्रीहिः' का अर्थ है द्रोण रूप परिमाण से नापा हुआ व्रीहि! अतः **'व्रीहिः' पद में प्रातिपदिकार्थ मात्र में प्रथमा** विभक्ति हुई।
* किन्तु 'द्रोणः' पद में परिमाणमात्र में प्रथमा विभक्ति हुई है। यहाँ द्रोणः और व्रीहिः में 'मेय-मापक' या 'परिच्छेद्य-परिच्छेदकभाव' सम्बन्ध है। इसका अर्थ है– ''द्रोणरूपं यत् परिमाणं तत्परिछिन्नो व्रीहिः'' अतः विकल्प (A) सही है।

28. 'भवान् वपति' का कर्मवाच्य होगा?
(A) त्वया वायते **(B) त्वया वपते**
(C) भवता वप्यते **(D) भवता उप्यते**

व्याख्या– कर्मवाच्य में कर्त्ता में तृतीयाविभक्ति, कर्म में प्रथमा तथा क्रिया कर्म के अनुसार आत्मनेपद में आती है यथा–**भवता उप्यते।**
अतः विकल्प (D) सही है।

29. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है?
(A) श्रान्ताः जनाः शीघ्रं शयन्ते
(B) श्रान्ताः जनाः शीघ्रं शेरते
(C) श्रान्ताः जनाः शीघ्रं शयन्ति
(D) श्रान्ताः जनाः शीघ्रः स्वपिति

व्याख्या– शीङ् धातु (सोना) आत्मनेपद के प्रथमपुरुष बहुवचन का रूप 'शेरते' बनता है। इसलिए ''श्रान्ताः जनाः शीघ्रं शेरते'' वाक्य सही है। शीङ् धातु का रूप लट्लकार प्र0पु0 में– शेते शयाते शेरते बनता है।
अतः विकल्प (B) सही है।

30. शुद्ध वाक्य छाँटिए–
(A) सः कौचित् साधूं पश्यति
(B) सः कञ्चित् साधुं पश्यति
(C) सः कञ्चित् साधून् पश्यति
(D) सः कश्चन् साधू पश्यसि

व्याख्या– प्रस्तुत वाक्यों में–**सः कञ्चित् साधुं पश्यति** (वह किसी साधु को देखता है) शुद्ध है। यहाँ 'किम्' शब्द से 'चित्' प्रत्यय करके द्वितीयाविभक्ति एकवचन में 'कञ्चित्' रूप बनेगा जो 'साधुं' का विशेषण है।
अतः विकल्प (B) सही है।

31. ''कार्यं वा साधयेयं देहं वा पातयेयम्' उक्ति है?
(A) पृथ्वीराज की **(B) शिवाजी की**
(C) युधिष्ठिर की **(D) विक्रमादित्य की**

व्याख्या–''कार्यं वा साधयेयं देहं वा पातयेयम्'–अर्थात् 'या कार्य सिद्ध होगा अथवा शरीर नष्ट होगा'–यह **शिवाजी** की सारगर्भित महती प्रतिज्ञा है। –शिवराजविजयम्
अतः विकल्प (B) सही है।

32. भारवि का आश्रयदाता था?
(A) पुलकेशिन का भाई
(B) हर्ष
(C) यशोवर्मा
(D) पुलकेशिन

कवि	राज्याश्रय
(A) **भारवि**	**पुलकेशिन द्वितीय का भाई (विष्णुवर्धन)**
(B) बाणभट्ट	सम्राट् हर्षवर्द्धन
(C) भवभूति	यशोवर्मा
(D) रविकीर्ति	पुलकेशिन द्वितीय

अतः विकल्प (A) सही है।

33. भारवि थे–
(A) दाक्षिणात्य **(B) औदीच्य**
(C) पश्चिमी भारत के **(D) पूर्वी भारत के**

व्याख्या– 'आतपत्र भारवि' दक्षिण भारत के एलिचपुर (अचलपुर) नामक स्थान के निवासी थे। अतः सभी विद्वान् उन्हें एक मत होकर **दाक्षिणात्य** मानते हैं।
अतः विकल्प (A) सही है।

27. (A) 28. (D) 29. (B) 30. (B) 31. (B) 32. (A) 33. (A)

34. 'न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम' सूक्ति है?
(A) किरातार्जुनीयम् की
(B) शिवराजविजयम् की
(C) शुकनासोपदेश की
(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम् की

व्याख्या–
(A) ''न बाधतेऽस्य त्रिगणः परस्परम्'' (किरातार्जुनीयम् 1/11)
(B) ''नाहं मूर्तीःविक्रीणामि; किन्तु भिनद्मि''–शिवराजविजयम्-प्र0नि0)
(C) ''न परिचयं रक्षति''– शुकनासोपदेश
(D) ''न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम''– **अभिज्ञानशाकुन्तलम्**,अङ्क-9) अतः विकल्प (D) सही है।

35. 'बाणस्तु पञ्चाननः'' सूक्ति किसने कही?
(A) चन्द्रदेव ने (B) मल्लिनाथ ने
(C) जयदेव ने (D) कृष्णकवि ने

व्याख्या–
(A) ''बाणस्तु पञ्चाननः'' **चन्द्रदेव** (बाणभट्ट की प्रशंसा में)
(B) ''नारिकेलफलसम्मितं वचो भारवेः सपदि तद् विभज्यते'' मल्लिनाथ (भारवि की प्रशंसा में)
(C) ''कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः'' जयदेव (कालिदास की प्रशंसा में)
(D) ''न कालिदासादपरस्य वाणी'' श्री कृष्णकवि (कालिदास की प्रशंसा में)
अतः विकल्प (A) सही है।

36. 'ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्मापि नरं न रञ्जयति'' पद्य में अलङ्कार है?
(A) अतिशयोक्ति (B) व्यतिरेक
(C) अप्रस्तुतप्रशंसा (D) दीपक

व्याख्या–
(A) ''ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्मापि नरं न रञ्जयति'' (नीति.-03) –**अतिशयोक्तिऽलंकार** है।
(B) ''क्षीयन्ते खलु भूषणानि सततं वाग्भूषणं भूषणम्'' (नीति.-16) –व्यतिरेक अलङ्कार है।
(C) ''न त्वस्य दुग्धजलभेदविधौ प्रसिद्धां वैदग्ध्यकीर्तिमपहर्तुमसौ समर्थः'' (नीति.-26) –अप्रस्तुतप्रशंसा अलङ्कार
(D) ''मणिः शाणोल्लीढः समरविजयी हेतिदलितो मदक्षीणो नागः शरदि सरिदाश्यानपुलिना'' (नीति.-36) – दीपक अलङ्कार है। अतः विकल्प (A) सही है।

37. लघुत्रयी के अन्तर्गत कौन-कौन से ग्रन्थ आते हैं?
(A) वासवदत्ता, कादम्बरी, दशकुमारचरितम्
(B) कुमारसम्भवम्, मेघदूतम्, रघुवंशम्
(C) किरातार्जुनीयम्, शिशुपालवधम्, नैषधीयचरितम्
(D) कुमारसम्भवम्, मेघदूतम्, कादम्बरी

व्याख्या–
त्रयी ग्रन्थ
(A) गद्यत्रयी –वासवदत्ता, कादम्बरी, दशकुमारचरितम्
(B) **लघुत्रयी –कुमारसम्भवम्, मेघदूतम्, रघुवंशम्**
(C) बृहत्त्रयी –किरातार्जुनीयम्, शिशुपालवधम्, नैषधीयचरितम्
अतः विकल्प (B) सही है।

38. 'शुकनासोपदेश' किस ग्रन्थ का अंश है?
(A) रघुवंशम् (B) नलोपाख्यान
(C) कादम्बरी (D) हर्षचरित

व्याख्या–
(A) रघुवंशम् कालिदास कृत महाकाव्य है।
(B) महाभारत के वनपर्व में 'नलोपाख्यान' की कथा है।
(C) गद्यसम्राट् बाणभट्ट कृत **कादम्बरी का अंश शुकनासोपदेश** है। इस अंश में उज्जयिनी के राजा तारापीड के प्रधान अमात्य शुकनास द्वारा चन्द्रापीड को उपदेश दिया गया है।
(D) हर्षचरित बाणभट्ट कृत आख्यायिका है। जिसमें 8 उच्छ्वास हैं।
अतः विकल्प (C) सही है।

39. किरातार्जुनीयम् का गुप्तचर किस वेष में हस्तिनापुर जाता है?
(A) संन्यासी (B) मन्त्री
(C) ब्रह्मचारी (D) सैनिक

व्याख्या– ''स वर्णिलिङ्गी विदितः समाययौ युधिष्ठिरं द्वैतवने वनेचरः।'' (किरात0 1/1)
अर्थात् वह **ब्रह्मचारी का वेश** धारण करने वाला सारा वृत्तान्त जानकर द्वैतवन में युधिष्ठिर के पास लौट आया। अतः विकल्प (C) सही है।

34. (D) 35. (A) 36. (A) 37. (B) 38. (C) 39. (C)

40. संस्कृत में कितने लकार होते हैं?
(A) बीस **(B) चालीस**
(C) सत्रह **(D) दस**

व्याख्या– संस्कृत में कुल **दस लकार** माने गये हैं जो निम्नवत् हैं–लट्, लिट्, लुट्, ऌट्, लेट्, लोट्, लङ्, लिङ्, (विधिलिङ्/आशीर्लिङ्)। लुङ्, ऌङ्
लेट् लकार का प्रयोग केवल वेद में पाया जाता है।
अतः विकल्प (D) सही है।

41. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में कुल कितने श्लोक हैं?
(A) अड़तालिस **(B) बयालिस**
(C) छियालिस **(D) बाइस**

	ग्रन्थ	श्लोक संख्या
(A)	उत्तररामचरितम् (तृतीय अङ्क)	अड़तालिस
(B)	उत्तररामचरितम् (षष्ठ अङ्क)	बयालिस
(C)	किरातार्जुनीयम् (प्रथमसर्ग)	छियालिस
(D)	**अभिज्ञानशाकुन्तलम् (चतुर्थ अङ्क)**	**बाइस**

अतः विकल्प (D) सही है।

42. 'शिशुपालवधम्' की कथावस्तु विभाजित है?
(A) अङ्कों में **(B) सर्गों में**
(C) अध्यायों में **(D) पर्वों में**

ग्रन्थ	विभाजन	
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम्	अङ्कों में	(7 अङ्क)
(B) **शिशुपालवधम्**	**सर्गों में**	(20 सर्ग)
(C) गीता	अध्यायों में	(18 अध्याय)
(D) महाभारत	पर्वों में	(18 पर्व)

अतः विकल्प (B) सही है।

43. 'होतृ + ऋकारः' में कौन-सी सन्धि है?
(A) वृद्धि **(B) गुण**
(C) दीर्घ **(D) यण्**

व्याख्या–
(A) ''वृद्धिरेचि'' (6/1/88) सूत्र से अवर्ण से एच् परे हों तो पूर्व-पर (दोनों) के स्थान में वृद्धि एकादेश होता है। यथा– गङ्गा + ओघः = गङ्गौघः (गङ्गा का प्रवाह)
(B) ''आद्गुणः'' (6/1/87) सूत्र से अवर्ण के बाद स्वर हो तो दोनों के स्थान में गुण आदेश होता है। यथा–गङ्गा + उदकम् = गङ्गोदकम्
(C) ''अकः सवर्णे दीर्घः'' (6/1/101) सूत्र से ह्रस्व अथवा दीर्घ अ, इ, उ, ऋ, ऌ स्वर के पश्चात् सवर्ण ह्रस्व या दीर्घ आयें तो दोनों के स्थान में **दीर्घ आदेश** होता है यथा– **होतृ + ऋकारः = होतृकारः**
(D) ''इको यणचि'' (6/1/77) सूत्र से धातृ + अंशः = धात्रंशः में यण्सन्धि है। अतः विकल्प (C) सही है।

44. 'अभितः या सर्वतः' के योग में कौन-सी विभक्ति होती है?
(A) द्वितीया **(B) तृतीया**
(C) चतुर्थी **(D) पञ्चमी**

व्याख्या–
(A) अभितः, परितः, समया, निकषा, हा, प्रति, उभयतः, सर्वतः, धिक्, उपर्युपरि, अध्यधि, अधोऽधः, अन्तरा, अन्तरेण शब्दों के योग में द्वितीया विभक्ति होती है।
(B) सह, साकम्, सार्धम्, समम्, प्राय, गोत्र, प्रकृति, पृथक्, विना, नाना, शब्दों के योग में तृतीया विभक्ति होती है।
(C) नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम्, वषट्, शब्दों के योग में चतुर्थीविभक्ति होती है।
(D) अन्य, आरात्, ऋते, प्राक्, प्रत्यक्, बहिः, दक्षिणा, उत्तरा, पूर्वा, उत्तराहि, दक्षिणाहि, कृच्छ्र, कतिपय, दूर, अन्तिक, आदि शब्दों के योग में पञ्चमी विभक्ति होती है।
अतः विकल्प (A) सही है।

45. ''हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः'' यह किस ग्रन्थ की किसकी उक्ति है?
(A) शिशुपालवधम् (श्रीकृष्ण)
(B) हर्षचरितम् (राज्यश्री)
(C) किरातार्जुनीयम् (वनेचर)
(D) किरातार्जुनीयम् (युधिष्ठिर)

व्याख्या– ''हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः'' (किरात0 1/4) अर्थात् हितकर और प्रियवाणी दुर्लभ होती है। यह उक्ति वनेचर, युधिष्ठिर से कहता है।
अतः विकल्प (C) सही है।

40. (D) 41. (D) 42. (B) 43. (C) 44. (A) 45. (C)

46. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(A) बालकः अध्यापकेन पुस्तकं पठति।
(B) बालकः अध्यापकात् पुस्तकं पठति।
(C) बालकः अध्यापकात् पुस्तकानि पठन्ति।
(D) बालकाः अध्यापकेन पुस्तकानि पठति।

व्याख्या– * प्रस्तुत वाक्यों में (A) और (B) दोनों सही हैं। आयोग ने सर्वप्रथम (B) को सही उत्तर माना था पुनः विषय-विशेषज्ञों द्वारा संशोधित होकर दोनों को सही माना गया। यहाँ अध्यापक की ''साधकतमं करणम्'' (1/4/42) सूत्र से करणसंज्ञा होकर उसमें तृतीया का विधान हुआ है। यह आयोग के विषय विशेषज्ञों का मत है।

* यहाँ पञ्चमी का प्रयोग नहीं होगा क्योंकि यह नहीं प्रतिलक्षित हो रहा है कि बालक अध्यापक से नियमपूर्वक पढ़ रहा है।

* किन्तु मुझे लगता है कि ''आख्यातोपयोगे'' सूत्र से यहाँ 'अध्यापक' की अपादानसंज्ञा होकर पञ्चमी विभक्ति होगी, और इसका सही उत्तर (B) को माना जाना चाहिए। यही प्रश्नकर्ता को भी अभीष्ट है।

47. ''बालकाय मोदकाः रोचन्ते'' में बालक की सम्प्रदान संज्ञा किस सूत्र से है?
(A) धारेरुत्तमर्णः **(B) रुच्यर्थानां प्रीयमाणः**
(C) स्पृहेरीप्सितः **(D) तुमर्थाच्चभाववचनात्**

व्याख्या–
(A) ''धारेरुत्तमर्णः'' (1/4/35) सूत्र से णिजन्त धृ धातु के योग में उत्तमर्ण (ऋण देने वाला) की सम्प्रदानसंज्ञा होती है यथा–श्यामः अश्वपतये शतं धारयति।
(B) **''रुच्यर्थानां प्रीयमाणः''** (1/4/33) सूत्र से रुच् धातु तथा रुच् के समान अर्थवाली धातुओं के योग में प्रसन्न होने वाले (प्रीयमाण) की सम्प्रदानसंज्ञा होती है यथा– विष्णवे रोचते भक्तिः, बालकाय मोदकाः रोचन्ते।
(C) ''स्पृहेरीप्सितः'' (1/4/36) सूत्र से स्पृह् (चाहना) धातु के योग में जिसे चाहा जाय उस पदार्थ की सम्प्रदानसंज्ञा होकर उसमें चतुर्थी का विधान होता है। यथा–सः पुष्पेभ्यः स्पृहयति।
(D) ''तुमर्थाच्चभाववचनात्'' (2/3/15) सूत्र से तुमुन् प्रत्ययान्त भाववाचक शब्द में चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है यथा–यागाय याति (यष्टुं याति)=यज्ञ के लिए जाता है। शयनाय इच्छति (शयितुम् इच्छति)
अतः विकल्प (B) सही है।

48. यण् सन्धि का उदाहरण है?
(A) विद्या + आलयः = विद्यालयः
(B) गङ्गा + ओघः = गङ्गौघः
(C) गुरु + आदेशः = गुर्वादेशः
(D) महा + इन्द्रः = महेन्द्रः

व्याख्या–
(A) अकः सवर्णे दीर्घः (6/1/101) सूत्र से विद्या + आलयः = विद्यालयः में दीर्घसन्धि है।
(B) ''वृद्धिरेचि'' (6/1/88) सूत्र से गङ्गा + ओघः = गङ्गौघः में वृद्धिसन्धि है।
(C) ''इको यणचि'' (6/1/77) सूत्र से **गुरु + आदेशः = गुर्वादेशः में यणसन्धि है।**
(D) ''आद्गुणः'' (6/1/87) सूत्र से महा + इन्द्रः = महेन्द्रः में गुणसन्धि है।
अतः विकल्प (C) सही है।

49. प्रत्युप्तस्येव दयिते तृष्णादीर्घस्य चक्षुषः।
मर्मच्छेदोपमैर्यत्नैः सन्निकर्षो निरुध्यते॥
इस श्लोक में अलङ्कार है?
(A) उपमा **(B) उत्प्रेक्षा**
(C) रूपक **(D) अतिशयोक्ति**

व्याख्या–
(A) प्रत्युप्तस्येव दयिते तृष्णादीर्घस्य चक्षुषः।
मर्मच्छेदोपमैर्यत्नैः सन्निकर्षो निरुध्यते।।
(उत्तररामचरितम् 3/46)
* प्रस्तुत श्लोक में **उपमा और उत्प्रेक्षा**–'प्रत्युप्तस्येव' में इव उत्प्रेक्षा सूचक है। तथा 'मर्मच्छेदोपमैः' में उपमा है।
* आयोग ने प्रथमदृष्ट्या उपमाऽलङ्कार को सही उत्तर माना था किन्तु बाद में संशोधित करके दोनों उत्तरों को सही माना गया।
(B) ''करुणस्य मूर्तिरथवा शरीरिणी''
विरहव्यथेव वनमेति जानकी'' –उत्प्रेक्षाऽलङ्कार
(C) ''त्वं जीवितं त्वमसि में हृदयं द्वितीयम्'' –रूपकालङ्कार
(D) ''निष्पीडितेन्दुकरकन्दलजो नु सेकः'' –अतिशयोक्ति
अतः विकल्प (A) और (B) दोनों सही है।

46. (A+B) 47. (B) 48. (C) 49. (A और B)

50. 'अयि कठोर! यशः किल ते प्रियम्' यह कथन किसका है?
(A) सीता का   (B) वासन्ती का
(C) तमसा का   (D) मुरला का

व्याख्या–
(A) ''अहमेवैतस्य हृदयं जानामि, ममैषः'' सीता का कथन
(B) ''अयि कठोर! यशः किल ते प्रियम्'' **वासन्ती** का कथन
(C) ''अन्तःकरणतत्त्वस्य दम्पत्योः स्नेहसंश्रयात्'' तमसा का कथन
(D) ''अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः'' मुरला का कथन
अतः विकल्प (B) सही है।

51. 'नारिकेलफलसम्मितं वचः' सूक्ति किस कवि के लिए है?
(A) कालिदास   (B) भारवि
(C) श्रीहर्ष   (D) बाणभट्ट

व्याख्या–
(A) ''निर्गतासु न वा कस्य कालिदासस्य सूक्तिषु''
–कालिदास के विषय में (बाणभट्ट–हर्षचरित में)
(B) ''नारिकेलफलसम्मितं वचः''
–भारवि के विषय में मल्लिनाथ ने कहा
(C) ''नैषधं विद्वदौषधम्''
–श्रीहर्ष कृत नैषधमहाकाव्य के लिए
(D) ''नहि नहि वाणी बाणस्य मधुरशीलस्य''
बाणभट्ट के विषय में (धर्मदास)
अतः विकल्प (B) सही है।

52. 'ओदकान्तं स्निग्धोजनोऽनुगन्तव्यः इति श्रूयते'' यह कथन किसका है?
(A) कण्व का
(B) अनसूया का
(C) प्रियंवदा का
(D) कण्वशिष्य शार्ङ्गरव का

व्याख्या–
(A) ''अर्थो हि कन्या परकीय एव'' –कण्व की उक्ति
(B) ''आत्मनो नगरं प्रविश्यान्तःपुरसमागत इतो गतं वृत्तान्तं स्मरति वा न वेति'' –अनसूया का कथन
(C) ''अग्निशरणं प्रविष्टस्य शरीरं विना छन्दोमय्या वाण्या''
–प्रियंवदा का कथन
(D) ''ओदकान्तं स्निग्धोजनोऽनुगन्तव्यः इति श्रूयते'' –
शार्ङ्गरव कहता है कि प्रियव्यक्ति का जलाशय तक अनुगमन करना चाहिए।
अतः विकल्प (D) सही है।

53. 'आश्च्योतनं नु हरिचन्दनपल्लवानाम्' में नु किस अलङ्कार का वाचक है?
(A) उत्प्रेक्षा   (B) उपमा
(C) अतिशयोक्ति   (D) सन्देह

व्याख्या–
(A) 'आयान्त्या परिदुर्मनायितमिव त्वां वीक्ष्य बद्धस्तया' (उत्तर० 3/37) –उत्प्रेक्षा अलङ्कार
(B) ''अन्तर्व्यापृतविद्युदम्बुद इव द्यामभ्युदस्थादरिः'' (उत्तर० 3/43) –उपमाऽलङ्कार
(C) ''आनन्देन जडतां पुनरातनोति'' (उत्तर० 3/12)
–अतिशयोक्ति
(D) ''आश्च्योतनं नु हरिचन्दनपल्लवानाम्'' (उत्तर03/11)
–सन्देहालङ्कार
अतः विकल्प (D) सही है।

54. नीरन्ध्रबालकदली' में नीरन्ध्र का अर्थ है?
(A) कृपा   (B) केला
(C) सघन   (D) सीधा

व्याख्या– ''नीरन्ध्रबालकदलीवनमध्यवर्ति, कान्तासखस्य शयनीयशिलातलं ते।' (उत्तररामचरितम् 3/21)

शब्द	**अर्थ**
(A) अनुक्रोश	दया/कृपा
(B) कदली	केला
(C) **नीरन्ध्र**	**सघन**
(D) अनराल	सीधा

अतः विकल्प (C) सही है।

55. ''वधूद्वितीयः'' का अर्थ है?
(A) दो स्त्रियाँ
(B) दूसरी स्त्री
(C) दूसरे की स्त्री
(D) प्रिया के साथ (पत्नी के साथ)

व्याख्या– ''क्वासौ दुरात्मा यः प्रियायाः पुत्रं वधूद्वितीय-मभिभवति।'' (उत्तररामचरितम्) राम कहते हैं कि वह दुष्ट कहाँ है, जो प्रिया सीता के वधू-युक्त पुत्र पर आक्रमण कर रहा है? वधूद्वितीयः का अर्थ है–**वधूयुक्त (पत्नी के साथ)**
अतः विकल्प (D) सही है।

50. (B)   51. (B)   52. (D)   53. (D)   54. (C)   55. (D)

56. यक्ष का प्रवास कितने दिनों का था?
(A) पाँच वर्ष (B) तीन वर्ष
(C) एक वर्ष (D) तीन मास

व्याख्या– कालिदास कृत मेघदूतम् में यक्ष को कुबेर की राजधानी अलकापुरी में निवास करते समय स्वकार्य में प्रमाद के कारण **एक वर्ष का प्रवास** मिला था।
''शापेनास्तङ्गमितमहिमा वर्षभोग्येण भर्तुः'' (मेघदूतम्-01)
अतः विकल्प (C) सही है।

57. ''कृतप्रणामः'' में कौन-सा समास है?
(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय
(C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

	पद	समास
(A)	षड्वर्गः	षष्ठीतत्पुरुष (षण्णां वर्गः)
(B)	सत्क्रिया	कर्मधारय (सती क्रिया)
(C)	नक्तन्दिवम्	द्वन्द्व (नक्तं च दिवा च)
(D)	**कृतप्रणामः**	**बहुव्रीहि (कृतः प्रणामः येन सः)**

अतः विकल्प (D) सही है।

58. 'वनेचरः' में कौन सा प्रत्यय लगा है?
(A) घञ् (B) ष्यञ्
(C) ट (D) मनिन्

व्याख्या–
(A) अनु + भू + घञ् = अनुभावः
(B) ऋ + ण्यत् = आर्यः
(C) **वने + चर् + ट = वनेचरः**
(D) हा + मनिन् = जिह्मः
अतः विकल्प (C) सही है।

59. 'अश्रौषम्' में कौन-सा लकार है?
(A) लुङ्लकार (B) लोट्लकार
(C) लिट्लकार (D) लङ्लकार

व्याख्या–
(A) **अश्रौषम् = श्रु + लुङ् + मिप्**
(B) श्रूयताम् = श्रु + लोट् + कर्मणि + प्र0 पु0 एक0।
(C) इयेष = इष् = लिट् + तिप्
(D) अभवत् =भू + लङ् + तिप्
अतः विकल्प (A) सही है।
नोट–उपर्युक्त सभी धातुरूप शिवराजविजयम् से हैं।

60. 'वैक्रमः' में कौन-सा प्रत्यय है?
(A) अण् (B) यत्
(C) ईयसुन् (D) मतुप्

व्याख्या–
(A) **विक्रम + अण् = वैक्रमः**
(B) समान + तीर्थ + यत् = सतीर्थ्यः
(C) नेद् + ईयसुन् = नेदीयसि
(D) भग + मतुप् + ङीप् = भगवती
अतः विकल्प (A) सही है।
नोट–उपर्युक्त सभी शब्द शिवराजविजयम् से हैं।

61. 'आठ को पुंलिङ्ग में क्या कहेंगे?
(A) अष्टम् (B) अष्टौ
(C) अष्टाः (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– 'अष्टन्' का रूप तीनों लिङ्गों में एक समान चलता है। यथा– 1. 'अष्ट/**अष्टौ**, 2. अष्ट/अष्टौ, 3. अष्टभिः/अष्टाभिः, 4. अष्टभ्यः/अष्टाभ्यः, 5. अष्टभ्यः/अष्टाभ्यः, 6. अष्टानाम्/अष्टानाम्, 7. अष्टसु/अष्टासु
अतः विकल्प (B) सही है।

62. 'भवभूति' का सम्बन्ध किस कृति-से नहीं है?
(A) उत्तररामचरितम् (B) महावीरचरितम्
(C) बुद्धचरितम् (D) मालतीमाधवम्

व्याख्या– * उत्तररामचरितम्, महावीरचरितम्, मालतीमाधवम् भवभूति कृत विदूषकरहित नाटक हैं।
* बुद्धचरितम्, अश्वघोष कृत महाकाव्य है। जिसमें कुल 28 सर्ग हैं।
अतः विकल्प (C) सही उत्तर है।

63. दुष्यन्त और शकुन्तला की कथा महाभारत के किस पर्व में प्राप्त होती है?
(A) वनपर्व (B) भीष्मपर्व
(C) आदिपर्व (D) सभापर्व

व्याख्या– दुष्यन्त और शकुन्तला की कथा महाभारत के आदिपर्व शकुन्तलोपाख्यान (अध्याय 67-74 के बीच) में प्राप्त होती है।

	ग्रन्थ	महाभारत का पर्व
(A)	किरातार्जुनीयम्	वनपर्व
(B)	गीता	भीष्मपर्व
(C)	**अभिज्ञानशाकुन्तलम्**	**आदिपर्व**
(D)	शिशुपालवधम्	सभापर्व

अतः विकल्प (C) सही है।

56. (C) 57. (D) 58. (C) 59. (A) 60. (A) 61. (B) 62. (C) 63. (C)

64. किस महाकाव्य के प्रत्येक सर्ग के अन्त में 'लक्ष्मी' शब्द का प्रयोग किया गया है?
(A) रघुवंशम् (B) शिशुपालवधम्
(C) किरातार्जुनीयम् (D) नैषधीयचरितम्

व्याख्या–
(A) कालिदास कृत रघुवंशमहाकाव्य 19 सर्गों तथा 1569 श्लोकों में विभक्त है।
(B) माघ कृत शिशुपालवधमहाकाव्य के प्रत्येक सर्ग का प्रारम्भ 'श्री' शब्द से और अन्त भी 'श्री' शब्द से होता है। इस पर मल्लिनाथ की 'सर्वङ्कषा' नाम की टीका है।
(C) **किरातार्जुनीय महाकाव्य के प्रत्येक सर्ग का आरम्भ 'श्री' शब्द से तथा अन्त 'लक्ष्मी' शब्द से होता है।** अतः इसे 'लक्ष्मीपदाङ्क' भी कहा जाता है। मल्लिनाथ ने इस पर **'घण्टापथ'** नामक टीका लिखी है।
(D) श्रीहर्ष कृत 'नैषधीयचरितम्' 22 सर्गों तथा 2830 श्लोकों में विभक्त है इस महाकाव्य के नायक नल (धीरोदात्त कोटि) के हैं। इसके प्रत्येक सर्ग के अन्त में 'आनन्द' पद का प्रयोग है, अतः इसे ''आनन्दाङ्क महाकाव्य'' भी कहते हैं। अतः विकल्प (C) सही है।

65. 'राजा ब्राह्मणाय गां ददाति' वाक्य में रेखाङ्कित शब्द की संज्ञा है?
(A) कर्म (B) करण
(C) अपादान (D) सम्प्रदान

व्याख्या–
(A) ''अकथितं च'' (1/4/51) सूत्र से अपादान आदि कारक की अविवक्षा में (दुह् याच् आदि 16 धातुओं के योग में) कर्मसंज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति होती है यथा– सुधां क्षीरनिधिं मथ्नाति।
(B) 'साधकतमं करणम्' (1/4/42) सूत्र से क्रिया की सिद्धि में जो पदार्थ सबसे अधिक सहायक होता है, उसकी करणकारक संज्ञा होती है यथा–सः कन्दुकेन क्रीडति।
(C) 'ध्रुवमपायेऽपादानम्' (1.4.24) सूत्र से अपादानसंज्ञा का विधान होता है। यथा– सः अश्वात् पतति।
(D) यहाँ ''कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्'' सूत्र से 'ब्राह्मण' पद की सम्प्रदानसंज्ञा होकर ''चतुर्थी सम्प्रदाने'' सूत्र से **चतुर्थी विभक्ति** का विधान हुआ है। यथा– राजा ब्राह्मणाय गां ददाति। अतः विकल्प (D) सही है।

66. अष्टाध्यायी के रचनाकार हैं?
(A) भट्टोजिदीक्षित (B) भर्तृहरि
(C) वरदराज (D) पाणिनि

व्याख्या–

	व्याकरणग्रन्थ	**रचनाकार**
(A)	सिद्धान्तकौमुदी	भट्टोजिदीक्षित
(B)	वाक्यपदीयम्	भर्तृहरि
(C)	मध्यसिद्धान्तकौमुदी	वरदराज
(D)	**अष्टाध्यायी**	**पाणिनि**

अतः विकल्प (D) सही है।

67. मेघदूतम् में यक्ष के शाप के अवसान का दिन था?
(A) वैशाख पूर्णिमा
(B) भाद्रपदकृष्ण अष्टमी
(C) भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी
(D) देवप्रबोधिनी एकादशी

व्याख्या– ''शापान्तो मे भुजगशयनादुत्थिते शार्ङ्गपाणौ'' (उत्तरमेघ/50) भगवान् विष्णु आषाढ़ शुक्ल एकादशी को शेषनाग की शय्या पर सोते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को जगते हैं। आषाढ़ शुक्ल एकादशी को 'हरिशयनी एकादशी' भी कहा जाता है। कार्तिक शुक्ल एकादशी को 'हरिप्रबोधनी एकादशी' या देवप्रबोधिनी भी कहा जाता है। उपर्युक्त वाक्यों से यह स्पष्ट होता है कि हरिशयनी एकादशी को यक्ष मेघ को देखता है तथा हरिप्रबोधिनी एकादशी को यक्ष के शाप का अवसान हो जायेगा।
अतः विकल्प (D) सही है।

68. 'अस्मद्' शब्द का स्त्रीलिङ्ग में क्या रूप होगा?
(A) अहम् (B) त्वम्
(C) मया (D) कोई लिङ्ग नहीं होता

व्याख्या– 'अस्मद्' सर्वनाम शब्द का तीनो लिङ्गों में एक समान रूप चलता है।
अतः विकल्प (D) सही है।

69. 'श्री' शब्द के द्वितीया बहुवचन का रूप होगा?
(A) श्रियः (B) श्रीन्
(C) श्रीः (D) श्रियम्

व्याख्या– * 'श्री' ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग का द्वितीया विभक्ति में–''श्रियम् श्रियौ **श्रियः**'' रूप बनता है।
* प्रथमा विभक्ति में– ''श्रीः श्रियौ श्रियः''
* पञ्चमी, षष्ठी एकवचन में भी ''श्रियः'' रूप बनता है।
* 'श्रीन्' रूप सातों विभक्तियों में कहीं नहीं बनता है।
अतः विकल्प (A) सही है।

64. (C) 65. (D) 66. (D) 67. (D) 68. (D) 69. (A)

70. 'मति' शब्द का चतुर्थी एकवचन का रूप है?
(A) मत्यै (B) मतये
(C) मत्यै, मतये (B) मत्यै, मतये दोनों नहीं

व्याख्या– मति (बुद्धि) इकारान्त स्त्रीलिङ्ग का रूप–चतुर्थी विभक्ति में–**मत्यै/मतये**, मतिभ्याम्, मतिभ्यः बनता है। अतः विकल्प (C) सर्वाधिक उपयुक्त है।

71. कादम्बरी और हर्षचरितम् में बाण ने किस देवता की स्तुति की है?
(A) शिव (B) विष्णु
(C) इनमें से दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– बाणभट्ट ने हर्षचरितम् में शिव की तथा कादम्बरी के मङ्गलाचरण में ब्रह्मा, विष्णु, महेश (शिव) की स्तुति की है। अतः विकल्प (C) सर्वाधिक उपयुक्त है।

72. भर्तृहरि के अनुसार सर्वोत्कृष्ट आभूषण है?
(A) विनय (B) क्षमा
(C) शील (D) वाक्संयम

व्याख्या– ''सर्वेषामपि सर्वकारणमिदं **शीलं परं भूषणम्।**'' अर्थात् शील सभी का सर्वश्रेष्ठ आभूषण है। (नीतिशतकम्/ धैर्यपद्धति) अतः विकल्प (C) सही है।

73. 'प्रत्यक्षम्' में समास है?
(A) तत्पुरुष (B) द्वन्द्व
(C) बहुव्रीहि (D) अव्ययीभाव

पद	समास	विग्रह
(A) मेघात्यस्तः	तत्पुरुष	(मेघम् अत्यस्तः)
(B) इन्द्राग्नी	द्वन्द्व	(इन्द्रश्च अग्निश्च)
(C) बहुव्रीहिः	बहुव्रीहि	(बहुः व्रीहिः यस्य सः)
(D) प्रत्यक्षम्	**अव्ययीभाव**	(अक्षम् अक्षं प्रति)

अतः विकल्प (D) सही है।

74. शुक के पूर्व जन्म का नाम था?
(A) इन्द्रायुध (B) चन्द्रापीड
(C) पुण्डरीक (D) कपिञ्जल

व्याख्या– * बाणभट्ट की कादम्बरी 'कथा' में शुक के तीन जन्मों का वर्णन है– प्रथमजन्म में–**पुण्डरीक**, द्वितीय जन्म में–वैशम्पायन, तृतीय जन्म में–शुक।
* चन्द्रापीड के क्रमशः तीन जन्मों के नाम–चन्द्रमा, चन्द्रापीड, शूद्रक।
* इन्द्रायुध पूर्व जन्म में कपिञ्जल था। अतः विकल्प (C) सही है।

75. 'वीररस' प्रधानकाव्य है?
(A) उत्तररामचरितम् (B) नैषधीयचरितम्
(C) कुमारसम्भवम् (D) किरातार्जुनीयम्

ग्रन्थ	लेखक	प्रधानरस
(A) उत्तररामचरितम्	भवभूति	करुणरस
(B) नैषधीयचरितम्	श्रीहर्ष	शृङ्गाररस
(C) कुमारसम्भवम्	कालिदास	शृङ्गाररस
(D) **किरातार्जुनीयम्**	भारवि	**वीररस**

अतः विकल्प (D) सही है।

76. 'तेन सुप्यते' किस वाच्य का वाक्य है?
(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य
(C) भाववाच्य (D) इनमें से दोनों

व्याख्या– * **भाववाच्य** के कर्ता में तृतीयाविभक्ति होती है।
* कर्म होता ही नहीं है।
* क्रिया सदा प्रथमपुरुष एकवचन में होती है। यथा–''तेन सुप्यते, मया सुप्यते, त्वया सुप्यते'' अर्थात् भाववाच्य की क्रिया पर पुरुष का प्रभाव नहीं पड़ता है। अतः विकल्प (C) सही है।

77. कुबेर द्वारा यक्ष को शाप दिये जाने पर वह किस पर्वत पर जाकर रहने लगा–
(A) विन्ध्याचल (B) अरावली
(C) आम्रकूट (D) रामगिरि

व्याख्या– ''स्निग्धच्छाया तरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु'' (मेघदूत-1) इससे पता चलता है कि विरही यक्ष अलकापुरी से आकर चित्रकूट के रामगिरि पर्वत पर निवास करने लगा।

78. 'रामः गच्छति' का कर्मवाच्य होगा–
(A) रामः गम्यते (B) रामेण गच्छति
(C) रामेण गम्यते (D) रामः गमयति

व्याख्या– यहाँ राम अनुक्त कर्त्ता है इसलिए 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' सूत्र से राम में तृतीया विभक्ति तथा गम् धातु का कर्मणि एकवचन में गम्यते रूप होता है। **'रामेण गम्यते'**। अतः विकल्प (C) सही है।

79. 'कुन्द' का पुष्प होता है?
(A) लाल (B) सफेद
(C) पीला (D) बहुरङ्गी

पुष्प	रंग	ऋतु	पुष्प	रंग	ऋतु
कमल	लाल	ग्रीष्म, शरद्	**कुन्द**	**सफेद**	**हेमन्त**
लोध्र	पीला	शिशिर	कुरबक	लाल	वसन्त
शिरीष	हरा	ग्रीष्म	कदम्ब	पीला	वर्षा
जपापुष्प	लाल		कुमुद	सफेद	

70. (C) **71.** (C) **72.** (C) **73.** (D) **74.** (C) **75.** (D) **76.** (C) **77.** (D)
78. (C) **79.** (B)

80. निम्नलिखित में से कौन गीतिकाव्य का ग्रन्थ नहीं है?
(A) कुमारसम्भवम् (B) ऋतुसंहारम्
(C) मेघदूतम् (D) B और C दोनों

व्याख्या– ऋतुसंहारम् और मेघदूतम् कालिदास कृत गीतिकाव्य एवं खण्डकाव्य है। **कुमारसम्भवम्** 17 सर्गों का महाकाव्य है। अतः विकल्प (A) सही है।

81. 'दुधुक्षसि' में कौन-सी धातु है?
(A) दुधु (B) दुह्
(C) धुक्ष् (D) दुक्ष्

व्याख्या– * दुधुक्षसि सन् प्रत्ययान्त धातु है।
दुह् + सन् + लट् मध्यमपुरुष, एकचवन।
अतः विकल्प (B) सही है।

82. 'सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ते' सूक्ति किस ग्रन्थ से सम्बद्ध है?
(A) मेघदूतम् (B) नीतिशतकम्
(C) शिवराजविजयम् (D) उत्तररामचरितम्

व्याख्या–
(A) ''सेविष्यन्ते नयनसुभगं खे भवन्तं बलाकाः'' (पूर्वमेघ/10)
(B) ''सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ते'' (नीतिशतकम्/33)
(C) ''सत्यं न लक्षितो मया समयवेगः'' –(शिवराजविजयम्-प्र0नि0)
(D) ''सीदन्नन्धे तमसि विधुरो मज्जतीवान्तरात्मा'' (उत्तररामचरितम् 3/38)
अतः विकल्प (B) सही है।

83. 'पितुः' पितृ शब्द का कौन-सा रूप है?
(A) षष्ठी एकवचन (B) द्वितीया बहुवचन
(C) प्रथमा बहुवचन (D) सप्तमी एकवचन

व्याख्या– पितृ (ऋकारान्त) पुंलिङ्ग का रूप–
(A) **षष्ठी विभक्ति** में–**पितुः**, पित्रोः, पितृणाम्।
(B) द्वितीया विभक्ति में–पितरम्, पितरौ, पितॄन्।
(C) प्रथमा विभक्ति में–पिता, पितरौ, पितरः।
(D) सप्तमी विभक्ति में–पितरि, पित्रोः, पितृषु।
अतः विकल्प (A) सही है।

84. 'चतुरशीतिः' किसे कहते हैं?
(A) 84 (B) 48
(C) 44 (D) 480

व्याख्या–

	संख्या		**संस्कृतशब्द**
(A)	**84**	–	चतुरशीतिः
(B)	48	–	अष्टचत्वारिंशत्/अष्टाचत्वारिंशत्
(C)	44	–	चतुःचत्वारिंशत्
(D)	480	–	अशीत्यधिकं चतुःशतम्

अतः विकल्प (A) सही है।

85. 'दीपावलिः' का सन्धिविच्छेद होगा?
(A) दीपा + वलिः (B) दीपा + अवलिः
(C) दीप + आवलिः (D) दीप + वलिः

व्याख्या– ''अकः सवर्णे दीर्घः'' (6/1/101)" सूत्र से **दीप + आवलिः =दीपावलिः** में दीर्घसन्धि है।
अतः विकल्प (C) सही है।

86. ''नैकः' में कौन सा समास है?
(A) नञ्समास (B) अव्ययीभावसमास
(C) एकशेषद्वन्द्वसमास (D) सुप्सुपा समास

व्याख्या–
(A) ''नञ्'' (2/2/6) सूत्र से 'न निर्भिन्नः = अनिर्भिन्नः' में नञ् तत्पुरुष समास है।
(B) ''नदीभिश्च'' (2/1/20) सूत्र से पञ्चानां गङ्गानां समाहारः = पञ्चगङ्गम् में अव्ययीभावसमास है।
(C) ''सरूपाणामेकशेष एकविभक्तौ'' (1/2/64) सूत्र से दोनों पदों में भिन्नलिङ्ग रहने पर पुंलिङ्ग का विधान करता है। यथा अजश्च अजा च = अजौ में एकशेष द्वन्द्वसमास है।
(D) ''सह सुपा'' (2/1/4) सूत्र से ''न एकः = नैकः'' में **सुप्सुपा समास** है। अतः विकल्प (D) सही है।

87. 'प्रत्यक्षम्' में कौन सा समास है?
(A) केवलसमास (B) अव्ययीभावसमास
(C) कर्मधारयसमास (D) द्वन्द्वसमास

व्याख्या– इस प्रश्न पत्र के प्रश्न संख्या-73 में यही प्रश्न पूछा गया है। अर्थात् एक ही प्रश्नपत्र में यह प्रश्न दो बार पूछा गया है।

शब्द	**समास**
(A) भूतपूर्वः	केवलसमास
(B) **प्रत्यक्षम्**	**अव्ययीभाव**
(C) घनश्यामः	कर्मधारय
(D) रामकृष्णौ	द्वन्द्वसमास

80. (A) 81. (B) 82. (B) 83. (A) 84. (A) 85. (C) 86. (D) 87. (B)

88. 'गवाक्षः' पद में कौन-सा समास है?
(A) बहुव्रीहि (B) तत्पुरुष
(C) केवलसमास (D) द्वन्द्वसमास

	पद	समासविग्रह
(A)	द्वित्राः	बहुव्रीहि (द्वौ वा त्रयो वा)
(B)	**गवाक्षः**	**तत्पुरुष** (गोः सदृशः अक्षः)
(C)	वागर्थाविव	केवलसमास
(D)	पितरौ	द्वन्द्वसमास (माता च पिता च)

अतः विकल्प (B) सही है।

89. 'अन्तर् + राष्ट्रियः' का सम्मिलित रूप होगा?
(A) अन्ताराष्ट्रियः (B) अन्तर्राष्ट्रियः
(C) अन्तर्राष्ट्रीयः (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– अन्तर् + राष्ट्रियः = में ''रो रि'' (8/3/14) सूत्र से पूर्व र् का लोप हुआ–अन्त + राष्ट्रियः पुनः 'ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः' (6/3/111) सूत्र से अकार को दीर्घादेश होकर **'अन्ताराष्ट्रियः'** रूप बना।
अतः विकल्प (A) सही है।

90. 'अलं श्रमेण' इस वाक्य में कौन-सी विभक्ति, किस कारक से है?
(A) 'श्रम' हेतु है इसलिए हेतौ से तृतीया है।
(B) 'श्रम' करण है अतः 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' से तृतीया है।
(C) करण कारक है। अतः तृतीया है।
(D) उक्त वाक्य अशुद्ध है।

व्याख्या– 'अलं श्रमेण'–इस वाक्य में क्रिया श्रूयमाण (प्रयुक्त) नहीं है फिर भी अर्थतः साधन क्रिया का बोध हो रहा है यानी–श्रमेण साध्यं नास्ति! इस क्रिया का करण है श्रम। अतः श्रम में कर्तृकरणयोस्तृतीया से तृतीया विभक्ति हुई। अतः विकल्प (B) सही है।

91. शुद्ध शब्द चुनिए–
(A) अम्बरीसः (B) अम्बरीशः
(C) अम्बरिशः (D) अम्बरीषः

व्याख्या– 'अब्' धातु से 'ईषन्' प्रत्यय करके 'अरुड्' आगम होकर 'अम्बरीषः' पद बनेगा। **'अम्बरीषः'** शब्द शुद्ध है। यहाँ तालव्य 'श' नही होगा। क्योंकि यहाँ 'ईश' शब्द नहीं है। अतः विकल्प (D) सही है।

92. अशुद्ध वाक्य चुनिए–
(A) बालः चित्रम् अवलोकते
(B) चिन्तकः आलोचते
(C) तरुणः वस्त्रं धरति
(D) सा स्वयं लेपयति

व्याख्या– इस प्रश्न पर सभी अभ्यर्थियों को अङ्क दिया गया है। चयन बोर्ड द्वारा पूर्व में (D) को सही माना गया था। बाद में विषयविशेषज्ञों द्वारा निर्णय के बाद चारों विकल्पों को सही माना गया। अतः उपर्युक्त चारों विकल्प शुद्ध हैं।

93. शुद्ध शब्द चुनिए–
(A) सहोदरा (B) सहोदरी
(C) दोनों शुद्ध हैं (D) दोनों अशुद्ध हैं

व्याख्या– * **'सहोदरा' शब्द शुद्ध है** इसका उल्लेख शुकनासोपदेश में है–
''अमृतसहोदरापि कटुविपाका''–अर्थात् (लक्ष्मी) अमृत की सगी बहन (सहोदरा) होने पर भी कड़वे फल देने वाली है।
अतः विकल्प (A) सही है।
* सहोदरी शब्द अशुद्ध है। क्योंकि यहाँ किसी भी सूत्र से ङीप्, ङीष्, या ङीन् नहीं होगा।

94. 'इनः' से तात्पर्य है–
(A) सेवक (B) स्वामी
(C) गुलाम (D) पापी

व्याख्या– * ''इनश्च दिनस्य'' अर्थात् 'दिन के स्वामी हैं'– सूर्य (शिवराजविजयम्) यहाँ 'इनः' का अर्थ = स्वामी है।
* 'परिजन' का अर्थ सेवकजन है।
* 'क्रीतदासः' का अर्थ गुलाम है। अतः विकल्प (B) सही है।

95. 'दम्भोलिः' शब्द का क्या अर्थ है?
(A) वज्र (B) पाषाण
(C) कमल (D) भ्रमर

व्याख्या–
(A) ''दम्भोलिघटितेयं रसना, या दारुणदानवोदन्तोदीरणैर्न दीर्य्यते।'' अर्थात् यह (मेरी) जिह्वा **वज्र** से बनी है जो कि दारुण दानवों के वृत्तान्त के वर्णन से फट नहीं जाती है। –शिवराजविजयम्/ब्रह्मचारी गुरु
(B) 'दृषद्' का अर्थ पत्थर (पाषाण) है।
(C) 'कुशेशय' का शाब्दिक अर्थ–'कमल' है।
(D) 'षट्पदः' का अर्थ– 'भ्रमर' है।
अतः विकल्प (A) सही है।

88. (B)	89. (A)	90. (B)	91. (D)	92. (*)	93. (A)	94. (B)	95. (A)

96. 'पञ्चबाणस्तु बाणः' कथन किसका है?
(A) जयदेव का
(B) चन्द्रदेव का
(C) गङ्गादेवी का
(D) त्रिविक्रमभट्ट का

व्याख्या–
(A) ''पञ्चबाणस्तु बाणः'' –**जयदेव** (बाणभट्ट के विषय में)
(B) ''बाणस्तु पञ्चाननः''
चन्द्रदेव (बाणभट्ट के विषय में)
(C) ''भट्टबाणस्य भारतीम्''
गङ्गादेवी (बाणभट्ट के विषय में)
(D) ''धनुषेव गुणाढ्येन निःशेषोरञ्जितो जनः''–
त्रिविक्रमभट्ट (बाणभट्ट के विषय में)
अतः विकल्प (A) सही है।

97. 'अधीत' शब्द की व्युत्पत्ति का ठीक विकल्प चुनिए–
(A) अधि + इट् + यत्
(B) अधि + इट् + क्त
(C) अधि + इङ् + क्त
(D) अधि + इट् + क्तवतु

व्याख्या– 'विदित-वेदितव्यस्याधीतसर्वशास्त्रस्य ते नाल्पमप्युपदेष्टव्यमस्ति'–शुकनासोपदेश। **अधि + इङ् + क्त = अधीतः।** अतः विकल्प (C) सही है।

98. 'लघिमा' की व्युत्पत्ति हेतु ठीक विकल्प चुनिए–
(A) लघु + इमनिच् **(B) लघु + मनिन्**
(C) लघु + मतुप् **(D) लघु + वतुप्**

व्याख्या–
(A) **लघु + इमनिच् = लघिमा**
(B) लघु शब्द से 'मनिन्' प्रत्यय नही होगा, क्योंकि 'मनिन्' कृत् प्रत्यय है।
(C) लघु + मतुप् = लघुमान्।
(D) लघु + वतुप् = लघुवान्। अतः विकल्प (A) सही है।

99. 'परभृत' किस पक्षी को कहते हैं?
(A) कौआ **(B) कोयल**
(C) कबूतर **(D) मयूर**

व्याख्या–''परभृतविरुतं कलं यथा प्रतिवचनीकृतमेभिरीदृशम्'' (अभिज्ञान 4/10)

	शब्द	अर्थ
(A)	काकः	कौआ
(B)	**परभृतः**	**कोयल**
(C)	कपोतः	कबूतर
(D)	मयूरः	मोर

अतः विकल्प (B) सही है।

100. आरम्भगुर्वी क्षयिणी क्रमेण
लघ्वी पुरा वृद्धिमती च पश्चात्।
दिनस्य पूर्वार्द्धपरार्द्ध भिन्ना
छायेव मैत्री खलसज्जनानाम्।।
इस श्लोक में छन्द है?
(A) इन्द्रवज्रा **(B) उपेन्द्रवज्रा**
(C) उपजाति **(D) वसन्ततिलका**

व्याख्या–
(A) 'अर्थो हि कन्या परकीय एव'–
इन्द्रवज्रा/अभिज्ञानशाकुन्तलम् 4/22
(B) 'अलं महीपाल तव श्रमेण'– उपेन्द्रवज्रा/रघुवंशम् 2/34
(C) **आरम्भगुर्वी....खलसज्जनानाम्''–उपजाति/नीति./50**
(D) ''अन्तर्हिते शशिनि सैव कुमुद्वती मे''
वसन्ततिलका/अभिज्ञानशाकुन्तलम् 4/3
अतः विकल्प (C) सही है।

101. ''उदतूतुलत्'' में कौन-सा लकार है?
(A) लङ् **(B) लिङ्**
(C) लुङ् **(D) लृङ्**

व्याख्या–
* ''महादेवमूर्तावपि, गदामुदतूतुलत्'' अर्थात् महादेव की मूर्ति पर भी (उस महमूद) ने गदा उठाई। –(शिवराजविजयम्)
* **उत् + तुल् + लुङ् (तिप्) = उदतूतुलत्**
अतः विकल्प (C) सही है।

102. 'आदिदेश' में पुरुष वचन है?
(A) प्रथमपुरुष एकवचन
(B) मध्यमपुरुष बहुवचन
(C) उत्तमपुरुष द्विवचन
(D) मध्यमपुरुष एकवचन

व्याख्या– 'आदिदेश' दिश् धातु (उभयपदी) लिट्लकार **प्रथमपुरुष एकवचन** का रूप है।
अतः विकल्प (A) सही है।

96. (A) 97. (C) 98. (A) 99. (B) 100. (C) 101. (C) 102. (A)

103. 'विदित-वेदितव्यः' में कौन-सा समास है?
(A) अव्ययीभाव (B) द्विगु
(C) बहुव्रीहि (D) तत्पुरुष

व्याख्या– ''विदित-वेदितव्यस्याधीतसर्वशास्त्रस्य'' – कादम्बरी शुकानासोपदेश

* विदितं वेदितव्यं येन तस्य = विदित-वेदितव्यः (ज्ञातव्य वस्तुओं का ज्ञाता है जो अर्थात् चन्द्रापीड) **बहुव्रीहि**
* गिरिषु इति–अन्तर्गिरि में अव्ययीभावसमास है
* 'अष्टाध्यायी' मे द्विगुसमास है।
* वाचा युद्धम् = 'वाक्युद्धम्' में तत्पुरुषसमास है।

अतः विकल्प (C) सही है।

104. 'इच्छन्' में कौन-सा प्रत्यय है?
(A) खच् (B) तृच्
(C) यत् (D) शतृ

व्याख्या–

(A) 'प्रियंवदः' में खच् प्रत्यय है।
(B) 'कर्ता' में तृच् प्रत्यय है।
(C) 'गेयम्' में यत् प्रत्यय है
(D) **इच्छन् में शतृ प्रत्यय है।**
अतः विकल्प (D) सही है।

105. अधोलिखित में कौन वर्ण 'झष्' प्रत्याहार में आता है?
(A) ख (B) ज
(C) ट (D) ध

व्याख्या– झष् प्रत्याहार=**झ, भ, घ, ढ, ध** वर्ण आते हैं। अतः विकल्प (D) सही है।

106. 'सन्तः' में कौन सी धातु है?
(A) सद् (B) अस्
(C) सु (D) तन्

व्याख्या–

(A) सद् धातु का लट्लकार प्रथमपुरुष में–सीदति सीदतः सीदन्ति रूप चलता है।
(B) **अस् + लट् (शतृ) = सन्तः।** अस् धातु का शत्रन्तरूप– सत् सन्तौ सन्तः चलता है।
(C) 'सु (निचोड़ना) लट्लकार प्रथमपुरुष में–सुनोति सुनुतः सुन्वन्ति रूप चलता है।
(D) तन् (फैलाना) लट्लकार प्रथमपुरुष में–तनोति तनुतः तन्वन्ति रूप चलता है।
अतः विकल्प (B) सही है।

107. 'शूली' का अर्थ है?
(A) भाले वाला (B) शिव
(C) काँटेदार (D) कष्टप्रद

व्याख्या–

* ''कुर्वन्सन्ध्याबलिपटहतां शूलिनः श्लाघनीयाम्'' पूर्वमेघ/37
* 'शूलिनः' षष्ठी एकवचन का रूप है जो शङ्कर जी के लिए प्रयुक्त है। अतः **'शूली' का अर्थ 'शिव' है।**
* शूलम् (त्रिशूलम्) अस्य अस्ति इति शूली अर्थात् शिवः। शूल + इनि = शूलिन् (शूली) अतः विकल्प (B) सही है।

108. 'लुब्धक' का अर्थ है?
(A) लोभी (B) लुभावना
(C) उपलब्ध (D) बहेलिया

व्याख्या– ''लुब्धकधीवरपिशुना निष्कारणमेव वैरिणो भवति'' नीतिशतकम्/दुर्जनपद्धति–51

यहाँ **लुब्धक का अर्थ बहेलिया** है।

धीवरः = मछुआरा, पिशुनः = चुगुलखोर

अतः विकल्प (D) सही है।

109. 'कान्तोदन्त' का अर्थ है?
(A) चमकते दाँत (B) प्रियतम का वृत्तान्त
(C) प्रिया के दाँत (D) प्रिय का अन्त

व्याख्या–

* ''कान्तोदन्तः सुहृदुपनतः सङ्गमात्किञ्चिदूनः'' अर्थात् स्त्रियों के लिए मित्र द्वारा लाया गया **प्रियतम का समाचार** (वृत्तान्त) समागम से कुछ ही कम होता है। उत्तरमेघ/40
* यहाँ 'कान्तोदन्त' का अर्थ 'प्रियतम का समाचार' है।

अतः विकल्प (B) सही है।

110. उज्जयिनी में स्थित शिवलिङ्ग का क्या नाम है?
(A) वैद्यनाथ (B) महाकाल
(C) मार्कण्डेय (D) विश्वनाथ

व्याख्या– ''अप्यन्यस्मिञ्जलधर! महाकालमासाद्य काले'' अर्थात् **महाकाल** मन्दिर में अन्य समय में भी पहुँचकर तुम्हें वहाँ ठहर जाना चाहिए। (पूर्वमेघ/37)

अतः विकल्प (B) सही है।

103. (C) 104. (D) 105. (D) 106. (B) 107. (B) 108. (D) 109. (B) 110. (B)

111. किस काव्य में अलकापुरी का वर्णन प्राप्त होता है?
(A) पवनदूत
(B) मेघदूतम्
(C) रघुवंशम्
(D) किरातार्जुनीयम्

व्याख्या– कालिदास कृत **मेघदूतम् में** अलकापुरी का वर्णन है। ''गन्तव्या ते वसतिरलका नाम यक्षेश्वराणाम्'' (पूर्वमेघ-7)
अतः विकल्प (B) सही है।

112. मेघदूत किस विधा का ग्रन्थ है?
(A) महाकाव्य **(B) खण्डकाव्य**
(C) नाटक **(D) चम्पू**

	ग्रन्थ	विधा
(A)	जानकीहरणम्	महाकाव्य
(B)	**मेघदूतम्**	**खण्डकाव्य**
(C)	वेणीसंहारम्	नाटक
(D)	नलचम्पू	चम्पू

अतः विकल्प (B) सही है।

113. भारतवर्ष में सर्वप्रथम यवन शासन का बीजारोपण किसने किया?
(A) महमूद गजनवी ने **(B) शहाबुद्दीन ने**
(C) कुतुबुद्दीन ने **(D) अलाउद्दीन ने**

व्याख्या– * अम्बिकादत्तव्यास कृत शिवराजविजयम् उपन्यास में गोर देश का निवासी **शहाबुद्दीन (मो0 गोरी) ने भारत में यवनशासन का बीजारोपण किया।**
* महमूद गजनवी 'गजनी' देश का निवासी था जिसने सोमनाथ मन्दिर को लूटा था।
* शहाबुद्दीन (मो0 गोरी) का गुलाम कुतुबुद्दीन भारत का प्रथमसम्राट् बना।

अतः विकल्प (B) सही है।

114. पत्रलेखा किसकी पुत्री थी?
(A) गन्धर्वराज की **(B) शुकनास की**
(C) तारापीड की **(D) कुलूतेश्वर की**

	पुत्र/पुत्री		पिता
(A)	कादम्बरी	–	गन्धर्वराज चित्ररथ
(B)	वैशम्पायन	–	शुकनास
(C)	चन्द्रापीड	–	तारापीड
(D)	**पत्रलेखा**	**–**	**कुलूतेश्वर**

अतः विकल्प (D) सही है।

115. कादम्बरी में कितने जन्म की कथा वर्णित है?
(A) दो जन्म
(B) एक जन्म
(C) तीन जन्म
(D) चार जन्म

व्याख्या– बाणभट्ट कृत कादम्बरी में तीन जन्मों की कथा है। यथा–

प्रथम जन्म	द्वितीय जन्म	तृतीय जन्म
चन्द्रमा	चन्द्रापीड	शूद्रक
पुण्डरीक	वैशम्पायन	शुक
लक्ष्मी	–	चाण्डालकन्या
कपिञ्जल	इन्द्रायुध	–
रोहिणी	पत्रलेखा	–

अतः विकल्प (C) सही है।

116. मेघदूतम् की यक्षिणी शापदिवसों की गणना किससे करती है–
(A) पुष्पों से
(B) लेखनी से
(C) मणियों से
(D) अन्नकणों से

व्याख्या– ''शेषान् मासान् विरहदिवसस्थापितस्यावधेर्वा, विन्यस्यन्ती भुवि गणनया **देहलीदत्तपुष्पैः।**'' (उत्तरमेघ/27)
अर्थात् वियोग के दिन से निश्चित की हुई अवधि के शेष महीनों को देहली पर रखे हुए **पुष्पों से** गिनकर धरती पर रखती है वह यक्षिणी।
अतः विकल्प (A) सही है।

111. (B) 112. (B) 113. (B) 114. (D) 115. (C) 116. (A)

117. 'कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने किं पुनर्दूरसंस्थे' इनमें 'जन' शब्द किसका बोधक है?
(A) राजहंस (B) मेघ (C) यक्षिणी (D) चातक

व्याख्या– कण्ठ के आलिङ्गन से प्रेम करने वाली मेरी प्रिया रूप जन के दूर होने पर क्या कहा जाय। इस पद में सप्तमी के कारण ऐसे व्यक्ति की ओर संकेत कर रहा है, जो उस यक्ष के कण्ठालिङ्गन का इच्छुक हो और वह व्यक्ति केवल उसकी प्रिया ही हो सकती है जो उससे दूर स्थित है। 'जने' से अर्थ यहाँ पर प्रिया अर्थात् यक्षिणी है। अतः विकल्प (C) सही है।

स्रोत- (i) मेघदूतम् (पूर्वमेघ-3) आर0बी0 शास्त्री
(ii) मेघदूतम्- विजेन्द्र शर्मा, पेज-07

118. 'कृदन्त' की संज्ञा होती है?
(A) प्रत्यय (B) धातु (C) संयोग (D) प्रातिपदिक

व्याख्या–

(A) "प्रत्ययः" (3/1/1) सूत्र से सुप्, क्यच्, सन् आदि की प्रत्यय संज्ञा होती है।

(B) "भूवादयो धातवः" (1/3/1) सूत्र से भू आदि की धातु संज्ञा होती है।

(C) "हलोऽनन्तरा संयोगः" (1/1/7) सूत्र से अच् (स्वर) के व्यवधान से रहित व्यञ्जनों (हल्) की संयोगसंज्ञा होती है।

(D) "कृत्तद्धितसमासाश्च" (1/2/46) सूत्र से कृदन्त, तद्धितान्त तथा समास की **प्रातिपदिक संज्ञा** होती है।

अतः विकल्प (D) सही है।

119. शिवराजविजयम्' के सम्बन्ध में क्या सही नहीं है?
(A) इसके लेखक अम्बिकादत्तव्यास हैं।
(B) इसके नायक शिवाजी हैं।
(C) शिवराजविजयम् में तेरह निःश्वास हैं।
(D) शिवराजविजयम् प्रथम ऐतिहासिक उपन्यास है।

व्याख्या– * शिवराजविजयम् में बारह निःश्वास एवं तीन विराम है, इसके नायक शिवाजी हैं। अतः विकल्प (C) सही उत्तर है।

120. 'व्रजन्ति ते मूढधियः पराभवं'–सूक्ति किरातार्जुनीयम् के किस सर्ग से उद्धृत है?
(A) प्रथमसर्ग (B) द्वितीयसर्ग
(C) तृतीयसर्ग (D) चतुर्थसर्ग

व्याख्या– "व्रजन्ति ते मूढधियः पराभवं" अर्थात् जो कपटीजनों के साथ कपटी नहीं बनते वे मूढबुद्धि पराजय को प्राप्त होते हैं। **(किरात0 1/30)**

अतः विकल्प (A) सही है।

121. रघुवंश में कुल कितने सर्ग हैं?
(A) पचास (B) सत्रह
(C) उन्नीस (D) अट्ठाइस

	महाकाव्य	**सर्ग**
(A)	हरविजयम्	50
(B)	कुमारसम्भवम्	17
(C)	**रघुवंशम्**	**19**
(D)	बुद्धचरितम्	28

अतः विकल्प (C) सही है।

122. 'शिवराजविजयम्' में कितने निःश्वास है।
(A) 10 (B) 36
(C) 3 (D) 12

	ग्रन्थ	**विभाजन**
(A)	साहित्यदर्पण	10 परिच्छेद
(B)	शृङ्गारप्रकाश	36 प्रकाश
(C)	व्यक्तिविवेक	3 विमर्श
(D)	**शिवराजविजयम्**	**3 विराम, 12 निःश्वास**

अतः विकल्प (D) सही है।

123. किसने शकुन्तला को शाप के प्रभाव से मुक्त करने के लिए दुर्वासा से प्रार्थना की?
(A) प्रियंवदा (B) गौतमी
(C) अनसूया (D) मेनका

व्याख्या– 'गच्छ पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनं'–अनसूया, प्रियंवदा से कहती है कि जाओ चरणों में प्रणाम करके उन्हें (दुर्वासा को) लौटा लाओ। 'प्रकृतिवक्रः स कस्यानुनयं प्रतिगृह्णाति! किमपि पुनः सानुक्रोशःकृतः' अर्थात् **प्रियंवदा** कहती है कि–स्वभाव से टेढ़े वे (महर्षि दुर्वासा) किसकी प्रार्थना को स्वीकार करते हैं? फिर भी (मैंने) कुछ दयायुक्त कर लिया। इसप्रकार प्रियंवदा ने शकुन्तला की शापमुक्ति के लिए दुर्वासा से प्रार्थना की। अतः विकल्प (A) सही है।

117. (C) 118. (D) 119. (C) 120. (A) 121. (C) 122. (D) 123. (A)

124. रघुवंशियों का कौन-सा कालक्रमानुसार युग्म सही है?
(A) रघु, अज, दशरथ, राम (B) दिलीप, अज, दशरथ, राम
(C) अज, दिलीप, रघु, राम (D) राम, दशरथ, रघु, अज

व्याख्या– कालिदास कृत रघुवंशम् में वर्णित '31' राजाओं का कालक्रम इस प्रकार है?– मनु (वैवस्वत), दिलीप, **रघु, अज, दशरथ, राम,** लव, कुश, अतिथि, निषध, नल, नभ, पुण्डरीक, क्षेमधन्वा, देवानीक, अहीनग, पारियात्र, शिल, उन्नाभ, वज्रणाभ, शंखण, व्युषिताश्व, विश्वसह, हिरण्यनाभ, कौशल्य, ब्रह्मिष्ठ, पुत्र, पुष्य, ध्रुवसन्धि, सुदर्शन, अग्निवर्ण। तत्पश्चात् अग्निवर्ण की पत्नी तथा गर्भस्थ बालक को राज्याधिकार। अतः विकल्प (A) सही है।

125. महाभारत को कहा जाता है।
(A) जयसंहिता (B) आदिकाव्य
(C) सौप्तिक संहिता (D) अरण्यसंहिता

व्याख्या– * महाभारत को **जयसंहिता** के नाम से भी जाना जाता है। इसे **'शतसाहस्त्रीसंहिता'** भी कहते हैं।
* 'आदिकाव्य' वाल्मीकिरामायण को कहते हैं। इसे **'चतुर्विंशति-साहस्त्री-संहिता'** भी कहते हैं।
अतः विकल्प (A) सही है।

124. (A) 125. (A)

प्रशिक्षित-स्नातकशिक्षक-चयनपरीक्षा (TGT)–2013

1. निम्नलिखित में कौन शब्द शुद्ध है?
(A) अक्षतः (B) दाराः
(C) लाजः (D) वर्षा

व्याख्या–

- **''दाराऽक्षतलाजाऽसूनां बहुत्वं च''**–(पाणिनीयलिङ्गानुशासन 106) दारा, अक्षत तथा लाजा - शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं तथा ये शब्द सदा बहुवचन में प्रयुक्त होते हैं।
यथा– **दाराः** = पत्नी, **अक्षताः** = बिना टूटे चावल, **लाजाः** = खील, भाड़ में भुने हुए चावल।
- **''अप्सुमनस्समासिकतावर्षाणां बहुत्वं च''** – (पाणिनीयलिङ्गानुशासन–29)
अप्, सुमनस्, समा, सिकता तथा वर्षा–ये शब्द स्त्रीलिङ्ग में होते हैं, तथा बहुवचन में प्रयुक्त होते हैं।
यथा– **आपः** = जल, **सुमनसः** = फूल, **समाः** = संवत्सर **सिकताः** = बालू, **वर्षाः** = वर्षा, ऋतु विशेष।
- अमरकोश में भी कहा गया है कि–
आपः सुमनसो वर्षा अप्सरः सिकताः समाः।
एते स्त्रियां बहुत्वे स्युरेकत्वेऽप्युत्तरत्रयम्॥
- उपर्युक्त प्रश्न में अक्षतः, लाजः, वर्षा– ये एकवचनान्त रूप में उल्लिखित हैं, जबकि इन्हें नित्य बहुवचनान्त बताया गया है। किन्तु **'दाराः' शब्द नित्यबहुवचनान्त और पुँल्लिङ्ग होने से सही उत्तर है,** अतः विकल्प (B) सही है।

2. कर्ता द्वारा अनीप्सित पदार्थ की क्या संज्ञा होगी?
(A) कर्ता (B) कर्म
(C) करण (D) सम्प्रदान

व्याख्या–

(A) **''स्वतन्त्रः कर्ता''** (1.4.54) सूत्र से क्रिया की सिद्धि में जो स्वतन्त्ररूपेण अर्थात् प्रमुखतया विवक्षित होता है, वह कर्तासंज्ञक होता है।
जैसे– 'अनुजः पचति' यहाँ पचन क्रिया के निष्पादन में 'अनुज' प्रधानतया विवक्षित है; अतः कर्त्ता हुआ। उक्त कर्ता में **''प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा''** सूत्र से 'अनुजः' में प्रथमा विभक्ति हुई।

(B) **''तथायुक्तं चानीप्सितम्''** (1.4.50) सूत्र से ईप्सिततम (अभीष्टतम) के समान क्रिया से युक्त होने पर अनीप्सित (अनभीष्ट) की भी कर्मसंज्ञा होती है।
जैसे– **'ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति'** – यहाँ स्पर्श क्रिया से युक्त 'तृण' कर्त्ता को अनीप्सित है, फिर भी उक्तसूत्र से 'तृण' की कर्मसंज्ञा होती है। इसी प्रकार गमनक्रिया के सम्बन्ध से कर्ता का ईप्सिततम 'ग्राम' है जिसकी **''कर्तुरीप्सिततमं कर्म''** (1.4.49) से कर्मसंज्ञा होती है। 'ग्राम' और 'तृण' दोनों में **''कर्मणि द्वितीया''** (2.3.2) सूत्र से द्वितीया विभक्ति हुई। अतः विकल्प `B' सही है।

(C) **''साधकतमं करणम्''** (1.4.42) सूत्र से क्रिया की सिद्धि में जो सबसे अधिक उपकारक (सहायक) हो, उसकी 'करणसंज्ञा' होती है।
जैसे–**'परशुना छिनत्ति'** यहाँ छेदनक्रिया में सबसे अधिक उपकारक (सहायक) 'परशु' है; अतः इसकी करणसंज्ञा होकर **''कर्तृकरणयोस्तृतीया''** (2.3.18) से तृतीया हुई।

(D) **''कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्''** (1.4.32) सूत्र से दान क्रिया के कर्म के द्वारा कर्ता जिसे अच्छी प्रकार से युक्त (लक्षित या सम्बन्धित) करना चाहता है, उसकी सम्प्रदानसंज्ञा होती है।
जैसे– 'छात्रः संस्कृतगङ्गायै पुस्तकं ददाति' यहाँ छात्र (कर्ता) दानक्रिया के कर्म (पुस्तक) के द्वारा 'संस्कृतगङ्गा' को सर्वाधिक लक्षित (सम्बद्ध) करता है। अतः 'संस्कृतगङ्गा' की सम्प्रदान संज्ञा होकर **''चतुर्थी सम्प्रदाने** (2.3.13) सूत्र से चतुर्थी विभक्ति होकर 'संस्कृतगङ्गायै' बन गया।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-90 प्रश्न-22

3. 'वामाः कुलस्याधयः' यह उक्ति किस ग्रन्थ में वर्णित है?
(A) उत्तररामचरितम्
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(C) नीतिशतकम्
(D) किरातार्जुनीयम्

1. (B) 2. (B) 3. (B)

व्याख्या–

	ग्रन्थ		सूक्ति
(A)	यथा स्त्रीणां तथा वाचां साधुत्वे दुर्जनो जनः	–	उत्तररामचरितम् (1/5)
(B)	यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो **वामाः कुलस्याधयः**	–	अभिज्ञानशाकुन्तलम् (4/18)
(C)	यां चिन्तयामि सततं मयि सा विरक्ता	–	नीतिशतकम् (परिशिष्ट)
(D)	भवादृशेषु प्रमदाजनोदितं भवत्यधिक्षेप इवानुशासनम्	–	किरातार्जुनीयम् (1/28)

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-161 प्रश्न-113

4. 'सुखी' शब्द का तृतीया एकवचन में क्या रूप होता है–

(A) सुख्या **(B) सुखिना**
(C) सुख्यः **(D) सुख्युः**

व्याख्या–

- 'सुखम् इच्छति इति = सुखी' शब्द ईकारान्त पुंलिङ्ग शब्द है, जिसका रूप निम्नवत् होगा– 1.सुखीः, 2. सुख्यम्, 3. सुख्या, 4. सुख्ये, 5. सुख्युः, 6. सुख्युः, 7. सुख्यि, सम्बो0 हे सुखीः। अतः विकल्प `A' सही है।
- जबकि 'सुखिन्' इन्नन्त शब्द का रूप 'गुणिन्' की तरह चलेगा– 1. सुखी, 2. सुखिनम्, 3. सुखिना, 4.सुखिने, 5. सुखिनः, 6. सुखिनः, 7. सुखिनि, सम्बो0 हे सुखिन्।

5. किरातार्जुनीयम् प्रथमसर्ग में सर्वाधिक प्रयुक्त छन्द में प्रयुक्त गण है–

(A) जगण तगण जगण रगण
(B) जगण तगण जगण दो गुरुवर्ण
(C) तगण तगण जगण गुरु गुरु
(D) तगण भगण जगण जगण गुरु गुरु

व्याख्या–

(A) किरातार्जुनीयम् प्रथमसर्ग में कुल 46 श्लोक हैं। जिसके अन्तिम 46वें श्लोक में मालिनी छन्द, तथा 45वें श्लोक में पुष्पिताग्रा छन्द है। शेष प्रथम श्लोक से लेकर 44वें श्लोक तक वंशस्थ है। अतः किरातार्जुनीयम् प्रथमसर्ग में **सर्वाधिक प्रयुक्त छन्द 'वंशस्थ'** होगा। जिसका लक्षण है– **''जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ''** अर्थात् ''जगण तगण जगण रगण'' गणों वाला छन्द वंशस्थ कहा जाता है, इसके प्रत्येक चरण में 12 अक्षर होते हैं।
यथा– ''श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीम्'' (किरात0 1/1)
अतः विकल्प `A' सही है।

(B) ''जगण तगण जगण दो गुरुवर्ण'' से युक्त छन्द 'उपेन्द्रवज्रा' कहा जाता है, इसका लक्षण निम्नवत् है–
''उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ''
अर्थात् उपेन्द्रवज्रा के प्रत्येक चरण में जगण, तगण, जगण तथा दो गुरु वर्ण होते हैं। इसके प्रत्येक चरण में 11 वर्ण होते हैं। यथा– ''त्वमेव माता च पिता त्वमेव''

(C) ''तगण, तगण, जगण गुरु गुरु'' – इन गणों से युक्त छन्द 'इन्द्रवज्रा' कहा जाता है–
''स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः''
इसके प्रत्येक चरण में 11वर्ण होते हैं।
यथा– ''अर्थो हि कन्या परकीय एव''

(D) ''तगण भगण जगण जगण गुरु गुरु'' इन गणों से युक्त छन्द को 'वसन्ततिलका' कहते हैं। इसका लक्षण है–
''उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः'' इसके प्रत्येक चरण में 14 वर्ण होते हैं। यथा– ''न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः'' – नीतिशतकम्

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-231 प्रश्न-85

6. 'सत्यनिष्ठ' शब्द में कौन सा समास है?

(A) अव्ययीभाव
(B) तत्पुरुष
(C) बहुव्रीहि
(D) द्वन्द्व

व्याख्या–

सामासिकपद	समासविग्रह	समास का नाम
(A) निर्जनम्	जनानाम् अभावः	अव्ययीभाव
(B) सत्याग्रहः	सत्यस्य आग्रहः/सत्ये आग्रहः	तत्पुरुष
(C) सत्यनिष्ठः	सत्ये निष्ठा यस्य सः	**बहुव्रीहि**
(D) सत्यानृतम्	सत्यं च अनृतं च	द्वन्द्वसमास

अतः विकल्प `C' सही है।

नोट– 'सत्यनिष्ठः, धर्मनिष्ठः, ज्ञाननिष्ठः, कर्मनिष्ठः, संस्कृतनिष्ठः' इत्यादि सभी में बहुव्रीहि समास है।

स्रोत–रचनानुवादकौमुदी पेज–99

4. (A) 5. (A) 6. (C)

7. 'सुप्' प्रत्याहार में कितने प्रत्यय होते हैं?
(A) 20 **(B) 21**
(C) 22 **(D) 24**

व्याख्या– (A) माघ के शिशुपालवधम् में 20 सर्ग हैं।

(B) **सुप् प्रत्याहार में 21 प्रत्यय आते हैं।** यथा– 1. सु औ जस् 2. अम् औट् शस् 3. टा भ्याम् भिस् 4. ङे भ्याम् भ्यस् 5. ङसि भ्याम् भ्यस्, 6. ङस् ओस् आम् 7. ङि ओस् सुप्

(C) उपसर्गों की संख्या 22 है। यथा– प्र, परा, अप, सम्, अनु, अव, निस्, निर्, दुस्, दुर्, वि, आङ्, नि, अधि, अपि, अति, सु, उद्, अभि, प्रति, परि, उप।

(D) वैशेषिकदर्शन के अनुसार 24 गुण होते है। यथा– रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, गुरुत्व, द्रवत्व, स्नेह, शब्द, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म तथा संस्कार–ये चौबीस गुण के भेद हैं।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-38

8. पुंलिङ्ग 'सर्व' शब्द का प्रथमा विभक्ति बहुवचन में क्या रूप होता है?
(A) सर्वाः **(B) सर्वे**
(C) सर्वौ **(D) सर्वः**

व्याख्या–

- 'सर्व' शब्द का (पुंलिङ्ग) प्रथमा विभक्ति में –
''सर्वः सर्वौ सर्वे'' रूप होगा। अतः विकल्प `B' सही है।
- 'सर्व' शब्द (स्त्रीलिङ्ग) प्रथमाविभक्ति में–
''सर्वा सर्वे सर्वाः'' रूप होगा।
- 'सर्व' शब्द (नपुंसकलिङ्ग) प्रथमा विभक्ति में–
''सर्वम् सर्वे सर्वाणि'' रूप होगा।

9. शुकनास के उपदेश के पश्चात् प्रसन्न हृदयवाला राजा कहाँ गया?
(A) राजदरबार में **(B) उद्यान में**
(C) अपने भवन में **(D) वन में**

व्याख्या–

- कादम्बरी शुकनासोपदेश के अनुसार प्रसन्न हृदय वाला राजा चन्द्रापीड मन्त्री शुकनास के उपदेश को सुनकर अपने भवन में जाता है– **''उपशान्तवचसि शुकनासे चन्द्रापीडः ताभिः उपदेशवाग्भिः प्रक्षालितः इव.... प्रीतहृदयः मुहूर्तं स्थित्वा स्वभवनम् आजगाम।** (कादम्बरी शुकनासोपदेश)
- कादम्बरी कथामुख के अनुसार राजदरबार में राजा शूद्रक रहता है, जब चाण्डालकन्या वैशम्पायन शुक को लेकर आती है।
- अश्वघोष विरचित बुद्धचरितम् नायक बुद्ध उद्यान में भ्रमण करते हैं।
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् नायक राजा दुष्यन्त वन में मृग का शिकार करने जाते हैं।

10. उत्तररामचरितम् में लव कुश के जन्म की किस वर्षगाँठ का वर्णन है–
(A) आठवीं **(B) दसवीं**
(C) बारहवीं **(D) चौदहवीं**

व्याख्या–

- उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क के विष्कम्भक में भगवती भागीरथी के कथन को तमसा द्वारा मुरला से कुछ इस प्रकार कहा जा रहा है–
तमसा–उक्तमेव भगवत्या भागीरथ्या–'वत्से देवयजनसम्भवे सीते! अद्य खल्वायुष्मतोः **कुशलवयोर्द्वादशस्य जन्मवत्सरस्य** संख्यामङ्गलग्रन्थिरभिवर्तते।
- यहाँ **'द्वादशस्य जन्मवत्सरस्य'** पद का अर्थ **'बारहवीं वर्षगाँठ'** है, अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा साहित्यम् पेज-180 प्रश्न-27

11. उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क का प्रारम्भ किससे होता है–
(A) नान्दी **(B) आकाशभाषित**
(C) सूत्रधार **(D) विष्कम्भक**

व्याख्या–

- भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क का प्रारम्भ **शुद्ध विष्कम्भक** द्वारा तमसा और मुरला नामक दो सखियों के परस्पर वार्तालाप से होता है। उत्तररामचरितम् तृतीय अङ्क का प्रारम्भ– (ततः प्रविशति नदीद्वयम्)
एका–सखि मुरले! किमसि सम्भ्रान्तेव? यहाँ से लेकर मुरला द्वारा कथित पाँचवें श्लोक–''शरदिज इव घर्मः केतकीगर्भपत्रम्।' से होता है। अतः विकल्प `D' सही है।
- उत्तररामचरितम् (प्रथम अङ्क) का प्रारम्भ ''इदं कविभ्यः पूर्वेभ्यो नमोवाकं प्रशास्महे'' इस द्वादशपदा पत्रावली नामक नान्दी से होता है, इसके बाद सूत्रधार का प्रवेश होता है।
- रूपक के दश भेदों में 'भाण' नामक रूपक में आकाशभाषित

7. (B) 8. (B) 9. (C) 10. (C) 11. (D)

का प्रयोग होता है। अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क का निम्नलिखित श्लोक भी आकाशभाषित का उदाहरण है– ''रम्यान्तरः कमलिनीहरितैः सरोभिः'' अभि0 शा0 4/11

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-24

12. नीतिशतकम् में राजनीति को कितने स्वरूपों को धारण करने वाली कहा गया है?
(A) 8 **(B) 9**
(C) 10 **(D) 11**

व्याख्या–भर्तृहरि विरचित नीतिशतकम् के अर्थपद्धति में राजनीति को वेश्या के समान अनेकरूपों वाली कहा गया है, जिसमें राजनीति के दस रूपों की गणना की गयी है–

सत्यानृता च परुषा प्रियवादिनी च
हिंस्रा दयालुरपि चार्थपरा वदान्या।
नित्यव्यया प्रचुरनित्यधनागमा च
वाराङ्गनेव नृपनीतिरनेकरूपा।।

राजनीति के दस रूप– 1. सत्या (सत्यवादिनी) 2. अनृता (झूठी) 3. परुषा (कठोर) 4. प्रियवादिनी 5. हिंस्रा (क्रूरता) 6. दयालुता 7. अर्थपरा (स्वार्थ परायणता) 8. वदान्या (बहुप्रदा, उदारस्वभाव) 9. नित्यव्यया (नित्य खर्चीली) 10. प्रचुरनित्यधनागमा (अत्यधिक धन देने वाली) इस प्रकार वेश्या के समान राजनीति भी अनेक रूपों वाली होती है। अतः विकल्प `C' सही है।

13. शकुन्तला के अनिष्टनिवारण के लिए महर्षि कण्व कहाँ गये थे?
(A) हिमालय **(B) सोमतीर्थ**
(C) कुरुक्षेत्र **(D) प्रयाग**

व्याख्या–महाकवि कालिदास द्वारा विरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रथम अङ्क में जब राजा दुष्यन्त मृग का पीछा करते हुए कण्वाश्रम के निकट पहुँचता है और वैखानस के द्वारा मृग को न मारने का अनुरोध स्वीकार करके यह पूँछता है कि– 'क्या कुलपति कण्व आश्रम में विद्यमान हैं।– ''**अपि सन्निहितोऽत्र कुलपतिः**'' तो इसके उत्तर में वैखानस कहता है कि–

वैखानसः– 'इदानीमेव दुहितरं शकुन्तलामतिथिसत्काराय नियुज्य **दैवमस्याः प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः**'

वैखानस के इस कथन से स्पष्ट है कि कण्व शकुन्तला के अनिष्ट निवारण के लिए सोमतीर्थ गये हुए हैं। अतः विकल्प `B' सही है।

- कालिदासकृत कुमारसम्भवम् में हिमालय का वर्णन है– **''अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा, हिमालयो नाम नगाधिराजः''** – कुमारसम्भवम् (1.1)
- कुरुक्षेत्र (प्रदेश) में कौरवों का शासन था। इसका उल्लेख महाभारत एवं किरातार्जुनीयम् में आया है– ''**श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीम्**''– (किरात. 1/1)
- प्रयाग में गङ्गा, यमुना, सरस्वती का सङ्गम है। तथा यहीं दारागञ्ज प्रयाग में संस्कृतगङ्गा का प्रधानकार्यालय भी स्थित है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-21

14. उत्तररामचरितम् नाटक का मङ्गलाचरण किस छन्द में है–
(A) गायत्री **(B) अनुष्टुप्**
(C) उपजाति **(D) वंशस्थ**

व्याख्या–

(A) 'गायत्री छन्द' का प्रयोग प्रायः ऋग्वेद में हुआ है। यह वैदिक छन्द है। इस छन्द में 24 अक्षर होते हैं।

(B) उत्तररामचरितम् के मङ्गलाचरण में **अनुष्टुप् छन्द है**–
इदं कविभ्यः पूर्वेभ्यो नमोवाकं प्रशास्महे।
विन्देम देवतां वाचममृतामात्मनः कलाम्।।
इसमें पथ्यावक्त्र नामक छन्द है, जो अनुष्टुप् छन्द का ही एक भेद है। इस मङ्गलाचरण में द्वादशपदों वाली पत्रावली नामक नान्दी का प्रयोग है। इसमें वाल्मीकि आदि प्राचीन कवियों तथा वाणी (सरस्वती) की वन्दना की गयी है।

(C) उपजाति छन्द के प्रत्येक पाद में 11 वर्ण होते हैं। यह इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा दोनों छन्दों के मिश्रण से बनता है। किसी चरण में इन्द्रवज्रा छन्द होता है और किसी में उपेन्द्रवज्रा। यथा–
विद्या विवादाय धनं मदाय शक्तिः परेषां परपीडनाय।
खलस्य साधोर्विपरीतमेतत् ज्ञानाय दानाय च रक्षणाय।।

(D) किरातार्जुनीयम् के मङ्गलाचरण में 'वंशस्थछन्द' का प्रयोग है। जिसका लक्षण है– ''जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ''
किरातार्जुनीयम् का वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण है, जो निम्नवत् है– ''**श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीम्......युधिष्ठिरं द्वैतवने वनेचरः**''– किरातार्जुनीयम्–1/1

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-250 प्रश्न-23

12. (C) 13. (B) 14. (B)

15. संस्कृतवाङ्मय में गद्य का प्रयोग सर्वप्रथम किस ग्रन्थ में हुआ है?
(A) ऋग्वेद (B) यजुर्वेद
(C) कादम्बरी (D) हर्षचरितम्

व्याख्या–

(A) ऋग्वेद में ऋचाओं का सङ्कलन है, जो पद्यात्मक है। इसमें गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप्, बृहती, पंक्ति, त्रिष्टुप्, जगती आदि छन्दों का प्रयोग है। अतः संस्कृतवाङ्मय में सर्वप्रथम पद्य का प्रयोग 'ऋग्वेद' में हुआ है, न कि गद्य का।

(B) **'गद्यात्मको यजुः'** अर्थात् गद्य में रचे गये मन्त्रों को 'यजुष्' (√यज् + उसि प्रत्यय) कहते हैं।

- **''अनियताक्षरावसानं यजुः''** अर्थात् जिसमें पद्यों के समान अक्षरों की संख्या निश्चित नहीं होती, अर्थात् गद्यात्मक भाग को यजुष् कहा जाता है। अतः संस्कृतवाङ्मय में गद्य का सर्वप्रथम प्रयोग यजुर्वेद में मानना चाहिए, इसलिए विकल्प `B' सही है।
- इसीतरह यजुर्वेद के बाद ब्राह्मणग्रन्थ, आरण्यकग्रन्थ और उपनिषद्ग्रन्थ भी अधिकांशतः गद्यात्मक हैं।

(C) बाणभट्ट विरचित कादम्बरी कथा में गद्य का प्रयोग है, लेकिन कादम्बरी के पहले यजुर्वेद में गद्य का सर्वप्रथम प्रयोग हो चुका है।

(D) 'हर्षचरितम्' बाणभट्ट विरचित आख्यायिका ग्रन्थ है, यह भी गद्यात्मक है, किन्तु संस्कृतवाङ्मय की सर्वप्रथम गद्य रचना नहीं है।

16. निम्नलिखित शब्दों में कौन शुद्ध है?
(A) भूपत्युः
(B) भूपतेः
(C) भूपत्ये
(D) भूपत्या

व्याख्या–

- ''पतिः समास एव'' (1.4.8) सूत्र से 'पति' शब्द समास में ही 'घि' संज्ञक होता है। यहाँ 'पति' शब्द का 'भू' शब्द के साथ समास होने से 'भूपति' शब्द बना, जिसका इकारान्त पुँल्लिङ्ग 'हरि' शब्द की तरह रूप चलेगा।
  1. भूपतिः, 2. भूपतिम्, 3. भूपतिना, 4. भूपतये, 5. भूपतेः, 6. भूपतेः, 7. भूपतौ, सम्बो० हे भूपते!
- इसप्रकार 'पति' शब्द जब किसी शब्द के साथ समास के अन्त में आता है तब उसके रूप 'हरि' के समान होते हैं। अतः **'भूपति' शब्द का पञ्चमी और षष्ठी विभक्ति के एकवचन में 'भूपतेः' रूप बनता है।**
  इसलिए विकल्प `B' सही है।
- 'पति' शब्द का रूप– 1. पतिः, 2. पतिम्, 3. पत्या, 4. पत्ये, 5. पत्युः, 6. पत्युः, 7. पत्यौ, सम्बो० हे पते!
- अतः विकल्प में दिये गये भूपत्युः, भूपत्ये, भूपत्या– रूप अशुद्ध हैं, जबकि `B' विकल्प ''भूपतेः'' शुद्ध है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-148 प्रश्न-13

17. 'पितृतुल्यः' शब्द में कौन समास है?
(A) अव्ययीभाव
(B) तत्पुरुष
(C) बहुव्रीहि
(D) द्वन्द्व

सामासिक पद	समासविग्रह	समास का नाम
(A) प्रत्यर्थम्	अर्थम् अर्थं प्रति	अव्ययीभाव
(B) पितृतुल्यः	**पित्रा तुल्यः**	**तत्पुरुष**
(C) द्विपात्	द्वौ पादौ यस्य सः	बहुव्रीहि
(D) पितरौ/मातापितरौ	माता च पिता च	द्वन्द्व

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत–रचनानुवादकौमुदी कपिलदेव द्विवेदी पेज–94

18. ''वरं विरोधोऽपि समं महात्मभिः'' यह उक्ति किस ग्रन्थ में किसने कही है?
(A) शिवराजविजय में, सेनापति ने
(B) किरातार्जुनीय में, वनेचर ने
(C) किरातार्जुनीय में, युधिष्ठिर ने
(D) शिवराजविजय में, शिवाजी ने

व्याख्या–

(A) एहि, एहि, समये समायातोऽसि (शिवराजविजय, चतुर्थनिःश्वास) आओ, आओ, ठीक समय पर आ गये – दुर्गाध्यक्ष (सेनापति)

(B) **वरं विरोधोऽपि समं महात्मभिः** (किरात०-1/8) – **वनेचर**

(D) ''प्राणाः यान्तु न च धर्मः'' (शिवराजविजय द्वितीय निःश्वास) – शिववीरः (शिवाजी) अर्थात् प्राण भले ही चलें जाय, पर धर्म न जाय। अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-155

15. (B) 16. (B) 17. (B) 18. (B)

19. किरातार्जुनीयम् (प्रथमसर्ग) के कथानक में किसका वर्णन नहीं है?
(A) द्वैतवन में पाण्डवों का निवास
(B) गुप्तचर द्वारा दुर्योधन का वृत्तान्त
(C) द्रौपदी का क्रोध
(D) द्रौपदी के क्रोध का युधिष्ठिर द्वारा समर्थन

व्याख्या–

(A) **''स वर्णिलिङ्गी विदितः समाययौ युधिष्ठिरं द्वैतवने वनेचरः''** किरातार्जुनीयम् की इस पंक्ति से स्पष्ट है कि युधिष्ठिर आदि पाण्डव द्वैतवन में निवास करते थे।

(B) 'दुरोदरच्छद्मजितां समीहते, नयेन जेतुं जगतीं सुयोधनः' 'तवानुभावोऽयमवेदि यन्मया निगूढतत्त्वं नयवर्त्म विद्विषाम्' आदि पंक्तियों से स्पष्ट है कि वनेचर रूपी गुप्तचर द्वारा युधिष्ठिर दुर्योधन का वृत्तान्त जानते हैं।

(C) (i) नृपस्य मन्युव्यवसायदीपिनीः उदाजहार द्रुपदात्मजा गिरः, (ii) तथापि वक्तुं व्यवसाययन्ति मां निरस्तनारीसमया दुराधयः, इत्यादि कथनों से स्पष्ट है कि दुर्योधन के उत्कर्ष को सुनकर द्रौपदी द्वारा युधिष्ठिर के ऊपर क्रोध किया जाता है।

(D) द्रौपदी के क्रोध करने पर युधिष्ठिर न तो उसके क्रोध का समर्थन करते हैं और न ही विरोध। किरातार्जुनीयम् के प्रथमसर्ग में युधिष्ठिर केवल एक शान्तचित्त श्रोता के रूप में पहले वनेचर द्वारा हस्तिनापुर का समाचार सुनते हैं, बाद में द्रौपदी की क्रोधपूर्ण फटकार। **अतः विकल्प `D' सही है।**

20. महर्षि कण्व किनके साथ शकुन्तला को पतिगृह भेजते हैं?
(A) शार्ङ्गरव
(B) शारद्वत
(C) गौतमी
(D) उपर्युक्त सभी

व्याख्या– 'गौतमि, आदिश्यन्तां शार्ङ्गरवमिश्राः शकुन्तलानयनाय'

- काश्यपः–'वत्से, इमे अपि प्रदेये। न युक्तमनयोस्त्र गन्तुम्। त्वया सह गौतमी यास्यति'।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् (चतुर्थ अङ्क) की इन पंक्तियों से स्पष्ट है कि शकुन्तला को पतिगृह ले जाने के लिए **शार्ङ्गरव, शारद्वत और गौतमी-तीनों हस्तिनापुर तक जाते हैं।** अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा TGT व्याख्यात्मक हल पेज-23 प्रश्न-3

21. 'गुरु + आदेशः' में सन्धि होने पर बनता है?

(A) गुरूदेशः	**(B) गुरादेशः**
(C) गुर्वादेशः	**(D) गुरोदेशः**

व्याख्या– ''इको यणचि'' सूत्र से इक् (इ, उ, ऋ, लृ) के बाद असमान स्वर आने पर यण् (य् व् र् ल्) आदेश होता है। इस नियम के अनुसार– गुरु + आदेशः

गुर् उ + आदेशः

गुर् व् + आदेशः

('इको यणचि' सूत्र से 'उ' के स्थान पर 'व्' आदेश) **गुर्वादेशः** अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-188

22. 'शीतोष्णम्' पद में क्या समास है?

(A) अव्ययीभाव	**(B) तत्पुरुष**
(C) बहुव्रीहि	**(D) द्वन्द्व**

व्याख्या–

सामासिकपद	समास विग्रह	समास का नाम
A. उपकृष्णम्	कृष्णस्य समीपम्	अव्ययीभाव
B. कवोष्णम्	ईषद् उष्णम्	तत्पुरुष
C. शीतापम्	शीता आपो यस्य तद्	बहुव्रीहि
D. **शीतोष्णम्**	**शीतं च उष्णं च**	**द्वन्द्व**

विशेष–''कवञ्चोष्णे (6.3.107) सूत्र से 'उष्ण' शब्द के परे होने पर तत्पुरुषसमास में ईषद्वाचक 'कु' को 'कव', 'का' और 'कद्' आदेश होता है। यथा– ईषद् उष्णम् = कवोष्णम्, कोष्णम्, कदुष्णं वा। (थोड़ा गरम)

- 'शीतं च उष्णं च' इस लौकिक विग्रह और शीत सु + उष्ण सु इस अलौकिक विग्रह में ''चार्थे द्वन्द्वः'' सूत्र से समास होने पर ''शीतोष्ण'' शब्द बना; ये दोनों शब्द परस्पर विरुद्ध तो हैं ही, अद्रव्यवाची (गुणवाची) भी हैं; अतः **''विप्रतिषिद्धं चानधिकरणवाचि''** (2.4.13) सूत्र द्वारा विकल्प से एकवद्भाव होने पर 'शीतोष्णम्' पद सिद्ध हो जाता है। वैकल्पिक रूप 'शीतोष्णे' भी बनेगा। इसी तरह (i) सुखदुःखम्/सुखदुःखे (ii)जीवितमरणम्/जीवितमरणे (iii) हानिलाभम्/हानिलाभे (iv) जयाजयम्/जयाजये आदि भी द्वन्द्व समास के उदाहरण हैं। अतः विकल्प `D' सही है।
- 'शीतं च उष्णं च = शीतोष्णम्' में विशेषणोभय पद कर्मधारयसमास भी हो सकता है।

19. (D) 20. (D) 21. (C) 22. (D)

23. जब कोई क्रिया कृदन्त रूप से प्रकट की जाती है, तो उस क्रिया के कर्ता अथवा कर्म में कौन सी विभक्ति का प्रयोग होता है?
(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) षष्ठी (D) सप्तमी

व्याख्या–
(A) **''विभाषोपसर्गे''** (2.3.59) सूत्र द्वारा द्यूतार्थक अथवा क्रय विक्रय रूप व्यवहारार्थक 'दिव्' धातु के उपसर्ग युक्त होने पर कर्म में विकल्प से षष्ठी विभक्ति होती है। पक्ष में द्वितीया विभक्ति होती है।
यथा–शतस्य प्रतिदीव्यति (षष्ठी)
शतं प्रतिदीव्यति (द्वितीया)
वह द्यूतक्रीड़ा में सौ रुपये जीतता है।
(B) **''कृत्यानां कर्तरि वा''** (2.3.71) सूत्र से जिन शब्दों के अन्त में कृत्य प्रत्यय लगे रहते हैं, उनका प्रयोग होने पर कर्ता में तृतीया या विकल्प से षष्ठी होती है। जैसे–
(i) गुरुः मया पूज्यः
गुरुः मम पूज्यः — गुरूजी मेरे पूज्य हैं।
(ii) मया सेव्यः हरिः
मम सेव्य हरिः — हरि मेरे सेव्य हैं।
यहाँ 'मया' पद में तृतीया तथा 'मम' पद में षष्ठी विभक्ति है।
(C) **''कर्तृकर्मणोः कृति''** (2.3.65) सूत्र से कृत्प्रत्ययान्त कृदन्त के योग में अनभिहित कर्ता और कर्म में षष्ठी विभक्ति होती है। अतः विकल्प `C' सही है।
जैसे–**(i) कर्ता में षष्ठी**–'कृष्णस्य कृतिः' यहाँ पर क्रिया का बोधक 'कृति' शब्द है जो कि √कृ + क्तिन् प्रत्यय से बना है, और कर्ता 'कृष्ण' है। अतः कृत् प्रत्ययान्त 'कृतिः' शब्द के साथ 'कृष्ण' शब्द में षष्ठी होकर 'कृष्णस्य' रूप बना। अन्य उदाहरण–यानस्य गतिः, शिशूनां रोदनम्, संस्कृतस्य अध्येता आदि।
(ii) कर्म में षष्ठी–'जगतः कर्ता कृष्णः' यहाँ कृत् प्रत्ययान्त कर्ता (कृ + तृच्) पद के योग में कर्मकारक 'जगत्' पद में षष्ठी होकर 'जगतः' रूप बन गया।
अन्य उदाहरण–शत्रूणाम् अघातः, धनस्य प्राप्तिः, विषस्य भोजनम् आदि।
(D) **''षष्ठी चानादरे''** (2.3.38) सूत्र से जहाँ एक की क्रिया से दूसरे की क्रिया लक्षित हो और अनादर अर्थ गम्यमान हो, वहाँ जिसका अनादर किया जाता है उसमें षष्ठी या सप्तमी विभक्ति होती है।
जैसे– (i) रुदति पुत्रे वनं प्राव्राजीत्।
(ii) रुदतः पुत्रस्य वनं प्राव्राजीत्।
रोते हुए पुत्रादि को छोड़कर परिव्राजक अर्थात् संन्यासी बन गया।
यहाँ 'रुदति' में सप्तमी तथा 'रुदतः' में षष्ठी विभक्ति है।

24. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द क्या नहीं है?
(A) मञ्चे
(B) अधिमञ्चम्
(C) मञ्चे अधि
(D) मञ्चस्य उपरि

व्याख्या– (A) **आधारोऽधिकरणम्** (1.4.45) सूत्र से 'मञ्च' रूपी आधार की अधिकरणसंज्ञा होकर 'सप्तम्यधिकरणे च' (2.3.36) सूत्र से सप्तमी होकर 'मञ्चे' यह शुद्ध प्रयोग बनेगा।
(B) **अधिशीङ्स्थासां कर्म** (1.4.46) सूत्र से क्रिया के आधार की कर्मसंज्ञा का विधान होने से 'अधिमञ्चम्' प्रयोग भी शुद्ध है। यहाँ अव्ययीभावसमास भी हो सकता है।
(C) **'मञ्चे अधि'** यह शुद्ध प्रयोग नही है क्योंकि 'अधि' उपसर्ग के कारण 'मञ्चम्' ऐसा द्वितीयान्त प्रयोग होना चाहिए था। जबकि यहाँ सप्तम्यन्त प्रयोग है।
अतः विकल्प `C' सही उत्तर होगा।
(D) **षष्ठ्यतसर्थप्रत्ययेन** (2.3.30) सूत्रसे अतसुच् प्रत्ययान्त शब्दों के योग में षष्ठी विभक्ति होती है। यथा–
ग्रामस्य उपरि उपरिष्टात् वा। मञ्चस्य उपरि उपरिष्टात् वा।

25. कादम्बरी का उपजीव्य ग्रन्थ है?
(A) महाभारत (B) अवन्तिसुन्दरी कथा
(C) बृहत्कथा (D) वासवदत्ता

व्याख्या– (A) **महाभारत**–महाभारत के लेखक का नाम कृष्णद्वैपायन वेदव्यास है, वे ऋषि पराशर तथा सत्यवती के पुत्र थे। महाभारत में एक लाख से अधिक श्लोक हैं, इसे 'शतसाहस्रीसंहिता' भी कहते हैं। यह 18 पर्वों में विभक्त है, इसका प्रधानरस 'शान्त' माना गया है। कुछ लोग 'वीररस' को भी इसका प्रधानरस मानते हैं। महाभारत को

23. (C) 24. (C) 25. (C)

उपजीव्य मानकर निम्नलिखित ग्रन्थों की रचना हुई–

ग्रन्थ	लेखक	उपजीव्य
(i) अभिज्ञानशाकुन्तलम्	कालिदास	महाभारत आदिपर्व
(ii) किरातार्जुनीयम्	भारवि	महाभारत वनपर्व
(iii) शिशुपालवधम्	माघ	महाभारत सभापर्व
(iv) नैषधीयचरितम्	श्रीहर्ष	महाभारत वनपर्व
(v) नलचम्पू	त्रिविक्रमभट्ट	महाभारत वनपर्व

- 'श्रीमद्भगवद्गीता' महाभारत के भीष्मपर्व (अध्याय–25-42) से उद्धृत है।

(B) **अवन्तिसुन्दरीकथा**– यह महाकवि दण्डी की रचना है। इसमें मालवनरेश की पुत्री अवन्तिसुन्दरी का प्रणयवृत्तान्त वर्णित है।

(C) **बृहत्कथा**–गुणाढ्य के द्वारा 'बृहत्कथा' पैशाची प्राकृत में लिखी गयी। इसे बाणभट्ट की **कादम्बरी कथा का उपजीव्य** माना जाता है। अतः विकल्प `C' सही है।

(D) **वासवदत्ता**–इस एकमात्र गद्यकाव्य के लेखक सुबन्धु हैं। इसका कथानक पूर्णतः काल्पनिक है। इसमें राजकुमार कन्दर्पकेतु तथा राजकुमारी वासवदत्ता के प्रेम और विवाह का रोचक वर्णन है। यह प्रत्यक्षरश्लेषप्रधान रचना मानी जाती है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-31

26. नियमपूर्वक विद्या स्वीकार करने पर वक्ता में किस विभक्ति का प्रयोग होता है?
(A) तृतीया (B) चतुर्थी
(C) पञ्चमी (D) षष्ठी

व्याख्या–

(A) **तृतीया**– ''हेतौ'' (2.3.23) सूत्र द्वारा हेतु अर्थ के वाची शब्दों में तृतीया विभक्ति होती है।
यथा–(i) दण्डेन घटः (दण्ड से घड़ा बनता है)
(ii) पुण्येन दृष्टः हरिः (पुण्य के कारण हरि का दर्शन हुआ)
(iii) अध्ययनेन प्रयागे वसति (अध्ययन के कारण प्रयाग में रहता है।

(B) **चतुर्थी**–''तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या'' (वा0) तादर्थ्य में चतुर्थी विभक्ति होती है, अर्थात् जिस प्रयोजन के लिए कोई कार्य किया जाता है, उस प्रयोजन में चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे–मुक्तये हरिं भजति।

(C) **पञ्चमी**–''आख्यातोपयोगे'' (1.4.29) सूत्र से नियमपूर्वक विद्या स्वीकार करने पर वक्ता/आख्याता (पढ़ाने वाला) अपादान संज्ञक होता है, और उसमें **पञ्चमी विभक्ति** होती है। जैसे– उपाध्यायात् अधीते (वह उपाध्याय से नियमपूर्वक पढ़ता है) अतः विकल्प `C' सही है।

(D) **षष्ठी**– ''षष्ठी हेतुप्रयोगे'' (2.3.26) सूत्र द्वारा वाक्य में 'हेतु' शब्द का प्रयोग होने पर हेतु (कारण) में तथा 'हेतु' शब्द में षष्ठीविभक्ति होती है। यथा–अन्नस्य हेतोः वसति। (वह अन्न के कारण रहता है)

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-99 प्रश्न-49

27. उत्तररामचरितम् में अदृश्यरूप में सीता किसके साथ पञ्चवटी में आती हैं?
(A) गोदावरी (B) गङ्गा
(C) तमसा (D) वासन्ती

व्याख्या–

- भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् (तृतीय अङ्क) में सीता अदृश्य रूप से गङ्गा के साथ पञ्चवटी में आती हैं, क्योंकि तृतीय अङ्क का प्रारम्भ मुरला और तमसा की बातचीत से होता है– **''ततः प्रविशति नदीद्वयम्''** उस समय सीता पञ्चवटी में नहीं थीं।
- गोदावरी के अगाध सरोवर से निकलती हुई सीता को देखकर तमसा एक श्लोक कहती है, जिसमें सीता का वर्णन है– **''परिपाण्डुदुर्बलकपोलसुन्दरं ---- विरहव्यथेव वनमेति जानकी''** (उ.रा.च. 3/4) इससे भी सिद्ध होता है कि सीता के पञ्चवटी में आने से पहले तमसा और मुरला वहाँ उपस्थित हैं। अतः तृतीय अङ्क में अदृश्य रूप से सीता तमसा के साथ रहती तो है, परन्तु पञ्चवटी में आती है गङ्गा के साथ।
- गोदावरी, गङ्गा, तमसा सभी नदी पात्र हैं। वासन्ती, वनदेवी और सीता की सखी है। जो पंचवटी में राम के साथ रहती है।

28. किरातार्जुनीयम् का नायक कौन है?
(A) युधिष्ठिर (B) अर्जुन
(C) शिव (किरातवेशधारी) (D) भीम

व्याख्या– ● किरातार्जुनीयम् महाकाव्य के नायक अर्जुन हैं, क्योंकि पाशुपतास्त्र की प्राप्ति इस ग्रन्थ का प्रयोजन है, और यह अस्त्र किरातवेशधारी शिव से अर्जुन को प्राप्त हुआ है। इन्द्रकील पर्वत पर तपस्या करने भी अर्जुन ही जाते हैं। किरातवेषधारी शिव से युद्ध भी अर्जुन ही करते हैं। इस ग्रन्थ का नामकरण भी किरातवेषधारी शिव और अर्जुन

26. (C) 27. (B) 28. (B)

के नाम पर किया गया है इससे सिद्ध होता है कि **इस महाकाव्य के नायक अर्जुन ही हैं।**

- युधिष्ठिर पाँचों पाण्डवों में सबसे बड़े हैं और प्रथमसर्ग में वनेचर की बातों को सुनते हैं, किन्तु ये नायक नहीं हैं।
- किरातवेषधारी शिव किरातार्जुनीयम् के सहनायक हैं।
- भट्टनारायण विरचित वेणीसंहारम् के भीम धीरोद्धत कोटि के नायक हैं।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-169 प्रश्न-37

29. ''बाणस्तु पञ्चाननः'' यह उक्ति किसकी है?
(A) भामह
(B) राजशेखर
(C) क्षेमेन्द्र
(D) श्रीचन्द्रदेव

व्याख्या–

कवि	उक्ति
(A) भामह	शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्
(B) राजशेखर	शब्दार्थौ ते शरीरम् (काव्यपुरुष की कल्पना)
(C) क्षेमेन्द्र	औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्
(D) **श्रीचन्द्रदेव**	**बाणस्तु पञ्चाननः**

अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-192 प्रश्न-37

30. नाट्य में कितने रस होते हैं?
(A) 7 **(B) 8**
(C) 9 **(D) 10**

व्याख्या–

- आचार्य भरत और धनञ्जय के अनुसार नाटक में आठ रस माने गये हैं– **''अष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः''**
अतः विकल्प `B' सही है।
- आचार्य मम्मट आदि ने 'शान्तरस' को नवम रस के रूप में स्वीकार किया है–''काव्ये तु शान्तोऽपि नवमो रसः''
- आचार्य विश्वनाथ ने नवरस के अतिरिक्त 'वात्सल्य' नामक दसवें रस की कल्पना की है।
- रुद्रट ने 'प्रेयान्' नामक दसवें रस की उद्भावना की है, तथा रूपगोस्वामी ने 'मधुर' नामक भक्तिरस को प्रधानरस माना है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-303

31. 'सुश्री' शब्द के पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में क्या रूप होता है?
(A) सुश्रीः **(B) सुश्रिये**
(C) सुश्रियः **(D) सुश्रिया**

व्याख्या–'सुश्री' (सुन्दर शोभावाला) ईकारान्त पुंलिङ्ग शब्द का सातों विभक्तियों में एकवचन का रूप निम्नवत् है–

1. सुश्रीः 2. सुश्रियम्
3. सुश्रिया 4. सुश्रिये
5. सुश्रियः 6. सुश्रियः
7. सुश्रियि, सम्बो० हे सुश्रीः।

अतः विकल्प `C' सही है।

32. शहाबुद्दीन नामक यवन ने निम्नलिखित में क्या नहीं किया?
(A) गजनीदेश पर आक्रमण
(B) महमूद के वंशजों की हत्या
(C) दिल्लीश्वर पृथ्वीराज की हत्या
(महमूद गजनवी की हत्या)
(D) दिल्ली पर आक्रमण

व्याख्या–आयोग का यह प्रश्न विवादित हो सकता है, क्योंकि इस प्रश्न में दिये गये सभी विकल्प गलत हैं। मैं कोष्ठक के अन्दर एक विकल्प प्रस्तुत कर रहा हूँ, जो इस प्रश्न का सही उत्तर हो सकता है।

(A) **गजनी देश पर आक्रमण**–''गोरदेशवासी कश्चित् शहाबुद्दीन नामा प्रथमं गजनीदेशमाक्रम्य....."(अर्थात् शहाबुद्दीन नामक किसी गोरदेश के निवासी ने पहले गजिनी देश पर आक्रमण किया)

(B) **महमूद गजनबी के वंशजों की हत्या**–''महामदकुलं धर्मराजलोकाध्वन्यध्वनीनं विधाय सर्वाः प्रजाश्च पशुमारं मारयित्वा........" (महमूद के वंशजों को यमलोक के मार्ग का पथिक बनाकर अर्थात् मारकर)

(C) **दिल्लीश्वर पृथ्वीराज की हत्या**–''ततो दिल्लीश्वरं पृथ्वीराजं कान्यकुब्जेश्वरं जयचन्द्रं च.......उभावपि विशस्य'' (दिल्ली के सम्राट् पृथ्वीराज तथा कन्नौज के अधिपति राजा जयचन्द्र........दोनों को मारकर)

(D) **दिल्ली पर आक्रमण**–''पञ्चाशदुत्तर-द्वादशशतमितेऽब्दे (1250) दिल्लीमश्वयाम्बभूव...." (संवत् 1250 में घुड़सवार सेना के साथ दिल्ली पर चढ़ाई कर दी)

नोट– उपर्युक्त सभी उद्धरण शिवराजविजय से है।

29. (D) 30. (B) 31. (C) 32. (C)

विशेष–महमूद गजनबी की हत्या शहाबुद्दीन ने नहीं की थी। बल्कि वह स्वयं अपनी मृत्यु से विक्रमसंवत् 1087में मर गया था– **''अथ कालक्रमेण सप्ताशीत्युत्तरसहस्त्रतमे (1087) वैक्रमाब्दे सशोकं कष्टं च प्राणांस्त्यक्तवति महामदे....''** (विक्रमसंवत् 1087 में शोक एवं कष्ट के साथ महमूद गजनबी की मृत्यु हो जाने पर......) इससे स्पष्ट है कि शहाबुद्दीन ने दिल्लीश्वर पृथ्वीराज की हत्या तो की थी किन्तु महमूद गजनबी की हत्या नही की थी।
अतः कोष्ठक में दिया गया विकल्प `C' सही है।

33. महाकवि भवभूति के राम किस प्रकृति के नायक हैं?
(A) धीरप्रशान्त (B) धीरललित
(C) धीरोद्धत (D) धीरोदात्त

ग्रन्थ	नायक	प्रकृति
(A) मृच्छकटिकम्	चारुदत्त	धीरप्रशान्त
(B) स्वप्नवासवदत्तम्	उदयन	धीरललित
(C) वेणीसंहारम्	भीम	धीरोद्धत
(D) उत्तररामचरितम् और महावीरचरितम्	**राम**	**धीरोदात्त**

अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-298

34. कादम्बरी के प्रारम्भ (मङ्गलाचरण) में बाणभट्ट ने कितने श्लोकों की रचना की है–
(A) 10 (B) 15
(C) 20 (D) 25

व्याख्या– कादम्बरी कथा के प्रारम्भ में महाकवि बाणभट्ट ने वंशस्थ छन्दों में **20 श्लोकों** की रचना की है, जो निम्नवत् हैं–

श्लोक — **वर्ण्यविषय**

1. रजोजुषे जन्मनि सत्त्ववृत्तये – निर्विकार त्रिगुणमय परब्रह्म परमेश्वर की वन्दना
2. जयन्ति बाणासुरमौलिलालिता–शङ्कर के चरणधूलि की वन्दना
3. जयत्युपेन्द्रः स चकार दूरतो – नृसिंह भगवान् की वन्दना
4. नमामि भर्वोश्चरणाम्बुजद्वयम् – गुरु भर्वु की वन्दना
5. अकारणाविष्कृतवैरदारुणात् – दुर्जनों की निन्दा
6. कटु क्वणन्तो मलदायकाः खलाः – दुर्जनों की कटुवाणी की निन्दा और सज्जनों की मधुरवाणी की प्रशंसा।
7. सुभाषितं हारि विशत्यधो गलात् – दुर्जन द्वारा सुन्दर वचनों की उपेक्षा एवं सज्जनों द्वारा सुभाषितों का आदर
8. स्फुरत्कलालाप-विलासकोमला – कथाप्रशंसा
9. हरन्ति कं नोज्ज्वलदीपकोपमैः – कथाप्रशंसा
10. बभूव वात्स्यायनवंशसम्भवो – कविबाणभट्ट का वंशवर्णन
11. उवास यस्य श्रुतिशान्तकल्मषे – कविवंशवर्णन (कुबेर की विद्वत्ता)
12. जगुर्गृहेऽभ्यस्तसमस्तवाङ्मयैः – कविवंशवर्णन (कुबेर की विद्वत्ता)
13. हिरण्यगर्भो भुवनाण्डकादिव – कविवंशवर्णन (अर्थपति)
14. विवृण्वतो यस्य विसारि वाङ्मयम् – कविवंशवर्णन (अर्थपति की विद्वत्ता)
15. विधानसम्पादित दानशोभितैः – कविवंशवर्णन (अर्थपति का यज्ञ)
16. स चित्रभानुं तनयं महात्मनाम् – कविवंशवर्णन (चित्रभानु)
17. महात्मनो यस्य सुदूरनिर्गताः – कविवंशवर्णन (चित्रभानु)
18. दिशामलीकालकभङ्गतां गतः – कविवंशवर्णन (चित्रभानु)
19. सरस्वतीपाणिसरोजसम्पुट – कविवंशवर्णन (बाणभट्ट)
20. द्विजेन तेनाक्षतकण्ठकौण्ठ्यया – कविवंशवर्णन (बाणभट्ट की कादम्बरी कथा की प्रशंसा)

अतः विकल्प `C' सही है।

35. ''एको रसः करुण एव'' – यह उक्ति उत्तररामचरितम् के किस अङ्क से सम्बन्धित है?
(A) प्रथम अङ्क
(B) द्वितीय अङ्क
(C) तृतीय अङ्क
(D) चतुर्थ अङ्क

व्याख्या–
(A) लौकिकानां हि साधूनामर्थं वागनुवर्तते – प्रथम अङ्क
(B) सतां सद्भिः सङ्गः कथमपि हि पुण्येन भवति–द्वितीय अङ्क
(C) **एको रसः करुण एव निमित्तभेदात् – तृतीय अङ्क**
(D) गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः– चतुर्थ अङ्क
अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-25

33. (D) 34. (C) 35. (C)

36. किरातार्जुनीयम् की कथा महाभारत के किस पर्व से सम्बन्धित है?
(A) आदिपर्व (B) सभापर्व
(C) वनपर्व (D) भीष्मपर्व

	महाभारतकापर्व	सम्बन्धित ग्रन्थ
(A)	आदिपर्व	अभिज्ञानशाकुन्तलम् (कालिदास)
(B)	सभापर्व	शिशुपालवधमहाकाव्यम् (माघ)
(C)	**वनपर्व**	**किरातार्जुनीयमहाकाव्यम् (भारवि)**
(D)	भीष्मपर्व	श्रीमद्भगवद्गीता (व्यास)

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-168 प्रश्न-14

37. ''पराभवोऽप्युत्सव एव मानिनाम्'' यह वचन किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है–
(A) उत्तररामचरितम् (B) नीतिशतकम्
(C) किरातार्जुनीयम् (D) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

ग्रन्थ	सूक्ति
(A) उत्तररामचरितम् (2.26)	''पुराभूतः शोको विकलयति मां नूतन इव''
(B) नीतिशतकम् (दैवपद्धति)	''प्रायो गच्छति यत्र भाग्यरहितः तत्रैव यान्त्यापदः''
(C) **किरातार्जुनीयम् (1/41)**	**''पराभवोऽप्युत्सव एव मानिनाम्''**
(D) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (7/35)	''प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः, सरस्वती श्रुतमहतां महीयताम्''

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-221 प्रश्न-37

38. कादम्बरी के प्रथम मङ्गलाचरण में किसकी वन्दना की गयी है?
(A) ब्रह्मा (B) विष्णु
(C) महेश (D) त्रिगुणमय परब्रह्म

व्याख्या– बाणभट्ट विरचित कादम्बरी के प्रथमश्लोक के मङ्गलाचरण में त्रिगुणमय परब्रह्म की वन्दना की गयी है।
यथा– रजोजुषे जन्मनि सत्त्ववृत्तये स्थितौ प्रजानां प्रलये तमःस्पृशे।
अजाय सर्गस्थितिनाशहेतवे त्रयीमयाय त्रिगुणात्मने नमः॥
यहाँ 'त्रयीमयाय' और 'त्रिगुणात्मने' पद से स्पष्ट है कि कादम्बरी कथामुख के मङ्गलाचरण में **त्रिगुणमयपरब्रह्म की वन्दना** की गयी है। इस माङ्गलिक पद्य में वंशस्थ छन्द है। अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-31

39. निम्नलिखित में कौन शब्द शुद्ध है?
(A) कुमार्यः (B) कुमार्या
(C) कुमार्योः (D) उपर्युक्त सभी

व्याख्या– 'कुमारी' ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द है, जिसका रूप 'नदी' की तरह चलेगा।
(A) प्रथमाविभक्ति का रूप–कुमारी कुमार्यौ कुमार्यः
(B) तृतीया विभक्ति का रूप–कुमार्या कुमारीभ्याम् कुमारीभिः
(C) षष्ठी विभक्ति का रूप–कुमार्याः कुमार्योः कुमारीणाम्
(D) स्पष्ट है कि **'कुमार्यः, कुमार्या, कुमार्योः'** ये सभी 'कुमारी' शब्द के रूप हैं, अतः उपर्युक्त सभी रूप शुद्ध हैं, इसलिए विकल्प `D' सही है।

40. मेघदूतम् में किस छन्द का प्रयोग किया गया है?
(A) उपजाति (B) वंशस्थ
(C) मन्दाक्रान्ता (D) भुजङ्गप्रयात

व्याख्या–
- महाकवि कालिदास द्वारा विरचित मेघदूत नामक खण्डकाव्य (गीतिकाव्य) में प्रारम्भ से लेकर अन्त तक केवल एकमात्र **मन्दाक्रान्ता छन्द** का ही प्रयोग किया गया है। जिसका लक्षण है– **''मन्दाक्रान्ता जलधिषडगैर्म्भौ नतौ ताद् गुरू चेत्''** अर्थात् जिस छन्द के प्रत्येक चरण में मगण भगण नगण तगण तगण गुरु गुरु वर्ण होते हैं, उसे मन्दाक्रान्ता छन्द कहते हैं, इसके चौथे, छठवें एवं सातवें अक्षर पर यति (विराम) होती है। इसके प्रत्येक चरण में 17 वर्ण होते हैं। यथा–**कश्चित् कान्ताविरहगुरुणा स्वाधिकारात् प्रमत्तः**
अतः विकल्प `C' सही है।
- **उपजाति**–अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ, पादौ यदीयावुपजातयस्ताः। इत्थं किलान्यास्वपि मिश्रितासु, स्मरन्ति जातिष्विदमेव नाम।। उपजाति के प्रत्येक पाद में 11 वर्ण होते हैं। यह इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा दोनों छन्दों के मिश्रण से बनता है। किसी चरण में इन्द्रवज्रा छन्द होता है और किसी में उपेन्द्रवज्रा। यथा–
कर्पूरगौरं करुणावतारं, संसारसारं भुजगेन्द्रहारम्।
सदा वसन्तं हृदयारविन्दे, भवं भवानीसहितं नमामि॥

36. (C) 37. (C) 38. (D) 39. (D) 40. (C)

- **वंशस्थ**– ''जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ''
  वंशस्थ छन्द के प्रत्येक चरण में 12 वर्ण होते हैं, इसके प्रत्येक चरण में क्रमशः ''जगण तगण जगण रगण'' होते हैं। बृहत्त्रयी (किरातार्जुनीयम् शिशुपालवधम्, नैषधीयचरितम्) ग्रन्थों के प्रथमसर्ग के अन्तिम कुछ श्लोकों को छोड़कर सम्पूर्ण सर्ग में वंशस्थ छन्द का ही प्रयोग है। यथा–
  (i) श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीम् – किरातार्जुनीयम् 1/1
  (ii) श्रियः पतिः श्रीमति शासितुं जगत्– शिशुपालवधम् 1/1
  (iii) निपीय यस्य क्षितिरक्षिणः कथाम् – नैषधीयचरितम् 1/1
- **भुजङ्गप्रयात**– ''भुजङ्गप्रयातं चतुर्भिर्यकारैः''
  भुजङ्गप्रयात छन्द के प्रत्येक चरण में चार यगण होते हैं, इस प्रकार प्रत्येक चरण में 12 वर्ण होते हैं।
  यथा– नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे
  त्वया हिन्दुभूमे सुखं वर्धितोऽहम्
  महामङ्गले पुण्यभूमे त्वदर्थे
  पतत्वेष कायो नमस्ते नमस्ते।।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-228 प्रश्न-25

41. ''विपदि धैर्यमथाभ्युदये क्षमा'' यह उक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है?
(A) उत्तररामचरितम् (B) किरातार्जुनीयम्
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (D) नीतिशतकम्

व्याख्या– ग्रन्थ उक्ति
(A) उत्तररामचरितम्–'सन्तापकारिणो बन्धुजनविप्रयोगा भवन्ति'
(B) किरातार्जुनीयम् (1/33) – ''अबन्ध्यकोपस्य विहन्तुरापदां भवन्ति वश्याः स्वयमेव देहिनः''
(C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (प्रथम अङ्क) – 'विनीतवेषेण प्रवेष्टव्यानि तपोवनानि नाम' (दुष्यन्त)
(D) **नीतिशतकम् (सुजनपद्धति)** – 'विपदि धैर्यमथाभ्युदये क्षमा' विपत्ति में धैर्य रखना चाहिए। (द्रुतविलम्बित छन्द) अतः विकल्प `D' सही है।

42. निम्नलिखित में सही शब्द क्या है?
(A) उपरोक्त (B) उपर्युक्त
(C) उपरिउक्त (D) उपरूक्त

व्याख्या– उपरि + उक्त = उपर्युक्त
यहाँ ''इको यणचि'' सूत्र से 'इ' के स्थान पर 'य्' आदेश होकर यण् सन्धि होकर **'उपर्युक्त'** यह रूप सिद्ध होगा, अतः विकल्प `B' सही उत्तर है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-161 प्रश्न-82

43. रूपक के भेदक तत्त्व, जिनके आधार पर उनमें अन्तर किया जाता है, वे कितने हैं?
(A) 3 (B) 4
(C) 5 (D) 10

व्याख्या–
(A) ''वस्तु नेता रसस्तेषां भेदकः'' दशरूपक के इस कथन के अनुसार **(i) वस्तु (कथावस्तु) (ii)नायक और (iii) रस**-रूपकों के यही तीन भेदक तत्त्व हैं।
अतः विकल्प `A' सही है।
(B) नाट्यवृत्तियाँ चार है– (i) सात्वती (ii) भारती (iii) कैशिकी, (iv) आरभटी
इनमें 'भारती' शब्दवृत्ति है, शेष तीनों अर्थवृत्तियाँ कहलाती हैं।
(C) अर्थप्रकृतियाँ पाँच हैं–बीज, बिन्दु, पताका, प्रकरी तथा कार्य।
(D) रस पर आश्रित होने वाला रूपक 10 प्रकार का ही होता है– 1. नाटक 2. प्रकरण 3. भाण 4. प्रहसन 5.डिम 6. व्यायोग 7. समवकार 8. वीथी 9. अङ्क 10. ईहामृग
नाटकं सप्रकरणं भाणः प्रहसनं डिमः।
व्यायोगसमवकारौ वीथ्यङ्केहामृगा इति॥
(दशरूपक, प्रथमप्रकाश)

44. क्रिया से कौन उक्त होते हैं?
(A) कर्ता (B) कर्म
(C) भाव (D) उपर्युक्त सभी

व्याख्या– क्रिया से कर्ता, कर्म और भाव सभी उक्त होंगे। जब कर्ता उक्त होगा तो कर्तृवाच्य का वाक्य होगा, जब कर्म उक्त होगा तो कर्मवाच्य और भाव (क्रिया) के उक्त होने पर भाववाच्य होगा। इस प्रकार क्रिया के द्वारा कर्ता, कर्म और भाव सभी उक्त हो सकते हैं।
अतः विकल्प `D' सही है।

45. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य शुद्ध है?
(A) शतस्त्रिय पठन्ति
(B) शताः स्त्रीणां कियन्मूल्यम्
(C) विंशतिः फलानि सन्ति
(D) त्रिशताः बालिका पठन्ति

व्याख्या– ● **''शतादिः सङ्ख्या''** (पाणिनीयलिङ्गानुशासनम्–146) सूत्र के अनुसार संख्यावाचक शतम्, सहस्रम् आदि शब्द नपुंसकलिङ्ग में होते हैं।

41. (D) 42. (B) 43. (A) 44. (D) 45. (C)

- ''**विंशत्यादिरानवतेः**'' (पाणिनीयलिङ्गानुशासनम्-13) सूत्र के अनुसार 'विंशति' शब्द से लेकर 'नवति' पर्यन्त संख्यावाची शब्द स्त्रीलिङ्ग में होते हैं। अतः एकोनविंशतिः (19) से नवनवतिः (99) तक के शब्द स्त्रीलिङ्ग एकवचन में होते हैं।
- उक्त नियम के अनुसार 'शतः, शताः, त्रिशताः' रूप नहीं बनेंगे क्योंकि 'शतम्' शब्द नपुंसकलिङ्ग में कहा गया है। इस दृष्टि से विकल्प `C' सही उत्तर होगा।
- किन्तु प्रश्नपत्र में मुद्रणदोष के कारण '**सन्ति**' के स्थान पर '**शन्ति**' रूप छप गया है, कृपया उसे सुधार लिया जाय। साथ ही आयोग से निवेदन है कि संस्कृत के पेपर में मुद्रणदोषों से बचा जाना चाहिए, क्योंकि संस्कृत भाषा में तो एक हलन्त, विसर्ग, अनुस्वार आदि की गलती से भी महान् अनर्थ हो सकता है।

46. क्रुध्, द्रुह्, ईर्ष्य्, असूय् धातुओं तथा इनके समान अर्थ वाली धातुओं के योग में जिस पर क्रोध किया जाता है, उसकी क्या संज्ञा होती है?

(A) करण
(B) सम्प्रदान
(C) अपादान
(D) अधिकरण

व्याख्या– • **क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोपः** (1.4.37) सूत्र के अनुसार क्रुध्, द्रुह्, ईर्ष्य्, असूय् धातुओं तथा इनके समान अर्थ वाली धातुओं के योग में जिस पर क्रोध किया जाता है, उसकी **सम्प्रदानसंज्ञा** होती है। यथा– हरये क्रुध्यति, हरये द्रुह्यति, हरये असूयति। अतः विकल्प `B' सही है।

- '**साधकतमं करणम्**' (1.4.42) सूत्र से क्रिया की सिद्धि में जो पदार्थ सबसे अधिक उपकारक (सहायक) होता है, उसकी करणकारक संज्ञा होती है। यथा– बालकः जलेन स्नाति।
- ''**पराजेरसोढः**'' (1.4.26) सूत्र से यदि √जि धातु के पूर्व 'परा' उपसर्ग लगा हो तो जो असह्य पदार्थ होता है, उसकी अपादानसंज्ञा होती है। यथा– अध्ययनात् पराजयते।
- **आधारोऽधिकरणम्** (1.4.45) सूत्र से कर्ता और कर्म में रहने वाली क्रिया का, कर्ता और कर्म के द्वारा, जो आधार होता है, उसकी अधिकरणसंज्ञा होती है। यथा– (i) कटे आस्ते (ii) मोक्षे इच्छा अस्ति (iii) सर्वस्मिन् आत्मा अस्ति।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-98 प्रश्न-38

47. उत्तररामचरितम् में कितने अङ्क है?

(A) 6
(B) 7
(C) 10
(D) 9

	व्याख्या– ग्रन्थ	अङ्कों की संख्या
(A)	स्वप्नवासवदत्तम् (भास)	6
	अभिषेकनाटकम् (भास)	6
	अविमारकम् (भास)	6
	कुन्दमाला (दिङ्नाग)	6
	वेणीसंहारम् (भट्टनारायण)	6
(B)	**उत्तररामचरितम् (भवभूति)**	**7**
	प्रतिमानाटकम् (भास)	7
	अभिज्ञानशाकुन्तलम् (कालिदास)	7
	मुद्राराक्षसम् (विशाखदत्त)	7
	महावीरचरितम् (भवभूति)	7
	अनर्घराघवम् (मुरारि)	7
	प्रसन्नराघवम् (जयदेव)	7
(C)	मृच्छकटिकम् (शूद्रक)	10
	मालतीमाधवम् (भवभूति)	10
	बालरामायणम् (राजशेखर)	10
(D)	शारिपुत्रप्रकरणम् (अश्वघोष)	09

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-183 प्रश्न-84

48. कादम्बरी का प्रधानरस क्या है?

(A) वीर
(B) शृङ्गार
(C) करुण
(D) शान्त

	व्याख्या– ग्रन्थ	प्रधानरस
(A)	किरातार्जुनीयम् (भारवि)	– वीररस
(B)	**कादम्बरी (बाणभट्ट)**	**– शृङ्गार**
(C)	उत्तररामचरितम् (भवभूति)	– करुण
(D)	बुद्धचरितम् (अश्वघोष)	– शान्तरस

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-191 प्रश्न-18

46. (B) 47. (B) 48. (B)

49. तिङ् प्रत्याहार में कितने प्रत्यय होते हैं?

(A) 18 **(B) 12**
(C) 7 **(D) 21**

व्याख्या– (A) तिङ् प्रत्याहार में **18 प्रत्यय** आते हैं–

परस्मैपद	**आत्मनेपद**
तिप् तस् झि	त आताम् झ
सिप् थस् थ	थास् आथाम् ध्वम्
मिप् वस् मस्	इट् वहि महिङ्

(B) सनादि प्रत्यय 12 होते हैं–
1. सन् 2. क्यच् 3. काम्यच् 4. क्यङ् 5. क्यष् 6. क्विप् 7. णिच् 8. यङ् 9. यक् 10. आय 11. ईयङ् 12. णिङ्

(C) कृत्यसंज्ञक प्रत्यय 07 होते हैं।
तव्यत्, तव्य, अनीयर्, यत्, क्यप्, ण्यत्, केलिमर्।

- शतृ और शानच्– इन दो प्रत्ययों की '**सत् संज्ञा**' होती है।
- क्त और क्तवतु – इन दो प्रत्ययों की '**निष्ठासंज्ञा**' होती है।
- तरप् और तमप् – इन दो प्रत्ययों की '**घ संज्ञा**' होती है।

(D) सुप् प्रत्याहार में 21 प्रत्यय आते हैं– सु औ जस्, अम् औट् शस्, टा भ्याम् भिस्, ङे भ्याम् भ्यस्, ङसि भ्याम् भ्यस्, ङस् ओस् आम्, ङि ओस् सुप्।अतः विकल्प `A' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-50 प्रश्न-211

50. नायक कितने प्रकार के होते हैं?

(A) 3 **(B) 4**
(C) 5 **(D) 6**

व्याख्या–

(A) नायिका तीन प्रकार की होती है– (i) स्वकीया (ii) परकीया (iii) साधारणस्त्री ''**स्वान्या साधारणस्त्रीति तद्गुणा नायिका त्रिधा**'' (दशरूपक, द्वितीय प्रकाश)

- स्वकीया नायिका तीन प्रकार की होती है–
(i) मुग्धा (ii) मध्या (iii) प्रगल्भा

(B) **नायक चार प्रकार के होते हैं–**
(i) धीरललित (ii) धीरप्रशान्त (iii) धीरोदात्त (iv) धीरोद्धत ''**भेदैश्चतुर्धा ललितशान्तोदात्तोद्धतैरयम्**– (दशरूपक द्वितीयप्रकाश) अतः विकल्प `B' सही है।

- शृङ्गार की दृष्टि से नायक के चार भेद किये गये हैं–
(i) दक्षिण नायक (ii) शठनायक
(iii) धृष्टनायक (iv)अनुकूलनायक

(C) नाटक में **पाँच अर्थप्रकृतियाँ** हैं–
1. बीज 2. बिन्दु
3. पताका 4. प्रकरी 5. कार्य

बीजबिन्दुपताकाख्यप्रकरीकार्यलक्षणाः।
अर्थप्रकृतयः पञ्च ता एताः परिकीर्तिताः॥ (दशरूपक)

- नाटक में पाँच कार्यावस्थायें हैं–
1. आरम्भ 2. यत्न
3. प्राप्त्याशा 4. नियताप्ति
5. फलागम

अवस्थाः पञ्च कार्यस्य प्रारब्धस्य फलार्थिभिः।
आरम्भ-यत्न-प्राप्त्याशा-नियताप्ति-फलागमः॥
(दशरूपक, प्रथमप्रकाश)

- नाटक में **पाँच सन्धियाँ** मानी गयी हैं–
1. मुखसन्धि
2. प्रतिमुखसन्धि
3. गर्भसन्धि
4. अवमर्शसन्धि (विमर्शसन्धि)
5. उपसंहृति/निर्वहणसन्धि

''**मुखप्रतिमुखे गर्भः सावमर्शोपसंहृतिः**'' – (दशरूपक)

5 अर्थप्रकृतियाँ + 5 कार्यावस्था = 5 सन्धि

1. बीज	+ आरम्भ	= मुखसन्धि
2. बिन्दु	+ प्रयत्न	= प्रतिमुखसन्धि
3. पताका	+ प्राप्त्याशा	= गर्भसन्धि
4. प्रकरी	+ नियताप्ति	= अवमर्शसन्धि
5. कार्य	+ फलागम	= उपसंहृति

(D) मम्मट के अनुसार **काव्यप्रयोजन 6** होते हैं–
1. यशसे (यश की प्राप्ति)
2. अर्थकृते (धनोपार्जन के लिए)
3. व्यवहारविदे (उचित आचार व्यवहार का ज्ञान)
4. शिवेतरक्षतये (अमंगल के नाश हेतु)
5. सद्यःपरनिर्वृतये (तत्काल परमानन्द की प्राप्ति)
6. कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे (कान्ता/प्रिया के समान उपदेश देने के लिए)।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-303

49. (A) 50. (B)

51. उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क की घटना किस स्थान पर घटित होती है?
(A) वाल्मीकि आश्रम (B) चित्रकूट
(C) अयोध्या (D) पञ्चवटी

अङ्क	**घटना-स्थान**
1. प्रथम अङ्क	अयोध्या
2. द्वितीय अङ्क	दण्डकारण्य का जनस्थान प्रदेश
3. तृतीय अङ्क	**दण्डकारण्य का पञ्चवटी प्रदेश**
4. चतुर्थ अङ्क	महर्षि वाल्मीकि के आश्रम का समीपवर्ती स्थान
5. पञ्चम अङ्क	वाल्मीकि के आश्रम का समीपवर्ती स्थान
6. षष्ठ अङ्क	वाल्मीकि के आश्रम का समीपवर्ती स्थान
7. सप्तम अङ्क	वाल्मीकि के आश्रम का समीपवर्ती स्थान

अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा TGT व्याख्यात्मक पेज-61 प्रश्न-76

52. प्रसिद्ध टीकाकार मल्लिनाथ के अनुसार मेघदूतम् में कितने पद्य हैं?
(A) 115 (B) 120
(C) 121 (D) 125

व्याख्या– ● मेघदूतम् में 'सञ्जीवनी' नाम की टीका के रचयिता महामहोपाध्याय मल्लिनाथ जी के अनुसार पूर्वमेघ में 63 और उत्तरमेघ में 52 इस प्रकार इसमें कुल 115 श्लोक हैं।

- टीकाकार मल्लिनाथ ने कुल 121 पद्यों में सञ्जीवनी टीका लिखी है किन्तु 06 पद्यों को उन्होंने प्रक्षिप्त मानकर कुल 115 पद्यों को ही प्रामाणिक कहा है।
  अतः विकल्प `A' सही है।
- यद्यपि आयोग ने इसका उत्तर `C' अर्थात् 121 माना है, मुझे लगता है इसमें पुनः विचार किया जाना चाहिए।
- मेघदूत के श्लोकों के विषय में बहुत मतभेद है, कुछ विद्वानों का मत द्रष्टव्य है।

मेघदूत की टीका, टीकाकार और श्लोकसंख्या

1. काश्मीरी टीकाकार वल्लभदेव की टीका में – कुल = 112 श्लोक-1 प्रक्षिप्त = 111 श्लोक प्रामाणिक
2. स्थिरदेव की टीका में – 111 श्लोक
3. दक्षिणावर्त, पूर्णसरस्वती, और परमेश्वर की टीकाओं में – 110 श्लोक
4. विजयसूरि और मेघराज की टीकाओं में – 127 श्लोक
5. जनार्दन, लक्ष्मीनिवास, सुमतिविजय और मेघलता आदि टीका में – 126 श्लोक
6. नेमिदूत, शीलदूत, सारोद्धारिणी, दिवाकर उपाध्याय और कनककीर्तिगण की टीका में – 125 श्लोक
7. सरस्वतीतीर्थ और क्षेमहंसमणि की टीका में–123 श्लोक
8. चारित्रवर्धन की टीका में – 122 श्लोक
9. जिनसेन की टीका में – 120 श्लोक
10. सिंहली अनुवाद में – 118 श्लोक
11. तिब्बती अनुवाद में– 117 श्लोक
12. **मल्लिनाथ की 'सज्जीवनी' टीका में -121-06=115 श्लोक**
13. मकरन्द मिश्र की टीका में – 118 श्लोक
14. रामनाथ तर्कालङ्कार की टीका में – 111 श्लोक
15. शाश्वत, सनातनगोस्वामी, कल्याणमल्ल, कविरत्न चक्रवर्ती और हरगोविन्द वाचस्पति की टीका में– 115 श्लोक
16. भगीरथमिश्र और भरतमलिक की टीका में – 114 श्लोक
17. विल्सन के आलोचनात्मक संस्करण में – 116 श्लोक
18. गिल्डमाइस्टर के अनुसार – 113 श्लोक
19. स्टेन्तसलर के अनुसार – 112 श्लोक
20. मैकडॉनल के संस्करण में – 111 श्लोक
21. डॉ. एस. के. डे के विचार में – 110 या 111 श्लोक
22. जे. हर्टेल के अनुसार– 108 श्लोक
23. पार्श्वाभ्युदय के अनुसार– 120 श्लोक

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-198 प्रश्न 25

53. कर्मवाच्य में कर्म में क्या विभक्ति होती है?
(A) प्रथमा (B) द्वितीया
(C) तृतीया (D) षष्ठी

व्याख्या– ● कर्मवाच्य में क्रिया के द्वारा कर्म उक्त होता है, अतः उक्तत्वात् **कर्म में प्रथमा विभक्ति** तथा कर्ता में तृतीया विभक्ति होती है। अतः विकल्प `A' सही है।

- कर्तृवाच्य में कर्ता उक्त होता है, अतः कर्ता में प्रथमाविभक्ति तथा कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है।
- जहाँ प्रथमादि विभक्तियाँ नहीं होती वहाँ 'शेषे षष्ठी' सूत्र से षष्ठी विभक्ति होती है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा व्याकरणम् पेज-128 प्रश्न 90

51. (D) 52. (A/C) 53. (A)

54. निम्नलिखित शब्दों में सही क्या है?
(A) अन्तरर्राष्ट्रिय (B) अन्तराराष्ट्रिय
(C) अन्ताराष्ट्रिय (D) अन्तर्राष्ट्रीय

व्याख्या– अन्तर् + राष्ट्रिय
अन्त + राष्ट्रिय (**''रो रि''** सूत्र से रेफ के बाद
अन्ताराष्ट्रिय रेफ आने से पूर्व रेफ का लोप)
''ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः'' सूत्र से ढकार और रेफ के लोप में निमित्तभूत जो ढकार और रेफ, उनके परे होने पर पूर्व अण् के स्थान पर दीर्घ होता है।
अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-236 प्रश्न 44

55. मेघदूतम् में मेघ को कितने पदार्थों का सम्मिश्रण कहा गया है?
(A) 3 (B) 4
(C) 5 (D) 6

व्याख्या– महाकवि कालिदास द्वारा विरचित मेघदूतम् नामक खण्डकाव्य (गीतिकाव्य) के पञ्चम श्लोक में लिखा है कि– **''धूमज्योतिः सलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः''** अर्थात् धूम, अग्नि, जल और वायु का सम्मिश्रण कहाँ मेघ? इससे स्पष्ट है कि (i) धूम = धुँआ (ii) ज्योतिः = तेज/अग्नि (iii) सलिलम् = जल (iv) मरुत् = वायु –इन चार पदार्थों का सम्मिश्रण ही मेघ कहलाता है।
अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-37

56. 'चुर्' धातु के सम्बन्ध में क्या सही कथन है?
(A) चुर् धातु में णिच् प्रत्यय नहीं लगता है।
(B) चुर् धातु से स्वार्थ में णिच् होता है।
(C) चुर् धातु में णिच् प्रत्यय लगाना ऐच्छिक है
(D) चुर् धातु केवल आत्मनेपदी धातु है।

व्याख्या– ● **''सत्याप - पाश - रूप - वीणा - तूल - श्लोक - सेना - लोम - त्वच - वर्म - वर्ण - चूर्ण - चुरादिभ्यो णिच्''** (3.1.25)
सत्याप, पाश, रूप, वीणा, तूल, श्लोक, सेना, लोम, त्वच, वर्म, वर्ण, चूर्ण आदि नामधातुओं और चुर् आदि गणपठित धातुओं से परे **स्वार्थ में णिच् प्रत्यय** होता है।
अतः विकल्प `B' सही है।

- 'चुर्' आदि धातुओं से तो स्वार्थ में णिच् होता ही है, णिच् प्रत्यय ऐच्छिक नहीं अपितु अनिवार्य है और 'चुर्' धातु परस्मैपदी होती है, न कि आत्मनेपदी। इसका रूप होगा– चोरयति, चोरयतः चोरयन्ति। अतः विकल्प A, C,और D असत्यकथन हैं, जबकि विकल्प `B' सही है।

57. 'अष्टन्' शब्द का प्रथमा विभक्ति का क्या रूप होगा?
(A) अष्टः (B) अष्टन्
(C) अष्टौ (D) अष्टाः

व्याख्या– ● 'अष्टन्' शब्द का रूप– 1. अष्टौ 2. अष्टौ 3. अष्टाभिः 4. अष्टाभ्यः 5. अष्टाभ्यः 6. अष्टानाम् 7. अष्टासु
- **''अष्टन आ विभक्तौ''** (7.2.84) सूत्र से यदि अष्टन् शब्द के बाद व्यञ्जनवर्ण से आरम्भ होने वाले विभक्ति प्रत्यय जुड़े हों तो 'न्' के स्थान में 'आ' हो जाता है, किन्तु 'न्' के स्थान में 'आ' का होना वैकल्पिक है। 1. अष्ट 2. अष्ट 3. अष्टभिः 4. अष्टभ्यः 5. अष्टभ्यः 6. अष्टानाम् 7. अष्टसु
- इस प्रकार 'अष्टौ' और 'अष्ट' दोनों सही हैं जबकि ''अष्टः, अष्टन्, अष्टाः'' ये रूप कहीं नहीं बनते।

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-129 प्रश्न 01

58. अव्यय शब्दों में किस विभक्ति प्रत्यय का लोप होता है?
(A) प्रथमा का
(B) द्वितीया का
(C) तृतीया का
(D) सभी का

व्याख्या– **''अव्ययादाप् सुपः''** (2.4.82) सूत्र से अव्यय से परे 'आप्' तथा 'सुप्' का लोप होता है।
- 'आप्' के द्वारा 'चाप्, टाप्, डाप्' स्त्रीलिङ्ग प्रत्ययों का ग्रहण होता है।
- 'सुप्' के द्वारा इक्कीस विभक्तियों का ग्रहण होता है। इस प्रकार अव्यय से परे सभी विभक्तियों में सभी सुप् प्रत्ययों का लोप होना चाहिए अतः विकल्प `D' सही होना चाहिए। किन्तु आयोग ने इसका उत्तर `A' माना है, मुझे लगता है आयोग को इसके उत्तर में पुनर्विचार करना चाहिए। ऐसा भी हो सकता है कि यह मेरी अज्ञानता हो, और मैं गलत भी हो सकता हूँ।

54. (C) 55. (B) 56. (B) 57. (C) 58. (D/A)

59. 'कादम्बरी' निम्नलिखित में से क्या है?
(A) आख्यायिका (B) कथा
(C) रूपक (D) उपन्यास

काव्यविधा	**उदाहरण**
(A) आख्यायिका	हर्षचरितम्
(B) **कथा**	**कादम्बरी,** वासवदत्ता आदि
(C) रूपक	अभिज्ञानशाकुन्तलम्, मृच्छकटिकम् आदि
(D) उपन्यास	शिवराजविजय आदि

अतः विकल्प `B' सही है।

विशेष–'धिया निबद्धेयमतिद्वयी कथा' 'कथाजनस्याभिनवावधूरिव' 'नवैः पदार्थैरुपपादिताः कथाः' इत्यादि कथनों से सिद्ध है कि बाणभट्ट ने कादम्बरी के मङ्गलाचरण में इसे स्वयं 'कथा' कहकर सम्बोधित किया है।

- 'कादम्बरीरसज्ञानामाहारोऽपि न रोचते' 'कादम्बरी रसभरेण समस्त एव' सहर्षचरितारब्धादद्भुतकादम्बरी कथा' इत्यादि कथनों से भी स्पष्ट है कि 'कादम्बरी' कथा ग्रन्थ है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-192 प्रश्न 22

60. 'असज्जनात् कस्य भयं न जायते' यह वचन किस ग्रन्थ का है?
(A) नीतिशतकम् (B) मेघदूतम्
(C) किरातार्जुनीयम् (D) कादम्बरी

व्याख्या–

	ग्रन्थ	**सूक्ति**
(A)	नीतिशतकम् –	'नास्ति येषां यशःकाये जरामरणजं भयम्'
(B)	मेघदूतम् –	कामार्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु– (पूर्वमेघ-5)
(C)	किरातार्जुनीयम्–	'अमर्षशून्येन जनस्य जन्तुना न जातहार्दन न विद्विषादरः' (1/33)
(D)	**कादम्बरी –**	**'असज्जनात् कस्य भयं न जायते'** (कथामुख-05)

अतः विकल्प `D' सही है।

61. 'हल्'–प्रत्याहार में कितने वर्ण होते हैं?
(A) 33 (B) 34
(C) 35 (D) 36

व्याख्या– ● 'हल्' प्रत्याहार के अन्तर्गत 'हयवरट्' सूत्र से लेकर अन्तिम 'हल्' सूत्र तक के वर्णों की गणना की जायगी, इस प्रकार कुल 34 वर्ण आते हैं।

- किन्तु 'हल्' प्रत्याहार के अन्तर्गत व्यञ्जन वर्ण गिने जाते हैं और संस्कृतवर्णमाला में व्यञ्जनवर्णों की संख्या 33 मानी गयी है, अतः 'हयवरट्' सूत्रस्थ 'ह' वर्ण तथा 'हल्' सूत्रस्थ 'ह' वर्ण की दो बार गिनती करना पुनरावृत्ति मात्र होगी, अतः मेरी दृष्टि में इसका उत्तर `A' अर्थात् 33 वर्ण मानना चाहिए। किन्तु आयोग ने इसका उत्तर `B' माना है। इसका निर्णय सुधी पाठकजन विद्वानों से परामर्श करके स्वयं कर लें।

62. निम्नलिखित में से 'युष्मद्' शब्द के लिए क्या सही कथन है?
(A) मध्यमपुरुषवाची है।
(B) सम्बोधन पद का प्रयोग वर्जित है।
(C) तीनों लिङ्गों में एक समान रूप होते हैं
(D) उपर्युक्त सभी सही है।

व्याख्या– ● 'युष्मद्' (तुम) शब्द मध्यमपुरुषवाचक है, इसके सम्बोधन में रूप नहीं चलते हैं तथा पुंलिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग, नपुंसकलिङ्ग तीनों लिङ्गों में इसके रूप एकसमान चलते हैं। अतः विकल्प `D' सही है।

यथा– (i) त्वं युवकः असि –पुंलिङ्ग
(ii) त्वं युवती असि –स्त्रीलिङ्ग
(iii) त्वं मित्रम् असि – नपुंसकलिङ्ग

- युष्मद् शब्द का रूप तीनों लिङ्गों के सातों विभक्तियों के एकवचन में इस प्रकार होंगे– 1. त्वम् 2. त्वाम् 3.त्वया 4. तुभ्यम्, 5. त्वत्, 6. तव, 7. त्वयि
- 'युष्मद्' 'अस्मद्' आदि शब्दों का सम्बोधन रूप नहीं होता।

63. श्रव्यकाव्य के कितने भेद होते हैं?
(A) 1 (B) 3
(C) 5 (D) 6

व्याख्या–
- मुख्यतः काव्य के दो भेद हैं– (i) श्रव्यकाव्य (ii) दृश्यकाव्य **''दृश्यश्रव्यत्वभेदेन पुनः काव्यं द्विधास्मृतम्''** (सा. द.)
- श्रव्यकाव्य के पुनः तीन भेद किये गये हैं–
  (i) गद्यकाव्य
  (ii) पद्यकाव्य
  (iii) चम्पूकाव्य

अतः विकल्प `B' सही है।

59. (B) 60. (D) 61. (A/B) 62. (D) 63. (B)

काव्य
- श्रव्य
  - गद्य
    - कथा
    - आख्यायिका
  - पद्य
    - महाकाव्य
    - खण्डकाव्य
  - चम्पू
- दृश्य
  - रूपक (नाटक आदि 10 भेद)
  - उपरूपक (नाटिका आदि 18 भेद)

64. मेघदूतम् के प्रारम्भ में किस प्रकार का मङ्गलाचरण किया गया है?
(A) आशीर्वादात्मक (B) नमस्कारात्मक
(C) वस्तुनिर्देशात्मक (D) उपर्युक्त सभी

व्याख्या– ● ग्रन्थ की निर्विघ्न समाप्ति के लिए ग्रन्थारम्भ में मङ्गलाचरण किया जाता है। मङ्गलाचरण तीन प्रकार का होता है– (i) आशीर्वादात्मक (ii) नमस्क्रियात्मक, (iii) वस्तुनिर्देशात्मक

''आशीर्नमस्क्रिया वस्तुनिर्देशो वाऽपि तन्मुखम्''

● मेघदूतम् में **वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण** किया गया है। अतः विकल्प `C' सही है।

ग्रन्थ	मङ्गलाचरण	प्रकृति
1. अभिज्ञानशाकुन्तलम्	या सृष्टिः स्रष्टुराद्या .....(स्रग्धरा)	आशीर्वादात्मक
2. उत्तररामचरितम्	इदं कविभ्यः पूर्वेभ्यो नमो..... (अनुष्टुप्)	नमस्कारात्मक
3. मेघदूतम्	कश्चित् कान्ता विरहगुरुणा (मन्दाक्रान्ता)	वस्तुनिर्देशात्मक

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-202 प्रश्न-96

65. 'ग्रीष्म + ऋतुः' में सन्धि होने पर क्या शब्द बनता है?
(A) ग्रीष्मृतुः
(B) ग्रीष्मरतुः
(C) ग्रीष्मर्तुः
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या– ग्रीष्म + ऋतुः
ग्रीष्म् अ + ऋतुः
ग्रीष्म् अर् तुः ('आद् गुणः' सूत्र से अ + ऋ = अर् हो गया)
ग्रीष्मर्तुः (गुणसन्धि)
अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-185

66. 'युवन्' शब्द का प्रथमा बहुवचन में क्या रूप होता है?
(A) युवानः (B) युवा
(C) युवानम् (D) यूनः

व्याख्या– ● 'युवन्' शब्द का प्रथमा विभक्ति का रूप– **''युवा युवानौ युवानः''** अतः विकल्प `A' सही है।

● 'युवन्' शब्द नकारान्त पुंलिङ्ग शब्द का रूप सातों विभक्तियों के एकवचन में इस प्रकार चलेगा– 1. युवा 2. युवानम् 3. यूना 4. यूने 5. यूनः 6. यूनः 7. यूनि, सम्बो० हे युवन्।

स्रोत–रचनानुवादकौमुदी पेज-137

67. मेघदूतम् के अनुसार अलकापुरी में यक्ष का घर कुबेर के महल से किस दिशा में बताया गया है?
(A) पूर्व (B) उत्तर
(C) पश्चिम (D) दक्षिण

व्याख्या–उत्तरमेघ के 15वें श्लोक में विरही यक्ष, मेघ से अपने घर का परिचय बताते हुए कहता है कि – अलकापुरी में मेरा घर कुबेर के घर के उत्तर में है– **''तत्रागारं धनपतिगृहानुत्तरेणास्मदीयम्''** अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-200 प्रश्न-62

68. उत्तररामचरितम् का 'छायाङ्क' नाम से कौन सा अङ्क प्रसिद्ध है?
(A) द्वितीय अङ्क (B) तृतीय अङ्क
(C) चतुर्थ अङ्क (D) पञ्चम अङ्क

उत्तररामचरितम् के अङ्क	अङ्कों के नाम	श्लोक संख्या
प्रथम अङ्क	चित्रदर्शनाङ्क	51
द्वितीय अङ्क	पञ्चवटीप्रवेशाङ्क	30
तृतीय अङ्क	छायाङ्क	48
चतुर्थ अङ्क	कौशल्याजनकयोगाङ्क	29

64. (C) 65. (C) 66. (A) 67. (B) 68. (B)

पञ्चम अङ्क	कुमारविक्रमाङ्क	35
षष्ठ अङ्क	कुमारप्रत्यभिज्ञानाङ्क	42
सप्तम अङ्क	सम्मेलनाङ्क	21
		256

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-234 प्रश्न-05

69. ''बलिं याचते वसुधाम्'' इस वाक्य में 'बलि' में द्वितीया विभक्ति क्यों होती है?
(A) बलि गौण कर्म है
(B) अपादानादि की विशेष विवक्षा नहीं, अपितु अविवक्षा है।
(C) ''अकथितं च'' सूत्र से कर्मसंज्ञा होती है
(D) उपर्युक्त सभी कारणों से

व्याख्या– (A) 'बलिं याचते वसुधाम्' इस उदाहरण में– गौणकर्म–बलिम्, प्रधानकर्म–वसुधा, द्विकर्मकधातु–√याच् = याचते अतः 'अकथितं च' सूत्र से गौणकर्म 'बलि' की भी अपादान की अविवक्षा में कर्मसंज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति हो गयी।

(B) इस उदाहरण में अपादान की विवक्षा होने पर वाक्य बनता– 'बलेः याचते वसुधाम्।' यहाँ 'बलि' की अपादान संज्ञा होकर पञ्चमी एकवचन में 'बलेः' रूप बना। किन्तु अपादान की विशेष विवक्षा न होने पर 'अकथितं च' सूत्र से 'बलि' की भी कर्मसंज्ञा हुई और द्वितीया विभक्ति होकर वाक्य बना–बलिं याचते वसुधाम्।

(C) यदि पाणिनीयसूत्र ''अकथितं च'' (1.4.51) नहीं होता तो यहाँ 'बलि' की कर्मसंज्ञा नहीं हो सकती थी, और द्वितीया विभक्ति का विधान भी नहीं हो पाता।

(D) इस प्रकार सिद्ध होता है कि 'बलिं याचते वसुधाम्' इस वाक्य के 'बलिम्' पद में द्वितीयाविभक्ति का विधान उपर्युक्त तीनों कारणों से होता है, अतः विकल्प `D' सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प है।

70. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में श्लोकों की संख्या क्या है?
(A) 34
(B) 18
(C) 22
(D) 24

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के अङ्क	श्लोक संख्या
1. प्रथम अङ्क	34
2. द्वितीय अङ्क	18
3. तृतीय अङ्क	24
4. चतुर्थ अङ्क	**22**
5. पञ्चम अङ्क	31
6. षष्ठ अङ्क	32
7. सप्तम अङ्क	35
	196

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-163 प्रश्न-133

71. 'भू' धातु का लोट्लकार मध्यमपुरुष के बहुवचन में क्या रूप होता है?
(A) भवत
(B) भव
(C) भवतम्
(D) भवतु

व्याख्या– 'भू' धातु का लोट्लकार

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र.पु.	भवतु	भवताम्	भवन्तु
म.पु.	भव	भवतम्	**भवत**
उ.पु.	भवानि	भवाव	भवाम

अतः विकल्प `A' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा TGT व्याख्यात्मक पेज-16 प्रश्न-73

72. उत्तररामचरितम् में निम्नलिखित में से कौन सा पात्र नहीं है?
(A) नायक
(B) विदूषक
(C) नायिका
(D) सूत्रधार

व्याख्या–(A) उत्तररामचरितम् के नायक– राम।

(B) उत्तररामचरितम् में विदूषक पात्र का अभाव है।

(C) उत्तररामचरितम् की नायिका– सीता।

(D) उत्तररामचरितम् के प्रथम अङ्क में नान्दीपाठ के बाद सूत्रधार का प्रवेश होता है।

अतः विकल्प `B' सही है।

69. (D) 70. (C) 71. (A) 72. (B)

73. अकारान्त पुँल्लिङ्ग 'प्रथम' शब्द का तृतीया विभक्ति बहुवचन में क्या रूप होता है?
(A) प्रथमे **(B) प्रथमेन**
(C) प्रथमैः **(D) प्रथमौ**

व्याख्या– ● 'प्रथम' अकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्द का तृतीया विभक्ति में रूप ''प्रथमेन प्रथमाभ्याम् **प्रथमैः**'' अतः विकल्प `C' सही है।

● 'प्रथम' शब्द का सातों विभक्तियों के एकवचनान्त रूप–
1. प्रथमः 2. प्रथमम्
3. प्रथमेन 4. प्रथमाय
5.प्रथमात् 6. प्रथमस्य
7. प्रथमे।

74. लौकिक प्रयोग की दृष्टि से कौन अशुद्ध है?
(A) सत्यमेव जयते **(B) धर्मः जयति सर्वदा**
(C) न्यायो जयति सर्वत्र **(D) सत्यं जयति सर्वत्र**

व्याख्या– ● 'जि' धातु परस्मैपदी है, अतः इसके परस्मैपदी रूप ही शुद्ध हैं।

जयति	जयतः	जयन्ति
जयसि	जयथः	जयथ
जयामि	जयावः	जयामः

● **'विपराभ्यां जेः'** (1.3.19) सूत्र द्वारा 'वि' तथा 'परा' उपसर्गपूर्वक 'जि' धातु से आत्मेनपद होता है। यथा–विजयते, पराजयते आदि।

● 'सत्यमेव जयते' इस प्रयोग में 'जि' धातु का आत्मनेपद रूप प्रयुक्त है, जो कि लौकिक प्रयोग की दृष्टि से अशुद्ध है, अतः विकल्प `A' सही है।

● किन्तु ''सत्यमेव जयते'' यह मुण्डकोपनिषद् का वाक्य है, जो कि हमारे भारतवर्ष का ध्येयवाक्य (Motto)भी है, अतः लौकिक प्रयोग की दृष्टि से भले ही अशुद्ध दिखायी पड़ रहा हो, किन्तु उपनिषद्वाक्य होने के कारण यह आर्षप्रयोग है।

75. कर्म के उक्त होने पर कर्ता में कौन विभक्ति होती है?
(A) प्रथमा **(B) द्वितीया**
(C) सम्बोधन **(D) तृतीया**

व्याख्या– ● कर्म के उक्त होने पर कर्ता अनुक्त होगा, और अनुक्त कर्ता में **''कर्तृकरणयोस्तृतीया''** (2.3.18)सूत्र से तृतीया विभक्ति होगी। अतः विकल्प `D' सही है।

● एक वाक्य में क्रिया के द्वारा कोई एक ही उक्त होगा, यदि कर्म उक्त हो गया तो कर्ता अनुक्त हो जायेगा।

● कर्म उक्त होगा तो कर्म में प्रथमा विभक्ति होगी, और वह कर्मवाच्य का वाक्य होगा। वैसे भी कर्मवाच्य का कर्ता तृतीयान्त ही होता है।

● इस प्रकार उक्त कर्म में प्रथमा, अनुक्त कर्म में द्वितीया, अनुक्तकर्ता में तृतीया, तथा सम्बोधन में प्रथमा विभक्ति होती है।

76. ''ध्यानावस्थितैर्भवादृशैर्न ज्ञायते कालवेगः'' यह उक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है?
(A) उत्तररामचरितम् **(B) कादम्बरी**
(C) शिवराजविजयः **(D) किरातार्जुनीयम्**

व्याख्या– पं. अम्बिकादत्तव्यास विरचित **'शिवराजविजय'** नामक ऐतिहासिक उपन्यास के प्रथम निश्वास में यह कथन ब्रह्मचारिगुरु द्वारा योगिराज के लिए कहा गया है–
''ध्यानावस्थितैर्भवादृशैर्न ज्ञायते कालवेगः''
अर्थात् ध्यानमग्न आप जैसे योगियों को समय की गति का पता नहीं चलता। अतः विकल्प `C' सही है।

ग्रन्थ	**उक्ति**
(A) उत्तररामचरितम्	'भगवतः कालप्रियानाथस्य यात्रायामार्यमिश्रान् विज्ञापयामि'
(B) कादम्बरी (शुकनासोपदेश)	भवादृशा एव भवन्ति भाजनानि उपदेशानाम्।
(C) **शिवराजविजय**	ध्यानावस्थितैर्भवादृशैर्न ज्ञायते कालवेगः
(D) किरातार्जुनीयम्	'भवादृशेषु प्रमदाजनोदितं भवत्यधिक्षेप इवानुशासनम्' (किरात0–1/28)

77. जिस कारण या प्रयोजन से कोई कार्य किया जाता है, उसमें क्या विभक्ति होती है?
(A) तृतीया **(B) चतुर्थी**
(C) पञ्चमी **(D) षष्ठी**

व्याख्या–
(A) **''हेतौ''** (2.3.23) सूत्र के अनुसार जिस कारण या प्रयोजन से कोई कार्य किया जाता है, या होता है, उस हेतु अर्थ के वाची शब्दों में **तृतीया विभक्ति** होती है।
यथा– (i) पुण्येन दृष्टो हरिः। (ii) अध्ययनेन वसति।
अतः विकल्प `A' सही है

73. (C) 74. (A) 75. (D) 76. (C) 77. (A)

(B) **'तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या'** (वा0) इस वार्तिक के अनुसार तादर्थ्य में चतुर्थी विभक्ति होती है। अर्थात् जिस प्रयोजन के लिए कोई कार्य किया जाता है, उस प्रयोजन में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा–मुक्तये हरिं भजति

(C) **अकर्तर्यृणे पञ्चमी** (2.3.24) सूत्र से हेतुभूत ऋणवाचक शब्द से पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा– शताद् बद्धः।

(D) **'षष्ठी हेतुप्रयोगे'** (2.3.26) सूत्र से वाक्य में 'हेतु' शब्द का प्रयोग होने पर हेतु = कारण में तथा 'हेतु' शब्द में षष्ठी विभक्ति होती है। यथा– अन्नस्य हेतोर्वसति।

78. उत्तररामचरितम् में भागीरथी किसकी पूजा करने के बहाने सीता को लाती हैं?

(A) शिव (B) विष्णु
(C) ब्रह्मा (D) सूर्य

व्याख्या–भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् (तृतीय अङ्क) में उल्लेख है कि भागीरथी (गङ्गा) सीता को अपने पुरातन श्वसुर **सूर्य की पूजा** करने के बहाने गोदावरी परिसर के पास पञ्चवटी तक लाती हैं– **''आत्मनः पुराणश्वसुरमेतावतो मानवस्य राजर्षिवंशस्य प्रसवितारं सवितारम् अपहतपाप्मानं देवं स्वहस्तापचितैः पुष्पैरुपतिष्ठस्व।''** यहाँ 'सवितारम्' पद का अर्थ 'सूर्य' है। अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-24

79. जो बात अन्य विभक्तियों से न कहने की इच्छा हो, उसमें किस विभक्ति का प्रयोग होता है?

(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) पञ्चमी (D) षष्ठी

व्याख्या–

(A) अपादानादि की अविवक्षा में **''अकथितं च''** सूत्र से कर्मसंज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति का विधान होता है। यथा–गोपालः गां पयः दोग्धि।

(B) **''अपवर्गे तृतीया''** (2.3.6) सूत्र से अपवर्ग (फलप्राप्ति) द्योतित होने पर काल और मार्गवाची शब्दों से अत्यन्त संयोग गम्यमान होने पर तृतीया विभक्ति होती है। यथा– अह्ना अनुवाकः अधीतः।

(C) अन्य, आरात्, इतर, ऋते आदि शब्दों के योग में पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा– आरात् वनात्।

(D) **''षष्ठी शेषे''** (2.3.50) सूत्र से शेष अर्थों में षष्ठी विभक्ति होती है। शेष अर्थ हैं– कर्म, करण, सम्प्रदान आदि कारकों से भिन्न तथा प्रातिपदिकार्थ से भिन्न।

- इसप्रकार जहाँ प्रथमा से सप्तमी पर्यन्त किसी भी विभक्ति का प्रयोग विहित नही है, ऐसे सम्बन्धमात्र की विवक्षा में षष्ठी विभक्ति होती है– **'कर्मादीनामपि सम्बन्धमात्रविवक्षायां षष्ठ्येव'** यथा–सतां गतम्, मातुः स्मरति आदि।

अतः विकल्प `D' सही है।

80. बाणभट्ट के गद्य की रीति क्या है?

(A) वैदर्भी
(B) गौडी
(C) पाञ्चाली
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या– रीति	**कवि**
A. वैदर्भीरीति	कालिदास
B. गौडीरीति	भवभूति
C. **पाञ्चाली रीति**	**बाणभट्ट**

अतः विकल्प `C' सही है।

- पाञ्चाली रीति के विषय में कहा गया है कि– **शब्दार्थयोः समो गुम्फः पाञ्चालीरीतिरुच्यते।**
- कवि कालिदास के विषय में प्रसिद्धि है कि– **'वैदर्भीरीतिसन्दर्भे कालिदासो विशिष्यते'** वैदर्भी कविता स्वयं वृतवती श्रीकालिदासं वरम्'

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-191 प्रश्न-01

81. 'सुख + ऋतः' में सन्धि होने पर क्या शब्द बनता है?

(A) सुखार्तः
(B) सुखर्तः
(C) सुखरतः
(D) सुखारतः

व्याख्या–**'ऋते च तृतीया समासे'** इस वार्तिक से यदि पूर्व में अवर्ण हो और पर में 'ऋत' शब्द हो, और दोनों शब्दों में तृतीया तत्पुरुष समास हो गया हो तो (अ + ऋ = आर्) वृद्धिसन्धि होगी। सुखार्तः (सुख से युक्त)

'सुखेन ऋतः' इस विग्रह में तृतीयातत्पुरुषसमास होकर **'सुख + ऋत'** बना। यहाँ पर **'आद्गुणः'** सूत्र से गुणसन्धि हो सकती थी। उसे बाधकर **'ऋते च तृतीया समासे'** इस

78. (D) 79. (D) 80. (C) 81. (A)

वार्तिक से 'सुख' में अकार और 'ऋतः' के ऋकार के स्थान पर **'उरण् रपरः'** सूत्र की सहायता से रपर सहित 'आर्' वृद्धि हुई– **सुख् + आर् + त** बना, वर्णसम्मेलन और रेफ का ऊर्ध्वगमन होकर 'सुखार्तः' सिद्ध हुआ। अतः विकल्प `A' सही है।

- इसीतरह धनेन ऋतः = धनार्तः
  दुःखेन ऋतः = दुःखार्तः
  भयेन ऋतः = भयार्तः आदि भी बनेंगे।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-75 प्रश्न-49

82. निमित्त शब्द का अर्थ रखने वाले शब्दों का प्रयोग होने पर सर्वनाम शब्द में किस विभक्ति का प्रयोग होता है?
(A) द्वितीया
(B) तृतीया
(C) चतुर्थी
(D) द्वितीया से सप्तमी तक सभी का

व्याख्या– **'निमित्तपर्यायप्रयोगे सर्वासां प्रायदर्शनम्'** इस वार्तिक से निमित्त शब्द का अर्थ रखने वाले शब्दों का प्रयोग होने पर सर्वनाम शब्दों में प्रायः सभी विभक्तियाँ होती हैं; जैसे–

1. किं निमित्तम् 2. किं निमित्तम्
3. केन निमित्तेन 4. कस्मै निमित्ताय
5. कस्मात् निमित्तात् 6. कस्य निमित्तस्य
7. कस्मिन् निमित्ते

अतः विकल्प `D' सही है।

83. 'दिव्' धातु का लोट्लकार प्रथमपुरुष के द्विवचन में क्या रूप होता है?
(A) दीव्यतम्
(B) दीव्यतात्
(C) दीव्यताम्
(D) दीव्यत

व्याख्या–दिवादिगणीय 'दिव्' धातु का लोट्लकार का रूप

प्र. पु.	दीव्यतु/दीव्यतात्	**दीव्यताम्**	दीव्यन्तु
म. पु.	दीव्य/दीव्यतात्	दीव्यतम्	दीव्यत
उ. पु.	दीव्यानि	दीव्याव	दीव्याम

स्पष्ट है कि 'दिव्' धातु का लोट्लकार प्र. पु. द्विवचन का रूप **'दीव्यताम्'** बनेगा, अतः विकल्प `C' सही है।

84. बाणभट्ट किस सम्राट् के सभापण्डित थे?
(A) चन्द्रगुप्त (B) यशोवर्मा
(C) हर्षवर्धन (D) शाहजहाँ

	सम्राट्	**सभापण्डित**
A.	चन्द्रगुप्त	चाणक्य
B.	यशोवर्मा	भवभूति
C.	**हर्षवर्धन**	**बाणभट्ट**
D.	शाहजहाँ	पण्डितराजजगन्नाथ

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-12

85. ''नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण' यह वचन किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है?
(A) उत्तररामचरितम्
(B) स्वप्नवासवदत्तम्
(C) किरातार्जुनीयम्
(D) मेघदूतम्

	व्याख्या– ग्रन्थ	**सूक्ति**
A.	उत्तररामचरितम् –	कर्तव्यानि खलु दुःखितैर्दुःखनिर्वापणानि (3/129)
B.	स्वप्नवासवदत्तम् –	चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्तिः (1/4)
C.	किरातार्जुनीयम् –	''द्विषन्निमित्ता यदियं दशा ततः समूलमुन्मूलयतीव ये मनः'' (1/41)
D.	**मेघदूतम्** –	नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण (उत्तरमेघ–49)

अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-207 प्रश्न-82

86. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध क्या है?
(A) रामेण भार्या त्यज्यते (B) रामेण भार्यां त्यजति
(C) रामः भार्या त्यजति (D) रामेण भार्या त्याजयति

व्याख्या– ● 'रामेण भार्या त्यज्यते' यह कर्मवाच्य का शुद्ध वाक्य है।

- कर्ता में तृतीया – रामेण
- कर्म में प्रथमा – भार्या
- क्रिया में यक् प्रत्यय – त्यज् + यक् + त = त्यज्यते
- क्रिया कर्म के अनुसार लट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन (आत्मनेपद) की है, अतः विकल्प `A' सही है।

82. (D) 83. (C) 84. (C) 85. (D) 86. (A)

87. क्रिया अकर्मक होती है, जब....(गलत विकल्प चुनिए)
(A) जब धातु का अर्थ बदल जाए।
(B) जब धातु के अर्थ में कर्म समाविष्ट हो।
(C) जब धातु का कर्म अत्यन्त प्रसिद्ध हो।
(D) जब कर्म शब्दों से लिखा न हो।

व्याख्या– वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी के आत्मनेपदप्रक्रिया में भट्टोजिदीक्षित ने अकर्मकक्रिया की परिभाषा बतायी है–
धातोरर्थान्तरे वृत्तेर्धात्वर्थेनोपसंग्रहात्।
प्रसिद्धेरविवक्षातः कर्मणोऽकर्मिका क्रिया।।
अर्थात् धातु अकर्मक होती है जब–

1. **धातोरर्थान्तरे वृत्तेः**–धातु के अर्थ बदल जाने से
उदाहरण–भारवाहः भारं वहति (भारवाहक भार ढोता है) यहाँ 'भारम्' कर्म है और क्रिया 'वहति' है। यहाँ 'वहति' क्रिया भार ढोने के अर्थ में प्रयुक्त है, अतः यह सकर्मक क्रिया है। किन्तु यदि इस क्रिया का अर्थ बदल जाय तो यही क्रिया अकर्मक हो जायेगी। जैसे–नदी वहति (नदी बहती है) इस तरह यहाँ धातु का अर्थ बदल जाने से सकर्मक धातु भी अकर्मक बन गयी।
2. **धात्वर्थेनोपसंग्रहात्**–धातु के अर्थ में ही कर्म समाविष्ट हो जाने से
उदाहरण–
(i) राजीवः जीवति (राजीव जीवन धारण करता है) यहाँ पर 'जीवति' क्रिया अकर्मक हो गयी है क्योंकि धातु के अर्थ के अन्दर ही कर्म समाविष्ट है, अलग से कोई कर्म लग नहीं सकता।
(ii) नर्तकः नृत्यति (नर्तक नाचता है) इस वाक्य में भी कर्म धातु के अर्थ में ही अन्तर्भूत हो गया है। अतः कर्म लगाने की योग्यता नहीं है। अतः 'नृत्यति' क्रिया भी अकर्मक हो गयी है।
3. **प्रसिद्धेः**–जब धातु का कर्म अत्यन्त प्रसिद्ध हो
उदाहरण–मेघः वर्षति (मेघ बरसता है) यहाँ कर्ता–मेघ, क्रिया–वर्षति तथा 'जल' रूपी कर्म अत्यन्त प्रसिद्ध है। अतः मेघ द्वारा जलवर्षण की प्रसिद्धि होने के कारण यहाँ 'मेघः जलं वर्षति' कहने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस तरह 'मेघः वर्षति' में 'वर्षति' क्रिया को अकर्मक माना जाता है।
4. **अविवक्षातः कर्मणः**–वक्ता के द्वारा वाक्य में कर्म की विवक्षा न करने से
उदाहरण–'हितान्न यः संशृणुते स किम्प्रभुः' (हितकारक पुरुष से जो सुनता नहीं वह कुत्सित स्वामी है) यहाँ हितैषी पुरुष से सुने जाने वाले कर्म की अविवक्षा की गयी है, अतः 'संशृणुते' यह अकर्मक क्रिया मानी जाती है। यहाँ 'हितवचनम्' कर्म तो लगाया जा सकता था, किन्तु वक्ता के द्वारा कर्म की विवक्षा नही गयी की है। अतः यह क्रिया भी अकर्मक है।

इस प्रकार चार स्थलों में क्रिया अकर्मक हो जाती है–
(i) धातु का अर्थ बदल जाने से
(ii) धातु के अर्थ में ही कर्म के समाविष्ट हो जाने से
(iii) धातु का कर्म अत्यन्त लोक प्रसिद्ध होने से
(iv) वक्ता के द्वारा वाक्य में कर्म की अविवक्षा होने से
अतः उपर्युक्त प्रश्न में अकर्मकक्रिया के सन्दर्भ में विकल्प A B C सही हैं और विकल्प `D' गलत है। इसलिए सही उत्तर `D' होगा।

88. 'ब्रू' धातु का विधिलिङ् मध्यमपुरुष द्विवचन का क्या रूप होता है?
(A) ब्रूयात् **(B) ब्रूयात**
(C) ब्रूयाव **(D) ब्रूयातम्**

व्याख्या–'ब्रू' धातु अदादिगणीय विधिलिङ्लकार का रूप निम्नवत् है–

प्र. पु.	ब्रूयात्	ब्रूयाताम्	ब्रूयुः
म. पु.	ब्रूयाः	**ब्रूयातम्**	ब्रूयात
उ. पु.	ब्रूयाम्	ब्रूयाव	ब्रूयाम

स्पष्ट है कि 'ब्रू' धातु विधिलिङ्लकार म. पु. द्विवचन का रूप है– **ब्रूयातम्**
अतः विकल्प `D' सही है।

89. 'यथामति' शब्द में कौन समास है?
(A) अव्ययीभाव **(B) तत्पुरुष**
(C) बहुव्रीहि **(D) द्वन्द्व**

व्याख्या–
(A) **अव्ययीभावसमास**– (i) मतिम् अनतिक्रम्य = **यथामति,** (ii) शक्तिम् अनतिक्रम्य = यथाशक्ति, (iii) बुद्धिम् अनतिक्रम्य = यथाबुद्धि, (iv) ज्ञानम् अनतिक्रम्य = यथाज्ञानम्, (v) यथेच्छम्, यथाकामम् आदि।
(B) **तत्पुरुष**– यूपाय दारु = यूपदारु
(C) **बहुव्रीहि**– युक्तः योगः यस्य = युक्तयोगः
(D) **द्वन्द्व**–युधिष्ठिरश्च अर्जुनश्च = युधिष्ठिरार्जुनौ।
अतः विकल्प `A' सही है।

87. (D) 88. (D) 89. (A)

90. उत्तररामचरितम् के मङ्गलाचरण में किसकी वन्दना की गयी है?
(A) शिव (B) शक्ति
(C) विष्णु (D) कवि तथा वाणी

व्याख्या– ● भवभूति विरचित उत्तररामचरितम् का मङ्गलाचरण इस प्रकार है–

इदं कविभ्यः पूर्वेभ्यो नमोवाकं प्रशास्महे।
विन्देम देवतां वाचममृतामात्मनः कलाम्॥

- उपर्युक्त मङ्गलाचरण से स्पष्ट है कि कवि ने प्रथमपंक्ति में प्राचीन वाल्मीकि आदि कवियों की वन्दना करके ब्रह्मा की अंशभूत सनातनी वाणी (सरस्वती) की वन्दना की है। अतः **इस मङ्गलाचरण में कवि तथा वाणी दोनों की वन्दना** है। अतः विकल्प `D' सही है।
- रघुवंशम् में शिव-पार्वती की, अभिज्ञानशाकुन्तलम् में अष्टमूर्तिशिव की वन्दना की गयी है।
- शिवराजविजय में विष्णु की माया का वर्णन है।

91. अच् प्रत्याहार में कितने स्वर होते हैं?
(A) 5 (B) 6
(C) 8 (D) 9

व्याख्या– 'अच्' प्रत्याहार में सभी 09 स्वर आते हैं। इसीलिए स्वरों को 'अच्' भी कहते हैं। "अइउण् ऋलृक् एओङ् ऐऔच्" इन चार सूत्रों में कहे गये कुल 09 स्वर हैं।

(A) अक् = अ इ उ ऋ लृ = 05 वर्ण
(B) छव् = छ् ठ् थ् च् ट् त् = 06 वर्ण
(C) इच् = इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ = 08 वर्ण
(D) **अच्** = अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ = **09 वर्ण**
अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-38 क्र.सं.-29

92. किरातार्जुनीयम् का प्रधान रस क्या है?
(A) श्रृङ्गाररस (B) करुणरस
(C) वीररस (D) शान्तरस

व्याख्या–

(A) **श्रृङ्गाररस प्रधानग्रन्थ–** (i) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (ii) नैषधीयचरितम् (iii) मृच्छकटिकम् (iv) स्वप्नवासवदत्तम् (v) रत्नावली

(B) **करुणरस प्रधानग्रन्थ–** (i) उत्तररामचरितम् (ii) कुन्दमाला (iii) वाल्मीकीयरामायणम्

(C) **वीररस प्रधानग्रन्थ–** (i) **किरातार्जुनीयम्** (ii) शिशुपालवधम् (iii) शिवराजविजयः (iv) मुद्राराक्षसम् (v) महावीरचरितम्

(D) **शान्तरस प्रधानग्रन्थ–** (i) महाभारतम् (ii) बुद्धचरितम् (iii) शारिपुत्रप्रकरणम्

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-169 प्रश्न-23

93. अनुष्टुप् छन्द में कितने अक्षर होते हैं?
(A) 24 (B) 28
(C) 32 (D) 36

छन्द	वर्णों की संख्या
(A) गायत्री	24
(B) उष्णिक्	28
(C) **अनुष्टुप्**	**32**
(D) बृहती	36

अतः विकल्प `C' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-305

94. शिवराजविजय के प्रथमविराम में कितने निःश्वास हैं?
(A) 3 (B) 4
(C) 5 (D) 6

व्याख्या–अम्बिकादत्तव्यास के प्रथम ऐतिहासिक उपन्यास के शिवराजविजय में कुल तीन विराम हैं, और प्रत्येक विराम में चार-चार निःश्वास हैं। इस प्रकार शिवराजविजय में कुल तीन विराम और 12 निःश्वास हैं।

- इससे स्पष्ट है कि इसके प्रथम विराम में चार निःश्वास हैं। अतः विकल्प `B' सही है।
- दण्डी के काव्यादर्श में तीन परिच्छेद, श्रीहर्ष की रत्नावली में 4 अङ्क, क्षेमेन्द्र के कविकण्ठाभरण में 05 अध्याय, कालिदास के ऋतुसंहारम् में 6 सर्ग हैं।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-229 प्रश्न-53

90. (D) 91. (D) 92. (C) 93. (C) 94. (B)

95. कौस्तुभमणि को कौन धारण करता है?
(A) ब्रह्मा (B) विष्णु
(C) शिव (D) इन्द्र

व्याख्या– महाकवि बाणभट्ट विरचित कादम्बरी के कथामुख के सातवें श्लोक में लिखा है–

'तदेव धत्ते हृदयेन सज्जनो
हरिर्महारत्नमिवातिनिर्मलम्'

जैसे **विष्णु कौस्तुभमणि** को अपने हृदय में धारण करते हैं, उसी प्रकार सज्जन सुभाषित को अपने हृदय में धारण करते हैं। अतः विकल्प `B' सही है।

	देवता	सम्बद्ध वस्तुयें
(A)	ब्रह्मा	वेद, सरस्वती
(B)	**विष्णु**	**कौस्तुभमणि,** लक्ष्मी, शंख, चक्र, गदा
(C)	शिव	हालाहलविष, पार्वती, अर्धचन्द्र, सर्प
(D)	इन्द्र	ऐरावत, वज्र, शची

96. अफजल खाँ को मारने के पश्चात् वीर शिवाजी ने रणभूमि की सफाई का कार्य निम्नलिखित में किसे सौंपा?
(A) गौरसिंह (B) सेनापति
(C) माल्यश्रीक (D) सचिव

व्याख्या–अम्बिकादत्तव्यास विरचित शिवराजविजय के द्वितीय निःश्वास के अन्त में लिखा है कि– ''ससेनः शिववीरश्च विजयशङ्खनादैः रोदसी सम्पूर्य **रणाङ्गणशोधनाधिकार-माल्यश्रीकाय समर्प्य** प्रतापदुर्गं प्रविश्य मातुः चरणौ प्रणनाम।'' (शिवराजविजय द्वितीयनिःश्वास) अर्थात् शिवाजी ने अफजलखाँ के मुगल सैनिकों पर विजय प्राप्त करने के बाद रणभूमि की सफाई का काम माल्यश्रीक को सौंपकर प्रतापगढ़ में प्रवेशकर माता के चरणों में प्रणाम किया। अतः विकल्प `C' सही है।

97. 'जलमग्न' शब्द में कौन समास है?
(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष
(C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

सामासिकपद	समासविग्रह	समास
(A) उपजरसम्	जरायाः समीपम्	अव्ययीभाव
(B) जलमग्नः	जले मग्नः	सप्तमी तत्पुरुष
(C) अन्नजलम्	अन्नं च जलं च	द्वन्द्व
(D) जलजाक्षी	जलजे इव अक्षिणी यस्याः	बहुव्रीहि

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत–रचनानुवादकौमुदी पेज-94

98. भारतवर्ष में यवनराज्य का बीजारोपण निम्नलिखित में किसने किया?
(A) महमूद गजनवी
(B) कुतुबुद्दीन
(C) शहाबुद्दीन
(D) मुहम्मद गोरी

व्याख्या– अम्बिकादत्तव्यास विरचित शिवराजविजय के प्रथम निःश्वास में वर्णन है कि महमूद गजनवी की संवत् 1087 में मृत्यु के बाद कोई गोर देशवासी शहाबुद्दीन ने गजिनी देश पर आक्रमण किया, दिल्ली पर चढ़ाई की, पृथ्वीराज चौहान और जयचन्द्र को मारकर भारत में यवनराज्य का बीजारोपण किया– **गोरदेशवासी कश्चित् शहाबुद्दीन नामा प्रथमं गजिनीदेशमाक्रम्य ... दिल्लीमश्वयाम्बभूव। ततो दिल्लीश्वरं पृथ्वीराजं कान्यकुब्जेश्वरं जयचन्द्रं च ... उभावपि विशस्य... स एव प्राधान्येन भारते यावनराज्याङ्कुराऽरोपकोऽभूत्।**
अतः इससे स्पष्ट है कि भारत में यवन राज्य का बीजारोपण शहाबुद्दीन (मु0 गोरी) ने किया। यद्यपि इतिहास में शहाबुद्दीन ही मुहम्मद गोरी है किन्तु शिवराजविजय में शहाबुद्दीन ही नाम मिलता है अतः आयोग को इसका उत्तर `C' मानना चाहिए। यद्यपि आयोग ने इसका उत्तर `D' माना है।

- शहाबुद्दीन और मुहम्मद गोरी ये दोनों विकल्प एक साथ देना उचित नहीं है।
- कुतुबुद्दीन शहाबुद्दीन का क्रीतदास (गुलाम) है, जिसे शहाबुद्दीन ने भारत का प्रथम सम्राट् बनाया।

''तस्यैव च कश्चित् क्रीतदासः कुतुबुद्दीन नामा प्रथमभारत– सम्राट् सञ्जातः'' (शिवराजविजयः)

- महमूद गजनवी ने भारत में 12 बार आक्रमण किया तथा सोमनाथ मन्दिर को लूटा था।

''सः ज्ञातास्वादः पौनःपुन्येन द्वादशवारमागत्य भारतमलुलुण्ठत्''
इतिहासकारों की दृष्टि से इसने भारत में 17 बार आक्रमण किया था।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-36

95. (B) 96. (C) 97. (B) 98. (C)

99. सम्बोधन और प्रथमा विभक्ति के किस वचन में अन्तर होता है?
(A) एकवचन (B) द्विवचन
(C) बहुवचन (D) किसी में भी नहीं

व्याख्या–

प्रथमाविभक्ति	**सम्बोधन**
• रामः, रामौ, रामाः	राम! रामौ, रामाः
• रमा, रमे, रमाः	रमे! रमे, रमाः
• हरिः, हरी, हरयः	हरे! हरी, हरयः
• गुरुः, गुरू, गुरवः	गुरो! गुरू, गुरवः
• नदी नद्यौ नद्यः	नदि! नद्यौ, नद्यः
• भवान् भवन्तौ भवन्तः	भवन्! भवन्तौ भवन्तः
• पिता पितरौ पितरः	पितः! पितरौ पितरः
• राजा राजानौ राजानः	राजन्! राजानौ राजानः

• इससे स्पष्ट है कि सम्बोधन और प्रथमा विभक्ति के रूपों में केवल एकवचन में ही अन्तर है, शेष द्विवचन और बहुवचन में एकसमान ही रूप चलते हैं। अतः विकल्प `A' सही है।

100. सन्धि निम्नलिखित में से किनमें अवश्य करनी चाहिए?
(A) एकपद में
(B) धातु तथा उपसर्ग के मध्य
(C) समास में
(D) उपर्युक्त सभी में

व्याख्या– संहिता (सन्धि) के विषय में एक कारिका व्याकरणजगत् में अतिप्रसिद्ध है–
संहितैकपदे नित्या नित्या धातूपसर्गयोः।
नित्या समासे वाक्ये तु सा विवक्षामपेक्षते॥
अर्थात् एकपद में, धातु तथा उपसर्ग के मध्य, तथा समास में संहिता (सन्धि) अनिवार्य है। वाक्य में वक्ता या लेखक के इच्छाधीन है।
अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-78 प्रश्न-107

101. मेघदूतम् में मेघ के मार्ग में निम्नलिखित में से क्या नहीं है?
(A) नर्मदा नदी (B) विदिशा
(C) उज्जयिनी (D) अयोध्या

व्याख्या–(A) **नर्मदा नदी**–(रेवा नदी)–मेघदूतम् में आम्रकूट पर्वत के आगे विन्ध्याचल की तलहटी में बिखरी हुई रेवा नदी (नर्मदा) का वर्णन मिलता है–
''रेवां द्रक्ष्यस्युपलविषमे विन्ध्यपादे विशीर्णाम्''
(B) **विदिशा**–मेघमार्ग में दशार्ण देश की राजधानी के रूप में विदिशा का वर्णन मिलता है– **तेषां दिक्षु प्रथितविदिशालक्षणां राजधानीम्' (पूर्वमेघ-25)**
(C) **उज्जयिनी**–मेघमार्ग में विदिशा के आगे उज्जयिनी का विशद वर्णन मिलता है। कवि कालिदास मेघ का रास्ता टेढा होने पर भी उसे उज्जयिनी जाने की सलाह देते हैं–
''वक्रः पन्था यदपि भवतः प्रस्थितस्योत्तराशां सौधोत्सङ्गप्रणयविमुखो मा स्म भूरुज्जयिन्याः। (पूर्वमेघ-28)
(D) **अयोध्या**– सम्पूर्ण मेघदूतम् में मेघ के मार्ग में अयोध्या का कहीं वर्णन नहीं है। अतः विकल्प `D' सही है।

102. निम्नलिखित वाक्यों में कौन सा वाक्य शुद्ध है?
(A) रामः पठति (B) रामेण पठ्यते
(C) रामः पाठयति (D) सभी शुद्ध हैं।

व्याख्या–(A) **'रामः पठति'** (राम पढ़ता है)– यह कर्तृवाच्य का वाक्य है। कर्ता के अनुसार लट्लकार प्रथमपुरुष एकवचन की क्रिया का प्रयोग है, अतः यह वाक्य शुद्ध है।
(B) **रामेण पठ्यते** (राम के द्वारा पढ़ा जाता है)– यह कर्मवाच्य का वाक्य है, कर्ता में तृतीया विभक्ति तथा क्रिया में यक् प्रत्यय के बाद आत्मनेपद का प्रयोग है। इसलिए यह वाक्य भी शुद्ध है।
(C) **रामः पाठयति** (राम पढ़ाता है)– यह णिजन्त कर्तृवाच्य का प्रयोग है, अतः यह भी शुद्ध है। यद्यपि प्रश्नपत्र में मुद्रणदोष के कारण 'पाठयति' की जगह 'पाठ्यार्त' छप गया है, इसे सुधार लेना चाहिए। आयोग को ऐसे मुद्रणदोषों से अवश्य बचना चाहिए, अन्यथा छात्रों का नुकसान होता है।
(D) स्पष्ट है इसके सभी प्रयोग शुद्ध हैं।
अतः विकल्प `D' सही है।

103. पठ् धातु का लङ्लकार के मध्यमपुरुष एकवचन का क्या रूप होता है?
(A) अपठन् (B) अपठत
(C) अपठः (D) अपठम्

व्याख्या– 'पठ्' धातु लङ्लकार का रूप

प्र. पु.	अपठत्	अपठताम्	अपठन्
म. प्र.	**अपठः**	अपठतम्	अपठत
उ. पु.	अपठम्	अपठाव	अपठाम

99. (A) 100. (D) 101. (D) 102. (D) 103. (C)

स्पष्ट है 'पठ्' धातु लङ्लकार (भूतकाल) मध्यमपुरुष एकवचन का रूप–**'अपठः'** बनेगा, अतः विकल्प `C'सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-135 प्रश्न-18

104. भाववाच्य के लिए निम्नलिखित में क्या सही नहीं है?
(A) भाववाच्य तभी होता है, जब क्रिया अकर्मक हो।
(B) कर्ता तृतीयान्त होता है।
(C) क्रिया केवल प्रथमपुरुष एकवचन में प्रयुक्त होती है।
(D) भाववाच्य में क्रिया कर्ता के वचन के अनुसार होती है।

व्याख्या– वाच्य तीन प्रकार के होते हैं–
1. कर्तृवाच्य 2. कर्मवाच्य 3. भाववाच्य

भाववाच्य के नियम–
(i) भाववाच्य में क्रिया अकर्मक होती है।
(ii) कर्ता तृतीयान्त होता है।
(iii) क्रिया केवल प्रथमपुरुष एकवचन में प्रयुक्त होती है।

- विकल्प `D' भाववाच्य के लिए सही नही है। क्योंकि कर्तृवाच्य में क्रिया, कर्ता के पुरुष और वचन के अनुसार होती है, न कि भाववाच्य में। अतः विकल्प `D' सही उत्तर है।

105. अशुद्ध वाक्य बताइये?
(A) कति बालिकाः
(B) कति जनाः पठन्ति
(C) कतयः मुनयः जपन्ति
(D) कति फलानि सन्ति

व्याख्या–
- **'अव्ययं कतियुष्मदः'** (पाणिनीयलिङ्गानुशासनम्-186) सूत्रानुसार अव्ययसंज्ञक शब्द, कति, यति, तति, युष्मद् तथा अस्मद् शब्द–अविशिष्टलिङ्ग अर्थात् तीनों लिङ्गों में समानरूप रहते हैं।
- 'कति' शब्द का रूप नित्यबहुवचनान्त तथा तीनों लिङ्गों में एकसमान चलता है–

1. कति 2. कति
3. कतिभिः 4. कतिभ्यः
5. कतिभ्यः 6. कतीनाम्
7. कतिषु

- स्पष्ट है 'कति' शब्द का 'कतयः' रूप कहीं नहीं बनता अतः विकल्प `C' अशुद्ध है तथा कति बालिकाः, कति जनाः पठन्ति, कति फलानि सन्ति–ये तीनों वाक्य शुद्ध हैं। अतः विकल्प `C' सही उत्तर होगा।

106. नीतिशतकम् के अनुसार धन की कितनी दशायें होती हैं?
(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

व्याख्या– भर्तृहरि विरचित नीतिशतकम् के अर्थपद्धति के अन्तर्गत एक श्लोक में धन की तीन दशायें बतायी गयी हैं–
''दानं भोगो नाशस्तिस्रो गतयो भवन्ति वित्तस्य।
यो न ददाति न भुङ्क्ते तस्य तृतीया गतिर्भवति।।
अर्थात् धन की तीन गतियाँ (दशायें) होती हैं–
(i) दान, (ii) अपने सुखों के लिए उपयोग, (ii) विनाश। जो व्यक्ति न तो धन का दान करता है, और न ही स्वयं उपभोग करता है, उसके धन की तीसरी गति अर्थात् नाश होता है। अतः इसका सही उत्तर विकल्प `B' होगा।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-176 प्रश्न-55

107. राजा शूद्रक की राजधानी का क्या नाम था?
(A) उज्जयिनी (B) विदिशा
(C) हस्तिनापुर (D) थाणेश्वर

व्याख्या–

राजधानी	राजा
(A) उज्जयिनी	तारापीड
(B) विदिशा	**शूद्रक**
(C) हस्तिनापुर	दुष्यन्त
(D) थाणेश्वर	हर्षवर्धन

अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-295

108. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य क्या है?
(A) हरिः वैकुण्ठम् उपवसति
(B) हरिः वैकुण्ठम् अनुवसति
(C) हरिः वैकुण्ठे वसति
(D) उपर्युक्त सभी शुद्ध हैं।

व्याख्या–
(A) हरिः वैकुण्ठम् उपवसति।
(B) हरिः वैकुण्ठम् अनुवसति।

104. (D) 105. (C) 106. (B) 107. (B) 108. (D)

- उपान्वध्याङ्वसः (1.4.48) सूत्र से यदि वस् धातु के पूर्व उप, अनु, अधि और आङ् उपसर्ग लगा हो तो उसके आधार की कर्मसंज्ञा होती है।
- यहाँ 'वस्' धातु में 'उप' उपसर्ग लगकर = उपवसति तथा 'वस्' धातु में 'अनु' उपसर्ग लगकर = अनुवसति प्रयोग बना है, इसीलिए 'वैकुण्ठम्' में कर्मसंज्ञा होकर द्वितीया विभक्ति हो गयी है। इसीलिए विकल्प A और B दोनों शुद्ध हैं।

(C) हरिः वैकुण्ठे वसति– यहाँ 'वस्' धातु में उप, अनु अधि, आङ् आदि कोई उपसर्ग नही जुड़ा है, अतः 'आधारोऽधिकरणम् सूत्र से 'वैकुण्ठ' रूपी आधार की अधिकरणसंज्ञा होकर सप्तमी विभक्ति हो गयी। अतः यह वाक्य भी शुद्ध है।

अतः विकल्प `D' इसका सही उत्तर है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-91 प्रश्न-41

109. यक्ष के प्रवास की अवधि क्या थी?

(A) 1 वर्ष **(B) 2 वर्ष**
(C) 3 वर्ष **(D) 4 वर्ष**

व्याख्या–मेघदूतम् के प्रथम श्लोक में ही यक्ष के प्रवास की अवधि एक वर्ष बतायी गयी है–**''शापेनास्तङ्गमितमहिमा वर्षभोग्येण भर्तुः''** (पूर्वमेघ – 01)

वर्षभोग्येण = एक वर्ष भोगे जाने योग्य

इससे स्पष्ट है कि विकल्प `A' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-37

110. किरातार्जुनीयम् महाकाव्य में कितने सर्ग हैं–

(A) 22 **(B) 17**
(C) 18 **(D) 20**

व्याख्या– महाकाव्य		**सर्गों की संख्या**
(A) नैषधीयचरितम्	–	22
(B) कुमारसम्भवम्	–	17
(C) **किरातार्जुनीयम्**	**–**	**18**
(D) शिशुपालवधम्	–	20

अतः विकल्प `C' सही है।

नोट–यह प्रश्न आयोग लगभग हर साल पूछता है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-168 प्रश्न-04

111. 'साधु + इति' में सन्धि होने पर बनता है?

(A) साधोइति **(B) साध्विति**
(C) साधूति **(D) साधुरिति**

व्याख्या– साधु + इति
साध् उ + इति
साध् व् + इति ('इको यणचि' सूत्र से 'उ' के
साध्विति स्थान पर 'व्' आदेश)

अतः विकल्प `B' सही है।

नोट– यद्यपि आयोग के प्रश्नपत्र में 'साध्विति' के स्थान पर 'साधिति' छपा है, जिसे मुद्रणदोष मानना चाहिए।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतव्याकरणम् पेज-189

112. गद्यकाव्य के कितने भेद हैं–

(A) 2 **(B) 6**
(C) 4 **(D) 5**

व्याख्या– ● गद्यकाव्य के दो मुख्य भेद माने गये हैं–
(i) कथा (ii) आख्यायिका

अतः विकल्प `A' सही है।

- अग्निपुराण में गद्यकाव्य के पाँच भेद बताये गये हैं–
  1. कथा 2. आख्यायिका
  3. खण्डकथा 4. परिकथा
  5. कथानिका
- पं. अम्बिकादत्तव्यास 'उपन्यास' नामक भेद भी मानते हैं।
- समास के प्रयोग की दृष्टि से गद्य के चार प्रकार माने गये हैं–
  1. मुक्तक 2. वृत्तगन्धि
  3. उत्कलिकाप्राय 4.चूर्णक।

113. किरातार्जुनीयम् शब्द में कौन सा तद्धित प्रत्यय लगता है?

(A) फ **(B) घ**
(C) ख **(D) छ**

किरातार्जुन + छ
किरातार्जुन + ईय (आयनेयीनीयियः फढखछघां प्रत्ययादीनाम्'
किरातार्जुनीयम् से 'छ' के स्थान पर 'ईय' आदेश)

अतः विकल्प `D' सही है।

(A) गार्ग्य + फ (आयन) = गार्ग्यायणः
(B) क्षत्र + घ (इय) = क्षत्रियः
(C) ग्राम + खञ् (ईन) = ग्रामीणः
(D) किरातार्जुन + छ (ईय) = किरातार्जुनीयम्

संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-237 प्रश्न-68

109. (A) 110. (C) 111. (B) 112. (A) 113. (D)

114. शुद्ध वाक्य बताइये?
(A) वर्षायां न गन्तव्यः
(B) वर्षायां न गन्तव्यम्
(C) वर्षायां न गमनीयम्
(D) वर्षासु न गन्तव्यम्।

व्याख्या–●'अप् सुमनस्समासिकतावर्षाणां बहुत्वं च' पाणिनीयलिङ्गानुशासनम्-29वें सूत्र के अनुसार **आपः** (जल), **सुमनसः** (फूल), **समाः** (संवत्सर), **सिकताः** (बालू), **वर्षाः** (ऋतुविशेष) ये शब्द स्त्रीलिङ्ग में होते हैं तथा सदा बहुवचन में प्रयुक्त होते हैं।

● अमरकोश में भी लिखा है–
आपः सुमनसो वर्षा अप्सरः सिकताः समाः।
एतेस्त्रियां बहुत्वे स्युरेकत्वेऽप्युत्तरत्रयम्॥

● गम् + तव्यत् = गन्तव्यः/गन्तव्या/गन्तव्यम्
गम् + अनीयर् = गमनीयः/गमनीया/गमनीयम्।

● इससे स्पष्ट होता है कि विकल्प A, B, C में वर्षा शब्द एकवचनान्त है, जबकि विकल्प `D' में 'वर्षासु' पद सप्तमी बहुवचनान्त है तथा 'गम् + तव्यत् = गन्तव्यम्' भी शुद्ध प्रयोग है। अतः `D' विकल्प शुद्ध है।

115. मेघदूतम् में प्रयुक्त छन्द के प्रत्येक चरण में कितने अक्षर होते हैं?
(A) 14 **(B) 15**
(C) 16 **(D) 17**

व्याख्या– ● मेघदूतम् में आद्यन्त मन्दाक्रान्ता छन्द का प्रयोग है। जिसका लक्षण है– **''मन्दाक्रान्ता जलधिषडगैर्म्भौ नतौ ताद् गुरू चेत्''** मन्दाक्रान्ता छन्द के प्रत्येक चरण में 17 वर्ण होते हैं। इसमें क्रमशः मगण, भगण, नगण तगण, तगण तथा दो गुरु वर्ण होते हैं। इसमें 4-6-7 पर यति होती है अर्थात् चौथे, दसवें और सत्रहवें वर्ण पर यति (विराम) होती है। अतः विकल्प `D' सही है।

● वसन्ततिलका के प्रत्येक चरण में 14 अक्षर, मालिनी छन्द में 15 तथा पञ्चचामर में 16 अक्षर होते हैं।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-237 प्रश्न-55

116. रूपक के कितने भेद होते हैं?
(A) 5
(B) 8
(C) 10
(D) 12

व्याख्या– (A) रूपक में पाँच प्रकार के अर्थोपक्षेपकों का प्रयोग किया जाता है– 1. विष्कम्भक 2. चूलिका 3.अङ्कास्य 4. अङ्कावतार 5. प्रवेशक।

(B) दशरूपक के अनुसार सात्त्विक भाव आठ हैं–

1. स्तम्भ	2. प्रलय
3. रोमाञ्च	4. स्वेद
5. वैवर्ण्य	6. वेपथु (कम्पन)
7. अश्रु	8. वैस्वर्य (स्वरभङ्ग)

(C) **'रूपकं तत्समारोपात् दशधैव रसाश्रयम्'** दशरूपक की इस पंक्ति के अनुसार **रूपक के दश भेद** बताये गये हैं–

1. नाटक	2. प्रकरण
3. भाण	4. प्रहसन
5. डिम	6. व्यायोग
7. समवकार	8. वीथी
9. अङ्क	10. ईहामृग।

अतः विकल्प `C' सही है।

(D) श्रीमद्भागवत महापुराण में 12 स्कन्ध हैं।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-304

117. 'मा ब्रूहि दीनं वचः' यह उक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है?
(A) उत्तररामचरितम्
(B) वाल्मीकीयरामायणम्
(C) किरातार्जुनीयम्
(D) नीतिशतकम्

व्याख्या–

	ग्रन्थ	**सूक्ति**
(A)	उत्तररामचरितम्	नैताः प्रियतमाः वाचः
(B)	वाल्मीकीयरामायणम्	नहि निम्बात् स्रवेत् क्षौद्रं लोके निगदितं वचः

114. (D) 115. (D) 116. (C) 117. (D)

(C) किरातार्जुनीयम् हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः

(D) **नीतिशतकम्** **यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीनं वचः**

अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-155 क्र.सं.-27

118. आधार कितने प्रकार का होता है, जिसमें सप्तमी विभक्ति का प्रयोग होता है?

(A) 2 **(B) 3**

(C) 4 **(D) 5**

व्याख्या–'औपश्लेषिको वैषयिकोऽभिव्यापकश्च इत्याधारः त्रिधा' इस वृत्ति से स्पष्ट है कि आधार तीन प्रकार का होता है– 1. औपश्लेषिक आधार–कटे आस्ते,
2. वैषयिक आधार– मोक्षे इच्छा अस्ति,
3. अभिव्यापक आधार–सर्वस्मिन् आत्मा अस्ति।
अतः विकल्प `B' सही है।

119. ''कार्यं वा साधयेयं देहं वा पातयेयम्'' यह सारगर्भित प्रतिज्ञा किसकी थी?

(A) राम
(B) दुष्यन्त
(C) अर्जुन
(D) शिवाजी

व्याख्या–

नायक	**प्रतिज्ञा**
(A) **राम–**	स्नेहं दयां च सौख्यं च यदि वा जानकीमपि। आराधनाय लोकस्य मुञ्चतो नास्ति मे व्यथा।। उत्तररामचरितम् 1/12
(B) **दुष्यन्त**	परिग्रहबहुत्वेऽपि द्वे प्रतिष्ठे कुलस्य मे। समुद्ररसना चोर्वी सखी च युवयोरियम्।। अभिशा0 3/17
(C) **अर्जुन–**	'सुदुर्लभाः सर्वमनोरमा गिरः' (किरात0 14/5)
(D) **शिवाजी–**	''कार्यं वा साधयेयं देहं वा पातयेयम्''

अतः विकल्प `D' सही है। (शिवराजविजयम्)

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-186 प्रश्न-34

120. 'शम्भु' शब्द का चतुर्थी विभक्ति एकवचन का क्या रूप होता है?

(A) शम्भवाय **(B) शम्भवायै**

(C) शम्भवे **(D) शम्भव्या**

व्याख्या– 'शम्भु' उकारान्त पुंलिङ्ग का रूप 'गुरु' की तरह चलेगा– 1. शम्भुः, 2. शम्भुम्, 3. शम्भुना, **4.शम्भवे,** 5. शम्भोः, 6. शम्भोः, 7. शम्भौ, सम्बो0 हे शम्भो।
स्पष्ट है विकल्प `C' सही है।

121. महाकवि भवभूति की कितनी रचनायें हैं?

(A) 3 **(B) 4**

(C) 5 **(D) 7**

व्याख्या–

	कवि	**रचनायें**
(A)	महाकविभवभूति	तीन रचनायें– (i) मालतीमाधवम् (प्रकरण) (ii) महावीरचरितम् (नाटक) (iii)उत्तररामचरितम् (नाटक)
(B)	भर्तृहरि	चार रचनायें– 1. शृङ्गारशतकम् (मुक्तक) 2. नीतिशतकम् (मुक्तक) 3. वैराग्यशतकम् (मुक्तक) 4.वाक्यपदीयम् (व्याकरणग्रन्थ)
(C)	बाणभट्ट	पाँच रचनायें– (i) कादम्बरी (कथा) (ii) हर्षचरितम् (आख्यायिका) (iii) चण्डीशतकम् (मुक्तक) (iv) मुकुटताडितक (नाटक) (v) पार्वतीपरिणय (नाटक)।
(D)	कालिदास	सात रचनायें– 1. कुमारसम्भवम् (महाकाव्य) 2. रघुवंशम् (महाकाव्यम्) 3. विक्रमोर्वशीयम् (त्रोटक) 4. मालविकाग्निमित्रम् (नाटक) 5. अभिज्ञानशाकुन्तलम् (नाटक) 6. ऋतुसंहारम् (गीतिकाव्य) 7.मेघदूतम् (खण्डकाव्य)।

अतः विकल्प `A' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-11

118. (B) 119. (D) 120. (C) 121. (A)

122. 'अस्मद्' शब्द का पञ्चमी एकवचन में क्या रूप होता है?

(A) माम् **(B) मत्**

(C) मम **(D) अस्मत्**

व्याख्या– 'अस्मद्' (मैं) शब्द का सातों विभक्तियों के एकवचन में रूप–

1. अहम् 2. माम्
3. मया 4. मह्यम्
5. मत् 6. मम
7. मयि

स्पष्ट है कि 'अस्मद्' शब्द का पञ्चमी एकवचन में '**मत्**' रूप बनता है, अतः विकल्प `B' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा TGT व्याख्यात्मक पेज-33 प्रश्न-67

123. पण्डित अम्बिकादत्तव्यास को निम्नलिखित में से किस उपाधि से विभूषित नहीं किया गया है?

(A) घटिकाशतक **(B) साहित्याचार्य**

(C) शतावधान **(D) मीमांसक**

व्याख्या–पं० अम्बिकादत्तव्यास को निम्नलिखित उपाधियों से विभूषित किया गया है–

1. घटिकाशतक (ब्रह्मामृतवर्षिणी सभा द्वारा प्रदत्त)
2. साहित्याचार्य (संस्कृतसाहित्य के विद्वान् होने के कारण)
3. शतावधान (100 प्रश्नों को सुनकर क्रमशः उनका सही उत्तर देने के कारण)
4. सुकवि (भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की काशी कवितावर्धिनी सभा द्वारा प्रदत्त)
5. भारतरत्न (काशी की महासभा द्वारा प्रदत्त)
6. अभिनवबाण/आधुनिकबाण (संस्कृत सीखने के अभिनव प्रणाली के आविष्कार करने के कारण)
7. भारतभूषण
8. महाकवि

स्पष्ट है कि उपर्युक्त सभी उपाधियाँ अम्बिकादत्तव्यास जी की हैं किन्तु 'मीमांसक' उपाधि इनकी नहीं है।
अतः विकल्प `D' सही है।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-284

124. बाणभट्ट की गद्यकृतियाँ कितनी हैं?

(A) 1 **(B) 2**

(C) 3 **(D) 4**

व्याख्या–बाणभट्ट की कुल पाँच कृतियाँ प्रसिद्ध हैं–
(i) कादम्बरी (कथा) गद्यकाव्य
(ii) हर्षचरितम् (आख्यायिका) गद्यकाव्य
यही दो रचनायें इनकी गद्यकृतियाँ हैं।
अतः विकल्प `B' सही है।

- बाण की शेष तीन रचनायें निम्नवत् हैं–
(i) चण्डीशतकम् (मुक्तककाव्य)
(ii) मुकुटताडितक (नाटक)
(iii) पार्वतीपरिणय (नाटक)

स्रोत–संस्कृतगङ्गा संस्कृतसाहित्यम् पेज-12

125. 'पुष्पधन्वा' किसे कहा जाता है?

(A) विष्णु **(B) ब्रह्मा**

(C) इन्द्र **(D) कामदेव**

व्याख्या–● अमरकोश में कामदेव के 21 नामों की चर्चा है–

''मदनो मन्मथो मारः प्रद्युम्नो मीनकेतनः।
पुष्पधन्वा रतिपतिर्मकरध्वज आत्मभूः॥''

- स्पष्ट है कि पुष्पधन्वा = कामदेव के लिए प्रयुक्त है। अतः विकल्प `D' सही है।
- विष्णु को 'चतुर्भुजः' ब्रह्मा को 'चतुराननः' तथा इन्द्र को 'पाकशासनः' भी कहते हैं।

स्रोत–संस्कृतगङ्गा सम्भाषणशब्दकोश पेज-153

नमः संस्कृताय

122. (B) 123. (D) 124. (B) 125. (D)

प्रशिक्षित-स्नातकशिक्षक-चयनपरीक्षा (TGT)–2011

1. ''श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीम्'' किस प्रकार का मङ्गलाचरण है-

(A) आशीर्वादात्मक

(B) नमस्कारात्मक

(C) वस्तुनिर्देशात्मक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

ग्रन्थ	उपास्य देवता	मंगलाचरण	छन्द
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम्	अष्टमूर्तिशिव	आशीर्वादात्मक	स्रग्धरा
(B) कादम्बरी	त्रिगुणात्मक ब्रह्म	नमस्कारात्मक	वंशस्थ
(C) किरातार्जुनीयम्	मूलतः शैव	वस्तुनिर्देशात्मक	वंशस्थ

अतः विकल्प (C) सही है।

2. भारवि की शैली में कौन सा तत्त्व प्रधान है –

(A) ओजप्रधान्यता

(B) वैदर्भीरीति की प्रधानता

(C) गौडीरीति की प्रधानता

(D) अर्थगौरवता

ग्रन्थ/ग्रन्थकार	विशेषताएँ
(A) अनर्घराघव (मुरारि)	गौडीरीति, ओजगुण
(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम् .	वैदर्भीरीति, प्रसादगुण

''वैदर्भीरीतिसन्दर्भे कालिदासो विशिष्यते''

(C) वेणीसंहार	गौडीरीति, ओजगुण
(D) किरातार्जुनीयम्	अर्थगौरवता, रीतिवादी या अलंकृतकाव्यशैली के जन्मदाता **''भारवेरर्थगौरवम्''**

अतः विकल्प (D) सही है।

3. 'अर्थगौरवता' का अर्थ है –

(A) गौरव गरिमा से युक्त बातें कहना

(B) शब्द से ज्यादा अर्थ पर जोर देना

(C) थोड़े से शब्दों में ज्यादा अर्थ कह देना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या – समालोचकों ने कवियों की प्रशंसा में कहा है कि–

''उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।
दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयो गुणाः।।''

1. उपमा अलङ्कार की दृष्टि से कालिदास अद्वितीय कवि हैं।
2. अर्थगौरव अर्थात् **थोड़े से शब्दों में ज्यादा अर्थ कह देना** यह भारवि की विशेषता है।
3. पदों में लालित्य के लिए दण्डी प्रसिद्ध हैं।
4. महाकवि माघ में उपमा, अर्थगौरव और पदलालित्य–ये तीनों गुण विद्यमान हैं।

अतः विकल्प (C) सही है।

4. 'भारवि' इस शब्द का अर्थ है –

(A) जिसको रवि अर्थात् सूर्य की चमक भाये

(B) भार को ढोने वाला

(C) सूर्य की कान्ति

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या – 'किरातार्जुनीयम्' भारवि का एकमात्र ग्रन्थ है, 'भारवि' शब्द का अर्थ है –

'भा' दीप्तौ धातु चमकने, प्रकाश या कान्ति अर्थ में होती है,

रवि = सूर्य

अर्थात् भारवि का अर्थ है – **सूर्य की कान्ति या प्रकाश**

अतः विकल्प (C) सही है।

1. (C) 2. (D) 3. (C) 4. (C)

5. **'किरातार्जुनीयम्' रचना साहित्य की किस विधा के अन्तर्गत आती है?**
(A) गीतिकाव्य **(B) खण्डकाव्य**
(C) महाकाव्य **(D) स्तोत्रकाव्य**

	विधा	**ग्रन्थ**	**ग्रन्थकार**
(A)	गीतिकाव्य	गीतगोविन्द	जयदेव
(B)	खण्डकाव्य	मेघदूतम्	कालिदास
(C)	महाकाव्य	किरातार्जुनीयम्	भारवि
(D)	स्तोत्रकाव्य	(i) चण्डीशतक	बाणभट्ट
		(ii) शिवमहिम्नस्तोत्र	पुष्पदन्त

नोट- 'मेघदूतम्' को गीतिकाव्य, दूतकाव्य तथा सन्देशकाव्य भी कहा जाता है।

अतः विकल्प (C) सही है।

6. **'मेघदूतम्' रचना साहित्य की किस विधा के अन्तर्गत आता है-**
(A) नाटक **(B) महाकाव्य**
(C) गीतिकाव्य **(D) स्तोत्रकाव्य**

विधा	**ग्रन्थ**	**ग्रन्थकार**
(A) नाटक	उत्तररामचरितम्	भवभूति
(B) महाकाव्य	शिशुपालवधम्	माघ
(C) गीतिकाव्य	मेघदूतम्	कालिदास
(D) स्तोत्रकाव्य	सौन्दर्यलहरी	शङ्कराचार्य

अतः विकल्प (C) सही है।

7. **'मेघदूतम्' में किस छन्द का प्रयोग हुआ है?**
(A) शार्दूलविक्रीडितम् **(B) मन्दाक्रान्ता**
(C) मालिनी **(D) उपर्युक्त सभी का**

	ग्रन्थों में प्रयुक्त छन्द	**ग्रन्थ**
(A)	शार्दूलविक्रीडितम्	अमरुकशतकम्
(B)	मन्दाक्रान्ता	मेघदूतम् (सम्पूर्ण ग्रन्थ में)
(C)	मालिनी	किरातार्जुनीयम् (प्रथमसर्ग के अन्तिम 46 वें श्लोक में)

अतः विकल्प (B) सही है।

8. **'मेघदूतम्' को संस्कृत साहित्य में एक नवीन काव्य प्रकार की उद्भावना का श्रेय प्राप्त होता है, जो इस नाम से विख्यात है –**
(A) सन्देशकाव्य **(B) खण्डकाव्य**
(C) गीतिकाव्य **(D) स्तोत्रकाव्य**

व्याख्या – * कालिदास की भाषा - शैली, भाव-व्यञ्जना, अलङ्कार निवेश, प्रणयाभिव्यक्ति, मार्मिक सन्देश तथा प्राञ्जल चित्रण कला के माध्यम से मेघदूत ने एक पृथक् साहित्य प्रकार को जन्म दिया जिसे **'दूतकाव्य'** या **'सन्देशकाव्य'** कहा जाता है।

* संस्कृत का स्तोत्र साहित्य बड़ा ही विशाल सरस एवं हृदयस्पर्शी है। संस्कृत में अनेक स्तोत्रकाव्य लिखे गये जैसे – मयूरभट्ट का सूर्यशतक, बाणभट्ट का चण्डीशतक तथा शिवताण्डवस्तोत्र, रामरक्षास्तोत्र आदि।

मेघदूत को संस्कृत साहित्य में एक नवीन काव्य प्रकार की उद्भावना का श्रेय प्राप्त होता है जो 'संदेशकाव्य' के नाम से विख्यात है तथा गीतिकाव्यों में मधुर पदावली के साथ संगीतमय छन्दों का प्रयोग होने के कारण 'गीतिकाव्य' और यक्ष के जीवन के एक अंश का वर्णन होने के कारण 'खण्डकाव्य' भी कहा जाता है।

संस्कृत साहित्य के दूतकाव्य या सन्देशकाव्य -

1. जम्बूकवि –चन्द्रदूत (959ई.)
2. धोयी –पवनदूत (1100 ई.)
3. वेदान्तदेशिक (वेंकटनाथ)–हंससन्देश (1280 ई.)
4. त्रिवेणी - शुकसन्देश, भृंगसन्देश (सत्रहवीं शतब्दी पूर्वार्द्ध)
5. रूपगोस्वामी –हंसदूत (सत्रहवीं शताब्दी)
6. विमलकीर्ति - चन्द्रदूत (1625 ई.)
7. नन्दकिशोरचन्द्र गोस्वामी - शुकदूत
8. नित्यानन्दशास्त्री - हनुमद्दूत

अतः विकल्प (A) सही है।

9. **मेघदूतम् के रचयिता हैं –**
(A) भारवि **(B) कालिदास**
(C) भवभूति **(D) श्रीहर्ष**

5. (C) 6. (C) 7. (B) 8. (A) 9. (B)

व्याख्या –

	रचयिता	रचनाएँ	अनुमानित समय
(A)	भारवि	किरातार्जुनीयम्	छठी शताब्दी ई.
(B)	कालिदास	अभिज्ञानशाकुन्तलम् मेघदूतम्, कुमारसम्भवम् मालविकाग्निमित्रम्, विक्रमोर्वशीयम् , रघुवंशम्, ऋतुसंहारम्	ई.पू. प्रथम शताब्दी
(C)	भवभूति	उत्तररामचरितम् महावीरचरितम् मालतीमाधवम्	सातवीं शताब्दी
(D)	श्रीहर्ष	नैषधीयचरितम्	बारहवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध

अत: उत्तर (B) सही है।

10. कालिदास किसी एक विशिष्ट अलङ्कार के प्रयोग में अतुलनीय हैं, वह अलङ्कार है –
(A) रूपक (B) श्लेष
(C) अनुप्रास (D) उपमा

	कवि	अलङ्कार
(A)	अश्वघोष –	उपमा, रूपक, अनुप्रास
(B)	सुबन्धु –	श्लेष, विरोधाभास, परिसंख्या, उत्प्रेक्षा
(C)	श्रीहर्ष –	उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति, श्लेष, अनुप्रास,
(D)	कालिदास –	उपमा

संस्कृत जगत् में एक प्रसिद्धि है कि –

उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।
दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयो गुणाः।।

अत: विकल्प (D) सही है।

11. 'मेघदूतम्' का नायक है –
(A) देवता (B) मनुष्य
(C) यक्ष (D) किन्नर

ग्रन्थनाम	नायक	नायककोटि
(i) शिशुपालवधम्	श्रीकृष्ण	देवता (धीरोदात्त)
(ii) उत्तररामचरितम्	श्रीराम	देवता (धीरोदात्त)
(iii) कुमारसम्भवम्	शिव	देवता (धीरोदात्त)
(iv) मृच्छकटिकम्	चारुदत्त	मनुष्य (धीरप्रशान्त)
(v) स्वप्नवासवदत्तम्	उदयन	राजा (धीरललित)
(vi) नैषधीयचरितम्	नल	राजा (धीरोदात्त)
(vii) मेघदूतम्	यक्ष	यक्ष (धीरललित)

अत: विकल्प (C) सही है।

12. 'मेघदूतम्' का प्रधान रस है –
(A) शृङ्गाररस (B) करुणरस
(C) शान्तरस (D) वीररस

रस	ग्रन्थनाम	ग्रन्थकार	विभाजन
शृङ्गार	मेघदूतम्	कालिदास	दो भाग (पूर्व, उत्तर)
	रत्नावली	हर्षदेव	चार अङ्क, नाटिका
	प्रियदर्शिका	हर्षदेव	चार अङ्क, नाटिका
करुण	कुन्दमाला	दिङ्नाग	छः अंक, नाटक
	उत्तररामचरितम्	भवभूति	सात अङ्क, नाटक
	प्रसन्नराघव	जयदेव	सात अङ्क, नाटक
शान्त	प्रबोधचन्द्रोदय	कृष्णमिश्र	छः अङ्क, नाटक
	जीमूतवाहन	हर्षदेव	पाँच अङ्क, नाटक
वीररस	वेणीसंहार	भट्टनारायण	छः अङ्क , नाटक
	शिशुपालवधम्	माघ	20 सर्ग , महाकाव्य

अत: विकल्प (A) सही है।

13. 'मेघदूतम्' काव्य कितने भागों में विभक्त है-
(A) दो (B) तीन
(C) चार (D) पाँच

	ग्रन्थ	विभाजन
(A)	मेघदूतम्	दो खण्डों में – पूर्वमेघ, उत्तरमेघ
	कादम्बरी	पूर्वभाग और उत्तरभाग
(B)	शिवराजविजयम्	तीन विराम, 12 निःश्वास

10. (D) 11. (C) 12. (A) 13. (A)

	काव्यादर्श	तीन परिच्छेद
(C)	रसगङ्गाधर	चार आनन
	दशरूपक	चार प्रकाश
(D)	काव्यालङ्कारसूत्र	पाँच अधिकरण
	पञ्चतन्त्र	पाँच तन्त्र या पाँच खण्ड

1. मित्रभेद 2. मित्र सम्प्राप्ति 3. काकोलूकीय 4.लब्धप्रणाश 5.अपरीक्षितकारक, अत: विकल्प (A) सही है।

14. 'मेघदूतम्' काव्य में नायक विरही यक्ष को किस कारण से अपनी नायिका से दूर जाना पड़ा ?

(A) पत्नी अपने पिता के घर चली गयी थी

(B) पति-पत्नी में कुछ वैमनस्य हो गया था

(C) अपने कर्तव्यपालन में भूल करने के कारण शापवश

(D) अपने कर्तव्यपालन में परदेश जाने के कारण

व्याख्या – कालिदास विरचित 'मेघदूतम्' खण्डकाव्य में नायक विरही यक्ष को अपने कर्तव्यपालन में भूल करने के कारण कुबेर के शापवश अपनी नायिका यक्षिणी से दूर एक वर्ष के लिए रामगिरि पर्वत में रहना पड़ा।

कश्चित्कान्ताविरहगुरुणा स्वाधिकारात्प्रमत्त:
शापेनाऽस्तङ्गमितमहिमा वर्षभोग्येण भर्तु:
यक्षश्चक्रे जनकतनया स्नानपुण्योदकेषु
स्निग्धच्छाया तरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु।।(पूर्वमेघ-1)

मेघदूत के इस प्रथम श्लोक से ही सिद्ध होता है कि अपने कर्त्तव्यपालन में भूल करने के कारण कुबेर के शाप के कारण विरही यक्ष रामगिरि आश्रम में निवास कर रहा था, अत: विकल्प (C) सही है।

15. विरहिणी यक्षिणी कहाँ निवास कर रही थी?

(A) उज्जयिनी में **(B) काशी में**

(C) अलकापुरी में **(D) विदर्भ में**

व्याख्या - * विरही यक्ष मेघ से यक्षों के निवास स्थान अलकापुरी में अपनी यक्षिणी के पास सन्देश ले जाने का निवेदन करता है –

***''गन्तव्या ते वसतिरलका नाम यक्षेश्वराणाम्''(पूर्वमेघ-7)**

***''तस्योत्सङ्गे प्रणयिन इव स्त्रस्तगङ्गादुकूलां**

*** त्वं दृष्ट्वा न पुनरलकां ज्ञास्यसे कामचारिन् (पूर्वमेघ-66)**

इच्छानुसार विचरण करने वाले हे मेघ! जिस प्रकार कोई कामिनी, जिसकी गंगा जल के समान (श्वेत) साड़ी खिसक गई हो अपने प्रिय के गोद में बैठी हो, उसी प्रकार उस कैलास की गोद में तुम अलका को देखोगे ।

इससे सिद्ध होता है कि यक्षिणी अलकापुरी में निवास कर रही है।

* 'मेघदूतम्' में उज्जयिनी के राजा प्रद्योत एवं महाकाल मन्दिर आदि का भी वर्णन है।

* काशी एवं विदर्भ देश का वर्णन मेघदूत में नहीं है।

अत: विकल्प (C) सही है।

16. मेघदूतम् के कथानक का मूलस्त्रोत है-

(A) ऐतिहासिक

(B) कविकल्पित

(C) जनश्रुति पर आधारित

(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या - कविकल्पित- मेघदूतम् कालिदास की प्रौढ एवं परिष्कृत कृति है। इसमें कवि की प्रौढ कल्पना, उदात्त भावना, परिष्कृत शैली एवं कोमलकान्त पदावली का सामञ्जस्य दिखाई देता है। यह कवि की कल्पना का मनोरम प्रसून है, अतएव विश्व के सभी सहृदयों ने इसकी मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है।

ऐतिहासिक- * राजतरङ्गिणी कल्हण की एकमात्र रचना है। इसका विभाजन आठ तरङ्गों में हुआ है। 'राजतरङ्गिणी' में कलियुग के आरम्भ से 1150 ई. तक के कश्मीर का राजनीतिक तथा सांस्कृतिक इतिहास काव्य रूप में वर्णित है। यह एक ऐतिहासिक काव्य है।

* अम्बिकादत्तव्यास विरचित शिवराजविजय एक ऐतिहासिक उपन्यास है।

जनश्रुति पर आधारित- लोककथा या जनश्रुति पर आधारित गुणाढ्य की बृहत्कथा, बृहत्कथामञ्जरी, कथासरित्सागर आदि ग्रन्थ हैं अत: विकल्प (B) सही है।

14. (C) 15. (C) 16. (B)

17. यक्ष को कितनी अवधि के लिए अपनी पत्नी से दूर रहना था?

(A) एक वर्ष (B) दो वर्ष

(C) छः वर्ष (D) आजीवन

व्याख्या – कालिदास विरचित 'मेघदूतम्' खण्डकाव्य में कुबेर ने यक्ष को अपने कार्य से असावधान होने के कारण अपनी प्रिया से एक वर्ष तक अलग रहने का श्राप दे दिया–

कश्चित्कान्ताविरहगुरुणा स्वाधिकारात्प्रमत्तः

शापेनास्तङ्गमितमहिमा वर्षभोग्येण भर्तुः। (पूर्वमेघ–1)

अतः विकल्प (A) सही है।

18. विरही यक्ष कहाँ निवास कर रहा था?

(A) अलकापुरी (B) हिमालय पर्वत

(C) मानसरोवर (D) रामगिरि पर्वत

(A) **अलका –** अलका यक्षों की नगरी तथा कुबेर की राजधानी है। माना जाता है कि 'अलका' कैलास पर्वत पर स्थित है।

(B) **हिमालय –** हिमालय भारत की उत्तर दिशा में स्थित है। 'मेघदूतम्' में कालिदास ने इसका वर्णन किया है। **'प्रालेयाद्रेरुपतटमतिक्रम्य तांस्तान्विशेषान्** (पूर्वमेघ–61)

(C) **मानसरोवर –** यह कैलास पर्वत पर स्थित है। यक्ष मेघ से कहता है कि राजहंस मानसरोवर तक आपके साथी बने रहेंगे। **'आकेलासाद् बिसकिलयच्छेदपाथेयवन्तः'**

(पूर्व.११)

(D) **रामगिरि –** कुबेर से शापित यक्ष रामगिरि के आश्रमों में निवास करने लगा। मल्लिनाथ इसे चित्रकूट में मानते हैं।

यक्षश्चक्रे जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु

स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु।।

(पूर्वमेघ. – 1)

अतः विकल्प (D) सही है।

19. ''नीतिशतकम्'' साहित्य की किस विधा के अन्तर्गत है –

(A) खण्डकाव्य (B) मुक्तककाव्य

(C) प्रबन्धकाव्य (D) नाट्यग्रन्थ

	काव्यविधा	**ग्रन्थ**	**रस**
(A)	खण्डकाव्य	मेघदूतम्	विप्रलम्भ श्रृङ्गार
(B)	मुक्तककाव्य	नीतिशतकम्	विभिन्न रस
(C)	महाकाव्य	रघुवंशम्	वीररस
(D)	नाट्यग्रन्थ	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	श्रृङ्गार रस

अतः विकल्प (B) सही है।

20. 'नीतिशतकम्' के रचयिता हैं –

(A) भारवि (B) भवभूति

(C) भर्तृहरि (D) भूषणभट्ट

	रचयिता	**रचनाएँ**	**अनुमानित समय**
(A)	भारवि	किरातार्जुनीयम्	पञ्चम–षष्ठ ई.
(B)	भवभूति	उत्तररामचरितम्	680 ई. 750 ई.
		महावीरचरितम्	
		मालतीमाधवम्	
(C)	भर्तृहरि	नीतिशतकम्	575-650 ई.
		श्रृङ्गारशतकम्	
		वैराग्यशतकम्	
(D)	भूषणभट्ट	कादम्बरी का उत्तरार्द्ध भाग	

अतः विकल्प (C) सही है।

21. विरहिणी यक्षिणी कहाँ निवास कर रही थी?

(A) उज्जयिनी में (B) काशी में

(C) अलकापुरी में (D) विदर्भ में

(A) **उज्जयिनी –** आधुनिक उज्जैन। इसे 'विशाला' 'अवन्ती' या 'अवन्तिका' भी कहा जाता है। उज्जयिनी आकर वत्स के राजा उदयन ने यहाँ के राजा प्रद्योत की प्रियपुत्री वासवदत्ता का अपहरण किया था।

'प्रद्योतस्य प्रियदुहितरं वत्सराजोऽत्र जह्रे'' (पूर्वमेघ–34)

(B) **काशी –** आधुनिक बनारस, यहाँ भगवान् विश्वनाथ का प्रसिद्ध मन्दिर है जिसकी गणना द्वादश ज्योतिर्लिङ्गों में होती है। इसका वर्णन मेघदूत में नहीं है।

17. (A) 18. (D) 19. (B) 20. (C) 21. (C)

(C) **अलका –** यक्ष मेघ से कहता है कि – **'गन्तव्या ते वसतिरलका नाम यक्षेश्वराणाम् ...।'** (पूर्वमेघ 7)

'तत्रागारं धनपतिगृहानुत्तरेणास्मदीयम् ...।' (उत्तरमेघ 12)

इन श्लोकों से स्पष्ट है कि यक्ष का घर कुबेर के घर से उत्तर दिशा में स्थित है। अत: यक्षिणी अलका में निवास कर रही थी।

(D) **विदर्भ –** विदर्भ दण्डी की जन्मभूमि है इसका वर्णन मेघदूत में नहीं है।

अत: विकल्प (C) सही है।

22. 'नीतिशतकम्' का विषय है –

(A) किसी एक सम्प्रदाय से सम्बन्धित है

(B) विज्ञान पर आधारित है

(C) आध्यात्मिक संचेतना पर आधारित है

(D) मनुष्य मात्र को नीति कुशलता का उपदेश देने वाला है

व्याख्या – 'नीतिशतकम्' में कहीं नीतिपरक अनुभवजन्य उपदेश निर्दिष्ट है तो कहीं रमणियों के रूप विलास का आकर्षण अंकित है और कहीं संसार की असारता चित्रित है। इसमें जिन नीति सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया गया है, वे जगत् की समस्त मानव जाति अथवा धर्म के लिए अनुकरणीय है अर्थात् यह मनुष्यमात्र को नीतिकुशलता का उपदेश देने वाला ग्रन्थ है।

अत: विकल्प (D) सही है।

23. 'नीतिशतकम्' की भाषा –

(A) क्लिष्ट है (B) अलङ्कार प्रधान है

(C) अति सरल सुबोध है (D) अति गम्भीर है

व्याख्या – नीतिशतक की भाषा सरल और स्वाभाविक है। कहीं भी ऐसा प्रतीत नहीं होता कि कोई शब्द अनावश्यक रूप से बलात् प्रयुक्त हो। भाषा इतनी सुबोध है कि कवि के पद्यों में गुम्फित तात्पर्य को समझने में कोई भी कठिनाई नहीं होती। पद्यों की पदावली इतनी सरस है कि स्वयं ही उसमें संगीतात्मकता एवं गेयता आ गई है।

अत: विकल्प (C) सही है।

24. थोड़े से ज्ञान से स्वयं को ज्ञानी मानने वाले मनुष्य को कौन नहीं समझा सकते हैं –

(A) ब्रह्मा (B) विष्णु

(C) महेश (D) गणेश

व्याख्या – अज्ञानी मनुष्य को आसानी से प्रसन्न किया जा सकता है, विशेषज्ञ को तो और भी आसानी से प्रसन्न किया जा सकता है। लेकिन रञ्चमात्र ज्ञान के कारण गर्वित मूढजन को ब्रह्मा भी प्रसन्न नहीं कर सकते।

अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः।

ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्मापि नरं न रञ्जयति।।

(नीतिशतक मूर्खपद्धति श्लोक -3)

अत: विकल्प (A) सही है।

25. अपनी अज्ञता छिपाने के लिए मूढ जनों का एकमात्र उपाय है –

(A) मौनावलम्बन (B) प्रगल्भावलम्बन

(C) हारावलम्बन (D) क्रोधावलम्बन

व्याख्या – भर्तृहरि ने 'नीतिशतकम्' में बताया है कि विधाता ने मूर्खों को अपने हाथ में रहने वाले और अत्यन्त हितकारी मौन को अपनी मूर्खता को छिपाने का साधन बनाया है, जो विद्वानों की सभा में विशेष रूप से आभूषण स्वरूप हो जाता है। **स्वायत्तमेकान्त .... विभूषणं मौनमपण्डितानाम्।** (नीतिशतकम् – 07)

अत: विकल्प (A) सही है।

26. स्वाभिमान और सम्मान के पात्र होते हैं –

(A) राजा (B) धनवान्

(C) विद्वज्जन (D) राज्याधिकार

व्याख्या – 'मानशौर्यपद्धति' में भर्तृहरि अनेक श्लोकों में विद्वानों के स्वाभिमान एवं सम्मान की बात करते हैं जैसे –

'तज्जाड्यं वसुधाधिपस्य सुधियस्त्वर्थं विनापीश्वराः...।' (नीति. 12)

येषां तान्प्रति मानमुज्झत नृपाः। कस्तैः सह स्पर्धते।' (नीति. 13)

अधिगतपरमार्थान्पण्डितान्मावमंस्था-

स्तृणमिव लघुलक्ष्मीर्नैव तान्संरुणद्धि। (नीति. 14)

उपर्युक्त पंक्तियों से स्पष्ट है कि विद्वज्जन स्वाभिमान और

22. (D) 23. (C) 24. (A) 25. (A) 26. (C)

सम्मान के पात्र होते हैं। अत: विकल्प (C) सही है।

27. सत्संगति के प्रभाव से –

(A) मनुष्य की बुद्धि तीव्र होती है

(B) सत्य और सदाचरण में उसकी प्रवृत्ति होती है

(C) मान-मर्यादा और प्रतिष्ठा प्राप्त करता है

(D) पाप आदि से मुक्त होकर उपर्युक्त सभी सद्‌गुण विकसित होते हैं।

व्याख्या – सत्संगति के प्रभाव को आचार्य भर्तृहरि ने इस प्रकार बताया है –

* जाड्यं धियो हरति – सत्संगति बुद्धि की जडता को हरती है।
* सिञ्चति वाचि सत्यम् – वाणी में सत्य का सिञ्चन करती है।
* मानोन्नतिं दिशति – मान की उन्नति करती है।
* पापमपाकरोति – पाप को दूर करती है।
* चेत: प्रसादयति – चित्त को प्रसन्न करती है।
* दिक्षु तनोति कीर्तिम् – दिशाओं में कीर्ति का विस्तार करती है।
* सत्संगति: कथय किं न करोति पुंसाम्।

भला सज्जनों की संगति मनुष्य का क्या लाभ नहीं करती। अर्थात् सत्संगति से उपर्युक्त सभी गुण विकसित होते हैं।

अत: विकल्प (D) सही है।

28. धन की और कौन सी गति नहीं होती –

(A) दान (B) भोग

(C) नाश (D) सन्तोष प्राप्ति

व्याख्या- आचार्य भर्तृहरि ने धन की तीन गतियाँ बतायी हैं-

दानं भोगो नाशस्तिस्रो गतयो भवन्ति वित्तस्य।

यो न ददाति न भुङ्क्ते तस्य तृतीया गतिर्भवति।।

(नीतिशतकम्-34)

धन की तीन गतियाँ

दान | भोग | नाश

उपर्युक्त विकल्पों में **सन्तोष प्राप्ति** धन की त्रिविध गतियों में परिगणित नहीं है अत: विकल्प (D) सही है।

29. भारतीय जनश्रुति महाराज भर्तृहरि को –

(A) विक्रमसंवत् के संस्थापक महाराज विक्रमादित्य का बड़ा भाई मानती है।

(B) कालिदास के समकक्ष मानती है।

(C) गुजरात और महाराष्ट्र के समीप स्थित राज्य का राजा मानती है।

(D) विदिशा के राजा का कनिष्ठ भाई मानती है।

व्याख्या – प्राचीन अन्य संस्कृत कवियों की भाँति भर्तृहरि ने भी अपने समय का निर्देश नहीं किया है। शतकत्रय के रचयिता महाकवि भर्तृहरि का जीवन और उनका समय अभी तक निश्चित नहीं है। दन्त कथाओं के आधार पर उन्हें उज्जैन के प्रसिद्ध सम्राट् तथा विक्रमसंवत् के प्रवर्तक महाराज विक्रमादित्य का ज्येष्ठ भाई माना जाता है।

अत: विकल्प (A) सही है।

30. महाराज भर्तृहरि की प्रमुख रचनाएँ हैं –

(A) नीतिशतकम् (B) शृङ्गारशतकम्

(C) वैराग्यशतकम् (D) उपर्युक्त तीनों ही।

व्याख्या -

भर्तृहरि की प्रमुख रचनाएँ

नीतिशतकम्	शृङ्गारशतकम्	वैराग्यशतकम्
(111 श्लोक)	(100 श्लोक)	(100 श्लोक)

उपर्युक्त तीनों रचनाएँ भर्तृहरि की हैं इन्हें **'शतकत्रय'** भी कहा जाता है। अत: विकल्प (D) सही है।

31. नीतिशतकम् अपनी गेयता के कारण –

(A) गीतिकाव्य है (B) रीतिकाव्य है

(C) वक्रोक्तियुक्त है (D) इनमें से कोई नहीं है

व्याख्या – भर्तृहरि छन्दों के प्रयोग में भी अन्य संस्कृत कवियों की भाँति सिद्धहस्त थे। उनके छन्दों में अतिशय लालित्य है। एक समर्थ कवि की तरह भाषा की सहज व्यवस्था भी उनके छन्दों में दृष्टिगोचर होती है। भर्तृहरि ने अपने मुक्तकों में बड़ी ही कुशलता से छन्दों का प्रयोग किया है जो गेयात्मकता से परिपूर्ण है। इसलिए इसे गीतिकाव्य की संज्ञा दी गई है।

अत: विकल्प (A) सही है।

27. (D) 28. (D) 29. (A) 30. (D) 31. (A)

32. 'अभिज्ञान' शब्द का अर्थ है –

(A) ज्ञान होना (B) स्मरण होना

(C) पहचान (D) अभियान होना

व्याख्या - अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में जब दुर्वासा ऋषि शकुन्तला को शाप देकर निर्बाध गति से जा रहे थे तभी प्रियंवदा दुर्वासा को मनाने के लिए जाती है तब दुर्वासा ऋषि कहते हैं कि –

''न मे वचनमन्यथाभवितुमर्हति, किं त्वभिज्ञानाभरणदर्शनेन शापो निवर्तिष्यत इति।''

मेरा वचन असत्य नहीं हो सकता किन्तु पहचान के आभूषण के दिखाने से मेरा शाप समाप्त हो जाएगा। यहाँ **'अभिज्ञान'** शब्द का अर्थ **पहचान** है। इसलिए विकल्प (C) सही है।

स्रोत- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - कपिलदेव द्विवेदी, पेज -188

33. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के रचयिता हैं -

(A) भवभूति (B) कालिदास

(C) श्रीहर्ष (D) भास

(A) भवभूति - भवभूति विरचित तीन नाटक उपलब्ध होते हैं-

(1) मालतीमाधव (2) महावीरचरित (3)उत्तररामचरित

* मालतीमाधव दश अङ्कों का प्रकरण है। इसमें मालती और माधव तथा मकरन्द और मदयन्तिका के प्रणय और परिणय का वर्णन है।
* महावीरचरित में अङ्कों की संख्या सात है इसमें राम विवाह से लेकर राम-राज्याभिषेक तक रामायण की कथा वर्णित है।
* उत्तररामचरित में अङ्कों की संख्या सात है, इसमें रामायण के उत्तरकाण्ड की कथा का वर्णन है।

(B) कालिदास - कालिदास विरचित नाटकों की संख्या तीन तथा कुल रचनाएँ सात हैं-

नाटक- 1. मालविकाग्निमित्रम् 2. विक्रमोर्वशीयम् 3. अभिज्ञानशाकुन्तलम्

महाकाव्य- 1. रघुवंशम् 2. कुमारसम्भवम्

गीतिकाव्य एवं खण्डकाव्य- 1. ऋतुसंहारम् 2. मेघदूतम्

अतः विकल्प (B) सही है।

(C) श्रीहर्ष - नैषधीयचरित के सर्गान्त श्लोकों में श्रीहर्ष की निम्न रचनाओं का उल्लेख है-

नैषधीयचरितम् — **स्थैर्यविचारप्रकरण**
श्रीविजयप्रशस्ति — **खण्डनखण्डखाद्य**
गौडोर्वीशकुलप्रशस्ति — **नवसाहसाङ्कचरितचम्पू**
अर्णववर्णन — **छिन्दप्रशस्ति**
शिवशक्तिसिद्धि

(D) भास - भास के नाम से सम्प्रति तेरह नाटक प्राप्त होते हैं सन् 1909 ई0 में 'श्री टी0 गणपति शास्त्री' ने ट्रावनकोर राज्य से इन्हें प्राप्त किया था-

1. प्रतिज्ञायौगन्धरायण
2. स्वप्नवासवदत्तम्
— उदयन कथामूलक

3. ऊरुभंग
4. दूतवाक्यम्
5. पञ्चरात्रम्
6. बालचरित
7. दूतघटोत्कच
8. कर्णभार
9. मध्यमव्यायोग
— महाभारतमूलक

10. प्रतिमानाटक
11. अभिषेकनाटक
— रामायणमूलक

12. अविमारक
13. चारुदत्त
— कल्पनामूलक

34. अभिज्ञानशाकुन्तलम् साहित्य की किस विधा के अन्तर्गत है-

(A) महाकाव्य है (B) नाटक है

(C) नाटिका है (D) चन्द्रकाव्य है

ग्रन्थविधा	ग्रन्थकार	ग्रन्थ	विभाजन
महाकाव्य	कालिदास	रघुवंशम्	19 सर्ग
		कुमारसम्भवम्	17 सर्ग
	भारवि	किरातार्जुनीयम्	18 सर्ग
नाटक	कालिदास	अभिज्ञानशाकुन्तलम्	7 अङ्क
		विक्रमोर्वशीयम्	5 अङ्क

32. (C) 33. (B) 34. (B)

		मालविकाग्निमित्रम्	5 अङ्क
	भवभूति	उत्तररामचरितम्	7 अङ्क
		महावीरचरितम्	7 अङ्क
नाटिका	हर्ष	रत्नावली	4 अङ्क

अत: विकल्प (B) सही है।

35. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सहित कालिदास ने कितने नाटक लिखे हैं?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

(A) कालिदास ने दो महाकाव्य लिखे हैं- **रघुवंशम्, कुमारसम्भवम्।**

(B) कालिदास के तीन नाटक हैं- **अभिज्ञानशाकुन्तलम्, विक्रमोर्वशीयम्, मालविकाग्निमित्रम्।**

(C) कालिदास कृत अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक का चतुर्थ अङ्क सर्वश्रेष्ठ है, तथा चतुर्थ अङ्क के चार श्लोक अत्यन्त प्रसिद्ध हैं।

काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शकुन्तला।
तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कः तत्र श्लोकचतुष्टयम् ।।

(D) कालिदास कृत विक्रमोर्वशीयम् तथा मालविकाग्निमित्रम् में अङ्कों की संख्या पाँच है।

अत: विकल्प (B) सही है।

36. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का कथानक-

(A) ऐतिहासिक है

(B) उत्पाद्य है

(C) ऐतिहासिक होने पर भी कुछ परिवर्तित है

(D) इनमें से कुछ भी नहीं है।

व्याख्या – दुष्यन्त और शकुन्तला की कथा महाभारत के आदिपर्व अध्याय (67 से 74) में प्राप्त होती है। कालिदास ने इसमें पर्याप्त परिवर्तन करके इसे नाटकोपयोगी कथा का रूप दिया। यथा दुर्वासा के शाप, अनसूया, प्रियंवदा गौतमी, दुर्वासा, शार्ङ्गरव, शारद्वत आदि पात्रों की नूतन कल्पना, सानुमती की कल्पना, भ्रमर की कल्पना आदि। पद्मपुराण के स्वर्गखण्ड में भी यह कथा प्राप्त होती है। परन्तु पद्मपुराण की कथा महाभारत और शाकुन्तल की कथा पर निर्भर है, उसे शाकुन्तल की कथा का मूल नहीं माना जा सकता है। पद्मपुराण में वर्णित कथा का अधिकांश भाग शाकुन्तल के वर्णन का अनुवाद मात्र प्रतीत होता है। अभिज्ञानशाकुन्तल का कथानक ऐतिहासिक होने पर भी कुछ परिवर्तित है ।अत: विकल्प (C) सही है।

37. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में कितने अङ्क हैं?

(A) पाँच (B) छः

(C) सात (D) आठ

A. * **मालविकाग्निमित्रम् –** कालिदास – पाँच अङ्क– नायक धीरोदात्त कोटि का माना जाता है
* **विक्रमोर्वशीयम् –** कालिदास – पाँच अङ्क – चतुर्थ अंक में राजा का विलाप अपभ्रंश छन्दों में किया गया है।
* **बालचरितम् –** भास – पाँच अङ्क – श्रीकृष्ण के जन्म से कंस वध तक की घटना का वर्णन।

B. * **स्वप्नवासवदत्तम् –** भास – छः अङ्क – उदयन, वासवदत्ता तथा रत्नावली की प्रणय कथा।
* **अभिषेकनाटकम् –** भास – छः अङ्क – रामायण कथा का संक्षेप में वर्णन।
* **अविमारकम्** – भास – छः अङ्क – अविमारक तथा कुरंगी की प्रणय कथा।
* **वेणीसंहारम् –** भट्टनारायण – छः अङ्क – नाटक का प्रारम्भ और अन्त दोनों वीर रस से युक्त है।

C. * **अभिज्ञानशाकुन्तलम् –** कालिदास – सात अङ्क – दुर्वासा ऋषि का शाप कवि की मौलिक कल्पना।
* **मुद्राराक्षसम् –** विशाखदत्त – सात अङ्क –नायिका का अभाव
* **उत्तररामचरितम् –** भवभूति – सात अङ्क – विदूषक विहीन

D. * **वाल्मीकिरामायण –** महर्षि वाल्मीकि – सात काण्ड – आदिकाव्य / आर्षकाव्य–रामकथा का वर्णन

अत: विकल्प (C) सही है।

38. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का कौन सा अङ्क सर्वश्रेष्ठ माना गया है-

(A) पहला (B) दूसरा

(C) तीसरा (D) चौथा

व्याख्या – अभिज्ञानशाकुन्तलम् के अङ्कों के नाम– पहला अङ्क – आश्रम प्रवेश, दूसरा अङ्क – आश्रम निवेश तीसरा अङ्क – विवाह, चौथा अङ्क – विदाई ,पाँचवा अङ्क –

35. (B) 36. (C) 37. (C) 38. (D)

प्रत्याख्यान, छठा अङ्क – पश्चाताप, सातवाँ अङ्क – मिलन

शाकुन्तल के विषय में विद्वज्जनों में एक प्रसिद्ध सूक्ति है–

काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शकुन्तला।
तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कस्तत्र श्लोकचतुष्टयम्।।

शाकुन्तल के चतुर्थ अङ्क के चार श्लोक अपने भाव कल्पना, कवित्व और अर्थोदात्तता के कारण अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। एक श्लोक में पुत्री की विदाई का मार्मिक वर्णन है, दूसरे में पुत्री का पतिग्रह के लिए आदर्श शिक्षा दी गई है, तीसरे में सुकुमार भावनाओं का चित्रण तथा चौथे में ऋषि कण्व का राजा दुष्यन्त के लिए आदर्श सन्देश है। इसलिए **चतुर्थ अङ्क को सर्वश्रेष्ठ अङ्क** माना गया है।

अत: विकल्प (D) सही है।

39. दुर्वासा ऋषि के आश्रम में पदार्पण के समय शकुन्तला किसके ध्यान में मग्न थी?
(A) कण्व ऋषि के
(B) दुष्यन्त के
(C) सद्यः प्रसूता हरिणी के
(D) नवपल्लवयुक्त लता के

व्याख्या – दुर्वासा ऋषि के कण्व आश्रम में पदार्पण के समय शकुन्तला दुष्यन्त के चिन्तन में मग्न थी। यह देखकर ऋषि दुर्वासा शकुन्तला को सम्बोधित करते हुए कहते हैं–

आः, अतिथिपरिभाविनि,
विचिन्तयन्ती . . . प्रथमं कृतामिव।। (अभि.शा.4/1)

अये अतिथि का तिरस्कार करने वाली! मुझ तपस्वी का तुमने अनादर किया है, जिसका (दुष्यन्त का) स्मरण तू कर रही है वह याद दिलाए जाने पर भी तुम्हें स्मरण नहीं करेगा जैसे उन्मत व्यक्ति पहले कही गयी बात को भूल जाता है। वैसे ही वह (दुष्यन्त) तुम्हें भूल जायेगा।

अत: विकल्प (B) सही है।

40. दुर्वासा ऋषि ने शकुन्तला को क्या शाप दिया?
(A) कि तू याद करी विद्या भूल जाएगी
(B) कि तू अस्वस्थ हो जाएगी
(C) कि तेरा पुत्र तुझे भूल जाएगा
(D) कि तू जिसके ध्यान में बैठी है वो भूल जाएगा

व्याख्या – अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के चतुर्थ अङ्क में दुष्यन्त को याद कर रही शकुन्तला को ऋषि दुर्वासा ने नेपथ्य से वंशस्थ छन्द में निम्न शाप दिया–

विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा, तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम्
स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन् कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव।।

(अभि० 4\1)

अनन्यहृदय से जिसका चिन्तन करती हुई तू उपस्थित हुए मुझ तपस्वी को नहीं देख रही है, वह तेरे स्मरण दिलाने पर भी तुझको स्मरण नहीं करेगा, जैसे उन्मन्त व्यक्ति पहले कही बात को स्मरण नहीं करता है।

अत : विकल्प (D) सही है।

41. दुर्वासा ऋषि ने शाप मोचन किस तरह बताया?
(A) छः महीने बाद दुष्यन्त को स्वतः शकुन्तला का स्मरण हो जाएगा
(B) बसन्त ऋतु में आम्रमञ्जरी देखकर दुष्यन्त को शकुन्तला की याद आ जाएगी।
(C) किसी अभिज्ञान (पहचान) को देखने से दुष्यन्त को शकुन्तला का स्मरण हो जाएगा।
(D) पुनर्जन्म में दुष्यन्त को शकुन्तला का स्मरण हो जाएगा।

व्याख्या – दुर्वासा ऋषि ने शकुन्तला को अतिथि तिरस्कार करने के लिए शाप देकर तीव्र गति से चले जा रहे थे तभी अनसूया ने प्रियंवदा को मनाने के लिए भेजा, क्षमा याचना करने पर दुर्वासा ऋषि ने कहा–

''ततो मे वचनमन्यथाभवितुं नार्हति। किं त्वभिज्ञानाभरण-दर्शनेन शापो निवर्तिष्यत इति मन्त्रयमाण एवान्तर्हितः।''

(अभि०चतुर्थ अङ्क)

मेरा वचन अन्यथा अर्थात् असत्य नहीं हो सकता है परन्तु पहचान का आभूषण दिखाने से शाप की समाप्ति हो जाएगी ऐसा कहते हुए वह अन्तर्धान हो गए। यह बात प्रियंवदा अनसूया से बताती है।

अत: विकल्प (C) सही है।

39. (B) 40. (D) 41. (C)

42. कण्व ऋषि को इस नाम से भी पुकारते थे-

(A) गौतम ऋषि (B) कश्यप ऋषि
(C) काश्यप ऋषि (D) विश्वामित्र ऋषि

व्याख्या - 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के चतुर्थ अङ्क में महर्षि कण्व (काश्यप) का प्रवेश होता है- (ततः प्रविशति स्नानोत्तीर्णः काश्यपः) जब अनसूया और प्रियवंदा, शकुन्तला को आभूषण पहनाने का अभिनय करती हैं, उसके बाद स्नान करके आये हुए काश्यप का प्रवेश होता है। यहाँ 'काश्यप' पद कण्व के लिए प्रयुक्त है।

* एक गौतम ऋषि–अहल्या के पति और शतानन्द के पिता भी है, लेकिन उनका वर्णन शाकुन्तलम् में नहीं है।
* गौतम महर्षि का कण्व शिष्य है।
* मारीच (कश्यप) देवों और राक्षसों के पिता हैं।
* विश्वामित्र–शकुन्तला के जन्मदाता पिता हैं।

अतः विकल्प (C) सही है।

43. चतुर्थ अङ्क की विषय वस्तु मानवीय जीवन की किस घटना पर आधारित है?

(A) बच्चे के जन्म के अवसर की
(B) बच्चे के गुरुकुल जाने के अवसर की
(C) बेटी की शादी होने पर विदाई के अवसर की
(D) मृत्यूपरान्त श्मशान जाने के अवसर की।

व्याख्या - कालिदास विरचित 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के चतुर्थ अङ्क को विशेष रूप से सभी सहृदय एवं विद्वानों ने मुक्त कण्ठ से सराहा है–

काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शकुन्तला।
तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कस्तत्र श्लोकचतुष्टयम्।।

शाकुन्तल के चतुर्थ अङ्क के श्लोकों में पुत्री की विदाई का मार्मिक वर्णन है एवं पुत्री को पतिगृह के लिए आदर्शशिक्षा दी गई है–

➔ **यास्यत्यद्य शकुन्तलेति ......(4.6)**
➔ **शुश्रूषस्व गुरून् . . . . वामाः कुलस्याधयः।''(4.18)**
➔ **अस्मान् साधु . . . . वाच्यं वधूबन्धुभिः।। (4/17)**

इत्यादि श्लोको में भावसौन्दर्य की दृष्टि से बेटी की शादी होने पर विदाई के अवसर पर मानवीय जीवन की मार्मिक घटना का वर्णन है।

अतः विकल्प (C) सही है।

44. 'अर्थो हि कन्या परकीय एव' में कन्या की उपमा किस उपमान के साथ दी गयी है?

(A) कमलिनी के साथ (B) चाँदनी के साथ
(C) धरोहर के साथ (D) ब्याज के साथ

व्याख्या - 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के चतुर्थ अङ्क के 22 वें श्लोक में कण्व ने कन्या की उपमा न्यास (धरोहर) से की है।

अर्थो हि कन्या परकीय एव
तामद्य सम्प्रेष्य परिग्रहीतुः।
जातो ममायं विशदः प्रकामं
प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा।।

(अभि.शा.4/22)

वस्तुतः कन्या पराई सम्पत्ति है। आज उसको पति के पास भेजकर मेरी अन्तरात्मा उसी प्रकार अत्यन्त प्रसन्न हो रही है, जैसे धरोहर को लौटाने पर धरोहर रखने वाले का मन प्रसन्न होता है।

अतः विकल्प (C) सही है।

45. अभिज्ञानशाकुन्तलम् की रचना करते समय कवि कालिदास की किस मौलिकता के कारण दुष्यन्त का चरित्र उदात्त बन पाया?

(A) शकुन्तला जैसी प्रकृति पुत्री को प्रेम करने के कारण
(B) भारतवर्ष के वीर सम्राट् की छवि प्रस्तुत करने के कारण
(C) दुर्वासा ऋषि के शाप की कल्पना के कारण
(D) पहचान के रूप में अँगूठी देने के कारण

व्याख्या - मूलकथा में राजा सारी घटनाएँ याद होने पर भी लोकापवाद के डर से शकुन्तला को स्वीकार नहीं करता है। आकाशवाणी के द्वारा समर्थन होने पर उसे स्वीकार करता है। इससे राजा का चरित्र अत्यन्त निम्न कोटि का ज्ञात होता है, किन्तु अभिज्ञान शाकुन्तल में दुर्वासा के शाप

42. (C) 43. (C) 44. (C) 45. (C)

के कारण राजा दुष्यन्त शकुन्तला को नहीं पहचानता, इससे दुष्यन्त का चरित्र उदात्त बना रहता है। यह कालिदास की मौलिक कल्पना है।

''**विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा**'' इस श्लोक के माध्यम से दुर्वासा शकुन्तला को चतुर्थ अङ्क में शाप देते हैं।

अत: विकल्प (C) सही है।

46. साहित्य की सभी विधाओं में से सर्वाधिक रम्यतापूर्ण विधा है-

(A) महाकाव्य (B) खण्डकाव्य
(C) कथा (D) नाटक

(A) महाकाव्य - सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः।

(सा.द.6/315)

जिसमें सर्गों का निबन्धन हो, वह महाकाव्य कहलाता है।

(B) खण्डकाव्य - खण्डकाव्यं भवेत्काव्यस्यैकदेशानुसारि च।

(सा.द.6/329)

काव्य के एक अंश का अनुसरण करने वाला खण्डकाव्य होता है।

(C) कथा - कथायां सरसं वस्तु गद्यैरेव विनिर्मितम्।

(सा.द.6/332)

कथा में सरस वस्तु गद्य द्वारा ही बनायी जाती है।

(D) नाटक - नाटकं ख्यातवृत्तं स्यात्पञ्चसन्धिसमन्वितम्।।

(सा.द.6/7-11)

नाटक का वृत्त (कथा) ख्यात अर्थात् रामायणादि इतिहास में प्रसिद्ध होना चाहिए।

इन सभी विधाओं में नाटक सर्वाधिक रम्यतापूर्ण विधा है। विद्वज्जनों में प्रसिद्ध सूक्ति है- '**काव्येषु नाटकं रम्यं . . .।**'

अत: विकल्प (D) सही है।

47. उत्तररामचरितम् के रचयिता हैं-

(A) भास (B) कालिदास
(C) विशाखदत्त (D) भवभूति

महाकवि भास की रचनायें

ग्रन्थ	विभाजन
प्रतिज्ञायौगन्धरायण	चार अंक
स्वप्नवासवदत्तम्	छह अंक
ऊरुभङ्ग	एकांकी
दूतवाक्य	एकांकी
पञ्चरात्र	तीन अंक
बालचरित	पाँच अंक
दूत-घटोत्कच	एकांकी
कर्णभार	एकांकी
मध्यमव्यायोग	एकांकी
प्रतिमानाटक	सात अंक
अभिषेक नाटक	छह अंक
अविमारक	छह अंक
चारुदत्त	चार अंक

कालिदास की रचनायें

अभिज्ञानशाकुन्तलम्	सात अंक
विक्रमोर्वशीयम्	पाँच अंक (त्रोटक)
मालविकाग्निमित्रम्	पाँच अंक
रघुवंशम्	उन्नीस सर्ग
कुमारसम्भवम्	सत्रह सर्ग
मेघदूतम्	दो भाग (पूर्व, उत्तर)
ऋतुसंहारम्	छः सर्ग

विशाखदत्त की रचना

मुद्राराक्षसम्	सात अंक

भवभूति की रचनायें

मालतीमाधवम्	दस अंक (प्रकरण)
महावीरचरितम्	सात अंक
उत्तररामचरितम्	सात अंक

अत: विकल्प (D) सही है।

48. निम्नलिखित में से कौन रचना भवभूति की नहीं है-

(A) प्रतिमानाटकम् (B) उत्तररामचरितम्
(C) मालतीमाधवम् (D) महावीरचरितम्

* प्रतिमानाटकम् – भास – सात अङ्क – रामायण कथा का संक्षिप्त वर्णन
* उत्तररामचरितम् – भवभूति – सात अङ्क – रामायण उत्तरकाण्ड की कथा
* मालतीमाधवम् – भवभूति – दस अङ्क – मालती –माधव तथा

46. (D) 47. (D) 48. (A)

मकरन्द और मदयन्तिका का प्रणय और परिणय का वर्णन

*महावीरचरितम् – भवभूति – सात अङ्क – राम विवाह से राम राज्याभिषेक तक रामायण कथा का वर्णन

* प्रतिमानाटकम् महाकवि भास द्वारा रचित है शेष तीनों रचना महाकवि भवभूति द्वारा रचित हैं।

अत: विकल्प (A) सही है।

49. 'उत्तररामचरितम्' नाटक रामायण के-
(A) पूर्वार्द्ध पर आधारित है
(B) उत्तरार्द्ध पर आधारित है
(C) सम्पूर्ण रामायण पर आधारित है
(D) रामायण के एक अंश पर आधारित है।

व्याख्या – * उत्तररामचरितम् भवभूति का अन्तिम और सर्वोत्कृष्ट नाटक है। अंकों की संख्या सात, तथा प्रधानरस करुण है। इसकी कथा **वाल्मीकि रामायण के उत्तरकाण्ड की कथा पर आश्रित है** होने के कारणरा यह नाटक रामायण के उत्तरार्द्ध पर आधारित माना जायेगा।

* उत्तररामचरितम् नाटक के सातवें अंक में 'गर्भनाटक' की योजना भवभूति की मौलिक कल्पना है।

अत: विकल्प (B) सही है

स्रोत- *संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास – कपिलदेव द्विवेदी, पेज 403-404*

50. उत्तररामचरितम् का प्रधानरस है-
(A) शृंगार रस (B) वीर रस
(C) शान्त रस (D) करुण रस

रस	ग्रन्थनाम	विभाजनसंख्या	ग्रन्थप्रकार
A. शृङ्गार	नैषधीयचरितम्	22 सर्ग	महाकाव्य
	मृच्छकटिकम्	10 अंक	प्रकरण
B. वीर	महावीरचरितम्	7 अङ्क	नाटक
	शिशुपालवधम्	20 सर्ग	महाकाव्य
C. शान्त	महाभारत	18 पर्व	ऐतिहासिक महाकाव्य
D. करुण	उत्तररामचरितम्	7 अंक	नाटक
	वाल्मीकिरामायण	7 काण्ड	आदिकाव्य

अत: विकल्प (D) सही है।

51. उत्तररामचरितम् में अङ्कों की गिनती है-
(A) पाँच (B) छ:
(C) सात (D) आठ

ग्रन्थनाम	कवि	विभाजन
नागानन्दम्	हर्षदेव	पाँच अङ्क
स्वप्नवासवदत्तम्	भास	छ: अङ्क
वेणीसंहारम्	भट्टनारायण	छ: अङ्क
मुद्राराक्षसम्	विशाखदत्त	सात अङ्क

अत: विकल्प (C) सही है।

52. उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में कवि की मौलिक कल्पना है-
(A) छाया सीता व राम का दण्डकारण्य में पुनरागमन
(B) लक्ष्मण व सीता का मिलन
(C) वाल्मीकि आश्रम को छोड़कर सीता का दण्डकारण्य में प्रवेश
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या – * 'उत्तररामचरितम्' के तृतीय अङ्क में 'छायादृश्य' भवभूति की मौलिक कल्पना है। इसमें सीता अदृश्य रहते हुए राम की दयनीय स्थिति देखती हैं और मूर्छित राम को हस्तस्पर्श से होश में लाती हैं।

* वासन्ती, तमसा और मुरला ये पात्र एवं राम का दण्डकारण्य में पुनरागमन भवभूति की अपनी मौलिक कल्पनायें है।

अत: विकल्प (A) सही है।

53. छाया सीता के साथ दण्डकारण्य में आए राम का दर्शन करने वाला दूसरा पात्र है-
(A) भागीरथी (B) तमसा
(C) मुरला (D) इनमें से कोई नहीं

(A) भागीरथी – 'उत्तररामचरितम्' में भागीरथी गंगा अधिष्ठात्री देवी के रूप में हैं।

(B) तमसा – छायाङ्क नामक तृतीय अङ्क में सीता और तमसा अदृश्य रहते हुए राम और वासन्ती का वार्तालाप सुनती है। भागीरथी तमसा से कहती हैं-

'तमसे, त्वयि प्रकृष्टप्रेमैव वधूर्जानकी।
अत: त्वमेवास्या: प्रत्यनन्तरीभव'।

49. (B) 50. (D) 51. (C) 52. (A) 53. (B)

इस कथन से सिद्ध है कि छाया सीता के साथ तमसा राम का दर्शन करती हैं।

(C) मुरला - एक नदी की अधिष्ठात्री देवी के रूप में हैं।

अतः विकल्प (B) सही है।

54. दण्डकारण्य में राम कितने वर्ष बाद दुबारा आये थे?

(A) आठ वर्ष बाद (B) दस वर्ष बाद

(C) बारह वर्ष बाद (D) चौदह वर्ष बाद

'उत्तररामचरितम्' के द्वितीय अङ्क में सीता गङ्गा के प्रवाह में दो बच्चों को जन्म देती हैं। गंगा और पृथ्वी उसे बाहर लाती हैं। दूध छोड़ने के बाद बालक वाल्मीकि के पास रहते हैं। रामायण में अन्य प्रसंग में वर्णित क्रौञ्च वध और शम्बूक वध उत्तररामचरितम् के इसी अङ्क में वर्णित हैं। सीता परित्याग के 12 वर्ष बाद शम्बूक के प्रसंग से राम दण्डकारण्य आते हैं और पूर्वानुभूत स्थानों का दर्शन करते हैं।

अतः विकल्प (C) सही है।

55. दुबारा दण्डकारण्य में आये हुए राम के साथ किस पात्र को भवभूति ने तृतीय अङ्क में वर्णित किया है?

(A) तमसा को (B) वासन्ती को

(C) मुरला को (D) भागीरथी को

व्याख्या - उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में भवभूति के द्वारा तमसा, वासन्ती, मुरला और भागीरथी आदि पात्रों का वर्णन किया गया है -

तमसा - भागीरथी के आदेश से तमसा सीता के साथ रहती हैं।

अहमप्याज्ञापिता 'तमसे, त्वयि प्रकृष्टप्रेमैव वधूर्जानकी, अतस्त्वमेवास्याः प्रत्यनन्तरीभव' इति।

वासन्ती - वासन्ती वनदेवी हैं, और सीता की प्रियसखी भी हैं। जो पञ्चवटी में आये हुए राम का स्वागत करती हैं-

ददतु तरवः पुष्पैरर्घ्यं फलैश्च मधुश्च्युतः

स्फुटितकमलामोदप्रायाः प्रवान्तु वनानिलाः। (3/24)

वासन्ती हो राम के साथ रहती है।

मुरला - मुरला को लोपामुद्रा के द्वारा गोदावरी नदी के पास सन्देश देने के लिए भेजा जाता है कि–राम पञ्चवटी जायेंगे तो सीता के साथ बिताये गये पल को याद करेगें जिससे उन्हे मूर्च्छा की आशंका रहेगी अतः हे भगवती गोदावरी, पूजनीय आपको सावधान रहना चाहिए।

मुरला - सखि तमसे, प्रेषितास्मि भगवतो अगस्त्यस्य पत्न्या लोपामुद्रया सरिद्वरां गोदावरीमभिधातुम्......

भागीरथी - उक्तमत्र भगवत्या 'वत्से देवयजनसम्भवे सीते, अद्य खल्वायुष्मतोः कुशलवयोर्द्वादशस्य जन्मवत्सरस्य संख्यामङ्गलग्रन्थिरभिवर्तते।

भगवती भागीरथी ने कहा - 'हे यज्ञभूमि से उत्पन्न पुत्री सीता, आज चिरंजीवी कुश और लव की बारहवीं मंगलमयी वर्षगाँठ है।

नोट- तमसा सीता के साथ रहती हैं

वासन्ती वनदेवी है और सीता की प्रियसखी है, वह राम के साथ रहती है। अतः विकल्प (B) सही है।

56. तृतीय अङ्क में सीता वियोगजन्य शोक के कारण मूर्च्छित राम को पुनः चेतना कैसे प्राप्त होती है?

(A) भागीरथी के जल स्पर्श के द्वारा

(B) वासन्ती के सान्त्वना भरे वचनों द्वारा

(C) लव-कुश का दर्शन प्राप्त करने के द्वारा

(D) छाया-सीता के हाथ के स्पर्श द्वारा

व्याख्या - उत्तररामचरितम् नाटक के तृतीय अङ्क में राम के मूर्च्छित होने पर तमसा सीता से कहती हैं–

त्वमेव ननु कल्याणि! सञ्जीवय जगत्पतिम्।
प्रियस्पर्शो हि पाणिस्ते तत्रैष निरतो जनः।। 3/10

हे मंगलमयी सीते! तुम ही अवश्य जगत् के स्वामी राम को होश में लाओ, क्योंकि तुम्हारे हाथ का स्पर्श उन्हें प्रिय है और यह राम उसमें अनुरक्त हैं।

इसके बाद भूमि पर पड़े हुए और अश्रुपूर्ण सीता के हाथ के स्पर्श द्वारा प्रसन्न एवं सचेतन राम का प्रवेश होता है।

अतः विकल्प (D) सही है।

57. '' पूरोत्पीडे तटाकस्य परीवाहः प्रतिक्रिया'' से क्या तात्पर्य है-

(A) तालाब के अधिक भर जाने पर जल को बाहर बहाना ही एकमात्र संरक्षण उपाय होता है।

(B) तालाब को भरने के लिए जल को बाहर से डालना ही उपाय होता है।

(C) तालाब के अधिक भर जाने पर बाहर का पानी रोक देना ही उपाय होता है।

54. (C) 55. (B) 56. (D) 57. (A)

(D) तीनों ही अर्थ सही नहीं है।

व्याख्या - उत्तररामचरितम् के तृतीय अङ्क में तमसा सीता से कह रही हैं–

पूरोत्पीडे तटाकस्य परीवाहः प्रतिक्रिया।
शोकक्षोभे च हृदयं प्रलापैरेव धार्यते।। (3/29)

तालाब में जल प्रवाह की अधिकता होने पर जल को बाहर निकालना ही उसका एकमात्र प्रतीकार है। शोकजन्य क्षोभ में हृदय विलाप के द्वारा ही बचाया जाता है।

अतः विकल्प (A) सही है।

स्रोत - उत्तररामचरितम् - कपिलदेव द्विवेदी, पेज-218

58. संस्कृत के संख्यावाचक शब्दों के अनुसार पन्द्रह को कहते हैं-
(A) पञ्चाशत् (B) पञ्चदश
(C) पंचापंचे (D) इनमें से कोई नहीं

संस्कृत संख्या	
(A) पञ्चाशत् (50)	पचास
(B) पञ्चदश (15)	पन्द्रह
(C) पंचापंचे	रूप नहीं बनता।

अतः विकल्प (B) सही है।

स्रोत- *रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 139*

59. अस्सी की संख्या को संस्कृत में कहते हैं-
(A) अशीतिः (B) अष्टादश
(C) अष्टाविंशतिः (D) अष्टाशीतिः

संस्कृत संख्या	**हिन्दी संख्या**
(A) अशीतिः	अस्सी (80)
(B) अष्टादश	अठारह (18)
(C) अष्टाविंशतिः	अट्ठाइस (28)
(D) अष्टाशीतिः	अठासी (88)

अतः विकल्प (A) सही है।

स्रोत- *रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 139*

60. 'एकोनविंशतिः' को हिन्दी में कहते हैं-
(A) एक सौ बीस (B) इक्कीस
(C) बीस (D) उन्नीस

हिन्दी संख्या	**संस्कृत संख्या**
(A) एक सौ बीस (120)	विंशत्यधिकशतम्
(B) इक्कीस (21)	एकविंशतिः
(C) बीस (20)	विंशतिः
(D) उन्नीस (19)	एकोनविंशतिः,नवदश

अतः विकल्प (D) सही है।

स्रोत- *रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज - 139-140*

61. 'पञ्चाशत्' को हिन्दी में कहते हैं-
(A) पाँच सौ (B) पचपन
(C) पचास (D) पन्द्रह

	हिन्दी संख्या	**संस्कृत संख्या**
(A)	पाँच सौ (500)	पञ्चशती/पञ्चशतम्
(B)	पचपन (55)	पञ्चपञ्चाशत्
(C)	पचास (50)	पञ्चाशत्
(D)	पन्द्रह (15)	पञ्चदश

अतः विकल्प (C) सही है।

स्रोत- *रचनानुवादकौमुदी–कपिलदेव द्विवेदी, पेज–139*

62. निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द में 'इको यणचि' सूत्र से सन्धि हुई है?
(A) प्रत्येकः (B) भवनम्
(C) परोपकारः (D) अत्रैकः

पद	**विच्छेद**	**सन्धि/सूत्र**
(A) प्रत्येकः	प्रति+एकः	यण् सन्धि / इको यणचि
(B) भवनम्	भो+अनम्	अयादि सन्धि / एचोऽयवायावः
(C) परोपकारः	पर+उपकारः	गुणसन्धि / आद्गुणः
(D) अत्रैकः	अत्र+एकः	वृद्धिसन्धि / वृद्धिरेचि

अतः विकल्प (A) सही है।

58. (B) 59. (A) 60. (D) 61. (C) 62. (A)

63. 'आद्गुणः' से निम्नलिखित में से किस शब्द में गुण सन्धि हुई है-

(A) गुर्वाज्ञा (B) नायकः

(C) गङ्गौघः (D) गङ्गोदकम्

पद	विच्छेद	सन्धि/सूत्र
(A) गुर्वाज्ञा	गुरु +आज्ञा	यण्सन्धि / इको यणचि
(B) नायकः	नै+अकः	अयादिसन्धि / एचोऽयवायावः
(C) गङ्गौघः	गङ्गा+ओघः	वृद्धिसन्धि / वृद्धिरेचि
(D) गङ्गोदकम्	गङ्गा+उदकम्	गुणसन्धि / आद्गुणः

अतः विकल्प (D) सही है।

64. संस्कृत व्याकरण के अनुसार 'हल्' का अर्थ है-

(A) स्वर (B) व्यञ्जन

(C) अनुनासिक (D) अननुनासिक

व्याख्या- स्वर- स्वरों का दूसरा नाम 'अच्' भी है, क्योंकि पाणिनि के अनुसार सभी स्वर 'अच्' प्रत्याहार के अन्तर्गत आ जाते हैं। अइउण् से ऐऔच् के बीच सभी 9 स्वर कहे गये हैं।

(B) व्यञ्जन- व्यञ्जन का दूसरा नाम 'हल्' भी है। पाणिनि के चतुर्दश सूत्रों में हयवरट् से हल् तक के सभी 33 वर्ण व्यञ्जन हैं।

(C) अनुनासिक- मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः(1-1-8) मुख और नासिका से एक साथ उच्चरित होने वाले वर्ण अनुनासिक संज्ञक होते हैं। जैसे – ङ् ञ् ण् न् म्।

(D) अननुनासिक – जो अनुनासिक न हों वे अननुनासिक कहलाते हैं। यथा– क,ख,ग,घ आदि

अतः विकल्प (B) सही है।

65. हल् सन्धि होती है जब –

(A) स्वर के बाद व्यञ्जन आये

(B) स्वर के बाद स्वर आये

(C) व्यञ्जन के बाद व्यञ्जन आये

(D) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या – * जब व्यञ्जन के बाद व्यञ्जन आये तो हल् (व्यञ्जन) सन्धि होती है। जैसे– स्तोः श्चुना श्चुः (8.4.40) जब सकार तवर्ग, शकार या चवर्ग के योग में आता है तो सकार और तवर्ग के स्थान में क्रम से शकार और चवर्ग हो जाता है जैसे – सत्+ चित्=सच्चित् (सत्य और ज्ञान)।

* जब स्वर के बाद स्वर आये तो स्वर (अच्) सन्धि होती है। जैसे – रमा+ईशः=रमेशः ।

अतः विकल्प (C) सही है।

66. 'उज्ज्वलः' शब्द में कौन-कौन वर्ण समीप आने पर सन्धि हुई है-

(A) ज्+ज (B) द्+ज्

(C) छ+ज (D) च्+ज

व्याख्या – स्तोः श्चुना श्चुः (8.4.40) यदि तवर्ग से पहले या बाद में श् या चवर्ग आवे तो स् को श् और तवर्ग को चवर्ग हो जाता है। जैसे–

उत्+ज्वलः = 'झलां जशोऽन्ते' सूत्र से त् को द्

उद्+ज्वलः = 'स्तोः श्चुना श्चुः' सूत्र से 'द्' को ज्

= उज्ज्वलः

अतः विकल्प (B) सही है।

67. समास का अर्थ है-

(A) मास सहित (B) संक्षिप्तीकरण

(C) समान आस वाला (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या – समास एक संज्ञा है **''अनेकपदानामेकपदीभवनं समासः''** अनेक पद मिलकर एक पद होना समास है। समास का विग्रह है – **'समसनं समासः'** अर्थात् संक्षिप्त होने को समास कहते हैं। सम् + अस् + घञ् = समासः

अतः विकल्प (B) सही है।

68. अव्ययीभाव समास का प्रथम पद होता है-

(A) प्रत्यय (B) संख्यावाचक

(C) उपसर्ग (D) अव्यय

63. (D)	64. (B)	65. (C)	66. (B)	67. (B)	68. (D)

व्याख्या - अव्ययीभाव समास - अव्ययीभाव समास में पहला शब्द अव्यय रहता है और दूसरा शब्द संज्ञा, दोनों मिलकर अव्यय हो जाते हैं। अव्ययीभाव समास वाले शब्द के रूप नहीं चलते। अव्ययीभाव समास नपुंसकलिङ्ग के एकवचन में रहता है। इस समास में प्राय: पूर्व पदार्थ प्रधान रहता है। जैसे–

यथाकामम् = कामम् अनतिक्रम्य (जितनी इच्छा हो उतना)

उपसर्ग- जो अव्यय पद धातु या धातु से बने हुए विशेषण, संज्ञा आदि शब्दों के पूर्व जोड़े जाते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं। उपसर्गों की संख्या 22 होती है–

प्र, परा, अप, सम्, अनु, अव, निस् , निर् , दुस् , दुर् , वि, आङ् , नि , अधि, अपि, अति, सु, उद्, अभि, प्रति, परि, उप एते प्रादय:।

प्रत्यय - जो शब्द या धातुओं के अन्तिम में जुड़ते हैं, वह प्रत्यय कहलाते हैं । जैसे– क्त्वा, ल्यप् , तुमुन् , अनीयर् आदि

संख्यावाचक - एकम् द्वे त्रीणि चत्वारि पञ्च आदि संख्यावाचक पद हैं। अत: विकल्प (D) सही है।

69. द्विगु समास का प्रथम पद होता है-

(A) संख्यावाचक **(B) विशेषण**

(C) उपमानवाचक **(D) इनमें से कुछ नहीं**

(A) जब समास में प्रथम शब्द संख्यावाची हो और दूसरा कोई संज्ञा तो उस समास को द्विगु समास कहते हैं। **'' संख्यापूर्वो द्विगु:''**

उदाहरण - **पञ्चानां गवां समाहार: - पञ्चगवम्**

चतुर्णां युगानां समाहार: - चतुर्युगम्।

(B) जब प्रथम शब्द विशेषण हो और दूसरा विशेष्य, तो उस समास को विशेषणपूर्वपद कर्मधारय कहते हैं।

उदाहरण - कृष्ण: सर्प: = कृष्णसर्प:

नीलम् उत्पलम् = नीलोत्पलम्

(C) उपमानवाचक सुबन्त का समान विभक्ति, समानवचन वाले सुबन्तों के साथ कर्मधारय समास होता है।

उदाहरण - घन इव श्याम: = घनश्याम:

कर्पूर इव गौर: = कर्पूरगौर:

अत: विकल्प (A) सही है।

70. अन्यपद प्रधान जिस समास में होता है, उसे कहते हैं-

(A) तत्पुरुष समास **(B) कर्मधारय समास**

(C) बहुव्रीहि समास **(D) अव्ययीभाव समास**

व्याख्या - तत्पुरुष समास – प्रायेण उत्तरपदार्थ–प्रधानस्तत्पुरुष:, तत्पुरुष समास में उत्तरपद प्रधान होता है। कर्मधारय तत्पुरुष समास का भेद है।

बहुव्रीहि समास - अनेकमन्यपदार्थे (2-2-24) जब दो या दो से अधिक सभी समस्त शब्द किसी अन्य शब्द के विशेषण बन जाते हैं तब उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं।

अन्यपदार्थप्रधानो बहुव्रीहि:– बहुव्रीहि समास में समास के दोनों पदों में से किसी में प्रधानत्व नहीं रहता, दोनों मिलकर किसी तीसरे का प्रधानत्व सूचित करते हैं।

अव्ययीभाव - प्रायेण पूर्वपदार्थप्रधान: अव्ययीभाव:– अव्ययीभाव समास में प्राय: पूर्व पद प्रधान रहता है।

अत: विकल्प (C) सही है।

71. समानाधिकरण तथा व्यधिकरण किस समास के भेद हैं-

(A) कर्मधारय **(B) अव्ययीभाव**

(C) बहुव्रीहि **(D) तत्पुरुष**

(A) कर्मधारय – तत्पुरुष समास के दो भेद होते हैं– समानाधिकरण तथा व्यधिकरण। समानाधिकरण तत्पुरुष को कर्मधारय तत्पुरुष भी कहते हैं। कर्मधारय का ही भेद द्विगु समास है। यथा– कृष्णसर्प:, पञ्चवटी आदि।

(B) अव्ययीभाव - अव्ययीभाव समास में प्राय: दो पद होते हैं – इनमें से प्रथम पद प्राय: अव्यय रहता है और दूसरा संज्ञा शब्द। दोनों मिलकर अव्यय हो जाते हैं। इनके रूप नहीं चलते हैं। जैसे– उपकृष्णम् , यथाशक्ति।

(C) बहुव्रीहि - इसमें प्रथम शब्द दूसरे शब्द का विशेषण होता है और दोनों मिलकर किसी तीसरे के विशेषण बनते हैं। उन्हें बहुव्रीहि समास कहते हैं। जैसे– चन्द्रमौलि:, वीणापाणि:।

(D) तत्पुरुष समास- उस समास को कहते हैं जिसमें प्रथम शब्द द्वितीय शब्द की विशेषता बताये। इसमें प्रथम पद विशेषण होता है और द्वितीय पद विशेष्य होता है, और चूँकि विशेष्य प्रधान होता है। इसलिए तत्पुरुष को 'प्रायेण उत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुष:' ऐसी व्याख्या की गई है। इसके

69. (A) 70. (C) 71. (D)

मुख्यत: दो भेद हैं – 1. समानाधिकरण तत्पुरुष 2.व्यधिकरण तत्पुरुष

नोट :- समानाधिकरण और व्यधिकरण भेद बहुव्रीहि के भी होते हैं किन्तु प्रधानत्वेन तत्पुरुष ही सही माना जाना चाहिए किन्तु यह प्रश्न विवादित हो सकता है।

अत: विकल्प (D) सही है।

72. 'येनाङ्गविकार:' सूत्र के अनुसार जिस अङ्ग में विकार हो, उसमें किस विभक्ति का प्रयोग होता है?

(A) प्रथमा (B) द्वितीया
(C) तृतीया (D) पञ्चमी

व्याख्या - प्रथमा विभक्ति - प्रथमा विभक्ति करने वाले दो सूत्र हैं-

A. प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा (2.3.46)

प्रातिपदिकार्थमात्र, लिङ्गमात्र, परिमाणमात्र, वचनमात्र में प्रथमा विभक्ति होती है।

प्रातिपदिकार्थ मात्र का उदाहरण – उच्चै:, नीचै:, कृष्ण:, श्री:, ज्ञानम्।

लिङ्गमात्र का उदाहरण – तट:, तटी, तटम्।

परिमाणमात्र का उदाहरण – द्रोणो व्रीहि:।

वचनमात्र का उदाहरण – एक:, द्वौ, बहव:।

* **सम्बोधने च** (2.3.47) सम्बोधन अर्थ में भी प्रातिपदिक से प्रथमा विभक्ति होती है। उदाहरण – हे राम!

B. द्वितीया विभक्ति - कर्मणि द्वितीया (2.3.2) अनुक्ते कर्मणि द्वितीया स्यात्।

अनुक्त कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है। उदा०- हरिं भजति।

C. तृतीया -येनाङ्गविकार: - जिस विकृत अङ्ग से अङ्गी का विकार लक्षित हो, उसके वाचक शब्द से तृतीया होती है।

उदाहरण – पादेन खञ्ज:। यहाँ 'पादेन' में तृतीया विभक्ति है।

D. पञ्चमी- अपादाने पञ्चमी - अपादान में पञ्चमी विभक्ति होती है-

उदाहरण – धावतोऽश्वात् पतति – दौड़ते हुए घोड़े से गिरता है।

अत: विकल्प (C) सही है।

73. 'क्रियान्वयित्वं कारकत्वम्' अर्थात् क्रिया से सम्बन्धित पद कारक की श्रेणी में आता है, इस परिभाषा के अनुसार कौन सी विभक्ति कारक नहीं है-

(A) प्रथमा (B) तृतीया
(C) षष्ठी (D) सप्तमी

व्याख्या - 'क्रियान्वयित्वं कारकत्वम्' अर्थात् क्रिया के साथ जिसका साक्षात् सम्बन्ध होता है उसे कारक कहते हैं। संस्कृत में कारकों की संख्या छ: है-

कर्त्ता कर्म च करणं च सम्प्रदानं तथैव च।

अपादानाऽधिकरणं इत्याहु: कारकाणि षट्।।

अर्थात् कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, अधिकरण ये 6 कारक हैं। किन्तु सम्बन्ध को कारक नहीं माना जाता, क्योंकि क्रिया के साथ इसका साक्षात् सम्बन्ध नहीं होता, सम्बन्ध में षष्ठी विभक्ति का विधान होता है, अत: षष्ठी कारक विभक्ति नहीं है। अत: विकल्प (C) सही है।

* **प्रथमा -** ''प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा''

प्रातिपदिकार्थ से लिङ्ग या परिमाण मात्र के अधिक होने में तथा संख्यामात्र अर्थ में प्रथमा विभक्ति होती है।

* **तृतीया -** ''कर्तृकरणयोस्तृतीया''

अनभिहित (अनुक्त) कर्ता और करण में तृतीया विभक्ति होती है। यथा – रामेण बाणेन हतो बाली। यहाँ 'रामेण'- कर्ता में तृतीया 'बाणेन' – करण में तृतीया।

* **सप्तमी -** ''सप्तम्यधिकरणे च'' अधिकरण कारक में सप्तमी विभक्ति होती है। यथा-

1. कटे आस्ते 2. स्थाल्यां पचति 3. मोक्षे इच्छास्ति ४. सर्वस्मिन् आत्मा अस्ति।

74. 'रुच्यर्थानां प्रीयमाण:' सूत्र के अनुसार रुच् धातु के योग में कौन सी विभक्ति होती है?

(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) चतुर्थी (D) पञ्चमी

(A) **द्वितीया- अधिशीङ्स्थासां कर्म -** शीङ्, स्था, आस् धातुओं के पूर्व यदि अधि उपसर्ग लगा हो, तो क्रिया के आधार की कर्म संज्ञा होती है और कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे- अधिशेते वैकुण्ठं हरि:।

72. (C) 73. (C) 74. (C)

(B) **तृतीया - सहयुक्तेऽप्रधाने -** सह के अर्थवाची शब्दों के योग में अप्रधान में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे- पुत्रेण सह आगतः पिता।

(C) **चतुर्थी - रुच्यर्थानां प्रीयमाणः -** रुचि अर्थ वाली धातुओं के योग में प्रीयमाण व्यक्ति की सम्प्रदान संज्ञा होती है और "चतुर्थी सम्प्रदाने" सूत्र से सम्प्रदान में चतुर्थी विभक्ति होती है। – उदा०– हरये रोचते भक्तिः

(D) **पञ्चमी -'जनिकर्तुः प्रकृतिः' -** जन् धातु के कर्त्ता के कारण की अपादान संज्ञा होती है। जैसे– ब्रह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते।

अतः विकल्प (C) सही है।

75. अकारान्त शब्द से आप क्या समझते हैं?
(A) जिस शब्द का अन्तिम वर्ण ह्रस्व अ हो
(B) जिस शब्द का अन्तिम वर्ण दीर्घ आ हो
(C) जिस शब्द का अन्तिम वर्ण ह्रस्व अ अथवा दीर्घ आ हो
(D) इनमें से कोई सही नहीं है।

व्याख्या – जिस शब्द का अन्तिम वर्ण ह्स्व अ हो उसे अकारान्त शब्द कहते हैं। जैसे – राम। यहाँ राम के मकार में ह्स्व अकार है इसलिए 'राम' शब्द अकारान्त पुंलिङ्ग शब्द है। बालक, नायक, चालक, गायक आदि भी अकारान्त पुंलिङ्ग शब्द हैं। इसी प्रकार रमा, शब्द दीर्घ आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द है।

अतः विकल्प (A) सही है।

76. 'बालक' शब्द के सप्तमी विभक्ति एकवचन में रूप बनता है –
(A) रामस्य (B) रामात्
(C) रामाय (D) रामे

व्याख्या –

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	बालकः	बालकौ	बालकाः
द्वितीया	बालकम्	बालकौ	बालकान्
तृतीया	बालकेन	बालकाभ्याम्	बालकैः
चतुर्थी	बालकाय	बालकाभ्याम्	बालकेभ्यः
पञ्चमी	बालकात्	बालकाभ्याम्	बालकेभ्यः
षष्ठी	बालकस्य	बालकयोः	बालकानाम्
सप्तमी	**बालके**	बालकयोः	बालकेषु
सम्बोधन	हे बालक !	हे बालकौ !	हे बालकाः !

नोट – विकल्प 'राम' का दिया गया है और प्रश्न में 'बालक' का रूप पूछा गया है। यह आयोग की छोटी सी भूल है। कृपया आप अपनी समझदारी से 'D' विकल्प को सही मान लें।

77. 'हरि' शब्द के रूपों में 'हरौ' रूप किस विभक्ति और किस वचन का रूप है?
(A) द्वितीया विभक्ति द्विवचन
(B) प्रथमा विभक्ति का द्विवचन
(C) षष्ठी विभक्ति एकवचन
(D) सप्तमी विभक्ति का एकवचन

हरि (विष्णु) इकारान्त पुंलिङ्ग

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	हरिः	हरी	हरयः
द्वितीया	हरिम्	हरी	हरीन्
तृतीया	हरिणा	हरिभ्याम्	हरिभिः
चतुर्थी	हरये	हरिभ्याम्	हरिभ्यः
पञ्चमी	हरेः	हरिभ्याम्	हरिभ्यः
षष्ठी	हरेः	हर्योः	हरीणाम्
सप्तमी	**हरौ**	हर्योः	हरिषु
सम्बोधन	हे हरे !	हे हरी !	हे हरयः !

अतः विकल्प (D) सही है।

स्रोत-*रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी, पेज- 123*

78. 'लता' शब्द के सप्तमी विभक्ति के एकवचन का रूप है –
(A) लते (B) लतौ
(C) लतायाम् (D) लतासु

'लता' शब्द आकारान्त स्त्रीलिङ्ग

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.वि.	लता	लते	लताः
द्वि.वि.	लताम्	लते	लताः

75. (A) 76. (D) 77. (D) 78. (C)

तृ.वि.	लतया	लताभ्याम्	लताभिः
च.वि.	लतायै	लताभ्याम्	लताभ्यः
पं.वि.	लतायाः	लताभ्याम्	लताभ्यः
ष.वि.	लतायाः	लतयोः	लतानाम्
स.वि.	**लतायाम्**	लतयोः	लतासु
सम्बो०	हे लते!	हे लते!	हे लताः!

अतः विकल्प (C) सही है।

79. 'फलम्' शब्द नपुंसकलिङ्ग में है, इसमें 'फले' रूप निम्न किस विभक्ति में नहीं आता?
(A) प्रथमा (B) द्वितीया
(C) पञ्चमी (D) सप्तमी

फल अकारान्त नपुंसकलिङ्ग

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा	फलम्	**फले**	फलानि
द्वितीया	फलम्	**फले**	फलानि
तृतीया	फलेन	फलाभ्याम्	फलैः
चतुर्थी	फलाय	फलाभ्याम्	फलेभ्यः
पञ्चमी	फलात्	फलाभ्याम्	फलेभ्यः
षष्ठी	फलस्य	फलयोः	फलानाम्
सप्तमी	**फले**	फलयोः	फलेषु
सम्बोधन	हे फल!	हे फले!	हे फलानि!

'फले' रूप प्रथमा, द्वितीया तथा सप्तमी में बनता है जबकि पञ्चमी में 'फले' रूप नहीं बनता है। अतः विकल्प (C) सही है।

***स्रोत**-संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका–बाबूराम सक्सेना, पेज 80-81*

80. 'सर्वम्' सर्वनाम शब्द के रूपों में 'सर्वे' रूप तीनों लिङ्गों में प्रयुक्त होता है निम्नलिखित में गलत कथन को चुनिये -
(A) 'सर्वे' रूप पुँल्लिङ्ग में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में होता है।
(B) 'सर्वे' रूप पुँल्लिङ्ग में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में होता है।
(C) 'सर्वे' रूप स्त्रीलिंङ्ग के प्रथमा, द्वितीया विभक्ति के द्विवचन में होता है।
(D) 'सर्वे' रूप नपुंसकलिङ्ग के प्रथमा, द्वितीया विभक्ति के द्विवचन में होता है।

* सर्व (सब) शब्द के पुँलिङ्ग प्रथमा विभक्ति बहुवचन में 'सर्वे' रूप बनता है। **सर्वः सर्वौ सर्वे**
* स्त्रीलिङ्ग एवं नपुंसकलिङ्ग के प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के द्विवचन में 'सर्वे' रूप बनता है।
* **'सर्व'** शब्द का पुँल्लिङ्ग सप्तमी एकवचन में 'सर्वस्मिन्' रूप बनता है 'सर्वे' नहीं बनता, अतः विकल्प (B) सही है।

81. 'अस्मद्' व 'युष्मद्' शब्दों से बनने वाले क्रमशः 'मम' और 'तव' रूप किस विभक्ति किस वचन के रूप हैं?
(A) चतुर्थी विभक्ति एकवचन
(B) द्वितीया विभक्ति बहुवचन
(C) षष्ठी विभक्ति एकवचन
(D) सप्तमी विभक्ति द्विवचन

अस्मद्

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा	अहम्	आवाम्	वयम्
द्वितीया	माम्, मा	आवाम्, नौ	अस्मान्, नः
तृतीया	मया	आवाभ्याम्	अस्माभिः
चतुर्थी	मह्यम्, मे	आवाभ्याम्, नौ	अस्मभ्यम्, नः
पञ्चमी	मत्	आवाभ्याम्	अस्मत्
षष्ठी	मम, मे	आवयोः, नौ	अस्माकम्, नः
सप्तमी	मयि	आवयोः	अस्मासु

युष्मद्

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा	त्वम्	युवाम्	यूयम्
द्वितीया	त्वाम्, त्वा	युवाम्, वाम्	युष्मान्, वः
तृतीया	त्वया	युवाभ्याम्	युष्माभिः
चतुर्थी	तुभ्यम्, ते	युवाभ्याम्, वाम्	युष्मभ्यम्, वः
पञ्चमी	त्वत्	युवाभ्याम्	युष्मत्
षष्ठी	तव, ते	युवयोः, वाम्	युष्माकम्, वः
सप्तमी	त्वयि	युवयोः	युष्मासु

अतः विकल्प (C) सही है

79. (C) 80. (B) 81. (C)

82. 'अस्मद्' व 'युष्मद्' में क्रमशः 'आवयोः' व 'युवयोः' किस विभक्ति किस वचन में बनते हैं?

(A) षष्ठी विभक्ति एकवचन

(B) षष्ठी विभक्ति द्विवचन

(C) सप्तमी विभक्ति बहुवचन

(D) चतुर्थी विभक्ति एकवचन

प्रश्न संख्या 81 की व्याख्या से स्पष्ट हैं कि 'अस्मद्' और 'युष्मद्' शब्दों के क्रमशः 'आवयोः' और 'युवयोः रूप षष्ठी विभक्ति द्विवचन में बनते हैं, अतः विकल्प (B) सही है।

83. 'भू' धातु का 'भवामि' रूप है –

(A) लट् लकार का (B) लोट् लकार का

(C) लृट् लकार का (D) लङ् लकार का

A. भू धातु (होना) लट् लकार

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र.पु.	भवति	भवतः	भवन्ति
म.पु.	भवसि	भवथः	भवथ
उ.पु.	**भवामि**	भवावः	भवामः

B. लोट्लकार (आज्ञार्थ)

प्र.पु.	भवतु	भवताम्	भवन्तु
म.पु.	भव	भवतम्	भवत
उ.पु.	भवानि	भवाव	भवाम

C. लृट्लकार (सामान्य भविष्य)

प्र.पु.	भविष्यति	भविष्यतः	भविष्यन्ति
म.पु.	भविष्यसि	भविष्यथः	भविष्यथ
उ.पु.	भविष्यामि	भविष्यावः	भविष्यामः

D. लङ्लकार (अनद्यतनभूत)

प्र.पु.	अभवत्	अभवताम्	अभवन्
म.पु.	अभवः	अभवतम्	अभवत
उ.पु.	अभवम्	अभवाव	अभवाम

अतः विकल्प (A) सही है।

84. 'पठिष्यामि' रूप है –

(A) लट्लकार का

(B) लोट्लकार का

(C) लृट्लकार का

(D) लङ्लकार का

A. 'पठ्' धातु (पढ़ना) लट् लकार

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.पु.	पठति	पठतः	पठन्ति
म.पु.	पठसि	पठथः	पठथ
उ.पु.	पठामि	पठावः	पठामः

B. लोट् लकार

प्र.पु.	पठतु	पठताम्	पठन्तु
म.पु.	पठ	पठतम्	पठत
उ.पु.	पठानि	पठाव	पठाम

C. लृट् लकार

प्र.पु.	पठिष्यति	पठिष्यतः	पठिष्यन्ति
म.पु.	पठिष्यसि	पठिष्यथः	पठिष्यथ
उ.पु.	**पठिष्यामि**	पठिष्यावः	पठिष्यामः

D. लङ्लकार

प्र.पु.	अपठत्	अपठताम्	अपठन्
म.पु.	अपठः	अपठतम्	अपठत
उ.पु.	अपठम्	अपठाव	अपठाम

अतः विकल्प (C) सही है।

85. लङ्लकार सूचक है –

(A) वर्तमानकाल का (B) भूतकाल का

(C) भविष्यत्काल का (D) आज्ञार्थक लकार का

* **वर्तमानकाल** – लट् लकार

* **भूतकाल**

आसन्नभूत (लुङ्) | परोक्षभूत (लिट्) | अनद्यतनभूत (लङ्)

82. (B) 83. (A) 84. (C) 85. (B)

* **भविष्यतकाल**

- सामान्य भविष्य (लृट्)
- अनद्यतन भविष्य (लुट्)

* **आज्ञार्थक लकार** – लोट् लकार

विशेष – लट् वर्तमाने लेट् वेदे भूते लुङ् लङ् लिटस्तथा।
विध्याशिषोस्तु लिङ्लोटौ लुट् लृट लृङ् च भविष्यतः।।

अतः विकल्प (B) सही है।

86. 'अददात्' धातुरूप 'दा' धातु के किस लकार का रूप है?
(A) लट् लकार (B) लोट् लकार
(C) लङ् लकार (D) लृट् लकार

दा धातु = देना लट् लकार

प्र.पु.	ददाति	दत्तः	ददति
म.पु.	ददासि	दत्थः	दत्थ
उ.पु.	ददामि	दद्वः	दद्मः

लोट् लकार

प्र.पु.	ददातु	दत्ताम्	ददतु
म.पु.	देहि	दत्तम्	दत्त
उ.पु.	ददानि	ददाव	ददाम

लङ् लकार

प्र.पु.	**अददात्**	अदत्ताम्	अददुः
म.पु.	अददाः	अदत्तम्	अदत्त
उ.पु.	अददाम्	अदद्व	अदद्म

लृट् लकार

प्र.पु.	दास्यति	दास्यतः	दास्यन्ति
म.पु.	दास्यसि	दास्यथः	दास्यथ
उ.पु.	दास्यामि	दास्यावः	दास्यामः

अतः विकल्प (C) सही है।

***स्रोत**-रचनानुवादकौमुदी – कपिलदेव द्विवेदी, पेज –167*

87. 'बालक मोदकं रोचते' यह अशुद्ध वाक्य है, इसका शुद्ध वाक्य होगा –
(A) बालकेन मोदकं रोचते
(B) बालकाय मोदकं रोचते
(C) बालकात् मोदकं रोचते
(D) बालकः मोदकं रोचते

व्याख्या – रुच्यर्थानां प्रीयमाणः (1.4.33) सूत्र से रुच् तथा रुच्यर्थक धातुओं के योग में प्रसन्न होने वाला सम्प्रदान कहलाता है, उसमें चतुर्थी होती है। जैसे – **बालकाय मोदकं रोचते।** (बालक को लड्डू अच्छा लगता है) यहाँ रुच् धातु होने के कारण 'प्रीयमाण' बालक में चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग किया गया है।

अतः विकल्प (B) सही है

88. 'उभयतः कृष्णस्य गोपाः' अशुद्ध वाक्य का शुद्ध रूप होगा–
(A) उभयतः कृष्ण गोपाः
(B) उभयतः कृष्णं गोपाः
(C) उभयतः कृष्णेन गोपाः
(D) उभयतः कृष्णाय गोपाः

व्याख्या– उभसर्वतसोः कार्या धिगुपर्यादिषु त्रिषु।
द्वितीयाम्रेडितान्तेषु ततोऽन्यत्रापि दृश्यते।। (वा.)

उभयतः, सर्वतः, धिक्, उपर्युपरि, अध्यधि, अधोऽधः–इन छः अव्यय पदों के योग में द्वितीया विभक्ति होती है।

जैसे – उभयतः कृष्णं गोपाः।

अतः विकल्प (B) सही है।

89. 'त्वं पाठं पठतु' का शुद्ध रूप है–
(A) त्वं पाठं पठानि (B) त्वं पाठं पठताम्
(C) त्वं पाठं पठन्तु (D) त्वं पाठं पठ

व्याख्या – कर्तृवाच्य के प्रयोग में कर्ता के अनुसार क्रिया के पुरुष एवं वचन होते हैं। इसलिए 'त्वं पाठं पठतु' को शुद्ध वाक्य बनाने के लिए 'त्वं' मध्यम पुरुष एकवचन कर्ता के साथ आज्ञार्थक होने के कारण लोट्लकार मध्यम पुरुष एकवचन की क्रिया लगेगी तब वाक्य होगा – **त्वं पाठ पठ।** (तुम पाठ पढ़ो।)

अतः विकल्प (D) शुद्ध है।

90. 'अहं ग्रामं गच्छसि' अशुद्ध वाक्य का शुद्ध वाक्य होगा–
(A) अहं ग्रामं गच्छति (B) अहं ग्राममं गच्छति
(C) अहं ग्रामं गच्छामि (D) अहं ग्राम गच्छामः

व्याख्या – 'अहं ग्रामं गच्छसि' कर्तृवाच्य का वाक्य है

86. (C) 87. (B) 88. (B) 89. (D) 90. (C)

किन्तु कर्ता के अनुरूप क्रिया न होने से वाक्य अशुद्ध है। अब इस वाक्य को शुद्ध करने के लिए कर्ता '**अहं**' उत्तम पुरुष एकवचन के साथ क्रिया भी उत्तम पुरुष एकवचन की होगी तब वाक्य होगा - **अहं ग्रामं गच्छामि।** (मैं गाँव जाता हूँ।)

अत: विकल्प (C) सही है।

91. संस्कृत शिक्षण की विधियों में निम्नलिखित विधियों में से कौन सी विधि सम्मिलित नहीं है-

(A) प्राचीन विधि (B) मध्यकालीन विधि

(C) नवीन विधि (D) नवीनतम विधि

व्याख्या- संस्कृत शिक्षण की विधियों में **मध्यकालीन विधि** सम्मिलित नहीं है। जबकि संस्कृत शिक्षण की **प्राचीन विधि** वैदिक काल से ही संस्कृत के अध्ययन-अध्यापन में शामिल है। इसके बाद आधुनिक प्रयोगों एवं अनुसन्धानों के बाद संस्कृत शिक्षणविधि में **नवीन विधि** एवं **नवीनतम उपागम विधि** को भी सम्मिलित किया गया है।

अत: विकल्प (B) सही है।

92. संस्कृत व्याकरण की शिक्षण (पाठन) की प्राचीन व अर्वाचीन इन दोनों विधियों में निम्न में से कौन सी विधियाँ दोनों में सम्मिलित है –

(A) सूत्र विधि अथवा कण्ठस्थीकरण विधि

(B) अन्वय-व्यतिरेक विधि

(C) सहयोग - समवाय विधि

(D) आगमन-निगमन विधि

व्याख्या – आगमनविधि – उदाहरण देकर नियम निर्धारण करना आगमन विधि है। जोसफलेण्डन कहते हैं – 'यदि छात्रों के सामने बहुत उदाहरण, तत्त्व, वस्तुयें आदि प्रस्तुत करने के बाद नियमों का बोध कराया जाय, तो आगमन विधि का अनुसरण करना कहा जाता है।'

लक्ष्य को दिखाकर लक्षण करना – आगमन है। भगवान् पतञ्जलि भी '**लक्ष्यलक्षणं व्याकरणम्**' कहकर आगमनविधि ही स्वीकार करते हैं।

निगमनविधि – जोसफलेण्डन कहते हैं कि – 'शिक्षणं निगमनविधि द्वारा प्रथमं परिभाषा नियमो वा पाठ्यते, तत: सावधानमर्थं व्याख्याय प्रयोगान् प्रदर्श्य तत्त्वानि स्पष्टीक्रियन्ते।' इति

इस विधि के द्वारा अध्यापक सर्वप्रथम नियमों को बताता है, फिर उदाहरण देकर उनका समन्वय सूत्र या नियम के अन्तर्गत करता है। आगमन निगमन पद्धति में विरोध नहीं अपितु आगमन पद्धति के लिए निगमनपद्धति पूरक हो सकती है। निगमन पद्धति को **परम्परागत पद्धति, सूत्रपद्धति** या **लक्षणपद्धति** भी कहते हैं। इस प्रकार संस्कृत व्याकरण शिक्षण पद्धति के प्राचीन एवं अर्वाचीन दोनों पद्धतियों में इनकी गणना होती है, अत: विकल्प (D) सही है।

93. संस्कृत अनुवाद शिक्षण में दुभाषिया विधि से क्या तात्पर्य है –

(A) इसमें पाठ्यपुस्तक के प्रत्येक पाठ के अन्त में अनुवाद हेतु वाक्य दिये जाते हैं।

(B) इसमें एक व्यक्ति मातृभाषा में बोलता है तथा दूसरा व्यक्ति उसका संस्कृत रूपान्तर करता जाता है।

(C) इस विधि में शिक्षक पहले आदर्श अनुवाद प्रस्तुत करता है, उसको समझकर छात्र आदर्श अनुवाद के अनुकरण पर अनुवाद करता है।

(D) इस विधि में अनुवाद को याद करना सिखाया जाता है।

व्याख्या – संस्कृत अनुवाद शिक्षण में दुभाषिया विधि उसे कहते हैं जिसमें एक व्यक्ति मातृभाषा में बोलता है तथा दूसरा व्यक्ति उसका संस्कृत में रूपान्तर करता जाता है। अत: विकल्प (B) सही है।

अनुवाद विधि – इस विधि को परम्परागत विधि अथवा अर्थबोधविधि के नाम से भी जाना जाता है। इसके अनुसार अध्यापक कोई श्लोक स्वयं पढ़कर अर्थ कहता है अथवा छात्र द्वारा श्लोक का वाचन कराते हुए स्वयं सहायक बनकर अर्थ करता है।

अनुवाद विधि के गुण

1. छात्रों का शब्दकोशीय ज्ञान बढ़ता है।
2. वाक्यरचना में दक्षता बढ़ती है।

91. (B) 92. (D) 93. (B)

3. सरलता एवं सुगमता से विषय का ज्ञान बढ़ता है।
4. छात्रों में वैचारिक शक्ति बढ़ती है।
5. कठिन शब्दों का अर्थ स्पष्ट होता है।

अनुवाद विधि के दोष

1. किसी भाषा के मूलभाव की पूर्ण रक्षा करना इस पद्धति से कठिन है।
2. छात्र निष्क्रिय रहते हैं।
3. यह विधि अमनोवैज्ञानिक है।
4. इससे भाषागत सौन्दर्य का ह्रास होता है।

94. संस्कृत पद्य शिक्षण में गीत तथा नाट्यविधि किस स्तर की कक्षाओं के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?
(A) प्रारम्भिक कक्षाएँ
(B) माध्यमिक कक्षाएँ
(C) उच्चतर कक्षाएँ
(D) इनमें से किसी के लिए नहीं

व्याख्या – संस्कृत पद्यशिक्षण में गीत तथा नाट्य विधि **प्राथमिक स्तर** के छात्रों के लिए सर्वाधिक उपयोगी होती है। प्राथमिक स्तर के छात्रों के लिए पाठ्यसहगामी क्रियाओं में संस्कृत शिक्षण अत्यन्त प्रभावी हो जाता है। जैसे –

* प्रात:कालीन प्रार्थना और संस्कृत श्लोकों एवं मन्त्रों का उच्चारण करना।
* संस्कृतभाषा में लघु-लघु कथायें सुनाना।
* शुद्धोच्चारण के लिए लय सहित श्लोकों का व्यक्तिगत एवं सामूहिक ज्ञान कराना।
* छोटे छोटे लघु नाटकों के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करना। अत: विकल्प (A) सही है।

95. संस्कृत पद्य-शिक्षण में अन्वय का बहुत महत्त्व है, अन्वय से क्या तात्पर्य है?
(A) पद्य का उच्चारण करना।
(B) पद्य में प्रयुक्त श्लोकों को कर्ता, क्रिया, कर्म के अनुसार क्रम में लगाकर वाक्य बनाना।
(C) पद्य में प्रयुक्त शब्दों में व्याकरण का प्रयोग बनाना।
(D) पद्य में प्रयुक्त भाव, रस, अलंकार आदि की योजना को स्पष्ट करना।

व्याख्या – संस्कृत पद्य शिक्षण में अर्थज्ञान एवं भावज्ञान के लिए कर्ता, कर्म, क्रिया आदि पदों का एक विशेष क्रम आवश्यक होता है, इसी क्रम ज्ञान को जानने के लिए 'अन्वय' आवश्यक होता है।

इसके लिए श्लोक में विद्यमान प्रधान वाक्य खोजना चाहिए प्रधान वाक्य के अन्वेषण के लिए कर्ता, कर्म, क्रिया का ज्ञान आवश्यक है, तदनन्तर क्रियाविशेषण, अव्यय इत्यादि को लिखना चाहिए। यही संस्कृतपद्य शिक्षण में 'अन्वय' कहा जाता है। **अनु+अय: = अन्वय:** अर्थात् एक के बाद क्रम से दूसरे का आना। अत: विकल्प (B) सही है।

96. 'कादम्बरी' शब्द का अर्थ है –
(A) कदम्ब ऋषि की कन्या
(B) कदम्ब के वृक्ष की मञ्जरी
(C) मदिरा
(D) अमृत

व्याख्या – 'कादम्बरी' शब्द का अर्थ है – मदिरा। इसके समान आह्लादक एवं मादक होने के कारण इस कथा का नाम कादम्बरी रखा गया।

* कादम्बरी के उत्तरार्द्ध में भूषणभट्ट ने कहा भी है – **'कादम्बरी रसभरेण समस्त एव मत्तो न किञ्चिदपि चेतयते जनोऽयम्।'**
* कदम्बरस्य प्रिया इयं कादम्बरी, कदम्बर + अण् 'तस्येदम्' इति सूत्रेण, ततो ङीप्।
* कदम्बस्य पुष्पं कदम्बं तेषां समूह: कादम्बं तत् राति लातीति 'आतोऽनुपसर्गे क:' इति सूत्रेण 'क' प्रत्यय: =कादम्बरम्, स्त्रियाम् 'षिद्गौरादिभ्यश्च' इति सूत्रेण ङीषि तु कादम्बरी।
* कादम्बरी गन्धर्वराज की पुत्री है। उसको उद्देश्य करके रची गयी कथा 'कादम्बरी' कहलाती है। क्योंकि **'कादम्बरीमधिकृत्य कृता कथा'** इस अर्थ में कादम्बरी शब्द से **'अधिकृत्य कृते ग्रन्थे'** सूत्र से 'अण्' प्रत्यय होता है। उस अण् का 'लुबाख्यायिकाभ्यो बहुलम्' वार्तिक से लोप हो जाने पर 'लुपि युक्तवद्व्यक्तिवचने' सूत्र से प्रकृतिवत् लिङ्ग और वचन करके 'कादम्बरी' शब्द की सिद्धि होती है।

अत: विकल्प (C) सही है।

94. (A) 95. (B) 96. (C)

97. शुकनासोपदेश में शुकनास 'कादम्बरी' कथा में कौन है?

(A) राजा (B) मन्त्री

(C) युवराज (D) चाण्डालकन्या

व्याख्या – शुकनासोपदेश कादम्बरी–कथा का एक अंश है।

* कादम्बरी में उज्जयिनी के राजा के रूप में तारापीड का वर्णन हुआ है।
* राजा तारापीड के सुयोग्य मन्त्री का नाम ही शुकनास है।
* शुकनास ने ही युवराज चन्द्रापीड को राज्याभिषेक के समय उपदेश दिये थे।
* कादम्बरी–कथा में ही एक चाण्डालकन्या का भी उल्लेख हुआ है, जो राजा शूद्रक के दरबार में शुक को लेकर आती है।

अत: विकल्प (B) सही है।

98. 'शुकनासोपदेश' में शुकनास के अतिरिक्त दूसरा पात्र है –

(A) वैशम्पायन (B) चन्द्रापीड

(C) तारापीड (D) शूद्रक

(A) **वैशम्पायन –** कादम्बरी में वैशम्पायन महाश्वेता के शाप के कारण शुक हो गया जो अपने पूर्व जन्म का वृत्तान्त राजा शूद्रक को बताता है। इसकी चर्चा कादम्बरी कथामुख में आती है।

(B) **चन्द्रापीड –** 'शुकनासोपदेश' में युवराज चन्द्रापीड को राज्याभिषेक के समय शुकनास लक्ष्मी (धन)एवं राजमद के मद से बचने का उपदेश देते हैं चन्द्रापीड ही शुकनासोपदेश में शुकनास के अतिरिक्त दूसरा पात्र है। उपदेशकर्ता -शुकनास एवं श्रोता- चन्द्रापीड है।

(C) चन्द्रापीड के पिता का नाम तारापीड था।

(D) चन्द्रापीड ही तीसरे जन्म में शूद्रक था।

अत: विकल्प (B) सही है।

99. किसके गुणदोषों का वर्णन शुकनास ने किया है-

(A) राजा के (B) युवराज के

(C) लक्ष्मी के (D) प्रजा के

व्याख्या - शुकनासोपदेश में मन्त्री शुकनास ने लक्ष्मी के गुण- दोषों का वर्णन किया है।

* **आलोकयतु तावत् कल्याणाभिनिवेशी लक्ष्मीमेव प्रथमम्.** (कल्याण के इच्छुक आप पहले लक्ष्मी को ही देखें) इस कथन से स्पष्ट होता है कि शुकनास चन्द्रापीड से सर्वप्रथम लक्ष्मी के गुण–दोषों को बतलाते हैं।
* **विश्वरूपत्वमिव ग्रहीतुमाश्रिता नारायणमूर्तिम्।** (मानो अनेक प्रकार के रूप धारण करने के लिए विष्णु के शरीर का आश्रय लिया हो।
* **अमृतसहोदरापि कटुविपाका। पुरुषोत्तमरतापि खलजनप्रिया।** उत्तम पुरुषों में आसक्त होने पर भी दुष्ट जनों से प्रीति करती हैं। मानो लक्ष्मी धूलिमयी भी होकर स्वच्छ को भी मलिन कर देती है।
* **वध्यशाला साधुभावस्य, राहुजिह्वा धर्मेन्दुमण्डलस्य।** उपर्युक्त पंक्तियों से सिद्ध होता है कि शुकनास चन्द्रापीड से सर्वप्रथम लक्ष्मी के ही गुण–दोषों की सर्वप्रथम चर्चा करता है। अन्त में राजा के भी गुण- दोषों की चर्चा शुकनासोपदेश में की गयी है। विकल्प (C) सही है।

100. राजतन्त्र शासन परम्परा में उपदेश दिए जाते हैं-

(A) विवाह - संस्कार के अवसर पर

(B) राज्याभिषेक के अवसर पर

(C) विद्योपार्जन के अवसर पर

(D) वानप्रस्थ जाने के अवसर पर

व्याख्या - एवं समतिक्रामत्सु दिवसेषु राजा चन्द्रापीडस्य **यौवराज्याभिषेकं चिकीर्षुः** प्रतीहारानुपकरणसम्भारसंग्रहार्थमादिदेश। समुपस्थितयौवराज्याभिषेकं च तं कदाचित् दर्शनार्थमागतमारूढविनयमपि विनीततरमिच्छञ्शुकनासः सविस्तरमुवाच . . .

उपर्युक्त पंक्तियों में राजा तारापीड राजकुमार चन्द्रापीड को युवराज पद पर अभिषेक करने की इच्छा हुई तो राजा तारापीड ने अभिषेक सम्बन्धी सम्पूर्ण सामग्री एकत्र करने के लिए आदेश दिया।

* अभिषेकसमय एव चैतेषां मङ्गलकलशजलैरिव प्रक्षाल्यते दाक्षिण्यम्, अग्निकार्यधूमेनेव मलिनीक्रियते हृदयम् . . .

इत्यादि पंक्तियों से सिद्ध होता है कि राजतन्त्र शासन परम्परा में उपदेश राज्याभिषेक के समय पर ही दिये जाने चाहिए।

अत: विकल्प (B) सही है।

97. (B) 98. (B) 99. (C) 100. (B)

101. 'कादम्बरी' रचना के लेखक कौन हैं-

(A) भट्टनारायण (B) भट्टोजिदीक्षित

(C) बाणभट्ट (D) दण्डी

रचनाकार - रचनाएँ - अनुमानित काल

(A) भट्टनारायण - वेणीसंहार - सातवीं आठवीं शताब्दी

(B) भट्टोजिदीक्षित–वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी– सोलहवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध

(C) बाणभट्ट - कादम्बरी - सातवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध

(D) दण्डी - दशकुमारचरितम् - छठी शताब्दी ई.

अत: विकल्प (C) सही है।

102. 'कादम्बरी' रचना साहित्य की किस विधा के अन्तर्गत आती है-

(A) चम्पूकाव्य (B) महाकाव्य

(C) कथा (D) आख्यायिका

विधा	ग्रन्थ/ग्रन्थकार	विभाजन
(A) चम्पूकाव्य	नलचम्पू / त्रिविक्रमभट्ट	7 उच्छ्वास
(B) महाकाव्य	किरातार्जुनीयम् / भारवि	18 सर्ग
(C) कथा	कादम्बरी / बाणभट्ट	दो भाग
(D) आख्यायिका	हर्षचरितम् / बाणभट्ट	8 उच्छ्वास

अत: विकल्प (C) सही है।

103. 'कादम्बरी' रचना एक सुन्दर उदाहरण है –

(A) गद्यकाव्य का

(B) पद्यकाव्य का

(C) मिश्रितकाव्य का

(D) उपर्युक्त में से किसी का नहीं

(A) गद्यकाव्य – बाणभट्टकृत 'कादम्बरी' कथा गद्यकाव्य का सुन्दर उदाहरण है। इसमें चन्द्रापीड के तीन जन्मों की कथा वर्णित है।

'कथायां सरसं वस्तु गद्यैरेव विनिर्मितम्। (सा.द.7./332)

कथा में सरसवस्तु गद्य द्वारा ही बनाई जाती है।

(B) पद्यकाव्य – पद्यकाव्य के अन्तर्गत महाकाव्य, गीतिकाव्य, खण्डकाव्य एवं मुक्तककाव्य आदि आते हैं।

(C) मिश्रितकाव्य – जिन काव्यग्रन्थों में गद्य-पद्य मिश्रित हों वे मिश्रितकाव्य (चम्पूकाव्य) कहलाते हैं – जैसे – नलचम्पू।

'गद्यपद्यमयं काव्यं चम्पूरित्यभिधीयते।'

(सा.द. 7/336)

अत: विकल्प (A) सही है।

104. बाणभट्ट की शैली की प्रमुख विशेषता है –

(A) कान्तासम्मित उपदेश की सरस शैली

(B) अलंकारप्रधान शैली

(C) दोनों का सम्मिश्रण

(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या – काव्यप्रकाशकार मम्मट ने काव्य प्रयोजन के सम्बन्ध में उपदेश की त्रिविध शैली बताते हैं –

1. प्रभुसम्मित या शब्दप्रधान शैली – शब्दप्रधान, वेदादि, जैसे- राजाज्ञाएँ
2. सुहृत् शैली अर्थप्रधान - इतिहास-पुराण आदि
3. कान्तासम्मित रसप्रधान – काव्य (महाकाव्य, खण्डकाव्य, नाटक आदि)। मम्मट की इन शैलियों से स्पष्ट है कि काव्य कान्तासम्मित उपदेश शैली में होता है और कादम्बरी एक गद्यकाव्य है। साथ ही साथ बाणभट्ट ने अलंकारों का चमत्कार दिखाया है– विरोधाभास, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, परिसंख्या आदि।

1. उपमा – क्वचिन्मत्तेव कोकिलकुलप्रलापिनी, क्वचिदुन्मत्तेव वायुवेगकृततालशब्दा, क्वचिद् विधवेव उन्मुक्ततालपत्रा.. आदि

2. विरोधाभास – अपरिमित - बहलपत्रसञ्चयापि सप्तपर्णभूषिता

3. परिसंख्या – रतेषु केशग्रहा:, काव्येषु दृढबन्धा:, शास्त्रेषु चिन्ता ... न प्रजानामासन्।

इससे स्पष्ट होता है कि बाणभट्ट की शैली कान्तासम्मित उपदेशशैली के साथ-साथ अलंकार प्रधान शैली भी है।

अत: विकल्प (C) सही उत्तर है।

105. 'कादम्बरी' के कथानक का मूलस्त्रोत है –

(A) महाभारत

(B) रामायण

(C) उत्पाद्य (कवि-कल्पित)

(D) गुणाढ्य की बृहत्कथा

101. (C) 102. (C) 103. (B) 104. (C) 105. (D)

ग्रन्थनाम	कवि	मूलस्रोत/उपजीव्य
किरातार्जुनीयम्	भारवि	महाभारत, वनपर्व
उत्तररामचरितम्	भवभूति	रामायण, उत्तरकाण्ड
ऋतुसंहारम्	कालिदास	उत्पाद्य (कविकल्पित)
कादम्बरी	बाणभट्ट	**गुणाढ्य की बृहत्कथा** (सुमनस् वृत्तान्त)

अत: विकल्प (D) सही है।

106. शिवराजविजयम् साहित्य की किस विधा के अन्तर्गत आता है –
(A) कथा (B) आख्यायिका
(C) ऐतिहासिक उपन्यास (D) निबन्धसंग्रह

विधा	ग्रन्थ	ग्रन्थकार
(A) कथा	(i) कादम्बरी	बाणभट्ट
	(ii) वासवदत्ता	सुबन्धु
	(iii) दशकुमारचरितम्	दण्डी
(B) आख्यायिका	हर्षचरितम्	बाणभट्ट
(C) ऐतिहासिक उपन्यास	शिवराजविजयम्	अम्बिकादत्तव्यास
(D) निबन्ध संग्रह	निबन्ध शतकम्	कपिलदेव द्विवदी

अत: विकल्प (C) सही है।

107. शिवराजविजयम् के रचनाकार हैं –
(A) बाणभट्ट (B) दण्डी
(C) पण्डिता क्षमाराव (D) अम्बिकादत्त व्यास

ग्रन्थकार ग्रन्थ

(A) **बाणभट्ट -** कादम्बरी, हर्षचरितम्, मुकुटताडितम्, चण्डीशतकम्, पार्वतीपरिणय

(B) **दण्डी-** दशकुमारचरितम् , अवन्तिसुन्दरीकथा

(C) **पण्डिता क्षमाराव -** कथापञ्चकम् , ग्रामज्योति: , कथामुक्तावलि:

(D) **अम्बिकादत्तव्यास -** शिवराजविजयम् , सामवतम् आदि

अत: विकल्प (D) सही है।

108. शिवराजविजयम् रचना के नायक हैं –
(A) महाराष्ट्र केसरी शिवाजी
(B) शिवजी
(C) अवरङ्गजीव (औरंगजेब)
(D) अफजलखान

व्याख्या – अम्बिकादत्तव्यास के ऐतिहासिक उपन्यास 'शिवराजविजयम्' के नायक महाराष्ट्र केशरी शिवाजी हैं क्योंकि साहित्यदर्पणकार विश्वनाथ ने नायक के जो लक्षण बतलाये हैं, वे शिवाजी पर पूर्णत: घटित होता है –
त्यागी कृती कुलीन: सुश्रीको रूपयौवनोत्साही।
दक्षोऽनुरक्तलोकस्तेजोवैदग्ध्यशीलवान्नेता।। (सा०द०3/30)
शिवाजी के दश वर्षों का वर्णन ही शिवराजविजयम् में किया गया है।

1. शिवजी – रुद्र के ग्यारह रूप बतलाये गये हैं, जिनमें एक शिवजी भी हैं, जो निम्नवत् है –
महादेव:, शिव:, रुद्र:, शङ्कर:, नीललोहित:, ईशान:, विजय:, भीम:, देवदेव:, भवोद्भव:, आदित्य:।

2. औरंगजेब – शिवराजविजयम् की कथा के अनुसार 'आलमगीर' उपाधिधारी औरंगजेब अकबर का प्रपौत्र था, और उस समय दिल्ली के सम्राट् पद को कलङ्कित कर रहा था।

3. अफजलखान – बीजापुर के नवाब शाइस्ता खाँ ने अफजल खाँ को शिवाजी को जीतने के लिए भेजा है। यह (अफजल खाँ) प्रतिज्ञा करके आया था कि मैं शिवाजी को जीवित पकड़ लूँगा, किन्तु अन्त में वह वीर शिवाजी के द्वारा मारा जाता है।

अत: विकल्प (A) सही है।

109. शिवराजविजयम् में प्रयुक्त 'ताम्रचूडभक्षणपातकेन' का अर्थ है –
(A) ताँम्बे का चूड़ा चबाना रूपी पाप से
(B) मुर्गा खाने के पाप से
(C) लाल चूड़ी तोड़ना रूपी पाप से
(D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या – ग्रन्थकार ने प्रथम विराम के चार नि:श्वासों में से प्रथम नि:श्वास के अन्तिम वाले भाग में कहा है –
सतत-ताम्रचूडभक्षण-पातकेनेव ...
(मानो निरन्तर मुर्गा खाने के पातक (पाप) से ...)
'शिवराजविजयम्' के कुछ प्रमुख शब्दार्थ –

106. (C) 107. (D) 108. (C) 109. (B)

* पतत्रि पक्षी
* मरीचिमाली सूर्य
* रोलम्ब भ्रमर
* पतङ्ग सूर्य
* अलि भ्रमर
* शाखी वृक्ष

अत: विकल्प: (B) सही है।

110. शिवराजविजयम् में विप्रकन्या का अपहरण किया था –
(A) द्रविणों ने
(B) एक यवन बालक ने
(C) जंगली जाति के लोगों ने
(D) आर्यों ने

व्याख्या – सन्ध्या का समय है। योगिराज, ब्रह्मचारी गुरु की कुटिया पर पधारे हैं। योगिराज से जैसे ही ब्रह्मचारी गुरु ने कुछ कुशलक्षेम पूछने की इच्छा की, तभी बालिका का करुण विलाप सुनाई पड़ा। योगिराज के पूछने पर ब्रह्मचारी गुरु ने कहा कि कल कोई मुसलमान इस कन्या को सुन्दरी समझकर नदी के तट से माता के हाथ से छीनकर रोती हुई बालिका को लेकर भाग गया था।

एनां च सुन्दरीमाकलय्य कोऽपि यवनतनयो नदीतटान्मातुर्हस्तादाच्छिद्य क्रन्दतीं नीत्वाऽपससार।

इस पंक्ति से स्पष्ट होता है कि विप्रकन्या का अपहरण एक यवन बालक ने किया था।

अत: विकल्प (B) सही उत्तर है।

111. विप्र कन्या की उपमा दी गयी है–
(A) लक्ष्मी देवी से (B) पार्वती देवी से
(C) सरस्वती देवी से (D) दुर्गा देवी से

व्याख्या – यां च सप्तवर्षकल्पाम्, यावनत्रासेन नि:शब्दं रुदतीम्, परमसुन्दरीम्, कलितमानवदेहामिव सरस्वतीं सान्त्वयन् मरन्दमधुरा: अप: पाययन् ...

(लगभग सात वर्ष की कन्या यवनों के भय से शब्दरहित रोती हुई, अत्यन्त सुन्दरी, मानव-शरीर धारण किये हुए सरस्वती जैसी ...)

शिवराजविजयम् की इन पंक्तियों से समझा जा सकता है कि विप्र कन्या की उपमा लक्ष्मी, पार्वती, दुर्गा से नहीं बल्कि सरस्वती से दी गयी है।

अत: चारों विकल्पों में से विकल्प (C) सही है।

112. ब्रह्मचारी बालकों ने पहाड़ से उतरकर आने वाले योगी से प्रार्थना की –
(A) विद्याध्ययन कराने की
(B) अपने आश्रम में आने की
(C) उपदेश देने की
(D) राजनीति सिखाने की

व्याख्या – शिवराजविजय में योगिराज के द्वारा पर्वत कन्दरा से नीचे उतरने पर ब्रह्मचारी बालकों (गौर सिंह, श्याम सिंह) ने अपने आश्रम में आने की प्रार्थना की जो कि शिवराजविजय के इस कथन से स्पष्ट होता है –

'इत आगम्यतां सनाथ्यतामेष आश्रम:'
इति सप्रणाममभिगम्य वदत्सु निखिलेषु ...।

अत: विकल्प (B) सही है।

113. महमूद निवासी था –
(A) बुखारा का (B) यरूशलम् का
(C) ताशकन्द का (D) गजिनी का

व्याख्या – 'शिवराजविजयम्' में भारत की दशा का वर्णन करते हुए ब्रह्मचारी गुरु योगिराज से बतलाते हैं कि –

कश्चन गजिनी - स्थाननिवासी महामदो यवन: ससेन: प्राविशद् भारते वर्षे।

उपर्युक्त पंक्तियों से स्पष्ट है कि महमूद गजिनी देश का निवासी है, अत: विकल्प (D) सही उत्तर होगा।

114. महमूद ने भारत पर आक्रमण किया –
(A) भारत की धन सम्पत्ति लूटने के लिए
(B) इस्लाम के प्रचार के लिए
(C) अपने साम्राज्य के विस्तार के लिए
(D) उपर्युक्त तीनों के लिए

* कश्चन गजिनी – स्थाननिवासी महामदो यवन: ससेन: प्राविशद् भारते वर्षे। स च प्रजा: विलुण्ठ्य मन्दिराणि निपात्य, प्रतिमा: विभिद्य ... स्वदेशमनैषीत्।

* एवं स ज्ञातास्वाद: पौन:पुन्येन द्वादशवारमागत्य भारतमलुलुण्ठत्। तस्मिन्नेव च स्वसंरम्भे एकदा गुर्जरदेशचूडायितं सोमनाथतीर्थमपि धूलीचकार।

* नाहं मूर्ती: विक्रीणामि, किन्तु भिनद्मि' इति।

* स मूर्तिखण्डानि च क्रमेलकपृष्ठेष्वारोप्य सिन्धुनदमुत्तीर्य स्वकीयां विजयध्वजिनीं गजिनीं नाम राजधानीं प्राविशत्।

शिवराजविजयम् की इन पंक्तियों से स्पष्ट है कि

110. (B)	111. (C)	112. (B)	113. (D)	114. (A)

महमूद का भारत पर आक्रमण करने का एकमात्र कारण धनसम्पत्ति लूटना था, न कि अन्य कार्य।

अत: ग्रन्थ के अनुसार विकल्प (A) सही होगा।

115. पवित्र भारत के पराधीन होने का कारण था –
(A) पृथ्वीराज चौहान और जयचन्द की आपसी फूट
(B) पृथ्वीराज चौहान का कमजोर होना
(C) जयचन्द द्वारा पृथ्वीराज चौहान को नीचा दिखाने की भावना
(D) यवनों का आक्रामक रुख अपना लेना

* ततो दिल्लीश्वरं पृथ्वीराजं कान्यकुब्जेश्वरं जयचन्द्रं च पारस्परिकविरोधज्वरग्रस्तं विस्मृत-राजनीतिं भारतवर्षदुर्भाग्यायमाणमाकलय्यानायासेनोभावपि विशस्य, वाराणसीपर्यन्तमखण्डमण्डलमकण्ट-कमकीटकिट्टं महारत्नमिव महाराज्यमङ्गीचकार।
* शिवराजविजय के इस कथन में निहित है कि भारत के पराधीन होने का प्रमुख कारण पृथ्वीराज चौहान और जयचन्द्र की आपसी फूट का होना था।

अत: उत्तर विकल्प (A) होगा।

116. पं. अम्बिकादत्तव्यास की अन्य रचनाओं में शामिल है –
(A) बिहारी-बिहार
(B) सामवत (नाटक)
(C) शिव-विवाह
(D) भारत-भारती

व्याख्या – अम्बिकादत्तव्यास जी ने संस्कृत भाषा में 27 ग्रन्थ लिखे हैं। जिनमें संस्कृत में रचित कुछ रचनाएँ प्रमुख हैं –

1. शिवराजविजयम् (ऐतिहासिक-उपन्यास)
2. सामवतनाटकम्
3. गुप्ताशुद्धिप्रदर्शनम्
4. रत्नपुराणम्
5. गणेशशतकम्

* बिहारी-बिहार – यह भी अम्बिकादत्तव्यास की ही रचना है, किन्तु बिहारी के दोहों पर हिन्दी में लिखित है।
* भारत-भारती – यह हिन्दी-साहित्य के कवि मैथिलीशरण गुप्त की रचना है।
यद्यपि उक्त चारों विकल्पों में बिहारी-बिहार और सामवतम् दोनों अम्बिकादत्त व्यास की ही रचना है, किन्तु संस्कृत में सामवतम् (नाटक)है।

अत: विकल्प (B) सही उत्तर होगा।

117. किरातार्जुनीयम् के रचनाकार हैं –
(A) भारवि (B) भवभूति
(C) कालिदास (D) श्रीहर्ष

ग्रन्थकार	ग्रन्थ	शैली
(A) भारवि	किरातार्जुनीयम्	पाण्डित्य प्रधान अलङ्कृत शैली के जन्मदाता
(B) भवभूति	उत्तररामचरितम्	वैदर्भी-उत्तररामचरितम्/ भवभूति गौड़ी रीति के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं।
(C) कालिदास	(i) रघुवंशम्	
	(ii) कुमारसम्भवम्	वैदर्भीरीतिसन्दर्भे कालिदासो विशिष्यते।
(D) श्रीहर्ष	नैषधीयचरितम्	

अत: विकल्प (A) सही है।

118. 'किरातार्जुनीयम्' शीर्षक में प्रयुक्त 'किरात' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है –
(A) चाण्डाल जाति के लिए
(B) किरात नामक पात्र के लिए
(C) शिव जो किरात वेषधारी हैं
(D) अर्जुन जो किरात वेषधारी हैं।

व्याख्या – 'किरातार्जुनीयम्' शीर्षक में प्रयुक्त 'किरात' शब्द भगवान् शिव के लिए प्रयुक्त हुआ है। नायक अर्जुन किरातवेषधारी भगवान् शिव से अमोघ 'पाशुपत अस्त्र' प्राप्त करता है, जो महाकाव्य का फल भी है।

* किरातश्च अर्जुनश्च इति किरातार्जुनौ (द्वन्द्व समास)
* किरातार्जुन + छ "शिशुक्रन्दयमसभ द्वन्द्वेन्द्रजननादिभ्यश्छ:" सूत्र से 'छ' प्रत्यय
* 'आयनेयीनीयिय: फढखछघां प्रत्ययादीनाम्' सूत्र से 'छ' को 'ईय' आदेश होकर किरातार्जुनीय बना। ग्रन्थवाची शब्द होने के कारण नपुंसकलिङ्ग होकर 'किरातार्जुनीयम्' शब्द बना।
* मल्लिनाथ ने 'किरातार्जुनीयम्' की 'घण्टापथ' नामक टीका की है।
* इसका कथानक महाभारत के वनपर्व से लिया गया है।
* कुल 18 सर्ग हैं। 18वें सर्ग में अर्जुन को पाशुपत

115. (A) 116. (B) 117. (A) 118. (C)

अस्त्र की प्राप्ति होती है।

* भारवि दाक्षिणात्य थे। इनका समय छठीं शताब्दी उत्तरार्द्ध या सातवीं शदी का पूर्वार्ध माना जाता है।

* 'स्फुटता न पदैरपाकृता न च न स्वीकृतमर्थगौरवम्'
– किरातार्जुनीयम् (2/27)

अतः विकल्प (C) सही है।

119. 'किरातार्जुनीयम्' के प्रथम सर्ग के आधार पर पाण्डव कहाँ निवास कर रहे थे।
(A) खाण्डववन में (B) अद्वैतवन में
(C) वृन्दावन में (D) द्वैतवन में

व्याख्या – भारवि विरचित 'किरातार्जुनीयम्' के प्रथमसर्ग के आधार पर पाण्डव द्वैतवन में निवास कर रहे थे –

श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीं
प्रजासु वृत्तिं यमयुङ्क्तवेदितुम्।
स वर्णिलिङ्गी विदितः समाययौ
युधिष्ठिरं द्वैतवने वनेचरः।। 1/1

अतः विकल्प (D) सही है।

120. 'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' का अर्थ है –
(A) हितकारी वचन दुर्लभ होता है।
(B) मनोहारि वचन दुर्लभ होता है
(C) हितकारी और प्रियवचन दुर्लभ होता है
(D) दुर्लभ वचन ही हितकारी होता है।

व्याख्या – महाकवि भारवि वनेचर से युधिष्ठिर को लक्षित करके कहलवाते हैं कि –

क्रियासु युक्तैर्नृपचारचक्षुषो
न वञ्चनीयाः प्रभवोऽनुजीविभिः।
अतोऽर्हसि क्षन्तुमसाधुसाधु वा
हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः।।(कि. 1/4)

हे राजन्! करणीय कार्यों में स्वामी द्वारा नियुक्त किये गये सेवकों को चाहिए कि वे गुप्तचररूपी नेत्रों वाले प्रभुओं को धोखा न दें। अतएव मेरे अप्रिय अथवा प्रिय कथन को आप सहन करें क्योंकि 'हितकारिणी के साथ ही साथ मनोहारिणी वाणी भी दुर्लभ होती है।'

अतः विकल्प (C) सही है।

121. ब्रह्मचारी विप्र का वेषधारण करने वाला गुप्तचर था –
(A) यक्ष (B) वनेचर
(C) ब्राह्मण (D) वैश्य

व्याख्या – यक्ष – यक्ष कालिदास कृत 'मेघदूतम्' नामक खण्डकाव्य का नायक है।

(B) **वनेचर –** 'किरातार्जुनीयम्' में भारवि ने उस वर्णी या ब्रह्मचारी के लिङ्ग अर्थात् चिह्न (वेशभूषा) से युक्त व्यक्ति को वर्णिलिङ्गी कहा है। यह वनेचर के लिए प्रयुक्त हुआ है, जो युधिष्ठिर के गुप्तचर के रूप में ब्रह्मचारी के वेष में हस्तिनापुर जाता है।

'स वर्णिलिङ्गी विदितः समाययौ
युधिष्ठिरं द्वैतवने वनेचरः।। (कि. 1/1)

(C) ब्राह्मण – संस्कृत रूपकों में विदूषक पात्र ब्राह्मण होता है।

(D) वैश्य – प्रकरण का नायक ब्राह्मण, मन्त्री अथवा वैश्य होता है।

अतः विकल्प (B) सही है।

122. 'वरं विरोधोऽपि समं महात्मभिः' के अनुसार खलजनों के सम्पर्क की अपेक्षा श्रेष्ठ होता है –
(A) साधुजनों का साथ
(B) साधुजनों का विरोध
(C) दुष्टजनों का साथ
(D) मूर्ख लोगों का विरोध

व्याख्या – किरातार्जुनीयम् में वनेचर युधिष्ठिर को बताता है कि कुटिल प्रवृत्तिवाला दुर्योधन आपको जीत लेने की लालसावश अपनी गुण सम्पत्ति से कीर्ति का विस्तार कर रहा है, क्योंकि ऐश्वर्य का अभ्युत्थान करने वाला, महापुरुषों के साथ किया गया विरोधभाव भी दुष्टों के संसर्ग की अपेक्षा अच्छा है।'

अतः विकल्प (B) सही है।

123. राजाओं का स्वभाव होता है –
(A) दुर्विज्ञेय (B) विज्ञेय
(C) अप्रत्यक्ष (D) प्रत्यक्ष

व्याख्या – वनेचर के लिए दुर्योधन की दुरुह नीतियों को समझना कोई सामान्य बात नहीं है, फिर भी इस दुष्कर कार्य को पूरा करने वाला अहङ्कारहीन वह वनेचर विनम्रतापूर्वक इस शत्रु राजनीति को जानने का श्रेय युधिष्ठिर को देता है।

'निसर्गदुर्बोधमबोधविक्लवाः
क्व भूपतीनां चरितं क्व जन्तवः।
तवानुभावोऽयमवेदि यन्मया
निगूढतत्त्वं नयवर्त्म विद्विषाम्।।(कि. 1/6)

119. (D) 120. (C) 121. (B) 122. (B) 123. (A)

कहाँ स्वाभाविक रूप से बहुत कठिनाई पूर्वक समझ में आने वाला राजाओं का चरित्र और अज्ञान से विकल मुझ जैसे प्राणी कहाँ? फिर भी जो मेरे द्वारा गुप्त रहस्यों वाला नीतिमार्ग जान लिया गया वह निश्चित रूप से आपका प्रभाव ही है। अतः "**निसर्गदुर्बोधं.... भूपतीनां चरितम्** " से स्पष्ट है कि राजाओं का स्वभाव ही दुर्विज्ञेय होता है।

विकल्प (A) सही है।

124. 'प्रविश्य कृष्णासदनं महीभुजा' में कृष्णा का तात्पर्य है –

(A) कृष्ण से (B) द्रौपदी से
(C) कुन्ती से (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या – वार्ता का निवेदन करने के उपरान्त पारितोषिक लेकर वनेचर के चले जाने पर राजा युधिष्ठिर द्वारा द्रौपदी भवन में प्रवेश करके भाइयों के समीप यह वृत्तान्त वर्णित किया गया–

इतीरयित्वा गिरमात्तसत्क्रिये
गतेऽथ पत्यौ वनसन्निवासिनाम्।
प्रविश्य कृष्णासदनं महीभुजा
तदाचचक्षेऽनुजसन्निधौ वचः।। (कि. 1/26)

यहाँ कृष्णासदनम् = द्रौपदी के भवन में, महीभुजा = युधिष्ठिर के द्वारा, प्रविश्य = प्रवेश करके

अतः विकल्प (B) सही है।

125. 'भवन्ति मायाविषु ये न मायिनः' पंक्ति का भावसाम्य निम्नलिखित में से किसके साथ बैठता है?

(A) जैसी करनी, वैसी भरनी
(B) जैसे के संग तैसा
(C) जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी
(D) इनमें से किसी के साथ नहीं

व्याख्या – द्रौपदी युधिष्ठिर को शत्रुओं के प्रति उत्तेजित करते हुए कहती हैं कि –

मूढबुद्धि वाले वे लोग पराभव प्राप्त करते हैं, जो मायावियों के विषय में स्वयं मायावी नहीं होते।

व्रजन्ति वे मूढधियः पराभवं
भवन्ति मायाविषु ये न मायिनः।। (कि. 1/30)

स्पष्ट है कि इन पंक्तियों का भावसाम्य "जैसे के संग तैसा" से मिलता है, अतः विकल्प (B) सही है।

124. (B) 125. (B)

डिजिटल भारत में डिजिटल संस्कृत

प्रिय संस्कृत मित्रों,

आज पूरी दुनिया में डिजिटलीकरण का दौर चल रहा है, जिसमें भारत भी बढ़-चढ़ कर भूमिका निभा रहा है, मा०प्रधानमन्त्री जी का सपना है कि भारत पूर्णत: डिजिटल भारत हो उसी प्रकार संस्कृतगङ्गा का सपना है कि संस्कृत भी डिजिटलीकरण में पीछे न रहे तो आइये हम सब मिलकर संस्कृत को डिजिटलसंस्कृत बनाने का सङ्कल्प लें-

हमारे डिजिटल उपक्रम-

Sanskritganga online classes

"संस्कृतस्य प्रसाराय"

संस्कृतगङ्गा Online Classes

↳ TGT, PGT, UGC संस्कृत की कक्षायें घर बैठे करें।
↳ संस्कृत प्रतियोगी परीक्षा सम्बन्धी समाधान (समय निर्धारित)
↳ सम्पर्क करें - 7800138404

www.sanskritganga.org

↳ यहाँ आप TGT, PGT, UGC आदि कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
↳ हमारे संस्कृतगंगा प्रकाशन की समस्त पुस्तकें आर्डर कर सकते हैं।
↳ संस्कृतगङ्गा के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

Sanskrit Ganga Channel

YouTube

↳ हमारे YouTube चैनल को Subscribe करें ताकि आपको मिल सके संस्कृत के विशेष ऑडियो, वीडियो
↳ TGT, PGT, UGC संस्कृत से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण वीडियो
↳ महत्त्वपूर्ण सूक्तियों की व्याख्या
↳ अन्य शैक्षिक प्रेरणात्मक ऑडियो, वीडियो आदि।